Practical
English-Hindi Dictionary

व्यावहारिक
अंग्रेज़ी-हिंदी कोश

डॉ. बदरीनाथ कपूर

Practical
English-Hindi Dictionary

व्यावहारिक
अंग्रेज़ी-हिंदी कोश

Practical English-Hindi Dictionary

व्यावहारिक अंग्रेज़ी-हिंदी कोश

संपादक

डॉ. बदरीनाथ कपूर

प्रभात प्रकाशन, दिल्ली

PRACTICAL ENGLISH-HINDI DICTIONARY *Ed.* Dr. Badri Nath Kapoor
Published by Prabhat Prakashan, 4/19 Asaf Ali Road, New Delhi-2
Edition • First, 1999
© Reserved
Price • Rs. Two Hundred Ninety Five only
ISBN • 81-7315-284-5
e-mail • prabhat@nde.vsnl.net.in
Website • www.indianabooks.com

❖

प्रकाशक • **प्रभात प्रकाशन**
4/19 आसफ अली रोड,
नई दिल्ली-110002
संस्करण • प्रथम, 1999
सर्वाधिकार • सुरक्षित
मूल्य • दो सौ पचानवे रुपए
मुद्रक • कलर प्रिंट, दिल्ली
अ.मा.पु.सं. • 81-7315-284-5

उच्चारण-तालिका

स्वर : Vowels

संकेत		मुख्य शब्द	
नागरी	अंतर्राष्ट्रीय	अंग्रेज़ी	हिंदी
अ	ʌ	cut	कट् = क् + अ + ट्
अॅ	ə	about	अॅबाउट् = अॅ-ब् + आ + उ-ट्
अें	e	bed	बेंड् = ब् + अें + ड्
आ	ɑ:	father	फ़ाद: = फ़् + आ + द् + अॅ-र्
ऑ	ɒ	pot	पॉट् = प् + ऑ + ट्
आ:	ɔ:	caught	का:ट् = क् + आ: + ट्
इ	i	ship	शिप् = श्-इ-प्
ई	i:	sheep	शीप् = श् + ई-प्
उ	u	put	पुट् = प् + उ + ट्
ऊ	u:	boot	बूट् = ब् + ऊ + ट्
ए	e i	make	मेक् = म्-ए-क्
ऐ	æ	bad	बैड् = ब् + ऐ + ड्
ओ	əu	note	नोट् = न् + ओ + ट्

व्यंजन : Consonants

संकेत		मुख्य शब्द		संकेत		मुख्य शब्द	
नागरी	अंतर्राष्ट्रीय	अंग्रेज़ी	हिंदी	नागरी	अंतर्राष्ट्रीय	अंग्रेजी	हिंदी
क	k	key	की	फ़्	f	fall	फ़ा:ल
ग्	g	gate	गेट्	ब्	b	but	बट्
ङ्	ŋ	sung	संग्	म्	m	meal	मील
च्	tʃ	cheer	चिअॅ:	य्	j	yes	येंस्
ज्	d_3	jump	जम्प्	र्	r	red	रेंड्
ट्	t	tea	टी	ल्	l	leg	लेंग्
ड्	d	do	डू	व्	v	vain	वेन्
थ्	θ	thing	थिंग्	व़्	w	wet	व़ेंट्
द्	ð	this	दिस्	श्	ʃ	shoe	शू
न्	n	no	नो	स्	s	such	सच्
प्	p	pen	पेंन्	ह्	h	hat	हैट्

Note—(1) [:] represents r in American pronunciation but marks its omission in British pronunciation.

(2) [:] (r) after ɔ: is omitted to avoid confusion.

(3) [:] also denotes vowel's length.

Abbreviations

abbrev.	abbreviation	n.	noun
adj.	adjective	naut.	nautical
adv.	adverb	neg.	negative
conj.	conjunction	obs.	obsolete
esp.	especially	p.p.	past participle
etc.	etcetera	p.t.	past tense
fem.	feminine	phr.	phrase
fig.	figurative	plu.	plural
fml.	formal	poet.	poetical
Fr.	French	poss.	possessive
Ger.	German	pref	prefix
G.K.	Greek	prep.	preposition
infin.	infinitive	pres.	present
infml.	informal	pron.	pronoun
interj.	interjection	refl.	reflexive
It.	Italian	sing.	singular
Lat.	Latin	suff.	suffix
lit.	literary	t.	tense
mas.	masculine	usu.	usually
med.	medical	v.	verb

प्रस्तावना

इस अंग्रेज़ी-हिंदी कोश की रचना निम्नलिखित निर्देश-तत्त्वों के अनुरूप की गई है—

(i) उपयुक्त तथा प्रयोगसक्षम समानार्थियों का चयन

सामान्यत: देखा गया है कि अंग्रेज़ी-हिंदी कोश का प्रयोग किसी अंग्रेज़ी शब्द के लिए उपयुक्त हिंदी समानार्थी खोजने के लिए किया जाता है। इस उपयुक्त समानार्थी की दो विशेषताएँ होनी चाहिए। एक तो अर्थ की दृष्टि से वह मूल अंग्रेज़ी शब्द के अत्यंत निकट हो और दूसरे प्रयोगसक्षम भी हो। अत: यह आवश्यक समझा गया कि यदि शब्द मृतप्राय या धराऊ, एकांगी (अर्थ की दृष्टि से अव्याप्ति दोष से युक्त), फूहड़ अथवा ग्राम्य हो तो उससे बचा जाए। उदाहरण के लिए प्राय: अंग्रेज़ी-हिंदी कोशों में wife के लिए दारा, भार्या, सहधर्मिणी, गृहिणी, गृहस्वामिनी, जोरू, मेहरारू, लुगाई आदि समानार्थी भी दिए गए हैं। इनमें से दारा और भार्या मृतप्राय हैं; सहधर्मिणी, गृहिणी और गृहस्वामिनी एकांगी हैं; जोरू फूहड़ और व्यंग्यपूर्ण है तथा मेहरारू और लुगाई ग्राम्य हैं। प्रस्तुत कोश में wife के लिए पत्नी, धर्मपत्नी, औरत और स्त्री शब्द दिए गए हैं, जिनमें से किसी का भी प्रयोग पाठक बेहिचक तथा सहर्ष कर सकता है। औरत और स्त्री वैसे woman के समानार्थी हैं परंतु पत्नी के लिए भी बराबर चलते हैं[1]। यह बात सही है कि हिंदी पर्याय-बहुल भाषा है, परंतु पर्यायों का संकलन अंग्रेज़ी-हिंदी कोश की परिधि में नहीं आता।

मृत, एकांगी, फूहड़ तथा ग्राम्य शब्दों को कोश में स्थान न देने से दो लाभ भी हैं। एक तो कोश भारी-भरकम तथा बोझिल होने से बचेगा, दूसरे कोश के सहारे हिंदी सीखने तथा लिखने-बोलने का अभ्यास करनेवाले अहिंदीभाषी हिंदीप्रेमी भ्रामक प्रयोग करने से बचेंगे।

(ii) सर्वग्राह्य समानार्थी सबसे पहले

इस कोश में जब किसी अंग्रेज़ी शब्द के लिए कई हिंदी समानार्थी उपयुक्त लगे, तब उनमें से उस

---

1. जैसे—उसकी पत्नी मायके चली गई है।
उसकी धर्मपत्नी मायके चली गई है।
उसकी औरत मायके चली गई है।
उसकी स्त्री मायके चली गई है।
परंतु उसकी दारा (भार्या, गृहिणी या गृहस्वामिनी) मायके चली गई है। (चलता नहीं)
उसकी जोरू मायके चली गई है। (फूहड़ तथा व्यंग्यपूर्ण)
उसकी मेहरारू (लुगाई) मायके चली गई है। (ग्राम्य)

शब्द को पहला स्थान दिया गया है जो सर्वग्राह्य प्रतीत हुआ। वर्षों पहले की बात है। ब्रिटेन निवासी हिंदीप्रेमी फादर रॉजर हूकर उन दिनों वाराणसी में रहते थे। एक दिन उनका पत्र लेकर एक आदमी मेरे पास आया। उस पत्र का पहला वाक्य था—एक मनुष्य को आपके पास भेज रहा हूँ। वाक्य में खटक थी। कुछ दिन बाद हूकर साहब से जब मेरी भेंट हुई तो मैंने उक्त वाक्य का उल्लेख किया। उन्होंने छूटते ही कहा कि फ़ादर बुल्के ने man के लिए मनुष्य दिया है। मुझे लगा कि कोशकार की भूल सीधे पाठक तक पहुँचती है। इसलिए यह आवश्यक समझा गया कि पाठकों के सही दिशा-निर्देश के लिए पहला समानार्थी सर्वग्राह्य हो। इस कोश में man के लिए पहला समानार्थी 'आदमी' दिया गया है। इस प्रकार इस कोश में इस प्रकार की कमी को सुधारने का भी प्रयास किया गया है।

(iii) चलती भाषा से जीवंत प्रयोगों का चयन

प्राय: अंग्रेज़ी-हिंदी कोशों में हिंदी समानार्थियों के चयन का आधार पूर्वरचित अंग्रेज़ी-हिंदी कोश, अंग्रेज़ी-संस्कृत कोश, अंग्रेज़ी-उर्दू कोश तथा हिंदी पर्यायवाची कोश रहे हैं। परंतु चलते हुए तथा व्यवहार-सुलभ हिंदी शब्दों का उनमें अभाव ही दिखाई पड़ता है। प्रस्तुत कोश का उद्‌देश्य इस कमी को पूरा करने का भी है। आप देखेंगे कि किसी पूर्वरचित अंग्रेज़ी-संस्कृत, अंग्रेज़ी-हिंदी, अथवा अंग्रेज़ी-उर्दू कोश में wife के लिए 'धर्मपत्नी' शब्द नहीं आया। अत: किसी वर्तमान अंग्रेज़ी-हिंदी कोश में भी wife के लिए आपको धर्मपत्नी[1] नहीं मिलेगा। प्राय: सभी अंग्रेज़ी-हिंदी कोशों में समान रूप से bad debt के लिए 'वसूल न होनेवाला ऋण', blood red के लिए 'गहरा लाल', dirt cheap के लिए 'बहुत सस्ता', waist deep के लिए 'कमर तक गहरा' ही मिलेंगे। परंतु प्रस्तुत कोश में 'डूबी हुई रकम' bad debt के लिए, 'ख़ूनी' blood red के लिए (जैसे धोती का ख़ूनी किनारा या ख़ूनी किनारेवाली धोती), 'मिट्टी के मोल' dirt cheap के लिए और 'कमर-भर' waist deep के लिए भी मिलेंगे। इस दिशा में पर्याप्त सुधार करने का प्रयास किया गया है।

(iv) लाक्षणिक तथा विशिष्ट प्रयोग

सहस्रों अंग्रेज़ी शब्दों के ऐसे विशिष्ट या लाक्षणिक प्रयोग भी मिलते हैं, जिनमें उनके लिए सुझाए हुए हिंदी समानार्थियों से काम नहीं चलता। ऐसे प्रयोगों को इस कोश में विशेष रूप से लिया गया है और उनके हिंदी रूपांतर भी दिए गए हैं। प्रयत्न रहा है कि ये रूपांतर भी अपने मूल रूप की तरह उत्कृष्ट तो हों ही, हिंदी की गरिमा के भी परिचायक हों। उदाहरण के लिए asset (संज्ञा) के लिए जायदाद और परिसंपत्ति दो समानार्थी दिए जाते हैं। परंतु जब कहा जाता है कि Beauty was her real asset, तो यहाँ asset के लिए जायदाद या परिसंपत्ति से काम नहीं चलता। प्रस्तुत कोश में उक्त का रूपांतर दिया गया है—सौंदर्य ही उसका असली धन[2] था। After all[3] के प्रस्तुत कोश में समानार्थी दिए गए हैं—अंत में, आख़िरकार, अंततोगत्वा; परंतु जब कहा जाता है—After all she is a big girl now, तो यहाँ 'अंत में' या 'आख़िरकार' से काम नहीं चलता। काम तो तब चलेगा जब कहा जाएगा—जो हो, वह अब सयानी लड़की है। ऐसे सहज और उपयुक्त प्रयोग इस कोश में आपको स्थान-स्थान पर

1. यह कहना कि धर्मपत्नी का प्रयोग धार्मिक कृत्यों के लिए उपयुक्त है, ठीक नहीं। अब यह पत्नी के समान ही व्यवहार-सुलभ है।
2. धन वैसे wealth का समानार्थी है।
3. किसी भी अंग्रेज़ी-हिंदी कोश में मेरी जानकारी में after all की प्रविष्टि नहीं है।

मिलेंगे, जो इस कोश की विशेषता हैं। इस प्रकार कोश में सहज व्यावहारिक शब्दों को सम्मिलित कर इसे उपयोगी बनाया गया है।

(v) अंग्रेज़ी शब्दों की हिंदी व्याख्या

अंग्रेज़ी भाषा के अनेक ऐसे शब्द हैं, जिनकी हिंदी में व्याख्या देने की आवश्यकता पड़ती है। ऐसा या तो उपयुक्त हिंदी समानार्थी जल्दी न सूझने पर करना पड़ता है या मूल आशय को अधिक स्पष्ट करने के लिए। ऐसे अवसरों पर यदि सावधानी न बरती जाए तो अपनी भाषा की प्रकृति पर तो आघात होता ही है, उसका स्वरूप भी दूसरों के लिए हास्यास्पद बन जाता है। एक प्रसिद्ध कोश में heavy के लिए 'कठिन श्रम से भरा', heavily के लिए 'कष्टकर ढंग से', confusedly के लिए 'चकराए हुए ढंग से' अजीबो-गरीब व्याख्याएँ मिलीं। वैसे 'कठिन श्रम से भरा' के लिए 'श्रमसाध्य', 'कष्टकर ढंग से' के लिए 'बहुत कठिनाई से' और 'चकराए हुए ढंग से' के लिए 'घबराकर' चलते हुए प्रयोग हैं। जानते हैं, ये भूलें क्यों हुईं? उसी कोश में heavy का अर्थ अंग्रेज़ी में इस प्रकार दिया हुआ है—full of hard work. 'कठिन श्रम से भरा हुआ' और कुछ नहीं, इसी full of hard work का छायानुवाद है। इसी प्रकार 'कष्टकर ढंग से' in a heavy manner का और 'चकराए हुए ढंग से' in a confused manner का छायानुवाद है।

× ×

उक्त बातें ऐसी हैं जिनपर भावी कोशकारों को भी ध्यान देने की आवश्यकता होगी। जिस प्रक्रिया का गुरुवर डॉ. बाहरी तथा फ़ादर बुल्के ने सूत्रपात किया उसे पल्लवित, पुष्ट और समृद्ध करने का दायित्व तो हमारी इस पीढ़ी का है।

प्रस्तुत कोश

(i) यह अद्यतन कोश है और इसमें अंग्रेज़ी के उन सभी शब्दों तथा पदबंधों का संकलन किया गया है जो जीवन के विविध क्षेत्रों से संबद्ध हैं तथा विद्यार्थियों-अध्यापकों, लेखकों-अनुवादकों, संपादकों-पत्रकारों, अधिकारियों-कर्मचारियों आदि को ज़िनके हिंदी समानार्थी जानने की नित्य आवश्यकता होती है।

(ii) अंग्रेज़ी के सभी शब्दों को अक्षरक्रम से रखा गया है। अन्य प्रमुख अंग्रेज़ी-हिंदी कोशों में विकारी शब्दों तथा समस्त पदों को मूल शब्द के अंतर्गत अर्थात् पेटे में रखा गया है[1], परंतु इस कोश में ऐसे शब्दों की स्वतंत्र प्रविष्टियाँ हैं। आशा है, इससे पाठकों को विभिन्न शब्दों तक पहुँचने में सुगमता होगी।

(iii) सभी क्रियाओं के भूतकालिक, भूतकृदंत तथा वर्तमानकालिक कृदंत रूप दिए गए हैं।

(iv) प्रायः विशेषणों के उत्तरावस्था और उत्तमावस्था के विशिष्ट रूप भी दिए गए हैं।

(v) शब्दों का उच्चारण अधिक सुगमतापूर्वक तथा व्यवस्थित ढंग से किया जा सके, इसके लिए शब्दों को अक्षरों (syllables) में विभाजित किया गया है और उन्हें योजिका (hyphen) से अलग-अलग करके दिखलाया भी गया है। शब्द के जिस अक्षर पर बलाघात है उसपर चिह्न भी

1. एक प्रसिद्ध अंग्रेज़ी-हिंदी कोश में intentional शब्द मिल नहीं रहा था। मैंने कहा कि intention में देख लीजिए, मिल जाएगा। उत्तर मिला कि इसमें intention शब्द भी नहीं है। ढूँढ़-खोज के बाद intent के अंतर्गत intention और intentional मिले और वह भी ~ion और ~ional रूप में।

लगाया गया है।

(vi) आवश्यकता प्रतीत होने पर शब्दों के ब्रितानवी और अमेरिकी दोनो प्रकार के उच्चारण भी दिए गए हैं।

(vii) हर शब्द के अर्थ अंग्रेज़ी और हिंदी दोनो भाषाओं में दिए गए हैं। चेष्टा रही है कि अंग्रेज़ी अर्थ की प्रमुख विवक्षा हिंदी समानार्थी से स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो। पदबंधों और मुहावरों की व्याख्या करते समय उनके अर्थ-सौष्ठव को यथावत् प्रतिबिंबित करने का प्रयास भी किया गया है।

(viii) इस कोश में भारत सरकार द्वारा स्थिर किए हुए विधि, प्रशासन, न्याय, प्रौद्योगिकी तथा विभिन्न शास्त्रों और विज्ञानों के शब्दों को प्रमुखता दी गई है।

(ix) उच्चारण-तालिका अन्यत्र दी गई है। इसमें अंग्रेज़ी की कुछ विशिष्ट ध्वनियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय संकेत चिह्नों के आधार पर कुछ हिंदी वर्णों में विशेष चिह्न जोड़े गए हैं। आशा है, पाठकों को इससे सही उच्चारण करने में सुविधा होगी।

× ×

आदरणीय अग्रज डॉ. कैलाशचंद्र भाटिया इस कोश के मूल प्रेरक रहे हैं। उन्हें इससे कुछ भी संतोष हुआ तो मेरा अहोभाग्य! यह कार्य अपने गुरुजनों और विशेष रूप से डॉ. हरदेव बाहरी के आशीर्वाद से पूरा हुआ है, उन्हें सादर नमन। काशी विद्यापीठ के अंग्रेज़ी विभाग के अतिथि आचार्य डॉ. के.बी. श्रीवास्तव के प्रति मैं विशेष रूप से आभार प्रकट करता हूँ, जिन्होंने इस कोश को आद्योपांत देख जाने की कृपा की और अनेक बहुमूल्य सुझाव भी दिए। अपने स्थानीय आदरणीय मित्रों तथा देश-विदेश के उन मूर्धन्य कोशकारों के प्रति भी अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ जिनसे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निरंतर बहुमूल्य सहायता मिली। मैं अपने सहृदय पाठकों को भी इस यज्ञ में आहुति देने के लिए आमंत्रित करता हूँ। **वे भी अपने विचार तथा सुझाव मुझे कृपापूर्वक भेजें, जिनका मैं आदरपूर्वक सदुपयोग करूँगा और उनका आभारी रहूँगा।** हर व्यक्ति और हर वैयक्तिक प्रयास की सीमाएँ होती हैं और प्रथम प्रयास में कुछ त्रुटियाँ रह जाना स्वाभाविक है। कोशकार्य सदा चलता रहनेवाला क्रम ठहरा। पूर्णता तो क़दाचित् कई पीढ़ियों के योगदान से ही संभव हो।

हिंदी की उन्नति तथा समृद्धि के लिए आजीवन प्रयासरत रहनेवाले शब्दब्रह्म के उस महान् साधक आचार्य रामचंद्र वर्मा को मेरा यह नगण्य प्रयास सादर समर्पित है—तेरा तुझको सौंपते क्या लागे है मोर!

वसंत पंचमी, संवत् 2055 (22 जनवरी, 1999) **—बदरीनाथ कपूर**

'शब्दलोक', 47, लाजपतनगर,
वाराणसी-2

व्यावहारिक
अंग्रेज़ी-हिंदी
कोश

A

A,a (ए) ***n.*** 1. the first letter of the English alphabet, अंग्रेज़ी वर्णमाला का पहला वर्ण। 2. the highest grade in quality, गुणवत्ता की सूचक सर्वोच्च श्रेणी। 3. a film certified for viewing by adults only, वयस्कों के ही लिए देखने योग्य फ़िल्म। ☐ **from A to Z,** from beginning to end, आदि से अंत तक। **prefix** 1. without, not, विपरीतता-सूचक उपसर्ग; acyclic अचक्रीय, apolitical अराजनीतिक। 2. in the act of, क्रियोन्मुख; ablaze, जलता हुआ, asleep, सोया हुआ। **article** 1. one, एक। 2. any, कोई। 3. per, प्रति, फी।

aback (अॅ-बैक्´) ***adv.*** behind, backwards, पीछे की ओर, पीछे। ☐ **taken aback,** surprised, चकित, भौंचक्का, विस्मित।

abacus (ऐब्´-अॅ-कॅस्) ***n.*** a frame with beads used for counting, गिनतारा, गणनापट्ट।

abandon (अॅ-बैन्´-डॅन्) ***v.*** (abandoned, abandoning) 1. to leave, छोड़ देना। 2. to give up, त्याग देना, परित्याग करना। 3. to yield completely to an emotion, भावाभिभूत हो उठना, आवेश में आ जाना। ***n.*** 1. careless freedom of manner, बेफिक्री, मस्ती; At that time they were dancing with abondon, उस समय वे मस्ती में नाच रहे थे। 2. lack of restraint, बेपरवाही, असंयम।

abandoned (अॅ-बैन्´-डॅन्ड्) ***adj.*** 1. deserted, forsaken, छोड़ा हुआ, परित्यक्त। 2. lacking restraint, असंयमी, बेपरवाह। 3. depraved, अधम, तुच्छ, दुराचारी।

abandonment (अॅ-बैन्´-डॅन्-मॅन्ट्) ***n.*** 1. desertion, परित्याग। 2. lack of restraint, लापरवाही, असंयम।

abase (अॅ-बेस्´) ***v.*** (abased, abasing) 1. to humiliate, बेइज़्ज़ती करना, नीचा दिखाना। 2. to degrade, नज़रों से गिरा लेना या अधोगति को प्राप्त होना।

abasement (अॅ-बेस्´-मॅन्ट्) ***n.*** 1. humiliation, बेइज़्ज़ती, अपमान। 2. decadence, degradation, अधोगति, दुर्दशा, पतन।

abash (अॅ-बैश्´) ***v.*** (abashed, abashing) to cause to feel ill at ease, to embarrass, to confound, शर्मिंदा करना, लज्जित करना ☐ **feel abashed** मारे शर्म के गड़ जाना, पानी पानी हो जाना।

abashed (अॅ-बैश्ड्´) ***adj.*** ashamed, शर्मिंदा, लज्जित।

abatable (अॅ-बेट्´-अॅ-बॅल्) ***adj.*** easy to abate, कम होने या घटने योग्य, उपशमनीय।

abate (अॅ-बेट्´) ***v.*** (abated, abating) 1. to make or become less, घटाना या घटना, कम करना या होना। 2. to end, ख़त्म होना या करना। 3. to reduce, diminish or subside, हलका करना या होना, मंद करना या होना, उपशमन करना या होना।

abatement (अॅ-बेट्´-मॅन्ट्) ***n.*** an act of abating or the state of being abated, कमी, घटाव, उपशमन।

abatial (अॅ-बे´-शॅल्) ***adj.*** pertaining to the abbey or abbot, ईसाई मठ या मठाधीश-संबंधी, ख़्रीस्तीय।

abattoir (ऐब्´-अॅ-ट्वाः) ***n.*** a slaughterhouse, बूचड़ख़ाना।

abbey (ऐब्´-ई) ***n.*** a convent, monastery, ख़्रीस्त आश्रम, ईसाई मठ।

abbot (ऐब्´-अॅट्) ***n.*** the head of an abbey, ख़्रीस्त आश्रम का अध्यक्ष, ईसाई मठाध्यक्ष।

abbreviate (अॅ-ब्री´-वि-एट्) ***v.*** (abbreviated, abbreviating) to shorten, संक्षिप्त करना, छोटा करना।

abbreviation (अॅ-ब्री-वि-ए´-शॅन्) ***n.*** 1. the act of abbreviating, संक्षिप्तीकरण, छोटा

करना। 2. the state of being abbreviated संक्षिप्त रूप, संक्षेप। 3. a shortened form of a word, संक्षिप्त या अल्पार्थक रूप, संकेताक्षर।

ABC (ए´बी´सी´) *n.* 1. the English alphabet, अंग्रेज़ी वर्णमाला। 2. the elementary knowledge of a subject, किसी विषय का आरंभिक ज्ञान।

abdicant (ऐब्´-डि-कैन्ट्) *n.* one who resigns from a throne or post, सिंहासन या पद का त्याग करनेवाला, पदत्यागी, सिंहासनत्यागी।

abdicate (ऐब्´-डि-केट्) *v.* (abdicated, abdicating) 1. to resign from a throne, सिंहासन त्याग करना, गद्दी छोड़ना। 2. to relinquish (one's) right or post, (अपना) पद या अधिकार छोड़ देना।

abdication (ऐब्-डि-के´-शन्) *n.* an act of abdicating, सिंहासनत्याग, पदत्याग।

abdomen (ऐब्´-डॅ-मॅन्) *n.* belly, उदर।

abdominal (ऐब्-डॉम्´-इ-नॅल्) *adj.* pertaining to the belly, उदरीय।

abduct (ऐब्-डक्ट्´) *v.* (abducted, abducting) 1. to carry off by force, ज़बरदस्ती उठा ले जाना। 2. to kidnap, अपहरण करना, भगा ले जाना, हर ले जाना, अपहृत करना।

abducted (ऐब्-डक्ट्´-इड्) *adj.* kidnapped, भगाया हुआ, अपहृत।

abduction (ऐब्-डक्´-शन्) *n.* an act of abducting, भगा ले जाना, हरण, अपहरण।

abductor (ऐब्-डक्´-टॅ:) *n.* one who abducts, हर ले जानेवाला, अपहरण करनेवाला, अपहर्ता।

abed (अॅ-बेंड्´) *adv.* in bed, शय्या पर, बिस्तर पर। *adj.* confined to bed, शय्याग्रस्त, खाट पर पड़ा हुआ।

aberrant (अॅ-बेंर्´-अॅन्ट्) *adj.* straying from moral standard, गुमराह, विपथगामी, पथच्युत, मार्गभ्रष्ट, विपथित।

aberration (ऐब्-अॅ-रे´-शन्) *n.* 1. deviation from what is normal or standard, विपथन। 2. mental deviation, बुद्धिभ्रंश, मनोभ्रंश, दिमागी कमज़ोरी।

abet (अॅ-बेंट्´) *v.* (abetted, abetting) to assist or encourage in committing an offence, अपराध करने में सहायता देना, उकसाना, भड़काना, दुष्प्रेरित करना। ☐ **aid and abet**, to help (someone) in crime, (किसी को) अपराध करने में सहायता देना।

abetment (अॅ-बेंट्´-मॅन्ट्) *n.* an act of abetting, उकसाहट, भड़कावा, दुष्प्रेरणा, दुष्प्रेरण।

abettor (अॅ-बेंट्´-अॅ:) *n.* one who abets, उकसानेवाला, दुष्प्रेरक।

abeyance (अॅ-बे´-अॅन्स्) *n.* the state of being suspended for a period, आस्थगन। ☐ **in abeyance**, आस्थगित; **fall into abeyance,** not being in use, प्रयोग में न रहना।

abhor (ऐब्-हॉ:´, अॅब्-हॉ:´) *v.* (abhorred, abhorring) to detest, to loathe, घृणा करना, नफ़रत करना।

abhorrance (ऐब्-हॉर्´-अॅन्स्) *n.* hatred, घृणा, नफ़रत, घिन।

abhorrent (ऐब्-हॉर्´-अॅन्ट्) *adj.* detestable, घृणित, घिनौना।

abide (अॅ-बाइड्´) *v.* (abided or abode, abiding) 1. to dwell, वास करना, रहना। 2. to endure, सहन करना, सहना, गवारा करना। ☐ **abide by**, to comply with, to obey, अनुपालन करना।

abiding (अॅ-बाइ´-डिंग्) *adj.* permanent, lasting, स्थायी, चिरस्थायी, टिकाऊ।

abigail (ऐब्´-इ-गेल्) *n.* a maid servant, नौकरानी, दासी, सेविका।

ability (अॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* 1. the capacity or power to do something, योग्यता, क्षमता, सामर्थ्य। 2. talent, प्रतिभा। 3. skill, cleverness, निपुणता, कौशल।

ab initio (ऐब्-इ-नि-शि´-ओ) *adv.* from the beginning, आरंभ से, शुरू से, आदितः। (लैटिन)

abiotic (अॅ-बि-ओट्´-इक्) *adj.* not biotic, अजैव, जीवेतर।

abject (ऐब्´-जेंक्ट्, ऐब्-जेंक्ट्´) *adj.* 1. utterly hopeless, दयनीय, दीनहीन। 2. wretched, तुच्छ, अधम। 3. lacking all pride, हेय।

abjectly (ऐब्-जेंक्ट्´-ली) *adv.* in an abject manner, तुच्छतापूर्वक, हेय दृष्टि से।

abjectness (ऐब्-जेंक्ट्´-निस्) *n.* abject condition, दयनीय अवस्था, अधोगति, दुर्दशा।

abjuration (ऐब्-जु-रे´-शन्) *n.* an act of ab-

juring, सशपथ त्याग, संत्याग।

abjure (ऐब्-ज्योः´) *v.* 1. to renounce under oath, शपथ लेकर त्याग करना, संत्याग करना।2. to desist from, बाज़ आना, परे रहना, दूर रहना।

abjurer (ऐब्-ज्यो´-रंः)*n.* one who abjures, शपथ लेकर त्यागनेवाला, संत्यागी।

ablative (ऐब्´-ले-टिव्)*n.* fifth case in grammar, अपादान कारक।

ablaut (ऐ´-ब्लाःट्)*n.* change of vowels, स्वर में होनेवाला परिवर्तन, अपश्रुति, अवश्रुति।

ablaze (ॲ-ब्लेज़्´) *adj.* 1. on fire, blazing, जलता हुआ, दहकता हुआ।2. shining, जगमगाता हुआ, चमाचम।3. eager, उत्सुक, आतुर, अधीर।

able (ए´-बॅल्) *adj.* 1. capable, योग्य, क़ाबिल। 2. competent, सक्षम, समर्थ। 3. talented, प्रतिभाशाली।

able-bodied (ए´-बॅल्-बॉड्´-ईड्) *adj.* fit and strong, हट्टा-कट्टा, हृष्ट-पुष्ट, तगड़ा।

abloom (ॲ-ब्लूम्´) *adj.* blooming, flowering, पुष्पित, खिला हुआ, फूलों से लदा हुआ।

ablush (ॲ-ब्लश्´) *adj.* blushing, शरमाया हुआ, सलज्ज।

ablution (ॲ-ब्लू´-शॅन्) *n.* 1.washing oneself before performing a religious ceremony, (धार्मिक अनुष्ठान से पूर्व) नहलाई-धुलाई, नहाना-धोना। 2. an act of purifying, शुद्धीकरण, पवित्रीकरण।

ably (एब्´-ली) *adv.* in an able manner, अच्छी तरह, योग्यता से, योग्यतापूर्वक।

abnegate (ऐब्´-नि-गेट्) *v.* (abnegated, abnegating) 1. to deny oneself (some-thing), अपने को वंचित रखना, अस्वीकार करना।2. to renounce, छोड़ देना, त्याग देना।

abnegation (ऐब्-नि-गे´-शॅन्) *n.* an act of abnegating, अस्वीकरण, आत्मत्याग।

abnormal (ऐब्-नॉः´-मॅल्) *adj.* 1. different from what is normal, असामान्य, अपसामान्य। 2.irregular, अनियमित।

abnormality (ऐब्-नॉः´-मैल्-इ-टी) *n.* abnormal quality or state, असामान्यता, अपसामान्यता।

abnormally (ऐब्-नॉः´-मॅ-ली) *adv.* in an abnormal manner, unusually, असामान्य रूप में, असामान्यतः, अपसामान्यतः।

aboard (ॲ-बोःड्´)*adv., prep.* on or into a train, ship, plane etc., यान में, सवारी पर।

abode (ॲ-बोड्´) *n.* a dwelling place, residence, घर, वास, निवास, धाम।

aboil (ॲ-बॉ´-इल्) *adj.* boiling, उबलता हुआ, खौलता हुआ।

abolish (ॲ-बॉल्´-इश्) *v.* (abolished, abolishing) to finish, to put an end to, अंत कर देना, ख़त्म कर देना, उठा देना या बंद कर देना, उन्मूलन कर देना, उत्सादित करना।

abolition (ऐब्-ॲ-लिश्´-ॲन्) *n.* 1. an act of abolishing, उन्मूलन, उत्सादन; abolition of slavery, दासता प्रथा का उन्मूलन।2. end, अंत, समाप्ति।

A-bomb (ए´-बॉम्) *n.* an atomic bomb, परमाणु-बम।*v.* (A-bombed, A-bombing) to attack with atomic bombs, परमाणु-बमों से आक्रमण करना, परमाणु-बम बरसाना।

abominable (ॲ-बॉम्´-इ-नॅ-बॅल्) *adj.* 1. loathsome, detestable, घृणित, कुत्सित, घिनौना, जुगुप्सित। 2. very unpleasant, very bad, बहुत बुरा, अप्रिय।

abominate (ॲ-बॉम्´-इ-नेट्) *v.* (abominated, abominating) to loathe, to detest, घृणा करना, नफ़रत करना।

abomination (अ-बॉम्´-इ-ने´-शॅन्) *n.* 1. disgust, hatred, घृणा, नफ़रत। 2. something loathed, घृणित वस्तु या बात।

aboriginal (ऐ-बॉ-रिज्´-इ-नॅल्) *adj.* inhabiting a country from the beginning, मूल, आदिम। *n.* an original inhabitant of a country, आदिवासी, मूल निवासी।

aborigines (ऐ-बॉ-रिज्´-इ-नीज़्) *n.* (plu.) 1. first inhabitants of a country, आदिवासी, मूल निवासी। 2. indigenous plant or animals, स्थानीय पौधे या पशु।

abort (ॲ-बॉःट्´) *v.* (aborted, aborting) to miscarry or cause to miscarry, गर्भपात होना या करना।2. to come to nothing, to fail, व्यर्थ हो जाना, निष्फल हो जाना। 3. to cause to end prematurely, पनपने या बढ़ने से पहले रोक देना, बीच में ही रोक देना, अवरुद्ध कर देना।

abortion (अॅ-बॉ:´-शॅन्) *n.* 1. miscarriage, गर्भपात, गर्भस्राव, भ्रूणहत्या। 2. arrest of development, वर्धरोध। 3. a plan which breaks down before it can develop properly, ऐसी योजना जो बीच में ही रुक या ठप हो गई हो।

abortionist (अ्-बॉ:´-शॅ-निस्ट्) *n.* a person who performs an abortion, गर्भपात करनेवाला।

abortive (अॅ-बॉ:´-टिव्) *adj.* 1. prematurely born, अकालप्रसूत। 2. unsuccessful, coming to nothing, विफल, निष्फल, अकारथ।

abortiveness (~-निस्) *n.* failure, ill-success, विफलता, निष्फलता।

aboulia (अॅ-बू´-लि-अॅ) *n.* indecision, निश्चयहीनता, संकल्प-दुर्बलता।

abound (अॅ-बाउन्ड्´) *v.* (abounded, abounding) to be plentiful, भरपूर होना, प्रचुर होना, भरा पड़ा होना। ☐ **abound in,** have plenty of, भरा-पूरा, भरपूर, This pond abounds in fish, यह तालाब मछलियों से भरा पड़ा है।

abounding (अॅ-बाउन्´-डिंग्) *adj.* plentiful, भरा-पूरा, प्रचुर, भरपूर।

about (अॅ-बाउट्) *adv.* 1. all around, चारो तरफ़ /ओर। 2. near, आस-पास, यहीं कहीं। 3. nearly, लगभग। 4. absolutely, बिल्कुल। 5. in the opposite direction, सामने। *prep.* 1. surrounding, के चारो ओर, के इधर-उधर। 2. here and there, somewhere near, के आस-पास, यहाँ-वहाँ। 3. approximately, के लगभग। 4. in connection with, के विषय में, के बारे में; Be quick about it, इस विषय में, जल्दी करो। ☐ **about to do** करने को तैयार; **about to go** बस जाने ही वाला।

about-turn (अ्-बाउट्´-ट:न्) *interj.* an order to turn round, पीछे घूमो, अर्धवृत्त। *n.* complete reversal of opinion, सहसा होनेवाला नीति-परिवर्तन।

above (अॅ-बव्´) *adv.* 1. higher up, overhead, ऊपर। 2. in heaven, स्वर्ग में। ☐ **over and above,** और अधिक। *prep.* 1. on the top of, to a higher place, के ऊपर, से ऊपर। 2. more than, in addition to, से अधिक, से ऊपर; above average, औसत से अच्छा। 3. beyond, से परे, से दूर, पहुँच से परे, This is above my comprehension. यह मेरी समझ से परे है। ☐ **above all,** सबसे बढ़कर, सर्वोपरि; above par, अधिमूल्य पर। *adj.* preceding, previous, ऊपरी, ऊपरवाला, उपरोक्त, उपर्युक्त। *n.* anything mentioned previously, उपर्युक्त बात, विषय या प्रसंग; I refer to the above. ऊपर का प्रसंग देखें।

above-board (अॅ-बव्´-बोःड्) *adv.* 1. without deception or concealment, साफ़-साफ़, ईमानदारी से। 2. openly, खुले आम। *adj.* fair, honourable, ईमानदार, निश्छल, निष्कपट।

above-cited (~-साइ´-टिड्) *adj.* cited above, उपरोक्त, उपर्युक्त।

above-mentioned (~-मेंन्´-शॅन्ड्) *adj.* mentioned above, उपरोक्त, उपर्युक्त।

above-quoted (~-को´-टिड्) *adj.* quoted above, उपरोक्त, उपर्युक्त।

abracadabra (ऐब्-रॅ-कॅ-डैब्´-रॅ) *n.* 1. a magic formula, गुप्त मंत्र, बीजमंत्र, टोना, जादू-टोना, छू-मंतर। 2. prattle, अनापशनाप, बकवाद।

abrade (अॅ-ब्रेड्´) *v.* (abraded, abrading) to scrape or rub off, छीलना, रगड़ना, घिसना, अपघर्षण करना।

abrasion (अॅ-ब्रे´-ज़्हॅन्) *n.* an act of wearing or rubbing away, छीलना या रगड़ना, अपघर्षण।

abrasive (अॅ-ब्रे´-सिव्) *adj.* 1. causing abrasion, अपघर्षक। 2. tending to annoy, परेशान करनेवाला।

abreaction (ऐब्-रि-ऐक्´-शॅन्) *n.* sudden release of a repressed emotion, भड़ास।

abreast (अॅ-ब्रेस्ट्´) *adv.* side by side on a level, साथ-साथ, कंधे से कंधा मिलाकर। ☐ **keep abreast of,** नई जानकारी, तथ्यों आदि से अपने को अवगत रखना।

abridge (अॅ-ब्रिज्´) *v.* (abridged, abridging) to shorten, संक्षिप्त करना या बनाना।

abridged (अॅ-ब्रिज्ड्´) *adj.* shortened, संक्षिप्त।

abridgement, abridgment (अॅ-ब्रिज्´-मॅन्ट्) *n.* 1. an act of abridging, संक्षिप्तीकरण। 2. abridged version, संक्षिप्त रूप, संक्षेप।

abroach (अॅ-ब्रोच्´) *adj.* 1. open, खुला। 2. active, सक्रिय, गतिशील।

abroad (अॅ-ब्रॉड्´) *adv.* 1. away from one's own country, विदेश में, देश से बाहर। 2. everywhere, हर जगह, चारो तरफ़।

abrogable (ऐब्´-रो-गे-बॅल्) *adj.* that can be abrogated, निराकरणीय।

abrogate (ऐब्´-रो-गेट्) *v.* (abrogated, abrogating) to cancel or repeal, निरस्त करना, निराकरण करना, रद करना ।

abrogated (ऐब्´-रो-गे-टिड्) *adj.* cancelled, निरस्त, निराकृत, रद।

abrogation (ऐब्-रो-गे´-शॅन्) *n.* an act of abrogating, निराकरण, रद करना, रदगी।

abrupt (अॅ-ब्रप्ट्´) *adj.* 1. sudden, आकस्मिक, अप्रत्याशित। 2. curt, रूखा, रूक्ष। 3. steep, खड़ा।4. rough, अटपटा, ऊबड़-खाबड़।5. disconnected, असंबद्ध।

abruptly (अॅ-ब्रप्ट्´-ली) *adv.* all of a sudden, suddenly, अचानक, सहसा, एकाएक, अकस्मात्।

abruptness (अॅ-ब्रप्ट्´-निस्) *n.* 1. suddenness, आकस्मिकता। 2. curtness, रूखापन, रूक्षता। 3. steepness, ढाल, ढालूपन।

abcess (ऐब्´-सिस्) *n.* a swelling with pus, फोड़ा, मवाद से भरा फोड़ा।

abscond (ऐब्-स्कॉन्ड्´) *v.* (absconded, absconding) to go away secretly to avoid arrest after wrongdoing, भाग जाना, फ़रार हो जाना।

absconder (ऐब्-स्कॉन्ड्´-अः) *n.* one who absconds, भगोड़ा, फरार व्यक्ति, फरारी।

absence (ऐब्´-सॅन्स्) *n.* 1. being away, अनुपस्थिति, गैरहाज़िरी। 2. period of being away from work, नागा, गैरहाज़िरी। 3. nonexistence, अभाव।

absent[1] (ऐब्´-सॅन्ट्) *adj.* 1. not present, अनुपस्थित, गैरहाज़िर। 2. non-existent, अविद्यमान।

absent[2] (ऐब्-सॅन्ट्´) *v.* (absented, absenting) to take or keep (oneself) away, गैरहाज़िर होना या रहना, अनुपस्थित होना या रहना।

absentee (ऐब्-सॅन्-टी´) *n.* a person who stays away from work, नागा करनेवाला व्यक्ति।

absenteeism (ऐब्-सॅन्-टी´-इज़्-अॅम्) *n.* frequent, occasional or casual absence from work or duty, नागा करने की आदत।

absent-minded (ऐब्´-सॅन्ट्-माइन्´-डिड्) *adj.* with one's mind on other things, inattentive, अन्यमनस्क, अनमना।

absinth, absinthe (ऐब्´-सिन्थ्) *n.* a strong alcoholic drink of green colour, हरे रंग की एक तरह की तेज़ शराब।

absolute (ऐब्´-सो-ल्यूट्) *adj.* 1. complete, perfect, पूर्ण, परिपूर्ण। 2. pure, विशुद्ध, अमिश्रित।3. unrestricted, अनियंत्रित, निरंकुश। 4. certain, निश्चित। 5. self-existent, independent, परम, निरपेक्ष। *n.* The Absolute, परम तत्त्व, परब्रह्म।

absolutely (ऐब्´-सो-ल्यूट्-ली) *adv.* 1. completely, पूर्ण रूप से, पूर्णतया, बिल्कुल, नितांत। 2. perfectly, पूरी तरह से। 3. unconditionally, बिना शर्त। 4. certainly, निश्चित रूप से, निस्संदेह।

absoluteness (ऐब्´-सो-ल्यूट्-निस्) *n.* the state or quality of being absolute, परमावस्था।

absolution (ऐब्-सो-ल्यू´-शॅन्) *n.* forgiveness for a wrong-doing, क्षमा, क्षमादान, माफ़ी।

absolutism (ऐब्-सो-ल्यूट्´-इज़्-अॅम्) *n.* 1. the principle that complete power should be in the hands of one ruler, निरंकुशतावाद। 2. despotism, तानाशाही, निरंकुशता।

absolutist (ऐब्-सो-ल्यूट्´-इस्ट्) *n.* one who professes absolute power, निरंकुशतावादी।

absolve (ऐब्-ज़ॉल्व्´) *v.* (absolved, absolving) 1. to clear of blame or guilt, दोषमुक्त या पापमुक्त करना। 2. to free from an obligation, दायित्व से मुक्त करना, छुटकारा देना।

absolver (ऐब्´-सॉल्-वंः) *n.* one who absolves, पाप से मुक्ति दिलानेवाला, मुक्तिदाता।

absorb (ऐब-सॉःब्´) *v.* (absorbed, absorbing) 1. to soak up, सोख लेना। 2. to suck up, चूस लेना। 3. to occupy completely, to engross, तन्मय हो जाना, डूब जाना। 4. to make into a part of itself, आत्मसात् कर लेना, मिला लेना, आमेलित कर लेना।

absorbed (ऐब्-सॉःब्ड्´) *adj.* engrossed, तल्लीन, निमग्न, तन्मय। 2. taken in, मिलाया

हुआ, आमेलित।

absorbing (ऐब्-सॉ:ब्´-इंग्) *adj.* very interesting, अत्यंत रोचक, दिलचस्प।

absorption (ऐब्-सॉ:प्´-शॅन्) *n.* 1. the act of absorbing, सोख लेना, अवशोषण; आत्मसात्करण। 2. the state of mental concentration, तन्मयता, तल्लीनता।

abstain (ऐब्-स्टेन्´) *v.* (abstained, abstaining) to refrain from, बाज़ आना, परे रहना, परहेज़ करना।

abstainer (ऐब्-स्टे´-नॅ:) *n.* one who abstains, परहेज़ करनेवाला, परहेज़गार।

abstemious (ऐब्-स्टी´-मि-ॲस्) *adj.* moderate in eating and drinking, परहेज़ करनेवाला, संयमी।

abstemiousness (ऐब्-स्टी´-मि-ॲस्-निस्) *n.* self-restraint, परहेज़, संयम।

abstention (ऐब्-स्टेन्´-शॅन्) *n.* an act of refraining, परहेज़, संयम; abstention from voting, मतदान में भाग न लेना।

abstinence (ऐब्´-स्टि-नॅन्स्) *n.* self-restraint, संयम, आत्मसंयम।

abstinent (ऐब्´-स्टि-नॅन्ट्) *adj.* temperate, संयमित।

abstinently (ऐब्´-स्टि-नॅन्ट्-ली) *adv.* with restraint, संयम से, संयमपूर्वक।

abstract[1] (ऐब्´-स्ट्रैक्ट्) *adj.* 1. not material, not concrete, अमूर्त। 2. existing to thought of as a quality or idea, भाववाचक; abstract noun, भाववाचक संज्ञा। 3. without form, निराकार। 4. general, सामान्य। 5. not clear, अस्पष्ट। 6. theoretical rather than practical, सैद्धांतिक, अव्यावहारिक। *n.* 1. a summary, सारांश, संक्षेप, सार। 2. an abstract quality or idea, अमूर्त गुण या विचार।

abstract[2] (ऐब्-स्ट्रैक्ट्´) *v.* (abstracted, abstracting) 1. to take out or remove, हटा या अलग कर देना। 2. to make a written summary, सारांश तैयार करना।

abstracted (ऐब्-स्ट्रैक्´-टिड्) *adj.* absent-minded, अनमना, अन्यमनस्क।

abstractedly (ऐब्-स्ट्रैक्´-टिड्-ली) *adv.* absent-mindedly, अनमनेपन से, अनमने भाव से।

abstraction (ऐब्स्-ट्रैक्´-शॅन्) *n.* 1. the act or process of removing, removal, हटाना। 2. the state of being unattentive, अनमनापन, अन्यमनस्कता। 3. purely mental concept, विशुद्ध अमूर्त विचार। 4. an abstract work of art, अमूर्त कलाकृति।

abstract noun *n.* the name of something which we experience as an idea and not by physical contact, भाववाचक संज्ञा।

abstruse (ऐब्-स्ट्रूस्´) *adj.* difficult to understand, कठिन, गूढ़, दुर्ज्ञेय।

absurd (ऐब्-स:ड्´) *adj.* contrary to common sense, बेहूदा, बेतुका, विसंगत।

absurdity (ऐब्-स:ड्´-इ-टी) *n.* 1. the state of being absurd, बेहूदापन, बेतुकापन, विसंगति। 2. a foolish statement, बेतुकी बात, बे सिर-पैर की बात।

abundance (ॲ-बन्´-डॅन्स्) *n.* plenty, बहुतायत, प्रचुरता, अतिशयता।

abundant (ॲ-बन्´-डॅन्ट्) *adj.* plentiful, बहुत अधिक, प्रचुर, अतिशय।

abundantly (ॲ-बन्´-डॅन्ट्-ली) *adv.* in an abundant manner, प्रचुर रूप से, बिल्कुल।

abuse[1] (ॲ-ब्यूज़्´) *v.* (abused, abusing) 1. to misuse, ग़लत इस्तेमाल करना, दुरुपयोग करना। 2. to maltreat, दुर्व्यवहार करना। 3. to vituperate, गाली देना, गाली-गलौज करना।

abuse[2] (ॲ-ब्यूस्´) *n.* 1. misuse, ग़लत इस्तेमाल, दुरुपयोग। 2. maltreatment, दुर्व्यवहार। 3. abusive words, गाली, अपशब्द, कुवाच्य। 4. a corrupt practice, कुप्रथा।

abusive (ॲ-ब्यू´-सिव्) *adj.* 1. dirty, अश्लील, गंदा। 2. insulting, अपमानजनक।

abut (ॲ-बट्´) *v.* (abutted, abutting) 1. to have a common boundary, साँझी सीमा या दीवार होना। 2. to stand next to, संलग्न होना।

abutment (~-मॅन्ट्) *n.* a structure that supports a bridge or arch, पुल का खंभा, पीलपाया।

abuttal (ॲ-बट्´-ॲल्) *adj.* lying next to, touching, संलग्न, सटा हुआ, साथवाला, संसक्त।

abutter (ॲ-बट्´-ॲ:) *n.* the owner of an adjoining landed property, संसक्त भूस्वामी।

abuzz (ॲ-बज़्´) *adj.* 1. buzzing, भिनभिन करता हुआ। 2. gay, noisy, चहल-पहलवाला, कोलाहल-भरा।

abysmal (ॲ-बिस्-मॅल्) *adj.* 1. unfathomable, very deep, बहुत गहरा, अगाध, अथाह। 2. very bad, बहुत ख़राब, बुरा। 3. extreme, अत्यधिक; abysmal ignorance, घोर अज्ञान।

abyss (ॲ-बिस्´) *n.* 1. a bottomless pit, अत्यंत गहरा गड्ढा, खाई। 2. the infernal regions, पाताल।

acacia (ॲ-के´-शॅ) *n.* the name of a tree, बबूल।

academic (ऐक्-ॲ-डेम्´-इक्) *adj.* 1. of an academy, अकादमिक। 2. of education, विद्या-संबंधी, शिक्षा-संबंधी। 3. scholarly, विद्वत्तापूर्ण। 4. of theoretical interest only, शास्त्रीय, सैद्धांतिक। 5. not practical, अव्यावहारिक।

academician (ॲ-कैड्-ॲ-मिश्´-ॲन्) *n.* the member of an academy, अकादमी का सदस्य, अकादमी-सदस्य।

academy (ॲ-कैड्´-ॲ-मी) *n.* 1. an institution devoted to the study of arts and sciences, अकादमी, कलापरिषद्, विज्ञानपरिषद्, साहित्यपरिषद्। 2. a training school, प्रशिक्षणालय, प्रशिक्षण-विद्यालय।

acardiac (ॲ-का:ड्´-इ-ॲक्) *adj.* without a heart, बिना हृदय का, अहृद्।

acarpous (ॲ-का:´-पॅस्) *adj.* not yielding fruit, जिसमें फल न लगता हो, न फलनेवाला, फलविहीन।

acaudate (ॲ-का:´-डेट्) *adj.* without tail, tailless, बिना पूँछ का, बेदुम।

accede (ऐक्-सीड्´) *v.* (acceded, acceding) 1. to become monarch, गद्दी पर बैठना, गद्दीनशीन होना। 2. to take office, पदारूढ़ होना, पदग्रहण करना। 3. to agree to, राज़ी हो जाना, सहमत हो जाना, मान लेना; He acceded to our request, उसने हमारी प्रार्थना स्वीकार कर ली। 4. to join, मिल जाना, जा मिलना।

accelerate (ऐक्-सेॅल्´-ॲ-रेट्) *v.* (accelerated, accelerating) 1. to increase the speed of, रफ़्तार बढ़ाना, गति बढ़ाना, चाल तेज़ करना, त्वरित करना। 2. to go faster, तेज़ चलना, रफ़्तार पकड़ना।

accelerated (ऐक्-सेॅल्´-ॲ-रे-टिड्) *adj.* going faster, तेज़ गति से चलनेवाला, त्वरित।

acceleration (ऐक्-सेॅल्´-ॲ-रे´-शॅन्) *n.* the increase of speed, गतिवर्धन, गतिवृद्धि, त्वरण।

accelerative (ऐक्-सेॅल्´-ॲ-रे-टिव्) *adj.* tending to increase the speed, गतिवर्धक।

accelerator (ऐक्-सेॅल्´-ॲ-रे-टॅ:) *n.* a contrivance for increasing the speed of a motor engine, गतिवर्धक, त्वरित्र, एक्सेलेटर।

accelerometer (ऐक्-सॅल्´-रो-मी´-टॅ:) *n.* an instrument that shows the speed of a motor engine, त्वरणमापी।

accent[1] (ऐक्´-सेॅन्ट्) *n.* 1. stress on a syllable or word, किसी अक्षर या शब्द पर दिया जाने वाला बल, बलाघात। 2. a mark denoting stress, बलाघात का सूचक चिह्न। 3. characteristic manner of speech, उच्चारण का ढंग, लहजा। 4. emphasis, बल, ज़ोर।

accent[2] (ऐक् -सेॅन्ट्´, ऐक्´-सेॅन्ट्) *v.* (accented, accenting) 1. to pronounce with a stress, बल देते हुए उच्चारण करना। 2. to emphasize, बल या ज़ोर देना। 3. to mark with an accent, बलाघात का सूचक चिह्न लगाना।

accentuate (ऐक्-सेॅन्´-चू-एट्) *v.* (accentuated, accentuating) to emphasize, ज़ोर देना, बल देना।

accentuation (ऐक्-सेॅन्´-चू-ए´-शॅन्) *n.* 1. accent, बलाघात। 2. emphasis, बल, ज़ोर।

accept (ऐक्-सेॅप्ट्´) *v.* (accepted, accepting) 1. to take, receive or undertake, लेना, ग्रहण करना, स्वीकार या अंगीकार करना। 2. to take as true, to believe or admit, मान लेना, मानना। 3. to agree to pay, (हुंडी आदि) सकारना।

acceptability (ऐक्-सेॅप्-टॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* the condition of being acceptable, स्वीकार्यता, ग्रहणशीलता।

acceptable (ऐक्-सेॅप्´-टॅ-बॅल्) *adj.* 1. worthy of acceptance, स्वीकार्य, ग्राह्य, अंगीकरणीय। 2. satisfactory, संतोषजनक।

acceptance (ऐक्-सेॅप्´-टॅन्स्) *n.* 1. the act of

accepting, ग्रहण , स्वीकरण। 2. approval, स्वीकृति, मंजूरी, सहमति। 3. agreement to pay, (हुंडी) सकारने की क्रिया।

acceptant (ऐक्-सॆप्´-टॅन्ट्) *n.* an acceptor, स्वीकारकर्ता, स्वीकर्ता।

acceptation (ऐक्-सॆप्-टे´-शॅन्) *n.* recognised meaning, मान्य अर्थ, स्वीकृत अर्थ, गृहीतार्थ।

accepted (ऐक्-सॆप्´-टिड्) *adj.* 1. approved, स्वीकृत। 2. recognised, मान्य। 3. paid, सकारा हुआ, दत्त।

acceptor (ऐक्-सॆप्´-टॅ:) *n.* one who accepts, स्वीकर्ता, ग्रहण करनेवाला, ग्रहणकर्ता।

access (ऐक्´-सॆस्) *n.* 1. a way in, a means of approaching or entering, मार्ग, रास्ता। 2. approach, पहुँच। 3. reach, प्रवेश, पैठ। 4. a sudden attack (of illness, रोग का) दौरा। 5. excitement, आवेश, आवेग़, उद्वेग। 6. increase, बढ़ती, बढ़ोतरी।

accessibility (ऐक्-सॆस्-अॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* approach, पहुँच।

accessible (ऐक्-सॆस्´-इ-बॅल्) *adj.* 1. approachable, पहुँच के भीतर या अंदर, अभिगम्य। 2. easy to get, सुलभ, सुगम। 3. easily influenced, जिसे प्रभावित किया जा सकता हो, प्रभाव्य।

accession (ऐक्-सॆश्´-अॅन्) *n.* 1. enthronement, राज-सिंहासन पर चढ़ना या बैठना, गद्दीनशीनी। 2. the act of coming to an office, पदारोहण, पदग्रहण। 3. assent, स्वीकृति, सहमति। 4. addition, अधिमिलन, जुड़ना, मिलना।

accessory (ऐक्-सॆस्´-अॅ-री) *adj.* extra, additional, अतिरिक्त, आनुषंगिक। *n.* 1. a person who helps another in a crime, अपराध में सहायक होनेवाला, अपराध-सहायक, अपसहायक। 2.(plu.) things that are extra, useful or decorative but not essential, गौण वस्तुएँ, असेसरी।

accidence (ऐक्´-सि-डॅन्स्) *n.* changes in the form of words, रूपावली, रूपविचार।

accident (ऐक्´-सि-डॅन्ट्) *n.* 1. an undesirable event, दुर्घटना, बुरी घटना, वारदात, वाक्या। 2. chance, संयोग, दैवयोग; by accident, संयोगवश।

accidental (ऐक्-सि-डॆन्´-टॅल्) *adj.* 1. occurring by chance, संयोगजन्य, आकस्मिक। 2. casual, incidental, गौण, आनुषंगिक।

accidentally (ऐक्-सि-डॆन्´-टॅ-ली) *adv.* 1. by chance, संयोग से, घटनावश। 2. involuntarily, आप-से-आप, अनजाने ही।

accident-prone (ऐक्´-सि-डॅन्ट्-प्रोन्) *adj.* likely to suffer accident, दुर्घटनाभिमुखी।

acclaim (अॅ-क्लेम्´) *v.* (acclaimed, acclaiming) 1. to greet with applause, तालियाँ बजाकर ख़ुशी व्यक्त करना, क़रतलध्वनि करना। 2. to welcome with shouts, जय-जयकार करना, जयघोष करना। *n.* 1. applause, करतलध्वनि, तालियों की गड़गड़ाहट। 2. shout of welcome, जय-जयकार, जयघोष।

acclamation (ऐक्-लॅ-मे´-शॅन्) *n.* 1. applause, करतलध्वनि, जयघोष। 2. a shout of approval, मौखिक अनुमोदन। ☐ **by acclamation**, ध्वनि-मत से।

acclimatization (अॅ-क्लाइ-मॅ-टाइ-ज़े´-शॅन्) *n.* the state of being acclimatized, परिस्थितिजन्य अनुकूलन, परिस्थिति-अनुकूलन, पर्यनुकूलन।

acclimatize (अॅ-क्लाइ´-मॅ-टाइज़्) *v.* (acclimatized, acclimatizing) to get used to a new climate or surroundings, नई जलवायु या परिस्थितियों के अनुकूल (अपने को) ढालना या ढलना।

acclivity (अॅ-क्लिव्´-इ-टी) *n.* upward slope, चढ़ाई।

acclivous (अॅ-क्लाइ´-वस्) *adj.* sloping upward, चढ़ाई के रूप में होनेवाला, खड़ा।

accolade (ऐक्´-अॅ-लेड्) *n.* 1. conferring of title, उपाधि देना, उपाधिप्रदान, सम्मान-प्रदान। 2. praise, प्रशंसा।

accommodate (अॅ-कॉम्´-अॅ-डेट्) *v.* (accommodated, accommodating) 1. to make room for, जगह देना, गुंजाइश निकालना। 2. to take into one's house, टिकाना, ठहराना। 3. to bring to agreement, ताल-मेल बैठाना, समझौता कर लेना, झगड़ा मिटाना।

accommodating (अॅ-कॉम्´-अॅ-डे-टिंग्) *adj.*

obliging, conciliatory, दूसरे की बात रखनेवाला, दिलदार, नम्रस्वभाव, मुरव्वती।

accommodation (अ‍ॅ-कॉम्´-अ‍ॅ-डे´-शॅन्) *n.* 1. boarding and lodging, टिकने-ठहरने का स्थान, वास-सुविधा। 2. living premises, आवास-गृह। 3. adaptation, adjustment, गुंजाइश, समायोजन, अनुकूलन। 4. a place to sleep, शयन-स्थल।

accommodative (अ‍ॅ-कॉम्´-ओ-डे-टिव्) *adj.* adaptable, मुरव्वती, दिलदार।

accompaniment (अ‍ॅ-कम्´-पॅ-नि-मॅन्ट्) *n.* 1. something which is usually found with something else, सहवस्तु, सहायक उपकरण। 2. secondary instrument, उपवाद्य, संगत।

accompany (अ‍ॅ-कम्´-पॅ-नी) *v.* (accompanied, accompanying) 1. to go along with, to travel with, साथ देना, साथ जाना, साथ रहना। 2. to exist with, साथ होना। 3. to make supporting music for, संगत करना, संगत देना।

accompanyist (अ‍ॅ-कम्´-पॅ-निस्ट्) *n.* a person who plays musical accompaniment, संगतकार, संगतिया, संगत करनेवाला।

accomplice (अ‍ॅ-कम्´-प्लिस्) *n.* a partner in evil-doing, सह-अपराधी, अपराध में किसी की सहायता करनेवाला।

accomplish (अ‍ॅ-कम्´-प्लिश्) *v.* (accomplished, accomplishing) 1. to complete, पूरा करना। 2. to fulfill, निष्पन्न करना।

accomplishable (अ‍ॅ-कम्´-प्लि-शॅ-बॅल्) *adj.* that can be carried out, निष्पन्न करने योग्य, निष्पाद्य, साध्य।

accomplished (अ‍ॅ-कम्´-प्लिश्ड्) *adj.* 1. completed, पूरा किया हुआ, पूर्ण। 2. fulfilled, निष्पन्न, संपादित। 3. highly skilled, having many accomplishments, अत्यंत कुशल, दक्ष, प्रवीण। 4. refined and civilized, सुसंस्कृत तथा सभ्य।

accomplishment (अ‍ॅ-कम्´-प्लिश्-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of accomplishing. निष्पादन। 2. something completely and successfully done, उपलब्धि, सिद्धि। 3. success, सफलता। 4. artistic skill, कौशल, दक्षता, प्रवीणता।

accord (अ‍ॅ-कॉःड्´) *n.* 1. agreement harmony, मतैक्य, मेल, समझौता। 2. treaty, संधि। □ **of one's own accord**, अपनी इच्छा या मर्ज़ी से, बिना किसी के कहे; **with one accord**, एक राय से, सब की सहमति से, सर्वसम्मति से। *v.* (accorded, according) 1. to be in harmony, समरसता होना, मेल होना। 2. to give or grant, देना, प्रदान करना; He was accorded this privilege, उसे यह विशेषाधिकार प्रदान किया गया। 3. to make conform or agree, दूसरे की बात मान लेना या तरह दे जाना।

accordance (अ‍ॅ-कॉः´-डॅन्स्) *n.* 1. agreement, संगति, मेल। 2. conformity, अनुरूपता। □ **in accordance with**, के अनुसार, के अनुरूप।

according (अ‍ॅ-कॉः´-डिंग्) *adv.* in a manner that depends on, अनुसार। □ **according as**, जैसा कि; **according to** (i) के अनुसार। (ii) के अनुरूप, तदनुसार।

accordingly (अ‍ॅ-कॉः´-डिंग्-ली) *adv.* 1. therefore, इसलिए, अतः। 2. in agreement with, अतः, तदनुसार, सो।

accordion (अ‍ॅ-कॉः´-डि-अ‍ॅन्) *n.* a portable musical instrument consisting of keys and bellows, आरगन बाजा।

accost (अ‍ॅ-काःस्ट्´) *v.* (accosted, accosting) 1. to approach a person in order to open conversation with, किसी के समीप जाकर बात चलाना, बात-चीत करने में पहल करना। 3. to solicit with immoral intent, (वेश्या का ग्राहकों को अपनी ओर आकृष्ट करने के लिए) आवाज़ देना, बुलाना।

accouchement (अ‍ॅ-कूश्´-मॅन्ट्) *n.* the act or process of giving birth to offspring, सौरी, बच्चा जनने की अवस्था।

account (अ‍ॅ-काउन्ट्´) *n.* 1. a statement of money received and paid out, हिसाब, लेखा। 2. a credit arrangement specially with a bank, खाता; current account, चालू खाता; savings account, बचत खाता। 3. description, विवरण, वृत्तांत। 4. importance, महत्त्व। □ **account for**, (i) स्पष्टीकरण करना;

(ii) जवाबदेह होना, उत्तरदायी होना; **by all accounts**, सभी लोगों के विचार से, सभी दृष्टियों से; **give account of oneself**, योग्यतापूर्वक कार्य संपादित करना; **of great account**, महत्त्वपूर्ण; **of no account**, महत्त्वहीन; **on account of**, इस कारण से; **take into account**, ध्यान में रखना; **take no account of**, ध्यान ही न देना।

accountability (अॅ-काउन्-टॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being accountable, उत्तरदायित्व, दायित्व।

accountable (अॅ-काउन्´-टॅ-बॅल्) *adj.* responsible, उत्तरदायी, जवाबदेह।

accountancy (अॅ-काउन्´-टॅन्-सी) *n.* the work of an accountant, हिसाब-किताब, लेखाशास्त्र, मुनीमी।

accountant (अॅ-काउन्´-टॅन्ट्) *n.* an expert in accounts, one who maintains business accounts, लेखाकार, मुनीम।

account book (अॅ-काउन्ट्-बुक्) *n.* a book for keeping accounts in, बही-खाता, लेखा-बही।

accounting (अॅ-काउन्´-टिंग्) *n.* 1. the process of preparing and keeping accounts, लेखाकर्म, लेखाकरण। 2. account, लेखा, हिसाब।

accoutre (अॅ-कू´-टॅ:) *v.* (accoutred, accoutring) 1. to dress, वस्त्रधारण कराना, वस्त्र पहनाना। 2. to equip, सजाना, सज्जित करना, तैयार करना।

accoutrements (अॅ-कू´-टॅ:-मॅन्ट्स्) *n.* (plu.) 1. dress, uniform, पोशाक, वर्दी, कपड़े। 2. equipments, साज-सामग्री, साज-सामान, साज-सज्जा।

accredit (अॅ-क्रेड्´-इट्) *v.* (accredited, accrediting) 1. to provide with credentials, प्रत्यय-पत्र प्रदान करना, प्रत्यायित करना, प्रत्यय-पत्र देकर (राजदूत को दूसरे देश में) भेजना। 2. to certify as meeting a standard, स्तरीय प्रमाणित करना, मानना। 3. to recognise officially, सरकारी मान्यता प्रदान करना।

accredited (अॅ-क्रेड्´-इ-टिड्) *adj.* 1. generally accepted, सर्वमान्य, मान्य। 2. officially recognised, सरकारी मान्यता-प्राप्त। 3. certified as meeting a standard, स्तरीय रूप में प्रमाणित। 4. provided with credentials, प्रत्यायित।

accrete (अॅ-क्रीट्´) *v.* (accreted, accreting) 1. to grow or cause to grow, बढ़ना या बढ़ाना। 2. to grow together, साथ-साथ बढ़ना, इकट्ठा होना या करना। *adj.* grown together, सहवर्धित, सहविकसित।

accretion (अॅ-क्री´-शॅन्) *n.* 1. increase, development, उन्नति, विकास, वृद्धि। 2. something added, बढ़ाया या जोड़ा हुआ अंश, जोड़।

accrual (अॅ-क्रू´-अॅल्) *n.* the act of accruing or the state of being accrued, उपार्जन, बढ़ोतरी, प्रोद्भवन।

accrue (अॅ-क्रू´) *v.* (accrued, accruing) 1. to come as natural growth, to increase by regular growth, बढ़ना (जैसे ब्याज का), प्रोद्भूत होना। 2. to accumulate, इकट्ठा होना। 3. to come as an increase or gain, प्राप्त होना, मिलना।

acculturation (अॅ-कल्-चॅ-रे´-शॅन्) *n.* the process of altering a primitive culture, पुरातन संस्कारों को बदलने की प्रक्रिया, उत्संस्करण।

accumulable (अॅ-क्यू´-मु-ले-बॅल्) *adj.* worth collecting, संगृहीत करने योग्य, संग्रह-योग्य, संग्राह्य।

accumulate (अॅ-क्यू´-मु-लेट्) *v.* (accumulated, accumulating) to amass or collect, इकट्ठा या एकत्र करना, संचय या संग्रह करना, ढेर लगाना।

accumulation (अॅ-क्यू´-मु-ले´-शॅन्) *n.* 1. the act of accumulating, संचयन, संग्रहण। 2. something accumulated, संचय, संचित पदार्थ। 3. heap, अंबार, ढेर।

accumulative (अॅ-क्यू´-मु-ले-टिव्) *adj.* tending to accumulate, बढ़ता या इकट्ठा होता चलनेवाला, वर्धनशील।

accumulator (अॅ-क्यू´-मु-ले-टॅ:) *n.* an accumulating device or apparatus, संचयन-यंत्र।

accuracy (ऐक्´-उ-रे-सी) *n.* 1. correctness, शुद्धता, परिशुद्धता। 2. exactness, यथार्थता।

accurate (ऐक्´-उ-रिट्) *adj.* free from errors, correct, right, शुद्ध, परिशुद्ध, सही, ठीक। 2. exact, यथार्थ।

accursed (अॅ-क:स्ड्´) *adj.* 1. under a curse, damned, शाप से पीड़ित, शापग्रस्त, शापित। 2. hateful, घृणित, गर्हित।

accusation (अॅ-क्यू-ज़े´-शॅन्) *n.* 1. the act of accusing, अभियोग लगाने का कार्य, अभियोजन। 2. a blame, आरोप, दोषारोप, अभियोग।

accusative (अॅ-क्यू´-ज़ॅ-टिव्) *n.* objective case, कर्म कारक। *adj.* of or related to the objective case, कर्म कारक-संबंधी।

accusatory (अॅ-क्यू´-ज़ॅ-टॅ-री) *adj.* pertaining to accusation, अभियोग-संबंधी, अभियोगात्मक।

accuse (अॅ-क्यूज़्´) *v.* (accused, accusing) 1. to put blame to, दोष लगाना, आरोप लगाना। 2. to charge with an offence, अभियोग लगाना।

accused (अॅ-क्यूज़्ड्´) *n.* a person charged with an offence, वह जिसपर अभियोग लगाया गया हो, अभियुक्त, मुलज़िम।

accuser (अॅ-क्यूज़्´-अः) *n.* one who says that someone has done wrong, अभियोग लगानेवाला, अभियोजन करनेवाला, अभियोगी।

accustom (अॅ-कस्´-टॅम्) *v.* (accustomed, accustoming) to make or become used to, आदी बनना या बनाना, आदी हो जाना या कर देना, अभ्यस्त होना या बनाना।

accustomed (अॅ-कस्´-टॅम्ड्) *adj.* 1. used to, आदी, अभ्यस्त, लती। 2. habitual, अभ्यासगत। 3. customary, बँधा हुआ, रूढ़, प्रचलित।

ace (एस्) *n.* 1. a playing card with one pip, इक्का, इक्की। 2. one who excels in performance, करामात दिखानेवाला, प्रवीण या कुशल व्यक्ति। 3. a point scored by the failure of one's opponent to return a serve, विपक्षी के सर्विस न लौटा सकने के कारण (टेनिस में) मिलनेवाला अंक। □ **play one's ace,** ब्रह्मास्त्र चलाना।

acephalous (अॅ-सेफ़्´-अॅ-लॅस्) *adj.* 1. without head, headless, बिना सिरवाला, शिरोहीन। 2. without a leader, नेताविहीन, नेतृत्वविहीन।

acerbate (ऐस्´-अः-बेट्) *v.* (acerbated, acerbating) 1. to make bitter, कड़वा कर या बना देना, कड़वाहट से भर देना। 2. to vex, तंग करना, खिझाना, या चिढ़ाना।

acerbic (अॅ-सः´-बिक्) *adj.* bitter harsh and sharp, कड़वा, तीखा, कड़वाहट-भरा।

acerbity (अॅ-सः´-बि-टी) *n.* 1. bitterness, कड़वापन, कड़वाहट। 2. harshness, acrimony, कटुता, उग्रता।

acetic (अॅ-सेट्´-इक् , अॅ-सी´-टिक्) *adj.* pertaining to vinegar, सिरके का।

acetic acid (~-ऐस्´-इड्) *n.* an acid with a distinctive pungent odour that is found in vinegar, सिरके का तेज़ाब।

acetify (अॅ-सेट्´-इ-फ़ाइ) *v.* (acetified, acetifying) to prepare vinegar, सिरका बनाना या तैयार करना।

ache (एक्) *n.* pain, पीड़ा, दर्द। *v.* (ached, aching) 1. to be painful, दर्द करना, पीड़ा देना, दुखना; My legs ache. मेरी टाँगों में दर्द होता है / मेरी टाँगें दुखती हैं। 2. to yearn, चाहना, लालायित होना।

achievable (अॅ-ची´-वॅ-बॅल्) *adj.* worth achieving, प्राप्त करने योग्य, पाने योग्य, प्राप्तव्य।

achieve (अॅ-चीव्´) *v.* (achieved, achieving) 1. to attain or obtain, प्राप्त करना, पाना। 2. to accomplish, निष्पन्न करना, पूरा करना।

achieved (अॅ-चीव्ड्´) *adj.* 1. attained, प्राप्त। 2. completed, पूर्ण, समाप्त। 3. accomplished, निष्पन्न, संपादित।

achievement (अॅ-चीव्´-मॅन्ट्) *n.* 1. something achieved or obtained, प्राप्ति, उपलब्धि। 2. success, सफलता।

achilles heel (अॅ-किल्´-ईज़्-हील्) *n.* a weak point, दुर्बलता, कमज़ोरी, मर्मस्थल, मर्मांग।

achromatic (ऐ-क्रो´-मैट्-इक्) *adj.* colourless, रंगविहीन, रंगहीन, निर्वर्ण, वर्णहीन, अवर्णक।

achromatism (ऐ-क्रो´-मैट्-इज़्-अॅम्) *n.* the state of being achromatic, अवर्णकता, रंगविहीनता, वर्णहीनता, अवर्णकता।

achy (एक्´-ई) *adj.* causing pain, पीड़ा देनेवाला, पीड़ा करनेवाला, पीड़ायुक्त, दर्दीला।

acid (ऐस्´-इड्) *n.* a chemical substance

having a sour taste, अम्ल, तेज़ाब। *adj.* 1. sour, खट्टा। 2. acidic, अम्लीय। 3. bitter, कड़वा, कटु।

acidic (ॲ-सिड्´-इक्) *adj.* acid-forming, अम्लीय, तेज़ाबी।

acidify (ॲ-सिड्´-इ-फ़ाइ) *v.* (acidified, acidifying) to make into or become an acid, तेज़ाब बनना या बनाना।

acidity (ॲ-सिड्´-इ-टी) *n.* 1. sourness, अम्लता। 2. an over-acid condition of the stomach, अम्लपित्त।

acid test (ऐस्´-इड्—टेॅस्ट्) *n.* a severe or decisive test, कड़ी परीक्षा, अग्नि-परीक्षा।

acidulate (ॲ-सिड्´-ऊ-लेट्) *v.* (acidulated, acidulating) to make sour in taste or acid in nature, खट्टा बनाना, अम्लीकृत करना, खटास उत्पन्न करना।

acidulous (ॲ-सिड्´-ॲ-लॅस्) *adj.* some- what sour, खट्टा-सा, कुछ-कुछ खट्टा।

acinus (ऐस्´-इ-नॅस्) *n.* a drupe, रसभरी।

ack-ack (ऐक्-ऐक्´) *n.* 1. an anti-aircraft gun, विमानभेदी तोप। 2. bombing by anti-aircraft guns, विमानभेदी तोपों से होनेवाली गोलों की वर्षा।

acknowledge (ऐक्-नॉल्´-इज्) *v.* (acknowledged, acknowledging) 1. to admit the validity or truth of, स्वीकार करना, कबूलना, मान लेना। 2. to report the receipt of, पहुँचा देना या भेजना, पावती देना, प्राप्ति स्वीकार करना। 3. to express thanks or gratitude for, आभार स्वीकार करना, धन्यवाद प्रकट करना, शुक्रिया अदा करना। 4. to express recognition of, दावा मान लेना, तसदीक करना, अभिस्वीकार करना।

acknowledged (ऐक्-नॉल्´-इज्ड्) *adj.* 1. admitted, स्वीकार किया हुआ, स्वीकृत। 2. received, प्राप्त।

acknowledgement, acknowledgment (ऐक्-नॉल्´-इज्-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of acknowledging, स्वीकृति। 2. a receipt, पावती, प्राप्ति-सूचना; ~ due पावती-सहित। 3. an expression of thanks, कृतज्ञता-प्रकाशन, कृतज्ञता-प्रकाश, आभार-स्वीकार।

aclinic (ऐक्´-लि-निक्) *adj.* without inclination, जो नत न हो, जिसमें झुकाव न हो, अनत।

acme (ऐक्´-मी) *n.* 1. the highest point, सब से ऊँचा बिंदु, उच्चतम बिंदु। 2. the highest peak, सर्वोच्च शिखर, सबसे ऊँची चोटी। 3. the highest degree, पराकाष्ठा, चरमावस्था।

acne (ऐक्´-नी) *n.* a skin disease in which small raised spots appear on the face, मुँहासों की बीमारी, मुँहासा रोग।

acock (ऐ-कॉक्´) *adv.* 1. alertly, सावधानी से। 2. defiantly, अवज्ञापूर्वक, ऐंठ दिखाते हुए।

acolyte (ऐक्´-ॲ-लाइट्) *n.* an assistant, सहायक।

aconite (ऐक्´-ॲ-नाइट्) *n.* a group of plants of poisonous qualities, बछनाग, एकोनाइट।

acorn (ए´-कॉ:न्) *n.* fruit of the oak tree, बंजुफल।

acoustic (ॲ-कू´-स्टिक्) *adj.* of or pertaining to hearing or sound, श्रवण-संबंधी, ध्वनि-संबंधी, ध्वनिक।

acoustics (ॲ-कू´-स्टिक्स्) *n.* (plu.) 1. the science of sound, ध्वनि-विज्ञान, ध्वानिकी। 2. the quality of a building that makes it transmit sound well or poorly, ध्वनि-गुण, ध्वानिकता; The acoustics of the hall are excellent, ध्वनि-गुण के विचार से हाल उत्तम है।

acquaint (ॲ-क्वेन्ट्) *v.* (acquainted, acquainting) 1. to make informed, जानकारी देना या कराना, अवगत या विदित कराना। 2. to make familiar, जान-पहचान, परिचय करना, जान-पहचान करना।

acquaintance (ॲ-क्वेन्´-टॅन्स्) *n.* 1. the state of being acquainted with, जानकारी, जान-पहचान, परिचय। 2. a person whom one knows slightly, ऐसा व्यक्ति जिससे थोड़ी-बहुत जान-पहचान हो, जान-पहचानवाला, मुलाकाती।

acquainted (ॲ-क्वेन्´-टिड्) *adj.* 1. familiar, जाना-पहचाना, परिचित। 2. familiar with something, अवगत।

acquest (ॲ-क्वेस्ट्´) *n.* 1. attainment, उपलब्धि,

प्राप्ति। 2. earned wealth, अर्जित धन।

acquiesce (एक्-वि-ऐंस्´) *v.* (acquiesced, acquiescing) 1. to agree without hesitation, बिना हिचक स्वीकार कर या मान लेना। 2. to consent or comply without protest, चुपचाप स्वीकार कर लेना, बिना किसी विरोध के स्वीकार कर लेना। 3. to give silent or passive assent to, मौन स्वीकृति देना, उपमत होना।

acquiescence (ऐक्-वि-ऐंस्´-ॲन्स्) *n.* tacit consent, मौन-स्वीकृति।

acquirable (ॲ-क्वाइर्´-ॲ-बॅल्) *adj.* that can be acquired, प्राप्त किए जाने के योग्य, प्राप्तव्य, प्राप्य।

acquire (ॲ-क्वाइ:´) *v.* (acquired, acquiring) 1. to earn, कमाना, कमाई करना, अर्जन करना, अर्जित करना। 2. to obtain, प्राप्त या हस्तगत करना। 3. to get through legal process, अधिग्रहण करना, अवाप्त करना।

acquired (ॲ-क्वाइ:ड्´) *adj.* 1. earned, कमाया हुआ, पैदा किया हुआ, अर्जित। 2. taken into possession by legal process, अधिगृहीत, अवाप्त।

acquisible (ॲ-क्वि´-ज़ी´-बॅल्) *adj.* 1. worth obtaining, प्राप्त या अर्जित करने योग्य। 2. worth possessing, अधिगृहीत करने योग्य, अवाप्य।

acquisition (ॲ-क्वि-ज़ी´-शॅन्) *n.* 1. the act of earning or obtaining, अर्जन, प्राप्ति। 2. the act of taking under control or possession, अधिग्रहण, अवाप्ति। 3. attainment, उपलब्धि, सिद्धि।

acquisitive (ॲ-क्वि´-ज़ि-टिव्) *adj.* 1. eager to acquire possessions, संग्रहशील, अर्जनशील। 2. greedy, लोभी, लालची।

acquisitive mind *n.* having a thirst for knowledge, seeker after knowledge, ज्ञान-पिपासु, जिज्ञासु।

acquit (ॲ-क्विट्´) *v.* (acquitted, acquitting) 1. to pay, देना, भुगतान करना, ऋण चुकाना। 2. to discharge, दोषमुक्त या बरी करना, छोड़ देना। 3. to conduct (oneself), पेश आना, व्यवहार करना। ☐ **acquit oneself well,** सौंपा गया काम अच्छी तरह सम्पन्न करना।

acquittal (ॲ-क्विट्´-ॲल्) *n.* 1. the act of acquitting, दोषमुक्त या बरी करने की क्रिया या भाव, दोषमुक्ति। 2. discharge, release, रिहाई, छुटकारा, निस्तार।

acquittance (ॲ-क्विट्´-ॲन्स्) *n.* 1. discharge from a debt, ऋण से छुटकारा, ऋण- मुक्ति। 2. release, discharge, छुटकारा, मुक्ति। 3. a receipt, पावती, भरपाई, रसीद।

acquitted (ॲ-क्विट्´-इड्) *adj.* released, discharged, बरी, रिहा, दोषमुक्त।

acre (एक्´-ॲ:) *n.* a unit of area equal to 4840 sq. yards, एकड़। ☐ **God's acre,** गिरजे का क़ब्रिस्तान।

acreage (ए´-कॅ-रिज्) *n.* 1. the total number of acres, एकड़ों में होनेवाला क्षेत्रफल। 2. per acre rent of land, प्रति एकड़ के हिसाब से होनेवाला ज़मीन का लगान।

acrid (ऐक्´-रिड्) *adj.* 1. pungent, तीता, तिक्त, तीखा, चरपरा। 2. bitter to the taste, कड़वा, कटु।

acridity (ॲ-क्रिड्´-इ-टी) *n.* 1. pungency, तीतापन, तीखापन, तिक्तता, चरपराहट। 2. bitterness of taste, कड़वापन, कटुता।

acrimonious (ऐक्-रि-मो´-नि-ॲस्) *adj.* bitterly angry, क्रोधाभिभूत, उग्र, कटु, रूखा।

acrimony (ऐक्´-रि-मॅ-नी) *n.* bitterness in speech, कटुता, उग्रता, रुखाई, रूक्षता।

acritical (ॲ-क्रिट्´-इ-कॅल्) *adj.* not critical, जो गंभीर न हो, जो ख़तरे से बाहर हो, संकट-रहित।

acrobat (ऐक्´-रॅ-बैट्) *n.* a person skilled in feats of agility and balance, नट, बाज़ीगर, कलाबाज़।

acrobatic (ऐक्´-रॅ-बैट्-इक्) *adj.* of or like an acrobat, नट या नटों-जैसा, कलापूर्ण।

acrobatics (ऐक्-रॅ-बैट्´-इक्स्) *n.* feats of an acrobat, नट या नटों के खेल, कलाबाज़ी, बाज़ीगरी।

acronym (ऐक्´-रॅ-निम्) *n.* a word made up from the first letters of the name of something, किसी के नाम के प्रथम अक्षरों के योग से बननेवाला शब्द (जैसे - माकपा, भाजपा),

परिवर्णी शब्द।

acrophobia (ऐक्-रॅ-फ़ो´-बि-ॲ) *n.* intense fear of being in high places, ऊँचाई से लगनेवाला डर, उत्तुंगता-भय।

acropolis (ॲ-क्राप्´-ॲ-लिस्) *n.* a citadel, गढ़, किला।

across (ॲ-क्रॉस्´) *adv.* 1. from one side to another, आर-पार।2. on the opposite side, उस पार।3. crosswise, आड़े या तिरछे बल। □ **with arms across**, बाँहों को भुजाओं पर रखे हुए। *prep.* 1. from side to side of, के आर-पार। 2. on the opposite side of, के पार।

acrostic (ॲ-क्राः´-स्टिक्) *n.* a poem in which the first or last letters of each line form a word, परिवर्णी काव्य।

act (ऐक्ट्) *n.* 1. something done, काम, कार्य। 2. a deed, कर्म।3. an action, क्रिया, व्यापार। 4. a decree, statute or law, डिक्री, अधिनियम या विधि। 5. a major division of a play, नाटक का अंक।6. a pose or pretence, मिथ्या आचरण या बनावटी व्यवहार। □ **act of God,** ईश्वरीय इच्छा, प्रभु की मर्जी, दैवकृत। *v.* (acted, acting) 1. to do, काम करना, कार्य करना, करना, करना-धरना। 2. to fulfill functions, कर्तव्य निभाना, काम पूरा करना। 3. to behave, व्यवहार या बरताव करना। 4. to perform a part in a play, अभिनय करना।5. to have an effect on, प्रभावित करना। 6. to portray by actions, नकल उतारना, स्वाँग भरना।

actable (ऐक्´-टॅ-बॅल्) *adj.* easy to act, अभिनेय।

acting (ऐक्ट्´-इंग्) *n.* a dramatic part, performing in plays, अभिनय। *adj.* 1. serving temporarily, कार्यकारी; acting chairman, कार्यकारी अध्यक्ष। 2. performing, कार्य करनेवाला, कार्य करता हुआ; acting in combination, मिलकर कार्य करते हुए; acting in concert, सामान्य गति से काम करते हुए।

acting partner *n.* a partner who habitually acts in the business of the firm, कार्यकारी भागीदार।

actinic (ऐक्´-टिन्-इक्) *adj.* produced by the chemical act of sunlight, विकिरणशील।

action (ऐक्´-शॅन्) *n.* 1. the act of doing something, कार्य, क्रिया। 2. an activity, क्रिया, क्रियाकलाप। 3. (legal) process or (judicial) proceeding, (कानूनी) कार्रवाई, (न्यायिक) अनुयोजन।4. a legal suit, मुकदमा, वाद। 5. a way or manner of functioning, ढंग, चेष्टा। 6. active operation against enemy, लड़ाई, संघर्ष। 7. a battle, लड़ाई। □ **take action**, कार्रवाई करना, (के) विरुद्ध कदम उठाना; **out of action**, ख़राब, बेकार।

actionable (ऐक्´-शॅ-नॅ-बॅल्) *adj.* affording ground for an action at law, वाद योग्य, अनुयोज्य; actionable wrong, अनुयोज्य दोष।

action crowd *n.* hostile crowd, आक्रामक भीड़।

activate (ऐक्´-टि-वेट्) *v.* (activated, activating) to make active, सक्रिय करना या बनाना, सक्रियन करना।

activated (ऐक्´-टी-वे-टिड्) *adj.* made active, सक्रिय किया हुआ, सक्रियित।

activation (एक्-टि-वे´-शॅन्) *n.* the act of activating, सक्रिय करने की क्रिया या भाव, सक्रियण, सक्रियकरण।

activator (एक्´-टि-वे-टॅः) *n.* one who activates, सक्रिय करनेवाला, सक्रियकर्ता।

active (ऐक्´-टिव्) *adj.* 1. energetic, सक्रिय, चुस्त, क्रियाशील।2. agile, फुर्तीला।3. (gram.) not passive i.e. who does something, कर्तृवाचक; active voice, कर्तृवाच्य।

activism (ऐक्´-टि-विज़्-ॲम्) *n.* a theory or policy of taking vigorous action to achieve an end, सक्रियतावाद।

activist (ऐक्´-टि-विस्ट्) *n.* one who takes vigorous action to achieve an end, सक्रियतावादी।

activity (ऐक्-टिव्´-इ-टी) *n.* 1. energetic action, सरगरमी, सक्रियता। 2. agility, फुर्ती, चुस्ती। 3. (plu.) instances of being active in any field, क्रियाकलाप, गतिविधियाँ।

actor (ऐक्´-टॅः) *n.* 1. a performer in a stage-play, अभिनेता। 2. a performer in a film etc., फिल्म-अभिनेता, अभिनेता, पात्र। 3. one

who performs an action, कर्ता।

actress (ऐक्´-ट्रिस्) *n.* 1. a female actor, अभिनेत्री, पात्री। 2. a female film actor, सिने-अभिनेत्री, सिने-तारिका, फिल्म-अभिनेत्री, अभिनेत्री, पात्री।

actual (ऐक्´-चु-अॅल्) *adj.* 1. real, वास्तविक, यथार्थ, असल। 2. present, current, वर्तमान, विद्यमान।

actuality (ऐक्-चु-ऐल्´-इ-टी) *n.* (plu. actualities) 1. reality, actual position, वास्तविकता, यथार्थता, वस्तुस्थिति। 2. (plu.) existing conditions or facts, विद्यमान परिस्थितियाँ या तथ्य।

actualize (ऐक्´-चु-अॅ-लाइज़्) *v.* (actualized, actualizing) 1. to realize in action, कार्यरूप में परिणत करना, कार्यान्वित करना। 2. to make actual, वास्तविकता प्रदान करना, प्रत्यक्षीकरण करना।

actually (ऐक्´-चु-अॅ-ली) *adv.* in fact, really, in reality, वस्तुतः, वास्तव में, सचमुच, दरअसल।

actuary (ऐक्´-चु-अॅ-री) *n.* one who calculates premiums, बीमांकक।

actuate (ऐक्´-चु-एट्) *v.* (actuated, actuating) 1. to motivate, चालू करना, संचालन करना। 2. to cause to act, प्रेरित करना, प्रवृत्त करना।

actuation (ऐक-चु-ए´-शॅन्) *n.* 1. motivation, चालू करने की क्रिया, संचालन। 2. inspiration, प्रेरणा, प्रेरण।

acuity (अॅ-क्यू´-इ-टी) *n.* 1. sharpness, पैनापन, तीक्ष्णता। 2. intensity, तीव्रता, प्रचंडता। 3. perception, ग्रहणशीलता।

aculeate (अॅ-क्यू´-लि-एट्) *adj.* prickly, कँटीला, काँटों से भरा, काँटेदार।

aculeus (अॅ-क्यू´-लि-अॅस्) *n.* a prickle, काँटा, शूल।

acumen (अॅ-क्यू´-मॅन्) *n.* 1. mental acuteness, बुद्धि की प्रखरता। 2. insight, दूरदर्शिता।

acuminate (अॅ-क्यू´-मि-नेट्) *adj.* pointed, नोकदार, नुकीला।

acupuncture (ऐक्´-यु-पंक्-चॅः) *n.* the science of pricking with needles for the purpose of treating various bodily disorders or diseases, एक्युपंचर, सुई-चिकित्सा।

acute (अॅ-क्यूट्´) *adj.* 1. pointed, नुकीला। 2. sharp, पैना, तीक्ष्ण। 3. keen-witted, चतुर, कुशाग्र-बुद्धि। 4. intense, severe, प्रचंड, तीव्र, उत्कट। 5. less than 90°, न्यून (कोण)। 6. of extreme importance, अति-महत्त्वपूर्ण।

acute angle *n.* an angle of less than 90°, न्यून कोण।

acutely (अॅ-क्यूट्´-ली) *adv.* sharply, keenly, उत्कट रूप से, तीव्र रूप से।

acuteness (अॅ-क्यूट्´-निस्) *n.* intensity, sharpness, प्रचंडता, उत्कटता, तीव्रता।

acyclic (अॅ-साइ´-क्लिक्) *adj.* not cyclic, अचक्रीय।

ad (ऐड´) *n.* an advertisement, विज्ञापन।

adage (ऐड्´-इज्) *n.* an old saying, a proverb, कहावत, लोकोक्ति, सूक्ति।

adagio (अॅ-डा´-जि-ओ, अॅ-डा´-जो) *adv.* in slow time, slowly, धीरे-धीरे।

Adam (ऐड्´-अॅम्) *n.* the firstman, आदम, आदिमानव।

adamant (ऐड्´-अॅ-मॅन्ट्) *adj.* 1.stubborn, unyielding, टस से मस न होनेवाला, हठी, ज़िद्दी। 2. firm, दृढ़। 3. hard, कठोर।

Adam's apple *n.* the visible projection at front of the neck, टेंटुआ।

adapt (अॅ-डैप्ट्´) *v.* (adapted, adapting) 1. to make or become suitable for a new situation, to adjust, अनुकूल बनना या बनाना, अभ्यस्त बनना या बनाना, ढल जाना या ढाल लेना। 2. to alter so as to make fit, रूपांतरित करना।

adaptability (अॅ-डैप्-टॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* the quality of being adaptable, अनुकूलन-क्षमता, अनुकूलनशीलता।

adaptable (अॅ-डैप्´-टॅ-बॅल्) *adj.* 1. able to be adapted, अनुकूलनीय, रूपांतरणीय। 2. able to adapt himself to new conditions, नई परिस्थितियों के अनुकूल अपने को ढाल या बना लेनेवाला, अनुकूलन-क्षम।

adaptation (अॅ-डैप्-टे´-शॅन्) *n.* 1. the act of adapting, अनुकूलन, रूपांतरण। 2. an alteration or adjustment, रूपांतर, समायोजन।

अः bird बःड्, अॅः tear टिअॅः, ॲॲ air ॲॲः, आई five फ़ाइव्, ऑइ boy बॉइ/बॉय, इॲ near निॲः
उॲ poor पुॲः, च् chat चैट्, थ् thing थिंग्, द् this दिस्, फ़् full फ़ुल्, व़् wait व़ेट्

adapted (अॅ-डैप्´-टिड्) *adj.* altered, अनुकूलित; रूपांतरित।

adaptive (अॅ-डैप्´-टिव्) *adj.* tending to adapt, अनुकूली; ~ culture अनुकूली संस्कृति।

add (ऐड्) *v.* (added, adding) 1. to get a total, जोड़ निकालना या लगाना, योग करना, जोड़ना।2. to join as an increase or supplement, जोड़ या साथ लगा देना। 3. to say further, कुछ और कहना। 4. to include, शामिल करना। □ **add up**, जोड़ निकालना, जोड़ना; **add up to**, जोड़ प्राप्त होना या निकलना।

addend (ऐड्´-ऍन्ड्) *n.* a number to be added to another, जोड़ी जानेवाली संख्या या राशि, योज्य।

addenda (अॅ-डॅन्´-डॅ) *n.* plu. of addendum.

addendum (अॅ-डॅन्´-डॅम्) *n.* (plu. addenda) supplement, परिशिष्ट।

adder (ऐड्´-अ:) *n.* a small poisonous snake, एक प्रकार का छोटा विषैला साँप।

addict[1] (अॅ-डिक्ट्´) *v.* (addicted, addic-ting) to devote or habituate oneself to, आदी बनना, अभ्यस्त हो जाना, लती होना, लत लगा लेना, व्यसन में पड़ना।

addict[2] (ऐड्-इक्ट्) *n.* one who is addicted to drugs etc. लती, व्यसनी, नशाख़ोर, नशेबाज़।

addicted (अॅ-डिक्´-टिड्) *adj.* devoted to something as a hobby or interest, आदी, लती, व्यसनी।

addiction (अॅ-डिक्´-शॅन्) *n.* a bad habbit, लत, व्यसन, नशेबाज़ी।

addictive (अॅ-डिक्´-टिव्) *adj.* causing addiction, लत डालनेवाला।

addition (अॅ-डिश्´-ऑन्) *n.* 1. the act of adding, जोड़, योग। 2. something that is added, वृद्धि, बढ़त, बढ़ोतरी। □ **in addition**, साथ में।

additional (अॅ-डिश्´-अॅ-नॅल्) *adj.* added, extra, अतिरिक्त, बढ़ा या बढ़ाया हुआ।

additive (ऐड्´-इ-टिव्) *adj.* involving addition, जोड़ या योग संबंधी, योज्य।

addle (ऐड्´-अ‍ॅल्) *v.* (addled, addling) 1. to become rotten, सड़-गल जाना, सड़ना-गलना। 2. to get spoiled, ख़राब हो जाना। 3. to confuse, भ्रमित होना।

address[1] (अॅ-ड्रॅस्´) *v.* (addressed, addressing) 1. to speak to, संबोधन करना, संबोधित करना। 2. to make with a destination or location, पता लिखना। 3. to direct (one's energy or attention to), लगा देना।

address[2] (ऐड्´-रॅस्) *n.* 1. a formal spoken or written communication, अभिभाषण।2. the indication of destination or location, पता, सरनामा।3. an address of welcome, मानपत्र, अभिनंदन-पत्र या स्वागत-भाषण।

addressee (ऐड्-रॅ-सी´) *n.* a person to whom a letter is addressed or packet is sent, प्राप्तकर्ता, पानेवाला।

addressograph (अॅ-डॅस्´-ओ-ग्रैफ़/ग्राफ़) *n.* a machine for printing addresses, पतालेखी यंत्र, पते छापनेवाली मशीन।

adduce (अॅ-ड्यूस्´) *v.* (adduced, adducing) 1. to cite or offer (as an example of proof, प्रमाण, तर्क, उदाहरण आदि के रूप में) प्रस्तुत करना। 2. to put forward, सामने रखना, पेश करना।

adduct (अॅ-डक्ट्´) *v.* (adducted, adducting) to draw to a common centre, सामान्य केंद्र की ओर खींचना या ले जाना।

adduction (अॅ-डक्´-शॅन्) *n.* the act of adducing or the state of being adduced, प्रस्तुतीकरण, पेशी।

adenoids (ऐड्´-अॅ-नॉइड्स्) *n.* (plu.) the enlarged spongy tissue between the back of the nose and the throat, गले में होनेवाली गिल्टी।

adept (अॅ-डॅप्ट्´) *adj.* highly skilled, अत्यंत कुशल या प्रवीण, निष्णात, दक्ष, निपुण। *n.* an expert, कुशल, प्रवीण या निष्णात व्यक्ति, विशेषज्ञ।

adeptly (अॅ-डॅप्ट्´-ली) *adv.* skillfully, कुशलता से, दक्षतापूर्वक।

adeptness (अॅ-डॅप्ट्´-निस्) *n.* dexterity, adroitness, कौशल, दक्षता, निपुणता।

adequacy (ऐड्´-अॅ-क्वे-सी) *n.* the state of being adequate, sufficiency, यथेष्टता, पर्याप्तता, प्रचुरता।

adequate (ऐड्´-इ-क्विट्) *adj.* 1. sufficient, यथेष्ट, पर्याप्त। 2. satisfactory, संतोषजनक। 3. passable but not outstandingly good, ठीक-ठीक, समुचित।

adhere (ऐड्-हिअ:´) *v.* (adhered, adhering) 1. to stick or hold fast, चिपक या सट जाना। 2. to be faithful to, निष्ठावान (बने) रहना। 3. to follow closely, अनुसरण करना, पालन करना।

adherence (ऐड्-हिअॅर्´-अॅन्स्) *n.* 1. steady attachment, fidelity, निष्ठा। 2. observance, abidance, पालन, अनुसरण।

adherent (ऐड्-हिअॅर्´-अॅन्ट्) *adj.* sticking, साथ लगा या चिपका हुआ, संसक्त, संलग्न। *n.* 1. a supporter, पक्षधर। 2. a follower, अनुयायी, समर्थक।

adhesion (ऐड्-ही´-ज़्हॅन्) *n.* 1. the act of adhering or the state of being adhered, चिपकाव, संसक्ति, संलग्नता। 2. support, पक्षधरता, हिमायत।

adhesive (ऐड्-ही´-सिव्) *adj.* sticky, चिपकनेवाला, चिपचिपा। *n.* an adhesive substance, चिपकने या चिपकानेवाला पदार्थ।

adhibit (ऐड्-हि´-बिट्) *v.* (adhibitted, adhibitting) to affix, चिपकाना, लगाना, जोड़ना, नत्थी करना। □ **adhibit one's signature**, हस्ताक्षर करना, सही करना।

ad hoc (ऐड्-हॉक्´) *adj.* for a specific case, purpose or situation, तदर्थ। (लैटिन)

ad hoc committee *n.* a committee for a specific purpose, तदर्थ समिति।

adieu (अॅ-ड्यू´) *interj. & n.* goodbye, विदा; to bid (someone) adieu, (किसी को) विदा देना।

ad infinitum (ऐड्-इन्-फ़ि-नि´-टॅम्) *adv.* forever, सदा के लिए, सदा-सदा के लिए, हमेशा के लिए। (लैटिन)

ad interim (ऐड्-इन्´-टॅ-रिम्) *adj.* provisional, अंतरिम, अंतःकालीन, कामचलाऊ। (लैटिन)

adios (ऐड्-इ-ऑस्´) *interj.* goodbye, विदा।

adipose (ऐड्´-इ-पोस्´) *adj.* 1. fatty, मोटा, स्थूलकाय, स्थूल। 2. of fat, स्निग्ध।

adiposity (ऐड्-इ-पॉस्´-इ-टी) *n.* fatness, स्थूलता, मोटापा।

adjacent (अॅ-जे´-सॅन्ट्) *adj.* 1. lying near, समीपवर्ती पार्श्वस्थ। 2. adjoining, संलग्न; adjacent angle, संलग्न कोण।

adjectival (ऐड्-ज़िक्-टाई-वॅल्, ऐज्-इक्-टाइ´-वॅल्) *adj.* pertaining to an adjective, विशेषण-संबंधी, विशेषणात्मक; adjectival clause, विशेषण-वाक्यांश।

adjective (ऐड्-जिक्-टिव्, ऐज्´-इक्-टिव्) *n.* a word that modifies a noun, विशेषण, संज्ञा-विशेषण।

adjoin (अॅ-जाइन्´) *v.* (adjoined, adjoining) to be nearest or next to, जुड़ा, सटा या लगा होना।

adjoining (अॅ-जॉइ´-निंग्) *adj.* adjacent, near, जुड़ा या सटा हुआ, संलग्न, पार्श्वस्थ।

adjourn (अॅ-ज:न्´) *v.* (adjourned, adjourning) 1. to postpone, स्थगित होना या करना। 2. to move from one place to another, एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर बढ़ना या चले जाना।

adjournment (अॅ-ज:न्´-मॅन्ट्) *n.* the act of adjourning, स्थगन; motion of adjournment or adjournment motion, स्थगन-प्रस्ताव।

adjudge (अॅ-जज्´) *v.* (adjudged, adjudging) 1. to decide judicially, to determine by law, न्याय-निर्णय करना, न्याय-निर्णीत करना। 2. to deem to be, मानना, स्वीकार करना।

adjudgement (अॅ-जज्´-मॅन्ट्) *n.* = adjudication.

adjudicate (अॅ-जू´-डि-केट्) *v.* (adjudicated, adjudicating) = adjudge.

adjudication (अॅ-जू-डि-के´-शॅन्) *n.* the act of adjudging or adjudicating, न्याय-निर्णय।

adjudicative (अॅ-जू-डि-के´-टिव्) *adj.* pertaining to adjudication, न्याय-निर्णय-संबंधी, न्याय-निर्णयात्मक।

adjudicator (अॅ-जू-डि-के´-टॅ:) *n.* one who adjudicates, न्याय-निर्णायक।

adjunct (ऐज्´-अंक्ट्) *n.* 1. a subordinate thing, गौण वस्तु या बात। 2. a word or a phrase attached to another in a subordinate position, अनुशब्द, अनुपद।

adjunctive (अॅ-जंक्´-टिव्) *adj.* 1. attached, अनुबद्ध। 2. secondary, गौण।

adjure (अॅ-ज्योः´) *v.* (adjured, adjuring) to command or appeal solemnly, (सच कहने के लिए) आदेश देना या प्रार्थना करना।

adjust (अॅ-जस्ट्´) *v.* (adjusted, adjusting) 1. to change so as to match or fit, समायोजन करना, समायोजित करना, ठीक करना। 2. to arrange, व्यवस्थित करना। 3. to adapt (oneself) to new circumstances, अनुकूल बनना या बनाना, अभ्यस्त बनना या बनाना। 4. to regulate, विनियमित करना। 5. to settle, निपटाना, निपटारा करना।

adjustable (अॅ-जस्´-टॅ-बॅल्) *adj.* able to be adjusted, समायोज्य, समायोजनीय।

adjusted (अॅ-जस्´-टिड्) *adj.* changed to one's needs, समायोजित।

adjustment (अॅ-जस्ट्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the process of adjusting or the state of being adjusted, समायोजन। 2. regulation, विनियमन। 3. settlement, निपटारा, समाधान।

adjutant (ऐज्´-उ-टॅन्ट्) *n.* a military officer who helps a commanding officer, सहायक सैनिक अधिकारी, एडजुटेंट।

ad-lib (ऐड्-लिब्´) *v.* (ad-libbed, ad-libbing) to extemporize, बिना तैयारी के बोलना। *adv.* 1. without preparing, बिना तैयारी के। 2. too much, without limit, बेहद, खूब, अत्यधिक। (लैटिन)

ad libitum (ऐड्-लि´-बि-टम्) *adv.* according to pleasure, स्वेच्छापूर्वक, स्वेच्छया। (लैटिन)

adman (ऐड्´-मॅन्) *n.* (plu. admen) a person employed in the advertising business, विज्ञापन-कर्मी।

admeasure (ऐड्-मे´-ज़्हॅः) *v.* (admeasured, admeasuring) to divide into shares, हिस्से लगाना या करना, बाँटना, अनुभाजन करना।

admeasurement (ऐड्-मे´-ज़्हॅः-मॅन्ट्) *n.* the act of admeasuring, हिस्से लगाने का काम, बाँट, बँटवारा, अनुभाजन।

administer (ऐड्-मिन्´-इ-स्टॅः) *v.* (administered, administering) 1. to manage, प्रबंध करना। 2. to manage the affairs of, प्रशासन करना या चलाना, प्रशासित या निर्देशित करना। 3. to provide or give, देना। □ **administer a blow**, प्रहार या आघात करना; **administer a dose**, ख़ुराक देना या पिलाना; **administer an oath**, शपथ दिलाना।

administration (ऐड्-मिन्-इ-स्ट्रे´-शॅन्) *n.* the act of administering, प्रबंध, व्यवस्था, प्रशासन। 2. an administering group, प्रशासक-वर्ग।

administrative (ऐड्-मिन्´-इ-स्ट्रे-टिव्) *adj.* pertaining to the administration, प्रशासनसंबंधी, प्रशासकीय, प्रशासनिक; administrative officer, प्रशासनिक अधिकारी।

administrator (ऐड्-मिन्´-इ-स्ट्रे-टॅः) *n.* one who administers, प्रशासक, प्रबंधकर्ता।

admirable (ऐड्´-मि-रॅ-बॅल्) *adj.* 1. deserving admiration, प्रशंसनीय, सराहनीय, स्तुत्य। 2. excellent, उत्कृष्ट।

admirably (ऐड्-मि´-रॅ-ब्ली) *adv.* excellently, प्रशंसनीय रूप से; उत्कृष्टतापूर्वक।

admiral (ऐड्´-मि-रॅल्) *n.* the commander-in-chief of a navy, नौसेनाध्यक्ष, एडमिरल।

admiralty (ऐड्´-मि-रॅल्-टी) *n.* office of an admiral, नौसेना-विभाग।

admiration (ऐड्-मि-रे´-शॅन्) *n.* 1. a feeling of pleasure and respect, समादर, श्रद्धा। 2. praise, प्रशंसा, सराहना।

admire (ऐड्´-माइः) *v.* (admired, admiring) 1. to think highly of, to respect, समादर करना, श्रद्धा प्रकट करना। 2. to praise, प्रशंसा करना, सराहना करना।

admired (ऐड्´-मायॅःड्) *adj.* 1. respected, समादृत। 2. praised, प्रशंसित।

admirer (ऐड्´-माइ-रॅः) *n.* 1. one who admires, समादर करनेवाला, समादरकर्ता, श्रद्धालु। 2. one who praises, प्रशंसा करनेवाला, प्रशंसक।

admissibility (ऐड्-मिस्-इ-बिल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being admissible, ग्राह्यता।

admissible (ऐड्-मिस्´-इ-बॅल्) *adj.* 1. worthy of being accepted, स्वीकार्य। 2. worthy of being admitted, ग्राह्य। 3. capable of being allowed or conceded, अनुज्ञेय।

admission (ऐड्-मिश्´-अॅन्) *n.* 1. the act of admitting, प्रवेश; admission committee,

प्रवेश-समिति। 2. the right to enter, प्रवेशाधिकार। 3. something confessed, स्वीकृति; the admission of facts, तथ्यों की स्वीकृति। 4. the act of taking up for the purpose of consideration, ग्रहण; admission of a plaint, वादपत्र का ग्रहण।

admission fee *n.* a fee paid to enter a place, प्रवेश-शुल्क।

admit (ऐड्-मिट्´) *v.* (admitted, admitting) 1. to permit to enter, अंदर आने देना। 2. to accept into an institution, भर्ती या दाख़िल करना। 3. to accept for the purpose of consideration, ग्रहण करना। 4. to confess, स्वीकार कर लेना, मान लेना। 5. to accommodate, समायोजित करना, गुंजाइश निकालना।

admittance (ऐड्-मिट्´-ऍन्स्) *n.* permission or right to enter, प्रवेशाधिकार, प्रवेशानुमति।

admitted (ऐड्-मिट्´-इड्) *adj.* allowed, भर्ती किया हुआ, प्रविष्ट, दाख़िल।

admittedly (ऐड्-मिट्´-इड्-ली) *adv.* as an acknowledged fact, निस्संदेह, निश्चय ही।

admix (ऐड्-मिक्स्´) *v.* (admixed, admixing) to mix, मिल जाना या मिला देना, अधिमिश्रित करना।

admixture (ऐड्-मिक्स्´-चॅः) *n.* mixture, मिश्रण, अधिमिश्रण।

admonish (ऐड्-मॉन्´-इश्) *v.* (admonished, admonishing) 1. to reprove, डाँटना-फटकारना, झिड़कना, भर्त्सना करना। 2. to warn authoritatively, चेतावनी देना, मनाही करना।

admonishment (ऐड्-मॉन्´-इश्-मॅन्ट्) *n.* 1. rebuke, डाँट, झिड़की, डाँट-फटकार। 2. warning, चेतावनी।

admonition (ऐड्-मॉ-निश्´-ऍन्) *n.* 1. rebuke, डाँट, झिड़की, डाँट-फटकार। 2. a warning (against fault), चेतावनी।

adnate (ऐड्-नेट्´) *adj.* attached, संलग्न।

ad nauseam (ऐड्-नाः´-ज़ि-ऍम्) *adv.* to a disgusting degree, जब तक ऊब न उत्पन्न हो जाए। (लैटिन)

ado (ऍ-डू´, ऍ-डो´) *n.* 1. fuss, trouble, बखेड़ा, झमेला; much ado about nothing, बिना बात का बतंगड़। 2. excitement, उत्तेजना।

adobe (ऍ-डो´-बी) *n.* 1. a sun-dried brick, कच्ची ईंट। 2. a house made of such bricks, कच्ची ईंटों का मकान, कच्चा मकान।

adolescence (ऐड्-ओ-लॅस्´-ऍन्स्) *n.* the period between childhood and adult-hood, किशोरावस्था, किशोरता।

adolescent (ऐड्-ओ-लॅस्´-ऍन्ट्) *adj.* 1. between childhood and adulthood, किशोर या किशोरी। 2. of adolescence, किशोरावस्था-संबंधी, किशोर-सुलभ। *n.* an adolescent person, किशोर व्यक्ति।

adonis (ऍ-डो´-निस्) *n.* a young man of great physical beauty, युवा, स्वस्थ तथा सुंदर व्यक्ति।

adopt (ऍ-डॉप्ट्´) *v.* (adopted, adopting) 1. to take as one's child, गोद लेना। 2. to take as one's own, अपना लेना, अंगीकार या ग्रहण कर लेना। 3. to accept or approve, स्वीकार कर लेना, मान लेना।

adoptable (ऍ-डॉप्ट्´-ऍ-बॅल्) *adj.* fit for being adopted, गोद लेने योग्य।

adopted (ऍ-डॉप्´-टिड्) *adj.* 1. taken as one's own, गृहीत। 2. acquired by adoption, गोद लिया हुआ; adopted son, दत्तक पुत्र।

adoption (ऍ-डॉप्´-शॅन्) *n.* 1. the act of adopting or taking as one's own, अपनाना, अंगीकरण, ग्रहण। 2. the action of adopting a child, दत्तक ग्रहण।

adoptive (ऍ-डॉप्´-टिव्) *adj.* 1. acquired by adoption, दत्तक; adoptive son, दत्तक पुत्र। 2. related to adoption, गृहीत।

adorable (ऍ-डोर्´-ऍ-बॅल्) *adj.* very respected and lovable, पूज्य, पूजनीय, श्रद्धेय।

adoration (ऐड्-ओ-रे´-शॅन्) *n.* 1. a feeling of great admiration and love, पूज्यभाव। 2. worship, पूजा, उपासना, आराधना।

adore (ऍ-डोः´) *v.* (adored, adoring) 1. to love deeply, (किसी के प्रति) पूज्यभाव रखना, श्रद्धा करना, अत्यधिक प्यार करना। 2. to like very much, अत्यधिक चाहना, बहुत चाहना। 3. to worship as divine, पूजा करना, आराधना करना।

adorer (अॅ-डो´-रॅः) *n.* one who adores, पुजारी, आराधक।

adorn (अॅ-डॉः-न्´) *v.* (adorned, adorning) 1. to decorate with ornaments, अलंकृत करना, विभूषित करना, गहने पहनाना, शृंगार करना। 2. to decorate, सजाना, सजावट करना, सजाना-सँवारना।

adornment (अॅ-डॉःन्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of adorning, सजाने की क्रिया भाव। 2. decoration, सजावट। 3. an ornament, गहना, आभूषण, अलंकार।

adrenal (अॅ-ड्री´-नॅल्) *n.* a gland on top of the kidneys, अधिवृक्क ग्रंथि।

adrift (अॅ-ड्रिफ़्ट्´) *adj.* drifting, बहता हुआ। *adv.* without purpose, बिना मतलब, निष्प्रयोजन।

adroit (अॅ-ड्रॉइट्´) *adj.* 1. dexterous, पटु, दक्ष। 2. clever, चालाक, चतुर, सयाना।

adroitness (अॅ-ड्रॉइट्´-निस्) *n.* 1. dexterity, पटुता, दक्षता। 2. cleverness, चालाकी, चतुराई, सयानापन।

adscititious (ऐड्-सि-टिश्´-अॅस्) *adj.* additional, अतिरिक्त। 2. imagined, कल्पित। 3. supposed, माना हुआ।

adulate (ऐज्´-अॅ-लेट्) *v.* (adulated, adulating) to praise excessively, अत्यधिक प्रशंसा करना, ख़ुशामद करना, चापलूसी करना।

adulation (ऐज्-अॅ-ले´-शॅन्) *n.* excessive praise, अत्यधिक प्रशंसा, ख़ुशामद, चापलूसी।

adulator (ऐज्´-अॅ-ले-टॅः) *n.* a flatterer, चापलूस या ख़ुशामदी व्यक्ति, चाटुकार।

adult (अॅ-डॅल्ट्´, ऐ´-डल्ट्) *n.* a full grown person, वयस्क, बालिग; adult member, वयस्क सदस्य; adult suffrage, वयस्क मताधिकार। *adj.* grown to full size or strength, fully developed, mature, प्रौढ़; adult education, प्रौढ़ शिक्षा।

adulterant (अॅ-डल्´-टॅ-रॅन्ट्) *n.* an adulterating substance or agent, खोट, मैल, मिलावट।

adulterate (अॅ-डल्´-टॅ-रेट्) *v.* (adulterated, adulterating) to make inferior by adding another substance, खोट मिलाना, मिलावट करना, अपमिश्रित करना।

adulteration (अॅ-डल्-टॅ-रे´-शॅन्) *n.* the act of adulterating, मिलावट करना, अपमिश्रण।

adulterer (अॅ-डल्´-टॅ-रॅः) *n.* a man guilty of adultery, व्यभिचारी, जारकर्मी, व्यभिचार-लिप्त, परस्त्रीगामी।

adulterine (अॅ-डल्´-टॅ-राइन्) *adj.* 1. adulterated, मिलावटी। 2. illegitimate, जारज।

adulterous (अॅ-डल्´-टॅर्-अॅस्) *adj.* 1. pertaining to adultery, जारकर्म-संबंधी, व्यभिचारिक। 2. committing adultery, जारकर्म में लिप्त।

adultery (अॅ-डल्´-टॅ-री) *n.* sexual intercourse between a married person and someone outside the marriage, जारकर्म, छिनाला, व्यभिचार।

adulthood (अॅ-डॅल्ट्´-हुड्) *n.* the state of being adult, वयस्कता, प्रौढ़ता।

adumbral (अॅ-डम्´-ब्रॅल्) *adj.* giving shade, shady, छाया देनेवाला, छायादार।

adumbrate (ऐ-डॅम्´-ब्रेट्) *v.* (adumbrated, adumbrating) 1. to give a faint idea of future events, भावी घटनाओं का प्रारूप प्रस्तुत करना। 2. to foreshadow, लक्षण बताना, संकेत करना।

adust (अॅ-डस्ट्´) *adj.* sun-burnt, parched, झुलसा या कुम्हलाया हुआ।

ad valorem (ऐड्-वै-लोर्´-अॅम्) *adv.* in proportion to the estimated value of goods, यथामूल्य। (लैटिन)

advance (ऐड्-वैन्स्´/ वान्स्´) *v.* (advanced, advancing) 1. to bring forward or onward, आगे बढ़ाना, सामने रखना। 2. to move or come forward, आगे आना, आगे बढ़ना। 3. to develop, अभिवृद्धि होना, विकसित होना। 4. to increase, बढ़ोतरी होना, उन्नति होना। 5. to rise or raise in amount, rank etc., मूल्य बढ़ना या बढ़ाना, पदोन्नत होना या करना। *n.* 1. the act of moving or going forward, बढ़ाव, आगे बढ़ना। 2. progress, प्रगति, उन्नति। 3. improvement, सुधार। 4. payment of money before legally due, अग्रिम, पेशगी। 5. a loan, ऋण, उधार। 6. (plu.) efforts for winning someone or attempts to estab-

lish a friendly relationship, छेड़-छाड़, छेड़खानी, प्रेमाचार। □ **in advance**, अग्रिम रूप से, पहले ही। *adj.* prior, पूर्व, अग्रिम।

advanced (ऐड्-वैन्स्ड्´/वान्स्ड्´) *adj.* 1. highly developed, उन्नत, विकसित। 2. progressive, प्रगतिशील, उन्नतिशील। 3. high, उच्च; advanced education, उच्च शिक्षा।

advancement (ऐड्-वैन्स्´/वान्स्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the action of advancing, बढ़ाव, बढ़ावा। 2. progress, प्रगति, उन्नति, विकास।

advancing (ऐड्-वैन्´/वान्´-सिंग्) *adj.* going onward, आगे बढ़ता हुआ, प्रगतिरत।

advantage (ऐड्-वैन्´-टिज्, ऐड्-वान्-टिज्) *n.* 1. profit, फ़ायदा, नफ़ा लाभ। 2. a favourable condition, लाभप्रद स्थिति। 3. benefit, हित, लाभ। □ **take advantage of,** to profit from, का फ़ायदा उठाना, से लाभान्वित होना।

advantageous (ऐड्-वॅन्-टे´-जॅस्) *adj.* beneficial, फ़ायदेमंद, लाभदायक।

advent (ऐड्´-वॅन्ट्) *n.* a coming or arrival, आगमन, आना, शुभागमन।

adventitious (ऐड्-वॅन्-टिश्´-अॅस्) *adj.* accidental, आकस्मिक, आनुषंगिक।

adventure (ऐड्-वॅन्´-चॅः) *n.* 1. a risky undertaking, साहसिक कार्य, जोखिम-भरा कार्य, प्रोद्यम। 2. a risk, जोखिम, साहस।

adventurer (ऐड्-वॅन्´-चॅ-रॅः) *n.* 1. one who takes risky ventures, जोखिम-भरे काम करनेवाला, साहसकर्मी, प्रोद्यमी। 2. one why seeks wealth or position by unscrupulous means, तिकड़मी, चालबाज़।

adventuresome (ऐड्-वॅन्´-चॅः-सम्) *adj.* adventurous, bold, जोखिम उठाने वाला, ख़तरे का काम करने वाला, साहसी, दिलेर।

adventuress (ऐड्-वॅन्´-चॅः-अॅस्) *n.* a female adventurer, साहसी महिला।

adventurism (ऐड्-वॅन्´-चॅ-रिज़्-अॅम्) *n.* a risky step, ख़तरनाक क़दम, साहसिक पग।

adventurous (ऐड्-वॅन्´-चॅ-रस्) *adj.* 1. ready to take risks, साहस-प्रिय, साहसी। 2. risky, जोखिम-भरा, ख़तरनाक।

adverb (ऐड्´-वःब्) *n.* a word used to modify a verb, क्रिया-विशेषण।

adverbial (ऐड्´-वः-बि-अॅल्) *adj.* like or used as an adverb, क्रिया-विशेषी, क्रिया-विशेषणात्मक।

adversary (ऐड्´-वॅः-सॅर्-ई) *n.* 1. an opponent, प्रतिपक्षी, विरोधी। 2. an enemy, शत्रु, वैरी।

adversative (ऐड्-वॅः-से´-टिव्) *adj.* expressing opposition, opposing, विरोधात्मक, विरोधसूचक।

adverse (ऐड्-वःस्´) *adj.* 1. opposite, hostile, उलटा, प्रतिकूल; adverse remark, प्रतिकूल अभ्युक्ति/टिप्पण; adverse party, प्रतिपक्षी। 2. harmful, हानिकर।

adversely (ऐड्-वःस्´-ली) *adv.* 1. being in a contrary direction, प्रतिकूल रूप में, प्रतिकूलतः। 2. harmfully, हानिकर रूप में।

adversity (ऐड्-वः´-सि-टी) *n.* 1. bad fortune, misfortune, बदनसीबी, दुर्भाग्य, बदकिस्मती। 2. something unfortunate, trouble, विपत्ति, मुसीबत, विपदा, दुख। 3. hardship, तंगहाली, अभावजन्य स्थिति।

advert (ऐड्-वःट्´) *v.* (adverted, adverting) 1. to turn one's attention to, ध्यान आकृष्ट करना। 2. to refer to, उल्लेख करना। *n.* an advertisement, विज्ञापन।

advertence (ऐड्-वः´-टॅन्स्) *n.* attentiveness, जागरूकता, सजगता, सावधानी।

advertency (ऐड्-वः´-टॅन्-सी) *n.* attentiveness, जागरूकता, सजगता, सावधानी।

advertent (ऐड्-वः´-टॅन्ट्) *adj.* attentive, जागरूक, सजग, सावधान।

advertise (ऐड्´-वॅः-टाइज़्) *v.* (advertised, advertising) 1. to make known by announcement in a paper or journal, विज्ञापित करना, विज्ञापन करना या देना। 2. to issue a public notice, विज्ञापित करना, विज्ञापन देना, सूचना निकालना।

advertisement (ऐड्´-वॅः-टाइज़्-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of advertising or something advertised, विज्ञापन। 2. a public notice, सार्वजनिक सूचना, विज्ञापन, इश्तहार।

advertising (ऐड्´-वॅः-टाइ-ज़िंग्) *n.* the business of preparing and distributing ad-

vertisements, विज्ञापन-व्यवसाय, विज्ञापन-बाज़ी; advertising consultant, विज्ञापन-परामर्शी।

advice (ऐड्-वाइस्´) *n.* 1. an opinion offered as a course of action, मंत्रणा, सलाह, परामर्श। 2. a counsel or instruction, उपदेश, सीख, सिखावन। 3. an information, सूचना।

advisability (ऐड्-वाइ-ज़ॅ-बिल´-इ-टी) *n.* the quality of being advisable, appropriateness, औचित्य।

advisable (ऐड्-वाइ´-ज़ॅ-बॅल्) *adj.* 1. worth recommending as a course of action, मंत्रणा-योग्य। 2. proper, appropriate, उचित, उपयुक्त। 3. wise, judicious, विवेकपूर्ण, समझदारी-भरा।

advisably (ऐड्-वाइ´-ज़ॅ-ब्ली) *adv.* sensibly, समझदारी से।

advise (ॲड्-वाइज़्´) *v.* (advised, advising) 1. to give advice to, सलाह देना, परामर्श देना। 2. to consult, राय लेना, परामर्श करना। 3. to recommend or suggest, सिफ़ारिश करना या सुझाव देना। 4. to notify, सूचना देना।

advised (ऐड्-वाइज़्ड्´) *adj.* deliberate, considered, विचारित, सुविचारित; ill-advised, कुमंत्रित।

advisedly (ऐड्-वाइ´-ज़िड्-ली) *adv.* deliberately, intentionally, अच्छी तरह सोच-विचारकर, समझ-बूझकर।

advisement (ऐड्-वाइज़्´-मॅन्ट्) *n.* consultation, विमर्श, परामर्श।

adviser (ऐड्-वाइज़्´-ॲ:) *n.* one who gives or designated to give advice, परामर्शदाता, सलाहकार।

advisor (ऐड्-वाइ´-ज़ॅ:) *n.* an adviser, परामर्शदाता, सलाहकार।

advisory (ऐड्-वाइ´-ज़ॅ-री) *adj.* giving advice, परामर्शदात्री; advisory board, सलाहकार बोर्ड, advisory committee, सलाहकार समिति।

advocacy (ऐड्´-वॅ-कॅ-सी) *n.* 1. the function or profession of an advocate, वकालत। 2. active support, पक्ष-समर्थन, वकालत, हिमायत।

advocate[1] (ऐड्´-वॅ-किट्) *n.* 1. a person who pleads on behalf of another, एडवोकेट, अधिवक्ता, वकील। 2. public supporter of a proposal, पक्ष-समर्थक, पैरोकार।

advocate[2] (ऐड्-वॅ-केट्´) *v.* (advocated, advocating) to uphold or recommend publicly, पक्ष-समर्थन करना, पैरवी करना, पक्षपोषण करना।

adz, adze (ऐड्ज़्) *n.* a kind of axe for trimming wood, बसूला।

aegis (ई´-जिस्) *n.* 1. protection, छत्रछाया, संरक्षण। 2. sponsorship, तत्त्वावधान, प्रायोजन। ☐ **under the aegis of,** (किसी के) संरक्षण या तत्त्वावधान में।

aeon (ई´-ॲन्) *n.* age, कल्प, युग।

aerate (एअर्´-एट्) *v.* (aerated, aerating) 1. to expose to the circulation or the chemical action of air, हवा में रखना, हवा दिखाना। 2. to charge (a liquid) with a gas, गैसयुक्त करना।

aeration (एअर्-ए´-शॅन्) *n.* the process of aerating, हवा-भराई, गैस-मिश्रण।

aerial (एअर्´-इ-ॲल्) *adj.* 1. of or like air, वायवीय, हवाई। 2. imaginary, काल्पनिक, हवाई, वायवीय। *n.* an antenna, एरियल, तड़ित् चालक।

aerie (एअर्´-ई) *n.* the nest built on a high place, ऊँचे स्थान पर बना/बनाया हुआ घोंसला।

aeriform (एअर्´-इ-फ़ॉ:म्) *adj.* gaseous, वायवीय।

aerobatics (एअर्-ॲ-बै´-टिक्स्) *n.* (plu.) the spectacular feats (of an aircraft, वायुयान की) हवाई कलाबाज़ियाँ।

aerodrome (एअर्´-ॲ-ड्रोम्) *n.* a landing area smaller than an airport, छोटा हवाई अड्डा।

aerodynamics (एअर्-ओ-डाइ-नैम्´-इक्स्) *n.* the science that deals with the motion of gases, वायुगतिकी।

aerogram (एअर्´-ॲ-ग्रैम्/ग्राम्) *n.* an airmail letter, हवाई पत्र।

aerolite (एअर्´-ॲ-लाइट्) *n.* stony meteorite, उल्काश्म, आकाशी पत्थर।

aerology (एअर्´-ॲ-लॉज्-ई) *n.* the science

dealing with air, वायुविज्ञान।

aeronaut (एअर्´-अॅ-नाःट्) *n.* the pilot of an aircraft, विमानचालक, वैमानिक।

aeronautical (एअर्´-अॅ-नाः´-टि-कॅल्) pertaining to aeronautics, विमानचालन-संबंधी, वैमानिकी-संबंधी।

aeronautics (एअर्-अॅ-नाः´-टिक्स्) *n.* the science of operation of aircrafts, विमान-चालन-विज्ञान, वैमानिकी, विमान-विद्या।

aeroplane (एअर्´-अॅ-प्लेन्) *n.* an airplane, वायुयान, विमान।

aerostat (एअर्´-अॅ-स्टेट्) *n.* an aircraft lighter than air, लघुविमान।

aery (एअर्´-ई) *n.* the nest built on a high place, ऊँचा घोंसला।

aesthesia (ईस्-थी´-ज़ि-अॅ) *n.* the normal ability to experience sensation, संवेदनशीलता, संवेदन-शक्ति, संवेदन-क्षमता।

aesthete (ऍस्´-थीट्) *n.* one who appreciates artistic beauty, सौंदर्यप्रेमी, सौंदर्यवादी।

aesthetic (ऍस्-थॅट्´-इक्) *adj.* 1. of or pertaining to aesthetics, सौंदर्यशास्त्र-संबंधी। 2. artistic, कलात्मक, कलापूर्ण, सौंदर्यपरक; aesthetic value, सौंदर्यपरक मूल्य या महत्त्व। 3. tasteful, सुरुचिपूर्ण। 4. having a love of beauty, सौंदर्यप्रेमी, सौंदर्यवादी।

aesthetics (ऍस्-थॅट्´-इक्स्) *n.* 1. the study of beauty, सौंदर्यशास्त्र। 2. the study of principles of arts, सौंदर्यशास्त्र।

aestival (ई-स्टाई-वॅल्, ऍस्´-टॅ-वैल्) *adj.* of or pertaining to summer, ग्रीष्मीय, ग्रीष्म-संबंधी।

aetiology (ई-टि-ऑल्´-अॅ-जी) *n.* the science of investigating the causes of diseases, निदानविद्या, निदानशास्त्र।

afar (अॅ-फ़ाः) *adv.* far off, far away, दूर, बहुत दूर।

affability (ऐफ़्-अॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* 1. the quality of being affable, सुशीलता, शालीनता, विनम्रता। 2. the quality of being friendly, मिलनसारी, बंधुता, बंधुत्व, बंधुभाव, बंधु-भावना।

affable (ऐफ़्´-अॅ-बल्) *adj.* 1. polite and gentle, सुशील, शालीन, विनम्र। 2. showing friendliness, मिलनसार, बंधुप्रेमी।

affair (अॅ-फ़ेअः´) *n.* 1. something that has been done or to be done, काम, बात, मामला, प्रसंग। 2. an event or happening, घटना। 3. a temporary romantic or sexual relationship, अवैध प्रेम-संबंध, प्रेम-प्रपंच। 4. (plu.) business of any kind, काम-काज, कार्यकलाप; affairs of company, कंपनी के कार्यकलाप। 5. (plu.) matters, मामले; affairs of the Union, संघ के मामले।

affect (अॅ-फ़ॅक्ट्´) *v.* (affected, affecting) 1. to produce an effect on, प्रभावित करना, असर डालना, छाप छोड़ना। 2. to cause a change in, परिवर्तन लाना। 3. to like or fancy, पसंद करना। 4. to pretend or feign, बनना, ढोंग रचना, दरशाना, दिखावा क़रना।

affectation (ऐफ़्-ऍक्-टे´-शॅन्) *n.* artificial manner or unnatural behaviour, दिखावा, ढकोसला, ढोंग, बनावट, कृत्रिम व्यवहार, कृत्रिमता।

affected (अॅ-फ़ॅक्´-टिड्) *adj.* 1. assumed to impress others, ढोंगी, ढकोसलेबाज़। 2. pretended, कृत्रिम, बनावटी। 3. deeply moved, अभिभूत, प्रभावित। 4. afflicted, आक्रांत, ग्रस्त।

affectedness (अॅ-फ़ॅक्´-टिड्-निस्) *n.* the state or quality of being affected, बनावट, कृत्रिमता, बनावटीपन।

affecting (अॅ-फ़ॅक्´-टिंग्) *adj.* evoking feelings of pity, प्रभावित करनेवाला, प्रभाव डालनेवाला, मार्मिक।

affection (अॅ-फ़ॅक्´-शॅन्) *n.* tender attachment, kind feeling, warmth, स्नेह, अनुराग, प्यार।

affectionate (अॅ-फ़ॅक्´-शॅ-निट्) *adj.* showing affection, loving, स्नेही, स्नेहपूर्ण, अनुरागमय।

affectionately (अॅ-फ़ॅक्´-शॅ-निट्-ली) *adv.* lovingly, in an affectionate manner, स्नेहपूर्वक, अनुराग से।

affective (अॅ-फ़ॅक्´-टिव्) *adj.* emotional, भावात्मक, भावपूर्ण।

affiance (अॅ-फ़ाइ´-अॅन्स्) *v.* (affianced, affiancing) to engage to be married, to betroth, विवाह करने का वचन देना, मँगनी करना,

विवाह की बात पक्की करना।

affianced (अ-फ़ाइ´-अन्स्ड्) *adj.* betrothed, जिसकी मँगनी हो चुकी हो, जिसका विवाह पक्का हो चुका हो, मँगेतर, वाग्दत्त या वाग्दत्ता।

affidavit (ऐफ़्-इ-डे´-विट्) *n.* a written statement on oath, शपथ-पत्र, एफ़िडेविट, हलफ़नामा।

affiliate (अ-फ़िल्´-इ-एट्) *v.* (affiliated, affiliating) 1. to connect, संबद्ध करना। 2. to adopt as a member or branch, सदस्य बनाना, शाखा बनाना, सहबद्ध करना। *n.* a person or institution that is affiliated, सहबद्ध व्यक्ति या संस्था।

affiliated (अ-फ़िल्´-इ-एट्-इड्) *adj.* related, connected, सहबद्ध, संबद्ध।

affiliation (अ-फ़िल्-इ-ए´-शन्) *n.* 1. the act of affiliating, संबंधन, सहबंधन। 2. the state of being affiliated, सहबद्धता।

affined (अ-फ़ाइन्ड्´) *adj.* related, सहबद्ध, संबद्ध।

affinity (अ-फ़िन्´-इ-टी) *n.* 1. relationship, संबंध, रिश्ता, रिश्तेदारी। 2. relationship by marriage, विवाह-संबंध, नाता, नातेदारी। 3. close likeness, सादृश्य। 4. mutual attraction, पारस्परिक आकर्षण। 5. similarity, समानता, समरूपता। 6. the tendency of certain substances to combine with others, मिलाव, मिलने की भावना, ऐक्य।

affirm (अ-फ़ःम्´) *v.* (affirmed, affirming) 1. to declare to be true, सत्य घोषित करना, सच बतलाना, प्रमाणित करना। 2. to confirm, दृढ़तापूर्वक कहना, अभिपुष्टि करना, अभिपुष्ट करना।

affirmation (अ-फ़ः-मे´-शन्) *n.* 1. a solemn declaration, सत्य घोषणा। 2. assertion, confirmation, अभिपुष्टि।

affirmative (अ-फ़ः´-म-टिव्) *adj.* positive, सकारात्मक। *n.* an affirmative word, 'हाँ' का सूचक शब्द।

affix (अ-फ़िक्स्´) *v.* (affixed, affixing) 1. to stick on, चिपका देना, लगा देना। 2. to add in writing, लिखना; Please affix your signature here, कृपया यहाँ अपने हस्ताक्षर करें। 3. to append, जोड़ना, लगाना। *n.* a prefix or suffix, उपसर्ग या प्रत्यय।

afflatus (अ-फ़्लेट्´-अस्) *n.* supernatural inspiration, दिव्य प्रेरणा।

afflict (अ-फ़्लिक्ट्´) *v.* (afflicted, afflicting) 1. to cause pain or sorrow to, दुख या कष्ट देना। 2. to torment, यातना या यंत्रणा देना, सताना।

afflicted (अ-फ़्लिक्´-टिड्) *adj.* 1. distressed, oppressed, दुखी, संतप्त, पीड़ित। 2. grievously troubled with sickness, व्याधिग्रस्त, रोगपीड़ित।

affliction (अ-फ़्लिक्´-शन्) *n.* 1. pain, पीड़ा, दर्द, व्यथा, वेदना। 2. trouble, distress, झंझट, मुसीबत, विपत्ति। 3. a disease, बीमारी, रोग, व्याधि।

afflictive (अ-फ़्लिक्´-टिव्) *adj.* 1. causing pain, पीड़ाकारक, वेदनाकारक, व्यथाकारक। 2. causing trouble, विपत्तिकारक, विपदाकारक।

affluence (ऐफ़्´-लु-अन्स्) *n.* 1. plenty, profusion, abundance, प्रचुरता, बहुलता, बहुतायत। 2. wealth, opulence, धन, संपत्ति। 3. prosperity, समृद्धि।

affluent (ऐफ़्´-लु-अन्ट्) *adj.* 1. plentiful, abundant, प्रचुर, बहुत अधिक, बहुल। 2. rich, wealthy, well-to-do, धनी, संपन्न, सुखी। 3. prosperous, समृद्ध; affluent society, समृद्ध समाज। *n.* a tributary stream, सहायक नदी।

affluently (ऐफ़्´-लु-अन्ट्-ली) *adv.* 1. plentifully, richly, बहुतायत से, प्रचुर मात्रा में।

afflux (अ-फ़्लक्स्´) *n.* 1. flow, बहाव, प्रवाह। 2. force, ज़ोर।

afford (अ-फ़ोःड्´) *v.* (afforded, affording) 1. to have the financial means for, धन जुटा पाना, खरीद पाना, ले सकना। 2. to be able to spare or give up, दे पाना, दे सकना, छोड़ सकना। 3. to bear, सह पाना, सह सकना। 4. to provide, उपलब्ध कराना। 5. to be in a position to do something, कर पाना, करने में समर्थ होना।

afforest (अ-फ़ार्´-इस्ट्) *v.* (afforested, affor-

esting) to plant the land with trees in order to make a forest, जंगल लगाना, पेड़ लगाना, वनरोपण करना।

afforestation (ॲ-फ़ार्´-इस्-टे´-शॅन्) ***n.*** the process of turning land into forest by planting trees, वनरोपण।

affranchise (ॲ-फ्रैन्´-चाइज़्) ***v.*** (affranchised, affranchising) 1. to bestow the right to vote, मत का अधिकार देना, मताधिकार प्रदान करना। 2. to set free, स्वतंत्र या मुक्त करना।

affray (ॲ-फ्रे´) ***n.*** 1. a public brawl, riot, दंगा, दंगा-फ़साद, बलवा। 2. a noisy quarrel, हंगामा, शोर-शराबा।

affricate (ऐफ़्´-रि-केट्) ***n.*** a plosive and fricative consonant, स्पर्श-संघर्षी व्यंजन वर्ण।

affricative (ऐफ़्´-रि-के-टिव्) ***adj.*** plosive as well as fricative, स्पर्श-संघर्षी।

affright (ॲ-फ़्राइट्´) ***v.*** (affrighted, affrighting) to frighten, डराना, आतंकित या भयभीत करना।

affront (ॲ-फ़्रन्ट्´) ***v.*** (affronted, affronting) 1. to insult, अपमान करना, अपमानित करना, बेइज़्ज़त करना। 2. to confront, भिड़ जाना, डटकर सामना करना। ***n.*** insult, अपमान, बेइज़्ज़ती, तौहीन।

affusion (ॲ-फ़्यू´-ज़्हॅन्) ***n.*** a pouring on of water, सिंचन, अभिसिंचन।

aficionado (ॲ-फ़िश्-ॲ-ना´-डो) ***n.*** a keen devotee or follower of a particular sport, किसी खेल का शौक़ीन, खेल-प्रेमी।

afield (ॲ-फ़ील्ड्´) ***adj. & adv.*** 1. away from home, घर से दूर। 2. astray, आवारा।

afire (ॲ-फ़ाइः) ***adj. & adv.*** 1. on fire, burning, जलता हुआ, प्रज्वलित। 2. excited, आवेशयुक्त, उत्तेजित।

aflame (ॲ-फ़्लेम्´) ***adj. & adv.*** burning, in flames, जिसमें लपटें निकल रही हों, दहकता हुआ।

afloat (ॲ-फ़्लोट्´) ***adj. & adv.*** 1. floating, तैरता हुआ। 2. flying (हवा में) उड़ता हुआ। 3. flowing, (पानी में) बहता हुआ। 4. flooded, बाढ़ग्रस्त। 5. in circulation, जारी, परिचलित। □ **keep afloat**, तैरता चलता हुआ, बहता चलनेवाला।

aflutter (ॲ-फ़्लट्´-ॲ) ***adj. & adv.*** 1. fluttering, फड़फड़ाता हुआ। 2. nervous and excited, घबराया हुआ, व्याकुल, विकल।

afoot (ॲ-फ़ुट्´) ***adv.*** 1. on foot, पैदल, चलकर। 2. in progress, चालू, जारी, अग्रसर।

afore (ॲ-फ़ोः) ***adv.*** before, पहले।

aforementioned (ॲ-फ़ोः-मेंन्-शॅन्ड्) ***adj.*** mentioned previously, जिसका पहले उल्लेख हुआ हो, पूर्वोल्लिखित।

aforesaid (ॲ-फ़ोः-सेंड्) ***adj.*** said before, पहले कहा हुआ, पूर्वकथित।

aforethought (ॲ-फ़ोः-थाःट्) ***adj.*** premeditated, पूर्व-विचारित।

a fortiori (ए-फ़ॉः-शि-ओर्´-ई) ***adv.*** for a stronger reason, सब से बढ़कर। (लैटिन)

afoul (अ-फ़ॉउल्´) ***adj.*** tangled, उलझा हुआ। □ **run afoul of**, से झगड़ पड़ना, से उलझ पड़ना।

afraid (ॲ-फ़्रेड्´) ***adj.*** 1. frightened, डरा हुआ, भयभीत; Are you afraid of the dark? क्या तुम्हें अँधेरे से डर लगता है? 2. somewhat regretful, कुछ कुछ खिन्न; I am afraid I can't help you. मुझे खेद है कि मैं आपकी सहायता नहीं कर पाऊँगा।

afresh (ॲ-फ़्रेंश्´) ***adj.*** anew, again, फिर से, नए सिरे से।

African (ऐफ़्´-रि-कॅन्) ***adj.*** of or pertaining to Africa, अफ़्रीका-संबंधी, अफ़्रीकी।

afro (एफ्´-रो) ***adj.*** = African.

aft (ऐफ़्ट्/आफ़्ट्) ***adv.*** towards the stern, पिछले हिस्से में, पिछले भाग में, पीछे। ***adj.*** back, rear, पीछेवाला, पिछला।

after (ऐफ़्´/आफ़्´-टॅः) ***prep.*** 1. following in time, के बाद, के उपरांत; after interval, मध्यांतर के बाद। 2. following in space, के बाद; after Delhi, दिल्ली के बाद। 3. in pursuit or search of, के पीछे; He is after money. वह धन के पीछे पड़ा है। 4. about, के बारे में; The police inquired after you, पुलिस तुम्हारे बारे में पूछ रही थी। 5. in accordance with, के अनुरूप पर; the girl is

after her father, लड़की अपने पिता पर है/ लड़की अपने पिता पर गई है। The colony was named after Kamla Nehru. कालोनी का नाम कमला नेहरु के नाम पर रखा गया। 6. as a result of, के फलस्वरूप, के बाद; I never want to see him after the way he humilated me. जिस तरह उसने मेरा अपमान किया है उसके बाद में उसका मुँह नहीं देखना चाहता। □ **after you**, पहले आप, मेरी बारी बाद में। *adv.* 1. behind, पीछे। 2. afterwards, बाद में। *conj.* at a later time than, (के) बाद। *adj.* 1. next, later, बादवाला, आनेवाला, आगामी, अगला। 2. near the rear, पीछेवाला, पिछला, पिछाड़ी। *prefix.* something that comes or happens after, बादवाला, उत्तर; afterthought, उत्तर-चिंतन।

after all *adv.* 1. when everything is considered, अंत में, अंततोगत्वा, आख़िरकार। 2. inspite of expectations, efforts etc, फिर, जो हो; After all she is a big girl now. जो हो वह अब सयानी लड़की है।

afterbirth (आफ़्´-टॅ:-बर्थ्) *n.* placenta, खेड़ी, जेर, आँवल।

aftercare (आफ़्´-टॅ:-केअ:) *n.* further care of a person after discharge from a hospital, टहल, परिचर्या, सेवा।

aftereffect (आफ़्´-टॅ:-इ-फ़ेक्ट्) *n.* an effect that follows the main effect, पश्चप्रभाव।

afterglow (आफ़्´-टॅ:-ग्लो) *n.* a glow after sunset, सूर्य के डूबने के बाद की लाली, सूर्यास्त के बाद की लाली।

afterlife (आफ़्´-टॅ:-लाइफ़्) *n.* the life after death, मृत्यु के उपरांत का जीवन, अगला जीवन, पारलौकिक जीवन।

aftermath (आफ़्´-टॅ:-मैथ्) *n.* the result of an occurrence considered collectively, बाद का असर, परिणाम।

afternoon (आफ़्´-टॅ:-नून्) *n.* the part of the day from noon until sunset, तीसरा पहर, दुपहर के बाद का समय, अपराह्न।

aftertaste (आफ़्´-टॅ:-टेस्ट्) *n.* a taste that lingers on after eating or drinking (something, कुछ) खाने या पीने के बाद बना रहनेवाला मुँह का स्वाद, ज़ायका।

afterthought (आफ़्´-टॅ:-थॉट्) *n.* an idea that occurs to one after the opportunity to deliver it has passed, बाद में ध्यान में आनेवाली बात, उत्तरचिंतन।

afterward, afterwards (आफ़्´-टॅ:-व़:ड्/व:ड्स्) *adv.* after an earlier event or time, at a later time, पीछे, बाद में, तदनंतर, पश्चात्।

again (अॅ-गॅन्´, अॅ-गेन्´) *adv.* 1. another time, कभी फिर, फिर कभी। 2. once more, anew, दुबारा, एक बार और या फिर, पुन:। 3. to a previous condition, place or position, फ़िर; You will soon be well again. तुम जल्दी ही फिर अच्छे हो जाओगे। 4. more over, इसके अतिरिक्त। □ **again and again**, बार-बार; **time and time again**, अक्सर, बहुधा; **now and again**, कभी-कभी।

against (अॅ-गॅन्स्ट्´, अॅ-गेन्स्ट्´) *prep.* 1. in a direction or course opposite to, के विरुद्ध, के विपरीत। 2. contrary to, के विरुद्ध। 3. in opposition or resistance to, के विरोध में। 4. touching for support, सटकर, सटाकर। 5. about, के विषय में, के बारे में। 6. for, के लिए। □ **over against**, सामने, सम्मुख।

agamous (ऐ´-गॅ-मस्) *adj.* asexual, बिना लिंग का, बिना योनि का, अलिंगी।

agape (अॅ-गेप्´) *adj.* 1. open-mouthed, जिसका मुँह खुला हो, मुँह बाए हुआ। 2. very surprised, अति आश्चर्यचकित, बहुत अधिक हैरान।

agate (ऐग्´-अॅट्) *n.* a kind of precious stone, गोमेद।

agaze (अॅ-गेज़्´) *adv.* looking steadily, टकटकी लगाए, एकटक।

age (एज्) *n.* 1. the period of time during which someone or something exists, उम्र, वय। 2. a life time, जीवनकाल, आयु। 3. one of the period of life, जीवन की कोई विशेष अवधि। 4. old age, बुढ़ापा, ढलती उम्र। 5. a very long time, युग। 6. a generation, पीढ़ी। □ **Act your age**. ज़रा समझदारी बरतो / अपनी उम्र देखकर बात या काम करो; **for ages**, युगों से; **of age**, वयस्क। *v.* (aged, ageing or aging) to grow older, उम्र बढ़ना या ढलना।

aged (ए´-जिड्) *adj.* 1. of the age of ···, की

उम्रवाला, वर्षीय। 2. old, advanced in years, वृद्ध, बूढ़ा।

ageing (ए´-जिंग्) *adj.* growing and looking older, बढ़ती उम्रवाला, बुढ़ाता हुआ।

ageism (अॅ-जिज़्´-अॅम्) *n.* discrimination based on age, विभिन्न आयु-वर्गों के बीच का भेदभाव।

ageless (एज्´-लिस्) *adj.* 1. apparently never growing old, जो देखने में बूढ़ा न लगता हो, चिर युवा। 2. eternal, timeless, चिर नूतन।

agency (ए´-जेंन्-सी) *n.* 1. the business or office of an agent, एजेंसी, अभिकरण। 2. action or power, कार्य या शक्ति।

agenda (अॅ-जेंन्´-डॅ) *n.* a list of items to be attended to at a meeting, कार्यसूची, कार्यावली एजंडा।

agent (ए-जॅन्ट्´) *n.* 1. one who acts, कर्ता। 2. one who acts for another, अभिकर्ता, एजेंट, प्रतिनिधि। 3. (Chem.) something that produces a change, कारक।

age-old (एज्´-ओल्ड्) *adj.* 1. ancient, प्राचीन, पुरातन। 2. aged, वयोवृद्ध।

agglomerate (अॅ-ग्लोम्´-अॅ-रेट्) *v.* (agglomerated, agglomerating) 1. to collect in a mass, ढेर लगाना, जमा या संग्रह करना। 2. to become collected in a mass, ढेर लगना, जमा या संगृहीत होना। *n.* a confused mass, ढेर, टाल। *adj.* gathered into a mass, ढेर के रूप में होनेवाला, एकत्रित, पुंजित।

agglomeration (अॅ-ग्लोम्-अॅ-रे´-शॅन्) *n.* the act of agglomerating, ढेर लगाने का कार्य, पुंजीकरण। 2. a mass, ढेर, पुंज।

agglutinate (अॅ-ग्लू´-टि-नेट्) *v.* (agglutinated, agglutinating) to stick together, चिपकना या चिपकाना, जुड़ना या जोड़ना।

aggrandize (अॅ-ग्रैन्´-डाइज़्) *v.* (aggrandized, aggrandizing) 1. to increase or improve in size, आकार-प्रकार सुधारना या बढ़ाना, विवर्धित करना। 2. to exaggerate, बढ़ा-चढ़ाकर कहना। 3. to increase the power, wealth etc, शक्ति, संपत्ति आदि बढ़ाना।

aggrandizement (अॅ-ग्रैन्´-डाइज़्-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of aggrandizing, वृद्धि, वर्धन, आवर्धन, विवर्धन। 2. exaggeration, अतिरंजन, अतिशयोक्ति।

aggravate (ऐग्´-रॅ-वेट्) *v.* (aggravated, aggravating) 1. to make worse or more serious, उग्र, उत्तेजित या प्रकुपित करना, छेड़ना। 2. to annoy, चिढ़ाना।

aggravation (ऐग्-रॅ-वे´-शॅन्) *n.* 1. the act of aggravating, प्रकोपन। 2. the state of being aggravated, प्रकुपित अवस्था, प्रकोप।

aggregate[1] (ऐग्´-रॅ-गिट्) *adj.* combined, total, कुल, सारा, समस्त। *n.* a total, जोड़, योग, टोटल।

aggregate[2] (ऐग्´-रॅ-गेट्) *v.* (aggregated, aggregating) 1. to add up to, जोड़ना, जोड़ लगाना, योग करना। 2. to collect, इकट्ठा करना, एकत्र करना।

aggregation (ऐग्-रॅ-गे´-शॅन्) *n.* 1. a total, योग, जोड़। 2. a collection, संग्रह, संकलन, समुच्चय। 3. an act of aggregating, समुच्चयन, समूहन।

around (अॅ-राउन्ड्´) *adv.* 1. on all sides, चारो तरफ़ चारो ओर। 2. in all directions, चारो दिशाओं में। 3. nearby, here and there, about, आसपास, यहाँ-वहाँ, इधर-उधर। 4. nearly, about, लगभग। □ **around the clock,** रात-दिन। *prep.* 1. on all sides of, के चारो तरफ़। 2. in all directions, सभी दिशाओं में। 3. about the circumference, परिधि के चारो ओर। 4. about the central point of, किसी केंद्र बिंदु के चारो ओर।

arousal (अॅ-राउज्´-अॅल्) *n.* the state of being aroused, जागरण; उत्तेजन; उद्दीपन।

arouse (अॅ-राउज़्´) *v.* (aroused, arousing) 1. to awaken, जगाना या जागना। 2. to incite, उत्तेजित करना, भड़काना। 3. to stimulate, उद्दीप्त करना।

arpeggio (आ:-पेंज´-इ-ओ) *n.* the notes of a musical chord played in a rapid succession, मीड़।

arrack (ऐर्´-अॅक्) *n.* a strong alcoholic drink made from rice or molasses, चावल या राब (गुड़) से बनी एक तरह की तेज़ शराब।

arraign (अॅ-रेन्´) *v.* (arraigned, arraigning) 1. to indict, अभियोग लगाना, दोषारोपण करना। 2. to call or bring before a court, कचहरी में हाज़िर होने के लिए बुलाना या लाना।

arrange (अॅ-रेन्ज´) *v.* (arranged, arranging) 1. to put into a proper order, व्यवस्थित करना, विन्यस्त करना, क्रमबद्ध करना, क्रम लगाना। 2. to make arrangements, व्यवस्था करना, आयोजन करना। 3. to make preparations in advance, तैयारी करना। 4. to classify, वर्गीकरण करना। 5. to settle, निपटारा करना, समझौता करना।

arrangement (~-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of arranging or being arranged, व्यवस्था, प्रबंध, विन्यास। 2. order, क्रम। 3. a preparation, तैयारी, आयोजन। 4. agreement, समझौता।

arrant (ऐर्´-अॅन्ट्) *adj.* out and out, सोलहो आने, पूरा, पक्का।

arras (ऐर्´-अॅस्) *n.* a wall-hanging, कामदार परदा, वाल-हैंगिंग।

array (अॅ-रे´) *v.* (arrayed, arraying) 1. to put in order, व्यवस्थित करना, ठीक से रखना, क्रम से रखना। 2. to marshal troops, व्यूह-रचना करना। 3. to adorn, सजना या सजाना, विशेषत: कीमती और सुंदर वस्त्र धारण करना। *n.* 1. arrangement, व्यवस्था, आयोजन। 2. an ordered force or army, सेना की व्यूह-रचना, व्यूह। 3. a fine display or show, प्रदर्शन, सज-धज, ठाठ-बाट।

arrayer (अॅ-रे´-अॅ:) *n.* one who marshals the troops, व्यूह रचना करनेवाला।

arrears (अॅ-रिअ:ज़्´) *n.* (plu.) 1. overdue

debts, बकाया, बाकी, शेष। 2. unfinished work, बाकी काम। □ **in arrears**, (i) बकाएदार, (ii) जिसका काम पिछड़ा हो।

arrest (अॅ-रॅस्ट्´) *v.* (arrested, arresting) 1. to take into custody by the police, to seize a person, गिरफ़्तार करना, हिरासत में लेना, पकड़ लेना, बंदी बना लेना। 2. to stop or check, रोकना। 3. to catch (somebody's attention; किसी का ध्यान) आकृष्ट करना। *n.* 1. the act of arresting or being arrested, गिरफ़्तारी, बंदीकरण। 2. stoppage, रोक, संरोध। □ **under arrest**, गिरफ़्तार, बंदी।

arrested (अॅ-रॅस्´-टिड) *adj.* 1. in the legal custody of the police, बंदी बनाया हुआ, गिरफ़्तार, बंदीकृत। 2. stopped, रुका हुआ, अवरुद्ध, रुद्ध।

arresting (अॅ-रॅस्´-टिंग्) *adj.* attracting, interesting, आकर्षक, रोचक।

arrhythmia (अॅ-रिथ्´-मि-अॅ) *n.* any irregularity in the rhythm of the heart's beating, हृदय की धड़कन-संबंधी गड़बड़, धड़कन की बीमारी।

arrival (अॅ-राइ´-वॅल्) *n.* 1. act of arriving, आगमन, पहुँच। 2. a person who arrives, आनेवाला व्यक्ति, आगंतुक। 3. a new born baby, नवजात शिशु। 4. a thing that arrives, आमद, आवक।

arrive (अॅ-राइव्´) *v.* (arrived, arriving) 1. to reach, to come, पहुँचना, आना; to arrive at a decision, निश्चय पर पहुँचना। 2. to achieve success, सफल होना, सफलता प्राप्त करना। 3. to be born (said of a baby, बच्चा) पैदा होना।

arrogance (ऐर्´-अॅ-गॅन्स्) *n.* haughtiness, अक्खड़पन, घमंड।

arrogant (ऐर्´-अॅ-गॅन्ट्) *adj.* haughty, अक्खड़, घमंडी।

arrogate (ऐर्´-अॅ-गेट्) *v.* (arrogated, arrogating) 1. to claim without right, झूठा दावा करना। 2. to make an unauthorised attempt, अनधिकार चेष्टा करना।

arrogation (ऐ-रो-गे´-शॅन्) *n.* 1. a wrong claim, झूठा दावा। 2. an unauthorised attempt, अनधिकार चेष्टा।

arrow (ऐर्´-ओ) *n.* a pointed shaft to be shot from a bow, तीर, बाण।

arrowhead (ऐर्´-ओ-हॅड्) *n.* the head or tip of an arrow, तीर का सिरा, तीर की नोक।

arrowroot (ऐर्´-ओ-रूट्) *n.* a plant with roots which yields an edible starch, अरारोट।

arse (आ:स्) *n.* the buttocks, चूतड़, नितंब।

arsenal (आ:´-सॅ-नॅल्) *n.* 1. a place for making or storing weapons and other munitions, शस्त्रागार, आयुधशाला। 2. a collection fo weapons, आयुध-संग्रह। 3. a house, घर, गढ़; an arsenal of democracy, प्रजातंत्र का गढ़।

arsenic (आ:´-सॅ-निक्) *n.* a kind of very poisonous chemical element, आर्सेनिक, संखिया।

arsenical (आ:-सॅन्´-इ-कॅल्) *adj.* = arsenous.

arsenious, arsenous (आ:-से´-नि-अॅस्, आ:´-सॅ-नॅस्) *adj.* of or containing arsenic, जिसमें संखिया मिला हो।

arson (आ:´-सॅन्) *n.* the intentional act of setting fire to property, आगज़नी, आग लगाना, अग्निदाह।

arsonist (आ:´-सॅन्-इस्ट्) *n.* a person guilty of arson, आग लगानेवाला।

art (आ:ट्) *n.* 1. the activity of creating beautiful or artistic things, कला। 2. skill, knack, कौशल, निपुणता, कला; the art of government, शासन-कला। 3. cunning, चालाकी, धूर्तता, तिकड़म। 4. any of certain branches of academic learning, कला। *v.* the present tense of `be' used with thou, है।

artefact (आ:´-टॅ-फ़ैक्ट्) *n.* any (useful) thing made by a man, मानवरचित वस्तु।

artel (आ:´-टॅल्) *n.* a co-operative body of Soviet workers, सोवियत कर्मचारियों की सहकारी समिति, आर्टल।

arterial (आ:-टिअर्´-इ-अॅल्) *adj.* pertaining to an artery or arteries, धमनी-संबंधी, धमनीय।

arterial road *n.* an important main road,

महत्त्वपूर्ण मुख्य मार्ग।

artery (आ:´-टॅ-री) ***n.*** 1. any of the tubes carrying blood from the heart to all parts of the body, धमनी, नस। 2. a main road, मुख्य मार्ग।

artesian well (आ:-टी´-ज़न्-वॆल्) ***n.*** a well the water of which rises to the earth's surface, सोता कुआँ।

artful (आ:ट्´-फुल्) ***adj.*** clever, crafty, चालाक, धूर्त, होशियार, तिकड़मी।

artfulness (आ:ट्´-फुल्-निस्) ***n.*** the state of being artful, चालाकी, धूर्तता, तिकड़म।

artfully (आ:ट्´-फु-ली) ***adv.*** cunningly, चालाकी से, तिकड़म से।

arthritis (आ:-थ्राइ´-टिस्) ***n.*** a disease of the joints, गठिया, जोड़ों का दर्द।

arthropod (आ:´-थ्रॅ-पॉड्) ***n.*** a group of animals with jointed legs, जुड़ी हुई टाँगों-वाला प्राणी, संधिपाद।

artichoke (आ:´-टि-चोक्) ***n.*** a plant, हाथी-चक।

article (आ:´-टि-कॅल्) ***n.*** 1. a particular thing, item, वस्तु, चीज़, पदार्थ। 2. a piece of writing, लेख, रचना। 3. a separate clause in an agreement, अनुबंध की धारा, अनुच्छेद, उपपद। 4. a class of words, the words a, an and the, प्रविशेषण। 5.(plu.) a set of rules, नियमावली। ***v.*** (articled, articling) to place under agreement, नियम के अंतर्गत करना, नियम में जोड़ना।

articular (आ:-टिक्´-यु-लॅ:) ***adj.*** pertaining to the joints of the body, जोड़ों से संबद्ध, जोड़ों का, संधि-।

articulate[1] (आ:-टिक्´-यु-लेट्) ***v.*** (articulated, articulating) 1. to speak, बोलना, उच्चारण करना। 2. to express clearly, साफ़-साफ़ बोलना, स्पष्ट उच्चारण करना। 3. to unite by or form a joint, जोड़ना, जोड़ से जोड़ मिलाना।

articulate[2] (आ:-टिक्´-यु-लिट्) ***adj.*** 1. spoken clearly, अच्छी तरह कहा हुआ, कथित, सुस्पष्ट। 2. able to express clearly, वाग्मी। 3. capable of speech, बोलने में सक्षम, सवाक्। 4. jointed, जोड़दार, संधियुक्त।

articulation (आ:-टिक्´-यु-ले´-शॅन्) ***n.*** 1. the production of speech sounds, उच्चारण। 2. expression of feelings or thoughts, अभिव्यक्ति, कथन। 3. the act of uniting with a joint, जोड़ लगाना, जोड़बंदी, ग्रंथन।

artifact (आ:´-टि-फ़ैक्ट्) ***n.*** anything made by human hand, मनुष्य-निर्मित वस्तु।

artifice (आ:´-टि-फ़िस्) 1. cunning trickery, deception, तिकड़म, चाल, चालाकी। 2. a device, युक्ति, उपाय, तरकीब।

artificer (आ:-टिफ़्´-इ-सॅ:) ***n.*** 1. a skilled workman, कुशल कारीगर, मिस्त्री। 2. an inventor, आविष्कारक।

artificial (आ:-टि-फ़िश्´-अॅल्) ***adj.*** 1. not natural, made by man, कृत्रिम, बनावटी, मनुष्य-निर्मित। 2. not original, imitated, नकली, मिथ्या, झूठा। 3. pretended, not genuine, जो खरा न हो, नकली, ऊपरी, अवास्तविक।

artificiality (आ:-टि-फ़िश्-इ-ऐल्´-इ-टी) ***n.*** unnaturalness, कृत्रिमता, बनावट, बनावटीपन।

artificial insemination ***n.*** impregnation by artificial means, कृत्रिम गर्भाधान।

artificial respiration ***n.*** restoring of normal breathing by artificial means, कृत्रिम श्वसन।

artillerist (आ:-टिल्´-अॅर्-इस्ट्) ***n.*** = artilleryman.

artillery (आ:-टिल्´-अॅ-री) ***n.*** 1. large guns and cannons, तोपों का समूह। 2. troops armed with cannons, तोपख़ाना।

artilleryman (~-मॅन्) ***n.*** one who fires cannons, तोपची।

artiness (आ:´-टि-निस्) ***n.*** the state of being arty, आडंबर, भड़कीलापन।

artisan (आ:´-टि-ज़ॅन्) ***n.*** a craftsman, दस्तकार, कारीगर, शिल्पी।

artist (आ:´-टिस्ट्) ***n.*** 1. one who practises or works in one of the Fine Arts, कलाकार। 2. an expert in painting, चित्रकार, चितेरा, कलाकार। 3. a professional entertainer, कलाकार, अदाकार।

artiste (आ:-टीस्ट्´) ***n.*** a professional singer or dancer, व्यवसायी कलाकार, गायक या

नर्तक।

artistic (आ:-टिस्´-टिक्) *adj.* 1. of art or artists, कला या कलाकारों से संबद्ध।2. showing skill and good taste, कलापूर्ण, कलात्मक।

artistically (आ:´-टिस्´-टि-कॅ-ली) *adv.* in an artistic manner, कलात्मक ढंग से।

artistry (आ:´-टि-स्ट्री) *n.* workmanship, artistic skill, कारीगरी, कला।

artless (आ:ट्´-लिस्) *adj.* lacking artfulness, जिसे छल-कपट छू न गया हो, भोला-भाला, सीधा, सीधा-सादा।

artlessness (आ:ट्´-लिस्-निस्) *n.* simpli-city, सिधाई, भोलापन।

arts (आ:ट्स्) *n.*(plu.) imaginative and creative branches of knowledge other than scientific, कलाएँ।

arts and crafts *n.* (plu.) decorative design and handicraft, हस्तशिल्प।

artsy (आ:ट्´-सी) *adj.* = arty.

arty (आ:´-टी) *adj.* ostentatiously artistic, दिखाऊ, आडंबरपूर्ण, भड़कीला।

arty-crafty (आ:´-टि-क्रैफ़्´-टी) *adj.* = arty.

arum (एअर्´-ॲम्) *n.* a plant, अरबी, घुइयाँ।

as (ऐज़्´) *conj.* 1. while, जैसे ही, जैसे-जैसे, जब। 2. in the way that, like, की तरह, Think as I think, मेरी तरह सोचो। 3. that, which, जो ··· वही, जैसा ··· वैसा; I did as I was told, मुझसे जैसा कहा गया वैसा मैंने किया। 4. because, क्योंकि। 5. equally, के समान, के बराबर। 6. for example, उदाहरण के लिए, उदाहरणार्थ। 7. for the reason, जिससे। *adv.* 1. not differently from, उसी तरह। 2. as before, पहले ही की तरह। □ **as much as,** in the same degree, जितना ··· उतना; I thought as much as I could have thought, मैं जितना सोच सकता था उतना मैंने सोचा। □ **as against,** पर, की तुलना में; **as...as,** equally...as, की तरह ही; **as far as,** जहाँ तक; **as from,** तब से; **as for,** के विषय में; **as if,** मानो; **as it is,** वास्तव में, सचमुच; **as it were,** वस्तुतः जैसा हो; **as good as alike,** वैसा ही। **as soon as,** जैसे ही; **as though,** मानो; **as to,** के विषय में; **as usual,** सदैव की भाँति, बदस्तूर; **as well as,** और, भी, साथ ही साथ; **as yet,** अब तक।

asafetida (ऐस्-ॲ-फ़ेंट्´-इ-डॅ) *n.* a plant resin with a smell of garlic, हींग।

asbestos (ऐस्-बेंस्´-टॅस्) *n.* a mineral used as fireproof material, एस्बेस्टस। *adj.* fireproof, अदह, अग्नि-सह।

ascend (ॲ-सेंन्ड्´) *v.* (ascended, ascending) 1. to go up, ऊपर उठना। 2. to climb up, चढ़ना। 3. to rise, बढ़ना, तीव्र होना। 4. to go to a higher position, उन्नति करना; to ascend the throne, सिंहासन पर बैठना, राजा बनना।

ascendancy (ॲ-सेंन्´-डॅन्-सी) *n.* controlling power, प्रभुत्व, आधिपत्य।

ascendant, ascendent (ॲ-सेंन्ड्´-ॲन्ट्) *adj.* 1. rising, ऊपर उठता हुआ, आरोही, उदीयमान, होनहार।2. dominant, superior, प्रबल, धाकड़। □ **in the ascendant,** उन्नतिशील, होनहार, उदीयमान।

ascension (ॲ-सेंन्´-शॅन्) *n.* 1. act of ascending, आरोहण। 2. ascent of Jesus Christ to Heaven, येशु का स्वर्गारोहण।

ascent (ॲ-सेंन्ट्´) *n.* 1. act of ascending, आरोहण। 2. advancement, बढ़ाव, प्रगति, उन्नति। 3. slope leading upward, चढ़ान, चढ़ाई।

ascertain (ऐस्-ॲ:-टेन्´) *v.* (ascertained, ascertaining) 1. to find out, पता लगना। 2. to get to know, जान लेना।

ascertainable (ऐस्-ॲ:-टे´-नॅ-बॅल्) *adj.* able to be ascertained, जिसका पता लगाया जा सकता हो, जानने योग्य।

ascetic (ॲ-सेंट्´-इक्) *n.* a religious person who practises rigid self-denial i.e. does not allow himself bodily pleasures, संन्यासी, तपस्वी।

ascetism (ॲ-सेंट्´-इ-सिज्-ॲम्) *n.* severe self-denial practice of austerity, penance, तप, तपश्चर्या, तपस्या।

ascribable (ॲ-स्क्राइ´-बॅ-बॅल्) *adj.* that can be ascribed, श्रेय देने के योग्य।

ascribe (ॲ-स्क्राइब्´) *v.* (ascribed, ascribing) □ **ascribe to,** to attribute to, का

कारण बताना, का श्रेय देना, के नाम से जोड़ना; He ascribed her success to efficiency. उसने उसकी सफलता का कारण कार्यकुशलता बताया/ उसने उसकी सफलता का श्रेय कार्यकुशलता को दिया। This story is usually ascribed to Premchand. प्रायः इस कहानी का लेखक प्रेमचंद को बताया जाता है/इस कहानी को प्रेमचंद के नाम से जोड़ा जाता है।

ascription (अ॑-स्क्रिप्´-शॅन्) ***n.*** act of ascribing, कारण बताना, श्रेय देना।

aseptic (ए-सॅप्-टिक्) ***adj.*** free from bacteria, रोगाणुरहित।

asexual (ए-सॅक्´-शु-अ॑ल्) ***adj.*** 1. having no sex organs, लिंग (या योनि) से रहित, अलिंगी। 2. having no interest in sexual relations, अकाम, अकामी, यौन-विमुख। 3. born without sex, अयोनिज।

ash (ऐश्) ***n.*** 1. a forest tree and its wood, अखरोट की जाति का एक जंगली पेड़ और उसकी लकड़ी। 2. the grey powder that remains after something has burned, राख, भस्म, भभूत।

ashamed (अ॑-शेम्ड्´) ***adj.*** feeling or showing shame, लज्जित, शर्मिंदा; To beg I am ashamed, क्षमा माँगने में मुझे लज्जा आती है।

ashbin (ऐश्´-बिन्) ***n.*** a dustbin, राखदान, कूड़ेदान।

ashcan (ऐश्´-कैन्) ***n.*** an ashbin, राखदान, कूड़ेदान।

ashen (~-अ॑न्) ***adj.*** 1. greyish, राख के रंग का, मटमैला। 2. pale, yellow, पीला, जर्द।

ashes (ऐ´-शिज़्) ***n.***(plu.) human remains after cremation, भस्मी, भस्मावशेष, अस्थियाँ, फूल।

ashlar (ऐश्´-लॅः) ***n.*** a square block of building stone, चकोर पत्थर, चौका।

ashore (अ॑-शोर्´) ***adv.*** on the shore, किनारे, तट पर।

ashram (ऐश्´-रॅम्) ***n.*** a place of religious retreat, आश्रम।

ashtray (ऐश्´-ट्रे) ***n.*** a small receptacle for tobacco ashes, ऐशट्रे, राखदानी।

ashy (ऐश्´-ई) ***adj.*** 1. grey, मटमैला। 2. pale, पीला। 3. covered with ash, राख से ढका, राख से तुपा।

Asian (ए´-शि-अ॑न्) ***adj.*** of Asia or its people, एशियाई। ***n.*** a native of Asia, एशियावासी।

Asiatic (ए´-शि-ऐट्´-इक्) ***adj. & n.*** = Asian.

aside (अ॑-साइड्´) ***adv.*** 1. to one side, एक तरफ़, किनारे, दूर। 2. apart, अलग, पृथक्। 3. being dismissed for one's thoughts, भूलकर, छोड़कर, ध्यान न देकर। □ **set aside,** (i) अप्रभावी करना, रद करना, (ii) परे करना। ***n.*** the words spoken by an actor, not intended to be heard by the other actors, स्वगत कथन।

asinine (ऐस्´-इ-नाइन्) ***adj.*** 1. like an ass, गधे-जैसा। 2. stupid, मूर्ख, बेवक़ूफ़।

asininity (ऐस्-इ-निन्´-इ॑-टी) ***n.*** stupidity, मूर्खता, बेवक़ूफ़ी।

ask (ऐस्क्, आस्क्) ***v.*** (asked, asking) 1. to put a question to, प्रश्न करना, सवाल पूछना। 2. to enquire (about, के बारे में) पूछना। 3. to make a request, कहना, माँगना, निवेदन करना, चाहना। 4. to expect, आशा करना, उम्मीद करना। 5. to invite, बुलाना, आमंत्रित करना। □ **ask for**, देने के लिए कहना, माँगना, कहना; **ask for trouble,** आ बैल मुझे मार।

askance (अ॑-स्कैन्स्´) ***adv.*** 1. with a side glance, तिरछी नज़र से, तिरछी नज़रों से। 2. with disapproval, तिरस्कारपूर्वक, उपेक्षापूर्वक; He looked askance at the new proposal, नए प्रस्ताव की ओर उसने तिरस्कारपूर्वक देखा।

askew (अ॑-स्क्यू´) ***adj.*** not straight, जो सीधा न हो, टेढ़ा, तिरछा, आड़ा, वक्र। ***adv.*** obliquely, crookedly, टेढ़े ढंग से, टेढ़े।

aslant (अ॑-स्लैन्ट्´) ***adj.*** oblique, टेढ़ा, तिरछा। ***adv.*** obliquely, टेढ़े।

asleep (अ॑-स्लीप्´) ***adj.*** 1. sleeping, सोता हुआ, सुप्त। 2. numbed, सुन्न, निस्पंद, निश्चेष्ट; My foot is asleep, मेरा पैर सो गया है।

aslope (अ॑-स्लोप्´) ***adj.*** sloping, ढालुआँ।

asp (ऐस्प्) ***n.*** a small venomous snake, ज़हरीला छोटा साँप।

asparagus (अ॑-स्पैर्´-अ॑-गॅस्) ***n.*** a plant and

its shoots, शतावर, नागदौन।

aspect (ऐस्´-पेंक्ट्) *n.* 1. an appearance, शक्ल, आकृति। 2. a facet, पक्ष, पहलू। 3. the direction a thing faces, रुख, मुँह। 4. the relative position of planets, ग्रहस्थिति।

asperity (ॲ-स्पेर्´-इ-टी) *n.* 1. rudeness, रूखापन, रुखाई, रूक्षता। 2. a bitter remark, कटूक्ति, कड़वी बात। 3. roughness, ऊबड़-खाबड़पन, खुरदरापन।

aspersion (ॲ-स्पेंः-शॅन्) *n.* an insulting remark, कलंक, लांछन, बदनामी, निंदा। ☐ **cast aspersions on (or upon),** कलंक या लांछन लगाना।

asphalt (ऐस्´-फ़ाल्ट्, ऐस्´-फ़ैल्ट्) *n.* a substance like coaltar, डामर। *v.* (asphalted, asphalting) to cover with asphalt, डामर बिछाना।

asphyxia (ऐस्-फ़िक्´-सि-ॲ) *n.* suffocation, दमघुटी, श्वासावरोध।

asphyxiate (ऐस्-फ़िक्´-सि-एट्) *v.* (asphyxiated, asphyxiating) to suffocate, दम घुट जाना या घोंट देना।

aspirant (ॲ-स्पाइर´-ॲन्ट्, ऐस्´-पि-रॅन्ट्) *n.* 1. one who aspires, आकांक्षी, इच्छुक। 2. a candidate, प्रत्याशी, उम्मीदवार।

aspirate[1] (ऐस्´-पि-रिट्) *n.* a speech sound that has a puff of breath, महाप्राण वर्ण।

aspirate[2] (ऐस्´-पि-रेट्) *v.* (aspirated, aspirating) to pronounce with a puff of breath, महाप्राण बनाना।

aspiration (ऐस-पि-रे´-शॅन्) *n.* 1. act of breathing, साँस लेना, श्वसन। 2. an ambition, आकांक्षा, अभिलाषा, महत्त्वाकांक्षा, उच्चाकांक्षा।

aspire (ॲ-स्पाइः´) *v.* (aspired, aspiring) to have a high ambition, आकांक्षा करना, अभिलाषा करना, पाने के लिए सचेष्ट होना।

aspirin (ऐस्´-पि-रिन्) *n.* a medicine that relieves pain and reduces fever, एस्पिरिन, ज्वर तथा वेदनाहर औषध।

asquint (ऐस्´-क्विंट्) *adv.* directed out of the corners of the eyes, कनखियों से।

ass (ऐस्) *n.* 1. a donkey, गधा। 2. a stupid person, मूर्ख व्यक्ति। ☐ **make an ass of oneself,** मूर्खतापूर्ण आचरण करना, बेवक़ूफ़ी करना, मूर्खता करना, मूर्ख बनना।

assail (ॲ-सेल्´) *v.* (assailed, assailing) 1. to attack violently, प्रहार या वार करना, टूट पड़ना, हमला करना। 2. to face with determination, भिड़ जाना। 3. to attack with words, आक्षेप करना, भला-बुरा कहना। ☐ **assail with questions,** प्रश्नों की बौछार करना।

assailable (ॲ-सेल्´-ॲ-बॅल्) *adj.* that can be attacked, प्रहार के योग्य, जिस पर आक्रमण किया जा सके, आक्रमणीय।

assailant (ॲ-से´-लॅन्ट्) *n.* one who attacks, आक्रमणकारी, आक्रामक।

assassin (ॲ-सैस्´-इन्) *n.* a killer, हत्यारा।

assassinate (ॲ-सैस्-इ-नेट्) *v.* (assassinated, assassinating) to murder, हत्या करना, हनन करना, कत्ल करना।

assassination (ॲ-सैस्-सि-ने´-शॅन्) *n.* an act of assassinating, हत्या, हनन, कत्ल।

assault (ॲ-साःल्ट्´) *n.* 1. a violent attack, आक्रमण, हमला, धावा। 2. a rape, बलात्कार। 3. an unlawful threat, धमकी। *v.* (assaulted, assaulting) to make an assault, to attack, आक्रमण करना, धावा बोलना।

assault and battery *n.* an attack with blows, मार-पीट।

assay[1] (ऐस्´-ए) *n.* testing (of metals), जाँच, परीक्षण, परख (सोने-चाँदी की शुद्धता की)।

assay[2] (ॲ-से´) *v.* (assayed, assaying) 1. to put to a test, जाँच करना, परीक्षण करना, जाँचना, परखना। 2. to judge critically, गुण-दोष दिखलाना।

assayer (ॲ-से´-ॲः) *n.* one who assays, जाँचकर्ता, परीक्षक।

assemblage (ॲ-सेंम्´-ब्लिज्) *n.* 1. act of assembling, जमा होना, जुड़ना, जमाव, जुड़ाई, एकत्रीकरण। 2. an assembly, जमघट, समूह, सभा। 3. a collection, संग्रह, संकलन। 4. a fitting together of parts of a machine, संयोजन।

assemble (ॲ-सेंम्´-बॅल्) *v.* (assembled, assembling) 1. to gather or bring together,

इकट्ठा होना या इकट्ठा करना, एकत्र होना या एकत्र करना। 2. to fit together the parts of a machine, संयोजन करना, जोड़ना।

assembly (अॅ-सेंम्´-ब्ली) ***n.*** 1. an assembled group, सभा, जमघट, समूह। 2. a legislative body, विधानसभा। 3. a fitting together of parts, संयोजन; assembly line, संयोजन-पंक्ति।

assent (अॅ-सेंन्ट्´) ***v.*** (assented, assenting) to agree to, to consent, मंज़ूरी देना, स्वीकृति देना, सहमति प्रकट करना। ***n.*** consent, concurrence, मंज़ूरी, स्वीकृति, सहमति। □ **with one assent**, सर्वसम्मति से; **by common assent,** आपसी बात-चीत से।

assert (अॅ-सः़ट्´) ***v.*** (asserted, asserting) 1. to declare forcefully, ज़ोर देकर कहना, दृढ़तापूर्वक कहना। 2. to make a claim to, दावा पेश करना। 3. to use effectively, प्रभावपूर्वक दिखलाना, जतलाना। □ **assert oneself,** to take effective action, अपना ज़ोर लगाना या दिखाना, प्रभाव दिखलाना।

assertion (अॅ-सर्´-शॅन्) ***n.*** 1. an act of asserting, ज़ोर, दृढ़ता। 2. a claim, दावा।

assertive (अॅ-सः´-टिव्) ***adj.*** 1. making aggressive claims, दबंग, हठी। 2. forceful, ज़ोरदार, सशक्त।

assertiveness (अॅ-सः´-टिव्-निस्) ***n.*** the quality of being assertive, दबंगई, हठ।

assess (अॅ-सेंस्´) ***v.*** (assessed, assessing) 1. to determine (the value of a property), (दाम) आँकना, (क़ीमत) कूतना। 2. to determine (the tax on income or property), (कर) निर्धारित करना। 3. to estimate, अनुमान करना या लगाना।

assessable (अॅ-सेंस्´-अॅ-बॅल्) ***adj.*** 1. that can be assessed, निर्धार्य। 2. taxable, कर-योग्य, कर-निर्धार्य।

assessee (अॅ-सेंस´-सी) ***n.*** a taxpayer, करदाता।

assessment (अॅ-सॅस्´-मॅन्ट्) ***n.*** 1. the act of assessing, आँकने या कूतने की क्रिया या भाव, कूत, निर्धारण; ~ year, निर्धारण-वर्ष। 2. valuation, मूल्यांकन। 3. opinion, मत, राय, विचार।

assessor (अॅ-सेंस्´-अः) ***n.*** 1. one who assesses, निर्धारक; कर-निर्धारक। 2. a valuer, मूल्यांकन-कर्ता, मूल्य-निर्धारक। 3. one who gives his own assessment, परामर्शदाता।

asset (ऐस्´-अॅट्) ***n.*** 1. anything that has value, मूल्यवान वस्तु। 2. property, जायदाद, परिसंपत्ति। 3. (fig.) a useful or valuable quality, धन, गुण, विशेषता; Beauty was her real asset, सौंदर्य ही उसका असली धन था। 4. a useful person, काम का आदमी; He is an asset to the institution. वह संस्था के लिए बहुत काम का आदमी है।

asseverate (अॅ-सेंव्´-अॅ-रेट्) ***v.*** (asseverated, asseverating) to declare solemnly and forcefully, सशपथ और दृढ़तापूर्वक कहना।

asseveration (अॅ-सेंव्-अॅ-रे´-शॅन्) ***n.*** 1. an act of asseverating, सशपथ और दृढ़तापूर्वक कहना। 2. oath, शपथ।

assiduity (ऐस्-इ-ड्यु´-इ-टी) ***n.*** careful and constant attention, मनोयोग, अध्यवसाय।

assiduous (अॅ-सिड्´-उ-अॅस्) ***adj.*** 1. paying or showing careful and constant attention, मनोयोगी, अध्यवसायी, लगकर काम करनेवाला। 2. done with careful and constant attention, मनोयोगपूर्वक किया जानेवाला, अध्यवसायपूर्वक किया जानेवाला।

assign (अॅ-साइन्´) ***v.*** (assigned, assigning) 1. to specify, निश्चित करना, नियत करना, निर्धारित करना। 2. to appoint, नियुक्त करना। 3. to allot, आवंटित करना। 4. to ascribe, श्रेय देना। 5. to transfer (property), सुपुर्द करना, सौंपना, जिम्मे करना, समानुदेशित करना। ***n.*** a person to whom a property right is transferred, अभ्यर्पिती, समानुदेशिती।

assignable (अॅ-साइ´-नॅ-बॅल्) ***adj.*** able to be assigned, समानुदेश्य।

assignation (ऐस्-इग्-ने´-शॅन्) ***n.*** 1. act of assigning, निर्धारण। 2. an appointment for a secret meeting between lovers, प्रेमियों का गुप्त मिलन।

assignee (अॅ-साइ´-नी) ***n.*** a person to whom a property right is transferred, समानुदेशिती।

assignment (अॅ-साइन्´-मॅन्ट्) ***n.*** 1. act of assigning or being assigned, निर्धारण। 2. an

assigned task, सौंपा हुआ कार्य, दत्तकार्य, नियत कार्य। 3. appointment, नियुक्ति। 4. tranferance of property, सुपुर्दगी, हस्तांतरण, समानुदेशन।

assignor (ॲ-साइन्´-ॲ:) *n.* one who makes an assignment, समानुदेशक।

assimilable (ॲ-सिम्´-इ-लॅ-बॅल्) *adj.* that can be assimilated, समावेश्य।

assimilate (ॲ-सिम्´-इ-लेट्) *v.* (assimilated, assimilating) 1. to absorb or become absorbed into something, मिला लेना या मिल जाना, सम्मिलित कर लेना या हो जाना, समावेशन करना या होना। 2. to digest or to be digested, पचा लेना या पच जाना। 3. to make or become similar, एकरूपता लाना या होना, सदृश बनाना या होना। 4. to understand fully, अच्छी तरह समझ लेना, ग्रहण कर लेना, आत्मसात् कर लेना।

assimilation (ॲ-सिम्-इ-ले´-शॅन्) act of assimilating or state of being assimilated, समावेशन, आत्मसात्करण; एकरूपता; सदृशीकरण।

assist (ॲ-सिस्ट्´) *v.* (assisted, assisting) 1. to help, सहायता करना, मदद करना। 2. to give support in some undertaking or effort, सहयोग देना, सहारा देना।

assistance (ॲ-सिस्´-टॅन्स्) *n.* 1. help, सहायता, मदद। 2 . support, सहयोग, सहारा।

assistant (ॲ-सिस्´-टॅन्ट्) *n.* a helper, सहायक, मददगार, सहयोगी। *adj.* assisting, helping, सहायक, सहयोगी।

associate[1] (ॲ-सो´-सि/शि-एट्) *v.* (associated, associating) 1. to join, मिलाना या मिलना, जोड़ना या जुड़ना। 2. to join as colleague, सहयोगी बनना, साथी बनना, साहचर्य करना, सोहबत करना। 3. to have relations or dealings with, मिलना-जुलना, मेल-जोल रखना।

associate[2] (ॲ-सो´-सि/शि-इट्) *n.* 1. a colleague or companion, सहयोगी, साथी। 2. a subordinate member of a committee, समिति का सहयोजित सदस्य। *adj.* 1. associated, सहयोगी, सहायक। 2. having subordinate membership, सहयुक्त, सहयोजित।

associated (ॲ-सो´-सि/शि-ए-टिड्) *adj.* joined in companionship, सहयोगी, सह।

association (ॲ-सो-सि/शि-ए´-शॅन्) *n.* 1. act of associating, साहचर्य, मेल-जोल। 2. an organised group of people having common purpose, एसोसिएशन, समुदाय, संघ। 3. a mental connection between ideas, सहसंबंधन, संगति।

associative (ॲ-सो´-सि/शि-ए-टिव्) *adj.* resulting from association, साहचर्यजन्य, सामुदायिक, संघबद्ध।

assonance (ऐस्´-ॲ-नॅन्स्) *n.* 1. correspondence or resemblance of repeated vowel or consonant sound, तुक, अनुप्रास। 2. resemblance of sound between two syllables, श्रुतिसाम्य, स्वरसाम्य।

assort (असॉ:ट्, असॉ:र्ट्) *v.* (assorted, assorting) 1. to arrange into different sorts, to classify, वर्गीकरण करना, छाँटना। 2. to put into the same group, समान वर्ग में रखना।

assorted (ॲ-सा:ट्´/सा:र्ट´-इड्) *adj.* 1. of different kinds, तरह-तरह का, विविधतापूर्ण, विविध। 2. different sorts mixed together, मिला-जुला; badly assorted couple, बेमेल जोड़ी।

assortment (ॲ-सॉ:ट्´/सा:र्ट्-मॅन्ट्) *n.* 1. classification, वर्गीकरण। 2. a collection of different sorts, मिश्रण।

assuage (ॲ-स्वेज्´) *v.* (assuaged, assuaging) 1. to make less severe, उपशमित करना, राहत पहुँचाना। 2. to satisfy, संतुष्ट करना। ☐ **assuage one's thirst,** प्यास बुझाना।

assumable (ॲ-स्यूम्´-ॲ-बॅल्) *adj.* that can be assumed, मान लिए जाने योग्य।

assume (ॲ-स्यूम्´) *v.* 1. to suppose or take for granted, मान लेना, मानकर चलना, धारणा बनाना। 2. to imagine, कल्पना करना। 3. to take on, ग्रहण करना। 4. to put on, धारण करना। 5. to pretend to possess, स्वाँग भरना या करना।

assumed (ॲ-स्यूम्ड्´) *adj.* 1. false, pretended, मिथ्या, आरोपित। 2. taken for granted, कल्पित,

माना हुआ।
assuming (अॅ-स्यूम्´-इंग्) *adj.* behaving with impudent boldness, उद्धत्त, अक्खड़।
assumption (अॅ-सम्´-शॅन्) *n.* 1. act of assuming, ग्रहण, धारण। 2. something taken for granted, कल्पना, धारणा, मान्यता। □ **on this assumption,** (यदि हम) यह मानकर चलें कि··· ।
assurance (अॅ-शूर´-अॅन्स्) *n.* 1. a promise or pledge, वचन। 2. assertion made to inspire confidence, आश्वासन, यकीन, भरोसा। 3. freedon from doubt, sureness, निश्चय। 4. self-confidence, आत्मविश्वास। 5. insurance, बीमा।
assure (अॅ-श्योː´) *v.* (assured, assuring) 1. to promise confidently, आश्वस्त करना, आश्वासन देना, विश्वास या भरोसा दिलाना; to be rest assured, विश्वास रखो। 2. to make sure, to cause to feel sure, सुनिश्चित करना या बनाना; His century has assured him a place in the Indian Eleven. उसके शतक ने उसका भारतीय एकादश में स्थान सुनिश्चित कर दिया है। 3. to insure, बीमा करना।
assured (अॅ-श्योःड्´) *adj.* 1. sure, सुनिश्चित। 2. confident, आश्वस्त। 3. insured, बीमाकृत।
assuredly (अॅ-श्योःड्´-ली) *adv.* 1. in an assured manner, अत्यंत विश्वास से, आश्वस्त करते हुए, विश्वास के साथ, हिम्मत बँधाते हुए। 2. certainly, निश्चित रूप से।
assurgent (अॅ-सःʼ-जॅन्ट्) *adj.* rising, होनहार, उदीयमान।
astatic (अॅ-स्टैट्´-इक्) *adj.* 1. not static, अस्थिर। 2. unaffected by the earth's magnetism, पृथ्वी की चुंबक शक्ति से अप्रभावित।
aster (ऐस्´-टːं) *n.* 1. a plant and its flower, ऐस्टर। 2. a star, तारा।
asterisk (ऐस्´-टॅ-रिस्क्) *n.* a star-like symbol, तारक चिह्न, तारक। *v.* (asterisked, asterisking) to make with an asterisk, तारक चिह्न लगाना।
astern (अॅ-स्टːन्´) *adv.* at the stern, towards the rear, पीछे की ओर, पीछे।
asteroid (ऐस्´-टॅ-रॉइड्) *adj.* star-shaped, ताराकार। *n.* any of the small planets revolving around the sun specially between Mars and Jupiter, क्षुद्रग्रह।
asthma (ऐज़्´-मॅ) *n.* a respiratory disease characterised by difficulty in breathing, दमा, साँस की बीमारी।
asthmatic (ऐस्-मैट्´-इक्) *adj.* 1. of asthma, दमा-संबंधी। 2. suffering from asthma, दमे से पीड़ित। *n.* one who is suffering from asthma, दमे का रोगी।
astigmatic (अॅ-स्टिग्´-मैट्-इक्) *adj.* pertaining to astigmatism, अबिंदुक।
astigmatism (अॅ-स्टिग्´-मॅ-टिज़्-अॅम्) *n.* a defect of a lens of the eye, अबिंदुकता।
astir (अॅ-स्टः´) *adj.* moving, चल, अस्थिर। *adv.* in a state of movement, गति में।
astonish (अॅ-स्टॉन्´-इश्) *v.* (astonished, astonishing) to take by surprise, चकित कर देना, आश्चर्यचकित या विस्मित कर देना, हैरान कर देना।
astonishing (अॅ-स्टॉन्´-इश्-इंग्) *adj.* 1. causing astonishment, आश्चर्यजनक, विस्मयकारक, हैरान करनेवाला। 2. remarkably well, बहुत बढ़िया।
astonishment (अॅ-स्टॉन्´-इश्-मॅन्ट्) *n.* great surprise, आश्चर्य, विस्मय, हैरानी।
astound (अॅ-स्टाउन्ड्´) *v.* (astounded, astounding) to shock with surprise, होश गुम कर देना, हैरान कर देना, भौंचक्का या स्तब्ध कर देना।
astounding (अॅ-स्टॉउन्ड्´-इंग्) *adj.* shocking with surprise, हैरान कर देनेवाला, स्तब्धकारी।
astral (ऐस्´-ट्रॅल्) *adj.* of or resembling the stars, तारक-संबंधी, तारकवत्।
astray (अॅ-स्ट्रे´) *adv. & adj.* out of the right way, बहका हुआ, भटका हुआ, पथच्युत, मार्गभ्रष्ट।
astride (अॅ-स्ट्राइड्´) *adv. & prep.* with a leg on each side of specially a horse, टाँगें दोनो तरफ़ लटकाए, प्रगतजंघ।
astringency (अॅ-स्ट्रिन्´-जॅन्-सी) *n.* 1. the quality of being astringent, संकोचक गुण। 2. harshness, stiffness, कठोरता, कड़ापन।
astringent (अॅ-स्ट्रिन्´-जॅन्ट्) *adj.* 1. causing

skin or body tissues to contract, संकोचक। 2. harsh, severe, कठोर, कड़ा। *n.* an astringent substance or drug, संकोचक ओषधि या पदार्थ।

astro (ऐस्´-ट्रो) *adj.* pertaining to stars, तारों या नक्षत्रों से संबद्ध, तारकीय, नक्षत्रीय।

astrologer (ऐस्-ट्रॉल्´-अ-जः) *n.* one who is expert in the science of astrology, ज्योतिषी।

astrological (ऐस्-ट्र-लॉज्´-इ-कॅल्) *adj.* of astrology, ज्योतिष-संबंधी।

astrology (ऐस्-ट्रॉल्´-अ-जी) *n.* the study and prediction of the supposed influence of planets and stars on human affairs, ज्योतिष, फलित ज्योतिष।

astronaut (ऐस्-ट्र-नाःट्´) *n.* a crew member of the spaceship, अंतरिक्ष-यात्री।

astronautical (ऐस्-ट्रॅ-नाःट्´-इ-कॅल्) *adj.* pertaining to astronautics, अंतरिक्ष-यात्रा विज्ञान-संबंधी।

astronautics (ऐस्-ट्र-नाः´-टिक्स्) *n.*(plu.) science dealing with space-travel, अंतरिक्ष-यात्रा विज्ञान।

astronomer (अॅ-स्ट्रॉन्´-अॅ-मॅः) *n.* an expert in astronomy, खगोलज्ञ, खगोलवेत्ता।

astronomical (अॅ-स्ट्रॉन्´-अॅ-मि-कॅल्) *adj.* pertaining to astronomy, खगोलीय।

astronomy (अॅ-स्ट्रॉन्´-अॅ-मी) *n.* the science dealing with the movements of stars, खगोल विज्ञान।

astrophysics (ऐस्-ट्रो-फ़िज़्´-इक्स्) *n.* the science that studies the physical and chemical properties of stars and planets, खगोल-भौतिकी।

astute (अॅ-स्ट्यूट्´) *adj.* shrewd, sharp-witted, सयाना, चालाक, होशियार।

asunder (अॅ-सन्´-डॅः) *adv.* 1. apart from each other, अलग-थलग, अलग-अलग। 2. into pieces, टुकड़े-टुकड़े, तार-तार, खंड-खंड।

asylum (अॅ-साइ´-लम्) *n.* a place of refuge, शरणस्थान। 2. refuge, protection, शरण, पनाह, संरक्षण।

asymmetric (ए-सि-मेंट्´-रिक्) *adj.* = asymmetrical.

asymmetrical (ए-सि-मेंट्´-रि-कॅल्) *adj.* not symmetrical, जो सममित न हो, असममित।

asymmetry (ए-सिम्´-अॅ-ट्री) *n.* lack of symmetry, असममितता।

at (ऐट्) में, पर, के ऊपर। ☐ **at a discount,** बट्टे पर; **at all,** बिल्कुल; I do not know her at all, मैं उसे बिल्कुल नहीं जानता। **at all costs,** किसी भी क़ीमत पर; **at all times,** सदा, हर समय, हर क्षण; **at any hour,** किसी भी समय, कभी भी; **at first,** आरंभ में, शुरू शुरू में; **at least,** कम-से-कम; **at liberty,** स्वतंत्र, आज़ाद; **at once,** तुरंत; **at par,** सममूल्य पर; **at one's own discretion,** स्वविवेकानुसार; **at sight,** देखते ही; **at the bar,** न्यायालय में; **at the cost of,** के खर्च पर; **at the earliest opportunity,** मौका मिलते ही; **at the expense of,** (किसी) की हानि करके; **at the pleasure of,** (किसी) के प्रसादानुसार, के प्रसाद पर्यंत।

atavism (ऐट्´-अॅ-विज़्-अॅम्) *n.* resemblance of a characteristic more to distant ancestors than to parents, पूर्वजप्रवृत्ति।

ataxia (अॅ-टैक्´-सि-अॅ) *n.* loss of control over bodily functions, अंग-संचालन में अक्षमता।

atelier (ऐट्-अॅल्-ये´) *n.* 1. an artist's workshop, कलागृह। 2. a studio, स्टुडियो। (फ्रांसीसी)

atheism (ए´-थि-इज़्-अॅम्) *n.* the disbelief in the existence of a God, अनीश्वरवाद, निरीश्वरवाद, नास्तिक धर्म, नास्तिकता।

atheist (ए´-थि-इस्ट्) *n.* one who does not believe in the existence of a God, अनीश्वरवादी, निरीश्वरवादी, नास्तिक।

atheistic (ए-थि-इस्´-टिक्) *adj.* pertaining to atheist or atheism, अनीश्वरवादी, निरीश्वरवादी, नास्तिक।

athenaeum, atheneum (ऐथ्-अॅ-नी´-अॅम्) *n.* 1. a literary or scientific society, साहित्यिक या वैज्ञानिक संस्था। 2. a library, पुस्तकालय। 3. a reading room, वाचनालय।

athirst (अॅ-थःस्ट्´) *adj.* thirsty, प्यासा।

athlete (ऐथ्´-लीट्) *n.* one who is trained or

skilled in athletics, एथलीट, व्यायामी।

athletic (ऐथ्-लेंट्´-इक्) *adj.* 1. of athletics, खेल-कूद या व्यायाम-संबंधी। 2. physically strong, muscular in built, हृष्ट-पुष्ट।

athletics (ऐथ्-लेंट्´-इक्स्) *n.* physical exercises and sports, व्यायाम और खेल-कूद, ऐथलेटिक्स।

at-home (ऐट्-होम्´) *n.* a reception for visitors, प्रीतिगोष्ठी।

athrob (अॅ-थ्रॉब्´) *adj.* throbbing, धड़कता हुआ।

athwart (अॅ-थ्वाःट्´) *adv.* from side to side, आर-पार, आड़े। *prep.* from side to side of, के पार, के आड़े।

atilt (अॅ-टिल्ट्´) *adj & adv.* tilting, झुका हुआ।

Atlantic (ऐट्-लैन्´-टिक्) *adj.* of or pertaining to the Atlantic Ocean, अटलान्टिक समुद्र-संबंधी।

Atlantic Ocean *n.* the ocean west of Africa and Europe, अटलान्टिक समुद्र।

atlas (ऐट्´-लॅस्) *n.* a book of maps, मानचित्रावली, एटलस।

atmosphere (ऐट्´-मॅस्-फ़िअॅ:, ऐट्´-मॅ-स्फ़िअॅ:) *n.* 1. the gaseous mass surrounding the earth, वायुमंडल, पर्यावरण। 2. a feeling or psychological environment, वातावरण।

atmospheric (ऐट्-मॅस्-फ़ेर्´-इक्) *adj.* of or pertaining to the atmosphere, वायुमंडलीय, पर्यावरण-संबंधी, वातावरण-संबंधी, वातावरणिक।

atmospherics (ऐट्-मॅस्-फ़ेर्´-इक्स्) *n.* electrical disturbances in the atmosphere, वातावरणिक उपद्रव।

atoll (ऐट्´-आःल्) *n.* a ring-shaped coral island that encloses a lagoon, प्रवालद्वीप, मूँगा टापू।

atom (ऐट्´-ऑम्) *n.* 1. a smallest particle of an element, परमाणु। 2. a very small quantity of a thing, अणु, कण।

atom bomb *n.* a very powerful bomb which releases atomic energy, परमाणु बम।

atomic (अॅ-टॉम्´-इक्) *adj.* of or pertaining to a atom, परमाणविक, परमाणु-संबंधी।

atomic energy *n.* energy released by nuclear fission, परमाणु ऊर्जा।

atomise (ऐट्´-अॅ-माइज़्) *v.* (atomised, atomising) 1. to reduce to atoms, परमाणुओं में बदल देना, परमाणु बना देना। 2. to reduce the liquid to a fine spray, स्प्रे करना, छिड़कना।

atomiser (ऐट्´-अॅ-माइ-ज़ॅ:) *n.* the device for reducing liquids to a fine spray, स्प्रेयर, छिड़काव-यंत्र।

atonal (ए-टो´-नॅल्) *adj.* lacking a traditional tone, अतान।

at once *adv.* immediately, तुरंत, इसी समय, तत्काल।

atone (अॅ-टोन्´) *v.* (atoned, atoning) 1. to make amends, प्रायश्चित करना। 2. to repay, क्षतिपूर्ति करना।

Atonement (अॅ-टोन्´-मॅन्ट्) *n.* the expiation of man's sin by Christ, येशु द्वारा मनुष्य के पापों के लिए किया हुआ प्रायश्चित।

atonement (अॅ-टोन्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of atoning, प्रायश्चित। 2. repayment, क्षतिपूर्ति, हरजाना।

atop (अॅ-टॉप्) *adj.& adv.* at or on the top, ऊपर, ऊपरी। *prep.* on the top of, के ऊपर।

atrabilious (ऐट्-रॅ-बिल्´-इ-अॅस्) *adj.* morose, melancholy, उदास, खिन्न, विषण्ण, विषादमय।

atrium (ए´-ट्रि-अॅम्) *n.* either of the two upper cavities of the heart, हृद्गुहा, अलिंद।

atrocious (अॅ-ट्रो´-शॅस्) 1. extremely wicked, दुष्ट या दुष्टतापूर्ण। 2. brutal, बर्बर या बर्बरतापूर्ण, नृशंस, निर्मम। 3. very bad or unpleasant, disgusting, बुरा, ख़राब, कोफ़्त-भरा।

atrocity (अॅ-ट्रास्´-इ-टी) *n.* 1. a wicked act, दुष्टता। 2. a cruel or brutal act, brutality, बर्बरता, नृशंसता। 3. tyranny, अत्याचार।

atrophy (ऐट्´-रॅ-फ़ी) *n.* the wasting away of tissues, organs or the entire body, क्षय, ह्रास। *v.* (atrophied, atrophying) to waste or cause to waste away, क्षय होना या क्षीण करना, छीजना या छिजाना।

attaboy (ऐट्´-अॅ-बॉइ) *interj.* 1. an exclama-

tion of encouragement, शाबास! 2. an exclamation of admiration, वाह!

attach (अॅ-टैच्ˊ) *v.* (attached, attaching) 1. to join, fasten or fix, लगना या लगाना, सटना या सटाना, जुड़ना या जोड़ना। 2. to seize or to be seized by the legal authority, कुर्क करना या होना, जब्त करना या होना। 3. to attribute or to be attributed, आरोपित होना या करना, लगना या लगाना।

attachable (अॅटैच्ˊ-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be attached, कुर्क करने योग्य, ज़ब्त किए जाने योग्य।

attache (ऐट्-अॅ-शेˊ) *n.* an officer attached with an ambassador, अताशे, अटैची, राजदूत-सहायक। (फ्रांसीसी)

attached (अॅ-टैच्ड्ˊ, अॅ-टैच्ट्ˊ) *adj.* 1. fastened on, लगा, सटा या बँधा हुआ। 2. bound by affection, अनुरक्त, आसक्त।

attachment (अॅ-टैच्ˊ-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of attaching or being attached, संलग्नता। 2. anything attached with another, संलग्न वस्तु। 3. affection, devotion, अनुराग, स्नेह, आसक्ति, लगाव। 4. legal seizure of property, कुर्की।

attack (अॅ-टैक्ˊ) *v.* (attacked, attacking) 1. to act violently against, to inflict harm on, आक्रमण करना, हमला करना, धावा बोलना, चढ़ाई करना। 2. to criticize strongly, कड़ी आलोचना करना, भर्त्सना करना, आक्षेप करना। 3. to take up with vigour, ज़ोर-शोर से (कार्य) आरंभ करना, टूट पड़ना, पिल पड़ना। *n.* 1. an act of violence, आक्रमण, हमला, धावा, चढ़ाई। 2. a piece of strong criticism, कड़ी आलोचना,आक्षेप, भर्त्सना। 3. a sudden onset of illness, दौरा। 4. a start or beginning, आरंभ।

attackable (~-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be attacked, आक्रमण के योग्य, आक्रमणीय।

attacking (अॅ-टैक्ˊ-इंग्) *adj.* designed or armed for attacking, आक्रामक; ~ batsman, आक्रामक बल्लेबाज; ~ field, आक्रामक क्षेत्ररक्षण।

attain (अॅ-टेन्ˊ) *v.* (attained, attaining) 1. to succees in getting (something, कुछ) प्राप्त करना, प्राप्त करने में सफल होना, पाना। 2. to reach, पहुँचना।

attainable (अॅ-टेन्ˊ-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be attained, प्राप्य, साध्य, लभ्य।

attainder (अॅ-टेन्ˊ-डॅ:) *n.* the seizure of person's property, कुर्की।

attainment (अॅ-टेन्ˊ-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of attaining, प्राप्ति। 2. something attained, उपलब्धि। 3. achievement, सफलता। 4. acquired skill, योग्यता, कुशलता।

attar (ऐट्ˊ-अॅ:) *n.* fragrant oil distilled from flowers, इत्र, अतर।

attempt (अॅ-टॅम्प्ट्ˊ) *v.* (attempted, attempting) 1. to make an effort, to try, प्रयास करना, चेष्टा करना, कोशिश करना। 2. to try to take by force, to attack, आक्रमण करना। *n.* 1. an effort, प्रयास, चेष्टा, कोशिश। 2. an attack, आक्रमण।

attend (अॅ-टॅन्ड्ˊ) *v.* (attended, attending) 1, to pay attention, ध्यान देना। 2. to look after, देख-रेख करना, टहल करना। 3. to be present at, उपस्थित होना, शामिल होना। 4. to go regularly to, नियमित रूप से जाना। 5. to accompany, साथ जाना, साथ देना। 6. (of doctor) to visit, देखने जाना या आना। 7. to wait upon, प्रतीक्षा करना।

attendance (अॅ-टॅन्ˊ-डॅन्स्) *n* 1. the act of being present, उपस्थिति, हाज़िरी। 2. the number of people present, उपस्थित लोग, उपस्थिति। 3. taking care of someone, देख-रेख, टहल, सेवा।

attendant (अॅ-टॅन्ˊ-डॅन्ट्) *adj.* 1. serving, सेवारत। 2. connected, संबद्ध । *n.* 1. a person who is employed to look after, परिचारक, सेवक। 2. a person who goes with another for service or security purposes, सेवक, परिचर।

attention (अॅ-टॅन्ˊ-शॅन्) *n.* 1. applying one's mind to something, ध्यान। 2. care, consideration, ध्यान, देख-रेख। 3. a soldier's erect motionless posture of readiness, सावधान होने की अवस्था, अवधान। 4 . (plu.) act of

courtesy, शिष्टाचार, आदर-सम्मान।

attentive (अ‍ॅ-टॅन्´-टिव्) ***adj.*** 1. listening attentively, सावधान। 2. paying attention, watchful, सतर्क, चौकस। 3. showing courtesy to someone, शिष्टता दिखलानेवाला।

attentively (अ‍ॅ-टॅन्´-टिव्-ली) ***adv.*** with full attention, सतर्कतापूर्वक, सावधानी से।

attenuate (अ‍ॅ-टॅन्´-यु-एट्) ***v.*** (attenuated, attenuating) 1. to become or cause to become thin or weak, दुबला होना या करना, क्षीण होना या करना, कमज़ोर होना या करना। 2. to lessen in density, हलका करना या होना। 3. to dilute, पतला करना या होना।

attenuation (अ‍ॅ-टॅन्-यु-ए´-शॅन्) ***n.*** the act of attenuating or the state of being attenuated, दुर्बलीकरण या दुर्बलावस्था; तनुकरण या तनुकृत अवस्था।

attest (अ‍ॅ-टॅस्ट्´) ***v.*** (attested, attesting) 1. to certify by signing as a witness, अनुप्रमाणित करना, तसदीक करना। 2. to declare to be true or genuine, प्रमाणित करना।

attestation (अ‍ॅ-टॅस्-टे´-शॅन्) ***n.*** an act of bearing witness, verification of someone's signature, अनुप्रमाणन, तसदीक।

attested (अ‍ॅ-टॅस्ट्´-इड्) ***adj.*** certified by an authority, अनुप्रमाणित, तसदीक किया हुआ।

attic (ऐट्´-इक्) ***n.*** the space or room directly below the roof, परछत्ती, मियानी।

attire (अ‍ॅ-टाइः´) ***n.*** clothes, पोशाक, कपड़े, वस्त्र। ***v.*** (attired, attiring) to dress, वस्त्र धारण करना, कपड़े पहनना।

attitude (ऐट्´-इ-ट्यूड्) ***n.*** 1. a bodily posture, मुद्रा, ठवन, चेष्टा। 2. mental disposition, रुख, अभिवृत्ति, मानसिकता।

attitudinize (ऐट्-इ-ट्यू´-डि-नाइज़्) ***v.*** (attitudinized, attitudinizing) to act or speak affectedly, इतराना, ऐंठ दिखाना, दिखावा करना।

attorney (अ‍ॅ-टः´-नी) ***n.*** a properly qualified legal agent, न्यायवादी, अटार्नी।

attorney general ***n.*** the chief legal representative of a country, महान्यायवादी, अटार्नी जनरल।

attract (अ‍ॅ-ट्रैक्ट्´) ***v.*** (attracted, attracting) 1. to cause to draw near, खींचना, आकृष्ट करना। 2. to get the attention of, ध्यान आकर्षित करना। 3. to get the admiration of, to allure, मुग्ध करना, लुभा लेना।

attraction (अ‍ॅ-ट्रैक्´-शॅन्) ***n.*** 1. the act of attracting, आकर्षण, खिंचाव। 2. the ability to attract, आकर्षण-शक्ति। 3. anything that attracts attention, आकर्षक पदार्थ या व्यक्ति, आकर्षण, प्रलोभन।

attractive (अ‍ॅ-ट्रैक्´-टिव्) ***adj.*** 1. able to attract, आकर्षक। 2. pleasing in appearance or effect, सलोना, लुभावना। 3. arousing interest, दिलचस्पी बढ़ानेवाला, रोचक, दिलचस्प।

attractively (अ‍ॅ-ट्रैक्´-टिव्-ली) ***adv.*** in an attractive manner, आकर्षक रूप से।

attractiveness (अ‍ॅ-ट्रैक्´-टिव्-निस्) ***n.*** the quality of being attractive, आकर्षक।

attributable (अ‍ॅ-ट्रिब्´-यु-टॅ-बॅल्) ***adj.*** able to be attributed, आरोप्य।

attribute (अ‍ॅ-ट्रिब्´-यूट्) ***v.*** (attributed, attributing) 1. to regard as belonging to, का होना। 2. to regard as produced by, से उत्पन्न होना। 3. to regard as resulting from, के परिणामस्वरूप होना। 4. to ascribe, (का) कारण बताना, (के) नाम से जोड़ना, (को) श्रेय देना। 5. to give, देना। ***n.*** 1. a characteristic quality, लक्षण, विशेषता, गुण। 2. an attributive, विशेषण या विशेषण पदबंध। 3. a symbol, प्रतीक।

attribution (ऐट्-रि-ब्यू´-शॅन्) ***n.*** 1. an act of attributing, कारण बताना, नाम से जोड़ना, श्रेय देना। 2. the act of giving, प्रदान।

attributive (अ‍ॅ-ट्रिब्´-यु-टिव्) ***adj.*** pertaining to an attribute, विशेषता या विशेषण-संबंधी। ***n.*** an adjective or adjectival phrase just preceding the noun modified, संज्ञा से पूर्व प्रयुक्त विशेषण या विशेषण पदबंध।

attrited (अ‍ॅ-ट्राइट्´-इड्) ***adj.*** worn by attrition, घिसा हुआ, रगड़ खाया हुआ, छीजा हुआ।

attrition (अ‍ॅ-ट्रिश्´-अ‍ॅन्) ***n.*** 1. the act of wearing away or the state of being worn

away, छीजना, घर्षण, रगड़, घिसाई। 2. the state of a gradual wearing down of number or strength, संख्या या शक्ति में निरंतर कमी होना। □ **a war of attrition,** वह लंबा चलनेवाला युद्ध जिसमें दोनो पक्षों का ह्रास हो रहा हो, ह्रासयुद्ध।

attune (अॅ-ट्यून्´) *v.* (attuned, attuning) 1. to bring into musical accord, सुर मिलाना। 2. to adapt or adjust, अनुकूल करना, समंजित करना।

atypical (ए-टिप्´-इ-कॅल्) *adj.* not typical, विचित्र, विलक्षण, असामान्य।

aubade (ओ-बैड्´, ओ-बाड्´) *n.* a dawn-song, प्रभात में गाया जानेवाला गीत, प्रभाती।

auberge (ओ-बॅःज्´) *n.* an inn, सराय।

auburn (आː´-बॅःन्) *adj.* reddish brown (said of hair), भूरे रंग का, सुनहरा।

aucourant (ओ-कु-रैन्ट´/रान्ट्´) *adj.* 1. well-informed, सुविज्ञ। 2. up-to-date, अद्यतन।

auction (आःक्´-शॅन्) *n.* a public sale of goods to the highest bidder, नीलाम। *v.* (auctioned, auctioning) to sell by auction, नीलाम करना।

auctioneer (आःक्-शॅ-निअॅः) *n.* one who conducts an auction, नीलामकर्ता।

audacious (आः-डे´-शॅस्) *adj.* 1. recklessly bold or daring, दुस्साहसी, दबंग। 2. impudent, धृष्ट या धृष्टतापूर्ण।

audaciousness (आः-डे´-शॅस्-निस्) *n.* = audacity.

audacity (आः-डैस्´-इ-टी) *n.* the quality of being audacious, दुस्साहस, धृष्टता।

audibility (आः-डि-बिल्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being audible, श्रव्यता, श्रव्यगुण।

audible (आː´-डि-बॅल्) *adj.* capable of being heard, loud enough to be heard, सुनाई पड़नेवाला, कर्णगोचर, श्रव्य।

audience (आː´-डि-अॅन्स्) *n.* 1. an act of hearing, सुनवाई। 2. a gathering of listeners or spectators, श्रोतागण, दर्शकगण, प्रेक्षकगण। 3. a formal interview with the king, भेंट, दर्शन।

audience chamber *n.* a room in which people gather to meet the king, भेंटकक्ष, दर्शनालय।

audio (आː´-डि-ओ) *adj.* of or relating to sound or hearing, श्रव्य।

audiology (आː-डि-ऑल्´-अॅ-जी) *n.* the science of hearing, श्रव्य विज्ञान।

audiovisual (आː-डि-ओ-विज़्´-ऊ-अॅल्) *adj.* of or involving both hearing and sight, श्रव्य-दृश्य।

audiovisuals (आː-डि-ओ-विज़्´-ऊ-अॅल्स्) *n.* (plu.) educational material such as film strips, recordings etc, श्रव्य-दृश्य सामग्री।

audit (आː´-डिट्) *n.* official examination of accounts, लेखा-परीक्षा, लेखा-परीक्षण। *v.* (audited, auditing) to examine acounts officially, लेखा-परीक्षा करना।

audition (आː-डिश्´-अॅन्) *n.* a trial to test the ability of a performer, अदाकारी परीक्षण। *v.* (auditioned, auditioning) to hold an audition, अदाकारी परीक्षण करना।

auditor (आː´-डि-टॅː) *n.* a qualified person whose business is to check account or account books, लेखा-परीक्षक।

auditorium (आː-डि-टोर्´-इ-अॅम्) *n.* a public hall or theatre in which the audience sits, प्रेक्षागृह, प्रेक्षागार।

auditory (आː´-डि-टॅर्/टोर्-ई) *adj.* of hearing, श्रव्य।

auf Wiederschen (ऑफ़्-वी´-डॅर्-ज़े-अॅन्) *interj.* goodbye, farewell, विदा। (जर्मनी)

auger (आː´-गॅː) *n.* a tool for boring holes in wood, बरमा, गिलमिट।

aught (आːट्) *n.* a naught or zero, शून्य, सुन्ना।

augment (आːग्-मॅन्ट्´) *v.* (augmented, augmenting) 1. to increase, बढ़ोतरी होना या करना, वृद्धि करना या होना। 2. to add, जोड़ना या जुड़ना।

augmentation (आːग्-मॅन्-टे´-शॅन्) *n.* increase, वृद्धि, बढ़ोतरी, आवर्धन।

augur (आː´-गॅː) *v.* (augured, auguring) 1. to predict, to foretell, भविष्य बताना। 2. to serve as an omen of, लक्षण या संकेत होना, शकुन होना। *n.* 1. one who predicts,

भविष्यवक्ता। 2. one who foretells the future from omens, शगुनियाँ।

augury (आ:´-ग्यु-री) *n.* 1. the art of telling the future from omens, शकुन-विद्या, शकुन-विचार। 2. prediction, भविष्य-कथन, भविष्यवाणी। 3. the predicted event, होनहार।

August (आ:´-गॅस्ट्) *n.* the eighth month of the year, अगस्त।

august (आ:´-गस्ट्) *adj.* imposing, majestic, भव्य, विशाल, महान।

auk (आ:क्) *n.* a seabird, एक समुद्री पक्षी, आक।

auld lang syne (ओल्ड्´-लैन्-ज़ाइन्´) *n.* the good old days of long past, पुराना ज़माना, बीता हुआ अच्छा समय, सुनहरे दिन। (स्कॉट भाषा)

aunt (आ:न्ट्, ऐन्ट्) *n.* 1. the sister of one's father or mother, बुआ, मौसी, आन्टी। 2. the sister-in-law of one's father or mother, चाची, मामी, आन्टी।

auntie (ऐन्´-टी) *n.* = aunt.

au pair (ऑ-पेअ:) *n.* a young girl from another country undertaking unpaid housework in return for board and lodging, ऐसी विदेशी युवती जो किसी परिवार में रहती तथा खाती-पीती हो और बदले में उसके छोटे-मोटे काम करती हो।

aura (ऑर्´-अॅ) *n.* 1. the atmosphere, वातावरण। 2. a faintly shining shadow that surrounds the human body, प्रभामंडल, प्रकाशचक्र।

aural (ऑर्´-अॅल्) *adj.* 1. pertaining to the ear, कर्ण-संबंधी, कान-संबंधी। 2. pertaining to the sense of hearing, श्रवण-संबंधी।

aureate (ऑर्´-इ-इट्) *adj.* golden, सुनहरा।

aureole (ऑर्´-इ-ओल्) *n.* a halo, प्रभामंडल, आभामंडल।

auricle (ऑर्´-इ-कॅल्) *n.* 1. the external part of the ear, बाहरी कान। 2. an earlike part, कान। 3. an atrium of the heart, हृद्गुहा।

auricular (आ:-रिक्´-यु-लॅ:) *adj.* 1. pertaining to the ear, कर्ण-संबंधी, कर्णज। 2. pertaining to the auricle of the heart, हृद्गुहा-संबंधी।

auriferous (आ:-रिफ़्´-अॅ-रॅस्) *adj.* gold-producing, gold-bearing, सोना उत्पन्न करनेवाला; ~ rocks, स्वर्ण शिलाएँ।

Aurora[1] (आ:-रोर्-अॅ) *n.* the goddess of the dawn, उषादेवी।

aurora[2] (आ:-रोर्´-अॅ) *n.* bands of many coloured light seen at night in polar regions, ध्रुव ज्योति।

auspice (आ:´-स्पिस्) *n.* 1. an omen, शकुन। 2. a forecast, भविष्यवाणी। 3. (plu.) patronage, संरक्षण। ☐ **under the auspices of**, किसी के संरक्षण या तत्त्वावधान में।

auspicious (आ:-स्पिश्´-अॅस्) *adj.* 1. of good omen, शुभ, मांगलिक, मंगलकारक। 2. predicting success, सफलता-द्योतक। 3. favourable, अनुकूल।

Aussie (आ:´-सी) *n.* an Australian, आस्ट्रेलियावासी।

austere (आ:-स्टिअ:) *adj.* 1. very simple, plain, सीधा-सादा, सादा, आडंबरविहीन। 2. without adornment, bare, अलंकार-विहीन, सादगी-भरा। 3. full of restraint, संयमित। 4. stern, कठोर। 5. serious, गंभीर।

austerity (आ:-स्टॅर्´-इ-टी) *n.* the state of being austere, सादगी, आडंबरहीनता; संयम।

austral (आ:´-स्ट्रल्) *adj.* southern, दक्षिणी।

Australian (आ:-स्ट्रेल्´-इ-अॅन्) *adj.* of Australia, आस्ट्रेलियाई, आस्ट्रेलिया-संबंधी। *n.* an Aussie, आस्ट्रेलियावासी।

Austrian (आ:-स्ट्रि´-अॅन्) *adj.* of Austria, आस्ट्रियाई। *n.* an inhabitant of Austria, आस्ट्रियावासी।

autarchy (आ:´-टा:-की) *n.* despotism, निरंकुश शासन, निरंकुशता।

autarky (आ:´-टा:-की) *n.* 1. the theory that a country should produce everything at home and not depend on imports, स्वदेशी विचारधारा, स्वदेशीवाद, आत्मनिर्भरता का सिद्धांत।

authentic (आ:-थॅन्´-टिक्) *adj.* 1. worthy of trust, विश्वसनीय। 2. genuine, real, वास्तविक, सच्चा, प्रामाणिक।

authenticate (आ:-थॅन्´-टि-केट्) *v.* (authenticated, authenticating) to prove the au-

thenticity of, प्रामाणिकता सिद्ध करना।

authenticity (आ:-थॅन्-टिस्´-इ-टी) ***n.*** the quality of being authentic, विश्वसनीयता; वास्तविकता, प्रामाणिकता।

author (आ:´-थ:) ***n.*** 1. a book-writer, a writer, लेखक, रचयिता। 2. the originator of a plan, प्रणेता।

authoress (आ:´-थॅ-रिस्) ***n.*** a female writer, लेखिका।

authoritarian (ॲ-थॉर्-इ-टेर्´-इ-ॲन्) ***adj. & n.*** supporting or favouring absolute obedience to authority (as opposed to individual freedom), सत्ता का पक्षधर, सत्तावादी, निरंकुश।

authoritarianism (ॲ-थॉर्-इ-टेर्´-ॲ-निज्-ॲम्) ***n.*** despotism, non-democratic rule, सत्तावाद, निरंकुशवाद।

authoritative (ॲ-थॉर्´-ॲ-टे-टिव्) ***adj.*** 1. commanding, अधिकारपूर्ण, प्राधिकारिक। 2. official, आधिकारिक। 3. accepted as reliable, विश्वसनीय, विश्वस्त, प्रामाणिक।

authoritatively (ॲ-थॉर्´-ॲ-टे-टिव्-ली) ***adv.*** in an authoritative manner, अधिकारपूर्वक।

authority (ॲ-थॉर्´-इ-टी) ***n.*** 1. the right to command, प्राधिकार। 2. the power to enforce law, सत्ता। 3. the person (or group) having right or power, प्राधिकारी, सत्ताधारी। 4. a person having special knowledge about some field, अधिकारी, प्राधिकारी, विशेषज्ञ।

authorization (आ:-थॅ-रि-ज़े´-शॅन्) ***n.*** delegation of authority, empowering with authority, प्राधिकार देना।

authorize (आ:´-थॅ-राइज़्) ***v.*** (authorized, authorizing) to give authority to, प्राधिकार देना, प्राधिकृत करना।

authorized (आ:´-थॅ्-राइज़्ड्) ***v.*** empowered, प्राधिकृत।

authorship (आ:´-थ:-शिप्) ***n.*** 1. the profession of writing books, पुस्तक-लेखन, लेखन-व्यवसाय। 2. the origin of a book, पुस्तक का स्रोत। 3. the originator of a book, पुस्तक-प्रणेता। 4. the dignity of an author, लेखक-गौरव।

autism (आ:´-टिज़्-ॲम्) ***n.*** a state or form of mental illness in which a patient has very limited ability to communicate, भाषण-अक्षमता।

autistic (आ:-टिस्´-टिक्) ***adj.*** suffering from autism, भाषण-अक्षम।

auto[1] (आ:´-टो) ***n.*** an automobile, गाड़ी, कार।

auto[2] ***prefix*** by oneself, by itself, आत्म-, स्व-।

autobiographical (आ:-टो-बाइ-ॲ-ग्रैफ़्´-इ-कॅल्) ***adj.*** of or pertaining to an autography, आत्मकथापरक, आत्मकथात्मक।

autobiography (आ:-टो-बाइ-ऑग्´-रॅ-फ़ी) ***n.*** life of a person written by himself, आत्मकथा, आत्मचरित।

autocracy (आ:-टॉक्´-रॅ-सी) ***n.*** 1. government by a single absolute ruler, तानाशाही, निरंकुश शासन।

autocrat (आ:´-टॅ-क्रैट्) ***n.*** an absolute ruler, तानाशाह, निरंकुश शासक।

autocratic (आ:´-टॅ-क्रैट्-इक्) ***adj.*** of or like an autocrat, तानाशाही।

autogenic (आ:-टॅ-जॅन्´-इक्) ***adj.*** self-produced, स्वरचित।

autograph (आ:´-टॅ-ग्रैफ़्/ग्राफ़्) ***n.*** a person's own signature, स्वहस्ताक्षर। ***v.*** (autographed, autographing) to write one's own name, स्वहस्ताक्षर करना, स्वहस्ताक्षरित करना।

automate (आ:´-टॅ-मेट्) ***v.*** (automated, automating) 1. to convert to automation, स्वचालित यंत्रों से युक्त करना। 2. to operate by automation, स्वचालित मशीनों से उत्पादन करना।

automatic (आ:-टॅ-मैट्´-इक्) ***adj.*** 1. operating by itself, स्वचालित। 2. done from habit or routine, स्वत:प्रवृत्त। ***n.*** 1. an automatic machine, स्वचालित यंत्र। 2. a self-loading pistol, स्वचालित पिस्तौल।

automation (आ:-टॅ-मे´-शॅन्) ***n.*** 1. the use of automatic machines to save manual labour, स्वचालित यंत्रों का प्रयोग। 2. a person

who works like a machine, मशीन की तरह काम करनेवाला व्यक्ति, यंत्र-पुरुष।

automobile (आः-टॅ-मॅ-बील्´, आः-टॅ-मो-बील्´) ***n.*** a motor vehicle, a car, कार, मोटरकार, मोटरगाड़ी।

automotive (आः-टॅ-मो´-टिव्) ***adj.*** of or pertaining to motor vehicles, मोटरगाड़ी-संबंधी।

autonomic (आः-टॅ-नॉम्´-इक्) ***adj.*** functioning by itself, स्वचल, स्वचालित।

autonomous (आः-टॉन्´-ॲ-मॅस्) ***adj.*** self-governing, स्वायत्त; autonomous government, स्वायत्त शासन।

autonomy (आः-टॉन्´-ॲ-मी) ***n.*** right of self-government, स्वायत्तता।

autopsy (आः´-टॉप्-सी) ***n.*** postmortem, शवपरीक्षा, शवपरीक्षण।

auto-suggestion (आः-टो-सॅ-जेस्´-चॅन्) ***n.*** a suggestion coming from within, आत्मनिर्देश, आत्मप्रेरणा, आत्म-सुझाव।

autumn (आः´-टॅम्) ***n.*** 1. the season between summer and winter, शरद ऋतु, शरत्काल। 2. the period of maturity verging on decline, प्रौढ़ावस्था। ***adj.*** autumnal, शरत्कालीन।

autumnal (आः-टॅम्´-नॅल्) ***adj.*** of or pertaining to autumn, शरद्कालीन, शारदीय, शरत्कालीन।

auxiliary (आःग्-ज़िल्´-यॅ-री) ***adj.*** 1. helping, supporting, सहायक; auxiliary verb, सहायक क्रिया। 2. supplementary, पूरक। 3. additional, अतिरिक्त। ***n.*** an assistant, सहायक, सहयोगी।

avail (ॲ-वेल्´) ***v.*** (availed, availing) to be of use, उपयोगी होना, काम आना, लाभकारी सिद्ध होना। ***n.*** advantage, लाभ, फल। □ **of no avail**, useless, बेकार, व्यर्थ, अनुपयोगी।

availability (ॲ-वे-लॅ-बिल्´-इ-टी) ***n.*** the state of being available, सुलभता, प्राप्यता।

available (ॲ-वे´-लॅ-बॅल्) ***adj.*** easy to get, at hand, सुलभ, प्राप्य; The doctor is not available now, इस समय डॉक्टर नहीं मिलेंगे।

avalanche (ऐव्´-ॲ-लान्च् / लैन्च्) ***n.*** 1. a large mass of snow sliding down a mountain side, हिमस्खलन। 2. a great onrush, भारी मात्रा में आना, भरमार, वर्षा, बौछार।

avantgarde (ॲ-वान्ट्´-गाःड्) ***n.*** applying ultramodern ideas in writing, नवविचारक, नवशैलीकार। 2. those leading a movement, आंदोलनकर्ता। 3. vanguard, हरावल।

avarice (ऐव्´-ॲ-रिस्) ***n.*** excessive greed for wealth, धनलोलुपता।

avaricious (ऐव्-ॲ-रिश्´-ॲस्) ***adj.*** greedy for wealth, धनलोलुप, लोभी।

avast (ॲ-वास्ट् / वैस्ट्´) ***interj.*** stop! रोको या रुको!

avaunt (ॲ-वाःन्ट्´) ***interj.*** go away! परे हट, धत्।

avenge (ॲ-वेंन्ज्´) ***v.*** (avenged, avenging) to take revenge, बदला लेना, बदला चुकाना, प्रतिकार करना। ***n.*** revenge, बदला, प्रतिकार, प्रतिशोध।

avenue (ऐव्´-ॲन्-यु) ***n.*** 1. a wide street, चौड़ा रास्ता। 2. the means of getting something, रास्ता, मार्ग, उपाय, युक्ति।

aver (ॲ-वः´) ***v.*** (averred, averring) 1. to state forcefully, जोर देकर कहना, दृढ़तापूर्वक कहना। 2. to declare, घोषणा करना, घोषित करना।

average (ऐव्´-ॲ-रिज्) ***n.*** normal amount, level, degree or quality, औसत। ***adj.*** of normal standard, सामान्य, औसत दर्जे का, औसत। ***v.*** (averaged, averaging) 1. to calculate the average of, औसत निकालना। 2. to amount to an average, औसत होना, औसत पड़ना।

averment (ॲ-वः´-मॅन्ट्) ***n.*** 1. a forceful statement, दृढ़कथन। 2. an affirmation, रज़ामंदी, सहमति।

averse (ॲ-वःस्´) ***adj.*** 1. opposed, विरुद्ध, प्रतिकूल। 2. unwilling, disinclined, अनिच्छुक, विमुख।

aversion (ॲ-वः´-ज़्हन्) ***n.*** 1. intense dislike, नफ़रत, घृणा, जुगुप्सा। 2. something disliked, घृणित वस्तु।

avert (ॲ-वःट्´) ***v.*** (averted, averting) 1. to turn away, फेर लेना, घुमा लेना, मोड़ लेना। 2. to prevent from happening, to ward off,

रोकना, बचाना।

avian (ए´-वि-अॅन्) *adj.* of birds, पक्षी-संबंधी।

aviary (ए´-वि-अॅर्‌-ई) *n.* 1. a large cage for keeping birds, पिंजरा, दरबा। 2. a place or building for keeping birds, बाड़ा, पक्षीगृह।

aviate (ए´-वि-एट्) *v.* (aviated, aviating) 1. to fly an aircraft, विमान चलाना। 2. to travel in an aircraft, विमान से यात्रा करना।

aviation (ए-वि-ए´-शॅन्) *n.* the art or science of flying aircraft, विमान चलाना, हवाई जहाज़ उड़ाना।

aviator (ए´-वि-ए-टः) *n.* a pilot of an aircraft, विमानचालक। [Fem aviatrix, विमानचालिका]

aviculture (ए´-वि-कॅल्-चॅः) *n.* breeding of birds, पक्षीपालन।

avid (ऐव्´-इड्) *adj.* 1. greedy, लोभी, लालची। 2. eager, उत्सुक, आतुर, लालायित।

avocation (ऐव्-अॅ-के´-शॅन्) *n.* minor occupation, उपव्यवसाय, शगल।

avoid (अॅ-वॉइड्´) *v.* (avoided, avoiding) 1. to keep away from, दूर रहना, बचना या बचाना, पीछा छुड़ाना या छोड़ना। 2. to refrain from, बाज़ आना, किनाराकशी करना।

avoidable (अॅ-वॉइ´-डॅ-बॅल्) *adj.* that can be avoided, परिहार्य।

avoidance (अॅ-वॉइड्´-अॅन्स्) *n.* an act of avoiding, बचाव, परिहार, किनाराकशी।

avoirdupois (ऐव्-अॅः-डु-पॉइज़्´) *n.* excessive weight, वज़न की अधिकता, स्थूलता, मोटापा, शरीर का भारी होना।

avouch (अॅ-वॉउच्´) *v.* (avouched, avouching) 1. to vouch for, ज़िम्मेदारी लेना। 2. to guarantee, गारंटी करना, आश्वासन देना। 3. to affirm, दृढ़तापूर्वक कहना। 4. to acknowledge or confess, स्वीकार करना, मानना।

avouchment (अॅ-वॉउच्´-मॅन्ट्) *n.* an act of avouching, ज़िम्मेदारी, गारंटी, आश्वासन, दृढ़कथन, स्वीकृति।

avow (अॅ-वॉउ´) *v.* (avowed, avowing) 1. to assert, दृढ़तापूर्वक कहना। 2. to confess, स्वीकार करना।

avowal (अॅ-वॉउ´-अॅल्) *n.* frank admission, स्वीकृति, मान लेना।

avowedly (अॅ-वॉउड्´-ली) *adv.* clearly, स्पष्ट रूप से, स्पष्टतः, साफ़-साफ़।

avuncular (अॅ-वन्´-क्यु-लॅः) *adj.* 1. of or pertaining to an uncle, चाचा-संबंधी। 2. friendly, मित्रतापूर्ण।

await (अॅ-वेट्´) *v.* (awaited, awaiting) 1. to wait for, इंतज़ार करना, प्रतीक्षा करना, बाट जोहना, रास्ता देखना। 2. to be waiting for, प्रतीक्षा में होना, इंतज़ार में रहना।

awake (अॅ-वेक्´) *v.* (awoke/awaked, awaking) 1. to wake, जागना या जगाना। 2. to become or cause to become alert, सचेत होना या करना, जाग उठना या जगा देना, सावधान हो जाना या कर देना। *adj.* 1. not sleeping, जो सो न रहा हो, जागा हुआ, उठा हुआ। 2. alert, सतर्क, सावधान, सचेत।

awaken (अॅ-वे´-कॅन्) *v.* (awakened, awakening) 1. to awake, जागना या जगाना। 2. to become or cause to become alert, सतर्क होना या करना।

awakening (अॅ-वेक्´-अॅन्-इंग्) *n.* the state of being awoken, जागृति, जागरण, जाग उठना।

award (अॅ-वाःड्) *v.* (awarded, awarding) 1. to give as a reward, पुरस्कार देना, इनाम देना। 2. to give by a court's decision, आधिकारिक रूप से देना, प्रदान करना। *n.* 1. something given as a reward, पुरस्कार, इनाम। 2. a court's decision, न्यायालय का निर्णय, न्यायनिर्णय। 3. the decision of an arbitrator, पंचनिर्णय।

aware (अॅ-वेअॅः) *adj.* 1. having know-ledge, अवगत। 2. having good understanding, जानकार, विज्ञ, समझदार।

awareness (अॅ-वेअॅः-निस्) *n.* the state of being aware, जानकारी, ज्ञान।

awash (अॅ-वाःश्´) *adj.* 1. flooded, बाढ़ग्रस्त, प्लावित। 2. afloat, बहता हुआ।

away (अॅ-वे´) *adv.* 1. to another place, at a distance, दूर, परे, अन्यत्र। 2. to an end, समाप्ति पर। 3. continuously, निरंतर। 4. immediately, तुरंत। *adj.* 1. distant, दूरस्थित। 2. (a match) played on the other's ground,

अन्यत्र खेला जानेवाला।

awe (आः) *n.* a feeling of respect mixed with fear or wonder, दबदबा, रोब, संभ्रम, विस्मय। *v.* (awed, awing) to fill with awe, दबदबे में आना, रोब में आ जाना, संभ्रमित हो जाना।

aweary (अॅ-विअॅर्´-ई) *adj.* not weary or tired, जो थका न हो, अश्रांत।

awe-inspiring (आः-इन्-स्पाइर्´-इंग्) *adj.* causing feelings of awe, विस्मय करनेवाला, विस्मयकारी।

awesome (आः-सम्´) *adj.* 1. causing feelings of awe, विस्मयकारी। 2. mysterious, रहस्यपूर्ण।

awestricken, awestruck (आः´-स्ट्रिक्-अॅन्, आः´-स्ट्रक्) *adj.* overwhelmed with, विस्मयाकुल, विस्मय और डर से अभिभूत, आतंकित।

awful (आः´-फ़ुल्) *adj.* 1. inspiring awe, विस्मयकारी। 2. terrible, shocking, भयावह, भयंकर। 3. very bad, बहुत बुरा। 4. too much, अत्यधिक।

awfully (आः´-फ़ु-ली) *adv.* 1. very much, अत्यधिक; Awfully sorry to trouble you, कष्ट के लिए अत्यधिक खेद व्यक्त करता हूँ। 2. in an awful manner, भयावह रूप से।

awhile (अॅ-ह्वाइल्´) *adv.* for a short time, कुछ देर के लिए, थोड़ी देर के लिए।

awhirl (अॅ-ह्वॅःल्´) *adj.* whirling, चक्कर लगाता हुआ, घूमता हुआ।

awkward (आःक्´-वॅःड्) *adj.* 1. clumsy, भद्दा, बेढंगा। 2. difficult to deal with, विकट, बेढंगा, अटपटा। 3. embarrassing, तंग करनेवाला।

awl (आःल्) *n.* a tool for making holes, सुआ।

awning (आः´-निंग्) *n.* a covering (of canvas), सायबान, तिरपाल।

awoke (अॅ-वोक्´) *v.* p.t. of awake.

awoken (अॅ-वोक्´-अॅन्) *v.* p.p. of awake.

awry (अॅ-राइ´) *adj.* 1. crooked, टेढ़ा, वक्र, तिरछा। 2. wrong, ग़लत, गड़बड़, गड़बड़ाया हुआ। ☐ **go awry,** गड़बड़ा जाना।

ax, axe (ऐक्स्) *n.* 1. a tool for cutting down trees, कुल्हाड़ी, कुठार। 2. a stroke with the axe, कुठाराघात। *v.* (axed, axing) 1. to chop with an ax, कुल्हाड़ी से काटना, कुल्हाड़ी से चीरना, कुठाराघात करना। 2. to dismiss, to terminate, पदच्युत करना, निकाल बाहर करना। 3. to restrict, रोक लगाना, पाबंदी लगाना। ☐ **to have an axe to grind,** स्वार्थवश कदम उठाना, अपना उल्लू सीधा करना।

axial (ऐक्´-सि-अॅल्) *adj.* of an axis, अक्ष-संबंधी, अक्षीय।

axially (ऐक्´-सि-अॅ-ली) *adv.* along an axis, अक्ष के समानांतर।

axiom (ऐक्´-सि-अॅम्) *n.* universally accepted truth, maxim, सूक्ति।

axiomatic (ऐक्´-सि-अॅ-मैट्´-इक्) *adj.* of or pertaining to an axiom, सूक्ति-संबंधी, सूक्तीय।

axis (ऐक्´-सिस्) *n.* a shaft or the (imaginary) straight line around which a body rotates, धुरी, अक्ष।

axle (ऐक्´-सॅल्) *n.* a spindle on or with which a wheel revolves, धुरा, कीली।

axle-tree (ऐक्´-सॅल्-ट्री) *n.* a bar connecting a pair of carriage wheels, धुरा, धुरा-दंड।

aye (ए) *adv.* yes, हाँ। *n.* (plu.) votes or voters in favour of a proposal, प्रस्ताव के समर्थक मत या मतदाता। ☐ **The ayes have it,** समर्थकों की जीत हुई।

azimuth (ऐज़्´-इ-मॅथ्) *n.* a vertical arc of sky from zenith to horizon, दिगंश।

azoic (अॅ-ज़ो´-इक्) *adj.* 1. without life, निर्जीव। 2. having no trace of life, प्राणी-विहीन, जीवविहीन।

azure (ऐज़्ह्´-अॅः, ऐज़्´-अॅः) *adj.* 1. sky-blue, आसमानी, नीलवर्ण। 2. the unclouded sky, मेघशून्य या निर्मल आकाश। *n.* sky-blue colour, आसमानी रंग, नीला रंग।

B

B,b (बी) *n.* 1. the second letter of the English alphabet, अंग्रेज़ी वर्णमाला का दूसरा वर्ण, बी। 2. the second in the series, द्वितीय श्रेणी।

baa (बा) *n.* the bleat of a sheep, भेड़ के मिमियाने का शब्द। *v.* (baaed, baaing) to bleat, मिमियाना।

babble (बैब्´-अॅल्) *v.* (babbled, babbling) 1. to utter meaningless sounds, बड़बड़ करना, बड़बड़ाना, प्रलाप करना। 2. to talk foolishly, बकबक करना, बकवाद करना। 3. to make a continuous murmuring sound, कलकल करना। 4. to disclose secrets (foolishly, मूर्खतापूर्वक) भेद कह डालना। *n.* 1. meaningless mixture of sounds, बकबक, बड़बड़, कोलाहल। 2. foolish talk, बकवाद, प्रलाप। 3. murmuring sound, कलकल।

babbler (बैब्´-लॅ:) *n.* 1. one who babbles, बड़बड़ करनेवाला व्यक्ति, बड़बड़िया, बकवादी। 2. one who discloses secrets, रहस्य बता देने-वाला।

babe (बेब्) *n.* 1. a baby, बच्चा। 2. an inexperienced person, अनुभवहीन व्यक्ति। 3. (slang) a girl, लड़की।

babel (बे´-बॅल्) *n.* a confused mixture of voices, कोलाहल, शोर-शराबा, हल्ला-गुल्ला।

baboo, babu (बा´-बू) *n.* 1. an Indian who has a little English education, अंग्रेज़ीपरस्त भारतवासी। 2. a clerk, बाबू, लिपिक।

baboon (बै-बून्´) *n.* 1. a large African dog-like monkey, कुत्ते की शक्लवाला अफ़्रीकी बंदर, बैबून। 2. a foolish person, मूर्ख व्यक्ति।

baby (बे´-बी) *n.* 1. an infant, दूधपीता छोटा बच्चा, शिशु। 2. a childish person, बचकानी हरकतें करनेवाला आदमी। 3. the youngest member of a family or group, परिवार या वर्ग में सबसे छोटी उम्रवाला व्यक्ति, बच्चा। 4. (slang) a young girl or woman, युवती, जवान लड़की। 5. something small of its kind, अपनी तरह की छोटी वस्तु। ☐ **be left holding the baby,** अप्रिय दायित्व सँभालना पड़ना, **It's your baby.** यह काम आपका है/यह आपको ही करना होगा। *adj.* 1. of a baby, बच्चे का। 2. small, छोटा।

babyhood (बे´-बी-हुड्) *n.* infancy, बालपन, शैशव, बाल्यावस्था।

babyish (बे´-बि-इश्) *adj.* like a baby, बच्चों-जैसा, बचकाना।

babyminder (बे´-बी-माइन्-डॅ:) *n.* = babysitter.

babysitter (बे´-बी-सिट्-अॅ:) *n.* a person who takes care of babies in the absence of their parents, माता-पिता की गैरहाज़िरी में बच्चों को सँभालनेवाला व्यक्ति, शिशु-सेवक, बाल-परिरक्षक।

baccalaureate (बैक्-अॅ-लॉ:र्´-इ-इट्) *n.* 1. the degree of a bachelor, स्नातक की उपाधि। 2. a sermon delivered at a college commencement, नई कक्षा को दिया जानेवाला उपदेश।

bacchanal (बा-कॅ-नाल्´) *n.* a wild party, दावते दारू, सुरा-गोष्ठी।

Bacchus (बै´-कॅस्) *n.* the god of wine, सुरा-देवता।

bachelor (बैच्´-अॅ-लॅ:) *n.* 1. an unmarried man, कुमार, कुँआरा लड़का। 2. the holder of a bachelor's degree, स्नातक।

bachelor girl *n.* an unmarried young girl, कुमारी, कुँआरी लड़की, कुमारिका।

bachelorhood (बैच्´-अॅ-लॅ:-हुड्) *n.* the state of being a bachelor, कौमार्य; स्नातकत्व।

bachelor's degree *n.* the first degree of a university, स्नातक उपाधि।

bacillary (ब्रेस्´-इ-लैर्-ई) *adj.* pertaining to bacilli, दंडाणु-संबंधी।

bacillus (बॅ-सिल्´-ॲस्) *n.* (plu. bacilli) a rod like bacteria, दंडाणु।

back (बैक्) *n.* 1. the part of the body from neck to hip, पीठ। 2. the part of the garment covering the back, पीठ। 3. the part behind the front, पिछवाड़ा, पिछली तरफ़, पिछला हिस्सा या भाग। 4. the opposite or reverse side, पृष्ठ भाग, पिछवाड़ा। 5. a hocky or football player positioned in the backfield, बैक। 6. the backbone, रीढ़। 7. strength, बल, ताक़त। □ **behind one's back,** किसी की पीठ पीछे, चोरी-छिपे; **break one's back,** जी तोड़ मेहनत करना; **break the back of,** काम का कठिन भाग पूरा करना; **with one's back to the wall,** विवश होकर, दुखी होकर; **turn one's back on,** मुँह फेर लेना, मुँह मोड़ लेना, उपेक्षा करना, साथ छोड़ देना। *adj.* 1. at the back, पिछला, पश्च। 2. of past time, पिछला, गत, विगत। 3. made by raising the tongue at the back, पश्च; back vowel, पश्च स्वर। 4. earlier than the most recent one, पुराना, पूर्ववर्ती, पश्च; back issue, पुराना अंक। 5. remote, दूरस्थ, दूरस्थित। *adv.* 1. at the back, towards the back, पिछली तरफ़, पीछे की ओर। 2. away, दूर। 3. to a former place, पहले, पीछे। 4. in return, बदले में। 5. in the past, पहले। *v.* (backed, backing) 1. to move backward, पीछे हटना या हटाना, पीछे ले जाना या जाना। 2. to support, समर्थन करना, सहारा देना। 3. to bet on, दाँव लगाना, बाज़ी लगाना। 4. to mount, सवार होना, चढ़ना। □ **back away,** पीछे हट जाना; **back up,** समर्थन या सहायता करना; **back down,** माँग छोड़ देना; **back out of,** = back down; **go back on,** मुकर जाना, वादे से हटना, धोखा दे जाना।

backache (बैक´-एक्) *n.* a pain in the back, पीठ का दर्द, पीठ-दर्द।

backbench (बैक्-बॅन्च्´) *n.* the Members of the Parliament who sit on the back seats, संसद में पीछे की सीटों पर बैठनेवाले सदस्य।

backbite (बैक्´-बाइट्) *v.* (backbit, backbitten, backbiting) to speak ill of others in their absence, पीठ (के) पीछे बुराई करना, चुगली खाना।

backbiter (बैक्´-बाइट्-ॲ:) *n.* one who speaks ill of others in their absence, चुगलख़ोर, पीठ (के) पीछे बुराई करनेवाला।

backbiting (बैक्´-बाइट्-इंग्) *n.* an act of speaking ill of others, पीठ पीछे की जानेवाली बुराई, चुगलख़ोरी।

backbone (बैक्´-बोन्) *n.* 1. the spine, रीढ़ (की हड्डी)। 2. strength of character, चरित्रबल, चारित्रिक दृढ़ता। 3. chief support, मुख्य आधार या अवलंब।

backbreaking (बैक्-ब्रे´-किंग्) *adj.* demanding or requiring great physical exertion, arduous, कमर-तोड़, श्रमसाध्य, दुष्कर।

backdate (बैक्´-डेट्) *v.* (backdated, backdating) to write a previous date on, पिछली तारीख़ डालना।

backdated (बैक्´-डे-टिड्) *adj.* marked with previous date, पूर्व दिनांकित, पिछली तारीख़ का।

backdoor (बैक्´-डो:) *adj.* secret, गुप्त।

backdrop (बैक्´-ड्रॉप्) *n.* a painted curtain hung at the back of the stage, पिछला परदा, पृष्ठपट।

backer (बैक्´-ॲ:) *n.* one who supports, समर्थक।

backfire (बैक्´-फ़ाइ:) *n.* premature explosion in the cylinder of an internal combustion engine, प्रतिविस्फोट। *v.* (backfired, backfiring) 1. to explode prematurely, प्रतिविस्फोट होना। 2. to produce an undesired result, उलटा नतीजा निकलना, निष्फल या व्यर्थ हो जाना।

background (बैक्´-ग्राउन्ड्) *n.* 1. the back surface of a scene or picture, पृष्ठभूमि। 2. conditions and events forming a setting or influencing something, पृष्ठभूमि, पूर्वपीठिका। 3. one's total experience and

knowledge, अनुभव और ज्ञान की समग्रता, अंनुभव तथा ज्ञान का आधार।

background music *n.* subdued or subordinated music played in a dramatic performance, पार्श्व संगीत।

backhand (बैक्´-हैन्ड्) *n.* the stroke made with the back of the hand facing front, उलटे हाथ से किया हुआ प्रहार, उलटा प्रहार।

backhanded (बैक्´-हैन्-डिड्) *adj.* 1. with the back of the hand, उलटे हाथ से किया हुआ। 2. indirect, अप्रत्यक्ष। 3. unfair or sarcastic, अनुचित या व्यंग्यपूर्ण।

backhander (बैक्´-हैन्ड्-अॅ:) *n.* a stroke or blow made with the backhand, उलटे हाथ का प्रहार।

backing (बैक्´-इंग्) *n.* 1. assistance, moral support, सहायता, समर्थन, नैतिक समर्थन। 2. the body of supporters, समर्थकगण, समर्थकवृंद। 3. something that is used to strengthen the back of an object, पृष्ठाधार।

backlash (बैक्´-लैश्) *n.* 1. a violent backward motion as of a machine, झटका। 2. a hostile reaction, प्रतिकूल प्रतिक्रिया।

backless (बैक्´-लिस्) *adj.* 1. without a back, बिना पीठ का। 2. (of a dress) cut low at the back, जिससे पीठ नंगी दिखाई दे, पृष्ठविहीन।

backlog (बैक्´-लॉग्) *n.* accumulation of unfinished work, रुका-पड़ा काम, बकाया काम, काम का ढेर या पहाड़। *v.* (backlogged, backlogging) to accumulate a backlog, बकाया काम का ढेर लगाना या लगा होना।

back number (बैक्´-नम्-बॅ:) *n.* 1. the issue earlier than the current one, पिछला या पुराना अंक। 2. outdated or old fashioned thing or person, दकियानूसी वस्तु या व्यक्ति।

back of beyond *n.* a very distant place, कोसों दूर स्थान।

backpedal (बैक्´-पेंड्-अॅल्) *v.* (backpedalled, backpedalling) 1. to rotate the pedals in the reverse direction, पैडल पीछे या उलटे घुमाना। 2. to back out of one's promise, वादे से मुकर जाना।

backrest (बैक्´-रेंस्ट्) *n.* a support for the back, पृष्ठाधार, पीठ।

backseat (बैक्´-सीट्´) *n.* 1. a seat in the back, पिछली सीट। 2. a subordinate position, गौण स्थिति, कम महत्त्व की जगह।

backside (बैक्´-साइड्) *n.* the buttocks, चूतड़।

backslide (बैक्´-स्लाइड्) *v.* (backslided, backsliding) to revert to wrong doing, फिर से ग़लत काम करने लगना, फिर बिगड़ जाना।

backstage (बैक्´-स्टेज्) *adv.* 1. behind the curtain, नेपथ्य में, पर्दे के पीछे। 2. secretly, चोरी-छिपे, अंदर ही अंदर। *n.* the part behind the stage, नेपथ्य। *adj.* of or about the private lives of theatre people, अभिनेताओं के व्यक्तिगत जीवन से संबद्ध।

backstairs (बैक्´-स्टेअॅ:स्) *adj.* underhand, secret, गोपनीय, गुप्त, चोरी-छिपे होने या किया जानेवाला।

backstroke (बैक्´-स्ट्रोक्) *n.* a backhand stroke, उल्टे हाथ का प्रहार, पश्च प्रहार।

backtrack (बैक्´-ट्रैक्) *v.* (backtracked, backtracking) 1. to go back, लौट आना, लौट जाना। 2. to draw back, पीछे हट जाना, हाथ खींच लेना।

backup (बैक्´-अप्) *n.* 1. backing, support, सहायता, समर्थन। 2. a substitute, स्थानापन्न।

backward (बैक्´-वॅ:ड्) *adj.* 1. directed towards the back, पश्चाभिमुख, पश्चगामी। 2. reversed, उलटा, प्रतीप। 3. returning, वापसी। 4. behind or retarded in progress, पिछड़ा, मंद, अविकसित, फिसड्डी। 5. reluctant, unwilling, अनिच्छुक। *adv.* = backwards.

backwardness (बैक्´-वॅ:ड्-निस्) *n.* the state of being backward, पिछड़ापन।

backwards (बैक्´-वॅ:ड्स्) *adv.* 1. toward the back, पीछे, पीछे की ओर, पिछली तरफ़। 2. in reverse, उलटे। 3. toward the past, पीछे की ओर, पहले। □ **bend or lean over backwards,** पूरा ज़ोर लगाना, जी-जान लगाना।

backwash (बैक्´-वॉश्) *n.* 1. a backward flow or motion, पश्चप्रवाह, उलटा बहाव, पश्चगति। 2. the result of some event, परिणाम।

backwater (बैक्´-वा:-टॅ:) *n.* 1. a stretch of stagnant water out of the main stream, खड़ा पानी। 2. a place unaffected by new ideas, पिछड़ा इलाका। 3. a stagnated state of mind, मानसिक जड़ता।

backwoods (बैक्´-वुड्स्´) *n.* uncleared forest land far from civilization, घना जंगल, जंगली इलाका।

backwoodsman (बैक्´- वुड्स्´-मॅन्) *n.* one who lives in the backwoods, जंगली आदमी, वन्यपुरुष।

backyard (बैक्´-या:ई) *n.* a yard behind a house, घर के पीछे का आँगन, पश्चांगन।

bacon (बे´-कॅन्) *n.* salted or smoked meat of a pig, सुअर का भुना तथा नमकीन गोश्त। □ **bring home the bacon,** (i) जीविका चलाना; (ii) सफल होना, सफलता प्राप्त करना।

bacteria (बैक्-टिअर्´-इ-अॅ, बैक्-टीर्´-ई-अँ) *n.* plu. of bacterium, जीवाणु।

bactericide (बैक्-टिअर्´-इ-साइड्) *n.* a substance that destroys bacteria, जीवाणुनाशक पदार्थ।

bacteriological (बैक्-टिअर्-इ-अॅ-लॉज्´-इ-कॅल्) *adj.* pertaining to bacteriology, जीवाणु-विज्ञान-संबंधी।

bacteriologist (बैक्-टिअर्-इ-ऑल्´-अॅ-जिस्ट्) *n.* an expert in bacteriology, जीवाणु विज्ञानी।

bacteriology (बैक्-टिअर्-इ-ऑल्´-अॅ-जी) *n.* the science dealing with the study of bacteria, जीवाणु-विज्ञान।

bacterium (बैक्-टिअर्´-इ-अम्) *n.* a very small living thing, a microscopic organism जीवाणु।

bad (बैड्) *adj.* (worse, worst) 1. not good, बुरा, बद। 2. of poor quality, inferior, घटिया दर्जे का, घटिया। 3. spoiled, defective, दूषित, ख़राब, बिगड़ा हुआ। 4. unsuitable unfavourable, अनुपयुक्त। 5. severe, intense, तेज़, घोर, प्रचंड। 6. hurtful, हानिकर। 7. diseased, रुग्ण, अस्वस्थ। □ **in bad faith,** बुरी नीयत से; **feel bad about,** दुखी होना; **go from bad to worse,** पहले से भी ख़राब हो जाना, बिगड़ते चलना; **go bad,** ख़राब हो जाना, बिगड़ जाना; **get a bad name,** बदनाम हो जाना; **in a bad temper,** क्रुद्ध; **not bad,** ठीक ही ठीक, काम चलाने लायक। *n.* that which is bad, बुरी चीज़ या बात। □ **take the bad with the good,** जीवन में अच्छी और बुरी दोनो चीज़ें स्वीकार करना, सुख के साथ दुख भी सहर्ष स्वीकार करना।

bad blood *n.* 1. enmity, वैमनस्य, दुर्भाव। 2. bitterness, कटुता।

bad company *n.* company of bad persons, कुसंग, बुरी संगत।

bad debt *n.* irrecoverable debt, धन या रकम जो वसूल न होने को हो, डूबी हुई रकम, बट्टे खाते लिखी हुई रकम।

bade (बेड्) *v.* p.t. & p.p of bid.

bad faith *n.* dishonest intention, बदनीयती, असद्भाव।

badge (बैज्) *n.* 1. an emblem worn to indicate rank, membership etc., बिल्ला, बैज। 2. a sign. चिह्न, लक्षण।

badger (बैज्´-अॅ:) *n.* 1. a mammal who lives in holes, बिज्जू। 2. its fur, बिज्जू की खाल। *v.* (badgered, badgering) to pester, तंग करना, परेशान करना, कोंचते रहना।

badinage (बै´-डि-ना:ज़्, बैड्-इ-नाज़्ह´) *n.* a banter or raillery, फबती, हँसी-दिल्लगी, परिहास, ठट्ठा। 2. a teasing talk, छेड़छाड़।

badlands (बैड्´-लैन्ड्ज़्) *n.* (plu.) barren regions, उजाड़।

badly (बैड्´-ली) *adv.* (worse, wrost) 1. in a bad manner, बुरी तरह। 2. hopelessly, बुरी तरह। 3. very much, बहुत अधिक, सख़्त; They want help badly, उन्हें सहायता की बहुत अधिक आवश्यकता है।

badlyoff (बैड्´-लि-आ:फ़्) *adj.* 1. poor, निर्धन, ग़रीब। 2. unlucky, अभागा। 3. wanting, अभावग्रस्त, रहित, विहीन।

badminton (बैड्´-मिन्-टॅन्) *n.* a game played with shuttlecocks and rackets, बैडमिंटन।

bad-tempered (बैड्´-टॅम्-पॅ:ड्) *adj.* having or showing bad temper, चिड़चिड़ा, तुनुकमिज़ाज, नकचढ़ा।

Baedeker (बे´-डॅ-कॅ:) *n.* a travel guide-

book, यात्रा-विवरण-निर्देशिका।

baffle (बैफ़्´-अॅल्) *v.* (baffled, baffling) 1. to puzzle or perplex, क्षुब्ध कर देना, चक्कर में डाल देना। 2. to frustrate, कुंठित कर देना, निष्फल या व्यर्थ बना देना; He baffled our attempts, उसने हमारे प्रयत्नों पर पानी फेर दिया। 3. to hinder, बाधा डालना, रोकना। *n.* a board, screen or structure placed to control the passage of light, sound etc., कपाट, रोक, रुकावट।

baffling (बैफ़्´-लिंग्) *adj.* puzzling, perplexing, क्षोभकारी, चक्कर में डालनेवाला।

bag (बैग्) *n.* 1. a flexible container, थैला, झोला। 2. a small box, पेटी। 3. a sack, बोरा, बोरी। 4. a purse, बटुआ, बैग। 5. a pouch in an animal's body, थैली। □ **a bag of bones,** हड्डियों का ढाँचा, सींक-सलाई; **bag and baggage,** बोरिया-बिस्तर समेत; **be in the bag,** हाथ में होना, निश्चित होना। *v.* (bagged, bagging) 1. to put into the bag, झोले में रख लेना। 2. to kill or capture as game, शिकार मार या पकड़ लेना। 3. to take without permission, ले उड़ना, ले लेना, अधिकार में कर लेना।

bagasse (बॅ-गैस्´) *n.* the residue left after juice has been extracted from sugarcane, खोई।

bagatelle (बैग्-अॅ-टॅल्´) *n.* something small and unimportant, कोई छोटी-मोटी चीज़, नगण्य वस्तु।

bagel (बे´-जॅल्) *n.* a ring-shaped bread-roll, एक तरह का ब्रेडरोल।

bagful (बैग´-फ़ुल्) *adj & n.* as much as a bag will hold, झोला-भर, थैला-भर; बोरा-भर।

baggage (बैग्´-इज़्) *n.* the bags and suitcases carried while travelling, असबाब, सामान।

baggy (बैग्´-ई) *adj.* inflated, (झोले की तरह) फूला हुआ।

bagman (बैग्´-मॅन्) *n.* a commercial traveller, व्यावसायिक यात्री, झोले में चीज़ें रखकर बेचनेवाला।

bagnio (बान्´-यो) *n.* a brothel, वेश्यालय, रंडी का कोठा, चकला।

bagpipe (बैग्´-पाइप्) *n.* a musical wind instrument, मशकबीन।

bail (बेल्) *n.* 1. money or property pledged as security to get an arrested person released temporarily, धरोहर, ज़मानत। 2. one who provides bail, ज़मानतदार। 3. one of the small pieces of wood laid on top of the stumps, गुल्ली। *v.* (bailed, bailing) 1. to release by taking bail, ज़मानत पर छोड़ना। 2. to get released by giving bail, ज़मानत पर छुड़ाना। 3. to scoop water out of the boat, पानी उलीचना।

bailable (बेल्´-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be released on bail, ज़मानत पर छूटने लायक।

bailbond (बेल्´-बॉन्ड्) *n.* a document about bail, ज़मानतनामा।

bailee (बे´-ली) *n.* a person to whom property is bailed, अमानतदार, धरोहर लेनेवाला।

bailey (बे´-ली) *n.* outer walls round a castle, दुर्ग की प्राचीर।

bailiff (बे´-लिफ़्) *n.* 1. an official who executes writs and arrests, बेलिफ़। 2. a steward, कारिंदा।

bailor (बे´-लः) *n.* one who bails property for another, वह जो किसी के लिए ज़मानत दे, ज़मानतदार।

bairn (बेंअॅन्) *n.* a child, बच्चा। (स्कॉट)

bait (बेट्) *n.* 1. food used or animal placed to attract prey, चारा। 2. an enticement, प्रलोभन। *v.* (baited, baiting) 1. to put bait on, चारा डालना, लगाना या बाँधना। 2. to harass, क्षुब्ध करना, परेशान करना।

baize (बेज़्) *n.* a kind of woollen cloth, एक तरह का ऊनी कपड़ा।

bake (बेक्) *v.* (baked, baking) 1. to cook in an oven, बेक करना, सेकना। 2. to be cooked in an oven, सिकना। 3. to cause to become hard by heating, पकाना। 4. to become hard by heat, पकना।

bakelite (बे´-कॅ-लाइट्) *n.* a plastic compound, बेकलाइट।

baker (बे´-कॅः) *n.* one who makes (or sells)

bread, नानबाई, बेकर।

bakery (बे´-कॅ-री) *n.* a place where bread is baked or sold, बेकरी।

bakeshop (बेक्´-शॉप्) *n.* bakery, बेकरी।

baking powder *n.* a powder used as leavening, बेकिंग पाउडर, खमीर उठाने का पाउडर।

baking soda *n.* sodium bicarbonate, खाने का सोडा।

balance (बैल्´-ॲन्स्) *n.* 1. the scales, तराजू। 2. any apparatus for measuring weight, काँटा, तुलायंत्र, बैलंस। 3. a state of equilibrium, संतुलन, बराबरी। 4. a weight tending to produce equilibrium, पासंग। 5. anything that is left over, बाकी, शेष। □ **in balance,** अनिश्चित; **keep one's balance** स्थिर रहना, सँभला रहना; **lose one's balance,** लड़खड़ा जाना, डगमगा जाना; **strike a balance,** समझौता करना। *v.* (balanced, balancing) 1. to weigh in a balance, तौलना। 2. to come into equilibrium, संतुलित होना। 3. to bring into equilibrium, संतुलित करना। 4. to be equal to, बराबर होना। 5. to create a state of harmony, समरसता स्थापित करना। 6. to compare the credit and debit total of an account, जमा और ख़र्च मिलाना।

balance of power *n.* a position in which military power is evenly balanced on all sides, शक्ति-संतुलन।

balance of trade *n.* the difference in value between imports and exports, आयात और निर्यात के कुल मूल्य का अंतर, व्यापारांतर।

balance sheet *n.* a written statement of assets and liabilities, आस्तियों और देनदारियों का विवरण या चिट्ठा, तुलनपत्र, पक्का चिट्ठा।

balcony (बैल्´-कॅ-नी) *n.* 1. an enclosed platform projecting outside an upper story of a building, छज्जा, बरामदा। 2. the seats upstairs in a theatre, बालकनी।

bald (बा:ल्ड्) *adj.* 1. having no hair on the scalp, गंजा। 2. without vegetation, जो हरा-भरा न हो, हरियाली से रहित। 3. without details, बिना ब्योरे का। 4. unadorned, अनलंकृत, निरलंकृत। 5. plain or simple, सादा।

balderdash (बा:ल्´-डॅ:-डैश्) *n.* stupid talk, बकवाद, बकबक।

balding (बा:ल्´-डिंग्) *adj.* becoming bald, जिसके सिर के बाल झड़ रहे हों।

baldness (बा:ल्ड्´-निस्) *n.* the state of being bald, गंज।

baldric (बा:ल्´-ड्रिक्) *n.* a belt for supporting a sword, परतला।

bale[1] (बेल्) *n.* a large bundle, गाँठ, गट्ठर, गट्ठा। *v.* (baled, baling) to make into a bale, गाँठ या गट्ठर बाँधना।

bale[2] (बेल्) *n.* harm, हानि, नुकसान।

baleful (बेल्´-फ़ुल्) *adj.* harmful, हानिकर, कष्टप्रद।

bale out *v.* (baled out, baling out) to make a parachute jump from an aircraft, हवाई छतरी से उतरना या कूदना।

balk, baulk (बा:क्) *n.* 1. a beam, शहतीर, धरन। 2. a ridge between furrows, मेंड़। 3. an obstacle or hindrance, बाधा, रुकावट। *v.* (balked, balking) 1. to hinder, रुकावट डालना, बाधा खड़ी करना। 2. to refuse to proceed, अड़ जाना, हठ करना।

balky (बा:´-की) *adj.* restive, हठी, जिद्दी, अड़ियल।

ball[1] (बा:ल्) *n.* 1. a spherical body, पिंड, गोला। 2. such a body used in games, गेंद, बॉल। 3. a single delivery of the ball in cricket, क्रिकेट में फेंका हुआ बॉल। □ **ball of muscle,** महाबली; **set the ball rolling,** श्रीगणेश करना, शुरुआत करना; **The ball is in your court.** अब कार्रवाई करने की आपकी बारी है। *v.* (balled, balling) to make a ball or balls, पिंड बनाना, गोले बनाना।

ball[2] (बा:ल्) *n.* a formal gathering for social dancing, सामूहिक नृत्य के लिए इकट्ठे होनेवाले लोग।

ballad (बैल्´-ॲड्) *n.* a narrative poem, गाथा-गीत।

balladeer (बैल्-ॲ-डिअ:) *n.* one who is expert in singing ballads, गाथा-गीतकार।

ballast (बैल्´-ॲस्ट्) *n.* 1. any heavy mate-

rial used to stabilize a vessel, बोझ, धड़ा। 2. coarse gravel, crushed rock, गिट्टी, रोड़ी। 3. a stabilizing element or agent, स्थिरता लानेवाला तत्त्व या चीज़।

ball bearing (बाःल्´-बें-ॲ-रिंग्) ***n.*** a bearing with moving balls, बाल बेयरिंग।

ballerina (बैल्-ॲ-री´-नॅ) ***n.*** a female ballet dancer, बैले की नर्तकी।

ballet (बै-ले´) ***n.*** 1. a dance by a group of dancers, बेले। 2. a company of ballet dancers, बेले दल, नर्तक-मंडली।

ballistic (बॅ-लिस्´-टिक्) ***adj.*** pertaining to ballistics, प्रक्षेपण-संबंधी, प्राक्षेपिक; ~ missile, प्रक्षेपास्त्र।

ballistics (बॅ-लिस्´-टिक्स्) ***n.*** the study of the functioning of firearms and flight characteristics of projectiles, प्रक्षेपण विज्ञान।

balloon (बॅ-लून्´) ***n.*** a flexible bag which can float in the air when inflated with gas, ग़ुब्बारा। ***v.*** (ballooned, ballooning) 1. to expand or cause to expand like a balloon, ग़ुब्बारा फुलाना या ग़ुब्बारे की तरह फूलना। 2. to ride or travel in a balloon, ग़ुब्बारे में उड़ान भरना, ग़ुब्बारे में उड़ना।

balloonist (बॅ-लू´-निस्ट्) ***n.*** one who travels by balloon, गुब्बारे से उड़ान भरनेवाला, गुबारिया।

ballot (बैल्´-ॲट्) ***n.*** 1. a slip used to cast a vote, मत-पत्र। 2. the act of voting, मतदान। 3. the right to vote, मताधिकार। 4. total votes cast in an election, निर्वाचन में पड़े कुल मतों की संख्या, मत-संख्या। ***v.*** (balloted, balloting) 1. to vote by ballot, मतपत्र द्वारा मतदान करना। 2. to vote, मत देना। 3. to decide by voting, मतों से निर्णय करना।

ballot-box (बैल्´-ॲट्-बॉक्स्) ***n.*** a box in which the voters put their ballots, मतपेटी।

ballroom (बाःल्´-रूम्) ***n.*** a large room for dancing, नृत्यकक्ष।

ballyhoo (बैल्´-ई-हू) ***n.*** 1. uproar, शोरगुल, होहल्ला, शोर। 2. sensational publicity, विज्ञापनबाज़ी, चिल्ला-चिल्लाकर किया गया प्रचार। ***v.*** (ballyhooed, ballyhooing) to advertise by ballyhoo, विज्ञापनबाज़ी करना, चिल्ला-चिल्ला कर प्रचार या विज्ञापन करना।

balm (बाम्) ***n.*** 1. a medicinal ointment, बाम, मलहम। 2. something that comforts or heals, आराम देने या राहत पहुँचानेवाली चीज़ या बात।

balmy (बा´-मी) ***adj.*** 1. soothing like a balm, बाम की तरह सुखदायक। 2. fragrant and pleasing, सुगंधित तथा सुहावना। 3. soothing, आराम या चैन देनेवाला, शांतिदायक।

baloney (बॅ-लो´-नी) ***n.*** nonsense, बकवास, प्रलाप।

balsam (बाःल्´-सॅम्) ***n.*** a resin obtained from various trees, एक प्रकार का गोंद (जिस से बाम बनता है)।

Baltic (बाःल्´-टिक्) ***adj.*** 1. pertaining to the Baltic sea or Baltic states, बाल्टिक। 2. pertaining to Baltic languages, बाल्टिक भाषाओं से संबद्ध, बाल्टिक। ***n.*** the Baltic sea, बाल्टिक सागर।

baluster (बैल्´-ॲ-स्टॅः) ***n.*** one of the upright supports of a handrail, जंगले का डंडा, कटघरे का डंडा।

balustrade (बैल्´-ॲ-स्ट्रेड्) ***n.*** 1. a row of the upright supports of a handrail, जंगले के डंडों की पंक्ति। 2. a handrail and the row of supports, कटघरा, जंगला।

bamboo (बैम्-बू´) ***n.*** a tall plant with jointed stems, बाँस; bamboo curtain, चिक।

bamboozle (बैम्-बू´-ज़ॅल्) ***v.*** (bamboozled, bamboozling) to deceive or trick, धोखा देना, ठगी करना, झाँसा देना।

ban (बैन्) ***v.*** (banned, banning) 1. to forebid officially, रोक लगाना, निषेध या मनाही करना, प्रतिबंध लगाना, प्रतिबंधित करना। ***n.*** an order banning something, निषेधाज्ञा, रोक, मनाही, प्रतिबंध।

banal (बे´-नॅल, बॅ-नैल्) ***adj.*** 1. ordinary, साधारण, मामूली। 2. hackneyed, common place, तुच्छ, फूहड़, घिसा-पिटा।

banana (बॅ-नैन्´-ॲ) ***n.*** a plant and its fruit, केला।

band[1] (बैन्ड्) ***n.*** 1. a flexible strip used to encircle and bind together, पेटी, बंद,

पट्टी। 2. a range of wave lengths, बैंड। v. (banded, banding) to bind with a band, पेटी लगाना, बंद से कसना, पट्टी बाँधना।

band² (बैन्ड्) *n.* 1. a group of persons having common interest, मंडली, टोली, जत्था। 2. a group, समूह, दल, झुंड। 3. a group of musicians, गाने-बजानेवालों का दल, बाजा बजानेवालों का दल, बैंड। *v.* (banded, banding) 1. to assemble as a group, दल या झुंड बनाना। 2. to unite in a group, संघटित होना।

bandage (बैन्-डिज्) *n.* a strip of cloth used to protect a wound, पट्टी। *v.* (bandaged, bandaging) to bind up with a bandage, पट्टी बाँधना, पट्टी करना।

bandanna (बैन्-डैन्´-अॅ) *n.* a large handkerchief used as a head scarf, बड़ा रूमाल।

bandbox (बैन्ड्´-बॉक्स्) *n.* 1. a box for ladies hat, स्त्रियों के हैट रखने की पेटी। 2. a box for holding light articles of attire, संदूकची, पेटी।

bandeau (बैन्-डो´) *n.* (plu. bandeaux) a band for confining the hair in place, सिर पर बाँधने की पट्टी या रिबन।

bandicoot (बैन्´-डि-कूट्) *n.* a ratlike animal, घूँस।

bandit (बैंन्´-डिट्) *n.* a robber, लुटेरा, बटमार।

banditry (बैन्´-डिट्-री) *n.* the activity of a bandit, a bandit's work, लुटेरापन, बटमारी।

bandmaster (बैन्ड्´-मास्-टॅ:, बैन्ड्´-मैस्-टॅ:) *n.* the leader of a band of musicians, बैंडमास्टर।

bandolier (बेंन्-डो-लिअ:´) *n.* a belt for cartridges, कारतूस-पेटी।

band saw *n.* a circular saw, गोल आरा।

bandstand (बैन्ड्´-स्टैन्ड्) *n.* a platform for a band of musicians, वह चबूतरा, जिसपर खड़े होकर संगीतकारों का दल गाता-बजाता है।

bandwagon (बैन्ड्´-वै-गॅन्) *n.* a decorated wagon for carrying the musicians, बैन्ड्गाड़ी। □ **jump on the bandwagon,** ऐसे व्यक्ति या दल का समर्थन करना या पक्ष लेना जिसकी जीत सुनिश्चित हो, चढ़ते सूरज को नमस्कार करना।

bandy¹ (बैन्´-डी) *v.* 1. to exchange (blows), भिड़ जाना, लड़ जाना। 2. to exchange (words), चख-चख करना, भिड़ जाना।

bandy² (बैन्´-डी) *adj.* having curved legs, टेढ़ी टाँगोंवाला, वक्रपाद।

bane (बेन्) *n.* 1. a deadly poison, हलाहल, विष, ज़हर। 2. a cause of misery or anxiety, विनाश का कारण, विनाशक तत्त्व। 3. a cause of death, मृत्यु का कारण। 4. a curse, शाप, अभिशाप।

baneful (बेन्´-फ़ुल्) *adj.* 1. poisonous, विषैला, विषाक्त, ज़हरीला। 2. destructive, विनाशक, ध्वंसक। 3. injurious, हानिकर। 4. causing death, मृत्युकारक, मारक।

bang¹ (बैङ्ग्) *v.* (banged, banging) 1. to make a violent noise, like a explosion, धमाका करना। 2. to strike or shut noisily, आघात या आवाज़ करना। 3. to move noisily, धड़धड़ाते हुए चलना। *n.* 1. a sudden explosive noise, धमाका। 2. a hard knock, आघात, प्रहार। □ **go with a bang,** खुशियाँ मनाना, विजय मनाना। *adv.* with a bang, धमाके के साथ, ज़ोर-शोर से, बड़ी शान से।

bang² (बैङ्ग्) *n.* a style of haircut, बाल काटने की एक शैली, छोटे खड़े बाल।

banger (बैंङ्ग्´-अॅ:) *n.* 1. a cracker, पटाका। 2. an old car, पुरानी कार, छकड़ा।

bangle (बैंङ्ग्´-गॅल्) *n.* a bracelet or anklet, चूड़ी, कड़ा या कंगन।

banian (बैन्´-यॅन्) *n.* a fig tree, बरगद।

banish (बैन्´-इश्) *v.* (banished, banishing) 1. to expel from the country, to exile, देश से निर्वासित करना, देश-निकाला देना। 2. to expel or drive away, परे करना या हटा देना, दूर करना। 3. to dismiss from the mind, दिमाग से निकाल देना।

banishment (बैन्´-इश्-मॅन्ट्) *n.* an act of banishing or the state of being banished, exile, निर्वासन, देश-निकाला।

banister, bannister (बैन्´-इ-स्टॅ:) *n.* the handrail with supporting railings, सीढ़ी का जंगला, रेलिंग।

banjo (बैन्´-जो) *n.* a guiter like instrument,

बैंजो।

bank[1] (बैङ्क्) *n.* 1. an institution performing financial transactions, बैंक। 2. the building in which such an institution is located, बैंक।3. a place of reserve supply, पूर्तिकेंद्र, बैंक। 4. a pool in a game of chance, बाज़ी का रुपया। *v.* (banked, banking) 1. to deposit money in a bank, बैंक में रुपया जमा करना। 2. to transact business with a bank, बैंक से लेन-देन करना। 3. to operate a bank, बैंक चलाना। ☐ **bank upon/on,** भरोसा करना।

bank[2] (बैङ्क्) *n.* 1. a piled up mass, ढेर, अंबार। 2. a steep natural slope, ढाल। 3. a slope at the side of a river, किनारा, तट। *v.* (banked, banking) 1. to pile up, ढेर लगाना, अंबार लगाना। 2. to give a rising slope to, बाँध बनाना, तट बनाना।3. to cover a fire with ashes, राख से आग को तोपना।

bankbook (बैङ्क्´-बुक्) *n.* a passbook, पासबुक।

banker (बैङ्क्-अॅ:) *n.* 1. one who is authorised to perform financial transactions, महाजन, बैंकर।2. the keeper of the gaming bank, वह जिसके पास खेल की बाज़ी का रुपया रखा गया हो।

banking (बैङ्क्´-इंग्) *n.* the business of a bank or a banker, महाजनी, बैंक व्यवसाय।

bank note *n.* a promissory note issued by an authorised bank, बैंक-नोट।

bank rate *n.* the rate of interest fixed by a bank, बैंक दर, बैंक रेट।

bankrupt (बैंङ्क्´-रप्ट्) *n.* a person having lost his money and legally declared unable to pay his debts, दिवालिया। *v.* (bankrupted, bankrupting) to make bankrupt, दिवालिया कर देना, दिवालिया बना देना। *adj.* 1. unable to pay one's debt, insolvent, दिवालिया। 2. lacking in quality or resources, दिवालिया। 3. destitute of (some good quality, किसी गुण विशेष से), रहित।

bankruptcy (बैङ्क्´-रप्ट्-सी) *n.* 1. the quality or state of being bankrupt, दिवालियापन। 2. complete loss of assets, दिवाला। 3. inability to produce anything good, दिवाला। 4. utter failure, घोर विफलता।

banner (बैन्´-अॅ:) *n.* 1. a flag, झंडा, पताका। 2. a piece of cloth with a slogan, motto etc., बैनर। 3. a headline of a newspaper, मुख्य शीर्षक। ☐ **under the banner of,** के नाम से/पर, के झंडे तले।

banns (बैन्ज़्) *n.* a public declaration of an intended marriage in a church, गिरजे में सुनाई जानेवाली प्रस्तावित विवाह की सूचना।

banquet (बैङ्क्´-क्विट्) *n.* a ceremonial dinner, भोज, ज्योनार, दावत, पार्टी। *v.* (banqueted, banqueting) 1. to arrange a banquet, दावत देना। 2. to take part in a banquet, दावत में सम्मिलित होना।

banquette (बैङ्क्´-क्विट्) *n.* a bench built into a wall, दीवार के साथ बना हुआ बेंच।

banshee (बैन्´-शी) *n.* a female spirit whose wail is said to forebode a death in the family, किसी ऐसी स्त्री की आत्मा जिसका रुदन परिवार में किसी की मृत्यु का सूचक होता है।

bantam (बैन्´-टॅम्) *n.* 1. a small aggressive fowl, जुझारू या लड़ाकू मुर्गा। 2. an aggressive person, लड़ाकू व्यक्ति, आक्रामक व्यक्ति।

bantamweight (बैन्´-टॅम्-वे़ट्) *n.* a boxer whose weight is between 51 to 54 kilograms, 51 से 54 किलोग्राम का मुक्केबाज़ या बॉक्सर, बैन्टमवेट बॉक्सर।

banter (बैन्´-टॅ:) *n.* good-humoured teasing, humorous jesting, हँसी-मज़ाक, हँसी-दिल्लगी, हास-परिहास, छेड़खानी, छेड़छाड़। *v.* (bantered, bantering) to tease gently, to talk jocularly, हँसी-मज़ाक करना, दिल्लगी करना, छेड़छाड़ करना।

bantling (बैन्ट्´-लिंग्) *n.* a small child, छोटा बच्चा, छोकरा।

Bantu (बैन्´-टू) *n.* 1. a member of some Negro tribes in Central Africa, मध्य अफ्रीका का हब्शी, बंटू। 2. a group of languages spoken by the Bantu, बंटू भाषाओं का वर्ग।

banyan (बैन्´-यॅन्) *n.* = banian.

baptism (बैप्´-टिज़्-अॅम्) *n.* the Christian

ceremony to accept someone as a member of Church through the symbolic application of water, अभिसिंचन-पर्व, अभिषेक, बपतिस्मा, ईसाई-दीक्षा।

baptist (बैप्´-टिस्ट्) ***n.*** one who baptizes, बपतिस्मा-दाता।

baptistry (बैप्´-टि-स्ट्री) ***n.*** a part of the church where baptism takes place, बपतिस्मा-घर।

baptize (बैप्´-टाइज़्, बैप्-टाइज़्´) ***v.*** (baptized, baptizing) 1. to perform the rites of baptism, to sprinkle water on. बपतिस्मा देना, अभिसिंचित करना। 2. to give a christian name, ईसाई धर्मानुसार नामकरण करना। 3. to initiate, दीक्षित करना।

bar[1] (बा:) ***n.*** 1. a long piece of metal, wood etc., छड़, डंडा। 2. a rectangular block of any substance, टिकिया, पिंडी, चक्की।3. anything that prevents or obstructs, रोक, बाधा, अड़चन। 4. a counter or place where drinks are served, मदिरा-पटल या मधुशाला। 5. a counter where things are sold, काउंटर, पटल। 6. the wooden barrier in court at which the prisoner stands, कटघरा। 7. a band, पट्टी, धारी। 8. the legal profession, वकालत, वकील का पेशा। 9. the members of the legal profession, वकील-समुदाय। □ **the prisoner at the bar,** वह व्यक्ति जिस पर न्यायालय में मुकद्दमा चल रहा हो; **behind bars,** जेल में, सीखचों के अंदर।

bar[2] (बा:) ***v.*** (barred, barring) 1. to close or fasten with a bar, अर्गला से (दरवाज़ा आदि) बंद करना। 2. to block, रास्ता रोकना, बाधा डालना, अड़चन खड़ी करना। 3. to prohibit, प्रतिबंधित करना, वर्जित करना। 4. to exclude, अलग करना।

bar[3] (बा:) ***prep.*** excluding, except, को छोड़कर, के अतिरिक्त। □ **bar none,** बिना अपवाद के।

barb (बा:ब्) ***n.*** 1. a hook, काँटा। 2. a cutting or wounding remark, ताना, आक्षेप।3. sharpness, तेज़ी। ***v.*** (barbed, barbing) to provide with a barb, काँटा या काँटे लगाना।

barbarian (बा:-बैर्´-इ-अॅन्) ***n.*** an uncivilized or savage person, असभ्य या बर्बर व्यक्ति। ***adj.*** 1. uncivilized, savage, असभ्य, बर्बर। 2. cruel, क्रूर, ज़ालिम, नृशंस।

barbaric (बा:-बैर्´-इक्) ***adj.*** of or like barbarians, बर्बरतापूर्ण, जंगली, वहशियाना, नृशंस।

barbarism (बा:´-बॅ-रिज़्-अॅम्) ***n.*** 1. brutality, बर्बरता, जंगलीपन। 2. a nonstandard work or phrase, असद् प्रयोग, अशिष्ट प्रयोग।

barbarity (बा:-बैर्´-इ-टी) ***n.*** savage cruelty, बर्बरता, नृशंसता, निर्दयता।

barbarize (बा:´-बॅ-राइज़्) ***v.*** (barbarized, barbarizing) 1. to make barbarous, वहशी बनाना, जंगली बना देना, बर्बर बना देना। 2. to corrupt, भ्रष्ट कर देना, बिगाड़ देना।

barbarous (बा:´-बॅर्-अॅस्) ***adj.*** 1. uncivilized, uncultured, असभ्य, अशिष्ट। 2. brutal, wild, बर्बर, नृशंस, निर्दय।

barbarously (बा:´-बॅर्-अॅस्-ली) ***adv.*** cruelly, निर्दयतापूर्वक, निर्ममता से, नृशंसतापूर्वक।

barbate (बा:´-बेट्) ***adj.*** bearded, दाढ़ीवाला, दढ़ियल।

barbecue (बा:´-बि-क्यू) ***n.*** 1. a grill on which meat is roasted, जाली। 2. roasted meat, भुना हुआ मांस। ***v.*** (barbecued, barbecuing) to roast, भूनना।

barbed (बा:ब्ड्) ***adj.*** 1. having barbs, काँटेदार, कँटीला। 2. sharp, cutting, तीव्र, तेज़, तीखा; barbed criticism, तीखी आलोचना।

barbed wire ***n.*** a fence wire with barbs, काँटेदार तार।

barber (बा:´-बॅ:) ***n.*** one who cuts hair and shaves, नाई, नाऊ, हज्जाम। ***v.*** (barbered, barbering) to cut the hair or beard of, बाल काटना, हजामत बनाना, दाढ़ी बनाना।

barberry (बा:´-बॅर्-ई) ***n.*** a kind of shrub, दारुहल्दी, झड़बेरी।

barbershop (बा:´-बॅ:-शॉप्) ***n.*** a place of hair-cutting, नाई की दुकान।

barbican (बा:´-बि-कॅन्) ***n.*** 1. the outer defence of a castle or city, चहारदीवारी, प्राचीर। 2. a tower over the wall of a castle, मीनार, बुर्ज।

barbiturate (बा:-बिच्´-उ-रिट्/रेट्) ***n.*** a drug

having soothing or calming effect, आराम पहुँचानेवाली ओषधि, राहत पहुँचानेवाली औषधि।

bard (बा:ड्) ***n.*** a poet or singer of formerly times, चारण, भाट।

bare (बेअ:) ***adj.*** 1. without clothing, unclothed, naked, नंगा, निर्वस्त्र। 2. without covering, uncovered, नंगा, अनावृत। 3. exposed to view, unconcealed, खुला, प्रकट। 4. empty, खाली, शून्य। 5. unadorned, अनलंकृत, सादा। □ **the bare necessities of life,** जीवन की मूल आवश्यकताएँ; **with one's bare hands,** खाली हाथ, हाथ लटकाए। *v.* (bared, baring) 1. to make bare, निर्वस्त्र करना, नंगा करना, अनावृत करना। 2. to reveal, प्रकट करना, खोल देना।

bareback (बेअ:´-बैक्) ***adj. & adv.*** without a saddle, बिना काठी के, बिना ज़ीन कसे।

barefaced (बेअ:´-फ़ेस्ट्/फ़ेस्ड्) ***adj.*** 1. with the face uncovered, बेनक़ाब। 2. shameless, निर्लज्ज, बेशर्म, बेहया।

barefoot (बेअ:´-फ़ुट्) ***adj. & adv.*** with bare feet, नंगे पाँव, बिना जूता पहने।

barehanded (बेअ:´-हैन्-डिड्) ***adj. & adv.*** without a weapon or tool, बिना हाथ में कुछ लिए, निहत्थे, खाली हाथ, हाथ लटकाते हुए।

bareheaded (बेअ:´-हेंड्-इड्) ***adj. & adv.*** without a cap, नंगे सिर, बिना सिर ढके, बिना टोपी या पगड़ी पहने।

barely (बेअ:´-ली) ***adv.*** 1. hardly, मुश्किल से, नाम मात्र के लिए, मात्र। 2. openly, साफ़-साफ़, स्पष्ट रूप से।

bargain (बा:´-गेंन्/गिन्) ***n.*** 1. an agreement about transaction, सौदा। 2. something offered or received as a result of this, सौदा, लेन-देन। 3. a thing bought cheaply, सस्ता सौदा। 4. an agreement, समझौता, क़रार। □ **into the bargain,** अतिरिक्त रूप से; **make or strike a bargain,** सौदा करना। *v.* (bargained, bargaining) 1. to negotiate the terms of a sale, सौदा करना। 2. to arrive at an agreement, सौदा तय करना, समझौता करना। 3. to exchange, लेन-देन करना। 4. to haggle, मोल-भाव करना, मोल-तोल करना। □ **bargain for/on** का भरोसा रखना पर अवलंबित रहना।

bargainer (बा:´-गेंन्-अ:) ***n.*** a nagglar, मोल-भाव या मोल-तोल करने वाला।

bargaining (बा:´-गेंन्-इंग्) ***n.*** negotiation of the terms of a bargain, सौदेबाज़ी, मोल-तोल, मोल-भाव।

barge (ब्रा:ज्) ***n.*** a large boat for transporting freight, बोझ ढोनेवाली नाव। ***v.*** (barged, barging) 1. to transport by barge, नाव से माल की ढुलाई करना। 2. to move clumsily, भद्दी तरह चलना। □ **barge in,** घुस जाना।

bargee (बा:´-जी), **bargeman** (बा:ज्´-मॅन्) ***n.*** a person in charge of a barge, माँझी।

bark[1] (बा:क्) ***n.*** the harsh sound made by a dog, भौं-भौं, भौंक। ***v.*** (barked, barking) 1. to make such a sound, भौंकना, भौं-भौं करना। 2. to speak sharply, चिल्लाना, चिल्लाकर बोलना, चिल्ला उठना, भौंकना।

bark[2] (बा:क्) ***n.*** the outer layer of the stem of a tree, छाल। ***v.*** (barked, barking) to remove the bark from the tree, छाल उतारना।

bark[3] (बा:क्) ***n.*** a small sailing vessel with three masts, तीन मस्तूलोंवाली नौका।

barkeeper (बा:´-की-पॅ:) ***n.*** owner of the bar, मधुशाला का स्वामी।

barker (बा:´-कॅ:) ***n.*** one who attracts the customers by shouting the merits of a commodity, चिल्ला-चिल्लाकर ग्राहकों को आकृष्ट करनेवाला।

barky (बा:´-की) ***adj.*** having bark, छालदार।

barley (बा:´-ली) ***n.*** 1. a plant bearing grain used as food, जौ। 2. barley grains, जौ, यव।

barley water ***n.*** a drink made from barley grains, जौ का पानी।

barm (बा:म्) ***n.*** the froth used as leaven, खमीर।

barmaid (बा:´-मेड्) ***n.*** a woman who serves alcoholic drinks, मधु-वितरक, साक़ी, मधुबाला।

barman (बा:´-मॅन्) ***n.*** a man who serves alcoholic drinks, bartender, मधुवितरक,

साकी।

barmy (बा:´-मी) *adj.* silly, मूर्ख।

barn (बा:न्) *n.* 1. a building for storing grain, खत्ता, बखार। 2. a place for housing livestock, बाड़ा, तबेला।

barnstorm (बा:न्´-स्टॉ:म्) *v.* (barnstormed, barnstorming) to tour rural districts making speeches or putting on shows, गाँव-गाँव में भाषण करते या तमाशा दिखाते फिरना।

barnyard (बा:न´-या:ड्) *n.* a yard adjoining a barn, खत्ते से संलग्न मैदान।

barogram (बैर्´-ॲ-ग्रैम्/ग्राम्) *n.* a record of variations in atmospheric pressure, वायुदाब-आलेख।

barograph (बैर्´-ॲ-ग्रैफ़्/ग्राफ़्) *n.* a self-recording barometer, वायुदाब-लेखी।

barometer (बॅ-रॉम्´-इ-टॅ:) *n.* an instrument which registers changes in the atmosphere, वायुदाब-मापी।

baron (बैर्´-ॲन्) *n.* 1. the lowest rank title in the British peerage, सामंत, बैरन। 2. a powerful businessman, तगड़ा व्यापारी, बड़ा व्यापारी।

baroness (बैर्´-ॲ-निस्) *n.* the wife of a baron, बैरन की पत्नी।

baronet (बैर्´-ॲ-निट्/नेंट्) *n.* a nobleman ranking below a baron, छोटा सामंत।

baronetcy (बैर्´-ॲ-निट्-सी) *n.* the rank of a baronet, छोटे सामंत का पद।

baronial (बॅ-रो´-नि-ॲल्) *adj.* pertaining to a baron, बैरन-संबंधी, सामंती।

barony (बैर्´-ॲ-नी) *n.* 1. the rank of a baron, बैरन का पद। 2. the lands of a baron, सामंत की जागीर।

baroque (बॅ-रोक्) *n.* an excessive ornamentation, अत्यधिक अलंकरण, ओछी सजावट।

barouche (बॅ-रूश्´) *n.* a four-wheeled horse-drawn carriage, चार घोड़ोंवाली बग्घी।

barrack (बैर्´-ॲक्) *v.* (barracked, barracking) 1. to house in barracks, बैरकों में रहना या रखना। 2. to jeer, उपहास करना, फबती कसना, खिल्ली उड़ाना।

barracks (बैर्´-ॲक्स्) *n.* (often plu.) a building or group of buildings for soldiers to live in, बैरक, सेनावास।

barrage (बॅ-राज़्ह्´) *n.* 1. a dam, बाँध। 2. a heavy bombardment, गोलों की बौछार। 3. a rapid outpouring, (प्रश्नों, गालियों, तानों आदि की) बौछार।

barrater (बैर्´-ॲ-टॅ:) *n.* one who engages in barratry, मुकदमेबाज़।

barratry (बैर्´-ॲ-ट्री) *n.* 1. the habitual indulgence in quarrels or lawsuits, झगड़ेबाज़ी मुकद्दमेबाज़ी। 2. the persistent incitement of litigation, मुकद्दमेबाजी के लिए लगातार उकसावा। 3. a fraudulent breach of duty on the part of mariners to the injury of the owner of the ship, जहाज़ चालकों की धोखेबाज़ी जिससे जहाज के मालिक को नुकसान पहुँचे।

barred (बा:ड्) *adj.* 1. having bars or stripes, धारीदार। 2. closed with bars, अवरुद्ध, बंद। 3. not allowed, जिसे अंदर न आने दिया जाए।

barrel (बैर्´-ॲल्) *n.* 1. a large wooden cylindrical container, बैरल, ढोल, पीपा। 2. the amount this contains, बैरल। 3. a tubelike part of a gun, बैरल, नाल। 4. a great amount, बहुत बड़ी मात्रा; a barrel of fun, हँसी का फ़व्वारा। *v.* (barreled, barreling) 1. to put in a barrel or barrels, बैरल भरना। 2. to move at high speed, बहुत तेज़ चलना।

barren (बैर्´-ॲन्) *adj.* 1. infertile, अनुपजाऊ, अनुर्वर। 2. not producing offspring, बाँझ, बंध्या। *n.* barren land, बंजर ज़मीन।

barrette (बॅ-रेंट्´) *n.* a hair-clip, क्लिप।

barricade (बैर्´-इ-केड्) *n.* a temporary fence or wall to block a passage, रोक, अवरोध, बाधा, आड़।

barrier (बैर्´-इ-ॲ:) *n.* a fence, wall or anything that obstructs the movement, रोक, आड़, अवरोध, रोध।

barring (बा:´-इंग्) *prep.* excluding, को छोड़कर, के सिवा।

barrister (बैर्´-इ-स्टॅ:) *n.* one who pleads cases in superior courts, बैरिस्टर।

barroom (बा:´-रूम्) *n.* a place where alcoholic drinks are sold, सुरागृह, मधुशाला।

barrow (बैर्´-ओ) *n.* 1. a wheelbarrow, ठेलागाड़ी, सग्गड़।2. a burial mound, समाधि-स्तूप, मक़बरा। 3. a male dog, कुत्ता।

bartender (बा:´-टॅन्-डॅ:) *n.* one who mixes and serves alcoholic drinks at bar, मधु-वितरक, साक़ी।

barter (बा:´-टॅ:) *v.* (bartered, bartering) 1. to trade by exchanging some goods for other goods, अदला-बदली करना, विनिमय करना। 2. to exchange, बदल लेना। *n.* trading by exchange, अदला-बदली, विनियम।

basal (बे´-सॅल्/ज़ॅल्) *adj.* of or pertaining to a base, आधार-संबंधी, आधारिक।

basalt (बॅ-सा:ल्ट्´) *n.* a dark volcanic rock, असिताश्म, बेसाल्ट।

bascule bridge (बैस्´-क्यूल्-ब्रिज्) *n.* a bridge hinged at the bank to allow ships to pass under it, उत्तोलन सेतु, उठौआ पुल।

base[1] (बेस्) *n.* 1. the bottom, तल, पेंदा। 2. the foundation or basis, आधार, नींव, बुनियाद। 3. the main ingredient, मूलाधार, बेस, मूलांश। 4. the starting point, आरंभ-बिंदु। 5. a centre of operations or source of supply, अड्डा। 6. any morpheme to which prefixes or suffixes are added, धातु या प्रतिपदिक। *adj.* forming a base, आधार-रूप, आधारिक। *v.* (based, basing) 1. to make a base or foundation for, नींव रखना, बुनियाद डालना, आधार बनाना। 2. to put on a base, आधारित करना। 3. to found, to establish, स्थापित करना।

base[2] (बेस्) *adj.* 1. low-minded, कमीना, नीच। 2. of inferior value, worthless, निकृष्ट, घटिया। 3. counterfeit, जाली।

baseball (बेस्´-बा:ल्) *n.* a game played with a bat and ball by two opposing teams, बेसबाल।

baseborn (बेस्´-बॉ:न्´) *adj.* 1. of humble birth, अकुलीन, क्षुद्र। 2. of illegitimate birth, जारज, दोगला। 3. ignoble, नीच।

baseless (बेस्´-लिस्/लॅस्) *adj.* 1. having no basis or foundation, आधारहीन, निराधार। 2. not justified, निर्मूल, असंगत।

basement (बेस्´-मॅन्ट्) *n.* the underground storey of a building, तहख़ाना, तलघर, बेसमेंट।

baseness (बेस्´-निस्) *n.* wickedness of character, अधमता, दुष्टता, नीचता।

bash (बैश्) *v.* (bashed, bashing) to strike with a violent blow, ज़ोर से आघात करना, चोट करना। *n.* 1. a violent blow, आघात, प्रहार, चोट। 2. a party, पार्टी, गोष्ठी।

bashful (बैश्´-फ़ुल्) *adj.* 1. shy, शर्मीला, लजालू। 2. timid, संकोची, झेंपू।

bashfully (बैश्´-फ़ु-ली) *adv.* shyly, शरमाते हुए, लजाते हुए।

bashfulness (बैश-फ़ुल्-निस्) *n.* 1. shyness, शर्म, लाज। 2. timidness, संकोच, झेंप।

basic (बे´-सिक्) *adj.* 1. forming a base, बुनियादी, आधारिक। 2. fundamental, मूल, आधारभूत, मौलिक। 3. elementary, प्राथमिक, प्रारंभिक। 4. alkaline, क्षारीय। *n.* a fundamental principle, मूल सिद्धांत।

basically (बे´-सि-कॅ-ली) *adv.* 1. at basis, आधारतः, आधार रूप में। 2. fundamentally, मूलतः।

basil (बैज़्´-इल्, बे´-ज़िल्) *n.* a plant with leaves used as medicine, (काली) तुलसी।

basilica (बॅ-सिल्´-इ-कॅ) *n.* in ancient times a rectangular building used as a church, बासिलिका।

basilisk (बैस्´/बैज़्´-इ-लिस्क्) *n.* a mythical lizard like monster with fatal breath and glance, दैत्याकार गिरगिट, महागिरगिट।

basin (बे´-सिन्) *n.* 1. a round open shallow dish, चिलमची। 2. the amount a basin holds, चिलमची-भर सामान। 3. an artificially enclosed area of a river or harbour, थाला। 4. a washbasin, वाशबेसिन। 5. a sunken place where water collects, ताल, जलकुंड। 6. a bay, खाड़ी।

basis (बे´-सिस्) *n.* 1. the base or foundation, आधार, नींव, बुनियाद। 2. a main principle, मूल सिद्धांत। 3. a criterion, कसौटी। 4. the

main part, मुख्य आधार, मूलाधार।

bask (बा:स्क्, बैस्क्) *v.* (basked, basking) 1. to lie in or be exposed to pleasant warmth of the sun, धूप में लेटना, धूप में बैठना, धूप सेंकना, धूप-स्नान करना। 2. to flourish or thrive, पनपना। 3. to take delight in, मज़ा लेना।

basket (बास्´-किट्, बैस्´-किट्) *n.* 1. an interwoven container, टोकरी, डलिया, पिटारी। 2. the amount a basket holds, टोकरी-भर सामान। 3. a hoop with open ended net, बास्केटबॉल में प्रयुक्त टोकरीनुमा जाली।

basketball (बैस्´-किट्-बा:ल्) *n.* 1. a game played between two teams in which points are scored by throwing a ball into the basket of the opposite party, बास्केटबॉल। 2. the ball used in this game, बास्केटबॉल।

basketful (बैस्´-किट्-फ़ुल्) *n.* the amount an basket holds, टोकरी-भर सामान।

basketry (बास्´-किट्-री) *n.* basket making, टोकरी बनाने का काम।

basrelief (बैस्-रि-लीफ़्´) *n.* low relief, नक्काशी।

bass (बेस्) *n.* 1. a low-pitched tone, मंद स्वर, मंद्र स्वर। 2. a singer with such a voice, मंद्र गायक।

basset (बैस्´-इट्) a dog with long body, crooked legs and long ears, टेढ़ी टाँगोंवाले तथा लंबे कानोंवाले कुत्तों की एक जाति।

bassinet (बैस्´-इँ-नेंट्) *n.* a crib, बच्चों का पालना या घुमाने की गाड़ी।

bassoon (बै-सून्´) *n.* a wood-wind instrument, अलगोजा।

bast (बैस्ट्) *n.* flexible fibrous material, मूँज आदि का रेशा (जिससे रस्से बुनते हैं)।

bastard (बैस्´-टॅ:ड्) *n.* 1. a child born out of wedlock, an illegitimate child, दोगला, वर्णसंकर। 2. an ill-tempered person, बददिमाग या चिड़चिड़ा व्यक्ति। *adj.* 1. illegitimate, जारज, दोगला, हरामी। 2. false, मिथ्या, नकली। 3. abnormal in size or shape, अनियमित आकार-प्रकारवाला, भोंडा।

basterdization (बैस्-टॅ:-डि-ज़े´-शॅन्) *n.* the state of being a bastard, दोगलापन, वर्णसंकरता।

bastardize (बैस्´-टॅ:-डाइज़्) *v.* (bastardized, bastardizing) 1. to declare (a person) a bastard, वर्णसंकर घोषित करना, दोगला बतलाना। 2. to debase or corrupt, भ्रष्ट करना।

baste (बेस्ट्) *v.* (basted, basting) 1. to sew with large stitches, तुपाई करना, कच्चे टाँके लगाना, कच्चा करना। 2. to moisten with fat during cooking, घी डालना, तर करना, चुपड़ना। 3. to thrash, मारना-पीटना, चमड़ी उधेड़ना।

bastinado (बैस्-टि-ने´-डो) *n.* a beating on the soles of the feet, तलवों की पिटाई। *v.* (bastinadoed, bastinadoing) to inflict the bestinado on, तलवों की पिटाई करना।

bastion (बैस्´-चॅन्) *n.* 1. a fortified place, गढ़। 2. a stronghold, केंद्र, गढ़; a bastion of democracy, प्रजातंत्र का गढ़।

bat[1] (बैट्) *n.* a wooden stick or club used in the game of cricket, baseball etc., बल्ला, बैट। *v.* (batted, batting) 1. to strike with a bat, बल्ले से प्रहार करना। 2. to take a turn at batting, बल्लेबाज़ी करना।

bat[2] (बैट्) *n.* a mouse like flying mammal, चमगादड़। □ **blind as a bat,** अंधा; **have bats in the belfry,** पागल होना, पागलपन सवार होना।

bat[3] (बैट्) *v.* (batted, batting) to flutter, पर फड़फड़ाना।

batch (बैच्) *n.* 1. a group of similar persons, जत्था, टोली, वर्ग। 2. a set of similar things, बैच, वर्ग।

bateau (बै-टो´) *n.* a long flat bottomed boat, चपटे पेंदेवाली लंबी नाव।

bated (बे´-टिड्) *adj.* abated, मंद, उपशमित। □ **with bated breath,** आतुरता से, आतुरतापूर्वक, दम साधे।

bath (बाथ्, बैथ्) *n.* 1. the act of washing the body in water, स्नान, नहाना। 2. the water used for bathing, स्नान करने का जल। 3. a bathtub, टब, कुंड। 4. a bathroom, स्नानागार, ग़ुसलख़ाना।

bathe (बेथ्) *v.* (bathed, bathing) 1. to take a

bath, स्नान करना, नहाना। 2. to swim for a pleasure, तैरना। 3. to immerse, जल में डुबोना, गोता या डुबकी लगाना। 4. to give a bath to, नहलाना। 5. to apply liquid to wound etc., in order to cleanse or soothe, धोना। 6. to spread over with dew, light etc., नहाना; The palace was bathed in moonlight, महल चाँदनी से नहाया हुआ था। Her eyes were bathed in tears, उसकी आँखें आँसुओं से डबडबाई हुईं थीं।

bath house *n.* a house meant for bathing, स्नानभवन, स्नानागार।

bathing cap *n.* a cap worn by a swimmer, तैराक की टोपी।

bathing suit *n.* a garment worn for bathing, नहाते समय पहनी जानेवाली पोशाक, नहाने की पोशाक, नहाने के कपड़े।

bathos (बे´-थॉस्) *n.* decline from the sublime to the trivial, anticlimax, अपकर्ष, गिरावट।

bathroom (बाथ्´-रूम्) *n.* a room for taking a bath, स्नानघर, ग़ुसलख़ाना।

bathtub (बाथ्´-टब्) *n.* a tub to bathe in, नहाने का टब, जलकुंड।

bathyscaphe (बैथ्´-इ-स्केफ़्) *n.* a vessel that can go underwater for exploration, बैथीस्केफ़।

batik (बॅ-टीक्´, बै´-टीक्) *n.* 1. a method of dyeing fabrics by putting wax on the part not to be coloured, बैटीक। 2. the clothes thus dyed, बैटीक।

batiste (बै-टीस्ट्´) *n.* a very thin and light fabric of cotton, मलमल।

batman (बैट्´-मॅन्) *n.* a soldier working as an officer's orderly, सैनिक अर्दली।

baton (बै-टॅन्´) *n.* 1. a staff serving as a symbol of office, (अधिकारी का) डंडा, बेंत। 2. a stick used by the conductor in leading an orchestra, बैंडमास्टर की छड़ी।

bats (बैट्स्) *adj.* crazy, सनकी; He has gone bats, वह सनकी हो गया है।

batsman (बैट्स्´-मॅन्) *n.* one who bats, बल्लेबाज़, बल्लेबाज़ी करनेवाला, बैट्समैन।

battalion (बॅ-टैल्´-यॅन्) *n.* 1. a large army unit, बटालियन, वाहिनी। 2. a large organised body of people, सेना, फ़ौज।

batten[1] (बैट्´-ॲन्) *n.* a strip of wood for fastening or holding something in place, पट्टी, तख़्ती। *v.* (battened, battening) to fasten with battens, पट्टियाँ लगाना।

batten[2] (बैट्´-ॲन्) *v.* (battened, battening) 1. to make or become fat, मुटाना या मोटा बनाना। 2. to thrive at the expense of others, दूसरों का माल चीरना, पराए माल पर गुलछर्रे उड़ाना।

batter[1] (बैट्´-ॲ:) *v.* (battered, battering) 1. to keep striking violently, ज़ोर ज़ोर से प्रहार करना, पीटना या फेंटना। 2. to damage with heavy blows, to demolish, तोड़ देना, ध्वस्त कर देना। 3. to spoil, ख़राब कर देना, बिगाड़ देना।

batter[2] (बैट्´-ॲ:) *n.* a batsman, बल्लेबाज़।

batter[3] (बैट्´-ॲ:) *n.* a thin mixture of flour, milk, eggs etc., घोल।

batter[4] (बैट्´-ॲ:) *n.* an inclination of a wall, दीवार का झुकाव।

battered (बैट्´-ॲ:ड्) *adj.* roughly handled, दुरुपयोग से विकृत।

battering ram (बैट्´-ॲर्-इंग्-रैम्) *n.* a heavy wooden beam used for demolishing gates and walls, वह शहतीर जिससे किले की दीवार या फाटक पर प्रहार करते थे।

battery (बैट्´-ॲर्-ई) *n.* 1. a battering, मार-पीट। 2. a set of heavy guns, तोपों का समूह, तोपख़ाना। 3. an array, समूह। 4. a device for generating electric current, बैटरी।

batting[1] (बैट्´-इंग्) *n.* a layer of cotton or wool, पहल, परत।

batting[2] (बैट्´-इंग्) *n.* the act of striking a ball with the bat, बल्लेबाज़ी।

battle (बैट्´-ॲल्) *n.* 1. a combat between two armed forces, युद्ध, लड़ाई। 2. a hard struggle, संघर्ष, लड़ाई। *v.* (battled, battling) 1. to fight against, युद्ध करना, लड़ना। 2. to struggle, संघर्ष करना।

battle-axe (बैट्´-ॲल्-ऐक्स्) *n.* 1. an axe

formerly used as weapon, कुठार, परशु। 2. a formidable aggressive woman, जुझारू औरत।

battlefield (बैट्´-अॅल्-फ़ील्ड्) ***n.*** a field where a battle was fought, युद्धक्षेत्र, लड़ाई का मैदान, समरभूमि, रणक्षेत्र।

battleground (बैट्´-अॅल्-ग्राउन्ड्) ***n.*** = battlefield.

battlement (बैट्´-अॅल्-मॅन्ट्) ***n.*** a wall with holes for shooting purposes, परकोटा, फसील।

battleship (बैट्´-अॅल्-शिप्) ***n.*** a warship, जंगी जहाज़, युद्धपोत।

batty (बैट्´-ई) ***adj.*** crazy, सनकी।

bauble (बाः´-बॅल्) ***n.*** an attractive article of little value, दिखावटी चीज़, भड़कीली किंतु साधारण वस्तु, दिखौआ वस्तु।

bauxite (बाःक्´-साइट्) ***n.*** the ore of aluminium, बाक्साइट।

bawd (बाःड्) ***n.*** 1. a procuress, कुटनी, दूती। 2. a prostitute, वेश्या, रंडी। 3. a female brothel-keeper, कोठे की मालकिन, बड़ी बी।

bawdiness (बाः´-डि-निस्) ***n.*** obscenity, अश्लीलता, फूहड़पन।

bawdy (बाः´-डी) ***adj.*** 1. obscene, अश्लील, गंदा, फूहड़। 2. humorous (in a coarse way), भद्दा, भोंडा। ***n.*** obscene language, अपभाषा, अपवचन, गाली-गलौज।

bawdy-house (बाः´-डि-हॉउस्) ***n.*** a brothel, वेश्यालय, रंडी का कोठा।

bawl (बाःल्) ***v.*** (bawled, bawling) to shout, to cry loudly, चीखना, चिल्लाना। □ **bawl out,** बुरी तरह डाँटना-फटकारना। ***n.*** 1. a shout, चीख, चीख-पुकार। 2. loud weeping, ज़ोर-ज़ोर से रोना।

bay[1] (बे) ***n.*** a part of the sea partly enclosed by land, खाड़ी।

bay[2] (बे) ***n.*** 1. an opening in a wall, आला, ताखा। 2. any partly enclosed compartment, उपकक्ष, उपखंड। 3. a compartment in an aircraft or ship, जहाज़ का कक्ष।

bay[3] (बे) ***n.*** a deep bark or howl, भौंक, भौं-भौं, हुआँ-हुआँ। □ **at bay,** दूर; **bring to bay,** घेर लेना, फाँस लेना, फँसा लेना; **hold at bay,** रोक देना। ***v.*** (bayed, baying) to bark or howl, भौंकना, हुआँ-हुआँ करना, हुआना। □ **bay at the moon,** बिना मतलब बार-बार शिकायत करना।

bay[4] (बे) ***n.*** 1. a small evergreen tree with aromatic leaves used for flavouring in cooking, तेजपत्ता। 2. (plu.) a wreath of bay leaves, जयपत्रों की माला, जयमाल।

bay[5] (बे) ***adj.*** reddish-brown, भूरे रंग का, भूरा।

bay leaf ***n.*** aromatic leaves of a bay tree, तेजपत्ता, तेजपात।

bayonet (बे´-अॅ-नॅट्/निट्) ***n.*** a long knife for stabbing attached to the muzzle of a rifle, संगीन। ***v.*** (bayoneted, bayoneting) to stab with a bayonet, संगीन भोंक देना।

bazaar (बॅ-ज़ाः´) ***n.*** a market, बाज़ार।

bazooka (बॅ-जू´-कॅ) ***n.*** a small antitank rocket launcher, छोटी तोप, बजूका।

be (बी) ***v.*** 1. to exist, to live, होना। 2. to take place, होना, घटना। 3. to become, होना, बनना। 4. to go, जाना, हो आना। 5. to equal in meaning or identity, समान होना। 6. to have a specified quality or characteristic, युक्त होना। 7. to signify, सूचित करना, बताना। 8. also used as an auxiliary verb, सहायक क्रिया के रूप में भी प्रयुक्त। □ **be-all and end-all,** मूल उद्देश्य या प्रयोजन, साध; **be that as it may,** चाहे वह जैसा हो; **have been,** हो आना; I have been to Tokyo, मैं टोक्यो हो आया हूँ। **Let it be.** छेड़छाड़ की जरूरत नहीं; **would be,** भावी।

beach (बीच्) ***n.*** the sea-shore, समुद्रतट, सागरतट। ***v.*** (beached, beaching) to bring ashore, किनारे (पर) लाना।

beachcomber (बीच्´-को-मॅः) ***n.*** 1. a person who lives on the beach, तटवासी, तटजीवी। 2. one who collects stray articles along a beach, तट पर से गिरी-पड़ी वस्तुएँ उठाकर जीवनयापन करनेवाला।

beachhead (बीच्´-हेंड्) ***n.*** a place on the beach where invading army has its foothold, तट-मोर्चा।

beacon (बी´-कॅन्) *n.* 1. a fire lit on the hill-top to serve as a signal (of warning), सांकेतिक ज्वाला, ज्वाला-संकेत। 2. a light used as a signal, संकेतदीप, प्रकाशसंकेत। 3. a light-house, प्रकाशगृह। 4. a guide, मार्गदर्शक। *v.* (beaconed, beaconing) 1. to give a signal, संकेत करना या देना। 2. to guide, मार्गदर्शन करना, मार्ग प्रकाशित करना।

bead (बीड्) *n.* 1. a pierced small ball for threading, मनका, गुरिया, दाना। 2. a drop, बूँद, जलकण। 3. a bubble, बुलबुला। 4. any small round object, दाना। 5. a small metallic knob acting as the sight of a fire-arm, बंदूक की मक्खी। 6. (plu.) a neklace of beads, मनकों की माला, मणिमाला। 7. (plu.) a rosary, जपमाला। ☐ **draw or hold a bead on,** राइफ़ल तानना, लक्ष्य साधना; **tell one's beads,** माला फेरना, माला फेरते हुए प्रार्थना करना। *v.* (beaded, beading) 1. to form into a bead, मनके बनाना। 2. to decorate with beads, मनकों से सजाना।

beading (बी´-डिंग्) *n.* 1. a decoration of beads, मनकों-की सज्जा। 2. a carving like a series of beads, मनकों जैसी नक़्क़ाशी।

beady (बी´-डी) *adj.* 1. small and bright like beads, मनकों-जैसा। 2. covered with beads, मनकों से सज्जित।

beagle (बी´-गॅल्) *n.* a small dog used for hunting, छोटा शिकारी कुत्ता, बीगल।

beak (बीक्) *n.* 1. a bird's bill, चोंच। 2. any similar projection, चोंचनुमा चीज़ या रचना।

beaker (बी´-कॅ:) *n.* a container with a lip for pouring liquids, बीकर, जीभदार प्याला।

beam (बीम्) *n.* 1. a ray, किरण, रश्मि। 2. a long piece of wood used to support the roof, शहतीर, धरन, कड़ी। 3. the bar of a weighing scale, डंडी, तुलादंड। 4. the central shaft of a plough, हरिस। 5. a ship's maximum breadth, जलयान का सबसे अधिक चौड़ा हिस्सा। 6. a bright look or smile, हँसी, मुस्कान। *v.* (beamed, beaming) 1. to shine, चमकना। 2. to express by smiling, मुस्करा देना। 3. to send out radio waves, रेडियो-रश्मियाँ प्रसारित करना। 4. to express or publish, प्रकट या प्रकाशित करना।

beaming (बीम्´-इंग्) *adj.* shining, giving off light, चमकीला, चमकता हुआ।

bean[1] (बीन्) *n.* a long seed vessel like that of a pea, फली। ☐ **full of beans,** ओजपूर्ण; **not have a bean,** पास फूटी कौड़ी न होना; **spill the beans,** रहस्य खोल देना, भंडा फोड़ देना।

bean[2] (बीन्) *v.* (beaned, beaning) to hit on the head, सिर फोड़ देना।

bean curd *n.* a soyabean cheese cake, सोया पनीर या सोया दही।

bear[1] (बेंअ:) *n.* 1. a wild mammal with thick fur and strong claws, भालू, रीछ। 2. a clumsy or ill-mannered person, फूहड़ या उज्जड व्यक्ति। 3. a person who sells shares in anticipation of falling prices, मंदी के भय से शेयर बेचनेवाला, मंदड़िया। ☐ **the Great Bear,** सप्तर्षि मंडल।

bear[2] (बेंअ:) *v.* (bore, borne) 1. to hold up, धारण करना। 2. to carry, वहन करना। 3. to accept or assume the responsibility of, स्वीकार करना, ग्रहण करना। 4. to give birth to, जन्म देना। 5. to produce, उत्पन्न करना, फलना-फूलना। 6. to tolerate, बरदाश्त करना, सहना। 7. to turn, मुड़ना। 8. to conduct, व्यवहार करना, आचरण करना। 9. to have in one's heart or mind, (मन में) रखना, पालना। 10. to exert pressure, दबाव डालना। ☐ **bear down,** (i) दबाना; (ii) परास्त करना; **bear down on** (i) आ धमकना; (ii) दंडित करना; (iii) भारी पड़ना, बोझ बनना; **bear fruit,** सफल होना; His efforts bore fruit, उसके प्रयत्न सफल हो गए; **bear in mind,** स्मरण रखना; **bear on,** संबद्ध या प्रासंगिक होना, मेल खाना; **bear out,** पुष्टि करना; **bear up,** साहस दिखलाना, हिम्मत बाँधे रहना; **bear with,** धैर्यपूर्वक सहन करना, सहनशीलता दिखलाना; **bear witness to,** साक्षी देना, गवाही देना।

bearable (बेंअ:´-अॅ-बॅल्) *adj.* tolerable, endurable, बरदाश्त करने योग्य, सहने योग्य, सह्य।

beard (बिअॅ:ड्) *n.* 1. hair growing on a man's chin and cheeks, दाढ़ी। 2. a tuft of hair on

the face of some animals, दाढ़ी। 3. a bristly hair-like growth, जटा (भुट्टे आदि की)। *v.* (bearded, bearding) 1. to pull the beard of, दाढ़ी नोचना। 2. to oppose or confront boldly, डटकर विरोध या सामना करना। □ **beard the lion in his den,** शेर का उसकी माँद में जाकर ललकारना; विशेषज्ञ को उसके विषय की त्रुटियाँ बताना।

bearded (बिअॅ:´-डिड्) *adj.* having a beard, दाढ़ीवाला, दढ़ियल, दाढ़ीदार।

beardless (बिअॅ:ड्´-लिस्) *adj.* 1. lacking a beard, जिसे दाढ़ी न हो, बिना दाढ़ीवाला। 2. young, किशोर (जिसे अभी दाढ़ी न आई हो)।

bearer (बेंअर्´-अॅ:) *n.* 1. one who carries, वहन करनेवाला, वाहक। 2. one who delivers (a letter, पत्र) ले जानेवाला। 3. one who presents a cheque payable on demand, धारक। 4. a coffin bearer, शव को कंधा देनेवाला।

bearing (बेंअॅर्´-इंग्) *n.* 1. manner of conducting oneself, आचरण, व्यवहार, रंग-ढंग। 2. relationship, relevance, संबंध, लेना-देना, प्रासंगिकता, His statement has no bearing on this matter, उसके कथन का विषय या मामले से कोई संबंध नहीं। 3. an aspect, पहलू, पक्ष। 4. endurance, सहनशीलता। 5. anything acts as a support, टेक, सहारा। 6. meaning, आशय, तात्पर्य। 7. a geographical position, दिक्मान। 8. production, उत्पादन। 9. a device on which another part of a machine revolves, बेयरिंग। □ **be out of one's bearings,** होश-हवास उड़ जाना, हक्का-बक्का हो जाना।

bearish (बेंअॅर्´-इश्) *adj.* 1. clumsy, भद्दा, भौडा, बेडौल। 2. boorish, अशिष्ट, गँवार।

bearskin (बेंअॅ:´-स्किन्) *n.* the skin of a bear, भालू की खाल, ऋक्षचर्म।

beast (बीस्ट्) *n.* 1. any four-footed animal, चौपाया, पशु, जानवर। 2. a brutal person, निर्दय व्यक्ति, पशु, वहशी। 3. a depraved person, अधम व्यक्ति, पशु, जानवर।

beastliness (बीस्ट्´-लि-निस्) *n.* brutality, पाशविकता, पशुता।

beastly (बीस्ट्´-ली) *adj.* 1. of or like a beast, पशुवत्, पाशविक, जानवरों-सा। 2. brutal, कठोर, निर्मम, क्रूर। 3. disgusting, very unpleasant, nasty, घृणित, जघन्य, घिनौना। *adv.* 1. very unpleasantly, कठोर, घोर। 2. excessively, अत्यधिक।

beat (बीट्) *v.* (beat, beaten, beating) 1. to strike repeatedly, मारना, पीटना, मारना-पीटना, मार-पीट करना। 2. to defeat, हराना, परास्त करना। 3. to surpass, आगे निकल जाना। 4. to throb, धड़कना, धकधक करना, स्पंदन करना। 5. to batter, फेंटना। 6. to flap, फड़फड़ाना। 7. to flatten by repeated blows, पीटना, कूटना। □ **beat about the bush,** (i) असली मुद्दे पर न आना; (ii) इधर-उधर की हाँकना; (iii) गोलमोल ढंग से बात कहना; **beat down,** दाम कम करना; **beat a retreat,** भाग खड़े होना, मैदान, छोड़ देना; **beat out a path,** चल-चलकर रास्ता बना लेना; **beat the air,** (i) बेकार कोशिश करना; (ii) हराना; **beat someone hollow,** किसी से बाज़ी ले जाना; **beat off,** भगा देना; **beat one's brains out,** पूरी शक्ति लगा देना; **beat up,** (i) बार-बार प्रहार करना, मारना-पीटना। (ii) to beat up (eggs, अंडे) फेंटना। *n.* 1. a blow or stroke, आघात, चोट। 2. the sound made by a stroke or blow, आघात या चोट की आवाज़। 3. a throb, धड़कन। 4. a rhythmic stress, ताल। 5. a regular round or habitual route, गश्त। 6. an act of driving out a game, हाँका। 7. a beatnik, बीटनिक। *adj.* 1. exhausted, श्रांत, थका-हारा। 2. relating to a beatnik or beatniks, बीटनिक-संबंधी।

beaten (बीट्´-अॅन्) *adj.* 1. struck with blows, मारा-पीटा हुआ। 2. hammered out, पीटा हुआ। 3. defeated, परास्त, हारा हुआ। 4. exhausted, थका हुआ, श्रांत। 5. worn out, घिसा-पिटा। 6. battered, फेंटा हुआ। □ **beaten path or track,** घिसी-पिटी बात; **off the beaten track,** (i) घिसे पिटे रास्ते से नहीं, किसी और रास्ते से; (ii) निराला, आसाधारण, अपूर्व।

beater (बी´-टॅ:) *n.* 1. one who beats, मारने-

पीटने या कूटने-पीसनेवाला। 2. an apparatus for beating, फेंटने का उपकरण। 3. one who drives games for hunting, हँकुआ।

beatific (बी-अॅ-टिफ़्´-इक्) *adj.* showing great happiness or bliss, आनंदप्रद, दिव्य।

beatification (बि-ऐट्-इ-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* the pope's proclamation that the deceased person is among the blessed in heaven, पादरी की यह घोषणा कि मृतक स्वर्ग में आनंद से है; धन्य-घोषणा।

beatify (बि-ऐट्´-इ-फ़ाइ) *v.* (beatified, beatifying) to honour by beatification, धन्य-घोषणा करना।

beating (बी´-टिंग्) *n.* 1. the punishment by blows, प्रहार, आघात, मार। 2. a defeat, हार, पराजय। 3. throbbing, धड़कन। *adj.* throbbing, palpitating, धड़कता हुआ।

beatitude (बि-ऐट्´-इ-टयूड्/च्यूड्) *n.* supreme happiness, परमानंद।

beatnik (बीट्´-निक्) *n.* a person belonging to a disgruntled young generation with long hair and shabby clothes, बीटनिक।

beau (बो) *n.* 1. a fop, छैला, बाँका। 2. a young girl's boy-friend, प्रेमी, यार।

beau monde (बो-मॉन्ड्´) *n.* fashionable society, फैशनपरस्त लोग या समाज। (फ्रांसीसी)

beauteous (ब्यु´-टि-अॅस्) *adj.* beautiful, सुंदर, ख़ूबसूरत।

beauteousness (ब्यु´-टि-अॅस्-निस्) *n.* beauty, सुंदरता।

beautician (ब्यु-टिश्´-अॅन्) *n.* a person who is skilled in cosmetic treatment, ब्युटिशियन, शृंगारवेत्ता।

beautification (ब्यु-टि-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* an act of beautifying, सुंदरीकरण, शृंगारीकरण, सजावटीकरण।

beautiful (ब्यु´-टि-फ़ुल्) *adj.* 1. full of beauty, सुंदर, ख़ूबसूरत। 2. very satisfactory, अत्यंत संतोषजनक, बहुत बढ़िया।

beautifully (ब्यु´-टि-फ़ु-ली) *adv.* in a beautiful manner, सुंदरतापूर्वक, सुंदर ढंग से, ख़ूबसूरती से।

beautify (ब्यु´-टि-फ़ाइ) *v.* to make beautiful, सुंदर बनाना, सजाना, शृंगार करना, सजावट करना।

beauty (ब्यु´-टी) *n.* 1. the quality of being beautiful, सुंदरता, ख़ूबसूरती, सौंदर्य। 2. a beautiful woman, सुंदरी। 3. an outstanding example of its kind, अपनी तरह की बेजोड़ वस्तु।

beauty parlour (~ -पा:´-ल:) *n.* an establishment for giving beautifying treatments to hair, face, body etc., ब्यूटी पार्लर, शृंगारगृह।

beauty queen (~ क्वीन्) *n.* a woman who has won a beauty contest, सुंदरियों की रानी, महासुंदरी, रूपरानी।

beauty sleep (~ स्लीप्) *n.* deep sleep before midnight, मध्यरात्रि से पहले की गहरी नींद।

beauty spot (~ स्पॉट्) *n.* a place of outstanding beauty, रम्य स्थली।

beaver (बी´-वॅ:) *n.* 1. a rodent that lives both on land and in water, ऊदबिलाव। 2. its fur, ऊदबिलाव की खाल। 3. a hard worker, मेहनती कर्मचारी या कार्यकर्ता।

becalmed (बि-का:म्ड्´) *adj.* unable to move forward because of lack of wind, (said of a sailing ship ऐसा जलयान) जो हवा न होने के कारण आगे न बढ़ पा रहा हो, स्थिर।

because (बि-का:ज्´) *conj.* for the reason that, क्योंकि, इसलिए ··कि। □ **because of,** के परिणामस्वरूप।

beck (बेक्) *n.* 1. a small hill stream पहाड़ी नाला। 2. a beckoning gesture, इशारा, इंगित, संकेत। □ **at someone's beck and call,** किसी के इशारों पर चलना, हुकुम बजाना।

beckon (बेक्´-अॅन्) *v.* (beckoned, beckoning) 1. to signal or summon by nodding or waving, (हाथ या उँगलियों के) इशारे से बुलाना। 2. to signal, इशारा करना, इंगित करना।

becloud (बि-क्लाउड्´) *v.* (beclouded, beclouding) to obscure, ढक जाना, छिप जाना, आच्छादित हो जाना।

become (बि-कम्´) *v.* (became, become, becoming) 1. to come to be, हो जाना, बन जाना; She became a doctor. वह डॉक्टर बन गई।

2. to suit or to be suitable to, जँचना, फबना; The new shirt becomes you. नई कमीज़ में तुम जँच रहे हो। □ **become of,** होना; What has become of my pen? मेरी कलम का क्या हुआ?

becoming (बि-कम्´-इंग्) *adj.* 1. suitable, appropriate, फबनेवाला, भला, सुहावना। 2. attractive, आकर्षक।

becomingly (बि-कम्´-इंग्-ली) *adv.* in an attractive manner, आकर्षक रूप में।

bed (बेंड्) *n.* 1. a piece of furniture for sleeping, चारपाई, खाट, पलंग, शय्या, सेज। 2. act of sleeping, शयन, सोना। 3. sexual relations, यौन-संबंध। 4. a foundation, नींव। 5. a piece of ground prepared for plants, क्यारी। 6. a bottom of the sea, river etc., समुद्र, नदी आदि का तल। 7. a layer, परत। 8. a deposit, भंडार। □ **a bed of roses,** फूलों की सेज; **a bed of thorns,** काँटों की सेज; **a bed of roses,** फूलों की सेज; **die in one's bed,** अपनी मौत मरना; **get out of bed on the wrong side,** आवेश में होना; **go to bed with,** किसी के साथ सोना, मैथुन करना; **make bed,** बिछौना लगाना; **take to one's bed,** खाट पर पड़ जाना। *v.* (bedded, bedding) 1. to furnish with bed, चारपाई लगाना। 2. to embed, जड़ना। 3. to place or fix in a foundation, बैठाना, स्थापित करना। 4. to plant in a bed or beds, (पौधों को) लगाना, जमाना, रोपना। 5. to have sexual relations with, संभोग या मैथन करना, हमबिस्तर होना। □ **bed down** किसी चीज़ पर लेट जाना; He had to bed down on the sofa, वह सोफ़े पर पसर गया।

bedaub (बि-डाःब्´) *v.* (bedaubed, bedaubing) to daub with paint, mud etc., लीपना, पोतना।

bedazzle (बि-डैज़्´-ऑल्) *v.* (bedazzled, bedazzling) 1. to dazzle completely, चकाचौंध उत्पन्न करना, चौंधियाना। 2. to confuse, भ्रमित करना/होना।

bedbug (बेंड्´-बग्) *n.* a bloodsucking insect infesting beds, खटमल।

bedcover (बेंड्´-क-वें:) *n.* a cover on a bed, पलंगपोश, चादर।

bedding (बेंड्´-इंग्) *n.* 1. the sheets, covers etc. put on a bed, बिछौना, बिस्तर। 2. a foundation, नींव।

bedeck (बि-डेंक्´) *v.* (bedecked, bedecking) to adorn, to embellish, सजाना, सँवारना, अलंकृत करना, सजावट करना।

bedevil (बि-डेंव्-इल्) *v.* (bedevilled, bedevilling) 1. to harass, परेशान करना। 2. to worry, चिंतित होना, चिंता करना।

bedew (बि-ड्यू´) *v.* (bedewed, bedewing) to wet with or as if with dew, नम होना, भीग जाना, तर हो जाना।

bedfast (बेंड्´-फ़ैस्ट् / फ़ास्ट्) *adj.* bedridden, शय्याग्रस्त, रुग्ण।

bedfellow (बैड्´-फ़ेंल्-ओ) *n.* 1. one with whom a bed is shared, हमबिस्तर, शय्यासंगी। 2. a temporary associate, थोड़ी देर का साथी; Politics makes strange bed fellows, राजनीति में अजीबोग़रीब गठबंधन होते हैं।

bedizen (बि-डाई´-ज़ॅन्) *v.* (bedizened, bedizening) to dress or ornament shabbily, फूहड़ ढंग से वस्त्र या आभूषण धारण करना।

bedimmed (बि-डिम्ड्´) *adj.* blurred, hazy, धुँधला।

bedlam (बेंड्´-लॅम्) *n.* 1. a scene of uproar, कोलाहलपूर्ण दृश्य। 2. a mad house, पागलख़ाना।

bed-linen (बेंड्-लिन्´-ॲन्) *n.* the sheets and pillow cases for a bed, चादरें और खोलियाँ।

Bedouin (बेंड्´-ऊ-इन्) *n.* a wandering Arab of the desert, रेगिस्तान का ख़ानाबदोश अरबवासी, बद्दू।

bedpan (बेंड्´-पैन्) *n.* a pan for use as a toilet by a bedridden person, बेडपैन, मलपात्र।

bedpost (बेंड्´-पोस्ट्) *n.* any of the four vertical posts of a bed, पाया। □ **between you, me and the bedpost,** हम दोनों के बीच का (जिसकी जानकारी किसी तीसरे को न हो)।

bedraggled (बि-ड्रैग्´-ऑल्ड्) *adj.* with the clothes and hair in disorder, जिसके कपड़े तथा बाल अस्तव्यस्त हों।

bedridden (बेंड्´-रिड्-ॲन्) *adj.* confined to bed, शय्याग्रस्त, रुग्ण।

bedrock (बेंड्´-रॉक्) *n.* 1. solid rock beneath loose soil, तलशैल। 2. basic facts or principles, आधारभूत तथ्य, मूल सिद्धांत।

bedroom (बेंड्´-रूम्) *n.* a room for sleeping in, शयनकक्ष, सोने का कमरा।

bedside (बेंड्´-साइड्) *n.* 1. the side of a bed, चारपाई का पहलू या पार्श्व। 2. the position by a bed, चारपाई के निकट स्थित होने की अवस्था या भाव।

bedsitter (बेंड्´-सि-टंः) *n.* a living cum sleeping room, ऐसा कमरा जिससे बैठक और शयनकक्ष दोनों का काम लिया जाता हो, रहने-सोने का कमरा।

bedsore (बेंड्´-सोः) *n.* a sore occurring during long confinement to bed, शय्याव्रण, खटघाव।

bedspread (बेंड्´-स्प्रेंड्) *n.* a bed-covering, पलंगपोश, चादर।

bedstead (बेंड्´-स्टेंड्) *n.* the frame supporting a bed, चारपाई, चौकी आदि।

bedtime (बेंड्´-टाइम्) *n.* a time for going to bed, सोने का समय, शयनकाल।

bee (बी) *n.* 1. an insect that produces honey, मधुमक्खी। 2. a black bee, भौंरा, भ्रमर। 3. a gathering for work or competition, कार्य गोष्ठी, प्रतियोगिता-गोष्ठी; spelling bee, वर्तनी-प्रतियोगिता। □ **a bee in one's bonnet,** दिमाग में घूमती रहनेवाली बात।

beef (बीफ़्) *n.* 1. the meat of farm cattle (sply. of a cow or bull), गोमांस। 2. the muscular strength, भुजबल, शारीरिक बल। 3. a complaint, शिकायत। *v.* (beefed, beefing) to complain, शिकायत करना। □ **beef up,** हृष्ट-पुष्ट करना, सुदृढ़ करना।

beefiness (बीफ़्´-इ-निस्) *n.* the state of being beefy, स्थूलता, मांसलता।

beefsteak (बीफ़्´-स्टीक्) *n.* a portion of beef, मांसखंड, बोटी।

beefy (बी´-फ़ी) *adj.* 1. fat, स्थूल, मांसल। 2. foolish, मूर्ख।

beehive (बी´-हाइव्) *n.* a hive, मधुमक्खियों का छत्ता।

beekeeper (बी´-की-पंः) *n.* a person who raises bees for honey, मधुमक्खियों को पालनेवाला, मधुमक्खी-पालक।

beekeeping (बी´-कीप्-इंग्) *n.* raising of bees, मधुमक्खी-पालन।

beeline (बी´-लाइन्) *n.* a direct line between two points, सरल रेखा, सीधी रेखा।

been (बीन्, बिन्) *v.* p.p. of be.

beep (बीप्) *n.* a short high-pitched sound made by electronic equipment, इलैक्ट्रानिक ध्वनि-संकेत, पीं-पीं। *v.* (beeped, beeping) to make this sound, ध्वनि संकेत करना, पीं-पीं करना।

beer (बिअँः) *n.* a drink made from barley, बीयर, मदिरा।

beery (बिअँर्´-ई) *adj.* like beer, बीयर-जैसा।

beet (बीट्) *n.* a plant with a dark-red root used as a vegetable, चुकंदर।

beetle[1] (बी´-टॅल्) *n.* a heavy mallet for striking pegs, हथौड़ा।

beetle[2] *n.* 1. an insect with a hard covering, भौंरा, भ्रमर। 2. a cockroach, तिलचट्टा।

beetle[3] *v.* (beetled, beetling) to overhang, to project, बाहर निकला हुआ होना। □ **beetle off,** to go away, चल देना। *adj.* overhanging, बाहर निकला हुआ, उभरा हुआ; ~ browed, जिसकी भौंहें बाहर निकली हुई हों, उभरी हुई भौंहों-वाला, घनी भौंहोंवाला।

beetroot (बीट्´-रूट्) *n.* root of a beet, कंद।

befall (बि-फ़ाःल्´) *v.* (befell, befallen, befalling) to happen, to happen to, आ पड़ना, घटित होना। What has befallen him? उसे क्या हुआ है? उस पर क्या मुसीबत आ गई है?

befell (बि-फ़ेंल्´) *v.* p.t. of befall.

befit (बि-फ़िट्´) *v.* (befitted, befitting) to be suitable to, उपयुक्त होना, जँचना, फबना।

befitting (बि-फ़िट्´-इंग्) *adj.* suitable, उपयुक्त, वाजिब, नपा-तुला।

befog (बि-फ़ॉग्´) *v.* (befogged, befogging) 1. to cover with fog, कोहरा छा जाना। 2. to obscure, ढक या तोप देना, आच्छादित कर देना।

befool (बि-फ़ूल्´) *v.* (befooled, befooling) to make a fool of, मूर्ख बनाना।

before (बि-फ़ोः) *adv.* 1. in the past, previ-

ously, पहले, पूर्व में, पहले भी, आगे भी। 2. ahead, in advance, पहले। 3. in front, सामने, आगे। *prep.* 1. prior to, के पहले। 2. in front of, के सामने, के आगे। 3. in the presence of, की उपस्थिति में, के सामने, के सम्मुख। *conj.* 1. in advance of the time when, इससे पहले कि। 2. rather than, अपेक्षाकृत पहले, के बदले; I would die before I would betray my country, मैं देश के साथ गद्दारी करने से पहले मरना पसंद करूँगा।

Before Christ *adv.* before the birth of Christ, ईसा के जन्म से पूर्व, ईसा-पूर्व।

beforecited (बि-फोः´-साइ´-टिड्) *adj.* cited before, उपर्युक्त।

beforehand (बि-फोः´-हैन्ड्) *adv.* in advance, पहले से।

befoul (बि-फ़ाउल्´) *v.* (befouled, befouling) 1. to make foul, गंदा कर देना, दूषित कर देना। 2. to cast aspersions on, बदनाम करना।

befriend (बि-फ़्रेंन्ड्´) *v.* (befriended, befriending) 1. to act as a friend to, मित्रवत् व्यवहार करना, दोस्ती निभाना। 2. to be kind and helpful to, सहायता करना।

befuddle (बि-फ़ड्´-अॅल्) *v.* (befuddled, befuddling) to confuse, हतप्रभ करना, भ्रमित करना।

beg (बेंग्) *v.* (begged, begging) 1. to ask humbly for anything, माँगना, याचना करना, भीख माँगना। 2. to request humbly, विनती करना, याचना करना, भीख माँगना, चाहना। ☐ **beg off,** माफ़ी चाहना, क्षमा चाहना; **go begging,** पूछ न होना; It goes a begging. उसे कोई नहीं पूछता / वह मारा मारा फिरता है।

began (बि-गैन्´) *v.* p.t. of begin,

beget (बि-गेंट्´) *v.* (begot, begotten, begetting) 1. to procreate, to give birth to, जन्म देना। 2. to produce, उत्पन्न करना; Hunger begets crime, भूख अपराध की जननी है।

beggar (बेंग्´-अंः) *n.* 1. one who solicits alms for living, भिखारी, भिखमंगा, भिक्षुक, मँगता; Beggars can't be choosers, माँगने वाले को जो मिल जाए वही ले लेना चाहिए। 2. a very poor person, अत्यंत निर्धन व्यक्ति, दीन-हीन व्यक्ति, कंगाल। *v.* (beggared, beggaring) 1. to reduce to poverty, निर्धन बना देना। 2. to make appear poor or useless, असमर्थ बना देना, व्यर्थ बना देना; Her beauty beggars description, उसका सौंदर्य वर्णनातीत है।

beggardom (बेंग्´-अंः-डम्) *n.* 1. beggars collectively, भिखारियों का समुदाय। 2. the state of being a beggar, भिखारीपन।

beggarliness (बेंग्´-अंः-लि-निस्) *n.* 1. extreme poverty, अत्यंत निर्धनता। 2. inadequacy, नगण्यता। 3. beggary, भिक्षावृत्ति।

beggarly (बेंग्´-अंः-ली) *adj.* 1. very poor, ग़रीबी का मारा, अत्यंत निर्धन, बहुत अधिक ग़रीब। 2. worthless, व्यर्थ, नगण्य, तुच्छ।

beggary (बेंग्´-अंः-ई) *n.* 1. the state of being a beggar, कंगाली, भिखारीपन। 2. mendicancy, भिक्षावृत्ति। 3. a place where beggars live, भिखारियों की बस्ती।

begging (बेंग्´-इंग्) *n.* the action of asking for alms, भीख माँगना, भीख माँगने का काम, भिक्षावृत्ति।

begin (बि-गिन्´) *v.* (began, begun, beginning) 1. to commence, to start, आरंभ करना/होना, शुरू करना/होना। 2. to come into being, अस्तित्व ग्रहण करना; I begin to feel that .... मुझे लगने लगा कि ··· । ☐ **to begin with,** पहली बात यह कि ··· ।

beginner (बि-गिन्´-अंः) *n.* a novice, नौसिखुआ।

beginning (बि-गिन्´-इंग्) *n.* 1. commencement, start, शुरुआत, प्रारंभ। 2. a source, स्रोत।

begone (बि-गॉन्´) *interj.* go away, परे हटो, दूर हो जाओ, भागो यहाँ से!

begot (बि-गॉट्´) *v.* p.t. & p.p. of beget.

begrime (बि-ग्राइम्´) *v.* (begrimed, begriming) to make dirty, गंदा या मैला करना, दूषित करना।

begrudge (बि-ग्रज्´) *v.* (begrudged, begrudging) 1. to grudge, ईर्ष्या करना, ख़ार खाना, डाह करना। 2. grumble, कुढ़ना।

beguile (बि-गाइल्´) *v.* (beguiled, beguiling) 1. to deceive or cheat, धोखा देना, छलना;

Her eyes beguiled me, उसकी आँखों ने मुझे छल लिया। 2. to amuse or divert, मन बहलाना, ध्यान बँटाना। 3. to coax, फुसलाना। 4. to give with reluctance, अनिच्छापूर्वक देना, बेमन से देना।

beguilement (बि-गाइल्´-मॅन्ट्) *n.* the act of beguiling, deception, cheating, झाँसा, छल, धोखा।

beguine (बि-गीन्´) *n.* a ballroom dance, सामूहिक नृत्य।

begum (बी´-गम्) *n.* an Indian Muslim woman of high rank, बेगम।

begun (बि-गन्´) *v.* p.p. of begin.

behalf (बि-हैफ़्´, बि-हाफ़्´) *n.* interest, benefit, हित। □ **in behalf of,** के हित में; **on behalf of,** की तरफ़ से, का प्रतिनिधि बनकर।

behave (बि-हेव्´) *v.* (behaved, behaving) 1. to act or function, आचरण करना, व्यवहार करना, बरताव करना, कार्य करना। 2. to conduct oneself in a proper way, सही बरताव करना, अच्छा आचरण करना, ठीक व्यवहार करना।

behaviour, behavior (बि-हेव्´-यें:) *n.* 1. a way of bahaving, व्यवहार, आचरण, बरताव। 2. deportment, demeanour, स्वभाव, मिज़ाज, चाल-चलन, चरित्र।

behavioural, behavioral (बि-हेव्´-यॅ-रॅल्) *adj.* of behaviour, आचरणगत, व्यवहारजन्य; चरित्रगत।

behaviourism (बि-हेव्´-यॅ-रिज़्-ॲम्) *n.* a psychological theory which emphasizes the importance of an objective study of actual responses, व्यवहारवाद।

behead (बि-हेंड्´) *v.* (beheaded, beheading) to cut the head from, to decapitate, सिर काट देना, सिर उड़ा देना।

beheld (बि-हेल्ड्´) *v.* p.t. & p.p. of behold.

behemoth (बि-ही´-मॉथ्) *n.* a huge animal (mentioned in the Old Testament), एक विशाल जंतु।

behest (बि-हेस्ट्´) *n.* an order or command, आदेश; at the behest of, के आदेशानुसार।

behind (बि-हाइन्ड्´) *adv.* 1. at the back, towards the rear, in or to the rear, पीछे, पिछवाड़े। 2. in the past, पीछे। 3. late, slow, लेट, देर से, धीरे; The train is running behind, गाड़ी लेट है। 4. in the past, पीछे, पहले। 5. still to come, आने को; There is greater news behind, अभी बड़ा समाचार आने को है। *prep.* 1. in the rear of, के पीछे; behind a person's back, किसी की पीठ पीछे। 2. after, के बाद, के पीछे। 3. inferior to in position, achievement etc., के पीछे। 4. later than, के पीछे। 5. not yet revealed about, के पीछे; behind the scenes, परदे के पीछे, परोक्ष में। *adj.* 1. that follows, पीछेवाला, पिछला। 2. in arrears, बक़ाया, पिछड़ा हुआ। *n.* the buttocks, चूतड़।

behindhand (बि-हाइन्ड्-हैन्ड्) *adj & adv.* 1. backward, पिछड़ा हुआ। 2. late, पीछे, विलंब से चलनेवाला। 3. to arrears, बकाया, बाक़ी।

behold (बि-होल्ड्´) *v.* (behold, beholding) to see, to observe, देखना, गौर करना, ध्यान देना।

beholden (बि-होल्´-डॅन्) *adj.* under an obligation, obliged, indebted, आभारी, कृतज्ञ।

behoove (बि-हूव्´) *v.* (behooved, behooving) 1. to be necessary for, to be appropriate for, उचित होना, शोभा देना। 2. to be advantageous for, लाभप्रद होना।

beige (बेज़्) *adj.* light greyish brown, मटमैला।

being (बी´-इंग्) *n.* 1. existence, अस्तित्व, सत्ता; to come into being, अस्तित्व में आना, अस्तित्व ग्रहण करना। 2. something that exists and has life, जीवधारी, प्राणी। 3. essential nature, मूल, स्वभाव। □ **the Supreme Being,** ईश्वर। *adj.* immediate, at hand; निकटतम, सन्निकट।

belabour, belabor (बि-ले´-बें:) *v.* (belaboured, belabouring) 1. to attack with blows, मारना-पीटना, ख़ूब मरम्मत करना। 2. to assail with words, बुरा-भला कहना, निंदा करना। 3. to work on or talk about to silly lengths, खींचतान करना, अत्यधिक विस्तार करना।

belated (बि-ले´-टिड्) *adj.* arriving late, tardy,

देर से आनेवाला, देर से पहुँचनेवाला, मंदगति।

belaud (बि-लाःड्´) *v.* (belauded, belauding) to praise heartily, भूरि-भूरि प्रशंसा करना।

belay (बि-ले´) *v.* (belayed, belaying) to fasten a rope around an object, रस्से को किसी चीज़ के चारो ओर लपेटना या बाँधना। *interj.* stop! ठहरो, रुको!

belaying pin (बि-ले´-इंग्-पिन्) *n.* a wooden or iron pin for belaying on, खूँटा।

belch (बेंल्च्) *v.* (belched, belching) 1. to expel gas from the stomach through the mouth, डकारना, डकार लेना। 2. to gush forth, ज़ोर से निकालना, फेंकना या छोड़ना। Chimneys belch out smoke, चिमनियों से धुआँ निकलता है। *n.* 1. an act or sound of belching, डकार। 2. something gushed forth, निकाली, फेंकी या छोड़ी हुई वस्तु।

beldam (बेंल्´-डम्) *n.* an ugly old woman, बूढ़ी गंदी स्त्री, चुड़ैल।

beleaguer (बि-ली´-गॅः) *v.* (beleaguered, beleaguering) 1. to besiege, घेर लेना, घेरना। 2. to harass, परेशान करना।

beleaguered (बि-ली´-गॅःड्) *adj.* harassed, परेशान, तंग।

belfry (बेंल्´-फ़्री) *n.* a Church bell-tower, गिरजे का घंटा-घर। ☐ **have bats in the belfry,** सनक जाना।

belie (बि-लाइ´) *v.* (belied, belying) 1. to give a false idea of, to misrepresent, झुठला देना, भ्रमित करना, धोखा देना। 2. to fail to justify or fulfill, अपनी उपयोगिता सिद्ध न कर पाना, औचित्य न सिद्ध कर सकना।

belief (बि-लीफ़्´) *n.* 1. trust, confidence, विश्वास, भरोसा, यक़ीन। 2. a conviction or opinion, धारणा, विचार। 3. a tenet, सिद्धांत, मत।

believable (बि-ली´-वॅ-बॅल्) *adj.* that can be believed, विश्वसनीय, विश्वासयोग्य।

believe (बि-लीव्´) *v.* (believed, believing) 1. to have trust or confidence in. विश्वास करना, यक़ीन करना, भरोसा रखना। 2. to accept as truthful, सच मानना, सही समझना, मान लेना। 3. to have religious faith, निष्ठा या श्रद्धा होना। 4. to hold as an opinion, धारणा होना। ☐ **believe in,** (की) सत्ता में विश्वास होना; **make believe,** बनना, असत्य व्यवहार करना।

believer (बि-ली´-वॅः) *n.* one with religious faith, विश्वासी, आस्तिक व्यक्ति, धर्मी पुरुष।

belittle (बि-लिट्´-अॅल्) *v.* (belittled, belittling) to make seem less important, दर्जा घटाना, महत्त्व या मान कम करके आँकना; Don't belittle your efforts, अपने प्रयासों को कम मत आँको।

bell[1] (बेंल्) *n.* 1. an object made of metal which rings when struck, घंटा, घंटी, घड़ियाल। 2. the sound made by bell, घंटा या घंटी की आवाज़। *v.* (belled, belling) to hang or provide with a bell on, घंटा लगाना, घंटी बाँधना। ☐ **bell the cat,** अगुआ बनना, जोखिम मोल लेना।

bell[2] (बेंल्) *n.* a cry made by a stag, buck etc., at rutting time, मदकाल में हिरन की पुकार, बोबो। *v.* (belled, belling) to bellow, चीख़ना, चिल्लाना, गरजना।

belladonna (बेंल्-अॅ-डोन्´-अॅ) *n.* 1. a poisonous plant, बेंलाडोना। 2. a drug obtained from this plant, बेंलाडोना नामक ओषधि।

bellbottom (बेंल्´-बॉट्-अॅम्) *adj.* having bottom like a bell, widening from knee to ankle, खुले पहुँचेवाला, घंटीदार। *n.* bellbottomed trousers, घुटने के नीचे ज्यादा चौड़ी पतलून, बेलबाटम।

bellboy (बेंल्´-बॉइ) *n.* a boy who do errands, (होटल, क्लब आदि का) परिचारक, नौकर।

belle (बेंल्) *n.* a beautiful woman, सुंदरी, रूपसी।

belles-lettres (बेंल्-लेंट्´-रॅ) *n.* literature regarded for its artistic value, ललित या कलात्मक साहित्य, कला की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण साहित्य। (फ्रांसीसी)

bellhop (बेंल´-हॉप्) *n.* = bellboy.

bellicose (बेंल्´-इ-कोस्) *adj.* of hostile nature, warlike, लड़ाकू, जुझारू, युयुत्सु, युद्धप्रिय।

bellicosity (बेंल्-इ-कॉस्´-इ-टी) *n.* the state

of being bellicose, लड़ाकूपन, जुझारूपन, युयुत्सु-प्रवृत्ति।

belligerence (बि-लिज्´-अॅ-रॅन्स्) ***n.*** the state of being belligerent, युद्धप्रियता, युद्धोन्मुखता।

belligerent (बि-लिज्´-अॅ-रॅन्ट्) ***adj.*** 1. aggressively hostile, युद्धप्रिय, युद्धोन्मुखी। 2. aggressive, आक्रामक, युद्धलिप्त।

bell-metal ***n.*** an alloy used in bells, काँसा।

bellow (बेंल्´-ओ) ***v.*** (bellowed, bellowing) 1. to roar in the manner of a bull, बैल की तरह हुँकारना। 2. to shout in a deep loud voice, ज़ोर से चिल्लाना, गरजना। ***n.*** 1. the loud deep sound of a bull, बैल की हुँकार। 2. a deep shout, चिल्लाहट, गर्जन।

bellows (बेंल्´-ओज़्) ***n.*** (singular or plural) a device for supplying a strong blast of air, भाथी, धौंकनी।

bell-push (बेंल´-पुश्) ***n.*** a button which when pressed rings a bell, घंटी का बटन।

bell-ringer (बेंल्´-रिंग्-अॅ:) ***n.*** one who rings a bell, घंटा बजानेवाला।

belltower (बेंल्-टा:´-अॅ:) ***n.*** a tower with a bell, घंटाघर।

bellwether (बेंल्´-वेंद्-अॅ:) ***n.*** 1. the leading sheep of a flock often wearing a bell, झुंड के आगे-आगे चलनेवाली भेड़ जिसके गले में अक्सर घंटी बँधी रहती है। 2. a leader, अगुआ, नेता।

belly (बेंल्´-ई) ***n.*** 1. the stomach, पेट, उदर। 2. a rounded part of something, पेट, तोंद। ☐ **belly out,** फूलना या फुलाना।

bellyache (बेंल्´-ई-एक्) ***n.*** a pain in the stomach, पेट का दर्द, शूल।

bellybutton (बेंल्´-इ-बट्-अॅन्) ***n.*** the navel, नाभि।

bellyful (बेंल्´-इ-फुल्) ***n.*** as much as one can eat, उतना जितना कोई पेट में डाल सकता हो, पेटभर। ***adj.*** enough, पर्याप्त।

belly laugh (बेंल्´-ई-ला:फ़्) ***n.*** a deep full laugh, a hearty laugh, ठहाका।

belong (बि-ला:ङ्ग्´) ***v.*** (belonged, belonging) 1. to be an inhabitant or native of, ···का होना; I belong to Delhi, मैं दिल्ली का हूँ; Which place do you belong to? आप कहाँ के हैं ? 2. to be the property of, ···का होना; The house belongs to him, यह घर उसका है। 3. to form part of, अंग या अवयव के रूप में होना, ···का होना; That lid belongs to this pot. वह ढक्कन इस बरतन का है। 4. to be a member of, to be connected with, से संबद्ध होना; We belong to this club. हम इस क्लब से संबद्ध हैं।

belongings (बि-ला:ङ्ग्´-इङ्ग्ज़्) ***n.*** 1. personal possessions, संपत्ति, जायदाद। 2. a person's goods, सामान, सामग्री।

beloved (बि-लव्ड्´) ***adj.*** dearly loved, परम प्रिय। ***n.*** one who is beloved, प्रियतम या प्रिया।

below (बि-लो´) ***adv.*** 1. in or to a lower place or level, beneath, नीचे, तले। 2. at the foot of a page, नीचे। 3. further on in a book or article, आगे चलकर, आगे। 4. on earth, धरती पर। 5. in hell, नरक में। ☐ **below the belt,** कमर से नीचे; **under one's belt,** अधिकार में। ***prep.*** 1. lower in position than, के नीचे, के तले। 2. lower in amount than, से कम।

belt (बेंल्ट्) ***n.*** 1. a band worn around the waist, पेटी। 2. a strap used to transfer motion from one wheel to another, पट्टा। 3. a specific region, कटिबंध, क्षेत्र। ***v.*** (belted, belting) 1. to attach with a belt, to put a belt around, पेटी बाँधना, पेटी कसना। 2. to thrash with a belt, पेटी से प्रहार करना। 3. to drink (whiskey, शराब) पीना। ☐ **belt out,** ऊँचे स्वर में गाना; **tighten one's belt,** हाथ खींचकर खर्च करना।

beltway (बेंल्ट्´-वे) ***n.*** a ring road, मुद्रिका पथ, रिंग रोड।

belvedere (बेंल्´-वें-डिअॅ:) ***n.*** a high turret, बुर्ज।

bemoan (बि-मोन्´) ***v.*** (bemoaned, bemoaning) 1. to lament, रोना-कलपना, विलाप करना। 2. to express pity or grief for, दुख या शोक प्रकट करना।

bemused (बि-म्यूज़्ड्´) ***adj.*** confused, भ्रांत, भ्रमित।

ben (बेंन्) *n.* a summit, शिखर, चोटी।

bench (बेंन्च्) *n.* 1. a long seat for two or more persons, बेंच। 2. the judge's seat in court, न्यायपीठ, पीठ। 3. the court, न्यायालय। 4. judges as a group, न्यायाधीशों का समूह, न्यायाधीश-वर्ग। □ **be on the bench,** जज के रूप में काम करना।

bench mark *n.* 1. a mark on a stone post (used as a refrence point in surveying), प्रस्तर-चिह्न। 2. a criterion, कसौटी।

bend (बेंन्ड्) *v.* (bent, bending) 1. to make curved, मोड़ना, टेढ़ा कर देना। 2. to become curved, मुड़ना, टेढ़ा हो जाना। 3. to turn or deflect, मुड़ना, प्रवृत्त होना। 4. to turn downward, झुकाना। 5. to yield, झुकना। 6. to concentrate, संकेंद्रित करना। 7. to coerce or subdue, दबाना। 8. to change, बदलना। □ **be bent on,** तुल जाना; **bend one's energies to a task,** किसी काम में अपनी शक्ति लगा देना; **bend one's steps homewards,** घर लौट चलना या पड़ना। *n.* 1. a curve or turn, मोड़, घुमाव। 2. a (sailor's) knot, (जहाज़ियों की) गाँठ।

bended (बेंन्´-डिड्) *adj.* bent, झुका हुआ, मुड़ा हुआ। □ **on bended knees,** (i) घुटनों के बल बैठकर, घुटनों पर झुककर; (ii) अनुनयपूर्वक।

bender (बेंन्´-डः) *n.* 1. one that bends, मोड़नेवाला। 2. a drinking spree, शराब का दौर।

beneath (बि-नीथ्´) *adv.* 1. below, नीचे। 2. underneath, तले, नीचे। *prep.* 1. below, के नीचे, के तले। 2. unworthy of, के क़ाबिल नहीं; Such behaviour is beneath you, यह व्यवहार तुम्हारे क़ाबिल नहीं। It is beneath you to complain, शिकायत करना आपकी शान के खिलाफ़ है। 3. subject to, अधीनता में, छत्रछाया में; We shall do well beneath his guiding hand, उनकी छत्रछाया में हम अच्छा काम करेंगे।

benedict (बेंन्´-ई-डिक्ट्) *n.* recently married man, नव-विवाहित पुरुष।

benediction (बेंन्-ई-डिक्´-शॅन्) *n.* 1. a spoken blessing, आशीर्वचन, आशीर्वाद, मंगलकामना। 2. a charitable gift or deed, दान या भलाई का काम, भलाई, उपकार।

benedictory (बेंन्-ई-डिक्´-टॅ-री) *adj.* 1. expressing a benediction, आशीर्वादात्मक। 2. auspicious, शुभ, मांगलिक।

benefaction (बेंन्-इ-फ़ैक्´-शॅन्) *n.* a charitable donation, दान, ख़ैरात।

benefactor (बेंन्´-ई-फ़ैक्-टः) *n.* 1. one who gives money for a good cause, दाता, दानी, दानकर्ता। 2. a person who does good, भलाई करनेवाला, हितकारी, उपकारकर्ता। [Fem. benefactress.]

benefice (बेंन्´-इ-फ़िस्) *n.* pay and position of a local priest, स्थानीय पादरी का वेतन तथा पद।

beneficence (बि-नेंफ़्´-इ-सॅन्स्) *n.* an act of kindness, उपकार, हित, भलाई।

beneficent (बि-नेंफ़्´-इ-सॅन्ट्) *adj.* 1. doing good, परोपकारी, हितकारी। 2. generous, उदार, उदारतापूर्ण।

beneficial (बेंन्-इ-फ़िश्´-अॅल्) *adj.* productive of benefits, having a helping or useful effect, लाभदायक, फ़ायदेमंद, हितकर, अनुकूल।

beneficiary (बेंन्-इ-फ़िश्´-इ-ॲर्-ई) *n.* a person who gets benefits under a will, जिसके नाम वसीयत हो, लाभग्राही, लाभाधिकारी, हिताधिकारी।

benefit (बेंन्´-ई-फ़िट्) *n.* 1. financial gain, profit, लाभ, फ़ायदा। 2. good, भलाई, उपकार। 3. an advantage, सुविधा, लाभ। 4. an aid, सहायता। 5. a fund-raising performance or play, सहायतार्थ कार्यकलाप; a benefit match, (के) सहायतार्थ मैच। *v.* (benefited, benefiting) 1, to do good to, उपकार करना, सहायता करना। 2. to profit from, लाभान्वित होना। □ **benefit of doubt,** संदेह का लाभ।

benevolence (बॅ-नेंव्´-अॅ-लॅन्स्) *n.* 1. inclination to do good, परोपकार, हित-कामना। 2. generosity, उदारता।

benevolent (बॅ-नेंव्´-अॅ-लॅन्ट्) *adj.* 1. kindly and helpful, हितकारी, परोपकारजन्य; परोपकारी, शुभचिंतक, हितैषी। 2. charitable, दातव्य, ख़ैराती।

Bengali (बेंन्-गाः´-ली) *adj.* of Bengal, बंगाली।

benighted (बि-नाइ´-टिड्) *adj.* 1. ignorant, अज्ञानी। 2. overtaken by darkness of night, अंधकारपूर्ण।

benign (बि-नाइन्´) *adj.* 1. kind, generous, उदार, दयालु, सौम्य। 2. mild and gentle in its effects, हलका, हितकर।

benignant (बि-निग्´-नॅन्ट्) *adj.* kind, दयालु, कृपालु।

benison (बेंन्´-इ-ज़ॅन्) *n.* a blessing, आशीर्वाद।

bent (बेंन्ट्) *v.* p.t. & p.p. of bend. *adj.* not straight, crooked, टेढ़ा, तिरछा। *n.* 1. a twist or turn, मोड़, घुमाव। 2. a natural liking, रुझान, झुकाव, नति। □ **bent on,** तुला हुआ, सन्नद्ध, तत्पर।

benthos (बेंन्´-थॉस्) *n.* animals and plants living on the bottom of sea, समुद्रतलीय पादप या प्राणी।

benumbed (बि-नम्ड्´) *adj.* deprived of feeling, सुन्न।

benzoin (बेंन्´-ज़ो-इन्) *n.* a kind of resin, लोहबान, गुग्गल।

bequeath (बि-क्वीथ्´) *v.* (bequeathed, bequeathing) to leave as a legacy, वसीयत कर देना, वसीयत में देना।

bequest (बि-क्वेंस्ट्´) *n.* 1. a legacy, वसीयत। 2. an act of bequeathing, उत्तरदान।

berate (बि-रेट्´) *v.* (berated, berating) to scold, डाँटना-डपटना, झिड़कना।

bereave (बि-रीव्´) *v.* (bereaved, bereaving) 1. to deprive of, वंचित करना। 2. to snatch away, छीन लेना। 3. to inflict the loss of a relative by death, शोकसंतप्त करना, शोकार्त बनाना।

bereaved (बि-रीव्ड्´) *adj.* whose relative has died, शोकसंतप्त, शोकार्त, शोकाकुल।

bloomers (ब्लू´-मॅ:ज़्) *n.* (plu.) a woman's garment of loose knee-length trousers, घुटन्ना, घुटनों तक का महिलाओं का पहनावा।

blooper (ब्लू´-पॅ:) *n.* an embarrassing public blunder, (रेडियो या दूरदर्शन पर बोलते समय होनेवाली) भद्दी या भारी भूल।

blossom (ब्लॉस्´-ॲम्) *n.* 1. a flower of a fruit tree, फूल, पुष्प। 2. a mass of such flowers, मंजरी। *v.* (blossomed, blossoming) 1. to bloom, फूलना, खिलना, फलना, पुष्पित होना। 2. to flourish, पनपना, समृद्ध होना, फलना-फूलना।

blot (ब्लॉट्) *n.* 1. a spot or stain, दाग, धब्बा, निशान। 2. a moral disgrace, धब्बा, कलंक, लांछन। 3. a blemish, दोष, बुराई। *v.* (blotted, blotting) 1. to spot or stain, दाग लगाना, धब्बा डालना। 2. to bring moral disgrace to, लांछन लगाना, कलंकित करना। 3. to dry with blotting paper, सोखते से सोखना। □ **blot out** (i) to obscure, ढक देना, आच्छादित कर देना। (ii) to destroy, नष्ट कर देना।

blotch (ब्लॉच्) *n.* a large irregular mark, बहुत बड़ा दाग या निशान, धब्बा।

blotchy (ब्लॉच्´-ई) *adj.* full of blotchs, धब्बेदार, दागी।

blotter (ब्लॉट्-अ:) *n.* 1. a piece of blotting paper, सोखते का टुकड़ा। 2. a book of daily records or transactions, दैनिकी।

blotting paper *n.* an absorbent paper for drying ink writing, सोख़ता, ब्लाटिंग पेपर।

blouse (ब्लॉउज़्) *n.* a loose shirtlike garment worn by women, ब्लाउज़, कुरती।

blow[1] (ब्लो) *v.* (blew, blown, blowing) 1. (of the wind) to move or flow, बहना, चलना। 2. to move by the current of air, बहना, उड़ना। 3. to send out strong current of air from the lungs, फूँकना, फूँक मारना। 4. to give out a current of air as from a pair of bellows, धौंकनी से हवा देना, धौंकना। 5. to sound or cause to sound by expelling a current of air, बजाना, फूँकना। 6. to pant, हाँफना। 7. to cause to explode, विस्फोट करना। 8. to melt (a fuse), जल जाना, उड़ जाना। 9. to shape by forcing out air or gas, फूँककर बनाना। 10. to lose, गँवाना, उड़ा देना। 11. to leave suddenly, चल देना, खिसक जाना। □ **blow in,** पहुँचना; **blow one's own trumpet,** अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना, आत्मप्रशंसा करना; **blow out,** (i) फूँक मारकर बुझाना; (ii) फट जाना; **blow over,** थम जाना, टल जाना, निकल जाना, शांत हो जाना; **blow up** (i) फट उठना; (ii) फुलाना; (iii) बड़ा बनाना; (iv) गरम हो जाना, क्रुद्ध होना; (v) आना, आ धमकना। (vi) धमाके से फट या उड़ जाना,

अथवा उड़ा देना; The terrorists blow up the bridge, आतंकवादियों ने पुल उड़ा दिया।

blow[2] (ब्लो) *n.* 1. a hard or violent stroke, आघात, प्रहार, वार। 2. a push, धक्का। 3. a shock, आघात, धक्का, झटका। 4. a disaster, विपत्ति। ☐ **come to blows,** लड़ जाना, मार-पीट करना; **exchange blows,** लड़ना-भिड़ना, मार-पीट करना; **with a single blow,** एक ही झटके में।

blow-by-blow (ब्लो´-बाइ-ब्लो´) *adj.* with many details, ब्योरेवार।

blower (ब्लो´-अ:) *n.* 1. an apparatus for blowing, धौंकनी। 2. a person who blows, धौंकनेवाला, बजानेवाला, फूँकनेवाला। 3. a telephone, दूरभाष, टेलिफ़ोन।

blowfly (ब्लो´-फ़्लाइ) *n.* a kind of fly, मांस-मक्खी।

blowgun (ब्लो´-गन्) *n.* a blow pipe, धौंकनी।

blowhole (ब्लो´-होल्) *n.* a hole in solid matter caused by air or gas, वायुछिद्र, बुल्ला।

blowpipe (ब्लो´-पाइप्) *n.* a pipe used for blowing, धौंकनी।

blowy (ब्लो´-ई) *adj.* windy, वातल।

blowzy (ब्लॉउ´-ज़ी) *adj.* untidily dressed (woman), फूहड़।

blubber (ब्लब्´-अ:) *n.* 1. whale fat, व्हेल मछली की चरबी (जिसमें से तेल निकलता है)। 2. crying, रोना-चिल्लाना। *v.* (blubbered, blubbering) to weep noisely, जोर-जोर से रोना।

bludgeon (ब्लज्´-अन्) *n.* a stick used as a weapon, लठ, लाठी, सोंटा। *v.* (bludgeoned, bludgeoning) 1. to strike with a bludgeon, लाठी मारना, लाठी से प्रहार करना। 2. to compel forcefully, मजबूर करना।

blue (ब्लू) *adj.* 1. of the colour of the sky, नीला, आसमानी। 2. unhappy, दुखी, उदास। 3. dirty, obscene, गंदा, अश्लील। *n.* 1. blue colour, नीला रंग। 2. the blue; the clear sky, नीला आकाश। ☐ **a bolt from the blue,** अप्रत्याशित और दुखद घटना, सहसा होनेवाला वज्रपात। *v.* (blued, blueing) to make blue, नीला करना, नीले रंग में रँगना।

bluebird (ब्लू´-बं:ड्) *n.* a blue-coloured singing bird, नीली चिड़िया।

blueblack (ब्लू´-ब्लैक्´) *adj.* very dark blue, कालापन लिए नीला, गहरा नीला।

blueblood (ब्लू´-ब्लड्) *n.* 1. a noble, कुलीन व्यक्ति। 2. a member of aristocracy, उच्चवर्ग का व्यक्ति।

bluebook (ब्लू´-बुक्) *n.* 1. an official printed report, सरकारी दस्तावेज़। 2. a directory of prominent people, प्रमुख व्यक्तियों की निर्देशिका।

bluechip (ब्लू´-चिप्) *n.* a share that sells at a high price, ऊँचे मूल्य पर बिकनेवाला शेयर।

bluecollar worker *n.* 1. a manual worker, हाथ से काम करनेवाला, हाथ का कारीगर। 2. an industrial worker, मज़दूर।

bluejacket (ब्लू´-जैक्-इट्) *n.* a sailor in the navy, नौसैनिक।

bluemoon (ब्लू´-मून्) *n.* a very long time, दीर्घकाल। ☐ **once in a blue moon,** यदा-कदा, कभी-कभार, छठे-छमाहे, भूले-भटके।

bluenose (ब्लू´-नोज़्) *n.* a puritanical person, अतिनैतिक व्यक्ति, विशुद्धतावादी।

bluepencil (ब्लू´-पेंन्´-सिल्) *v.* (bluepenciled, bluepenciling) 1. to cross out with a blue pencil, नीली पेंसिल से काट देना। 2. to edit, संपादित करना। 3. to correct, संशोधित करना।

blueprint (ब्लू´-प्रिन्ट्) *n.* 1. a blue photographic print of building plans, नीला नक्शा। 2. a programme of action, कार्य-योजना।

blue ribbon *n.* the first prize, प्रथम पुरस्कार।

blues (ब्लूज़्) *n.* (plu.) a state of melancholy, उदासी, खिन्नता।

blue stocking *n.* 1. a well-read woman, प्रबुद्ध महिला, सुशिक्षित महिला, सुशिक्षिता। 2. a woman with a literary taste, साहित्यिक अभिरुचिवाली महिला।

bluff[1] (ब्लफ़्) *v.* (bluffed, bluffing) to deceive by making a bold pretence, झाँसा देना, धुप्पल देना। *n.* the act of bluffing, झाँसा, धुप्पल।

bluff[2] (ब्लफ़्) *adj.* 1. steep, खड़ा, दुरारोह। 2. frank, खरा।

bluffer (ब्लफ़्´-अॅ:) *n.* one who bluffs, झाँसा देनेवाला, धोखेबाज़।

bluing, blueing (ब्लू´-इंग्) *n.* a kind of blue powder which increases the whiteness of clothes, नील।

bluish (ब्लू´-इश्) *adj.* rather blue, कुछ-कुछ नीला, नीला-सा।

blunder (ब्लन्´-डॅ:) *n.* a stupid mistake, मूर्खता-भरी भूल। *v.* to make such a mistake, मूर्खता-भरी भूल करना, भारी भूल करना।

blunderbuss (ब्लन्´-डॅ:-बस्) *n.* an old type large bore gun, पुरानी चाल की बड़े बोरवाली बंदूक।

blunt (ब्लंट्) *adj.* 1. not sharp, भोथरा, कुंद। 2. dull, मंदबुद्धि। 3. bold in speech, outspoken, मुँहफट। 4. curt, रूखा।

bluntly (ब्लन्ट्´-ली) *adv.* 1. outspokenly, साफ़-साफ़, मुँह पर। 2. curtly, रुखाई से।

bluntness (ब्लन्ट्´-निस्) *n.* the state of being blunt, भोथरापन; रुखाई।

blur (ब्लः) *v.* (blurred, blurring) 1. to smear or stain, लीप देना, गंदा कर देना, दाग लगा देना। 2. to dim, धुँधला कर देना। *n.* 1. a smear or stain, दाग, धब्बा या लेप। 2. dimness, धुँधलापन।

blurb (ब्लःब्) *n.* a laudatory description of a book printed on the cover or jacket, रचना-विवरण, पुस्तकीय विवरण, प्रशंसोक्ति।

blurt (ब्लःट्) *v.* (blurted, blurting) to utter abruptly and without thought, बिना सोचे-समझे सहसा बक देना।

blush (ब्लश्) *v.* (blushed, blushing) 1. to become suddenly red in face from shame or modesty, लाज से भर उठना या शर्म से गड़ जाना। 2. to feel ashamed, शर्मिंदा होना, लज्जित होना। 3. to become rosy, लाल या गुलाबी हो जाना। *n.* 1. reddening of the face, लाली (लज्जा की)। 2. shame, शर्म, लाज। □ **on first blush,** पहली झलक में ही।

blushing (ब्लश्´-इंग्) *adj.* becoming red in the face, लाज-भरा।

bluster (ब्लस्´-टॅ:) *v.* (blusterd, blustering) 1. to blow in violent gusts, (हवा या पानी के) थपेड़े चलना या उठना। 2. to speak noisily, गरजना। 3. to speak boastfully, डींग हाँकना, शेख़ी मारना। *n.* 1. a roar or noise, हो-हल्ला, गरज। 2. an empty boast, डींग, शेख़ी। 3. a windstorm, आँधी।

blustery (ब्लस्´-टॅ:-ई) *adj.* windy, वातल, तेज़ हवाओं या थपेड़ोंवाला।

boa (बो´-अॅ) *n.* a large non-poisonous snake that coils around its prey, अजगर।

boa constrictor *n.* a Brazilian species of boa, ब्राज़ीली अजगर।

boar (बोः) *n.* 1. a male wild pig, बनैला सुअर। 2. an uncastrated domestic pig, आँड़ू सुअर।

board (बोःड्) *n.* 1. a flat piece of wood, तख़्ता, पटरा, पट। 2. a thick stiff paper used for book covers, बोर्ड, दफ़्ती। 3. food served daily to paying guests, भोजन। 4. a table set for serving a meal, वह मेज़ जिसपर भोजन लगाते हैं। 5. a committee or group of officials, परिषद्, बोर्ड, मंडल; board of referees, निर्णायक मंडल। 6. the side of the ship, जहाज का किनारा। *v.* (boarded, boarding) 1. to cover with boards, तख़्ते जड़ना। 2. to provide with food and lodging for a charge, ठहरने और भोजन की सशुल्क व्यवस्था करना। 3. to receive food and lodging for a charge, शुल्क देकर कहीं ठहरना और भोजन पाना। 4. to go aboard, सवार होना, गाड़ी, जहाज़ आदि पर चढ़ना। □ **on board,** गाड़ी या जहाज़ पर, गाड़ी या जहाज़ में।

boarder (बोः´-डॅ:) *n.* 1. one who pays for both meals and lodging at another's house, सशुल्क अतिथि। 2. a student living in a boarding house, छात्रावासी।

boarding house *n.* 1. a house that provides meals and lodging for a charge, वह स्थान जहाँ ठहरने तथा भोजन की सशुल्क व्यवस्था हो, सशुल्क आहारगृह। 2. such place for outdoor students, छात्रावास।

boast (बोस्ट्) *n.* 1. an expression of self-

praise, आत्मश्लाघा, शेख़ी, डींग। 2. a thing boasted of, वह वस्तु जिसपर किसी को गर्व हो। *v.* (boasted, boasting) 1. to talk proudly, शेख़ी हाँकना, डींग मारना। 2. to say proudly, गर्व से कहना।

boaster (बोस्ट्´-अॅ:) ***n.*** one who boasts, आत्मश्लाघी, शेख़ीख़ोर, शेख़ीबाज़।

boastful (बोस्ट्´-फ़ुल्) ***adj.*** 1. tending to boast, शेख़ी-भरा। 2. full of self-praise, आत्मश्लाघापूर्ण।

boastfulness (बोस्ट्´-फ़ुल्-निस्) ***n.*** the state of being boastful, शेख़ीबाज़ी, शेख़ी, आत्मश्लाघा।

boat (बोट्) ***n.*** 1. a small open sailing vessel, नाव, नौका, किश्ती। 2. a ship, जलयान। □ **in the same boat,** एक-सी गई गुज़री स्थिति में। *v.* (boated, boating) 1. to row a boat, नाव खेना। 2. to go out for pleasure in a boat, नौकाविहार करना, नाव में घूमना।

boater (बोट्´-अॅ:) ***n.*** one who rows a boat, नाव खेनेवाला; मल्लाह, माँझी।

boating (बोट्´-इंग्) ***n.*** going out in a boat for pleasure, नौकाविहार, नौका की सैर।

boatman (बोट्´-मॅन्) ***n.*** one who rows or hires out small boats, मल्लाह, माँझी, नाव का मालिक।

bob[1] (बॉब्) *v.* (bobbed, bobbing) to cut hair short so that it hangs loosely on shoulders, (औरतों के) बाल इस प्रकार काटना कि वे कंधों पर झूलते रहें। ***n.*** 1. the style of bobbed hair, बॉब, लटकते बाल। 2. a pendent, लटकन। 3. a lock of hair, लट।

bob[2] (बॉब्) *v.* (bobbed, bobbing) 1. to move up and down, डूबना-उतराना। 2. to tap, थपकी देना, थपकना।

bob[3] (बॉब्) ***n.*** a shilling, शिलिंग।

bobbin (बॉब्´-इन्) ***n.*** a spool or reel for thread, फिरकी, अटेरन या परेता।

bobble (बॉब्´-अॅल्) *v.* (bobbled, bobbling) 1. to fumble, गड़बड़ाना। 2. to blunder, भारी भूल करना। ***n.*** a fumble, गड़बड़, गड़बड़ी।

bobby (बॉब्´-ई) ***n.*** a policeman, सिपाही, संतरी।

bobby pin *n.* a hair pin, बालों का क्लिप।

bobby socks, bobby sox *n.* short socks, टखने तक का मौजा।

bobcat (बॉब्´-कैट्) ***n.*** a wild cat, जंगली बिल्ली।

bobtail (बॉब्´-टेल्) ***n.*** 1. a docked tail, कटी दुम। 2. a horse or dog with this, कटी दुमवाला घोड़ा या कुत्ता।

bobtailed (बॉब्´-टेल्ड्) ***adj.*** having a docked tail, दुमकटा।

bock (बॉक्) ***n.*** strong dark-coloured German beer, जर्मनी की काली मदिरा।

bode[1] (बोड्) *v.* p.t. & p.p. of bide.

bode[2] (बोड्) *v.* (boded, boding) to be an omen of, का लक्षण या शकुन होना।

bodice (बॉड्´-इस्) ***n.*** the fitted upper part of a woman's dress, कुरती, चोली।

bodiless (बॉड्´-इ-लिस्) ***adj.*** without body, having no body, अशरीरी, बिना शरीर का।

bodily (बॉड्´-इ-ली) ***adj.*** 1. of or pertaining to the body, शरीरी, दैहिक। 2. physical, भौतिक। ***adv.*** 1. in person, शरीरतः,स्वतः। 2. as a whole, सब मिलाकर।

bodkin (बॉड्´-किन्) ***n.*** a large thick needle, सूजा, सुआ।

body (बॉड्´-ई) ***n.*** 1. the physical structure of a man or animal, काया, शरीर, देह, जिस्म। 2. the main or central part of a vehicle, ship etc., framework, मुख्य भाग, बॉडी, ढाँचा। 3. a corpse or carcass, लाश, शव, जानवर की लाश। 4. the main part of the body, धड़। 5. a person, व्यक्ति। 6. an object in space, पिंड। 7. a group of people or things, समूह, राशि। 8. thick texture, घनी बुनावट। □ **in a body,** सब-के-सब; **keep body and soul together,** जीवित रहना, जैसे-तैसे गुज़ारा चलाना।

bodyguard (बॉड्´-इ-गा:ड्) ***n.*** a personal guard, अंगरक्षक।

Boer (बो:) ***n.*** a South African of Dutch descent, दक्षिणी अफ़्रीका में रहनेवाला हलैंडवासियों का वंशज, बोर।

bog (बॉग्) ***n.*** marsh, दलदल, कीचड़।

v. (bogged, bogging) to be stuck fast in the marsh, दलदल में फँसना।

bogey (बो´-गी) ***n.*** (plu, bogeys) 1. something that causes fear, हौआ, जूजू। 2. an evil spirit, भूत।

boggle (बॉग्´-अॅल्) *v.* (boggled, boggling) 1. to hesitate, हिचकिचाना, ठिठकना। 2. to be alarmed at, चौंकना।

boggy (बॉग्´-ई) ***adj.*** marshy, swampy, दलदल से भरा।

bogie, bogy (बोग्´-ई) ***n.*** a railway compartment, रेल का डिब्बा, बोगी।

bogus (बो´-गॅस्) ***adj.*** fake, counterfeit, नकली, जाली, बोगस, वाहियात।

boil[1] (बॉइल्) ***n.*** a painful pus-filled swelling under skin, फोड़ा।

boil[2] (बॉइल्) *v.* (boiled, boiling) 1, to heat to boiling point, उबालना, खौलाना। 2. to bubble up when heated, उबलना, खौलना, उबाल खाना। 3. to cook or be cooked by boiling, उबालना या उबलना।4. to be greatly excited, आवेश में आना, आवेशयुक्त होना। 5. to explode in rage, उबल पड़ना, फट या बरस पड़ना। ***n.*** the condition or act of boiling, उबाल। □ **boil down,** उबालने से सूख जाना; **boil over,** उबाल खाकर बहना, उबलकर बहने लगना; **keep the pot boiling** गुज़ारे भर के लिए कमा लेना।

boiler (बॉइ´-लॅ:) ***n.*** a plant or tank in which steam is made, बायलर, वाष्पित्र।

boiling hot ***adj.*** very hot, बहुत गर्म, तप्त, जलता हुआ।

boiling point ***n.*** a temperature at which a liquid boils, क्वथनांक।

boisterous (बॉइ´-स्टॅ-रस्) ***adj.*** 1. rough and stormy, हुड़दंगी, ऊधमी; boisterous children, हुड़दंगी बच्चे। 2. violent, प्रचंड, उग्र, भयानक।

boisterousness (बाइ´-स्टॅ-रस्-निस्) ***n.*** the state of being boisterous, हुड़दंग, ऊधम।

bold (बोल्ड्) ***adj.*** 1. fearless and courageous, दिलेर, निर्भीक, निडर, साहसी। 2. brave, वीर, बहादुर। 3. impudent, brazen, ढीठ, प्रगल्भ, धृष्ट, निर्लज्ज। 4. strong, तेज; bold colour, तेज रंग। 5. thick and heavy, मोटा; bold type, मोटा टाइप।

boldly (बोल्ड्´-ली) ***adv.*** in a bold manner, दिलेरी से, साहसपूर्वक, हिम्मत से।

boldness (बोल्ड्´-निस्) ***n.*** the quality of being bold, दिलेरी, साहस, बहादुरी; प्रगल्भता।

bole (बोल्) ***n.*** the trunk of a tree, (पेड़ का) तना।

boll (बोल्) ***n.*** a seedpod of the cotton plant, (कपास का) डोडा, बीजकोष।

boll weevil ***n.*** an insect that infests cotton seedpot, डोडों में लगनेवाला कीड़ा।

bolo (बो´-लो) ***n.*** a heavy knife, एक प्रकार का भारी चाकू।

boloney (बॅ-लो´-नी) ***n.*** nonsense, अनापशनाप, अंडबंड।

Bolshevik (बोल्´-शॅ-विक्) ***n.*** a member of the Russian Communist Party, रूसी कम्युनिस्ट पार्टी का सदस्य।

bolster (बोल्´-स्टॅ:) ***n.*** a large pillow, बड़ा तकिया, मसनद। *v.* (bolstered, bolstering) 1. to give support to, सहारा देना। 2. to encourage, उत्साहित करना।

bolt[1] (बोल्ट्) ***n.*** 1. a metal bar for fastening a door, सिटकिनी, चटखनी। 2. a screw for fastening things together, बोल्ट। 3. an arrow, तीर।4. lightning, बिजली, गाज।5. a roll of cloth, थान। □ **a bolt from the blue,** कोई अप्रत्याशित तथा अप्रिय घटना, सहसा होवाला वज्रपात; **shoot one's last bolt,** अंतिम प्रयास और करना। *v.* (bolted, bolting) 1. to fasten with a bolt, सिटकिनी लगाना, बोल्ट कसना। 2. to run away, भाग निकलना। 3. to gulp down, भकोसना, गटकना।

bolt[2] ***adv.*** straight and stiffly, सीधे और अकड़कर।

bolus (बो´-लॅस्) ***n.*** 1. a large pill, बड़ी गोली। 2. a mouthful, कौर, ग्रास।

bomb (बॉम्ब्) ***n.*** an explosive container used as weapon, बम। *v.* (bombed, bombing) 1. to attack or destroy with bombs, बम मारना या गिराना, बमबारी करना। 2. to fail

miserably, बुरी तरह विफल होना।

bombard (बॉम्ब्-बा:ड्´) *v.* to attack with bombs, बमबारी करना।

bombardment (बॉम्ब्-बा:ड्´-मॅन्ट्) *n.* an attack with bombs, बमबारी, बमवर्षा।

bombardier (बॉम्-बॅ:-डिअ:´) *n.* one who releases bombs from the aircraft, बम गिरानेवाला, बमवर्षक।

bombast (बॉम´-बैस्ट्) *n.* pompous speech or writing, शब्दाडम्बर।

bombastic (बॉम्-बैस्´-टिक्) *adj.* full of high sounding words with little meaning, शब्दाडंबरपूर्ण, भारी-भरकम शब्दों से भरा हुआ।

bomber (बॉम्´-अॅ:) *n.* an aircraft that drops bombs, बमवर्षक विमान।

bombproof (बॉम्´-प्रूफ़्) *adj.* giving protection against bombs, बमसह।

bombshell (बॉम्´-शॅल्) *n.* 1. a bomb, बम। 2. a shocking surprise, अनहोनी घटना, अनहोनी बात।

bombsite (बॉम्´-साइट्) *n.* the area devasted by bombardment, बमस्थल, बमबारी द्वारा विनष्ट स्थल।

bona fide (बो´-नॅ-फ़ाइड्) *adj.* 1. genuine, सच्चा, सही, प्रामाणिक। 2. done in good faith, सद्‌भावपूर्ण, सदाशयपूर्ण, निष्कपट।

bona fides (बो´-नॅ-फ़ाइ´-डीज़्) *n.* sincerity, नेकनीयती, निष्कपटता, सदाशयता, सद्‌भावना।

bonanza (बो-नैन्´-ज़ॅ) *n.* 1. a windfall, अप्रत्याशित लाभ। 2. something very profitable, अत्यंत लाभकारी वस्तु। 3. good luck, सौभाग्य (की बात)।

bonbon (बॉन्´-बॉन्) *n.* a candy coated with chocolate, चाकलेटी आइसक्रीम, बानबान।

bond (बॉन्ड्) *n.* 1. something that binds together, बाँधनेवाली चीज़ या बात, बंद। 2. a binding agreement, क़रार, अनुबंध, अनुबंध-पत्र। 3. a certificate of debt in which promise is made to pay back with interest by a specified future date, बॉन्ड, बंधपत्र। 4. something that unites people, बंधन। 5. writing paper of high quality, लिखने का बढ़िया काग़ज़, बॉन्ड पेपर। 6. money deposited as a guarantee, मुचलका। *v.* (bonded, bonding) 1. to tie or unite, बाँधना, बाँधकर रखना। 2. to stick together, जोड़ना।

bondage (बॉन्´-डिज्) *n.* slavery, दासता, गुलामी।

bonded (बॉन्´-डिड्) *adj.* 1. tied, united, बँधा हुआ, बद्ध; bonded labour, बँधुआ मज़दूर। 2. deposited in a warehouse until the duty is paid, (सामान) जो शुल्क न दिए जाने तक गोदाम में रोक रखा जाए।

bonded warehouse *n.* a warehouse in which bonded goods are stored, वह गोदाम जिसमें शुल्क न अदा किया हुआ माल रोक रखा जाता हो।

bondman (बॉन्ड्´-मॅन्) *n.* a slave, दास।

bonds (बॉन्ड्स्) *n.* (plu.) 1. chains or ropes with which a prisoner is tied, क़ैदी को बाँधने का रस्सा या जंजीर, बंधन। 2. ties, बंधन।

bondsman (बॉन्ड्स्´-मॅन्) *n.* one who stands surety, मुचलका देनेवाला।

bone (बोन्) *n.* one of the hard parts of the body, हड्डी, अस्थि। ☐ **bone of contention,** झगड़े की जड़; **feel in one's bones,** निश्चिंतता अनुभव करना; **have a bone to pick,** शिकायत होना, आपत्ति होना; **make no bones about,** आपत्ति न करना; **wet to the bone,** तरबतर। *v.* (boned, boning) to remove the bones from, हड्डियाँ निकालना।

bone-dry (बोन्´-ड्राइ´) *adj.* completely dry, बिल्कुल सूखा।

bonehead (बोन्´-हॅड्) *n.* a stupid person, मूर्ख व्यक्ति।

bone headed (बोन्´-हॅड्-इड्) *adj.* stupid, मूर्ख।

bonemeal (बोन्´-मील्) *n.* crushed powdered bones, हड्डियों का चूर्ण।

boner (बॉ-नॅ:) *n.* a blunder, भूल, ग़लती।

bone-weary (बोन्´-विअर्-ई) *adj.* physically or mentally exhausted, थका-हारा, थका-टूटा, पस्त।

bonfire (बॉर्न्-फ़ाइ:) *n.* a large outdoor fire, अलाव, उत्सवाग्नि।

bongos (बॉङ्ग्´-गोज़्) *n.* a pair of drums played with fingers, तबलों की जोड़ी।

bonhomie (बॉन्´-अॅ-मी) *n.* geniality, सौजन्य, भद्रता।

bonkers (बॉङ्क्´-क:ज़्) *adj.* crazy, सनकी, बावला।

bon mot (बॉन्-मो´) *n.* a witty remark, फबती। (फ्रांसीसी)

bonnet (बॉन्´-इट्) *n.* 1. a hat with strings, तस्मेदार टोपी। 2. a metal lid over the front of the car, बॉनिट।

bonny (बॉन्´-ई) *adj.* 1. goodlooking, pretty, सुदर्शन, सलोना, सुंदर। 2. cheerful, प्रसन्न, प्रफुल्ल।

bonus (बो´-नॅस्) *n.* a share of the profit given to the workers or shareholders, बोनस, लाभांश।

bon vivant (बॉन्-वी-वान्ट्´) *n.* one who enjoys good living, मज़े से रहनेवाला व्यक्ति, सुखी। (फ्रांसीसी)

bon voyage (बॉन्-वॉइ´-आज़्ह्) *interj.* Have a pleasant journey, शुभयात्रा हो!

bony (बो´-नी) *adj.* 1. full of bones, हड्डियों का ढाँचा, हड्डीला। 2. very thin, बहुत दुबला।

bonze (बॉन्ज़्) *n.* a Japanese Buddhist priest, जापान का बौद्ध पुजारी।

boo (बू) *n.* 1. a shout expressing disapproval, छी-छी। 2. disagreement, असहमति। 3. noise, शोरगुल। *v.* (booed, booing) 1. to show disagreement or disapproval by shouting 'boo', छी-छी करना। 2. to make noise, शोरगुल करना।

boob (बूब्) *n.* a foolish person, मूर्ख व्यक्ति।

booby (बू´-बी) *n.* a boob, मूर्ख व्यक्ति।

booby prize *n.* a prize given (as a joke) to a worst competitor, फिसड्डी पुरस्कार।

booby-trap (बू´-बी-ट्रैप्) *n.* a device or situation that catches a person off guard, भ्रमित करने के लिए किया हुआ उपाय, छल।

boodle (बू´-डॅल्) *n.* 1. a bribe, रिश्वत। 2. a lot of money, बहुत अधिक या अथाह धन।

book (बुक्) *n.* 1. a collection of written, printed or blank sheets of paper bound together, पुस्तक, किताब, पोथी, ग्रंथ। 2. a literary work, साहित्यिक कृति। 3. an account book, बही, खाता। ☐ **bring to book,** उत्तरदायी ठहराना, सज़ा देना; **take a leaf out of someone's book,** दूसरे की तरह व्यवहार करना, किसी का ढंग अपनाना। *v.* (booked, booking) 1. to reserve, आरक्षित करना। 2. to write in a book, to enter on a schedule, बुक करना, टाँक लेना, सूची में लिख लेना, आरक्षित करना। 3. to enter charges against, आरोप लिखना या दर्ज करना।

bookable (बुक्´-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be booked or reserved, सूची में लिखने योग्य; आरक्ष्य।

bookbinder (बुक्´-बाइन्ड्-अॅ:) *n.* one who binds books, जिल्दसाज़, दफ़्तरी।

bookcase (बुक्´-केस्) *n.* a piece of furniture with shelves for holding books, बुककेस।

bookend (बुक्´-ऍन्ड्) *n.* a prop for keeping a row of books upright, पुस्तकों की पंक्ति खड़ी रखने की टेक।

bookie (बुक्´-ई) *n.* a bookbinder, जिल्दसाज़, दफ़्तरी।

booking (बुक्´-इंग्) *n.* an act of entering in the schedule, सूची में लिखा जाना, बुक करना।

booking clerk *n.* a clerk who maintains schedule, बुकिंग क्लर्क।

bookish (बुक्´-इश्) *adj.* 1. fond of books, fond of reading, पढ़ने-लिखने का शौक़ीन, पढ़ाकू, पुस्तकप्रेमी। 2. desiring knowledge from books than from practical matters, केवल किताबों से ही ज्ञान प्राप्त करनेवाला; bookish knowledge, किताबी ज्ञान, अव्यावहारिक ज्ञान।

bookkeeping (बुक्´-की-पिंग्) *n.* the systematic recording of business transactions, बही-लेखन।

booklet (बुक्´-लिट्) *n.* a small book, पुस्तिका।

bookmaker (बुक्´-मे-कॅ:) *n.* one who accepts and pays off bets, बुकमेकर, रेसिया।

bookmark (बुक्´-मा:र्क्) *n.* a strip of paper placed between the pages of a book to mark the place, पुस्तक-चिह्न।

bookmobile (बुक्´-मॅ-बाइल्) *n.* a vehicle equipped for use as a mobile lending library, सचल पुस्तकालय।

bookplate (बुक्´-प्लेट्) *n.* a lable with owner's name pasted on the book, लेबल।

bookseller (बुक्´-सॅल्-अॅ:) *n.* one who sells books, पुस्तक-विक्रेता, किताबफ़रोश।

bookshelf (बुक्´-शॅल्फ़्) *n.* a shelf for books, बुकशेल्फ़।

bookstall (बुक´-स्टाःल्) *n.* a stall for books, बुकस्टॉल।

bookstore (बुक्´-स्टोः) *n.* a shop where books are sold, किताब की दुकान, पुस्तकभंडार।

book value *n.* the value of an item shown in the account books of a firm, खाते में दर्ज किसी वस्तु का मूल्य, बुक वैल्यु, किताबी कीमत।

bookworm (बुक्´-वःम्) *n.* 1. an insect that infests books, किताबों में लगनेवाला कीड़ा, पुस्तकीट। 2. a person who is very fond of reading books, पुस्तकप्रेमी, किताबी कीड़ा।

boom[1] (बूम्) *v.* (boomed, booming) 1. to make a deep resonant sound, गरज उठना, गरजना, दनदनाना। 2. to flourish swiftly, तेज़ी से पनपना, समृद्ध होना। *n.* 1. a booming sound, गरज, दनदनाहट। 2. a sudden increase, तेज़ी, बढ़ती, बढ़ोतरी, समृद्धि। 3. a period of growth, गरम बाज़ारी, समृद्धिकाल।

boom[2] (बूम्) a long pole extending from a mast to stretch out the bottom of a sail, पाल का निचला डंडा।

boomerang (बू´-मॅ-रैङ्ग्) *n.* a curved wooden missile for hunting birds, उलटछड़ी। *v.* (boomeranged, boomeranging) उलट जाना, उलटा पड़ना; The scheme boomeranged, योजना का नतीजा उलटा निकला।

boon[1] (बून्) *n.* 1. a blessing, वरदान, वर। 2. a benefit, लाभ। 3. a favour, अनुग्रह।

boon[2] (बून्) *adj.* jolly, sociable, ख़ुशमिज़ाज, मिलनसार।

boondocks (बून्´-डॉक्स्) *n.* 1. a jungle, वन, जंगल। 2. a hinterland, पिछड़ा इलाका।

boor (बूः) *n.* a rude or ill-mannered person, उजड्ड व्यक्ति, अशिष्ट व्यक्ति।

boorish (बूर्´-इश्) *adj.* somewhat rude or ill-mannered, उजड्ड-सा, अशिष्ट-सा।

boorishness (बूर्´-इश्-निस्) *n.* the state of being boorish, उजड्डपन, अशिष्टता।

boost (बूस्ट्) *v.* (boosted, boosting) 1. to push upward, ऊँचा करना। 2. to promote, उन्नत करना, बढ़ावा देना, उत्साहवर्धन करना, चमकाना। 3. to increase, बढ़ाना, बढ़ावा देना। *n.* 1. an upward thrust, उछाल, बढ़ावा। 2. an increase, बढ़ोतरी, वृद्धि।

booster (बू´-स्टॅः) *n.* a device for increasing power or effectiveness, आवर्धक, शक्तिवर्धक, प्रभाववर्धक, बूस्टर।

boot (बूट्) *n.* 1. a shoe, जूता, बूट। 2. a kick, ठोकर। 3. a discharge from employment, नौकरी से हटाया जाना, पदच्युति, बरख़ास्तगी। *v.* (booted, booting) 1. to put boots on, जूता पहनना। 2. to kick, ठोकर मारना, ठोकर लगाना। 3. to dismiss, पदच्युत करना, बरखास्त करना।

boot camp *n.* a training centre for recruits, रंगरूटों का प्रशिक्षण केंद्र।

bootblack (बूट´-ब्लैक्) *n.* one who polishes shoes for a living, जूता-पालिश करनेवाला।

bootee (बू´-टी) *n.* babby's knitted shoe, बच्चे का बुना हुआ जूता।

Bootes (बो-ओ´-टीज़्) *n.* a constellation in the Northern Hemisphere, भूतेश नामक नक्षत्र।

booth (बूथ्) *n.* 1. a small enclosed compartment, बूथ, मंडप, कोष्ठ। 2. an enclosure for a public telephone, टेलिफ़ोन बूथ या कोष्ठ। 3. an enclosure for voting, मतदान-कोष्ठ। 4. a stall where things are sold, स्टॉल।

bootlace (बूट्´-लेस्) *n.* the string for tying boots, बूट बाँधने का फीता।

bootleg (बूट्´-लॅग्) *v.* (bootlegged, bootlegging) to make, sell or smuggle alcoholic drink unlawfully, अवैध रूप से शराब बनाना या बेचना, शराब की तस्करी या चोरबाज़ारी करना। *adj.* sold illegally, अवैध रूप से बेचा जानेवाला। *n.* bootlegged liquor, अवैध शराब,

चोरी की शराब।

bootless (बूट्´-लिस्) *adj.* useless, बेकार, व्यर्थ।

bootlick (बूट्´-लिक्) *v.* (bootlicked, bootlicking) to behave obsequiously, जीहजूरी करना, जूते चाटना।

booty (बू´-टी) *n.* 1. loot taken from the enemy, लूटा हुआ माल, लूट। 2. stolen goods, चोरी का माल। 3. seized goods, छीना या पकड़ा हुआ माल।

booze (बूज़्) *n.* a liquor, शराब, मदिरा। *v.* (boozed, boozing) to drink alcohol heavily, बहुत अधिक मात्रा में शराब पीना।

boozy (बू´-ज़ी) *adj. & n.* one who boozes, पियक्कड़।

bop[1] (बॉप्) *v.* (bopped, bopping) to strike or hit, प्रहार करना, आघात करना, मारना।

bop[2] (बॉप्) *n.* a kind of jazz music, जाज़ संगीत का एक भेद।

borate (बोर्´-एट्) *n.* a salt of boric acid, एक प्रकार का नमक।

borax (बोर्´-ऐक्स्) *n.* a soluble compound, सुहागा।

bordello (बाः-डेल्´-ओ) *n.* a brothel, वेश्यालय।

border (बॉ:´-डः) *n.* 1. an edge, किनारा। 2. a boundary, सीमा। 3. the part near the boundary, सीमांत, किनारा, तट। *v.* (bordered, bordering) 1. to put a border on, किनारा लगाना। 2. to be a border to, किनारा होना, सीमा होना। 3. to have a common border, संलग्न होना। □ **border on,** (i) से संलग्न होना; (ii) के जैसा होना, के सदृश होना।

borderland (-लैन्ड्) *n.* the region near the boundary, सीमांत, सीमांत प्रदेश।

borderline (-लाइन्) *n.* 1. a boundary, सीमारेखा, सीमा। 2. a vague line between two different things, विभाजक रेखा। *adj.* verging on borderline, सीमावर्ती, सीमागत।

bore[1] (बो:) *v.* (bored, boring) 1. to make a hole by drilling, बोर करना, परिवेधन करना, बेधना। 2. to dig, खुदाई करना। *n.* 1. a hole made by drilling, बोर, परिवेधन, खुदाई। 2. the interior diameter of a hole, छेद का व्यास, छिद्रव्यास। 3. the calibre of a firearm, बोर। 4. a drilling tool, छेद करने का उपकरण।

bore[2] *v.* (bored, boring) to make feel tired or uninterested, बोर करना, उबाना, थका देना। *n.* one that bores, थका देनेवाला, उबानेवाला।

bore[3] *v.* p.t. of bear.

boreal (बोर्´-इ-अॅल्) *adj.* northern, उत्तरीय; boreal winds, उत्तरी हवाएँ।

boredom (बो:´-डॅम्) *n.* the condition of being bored, उकताहट, ऊब, विरसता, थकान।

boric (बोर्´-इक्) *adj.* of boron, बोरिक।

born (बॉ:न्) *adj.* 1. brought into existence by birth, पैदा, उत्पन्न, जात। 2. by birth, जन्मजात; a born singer, जन्मजात गायक। 3. coming or resulting from, उद्भूत, जन्य; wisdom born of experience, अनुभवजन्य विवेक।

borne (बो:न्) *v.* p.p. of bear.

boron (बोर्´-ऑन्) *n.* an element, बोरान नामक तत्त्व।

borough (बर्´-ओ) *n.* a town or a division of a large town, नगर या महानगर का भाग।

borrow (बॉर्´-ओ) *v.* (borrowed, borrowing) 1. to receive temporarily on loan, माँगना, मँगनी माँगना, उधार लेना। 2. to make use of, उपभोग करना, उधार लेना, ले लेना।

borrower (बॉ´-रो-अ:) *n.* one who borrows, उधार लेनेवाला, ऋणी, उधारी।

borrowing (बॉर्´-ओ-इंग्) *n.* 1. an act of receiving something on return basis, उधार, मँगनी। 2. something borrowed, मँगनी की वस्तु, उधार ली हुई वस्तु।

borscht (बॉ:श्ट्) *n.* a beet soup, चुकंदर का सूप।

borzoi (बॉ:-ज़ोइ) *n.* a large hound with silky coat, मुलायम बालोंवाला एक प्रकार का शिकारी कुत्ता।

bosh (बॉश्) *n.* nonsense, अंडबंड, अनापशनाप।

bosom (बूज़्´-अॅम्) *n.* 1. a (woman's) breast, chest, छाती, वक्षस्थल। 2. the part of a garment that covers the breast or chest, छाती ढकनेवाले वस्त्र का हिस्सा, दामन। 3. the inner most part, भीतरी अंग, हृदय।

bosom friend *n.* a close friend, घनिष्ठ मित्र।

bosomy (बूज़्´-अॅ-मी) *adj.* having large breasts, पुष्ट उरोजोंवाली, बड़े-बड़े स्तनोंवाली।

boss[1] (बॉस्, बा:स्) *n.* 1. an employer, नियोक्ता, नियोजक। 2. an incharge or supervisor, बड़ा साहब, बॉस। 3. a person who controls a political organisation, दलाध्यक्ष। *v.* (bossed, bossing) 1. to supervise or control, निरीक्षण या नियंत्रण करना। 2. to give orders, आदेश देना, हुकुम देना। 3. to command in a domineering manner, रोब छाँटना, हुकुम चलाना।

boss[2] (बॉस्, बा:स्) *n.* a knoblike ornament, घुंडी की तरह का एक आभूषण।

bossy (बॉस्´-ई, बा:´-सी) *adj.* (bossier, bossiest) 1. decorated with bosses, घुंडियों से सज्जित, घुंडीदार। 2. fond of giving orders, हुकुम पर हुकुम देते रहनेवाला, रोब छाँटनेवाला।

botanic (बॅ-टैन्´-इक्) *adj.* = botanical.

botanical (बॅ-टैन्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. of botany, वनस्पति-विज्ञान-संबंधी। 2. of plants and trees, वानस्पतिक।

botanical garden *n.* a garden where plants are grown for scientific study, वानस्पतिक उद्यान, वनस्पति उद्यान।

botanist (बॉट्´-अॅ-निस्ट्) *n.* an expert in botany, वनस्पति विज्ञान-वेत्ता, वनस्पतिज्ञ।

botany (बॉट्´-अॅ-नी) *n.* the scientific study of plants and trees, वनस्पति-विज्ञान।

botch (बॉच्) *v.* (botched, botching) 1. to repair clumsily, ख़राब ढंग से मरम्मत करना। 2. to spoil, ख़राब कर देना, बिगाड़ देना। *n.* a spoiled work, बिगाड़ा हुआ काम, रद्दी काम।

both (बोथ्) ***pron.*** the two, दोनों ***adj.*** each one of two people or things, दोनों। ***conj.*** not only... but also, दोनों, भी ··· और ··· भी; She speaks both Hindi and Punjabi. वह हिंदी और पंजाबी दोनों बोलती है/वह हिंदी भी बोलती है और पंजाबी भी।

bother (बॉद्´-अॅ:) *v.* (bothered, bothering) 1. to annoy or pester, तंग करना, परेशान करना। 2. to take trouble, कष्ट करना या उठाना। *n.* 1. trouble, परेशानी, कष्ट। 2. a nuisance, परेशानी की बात, दिक्कत।

botheration (बॉद्´-अॅ-रे´-शॅन्) *n.* something that bothers, परेशानी की बात, बाधा, दिक्कत।

bothersome (बॉद्´-अॅ:-सॅम्) *adj.* troublesome, तकलीफ़देह, कष्टकर, कष्टकारक।

bo tree *n.* 1. a fig tree, पीपल। 2. the sacred tree of Buddhism at Gaya, बोधिवृक्ष।

bottle (बॉट्´-अॅल्) *n.* 1. a glass container with a narrow neck, बोतल, शीशी। 2. the amount that a bottle holds, बोतल-भर सामान। 3. alcoholic liquor, मद्य, शराब। ☐ **hit the bottle,** छककर शराब पीना। *v.* (bottled, bottling) 1. to put in a bottle, बोतल भरना, बोतल में भरना। 2. to preserve, सुरक्षित रखना। ☐ **bottle up,** to restrain, नियंत्रण में रखना।

bottlefed (बॉट्´-अॅल्-फॅड्) *adj.* fed with milk from a bottle, शीशी से दूध पीनेवाला।

bottle-gourd (बॉट्´-अॅल्-गॉ:ड्/गू:ड्) *n.* a vegetable, लौकी।

bottle green *adj.* of the colour of a bottle, बोतली हरा।

bottleneck (बॉट्´-अॅल्-नेंक्) *n.* 1. the neck of a bottle, बोतल का गला। 2. a narrow road, सँकरी सड़क। 3. any hinderance to progress, बाधा, गतिरोध।

bottom (बॉट्´-अॅम्) *n.* 1. the lowest part of anything, तल, पेंदा, अधोभाग। 2. the ground under a stretch of water, नदी, समुद्र आदि का तल। 3. the buttocks, चूतड़। ☐ **at bottom,** वस्तुतः; **be at the bottom of,** असली कारण होना; **get to the bottom of,** असली कारण का पता लगाना; **hit the bottom,** निम्नतम स्तर पर जा पहुँचना।

bottomless (बॉट्´-अॅम्-लिस्) *adj.* 1. without a bottom, बेपेंदा, तलविहीन। 2. extremely deep, अथाह, अत्यंत गहरा। 3. nude from the waist down, जिसने कमर के नीचे वस्त्र धारण न किया हो, नग्न।

bottommost (बॉट्´-अॅम्-मोस्ट्) *adj.* lowest, निम्नतम।

botulism (बॉच्´-उ-लिज़्-अॅम्) *n.* a kind of food poisoning, भोजजन्य विषाक्तता।

boudoir (बू´-ड्वा:) *n.* a woman's private

room, स्त्री का निजी कक्ष, शृंगारकक्ष या शयन-कक्ष। (फ्रांसीसी)

bouffant (बू-फ़ान्ट्´) *adj.* 1. full, भरा हुआ, पूर्ण। 2. puffed-out, फूला या फुलाया हुआ, उभारदार।

bough (बॉउ) *n.* a large branch of a tree, टहनी, शाखा, डाल।

bought (बॉट्) *v.* p.t. & p.p. of buy.

bouillon (बुल्´-यॉन्) *n.* a meat broth, शोरबा।

boulder (बोल्´-डः) *n.* a large rounded mass of stone, शिलाखंड, प्रस्तरखंड।

boulevard (बुल्´-अॅ-वा:द्) *n.* a broad city street with trees on each side, बड़ी सड़क, तरुवीथी, तरुमार्ग।

bounce (बॉउन्स्, बाउन्स्) *v.* (bounced, bouncing) 1. to spring back from a collision, (गेंद का या गेंद की तरह) टकराकर लौटना, उछाल लेना, उछलना। 2. to cause to spring back, उछालना। 3. to jump in a lively manner, उछलना, उछल-उछलकर चलना, फुदकना, छलाँगें भरना। 4. (of a cheque) to be returned by a bank as worthless, खाते में रुपया न होने के कारण बैंक से चेक का वापस आना। *n.* 1. a spring or rebound, उछाल। 2. a leap or jump, छलाँग। 3. liveliness, vivacity, जीवंतता, सजीवता, सक्रियता।

bouncer (बॉउन्´-सः) *n.* 1. a ball that bounces, उछलनेवाला गेंद। 2. a man employed to throw out unwelcome visitors from a club etc., वह व्यक्ति जिसका काम क्लब में आनेवाले ग़लत व्यक्तियों को वहाँ से निकालना होता है।

bouncing (बॉउन्´-सिंग्) *adj.* healthy and active, स्वस्थ और सक्रिय, हृष्ट-पुष्ट।

bouncy (बॉउन्´-सी) *adj.* active, सक्रिय, फुर्तीला।

bound[1] (बॉउन्ड्) *adj.* going toward, heading toward, (की ओर या को) जानेवाला; bound for England, इंग्लैंड जानेवाला।

bound[2] *v.* (bounded, bounding) to be the boundary of, सीमा (से घिरा) होना।

bound[3] *v.* (bounded, bounding) to spring or jump, उछलना, कूदना। *n.* a bounding movement, उछाल; छलाँग।

bound[4] *adj.* (p.t. of bind) 1. obstructed by, hindered by, बाधित; fog-bound, कोहरे से बाधित। 2. tied, बँधा हुआ। 3. encircled, घिरा हुआ, बद्ध, आबद्ध, परिबद्ध। 4. certain or sure, निश्चित। 5. determined, निश्चयबद्ध। □ **bound up in,** व्यस्त या मसरूफ़ होना; **I will be bound,** मुझे निश्चय है।

boundary (बॉउन्´-डॅ-री) *n.* 1. a border, a line that marks a limit, सीमा, हद। 2. a hit to the boundry, बाउंडरी (लगाना), चौका (लगाना)।

bounded (बॉउन्´-डिड्) *adj.* limited, परिबद्ध, सीमित।

bounden (बॉउन्´-डॅन्) *adj.* obligatory, आवश्यक, अनिवार्य।

boundless (बॉउन्ड्´-लिस्) *adj.* without limits, सीमाहीन, निस्सीम।

bounds (बॉउन्ड्ज़्) *n.* (plu.) limits, सीमाएँ; There were no bounds to his foolishness, उसकी मूर्खता की कोई सीमा नहीं। □ **out of bounds to,** वर्जित या निषिद्ध (क्षेत्र)।

bounteous (बॉउन्´-टि-अॅस्) *adj.* plentiful, abundant, प्रचुर, अत्यधिक।

bountiful (बॉउन्´-टि-फ़ुल्) *adj.* 1. giving generously, उदार, मुक्तहस्त, दानशील। 2. plentiful, abundant, प्रचुर, अत्यधिक।

bounty (बॉउन्´-टी) *n.* 1. generosity, उदारता, दानशीलता। 2. a generous gift, उपहार। 3. money given by a government as a reward, राजकीय सहायता, आनुतोषिक।

bouquet (बु-के´, बो´-के) *n.* 1. a bunch or cluster of flowers, गुलदस्ता। 2. a pleasant fragrance of a wine, शराब की सुगंध।

bourbon (बः-बॅन्) *n.* a kind of whisky, एक तरह की मदिरा।

bourgeois (बूः-ज़्हा) *n.* 1. a member of the middle class, मध्यमवर्गीय व्यक्ति। 2. a capitalist, पूँजीपति। *adj.* 1. of the middle class, मध्यमवर्गीय। 2. of capitalism, पूँजीवादी। (फ्रांसीसी)

bourgeoisie (बूः-ज़्हा-ज़ी´) *n.* the bourgeous class, मध्यमवर्ग, पूँजीपतियों का वर्ग।

bourn (बॉ:न्) *n.* 1. a limit, सीमा। 2. a goal,

लक्ष्य। 3. a river, नदी।

bourse (बुःस्) *n.* a money market, सराफ़ा, मुद्रा-बाज़ार। (फ्रांसीसी)

bout (बॉउट्) *n.* 1. a boxing contest, मुक्केबाज़ों की क्रीड़ा या संघर्ष। 2. a short period of activity, दौर (शराब का), दौरा (बीमारी का)

boutique (बू-टीक्´) *n.* a small shop for fashionable clothes etc., वह दुकान जिसमें नए-नए फैशन के वस्त्र आदि बिकते हों, बुटीक।

boutonniere (बु-टॅ-निअः´) *n.* a flower worn in a buttonhole, काज-फूल।

bovine (बो´-वाइन, बो´-विन्) *adj.* 1. of or pertaining to an ox or cow, गो-संबंधी, गोजातीय। 2. dull, मंद। 3. stupid, मूर्ख।

bow[1] (बो) *n.* 1. a device for shooting arrows, धनुष, कमान। 2. a rainbow, इंद्रधनुष। 3. a stick with a string used for playing a violin, कमानी, गज़। 3. a curve, चाप, मोड़। 4. a bowknot, फूल-गाँठ, चकरी गाँठ।

bow[2] *n.* 1. bending of the head or body in greeting, नमन, नमस्कार। 2. bending, झुकाव। *v.* (bowed, bowing) 1. to make a bow, नमन करना, सिर झुकाना। 2. to bend, झुकना या झुकाना। 3. to submit, झुक जाना, दब जाना, मान जाना।

bow[3] *n.* the fore-end of a ship, जलयान का अग्र भाग।

bowdlerize (बोड्´-लॅ-राइज़्) *v.* (bowdlerized, bowdlerizing) to remove indecent and improper passages from a book, play etc., अश्लील या अनुचित बातों को पुस्तक, नाटक आदि से निकाल देना, काट-छाँट करना।

bowel (बॉव्´-अॅल्) *n.* an intestine, आँत, अँतड़ी।

bowels (बॉव्´-अॅल्ज़्) *n.* (plu.) 1. the intestines, आँतें, अँतड़ियाँ। 2. the innermost parts, भीतरी भाग।

bower (बॉव्´-अॅः) *n.* a leafy recess or shelter, कुंज, लतामंडप।

bowie knife (बॉ´-इ-नाइफ़्) *n.* a long hunting knife, छुरा।

bowknot (बो´-नॉट्) *n.* a knot which can be untied by pulling, फूल-गाँठ, चकरी गाँठ।

bowl[1] (बोल्) *n.* 1. a rounded hollow container, कटोरा, कटोरदान। 2. the contents of a bowl, कटोरा-भर सामान।

bowl[2] *n.* a ball in certain games, गेंद। *v.* (bowled, bowling) 1. to play the game of bowling, बोलिंग का खेल खेलना। 2. to throw a ball towards a batsman, गेंदबाज़ी करना। 3. to put out a batsman by bowling the bails, बोल्ड कर देना।

bowlegged (बो´-लॅग्-इड्) *adj.* having legs curving outward below the knee, टेढ़ी टाँगोंवाला, वक्रपाद।

bowler (बो´-लॅः) *n.* a person who bowls regularly in the game of cricket, बोलर, गेंदबाज़।

bowlful (बोल्´-फुल्) *n.* the contents of a bowl, कटोरा-भर सामान।

bowline (बो´-लाइन्) *n.* a knot forming a loop that does not slip, कड़ी गाँठ।

bowling (बो´-लिंग्) *n.* 1. a game played by rolling a heavy ball to knock down wooden pins, बोलिंग। 2. an act of throwing the ball toward a batsman, गेंदबाज़ी।

bowman (बो´-मॅन्) *n.* an archer, तीरंदाज़, धनुर्धारी।

bowshot (बो´-शॉट्) *n.* the distance between the place of firing and landing of an arrow, तीर की मार।

bowstring (बो´-स्ट्रिंग्) *n.* the string of a bow, धनुष की डोरी, प्रत्यंचा।

bow-wow (बो´-वो) *n.* 1. a dog's bark, कुत्ते की भौं-भौं। 2. child's word for a dog, बच्चों द्वारा कुत्ते के लिए प्रयुक्त शब्द, भौं-भौं।

box[1] (बॉक्स्) *n.* 1. a rectangular container with a lid, संदूक, बक्सा, पेटी। 2. the amount that a box holds, संदूक-भर सामान। 3. a separate seating compartment in a theatre, कक्ष। 4. an enclosed stand where a witness gives evidence, कटघरा। 5. a protective case, ख़ाना, डिब्बा। 6. a hut or shelter, कोठरी, कक्ष, डिब्बा। *v.* (boxed, boxing) to put into a box, संदूक में रखना, संदूक में डालना, संदूक में बंद करना।

box² (बॉक्स्) *n.* 1. a slap on the ears, थप्पड़। 2. a blow with a fist, मुक्का। *v.* (boxed, boxing) 1, to slap, थप्पड़ या मुक्का मारना। 2. to fight with the fists, मुक्केबाज़ी करना।

box³ (बाक्स्) *n.* a small evergreen shrub, एक झाड़ी।

boxcar (बॉक्स्´-का:) *n.* an enclosed railway car used to carry freight, माल ढोने का रेल का डिब्बा।

boxer (बॉक्´-सॅ:) *n.* 1. a person who fights with his fists, मुक्केबाज़। 2. a dog of the bulldog family, बाक्सर कुत्ता।

boxing (बॉक्´-सिंग्) *n.* the sport and art of fighting with the fists, मुक्केबाज़ी, बॉक्सिंग।

box office *n.* a box like office of a theatre where tickets are sold, टिकट-घर।

box wood *n.* the wood of a box (shrub), बाक्स नामक झाड़ी की लकड़ी।

boy (बॉइ) *n.* 1. a male child, लड़का, बालक। 2. a young man, युवक। 3. a native servant, नौकर। □ **one's blue-eyed boy,** प्रिय व्यक्ति; **whipping boy,** बलि का बकरा।

boycott (बॉइ´-कॉट्) *v.* (boycotted, boycotting) to refuse to accept, use or attend as a protest, बायकाट करना, बहिष्कार करना। *n.* an act of boycotting, बायकाट, बहिष्कार।

boyfriend (बॉइ´-फ्रेंन्ड्) *n.* a male companion of a young lady, यार, प्रेमी, प्रेमपात्र।

boyhood (बॉइ´-हुड्) *n.* the period of being a boy, बचपन, बाल्यावस्था, लकड़पन।

boyish (बॉइ´-इश्) *adj.* like a boy, बालकों-जैसा, बालसुलभ, बचकाना।

boyishness (~ -निस्) *n.* the state of being boyish, बालकों-जैसी प्रवृत्ति, बचकानापन।

Boy Scout *n.* an organisation intended to develop character among boys, बालचर, ब्वाय स्काउट।

bra (ब्रा) *n.* a brassiere, चोली, ब्रा, स्तनिका।

brace (ब्रेस्) *n.* 1. something used for supporting, stiffening or fastening, टेक या पट्टी। 2. a pair, जोड़ा। 3. a mark }or{, बंधनी। 4. (plu.) suspenders for trousers, गेलिस। *v.* (braced, bracing) 1. to support or render firm, टेक लगाना, दृढ़ बनाना, मज़बूत करना। 2. to put or set firmly, दृढ़ता से स्थापित करना। 3. to be ready, तैयार हो जाना। □ **brace up,** हिम्मत जुटाना।

bracelet (ब्रेस्´-लिट्) *n.* 1. an ornamental band worn on the arm, कंगन, कड़ा। 2. (plu.) handcuffs, हथकड़ी।

bracing (ब्रे´-सिंग्) *adj.* stimulating, स्फूर्तिदायक, उद्दीपक, उत्तेजक।

bracket (ब्रैक्´-इट्) *n.* 1. a support, टेक। 2. a piece of metal or wood fixed in wall to support something, ब्रैकिट। 3. either of the marks used in pairs for enclosing a piece of information, ( ), { }, [ ], ब्रैकिट, कोष्ठक। 4. a group of people classified together, वर्ग। *v.* (bracketed, bracketing) 1. to enclose in brackets, कोष्ठकित करना, कोष्ठक लगाना। 2. to associate, एक साथ करना या रखना, एक वर्ग में रखना।

brackish (ब्रैक्´-इश्) *adj.* slightly saltish, खारा; brackish water, खारा पानी।

bract (ब्रैक्ट्) *n.* a small leaf located below a flower, सहपत्र, अधःपत्र, निपत्र।

brad (ब्रैड्) *n.* a flattened nail, चपटी कील।

bradawl (ब्रैड्´-आ:ल्) *n.* a small tool with a sharp point for making holes, सुम्मी।

brae (ब्रे) *n.* a slope, ढाल।

brag (ब्रैग्) *n.* a boast, शेख़ी, डींग। *v.* (bragged, bragging) to boast, शेख़ी हाँकना, डींग मारना। □ **nothing to brag about,** साधारण, मामूली।

braggadocio (ब्रैग्-अॅ-डो´-शि-ओ) *n.* a boastful person, शेख़ी हाँकनेवाला व्यक्ति, डींग मारनेवाला व्यक्ति, आत्मश्लाघी।

braggart (ब्रैग्´-अॅ:ट्) *n.* one who brags a lot, शेख़ीख़ोर।

braid (ब्रेड्) *v.* (braided, braiding) 1. to twist or intertwine together, गूँथना। 2. to fasten with a ribbon or strip, फीता लगाना, रिबन लगाना। *n.* 1. a plait of hair, लट या चोटी। 2. a band or strip, फीता, रिबन, किनारी।

braille (ब्रेल्) *n.* a system for writing and printing with raised dots for blind per-

sons, ब्रेल, अंधलेख।

brain (ब्रेन्) *n.* 1. a mind, मस्तिष्क, दिमाग। 2. intelligence, बुद्धि। 3. an intelligent person, बुद्धिमान व्यक्ति। 4. (plu.) the soft substance enclosed by the skull, भेजा। □ **have something on the brain,** कोई बात मन में बैठी होना; **pick someone's brain,** किसी के विचार को अपनाना। *v.* (brained, braining) 1, to knock out the brains of, भेजा निकाल देना। 2. to hit hard on the head, सिर फोड़ देना।

brainchild (ब्रेन्´-चाइल्ड्) *n.* = brain wave.

brain drain *n.* the loss of educated persons by emigration, शिक्षितों का देश से बाहर चले जाना, प्रतिभा-पलायन।

brainfag (ब्रेन्´-फ़ैग्) *n.* nervous exhaustion, दिमाग़ी थकान।

brain fever *n.* a kind of disease, मस्तिष्क ज्वर।

brainless (ब्रेन्´-लिस्) *adj.* stupid, मूर्ख।

brainpower (ब्रेन्´-पॉव्-अ:) *n.* mental ability, दिमाग़ी ताकत, मानसिक शक्ति।

brainstorm (ब्रेन्-स्टॉ:म्) *n.* 1. a sudden violent mental disturbance, घोर मानसिक विक्षोभ। 2. a sudden bright idea, सूझ, उड़ान, पते की बात।

Brains Trust *n.* a group of intellectuals, बुद्धिजीवियों का वर्ग, विज्ञमंडल।

brainwash (ब्रेन्´-वॉश्) *v.* (brainwashed, brainwashing) to cause to change someone's beliefs by subjecting him to great mental pressure, व्यक्ति के मस्तिष्क में पुराने विचार हटाना तथा नए विचार भरना, भेजे की धुलाई कर देना, बुद्धि पलट देना।

brain wave *n.* a sudden clever idea, सूझ, उड़ान, पते की बात।

brainy (ब्रे´-नी) *adj.* clever, चतुर, चालाक।

braise (ब्रेज़्) *v.* (braised, braising) to brown in fat, घी में भूनना या लाल करना।

brake[1] (ब्रेक्) *n.* 1. a device for slowing or stopping motion, ब्रेक। 2. a restraint, नियंत्रण। *v.* (braked, braking) 1. to apply a brake, ब्रेक लगाना। 2. to restraint, नियंत्रित करना।

brake[2] *n.* a thicket, झाड़ी।

brakeman (ब्रेक्´-मॅन्) *n.* an assistant to a engine driver, इंजन चालक का सहायक, ब्रेकमैन।

bramble (ब्रैम्´-बॅल्) *n.* a shrub, झड़बेरी।

bran (ब्रैन्, ब्रान्) *n.* the husk of grain, चोकर, भूसी।

branbread (ब्रैन्´/ब्रान्´-ब्रेड्) *n.* the bread made of bran, चोकर की रोटी।

branch (ब्रैन्च्, ब्रान्च्) *n.* 1. any woody extension growing from the trunk or main stem, टहनी, डाल, शाखा। 2. a part or division of a larger system, शाखा। 3. a separately located unit of a firm, शाखा। *v.* (branched, branching) to spread out branches, शाखाएँ फूटना या निकलना; शाखाएँ फैलाना। □ **branch out,** क्रियाकलाप बढ़ाना, क्षेत्र विकसित करना, संस्था द्वारा नई शाखाएँ खेलना।

brand (ब्रैन्ड्) *n.* 1. a trademark or distinctive name of a product, छाप, ब्रान्ड ब्रैन्ड; lotus brand, कमल छाप। 2. a mark formerly burned into the flesh of animals, criminals etc., दागा हुआ चिह्न। 3. a stigma, कलंक, दाग। *v.* (branded, branding) 1. to mark, to mark with a brand, चिह्नित करना, छाप डालना। 2. to stigmatize, कलंक लगाना, दोष मढ़ना।

brandish (ब्रैन्´-डिश्) *v.* (brandished, brandishing) to wave (a knife, sword etc.) menacingly, चमकाना, भाँजना।

brand-new (ब्रैन्ड्´-न्यु´) *adj.* completely new, बिल्कुल नया।

brandy (ब्रैन्´-डी) *n.* a strong alcoholic drink, ब्रांडी। *v.* (brandied, brandying) to flavour with brandy, ब्रांडी का पुट देना।

brash (ब्रैश्) *adj.* rash, impudent, उतावला, उद्धत।

brashly (ब्रैश्´-ली) *adv.* rashly, उतावलेपन से, उद्धतापूर्वक।

brass (ब्रैस्, ब्रास्) *n.* 1. an alloy of copper and zinc, पीतल। 2. impudence, उद्धतता, उतावलापन। 3. high-ranking officers, उच्च

अधिकारी। *adj.* made of brass, पीतल का बना।

brass band *n.* a band of wind instruments, फूँककर बजाए जानेवाले बाजों का समूह।

brasserie (ब्रैस्-अॅ-री´) *n.* a restaurant-cum-bar, ब्रैसिरी; आहारगृह।

brass hat *n.* a high military official, उच्च सेनाधिकारी।

brassiere (ब्रॅ-ज़िअॅ:) *n.* a woman's undergarment worn to support breasts, चोली, ब्रा।

brass tacks *n.* (plu.) essential facts, आधारभूत तथ्य।

brassy (ब्रैस्´-ई) *adj.* 1. of brass, पीतल का। 2. bold and vulger, उजड्ड।

brat (ब्रैट्) *n.* a spoiled child, बिगड़ा हुआ बच्चा, बिगड़ैल बच्चा।

bratty (ब्रैट्´-ई) *adj.* spoiled, बिगड़ा हुआ।

bravado (ब्रॅ-वा´-डो) *n.* the (often unnecessery) showing of courage, (दिखावे की) दिलेरी या बहादुरी।

brave (ब्रेव्´) *adj.* 1. powerful and courageous, वीर, बहादुर, दिलेर। 2. splendid, उत्कृष्ट। *v.* (braved, braving) to face courageously, हिम्मत से सामना करना, बहादुरी दिखाना।

bravely (ब्रेब्´-ली) *adv.* with braveness, बहादुरी से, वीरतापूर्वक।

bravery (ब्रे´-वॅ-री) *n.* courage, बहादुरी, वीरता, दिलेरी।

bravo (ब्रा´-वो´) *interj.* well done! बहुत अच्छे! शाबाश!

brawl (ब्राःल्) *n.* a noisy quarrel or fight, लड़ाई-झगड़ा, मारपीट। *v.* (brawled, brawling) to quarrel or fight, लड़ाई-झगड़ा करना, मार-पीट करना।

brawn (ब्राःन्) *n.* muscular strength, शारीरिक बल, शक्ति, बल-बूता।

brawny (ब्राः´-नी) *adj.* strong and muscular, तगड़ा, पुष्ट शरीरवाला, हट्टा-कट्टा।

bray (ब्रे) *n.* a cry of a donkey, रेंक। *v.* (brayed, braying) to make such cry, रेंकना।

brazen (ब्रे´-ज़ॅन्) *adj.* 1. made of brass, पीतल का। 2. having a harsh and loud sound, कर्णकटु। 3. shameless, निर्लज्ज, बेहया। 4. impudent, उद्धत। □ **brazen out,** शर्म घोलकर पी जाना।

brazier (ब्रे´-ज़िअॅ:, ब्रे´-ज़ॅ:) *n.* a metal container to hold burning coals, अँगीठी। 2. a brass worker, कसेरा।

breach (ब्रीच्) 1. a violation, उल्लंघन, भंग, अतिक्रमण। 2. a gap or hole, दरार, फटन। 3. a disruption of family relationship, पारिवारिक संबंध का टूटना, टूटन। □ **breach of faith,** विश्वासघात; **breach of the promise,** वचनभंग; **breach of peace,** शांतिभंग; **step into the breach,** संकट के समय उत्तरदायित्व ग्रहण करना। *v.* (breached, breaching) 1. to make a breach in, दरार डालना। 2. to break open or through, रास्ता निकालना।

bread (ब्रेड्) *n.* 1. a food made of flour, रोटी। 2. food regarded as a source of life, आहार, भोजन। 3. a livelihood, जीविका। □ **bread and butter,** रोज़ी-रोटी, जीविका; **break bread,** खाना; **take bread out of a person's mouth,** रोज़ी-रोटी छीन लेना, मुँह का ग्रास छीन लेना।

breadbasket (ब्रेड्´-बैस्-किट्) *n.* 1. a grain producing region, अन्न-उत्पादक क्षेत्र। 2. a stomach, उदर, पेट।

bread line *n.* poor people waiting in a line for charity food, भिखमंगों की कतार।

bread stuff *n.* flour, आटा, पिसान।

breadth (ब्रेड्थ्) *n.* width, चौड़ाई, चौड़ान।

breadthwise (ब्रेड्थ्´-वाइज़्) *adv.* in the direction of the breadth, चौड़ाई के बल।

breadwinner (ब्रेड्´-विन्-अॅ:) *n.* one who earns and supports the family, कमाई करनेवाला, परिवार का भरण-पोषण करनेवाला।

break (ब्रेक्) *v.* (broke, broken, breaking) 1. to fall or cause to fall into pieces suddenly or violently, टूटना या तोड़ना, टूट जाना या तोड़ देना, टूट-फूट जाना या तोड़-फोड़ देना, चूर-चूर होना या चूर-चूर करना। 2. to become or cause to become separated from the

main part suddenly or violently, टूटकर अलग होना या तोड़कर अलग करना। 3. to open the surface of, तोड़ना, खोलना। 4. to transgress, उल्लंघन करना, भंग करना। 5. to force a way, बलात् घुस जाना। 6. to bring under control, नियंत्रित करना; to break a horse, घोड़े को साधना। 7. to do better than, आगे निकलना; to break a record, रिकार्ड या कीर्तिमान स्थापित करना। 8. to ruin, नष्ट होना या करना; His health broke, उसका स्वास्थ्य नष्ट हो गया। 9. to make known, बतलाना। 10. to interrupt, बीच में रुकना या रोकना; We broke our journey to Delhi at Kanpur, दिल्ली जाते समय हम कानपुर में रुके। 11. to come or cause to come to end, ख़त्म होना या करना, भंग होना या करना; to break the silence, शांति भंग करना। 12. to come into being, अस्तित्व ग्रहण करना; The storm broke. तूफान शुरू हुआ; The day broke. प्रभात हुआ, दिन चढ़ा। 13. to discover the secret of, रहस्य का पता लगाना। □ **break the back,** महत्त्वपूर्ण अंश पूरा करना; **break someone's heart,** दिल दुखाना या तोड़ना; **break the ice,** शुरुआत करना, पहल करना; **break in,** (i) प्रशिक्षित करना, साधना; (ii) ज़बरदस्ती प्रवेश करना, घुसना; (iii) बीच में रुकना; **break new ground,** नई खोज करना; **break one's neck,** जान दे देना; **break off** (i) एकाएक रुक जाना; (ii) नाता तोड़ना; **break out,** (i) विस्फोट होना, फूट पड़ना; (ii) बच या भाग निकलना; **break short,** बीच में स्थगित कर देना; **break wind,** पादना, हवा छोड़ना। *n.* 1. the act of breaking, तोड़ने की क्रिया या भाव, तोड़ना। 2. the result of breaking, टूटना। 3. a crack, दरार। 4. a fracture, टूटना, फ्रैक्चर। 5. a disruption of continuity, विच्छेद, भंग; without break, निरंतर। 6. an emergence, आगमन, शुरुआत। 7. an opportunity, मौका, अवसर। 8. a pause for rest, अवकाश, अंतराल।

breakable (ब्रे´-कॅ-बॅल्) *adj.* fragile, भंगुर, टूट जानेवाला।

breakage (ब्रे´-किज्) *n.* 1. the things broken, टूट-फूट। 2. the loss or damage due to breaking, टूट-फूट।

breakaway (ब्रेक्´-अॅ-वे) *adj.* formed by splitting off from larger group, (मुख्य दल से) टूटकर अलग हुआ (गुट), निपाती।

breakdown (ब्रेक्´-ड़ाउन्) *n.* 1. a collapse, निपात; nervous breakdown, स्नायविक निपात। 2. a mechanical failure, मशीनी ख़राबी। 3. an analysis, विश्लेषण।

breaker (ब्रे´-कॅः) *n.* 1. one who breaks, तोड़नेवाला। 2. a large sea wave, हिलोर।

breakfast (ब्रेक्´-फॅस्ट्) *n.* the first meal of the day, नाश्ता, सुबह का जलपान। *v.* (breakfasted, breakfasting) to eat breakfast, नाश्ता करना।

break-in (ब्रेक्´-इन्) *n.* a forcible entry, घुसपैठ।

breakneck (ब्रेक्´-नेंक्) *adj.* dangerous, भयानक, घोर; breakneck speed, प्रचंड रफ़्तार।

breakthrough (ब्रेक´-थ्रू) *n.* progress or success, प्रगति या सफलता।

breakup (ब्रेक्´-अप्) *n.* 1. disintegration, विघटन। 2. stopping or ending, समाप्ति। 3. a collapse, निपात।

breakwater (ब्रेक´-वाः-टॅः) *n.* a wall that protects a coast against heavy waves, बंधा।

bream (ब्रीम्) *n.* a kind of fish, एक तरह की मछली।

breast (ब्रेंस्ट्) *n.* 1. the front part of a woman's body, छाती, वक्षस्थल, सीना। 2. either of the two milk producing organs of a woman's body, स्तन। 3. the chest, छाती। v. (breasted, breasting) to boldly meet or confront, डटकर सामना करना।

breastbone (ब्रेंस्ट्´-बोन्) *n.* the sternum, उरोस्थि।

breastfeed (ब्रेंस्ट्´-फ़ीड्) *v.* (breastfeeded, breastfeeding) to feed (a baby) milk from the breast, स्तनपान कराना, छाती पिलाना।

breastplate (ब्रेंस्ट्´-प्लेट्) *n.* a piece of armour covering the breast, कवच।

breaststroke (ब्रेंस्ट्´-स्ट्रोक्) *n.* a way of swimming with one's face downward, मेंडक की

भाँति तैरना।

breastwork (ब्रेस्ट्´-व़ःक्) *n.* a breast-high fortification मोर्चा लेने के लिए छाती तक ऊँची बनाई हुई दीवार।

breath (ब्रेथ्) *n.* 1. the air taken into and let out of the lungs, साँस, श्वास; holding one's breath, साँस रोककर। 2. respiration. श्वसन। 3. life, जीवन। 4. a slight breeze, समीर। 5. a voiceless sound, अघोष वर्ण। 6. a moment, क्षण; in one breath, एक साँस में, एक क्षण में। □ **in the same breath,** एक ही साँस में; **out of breath,** हाँफता हुआ; **save one's breath,** तर्क-वितर्क से बचना; **take one's breath away,** विस्मित कर देना; **waste one's breath,** व्यर्थ बकबक करना; **with bated breath,** आतुरतापूर्वक, बड़ी उत्सुकता से, दम साधे।

breathable (ब्रेथ्´-अॅ-बॅल्) *adj.* fit to be breathed, साँस लेने योग्य।

breathalyser (बेंथ्´-ॲल्-एज़ॅः) *n.* an apparatus for checking the amount of alcohol that the driver has drunk, ड्राइवर की साँस से पी हुई शराब की मात्रा जानने का उपकरण, मद्यश्वास मापक।

breathe (ब्रीद्) *v.* (breathed, breathing) 1. to inhale and exhale, साँस लेना और छोड़ना। 2. to inhale, साँस लेना। 3. to exhale, साँस छोड़ना। 4. to live, जीना। 5. to give or send out, देना, छोड़ना; to breathe new life into the army, सेना में नया जीवन डालना; He breathes fire when he gets angry, जब वह क्रुद्ध होता है तो आग उगलने लगता है। 6. to pause to rest, विराम करना। 7. to utter quietly, फुसफुस करना। □ **breathe in, (i)** ग्रहण करना; **(ii)** साँस लेना; **breathe one's last,** अंतिम साँस लेना, मर जाना; **breathe out,** साँस छोड़ना।

breather (ब्री´-दॅः) *n.* 1. one who breathes, साँस लेनेवाला; mouth breather, मुँह से साँस लेनेवाला। 2. a short pause for a rest, विराम।

breathing (ब्रीद्´-इंग्) *n.* 1. the act of breathing, श्वसन। 2. a single respiration, साँस। 3. a moment, क्षण। 4. a light breeze, समीर। 5. yearning, लालसा, साध। 6. an utterance, उक्ति। 7. an aspirate, घोष वर्ण। *adj.* that breathes, alive, जीवित।

breathing space *n.* a pause, विराम।

breathless (ब्रेथ्´-लिस्) *adj.* 1. dead, मृत। panting, हाँफता हुआ। 3. holding the breath due to excitement, चमत्कृत। 4. having no breeze, उमसदार।

breathtaking (ब्रेथ्´-टे-किंग्) *adj.* exciting, thrilling, उत्तेजनापूर्ण, रोमांचक, विस्मयकारी।

bred (ब्रेड्) *v.* p.t. & p.p. of breed.

breech (ब्रीच्) *n.* 1. the buttocks, चूतड़। 2. the rear of gun-barrel, नालपृष्ठ। 3. (plu.) knee-long trousers, कच्छा, जाँघिया।

breed (ब्रीड्) *v.* (bred, breeding) 1. to produce offspring, संतान उत्पन्न करना, बच्चा देना, प्रजनन करना। 2. to keep animals for the purpose of producing young, पालना। 3. to rear, पालन-पोषण करना। *n.* 1. a variety of animals with special features, नस्ल, प्रजाति। 2. a kind, किस्म, प्रकार।

breeder (ब्रीड्´-अॅः) *n.* one who breeds animals, पशुपालक।

breeding (ब्री´-डिंग्) *n.* 1. the production of young from animals, प्रजनन। 2. a line of descent, वंश-परंपरा। 3. good manners and behaviour, कुल-शील, आचरण-व्यवहार। 4. education, शिक्षा, शिक्षण।

breeze (ब्रीज़्) *n.* 1. a light, gentle wind, समीर। 2. an easily accomplished task, सरल काम। *v.* (breezed, breezing) to move briskly, उड़ चलना, तेज़ी से आगे बढ़ना; They breezed in, वे तेज़ी से अंदर आए।

breezeway (ब्रीज़्´-वे) *n.* a roofed passage connecting two buildings, छतहा रास्ता, छायादार रास्ता।

breezy (ब्री´-ज़ी) *adj.* lively, जीवंत, स्फूर्तिप्रद, प्रसन्नतादायक।

brengun (ब्रेन्´-गन्) *n.* a lightweight machine gun, ब्रेनगन।

brethren (ब्रेद्´-रॅन्) *n.* (plu.) bellow members, एक ही संस्था या संघ के सदस्य, साथी, सहधर्मी, देशवासी।

breve (ब्रीव्) *n.* a mark (˘) over a vowel to indicate that it is short, अल्पार्थक चिह्न।

breviary (ब्री´-वि-अर्-ई) *n.* a book of prayer of Catholic priests, रोमन कैथोलिक पुरोहितों की प्रार्थना-पुस्तक।

brevity (ब्रेव्´-इ-टी) *n.* briefness, shortness, संक्षिप्तता, लघुता।

brew (ब्रू) *v.* (brewed, brewing) 1. to make beer, tea etc., तैयार करना, बनाना। 2. to develop, विकसित होना, उद्भूत होना, खड़ा होना; The trouble is brewing. परेशानी खड़ी हो रही है। *n.* the drink brewed, बनाया या तैयार किया हुआ पेय।

brewery (ब्रू´-अॅ-री) *n.* a place or factory where brewing is carried on, निर्माणशाला।

briar (ब्राइ´-अः) *n.* 1. any thorny bush, कँटीला झाड़। 2. (plu.) difficulties, कठिनाइयाँ, बाधाएँ, परेशानियाँ।

bribable (ब्राइ´-बॅ-बॅल्) *adj.* able to be bribed, जिसे रिश्वत देकर साधा या तोड़ा जा सकता हो।

bribe (ब्राइब्) *n.* something given to a person to influence his judgement, घूस, रिश्वत। *v.* (bribed, bribing) to give a bribe to, रिश्वत देना, घूस देना।

briber (ब्राइब्´-अः) *n.* one who give bribe, घूस देनेवाला।

bribery (ब्राइब्´-अर्-ई) *n.* the practice of offering or accepting bribe, घूसख़ोरी, रिश्वतखोरी, उत्कोचग्रहण।

bric-a-brac (ब्रिक्´-अॅ-ब्रैक्) *n.* small items of no great value, छोटी-मोटी चीजें।

brick (ब्रिक्) *n.* 1. a rectangular block of baked clay used as construction material, ईंट। 2. such block of any other substance, ईंट। 3. a trustworthy person, विश्वस्त व्यक्ति। □ **drop a brick,** ईंट या पत्थर मारना, कड़ी और कड़वी बात कहना; **make bricks without straw,** बिना साधनों के कार्य में जुटना। *adj.* built or paved with bricks, ईंटों का बना। *v.* (bricked, bricking) 1. to build or paved with bricks, ईंटों से बनाना। 2. to block with brickwork, दीवार खड़ी करना, बंद करना।

brickbat (ब्रिक्´-बैट्) *n.* 1. a piece of brick, रोड़ा, अद्धा। 2. a critical remark, ताना, फ़िकरा, फ़बती।

brickdust (ब्रिक्´-डस्ट्) *n.* the powder of brick, सुर्खी या राबिश।

brickfield (ब्रिक्´-फ़ील्ड्) *n.* the place where bricks are made, भट्टा।

brickkiln (ब्रिक्´-किल्न्) *n.* a furnace for baking bricks, भट्टे की चिमनी।

bricklayer (ब्रिक्´-ले-अः) *n.* a person whose work is bricklaying, राजगीर, मिस्त्री।

bricklaying (ब्रिक्´-ले-इंग्) *n.* the act of building or paving with bricks, ईंटों से चुनाई करना, ईंटें बैठाना।

brick red *adj.* brownish red, भूरापन लिए लाल।

brickwork (ब्रिक्´-वःक्) *n.* 1. the act of bricklaying, चुनाई, ईंटों का काम। 2. anything built of bricks, ईंटों की इमारत।

bridal (ब्राइ´-डॅल्) *adj.* 1. of bride, दुल्हन-संबंधी। 2. of wedding, विवाह-संबंधी, वैवाहिक।

bride (ब्राइड्) *n.* 1. a newly married woman, नववधू, दुल्हन। 2. a girl about to be married, कन्या, किशोरी।

bridegroom (ब्राइड्´-ग्रूम्) *n.* a man who has just been married or is about to be married, दुल्हा, वर।

bridesmaid (ब्राइड्ज़्´-मेड्) *n.* a young girl attending the bride during a wedding, सहबाली, वधू-सखी।

bridesman (ब्राइड्ज़्´-मॅन्) *n.* a young man attending the bridegroom during a wedding, शहबाला, वर-सखा।

bridge (ब्रिज्) *n.* 1. a structure built over a river, highway etc., to provide a way across, पुल, सेतु, ब्रिज। 2. something that connects other parts, सेतु। 3. the bony upper part of the nose, बाँसा। 4. a card game, ब्रिज। *v.* (bridged, bridging) 1. to build a bridge over, पुल बाँधना, सेतु का निर्माण करना। 2. to get across, पार करना या

उतरना।

bridgehead (ब्रिज्´-हेंड्) *n.* a fortified place established on the far side of a river, पुल के परले सिरे पर बनाया हुआ मोर्चा।

bridle (ब्राइ´-डल्) *n.* the part of a horse's harness that goes on its head, लगाम। *v.* (bridled, bridling) 1. to put a bridle on, लगाम डालना। 2. to restrain, लगाम लगाना या कसना, नियंत्रित करना।

brief (ब्रीफ़्) *adj.* 1. short in length or duration, छोटा, अल्पकालिक। 2. concise, संक्षिप्त। *n.* 1. a short or condensed statement, सार, सारकथन, संक्षेप। 2. (plu.) underwear, जाँघिया। *v.* (briefed, briefing) 1. to give instructions, निर्देश देना। 2. to give information, जानकारी कराना। 3. to give a brief to, सार बतलाना, संक्षेप में बताना।

briefcase (ब्रीफ़्´-केस्) *n.* a small portable flat case for carrying documents, ब्रीफ़केस।

briefing (ब्रीफ़्´-इंग्) *n.* a presentation of facts of an event, तथ्य-प्रस्तुति।

briefly (ब्रीफ़्´-ली) *adv.* in short, संक्षिप्त रूप में।

brier (ब्राइ´-अ:) *n.* a thorny bush, झड़बेरी।

brig (ब्रिग्) *n.* 1. a two-masted ship. दो मस्तूलोंवाला पोत। 2. a ship's prison, जहाज़ पर का क़ैदख़ाना।

brigade (ब्रि-गेड्´) *n.* 1. a unit of army, वाहिनी, ब्रिगेड। 2. any group of people organised for a particular purpose, वाहिनी, ब्रिगेड, दल।

brigadier (ब्रिग्´-अ-डिअ:) *n.* a military officer commanding a brigade, ब्रिगेडियर।

brigand (ब्रिग्´-अन्ड्) *n.* a member of a band of robbers, राहज़न, लुटेरा।

brigantine (ब्रिग्´-अन्-टीन्) *n.* a two-masted vessel, दो मस्तूलोंवाला पोत।

bright (ब्राइट्) *adj.* 1. full of light, shining, उज्ज्वल, चमकीला, चमकदार, दीप्त, देदीप्यमान, लपलप। 2. cheerful, प्रसन्न, प्रफुल्ल। 3. quickwitted, तीव्रबुद्धि, चतुर। 3. clear, vivid, स्पष्ट, चटक, तेज़; bright red, तेज़ लाल। 4. showing hope or signs of future success, होनहार, आशापूर्ण, आशामय, उज्ज्वल। □ **look at the bright side,** आशावादी होना।

brighten (ब्राइ´-टन्) *v.* (brightened, brightening) 1. to make or become bright, चमका देना या चमक उठना। 2. to make or become hopeful, आशामय बनना या बनाना, उज्ज्वल बना देना।

Bright's disease *n.* a disease of the kidneys, गुरदे का रोग।

brill (ब्रिल्) *n.* a seafish, समुद्र की एक तरह की मछली।

brilliance (ब्रिल्´-यन्स्) *n.* the quality of being brilliant, चटकपन, चमकीलापन, चमक।

brilliancy (ब्रिल्´-यन्-सी) *n.* = brilliance.

brilliant (ब्रिल´-यन्ट्) *adj.* 1. very bright, चटक, चटकीला। 2. very clever, होशियार, चतुर। 3. having or showing great skill, पटु, प्रवीण। 4. talented, प्रतिभासंपन्न। 5. fine, शानदार, वैभवपूर्ण।

brilliantine (ब्रिल्´-यन्-टीन्) *n.* a haircream, बालों पर लगाने की क्रीम, केशक्रीम।

brilliantly (ब्रिल´-यन्ट्-ली) *adv.* in a brilliant manner, शानदार तरीके से, शान से।

brim (ब्रिम्) *n.* 1. the top edge of cup, bowl etc., किनारा, लब, मुँह। 2. the edge of a hat, हैट का किनारा। □ **full to the brim,** लबालब, ऊपर तक भरा हुआ, मुँह तक भरा हुआ। *v.* (brimmed, brimming) 1. to fill to the brim, मुँह तक भर देना, लबालब भर देना। 2. to be full to the brim, मुँह तक भरा होना, लबालब भरा होना; She was brimming over with joy, वह ख़ुशी से फूली नहीं समा रही थी।

brimful, brimfull (ब्रिम्´-फुल्) *adj.* full to the brim, लबालब, मुँह तक भरा हुआ।

brimming (ब्रिम्´-इंग्) *adj.* overflowing, छलकता हुआ।

brimstone (ब्रिम्´-स्टोन्) *n.* sulpher, गंधक। □ **fire and brimstone,** नरक की ज्वाला।

brindle (ब्रिन्´-डल्) *adj.* = brindled.

brindled (ब्रिन्´-डल्ड्) *adj.* greyish with darker streaks or spots, चितकबरा।

brine (ब्राइन्) *n.* 1. water saturated with salt, नमक का घोल, खारा पानी। 2. the ocean, समुद्र,

सागर।

bring (ब्रिंग्) *v.* (brought, bringing) 1. to cause to come with oneself by carrying or leading, लाना, ले आना; Bring it to me, मेरे पास ले आओ। 2. to produce, निकालना, प्रस्तुत करना। 3. to cause or result in, (अपने) साथ लाना; The war brought unemployment, युद्ध अपने साथ बेकारी लाया। 4. to act upon, प्रवृत्त करना। 5. to sell or be sold for, पर बिकना या दिलाना; How much would that house bring? वह मकान कितने पर बिकेगा? या वह मकान क्या दे जाएगा? This book brought disgrace to the author, इस पुस्तक ने लेखक को बदनामी दिलाई। □ **bring about,** लाना; Time has brought about many changes. समय बहुत से परिवर्तन लाया; **bring around,** राज़ी या कायल करना; **bring back,** (i) याद दिलाना, स्मरण कराना; (ii) चंगा करना; **bring down,** नीचे लाना, गिराना या घटाना; **bring forth, bring forward,** (i) प्रस्तुत करना, सामने लाना; (ii) आगे ले जाना; **bring home to,** समझा देना; **bring in,** प्राप्ति कराना, दिलाना; **bring off,** निष्पन्न करना; **bring on,** (i) उत्पन्न करना, लाना; (ii) सहायक होना, सुधारना; More study should bring on your English. और अधिक अध्ययन से तुम्हारी अंग्रेज़ी सुधरेगी; **bring out,** (i) प्रकाशित करना (ii) उत्पन्न करना; (iii) प्रकट करना; **bring through,** से बचाना; **bring to,** पहुँचाना, लाना; **bring under,** वश में करना; **bring up,** (i) पालन-पोषण करना; (ii) पहुँचाना, लाना; (iii) डाँटना-फटकारना; (iv) उल्लेख करना; (v) उल्टी करना; **bring up against,** विरोध में प्रस्तुत करना।

brinjal (ब्रिन्´-जॅल्) *n.* a plant and its fruit used as a vegetable, बैंगन।

brink (ब्रिंक्) *n.* the edge of a steep descent, कगार, किनारा। □ **on the brink of the grave,** क़ब्र में पैर लटकाए होना, मरणासन्न होना, तबाही के कगार पर होना।

brinkmanship (ब्रिंक्´-मॅन्-शिप्) *n.* extreme courage, अति साहसिकता।

briny (ब्राइ´-नी) *adj.* salty, खारा, नमकीन।

brio (ब्री´-ओ) *n.* vigour, vivacity, जोश, उत्साह।

brioche (ब्री´-ओश्) *n.* a bread roll, ब्रेडरोल।

briquette (ब्रि-कॅट्´) *n.* a cake of coal dust, कोयले के चूरे की टिकिया।

brisk (ब्रिस्क्) *adj.* 1. moving or acting quickly, फुर्तीला, तेज़। 2. active, सक्रिय। 3. lively, सजीव, जीवंत, जानदार। 4. invigorating, स्फूर्तिकारक। □ **brisk market,** गरम बाज़ार; **brisk wind,** कुछ-कुछ ठंडी और तेज़ हवा, जानदार हवा।

brisket (ब्रिस्´-किट्) *n.* 1. the chest of an animal, जानवर का सीना। 2. the meat from the brisket, सीने का गोश्त।

briskness (ब्रिस्क्´-निस्) *n.* the state or quality of being brisk, फुर्ती, फुर्तीलापन; जीवंतता।

brisling (ब्रिस्´-लिंग्) *n.* a small sardine, छोटी हिलसा।

bristle (ब्रिस्´-अॅल्) *n.* 1. a short stiff hair, छोटा कड़ा बाल, शूक। 2. a hair, wire, etc. in a brush, ब्रुश का बाल। *v.* (bristled, bristling) 1. to stand up stiffly said of hair, बालों का खड़ा हो जाना, रोमांच होना। 2. ग़ुस्सा या नाराज़गी दिखलाना। □ **bristle with,** भरा होना; This job bristles with difficulties, यह काम कठिनाइयों से भरा हुआ है; She bristled with anger, वह क्रोध से अभिभूत थी।

bristly (ब्रिस्´-ली) *adj.* like or full of bristles, शूकवत्, शूकों से भरा, शूकमय।

Britain (ब्रिट्´-इन्) *n.* Great Britain, (comprising England, Wales and Scotland), ग्रेट ब्रिटेन, इंग्लैंड।

Britannia (ब्रि-टैन्´-इ-अॅ) *n.* the personification of Britain shown as a woman with a shield, helmet and trident, मूर्तिमान ब्रिटेन।

Britannic (ब्रि-टैन्´-इक्) *adj.* of Britain, ब्रिटेन-संबंधी, ब्रिटिश, ब्रितानवी।

britches (ब्रिच्´-इज़्) *n.* (plu.) breeches, जाँघिया।

Briticism (ब्रिट्´-इ-सिज़्-अॅम्) *n.* a word or phrase peculiar to the Britishers, विशिष्ट अंग्रेज़ी प्रयोग या मुहावरा, ब्रितानवी प्रयोग या मुहावरा।

British (ब्रिट्´-इश्) *adj.* 1. of Great Britain,

ग्रेट ब्रिटेन का, ब्रितानवी। 2. of Britishers, अंग्रेज़ों का, अंग्रेज़ी। *n.* **the British,** British people, अंग्रेज़ लोग।

Britisher (ब्रिट्´-इ-शॅ:) *n.* an inhabitant of Britain, अंग्रेज़।

Briton (ब्रिट्´-अॅन्) *n.* = Britisher.

brittle (ब्रिट्´-अॅल्) *adj.* fragile, जल्दी टूटनेवाला, भंगुर, भुरभुरा।

brittleness (~-निस्) *n.* the quality of being, brittle, भंगुरता, भुरभुरापन।

broach (ब्रोच्) *v.* (broached, broaching) 1. to pierce (a cask) in order to draw off liquid, (पीपे में) छेद करना, छेदना। 2. to introduce (as a subject, विषय) उपस्थापित करना, बात चलाना, उपस्थापन करना। *n.* a gimlet for tapping a cask, पीपे में छेद करने का बरमा।

broad (ब्रा:ड्) *adj.* 1. wide, चौड़ा; broad-line, बड़ी लाईन। 2. large in expanse, विस्तृत, विस्तीर्ण, व्यापक। 3. long लंबा; broad jump, लंबी छलाँग। 4. clear, bright, साफ़, स्पष्ट। 5. main, essential, i.e. without details, मुख्य। 6. liberal, उदार। 7. tolerant, सहिष्णु। 8. coarse, vulgar, भद्दा, भोंडा; broad humour, भद्दा मजाक। *n.* 1. the broad part, मुख्यांश। 2. a woman, स्त्री।

broad bean *n.* an edible bean with large flat seeds, लोबिया।

broadcast (ब्रा:ड्´-कैस्ट्/ कास्ट्) *v.* (broadcasted, broadcasting) 1. to transmit by radio or television, प्रसारण करना, प्रसारित करना। 2. to speak in a radio, प्रसारण करना। 3. to sow seed by scattering, बीज बिखेरना या छितराना। *n.* 1. transmission of a radio or television, प्रसारण। 2. a radio programme, रेडियो का कार्यक्रम।

broaden (ब्रा:-डॅन्) *v.* (broadened, broadening) to make or become broad, चौड़ा होना या करना, व्यापक होना या करना, व्यापक बनना या बनाना।

broadloom (ब्रा:ड्´-लूम्) *adj.* woven in broad widths, चौड़े पनहेवाला।

broadly (ब्रा:ड्´-ली) *adv.* widely, generally, सामान्यतः, मौटे तौर पर।

broadminded (ब्रा:ड्´-माइन्-डिड्) *adj.* open-minded and tolerant in attitude, उदार, सहिष्णु।

broadside (ब्रा:ड्´-साइड्) *n.* 1. the side of ship above the water-level, जहाज़ का बाजू। 2. the firing of all guns on one side of a ship, जहाज़ के एक ही बाज़ू पर की जानेवाली गोलों की बौछार। 3. a forceful verbal attack, आक्षेप, कड़ी आलोचना, घोर निंदा।

broadsword (ब्रा:ड्´-सो:ड्) *n.* a sword with a broad blade, चौड़े फलवाली तलवार, खाँड़ा।

broadways, broadwise (ब्रा:ड्´-वेज़्, ब्रा:ड्´-वाइज़्) *adv.* along the breadth, चौड़ाई के बल, चौड़ान में।

brocade (ब्रो´-केड्) *n.* a heavy silk fabric woven with gold or silver threads, ज़री, ब्रोकेड, किमख़ाब।

broccoli (ब्रॉक्´-अॅ-ली) *n.* a variety of cauliflower, फूलगोभी।

brochette (ब्रो´-शेंट्) *n.* a skewer, सीख।

brochure (ब्रो´-शॅ:, ब्रो´-श्यू:) *n.* 1. a booklet, पुस्तिका। 2. a booklet containing information about some event, स्मारिका, विवरणिका।

brogan (ब्रो´-गॅन) *n.* a heavy ankle-high shoe, टखनों तक का बड़ा जूता।

brogue (ब्रोग्) *n.* 1. a heavy and strong shoe, एक प्रकार का मोटे चमड़े का जूता। 2. dialectical accent, क्षेत्रीय उच्चारण।

broil[1] (ब्रॉइल्) *n.* a noisy quarrel, झगड़ा। *v.* (broiled, broiling) to quarrel, झगड़ा करना, झगड़ना।

broil[2] *v.* (broiled, broiling) 1. to cook, पकाना, भूनना। 2. to become very hot, भुनना, तपना; I am really broiling today, आज गर्मी से मेरा शरीर जल रहा है।

broiler (ब्रॉइ´-लॅ:) *n.* a young chicken suitable for broiling, पकाने या भूनने के लायक मुर्गा।

broke (ब्रोक्) *v.* p.t. of break. *adj.* a bankrupt, दिवालिया, छुछ।

broken (ब्रो´-कॅन्) *v.* p.p. of break. *adj.* 1. separated into pieces, टूटा, टूटा-फूटा,

भग्न। 2. damaged, spoilt or made useless by breaking, टूटा, टूटा-फूटा, फटा। 3. divided, shattered, भग्न, विघटित, खंडित। 4. uncertain, अनिश्चित। 5. uneven, ऊबड़-खाबड़।

broken English *n.* English spoken imperfectly by a foreigner, टूटी-फूटी अंग्रेज़ी।

broken-down (ब्रो´-कॅन्-डॉउन्) *adj.* worn out in body or mind, जर्जर, बेदम।

brokenhearted (ब्रो-कॅन्-हा:´-टिड्) *adj.* having one's heart broken, crushed by grief, टूटे हुए दिलवाला, भग्नहृदय।

broken home *n.* a family lacking one parent, टूटा परिवार।

broken money *n.* the change, रेज़गारी।

broken tea *n.* broken tea leaves, चाय की पत्तियों का चूरा।

broker (ब्रो´-कॅ:) *n.* an agent who gets commission on purchases, sales or contracts done for another, दलाल, आढ़तिया।

brokerage (ब्रो´-कॅ-रिज्) *n.* 1. the business or work of a broker, दलाली, आढ़त। 2. the commission of a broker, दलाली, कमीशन।

brolli (ब्रॉल्´-इ) *n.* an umbrella, छतरी।

bromide (ब्रो´-माइड्) *n.* 1. a salt of bromic acid, ब्रोमाइड। 2. a hackneyed idea, घिसी-पिटी बात।

bromine (ब्रो´-मीन्) *n.* a chemical element, ब्रोमाइन।

bronchial (ब्रॉङ्´-कि-अॅल्) *adj.* pertaining to the bronchus, श्वासनली-संबंधी।

bronchial tube *n.* either of the two branches connecting the windpipe, श्वासनली।

bronchitis (ब्रॉङ्-काइ´-टिस्) *n.* inflammation of the membrane of the bronchial tube, श्वासनली में होनेवाली सूजन।

bronchus (ब्रॉङ्´-कॅस्) *n.* bronchial tube, श्वासनली।

bronco (ब्रॉङ्´-को) *n.* a small wild horse, जंगली घोड़ा।

broncobuster (ब्रॉङ्´-को-बस्-टॅ:) *n.* one who breaks wild horses, जंगली घोड़ों को सधानेवाला।

bronze (ब्रॉन्ज़्) *n.* 1. an alloy of copper and tin, काँसा। 2. the colour of this alloy, काँसे का रंग, पीलापन लिए भूरा रंग। 3. a thing made of this, काँसे का पात्र। *adj.* 1. made of bronze, कांस्य, काँसे का बना हुआ। 2. bronze-coloured, कांस्यवर्ण, पीलापन लिए भूरा। *v.* (bronzed, bronzing) to give the colour of bronze to, भूरा बनाना।

bronze age *n.* the time when tools were made of bronze, कांस्य युग।

brooch (ब्रूच्) *n.* a decorative pin, जड़ाऊ पिन।

brood (ब्रूड्) *n.* a group of young animals or birds all produced at the same time, झुंड, गिरोह, बंधुदल। *v.* (brooded, brooding) 1. to sit on eggs to hatch them, अंडे सेना। 2. to think or worry anxiously, चिंतामग्न होना या रहना, व्याकुल होना।

brooder (ब्रू´-डॅ:) *n.* one that broods, अंडे सेनेवाली मुर्गी या चिड़िया।

broody (ब्रू´-डी) *adj.* 1. wishing to sit on its egg, अंडे सेने को उत्सुक। 2. depressed, उदास, दुखी, चिंतित।

brook[1] (ब्रुक्) *n.* a small stream, छोटी नदी, नाला।

brook[2] (ब्रुक्) *v.* (brooked, brooking) 1. to put up with, निभाना, निर्वाह करना। 2. to tolerate, सहना, बरदाश्त करना।

brooklet (ब्रुक्´-लिट्) *n.* a small brook, नाला।

broom (ब्रूम्) *n.* a large sweeping brush, डंडेदार बड़ा झाड़ू। □ **new broom,** a newly appointed person, नवनियुक्त व्यक्ति।

broomstick (ब्रूम्´-स्टिक्) *n.* a broom handle, झाड़ू का डंडा।

broth (ब्रॉथ्) *n.* a mixed soup, सूप, रसा, शोरबा।

brothel (ब्रॉथ्´-अॅल्) *n.* a house of prostitutes, वेश्यालय, रंडी का कोठा, चकला।

brother (ब्रद्´-अॅ:) *n.* 1. a male relative with the same parents, भाई, भ्राता, बंधु। 2. a male member of the same group, बंधु। 3. a fellow member of a Christian religious order, ब्रदर, बंधु।

brotherhood (ब्रद्´-अॅ:-हुड्) *n.* 1. the rela-

tionship of brothers, भ्रातृत्व, भ्रातृभाव, बंधुत्व। 2. fellowship, भाईचारा। 3. all the members of a trade or profession, भ्रातृसंघ। 4. a group of monks, भिक्षुकदल।

brother-in-law (ब्रद्´-अँ:-इन्-ला:´) *n.* (plu. brothers-in law) 1. the brother of one's wife, साला। 2. the brother of one's husband, देवर या जेठ। 3. the husband of one's sister, बहनोई, जीजा। 4. the husband of the sister of one's husband, ननदोई। 5. the husband of the sister of one's wife, साढ़ू।

brotherly (ब्रद्´-अँ:-ली) *adj.* of or like brother, भ्रातृवत्, भाई का-सा।

brougham (ब्रोम्) *n.* a closed four-wheeled carriage, चौपहिया बंद गाड़ी, बंद घोड़ागाड़ी।

brought (ब्रा:ट्) *v.* p.t. & p.p. of bring.

brouhaha (ब्रु-हा´-हा) *n.* an uproar, होहल्ला, शोरगुल, गुलगोपाड़ा।

brow (ब्रॉउ) *n.* 1. an eyebrow, भौंह, भृकुटी। 2. the forehead, माथा। 3. the edge of steep cliff, चट्टान का बढ़ा हुआ सिरा या किनारा, चट्टान की भौंह।

browbeat (ब्रॉउ´-बीट्) *v.* (browbeat, browbeaten, browbeating) to intimidate, आँखें तरेरना, धमकाना, धमकी देना।

brown (ब्रॉउन्) *adj.* of a colour between orange and black, भूरा, भूरे रंगवाला। *n.* brown colour, भूरा रंग। *v.* (browned, browning) to make or become brown, भूरा होना या करना, लाल होना या करना। □ **brown off,** लाल-पीला होना; **in a brown study,** विचारमग्न।

brownie (ब्रॉउ´-नी) *n.* a good natured fairy, भली परी।

brownish (ब्रॉउन्´-इश्) *adj.* slightly brown, कुछ-कुछ भूरा, भूरा-सा।

browze (ब्रॉउज़्) *v.* (browzed, browzing) 1. to graze, चरना। 2. to read for pleasure, मन बहलाने के लिए पढ़ना।

bruin (ब्रू´-इन्) *n.* a bear, भालू।

bruise (ब्रूज़्) *n.* an injury in which the skin is not broken, रगड़, खरोंच या गुमटा। *v.* (bruised, bruising) to cause bruises, रगड़ खाना, छिल जाना, गुमटा पड़ना।

bruiser (ब्रू´-ज़ॅ:) *n.* a muscular man, हट्टा-कट्टा आदमी, हृष्ट-पुष्ट व्यक्ति।

bruising (ब्रूज़्´-इंग्) *adj.* very severe, तीव्र, घोर, प्रचंड।

bruit (ब्रूट्) *v.* (bruited, bruiting) to make known widely, प्रचारित करना, चर्चित करना।

brunch (ब्रन्च्) *n.* a meal taken late in the morning as a combination of breakfast and lunch, ब्रंच।

brunet (ब्रू-नेंट्´) *adj.* having a dark complexion, काली चमड़ीवाला, काला। *n.* a man with darkish skin or hair, काली चमड़ी या काले बालोंवाला आदमी।

brunette (ब्रू-नेंट्´) *n.* a white woman with dark or brown hair, काली चमड़ी या काले बालोंवाली स्त्री, श्यामला। *adj.* having dark or brown hair, काले या भूरे बालोंवाली।

brunt (ब्रंट्) *n.* 1. a blow, आघात, प्रहार। 2. the impact of a blow, आघात, प्रहार। 3. the heaviest stress, ज़ोरदार दबाव। □ **bear the brunt of,** आक्रमण का तीव्रतम प्रहार सहना।

brush (ब्रश्) *n.* 1. a device consisting of bristles of hair, wire, nylon etc. with a handle, ब्रश, ब्रुश। 2. a painter's brush, तूलिका, कूँची। 3. a sweeping brush, बुहारने का ब्रश। 4. an act of brushing, ब्रश करना, ब्रश लगाना, कूँची फेरना। 5. the tail of a fox, लोमड़ी की दुम, लोमड़ी की पूँछ। 6. a light touch in passing, राह चलते लगनेवाला हलका धक्का। 7. a brief encounter, मुठभेड़, भिड़ंत। 8. a thicket, झाड़-झंखाड़। *v.* (brushed, brushing) 1. to use a brush on, कूँची फेरना, ब्रश करना या लगाना। 2. to apply or remove with a brush, ब्रश से लगाना या रगड़ना, ब्रश से साफ़ करना या पोतना। 3. to touch, छूना। 4. to polish, ब्रश से पालिश करना। □ **brush aside,** परे करना, दूर कर देना, हटा देना; **brush down,** झाड़ू देना, सफ़ाई करना; **brush off,** कोरा जवाब देना; **brush up,** अध्ययन द्वारा अपना ज्ञान ताज़ा करना, ज्ञान बढ़ाना।

brush-off (ब्रश्´-आ:फ़्) *n.* 1. a curt rejection, कोरा जवाब, नाहीं। 2. an abrupt dis-

missal, सहसा होनेवाली पदच्युति, बर्ख़ास्तगी।

brushwood (ब्रश्´-वुड्) *n.* 1. a thicket, झाड़-झंखाड़।2. cut or broken twigs, कटी या टूटी-फूटी टहनियाँ।

brushwork (ब्रश्´-व़:क्) *n.* painting, चित्रकारी, चित्रांकन।

brushy (ब्रश्´-ई) *adj.* shaggy, झाड़-झंखाड़वाला।

brusque (ब्रस्क्) *adj.* impolite, curt, अशिष्ट, रूखा, बदज़बान।

brusqueness (ब्रस्क्´-निस्) *n.* impoliteness, curtness, अशिष्टता, रुखाई, बदज़बानी।

brutal (ब्रू´-टॅल्) *adj.* 1. very cruel, merciless, अत्यंत क्रूर, नृशंस, निर्दय, निर्मम।2. savage, पाशविक, बर्बर। 3. severe, कठोर, उग्र, प्रचंड।4. unpleasantly correct, अप्रिय; brutal truth, कड़वी सच्चाई।

brutality (ब्रू-टैल्´-इ-टी) *n.* 1. the quality or state of being brutal, क्रूरता, नृशंसता, निर्दयता।2. a brutal act, क्रूर कार्य, नृशंस कृत्य।

brutalize (ब्रू´-टॅ-लाइज़्) *v.* (brutalized, brutalizing) 1. to make brutal, क्रूर बना देना। 2. to treat in a brutal manner, निर्दयतापूर्ण व्यवहार करना, निर्ममता बरतना।

brutally (ब्रूट्´-ली) *adv.* cruelly, निर्दयतापूर्वक, नृशंसतापूर्वक।

brute (ब्रूट्) *n.* 1. an animal, पशु, जानवर।2. a cruel or bad-mannered person, निर्दय या अशिष्ट व्यक्ति। *adj.* 1. cruel, क्रूर, हृदयहीन, नृशंस। 2. unreasoning, अविवेकी, हठी, दुराग्रही।

brutish (ब्रूट्´-इश्) *adj.* like animals, पाशविक, जानवरों का-सा।

bubble (बॅब्´-अॅल्) *n.* a hollow ball of liquid containing air or gas, बुलबुला, बुल्ला। *v.* (bubbled, bubbling) 1. to rise in bubble, बुलबुले उठना, खदबदाना। 2. to show great liveliness, झूम उठना, फूले न समाना।

bubble and squeak *n.* a dish consisting of vegetables and meat, एक मिश्रित व्यंजन, तरकारी।

bubble gum *n.* a chewing gum, च्यूइंग गम।

bubbly (बब्´-ली) *adj.* 1. full of bubbles, बुलबुलों से भरा। 2. effervescent lively, चुलबला, जीवंत। *n.* champagne, शेम्पेन। (फ्रांसीसी शराब)।

bubo (ब्यू´-बो) *n.* an inflamed swelling in a gland, गिल्टी।

bubonic (ब्यू´-बॉन्-इक्) *adj.* inflamed with swelling, सूजा हुआ, गिल्टीदार।

bubonic plague *n.* a fatal epidemic disease characterised by fever and buboes, ताऊन, प्लेग।

bubonocele (ब्यू-बॉन्´-अॅ-सील्) *n.* hernia of groin, उरुमूल का हर्निया।

buccal (बक्´-अॅल्) *adj.* of cheeks, कपोल-संबंधी।

buccaneer (बक्-अॅ-निअॅ:´) *n.* a pirate, जलदस्यु।

buck (बक्) n. 1. a male animal, नर; buck rabbit, नर खरगोश। 2. a well dressed person, बाँका, छैला। 3. an American dollar, अमरीकी डॉलर। *v.* (bucked, bucking) (of horses) to make a sudden leap upwards, उछल पड़ना (सवार को गिराने के उद्देश्य से)। □ **buck up,** (i) ज़ोर लगाना; (ii) ढाढस बँधाना; (iii) जल्दी करना; **pass the buck,** भार, बोझ या उत्तरदायित्व दूसरे पर डालना।

bucket (बक्´-इट्) *n.* a container with a handle, डोल, बाल्टी। □ **kick the bucket,** मर जाना।

bucketful (बक्´-इट्-फुल्) *adj.* as much as a bucket will hold, बाल्टी-भर।

buckeye (बक्´-आइ) *n.* a tree and its nut, एक पेड़ और उसका फल।

buckish (बक्´-इश्) *adj.* 1. like a buck-goat, (smelly or lustful) बकरे जैसा (दुर्गंधित या कामातुर)।2. foppish, बना-ठना, छैला।

buckle (बक्´-अॅल्) *n.* a device for fastening a belt, strap etc., बकसुआ, बकल।*v.* (buckled, buckling) 1, to fasten with a buckle, बकसुआ लगाना।2. to bend under pressure, झुकना। 3. to yield, झुकना। □ **buckle down to,** रत होना, जुट जाना, लग पड़ना; **buckle to,** पिल पड़ना।

buckler (बक्´-लॅ:) *n.* 1. a small round

shield, छोटी ढाल। 2. a protector, रक्षक। 3. a protective casing for wild animals, पिंजरा।

buco (बक्´-ओ) ***n.*** a domineering fellow, वह जिसकी धाक जमी हो, धाकड़।

buckram (बक्´-रॅम्) ***n.*** a stiffen cotton cloth used for lining garments, बकरम।

bucksaw (बक्´-सा:) ***n.*** a device for cutting firewood, कुल्हाड़ी।

buckshot (बक्´-शॉट्) ***n.*** a large-sized shot, छर्रा।

buckskin (बक्´-स्किन्) ***n.*** the leather made from deerskin, मृगचर्म।

bucktooth (बक्´-टूथ्) ***n.*** a projecting tooth, बाहर निकला हुआ दाँत।

buckwheat (बक्´-वीट्) ***n.*** a plant and its seeds, कुट्टू, कोटू।

bucolic (ब्यू-कोल्´-इक्) ***adj.*** 1. rural, ग्राम्य, ग्रामीण। 2. rustic, फूहड़, गँवारू।

bud (बड्) ***n.*** 1. a knob containing undeveloped flower, leave etc., कली। 2. an undeveloped stage, अविकसित स्थिति या स्वरूप। ☐ **nip in the bud,** विकसित होने से पहले ही नष्ट कर देना, सिर उठाने से पहले ही कुचल देना। ***v.*** (budded, budding) 1. to put forth buds, कलियाँ निकलना। 2. to graft a bud on to another plant, कलम लगाना।

Buddhism (बू´-डिज्-ॲम्) ***n.*** the religion of the Buddhists, बौद्धधर्म।

Buddhist (बू´-डिस्ट्) ***n.*** a follower of the Buddhism, बौद्ध।

budding (बड्´-इंग्) ***adj.*** beginning to develop, उदीयमान, होनहार।

buddy (बड्´-ई) ***n.*** a friend, मित्र, यार।

buddy-buddy (बड्´-ई-बड्´-ई) ***adj.*** extremely friendly, घनिष्ठ, पक्का, जिगरी।

budge (बज्) ***v.*** (budged, budging) 1. to move a little, सरकना, खिसकना, हिलना। 2. to cause to move a little, सरकाना, खिसकाना, हिलाना। 3. to change one's opinion, विचार बदलना, अडिग न रहना; She won't budge from her opinion, वह अपनी बात से डिगनेवाली नहीं।

budgerigar (बज्´-इ-रि-गा:) ***n.*** an Australian parakeet, एक प्रकार का आस्ट्रेलियाई तोता।

budget (बज्´-इट्) ***n.*** an estimate of income and expenditure, बजट, आय-व्ययक। ***v.*** (budgeted, budgeting) to prepare a budget, बजट तैयार करना। ☐ **budget for,** बजट में व्यवस्था करना।

budgetary (बज्´-इ-टर्´-ई) ***adj.*** of or pertaining to a budget, बजट-संबंधी।

buff[1] (बफ़्) ***n.*** 1. a yellow colour, पीला रंग। 2. a yellow leather made from the skins of ox or buffalow, चमड़ा। ☐ **in the buff,** नग्न; **strip to the buff,** सारे कपड़े उतार लेना/देना।

buff[2] ***v.*** (buffed, buffing) to polish with something soft, मुलायम वस्तु (कपड़े, रुई आदि) से पालिश करना।

buff[3] ***n.*** a person very interested in and knowledgeable about a subject, रुचि लेनेवाला, उत्साही व्यक्ति, शौक़ीन।

buffalo (बफ़्´-ॲ-लो) ***n.*** 1. a cow-like mammal, भैंस। 2. a bison, जंगली भैंसा, अरना।

buffalo calf ***n.*** a young of a buffalo, पाड़ा।

buffer[1] (बफ़्´-ॲ:) ***n.*** a device that lessens the effect of an impact, बफ़र, प्रतिरोधी।

buffer[2] (बफ़्´-ॲ:) ***n.*** 1. an old man, बूढ़ा आदमी, वृद्ध। 2. a fellow, साथी।

buffer state ***n.*** a state between two greater powers, अंत:स्थ राज्य।

buffet[1] (बु´-फ़े, ब-फ़े´) ***n.*** 1. a cupboard, आलमारी। 2. a place or table where light refreshments are served, भोजन-पटल, भोजन-स्थल। 3. the light refreshments placed on the table which guests serve themselves, मेज़ पर लगाया हुआ भोजन जिसे अतिथि स्वत: परोसते हैं, बुफ़े।

buffet[2] (बफ़्´-इट्) ***n.*** 1. a blow (struck with the hand), आघात, थपेड़ा; थप्पड़, मुक्का। 2. a misfortune or calamity, विपत्ति, विपदा, संकट। ***v.*** (buffeted, buffeting) to strike with a hand, थप्पड़ या मुक्का मारना।

buffeting (बफ़्´-इट्-इंग्) ***n.*** succession of

blows, मार-धाड़, मार-पीट।

buffoon (बॅ-फ़ून्´) *n.* a clown, जोकर, विदूषक, मसख़रा।

buffoonery (बॅ-फ़ून्´-ॲर्-ई) *n.* an act of a buffoon, मसख़री।

bug (बग्) *n.* 1. a blood-sucking insect, खटमल। 2. a germ, कीटाणु। 3. a defect, ख़राबी, दोष।4. an enthusiast, उत्साही व्यक्ति। □ **big bug,** an important person, महत्त्वपूर्ण व्यक्ति। *v.* (bugged, bugging) to annoy, परेशान करना।

bugaboo (बग्´-ॲ-बू) *n.* = bugbear.

bugbear (बग्´-बेॲ:) *n.* anything which inspires fear, जूजू, हौआ।

bugger (बग्´-ॲ:) *n.* 1. a foolish person, मूर्ख व्यक्ति। 2. a sodomite, लौंडेबाज़। *v.* (buggered, buggering) 1. to behave foolishly, मूर्खतापूर्ण आचरण करना। 2. to commit sodomy with, लौंडेबाज़ी करना।

buggy[1] (बग्´-ई) *n.* a small four-wheeled horse-carriage, चौपहिया घोड़ागाड़ी, बग्घी।

buggy[2] *adj.* infested with bugs, खटमलों से भरा।

bugle (ब्यू´-गॅल्) *n.* a small trumpet, बिगुल। *v.* (bugled, bugling) to sound a bugle, बिगुल बजाना।

bugler (ब्यू´-ग्लॅ:) *n.* one who sounds a bugle, बिगुल बजानेवाला, बिगुलर।

bugrake (बग्´-रेक्) *n.* a comb, कंघी, कंघा।

build (बिल्ड्) *v.* (built, building) 1. to construct or erect, बनाना, निर्मित करना, रचना, खड़ा करना। 2. to develop gradually, विकसित करना। *n.* 1. bodily shape, गठन। 2. shape, आकार-प्रकार। □ **build on,** to rely upon, अवलंबित या आधारित करना/होना; **build up,** (i) to accumulate, इकट्ठा करना, संचय करना। (ii) to establish, स्थापित करना।

builder (बिल्´-डॅ:) *n.* one who builds, निर्माता; character builder, चरित्र-निर्माता, house builder, गृह-निर्माता।

building (बिल्´-डिंग्) *n.* 1. the work of a builder, निर्माण। 2. a house or edifice, भवन, इमारत।

build-up (बिल्ड्´-अप्) *n.* 1. the act of amassing or increasing, संचयन, संग्रह।2. widely favourable publicity, व्यापक प्रचार।

built (बिल्ट्) *v.* p.t. & p.p. of build. *adj.* erected, निर्मित।

built-in (बिल्ट्´-इन्) *adj.* incorporated as a part of structure, दीवार में जड़ा हुआ, स्थायी रूप से जड़ा हुआ।

built-up (बिल्ट्´-अप्) *adj.* filled with buildings, बना हुआ, भवनों से युक्त।

bulb (बल्ब्) *n.* 1. an underground rounded stem of some plants, कंद। 2. an electric lamp, बल्ब।

bulbous (बल्ब्´-ॲस्) *adj.* shaped like a bulb, कंद-जैसा, कंदाकार, बल्बनुमा।

bulge (बल्ज्) *n.* 1. a protruding part, swelling, उभार, फुलाव, सूजन। 2. temporary increase in volume, आकार वृद्धि। *v.* (bulged, bulging) to swell or cause to swell out, उभरना या उभारना, फूलना या फुलाना।

bulgy (बल्ज्´-ई) *adj.* projected from the surface, उभरा हुआ, फूला हुआ।

bulk (बल्क्) *n.* 1. great size, magnitude or mass, आकार या विस्तार की अधिकता, ढेर, राशि, अंबार। 2. the greater part, अधिकांश। 3. the majority, बहुसंख्या, बहुमत।4. a large body or person, विशाल या विकराल पिंड अथवा व्यक्ति। □ **in bulk,** in huge quantity, बड़ी मात्रा में, बड़े परिमाण में, थोक के भाव। *v.* (bulked, bulking) to increase the size or thickness of, आकार-प्रकार बढ़ाना, ढेर या अंबार लगाना। □ **bulk large;** (i) to appear important, महत्त्वपूर्ण दिखना; (ii) to play an important part, महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाना।

bulkhead (बल्क्´-हेंड्) *n.* a partition wall in a ship or aircraft, परदा, दीवार।

bulky (बल्´-की) *adj.* (bulkier, bulkiest) having great size or mass, स्थूल, फूला या फैला हुआ, भारी-भरकम।

bull (बुल्) *n.* 1. an uncastrated ox, साँड़, वृषभ। 2. the male of the elephant, whale etc., नर-हाथी, नर-व्हेल आदि, नर-जंतु।3. one

who buys shares in anticipation of a rise in prices, तेजड़िया, सटोरिया। 4. a police officer, पुलिस का अधिकारी। 5. an official edict issued by the pope, पोप का आदेशपत्र। 6. empty talk, ऊलजलूल या थोथी बात। □ **shoot the bull,** to spend time talking, गप लड़ाना। *adj.* 1. male, नर। 2. large and strong, बड़ा और तगड़ा। 3. characterised by rising prices, जिसके दामों में वृद्धि हो रही हो। *v.* (bulled, bulling) 1. to advance by forcing, ज़बरदस्ती बढ़ते चलना। 2. to try to raise prices of, दाम बढ़ाते चलना, भाव-वृद्धि करना।

bulldog (बुल्´-डा:ग्) *n.* a dog of a powerful breed, बुलडाग। *adj.* strong and stubborn, तगड़ा और हठी।

bulldoze (बुल्´-डोज़्) *v.* (bulldozed, bulldozing) to clear with a bulldozer, बुलडोज़र चलाकर साफ़ कर देना, बुलडोज़र चला देना।

bulldozer (बुल्´-डो-ज़ॅ:) *n.* a heavy machine used for pushing heavy objects, levelling earth etc., बुलडोज़र।

bullet (बुल´-इट्) *n.* a metal projectile fired from a rifle or revolver, गोली।

bulletin (बुल्´-ॲ-टिन्) *n.* 1. a statement on a matter of public interest, विज्ञप्ति, बुलेटिन। 2. a journal, पत्रिका।

bulletproof (बुल्´-इट्-प्रूफ़्) *adj.* that can protect from bullets, गोलीसह, बुलेटप्रूफ़, अभेद्य।

bullfight (बुल्´-फ़ाइट्) *n.* a fight between a bull and a matador, साहसी व्यक्ति और साँड की लड़ाई।

bullfinch (बुल्´-फ़िन्च्) *n.* a song bird with a short thick bill, एक गानेवाली चिड़िया।

bullfrog (बुल्´-फ्रॉग्) *n.* a large frog, मोटा मेंढक।

bullhead (बुल्´-हेंड्) *n.* a small big-headed fish, बड़े सिरवाली एक तरह की छोटी मछली।

bullheaded (बुल्´-हेंड्-इड्) *adj.* obstinate, stubborn, हठी, दुराग्रही।

bullion (बुल्´-यॅन्) *n.* gold or silver (in bulk or bars), सोना या चाँदी; bullion market, सर्राफ़ा।

bullish (बुल्´-इश्) *adj.* 1. of or like a bull, साँड़-जैसा। 2. stubborn, जिद्दी, हठी। 3. optimistic, आशावादी।

bullnecked (बुल्´-नेंक्ड्) *adj.* with a short thick neck, छोटी तथा मोटी गरदनवाला।

bullock (बुल्´-ऑक्) *n.* a bull after castration, बैल।

bullock-cart (बुल्´-ऑक्-का:ट्) *n.* a carriage driven by a bull, बैलगाड़ी।

bull session (बुल्´-सेंश्´-ॲन्) *n.* an informal group discussion, अनौपचारिक विचार-विमर्श।

bull's eye (बुल्ज़्´-आइ) *n.* 1. the centre of a target, लक्ष्य, निशाना। 2. a shot that hits the target, निशाने पर लगनेवाली गोली। 3. a small oval window, अंडाकार गवाक्ष।

bully (बुल्´-ई) *n.* one who persecutes the weak, दुर्बलों को तंग करनेवाला या डरानेधमकानेवाला, धौंसिया। *v.* (bullied, bullying) to behave like a bully, तंग करना, डरानाधमकाना, धौंस जमाना। *adj.* excellent, उत्कृष्ट। *interj.* used to express approval, बहुत अच्छा।

bulwark (बुल्´-व़:क्) *n.* 1. a rampart, परकोटा। 2. something serving as a defence against an attack, प्राचीर, आड़।

bum (बम्) *n.* a loafer, आवारा। *v.* (bummed, bumming) 1. to loaf, आवारागर्दी करना। 2. to beg, भीख माँगना। *adj.* worthless, बेकार, व्यर्थ का।

bumble (बम्´-बॅल्) *v.* (bumbled, bumbling) 1. to speak in a clumsy manner, फूहड़ ढंग से बोलना। 2. to behave in a clumsy manner, फूहड़ ढंग से व्यवहार करना।

bumble-bee (बम्´-बॅल्-बी) *n.* a large bee, बड़ी मक्खी।

bummer (बम्´-ॲ:) *n.* 1. a mistake, भूल, ग़लती। 2. an unpleasant experience, कटु अनुभव।

bump (बम्प्) *v.* (bumped, bumping) 1. to strike or collide with, टकराना, भिड़ जाना। 2. to knock with a dull sounding blow, धपधपाना। 3. to travel with a jolting move-

ment, हिचकोले खाना। 4. to displace, विस्थापित करना। □ **bump into,** to meet by chance, भेंट हो जाना, टकरा जाना; **bump off,** to kill, मार डालना। *n.* 1. a sudden forceful blow or shock, सहसा लगनेवाला आघात या धक्का। 2. a raised round swelling, गुमड़ा।

bumper[1] (बम्´-पॅ:) *n.* a horizontal bar attached to the front or back of a vehicle, बंपर।

bumper[2] *n.* a large cup filled to the brim, किनारे तक भरा हुआ प्याला। *adj.* plentiful, प्रचुर, भरपूर; bumper crop, भरपूर फसल।

bumpkin (बम्प्´-किन्) *n.* an awkward person, फूहड़ व्यक्ति।

bumptious (बम्प्´-शॅस्) *adj.* conceited, घमंडी, अभिमानी।

bumptiously (~ - ली) *adv.* conceitedly, अभिमानपूर्वक, घमंड से।

bumpy (बम्´-पी) *adj.* causing jolts, हिचकोले देनेवाला।

bun (बन्) *n.* 1. a small sweetened bread roll, बन। 2. a mass of hair twisted and fastened into a round shape at the back of the head, जूड़ा।

bunch (बन्च्) *n.* a cluster or group of things, गुच्छा; a bunch of grapes, अंगूर का गुच्छा; a bunch of keys, ताली का गुच्छा। *v.* (bunched, bunching) 1. to form into a bunch, गुच्छों में लगना। 2. to bring together into a bunch, गुच्छा बनाना। 3. to cluster together, जमघट लगाना।

bunco, bunko (बंक्´/ बंग्-को) *v.* (buncoed, buncoing) to swindle, झाँसा देना, झस लेना।

bundle (बन्´-डॅल्) *n.* 1. a number of things wrapped and bound together, पुलिंदा, बंडल, गठरी। 2. a large sum of money, धनराशि। *v.* (bundled, bundling) to make into a bundle, बंडल बनाना। □ **bundle out,** to make a departure, चल देना, रुख़सत होना, बाहर होना या जाना; **bundle up** (i) to tie up, बाँधना, गठियाना; (ii) to dress warmly, ढेरों वस्त्र पहन लेना।

bung (बंग्) *n.* a cork for the hole in a cask, डाट, कार्क। *v.* (bunged, bunging) 1. to close with a bung, कार्क लगाना, डाट लगाना। 2. to throw, फेंकना।

bungalow (बंग्´-गॅ-लो) *n.* a single story building with open space, बँगला।

bunghole (बंग्´-होल्) *n.* a hole in a cask, डिब्बे का मुँह।

bungle (बंग्´-गॅल्) *v.* (bungled, bungling) to spoil, ख़राब कर देना, गड़बड़ा देना, गुड़-गोबर कर देना।

bunion (बन्´-यॅन्) *n.* swelling, सूजन, शोथ।

bunk (बंक्) *n.* a built-in seat for sleeping, दीवार में सोने के लिए लगा हुआ पटरा, शायिका।

bunker (बंङ्´-कॅ:) *n.* 1. a place to store coal, कोयला-घर। 2. a strongly built underground shelter, बंकर, तहख़ाना।

bunkhouse (बंक्´-हॉउस्) *n.* a worker's dormitory, कर्मचारियों के लिए शयनकक्ष।

bunt (बन्ट्) *v.* (bunted, bunting) to push with head, सिर से मारना।

bunting[1] (बन्´-टिंग्) *n.* flags collectively, झंडे-झंडियाँ।

bunting[2] *n.* a bird with a cone-shaped bill, एक प्रकार के पक्षियों का वर्ग।

buoy (बू´-ई) *n.* a floating but fixed object in a sea as a warning of danger, ख़तरे का चिह्न या निशान। *v.* (buoyed, buoying) 1. to mark with a buoy, ख़तरे का निशान लगाना। 2. to encourage, उत्साहित करना।

buoyancy (बॉइ´-ॲन्-सी) *n.* 1. ability to keep afloat, तरणक्षमता। 2. cheerfulness, उत्फुल्लता, प्रफुल्लता, उल्लास।

buoyant (बॉइ´-ॲन्ट्) *adj.* 1. able to float, तरणक्षम। 2. cheerful, उत्फुल्ल, प्रफुल्ल।

bur (बर्) *n.* = burr.

burble (ब:´-बॅल्) *v.* (burbled, burbling) 1. to flow with a bubbling sound, (झरने का) झरझर शब्द करना। 2. to babble, बुदबुदाना।

burden (ब:´-डॅन्) *n.* 1. a heavy load, भार, बोझ। 2. something difficult to endure, बोझ, भार, दायित्व। □ **beast of burden,** an animal that carries load on its back, लद्दू जानवर। *v.* (burdened, burdening) to put a

burden on, भार लादना, बोझ डालना।

burdensome (ब:´-डॅन्-सम्) *adj.* 1. heavy to bear, बोझिल, भारी। 2. tiring, थकाऊ। 3. troublesome, कष्टकर।

bureau (ब्यूर्´-ओ) *n.* 1. a writing table, मेज़। 2. a chest of drawers, आलमारी। 3. an office or department, कार्यालय या विभाग, ब्यूरो।

bureaucracy (ब्यू-रॉक्´-रॅ-सी) *n.* 1. the government run by officials, अधिकारी-तंत्र, नौकरशाही। 2. body of officials, अधिकारी-वर्ग।

bureaucrat (ब्यूर्´-ॲ-क्रैट्) *n.* a member of the bureaucracy, नौकरशाह।

bureaucratic (ब्यूर्-ॲ-क्रैट्´-इक्) *adj.* of bureaucracy or bureaucrats, नौकरशाही; bureaucratic behaviour, नौकरशाही रवैया।

burette (ब्यू-रॅट्´) *n.* a glass tube with marks, मापन-नलिका, मापनली।

burg (ब:ग्) *n.* a city or town, नगर, शहर।

burgeon (ब:´-जॅन्) *v.* (burgeoned, burgeoning) 1. to sprout, कोंपलें फूटना। 2. to flourish, पनपना।

burger (ब:´-गॅ:) *n.* = hamburger.

burgess (ब:´-जिस्) *n.* a representative, प्रतिनिधि, सभासद।

burgher (ब:´-गॅ:) *n.* a man who lives in a town, शहरी व्यक्ति, शहरी।

burglar (ब:´-ग्लॅ:) *n.* a house breaker, सेंध मारनेवाला, सेंधमार।

burglarize (ब:´-ग्लॅ-राइज़्) *v.* (burglarized, burglarizing) to rob, लूटना।

burglary (ब:ग्´-लॅ-री) *n.* the act of breaking into the house in order to steal, सेंधमारी।

burgle (ब:´-गॅल्) *v.* (burgled, burgling) to commit burglary, सेंध मारना, लूटना।

burgomaster (ब:´-गॅ-मैस्-टॅ:) *n.* the mayor of a town, नगर प्रमुख।

burial (बॅर्´-इ-ॲल्) *n.* 1. the act of burying, दफ़नाने की क्रिया, दफ़न। 2. a buried body, क़ब्र में दफ़नाया हुआ शव।

burial ground *n.* a grave-yard, क़ब्रिस्तान, समाधि-स्थल।

burl (ब:ल्) *n.* a knot, गाँठ।

burlap (ब:´-लैप्) *n.* a jute cloth, टाट।

burlesque (ब:´-लॅस्क्) *n.* 1. a ludicrous imitation, भोंडी नकल। 2. a variety of entertainment frequently featuring strip-tease, अश्लील मनोरंजन। *v.* (burlesqued, burlesquing) to mock by burlesque, भोंडी नकल उतारना, परिहास करना, व्यंग्य करना।

burley (ब:´-ली) *adj.* a light type of tobacco, एक तरह का तंबाकू।

burly (ब:´-ली) *adj.* heavy and strong, हट्टा-कट्टा, संड-मुस्टंड।

burn (ब:न्) *v.* (burned/burnt, burning) 1. to undergo combustion, जलना, जल उठना। 2. to cause to undergo combustion, जलाना। 3. to be destroyed or damaged by fire, जल या झुलस जाना। 4. to destroy or damage by fire, जला देना, फूँक देना। 5. to use as fuel, जलाना। 6. to emit or light by means of fire, जलाना। 7. to experience an unpleasant hot feeling, जलना, सुलगना। 8. to produce an unpleasant hot feeling, जलाना, सुलगाना। 9. to kill by fire, जलाना, फूँकना, फूँक डालना। 10. to be excited, उत्तेजित होना। 11. to brand, दागना। 12. to bake, पकाना। 13. to waste money, फूँकना, उजाड़ना। ☐ **burn down/off,** to destroy or be destroyed by the fire, जल जाना या जला देना; **burn one's fingers,** to suffer loss through rashness, जल्दबाज़ी के कारण नुकसान उठाना; **burn the midnight oil,** to work till late at night, आधी-आधी रात तक काम करना; **burn out** (i) to stop burning from lack of fuel, बुझ जाना; (ii) to wear out because of heat, हाँफ उठना; **burn up,** (i) to consume or be consumed by fire, जल जाना या जला देना; (ii) to make or become very angry, क्रुद्ध करना या होना, आगबबूला होना या करना। *n.* 1. an injury produced by fire or heat, जलने से होनेवाला घाव या पड़नेवाला फफोला। 2. the firing of a rocket, रॉकेट का छोड़ा जाना।

burner (ब:´-नॅ:) *n.* the part of a stove, heater etc. that produces flames, बर्नर।

burning (ब:´-निंग्) *adj.* 1. very hot, जलता हुआ।2. intense, प्रचंड, तीव्र; a burning desire, तीव्र इच्छा। 3. having very great importance, ज्वलंत; a burning question, ज्वलंत प्रश्न।

burning ground *n.* a place for burning the dead bodies, श्मशान।

burnish (ब:´-निश्) *v.* (burnished, burnishing) to polish by rubbing, रगड़कर चमकाना, घोटना।

burnous, burnoos (ब:-नूस्´) *n.* an outer garment worn by Arabs, अरबों का चोगा या लबादा।

burnt (ब:न्ट्) *v.* p.t. & p.p. of burn. *adj.* affected by fire, दग्ध, जला हुआ।

burp (ब:प्) *v.* (burped, burping) 1. to belch, डकार लेना। 2. to cause to belch, डकार दिलाना। *n.* a belch, डकार।

burp gun *n.* an automatic pistol, स्वचालित पिस्तौल।

burr (ब:) *n.* a whirring sound, घरघर, घरघराहट। *v.* (burred, burring) to make a whirring sound, घरघर करना, घरघराना।

burrow (ब´-ओ) *n.* a hole dug by an animal, बिल, माँद, गड्ढा। *v.* (burrowed, burrowing) to dig a burrow, बिल खोदना।

bursa (ब:´-सॅ) *n.* a sack like body, cavity located between joints, जोड़ों के बीच स्थित थैलीनुमा छिद्र।

bursar (ब:´-सॅ:) *n.* a college treasurer, महाविद्यालय का ख़ज़ांची।

bursary (ब:´-सॅ-री) *n.* 1. the office of a bursar, ख़ज़ांची का कक्ष। 2. scholarship, छात्रवृत्ति।

burst (ब:स्ट्) *v.* (burst. bursting) 1. to break suddenly and loudly from internal pressure, फट जाना, फूट जाना, दरार पड़ना।2. to emerge suddenly and forcefully, सहसा प्रकट होना, आ धमकना, निकल पड़ना, सामने आना। 3. to give sudden expression, फट पड़ना, बरस पड़ना, उबल पड़ना। 4. to split, फोड़ना, तोड़ना। ☐ **burst into,** to enter hurriedly, घुस आना; **burst out,** to begin suddenly, छिड़ना, फूटना; They burst out into laughter, उनकी हँसी फूट निकली, वे जोर से हँस पड़े। *n.* 1. an explosion, धमाका, विस्फोट।2. an outbreak, छिड़ जाना, शुरुआत, प्रारंभ। 3. a violent effort, अपचेष्टा।

bury (बॅर्´-ई) *v.* (buried, burying) 1. to place in a grave, दफ़नाना। 2. to place in the ground and cover with earth, गाड़ना। 3. to hide away, छिपाना, छिपा देना। 4. to stuck into, to subside or sink, डालना, धँसाना या धँसना। 5. to occupy or absorb, निमग्न होना।6. to abandon or put an end to, छोड़ देना, ख़त्म करना। ☐ **bury the hatchet,** to cease quarrelling and become friendly, झगड़ा ख़त्मकर मेलकर लेना।

bus (बस्) *n.* a large passenger-carrying motor vehicle. बस। *v.* (bussed or bused, bussing or busing) to travel by bus, बस से जाना, बस से यात्रा या सफ़र करना।

bush (बुश्) *n.* 1. a shrub, झाड़ी। 2. dense shrubby growth, झाड़-झंखाड़। ☐ **beat about the bush,** to avoid or delay in coming to the main point, इधर-उधर की बातों में लगे रहना, मतलब की बात न कहना।

bushed (बुश्ड्) *adj.* very tired, exhausted, थककर चूर, थका-हारा।

bushel (बुश्´-अॅल्) *n.* 1. a British unit of dry or liquid measure equal to 8 gallons, बुशेल।2. a weight taken as the equivalent of one bushel, बुशेल।

bushmaster (बुश्´-मैस्-टॅ:) *n.* a venomous snake of America, एक ज़हरीला अमरीकी साँप।

bushwhack (बुश्´-ह्वैक्) *v.* (bushwhacked, bushwhacking) 1. to make a way by cutting away bushes, झाड़ियाँ हटाते हुए रास्ता निकालना। 2. to ambush, घात लगाना।

bushy (बुश्´-ई) *adj.* 1. covered with bushes, झाड़ीदार, घना।2. (of hair) growing thickly, गुच्छेदार।

business (बिज़्´-निस्) *n.* 1. one's usual occupation, employment or trade, व्यवसाय, व्यापार, कारोबार, धंधा। 2. a task or duty,

काम; This is not our business, यह हमारा काम नहीं है। 3. a subject or thing, विषय, चीज़, बात, मामला, झमेला। 4. volume of commercial trade, कुल क्रय-विक्रय। □ **Business is business.** The relationship or friendship has nothing to do with business, व्यापार तो व्यापार है। **have no business to do,** to have no right to do, अधिकार न होना; **mean business,** to be serious about something, किसी कार्य को गंभीरता से लेना; **Mind your business.** Don't bother about other's concern, काम से काम रखो, बेमतलब की बात नहीं; **No business of yours,** nothing that concerns you, आप से मतलब।

businesslike (बिज़्´-निस्-लाइक्) *adj.* 1. efficient, कार्यकुशल। 2. systematic, व्यवस्थित।

businessman (बिज़्´-निस्-मैन्) *n.* 1. a man engaged in business, व्यापारी, व्यवसायी, कारोबारी। 2. a practical person, व्यवहार-कुशल व्यक्ति।

busk (बस्क्) *v.* (busk, busking) to play music in the street to earn money, गली-गली गा-बजाकर पेट पालना।

busker (बस्´-कॅ:) *n.* one who busks, गली-गली गा-बजाकर पेट पालनेवाला।

busman (बस्´-मैन्) *n.* the driver or conductor of a bus, बस का ड्राइवर या कंडक्टर।

buss (बस्) *v.* (bussed, bussing) to kiss, चूमना। *n.* a kiss, चुम्मा, चुंबन।

bus station *n.* the place from where buses start and stop, बस का अड्डा, बसों के चलने और ठहरने का स्थान।

bus stop *n.* a fixed place where buses stop for passengers, बस स्टाप, बस के रुकने या खड़े होने का स्थान।

bust[1] (बस्ट्) *n.* 1. a piece of sculpture representing the head, shoulders and upper chest of a human body, आवक्ष प्रतिमा। 2. a woman's breasts, स्त्री की छाती। 3. a measurement around a woman's body at the bosom, स्त्री की छाती का नाप।

bust[2] (बस्ट्) *v.* (bust/busted, busting) 1. to burst, फटना। 2. to break, टूटना या तोड़ना। 3. to become bankrupt, दिवालिया हो जाना। 4. to demote, पदावनत करना। 5. to hit, मारना। 6. to arrest, गिरफ़्तार करना। 7. to raid, धावा बोलना, छापा मारना। *n.* 1. an arrest, गिरफ़्तारी। 2. a raid, छापा, धावा। 3. a complete failure, विफलता। 4. a time of financial depression, मंदी।

busted (बस्´-टिड्) *adj.* broken, भग्न, टूटा।

buster (बस्´-टॅ:) *n.* an insulting form of address to a man, व्यक्ति के लिए उपेक्षापूर्ण संबोधन।

bustle (बस्´-अॅल्) *v.* (bustled, bustling) to hurry with a great show of activity, गहमागहमी होना, चहल-पहल होना, धूमधाम होना। *n.* excited activity, stir, commotion, गहमागहमी, धूमधाम, चहल-पहल।

bust-up (बस्ट्´-अप्) *n.* a quarrel, झगड़ा।

busy (बिज़्´-ई) *adj.* 1. working, no free, engaged, कार्यरत, व्यस्त। 2. crowded with activity, चहल-पहल-भरा, सरगर्मी से भरा, व्यस्त। 3. (telephone) engaged, खाली नहीं, व्यस्त। *v.* (busied, busying) to keep busy, व्यस्त रहना या रखना।

busybody (बिज़्´-ई-बॉड्-ई) *n.* a meddlesome person, वह जो दूसरों के कामों में दख़ल देता रहता हो।

but (बट्) *conj.* 1. on the contrary, मगर, परंतु, पर। 2. however, तो भी, फिर भी, तथापि। 3. otherwise, अन्यथा। □ **but for,** without, के बिना। *prep.* except, other than, को छोड़कर, के अतिरिक्त। □ **but then,** फिर भी; **the last but one,** one from the last, आख़िरी से पहलेवाला। *adv.* no more than, only, सिर्फ़; He is still but a child, वह अभी बच्चा ठहरा। *n.* an objection, आपत्ति, एतराज़। □ **ifs and buts,** अगर-मगर; there is now no question of ifs and buts, अब अगर-मगर का कोई प्रश्न नहीं।

butane (ब्यू´-टेन्) *n.* a natural gas used for lighting and cooking, ब्यूटेन नामक प्राकृतिक गैस जो प्रकाश करने तथा भोजन बनाने के काम आती है।

butch (बुच्) *adj.* having man's qualities, मरदों का-सा; a butch woman, मरदानी औरत।

butcher (बूच्´-अँ:) *n.* 1. one who slaughters animals, बूचड़। 2. one who sells meat, कसाई। 3. a cruel person, निर्मम व्यक्ति, कसाई। 4. a killer, हत्यारा। *v.* (butchered, butchering) 1. to slaughter animals, जानवर काटना, हलाल करना। 2. to kill a human being, हत्या करना। 3. to spoil, बिगाड़ देना, ख़राब कर देना।

butchery (बूच्´-अॅ-री) *n.* 1. a butcher's trade, जानवरों को काटने तथा गोश्त बेचने का धंधा, कसाईगिरी। 2. brutal killing, निर्मम हत्या।

butler (बट्´-लॅ:) *n.* the chief male servant of a house, मुख्य परिचर या सेवक, ख़ानसामाँ, बैरा।

butt[1] (बट्) *n.* a large barrel or cask for wine, शराब का पीपा।

butt[2] (बट्) *n.* 1. the thicker end of a gun or rifle, कुंदा। 2. the thicker end of a tool, मूठ, हत्था। 3. the remaining end of anything, टुकड़ा। 4. the last unsmoked end of a cigarette, सिगरेट का बचा हुआ टुकड़ा, टोटा।

butt[3] (बट्) *n.* 1. the mound of earth behind the targets on a shooting range, चाँद, चाँदमारी। 2. one who is target for ridicule, हँसी का पात्र। 3. a push, धक्का। *v.* (butted, butting) to push with the head or horns like a goat or ram, टक्कर मारना, सींग मारना, धक्का देना। □ **butt in** (i) to penetrate, (सींग) घुसेड़ देना, (ii) to interrupt, दख़ल देना।

butter (बट्´-अँ:) *n.* 1. the fat made from milk, curd or cream by churning, मक्खन। 2. a similar substance, मक्खन जैसा पदार्थ। *v.* (buttered, buttering) 1. to spread with butter, मक्खन लगाना, चुपड़ना। 2. to flatter, ख़ुशामद करना, मक्खन लगाना, मस्का लगाना। □ **butter up,** to flatter, ख़ुशामद करना।

buttered (बट्´-अँ:ड्) *adj.* 1. spread with butter, मक्खन लगा, चुपड़ा हुआ। 2. cooked with butter, मक्खन में बना, पका या तला हुआ।

butterfingers (बट्´-अँ:-फ़िंग्-गॅ:ज़्) *n.* a person who lets things fall through his fingers, वह जिसके हाथ से चीजें छूट-छूट जाती हों।

butterfly (बट्´-अँ:-फ़्लाइ) *n.* an insect with colourful wings, तितली। □ **have butterflies in the stomach,** to feel very nervous before doing something, कुछ करने से पहले घबराहट होना।

buttermilk (बट्´-अँ:-मिल्क्) *n.* the liquid that remains after the fat has been removed from the churned milk or curd, लस्सी, मट्ठा।

buttock (बट्´-अॅक्) *n.* either of the two fleshy parts at the back of hips, चूतड़।

button (बट्´-अॅन्) *n.* a disc or knob of plastic, steel, wood etc. attached to a garment, बटन, बुताम। □ **button up,** to fasten with a button or buttons, बटन लगाना, बटन बंद करना; **button up one's mouth,** to be silent, चुप हो जाना।

buttonhole (बट्´-अॅन्-होल्) *n.* 1. a slit in a garment through which a button is passed, काज। 2. a flower worn in a buttonhole, काज में लगाने का फूल।

buttress (बट्´-रिस्) *n.* 1. a brick construction built to support a wall, पुश्ता, टेक। 2. any support or prop, टेक, चाँड़, सहारा। *v.* (buttressed, buttressing) to prop up, सहारा देना, चाँड़ लगाना।

butty (बट्´-ई) *n.* a sandwich, सैंडविच।

buxom (बक्´-सॅम्) *n.* a full-bosomed woman, पुष्ट स्तनोंवाली स्त्री। *adj.* full-bosomed, बड़े-बड़े उरोजोंवाली।

buy (बाइ) *v.* (bought, buying) 1. to purchase, खरीदना। 2. to obtain by some sacrifice, मूल्य चुकाकर प्राप्त करना। 3. to bribe, रिश्वत देना। *n.* a purchase or bargain, खरीद, क्रय, सौदा।

buyer (बाइ´-अँ:) *n.* one who buys something, ख़रीददार, ख़रीदार, क्रेता।

buzz (बज़्) *n.* 1. the sound of a bee, भिनभिन, भनभन, गुनगुन। 2. a low sound, हलकी ध्वनि, गर्र। *v.* (buzzed, buzzing) 1. to make a buzz, भिनभिन करना, गुनगुन करना। 2. to tell

as a rumour, चर्चा का विषय होना; The town buzzed with the news, समाचार नगर की चर्चा बन गया। 3. to move around busily and quickly, आवाजाही करना। 4. to signal with a buzzer. घंटी से संकेत करना। ☐ **buzz off,** to go away, जाना, हट जाना, चले जाना।

buzzard (बज़्´-अॅ:ड्) ***n.*** a hawk, बाज़।

buzzer (बज़्´-अॅ:) ***n.*** a bell which produces buzzing sound, घंटी।

by[1] (बाइ) ***adv.*** 1. near, पास, पास ही; Do it when nobody is by, जब पास कोई न हो तब कर डालें। 2. past, गत, व्यतीत; as years go by, जैसे-जैसे वर्ष बीतते गए। 3. alongside, पास से, बगल से; The car raced by, कार पास से निकल गई। ☐ **by and by,** before long, जल्दी ही; **by and large** (i) on the whole, कुल मिलाकर; (ii) in general, सामान्यत:; **by oneself,** alone, स्वत:, स्वयं, ख़ुद ही; **by the way,** incidentaly, प्रसंगवश। ***prep.*** 1. near, beside; के पास, के पास से; He was standing by the window, वह खिड़की के पास खड़ा था। 2. by way of, through, के रास्ते, के द्वारा, से; Please enter by window, कृपया खिड़की के रास्ते जाएँ; He was killed by a bullet, वह गोली से मरा; by road, सड़क से। 3. along, पास से; He passed by me, वह मेरे पास से निकल गया। 4. not later than, before, तक; By this time tomorrow we will be there, कल इस समय तक हम वहाँ होंगे। 5. through, by means of, के द्वारा; written by Premchand, प्रेमचंद के द्वारा लिखित। 6. up to, तक; He ran by the tree, वह पेड़ तक दौड़ा। 7. in the period of, during, के दौरान; Cats sleep by day, बिल्लियाँ दिन में (दिन के दौरान) सोती हैं। 8. in the amount of, के परिमाण या संख्या में; They receive letters by thousands, हजारों की संख्या में उन्हें पत्र मिलते हैं। 9. to the extent of, के विस्तार में; The shirt is shorter by two inches, कमीज़ लंबाई में दो इंच छोटी है। 10. in succession to, क्रम से; day by day, दिन पर दिन। 11. in measurement as ten by four feet, दस फ़ुट लंबा और चार फ़ुट चौड़ा। 12. in expression of solemn promises, की कसम, कसम से; By God, भगवान की कसम।

by[2] ***prefix.*** less important, उप-, गौण; by-election, उप-निर्वाचन, उप-चुनाव; by-product, उप-उत्पाद।

bye[1] (बाइ) ***n.*** 1. a run made by a batsman without hitting a ball, बाइ रन। 2. a secondary matter, गौण बात।

bye[2] ***interj.*** goodbye, बाइ-बाइ।

bygone (बाइ´-गा:न्) ***adj.*** gone by, बीता हुआ, गत। ☐ **let bygones be bygones,** to forget past differences, the trivial old things, जो बीत गई सो बीत गई।

bylaw (बाइ´-ला:) ***n.*** a rule concerning internal organization, उपविधि।

bypass (बाइ´-पैस् / पास्) ***n.*** 1. an alternative or secondary road that passed to one side of a congested area, बाइपास, उपमार्ग, गौण मार्ग। 2. a surgically created alternative passage between two blood vessels, बाइपास सर्जरी।

by-product (बाइ´-प्रॉड्-अॅक्ट्) ***n.*** something formed in addition to the main product, उप-उत्पाद।

bystander (बाइ´-स्टैंड्-अॅ:) ***n.*** an onlooker, दर्शक, तमाशबीन।

byword (बाइ´-व:ड्) ***n.*** 1. a proverb, कथन, उक्ति, कहावत। 2. a name that represents some quality, किसी गुण या धर्म का सूचक (दूसरा) नाम; Jaychand's name had become a byword for treason, गद्दारी का (दूसरा) नाम जयचंद है।

Byzantine, byzantine (बाइ´-ज़ैन्-टाइन्) ***adv.*** 1. complicated, जटिल। 2. underhand, चोरी-छिपे किया जानेवाला।

C

C (सी) the third letter of the English alphabet, अंग्रेज़ी वर्णमाला का तीसरा वर्ण।

cab (कैब्) *n.* 1. a taxi, टैक्सी। 2. a horse-drawn carriage for hire, एक्का, टाँगा, बग्घी। 3. a cabin for a driver, चालक-कक्ष।

cabal (कॅ-बैल्´) *n.* 1. a secret plot, कुचक्र, षड्यंत्र, साँठ-गाँठ। 2. a group engaged in it, कुचक्री दल, षड्यंत्रकारियों का समूह।

cabana (कॅ-बैन्´-अॅ) *n.* a shelter on a beach used as a bathhouse, तटीय स्नानगृह।

cabaret (कैब्-अॅ-रे´) *n.* 1. a nightclub or restaurant providing short programmes of live entertainment, रात्रिक्लब, कैबरे। 2. a show of dancing, singing etc., नृत्य या संगीत का कार्यक्रम।

cabbage (कैब्´-इज्) *n.* a vegetable plant with green leaves, बंदगोभी, पत्तागोभी, करमकल्ला।

cabbie (कैब्´-ई) *n.* = cabby.

cabby (कैब्´-ई) *n.* a taxi-driver, टैक्सी ड्राइवर, टैक्सी चालक।

cabin (कैब्´-इन्) *n.* 1. a small (wooden) dwelling, (लकड़ी का बना) छोटा घर। 2. a small room in a ship or aircraft, कक्ष। 3. an enclosed compartment for a driver or pilot, चालक-कक्ष।

cabin boy *n.* a boy working as a servant on a ship, जहाज़ पर छोटे-मोटे काम करनेवाला लड़का, परिचर।

cabin class *n.* the intermediate class of accommodation on a ship, जहाज़ की द्वितीय श्रेणी।

cabin cruiser *n.* a motor boat with a cabin, यंत्र-चालित बजड़ा।

cabinet (कैब्´-इ-निट्) *n.* 1. a cupboard with shelves, drawers, etc. for the safekeeping or display of objects, खानेदार आलमारी। 2. the outer case of a television, टेलीविज़न रखने की आलमारी, कैबनिट। 3. the body of ministers of a state or country, मंत्रिमंडल, मंत्रिपरिषद्, वज़ारत।

cabinetmaker (कैब्´-इ-निट्-मे-कॅ:) *n.* one who makes cabinets or other articles of wooden furniture, बढ़ई मिस्त्री, लकड़ी का कारीगर, आलमारी-निर्माता।

cabinetwork (कैब्´-इ-निट्-वॅ:क्) *n.* the pieces of furniture made by a cabinetmaker, लकड़ी का काम, लकड़ी की आलमारियाँ आदि।

cable (के´-बॅल्) *n.* 1. a strong thick rope or chain, मोटा रस्सा या जंजीर। 2. a wire for carrying electricity or telegraphic messages, तार। 3. a cablegram, समुद्री तार। *v.* to send by telegraph, समुद्री तार द्वारा भेजना।

cable car *n.* a passenger compartment drawn by a strong cable, तार के सहारे आकाश में चलनेवाली गाड़ी, केबिल कार, तार-गाड़ी।

cablegram (के´-बॅल्-ग्रैम्) *n.* a telegram sent by under water cable, समुद्री तार।

cabman (कैब्-मॅन्) *n.* a taxi driver, टैक्सी-चालक।

cabochon (कैब्´-अॅ-शोन्) *n.* a circular gem, गोलाकार रत्न।

caboodle (कॅ-बू´-डॅल्) *n.* a heap or group, ढेर, समूह।

caboose (कॅ-बूस्´) *n.* 1. a ship's kitchen, जहाज की रसोई। 2. a guard's van in a goods train, मालगाड़ी में गार्ड का डिब्बा।

cabriolet (कैब्-रि-अॅ-ले´) *n.* a one-horse carriage with two seats with a folding roof, दो सवारियों के लिए टपदार घोड़ागाड़ी।

cabstand (कैब्´-स्टैन्ड्) *n.* = taxistand.

अ: bird ब:ड्, अॅ: tear टिअॅ:, ऍअॅ air ऍअॅ:, आई five फ़ाइव्, ऑइ boy बॉइ/बॉय, इअॅ near निअॅ:
उअॅ poor पुअॅ:, च् chat चैट्, थ् thing थिंग्, द् this दिस्, फ़् full फ़ुल्, व़् wait व़ेट्

cacao (कॅ-के´-ओ) *n.* a tree and its seeds, कोको पेड़ और उसके बीज।

cache (कैश्) *n.* 1. a hidden store for provisions, weapons or treasure, गुप्त भंडार, चोर ठिकाना। 2. the contents of this, छिपाकर रखी हुई वस्तुएँ। *v.* (cached, caching) to place in a cache, गुप्त भंडार में रखना, छिपाकर रखना।

cachet (कै-शे´) *n.* 1. an official seal on a document, सरकारी मोहर।2. a distinguishing mark, छाप, छापा, विभेदक चिह्न, उत्कृष्टता का चिह्न या मोहर। 3. prestige, प्रतिष्ठा, मान। 4. a small capsule for medicine, दवा का छोटा कैप्सूल।

cackle (कैक्´-अॅल्) *n.* 1. a clucking noise of hen, मुर्गी की कुड़कुड़।2. a silly laugh, हेंहें। 3. noisy chatter, ऊँचे स्वर में बड़बड़। *v.* (cackled, cackling) 1. to give a cackle, कुड़कुड़ करना। 2. to chatter noisily, ऊँचे स्वर में बड़बड़ करना। 3. to laugh in a silly manner, हेंहें या हीही करना।

cacography (कॅ-कॅ-ग्रॅ-फ़ी) *n.* 1. bad handwriting, ख़राब लिखावट। 2. incorrect spelling, अशुद्ध वर्तनी।

cacophony (कॅ-कॉफ़्´-अॅ-नी) *n.* 1. a harsh discordant sound, कर्कश स्वर। 2. dissonance, कर्कशता, बेसुरापन।

cactus (कैक्´-टॅस्) *n.* any leafless spiny plant, कैकटस, नागफनी।

cad (कैड्) *n.* an ungentlemanly man, अभद्र व्यक्ति, अशिष्ट व्यक्ति, लुच्चा, लफंगा।

cadaver (कॅ-डैव्´-अॅ:) *n.* a dead body, मुर्दा, शव, लाश।

cadaverous (कॅ-डैव्´-अॅ-रॅस्) *adj.* 1. of or like a corpse, मुर्दा-सा, शववत्, निष्प्राण। 2. pale, पीला, विवर्ण। 3. gaunt, मरियल।

caddie (कैड्´-ई) *n.* a person hired by a golfer to carry the clubs, गोल्फ़ के खिलाड़ी की छड़ियाँ उठानेवाला परिचर।

caddish (कैड्-डिश्) *adj.* ungentlemanly, अभद्र, अशिष्ट।

caddishness (~-निस्) *n.* ungentlemanliness, अभद्रता, अशिष्टता।

caddy (कैड्´-ई) *n.* a small container for tea, चाय का डिब्बा।

cadence (के´-डॅन्स्) *n.* 1. the rise and fall of the voice, आवाज़ का उतार-चढ़ाव, आरोह-अवरोह। 2. rhythm in sound, लय, मूर्च्छना।

cadet (कॅ-डॆट्´) *n.* 1. a student who is undergoing military training, छात्र सैनिक, कैडिट। 2. a younger brother, छोटा भाई, अनुज।3. a younger son, छोटा बेटा।

cadet corps (कै-डॆट्´-को:) *n.* a unit of cadets, छात्र-सेना।

cadge (केज्) *v.* (cadged, cadging) 1. to get by begging, भीख माँगना। 2. to ask for a gift, उपहार माँगना।

cadmium (कैड्´-मि-ॲम्) *n.* a greyish chemical element that looks like tin, राँगे से मिलती-जुलती एक धातु, कैडमियम।

cadre (काड्´-अॅ:, कैड्´-रि) *n.* 1. an inner group of trained personnel as basis for further expansion, संवर्ग, काडर।2. a framework, ढाँचा। 3. an organisation, संगटन।

Caesar (सी´-ज़ॅ:) *n.* 1. a title of the Roman emperors, रोमन सम्राटों की पदवी, सीज़र। 2. an autocrat, तानाशाह।

Caesarean (सि-ज़ेर्´-इ-ॲन्) *adj.* pertaining to Julius Caesar, सीजर संबंधी।

Caesarean section *n.* (med.) a surgical incision of a womb performed to allow the baby to be taken out, बच्चे को पेट से निकालने के लिए किया जानेवाला शल्यकर्म, गर्भशल्य, शल्य-प्रसव।

caesura (सि-ज़ूर्´-अॅ) *n.* a pause in the middle of a line of poetry, यति।

cafe (कै-फ़े´) *n.* 1. a small restaurant, छोटा या लघु जलपानगृह। 2. a bar, मद्यशाला।

cafeteria (कैफ़्-इ-टिअर्´-इ-ॲ) *n.* a self-service restaurant, वह जलपानगृह जिसमें स्वयं खाने की वस्तुएँ उठाई तथा ली जाती हों, कैफ़िटेरिया, अन्नपूर्णा।

caffeine (कै-फ़ीन्´) *n.* a stimulant substance found in coffee and tea, काफ़ी तथा चाय में होनेवाला एक उत्तेजक तत्त्व, कैफ़ीन।

caftan (कैफ़्´-टॅन्) *n.* a long loose garment

worn in the Near East, पश्चिमी एशिया का लबादा।

cage (केज्) *n.* 1. a framework of bars or wires in which birds or animals are kept, पिंजरा। 2. a similar enclosure or structure, कठघरा। 3. an enclosed area for prisoners, क़ैदख़ाना, कारागार। *v.* (caged, caging) 1. to put in a cage, पिंजरे में डालना। 2. to keep in a cage, पिंजरे में रखना।

cage bird *n.* a bird usually kept in a cage, पिंजरे का पंछी।

cageling (केज्´-लिंग्) *n.* a cage bird, पिंजरे का पंछी।

cagey (कॅ´-जी) *adj.* not frank, unwilling to talk, चुप रहनेवाला, चुप्पा, घुन्ना।

Cain (केन्) *n.* 1. the eldest son of Adam and Eve who killed his brother Abel, केन। 2. a murderer, हत्यारा। □ **raise cain** हंगामा मचाना, आफ़त करना।

caisson (के´-सॉन्) *n.* 1. a horse-drawn vehicle formerly used for carrying ammunition, गोला-बारूद ढोनेवाली घोड़ागाडी। 2. a watertight chamber used in construction work under water or as a foundation, पानी में इमारत या खंबे की नींव डालने के लिए जलरोक कठघरा।

caitiff (के´-टिफ़्) *adj.* despicable, अधम, नीच।

cajole (कॅ-जोल्´) *v.* (cajoled, cajoling) to coax, फुसलाना, बहलाना, ख़ुशामद करना।

cajolery (कॅ-जोल्´-ऑर्-ई) *n.* the act of cajoling, फुसलावा, बहलावा, ख़ुशामद।

cake (केक्) *n.* 1. a baked sweet breadlike food, केक। 2. a flattened block of a substance, टिकिया, बट्टी; a cake of soap, साबुन की टिकिया या बट्टी; a potato cake, आलू की टिकिया। □ **sell like hot cakes,** to be sold very quickly, हाथों हाथ बिकना। *v.* (caked, caking) to form or be formed into a hardened mass, टिकिया बनना या बनाना, टिकिया जमना या जमाना।

calabash (कैल्´-अॅ-बैश्) *n.* a hard shelled gourd used as a container, तूँबी।

calaboose (कैल्´-अॅ-बूस्) *n.* a prison or jail, बंदीगृह, कारागार।

calamitous (कॅ-लैम्´-इ-टॅस्) *adj.* disastrous, अनर्थकारी, संकटप्रद, दुखद।

calamity (कॅ-लैम्´-इ-टी) *n.* 1. a disaster, संकट, विपत्ति, विपदा। 2. great distress, भारी मुसीबत।

calcareous (कैल्-केअर्´-इ-अॅस्) *adj.* of or containing calcium, कैल्शियमयुक्त, चूनेदार।

calcic (कैल्´-सिक्) *adj.* = calcareous.

calcify (कैल्´-सि-फ़ाइ) *v.* (calcified, calcifying) to make or become calcareous, कैल्शियमयुक्त बनना या बनाना, कैल्सीकरण होना या करना, चूने का पत्थर बनना या बनाना।

calcium (कैल्´-सि-अॅम्) *n.* a chemical element, एक रासायनिक तत्त्व, कैल्शियम।

calculable (कैल्´-क्यॅ-लॅ-बॅल्) *adj.* that can be calculated, गण्य, परिकलनीय।

calculate (कैल्´-क्यॅ-लेट्) *v.* (calculated, calculating) 1. to compute mathematically, गिनना, गणना करना, हिसाब करना, परिकलन करना। 2. to estimate, कूतना, हिसाब लगाना। 3. to intend or plan, विचार करना, योजना बनाना। □ **calculate on,** to depend on, भरोसा करना, आश्रित होना।

calculated (कैल्´-क्यु-ले-टिड्) *adj.* 1. estimated, कूता हुआ। 2. intended, सुविचारित।

calculated risk *n.* a forethought risk, जानबूझकर उठाया जानेवाला जोख़िम, भारी जोख़िम।

calculating (कैल्´-क्यु-ले-टिंग्) *adj.* scheming, shrewd, crafty, होशियार, धूर्त, चालाक।

calculating machine *n.* a machine that performs calculations, गणनायंत्र, गणित्र।

calculation (कैल्-क्यु-ले´-शॅन्) *n.* 1. the act or process of calculating, गणना, हिसाब, परिकलन। 2. deliberation, सोच-विचार। 3. estimation, अंदाज़, कूत।

calculator (कैल्´-क्यु-ले-टॅ:) *n.* 1. a machine that performs calculations, गणित्र, परिकलन यंत्र, कैलकूलेटर। 2. a person who performs calculations, गणनाकर्ता।

calculus (कैल्´-क्यॅ-लॅस्) *n.* 1. a stone formed in the body, पथरी। 2. a branch of math-

ematics, कलन।

caldera (कैल्-डॅर्ʹ-अॅ) *n.* a hole at the top of a valcano, ज्वालामुखी का मुँह या मुख-विवर।

calendar (कैल्ʹ-ॲन्-डॅ:) *n.* 1. a table showing dates and days of the 12 months of a year, कैलेन्डर, पंचांग। 2. a chronological list or schedule, कालानुक्रमिक सूची या तालिका।

calender (कैल्ʹ-ॲन्-डॅ:) *n.* a machine with heavy rollers in which cloth or paper is pressed and given a glossy finish, कैलेन्डर मशीन, कुंदी करने की मशीन। *v.* (calendered, calendering) to press or treat with a calender, कैलेन्डर करना, कुंदी करना।

calends (कैल्ʹ-ॲन्ड्ज़्) *n.* the first day of the month in the Roman calendar, महीने का पहला दिन।

calendula (कॅ-लॅन्ʹ-जॅ-लॅ) *n.* a garden plant and its flower, कलेंन्डुला।

calf[1] (काफ़्/कैफ़्) *n.* 1. (plu. calves) the young one of cattle, बछड़ा, पाड़ा, हिरनौटा आदि। 2. the hide of a calf, calf skin, बछड़े का चमड़ा।

calf[2] *n.* (plu. calves) the fleshy part of the human leg between the knee and ankle, पिंडली।

calfskin (कैफ़्ʹ/काफ़्ʹ-स्किन्) *n.* 1. the hide of a calf, बछड़े का चमड़ा। 2. fine leather made from the hide of a calf, वत्सचर्म, काफ़लेदर।

calibrate (कैल्ʹ-इ-ब्रेट्) *v.* (calibrated, calibrating) to measure the caliber of, व्यास नापना।

calibration (कैल्ʹ-इ-ब्रेʹ-शॅन्) *n.* the act of calibrating, व्यासमापन।

calibre, caliber (कैल्ʹ-इ-बॅ:) *n.* 1. the diameter of the inside of a tube, barrel, bullet, etc., व्यास।2. ability, योग्यता, क्षमता। 3. importance, महत्त्व। 4. character, चरित्रबल।

calico (कैल्ʹ-इ-को) *n.* a printed cotton fabric, एक प्रकार का छींटदार कपड़ा, छींट। *adj.* made of calico, छींटदार।

caliper (कैल्ʹ-इ-पॅ:) *n.* (usu.plu.) an instrument used to measure dimensions, कैलिपर, परकार।

caliph (केॅʹ-लिफ़्) *n.* a Muslim religious leader in some Muslim countries, ख़लीफा।

call (का:ल्) *v.* (called, calling) 1. to cry or utter loudly, आवाज़ देना, पुकारना।2. to ask or order to come, बुलाना। 3. to make a visit, मिलने जाना, मिलने के लिए जाना। 4. to telephone, फ़ोन पर बात करना। 5. to name or give a name to, नाम रखना, कहना; They called him a fool, वे उसे मूर्ख कहते हैं। 6. to consider, मानना, समझना। 7. to read aloud, ऊँचे स्वर में पढ़ना। 8. to try to predict the result of a tossing coin, उछाले गए सिक्के का कोई रुख माँगना। 9. to demand repayment, अदायगी या भुगतान के लिए कहना। 10. to declare end of the day's play, आज के खेल की समाप्ति घोषित करना। ☐ **call back,** to telephone in return, बदले में फ़ोन करना, वापसी फ़ोन करना; **call down,** (i) to invoke, आह्वान करना; (ii) to reprimand, डाँटना; **call for,** (i) to go to get or for fetch, लेने के लिए जाना; (ii) to demand, माँगना; **call in,** to summon for assistance or consultation, सहायता या विचार-विमर्श के लिए बुलाना; **call off,** (i) to postpone, स्थगित करना; (ii) to cancel, रद्द करना; (iii) to recall, वापस बुलाना; **call on,** (i) to pay a short visit to, मिलने के लिए जाना; (ii) to appeal, प्रार्थना करना; **call out,** (i) to summon, बुलाना; (ii) to challenge, चुनौती देना; **call the tune,** to control the proceedings, अपनी चलाना, मनमानी करना; **call up,** (i) to remember, स्मरण करना, (ii) to summon into military service, फौज़ में भर्ती के लिए बुलाना। *n.* 1. a shout or cry, पुकार, चिल्लाहट।2. an invitation, निमंत्रण, आह्वान, बुलावा, न्योता। 3. a charasteristic cry of bird, चहचह, चहचहाहट। 4. demand, माँग। 5. need, आवश्यकता। 6. a short visit, मुलाकात, भेंट। 7. a communication by telephone, बुलाहट। ☐ **call of nature,** a need to go to the

toilet, टट्टी या पेशाब लगना, हाजत; **on call,** (i) available when summoned, पुकारने पर हाज़िर; (ii) payable on demand, माँगने पर उपलब्ध; **within call,** near enough to be summoned by calling, जो बुलाने पर तुरंत पहुँच जाए।

callbell (का:ल्´-बेंल्) *n.* a bell for calling, बुलाने की घंटी, बुलावा-घंटी।

callbox (का:ल्´-बॉक्स्) *n.* an enclosure for public telephone, सार्वजनिक दूरभाष कक्ष।

caller (का:ल्´-अ:) *n.* a person who makes a brief visit, किसी से मिलने के लिए आया हुआ व्यक्ति, अभ्यागत, मुलाक़ाती।

call girl *n.* a prostitute with whom appointments are made on telephone, कॉलगर्ल।

calligrapher (कॅ-लिग्´-रॅ-फ़ः) *n.* one whose handwriting is fine, सुलेखकार।

calligraphy (कॅ-लिग्´-रॅ-फ़ी) *n.* 1. (the art of) fine handwriting, सुंदर हस्तलेखन, सुलेखन, सुंदर लिखाई। 2. writing done by hand, सुलेख, हस्तलेख।

call-in (काल्:´-इन्) *n.* a telephone conversation between a host and a listener or viewer in a live broadcast, टी.वी. पर अतिथि और दर्शक की फ़ोन पर होनेवाली बात-चीत।

calling (का:´-लिंग्) *n.* 1. an occupation or profession, व्यवसाय, कारोबार, पेशा। 2. a strong impulse, अंत:प्रेरणा।

calliper (कैल्´-इ-पॅ:) *n.* = caliper.

callosity (कॅ-लॉस्´-इ-टी) *n.* 1. callus, घट्ठा। 2. hard heartedness, कठोरता, निर्दयता, बेदर्दी।

callous (कैल्´-ऑस्) *adj.* 1. (of skin) hardened and thickened, कड़ा, सख़्त। 2. insensitive, कठोर, भावशून्य, संवेदनाहीन, सहानुभूति-विहीन, बेदर्द। *v.* (calloused, callousing) to become or make unsympathetic, बेदर्द होना या बनाना।

callow (कैल्´-ओ) *adj.* 1. immature, अप्रौढ़। 2. inexperienced, अनुभवहीन।

callowness (कैल्´-ओ-निस्) *n.* 1. immaturity, अप्रौढ़ता। 2. inexperience, अनुभवहीनता।

call-up (का:ल्´-अप्) *n.* an order to report for military service, सेवा पर उपस्थित होने का आदेश, बुलाहट, बुलावा।

callus (कैल्´-ॲस्) *n.* an area of thick hardened skin, घट्ठा। *v.* (callused, callusing) to form a callus, घट्ठा पड़ जाना।

calm (काम्) *n.* 1. still, quiet, शांत, नीरव, स्तब्ध। 2. not agitated or excited, अनुद्विग्न, अनुत्तेजित। 3. tranquil, serene, सौम्य, शांत, धीर-गंभीर। *n.* 1. stillness, शांति, स्तब्धता। 2. an absence of disturbance, peace, शांति। 3. serenity, सौम्यता, गंभीरता। *v.* (calmed, calming) to make or become calm, शांत हो जाना या शांत करना।

calmly (काम्´-ली) *adv.* peacefully, शांतिपूर्वक।

calmness (काम्´-निस्) *n.* the quality or state of being calm, शांति, नीरवता, स्तब्धता, सौम्यता, गंभीरता।

calomel (कैल्´-ॲ-मॅल्) *n.* a white tasteless laxative powder, सफ़ेद स्वादहीन रेचक चूर्ण।

caloric (कॅ-लोर्´-इक्) *adj.* 1. of calories, कैलोरी-संबंधी। 2. of heat, ताप-संबंधी, ऊष्मीय।

calorie (कैल्´-ॲ-री) *n.* 1. a unit for measuring the quantity of heat, कैलरी, ऊष्मांक। 2. a unit for measuring the energy value of food, कैलरी।

calorific (कैल्-ॲ-रिफ़्´-इक्) *adj.* of or pertaining to heat, ताप-संबंधी, ऊष्मीय।

calorimeter (कैल्-ॲ-रिम्´-इ-टॅ:) *n.* an instrument that measures heat, ऊष्मामापी।

calumet (कैल्´-यॅ-मॅट्) *n.* a long stemmed pipe smoked by American Indians, एक तरह का हुक्का।

calumniate (कॅ-लम्´-नि-एट्) *v.* (calumniated, calumniating) to make false and malicious statements about, to slander, निंदा करना, बुराई करना, बदनामी करना।

calumnious (कॅ-लम्´-नि-ॲस्) *adj.* slanderous, निंदात्मक, बदनामी-भरा।

calumny (कैल्´-ॲम्-नी) *n.* 1. slander, निंदा, बुराई, बदनामी। 2. a slanderous statement, बदनामी की बात, किसी के विरुद्ध मिथ्या-प्रचार।

Calvary (कैल्´-वॅ-री) *n.* the place where Jesus was crucified, वह स्थान जहाँ ईसा को क्रूस पर चढ़ाया गया था, कलवारी।

calve (काव्, कैव्) *v.* (calved, calving) to give birth to a calf, मादा चौपाए का बच्चा देना, ब्याना।

calves (काव्स्) *n.* plu. of calf.

Calvinism (कैल्´-वि-निज़्-ॲम्) *n.* the doctrine of John Calvin, कैल्विन का सिद्धांत, कैल्विन-सिद्धांत।

calx (कैल्क्स्) *n.* calcium oxide, कैल्शियम ऑक्साइड।

calypso (कॅ-लिप्´-सो) *n.* a West Indian ballad, वेस्टइंडीज़ का गीत।

calyx (के´-लिक्स्) *n.* the outer envelop of a bud, चषक, पुटक।

cam (कैम्) *n.* a wheel that gives desired motion to another part, केम।

camaraderie (का-मॅ-रा´-डॅ-री) *n.* comradeship, बंधु-भावना, बंधुत्व, भाई-चारा।

camber (कैम्´-बॅ:) *n.* a slightly arched surface, उभारदार सतह, उभार। *v.* (cambered, cambering) to give a camber to, उभारदार बनाना।

cambric (कैम्´-ब्रिक्) *n.* a fine cotton cloth, एक तरह का बढ़िया सूती कपड़ा, कैम्ब्रिक।

came (केम्) *v.* p.t. of come.

camel (कैम्´-ॲल्) *n.* a long-necked animal, ऊँट।

camelia, camellia, (कॅ-मील्´-यॅ) *n.* an evergreen plant and its flower, कैमिलिया।

camelopard (कॅ-मॅल्´-ॲ-पा:ड्) *n.* a giraffe, जिराफ़।

cameo (कैम्´-इ-ओ) *n.* a gem with a design cut in raised relief, उभारदार रत्न।

camera (कैम्´-ॲ-रॅ) *n.* an apparatus for taking photographs, कैमरा। ☐ **in camera,** in a closed room, बंद कमरे में।

cameraman (कैम्´-ॲ-रॅ-मॅन्) *n.* one who operates a camera, कैमरामैन, फ़ोटो खींचनेवाला।

camisole (कैम्´-इ-सोल्) *n.* a woman's sleeveless undergarment, स्त्रियों के पहनने की बिना बाँह की बनियान, कुरती।

camomile (कैम्´-ॲ-मील्) *n.* a plant and its flower, बबूना।

camouflage (कैम्´-ॲ-फ़्लाज़्ह्) *n.* a method or means of concealment that creates the effect of being part of the natural surroundings, ढक-तोपकर छिपाने का काम, छद्मावरण। *v.* (comouflaged, comouflaging) to conceal in this way, छिपाना, ढकना-तोपना, छद्मावरण करना; to camouflage the truth सच्चाई छिपाना, वास्तविकता छिपाना।

camp[1] (कैम्प्) *n.* 1. a temporary shelter in tents, huts, cabins etc., शिविर, पड़ाव। 2. the occupants of the above tents, huts, etc., शिविरवासी, पड़ाववासी। *v.* (camped, camping) 1. to live in a camp, शिविर में रहना। 2. to make a camp, शिविर लगाना, तंबू गाड़ना। ☐ **go camping,** to spend a holiday in tents, शिविर में जाकर रहना या छुट्टी मनाना।

camp[2] *adj.* 1. homosexual, समलिंगकामी। 2. artificial, exaggerated or vulgar in style, अत्युक्तिपूर्ण, भद्दा, फूहड़, कृत्रिम।

campaign (कैम्´-पेन्) *n.* 1. a series of military operations undertaken to achieve some objective, अभियान। 2. a similar series of planned activities, अभियान, आंदोलन। *v.* (campaigned, compaigning) to start or conduct a campaign, अभियान शुरू करना, अभियान चलाना।

campanile (कैम्-पॅ-नी´-ली) *n.* a bell tower, घंटा-घर।

campanology (कैम्-पॅ-नॉल्´-ॲ-जी) *n.* the art of ringing the bells, घंटे बजाने की कला, घंटकला।

camper (कैम्´-पॅ:) *n.* one who attends a camp, शिविरवासी।

campfire (कैम्प्´-फ़ाइ:) *n.* 1. an outdoor fire in camp used for warmth, अलाव, कैंपफ़ायर। 2. a meeting held around such a fire, अलाव-बैठकी, शिविर-समारोह, शिविरोत्सव।

camphor (कैम्´-फ़ॅ:) *n.* a strong smelling white substance, कपूर, कर्पूर।

camphorated (कैम्´-फ़ॅ-रे-टिड्) *adj.* containing camphor, जिसमें कपूर मिला हो, कर्पूरयुक्त।

campus (कैम्´-पस्) *n.* the grounds of a uni-

versity, or college or school, विश्वविद्यालय-परिसर, विद्यालय-परिसर, कैंपस।

can[1] (कैन्) *aux. v.* (p.t. & p.p. could) 1. indicating ability, power or privilege, सकना; He can play, वह खेल सकता है; Can I go to the market? क्या मैं बाज़ार जा सकता हूँ? 2. indicating possibility, सकना; My trainer says I can win the race, मेरे प्रशिक्षक ने कहा है कि मैं दौड़ जीत सकता हूँ। 3. indicating permission, सकना; Can I go to the market, क्या मैं बाज़ार जा सकता हूँ?

can[2] (कैन्) *n.* 1. a metal container for liquids, डिब्बा, बाल्टी, कुप्पी, पीपा, कनस्तर, टीन। 2. an airtight sealed container, हवाबंद डिब्बा। 3. the amount it contains, डिब्बे में भरा सामान। □ **carry the can,** to take the blame, दोष अपने ऊपर लेना। *v.* (canned, canning) 1. to seal in a can, डिब्बा बंद करना, डिब्बाबंदी करना। 2. to dismiss from a job, नौकरी से निकाल देना, बर्ख़ास्त करना।

canal (कॅ-नैल्´) *n.* 1. an artificial waterway for navigation or irrigation, नहर। 2. a duct or tube, नली, नलिका।

canalization (कॅ-नैल्-इ-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of providing with canals, नहरीकरण।

canalize (कॅ-नैल्´-आइज़्, कैन्´-अॅ-लाइज़्) *v.* (canalized, canalizing) 1. to provide with canals, नहरें खोदना या बनाना। 2. to direct actions to one particular end, एकदिश करना, एकजुट करना, ढर्रे पर लाना; First of all we must canalize our efforts, सब से पहले हमें अपने प्रयासों को एकजुट करना होगा।

canape (कैन्´-अॅ-पी/पे) *n.* a piece of bread with cheese or meat, टोस्ट।

canard (कॅ-नाःड्´) *n.* a rumour or hoax, उड़ती या बेपर की ख़बर, अफ़वाह, गप।

canary (कॅ-नेंअॅर्´-ई) *n.* 1. a small yellow song bird, पीले रंग की गानेवाली चिड़िया। 2. a police informer, मुख़बिर। *adj.* bright-yellow, गहरा पीला।

canasta (कॅ-नैस्´-टॅ) *n.* a card game played with two packs of cards and four jokers, ताश का एक खेल, कनास्टा।

cancan (कैन्´-कैन्) *n.* a female dance, एक तरह का (फ्रांसीसी) नृत्य।

cancel (कैन्´-सॅल्) *v.* (cancelled, cancelling) 1. to give up or call off, रद करना, मंसूख करना, निरस्त करना, ख़त्म कर देना। 2. to cross out by drawing a line through, काट देना, रद करना। □ **cancel out,** to neutralize or balance, बराबर कर देना।

cancellation (कैन्-सॅ-ले´-शॅन्) *n.* the act of cancelling or the state of being cancelled, रद करना, मंसूखी, निरसन।

Cancer (कैन्´-सॅः) *n.* a sign of the zodiac, the Crab, कर्क राशि।

cancer (कैन्´-सॅः) *n.* 1. a malignant tumour, कैंसर। 2. (fig.) an evil influence that spreads dangerously in a society, रोग, बीमारी, महामारी, कैंसर, घुन, अभिशाप।

cancerous (कैन्´-सॅ-रॅस्) *adj.* of or like cancer, कैंसर-संबंधी, कैंसर-सा।

candelabrum (कैन्-डॅ-ला´-ब्रम्) *n.* a large candle stick with arms for holding several candles, बत्तीदान, दीयट।

candescent (कैन्-डेंस्´-अॅन्ट्) *adj.* glowing, प्रज्वलित, जगमग।

candid (कैन्´-डिड्) *adj.* 1. straightforward, frank, निष्कपट, स्पष्टवादी, ख़रा, सच्चा। 2. simple, सरल।

candidacy (कैन्´-डि-डॅ-सी) *n.* =candidature.

candidate (कैन्´-डि-डेट्) *n.* 1. one who is seeking a post or prize, प्रत्याशी, उम्मीदवार, प्रार्थी, अभ्यर्थी। 2. one who is fighting an election, प्रत्याशी, उम्मीदवार। 3. a person taking an examination, परीक्षार्थी, प्रत्याशी, उम्मीदवार।

candidature (कैन्´-डि-डे-चॅः) *n.* the state of being a candidate, उम्मीदवारी, अभ्यर्थिता।

candidly (कैन्´-डिड्-ली) *adv.* in a candid manner, निष्कपट भाव से, सरलता से।

candidness (कैन्´-डिड्-निस्) *n.* 1. straightforwardness, frankness, निष्कपटता, स्पष्टवादिता, खरापन। 2. simplicity, सरलता।

candied (कैन्´-डीड्) *n.* sugar-coated, चाशनी में लिपटा या लपेटा हुआ, पगा या पागा हुआ।

candle (कैन्´-डल्) ***n.*** a wax stick with a wick, मोमबत्ती। ***v.*** (candled, candling) to examine something in front of a light, (कोई चीज़) रोशनी में देखना-परखना।

candlelight (कैन्´-डॅल्-लाइट्) ***n.*** the light of a candle or candles, मोमबत्ती या मोमबत्तियों की रोशनी।

candlestick (कैन्´-डॅल्-स्टिक्) ***n.*** a holder for a candle, मोमबत्तीदान, दीयट।

candlewick (कैन्´-डॅल्-विक्) ***n.*** the wick of a candle, मोमबत्ती की बत्ती या डोरी।

candour, candor (कैन्´-डः) ***n.*** candidness, निष्कपटता, स्पष्टवादिता, खरापन; सरलता।

candy (कैन्´-डी) ***n.*** any item of confectionery, मिठाई। ***v.*** (candied, candying) to cook or coat with sugar, चाशनी में पकाना, पागना।

cane (केन्) ***n.*** 1. sugar-cane, गन्ना। 2. a jointed pithy or hollow stem of the bamboo carried when walking, बेंत। 3. a strip of a bamboo, बेंत की खपची। ***v.*** (caned, caning) 1. to beat with a cane, बेंत लगाना। 2. to make furniture with cane, बेंत की कुर्सियाँ, मेज़ें आदि बनाना।

cane sugar ***n.*** sugar obtained from sugarcane, चीनी, खाँड़।

canine (के´-नाइन्) ***adj.*** 1. of or pertaining to dogs, कुत्तों का, कुत्तों से संबद्ध। 2. like a dog, कुत्ते-जैसा।

canine tooth ***n.*** a strong pointed tooth, नुकीला दाँत।

canister (कैन्´-इ-स्टः) ***n.*** a metal container, कनस्तर।

canker (कैं´-कः) ***n.*** 1. a sore, व्रण, नासूर। 2. (fig.) something evil that spreads and corrupts, नासूर।

cankerous (कैं´-कॅ-रस्) ***adj.*** 1. causing canker, व्रण उत्पन्न करनेवाला। 2. evil, बुरा, विनाशकारी।

cannabis (कैन्´-अॅ-बिस्) ***n.*** 1. hemp, गाँजा। 2. a preparation of this for smoking, पिया जानेवाला गाँजा।

canned (कैन्ड्) ***adj.*** preserved and sealed in an airtight jar, डिब्बाबंद।

cannery (कैन्´-अॅ-री) ***n.*** a canning factory, वह कारख़ाना जिसमें डिब्बों को सीलबंद किया जाता है, कैनरी।

cannibal (कैन्´-इ-बॅल्) ***n.*** 1. a person who eats human flesh, नरमांस भक्षक, नरभक्षी। 2. an animal which eats the flesh of its own kind, अपनी जाति के जीवों का मांस खानेवाला पशु, स्वजाति-भक्षक।

cannibalism (कैन्´-इ-बॅल्-इज़्-अॅम्) ***n.*** 1. the act or practice of eating human flesh, नरमांस-भक्षण। 2. the act or practice of eating one's own kind, स्वजाति-भक्षण।

cannibalization (कैन्-इ-बॅ-लाइ-ज़े´-शॅन्) ***n.*** use of old parts of a dismantled machine, पुराने पुरज़ों का उपयोग।

cannibalize (कैन्´-इ-बॅ-लाइज़्) ***v.*** (cannibalized, cannibalizing) to use serviceable parts of a dismantled machine, मशीन के पुराने पुरज़ों का उपयोग करना।

canniness (कैन्´-इ-निस्) ***n.*** shrewdness, सयानापन, समझदारी।

canning (कैन्´-इंग्) ***n.*** the process of sealing cans, टिनबंदी, डिब्बाबंदी।

cannon (कैन्´-अॅन्) ***n.*** 1. a heavy gun mounted on a carriage, तोप। 2. any heavy gun, तोप। ***v.*** (cannoned, cannoning) to collide forcefully with, टकरा या भिड़ जाना।

cannonade (कैन्-अॅ-नेड्´) ***n.*** a continuous heavy firing by guns, गोलाबारी, गोलों की बौछार। ***v.*** (cannonaded, cannonading) to attack with cannons, गोलों की बौछार करना, गोले बरसाना, गोलाबारी करना।

cannonball (कैन्´-अॅन्-बाःल्) ***n.*** a round heavy ball fired from a cannon, तोप का गोला।

cannoneer (कैन्-अॅ-निअॅः´) ***n.*** one who fires a cannon, तोपची, तोप चलानेवाला।

cannonfodder (कैन्´-अॅन्-फ़ॉड्-अॅः) ***n.*** the persons or army regarded as the food of cannons, तोप का चारा, युद्ध-बलि।

cannot (कैन्´-ऑट्, कै-नॉट्´) ***v.*** the negative form of can. ☐ **cannot but,** के सिवा, को

छोड़कर।

canny (कैन्´-ई) *adj.* (cannier, canniest) shrewd in worldly affairs, सयाना, समझदार, काँइयाँ, धूर्त।

canoe (कॅ-नू´) *n.* a small boat propelled by paddles, एक तरह की छोटी नाव जिसे पैरों से चलाते हैं, पैर-नाव।

canon (कैन्´-ऑन्) *n.* 1. a general rule, नियम, सिद्धांत। 2. a set of sacred writings, धर्मग्रंथ। 3. a priest, पादरी, पुरोहित। 4. criterion or standard, कसौटी या मानक।

canonical (कॅ-नॉन्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. standard or accepted, मानक, मान्य। 2. in conformity with canon law, गिरजे के नियम के अनुकूल।

canonicals (कॅ-नॉन्´-इ-कॅल्ज़्) *n.* (plu.) the canonical dress of clergy, पादरी की पोशाक।

canonize (कैन्´-ऑ-नाइज़्) *v.* (canonized, canonizing) to declare a deceased person a saint, मृतक को संत घोषित करना अर्थात् गौरवान्वित करना।

canon law *n.* the law of a church, गिरजे का नियम।

can opener *n.* a tool for opening cans, डिब्बा खोलने का उपकरण, कैन-ओपनर।

canopy (कैन्´-ऑ-पी) *n.* 1. a cloth covering fixed above a seat or carried over an important person, छतरी, छत्र। 2. any similar covering, चँदोवा। 3. the part of a parachute that spreads in the air, पैराशूट का खुलनेवाला अंश। *v.* (canopied, canopying) to place a canopy over, छत्र लगाना।

cant[1] (कैन्ट्) *n.* 1. a jargon, बोली, वर्ग-भाषा। 2. insincere talk, बुराई, निंदा। *v.* (canted, canting) 1. to use cant, बोली का प्रयोग करना। 2. to indulge in insincere talk, बुराई करना, निंदा करना।

cant[2] (कैन्ट्) *n.* an oblique or slanting surface, ढाल। *v.* (canted, canting) 1. to slope, ढालू होना या बनाना। 2. to tilt, तिरछा होना या करना। *adv.* slanting, oblique, तिरछा, ढालवाँ।

cantabile (कान्-टा´-बि-ले) *adv.* in a lyrical flowing style, गेय तथा लयपूर्ण रूप में। *adj.* lyrical and flowing, गेय तथा लयपूर्ण। (इटालियन)

cantankerous (कैन्-टैंक्´-कॅ-रॅस्) *adj.* 1. quarrelsome, झगड़ालू। 2. ill-tempered, कलहप्रिय, बदमिजाज़, चिड़चिड़ा, क्रोधी।

cantata (कॅन्-टा´-टॅ) *n.* a musical composition, संगीत-रचना।

canteen (कैन्-टीन्´) *n.* 1. a restaurant attached to a factory or office, कैन्टीन, जलपानगृह। 2. a store, भंडार।

canter (कैन्´-टॅ:) *n.* a gait slower than the gallop but faster than the trot, दुलकी और सरपट के बीच की चाल।

canticle (कैन्´-टि-कॅल्) *n.* a liturgical chant or song, भजन।

cantilever (कैन्´-टि-लेॅव्-अ:) *n.* a projecting beam or girder supporting a balcony, बीम, गर्डर।

canto (कैन्´-टो) *n.* a division of a long poem, महाकाव्य का खंड, सर्ग, कांड, स्कंध।

canton (कैन्´-टॅन्, कैन´-टॉन्) *n.* a state or district of a country, राज्य, प्रांत, प्रदेश।

cantonal (कैन्´-टॅ-नॅल्) *adj.* of or pertaining to a canton, प्रांतीय, प्रादेशिक।

cantonment (कैन्-टॉन्´-मॅन्ट्) *n.* a group of (temporary) buildings for housing troops, छावनी, कैंट।

contonment area *n.* the area is which troops reside, छावनी क्षेत्र।

cantor (कैन्´-टॅ:) *n.* the leader of a singing group, गायक दल का नेता, मुख्य गायक।

canvas (कैन्´-वॅस्) *n.* a closely woven fabric for tents, sails and shoes, कैन्वस, किरमिच।

canvass (कैन्´-वॅस्) *v.* to go through in order to solicit votes, orders, subscriptions etc., वोट माँगने, आर्डर लेने या चंदा उगाहने के लिए घर-घर जाना, कन्वैसिंग करना। *n.* = convassing.

canvasser (कैन्´-वॅस्-अ:) *n.* one who convasses, मतार्थक, प्रचारक, कन्वैसिंग-कर्ता।

canvassing (कैन्´-वॅस्-इंग्) *n.* a solicitation of votes, opinions or sales orders, मतार्थन,

पक्ष-प्रचार, कन्वैसिंग।

canyon (कैन्´-यॅन्) *n.* a deep narrow valley with a river flowing through, नदी-घाटी।

cap (कैप्) *n.* 1. a close-fitting head-covering, टोपी। 2. a caplike cover, टोपी, ढक्कन। □ **cap in hand,** humbly, दीनतापूर्वक; I hope our leaders don't go cap in hand to the government again, मुझे भरोसा है कि हमारे नेता हाथ में कटोरा लिए (या झोली फैलाए) फिर सरकार के पास नहीं जाएँगे। *v.* (capped, capping) 1. to put a cap on, टोपी पहनना, टोपी लगाना, ढक्कन लगाना। 2. to lie over, ढक देना; Snow capped the hills, बर्फ़ ने पहाड़ियों को आच्छादित कर दिया।

capability (के-पॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* 1. the quality of being capable, क्षमता, सामर्थ्य, शक्ति। 2. (plu.) undeveloped qualities, अविकसित गुण, लक्षण।

capable (कें´-पॅ-बॅल्) *adj.* 1. having ability or capacity, क्षमतावान, सक्षम, समर्थ, सशक्त। 2. clever, चतुर। □ **capable of,** (i) qualified for, सक्षम, गुणी, अर्हताप्राप्त; (ii) open to, जिसमें गुंजाइश हो, सुधार-योग्य; This error is capable of remedy, यह भूल सुधारी जा सकती है।

capably (कें´-पॅ-ब्ली) *adv.* competently, क्षमतापूर्वक।

capacious (कॅ-पे´-शॅस्) *adj.* roomy, spacious, खुला, लंबा-चौड़ा, बड़ा, विशाल।

capacitance (कॅ-पैस्´-इ-टॅन्स्) *n.* the ability to store an electric charge, आवेश-धारिता, संधारिता।

capacitate (कॅ-पैस्´-इ-टेट्) *v.* (capacitated, capacitating) to make capable, समर्थ या सक्षम बनाना।

capacitor (कॅ-पैस्´-इ-टॅ:) *n.* a device for storing a charge of electricity, आवेश-धारक, संधारित्र।

capacity (कॅ-पैस्´-इ-टी) *n.* 1. the ability to hold or contain, धारिता, क्षमता। 2. the maximum amount that can be contained, समाई, बिसात, धारिता। 3. the ability to learn or retain knowledge, धारण-शक्ति। 4. a position or function, हैसियत; He signed it in his capacity as president, अध्यक्ष की हैसियत से उन्होंने उसपर हस्ताक्षर किए।

cap-a-pie (कैप्-अॅ-पी´) *adv.* from head to foot, सिर से पैर तक।

caparison (कॅ-पैर्´-इ-सॅन्) *n.* 1. a decorative cover placed over a saddle or harness, साज़, झूल। 2. finery, सजावट का सामान। *v.* (caparisoned, caparisoning) 1. to cover with a caparison, साज डालना, झूल डालना। 2. to clothe ornately, सजाना-सँवारना, सुसज्जित करना।

cape[1] (केप्) *n.* 1. a cloak, लबादा। 2. a sleeveless garment worn hanging over the shoulders, एक प्रकार का बिना बाँह का पहनावा।

cape[2] (केप्) *n.* the part of land projecting into a sea, अंतरीप।

caper (कें´-पॅ:) *n.* 1. a playful leap or hop, उछाल, कुलाँच। 2. a mischievous conduct, शरारत, नटखटी।

capillarity (कैप-इ-लैर्´-इ-टी) *n.* the force which causes a liquid to rise up, उद्वहन।

capillary (कैप्´-इ-लॅर्-ई) *n.* any of the tiny blood vessels that connect the arteries and veins, केशिका। *adj.* of or like a capillary, केशिकीय।

capital (कैप्´-इ-टॅल्) *adj.* 1. most important, principal, प्रधान, महत्त्वपूर्ण। 2. excellent, उत्कृष्ट, उत्तम। 3. involving the death penalty, मृत्युदंड-संबंधी; a capital punishment, मौत की सज़ा। 4. fatal, घातक। 5. pertaining to capital, पूँजी-संबंधी; capital gains, पूँजीगत लाभ। 6. (of letters) big, बड़ा; capital letters, राज अक्षर। *n.* 1. a city that is the official seat of government, राजधानी। 2. a capital letter, राज अक्षर। 3. wealth or property that is invested to produce more wealth, मूलधन, पूँजी, राशि, रास। □ **make capital out of,** to use (a situation etc.,) to one's advantage (किसी बात से) फ़ायदा उठाना।

capital goods *n.* (plu.) goods used in the production of commodities, कच्चा माल।

capitalism (कैप्´-इ-टॅ-लिज़्-ॲम्) *n.* an economic system based on the private ownership of wealth, पूँजीवाद।

capitalist (कैप्´-इ-टॅ-लिस्ट्) *n.* 1. an ardent of capitalism, पूँजीवादी। 2. owning or controlling a large amount of wealth, पूँजीपति।

capitalistic (कैप्´-इ-टॅ-लिस्-टिक्) *adj.* of capitalism or capitalist, पूँजीवादी।

capitalization, capitalisation (कैप्-इ-टॅ-लाइ-ज़े´-शॅन्) *n.* 1. the act of capitalizing, पूँजी बनाने या लगाने का काम, पूँजीकरण। 2. the use of capital letters, राज अक्षरों का प्रयोग।

capitalize (कैप´-इ-टॅ-लाइज़्) *v.* 1. to write or print as a capital letter, राज अक्षर लिखना या छापना। 2. to convert into capital, पूँजी बनाना। 3. to provide with capital, पूँजी लगाना, पूँजी की व्यवस्था करना। □ **capitalize on,** to use (a situation) to one's advantage, (परिस्थिति से) लाभ उठाना।

capitation (कैप्-इ-टे´-शॅन्) *n.* a tax fixed at an equal sum per person, प्रतिव्यक्ति कर।

capitol (कैप्´-इ-टॅल्) *n.* the building in which a legislature assembles, विधानभवन, संसद-भवन।

capitulate (कॅ-पिच्´-यु-लेट्) *v.* (capitulated, capitulating) to surrender, आत्मसमर्पण कर देना, हथियार डाल देना, झुक जाना।

capitulation (कॅ-पिच्-यु-ले´-शॅन्) *n.* the act of capitulating, आत्मसमर्पण।

capon (के´-पॉन्) *n.* a domestic castrated male chicken raised for food, ख़स्सी मुर्गा।

caprice (कॅ-प्रीस्´) *n.* a whim, सनक, ख़बत, लहर, मौज।

capricious (कॅ-प्रिश्´-ॲस्) *adj.* whimsical, सनकी, ख़बती, लहरी, मौजी, चंचल स्वभाव।

capriciousness (~ -निस्) *n.* the state or quality of being capricious, सनकीपन, मौजीपन, स्वभाव की चंचलता।

Capricorn (कैप्´-रि-कॉ:न्) *n.* a sign of the zodiac, मकर राशि; tropic of Capricorn, मकर रेखा।

capriole (कैप्´-रि-ओल्) *n.* an upward leap made by a horse without moving forward, घोड़े की उछाल, कुलाँच, घोड़े का बिना आगे बढ़े ऊँचा उछलना और दुलत्ती मारना।

caps (कैप्स्) *n.* (plu.) Capital letters, राज अक्षर, बड़े अक्षर।

capsicum (कैप्´-सि-कॅम्) *n.* a plant with hot-tasting pods, पहाड़ी मिर्च।

capsize (कैप्´-साइज़्) *v.* (capsized, capsizing) to overturn or cause to overturn, उलट जाना या उलट देना; The boat capsized, नाव उलट गई।

capstan (कैप्´-स्टॅन्) *n.* 1. a thick revolving post used to pull in a rope for raising a ship's anchor, ढोल चर्खी, हवीत। 2. a revolving spindle, चर्खी।

capsulate (कैप´-स्यू-लिट्) *adj.* enclosed in a capsule, संपुटित।

capsule (कैप्´-स्यूल्) *n.* 1. a small soluble container enclosing a dose of an oral medicine, कैपसूल, संपुटिका। 2. a sac enclosing a bodily part, थैली। 3. a seed case that dries and split open, बीजकोष। 4. a case, संपुटिका, खोल।

captain (कैप्´-टिन्) *n.* 1. a commissioned officer in the army, कैप्टन, नायक, कप्तान। 2. a leading figure in a given field, नेता। 3. a leader of a team, कप्तान, नायक। *v.* (captained, captaining) to act as a captain of, कप्तानी करना, नायकत्व।

captaincy (कैप्´-टॅन्-सी) *n.* the state of being a captain, कप्तानी, नायकत्व।

captainship (कैप्´-टिन्-शिप्) *n.* captaincy, कप्तानी।

caption (कैप्´-शॅन्) *n.* a heading or title, शीर्षक। *v.* (captioned, captioning) to furnish a caption for, शीर्षक देना या लगाना।

captious (कैप्´-शॅस्) *adj.* 1. inclined to find faults, छिद्रान्वेषी, नुक्ताचीनी करनेवाला। 2. intended to entrap or confuse, फँसाने या भरमानेवाला।

captivate (कैप्´-टि-वेट्) *v.* (captivated, captivating) to fascinate or charm, विमुग्ध कर लेना, लुभा लेना, मोह लेना, मोहित कर लेना।

captivating (कैप्´-टि-वे-टिंग्) *adj.* fascinating, लुभावना, मोहक, मनोरम।

captivation (कैप्-टि-वे´-शॅन्) *n.* fascination, मोह लेना, सम्मोहन।

captive (कैप्´-टिव्) *adj.* 1. taken as a prisoner, बंदी। 2. who is enslaved by strong emotion, (से) अभिभूत, वशीभूत। 3. under restraint or control, नियंत्रित।4. obliged to be present or attentive, विमोहित, विमुग्ध; a captive audience, विमुग्ध श्रोतागण, देखने-सुनने के लिए बाध्य दर्शकमंडली। *n.* 1. a prisoner, बंदी।2. a captive animal, पकड़ा हुआ जानवर।

captivity (कैप्-टिव्´-इ-टी) *n.* the state of being held captive, बंदी होने की अवस्था या भाव, बंधन में पड़े होने की स्थिति, बंधनावस्था, बंधन।

captor (कैप्´-टॅ:) *n.* one who captures a person or animal, बंदी बनाने या पकड़नेवाला व्यक्ति, बंदीकर्ता।

capture (कैप्´-चॅ:) *v.* (captured, capturing) 1. to take captive, बंदी बना लेना, पकड़ लेना, गिरफ़्तार कर लेना। 2. to take or obtain by force or endeavour, कब्ज़े में कर लेना, अधिकार में कर लेना, हथिया लेना, पा जाना। *n.* 1. the act of capturing, बंदीकरण, गिरफ़्तारी। 2. seizure, जब्ती। 3. one who is caught or seized, वह जिसे पकड़ा या ज़ब्त किया गया हो, बंदी व्यक्ति या पकड़ा हुआ माल। 4. booty, लूट, लूट का माल।

car (का:) *n.* an automobile, कार, यान; a dining car, भोजनयान।

carabineer, carabinier (कैर्´-अॅ-बि-निअॅ:) *n.* a soldier armed with a carbine, कारबीनधारी सैनिक।

carafe (कॅ-रैफ़्´) *n.* a glass bottle for serving water or wine at the table, जग, सुराही।

caramel (कार्´-अॅ-मॅल्) 1. a chewy candy, टाफ़ी। 2. burnt sugar, दग्ध शर्करा।

carapace (कैर्´-अॅ-पेस्) *n.* the hard outer covering of a turtle, कछुए का बाहरी कड़ा खोल, खोपड़ी।

carat (कैर्´-अॅट्) *n.* 1. a unit of weight equal to 200 milligrams, कैरट। 2. = karat.

caravan (कैर्´-अॅ-वैन्) *n.* 1. a company of travellers journeying together, काफ़िला, कारवाँ। 2. a line of vehicles travelling together, कारों या मोटरों का काफ़िला।

caravansary (कैर्-अॅ-वैन्´-सॅ-री) *n.* a large inn for accommodating caravans, वह बड़ी सराय जिसमें काफ़िले ठहरते हों।

caravel (कैर्´-अॅ-वेंल्) *n.* a small light sailing ship, छोटा जलयान।

caraway (कैर्´-अॅ-वे) *n.* a plant and its aromatic seeds, जीरा।

carbide (का:´-बाइड्) *n.* a compound of carbon, कारबाइड।

carbine (का:´-बीन्/बाइन्) *n.* an automatic rifle with a short barrel, कारबीन।

carbohydrate (का:-बो-हाइ´-ड्रेट्) a chemical compound containing carbon, hydrogen and oxygen such as sugars, starches etc., कारबोहाइड्रेट।

carbon (का:´-बॅन्) *n.* 1. a nonmetallic element, कार्बन। 2. a sheet of carbon paper, कार्बन पेपर। 3. a carbon copy, कार्बन से की हुई प्रतिलिपि, कार्बन कापी।

carbonaceous (का:-बॅ-ने´-शॅस्) *adj.* 1. containing carbon, कार्बनयुक्त, कार्बनमय, कार्बनिक। 2. resembling carbon, कोयले-जैसा। 3. yielding carbon, कार्बन-उत्पादक।

carbonate (का:´-बॅ-नेट्) *n.* a compound that releases carbon dioxide when mixed with acid, कार्बोनेट। *v.* (carbonated, carbonating) to charge with carbon dioxide gas, कार्बन डाइआक्साइड गैस से आविष्ट करना।

carbon dioxide *n.* a colourless, odourless incombustible gas formed during respiration, combustion and organic decomposition, कार्बन डाइआक्साइड गैस।

carboniferous (का:-बॅ-निफ़्´-अॅ-रॅस्) *adj.* containing or pertaining to carbon or coal, कार्बनी, कार्बनिक।

carbuncle (का:´-बंक्-कॅल्) *n.* 1. a painful abscess in the skin, फोड़ा। 2. a bright red gem cut in a knoblike shape, मानिक।

carburettor (का:´-बॅ-रॅं-टः) *n.* a device for mixing fuel and air in oil engines, कार्बुरेटर।

carcass (का:´-कॅस्) *n.* 1. a dead body of an animal, लाश, शव। 2. the bony part of the body, ठठरी, अस्थिपंजर।

carcinogen (का:-सिन्´-अॅ-जॅन्) *n.* any substance which causes cancer, कैंसर उत्पन्न करनेवाला कोई पदार्थ।

carcinoma (का:-सि-नो´-मॅ) *n.* a cancerous growth, नासूर जो कैंसर का रूप ले ले।

card[1] (का:ड्) *n.* 1. a small flat piece of cardboard, कार्ड, पत्रक, पत्र; greeting card, बधाई-पत्र, visiting card, मुलाक़ाती कार्ड। 2. a playing card, ताश का पत्ता। 3. (plu.) a game using playing cards, ताश का खेल। 4. an amusing person, विदूषक, दिल्लगीबाज़। □ **be on the cards,** to be possible, संभावना होना; **play one's cards right well,** to use good judgement, बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन करना, सोच-समझकर काम करना; **one's best card,** one's most effective argument, प्रभावी या उत्तम तर्क; **put one's cards on the table,** to be frank about one's intentions, साफ़-साफ़ कहना, अपने इरादे प्रकट करना। *v.* (carded, carding) 1. to write on cards, कार्डो पर लिखना। 2. to list on cards, कार्डो पर सूची बनाना।

card[2] (का:ड्) *n.* a wire brush for cleaning and combing wool, ऊन साफ़ करने का कंघा, धातु का कंघा। *v.* (carded, carding) to clean or comb with a card, ऊन की सफ़ाई-धुनाई करना, धुनकना, धुनना।

cardamom (का:´-डॅ-मॅम्) *n.* a plant and its seeds, इलायची।

cardboard (का:ड्´-बो:ड्) *n.* a stiff pasteboard, कार्डबोर्ड, गत्ता।

card-carrying (का:ड्´-कैर्-इ-इंग्) *adj.* being a full member of a political party, जो किसी पार्टी का पूर्ण सदस्य हो।

cardiac (का:´-डि-ऐक्) *adj.* 1. of or pertaining to the heart, हृदय-संबंधी। 2. of heart disease, हृदयरोग-संबंधी, हृद्रोग-संबंधी।

cardiac failure *n.* a heart attack, हार्ट-अटैक, हृदयाघात।

cardigan (का:´-डि-गॅन्) *n.* a sweater with sleeves, opening down the front, आगे से खुला स्वेटर, कार्डीगन।

cardinal (का:´-डि-नॅल्) *n.* 1. main, of foremost importance, अत्यंत महत्त्वपूर्ण, मूल, मूलभूत, बुनियादी। 2. of deep red colour, गहरा लाल, लोहित। *n.* an official ranking just below the pope, कार्डिनल।

cardinalate (का:´-डि-नॅ-लेट्) *n.* the position or term of a cardinal, कार्डिनल का पद या कार्यकाल।

cardinal numbers *n.* (plu.) the whole numbers 1, 2, 3, 8, 9 आदि पूर्ण संख्याएँ।

cardinal points *n.* (plu.) the four main points of the compass, पूर्व, पश्चिम, उत्तर, और दक्षिण (चार मुख्य दिशाएँ), दिग्बिंदु।

cardiogram (का:´-डि-ओ-ग्रैम्) *n.* the curved line traced by a cardiograph, कार्डियोग्राम, हृद्लेख।

cardiograph (का:´-डि-ओ-ग्रैफ़्) *n.* an instrument used to record graphically the movements of the heart, कार्डियोग्राफ, हृद्यंत्र।

cardiologist (का:´-डि-ऑल्-अॅ-जिस्ट्) *n.* a specialist in cardiology, हृदयरोग विशेषज्ञ।

cardiology (का:´-डि-ऑल्-अॅ-जी) *n.* the study of the diseases and functioning of the heart, हृद्विज्ञान।

cardiopulmonary (का:-डि-ओ-पल्´-मॅ-नॅर्-ई) *adj.* pertaining to the heart and lungs, हृदय और फुफ्फस-संबंधी।

cardshark (का:ड्´-शा:क्) *n.* = cardsharp.

cardsharp (का:ड्´-शा:प्) *n.* a person who is expert in cheating others at cards, पत्ते लगाकर खेलनेवाला, पत्तेबाज़, पत्ता-ठग।

cardsharper (का:ड´-शा:पॅ:) *n.* a cardsharp.

care (केअॅ:) *n.* 1. caution, सावधानी। 2. serious attention, ध्यान, देख-भाल। 3. supervision, protection, देख-रेख, हित-रक्षा। 4. worry, anxiety, चिंता। *v.* (cared, caring) 1. to be concerned, चिंतित होना, चिंता करना। 2. to be interested, परवाह करना, देखभाल करना, हित-रक्षा करना; The rotary

club cares for the child, रोटरी क्लब बालकों की हित-रक्षा करता है या रोटरी क्लब बालकों का हितरक्षक है। 3. to object, to mind, आपत्ति करना या होना। 4. to feel willing, उत्सुक होना। □ **care for,** to have in one's care, देख-रेख या निगरानी करना; **care of,** to the address of someone (known), किसी के पते पर; द्वारा; **take care,** to be cautious, सावधानी बरतना; **take care of,** to see the well-being of, देख-रेख करना।

careen (कॅ-रीन्´) *v.* (careened, careening) 1. to tilt, झुकाना। 2. to move rapidly and in an uncontrolled manner, बेतहाशा बढ़ते चलना।

career (कॅ-रिअॅ:´) *n.* 1. a chosen pursuit, life work, जीविका, पेशा। 2. progress, प्रगति। *adj.* professional, व्यावसायिक, काम-काजी। *v.* (careered, careering) to move or run at full speed, बड़ी तेज़ी से बढ़ते चलना, भागना।

career woman *n.* a woman who works permanently, काम-काजी महिला, काम-काजी औरत।

carefree (केअॅ:´-फ़्री) *adj.* free from worry or responsibility, निश्चिंत, बेफ़िक्र।

careful (केअॅ:´-फुल्) *adj.* 1. cautious, सावधान, सतर्क। 2. done with care, सावधानी-भरा, सतर्कतापूर्ण। 3. painstaking, श्रमसाध्य।

carefully (केअॅ:´-फु-ली) *adv.* cautiously, सावधानी से, सोच-समझकर।

careless (केअॅ:´-लिस्) *adj.* 1. inattentive, असावधान। 2. negligent, प्रमादी। 3. inconsiderate, अविचारी, अविचारपूर्ण।

carelessness (~ -निस्) *n.* the state of being careless, असावधानता, असावधानी, प्रमाद।

caress (कॅ-रॅस्´) *n.* 1. a gentle touch or gesture of fondness, लाड़, दुलार, लाड़-प्यार। 2. a kiss, चुंबन। *v.* (caressed, caressing) 1. to touch lovingly, लाड़ करना, प्यार करना, दुलराना। 2. to kiss, चुंबन लेना, चूमना।

caret (कैर्´-इट्) *n.* a proof-reading mark (^) to show omission, काकपद, लोपचिह्न।

caretaker (केअॅ:´-टे-कॅ:) *n.* a person who looks after a house, school or land when the owner is absent, मालिक की गैरहाजिरी में, देख-भाल करनेवाला।

caretaker government *n.* a government holding office temporarily till another is elected, अस्थायी सरकार, कामचलाऊ सरकार।

careworn (केअॅ:´-वो:न्, केअॅ:-वार्न्) *adj.* showing signs of worry, चिंताग्रस्त।

cargo (का:´-गो) *n.* the freight carried by a ship, plane or vehicle, माल।

cargo ship *n.* the ship that carries goods, मालवाहक जहाज़, मालपोत।

caribou (कैर्´-इ-बू) *n.* an American reindeer, एक तरह का बड़ा अमरीकी हिरन।

caricature (कैर्´-इ-कॅ-चॅ:) *n.* a pictorial representation of someone or something that exaggerates certain characteristics for comic effect, व्यंग्य चित्र, विरूपचित्र, विरूपचित्रण। *v.* (caricatured, caricaturing) to make a caricature of, विरूपचित्र द्वारा हँसी उड़ाना, व्यंग्यचित्र बनाना।

caries (कॅंअर्´-ईज़्) *n.* 1. decay of a bone, अस्थिक्षय। 2. decay of a tooth, दंतक्षय।

carillon (कैर्´-इ-लॉन्) *n.* a set of bells in a tower, घंटिका-वृंद, घंटवृंद।

carious (कॅंअर्´-इ-अॅस्) *adj.* suffering from caries, क्षयी, क्षयग्रस्त, क्षयमान।

carload (का:´-लोड्) *n.* the amount a car is able to carry, गाड़ी-भर बोझ, गाड़ी का बोझ।

carmine (का:´-माइन्) *adj.* having deep red colour, किरमिजी। *n.* a deep red colour, किरमिजी रंग।

carnage (का:´-निज्) *n.* massive slaughter, ख़ून-ख़राबा, मारकाट, नरसंहार।

carnal (का:´-नॅल्) *adj.* 1. bodily, शारीरिक। 2. sensual, sexual, यौन-संबंधी; carnal pleasures, भोगविलास।

carnation (का:-ने´-शॅन्) *n.* a plant and its flower, कार्नेशन। *adj.* pink, गुलाबी।

carnelian (का:-नील्´-यॅन्) *n.* = cornelian.

carnival (का:´-नि-वॅल्) *n.* a fete, आनंदोत्सव, आनंद-मेला।

carnivore (का:´-नि-वो:) *n.* a flesh eating animal, मांसाहारी जीव, मांसभक्षी।

carnivorous (का:´-निव्-अॅ-रॅस्) *adj.* feeding on flesh, मांसाहारी, मांसभक्षी।

carny (का:´-नी) *n.* a carnival, आनंदोत्सव, आनंद-मेला।

carol (कैर्´-अॅल्) *n.* 1. a joyful song, आनंदगान, आनंदगीत। 2. a hymn, भजन।

carotid (कॅ-रॉट्´-इड्) *n.* either of the two major arteries in the neck that carry blood to the head, ग्रीवाधमनी।

carousal (कॅ-रॉउज्´-अॅल्) *n.* drinking and merry-making, सुरापान और आमोद-प्रमोद।

carouse (कॅ-रॉउज्´) *v.* (caroused, carousing) to drink excessively, ख़ूब मदिरापान करना।

carousel (कैर्´-अॅ-सॅल्) *n.* a circular moving belt that rotates like a merry-go-round, दोलन-पट्टी।

carp[1] (का:प्) *n.* a freshwater fish, एक तरह की मछली।

carp[2] (का:प्) *v.* (carped, carping) 1. to find fault, मीन-मेख या दोष निकालना। 2. to complain continuously and unnecessarily, बराबर और बेवजह शिकायत करते रहना।

carpal (का:´-पॅल्) *adj.* of the wrist or the bones in the wrist, कलाई-संबंधी।

car park *n.* a place for parking the cars, कार पार्क।

carpel (का:´-पॅल्) *n.* the pistil of a flower, गर्भकेसर।

carpenter (का:´-पॅन्-टॅ:) *n.* one who makes and repairs wooden furniture, बढ़ई। *v.* (carpentered, carpentering) to work as a carpenter, बढ़ई का काम करना, बढ़ईगीरी करना।

carpentry (का:´-पॅन्-ट्री) *n.* the art or work of a carpenter, बढ़ईगीरी।

carpet (का:´-पिट्) *n.* a woollen covering for a floor, कालीन, गलीचा। *v.* (carpeted, carpeting) to cover with a carpet, क़ालीन बिछाना।

carpet bag *n.* a travelling bag made of carpet fabric, मोटे कपड़े का थैला।

carpus (का:´-पॅस्) *n.* the wrist or the eight bones which make up the wrist, कलाई, मणिबंध।

carriage (कैर्´-इज्) *n.* 1. a four-wheeled horse-drawn passenger vehicle, टमटम। 2. a four-wheeled vehicle, चौपहिया गाड़ी, यान, वाहन। 3. the act of moving goods from one place to another, परिवहन, ढुलाई। 4. the freight, भाड़ा। 5. a movable part of a machine, मशीन का सचल पुर्ज़ा। 6. the posture of the body, चाल-ढाल, ठवन, मुद्रा। 7. structure, ढाँचा। 8. management, प्रबंध, व्यवस्था।

carrier (कैर्´-इ-अॅ:) *n.* 1. a person who carries goods, कुली, भारवह। 2. a vehicle that carries goods, माल ढोनेवाली गाड़ी, छकड़ा। 3. an extra seat on a cycle, कैरियर। 4. a person or thing that carries something, वाहक, हरकारा। 5. one who transmits germs to others, रोगवाहक।

carrier pigeon *n.* a homing pigeon trained to carry messages, संदेशवाहक कपोत।

carrion (कैर्´-इ-अॅन्) *n.* 1. rotten flesh, सड़ा-गला मांस। 2. something rotten, सड़ा-गला पदार्थ।

carrot (कैर्´-अॅट्) *n.* a plant and its root, गाजर। □ **the carrot and the stick,** the hope of reward and threat of punishment, पुरस्कार और तिरस्कार (दोनो)।

carroty (कै´-रॅ-टी) *adj.* 1. of a reddish colour, लाल। 2. having red hair, जिसके लाल बाल हों।

carrousel (कैर्´-अॅ-सॅल्) *n.* = carousel.

carry (कैर्´-ई) *v.* (carried, carrying) 1. to take something from one place to another, उठाकर ले जाना, लादकर ले जाना, वहन करना, ढोना, पहुँचाना। 2. to keep or have on one's person, पास या साथ रखना। 3. to bear, सँभालना, उठाना। 4. to involve, to entail, लगा रहना, संयुक्त होना; The crime carries a life sentence, इस जुर्म की सज़ा उम्रक़ैद है। 5. to extend, बढ़ाना, खींचना; Don't carry modesty too far, विनम्रता की अति मत करो। 6. to bring or communicate, लाना, बतलाना।

7. to win or capture, जीतना, पराभूत करना, क़ब्ज़े में करना। 8. to secure the passage of a bill, motion etc., पारित करना। 9. to cover a range, दूरी तय करना। 10. to include or contain (as the content), शामिल करना, सम्मिलित करना। 11. to print or broadcast, मुद्रित या प्रसारित करना। 12. to move in a certain way, आचरण करना; She carries herself with dignity, उसके व्यवहार में शालीनता है। 13. to be pregnant, गर्भवती होना। 14. to offer for sale, बिक्री के लिए उपलब्ध कराना। 15. to keep in stock, स्टॉक में रखना। □ **be carried away,** to be very excited, (i) उद्विग्न या उत्तेजित होना, आपे से बाहर होना; (ii) to delight, आनंदमग्न होना; **carry away,** to remove forcefully, उठा ले जाना, बहा ले जाना, ज़बरदस्ती हटा देना; carry conviction (arguments etc, दलील आदि) जँचना, ठीक लगना, कायल करना; **carry forward,** to transfer to the next page or column, आगे ले जाना, आगे बढ़ाना; **carry off,** (i) to win, जीत लेना; (ii) to deal with successfully, निर्वहण करना, निभाना; (iii) to cause the death of, मार डालना; **carry on,** to continue, चलाए चलना, जारी रखना; Carry on with your work. अपना काम जारी रखें; **carry on with,** to have an affair with, इश्कबाज़ी करना, लगाव बनाए रखना; **carry out,** (i) to implement, कार्यान्वित करना, निष्पादन करना; (ii) to accomplish, निष्पन्न करना; (iii) to follow or obey, अनुसरण करना, पालन करना; **carry over,** (i) to postpone, स्थगित करना; (ii) to carry forward, आगे ले जाना, आगे बढ़ाना; **carry the day** विजयी होना, सफल होना; **carry through** (i) to bring to completion, पूरा करना, संपन्न करना; (ii) to sustain, सँभालना, निकाल ले जाना; **carry weight,** to be influential, प्रभावी होना, महत्त्व रखना।

carry-all (कैर्´-ई-आ:ल्) *n.* a large or roomy bag, बड़ा थैला।

carry-on (कैर्´-ई-ऑन्) *n.* a small bag that can be carried aboard a plane, वह थैला या छोटा सूटकेस जिसे विमान में अपने साथ रख सकते हों।

carry-out (कैर्´-ई-आउट्) *adj.* taken out, जिसे साथ ले जाया जा सकता हो।

carsick (का:´-सिक्) *adj.* nauseated from riding in a car, जिसे कार में बैठने पर घबराहट महसूस होती हो, सिर चकराता हो या उल्टियाँ होती हों।

cart (का:ट्) *n.* a two-wheeled vehicle used for carrying loads, छकड़ा, ठेला, गाड़ी। □ **put the cart before the horse,** to reverse the usual order, उलटा काम करना। *v.* (carted, carting) 1. to carry in a cart, छकड़े या गाड़ी द्वारा ढोना। 2. to remove, ले जाना, हटा देना।

cartage (का:´-टिज्) *n.* 1. the act of transporting by cart, ढुलाई। 2. the cost of transporting by cart, गाड़ी-भाड़ा।

carte blanche (का:ट्´-ब्लान्च्) *n.* full or unrestricted authority, पूर्ण या असीम अधिकार। (फ्रांसीसी)

cartel (का:´-टॅल्) *n.* 1. an association of business organisations, उद्योग-संघटन। 2. combination of political groups for common action, राजनीतिक दलों का गठबंधन।

carter (का:ट्´-अ:) *n.* one who drives a cart, गाड़ीवान।

carthorse (का:ट्´-हा:स्) *n.* a horse that pulls a cart, गाड़ी में जोतने का घोड़ा।

cartilage (का:´-टि-लिज्) *n.* an elastic tissue found round the joints, कार्टिलेज, कुरकुरी, उपास्थि।

cartilaginous (का:-टि-लैज्´-इ-नॅस्) *adj.* of or pertaining to the cartilage, उपास्थीय।

cartographer (का:´-टॉग्´-रॅ-फ़ॅ:) *n.* an expert in cartography, मानचित्रकार।

cartography (का:-टॉग्´-रॅ-फ़ी) *n.* art of drawing maps, charts etc., मानचित्रण।

carton (का:´-टॅन्) *n.* 1. a cardboard box for containing goods, गत्ता बॉक्स, गत्ते का डिब्बा, कार्टन। 2. the amount it contains, बक्सा-भर सामान।

cartoon (का:-टून्´) *n.* 1. a satirical drawing

or caricature, व्यंग्यचित्र, कार्टून। 2. a sketch, रेखाचित्र।

cartoonist (का:-टू´-निस्ट्) *n.* an artist who draws cartoons, व्यंग्य चित्रकार।

cartridge (का:´-ट्रिज्) *n.* a metal case containing explosive and a bullet for a rifle etc., कारतूस।

cartridge belt *n.* a belt worn round the waist or over the shoulder to carry a number of cartridges, कारतूस की पेटी।

cartwheel (का:ट्´-ह्वील्) *n.* 1. the wheel of a cart, गाड़ी का पहिया। 2. an acrobatic movement, एक प्रकार की कलाबाज़ी।

carve (का:व्) *v.* (carved, carving) 1. to form or inscribe by cutting or chipping wood, stone etc., तराशना, खुदाई करना, नक़्क़ाशी करना; पत्थर आदि को कुरेदकर या छील-गढ़ कर मूर्ति बनाना। 2. to divide into pieces, टुकड़े करना। ☐ **carve out,** to make or create, बनाना, रचना, निर्मित करना; He carved out his own future, उसने अपना भविष्य स्वयं बनाया।

carving (का:´-विंग्) *n.* something made by cutting or chipping, तराश कर बनाई गई मूर्ति, नक़्क़ीदार वस्तु, छील-गढ़कर तैयार की गई वस्तु।

carwash (का:´-वॉश्) *n.* a place where automobiles are washed, कारों का धुलाई-घर।

caryatid (कैर्-ई-ऐट्´-इड्) *n.* a pillar with female figure, परीस्तंभ, नारीस्तंभ।

casaba (कॅ-सा´/सै´-बॅ) *n.* a sweet muskmelon, एक प्रकार का मीठा ख़रबूज़ा।

casanova (कैस्-ॲ-नो´-वॅ) *n.* a man reputed for having many love affairs, प्रेमप्रपंचों में पड़ा हुआ, प्रेमप्रपंची।

cascade (कैस्-केड्´) *n.* 1. a waterfall, झरना, जल-प्रपात। 2. something falling like this, प्रपात, झरना। *v.* (cascaded, cascading) 1. to fall like a cascade, झरने की तरह गिरना। 2. to flow like a waterfall, झरने की तरह बहना।

case[1] (केस्) *n.* 1. a specific instance, an example of something, उदाहरण। 2. an occurrence of disease or injury, बीमारी की घटना, हादसा। 3. a person attended by a doctor, solicitor etc., मुवक्किल। 4. a question, problem or matter, समस्या, विषय, मामला। 5. a law suit, मुकदमा, वाद। 6. something being investigated by police, मामला। 7. a set of facts or arguments, तथ्यों या तर्कों का समूह। 8. the form of a noun or pronoun that shows its relation to another word, कारक। ☐ **as a special case,** ख़ास लिहाज़ करते हुए; **in any case,** no matter what, हर हालत में; **in case,** lest something should happen, यदि, यदि ऐसा हुआ तो, ऐसी हालत होने पर; **in no case,** under no circumstances, कदापि नहीं, हरगिज़ नहीं; **make out a case for,** पक्ष में दलील देना; He made a case for opening a school there, उसने वहाँ स्कूल खोलने के पक्ष में तर्क प्रस्तुत किए।

case[2] (केस्) *n.* 1. a container or suitcase, बक्सा, बक्स, पेटी। 2. an outer cover, डिब्बा। 3. a covering, आवरण। 4. a compartmented wooden tray for storing printing types, केस। *v.* (cased, casing) 1. to enclose in a case, बक्स में बंद करना। 2. to examine (in planning a crime), देखना-भालना।

casebook (केस्´-बुक्) *n.* a record of legal or medical cases, विधि या चिकित्सा-संबंधी मुकदमों या मामलों की पुस्तक या संकलन।

casebound (केस्´-बॉउन्ड्) *adj.* in hard cover, पक्की जिल्दवाला।

case history *n.* a record of person's medical background, रोगीवृत्त।

case law *n.* law based on judicial decisions given in earlier case, दृष्टांत-विधि।

casement (केस्´-मॅन्ट्) *n.* 1. a window frame, खिड़की का ढाँचा। 2. a covering, आवरण।

case study *n.* a study of the personal histories and circumstances of a person, व्यक्तिवृत्त का अध्ययन।

cash (कैश्) *n.* 1. readily available money, नक़द, नक़दी, रोकड़; cash balance रोकड़ बाकी। 2. money in the form of currency,

रुपया-पैसा, मुद्रा; hard cash, नक़द। *v.* (cashed, cashing) 1. to exchange (a cheque etc.,) for cash, भुनाना। 2. to pay in cash, नक़द देना, नक़द चुकाना। □ **cash in,** to profit from, फ़ायदा उठाना, लाभ प्राप्त करना।

cashable (कैश्´-अ-बॅल्) *adj.* that can be cashed, जिसे भुनाया जा सके।

cashew (कैश्´-ऊ) *n.* a tree and its nut, काजू।

cashier[1] (कै-शिअॅ:) *n.* 1. a person responsible for money receipts and payments in a shop, रोकड़िया, मुनीम। 2. an official in a bank or office responsible for handling cash, ख़ज़ांची।

cashier[2] (कै-शिअॅ:) *v.* (cashiered, cashiering) to dismiss with disgrace, पदच्युत करना, बर्ख़ास्त करना, निकाल बाहर करना।

cashmemo (कैश्´-मॅम्-ओ) *n.* a memo for goods delivered against cash, कैशमेमो, नक़दी पुर्ज़ा।

cashmere (कैश्´-मीर्) *n.* a fine soft wool from Kashmir, कश्मीरी ऊन।

Cash register *n.* a register in which the money received and paid is recorded, रोकड़।

casing (के´-सिंग्) *n.* a protective case or cover, आवरण, खोल।

casino (कॅ-सी´-नो) *n.* a public building for gambling and other amusements, आमोदशाला, जुआघर।

cask (कैस्क्) *n.* 1. a barrel, पीपा। 2. the amount a cask holds, पीपा-भर सामान।

casket (कैस्´-किट्) *n.* 1. a small box or chest, संदूकची, मंजूषा। 2. a coffin, शवपेटिका, ताबूत।

casque (कैस्क्) *n.* a medieval helmet, मध्ययुगीन शिरस्त्राण।

cassandra (कॅ-सैन्´-ड्रॅ) *n.* a person who makes evil prophecies, अनिष्टकारक भविष्यवाणी करनेवाला, कलमुँहाँ व्यक्ति।

casserole (कैस्´-अॅ-रोल्) *n.* a covered dish in which food is cooked and served, पतीला, बटलोई की तरह का बर्तन।

cassette (कॅ-सेंट्´) *n.* a small container for magnetic tape, कैसेट।

cassock (कैस्´-ॲक्) *n.* a long garment worn by certain clergymen, लबादा।

cassowary (कैस्´-ॲ-वॅर्-ई) *n.* a flightless bird of Australia, आस्ट्रेलिया का शुतरमुर्ग-जाति का उड़ने में अक्षम किंतु तेज़ भागनेवाला पक्षी, कसोवरी।

cast (कास्ट्, कैस्ट्) *v.* (cast, casting) 1. to throw or drop, फेंकना, डालना। 2. to throw off, to remove, फेंकना, छोड़ना, गिराना। 3. to give (one's vote), देना, डालना। 4. to turn or direct, मोड़ना, डालना; to cast a glance, दृष्टि डालना। 5. to select actors for a play or to assign a role to, पात्र बनाना, भूमिका निर्धारित करना। 6. to form by moulding, साँचे में ढालना। 7. to calculate, जोड़ना, बनाना; to cast a horoscope, जन्मपत्री बनाना। □ **cast about for,** to search in all directions, चारो तरफ़ खोजना या देखना; **cast aside**, to discard, छोड़ या निकाल देना; **cast down,** to lower in spirit, उदास होना; He was very cast down by the news of his friend's death. वह अपने मित्र की मृत्यु का समाचार सुनकर बहुत उदास हो गया; (ii) to upset, हतोत्साह करना। *n.* 1. an act of throwing, प्रक्षेपण। 2. something moulded, ढलवाँ पदार्थ। 3. a mould, साँचा। 4. a group of actors assigned roles, पात्र-सूची। 5. a hue, shade, रंगत। 6. outward appearance, शक्ल-सूरत। 7. something shed or thrown off, फेंकी, छोड़ी या उतारी हुई वस्तु। 8. a small pile of earth thrown out of the ground by worms, कीड़ों द्वारा खोदकर बनाई हुई मिट्टी की ढेरी।

castanets (कैस्-टॅ-नेंट्स्´) *n.* a pair of wood pieces clicked together in accompaniment to music, खड़ताल।

castaway (कैस्´-टॅ-वे) *adj.* 1. shipwrecked, जलयान से फेंका हुआ। 2. discarded, फेंका हुआ।

caste (का:स्ट्, कैस्ट्) *n.* 1. any of the major hereditary classes into which Hindu Society is divided, जाति, वर्ण।

casteism (का:स्´-टॅ-इज़्-ॲम्) *n.* the act of favouring the persons of one's own caste, जातिवाद।

castellated (कैस्´-टॅ-ले-टिड्) *adj.* having turrets like a castle, किले-जैसा, कंगूरेदार।

caster (कैस्´-टॅ:) *n.* a container with perforated top for sprinkling sugar, salt etc., वह डिबिया जिससे नमक, चीनी आदि छिड़कते हैं, नमकदानी, चीनीदानी।

caste system *n.* the hereditary division of Hindu Society based on class differences, जाति-प्रथा, वर्ण-व्यवस्था।

castigate (कैस्´-टि-गेट्) *v.* (castigated, castigating) to chastise severely, प्रताड़ित करना, डाँटना-फटकारना।

castigation (कैस्-टि-गे´-शॅन्) *n.* an act of castigating, प्रताड़न, डाँटना-फटकारना, डाँट-फटकार।

casting (का:स्´-टिंग्, कैस्´-टिंग्) *n.* 1. an object that has been cast, साँचे में ढली वस्तु। 2. the choosing of actors for a play, नाटक के लिए पात्रों का चुनाव, पात्र-चयन। 3. the list of such actors, पात्र-सूची। 4. something cast off, फेंकी हुई वस्तु।

cast iron *n.* a hard but easily breakable type of iron, कांति लोहा, ढलवाँ लोहा। *adj.* 1. made of cast iron, कांति लोहे का बना। 2. very hard, अत्यंत कठोर।

castle (कैस्´-ॲल्) *n.* 1. a fortified building or group of buildings, क़िला, दुर्ग। 2. the rook in chess, (शतरंज में) हाथी, रुख़।

castor oil *n.* an oil extracted from the seeds of a castor plant, एरंड या रेंडी का तेल।

castrate (कैस्´-ट्रेट्) *v.* (castrated, castrating) to remove the testicles, बधिया करना।

casual (कैज़्ह´-उ-ॲल्) *adj.* 1. happening by accident, आकस्मिक; casual leave, आकस्मिक छुट्टी। 2. informal, अनौपचारिक; casual clothes, अनौपचारिक वस्त्र। 3. irregular, अनियमित; casual labourers, अनियमित मजदूर।

casually (कैज़्ह´-उ-ॲ-ली) *adv.* by chance, यों ही, संयोग से, अकस्मात्।

casualness (कैज़्ह´-उ-ॲल्-निस्) *n.* the state of being casual, आकस्मिकता।

casualty (कैज़्ह´-उ-ॲल्-टी) *n.* 1. a person who is killed or wounded in an accident or war, हत या आहत, मृत या घायल व्यक्ति। 2. a disastrous accident, दुर्घटना।

casuist (कैज़्ह´-उ-इस्ट्) *n.* dishonest or insincere in reasoning, वाक्छली।

casuistry (कैज़्ह´-उ-इस्-ट्री) *n.* dishonest or insincere reasoning, वाक्छल।

casus belli (के´-सॅस्-बेल्-आइ) *n.* an act regarded as reason for war, युद्ध का कारण, युद्धकारण। (लैटिन)

cat (कैट्) *n.* 1. a small domesticated animal which catches rats, बिल्ली; a wild cat, जंगली बिल्ली। 2. a spiteful or malicious woman, ईर्ष्यालु या विद्वेषी स्त्री। □ **cat and dog life,** a life full of quarrels, लड़ाई-झगड़े का जीवन; **rain cats and dogs,** rain heavily, मूसलाधार वर्षा होना, भारी वर्षा होना; **let the cat out of the bag,** to tell a secret (often unintentionally, अनजाने ही) रहस्य प्रकट कर देना, भेद बतला देना।

catabolism (कॅ-टैब्´-ॲ-लिज़्-ॲम्) *n.* a metabolic process in which complex molecules are broken down into simple ones with the release of energy, अपचय।

cataclysm (कैट्´-ॲ-क्लिज़्-ॲम्) *n.* 1. a violent upheaval, भारी उथल-पुथल, विप्लव, क्रांति। 2. a violent disaster, तबाही।

catacomb (कैट्´-ॲ-कोम्) *n.* an underground chamber for graves, अंतर्भौम समाधि-स्थल।

catafalque (कैट्´-ॲ-फ़ैल्क्) *n.* a structure or platform on which a body lies during a funeral, अरथी-आधार, शव-मंच।

catalepsy (कैट्´-ॲ-लेप्-सी) *n.* a type of illness in which there is lack of awareness of environment and lack of response to external stimuli, मूर्च्छा, मिर्गी, अपस्मार।

catalogue, catalog (कैट्´-ॲ-लॉग्/ला:ग्) *n.* 1. a descriptive itemized list, सूचीपत्र। 2. a list, सूची। *v.* (catalogued, catalogu-

ing) to list in a catalogue, सूचीपत्र में सम्मिलित करना, सूचीपत्र में डालना, सूची बनाना।

cataloguer (कैट्´-अ-लॉग्-अः) *n.* one who lists in or makes a catalogue, सूचीपत्र-निर्माता, सूची-निर्माता, सूचीकार।

catalysis (कॅ-टैल्´-इ-सिस्) *n.* acceleration of a chemical reaction by the action of a catalyst, उत्प्रेरण।

catalyst (कैट्´-अ-लिस्ट्) *n.* a substance that increases the rate of a chemical reaction, उत्प्रेरक।

catalytic (कैट्-अ-लिट्´-इक्) *adj.* causing catalysis, उत्प्रेरक, उत्प्रेरकी।

catamaran (कैट्-अ-मॅ-रैन्´) *n.* a boat with two parallel hulls, दो पेटेवाली नौका।

catamount (कैट्´-अ-मॉउन्ट्) *n.* 1. a mountain lion, पहाड़ी शेर। 2. a lynx, बनबिलाब।

catapult (कैट्´-अ-पुल्ट्) *n.* an apparatus for hurling missiles, गुलेल। *v.* (catapulted, catapulting) to shoot forth from the catapult, गुलेल से गुलेला छोड़ना।

cataract (कैट्´-अ-रैक्ट्) *n.* 1. a large waterfall, बहुत बड़ा जलप्रपात। 2. partial or total opacity of the lens of the eye, मोतियाबिंद।

catarrh (कॅ-टाः´) *n.* inflammation of a nose accompanied by a watery discharge, जुकाम, नज़ला।

catarrhal (कॅ-टार्´-अल्) *adj.* of catarrh, जुकाम-संबंधी।

catastrophe (कॅ-टैस्´-ट्रॅ-फ़ी) *n.* a sudden disaster, आकस्मिक विपत्ति, महाविपत्ति, तबाही।

catastrophic (कैट्-अ-स्ट्रॉफ़्´-इक्) *adj.* causing or pertaining to a catastrophe, विपत्तिकारक, तबाही लानेवाला।

catatonic (कैट्-अ-टॉन्´-इक्) *adj.* suffering from catalepsy, मिर्गी से ग्रस्त, मिर्गी का रोगी।

catcall (कैट्´-काःल्) *n.* a cry or whistle expressing disgust or disapproval, (दर्शकों के रोष का सूचक) हुल्लड़, शोर-शराबा, हूटिंग। *v.* (catcalled, catcalling) to utter such a call at, हुल्लड़ करना, सीटी बजाना।

catch (कैच्) *v.* (caught, catching) 1. to capture, पकड़ लेना, पकड़ना। 2. to capture in a net or snare to entangle or get entangled, फाँस लेना, फँसा लेना, उलझा लेना; A bush caught her sari. उसकी साड़ी झाड़ी में उलझ गई। 3. to detect in an act, रँगे हाथ पकड़ लेना। 4. to hold a flying object, लपक लेना, पकड़ लेना। 5. to reach in time to board, (समय पर पहुँचकर गाड़ी या बस) पकड़ना। 6. to become infested with, पकड़ लेना, ग्रस्त होना; to catch a cold, सर्दी लग जाना। 7. to attract, आकृष्ट करना; She tried to catch his eyes, उस (लड़की) ने उस (लड़के) का ध्यान खींचने का प्रयास किया। 8. to grasp or comprehend, समझ जाना, बुद्धि में आना; I couldn't catch your meaning, मैं आपका मतलब समझ नहीं पाया। 9. to charm, सम्मोहित करना। 10. to see or hear, देखना, सुनना। 11. to hit, मारना; The blow caught him on the eye, मुक्का उसे आँख पर लगा। ☐ **catch on,** (i) to understand, समझना; (ii) to become popular, लोकप्रिय होना; **catch one's breath,** to stop breathing for a moment, क्षणभर के लिए साँस का रुक जाना; **catch up,** (i) to come from behind, पकड़ लेना; (ii) to bring up-to-date, (काम) पूरा कर देना। *n.* 1. the act of catching, पकड़ने की क्रिया या भाव। 2. something caught, पकड़ी हुई वस्तु। 3. a concealed difficulty or disadvantage, झंझट, परेशानी।

catcher (कैच्´-अः) *n.* one who catches, पकड़नेवाला।

catching (कैच्´-इंग्) *adj.* 1. attractive, आकर्षक। 2. alluring, लुभावना, मोहक। 3. contagious, संक्रामक, छुतहा।

catchment (कैच्-मॅन्ट्) *n.* the act of catching, पकड़ने की क्रिया या भाव।

catchment area *n.* the area from which a river gets its water, अपवाह-क्षेत्र, जलग्रहण-क्षेत्र।

catch phrase *n.* a frequently used phrase, ख़ूब प्रचलित पद।

catchy (कैच्´-ई) *adj.* 1. easily remembered, सहज-स्मरणीय। 2. deceptive, छलपूर्ण, कपटपूर्ण।

catechism (कैट्´-अॅ-किज़्-अॅम्) *n.* 1. a set or series of questions and answers (for Christian religious instruction), ईसाई धर्म की प्रश्नोत्तरी। 2. a set of questions and answers, किसी व्यक्ति से पूछे गए या पूछे जानेवाले प्रश्न, प्रश्नमाला।

catechist (कैट्´-अॅ-किस्ट्) *n.* a missionary who puts questions to a person (belonging to another religion), प्रश्नकर्ता।

catechize (कैट्´-अॅ-काइज़्) *v.* (catechized, catechizing) to put a series of questions to another, प्रश्न करना, प्रश्न करते चलना।

catechumen (कैट्-अॅ-क्यू´-मॅन्) *n.* a convert receiving religious instruction before baptism, नया ईसाई, नवख़ीस्त।

categorical (कैट्-अॅ-गॉर्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. unconditioal, without conditions, बिना शर्त का, दोटूक, सुनिश्चित, सुस्पष्ट। 2. of a category, वर्गीय।

categorically (कैट्-अॅ-गॉर्´-इ-कॅ-ली) *adv.* clearly, स्पष्ट रूप से।

categorization (कैट्-अॅ-गॅ-रि-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of categorizing, श्रेणीकरण, श्रेणीबंधन।

categorize (कैट्´-अॅ-गॅ-राइज़्) *v.* (categorized, categorizing) to put in a category, श्रेणी में रखना, श्रेणीबद्ध करना।

category (कैट्´-अॅ-गॅ-री) *n.* a class or group, श्रेणी, वर्ग, जमात, कोटि, संवर्ग।

catenary (कैट्´-अॅ-नॅर्-ई) *n.* a curve formed by a hanging chain fixed at two points, झूलन, झूला। □ **catenary bridge** झूलना पुल।

cater (के´-टॅ:) *v.* (catered, catering) to provide and serve food and drink, खाने-पीने को देना, परोसना, खान-पान का प्रबंध करना।

caterer (के´-टॅर्-अॅ:) *n.* a person who supplies food and drink at parties, केटरर, भोज-प्रबंधक।

catering (के´-टॅ-रिंग्) *n.* the act of supplying food and drink at parties, खान-पान व्यवस्था, भोज-व्यवस्था।

caterpillar (कैट्´-अॅ:-पिल्-अॅ:) *n.* a larva of a moth, सूँडी, इल्ली।

caterwaul (कैट्´-अॅ:-वा:ल्) *v.* 1. to make a loud catlike sound, बिल्ली की तरह म्याऊँ म्याऊँ करना। 2. to quarrel angrily, झगड़ना, लड़ना-झगड़ना।

catfish (कैट्´-फ़िश्) *n.* a fish having whiskers around the mouth, मूँछदार मछली।

catgut (कैट्´-गॅट्) *n.* a cord made from the dried intestines of a sheep or goat, ताँत।

catharsis (कॅ-था:´-सिस्) *n.* 1. purgation, जुलाब, रेचन। 2. an action of releasing strong suppressed feelings through a work of art, दबी हुई भावनाओं की अभिव्यक्ति, भावविरेचन।

cathartic (कॅ-था:´-टिक्) *adj.* of or producing catharsis, रेचक, दस्तावर; भावविरेचक।

cathedral (कॅ-थी´-ड्रॅल) *n.* 1. the principal church of a diocese, धर्मप्रांत का मुख्य गिरजाघर, कथेड्रिल। 2. cathedral utterance, गिरजे के मुख्य आसन से दिया गया प्रवचन।

catherine wheel (कैथ्´-अॅ-रिन्-ह्वील्) *n.* a rotating firework, चर्खी।

catheter (कैथ्´-अॅ-टॅ:) *n.* a tube inserted in a bodily cavity for putting in or taking out liquids, रबर की नली, कैथीटर।

catheterize (कैथ्´-अॅ-टॅ-राइज़्) *v.* (catheterized, catheterizing) to insert a catheter into, नली लगाना।

cathode (कैथ्´-ओड्) *n.* a negatively charged electrode, ऋणाग्र।

Catholic *n.* a member of the Roman Catholic Church, कैथोलिक ईसाई। *adj.* of Catholics, कैथोलिक।

catholic (कैथ्´-अॅ-लिक्) *adj.* 1. universal, सनातन, सामान्य, विश्वीय। 2. broadminded, उदारमना, सहिष्णु।

Catholicism (कॅ-थॉल्´-इ-सिज़्-अॅम्) *n.* the doctrine of the Roman Catholic Church, कैथोलिकवाद।

catholicity (कैथ्-अॅ-लिस्´-इ-टी) *n.* 1. broadmindedness, उदारता, सहिष्णुता। 2. = catholicism.

cation (कैट्´-आइ-अॅन्) *n.* an ion having a positive charge, धनायन।

catkin (कैट्´-किन्) *n.* a spike like bunch of flower, मंजरी।

catling (कैट्´-लिंग्) *n.* a young one of a cat, बिल्ली का बच्चा, बिलौटा।

catnap (कैट्´-नैप्) *n.* a light sleep, झपकी।

catnip (कैट्´-निप्) *n.* an aromatic plant, पुदीना।

cat-o-nine tails *n.* a whip of nine cords, नौ लड़ोंवाला चाबुक, नौलड़ा चाबुक।

cat's eye *n.* a gem reflecting light, लहसुनिया।

cat's paw *n.* a person used by another as a tool, दूसरे की उँगलियों पर नाचनेवाला व्यक्ति।

catsup (कैट्´-सॅप्) *n.* = ketchup.

cattiness (कैट्´-इ-निस्) *n.* spite, ईर्ष्या, डाह।

cattle (कैट्´-अॅल्) *n.* (plu.) large four-footed horned mammals, मवेशी, डंगर, ढोर, गाय-भैंस; cattle pound काँजी हाउस; cattle raising पशुपालन।

catty (कैट्´-ई) *adj.* spiteful, ईर्ष्यालु, विद्वेषी, डाह करनेवाला।

catty-cornered (कैट्´-इ-कॉ:-नॅ:ड्) *adv.* diagonally, विकर्णत:।

catwalk (कैट्´-वा:क्) *n.* a narrow walk along a bridge, पुल के किनारे का सँकरा रास्ता।

Caucasian (का:-के´-शॅन्/ज़्हॅन्) *n.* a member of the light-skinned division of humanity, काकेशस का निवासी।

caucus (का:´-कॅस्) *n.* 1. a meeting of a small group of political party leaders to decide policy etc., पार्टी के कुछ नेताओं की बैठक। 2. those who attended the caucus, गुट के लोग। *v.* (caucused, caucusing) to hold a caucus, गुट की बैठक करना।

caudal (का:´-डॅल्) *adj.* at or near the tail, पूँछ का, पुच्छीय।

caudate (का:´-डेट्) *adj.* having a tail, पूँछवाला, दुमदार, पुच्छल।

caudillo (का:-डील्´-यो) *n.* a dictator, अधिनायक।

caught (का:ट्) *v.* p.t. & p.p. of catch.

caul (का:ल्) *n.* a membrane which covers the baby before birth, जरायु, खेड़ी।

cauldron (का:ल्´-ड्रॅन्) *n.* a large open metal pot, कड़ाहा, हंडा।

cauliflower (का:´-लि-फ़्लॉउ-अॅ:) *n.* a cabbage like plant, फूलगोभी।

caulk (का:क्) *v.* (caulked, caulking) to make (pipes) tight against leakage by sealing, रिसाव बंद करना, दरज भरना, पुटीन लगाना।

causal (का:´-ज़ल्) *adj.* being or constituting a cause, जो कारण के रूप में हो, कारणात्मक।

causality (का:-ज़ैल्´-इ-टी) *n.* the relationship between a cause and its effect, कार्य-कारण-संबंध।

causation (का:-ज़े´-शॅन्) *n.* 1. causality, कार्य-कारण-संबंध। 2. the causing of an effect, कार्योत्पादन।

causative (का:´-ज़ॅ-टिव्) *adj.* 1. acting as a cause, कारणात्मक। 2. showing that the subject of a verb is the cause of an action, प्रेरणार्थक।

cause (का:ज़्) *n.* 1. a thing or person which produces an effect, कारण। 2. a reason, कारण; There is no cause for anxiety, चिंता का कोई कारण नहीं। 3. a goal or principle, उद्देश्य, सिद्धांत। 4. the ground for legal action, वाद-विषय, वादकारण। □ **make a common cause with,** to take action together for a particular purpose, साथ मिलकर किसी उद्देश्य की पूर्ति में लगना; **show cause,** to give a good reason, कारण बतलाना। *v.* (caused, causing) 1. to be the cause of, कारण होना या बनना। 2. to produce, उत्पन्न करना, पैदा करना। 3. to make happen, अस्तित्व में लाना, घटित करना, क्रियान्वित करना।

cause celebre (कोज़्´-से-लेंब्´-रॅ) *n.* a case or issue that arouses heated debate, प्रसिद्ध या सनसनीखेज मुकदमा। (फ्रांसीसी)

causeless (का:ज़्´-लिस्) *adj.* having no known cause, अकारण, बिना कारण का।

causelist (का:ज़्´-लिस्ट्) *n.* a list of causes, वादसूची।

causeway (का:ज़्´-वे़) *n.* a raised roadway across water or marshland, सेतुपथ।

caustic (का:स्´-टिक्) *adj.* 1. able to burn, corrode or dissolve, क्षारक, कास्टिक। 2. bit-

ter, कटु, कड़वा, अप्रिय। *n.* a caustic substance, क्षार।

cauterize (का:´-टॅ-राइज़्) *v.* (cauterized, cauterizing) to burn with a hot iron rod, दग्ध करना, जलाना, दागना।

caution (का:´-शॅन्) *n.* 1. something intended or serving as a warning, चेतावनी। 2. alertness, सावधानी, अवधान; caution money अवधान राशि। *v.* (cautioned, cautioning) to warn to be careful, to put on guard, सावधान या सचेत करना, चेतावनी देना।

cautionary (का:-शॅ-नॅर्-ई) *adj.* 1. giving a warning, चेतावनी देनेवाला, चेतावनी-भरा। giving advice, मंत्रणासूचक।

cautious (का:´-शॅस्) *adj.* showing or having caution, सावधान, या सावधानी-भरा, सर्तक या सतर्कतापूर्ण।

cautiously (~ -ली) *adv.* in a cautious manner, सावधानी से, सतर्कतापूर्वक।

cautiousness (का:´-शॅस्-निस्) *n.* the state or quality of being cautious, सतर्कता, सावधानी।

cavalcade (कैव्´-ॲल्-केड्) *n.* 1. a procession of horsemen, carriages, vehicles etc, घुड़सवारों का जुलूस, मोटर-गाड़ियों की शोभायात्रा। 2. a colourful procession, जुलूस, शोभायात्रा।

cavalier (कैव्-ॲ-लिअ:) *n.* 1. a horseman, अश्वारोही। 2. an armed horseman, सशस्त्र अश्वारोही। 3. a man escorting a woman, महिला की रक्षा के लिए उसके साथ चलनेवाला व्यक्ति। *adj.* 1. haughtly, घमंडी। 2. arrogant, अक्खड़। 3. offhand, गुस्ताखी-भरा।

cavalry (कैव्´-ॲल्-री) *n.* an army of horsemen, अश्वारोही सेना, घुड़सवार सेना।

cavalryman (कैव्´-ॲल्-रि-मॅन्) *n.* a soldier who fights on horseback, अश्वारोही सैनिक।

cave (केव्) *n.* a deep natural hollow place, गुफा, कंदरा, ख़ंदक। *v.* (caved, caving) 1. to collapse, ध्वस्त हो जाना, भर्रा जाना, ढह जाना। 2. to yield, झुक जाना, आत्मसमर्पण कर देना।

caveat (कैव्´-ई-ऐट्) *n.* 1. a legal warning to a judicial officer to suspend a proceeding until the opposition has a hearing, विपक्ष की सुनवाई तक कार्यवाही रोकने के लिए कानूनी चेतावनी। 2. a warning against certain acts or practices, कुछ कार्यों के विरुद्ध चेतावनी।

cave-in (केव्´-इन्) *n.* 1. the act of collapsing, ध्वंस। 2. a site at which earth has fallen inward, धँसाव।

caveman (कैव्´-मॅन्) *n.* 1. one who lives in a cave, गुफावासी, कंदरावासी। 2. a rough and rude person, जंगली।

cavern (कैव्´-ॲ:न्) *n.* a large cave, बड़ी गुफा, गहरी कंदरा।

cavernous (कैव्´-ॲ:न्-ॲस्) *adj.* 1. containing many caves, गुफाओं से भरा। 2. large and deep, बड़ा और गहरा।

cavil (कैव्´-इल्) *v.* (caviled, caviling) to raise trivial objections, नुक्ताचीनी करना, व्यर्थ आपत्ति करना। *n.* a trivial objection, छोटी-मोटी आपत्ति।

cavity (कैव्´-इ-टी) *n.* a hollow or hole, छिद्र, खोड़, गड्ढा।

cavort (कॅ-वॉ:ट्´) *v.* (cavorted, cavorting) to jump or dance about noisily. उछल-कूद मचाना, हुड़दंग मचाना।

caw (का:) *n.* the hoarse cry of a crow, काँवकाँव, काँकाँ। *v.* (cawed, cawing) to make this sound, काँवकाँव करना।

cay (के) *n.* a small island of sand or rocks, छोटा रेतीला या चट्टानी टापू।

cayenne (काइ-ॲन्´) *n.* powdered red pepper, पीसी लाल मिर्च।

cease (सीस्) *v.* (ceased, ceasing) 1. to come to an end, ख़त्म होना, बंद होना, रुक जाना। 2. to bring to an end, ख़त्म करना, बंद करना, रोक देना। *n.* the act of ceasing, समाप्ति, खात्मा। ☐ **without cease,** without ceasing, बिना रुके या बंद हुए, लगातार, निरंतर।

cease-fire (सीस्´-फ़ाइ:) *n.* 1. a suspension of active hostilities, लड़ाई-बंदी, युद्धस्थगन, युद्धविराम। 2. a truce, विरामसंधि।

ceaseless (सीस्´-लिस्) *adj.* unending, continuous, endless, निरंतर, लगातार, अनवरत, बराबर।

ceaselessly (~ -ली) *adv.* endlessly, अनवरत रूप से, बराबर, लगातार।

ceaselessness (~ -निस्) *n.* the state of being ceaseless or endless, निरंतरता।

cecum (सी´-कॅम्) *n.* a tube-like part in an animal body, थैली की तरह का अंग।

cedar (सी´-डॅः) *n.* a tall evergreen tree, देवदार।

cede (सीड्) *v.* (ceded, ceding) to relinquish, छोड़ देना, दे देना, समर्पित कर देना।

cedilla (सि-डिल्´-अॅ) *n.* a mark placed beneath the letter c in some languages, सिडिल्ला।

ceiling (सी´-लिंग्) *n.* 1. the undersurface of the top of a room, छत, भीतरी छत; ceiling fan, छत का पंखा। 2. an upper limit, उच्चतम सीमा। 3. the highest level at which a plane can fly safely, वह उच्चतम सीमा जहाँ तक विमान का उड़ना सुरक्षित समझा जाता हो।

celandine (सॅल्´-अॅन्-डाइन्) *n.* a plant and its yellow flower, सेलनडाइन, पीले फूलों का पौधा।

celebrant (सॅल्´-अॅ-ब्रन्ट्) *n.* a priest, याजक, पुरोहित, कर्मकांडी।

celebrate (सॅल्´-अॅ-ब्रेट्) *v.* (celebrated, celebrating) 1. to observe (a day or event), (दिन या त्योहार) मनाना। 2. to make merry at such occasions, आनंद मनाना। 3. to perform (a religious ceremony), (उत्सव) मनाना, (अनुष्ठान) करना। 4. to praise, प्रशंसा करना।

celebrated (सॅल्´-अॅ-ब्रे-टिड्) *adj.* famous, well-known, प्रसिद्ध, मशहूर, विख्यात।

celebration (सॅल्-अॅ-ब्रे´-शॅन्) *n.* 1. the act of celebrating, मनाने की क्रिया या भाव, अनुष्ठान। 2. an occasion of celebrating, समारोह, उत्सव, मेला।

celebrity (सॅ-लॅब्´-रि-टी) *n.* 1. a famous person, प्रसिद्ध व्यक्ति, यशस्वी व्यक्ति। 2. fame, प्रसिद्धि, यश, ख्याति।

celerity (सॅ-लॅर्´-इ-टी) *n.* 1. swiftness, तेज़ी, शीघ्रता। 2. speed, गति, वेग।

celery (सॅल्´-अॅ-री) *n.* a garden plant, अजवायन।

celestial (सॅ-लॅस्´-चल्) *adj.* 1. of or belonging to the sky, आकाशस्थ, खगोलीय। 2. of heaven, दिव्य, स्वर्गीय।

celibacy (सॅल´-इ-बॅ-सी) *n.* the state or condition of being celibate, कुँआरापन, ब्रह्मचर्य।

celibate (सॅल्´-इ-बिट्) *adj.* unmarried, कुँआरा ब्रह्मचारी। *n.* an unmarried person, कुँआरा आदमी या कुँआरी औरत।

cell (सॅल्) *n.* 1. a narrow small room, कोठरी। 2. a very small division of living matter able to act independently, कोशिका, कोशाणु। 3. a small group of a political organisation, सेल। 4. a device for producing electric current by chemical action, सेल।

cellar (सॅल्´-अॅः) *n.* 1. a basement, गर्भगृह। 2. an underground room, तहख़ाना। 3. a store of wine, शराब-घर।

cellist (चॅल्´-इस्ट्) *n.* a person who plays the cello, चेलोवादक।

cello (चॅल्-ओ) *n.* an instrument like a large violin, चेलो।

cellophane (सॅल्´-अॅ-फ़ेन्) *n.* a thin transparent material used as a moisture-proof wrapping, सेलोफेन, अमरी।

cellular (सॅल्´-यॅ-लॅः) *adj.* made of cells, कोशिकीय।

celluloid (सॅल्´-यु-लॉइड्) *n.* a type of plastic. सेलोलायड, जिसका उपयोग सिनेमा की फिल्में बनने में होता है

cellulose (सॅल्-यु-लोस्) *n.* an organic substance used in making plastics, प्लास्टिक बनाने का एक जैविक पदार्थ।

Celsius (सॅल्´-सि-अॅस्) *adj.* centigrade, सेल्सियस, सेंटिग्रेड।

Celtic (कॅल्ट्´-इक्) *adj.* of the Celts, केल्ट जाति-संबंधी।

cement (सि-मॅन्ट्´) *n.* 1. a building material of powdered rocks, clay, limestone etc., सीमेंट। *v.* (cemented, cementing) 1. to cover or coat with cement, सीमेंट से पक्का करना, सीमेंट करना। 2. to bind with or as if

with cement, जोड़ना, बाँध देना, पक्का या दृढ़ करना।

cementation (सि-मेंन्-टे´-शॅन्) *n.* 1. act of cementing, सीमेंट से पक्का करने का कार्य। 2. an act of uniting, एक करने का कार्य, एकता-स्थापन।

cemetery (सॅम्´-अॅट्-री, सॅम्´-इ-टॅर्-ई) *n.* a graveyard, क़ब्रिस्तान।

cenotaph (सॅन्´-अॅ-टैफ़्) *n.* a monument erected in honour of a dead person buried elsewhere, स्मारक।

Cenozoic era *n.* an era marked by the appearance of birds and mammals, पक्षी युग, स्तनपायी युग।

censer (सॅन्´-सॅ:) *n.* a container in which incense is burned, धूपदान।

censor (सॅन्´-सॅ:) *n.* an official who examines news, films, private letters etc. with the power to remove anything harmful, नियंत्रक, सेंसरकर्ता। *v.* (censored, censoring) to examine (newspapers, books, films etc.) with the intention of removing anything offensive, सेंसर करना।

censorious (सॅन्-सोर्´-इ-अॅस्) *adj.* severely critical, घोर आलोचनात्मक, छिद्रान्वेषी।

censorship (सॅन्´-स:-शिप्) *n.* 1. the act or process of censoring, नियंत्रण-व्यवस्था, सेंसर-व्यवस्था। 2. the office of the censor, सेंसरकर्ता का पद।

censurable (सॅन´-शॅर्-अॅ-बॅल्) *adj.* deserving to be censured, निंदनीय, दोषपूर्ण, आलोचनीय।

censure (सॅन्´-शॅ:) *n.* 1. strong criticism, कड़ी आलोचना, फटकार। 2. strong condemnation, घोर निंदा या दोषारोपण। 3. an expression of disapproval, असहमति। *v.* (censured, censuring) 1. to rebuke, फटकारना, भर्त्सना करना। 2. to blame, दोषारोपण करना, दोष लगाना।

censure motion *n.* a motion for condemnation, निंदा-प्रस्ताव।

census (सॅन्´-सॅस्) *n.* a periodic count of population (of a country), जनगणना, मरदुमशुमारी।

cent (सॅन्ट्) *n.* one 100th of a dollar, सेन्ट (सिक्का)। □ **per cent,** प्रतिशत, फ़ीसदी।

centaur (सॅन्´-टो:) *n.* a monster said to be half man and half horse, अश्वमानव।

centenarian (सॅन्-टि-नेंअॅर्´-इ-अॅन्) *n.* a person who is one hundred years old or older, शतजीवी, शतायु महानुभाव।

centenary (सॅन्´-टि-नॅर्-ई) *n.* = centennial.

centennial (सॅन्-टॅन्´-इ-अॅल्) *adj.* 1. occurring every 100 years, शतवार्षिक। 2. lasting for 100 years, शतवर्षीय। *n.* a 100th anniversary or celebration, शतवार्षिकी, शती-समारोह, शताब्दी-समारोह।

center (सॅन्´-टॅ:) *n.* = centre.

centi (सॅन्´-टि) *prefix.* one hundredth, शतांश।

centigrade (सॅन्´-टि-ग्रेड्) *adj.* celsius, सेंटीग्रेड, सेल्सियस।

centigram (सॅन्´-टि-ग्रैम्/ग्राम्) *n.* one 100th of a gram, सेंटीग्राम।

centilitre (सॅन्´-टि-लि-टॅ:) *n.* one 100th of a litre, सेंटीलिटर।

centimetre (सॅन्-टि-मी-टॅ:) *n.* one 100th of a metre, सेंटीमीटर।

centipede (सॅन्-टि-पीड्) *n.* a small crawling creature with many legs, गोजर, कनखजूरा।

cent per cent *adj.* hundred per cent, सौ फ़ीसदी, शत प्रतिशत।

central (सॅन्´-ट्रॅल्) *adj.* pertaining to or in the centre, केंद्रीय, केंद्रस्थित, केंद्रस्थ। 2. principal, essential, महत्त्वपूर्ण, मुख्य, प्रमुख।

centralization (सॅन्-ट्रॅ-लि-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of centralizing, केंद्रीकरण, केंद्रण।

centralize (सॅन्´-ट्रॅ-लाइज़्) *v.* 1. to bring under a central authority, केंद्रीकरण करना, केंद्र के अधीन करना। 2. to come to a centre, केंद्रित होना।

centrally (सॅन्-ट्रॅल्-ई) *adv.* in a centre, केंद्र में; centrally situated, केंद्र में स्थित, केंद्रस्थ।

centre, center (सॅन्´-टॅ:) *n.* 1. a middle point of a circle, केंद्र। 2. the middle part, मध्यभाग, केंद्र। 3. a point around which something revolves, केंद्रबिंदु, धुरी। 4. a

place of concentrated activity, केंद्र। 5. a political group or party whose views are midway, मध्यममार्गी समूह या दल। *v.* (centred, centring) 1. to place in or at the centre, केंद्र में रखना। 2. to gather at a centre, केंद्रित होना।

centred (सेंन्´-टःड्) *adj.* 1. located in the centre, केंद्रस्थित, केंद्रस्थ। 2. having an exact midpoint, केंद्रयुक्त।

centrepiece (सेंन्´-टः-पीस्) *n.* a decorative object placed at the centre of a table, मेज़ के बीचोबीच रखी हुई सजावट की वस्तु, केंद्रसज्जा।

centric (सेंन्´-ट्रिक्) *adj.* placed in a centre, केंद्रस्थित, केंद्रस्थ।

centrifugal (सेंन्-ट्रिफ़्´-अ-गल्) *adj.* moving away from the centre or axis, अपकेंद्री, केंद्रविमुखी।

centripetal (सेंन्-ट्रिप्´-इ-टल्) *adj.* moving toward the centre or axis, केंद्राभिमुखी।

centrist (सेंन्´-ट्रिस्ट्) *n.* a moderate, मध्यममार्गी, नरमपंथी।

centurion (सेंन्-च्युअर्´-इ-अन्) *n.* a commanding officer of one hundred soldiers, शतपति, सौ सैनिकों का कमांडर।

century (सेंन्´-चॅ-री) *n.* 1. a period of 100 years, शताब्दी, शती, सदी। 2. a score of 100 runs, शतक।

cephalic (सि-फ़ैल्´-इक्) *adj.* 1. of the head, सिर-संबंधी। 2. of the skull, खोपड़ी-संबंधी।

ceramic (सि-रैम्´-इक्) *adj.* of pottery, मिट्टी (चीनी मिट्टी) के बर्तनों से संबद्ध।

ceramics (सि-रैम्´-इक्स्) *n.* (plu.) 1. things made of clay, (चीनी) मिट्टी के बर्तन। 2. the art of making pottery, (चीनी) मिट्टी के बर्तन बनाने की कला।

cereal (सिअर्´-इ-अल्) *n.* foodgrain, अनाज, अन्न। *adj.* made of grains, अनाजी।

cerebellum (सेंर्-अ-बेंल्´-अम्) *n.* the part of the human brain that coordinates movements of the muscles, मांसपेशियों की गति में सामंजस्य स्थापित करनेवाला मस्तिष्क का भाग, छोटा मस्तिष्क, अनुमस्तिष्क।

cerebral (सेंर्´-अब्-रल्, सेंर्´-अ-ब्रल्) *adj.* 1. of the brain, मस्तिष्कीय। 2. intellectual, बौद्धिक।

cerebral letters (सेंर्´-अब्-रल् लैट्-अ:स्) मूर्धन्य अक्षर या वर्ण (ऋ, ॠ, ट, ठ, ड, ढ, ण, र, ष)।

cerebrate (सेंर्´-इ-ब्रेट्) *v.* (cerebrated, cerebrating) to think, to ponder, सोचना, सोच-विचार करना, चिंतन करना।

cerebrum (सेंर्´-अ-ब्रम्) *n.* the brain, मस्तिष्क।

ceremonial (सेंर्-अ-मो´-नि-अल्) *adj.* 1. of or characterized by ceremony, रस्मी, रिवाजी, प्रथागत। 2. formal, औपचारिक। *n.* 1. ceremony, समारोह। 2. a set of ceremonies for an occasion, अनुष्ठान।

ceremonious (सेंर्-अ-मो´-नि-अस्) *adj.* full of ceremony, elaborately performed, आनुष्ठानिक, औपचारिक, रस्मी।

ceremony (सेंर्´-अ-मॅ-नी) *n.* 1. a formal act or set of acts prescribed by ritual, custom etc., अनुष्ठान, संस्कार, समारोह। 2. a conventionally polite social act, औपचारिकता, विनम्रता।

cerise (सें-रीस्´, सें-रीज़्´) *adj.* light clear red, हलके लाल रंग का। *n.* light red colour, हलका लाल रंग।

certain (स:´-टॅन्) *adj.* 1. having no doubt, आश्वस्त। 2. definite, निश्चित। 3. inevitable, अनिवार्य। 4. specific or limited but not stated, कोई, कुछ। ☐ **for certain,** without doubt, निस्संदेह।

certainly (~ -ली) *adv.* 1. without doubt, निस्संदेह, निश्चय ही, निश्चित रूप से। 2. yes, हाँ। 3. something certain, निश्चित बात, होनी।

certainty (स:´-टॅन्-टी) *n.* 1. the state of being certain, निश्चय, निश्चितता। 2. an established fact, सच्चाई; Our victory is a certainty, हमारी विजय निश्चित है।

certifiable (स:´-टि-फ़ाइ-अ-बॅल्) *adj.* that can be certified, प्रमाण्य।

certificate (सॅ:-टिफ़्´-अ-किट्) *n.* an official written or printed statement giving cer-

tain facts, प्रमाणपत्र, प्रमाणक।

certified (स:´-टि-फ़ाइड्) *adj.* officially stated as fact, प्रमाणित।

certify (स:´-टि-फ़ाइ) *v.* (certified, certifying) to confirm as true or genuine, प्रमाणित करना, तसदीक करना।

certitude (स:´-टि-ट्यूड्) *n.* the condition of being certain, निश्चय, निश्चितता।

cerulean (सॅ-रू´-लि-ॲन्) *adj.* sky-blue, आसमानी।

cervical (स:´-वि-कॅल्) *adj.* of or pertaining to neck or cervix, ग्रीवा-संबंधी।

cervix (स:´-विक्स्) *n.* 1. the neck, ग्रीवा, गरदन। 2. the neck of the womb, गर्भग्रीवा।

cesium (सी´-ज़ि-ॲम्) *n.* a metal element, सीसियम।

cessation (सें-से´-शॅन्) *n.* ceasing, end, अंत, समाप्ति।

cession (सॅश्´-ॲन्) *n.* giving up, yielding up, दे देना, सौंप देना, अर्पण।

cesspit (सॅस्´-पिट्) *n.* = cesspool.

cesspool (सॅस्´-पूल्) *n.* 1. a covered pit or hole for receiving waste or sewage, मलकुंड। 2. a nasty place, अड्डा, केंद्र; cesspool of corruption, भ्रष्टाचार का अड्डा।

Ceylonese (सी´-लो-नीज़्) *adj.* of Ceylon, श्रीलंका-संबंधी, सिंहली।*n.* an inhabitant of Ceylon, श्रीलंका का निवासी।

Chablis (शै-ब्ली´) *n.* a white wine of France, एक तरह की फ्रांसीसी सफ़ेद शराब, श्वेत मदिरा। (फ्रांसीसी)

cha-cha (चा´-चा) *n.* a ballroom dance, एक प्रकार का सामूहिक नृत्य।

chafe (चेफ़्) *v.* (chafed, chafing) 1. to make or become worn or sore from rubbing, रगड़ से छिल जाना या छील डालना।2. to warm by rubbing, रगड़-रगड़कर गरमाना। 3. to annoy, खीझना या खिझाना, झुँझलाना, तिलमिलाना। 4. to become or make angry, क्रुद्ध होना या गुस्सा दिलाना।

chaff[1] (चैफ़्) *n.* 1. the husk of grains, भूसी। 2. the fodder, चारा। 3. a trivial or worthless matter, निकम्मी बात या वस्तु।

chaff[2] (चैफ़्) *n.* light hearted teasing or joking, छेड़छाड़, दिल्लगी।*v.* (chaffed, chaffing) to tease or joke in a good humoured way, छेड़छाड़ करना, दिल्लगी करना, ठिठोली करना।

chaff-cutter (चैफ़्´-कट्-ॲ:) *n.* a machine for cutting fodder, चारा-मंशीन।

chaffer (चैफ़्´-ॲ:) *v.* (chaffered, chaffering) to bargain or haggle, मोल-भाव करना। *n.* the act of chaffering, मोल-भाव।

chaffinch (चैफ़्´-इंच्) *n.* a small European songbird, युरोप की एक गानेवाली चिड़िया।

chafing dish (चे´-फ़िंग्-डिश्) *n.* a pan with a heating appliance for keeping food hot, खाना गरम रखने का एक उपकरण।

chagrin (शै´-ग्रिन, शॅ-ग्रिन्´) *n.* 1. a feeling of embarrassment, झुँझलाहट, चिढ़। 2. a feeling of humiliation, अपमानित समझने की भावना, अवमानना। 3. disappointment, निराशा।*v.* (chagrined, chagrining) to cause to feel chagrin, निराश करना, चिढ़ उत्पन्न करना।

chain (चेन्) *n.* 1. a series of metal links, लड़ी, ज़ंजीर, चेन, सिकड़ी। 2. a connected series or sequence, शृंखला, सिलसिला, लड़ी; chain of mountains, पर्वत शृंखला; chain store, भंडार-शृंखला, स्टोर-शृंखला।3. a number of commercial establishments under common ownership, शृंखला, लड़ी। 4. a unit of length about 66 feet, भूमि की एक नाप जो ६६ फ़ुट की होती है। *v.* (chained, chaining) to bind or tie with a chain, ज़ंजीर से बाँधना या जकड़ना।

chain-smoke (चेन्´-स्मोक्) *v.* (chain-smoked, chain-smoking) to smoke cigaretts continually one after the other, एक पर एक सिगरेट पीते चलना, लगातार सिगरेट पर सिगरेट पीना।

chain-smoker (~ - ॲ:)*n.* a person who smokes cigarettes continually, अनवरत धूमपायी, बराबर सिगरेट पीता रहनेवाला।

chair (चेॲ:, चेंॲ:) *n.* 1. a movable seat with a back designed for one person, कुर्सी,

अ: bird ब:ड्, ॲ: tear टिॲ:, ऐंॲ air ऐंॲ:, आई five फ़ाइव्, ऑइ boy बॉइ/बॉय, इॲ near निॲ:
उॲ poor पुॲ:, च् chat चैट्, थ् thing थिंग्, द् this दिस्, फ़् full फ़ुल्, व़् wait व़ेट्

चेयर। 2. a seat of office, authority or dignity, आसन, पीठ। 3. one who holds such an office, अध्यक्ष, सभापति। *v.* (chaired, chairing) 1. to preside over as chairman of, अध्यक्षता करना, सभापतित्व करना। 2. to install in a chair, कुर्सी पर बैठाना, पदासीन करना।

chair lift ***n.*** a series of chairs suspended from a power-driven cable for conveying people up a mountain, केबल-कार, केबल-कुर्सी।

chairman (चेअ:´-मॅन्) ***n.*** one who presides over a meeting, सभापति, अध्यक्ष। [Fem. chairwoman]

chairperson (चेअ:´-प:-सॅन्) ***n.*** = chairman or chairwoman.

chaise (चेज़्) ***n.*** an open horse-drawn carriage, खुली घोड़ागाड़ी।

chalet (शै-ले´) ***n.*** a wooden house, लकड़ी का मकान, काष्ठगृह।

chalice (चैल्´-इस्) ***n.*** a drinking cup, प्याला, चषक।

chalk (चा:क्) ***n.*** a piece of white limestone, used for writing or drawing, खड़िया, चाक। □ **as different as chalk and cheese,** completely different, पूर्णत: भिन्न। ***v.*** (chalked, chalking) to write with chalk, खड़िया से लिखना। □ **chalk out,** to describe in a general way, रूपरेखा बतलाना; **chalk up,** (i) to score, प्राप्त करना; (ii) to credit to an account, जमा करना।

chalky (चा:क्´-ई) ***adj.*** 1. made of chalk, चाक से बना। 2. mixed with chalk, चाक-मिश्रित।

challenge (चैल्´-इन्ज्) ***n.*** 1. a call or invitation to try one's strength or skill against another, ललकार, चुनौती, आह्वान। 2. a difficult or demanding work, चुनौती-भरा काम, चुनौती। 3. a formal objection, आपत्ति, एतराज, उज्र। ***v.*** (challenged, challenging) 1. to call or invite to try one's strength or skill in a contest, चुनौती देना, ललकारना। 2. to question the rightness or lawfulness, आपत्ति करना। 3. to order to halt and be identified, रोककर पूछताछ करना।

challenging (चैल्´-अॅन्-जिंग्) ***adj.*** 1. offering problems that test one's strength or ability, चुनौती-भरा। 2. fascinating, आकर्षक।

chamber (चेम्´-बॅ:) ***n.*** 1. a room or hall, कमरा, हॉल, कक्ष, सदन। 2. a bedroom, शयनकक्ष। 3. a reception room, स्वागतकक्ष। 4. an office of a vakil, judge, doctor etc., कक्ष, चेंबर, प्रकोष्ठ। 5. a legislative assembly, विधान भवन, सभाभवन। 6. an enclosed space, cavity, गड्ढा, विवर, छेद।

Chamber of Commerce ***n.*** an association of businessmen to promote commercial interests, वाणिज्य-मंडल, व्यापार-मंडल।

chamberlain (चेम्´-बॅ:-लिन्) ***n.*** the officer who manages the household of a king or nobleman, गृह प्रबंधक।

chambermaid (चेम्´-बॅ:-मेड्) ***n.*** a female servant employed to make beds in a hotel, होटल में बिस्तर लगानेवाली सेविका, परिचारिका।

chamber pot ***n.*** a pot for urine used in bedrooms, मूत्रपात्र।

chameleon (कॅ-मी´-लि-अॅन्) ***n.*** 1. a lizard, गिरगिट। 2. a person who changes his behaviour to suit his own purposes, गिरगिट की तरह रंग बदलता रहनेवाला व्यक्ति, गिरगिट।

champ (चैम्प्) ***v.*** 1. to bite or chew food noisily, चबड़-चबड़ खाना, इस प्रकार खाना कि मुँह से चबड़-चबड़ शब्द हो। 2. to show impatience, अधीर होना।

champagne (शैम्-पेन्´) ***n.*** a white French wine, शैम्पेन।

champion (चैम्´-पि-अॅन्) ***n.*** 1. a winner in a contest, विजेता। 2. a player or team who has defeated all others in a competition, सर्वजेता, चैंपियन। 3. one who fights for another person or cause, पक्षधर, समर्थक। ***adj.*** excellent, उत्कृष्ट। ***v.*** (championed,

championing) to support and promote, सहायता तथा समर्थन करना, हिमायत करना।

championship (चैम्´-पि-ॲन्-शिप्) *n.* 1. a competition held to find the champion, प्रतियोगिता, खेल-प्रतियोगिता। 2. the title of being a champion, सर्वजेता पद। 3. the act of championing, पक्षसमर्थन, हिमायत।

chance (चान्स्, चैन्स्) *n.* 1. an apportunity, अवसर, मौका। 2. likelihood, probability, संयोग, दैवयोग। 3. luck, भाग्य। □ **by chance,** accidentally, संयोग से; **on the chance,** in view of, की आशा से; **take a chance,** to take risk, जोखिम उठाना, चांस लेना। *v.* (chanced, chancing) 1. to happen by chance, का संयोग होना; I chanced to catch sight of her, संयोग से वह मुझे दिखाई दे गई। 2. to risk, जोखिम उठाना। *adj.* happening or coming by chance, संयोगजन्य, आकस्मिक।

chancellery (चान्´-सॅ-लॅ-री) *n.* the rank or office of a chancellor, चांसलर का पद।

chancellor (चान्´-सॅ-लॅः) *n.* 1. the head of a government, शासनाध्यक्ष। 2. the honorary head of a university, कुलाधिपति। 3. a minister, मंत्री; chancellor of exchequer, वित्त मंत्री।

chancre (शैंग्´-कॅः) *n.* a hard growth, गिल्टी।

chancy (चैन्´-सी) *adj.* 1. uncertain, अनिश्चित। 2. risky, जोखिम-भरा।

chandelier (शैन्´-डि-लिॲः) *n.* an ornamental holder for lights, झाड़, फ़ानूस।

chandler (चैन्ड्´-लॅः) *n.* a person who makes or sells candles, मोमबत्ती बनाने या बेचनेवाला।

change (चेन्ज्) *v.* (changed, changing) 1. to make different, बदल देना, परिवर्तित करना। 2. to become different, बदलना, बदल जाना, परिवर्तित हो जाना। 3. to give and receive reciprocally, अदला-बदली करना, अदल-बदल करना, परिवर्तन करना। 4. to replace for another, बदल लेना। 5. to give or receive money in exchange, विनिमय करना या भुनाना। 6. to put fresh clothes or coverings, कपड़े बदलना; It won't take me more than a minute to change, मुझे कपड़े बदलने में एक मिनट से ज़्यादा नहीं लगेगा। 7. to go from one to another train, bus etc., बदलना, गाड़ी या बस बदलना; to change one's mind इरादा बदलना। *n.* 1. the act or fact of changing or being changed, बदलाव, परिवर्तन, फेर-फार; change of sex लिंग-परिवर्तन। 2. a substitution of one thing for another, अदल-बदल, अदला-बदली। 3. exchange, विनिमय। 4. money in small units, रेजगारी, खुदरा। 5. a fresh set of clothing, बदलने के कपड़े। 6. a fresh surroundings, नई या भिन्न जगह। □ **change of heart,** a great change in one's feelings, हृदय-परिवर्तन; **change of life,** menopause, रजो-निवृत्ति; **for a change,** for the sake of variety, नवीनता के लिए, बदलाव के लिए।

changeable (चेन्´-जॅ-बॅल्) *adj.* able to change or be changed, परिवर्तनीय, परिवर्तनशील।

changeless (चेन्ज्´--लिस्) *adj.* never changing, अपरिवर्तनशील।

changeling (चेन्ज्´-लिंग) *n.* a child secretly exchanged for another, चोरी से बदला हुआ बच्चा।

changeover (चेन्ज्´-ओ-वॅः) *n.* a change or complete reversal from one system to another, परिवर्तन, बदलाव।

channel (चैन्´-ॲल्) *n.* 1. the bed of a stream, नदीतल। 2. a navigable course through a body of water, नौगम्य जलमार्ग, धारा। 3. a stretch of water connecting two seas, जलधारा, चैनल। 4. a course into which something can be directed or moved, मार्ग, पथ, रास्ता, सरणी, माध्यम, साधन, through proper channel, नियत माध्यम द्वारा, channels of communication, संचार-साधन, संवाद-साधन, संपर्क-साधन। 5. a band of radio frequencies reserved for a particular station, चैनेल। 6. a trench or furrow, खाई, कूँड़। 7. direction, मार्गनिर्देशन। 8. an agency, अभिकरण। *v.* (channelled, channelling) 1. to make or cut channels in,

जलमार्ग बनाना, नहरें बनाना, मार्ग बनाना। 2. to direct along a channel, किसी मार्ग विशेषत: जलमार्ग से भेजना या ले जाना।

channelize (चैन्´-अॅ-लाइज़्) *v.* (channelized, channelizing) to channel, मार्ग से भेजना या ले जाना।

chant (चैन्ट्) *n.* 1. a song, गीत। 2. a slogan repeatedly sung by the supporters, लय से बोला जानेवाला नारा। *v.* (chanted, chanting) 1. to sing, गाना। 2. to repeat continuously, बार-बार दुहराना। 3. to celebrate in song, गाना-बजाना। 4. to call or shout rhythmically, लय से बोलना या चिल्लाना। □ **sing the praises of,** प्रशंसा या स्तुति करते रहना।

chanterelle (चैन्-ट´-रॅल्) *n.* a type of fungus, एक प्रकार की खुमी या कुकुरमुत्ता।

chanteuse (शैन्-टूज़्´) *n.* a night club female singer, गायिका।

chanty (शैन्´-टी) *n.* a kind of song sung by sailors, मल्लाहों का गीत।

chanticleer (चैन्´-टि-क्लिअॅ:) *n.* a domestic cock, पालतू मुर्गा।

chaos (के´-ऑस्) *n.* total disorder or confusion, उथल-पुथल, अस्त-व्यस्तता, अव्यवस्था, गड़बड़ी।

chaotic (के-ऑट्´-इक्) *adj.* in the state of complete disorder or confusion, अव्यवस्थित, गड़बड़, उथल-पुथल-भरा।

chap[1] (चैप्) *n.* a man, boy or fellow, आदमी, लड़का, साथी।

chap[2] (चैप्) *n.* 1. a crack or sore in the skin, चमड़ी की फटन, दरकन, बिवाई। 2. a fissure, दरार। 3. the lower jaw, निचला जबड़ा। *v.* (chapped, chapping) to become cracked, चमड़ी का फटना, दरक जाना।

chaparral (शैप्´-अॅ-रैल्) *n.* a dense thicket of shrubs, झाड़-झंखाड़।

chapeau (शै´-पो) *n.* a hat, टोपी।

chapel (चैप्´-अॅल्) *n.* 1. a small church, छोटा गिरजा। 2. a prayer-room, प्रार्थनागृह।

chaperon, chaperone (शैप्´-अॅ-रोन्) *n.* an older woman who accompanies young girls at social occastions, वह स्त्री जो किसी नवयुवती के साथ उसकी देख-भाल के लिए आती-जाती हो, संरक्षिका। *v.* (chaperoned, chaperoning) to act as a chaperon, संरक्षिका के रूप में साथ जाना।

chapfallen (चैप्´-फ़ा:-लिन्) *adj.* in low spirits, निरुत्साह।

chaplain (चैप्´-लिन्) *n.* a clergyman attached to a chapel, military unit etc., पुरोहित, पादरी, याजक।

chaplaincy (चैप्´-लिन्-सी) *n.* the rank or office of a chaplain, पुरोहिताई।

chaplet (चैप´-लिट्) *n.* 1. a wreath, हार, पुष्पमाला। 2. a short rosary, सुमिरनी, माला।

chaps (चैप्स्) *n.* (plu.) leather covers worn over trousers, (घुड़सवार द्वारा) पतलून पर बाँधी जानेवाली चमड़े की पट्टियाँ।

chapter (चैप्´-टॅ:) *n.* 1. a main division of a book, अध्याय, प्रकरण, पाठ। 2. a local branch of a club, or organisation, किसी क्लब या संस्था की स्थानीय शाखा। 3.an assembly of priests, monks etc., पादरियों, भिक्षुओं आदि की सभा। 4. a perid of life, history etc., अवधि, कालखंड।

char[1] (चा:) *v.* (charred, charring,) 1. to become or make black by burning, जलकर कोयला हो जाना, कोयला कर देना। 2. to reduce or to be reduced to charcoal by incomplete combustion, कोयला बनना या बनाना।

char[2] *n.* a household task, चौका-बर्तन। *v.* (chared/ charred, charing/charring) to do small chores, चौका-बर्तन करना।

character (कैर्´-अॅक्-टॅ:) *n.* 1. the combination of the qualities of a person, चरित्र, व्यक्तित्व। 2. any such quality, चारित्रिक विशेषता, मनोबल। 3. moral strength, चरित्रबल, नैतिक बल। 4. a person represented in a story, play, film etc. चरित्र, पात्र। 5. an outstanding person, विभूति, चरित्रनायक। 6. a person, व्यक्ति। 7. a symbol used in a writing system, वर्ण, अक्षर। □ **character-assassination,** चरित्र-हनन, चरित्र हत्या, प्रतिष्ठा-हनन।

characteristic (कैर्-ॲक्-टॅ-रिस्´-टिक्) ***n.*** 1. a distinguishing quality, विशिष्टता, चरित्रगत विशेषता। 2. a symptom, लक्षण। ***adj.*** typical, विशिष्ट।

characteristically (कैर्-ॲक्-टॅ-रिस्´-टि-कॅ-ली) ***adv.*** in a distinguishing way, typically, विशिष्टतापूर्वक, विशेष प्रकार से।

characterization (कैर्-ॲक-टॅ-रि-ज़े´-शॅन्) ***n.*** act of characterizing, चरित्र-चित्रण।

characterize (कैर्´-ॲक्-टॅ-राइज़्) ***v.*** (characterized, characterizing) 1. to distinguish as a character, चरित्र में विशिष्टता लाना। 2. to describe or portray the character of, चरित्र का चित्रण करना, चरित्र-चित्रण करना। 3. to be a characteristic of, विशिष्टता होना, लक्षण होना।

characterless (कैर्´-ॲक्-टॅ:-लिस्) ***adv.*** 1. having no characteristic, विशेषता-रहित, लक्षणहीन। 2. having no character, चरित्रबल से रहित, चरित्रहीन, व्यक्तित्वहीन।

characterlessness (~ -निस्) ***n.*** the state or quality of being characterless, लक्षणहीनता; चरित्रहीनता।

character-roll ***n.*** a book in which remarks have been made about a serviceman, चरित्र-पंजी।

charade (शॅ-रेड्´) ***n.*** 1. a riddle, पहेली, बुझौल। 2. an absurd act, ढोंग।

charas (चॅ-रस्´) ***n.*** a preparation of hemp, चरस।

charcoal (चा:´-कोल्) ***n.*** 1. a black substance used as fuel made by burning wood in absence of air, कठ-कोयला। 2. a stick of this for drawing, काला सिक्का। 3. a drawing done in charcoal, कोयले या सिक्के का आरेख।

charge (चा:ज्) ***v.*** (charged, charging) 1. to entrust with a duty, responsibility etc., भार सौंपना, दायित्व सौंपना। 2. to command, आदेश देना; The judge charged me to be silent, जज ने मुझे चुप रहने का आदेश दिया। 3. to accuse, अभियोग लगाना, दोषारोपण करना। 4. to set as a price, दाम लगाना। 5. to demand or recover, माँगना, वसूल करना। 6. to record as a debt, नामे डालना, टाँकना। 7. to attack violently, चढ़ाई करना, टूट पड़ना, चढ़ जाना। 8. to fill or load a gun, container, etc., भरना, युक्त करना। 9. to give an electric charge to, आवेशित करना, चार्ज करना। ***n.*** 1. the price asked or paid for goods or services, मूल्य, दाम, मज़दूरी, देना, लेना। 2. responsibility, कार्यभार, पदभार, दायित्व; to take charge of, दायित्व ग्रहण करना, भार सँभालना। 3. a command, आदेश। 4. an accusation, आरोप, दोषारोप; to bring a charge against, अभियोग लगाना। 5. a debit in an account, नाम पड़ी रकम। 6. a violent attack, धावा, हमला, चढ़ाई। 7. the quantity needed to fill an apparatus or container, भराई। 8. the electricity contained in a substance, आवेश, चार्ज। □ **face a charge,** to be prepared to deal with an accusation, अभियोग का सामना करना; **in charge of,** responsible, उत्तरदायी; **under someone's charge,** under someone's control, किसी के नियंत्रण में।

chargeable (चा:´-जॅ-बॅल्) ***adj.*** 1. liable to be charged, वसूलने योग्य, प्रभार्य; chargeable distance प्रभार्य दूरी। 2. accusable, अभियोज्य, दोषी ठहराने योग्य।

charge d'affaires (शा:-ज़े-डॅ-फ़ेॲ:´) ***n.*** an ambassador's deputy, प्रभारी राजदूत, राजदूत-सहायक, कार्यदूत, दूत।

charger (चा:´-जॅ:) ***n.*** 1. a military horse, सैनिक का घोड़ा। 2. an apparatus for charging batteries, चार्जर।

chariot (चैर्´-इ-ॲट्) ***n.*** a horse-drawn two-wheeled carriage used in ancient times, रथ।

charioteer (चैर्-इ-ॲ-टिॲ:´) ***n.*** the driver of a chariot, सारथी, रथी।

charisma (कॅ-रिज़्´-मॅ) ***n.*** a quality or power with which one can influence a large number of persons, करिश्मा, चमत्कार।

charismatic (कैर्-इज़्-मैट्´-इक्) ***adj.*** having charisma, चमत्कारी, दैवी प्रतिभायुक्त।

charitable (चैर´-इ-टॅ-बॅल्) *adj.* 1. of or for charity, दातव्य, धर्मार्थ, ख़ैराती। 2. generous, उदार, परोपकारी, दानशील।

charitably (चैर्´-इ-टॅ-ब्ली) *adv.* in a charitable manner, ख़ैरात के रूप में, दान के स्वरूप में।

charity (चैर्´-इ-टी) *n.* 1. the giving of food, money etc. to those in need, दान, भिक्षा, ख़ैरात। 2. help, सहायता। 3. a kindly attitude to other people, उदारता, परोपकार। 4. love of one's fellow men, brotherly love, बंधुप्रेम, भ्रातृप्रेम। 5. an organisation or fund that helps the poor, दातव्य संघठन या निधि। □ **charity begins at home**, one's first duty is to one's family, पहले अपने फिर पराए; **out of charity**, दया करके।

charlady (चा:´-ले-डी) *n.* a woman employed to clean a house, सफ़ाई करनेवाली, चौका-बर्तन करनेवाली, दाई, महरी।

charlatan (शा:´-लॅ-टॅन्) *n.* 1. a quack, नीम हकीम। 2. a person who falsely claims to be an expert, धूर्त, फ़रेबी।

Charleston (चा:ल´-स्टॅन्) *n.* a fast ballroom dance, एक प्रकार का नृत्य।

charley horse (चा:´-ली-हा:स्) *n.* a muscle cramp, मांसपेशियों की अकड़न या खिंचाव।

charlock (चा:´-लॅक्) *n.* a type of wild yellow-flowered plant, पीले फूलोंवाला एक प्रकार का जंगली पौधा।

charlotte (शा:´-लॅट्) *n.* cooked fruit covered with very fine pieces of bread, एक प्रकार की मिठाई।

charm (चा:म्, चा:र्म्) *n.* 1. the power of attracting and arousing love or admiration, आकर्षण, लावण्य, लुभावनापन, चारुता। 2. a small ornament worn as a bracelet, तावीज़। 3. a word, phrase or thing believed to have magical power, जादुई शब्द, पदबंध या वस्तु, सम्मोहन। 4. ability to please or win one, मुग्ध करनेवाला गुण, सम्मोहन, मोहनी। □ **like a charm,** exeedingly well, बहुत अच्छी तरह, सफलतापूर्वक। *v.* (charmed, charming) 1. to influence by personal charm, to bewitch, आकृष्ट करना, अभिभूत करना, मोह लेना। 2. to act on if with magic, मंत्र फूँकना। 3. to give delight or pleasure, प्रसन्न करना।

charming (चा:´-मिंग्) *adj.* attractive and delightful, मनोहर, चारु, चित्ताकर्षक, लावण्य-भरा, सुंदर।

charmless (चा:म्´-लिस्) *adj.* having no charm, असुंदर, कुरूप, भद्दा।

charnel house (चा:´-नॅल्-हॉउस्) *n.* a room or building in which bones or corpses of the dead are kept, समाधि-स्थल, शवगृह।

charmer (चा:´-मॅ:) *n.* 1. a magician, जादूगर। 2. a snake-charmer, सँपेरा।

chart (चा:ट्, चा:र्ट्) *n.* 1. a map, नक़्शा। 2. a sheet of paper with information in the form of graphs and tables, चार्ट। *v.* (charted, charting) 1. to make a chart, नक़्शा या चार्ट बनाना। 2. tomake a rough plan, योजना की रूपरेखा तैयार करना।

charpoy (चा:´-पॉय्) *n.* an Indian bedstead, चारपाई।

charter (चा:´-टॅ:, चा:र्´-टॅ:) *n.* 1. a document from a government to establish an institution and defining its rights and privileges, अधिकार-पत्र, घोषणा-पत्र, फ़रमान, चार्टर। Charter of human rights, मानवाधिकार घोषणा-पत्र। 2. the hiring of an aircraft, vehicle or ship, गाड़ी, जहाज़ आदि का भाड़े पर लिया जाना। *v.* (chartered, chartering) 1. to found by charter, अधिकार-पत्र द्वारा स्थापित करना। 2. to grant a privilege, अधिकार देना। 3. to hire an aircraft, vehicle or ship, गाड़ी, जहाज़ आदि भाड़े पर लेना, चार्टर करना।

chartered (चा:´-टॅ:ड्) *adj.* 1. granted by a charter, अधिकार-पत्र या चार्टर द्वारा प्रदत्त, प्राधिकृत। 2. hired by contract, भाड़े पर लिया हुआ, भाड़ित।

chartered accountant *n.* an accountant authorised by some high authority to audit accounts, चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट।

chartered bus *n.* a hired bus, भाड़े की बस।

charter member *n.* an original member of an organisation, संस्था का आद्य सदस्य।

chartreuse (शा:-ट्रूज़्´) *adj.* yellowish green, पीलापन लिए हरे रंग का। *n.* yellowish green colour, पीलापन लिए हरा रंग।

charwoman (चा:´-वु-मॅन्) n. = charlady.

chary (चेअ:´-ई) *adj.* 1. unwilling, अनिच्छुक। 2. shy, संकोची, भीरु। 3. cautious, सावधान। 4. not wasteful, sparing, मितव्ययी, कृपण। □ **chary of giving praise,** seldom praising anyone, किसी की भी प्रशंसा न करनेवाला।

chase[1] (चेस्) *v.* (chased, chasing) 1. to pursue or follow, पीछा करना, पीछे जाना। 2. to hunt, शिकार करना। 3. to drive away, खदेड़ देना, भगा देना। 4. to try to find, पता लगाना, पीछे लग जाना। *n.* 1. the act of chasing, पीछा करना। 2. pursuit, पीछा। 3. hunting, शिकार, मृगया, आखेट। □ **give chase,** to begin to pursue, पीछा करना।

chase[2] *v.* (chased, chasing) to engrave, नक़्क़ाशी करना, उत्कीर्ण करना। *n.* a groove, खाँचा।

chaser (चे´-ज़ॅ:) *n.* 1. one who chases, पीछा करनेवाला। 2. an engraver, नक़्क़ाशी करनेवाला, नक़्क़ाश। 3. a drink taken after a drink of another kind, एक तरह की शराब पीने के बाद दूसरी तरह की पी जानेवाली शराब।

chasm (कैज़्´-ॲम्) *n.* 1. a deep crack in earth or rock, खाई, दरार। 2. a marked difference of opinion, loyalty etc., गहरा मतभेद।

chassis (चैस्´-ई, शैस्´-ई) *n.* (plu. unchanged चैस्´-इज़्) 1. a steel frame of a vehicle, ढाँचा, चेसिज़। 2. the framework of a radio or television, ढाँचा, चेसिस।

chaste (चेस्ट्) *adj.* 1. (of a married woman) not having engaged in sexual intercourse except the person to whom one is married, virtuous, साध्वी, सती, पतिव्रता, सदाचारिणी। 2. pure, पवित्र, पावन, विशुद्ध। 3. simple in style, not ornate, प्रांजल, सरल, अनलंकृत, सादा।

chasten (चे´-सॅन्) *v.* (chastened, chastening) 1. to purify, पवित्र बनाना। 2. to refine, परिष्कृत करना। 3. to discipline, अनुशासित करना। 4. to punish, दंडित करना, सज़ा देना।

chastise (चै´-स्टाइज़्, चैस्-टाइज़्´) *v.* (chastised, chastising) 1. to punish severely by beating, पिटाई करना, मारना-पीटना। 2. to blame severely, प्रताड़ित करना, दोष मढ़ना।

chastisement (~ -मॅन्ट्) *n.* severe punishment, कठोर दंड, कड़ी सज़ा।

chastity (चैस्´-टि-टी) *n.* 1. the state or quality of being chaste, कौमार्य, चारित्रिक विशुद्धता, सतीत्व, शील। 2. purity, विशुद्धता, पवित्रता।

chasuble (चैज़्´-यु-बॅल्) *n.* a loose-fitting garment without arms worn by a Christian priest, बिना बाँह का पादरी का लबादा।

chat (चैट्) *v.* (chatted, chatting) to talk in a friendly or informal manner, बात करना, बातें करना, गपशप करना। *n.* a friendly or informal conversation, बात, बात-चीत, गपशप।

chateau (शै-टो´) *n.* 1. a French castle, फ्रांसीसी महल। 2. a large country house, हवेली।

chattel (चैट्´-ॲल्) *n.* an article of movable personal property, (घर, ज़मीन आदि से भिन्न) ऐसी वस्तु जो संपत्ति के रूप में हो, टूम, रकम।

chatter (चैट्´-ॲ:) *v.* 1. (of birds) to make rapid speech like sounds, चहचहाना, चहचह करना। to talk rapidly and incessantly, बकबक करना। *n.* 1. rapid speech like sounds of some birds, चहचहह, चहचहाट। 2. an informal unimportant conversation, बकबक, बकझक, गपशप।

chatterbox (चैट्´-ॲ:-बॉक्स्) *n.* a very talkative person, बकबक करता रहनेवाला, बकवादी, गप्पी।

chattiness (चैट्´-इ-निस्) *n.* the quality of being chatty, बातूनीपन।

chatty (चैट्´-ई) *adj.* (chattier, chattiest) fond of talking, बातूनी।

chauffeur (शो-फ़ॅ:´) *n.* a person who is hired to drive an automobile, भाड़े का चालक,

शोफ़र। *v.* (chauffeured, chauffeuring) to drive as a chauffeur, शोफर का कार चलाना।

chauvinism (शो´-वि-निज़्-अॅम्) *n.* 1. exaggerated patriotism, प्रचंड राष्ट्रवादिता, उग्र राष्ट्रीयता, अंध देशभक्ति, उग्र राष्ट्रवाद की भावना। 2. an irrational belief in the superiority of one's own sex, race or group, अपने ही लिंग, जाति या वर्ग को बड़ा समझने का वहम, धाकड़पन।

chauvinist (शो´-वि-निस्ट्) *n.* 1. an aggressive patriot, उग्र राष्ट्रवादी। 2. having irrational belief in one's own superiority, अपने को ही बड़ा समझने का वहम पालनेवाला, धाकड़।

cheap (चीप्) *adj.* 1. low in price, inexpensive, सस्ता। 2. poor in quality, घटिया। 3. worth relatively little, महत्त्वहीन, निकम्मा।4. despicable, तुच्छ, नगण्य।☐ **dirt cheap,** extremely cheap, मिट्टी के मोल, बहुत सस्ता; **feel cheap,** to be ashamed (of), शर्मिंदा होना, लज्जित होना।

cheapen (ची´-पॅन्) *v.* (cheapened, cheapening) 1. to become cheap, सस्ता हो जाना। 2. to make cheap, सस्ता कर देना।

cheaply (चीप्´-ली) *adv.* at a low price, सस्ते में।

cheapness (चीप्´-निस्) *n.* the quality or state of being cheap, सस्तापन; घटियापन।

cheapskate (चीप्´-स्केट्) *n.* a stingy person, कंजूस।

cheat (चीट्) *v.* (cheated, cheating) to deceive or swindle, छल करना, छलना, धोखा देना, ठगना, मूँड़ना। *n.* 1. one who cheats, छली, धोखेबाज़, ठग। 2. deception, धोखा, ठगी, छल।

cheaters (चीट्´-अॅःज़्) *n.* eye glasses, ऐनक, चश्मा।

check (चेंक्) *v.* (checked, checking) 1. to pause or cause to pause abruptly, रुकना या रोकना, रुक जाना या रोक देना। 2. to restrain or control, नियंत्रित करना, क़ाबू में करना, रोकना, रोक-थाम करना। 3. to examine, जाँचना, जाँच-पड़ताल करना।4. to deposit (in a cloak room), जमा करना। 5. to correspond when compared, तुल्य होना। 6. to place an opponent's king in check, शह देना। *n.* 1. a pause, stoppage, रुकना, विराम, रोक। 2. anything that stops, अवरोध, अवरोधक तत्त्व। 3. restraint or control, नियंत्रण, क़ाबू, रोक-थाम।4. an examination to ensure the correctness of, जाँच, परीक्षण, निरीक्षण; 5. a means or standard to ensure against fraud or error, कसौटी, मानदंड।6. a pattern of squares or crossed lines, चारख़ाना।7. a receipt for something handed over, रसीद। 8. a bill in a restaurant or hotel, बिल। ☐ **check in,** to record one's arrival, पहुँच का समय लिखवाना; **check out,** to pay the bill and depart from the hotel, बिल चुकता कर होटल से चल देना; **in check,** under control, नियंत्रण में, वश में।

checked (चेंक्ड्) *adj.* having a pattern of squares, चारख़ानेदार।

checker (चेंक्´-अॅः) *n.* 1. one who checks, जाँचकर्ता, पड़ताली। 2. an attendant in a cloak room, सामान-घर का कर्मचारी।

check list *n.* a list of names, items etc. to be referred to for identification or verification, जाँच-सूची।

checkmate (चेंक्´-मेट्) *n.* 1. a position (in chess) in which an opponent's king is under attack and unable to escape, शह। 2. utter deffeat, घोर पराजय। *v.* (checkmated, checkmating) to place an opponent's king in checkmate, शह देना।

checkpoint (चेंक्´-प्वाइंट्) *n.* a place for official inspection, जाँच-चौकी।

checkpost (चेंक्´-पोस्ट्) *n.* = checkpoint.

checkup (चेंक´-अप्) *n.* a medical examination, डाक्टरी जाँच, चेकअप।

cheddar (चेंड्´-अॅः) cheese, पनीर।

cheek (चीक्) *n.* 1. either side of the face below the eye, गाल, कपोल। 2. a buttock, चूतड़। 3. impudence, धृष्टता, गुस्ताख़ी।

cheekbone (चीक्´-बोन्) *n.* the bone just below the eye, गंडास्थि।

cheekily (ची´-कि-ली) *adv.* in a cheeky manner, धृष्टतापूर्वक, गुस्ताख़ी से।

cheekiness (ची´-कि-निस्) *n.* impudence, गुस्ताख़ी, धृष्टता।

cheeky (ची´-की) *adj.* impudent, गुस्ताख़, धृष्ट।

cheep (चीप्) *n.* chirping sound, चेंचें, चींचीं। *v.* (cheeped, cheeping) to produce chirping sound, चेंचें करना, चींचीं करना।

cheer (चिअ:) *n.* 1. a short of encouragement or congratulations, वाहवाह, शाबाशी। 2. a sort of applause, करतल-ध्वनि। 3. encouragement, प्रोत्साहन। 4. happiness, joy, प्रसन्नता, ख़ुशी। 5. solace, सांत्वना। *v.* (cheered, cheering) 1. to utter a cheer, वाहवाह करना। 2. to encourage or acclaim with cheers, तालियाँ बजाकर प्रोत्साहित या स्वागत करना। 3. to fill with happiness, प्रसन्न या ख़ुश कर देना। □ **cheer up,** प्रोत्साहित करना।

cheerful (चिअ:-फुल) *adj.* 1. in good spirits, जिसके चेहरे से ख़ुशी टपक रही हो, प्रसन्न, प्रसन्नचित्त, खुशदिल, ख़ुश, प्रफुल्लित। 2. pleasantly bright, चमकीला, चमकदार।

cheerio (चिअ:´-इ-ओ) *interj.* goodbye, अलविदा, विदा!

cheerless (चिअ:´-लिस्) *adj.* gloomy, उदास, खिन्न, बुझा हुआ।

cheery (चिअर्´-ई) *adj.* cheerful, प्रसन्न, ख़ुश।

cheese (चीज़्) *n.* a preparation of milk, पनीर।

cheesy (ची´-ज़ी) *adj.* of or like cheese, पनीर का, पनीर-जैसा, पनीरी।

cheetah (ची´-टॅ) *n.* an Indian leopard, चीता।

chef (शॅफ़्) *n.* a chief cook in a restaurant, प्रमुख रसोइया या बावर्ची।

chef-d'oeuvre (शे-डुव्´-रॅ) *n.* a masterpiece, उत्तम कृति, महान कृति। (फ्रांसीसी)

chela (की´-लॅ) *n.* the pupil of a guru, चेला।

chemical (कॅम्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. pertaining to chemistry, रसायन-संबंधी, रासायनिक। 2. involving or produced by chemicals, रासायनिक; chemical warfare, रासायनिक युद्ध। *n.* a substance produced by or used in a chemical process, रसायन, रासायनिक पदार्थ।

chemically (कॅम्´-इ-कॅ-ली) *adv.* according to chemical process, रासायनिक प्रक्रिया या दृष्टि से।

chemise (शॅ-मीज़्´) *n.* a woman's loose shirt like undergarment, शमीज।

chemist (कॅम्´-इस्ट्) *n.* 1. a scientist skilled in chemistry, रसायन विज्ञानी, रसायनज्ञ। 2. a pharmacist, औषध विक्रेता, दवा बेचनेवाला।

chemistry (कॅम्´-इस्-ट्री, कॅम्´-इ-स्ट्री) *n.* the scientific study of the composition of the substances and their elements, रसायन विज्ञान।

chemotherapy (की-मॅ-थॅर्´-ॲ-पी) *n.* the use of chemicals in treating diseases, रसायनोपचार।

chenille (शॅ-नील्´) *n.* velvety fabric, शनील।

cheque (चॅक्) *n.* a written order to a bank to pay an amount from one's account, चेक।

chequer (चॅक्´-अ:) *n.* a pattern of squares, चारख़ाना। *v.* (chequered, chequering) 1. to mark off with alternating squares of colour, चारख़ानेदार बनाना। 2. to variegate, रंग बिरंगा करना या बनाना।

chequered (चॅक्´-अ:ड्) *adj.* 1. having a pattern of squares, चारख़ानेदार। 2. variegated, रंग-बिरंगा। 3. full of many changes in fortune, जिसकी क़िस्मत में बहुत से उतार-चढ़ाव आए हों।

cherish (चॅर्´-इश्) *v.* (cherished, cherishing) 1. to feel or show great care or tenderness (for), पालना-पोसना, प्यार से रखना। 2. to cling fondly to, चिपके रहना। 3. to keep in one's heart, दिल में बनाए रखना, सँजोए रखना, पाल रखना।

cheroot (शॅ-रूट्´) *n.* a cigar with both ends open, चुरुट।

cherry (चॅर्´-ई) *n.* 1. a small deep red round fruit with a stone, चेरी। 2. a tree producing this fruit, चेरी का वृक्ष। 3. deep red colour, गहरा लाल रंग। *adj.* deep red,

गहरा लाल, लाल सुर्ख।

cherry picker *n.* a kind of crane, एक तरह की क्रेन।

cherry stone *n.* the seed of a cherry, चेरी की गिटक।

cherub (चॅर्´-अॅब्) *n.* 1.a kind of angel with wings and human shape, देवदूत। 2. a beautiful boy, सुंदर बालक।

chess (चॅस्) *n.* a game played on a chess-board with thirty two chessmen, शतरंज।

chessboard (चॅस्´-बोःड्) *n.* a board with sixty-four squares for playing chess, बिसात, शतरंजी।

chessman (चॅस्´-मॅन्) *n.* one of the pieces used in playing chess, शतरंज का मोहरा, गोटी।

chest (चॅस्ट्) *n.* 1. the upper front part of the human body, छाती, सीना, वक्ष, वक्षस्थल। 2. a box used for storage of valuable objects, संदूक, पेटी।

chesterfield (चॅस्´-टॅः-फ़ील्ड्) *n.* a long coat with a velvet collar, चेस्टर।

chestnut (चॅस्´-नट्) *n.* a tree and its hard brown edible nut, अखरोट की जाति का एक वृक्ष और उसका फल, चेसनट।

chest of drawers *n.* a piece of furniture with drawers for storing clothes etc., ख़ानेदार या दराजोंवाला बक्सा या अलमारी।

chesty (चॅस्´-टी) *adj.* 1. of or pertaining to the chest, वक्षीय, वक्ष-संबंधी। 2. having a large chest, चौड़े वक्षस्थलवाला।

chevalier (शॅव्´-अॅ-लिअॅः) *n.* a knight, (उपाधिधारी) वीरपुरुष।

cheviot (शैव्´-इ-अॅट्) *n.* a kind of sheep reared for wool, एक तरह की भेड़ जो ऊन के लिए पाली जाती है।

chevron (शॅव्´-रॅन्) *n.* a badge worn on the sleeve to show rank, (पद आदि की सूचक (बाँह पर पहनने की) पट्टी, बैज।

chew (च्यू, चू) *v.* (chewed, chewing) 1. to grind with the teeth, चर्वण करना, चबाना। 2. to bite repeatedly, बार-बार काटना; He is biting neils, वह दाँतों से नाखून काट रहा है। *n.* 1. the act of chewing, चर्वण, चबाई, चबाना। 2. anything for chewing purpose, चबाने की वस्तु।

chewing gum *n.* a sticky preparation for prolonged chewing, च्यूइंग गम।

chewy (च्यू´-ई) *adj.* suitable for chewing, चर्वणीय।

chiaroscuro (की-आःर्-अॅ-स्कूर्´-ओ) *n.* the representation of light and shade in a picture, धूप-छाँह का चित्रांकन। (इतालवी)

chic (शीक्, शिक्) *adj.* fashionable, फ़ैशनेबल, सुरुचिपूर्ण, बाँका। *n.* fashion, फ़ैशन, बाँकपन।

chicanery (शि-के´-नॅ-री) *n.* trickery, छल, धोखा, झाँसा, वाक्छल।

chichi (शी´-शी) *adj.* showy, आडंबरी, आडंबर-पूर्ण।

chick (चिक्) *n.* 1. a young chicken, चूज़ा। 2. a girl, युवती, लड़की।

chicken (चिक्´-अॅन्) *n.* 1. the common domestic fowl, मुर्गा या मुर्गी। 2. its flesh, मुर्गे का गोश्त। *adj.* lacking courage, cowardly, भीरु, डरपोक। □ **count one's chickens before they are hatched**, to make plans depending on something that has not happened, सूत न कपास, जुलाहे से लट्ठम-लट्ठा। *v.* (chickened, chickening) to lose one's nerve, भयभीत हो जाना, डर जाना।

chicken feed *n.* 1. food for poultry, मुर्गी-चारा। 2. a very small amount, बहुत छोटी रकम।

chicken-hearted (चिक्´-अॅन्-हाः´-टिड्) *adj.* lacking courage, cowardly, डरपोक, भीरु।

chicken-livered (चिक्´-अॅन्-लिव्´-अॅःड्) *adj.* lacking courage, भीरु, डरपोक।

Chicken pox *n.* a disease caught especially by children, causing fever and spots on the skin, चेचक, छोटी माता, खसरा।

chicory (चिक्´-अॅ-री) *n.* 1. a plant and its root, चिकरी, कासनी। 2. the ground roasted root of this plant used with coffee, चिकरी चूर्ण।

chide (चाइड्) *v.* (chided/chid, chidden, chid-

ing) to reprimand, to scold, डाँटना-डपटना, झिड़ना, बिगड़ना।

chief (चीफ़्) *n.* 1. a leader, नेता, मुखिया, सरदार। 2. a person with highest authority or rank, सर्वोच्च अधिकारी, प्रधान, अध्यक्ष, चौधरी। *adj.* 1. highest in rank or authority, सर्वोच्च, मुख्य; chief minister, मुख्यमंत्री। 2. most important, अत्यंत महत्त्वपूर्ण, प्रमुख।

chiefly (चीफ़्´-ली) *adv.* mainly, मुख्यतः, मुख्य रूप से।

chieftain (चीफ़्´-टॅन्) *n.* 1. the leader of tribe, सरदार। 2. the leader of a group, मुखिया।

chiffon (शि-फ़ॉन्´) *n.* a soft, transparent fabric of silk, शिफ़ॉन।

chigger (चिग्´-अॅ:) *n.* a mite that causes intense itching, कुटकी।

chignon (शीन्´-यॉन्) *n.* a knot of hair worn at the back of the head, जूड़ा।

chigoe (चि´-गो) *n.* a flea, पिस्सू।

chilblain (चिल्´-ब्लेन्) *n.* an inflammation of feet, hands etc. caused by exposure to damp cold, बिवाई।

child (चाइल्ड्) *n.* 1. a boy or girl between birth and puberty, शिशु, बच्चा/बच्ची, बालक/बालिका। 2. a son or daughter, बेटा या बेटी। 3. an immature person, नादान व्यक्ति।

child bearing (चाइल्ड्´-बेंअॅर्-इंग्) *n.* pregnancy and child-birth, गर्भकाल तथा प्रसूति।

childbirth (चाइल्ड्´-ब:थ्) *n.* the process of giving birth to a child, प्रसव, प्रसूति।

childhood (चाइल्ड्´-हुड्) *n.* the state or period of being a child, बाल्यावस्था, बचपन, शैशव, शैशवकाल।

childish (चाइल्ड्´-इश्) *adj.* 1. of or like a child, बालकों-जैसा। 2. immature in behaviour, नादान, बचकाना।

childless (चाइल्ड्´-लिस्) *adj.* having no child, निपूता, निस्संतान, बेऔलाद।

childlike (चाइल्ड्´-लाइक्) *adj.* 1. like or befitting a child, बच्चों-जैसा, बालोचित, बालसुलभ। 2. having a natural guiltless quality, simple and innocent, अबोध, भोला, निरीह।

child's play *n.* something very easy to do, आसान काम, बच्चों का खेल, बाएँ हाथ का खेल।

chill (चिल्) *n.* 1. severe coldness, ठंड। 2. a sensation of coldness, ठिठुरन। 3. a feeling of depression or discouragement, उदासी, निराशा।

chilli, chili (चिल्´-ई) *n.* a pod of red pepper, लाल मिर्च।

chilli sauce *n.* a sauce containing chilli, चिल्ली सॉस।

chilly (चिल्´-ई) *adj.* 1. unpleasantly cold, ठंडा, सर्द। 2. unfriendly, अमैत्रीपूर्ण। 3. discouraging, हतोत्साहक।

chime (चाइम्) *n.* the musical sound produced by a bell or bells, घंटे या घंटों का शब्द। *v.* (chimed, chiming) to ring, घंटा बजाना। □ **chime in,** to insert a remark when others are talking, बीच में बोल उठना। **chime in with,** to agree with, सहमत होना, सुर में सुर मिलाना।

chimera (कि-मीर्´-अॅ) *n.* an imaginary fire-breathing monster with a lion's head, a goat's body and a serpents tail, सिहं के मुँह, बकरे के धड़ तथा साँप की पूँछवाला एक आग उगलनेवाला काल्पनिक दैत्य।

chimerical (काइ-मॅर्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. imaginary, काल्पनिक। 2. unreal, अवास्तविक। chimerical ideas, imaginery ideas, काल्पनिक या निराधार विचार।

chimney (चिम्´-नी) *n.* a vertical passage carrying off smoke from a fire or furnace, चिमनी, धुँआकश।

chimney sweep *n.* चिमनी की सफ़ाई करनेवाला।

chimp (चिम्प्) *n.* a chimpanzee, बनमानुष, चिम्पैंज़ी।

chimpanzee (चिम्-पैन्-ज़ी´) *n.* a gorrilla, बनमानुस, चिम्पैंज़ी।

chin (चिन्) *n.* the central lower portion of the lower jaw, ठुड्डी, ठोढ़ी, चिबुक। *v.* (chinned, chinning) to chat, बातें करना, बतियाना। □ **keep one's chin up,** to remain cheerful, ख़ुश रहना।

china (चाइ´-नॅ) *n.* porcelain or ceramic ware, चीनी मिट्टी के बर्तन।

Chinaman (चाइ´-नॅ-मॅन्) *n.* (उपेक्षासूचक) a Chinese man, चीनी।

chinch (चिन्च्) *n.* a bug, खटमल।

chinchilla (चिन्-चिल्´-अॅ) *n.* 1. a kind of squirrel, एक तरह की गिलहरी। 2. its fur, गिलहरी की फर।

chine (चाइन) *n.* 1. an animal's backbone, पशु की रीढ़ की हड्डी, मेरुदंड। 2. a cut of meat containg a part of back-bone, पुट्ठा। 3. a ridge, कगार।

Chinese (चाइ-नीज़्´) *adj.* of China, चीनी। *n.* 1. a native of China, चीनी। 2. the language of China, चीनी भाषा।

chinese puzzle *n.* a very intricate problem, अत्यंत दुरूह समस्या।

chink[1] (चिंक्) *n.* a narrow opening or crack, दरार, दरज। *v.* (chinked, chinking) to fill cracks or chinks in, दरारें भरना।

chink[2] *n.* a short clinking sound, खनखन, ठनठन। *v.* (chinked, chinking) to make this sound, खनखनाना, ठनठन करना।

chino (ची´-नो) *n.* a coarse khaki coloured cloth, मोटा ख़ाकी रंग का कपड़ा।

chintz (चिन्ट्स्) *n.* a glazed and printed fabric, छींट।

chintzy (चिन्ट्´-सी) *adj.* 1. gaudy, भड़कीला। 2. cheap, सस्ता, हलका।

chip (चिप्) *n.* 1. a small piece broken or cut off, टुकड़ा, चिप्पड़। 2. a mark left when a small piece is broken off, निशान, गड्ढा। 3. a thin crisp shaving of potato, कचरी, चिप्स। 4. a strip of a bamboo, खपची। 5. a counter used to represent money in gambling, टोकन, चिप। 6. a minute component with electrical characteristics, चिप। □ **chip off the old block,** a person very like his father, बेटा जो अपने पिता पर हो; **chip in,** to interrupt, टोक देना। *v.* (chipped, chipping) to lose or cause to lose a small piece from the surface, चिप्पड़ उतरना या उतारना।

chipper (चिप्´-अॅ:) *adj.* lively, जीवंत।

chipping (चिप्´-इंग्) *n.* a small rough piece of stone, रोड़ा, रोड़ी।

chirography (काइ-रॉग्´-रॅ-फ़ी) *n.* handwriting, हस्तलेख, हस्तलिपि।

chiromancy (काइ´-रॅ-मैन्-सी) *n.* palmistry, हस्तरेखा-विज्ञान।

chiropodist (काइ-रॉप्´-अॅ-डिस्ट्) *n.* an expert in chiropody, पाद चिकित्सक।

chiropody (काइ-रॉप्´-अॅ-डी) *n.* the treatment of foot ailments, पाद चिकित्सा।

chirp (चि:प्) *n.* the short sharp sound made by small birds or some insects, चींचीं, चेंचें। *v.* (chirped, chirping) to make this sound, चींचीं करना, चेंचें करना।

chirpy (चि:´-पी) *adj.* cheerful, प्रफुल्ल, प्रसन्नचित्त।

chirrup (चिर्´-अप्) *n.* a series of chirps, चहचह, चहचहाहट।

chisel (चिज़्´-अॅल्) *n.* a tool for cutting a solid material, छेनी, टाँकी। *v.* (chiselled, chiselling) 1. to cut or shape with a chisel, छेनी से काटना या तराशना। 2. to deceive, धोखा देना।

chiseller (चिज़्´-अॅल्-अॅ:) *n.* an unfair and deceitful person, तिकड़मबाज़, धूर्त।

chit[1] (चिट्) *n.* a short written note, चिट, पुरज़ा, रुक्का, पर्ची।

chit[2] *n.* an impudently bold girl, धृष्ट लड़की।

chitchat (चिट्´-चैट्) *n.* gossip, small talk, बतकही, बातचीत।

chivalric (शिव्´-अॅल्-रिक्) *adj.* = chivalrous.

chivalrous (शिव्´-अॅल्-रॅस्) *adj.* having the qualities of a knight, शूर तथा दयालु, वीर।

chivalry (शिव्´-अॅल्-री) *n.* the qualities of a knight, शूरता तथा दयालुता, वीरता।

chloride (क्लोर्´-आइड्) *n.* a compound of chlorine with another substance, क्लोराइड।

chlorinate (क्लोर्´-इ-नेट्) *v.* (chlorinated, chlorinating) to sterilize with chlorine, क्लोरीन से जीवाणुविहीन करना।

chlorine (क्लोर्´-ईन्) *n.* a gaseous element,

क्लोरीन।

chloroform (क्लोर्´-अॅ-फ़ॉ:म्) *n.* a strong smelling liquid that causes unconsciousness when breathed, क्लोरोफ़ार्म।

chlorophyl, chlorophyll (क्लोर्´-अॅ-फ़िल्) *n.* the green coloured substance found in stems and leaves, क्लोरोफ़िल।

chocbar (चॉक्´-बा:) *n.* a piece of ice-cream coverd with chocolate, चाकबार।

chock (चॉक्) *n.* a block placed under something to keep it from moving, अड़ासा, अवरोध। *v.* (chocked, chocking) to prevent something from moving with a chock, अड़ासा लगाना।

chock-a-block (चॉक्-अॅ-ब्लॉक्´) *adj.* very crowded, ठसाठस या खचाखच भरा हुआ।

chockfull (चॉक्´-फ़ुल्) *adj.* completely full, पूरा भरा हुआ, पूरित।

chocolate (चा:´-कॅ-लिट्) *n.* 1. a powder of cacao seeds, चाकलेट। 2. dark brown colour, कत्थई या चाकलेटी रंग।3. a ice candy covered with chocolate, चाकलेटी आइसक्रीम।

choice (चॉइस्) *n.* 1. the act of choosing, चयन, चुनाव, वरण। 2. a thing or person chosen, चुना हुआ व्यक्ति या वस्तु, चयन।3. an alternative, विकल्प; □ **have no choice,** कोई विकल्प या रास्ता न होना; You have no choice but to go, आपके पास जाने के सिवाय कोई और रास्ता नहीं। *adj.* of the best quality, of fine quality, बढ़िया, श्रेष्ठ, चुनिंदा।

choir (क्वाइ:) *n.* a group of singers, गायकमंडली, गायक-दल, गायक-समूह।

choirboy (क्वाइ:-बॉइ) *n.* a boy who sings in a church choir, गिरजे के गायकदल का सदस्य।

choir master *n.* the leader of a choir, गायक दल का नेता, प्रधान गायक।

choke (चोक्) *v.* (choked, choking) 1. to be unable to breathe, to feel difficulty in breathing, दम घुटना। 2. to cause to stop breathing by pressing the windpipe, गला दबाना, दम घोट देना।3. to obstruct or block, बंद कर देना, अवरुद्ध कर देना। □ **choke up,** to be unable to speak because of emotion, गला भर आना, कंठ अवरुद्ध हो जाना, आवाज़ न निकलना। *n.* the act of choking, श्वासावरोध, दम घुटना।

choker (चो´-कॅ:) *n.* a close-fitting necklace, कंठी।

cholera (कॉल्´-अॅ-रॅ) *n.* a fatal epidemic causing severe diarrhoea, हैज़ा, कॉलरा।

choleric (कॉल्´-अॅ-रिक्) *adj.* easily angered, तुनकमिज़ाज़।

choose (चूज़्) *v.* (chose, chosen, choosing) 1. to pick out, चुनना, छाँटना, चुनाव करना। 2. to prefer, पसंद करना।

chooser (चूज़्´-अॅ:) *n.* one who chooses, चुननेवाला, चुनाव करनेवाला।

choosey, choosy (चू´-ज़ी) *adj.* careful in choosing, hard to please, नकचढ़ा, जिसे जल्दी कुछ पसंद न आता हो।

chop (चॉप्) *v.* (chopped, chopping) to cut by striking with a knife or axe, टुकड़े-टुकड़े करना, कीमा बनाना, कुतरना। 2. to cause to stop, रोक देना, अवरुद्ध कर देना, बंद कर देना। *n.* 1. a cutting stroke with an axe, काट, वार, प्रहार। 2. a small piece of meat, मांस का टुकड़ा।

chopper (चॉप्´-अॅ:) *n.* a large heavy knife, छुरा।

choppy (चॉप्´-ई) *adj.* 1. covered with many short rough waves, तरंगित। 2. variable, अस्थिर, चंचल, परिवर्तनशील। 3. not smooth, jerky, उबड़-खाबड़, ऊँचा-नीचा।

chopstick (चॉप्´-स्टिक्) *n.* one of a pair of sticks for lifting food to the mouth, तीली, सलाई, हाशी (जापानी)।

choral (कोर्´-अॅल्) *adj.* written for a choir, गायकों के लिए लिखा हुआ।

chord[1] (कॉ:ड्) *n.* 1. a combination of three or more musical notes played together, स्वरसंघात। 2. a string of a musical instrument, (सारंगी, वीणा आदि का) तार। □ **touch the right chord,** किसी के मन की बात कहना।

chord[2] *n.* 1. a line segment that joins two

अ: bird ब:ड्, अॅ: tear टिअॅ:, ऐअॅ air ऐअॅ:, आई five फ़ाइव्, ऑइ boy बॉइ/बॉय, इअॅ near निअॅ: उअॅ poor पुअॅ:, च् chat चैट्, थ् thing थिंग्, द् this दिस्, फ़् full फ़ुल्, व़् wait व़ेट्

points on a curve, जीवा, चापकर्ण। 2. spinal chord, मेरुदंड, रीढ़ की हड्डी।

chore (चो:) *n.* 1. a daily task, a routine task, नित्यकर्म, रोज़-रोज़ का काम। 2. an unpleasant task, उबाऊ काम। 3. domestic chores, चौका-बर्तन, झाड़ू-पोचा आदि।

choreograph (कॉर्-इ-अॅ-ग्रैफ़्) *v.* (choreographed, choreographing) to arrange and direct the dancing, नृत्य का निर्देशन करना।

choreographer (कोर्´-इ-ऑग्´-रॅ-फ़:) *n.* one who arranges and directs the dancing, नृत्य-निर्देशक।

choreography (कोर्´-इ-ऑग्´-रॅ-फ़ी) *n.* 1. the art of arranging and directing dances, नृत्य-निर्देशन। 2. the art of dancing, नृत्यकला।

chortle (चॉ:´-टॅल्) *n.* a laugh of satisfaction or pleasure, ठहाका, खिलखिलाहट, हँसी। *v.* (chortled, chortling) to utter a chortle, ठहाका लगाना, खिलखिला उठना, हँस पड़ना।

chorus (कोर्´-अॅस्) *n.* 1. a group of singers or dancers, गायक दल, नर्तक दल। 2. a piece of music written to be sung by such a group, कोरस, समवेतगान, वृंदगान। 3. a group speaking or reciting together, मंडली। 4. something said by many people at a time, सब के मुँह की बात, ऐसी बात जिसे सब लोग एक साथ कह उठें। 5. the refrain or main part of a song, स्थायी, टेक। □ **in chorus,** all together, एक साथ। *v.* (chorused, chorusing) 1. to sing at the same time, साथ-साथ या एक साथ गाना। 2. to speak at the same time, एक साथ बोल उठना या बोल पड़ना।

chose (चोज़्) *v.* p.t. of choose.

chosen (चो´-ज़ॅन्) *v.* p.p. of choose.

chow, chow chow (चौ, चौ´-चौ) *n.* a type of Chinese dog, एक प्रकार का चीनी कुत्ता।

chowder (चौ´-डॅ:) *n.* a thick soup, गाढ़ा शोरबा।

chow mein (चौ-मेन्´) *n.* a preparation of noodles with the bits of meat and vegetables, चौमेन, नूडल्स।

Christ (क्राइस्ट्) *n.* Jesus, येशु, ईसा, ईसामसीह, ख़्रीस्त।

Christen (क्रिस्´-अॅन्) *v.* (christened, christening) 1. to give a name, नामकरण करना, नाम देना। 2. to baptize, बपतिस्मा देना। 3. to name and dedicate ceremonially, नामकरण तथा लोकार्पण करना।

Christendom (क्रिस्´-अॅन्-डॅम्) *n.* 1. all Christians, समस्त ईसाई, समस्त येशुभक्त, ख़्रीस्त-जगत, ईसाई-जगत। 2. all Christian countries, समस्त ईसाई देश।

Christening (क्रिस्´-निंग्) *n.* the ceremony of naming or baptizing, नामकरण संस्कार, बपतिस्मा संस्कार।

Christian (क्रिस्´-चॅन्) *n.* one who believes in Christianity, ईसाई, ख़्रीस्त, क्रिश्चियन। *adj.* 1. pertaining to Christ, ख़्रीस्त-संबंधी, ख़्रीस्तीय। 2. pertaining to Christianity, ईसाई धर्म-संबंधी।

Christian Era *n.* the era beginning with the birth of Jesus, ईसवी सन्।

Christianity (क्रिस्-चि-ऐन्´-इ-टी) *n.* 1. the Christian religion, ईसाई धर्म। 2. the state of being a Christian, ईसाइयत। 3. Christendom, समस्त ईसाई लोग, ईसाई जगत।

Christianize (क्रिस्´-चॅ-नाइज़्) *v.* (Christianized, Christianizing) 1. to make Christian, ईसाई बनाना, ईसाई धर्म में दीक्षित करना। 2. to become Christian, ईसाई बनना, ईसाई हो जाना।

Christian name *n.* 1. a name given at birth, जन्म के समय होनेवाला नामकरण। 2. a name given at baptism, ईसाई बनने पर मिलनेवाला नाम।

Christmas (क्रिस्´-मॅस्) *n.* 1. the day celebrated as the anniversary of the birth of Jesus, बड़ा दिन, ख़्रीस्त जयंती, येशु-जन्मोत्सव। 2. the period about this time, बड़े दिन, ख़्रीस्त-जयंती की अवधि, क्रिसमस।

Christmas Day *n.* December 25, २५ दिसंबर, बड़ा दिन।

Christmas Eve *n.* December 24, २४ दिसंबर की संध्या।

Christmastide (क्रिस्´-मॅस्-टाइड्) *n.* the

Christmas season, क्रिसमस ऋतु,बड़े दिन।

Christmas tree *n.* an artificial tree decorated at Christmas, बड़े दिन के अवसर पर सजाया जानेवाला कृत्रिम वृक्ष, क्रिसमस ट्री।

chromatic (क्रो-मैट्´-इक्) *adj.* pertaining to colours or colour, रंगीन, रंग-संबंधी, वर्ण-संबंधी।

chromatics (क्रो-मैट्´-इक्स्) *n.* the science of colours, रंग विज्ञान, वर्ण विज्ञान।

chrome (क्रोम्) *n.* an element, chromium, क्रोम, क्रोमियम।

chromium (क्रो´-मि-अॅम्) *n.* a chemical element, क्रोमियम।

chromo (क्रो´-मो) *prefix.* colour, रंग, वर्ण।

chromosome (क्रो´-मॅ-सोम्) *n.* a thread like structure found in animals and plants that is responsible for transmission of hereditary characteristics, गुणसूत्र।

chromosphere (क्रो´-मॅ-स्फ़िअॅ:) *n.* a gaseous envelope around a star, क्रोम मंडल।

chronic (क्रॉन्´-इक्) *adj.* 1. of long duration, चिरकालीक, दीर्घकालिक; chronic disease, लंबी बीमारी, पुरानी बीमारी। 2. habitual, अभ्यस्त; a chronic smoker, तंबाकू-व्यसनी। 3. very bad, बहुत बुरा।

chronicle (क्रॉन्´-इ-कॅल्) *n.* a chronological record of historic events, इतिवृत्त, इतिहास। *v.* (chronicled, chronicling) to record in the form of chronicle, इतिवृत्त या इतिहास लिखना।

chronograph (क्रोन्´-अॅ-ग्रैफ़्) *n.* an instrument for accurate time recording, घड़ी।

chronologic (क्रोन्-अॅ-लॉज्´-इक्) *adj.* = chronological.

chronological (क्रोन्-अॅ-लॉज्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. arranged in order of time of occurrence, कालानुक्रमिक, कालक्रमिक।2. of chronology, कालक्रम-संबंधी।

chronologically (क्रोन्-अॅ-लाज्´-इ-कॅ-ली) *adv.* according to chronology, काल-क्रमानुसार।

chronology (क्रॅ-नॉल्´-अॅ-जी) *n.* 1. the arrangement of dates and sequences of events, कालानुक्रम, कालक्रम। 2. a list of chronological events, कालक्रम-सूची।

chronometer (क्रॅ-नॉम्´-इ-टॅ:) *n.* a precise timepiece, बहुत ही सही समय बतानेवाली घड़ी।

chrysalis (क्रिस्´-अॅ-लिस्) *n.* 1. the pupa of a moth or butterfly in a case or cacoon, कोषावस्था। 2. something still in the process of development, विकासावस्था, विकासमान स्थिति, संक्रमणावस्था।

chrysanthemum (क्रि-सैन्´-थॅ-मॅम्) *n.* a garden plant and its flower, गुलदाउदी।

chub (चब्) *n.* a thick-bodied river fish, एक तरह की मोटी मछली।

chubby (चब्´-ई) *adj.* rounded and plump, गोल-मटोल, मोटा-ताज़ा, मांसल।

chuck[1] (चक्) *v.* (chucked, chucking) 1. to throw out or discard, फेंक देना, निकाल बाहर करना, अस्वीकार कर देना। 2. to forsake, छोड़ देना। 3. to tap, थपथपाना। 4. to touch playfully under the chin, ठुड्डी सहलाना। *n.* a playful touch, सहलाने जैसा स्पर्श।

chuck[2] (चक्) *n.* 1. dismissal from the job, नौकरी से बर्ख़ास्तगी। □ **give the chuck**, to dismiss from the job, He gave me the chuck last week, उसने मुझे पिछले सप्ताह नौकरी से बर्ख़ास्त कर दिया। 2. a cut of beef including the neck and shoulder blade, गर्दन और कंधे के बीच का मांस का टुकड़ा।

chuck[3] (चक्) *n.* food, खाद्यपदार्थ, भोजन।

chuck hole *n.* a hole in a road, सड़क का गड्ढा।

chuckle (चक्´-अॅल्) *v.* (chuckled, chuckling) to laugh quietly, मुँह बंद करके हँसना। *n.* 1. a quiet laugh, मंद मुस्कान, मुँहबंद हँसी। 2. chuckle-headed, मूर्ख, उल्लू, बेवकूफ़।

chug (चग्) *v.* (chugged, chugging) to make a short dull sound, खटखट करना। *n.* a short dull sound of an engine, खटखट।

chukka boot *n.* an ankle-high leather boot, एक तरह का बूट।

chum[1] (चम्) *n.* a close friend, पक्का यार, घनिष्ट मित्र, बेली। *v.* (chummed, chum-

ming) to form a close friendship, यारी करना, दोस्ती गाँठना, यार बनाना, घनिष्ठ संबंध रखना।

chum² (चम्) *n.* the bait to attract fish, मछली फँसाने का लासा, चारा।

chummy (चम्´-ई) *adj.* very friendly, अत्यंत घनिष्ठ, पक्का, अंतरंग।

chump (चम्प्) *n.* 1. a block of wood, lump, गुट्टक, कुंदा, लक्कड़। 2. a foolish person, मूर्ख व्यक्ति।

chunk (चंक्) *n.* 1. a thick mass or piece, बड़ा टुकड़ा। 2. a substantial amount, बड़ा या अच्छा-खासा भाग, बड़ी राशि या रकम; The enemy has occupied a big chunk of our territory, शत्रु ने हमारे क्षेत्र का, एक बड़ा भाग हथिया लिया है।

chunky (चंक्´-ई) *adj.* thick and short, गठीला।

church, Church (चर्च्) *n.* 1. a building for Christian worship, गिरजा, कलीसिया, चर्च। 2. the collective body of all Christians, ईसाई समुदाय। 3. the Christian religion, ईसाई धर्म।

churchgoer (चर्च्´-गोअ:) *n.* a person who attends Church regularly, नियमित रूप से चर्च जानेवाला।

churchly (चर्च्´-ली) *adj.* 1. appropriate to the Church, चर्च की दृष्टि से उपयुक्त। 2. associated with the Church, चर्च से संबद्ध।

churchyard (चर्च्´-या:ड्) *n.* the grounds round a church used as a graveyard, चर्च का क़ब्रिस्तान।

churl (च:ल्) *n.* 1. a rude or ill-mannered or ill-bred person, फूहड़ या उजड्ड आदमी। 2. a medieval peasant, मध्ययुगीन किसान। 3. a miserly person, कंजूस, व्यक्ति।

churlish (च:´-लिश्) *adj.* rude, ill-mannered, फूहड़, उजड्ड, असभ्य, उलटी खोपड़ी का।

churn (च:न्) *n.* a vessel or machine in which milk, cream or curd is vigorously shaken to produce butter, दूध, दही या क्रीम को मथने का पात्र या यंत्र। *v.* (churned churning) 1. to shake or agitate milk, cream or curd to make butter, मथना, बिलोना। 2. to make butter, मक्खन निकालना। 3. to stir violently, आंदोलित या आलोड़ित करना। 4. to produce in quantity without regard for quality, बनाते चलना।

chute (शूट्) *n.* 1. a steep slope, ढाल। 2. a parachute, पैराशूट।

chutney (चट्´-नी) *n.* a kind of pickle, चटनी।

cicada (सि-का´-डॅ) *n.* a large insect with wings, एक उड़नेवाला कीड़ा।

cicatrix (सिक्´-अॅ-ट्रिक्स्) *n.* [plu. cicatrices] a scar, घाव सूखने पर बननेवाला निशान, क्षतचिह्न, व्रणचिह्न।

cicerone (सिस्-इ-रो´-नी) *n.* a guide who conducts and informs sightseers, गाइड।

C.I.D. (सी.आइ.डी.) *abbr.* Criminal Investigation Department, सी.आइ.डी.।

cider (साइ´-डॅ:) *n.* a fermented drink made from apples, सेब की शराब।

cigar (सि-गा:´) *n.* a roll of tobacco leaves for smoking, सिगार।

cigarette (सिग्-अॅ-रॅट्´) *n.* a roll of finely cut tobacco enclosed in paper for smoking, सिगरेट।

cigarette case *n.* a case in which cigarettes are packed, सिगरेट की डिबिया।

cigarette paper *n.* the paper used to make cigarettes, सिगरेट का काग़ज़।

cigarillo (सिग्-अॅ-रिल्´-ओ) *n.* a small cigar, छोटा सिगार।

cilium (सिल्´-इ-अॅम्) *n.* (plu. cilia) an eyelash, बरौनी।

C. in. C. (सी.इन्.सी.) *abbr.* Commander-in-Chief, प्रधान सेनापति।

cinch (सिंच्) *n.* 1. a girth for a saddle, ज़ीन की पेटी। 2. a firm grip, मजबूत पकड़। 3. an easy task, सरल काम। *v.* (cinched, cinching) 1. to put a saddle girth on, पेटी से ज़ीन कसना। 2. to make secure, सुरक्षित करना या बनाना। 3. to make certain, सुनिश्चित करना। He cinched his success by hard work, उसने परिश्रम के बल पर अपनी सफलता सुनिश्चित कर ली।

cinchona (सिन्-को´-नॅ) *n.* a tree whose bark yields quinine, सिंकोना वृक्ष जिसकी छाल से कुनैन बनाई जाती है।

cincture (सिंक्´-चॅः) *n.* a girdle or belt, पेटी, मेखला।

cinder (सिन्´-डॅः) *n.* 1. a half-burned substance, अधजला पदार्थ। 2. (plu. cinders) ashes, राख।

cinderella (सिन्-डॅ-रॅल्´-अॅ) *n.* a girl who achieves fame after being obscure, वह लड़की जिसे सहसा प्रतिष्ठा प्राप्त हुई हो, सहसा-प्रसिद्ध बाला।

cinderella story *n.* a story of sudden success, सहसा प्राप्त होनेवाली प्रसिद्धि की गाथा।

cinema (सिन्´-अॅ-मॅ) *n.* 1. a motion picture theatre, सिनेमा-घर, चलचित्रगृह, सिनेमा। 2. a motion picture, चलचित्र, सिनेचित्र, सिनेमा।

cinematographic (सिन्-इ-मैट्-अॅ-ग्रैफ़्´-इक्) *adj.* of cinematography, चलचित्रण-संबंधी।

cinematography (सिन्-इ-मॅ-टॉग्´-रॅ-फ़ी) *n.* the making of motion pictures, चलचित्र-निर्माण, चलचित्रण।

cineraria (सिन्-इ-रेअर्´-इ-अॅ) *n.* a plant with heart-shaped leaves, पान के से पत्तोंवाला एक पेड़।

cinerarium (सिन्-इ-रेअर्-इ-अॅम्) *n.* a place for keeping ashes after cremation, भस्मालय, अस्थिशेषकक्ष, अस्थिकक्ष।

cinnamon (सिन्-अॅ-मॅन्) *n.* a bark used as a spice, दालचीनी।

cipher (साइ´-फ़ॅः) *n.* 1. a symbol 0, शून्य, सिफ़र, ज़ीरो। 2. any Arabic numeral, १ से ९ तक का कोई अंक। 3. nonentity, नगण्य व्यक्ति, वस्तु; He is a mere cipher, वह किसी गिनती में नहीं है। 4. a system of secret writing, गूढ़लिपि, संकेताक्षरों का प्रयोग। 5. the key to such a system, गूढ़लिपि की कुंजी। 6. a monogram, मोनोग्राम। *v.* (ciphered, ciphering) 1. to write in cipher, गूढ़लिपि में लिखना, गूढ़लिपि का प्रयोग करना, संकेताक्षरों में लिखना। 2. to compute arithmetically, हिसाब करना या लगाना।

circa (सः´-कॅ) *prep.* about, के लगभग, के आसपास।

circle (सः´-कॅल्) *n.* 1. a perfectly round plane figure, वृत्त, सर्कल, दायरा। 2. something formed or arranged in the shape of a circle, घेरा, मंडल। 3. a group of persons having or sharing a common interest or activity, मंडल, मंडली। 4. an area of such an interest or activity, क्षेत्र, हलका, अंचल। 5. a chain of events that forms a connected whole, चक्र। □ **square the circle,** to attempt something impossible, असंभव को संभव बनाने की कोशिश करना; **come full circle,** to return back to the starting point, पूरी परिक्रमा करना, जहाँ से चले थे फिर वहीं लौट आना। *v.* (circled,circling) 1. to move in a circle, चक्कर लगाना, परिक्रमा करना। 2. to enclose in a circle, घेरना।

circlet (सः´-क्लिट्) *n.* 1. a little circle, छोटा चक्र या वृत्त। 2. a circular ornament, गोलाकार आभूषण।

circuit (सः´-किट्, सिः´-किट्) *n.* 1. a circular course or route, चक्कर, परिधि। 2. the area enclosed within such a route, क्षेत्र, मंडल। 3. a complete path through which an electric current can flow, सरकिट, परिपथ। 4. a periodical journey around an area made by a judge to hear law cases, किसी इलाके के अंदर कचहरी लगाने के लिए जज का दौरा। *v.* (circuited, circuiting) to travel in a circuit around, चक्कर लगाना, दौरा करना।

circuitous (सः-क्यू´-इ-टॅस्) *adj.* round about or indirect, घुमावदार, चक्करदार।

circular (सः´-क्यु-लॅः) *adj.* 1. shaped like a circle, वृत्ताकार, गोल, मंडलाकार। 2. pertaining to a circle, वृत्तीय। 3. moving in a circle, चक्करदार। *n.* a letter addressed to a circle of people, सर्कुलर, परिपत्र, गश्ती चिट्ठी।

circularize (सः´-क्यु-लॅ-राइज़्) *v.* (circularized, circularizing) to send circulars to, परिपत्र भेजना।

circulate (सः´-क्यु-लेट्) *v.* (circulated, circulating) 1. to move or flow through a

circuit or system, घूमना, संचरित होना या संचरण करना। 2. to move around, चक्कर लगाना। 3. to move or cause to move, घूमना या घुमाना। 4. to spread or distribute widely, वितरित करना।

circulation (स:-क्यु-ले´-शॅन्) *n.* 1. the act of circulating or being circulated, परिचालन, संचरण। 2. the movement of blood through bodily vessels, रक्तसंचार, परिसंचरण। 3. the number of copies of a newspaper sold or distributed, सर्कुलेशन, प्रसार, पाठक संख्या। 4. distribution, वितरण। ☐ **put forged notes into circulation**, जाली नोट चलाना, **be out of circulation**, चलन में न रहना।

circulatory (स:´-क्यु-ले-टॅ-री) *adj.* of circulation, परिसंचरण-संबंधी, परिसंचरणीय; circulatory system, परिसंचरणीय प्रणाली।

circumambulate (स:-कॅम्-ऐम्´-ब्यु-लेट्) *v.* (circumambulated, circumambulating) to walk around, चक्कर लगाना, परिक्रमा करना, परिभ्रमण करना।

circumcise (स:´-कॅम्-साइज़्) *v.* (circumcised, circumsizing) to remove the foreskin of (a male person) as a religious rite or surgically, सुन्नत करना, खतना करना, मुसलमानी करना।

circumcision (स:-कॅम्-सिज़न्´) *n.* the act of circumsizing or the state of being circumcised, सुन्नत, ख़तना।

circumference (स:´-कम्´-फ़ॅ-रॅन्स्) *n.* 1. the boundary line of a circle, परिधि। 2. the length round the outside of a circle, वृत्त-रेखा की लंबाई।

circumflex (स:´-कॅम्-फ़्लॅक्स्) *n.* a mark placed over a vowel, स्वरवर्ण पर लगाया जानेवाला चिह्न, स्वर चिह्न, स्वरित।

circumlocution (स:-कॅम्-लो-क्यू´-शॅन्) *n.* 1. use of many words where a few would do, शब्दाडंबर, शब्दजाल। 2. a roundabout expression, गोल-मोल बात, घुमाव-फिराववाली बात, टाल-मटोल।

circumlunar (स:-कॅम्-लू´-नॅ:) *adj.* moving around the moon, चंद्रमा का चक्कर लगानेवाला।

circumnavigate (स:-कॅम्-नैव्´-इ-गेट्) *v.* (circumnavigated, circumnavigating) to sail completely around, जलमार्ग से चक्कर लगाना, परिसंतरण करना।

circumnavigation (स:-कॅम्-नैव्-इ-गे´-शॅन्) *n.* the act of circumnavigating, परिसंतरण।

circumscribe (स:´-कॅम्-स्क्राइब्) *v.* (circumscribed, circumscribing) 1. to draw a line around, (रेखा से) घेरना। 2. to mark the limits of, सीमाबद्ध करना, सीमांकित करना, परिसीमित करना, हद बाँधना।

circumscription (स:-कॅम्-स्क्रिप्´-शॅन्) *n.* the act of circumscribing, घेरने का कार्य, परिसीमन, हदबंदी।

circumsolar (स:-कॅम्-सो´-लॅ:) *adj.* moving around the sun, सूर्य का चक्कर लगानेवाला।

circumspect (स:´-कॅम्-स्पॅक्ट्) *adj.* alert, heedful, सतर्क, चौकस, सावधान।

circumspection (स:´-कॅम्-स्पॅक्´-शॅन्) *n.* alertness, heedfulness, सतर्कता, चौकसी, सावधानी।

circumstances (स:´-कॅम्-स्टैन्-सिज़्) *n.* (plu.) the conditions or facts connected with an event or person and having bearing on it, परिस्थितियाँ। ☐ **under the circumstances,** given these conditions, इन परिस्थितियों में; **under no circumstances,** no matter what may happen, कभी नहीं, किसी प्रकार नहीं, किसी भी हालत में ....नहीं।

circumstantial (स:-कॅम्-स्टैन्´-शॅल्) *adj.* 1. of or dependent upon circumstances, परिस्थितिजन्य, पारिस्थितिक; circumstantial evidence, परिस्थितिजन्य साक्ष्य। 2. complete and detailed, पूर्ण तथा ब्योरेवार।

circumstantiate (स:-कॅम्-स्टैन्´-शि-एट्) *v.* (circumstantiated, circumstantiating) to give detailed proof or description of, पूरा ब्योरा या विवरण देना।

circumvent (स:-कॅम्-वेंन्ट्´) *v.* (circumvented, circumventing) 1. to encircle, घेर लेना। 2. to evade, टाल जाना, बच निकलना, परिहार करना। 3. to outwit, चकमा देना, अपनी

चालाकी से मात कर देना।

circus (स:´-कॅस्) *n.* 1. a travelling company of trained animals, acrobats, clowns etc., सर्कस। 2. a public performance of such a company, सर्कस।3. an arena, मैदान, अखाड़ा। 4. an open place where several streets converge, चौक।

cirque (स:क्) *n.* a bowl-shaped basin on a mountain side, कटोरीनुमा घाटी।

cirrhosis (सि-रो´-सिस्) *n.* a liver disease, यकृत् की बीमारी, जिगर का रोग।

cirrus (सिर्´-अॅस्) *n.* a very light feathery white cloud, हलका सफ़ेद बादल।

cislunar (सिस्-लू´-नॅ:) *adj.* between the Earth and the moon, धरती और चंद्रमा के मध्य का।।

cistern (सिस्´-टॅ:न्) *n.* a water tank, पानी की टंकी, हौज़।

citadel (सिट्´-अॅ-डॅल्) *n.* 1. a fort, दुर्ग, क़िला। 2. a fort near a city, नगर-दुर्ग, नगर-क़िला। 3. a stronghold, गढ़।

citation (साइ-टे´-शॅन्) *n.* 1. an act of citing or something cited, उद्धरण, हवाला। 2. a formal statement of the achievements of a person receiving an academic honour, प्रशस्ति, प्रशस्ति-पत्र।

cite (साइट्) *v.* (cited, citing) 1. to quote as an example, उद्धरण देना, हवाला देना। 2. to mention as a proof, प्रमाण देना। 3. to summon before a court of law, सम्मन भेजना। 4. to commend for meritorious action, प्रशंसा करना। 5. to mention as an example, उदाहरण देना, मिस्पल देना।

citification (सि-टि-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* the act of citifying, नगरीकरण।

citify (सिट्´-इ-फ़ाइ) *v.* (citified, citifying) to make urban, नगरीकरण करना।

citizen (सिट्´-इ-ज़ॅन्) *n.* 1. a resident of a city, नगरवासी। 2. a person who has full rights in a country, नागरिक।

citizenry (सिट्´-इ-ज़ॅन्-री) *n.* the whole body of citizens, नागरिक-वृंद।

citizenship (सिट्´-इ-जॅन्-शिप्) *n.* the state of being a citizen or the status of a citizen, नागरिकता।

citric (साइ´-ट्रिक्) *adj.* of citrus fruit, साइट्रिक।

citric acid *n.* a type of weak acid found in citrus fruit, नींबू का अम्ल, साइट्रिक एसिड।

citrus, citrous (साइ´-ट्रॅस्) *n.* any of various types of trees including lemon, orange etc., खट्टे फलवाले वृक्षों का वर्ग (नींबू, संतरा, गलगल, चकोतरा आदि इसी वर्ग के पेड़ तथा फल हैं)।

city (सिट्´-ई) *n.* 1. a big town, नगर, शहर। 2. the inhabitants of a city as a group, नगर निवासी।

city council *n.* the governing body of a city, नगर परिषद्।

city father *n.* a member of the governing body of a city, नगर पार्षद।

city state *n.* a small republic state consisting of an independent city and its surrounding territory, नगर-राज्य।

civet (सिव्´-इट्) *n.* a cat like mammal that secretes strong smelling fluid used in making perfume, बिल्ली की जाति का जंतु।

civic (सिव्´-इक्) *adj.* 1. of city, नगरीय। 2. of citizen, नागरिक-संबंधी; civic interest, नागरिक हित, civic life नागरिक जीवन। 3. of citizenship, नागरिकता-संबंधी।

civics (सिव्´-इक्स्) *n.* (used with a singular verb) the science dealing with government and the citizens, नागरिकशास्त्र।

civil (सिव्´-इल्) *adj.* 1. of a citizen, नागरिक-संबंधी, सिविल, नागर; civil liberty, नागरिक स्वतंत्रता; civil marriage, सिविल विवाह। 2. of ordinary community life as distinguished from military or ecclesiastical, असैनिक, अपौरोत्य। 3. involving civil law not criminal law, दीवानी; civil proceedings दीवानी कार्रवाई।4. polite, शिष्ट, सविनय; civil disobedience, सविनय अवज्ञा।

civil court *n.* the court that accepts the cases connected with the rights of a citizen, सिविल कोर्ट, दीवानी न्यायालय।

civil defence *n.* the protection of the popu-

lation of a country against military attack, नागरिक सुरक्षा।

civil engineer ***n.*** an engineer trained in the design and construction of the public works, सिविल अभियंता, सिविल इंजीनियर।

civilian (सि-विल्´-यॅन्) ***adj.*** not of the armed forces, असैनिक। ***n.*** a person not serving in the armed forces, असैनिक व्यक्ति, सामान्य नागरिक।

civility (सि-विल्´-इ-टी) ***n.*** 1. politeness, शिष्टता, सभ्यता। 2. an act of courtesy, शिष्टाचार।

civilization (सिव्-इ-लि-ज़े´-शॅन्) ***n.*** the advanced stage of human social development in the arts, sciences and social affairs, सभ्यता।

civilize (सिव्´-इ-लाइज़्) ***v.*** (civilized, civilizing) 1. to bring out of savagery to a highly developed stage, सभ्य बनाना। 2. to improve the behaviour of, शिष्ट बनाना।

civil law ***n.*** the body of law dealing with the rights of the citizens, दीवानी कानून, सिविल विधि।

civil servant ***n.*** a member of the civil service, सिविल सेवक।

civil service ***n.*** all branches of public service that are not legislative, judicial or military, सिविल सेवा।

civil war ***n.*** a war between the groups or factions of the citizens of the same country, गृहयुद्ध।

clack (क्लैक्) ***n.*** 1. a sharp short sound, खटखट। 2. chatter. बकबक। ***v.*** (clacked, clacking) 1. to make or cause to make a sharp short sound, खटखट करना। 2. to chatter, बकबक करना।

clad[1] (क्लैड्) ***v.*** p.p. of clothe. ***adj.*** 1. clothed, सवस्त्र, पहना हुआ। 2. covered, आवृत्त।

clad[2] ***v.*** (claded, clading) to provide with cladding, परत लगाना।

cladding (क्लैड्´-इंग्) ***n.*** the metal applied to the surface of another metal as a protective covering, धातु की परत किसी अन्य धातु पर लगाना।

claim (क्लेम्) ***v.*** (claimed, claiming) to demand as one's due or right, अधिकार या हक जतलाना, माँग करना, दावा करना। □ **lay claim to,** to assert one's right to ownership of, हक़ जतलाना। ***n.*** a demand for something as due or right, दावा, माँग।

claimant (क्ले´-मॅन्ट्) ***n.*** one who makes a claim, दावेदार, हक़दार, माँगकर्ता।

clairvoyance (क्लेअ:-वॉइ´-ॲन्स्) ***n.*** the supposed power of seeing things beyond the natural range of the senses, अतींद्रिय दृष्टि।

clairvoyant (क्लेअ:-वॉइ´-ॲन्ट्) ***n.*** one who foretells the future events, अतींद्रिय द्रष्टा।

clam (क्लैम्) ***n.*** a mollusc, बड़ी सीपी। ***v.*** (clammed, clamming) to fish for clams, सीपियाँ पकड़ना।

clamber (क्लैम्´-बॅ:) ***v.*** (clambered, clambering) to climb with difficulty, कठिनाई से चढ़ना।

clammy (क्लैम्´-ई) ***adj.*** 1. sticky, चिपचिपा। 2. unpleasantly moist, गीला।

clamorous (क्लैम्´-ॲर्-ॲस्) ***adj.*** causing clamour, शोर करनेवाला, कोलाहलपूर्ण।

clamour, clamor (क्लैम्´-ॲ:) ***n.*** 1. an outcry, चिलपों, चिल्लाहट, शोर, कोलाहल। 2. a loud demand or protest, ज़ोरदार माँग या आपत्ति। ***v.*** (clamoured clamouring) to make a loud protest or demand, ज़ोरदार ढंग से आपत्ति या माँग करना।

clamp (क्लैम्प्) ***n.*** a mechanical device for holding two or more things together, क्लैम्प, शिकंजा। ***v.*** (clamped, clamping) 1. to fasten or grip with a clamp, शिकंजे में कसना। 2. to impose or inflict, कसना, जकड़ना, थोपना, लगाना; The authorities clamped curfew in the city, अधिकारियों ने नगर में कर्फ़्यु लगा या थोप दिया।

clan (क्लैन्) ***n.*** 1. a large family forming a close group, क़बीला। 2. a group of families with common surname, वंश, कुल, ख़ानदान।

clandestine (क्लैन्-डेंस्´-टिन्) ***adj.*** secret and

concealed, गुप्त, चोरी-छिपे किया जानेवाला।
clandestinely (~ -ली) *adv.* secretly, चोरी-छिपे, गुपचुप।
clang (क्लैंग्) *n.* a loud, singing, metallic sound, घनघन, टनटन। *v.* (clanged, clanging) to make a clang, गूँजना, घनघनाना, टनटनाना।
clangour, clangor (क्लैंग्´-अ:) *n.* a clanging noise, घनघनाहट।
clank (क्लैंक्) *n.* a quick sharp metallic sound, खनखनाहट, झनझन। *v.* (clanked, clanking) to make or cause such a sound, खनखनाना, झनझनाना।
clannish (क्लैन्´-इश्) *adj.* showing clan feeling, क़बीलापरस्त।
clannishness (क्लैन्´-इश्-निस्) *n.* the state of being clannish, क़बीलापरस्ती।
clap (क्लैप्) *v.* (clapped, clapping) 1. to strike the palms of the hands together, ताली बजाना, करतलध्वनि करना, थपोड़ी पीटना। 2. to flap (wings, पर) फड़फड़ाना। 3. to place or put quickly or forcibly, रख या डाल देना, बंद कर देना। *n.* 1. the act or sound of clapping, ताली, थपोड़ी, करतलध्वनि। 2. the sharp noise of thunder, कड़क, गर्जन।
clapper (क्लैप्´-अ:) *n.* the tongue of a bell, लोलक, लटकन।
claptrap (क्लैप्´-ट्रैप्) *n.* 1. the contrived idea that wins applause, वाहवही लूटने के लिए कही हुई थोथी बात, ढोंग। 2. insincere talk, मिथ्या प्रलाप।
claque (क्लैक्) *n.* 1. the people hired to applaud at a performance, थपोड़ी पीटने के लिए इकट्ठे किए हुए भाड़े के लोग। 2. a group of fawning admirers, ख़ुशामदियों की टोली।
claret (क्लैर्´-इट्) *n.* a kind of red wine, लाल रंग की मदिरा।
clarification (क्लैर्-इ-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* the act of clarifying, स्पष्टीकरण, सफ़ाई।
clarify (क्लैर्´-इ-फ़ाइ) *v.* (clarified, clarifying) 1. to make clear to understand, स्पष्ट करना, स्पष्टीकरण करना। 2. to make pure, विशुद्ध करना, साफ़ करना।
clarinet (क्लैर्-इ-नेंट्´) *n.* a wind instrument, शहनाई।
clarinetist (क्लैर्-इ-नेंट्´-इस्ट्) *n.* one who plays the clarinet, शहनाईवादक।
clarion (क्लैर्´-इ-ॲन्) *n.* a trumpet, तुरही। *adj.* 1. clear, स्पष्ट। 2. inspiring, प्रेरणाप्रद; clarion call, आह्वान।
clarity (क्लैर्´-इ-टी) *n.* clearness, स्पष्टता, प्रांजलता।
clash (क्लैश्) *v.* (clashed, clashing) 1. to collide or strike together with a loud harsh sound, टकरा जाना, भिड़ जाना, लड़ जाना। 2. to conflict, विरोध या संघर्ष करना। 3. to disagree, मेल न खाना। *n.* 1. a collision, भिड़ंत, टक्कर। 2. a sound of clashing, टक्कर की आवाज़। 3. conflict, संघर्ष, विरोध।
clasp (क्लैस्प्) *n.* 1. a device for fastening or joining a belt, बकसुआ, बकलस। 2. a grasp, पकड़। 3. a handshake, हथमिलाव, हाथ मिलाना। 4. an embrace, आलिंगन। *v.* (clasped, clasping) 1. to fasten or join with a clasp, बकसुआ लगाना। 2. to grasp or hold, पकड़ना। 3. to embrace, आलिंगन करना।
class (क्लास्, क्लैस्) *n.* 1. a division of people or things sharing a common characteristic, वर्ग, श्रेणी। 2. the people of a similar social or economic position, वर्ग, जाति; upper class, ऊँची जाति; class consciousness, वर्ग चेतना; rich class, धनी वर्ग; class struggle, वर्ग-संघर्ष। 3. the group of students who are taught together, कक्षा, जमात, दरजा। 4. kind, sort, किस्म, प्रकार। 5. one of several standards of accommodation in public transport, श्रेणी, दरजा। 6. excellence, elegance, ख़ूबी, गुणवत्ता, उत्कृष्टता। □ **in a class by oneself, in a class of its own,** unparallelled, बेजोड़, अद्वितीय। *v.* (classed, classing) to classify, वर्गीकृत करना।
classic (क्लैस्´-इक्) *adj.* 1. of the highest class or rank, उच्च कोटि का, उच्च श्रेणी का। 2. serving as a standard or model of its

kind, आदर्श, मानक। 3. pertaining to ancient Sanskrit, Greek or Roman literature or art, शास्त्रीय। 4. adhering to an established set of principles in the arts or sciences, वरेण्य, मान्य, पारंपरिक। ***n.*** 1. an author, artist or work of the highest rank, महान या श्रेष्ठ कलाकार अथवा महान या श्रेष्ठ कलाकृति। 2. (plu.) ancient literature, प्राचीन साहित्य।

classical (क्लैस्´-इ-कॅल्) ***adj.*** 1. relating or pertaining to the old civilization, पुरातन। 2. traditional and standard in style, पारंपरिक। 3. influenced by the art, literature or culture of ancient times, शास्त्रीय।

classically (क्लैस्´-इ-कॅल्-ई) ***adv.*** in a classical manner, पारंपरिक ढंग से, शास्त्रीय रूप में।

classicism (क्लैस्´-इ-सिज़्-इम्) ***n.*** 1. classical scholarship, पांडित्य, शास्त्रीय ज्ञान। 2. classical style, शास्त्रीय शैली।

classicist (क्लैस्´-इ-सिस्ट्) ***n.*** a classical scholar, शास्त्रवेत्ता।

classics (क्लैस्´-इक्स्) ***n.*** 1. ancient works of literature, art or religion, प्राचीन साहित्य, शास्त्र। 2. ancient languages, प्राचीन भाषाएँ।

classification (क्लैस्-इ-फ़ि-कें´-शॅन्) ***n.*** the act of classifying or state of being classified, वर्गीकरण।

classified (क्लैस्´-इ-फ़ाइड्) ***adj.*** 1.arranged according to subject-matter, वर्गीकृत। 2. secret, गुप्त, गोपनीय।

classifieds (क्लैस्´-इ-फ़ाइड्स्) ***n.*** classified advertisements, वर्गीकृत विज्ञापन।

classify (क्लैस्´-इ-फ़ाइ) ***v.*** (classified, classifying) to arrange in classes, वर्गीकृत करना, वर्गीकरण।

classless (क्लैस्´-लिस्, क्लास्´-लिस्) ***adj.*** socially not divided into classes, वर्गहीन।

classmate (क्लैस्´-मेट्, क्लास्´-मेट्) ***n.*** a member of the same class, सहपाठी, कक्षामित्र।

classroom (क्लैस्´-रूम्, क्लास्´-रूम्) ***n.*** any of the rooms in which classes are conducted in a school or college, कक्षा।

classy (क्लैस्´-ई) ***adj.*** elegant, रमणीय, चारु।

clatter (क्लैट्´-अॅ:) ***n.*** 1. a rattling noise, खड़खड़। 2. noisy talk, बकबक, चटर-चटर। ***v.*** (chattered, chattering) 1. to make a rattling noise, खड़खड़ करना, खड़खड़ाना। 2. to talk noisily, बकबक करना, चटर-चटर करना।

clause (क्ला:ज़्) ***n.*** 1. a part of a compound or complex sentence consisting of a subject and predicate, उपवाक्य, वाक्यांश। 2. a separate article or provision of a document, धारा, दफा।

claustrophobia (क्ला:स्-ट्रॅ-फ़ो´-बि-अॅ) ***n.*** an abnormal physical state of being enclosed in a small place, बंद जगह में होनेवाला भय, घुटन, दमघुटी।

clavichord (क्लैव्´-इ-कॉ:ड्) ***n.*** a type of piano, एक तरह का पियानो बाजा।

clavicle (क्लैव्´-इ-कॅल्) ***n.*** the collarbone, हँसली (हड्डी)।

clavier (क्लै´-विअॅ:) ***n.*** an old type of piano, पुरानी चाल का पियानो।

claw (क्ला:) ***n.*** 1. a sharp curved nail on the toe of an animal or bird, खाँग, काँटा। 2. the foot of a bird or animal with such nails, पंजा। 3. a device like a claw used for holding papers etc., पंजा। ***v.*** (clawed, clawing) 1. to pull or scratch with a claw, पंजा मारना, पंजे से नोचना, पंजे से फाड़ना। 2. to hold with a claw, पंजे से पकड़ना।

claw hammer ***n.*** a hammer with a forklike end for pulling nails, कँटिया उखाड़नेवाली हथौड़ी।

clay (क्ले) ***n.*** 1. a soft earth used in making bricks, pottery etc., मृत्तिका, (चिकनी) मिट्टी। 2. mud, गारा।

clayey (क्ले´-ई) ***adj.*** of or made of clay, मिट्टी का बना, मृण्मय।

clay pigeon ***n.*** a disk-shaped target of clay, मिट्टी की वह तश्तरी जिसे उछालकर निशाना लगाते हैं।

clean (क्लीन्) ***adj.*** 1. free from dirt, स्वच्छ,

साफ़, साफ़-सुथरा। 2. free from impurities, शुद्ध, विमल, विशुद्ध। 3. not yet used, कोरा। 4. without any blemish or blame, बेदाग, निष्कलंक, दोषविहीन। 5. complete, पूर्ण। 6. smooth and even, well-formed, सुडौल, सुघड़। □ **make a clean breast of it,** to confess fully, क़बूल करना, ग़लती मान लेना; **show a clean pair of heels,** to run away without losing time, सिर पर पाँव रखकर भागना। *adv.* 1. entirely, completely, पूर्ण रूप से, पूरी तरह से। 2. in a clean manner, साफ़-साफ़। 3. direct, सीधे। *v.* (cleaned, cleaning) to make clean, साफ़ करना, सफ़ाई करना। □ **clean down,** to wash from top to bottom, अच्छी तरह धोना, धुलाई करना; **clean out** (i) to force out or throw away, निकाल बाहर करना, बाहर फेंकना; (ii) to deprive completely, पूरी तरह वंचित करना; **clean up** (i) to clear thoroughly, अच्छी तरह साफ़ करना; (ii) to make a large sum of money in a short period of time, थोड़े ही समय में बहुत अधिक धन जमा कर लेना।

clean-cut (क्लीन्´-कट्) *adj.* 1. clearly defined, स्पष्ट। 2. well-shaped, सुडौल। 3. neat and clean, साफ़-सुथरा।

cleaner (क्ली´-नः) *n.* 1. a person engaged to clean rooms, vehicles etc., सफ़ाई करनेवाला, सफ़ाईदार, क्लीनर। 2. a dry-cleaner, ड्राईक्लीनर। 3. a machine or device for cleaning things, सफ़ाई मशीन। 4. a substance used in cleaning, सफ़ाई करने का पदार्थ। 5. a shop where clothes are dry-cleaned, धुलाई-घर।

cleaner's (क्ली´-नःज़्) *n.* (plu.) the establishment of a drycleaner, धुलाई-घर। □ **take to the cleaner's,** (i) to rob, (धन) छीन या हथिया लेना; (ii) to cause ruin, बर्बाद कर देना।

cleanliness (क्लीन्´-लि-निस्) *n.* habitual cleanness, सफ़ाई, सफ़ाई-पसंदगी।

cleanly (क्लीन्´-ली) *adj.* 1. active-looking and well-made features, सुघड़। 2. habitually neat and clean, सफ़ाई-पसंद। *adv.* in a clean way, सफ़ाई से।

cleanse (क्लीन्ज़्, क्लेंन्ज़्) *v.* (cleansed, cleansing) 1. to free from dirt, साफ़ करना या बनाना। 2. to make clean and pure, साफ़ करना, शुद्ध करना।

clean-shaven (क्लीन्´-शेव्´-ॲन्) *adj.* with beard and mustaches shaved off, जिसकी दाढ़ी और मूँछें घुटी हों, दाड़ी-मूँछ साफ़।

clean-up (क्लीन्´-अप्) *n.* 1. the act or process of cleaning up, सफाई। 2. a large profit, चोखा लाभ।

clear (क्लिॲः) *adj.* 1. free from anything that dims, easily seen through, transparent, पारदर्शक, साफ़। 2. free from obstruction or impediment, open, साफ़, खुला, सफा। 3. easily perceptible, distinct, साफ़, स्पष्ट, प्रांजल। 4. free from blemish, निष्कलंक, बेदाग। 5. free from doubt, संशयरहित, असंदिग्ध। 6. without deductions, net, शुद्ध। □ **make oneself clear,** सही सही अभिव्यक्त करना। *n.* a clear space, स्वच्छ/स्पष्ट अवकाश; □ **in the clear,** free from delet, blame, suspicion etc., ऋण, दोष, कलंक, आदि संदेह आदि से मुक्त। *adv.* 1. in a clear manner, distinctly, साफ़-साफ़, स्पष्टतः। 2. completely, पूर्णतः, पूर्ण रूप से। 3. apart, अलग; Stand clear, अलग होकर खड़े रहो। *v.* (cleared, clearing) 1. to make or become clear, साफ़ होना या करना। 2. to rid of impurities or blemishes, निर्दोष बनाना, बुहार देना, साफ़ कर देना। 3. to rid of obstructions or impediments, बाधाएँ हटाना, रास्ता साफ़ करना। 4. to free from a charge of guilt, दोष मुक्त करना, बरी करना। 5. to pass by or over something without touching, साफ़-साफ़ निकल जाना। 6. to pass through a clearing house, मुक्त होना, छूटना, छुट्टी पाना। 7. to pass a cheque, चेक पास करना। 8. to earn, कमाना, प्राप्त करना; He clears one lac a year easily, वह साल में एक लाख आसानी से कमा लेता है। 9. to repay, चुकाना; He has already cleared his debts, उसने अपना ऋण पहले ही चुका दिया है। 10. to

decode, अर्थ खोलना। □ **clear out,** to leave a place quickly, (घर आदि) झटपट खाली कर देना। **clear up,** to solve, हल करना; He cleared up the mystery, उसने रहस्य का पता लगा लिया; **the coast is clear**, रास्ता साफ़ है, कोई नहीं देख रहा।

clearance (क्लिअॅर्´-ॲन्स्) ***n.*** 1. the act of clearing, साफ़ करना, सफ़ाई, निकासी। 2. the permission to leave, जाने की अनुमति, छुट्टी।

clear-cut (क्लिअॅ: ´-कट्´) ***adj.*** 1. very distinct, बिल्कुल स्पष्ट, दोटूक। 2. clear in meaning, साफ़, स्पष्ट, निश्चित।

clear-headed (क्लिअॅ: ´-हेंड्´-इड्) ***adj.*** sensible, समझदार, सुलझे दिमाग वाला।

clearing (क्लिअॅ: ´-इंग्) ***n.*** an area of land from which trees have been removed, सफ़ा क्षेत्र।

clearing house ***n.*** an office where banks exchange cheques and settle their accounts, शोधन-गृह, क्लियरिंग हाउस।

clearly (क्लिअॅ: ´-ली) ***adv.*** in a clear way, साफ़-साफ़, स्पष्ट रूप से।

clearness (क्लिअॅ: ´-निस्) ***n.*** the state of being clear, स्पष्टता।

clear-sighted (क्लिअॅ:´-साइ-टिड्) ***adj.*** sensible, समझदार, सयाना।

cleat (क्लीट्) ***n.*** a strip of wood, a wedge, पच्चर, फन्नी।

cleavage (क्ली´-विज्) ***n.*** 1. a break caused by splitting, दरार, फटन। 2. the hollow between a woman's breasts, स्त्री के स्तनों के बीच की खाली जगह। □ **cleavage of opinions,** difference of opinions, मतभेद।

cleave[1] (क्लीव्) ***v.*** (cleaved or clove, cleft or cloven, cleaving) 1. to split or separate by a cutting blow, चीरना, फाड़ना, अलग-अलग करना। 2. to make by or as if by cutting, तराशना, तराशकर बनाना। 3. to pierce, छेदना, वेधन करना।

cleave[2] (क्लीव्) ***v.*** (cleaved, cleaving) to cling, चिपकना, लगा रहना।

cleft (क्लेफ़्ट्) ***n.*** a crack, split or opening, दरार, फटन, खाली जगह। ***adj.*** split, divided, दरार युक्त, फटा हुआ; cleft palate, फटा तालु।

clematis (क्लेम्´-ॲ-टिस्, क्लि-मा´-टिस्) ***n.*** a climbing plant, एक लता।

clemency (क्लेम्´-ॲन्-सी) ***n.*** 1. mercy, दया। 2. mildness, मृदुता।

clement (क्लेम्´-ॲन्ट्) ***adj.*** 1. merciful, दयालु। 2. mild, मृदु।

clench (क्लेन्च्) ***v.*** (clenched, clenching) to grip or hold tightly, कसकर पकड़ना, भींच लेना; clenched fist, भींची हुई मुट्ठी। ***n.*** a tight grip, पकड़, गिरफ़्त।

clergy (क्ल:´-जी) ***n.*** the body of people ordained for religious service, पुरोहितवर्ग, याजकवर्ग।

clergyman (क्ल:´-जि-मॅन्) ***n.*** a member of the clergy, पुरोहित, पादरी, याजक।

cleric (क्लेर्´-इक्) ***n.*** a clergyman, पादरी, याजक।

clerical (क्लेर्´-इ-कॅल्) ***adj.*** 1. of or pertaining to the clerks, लिपिक-संबंधी, लिपिकीय। 2. of a clergyman, याजक-संबंधी, याजकीय।

clericalism (क्लेर्´-इ-कॅ-लिज़्-ॲम्) ***n.*** the rule or influence of the clergy, पुरोहित-तंत्र, याजकीय प्रभाव।

clerk (क्ल:क्) ***n.*** a person employed to do work in an office, लिपिक, क्लर्क। ***v.*** (clerked, clerking) to work as a clerk, क्लर्की करना।

clever (क्लेव्´-ॲ:) ***adj.*** 1. quick at learning and understanding, चतुर, होशियार, बुद्धिमान, समझदार। 2. dexterous, दक्ष। 3. done with cleverness, चतुराई-भरा।

cleverly (~ ली) ***adv.*** in a clever manner, चतुराई से, दक्षतापूर्वक।

cleverness (क्लेव्´-ॲ:-निस्) ***n.*** the quality of being clever, चतुराई, दक्षता।

clew (क्लु) ***n.*** a ball of thread, अंटी, लच्छी, पिंडी।

cliche (क्ली-शे´) ***n.*** a hackneyed phrase or idea, घिसी-पिटी बात या पदबंध, रूढ़ोक्ति।

click (क्लिक्) ***n.*** a brief short sound, खट। ***v.*** (clicked, clicking) 1. to make a brief short sound, खट से बोलना। 2. to be under-

stood, समझ में आना; Her joke suddenly clicked and we all laughed, उसका मज़ाक झटपट समझ में आ गया और हम सभी हँस पड़े।

client (क्लाइ´-अॅन्ट्) a customer, ग्राहक, मुअक्किल।

clientage (क्लाइ´-अॅन्-टिज़्) *n.* clientele.

clientele (क्लाइ-अॅन्-टॅल्´) *n.* customers in general, clients collectively, ग्राहक-वृंद।

cliff (क्लिफ़्) *n.* a steep rock, खड़ी चट्टान।

cliffhanger (क्लिफ़्´-हैंग्-अॅ:) *n.* 1. a story full of suspense, कुतूहलपूर्ण कहानी। 2. a contest full of suspense, कुतूहलपूर्ण प्रतियोगिता।

climacteric (क्लाइ-मैक्´-टॅ-रिक्) *n.* 1. the period of life when physical powers begin to decline, अधेड़ अवस्था। 2. a critical event or period, निकट घटना या अवधि। menopause, रजोनिवृत्ति-काल।

climactic (क्लाइ-मैक्´-टिक्) *adj.* of or having a climax, चरम, पराकाष्ठापूर्ण।

climate (क्लाइ´-मॅट्/मिट्) *n.* 1. the prevailing weather conditions of an area, जलवायु, आबोहवा, हवा-पानी। 2. a region having certain weather conditions, विशिष्ट जलवायु-वाला प्रदेश। 3. a general atmosphere, परिवेश। 4. a general feeling or attitude, जनभावना।

climatic (क्लाइ-मैट्´-इक्) *adj.* of climate, जलवायु-संबंधी।

climatise (क्लाइ-मै´-टाइज़्) *v.* (climatised, climatising) to accustom to or become accustomed to a new climate, नई जगह के अनुकूल ढलना या ढालना।

climatologist (क्लाइ-मॅ-टॉल्´-अॅ-जिस्ट्) *n.* an expert in climatology, जलवायु-विज्ञानी।

climatology (क्लाइ-मॅ-टॉल्´-अॅ-जी) *n.* the scientific study of climate, जलवायु-विज्ञान।

climax (क्लाइ´-मैक्स्) *n.* the event or point marked by greatest intensity or effect in a series, चरमबिंदु, पराकाष्ठा। *v.* (climaxed, climaxing) to reach or bring to a climax, पराकाष्ठा तक जा पहुँचना या पहुँचा देना।

climb (क्लाइम्) *v.* (climbed, climbing) 1. to go up or higher, (ऊपर) चढ़ना, ऊँचे जाना। 2. to grow up or upward, ऊपर की ओर बढ़ना। 3. to rise in rank or fortune, उन्नति करना। □ **climb down** (i) to descend, नीचे उतरना; (ii) to retreat, पीछे हटना। *n.* 1. the act of climbing, चढ़ने की क्रिया या भाव। 2. a place to be climbed, चढ़ाई।

climbable (क्लाइम्´-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be climbed, जिसपर चढ़ा जा सकता हो, चढ़ने-योग्य।

climber (क्लाइ´-मॅ:) *n.* 1. one who climbs, पहाड़ों पर चढ़नेवाला, पर्वतारोही। 2. a climbing plant, लता।

clime (क्लाइम्) *n.* 1. climate, जलवायु, हवा-पानी। 2. a region, प्रदेश।

clinch (क्लिन्च्) *v.* (clinched, clinching) 1. to fasten securely (with a nail or bolt, कील या रिपिट) जड़ देना। 2. to make secure, सुरक्षित कर या बना देना। 3. to settle decisively or conclusively, निपटा देना, पक्का या निश्चिंत कर देना। *n.* 1. the act, process or result of clinching, जड़ना, जड़ाई, निपटारा। 2. an embrace, आलिंगन।

clincher (क्लिन्´-चॅ:) *n.* something decisive, निर्णायक तत्त्व या तथ्य।

cling (क्लिंग्) *v.* (clung, clinging) 1. to hold fast or adhere closely, चिपक या लिपट जाना, पकड़े रहना। 2. to remain emotionally attached, जुड़े रहना, लगे रहना, चिपके रहना। 3. to remain faithful to, निष्ठावान रहना।

clinic (क्लिन्´-इक्) *n.* a private hospital or nursing home, निदानगृह, चिकित्सालय, क्लीनिक।

clinical (क्लिन्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. of or connected with a clinic, चिकित्सा-संबंधी, निदानगृह-संबंधी। 2. of or relating to the observation and treatment of patients, निदान-संबंधी, नैदानिक। 3. unemotional, अभावुक, अभावुकतापूर्ण। 4. objective, वस्तुनिष्ठ। 5. analytical, विश्लेषणात्मक।

clinically (क्लिन्´-इ-कॅ-ली) *adv.* in a clinical manner, निदान की दृष्टि से।

clink (क्लिंक्) *n.* a sharp ringing sound,

झनझन, झनझनाहट। *v.* (clinked, clinking) to make or produce this sound, झनझन करना।

clinker (क्लिङ्´-कॅ:) *n.* 1. a rough stony matter that remains after coal has burned, कोयले के जल जाने पर बचा हुआ पत्थरनुमा अवशेष, रोड़ा। 2. a blunder, howler, भूल, भारी गलती। 3. utter failure, flop टाँय-टाँय फिस।

clip[1] (क्लिप्) *n.* a device for gripping or holding things tightly, क्लिप। *v.* (clipped, clipping) to fasten or grip securely with a clip, क्लिप लगाना।

clip[2] *v.* (clipped, clipping) 1. to cut with scissors, कैंची से काट देना। 2. to make shorter by cutting, कुतर देना। 3. to hit sharply, आघात करना। *n.* 1. the act of clipping, कतरने या कुतरने की क्रिया या भाव। 2. a sharp blow, तेज़ आघात। 3.the wool cut from a sheep, भेड़ से उतारी या काटी हुई ऊन।

clipboard (क्लिप्´-बो:ड्) *n.* a board with a clip, वह तख्ती जिसमें क्लिप लगा हो।

clipper (क्लिप्´-अॅ:) *n.* 1. a sailing ship that travels quickly, द्रुतगामी जहाज़, तीव्रगामी पोत। 2. a person who clips or cuts, काटने या कतरने वाला। 3. clippers, कैंची, कतरनी।

clippers (क्लिप्´-अॅ:ज़्) *n.* (plu.) an instrument for cutting, कैंची, कतरनी।

clipping (क्लिप्´-इंग्) *n.* 1. an article or news item cut out from a newspaper, कतरन। 2. a cutting, टुकड़ा, टुकड़ी।

clique (क्लीक्) *n.* a small group of people, गुट।

cliquish (क्ली´-किश्) *adj.* of or related to a clique, गुट-संबंधी।

cliquism (क्लीक्´-इज़्-अॅम्) *n.* the act of forming cliques, गुटबंदी।

clitoris (क्लिट्´-अॅ-रिस्) *n.* a small erectile part of the vulva, भग-शिश्न।

cloak (क्लोक्) *n.* 1. a sleeveless outer garment, लबादा। 2. something that covers or conceals, आवरण, आड़; under the cloak of darkness, अँधेरे की आड़ में।

cloak-and-dagger (क्लोक्´-अॅन्-डैग्´-अॅ:) *adj.* involving dramatic adventures in spying, जोखिम-भरा (जासूसी काम)।

cloakroom (क्लोक्´-रूम्) *n.* a room in which luggage can be deposited, यात्री-सामान-घर।

clobber (क्लॉब्´-अॅ:) *v.* (clobbered, clobbering) 1. to pound mercilessly, बुरी तरह पीटना। 2. to defeat over whelmingly, बुरी तरह हराना, धूल चटा देना। 3. to cristisize severely, कड़ी आलोचना करना, फटकारना।

cloche (क्लोश्) *n.* a woman's hat, स्त्रियों के पहनने की एक प्रकार की टोपी।

clock (क्लॉक्) *n.* 1. a timepiece, घड़ी। 2. a wall-clock, दीवार-घड़ी। □ **round the clock,** all day and all night, रात दिन, चौबीसों घंटे; **put the clock back,** to put aside new laws, ideas etc. and stay with old fashioned ones, उन पुरानी बातों को अपनाना जिन का अब कुछ महत्त्व न रह गया हो। *v.* (clocked, clocking) 1. to time, समय नापना। 2. to achieve as a speed, गति बतलाना। □ **clock in,** to register one's arrival for work, काम पर पहुँचने का समय अंकित करना; **clock off or out,** to register one's departure from work, काम पर से जाने का समय अंकित करना; **clock up,** to record or register, अंकित करना।

clock tower *n.* a tower with a clock, घंटाघर।

clock watcher *n.* one who frequently checks the time, घड़ी देखता रहनेवाला।

clockwise (क्लॉक्´-वाइज़्) *adj. & adv.* in the direction in which the hands of a clock rotate, दक्षिणावर्त; anti-clockwise, वामावर्त।

clod (क्लॉड्) *n.* 1. a lump of clay, मिट्टी का ढेला। 2. a foolish person, मंदबुद्धि व्यक्ति। 3. a knot, गाँठ।

cloddish (क्लॉड्´-इश्) *adj.* clumsy or foolish, फूहड़ या बुद्धू।

clodhopper (क्लॉड्´-हॉप्-अॅ:) *n.* 1. a clumsy person, फूहड़ व्यक्ति। 2. (plu.) a heavy shoe, भारी जूता।

clodpole (क्लॉड्´-पोल्) *n.* = clodhopper.

clog (क्लॉग्) *n.* 1. a heavy thick-soled shoe, मोटे तल्लेवाला जूता। 2. a heavy block of wood fastened to an animal's leg to impede motion, पैकड़ा, अड़ंगा।3. a wooden shoe, खड़ाऊँ।4. an obstacle, बाधा, अड़चन। *v.* (clogged, clogging) 1. to block or obstruct, बाधा खड़ी करना, अड़चन डालना।2. to become blocked or obstructed, बाधित होना।

cloister (क्लॉइ´-स्टः) *n.* 1. a covered walk, छायादार पथ। 2. a monastery, विहार, मठ। *v.* (cloistered, cloistering) to confine in a monastery, मठ में जीवन यापन करना।

cloistered (क्लॉइ´-स्टःड्) *adj.* secluded, निस्संग, अकेला पड़ा हुआ, अलग-थलग।

clone (क्लोन्) *n.* 1. a group of plant, पादप-समूह।2. an exact copy of someone something else, ऐसा व्यक्ति या वस्तु जो किसी दूसरे की यथार्थ प्रतिलिपि हो, क्लोन।

clop (क्लॉप्) *n.* the sound of a horse's hoof, टपटप, टाप।*v.* (clopped, clopping) to make this sound, टपटप करना।

close[1] (क्लोस्) *adj.* 1. near in space or time, पास का, नज़दीक। 2. near in relationship. रिश्ते में नज़दीक। 3. affectionate, घनिष्ठ, अंतरंग।4. near alike, लगभग समान।5. shut or shut in, बंद। 6. dense, घना। 7. nearly equivalent, बराबरी का। 8. fitting tightly, तंग, चुस्त।9. humid and stuffy, उमस-भरा, उमसदार। 10. reticent or secretive, मौन, चुप्पा, घुन्ना।11. hidden or secluded, गुप्त या अलग-थलग। 12. miserly, कंजूस। □ **at close quarters** or **close at hand**, in close proximity, अत्यंत समीप।

close[2] (क्लोज़्) *v.* (closed, closing) 1. to shut or become shut, बंद होना या करना। 2. to end, finish, ख़त्म होना या करना, समाप्त होना या करना। 3. to enclose, अंदर भरना या भरा जाना, अंदर डालना या डाला जाना।4. to join or unite, जुड़ना या जोड़ना। 5. to reach an agreement, करार पर पहुँचना, सौदा तय करना। □ **close down,** to stop operation, काम बंद करना; **close out,** to dispose of, सस्ते दाम पर निकालना; **close with** (i) (the offer, प्रस्ताव) स्वीकार करना; (ii) to engage in battle with, जूझना। *adv.* closely, साथ-साथ, सटकर।

closed (क्लोज़्ड्) *adj.* 1. shut, बंद। 2. restricted, सीमित, नियंत्रित।

closefisted (क्लोस्´-फ़िस्´-टिड्) *adj.* miserly, stingy, कंजूस।

closefitting (क्लोस्´-फ़िट्´-इंग्) *adj.* tightly fitting, चुस्त।

closemouthed (क्लोस्´-माउथ्ड्´) *adj.* secretive, चुप्पा, मुँह बंद रखनेवाला, बहुत कम बोलने-वाला।

close shave *n.* a narrow escape, बाल-बाल बचाव।

closet (क्लोज्´-इट्) *n.* 1. a small cupboard, छोटी अलमारी। 2. a small room, कोठरी। □ **come out of the closet,** अपने समलैंगिक संबंध को स्वीकार करना। *adj.* secret, गुप्त। *v.* (closeted, closeting) to shut up or confine, (विचार-विमर्श या ध्यान के लिए) कमरे में बंद होना या कमरा बंद कर लेना।

close-up (क्लोस्´-अप्) *n.* a photograph taken at close range, क्लोज़-अप, नज़दीकी चित्र।

closing time (क्लोज्´-इंग्-टाइम्) *n.* the time when something closes, बंद करने का समय, समापन-समय।

closure (क्लो´-ज़्हः) *n.* the act of closing or the state of being closed, बंदी, समाप्ति, समापन। *v.* (closured, closuring) to end, ख़त्म होना या करना।

clot (क्लॉट्) *n.* a thick lump formed from liquid, थक्का। *v.* (clotted, clotting) to form or cause to form into a clot, थक्का जमना या जमाना।

cloth (क्लॉथ्) *n.* 1. fabric woven, knitted or felted, कपड़ा, वस्त्र। 2. a piece of such fabric, कपड़े का टुकड़ा। □ **cut one's coat according to one's cloth,** जितनी चादर हो उतना पाँव फैलाना, आमदनी के हिसाब से खर्च करना। 3. **The cloth,** the clothes worn by the clergy, पुरोहितों के कपड़े।

clothe (क्लोद्) *v.* (clothed or clad, clothing) 1. to put clothes on, कपड़े पहनना या पहनाना,

वस्त्र धारण करना या कराना, तन ढकना। 2. to provide with clothing, कपड़े देना। 3. to conceal, ढकना या छिपाना। □ **clothe ideas in words**, विचारों को शब्दों का जामा पहनाना।

clothes (क्लोद्ज़्) *n.* (plu.) articles of dress, कपड़े, पहनने के कपड़े, पोशाक।

clothes horse *n.* 1. a frame over which washed clothes are hung to dry, कपड़े सुखाने का ढाँचा। 2. a woman who dresses fashionably, बनी-ठनी, बाँकी-छैली।

clothes-line (क्लोद्ज़्´-लाइन्) *n.* a rope on which washed clothes are hung to dry, कपड़े सुखाने की रस्सी।

clothes pin *n.* a clip for fastening clothes to the clothes line, चिमटी।

clothier (क्लोद्´-ई-अः) *n.* one who makes or sells clothing, कपड़े बनाने या बेचनेवाला, बजाज, वस्त्र-विक्रेता।

clothing (क्लो´-दिंग्) *n.* 1. clothes worn together on different parts of the body, पोशाक, परिधान। 2. garments collectively, कपड़े।

cloture (क्लो´-चॅः) *n.* a method of closing debate and causing an immediate vote to be taken, (विधानमंडल में) बहस की समाप्ति। तथा तुरंत मतदान का आवाहन।

cloud (क्लॉउड्) *n.* 1. a mass watery vapour visible in the sky, बादल, मेघ। 2. a similar mass in the air as smoke cloud, (धुएँ का) बादल। 3. a large number of insects in flight, उड़ते हुए कीड़ों का झुंड। 4. something that fills with gloom, विषाद या दुख की बात। *v.* (clouded, clouding) 1. to cover with clouds, बादलों का छाना, बादल छाना। 2. to darken, धुँधला कर देना। 3. to become gloomy, विषादमग्न होना।

cloudburst (क्लॉउड्´-बःस्ट्) *n.* a sudden and very heavy downpour, सहसा होनेवाली ज़ोर की वर्षा, बादलों का फट पड़ना।

cloudless (क्लॉउड्´-लिस्) *adj.* free from clouds, मेघविहीन, साफ़।

cloudy (क्लॉउ´-डी) *adj.* 1. covered with clouds, मेघाच्छन्न, बादलों से भरा। 2. not transparent, धुँधला। 3. gloomy, विषादमय, विषादपूर्ण।

clough (क्लफ़्) *n.* a ravine, खड्ड।

clout (क्लॉउट्) *n.* 1. a hard blow with a hand, दस्तक। 2. (political) influence, (राजनीतिक) प्रभाव। *v.* (clouted, clouting) to give a hard blow, दस्तक देना, खटखटाना।

clove[1] (क्लोव्) *v.* p.t. of cleave.

clove[2] *n.* a tree and its flower bud, लौंग और उसका पेड़।

clove hitch *n.* a knot used for securing a rope to a post, खंभे से रस्सी की लगाई जानेवाली गाँठ।

cloven (क्लो´-वॅन्) *v.* p.p. of cleave. *adj.* split, फटा हुआ, विदीर्ण; cloven hoof, फटा खुर।

clover (क्लो´-वॅः) *n.* a plant used for fodder, तिनपतिया।

clown (क्लॉउन्) *n.* a comic entertainer, विदूषक, जोकर, मसख़रा। *v.* (clowned, clowning) to perform as a clown, मसख़री करना।

cloy (क्लॉइ) *v.* (cloyed, cloying) to surfeit, अघा जाना, मन भर जाना, ऊब जाना, तंग हो जाना।

cloying (क्लॉइ´-इंग्) *adj.* excessive to the point of being distasteful, उबाऊ।

club (क्लब्) *n.* 1. a heavy stick used as a weapon, लट्ठ, लाठी। 2. a stick used to drive a ball in golf, क्लब, डंडा। 3. a playing card marked with a black figure shaped like a cloverleaf, चिड़ी का पत्ता। 4. an organisation or association of people with common aims or interest, क्लब। *v.* (clubbed, clubbing) 1. to strike with a club, डंडे या क्लब से प्रहार करना। 2. to unite or combine for a common purpose, मिलाना, मिल जाना, इकट्ठा हो जाना। 3. to contribute for a common purpose, धन इकट्ठा करना।

clubfoot (क्लब्´-फ़ुट्) *n.* a deformed foot, मुड़ा या टेढ़ा पैर।

clubfooted (क्लब्´-फ़ुट्-इड्) *adj.* having a deformed foot, मुड़े या टेढ़े पैरवाला।

cluck (क्लक्) *n.* 1. the low, short sound made by a hen, कुड़कुड़। 2. a stupid per-

son, मूर्ख व्यक्ति। *v.* (clucked, clucking) to make a cluck, कुड़कुड़ करना, कुड़कुड़ाना।

clue (क्लू) *n.* 1. any information that guides or directs in the solution of a problem, वह बात या चीज़ जिससे कोई समस्या हल हो, संकेत, सूत्र, फार्मूला, अता-पता। *v.* (clued, cluing) to provide with a clue, अता-पता बतलाना, सूत्र देना, संकेत करना।

clueless (क्लू´-लिस्) *adj.* 1. without a clue, जिसका कुछ अता-पता न हो, सूत्रविहीन। 2. stupid, मूर्ख।

clump (क्लम्प्) *n.* 1. a lump, ढेला, लोंदा। 2. a cluster or mass, झुरमुट या ढेर। 3. a heavy dull sound, भड़भड़। *v.* (clumped, clumping) 1. to form clumps, ढेले बनाना; ढेर लगाना; घने वृक्ष या घनी झाड़ियाँ लगाना। 2. to walk with a heavy dull sound, भारी कदमों से चलना।

clumsily (क्लम्´-ज़ि-ली) *adv.* in a clumsy manner, भद्दे या फूहड़ ढंग से।

clumsiness (क्लम्´-ज़ि-निस्) *n.* the state or quality of being clumsy, भद्दापन, फूहड़पन।

clumsy (क्लम्´-ज़ी) *adj.* 1. awkward, भद्दा, बेढंगा, फूहड़, भोंड़ा। 2. lacking physical coordination or grace, बेडौल, अनगढ़।

clung (क्लंग्) *v.* p.t. & p.p. of cling.

clunk (क्लंक्) *n.* a dull metallic sound, बर्तनों की टकराहट का शब्द, झनझन। *v.* (clunked, clunking) to make such a sound, झनझन करना।

cluster (क्लस्´-टॅः) *n.* 1. a number of things occurring, growing or fastened close together, गुच्छा। 2. a large group of trees etc., झुंड, झुरमुट। *v.* (clustered, clustering) to gather or to be gathered in clusters, गुच्छों में लगना या लगाना; झुंड बनना या बनाना।

clutch[1] (क्लच्) *v.* (clutched, clutching) to hold or grasp firmly, कसकर पकड़ना या जकड़ना। *n.* 1. a tight grasp, पकड़, चंगुल। 2. device for engaging and disengaging certain working parts in machinery, क्लच। 3. (plu.) control or power, नियंत्रण या अधिकार। ☐ **fall or get into a person's clutches,** to come into someone's control or possession, किसी के नियंत्रण या अधिकार में आ जाना, चंगुल में जा फँसना।

clutch[2] *n.* 1. a set of eggs for hatching, वे अंडे जिन्हें मुर्गी से रही हो। 2. the chicken hatched from these, चूज़ों का दल।

clutter (क्लट्´-अॅः) *n.* 1. a pile, a disordered mass, बेतरतीब रखी चीजों का ढेर। 2. a state of disorder, अव्यवस्था, गड़बड़, अस्तव्यस्तता। 3. noise, शोरगुल। *v.* (cluttered, cluttering) 1. to pile, ढेर लगाना। 2. to make a noise, शोरगुल करना।

co- (को-) ***prefix.*** with, together, सह-।

coach (कोच्) *n.* 1. a large, closed, four-wheeled horse-drawn carriage, टमटम। 2. a railroad car, रेल का डिब्बा। 3. a motor coach, बस। 4. an instructor who trains athletes or teams, कोच, प्रशिक्षक। 5. a tutor, शिक्षक, प्रशिक्षक। *v.* (coached, coaching) to train, प्रशिक्षित करना, प्रशिक्षण देना।

coachman (कोच्´-मॅन्) *n.* a driver of a horse-drawn carriage, कोचवान।

coadjutor (को-ऐज्´-यु-टॅः) *n.* an assistant, सहायक, सहयोगी।

coagulant (को-ऐग्´-यु-लॅन्ट्) *n.* a coagulating agent, जामन।

coagulate (को-ऐग्´-यु-लेट्) *v.* (coagulated, coagulating) to change from liquid to a mass or to form a semi-solid mass, जमना या जमाना, थक्का बनना या बना देना; Air can coagulate blood, हवा लगने से ख़ून जम जाता है।

coagulation (को-ऐग्-यु-ले´-शॅन्) *n.* the act of coagulating, जमाव, जमना।

coal (कोल्) *n.* 1. a hard black mineral used as fuel, कोयला। 2. an ember, अंगार, अंगारा। ☐ **drag over the coals,** to criticize sharply, कड़ी आलोचना करना, अंगारों पर घसीटना। **carry coals to new castle,** to carry goods to a place where they are already in planty, उलटे बाँस बरेली को; **have over the coals,** to scold डाँटना, फटकारना, झिड़कना। *v.* (coaled, coaling) 1. to supply

coal, कोयले की पूर्ति करना। 2. to take in a supply of coal, कोयला डालना या झोंकना।

coal black *adj.* too much black, अत्यंत काला, काला भुजंग।

coalesce (को-अॅ-लॅस्´) *v.* (coalesced, coalescing) to combine or unite, एक जुट होना, मिलना, इकट्ठा हो जाना, संयुक्त दल बनाना।

coalfield (कोल्´-फ़ील्ड्) *n.* an area rich in deposits of coal, कोयला-क्षेत्र, कोलफ़ील्ड।

coalition (को-अॅ-लिश्´-अॅन्) *n.* an alliance between parties, दलों का गठबंधन; coalition government, संयुक्त सरकार, मिली-जुली सरकार।

coaltar (कोल्´-टा:) *n.* a black sticky liquid produced from heating coal, कोलतार, अलकतरा।

coarse (को:स्) *adj.* 1. not fine, rough, खुरदरा। 2. rough in manner, रूखा, फूहड़, अशिष्ट। 3. of low quality, inferior, मोटा; coarse grain, मोटा अनाज। 4. vulgar, अश्लील।

coarsen (को:´-सॅन्) *v.* (coarsened, coarsening) to make or become coarse, खुरदरा बनाना या हो जाना।

coast (कोस्ट्) *n.* 1. the seashore, समुद्रतट। 2. a hill or slope down which one may slide or roll, ढाल। *v.* (coasted, coasting) 1. to sail along a coast, तट के किनारे-किनारे नाव चलाना। 2. to roll or slide, (ढाल पर) फिसलना या लुढ़कना।

coastal (कोस्ट्´-अॅल्) *adj.* of or pertaining to the coast, तटीय, तट-संबंधी।

coastline (कोस्ट्´-लाइन्) *n.* the outline of a coast, तटरेखा।

coat (कोट्) *n.* 1. an outer garment, कोट। 2. an animal's hair or fur covering its body, पशु के बाल, ऊन या फर। 3. a covering layer, ऊपरी परत, तह। □ **turn one's coat,** to change sides, अपना पक्ष छोड़कर दूसरे पक्ष में चले जाना। *v.* (coated, coating) to cover with a layer, लेप करना, विलेपन करना, परत चढ़ाना।

coating (को´-टिंग्) *n.* 1. an act of covering with a layer, विलेपन। 2. a covering layer of any substance, परत। 3. a covering material, विलेपन-सामग्री। 4. the cloth from which coats are made, कोट का कपड़ा।

coauthor (को-आ:´-थॅ:) *n.* a person who writes books with one or more other writers, सहलेखक। *v.* (coauthored, coauthoring) to write collectively, सहलेखन करना।

coax (कोक्स्) *v.* (coaxed, coaxing) 1. to try to persuade by pleading or flattery, फुसलाना, ख़ुशामद करना। 2. to persuade gently, चिरौरी करना। 3. to obtain in this way, मतलब गाँठना।

coaxial (को-ऐक्´-सि-अॅल्) *adj.* having a common axis, समान अक्षीय, सह-अक्षीय।

cob (कॉब्) *n.* 1. a short-legged horse, टट्टू। 2. a male swan, हंस।

cobalt (को´-बा:ल्ट्) *n.* a chemical element, कोबाल्ट नामक रासायनिक तत्त्व।

cobble[1] (कॉब्´-अॅल्) *v.* (cobbled, cobbling) 1. to repair or mend (shoes, जूते) गाँठना, मरम्मत करना। 2. to put together clumsily, भद्दी तरह से सीना या मरम्मत करना, भद्दी तरह काम करना।

cobble[2] *v.* (cobbled, cobbling) to pave the road with cobblestones, बजरी बिछाना।

cobbler (कॉब्´-लॅ:) *n.* 1. one who mends shoes, जूते गाँठनेवाला, मोची। 2. a beverage, एक तरह का पेय।

cobblestone (कॉब्´-अॅल्-स्टोन्) *n.* a rounded stone used in paving, बजरी।

COBOL (को´-बोल्) *n.* a computer programing language, कंप्यूटर की प्रोग्राम भाषा।

cobra (को´-ब्रॅ) *n.* a poisonous snake having a flattened hood, फनवाला ज़हरीला साँप, फनधर, कोबरा।

cobweb (कॉब्´-वॅब्) *n.* 1. a fine web spun by a spider, मकड़ी का जाल, जाला। 2. a thread of this, जाले का तार। 3. a plot, षड्यंत्र, कुचक्र।

coca cola *n.* a soft drink, कोका कोला।

cocaine (को´-केन्) *n.* an addictive drug, एक तरह की ओषधि जो नशे के लिए प्रयुक्त की जाती

है, कोकीन।

cocus (कॉक्´-अॅस्) ***n.*** (plu. cocci) a bacterium, सूक्ष्म जीवाणु, काकस।

cochineal (कोच्´-इ-नील्) ***n.*** a colouring matter made from the dried bodies of some insects, किरमीदाने का चूर्ण।

cochlea (को´-क्लि-अॅ, कॉक्´-लि-अॅ) ***n.*** a tube like part of the inner ear, भीतरी कान की थैली।

cock[1] (कॉक्) ***n.*** 1. a male domestic fowl, मुर्गा। 2. a tap, टोंटी। 3. the hammer in a gun, बंदूक का घोड़ा या कुत्ता। ☐ **cock of the walk,** the most influential person of the group, समूह का सब से प्रभावशाली व्यक्ति। **Every cock fights best on his own dunghill,** अपनी गली में कुत्ता भी शेर होता है। ***v.*** (cocked, cocking) 1. to set the hammer in position for firing, बंदूक का खटका (या घोड़ा) चढ़ाना।2. to tilt or turn upward, खड़ा करना या होना, उठाना या उठाया जाना; The dog's ears cocked up, कुत्ते के कान खड़े हो गए।

cock[2] (कॉक्) ***n.*** a cone-shaped pile of hay or straw, शंकु के आकार का भूसे का ढेर।

cockade (कॉ-केड्´) ***n.*** an ornamental knot or badge worn on the hat, कलगी, तुर्रा।

cock-a-doodle doo (कॉक्´-अॅ-डू-डॅल्-डू´) ***interj.*** the sound of a cock crowing, बाँग, कुकड़ूँकूँ।

cock-and-bull story ***n.*** a foolish story, ऊटपटाँग या मूर्खतापूर्ण कथा, बेवकूफ़ी की बात, मनगढ़ंत कहानी।

cocakatoo (कॉक्´-अॅ-टू) ***n.*** a crested parrot, कलगीदार तोता, काकातुआ।

cockatrice (कॉक्´-अॅ-ट्रिस्) ***n.*** a mythical serpent whose glance was supposed to be deadly, एक पौराणिक सर्प जिसकी दृष्टि मारक थी।

cockchafer (कॉक्´-चे-फ़ॅः) ***n.*** an insect which destroys plants, पौधों को लगनेवाला एक कीड़ा।

cockcrow (कॉक्´-क्रो) ***n.*** 1. the crow of a cock, बाँग। 2. the dawn, तड़का, प्रभात।

cocked (कॉक्ड्) ***adj.*** tilted, तिरछा।

cocked hat ***n.*** a three-cornered hat, (पुरानी चाल का) तिकोना हैट। ☐ **knock into a cocked hat,** to defeat completely, पूरी तरह से हरा देना, परास्त कर देना।

cockerel (कॉक्´-अॅ-रॅल्) ***n.*** a young domestic cock, जवान मुर्गा।

cocker spaniel ***n.*** a dog with drooping ears, लटकते हुए कानोंवाला कुत्ता।

cock-eyed (कॉक्´-आइड्) ***adj.*** 1. having a squinting eye, भेंगा। 2. crazy, सनकी।

cockfight (कॉक्´-फ़ाइट्) ***n.*** a fight between game cocks, पालतू मुर्गों की लड़ाई।

cockle (कॉक्´-अॅल्) ***n.*** a shellfish, घोंघा। ☐ **the cockles of one's heart,** आंतरिक भावनाएँ; **warm the cockles of one's heart,** to make someone very happy, किसी को अत्यंत प्रसन्न करना।

Cockney (कॉक्´-नी) ***n.*** a native (of the East End) of London, लंदनवासी।

cockpit (कॉक्´-पिट्) ***n.*** 1. an enclosed space for cockfights, मुर्गे लड़ाने का स्थान। 2. a pilot's compartment in an aircraft, वायुयान का चालक-कक्ष। 3. the driver's seat (in a racing car), चालक की सीट।

cockroach (कॉक्´-रोच्) ***n.*** a household large black insect, तिलचट्टा।

cockscomb (कॉक्स्´-कॉम्) ***n.*** a coxcomb, मुर्गे की कलगी।

cocksure (कॉक्´-श्योर्´/शुः´) ***adj.*** 1. completely sure, पूर्ण रूप से विश्वस्त। 2. over-confident, कुछ ज़्यादा ही विश्वस्त।

cocktail (कॉक्´-टेल्) ***n.*** a mixed alcoholic drink, मिश्रित पेय, काकटेल; cocktail party, काकटेल पार्टी।

cocky (कॉक्´-ई) ***adj.*** conceited, मुर्गे की तरह इतरानेवाला, घमंडी।

cocoa (को´-को) ***n.*** a powder made from cacoa seeds, कोको।

coconut (को´-कॅ-नट्) ***n.*** a large hard-shelled nut of a palm tree, नारियल, खोपड़ा; coconut oil, नारियल का तेल, गरी का तेल।

cocoon (कॅ-कून्´) ***n.*** pupa's silky case, कोया।

v. (cocooned, cocooning) to protect, सुरक्षित करना या रखना।

cod (कॉड्) *n.* a large food fish, एक तरह की बड़ी मछली, जिसका माँस खाते हैं, कॉड।

coddle (कॉड्´-अॅल्) *v.* (coddled, coddling) 1. to boil just below the boiling point, हलकी आँच पर पकाना या उबालना। 2. to treat indulgently to pamper, दुलार करना, लाड़-प्यार करना। 3. to spoil, (दुलार से) बिगाड़ देना।

code (कोड्) *n.* 1. a collection of laws or rules, संहिता, विधान; code of ethics, आचार-संहिता। 2. a system of signals used in transmitting messages, संकेत भाषा, गूढ़लिपि। 3. a message in code, संकेत भाषा का संदेश। 4. a symbol used in a code, संकेत, संकेताक्षर। *v.* (coded, coding) to convert into a code, संकेत भाषा में बदलना।

codeine (को´-डीन्) *n.* a drug derived from opium used for relieving pain, अफ़ीम से बनी वेदनानाशक औषधि।

codex (को´-डेक्स्) *n.* a manuscript volume of ancient writings, प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथ।

codfish (कॉड्´-फ़िश्) *n.* a cod, कॉड मछली।

codger (कॉज्´-अॅ:) *n.* a peculiar oldman, ख़ब्ती बूढ़ा।

codicil (कॉड्´-इ-सिल्) *n.* an addition to a will, क्रोड़पत्र।

codification (कॉड्-इ-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* the act of codifying, संहिताकरण।

codify (कॉड्´-इ-फ़ाइ) *v.* (codified, codifying) to arrange rules or laws into a system or code, संहिताबद्ध करना, संहिता बनाना, संहिताकरण करना।

codling (कॉड्´-लिंग्) *n.* a small cod fish, छोटी कॉड मछली।

cod-liver oil *n.* oil obtained from the liver of a cod, कॉडलिवर आयल।

coed (को-ॲड्´) *n.* a girl student of a co-educational institution, सहशिक्षण संस्थान की छात्रा।

co-education (को-ॲज्-उ-के´-शॅन्) *n.* education of boys and girls at the same institution, सहशिक्षा।

coeducational (को-ॲज्-उ-के´-शॅन्-ॲल्) *adj.* of coeducation, सहशिक्षा-संबंधी।

coefficient (को-इ-फ़िश्´-ॲन्ट्) *n.* a multiplier, गुणांक।

coequal (को-ई´-क्वॅल्) *adj.* equal, समान, सम।

coequality (को-ई-क्वॉल्´-इ-टी) *n.* equality, समानता, समता।

coerce (को-अ:स्´) *v.* (coerced, coercing) to compel or force to act against one's wishes, किसी को कुछ करने के लिए विवश करना, बलात् करवाना, प्रपीड़ित करना।

coercion (को-अ:´-शॅन्) *n.* the act of coercing, प्रपीड़न, बलप्रयोग, सताना, ज़ोर-ज़बरदस्ती, दबाव।

coercive (को-अ:´-सिव्) *adj.* using coercion, प्रपीड़क, बलप्रयोग करनेवाला, दबाव डालनेवाला, सतानेवाला।

coeval (को-ई´-वॅल्) *adj.* 1. of the same age or generation, एक ही अवस्था या पीढ़ी के। 2. contemporary, समकालीन।

coexist (को-इग्-ज़िस्ट्´) *v.* (coexisted, coexisting) to exist together at the same time and in peace, साथ-साथ जीना।

coexistence (को-इग्-ज़िस्´-टॅन्स्) *n.* the state of existing together at the same time and in peace, सह-अस्तित्व।

coexistent (को-इग्-ज़िस्´-टॅन्ट्) *adj.* existing together, साथ-साथ जीनेवाले।

coffee (का:´-फ़ी) *n.* 1. the seeds of a coffee tree, कहवा वृक्ष के बीज। 2. a drink prepared from the above seeds, कॉफ़ी, कहवा। *adj.* dark yellowish brown, गहरा भूरा।

coffee house *n.* a restaurant where coffee is served, कॉफ़ी हाउस।

coffee pot *n.* a pot for serving coffee, कॉफ़ीदानी।

coffer (का:´-फ़ॅ:) *n.* a strong box for keeping money and valuables, तिजोरी, पेटी, ख़ज़ाना; the coffers of the state, सरकारी कोषागार।

coffers (का:´-फ़ॅ:स्) *n.* (plu.) a treasury or funds, कोषागार या निधियाँ।

coffin (का:´-फ़िन्) *n.* a box in which a dead

body is buried, ताबूत, शवपेटी, कॉफ़िन। ☐ **a nail in someone's coffin**, anything which brings ruin nearer, विनाश को बुलावा देनेवाली बात या चीज़।

coffin-nail (का:-फ़िन्-नेल्) *n.* a nail used in a coffin, ताबूत की कील।

cog (कॉग्) *n.* one of the teeth on the rim of a gearwheel, दाँता। ☐ **a cog in the machine,** साधारण व्यक्ति या किसी संस्था का साधारण सदस्य।

cogent (को´-जॅन्ट्) *adj.* 1. forceful, प्रभावशाली, ज़ोरदार। 2. convincing, विश्वासोत्पादक, विश्वासदायी।

cogitate (कॉज्´-इ-टेट्) *v.* (cogitated, cogitating) to ponder, गहराई से सोचना, गहरा सोच-विचार करना।

cogitation (कॉज्-इ-टे´-शॅन्) *n.* the act of cogitating, सोच-विचार, चिंतन।

cognate (कॉग्´-नेट्) *adj.* having the same origin or source, सजातीय; cognate languages, सजातीय भाषाएँ।

cognition (कॉग्-निश्´-ॲन्) *n.* 1. knowledge, ज्ञान। 2. the mental faculty by which knowlegde is acquired, मनःशक्ति।

cognitive (काग्´-नि-टिव्) *adj.* of or pertaining to cognition, ज्ञान-संबंधी।

cognizable (कॉग्´-नि-ज़ॅ-बॅल्) *adj.* capable of being taken cognizance of, संज्ञेय; cognizable offence, संज्ञेय अपराध।

cognizance (कॉग्´-नि-ज़ॅन्स्) *n.* 1. knowledge, ज्ञान। 2. the legal right to deal with a matter, संज्ञान।

cognizant (कॉग्´-नि-जॅन्ट्) *adj.* 1. having knowledge, जानकार, ज्ञाता। 2. aware, जागरूक।

cognomen (कॉग्-नो´-मॅन्) *n.* 1. a last name, कुल नाम। 2. a nickname, छेड़, उपनाम।

cognoscenti (कॉन्-यॅ-शेंन्´-टी) *n.* (plu.) connoisseurs, पारखी, गुणग्राहक।

cogwheel (कॉग्´-ह्वील्) *n.* a toothed wheel. दाँतेदार पहिया।

cohabit (को-हैब्´-इट्) *v.* (cohabited, cohabiting) to live together as husband and wife without being married, सहवास करना।

cohabitation (को-हैब्-इ-टे´-शॅन्) *n.* the act of cohabiting, सहवास, मैथुन।

coheir (को-एअॅ:) *n.* one who inherits property jointly with others, सह-उत्तराधिकारी।

cohere (को-हिअॅ:´) *v.* (cohered, cohering) 1. to stick together, जुड़े रहना, चिपके रहना। 2. to be reasonably connected, संगत या सुसंबद्ध होना।

coherence (को-हिअॅर्´-ॲन्स्) *n.* consistency, संगति, सुसंगति।

coherent (को-हिअॅ:-ॲन्ट्) *adj.* 1. consistent, संगत। 2. logical, युक्तिसंगत, युक्तियुक्त।

cohesion (को-ही´-ज़्हॅन्) *n.* 1. the act or state of cohering, संगति, सामंजस्य, संघटन; The party lacks cohesion. दल में संघटन का अभाव है। 2. a tendency to stick together, जुड़ाव, सहमिलन।

cohesive (को-ही´-सिव्) *adj.* tending to stick together, संगत, सामंजस्यपूर्ण, संघटनात्मक।

cohort (को´-हॉ:ट्) *n.* 1. a colleague, सहकर्मी, संगी। 2. a group of followers, अनुयायी-वृंद।

coif (कॉइफ़्) *n.* a tight fitting cap, एक तरह की टोपी, कनटोप।

coiffeur (क्वा:-फ़:´) *n.* a male hairdresser, केश-प्रसाधक।

coiffeuse (क्वा:-फ़ूस्´) *n.* a female hairdresser, केश-प्रसाधिका।

coiffure (क्वा:-फ़्यू:´) *n.* a hairstyle, बाल बनाने-सँवारने का ढंग।

coil (कॉइल्) *v.* (coiled, coiling) to wind or twist into rings, कुंडल या लच्छा बनाना। *n.* something coiled, कुंडल, लच्छा।

coin (कॉइन्) *n.* a piece of metal used as money, सिक्का। *v.* (coined, coining) 1. to make coins, सिक्के ढालना। 2. to invent a word or phrase, शब्द या पद गढ़ना।

coinage (कॉइ´-निज्) *n.* 1. the act of coining, सिक्कों की ढलाई। 2. coins collectively, ढले हुए सिक्के। 3. an invented word or phrase, गढ़ा हुआ शब्द या पद। 4. an act of coining words, शब्द-निर्माण।

coincide (को-इन्-साइड´) *v.* (coincided, co-inciding) 1. to occur at the same time, एक साथ होना या घटना। 2. to agree, समान या एक जैसा होना, मेल खाना।

coincidence (को-इन्´-सि-डॅन्स्) *n.* 1. the fact, condition or state of coinciding, संयोग, दैवयोग, इत्तिफ़ाक, मेल। 2. correspondence in the events, अनुरूपता, समानता।

coincident (को-इन्´-सि-डॅन्ट्) *adj.* 1. having the same position in space or time, संपाती। 2. in exact agreement, अनुरूप, समान।

coincidental (को-इन्-सि-डॅन्´-टॅल्) *adj.* happening by coincidence, संयोगजन्य, आकस्मिक।

coir (कॉइः) *n.* the coarse hair that cover the coconut, नारियल की जटा; coir matting, नारियल की जटा की चटाई।

coital (को´-इ-टॅल्) *adj.* of or pertaining to coitus, मैथुनिक, संभोग-संबंधी।

coitus (को´-इ-टस्) *n.* sexual intercourse, मैथुन, संभोग।

coke (कोक्) *n.* 1. the solid substance that remains after the gas has been removed from the coal by heating, कोक। 2. cocaine, कोक़ीन।

cola (को´-लॅ) *n.* a soft drink made from dried coco leaves, कोका कोला।

colander (कॉल्´-ॲन्-डॅः, कल्´-ॲन्-डॅः) *n.* a bowl-shaped perforated pan, छलनी।

cold (कोल्ड्) *adj.* 1. of a rather low temperature, ठंडा, सर्द। 2. without proper warmth, ठंडा, जो गर्म न हो। 3. lacking in affection or enthusiasm, ठंडा, रूखा, स्नेहहीन। 4. unconscious, अचेत। 5. lacking in freshness, बासी। 6. sexually unresponsive or frigid, ठंडा, कामहीन। □ **in cold blood,** ruthlessly, निर्ममतापूर्वक; **leave cold,** to fail to excite or impress, उत्तेजित या प्रभावित न कर पाना; **pour or throw cold water on,** to make discouraging remarks about, हतोत्साहित करना। *adv.* completely, पूरी तरह से, साफ़-साफ़; When he asked her to marry him, she refused him cold. जब उसने शादी के लिए कहा तो उसने साफ़ इन्कार कर दिया। *n.* 1. lack of heat or warmth, ठंड, सर्दी। 2. an infectious illness causing sneezing etc., जुकाम, नज़ला, सर्दी।

cold-blooded (कोल्ड्´-बल्ड्´-इड्) *adj.* ruthless, निर्मम, नृशंस।

cold-hearted (कोल्ड्´-हाःट्´-इड्) *adj.* lacking warmth, unsympathetic, सहानुभूतिहीन।

cold-shoulder (कोल्ड्´-शोल्´-डॅः) *v.* (cold-shouldered, cold-shouldering) to treat with indifference, रूखा व्यवहार करना, उपेक्षा बरतना। *n.* deliberate coldness or disregard, रूखा व्यवहार, उपेक्षा।

coldsnap (कोल्ड्´-स्नैप्) *n.* a sudden short period of very cold days, कुछ दिन पड़नेवाली कड़ाके की सर्दी तक।

cold sore (कोल्ड्´-सोः) *n.* a blister or blisters near the lips, होंठों के पास होनेवाली फुंसियाँ।

cold storage (कोल्ड्-स्टो´-रिज्) *n.* storage in a cool place, शीतागार, कोल्ड-स्टोरेज। □ **in cold storage,** postponed but available when required, ताक पर।

cold war (कोल्ड्-वॉः) *n.* a state of political tension between nations without actual fighting, शीतयुद्ध।

cold wave (कोल्ड्´-वेव्) *n.* a wave of cold weather, शीत-लहर।

coleus (को´-लि-ॲस्) *n.* a plant with variegated leaves, रंग-बिरंगे पत्तोंवाला एक पौधा, कोलिअस।

colic (कॉल्´-इक्) *n.* severe abdominal pain, उदरशूल।

colicky (कॉल्´-इक्-ई) *adj.* of or pertaining to colic, उदरशूल-संबंधी।

coliseum (कॉल्-इ-सी´-ॲम्) *n.* a stadium, खेल का मैदान।

colitis (कॅ-लाइ´-टिस्) *n.* an inflammation of the colon, आंत्रशोथ।

collaborate (कॅ-लैब्´-ॲ-रेट्) *v.* (collaborated, collaborating) to work together or jointly, मिलकर काम करना, एक दूसरे से सहयोग करना।

collaboration (कॅ-लैब्-अॅ-रे´-शॅन्) *n.* the act or state of collaborating, सहयोग।

collaborator (कॅ-लैब्´-अॅ-रे-टः) *n.* one who collaborates with another, सहयोगी, सहयोग-कर्ता।

collage (कॅ-लाज़्ह्´) *n.* an artistic composition with bits of paper, cloth, string etc., योगचित्र, जोड़चित्र।

collapse (कॅ-लैप्स्´) *v.* (collapsed, collapsing) 1. to fall down suddenly, भर्रा जाना, ढह जाना, ध्वस्त हो जाना। 2. to fail completely, पूरी तरह विफल हो जाना, भंग हो जाना; Administrative machinery collapsed, प्रशासन -तंत्र चरमरा गया। 3. to lose strength suddenly, हिम्मत जवाब दे जाना, हिम्मत हार बैठना। 4. to fold, मोड़ या भाँज देना, फ़ोल्ड कर देना। *n.* 1. a breakdown, पतन, निपात। 2. destruction, ध्वंस, विनाश। 3. failure, विफलता।

collapsible (कॅ-लैप्´-सि-बॅल्) *adj.* foldable, मोड़ने या भाँजने योग्य; फ़ोल्ड हो सकनेवाला, सिमटवाँ।

collar (कॉल्´-अः) *n.* 1. the part of a garment that encircles the neck, कालर। 2. a band of leather put around the neck of a domestic animal, कालर, पट्टा। 3. a ring around the neck of certain birds, कंठा, कंठी। *v.* (collared, collaring) 1. to put a collar on, कालर लगाना। 2. to seize by collar, कालर से पकड़ना। 3. to arrest, पकड़ना, गिरफ़्तार करना।

collar bone *n.* the clavicle, हँसली।

collate (कॉल्´-एट्) *v.* (collated, collating) 1. to compare carefully, मिलाना, मिलान करना, परितुलन करना। 2. to arrange in proper order, व्यवस्थित करना, सही क्रम से जोड़ना।

collateral (कॅ-लैट्´-अॅ-रॅल्) *adj.* 1. situated or running side by side, समपार्श्विक। 2. having an ancestor in common but descended from a different line, सगोत्र। 3. serving to support, सहायक। 4. additional, अतिरिक्त। *n.* property acceptable as security for a loan, गिरवी रखी जानेवाली वस्तु।

collation (कॉल-ए´-शॅन्) *n.* 1. the act of collating, मिलान, परितुलन। 2. any light meal, हलका भोजन, नाश्ता।

colleague (कॉल्´-ईग्) *n.* a fellow worker, सहकर्मी, सहयोगी, साथी।

collect (कॅ-लेक्ट्´) *v.* (collected, collecting) 1. to gather together or be gathered together, इकट्ठा करना या होना। 2. to accumulate, संग्रह करना, संचय करना, जमा करना। □ **collect oneself,** to regain control of oneself, होश में आना, अपने को सँभालना।

collected (कॅ-लेक्´-टिड्) *adj.* calm and self-controlled, स्वस्थचित्त, प्रकृतिस्थ, सौम्य।

collection (कॅ-लेक्´-शॅन्) *n.* 1. the act or process of collecting, संचयन। 2. something collected, संचय, संग्रह। 3. a sum of money collected, वसूली, उगाही। 4. a heap, ढेर, जमाव।

collective (कॅ-लेक्´-टिव्) *adj.* 1. done by or involving all the members of a group, सामूहिक; collective ownership, सामूहिक स्वामित्व। 2. formed or assembled by collection, समूहवाचक; collective noun, समूहवाचक संज्ञा।

collective bargaining *n.* negotiation between a trade union and the emloyers, मज़दूर संघ और नियोजकों के बीच होनेवाली वेतन आदि संबंधी वार्ता।

collectivism (कॅ-लेक्´-टि-विज़्-अॅम्) *n.* the principle of ownership and control over means of production and distribution by the people collectively, समष्टिवाद।

collectivist (कॅ-लेक्´-टि-विस्ट्) *n.* one who favours the doctrine of collectivism, समष्टिवादी।

collectivization (कॅ-लेक्-टि-वि-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of collectivizing, समष्टीकरण।

collectivize (कॅ-लेक्´-टि-वाइज़्) *v.* (collectivized, collectivizing) to organise according to the principles of collectivism, समष्टिवाद के सिद्धांतों के अनुसार लोगों को संगठित करना।

collector (कॅ-लेक्´-टः) *n.* 1. one who col-

lects, संग्राहक, संचयकर्ता। 2. one who collects debts, rents etc, समाहर्ता। 3. the head of a district administration, जिलाधिकारी, कलक्टर, तहसीलदार।

collectorate (कॅ-लेॅक्´-टॅ-रेट्) *n.* the office of a collector, तहसील, कलक्टरी।

colleen (कॉ-लीन्´) *n.* a girl, लड़की।

college (कॉल्´-इज्) *n.* 1. an institution of higher education, महाविद्यालय, कॉलेज। 2. the building in which a college is housed, महाविद्यालय का भवन, विद्यालय-भवन। 3. the staff and students of a college, विद्यालय के प्राध्यापक तथा विद्यार्थी।

collegian (कॅ-ली´-जॅन्) *n.* a college student, महाविद्यालय का छात्र।

collegial (कॅ-ली´-जॅल्) *adj.* = collegiate.

collegiate (कॅ-ली´-जिट्) *adj.* 1. of or relating to a college, महाविद्यालय-संबंधी, महाविद्यालीय। 2. of or relating to college students, महाविद्यालय के छात्रों से संबद्ध।

collide (कॅ-लाइड्´) *v.* (collided, colliding) 1. to strike together with a violent impact, टकराना। 2. to have a conflict of interests or opinions, भिड़ जाना, भिड़ंत होना।

collie (कॉल्´-ई) *n.* a dog with a long narrow head, एक तरह का लंबोतरे मुँहवाला कुत्ता।

collier (कॉल्´-इअॅ:) *n.* 1. a coal miner, कोयला खदान में काम करनेवाला मज़दूर, कोयला-खनक। 2. a coal ship, कोयला ढोनेवाला यान, कोयला-यान। 3. a member of its crew, कोयला-यान का कर्मी।

colliery (कॉल्´-इअॅ-री, कॉल्´-यॅ-री) *n.* a coal mine, कोयले की खान।

collinear (कॅ-लाइन्´-अॅ:) *adj.* lying on the same line, एक रेखीय, एक ही रेखा पर स्थित।

collision (कॅ-लिज़्ह्´-अॅन्) *n.* 1. the act or impact of striking violently against each other, टक्कर। 2. the conflict of interests or opinions, संघर्ष, भिड़ंत, टकराव।

collocate (कॉल्´-अॅ-केट्) *v.* (collocated, collocating) to place in same order or side by side, क्रम से रखना, साथ-साथ रखना।

collocation (कॉल्-अॅ-के´-शॅन्) *n.* the act of collocating, क्रम से या साथ-साथ रखने की क्रिया।

colloquial (कॅ-लो´-क्वि-अॅल्) *adj.* pertaining to conversation, बोल-चाल का, बोली का।

colloquialism (कॅ-लो´-क्वि-अॅ-लिज़्-अॅम्) *n.* 1. a colloquial word or phrase, बोल-चाल का शब्द या पदबंध। 2. the use of colloquial words or phrases, बोल-चाल के शब्दों या पदबंधों का प्रयोग।

colloquium (कॅ-लो´-क्वि-अॅम्) *n.* an informal seminar, अनौपचारिक गोष्ठी, साहित्यिक सम्मेलन।

colloquy (कॉल्´-अॅ-क्वी) *n.* a conversation, बात-चीत, वार्तालाप।

collude (कॅ-ल्यूड्´) *v.* (colluded, colluding) to be in collusion, साँठ-गाँठ करना, कुचक्र रचना।

collusion (कॅ-ल्यू´-ज़्हॅन्) *n.* a secret agreement made for a deceitful or fraudulent purpose, साँठ-गाँठ, मिलीभगत, कुचक्र।

collusive (कॅ-ल्यू´-सिव्) *adj.* of or pertaining to a collusion, साँठ-गाँठ से किया जानेवाला, कुचक्र पर आधारित।

cologne (कॅ-लोन्´) *n.* eau de-cologne, यूडीकलोन नामक सुगंधित द्रव।

colon (को´-लॅन्) *n.* 1. the lower part of large intestine, बृहदांत्र। 2. the punctuation mark(:), अपूर्ण विराम।

colonel (क:´-नॅल्) *n.* an army officer next below a brigadier, कर्नल।

colonial (कॅ-लो´-नि-अॅल्) *adj.* of or pertaining to a colony, उपनिवेश-संबंधी, उपनिवेशीय। *n.* a inhabitant of a colony, उपनिवेशवासी, उपनिवेशी।

colonialism (कॅ-लो´-नि-अॅ-लिज़्-अॅम्) *n.* the policy of government to acquire and rule colonies, imperialism, उपनिवेशवाद।

colonialist (कॅ-लो´-नि-अॅल्-इस्ट्) *n.* one who controls a foreign territory, उपनिवेशवादी।

colonist (कॉल्´-अॅ-निस्ट्) *n.* a founder or original settler of a colony, उपनिवेशक।

colonize (कॉल्´-अॅ-नाइज़्) *v.* (colonized, colonizing) 1. to establish a colony in, उपनिवेश बसाना, नई बस्ती बसाना। 2. to settle in a colony, उपनिवेश में बसना।

colonization (कॉल्´-अॅ-नि-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of establishing a colony, उपनिवेश बसाना, नई बस्ती बसाना।

colonizer (कॉल्´-अॅ-नाइ-ज़ॅ:) *n.* one who establishes a colony, नई बस्ती बसानेवाला।

colonnade (कॉल्-अॅ-नेड्´) *n.* a row of columns, स्तंभ-समूह।

colony (कॉल्´-अॅ-नी) *n.* 1. a territory occupied by a foreign settler, उपनिवेश। 2. a particular new area for living purposes, नई बस्ती, नवनगर, कालोनी।

colophon (कॉल्´-अॅ-फ़ॉन्) *n.* a publisher's distrinctive emblem, प्रकाशक का प्रतीक-चिह्न।

color (कल्´-अॅ:) *n.* = colour.

colorant (कॅल्´-अॅ-रॅन्ट्) *n.* a colouring matter, रंग द्रव्य।

coloration (कॅल्-अॅ-रे´-शॅन्) *n.* 1. the act of colouring, रँगाई, रँगने का काम। 2. the arrangement of colours, रंग-व्यवस्था।

colossal (कॅ-लॉस्´-अॅल्) *adj.* enormous in size or degree, विशाल, विराट, बृहदाकार।

colossus (कॅ-लॉस्´-अॅस्) *n.* 1. a huge statue, विशाल प्रतिमा। 2. an extraordinarily powerful and influential person, प्रभावशाली व्यक्ति, महापुरुष।

colostrum (कॅ-लॉस्´-ट्रॅम्) *n.* the first milk secreted after giving birth, पेऊस।

colotomy (कॅ-लॉट्´-अॅ-मी) *n.* an artificial opening from the colon which functions as an anus, बड़ी आँत का चीरा।

colour, color (कल्´-अॅ:) *n.* 1. an attribute of things that results from light, रंग, वर्ण। 2. a dye or paint, रंग द्रव, रोगन। 3. a skin complexion of a person, रंग, वर्ण, रंगत। 4. (plu.) the flag of a ship or regiment, जहाज़ या सेना की टुकड़ी का झंडा। □ **be/look off colour,** to be rather ill, बीमार लगना; **lose colour,** to become pale, रंग उड़ जाना, फ़क पड़ जाना; **paint in bright colour,** चमका देना; **show one's true colours,** to show one's real self, अपना असली रूप दिखलाना, असलियत में आना; **stick to one's colours,** to keep firmly to one's opinion or decision, अपनी बात पर अडिग रहना, अड़े रहना; **with flying colours,** successfully, सफलतापूर्वक। *v.* (coloured colouring) 1. to apply or impart colour to, रँगना, रँग देना। 2. to influence, प्रभावित करना। 3. to become red in face, चेहरा लाल हो जाना, झेंप जाना।

colour bar *n.* discrimination between white and non-white people, वर्णभेद, जातिभेद।

colour blind *adj.* unable to see differences in colours, जो रंगों में भेद न कर सकता हो, वर्णांध।

colour blindness *n.* the state of being colour blind, वर्णांधता।

colour cast (कल्´-अॅ:-कास्ट्) *n.* a television broadcast in colour, रंगीन प्रसारण।

coloured (कल्´-अॅ:ड्) *adj.* 1. having colour, रंगीन। 2. having other than a white skin, काला। 3. distorted, विरूपित, विकृत। 4. biased, पूर्वाग्रहयुक्त।

colourfast (कल्´-अॅ:-फ़ास्ट्) *adj.* having colour that will not fade, पक्के रंग में रँगा, पक्के रंगवाला।

colourful (कल्´-अॅ:-फ़ुल्) *adj.* 1. full of colour, रंगीन। 2. vivid or rich in character, विविधतापूर्ण, रंग-बिरंगा, रंगारंग, रमणीय।

colourless (कल्´-अॅ:-लिस्) *adj.* 1. without colour, रंगहीन। 2. lacking in interest, उत्साहहीन, रुचिहीन। 3. neutral, तटस्थ।

colour scheme *n.* the colour arrangement, रंग-योजना, रंग-व्यवस्था।

colour shade *n.* the shade of a colour, वर्णाभा।

colour tint *n.* a delicate variation of a colour, वर्ण-छटा।

colour trial *n.* the testing of a colour, रंग-परीक्षण।

colt (कोल्ट्) *n.* 1. a young male horse, बछेरा।

2. a young and inexperienced player, युवा तथा अनुभवहीन खिलाड़ी।

coltish (कोल्ट्´-इश्) *adj.* 1. inexperienced, अनुभवहीन। 2. playful, खिलवाड़ी, चंचल, चुलबुला।

columbine (कॉल्´-अॅम्-बाइन्) *n.* a garden plant, गुल-कबूतर नामक पौधा।

column (कॉल्´-अॅम्) *n.* 1. a round pillar of a building, गोल खंभा, स्तंभ। 2. something that resembles a pillar, खंभे के आकार या शक्ल की रचना। 3. a monument, कीर्तिस्तंभ। 4. a single row of types on a newspaper, स्तंभ। 5. a regular feature of a newspaper, स्तंभ। 6. a queue, पंक्ति, कतार।

columnist (कॉल्´-अॅम्-निस्ट्) *n.* a journalist who writes a regular feature in a newspaper, स्तंभलेखक, स्तंभकार।

coma (को´-मॅ) *n.* a state of prolonged unconsciousness, मूर्च्छा, बेहोशी।

comatose (को´-मॅ-टोस्) *adj.* 1. in a state of coma, मूर्च्छित, बेहोश। 2. lethargic, मंथर, सुस्त, आलसी।

comb (कोम्) *n.* 1. a toothed device for arranging hair, कंघी। 2. something shaped like this, कंघी की शक्ल का कोई उपकरण। 3. the crest of a fowl, मुर्गे की चोटी, कलगी। 4. a honeycomb, मधुमक्खियों का छत्ता। *v.* (combed, combing) 1. to arrange hair with a comb, कंघी करना। 2. to card, धुनना। 3. to clean with a comb, खरहरा करना। 4. to search thoroughly, तलाश करना।

combat (कॉम्´-बैट्) *n.* 1. fighting, लड़ाई। 2. an armed battle, युद्ध। *v.* (combatted, combatting) 1. to fight against, लड़ना, युद्ध करना। 2. to oppose vigorously, लड़ना, जूझना, संघर्ष करना।

combatant (कॅम्-बैट्´-अॅन्ट्) *n.* a person engaged in a fight, लड़ाकू, योद्धा।

combative (कॅम्-बैट्´-इव्) *adj.* willing to fight, युयुत्सु, युद्धप्रिय, लड़ने को इच्छुक।

comber (को´-मॅ:) *n.* a person who combs, धुनिया।

combination (कॉम्-बि-ने´-शॅन्) *n.* the act of combining or the state of being combined, संयोजन, मिश्रण। 2. an alliance of people or parties, गठबंधन, मेल, सम्मिलन। 3. the result or product of combining, संयोजन।

combine (कॅम्-बाइन्´) *v.* (combined, combining) 1. to make or become united, मिलाना या मिल जाना, संयुक्त करना या होना, संघठित करना या होना। 2. to mix or get mixed, मिश्रित करना या होना। 3. to form a chemical compound, मिश्रण तैयार करना।

combings (को´-मिन्ज़्) *n.* hair removed by a comb, कंघी करते समय टूटे हुए बाल।

combining form *n.* a form of a word used in combination, समस्त पदों में प्रयुक्त किसी शब्द का अल्पार्थक रूप।

combo (कॉम्´-बो) *n.* a small group of musicians, संगीत-मंडली।

combustible (कॅम्-बस्´-टि-बॅल्) *adj.* capable of burning easily, ज्वलनशील, दाह्य।

combustion (कॅम्-बस्´-चॅन्) *n.* the process of burning, दहन, ज्वलन।

come (कम्) *v.* (came, come, coming) 1. to move toward the speaker or a place or point, आना। 2. to reach or arrive, पहुँचना। 3. to receive, प्राप्त करना या होना। 4. to occur or happen, घटित होना। 5. to be descended, उत्पन्न होना; She came from the noble family, उसका जन्म संभ्रांत परिवार में हुआ था। □ **come about,** to happen, घटित होना, आना; **come across,** to meet or discover, मिलना; **come along,** to improve or thrive, सुधरना, पनपना, चलना; The mother is coming along nicely, माँ ठीक-ठाक चल रही है। **come around,** to change one's opinion, अपनी राय बदलना; **come between,** बीच में विघ्न डालना; **come by,** to get or obtain, प्राप्त करना; **come clean,** पूरी तरह क़बूल करना; **come down,** (i) to fall, गिरना; (ii) to lose position, नीचे गिरना, अवनत होना; **come from,** to live in, में रहना; He comes from Bombay, वह बंबई का रहनेवाला है। **come in,** to arrive as expected (i) आना,

(ii) प्राप्त होना; **come into,** to inherit, प्राप्त करना; **come off,** (i) to happen, घटित होना; (ii) to succeed, सफल होना; (iii) to cease, ख़त्म या बंद होना; **come out,** (i) to appear, प्रकट होना, सामने आना; (ii) to become known, प्रसिद्ध होना; **come out right,** to end satisfactorily, ठीक होना; We hope that everygthing will come out right for him in the end, हमें उम्मीद है कि अंत में उसके लिए सब-कुछ ठीक होगा। **come over,** (i) to make a short visit, भेंट करना (ii) to change sides, आ मिलना; Some opposition members have come over to us, कुछ विपक्ष के सदस्य हममें आ मिले हैं। **come round,** (i) to gain consciousness, होश में आना; (ii) to change one's opinion or side, राय बदलना, पक्ष बदलना; (iii) to settle, निपटारा करना; **come through,** to succeed, सफल होना; **come to** (i) to reach, पहुँचना; (ii) to concern, संबद्ध होना; When it comes to politics, I say nothing, जब राजनीति की बात होती है तो मुझे कुछ नहीं कहना रहता। (iii) to regain consciousness, होश आना; **come up with,** to propose, प्रस्ताव करना या रखना; **come what may,** whatever may happen, चाहे कुछ हो; **how come,** how it happened; क्या बात है कि, यह कैसे हुआ कि; How come that you left your job, कैसे आपने नौकरी छोड़ दी?

comeback (कम्´-बैक्) ***n.*** 1. a return to one's former position, वापसी। 2. a retort, मुँहतोड़ जवाब।

comedian (कॅ-मी´-डि-अॅन्) ***n.*** 1. a humorous entertainer or actor, हास्य-अभिनेता, विदूषक। 2. a clown, जोकर। 3. a person who behaves humourously, हँसोड़ व्यक्ति।

comedienne (कॅ-मी-डि-ऍन्´) ***n.*** a female comedian, हास्य-अभिनेत्री।

comedown (कम्´-डॉउन्) ***n.*** a decline or fall, पतन, गिरावट।

comedy (कॉम्´-इ-डी) ***n.*** 1. a drama written to amuse, a play which ends happily, सुखांत नाटक, फ़िल्म आदि, मनोरंजन-प्रधान नाटक, प्रहसन, कामिडी। 2. an amusing incident, विनोदपूर्ण घटना।

comeliness (कम्´-लि-नॆस्) ***n.*** the quality or state of being comely, चारुता, मनोहरता।

comely (कम्´-ली) ***adj.*** good-looking, मनोहर, चारु, मनोरम, प्यारा।

comer (कम्´-अॅ:) ***n.*** one who comes, आनेवाला; The first comer, पहले आनेवाला।

comestible (कॅ-मॆस्´-टि-बॅल्) ***adj.*** edible, खाद्य।

comet (कॉम्´-इट्) ***n.*** a heavenly body with a tail, पुच्छल तारा, धूमकेतु।

comeuppance (कम्-अप्´-अॅन्स्) ***n.*** a well-deserved punishment, उचित दंड।

comfit (कम्´-फ़िट्) ***n.*** a candy, मिठाई।

comfort (कम्´-फ़ः़ट्) ***n.*** 1. a condition of ease or well-being, सुख, सुख-सुविधा। 2. relief of suffering or grief, आराम, चैन, शांति। 3. solace, consolation, तसल्ली, सांत्वना। 4. a person or thing that gives solace, सांत्वना देनेवाला व्यक्ति या वस्तु। ***v.*** (comforted, comforting) to give comfort to, आराम देना, सुख देना, सांत्वना देना।

comfortable (कम्´-फ़ः-टॅ-बॅल्) ***adj.*** 1. giving or providing comfort, आराम देनेवाला। 2. fairly rich, समृद्ध, संपन्न। 3. got easily, सरलता से प्राप्त; a comfortable victory, सरल विजय। ☐ **make oneself comfortable,** आराम से बैठना या लेटना

comfortably (कम्´-फ़ः-टॅ-ब्ली) ***adv.*** in a comfortable manner, आराम से, सरलता से।

comforter (कम्´-फ़ॅ:-टॅ:) ***n.*** 1. a person who gives comfort, आराम पहुँचानेवाला व्यक्ति। 2. a thick blanket, मोटा कंबल।

comfort station ***n.*** a public toilet, सार्वजनिक शौचालय।

comfy (कम्´-फ़ी) ***adj.*** = comfortable.

comic (कॉम्´-इक्) ***adj.*** 1. of or marked by comedy, कामिडी-संबंधी। 2. funny, विनोदपूर्ण, मज़ेदार, हँसानेवाला। ***n.*** 1. a comedian, विदूषक, हँसानेवाला। 2. (plu.) a column of comic strips in a newspaper, समाचार-पत्र का व्यंग्यचित्र-स्तंभ। 3. (plu.) a book of comic strips, मनोरंजक चित्र पुस्तक।

comical (कॉम्´-इ-कल्) *adj.* funny, विनोदपूर्ण, मज़ेदार, हँसानेवाला।

comic strip *n.* a series of cartoons telling a story, व्यंग्यचित्र-कथा।

coming (कम्´-इंग्) *adj.* next, approaching, आनेवाला, अगला, आगामी, भावी। *n.* an act of arriving, आगमन, आना।

comity (कॉम्´-इ-टी) courtesy, शिष्टाचार, सौजन्य।

comma (कॉम्´-अॅ) *n.* the punctuation mark (,) indicating a slight pause, अल्पविराम, कामा।

command (कॅ-मैन्ड्´/मान्ड्´) *n.* 1. an authoritative order, समादेश, आदेश, कमान। 2. ability to control, नियंत्रण-क्षमता, प्रभुत्व। 3. mastery, निपुणता, नैपुण्य। 4. a body of troops, सेना का विभाग, कमान। 5. influence, प्रभाव। *v.* (commanded, commanding) 1. to give a command, समादेश या आदेश देना। 2. to have authority over, प्रभुत्व या नियंत्रण होना। 3. to deserve and get, कुछ पाने का अधिकारी या पात्र होना; He commands respect every where because of his learning, अपने ज्ञान के कारण सभी जगह उसका आदर होता है। 4. to dominate by position, अपनी स्थिति के कारण हावी होना।

commandant (कॉम्-अॅन्-डैन्ट्´) *n.* a commanding officer, कमांडर, सेनानायक।

commandeer (कॉम्-अॅन्-डिअॅ:´) *v.* (commandeered, commandeering) to seize, छीन लेना, हथिया लेना।

commander (कॅ-मैन्´-डॅ:) *n.* a commanding officer, कमांडर, सेनानायक।

commander-in-chief (कॅ-मैन्-डॅ:-इन्-चीफ़्´) *n.* (plu. commaders in-chief) the supreme commander, प्रधान सेनापति।

commanding (कॅ-मैन्´-डिंग्) *adj.* 1. having command, आदेश देनेवाला। 2. dominating, रोबदार, प्रभावशाली।

commandment (कॅ-मैन्ड्´-मॅन्ट्) *n.* 1. a command, आदेश। 2. any of the ten commandments, नियम।

commando (कॅ-मैन्´-डो) *n.* 1. a military man trained to make raids, छापामार सैनिक, कमांडो। 2. a unit of such persons, छापामार-दल, कमांडो।

commemorate (कॅ-मॅम्´-अॅ-रेट्) *v.* (commemorated, commemorating) 1. to honour the memory of, पुण्यस्मरण करना, जयंती मनाना। 2. to be a memorial to, का स्मारक होना।

commemoration (कॅ-मॅम्-अॅ-रे´-शॅन्) *n.* 1. the act of commemorating, पुण्यस्मरण, स्मृति। 2. a commemorating ceremony, जयंती। 3. something built to commemorate, स्मारक; commemoration volume, अभिनन्दन-ग्रंथ।

commemorative (कॅ-मॅम्´-अॅ-रे-टिव्) *adj.* of or related to commemoration, पुण्य स्मरण-संबंधी, स्मरणार्थ, स्मारक।

commence (कॅ-मॅन्स्´) *v.* (commenced, commencing) to begin or start, प्रारंभ होना या करना, शुरू होना या करना, शुरुआत होना या करना।

commencement (कॅ-मॅन्स्´-मॅन्ट्) *n.* a beginning, प्रारंभ, शुरुआत।

commend (कॅ-मॅन्ड्´) *v.* (commended, commending) 1. to praise, प्रशंसा करना। 2. to entrust, हवाले करना, सौंप देना, देख-रेख में देना। 3. to recommend, सिफ़ारिश करना। 4. to give the regards of, अभिवादन कहना, सलाम कहना।

commendable (कॅ-मॅन्´-डॅ-बॅल्) *adj.* worthy of praise, प्रशंसनीय, सराहनीय, प्रशंसा के योग्य।

commensurable (कॅ-मॅन्´-सु-रे-बॅल्) *adj.* 1. that can be measured by the same standard, एक ही मानक से नापने योग्य। 2. proportionate to, तुल्य।

commensurate (कॅ-मॅन्´-सु-रेट्/रिट्) *adj.* 1. of the same size, extent or duration, मान, विस्तार आदि की दृष्टि से समान, सम्मेय। 2. proportionate, आनुपातिक; The salary is commensurate with the responsibilities, वेतन (का निर्धारण) उत्तरदायित्व के निर्वहन के अनुरूप है।

comment (कॉम्´-ॲन्ट्) *n.* 1. an expression of critical observation, टीका, टीका-टिप्पणी। 2. a statement of opinion, विचार, मत, राय। *v.* (commented, commenting) 1. to express an opinion, मत प्रकट करना, राय देना। 2. to write notes explaining or criticizing a text, टीका करना।

commentary (कॉम्´-ऑन्-ट्री, कॉम-ऑन्-टॅर्-ई) *n.* 1. an explanatory treatise, भाष्य, टीका। 2. a description, विवरण; running commentary, चल-विवरण, कमेंन्ट्री, आँखों-देखा हाल।

commentate (कॉम्-ॲन्-टेट्) *v.* (commentated, commentating) to make a commentary on, चल-विवरण प्रस्तुत करना, आँखों-देखा हाल सुनाना।

commentator (कॉम्´-ॲन्-टे-टॅः) *n.* 1. one who writes a commentary, टीकाकार, भाष्यकार। 2. one who gives a running commentary, वर्णनकर्ता, कमेंन्टेटर, प्रसारणकर्ता।

commerce (कॉम्´-ॲःस्) *n.* 1. the buying and selling of goods, वाणिज्य, व्यापार। 2. the foreign trade, विदेश-व्यापार।

commercial (कॅ-मॅः´-शॅल्) *adj.* 1. of or engaged in commerce, वाणिज्यिक, वाणिज्य-संबंधी। 2. having profit as the main aim, लाभोन्मुखी। 3. supported by advertising, विज्ञापन से चलनेवाला। *n.* a broadcast advertisement, रेडियो विज्ञापन, दूरदर्शन का विज्ञापन।

commercialism (कॅ-मॅः-शॅ-लिज़्-ॲम्) *n.* 1. the spirit or procedure of commerce, वाणिज्यवाद। 2. exclusive emphasis on profit, लाभवृत्ति।

commercialization (कॅ-मॅः-शॅ-लाइ-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of commercialization, व्यवसायीकरण, व्यापारीकरण।

commercialize (कॅ-मॅः´-शॅ-लाइज़्) *v.* (commercialized, commercializing) to make commercial, व्यापार का रूप देना, व्यापार बनाना; to exploit for profit, व्यापारी द्वारा अनुचित लाभ उठाना।

commingle (कॅ-मिंग्´-ॲल्) *v.* (commingled, commingling) to mingle together, एक में मिलना या मिलाना।

commiserate (कॅ-मिज़्´-ॲ-रेट्) *v.* (commiserated, commiserating) to express sympathy or pity for, सहानुभूति दिखलाना, दया करना।

commiseration (कॅ-मिज़्-ॲ-रे´-शॅन्) *n.* sympathy, compassion, सहानुभूति, दया, संवेदना।

commissariat (कॉम्-इ-सेऱ्´-इ-ॲट्) *n.* a military department responsible for supply, सेना का रसद विभाग।

commissary (कॉम्´-इ-सॅर्-ई) *n.* a store supplying food items, खाद्य भंडार।

commission (कॅ-मिश्´-ॲन्) *n.* 1. authorization to carry out a task, अधिकार-प्रदान। 2. the authority so granted, प्रदत्त अधिकार। 3. the task so entrusted, सौंपा हुआ कार्य, कार्यभार। 4. a body of persons entrusted with some specific function, कमीशन, आयोग; commission of inquiry, जाँच आयोग। 5. an agent's remuneration, आढ़त, कमीशन, दलाली। 6. the act of committing, कार्य करना; commission or omission, कार्य या लोप; commission of murder, हत्या करना। □ **get a commission** (सेना में) अफ़सर नियुक्त होना; **put into commission** चालू करना; **put out of commission**, ठप कर देना, बिगाड़ देना। *v.* (commissioned, commissioning) 1. to grant a commission to, कमीशन देना, अधिकार देना या सौंपना। 2. to place an order for, आदेश देना।

commissionary (कॅ-मिश्´-ॲ-नॅर्-ई) *n.* the area under a commissioner, मंडल।

commissioned (कॅ-मिश्´-ॲन्ड्) *adj.* entrusted or empowered with an office or duty, कमीशंड, आयुक्त; commissioned officer, कमीशंड या आयुक्त अधिकारी।

commissioner (कॅ-मिश्´-ॲ-नॅः/नेः) *n.* 1. a member of a commission, आयोग का सदस्य। 2. the head of a commissionary, आयुक्त, मंडलायुक्त, कमिश्नर।

commit (कॅ-मिट्´) *v.* (committed, committing) 1. to do, to perform, करना; to com-

mit to memory, याद कर लेना, कंठस्थ कर लेना। 2. to entrust, सौंपना, सुपुर्द करना। 3. to bind with an obligation, प्रतिबद्ध होना। 4. to give a pledge, वचन देना, वादा करना।

commitment (कॅ-मिट्´-मॅन्ट्) ***n.*** 1. the act of committing, करना, सुपुर्द करना, सुपुर्दगी। 2. the state of being obligated or bound, प्रतिबद्धता। 3. a pledge, वचन, वादा।

committal (कॅ-मिट्´-अॅल्) ***n.*** 1. commitment, सुपुर्दगी। 2. an obligation, प्रतिबद्धता। 3. committing to prison, जेल भेजना। 4. committing a body at burial, दफ़न करना।

committed (कॅ-मिट्´-इड्) ***adj.*** pledged to support a cause or doctrine, प्रतिबद्ध।

committee (कॅ-मिट्´-ई) ***n.*** a body of persons elected or appointed for some specified function, समिति, कमेटी।

commode (कॅ-मोड्´) ***n.*** 1. a chest of drawers, अलमारी। 2. a pot mounted in a chair with a cover, कमोड।

commodious (कॅ-मो´-डि-अॅस्) ***adj.*** spacious, खुला, विस्तृत।

commodity (कॅ-मॉड्´-इ-टी) ***n.*** 1. something of use or profit, वस्तु, चीज़, शै। 2. a product, उत्पाद। 3. an article of trade, जिंस, वस्तु, सामान।

commodore (कॉम्´-अॅ-डोः) ***n.*** 1. a naval officer, नौसैनिक अधिकारी। 2. the commander of a squadron, कप्तान, नायक।

common (कॉम्´-अॅन्) ***adj.*** 1. ordinary, सामान्य, साधारण, मामूली। 2. shared by more than two persons or things, उभयनिष्ठ, साँझे का; common room, साँझा कमरा। 3. of or pertaining to the whole community, सामान्य, सामूहिक, सार्वजनिक; common good, सामूहिक हित; common land, सार्वजनिक भूमि। 4. average, सामान्य, औसत दर्जे का; common man, सामान्य व्यक्ति। 5. coarse, घटिया। 6. vulgar, गँवारू। □ **in common,** साँझे का; **make common cause with,** सहमति बनाना।

commonality (कॉम्-अॅ-नैल्´-इ-टी) ***n.*** the fact of being common, सामान्य होने की अवस्था या भाव, सामान्यता।

commonalty (कॉम्´-अॅन्-अॅल्-टी) ***n.*** the ordinary people, जनसाधारण, साधारण लोग, आम लोग।

commoner (कॉम्´-अॅ-नॅः) ***n.*** a common man, साधारण व्यक्ति।

common law ***n.*** the body of law based on judicial decisions, सामान्य विधि, निर्णय-विधि।

commonly (कॉम्´-अॅन्-ली) ***adv.*** generally, सामान्यतः, आम तौर पर।

commonplace (कॉम्´-अॅन्-प्लेस्) ***adj.*** ordinary, मामूली, साधारण, सामान्य। ***n.*** something commonplace, साधारण सी चीज़ या बात।

commonsense (कॉम्´-अॅन्-सॅन्स्´) ***n.*** sound practical sense, सहज बुद्धि, व्यावहारिक बुद्धि।

commonweal (कॉम्´-अॅन्-वील्) ***n.*** the public good, सार्वजनिक या सामूहिक हित, सर्वहित।

commonwealth (कॉम्´-अॅन्-वॅल्थ्) ***n.*** a federation of states, राज्यमंडल, राष्ट्रमंडल।

Commonwealth, the ***n.*** the British Commonwealth of Nations, राष्ट्रकुल, राष्ट्र-मंडल, कॉमनवेल्थ।

commotion (कॅ-मो´-शॅन्) ***n.*** 1. a confused noise, शोरगुल, हो-हल्ला, अशांति। 2. upheaval, disturbance, उथल-पुथल, उपद्रव।

communal (कॅ-म्यू´-नॅल्) ***adj.*** 1. pertaining to a community, समुदाय-संबंधी, सामुदायिक, पंचायती; communal kitchen, सामुदायिक रसोईघर। 2. of a religious community, संप्रदाय-संबंधी, सांप्रदायिक।

communalism (कॅ-म्यू´-नॅल्-इज़्-अॅम्) ***n.*** the idea to favour one's own or particular community, संप्रदायवाद, सांप्रदायिकता, फ़िरक़ापरस्ती।

communalist (कॅ-म्यू´-नॅल्-इस्ट्) ***adj.*** of communalism संप्रदायवादी। ***n.*** a communal-minded person, संप्रदायवादी, फ़िरक़ापरस्त।

commune[1] (कॉम्´-यून्) ***n.*** a group of families living together and having common interest, समुदाय, कम्यून।

commune[2] (कॅ-म्यून्´) ***v.*** (communed, communing) to communicate mentally or

spiritually, मानसिक या आध्यात्मिक रूप से वार्तालाप करना।

communicable (कॅ-म्यू´-नि-कॅ-बॅल्) *adj.* that can be communicated, संचारी; communicable disease, संचारी रोग।

communicant (कॅ-म्यू´-नि-कॅन्ट्) *n.* one who communicates, सूचना देनेवाला।

communicate (कॅ-म्यू´-नि-केट्) *v.* (communicated, communicating) 1. to give by way of information, संसूचित करना। 2. to make known, प्रकट करना, बताना। 3. to transmit, संप्रेषित करना, संचारित करना। 4. to have a connected passage, संलग्न या जुड़ा होना। 5. to have social dealings with, संपर्क करना; to communicate with press, प्रेस से संपर्क करना। 6. to exchange (thoughts, विचारों का) आदान-प्रदान करना।

communication (कॅ-म्यू-नि-के´-शॅन्) *n.* 1. the act of communicating, संसूचन, संचार।2. the exchange of thoughts or information, विचारों या सूचनाओं का आदान-प्रदान।3. something communicated, संदेश, समाचार या सूचना, संसूचना। 4. correspondence, पत्र-व्यवहार। 5. (plu.) a system for communicating, संचार-व्यवस्था।

communicative (कॅ-म्यू´-नि-के-टिव्) *adj.* 1. ready to give information, सूचना देने के लिए प्रस्तुत।2. eager to talk, मिलनसार, बात-चीत करने को उत्सुक।

communion (कॅ-म्यून्´-यॅन्) *n.* 1. an exchange of thoughts and feelings, विचारों का आदान-प्रदान। 2. social dealings between people, सहभागिता, भाईचारा। 3. a religious group, समुदाय। 4. a spiritual union, आध्यात्मिक मिलन।

communique (कॅ-म्यू-नि-कें´) *n.* an official communication, विज्ञप्ति।

communism (कॉम्´-यू-निज़्-इम्) *n.* a political doctrine of classless society, साम्यवाद, साम्यवादी विचारधारा।

communist (कॉम्´-यु-निस्ट्) *n.* a supporter of communism, साम्यवादी।

communistic (कॉम्-यु-निस्´-टिक्) *adj.* of or related to communism, साम्यवादी।

community (कॅ-म्यू´-नि-टी) *n.* 1. the people living in one locality, समुदाय। 2. a group of people having cultural or religious characteristics in common, समुदाय, बिरादरी। 3. the public, society, जनता, समाज।4. fellowship, भाई-चारा, सहभागिता।

community centre *n.* a place for social activities, सामुदायिक केंद्र।

community development *n.* the development of a community, सामुदायिक विकास।

communize (कॉम्´-यु-नाइज़्) *v.* (communized, communizing) to convert to communist principles or control, साम्यवादी बनाना, साम्यवादी तंत्र स्थापित करना।

commutation (कॉम्-यु-टे´-शॅन्) *n.* 1. change of one thing for another, रूपांतरण; commutation of rights, अधिकारों का रूपांतरण। 2. a substitution or exchange, प्रतिस्थापन, अदला-बदली, परिवर्तन। 3. the reductions (in severity), न्यूनीकरण; commutation of sentence, दंडादेश का न्यूनीकरण।

commute (कॅ-म्यूट्´) *v.* (commuted, commuting) 1. to exchange for something, अदला-बदली या परिवर्तन करना। 2. to change or make (a punishment) less severe, न्यूनीकृत करना। 3. to travel daily or regularly a long distance between one's home and work, नियमित यात्रा करना, दैनिक यात्रा करना।

commutor (कॅ-म्यू´-टॅः) *n.* one who commutes to and from work, दैनिक यात्री, नियमित यात्री।

compact[1] (कॉम्´-पैक्ट्) *n.* a contract or agreement, क़रार, समझौता।

compact[2] (कॅम्-पैक्ट्´) *adj.* 1. solid, सघन, ठस। 2. concise, संक्षिप्त, संहत, छोटा।

compact[3] (कॉम्-पैक्ट्´) *n.* 1. a small container for a woman's face powder, a mirror and a puff, पाउडर की डिबिया। 2. a compact car, छोटी कार।

compacted (कॅम्-पैक्´-टिड्) *adj.* 1. packed into a small space, संहत। 2. united firmly

or closely, संगठित, एकीकृत।

companion (कॅम्-पैन्´-इ-ॲन्, कॅम्-पैन्´-यॅन्) *n.* 1. an associate, साथी, सखा, संगी। 2. either of a pair or set of things, जोड़ की वस्तु।

companionable (कॅम्-पैन´-यॅ-नॅ-बॅल्) *adj.* friendly, मिलनसार, मैत्री-योग्य।

companionate (कॅम्-पैन्´-यॅ-निट्) *adj.* 1. pertaining to companions, सख्य। 2. blending pleasantly, सौहार्दपूर्ण।

companionship (कॅम्-पैन्´-यॅन्-शिप्) *n.* the relationship between the companions, साथ, संग, संग-साथ, सखाभाव।

companionway (~ -व़े) *n.* a staircase leading from ship's deck to the cabins, डेक-सीढ़ी।

company (कम्´-पॅ-नी) *n.* 1. companionship, साथ, संग, संग-साथ; Please give me company, कृपया मेरा साथ दें। 2. a group of people, संगति, संगत; bad company, बुरी संगत। 3. a firm, bussines organization, व्यापरिक, संस्था, कंपनी। 4. a subdivision of a military battalion, कंपनी। 5. a troupe of musical or dramatic performers, कंपनी। 6. a ship's crew and officers, यान का कर्मीदल तथा अधिकारी वर्ग। ☐ **in company,** when other persons are present, दूसरों की उपस्थिति में; **keep company with,** to go out together, साथ देना, साथ करना; **part company,** to finish a relationship, साथ छोड़ देना।

comparable (कॉम्´-पॅ-रॅ-बॅल्) *adj.* 1. that can be compared, तुलना-योग्य, तुलनीय। 2. similar, समान, तुल्य, बराबर।

comparative (कॅम्-पैर्´-ॲ-टिव्) *adj.* 1. based on comparison or estimated by comparison, तुलनात्मक। 2. relative, सापेक्ष, आपेक्षिक। *n.* the form of an adjective or adverb that shows some increase in degree, उत्तरावस्था।

comparatively (~ -ली) *adj.* 1. in a comparative way, तुलनात्मक दृष्टि से। 2. relatively, अपेक्षाकृत, अपेक्षया।

compare (कॅम्-पेअ:´) *v.* (compared, comparing) 1. to mark the similarities and differences between one thing or person with another, तुलना करना। 2. to liken, मिलान करना। 3. to form the comparative and superlative of, उत्तरावस्था और उत्तमावस्था बनाना। *n.* comparison, तुलना; beautiful beyond compare, सौंदर्य में अतुलनीय, अनुपमेय।

comparison (कॅम्-पैर्´-इ-सॅन्) *n.* 1. the act of comparing, तुलना। 2. likeness, साम्य, समानता, सादृश्य। ☐ **beyond comparison,** not comparable, अतुलनीय; **stand comparison with,** to be sufficiently similar, सदृश होना।

compartment (कॅम्-पा:ट्´-मॅन्ट्) *n.* 1. any separate section (of a building), खंड, प्रखंड। 2. one of the sections into which some enclosed space is partitioned, विभाग, ख़ाना। 3. a railway compartment, डिब्बा, बोगी।

compartmental (कॅम्-पा:ट्-मॅन्´-टॅल्) *adj.* divided into compartments, having many compartments, बहुखंडीय, प्रखंडीय, कंपार्टमेंटल; compartmental store, बहुखंडीय या प्रखंडीय आगार, कंपार्टमेंटल स्टोर।

compartmentalization (कम्-पा:ट्-मॅन्-टॅ-लि-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of dividing into compartments, प्रखंडीकरण।

compartmentalize (कम्-पा:ट्-मॅन्´-टॅ-लाइज़्) *v.* (compartmentalized, compartmentalizing) to divide into compartments, प्रखंडित करना, प्रखंडों में बाँटना।

compass (कम्´-पॅस्) *n.* 1. a device with a needle that points the north direction, दिक्सूचक, क़ुतुबनुमा। 2. range or scope, क्षेत्र, परास, विस्तार; 3. (plu.) an instrument for drawing circles, परकार। *v.* 1. to go or move round, चक्कर लगाना। 2. to accomplish, प्राप्त करना, निष्पन्न करना। 3. to plot, षड्यंत्र रचना।

compassion (कॅम्-पैश्´-ॲन्) *n.* the deep feeling of sharing the suffering of another, करुणा, संवेदना, तरस, दया, रहम।

compassionate (कॅम्-पैश्´-अॅ-नेट्/निट्) *adj.* having or showing compassion, करुणामय, संवेदनशील, रहमदिल, दयालु।

compatibility (कॅम्-पैट्-इ-बिल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being compatible, सद्भावना, संगति, अनुरूपता, उपयुक्तता।

compatible (कॅम-पॅट्´-इ-बॅल्) *adj.* 1. able to exist or live together harmoniously, जो एक साथ मिलकर शांति से रह सकें, मिल-जुलकर रहनेवाले, सद्भावी, सहजीवी। 2. consistent, संगत।

compatriot (कॅम्-पे´-ट्रि-अॅट्) *n.* a fellow countryman, देशवासी, देशबंधु, हमवतन।

compeer (कॅम्-पिअॅ:´) *n.* 1. a person of equal rank, position or ability, समकक्ष। 2. a comrade, साथी।

compel (कॅम्-पॅल्´) *v.* (compelled, compelling) 1. to cause someone to do something by force, ज़बरदस्ती करना, बलात् कराना। 2. to make someone to have it or do it, बाध्य करना, विवश या मज़बूर करना। □ **compel attendance,** to make one to be present, हाज़िर होने के लिए विवश करना।

compellable (कॅम्-पॅल्´-अॅ-बॅल्) *adj.* liable to be compelled, जिसे विवश में किया जा सके, विवशनीय।

compelling (कॅम्-पॅल्´-इंग्) *adj.* 1. that compels, बाध्यकारी, प्रबल, सशक्त, ज़बरदस्त; compelling reason, प्रबल कारण। 2. attractive, लुभावना, आकर्षक।

compendious (कॅम्-पॅन्´-डि-अॅस्) *adj.* 1. concise, abridged, सार-भरा, सारगर्भित, संक्षिप्त। 2. stating the matter in a concise form, संक्षेप में कहनेवाला; He is a compendious author, वह संक्षेप में बहुत-कुछ कहनेवाला लेखक है।

compendium (कॅम्-पॅन्´-डि-अॅम्) *n.* a short complete summary, सार, सारसंग्रह, संक्षेप।

compensate (कॉम्´-पॅन्-सेट्) *v.* (compensated, compensating) 1. to make a suitable payment in return for loss or injury, क्षतिपूर्ति करना, हरजाना देना या भरना, प्रतिकार करना। 2. to counter balance the effects, कमी पूरी करना, पूर्ति करना।

compensation (कॉम्-पॅन्-से´-शॅन्) *n.* 1. the act of compensating, क्षतिपूर्ति, मुआवज़ा, प्रतिपूर्ति; compensation for wrong, दोष का प्रतिकार। 2. something given to compensate, मुआवज़ा, हरजाना, क्षतिपूर्ति।

compensatory (कॅम्-पॅन्-सॅ´-टॅ-री) *adj.* serving to compensate, प्रतिपूरक, क्षतिपूरक।

compere (कॉम्´-पिअॅ:) *n.* one who introduces the various acts and characters on a stage or television, प्रस्तुतकर्ता, सूत्रधार। *v.* (compered, compering) to act as a compere for, प्रस्तुति करना।

compete (कॅम्-पीट्´) *v.* (competed, competing) 1. to take part in a competition, प्रतियोगिता में भाग लेना, मुकाबला करना, प्रतियोगी होना। 2. to strive or contend with another, स्पर्धा करना, होड़ करना।

competence (कॉम्´-पि-टॅन्स्) *n.* 1. the quality or state of being competent, सक्षमता, क्षमता। 2. sufficiency of qualification, योग्यता, लियाकत, क्षमता, सामर्थ्य। 3. legal eligibility, अधिकार। 4. sufficient means for a comfortable living, निर्वाह-क्षमता।

competency (कॉम्´-पि-टॅन्-सी) *n.* =competence.

competent (कॉम्´-पि-टॅन्ट्) *adj.* 1. well or fully qualified, सक्षम; competent authority, सक्षम प्राधिकारी; competent court, सक्षम न्यायालय। 2. capable, समर्थ, सुयोग्य। 3. suitable, उपयुक्त; competent answer, उपयुक्त उत्तर।

competition (कॉम्-पि-टिश्´-अॅन्) *n.* 1. a contest, प्रतियोगिता, मुकाबला। 2. rivalry, स्पर्धा, होड़। 3. those competing with oneself, प्रतियोगी, प्रतिस्पर्धी; We have strong foreign competition, हमें सशक्त विदेशी प्रतियोगियों का सामना करना पड़ रहा है।

competitive (कॅम्-पॅट्´-अॅ-टिव्) *adj.* 1. involving rivalry, प्रतिस्पर्धात्मक, स्पर्धात्मक। 2. liking to compete, प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक। 3. sufficiently low in price, अपेक्षाकृत सस्ता।

competitor (कॅम्-पॅट्´-इ-टः) *n.* one who competes with others, प्रतियोगी, प्रतिस्पर्धी, स्पर्धी।

compilation (कॉम्-पि-ले´-शॅन्) *n.* the act of compiling or something compiled, संकलन, संग्रह।

compile (कॅम्-पाइल्´) *v.* (compiled, compiling) to write or produce by collecting from various sources, संकलन करना, संग्रह करना।

compiler (कॅम्-पाइ´-लॅः) *n.* one who compiles, संकलनकर्ता।

complacence (कॅम्-प्ले´-सॅन्स्) *n.* = complacency.

complacency (कॅम्-प्ले´-सॅन्-सी) *n.* 1. the state or quality of being complacent, आत्मसंतुष्टि, आत्मतुष्टि। 2. satisfaction, संतोष।

complacent (कॅम्-प्ले´-सॅन्ट्) *adj.* self-satisfied, आत्मसंतुष्ट, आत्मतुष्ट। 2. satisfied, संतुष्ट।

complain (कॅम्-प्लेन्´) *v.* (complained, complaining) 1. to express feeling of pain, कष्ट बतलाना, शिकायत करना। 2. to protest that something is wrong, शिकायत करना। 3. to make formal accusation, अभियोग लगाना, दोषारोप करना, परिवाद करना, फ़रियाद करना।

complainer (कॅम्-प्लेन्´-ॲः) *n.* = complainant.

complainant (कॅम्-प्ले´-नॅन्ट्, कॅम्-प्लेन्´-ॲन्ट्) *n.* a person who makes a formal accusation in a court of law, परिवादी, फ़रियादी, शिकायत करनेवाला।

complaint (कॅम्-प्लेन्ट्´) *n.* 1. an expression of grief, dissatisfaction or pain, शिकायत। 2. a disease or illness, व्याधि, रोग, बीमारी, शिकायत। 3. a formal accusation or charge, परिवाद।

complaisance (कॅम्-प्ले´-सॅन्स्) *n.* the desire to oblige others, परसेवा, सेवानुमुखता, परोपकार।

complaisant (कॅम्-प्ले´-सॅन्ट्) *adj.* ready and willing to help others, परसेवी, सेवानुमुखी, परोपकारी।

complement (कॉम्´-प्लि-मॅन्ट्) *n.* something that completes or makes up a whole, पूरक। *v.* (complemented, complementing) 1. to make complete, पूरा करना। 2. to add as a complement to, पूरक जोड़ना या लगाना।

complementary (कॉम्-प्लि-मॅन्´-टॅ-री) *adj.* forming a complement, पूरक; complementary work, पूरक कार्य।

complete (कॅम्-प्लीट्´) *adj.* 1. having all its normal or necessary parts, संपूर्ण, सर्वांगपूर्ण। 2. finished, समाप्त, ख़त्म, पूर्ण। 3. perfect, पूर्ण, पक्का; complete satisfaction, पूर्ण संतोष। 4. ready, तैयार, प्रस्तुत। *v.* (completed, completing) 1. to make whole or complete, पूरा करना, तैयार करना। 2. to end, समाप्त या ख़त्म करना।

completely (कॅम्-प्लीट्´-ली) *adv.* fully, पूरी तरह से, पूर्ण रूप से, पूर्णतया।

completion (कॅम्-प्ली´-शॅन्) *n.* 1. the act of making complete, पूर्ण करना, पूरा करना, तैयार करना। 2. the state of being complete, पूर्ण होना, पूरा होना, तैयार होना। 3. end, समाप्ति।

complex (कॅम्-प्लॅक्स्´) *adj.* 1. complicated, intricate, पेचीदा, जटिल। 2. difficult to understand, दुर्बोध, दुरूह। 3. made up of inter-connected parts, बहुभागी, जटिल; complex sentence, मिश्र वाक्य, जटिल वाक्य। *n.* 1. a whole made up of many parts, बहुभागी रचना, संकुल; a building complex, बहुभागी भवन। 2. a set of buildings, भवन-समूह। 3. a group of emotional unconscious feelings which influence a person's behaviour, मनोग्रंथि। 4. an obsession, सनक, झोंक, आवेश।

complexion (कॅम्-प्लॅक्´-शॅन्) *n.* 1. the colour and general appearance of the skin esp. of the face, रूप, रंग, रंगत। 2. the general character or appearance, स्वरूप।

complexity (कॅम्-प्लॅक्´-सि-टी) *n.* intricacy,

जटिलता, पेचीदापन।

compliance (कॅम्-प्लाइ´-अॅन्स्) ***n.*** 1. the acting in accordance with a desire, request, condition etc, अनुपालन, पालन; compliance with judgement, निर्णय का अनुपालन। 2. being in agreement with, अनुरूप होना। □ **in compliance with**, according to, के अनुसार।

compliancy (कॅम्-प्लाइ´-अॅन्-सी) ***n.*** = compliance.

compliant (कॅम्-प्लाइ´-अॅन्ट्) ***adj.*** acting in accordance with the rule, condition etc., पालन करनेवाला, आज्ञानुवर्ती।

complicate (कॉम्´-प्लि-केट्) ***v.*** (complicated, complicating) 1. to make complex, जटिल या पेचीदा बना देना। 2. to make difficult to understand, दुरूह या दुर्बोध बना देना।

complicated (कॉम्´-प्लि-के-टिड्) ***adj.*** 1. complex, intricate, जटिल, पेचीदा। 2. difficult to understand, दुरूह, दुर्बोध।

complication (कॉम्-प्लि-के´-शॅन्) ***n.*** 1. a complex condition, जटिलता, पेचीदापन। 2. something complicated or adding new difficulties, उलझन, समस्या, परेशानी। 3. a new illness, नया रोग।

consonance (कॉन्´-सॅ-नॅन्स्) *n.* a pleasant sounding combination of musical notes, स्वर-साम्य, स्वर-संगति। □ **in consonance with,** agreement among part, सामंजस्य-पूर्वक।

consonant (कॉन्´-सॅ-नॅन्ट्) *n.* a letter other than a vowel, व्यंजन। *adj.* 1. harmonious, consistent, सामंजस्यपूर्ण, संगत। 2. harmonious in sound, समस्वर, लयबद्ध।

consort[1] (कॉन्´-सॉ:ट्) *n.* a husband or wife especially of a monarch, पति या पत्नी, विशेषत: महाराजा (या महारानी) की दृष्टि से उसकी पत्नी (या पति)।

consort[2] (कॅन्-सॉ:ट्´) *v.* (consorted, consorting) 1. to keep company, साथ रहना, साथ देना। 2. to be in agreement, सहमति होना, मतैक्य होना। 3. to consort with, अनुरूप या अनुकूल होना; His actions do not consort with his principles उसके कार्य उसके सिद्धांतों से मेल नहीं खाते या के अनुरूप नहीं है।

consortium (कॅन्-सॉ:´-टि-अॅम्, कॅन्-सॉ:´-शि-अम्) an international body or association, अंतर्राष्ट्रीय निकाय या संघठन।

conspicuous (कॅन्-स्पिक्´-यु-अॅस्) *adj.* 1. obvious, सुस्पष्ट, प्रकट, साफ़। 2. remarkable, prominent, उल्लेखनीय, महत्त्वपूर्ण। 3. attracting attention, ध्यानाकर्षक, चित्ताकर्षक, उत्कृष्ट; He is conspicuous by his absence. उसकी अनुपस्थिति खल रही है। □ **make one self conspicuous,** ध्यान आकर्षित करना; She is always conspicuous by her gorgeous clothes. भड़कीले कपड़ों के कारण उसकी ओर बार-बार ध्यान जाता है; **conspicuous consumption,** spending to much to attract attention and to show one's social status, ध्यान आकर्षित करने और अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा दिखाने के लिए बहुत अधिक धन खर्च करना।

conspicuously (~-ली) *adv.* in a conspicuous manner, स्पष्ट रूप से, उल्लेखनीय ढंग से, आकर्षक रूप में।

conspiracy (कॅन्-स्पिर्´-अॅ-सी) *n.* an illegal plot, षड्यंत्र, कुचक्र, साज़िश, साँठ-गाँठ, जाल।

conspiracy of silence *n.* a conspiracy to say nothing about a certain matter, किसी विशेष विषय पर चुप्पी साधे रखने का कुचक्र, मौन-कुचक्र।

conspirator (कॅन्-स्पिर्´-अॅ-टॅ:) *n.* one who takes part in a conspiracy, षड्यंत्रकारी, कुचक्री, साँठ-गाँठ अथवा साज़िश करनेवाला, साज़िशी।

conspiratorial (कॅन्-स्पिर्-अॅ-टोर्´-इ-अॅल्) *adj.* of or related to a conspiracy, षड्यंत्र-पूर्ण, षड्यंत्र-संबंधी।

conspiratory (कॅन्-स्पिर्´-ए-टॅ-री) *adj.* of or pertaining to conspiracy, षड्यंत्र-संबंधी, षड्यंत्रकारी।

conspire (कॅन्-स्पाइ:) *v.* (conspired, conspiring) 1. to plan together secretly for some unlawful purpose, षड्यंत्र रचना, साज़िश करना। 2. to work or act together, साथ हो

जाना, मिल जाना, मिलकर काम करना; Circumstances conspired against me, परिस्थितियाँ मेरे प्रतिकूल हो गईं।

constable (कॉन्´-स्टॅ-बॅल्) *n.* a policeman of a lower rank, सिपाही, संतरी।

constabulary (कॅन्-स्टैब्´-यु-लॅर्-ई) *n.* 1. the body of constables, a police force, पुलिस, पुलिस-दल। 2. an armed police force, सशस्त्र सिपाहियों का दल।

constancy (कॉन्´-स्टॅन्-सी) *n.* the quality or state of being constant, एकरूपता, स्थायित्व, निश्चितता, निरंतरता, अनवरतता।

constant (कॉन्´-स्टॅन्ट्) *adj.* 1. fixed, unchanging, एकरूप, निश्चित, अपरिवर्तनशील, एक समान, स्थिर, अचल, अडिग, दृढ़ संकल्पवाला। 2. happening all the time, continuous, अनवरत, अटूट, सतत, एकतार। 3. faithful, निष्ठावान, पक्का; a constant friend, निष्ठावान मित्र।

constantly (कॉन्´-स्टॅन्ट्-ली) *adv.* always, निरंतर, सदा, हमेशा, बराबर।

constellation (कॉन्-स्टॅ-ले´-शॅन्) 1. a group of stars with a fixed shape, तारामंडल, नक्षत्र। 2. a group, समूह।

consternation (कॉन्-स्टॅः-ने´-शॅन्) *n.* 1. a great confusion or dismay, घोर भ्रम या निराशा। 2. a great surprise, बहुत बड़ा विस्मय। 3. a great anxiety, घोर चिंता, व्याकुलता।

constipate (कॉन्´-स्टि-पेट्) *v.* (constipated, constipating) to have or cause incomplete or difficult movement of the bowels, क़ब्ज़ होना या करना।

constipation (कॉन्-स्टि-पे´-शॅन्) *n.* difficulty in emptying the bowels, क़ब्ज़, क़ब्ज़ियत, मलावरोध।

constituency (कॅन्-स्टिच्´-ऊ-ऑन्-सी) 1. a body of voters, मतदाता-वर्ग। 2. an area and its residents represented by an elected legislator, चुनाव-क्षेत्र, निर्वाचन-क्षेत्र।

constituent (कॅन्-स्टिच्´-ऊ-ॲन्ट्) *adj.* serving as a part, संघटक। *n.* 1. a constituent part, घटक, अवयव, पुरज़ा। 2. a member of a constituency, किसी चुनाव-क्षेत्र का मतदाता।

Constituent Assembly *n.* an assembly that prepares a Constitution, संविधान-सभा।

constitute (कॉन्´-स्टि-ट्यूट्) *v.* (constituted, constituting) 1. to form or make up, बनना या बनाना, गठित होना या करना। 2. to establish or to be established, स्थापित होना या करना। 3. to appoint or to be appointed, नियत होना या करना।

Constitution (कॉन्-स्टि-ट्यू´-शॅन्) *n.* 1. the body of principles according to which the country is governed, संविधान, विधान। 2. composition, गठन, संघटन, बनावट। 3. the general condition of a person's body, शारीरिक रचना या बनावट, काठी; She has a strong consitution, उसकी काठी मज़बूत है।

constitutional (कॉन्-स्टि-ट्यू´-शॅ-नॅल्) *adj.* 1. of or related to the Constitution, संविधान-संबंधी, संवैधानिक। 2. permitted, established or according to the Consititution, संवैधानिक, सांविधानिक। 3. of a person's body or mind, शारीरिक या मानसिक। *n.* a walk taken for the sake of one's health, सैर, टहलना।

constitutionality (कॉन्-स्टि-ट्यू-शॅ-नैल्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being constitutional संवैधानिकता।

constitutionally (कॉन्-स्टि-ट्यू´-शॅ-नॅ-ली) *adv.* according to the constitution, संविधान के अनुसार, संविधान की दृष्टि से।

constitutive (कॉन्´-स्टि-ट्यू-टिव्) *adj.* essential, आवश्यक।

constitutively (~-ली) *adv.* essentially, आवश्यक रूप से।

constrain (कॅन्-स्ट्रेन्´) *v.* (constrained, constraining) 1. to make someone to do something by force or persuastion, दबाव डालना, विवश करना, मजबूर करना, बाध्य कर देना। 2. to bind, जकड़ देना, बाँध देना। 3. to restrain, रोकना, नियंत्रित करना।

constraint (कॅन्-स्ट्रेन्ट्´) *n.* 1. compulsion, दबाव, ज़ोर-ज़बरदस्ती, विवशता, मजबूरी। 2. something that restricts, बाधा, विघ्न। 3. restraint, नियंत्रण, बंधन, निग्रह, संयम।

4. embarrassment, परेशानी।

constrict (कॅन्-स्ट्रिक्ट्´) *v.* (constricted, constricting) 1. to compress or tighten, दबाना, कसना। 2. to contract, सिकोड़ना। 3. to squeeze, निचोड़ना। 4. to make a blood vessel narrower, धमनियों को सिकोड़ना।

constriction (कॅन्-स्ट्रिक्´-शॅन्) *n.* the act of constricting, दबाव, कसाव, सिकुड़न, संकुचन।

construct (कॅन्-स्ट्रक्ट्´) *v.* (constructed, constructing) to build, बनाना, निर्मित करना, रचना करना, रचना।

construction (कॅन्-स्ट्रक्´-शॅन्) *n.* 1. the act of constructing, निर्माण, रचना। 2. a building, भवन, इमारत। 3. a structure, ढाँचा। 4. the arrangement of words to form a phrase, clause or sentence, शब्द-विन्यास। 5. an interpretation, निर्वचन, व्याख्या। □ **under construction,** in the process of building, के निर्माणाधीन।

constructional (कॅन्-स्ट्रक्´-शॅ-नॅल्) *adj.* of or pertaining to the construction, निर्माण-संबंधी, निर्माण-विषयक।

constructive (कॅन्-स्ट्रक्´-टिव्) *adj.* serving a useful purpose, offering helpful suggestions, रचनात्मक; constructive criticism, रचनात्मक आलोचना।

constructively (~-ली) *adv.* in a constructive manner, रचनात्मक ढंग से, रचनात्मक रूप से।

construe (कॅन्-स्ट्रू´) *v.* (construed, construing) 1. to give the sense or meaning, अर्थ देना। 2. to interpret, निर्वचन करना, अर्थ लगाना।

consul (कॉन्´-सॅल्) *n.* an officer appointed to live in a foreign city to look after the interest of his country, वाणिज्यदूत, कौंसल, दूत।

consulate (कॉन्´-सु-लिट्) *n.* the office of a consul, वाणिज्यदूतावास, कौंसल वास।

consult (कॅन्-सल्ट्´) *v.* (consulted, consulting) 1. to seek information or advice from, परामर्श लेना या करना, सलाह लेना या करना, पूछना-पाछना या करना। 2. to confer or exchange views, विचार-विमर्श करना।

consultant (कॅन्-सल्´-टॅन्ट्) *n.* a person who gives professional advice, परामर्शी, परामर्शदाता, सलाहकार।

consultation (कॉन्-सल्-टे´-शॅन्) *n.* 1. the act of consulting, परामर्श, सलाह; consultation fee, परामर्श-शुल्क। 2. a meeting held to exchange opinions and ideas, विचार-विमर्श। □ **in consultation with,** by exchanging opinions with, के परामर्श से, से परामर्श करके।

consultative (कॅन्-सल्´-टॅ-टिव्) *adj.* that can give advice, परामर्शदायी, परामर्शी; consultative body, परामर्शदायी निकाय।

consulting (कॅन्-सल्´-टिंग्) *adj.* providing specialist advice, परामर्शी; consulting engineer, परामर्शी अभियंता।

consumable (कॅन्-स्यूम्´-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be consumed, उपभोग्य, खपाने योग्य।

consume (कॅन्-स्यूम्´) *v.* (consumed, consuming) 1. to use up, उपयोग या उपभोग करना, खपा देना। 2. to eat or drink up, खा-पी जाना, पचा जाना। 3. to destroy, नष्ट कर देना, खा जाना; The fire consumed the building, आग ने भवन को नष्ट कर दिया। 4. to spend wastefully, बहा देना, फूँक डालना; He consumed all his money on women and drink, उसने सुरा-सुंदरी पर अपना सारा धन फूँक डाला।

consumer (कॅन्-स्यू´/सू´-मॅ:) *n.* a person who buys goods or uses services, उपभोक्ता; consumer's interest, उपभोक्ता का हित।

consumer goods *n.* (plu.) goods used by individual consumers, उपभोक्ता-सामग्री, उपभोग्य वस्तुएँ।

consumerism (कॅन्-स्यू´/सू´-मॅ-रिज्-अॅम्) *n.* the protection of consumer's, interest, उपभोक्तावाद, उपभोक्ताओं की हित-रक्षा।

consuming (कॅन्-स्यू´/सू´-मिंग्) *adj.* overwhelming, अत्यधिक, बेहद, तीव्र।

consummate[1] (कॉन्´-सु-मेट्) *v.* (consummated, consummating) *v.* to make complete or perfect, पूर्ण करना, पक्का करना,

निष्पन्न करना; to consummate marriage, विवाहोत्तर सहवास या संभोग करना।

consummate[2] (कॉन्´-सु-मिट्) *adj.* 1. complete, पूर्ण, निष्पन्न, पक्का। 2. highly skilled, पूर्ण रूप से कुशल, कुशलता-प्राप्त।

consummation (कॉन्-सु-मे´-शॅन्) *n.* the act of consummating, पूर्णता, निष्पन्नता; consummation of marriage, विवाहोत्तर सहवास या संभोग।

consumption (कॅन्-सम्प्´-शॅन्) *n.* 1. the act of consuming, using up anything, उपभोग। 2. the amount consumed, खपत। 3. tuberculosis, तपेदिक, क्षय।

consumptive (कॅन्-सम्प्´-टिव्) *adj.* suffering from tuberculosis, क्षयपीड़ित।

contact[1] (कॉन्´-टैक्ट्) *n.* 1. the condition of touching of objects or surfaces, संसर्ग, स्पर्श, संस्पर्श। 2. a relationship, संबंध। 3. the state of being in touch or association, संपर्क। 4. an acquaintance, परिचित व्यक्ति।

contact[2] (कॅन्-टैक्ट्´) *v.* (contacted, contacting) 1. to come into contact, संपर्क होना, संपर्क में आना। 2. to put into contact, स्पर्श कराना, मिलाना, जोड़ना। 3. to get in touch with, संपर्क स्थापित करना।

contact lens *n.* a very thin lens worn in contact with the eyeball, कंटैक्ट लेंस।

contagion (कॅन्-टे´-जॅन्) *n.* 1. the transmission of disease by contact, संसर्ग या छूत से रोग का फैलाव, छुतहापन। 2. a disease so transmitted, संक्रामक रोग, सांसर्गिक रोग, छुतहा रोग। 3. the tendency to spread, फैलाने-बढ़ने की प्रवृत्ति।

contagious (कॅन्-टे´-जॅस्) *adj.* 1. that can be spread by touch, संक्रामक, सांसर्गिक, स्पर्शजन्य, छुतहा; contagious disease, संक्रामक रोग, सांसर्गिक रोग, छुतहा रोग। 2. tending to spread easily, सहज रूप से फैलने या बढ़नेवाला।

contain (कॅन्-टेन्´) *v.* (contained, containing) 1. to have within itself, होना; The atlas contains thirty maps, इस एटलस में तीस नक़्शे हैं; The bottle contains two glasses of wine, बोतल में दो गिलास शराब है। 2. to include or comprise, अंतर्विष्ट होना, समावेशित होना। 3. to be able to hold, भरा होना, धारण किए होना। 4. to hold back, to control, क़ाबू में रखना, नियंत्रित करना, रोक रखना।

contained (कॅन्-टेन्ड्´) *adj.* 1. controlled, नियंत्रित। 2. calm, शांत।

container (कॅन्-टे´-नॅः) *n.* 1. a box, barrel or bottle etc., designed to contain a substance, पात्र, आधान। 2. a large box used for transporting goods, कंटेनर, बक्सा।

containerize (कॅन्-टे´-नॅ-राइज़्) *v.* (containerized, containerizing) to transport (goods) in containers, बक्सों में माल भरकर परिवहन करना।

containment (कॅन-टेन्´-मॅन्ट्) *n.* the act to make someone calm or prevent him to become powerful, संयमित करने की क्रिया-भाव, संयमन, परिरोधन।

contaminate (कॅन्-टैम्´-इ-नेट्) *v.* (contaminated, contaminating) to pollute, संदूषित हो जाना, प्रदूषित हो जाना, बिगड़ जाना।

contamination (कॅन्-टैम्-इ-ने´-शॅन्) *n.* the act of contaminating or the state of being contaminated, संदूषण, प्रदूषण, ख़राबी।

contemplate (कॉन्´-टॅम्-प्लेट्) *v.* (contemplated, contemplating) 1. to consider or ponder thoughtfully, to think deeply about, मनन करना, गहरी सोच में पड़ना, चिंतन करना। 2. to anticipate or expect, अपेक्षा करना। 3. to meditate, ध्यान करना या लगाना।

contemplation (कॉन्-टॅम्-प्ले´-शॅन्) *n.* the act of contemplating, मनन, विचार, चिंतन, ध्यान।

contemplative (कॅन्-टॅम्´-प्लॅ-टिव्) *adj.* 1. thoughtful, विचारवान, मननशील, विचारशील। 2. spending much time in meditation, ध्यान लगानेवाला, ध्यानी।

contemporaneous (कॅन्-टॅम्-पॅ-रे´-नि-अॅस्) *adj.* contemporary, समकालीन।

contemporary (कॅन्-टॅम्´-पॅ-रॅर्-ई) *adj.* 1. belonging to the same time or period, समकालीन, समकालिक। 2. up-to-date, modern, अद्यतन, आधुनिक। *n.* 1. a contempo-

अः bird बःड्, अॅः tear टिअॅः, ऍअॅ air ऍअॅः, आई five फ़ाइव्, ऑइ boy बॉइ/बॉय, इअॅ near निअॅः उअॅ poor पुअॅः, च् chat चैट्, थ् thing थिंग्, द् this दिस्, फ़् full फ़ुल्, व़् wait व़ेट्

rary person, समकालीन व्यक्ति। 2. a person of the same age as another, समवयी व्यक्ति। 3. a person of the present period, विद्यमान व्यक्ति, आधुनिक व्यक्ति।

contempt (कॅन-टॅम्प्ट्´) *n.* 1. feeling of scorn or disrespect, घृणा, तिरस्कार। 2. wilful disregard or disobedience, अवमान, अवमानना, तिरस्कार; contempt of court, न्यायालय का अवमान, न्यायालय की अवमानना, न्यायालय का तिरस्कार।

contemptible (कॅन्-टेम्प्´-टि-बॅल्) *adj.* that ought to be treated with contempt, mean, despicable, घृणित, निंदनीय, अवमान्य।

contemptuous (कॅन्-टॅम्´-चु-अॅस्) *adj.* feeling or showing contempt, तिरस्कारसूचक, तिरस्कारपूर्ण, अवमानकारी।

contend (कॅन्-टॅन्ड्´) *v.* (contended, contending) 1. to strive for, प्रयत्न करना, संघर्ष करना। 2. to contest, स्पर्धा करना, मुकाबला करना, लड़ना, भिड़ना, चुनाव लड़ना। 3. to dispute, झगड़ा करना, विवाद करना। 4. to assert, दावे से कहना, बलपूर्वक कहना, हक जतलाना। □ **contend with**, to compete against odds, डटकर मुकाबला करना, He has a powerful enemy to contend with, उसका शक्तिशाली शत्रु से मुकाबला है।

contender (कॅन्-टॅन्ड्´-अ:) *n.* a rival, प्रतियोगी, प्रतिस्पर्धी।

content¹ (कॅन्-टॅन्ट्´) *adj.* contented, संतुष्ट, संतोषी। *n.* satisfaction, संतोष। □ **one's heart's content** as much as one diesire, जी भर, छककर।

content² (कॉन्´-टॅन्ट्) *n.* (often plu.) 1. the amount of a substance contained in something, विषय-वस्तु। 2. the subject matter of a book, अंतर्वस्तु, विषय-सामग्री। 3. the list of chapter headings of a book, विषय-सूची, अनुक्रमनिका।

contented (कॅन्-टॅन्´-टिड्) *adj.* satisfied, संतुष्ट।

contentedness (कॅन्-टॅन्´-टिड्-निस्) *n.* satisfaction, संतोष।

contention (कॅन्-टॅन्´-शॅन्) *n.* 1. a dispute, झमड़ा, विवाद। □ **bone of contention**, झगड़े की जड़। 2. a controversy, विवाद, प्रतिविरोध। 3. an assertion made in arguing, दावा या दृष्टि-कोण, मत।

contentious (कॅन्-टॅन्´-शॅस्) *adj.* 1. giving to contention, झगड़ालू, विवादी। 2. involving contentions, विवादात्मक, प्रतिविरोधात्मक।

contentment (कॅन्-टॅन्ट्´-मॅन्ट्) *n.* satisfaction, संतोष, संतुष्टि।

conterminous (कॅन्-ट:´-मि-नॅस्) *adj.* having a boundary in common, जिनकी सीमा मिलती हो, जिनकी हद एक हो, संलग्न सीमावाले।

contest¹ (कॉन्´-टॅस्ट्) *n.* 1. a struggle for supperiority or victory, संघर्ष। 2. a competition, प्रतियोगिता।

contest² (कॅन्-टॅस्ट्´) *v.* (contested, contesting) 1. to compete for, स्पर्धा करना। 2. to dispute or oppose, झगड़ा करना, विरोध करना। 3. to defend or challenge, प्रतिवाद करना, चुनौती देना। 4. to be a candidate in an election, चुनाव लड़ना, चुनाव में खड़े होना।

contestant (कॅन्-टॅस्´-टॅन्ट्) *n.* a competitor, प्रतियोगी, प्रतिद्वंद्वी, मुकाबला करनेवाला, प्रतिस्पर्धी।

context (कॉन्´-टॅक्स्ट्) *n.* the parts which immediately precede or follow any particular passage or text and determine its meaning, संदर्भ, प्रसंग; □ **in context**, संदर्भ में; **in this context,** इस संबंध/प्रसंग/प्रकरण में, **out of context**, संदर्भ से बाहर या परे का।

contextual (कॅन्-टॅक्स्´-चु-अॅल्) *adj.* of or according to the context, संदर्भित, प्रासंगिक।

contiguity (कॉन्-टि-ग्यू´-इ-टी) *n.* the state of being contiguous, संलग्नता, समीपस्थता, संबंध।

contiguous (कॅन्-टिग्´-यु-अॅस्) *adj.* 1. adjoining, संलग्न, समीपस्थ। 2. related, संबद्ध।

continence (कॉन्´-टि-नॅन्स्) *n.* the ability to control oneself, आत्मसंयम, आत्मनिग्रह।

continent¹ (कॉन्´-टि-नॅन्ट्) *adj.* 1. able to control oneself, आत्मसंयमी, आत्मनिग्रही। 2. abstaining from sexual activity, ब्रह्मचारी।

continent² (कॉन्´-टि-नॅन्ट्) *n.* any one of the seven principal land masses of the earth, महाद्वीप।

Continent[3], the *n.* the mainland of Europe, यूरोप का मुख्य भूभाग।

continental (कॉन्-टि-नॅन्´-टॅल्) *adj.* 1. of a continent, महाद्वीप-संबंधी, महाद्वीपीय। 2. of the Continental, यूरोपीय। ☐ **not worth a continental,** not worth anything. बिल्कुल बेकार।

contingency (कॅन्-टिन्´-जॅन्-सी) *n.* 1. a possible but very unlikely future event, an unforeseen event, अप्रत्याशित घटना, आकस्मिक घटना, आकस्मिकता। 2. a possibility, संभावना।

contingent (कॅन्-टिन्´-जॅन्ट्) *adj.* 1. happening by chance, आकस्मिक; contingent expenditure, आकस्मिक व्यय। 2. possible, संभाव्य, संभावित। 3. depending on something which may or may not happen, समाश्रित; dependent on something uncertain, किसी अनिश्चित घटना पर निर्भर होनेवाला; Whether he arrives or not is contingent on the weather. उसका आना या न आना मौसम पर निर्भर करता है। *n.* 1. a body of troops, सैनिक टुकड़ी। 2. a group of people, ग्रुप, समूह।

contingently (कॅन्-टिन्´-जॅन्-टॅ-ली) *adv.* in a contingent manner, आपातिक रूप से।

continual (कॅन्-टिन्´-यु-अॅल्) *adj.* 1. ocurring frequently, रुक-रुककर परंतु सदा होनेवाला, प्रायिक, सतत। 2. continuous, अटूट, निरंतर चलनेवाला, लगातार, होनेवाला।

continually (कॅन्-टिन्´-यु-अॅ-ली) *adv.* continuously, निरंतर, लगातार।

continuance (कॅन्-टिन्´-यु-अॅन्स्) *n.* 1. the state of continuing, चालू रहना, जारी रहना; continuance of meeting, अधिवेशन का चलते रहना। 2. unbroken sequence, सिलसिला, अटूट क्रम।

continuation (कॅन-टिन्-यु-ए´-शॅन्) *n.* 1. the act or instance of continuing, (किसी काम या चीज़ का) जारी या चालू रहना, चलता रहनेवाला क्रम। 2. something being continued, जारी रहनेवाली चीज़। 3. a thing that continues or extends something else, अगला हिस्सा या आगे का अंश। ☐ **in that continuation,** उसी क्रम में।

continue (कॅन्-टिन्´-यू) *v.* (continued, continuing) 1. to go on without stopping, चलता या चलते रहना, होता या होते रहना, जारी रहना; The rain continued for several weeks. वर्षा हफ़्तों होती रही। 2. to do something without ceasing, जारी रखना, चलाए चलना, आगे बढ़ाना। 3. to remain or cause to remain in a state, बना या बने रहना; to continue in service, सेवा में बने रहना। 4. to go on after an interruption, फिर से चलना या चालू होना। 5. to go further, आगे बढ़ना या जाना।

continuity (कॉन्-टि-न्यू´-इ-टी) *n.* 1. the condition or quality of being continuous, सातत्य, निरंतरता, नैरंतर्य, अविछिन्नता। 2. the uninterrupted succession of things, सिलसिला, अटूट क्रम।

continuous (कॅन्-टिन्´-यु-अॅस्) *adj.* continuing without interruption, unbroken, अविच्छिन्न, अटूट, अविरल, सतत, निरंतर।

continuously (कॅन्-टिन्´-यु-अॅस्-ली) *adv.* uninterruptedly, निरंतर, अविरल रूप से, सतत रूप में।

continuum (कॅन्-टिन्´-यु-अॅम्) *n.* something that extends continuously, वह वस्तु जिसके क्रम में विच्छिन्नता न हो।

contort (कॅन्-टॉ:ट्´) *v.* (contorted, contorting) to twist or force out of shape, शक्ल बिगाड़ देना, ऐंठ या मरोड़ देना।

contortion (कॅन्-टॉ:´-शॅन्) *n.* 1. the act of contorting, रूप या शक्ल में होनेवाला बिगाड़, ऐंठन, मरोड़। 2. twisted position, विकृति, विरूपता। 3. twisted movement, टेढ़ी-मेढ़ी गति।

contortionist (कॅन्-टॉ:´-शॅ-निस्ट्) *n.* one who contorts his body, शरीर को मरोड़ लेनेवाला कलाबाज़, नट।

contour (कॉन्´-टू:) *n.* the outline of a figure, परिरेखा, बाह्याकृति, रूपरेखा।

contra (कॉन्´-ट्रॅ) *prefix* 1. contrary, विपरीतता का सूचक प्रत्यय, प्रति। 2. against, के विरुद्ध या

के विपक्ष में, pro&contra or pros & cons, पक्ष और विपक्ष की दलीलें।

contraband (कॉन्´-ट्रॅ-बैन्ड्) *adj.* prohibited by law, निषिद्ध, विनिषिद्ध, वर्जित। *n.* 1. goods prohibited in trade, विनिषिद्ध वस्तुएँ। 2. smuggled goods, तस्करी का माल।

contraception (कॉन्-ट्रॅ-सेंप्´-शॅन्) *n.* the prevention of conception, गर्भनिरोध।

contraceptive (कॉन्-ट्रॅ-सेंप्´-टिव्) *adj.* preventing conception, गर्भ निरोधक, गर्भनिरोधी। *n.* any thing or device for preventing conception, गर्भनिरोधक औषध या उपकरण (निरोध)।

contract[1] (कॉन्´-ट्रैक्ट्) *n.* 1. a business agreement, करार, अनुबंध, ठेका, संविदा। □ **contract labour**, ठेके पर काम करनेवाले मज़दूर, ठेका मज़दूर। 2. a document relating to such terms, करारनामा, संविदा-पत्र।

contract[2] (कॅन्-ट्रैक्ट्´) *v.* (contracted, contracting) 1. to enter into a contract, करार करना, ठेका करना, अनुबंध करना। 2. to undertake by contract, ठेका लेना। 3. to make or become shorter, सिकुड़ना या सिकोड़ना, संकुचित होना या करना। 4. to shorten, संक्षिप्त बनाना या बनना। 5. to catch (an illness, बीमारी) पकड़ना। □ **contract in,** भाग लेने का वचन देना; **contract out,** भाग न लेने का वचन देना।

contractile (कॅन्-ट्रैक्´-टाइल्) *adj.* that can contract, सिकुड़नेवाला, संकुचनशील।

contraction (कॅन्-ट्रैक्´-शॅन्) *n.* 1. the act of contracting, संकोचन, संकुचन। 2. the state of being contracted, संकुचित रूप, संक्षिप्त रूप।

contractor (कॅन्-ट्रैक्´-टॅ:) *n.* 1. one who contracts to supply anything or perform any service, ठेकेदार। 2. one who enters into a contract, संविदाकार।

contractual (कॅन्-ट्रैक्´-चु-ॲल्) *adj.* of or related to a contract, संविदात्मक, संविदाजात; contractual obligation, संविदाजात बाध्यता; contractual right, संविदात्मक अधिकार।

contradict (कॉन्-ट्रॅ-डिक्ट्´) *v.* (contradicted, contradicting) 1. to declare untrue, खंडन करना। 2. to deny the statement of, इन्कार करना। 3. to assert the opposite of, उलटी बात कहना, बात काटना। 4. to be inconsistent with, विपरीत या उलटा होना।

contradiction (कॉन्-ट्र-डिक्´-शॅन्) *n.* 1. the act of contradicting, खंडन, विरोध। 2. anything that contradicts, खंडन करनेवाली बात, खंडन। 3. any contrary thing or position, विपरीतता। 4. inconsistency, विसंगति।

contradictory (कॉन्-ट्र-डिक्´-टॅ-री) *adj.* that contradicts, opposing, खंडनात्मक, विरोधात्मक, प्रतिकूल, विपरीत।

contradistinction (कॉन्-ट्रॅ-डि-स्टिङ्क्´-शॅन्) *n.* distinction by contrast, विभेद, व्यतिरेक। □ **in contradistinction to,** in contrast to, के विपरीत, के बदले।

contrail (कॉन्´-ट्रेल्) *n.* a line of smoke or steam made in the sky by a plane, धूम्ररेखा, धुएँ की लकीर।

contraindication (कॉन्-ट्रॅ-इन्-डि-के´-शॅन्) *n.* an indication of something against, उलटा संकेत।

contralto (कॅन्-ट्रैल्´-टो) *n.* 1. the lowest female voice, नारी का मंद स्वर। 2. a female singer having such a voice, मंद स्वर में गानेवाली स्त्री।

contraption (कॅन्-ट्रैप्´-शॅन्) *n.* 1. a gadget, उपकरण। 2. an odd looking machine, विलक्षण यंत्र, अजीबोग़रीब मशीन; I don't know how this contraption operates, मुझे नहीं पता कि यह अजीबोग़रीब मशीन कैसे काम करती है।

contrariety (कॉन्-ट्र-राइ´-इ-टी) *n.* the state or condition of being contrary, प्रतिकूलता, विपरीतता।

contrariwise (कॉन्´-ट्रैर्-ई-वाइज़्) *adv.* in the opposite way, इसके विपरीत, उलटे।

contrary (कॉन्´-ट्रैर्-ई) *adj.* 1. opposite, प्रतिकूल; It is contrary to my nature, यह मेरे स्वभाव के प्रतिकूल है। 2. willful, हठी, जिद्दी। *n.* the opposite, प्रतिकूलता, विपरीतता। □ **on the contrary,** not at all, बिल्कुल नहीं, उलटे,

इसके विपरीत, बल्कि; "Do you love her?" "No, on the contrary I hate her". ''क्या आप उस लड़की से प्यार करते हो ?'' ''नहीं बल्कि मैं उससे नफ़रत करता हूँ।''

contrast[1] (कॅन्´-ट्रैस्ट्) *v.* (contrasted, contrasting) 1. to compare two things so that differences are made clear, अंतर स्पष्ट करना, वैषम्य दिखलाना, भेद दिखलाना। 2. to stand out in sharp contrast with, अलग दिखाई देना। ☐ **contrast well with,** मेल खाना, मेल बैठना; the white shirt contrasts well with the black trousers, काली पतलून पर सफ़ेद कमीज़ ख़ूब जँचती है।

contrast[2] (कॉन्´-ट्रैस्ट्) *n.* 1. the act of contrasting, अंतरीकरण। 2. a difference or unlikeliness, अंतर, वैषम्य, व्यतिरेक।

contravene (कॉन्´-ट्रॅ-वीन्) *v.* (contravened, contravening) 1. to transgress or violate, to go against, उल्लंघन करना। 2. to contradict, खंडन करना, प्रतिवाद करना।

contravention (कॉन्-ट्रॅ-वेंन्´-शॅन्) *n.* the act of contravening, उल्लंघन, खंडन।

contretemps (कॉन्´-ट्रॅ-टान्) *n.* an inopportune happening or occurrence, अशुभ बात या घटना। (फ्रांसीसी)

contribute (कॅन्-ट्रिब्´-यूट्) *v.* (contributed, contributing) 1. to give in common with others, अंशदान करना, चंदा देना। 2. to participate in, योग देना, सहयोग करना। 3. to supply an article to a newspaper or magazine, समाचार-पत्र या पत्रिका में छपने के लिए लेख आदि भेजना।

contribution (कॉन्-ट्रि-ब्यू´-शॅन्) *n.* 1. the act of contributing or something contributed, अंशदान, सहयोग। 2. an article (to a magazine or newspaper etc.), लेख (समाचार-पत्र और पत्रिका आदि के लिए)।

contributor (कॅन्-ट्रिब्´-यु-टॅः) *n.* one who contributes, अंशदाता, सहयोगकर्ता।

contributory (कॅन्-ट्रिब्´-यु-टॅ-री) *adj.* contributing to some purpose or fund, अंशदायी, योगदायी।

contrite (कॅन्-ट्राइट्´) *adj.* caused by feeling or showing guilt, ग्लानियुक्त, पश्चातापी, खिन्न, अनुतप्त।

contrition (कॅन्-ट्रिश्´-अॅन्) *n.* sorrow for one's sin or guilt, ग्लानि, पश्चात्ताप, अनुताप।

contrivance (कॅन्-ट्राई´-वॅन्स्) *n.* the act of contriving or something contrived, योजना, उपाय, युक्ति, प्रयुक्ति, रचना, आयोजन। 2. a mechanical device, यंत्र, मशीन। 3. an invention or something invented, अविष्कार, आविष्कृति; The scientists have invented a new contrivance for milking cows, वैज्ञानिकों ने गायों को दूहने के लिए एक नए यंत्र का अविष्कार किया है। 4. deceitful plan, कूटयुक्ति, छल, कपट, बहाना।

contrive (कॅन्-ट्राइव्´) *v.* (contrived, contriving) 1. to plan or device, योजना बनाना, उपाय करना, तरकीब भिड़ाना। 2. to make or fabricate, रचना, बनाना। 3. to invent esp. a mechanical device, आविष्कार करना, युक्ति निकालना। 4. to manage or effect, आयोजन करना, प्रबंध करना।

contriver (कॅन्-ट्राइव्´-अॅः) *n.* one who contrives, युक्तिशील।

control (कॅन्-ट्रोल्´) *v.* (controled, controling) 1. to exercise power or authority, नियंत्रण करना, नियंत्रण में रखना। 2. to restrain or regulate, संयमित करना। *n.* 1. the power to check or restraint, नियंत्रण, अंकुश। 2. self-restraint, आत्मनिग्रह, आत्मसंयम। ☐ **in control,** in command, नियंत्रणाधीन; **out of control,** no longer able to be controlled, नियंत्रण से बाहर; **under control,** controlled, नियंत्रित, नियंत्रण में होनेवाला।

controllable (कॅन्-ट्रो´-लॅ-बॅल्) *adj.* that can be controlled, नियंत्रणीय।

controller (कॅन्-ट्रो´-लॅः) *n.* a person who controls, नियंत्रक।

controversial (कॉन्-ट्रॅ-वः´-शॅल्) *adj.* disputable, विवाद्य, विवादास्पद, झगड़े का।

controversy (कॉन्´-ट्रॅ-वः-सी) *n.* 1. a public dispute, विवाद, बहस। 2. a disputed question, विवाद, झगड़े का विषय। ☐ **beyond controversy,** निर्विवाद।

controvert (कॉन्´-ट्रॅ-वःट्) *v.* (controverted, controverting) 1. to deny or contradict, खंडन करना। 2. to dispute, विवाद करना, झगड़ना, बहस करना।

contumacious (कॉन्-टू-मे´-शॅस्) *adj.* disobedient, अवज्ञाकारी, अवहेलना करनेवाला, धृष्ट, दुराग्रही, उद्दंड।

contumacy (कॉन्´-टू-मॅ-सी) *n.* disregard, disobedience, अवज्ञा, अवज्ञाकारिता, दुराग्रह, अवहेलना, धृष्टता।

contumelious (कॉन्-ट्यू-मी´-लि-ॲस्) *adj.* 1. insolent, गुस्ताख़, बदतमीज़।2. insulting, धृष्टतापूर्ण, अवज्ञापूर्ण

contuse (कॅन्-ट्यूज़्´) *v.* (contused, contusing) to bruise, नील पड़ना, चोट लगना।

convalesce (कॉन्-वॅ-लॅस्´) *v.* (convalesced, convalescing) to recover from illness or injury, रोगमुक्त होना, स्वस्थ होना, स्वास्थ्य-लाभ करना।

convalescence (कॉन्-वॅ-लॅस्´-ॲन्स्) *n.* gradual recovery of health after illness or injury, स्वास्थ्य-लाभ।

convalescent (कॉन्-वॅ-लॅस्´-ॲन्ट्) *n.* recovering from sickness, जिसका स्वास्थ्य सुधर रहा हो, स्वास्थ्य-लाभ करनेवाला।

convection (कॅन्-वॅक्´-शॅन्) *n.* the transfer of heat by the circulation or movement of the heated part of a gas or liquid, संवहन।

convene (कॅन्-वीन्´) *v.* (convened, convening) 1. to call to meet or gather, बुलाना, आहूत करना, आह्‌वान करना। 2. to meet or gather, मिलना, एकत्र होना, इकट्‌ठे होना।3. to cause to assemble, संयोजन करना, संयोजित करना।

convener, convenor (कॅन्-वीन्´-अ:) *n.* one who convenes a meeting, संयोजक।

convenience (कॅन्-वी´-नि-ॲन्स्, कॅन्-वीन्´-यॅन्स्) *n.* 1. personal comfort, सुविधा, सहूलियत। 2. material advantage, लाभ। ☐ **at your convenience,** where and when it suits you, आपकी सुविधा पर, अपनी सहूलियत से।

convenient (कॅन्-वी´-नि-ॲन्ट्, कॅन्-वीन्´-यॅन्ट्) *adj.* 1. suited to one's needs or comfort, सुविधापूर्ण, सुविधाजनक, आरामदेह।2. near or easy to reach, समीप-स्थित, पास ही।

conveniently (~-ली) *adv.* in a convenient manner, सुविधापूर्वक, (अपनी) सुविधा से, सुविधा के अनुसार।

convent (कॉन्´-वॅन्ट्) *n.* 1. an establishment of nuns, ईसाई-साध्वियों का संघ, कान्वेन्ट। 2. a building in which they live, उनके रहने का आश्रम, मठ या विहार, कान्वेन्ट।

convent school *n.* a school run by nuns, धर्मबहनों द्वारा संचालित विद्यालय, कान्वेन्ट स्कूल।

convention (कॅन्-वॅन्´-शॅन्) *n.* 1. a formal agreement, अभिसमय, समझौता, संधि। 2. a formal assembly, सम्मेलन, जलसा, सभा। 3. an accepted practice, प्रथा, परिपाटी, रीति, रस्म, रिवाज़, परंपरा।

conventional (कॅन्-वॅन्´-शॅ-नॅल्) *adj.* traditional, प्रथागत, परंपरागत, पारंपरिक; conventional law, पारंपरिक विधि; conventional weapons, साधारण अस्त्र-शस्त्र, आम हथियार, पारंपरिक शस्त्र।

conventionally (~-नॅ-ली) *adv.* customary, traditionally, पारंपरिक रूप से।

converge (कॅन्-वःज्´) *v.* (converged, converging) to come together towards a common point, एक बिंदु पर आकर मिलना, केंद्राभिमुखी होना, एकाकार होना।

convergence (कॅन्-वः´-जॅन्स्) *n.* the act of converging or the state of being converged, केंद्राभिमुखता।

convergent (कॅन्-वः´-जॅन्ट्) *adj.* tending towards a point, केंद्राभिमुखी।

conversable (कॅन्-वः´-सॅ-बॅल्) *adj.* fit for conversation, मिलनसार, मधुरभाषी।

conversant (कॅन्-वः´-सॅन्ट्) *adj.* familiar, परिचित, अवगत। ☐ **conversant with,** having knowledge of, से सुपरिचित।

conversation (कॉन्-वः-से´-शॅन्) *n.* oral exchange of ideas, बात-चीत, वार्तालाप।

conversational (कॉन्-वः-से´-शॅ-नॅल्) *adj.* used in conversation, बात-चीत में प्रयुक्त होनेवाला, वार्तालाप-संबंधी।

conversationalist (कॉन्-व:-से´-शॅ-नॅ-लिस्ट्) *n.* 1. one who spends much time in talking, बातूनी। 2. a person who is good at conversation, बातचीत में चतुर, वार्ता-कुशल।

converse[1] (कॅन्-व:स्´) *v.* (conversed, conversing) to talk informally, बात-चीत करना, वार्तालाप करना।

converse[2] (कॉन्´-व:स्) *adj.* opposite, contrary, विरुद्ध, उलटा, विपरीत, प्रतिकूल, विलोम। *n.* 1. the opposite or reverse of something, विरुद्ध स्थिति, प्रतिकूल रूप। 2. the idea or statement opposite to another, विरोधी मत या विचार।

conversely (कॉन्´-व:स्-ली) *adv.* in a converse manner, उलटे, विलोमत:।

conversion (कॅन्-व:´-ज़्हॅन्) *n.* the act of converting or state of being converted, बदलाव, संपरिवर्तन, धर्म-परिवर्तन।

convert (कॅन्-व:ट्´) *v.* (converted, converting) 1. to change or transform, रूप बदलना, रूप बदल देना या बदल जाना। 2. to change into another form or from one use to another, रूपांतर करना, अन्य प्रयोजन के लिए उपयोग करना; This sofa can be converted into bed, इस सोफ़े को बिस्तर के रूप में भी प्रयोग किया जा सकता है। 3. to persuade to adopt another religion or to be persuaded to adopt another religion, धर्म-परिवर्तन करना या कराना। *n.* one who has adopted a new religion, वह जिसने धर्म-परिवर्तन किया हो, धर्म-परिवर्तक।

converter (कॅन्-व:´-टॅ:) *n.* 1. one who converts others to his own religion, धर्म-परिवर्तनकारी। 2. a device to change a direct current into alternating current or vice versa, कन्वर्टर, विद्युत् परिवर्तक।

convertibility (कॅन्-व:-टि-बिल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being convertible, परिवर्तनीयता।

convertible (कॅन्-व:´-टि-बॅल्) *adj.* that can be converted, संपरिवर्त्य, परिवर्तनीय।

convex (कॉन्-वॅक्स्´) *adj.* curved outward like the surface of a ball as seen from the outside, उत्तल।

convey (कॅन्-वे´) *v.* (conveyed, conveying) 1. to transport, ढोना, ढुलाई करना, एक जगह से दूसरी जगह पहुँचाना। 2. to transmit or communicate, संप्रेषण करना, भेजना, पहुँचाना। 3. to transfer, हस्तांतरण करना, हस्तांतरित करना।

conveyance (कॅन्-वे´-अॅन्स्) *n.* 1. the act of conveying, ढुलाई, संप्रेषण।2. a vehicle used as a means of transportation, गाड़ी, यान, सवारी; conveyance allowance, सवारी भत्ता, यान भत्ता। 3. the act of transferring one's property to another, हस्तांतरण, हस्तांतरित करना।

conveyor (कॅन्-वे´-अॅ:) *n.* one who conveys, ढोनेवाला, ढुलाई करनेवाला व्यक्ति या यान।

convict[1] (कॅन्-विक्ट्´) *v.* (convicted, convicting) to find guilty, दोषी ठहराना।

convict[2] (कॉन्´-विक्ट्) *n.* a convicted person, दोषी, सिद्धदोष।

conviction (कॅन्-विक्´-शॅन्) *n.* 1. the act of convicting or the state of being convicted, दोषसिद्धि। 2. a firm or strong belief, धारणा।

convince (कॅन्-विन्स्´) *v.* (convinced, convincing) bring to a belief, to cause to believe, विश्वास दिलाना, विश्वास कराना, यकीन दिलाना; I am convinced of his honesty, मुझे उसकी ईमानदारी पर यकीन है।

convincible (कॅन्-विन्´-सि-बॅल्) *adj.* that can be convinced, जिसे आश्वस्त किया जा सके, जिसे विश्वास दिलाया जा सके।

convivial (कॅन्-विव्´-इ-अॅल्) *adj.* 1. jovial, खुशमिज़ाज, ज़िंदादिल, प्रसन्नचित्त। 2. sociable, मिलनसार।

conviviality (कॅन्-विव्-इ-ऐल्´-इ-टी) *n.* the quality of being convivial, खुशमिज़ाजी; ज़िंदादिली, मिलनसारी।

convocation (कॅन्-वॅ-के´-शॅन्) *n.* 1. a meeting convened by the university for conferring degrees, दीक्षांत समारोह।2. a formal assembly, संगोष्ठी।

convoke (कॅन्-वोक्´) *v.* (convoked, convok-

ing) to convene, आहूत करना, बुलाना।

convolute (कॉन्´-वॅ-ल्यूट्) *v.* (convoluted, convoluting) 1. to twist, मरोड़ना, ऐंठना। 2. to complicate, जटिल बनाना।

covolution (कॉन्-वॅ-ल्यू´-शॅन्) *n.* 1.a twist, मरोड़, ऐंठन, बल। 2. a coil, कुंडली।

convoy[1] (कॅन्-वॉइ´) *v.* to escort for protection, रक्षार्थ किसी के साथ जाना।

convoy[2] (कॉन्´-वॉइ) *n.* a group of vehicles, ships or people travelling together and generally protected by an armed escort, काफ़िला, रक्षित काफिला, सार्थवाह। □ **in convoy,** साथ-साथ; **sail under convoy,** रक्षक दल के साथ यात्रा करना।

convulse (कॅन्-वल्स्´) *v.* (convulsed, convulsing) 1. to agitate violently, झकझोरना, ज़ोर से हिला देना। 2. to disturb violently, उथल-पुथल मचाना, खलबली पैदा करना। 3. to have or to cause to have convulsions, ऐंठन या मरोड़ होना, ऐंठना या मरोड़ पैदा करना। □ **be convulsed with laughter,** हँसी से लोटपोट होना, हँसते-हँसते पेट में बल पड़ना।

convulsion (कॅन-वल्´-शॅन्) *n.* 1. any violent motion, झटका। 2. a violent involuntary muscular contraction, ऐंठन, मरोड़। 3. a violent upheaval, उथल-पुथल, हलचल, खलबली। 4. uncontrollable laughter, ठहाका।

convulsive (कॅन्-वल्´-सिव्) *adj.* causing convulsion or convulsions, मरोड़ पैदा करनेवाला; उथल-पुथल करनेवाला, हलचल या गड़बड़ पैदा करनेवाला।

coo (कू) *n.* 1. a soft murmuring sound as of a dove, कूजन, गुटरगूँ, टुटरूँटूँ। 2. a sound similar to a coo, कलरव, हलकी मधुर ध्वनि। □ **bill and coo,** to kiss and say sweet things to each other, प्रेमालाप करना; They sat in a dark corner billing and cooing for long hours, वे घंटों एक अंधेरे कोने में बैठे प्रेमालाप करते रहे।

cook (कुक्) *v.* (cooked, cooking) 1. to prepare food by using heat, पकाना, सेकना, सिझाना। 2. to prepare by heating, to undergo cooking, खाना पकाना, रसोई तैयार करना। □ **cook up,** to concoct, to invent, गढ़ना, गढ़ लेना, मनगढ़ंत बात बनाना; to cook up an excuse, बहाना गढ़ लेना। *n.* one whose job is cooking, रसोइया, महाराज।

cook-book (कुक्´-बुक्) *n.* a book of cooking recipes, वह पुस्तक जिसमें खाने की तरह-तरह की चीज़ें बनाने की विधियाँ बतलाई गई हों, पाक-पुस्तिका, पाकविधि सिखाने की पुस्तक।

cooker (कुक्´-अॅ:) *n.* an apparatus or pot for cooking food, कूकर।

cookery (कुक्´-अॅ-री) *n.* the art or practice of cooking food, पाकविद्या, पाककला।

cook-house *n.* a kitchen for campers, शिविरवासियों का रसोई-घर।

cookie (कुक्´-ई) *n.* 1. a thin, dry, sweet cake, बिस्कुट। 2. a person, व्यक्ति, आदमी। 3. a beautiful woman, सुंदर स्त्री, सुंदरी।

cook-out (कुक्´-आउट्) *n.* a meal cooked and eaten outdoors, कहीं खुले में बनाया और खाया जानेवाला भोजन।

cookware (कुक्´-वेअ:) *n.* utensils used in cooking, रसोई के बरतन।

cool (कूल्) *adj.* 1. cold to a slight degree, moderately cold, ठंडा, शीतल। 2. giving or allowing relief from heat, ठंडा। 3. calm, unexcited, शांत, अनुद्विग्न, संयमित। 4. lacking zeal, indifferent or not enthusiastic, उदासीन, उत्साहहीन; a cool reception, फीका स्वागत, रूखा स्वागत। 5. impudent, उद्धत, उद्दंडतापूर्ण। 6. full, पूरा; The book cost me a cool hundred, इस पुस्तक के लिए मुझे पूरे १०० रुपए देने पड़े। *n.* 1. coolness, ठंडक, शीतलता। 2. calmness, शांति, सौम्यता। *v.* (cooled, cooling) 1. to make cool, ठंडा करना। 2. to become cool, ठंडा होना। 3. to make or become calm, शांत होना या करना, ठंडा होना या करना। □ **cool one's heels,** to be kept waiting, इंतज़ार में रहना, इंतज़ार करना।

cooler (कू´-लॅ:) an apparatus for keeping rooms cool, कूलर, शीतक।

cool-headed *adj.* not easily excited, शांत-

अ cup कप्, अॅ again अॅगेन्, अॅ bell बॅल्, आ car कार्, ऑ pot पॉट्, आ: caught का:ट्, इ pit पिट् ई sheep शीप्, उ put पुट, ऊ boot बूट्, ए make मेक्, ऐ cat कैट्, ओ note नोट्

प्रकृति, ठंडे स्वभाववाला।

coolie (कू´-ली) *n.* a hired labourer, कुली, मज़दूर, मज़दूरी।

cooling (कू´-लिंग्) *n.* the act or process of making something cool down, शीतलन।

coomb (कूम्) *n.* a valley, घाटी।

coon (कून्) *n.* a raccoon, रकून नामक छोटा मांसाहारी पशु।

coop (कूप्) *n.* a poultry cage, मुर्गियाँ पालने का दरबा। *v.* to confine in a coop, दरबे में बंद रखना, बंद रखना।

co-op (को´-ऑप्) *n.* a cooperative, सहकारी समिति या संस्था।

cooper (कू´-पॅ:) *n.* a person who makes or repairs tubs or casks, पीपे या टब बनानेवाला, पीपा-निर्माता, टब-निर्माता।

cooperage (कू´-पॅर्-इज्) *n.* a factory where tubs and casks are made, पीपा-फैक्टरी, टब-फ़ैक्टरी।

cooperate (को-ऑप्´-ॲ-रेट्) *v.* (cooperated, cooperating) 1. to help one another in a common aim, एक-दूसरे का सहयोग करना, एक-दूसरे की मदद करना, परस्पर सहायता करना, सहकार करना। 2. to work jointly, मिलकर काम करना, सहकार करना।

cooperation (को-ऑप्-ॲ-रे´-शॅन्) *n.* the act of cooperating, सहयोग, सहायता, सहकार।

cooperative (को-ऑप्´-ॲ-रॅ-टिव्) *adj.* 1. of cooperation, सहकारी, सहयोग-संबंधी, सहयोगात्मक। 2. willing to help, सहयोगशील, सहयोग करने को इच्छुक। 3. engaged in joint economic activity, सहकारी। *n.* a firm or society organized on a cooperative basis, सहकारी समिति या संस्था, a cooperative bank, सहकारी बैंक।

coopt (को-ऑप्ट्´) *v.* (coopted, coopting) to appoint as a fellow member, सहयोजित करना; coopted member, सहयोजित सदस्य।

cooption (को-ऑप्´-शॅन्) *n.* the act of coopting, सहयोजन।

coordinate[1] (को-ऑ:´-डि-निट्) *adj.* equal in status, degree or importance, समान, तुल्य, समकक्ष। *n.* 1. a coordinating thing, समकक्ष वस्तु। 2. one of a set of numbers that determines the location of a point, निर्देशांक।

coordinate[2] (को-ऑ:´-डि-नेट्) *v.* (coordinated, coordinating) 1. to place in the same rank or order, समकक्ष बनाना, तुल्य करना। 2. to bring into a proper relationship, समन्वय करना, समन्वयन करना; coordinated view, समन्वित दृष्टिकोण। 3. to work together, साथ-साथ काम करना, मिलकर काम करना।

coordination (को-ऑ:-डि-ने´-शॅन्) *n.* 1. the act of coordinating, समन्वयन। 2. the state of being coordinated, समन्वय। 3. the act of working together, मिलकर काम करना।

coordinator (को-ऑ:´-डि-ने-टॅ:) *n.* one who coordinates, समन्वयक, समन्वयकारी।

coot (कूट्) *n.* 1. a water bird, एक जलपक्षी। 2. a foolish person, मूर्ख व्यक्ति। 3. a stubborn person, हठी व्यक्ति।

co-owner (को-ओन्´-ॲ:) *n.* one who possesses some property jointly with someone else, सहस्वामी।

co-ownership (को-ओन्´-ॲ:-शिप्) *n.* joint possession, सहस्वामित्व।

cop (कॉप्) *v.* (copped, copping) 1. to steal, चुराना। 2. to catch red-handed, रँगे हाथ पकड़ना। □ **cop out,** to break one's word, वचनभंग करना; **cop a plea,** to plead guilty, अपना दोष स्वीकार करना। *n.* a policeman, सिपाही, संतरी।

co-partner (को-पा:ट्´-नॅ:) *n.* 1. a partner, भागीदार। 2. an equal partner in business, बराबरी के भागीदार, सह-भागीदार।

cope[1] (कोप्) *v.* (coped. coping) to deal successfully (with), पार पाना, कर पाना या चला पाना।

cope[2] *n.* a long caplike garment worn by clergy, पादरियों की एक तरह की टोपी।

copier (कॉप्´-इ-ॲ:) *n.* 1. one who copies, प्रतिलिपिकर्ता। 2. a machine that makes copies, प्रतिलिपित्र।

copilot (को´-पाइ-लॅट्) *n.* a second pilot of an

aircraft, सहचालक, सह-विमानचालक।

coping (को´-पिंग्) *n.* the top part of a wall, मुंडेर; coping stone, मुंडेर में लगनेवाला पत्थर।

copious (को´-पि-अॅस्) *adj.* plentiful, ample, abundant, प्रचुर, विपुल, अत्यधिक।

copiousness (को´-पि-अॅस्-निस्) *n.* the quality or state of being copious, प्रचुरता, विपुलता, अत्यधिकता, बाहुल्य।

cop-out (कॉप्´-आउट्) *n.* a failure to do what one committed, वचनभंग।

copper (कॉप्´-अॅ:) *n.* 1. a reddish-brown metal, ताँबा, ताम्र। 2. a reddish-brown colour, ताम्रवर्ण। 3. a coin or object made of copper, ताँबे का सिक्का या बर्तन। *adj.* 1. made of copper, ताँबे का बना हुआ, copper-wire, ताँबे का तार। 2. reddish brown, ताँबे के रंग का।

copperhead *n.* a reddish-brown venomous snake, एक तरह का ताम्रवर्ण विषधर (सर्प)।

coppersmith (कॉप्´-अॅ:-स्मिथ्) *n.* a person skilled at working in copper, ठठेरा।

coppery (कॉप्´-अॅ-री) *adj.* brownish-red, ताम्रवर्ण।

copra (को´-प्रॅ) *n.* the dried kernels of a coconut, गोला, गरी, खोपरा।

copse (कॉप्स्) *n.* a thicket, झाड़ी।

copter (कॉप्´-टॅ:) *n.* = helicopter.

copula (कॉप्´-यु-लॅ) *n.* a verb which links a subject and predicate of a sentence, योजन-क्रिया, संयोजन क्रिया।

copulate (कॉप्´-यु-लेट्) *v.* (copulated, copulating) to engage in sexual intercourse, संभोग या मैथुन करना, जोड़ा खाना।

copulation (कॉप्-यु-ले´-शॅन्) *n.* the act of copulating, संभोग, मैथुन, रतिक्रिया।

copy (कॉप्´-ई) *n.* 1. a reproduction or imitation of something original, प्रतिलिपि, नकल, कापी। 2. an exercise book, कापी। 3. a manuscript, पांडुलिपि। 4. a material for printing, मुद्रण-सामग्री (लेख आदि)। 5. a single example of a book, magazine etc. कापी, प्रति। *v.* (copied, copying) 1. to make a copy of, प्रतिलिपि करना, नकल करना। 2. to imitate, नकल उतारना, अनुकरण करना।

copybook (कॉप्´-ई-बुक्) *n.* a book containing models for students to imitate, अभ्यास-पुस्तिका। *adj.* usual, सामान्य, साधारण; copybook maxims, साधारण कहावतें या लोकोक्तियाँ।

copycat (कॉप्´-ई-कैट्) *n.* one who imitates another, नकलची (बंदर)।

copyist (कॉप्´-ई-इस्ट्) *n.* one whose job is to prepare the copies of documents etc., नकलनवीस, प्रतिलिपिकार।

copyright (कॉप्´-ई-राइट्) *n.* the sole legal right for a certain term of years to an author, composer etc. to print, publish, sell etc. copies of his original work, कापीराइट, स्वामिस्व, प्रतिलिप्यधिकार। *adj.* protected by copyright, कापीराइट द्वारा अभिरक्षित।

coquet (को-कॅट्´) *v.* (coquetted, coquetting) to flirt, चोचले या नखरे दिखाना, हावभाव से आकृष्ट करना, रिझाना।

coquetry (को´-कि-ट्री) *n.* flirtatious behaviour, चोचलेबाज़ी, नखरा-तिल्ला, हावभाव, रिझाव।

coquette (को-कॅट्´) *n.* a woman who flirts with men, चोचलहाई, चोचलेबाज़, कभी किसी से और कभी किसी से प्रेम का दिखावा करनेवाली स्त्री।

corocle (कॉर्´-अॅ-कॅल्) *n.* a basket like small boat, एक प्रकार की टोकरीनुमा छोटी नाव।

coral (कोर्´-अॅल्) *n.* a stony substance of red, pink or white colour often used for jewellery, मूँगा, प्रवाल; coral island, प्रवाल-द्वीप। *adj.* reddish pink, मूँगिया; coral lips, मूँगिया होंठ।

coral reef *n.* a large mass of coral, मूँगे की चट्टान।

corbel (कॉ:´-बॅल्) *n.* a projection from a wall to support something, घोड़िया।

cord (का:ड्, का:ई) *n.* 1. a long thin flexible material of twisted fibre or strands, डोरी, रज्जु, रस्सी। 2. a part of the body like a cord, रज्जु, दंड। 3. a raised line on the surface of a cloth, धारी। 4. cloth with

raised lines, डोरिया। 5. a wire, तार।

cordage (का:´-डिज्) *n.* cords and ropes, रस्से-रस्सियाँ।

corded (का:´-डिड्) *adj.* fasten with cords, रस्सियों से बँधा हुआ।

cordial (का:´-डि-अॅल्) *adj.* hearty, warm, हार्दिक, सौहार्दपूर्ण, दिली। *n.* a liquor, पेय।

cordiality (का:-डि-ऐल्´-इ-टी) *n.* warm affection, सौहार्द, स्नेह, मैत्री, प्रेमभाव।

cordially (का:´-डि-अॅ-ली) *adv.* in a cordial manner, सौहार्दपूर्वक, सस्नेह, हृदय से।

cordless (का:ड्´-लिस्) *adj.* needing no electric cord, बिना तार का, बेतार।

cordon (का:´-डॅन्) *n.* 1. a line of persons or soldiers etc. stationed around an area to enclose it, घेरा। 2. an ornamental band, फीता, पट्टी। □ **cordon off,** to enclose fully, घेर लेना, घेराबंदी करना।

cordon bleu (कॉ:-डॉन्-ब्लू´) *n.* 1. a highclass cook, बहुत बढ़िया रसोइया। 2. a high quality cooked food, बहुत बढ़िया खाना। 3. high quality cooking, ऊँची किस्म की पाकविद्या।

corduroy (का:´-डु-रॉइ) *n.* a thick cotton cloth raised lines on it, उभरी हुई पतली धारियों-वाला मोटा सूती कपड़ा, कार्डराय।

core (को:) *n.* 1. the central part of some fruits, गूदा, गिरी, मगज़। 2. the central part of something, मध्यभाग। 3. the most important part of something, महत्त्वपूर्ण अंश। □ **to the core,** thoroughly, पूरी तरह से, अच्छी तरह से; **rotten to the core,** thoroughly bad, बिल्कुल ख़राब, अंदर से सड़ा-गला। *v.* (cored, coring) to remove the core from, गूदा या गिरी निकालना।

co-respondent (को-रि-स्पॉन्´-डॅन्ट्) *n.* a man (or woman) having committed adultery with a wife (or husband) of a person wanting a divorce, सह-प्रत्यर्थी, सह-प्रतिवादी।

corgi (कॉ:´-गी) *n.* a small dog with fox-like head, एक तरह का छोटा कुत्ता।

coriander (कोर्-इ-ऐन्´-डॅ:) *n.* a plant with seeds used as flavouring, धनिया।

cork (कॉ:क्, का:र्क्) *n.* a bottle stopper, काग, कार्क, डाट। *v.* (corked, corking) to close with a cork, कार्क लगाना, कार्क से बंद करना, डाट लगाना।

corker (कॉ:´-कॅ:) *n.* 1. an excellent person, बहुत बढ़िया आदमी। 2. an excellent thing, बहुत बढ़िया वस्तु। 3. one that corks bottles, बोतलों में कार्क लगानेवाला।

corking (कॉ:´-किंग्) *adj.* excellent, बहुत बढ़िया।

corky (कॉ:क्´-ई) *adj.* (wine) spoiled due to the cork, कार्क के कारण जो विकृत हो गया हो, कार्क के कारण जिसका स्वाद बिगड़ गया हो।

corm (कॉ:म्) *n.* a rounded underground plant, कंद।

cormorant (कॉ:´-मो-रॅन्ट्) *n.* 1. a large seabird, एक बड़ा जल-पक्षी, समुद्री चील। 2. a greedy or rapacious person, लालची आदमी।

corn (कॉ:न्, का:र्न्) *n.* 1. the seeds of an edible grain-bearing plant, मक्की के दाने। 2. the plant and its ears, मक्के का पौधा और उसकी बाल। 3. a seed or fruit of various cereal plants, गल्ला, अनाज, अन्न। 4. the hard thick skin on the foot resulting from pressure or friction, गट्ठा, गोखरू। □ **tread on some one's corns,** to offend someone personally, किसी का मन दुखाना।

corn bread *n.* a bread made from cornflour, मक्की की रोटी।

corncob (कॉ:न्´-कॉब्) *n.* the woody core of an ear of corn, भुट्टे की खुकड़ी।

cornea (कॉ:´-नि-अॅ) *n.* a membrane that covers the lens of the eye, चक्षुपटल, कार्निया।

corned (कॉ:न्ड्) *adj.* 1. preserved in brine, नमक मिले पानी में (रक्षित) रखा हुआ। 2. any part or region, भूभाग। 3. a remote place, दूरस्थित स्थान। 4. a monopoly of a certain type of goods, एकाधिकार। 5. a free kick from the corner of the field in the game of hockey or football, कार्नर। □ *v.* (cornered, cornering) 1. to put into a corner, कोने में करना। 2. to establish monopoly of, एकाधिकार स्थापित करना। 3. to move around

a corner, कोने में ले जाना, मोड़ना। 4. to take a corner, कार्नर से किक लगाना।

corner (कॉ:´-नॅ:) *n.* 1. the area or position where two walls, sides, lines etc. meet, कोना, मोड़, नुक्कड़। 2. a position from which escape is difficult, अरक्षित स्थान। 3. any part or region, भूभाग। 4. a kick from the corner, कारनर-किक। □ **be in a tight corner,** मुसीबत में होना या फँस में जाना; **round the corner,** बस आने ही वाला, समीपी; **turn the corner,** बच निकलना।

cornerstone (कॉ:´-नॅ:-स्टोन्) *n.* 1. the first stone placed at the corner of the building during a ceremony to mark the start of a building, नींव का पत्थर। 2. a vital foundation, आधार-शिला। 3. a basis, आधार, मूलाधार; The hard work is the cornerstone of success, सफलता का आधार कठोर श्रम है।

cornet (कॉ:-नेंट्´) *n.* a brass musical instrument of the trumpet family, तुरही की तरह का फूँककर बजाया जानेवाला पीतल का बाजा।

cornfed (कॉ:न्´-फ़ेंड्) *adj.* fed on corn, मकई पर पलनेवाला या अन्नभक्षी।

cornfield (कॉ:न्´-फ़ील्ड्) *n.* a field where corn is grown, मकई का खेत।

cornflakes (कॉ:न्´-फ़्लेक्स्) *n.* (plu.) flakes of corn, कार्नफ्लेक्स।

cornflour (कॉ:न्´-फ़्लो:) *n.* a white flour made from crushed corn, आटा (बेसन, चौरैठा आदि)।

cornflower (कॉ:न्´-फ़्लॉव्-अ:) *n.* a plant and its blue flower, नीलकूपी।

cornice (कॉ:´-निस्) *n.* an ornamental moulding at the top of the wall of a room, कार्निस, कंगनी।

cornmeal (कॉ:न्´-मील्) *n.* meal made of cornflour, अनाजी भोजन, रोटी।

corny (कॉ:´-नी) *adj.* old fashioned, hackneyed, दकियानूसी, पिटा-पिटाया; a corny play, पिटा-पिटाया नाटक।

corolla (कॅ-रॉल्´-अॅ) *n.* the part of a flower formed by petals, दलपुंज।

corollary (कॅ-रॉ´-लॅ-री) *n.* 1. a proposition that logically results from another proposition, उपप्रमेय। 2. result, परिणाम; Death is the natural corollary to birth. मृत्यु जन्म का स्वाभाविक परिणाम है।

corona (कॅ-रो´-नॅ) *n.* a small circle of light around a luminous body, प्रभामंडल।

coronary (कॉर्-अॅन्-अॅ-री, कॉर्´-अॅ-नॅर्-ई) *adj.* pertaining to the heart or the two arteries that supply blood to the heart, हृदय-संबंधी, रक्तवाहिनी-संबंधी।

coronary thrombosis *n.* the destruction of a heart muscle due to a blood clot, a heart attack, दिल का दौरा, रक्तवाहिनी का फट जाना।

coronation (कॉर्-अॅ-ने´-शॅन्) *n.* the act or ceremony of crowning a king or queen, ताजपोशी, अभिषेक-समारोह, राज्याभिषेक।

coroner (कॉर्´-अॅ-नॅ:) *n.* an officer who investigates the cause or causes of the unnatural death of a person, अपमृत्यु अधिकारी।

coronet (कॉर्-अॅ-नेंट्´) *n.* 1. a small crown worn by a prince or a nobleman, छोटा मुकुट। 2. a band of jewels worn on the head, शृंगार पट्टी।

corporal[1] (कॉ:´-पॅ-रॅल्) *adj.* of or related to the body, शरीर-संबंधी, शारीरिक, दैहिक, जिस्मानी; corporal punishment, शारीरिक दंड, जिस्मानी सज़ा।

corporal[2] *n.* an army officer ranking just below sergeant, छोटा सैनिक अधिकारी।

corporate (कॉ:´-पॅ-रॅट्) *adj.* 1. of a corporation, निगम-संबंधी, निगमित। 2. collective, सामूहिक, सामुदायिक। 3. united, संघटित। 4. formed into a legal body, विधिक निकाय के रूप में होनेवाला।

corporation (कॉ:-पॅ-रे´-शॅन्) *n.* 1. a body of persons legally authorised to act as a single person, निगम, कारपोरेशन। 2. a group of persons elected to govern a town, नगर-पालिका, नगर महापालिका। 3. a protruding abdomen, तोंद।

corporator (कॉ:-पॅ-रे-ट:) *n.* an elected or nominated member of a corporation, नगर

महापालिका का सदस्य, पार्षद।

corporeal (कॉः-पोर्´-इ-अॅल्) *adj.* 1. bodily, शारीरिक। 2. (property) which has a physical existence, tangible, मूर्त।

corps (कोः) *n.* 1. a specialized branch of the armed forces, कोर। 2. an organised body of persons under a common direction, कोर, संघ।

corpse (कॉःप्स्) *n.* a dead (human) body, लाश, शव, मुरदा।

corpulence (कॉः´-प्यु-लॅन्स्) *n.* fatness, स्थूलता, मुटापा।

corpulent (कॉः´-प्यु-लॅन्ट्) *adj.* very fat, स्थूलकाय, मोटा।

corpus (कॉः´-पॅस्) *n.* (plu. corpora) all the writings of a particular subject or of a particular person, समग्र साहित्य, साहित्य-समग्र, ग्रंथ-संग्रह, लेख-संग्रह।

corpuscle (कॉः´-पॅ-सॅल्) *n.* a cell capable of movement in the blood, रक्त-कणिका।

corral (कॅ-राल्´, कॅ-रैल्´) *n.* an enclosure for cattle, बाड़ा, हाता। *v.* (corralled, corralling) to drive animals into a corral, हाते में हाँकना।

correct (कॅ-रेंक्ट्´) *v.* (corrected, correcting) 1. to remove mistakes or errors from, ग़लतियाँ दूर करना, शुद्ध करना, भूलें सुधारना, दोष-निवारण करना, संशोधन करना, संशुद्ध करना, दुरुस्त करना। 2. to set right, सही करना, सही रास्ते पर लाना। 3. to mark the errors in, ग़लतियों पर निशान लगाना। 4. to point out faults, दोष बतलाना या निकालना। 5. to punish in order to improve, सुधारना, दंडित करना। *adj.* 1. accurate or true, शुद्ध, ठीक, सही। 2. conforming to standards, मानक स्तर का, उपयुक्त।

corrected (कॅ-रेंक्´-टिड्) *adj.* made free from errors, सुधारा हुआ, संशोधित।

correction (कॅ-रेंक्´-शॅन्) *n.* 1. the act of correcting, संशोधन। 2. improvement, सुधार; correction of errors, भूल-सुधार; I am subject to correction, जो कुछ मैं कह रहा हूँ, हो सकता है कि उसमें कुछ ग़लतियाँ हों। 3. punishment, दंड।

correctional (कॅ-रेंक्´-शॅ-नॅल्) *adj.* pertaining to correction, संशोधनात्मक, सुधारात्मक; correctional institution, सुधारगृह, सुधार-संस्था।

correctitude (कॅ-रेंक्´-टि-च्यूड्) *n.* correctness of behaviour, सही व्यवहार।

corrective (कॅ-रेंक्´-टिव्) *adj.* serving or tending to correct, सुधारनेवाला, संशोधन करनेवाला, शुद्ध करनेवाला, दोष-निवारक; corrective punishment, सुधारात्मक दंड। *n.* something that corrects, सुधार करनेवाली बात या वस्तु।

correctly (कॅ-रेंक्ट्´-ली) *adv.* rightly, accurately, सही ढंग से, ठीक-ठीक।

correctness (कॅ-रेंक्ट्´-निस्) *n.* the quality or state of being correct, शुद्धता, सहीपन।

correlate (कॉर्´-अॅ-लेट्) *v.* (correlated, correlating) to show or establish how two things are related to each other, परस्पर संबंध स्थापित करना या दिखाना। *n.* either of two things that are correlative, परस्पर संबंधी या सह-संबंधी वस्तु।

correlation (कॉर्-अॅ-ले´-शॅन्) *n.* mutual relationship or connection, पारस्परिक संबंध, परस्परता, सह-संबंध।

correlative (कॅ-रेंल्´-अॅ-टिव्) *adj.* having reciprocal relation, परस्पर-संबद्ध, सह-संबद्ध। *n.* a correlative word, तत्संबंधी शब्द।

correspond (कॉ-रिस्-पॉन्ड्´, कॉर्-अॅ-स्पॉन्ड्´) *v.* (corresponded, corresponding) 1. to be similar, समरूप होना। 2. to be equal, तत्सम होना, समतुल्य होना। 3. to agree, अनुरूप होना। 4. to have communication, बात-चीत करना। 5. to hold correspondence, पत्र-व्यवहार करना, पत्राचार करना।

correspondence (कॉ-रिस्-पॉन्´-डॅन्स्, कॉर्-अॅ-स्पॉन्´-डॅन्स्) *n.* 1. similarity, समरूपता। 2. equality, समतुल्यता। 3. conformity or analogy, अनुरूपता। 4. the act, fact or process of exchanging letters, पत्र-व्यवहार, पत्राचार; correspondence course, पत्राचार पाठ्यक्रम; correspondence school, पत्राचार

विद्यालय।

correspondent (कॉ-रिस्-पॉन्´-डॅन्ट्, कॉर्-अॅ-स्पॉन्´-डॅन्ट्) ***n.*** 1. one who communicates by letters, पत्र-व्यवहारी। 2. a reporter of a newspaper, संवाददाता। ***adj.*** 1. similar, समरूप। 2. analogous, अनुरूप।

corresponding (कॉ-रिस्-पॉन्ड्´-इंग्, कॉर्-अॅ-स्पॉन्ड्´-इंग्) ***adj.*** similar to another in character or function, समरूप, अनुरूप, तत्समान; corresponding institution, तत्समान संस्था।

corridor (कॉर्´-इ-डा:) ***n.*** a narrow passage-way or strip of land, गलियारा।

corrigenda (कॉर्-इ-जेंन्´-डॅ) ***n.*** (plu.) a list of errors in a book with their corrections, शुद्धिपत्र।

corrigendum (कॉर्-इ-जेंन्´-डॅम्) ***n.*** (plu. corrigenda) to be corrected, भूल-सुधार।

corrigible (कॉर्´-इ-जि-बॅल्) ***adj.*** capable of being corrected, जिसे सुधारा जा सके, संशोधनीय।

corroborate (कॅ-रॉब्´-अॅ-रेट्) ***v.*** (corroborated, corroborating) to concur in testimony, संपुष्ट करना, संपुष्टि करना।

corroboration (कॅ-रॉब्-अॅ-रे´-शॅन्) ***n.*** the act of corroborating, संपुष्टि।

corroborative (कॅ-रॉब्´-अॅ-रे-टिव्) ***adj.*** which concurs with another, संपोषक; corroborative evidence, संपोषक साक्ष्य।

corrode (कॅ-रोड्´) ***v.*** (corroded, corroding) 1. to wear away, छीजना, क्षीण होना, क्षय होना। 2. to cause to wear away, नष्ट करना।

corrosion (कॅ-रो´-ज़्हॅन्) ***n.*** 1. the act or process of corroding, छीजन, क्षय, संक्षारण, विनाश। 2. rust, जंग, मोरचा।

corrosive (कॅ-रो´-सिव्) ***adj.*** 1. tending to corrode, छीजनेवाला, संक्षारक; corresive substance, संक्षारक पदार्थ। 2. destroying, विनाशक; corrosive influence, विनाशक प्रभाव। 3. very fierce, उग्र, प्रचंड; a corrosive attack, प्रचंड आक्रमण।

corrugate (कॉर्´-अॅ-गेट्) ***v.*** (corrugated, corrugating) to make wave like folds, लहरिया डालना, नालीदार बनाना।

corrugated (कॉर्´-अॅ-गे-टिड्) ***adj.*** having wavelike folds, नालीदार, लहरियादार।

corrugation (कॉर्-अॅ-गे´-शॅन्) ***n.*** the act or process of corrugating, नालीदार बनाने की क्रिया या भाव।

corrupt (कॅ-रप्ट्´) ***adj.*** 1. dishonest, बेईमान। 2. open to bribe, घूसख़ोर, रिश्वतख़ोर। 3. tainted with vice, depraved, भ्रष्ट, भ्रष्टाचारी, दुराचारी। 4. decaying, विकृत, दूषित। ***v.*** (corrupted, corrupting) 1. to cause to become dishonest, बेईमान बनाना। 2. to persuade to accept bribes, घूस देना। 3. to spoil, भ्रष्ट या विकृत करना।

corruptibility (कॅ-रप्-टि-बिल्´-इ-टी) ***n.*** the state or quality of being corruptible, भ्रष्टता।

corruptible (कॅ-रप्´-टि-बॅल्) ***adj.*** that can be corrupted, जिसे भ्रष्ट या विकृत किया जा सके।

corruption (कॅ-रप्´-शॅन्) ***n.*** 1. the act of corrupting or the state of being corrupted, भ्रष्टाचार। 2. dishonesty, बेईमानी। 3. bribery, घूसख़ोरी। 4. decay, विकृति, विकार। 5. an altered form of a word, अपभ्रष्ट। 6. alteration, परिवर्तन।

corsage (कॉर्-सा:ज़्ह्´) ***n.*** 1. the upper part of a woman's dress round the breasts, छाती। 2. a small bunch of flowers worn by a woman on the shoulder or wrist, स्त्री द्वारा शोभा के लिए कंधे या कलाई पर लगाया हुआ फूलों का गुच्छा।

corsair (कॉ:´-सा:) ***n.*** 1. a pirate, जलदस्यु। 2. a pirateship, दस्युनौका।

corset (कॉ:´-सिट्) ***n.*** a very tight underwear, एक तरह का जाँघिया।

cortege (कॉ:-टेंज़्ह्´) ***n.*** a funeral procession, शवयात्रा।

cortex (कॉ:´-टॅक्स्) ***n.*** the outer layer, बाह्यावरण, त्वचा, छाल या झिल्ली।

cortical (कॉ:´-टि-कॅल्) ***adj.*** of cortex, त्वचीय, छाल-संबंधी।

coruscate (कॉर्´-अॅ-स्केट्) ***v.*** (coruscated,

coruscating) to glitter, चमकना, चमचमाना।

corvette (कॉ:-वेंट्´) *n.* a small armed warship, छोटा सशस्त्र युद्धपोत।

coryza (कॅ-री´-ज़ॅ) *n.* acute inflammation of the mucous membrane of the nose, एक रोग जिसमें नाक में सूजन हो जाती है और बहुत पानी बहता है।

cosh (कॉश्) *n.* a rubber pipe used as a weapon, रबर की पाइप का टुकड़ा जिससे किसी पर प्रहार करते हैं।

cosharer (को-शेर्´-अॅ:) *n.* one sharing with another, सह-अंशधारी।

cosignatory (को-सिग्´-नॅ-टॅ-री) *n.* a person signing jointly with another or others, सह-हस्ताक्षरी, सह-हस्ताक्षरकर्ता।

cosine (को-साइन्´) *n.* (in a right angled triangle) the ratio of the length of a side adjacent to one of the acute angles to the length of the hypotenuse, कोज्या।

cosmetic (कॉज़्-मेंट्´-इक्) *n.* any substance (such as a powder or cream) used to apply on face and hair to improve the appearance, सौंदर्य-सामग्री, प्रसाधन, अंगराग। *adj.* that improves the appearance, सौंदर्य-वर्धक।

cosmetician (कॉज़्-मॅ-टी´-शॅन्) *n.* a beautician, सौंदर्य-प्रसाधक।

cosmetologist (कॉज़्-मॅ-टॉल्´-अॅ-जिस्ट्) *n.* = cosmetician.

cosmic (कॉज़्´-मिक्) *adj.* of or pertaining to the cosmos, ब्रह्मांड-संबंधी, ब्रह्मांडीय; cosmic ray, ब्रह्मांड-किरण।

cosmogony (कॉज़्-मॉग्´-अॅ-नी) *n.* the theory related to the evolution of the cosmos, ब्रह्मांड का विकास-सिद्धांत।

cosmology (कॉज़्-मॉल्´-अॅ-जी) *n.* the philosophy relating to the universe, ब्रह्मांड-दर्शन।

cosmonaut (कॉज़्´-मॅ-ना:ट्) *n.* a soviet astronaut, रूसी अंतरिक्षयात्री।

cosmopolis (कॉज़्-मॉप्´-अॅ-लिस्) *n.* a cosmopolitan city, सर्वदेशीय नगर, विश्वनगर।

cosmopolitan (कॉज़्-मॅ-पॉल्´-इ-टॅन्) *adj.* 1. common to the whole world or of whole world, सर्वदेशीय। 2. composed of people from all parts of the world, सर्वदेशीय; cosmopolitan city, विश्वनगर। *n.* one who is free of national prejudices, राष्ट्रीय पूर्वाग्रह से मुक्त, विश्व-मानव, विश्वबंधु।

cosmos (कॉज़्´-मॉस्, काज़्´-मॅस्) *n.* 1. the whole universe, ब्रह्मांड। 2. a garden plant, एक पौधा।

co-sponsor (को´-स्पॉन्-सॅ:) *n.* one who sponsors with another or others, सह-प्रायोजक।

cossack (कॉस्´-ऐक्) *adj.* of South Russia, दक्षिण रूस-संबंधी।

cosset (कॉस्´-इट्) *v.* (cosseted, cosseting) 1. to treat very kindly, to fondle, ख़ूब लाड़-प्यार करना, पुचकारना, छाती से लगाना। 2. to treat very kindly, ख़ूब आवभगत करना।

cost (कॉस्ट, का:स्ट्) *n.* 1. the amount paid at the time of purchasing something, दाम, कीमत, मूल्य। 2. the expenses, खर्च, व्यय; cost of living, निर्वाह-व्यय। 3. a loss, sacrifice or penalty, (चुकाया जानेवाला) मूल्य, कीमत; at all cost, हर कीमत पर; at the cost of, कीमत चुकाकर, नुकसान उठाकर। 4. outlay, लागत, लागत मूल्य; at cost, लागत मूल्य पर। 5. (plu.) the expenses of litigation, वाद-व्यय। *v.* (costed, costing) 1. to pay as a price, दाम देना या चुकाना। 2. to require an effort or loss, कीमत चुकाना। 3. to estimate or calculate the cost involved, लागत निकालना।

co-star[1] (को´-स्टा:) *n.* an actor or actress performing with another of equal importence, सह-अभिनेता या सह-अभिनेत्री।

co-star[2] (को-स्टा:´) *v.* (co-starred, co-starring) to act as a co-star, किसी के साथ अभिनय करना।

costive (कॉस्´-टिव्) *adj.* causing constipation, क़ब्ज़ करनेवाला, मलावरोधक।

costly (कॉस्ट्´-ली, का:स्ट्´-ली) *adj.* 1. of high price, expensive, महँगा, कीमती। 2. causing great loss, जो महँगा पड़े।

costplus (का:स्ट्´-प्लस्) *n.* the cost of manu-

facturing plus a fixed rate of profit, पड़ता।

costume (कॉस्´-ट्यूम्) *n.* a set of clothes belonging to a particular group, place or period, पहनावा, परिधान, पोशाक, वेषभूषा।

costume jewellery *n.* jewellery made of inexpensive materials, नकली गहने, नकली आभूषण।

cosy (को´-ज़ी) *adj.* 1. warm, हार्दिक। 2. friendly, मैत्रीपूर्ण।

cot (कॉट्) *n.* a bed, चारपाई, खाट।

cote (कोट्) *n.* a small shelter for birds or animals, दरबा, बाड़ा या हाता।

coterie (को´-टॅ-री) *n.* a group of friends, मित्र-मंडली, यार-दोस्त, समान रुचिवाले लोगों की मंडली।

co-trustee (को-ट्रस्ट्´-ई) *n.* a joint trustee, सह-न्यासी।

cottage (कॉट्´-इज्) *n.* a small house, कुटिया, कुटीर, झोंपड़ी, cottage industry, कुटीर उद्योग।

cotton (कॉट्´-अॅन्) *n.* 1. any of the plants cultivated for the fibre, कपास का पौधा। 2. its fibre, रुई, कपास। 3. the thread of cotton fibre, सूती धागा, सूत। 4. the cloth made from cotton fibre, सूती कपड़ा। *v.* to take a liking to, किसी पर अनुरक्त होना, किसी का हो जाना। □ **cotton up,** to make friendly advances to, डोरे डालना।

cottonseed (कॉ-टॅन्-सीड्´) *n.* the seed of the cotton plant, बिनौला; cottonseed oil, बिनौलों का तेल।

cotton wool (कॉ-टॅन्-ऊल्´) *n.* soft fluffy cotton, धुनी हुई रुई, फुलावदार रुई।

cottony (कॉट्´-अॅ-नी) *adj.* like cotton, सूती जैसा।

couch (कॉउच्) *n.* a long piece of furniture used for sitting or reclining, सोफ़ा, कोच। *v.* (couched, couching) 1. to express in words, to phrase, शब्दों में व्यक्त करना; The letter was couched in polite language. पत्र विनीत भाषा में लिखा हुआ था। 2. to lie down on a couch, कोच पर लेटना या लुढ़कना। 3. to lie in ambush, घात लगाकर बैठना।

cougar (कू´-गॅ:) *n.* a mountain lion, पहाड़ी तेंदुआ।

cough (का:फ़्) *v.* (coughed, coughing) 1. to expel air from the lungs suddenly and noisily, खाँसना। 2. to expel something in this way, खखारना। *n.* 1. the act or sound of coughing, खाँसी। 2. something expelled while coughing, खखार। 3. phlegm, बलगम। □ **cough up,** to give (money, information etc.) reluctantly, (धन, जानकारी आदि) अनिच्छापूर्वक देना।

could (कुड्) *v.* pt. of can; He said that he could play, उसने कहा कि मैं खेल सकता था; and also used instead of can, ought to, would be able to etc.; I could come tomorrow, मैं कल आ सकता हूँ; You could have apologized, आपने माफ़ी माँगी होती; I wrote it down so that I could remember it, मैंने उसे टाँक लिया जिससे याद रख सकूँ।

couldn't (कुड्´-अॅन्ट्) *v.* = could not.

coulee (कू´-ली) *n.* a deep ravine, गहरी सँकरी घाटी।

coulter (कउल्´-टॅ:) *n.* a blade of a plough, फाल।

council (काउन्´-सॅल्) *n.* 1. an assembly for deliberation, परिषद्। 2. any legislative or advisory body, कौंसिल, परामर्श-समिति, विधान परिषद्। 3. a city council, नगर परिषद्।

councillor (काउन्´-सॅ-लॅ:) *n.* a member of a council, परिषद् का सदस्य, पारिषद, पार्षद।

counsel (काउन्´-सॅल्) *v.* (counselled, counselling) to advise, सलाह देना, परामर्श देना, राय देना, मंत्रणा देना। *n.* 1. advice, सलाह, राय, परामर्श। 2. a legal advisor, विधिक परामर्श-दाता, कानूनी सलाहकार।

counsellor (काउन्´-सॅ-लॅ:) *n.* an advisor, सलाहकार, परामर्शदाता।

count[1] (काउन्ट्) *v.* (counted, counting) 1. to recite numerals in order, गिनना, गिनती करना। 2. to find the total of, जोड़ लगाना या करना, जोड़ना। 3. to include in reckoning, गिनती में शामिल/सम्मिलित करना, गिनती में लाना। 4. to consider, समझना, मानना। 5. to have value or importance, मान या महत्त्व

होना। ☐ **count down,** to count numbers backward to zero, उलटी गिनती करना; **count for nothing,** to be of little worth, व्यर्थ होना, नगण्य होना; **count up,** to find the sum of, जोड़ लगाना; **count upon,** to rely on, भरोसा करना। *n.* 1. the act of counting, गणना, गिनती। 2. a number reached by counting, संख्या, जोड़। 3. one of the charges against an accused person, अभियुक्त पर लगाए हुए अभियोगों में से कोई एक अभियोग। ☐ **don't take any count of,** to pay no attention, ध्यान न देना, परवाह न करना।

count[2] *n.* a nobleman, सामंत।

countable (काउन्´-टॅ-बॅल्) *adj.* that can be counted, गिनने योग्य, गणनीय, गण्य।

countdown (काउन्ट्´-डाउन्) *n.* a count in reverse order, उलटी गिनती।

countenance (काउन्´-टॅ-नॅन्स्) *n.* 1. the appearance of the face, मुखाकृति, चेहरा।2. the expression of approval of the face, सहमति, समर्थन। ☐ **keep one's countenance,** शांत रहना; **put someone out of countenace,** किसी को घबरा देना या क्षुब्ध करना। *v.* (countenanced, countenancing) to give approval to, to sanction, अनुमति देना, अनुमोदन करना, होने देना, गवारा करना; He countenanced a fraud उसने घोटाला होने दिया।

counter[1] (काउन्´-टॅः) *n.* 1. a table or flat surface on which money is counted, business transacted or food served, काउन्टर, पटल। 2. any piece used for keeping a count in games, टोकन, काउन्टर।

counter[2] *adj.* 1. opposing or opposed, प्रतिकूल, विरुद्ध।2. fake, नकली। *adv.* in the opposite direction, के विरुद्ध, के प्रतिकूल। *v.* (countered, countering) to move or act in opposition to, विरोध करना, प्रतिरोध करना। *n.* one that is counter, प्रतिरोधी।

counter[3] *prefix* 1. opposite in direction, विरुद्ध दिशा का सूचक; counter-clockwise, वामावर्त। 2. matching, बराबरी का सूचक; counterpart, प्रतिस्थानी।3. opposing, विरोध का सूचक; counter-attack, प्रत्याक्रमण।

counteract (काउन्-टॅर्-ऐक्ट्´) *v.* (counteracted, counteracting) to oppose, lessen or prevent the effect of (something) by contrary action, प्रतिकार करना, निष्प्रभावी करना, बेअसर करना।

counteraction (काउन्-टॅर्-ऐक्´-शॅन्) *n.* the act or fact of counteracting, प्रतिकार, बदला, रोकथाम, जवाब।

counteractive (काउन्-टॅर्-ऐक्´-टिव्) *adj.* opposing, प्रतिकारक।

counterattack (काउन्´-टॅर्-अॅ-टैक्) *n.* an attack made to repel the attack, प्रत्याक्रमण, जवाबी हमला। *v.* (counterattacked, counterattacking) to make a counterattack, प्रत्याक्रमण करना, जवाबी हमला करना।

counterbalance (काउन्´-टॅः-बैल्-अॅन्स्) *n.* any thing that balances another, प्रतिसंतुलन। *v.* (counterbalanced, counterbalancing) to balance with an equal weight, प्रतिसंतुलन करना, प्रतिसंतुलित करना।

counterblast (काउन्´-टॅः-ब्लाःस्ट्) *n.* a quick violent reply, मुँहतोड़ जवाब, करारा जवाब।

counterclaim (काउन्´-टॅः-क्लेम्) *n.* a claim filed in opposition to another claim, प्रतिदावा, जवाबी दावा।

counter clerk *n.* a person who receives money at the counter, काउन्टर क्लर्क।

counter-clockwise (काउन्-टॅः-क्लॉक्´-व़ाइज़्) *adv. & adj.* opposite to the movement of clock hands, वामावर्त।

counterculture (काउन्-टॅः-कॅल्-चॅः) the new traditions in opposition to traditional values, प्रतिसंस्कृति।

counterfeit (काउन्´-टॅः-फीट्) *adj.* fake, जाली, नकली, खोटा। *v.* (counterfeited, counterfeiting) to make fraudulent copy, जाली बनाना।

counterfoil (काउन्´-टॅः-फ़ायल्) *n.* a part of a receipt, cheque, money order etc. kept by the sender as a record, प्रतिपर्ण।

countermand (काउन्´-टॅः-मैन्ड्) *v.* (counter-

manded, countermanding) to revoke, a former command, पिछले आदेश को मंसूख करना, वापस लेना, रद्द करना, प्रत्यादिष्ट करना।

countermeasure (काउन्´-टॅः-मेॅज़्-अॅः) *n.* any action to oppose another action, प्रत्युपाय, तोड़, काट।

counteroffensive (काउन्-टॅः-अॅ-फ़ेॅन्´-सिव्) *n.* counterattack, प्रत्याक्रमण।

counterpane (काउन्´-टॅः-पेन्) *n.* a bedspread, चादर, पलंगपोश।

counterpart (काउन्´-टॅः-पाःट्) *n.* one who or that serves the same purpose as another, प्रतिरूप, प्रतिस्थानी।

counterpoise (काउन्´-टॅः-पॉइज़्) *n.* a counterbalance, प्रतिसंतुलन। *v.* (counterpoised, counterpoising) to counterbalance, प्रतिसंतुलन करना।

counterproductive (काउन्-टॅः-प्रॅ-डक्´-टिव्) *adj.* having the opposite of desired effect, प्रतिप्रभावी, प्रतिप्रभावोत्पादक, लाभ के बजाय हानि करने वाला, हानिकर।

counterrevolution (काउन्-टॅः-रेॅव्-अॅ-लू´/ ल्यू´-शॅन्) a movement arising in opposition to a revolution, प्रतिक्रांति।

countersign (काउन्´-टॅः-साइन्) *n.* a signature in response to another signature, प्रतिहस्ताक्षर। *v.* (countersigned, countersigned) to sign an already signed document, प्रतिहस्ताक्षर करना, पुष्टि करना।

counterweight (काउन्´-टॅः-वेट्) *n.* a weight used as a counterbalance, पासंग।

countess (काउन्´-टिस्) *n.* the wife of a count, सामंत की पत्नी।

counting (काउन्´-टिंग्) *n.* the act of finding the total of, गिनती, गणन, गणना, counting of votes, मतपत्रों की गणना।

countless (काउन्ट्´-लिस्) *adj.* too many to be counted, innumerable, अगणित, असंख्य, बेशुमार।

countrified (कन्´-ट्रि-फ़ाइड्) *adj.* 1. belonging to the country life, ग्राम्य। 2. unsophisticated, फूहड़।

country (कन्´-ट्री) *n.* a territory distinguished by its people, culture, geography or government, देश, मुल्क। 2. its people, देशवासी। 3. rural area, देहात।

country life (कन्´-ट्री-लाइफ़्) *n.* the life in the countryside, ग्राम्य जीवन।

countryman (कन्´-ट्रि-मॅन्) *n.* 1. a person who lives in the rural region, ग्रामीण। 2. a person from one's own country, हमवतन, स्वदेशी।

countryside (कन्´-ट्रि-साइड्) *n.* a rural region, देहात।

county (काउन्´-टी) *n.* a district of a state, जनपद, जिला, क्षेत्र।

coup (कू) *n.* 1. a clever move, तिकड़म, युक्ति। 2. coup d'etat, तख़्ता-पलट, राज्य-विप्लव।

coup de grace (कू-डि-ग्रास्´) *n.* a death blow, मारक प्रहार। (फ्रांसीसी)

coup d'etat (कू-डे-टॉ) *n.* the sudden act of overthrowing the government by force, तख़्ता-पलट, राज्य-विप्लव। (फ्रांसीसी)

coupe (कू´-पे, कू-पे´) *n.* 1. a closed two-door automobile, दो दरवाज़ोंवाली बंद गाड़ी। 2. a closed two-seated compartment, दो सीटों/बर्थोंवाला डिब्बा।

couple (कप्´-अॅल्) *n.* 1. two items of the same kind, जोड़ा, जोड़ी। 2. husband and wife, पति-पत्नी, वर-वधू, दंपति, जोड़ा। ☐ a **couple of,** a few, कुछ; in a couple of days, एक दो दिन में। *v.* (coupled, coupling) 1. to join together, जोड़ना, मिलाना। 2. to join in marriage, परिणय-सूत्र में बाँधना/बँधना। 3. to copulate, (पशुओं का) जोड़ा खाना।

couplet (कप्´-लिट्) *n.* two successive lines of verse, दोहा, द्विपदी।

coupling (कप्´-लिंग्) *n.* 1. the act of copulating, युग्मन, जोड़ा खाना। 2. a device for joining two parts together, युग्मक, कपलिंग।

coupon (कू´-पॅन्, कू´-पॉन्) *n.* a ticket or token that entitles the holder to receive something, कूपन।

courage (कर्´-इज्) *n.* the quality of mind that enables one to face danger without giving way to fear, साहस, हिम्मत, दिलेरी।

☐ **have the courage of one's convictions,** to be brave enough to act in accordance with one's beliefs, अपनी धारणा के अनुसार कार्य करने में सक्षम होना; **take one's courage in both hands,** to summon up courage to face a difficult or critical situation, किसी कठिन या संकटपूर्ण कार्य के लिए साहस जुटाना।

courageous (कॅ-रे´-जॅस्) *adj.* possessing or showing courage, साहसी, हिम्मती, दिलेर, साहसिक, साहसपूर्ण।

courageously (~-ली) *adv.* with courage, साहसपूर्वक, हिम्मत से।

courier (कुर्´-इ-अॅ:) *n.* one who carries correspondence, संदेशवाहक, पत्रवाहक, वार्ताहर, कूरियर।

course (कोःस्) *n.* 1. the line or path on which anything runs or travels, मार्ग, रास्ता, पथ। 2. the continuous or habitual process or succession of events, क्रम, सिलसिला, ढर्रा। 3. an onward movement, गति, चाल। 4. a body of prescribed studies, पाठ्यक्रम।5. duration, अवधि; in the course of year, एक वर्ष की अवधि में, एक वर्ष के दौरान। 6. a part of meal served at a time, भोजन का दौर, फेरा; We have 3-course dinner here. The first course is soup, the second meat and rice and the third is fruit-cream. यहाँ तीन दौर में खाना चलता है। पहले दौर में शोरबा, दूसरे में गोश्त और चावल और तीसरे में फ्रूट-क्रीम। 7. a layer of brick in a wall, रद्दा। 8. a play-ground, मैदान। ☐ **in course of,** in the process of, दौरान, क्रम में; The house is in course of construction, मकान का निर्माण-कार्य चल रहा है। **in course of time,** कुछ समय बीत जाने पर; **in due course,** at appropriate time, उपयुक्त समय पर; **of course,** certainly, निश्चय ही, अवश्य, निस्संदेह। *v.* (coursed, courseing) 1. to flow rapidly, प्रवाहित होना, बहना। 2. the blood course through the veins, रक्त नसों में बहता है।3. to hunt game with dogs, कुत्तों से शिकार खेलना।

court (कोःट्) *n.* 1. a courtyard, प्रांगण, चौक। 2. an enclosed area for certain games, मैदान।3. a sovereign's establishment with councillors, attendants etc., दरबार। 3. a law court where justice is administered, न्यायालय, अदालत, कचहरी, कोर्ट; High court, उच्च न्यायालय; Supreme court, सर्वोच्च न्यायालय। 4. an assembly or particular body of persons, सभा। ☐ **settle a case out of court,** मुकदमा सुलह-सफ़ाई से निपटाना; **pay court to** ख़ुशामद करना; **the ball is in your court,** अब आगे कार्यवाही आप करेंगे। *v.* (courted, courting) 1. to try to gain the favour of, अनुग्रह-प्राप्ति का प्रयत्न करना, रिझाना। 2. to woo, फुसलाना, बहलाना। 3. to invite, आमंत्रित करना। 4. to risk, जोखिम उठाना; You are courting danger. आप ख़तरा मोल ले रहे हैं।

court card *n.* the king, queen or jack (in a pack of playing cards, ताश के पत्तों में) बादशाह, बेगम या गुलाम।

courteous (कर्´-टि-अॅस्) *adj.* polite and considerate, well-mannered, विनम्र, शिष्ट, भद्र।

courtesan (कोः´-टि-ज़ॅन्) *n.* a prostitute associated with socially important people, नगरवधू, गणिका।

courtesy (कर्´-टि-सी) *n.* polite behaviour, शिष्टता, भद्रता, शिष्टाचार। ☐ **by courtesy of** (i) because of the kindness of, की कृपा से, के अनुग्रह से। (ii) by the permission of, की अनुमति से, के सौजन्य से।

courtier (कोः´-टि-अॅ:) *n.* a noble of the king's court, दरबारी।

court of justice *n.* a law court, न्यायालय।

court of law *n.* a law court, न्यायालय।

court of revision *n.*, पुनरीक्षण न्यायालय।

court of session *n.*, सेशन न्यायालय, सत्र न्यायालय।

court of small causes *n.*, लघुवाद न्यायालय।

court of wards *n.*, प्रतिपाल्य-न्यायालय।

court martial *n.* a military court for the administration of military laws, सैनिक न्यायालय, फौजी अदालत।

courtship (कोःट्´-शिप्) *n.* 1. the act of woo-

ing, प्रेमाचार, प्रीतीकरण, प्रणयकरण, प्रेमाभिव्यक्ति। 2. the period of wooing, प्रेमकाल, प्रणयकाल।

courtyard (कोःट्´-याःड्) *n.* 1. a space enclosed by walls, आँगन, चौक। 2. a space enclosed by buildings, प्रांगण, मैदान।

cousin (कज़्´-इन्) *n.* the child of one's uncle or aunt, चचेरा (ममेरा,फुफेरा या मौसेरा) भाई अथवा चचेरी (ममेरी, फुफेरी या मौसेरी) बहन।

cove (कोव्) *n.* a small boy, छोटा बच्चा।

coven (कव्´-अॅन्) *n.* an assembly of witches, चुड़ैलों का झुंड।

covenant (कॅव्´-अॅ-नॅन्ट्) *n.* 1. a formal contract between two or more parties to give, prevent or refrain from something, प्रसंविदा समझौता। 2. a written promise, लिखित वचन। *v.* (covenanted, covenanting) 1. to undertake by covenant, प्रसंविदाबद्ध होना। 2. to promise in writing, लिखित वचन देना।

cover (कॅव्´-अॅ:) *v.* (covered, covering) 1. to place or spread something over in order to conceal or protect, आच्छादित करना, ढकना,तोपना, आवरण से युक्त करना। 2. to clothe, पहनना, ढकना, ओढ़ना; to cover the head, सिर ढकना। 3. to extend over or lie thickly on the surface of, पड़, फैल या जम जाना; The dust covered the books, पुस्तकों पर धूल पड़ी थी। 4. to hide or conceal, छिपाना; He covered the fact, उसने तथ्य छिपाया। 5. to protect by insurance, बीमा करा लेना, बीमे द्वारा सुरक्षित होना; I am covered, मैंने बीमा करा रखा है। 6. to travel or pass over, to cover a distance, (दूरी) तय करना। 7. to report news about के बारे में समाचार देना; He covers Ludhiana वह लुधियाना के बारे में समाचार भेजता है। 8. to amount to enough money to pay for, to be sufficient to meet, पूरा पड़ना, चल जाना। 9. to include, समावेश करना, सम्मिलित या शामिल करना। 10. to guard or protect (an area or opponent) रक्षा करना, कवर करना, सँभालना। 11. to copulate with, मैथुन करना; A horse covers a mare and a bull covers a cow, घोड़ा घोड़ी के साथ मैथुन करता है और साँड़ गाय के साथ। ☐ **cover up,** to conceal, छिपाना, छिपा लेना। *n.* 1. anything that covers, आवरण, आच्छादन, आवेष्टन, ढक्कन, कवर। 2. something that conceals or disguises, shelter, आड़, ओट, आश्रय। 3. a wrapper of a book, आवरण, कवर, रैपर। 4. an envelope, लिफ़ाफ़ा; sealed cover, मोहरबंद लिफ़ाफ़ा। 5. a supporting force, सहायक बल। 6. a pretext, बहाना। 7. an area in a cricket-field, कवर। ☐ **break cover,** to come out from a hiding place, बाहर निकलना, सामने आना; **take cover,** to take shelter, आड़ में हो जाना, सुरक्षित करना या बना लेना; **under cover,** (i) concealed, ढका हुआ; under cover of darkness of right, रात के अंधेरे में; under cover of friendship, दोस्ती की आड़ में, दोस्ती के बहाने। (ii) in secret, गुप्त।

coverage (कव्´-अॅ-रिज़्) *n.* 1. the extent of covering, व्याप्ति, विस्तार। 2. the area covered, व्याप्ति-क्षेत्र, क्षेत्र। 3. reporting of an event, घटना-विवरण। 4. the extent of protection provided by insurance against loss or damage, जोखिम राशि।

coverall (कव्´-अॅ:-आःल्) *n.* a full-length protective outer garment, लबादा।

cover girl *n.* 1. a beautiful woman whose picture appears on the cover of a magazine, वह सुंदरी जिसका पत्रिका के आवरण-पृष्ठ पर चित्र छपा हो, आवरण-नारी, आवरणिका। 2. above picture, आवरण-पृष्ठ का नारी-चित्र।

covering (कव्´-रिंग्) *n.* 1. something laid over a thing, आच्छादन। 2. something wrapped around a thing, आवरण, आवरक; covering slip, आवरक पर्ची।

covering letter *n.* an accompanying letter, सहपत्र, अनुपत्र, साथ का पत्र।

coverlet (कव्´-अॅ:-लिट्) *n.* a bedspread, चादर।

covert[1] (कव्´-अॅ:ट्) *n.* 1. a thicket, झाड़-

झंखाड़। 2. a thick growth or bushes where animals can hide when being hunted, ऐसी झाड़ी जिसमें शिकारी जानवर छिपते हों।

covert[2] (को´-वॅ:ट्) *adj.* concealed or secret, गुप्त, गोपनीय, प्रच्छन्न, छिपा हुआ।

coverture (को´-वॅ:-चॅ:) *n.* 1. protection of the husband, पति का संरक्षण, पति का आश्रय। 2. shelter, पनाह, शरण, आश्रय।

cover-up (कव्´-ऑर्-ऑप्) *n.* concealment, छिपाव, दुराव, पता न लगने देना।

covet (कव्´-इट्) *v.* (coveted, coveting) to desire eagerly to possess (something that belongs to others), लालायित होना, ललचाना।

covetous (कव्´-इ-टॅस्) *adj.* greedy and jealous, लालची, लोलुप।

covetousness (कव्´-इ-टॅस्-निस्) *n.* greed, jealousy, लालच, लोलुपता।

covey (कव्´-ई) *n.* a flock of birds, पक्षियों का झुंड, गोल।

cow[1] (काउ) *n.* 1. a famous domesticated cattle, गाय, गौ। 2. a female of an elephant, whale etc., मादा, मादा जानवर।

cow[2] (काउ) *v.* (cowed, cowing) to intimidate, धमकी देना, धौंस देना, डराना-धमकाना, आतंकित करना।

coward (काउ´-अ:ड्) *n.* a faint-hearted person, a person without courage, भीरु व्यक्ति, कायर या डरपोक आदमी।

cowardice (काउ´-अॅ:-डिस्) *n.* lack of courage to face danger or difficulty, भीरुता, डरपोकपन, कायरता।

cowardliness (काउ´-अॅ:ड्-लि-निस्) *n.* =cowardice.

cowardly (काउ´-अॅ:ड्-ली) *adj.* lacking courage, भीरु, डरपोक, कायर, पस्तहिम्मत।

cowbell (काउ´-बेॅल्) *n.* a bell hung around a cow's neck, गाय के गले में बाँधी जानेवाली घंटी।

cowboy (काउ´-बॉइ) *n.* a boy who takes charge of cows etc., cowhand, cowherd, चरवाहा।

cowcatcher (काउ´-कैच्-अॅ:) *n.* a metal frame fixed in front of a locomotive to clear the track, पथरक्षक।

cowhand (काउ´-हैन्ड्) *n.* a cowboy, चरवाहा

cowherd (काउ´-ह:ड्) a cowboy चरवाहा

cowhide (काउ´-हाइड्) *n.* the skin of a cow, गाय की खाल।

cowlick (काउ´-लिक्) *n.* a tuft of hair over the forehead, कलगी।

coworker (को-व:´-कॅ:) *n.* one who works with another, a fellow worker, सहकर्मी।

cowrie, cowry (काउ´-री) *n.* a small sea shell, कौड़ी।

cox (कॉक्स्, काक्स्) *n.* 1. a helmsman, कर्णधार। 2. a boatman, नाविक। *v.* to act as a helmsman, कर्णधार का काम करना, चप्पू चलाना।

coxcomb (कॉक्स्´-कोम्) *n.* a cockscomb, बाँका, छैला।

coy (कॉइ) *adj.* modest and shy, लजालू, लाजभरा, लजीला।

cozen (कज़्´-इन्) *v.* (cozened, cozening) to cheat, धोखा देना, बहकाना।

cozy (को´-ज़ी) *adj.* warm and comfortable, सुखद, आरामदेह।

crab[1] (क्रैब्) *n.* 1. an edible shellfish with ten legs, केकड़ा, कर्कट। 2. the sign of the zodiac, कर्क (राशि)।

crab[2] (क्रैब्) *v.* (crabbed, crabbing) to complain, शिकायत करना, शिकवा करना, उलाहना देना।

crabbed (क्रैब्´-इड्) *adj.* 1. bad-tempered, तुनकमिज़ाज, चिड़चिड़ा। 2. difficult to read, अपाठ्य, गिचपिच, गंदा।

crabby (क्रैब्´-ई) *adj.* bad-tempered, चिड़चिड़ा, तुनुकमिज़ाज।

crack (क्रैक्´) *v.* (cracked, cracking) 1. to break without complete separation of parts, चिटकना, चटकना, तड़क जाना। 2. to cause to break without complete separation of parts, चिटकाना, चटकाना। 3. to break into or force open, तोड़ना, तोड़ देना। 4. to break or cause to break with a sharp sound, फटना या फोड़ना। 5. to strike, आघात करना, प्रहार करना। 6. to tell (a joke, मज़ाक) करना। 7. to find the solution, समाधान ढूँढ़ना, सुलझाना। 8. to change suddenly or

sharply, एकाएक या तेज़ी से बदल जाना। 9. to fail, विफल होना, टूट जाना। □ **crack down on,** (i) to take severe measures against, टूट पड़ना; (ii) to enforce strictly, कठोरता से लागू करना। *n.* 1. a line or mark where something seems to be broken, चटक, चिटक, तड़क। 2. a sudden sharp noise, धमाका। 3. a sharp blow, तीव्र आघात या प्रहार। □ **at the crack of dawn,** early in the morning, प्रभात वेला में, तड़के। *adj.* 1. of high quality, बहुत बढ़िया, उत्तम। 2. of good ability, अत्यंत योग्य।

crackbrained (क्रैक्´-ब्रेन्ड्) *adj.* 1. stupid, मूर्ख, बेवकूफ़। 2. crazy, सनकी।

crackdown (क्रैक्´-डॉउन्) *n.* 1. strict enforcement of rules, नियमों का कड़ाई से पालन। 2. strict measures, कड़ाई। 3. a raid, छापा।

cracked (क्रैक्ड्) *adj.* 1. stupid, मूर्ख। 2. crazy, सनकी।

cracker (क्रैक्´-अॅ:) *n.* 1. a firecracker, पटाखा। 2. a crisp cake, कुरकुरा बिस्कुट। 3. a beautiful woman, सुंदर स्त्री, पटाखा। 4. a device for cracking nuts, सरौता।

crackerjack (क्रैक्´-अॅ:-जैक्) *adj.* first-rate, बहुत बढ़िया, उत्तम, एक नंबर का।

crackle (क्रैक्´-अॅल्) *v.* (crackled, crackling) to make or cause to make series of slight cracking sounds, चिटचिट होना या करना, चटचट होना या करना, कड़कड़ होना या करना। *n.* a series of slight cracking sounds, चिटचिट, चटचट, कड़कड़।

crackpot (क्रैक्´-पॉट्) *n.* a crazy person, सनकी व्यक्ति।

crackup (क्रैक्´-अप्) *n.* 1. a collision of an automobile, टक्कर, भिड़ंत। 2. a mental or physical breakdown, शारीरिक या मानसिक अवसन्नता।

– cracy (क्रै´-सी) *suff.* government or rule of, का शासन या नियम।

cradle (क्रे´-डॅल्) *n.* 1. an infant's bed on rockers, पालना, झूला। 2. a place of origin, उद्गम, स्रोत। 3. a supporting framework, आधार, ठाठ, ढड्ढा। *v.* (cradled, cradling) 1. to place in a cradle, पालने में डालना। 2. to swing, झुलाना। □ **rob the cradle,** to date or marry a person much younger than oneself, अपने से बहुत छोटी उम्र की लड़की (या लड़के) से प्यार या विवाह करना।

cradle song (क्रै´-डॅल्-सॉङ्ग्) *n.* a lullaby, लोरी।

craft (क्रैफ़्ट्/क्राफ़्ट्) *n.* 1. skill or ability in handwork or the arts, शिल्प, हस्तशिल्प, कारीगरी, दस्तकारी। 2. an occupation or trade requiring special skill, शिल्प, दस्तकारी का काम। 3. an aircraft, ship or other vessel, जहाज़, नाव।

craftiness (क्रैफ़्´-टि-निस्) *n.* the state or quality of being crafty, चालाकी, धूर्तता।

craftsman (क्रैफ़्ट्स्´-मॅन्) *n.* a skilled worker, कुशल कारीगर, शिल्पी, शिल्पकार।

craftsmanship (~-शिप्) *n.* artistic skill, कारीगरी, कला, शिल्पकला।

crafty (क्रैफ़्´-टी) *adj.* cunning, चालाक, धूर्त।

crag (क्रैग्) *n.* a steep rock or peak, खड़ी चट्टान, खड़ी चोटी।

craggy (क्रैग्´-ई) *adj.* steep, खड़ा।

cram (क्रैम्) *v.* (crammed, cramming) 1. to stuff, ठूँसना, ठसाठस भरना। 2. to study intensively, गहरा अध्ययन करना, ख़ूब पढ़ना।

cramp (क्रैम्प्) *n.* 1. contraction of muscles, ऐंठन। 2. a sharp pain in the abdomen, मरोड़। 3. a clamp, क्लैंप, शिकंजा। *v.* (cramped, cramping) 1. to hold with a cramp, शिकंजे में पकड़ना या कसना। 2. to prevent, रोकना, जकड़ देना।

cramped (क्रैम्प्ड्) *adj.* 1. restricted, जकड़ा हुआ। 2. narrow, तंग, सँकरा। 3. (of handwriting) small and irregular, छोटी और टेढ़ी-मेढ़ी (लिखावट)।

crane (क्रेन्) *n.* 1. a bird with long legs, neck and bill, सारस। 2. a device for lifting and moving heavy objects, क्रेन, उत्तोलक। *v.* (craned, craning) 1. to lift by a crane, क्रेन से उठाना। 2. to lift one's neck to see over other people's head, उचककर देखना,

उचकना।

cranial (क्रे´-नि-अॅल्) *adj.* of or relating to the cranium, कपाल-संबंधी।

cranium (क्रे´-नि-अॅम्) *n.* the skull; खोपड़ी, कपाल।

crank (क्रैंक्) *n.* 1. a handle of a machine or engine, हत्था। 2. a crazy person, सनकी व्यक्ति, झक्की व्यक्ति। *v.* (cranked, cranking) to start an engine by pulling a crank, इंजन, मोटर आदि चालू करना।

cranky (क्रैंक्´-ई) *adj.* 1. ill-tempered, तुनक-मिज़ाज, चिड़चिड़ा। 2. stupid, crazy, मूर्ख, पागल, सनकी।

cranny (क्रैन्´-ई) *n.* a crevice, दरज, दरार।

crap (क्रैप्) *n.* 1. a losing throw of the dice, हार का सूचक पासा। 2. nonsense, अनाप-शनाप। 3. faeces, मल, गूँ।

crape (क्रैप्) *n.* 1. a gauzy fabric, एक तरह का चमकीला कपड़ा, क्रेप। 2. a band of black crape used as a sign of mourning, शोक सूचक काली पट्टी या फीता। 3. a gambling game played with a a pair of dice, एक प्रकार का जुए का खेल।

crash[1] (क्रैश्) *v.* (crashed, crashing) 1. to collide, fall or break noisily, धमाके के साथ टूटना, टकराना या गिरना। 2. to break into pieces with a loud noise, चूर-चूर हो जाना। 3. to fail suddenly, सहसा विफल होना। 4. to enter forcefully, घुस जाना। *n.* 1. a sudden loud noise, धमाका, शोर। 2. a sudden failure, सहसा होनेवाली विफलता या पराजय। 3. a collision, टक्कर, भिड़ंत।

crash[2] *n.* a coarse fabric for towels, एक तरह का मोटा कपड़ा जिससे तौलिए बनते हैं।

crass (क्रैस्) *adj.* 1. very much, बहुत अधिक, नितांत। 2. foolish, मूर्खतापूर्ण। □ **crass stupidity**, नितांत मूर्खता; **crass ignorance**, घोर अज्ञानता।

crassly (क्रैस्´-ली) *adv.* stupidly, मूर्खतापूर्वक।

crate (क्रेट्) *n.* 1. a wooden case for holding bottles, क्रेट, पेटी। 2. an old car, पुरानी गाड़ी, छकड़ा। *v.* (crated, crating) to put into a crate, क्रेट लगाना।

crater (क्रे´-टः) *n.* 1. a bowl-shaped cavity, कटोरेनुमा गड्ढा। 2. a volcano-mouth, ज्वालामुखी का मुँह।

cravat (क्रॅ-वैट्´) *n.* 1. a short scarf, गुलूबंद। 2. a necktie, नेकटाई।

crave (क्रेव्) *v.* (craved, craving) 1. to have an intense desire for, तीव्र लालसा होना। 2. to beg earnestly for, अनुनय-विनय करना, याचना करना, चिरौरी करना, मिन्नत करना।

craven (क्रे´-वॅन्) *adj.* cowardly, भीरु, कायर, डरपोक।

craving (क्रे´-विंग्) *n.* a longing, लालसा, साध, ललक, अपूर्ण इच्छा।

crawl (क्राःल्) *v.* (crawled, crawling) 1. to move on hands or knees or on the belly, रेंगना, सरकना। 2. to move slowly, धीरे-धीरे आगे बढ़ना, रेंगते हुए चलना। 3. to fawn, गिड़गिड़ाना। *n.* a very slow pace, धीमी चाल या गति, रेंग।

crayfish (क्रे´-फ़िश्) *n.* a freshwater fish, नदियों में पाई जानेवाली एक प्रकार की मछली।

crayon (क्रे´-ऑन्) *n.* a stick of coloured chalk, रंगीन खड़िया। *v.* (crayoned, crayoning) to colour with a crayon, चाक से रँगना।

craze (क्रेज़्) *n.* a wild enthusiasm for something in fashion, ललक, उत्साह, जुनून, सनक, झक।

craziness (क्रे´-ज़ि-निस्) *n.* the quality or state of being crazy, सनकीपन, पागलपन।

crazy (क्रे´-ज़ी) *adj.* 1. insane, पागल, बावला, सनकी, झक्की। 2. over-enthusiastic, कुछ अधिक ही उत्साही, उत्साही। 3. extremely impractical, अत्यंत अव्यावहारिक।

creak (क्रीक्) *v.* (creaked, creaking) to make the sound as of an unoiled hinge, चरचर करना, चरचराना, चूँ-चूँ करना, चरमराना। *n.* a harsh noise, चरचर, चूँ-चूँ, चरमराहट।

cream (क्रीम्) *n.* 1. the fatty part of the milk, क्रीम, मलाई। 2. a cream like cosmetic substance, क्रीम। 3. the best part of anything, चुनिंदा भाग। 4. a yellowish white colour, क्रीम कलर। *v.* (creamed, creaming) to prepare with cream, क्रीम से बनाना।

creamer (क्री´-मॅ:) *n.* a substitute for cream, नकली क्रीम।

creamery (क्री´-मॅ-री) *n.* a place where dairy products are sold, डेरी।

creamy (क्री´-मी) *adj.* 1. smooth like cream, मलाई की तरह मुलायम। 2. full of cream, क्रीमयुक्त, मलाईवाला।

crease (क्रीज़्) *n.* 1. a line made by folding or pressing, क्रीज़, तह। 2. a wrinkle, शिकन, सिलवट। 3. the line near the wicket that marks the positions for the bowler or batsman, क्रीज़। *v.* (creased, creasing) 1. to make a line or lines by folding or pressing, क्रीज़ करना। 2. to develop creases, सिलवटें पड़ना।

creasy (क्री´-ज़ी) *adj.* full of wrinkles, सिलवटों से भरा, सिलवट-भरा।

create (क्रि-एट्´) *v.* (created, creating) 1. to bring into existence, अस्तित्व में लाना, निर्माण करना, सर्जन करना, सृष्टि करना। 2. to bring about or produce, पैदा करना, उत्पन्न करना, रचना; to create a good impression, अच्छा प्रभाव बनाना।

creation (क्रि-ए´-शॅन्) *n.* 1. the act of creating, निर्माण, सर्जन, सृष्टि, रचना। 2. any or all created things, रचना, सृष्टि। 3. the world and all things in it, सृष्टि, संसार।

creative (क्रि-ए´-टिव्) *adj.* 1. characterized by originality, रचनात्मक, सृजनात्मक। 2. having the ability to create, having or showing imagination, सृजनशील, रचनात्मक।

creativity (क्री-ए-टिव्´-इ-टी) *n.* the ability to create new things or ideas, सृजनशीलता, रचनात्मकता।

creator (क्रि-ए´-टॅ:) *n.* 1. one who creates, सृष्टिकर्ता, विधाता, रचयिता, रचनाकार। 2. the Creator, स्रष्टा, ईश्वर, ब्रह्मा।

creature (क्री´-चॅ:) *n.* 1. a living being, जीव, जंतु, प्राणी। 2. a human being, मनुष्य, मानव। 3. a person, व्यक्ति; a poor creature, बेचारा व्यक्ति। ☐ **creature of habit,** one who does things according to his habit, आदत से मजबूर प्राणी।

creche (क्रेश्) *n.* a day nursery for very young children while their mothers work, शिशुसदन, शिशुकक्ष, क्रच।

credence (क्री´-डॅन्स्) *n.* 1. acceptance as true, मान्यता। 2. belief, विश्वास।

credentials (क्रि-डॅन्´-शॅल्स्) *n.* the letters of introduction, recommendation or authority, प्रत्ययपत्र।

credibility (क्रॅड्-इ-बिल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being credible, reliability, विश्वसनीयता।

credible (क्रॅड्´-इ-बॅल्) *adj.* worthy of belief, reliable, believable, विश्वसनीय, विश्वास के योग्य।

credit (क्रॅड्´-इट्) *n.* 1. belief, trust, विश्वास। 2. the quality of being trustworthy, विश्वसनीयता। 3. a source of honour, श्रेय देनेवाला काम या बात। 4. reputation, प्रसिद्धि, मशहूरी, नेकनामी। 5. reputation for financial integrity, साख, प्रत्यय। 6. an entry in an account of payment received, जमा की मद। 7. the sum recoverable from another, पावना। 8. the balance in a person's bank account, बैलंस, खाते में जमा रकम। 9. recognition given to a student on completing some course of studies, सनद। 10. loan, उधार; credit system, उधार पद्धति; on credit, उधार पर, उधारी। *v.* (credited, crediting) 1. to believe, to trust, विश्वास करना। 2. to give credit to, श्रेय देना। 3. to enter an item in a credit side of a ledger, खाते में जमा करना।

creditable (क्रॅड्´-इ-टॅ-बॅल्) *adj.* 1. deserving praise, admirable, commendable, स्तुत्य, प्रशंसनीय। 2. that brings honour, श्रेयस्कर।

creditor (क्रॅड्´-इ-टॅ:) *n.* one to whom money is owed, लेनदार।

credo (क्री´-डो, क्रे´-डो) *n.* creed, संप्रदाय, पंथ।

credulity (क्रि-ड्यू´/डू´-लि-टी) *n.* the quality of being credulous, कान का कच्चापन, भोलापन।

credulous (क्रेड्´-यु-लॅस, क्रेज्´-) *adj.* ready to believe something on little evidence, कान का कच्चा, सहज-विश्वासी, भोला, बहुत जल्दी दूसरे की बात का विश्वास कर लेनेवाला।

creed (क्रीड्) *n.* a system of beliefs or principles, मत, पंथ, संप्रदाय।

creek (क्रीक्) *n.* a small stream, छोटी नदी, नाला।

creel (क्रील्) *n.* a wickerwork basket, टोकरी, झाबा।

creep (क्रीप्) *v.* (crept, creeping) 1. to crawl along the ground, ज़मीन पर रेंगते हुए चलना। 2. to move slowly, धीरे-धीरे चलना, खिसकना। 3. to move stealthily, दबे पाँव चलना। 4. to come on gradually, धीरे-धीरे बढ़ना। 5. to grow along the surface, ज़मीन पर फैलना। 6. to feel as if covered with crawling things, सुरसुरी होना। *n.* the act of creeping, रेंगने की क्रिया या भाव, धीरे-धीरे आगे बढ़ने की क्रिया या भाव, खिसकाव।

creeper (क्री´-पॅ:) *n.* 1. a creeping plant, लता, बेल। 2. a creature that creeps, रेंगनेवाला जीव, सरी-सृप।

creepy (क्री´-पी) *adj.* feeling creeping sensation, जिसे सुरसुरी हो रही हो।

cremate (क्री´-मेट्) *v.* (cremated, cremating) to burn a dead body, शव को जलाना, मुरदा जलाना, शवदाह करना, दाह करना।

cremation (क्रि-मे´-शॅन्) *n.* the act of cremating, शवदाह, दाहकर्म, दाह-संस्कार।

crematorium (क्री-मॅ-टोर्´-इ-ॲम्) 1. cremation ground, श्मशान, मरघट। 2. a building for cremation, शवदाह-गृह।

cremator (क्री´-मे-टॅ:) *n.* one who burns a dead body, दाहकर्म करनेवाला, दाहकर्मी।

crematory (क्री´-मे-टॅ-री) *adj.* of or pertaining to cremation, दाह-संबंधी। *n.* a crematorium, शवदाह-गृह।

creme de la creme (क्रॅम्´-डि-ला-क्रॅम्´) *adj.* having elite characteristics, श्रेष्ठ, उत्तम। (फ्रांसीसी)

creme de menthe (क्रॅम्-डि-मान्ट्´) *n.* a kind of liquor, एक तरह की शराब। (फ्रांसीसी)

crepe (क्रेप्, क्रॅप्) *n.* 1. a kind of fabric, क्रेप। 2. a pancake, मैदे और अंडे से बना मीठा पूआ।

crept (क्रॅप्ट्) *v.* p.t & p.p of creep.

crepuscular (क्रि-पस्´-क्यु-लॅ:) *adj.* of or like twilight, झुटपुटे के समय का, धूमिल।

crescendo (क्रि-शॅन्´-डो) *n.* in music, gradual increase in the volume of sound, स्वर का आरोह। *adj.* gradually increasing in the volume of sound, आरोही।

crescent (क्रॅस्´-ॲन्ट्) *n.* the curved shape of the moon in the first (or last) quarter चंद्रकला, बालचंद्र, दूज का चाँद, नवचंद्र। *adj.* shaped like a crescent, चंद्राकार, चाँदनुमा।

cress (क्रॅस्) *n.* a plant with pungent leaves used as salad, चनसर नामक पौधा और उसकी पत्तियाँ।

crest (क्रॅस्ट्) *n.* 1. a tuft on the head of a bird or animal, चोटी, कलगी। 2. something like this worn on top of helmets, कलगी। 3. the top of a mountain, hill etc., चोटी, शिखर। 4. a heraldic device above the shield on a coat of arms, कुलचिह्न। *v.* (crested, cresting) to reach the crest, शिखर पर पहुँच जाना, चोटी पर जा पहुँचना।

crested (क्रॅस्ट्´-इड्) *adj.* having a crest, कलगीदार।

crestfallen (क्रॅस्ट्´-फ़ा:-लॅन्) *adj.* 1. disappointed, निराश। 2. sad, उदास, दुखी।

cretaceous (क्रि-टे´-शॅस्) *adj.* of or like chalk, खड़िया जैसा।

Cretaceous *n.* a period in history when chalk-rocks were formed, चाक युग।

cretin (क्री´-टिन्) *n.* a dwarf and mentally retarded person, ऐसा बौना जो मानसिक रूप से कमज़ोर हो।

cretinism (क्री´-टि-निज्-ॲम्) *n.* the state of being a cretin, शारीरिक तथा मानसिक अशक्तता, बौनापन।

cretinous (क्री´-टि-नॅस्) *adj.* 1. dwarfish and mentally retarded, शारीरिक तथा मानसिक अशक्तता-संबंधी। 2. very stupid, महामूर्ख, जड़।

cretonne (क्रि-टॉन्´) *n.* a heavy printed cot-

ton cloth used in curtains, एक प्रकार का मोटा सूती कपड़ा, छींट।

creavasse (क्रि-वैस्´) *n.* a deep open creak or fissure in the ice of a glacier, हिमशैल में पड़नेवाली चौड़ी दरार।

crevice (कॅव्´-इस्) *n.* a narrow crack in a wall or rock, दीवार, चट्टान आदि में पड़नेवाली हलकी या पतली दरार।

crew[1] (क्रू) *n.* 1. a group of people working in an aircraft or ship, कर्मीदल, क्रू। 2. a group of people working together, दल, समूह। 3. a gang, टोली, जत्था। *v.* (crewed, crewing) to serve as a member of a crew, कर्मीदल का सदस्य होना।

crew[2] *v.* pt. of crow.

crew cut (क्रू कट्) *n.* a very closely cut style of hair for men and boys, पुरुषों के छोटे-छोटे बाल रखवाने की शैली।

crewel (क्रू´-अॅल्) *n.* a loosely twisted yarn for embroidery, कशीदे का धागा।

crewman (क्रू´-मॅन्) *n.* a member of a crew, कर्मीदल का सदस्य, कर्मी।

crib (क्रिब्) *n.* 1. a pot for fodder, नाँद। 2. a baby's bed, खटोला। 3. a petty theft as of another's work, नकल, चोरी। 4. a literal translation, शब्दानुवाद। *v.* (cribbed, cribbing) 1. to copy by unfair methods, नकल या चोरी करना। 2. to steal or use without acknowledgment, चुरा लेना।

cribbage (क्रिब्´-इज्) *n.* a card game, ताश का एक खेल।

crick (क्रिक्) *n.* a painful cramp or stiffening in the neck or back, साल, अकड़न, ऐंठन। *v.* (cricked, cricking) to become stiff or cramped, अकड़ जाना, ऐंठ जाना, साल पड़ जाना।

cricket[1] (क्रिक्´-इट्) *n.* a game played between two teams of eleven players each with bats and ball, क्रिकेट, गेंद-बल्ला। □ **not cricket,** not fair, अनुचित, खेल भावना के विपरीत।

cricket[2] *n.* an insect that makes a shrill chirping sound, झींगुर।

cricketer (क्रिक्´-अॅ-टॅ:) *n.* one who plays cricket, क्रिकेट का खिलाड़ी।

crier (क्राइ´-अॅ:) *n.* 1. a person who cries, चिल्लानेवाला व्यक्ति। 2. a young baby who cries a lot, रोना बच्चा। 3. one who shouts out public announcements, घोषक। 4. one who calls out publicly in law courts, अदालत में लोगों के नाम पुकारनेवाला कर्मचारी।

crime (क्राइम्) *n.* 1. an act committed or omitted in violation of the law, अपराध, जुर्म। 2. a senseless act, मूर्खतापूर्ण आचरण।

criminal (क्रिम्´-इ-नॅल्) *adj.* 1. of or related to crime, आपराधिक, अपराधपूर्ण। 2. very bad, बहुत बुरा। *n.* a person who is guilty of crime, अपराधी, मुजरिम।

criminate (क्रिम्´-इ-नेट्) *v.* (criminated, criminating) to incriminate, अपराध में फँसाना।

criminologist (क्रिम्-इ-नॉल्´-अॅ-जिस्ट्) *n.* an expert in criminology, अपराध-विज्ञानी।

criminology (क्रिम्-इ-नॉल्´-अॅ-जी) *n.* the scientific study of crime, अपराध-विज्ञान।

crimp (क्रिम्प्) *v.* (crimped, crimping) to curl (hair, बाल), घुँघराले बनाना।

crimson (क्रिम्´-ज़ॅन्) *adj.* deep red, किरमिजी। *n.* deep red colour, किरमिजी रंग।

cringe (क्रिन्ज्) *v.* (cringed, cringing) 1. to behave in a timid or servile way, सकुचाते हुए या घिघियाते हुए कुछ कहना या करना। 2. to move back, पीछे हटना।

crinkle (क्रिंक्´-अॅल्) *v.* (crinkled, crinkling) to be full of wrinkles or creases, सिलवटों से भरा होना, मूसा हुआ होना।

crinkly (क्रिंक्´-ली) *adj.* lame or disabled, लंगड़ा, पंगु, अपंग। *v.* (crippled, crippling) 1. to make a cripple of, अपंग कर देना, पंगु बना देना। 2. to damage, क्षतिग्रस्त कर देना।

cripple (क्रिप्´-अॅल्) *n.* a lame or partly disabled person or animal, लूला-लंगड़ा, पंगु, अपंग।

crisis (क्राइ´-सिस्) *n.* 1. a crucial situation, a time of acute difficulty, danger or short-

age, संकट। 2. a critical or decisive time, नाज़ुक स्थिति, संकट की घड़ी, संकटकाल।

crisp (क्रिस्प्) *adj.* 1. dry and brittle, कुरकुरा, ख़स्ता। 2. fresh, lively and invigorating, ताज़ा, ताज़ा-दम, स्फूर्तिदायक। 3. clear, स्पष्ट। 4. sharp, तेज़, चोखा, प्रखर। 5. concise, संक्षिप्त। 6. pithy, संहत। 7. wrinkled, झुर्रियों-भरा, सिलवटों-भरा। 8. curled, घुँघराला। *v.* (crisped, crisping) 1. to make crisp, कुरकुरा बनाना, ख़स्ता बनाना। 2. to become crisp, कुरकुरा या ख़स्ता हो जाना।

crispness (क्रिस्प्´-निस्) *n.* the quality of being crisp, कुरकुरापन, ख़स्तापन।

crispy (क्रिस्´-पी) *adj.* crisp, कुरकुरा, ख़स्ता।

crisscross (क्रिस्´-क्राःस्) *v.* (crisscrossed, crisscrossing) to mark with crossing lines, खानेदार बनाना। *n.* a pattern of crossing lines, खानेदारी। *adj.* with crossing lines, आड़ी-बेड़ी रेखाओंवाला, खानेदार।

criterion (क्राइ-टिअर्´-इ-ॲन्) *n.* a standard of judgment, कसौटी।

critic (क्रिट्´-इक्) *n.* 1. one who criticizes, आलोचक। 2. a reviewer, समालोचक, समीक्षक। 3. one who finds fault, दोषदर्शी, छिद्रान्वेषी।

critical (क्रिट्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. of or pertaining to criticism, आलोचना-संबंधी, आलोचनात्मक। 2. looking for faults, दोषदर्शी, दोषग्राही, नुक्ताचीन। 3. requiring careful judgment or evaluation, समीक्षात्मक, समीक्षापूर्ण। 4. of the nature of crisis, संकटपूर्ण, नाज़ुक।

criticism (क्रिट्´-इ-सिज़्-ॲम्) *n.* 1. the act of finding faults, छिद्रान्वेषण, दोषदर्शन, नुक्ताचीनी। 2. critical remark, आलोचनात्मक, टिप्पणी, आलोचना। 3. the evaluation or analysis of a work of art or literature, समीक्षा। 4. the work of a critic, समीक्षात्मक निबंध या पुस्तक।

criticize (क्रिट्´-इ-साइज़्) *v.* (criticized, criticizing) 1. to find fault with, छिद्रान्वेषण करना, दोष दिखलाना या बतलाना, आलोचना करना। 2. to evaluate critically, समीक्षा करना।

critique (क्रि-टीक्´) *n.* 1. the art of criticism, समीक्षण-कला। 2. a critical essay, समीक्षात्मक निबंध, समीक्षा।

croak (क्रोक्) *n.* 1. the sound made by a frog, मेंडक की टरटर। 2. a deep hoarse cry, टरटर, चिल्लाहट। *v.* (croaked, croaking) 1. to make such sound, टरटर करना, टरटराना। 2. to die, मर जाना।

crochet (क्रो-शे´) *n.* a kind of fancy work done with a hooked needle, क्रोशिए का काम, कढ़ाई, कसीदा *v.* (crocheted, (क्रो-शेड्´), crocheting, (क्रो-शे´-इंग्)) to make a kind of handiwork with a hooked needle, क्रोशिए से कढ़ाई करना, काढ़ना।

crock (क्रॉक्) *n.* 1. an earthen jar, सुराही, झंझर। 2. an earthen pot, मिट्टी का बरतन। 3. a broken piece of this, ठीकरा, ठीकरी। 4. an old person too infirm to work, काम करने के अयोग्य बूढ़ा आदमी।

crockery (क्रॉक्´-ॲ-री) *n.* household articles as plates, cups etc., क्राकरी, प्लेटें-प्याले।

crocodile (क्रॉक्´-ॲ-डाइल्) *n.* 1. a large reptile with a thick skin and huge jaws that lives on land and in rivers, मगरमच्छ, मगर। 2. the skin of the crocodile, मगर की खाल।

crocodile tears *n.* insincere sorrow, नकली आँसू, झूठा खेद-प्रकाश।

crocus (क्रो´-कॅस्) *n.* a flower plant, एक फूलोंवाला पौधा।

croft (क्रॉफ़्ट्) *n.* an enclosed field, ऐसा खेत जिसके चारो ओर बाड़ लगी हो।

croissant (क्राः-साःन्´) *n.* a breadroll shaped like a crescent, चंद्राकार केक। (फ्रांसीसी)

crone (क्रोन्) *n.* a bent old woman, कुबड़ी बुढ़िया।

crony (क्रो´-नी) *n.* an old companion, पुराना यार, पुराना संगी, लंगोटिया, अंतरंग मित्र।

crook (क्रुक्) *n.* 1. a hooked stick, मुड़े हुए सिरेवाली छड़ी। 2. something bent or curved, घुमावदार वस्तु, वक्र पदार्थ। 3. a curve, मोड़, घुमाव, चाप। 4. a person given to fraudulent practices, जालसाज़, ठग। 5. a thief, चोर, चाइयाँ। *v.* (crooked, crooking) to bend,

मोड़ना, घुमाव डालना।

crooked (क्रुक्´-इड्) *adj.* 1. having bends or curves, वक्र, घुमावदार। 2. dishonest, deceitful, बेईमान, कुटिल, धोखेबाज़।

crookedness (क्रुक्´-इड्-निस्) *n.* crooked behaviour, बेईमानी, धोखेबाज़ी, कुटिलता।

croon (क्रून्) *v.* (crooned, crooning) to sing softly, मंद स्वर में गाना, गुनगुनाना। *n.* a crooning sound, गुनगुन, गुनगुनाहट।

crop (क्रॉप्) *n.* 1. agricultural produce, yield, फ़सल, पैदावार, उपज। 2. the quantity produced at a time, उपज, पैदावार। 3. a short haircut, बालों को काटकर छोटा करने की क्रिया, खसखसे बाल। 4. the bag like part of a bird's throat, पोटा, गलधानी। 5. the handle of a whip, कोड़े की मूठ, दस्ता। *v.* (cropped, cropping) 1. to reap or harvest, फ़सल काटना। 2. to graze on, चराना। 3. to raise a crop, फ़सल उगाना। 4. to sow, बोना, बुआई करना। 5. to clip part of the ear of an animal (for identification, पहचान के लिए) किसी पशु का कान काटना या कुतरना। ☐ **crop up,** to occur unexpectedly, अप्रत्याशित रूप से सामने आना, घटित होना।

cropper (क्रॉप्´-अ:) *n.* one who produces a crop, फ़सल उगानेवाला।

croquet (क्रो´-के) *n.* a game played with balls and mallets, एक विदेशी खेल।

croquette (क्रो-कॅट्´) *n.* a kind of fried cake, पकौड़े की तरह का एक विदेशी पकवान।

crore (क्रो:) *n.* one hundred lakhs, ten million, करोड़।

crosier (क्रो´-ज़्हॅ:) *n.* a bishop's staff, बिशप स्वामी का दंड।

cross (क्रॉस्, क्रा:स्) *n.* 1. a symbol consisting of two intersecting lines, क्रास, काटा। 2. a wooden structure used as a means of execution in ancient times, क्रास, सलीब, सूली। 3. an object shaped like this used as a Christian emblem, क्रास। 4. a hybrid plant or animal, संकर पशु या पौधा। *v.* (crossed, crossing) 1. to go or extend across, पार करना, पार जाना। 2. to intersect, रेखाओं आदि का एक दूसरी को काटना। 3. to draw a line across, आर-पार रेखा खींचना। 4. to breed by hybridizing, to crossbreed, संकर जाति बनाना। 5. to oppose, विरोध करना। ☐ **cross off,** to remove by drawing a line through, लकीर खींचकर काट देना, ख़त्म करना; **cross one's mind,** to come into one's mind all of a sudden, सूझना। *adj.* 1. passing from side to side, आर-पार जानेवाला, आड़ा। 2. annoyed, रुष्ट, खिन्न, चिड़चिड़ा। 3. hybrid, संकर, दोगला। ☐ **at cross purposes,** with opposing purposes in mind, मन में विरोधी विचारों को लिए; **keep one's fingers crossed,** to hope that nothing unfortunate will happen, आशावादी होना, मस्त रहना।

crossbar (क्रा:स्´-बा:) *n.* a horizontal bar, अर्गला।

crossbow (क्रा:स्´-बो) *n.* a weapon formed of a bow fixed across a wooden stock, पुरानी चाल का एक तरह का धनुष।

crossbred (क्रा:स्´-ब्रॆड्) *adj.* produced by mixing breeds, संकर, दोगला।

crossbreed (क्रा:स्´-ब्रीड्) *v.* (crossbred, crossbreeding) to breed with one of another breed, संकर जीव उत्पन्न करना। *n.* a hybrid, संकर पशु।

cross-claim (क्रा:स्´-क्लेम्) *n.* the claim made by the defendant against the plaintiff, प्रतिदावा।

cross-country (क्रा:स्´-कॅन्-ट्री) *adv.* across the fields, कच्चे रास्ते से (सामान्य रास्ते को छोड़कर)।

cross-examine (क्रा:स्´-इग्-ज़ैम्-इन्) *v.* (cross-examined, cross-examining) to question closely a witness by the opposite party or council in order to prove or disaprove the truth of what has been already said, प्रतिपरीक्षा करना, जिरह करना।

cross-examination (क्रा:स्´-इग्-ज़ैम्-इ-ने´-शॅन्) *n.* the act or process of cross-examining, प्रतिपरीक्षा, जिरह।

cross-eyed (क्रा:स्´-आइड्) *adj.* having eyes

turn toward the nose, भेंगा।

cross-fertilize (क्रा:स्´-फ़:´-टि-लाइज़्) *v.* (cross-fertilized, cross-fertilizing) to fertilize from one of a different kind, पर-संसेचन करना, मिश्रित जाति तैयार करना।

cross-hatch (क्रा:स्´-हैच्) *v.* (cross-hatched, cross-hatching) to shade with sets of intersecting parallel lines, खड़ी और बेड़ी रेखाओं से छायांकन करना।

crossing (क्रा:´-सिंग्) *n.* 1. a place where streets, roads etc. cross, चौराहा। 2. the place where road, river etc. be crossed, पारण पथ। 3. a journey across water, समुद्री यात्रा।

cross-legged (क्रा:स्´-लेंग्-इड्) *adj.* sitting with legs crossed, जो पालथी मारे बैठा हो। *adv.* in a cross-legged position, पालथी मारे हुए।

crosspatch (क्रा:स्´-पैच्) *n.* a bad-tempered person, तुनकमिज़ाज या चिड़चिड़ा आदमी।

crosspiece (क्रा:स्´-पीस्) *n.* a piece of anything lying across something else, आड़े बल में रखा हुआ पदार्थ।

cross-polinate (क्रा:स्´-पॉल्´-इ-नेट्) *v.* (cross-polinated, crosspolinating) to polinate (a plant or flower) with another, पर-संसेचन करना।

cross-purpose (क्रा:स्´-प:´-पॅस्) *n.* a contrary purpose, उलटा प्रयोजन। □ **be at cross-purposes,** to have opposing purposes, परस्पर-विरुद्ध प्रयोजन रखना।

cross-question (क्रा:स्´-क्वेश्´-चॅन्) *v.* =cross-examine.

cross-reference (क्रा:स्´-रेंफ़् ´-अॅ-रॅन्स्) *n.* the act of referring from one part of a book to another, प्रतिसंदर्भ, प्रत्याभिदेश।

crossroad (क्रा:स्´-रोड्) *n.* a road that crosses another road, एक सड़क को काटनेवाली दूसरी सड़क।

crossroads (क्रा:स्´-रोड्ज़्) *n.* a place where too roads intersect, चौमुहानी, चौराहा, क्रासिंग। □ **at the crossroads,** in a suspense, दुविधा में।

crosswalk (क्रा:स्´-वा:क्) *n.* a path marked for people to cross the road, पारण-पथ।

crosswise (क्रा:स्´-वाइज़्) *adv.* across, खड़े और बेड़े।

crossword (क्रा:स´-व:ड्) *n.* a puzzle in which words are inserted according to clues, वर्ग-पहेली।

crotch (क्रॉच्) *n.* 1. the place where a branch separates from a tree, द्विशाखी कोण।

crotchety (क्रॉच्´-अॅ-टी) *adj.* 1. whimsical, सनकी, ख़ब्ती। 2. bad-tempered, बदमिज़ाज, चिड़चिड़ा।

crouch (क्राउच्) *v.* (crouched, crouching) 1. to bend low with the limbs pulled up close together, दुबक या सिकुड़कर बैठना। 2. to cringe, गिड़गिड़ाना। *n.* the act of crouching, दुबक या सिकुड़कर बैठने की क्रिया या भाव।

croup (क्रूप्) *n.* a disease characterized by respiratory difficulty and harsh cough, एक प्रकार का दमा।

croupier (क्रू´-पी-ए) *n.* a person who collects and distributes money at the gambling table, जुए के खेल में वह व्यक्ति जो हारनेवालों का रुपया इकट्ठा करके जीतनेवालों में बाँटने का काम करता हो।

croupy (क्रूप्´-ई) *adj.* suffering from croup, दमे से पीड़ित।

crouton (क्रू´-टॉन्) *n.* a fried piece of bread, तला हुआ ब्रेड का टुकड़ा।

crow[1] (क्रो) *n.* a large black bird, कौआ, काग। □ **as the crow flies,** in a straight line, नाक की सीध में, बिल्कुल सीधे; **eat crow,** to be forced to do something humiliating, तुच्छ काम करने के लिए बाध्य होना, अपमान सहना।

crow[2] *v.* (crowed/crew, crowing) 1. to utter a shrill cry as a cock, बाँग देना। 2. to utter cries of pleasure, गाल बजाना। 3. to speak proudly, डींग हाँकना, शेख़ी बघारना। *n.* a crowing cry, बाँग, कुकड़ूँकूँ।

crowbar (क्रो´-बा:) *n.* an iron bar used as a lever, सब्बल, रंभा।

crowd (क्राउड्) *n.* 1. a large number of people gathered together, भीड़। 2. a large number of things, अंबार, ढेर; a crowd of books, पुस्तकों का अंबार। 3. people in general, common people, जन-साधारण। *v.* (crowded, crowding) 1. to gather together in large numbers, भीड़ लगाना, जमघट लगाना, इकट्ठे हो जाना। 2. to press tightly, ठूँसना, भरना। 3. to threaten, धमकी देना, धमकाना।

crowded (क्राउ´-डिड्) *adj.* filled with a crowd, भीड़-भरा, संकुल।

crown (क्राउन्) *n.* 1. an ornamental cap worn by a king or queen, राजमुकुट, ताज। 2. a crown shaped ornament or head dress, मुकुट। 3. the king or queen, राजा या रानी। 4. the king's government or authority, राजा की सरकार या सत्ता। 5. the top part of something, शिखर। *v.* (crowned, crowning) 1. to put a crown on one's head, ताज पहनना या पहनाना, राजमुकुट पहनना या पहनाना। 2. to give royal power, सिंहासन पर बैठाना, गद्दी पर बैठाना, अभिषेक करना। 3. to confer honour upon, सम्मान प्रदान करना, से सम्मानित करना। 4. to be the highest part, शिखर (पर) होना। 5. to hit on the head, सिर पर आघात करना। 6. to put on artificial top on a tooth, दाँत पर (सोने-चाँदी का) पत्तर या खोल चढ़ाना।

crown prince (क्राउन्-प्रिंस´) *n.* the male heir to a throne, युवराज, टिकैत।

crown princess (क्राउन्-प्रिन्-सेस्´) *n.* the female heir to a throne, युवराज्ञी।

crow's-foot (क्रोज्´-फुट्) *n.* a wrinkle at the outer corner of a person's eye, आँख के ठीक नीचे की झुर्री।

crucial (क्रू´-शॅल्) *adj.* 1. critical, नाज़ुक, संकटपूर्ण। 2. decisive, निर्णायक। 3. important, महत्त्वपूर्ण।

crucible (क्रू´-सि-बॅल्) *n.* 1. a pot used for melting metals at high temperature, घरिया, कुठाली। 2. a severe test, कड़ी परीक्षा।

crucifix (क्रू´-सि-फ़िक्स्) *n.* a model of a cross with a figure of Christ upon it, क्रूसीफ़िक्स, क्रास, सलीब।

crucifixion (क्रू-सि-फ़िक्´-शॅन्) *n.* 1. the act of crucifying, सलीब या सूली पर चढ़ाने की क्रिया या भाव। 2. a representation of Christ on the cross, क्रास-चिह्न।

cruciform (क्रू´-सि-फ़ॉ:म्) *adj.* cross shaped, क्रास के आकार का।

crucify (क्रू´-सि-फ़ाइ) *v.* (crucified, crucifying) 1. to put to death by nailing or binding to cross, सलीब पर चढ़ाना, सूली पर टाँगना। 2. to torture, यातना देना। 3. to be very cruel to, निर्मम होना, निर्ममता बरतना।

crude (क्रूड्) *adj.* 1. in an unrefined or natural state, raw, अशोधित, प्रकृत रूप में होनेवाला, कच्चा; crude oil, कच्चा तेल। 2. lacking good manners, रूखा, अशिष्ट, असभ्य, गँवार। 3. lacking tact, ओछा। 4. lacking grace, कुरूप या अपरिष्कृत। 5. not well-finished, बेडौल, बेढब।

crudely (क्रूड्´-ली) *adv.* in a crude manner, सहज रूप में, रुखाई से।

crudity (क्रूड्´-इ-टी) *n.* the quality of being crude, कच्चापन, कच्चाई; रूखापन, रुखाई; अशिष्टता, बेडौलपन।

cruel (क्रू´-ॲल्) *adj.* 1. causing pain or suffering, क्रूर, क्रूरतापूर्ण। 2. merciless, निर्दय, निर्मम, ज़ालिम।

cruelly (क्रू´-ॲ-ली) *adv.* mercilessly, heartlessly, निर्दयतापूर्वक, निर्मम होकर, क्रूरतापूर्वक, ज़ालिमों की तरह।

cruelty (क्रू´-ॲल्-टी) *n.* 1. the quality of being cruel, क्रूरता, निर्ममता, निर्दयता। 2. a cruel act, ज़ुल्म, क्रूरता।

cruet (क्रू´-इट्) *n.* a small table-container for salt, pepper etc., नमकदानी, मिर्चदानी।

cruise (क्रूज़्) *v.* (cruised, cruising) 1. to sail for pleasure, समुद्र-विहार करना। 2. to travel over for pleasure, सैर-सपाटे पर निकलना, घूमना-फिरना। *n.* 1. a cruising voyage, समुद्र-विहार। 2. a trip for pleasure, सैर-सपाटा।

cruiser (क्रू´-ज़ॅ:) *n.* a medium size fast warship, तीव्रगामी युद्धपोत।

cruller (क्रल्´-अॅ:) *n.* a small cake, एक प्रकार का केक।

crumb (क्रम्ब्) *n.* a fragment, टुकड़ा, कण। *v.* (crumbed, crumbing) 1. to break into crumbs, टुकड़े-टुकड़े करना, चूर-चूर करना, चूरा बनाना। 2. to cover with crumbs, चूरा बुरकना या भुरभुराना।

crumble (क्रम्´-बॅल्) *v.* (crumbled, crumbling) 1. to break into small parts, टुकड़े-टुकड़े होना, चूर-चूर होना, भुरभुराना। 2. to cause to break into small parts, टुकड़े-टुकड़े करना, चूर-चूर करना, भुरभुराना। 3. to disintegrate, विघटित होना या करना।

crumbly (क्रम्´-ब्ली) *adj.* easily crumbling, भुरभुरा।

crummy (क्रम्´-ई) *adj.* 1. worthless, घटिया, बेकार। 2. wretched, miserable, आफ़त का मारा, हतभाग।

crumpet (क्रम्´-पिट्) *n.* a kind of cake, एक तरह का केक।

crumple (क्रम्´-पॅल्) *v.* (crumpled, crumpling) 1. to crush or become crushed into creases, सिलवटें डालना या पड़ना। 2. to fall down, to collapse, गिर पड़ना, ढह जाना, लड़खड़ा जाना, ध्वस्त हो जाना।

crunch (क्रन्च्) *v.* (crunched, crunching) to bite or chew with a crushing sound, कचर-कचर करते हुए खाना, इस प्रकार खाना कि मुँह से चबाने की आवाज़ हो। *n.* 1. the act or sound of crunching, कचर-कचर। 2. a critical moment or situation, निर्णायक घड़ी या स्थिति, संकट की घड़ी या स्थिति। □ **energy crunch,** an energy crisis, ऊर्जा-संकट; **when it comes to the crunch,** when there is a showdown, जब अपनी पड़े तब।

crusade (क्रू-सेड्´) *n.* 1. a military expedition by Christians to recover their holy lands from Muslims, धर्मयुद्ध, जिहाद। 2. any organised movement against an abuse, संघटित आंदोलन। *v.* (crusaded, crusading) to take part in a crusade, धर्मयुद्ध करना, आंदोलन में सम्मिलित होना।

crusader (क्रू-सेड्´-अॅ:) *n.* one who takes part in a crusade, धर्मयोद्धा, मुजाहिद, आंदोलनकर्ता।

crush (क्रश्) *v.* (crushed, crushing) 1. to press with great force so as to break, injure or destroy, रौंदना, कुचलना, मसलना। 2. to break into powder by pressure, पीसना, रगड़ना। 3. to subdue or defeat, कुचल डालना, रौंद डालना। *n.* 1. a dense crowd, भारी भीड़। 2. a drink made by crushing fruit, फलरस। 3. a crushed thing, कुचला।

crusher (क्रश्´-अॅ:) *n.* a crushing device, कोल्हू।

crushing (क्रश्´-इंग्) *adj.* destroying, विनाशक, विनाशकारी; crushing defeat, ऐसी हार जिसमें कोई कुचल डाला गया हो, भारी हार, घोर पराजय।

crust (क्रस्ट्) *n.* 1. a hard outer covering of a bread, पपड़ी। 2. a hard surface, परत, छिलका। *v.* (crusted, crusting) to cover or become covered with a crust, पपड़ियाना।

crustacean (क्रस्-टे´-शॅन्) *n.* any animal with a hard outer shell, कड़े खोलवाला जीव जैसे केकड़ा।

crusty (क्रस्´-टी) *adj.* 1. covered with a crust, पपड़ीदार। 2. bad-mannered, बदमिज़ाज, चिड़चिड़ा, रूखा।

crutch (क्रच्) *n.* 1. a support used as an aid by a lame person, बैसाखी। 2. something that supports, सहारा, संबल।

crux (क्रुक्स्) *n.* 1. a vital point, मूल बात, मर्म। 2. the vital part of a problem, समस्या का महत्त्वपूर्ण अंग।

cruzeiro (क्रू-ज़ेॲ:-ओ) *n.* Brazilian currency, ब्राजीली मुद्रा, क्रूज़ेरो।

cry (क्राइ) *v.* (cried, crying) 1. to shout, due to fear or pain or to call someone, चिल्लाना, चीख़ना या पुकारना। 2. to weep, रोना, आँसू बहाना। 3. to announce in public, घोषणा करना। □ **cry out for,** to be in great need of, अत्यंत आवश्यक होना, पुकार मचाना; **cry wolf,** to raise false alarms, झूठे ही सहायता की पुकार करना। *n.* 1. a shout, a loud call,

चीख़, पुकार, गुहार, चिल्लाहट। 2. the characteristic call of an animal, किसी पशु या पक्षी के बोलने का शब्द, बोल। 3. an act of wailing, रोना, रोना-धोना। 4. a war cry, युद्धनाद। □ **cry for the moon**, अप्राप्य वस्तु के लिए जिद करना, गूलर का फूल माँगना; **cry one's heart out**, फूट-फूटकर रोना; **in full cry,** making loud noises, ज़ोर-शोर से।

crybaby (क्राइ´-बे-बी) ***n.*** a person who cries too readily with little cause, रोनी सूरतवाला व्यक्ति, ज़रा-सी बात पर रो पड़नेवाला व्यक्ति।

crying (क्राइ´-इंग्) ***adj.*** 1. bad, notorious, बुरा, कुख्यात। 2. lamentable, शोचनीय। 3. that demands attention, घोर, भारी, ध्यान देने योग्य; There is a crying need for a dispensary here, यहाँ एक दवाखाने की भारी जरूरत है।

crypt (क्रिप्ट्) ***n.*** an underground room in a church used as a burial place, तहख़ाना, तलघर।

cryptic (क्रिप्´-टिक्) ***adj.*** 1. hidden, secret, गुप्त, प्रच्छन्न, छिपा हुआ। 2. mysterious, रहस्यमय।

cryptogam (क्रिप्´-टॅ-गैम्) ***n.*** a flowerless plant, पुष्पहीन पादप, ऐसा पौधा जिसमें फूल न लगें।

cryptogenic (क्रिप्-टॅ-जेंन्´-इक्) ***adj.*** of mysterious origin, जिसका उद्भव रहस्यमय हो।

cryptogram (क्रिप्´-टॅ-ग्रैम्) ***n.*** a message written in secret letters, कूट संदेश।

cryptographer (क्रिप्-टॉग्´-रॅ-फ़ॅ:) ***n.*** an expert in cryptography, कूट विद्या या बीज-लेखन में निष्णात।

cryptography (क्रिप्-टॉग्´-रॅ-फ़ी) ***n.*** 1. the art of writing or deciphering codes, कूट-विद्या, बीज-लेखन। 2. a secret language, कूट भाषा।

crystal (क्रिस्-टॅल्) ***n.*** 1. a clear transparent colourless mineral, बिल्लौर, स्फटिक। 2. one of the pieces into which certain substances solidify, रवा।

crystal clear ***adj.*** obvious, सुस्पष्ट, स्फटिक की भाँति साफ़।

crystalline (क्रिस्´-टॅ-लाइन्/लिन्) ***adj.*** 1. transparent, पारदर्शक। 2. very clear, सुस्पष्ट। 3. made of crystals, रवेदार।

crystallize (क्रिस्´-टॅ-लाइज़्) ***v.*** (crystallized, crystallizing) 1. to form or cause to form crystals, रवेदार बनना या बनाना, रवे बनना या बनाना। 2. to assume or give a definite form, ठोस रूप प्राप्त करना या कराना, स्पष्ट रूप से उभरकर आना या उभारना।

cub (कब्) ***n.*** a young of a lion, bear, fox etc., पशु-शावक, जानवर का बच्चा। ***adj.*** inexperienced, अनुभवहीन; a cub reporter, अनुभवहीन या नौसिखिआ संवाददाता।

cubbyhole (कब्´-ई-होल्) ***n.*** 1. a small compartment, छोटा कक्ष। 2. a cupboard, अलमारी।

cube (क्यूब्) ***n.*** 1. a solid body with six equal sides, क्यूब, छहपहला पिंड, घन। 2. the product that results when the same number is used three times as a factor, घनफल ($4^3 = 4 \times 4 \times 4 = 64$) ***v.*** (cubed, cubing) 1. to cut something in cubes, क्यूब बनाना। 2. to raise a number or quantity to the third power, घनफल निकालना।

cube root (क्यूब्-रूट्) ***n.*** the number or quantity whose cubes is a given number or quantity, 4 is the cuberoot of 64, घनमूल।

cubic (क्यू´-बिक्) ***adj.*** 1. having the shape of a cube, cube-shaped, घन के आकार का, घनाकार। 2. having three dimensions, त्रिविमीय। 3. of the third power or degree, त्रिघाती।

cubical (क्यू´-बि-कॅल्) ***adj.*** cube-shaped, घनाकार। ***n.*** a sleeping compartment, शयनकक्ष।

cubit (क्यू´-बिट्) ***n.*** a measure equal to the length of the arm, हाथ-भर का नाप।

cuckold (कॅक्´-ऑल्ड्) ***n.*** a man whose wife has committed adultery, कुलटा का पति, व्यभिचारिणी का पति। ***v.*** (cuckolded, cuckolding) to make a cuckold of, कुलटा का पति बना देना।

cuckoo (कू´-कू) ***n.*** 1. a bird with a call that is like its name, कोयल, कोकिला। 2. the call

of this bird, कू, कूक। *adj.* stupid, foolish, मूर्ख।

cucumber (क्यू´-कम्-बॅ:) *n.* a plant and its fruit used as a salad, ककड़ी, खीरा।

cud (कड्) *n.* the food that cattle brought up again from the first stomach for chewing, जुगाली।

cuddle (कड्´-अॅल्) *v.* (cuddled, cuddling) 1. to hug tenderly, प्यार से गले लगाना। 2. to nestle, चैन से बैठना या लेटना। □ **cuddle up** to lie closely, चिपट या सटकर लेटना। *n.* a close embrace or hug, आलिंगन, गलबहियाँ।

cuddlesome (कड्´-अॅल्-सॅम्) *adj.* cuddly, प्यारा।

cuddly (कड्´-ली) *adj.* 1. pleasant to cuddle, आलिंगन के योग्य, गले लगाने लायक। 2. lovable, प्रिय, प्यारा।

cudgel (कज्´-अॅल्) *n.* a thick stick used as a weapon, सोंटा, लट्ठ, लाठी। *v.* (cudgelled, cudgelling) to beat with a cudgel, लाठी से प्रहार करना या मारना। □ **cudgel one's brains,** माथापच्ची करना, बहुत सोचना, भूली बात को याद करने की कोशिश करना; **take up the cudgels,** किसी का प्रबल समर्थन करना।

cue[1] (क्यू) *n.* 1. a signal or hint, संकेत। 2. something that gives a point to follow with specific lines or action, सूत्र। *v.* (cued, cuing) to give a cue to, संकेत करना, सूत्र देना या बताना।

cue[2] *n.* a rod used in playing billiards, बिलियर्ड खेलने का डंडा।

cuff[1] (कफ़्) *n.* a band or fold at the bottom of a sleeve, कफ़। □ **off the cuff,** without preparation, बिना तैयारी किए।

cuff[2] *n.* a slap, थप्पड़, तमाचा। *v.* (cuffed, cuffing) to slap, थप्पड़ मारना या लगाना, तमाचा मारना या जड़ना।

cuisine (क्वि-ज़ीन्´) *n.* 1. the style of cooking, पाक शैली। 2. a cooked food, व्यंजन।

cul-de-sac (कल´-डि-सैक्) *n.* a blind alley, a dead-end street, बंद गली।

culinary (क्यू´-लि-नॅर्-ई) *adj.* having to do with cooking or kitchen, रसोई या पाक विद्या-संबंधी।

cull (कल्) *v.* (culled, culling) 1. to pick (flowers, फूल) चुनना। 2. to select (from a herd, झुंड में से) चुनना, छाँटना। 3. to gather, इकट्ठा करना। *n.* an act of culling, चुनने या छाँटने की क्रिया या भाव, छाँट, छँटाई।

culminate (कल्´-मि-नेट्) *v.* (culminated, culminating) to reach highest and last point of development, ऊँचाई या शिखर पर पहुँचना, उत्कर्ष या पराकाष्ठा पर जा पहुँचना।

culmination (कल्-मि-ने´-शॅन्) *n.* 1. the state of being at the peak, पराकाष्ठा, ऊँचाई, बुलंदी। 2. the peak, शिखर।

culpability (कल्-पॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* guiltiness, सहदोषता, आपराधिकता।

culpable (कल्´-पॅ-बॅल्) *adj.* blameworthy, responsible for wrong, दोषी, आपराधिक।

culprit (कल्´-प्रिट्) *n.* 1. one who has committed a crime or offence, अपराधी। 2. an accused person, अभियुक्त।

cult (कल्ट्) *n.* 1. a system of religious worship, मत, संप्रदाय, पंथ। 2. devotion, admiration, भक्ति, श्रद्धा।

cultivable (कल्´-टि-वॅ-बॅल्) *adj.* that can be cultivated, खेती के योग्य, कृष्य।

cultivate (कल्´-टि-वेट्) *v.* (cultivated, cultivating) 1. to prepare land and raise crop, खेती करना, खेती-बारी करना, जुताई करना। 2. to produce crops, फ़सलें उगाना। 3. to develop, विकसित करना।

cultivation (कल्-टि-वे´-शॅन्) *n.* 1. the act of cultivating, कृषि, खेती-बारी। 2. development, विकास। 3. culture, संस्कृति।

cultivator (कल्´-टि-वे-टॅ:) *n.* 1. one who cultivates, खेतिहर, किसान। 2. a machine used in cultivating the land, ज़मीन जोतने का यंत्र, कल्टिवेटर।

cultural (कल्´-चॅ-रॅल्) *adj.* of or related to the culture, संस्कृति-संबंधी, सांस्कृतिक; cultural programme, सांस्कृतिक कार्यक्रम।

culture (कल्´-चॅ:) *n.* 1. intellectual or artistic understanding which constitutes the basis of social action, संस्कार। 2. the cus-

toms, institutions and beliefs of a particular society, संस्कृति। 3. development of mind or body, विकास, संवर्धन। 4. tillage, कृषि, जुताई। 5. the rearing and breeding of animals, पशु-संवर्धन। 6. the practice of growing bacteria for scientific analysis or study, जीवाणु-संवर्धन, जीवाणु-संस्कार। *v.* (cultured, culturing) 1. to grow bacteria for scientific analysis or study, जीवाणुओं का संवर्धन करना, जीवाणुओं का संस्कार करना। 2. to analyse, विश्लेषण करना।

cultured (कल्´-चॅःड्) *adj.* 1. educated and refined, showing good manners, सुसंस्कृत, परिष्कृत। 2. produced by man, artificial, मानव-निर्मित, कृत्रिम; cultured pearls, कृत्रिम मोती।

culvert (कल्´-वॅःट्) *n.* 1. an underground drain or channel, भूमिगत नाली या नाला। 2. a bridge over a culvert, पुलिया।

cumber (कम्´-बॅः) *v.* (cumbered, cumbering) to encumber, भारग्रस्त करना, भाराक्रांत करना।

cumbersome (कम्´-बॅः-सॅम्) *adj.* 1. weighty and clumsy, भारी-भरकम और बेढब। 2. difficult to manage, बेढंगा, बोझिल।

cum-dividend (कम्-डि´-वि-डॅन्ड) *adj.* including dividend, लाभांश सहित।

cumin (कम्´-इन्) *n.* = cummin.

cummerbund (क़´-मॅः-बन्ड्) *n.* a band worn round the waist, कमरबंद, पेटी।

cummin (कम्´-इन्) *n.* a plant and its aromatic seed, जीरा।

cumulative (क्यू´-म्यॅ-लॅ-टिव्) *adj.* 1. increasing by successive addition, बढ़ता और जुड़ता चलनेवाला, संचयमान। 2. amassed, aggregate, पुंजीभूत, एकत्रित।

cumulatively (~-ली) *adv.* in a cumulative manner, पुंजीभूत रूप में, जुड़कर।

cumulonimbus (क्यू´-म्यॅ-लो-निम्´-बॅस्) *n.* very thick dark cloud producing heavy rain, काली घटा।

cumulus (क्यू´-म्यॅ-लॅस्) n. a mass of cloud heaped on each other, मेघपुंज।

cuneiform (क्यू-नी´-इ-फ़ाःम्) *n.* wedged-shaped letters used in old writings of the Babylonians, Assyrians etc., कीलाक्षर, फन्नी लिपि।

cunning (कन्´-इंग्) *adj.* 1. clever in deceiving others, crafty, धूर्त, चालाक, कपटी। 2. ingenious, दक्ष, सयाना, चालू। 3. charming, सुंदर, आकर्षक। *n.* craftiness, धूर्तता, कपट, चालाकी।

cunningly (~-ली) *adv.* in a cunning manner, धूर्तता से, चालाकी से।

cup (कप्) *n.* 1. a small container with a handle used for drinking, कप, प्याला, चषक। 2. the amount it holds, प्याला-भर वस्तु, प्याला। 3. an ornamental cuplike vessel given to a prize-winner, कप। ☐ **not my cup of tea,** anything in which one is not interested, अरुचिपूर्ण, (ऐसी वस्तु) जिसमें किसी की रुचि न हो। *v.* (cupped, cupping) to form or shape like a cup, प्याले का रूप देना।

cupbearer (कप्´-बेंअॅर्-अॅः) *n.* one who serves wine, साकी, मधुवितरक।

cupboard (कब्´-अॅःड्) *n.* a set of shelves enclosed by doors, अलमारी।

cupful (कप्´-फ़ुल्) *n.* the contents of a cup, प्याला-भर वस्तु।

cup-holder (कप्´-होल्-डॅः) *n.* a holder of a cup i.e. the winner in the last competition, कप-विजेता।

cupid (क्यू´-पिड्) *n.* the God of love, कामदेव, मनोज।

cupidity (क्यू-पिड्´-इ-टी) *n.* greed, लोभ, लालच, लिप्सा।

cupola (क्यू´-पॅ-लॅ) *n.* a rounded dome forming the roof, गुबंद।

cupreous (क्यू´-प्रि-अॅस्) *adj.* containing copper, ताम्रयुक्त।

cur (कर्) *adj.* 1. a vicious or bad-tempered dog, दुष्ट कुत्ता। 2. despicable person, हेय व्यक्ति।

curable (क्यूर्´-अॅ-बॅल्) *adj.* capable of being cured, चिकित्स्य, उपचार के योग्य, साध्य।

curacy (क्यूर्´-अॅ-सी) *n.* the office or posi-

tion of a curate, पादरी-सहायक का पद।

curate (क्यूर्´-इट्) *n.* a clergyman who assists a priest, पादरी-सहायक।

curative (क्यूर्´-अॅ-टिव्) *adj.* tending to heal or cure, आरोग्यकर। *n.* anything that cures, आरोग्यकर पदार्थ।

curator (क्यू-रे´-टॅः) *n.* 1. a person incharge of a museum, संग्रहालयाध्यक्ष। 2. a person incharge of something, custodian, रक्षक, अभिरक्षक।

curatorial (क्यू-रे´-टॅ-रि-ॲल्) *adj.* pertaining to a curator, संग्रहाध्यक्ष-संबंधी।

curb (कःब्) *n.* 1. a restraint or check, नियंत्रण, रोक। 2. a strap used together with a bit to restrain a horse, लगाम। 3. an edging along a side-walk, किनारा, पट्टी। *v.* (curbed, curbing) to apply curb to, to restrain, रोक लगाना, नियंत्रित करना, लगाम लगाना।

curbstone (कःब्´-स्टोन्) *n.* a stone or row of stones that constitute a curb, पट्टी या किनारे का पत्थर।

curd (कःड्) *n.* a substance formed from coagulation of milk, दही।

curdle (कः´-डॅल्) *v.* (curdled, curdling) to become curd or turn into curd, दही जमना या जमाना। ☐ **curdle someone's blood,** to fill someone with fear, भयभीत कर देना, ख़ून सुखा देना, रोंगटे खड़े कर देना।

cure (क्योः, क्यूः) *v.* (cured, curing) 1. to heal or rid of (disease), निरोग करना। 2. to restore to health, अच्छा या चंगा कर देना। 3. to preserve (fish, meat etc.), परिरक्षित या संसाधित करना, प्रिज़र्व करना। *n.* 1. the act of curing or state of being cured, रोगमुक्ति, स्वास्थ्य-प्राप्ति। 2. a remedy, उपचार, चिकित्सा। 3. preservation, संसाधन, परिरक्षण।

cure-all (क्योर्´-आःल्) *n.* something that cures all kinds of diseases, रामबाण।

cureless (क्योः´-लिस्) *adj.* incurable, आसध्य, अचिकित्स्य, लाइलाज।

curettage (क्यूर्-अॅ-टाज़्ह´) *n.* surgical scraping of some bodily growth, खुरचकर निकालने की क्रिया।

curet, curette (क्यू-रेंट्´) *n.* a surgical scraping instrument, खुरचनी। *v.* (curetted, curetting) to scape with a curet, खुरचनी से निकालना, खुरचकर निकालना।

curfew (कः´-फ़्यू) *n.* an official order to remain indoor within certain hours, कर्फ़्यू।

Curia (क्यूर्´-इ-अॅ) *n.* the administrative department of the Vatican, रोम का प्रशासनिक विभाग।

curie (क्यूर्´-ई) *n.* a unit of radioactivity, रेडियोधर्मिता की एक इकाई, क्यूरी।

curio (क्यूर्´-इ-ओ) *n.* a rare or unusual object of art, कोई अलभ्य या असाधारण कलाकृति।

curiosity (क्यूर्-इ-ऑस्´-इ-टी) *n.* 1. in quisitiveness, जिज्ञासा, कौतूहल, कुतूहल; I asked him out of curiosity, मैंने कुतूहलवश उससे पूछा। 2. an unusual thing, कोई असाधारण वस्तु, कौतूहलजनक वस्तु।

curious (क्यूर्´-इ-अॅस्) *adj.* 1. eager to know or learn, जिज्ञासु। 2. singular, extraordinary, कौतूहलजनक, आश्चर्यजनक, विचित्र।

curl (कःल्) *v.* (curled, curling) 1. to twist into ringlets, छल्लेदार बनना, घुँघराला बनाना। 2. to grow into ringlets, छल्लेदार बनना, घुँघराला बनना। *n.* a curve of hair, घुँघराले या छल्लेदार बाल। ☐ **curl up,** to sit with the knees drawn up comfortably, टाँगें सिकोड़कर बैठना।

curlew (कः´-लू) *n.* a water-bird, एक जलपक्षी, जलरक।

curlicue (कः´-लि-क्यू) *n.* a decorative curl, घुँघराली लट या घुँघराला घुमाव।

curly (कः´-ली) *adj.* having curls, full of curls, घुँघराला, छल्लेदार।

curmudgeon (कॅः-मज्´-अॅन्) *n.* a surly or miserly person, चिड़चिड़ा या कृपण व्यक्ति।

currant (कर्´-अॅन्ट्) *n.* a small dried fruit, मुनक्का।

currency (कर्´-अॅन्-सी) *n.* 1. the money current in a country, मुद्रा, foreign currency, विदेशी मुद्रा। 2. prevalence, प्रचलन।

current (कर्´-अॅन्ट्) *adj.* 1. belonging to the

present time, present-day, वर्तमानकालिक; current topic, सामयिक विषय। 2. in general circulation or use, प्रचलित, चालू; current account, चालू खाता। *n.* 1. natural flow of water or air, धारा, प्रवाह। 2. the flow of electricity, विद्युत्प्रवाह, करेंट।

currently (कर्´-ॲन्ट्-ली) *adv.* now-a-days, आज-कल, इन दिनों।

curricular (कॅ-रिक्´-क्यु-लः) *adj.* of curriculam, पाठ्यक्रम-संबंधी।

curriculum (कॅ-रिक्´-यु-लॅम्) *n.* a course of study, पाठ्यक्रम, पाठ्यचर्या।

curry[1] (कर्´-ई) *n.* 1. spicy seasoning, बघार, छौंक। 2. a dish flavoured with this, शोरबा, सालन, कढ़ी। *v.* (curried, currying) to flavour with curry, छौंक लगाना, बघारना। □ **curry favour,** to ingratiate, किसी की हाँ में हाँ मिलाकर उसका कृपाभाजन बनना।

curry[2] (कर्´-ई) *v.* (curried, currying) to rub down (horse), खरहरा करना।

currycomb (कर्´-ई-कोमब्) *n.* a comb for grooming horses, खरहरा।

curry powder *n.* a powder used as curry, गरम मसाला, पँचफोरन।

curse (कःस्) *n.* 1. an appeal to a super natural power to bring harm to a person or thing, अभिशाप, शाप, सराप। 2. something that causes harm, an evil, अभिशाप, विपदा, बला। 3. a violent exclamation of anger, कोप। *v.* (crust or cursed, cursing) 1. to invoke a super natural power to bring harm to someone or something, सरापना, शाप देना, कोसना। 2. to damn, लानत भेजना, लानत-मलामत करना।

cursed (क´:-सिड्) *adj.* 1. under a curse, अभिशप्त, शाप से पीड़ित, शापित। 2. hateful, घृणित, बहुत ख़राब।

cursive (कः´-सिव्) *adj. & n.* (a writing) in which the letters are joined together, घसीट (लिखाई)।

cursorily (कः´-सॅ-रि-ली) *adv.* in a cursory manner, सरसरी तौर पर।

cursory (कः´-सॅ-री) *adj.* hasty and quick, hurried, सरसरी तौर पर होनेवाला; cursory glance, सरसरी निगाह।

curt (कःट्) *adj.* 1. rudely, blunt, (व्यक्ति) अक्खड़ या रूखा; (उत्तर) मुँहतोड़। 2. brief, संक्षिप्त।

curtail (कः-टेल्´) *v.* (curtailed, curtailing) to cut short, काटना-छाँटना, काट-छाँट देना, कम कर या घटा देना।

curtailment (~-मॅन्ट्) *n.* the act of curtailing, काट-छाँट, कमी, घटाव।

curtain (कः´-टॅन्) *n.* 1. a cover for a window or door, परदा। 2. a screen, परदा, आड़। *v.* (curtained, curtaining) 1. to provide with curtains, परदे लगाना। 2. to conceal, ढकना, तोपना, परदा डालना। 3. to shut off with a curtain, परदा कर देना, आड़ कर देना।

curtain-raiser (कः´-टॅन्-रेज़्-ॲः) *n.* a short dramatic piece presented before the main play, नाटक के प्रदर्शन से पूर्व की कोई छोटी नाटकीय प्रस्तुति।

curtsey (कःट्´-सी) *n.* = curtsy.

curtsy (कःट्´-सी) *n.* a formal gesture of greeting by women by bending the knees and lowering the body, (स्त्रियों द्वारा) अभिवादन घुटने मोड़ और सिर झकाकर प्रणाम, नमन।

curvaceous (कः-वे´-शॅस्) *adj.* (a woman) having a well-rounded body, गोल-मटोल (स्त्री)।

curvature (कः´-वॅ-च़ॅः) *n.* curved part of a thing, गोलाई, गुलाई, वक्रता।

curve (कःव्) *n.* a continuously bending line, वक्र-रेखा। *v.* (curved, curving) to bend so as to form a curve, वक्र होना या करना।

cushion (कुश्´-ॲन्) *n.* a pillow to sit, rest or lie on, गद्दी, कुशन।

cushy (कुश्´-ई) *adj.* comfortable, आरामदेह, आरामदायक।

cusp (कस्प्) *n.* 1. a point, सिरा, शीर्ष। 2. a pointed end, नोक।

cuspid (कस्´-पिड्) *n.* a canine tooth, नुकीला दाँत।

cuspidor (कस्´-पि-डॉः) *n.* a spittoon,

थूकदान।

cuss (कस्) *n.* a curse, शाप, अभिशाप।

cussed (कस्´-इड्) *adj.* 1. cursed, अभिशप्त, शापित। 2. awkward, भद्दा, भोंडा। 3. stubborn, हठी, ज़िद्दी।

custard (कस्´-टःड्) *n.* a sweet (frozen) dish, कस्टर्ड, फिरनी।

custodial (कस्-टो´-डि-ॲल्) *adj.* of or pertaining to custody, अभिरक्षण-संबंधी, अभिरक्षणीय।

custodian (कस्-टो´-डि-ॲन्) *n.* 1. a keeper or caretaker, अभिरक्षक, रखवाला; custodian of records, अभिलेख-अभिरक्षक। 2. a door-keeper, द्वारपाल।

custody (कस्´-टॅ-डी) *n.* 1. the act of keeping safe guardianship, अभिरक्षा; custody of law, विधि की अभिरक्षा। 2. imprisonment, हिरासत, क़ैद। □ **take into custody,** to arrest, गिरफ़्तार करना, हिरासत में लेना।

custom (कस्´-टॅम्) *n.* 1. a usual way of doing something in a particular society, a long continued practice, रूढ़ि, प्रथा, रिवाज। 2. (plu.) a tax or duty on imported goods, सीमा-शुल्क। 3. (plu.) the government department dealing with customs, सीमा-शुल्क विभाग।

customarily (कस्´-टॅ-मॅर्/मेॅर्-इ-ली) *adv.* as a rule or practice, traditionally, प्रथा के अनुसार, प्रथानुसार।

customary (कस्´-टॅ-मॅ-री, कस्´-टॅ-मेॅर्-ई) *adj.* 1. established by custom, प्रथा के रूप में होनेवाला, रूढ़िगत, प्रथागत, रिवाजी। 2. usual, सामान्य।

custom-built (कस्-टॅम्-बिल्ट्´) *adj.* made or built according to the specifications of a customer, ग्राहक के निर्देशों के अनुसार बना हुआ, निर्देश-निर्मित।

customer (कस्´-टॅ-मॅः) *n.* 1. one who buys goods or services from a shop etc., ग्राहक, गाहक। 2. a person one has to deal with, ग्राहक।

customhouse (कस्´-टॅम्-हॉउस्) *n.* a building where customs are collected, सीमा-शुल्क भवन।

custom officer (कस्´-टॅम्-ऑ´-फ़ि-सॅः) *n.* an officer who collects customs, सीमा-शुल्क अधिकारी।

custom-made (कस्-टॅम्-मेड्) *n.* = custom-built.

customs house *n.* = customhouse.

cut (कट्) *v.* (cut. cutting) 1. to divide or open up with a sharp-edged instrument, काटना, चीरना, खोलना। 2. to be divided with a sharp-edged instrument, कटना, चीरा जाना, खुलना। 3. to remove by cutting, काटकर निकाल देना। 4. to bite, काटना, काट खाना। 5. to shorten or trim, काटकर छोटा कर देना, काटना-छाँटना; to cut hair, बाल काटना। 6. to harvest, कटाई करना। 7. to hollow or dig out, खुदाई करना, ज़मीन काटना। 8. to hit the ball in the game of cricket with a horizontal bat, कट करना। 9. to hurt the feelings of someone, दुख पहुँचना; She cut me deeply with her insults, उसने अपने वाणों (अपमानसूचक शब्दों) से मेरा कलेजा छलनी कर दिया। 10. to stay away deliberately or without permission, जान-बूझकर या बिना अनुमति के गैरहाज़िर होना। 11. to make a sharp sudden change in direction, कट करना। 12. to divide the pack of cards, (पत्ते या गड्डी) काटना। 13. to ignore (someone) deliberately, जान-बूझकर उपेक्षा करना। 14. to switch off, स्विच बंद करना। □ **a cut above,** (दूसरों से) कुछ ऊँचा या बड़ा; He considers himself a cut above others, वह अपने आपको औरों बड़ा समझता है; **cut a sorry figure,** to appear in a poor way, अपना-सा मुँह लेकर रह जाना, शर्मिंदा होना, अयोग्य सिद्ध होना, निष्प्रभावी होना; **cut-dead,** ignore, उपेक्षा करना; **cut down,** to reduc छाटा करना; **cut in** (i) to interrupt, बीच म बोल पड़ना; (ii) to return rapidly to one's own side of the road after overtaking another vehicle, कट करना; **cut no ice,** to have no effect or influence, दाल न गलना, निष्प्रभावी होना; **cut off,** to prevent from continuing, काट देना; **cut one's coat**

अः bird बःड्, अॅः tear टिअॅः, ऍअॅ air ऍअॅः, आई five फ़ाइव्, ऑइ boy बॉइ/बॉय, इअॅ near निअॅः
उअॅ poor पुअॅः, च् chat चैट्, थ् thing थिंग्, द् this दिस्, फ़् full फ़ुल्, व़् wait व़ेट्

according to cloth, to act according to one's means, चादर देखकर पैर फैलाना; **cut out,** to shape by cutting, काटकर सँवारना या निखारना; **cut out for,** fit for a particular job, (किसी काम के लिए) बना होना; **cut up,** (i) to cut into small pieces, टुकड़े-टुकड़े करना। (ii) to judge severely, कटु आलोचना करना, धज्जियाँ उड़ाना (पुस्तक आदि की); **cut one's wisdom teeth,** बुद्धि या विवेक का विकास होना। *n.* 1. the act of cutting, काटने की क्रिया या भाव, कटाई, कटाव। 2. a wound made by a sharp-edged instrument, घाव, कट। 3. a piece of meat, मांस की बोटी या टुकड़ा। 4. a style of cutting, काटने की शैली, काट। 5. a cutting remark, कटाक्ष, चुभती हुई बात। 6. a reduction, कटौती, घटाव, कमी। 7. a share of loot, profit etc., हिस्सा।

cut-and-dried (कट्´-अन्-ड्राइड्) *adj.* 1. fixed or settled, नियत और स्थिर। 2. planned, योजनाबद्ध। 3. routine, नियमित। 4. lacking freshness, बासी

cutaneous (क्यु-टे´-नि-अॅस्) *adj.* of or relating to the skin, त्वचा-संबंधी, त्वचीय।

cutaway (कट्´-अॅ-वे) *n.* in television, a change from one scene to another, दृश्य-परिवर्तन। *adj.* having a portion cut away, जिसका कोई अंग या अवयव काटकर निकाल लिया गया हो।

cutback (कट्´-बैक्) *n.* 1. a reduction, कटौती। 2. a decrease, कमी, घटी।

cute (क्यूट्) *adj.* 1. very attractive or beautiful, अत्यंत आकर्षक या अति सुंदर। 2. delightful, सुखद, प्रिय। 3. shrewd, clever, चालाक, चलता-पुर्ज़ा।

cutely (क्यूट्´-ली) *adv.* in a cute manner, चालाकी से, धूर्तता से।

cuticle (क्यू´-टि-कॅल्) *n.* dead skin at the base of a nail, नाख़ून की जड़ में निकलनेवाला मांसपिंड, सुतरा।

cutlass (कट्´-लॅस्) *n.* a short curved sword, खुखरी, दराँती।

cutler (कट्´-लॅ:) *n.* a person who makes or sells cutlery, चाकू, छुरियाँ, काँटे, चम्मच आदि बनाने या बैचनेवाला।

cutlery (कट्´-लॅ-री) *n.* 1. cutting instruments, काटने के उपकरण। 2. knives, forks, spoons etc. used in eating or serving food, चाकू, छुरियाँ, काँटे, चम्मच आदि जिन से भोजन किया या परोसा जाता है। 3. the business of a cutler, चाकू-छुरियाँ बनाने का धंधा।

cutlet (कट्´-लिट्) *n.* 1. a slice or piece of meat, बोटी। 2. a fried dish of meat or potatoes, मीट चाप, आलूचाप।

cutoff (कट्´-आ:फ़्) *n.* 1. a shortcut or bypass, छोटा रास्ता। 2. a limit or point of termination, सीमा, सीमांत।

cutout (कट्´-आउट्) *n.* something cut out or intended to be cut out, तराशी हुई वस्तु, तराशी जानेवाली वस्तु, कागज या गत्ते से काटकर बनाई आकृति या चित्र।

cutpurse (कट्´-प:स्) *n.* a pickpocket, जेब कतरा, गिरहकट।

cutrate (कट्´-रेट्) *adj.* offered or available at prices below the standard price, कम दामों पर उपलब्ध, गिरे दामों पर मिलनेवाला, सस्ता।

cutter (कट्´-अॅ:) *n.* 1. one who cuts, काटनेवाला। 2. that which cuts, काटने का उपकरण। 3. a small boat, एक प्रकार की छोटी नाव।

cutthroat (कट्´-थ्रोट्) *n.* a person who cut throats, दूसरों का गला काटनेवाला, गलाकाटू। *adj.* intense, fierce, merciless, उग्र, प्रचंड, बेरहम, निर्मम, गलाकाटू; cutthroat competition, गलाकाटू प्रतियोगिता, निर्मम प्रतियोगिता, ज़बरदस्त मुकाबला।

cutting (कट्´-इंग्) *n.* 1. the act of cutting, कटाई; hair-cutting, बाल-कटाई। 2. a shoot cut from a plant for grafting, कलम। 3. a piece or news-item cut out from a newspaper, कतरन। *adj.* hurtful, हानि या चोट करनेवाला; hurtful remark, चुटीला या कटु आक्षेप।

cyanide (साइ´-अॅ-नाइड्/निड्) *n.* a very poisonous chemical substance, एक प्रकार का अत्यंत विषैला रासायनिक पदार्थ।

cycle (साइ´-कॅल्) *n.* 1. a periodically repeated

sequence of events, चक्र। 2. the time needed for one such series, समय-चक्र। 3. a short form of bicycle or motorcycle, साइकिल, मोटरसाइकिल। *v.* (cycled, cycling) 1. to travel by or ride a cycle, साइकिल चलाना, साइकिल पर सवार होना। 2. to move in or pass through a cycle, चक्कर लगाना, घूम कर आना।

cyclic (साइक्´-लिक्, साइ´-क्लिक्) ***adj.*** 1. recurring or revolving in cycles, चक्रीय। 2. forming a cycle, चक्राकार।

cyclical (साइ´-क्लि-कॅल्) ***adj.*** = cyclic.

cyclist (साइ´-क्लिस्ट्) ***n.*** one who rides a bicycle or motorcycle, साइकिल-सवार, मोटर-साइकिल-सवार।

cyclone (साइ´-क्लोन्) ***n.*** a violent rotating windstorm, तूफ़ान, अंधड़, आँधी, चक्रवात।

cyclonic (साइ´-क्लॉन्´-इक्) ***adj.*** of or relating to a cyclone, चक्रवात-संबंधी, चक्रवातीय, तूफ़ानी।

cyclostyle (साइ-क्लो´-स्टाइल्) ***n.*** a duplicator machine, प्रतिलिपि-यंत्र। *v.* (cyclostyled, cyclostyling) to print cyclostyled copies, प्रतिलिपियाँ तैयार करना।

cygnet (सिग्´-निट्) ***n.*** a young swan, हंसशावक।

cylinder (सिल्´-इन्-डॅः) ***n.*** a solid or hollow roller-shaped object, बेलन, सिलेंडर।

cylinderical (सि-लिन्´-ड्रि-कॅल्) ***adj.*** shaped like a cylinder, बेलनाकार।

cymbal (सिम्´-बॅल्) ***n.*** one of a pair of brass plates that are struck together in a musical performance, झाँझ, मंजीरा।

cymbalist (सिम्´-बॅ-लिस्ट्) ***n.*** a person who is expert in playing cymbals, झाँझी, झाँझ बजानेवाला।

cynic (सिन्´-इक्) ***n.*** 1. one who believes that all people are motivated by selfishness, वह जिसे सब लोग स्वार्थी प्रतीत हों, वह जो यह मानता हो कि सभी स्वार्थवश कार्य करते हैं, सिनिक, दोषदर्शी। 2. one who believes people's motives are bad, नकचढ़ा।

cynical (सिन्´-इ-कॅल्) ***adj.*** believing that everyone is selfish, हर एक को स्वार्थी समझनेवाला।

cynicism (सिन्´-इ-सिज्-अॅम्) ***n.*** the theory that pleads that everyone acts selfishly, दोषदर्शिता, स्वार्थवाद।

cynosure (साइ´-नॅ-शूः) ***n.*** 1. a centre of admiration or attraction, आकर्षण-केंद्र, आँखों का तारा। 2. the pole star, ध्रुव तारा।

cypher (साइ´-फ़ः) ***n.*** 1. the figure of zero, सिफ़र, शून्य। 2. secret writing, गूढ़लेख।

cypress (साइ´-प्रिस्) ***n.*** an evergreen tree, एक सदाबहार वृक्ष।

Cypriot (सिप्´-रि-अॅट्) ***n.*** an inhabitant of Cyprus, साइप्रसवासी। ***adj.*** of Cyprus, साइप्रस-संबंधी।

cyst (सिस्ट्) ***n.*** a semisolid bodily sac, रसौली, गट्ठा।

Cytology (साइ-टॉल्´-अॅ-जी) ***n.*** the science dealing with cells, कोशिका विज्ञान।

Czar (ज़ाः) ***n.*** a title of former emperors of Russia, पुराने रूसी सम्राटों की पदवी, ज़ार।

Czarina (ज़-री´-नॅ) ***n.*** the wife of a czar, ज़ार की पत्नी।

Czech (चेंक्) ***adj.*** of or pertaining to Czechoslovakia, चेकोस्लोवाकिया-संबंधी। ***n.*** 1. a native of Czechoslovakia, चेकोस्लोवाकिया का वासी। 2. the language of Czechoslovakia, चेकोस्लोवाकिया की भाषा।

D

D, d (डी) *n.* 1. the fourth letter of the English alphabet, अंग्रेज़ी वर्णमाला का चौथा वर्ण। 2. the Roman numeral symbol for 500, 500 की संख्या का सूचक वर्ण। 3. the lowest passing grade given to students, परीक्षा में उत्तीर्ण होनेवाले छात्रों की निम्न श्रेणी का सूचक चिह्न।

dab (डैब्) *n.* 1. a light tap, थपकी, स्पर्श, खटखट। 2. a small amount, अल्प राशि। *v.* (dabbed, dabbing) 1. to pat quickly and lightly, थपथपाना, स्पर्श करना, छूना, खटखट करना। 2. to press quickly and lightly, to apply, हलके हाथ से लगाना या पोतना।

dabble (डैब्´-अॅल्) *v.* (dabbled, dabbling), 1. to dip, move or splash in a liquid, डुबाना, घँघोलना या छपछप करना। 2. to move the feet, hands or bill lightly in water or mud, पानी या कीचड़ में हाथ-पैर, चोंच आदि चलाना, सानना। 3. to splash in or out of water playfully, जल-क्रीड़ा करना। 4. to undertake something without serious intent, बिना गंभीरता के कोई काम करना, बेमन से कोई काम करना, खिलवाड़ करना; She dabbles in photography, उसका फोटोग्रफ़ी में नाममात्र का ही दख़ल है।

dabbler (डैब्´-लॅः) *n.* one who does something not seriously, मन लगाकर या गंभीरता से काम न करनेवाला व्यक्ति, पल्लवग्राही, नीम हकीम।

dachshund (डैक्स्´-हॅन्ड्, डॉक्स्´-हून्ड्) *n.* a dog with long body and small legs, छोटी टाँगों तथा लंबे शरीरवाले कुत्तों की एक जाति।

dacoit (डॅ-कॉइट्´) *n.* one who commits dacoity, डाकू।

dacoity (डॅ-कॉइ´-टी) *n.* robbery with violence committed by a gang, डकैती।

Dacron (डे´-क्रॉन्) *n.* a kind of wrinkle resisting synthetic fabric डेकरान।

dad (डैड्) *n.* father, पिता, बाप।

Dada (डा´-डा) *n.* an artistic movement of the early 20th century, बीसवीं शताब्दी के आरंभिक वर्षों का एक कला आंदोलन।

Dadaism (डा´-डा-इज़्-अॅम्) *n.* = Dada.

daddy (डैड्´-ई) *n.* father, पिता, बाप।

dado (डे´-डो) *n.* the lower portion of the wall usually coloured differently from the upper part, दीवार का निचला भाग जिसका रंग ऊपरी भाग से भिन्न हो।

dady-longlegs (डैड्´-इ-लाःङ्ग्/लेंग्स) *n.* a crane fly. एक प्रकार की मक्खी।

daemon (डी´-मॅन्) *n.* a demon, दानव, राक्षस।

daff (डैफ़्) *n.* = daffodil.

daffodil (डैफ़्´-अॅ-डिल्) *n.* a garden plant and its flower, डैफ़ोडिल, नरगिस।

daffy (डैफ़्´-ई) *adj.* (dafter, dafest) foolish, मूर्ख, बेवकूफ़।

daft (डैफ़्ट्) *adj.* simple and foolish, बोदा, भोला, मूर्ख, पागल, सनकी; He has gone daft over the cricket. वह क्रिकेट के पीछे पागल हो गया है।

daftness (डैफ़्ट्´-निस्) *n.* foolishness, मूर्खता, पागलपन।

dagger (डैग्´-अॅः) *n.* 1. a short two-edged weapon, कटार, कृपाण, दुधारी छुरा। 2. a symbol used as a reference mark, चिह्न, संदर्भ-चिह्न। □ **at daggers drawn,** in a state of open hostility, मार-काट के लिए उतारू, लड़ने-भिड़ने के लिए उतावला; **look daggers at,** to stare angrily at, गुस्से से देखना, घूरना।

dago (डे´-गो) *n.* a foreigner with dark skin, काली चमड़ीवाला विदेशी।

dahlia (डेल्´-इअॅ, डैल्´-यॅं) *n.* a garden plant and its flower, डहलिया।

daily (डे´-ली) *adj.* happening or occurring every day or every weekday. प्रति दिन होने या निकलनेवाला, दैनिक, daily routine दैनिक चर्या, नित्यकर्म। *adv.* 1. once a day, दिन में एक बार। 2. everyday, प्रतिदिन, हर रोज़, नित्य। 3. often प्रायः, अक्सर। *n.* a daily newspaper, दैनिक समाचार-पत्र, दैनिक।

daily bread *n.* one's livelihood, जीविका, रोज़ी।

daily dozen *n.* a set of daily exercises, दैनिक व्यायाम।

dainties (डेन्´-टीज़्) *n.* (plu.) something delicious, स्वादिष्ट व्यंजन या पकवान।

dainty (डेन्´-टी) *adj.* 1. elegant, सुंदर, नाज़ुक कोमल, साफ़-सुथरा; She is a dainty creature. वह बहुत नाज़ुक है। 2. delicious, स्वादिष्ट, मज़ेदार, सुस्वादु।3. fastidious about food, खाने-पीने में नखरा करनेवाला, नख़रेबाज़, नकचढ़ा।

daiquiri (डाइ´-कि-री) *n.* a cocktail, कॉकटेल, मिश्रित मदिरा।

dairy (डेअॅर्´-ई) *n.* a farm or building where milk and milk products are produced, दुग्धशाला, डेरी, दुग्ध उद्योग।

dairy cattle (डेअॅर्-ई-कै´-टल्) *n.* cows raised for milk, दूध के लिए पाले जानेवाले पशु, गाएँ-भैंसें।

dairy farm (डेअॅर्-ई-फ़ाःम्) *n.* a farm for producing milk and milk products, दुग्धशाला, गोशाला।

dairying (डेअॅर्´-इ-इंग्) *n.* the business of running a dairy, दुग्धशाला चलाना, दुग्ध-व्यवसाय।

dairymaid (डेअॅर्´-इ-मेड्) *n.* a woman who works in a dairy, दुग्धशाला में काम करनेवाली औरत।

dairyman (डेअॅर्´-इ-मॅन्) *n.* a dealer in milk, दूधवाला, दुग्ध व्यवसायी।

dais (डे´-इस्) *n.* a raised platform in a lecture hall, डायस, मंच, वक्ता-पीठ।

daisy (डे´-ज़ी) *n.* a garden plant and its flower, डेज़ी।

dale (डेल्) *n.* a valley, घाटी, उपत्यका।

dalliance (डैल्´-इ-अॅन्स्) *n.* the act of dallying, खिलवाड़, छेड़छाड़, छेड़खानी, दिल्लगी; समय की बर्बादी।

dally (डैल्´-ई) *v.* (dallied, dallying) 1. to flirt playfully, (किसी से) खिलवाड़ करना, छेड़छाड़ करना, छेड़खानी करना, दिल्लगी करना। 2. to lose time (by idleness, झूठ-मूठ की बातों में) समय बरबाद करना।

Dalmation (डैल्-मे´-शॅन्) *n.* a large white dog with dark spots, काले धब्बोंवाले सफ़ेद बड़े कुत्तों की एक जाति।

dam[1] (डैम्) *n.* 1. a wall or barrier built (across a river) to control the flow of water, बाँध, डैम। 2. a reservoir of water created by such a barrier, बाँध, डैम। *v.* (dammed, damming) 1. to build a dam across the river, बाँध बनाना। 2. to hold back, to check, नियंत्रित करना, रोकना, अवरुद्ध करना।

dam[2] *n.* a female parent of a four-footed animal, मादा चौपाया।

damage (डैम्´-इज्) *n.* 1. loss, injury or harm, क्षति, हानि, नुक्सान। 2. loss of something in transit, टूट-फूट, क्षति। 3. (plu.) the sum claimed or paid in compensation for loss or injury, हर्जाना, नुकसानी, क्षतिपूर्ति। *v.* (damaged, damaging) 1. to cause damage to, to cause injury to, (किसी को) नुकसान या चोट पहुँचाना, (किसी की) हानि करना, प्रतिष्ठा गिराना। The scandals have damaged the government a great deal, घोटालों के कारण सरकार की प्रतिष्ठा बहुत गिरी है।2. to suffer damage, हानि होना, नुकसान होना।

damaged (डैम्´-इज्ड्) *adj.* impaired, broken or injured, क्षतिग्रस्त, कटा-फ़टा।

damaging (डैम्´-इज्-इंग्) *adj.* causing damage, injurious, हानिकर, नुकसानदेह।

damask (डैम्-अॅस्क्) *n.* a rich patterned fabric, एक प्रकार का बेल-बूटेदार कपड़ा।

damask rose *n.* a variety of rose, एक प्रकार का गुलाब का पौधा और उसका फूल।

dame (डेम्) *n.* 1. a lady, महिला, श्रीमती। 2. a woman of rank, उच्चपदस्थ महिला। 3. an elderly woman, वृद्धा।

damn (डैम्) *v.* (damned, damning) 1. to condemn, criticize or curse, भर्त्सना करना, बुरा-भला कहना, कोसना। 2. to condemn to hell, नरक में भेजना। ☐ **Damn it.** To condemn to eternal punishment in hell, नरक भेजो, लानत भेजो। *interj.* an exclamation of anger or annoyance, लानत है!

damnable (डैम्´-नॅ-बॅल्) *adj.* 1. deserving condemnation, निंदनीय। 2. hateful, घृणित।

damnation (डैम्-ने´-शॅन्) *n.* the act of damning or the state of being damned, लानत-मलामत, कोसाकाटी, छीछालेदर।

damned (डैम्ड्) *adj.* 1. accursed, अभिशप्त, शापित। 2. damnable, निंदनीय, बुरा। *adv.* 1. damnably, लानत-मलामत करते हुए। 2. extremely, अत्यधिक; It's damned cold. आज कड़ाके की सर्दी है। a damned good idea, बहुत ही ऊँचा विचार। ☐ **do one's damnedest,** to do one's very best, अपनी तरफ़ से पूरा ज़ोर लगाना, हर संभव उपाय करना, कोई कसर उठा न रखना।

damning (डैम्´-इंग्) *adj.* bad, बुरा; damning news, बुरी ख़बर।

damp (डैम्प्) *adj.* slightly wet, moist. नम, आर्द्र, सीलन-भरा। *n.* 1. moisture नमी, आर्द्रता, सीलन। 2. discouragement, निराशा, उत्साह-भंग। *v.* (damped, damping) 1. to make damp, नम करना, आर्द्र करना। 2. to check, रोकना, रोक-थाम करना। 3. to decrease the amplitude of, (आवाज़) कम करना।

dampen (डैम्´-पॅन्) *v.* (dampened, dampening) 1. to make or become damp, नम करना या होना। 2. to decrease or depress, घटाना, दबाना, अवमंदन करना, जोश ठंडा करना।

damper (डैम्´-पॅ:) one who discourages, हतोत्साहित करनेवाला, अवमंदक।

dampness (डैम्प्´-निस्) *n.* the state of being damp, नमी, आर्द्रता।

damp-proof (डैम्प्´-प्रूफ़्) *n.* a substance that resists dampness, सीलन-रोधी पदार्थ।

damsel (डैम्´-ज़ॅल्) *n.* a young woman or girl, युवती, किशोरी।

damson (डैम्´-ज़ॅन्) *n.* a tree and its plum-like edible fruit, आलूबुख़ारा।

dance (डैन्स्, डान्स्) *v.* (danced, dancing) 1. to move the feet and body rhythmically, नाचना, नृत्य करना, नर्तन करना, डाँस करना। 2. to skip or leap about, कूदना-फाँदना। 3. to bob up and down, तेज़ी से आना-जाना। *n.* 1. a set of rhythmic steps and motions, नाच, नृत्य, डांस; dance master, नृत्याचार्य। 2. an act of dancing, नर्तन। 3. dance like movements, नाच, उछल-कूद।

dancer (डैन्स्´-अ:, डान्स्´-अ:) *n.* one who is expert in dancing, नाचनेवाला, नाचनेवाली, नर्तक/नर्तकी।

dancing girl (डैन्´-सिंग्-ग:ल्) *n.* a girl whose profession is dancing, नर्तकी, नाचनेवाली।

dancing mania (डैन्´-सिंग्-मे-नि-अॅ) *n.* mania for dancing, नृत्योन्माद।

dandelion (डैन्´-डॅ-लाइ-अॅन्) *n.* a plant and its flower, सिंहपर्णी।

dander (डैन्´-डॅ:) *n.* anger, indignation, गुस्सा, रोष, क्रोध, His dander is up, उसे गुस्सा चढ़ा हुआ है।

dandify (डैन्´-डि-फ़ाइ) *v.* (dandified, dandifying) to dress like a dandy, बाँके-छैले की तरह सजना या सजाना।

dandle (डैन्´-डॅल्) *v.* (dandled, dandling) to move a small child up and down in one's arms or on one's knees. बच्चे को बाँहों में या घुटनों पर उछालना।

dandruff (डैन्´-ड्रफ़्) *n.* small particles of dead skin shed from the scalp, रूसी।

dandy (डैन्´-डी) *n.* one who pays excessive attention to the smartness of his appearance and clothes, छैला, बाँका, बना-ठना, छबीला, छैल-छबीला। *adj.* very good or fine, बहुत बढ़िया, उत्कृष्ट।

dandyism (डैन्´-डि-इज़्-अॅम्) *n.* the quality or state of being a dandy. बाँकपन, छैलापन।

अ cup कप्, अॅ again अॅगेन्, अॅ bell बॅल्, आ car कार्, ऑ pot पॉट्, आ: caught का:ट्, इ pit पिट्
ई sheep शीप्, उ put पुट, ऊ boot बूट्, ए make मेक्, ऐ cat कैट्, ओ note नोट्

Dane (डेन्) *n.* an inhabitant of Denmark. डेनमार्क (देश) का निवासी।

danger (डेन्´-जः) *n.* 1. exposure to evil, injury or pain, peril, संकट, ख़तरा; danger signal ख़तरे का संकेत, danger zone ख़तरनाक क्षेत्र। 2. a thing that causes this, ख़तरा। Illiteracy is a danger to democracy, निरक्षरता लोकतंत्र के लिए ख़तरा है।

dangerous (डेन्´-जॅ-रॅस्) *adj.* 1. causing danger, alarming, ख़तरनाक, संकटपूर्ण, भयंकर। 2. full of danger, precarious, गंभीर, संकटापन्न।

dangerously (~-ली) *adv.* alarmingly, perilously, ख़तरनाक ढंग से।

dangle (डैङ्ग्´-गॅल्) *v.* (dangled, dangling) 1. to hang or cause to hang loosely, लटकना या लटकाना, झूलना या झुलाना। 2.to hold in suspense, झुलाए रखना, लटकाए रखना। 3. to display as an enticement, प्रलोभन देना। Do'nt keep me dangling, tell me whether I have been selected or not. मुझे लटकाए मत रखो और यह बताओ कि क्या मैं चुन लिया गया हूँ या नहीं।

Danish (डे´-निश्) *adj.* 1. of Denmark or the Danes. डेनमार्क देश या डेनमार्क वासियों से संबद्ध। 2. of the language of Denmark, डेनमार्क की भाषा से संबद्ध।

dank (डैङ्क्) *adj..* damp, wet or chilly, नम, गीला, तर, बर्फ़-सा या ठंडा।

dapper (डैप्´-अः) *adj.* 1. neat and smart in dress and appearance, बना-ठना, बाँका। 2. small and nimble, छोटा पर चुस्त, फ़ुर्तीला।

dapple (डैप्´-अॅल्) *v.* (dappled, dappling) to mark with spots, चित्तियाँ, धब्बे आदि डालना, चितकबरा बनाना।

dare (डेअः) *v.* (dared, daring) 1. to be courageous enough to try (to do something), हिम्मत पड़ना, हौसला होना, धृष्टता करना। 2. to challenge someone to do something requiring boldness, ललकारना, चुनौती देना। 3. to take the risk of, जोखिम उठाना।4. to face as a danger, सामना करना। □ **I dare say,** it is very likely, बहुत संभव है कि...... ।*n.* a challenge, चुनौती, ललकार।

daredevil (डेअः´-डेंव्-इल्) *n.* a person who is recklessly bold, दुस्साहसी, बेधड़क, निर्द्वंद्व।

daring (डेअॅर्-इंग्) *adj.* 1. bold, fearless, निर्भीक, दिलेर, अतिसाहसी, अतिसाहसपूर्ण। 2. adventurous, जोखिमी, दिलेर। *n.* boldness, courage, rudness, साहस, दिलेरी, धृष्टता।

dark (डाःक्) *adj.* 1. lacking light, अँधेरा,अंधकारपूर्ण; dark night, अँधेरी रात। 2. lacking brightness, काला। 3. not fair, काला, साँवला, कृष्ण। 4. having dark skin or hair, काली त्वचा या काले बालोंवाला। 5. gloomy, dismal, उदास, विषादपूर्ण।6. secret, mysterious, गुप्त, रहस्यपूर्ण। 7. evil, sinister, बुरा, दूषित।8. not known, अज्ञात। *n.* 1. absence of light, अँधेरा, अंधकार। 2. night or nightfall, रात्रि या संध्या। 3. a dark colour, काला रंग।4. want of knowledge, ignorance, अज्ञान। □ **in the dark,** in the state of ignorance, अँधेरे में; He kept me in the dark, उसने मुझे अँधेरे में रखा।

Dark Ages *n.* unenlightened period in our history, अंधकार युग।

darken (डाः´-कॅन्) *v.* (darkened, darkening) 1. to become dark, काला होना।2. to make dark, काला करना।

dark horse *n.* a competitor about whom little is known before the contest but who wins it, छिपा रुस्तम।

darkish (डाः´-किश्) *adj.* rather dark, काला-सा, कुछ-कुछ काला।

darkness (डाःक्´-निस्) *n.* the absense of light, अँधेरा।

darkroom (डाःक्´-रूम्) *n.* a closed room in which photographs are processed, बंद कमरा, अँधेरा कमरा, डार्करूम।

darling (डाः´-लिंग्) *adj.* beloved or pleasing, प्यारा, प्रिय, चहेता। *n.* a dearly loved person, प्रिय/प्रिया, चहेता/चहेती।

darn (डाःन्) *v.* (darned, darning) to mend by weaving thread across a hole, रफ़ू करना।

darned (डा:न्ड्) *adj.* damned, निंदनीय, बुरा।

darning needle *n.* a long needle for darning, रफ़ू करने की बड़ी सुई।

dart (डा:ट्) *n.* 1. a small pointed arrowlike missile, शर, नुकीला तीर, छोटा भाला, बर्छी, या नोंकदार कोई और शस्त्र। 2. anything resembling a dart, तीरनुमा वस्तु। *v.* (darted, darting) 1. to throw a dart at target, तीर को लक्ष्य पर फेंकना। 2. to move suddenly, तेज़ी से चल या निकल जाना। 3. to send or throw out rapidly, फेंकना, डालना।

dartboard (डा:ट्´-बो:ड्) *n.* a board used as a target in the game of darts, वह तख़्ती जिसपर तीर फेंकते हैं, लक्ष्यपटल।

darts (डा:ट्स्) *n.* a game in which darts are thrown at a target, एक खेल जिसमें तीर लक्ष्य पर फेंकते हैं।

darwinism (डा:´-व्-निज्-ऑम्) *n.* a theory of biological evolution, जैव विकास का सिद्धांत, डारविनवाद, जैव -विकासवाद।

dash (डैश्) *v.* (dashed, dashing) 1. to hurl or throw violently, फेंक देना। 2. to rush, तेज़ी से आगे बढ़ना या दौड़ पड़ना। 3. to knock against, टकरा जाना, भिड़ जाना। 4. to break or smash, तोड़-फोड़ देना, छिन्न-भिन्न या नष्ट कर देना; Our hopes were dashed. हमारी आशाएँ छिन्न-भिन्न हो गईं। 5. to perform or write hastily, जल्दी-जल्दी लिखना या कोई काम करना। 6. to splash, छपछप करना, छपछपाना। 7. to mix or admix, मिश्रित करना, पुट देना। *n.* 1. a short rapid run, दौड़। 2. anything used in a small quantity to give flavour, पुट। 3. vigour, उत्साह, जोश। 4. a violent stroke or blow, तीव्र आघात, टक्कर। 5. the sound of splashing, छपछप। 6. the punctuation mark (—) रेखिका, डैश। 7. a long signal in a telegraphic code, तार भेजने में प्रयुक्त लंबा चिह्न या संकेत।

dashboard (डैश्´-बो:ड्) *n.* the instrument penal in a car, boat or air craft, उपकरण-पट, डैशबोर्ड।

dasher (डैश्´-अॅ:) *n.* one who dashes, टकरा या भिड़ जानेवाला।

dashing (डैश्´-इंग्) *adj.* 1. spirited, bold, अत्यंत साहसी, जोशीला, फुर्तीला, दिलेर, उतावला। 2. showy, शानदिखानेवाला, तड़क-भड़कवाला। 3. smartly dressed, बना-ठना, बाँका-छैला।

dastard (डैस्´-टॅ:ड्) *n.* a coward person, भग्गू, दब्बू, भीरु या कायर व्यक्ति।

dastardly (~ ली) *adj.* treacherously cowardly, कायरतापूर्ण।

data (डे´-टॅ, डा:´-टॅ) *n.* 1. facts and observations collected for discussion or study, आधार-सामग्री, डाटा; data collection, आधार-सामग्री संग्रह; data bank, आँकड़ा बैंक, आधार-सामग्री रखने का स्थान; data base आँकड़ा संचय; 2. numerical information, आँकड़ा।

datable (डे´-टॅ-बॅल्) *adj* = dateable.

data processing *n.* analysis of information, आधार-सामग्री का विश्लेषण।

date (डेट्) *n.* 1. a specified or precise day of the month, तारीख़, दिनांक, तिथि। 2. the period to which something belongs, युग। 3. an appointment with the opposite sex for a particular time, पर-पुरुष या पर-स्त्री से मिलने का समय, मिलन-तिथि। 4. the person of the opposite sex with whom the appointment is made, मिलनेवाला प्रेमी या प्रेमिका। □ **out of date,** out of fashion, पुराना, अनद्यतन; **to date,** uptil now, आज तक; **up-to-date,** in current fashion, अद्यतन। *v.* (dated, dating) 1. to mark with a date, to put a date, तारीख़ डालना। 2. to determine the date or time of, तारीख या काल निर्धारित करना; It is difficult to date the Ramayana or the Mahabharat, रामायण या महाभारत का काल निर्धारित करना कठिन है। 3. to become old-fashioned, पुराना पड़ जाना। 4. to make or have a date with, किसी से मिलने का वायदा होना अथवा किसी निश्चित तारीख़ को किसी से मिलना।

date[2] (डेट्) *n.* the fruit of the date palm, खजूर।

dateable (डे´-टॅ-बॅल्) *adj.* capable of being dated, जिस पर तारीख़ डाली जा सके।

अ cup कप्, अॅ again अॅगेन्, अें bell बेंल्, आ car कार्, ऑ pot पॉट्, आ: caught का:ट्, इ pit पिट्
ई sheep शीप्, उ put पुट, ऊ boot बूट्, ए make मेक्, ऐ cat कैट्, ओ note नोट्

dated (डे´-टिड्) *adj.* 1. marked with a date, दिनांकित। 2. old fashioned, पुराना।

dateless (डेट्´-लिस्) *adj.* 1. having no date, बिना तारीख़ का, तिथिविहीन। 2. good or interesting regardless of age, नित्य नया लगने या रहनेवाला।

dateline (डेट्´-लाइन्) *n.* a line denoting the time (and place) of writing an article or news item, समाचार पत्रों में किसी लेख की वह पंक्ति जिसमें उसके लिखे जाने की तिथि (तथा स्थान) का उल्लेख रहता है।

date palm *n.* a tree well known for its sweet edible fruit, खजूर।

date stamp *n.* a rubber stamp for recording the date, तारीख़ डालने की मोहर।

dating (डेट्´-इंग्) *n.* 1. assessment of a date or period, काल-निर्धारण, तिथि-निर्धारण। 2. social engagements with the opposite sex on appointment, पर-स्त्री या पर-पुरुष से निर्धारित समय पर होनेवाला मिलन।

dative (डे´-टिव्) *adj.* designating or belonging to the indirect object of the verb, संप्रदान कारक-संबंधी, गौण कर्म-संबंधी; dative case, संप्रदान कारक।

datum (डे´-टम्) *n.* plu. of data, आधार-सामग्री।

daub (डा:ब्) *v.* (daubed, daubing) to cover or smear with mud, paint, etc., पोतना, लीपना। *n.* 1. the act of daubing, पुताई। 2. something daubed, लेप। 3. a crude painting, ऐसा भोंडा चित्र, जिसमें रंग थोपे गए हों।

daughter (डा:´-टॅ:) *n.* a female child, बेटी, पुत्री, कन्या।

daughter-in-law (डा´:-टॅ:-इन्-ला:) *n.* (plu. daughters-in-law) son's wife, बहू, पुत्रवधू।

daunt (डा:न्ट्) *v.* (daunted, daunting) 1. to intimidate, डाँटना, फटकारना दहलाना। 2. to discourage, हतोत्साहित करना।

dauntless (डा:न्ट्´-लिस्) *adj.* fearless, निडर, निर्भय, निर्भीक।

dauntlessly (~-ली) *adv.* fearlessly, निर्भय होकर, निर्भीकता से, बेखौफ़।

Dauphin (डा:´-फ़िन्) *n.* the title of the eldest son of the king of France in middle ages, मध्यकाल में फ्रांस के युवराज की उपाधि।

dawdle (डा:´-डॅल्) *v.* (dawdled, dawdling) to waste (time, समय) बर्बाद करना।

dawn (डा:न्) *n.* 1. daybreak, भोर, प्रभात, उषाकाल। 2. the beginning, श्रीगणेश, सूत्रपात, प्रारंभ। *v.* (dawned, dawning) 1. to begin to grow light in the morning, भोर होना, पौ फटना, दिन निकलना। 2. to come into existence, अस्तित्व में आना, प्रकट होना।

day (डे) *n.* 1. the time during which the sun is above the horizon, दिन। 2. the time for one rotation of Earth, a period of twenty four hours, दिवस, दिन। 3. the portions of the day devoted to work, कार्य-दिवस, दिन। 4. a period of activity or prominence, महत्त्वपूर्ण समय। 5. (plu.) a period of time, era, युग। □ **call it a day,** to stop one's work for the day, दिन का काम ख़त्म करना; **day by day,** daily, दिन-प्रतिदिन, रोज़ाना; **day in day out,** unceassingly, लगातार, निरंतर; **day-to-day,** of everyday, दिन-प्रति-दिन का, day-to-day expenditure, दिन-प्रति-दिन का व्यय।

daybed (डे´-बेंड्) *n.* a sofa that can be converted to a bed, सोफ़ा-कम-बेड।

daybook (डे´-बुक्) *n.* a journal in which daily transactions are recorded, रोकड़।

daybreak (डे´-ब्रेक्) *n.* dawn, भोर।

daydream (डे´-ड्रीम्) *n.* idle or pleasant thought, दिवास्वप्न। *v.* (daydreamed, daydreaming) to have daydreams, दिवास्वप्न देखना, हवाई किले बनाना।

daylight (डे´-लाइट्) *n.* 1. the light of day, दिन की रोशनी, सूर्य की रोशनी; in broad daylight, दिनदहाड़े; 2. dawn, भोर। □ **see daylight,** to begin to understand, समझ में आने लगना।

day student *n.* a non-resident student at a school or college, वह छात्र जो स्कूल में पढ़ता हो पर रहता अपने घर में हो, दिवाछात्र।

daze (डेज़्) *v.* (dazed, dazing) 1. to stun, स्तब्ध, हतप्रभ या स्तंभित कर देना, चौंका देना। 2. to dazzle, चौंधिया देना, चौंध उत्पन्न करना। *n.* a stunned condition, स्तब्धता, घबराहट।

dazzle (डैज़्´-अॅल्) *v.* (dazzled, dazzling) 1. to overpower with intense light, चौंध उत्पन्न करना, चौंधिया देना। 2. to become overpowered with intense light, चौंधिया जाना। 3. to amaze or bewilder, चौंक उठना या चौंका देना, चकरा जाना या चकरा देना, आश्चर्यचकित हो जाना या कर देना। *n.* 1. a dazzling light, चकाचौंध। 2. pomp and show, तड़क-भड़क।

D-day (डी´-डे) *n.* the day on which a military or some other operation is launched, धावा बोलने का दिन, अभियान-दिवस, महादिवस।

D.D.T. (डी.´डी.´टी.´) *n.* an insecticide, कीटाणुनाशक पदार्थ।

deacon (डी´-कॅन्) *n.* a clergyman ranking just below a priest, छोटा पादरी, डीकन।

deaconess (डी´-कॅ-निस्) *n.* a woman deacon, छोटी महिला पादरी, महिला डीकन।

deactivate (डी-ऐक्´-टि-वेट्) *v.* (deactivated, deactivating) to make or render inactive, अक्रिय करना या निष्क्रिय बनाना, to deactivate a bomb, बम को अक्रिय या निष्क्रिय करना।

deactivation (डी-एक्-टि-वे´-शॅन्) *n.* the act of making or the state of being inactive, अक्रियकरण, निष्क्रियकरण।

dead (डेड्) *adj.* 1. no longer alive, मृत, मरा हुआ। 2. lifeless, निर्जीव, निष्प्राण। 3. no longer active or functioning, निष्क्रिय; dead key निष्क्रिय कुंजी। 4. inanimate, जड़। 5. no longer in use, अप्रचलित, पुराना। 6. lacking in freshness or vitality, बेदम, बेजान। 7. complete, पूर्ण; dead silence, पूर्ण शांति, dead slow, बिल्कुल धीरे; dead weight, कुल भार। 8. lacking current, जिसमें करेंट न हो, धाराविहीन। *adv.* 1. completely, exactly, absolutely, पूर्णतया, बिल्कुल, पूरा-पूरा। 2. directly, सीधे। *n.* 1. a dead person, मृत व्यक्ति, मृतक। 2. a period of great intensity, चरमावस्था; in the dead of winter, घोर सर्दी के दिनों में; □ **at the dead of night,** आधी रात के सन्नाटे में।

dead beat (डेंड्´-बीट्) *n.* 1. one who does not pay his debts or who never pays his share, नादिहंद। 2. a destitute person, कंगाल, कंगला।

dead duck (डेंड्´-डॅक्) someone or something doomed to failure, वह जिसकी विफलता निश्चित हो, डूब जानेवाला।

deaden (डेंड्´-अॅन्) *v.* (deadened, deadening) to make or become less intense or lively, धीमा करना या होना, मंद कर देना या पड़ जाना।

dead end (डेंड्´-ऍन्ड्) *n.* 1. the closed end of a passage, बंद सिरा। 2. a blind alley, बंद गली।

dead head (डेंड्´-हेंड्) *n.* 1. a dull person, बोदी व्यक्ति। 2. one who has not paid for a ticket, बिना टिकट यात्रा करनेवाला या नाटक आदि देखनेवाला, मुफ़्तखोर। 3. a train or bus travelling empty, खाली गाड़ी या बस।

dead letter *n.* an unclaimed or undelivered letter, ऐसा पत्र जिसके पानेवाले तथा भेजनेवाले का कुछ पता न चला हो, मृतपत्र, बेपता चिट्ठी

dead letter office *n.* an office in which unclaimed or undelivered letters are kept, पुन: प्रेषण केंद्र, बेपता चिट्ठियों का दफ़्तर।

deadline (डेंड्´-लाइन्) *n.* a time-limit by which something must be done, अंतिम समय-सीमा, आख़िरी तारीख़।

deadlock (डेंड्´-लॉक्) *n.* a complete standstill between the two negotiating parties, जिच, गतिरोध, गत्यावरोध। *v.* (deadlocked, deadlocking) to come to a deadlock, गतिरोध उत्पन्न होना।

dead loss *n.* 1. complete loss, पूर्ण क्षति। 2. a loss for which no compensation is paid, ऐसा नुकसान जिसके लिए कोई मुआवज़ा न मिले। 3. a useless person or thing, बेकार व्यक्ति या वस्तु।

deadly (डेंड्´-ली) *adj.* 1. causing death, जानलेवा, प्राणांतक; deadly enemy, जान लेवा

शत्रु, जानी दुश्मन 2. likely to cause death, fatal, घातक। 3. deadlike, मृतक सदृश; deadly silence, श्मशान की चुप्पी। 4. destructive, विनाशक। 5. effective or serious, प्रभावी, गंभीर, घोर। *adv.* 1. so as to suggest death, मृतवत्, मुर्दे की तरह।2. to an extreme, extremely, अत्यधिक, निहायत, अत्यंत; in deadly haste, बड़ी उतावली में।

deadly sins *n.* (plu.) the seven deadly sins, सात महापातक।

dead march *n.* funeral music, शवयात्रा के साथ का गाजा-बाजा।

deadpan (डेंड्´-पैन्) *adj.* with an expressionless face, जिसके चेहरे से कोई भाव न झलकता हो, भावशून्य।

deadwood (डेंड्´-वुड्) *n.* 1. dead tree or branch, सूखा-सड़ा पेड़ या लकड़ी। 2. anything burdensome or superfluous, फ़ालतू या बोझिल वस्तु। 3. a useless person, बेकार या निकम्मा आदमी।

dead work *n.* forced labour, बेगार।

deaf (डेंफ़्) *adj.* 1. unable to hear, wholly or partly without the sense of hearing, बहरा, ऊँचा सुननेवाला, बधिर। 2. unwilling or refusing to listen, न सुननेवाला, उदासीन या बेपरवाह। □ **turn a deaf ear to,** to refuse to listen, अनसुनी कर देना।

deafen (डेंफ़्´-अॅन्) *v.* (deafened, deafening) to make deaf, बहरा बना देना।

deafening (डेंफ़्´-अॅन्-इंग्) *adj.* making deaf by a loud noise, बहरा कर या बना देनेवाला।

deaf-mute (डेंफ़्´-म्यूट्) *n.* mute as well as deaf, गूँगा-बहरा, मूक-बधिर।

deafness (डेंफ़्´-निस्) *n.* the state of being deaf, बहरापन, बधिरता।

deal[1] (डील्) *v.* (dealt, dealing) 1. to distribute, बाँटना; to deal cards, पत्ते बाँटना। 2. to give or inflict, देना, लगाना, मारना। 3. to do business, to trade, सौदा करना, लेन-देन करना। 4. to treat, व्यवहार करना, अभिव्यक्त या प्रस्तुत करना। □ **deal in,** to engage in commercially (किसी चीज़ का) व्यापार करना; **deal with,** (i) to do business with (किसी से) लेन-देन करना, (ii) to discuss, चर्चा या विचार करना, (iii) to take action, निपटाना। *n.* 1. the act of dealing, व्यवहार, बरताव। 2. cards deal in the card game, बाँट। 3. a business transaction, सौदा, लेन-देन। 4. treatment, व्यवहार। □ **a big deal,** an important person or thing, महत्त्वपूर्ण व्यक्ति या वस्तु; **a good or great deal,** a lot, बहुत बड़ी मात्रा या प्रचुरता।

deal[2] *n.* a plank, पटरा, तख़्ता।

dealer (डी´-लॅ:) *n.* 1. one who buys and sells goods, a trader , व्यापारी, व्यवसायी। 2. one who deals the card, पत्ते बाँटनेवाला।

dealership (डी´-लॅ:-शिप्) *n.* the state of being appointed as a dealer, डीलरशिप।

dealings (डी´-लिंग्स्) *n.* 1. trade relations, लेन-देन, व्यापारिक संबंध।2. a person's conduct, आचरण, व्यवहार, बरताव।

dealt (डेंल्ट्) *v.* p.t of deal, ।

dean (डीन्) *n.* 1. the head of a faculty, संकायाध्यक्ष। 2. the senior member of a group or profession, नेता, कर्णधार।

dear (डिअॅ:) *adj.* 1. beloved, much loved, प्रिय, प्यारा। 2. esteemed, आदरणीय। 3. costly, महँगा। 3. precious, बहुमूल्य। *n.* a darling, प्रिया या प्रियतम, प्राणप्रिया या प्राणनाथ। *interj.* used in exclamations of surprise or distress, आश्चर्य या दुखसूचक विस्मयबोधक। *adv.* dearly, ऊँचे मूल्य पर।

dearly (डिअॅ:´-ली) *adv.* 1. fondly, heartily, दिल से, हृदय से।2. at a high price, ऊँचे मूल्य पर।

dearness (डिअॅ:´-निस्) *n.* the state of being dear or high-priced, प्रेम, स्नेह; महँगी, महँगापन, महँगाई।

dearness allowance *n.* allowance paid to meet a rise in the cost of living, महँगाई भत्ता।

dearth (ड:थ्) *n.* an inadequate amount, paucity, scarcity, कमी, अभाव, टोटा।

death (डेंथ्) *n.* 1. the act of dying, the end of life, मौत, मृत्यु, मरण, निधन, देहावसान; death anniversary, बरसी, पुण्यतिथि।2. ter-

mination, extinction, अंत, समाप्ति। □ **be the death of,** to be a cause of death, किसी की मृत्यु का कारण होना; **at death's door,** likely to die soon, मृत्यु के सन्निकट, मरणासन्न; **do or put to death,** to kill deliberately, जानबूझकर मार डालना; **to death,** extremely, अत्यधिक; I am tired to death, मैं बहुत अधिक थका हुआ हूँ; **to the death,** until one is killed, जब तक कोई मर न जाए; a fight to the death, ऐसी लड़ाई जिसमें किसी की मृत्यु हो।

deathbed (डेंथ्´-बेंड्) *n.* 1. the bed on which a person dies or is dying, मृत्युशय्या। 2. one's last hours of life, अंतिम वेला, मृत्यु का समय।

deathblow (डेंथ्´-ब्लो) *n.* a blow that causes death, जानलेवा वार या आघात, घातक प्रहार।

death certificate *n.* a certificate showing the time and cause of a person's death, मृत्यु-प्रमाणक-पत्र।

death duty *n.* a tax on property inheritance, मृत्युकर।

deathless (डेंथ्´-लिस्) *adj.* immortal, everlasting, अमर, कभी न मरनेवाला।

deathly (डेंथ्´-ली) *adj. & adv.* like death, resembling death, मृत्युसदृश, मृत्युतुल्य।

death rate *n.* the ratio of deaths per thousand in a specified area, मृत्यु-दर।

death rattle *n.* a gurgling sound made by a dying person, घटका, घर्रा।

death roll *n.* a list of persons killed in a particular event, मृतक-सूची।

death trap (डेंथ्´-ट्रैप्) *n.* 1. a dangerous place, ख़तरनाक, जगह, मौत का मुँह। 2. an unsafe place, असुरक्षित स्थान।

death warrant *n.* the order for a criminal's execution, फाँसी का परवाना, फाँसी का आदेश।

deathwatch (डेंथ्´-वॉच्) *n.* a vigil kept beside a dying or dead person, मरणासन्न व्यक्ति या मृतक की देख-रेख।

deb (डेंब्) *n.* = debutante.

debacle (डि-बा´-कॅल्) *n.* 1. a sudden downfall or ruin, आकस्मिक पतन या विनाश। 2. a rout or collapse, घोर या शर्मनाक पराजय, पराभव।

debar (डि-बा:´) *v.* (debarred, debarring) 1. to bar from entrance, प्रवेश न करने देना, रोकना। 2. to prohibit, मना करना, विवर्जित करना। 3. to exclude, निकाल देना या वंचित रखना।

debark (डि-बा:क्´) *v.* = disembark.

debarment (डि-बा:´-मॅन्ट्) *n.* the act of debarring, रोक; विवर्जन; वंचन।

debase (डि-बेस्´) *v.* (debased, debasing) 1. to lower in quality or value, गुणवत्ता या महत्त्व गिरा या कम कर देना, दूषित कर देना। 2. to adulterate, अपमिश्रित करना, मिलावट करना। □ **debase oneself,** भ्रष्ट होना, नीचा देखना, गिरना।

debased (डि-बेस्ड्´) *adj.* depraved, low, पतित, भ्रष्ट, नीच, गिरा हुआ।

debasement (डि-बेस्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the state of being debased, पतन, गिरावट, दूषित अवस्था, गुण-ह्रास। 2. the act of debasing, हीनीकरण; मिलावट करना।

debatable (डि-बे´-टॅ-बॅल्) *adj.* arguable, open to dispute, विवादास्पद, विवादग्रस्त, विवाद्य, विवाद-योग्य।

debate (डि-बेट्´) *n.* a formal discussion, बहस, वाद-विवाद, विचार-विमर्श। *v.* (debated, debating) 1. to discuss or deliberate upon, बहस करना, वाद-विवाद करना। 2. to consider, विचार करना, सोचना-विचारना, पक्ष-विपक्ष में सोचना।

debater (डि-बे´-टॅ:) *n.* a person skilled in argument, बहस करनेवाला, वाद-विवाद में कुशल।

debating society *n.* a group formed to practice debating, डिबेटिंग सोसाइटी, वाद-विवाद गोष्ठी।

debauch (डि-बा:च्´) *v.* (debauched, debauching) to corrupt morally, नीतिभ्रष्ट कर देना, पथभ्रष्ट करना; एय्याश, लंपट या असंयमी बना देना।

debauchee (डि-बा:´-ची) *n.* a debauched person, चरित्रभ्रष्ट व्यक्ति, लंपट, व्यभिचारी।

debauchery (डि-बा:´-चॅ-री) *n.* indulgence

in immoral pleasures, लंपटता, विषयभोग, दुर्व्यसन, विषयासक्ति, व्यभिचार।

debenture (डि-बेंन्´-चॅ:) ***n.*** a certificate acknowledging indebtedness for money lent and guaranteeing repayment with interest, डिबेंचर, ऋणपत्र।

debilitate (डि-बिल्´-इ-टेट्) ***v.*** (debilitated, debilitating) to weaken, to enfeeble, कमज़ोर या निर्बल करना, कृश या क्षीण करना।

debility (डि-बिल्´-इ-टी) ***n.*** weakness, feebleness, कमज़ोरी, निर्बलता, अशक्तता, क्षीणता।

debit (डेंब्´-इट्) ***n.*** an item of debt recorded in an account, उधार खाते की प्रविष्टि, किसी के नाम डाली जानेवाली रकम; debit balance, नामे शेष; debit side, नामे पक्ष। ***v.*** (debited, debiting) to enter a debit in an account, नामे डालना।

debitable (डेंब्´-इट्-ॲ-बॅल्) ***adj.*** that can be debited, नामे डालने योग्य, नामे-योग्य।

debonair (डेंब्-ॲ-नेॲ:) ***adj.*** 1. courteous and cheerful, मिलनसार तथा प्रसन्नचित्त। 2. carefree and gay, निश्चिंत और हँसमुख।

debrief (डी-ब्रीफ़्´) ***v.*** (debriefed, debriefing) to question to know something about a mission, किसी अभियान की जानकारी लेना।

debris (डॅ-ब्री´) ***n.*** 1. ruins, मलबा, खँडहर। 2. scattered broken pieces, (किसी विनष्ट वस्तु के) बिखरे-छितराए टुकड़े।

debt (डेंट्) ***n.*** 1. something owed to some-one else, कर्ज़, ऋण, उधार। 2. the state of owing something, ऋण, देनदारी, आभार। □ **a bad debt,** a debt which will never be paid, डूबी रकम; **out of debt,** having repaid what one owes, उऋण।

debtor (डेंट्´-ॲ:) ***n.*** one who is indebted to another, ऋणी, कर्ज़दार; debtor country, ऋणी देश।

debug (डी-बग्´) ***v.*** (debugged, debugging) to remove bugs from, खटमलों या कीटाणुओं से रहित करना।

debunk (डी-बंक्´) ***v.*** (debunked, debunking) 1. to expose the falseness of, झूठा सिद्ध कर देना, पर्दाफ़ाश कर देना, भंडा फोड़ देना। 2. to ridicule (someone's claim or theory, किसी के दावे या सिद्धांत की) खिल्ली उड़ाना।

debut (डे-ब्यू´) ***n.*** 1. one's first appearance as a performer, मंच पर होनेवाली पहली उपस्थिति। 2. a person's first performance, पहला (मंचीय) प्रदर्शन, पहला अभिनय। 3. first attempt, पहला प्रयास। 4. the beginning of career, धंधे का श्रीगणेश।

debutante (डेंब्´-यु-टान्ट्) ***n.*** a young woman making her first appearance in society, किसी उत्सव या समारोह में पहली बार सम्मिलित होनेवाली युवती, नवोदित तारिका।

decade (डेंक्´-एड्) ***n.*** 1. a period of ten years, दशक। 2. a set of ten, दस का समूह, दस्सा।

decadence (डेंक्´-ॲ-डॅन्स्) ***n.*** decline, deterioration, अवनति, गिरावट, ह्रास।

decadent (डेंक्´-ॲ-डॅन्ट्) ***adj.*** deteriorating in standard, जिसमें गिरावट आ रही हो, ह्रासोन्मुखी, अपकर्षी।

decagon (डेंक्´-ॲ-गॉन्) ***n.*** a geometrical figure with ten sides, दसभुज।

decagram (डेंक्´-ॲ-ग्रैम्) ***n.*** ten grams, दसग्राम।

decal (डी´-कैल्) ***n.*** a picture or design transferred from paper to other material. कागज़ पर छपा वह चित्र जो चिपकाकर किसी अन्य वस्तु पर उतारा जा सके, डीकल, उतारा चित्र।

decalcomania (डि-कैल्-कॅ-मे´-नि-ॲ) ***n.*** the act or process of transferring paper-pictures on other material, चित्र-उतराई।

Decalogue (डेंक्´-ॲ-लॉग्) ***n.*** the Ten Commandments, ईसाई धर्म में दस शील या आज्ञाएँ।

decamp (डि-कैम्प्´) ***v.*** (decamped, decamping) 1. to leave the camp, शिविर छोड़ देना। 2. to go away secretly, चुपके से चल देना, खिसक जाना, चंपत होना, फ़रार होना।

decant (डि-कैन्ट्´) ***v.*** (decanted, decanting) to pour a liquid, wine etc. from one container to another without disturbing any sediment, निथारना।

अ: bird ब:ड्, ॲ: tear टिॲ:, ॲॅ air ॲॅॲ:, आई five फ़ाइव्, ऑइ boy बॉइ/बॉय, इॲ near निॲ:
उॲ poor पुॲ:, च् chat चैट्, थ् thing थिंग्, द् this दिस्, फ़् full फ़ुल्, व़् wait व़ेट्

decanter (डि-कैन्´-टः) *n.* a container filled with decanted wine, निथारी हुई शराब की बोतल।

decapitate (डि-कैप्´-इ-टेट्) *v.* (decapitated, decapitating) to cut off the head, to behead, सिर काट देना, सिर क़लम कर देना, सिर उड़ा देना।

decapitation (डि-कैप्-इ-टे´-शॅन्) *n.* the act of decapitating or the state of being decapitated, शिरश्छेदन, शीर्षोच्छेदन।

decasyllable (डॅक्´-अॅ-सि-लैब्-अॅल्) *n.* a verse having ten syllables, कविता में दस अक्षरों (सिलेबुलों) वाला चरण।

decasyllabic (डॅक्´-अॅ-सि-लॅब्-इक्) *adj.* having ten syllables, दस अक्षरों वाला।

decathlon (डि-कैथ्´-लॉन्) *n.* an athletic contest in which contestants compete in ten events, वह प्रतियोगिता जिसमें प्रतियोगियों को दस खेलों में खेलना होता है।

decay (डि-के´) *v.* (decayed, decaying) 1. to rot, सड़ जाना, सड़-गल जाना। 2. to lose strength, health etc., क्षय होना, क्षीण हो जाना। 3. to fall, पतन होना। *n.* 1. rot, सड़न, सड़ाव। 2. fall, क्षय, ह्रास, पतन।

decease (डि-सीस्´) *n.* death, निधन, मृत्यु। *v.* (deceased, deceasing) to die, निधन हो जाना, देहांत हो जाना, मृत्यु हो जाना।

deceased (डि-सीस्ड्´) *adj.* dead, मृत, मृतक, दिवंगत, स्वर्गवासी, मरहूम; deceased account, मृतक खाता।

decedent (डि-सी´-डॅन्ट्) *n.* a deceased person, दिवंगत व्यक्ति।

deceit (डि-सीट्´) *n.* 1. the act of deceiving, छल, धोखा, कपट। 2. a trick, चाल, चालाकी, चालबाज़ी।

deceitful (डि-सीट्´-फ़ुल्) *adj.* 1. full of deceit, fraudulent, छल करनेवाला, छली, कपटी, धोखेबाज़। 2. crafty, insincere, धूर्त। 3. dishonest, बेईमान।

deceitfully (डि-सीट्´-फ़ुल्-ई) *adv.* in a deceitful manner, dishonestly, छल से, धूर्ततापूर्वक, बेईमानी से।

deceive (डि-सीव्´) *v.* (deceived, deceiving) 1. to cause a person to believe something that is false, छल करना, कपट करना, धोखा या चालाकी करना, धोखा देना। 2. to be sexually unfaithful to, विश्वासघात करना, दगा देना। 3. to mislead, बहकाना।

deceleration (डी-सॅल्-अॅ-रे´-शॅन्) *n.* the act of decelerating, गति को कम या धीमी करना, मंदन, अत्वरण।

decelerate (डी-सॅल्´-अॅ-रेट्) *v.* (decelerated, decelerating) to slow down, धीमा करना, गति मंद करना, मंदित करना।

December (डि-सॅम्´-बॅः) *n.* the twelfth month of the year, दिसंबर।

decency (डी´-सॅन्-सी) *n.* (plu. decencies) 1. the quality of being decent, शालीनता, मर्यादापालन, शिष्टता। 2. respectability, कुलीनता, बड़ाई। 3. beauty, सौंदर्य, अच्छाई। 4. (plu.) **the decencies,** proprieties, etiquette, decorum, शिष्टाचार।

decennial (डि-सॅन्´-इ-अॅल्) *adj.* 1. lasting for ten years, दसवर्षीय। 2. occurring once every ten years, हर दस वर्ष पर होनेवाला।

decent (डी´-सॅन्ट्) *adj.* 1. conforming to the standards of propriety, उपयुक्त, उचित, शालीन, मर्यादापूर्ण, शिष्ट। 2. kind, generous, भला, शरीफ़, सुशील। 3. quite good, अच्छा, ठीक। 4. respectable, आदरणीय। 5. not causing shame or shock to others, शालीन, शालीनतापूर्ण, मर्यादित।

decentralization (डी-सॅन्-ट्रॅ-लि-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of decentralizing, विकेंद्रीकरण।

decentralize (डी-सॅन्-ट्रॅ-लाइज़्) *v.* (decentralized, decentralizing) to distribute the central power to smaller units, (सत्ता का) विकेंद्रीकरण करना, विकेंद्रित करना।

decentralized (डी-सॅन्´-ट्रॅ-लाइज़्ड्) *adj.* that has been decentralized, विकेंद्रित।

deception (डि-सॅप्´-शॅन्) *n.* 1. the act of deceiving or the state of being deceived, छल, कपट, धोखा, दगा। 2. something that deceives, भ्रम, धोखा।

deceptive (डि-सॅप्´-टिव्) *adj.* likely or intended to deceive, misleading, छलपूर्ण,

भ्रामक, भ्रांतिपूर्ण।
deceptively (डि-सेंप्´-टिव्-ली) *adv.* in a deceptive manner, छल से, कपटपूर्वक, धोखे से।
deci (डेंस्´-ई) *prefix.* one-tenth, दशमांश।
decible (डेंस्´-इ-बॅल्) *n.* a unit for measuring the relative loudness of sound, ध्वनि की आपेक्षिक उच्चता का माप।
decide (डि-साइड्´) *v.* (decided, deciding) 1. to come to a decision, to make up one's mind, निश्चय पर पहुँचना, निश्चित होना। 2. to make a decision, निश्चय या फ़ैसला करना, निश्चित करना, निर्णीत करना। 3. to cause to reach a decision, निश्चय पर पहुँचाना।
decided (डि-साइ´-डिड्) *adj.* 1. determined, निश्चित, सुनिश्चित। 2. definite, clear, स्पष्ट, असंदिग्ध।
decidedly (डि-साइ´-डिड्-ली) *adv.* in decided manner, निश्चय ही, निश्चित रूप से; स्पष्टत:।
decider (डि-साइ´-डॅ:) *n.* a deciding factor, निर्णायक तत्त्व।
deciding (डि-साइ´-डिंग्) *adj.* that decides, निर्णायक; deciding vote, निर्णायक मत।
deciduous (डि-सिड्´/सिज्´-ऊ-अॅस्) *adj.* 1. normally falling off at a specific time of year (said of leaves etc.) झड़नेवाला। 2. shed after a time, उतारा या उतारकर फेंका जानेवाला, झड़नेवाला, पतनशील।
decigram (डेंस्-इ-ग्रैम्) *n.* one-tenth of a gram, डेसीग्राम।
decilitre (डेंस्´-इ-ली-टॅ:) *n.* one-tenth of a litre, डेसीलिटर।
decimal (डेंस्´-इ-मॅल्) *adj.* relating to or using powers of ten, दाशमिक, दशमलव। *n.* a decimal fraction, दशमलव भिन्न।
decimal fraction *n.* a fraction with a power of 10 as denominator, दशमलव भिन्न।
decimalization (डेंस्-इ-मॅ-लि-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of decimalizing, दशमलवीकरण।
decimalize (डेंस्´-इ-मॅ-लाइज़्) *v.* (decimalized, decimalizing) to change into a decimal system, दशमलव में बदलना।
decimal point *n.* a point or period placed at the left of a decimal, दशमलव बिंदु।
decimal system *n.* a system of weights, measures etc. having a base of ten and each unit ten times that immediately below it, दशमलव पद्धति, दाशमिक पद्धति। □ **go decimal**, दाशमिक पद्धति अपनाना।
decimate (डैस्´-इ-मेट्) *v.* (decimated, decimating) to destroy or kill large part of, बहुत बड़ा भाग नष्ट कर देना या मार डालना, विनाश या संहार करना, जनसंहार करना।
decimation (डेंस्-इ-मे´-शॅन्) *n.* a large scale destruction, बहुत भारी विनाश या संहार, जनसंहार।
decimetre, decimeter, (डेंस्-इ-मी-टॅ:) *n.* one-tenth of a metre, डेसीमीटर।
decipher (डि-साइ´-फ़ॅ:) *v.* (deciphered, deciphering) 1. to decode, गूढ़ लेख को पढ़ना या साधारण लिपि में लिखना। 2. to make out the meaning of something obscure or illegible, अस्पष्ट या दुरूह लेख का अर्थ लगाना।
decipherable (डि-साइ´-फ़ॅर्-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be deciphered, पढ़े जाने योग्य, व्याख्येय।
decision (डि-सिज़्´-अॅन्) *n.* 1. the act of deciding or something decided, निर्णय, फ़ैसला; decision by arms, युद्ध द्वारा निर्णय, decision by unanimity, एकमत निर्णय, मतैक्य, विनिश्चय। 2. the ability of making one's mind, determination, संकल्प, दृढ़ता। 3. a judgement, निर्णय, फ़ैसला।
decision-making (डि-सिज्´-अॅन्-मे-किंग्) *n.* an act of making a decision, निर्णयन-कार्य।
decisive (डि-साइ´-सिव्) *adj.* 1. conclusive निर्णायक; decisive role, निर्णायक भूमिका। 2. determined, निश्चायक। 3. beyond doubt, असंदिग्ध, निश्चित।
decisively (डि-साइ´-सिव्-ली) *adv.* 1. conclusively, निर्णायक रूप से, निश्चित रूप से। 2. resolutely, संकल्पपूर्वक, दृढ़तापूर्वक।
decisiveness (डि-साइ´-सिव्-निस्) *n.* the ability to decide, निर्णायकता, निर्णय-क्षमता।
deck[1] (डेंक्) *n.* 1. any of the platforms built

into a vessel, डेक। 2. the ground, भूमि, ज़मीन। □ **clear the decks,** to remove difficulties and prepare for action, कठिनाइयाँ दूर कर कार्रवाई करने के लिए तैयार होना; **hit the deck,** fall to the ground, ज़मीन पर गिरना; **on deck,** (i) ready for duty, काम के लिए तैयार; (ii) next in line, ठीक पीछे।

deck² *v.* (decked, decking) 1. to dress up, वस्त्र धारण करना या कराना; to deck oneself out, सुंदर वेश-भूषा धारण करना। 2. to decorate, सजना या सजाना, सँवरना या सँवारना, सुसज्जित होना या करना।

deck chair *n.* a folding chair, फ़ोल्डिंग चेअर, टुटवाँ कुर्सी।

declaim (डि-क्लेम्´) *v.* (declaimed, declaiming) to speak loudly and with rhetorical effect, ज़ोरदार भाषण करना, आलंकारिक तथा भावपूर्ण शब्दावली का प्रयोग करना।

declamatory (डि-क्लैम्´-अॅ-टॅ-री) *adj.* loud and rhetorical, आलंकारिक तथा उच्च स्वर में होनेवाला।

declarable (डि-क्लेअॅर्´-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be declared, घोषणा-योग्य, घोषणीय।

declaration (डेॅक्-लॅ-रे´-शॅन्) *n.* the act of declaring or something declared, घोषणा, ऐलान; declaration of war, युद्ध-घोषणा।

declaratory (डि-क्ले-अॅ-रे-टॅ-री) *adj.* for or pertaining to declaration, घोषणापरक, घोषणात्मक।

declare (डि-क्लेंअॅः) *v.* (declared, declaring) 1. to announce openly and formally, घोषणा करना। 2. to state explicitly or firmly, साफ़-साफ़ बता देना, दृढ़तापूर्वक कहना। 3. to make a full statement of one's real income or property, आय या संपत्ति की घोषणा करना। 4. to close the innings voluntarily, क्रिकेट के खेल में पाली की समाप्ति की घोषणा करना।

declared (डि-क्लेंअॅःड्´) *adj.* announced, घोषित।

declassify (डि-क्लैस्´-इ-फ़ाइ) *v.* (declassified, declassifying) to remove official security classification from (a document) सुरक्षित वर्ग से हटा देना, सुरक्षा-संबंधी सूची से नाम हटा देना।

declension (डि-क्लेॅन्´-शॅन्) *n.* 1. the systematic inflection of nouns, pronouns, adjectives etc., व्याकरण में, रूपसाधन, रूपावली, रूप-संबंधी विकार। 2. a decline, अवनति, क्षय, पतन।

declinable (डि-क्लाइन्´-अॅ-बॅल्) *adj.* 1. capable of declension, विकारी। 2. tending to decline, जिसका क्षय या ह्रास हो।

declination (डेॅक्-लि-ने´-शॅन्) *n.* 1. a downward slope, ढाल, ढलान, झुकाव, नति, अधोनति, उतराई। 2. the distance of a star, planet etc. north or south from the celestial equator, क्रांति। 3. the angle made by a compass needle with the direction of the geographical north pole, दिक्पात। 4. a refusal, इन्कार, अस्वीकृति।

decline (डि-क्लाइन्´) *v.* (declined, declining) 1. to refuse to do or accept, अस्वीकार करना, इन्कार करना। 2. to slope downward, झुकना, ढलना। 3. to deteriorate gradually, क्रमशः ह्रास होना, क्षय होना, उतार पर होना। 4. to decrease, घटना, कम होना। 5. to give the declensions of, विकारी रूप देना, रूप-साधन करना। *n.* 1. the process or result of declining, ह्रास, क्षय, अवनति, गिरावट, पतन। 2. a downward slope, ढाल, उतार। 3. the gradual loss or decrease of strength, शक्ति क्रमिक का क्षय। 4. bend, झुकाव।

declivity (डि-क्लिव्´-इ-टी) *n.* (plu. declivities) a downward slope, ढाल, ढलान, उतराई।

decoction (डि-कॉक्´-शॅन) *n.* extraction of essence of medicinal substance got by boiling, काढ़ा, क्वाथ।

decode (डी-कोड्´) *v.* (decoded, decoding) to convert from a code into plain language, गुप्त भाषा में लिखी हुई बात का अर्थ खोलना, अर्थापन करना, साधारण लिपि में लिखना।

decolonize (डि-कॉल्-अॅ-नाइज़्) *v.* (decolonized, decolonizing) to free from colonial rule, उपनिवेश को स्वतंत्र कर देना।

decommission (डी-कॅ-मिश्´-अॅन्) *v.* (decommissioned, decommissioning) to remove from active service, सक्रिय सेवा से हटाना।

decompose (डी-कॅम्-पोज़्´) *v.* (decomposed, decomposing) 1. to separate into components or basic elements, अपघटित होना या करना। 2. to rot or cause to rot, गलना या गलाना, सड़ना या सड़ाना।

decomposition (डि-कॅम्-पॅ-जिश्´-अॅन्) *n.* the act of decomposing or the state of being decomposed, अपघटन, विघटन, सड़ाव, सड़न।

decompress (डि-कॉम्-प्रॅस्´) *v.* (decompressed, decompressing) to relieve of pressure, दबाव हटाना, दबाव से मुक्त करना।

decompression (डि-कॅम्-प्रॅश्´-अॅन्) *n.* the gradual reduction of airpressure, विसंपीडन।

decontaminate (डी-कॅन्-टैम्´-इ-नेट्) *v.* (decontaminated, decontaminating) to remove contamination, शुद्ध करना, निर्मल करना, स्वच्छ बनाना।

decontrol (डी-कॅन्-ट्रोल्´) *v.* (decontrolled, decontrolling) to release from control, नियंत्रण उठा या हटा लेना, विनियंत्रित कर देना। *n.* the act of decontrolling, विनियंत्रण, कंट्रोल का हटाया जाना।

decor (डे-कॉः´, डे-कॅः´) *n.* 1. decoration, stage setting, सजावट, मंच-सज्जा। 2. the style of decoration, सजावट की पद्धति, सज्जा-शैली।

decorate (डॅक्´-अॅ-रेट्) *v.* (decorated, decorating) 1. to furnish with something attractive, सजाना, सजाना-सँवारना, अलंकृत या विभूषित करना। 2. to confer a medal or honour on, पदक या सम्मान प्रदान करना।

decorated (डॅक्´-अॅ-रे-टिड्) *adj.* furnished with something attractive, अलंकृत, सज्जित।

decoration (डॅक्-अॅ-रे´-शॅन्) *n.* 1. the act of decorating, सजाने की क्रिया या भाव, सजाव, सजावट, सज्जा। 2. something that decorates, सजावट का सामान।

decorative (डॅक्´-अॅ-रॅ-टिव्) *adj.* ornamental, आलंकारिक, सजावटी, सौंदर्य बढ़ानेवाला; decorative style, आलंकारिक शैली।

decorator (डॅक्´-अॅ-रे-टॅः) *n.* one who is expert in furnishings etc., डेकोरेटर, सजानेवाला, सजावट करनेवाला।

decorous (डॅक्´-अॅ-रॅस्) *adj.* decent, polite and dignified, मर्यादापूर्ण, मर्यादित, शालीन, नम्र, शिष्ट, भद्र।

decorum (डि-कोर्´-अॅम्) *n.* etiquette, propriety, मर्यादा, शालीनता, भद्रता।

decoy (डी´-कॉइ) *v.* (decoyed, decoying) 1. to lure a game into a trap, प्रलोभन देना, चारा फेंकना। 2. to snare, जाल में फँसाना। *n.* 1. something used to lure, चारा, प्रलोभन। 2. a snare, फंदा, जाल। 3. a trained or artificiai animal used to entice game, शिकार को लुभाकर फँसानेवाला सधाया हुआ या कृत्रिम जानवर।

decrease (डि-क्रीस्´) *v.* (decreased, decreasing) 1. to make shorter, smaller or less, छोटा करना, कम करना, घटाना। 2. to become shorter, smaller or less, छोटा या कम होना, घटना। *n.* 1. a reduction, कमी, घटती, घटाव। 2. the amount by which something has been diminished, कमी, कटौती, ह्रास।

decree (डि-क्री´) *n.* 1. an order having the force of law, आधिकारिक आदेश, अधिदेश हुक्म, फ़रमान। 2. the judgement of a court, डिक्री, डिगरी; decree for ejectment, बेदखली की डिक्री; decree for maintenance, भरण-पोषण की डिक्री। *v.* (decreed, decreeing) to pass a decree, अदालत का फ़ैसला, डिक्री करना, डिगरी करना।

decree-holder (डि-क्री´-होल्-डॅः) *n.* a person in whose favour a decree has been passed, डिक्रीधारी।

decree nisi (डि-क्री´-नाई´-साइ) *n.* a provisional order for divorce, तलाक के लिए अंतरिम या प्रारंभिक डिक्री।

decrement (डॅक्´-रॅ-मॅन्ट्) *n.* the amount lost by gradual decrease, कमी, ह्रास, घटोतरी,

घटी।

decrepit (डि-क्रेप्´-इट्) ***adj.*** 1. weakened by old age or illness, जर्जर, जीर्ण। 2. dilapidated, जीर्ण-शीर्ण, तहस-नहस, ध्वस्त।

decrepitude (डि-क्रेप्´-इ-ट्यूड्) ***n.*** the state or condition of being decrepit, जर्जरता, जीर्णता।

decrescendo (डे-क्रॅ-शेंन्´-डो) ***adj. & adv.*** decreasing in loudness, मंद पड़ता हुआ, मंदित।

decriminalize (डी-क्रिम्´-इ-नॅ-लाइज़्) ***v.*** (decriminalized, decriminalizing) to make no longer criminal or illegal, अपराधरहित बनाना या करना, अवैधता ख़त्म करना।

decry (डि-क्राइ´) ***v.*** (decried, decrying) 1. to speak ill of, बुराई या निंदा करना, बदनामी करना। 2. to belittle, महत्त्व गिराना।

dedicate (डेंड्´-इ-केट्) ***v.*** (dedicated, dedicating) 1. to devote (oneself) to a special cause or duty, (अपने को) समर्पित करना। 2. to devote something (one's time, energy or life) to a special cause, समर्पित करना। 3. to devote something to the nation, लोकार्पण करना, उत्सर्ग करना, निछावर करना। 4. to address (a book etc.) to a person or his memory as a compliment, समर्पित करना, भेंट करना।

dedicated (डेंड्´-इ-केट्-इड्) ***adj.*** devoted to a particular cause, समर्पित, एकनिष्ठ।

dedication (डेंड्-इ-के´-शॅन्) ***n.*** 1. the act of dedicating or something dedicated, समर्पण, भेंट। 2. the whole-hearted devotion, समर्पण-भावना, निष्ठा।

dedicative (डेंड्´-इ-के-टिव्) ***adj.*** of or related to dedication, समर्पण-संबंधी, समर्पण के रूप में होनेवाला।

dedicator (डेंड्´-इ-के-टॅ:) ***n.*** one who dedicates, समर्पक, समर्पणकर्ता।

deduce (डि-ड्यूस्´) ***v.*** (deduced, deducing) to draw a conclusion from given facts, निष्कर्ष या परिणाम निकालना।

deducible (डि-ड्यू´-सि-बॅल्) ***adj.*** that can be deduced, निष्कर्ष निकालने के योग्य, अनुमानविषयक।

deduct (डि-डक्ट्´) ***v.*** (deducted, deducting) to subtract, काट लेना, घटाना, कम करना, कटौती करना, व्यवकलन करना।

deductible (डि-डक्´-टि-बॅल्) ***adj.*** that can be deducted, घटाने या काट लेने के योग्य, कटौती के योग्य, व्यवकलनीय।

deduction (डि-डक्´-शॅन्) ***n.*** 1. the act of deducting or something deducted, कटौती, व्यवकलन, काटी जानेवाली रकम। 2. a logical conclusion reached by reasoning, तर्कसंगत निष्कर्ष, निगमन, कारण से कार्य का अनुमान।

deductive (डि-डक्´-टिव्) ***adj.*** pertaining to a logical conclusion, निगमनात्मक, युक्तियुक्त; deductive method, निगमन प्रणाली।

deed (डीड्) ***n.*** 1. an act or feat, क्रिया, कार्य, करतब, कर्म; in thought, word and deed, मनसा वाचा कर्मणा। 2. a notable achievement, कारनामा, महत्त्वपूर्ण उपलब्धि। 3. a legal contract, विलेख, पट्टा, दस्तावेज; deed of partnership, साझेदारी विलेख।

deem (डीम्) ***v.*** (deemed, deeming) 1. to consider, विचार करना, सोचना-विचारना, समझना। 2. to suppose, मानना, स्वीकार, करना, समझना; I deem it my duty, मैं इसे अपना कर्तव्य समझता हूँ। □ **deem highly of,** to have high opinion of, ऊँची धारणा होना, आदर भाव होना।

deep (डीप्) ***adj.*** 1. extending far down from a surface, गहरा, अथाह, गहन, अगाध। 2. extreme, intense, तीव्र, उत्कट, गंभीर। 3. low in pitch, resonant, मंद, मध्यम। 4. heartfelt, हार्दिक, हृदयस्पर्शी। 5. difficult to understand, गूढ़, दुर्बोध, गहन। 6. dark in shade, गहरा; deep red, गहरा लाल। □ **in deep waters,** in serious trouble, बड़ी मुसीबत में, गहरे संकट में। ***n.*** deep place, गहरा स्थान, गड्ढा, खाई। ***adv.*** deeply (i) गहरे, गहराई में, (ii) दूर तक।

deepen (डी´-पॅन्) ***v.*** (deepened, deepening) 1. to make deep or deeper, गहरा करना या बनाना। 2. to become deep, गहरा होना।

3. to make or become more intense, अधिक प्रचंड (या तीव्र) होना या करना, तेज़ होना या करना, गहराना।

deepness (डीप्´-निस्) *n.* the quality or state of being deep, गहराई।

deep-rooted (डीप्´-रू-टिड्) *adj.* firmly established or held, गहरी जड़ोंवाला, अच्छी तरह जमा हुआ, दृढ़स्थित, गहरा पैठा हुआ।

deep-seated (डीप्´-सी-टिड्) *adj.*=deep-rooted.

deer (डिअ:) *n.* (plu. deer) a hoofed and swift-footed animal, हिरन।

deerskin (डिअ:´-स्किन्) *n.* 1. the skin of a deer, मृगछाला। 2. leather made from this skin, मृगचर्म।

de-escalate (डी-ऍस्´-कॅ-लेट्) *v.* (de-escalated, de-escalating) 1. to lessen the intensity of, तीव्रता या ज़ोर कम करना। 2. to lessen the scope, क्षेत्र कम या सीमित करना।

deface (डि-फ़ेस्´) *v.* (defaced, defacing) to spoil the appearance or surface of, विरूपित करना, शक्ल बिगाड़ देना।

defaced (डि-फ़ेस्ड्´) *adj.* spoiled, विरूपित।

defacement (डि-फ़ेस्´-मॅन्ट्) *n.* the act of defacing or the state of being defaced, विरूपण, विरूपता।

de facto (डी-फ़ैक्´-टो) *adv.* in fact or reality, वास्तव में, वस्तुतः, असल में, तथ्यतः। *adj.* existing in fact or reality, वास्तविक, यथार्थ। (लैटिन)

defalcate (डी´-फ़ैल्-केट्) *v.* (defalcated, defalcating) to misuse funds, ग़बन करना।

defalcation (डी-फ़ैल्-के´-शॅन्) *n.* the act of defalcating or money defalcated, ग़बन, ख़यानत।

defamation (डॆफ़्-अॅ-मे´-शॅन्) *n.* the act of defaming or the state or fact of being defamed, मानहानि, निंदा, बुराई, कलंक।

defamatory (डि-फ़ैम्´-अॅ-टॅ-री) *adj.* of the nature of defamation, characterised by defamation, मानहानिकारक।

defame (डि-फ़ेम्´) *v.* (defamed, defaming) to attack the good name or reputation of, बदनाम करना, बुराई या बदनामी करना, अपयश फैलाना या मानहानि करना।

default (डि-फ़ा:ल्ट्´) *n.* 1. a failure to act or fulfill an obligation or legal requirement, चूक, व्यतिक्रम। 2. absence, अभाव। 3. a defect, दोष। ☐ **by default,** due to non-appearance, अनुपस्थिति के कारण, अदमपैरवी के कारण। *v.* (defaulted, defaulting) 1. to fail to fulfill an obligation or legal requirement, चूकना, चूक हो जाना। 2. to fail to pay, अदायगी न करना। 3.to fail to appear, अनुपस्थित होना, गैरहाज़िर होना।

defaulter (डि-फ़ा:ल्ट्´-अ:) *n.* one who commits a default, चूक करनेवाला, बाकीदार, दोषी, व्यतिक्रमी।

defeat (डि-फ़ीट्´) *v.* (defeated, defeating) 1. to win victory over, to beat, पराजित करना, परास्त करना, हराना। 2. to thwart, to frustrate, विफल होना या करना। 3. to baffle, पस्त कर देना। *n.* 1. the act of defeating or the state of being defeated, पराजय, हार। 2. a lost battle or contest, हारी लड़ाई, हार।

defeatism (डि-फ़ीट्´-इज़्-अॅम्) *n.* the tendency to accept defeat too easily, पराजयवाद, निराशवाद।

defeatist (डि-फ़ी´-टिस्ट्) *n.* one who expects defeat too easily, पराजयवादी, सहज ही पराजय स्वीकार करनेवाला।

defecate (डॆफ़्´-अॅ-केट्) *v.* (defecated, defecating) to empty the bowels of waste matter, मल त्यागना, शौच करना, हगना।

defecation (डॆफ़्-अॅ-के´-शॅन्) *n.* the act of defecating, मलत्याग शौच।

defect (डी´-फ़ॆक्ट्) n. a shortcoming, flaw or blemish, त्रुटि, दोष, ख़राबी, कमी। *v.* (defected, defecting) to desert one's party and join another, दल-बदल करना।

defection (डि-फ़ॆक्´-शॅन्) *n.* the act of defecting, दल-बद्दल, पक्षत्याग।

defective (डि-फ़ॆक्´-टिव्) *adj.* having a defect, having a flaw, ख़राब, सदोष, दोषपूर्ण, त्रुटिपूर्ण।

defector (डि-फ़ेक्´-टॅ:) *n.* one who leaves

अ: bird ब:ड्, अॅ: tear टिअॅ:, ऍअॅ air ऍअॅ:, आई five फ़ाइव्, ऑइ boy बॉइ/बॉय, इअॅ near निअॅ: उअॅ poor पुअॅ:, च् chat चैट्, थ् thing थिंग्, द् this दिस्, फ़् full फ़ुल्, व़् wait व़ेट्

one's party and joins another, दल-बदलू, पक्षत्यागी।

defence, defense (डि-फ़ेंन्स्´) *n.* 1. resistance against danger or attack, बचाव, रक्षा, सुरक्षा; defence forces, सेना के तीनों अंग; defence services, रक्षा-कर्मचारी। 2. protection of a country against an opponent, रक्षा, प्रतिरक्षा। 3. taking measures against the prosecutor's complaint, प्रतिवाद। 4. the proceedings by a defendant for defending himself in a law-suit, प्रतिवाद, प्रतिरक्षा। 5. one or more lawyers who defend someone in a court, सफ़ाई-पक्ष, बचाव-पक्ष।

defenceless (डि-फ़ेंन्स्´-लिस्) *adj.* unable to defend himself, जो अपनी रक्षा न कर सके; अरक्षित, असहाय।

defence witness *n.* a witness summoned on the request of defending party, प्रतिरक्षा साक्षी।

defend (डि-फ़ेंन्ड्´) *v.* (defended, defending) 1. to protect from attack, harm or danger, रक्षा या बचाव करना, सुरक्षा करना। 2. to try to preserve a title etc. in sports, रक्षा करना। 3. to uphold by argument in a law-suit, प्रतिवाद करना, सफ़ाई पेश करना।

defendant (डि-फ़ेंन्´-डन्ट्) *n.* a person sued in a court of law, प्रतिवादी।

defender (डि-फ़ेन्ड्´-अ:) *n.* one who defends, प्रतिरक्षक।

defensible (डि-फ़ेंन्´-सि-बॅल्) *adj.* that can be defended, रक्ष्य, रक्षणीय, रक्षा के योग्य; न्यायसंगत जिसे ठीक ठहराया जा सके।

defensive (डि-फ़ेंन्´-सिव्) *adj.* intended for defence, रक्षात्मक, प्रतिरक्षात्मक; defensive war, रक्षात्मक युद्ध। □ **on the defensive,** in a position of defence, अपना बचाव करने में लगा हुआ, प्रतिरक्षा में लगा हुआ।

defer (डि-फ़:´) *v.* (deferred, deferring) 1. to postpone, टालमटोल करना, विलंब करना, आस्थगित करना। 2. to yield, झुक जाना, स्वीकार कर या मान लेना।

deference (डेंफ़् -अॅ-रॅन्स्) *n.* 1. compliance with the wishes of another, दूसरे की बात रख लेना, अनुपालन। 2. respect, regard, मान, सम्मान, आदर।

deferment (डि-फ़:´-मॅन्ट्) *n.* the state of being deferred, आस्थगन।

deferred (डि-फ़:ड्´) *adj.* postponed, आस्थगित; deferred expenditure, आस्थगित व्यय; deferred payment, आस्थगित भुगतान।

defiance (डि-फ़ाइ´-अॅन्स्) *n.* 1. the act of defying, अवज्ञा, उल्लंघन। 2. bold resistence, ज़ोरदार विरोध। 3. contempt, तिरस्कार। 4. a challenge, ललकार, चुनौती। □ **in defiance of,** की परवाह न करते हुए।

defiant (डि-फ़ाइ´-अॅन्ट्) *adj.* 1. opposing or challenging, प्रतिरोध करनेवाला, चुनौती देनेवाला। 2. disobedient, अवज्ञाकारी। 3. openly disobeying, खुल्लम-खुल्ला।

defiantly (डि-फ़ाइ´-अॅन्ट्-ली) *adv.* in a defiant manner, प्रतिरोध के रूप में, अवज्ञापूर्वक, खुल्लमखुल्ला अवज्ञा करते हुए।

deficiency (डि-फ़िश्´-अॅन्-सी) *n.* want, lack, अभाव, कमी, न्यूनता, कसर।

deficient (डि-फ़िश्´-अॅन्ट्) *adj.* insufficient, wanting, न्यून, कमीवाला, अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण, जिसमें कसर हो।

deficit (डेंफ़् -इ-सिट्) *n.* 1. shortage, कमी। 2. the excess of liabilities over assets, घाटा; deficit budget, घाटे का बजट।

defile[1] (डि-फ़ाइल्´) *v.* (defiled, defiling) 1. to make dirty or filthy, गंदा या मैला कर देना। 2. to corrupt, भ्रष्ट कर देना। 3. to desecrate, अपवित्र कर देना, दूषित कर देना।

defile[2] (डि-फ़ाइल्´) *v.* (defiled, defiling) to march in a single row, पंक्तिबद्ध होकर चलना या कूच करना। *n.* a narrow passage, तंग रास्ता, दर्रा, घाटी।

defilement (डि-फ़ाइल्´-मॅन्ट्) *n.* the act of defiling, अपवित्रीकरण, दूषण।

definable (डि-फ़ाइ´-नॅ-बॅल्) *adj.* that can be defined, जिसकी परिभाषा हो सके, परिभाष्य।

define (डि-फ़ाइन्´) *v.* (defined, defining) 1. to give the definition of, परिभाषा करना, परिभाषित करना। 2. to outline clearly, to

determine the end or limit, परिनिश्चित करना।

definite (डेॅफ़्´-इॅ-निट्) *adj.* 1. having exact or distinct limits, निश्चित, नियत। 2. not vague, absolutely clear, असंदिग्ध, सुस्पष्ट, निश्चायक, निश्चयवाचक।

definitely (डेॅफ़्´-इ-निट्-ली) *adv.* in a definite manner, निश्चित रूप से; definitely not, बिल्कुल नहीं।

definition (डेॅफ़्-ई-निश्´-अॅन्) *n.* 1. the statement about the meaning of a word or term, परिभाषा, व्याख्या, निरूपण। 2. the action of determining the limits, परिनिश्चय।

definitional (डेॅफ़्-इ-निश्-अॅ-नॅल्) *adj.* of or pertaining to definition, परिभाषिक, परिभाषात्मक।

definitive (डि-फ़िन्´-इ-टिव्) *adj.* 1. precisely defining or outlining, परिनिश्चायक। 2. final, अंतिम, निर्णायक। 3. authoritative, अधिकारपूर्ण, प्राधिकृत।

deflate (डि-फ़्लेट्´) *v.* (deflated, deflating) 1. to let the air or gas release from, हवा निकाल देना। 2. to collapse through the release of gas, फुस हो जाना। 3. to cause deflation of money, to reduce inflated prices, अवस्फीत करना, मुद्रास्फीति कम करना, महँगाई कम करना।

deflation (डि-फ़्ले´-शॅन्) *n.* the act of reducing the amount of money in circulation, अवस्फीति।

deflationary (डि-फ़्ले´-शॅ-नॅर्-ई) *adj.* causing or pertaining to deflation, अवस्फीत, महँगाई कम करनेवाला; deflationary tendency, अवस्फीति-प्रवृत्ति।

deflect (डि-फ़्लेॅक्ट्) *v.* (deflected, deflecting) 1. to turn aside, मुड़ जाना, मुड़ना। 2. to cause to turn aside, मोड़ देना। 3. to go astray, पथभ्रष्ट या पथच्युत होना, विपथित होना, ग़लत रास्ता पकड़ना।

deflection (डि-फ़्लेॅक्´-शॅन्) *n.* 1. a turn or curve, घुमाव, मोड़। 2. the act of going astray, विपथित होना, पथच्युति, विचलन।

deflower (डि-फ़्लाव्´-अॅ:) *v.* (deflowered, deflowering) to deprive of virginity, कौमार्य भंग करना, कुमारी कन्या के साथ सहवास करना।

defog (डि-फ़ॉग्´) *v.* (defogged, defogging) to remove the fog from, कोहरा हटाना।

defoliate (डी-फ़ो´-लि-एट्) *v.* (defoliated, defoliating) to strip off leaves, निष्पत्रित करना, पत्रविहीन या पत्ररहित करना।

defoliation (डी-फ़ो-लि-ए´-शॅन्) *n.* the act of defoliating or the state of being defoliated, निष्पत्रण।

deforest (डी-फ़ॉर्´-इस्ट्) *v.* (deforested, deforesting) to cut down forests, वनों को नष्ट करना।

deforestation (डी-फ़ॉर्-इ-स्टे´-शॅन्) *n.* the act of deforesting or the state of being deforested, वन-विनाश, निर्वनीकरण, वनोन्मूलन, जंगल की कटाई।

deform (डि-फ़ॉ:म्´) *v.* (deformed, deforming) to spoil the form of, विरूपित करना, भोंड़ा कर या बना देना, शक्ल या रूप बिगाड़ देना, विकृत करना।

deformation (डि-फ़ॉ:-मे´-शॅन्) *n.* the act of deforming or the state of being deformed, विरूपण, भोंडापन; विरूपता, विकृति।

deformed (डि-फ़ॉ:म्ड्´) *adj.* having spoiled figure or shape, विरूपित, विकृत, भोंडा, भद्दी शक्ल का।

deformity (डि-फ़ॉ:´-मि-टी) *n.* 1. the condition of being deformed, विरूपता, विकृति। 2. a deformed part of the body, विकृत अंग।

defraud (डि-फ्रा:ड्´) *v.* (defrauded, defrauding) to take away by fraud, ठग लेना, झँस लेना, धोखा देना।

defray (डि-फ्रे´) *v.* (defrayed, defraying) to meet or pay out, भुगतान करना, चुकाना, देना।

defrost (डि-फ्रा:स्ट्´) *v.* (defrosted, defrosting) to make free from ice, बर्फ़ गलाकर हटाना।

deft (डेॅफ़्ट्) *adj.* adroit, skillful, कुशल, दक्ष, प्रवीण, सफ़ाई से काम करनेवाला।

deftly (डेॅफ़्ट्´-ली) *adv.* skillfully, कुशलतापूर्वक, दक्षतापूर्वक, सफ़ाई से।

deftness (डॅफ़्ट्´-निस्) *n.* the quality of being deft, कुशलता, दक्षता, प्रवीणता।

defunct (डि-फ़ंक्ट्´) *adj.* 1. no longer functioning, no longer in existence or use, निष्क्रिय, निश्चेष्ट, अविद्यमान, अप्रचलित; defunct company, बंद कंपनी। 2. without life, lifeless, dead, निष्प्राण, निर्जीव, मृत।

defuse (डि-फ़्यूज़्´) *v.* (defused, defusing) 1. to remove the fuse of (a bomb etc.), फ्यूज़ हटा देना (जिससे बम फटे नहीं)। 2. to make calm, शांत करना।

defy (डि-फ़ाइ´) *v.* (defied, defying) 1. to refuse to obey, अवज्ञा करना, आज्ञा का उल्लंघन करना, कहना मानने से इंकार करना। 2. to elude in a baffling way, कोई तरकीब कारगर न हो पाना, परेशान करना, तंग करना; The door defied all attempts to open it, दरवाज़ा किसी भी युक्ति से न खुला। 3. to challenge, चुनौती देना, ललकारना। 4. to resist successfully, सफलतापूर्वक प्रतिरोध करना।

degeneracy (डि-जॅन्´-ॲ-रॅ-सी) *n.* the degenerated condition, गिरावट, पतन, अपभ्रष्टता।

degenerate (डि-जॅन्´-ॲ-रेट्) *v.* (degenerated, degenerating) to deteriorate, to lose good qualities, पतन होना, गिरावट आना, अपभ्रष्ट होना।

degeneration (डि-जॅन्-ॲ-रे´-शॅन्) *n.* the process of degenerating or the state of being degenerated, अपकर्ष, पतन, अधःपतन, गिरावट, अपभ्रष्टता।

degenerative (डि-जॅन्´-ॲ-रॅ-टिव्) *adj.* causing degeneration, पतनकारक, अपकर्षक।

degradation (डॅग्-रॅ-डे´-शॅन्) *n.* the state of being degraded, पदावनति, अवनति, अधोगति।

degrade (डि-ग्रेड्´) *v.* (degraded, degrading) 1. to reduce to a lower rank or position, पदावनत करना, दर्जा घटा देना, नज़रों से गिराना। 2. to debase, अधोगति या अवनति को प्राप्त होना, भ्रष्ट हो जाना, गिर जाना। 3. to corrupt, भ्रष्ट होना या करना।

degrading (डि-ग्रे´-डिंग्) *adj.* 1. causing degradation, पदावनत करनेवाला, अधोगति को प्राप्त करनेवाला, पतनमूलक। 2. shaming, लज्जाजनक। 3. humiliating, मानमर्दन करनेवाला, अवमानकारी, दयनीय, ज़लील करनेवाला।

degree (डि-ग्री´) *n.* 1. one of a series of steps or stages, क्रम, सोपान, कोटि, दर्जा। 2. an academic title or official rank, डिग्री, पदवी, उपाधि। 3. a unit of measurement, डिग्री, अंश, इकाई। 4. relative extent, आपेक्षिक सीमा। 5. the measure or amount of quality, attribute or action, मात्रा; degree of control, नियंत्रण की मात्रा। □ **by degrees** (i) gradually, क्रमशः, धीरे-धीरे। (ii) little by little, थोड़ा-थोड़ा करके; **third degree,** rough treatment of a prisoner by the police in order to wring a confession from him, क़ैदी से अपराध स्वीकार कराने के लिए उसे पुलिस द्वारा दी जानेवाली मानसिक अथवा शारीरिक यातना।

degression (डि-ग्रे´-शॅन्) *n.* degeneration, अधःपतन, गिरावट, अवनति, ह्रास।

degressive (डि-ग्रे´-सिव्) *adj.* causing degression, अवनतिकारक, ह्रासमूलक, पतनकारक।

dehorn (डी-हॉःन्) *v.* (dehorned, dehorning) to remove the horns from an animal, सींग से रहित करना, सींग निकाल या हटा देना।

dehumanization (डी-ह्यू-मॅ-नि-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of dehumanizing or the state of being dehumanized, अमानवीकरण।

dehumanize (डी-ह्यू´-मॅ-नाइज़्) *v.* (dehumanized, dehumanizing) to deprive someone of human qualities, अमानवीय बना देना, मानवीय गुणों (दया, सहानुभूति आदि) से रहित करना, पशु या जानवर बना देना।

dehumidify (डी-ह्यू-मिड्´-इ-फ़ाइ) *v.* (dehumidified, dehumidifying) to decrease the humidity of, आर्द्रता कम करना।

dehydrate (डी-हाइ´-ड्रेट्) *v.* (dehydrated, dehydrating) to remove or lose water, निर्जल या जलरहित होना या करना, सुखाना, शुष्क करना।

dehydration (डी-हाइ-ड्रे´-शॅन्) *n.* the act of

dehydrating or the state of being dehydrated, निर्जलीकरण।

deice (डी-आइस्´) *v.* (deiced, deicing) 1. to free or be freed of ice, बर्फ़ से रहित होना या करना, बर्फ़ का हटना या हटाया जाना। 2. to prevent formation of ice on, किसी चीज़ पर बर्फ़ जमने से रोकना, बर्फ़ न जमने देना।

deify (डी-इ-फ़ाइ´) *v.* (deified, deifying) 1. to treat as a god, ईश्वर या देवता के रूप में स्वीकार करना। 2. to make a god of, देवत्व प्रदान करना। 3. to worship, पूजा करना, आराधना करना।

deign (डेन्) *v.* (deigned, deigning) 1. to think worthy of, योग्य समझना, उपयुक्त समझना। 2. to give kindly, कृपापूर्वक देना, कृपा करना, अनुग्रह करना। 3. to lower oneself to, झुकना, विनम्र होना।

deism (डी´-इज़्-अॅम्) *n.* the belief in the existence of God without accepting revelations, ईश्वरवाद, देववाद।

deist (डी´-इस्ट्) *n.* a believer in the existence of God, ईश्वरवादी, देववादी।

deistic (डी-इस्´-टिक्) *adj.* of or pertaining to deism or deist, ईश्वरवादी, देववादी।

deity (डी´-इ-टी) *n.* (plu. deities) a god or goddess, देवता या देवी।

dejavu (डे-ज़्हा-वू´) *n.* the illusion of having already experienced something which is actually being experienced for the first time, पूर्वाभासजन्य भ्रांति। (फ्रांसीसी)

deject (डि-जॅक्ट्) *v.* (dejected, dejecting) to dishearten, हतोत्साहित करना, निराश करना, हताश करना या बनाना, दिल तोड़ देना।

dejected (डि-जॅक्´-टिड्) *adj.* depressed, downhearted, खिन्न, उदास, निराश, हताश।

dejection (डि-जॅक्´-शॅन्) *n.* depression, lowness of spirits, उदासी, खिन्नता, विषाद, निराशा।

de jure (डी-ज्यूर्´-ई) *adv.* according to law, by law, विधितः कानूनन। *adj.* rightful, legal, कानूनी, वैध, विधिक, विधिसम्मत, विधिवत्; de jure guardian, विधिसम्मत अभिभावक। (लैटिन)

dekagram (डॅक्´-अॅ-ग्रैम्) *n.* ten grams, दस ग्राम।

dekalitre (डॅक्´-अॅ-ली-टॅः) *n.* ten litres, दस लिटर।

dekametre (डॅक्´-अॅ-मी-टॅः) *n.* ten metres, दस मीटर।

delay (डि-ले´) *v.* (delayed, delaying) 1. to make or be late, देर करना, लगाना या होना, विलंब करना या होना। 2. to postpone, आस्थगित करना, टाल देना। *n.* 1. the act of delaying or the state of being delayed, देर, देरी, विलंब। 2. the period of time one is delayed, देर, विलंब, delay report विलंब रिपोर्ट।

delayed (डि-लेड्´) *adj.* that has been delayed, विलंबित, देर से प्राप्त; delayed news, देर से प्राप्त समाचार।

delectable (डि-लॅक्´-टॅ-बॅल्) *adj.* delightful, मजेदार, आनंददायक, सुखद।

delectation (डी-लॅक्-टे´-शॅन्) *n.* delight, मज़ा, आनंद, सुख।

delegacy (डॅल्´-इ-गे-सी) *n.* 1. a body of representatives, प्रतिनिधि-मंडल। 2. appointment as delegate, प्रतिनिधि के रूप में नियुक्ति। 3. system of delegating, प्रतिनिधि नियुक्त करने की प्रणाली।

delegate (डॅल्´-इ-गेट्/गिट्) *n.* a representative, प्रतिनिधि, नुमाइंदा। *v.* (delegated, delegating) 1. to give or transfer powers or duties to another as representative, प्रतिनिधि बनाना, प्रतिनिधि बनाकर अपने अधिकार आदि उसे सौंपना, प्रत्यायोजित करना। 2. to transfer, हस्तांतरित करना, सौंपना।

delegated (डॅल्´-इ-गे-टिड्) *adj.* that has been delegated, प्रत्यायोजित।

delegation (डॅल्-इ-गे´-शॅन्) *n.* 1. a body of delegates, प्रतिनिधि-मंडल, शिष्टमंडल। 2. the act of delegating, प्रत्यायोजन।

delegator (डॅल्´-इ-गे-टॅः) *n.* one who delegates one's powers, प्रत्यायोजक।

delete (डि-लीट्´) *v.* (deleted, deleting) to strike out or omit something written or printed, काट देना, निकाल देना, हटा देना।

deleterious (डॅल्-इ-टिॲर्´-इ-ॲस्) *adj.* injurious, harmful, हानिकारक, हानिप्रद, नुकसानदेह, अस्वास्थ्यकर अनिष्टकर।

deletion (डि-ली´-शॅन्) *n.* the act of deleting something written or printed, काट या निकाल देने की क्रिया या भाव, काट, काट-कूट, काटा या निकाला जाना।

deliberate[1] (डि-लिब्´-ॲ-रिट्) *adj.* 1. fully considered, सुचिंतित, सुविचारित।2. intentional, जान-बूझकर किया हुआ, साभिप्राय, सोद्‌देश्य। 3. not hasty, unhurried, careful, चौकसी-भरा, सतर्कता।

deliberate[2] (डि-लिब्´-ॲ-रेट्) *v.* (deliberated, deliberating) 1. to think over, सोच-विचार करना, सोचना-विचारना।2. to discuss carefully, अच्छी तरह विचार-विमर्श करना। **deliberateness** (डि-लिब्´-ॲ-रेट्-निस्) *n.* deliberation, सोच-विचार।

deliberation (डि-लिब्-ॲ-रे´-शॅन्) *n.* 1. careful consideration, चिंतन-मनन, सोच-विचार। 2. (formal) discussion (औपचारिक) विचार-विमर्श।3. care or absence of hurry, चौकसी, सावधानी, सतर्कता।

deliberative (डि-लिब्´-ॲ-रे-टिव्) *adj.* 1. having the power of deliberation, विचार-विमर्श के लिए सक्षम; deliberative body, विचार विमर्श या बहस करनेवाला निकाय। 2. for the purpose of deliberation, विचार-विमर्श के लिए उपयुक्त।

delicacy (डॅल्´-इ-कॅ-सी) *n.* (plu. delicacies) 1. delicateness, कोमलता, सुकुमारता, नज़ाकत, सूक्ष्मता।2. refinement of feeling, सुशीलता, शालीनता, मर्यादा। 3. a rare or costly dish, बढ़िया व्यंजन या मिठाई, स्वादिष्ट पदार्थ।

delicate (डॅल्´-इ-किट्) *adj.* 1. tender, सुकुमार, कोमल, नाज़ुक।2. fragile or frail, नाज़ुक, कमज़ोर। 3. delicious, savoury, स्वादिष्ट, सुस्वादु, मज़ेदार।4. elegant, fine, उत्कृष्ट, उत्तम। 5. needing careful treatment or tact, sensitive, नाज़ुक, सूक्ष्म, संवेदनशील। 6. easily injured or liable to illness, नाज़ुक-मिज़ाज, दुर्बल, कमज़ोर, जल्दी बीमार पड़ जानेवाला।7. showing regard for the feelings of others, refined, संकोची, सुशील, भद्र।

delicately (डॅल्´-इ-किट्-ली) *adv.* 1. elegantly, उत्कृष्टतापूर्वक। 2. carefully, deftly, सावधानी से, दक्षतापूर्वक। 3. subtly, सूक्ष्मता से। 4. daintily, नज़ाकत से।

delicious (डि-लिश्´-ॲस्) *adj.* 1. palatable, tasty, savoury, ज़ायकेदार, स्वादिष्ट, सुस्वाद, मज़ेदार। 2. delightful, enjoyable, आनंददायक, रोचक।

deliciously (~ -ली) *adv.* delightfully, स्वाद या आनंद लेते हुए, मज़े ले-लेकर।

delight (डि-लाइट्´) *v.* (delighted, delighting) 1. to take great pleasure in, आनंद या मज़ा लेना, ख़ुश होना; I shall be delighted to meet you, आपसे मिलकर मुझे बहुत ख़ुशी होगी। 2. to please greatly, ख़ुश कर देना, प्रसन्न कर देना, मज़ा देना। *n.* 1. great pleasure, आनंद, उल्लास, ख़ुशी, मज़ा। 2. something that causes pleasure, ख़ुशी की बात या चीज़; It is a great delight to talk to him, उससे बात करने में बहुत मज़ा आता है।

delighted (डि-लाइट्´-इड्) *adj.* 1. pleased, gladdened, happy, ख़ुश, प्रसन्न, हर्षित। 2. overjoyed, आनंदमग्न।

delightful (डि-लाइट्´-फ़ुल्) *adj.* 1. giving delight, enjoyable, pleasing, आनंदप्रद, आनंददायी, आह्लादकारी। 2. entertaining, मनोरंजक।

delightfully (डि-लाइट्´-फ़ु-ली) *adj.* with delight, happily, ख़ुशी से, ख़ुशी-ख़ुशी, मज़े से।

delimit (डि-लिम्´-इट्) *v.* (delimited, delimiting) to mark the limits or boundaries of, परिसीमित करना, हदबंदी करना।

delimitation (डि-लिम्-इ-टे´-शॅन्) *n.* the process of marking boundaries, सीमांकन, परिसीमन, हदबंदी; delimitation of constituencies, निर्वाचन-क्षेत्रों का परिसीमन।

delineate (डि-लिन्´-इ-एट्) *v.* (delineated, delineating) to portray by drawing or description, चित्रित या अंकित करना, रूप-रेखा बनाना या वर्णन करना।

delineation (डि-लिन्-इ-ए´-शॅन्) ***n.*** the act of delineating or something delineated, अंकन, चित्रण या वर्णन।

delinquency (डि-लिंग्´-क्वॅन्-सी) ***n.*** a psychological tendency to commit offences against the law, अपचारिता, अपराधिता, अपराधवृत्ति; juvenill delinguency, किशोर अपचारिता, किशोर अपराधवृत्ति।

delinquent (डि-लिंग्´-क्वॅन्ट्) ***adj.*** 1. guilty of an offence or mis deed, अपचारी, अपराधी, दोषी। 2. overdue in payment, बकाया, शेष। ***n.*** a young person guilty of an offence or misdeed, किशोर अपराधी।

deliquesce (डॅल्-इ-क्वॅस्´) ***v.*** (deliquesced, deliquescing) to melt or dissolve, पिघल जाना या घुल जाना।

delirious (डि-लिऑर्-इ-अॅस्) ***adj.*** 1. affected with delirium, उन्मादग्रस्त, उन्मादी। 2. wildly excited, उन्मत्त, बावला; deliriously happy, ख़ुशी से पागल।

delirium (डि-लिऑर्´-इ-अॅम्) ***n.*** (plu. deliriums, deliria) 1. a state of mental disorder due to shock or injury, उन्माद, विक्षिप्तता, चित्तभ्रांति, उन्माद की वह स्थिति जिसमें आदमी ऊलजलूल बकने या प्रलाप करने लगता है। 2. a very excited state, उन्मत्तता, उत्तेजनशीलता।

deliver (डि-लिव्´-अ:) ***v.*** (delivered, delivering) 1. to take or convey to addressee or purchaser, देना, पहुँचाना, बाँटना। 2. to hand over, सौंपना, प्रदान करना, देना। 3. to throw or hurl, फेंकना, डालना; to deliver a ball, गेंद फेंकना। 4. to utter (a speech, भाषण) करना या देना। 5. to give (a blow) देना, लगाना, मारना। 6. to rescue, बचाना; He delivered her from death, उसने उस लड़की को मौत से बचा लिया। 7. to set free, उद्धार करना, मुक्त करना, मुक्ति देना। 8. to give birth to, प्रसव करना, जन्म देना, जनना। 9. to assist (a female) in giving birth, (बच्चा) जनाना। ☐ **deliver the goods,** वादे के अनुसार या किसी की प्रत्याशा के अनुरूप कार्य करना।

deliverable (डि-लिव्´-अॅ-रॅ-बॅल्) ***adj.*** that can be delivered, सुपुर्दगी के योग्य।

deliverance (डि-लिव्´-अॅ-रॅन्स्) 1. rescue, उद्धार, बचाव, रक्षा। 2. act of setting free, मुक्ति, रिहाई।

delivery (डि-लिव्´-अॅ-री) ***n.*** (plu. deliveries) 1. the act of delivering, देने, पहुँचाने, सौंपने, बाँटने आदि की क्रिया, वितरण, सुपुर्दगी; delivery room, वितरण- कक्ष, delivery service, वितरण-सेवा; to take delivery of goods, माल छुड़ाना। 2. the act or manner of delivering (a speech, भाषण) देने की कला। 3. the act or manner of delivering (a ball, गेंद) फेंकने का ढंग या शैली। 4. the act of giving birth, प्रसव, प्रसूति, संतान को जन्म देना। 5. a rescuing or being rescued, मुक्ति, मोक्ष।

dell (डॅल्) ***n.*** a small valley covered with trees, वृक्षों से युक्त घाटी।

delouse (डी-लॉउस्´) ***v.*** (deloused, delousing) to rid lice, जुँओं से पिंड छुड़ाना, जुँओं से रहित करना।

delphinium (डॅल्-फ़िन्´-इ-अॅम्) ***n.*** a garden plant and its flower, डेलफ़िनियम।

delta (डॅल्´-टॅ) ***n.*** 1. a letter of the Greek alphabet having the shape of a triangle, ग्रीक वर्णमाला का चौथा वर्ण। 2. a triangular track of land at the mouth of a river, नदी के मुहाने पर की तिकोनी कछारी भूमि, मुहाना।

delude (डि-ल्यूड्´) ***v.*** (deluded, deludeing) 1. to deceive or misleed, धोखा देना, झाँसा देना, भ्रमित करना। 2. to befool, मूर्ख बनाना। ☐ **delude oneself,** अपने आपको धोखे में रखना या डालना; Don't delude yourself with false hopes, झूठी आशाओं के चक्कर में मत पड़ो।

deluge (डॅल्´-यूज्) ***n.*** 1. a great flood, महाप्रलय, जलप्रलय, जलप्लावन। 2. a heavy downpour of water, घोर वर्षा। 3. a heavy rush, प्रचुरता, बहुतायत, बौछार या भरमार, a deluge of questions, प्रश्नों की बौछार, भरमार। ***v.*** (deluged, deluging) 1. to cause flood, बाढ़ लाना। 2. to arrive in a large

number, बड़ी मात्रा में आना या उपस्थित होना। 3. to submerge, डूब जाना या डुबा देना, बह जाना या बहा देना। 4. to come down on like a flood, बाढ़ (की तरह) आ जाना; I was deluged with letters, मेरे पास पत्रों की बाढ़ आ गई।

delusion (डि-ल्यू´-ज़्हॅन्) ***n.*** 1. the act of deluding, धोखा, झाँसा। 2. a false belief, भ्रम, भ्रांति, विभ्रम।

delusive (डि-ल्यू´-सिव्) ***adj.*** 1. deceptive, भ्रामक। 2. raising false hopes, झूठी आशा बँधानेवाला। 3. unreal, अवास्तविक, आभासी।

deluxe, de luxe (डि-लक्स्´) ***adj.*** superior in quality and intended for the wealthy, डीलक्स, उच्च कोटि का, ठाठदार, राजसी; deluxe edition, राज-संस्करण।

delve (डॅल्व्) ***v.*** (delved, delving) to search deeply, गहरी खोज करना, खूब छान-बीन करना।

demagnetization (डी-मैग्-नॅ-टि-ज़े´-शॅन्) ***n.*** the act of demagnetizing, विचुंबकन।

demagnetize (डी-मैग्´-नॅ-टाइज़्) ***v.*** (demagnetized, demagnetizing) to lose or remove magnetic properties, विचुंबकित होना या करना, चुंबकहीन होना या करना।

demagogic (डॅम्´-अॅ-गॉ:-गिक्) ***adj.*** exciting popular feelings, जनोत्तेजक, भड़काऊ।

demagogue (डॅम्´-अॅ-गॉग्) ***n.*** a leader who excites popular feelings, जन-भावनाओं को भड़कानेवाला नेता, बाजारू नेता, जनोत्तेजक नेता।

demagogy (डॅम्´-अॅ-गॉ-जी) ***n.*** an act of exciting popular feelings, जन-भावनाओं को भड़काने का काम, जनोत्तेजन, जनोत्तेजक कार्य या भाषण।

demand (डि-मान्ड्´, डि-मैन्ड्´) ***v.*** (demanded, demanding) 1. to ask for, माँगना, कहना। 2. to need or require, आवश्यकता होना, ज़रूरत होना, चाहना; The work demands your immediate attention, इस काम में आपको तुरन्त ध्यान देने की आवश्यकता है। 3. to claim as just or true, माँग करना, दावा करना। 4. to require as urgent, तकाज़ा होना, माँग होना। ***n.*** 1. the act of demanding or something demanded, माँग; payable on demand, माँगने पर देय। 2. a claim or right, दावा, अधिकार। 3. willingness and ability to purchase goods, माँग, in demand, जिसकी माँग हो रही हो। 4. something that requires special effort or sacrifice, तकाज़ा, माँग।

demanding (डि-मान्´-डिंग्) ***adj.*** 1. making many or rigorous demands, माँगनेवाला, बराबर कठोर माँगें करनेवाला। 2. requiring careful attention, skill, patience or effort, ध्यान, कौशल या प्रयत्न की अपेक्षा करनेवाला, जिसके संपादन के लिए कौशल, प्रयास, धैर्य या ध्यान देना आवश्यक हो; A new baby and a new job can both be very demanding, नए बच्चे और नए काम पर बहुत ध्यान देना पड़ता है।

demarcate (डि-मा:´-केट्) ***v.*** (demarcated, demarcating) to determine and mark the boundaries of, सीमांकन करना, सीमांकित करना, हदबंदी करना।

demarcation (डि-मा:-के´-शॅन्) ***n.*** the act of demarcating, सीमांकन, हदबंदी; demarcation line, सीमारेखा।

demarche (डे-मा:श्´) ***n.*** a political initiative, राजनीतिक पहल। (फ्रांसीसी)

demean (डि-मीन्´) ***v.*** (demeaned, demeaning) 1. to debase in dignity or stature, पद में नीचा करना, मान घटाना, शान घटाना, प्रतिष्ठा घटाना, महत्त्व गिराना या गिरा लेना, अपमानित करना या होना। 2. to act, व्यवहार या बरताव करना, आचरण करना, चेष्टा करना।

demeanour, demeanor (डि-मी´-नॅ:) ***n.*** 1. behaviour, व्यवहार, बरताव। 2. main bearing, deportment, भावभंगिमा, हावभाव, रवैया, तौर-तरीका, demeanour of a witness, साक्षी की भावभंगिमा।

demented (डि-मॅन्´-टिड्) ***adj.*** 1. crazy, mad, उन्मत्त, बावला, ख़ब्ती। 2. insane, पागल, विक्षिप्त।

dementia (डि-मॅन्´-शॅ) ***n.*** mental deterioration, उन्मत्तता, विक्षिप्तता, मनोभ्रंश।

dementia praecox (डि-मॅन्´-शॅ-प्री´-कॉक्स्) ***n.*** schizophrenia, विखंडित मनस्कता, मनोभ्रंश, मानसिक-असंतुलन।

demerit (डी-मॅर्‌´-इट्) *n.* 1. a fault, दोष। 2. a bad point of character, अवगुण, बुराई।

demesne (डि-मेन्´) *n.* 1. a landed estate, जागीर, भू-संपत्ति। 2. land in possesion of the owner and not held by tenants, भूमि जो मालिक के क़ब्ज़े में हो और पट्टेदार को न दी गई हो। 3. land attached to a mansion, किसी भवन के आस-पास की भूमि।

demi (डॅम्´-ई) ***prefix*** half, अर्ध।

demigod (डॅम्´-इ-गॉड्) *n.* 1. a minor deity, छोटा-मोटा देवता, उप-देवता। 2. a person with Godlike attributes, देवतुल्य, व्यक्ति, देवमानव।

demijohn (डॅम्´-इ-जॉन्) *n.* a large bottle with a short narrow neck, बड़े पेट तथा छोटे गलेवाली बोतल।

demilitarization (डी-मिल्-इ-टॅ-रि-ज़े´-शॅन्) the act of demilitarizing or being demilitarized, सेना हटाना, विसैन्यीकरण।

demilitarize (डी-मिल्´-इ-टॅ-राइज़्) *v.* (demilitarized, demilitarizing) to eliminate or prohibit military forces or installations, विसैन्यीकरण करना, विसैन्यीकृत करना, सेना हटा लेना।

demilitarized (डी-मिल्´-इ-टॅ-राइज़्ड्) *adj.* free from military forces or installations, विसैन्यीकृत; demilitarized zone, विसैन्यीकृत क्षेत्र, सेनाविहीन क्षेत्र, ऐसा क्षेत्र जहाँ से सेनाएँ हटा ली गई हों।

demimonde (डॅम्´-इ-मॉन्ड्) *n.* in society a class of women of doubtful reputation who are kept by wealthy lovers, रखेल-वर्ग, कुख्यात नारी-वर्ग।

demise (डि-माइज़्´) *n.* 1. death, मृत्यु, निधन, मौत। 2. the end of existence, समाप्ति। 3. the transfer of an estate by will or lease, वसीयत या पट्टे द्वारा जागीर का किसी के नाम होनेवाला अंतरण। *v.* to transfer by will or lease, वसीयत या पट्टे द्वारा अंतरित करना।

demitasse (डॅम्´-इ-टैस्) *n.* 1. a small cup for after-dinner coffee, वह छोटा कप जिसमें भोजन के उपरांत कॉफ़ी पीते हैं, कॉफ़ी का छोटा प्याला। 2. its contents, उक्त प्याले की कॉफ़ी।

demo (डॅम्´-ओ) *n.* (plu. demos) a piece or item used for demonstration, प्रदर्शनीय वस्तु।

demobilization (डी-मो-बि-लि-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of demobilizing, सेनाओं का विघटन, सैन्य-वियोजन, सैन्य-भंग, लामबंदी तोड़ना।

demobilize (डी-मो´-बि-लाइज़्) *v.* (demobilized, demobilizing) to disband troops, सेनाओं को विघटित करना, सैन्य-वियोजन करना, लाम तोड़ना।

democracy (डि-मॉक्´-रॅ-सी) *n.* 1. a system of government run by the elected representatives of the people, जनतंत्र, लोकतंत्र। 2. the practice or spirit of social equality, लोकतंत्र की भावना, समता-भाव, समानता की भावना।

democrat (डॅम्´-अॅ-क्रैट्) *n.* an advocate of democracy, लोकतंत्रवादी, जनतंत्रवादी, लोकतंत्र प्रणाली का समर्थक।

democratic (डॅम्-अॅ-क्रैट्´-इक्) *adj.* of or pertaining to democracy, लोकतंत्रीय, लोकतंत्रात्मक, लोकतंत्रवादी, जनतांत्रिक; democratic way of life, जीवन की जनतांत्रिक पद्धति।

democratically (डॅम्-अॅ-क्रैट्´-इ-कॅ-ली) *adv.* in a democratic way, जनतांत्रिक ढंग से, लोकतांत्रिक पद्धति से।

democratize (डि-मॉक्´-रॅ-टाइज़्) *v.* (democratized, democratizing) to make democratic जनतांत्रिक रूप देना, लोकतंत्रवादी बनाना, लोकतंत्र स्थापित करना।

demode (डे-मो-डे´) *adj.* out of fashion, दकियानूसी। (फ़्रांसीसी)

demographer (डि-मॉग्´-रॅ-फ़ॅ:) *n.* an expert in demography, जनांकिकी विशेषज्ञ, जन-सांख्यिक।

demography (डि-मॉग्´-रॅ-फ़ी) *n.* the statistical study of human population in relation to births, deaths etc. of a particular area, जनसंख्या विज्ञान, जनसांख्यिकी, जनांकिकी।

demolish (डि-मॉल्´-इश्) *v.* (demolished, demolishing) 1. to tear down completely, to destroy, ढा देना, गिरा देना, तोड़ देना, विध्वंस

करना, ध्वस्त या विनष्ट कर देना। 2. to put an end to, उन्मूलित कर देना। 3. to put into a very weak position, बेहद कमज़ोर कर देना। 4. to do away with, न रहने देना, मटियामेट करना, सत्यानाश करना; By his irrefutable argument he demolished my case completly. अपनी अकाट्य दलील से उसने मेरे मामले का सत्यानाश कर दिया।

demolition (डॅम्-अॅ-लिश्´-अॅन्) *n.* the act of demolishing or the state of being demolished, ढाना या ढाया जाना, गिराना या गिराया जाना, तोड़ना या तोड़ा जाना, ध्वंस, विध्वंस।

demon (डी´-मॅन्) *n.* 1. a devil, राक्षस, दानव, दैत्य। 2. an evil spirit, भूत, पिशाच। 3. a cruel person, नृशंस व्यक्ति। 4. one who is extremely forceful, भूत की तरह काम करने-वाला व्यक्ति, शक्तिशाली; He is a demon for work, वह भूत की तरह काम करता है। *adj.* 1. like a demon, दानवी, राक्षसी। 2. forceful, शक्तिशाली।

demonetize (डी-मॉन्´-अॅ-टाइज़्) *v.* (demonetized, demonetizing) to withdraw from use as currency, मुद्रा को प्रचलन से हटाना।

demoniac (डि-मो´-नि-एक्) *adj.* of or like a demon, दानवी, राक्षसी।

demonical (डि-मॅ-नाई-अॅ-क्ल्) *adj.* demoniac, दानवी, राक्षसी।

demonism (डि-मॉन्´-इज़्-अॅम्) *n.* faith or belief in demons, पिशाचवाद, प्रेतवाद, भूत-प्रेतवाद भूत-प्रेत की शक्ति में विश्वास।

demonist (डि-मॉन्´-इस्ट्) *n.* one who worships demons, पिशाचपूजक, प्रेतपूजक।

demonology (डी-मॅ-नॉल्´-अॅ-जी) *n.* the study of demons, प्रेत विद्या, भूत-पिशाच विद्या।

demonstrable (डि-मॉन्´-स्ट्रॅ-बॅल्) *adj.* that can be demonstrated, निदर्शनीय, प्रदर्शनीय।

demonstrate (डॅम्´-अॅन्-स्ट्रेट्) *v.* (demonstrated, demonstrating) 1. to show or prove, सिद्ध कर दिखाना, प्रमाणित करना। 2. to display something, प्रदर्शित या निदर्शित करना। 3. to take part in a demonstration, प्रदर्शन करना, विरोध में जुलूस निकालना।

demonstration (डॅम्-अॅन्-स्ट्रे´-शॅन्) *n.* 1. the act of demonstrating or something demonstrated, निदर्शन। 2. a display or show, प्रदर्शनी, नुमाइश, दिखावा। 3. a gathering of agitators to express their strong feelings publicly against authorities, (सार्वजनिक) प्रदर्शन। 4. a display of military forces, सैन्य-प्रदर्शन। 5. an experiment showing how something works, प्रदर्शन, निदर्शन।

demonstrative (डि-मॉन्´-स्ट्रॅ-टिव्) *adj.* of or pertaining to demonstrations, प्रदर्शनात्मक, निदर्शनात्मक। *n.* the demonstrative pronoun, निश्चयवाचक या संकेतवाचक सर्वनाम।

demonstrator (डि-मॉन्´-स्ट्रॅ-टॅः) *n.* 1. one who demonstrates, प्रदर्शक (प्रदर्शनी आदि का); निदर्शक (अध्यापक)। 2. an agitator, प्रदर्शन या जुलूस आदि में भाग लेनेवाला, प्रदर्शनकारी, प्रदर्शनकर्ता।

demoralization (डि-मॉर्-अॅ-लि-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of demoralizing or the state of being demoralized, नैतिक पतन, भ्रष्टता।

demoralize (डि-मॉर्´-अॅ-लाइज़्) *v.* (demoralized, demoralizing) 1. to lessen the morale of, मनोबल गिराना। 2. to corrupt, भ्रष्ट करना, आचारभ्रष्ट करना, नैतिक पतन करना।

demote (डि-मोट्´) *v.* (demoted, demoting) to lower in rank, पदावनत करना, दर्जा घटाना।

demotic (डि-मॉट्´-इक्) *adj.* of, related to or used by common people, जन-संबंधी, जन-प्रचलित, लोकप्रिय, लोकगत।

demotion (डि-मो´-शॅन्) *n.* the act of demoting or the state of being demoted, पदावनयन, पदावनति।

demulcent (डि-मॅल्´-सॅन्ट्) *adj.* soothing, आराम या राहत पहुँचानेवाला।

demur (डि-मः´) *v.* (demurred, demurring) to object, to raise objections, आपत्ति करना, एतराज़ करना, विरोध करना। *n.* an objection, आपत्ति, एतराज़, विरोध। □ **without demur**, बिना आपत्ति के, सहर्ष।

demure (डि-म्यूः´) *adj.* 1. quite and serious, धीर-गंभीर, शालीन। 2. pretending to

be quite and serious, शालीनता का दिखावा करनेवाला, दंभी।

demurrage (डि-मर्´-इज्) *n.* the extra charges payable for being late in taking delivery of goods from a transport company, माल को समय पर न उठाने पर लगनेवाला जुर्माना या हर्जाना, डेमरेज, विलंब-शुल्क।

den (डेन्) *n.* 1. a lair of a wild animal, माँद, खोह। 2. a place used as a hideout, चोरों आदि के छिपने की गुफा। 3. a place for an illegal activity, अवैध अड्डा।

denationalization (डी-नैश्-अॅ-नॅ-लि-ज़े´-शॅन्) the act of denationalizing or the state of being denationalized, विराष्ट्रीयकरण।

denationalize (डी-नैश्´-अॅ-नॅ-लाइज़्) *v.* (denationalized, denationalizing) to remove from state ownership to private ownership, विराष्ट्रीयकरण करना।

denatured (डी-ने´-चॅ:ड्) *adj.* having had its natural qualities changed, जिसके प्राकृतिक गुण बदल गए हों, विपरीत-प्रकृति।

dendrology (डेंन्-ड्रॉल्´-अॅ-जी) *n.* the scientific study of trees, वृक्ष विज्ञान।

dengue (डेंङ्ग्´-गे) *n.* a fever causing acute pain, ज्वर जिसमें जोड़ों में तेज़ दर्द रहता है, डेंगू ज्वर।

deniable (डि-नाइ´-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be denied, जिसे अस्वीकार किया या नकारा जा सके, जिसका खंडन किया जा सके, अस्वीकार्य, खंडनीय।

denial (डि-नाइ´-अॅल्) *n.* 1. the act of denying or the state of being denied, इन्कार, नकार। 2. a refusal, अस्वीकृति। 3. a statement denying something, खंडन। 4. self-denial, आत्मवंचन, वंचन।

denigration (डेंन्-इ-ग्रे´-शॅन्) *n.* the act of denigrating, बदनामी, निंदा, अपयश।

denigrate (डेंन्´-इ-ग्रेट्) *v.* (denigrated, denigrating) to defame, बदनाम करना, बदनामी करना, निंदा करना, कलंक लगाना, नाम पर बट्टा लगना।

denim (डेंन्´-इम्) *n.* a kind of cotton fabric, एक तरह का सूती कपड़ा।

denizen (डेंन्´-इ-ज़ॅन्) *n.* a person accepted as citizen, नागरिकता-प्राप्त वासी।

denominate (डि-नॉर्म्-इ-नेट्) *v.* (denominated, denominating) to give a name to, नामकरण करना, नाम रखना या देना।

denomination (डि-नॉम्-इ-ने´-शॅन्) *n.* 1. the act of denominating, नामकरण। 2. a name, नाम, अभिधान, संज्ञा। 3. a name of a group, type or class, वर्ग, श्रेणी या जाति-नाम; coins of small denomination, छोटे सिक्के; currency notes of high denomination, बड़े नोट। 4. a particular religious body, पंथ, संप्रदाय। 5. printed price, अंकित मूल्य।

denominational (डि-नॉम्-इ-ने´-शॅ-नॅल) *adj.* of a particular religious body, पंथ या संप्रदाय-संबंधी, पंथिक, सांप्रदायिक; denominational autonomy, सांप्रदायिक स्वायत्तता।

denominative (डि-नॉम्-इ-ने´-टिव्) *adj.* of or related to name, नामवाचक, नामसूचक, अभिधायक।

denominator (डि-नॉम्-इ-ने´-टॅ:) *n.* 1. the number below the line in a fraction, भिन्न के नीचे की संख्या, हर। 2. a quality held in common, सामान्य गुण।

denotation (डी-नो-टे´-शॅन्) *n.* the exact or explicit meaning of a word, शब्द का मुख्यार्थ, संकेतार्थ।

denote (डि-नोट्´) *v.* (denoted, denoting) 1. to be a name of, नाम होना, संज्ञा होना। 2. to mean, indicate or signify, द्योतित करना, सूचित करना, संकेतित करना।

denouement (डे-नू-मान्´) *n.* 1. the solution or outcome of a literary work, किसी साहित्यिक रचना का सार या निष्कर्ष। 2. the end of a story which clears up all the complications, कहानी का समस्यानिवारक अंत। (फ्रांसीसी)

denounce (डि-नॉउन्स्´) *v.* (denounced, denouncing) 1. to condemn or censure, बुराई करना, निंदा करना। 2. to accuse, दोष लगाना, दोषी ठहराना। 3. to announce the termination of (a treaty, संधि) समाप्त करने की घोषणा करना, रद करना, प्रत्याख्यान करना।

de novo (डी´-नो-वो) *adv.* from the beginning, नए सिरे से।

dense (डेन्स्) *adj.* 1. thick, closely set, compact, घना, सघन, निविड़; dense crowd, भीड़-भाड़। 2. stupid, slow-witted, मंदबुद्धि।

density (डेन्´-सि-टी) *n.* the measure of the compactness of a substance, घनत्व, सघनता; density of population, जनसंख्या का घनत्व, जन-सघनता।

dent (डेन्ट्) *n.* 1. a depression or hole in a surface made by pressure or a blow, गड्ढा, छेद। 2. reduction, कमी। *v.* (dented, denting) to make a dent in, (i) गड्ढा या छेद करना। (ii) विशेष प्रभाव या असर छोड़ना; He too couldn't make a dent in the problem, वह भी समस्या पर कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाया।

dental (डेन्´-टल्) *adj.* of or related to the teeth, दाँत-संबंधी, दंत्य; dental consonant, दंत्य व्यंजन। *n.* a dental consonant, दंत्य व्यंजन।

dental surgeon *n.* a dentist, दंत-चिकित्सक।

dentate (डेन्´-टेट्) *adj.* 1. having teeth, दाँतोंवाला। 2. having toothlike parts, दाँतेदार।

dentist (डेन्´-टिस्ट्) *n.* a doctor who treats the teeth and gums, दंत-चिकित्सक।

dentistry (डेन´-टि-स्ट्री) *n.* the profession of a dentist, दंत-चिकित्सा।

dentition (डेन्-टिश्´-अॅन्) *n.* the type, number and arrangement of teeth, दंत-विन्यास।

denture (डेन्´-चॅः) *n.* a set of artificial teeth, नकली दाँत, नकली बत्तीसी, डेंचर।

denudation (डि-न्यू-डे´-शॅन्) *n.* an act of denuding, अनाच्छादन।

denude (डि-न्यूड्´) *v.* (denuded, denuding) 1. to make naked, नंगा करना, नग्न करना, कपड़े उतारना। 2. to make bare, आवरण हटाना, अनाच्छादित करना, खुला छोड़ना। 3. to deprive of, वंचित करना, विहीन या रहित करना।

denunciation (डि-नन्-सि-ए´-शॅन्) *n.* the act of denouncing, निंदा, बुराई, भर्त्सना; दोषारोपण; समाप्ति।

deny (डि-नाइ´) *v.* (denied, denying) 1. to declare untrue, मिथ्या बतलाना, झुठलाना। 2. to refuse to accept, to disown, न मानना, अस्वीकार करना, नकारना, इन्कार करना, नामंजूर करना। 3. to refuse oneself things desired, आत्मत्याग करना, आत्मदमन करना। 4. to withhold, न देना, उपलब्ध न कराना, (से) वंचित करना या रखना।

deodorant (डी-ओ´-डॅ-रॅन्ट्) *n.* a chemical substance used to counteract undesirable odours, दुर्गंध-निवारक।

deodorization (डी-ओ-डॅ-रि-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of deodorizing, निर्गंधीकरण।

deodorize (डी-ओ´-डॅ-राइज़्) *v.* (deodorized, deodorizing) to destroy the odour of, गंध दूर करना, निर्गंध करना।

deoxidize (डी-ऑक्´-सि-डाइज़्) *v.* (deoxidized, deoxidizing) to remove oxygen from, ऑक्सीजन से रहित करना।

depart (डि-पाःट्´) *v.* (departed, departing) 1. to go away, to leave, चल देना, निकल पड़ना, जाना, रवाना होना। 2. to start, छूटना, रवाना होना, चल पड़ना। 3. to deviate, मार्ग से हट-बढ़ जाना, कोई मार्ग छोड़ देना। 4. to die, मर जाना।

departed (डि-पाः´-टिड्) *adj.* 1. bygone, गत, विगत, बीता हुआ। 2. dead, दिवंगत, मृत; departed soul, दिवंगत आत्मा।

department (डि-पाःट्´-मॅन्ट्) *n.* 1. a separate division or branch, विभाग, शाखा। 2. a specialized sphere, विशिष्ट कार्यक्षेत्र।

departmental (डी-पाःट्-मेंन्´-टॅल्) *adj.* of or related to a department, विभाग-संबंधी, विभागीय।

departmental store *n.* a large store divided into different departments for selling a great many kinds of goods, डिपार्टमेंटल स्टोर, विभागीय स्टोर, डिपाटो (जापानी)।

departure (डि-पाः´-चॅः) *n.* 1. the act of departing, a starting out, प्रस्थान, रवानगी, जाना; departure of train, गाड़ी का प्रस्थान। 2. a divergence, विचलन।

departure time *n.* the time of departure, प्रस्थान-समय, चलने या छूटने का समय।

depend (डि-पॅन्ड्´) *v.* (depended, depending) 1. to rely on, निर्भर होना, आश्रित या आधारित होना, टिका होना। 2. to place trust on, भरोसा करना या विश्वास रखना।

dependability (डि-पॅन्-डॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* the state of being dependable, निर्भरता; विश्वसनीयता।

dependable (डि-पॅन्´-डॅ-बॅल्) *adj.* trustworthy, विश्वसनीय, भरोसेमंद, भरोसे का।

dependence (डि-पॅन्-डॅन्स्) *n.* 1. the state of being dependent, निर्भरता, अवलंबन, अधीनता, पराधीनता। 2. reliance, भरोसा, सहारा, आश्रय।

dependency (डि-पॅन्´-डॅन्-सी) *n.* 1. a country controlled by another, अधीन या आश्रित देश। 2. the state of being dependent, पराश्रय।

dependent (डि-पॅन्´-डॅन्ट्) *adj.* 1. depending, आश्रित, पराश्रित। 2. subordinate, अधीन, पराधीन, परतंत्र, पराश्रित। *n.* one who relies on another for support, पराधीन व्यक्ति।

depersonalize (डी-पः-सॅ-नॅ-लाइज़्) *v.* (depersonalized, depersonalizing) to make impersonal, अवैयक्तिक बनाना।

depict (डि-पिक्ट्´) *v.* (depicted, depicting) 1. to show or represent in a picture, चित्रित करना, चित्रांकन करना। 2. to describe or represent in words, शब्दों में वर्णन करना।

depiction (डि-पिक्´-शॅन्) *n.* the act of depocting or something depicted, चित्रण, सजीव वर्णन।

depilatory (डि-पिल्´-अॅ-टॅ-री) *adj.* serving to remove hair, बालसफ़ा, रोमहर।

deplete (डि-प्लीट्´) *v.* (depleted, depleting) 1. to use up, व्यय या ख़र्च होना या करना; 2. to reduce in number or quantity, ह्रास होना या करना, कम होना या करना; Over the years, staff-strength in our department had depleted consideably, पिछले कुछ वर्षों में हमारे विभाग के कर्मचारियों की संख्या बहुत कम हो गई है। 3. to empty or vacate, खाली करना या होना। 4. to exhaust, निश्शेष होना या करना।

depletion (डि-प्ली´-शॅन्) *n.* the act of depleting, व्यय या खर्च करने की क्रिया या भाव, ह्रास, अवक्षय, संख्या कम करना या होना, घटना या घटना।

deplorable (डि-प्लोर्´-अॅ-बॅल्) *adj.* 1. very or exceedingly bad, बहुत बुरा, हेय, जघन्य। 2. regrettable, pitiable, खेदजनक, शोचनीय।

deplore (डि-प्लोः´) *v.* (deplored, deploring) 1. to express sorrow about, to lament, खेद या दुख व्यक्त करना, रोना-धोना, विलाप करना। 2. to express strong disapproval of, निंदा करना, कोसना।

deploy (डि-प्लॉइ´) *v.* (deployed, deploying) to spread out (troops) so as to form an extended front line (सेना को) तैनात करना, परिनियोजित करना, चारो ओर फैलाना।

deployment (डि-प्लॉइ´-मॅन्ट्) *n.* the act of deploying or the state of being deployed, फैलाव, विस्तार, विस्तारण; तैनाती, परिनियोजन; deployment of troops along the border, सीमा के साथ-साथ सैना तैनात करना।

depolarize (डी-पो´-लॅ-राइज़्) *v.* (depolarized, depolarizing) to remove polarization, ध्रुवीकरण समाप्त करना, विध्रुवीकरण करना।

deponent (डि-पो´-नॅन्ट्) *n.* one who gives evidence under oath, अभिसाक्षी, सशपथ बयान देनेवाला।

depopulate (डी-पॉप्´-उ-लेट्) *v.* (depopulated, depopulating) to be or cause to be reduced in population, जनसंख्या कम होना या कम करना।

depopulation (डि-पॉप्-उ-ले´-शॅन्) *n.* the act of depopulating or the state of being depopulated, जनसंख्या-ह्रास, जनह्रास, आबादी में कमी।

deport (डि-पोःट्´) *v.* (deported, deporting) 1. to expel by law, निर्वासित करना, विवासित करना। 2. to behave, आचरण करना, व्यवहार करना।

deportation (डि-पोः-टे´-शॅन्) *n.* act of expelling, निर्वासन, विवासन, देश-निकाला।

deportee (डि-पोः-टी) *n.* a person expelled from the country, निर्वासित, विवासित।

deportment (डि-पोःट्´-मॅन्ट्) *n.*1. behaviour, conduct, आचरण, व्यवहार। 2. demeanour, ढंग, रवैया, चेष्टा, तौर-तरीका।

depose (डि-पोज़्´) *v.* (deposed, deposing) 1. to remove from the throne, गद्दी से उतार देना। 2. to remove from power, सत्ता से च्युत कर देना, सत्ताच्युत करना। 3. to remove from a post, पदच्युत करना। 4. to give evidence on oath in a court, अभिसाक्ष्य देना, सशपथ बयान देना।

deposit (डि-पॉज़्´-इट्) *v.* (deposited, depositing) 1. to lay or put down, रखना। 2. to store or entrust for safe-keeping, जमा करना, धरोहर रखना, ज़मानत रखना। 3. to give as partial payment or security, किस्त, ज़मानत आदि के रूप में जमा करना, निक्षेप करना। 4. to put down in layers by a natural process, परतें या तहें जमाना, निक्षेप करना। *n.* .1 the act of depositing or something deposited, जमा, निक्षेप। 2. the money or valuables so entrusted, धरोहर, अमानत, जमा। 3. a sum paid as an instalment or security, जमा। 4. any deposited material, जमा। 5. the amount deposited, जमा-राशि।

deposit account *n.* the bank account of a depositor, जमा खाता।

depositary (डि-पॉ´-ज़ि-टॅ-री) *n.* one who receives a deposit, निक्षेपधारी।

deposition (डॅप्-ॲ-जिश्´-ॲन्) *n.* 1. the act of deposing or being deposed from throne, power or post, पदच्युति। 2. the act of depositing, निक्षेपण। 3. the giving of testimony upon oath in a court, अभिसाक्ष्य, बयान।

depositor (डि-पॉज़्´-इ-टॅः) *n.* one who deposits, जमाकर्ता।

depository (डि-पॉज़्´-इ-टॅ-री) *n.* (plu. depositories) 1. a place for safekeeping of things, store, भंडार, आगार, निक्षेपगृह, निक्षेपागार। 2. an incharge of a depository, तहवीलदार, धरोड़िया।

depot (डी´-पो) *n.* 1. a place where goods are stored or deposited, डिपो, भंडार, आगार; book depot, पुस्तक-भंडार। 2. a bus station, बस डिपो, बस अड्डा।

depravation (डॅप्-रॅ-वे´-शॅन्) *n.* an act of depraving, भ्रष्ट करना, भ्रष्टीकरण।

deprave (डि-प्रेव्´) *v.* (depraved, depraving) to make morally bad, to corrupt, नीतिभ्रष्ट या चरित्रभ्रष्ट करना, आचरण या आदतें बिगाड़ना।

depraved (डि-प्रेव्ड्´) *adj.* 1.debased, corrupt, अधम, नीच, भ्रष्ट, पतित। 2. bad, बुरा। 3. wicked, दुष्ट, दुराचारी, पापी।

depravity (डि-प्रेव्´-इ-टी) *n.* 1. moral corruption, नीतिभ्रष्टता, पतित अवस्था, गिरावट। 2. wickedness, दुष्टता, दुराचारिता।

deprecate (डॅप्´-रि-केट्) *v.* (deprecated, deprecating) to protest against, विरोध या आपत्ति करना, असहमति प्रकट करना।

deprecatory (डॅप्´-रि-कॅ-टॅ-री) *adj.* expressing protest, असहमति-सूचक, विरोधसूचक।

depreciate (डि-प्री´-शि-एट्) *v.* (depreciated, depreciating) 1. to make or become lower in value, मूल्यगत ह्रास होना या करना, मूल्य (या महत्त्व) गिरना या गिराना, मुद्रा का अवमूल्यन करना। 2. to denigrate, बदनामी करना, निंदा करना।

depreciation (डि-प्री´-शि-ए´-शॅन्) *n.* the act of depreciating or the state of being depreciated, मूल्यह्रास, अवक्षय, ह्रास।

depreciatory (डि-प्री´-शि-ॲ-टॅ-री) *adj.* disparaging, अवज्ञापूर्ण, तुच्छ।

depredation (डॅप्-रॅ-डे´-शॅन्) *n.* 1. plundering, लूट-पाट, लूट-खसोट। 2. robbery, डाका, डकैती। 3. destruction, विध्वंस, विनाश।

depress (डि-प्रॅस्´) *v.* (depressed, depressing) 1. to press down, दबाना। 2. to make gloomy or sad, खिन्न या उदास करना। 3. to lower in spirits, हतोत्साहित होना, अवसाद होना।

depressant (डि-प्रॅस्´-ॲन्ट्) *adj.* = depressive.

depressed (डि-प्रेस्ड्´) *adj.* 1. low in spirit, पस्त-हिम्मत, जिसका दिल बुझा हो, जो हिम्मत न कर पा रहा हो। 2. pressed down, दबाया हुआ, शोषित, दलित; depressed classes, दलित वर्ग। 3. low, अवनत, depressed area, अवनत क्षेत्र।

depression (डि-प्रेश्´-ऑन्) *n.* the act of depressing or the state of being depressed, दबाव। 2. a mental condition of sadness or gloom, अवसाद। 3. an area that is sunk below its surroundings, गर्त, गड्ढा, खात, निचान। 4. an area of low pressure, कम दबाववाला क्षेत्र। 5. the period when the demand of goods is diminished, मंदी।

depressive (डि-प्रेस्´-इव्) *adj.* causing mental depression, अवसादी, अवसादमूलक, अवसादकारक, हतोत्साहक।

deprival (डि-प्राइ´-वॅल्) *n.* the act of depriving or the state of being deprived, वंचन, वंचित करना या किया जाना।

deprivation (डॅप्-रि-वे´-शॅन्) *n.* 1. a deprival, वंचन। 2. a keenly felt loss, हानि, दुखद वियोग, विच्छेद।

deprive (डि-प्राइव्´) *v.* (deprived, depriving) to dispossess, to take a thing away from, वंचित करना, रहित या हीन कर देना, छीन या हरण कर लेना।

deprived (डि-प्राइव्ड्´) *adj.* dispossessed, वंचित।

depth (डॅप्थ्) *n.* 1. deepness, गहराई। 2. deep learning, profundity, थाह, विदग्धता। 3. intensity (of colour, रंग का) गहरापन, तेज़ी। □ **beyond one's depth,** beyond someone's reach, पहुँच के बाहर, बस के बाहर; **a cry from the depths,** अंतरात्मा की पुकार; **in depths of ignorance,** अज्ञान के अंधकार में; **in the depths of despair,** घोर निराशा में।

deputation (डॅप्-यु-टे´-शॅन्) *n.* 1. a delegation, प्रतिनिधि-मंडल, शिष्टमंडल। 2. an act of deputing, प्रतिनियुक्ति; deputation allowance, प्रतिनियुक्ति भत्ता।

depute (डि-प्यूट्´) *v.* (deputed, deputing) 1. to appoint as an agent, प्रतिनिधि नियुक्त करना, प्रतिनियुक्त करना। 2. to assign (a task or authority) to a deputy, (कार्य, भार) सौंपना।

deputize (डॅप्´-यु-टाइज़्) *v.* (deputized, deputizing) 1. to act as a deputy for, सहायक का कार्य करना, प्रतिनियुक्त होना। 2. to appoint a deputy, सहायक नियुक्त करना, प्रतिनियुक्त करना।

deputy (डॅप्´-यु-टी) *n.* a person appointed to act on behalf of another, डिप्टी (साहब)। ***prefix*** assistant, उप; deputy chairman, उपसभापति; deputy commissioner, उपायुक्त; deputy director, उपनिदेशक।

derail (डी-रेल्´) *v.* (derailed, derailing) to go or cause to go off the rails, (इंजन आदि का) रेल की पटरी से उतर जाना या गिरा दिया जाना, विपथित होना या करना; History has been derailed and I do not know who will put it back on the rails, इतिहास की गाड़ी पटरी से उतर गई है और मैं नहीं जानता कि इसे अब कौन पटरी पर लाएगा।

derailment (डी-रेल्´-मॅन्ट्) *n.* the act of derailing or the state of being derailed, विपथन, पटरी से उतर जाना या उतारा जाना।

derange (डि-रेन्ज्´) *v.* (deranged, deranging) 1. to put out of order, अव्यवस्थित कर देना, अस्त-व्यस्त कर देना। 2. to throw into confusion, विभ्रमित कर देना। 3. to make insane, पागल कर या बना देना।

derangement (डि-रेन्ज्´-मॅन्ट्) *n.* the state or quality of being deranged, अस्त-व्यस्तता, अव्यवस्था; पागलपन, विक्षिप्तता।

Derby (डः´-बी) *n.* an annual horse-race at Epson in England, डर्बी नाम की घुड़दौड़।

derecognise (डि-रॅक्-ऑग्-नाइज़्´) *v.* (derecognised, derecognising) to withhold recognition, मान्यता वापस लेना।

derelict (डॅर्´-ऑ-लिक्ट्) *adj.* 1. abandoned and deserted, वीरान, उजड़ा हुआ। 2. left ownerless, परित्यक्त, लावारिस। 3. falling into ruins, खंडहर, जीर्ण, जर्जर। *n.* 1. a social outcast, समाज द्वारा बहिष्कृत व्यक्ति, जातिच्युत। 2. an abandoned ship, plane

etc., परित्यक्त यान। 3. a person who is neglectful of duty, कर्तव्यविमुख या कर्तव्यच्युत व्यक्ति।

dereliction (डॅर्´-अॅ-लिक्-शॅन्) *n.* 1. neglect of duty, कर्तव्यविमुखता, कर्तव्यच्युति, लापरवाही, उपेक्षा। 2. abandonment, परित्याग, परित्यजन।

derestrict (डी-रि-स्ट्रिक्ट्´) *v.* (derestricted, derestricting) to remove a restriction or restrictions, रोक उठा लेना, प्रतिबंध हटा लेना।

deride (डि-राइड्´) *v.* (derided, deriding) to scorn or ridicule, to speak of or treat with scorn, हँसी उड़ाना, खिल्ली उड़ाना, उपहास करना।

de rigueur (डि-री-गर्´) *adj.* required by the custom or fashion, पारंपरिक, रिवाजी। (फ्रांसीसी)

derision (डि-रिज़्ह्´-अॅन्) *n.* ridicule, scorn, उपहास, हँसी, खिल्ली।

derisive (डि-राइ´-सिव्) *adj.* showing derision, scornful, उपहास करनेवाला, उपहासजनक, हँसी उड़ानेवाला, खिल्ली उड़ानेवाला।

derisory (डि-राइ´-सॅ-री) *adj.* 1. deserving derision, उपहास के योग्य। 2. derisive, उपहास करनेवाला, उपहासजनक।

derivable (डि-रिव्´-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be derived, व्युत्पाद्य।

derivation (डॅर्-इ-वे´-शॅन्) *n.* a source to which a word or thing is traced, व्युत्पत्ति, मूल।

derivative (डि-रिव्´-अॅ-टिव्) *adj.* derived from a source, व्युत्पन्न।

derive (ड़ि-राइव्´) *v.* (derived, deriving) 1. to issue or obtain from a source, □ **derive from,** से प्राप्त होना या करना। 2. to be produced or descended from, से व्युत्पन्न या उत्पन्न होना। 3. to infer from, से परिणाम निकालना।

dermal (ड:´-मॅल्) *adj.* of the skin, त्वचा, खाल या चर्म-संबंधी, त्वचीय, चर्मीय।

dermatitis (ड:-मॅ-टाइ´-टिस्) *n.* inflammation of the skin, त्वचा की सूजन, त्वचा-शोथ।

dermatologist (डर्-मॅ-टॉल्´-अॅ-जिस्ट्) *n.* a specialist in dermatology, चर्मरोग विशेषज्ञ, चर्मविज्ञानी।

dermatology (डर्-मॅ-टॉल्´-अॅ-जी) *n.* the branch of medicine concerned with the skin and its diseases, त्वचा विज्ञान, चर्म विज्ञान।

dermis (ड:´-मिस्) *n.* the layer of skin below the epidermis, बाह्य त्वचा के नीचेवाली त्वचा, अंतर्त्वचा।

derogate (डॅर्´-अॅ-गेट्) *v.* (derogated, derogating) 1. to belittle or depreciate, कम करना, घटाना, अल्पीकृत करना। 2. to humiliate, अवमानित करना, अप्रतिष्ठित करना, अनादर करना।

derogation (डॅर्-अॅ-गे´-शॅन्) *n.* the act of derogating or the state of being derogated, कमी, घटाव, ह्रास अल्पीकरण, अपमान।

derogatory (डि-रॉग्´-अॅ-टॅ-री) *adj.* involving or causing loss of respect, disparaging, अपमानकारक, अनादरपूर्ण, अपमानसूचक।

derrick (डॅर्´-इक्) *n.* a large crane for moving heavy objects, एक तरह की भारी क्रेन।

derriere (डॅर्-इ-एअ:´) *n.* buttocks, चूतड़। (फ्रांसीसी)

derring-do (डॅर्-इंग्-डू´) *n.* 1. boldness, दिलेरी, साहस, बहादुरी। 2. a bold action, पराक्रम, बहादुरी का काम, कमाल।

derringer (डॅर्´-इन्-जॅ:) *n.* a small large bore pistol, बड़े बोरवाली छोटी पिस्तौल।

dervish (ड:´-विश्) *n.* a Muslim mendicant, मुसलमान फ़कीर, दरवेश।

desalt (डी-सा:ल्ट्´) *v.* (desalted, desalting) to remove salt from the seawater, निर्लवण करना, खारापन दूर करना।

descant (डॅस्´-कैन्ट्) *n.* 1. a melody sung or played in accompaniment to the main melody, किसी राग के साथ-साथ ऊँचे स्वर में बजाया जानेवाला अन्य राग। 2. a comment, टीका, टिप्पणी। 3. a discourse, प्रवचन, संवाद।

descend (डि-सॅन्ड्´) *v.* (descended, descending) 1. to come or go down, नीचे आना,

नीचे उतरना। 2. to slope or incline downward, ढलना। 3. to be derived from ancestors, to pass by inheritance, वंश-परंपरा से प्राप्त होना, विरासत में मिलना। 4. to make a sudden attack or visit, आ धमकना। 5. to stoop (to meanness, कमीनेपन पर) उतर आना, नीचे गिरना।

descendant, descendent (डि-सेंन्´-डन्ट्) *n.* 1. one descended from an ancestor, वंशज, वंशधर, औलाद, संतान, संतति। 2. something that derives from an earlier form, व्युत्पन्न वस्तु।

descent (डि-सेंन्ट्´) *n.* 1. the act of descending, उतार, अवरोह। 2. slope, ढाल, ढलान।3. family origins, कुल, वंश।4. ancestry, वंश-परंपरा, पीढ़ी। 5. a sudden attack, धावा।6. a decline, उतार, पतन, अवनति, गिरावट।

describable (डेंस्-क्राइब्´-अ-बॅल्) *adj.* that can be described, वर्णन के योग्य, वर्णनीय।

describe (डि-स्क्राइब्´) *v.* (described, describing) 1. to give description of, to set forth in words, वर्णन करना, शब्दों में व्यक्त करना। 2. to give a verbal account of, बतलाना।3. to draw a line or figure, रेखा या आकृति बनाना, रेखांकन करना।

description (डि-स्क्रिप्´-शॅन्) *n.* 1. the act of describing, वर्णन। 2. a verbal account of an event, वर्णन, विवरण। 3. special features of a person, आदमी का हुलिया। 4. a sort or kind, भाँति, प्रकार; costumes of every description, भाँति-भाँति के परिधान।

descriptive (डि-स्क्रिप्´-टिव्) *adj.* full of description, giving a description, वर्णनात्मक।

descry (डि-स्क्राइ´) *v.* (descried, descrying) 1. to succeed in discerning, देख लेना।2. to discover by looking carefully, पहचानना, भाँप लेना, ताड़ना; He descried a thief standing at the other end of the hall, उसने हाल के दूसरे छोर पर खड़े चोर को पहचान लिया।

desecrate (डेंस्´-अॅ-क्रेट्) *v.* (desecrated, desecrating) to abuse the sacredness of, to treat a sacred thing with disrespect, अपवित्र करना, दूषित या भ्रष्ट करना।

desecration (डेंस-अॅ-क्रे´-शॅन्) *n.* taking away of sacred character, the act of desecrating, अपवित्रीकरण, भ्रष्ट या दूषित करना।

desegregate (डी-सेंग्´-रॅ-गेट्) *v.* (desegregated, desegregating) to end racial segregation in (sports, schools etc.), रंगभेद ख़त्म करना, रंगभेद हटाना।

desert[1] (डेंज्´-अॅ:ट्) *n.* a barren and sand-covered region, रेगिस्तान, मरुस्थल। *adj.* 1. barren and uncultivated, अनुर्वर तथा अकृष्ट।2. uninhabited, वीरान, निर्जन।

desert[2] (डि-ज़:ट्´) *v.* (deserted, deserting) 1. to forsake or abandon, छोड़ देना, त्याग देना, परित्याग करना। 2. to run away from (one's work) or leave (one's service) (काम या नौकरी) छोड़ भागना।

deserted (डि-ज़:´-टिड्) *adj.* 1. abandoned, त्यक्त, परित्यक्त। 2. uninhabited, निर्जन।

deserter (डि-ज़:ट्´-अॅ:) *n.* one who deserts, परित्याग करनेवाला, परित्यागी; छोड़ भागनेवाला, भगोड़ा।

desertion (डि-ज़:´-शॅन्) *n.* 1. the act of deserting, परित्याग, त्यजन। 2. running away from, भाग खड़े होना, पलायन।

deserve (डि-ज़:व्´) *v.* (deserved, deserving) to be worthy of, अधिकारी होना, पात्र होना, भाजन होना, भागी होना; He deserves punishment, वह दंड का भागी है उसे दंड मिलना चाहिए।

deserved (डि-ज़:व्ड्´) *adj.* 1. appropriate, उचित, योग्य। 2. well-earned, सही ढंग से अर्जित।

deservedly (डि-ज़:´-विड्-ली) *adv.* as is right or fair, उचित रूप से, न्यायतः।

deserving (डि-ज़:´-विंग्) *adj.* 1. worthy or help or support, सुपात्र, भाजन। 2. worthy, योग्य, अधिकारी।

desiccate (डेंस्´-इ-केट्) *v.* (desiccated, desiccating) to dry up, सुखाना।

desideratum (डि-सिड्-अॅ-रे´-टॅम्) *n.* (plu. desiderata) something desired and needed, आवश्यक तथा इच्छित वस्तु, इष्ट

पदार्थ, अभीष्ट वस्तु।

design (डि-ज़ाइन्´) *v.* (designed, designing) 1. to prepare a sketch or drawing, डिज़ाइन बनाना, ख़ाका खींचना या बनाना, रूपरेखा तैयार करना। 2. to work out a plan, योजना बनाना। 3. to conceive in the mind, परिकल्पना करना। *n.* 1. a sketch or drawing, डिज़ाइन, ख़ाका, रूपरेखा। 2. an artistic or decorative work, डिज़ाइन, अभिकल्प, रूपांकन। 3. a scheme conceived in the mind, परिकल्पना। 5. an intention, इरादा, इच्छा, योजना; I have no design to go to bombay. मेरी बंबई जाने की कोई इरादा नहीं। ☐ **have designs on,** to plan to get possession (of something, किसी चीज़ पर) नज़र गड़ाए होना।

designable (डि-ज़ाइन्´-अॅ-बॅल्) *adj.* full of designs, डिज़ाइनदार।

designate (डेज़्´-इग्-नेट्) *v.* (designated, designating) 1. to point out or mark clearly, निर्दिष्ट करना। 2. to give a name or title to, अभिहित करना, पद या नाम देना। 3. to appoint to a position, नामज़द करना, मनोनीत करना, नियुक्त करना।

designation (डेज़्-इग्-ने´-शॅन्) *n.* 1. the act of designating, नामकरण, मनोनयन, नामज़दगी। 2. a descriptive name, पदनाम, ओहदा, पद।

designedly (डि-ज़ाइ´-निड्-ली) *adv.* intentionally, जान-बूझकर, इरादतन।

designing (डि-ज़ाइ´-निंग्) *adj.* conniving, scheming, धूर्त, तिकड़मी।

desirability (डि-ज़ाइर्-अॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* the quality of being desirable, वांछनीयता, अभीष्टता, अच्छाई।

desirable (डि-ज़ाइर्´-अॅ-बॅल्) *adj.* 1. worth desiring, वांछनीय, मनचाहा, अभीष्ट। 2. advisable, स्पृहणीय, अच्छा, उचित, मुनासिब।

desire (डि-ज़ाइ:) *n.* a wish, craving, इच्छा, चाह, कामना, ऐषणा। *v.* (desired, desiring) to wish, इच्छा करना, चाहना।

desired (डि-ज़ाइ:ड्´) *adj.* wished, इच्छित, वांछित, अभीष्ट, इष्ट।

desirous (डि-ज़ाइर्´-अॅस्) *adj.* wishing, desiring, इच्छुक, चाहनेवाला।

desist (डि-ज़िस्ट्´) *v.* (desisted, desisting) 1. to discontinue, बीच में छोड़ देना। 2. to cease doing (किसी काम से) बाज़ आना, बचना, परहेज़ करना, फेर में न पड़ना।

desk (डेस्क्) *n.* a piece of furniture with a flat top for writing, डेस्क।

deskwork (डेस्क्´-व:क्) *n.* 1. working on the desk, बैठकर डेस्क पर काम करने की क्रिया या बैठकर डेस्क पर किया जानेवाला काम। 2. office -work, दफ़्तर का काम।

desolate[1] (डेस्´-अॅ-लिट्) *adj.* 1. deserted, सूना, निर्जन, उजाड़। 2. lonely, तन्हा, अकेला, एकाकी। 3. gloomy, dismal, अवसादपूर्ण, अंधकारमय।

desolate[2] (डेस्´-अॅ-लेट्) *v.* (desolated, desolating) 1. to make desolate, निर्जन कर देना, सूना बना देना। 2. to devastate, उजाड़ देना, नष्ट कर देना। 3. to be unhappy or sad, दुखी या उदास रहना।

desolation (डेस्-अॅ-ले´-शॅन्) *n.* 1. the act of making desolate, सूनापन, उजाड़। 2. loneliness, अकेलापन, तन्हाई। 3. the condition of being devastated, ध्वंस, विनाश। 4. sadness, gloom, उदासी, विषाद।

despair (डि-स्पेंअॅ:) *n.* 1. utter lack or loss of hope, निराशा। 2. a hopeless affair, निराशाजनक बात। *v.* (despaired, despairing) to lose all hope, निराश होना, उम्मीद छोड़ बैठना।

despairing (डि-स्पेंअॅर्´-इंग्) *adj.* causing despair, निराशाजनक, निराशापूर्ण।

desperado (डेस्-पॅ-रा´-डो) *n.* a desperate criminal, निराशोन्मत्त अपराधी।

desperate (डेस्´-पॅ-रिट्) *adj.* 1. utterly hopeless, अत्यन्त निराशमय। 2. violent because of despair, बौखलाया हुआ, दुस्साहसिक, निराशोन्मत्त। 3. serious, गंभीर, भयावह, घोर। 4. done or used in a nearly hopeless situation, निराशजनक अवस्था में किया जानेवाला, दुस्साहसिक।

desperately (डेस्´-पॅ-रे-टॅ-ली) *adv.* in a desperate manner, निराशोन्मत्त होकर, बौखला

कर।

desperation (डेंस्-पॅ-रे´-शॅन्) *n.* the condition of being desperate, घोर निराशा। 2. recklessness arising from despair, निराशाजन्य व्यग्रता, उद्विग्नता, दुस्साहस।

despicable (डेंस्´-पि-कॅ-बॅल्) *adj.* deserving contempt, contemptible, निंदनीय, जघन्य, घृणित।

despise (डि-स्पाइज़्´) *v.* (despised, despising) 1. to regard with contempt, घृणित या जघन्य समझना, घृणा करना। 2. to feel disrespect for, अपमान करना।

despite (डि-स्पाइट्´) *prep.* in spite of, के बावजूद, के होने पर भी।

despoil (डि-स्पॉइल्´) *v.* (despoiled, despoiling) to rob or plunder, लूट लेना, लूट-मार करना।

despoilation (डि-स्पो-लि-ए´-शॅन्) despoilment, लूट, लूट-मार।

despoilment (डि-स्पॉइल´-मॅन्ट्) *n.* the act of despoiling, लूट, लूट-मार।

despond (डि-स्पॉन्ड्´) *v.* (desponded, desponding) to become disheartened, हतोत्साहित हो जाना, हिम्मत छूट जाना।

despondency (डि-स्पॉन्´-डॅन्-सी) (plu. despondencies) dejection, निराशा, खिन्नता, उदासी।

despondent (डि-स्पॉन्´-डॅन्ट्) *adj.* dejected, उदास, खिन्न, निराश।

despot (डेंस्´-पॅट्) *n.* an oppressive ruler, अत्याचारी या स्वेच्छाचारी शासक, निरंकुश शासक।

despotic (डि-स्पॉट्´-इक्) *adj.* having unrestricted power, स्वेच्छाचारी, अत्याचारपूर्ण।

despotism (डेंस्´-पॅ-टिज़्-अॅम्) *n.* 1. an oppressive rule or government, निरंकुश शासन। 2. tyranny, अत्याचार, स्वेच्छाचारिता।

dessert (डि-ज़ःट्´) *n.* a sweet dish served as the last course of a meal, भोजन के अंत में परोसा जानेवाला मधुर व्यंजन, मीठा, मिठाई।

destination (डेंस्-टि-ने´-शॅन्) *n.* 1. the place to which a person or something is going, मंज़िल, गंतव्य स्थान, गंतव्य। 2. an ultimate goal or purpose, चरम उद्देश्य या लक्ष्य।

destine (डेंस्´-टिन्) *v.* (destined, destining) to set apart for a certain person or purpose, नियत या निर्दिष्ट होना; He was destined to become Prime Minister, प्रधानमंत्री बनना उसके भाग्य में बदा था।

destined (डेंस्ट्´-इन्ड्) *adj.* 1. intended for some special purpose, नियत, निर्दिष्ट। 2. intended by fate, भाग्य में बदा या लिखा। 3. willed by God, ईश्वर की मर्ज़ी से होनेवाला, पूर्वनियोजित, नियत।

destiny (डेंस्´-टि-नी) *n.* 1. fate, fortune, भाग्य, क़िस्मत, नियति। 2. that which must or had to happen, होनी, होनहार, भवितव्यता।

destitute (डेंस्´-टि-ट्यूट्) *adj.* totally impoverished, अकिंचन, निर्धन, दरिद्र। 2. lacking in or devoid of, विहीन, रहित। 3. without refuge or shelter, बेसहारा, असहाय, निराश्रित।

destitution (डेंस्-टि-ट्यू´-शॅन्) *n.* 1. extreme poverty, अकिंचनता, कंगाली, दरिद्रता, निर्धनता; विहीनता, राहित्य।

destroy (डि-स्ट्रॉइ´) *v.* (destroyed, destroying) 1. to spoil or ruin completely, विनष्ट करना, नष्ट कर देना, तबाह या बर्बाद करना। 2. to demolish, ढा देना, विध्वस्त कर देना। 3. to kill, मार डालना। 4. to put out of existence, अस्तित्व में न रहने देना, मटियामेट कर देना।

destroyer (डि-स्ट्रॉइ´-अॅः) *n.* 1. one who destroys, विनाशक, विध्वंसक, ध्वंसकार। 2. a warship, एक प्रकार का युद्धपोत।

destruct (डि-स्ट्रक्ट्´) *v.* (destructed, destructing) to destroy for safety, सुरक्षा की दृष्टि से विनष्ट कर देना।

destructible (डि-स्ट्रक्-टि-बॅल्) *adj.* that can be destroyed, नष्ट या ध्वस्त किए जाने योग्य, नाशवान।

destruction (डि-स्ट्रक्´-शॅन्) *n.* 1. the act of destroying or something destroyed, ruin, विनाश, ध्वंस, तोड़-फोड़, तबाही, बर्बादी। 2. the cause of ruin, विनाश का कारण; Pride was her destruction, घमंड ही उसके विनाश का कारण था।

destructive (डि-स्ट्रक्´-टिव्) *adj.* 1. causing

destruction, विनाशक, विनाशकारी, विध्वंसक। 2. intented to discredit, अपयशकर। 3. injurious, हानिकारक।4. negative, नकारात्मक।

destructiveness (डि-स्ट्रक्´-टिव्-निस्) *n.* the state or quality of being destructive, विनाशकता।

desuetude (डॅस्´-विं-ट्यूड्) *n.* disuse, अप्रचलन, प्रयोग में न होना; This law has fallen into desuetude, यह कानून अमल में नहीं है।

desultory (डॅस्´-अॅल्-टॅ-री) *adj.* passing from one thing to another without plan or purpose irregular, अनियमित, असंबद्ध, असंगत, क्रमरहित, बेतरबीब; desultory discussion, बिना किसी योजना या उद्देश्य के कभी किसी विषय और कभी किसी विषय पर होनेवाली चर्चा, असंबद्ध चर्चा; desultory reading, क्रमरहित पाठ, कभी कहीं से और कभी कहीं से पढ़ना।

detach (डि-टैच्´) *v.* (detached, detaching) to disconnect, अलग कर देना, पृथक् कर देना, हटा देना, वियोजित कर देना।

detachable (डि-टैच्´-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be detached, जो अलग किया जा सके, वियोज्य।

detached (डि-टैच्ड्´) *adj.* 1. not joined, diconnected, अलग, वियोजित, असंलग्न। 2. free from emotional involvement, निर्लिप्त, अनासक्त, विरक्त, बेलाग, विमुक्त; detached person, अनासक्त व्यक्ति।

detachment (डि-टैच्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of detaching or the state of being detached, अलगाव, पार्थक्य, बिलगाव। 2. lack of attachment, अनासक्ति, विरक्ति। 3. a small party of soldiers detached from its main body for special duty, सैनिक टुकड़ी। 4. a separated part, पृथक् अंश, विभाग।

detail (डि-टेल्´, डी´-टेल्) *n.* 1. a small point or fact, बात, तथ्य।2. such small points or facts considered together, ब्योरा, तफ़सील, विवरण। 3. a small military detachment, सैनिक टुकड़ी। ☐ **go into details,** to explain things in detail, विस्तारपूर्वक कहना; **in detail,** including all or most of the information required, ब्योरेवार, पूरे विवरण सहित, सविस्तार। *v.* (detailed, detailing) 1. to relate item by item, पूरा ब्योरा देना, पूरा विवरण देना। 2. to assign detachment to a special task, सैनिक टुकड़ी तैनात करना।

detailed (डि-टेल्ड्´, डी´-टेल्ड्) *adj.* giving all facts available, पूरे ब्योरे सहित, ब्योरेवार।

detain (डि-टेन्´) *v.* (detained, detaining) 1. to keep from proceeding, रोक लेना, रोक रखना, जाने न देना। 2. to keep waiting, इंतज़ार कराना, इंतज़ार में रखना। 3. to keep in custody or confinement, नज़रबंद करना, हवालात में रखना, हिरासत में रखना, निरुद्ध करना या रखना; to detain without warrant, बिना वारंट के निरुद्ध रखना।

detainee (डि-टे-नी´) *n.* a person detained (in a prison, कारागार में) निरुद्ध, नज़रबंद, हवालाती क़ैदी।

detect (डि-टॅक्ट्´) *v.* (detected, detecting) 1. to find out or notice, पता लगाना, खोज करना; देख, भाँप या जान लेना।2. to discover or reveal (a crime or criminal, अपराधी या अपराध को) पकड़ लेना, पहचान लेना।

detectable (डि-टॅक्ट्´-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be detected, जिसका पता लगाया जा सके।

detection (डि-टॅक्´-शॅन्) *n.* 1. the act of detecting, पता लगाना। 2. the state of being detected, पता चलना, पकड़ में आना। 3. the work of a detective, जासूसी, गुप्तचर्या।

detective (डि-टॅक्´-टिव्) *n.* one who is expert in investigating crimes, जासूस, गुप्तचर।

detective story *n.* a story that describes how the crimes or criminals were detected, जासूसी कहानी।

detector (डि-टॅक्´-टॅ:) *n.* a device or instrument for detecting something, डिटेक्टर, संसूचक; a metal detector, धातु-संसूचक।

detente (डे-टान्ट्´) *n.* the easing of strained relations between countries, राष्ट्रों के पारस्परिक संबंधों में होनेवाला सुधार, संबंध-सुधार। (फ्रांसीसी)

detention (डि-टॅन्´-शॅन्) *n.* 1. the action of

detaining or the state of being kept in custody, नज़रबंदी, निरोध, रोक रखना; preventive detention, निवारक नज़रबंदी। 2. a prison, कारावास।

detenue (डॅट्´-ॲ-न्यु) *n.* a person detained in a prison, कारारुद्ध, नज़रबंद।

deter (डि-टॅः´) *v.* (deterred, deterring) 1. to prevent from doing, रोकना, मना करना, निवृत्त करना। 2. to discourage, हतोत्साहित करना। 3. to terrify, धमकाना, धमकी देना।

detergent (डि-टः´-जॅन्ट्) *n.* a synthetic substance for cleansing, डिटर्जेन्ट, धोने या साफ़ करनेवाला द्रव्य, साबुन आदि, स्वच्छक पदार्थ। *adj.* having a cleansing effect, स्वच्छ करनेवाला, स्वच्छक।

deteriorate (डि-टिॲर्´-इ-ॲ-रेट्) *v.* (deteriorated, deteriorating) 1. to become worse, गिरना, बिगड़ना, विकृत होना, ख़राब होना। 2. to wear away, क्षय होना, छीजना।

deterioration (डि-टिॲर्-इ-ॲ-रे´-शॅन्) *n.* the process of growing worse, the condition of being deteriorated, ह्रास, अपकर्ष, गिरावट, क्षय।

determent (डि-टः´-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of deterring, रोक, मनाही, निवारण। 2. the act of discouraging, हतोत्साहित करना।

determinable (डि-टः´-मि-नॅ-बॅल्) *adj.* capable of being determined or decided, अवधार्य, निर्धार्य, निश्चायक।

determinant (डि-टः´-मि-नॅन्ट्) *n.* a determining or decisive factor, निर्धारक या निश्चायक कारक।

determinate (डि-टः´-मि-निट्) *adj.* definite, निश्चित।

determination (डि-टः´-मि-ने´-शॅन्) *n.* 1. the action of determining or deciding, निर्धारण, निश्चयन; determination of value, मूल्य-निर्धारण। 2. a (judicial) decision, formal intention, अवधारण, पक्का इरादा, संकल्प। 3. termination, ending, पर्यावसान, अंत; determination of lease, पट्टे का पर्यावसान।

determinative (डि-टः´-मि-ने-टिव्) *adj.* having power or tendency to determine, one that serves to determine, निर्धारक, नियामक, निश्चयात्मक।

determine (डि-टः´-मिन्) *v.* (determined, determining) 1. to decide, निश्चय करना, निर्धारित करना, निर्णय करना। 2. to ascertain definitely, संकल्प या निश्चय करना। 3. to decide authoritatively, अवधारण करना, अवधारित करना। 4. to be a decisive factor, निर्धारक होना। 5. to put an end to, पर्यावसान करना, अंत करना।

determined (डि-टः´-मिन्ड्) *adj.* 1. showing determination, firm, कृतसंकल्प। 2. strong-willed, पक्के इरादेवाला, दृढ़निश्चयी।

determinism (डि-टः´-मि-निज़्-ॲम्) *n.* the doctrine that all events are settled by earlier causes, नियतिवाद, भाग्यवाद।

determinist (डि-टः´-मि-निस्ट्) *n.* one who has faith in the doctrine of determinism, नियतिवादी, भाग्यवादी। *adj.* of determinism, नियतिवाद-संबंधी, नियतिवादी।

deterrence (डि-टर्´-ॲन्स्) *n.* the act of deterring, रोक, रोक-थाम।

deterrent (डि-टर्´-ॲन्ट्) *adj.* that deters, रोकनेवाला, रोक-थाम करनेवाला।

detest (डि-टॅस्ट्´) *v.* (detested, detesting) to dislike intensely, to loath, बहुत अधिक घृणा करना, सख़्त नफ़रत करना।

detestable (डि-टॅस्´-टॅ-बॅल्) *adj.* intensely disliked, घृणित, घिनौना, जघन्य।

dethrone (डी-थ्रोन्´) *v.* (dethroned, dethroning) 1. to remove from a throne, सिंहासन से उतारना, गद्दी से उतार देना। 2. to remove from power, सत्ताच्युत करना, पदच्युत करना, अपदस्थ करना।

dethronement (डी-थ्रोन्´-मॅन्ट्) *n.* the act of dethroning, सिंहासनच्युति; पदच्युति।

detonate (डॅट्´-ॲ-नेट्) *v.* (detonated, detonating) 1. to explode loudly, ज़ोरदार धमाका या विस्फोट होना, फटना। 2. to cause to explode loudly, ज़ोरदार धमाका या विस्फोट करना।

detonation (डॅट्-ॲ-ने´-शॅन्) *n.* a loud ex-

plosion, ज़ोरदार धमाका, विस्फोट।

detonator (डेंट्-ॲ-ने´-टॅ:) *n.* a device to set off an explosion from a distance, विस्फोट, प्रस्फोटक, डेटोनेटर।

detour (डि-टुॲ:´, डी-टुॲ:) *n.* a round about way, घुमावदार या चक्करदार रास्ता (सीधे रास्ते से भिन्न)। ☐ **make a detour,** चक्कर काटकर जाना *v.* (detoured, detouring) to go by a detour, घुमावदार रास्ते से जाना।

detoxify (डी-टॉक्´-सि-फ़ाइ) *v.* (detoxified, detoxifying) to remove poison from, विष रहित करना।

detract (डि-ट्रैक्ट्´) *v.* (detracted, detracting) 1. to diminish, घटना या घटाना; to detract from someone's credit, किसी की साख घटाना। 2. to take away (from, से) निकाल लेना। 3. to devaluate, मूल्य कम करना या कम होना।

detractor (डि-ट्रैक्´-टॅ:) *n.* one who says bad things about someone or something, निदंक, बदनाम करनेवाला, आलोचक।

detrain (डि-ट्रेन्´) *v.* (detrained, detraining) to get off a railway train, रेलगाड़ी से उतरना या उतारना।

detriment (डेंट्´-रि-मॅन्ट्) *n.* a harm or damage, हानि, अहित; ☐ **without detriment to,** बिना हानि पहुँचाए।

detrimental (डेंट्-रि-मेंन्´-टॅल्) *adj.* harmful, हानिकर, अहितकर, बुरा।

detritus (डि-ट्राइ´-टॅस्) *n.* the fragments formed by the disintegration of rocks, शिलाओं के विखंडित कण, चूरा, मलबा।

de trop (डि-ट्रो´) *adj.* too much or too many, बहुत अधिक। (फ्रांसीसी)

deuce (ड्यूस्) *n.* 1. in tennis the score of forty all, टेनिस में चालीस-चालीस अंकों की बराबरी, ड्यूस। 2. a playing card having two spots, दुक्की। 3. a two-dollar bill, दो डालर का नोट।

deuced (ड्यूस्ड्) *adv.* 1. very badly, बुरी तरह से। 2. unfortunately, दुर्भाग्यवश।

devaluate (डी-वैल्´-यु-ऐट्) *v.* (devaluated, devaluating) = devalue.

devaluation (डी-वैल्-यु-ए´-शॅन्) *n.* the act of reducing the exchange value of money, अवमूल्यन।

devalue (डी-वैल्´-यू) *v.* 1. to reduce the value of one's currency in relation to other currencies, अवमूल्यन करना। 2. to reduce the price (of a thing, किसी वस्तु का) मूल्य या दाम घटाना।

devastate (डेंव्´-ॲ-स्टेट्) *v.* (devastated, devastating) 1. to ruin, उजाड़ देना। 2. to cause great destruction to, ध्वंस कर देना, विनष्ट या तबाह कर देना, बर्बाद कर देना।

devastation (डेंव्-ॲ-स्टे´-शॅन्) *n.* the act of devastating or the state of being devastated, विनाश, बर्बादी, ध्वंस, तबाही, सर्वनाश।

develop (डि-वेंल्´-ॲप्) *v.* (developed, developing) 1. to become or grow larger, complete or more complex, विकसित होना, पनपना, फैलना, बढ़ना। 2. to cause to grow larger or more complete, विकसित करना, विकास करना। 3. to expand or elaborate, विस्तृत या विस्तीर्ण करना, फैलाना, बढ़ाना।2. to make economically developed, आर्थिक दृष्टि से विकसित करना।4. (in photography, to) appear or cause to appear on a film or paper, डेवलप करना, फोटो-प्लेट या फ़िल्म धोना।

developed (डि-वेंल्प्ड्´) *adj.* grown larger, complete or complex, विकसित।

developing (डि-वेंल्´-ॲप्-इंग्) *adj.* progressing economically, विकासशील, विकासमान, विकासोन्मुखी।

development (डि-वेंल्´-ॲप्-मॅन्ट्) *n.* 1. the act or process of developing or the state of being developed, विकास, परिवर्धन, अभिवर्धन (फोटो का)। 2. a happening, घटना। 3. (plu.) things that have developed, गतिविधियाँ, घटनाक्रम।

developmental (डि-वेंल्-ॲप्-मेंन्´-टॅल्) *adj.* pertaining to development, विकास-संबंधी, विकासजन्य विकासमूलक।

deviance (डी´-वि-ॲन्स्) *n.* the behaviour different from social or moral standards,

असामाजिकता, अनैतिकता, विपथन।

deviant (डी´-वि-ॲन्ट्) *adj.* deviating from what is social or moral, असामाजिक, अनैतिक, विपथित।

deviate (डी´-वि-एट्) *v.* (deviated, deviating) to move away from an accepted, established or prescribed norm or course, मार्ग से च्युत होना, पथभ्रष्ट हो जाना, बदल या हट जाना, विचलित या विपथित होना।

deviation (डी-वि-ए´-शॅन्) *n.* an act or instance of deviating, मार्गच्युति, व्यतिक्रम, विचलन, विपथन, पथांतर; deviation of route, मार्ग का बदलना।

device (डि-वाइस्´) *n.* 1. an instrument or machine, उपकरण या मशीन; a device for opening bottles, बोतलें खोलने का उपकरण। 2. an arrangement or plan, योजना, व्यवस्था। 3. a trick, युक्ति, तिकड़म, चाल। 4. a drawing used as a special sign, चिह्न विशेषत: कुलचिह्न। □ **leave someone to his own devices,** to leave someone alone to do as he wishes, किसी को अपनी मर्ज़ी से काम करने देना।

devil (डॅव्´-इल्) *n.* 1. an evil spirit, दुष्टात्मा, शैतान। 2. a wicked or mischievous person, दुष्ट व्यक्ति। 3. a highly skilled or highly spirited person, माहिर, धाकड़, भूत (की तरह काम करनेवाला)। 4. a person, व्यक्ति, आदमी; a poor devil, बेचारा व्यक्ति। □ **between the devil and the deep (blue) sea,** between equally harsh alternatives, इधर कुआँ तो उधर खाई; **like the devil,** dashingly, भूत की तरह; **play the devil with,** to do a lot of harm to, भारी नुकसान पहुँचाना; **the devil to pay,** a great deal of trouble, भारी विपत्ति या मुसीबत। *v.* (devilled, devilling) to prepare (food) with pungent seasoning, गरम मसाले के साथ भूनना या छौंकना।

devilish (डॅव्´-ॲ-लिश्) *adj.* 1. like the devil, शैतान के जैसा, दानवीय, दुष्टतापूर्ण; devilish trick, दुष्टतापूर्ण चाल, तिकड़म। 2. excessive, अत्यधिक; excessive heat, कड़ी गर्मी।

devil-may-care (डॅव्´-इल्-मे-कॅऑ:) *adj.* carefree and gay, बेफ़िकरा, बेपरवाह, निश्चिंत रहनेवाला, जिसे फ़िक्र-फ़ाका न हो।

devilment (डॅव्´-इल्-मॅन्ट्) *n.* wickedness, mischief, शरारत, शैतानी, दुष्टता, बदमाशी।

deviltry (डॅव्´-इल्-ट्री) *n.* wickedness, mischief, शरारत, शैतानी, दुष्टता, बदमाशी।

devious (डी´-वि-ॲस्) *adj.* 1. deviating from the straight course, घुमावदार, चक्करदार, वक्र। 2. deviating from the right course, विपथित, पथभ्रष्ट। 3. not straightforward, कुटिल, अनाचारी। 4. underhand, deceitful, wrong, कपटपूर्ण, अनुचित, ग़लत।

deviously (डी´-वि-ॲस्-ली) *adv.* deceitfully, अनुचित ढंग से, घुमाव-फिराव से।

devise (डि-वाइज़्´) *v.* (devised, devising) 1. to think out or plan, सोचना, योजना बनाना। 2. to plan cleverly, तिकड़म रचना, युक्ति निकालना। 3. to invent, आविष्कार करना। 4. to give by a will, वसीयत द्वारा देना, वसीयत कर देना। *n.* 1. a will or a clause of a will, वसीयत या वसीयत-संबंधी धारा। 2. a plan, योजना, कार्यक्रम। 3. an invention, आविष्कार।

devitalize (डी-वाइ´-टॅ-लाइज़्) *v.* (devitalized, devitalizing) to lower or remove life or vitality from, बेजान या बेदम कर देना, निर्जीव या निस्सत्व कर देना, मुर्दा कर देना।

devoid (डि-वॉइड्´) *adj.* completely lacking, पूर्णत: विहीन या रहित; devoid of merit, गुणविहीन; devoid of sense, अक्ल से खाली।

devolution (डि-वॅ-ल्यू´-शॅन्) *n.* the passing of property to another on the death of a person, किसी की मृत्यु के उपरांत उसकी संपत्ति का किसी अन्य के नाम होनेवाला अंतरण, उत्तराधिकार में जायदाद की प्राप्ति, न्यागमन।

devolve (डि-वॉल्व्´) *v.* (devolved, devolving) 1. to pass on to a successor or deputy, उत्तराधिकारी या सहायक को सौंपना, न्यागत करना। 2. to be passed on to a successor or deputy, उत्तराधिकारी या सहायक को सौंपा जाना, न्यागत होना। 3. to hand down

to another person power, duties, work etc., अधिकार, काम आदि किसी को सौंपना; कर्तव्य का भार डालना।

devote (डि-वोट्´) *v.* (devoted, devoting) 1. to dedicate, समर्पित करना।2. to give or apply entirely, अर्पित करना, लगा देना; He devoted his whole life to sports, उसने अपना सारा जीवन खेलों में लगा दिया।

devoted (डि-वो´-टिड्) *adj.* 1. loyal, निष्ठावान्, भक्त, श्रद्धालु, सच्चा; He is a devoted friend, वह सच्चा मित्र है। 2. fond of, शौक़ीन।

devotee (डेंव्-ऑ-टी´) *n.* a devoted person, निष्ठावान् या शौक़ीन व्यक्ति, भक्त, श्रद्धालु।

devotion (डि-वो´-शंन्) *n.* 1. great loyalty, श्रद्धा, निष्ठा, समर्पण-भावना। 2. religious observance or worship, भक्ति, पूजा। 3. great love, zeal, अनुराग, लगन, शौक़। 4. (plu.) prayers, उपासना-प्रार्थना।

devotional (डि-वो´-शॅ-नॅल्) *adj.* 1. of or related to devotion, श्रद्धापूर्वक किया जानेवाला, भक्तिमय, भक्तिपूर्ण; devotional music, भक्ति-संगीत; devotional song, भजन, कीर्तन। 2. religious, धार्मिक, devotional feeling, धार्मिक भावना।

devour (डि-वॉउः´) *v.* (devoured, devouring) 1. to eat up greedily, भकोसते चलना, जल्दी- जल्दी मुँह में ठूँसते जाना, हड़पना।2. to consume or destroy, खा-पका जाना, नष्ट कर देना, बर्बाद करना; The fire devoured the forest, आग ने जंगल को नष्ट कर दिया। 3. to kill, मार डालना, वध कर देना। 4. to take in eagerly, उत्सुकता से ग्रहण करना।5. to seize upon and destroy, खा डालना; He devoured his wife's fortune, उसने पत्नी की दौलत खा डाली।

devout (डि-वॉउट्´) *adj. & n.* 1. seriously concerned with religion, धर्मपरायण, श्रद्धालु, भक्त। 2. sincere, सच्चा, निष्ठावान।

devoutly (डि-वॉउट्´-ली) *adv.* sincerely, earnestly, निष्ठापूर्वक, ईमानदारी से, सच्चे मन से।

devoutness (डि-वॉउट्´-निस्) *n.* devotion, श्रद्धा, भक्ति, निष्ठा, धर्मपरायणता।

dew (ड्यू) *n.* water droplets that condense on cool surfaces during the night, ओस, शबनम।

dewdrop (ड्यू´-ड्रॉप्) *n.* a drop of dew, ओस की बूँद, ओसकण।

dewpoint (ड्यू´-पाइन्ट्) *n.* the temperature at which dew forms, ओसांक।

dewy (ड्यू´-ई) *adj.* wet with dew, ओस से नम, ओस से गीला या भीगा हुआ, ओसीला।

dewy-eyed (ड्यू´-ई-आइड्) *adj.* 1. having eyes wet, जिसकी आँखें नम हों, रुआँसा, भीगी पलकोंवाला। 2. sentimental, भावुक।

dexterity (डेंक्-स्टेंर्´-इ-टी) *n.* 1. skill, दक्षता, कुशलता, कौशल। 2. skill in handling things, सफ़ाई। 3. cleverness, चालाकी।

dexterous, dextrous (डेंक्´-स्टॅ्स्) *adj.* 1. having or showing dexterity, skillful, दक्ष, कुशल। 2. skillful in the use of the hands, जिसके हाथ में सफ़ाई हो, हाथ का साफ़। 3. clever, चालाक।

dexterously, dextrously (डेंक्´-स्टॅ्स्-ली) *adv.* 1. in a dexterous manner, दक्षतापूर्व , दक्षता से। 2. cleverly, चालाकी से।

diabetes (डाइ-ॲ-बी´-टीज़्, डाइ-ॲ-बी´-टिस्) *n.* 1. a disease marked by excessive discharge of urine, प्रमेह। 2. a disease in which there is excessive sugar in the blood, मधुमेह।

diabetic (डाइ-ॲ-बेंट्´-इक्) *adj.* of or related to diabetes, प्रमेह या मधुमेह-संबंधी, प्रमेही, मधुमेही। *n.* a person suffering from diabetes, प्रमेह या मधुमेह का रोगी।

diabolic (डाइ-ॲ-बॉल्´-इक्) *adj.* 1. of or coming from the devil, राक्षसी, पैशाचिक। 2. wicked, दुष्टता-भरा, दुष्टतापूर्ण। 3. cruel, निर्मम, क्रूर।

diabolical (डाइ-ॲ-बॉल्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. diabolic, राक्षसी, दुष्टतापूर्ण, निर्मम।2. cunning, धूर्ततापूर्ण।3. annoying, कष्टकर, तकलीफ़देह।

diabolism (डाइ-ऐब्´-ॲ-लिज़्-ॲम्) *n.* worship of the Devil, पिशाच-पूजा।

diacritic (डाइ-ॲ-क्रिट्´-इक्) *n.* a diacritical mark, विशेषक चिह्न।

diacritical mark *n.* a mark placed over or

under a letter to indicate a special phonetic value, विशेषक चिह्न।

diadem (डाइ´-अ‍ॅ-डॅम्) *n.* 1. a crown, राजमुकुट, ताज। 2. authority, सत्ता।

diaeresis (डाइ-ऍर्´-अ‍ॅ-सिस्) *n.* a mark placed over a vowel to show that it is sounded separately, भिन्न उच्चारण का सूचक चिह्न (˘)।

diagnose (डाइ´-ऍग्-नोज़्) *v.* (diagnosed, diagnosing) to identify a disease from its signs and symptoms, (रोग का) निदान करना।

diagnosis (डाइ-ऍग्-नो´-सिस्) *n.* 1. the art or act of diagnosing, (रोग का) निदान। 2. identification of a disease, निदान।

diagnostic (डाइ-ऍग्-नॉस्´-टिक्) *adj.* pertaining to or used in diagnosis, निदान-संबंधी, नैदानिक, निदानकारी।

diagnostician (डाइ-ऍग्-नॉस्-टिश्´-अ‍ॅन्) *n.* one who is expert in making diagnosis, नैदानिक, निदानकर्ता।

diagonal (डाइ-ऐग्´-अ‍ॅ-नॅल्) *n.* a straight line joining two opposite corners of a square, विकर्ण। *adj.* oblique, slanting, तिरछा, विकर्णी।

diagram (डाइ´-अ‍ॅ-ग्राम्/ग्रैम्) *n.* 1. a figure or plan drawn to explain an idea, आरेख। *v.* (diagramed, diagraming) to depict by a diagram, आरेख बनाना, आरेखित करना।

diagrammatic (डाइ-अ‍ॅ-ग्रॅ-मैट्´-इक्) *adj.* of or pertaining to a diagram, आरेख-संबंधी, आरेखीय, आरेखी।

diagrammatical (डाइ-अ‍ॅ-ग्रॅ-मैट्´-इ-कॅल्) *adj.* = diagrammatic.

dial (डाइ´-अ‍ॅल्) *n.* 1. a disc or plate marked with a scale for the measurement of time, speed, temperature etc., डायल। 2. a movable disc of a telephone with finger holes over a circle of numbers, डायल। *v.* (dialed, dialing) to make a telephone call, डायल करना, फ़ोन करना।

dialect (डाइ´-अ‍ॅ-लॅक्ट्) *n.* a variety of a language spoken in a particular area, बोली, विभाषा।

dialectal (डाइ-अ‍ॅ-लॅक्´-टॅल्) *adj.* of or pertaining to a dialect, विभाषा-संबंधी, वैभाषिक।

dialectic (डाइ-अ‍ॅ-लॅक्´-टिक्) *adj.* logical, तर्कपूर्ण। *n.* a logical investigation, तर्क विद्या, न्याय, खंडन-मंडन।

dialectical (डाइ-अ‍ॅ-लेक्´-टि-कॅल्) *adj.* of dialectic, तर्कगत, खंडन-मंडनात्मक, द्वंद्वात्मक।

dialectics (डाइ-अ‍ॅ-लॅक्´-टिक्स्) *n.*=dialectic.

dialogue (डाइ´-अ‍ॅ-लाःग्) *n.* 1. a conversation, वार्तालाप। 2. a discussion, विचार-विनिमय, कथोपकथन संवाद।

dial tone *n.* the sound which points to dial the telephone numbers, डायल टोन।

dialysis (डाइ-ऐल्´-अ‍ॅ-सिस्) *n.* an act of purifying the blood of the body, रक्तशोधन, डायलसिस।

dialyze (डाइ´-अ‍ॅ-लाइज़्) *v.* (dialyzed, dialyzing) to purify the blood of the body, शरीर के रक्त का शोधन करना।

dialyzer (डाइ´-अ‍ॅ-लाइ-ज़ॅः) *n.* an instrument fitted inside the body to act as kidney for purifying blood, कृत्रिम गुर्दा, रक्त साफ़ करने हेतु गुर्दे की जगह काम करनेवाला उपकरण।

diameter (डाइ-ऐम्´-इ-टॅः) *n.* a straight line passing from side to side of a circle through the centre, व्यास।

diamond (डाइ´-मॅन्ड्) *n.* 1. a very hard precious stone, हीरा। 2. a figure with four straight sides of equal length that stands on one of its points, ईंट के पत्ते का चिह्न। 3. a playing card marked with such a figure or figures, ईंट का पत्ता। *adj.* embedded with diamonds, जड़ाऊ, रत्नजड़ित।

diamond jubilee *n.* the sixtieth anniversary, हीरक जयंती।

diamond wedding *n.* the sixtieth anniversary of a wedding, विवाह की हीरक जयंती।

diaper (डाइ´-अ‍ॅ-पॅः) *n.* a piece of cloth pinned around a body to serve as underpants, पोतड़ा, रूमाली।

diaphanom (डाइ-ऐफ़्´-अ‍ॅ-नॅम्) *adj.* of such fine texture as to be translucent, झीना, पारदर्शी।

diaphragm (डाइ´-अॅ-फ्रैम्) *n.* a muscular membrane that separates the organ of the chest from those of the abdomen, मध्यपट।

diarchy (डाइ-आ:´-की) *n.* administration carried by two governments, दुहरा शासन-प्रबंध, द्वैध-शासन, द्वितंत्र।

diarist (डाइ´-अॅ-रिस्ट्) *n.* one who keeps daily account or record, डायरी-लेखक।

diarrhoea, diarrhea (डाइ-अॅ-री´-अॅ) *n.* abnormally frequent bowel movement, अतिसार, दस्त की बीमारी, दस्त लगना, पेचिश।

diary (डाइ´-अॅ-री) *n.* (plu. diaries) 1. a daily record of the events in a person's life, डायरी, दैनिकी, रोज़नामचा। 2. a book used for such a record, डायरी, दैनंदिनी।

Diaspora (डाइ-ऐस्´-पॅ-रॅ) *n.* **The Diaspora,** the scattering of jews, यहूदियों का बिखराव या छितराव।

diathermy (डाइ´-अॅ-थॅ:-मी) *n.* the heat treatment by electric currents, विद्युत्तापन।

diatom (डाइ´-अॅ-टॉम्) *n.* a small watery plant, एक प्रकार का जलीय पादप।

diatribe (डाइ´-अॅ-ट्राइब्) *n.* a bitter attack, भर्त्सना, कटु वचनों की बौछार, कटु आलोचना।

dibble (डिब्´-अॅल्) *n.* a pointed instrument used to make holes in the soil, सब्बल, कुदाली, खुरपी। *v.* (dibbled, dibbling) to prepare soil with a dibble, सब्बल से ज़मीन तैयार करना, खुरपी से खुदाई करना।

dice (डाइस्) *n.* (actually plu. of die) 1. one of small cube marked on each side with one to six dots, पासा खेलने का छहपहला दाना, छक्का। 2. a game of chance which is played with these, पासे का खेल, पासा। 3. (plu. dices) a small cube as of food, खाने की चीज़ का कटा हुआ छहपहला टुकड़ा। *v.* (diced, dicing) 1. to gamble with dice, पासे का खेल खेलना। 2. to cut into cubes, छह पहले टुकड़े काटना। ☐ **dice away,** to lose money by playing dice, पासे के खेल में हारना; **dice with death,** to take a great risk, भारी जोखिम उठाना।

dicey (डाइ´-सी) *adj.* risky and uncertain, अनिश्चित तथा जोखिम-भरा।

dichotomy (डाइ-कॉट्´-अॅ-मी) *n.* division or distribution into two parts, द्विविभाजन, द्विविभक्तीकरण।

dick (डिक्) *n.* a detective, जासूस, भेदिया।

dickens (डिक्´-इन्ज़्) *n.* the devil, शैतान; Who the dickens? वह होता कौन है ?

dicker (डिक्´-अॅ:) *v.* (dickered, dickering) to bargain or haggle, मोल-तोल करना, मोल-भाव करना, सौदेबाज़ी करना।

dickey (डिक्´-ई) *n.* (plu. dickeys) = dicky.

dicky[1] (डिक्´-ई) *n.* (plu. dickies) 1. a donkey, गदहा। 2. a detachable collar, मसनुई गरेबान। 3. a seat for luggage at the back in a car, डिक्की, कार के पीछे सामान रखने की जगह। 4. a child's word for a bird, पक्षी, पंछी, चिड़िया।

dicky[2] *adj.* weak, कमज़ोर, दुर्बल; My mother has a dicky heart, मेरी माँ का हृदय कमज़ोर है।

dictoyledon (डाइ-कॉट्-इ-ली´-डॅन्) *n.* a flowering plant, फूलोंवाला एक पौधा।

dictaphone (डिक्´-टॅ-फ़ोन्) *n.* a machine into which one can dictate, श्रुतलेख-यंत्र, डिक्टाफ़ोन।

dictate (डिक्´-टेट्, डिक्-टेट्´) *v.* dictated, dictating) 1. to say or read aloud for someone else or others to write down, बोलकर लिखाना, डिक्टेशन देना। 2. to give order to, to command with authority, आज्ञा देना, हुकुम देना, अपनी चलाना या मनवाना।

dictates (डिक्´-टेट्स्) *n.* (plu.) 1. orders, आदेश, हुकुम। 2. directives, निर्देश; the dictates of the conscience, आत्मा की पुकार, दिल की आवाज़।

dictation (डिक्-टे´-शॅन्) *n.* 1. act of dictating or something dictated, श्रुतलेख, इमला। 2. a command or order, आज्ञा, आदेश।

dictator (डिक्´-टे-टॅ:, डिक्-टे´-टॅ:) *n.* 1. a ruler who has absolute power or unrestricted authority, अधिनायक, तानाशाह। 2. a domineering person, धाकड़ व्यक्ति।

dictatorial (डिक्-टॅ-टोर्´-इ-अॅल्) *adj.* 1. of

or like a dictator, निरकुंश, अधिनायकीय, तानाशाही। 2. domineering, निरंकुश, धाकड़।

dictatorship (डिक्´-टे-टॅ:-शिप्) ***n.*** 1. the position or power of a dictator, अधिनायकतंत्र, तानाशाही। 2. dominance, दबदबा, धाकड़पन।

diction (डिक्´-शॅन्) ***n.*** 1. the choice and use of words in writing or speaking, शब्द-चयन, शब्द-प्रयोग, शब्द-योजना। 2. vocabulary, शब्दावली; poetic diction, कवियों की शब्दावली। 3. a manner of pronunciation, लहजा, उच्चारण-ढंग।

dictionary (डिक्´-शॅ-नॅ-री, डिक्´-शॅ-नेंर्-ई) ***n.*** (plu. dictionaries) a book containing alphabetical list of words with their pronunciations, meanings, usages etc., कोश, शब्दकोश।

dictum (डिक्´-टॅम्) ***n.*** 1.a maxim or saying, उक्ति, कहावत, नीतिवचन। 2. an opinion expressed by a judge in a court, अभ्युक्ति।

did (डिड्) ***v.*** p.t. of do.

didactic (डाइ-डैक्´-टिक्) ***adj.*** 1. intended to teach, instructive, शिक्षाप्रद, नीतिपरक, उपदेशात्मक। 2. too anxious to teach, उपदेश देने के लिए उत्सुक, उपदेशवादी।

didactically (डाइ-डैक्´-टि-कॅ-ली) ***adv.*** in didactic manner, उपदेशात्मक ढंग से।

diddle (डिड्´-ॲल्) ***v.*** (diddled, diddling) 1. to waste time, समय नष्ट करना, वक्त बर्बाद करना। 2. to cheat, धोखा देना, झाँसा देना।

didn't (डिड्´-ॲन्ट्) ***v.*** = did not.

dido (डाइ´-डो) ***n.*** a mischievous prank, मसखरी, मखौल। ☐ **cut a dido,** to jest, मसखरी करना, मसखरी सूझना।

didst (डिड्स्ट्) ***v.*** second person singular past tense of do, an old form of did; did का पुराना रूप।

die[1] (डाइ) ***v.*** (died, dying) 1. to cease living, मर जाना। 2. to lose force or vitality, अशक्त या बेदम हो जाना। 3. to cease existing, समाप्त हो जाना, ख़त्म हो जाना; My love for you will never die, तुम्हारे लिए मेरा प्यार कभी चुकेगा नहीं। 4. to desire greatly, जान देना, दम निकलना, मरे जाना; He is dying for a cigarette, वह सिगरेट के लिए मरे जा रहा है। ☐ **die away,** to cease, ख़त्म हो जाना; **die back,** to wither, मुरझा जाना; **die down,** to become weaker or faint, मंद पड़ जाना; **never say die,** to keep up courage, हिम्मत बाँधे रखना।

die[2] (डाइ) ***n.*** (plu. dice) a cube marked with dots used in the game of chance, छहदाना, छक्का। ☐ **straight as a die,** very honest, पूर्ण रूप से ईमानदार; **The die is cast.** The decision has been made and it is not possible to change it now, तीर कमान से निकल चुका है/दाँव खेला जा चुका है/अटल निश्चय कर लिया गया है।

die[3] ***n.*** an engraved device that shapes materials by stamping, punching etc., डाई, ठप्पा, साँचा।

diecast (डाइ´-कैस्ट्) ***adj.*** made by casting metal in a mould, साँचे में ढला।

diehard (डाइ´-हाःड्) ***n.*** a person who resists change to the end one does not accept new ideas, अंत तक विरोध करनेवाला, हठधर्मी, कट्टरपंथी रुढ़िवादी।

dielectric (डाइ-इ-लेंक्´-ट्रिक्) ***n.*** a non-conductor of direct current, वह जिस पर विद्युत् का असर न हो, अचालक पदार्थ।

dieresis (डाइ-ऍर्´-इ-सिस्) ***n.*** = diaeresis.

diesel (डी´-ज़ल्) ***n.*** = 1. = disel engine. 2. = diesel oil.

diesel engine ***n.*** an engine in which hot air sets fire to heavy oil, डीज़ल इंजन।

diesel oil ***n.*** a kind of heavy oil used in diesel engines, डीज़ल ऑयल।

diet[1] (डाइ´-ॲट्) ***n.*** 1. food usually taken by a person, family or group, आहार, ख़ुराक। 2. restricted diet, नियमित भोजन, बँधा आहार, अनुपथ्य। ***v.*** (dieted, dieting) to live on a restricted food, डाइटिंग करना, नियत या अल्प आहार लेना, बँधा भोजन करना।

diet[2] ***n.*** a legislature, विधान सभा।

dietary (डाइ´-ॲ-टॅ-री) ***adj.*** of or concern-

ing diet, आहार-संबंधी, आहारिक।

dieter (डाइ´-ई-टः) *n.* one who lives on restricted diet, नियत अल्प या बँधा आहार लेनेवाला, अनुपथ्य-सेवी।

dietetic (डाइ-ॲ-टॅट्´-इक्) *adj.* 1. of diet, आहार या अनुपथ्य-संबंधी। 2. prescribed by a dietician, आहार विज्ञानी द्वारा सुझाए हुए सीमित आहार-संबंधी।

dietetics (डाइ-इ-टॅट्´-इक्स्) *n.* the science of diet, आहारा विज्ञान, अनुपथ्य-विज्ञान।

dietician, dietician (डाइ-इ-टिश्´-ॲन्) *n.* an expert in dietetics, अनुपथ्य विज्ञानी।

differ (डिफ़्´-ॲः) *v.* (differed, differing) 1. to be unlike or distinguishable, भिन्न या अलग होना। 2. to disagree in opinion, मतभेद होना, राय न मिलना, विचारगत समानता न होना। □ **agree to differ,** to stop trying to persuade each other, मतभेद स्वीकार करना।

difference (डिफ़्´-ॲ-रॅन्स्) *n.* 1. the quality or state of being different or unlike, भिन्नता, विभिन्नता। 2. degree or amount of unlikeness, अंतर, फ़र्क। 3. the remainder left after subtraction, बाकी, शेष। 4. disagreement in opinion, मदभेद। 5. a dispute, विवाद। □ **split the difference,** to agree on an amount halfway between, दोनो पक्षों का कुछ-कुछ झुककर समझौता कर लेना; **make a difference between,** भेदभाव बरतना, फ़र्क करना; **It makes all the difference,** इससे तो बात ही बदल जाती है।

different (डिफ़्´-ॲ-रॅन्ट्) *adj.* 1. unlike in quality, nature, form etc., अलग भिन्न, विभिन्न। 2. another, अन्य, दूसरा, और। 3. distinct, unusual, असाधारण, विशिष्ट, कई। 4. various, several, भिन्न-भिन्न, विभिन्न; different sources of income, आय के विभिन्न स्त्रोत; Difference people told me this thing, कई लोगों ने मुझे यह बात बताई है।

differential (डिफ़्-ॲ-रॅन्´-शॅल्) *adj.* of showing or constituting a difference, विभेदक, भेददर्शक, अंतरिक। *n.* the amount of difference between things, अंतर, भेद।

differentiate (डिफ़्-ॲ-रॅन्´-शि-एट्) *v.* (differentiated, differentiating) to distinguish or discriminate, अंतर या भेद करना, अंतर या भेद लाना, अंतर या भेद दिखलाना।

differentiation (डिफ़्-ॲ-रॅन्-शि-ए´-शॅन्) *n.* 1. difference, अंतर, भेद, फ़र्क। 2. distinction, विशिष्टता, विशेषता। 3. the act of differentiating, विभेदीकरण, पृथक्कीकरण।

difficult (डिफ़्´-ई-कल्ट्) *adj.* 1. hard to do or manage, कठिन, मुश्किल। 2. hard to understand, दुर्बोध, दुरूह, गहन, कठिन। 3. hard to please, जिसे प्रसन्न या संतुष्ट करना कठिन हो; विकट, जिद्दी या टेढ़ा। He is a difficult person. वह टेढ़ा आदमी है, अर्थात् उसके साथ बरतना कठिन है।

difficulty (डिफ़्´-इ-कल्-टी) *n.* (plu. difficulties) 1. the state or quality of being difficult, कठिनता, कठिनाई, मुश्किल। 2. a thing hard to do or overcome, कठिनाई, कठिनता, मुश्किल, मुश्किलाहट। 3. a problem or trouble, समस्या, झंझट या परेशानी। □ **with difficulty,** not easily, कठिनाई से, मुश्किल से।

diffidence (डिफ़्´-इ-डॅन्स्) *n.* the state or quality of being diffident, आत्मविश्वास का अभाव, अविश्वास।

diffident (डिफ़्´-इ-डॅन्ट्) *adj.* lacking self-confidence, आत्मविश्वासहीन, जिसमें आत्मविश्वास न हो, झेंपू, लज्जाशील।

diffract (डि-फ़्रैक्ट्´) *v.* (defracted, defracting) to break up a beam into coloured bands, प्रकाश की किरणों का इंद्रधनुषी सात रंगों में विश्लेषण, विभाजन या विवर्तन करना।

diffraction (डि-फ़्रैक्´-शॅन्) *n.* the act of defracting or the state of being defracted, प्रकाश की किरणों का इंद्रधनुषी रगों में विभाजन, विवर्तन।

diffuse (डि-फ़्यूज़्´) *v.* (diffused, diffusing) 1. to spread or cause to spread in all directions, चारो ओर बिखरना या बिखेरना, छितरना या छितराना, विस्तृत करना या होना। 2. to mix, मिलाना, मिश्रित करना। 3. to become intermingled, मिलकर एक हो जाना।

diffused (डि-फ़्यूज़्ड्´) *adj.* spread in all di-

rections, विसरित; विस्तृत।

diffusion (डि-फ़्यू´-ज़न्) ***n.*** the act of diffusing, विसरण, बिखराव, छितराव; diffusion of knowledge, ज्ञान का प्रसार।

dig (डिग्) ***v.*** (dug, digging) 1. to turn up soil with a spade, खोदना। 2. to make (a hole or way) by turning up soil, गड्ढा करना, रास्ता बनाना। 3. to make an excavation by digging, खुदाई करना। 4. to uncover roots by taking away the earth, पौधे की जड़ों से मिट्टी हटाना। 5. to make research, शोध या खोज करना। 6. to thrust, घुसेड़ देना। 7. to appreciate, पसंद करना, प्रशंसा करना। □ **dig at,** to speak harshly, रोषपूर्वक कहना, गुस्सा उतारना; **dig in,** to dig a protective place for oneself, सुरक्षार्थ गड्ढे में छिपकर बैठना; **dig into** (i) to start eating, खाना शुरू करना (ii) to examine thoroughly, अच्छी तरह परीक्षण करना (iii) to pass into, घुसेड़ना; **dig up,** to get something by digging up, खोदकर निकालना। ***n.*** 1. a quick push, झटका, झकोरा। 2. an archaeological excavation, खुदाई, पुरातत्त्व-संबंधी खुदाई। 3. a sarcastic remark, आक्षेप, ताना, फबती, व्यंग्य।

digest[1] (डाइ-जेंस्ट्´, डि-जेंस्ट्´) ***v.*** 1. to absorb (food, खाना) पचना या पचाना, हज़म होना या करना। 2. to comprehend, अच्छी तरह समझना, विचारना, बुद्धि में बैठाना।

digest[2] (डाइ´-जेंस्ट्) ***n.*** 1. a short account of a book, subject or other written material, संक्षेप, सार, सारसंग्रह। 2. a compilation or collection, संग्रह।

digestible (डाइ/डि-जेंस्´-टि-बॅल्) ***adj.*** that can be digested, सुपाच्य।

digestion (डाइ/डि-जेंस्´-चॅन्) ***n.*** 1. the power of digesting food, पाचन-शक्ति, हाज़मा। 2. the process of digesting, पाचन-क्रिया।

digestive (डाइ/डि-जेंस्´-टिव्) ***adj.*** 1. of or related to digestion, पाचन-संबंधी। 2. assisting digestion, पाचक, हाज़मेदार।

digger (डिग्´-अॅ:) ***n.*** one who digs, खुदाई करनेवाला, खान खोदनेवाला, खनक।

digit (डिज्´-इट्) ***n.*** 1. any numeral from 0 to 9., अंक। 2. a finger or toe, उँगली, अँगूठा।

digital (डिज्´-इ-टॅल्) ***adj.*** 1. of or relating to digits, अंक-संबंधी, अंकीय; digital clock, अंकीय घड़ी। 2. giving a read-out in digits, अंकों में दरशानेवाला, अंकदर्शी।

digital watch ***n.*** a watch giving a read-out in digits, डिजिटल घड़ी, अंकीय या अंकदर्शी घड़ी।

dignified (डिग्´-नि-फ़ाइड्) ***adj.*** having, showing or expressing dignity, गौरवपूर्ण, गौरवमय, गरिमापूर्ण, गरिमामय।

dignify (डिग्´-नि-फ़ाइ) ***v.*** (dignified, dignifying) to give dignity to, to give honour to, गौरवान्वित करना, गौरव या गरिमा बढ़ाना।

dignitary (डिग्´-नि-टॅ-री, डिग्´-नि-टॅर्-ई) ***n.*** (plu. dignitaries) a person holding high office, ऊँचे पद पर आसीन महानुभाव, उच्चपदस्थ।

dignity (डिग्´-नि-टी) ***n.*** 1. worthiness or nobleness of character, गौरव, गरिमा। 2. worthiness, prestige, महत्ता, प्रतिष्ठा, सम्मान। 3. a high rank or position, उच्चपद। □ **beneath one's dignity,** below one's social, political or moral standard, मान-मर्यादा के प्रतिकूल, शान के खिलाफ़, प्रतिष्ठा गिरानेवाला, **stand on one's dignity,** demand to be treated with proper respect, सम्मानपूर्वक व्यवहार किए जाने का आग्रह करना, अपनी प्रतिष्ठा न गिरने देना, अपने सम्मान के अनुसार कार्य कराना।

digraph (डाइ´-ग्रैफ़्) ***n.*** a pair of letters representing single sound as ch, sh etc., संयुक्त वर्ण।

digress (डाइ´-ग्रेंस, डि-ग्रेंस्´) ***v.*** (digressed, digressing) 1. to depart from the basic topic, point or subject, मुख्य विषय को छोड़कर अन्य विषय की चर्चा करना, बीच में कोई और किस्सा छेड़ देना, विषयांतर होना, भटक जाना, अप्रासंगिक बना देना। 2. to wander from one's path, भटक जाना।

digression (डाइ/ डि-ग्रेंश्´-अॅन्) ***n.*** 1. the act

of straying from one subject to another, विषयांतर। 2. unrelated subject, असंबद्ध, विषय।

dike (डाइक्) *n.* 1. an embankment, बाँध, तटबंध।2. a ditch for draining water from land, खाई, गड्ढा, खात।

dilapidated (डि-लैप्´-इ-डे-टिड्) *adj.* in partial ruin, in the state of disrepair, टूटा-फूटा, जर्जर, ख़स्ता, बेमरम्मती, जीर्ण-शीर्ण, ख़स्ता हालत।

dilapidation (डि-लैप्-इ-डे´-शॅन्) *n.* the state of being dilapidated, जीर्णावस्था, जर्जरता, गिरी-पड़ी हालत।

dilate (डि-लेट´, डाइ´-लेट्) *v.* (dilated, dilating) 1. to make or become larger or wider, फैलना या फैलाना, बढ़ना या बढ़ाना, विस्तृत होना या करना। 2. to speak or write at length, सविस्तार वर्णन करना। □ **with dilated eyes,** विस्फारित नेत्रों से।

dilation (डाइ-ले´-शॅन्) *n.* the act of dilating or the state of being dilated, विस्तार, फैलाव।

dilatoriness (डि´-लॅ-टॅ-रि-निस्, डिल्´-अॅ-टोर्-इ-निस्) *n.* delay, विलंब, दीर्घसूत्रता।

dilatory (डि´-लॅ-टॅ-री, डिल्´-अॅ-टोर्-ई) *adj.* causing delay or wasting time, दीर्घसूत्री, देर करने या लगानेवाला, विलंबकारी; dilatory tactics विलम्बकारी चालें, देर करने के तरीके।

dilemma (डि-लेॅम्´-अॅ) *n.* a situation that requires a choice between two equally unpleasant or undesirable alternatives, धर्मसंकट, दुविधा, असमंजस। □ **be on the horns of dilemma,** किंकर्तव्य-विमूढ़ होना, दुविधा में होना।

dilettante (डि-लॅ-टैन्´-टी, डिल्´-अॅ-टान्ट्) *n.* (plu. dilettanti, dilettantes) 1. a person having superficial knowledge of a subject, नीम हकीम, अल्पज्ञ, पललवग्राही, थोड़ा बहुत जाननेवाला। 2. one who has great interest in the arts, कलानुरागी।

diligence (डिल्´-इ-जॅन्स्) *n.* perseverance, तत्परता, लगन, कर्मठता, उद्योग, अध्यवसाय।

diligent (डिल्´-इ-जॅन्ट्) *adj.* 1. persevering, तत्पर, लगनवाला, कर्मठ, उद्योगी, अध्यवसायी। 2. carried out with perseverance, कर्मठता-पूर्वक किया जानेवाला, अध्यवसायपूर्ण।

dilly (डिल्´-ई) *n.* a remarkable thing, उल्लेखनीय वस्तु। 2. an excellent person, उत्कृष्ट व्यक्ति।

dilly-dally (डिल्´-ई-डैल्-ई) *v.* (dilly-dallied, dilly-dallying) 1. to waste time, to delay, देर करना या लगाना, व्यर्थ समय नष्ट करना।2. to vacillate, डाँवाँडोल होना, अस्थिर चित्त होना।

dilute (डि/डाइ-ल्यूट्´) *v.* (diluted, diluting) to reduce in strength by addition of water or thinner, पतला करना, तनुकृत करना।

dilution (डाइ/ डि-ल्यू´-शॅन्) *n.* the act of diluting, तनुकरण, पतला करना, हलका करना।

diluvial (डाइ-ल्यू´-वि-अॅल्) *adj.* of or connected with a deluge, प्रलय-संबंधी, प्रलयकारी।

diluvian (डाइ-ल्यू-वि-अॅन्) *adj.* = diluvial.

dim (डिम्) *adj.* 1. faint, मंद, हलका, निष्प्रभ। 2. not clear, indistinct, अस्पष्ट, धुंधला, धूमिल। 3. mentally dull, मंदबुद्धि। 4. gloomy, विषादपूर्ण। *v.* (dimmed, dimming) to become or cause to become dim, मंद होना या करना, हलका होना या करना, निष्प्रभ होना या करना।

dime (डाइम्) *n.* a coin worth one tenth of a dollar, a ten-cent coin, डाइम। □ **a dime a dozen,** very cheap (i) पानी के मोल, कौड़ी के तीन, (ii) very common, अत्यंत साधारण।

dimension (डि/डाइ-मेंन्´-शॅन्) *n.* 1. a measurement in any one direction, विमा, आयाम; fourth dimension, चौथी विमा। 2. size or extent, आकार, विस्तार। 3. an aspect, पक्ष। 4. (Maths) the number of coordinates required to locate a point in space, घात।

dimensional (डि/डाइ-मेंन्´-शॅ-नॅल्) *adj.* of or pertaining to a dimension, विमा-संबंधी, विमीय; two-dimensional, द्विविम, three-dimensional, त्रिविम।

diminish (डि-मिन्´-इश्) *v.* (diminished, di-

minishing) 1. to become less or smaller, घट जाना, कम हो जाना; diminishing utility, ह्रासमान उपयोगिता। 2. to make less or smaller, कम करना, घटा देना।

diminuendo (डि-मिन्-यु-ऍन्´-डो) ***adj. & adv.*** gradually decreasing in loudness, धीरे-धीरे मंद होता हुआ, अवरोही।

diminution (डिम्-इ-न्यू´-शॅन्) ***n.*** decrease, reduction, कमी, ह्रास; diminution in value, मूल्य में कमी।

diminutive (डि-मिन्´-यु-टिव्) ***adj.*** very small, tiny, छोटा, लघु, नन्हा। ***n.*** 1. a word formed with a suffix for a small specimen of something, अल्पार्थक या लघुतावाची शब्द। 2. a suffix that forms diminutives, अल्पार्थक प्रत्यय।

dimity (डिम्´-इ-टी) ***n.*** a cotton fabric with woven stripes, धारीदार सूती कपड़ा, डोरिया।

dimmer (डिम्´-ऑः) ***n.*** 1. a device for reducing the brightness of light, बत्तियों की रोशनी की तेज़ी कम करने का उपकरण, प्रकाशमंदक। 2. a parking light on a car, डिमर।

dimple (डिम्´-पॅल्) ***n.*** a small hollow or dent on the cheeks or chin, गाल या ठोड़ी पर का गड्ढा। ***v.*** (dimpled, dimpling) 1. to make or become dimpled, गाल या ठोड़ी पर गड्ढा बनना या बनाना। 2. to produce dimples by smiling, हँसने से गालों पर गड्ढे पड़ना।

din (डिन्) ***n.*** loud, confused and prolonged noise, शोर, शोरगुल, हो-हल्ला, शोर-शराबा। □ **kick up a din,** हो-हल्ला मचाना। ***v.*** (dinned, dinning) to make a din, शोर मचाना, हो-हल्ला करना। □ **din into,** to repeat (something) over and over again into someone's ears, किसी को (कोई बात) बार-बार सुनाना, (किसी बात के लिए) पीछे पड़ जाना।

dinar (डी-नाः´) ***n.*** a monetary unit in Arab and some other countries, दीनार (सिक्का)।

dine (डाइन्) ***v.*** (dined, dining) 1. to eat dinner, भोजन करना, खाना-पीना। 2. to give dinner to, भोजन के लिए आमंत्रित करना, भोजन कराना, खिलाना-पिलाना। □ **wine and dine someone,** to entertain someone to dinner, किसी को खिलाना-पिलाना।

diner (डाइ´-नॅः) ***n.*** 1. one who dines, भोजनकर्ता, भोजन करनेवाला। 2. a dining car, भोजनयान।

dinette (डाइ-नॅट्´) ***n.*** a small room used as a dining room, भोजन-कक्ष।

ding (डिंग्) ***n.*** the sound of a bell, घंटी की आवाज़, घंटी बजने या बजाने से होनेवाला शब्द, टन।

ding-a-ling (डिंग्´-अॅ-लिंग्) ***n.*** a stupid person, मूर्ख व्यक्ति, मूढ़ व्यक्ति।

ding-dong (डिंग्´-डॉङ्ग्) ***n.*** the sound of a bell or bells, टनटन, घंटा या घंटे बजने का शब्द। 2. a violent exchange of words or blows, कहा-सुनी, मार-पीट।

ding-dong battle ***n.*** a battle in which each contestant or party has the better of it alternately, ऐसी लड़ाई जिसमें कभी एक पक्ष का पलड़ा भारी हो तो कभी दूसरे का, बराबरी का संघर्ष, उठापटक।

dinghy (डिंग्´-ई) ***n.*** (plu. dinghies) a small boat, डोंगी।

dingo (डिंग्´-गो) ***n.*** a wild dog of Australia, आस्ट्रेलिया का जंगली कुत्ता।

dingus (डिंग्´-अॅस्) ***n.*** any small gadget whose common name is unkonwn, कोई ऐसा छोटा उपकरण जिसके नाम का पता न हो।

dingle (डिंग्´-गल्) ***n.*** a small wooded valley, दर्रा, घाटी।

dingy (डिन्´-जी) ***adj.*** (dingier, dingiest) 1. dirty, गंदा, मैला-कुचैला। 2. discoloured, बदरंग; This shirt is getting dingy, इस कमीज़ का रंग उड़ रहा है। 3. a dingy street, अँधेरी गली।

dining car ***n.*** a railway coach used as a dining room, भोजनयान।

dining room ***n.*** a room where meals are eaten, भोजन करने का कमरा, भोजन-कक्ष, डाइनिंग रूम।

dining table ***n.*** a table on which meals are served, खाने की मेज़, डाइनिंग टेबल।

dinky (डिंग्´-की) *adj.* 1. small and neat, नन्हा-सा। 2. insignificant, तुच्छ, महत्त्वहीन।
dinner (डिन्´-अ:) *n.* 1. a meal taken in the evening or night, रात का खाना। 2. a formal evening banquet, दावत, रात्रिभोज।
dinner-set (डिन्´-अ:-सेंट्) *n.* utensils for use at dining table, खाने के बरतन, डिनरसेट।
dinosaur (डाई-नॅ-सॉ:) *n.* an extinct large-sized reptile, पुराने ज़माने का एक रेंगनेवाला जंतु, डाइनासोर।
dint (डिंट्) *n.* 1. force, बल; by dint of hard work, कठोर परिश्रम के बल पर, कठोर परिश्रम के फल स्वरूप। 2. a pit, गड्ढा।
diocesan (डाइ-ऑस्´-इ-ऑन्) *adj.* of a diocese, धर्मप्रांत संबंधी।
diocese (डाई´-अॅ-सिस्) *n.* the district under the jurisdiction of a bishop, धर्मप्रांत।
diorama (डाइ-अॅ-रैम्´-अॅ) *n.* an instrument for viewing three-dimensional objects through aperture, त्रिविम दर्शिका।
dioxide (डाइ-ऑक्´-साइड्) *n.* an oxide with two atoms of oxygen to one of a metal, डायाक्साइड।
dip (डिप्) *v.* (dipped, dipping) 1. to put or lower quickly or briefly into water or other liquid, पानी या घोल में डुबोकर निकालना। 2. to plunge into water and emerge quickly, डुबकी लगाना, गोता लगाना। 3. to dye by immersing in a liquid, डुबोकर रँगना। 4. to put a ladle, hands etc. into something to obtain an object, किसी चीज़ में से कुछ निकालने के लिए कलछी या हाथ डालना। 5. to draw, निकालना। 6. to lower for a moment, झुकाना। 7. to slope downward, ढाल के रूप में होना, ढालुआँ होना। 8. to decline, घटना, कम होना, उतरना। 9. to select passages to read at random, यों ही पुस्तक का पन्ना खोलकर कहीं से पढ़ने लगना; I have dipped into his novel, मैंने उसके उपन्यास को उलट-पलटकर देखा है। 10. to involve into debt, ऋणग्रस्त होना। 11. to set, डूबना; The sun dipped below the horizon, सूरज क्षितिज के नीचे चला गया। *n.* 1. the act of dipping, डुबाई, डुबाव। 2. a plunge, डुबकी, गोता। 3. the liquid in which something is dipped, वह घोल जिसमें किसी चीज़ को डुबाया जाए। 4. a downward slope, ढाल। 5. a tallow candle, चर्बी की मोमबत्ती।
diphtheria (डिफ्-थिअॅर्´-इ-अॅ) *n.* an infectious disease of the throat, कंठरोग, डिफ़्थीरिया।
diphthong (डिफ्´-थाःङ्ग्) *n.* a compound vowel sound, द्विस्वर, संध्य स्वर।
diploma (डि-प्लो´-मॅ) *n.* a certificate conferring a qualification who has completed a course of study, उपाधि-पत्र, डिप्लोमा, सनद।
diplomacy (डि-प्लो´-मॅ-सी) *n.* 1. the skill or practice of conducting international relations, राजनय, कूटनीति, डिप्लोमेसी। 2. tact, व्यवहार-कुशलता, चतुराई, चालाकी, हिकमत।
diplomat (डिप्´-लॅ-मैट्) *n.* 1. an official engaged in diplomacy, राजनयिक, कूटनीतिज्ञ। 2. one who deals tactfully with others, व्यवहार-कुशल, चतुर, सयाना।
diplomatic (डिप्-लो-मैट्´-इक्) *adj.* 1. of or related to diplomacy, राजनय या कूटनीति-संबंधी, राजनयिक, कूटनीतिक। 2. tactful व्यवहार-कुशल, व्यवहारी, सयाना, चतुर।
dipper (डिप्´-अ:) *n.* 1. a long handled ladle for taking up water, पानी निकालने का लंबी डंडीवाला नपना। 2. a diving bird, डुबकी लगानेवाली चिड़िया।
Dipper, the *n.* the Great Bear, सप्तर्षि मंडल।
dippy (डिप्´-ई) *adj.* 1. crazy, सनकी। 2. silly, मूर्ख।
dipso (डिप्´-सो) *n.* = dipsomaniac.
dipsomania (डिप्-सो-मे´-नि-अॅ) *n.* an uncontrollable desire for alcohol, शराब पीने की हुड़क, मद्योन्माद।
dipsomaniac (डिप्-सो-मे´-नि-ऐक्) *n.* one who is suffering from dipsomania, जिसे मदिरापान की हुड़क हो, हुड़की, मद्योन्मादी।
dipstick (डिप्´-स्टिक्) *n.* a rod for measur-

ing the depth of a liquid, तरल पदार्थ की गहराई नापने का पैमाना, नपनी।

dire (डायः, डाइः) *adj.* 1. dreadful, भीषण, भयानक प्रचंड, उग्र। 2. disastrous, विनाशक, विनाशकारी। 3. urgent, अत्यावश्यक, ज़रूरी।

direct (डि/डाइ-रॅक्ट्) *v.* (directed, directing) 1. to manage or conduct the affairs of, संचालन करना, संचालित करना। 2. to tell or show how to do something or get somewhere, निर्दिष्ट करना, मार्ग-निर्देशन करना। 3. to give direction to, to supervise the dramatic proceedings, निर्देशन करना। 4. to take charge of, to control, नियंत्रण में करना या लेना। 5. to conduct in a performance, निर्देशित करना। 6. to aim, निशाना साधना। 7. to cause to move (towards a goal, लक्ष्य की ओर) ले जाना। 8. to cause to have a specified direction, उन्मुख करना, मोड़ना, घुमाना। 9. to address (a letter etc.) पते पर भेजना। 10. to address (remarks etc.) (किसी को लक्षित करके) कहना। *adj.* 1. going, lying or proceeding in a straight line, not round about, सीधा, ऋजु। 2. not curved, जो टेढ़ा-मेढ़ा या वक्र न हो, सीधा। 3. straightforward, सीधा, ईमानदार, भोला-भाला, निष्कपट। 4. total, exact, complete, ठीक, पूरा; exact opposite, ठीक उलटा। 5. in direct contact, without intervening agency, सीधा, प्रत्यक्ष; direct tax, प्रत्यक्ष कर। 6. main, मुख्य; direct object, मुख्य कर्म। 7. in an unbroken line of descent, non-stop, सीधा; direct train, सीधी गाड़ी। *adv.* directly, सीधे।

direct current *n.* an electric current flowing in one direction, सीधी विद्युत्धारा, सीधी धारा, डाइरेक्ट करेंट।

directed (डि/डाइ-रॅक्ट्´-टिड्) *adj.* 1. given directions, निर्दिष्ट। 2. aimed fixedly at, उद्दिष्ट।

direct election *n.* an election in which representatives or officials are elected by primary voters, प्रत्यक्ष निर्वाचन।

direction (डि/डाइ-रॅक्´-शॅन्) *n.* 1. *n.* the act, process or function of directing or instructing, निर्देशन। 2. a command. आदेश, निर्देश। 3. the side or place towards which a person or thing moves, दिशा, तरफ़, सीध। 4. a line of action or a course, दिशा। 5. tendency towards a particular end or goal, प्रेरणा। 6. an area, क्षेत्र। □ **in the direction of,** towards, की दिशा में।

directional (डि/डाइ-रॅक्´-शॅ-नॅल्) 1. of or indicating direction, दिशा-संबंधी, दिशात्मक, आदेशात्मक। 2. directed towards one direction only, एकदिश।

directive (डि/डाइ-रॅक्-टिव्) *adj.* 1. indicating directions, दिशासूचक। 2. directing, निदेशात्मक। *n.* an instruction or order, निर्देश।

directly (डि/डाइ-रॅक्ट्´-ली) *adv.* 1. in a direct manner, सीधे, प्रत्यक्ष रूप से, प्रत्यक्षतः। 2. without delay, at once, just now, सीधे, तुरंत, अभी। 3. very soon, बहुत जल्द, अतिशीघ्र।

director (डि/डाइ-रॅक्-टःः) *n.* a person who supervises any institution or some kind of performance, निदेशक, निर्देशक, संचालक। director general, महानिदेशक। [Fem. directress, निदेशिका]

directorate (डि/डाइ-रॅक्-टॅ-रॅट्/रिट्) *n.* 1. the office of a director, निदेशालय। 2. the board of directors, निदेशक-मंडल, संचालक मंडल।

directorship (डि/डाइ-रॅक्-टः-शिप्) *n.* 1. the position of a director, निदेशक का पद, निदेशक-पद। 2. the duration of a direction, निदेशन-काल।

directory (डि/डाइ-रॅक्-टॅ-री) *n.* (plu. directories) 1. a book listing names, addresses, telephone numbers of the members of an institution, association or telephone users. निदेशिका। 2. a book giving guidelines or instructions of some kind, निदेशिका।

direful (डाइः´-फ़ुल्) *adj.* 1. disastrous, विनाशक। 2. fearful, भयानक, भयावह।

dirge (ड:ज्) *n.* 1. a chant of lamentation for the dead, रोना-पीटना, सयापा, विलाप। 2. a mournful song, शोक-गीत।

dirk (ड:क्) *n.* a small curved dagger, खुखड़ी, कटार। *v.* (dirked, dirking) to stab with a dirk, खुखड़ी भोंक देना।

dirt (ड:ट्) *n.* 1. unclean substance, earth filth or soil, मिट्टी, गर्द, धूल, गर्दगुबार। 2. a person or thing regarded as worthless or not deserving respect, निकम्मा आदमी या निकम्मी वस्तु, वाहियात आदमी या वस्तु। 3. indecent speech, गंदी बात, अंडबंड, अनाप-शनाप। 4. pornography, obscenity, गंदगी, अश्लीलता। □ **eat dirt,** to accept humiliation, धूल चाटना, अपमान सहना।

dirt cheap *adj. & adv.* at an extremely low price, गिरे-पड़े दामों पर, मिट्टी के मोल, पानी के भाव, पानी के मोल।

dirtiness (ड:´-टी-निस्) *n.* the state of being dirty, गंदगी, मैलापन।

dirty (ड:´-टी) *adj.* (dirtier, dirtiest) 1. full of dirt, धूल-भरा, गंदा। 2. unclean, गंदा, मैला-कुचैला। 3. obscene, अश्लील, गंदा। 4. unfair, अनुचित। 5. rainy or stormy, बरसाती या तूफ़ानी। *v.* (dirtied, dirtying) to make or become dirty, गंदा करना या होना।

dirty linen *n.* intimate secrets, अंतरंग रहस्य।

dirty look *n.* a disapproving look, बुरी नज़र।

dirty word *n.* an obscene word, अपशब्द।

dirty work *n.* 1. an illicit activity, अनुचित काम या अवैध क्रिया। 2. dishonourable dealings, अनुचित व्यवहार।

dis (डिस्) *prefix.* denoting rejection or negation, एक नकारात्मक प्रत्यय।

disability (डिस्-अ-बिल्´-इ-टी) *n.* the state or condition of being disabled, अयोग्यता, अशक्तता, असमर्थता, अक्षमता।

disable (डिस्-ए´-बॅल्) *v.* (disabled, disabling) to make incapable or disabled, अयोग्य या असमर्थ कर देना, अशक्त या अक्षम बना देना, पंगु कर देना।

disabled (डिस्-ए´-बॅल्ड्) *adj.* physically unfit, अशक्त, असमर्थ, पंगु।

disabuse (डिस्-अॅ-ब्यूज़्´) *v.* (disabused, disabusing) to set right, to disillusion, सही करना, भ्रम दूर करना।

disadvantage (डिस्-ऐड्-वैन्´-टिज्) *n.* 1. an unfavourable condition or circumstance, प्रतिकूल स्थिति या परिस्थिति। 2. inconvenience, असुविधा, परेशानी, कष्ट, कठिनाई। 3. loss, damage or harm, अहित, अपकार, हानि, नुक़सान। *v.* (disadvantaged, disadvantaging) to put at a disadvantage, परेशानी में डालना।

disadvantaged (डिस्-ऐड्-वैन्´-टिज्ड्) *adj.* socially or economically deprived or discriminated against, प्रतिकूल स्थितियों में पड़ा हुआ, प्रतिकूलता-ग्रस्त।

disadvantageous (डिस्-ऐड्-वॅन्-टे´-जॅस्) *adj.* causing disadvantage, असुविधापूर्ण; हानिकर, अलाभकर।

disaffected (डिस्-अॅ-फ़ॅक्´-टिड्) *adj.* 1. discontended, असंतुष्ट, अप्रसन्न। 2. disloyal, निष्ठाहीन, बेवफ़ा, ग़द्दार।

disaffection (डिस्-अॅ-फ़ॅक्´-शॅन्) *n.* 1. absence of affection, discontendedness, विराग, असंतोष। 2. disloyalty, निष्ठाहीनता, अनिष्ठा, ग़द्दारी।

disaffiliate (डिस्-अॅ-फ़िल्´-इ-एट्) *v.* (disaffiliated, disaffiliating) to disconnect, असंबद्ध करना, अलग कर देना, पृथक् कर देना।

disagree (डिस्-अॅ-ग्री´) *v.* (disagreed, disagreeing) 1. to fail to agree with, to differ, असहमत होना, सहमत न होना। 2. to have a different opinion, to dissent, अलग राय होना, मतभेद होना, न पटना। 3. to quarrel or dispute, झगड़ा या विवाद करना। 4. to fail to correspond, मेल न खाना, मेल न बैठना। 5. to have bad effects, प्रतिकूल होना, अप्रिय या अरुचिकर होना।

disagreeable (डिस्-अॅ-ग्री´-अॅ-बॅल्) *adj.* 1. distasteful, अरुचिकर। 2. unpleasant, अप्रिय। 3. bad-tempered, चिड़चिड़ा, क्रोधी, बदतमीज़।

disagreement (डिस्-ऐग्´-री-मॅन्ट्) *n.* lack

of agreement, असहमति, मतभेद, असंगति।

disallow (डिस्-अॅ-लाउ´) *v.* (disallowed, disallowing) 1. to refuse to allow, अनुमति न देना। 2. to cancel, रद्द कर देना। 3. to disapprove of, नामंजूर कर देना; to disallow objections, आक्षेप या आपत्ति नामंजूर कर देना।

disappear (डिस्-अॅ-पिअॅ:´) *v.* (disappeared, disappearing) 1. to vanish, गायब हो जाना, अदृश्य या ओझल हो जाना। 2. to cease to exist, लुप्त हो जाना, न रह जाना, लोप हो जाना।

disappearance (डिस्-अॅ-पिअॅर्´-अॅन्स्) *n.* 1. the state of being vanished, अदृश्यता, अंतर्धान।2. no-existence, अविद्यमानता, लोप अभाव।

disappoint (डिस्-अॅ-पॉइन्ट्´) *v.* (disappointed, disappointing) to let down, to fail to satisfy hope or expectation of, निराश कर देना, आशा पूरी न करना।

disappointed (डिस्-अॅ-पॉइन्´-टिड्) *adj.* feeling disappointment, निराश।

disappointment (डिस्-अॅ-पॉइन्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the condition of being disappointed, निराशा, हताशा, आशाभंग। 2. a person or thing that disappoints, निराश करनेवाला व्यक्ति या वस्तु।

disapprobation (डिस्-ऐप्-रॅ-बे´-शॅन्) *n.* 1. the act or fact of disapproving, नापसंदगी, निरनुमोदन, अननुमोदन, पसंद न करना।2. condemnation, निंदा, तिरस्कार।

disapprove (डिस्-अॅ-प्रूव्´) *v.* (disapproved, disapproving) 1. to have an unfavourable opinion, नापसंद करना, निरनुमोदित करना, अननुमोदित करना। 2. to reject, अस्वीकृत करना।

disarm (डिस्-आ:म्´) *v.* (disarmed, disarming) 1. to deprive of weapons, निरस्त्र या निशशस्त्र करना, निहत्था करना। 2. to render helpless, असहाय कर या बना देना, लाचार कर देना; His friendliness disarmed their hostility, उसकी मैत्री की भावना ने उन्हें ठंडा कर दिया।3. to reduce one's armaments or armed forces, हथियार या हथियारबंद सेनाएँ कम करना।

disarmament (डिस्-आ:´-मॅ-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of disarming or the state of being disarmed, निरस्त्रीकरण, निशशस्त्रीकरण।2. a reduction of armaments or armed forces, अस्त्र-शस्त्रों या सेना में कमी।

disarrange (डिस्-अॅ-रेन्ज्´) *v.* (disarranged, disarranging) 1. to put into disorder or confusion, अव्यवस्थित कर देना, क्रमभंग कर देना,अस्त-व्यस्त कर देना।2. to disorganise, विसंघटित कर देना, तोड़ देना।

disarray (डिस्-अॅ-रे´) *v.* (disarrayed, disarraying) 1. to throw into disorder or confusion, गड़बड़ा देना, अस्त-व्यस्त कर देना। 2. to make naked, नग्न या वस्त्रविहीन करना। *n.* 1. disorder or confusion, क्रमभंग, अव्यवस्था, गड़बड़ी।2. disordered insufficient dress, अव्यवस्थित तथा अपूर्ण परिधान।

disassemble (डिस्-अॅ-सेंम्´-बॅल्) *v.* (disassembled, disassembling) to take apart, (पुर्जे) अलग-अलग कर देना, खोल देना।

disassociate (डिस्-अॅ-सो´-सि-एट्) *v.* (disassociated, disassociating) to dissociate, अलग हो जाना, (अपने को) अलग-थलग रखना।

disaster (डि-ज़ैस्´-टॅ:) *n.* 1. great destruction, तबाही, बर्बादी, विनाश, अनर्थ। 2. misfortune, दुर्भाग्य, दुर्भाग्य की बात। 3. the project that has been ruined, विफल प्रयास या योजना।

disastrous (डि-ज़ैस्´-टॅ-रॅस्) *adj.* causing disaster, तबाही मचानेवाला, बर्बादी करनेवाला, विनाशकारी, नाशक।

disavow (डिस्-अॅ-वॉउ´) *v.* (disavowed, disavowing) to deny knowledge of, अस्वीकार करना, न मानना, न अपनाना।

disavowal (डिस्-अॅ-वॉउ´-अॅल्) *n.* the act of disavowing, इन्कार, अस्वीकृति, मुकरना।

disband (डिस्-बैन्ड्´) *v.* (disbanded, disbanding) to break up, to dissolve, विघटित होना या कर देना, टूट जाना या तोड़ देना, भंग होना या करना।

disbandment (डिस्-बैन्ड्´-मॅन्ट्) *n.* the act of disbanding or the state of being dis-

banded, विघटन, भंग।

disbelief (डिस्- बि-लीफ़ ´) ***n.*** lack of faith, अविश्वास।

disbelieve (डिस्-बि-लीव् ´) ***v.*** (disbelieved, disbelieving) to have no faith in, अविश्वास करना, यकीन न करना।

disburden (डिस्-बः´-डॅन्) ***v.*** (disburdened, disburdening) to relieve of a burden, भारमुक्त करना, बोझ हलका करना, बोझ उतारना।

disburse (डिस्-बःस् ´) ***v.*** (disbursed, disbursing) to pay out, संवितरण करना, बाँटना, अदा करना, भुगतान करना।

disbursement (डिस्-बःस् ´-मॅन्ट्) ***n.*** the act of disbursing or the state of being disbursed, संवितरण, बाँट, अदायगी, भुगतान।

disc (डिस्क्) ***n.*** 1. a flat circular plate, तश्तरी। 2. something resembling this, मंडल, डिस्क; the disc of the full moon, चंद्रमंडल। 3. a phonograph record, तवा, रिकार्ड।4. any approximately circular flat structure in the body, डिस्क, चक्रिका।

discard (डि-स्काःड् ´) ***v.*** (discarded, discarding) to reject, get rid of or throw away, त्याग देना, छोड़ देना, फेंक डालना या देना, छाँट देना, बर्ख़ास्त कर देना। ***n.*** a person or thing discarded away, त्यक्त व्यक्ति या वस्तु।

discern (डि-ज़ःन् ´/सःन् ´) ***v.*** (discerned, discerning) 1. to perceive with the eye or mind, देखना, महसूस करना, भाँपना, ताड़ना, समझना, समझना-बूझना। 2. to detect, पहचानना, पहचान लेना, पकड़ लेना। 3. to distinguish, विभेद करना, अंतर करना।

discernible (डि-ज़ः´/सः´-नि-बॅल्) ***adj.*** 1. that can be discerned by senses or mind, इंद्रियगोचर, बुद्धिगम्य, समझ में आने योग्य। 2. that can be seen, दृश्य, दृष्टिगोचर।3. distinguishable, सुस्पष्ट।

discerning (डि-ज़ः´/सः´-निंग्) ***adj.*** having insight, दूरदर्शी, सूक्ष्मदर्शी, विवेकशील, विवेकी, सूझ-बूझवाला।

discernment (डि-ज़ःन् ´/सःन् ´-मॅन्ट्) ***n.*** the act of discerning, दूरदर्शिता, विवेकशीलता, विवेक-बुद्धि।

discharge (डिस्-चाःज् ´) ***v.*** (discharged, discharging) 1. to give or send out, to pour forth or cause to pour forth, to emit, निकालना, फेंकना, निक्षिप्त करना, निस्सारण करना। 2. to relieve or be relieved of a burden or responsibility, भारमुक्त करना या होना, दायित्व से मुक्त होना या करना; to discharge a debt, ऋण चुकाना। 3. to dismiss from employment, बर्ख़ास्त करना, नौकरी से हटाना। 4. to relieve from an appointment, सेवामुक्त करना। 5. to relieve (a prisoner) from charges or custody, बरी करना। 6.to fire or be fired off (as a gun, बंदूक का) चलाना या चलना, दागना या दगना। 7. to lose or remove electric charge, निरावेशित होना या करना। 8. to fulfill or execute, निर्वाह करना, पालन या संपादन करना, to discharge one's duty, कर्तव्य पालन करना, पूरा करना या निभाना। ***n.*** 1. a pouring forth, emission, निस्सारण, निक्षेपण।2. the amount so ejected, निक्षेप। 3. the act of discharging on from an obligation, दायित्व से मुक्ति, छुटकारा। 4. a dismissal or release from an office or job, सेवामुक्ति, बर्ख़ास्तगी।5. execution, निर्वहन, पालन; discharge of duty, कर्तव्यपालन। 6. the act of firing or some thing fired, दागने की क्रिया या दागी जानेवाली वस्तु। 7. a release, उन्मोचन, बरी होना; discharge of the accused, अभियुक्त का उन्मोचन। 8. the act or process of losing or removing electric charge, निरावेशन।

disciple (डि-साइ´-पॅल्) ***n.*** 1. a follower of a teacher, शिष्य, चेला, शागिर्द। 2. a follower or active adherent, अनुयायी।

disciplinarian (डिस्-इ-प्लि-नेंअॅर् ´-इ-अॅन्) ***n.*** one who believes in discipline, अनुशासन-प्रिय व्यक्ति।

disciplinary (डिस् ´-प्लि-नॅर्-ई) ***adj.*** of or for discipline, अनुशासनिक; disciplinary action, अनुशासनिक कार्रवाई, disciplinary committee, अनुशासन-समिति।

discipline (डिस् ´-अॅ-प्लिन्) ***n.*** 1. systematic training for the improvement of physical

powers, self-control, character building, obedience etc., अनुशासन, मर्यादा। 2. submission to rule or authority, अनुशासन। 3. punishment intended to correct, सुधारने के निमित्त दिया जानेवाला दंड। 4. a particular branch of knowledge, ज्ञान या शिक्षा की कोई विशिष्ट शाखा। *v.* (disciplined, disciplining) 1. to enforce discipline, अनुशासन का पालन कराना, अनुशासन या मर्यादा में रहना या रखना। 2. to train to submit to rules or authority, अनुशासित करना। 2. to punish or correct, दंड देना, सुधारना।

disclaim (डिस्-क्लेम्´) *v.* (disclaimed, disclaiming) 1. to renounce or repudiate a legal claim, दावा त्याग देना। 2. to deny a connection with, संबंध से इन्कार करना। 3. to disown, अपने ऊपर लेने से इन्कार करना।

disclaimer (डिस्-क्ले´-मॅः) *n.* a denial or repudiation of a claim, दावा-त्याग।

disclose (डिस्-क्लोज़्´) *v.* (disclosed, disclosing) to make known, to reveal, प्रकट करना, प्रकाश में लाना, बताना।

disclosed (डिस्-क्लोज़्ड्´) *adj.* revealed, प्रकटित, प्रकट किया हुआ।

disclosure (डिस्-क्लो´-ज़्हॅः) *n.* 1. the act of disclosing, प्रकटीकरण, प्रकटन, रहस्य को खोलना, रहस्योद्घाटन। 2. the disclosed fact, भेद, रहस्य।

disco (डिस्´-को) *n.* 1. a nightclub where amplified recorded music is played for dancing, डिस्को क्लब। 2. the recorded music of such a club, डिस्को संगीत।

discolour, discolor, (डिस्-कल्´-अॅः) *v.* (discoloured, discolouring) to change or cause to change colour for the worst, to fade or stain, रंग बिगड़ना या बिगाड़ना, बदरंग होना या कर देना।

discombobulate (डिस्-कॅम्-बॉब्´-यु-लेट्) *v.* (discombobulated, discombobulating) to disturb or upset, परेशान कर देना या बदहवास बना देना।

discomfit (डिस्-कम्´-फ़िट्) *v.* (discomfited, discomfiting) 1. to defeat, परास्त या पराभूत करना। 2. to make uneasy or confused, विचलित या बेचैन कर देना, परेशान करना, घबरा देना। 3. to frustrate, कुंठित कर देना।

discomfiture (डिस्-कम्´-फ़ि-चॅः) *n.* the act of discomfiting or the state of being discomfited, घबराहट, बेचैनी, परेशानी, कुंठा।

discomfort (डिस्-कम्´-फ़ॅःट्) *n.* 1. the condition of being uncomfortable, कष्ट, तकलीफ़, व्यथा, घबराहट, बेचैनी। 2. something that makes one uncomfortable, असुविधा। *v.* (discomforted, discomforting) to make uncomfortable, असुविधा या कष्ट देना, व्यथित करना।

discommode (डिस्-कॅ-मोड्´) *v.* (discommoded, discommoding) 1. to disturb, तंग या परेशान करना। 2. to put to inconvenience, असुविधा पैदा करना, तंग करना।

discompose (डिस्-कॅम्-पोज़्´) *v.* (discomposed, discomposing) to disturb the composure of, विचलित या व्यथित करना, अशांत करना, क्षुब्ध करना।

disconcert (डिस्-कॅन्-सॅःट्´) *v.* (disconcerted, disconcerting) 1. to discompose or upset, विचलित या व्यथित करना, अशांत कर या बना देना। 2. to throw into confusion, अस्तव्यस्त करना, गड़बड़ करना, काम में विघ्न पैदा करना।

disconnect (डिस्-कॅ-नेक्ट्´) *v.* (disconnected, disconnecting) to break the connection between, वियोजित कर देना, अलग या पृथक् कर देना, हटा देना, संबंध तोड़ना, काटना; to disconnect a telephone line, टेलीफ़ोन काट देना, डिसकनेक्ट करना।

disconnected (डिस्-कॅ-नेक्´-टिड्) *adj.* having connection cut off, वियोजित, डिसकनेक्टिड।

disconnection (ड्सि्-कॅ-नेक्´-शॅन्) *n.* the act of disconnecting or the state of being disconnected, वियोजन, काटना, काटा जाना, संबंध-विच्छेद, डिस्कनेक्शन।

disconsolate (डिस्-कॉन्´-सॅ-लिट्) *adj.* 1. inconsolable, जिसे धैर्य न बँधाया जा सके, जिसका धैर्य टूट चुका हो। 2. sad, dejected, उदास और दुखी, हताश, निराश। 3. gloomy,

विषादपूर्ण।

discontent (डिस्-कॅन्-टॅन्ट्´) *n.* dissatisfaction, असंतोष। *v.* (discontented, discontenting) to make discontented, असंतुष्ट करना।

discontented (डिस्-कॅन्-टॅन्´-टिड्) *adj.* 1. feeling discontent, dissatisfied, असंतुष्ट। 2. unhappy, vexed, दुखी, पीड़ित।

discontinuance (डिस्-कॅन्-टिन्´-यू-ॲन्स्) *n.* the act of discontinuing or the state of being discontinued, असांतत्य, विच्छिन्नता, विच्छेद, समाप्ति।

discontinue (डिस्-कॅन्-टिन्´-यू) *v.* (discontinued, discontinuing) 1. to give up, to abandon, छोड़ देना, त्याग देना। 2. to put a stop to, रोक या बंद कर देना। 3. to come to an end, रुक, बंद या समाप्त हो जाना।

discontinuity (डिस्-कॅन्-टिन्-यू´-इ-टी) *n.* = discontinuance.

discontinuous (डिस्-कॅन्-टिन्´-यू-ॲस्) *adj.* not continuous, marked by breaks or interruption, असतत, असंतत, विच्छिन्न।

discord (डिस्´-कॉ:ड्) *n.* 1. lack of accord, agreement or harmony, अनबन, कलह, झगड़ा। 2. dissension, विवाद, फूट, मतभेद। 3. a combination of harsh or confused sounds, कोलाहल, हो-हल्ला, शोर।

discordant (डिस्-कॉ:´-डॅन्ट्) *adj.* 1. disagreeing, मेल न खानेवाला, विसंगत। 2. harsh or confused in sound, कोलाहलपूर्ण, कर्कश, कर्णकटु या गड्ड-मड्ड ध्वनियोंवाला, विस्वर, बेसुरा।

discotheque (डिस्´-कॅ-टॅक्) *n.* see disco. (फ्रांसीसी)

discount[1] (डिस्´-कॉउन्ट्) *n.* any deduction from the full amount of a price or debt, बट्टा, छूट, कटौती, कमीशन। ☐ **at a discount,** (i) below the normal price, घटे मूल्य पर, बट्टे पर; (ii) not wanted, जिसकी पूछ न हो; Honesty is at a discount these days, आज-कल ईमानदारी की कद्र नहीं।

discount[2] (डिस्-कॉउन्ट्´) *v.* (discounted, discounting) 1. to leave out of count, गिनती में न लाना, गिनती न करना, नगण्य समझना; We cannot discount this possibility, हम इस संभावना को गिनती में न लाएँ, ऐसा नहीं हो सकता। 2. to deduct from a cost, छूट देना, कमीशन देना। 3. to anticipate and make allowance for, प्रतीक्षा करते हुए गुंजाइश निकालना। 4. to buy or sell a bill of exchange etc. before maturity with a deduction for interest, बट्टे पर भुगतान करना, मितिकाटे पर भुगतान करना।

discountenance (डिस्-कॉउन्´-टॅ-नॅन्स्) *v.* (discountenanced, discountenancing) to disapprove of, अस्वीकृत करना, नापसंद करना, अनुमोदन न करना, नापसंदगी जाहिर करना; He discounted his plan, उसने उसकी योजना का विरोध किया। *n.* disapproval, अस्वीकृति, नापसंदगी।

discourage (डिस्-कर्´-इज्) *v.* (discouraged, discouraging) 1. to deprive of courage, to dispirit, निरुत्साहित करना। 2. to dissuade, कुछ करने से मना करना या रोकना।

discouragement (डिस्-कर्´-इज्-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of discouraging or the state of being discouraged, उत्साह-भंग, हतोत्साहन। 2. opposition, विरोध।

discourse[1] (डिस्´-को:स्) *n.* 1. a learned talk or speech, प्रवचन, उपदेश, व्याख्यान; He gave a long discourse on the evils of smoking, उसने धूम्रपान की बुराइयों पर लंबा व्याख्यान दिया। 2. an essay, निबंध।

discourse[2] (डिस्-को:स्´) *v.* (discoursed, discoursing) to utter or write a discourse, प्रवचन करना, उपदेश या व्याख्यान देना, लिखित निबंध तैयार करना।

discourteous (डिस्-क:´-टि-ॲस्) 1. rude, lacking courtesy, showing bad manners, अशिष्ट, बदतमीज़। 2. disrepectful, अनादरपूर्ण।

discourtesy (डिस्-क:´-टॅ-सी) *n.* 1. rudeness, impolite behaviour, अशिष्टता, बदतमीज़ी। 2. uncivility, असभ्यता।

discover (डिस्-कव्´-ॲ:) *v.* (discovered, discovering) 1. to bring to light, प्रकाश में

लाना। 2. to find out, खोज निकालना, पता चलाना या लगाना; Columbus discovered America, कोलंबस ने अमरीका का पता लगाया। 3. to find after study or search, आविष्कार करना, अन्वेषण करना। 4. to realize, अनुभूत करना, महसूस करना।

discoverer (डिस्-कव्´-रॅ:) *n.* one who discovers, आविष्कारक, अनुसंधानकर्ता, खोजी।

discovery (डिस्-कव्´ अॅ-री) *n.* (plu. discoveries) 1. the act of discovering or the state of being discovered, आविष्कार, खोज। 2. something discovered, आविष्कृत वस्तु, आविष्कार।

discredit (डिस्-क्रेड्´-इट्) *v.* (discredited, discrediting) 1. to damage the good reputation of, बदनाम करना, बदनामी करना, साख बिगाड़ना। 2. to cause people to lack faith in, (किसी के प्रति) अविश्वास उपजाना। 3. to refuse to believe in, अविश्वास प्रकट करना। *n.* 1. disrepute, ill-repute, बदनामी, निंदा। 2. loss of belief, trust or credibility, अविश्वास, साख का अभाव।

discreditable (डिस्-क्रेड्´-इ-टॅ-बॅल्) *adj.* 1. bringing discredit, अकीर्तिकर, अपयशकारी, बदनामी करनेवाला। 2. shameful, लज्जाजनक, निंदनीय।

discreet (डि-स्क्रीट्´) *adj.* 1. judicious, sensible, विवेकशील, बुद्धिमान। 2. tactful, चतुर, सयाना।

discreetly (डि-स्क्रीट्´-ली) *adv.* judiciously, sensibly, बुद्धिमत्तापूर्वक, समझदारी से।

discrepancy (डि-स्क्रेप्´-अॅन्-सी) *n.* (plu. discrepancies) any error or variation between facts, figures etc., फ़र्क, विसंगति।

discrete (डि-स्क्रीट्´) *adj.* 1. separate or distinct, अलग, विशेष। 2. consisting of unconnected different parts, मिला-जुला।

discretion (डि-स्क्रेश्´-अॅन्) *n.* 1. the power to decide, विवेक। 2. the quality of being discreet, विवेकशीलता, बुद्धिमानी, बुद्धिमत्ता; Discretion is the better part of valour, व्यर्थ ख़तरे में पड़ना कोई बुद्धिमत्ता नहीं, प्रतिकूल परिस्थितियों में भाग खड़े होना ही बुद्धिमानी है। 3. freedom of judgement, विवेकाधिकार; at someone's discretion, किसी के स्वाविवेकानुसार।

discretionary (डि-स्क्रेश्´-अॅ-नॅर्-ई) *adj.* pertaining to or left to discretion, विवेक-संबंधी, वैवेकिक, विवेकाधीन; discretionery powers, वैवेकिक अधिकार।

discriminate (डि-स्क्रिम्´-इॅ-नेट्) *v.* (discriminated, discriminating) 1. to make a clear distinction, अंतर करना, भेद करना। 2. to treat differently, भेदभाव करना।

discriminating (डि-स्क्रिम्´-अॅ-नेट्-इंग्) *adj.* 1. able to recognize fine distinctions, विवेकशील, समझदार, विभेद-सक्षम, सूक्ष्मदर्शी। 2. partial, भेदभाव करनेवाला, पक्षपातपूर्ण।

discrimination (डि-स्क्रिम्-इ-ने´-शॅन्) *n.* 1. the power to see fine distinctions, अंतर या विभेद करने की क्षमता, विवेक, सूझ-बूझ। 2. unfair treatment of a person, group or minority, भेदभाव, पक्षपात, तरफ़दारी।

discriminatory (डि-स्क्रिम्´-इ-ने-टॅ-री) showing discrimination, पक्षपातपूर्ण, भेदभाव-भरा, भेदभावमूलक।

discursive (डिस्-कः´-सिव्) *adj.* 1. unrelated, असंबद्ध, अप्रासंगिक। 2. without any clear plan, योजनाविहीन। 3. obtained by reason and argument, तर्कगत, तर्कजन्य।

discus (डिस्´-कॅस्) *n.* (plu. discuses or disci) 1. a plate used in throwing in competitions, डिस्क, discus thrower, डिस्क फेंकनेवाला। 2. the event or sport of throwing the discuses, डिस्क थ्रोइंग।

discuss (डि-स्कस्´) *v.* (discussed, discussing) 1. to speak together about, चर्चा करना, विचार-विमर्श करना, बात-चीत करना। 2. to treat, विवेचन करना।

discussant (डि-स्कस्´-अॅन्ट्) *n.* one who takes part in some kind of discussion, परिचर्चा में भाग लेनेवाला, परिचर्चा-कर्ता।

discussion (डि-स्कश्´-अॅन्) *n.* the act of discussing, बात-चीत, विचार-विमर्श, परिचर्चा। ☐ **come up for discussion,** to be discussed as per the agenda, कार्यसूची के

अनुसार चर्चा होना; This matter will come up for discussion at 4 p.m., इस विषय पर दोपहर बाद 4 बजे चर्चा होगी; **matter being discussed,** चर्चाधीन विषय।

disdain (डिस्-डेन्´) *n.* lack of respect, contempt, तिरस्कार, निंदा, भद्दा *v.* (disdained, disdaining) to regard with disdain, तिरस्कार करना, निंदा करना, भद्द उड़ाना।

disdainful (डिस्-डेन्´-फुल्) *adj.* 1. showing disdain, तिरस्कारपूर्ण, गर्हित, निंदनीय। 2. haughty, हठी, घमंडी, नकचढ़ा।

disease (डि-ज़ीज़्´) *n.* ailment, affliction, बीमारी, रोग, व्याधि।

diseased (डि-ज़ीज़्ड्´) *adj.* afflicted with disease, रोगग्रस्त, रुग्ण, रोगी, बीमार।

disembark (डिस्-ऍम्-बा:र्क्´) *v.* (disembarked, disembarking) to land or cause to land from a ship, train, aircraft etc., उतरना या उतारना।

disembodied (डिस्-ऍम्-बॉड्´-ईड्) *adj.* free from the body, देहहीन, अशरीरी, विदेह। □ **disembodied spirit,** भूत, प्रेत, अशरीरी जीव।

disenchant (डिस्-ऍन्-चैन्ट्´) *v.* (disenchanted, disenchanting) 1. to disillusion, भ्रम दूर करना, मोहभंग करना। 2. to free from enchantment, जादू के प्रभाव या प्रेतबाधा से मुक्त करना।

disenchantment (डिस्-ऍन्-चैन्ट्´-मॅन्ट्) *n.* 1. disillusion, मोहभंग, भ्रम का दूर होना। 2. disappointment, निराशा।

disencumber (डिस्-ऍन्-कम्´-बॅ:) *v.* (disencumbered, disencumbering) to free from burden, भारमुक्त करना, दायित्वविहीन करना, ऋणमुक्त करना, रेहन से छुड़ाना।

disenfranchise (डिस्-ऍन्-फ्रैन्´-चाइज़्) *v.* (disenfranchised, disenfranchising) to disfranchise, मताधिकार से वंचित करना।

disengage (डिस्-ऍन्-गेज्´) *v.* (disengaged, disengaging) 1. to detach, अलग होना या करना। 2. to release or become released from a connection, obligation etc., दायित्व, संबंध आदि से छूटना या उसे छोड़ देना।

disengaged (डिस्-ऍन्-गेज्ड्´) *adj.* free from engagements, स्वतंत्र, दायित्व-मुक्त।

disentangle (डिस्-ऍन्-टैंग्´-गॅल्) *v.* (disentangled, disentangling) to free or become free from entanglement, बंधन से मुक्त होना या करना, बंधन से छूटना या छुड़ाना, उलझन सुलझाना, जटिलता दूर होना।

disequilibrium (डिस्-ई-क्वि-लिब्´-रि-ॲम्) absence of equilibrium, संतुलन का अभाव, असंतुलन।

disestablish (डिस्-ऍ-स्टैब्´-लिश्) *v.* (disestablished, disestablishing) 1. to end the established state of, विस्थापित करना या अपदस्थ करना। 2. to deprive a church of its official connection with the state, राज्य द्वारा चर्च (धर्मसत्ता) से संबंध विच्छेद कर लेना।

disestablishment (डिस्-ऍ-स्टैब्´-लिश्-मॅन्ट्) separation of church and state, राज्य और चर्च (अर्थात् धर्मसत्ता) का संबंध-विच्छेद।

disesteem (डिस्-ॲ-स्टीम्´) *n.* lack of esteem, अनादर-भावना।

disfavour (डिस्-फ़े´-वॅ:) *n.* the condition of being disliked or disapproved of, अवकृपा, अननुग्रह, घृणा, नफ़रत। □ **fall into disfavour,** कृपापात्र न रहना, पसंद न किया जाना; **incur disfavour,** कोपभाजन बनना।

disfigure (डिस्-फ़िग्´-ॲ:) *v.* (disfigured, disfiguring) to spoil the figure or shape of, शक्ल बिगाड़ देना, विरूपित कर देना, भद्दा बना देना, विकृत करना, सौंदर्य नष्ट करना।

disfranchise (डिस्-फ्रैन्´-चाइज़्) *v.* (disfranchised, disfranchising) to deprive of the right to vote, मताधिकार से वंचित करना।

disgorge (डिस्-गॉ:ज्´) *v.* (disgorged, disgorging) *v.* 1. to throw out of the stomach through the mouth, to vomit, उगल देना, उलटी या कै कर देना। 2. to discharge or empty of (contents), निकाल देना या खाली हो जाना। 3. to give back the stolen things to its owner, चुराया हुआ माल लौटा देना।

disgrace (डिस्-ग्रेस्´) *n.* 1. loss of respect or reputation, अपमान, अवमान। 2. anything that brings disgrace, अपयश की बात, कलंक, लांछन। *v.* (disgraced, disgracing)

to humiliate, अपमानित करना, अवमानित करना।

disgraceful (डिस्-ग्रेस्´-फ़ुल) ***adj.*** 1. bringing disgrace, अपयशकर, अकीर्तिकर। 2. shameful, लज्जाजनक।

disgruntled (डिस्-ग्रन्´-टॅल्ड्) ***adj.*** 1. dissatisfied, discontented, असंतुष्ट। 2. annoyed and disappointed, चिड़चिड़ा।

disguise (डिस्-गाइज़्´) ***v.*** (disguised, disguising) 1. to conceal by false show, छिपाना। 2. to conceal one's true identity by changing the usual appearance etc., भेष बदलना, स्वाँग रचना। ***n.*** 1. a mask, costume or manner that disguises, छद्मवेश। 2. concealment, छिपाव। 3. comouflage, छद्मावरण। □ **in disguise,** hidden (but real) प्रच्छन्न (पर वास्तविक); blessing in disguice, छिपा वरदान।

disgust (डिस्-गस्ट्´) ***n.*** a feeling of annoyance or repugnance, खीझ, कोफ़्त, झल्लाहट। ***v.*** (disgusted, disgusting) to make feel annoyed or offended, खीझ पैदा करना, खिझा देना।

disgusted (डिस्-गस्´-टिड्) ***adj.*** feeling disgust, खीझा हुआ, कुपित।

dish (डिश्) ***n.*** 1. an open shallow container, plate, तश्तरी, प्लेट, रिकाबी। 2. the amount that a dish holds, तश्तरी में रखा हुआ पदार्थ, तश्तरी-भर समान। 3. something resembling a dish, a shallow concave object, तश्तरी। 4. a particular preparation of food, व्यंजन। 5. an attractive woman or girl, आकर्षक स्त्री या लड़की, सुंदरी। ***v.*** (dished, dishing) 1. to put into a dish, तश्तरी में डालना। 2. to serve in a dish, तश्तरी में परोसना। 3. to ruin, नष्ट या बर्बाद करना।

dishabille (डिस्-अॅ-बील्´) ***n.*** the condition of being only partly or not carefully dressed, सही ढंग से कपड़े न पहने होने की अवस्था, चुस्त-दुरुस्त न रहने का भाव, ढीले-ढाले कपड़े पहने होना जिनसे शरीर पूरा ढका न हो। (फ्रांसीसी)

disharmony (डिस्-हा:´-मॅ-नी) ***n.*** lack of harmony, समरसता का अभाव, असामंजस्य की स्थिति।

dishcloth (डिश्´-क्लाःथ्) ***n.*** a cloth for washing dishes, प्लेटें आदि धोने-पोछने का कपड़ा।

dishearten (डिस्-हा:´-टॅन्) ***v.*** (disheartened, disheartening) 1. to weaken the hope, निरुत्साहित कर देना, निराश कर देना। 2. to destroy the courage, दिल तोड़ देना, हिम्मत पस्त कर देना। 3. to cause to lose confidence, विश्वास डिगा देना।

disheartenment (डिस्-हा:´-टॅन्-मॅन्ट्) ***n.*** the state of being disheartened, निराशा।

dishevelled (डि-शॅव्´-अॅल्ड्) ***adj.*** disarrayed, untidy, अस्त-व्यस्त, गंदा, मैला-कुचैला; dishevelled hair, खुले बिखरे हुए बाल; dishevelled person, मैला-कुचैला व्यक्ति।

dishonest (डिस्-ऑन्´-इस्ट्) ***adj.*** 1. not honest, बेईमान, मक्कार, खोटा। 2. showing or resulting from fraud, कपटपूर्ण, बेईमानी-भरा, धोखेधड़ी का।

dishonestly (डिस्-ऑन्´-ॲस्ट्-ली) ***adv.*** with dishonest act, बेईमानी से, धोखेधड़ी से, कपटपूर्वक।

dishonesty (डिस्-ऑन्´-ॲस्ट्-ई) ***n.*** the state or quality of being dishonest, बेईमानी, मक्कारी, कपट।

dishonour,dishonor (डिस्-ऑन्´-अॅ:) ***n.*** 1. loss of honour, disgrace, अनादर, बेइज़्ज़ती। 2. the act of not honouring a cheque etc., अनादरण। ***v.*** (dishonoured, dishonouring) 1. to treat with disrespect, to disgrace, अनादर करना, बेइज़्ज़त करना, लज्जित करना। 2. to refuse to pay the amount of a cheque etc., चेक आदि का अनादरण करना, अनादृत करना।

dishonourable (डिस्-ऑन्´-अॅ-रॅ-बॅल्) ***adj.*** not honourable, shameful, अपमानजनक, लज्जाजनक।

dishonoured (डिस्-ऑन्´-अॅ:ड्) ***adj.*** not honoured, अनादृत; dihonoured bill, अनादृत विनिमय पत्र।

dishwasher (डिश्-वॉश्´-अॅ:) ***n.*** a machine for washing dishes, प्लेटें धोने की मशीन,

डिशवाशर।

dishy (डि´-शी) *adj.* (dishier, dishiest) having sexual charm, charming, यौनाकर्षक, आकर्षक।

disillusion (डिस्-इ-ल्यू´-ज़्हॅन्) *v.* (disillusioned, disillusioning) to deprive of illusion, भ्रम दूर करना, भ्रम निवारण करना, मोहभंग करना। *n.* the state of being disillusioned, भ्रम निवारण, मोहभंग।

disillusionment (~ -मॅन्ट्) *n.* = disillusion।

disinclination (डिसॅ-इन्-क्लि-ने´-शॅन्) *n.* reluctance, unwillingness, अनिच्छा, अरुचि।

disincline (डिस्-इन्-क्लाइन्´) *v.* (disinclined, disinclining) to make or be reluctant, अनिच्छुक होना या बना देना।

disinfect (डिस्-इन्-फ़ेक्ट्´) *v.* (disinfected, disinfecting) to cleanse by destroying bacteria by chemical means, रोगाणुओं का विनाश करना, विसंक्रामित करना।

disinfectant (डिस्-इन्-फ़ेक्´-टॅन्ट्) *n.* a substance that destroys bacteria, विसंक्रामक पदार्थ, रोगाणुनाशी पदार्थ।

disinfection (डिस्-इन्-फ़ेक्´-शॅन्) *n.* the act of destroying bacteria, रोगाणुनाशन, विसंक्रामण।

disingenuous (डिस्-इन्-जॅन्´-यु-अॅस्) *adj.* not sincere or frank, बेईमान, मक्कार, कपटी।

disinherit (डिस्-इन्-हॅर्´-इट्) *v.* (disinherited, disinheriting) to deprive or prevent from inheriting, उत्तराधिकार से वंचित करना, उत्तराधिकारी न मानना।

disintegrate (डि-सिन्´-टॅ-ग्रेट्) *v.* (disintegrated, disintegrating) 1. to break into small parts, fragments, or pieces, खंड-खंड होना, टुकड़े टुकड़े होना, विखंडित या विघटित होना। 2. to cause to break into small parts, fragments or pieces, खंड-खंड या टुकड़े-टुकड़े करना, विखंडित करना, विघटित करना।

disintegration (डि-सिन्-टॅ-ग्रे´-शॅन्) *n.* the act of disintegrating or the state of being disintegrated, विखंडन, विघटन।

disinter (डिस्-इन्-टॅ:´) *v.* (disinterred, disinterring) to unearth, to dig up (a body from a grave, क़ब्र से लाश) खोदकर निकालना, खुदाई करना।

disinterested (डिस्-इन्´-टॅ-रॅस्-टिड्) *adj.* 1. not interested, uninterested, जिसकी किसी काम में रुचि न हो, रुचि न रखनेवाला, स्वार्थ रहित, हितरहित। 2. free from bias or partiality, पक्षपातविहीन, तटस्थ, बेलाग।

disjoin (डिस्-जॉइन्´) *v.* (disjoined, disjoining) to separate, अलग-अलग करना, तोड़ना।

disjoint (डिस्-जॉइन्ट्) *v.* (disjointed, disjointing) 1. to make apart at the joint or joints, जोड़-जोड़ खोल देना, अलग-अलग कर देना। 2. to dislocate, उखड़ जाना, जोड़ खुल जाना, (हड्डी का) उतर जाना, विस्थापित हो जाना।

disjointed (डिस्-जॉइन्´-टिड्) *adj.* 1. separated at the joints, जोड़ से खुला हुआ। 2. disconnected, असंबद्ध, क्रमरहित, बेतरतीब; 3. dislocated, विस्थापित।

disk (डिस्क्) *n.* = disc.

dislike (डिस्-लाइक्´) *v.* (disliked, disliking) to regard with distaste or aversion, नापसंद करना, घृणा करना, नफ़रत करना। *n.* the feeling of not liking something, नापसंदगी, घृणा, नफ़रत।

dislocate (डिस्-लो-केट्´) *v.* (dislocated, dislocating) 1. to displace from its normal position (esp. a bone from its joint, हड्डी का जोड़ से) उतर जाना, विस्थापित हो जाना, स्थान च्युत होना या करना। 2. to disrupt, अस्त-व्यस्त कर देना।

dislocation (डिस्-लो-के´-शॅन्) *n.* 1. the state of being dislocated, विस्थापन, स्थानच्युति। 2. disruption, अवस्था भंजन; ☐ **dislocation of traffic,** यातायात का ठप हो जाना; **dislocation of work,** काम का रुक जाना।

dislodge (डिस्-लॉज्´) *v.* (dislodged, dislodging) to force out of established position, पद या स्थिति से हटाना, मार भगाना, खदेड़ना।

disloyal (डिस्-लॉइ´-अॅल्) *adj.* not loyal or faithful, बेवफ़ा, विश्वासघाती, निष्ठाहीन, अभक्त, ग़द्दार।

disloyalty (डिस्-लॉइ´-अॅल्-टी) *n.* the state of being disloyal, बेवफ़ाई, विश्वासघात, निष्ठाहीनता, अभक्ति, गद्दारी।

dismal (डिज़्´-मॅल्) *adj.* 1. causing sadness, निराशाजनक। 2. causing gloom, अंधकारमय, विषादमय। 3. feeble, अशक्त, कमज़ोर, क्षीण।

dismantle (डिस्-मैन्-टॅल्) *v.* (dismantled, dismantling) 1. to disassemble, खोल देना, पुर्ज़े-पुर्ज़े अलग कर देना। 2. to demolish, ढा देना। 3. to take away fittings or furnishings from, साज-सज्जा उखाड़ लेना।

dismay (डिस्-मे´) *n.* the strong feeling of fear or hopelessness or apprehension, निराशा, भय, आशंका। *v.* (dismayed, dismaying) to fill with dismay, निराशा से भर देना, भयभीत कर देना, आशंकित कर देना।

dismember (डिस्-मॅम्´-बॅः) *v.* (dismembered, dismembering) 1. to remove, cut or pull the limbs of, अवयवविहीन करना, अपंग या विकलांग कर देना, अंग-भंग करना, टुकड़े-टुकड़े करना, अंग काटकर निकाल देना। 2. to divide (a country or piece of land, देश तथा भूखंड को) विभाजित करना, छिन्न-भिन्न करना।

dismiss (डिस्-मिस्´) *v.* (dismissed, dismissing) 1. to remove from a position, office or employment, पदच्युत करना, बर्ख़ास्त या निष्कासित कर देना, निकाल देना। 2. to reject, ख़ारिज कर देना, अस्वीकृत कर देना, हटा या छोड़ देना; dismiss the appeal, अपील को ख़ारिज करना; dismiss with costs, खर्चे सहित ख़ारिज करना। 3. to get out the batting side cheaply, टीम को सस्ते में आऊट कर देना।

dismissal (डिस्-मिस्´-अॅल्) *n.* the act of dismissing or the state of being dismissed, पदच्युति, बर्ख़ास्तगी, ख़ारिज किया जाना, ख़ारिजी; dismissal of suit, वाद का ख़ारिज किया जाना, वाद की ख़ारिजी।

dismissible (डिस्-मिस्´-इ-बॅल्) *adj.* liable to be dismissed, पदच्युति के योग्य, पदच्युत किए जाने योग्य, बर्ख़ास्त करने लायक।

dismount (डिस्-मॉउन्ट्´) *v.* (dismounted, dismounting) 1. to get down (from a horse, घोड़े पर से) उतरना, उतर जाना। 2. to remove from (the horse, घोड़े पर से) उतार देना। 3. to throw off (the horse, घोड़े पर से) फेंका जाना। 4. to disjoin, उखाड़ देना।

disobedience (डिस्-अॅ-बी´-डि-अॅन्स्) *n.* the act of disobeying or the fact of being disobedient, अवज्ञा, उल्लंघन; disobedience of law, कानून का उल्लंघन; civil disobedience, सविनय अवज्ञा।

disobedient (डिस्-अॅ-बी´-डि-अॅन्ट्) *adj.* not obedient, अवज्ञाकारी, आज्ञा न माननेवाला, कानून भंग करनेवाला।

disobey (डिस्-अॅ-बे´) *v.* (disobeyed, disobeying) to refuse to obey, to fail or neglect to obey, अवज्ञा करना, आज्ञा न मानना; to disobey summons, सम्मन की अवज्ञा करना; to disobey rule or law, कानून या नियम भंग करना।

disoblige (डिस्-अॅ-ब्लाइज्´) *v.* (disobliged, disobliging) to disregard the wishes or convenience (of a person, दूसरे की) इच्छा या सुविधा के विरुद्ध कार्य करना, लिहाज़ न करना, दूसरे को कृतज्ञ बनने का मौका न देना।

disorder (डिस्-ऑः´-डॅः) *n.* 1. a lack of order, अव्यवस्था, कुप्रबंध, गड़बड़ी। 2. disturbance, उपद्रव, दंगा, शांतिभंग। 3. an ailment, विकार, रोग। *v.* (disordered, disordering) 1. to upset the order or disturb the normal functions of, व्यवस्था बिगाड़ देना, अव्यवस्थित कर देना, क्रमभंग करना, गड़बड़ा देना; 2. to result in illness, बीमार कर देना।

disorderly (डिस्-ऑः´-डॅः-ली) *adj.* 1. untidy or irregular, अव्यवस्थित, विच्छृंखल, बेतरतीब। 2. unruly, uncontrolled, उद्धत, उपद्रवकारी, दंगई, अनियंत्रित; disorderly person, उपद्रवी व्यक्ति।

disorganize (डिस्-ऑः´-गॅ-नाइज़्) *v.* (disorganized, disorganizing) 1. to disrupt the unity of, विघटित करना। 2. to disrupt the

arrangement, अस्त-व्यस्त करना, तितर-बितर कर देना। 3. to upset the system, पद्धति या व्यवस्था भंग करना।

disorient (डिस्-ओर्´-इ-ॲन्ट्) *v.* (disoriented, disorienting) to cause to lose orientation, दिशाभ्रम या दिग्भ्रम उत्पन्न करना या होना।

disorientate (डिस्-ओर्´-इ-ॲन्-टेट्) *v.* (disori entated, disorientating) = disori-ent.

disorientation (डिस्-ओर्´-इ-ॲन्-टे´-शॅन्) *n.* loss of sense of direction, दिशाभ्रम, दिग्भ्रम।

disown (डिस्-ओन्´) *v.* (disowned, disowning) 1. to refuse to acknowledge as one's own, अपनाने से इन्कार कर देना, अंगीकरण न करना। 2. to deny any connection with, किसी प्रकार के संबंध से इन्कार करना।

disparage (डि-स्पैर्´-इज्) *v.* (disparaged, disparaging) 1. to speak contemptuously of, निंदा या बुराई करना। 2. to belittle, महत्त्व कम करना, तिरस्कार करना, तुच्छ या हेय ठहराना, अवमानित करना।

disparate (डिस्´-पॅ-रिट्) *adj.* dissimilar, असमान या विभिन्न, तरह-तरह के, अलग-अलग प्रकार के।

disparates (डिस्´-पॅ-रेट्स्) *n.* (plu.) unlike things or persons, भिन्न-भिन्न प्रकार की वस्तुएँ या व्यक्ति।

disparity (डि-स्पैर्´-इ-टी) *n.* (plu. disparities) 1. inequality, असमानता। 2. difference, अंतर, भेद, फ़र्क।

dispassion (डिस्-पैश्´-ॲन्) *n.* freedom from passion, आवेग या आवेश का अभाव।

dispassionate (डिस्-पैश्´-ॲ-निट्) *adj.* 1. free from passion, आवेगहीन, आवेशहीन। 2. calm, शांत, गंभीर। 3. impartial, तटस्थ, उदासीन, निष्पक्ष।

dispassionately (~-ली) *adv.* in a dispassionate manner, गंभीरता या शांतभाव से। 2. impartially, निष्पक्ष भाव से, निष्पक्षता से, बिना किसी पक्षपात के।

dispatch (डि-स्पैच्´) *v.* (dispatched, dispatching) 1. to send to a destination, भेजना, प्रेषित करना, रवाना करना। 2. to dispose of quickly or promptly, जल्दी या जल्दी-जल्दी निपटाना। 3. to murder, मार डालना, काम तमाम करना। *n.* 1. the act of dispatching, प्रेषण। 2. something dispatched, प्रेषित वस्तु। 3. prompt action, शीघ्र कार्रवाई। 4. an official or news-report sent in haste, शीघ्रता में (प्रकाशनार्थ या विचारार्थ) भेजी जानेवाली रिपोर्ट। 5. promptness, फुर्ती, तेज़ी, क्षिप्रता। 6. murder, वध, हत्या।

dispatcher (डि-स्पैच्´-ॲ:) *n.* one whose duty is to dispatch letters etc., प्रेषणकर्ता, प्रेषणकर्मी।

dispel (डि-स्पेल्´) *v.* (dispelled, dispelling) to rid of by scattering, drive away, छितराकर दूर करना, भगाना; They dispelled our fear. उन्होंने हमारा भय दूर किया।

dispensable (डि-स्पेन्´-सॅ-बॅल्) *adj.* 1. that can be dispelled, जिसे दूर किया, भगाया या छोड़ा जा सके। 2. not essential, जो अपरिहार्य न हो, परिहार्य, जिसके बिना काम चल सके; जो बहुत ज़रूरी न हो, अनावश्यक।

dispensary (डि-स्पेन्´-सॅ-री) *n.* a place where medicines and medical aid are dispensed, औषधालय, दवाघर, डिस्पेन्सरी।

dispensation (डिस्-पॅन्-से´-शॅन्) *n.* 1. the act of dispensing, दवा तैयार कर देना या बाँटना। 2. exemption from penalty, दंड से छुटकारा। 3. exemption from duty, काम से छुटकारा। 4. the ordering of life and events by God, divine dispensation, ईश्वरीय व्यवस्था, विधि का विधान। 5. a system, पद्धति।

dispense (डि-स्पेन्स्´) *v.* (dispensed, dispensing) 1. to perpare and give out (medicines), (दवा आदि) तैयार करके देना, बाँटना, वितरित करना, देना। 2. to carry out, to administer, प्रबंध करना, विधान करना, संचालन करना। 3. to deal out in portions, थोड़ा-थोड़ा करके निपटाना। □ **dispense with,** to do without, के बिना काम चलाना; **dispense justice,** न्याय करना।

dispenser (डि-स्पेन्´-सॅ:) *n.* one who dis-

penses medicines, दवा तैयार करनेवाला, दवा बनाकर देनेवाला।

dispersal (डि-स्प:´-सॅल्) ***n.*** the act of dispersing or the state of being dispersed, बिखराव, छितराव; विसर्जन; प्रकीर्णन।

disperse (डि-स्प:स्´) ***v.*** (dispersed, dispersing) 1. to scatter, बिखेरना। 2. to break up and scatter in all directions, विखंडन करना, छितराना। 3. to spread over a large area, प्रसार करना, फैलाना। 4. to leave or cause to leave a gathering, विसर्जन होना या करना, तितर-बितर होना या करना; The police dispersed the crowd, पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर कर दिया; The meeting dispersed, सभा विसर्जित हुई। 5. to place at different points, विभिन्न स्थानों पर नियुक्त या स्थापित करना; to disperse light by prism, (श्वेत) प्रकाश को सात रंगों की किरणों में विभक्त करना, प्रकीर्णन करना।

dispersion (डि-स्प:´-ज़्हॅन्) ***n.*** = dispersal.

dispirit (डि-स्पिर्´-इट्) ***v.*** (dispirited, dispiriting) to discourage or dishearten, मायूस या नाउम्मीद करना, हताश या हतोत्साहित करना।

dispirited (डि-स्पिर्´-इ-टिड्) ***adj.*** dicouraged, disheartened, downhearted, मायूस, नाउम्मीद, हताश, हतोत्साहित।

dispiritedly (~-ली) ***adv.*** dishearteningly, मायूस हो कर, नाउम्मीद होकर, बिना किसी प्रकार के उत्साह के।

displace(डि-स्प्लेस्´, डिस्-प्लेस्´) ***v.*** (displaced, displacing) 1. to remove from the usual place or position, विस्थापित करना, अपनी जगह से हटा देना। 2. to oust, हटा देना, निकाल देना। 3. to replace, स्थानपूर्ति करना या स्थानापन्न होना, जगह पर आना या लाना।

displaced person ***n.*** a refugee, शरणार्थी, विस्थापित व्यक्ति, मुहाज़िर।

displacement (डि-स्प्लेस्´-मॅन्ट्) ***n.*** the act of displacing or the state of being displaced, विस्थापन, स्थान से हटाना।

display (डि-स्प्ले´) ***v.*** (displayed, displaying) 1. to put out to be seen, to exhibit, प्रदर्शनी लगाना, प्रदर्शित करना, दिखाना। 2. to show, दिखाना, प्रदर्शित करना; to display cowardice, कायरता दिखाना; to display one's ignorance, अज्ञान का परिचय देना; to display a notice, नोटिस लगाना या चिपकाना। ***n.*** 1. the act of displaying, प्रदर्शन, दिखावा, प्रदर्शनी, नुमाइश। 2. something displayed, प्रदर्शित वस्तु। □ **display advertisement,** सजावटी विज्ञापन।

displease (डिस्-प्लीज़्) ***v.*** (displeased, displeasing) 1. to cause displeasure to, annoy, नाराज या नाख़ुश करना, अप्रसन्न या रुष्ट करना। 2. to irritate, चिढ़ाना।

displeasure (डिस्-प्लॅज़्ह्´-अ:) ***n.*** the feeling of being displeased, resentment, annoyance, indignation, नाराज़गी, रोष, अप्रसन्नता।

disport (डि-स्पो:ट्´) ***v.*** (disported, disporting) 1. to play or frolic, खेलना, क्रीड़ा करना। 2. to indulge (oneself) in pleasure, मनोविनोद करना, जी बहलाना, दिल लगाना, मज़े करना।

disposable (डि-स्पो´-ज़ॅ-बॅल्) ***adj.*** 1. that can be freely used, उपभोग्य। 2. that can be thrown away after being used once, जिसे एक बार काम में लाने के बाद फेंक दिया जाए, जो दुबारा या बार-बार काम में न लाया जा सकता हो।

disposal (डि-स्पो´-ज़ॅल्) ***n.*** 1. the act of disposing or the state of being disposed, निपटारा, निपटान। 2. arrangement, व्यवस्था। 3. sale, बिक्री, विक्रय। 4. the act of transferring ownership by sale or gift, हस्तांतरण, सुपुर्दगी। 5. the act of throwing out, फेंकना, परित्याग। 6. the power to use something, उपभोग का अधिकार। □ **at one's disposal,** available for one's use, उपलब्ध, हर तरह की सेवा के लिए हाज़िर; I am at your disposal. आप मुझसे चाहे जो सेवा करा सकते हैं।

dispose (डि-स्पोज़्´) ***v.*** (disposed, disposing) 1. to arrange or place in a particular order, व्यवस्थित करना, तरतीब से लगाना। 2. to incline, प्रवृत्त होना। 3. to give, sell or transfer, देना, सौंपना या बेचना। 4. to throw

out, फेंक या निकाल देना। 5. to arrange or settle (matters), निपटाना, निपटारा करना। □ **dispose of,** (i) get rid of, पिंड छुड़ाना, निकाल या बेच डालना, दफ़ा करना। (ii) to settle the matter, मामला तय करना, निपटाना।

disposition (डिस्-पॅ-ज़िश्´-ॲन्) *n.* 1. arrangement, व्यवस्था। 2. temperament, स्वभाव, प्रकृति।3. inclination, प्रवृत्ति।3. disposal, बिक्री; व्यय; सुपुर्दगी।

dispossess (डिस्-पॅ-ज़ेस्´) *v.* (dispossessed, dispossessing) 1. to put out of possession, बेदख़ल करना, क़ब्ज़ा हटाना। 2. to be out of possession, बेदख़ल होना, बेक़ब्ज़ा हो जाना।

dispossession (डिस्-पॅ-ज़ेस्´-शॅन्) *n.* the act of dispossessing or the state of being dispossessed, बेदख़ली, बेक़ब्ज़ा होने या करने की क्रिया या भाव।

disproportion (डिस्-प्रॅ-पो:´-शॅन्) *n.* a lack of proper proportion or harmonious relationship, उचित अनुपात न होना, अनुपातहीनता; बेमेल होने की अवस्था या भाव, विषमता।

disproportionate (डिस्-प्रॅ-पो:´-शॅ-निट्) *adj.* 1. out of proportion, unequal, अनुपातहीन, असमान, बेमेल, विषम; He was found possessing wealth disproportionate to his known sources of income, उसकी ज़मीन जायदाद उसकी आय के ज्ञात स्रोतों से बेमेल पाई गई। 2. unsymmetrical, बेडौल, बेढंगा।

disprove (डिस्-प्रूव्´) *v.* (disproved, disproving) to prove to be false, खंडन करना, असिद्ध करना, मिथ्या सिद्ध करना, ग़लत साबित करना, नासाबित करना।

disputable (डिस्-प्यू´-टॅ-बॅल्) *adj.* 1. not necessarily true, विवादास्पद, विवाद्य। 2. questionable, संदिग्ध।

disputant (डिस्-प्यू´-टॅन्ट्) *n.* a person who is engaged in a dispute, जो विवाद या झगड़ा कर रहा हो, विवादी।

disputation (डिस्-प्यू-टे´-शॅन्) *n.* 1. debate, वाद-विवाद। 2. dispute, झगड़ा, विवाद।

disputatious (डिस्-प्यु-टे´-शॅस्) *adj.* tending to dispute or argument, विवादशील, विवादप्रिय।

dispute (डिस्-प्यूट्´, डि-स्प्यूट्´) *n.* an argumentative contention, quarrel, विवाद, झगड़ा; matter in dispute, विवादग्रस्त विषय या बात। *v.* (disputed, disputing) 1. to argue or debate, विवाद करना, झगड़ा करना, वाद-विवाद करना। 2. to question the truth or validity of, विरोध करना।

disputed (डिस्-प्यू´-टिड्) *adj.* about which there is a dispute, विवादित, विवादग्रस्त, झगड़े का; a disputed piece of land, झगड़े की ज़मीन या भूखंड।

disqualification (डिस्-क्वाल्-इ-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* the act of disqualifying or the state of being disqualified, अयोग्य ठहराने या होने की अवस्था या भाव, निरर्हता, अपात्रता।

disqualify (डिस्-क्वाल्´-इ-फ़ाइ) *v.* (disqualified, disqualifying) 1. to declare or make unfit to do something, अयोग्य या अपात्र ठहराना, अर्हताविहीन करना। 2. to deprive of powers, rights etc., अपात्र ठहराना, वंचित करना।

disquiet (डिस्-क्वाइ´-ॲट्) *v.* (disquieted, disquieting) to make anxious, विकल या बेचैन कर देना। *n.* a feeling of anxiety, विकलता, बेचैनी।

disquieting (डिस्-क्वाइ´-ॲ-टिंग्) *adj.* causing disquiet, विकल या बेचैन कर या बना देनेवाला।

disquietude (डिस्-क्वाइ´-ॲ-ट्यूड्) *n.* a state of being anxious, बेचैनी, व्याकुलता, विकलता।

disquisition (डिस्-क्वि-ज़िश्´-ॲन्) *n.* 1. a formal discourse, प्रवचन, उपदेश, व्याख्यान। 2. a formal treatise, प्रबंध, खोजपूर्ण निबंध।

disregard (डिस्-रि-गा:ड्´) *n.* lack of regard, आदर का अभाव, अनादर, उपेक्षा, अवहेलना। *v.* (disregarded, disregarding) to pay no attention to, to neglect, उपेक्षा करना, अवहेलना करना।

disremember (डिस्-रि-मॅम्´-बॅ:) *v.* (disremembered, disremembering) to fail to re-

member, याद न रहना, भूल जाना, भुला देना।

disrepair (डिस्-रि-पेंअ:) *n.* the condition of being in need of repairs, मरम्मत न होने से होनेवाली दुर्दशा, बेमरम्मती, जीर्ण-शीर्ण अवस्था, टूटी-फूटी हालत; This building has fallen into disrepair, यह इमारत मरम्मत माँगती है/यह इमारत जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है।

disreputable (डिस्-रॅप्´-यु-टॅ-बॅल्) *adj.* having a bad name, बदनाम, कुख्यात।

disrepute (डिस्-रि-प्यूट्´) *n.* loss or lack of reputation, बदनामी, कुख्याति।

disrespect (डिस्-रि-स्पॅक्ट्´) *n.* 1. lack of respect, निरादर, बेइज़्ज़ती। 2. contempt, तिरस्कार। 3. lack of politeness, बेअदबी अविनय, गुस्ताख़ी।

disrespectful (डिस्-रि-स्पॅक्ट्´-फ़ुल्) *adj.* rude, not respecting, धृष्ट, निरादर करनेवाला, बेअदब।

disrupt (डिस्-रप्ट्´) *v.* (disrupted, disrupting) 1. to throw into disorder, छिन्न-भिन्न या अस्त-व्यस्त कर देना, विच्छिन्न करना।2. to split apart, भंग कर देना। 3. to interrupt, बाधा डालना।

disruption (डिस्-रप्´-शॅन्) *n.* the act of disrupting or the state of being disrupted, अव्यवस्था, विच्छिन्नता, भंजन, भंग।

disruptive (डिस्-रप्´-टिव्) *adj.* causing disruption, छिन्न-भिन्न करनेवाला, अस्त-व्यस्त करनेवाला, भंग करनेवाला।

dissatisfaction (डिस्-सैट्-इस्-फ़ैक्´-शॅन्) *n.* lack of satisfaction, असंतोष।

dissatisfy (डिस्-सैट्´-इस्-फ़ाइ) *v.* (dissatisfied, dissatisfying) 1. to displease, असंतुष्ट कर देना। 2. to disappoint, निराश करना।

dissect (डि-सॅक्ट्´) *v.* (dissected, dissecting) 1. to cut open, चीर-फाड़ करना, चीरा देना, चीरना। 2. to examine critically or minutely, आलोचना करना, सूक्ष्म परीक्षण करना। 3. to study very carefully part by by part, एक-एक अंग की जाँच करना।

dissection (डि-सॅक्´-शॅन्) *n.* the act of dissecting, चीर-फाड़, शल्यक्रिया।

dissemble (डि-सॅम्´-बॅल्) *v.* (dissembled, dissembling) 1. to pretend, बहाना बनाना। 2. to conceal (one's character, felling, intention etc., अपने चरित्र, भावनाओं, इरादों आदि को) छिपाना, गुप्त रखना।

disseminate (डि-सॅम्´-इ-नेट्) *v.* (disseminated, disseminating) to spread widely, चारो ओर फैलाना, बिखेरना, प्रसारित करना।

dissemination (डि-सॅम्-इ-ने´-शॅन्) *n.* the act of disseminating, प्रसार, फैलाव।

dissension (डि-सॅन्´-शॅन्) *n.* strife or discord leading to division or into factions, मतभेद, फूट, मनमुटाव, झगड़ा।

dissent (डि-सॅन्ट्´) *v.* (dissented, dissenting) 1. to differ or disagree, मत-विभिन्नता होना, मतभेद होना। 2. to hold assent, असहमत होना, स्वीकृति देने से इन्कार करना। 3. to disagree with, विसम्मति प्रकट करना, विसम्मत होना। *n.* 1. a difference of opinion, मतभेद।2. refusal, इन्कार।3. disagreement with an opinion, विसम्मति, विमति।

dissenter (डि-सॅन्´-टॅ:) *n.* = dissentient.

dissentient (डि-सॅन्´-टि-ॲन्ट्) *n.* one who dissents, विसम्मति प्रकट करनेवाला, भिन्न राय प्रकट करनेवाला। *adj.* of or expressing dissent, विसम्मत; dissentient member, भिन्न राय प्रकट करनेवाला सदस्य।

dissertation (डिस्-ॲ:-टे´-शॅन्) *n.* 1. a written thesis, शोध-निबंध, प्रबंध। 2. a formal discourse, व्याख्यान।

disservice (डिस्-स:´-विस्) *n.* a harmful action, अपकार, अनिष्ट, हानि।

dissidence (डिस्´-इ-डॅन्स्) *n.* dissent, विमति, विसम्मति, असहमति।

dissident (डिस्´-इ-डॅन्ट्) *adj.* 1. disagreeing, विमत, असहमत, भिन्न राय रखनेवाला। 2. opposite, विरोधी।

dissimilar (डि-सिम्´-इ-लॅ:) *adj.* unlike, असम, असमान, विषम।

dissimilarity (डि-सिम्-इ-लैर्´-इ-टी) *n.* lack of similarity, असमता, असमानता, विषमता।

dissimulate (डि-सिम्´-यु-लेट्) *v.* (dissimulated, dissimulating) to dissemble, छिपाना,

गुप्त रखना।

dissimulation (डि-सिम्-यु-ले´-शॅन्) *n.* the act of dissimulating, दुराव, छिपाव, गोपन।

dissipate (डिस्´-इ-पेट्) *v.* (dissipated, dissipating) 1. to dispel, हटाना-बढ़ाना, हटा-बढ़ा देना, दूर करना; छितराना, फैलाना, तितर-बितर करना; As soon as the police came the crowd dissipated, पुलिस के आते ही भीड़ तितर-बितर हो गई; 2. to squander away, अपव्यय करना, (धन या दौलत) उड़ाना। 3. to vanish, ग़ायब हो जाना।

dissipated (डिस्´-इ-पे-टिड्) *adj.* 1. indulging without restraint in the pursuit of pleasure, उड़ाऊ-खाऊ, मस्तमौला, अपव्ययी, ऐय्याश।

dissipation (डिस्-इ-पे´-शॅन्) *n.* 1. excessive expenditure, अपव्यय। 2. indulgence in physical pleasures, मौज-मस्ती, ऐय्याशी। 3. misconduct, दुराचार।

dissociable (डि-सो´-शि-ए-बॅल्) *adj.* 1. separable, विभाज्य, जिसे अलग किया जा सके। 2. not social, बेमिलनसार।

dissociate (डि-सो´-सि/शि-एट्) *v.* (dissociated, dissociating) to separate from union with someone else, संबंध न रखना, मेल-जोल न रखना, अलग करना या होना, (से) संबंध न होने की घोषणा करना; I dissociate myself from resolution, मेरा इस संकल्प से कोई संबंध नहीं।

dissolute (डिस्´-अॅ-ल्यूट्) *adj.* wanton, debauched, दुराचारी, व्यसनी, लंपट।

dissoluteness (डिस्-अॅ-ल्यूट्´-निस्) *n.* misconduct, dissipation, व्यसन; दुराचार।

dissolution (डि-सो-ल्यू´-शॅन्) *n.* the breaking up of any constitutional body, विघटन, समाप्ति, भंग करना।

dissolve (डि-ज़ॉल्व्´) *v.* (dissolved, dissolving) 1. to make or become liquid, घुल जाना या घुला देना, घोल में परिवर्तित होना या करना। 2. to melt, पिघलना या पिघलाना, गलना या गलाना। 3. to cause to end or break up, विघटित होना या करना, तोड़ना, टूटना। 4. to fade away, क्षीण होना या करना। 5. to annul or dismiss, रद्द होना या करना। 6. to give way to emotion, भावावेश में आना; to dissolve into tears, आँसू बहाने लगना।

dissonance (डिस्´-सॅ-नॅन्स्) *n.* a discordant combination of sounds, बेसुरापन।

dissonant (डिस्´-अॅ-नॅन्ट्) *adj.* not agreeing in sound, बेमेल, बेसुरा।

dissuade (डि-स्वेड्´) *v.* (dissuaded, dissuading) to discourage or deter from a course of action, to advise to refrain, किसी को कोई काम न करने के लिए समझाना-बुझाना, मना करना, रोकना।

dissuasion (डि-स्वे´-ज़्हॅन्) *n.* the act of dissuading or the state of being dissuaded, किसी काम से हटने की सलाह, कोई काम न करने का परामर्श।

dissuasive (डि-स्वे´-सिव्) *adj.* causing dissuasion, रोकने या मना करनेवाला, विशेषतः समझा-बुझाकर रोकनेवाला।

distaff (डिस्´-टैफ़्) *n.* 1. a staff holding cotton, wool etc. for spinning, तकुआ। 2. women's work, औरतों का काम। 3. women in general, स्त्री, औरत। ☐ **the distaff side,** the female side of the family, मातृपक्ष।

distal (डिस्´-टॅल्) *adj.* being at quite a distance, दूरस्थ, दूरवर्ती।

distance (डिस्´-टॅन्स्) *n.* 1. the space between the two points, दूरी, फ़ासला, अंतर। 2. the difference that separates two things in relationship, व्यवधान, दूरी। 3. coldness in personal relationship, अलगाव, दूरी। ☐ **at a distance,** far off, दूर; **keep one's distance,** to behave aloofly, अलग-थलग रहना, दूर ही रहना, दूरी बनाए रखना, बहुत मेल-जोल न रखना; **within walking distance,** near enough to be reached easily by walking, निकट ही, जहाँ पैदल चलकर आसानी से पहुँचा जा सके। *v.* (distanced, distancing) to out-distance in a race, पीछे छोड़ देना, पिछाड़ देना।

distant (डिस्´-टॅन्ट्) *adj.* 1. far off, far away, दूरवर्ती, दूरस्थित, दूरी पर होनेवाला। 2. coming from or going to a distance, दूर से आनेवाला

या दूर तक जानेवाला; a distant journey, लंबी यात्रा। 3. not closely related, जिससे निकट संबंध न हो, दूर का; distant relative, दूर का रिश्तेदार; in the distant future, आगे कहीं, भविष्य में।4. aloof, अलग-थलग।5. showing lack of friendliness, रूखा।

distantly (डिस्´-टॅन्ट्-ली) *adv.* 1. at a distance, दूर से। 2. not in a friendly manner, रूखेपन से, अमैत्रीपूर्वक; He looked at me distantly. उसने मेरी ओर इस प्रकार देखा जैसे कि मैं ग़ैर होऊँ।

distaste (डिस्-टेस्ट्´) *n.* 1. dislike, अरुचि, नापसंदगी, नफ़रत।2. displeasure, अप्रसन्नता, नाराज़गी।

distasteful (डिस्-टेस्ट्´-फुल्) *adj.* causing distaste, अरुचिकर, नापसंद, अप्रिय।

distemper[1] (डिस्-टॅम्´-पॅ:) *n.* a disease of animals causing fever and coughing. पशुओं की एक बीमारी।

distemper[2] *n.* a water soluble paint, डिस्टैम्पर। *v.* (distempered, distempering) to paint with distemper, डिस्टैम्पर करना।

distend (डि-स्टॅन्ड्´) *v.* (distended, distending) 1. to expand or cause to expand, फैलना या फैलाना। 2. to swell or cause to swell, अफरना, फूलना या फुलाना, सूजना या सुजाना। □ **distend one's nostirls,** नथुने फुलाना।

distension (डि-स्टॅन्´-शॅन्) *n.* swelling, सूजन, शोथ; फुलाव, अफरन।

distich (डिस्´-टिक्) *n.* a couplet, दोहा, शेर, श्लोक, सोरठा आदि दो पंक्तियोंवाला पद्य।

distil, distill (डिस्-टिल्´) *v.* (distilled, distilling) 1. to treat by distillation, चुआना, टपकाना, खींचना, आसवित करना। 2. to extract the essence of, अर्क खींचना या उतारना। □**distil a doctrine,** सिद्धांत का सार निकालना।

distillate (डिस्´-टि-लिट्) *n.* the liquid condensed from vapour in distillation, अर्क, सत्त।

distillation (डिस्-टि-ले´-शॅन्) *n.* a process of evaporating a liquid and condensing its vapour, आसवन, चुआई, टपकाई, खिंचाई।

distiller (डि-स्टिल्´-अॅ:) *n.* one who distils, चुआनेवाला, आसवनकर्ता, कलवार।

distillery (डि-स्टिल्´-अॅर्-ई) *n.* a place where distilling is done, आसवनी, मद्यनिर्माणशाला, कलवरिया, शराब का कारखाना।

distinct (डिस्-टिंक्ट्´) *adj.* 1. easily perceived, clear, evident, सुस्पष्ट, साफ़। 2. definite, नियत, सुनिश्चित। 3. different in kind, separate, विभिन्न, अलग, सुभिन्न।

distinction (डिस्-टिंक्´-शॅन्) *n.* 1. the act of distinguishing or the state of being distinguished, विभेदीकरण।2. difference, अंतर, भेद, भेदभाव। 3. a distinguishing factor or characteristic, प्रभेद, विशिष्टता, वैशिष्ट्य। 4. a mark of honour, उपाधि, सम्मान। 5. excellence, उत्कृष्टता; a writer of distinction, उच्चकोटि का लेखक।

distinctive (डिस्-टिंक्´-टिव्) *adj.* 1. tending to distinguish, अंतर स्पष्ट करनेवाला, भेदसूचक, विभेदकारी। 2. characteristic, विशिष्ट, प्रभेदक।

distinctly (डिस्-टिंक्´-टॅ-ली) *adv.* 1. clearly, obviously, sharply, स्पष्ट रूप से, स्पष्टत:, साफ़-साफ़। 2. definitely, निश्चित रूप से।

distinguish (डि-स्टिंग्´-ग्विश्) *v.* (distinguished, distinguishing) 1. to draw distinction, भेद दरशाना, विशिष्टता दिखलाना या लाना। 2. to make different, फ़र्क करना, अंतर करना। 3. to set apart, अलग करना, अलगाना। 4. to recognise as different, पहचान होना। 5. to make eminent, प्रतिष्ठित या प्रख्यात करना, प्रसिद्धि प्राप्त करना।

distinguishable (डि-स्टिंग्´-ग्विश्-अॅ-बॅल्) *adj.* 1. that can be distinguished, प्रभेद्य। 2. clear, obvious, स्पष्ट, सुस्पष्ट। 3. perceptible, इंद्रियगोचर।

distinguished (डि-स्टिंग्´-ग्विश्ड्) 1. eminent, प्रमुख, विशिष्ट।2. famous, प्रख्यात, प्रतिष्ठित, लब्धप्रतिष्ठ।

distort (डि-स्टॉ:ट्´) *v.* (distorted, distorting) 1. to twist out of natural or original shape, ऐंठ या मरोड़ देना, विकृत कर देना, विरूपित कर देना, भद्दी शक्ल कर देना, भद्दा

बना देना। 2. to give a false account of, to twist, तोड़-मरोड़कर पेश करना, झूठा बयान देना, हेराफेरी कर देना।

distorted (डि-स्टॉ:´-टिड्) ***adj.*** twisted, disfigured, तोड़ा-मरोड़ा हुआ, विकृत, विरूपित, विद्रूप, भद्दा।

distortion (डि-स्टॉ:´-शॅन्) ***n.*** 1. twist, deformity, तोड़-मरोड़, विकृति, विरूपण। 2. a misrepresented fact, तोड़ा-मरोड़ा हुआ तथ्य।

distract (डि-स्ट्रैक्ट्´) ***v.*** (distracted, distracting) 1. to draw away the attention of, to divert, ध्यान बटा देना, ध्यान हटाना, ध्यान दूसरी तरफ़ ले जाना। 2. to upset emotionally, विचलित कर देना, व्यथित कर देना, हतबुद्धि कर देना। 3. to trouble greatly, बहुत अधिक तंग या परेशान करना गुस्सा दिलाना। 4. to make mad, पागल बना देना। 5. to amuse or entertain, मन-बहलाव या मनोरंजन करना।

distracted (डि-स्ट्रैक्´-टिड्) ***adj.*** 1. emotionally upset, विचलित, व्यथित, हतबुद्धि। 2. diverted, absentminded, अनमना, विभ्रांत, दुचित्ता।

distraction (डि-स्ट्रैक्´-शॅन्) ***n.*** 1. mental upset, उन्माद, विक्षिप्तता, अनमनापन, अन्यमनस्कता। 2. anything that distracts the attention, ध्यान बटानेवाली चीज़ या बात, ध्यान हटाने का कारण, विघ्न, बाधा। 2. diversion, amusement, मन-बहलाव, मनोरंजन; There are not enough distractions in this city, इस शहर में मन-बहलाव के अधिक साधन नहीं।

distraught (डि-स्ट्रा:ट्´) ***adj.*** 1. distracted, दुचित्ता, अनमना। 2. agitated, विक्षुब्ध, आंदोलित। 3. crazy with grief or worry, दुख या चिंता से व्यथित।

distress (डि-स्ट्रॅस्´) ***n.*** 1. mental or physical pain, दुख, कष्ट, वेदना, व्यथा। 2. a trouble or hardship, विपत्ति, कठिनाई, परेशानी; दरिद्रता, तंगी, आर्थिक संकट; distressed area, अभावग्रस्त या पीड़ित क्षेत्र। □ **in distress,** in dire need of help, असहाय। ***v.*** (distressed, distressing) to cause distress to, दुख देना, पीड़ा देना, सताना।

distressful (डि-स्ट्रॅस्´-फ़ुल्) ***adj.*** distressing, दुखप्रद, कष्टप्रद।

distressing (डि-स्ट्रॅस्´-इंग्) ***adj.*** causing distress, दुख या कष्ट देनेवाला, दुखप्रद, कष्टप्रद।

distribute (डि-स्ट्रिब्´-यूट्) ***v.*** (distributed, distributing) 1. to divide among several or many, वितरण करना, वितरित करना, बाँट देना। 2. to scatter, छितराना, बिखेरना। 3. to deliver, देना, सौंपना। 4. to put different types in different parts of a case, (टाईप) फेंकना, (अक्षर) वियोजन करना, डिस्ट्रिब्यूट करना।

distribution (डिस्-ट्रि-ब्यू´-शॅन्) ***n.*** the act of distributing, वितरण, बाँट, वियोजन।

distributive (डि-स्ट्रिब्´-यू-टिव्) ***adj.*** 1. concerning distribution, वितरण-संबंधी। 2. referring to each individual of a class, वितरणात्मक; distributive pronouns, वितरणात्मक सर्वनाम।

distributor (डिस्-ट्रिब्´-यू-टॅ:) ***n.*** one who distributes, वितरक, वितरणकर्ता।

district (डिस्´-ट्रिक्ट्) ***n.*** 1. a division of a state, ज़िला, जनपद; district judge, ज़िला जज; district magistrate, ज़िला मजिस्ट्रेट। 2. a region, प्रदेश, क्षेत्र।

distrust (डिस्-ट्रस्ट्´) ***n.*** 1. lack of trust, अविश्वास। 2. suspicion, शंका, शक, संदेह। ***v.*** (distrusted, distrusting) to lack confidence in, अविश्वास करना, विश्वास न करना, शंका या संदेह करना।

distrustful (डिस्-ट्रस्ट्´-फ़ुल्) ***adj.*** having or showing distrust, अविश्वासी, शंकालु, संशयी।

disturb (डि-स्टःब्´) ***v.*** (disturbed, disturbing) 1. to trouble emotionally or mentally, छेड़ना, छेड़छाड़ करना। 2. to agitate, विक्षुब्ध करना। 3. to break (the calm or sleep) of , भंग करना, विघ्न डालना, बाधा पहुँचाना, गड़बड़ कर देना। 4. to distrub the peace of, शांति भंग करना, दंगा करना।

disturbance (डि-स्टः´-बॅन्स्) ***n.*** 1. an interruption, विघ्न, बाधा, गड़बड़ी। 2. a commotion or tumult, उपद्रव। 3. a toubled state or provocation, अशांति, उत्तेजना।

disturbed (डि-स्टःब्ड्´) *adj.* 1. agitated, worried, विक्षुब्ध, अशांत, चिंतित। 2. riot-ridden, उपद्रवग्रस्त।

disunion (डिस्-यू´-नि-अॅन्) *n.* 1. disunity, फूट, कलह, अनबन। 2. separation, विच्छोह, जुदाई।

disunite (डिस्-यू-नाइट्´) *v.* (disunited, disuniting) 1. to separate, जुदा करना या होना। 2. to divide, विभक्त करना या होना, फूट डालना या पड़ना।

disunity (डिस्-यू´-नि-टी) *n.* lack of unity, एकता का अभाव, फूट, अनबन।

disuse (डिस्-यूस्´) *n.* the condition of being no longer in use, अनुपयोग, अप्रयोग, अप्रचलन, लागू न रहना; ताक पर रख दिया जाना; This law has fallen into disuse, इस कानून को ताक पर रख दिया गया है। *v.* (disused, disusing) to cease to use, उपयोग या प्रयोग बंद कर देना, इस्तेमाल बंद कर देना।

disused (डिस्-यूज़्ड्´) *adj.* no longer in use, अप्रचलित, उपयोग में न लाया जानेवाला।

ditch (डिच्) *n.* a narrow channel dug in the earth, खाई, खंदक। □ **die in the last ditch,** to fight to the last, अंत तक लड़ना, अंतिम दम तक लड़ना। *v.* (ditched, ditching) 1. to make a ditch, खाई खोदना, खंदक खोदना। 2. to drive a vehicle in a ditch, खाई में वाहन आदि चलाना। 3. to discard, फेंकना, निकाल या छोड़ देना। □ **ditch a friend,** संकट में मित्र का साथ छोड़ना; **ditch an aircraft,** to make a forced landing of an aeroplane on water, संकट पड़ने पर विमान को समुद्र में उतारना

ditching (डिच्´-इंग्) *n.* the act of digging a ditch, खाई खोदने का काम।

dither (डिद्´-अॅः) *v.* (dithered, dithering) 1. to tremble or quiver, काँपना। 2. to be in a state of suspense, अनिश्चय की स्थिति में होना। 3. to hetitate, हिचकना। *n.* 1. the state of trembling, कंपन, थर्राहट। 2. the state of indecision, अनिश्चय की स्थिति। 3. nervous excitement, घबराहट, बेचैनी।

ditto (डिट्´-ओ) *n.* (plu. dittos) 1. the same as stated above, यथोक्त। 2. a pair of small marks used as a symbol for the word ditto (''), यथोक्त चिह्न। 3. a copy, प्रतिलिपि।

ditty (डिट्´-ई) *n.* a short simple song, छोटा-सा गीत, लघु गीत।

diuretic (डाइ-यु-रेॅट्´-इक्) *adj.* that causes the increased flow of urine, अधिक पेशाब लानेवाला।

diurnal (डाइ-अः´-नॅल्) *adj.* 1. active in the day time, दिन में सक्रिय रहनेवाला, दिनचर। 2. happening in the day time, दिन में होनेवाला, दिनी, दिवसीय; diurnal flower, दिन में खिलनेवाला फूल। 3. daily, दैनिक।

diva (डी´-वॅ) *n.* a distinguished female singer, प्रतिष्ठित या विशिष्ट गायिका।

divagate (डाइ-वॅ-गेट्´) *v.* (divagated, divagating) to go off the point in speech or writing, बोलने या लिखते समय भटक जाना, विषयांतर करना।

divagation (डाइ-वॅ-गे´-शॅन्) *n.* the state of being divagated, भटकाव, विषयांतरण।

divan (डि-वैन्´/वान्´) *n.* a long couch used as bed, दीवान।

dive (डाइव्) *v.* (dove/dived, diving) 1. to plunge head first into water, गोता लगाना, डुबकी लगाना। 2. to plunge steeply or sharply downward, सहसा नीचे आना या उतरना। 3. to submerge, जलमग्न होना। 4. to go deep (into the subject, विषय की) तह में जाना। □ **dive into,** to put one's hands suddenly into one's pocket or some other thing to get something out, जेब में या किसी थैले, बर्तन आदि में कोई चीज़ निकालने के लिए हाथ डालना; He dived into the bag and brought out two mangoes, उसने थैले में तेज़ी से हाथ डालकर दो आम निकाले। *n.* 1. an act of diving, गोता, डुबकी। 2. a sharp downward movement, निम्नगति 3. a disreputable place, बदनाम जगह, ग़लत अड्डा (ग़लत लोगों के जमावड़े की जगह)।

diver (डाइ´-वॅः) *n.* 1. one who is expert in diving, गोताख़ोर। 2. a person who works underwater, पनडुब्बा।

diverge (डि/डाइ-वर्ज्´) *v.* (diverged, diverging) 1. to go or extend in different directions from a common point, एक बिंदु से विभिन्न दिशाओं की ओर निकल जाना या बढ़ना, अपसरण करना, अपसारित होना। 2. to differ, विभिन्नता आना, विभिन्न होना। 3. to deviate or digress, विषयांतर होना, बहक जाना। 4. to go aside from a path, मार्गभ्रष्ट होना, पथभ्रष्ट होना। □ **diverge from the beaten track,** पिटा-पिटाया रास्ता छोड़ना, नया मार्ग अपनाना।

divergence (डि/डाइ-व:´-जॅन्स्) *n.* the act of diverging or the state of being diverged, अपसरण, विषयांतर, पथभ्रष्टता; divergence of views, मतभेद।

divergent (डि/डाइ-व:´-जॅन्ट्) *adj.* 1. of different kinds, diverse, विभिन्न प्रकार का, नानाविध। 2. extending in different directions, अपसारी।

diverse (डि/डाइ-व:स्´) *adj.* of different kinds, various, भिन्न-भिन्न प्रकार का, नानाविध।

diversification (डि/डाइ-व:-सि-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* 1. the act of diversifying, विविधीकरण। 2. the state of being diversified, विविधता, विभिन्नता।

diversify (डि/डाइ-व:´-सि-फ़ाइ) *v.* (diversified, diversifying) to make different or various in form or quality, विभिन्नता या विविधता लाना; to diversify production, उत्पादन में विविधता लाना, कई प्रकार का माल बनाना।

diversion (डि/डाइ-व:´-ज़्हॅन्) *n.* 1. the act of diverting from a specified course, एक पथ या विषय को छोड़कर दूसरे पथ पर जाना या दूसरे विषय में लगना, पथांतरण, विषयांतरण, दिशा-परिवर्तन। 2. something that diverts, a distraction or a pastime, ध्यान बटानेवाली बात या आमोद-प्रमोद, मन-बहलाव। 3. an alternative road used by traffic when a main route is closed, पथांतर, दूसरा रास्ता, सहपथ।

diversionary (डि/डाइ-व:´-शॅ-नॅ-री) *adj.* 1. causing diversion, पथ या विषय में विभिन्नता लानेवाला, पथांतरण या विषयांतरण करनेवाला। 2. that diverts the attention, ध्यान बटानेवाला, मनोरंजन करनेवाला।

diversity (डि/डाइ-व:´-सि-टी) *n.* (plu. diversities) 1. difference, विभिन्नता, भिन्नता। 2. variety, विविधता, अनेकता, नानारूपता; Unity in diversity, अनेकता में एकता।

divert (डि/डाइ-व:ट्´) *v.* (diverted, diverting) 1. to cause to turn from one direction to another, दिशा बदल देना, मोड़ या घुमा देना। 2. to cause to go by different route, रास्ता बदल देना, दूसरे रास्ते से ले जाना। 3. to amuse or entertain, जी बहलाना, मनोरंजन करना। 4. to distract, ध्यान दूसरी ओर खींचना, ध्यान बटाना।

diverting (डि/डाइ-व:´-टिंग्) *adj.* amusing or entertaining, जी बहलानेवाला, मनोरंजक, आनंद दायक।

divest (डि-वॅस्ट्´) *v.* (divested, divesting) 1. to strip (of clothes, कपड़े) उतरवाना, नंगा करना, विवस्त्र करना। 2. to deprive, to dispossess, वंचित करना, छीन लेना, विहीन करना; They divested him of his power, उन्होंने उससे अधिकार छीन लिया।

dividable (डि-वाइ´-डॅ-बॅल्) *adj.* that can be divided, विभाजित किए जाने योग्य, विभाज्य।

divide (डि-वाइड्´) *v.* (divided, dividing) 1. to separate or become separated into parts, विभक्त होना या करना, बँटना या बाँटना। 2. to separate into opposing groups, विभाजित होना या करना। 3. to disunite, विघटित करना। 4. to classify, वर्गीकरण करना। 5. to distribute, वितरण करना। 6. to diverge or cause to diverge in opinion or aim, विच्छेद करना, फूट डालना। 7. to find how many times one number contains another, भाग देना, तकसीम करना। □ **A house divided against itself,** वह सभा जिसमें फूट पड़ गई हो; **divide and rule,** फूट डालो और राज्य करो; **the Great Divide,** the border between life and death, जीवन और मृत्यु के बीच की विभाजक रेखा; **opinions are divided,** भिन्न-भिन्न मत हैं; After the debate, House divided, चर्चा के पश्चात् सभा में

मत-विभाजन हुआ।

dividend (डिव्´-इ-डॅन्ड्) *n.* 1. a number that is to be divided, भाज्य। 2. the part of the money to be divided amongst the shareholders of the company or business firm, लाभांश। 3. a benefit, लाभ। □ **pay dividends,** to be useful in course of time, आगे चलकर लाभकारी सिद्ध होना।

divider (डि-वाई-डॅः) *n.* 1. anything that divides, विभाजक; room-divider, कक्ष-विभाजक। 2. a screen, परदा।

dividers (डि-वाइ´-डॅःस्) *n.* a device used for measuring lines or dividing them, विभाजनी, परकार।

divination (डिव्-इ-ने´-शॅन्) *n.* 1. the art or practice of telling future events by means of augury or some supernatural agency, शकुन-विद्या, शकुन-विचार, सगुनौती, भविष्य-कथन, भविष्यवाणी। 2. intuition, अंतर्दृष्टि, सहज ज्ञान।

divine (डि-वाइन्´) *adj.* 1. of or related to a deity or God, ईश्वरीय, दैवी; divine displeasure, दैवी कोप। 2. superhuman, godlike, दिव्य, अतिमानवीय। 3. magnificent, excellent, अति उत्तम, उत्कृष्ट। *n.* a clergyman, पादरी, पुरोहित, याजक। *v.* (divined, divining) 1. to foretell or prophesy, भविष्य कथन करना, भविष्यवाणी करना। 2. to discover or discern something underground by mere guessing or inspiration, सहज ज्ञान या अनुमान द्वारा ज़मीन के अंदर की वस्तुओं (जैसे जल) की जानकारी देना, जान लेना।

diviner (डि-वाइ´-नॅः) *n.* a person who discerns something underground by guessing or inspiration, दैवज्ञ, ज्योतिषी।

divinity (डि-विन्´-इ-टी) *n.* 1. the state of being divine, देवत्व, ईश्वरत्व। 2. a deity or God, देवता। 3. theology, धर्मशास्त्र।

Divinity *n.* God, ईश्वर।

divisibility (डि-विज़्´-इँ-बिल्´-इ-टी) *n.* the state of being divisible, विभाज्यता।

divisible (डि-विज़्´-अॅ-बॅल्) *adj.* capable of being divided usually with no remainder, विभाज्य, भाज्य।

division (डि-विझ़्´-अॅन्) *n.* 1. the act of dividing or the state of being divided, विभाजन; division of labour, श्रम-विभाजन। 2. a dividing line or boundary, विभाजक रेखा या हद। 3. one of the parts into which something is divided, खंड, प्रभाग, मंडल। 4. a major unit of an organization, विभाग। 5. a self-contained military unit, डिवीज़न, विभाग। 6. disagreement, disunion, मतभेद, विभेद, अनबन, फूट। 7. the operation of determining how many times one quantity is contained in another, भाग, तक़सीम; division sign, भाग का सूचक चिह्न (÷)।

divisional (डि-वि´-झ़ॅन्-अॅल्) *adj.* of or pertaining to a division, प्रभागीय, विभागीय।

divisive (डि-वाइ´-सिव्) *adj.* creating dissension or discord, disruptive, बाँटनेवाला, विभाजित करनेवाला, फूट डालनेवाला, झगड़ा करानेवाला।

divisor (डि-वाइ´-ज़ॅः) *n.* the quantity by which dividend is to be divided, हर, भाजक।

divorce (डि-वोःस्´) *n.* 1. a legal dissolution or termination of marriage, विवाह-विच्छेद, तलाक। 2. a juidicial decree declaring a marriage to be dissolved, विवाह-विच्छेद की डिग्री। 3. a complete separation, पूर्ण विच्छेद, वियोग, जुदाई। *v.* (divorced, divorcing) 1. to separate or be separated by divorce, तलाक लेना या देना। 2. to separate or be separated, जुदा होना या करना, अलग होना या करना; to divorce Church from state, धार्मिक व्यवस्था को राजकीय व्यवस्था से अलग करना।

divorcee (डि-वोः-सी´) *n.* a person who has been divorced, वह जिसे तलाक मिला हो, तलाकशुदा आदमी या औरत।

divot (डिव्´-अॅट्) *n.* a piece of turf torn by a clubhead in making a stroke in golf, दूब जमी ज़मीन का वह टुकड़ा जो स्टिक से गेंद पर प्रहार करते समय उखड़ जाए।

divulge (डि-वल्ज्´) *v.* (divulged, divulg-

ing) to reveal or disclose, रहस्य या भेद खोल देना, रहस्योद्घाटन करना, भंडा फोड़ना।

dizziness (डिज़्´-इ-निस्) *n.* the state of being dizzy, चक्कर आना।

dizzy (डिज़्´-ई) *adj.* (dizzier, dizziest) 1. giddy, जिसे चक्कर आ रहा हो, जिसका सिर चकरा रहा हो या घूम रहा हो। 2. bewildered, भौचक्का, हक्का-बक्का। 3. silly, मूर्ख, मूढ़। 4. causing giddiness or mental confusion, जिसे देखकर चक्कर आ जाए या दिमाग चकरा जाए; a dizzy height, ऐसी ऊँचाई, जिसे देखकर सिर में चक्कर आने लगे; a dizzy speed, extremely rapid speed, बहुत तेज़ रफ्तार, जिससे आदमी का दिमाग चकरा जाए।

do (डू) *v.* 1. (did, done, doing) 1. to act, carry out, perform or execute, करना, पालन करना, निर्वाह करना; to do a work, काम करना, to do a duty, कर्तव्य का पालन करना, कर्तव्य का निर्वाह करना।2. to make or produce, बनाना, तैयार करना; She did some sketchings. उसने कुछ रेखाचित्र तैयार किए; to do the bed, बिस्तर तैयार करना या बिछाना।3. to behave, आचरण करना; Do as you are told? जैसा कहा जाता है वैसा करो। 4. to imitate, नकल या अभिनय करना; He does Rana Pratap very well, उसने राणा प्रताप का काम या अभिनय बहुत अच्छी तरह किया। 5. to arrange, व्यवस्थित करना, सँवारना। 6. to advance towards a desired state, बढ़ना, चलना; The boy is doing well in studies, लड़के की पढ़ाई-लिखाई ठीक चल रही है।7. to be suitable, उपयुक्त होना, यथेष्ट होना, काम चलना; Will Rs.100 do? क्या १००रु० यथेष्ट होंगे, या क्या १०० रु० से काम चल जाएगा? 8. to write लिखना; He is doing a book for Prabhat Prakashan, वह प्रभात प्रकाशन के लिए पुस्तक लिख रहा है। 9. *as auxiliary verb* (i) used to indicate present or past tense, वर्तमान या भूतकाल की सूचक सहायक क्रिया। (ii) used for emphasis, ज़ोर देने के लिए प्रयुक्त सहायक क्रिया; I do like apples, मुझे भी सेब बहुत पसंद हैं। (iii) used to avoid repetition of a verb, क्रिया पद की पुनरावृत्ति बचाने के लिए प्रयुक्त सहायक क्रिया; We work as hard as they do, हम भी उतना ही कठोर परिश्रम करते हैं जितना वे। □ **do away with,** to abolish or eliminate, समाप्त या उन्मूलित करना; Dowry system is a social evil, it must be done away with, दहेज प्रथा एक सामाजिक बुराई है। इसे अवश्य समाप्त किया जाना चाहिए; **do down,** to discredit, बदनाम करना; **do for,** (i) मार डालना या नष्ट कर डालना; (ii) to arrange, प्रबंध करना; What do you do for water? पानी का क्या प्रबंध करते हो? (iii) to be worn out or very much tired, थक-टूट जाना; After a long journey, I am done for. इतनी लंबी यात्रा के बाद मैं तो बुरी तरह थक गया हूँ; **do in** (i) to kill, मार डालना, वध कर देना; (ii) to exhaust, थक जाना; **do into,** to translate, अनुवाद करना; I shall do this article into English, मैं इस लेख का अंग्रज़ी में अनुवाद करूँगा; **do or die,** to do every thing possible to succeed, सफल होने के लिए हर संभव प्रयास करना; **do out,** to clean, साफ़ करना, सफ़ाई करना; **do out of,** to deprive, वंचित करना; **do over** (i) to do again, पुन: करना, दुबारा करना, (ii) to redecorate, फिर से सजाना-सँवारना; **do right by,** to treat fairly, उचित व्यवहार करना; **do up,** (i)to fasten, बाँधना, कसना; He did his shoe laces up. उसने अपने जूते के तस्मे बाँधे; (ii) to repair, मरम्मत करना; This house needs to be done up यह मकान मरम्मत माँगता है; (iii) to make overself look more beautiful, श्रृंगार करना; She has done herself up for the party. उसने पार्टी के लिए अपना श्रृंगार कर लिया है; (iv) to tire completely, बुरी तरह थकना; **do with** (i) to get on with, निर्वाह करना, निभाना (ii) to tolerate, सहना (iii) to need or want, ज़रूरत महसूस करना, चाहना।

doable (डू´-अॅ-बॅल्) *adj.* able to be done, करने-योग्य, करणीय।

dobbin (डॉब्´-इन्) *n.* a work-horse, लद्दू घोड़ा।

docile (डॉस्´-इल्) *adj.* 1. controlable, वश्य, दब्बू, सीधा।2. easily taught, जिसे सरलता से सिखाया-पढ़ाया जा सके, शिक्षणीय।3. humble,

विनयी, विनम्र।

docility (डॉ-सिल्´-इ-टी) *n.* the state of being docile, दब्बूपन, वश्यता; शिक्षणीयता; विनम्रता।

dock[1] (डॉक्) *n.* a place where ships are loaded and unloaded, बंदरगाह, घाट, पत्तन, गोदी। *v.* (docked, docking) 1. to bring or come into dock, बंदरगाह में आना या लाना। 2. to join together in space, आकाश में इकट्ठे होना या मिलना।

dock[2] *n.* an enclosure in a court where defendant stands, कटघरा। ☐ **in the dock,** जिस पर मुकदमा चल रहा हो।

dock[3] *v.* (docked, docking) 1. to cut short (an animal's tail, किसी पशु की दुम) काट देना, दुमकटा बनाना। 2. to withhold a part of, कुछ अंश रख या दबा लेना।

dockage (डॉक्´-इज्) *n.* charges for the use of a ship's dock, बंदरगाह-शुल्क।

docker (डॉक्´-अ:) *n.* a worker in a dockyard or shipyard, गोदी-मज़दूर, बंदरगाह-मज़दूर।

docket (डॉक्´-इट्) *n.* 1. abstract of a document, प्रलेख-सार। 2. an agenda, कार्यसूची, कार्यावली। 2. a label on a package listing contents or directions, पैकेट पर लगा लेबल जो माल के प्रयोग आदि की विधि अथवा उसके गंतव्य स्थान की जानकारी देता है।

dockhand (डॉक्´-हैन्ड्) *n.* a docker, गोदी-मज़दूर, बंदरगाह-मज़दूर।

dockworker (डॉक्´-व़:-कं:) *n.* a docker, गोदी-मज़दूर, बंदरगाह-मज़दूर।

dockyard (डॉक्-या:ड्) *n.* a yard where ships are loaded and unloaded, built or repaired, shipyard, गोदीबाड़ा, डॉकयार्ड।

doctor (डॉक्´-टं:) *n.* 1. one who treats medically, a medical practitioner, डॉक्टर चिकित्सक, वैद्य, हकीम। 2. a person who holds the highest academic degree awarded by a university, विश्वविद्यालय की सर्वोत्तम उपाधि से विभूषित व्यक्ति, डॉक्टर। *v.* (doctored, doctoring) 1. to give medical treatment to, चिकित्सा करना। 2. to practice medicine, डॉक्टरी करना। 3. to repair or mend, मरम्मत करना। 4. to tamper with, छेड़छाड़ करना। 5. to castrate, बधिया करना।

doctoral (डॉर्क्-टॅ-रॅल्) *adj.* of or pertaining to a doctor, डॉक्टर-संबंधी।

doctorate (डॉर्क्-टॅ-रिट्) *n.* the highest academic degree in any field of knowledge, डॉक्ट्रेट, डॉक्टर की उपाधि।

doctrinaire (डॉक्-ट्रि-नेंअॅ:´) *n.* a person devoted to an idealistic programme without considering the practical difficulties, सिद्धांतवादी, आदर्शवादी। *adj.* of or pertaining to a doctrinaire, सिद्धांतवादी, आदर्शवादी; doctrinaire beliefs, आदर्शवादी धारणाएँ। (फ्रांसीसी)

doctrinal (डॉक्´-ट्रि-नॅल्) *adj.* of or related to doctrine, सिद्धांत-संबंधी।

doctrine (डॉक्´-ट्रिन्) *n.* a principle or body of principles that is advocated for acceptance, मत, सिद्धांत।

document (डॉक्´-यु-मॅन्ट्) *n.* a paper that provides information, proof or evidence, दस्तावेज़। *v.* (documented, documenting) 1. to prove or support with documents, दस्तावेज़ों से सिद्ध करना। 2. to furnish with documents, दस्तावेज़ उपस्थित या प्रस्तुत करना। 3. to record or report in detail, विस्तारपूर्वक वर्णन करना।

documental (डॉक्´-यु-मॅन्-टॅल्) *adj.* of a document, दस्तावेज़ी।

documentary (डॉक्-यु-मॅन्´-टॅ-री) *adj.* 1. consisting of documents, furnished with documents, दस्तावेज़ी; documentary evidence, दस्तावेज़ी साक्ष्य। *n.* a film about an actual event presenting the facts with little or no fiction, वृत्तचित्र।

documentation (डॉक्-यु-मॅन्-टे´-शॅन्) *adj.* 1. the act of supplying with documents, दस्तावेज़ीकरण। 2. the documents supplied, प्रस्तुत दस्तावेज़।

dodder (डॉड्´-अ:) *v.* (doddered, doddering) to become shaky because of age, to

totter, लड़खड़ाना।

doddle (डॉ´-डॅल्) *n.* something easily accomplished, सरल काम या बात।

dodecagen (डू-डिक्´-अॅ-गॅन्) *n.* a polygon of twelve angles and twelve sides, द्वादशभुज।

dodecahedron (डू-डिक्´-अॅ-ही´-ड्रॅन्) *n.* a solid having twelve plane faces, द्वादश फलक।

dodge (डॉज्) *v.* (dodged, dodging) 1 to change suddenly position or direction in order to evad a blow or attack, पैंतरा बदलना। 2. to avoid something his honestly, चकमा देना, झाँसा देना, धोखा देना। *n.* 1. an act of avoiding by sudden movement, पैंतरेबाज़ी। 2. a trick, चकमा, झाँसा।

dodgem (डॉड्´-जॅम्) *n.* a small electric car, बिजली से चलनेवाली छोटी कार।

dodger (डॉज्´-अॅ:) *n.* one who dodges, पैंतरेबाज़; चकमा देनेवाला, काँइयाँ व्यक्ति।

dodo (डो´-डो) *n.* an extinct family of large flightless birds of Mauritius, डोडो पक्षी, जो अब लुप्त हो चुका है। □ **as dead as a dodo,** dead, समाप्त, लुप्त; That strange plan of yours as dead as a dodo, आपकी वह अजीबोग़रीब योजना अब समाप्त हो चुकी है।

doe (डो) *n.* (plu. doe or does) the female of the deer, hare, rabbit etc., मादा हिरन, मादा खरगोश।

doer (डू´-अॅ:) *n.* one who does something, कर्ता, करनेवाला।

does (डज़्) *v.* third person singular present tense of do, करता/ करती है।

doeskin (डो´-स्किन्) *n.* the skin of doe, मादा हिरन (खरगोश आदि) की खाल।

doesn't (डज़्´-अॅन्ट्) = *v.* short form of does not.

doff (डॉफ़्) *v.* to take off or remove, उतारना; □ **doff one's hat,** टोप उतारकर अभिवादन करना।

dog (डॉग्, डा:ग्) *n.* 1. a common four-legged flesh-eating animal, कुत्ता, कुतिया। 2. the male of this animal, कुत्ता। 3. a worthless or despicable man, क्षुद्र व्यक्ति, नीच व्यक्ति। 4. a mechanical device for gripping things, कुत्ता, काँटा। □ **die like a dog,** to die in misery, कुत्ते की मौत मरना; **Every dog has his day.** every one gets at leastone good chance in his life, कभी-न-कभी, हर एक का दिन जगता है, हर किसी के दिन फिरते हैं; **go to the dogs,** to be ruined, बर्बाद हो जाना; **lead a dog's life,** to lead a life full of miseries, घोर कष्ट में जीवन् बिताना; **let sleeping dogs lie,** leave alone someone who can cause harm, सोते नाग को मत जगाओ; **love me, love my dog,** accept my friends as yours, मुझे चाहो और मेरे चाहनेवालों को भी चाहो; **put on the dog,** to behave pretentiously, बनना, अपने आपको लगाना; **treat someone like a dog,** to treat someone very poorly, अत्यंत बुरा व्यवहार करना। *v.* (dogged, dogging) to pursue (like a dog, कुत्ते की तरह) पीछा करना, पिंड न छोड़ना; We were dogged by bad luck during this journey, इस यात्रा में बदक़िस्मती ने हमारा पीछा नहीं छोड़ा।

dog biscuit *n.* a hard biscuit for dogs, कुत्तों के खाने का कड़ा बिस्कुट।

dogcart (डॉग्´-का:ट्) *n.* a small cart drawn by a horse, घोड़ागाड़ी।

dog days *n.* the hot period of the summer, कड़कड़ाती गर्मी के दिन।

dog-ear (डा:ग्´-इअॅ:) *v.* (dog-eared, dog-earing) to bend down the corners of the pages of a book, पन्नों के किनारे मोड़ देना। *n.* a turned-down corner of the page of a book, पुस्तक के पन्ने का मुड़ा कोना।

dogfaced (~-फ़ेस्ड्) *adj.* having face like a dog, कुत्ते की शक्लवाला, श्वानाकार।

dogfight (डा:ग्´-फ़ाइट्) *n.* 1. a fight among the dogs, कुत्तों की लड़ाई। 2. a battle involving fighter aircrafts, युद्धक विमानों की लड़ाई।

dogged (डा:´-गिड्) *adj.* not yielding easily, stubborn, obstinate, हठी, ज़िद्दी।

doggedly (डा:´-गिड्-ली) *adv.* stubbornly,

हठपूर्वक।

doggerel (~-जॅ-रॅल्) *n.* a verse irregular in measure, अनियमित पद्य या छंद, बेतुकी कविता।

doggie, doggy (डाː´-गी) *n.* a children word for a dog, बच्चों द्वारा कुत्ते के लिए प्रयुक्त शब्द।

doghouse (डाː´-हॉउस्) *n.* a shelter for a dog, कुत्ते के रहने की जगह। ☐ **in the doghouse,** in disfavour or disgrace, उपेक्ष्य अवस्था में, अपमान सहते हुए, दुर्दशा भोगते हुए।

dogie (डो´-गी) *n.* a motherless calf, बिना माँ का बछड़ा, आवारा बछड़ा।

dogleg (डाːग्´-लेंग्) *n.* a sharp or abrupt bend, अंधा मोड़।

dogma (डाːग्´-मॅ) *n.* a principle or system of principles put forward by some authority to be accepted as true without question, मत, धर्ममत, सिद्धांत, फ़तवा।

dogmatic (डाːग्-मैट्´-इक्) *adj.* 1. based on dogma, फ़तवे के रूप में होनेवाला, हठधर्मी पर आधारित। 2. authoritative, अधिकारपूर्ण आधिकारिक, अधिकारवादी। 3. marked by arrogant assertion of principles, हठवादी।

dogmatism (डाːग्´-मॅ-टिज़्-ॲम्) *n.* the quality of being dogmatic, अधिकारवादिता, हठवादिता, हठधर्मी।

dogmatize (डाːग्´-मॅ-टाइज़्) *v.* (dogmatized, dogmatizing) to make dogmatic statements, सिद्धांत बघारना, फ़तवा देना।

do-gooder (डू´-गुड्´-ॲː) *n.* a well intentioned person, दूसरों का भला चाहनेवाला आदमी, भद्र पुरुष, अच्छा इंसान।

dog-tired (डाːग्´-टाइːड्´) *adj.* very tired, अतिश्रांत, बहुत थका हुआ।

dogtooth violet *n.* a plant with yellow flowers, पीले फूलोंवाला एक पौधा।

dogtrot (डाːग्´-ट्रॉट्) *n.* a steady trot, कुत्ते की बँधी चाल।

doily (डॉइ´-ली) *n.* a small ornamental mat, छोटी सुंदर चटाई।

doings (डू´-इंग्स्) *n.* (plu.) actions, deeds, काम-धाम, क्रिया-व्यापार, करनी।

do-it-yourself *n.* the process of constructing or repairing things as a hobby, चीज़ें बनाने या उनकी मरम्मत करने का शौक़।

doldrums (डोल्´-ड्रम्ज़्) *n.* 1. a region of light winds along the equator, शांत कटिबंध। 2. a period of inactivity, listlessness or depression, उदासी, उत्साहीनता, सुस्ती। ☐ **in the doldrums,** (i) inactive, listless, उदास, खिन्न। (ii) bussiness to be in a state of inactivity, व्यापार का मंदा होना।

dole (डोल्) *v.* (doled, doling) 1. to distribute in small portions, थोड़ा-थोड़ा करके बाँटना। 2. to distribute to the poor, गरीबों में बाँटना। *n.* 1. alms, भीख, भिक्षा। 2. an allowance to the unemployed, बेकारी भत्ता।

doleful (डोल्´-फ़ुल्) *adj.* 1. sad, उदास। 2. mournful, शोकमय, शोकातुर, विषादमय।

doll (डॉल्) *n.* 1. a toy representing a human figure sply. a girl, गुड्डा, गुड़िया, डॉल। 2. a pretty girl, सुंदर लड़की, गुड़िया। 3. an attractive person, आकर्षक व्यक्ति। *v.* (dolled, dolling) to dress up smartly, आकर्षक वस्त्र धारण करना, सजना-धजना, बनना-ठनना।

dollar (डॉल्´-ॲː) *n.* a standard unit of money in a some countries, डॉलर।

dollop (डॉल्´-ॲप्) *n.* a lump, ढेला, डला, छोटा गोला।

dolly (डॉल्´-ई) *n.* (plu. dollies) 1. a child's word for a doll, गुड़िया। 2. an attractive and fashionable girl, बन-ठन कर रहनेवाली सुंदरी, गुड़िया। 3. a frame on wheels for moving heavy objects, ट्राली।

dolorous (डो´-लॅ-रॅस्) *adj.* mournful, विषादपूर्ण, शोकमय, शोकातुर।

dolphin (डॉल्´-फ़िन्) *n.* a sea animal with a beaklike snout, सूँस।

dolt (डोल्ट्) *n.* a stupid person, मूढ़ व्यक्ति, गोबर-गणेश।

domain (डो-मेन्´) *n.* 1. an area for particular activity, क्षेत्र, कार्यक्षेत्र; in the domain of science, विज्ञान के क्षेत्र में। 2. an area governed by a particular authority, रियासत, प्रांत, इलाका, तालुका, उपनिवेश।

dome (डोम्) *n.* 1. a hemispheric roof, गुंबद।

2. something shaped like this, गुबंद के आकार की रचना।

domed (डोम्ड्´) *adj.* shaped like a dome, गुंबददार, गुंबद के आकार का।

domestic (डॅ-मॅस्´-टिक्) *adj.* 1. pertaining to the home, household or family affairs, घरेलू, पारिवारिक; domestic science, गृहविज्ञान। 2. of one's own country, देशी, स्वदेश से संबद्ध, घरेलू, आंतरिक, अंतर्देशीय। 3. kept by man, domesticated, tame, i.e. not wild, पालतू, पाला हुआ। 4. accustomed to home life, घर-गृहस्थी के कार्यों में रत या मग्न। *n.* a household servant, घरेलू नौकर, गृहसेवक।

domesticate (डॅ-मॅस्´-टि-केट्) *v.* (domesticated, domesticating) 1. to make tame, पालतू बनाना। 2. to accustom to home life, गृहस्थी के अनुरूप ढालना या बनाना।

domesticated (डॅ-मॅस्´-टि-के-टिड्) *adj.* tamed, पालतू बनाया हुआ।

domesticity (डो-मॅस्´-टिस्-इ-टी) *n.* 1. domestic or home life, घरेलू जीवन। 2. the state of being domestic, घरेलूपन, गार्हस्थ्य भाव।

domicile (डॉम्´-इ-साइल्) *n.* a place where one lives, a residence, निवासस्थान, घर, निवास। 2. a permanent residence, स्थायी निवास, अधिवास। *v.* (domiciled, domiciling) to settle in a place, घर बनाकर रहना, स्थायी रूप से निवास करना, अधिवास करना।

domiciled (डॉम्´-इ-साइल्ड्) *adj.* dwelling in a place, स्थायी निवासी, अधिवासी।

domiciliary (डॉम्´-इ-सिल्-इ-ॲ-री) *adj.* of home or as in a home, घर का, घर का-सा; domiciliary care, घर की-सी देख-भाल; domiciliary visit, (डॉक्टर आदि का) किसी के घर पर जाना।

dominance (डॉम्´-इ-नॅन्स्) *n.* the state or quality of being dominant, प्रभुत्व, प्रधानता, प्रमुखता, प्रबलता, प्रभावशीलता, प्रभाविता।

dominant (डॉम्´-इ-नॅन्ट्) *adj.* commanding influence over others, most influential, हावी, प्रबल, दबंग, प्रभावशील, प्रभावी।

dominate (डॉम्´-इ-नेट्) *v.* (dominated, dominating) 1. to be dominant in position or authority, प्रभावी या प्रभावशाली होना। 2. to ocupy the pre-eminent position in or over, सर्वोच्च होना, प्रधान या प्रभावी होना। 3. to rule or control, शासन करना या नियंत्रित करना, प्रभुत्व या आधिपत्य स्थापित करना, हावी होना।

domination (डॉम्-इ-ने´-शॅन्) *n.* the act of dominating or the state of being dominated, प्रभुत्व, आधिपत्य।

domineer (डॉम्-इ-निअॅ:´) *v.* (domineered, domineering) to behave in a forceful way, धौंस जमाना, रोब दिखाना, अपनी चलाना।

domineering (डॉम्-इ-निअॅर्´-इंग्) *adj.* behaving forcefully, हुक्म चलाना, रोब दिखानेवाला, धौंस दिखानेवाला, अपनी चलानेवाला।

dominion (डॅ-मिन्´-यॅन्) *n.* 1. the power or right to rule, आधिपत्य, शासनाधिकार। 2. the area under a ruler or government, डोमिनियन, शासित क्षेत्र, राज्य या उपनिवेश। 3. a self-governing nation of the British commonwealth, ब्रिटिश राष्ट्रमंडल का स्वशासी राष्ट्र।

domino (डॉम्´-इ-नो) *n.* a game played with dice, पासे का खेल।

don[1] (डॉन्) *n.* 1. a nobleman, कुलीन व्यक्ति। 2. a teacher, अध्यापक। 3. a person of consequence, महत्त्वपूर्ण व्यक्ति; an underworld don, अपराध जगत का राजा।

don[2] *v.* (donned, donning) to put on, पहनना, धारण करना।

Don *n.* Mr. श्री। (स्पैनिश)

Don juan (डॉन्´-वान्) *n.* a person who has many love affairs, प्रेमप्रपंची, लंपट, व्यभिचारी।

Dona (डो´-न्या) *n.* Mrs., श्रीमती। (स्पैनिश)

donate (डो´-नेट्, डो-नेट्´) *v.* (donated, donating) to give to a fund or cause, to contribute, दान करना, प्रदान करना, देना।

donation (डो-ने´-शॅन्) *n.* 1. the act of donating or something donated, दान। 2. a contribution, चंदा।

done (डॅन्) *adj.* 1. completed, accomplished

or finished, किया हुआ, संपादित, कृत। 2. cooked sufficiently, अच्छी तरह पकाया हुआ। □ **Have done with it.** Finish, ख़त्म करो; **It's easier said than done,** कहने से करना कठिन होता है; **That is not done.** It is socially unacceptable, ऐसा नहीं चलता; **over and done with,** finished, समाप्त।

donkey (डाँग्´-की, डंग्´-की) *n.* (plu. donkeys) 1. an ass, गधा। 2. a stupid person, गधा, मूर्ख व्यक्ति।

donkey's years *v.* very long time, बहुत समय, बहुत लंबा समय, चिरकाल; I have seen him for donkey's years, बहुत समय हुआ उसे देखे, मुद्दत बीती उसे देखे।

donkey work *n.* the hard and uninteresting part of a piece of work, किसी काम का मुश्किल तथा उबाऊ हिस्सा।

donnish (डॉन्´-इश्) *adj.* of a don, अध्यापकीय।

donnybrook (डॉन्´-ई-ब्रुक्) *n.* a wild fight, मार-धाड़।

donor (डो´-नः) *n.* a person who gives or donates something, दानी, दाता।

don't (डोन्ट्) *v.* short form of do not. *n.* a prohibition, निषेध।

doodle (डू´-डॅल्) *v.* (doodled, doodling) to draw lines (while thinking about something else, कुछ सोचते समय) टेढ़ी-मेढ़ी लकीरें खींचना। *n.* the act of doodling, यों ही टेढ़ी-मेढ़ी लकीरें खींचने का काम।

doom (डूम्) *n.* unavoidable destruction or death, an inescapable fate, दुखद अंत या मृत्यु, दुर्भाग्य, विनाश, क़यामत। *v.* (doomed, dooming) to condemn to ruination or death, जहन्नुम में भेजना।

Doomsday (डूम्ज़्´-डे) *n.* the day of the Last Judgement, क़यामत का दिन, प्रलय का दिन। □ **till Doomsday,** for ever, अनंत काल तक, क़यामत के दिन तक, सदा के लिए।

door (डोः) *n.* a hinged, sliding or movable panels used to open or close an entrance, द्वार, दरवाज़ा; back door (i) पिछला दरवाज़ा, (ii) चोर दरवाज़ा; main door, मुख्यद्वार। □ **answer the door,** to go to the door and see who has knocked or rung, खटखटाए जाने या घंटी बजाए जाने पर दरवाज़ा खोलना; **at death's door,** near death, मृत्यु के द्वार पर, मरणासन्न अवस्था में; **by the back door** (i) secretly, चुपके से, (ii) by a trick, चालाकी से; **open the door for a settlement,** समझौते के लिए मार्ग प्रशस्त करना; **close the door upon negotiations,** बात-चीत का रास्ता बंद करना; **show someone the door,** ask some unwelcome person to leave the place, चले जाने को कहना, भगा देना; **show someone to the door,** to go politely to the door along with the visitor, अभ्यागत को दरवाज़े तक पहुँचाने जाना; **within doors,** inside the house, घर के भीतर, घर की चार दीवारी में।

doorbell (डोः´-बेल्) *n.* the bell or its button fixed at the door, दरवाज़े की घंटी, डोरबेल, द्वार-घंटी।

doorframe (डोः´-फ्रेम्) *n.* the frame into which the door is fixed, चौखट।

doorkeeper (डोः´-की-पः) *n.* one who guards an entrance, द्वाररक्षक, द्वारपाल।

doorman (डोः´-मॅन्) *n.* a person on duty at the entrance to a hotel, प्रहरी, द्वाररक्षक।

doormat (डोः´-मैट्) *n.* a mat placed at a door, पायंदाज, पाँवपोंछ।

doorplate (डोः´-प्लेट्) *n.* a name plate fixed at the door, नाम-तख़्ती।

doorstep (डोः´-स्टॅप्) *n.* a step leading to a door, बाहरी या मुख्यद्वार के पहलेवाली सीढ़ी।

doorstopper (डोः´-स्टॉप्-अः) *n.* an apparatus or device for holding a door open, दरवाज़े को खुला रखने का उपकरण या गिट्टक।

door-to-door (डोः´-टॅ-डोः´) *adj. & adv.* done at each house in turn, द्वार-द्वार, दरवाज़े-दरवाज़े, घर-घर।

doorway (डोः´-वे) *n.* an entrance way, द्वारपथ, द्वार में से निकलने का मार्ग, दरवाज़ा।

dooryard (डोः´-याःड्) *n.* a yard in front of a house, प्रांगण।

dope (डोप्) *n.* 1. a thick liquid used as a lubricant, मशीनों में देने का गाढ़ा तेल। 2. a kind of paint, एक प्रकार का रोगन। 3. a

narcotic or drug, नींद या उत्तेजना लानेवाली ओषधि, मादक पदार्थ। 4. factual information, तथ्यपरक सूचना। 5. a stupid person, मूढ़ व्यक्ति। *v.* (doped, doping) 1. to apply dope to, तेल देना। 2. to administer a narcotic to, मादक पदार्थ खिलाना या देना।

dopester (डोप्´-स्टः) ***n.*** one who predicts the outcome or result of a match, election etc., भविष्यकथन करनेवाला, भविष्यवक्ता, नजूमी।

dopey, dopy (डो´-पी) ***adj.*** (dopier, dopiest) stupefied, lethargic or dozed as if drugged, नशे से अलसाया, बेसुध या उनींदा।

dormancy (डॉः-मॅन्-सी) ***n.*** the state of being dormant, प्रसुप्तावस्था।

dormant (डॉः-मॅन्ट्) ***adj.*** in the state of being sleepy or inactive, सुप्त, अक्रिय, प्रसुप्त।

dormer (डॉः-मॅः) ***n.*** a window built upright in a sloping roof, ढालू छत में की खिड़की।

dormitory (डॉः-मॅ-टॅ-री) ***n.*** (plu. dormitories) a large room with many beds, शयनालय, शयनागार।

dormouse (डॉः-मॉउस्) ***n.*** (plu. dormice) a small squirrel like animal, गिलहरी की तरह का एक जंतु, जो सर्दियों में सोता रहता है, सोतू चूहा।

dorsal (डॉः-सॅल्) ***adj.*** in the back, of or on the back, पीठ पर होनेवाला, पृष्ठीय।

dory (डोर्´-ई) ***n.*** (plu. dories) a small boat used for fishing, मछली पकड़ने की नाव, मत्स्य नौका।

dosage (डो´-सिज्) ***n.*** 1. the giving of medicine in doses, दवा की ख़ुराकें देना। 2. the size of a dose, ख़ुराक़, दवा की मात्रा।

dose (डोज़्) ***n.*** 1. the amount or size of a medicine taken or given at a time, ख़ुराक, मात्रा। 2. the amount of flattery, punishment etc., किसी को चिढ़ाने (या दंडित करने) के लिए किया जानेवाला उपाय (ख़ुशामद या दंड)। *v.* (dosed, dosing) to give in doses, दवा की ख़ुराक देना, ख़ुराक-ख़ुराक करके देना, ख़ुराक पिलाना।

doss (डॉस्´) ***n.*** a short sleep, झपकी।

dosser (डॉस्´-अँः) ***n.*** one who sleeps regularly in a dosshouse, रैनबसेरे या डेरे में प्रायः ठहरनेवाला।

dosshouse (डॉस्´-हॉउस्) ***n.*** a cheap lodging house, रैन-बसेरा, टुच्चा होटल, डेरा।

dossier (डॉस्´-इ-ए, डॉस्-इ-ए´) ***n.*** a file containing documents about a person or some event, फ़ाइल, मिसिल।

dot (डॉट्) ***n.*** 1. a point, बिंदी, बिंदु। 2. a short sound or flash of light used in telegraphy, बिंदु। □ **on the dot,** at the exact place (or time), ठीक स्थान (या समय) पर। *v.* (dotted, dotting) 1. to mark with a dot or dots, बिंदु लगाना, बिंदी लगाना। 2. to scatter here and there, छितराना, बिखेरना, बिंदुओं की तरह यहाँ-वहाँ बिखरे होना; *The hillside was dotted with villages,* पहाड़ी पर जगह-जगह गाँव बसे थे। 3. to hit sharply, तीव्र प्रहार करना। □ **dot the i's and cross the t's,** to give or settle all possible details, पूरा ब्योरा देना या पूरी छान-बीन कर लेना; **sign on the dotted line,** पूर्णतः सहमत होना।

dotage (डो´-टिज्) ***n.*** 1. the feebleness of mind caused by old age, जराजीर्णता, बुढ़भस, सठियाव, बुढ़ापे की वजह से दिमाग़ की कमज़ोरी। 2. senility, बुढ़ापा।

dotard (डो´-टॅःड्) ***n.*** a senile person, जराग्रस्त व्यक्ति, बुड्ढा, साठा।

dote (डोट्) ***v.*** (doted, doting) 1. to be feeble-minded due to old age, बुढ़ा जाना, सठिया जाना। 2. to show great fondness, अत्यधिक प्यार प्रदर्शित करना, मुग्ध या लट्टू हो जाना; She dotes on her grandson. वह अपने पोते पर लट्टू है।

doth (डथ्) ***v.*** an old form of second person singular present tense of do.

doting (डोट्´-इंग्) ***adj.*** showing great fondness, लट्टू, मुग्ध; a doting husband, लट्टू पति; She got a doting husband, उसे लट्टू पति मिला।

dotty (डोट्´-ई) ***adj.*** (dottier, dottiest)

1. feeble minded, मंदबुद्धि। 2. silly, मूर्ख।

double (डब्´-ॲल्) *adj.* 1. twice as much or as many as, दूना, दुगना; I am double your age, मेरी उम्र आप से दुगनी है।2. having two folds, दुहरा। 3. combining two things or qualities, दो तरह का, दुहरा, दु, द्वि; double-storeyed, दुमंजिला; having double meaning, द्वयर्थक; a double compliment, ऐसी प्रशंसा जिसमें निंदा का भाव भी हो। 4. designed for two persons or things, दो व्यक्तियों या वस्तुओं के लिए उपयुक्त। 5. deceitful, दुरंगा, कपटी, कपटपूर्ण; double game, दुरंगी चाल, धोखा। 6. having more than one circle of petals, जिसमें कई चक्र पंखुड़ियाँ हों। *adv.* 1. twice over, दुगनी मात्रा में।2. two at a time, दो एक साथ, इकट्ठे; to ride double on the cycle or horse, साइकिल या घोड़े पर दुहरी सवारी करना। *n.* 1. something increased two-fold, दुगनी मात्रा, दूना परिमाण, दुहरा आकार। 2. a hotel room for two persons, दो व्यक्तियों के रहने के लिए होटल का कमरा, डबल रूम। 3. a duplicate or counterpart, प्रतिलिपि या प्रतिवस्तु। 4. (plu.) a game such as tennis or badminton, having two players on each side, युगल मैच, डब्ल्स मैच।5. a sharp turn, अंधा मोड़।6. a bid doubling one's opponent's bid, दुगनी बोली।*v.* (doubled, doubling) 1. to make or become twice as much or twice as many, दूना करना या होना, दुगना करना या होना। 2. to make or become two-fold, दुहरा करना या होना। 3. to be the double of (a person, किसी पर) दूना पड़ना।4. to reverse, पीछे मोड़ना।5. to copy, नकल करना, प्रतिलिपि करना। 6. to increase the value of a contract in bridge etc., डबल कर देना। 7. to play a double role, दुहरा अभिनय करना।

double-barreled (डब्´-ॲल्-बैर्´-ॲल्ड्) *adj.* having two barrels, दुनाली (बंदूक)।

double-bass (डब्´-ॲल्-बैस्) *n.* a large violin, एक प्रकार की बड़ी वीणा।

double-bed (डब्´-ॲल्-बेंड्) *n.* a bed for two persons, डबल बेड, बड़ा पलंग।

double-check (डब्´-ॲल्-चेंक्) *v.* (double-checked, double-checking) to verify twice or in two ways, दुहरी जाँच करना।

double-cross (डब्´-ॲल्-क्रॉस्) *v.* (double-crossed, double-crossing) to betray or cheat, चाल खेलना, धोखा देना, ठगना।

double-dealer (डब्´-ॲल्-डील्´-अ:) *n.* a treacherous person, धोखेबाज़, बेईमान, ठग।

double-dealing (डब्´-ॲल्-डी-लिंग्) *n.* treachery, deceit, दुरंगी चाल, धोखाधड़ी, बेईमानी, ठगी।

double-decker (डब्´-ॲल्-डेंक्´-अ:) *n.* a bus with two decks, डबल डेकर, दुतल्ली बस, दुमंज़िली बस।

double-edged (डब्´-ॲल्-ऍज्ड्) *adj.* 1. having a cutting edge on either side of the blade, जिसके दोनों ओर धार हो, दुधारी।2. acting in two ways, दुतरफ़ा।

double-entendre (डब्´-ॲल्-आन्-टान्´) *n.* 1. a word or phrase having double meaning, द्वयर्थक शब्द या पद। (दूसरा अर्थ प्राय: अश्लील होता है।) 2. the type of humour that depends upon this, श्लेष अलंकार।

double entry (डब्´-ॲल्-ऍन्´-ट्री) *n.* a system of book-keeping in which each transaction is entered as a debit in one account and a credit in another, दुहरा लेखा।

double-faced (डब्´-ॲल्-फ़ेस्ड्) *adj.* deceitful, बेईमान, धोखेबाज़, दुरंगा।

double-minded (डब्´-ॲल्-माइन्´-डिड्) *adj.* in a fix, दुविधाग्रस्त, दुचित्ता।

double-quick (डब्´-ॲल्-क्विक्) *adj.* very quick, फुर्तीला, तेज़। *adv.* quickly, बहुत जल्दी।

doublet (डब्´-लिट्) *n.* 1. a pair, जोड़ा।2. a kind of man's jacket, एक प्रकार का जैकट, वास्कट।

double-talk (डब्´-ॲल्-टाक्) *n.* talk that appears to have meaning but does not, बेमतलब की बात।

doubly (डब्´-ली) *adv.* 1. in a double quantity, measure or degree, दुगने रूप में, दुगना

करके। 2. in two ways, दो तरह से।

doubt (डाउट्) *n.* 1. a lack of uncertainty, अनिश्चय। 2. a lack of conviction, संदेह; benefit of doubt, संदेह का लाभ। 3. an apprehension , शंका, संशय। ☐ **no or without doubt,** certainly, निस्संदेह, निश्चय ही, बेशक। *v.* (doubted, doubting) 1. to feel uncertain, अनिश्चय की स्थिति में होना। 2. to distrust, अविश्वास करना, संदेह करना, शक करना। 3. to hesitate, हिचकना।

doubtful (डॉउट्´-फ़ुल्) *adj.* 1. uncertain, अनिश्चित। 2. causing or showing doubt, संदेहपूर्ण, संदिग्ध।3. of uncertain outcome, अनिश्चित परिणामवाला, संदेहास्पद।4. giving rise to apprehension, शंकास्पद।

doubtless (डॉउट्´-लिस्) *adv.* no doubt, निस्संदेह, बेशक। *adj.* with no doubt or uncertainty, निश्चित, पक्का।

douche (डूश्) *n.* 1. a stream of water applied to a part of the body or cavity for cleansing or medical purposes, जलधार, डूश। 2. an instrument for applying a douche, डूश। *v.* (douched, douching) to treat with a douche, डूश लेना।(फ्रांसीसी)

dough (डो) *n.* 1. flour mixed with water, गुँधा आटा या गुँधे आटे की लोई। 2. money, रुपया-पैसा, धन।

doughnut (डो´-नट्) *n.* a small ring-shaped sweat cake, वलयाकार मीठा केक।

doughty (डॉउ´-टी) *adj.* (doughtier, doughtiest) 1. stout, तगड़ा, हृष्ट-पुष्ट। 2. stout-hearted, दिलेर, बहादुर, वीर।

doughy (डो´-ई) *adj.* like a dough, गुँधा हुआ।

dour (डू:, डॉउ:) *adj.* 1. harsh, कर्कश।2. obstinate, unyielding, हठी।3. severe, कठोर, उग्र।

dove[1] (डव्) *n.* 1. a kind of bird, पेंडुकी, फ़ाख्ता। 2. a person who advocates peace and conciliation, सुलह-समझौते का इच्छुक या पक्षपाती, भलामानस।

dove[2] (डोव्) p.t. of dive.

dovecote (डव्´-कोट्) *n.* a structure for housing pigeons, दरबा।

dovetail (डव्´-टेल्) *n.* a way of joing two pieces of wood with tenons and mortises, डबचूल।*v.* (dovetailed, dovetailing) 1. to join by such joints, डबचूल बैठाना, जोड़ना या फँसाना, जोड़ से जोड़ मिलाना, ठीक बैठाना। 2. to fit closely together, अनुरूप होना, मेल खाना।

dowager (डॉउ´-अॅ-जॅ:) *n.* 1. a widow that holds a title or property from her dead husband, ऐसी विधवा जिसे पति की पदवी या संपत्ति मिली हो, धनी विधवा। 2. an grandlooking rich elderly woman, भव्य रोबीली धनी वृद्धा।

dowdy (डॉउ´-डी) *adj.* shabby and untidy, ऊलजलूल भेसवाला, जो भद्दे कपड़े पहने हो।

dowel (डॉउ´-अॅल्) *n.* a wooden pin that holds two pieces of wood, stone etc., गुज्झा, मेख। *v.* (doweled, doweling) to fasten with a dowel, गुज्झा भरना, मेख से जोड़ना।

dower (डॉउ´-अॅ:) *n.* 1. a part of husband's estate allotted by law to his widow, विधवा-धन, विधवा की संपत्ति। 2. a dowry, दहेज। 3. an inborn quality, प्रकृति की देन, गुण, प्रतिभा।

down (डॉउन्) *adv.* 1. from a higher to a lower place of position, नीचे। 2. downwards, नीचे की ओर। 3. to or into a surface, ज़मीन पर, नीचे।4. towards south, दक्षिण की ओर। 5. from an important part of the city to one supposed to be of less importance, कम महत्त्व के स्थान की ओर। 6. to or towards a point away from speaker, वक्ता से दूरी पर। 7. in writing, लिखित रूप में। 8. in cash, नकद; cash down, नकद अदायगी। 9. from earlier to a later time, पुराने ज़माने से बादवाले समय तक। ☐ **down with,** wanting the end of someone or something, नाश हो; Down with the traitors, ग़द्दारों का नाश हो; Down with this black law, इस काले कानून को समाप्त करो; **let a person down,** to cause someone disappointment, निराश करना, हताश करना; **put**

something down, to stop or abolish it, समाप्त या उन्मूलन करना। *prep.* 1. in a lower or descending position, नीचे की ओर। 2. in the direction of current, प्रवाह या बहाव की ओर। *n.* 1. downward movement, निम्न गति। 2. a descent, उतराई, उतार। *adj.* 1. directed downward, नीचे की ओर जानेवाला, निम्नगामी, अधोगामी। 2. lying on the ground, भूस्थित। 3. being at a low level, निम्न स्तर पर होनेवाला। 4. behind an opponent, प्रतियोगी से पिछड़ा हुआ। 5. finished, समाप्त, ख़त्म। 6. ups and downs, ऊँच-नीच, ऊँची-नीची जगहें। ☐ **ups and downs of life**, भाग्य का उलट-फेर, जीवन का उत्कर्ष और अपकर्ष।

down-and-out (डॉउन्´-ॲन्-आउट्´) *n.* a destitute person, निर्धन या अभागा व्यक्ति।

downbeat (डॉउन्´-बीट्) *adj.* gloomy, उदास, खिन्न, विषादमय।

downcast (डॉउन्´-कैस्ट्) *adj.* 1. looking downward, नीचे की ओर देखता हुआ। 2. dejected, उदास, खिन्न, हताश।

downer (डॉउ´-नॅ:) *n.* anything that lowers the spirits, दिल तोड़ देनेवाली या हताश करनेवाली बात।

downfall (डॉउन्´-फ़ा:ल्) *n.* 1. a sudden fall from a high position, health or reputation, पतन, गिरावट, पराभव, बर्बादी, तबाही। 2. something that causes this, पतन का कारण; Drinking was his downfall, शराब पीना उसकी तबाही का कारण था। 3. a heavy rainfall, घनघोर वर्षा।

downgrade (डॉउन्´-ग्रेड्) *v.* (downgraded, downgrading) to lower the status, position or reputation of, पदावनत करना, अवनत करना। *n.* a descending slope, ढाल।

downhearted (डॉउन-हा:´-टिड्) *adj.* dejected, discouraged, हताश, निराश, दुखी।

downhill (डॉउन्-हिल्´) *adv.* down the slope of a hill, ढाल या उतार की ओर। *adj.* sloping, ढालवाँ। *n.* 1. the slope, ढाल; downhill of life, ज़िंदगी की ढलान, जीवन का उत्तरार्द्ध, ढलती उम्र; 2. easy part, आसान भाग, The hardest part of the work is over and the rest is downhill, काम का सबसे कठिन भाग तो पूरा हो गया, बाकी तो सब आसान है।

down-home (डॉउन्´-होम्) *adj.* 1. friendly, मित्रतापूर्ण। 2. home-made, घर का बना।

Downing Street (डॉउ´-निंग्-स्ट्रीट्´) *n.* 1. a street in which official residence of the Prime Minister of England is situated, डाउनिंग स्ट्रीट। 2. The British government, ब्रितानवी सरकार।

downpour (डॉउन्´-पो:) *n.* a heavy continuous fall of rain, घनघोर वर्षा, मूसलाधार वर्षा।

downright (डॉउन्´-राइट्) *adj.* 1. frank, straightforward, खरा, ईमानदार, भला। 2. blunt, स्पष्टवादी, मुँहफट। 3. complete, पूर्ण। *adv.* thoroughly, पूरी तरह से, पूर्ण रूप से; They were feeling downright prosperous. वे अपने को पूर्ण रूप से समृद्ध समझने लगे।

downstage (डॉउन्´-स्टेज्) *adv.* at the front part of the stage, मंच के अगले भाग में। *adj.* pertaining to the front part of the stage, मंच के अगले भाग में होनेवाला।

downstairs (डॉउन्´-स्टेॲ:ज़्´) *adv.* 1. down the stairs, सीढ़ियों से नीचे। 2. on the lower floor, निचले तल्ले पर। *adj.* situated downstairs, नीचे स्थित, निचला।

downstream (डॉउन्´-स्ट्रीम्) *adv.* in or towards the lower part of the stream, धारा के साथ-साथ, बहाव की ओर।

downswing (डॉउन्´-स्विंग्) *n.* a business decline, व्यापारिक मंदी।

down-to-earth (डॉउन्´-टू-अ:थ्) *adj.* 1. practical, व्यावहारिक। 2. sensible, सयाना, समझदार, यथार्थवादी।

downtown (डॉउन´-टाउन्´) *n.* 1. the lower part of the town, नगर का निचला हिस्सा। 2. the central part or main commercial area of the city, नगर का मध्य भाग या व्यापार-केंद्र। *adj.* 1. of or situated downtown, नगर के मध्यभाग में स्थित। 2. in the business section of a town, नगर के व्यापार-केंद्र में होनेवाला।

downtrodden (डॉउन्´-ट्रॉड्-ॲन्) *adj.* 1. trod-

den down, कुचला या रौंदा हुआ। 2. oppressed, subjugated, पीड़ित, पददलित, सताया हुआ, उत्पीड़ित।

downturn (डॉउन्´-टःन्) *n.* a decline or downward tendency in business, मंदी।

downward (डॉउन्´-वॅःड्) *adj.* descending from a higher to lower place or condition, निम्नगामी, अधोमुखी, नीचे की ओर उन्मुख, ह्रासोन्मुख। *adv.* = downwards.

downwards (डॉउन्´-वॅःड्स्) *adv.* 1. from higher to lower place or condition, नीचे की ओर। 2. from a earlier time or source to a later, पहले समय से बाद की ओर।

downwind (डॉउन्´-विन्ड्) *adv.* in the direction in which the wind blows, हवा के साथ-साथ। *adj.* going in the direction in which the wind blows, हवा के साथ-साथ जानेवाला।

dowry (डॉउ´-री) *n.* the money and property given to a girl by her parents at the time of her marriage, दहेज।

dowse (डॉउज़्) *v.* (dowsed, dowsing) to find water and minerals under the ground by using a divining rod, द्विशाखी छड़ी के सहारे भूगत जल या खनिज का पता लगाना, जल की खोज करना।

dowser (डॉउज़्´-अँः) *n.* a diviner, भूगत जल या खनिज का पता लगानेवाला ज्योतिषी या दैवज्ञ।

doxology (डॉक्-सॉल्´-अँ-जी) *n.* a set form of words praising God, भजन।

doyen (डॉइ´-अँन्) *n.* the senior member of a group or profession, किसी संस्था या व्यवसाय का वरिष्ठ सदस्य, प्रधान पुरुष, मुखिया, नायक, सरदार।

doze (डोज़्) *v.* (dozed, dozing) to sleep lightly and intermittently, झपकी लेना, रह-रहकर झपकी लेना, ऊँघना। *n.* a short light sleep, झपकी, ऊँघ।

dozen (डज़्´-इन्) *n.* (plu. dozen or dozens) a set of twelve, दर्जन। *adj.* twelve, दर्जन, बारह।

drab (ड्रैब्) *adj.* (drabber, drabbest) 1. of a light greyish brown colour, बादामी या हलका भूरा। 2. uninteresting, dull, अरुचिकर, उबाऊ, नीरस, बेमज़ा। *n.* a light greyish-brown colour, बादामी या हलका भूरा रंग।

drachma (ड्रैक्´-मॅ) *n.* the standard monetary unit of Greece, युनान की मुद्रा, ड्रैकमा।

Draconian (ड्रे-को´-नि-अँन्) *adj.* 1. of Draco, एथेन्स के ड्रेको नामक राजनयिक से संबद्ध। 2. harsh, कठोर, निर्मम; Draconian laws, कठोर कानून।

draft (ड्राफ़्ट्, ड्रैफ़्ट्) *n.* 1. a rough or preliminary sketch of anything written, ड्राफ़्ट, प्रारूप। 2. a preliminary outline of a speech, book, letter etc., मसौदा, ख़ाका, प्रारूप। 3. a written note for the payment of money by a bank, ड्राफ़्ट, धनादेश। 4. the amount drunk in one swallow, घूँट। 5. the amount of air taken in one breath, एक साँस में खींची हुई वायु, साँस। 6. the selection of military personnel from a group, भर्ती। *v.* (drafted, drafting) 1. to prepare a draft or outline, ख़ाका या मसौदा तैयार करना, प्रारूप तैयार करना। 2. to select military personnel from a group, भर्ती करना। 3. to select from a herd or flock, चुनना, छाँटना।

draftee (ड्रैफ़्-टी´) *n.* one who has been selected into the armed forces, सेना में भर्ती किया हुआ।

draftsman (ड्राफ़्ट्स्´-मॅन्) *n.* one who draws sketches or plans, ड्राफ़्ट्समैन, प्रारूपकार, नक्शानवीस।

drag (ड्रैग्) *v.* (dragged, dragging) 1. to pull or draw along by force, खींच ले जाना। 2. to cause to trail on ground, घसीट कर ले जाना। 3. to linger or lag behind, पीछे-पीछे घिसटते हुए चलना, पिछड़ना। 4. to continue slowly in dull manner, घसीटते चलना, लंबा खींचना; to drag ones feet, जान-बूझकर धीरे चलना, बेदिली से और धीरे-धीरे काम करना। 5. to puff on a cigarette etc., कश लगाना। *n.* 1. an act of dragging, घसीटने की क्रिया या भाव घसीट। 2. an implement used for dragging, पाटा (जिसे घसीट कर खींचा जाता है)। 3. a person or a thing that slows or

retards the progress, प्रगति को मंद करनेवाला व्यक्ति या वस्तु, बाधक तत्त्व। 4. (plu.) woman's clothes worn by a man, पुरुष द्वारा धारण किए हुए स्त्री के वस्त्र।

draggle (ड्रैग्´-ऑल्) *v.* (draggled, draggling) 1. to make or become dirty by trailing on the ground, लथेड़ना या लथेड़ा जाना। 2. to lag behind, पिछड़ना।

dragnet (ड्रैग्´-नेंट्) *n.* a net to catch fish, मछली पकड़ने का जाल, मत्स्यजाल।

dragon (ड्रैग्´-ऑन्) *n.* a huge mythical reptile breathing fire, आग उगलनेवाला पौराणिक अजगर।

dragonfly (ड्रैग्´-ऑन्-फ़्लाइ) *n.* a kind of insect, व्याघ्र-पतंग, चिउरा।

dragoon (ड्रे-गून्´) *v.* (dragooned, dragooning) 1. to coerce, पीड़ित करना, सताना। 2. to force into doing something, बाध्य करना। 3. to harass, परेशान करना। *n.* 1. a heavily armed mounted infantryman, सशस्त्र अश्वारोही। 2. a cruel person, क्रूर व्यक्ति, ख़ूँखार आदमी।

drain (ड्रेन्) *n.* 1. a pipe or channel for carrying away waste water, नाली। 2. something that exhausts one's resources, energy etc., शक्ति या स्रोतों के क्षय का मार्ग; House-rent is a great drain on my limited resources. मेरी सीमित आय का बहुत बड़ा हिस्सा मकान के किराए के रूप में निकल जाता है। □ **down the drain,** wasted, व्यर्थ, बर्बाद। *v.* (drained, draining) 1. to draw or flow off water by means of pipes or channels, जल निकालना या बहाना, प्रवाहित करना। 2. to drink the entire contents of (a cup or glass), पी जाना, ख़ाली कर देना। 3. to consume or exhaust, ख़त्म करना, ख़र्च करना। 4. to make powerless, शक्तिहीन कर देना।

drainage (ड्रे´-निज्) *n.* 1. the process or system of drains, जल-निकास की प्रक्रिया या प्रणाली। 2. something that is drained off, वह जिसे बहाकर निकाल दिया गया हो।

drainpipe (ड्रेन्´-पाइप्) *n.* a pipe for drainage, नाली, परनाला।

drake (ड्रेक्) *n.* a male duck, नर-बत्तख।

dram (ड्रैम्) *n.* one sixteenth of an ounce, औंस का सोलहवाँ भाग, ड्राम।

drama (ड्रा´-मॅ, ड्रैम्´-अॅ) *n.* 1. a play to be performed by actors, a stage show, नाटक, ड्रामा। 2. such a piece of literature, नाटक। 3. the art of writing and producing plays, नाट्यकला। 4. a situation that is highly emotional and conflicting, ड्रामा, घटना-वैचित्र्य, नाटकीय घटना।

dramatic (ड्रॅ-मैट्´-इक्) *adj.* 1. of or related to a drama, नाटक-संबंधी। 2. thrilling or sensational, कुतूहलजनक, आश्चर्यजनक, नाटकीय।

dramatically (ड्रॅ-मैट्´-इ-कॅ-ली) *adv.* in a dramatic manner, नाटकीय ढंग से।

dramatics (ड्रॅ-मैट्´-इक्स्) *n.* 1. the art of acting or producing plays, नाट्यकला। 2. exaggerated behaviour, ड्रामा, द्वंद-फंद; I am tired of her dramatics, मैं उसकी हरकतों से तंग आ गया हूँ।

dramatist (ड्रैम्´-अॅ-टिस्ट्, ड्रॉ-मॅ-टिस्ट्) *n.* a playwright, नाटककार।

dramatization (ड्रैम्-अॅ-टाइ-ज़े´-शॅन्, ड्रा-मॅ-टाइ-ज़े´-शन्) *n.* the act of dramatizing, नाटकीकरण, नाट्य-रूपांतरण, नाटक का रूप देना।

dramatize, dramatise (ड्रैम्´-अॅ-टाइज़्, ड्रॉ-मॅ-टाइज़्) *v.* (dramatized, dramatizing) 1. to render a story, fiction etc. into a play, नाट्य रूप देना। 2. to make things looklike dramatic, नाटकीय रूप देना।

drank (ड्रैंक्) *v.* p.t. of drink.

drape (ड्रेप्) *v.* (draped, draping) 1. to cover with cloth, पर्दा लगाना या लटकाना, कपड़े पहनना। 2. to hang loosely or in graceful folds, चुनटदार ढंग से झूलना या लटकना।

draper (ड्रे´-पॅः) *n.* a dealer in fabrics and sewing materials, कपड़े का व्यापारी, वस्त्र-व्यवसायी, बजाज।

drapery (ड्रे´-पॅ-री) *n.* 1. the shop of a draper, कपड़े की दुकान। 2. the occupation of a draper, कपड़े का व्यवसाय या धंधा,

बजाजी। 3. *(plu.)* ***draperies.*** curtains or hangings, पर्दे, गद्दे आदि के मोटे कपड़े।

drastic (ड्रैस्´-टिक्) *adj.* extreme, severe or radical, कठोर, कड़ा, प्रचंड, तीव्र, सख़्त; drastic step, सख़्त कार्रवाई।

drastically (ड्रैस्´-टि-कॅ-ली) *adv.* in a drastic manner, कठोरता से, कड़ाई से, प्रचंड रूप से, सख़्ती से।

draught (ड्राफ़्ट्, ड्रैफ़्ट्) *n.* 1. the act of drawing from a large container, कर्षण, निकालना। 2. a beer or wine stored in a large container, पीपे आदि में रखी हुई शराब। 3. a current of air, हवा का झोंका। 4. the amount drunk in one swallow, घूँट। 5. a dose of medicine, दवा की ख़ुराक। 6.(plu.) the game of checkers, चेकर खेल। 7. draft, प्रारूप, मसौदा, नक़्शा। □ **feel the draught,** to be short of money, पैसे की कमी होना। *adj.* used for pulling loads, लद्दू; draught horse, लद्दू घोड़ा।

Dravidian (ड्रॅ-वि´-डि-अॅन्) *n.* 1. a family of south Indian languages, द्रविड़ भाषा-परिवार। 2. one who speaks a Dravidian language, द्रविड़। *adj.* of this family, द्राविड़ी।

draw (ड्राः) *v.* (drew, drawn, drawing) 1. to pull, खींचना, घसीटना या तानना। 2. to cause to move in a given direction, किसी ओर खींच ले जाना। 3. to extract, खींचना, उतारना। 4. to take out, निकालना; to draw a sword, तलवार निकालना। 5. to attract or entice, आकृष्ट करना, लुभाना; to draw attention, ध्यान आकृष्ट करना, ध्यान दिलाना। 6. to sketch or depict, खींचना, चित्र बनाना, रेखित करना। 7. to make out, to formulate, निकालना; to draw conclusions, निष्कर्ष निकालना। 8. to take or receive from a source, निकालना; to draw money from the account, खाते में से रुपया निकालना। 9. to take from a lot, लाटरी निकालना। 10. to disembowel, आँते निकाल देना। 11. to make empty, ख़ाली कर देना। 12. to prepare (a document, दस्तावेज़) तैयार करना। □ **draw a blank,** to be unsuccessful, विफल मनोरथ होना, विफल होना, कुछ हाथ न आना या लगना; **draw back,** to retreat, पीछे हटना; **draw near,** to approach, पास पहुँचना; **draw on,** to come near in time, समीप आना; Summer is drawing on, गर्मी समीप है; **draw out** (i) to prolong, लंबा खींचना, (ii) to encourage to speach out freely बात (रहस्य आदि) उगलवाने के लिए प्रोत्साहित करना; **draw the line,** to fix the limit, सीमा बाँधना; **draw up,** to sketch or prepare, (ख़ाका) तैयार करना। *n.* 1. the act of drawing, खिंचाव, तनाव। 2. attraction, आकर्षण। 3. anything that attracts customers, आकर्षण; The exhibition is a big draw, प्रदर्शनी देखने बहुत लोग आते हैं। 4. the drawing of lots, लाटरी निकालना। 5. a drawn game, बिना हार-जीत के छूटा खेल।

drawback (ड्राः´-बैक्) *n.* 1. a disadvantage, defect or deficiency, कमी, दोष, अवगुण, त्रुटि। 2. an act of returning, वापसी; drawback of duty, शुल्क-वापसी।

drawbridge (ड्राः´-ब्रिज्) *n.* a bridge that may be raised to enable vessels to pass, उठौआ सेतु।

drawee (ड्राः´-ई) *n.* a person on whom an order or a bill of exchange is drawn, आदेशिती, अदाकर्ता।

drawer (ड्राः´-अॅः) *n.* 1. a person who draws a cheque, आदेशक, चैक काटनेवाला। 2. a sliding box-like container in a table or chest, ड्राअर, ख़ाना। 3. (plu.) underpants, जाँघिया।

drawing (ड्राः´-इंग्) *n.* 1. the art of drawing with lines आरेखन। 2. a representation of lines, रेखाचित्र, आरेख, ड्राइंग।

drawing pencil *n.* a pencil used in drawing, आरेख-पेंसिल।

drawing room *n.* a room for visitors, a living room, बैठक, ड्राइंग रूम।

drawl (ड्राःल्) *v.* (drawled, drawling) to speak slowly with drawn-out vowel sounds, धीरे-धीरे या लटक-लटककर बोलना।

n. a drawling way of speaking, लटक-लटककर बोलने का ढंग, लटकाव।

drawn (ड्राःन्) *adj.* 1. (of the face) stretched or pulled, लटका हुआ। 2. (of a game) which neither side wins, जीत-हार के बिना छूटा (खेल)।

dray (ड्रे) *n.* a low flat cart for carrying heavy loads, ठेला।

dread (ड्रॆड्) *n.* 1. great fear, terror, अत्यधिक भय, आतंक। 2. apprehension, आशंका। *v.* (dreaded, dreading) 1. to fear greatly, बहुत अधिक डरना, आतंकित होना। 2. to be apprehensive, आशंकित होना।

dreadful (ड्रॆड्´-फुल्) *adj.* 1. causing dread, terrible, भयावह, भयंकर, ख़तरनाक, भीषण। 2. uninteresting, shocking, नीरस, नागवार।

dreadfully (ड्रॆड्´-फ़ु-ली) *adv.* 1. in a dreadful manner, भयानक रूप से, भीषण रूप से। 2. very, अत्यधिक; I am dreadfully sorry, मुझे अत्यधिक खेद है।

dream (ड्रीम्) *n.* 1. an event experienced during sleep, सपना, स्वप्न, ख़्वाब। 2. the state of mind of one dreaming, स्वप्नावस्था। 3. something imagined, कल्पना, कपोल-कल्पना। 4. an aspiration, आकांक्षा। 5. a beautiful person or thing, सुंदर व्यक्ति या बढ़िया पदार्थ; a dream meal, दिव्य भोजन। *v.* (dreamed/dreamt, dreaming) 1. to experience a dream, स्वप्न देखना। 2. to indulge in day-dreams, दिवास्वप्न देखना, कल्पनाएँ करना, ख़्याली पुलाव पकाना। 3. to have an ambition, आशा सँजोना। 4. to consider, सोचना। □ **dream up,** to imagine, कल्पना करना।

dreamer (ड्रीम्´-अ:) *n.* a person who dreams or has ideas or plans that are considered rather impractical, स्वप्नदर्शी, स्वप्नद्रष्टा, ख़्याली पुलाव पकानेवाला, शेख़चिल्ली।

dreamland, dreamworld (ड्रीम्´-लैन्ड्/व़:ल्ड्) *n.* 1. an imaginary land, स्वप्नलोक। 2. sleep, नींद।

dreamless (ड्रीम्´-लिस्) *adj.* 1. (of sleep) undisturbed by dreams, स्वप्नरहित। 2. peaceful, शांत।

dreamlike (ड्रीम्´-लाइक्) *adj.* unreal, अयथार्थ, स्वप्निल।

dreamy (ड्री´-मी) *adj.* 1. lost in imaginations, विचारमग्न। 2. wonderful, आश्चर्यजनक, अतिसुंदर। 3. impractical, अव्यावहारिक।

dreary (ड्रि´-अॅ-री) *adj.* 1. dull, उबाऊ, थकाऊ, नीरस। 2. sad, उदास। 3. gloomy, विषादपूर्ण।

dredge[1] (ड्रॆज्) *n.* an appartus that digs up and removes mud, silt, fish, shellfish etc., from the river or seabed, नदी या समुद्र तल से मिट्टी, कीचड़, सीप, मछली आदि निकालनेवाला यंत्र, ड्रेजर। *v.* (dredged, dredging) to remove mud etc. from the river or seabed by means of a dredge, ड्रेजर से नदी या समुद्र तल की मिट्टी, कीचड़ आदि निकालना।

dredge[2] (ड्रॆज्) *v.* (dredged, dredging) to sprinkle sugar or flour on cake etc., चीनी, आटा आदि बुरकना।

dregs (ड्रॆग्स्) *n.* (plu.) 1. the sediment of a liquid, तलछट। 2. remains, बचा-खुचा भाग, शेषांश। 3. the worst or useless part, बेकार या व्यर्थ अंश; the dregs of society, समाज के तुच्छ लोग।

drench (ड्रॆन्च्) *v.* (drenched, drenching) 1. to make thoroughly wet, तर-बतर कर देना, भिगोना। 2. to become thoroughly wet, भीग जाना, तर-बतर होना।

dress (ड्रॆस्) *n.* 1. clothing esp. outer clothing, लिबास, पोशाक, परिधान, कपड़े, वेशभूषा, पहनावा। 2. formal clothes, वर्दी। *v.* (dressed, dressing) 1. to put clothes on, कपड़े पहनना या पहनाना। 2. to put on more formal attire, सजना-धजना या सजाना-धजाना। 3. to adorn or decorate, सुसज्जित करना, सजाना-सँवारना। 4. to arrange, व्यवस्थित करना। 5. to form or cause to form a straight line, पंक्तिबद्ध होना या करना, कतार में खड़े होना या करना। 6. to apply a covering for a wound, मरहम-पट्टी करना। 7. to clean and prepare (meat or bird) for

cooking, साफ़ करना। 8. to prepare (land) for sowing, (ज़मीन) तैयार करना। 9. to convert hide into leather, to tan, (चमड़ा) सिझाना। □ **dress down,** to reprimand severely, डाँटना-फटकारना, भर्त्सना करना, ख़बर लेना; **dress out,** to wear elegant attire, बढ़िया वस्त्र पहनना; **dress up,** to put on special clothes, पोशाक धारण करना। *adj.* 1. related to or used for a dress, पोशाक-संबंधी। 2. suitable for a formal occasion, अवसरोचित (वस्त्र)।

dressage (ड्रेस्´-इज्) *n.* the performance given by a trained horse, सधाए हुए घोड़े का प्रदर्शन।

dress circle *n.* the first row of a theater, नाट्यशाला में दर्शकों के बैठने की पहली पंक्ति, आगे की पंक्ति।

dresser (ड्रेस्´-अ:) *n.* 1. one who dresses in a special way, विशेष ढंग से वेषभूषा धारण करने या करानेवाला, अभिनेताओं की वेशभूषा करनेवला, प्रसाधक। 2. one who applies medicaments to wounds etc., मरहम-पट्टी करनेवाला 3. a table for preparing and serving food, भोजन तैयार करने और परोसने की मेज़।

dressiness (ड्रेस्´-इ-निस्) *n.* fondness of clothes, वस्त्रों का शौक़, सुंदर वस्त्र धारण करने का शौक़, वस्त्रानुराग।

dressing (ड्रेस्´-इंग्) *n.* 1. the act or action of a person who dresses, वस्त्रधारण, कपड़े पहनने का कार्य, प्रसाधन।2. material used to cover a wound, मरहम-पट्टी।3. the act of tanning, सिझाई।4. the material for stuffing, (सैंडविच आदि का) भराव।

dressing-down (ड्रेस्´-इंग-डॉउन्) *n.* severe scolding, भर्त्सना, डाँट-फटकार।

dressing gown *n.* a long loose coat worn when one is not fully dressed, गाउन।

dressing room *n.* a room for dressing, शृंगार कक्ष, सज्जागृह।

dressing station *n.* a first-aid centre close to a combat area, चिकित्सा-चौकी।

dressing table *n.* a table for use while dressing fitted with drawers and a mirror meant, शृंगार-मेज़।

dressmaker (ड्रेस्´-मे-कॅ:) *n.* a person who makes dresses, दर्ज़ी।

dress rehearsal *n.* the last rehearsal, पूरी वेशभूषा सहित पूर्वाभ्यास।

dressy (ड्रेस्´-ई) *adj.* 1. wearing or fond of stylish dress, बढ़िया वस्त्र पहनने का शौक़ीन, सजीला। 2. showy or elegant, भड़कीला या सजीला (वस्त्र)।

drew (ड्रू) *v.* pt. of draw।

dribble (ड्रिब्´-अॅल्) *v.* (dribbled, dribbling) 1. to trickle, बूँद-बूँद कर टपकना या टपकाना। 2. to allow saliva to trickle from the mouth, लार टपकना या टपकाना।3. to move (a ball) with repeated light kicks or bounces, बार-बार हलका प्रहार करते या उछालते हुए (गेंद को) लेकर आगे बढ़ना, ड्रिबल करना। *n.* the act of dribbling a ball, ड्रिबलिंग, ड्रिबल।

driblet (ड्रिब्´-लिट्) *n.* 1. a falling drop of a liquid, टपकी हुई बूँद, टपक। 2. a small amount or portion, थोड़ी राशि या थोड़ा अंश। □ **by driblets,** in small quantities, थोड़ी-थोड़ी मात्रा में बूँद-बूँद, कतरा-कतरा।

dried (ड्राइड्) pt. of dry. *adj.* preserved by drying, सुखाया हुआ, सूखा।

drier (ड्राइ´-अ:) *n.* = dryer.

drift (ड्रिफ़्ट्) *v.* (drifted, drifting) 1. to be carried along by a current, बहा या उड़ा ले जाना।2. to carry along by a current, बहना, उड़ना, बह या उड़ जाना। 3. to move aimlessly, इधर-उधर व्यर्थ घूमना। 4. to pile up in heaps by the force of the wind or water, ढेर लगना या लगाना। *n.* 1. the act or process of drifting, बहाव, प्रवाह। 2. a pile heaped up by the wind, ढेर, पुंज, संचय। 3. something that drifts, बहनेवाली वस्तु। 4. deviation from a set course, अपसरण, विपथन। 5. meaning or purport, अर्थ, अभिप्राय; He caught the drift of what I said. वह मेरा आशय समझ गया। 6. a tendency, प्रवृत्ति, रुख़, झुकाव। □ **the policy of**

drift, 'जो होता है होने दो' की नीति।

driftage (ड्रिफ़्-टिज्) *n.* 1. the act of drifting or the state of being drifted, बहाव, प्रवाह। 2. deviation from the set course, अपसरण, विपथन।

drifter (ड्रिफ़्´-टॅ:) *n.* 1. a person who moves aimlessly from place to place, व्यर्थ ही जगह-जगह फिरनेवाला व्यक्ति, घुमक्कड़। 2. a person who lacks aspirations or goals, उद्देश्यहीन व्यक्ति।

driftwood (ड्रिफ्ट्´-वुड्) *n.* wood floating in the current, धारा में बहनेवाली लकड़ी।

drill[1] (ड्रिल्) *n.* 1. a pointed implement that bores holes in solid materials, बरमा, ड्रिल। 2. strict training in military exercises, कवायद, ड्रिल।3. repetition of exercises as a means of training, अभ्यास, मशक। 4. correct procedure, सही ढंग या पद्धति। *v.* (drilled, drilling) 1. to bore with a drill, बेधना, बेधन करना। 2. to train or be trained by repetition, बार-बार अभ्यास या मशक करना या कराना, प्रशिक्षण प्राप्त करना या कराना।

drill[2] *n.* 1. a machine for planting seeds in rows , पंक्तियों में बीज बोने का एक यंत्र, ड्रिल मशीन। 2. a row of seeds sown in this way, बोए हुए बीजों की पंक्ति। *v.* (drilled, drilling) to sow in rows, पंक्तियों में बोना।

drill[3] *n.* a strong cotton fabric, ज़ीन की तरह का एक प्रकार का मोटा सूती कपड़ा।

drilling machine *n.* a machine used for drilling tubewell or oilwell, ड्रिलिंग मशीन।

drillmaster (ड्रिल्´-मैस्-टॅ:) *n.* an instructor who uses repetitious exercises to train the students, ड्रिलमास्टर।

drink (ड्रिंक्) *v.* (drank, drunk, drinking) 1. to swallow (liquid), पान करना, पीना, घूँटना। 2. to take alcoholic beverages, मद्यपान करना, अधिक मात्रा में शराब पीना।3. to absorb, सोखना।4. to pledge good wishes to by drinking, पीते समय शुभकामनाएँ प्रकट करना। ☐ **drink in,** to take in eagerly through the senses or intellect, ग्रहण करना, समझना, पचाना; **drink to the health someone,** किसी के स्वास्थ्य की कामना करते हुए मदिरा पीना।*n.* 1. anything used for drinking, पेय। 2. alcoholic liquor, मदिरा, शराब। 3. an amount of drink swallowed, पी हुई शराब की मात्रा। 4. excessive use of alcoholic liquors, अत्यधिक मदिरा-सेवन।

drinkable (ड्रिंक्-ॲ-बॅल्) *adj.* suitable for drinking, पीने योग्य, पेय।

drinker (ड्रिंक्-ॲ:) *n.* one who drinks too much, पियक्कड़, मद्यप, शराबी।

drinking water *n.* water for drinking, पीने का पानी।

drinkless (ड्रिंक्-लिस्) *adj.* without taking liquor, बिना पिए हुआ।

drip (ड्रिप्) *v.* (dripped, dripping) to fall or let fall in drips, चूना या चुआना, टपकना या टपकाना। *n.* 1. the liquid falling in drops, टपकन, चुआव, टपका। 2. a small drop of liquid, बूँद। 3. the intravenous drop by drop administration of a medicinal liquid, ड्रिप। 4. a boring person, उबाऊ व्यक्ति।

drip-dry (ड्रिप्´-ड्राइ) *n.* a fabric that will dry relatively free of creases if hung up when wet, ड्रिप-ड्राई नामक कपड़ा।

drippings (ड्रिप्´-इंग्स्) *n.* (plu.) liquid that falls in drops, टपका हुआ तरल पदार्थ।

drive (ड्राइव्) *v.* (drove, driven, driving) 1. to urge onwards by force, हाँकना, धकेलना, ठेलना, आगे बढ़ाना। 2. to operate and control (a vehicle, horse etc.), चलाना, ड्राइव करना। 3. to take someone in a vehicle, गाड़ी में बैठाकर (अपने साथ) ले जाना। 4. to travel, यात्रा करना। 5. to strike forcibly, ज़ोर से (गेंद पर) आघात करना, प्रहार करना। 6. to force to penetrate, ठोंकना, धँसाना। 7. to rush or advance violently, तेज़ी से आगे बढ़ना। 8. to goad or compel, कोंचना, कुछ करने के लिए पीछे पड़ना, मजबूर या विवश करना। ☐ **drive at,** to mean, आशय या प्रयोजन होना; **drive in,** to teach something with effort, सिखाना; **drive off** (i) to force

away or back, भगा देना; (ii) to hit hard, ज़ोर से आघात करना; **drive out,** to force out, बाहर निकाल देना, हटा देना। *n.* 1. an excursion or journey in a vehicle, गाड़ी की यात्रा, गाड़ी की सैर। 2. a road for vehicles, सड़क। 3. driving of game, हाँका। 4. a strong or well-planned effort, सशक्त या सुनियोजित प्रयास। 5. a forceful hit, ज़ोरदार आघात या प्रहार। 6. a strong motivating tendency, तीव्र प्रेरणा, उत्तेजना, जोश, उत्साह; He has plenty of drive, उसमें बहुत जोश है।

drive-in (ड्राइव्´-इन्) *adj.* (a place) people can use while sitting in their cars, (वह स्थान) जहाँ कार ले जाकर तथा उसमें बैठे-बैठे सिनेमा या नाटयशाला के कार्यक्रम देखे जा सकते हों, ड्राइव-इन।

drivel (ड्राइव्´-अॅल्) *v.* (driveled, driveling) to talk stupidly, मूर्खतापूर्वक बातें करना। *n.* foolish or senseless talk, बेवकूफ़ी की बात।

driven (ड्रि´-वॅन्) *v.* pp. of drive.

driver (ड्राइ´-वॅ:) *n.* 1. a person who drives a vehicle, ड्राइवर, चालक। 2. a golf club, गोल्फ़ खेलने का एक प्रकार का डंडा।

driveway (ड्राइव्´-वे) *n.* a short private road, छोटी निजी सड़क; विशेषत: मुख्य मार्ग से घर तक या गाड़ी खड़ी करने के स्थान तक की निजी सड़क।

drizzle (ड्रिज़्´-अॅल्) *n.* very light rain, झींसी, बूँदाबाँदी, फुहार। *v.* (drizzled, drizzling) to rain lightly, झींसी पड़ना, फुहार पड़ना बूँदाबाँदी होना।

drizzly (ड्रिज़्´-ली) *adj.* characterized by drizzle, झींसी के रूप में होनेवाला, बूँदाबाँदीवाला।

droll (ड्रॉल्) *adj.* queer, odd, विचित्र, विलक्षण। *n.* a jester or buffoon, विदूषक, मसख़रा।

drollery (ड्रो´-लॅ-री) *n.* an act of a jester, विदूषक का हँसी-मज़ाक, दिल्लगी।

-drome (ड्रोम्) *suffix* a large field or area, विस्तृत या खुला स्थान, क्षेत्र।

dromedary (ड्रॉम्´-अॅ-डॅर्-ई) *n.* (plu. dromedaries) a one-humped camel used for riding, एक कूबड़वाला ऊँट जिसपर सवारी करते हैं।

drone (ड्रोन्) *n.* 1. a male bee, नर-मक्खी। 2. a male honey-bee, नर-मधुमक्खी। 3. an idler, one who lives on the labour of others, निठल्ला व्यक्ति, पराश्रयी। 4. a pilotless remote control aircraft, रिमोट कंट्रोल से चलनेवाला बिना चालक का विमान। *v.* (droned, droning) 1. to make a deep humming sound, भिनभिन करना, भिनभिनाना। 2. to pass time idly, खाली बैठे रहना। 3. to speak in a monotonous tone, नीरस ढंग से बातें करना।

drool (ड्रूल्) *v.* (drooled, droolling) 1. to let saliva run from the mouth, राल टपकना या टपकाना। 2. to talk nonsense, बेतुकी बातें करना। *n.* nonsense, बेतुकी बात।

droop (ड्रूप्) *v.* (drooped, drooping) 1. to hang or incline downwards, झुकना, लटकना। 2. to become weakened, कमज़ोर हो जाना। 3. to become sad or dejected, उदास या ग़मगीन हो जाना। *n.* the state of being drooped, झुकाव, लटकाव।

drop (ड्रॉप्) *n.* 1. a small quantity of liquid in a spherical mass, बूँद; □ **only a drop in the occan,** too small to have the desird effect, ऊँट के मुँह में जीरा। 2. a small round sweet, छोटी गोलाकार मिठाई। 3. a sudden decrease or fall, गिरावट, कमी। 4. a vertical distance, ऊपर से नीचे तक की दूरी। 5. a slope, ढाल। 6. unloading of (troops) by parachute, पैराशूट से नीचे उतरना। *v.* (dropped, dropping) 1. to fall, गिरना। 2. to allow to fall, गिराना। 3. to decrease in amount or value, कम होना, गिरना, घटना। 4. to set down, उतारना। 5. to send or post, भेजना या लिख भेजना। 6. to discontinue, स्थगित करना, बीच में छोड़ देना। 7. to fall or shed in drops, बूँद-बूँद कर गिरना या डालना। 8. to unload by parachute, पैराशूट से उतारना या उतरना। 9. to leave out, छोड़ना, छोड़ देना। 10. to lose, गँवाना। □ **drop back,** to fall behind, पीछे छूटना; **drop behind,** to fail to keep pace with, पीछे रह

जाना; **drop by or drop in,** to pay a casual visit, किसी से मुलाक़ात करने जा पहुँचना; **drop dead,** to die suddenly, सहसा शरीरपात हो जाना; **drop off,** to decline, घट या कम हो जाना, गिर जाना; **drop out,** to stop taking part, अलग हो जाना, छोड़ देना।

drop curtain ***n.*** the curtain which can be raised or dropped, उठाया-गिराया जानेवाला पर्दा।

droplet (ड्रॉप्´-लिट्) ***n.*** a small drop, छोटी सी बूँद।

dropout (ड्रॉप्´-आउट्) ***n.*** a student who leaves the classes and examinations (prematurely, समय से पहले) स्कूल छोड़ देनेवाला छात्र, वह छात्र जिसने पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी हो।

dropper (ड्रॉप्´-अ:) ***n.*** a device for administering liquid in drops, ड्रापर।

droppings (ड्रॉप्-इंग्स्) ***n.*** 1. the dung of birds, बीठ। 2. the dung of certain animals, विष्ठा, मल, लीद।

drop-scene (ड्रॉप्´-सीन्) ***n.*** the dropping of the curtain at the end of a play enacted at the stage, पटाक्षेप।

dropsy (ड्रॉप्´-सी) ***n.*** a disease with watery fluid accumulating in the body, जलोदर।

droshky (ड्रॉश्´-की) ***n.*** an open four-wheeled carriage, चौपहिया खुली गाड़ी।

dross (ड्रॉस्) ***n.*** 1. scum of molten metal, तपाई हुई धातु की मैल, धातुमल। 2. waste or impure matter, खोट, कूड़ा-करकट।

drought (ड्रॉउट्) ***n.*** a long period of little or no rain, सूखा, अनावृष्टि।

drove (ड्रोव्) ***v.*** pt. of drive. ***n.*** a group of animals or persons, झुंड, दल।

drover (ड्रो´-वॅ:) ***n.*** a person who drives cattle or sheep to the market, गाय-बकरी को हाँक कर मंडी ले जाने वाला, ढोर-व्यापारी।

drown (ड्रॉउन्) ***v.*** (drowned, drowning) 1. to die or kill by immersion in liquid, डूब जाना या डुबो देना। 2. to drench thoroughly, अच्छी तरह तर करना, डुबो देना। 3. to deaden with drink, शराब पीकर ग़म ग़लत करना। 4. to overpower, दबा देना या दब जाना।

drowse (ड्रॉउज़्) ***v.*** (drowsed, drowsing) to fall into a light slumber, ऊँघना, झपकी आना। n. an act of drowsing, ऊँघ, झपकी।

drowsiness (ड्रॉउ´-ज़ि-निस्) ***n.*** the state of being drowsy, ऊँघ, उनींदापन, तंद्रालुता।

drowsy (ड्रॉउ´-ज़ी) ***adj.*** 1. sleepy, उनींदा। 2. causing sleepiness, नींद लानेवाला।

drub (ड्रब्) ***v.*** (drubbed, drubbing) 1. to thrash, पिटाई करना, ठुकाई करना, मारना-पीटना। 2. to defeat thoroughly, पराजित या परास्त करना, छक्के छुड़ा देना।

drubbing (ड्रब्´-इंग्) ***n.*** thrashing, पिटाई, ठुकाई।

drudge (ड्रज्) ***n.*** a person who does unpleasant and laborious work, टेढ़ा काम करनेवाला, अरुचिपूर्ण कार्य या बहुत मेहनत का काम करनेवाला, उबाऊ काम करनेवाला। ***v.*** (drudged, drudging) to do the work of a drudge, टेढ़ा, अरुचिपूर्ण या बहुत मेहनत का काम करना, उबाऊ काम करना।

drudgery (ड्रज्´-अॅर्-ई) ***n.*** unpleasant or laborious work, टेढ़ा काम, अरुचिपूर्ण या मेहनत का काम, उबाऊ काम।

drug (ड्रग्) ***n.*** 1. a substance used as medicine, दवा, ओषधि, औषध। 2. any medicinal herb, जड़ी-बूटी। 3. a medicine that produces numbness and stupor, नशीली दवा, निष्क्रिय करने या बेहोशी लानेवाली दवा। ***v.*** (drugged, drugging) 1. to administer a drug to, दवा देना। 2. to stupefy or dull with a drug, निष्क्रिय बनाने या बेहोशी लाने की दवा देना।

drug addict (ड्रग्-एड्´-इक्ट्) ***n.*** a person who is habituated to take narcotic drug, नशीली दवा का आदी, नशा-सेवी।

drugget (ड्र´-गिट्) ***n.*** a woolen floor-covering, गलीचा।

druggist (ड्रग्´-इस्ट्) ***n.*** 1. a dealer in drugs, pharmacist, दवा-विक्रेता, दवाफ़रोश, औषध-विक्रेता। 2. a maker or dispenser of medicines, दवा बनानेवाला।

drugstore (ड्रग्´-स्टो:) ***n.*** a shop where medi-

cines and other miscelloneous articles are sold, दवा की दुकान, औषधालय, दवाख़ाना।

druid, Druid (ड्रू´-इड्) *n.* a priest of olden times, प्राचीन काल का पादरी।

drum (ड्रम्) *n.* 1. a musical instrument played by hands or sticks, ढोल, नगाड़ा, मृदंग। 2. the sound produced by a drum, ढोल, मृदंग आदि का शब्द, ढमढम। 3. a container shaped like a drum, ड्रम। 4. an eardrum, कान का पर्दा। *v.* (drummed, drumming) 1. to play on a drum, ढोल बजाना। 2. to thump or tap rhythmically, थपथपाना, ठनकाना, लय से बजाना। 3. to instill in someone's mind by constant repetition, दिमाग में भर देना। □ **beat the drum for,** to attempt to arouse interest in, लोगों में रुचि जगाने या आकर्षण उत्पन्न करने का प्रयास करना; □ **drum out,** to expel or dismiss, निकाल देना, निकाल बाहर करना; **drum up,** to obtain by canvassing or persevering effort, कुछ प्राप्त करने के लिए ज़ोर-शोर से प्रयत्न करना।

drumbeat (ड्रम्´-बीट्) *n.* the sound made by beating a drum, ढोल, मृदंग आदि के बजने का शब्द, ढमढम।

drumhead (ड्रम्´-हेंड्) *n.* the stretched skin of a drum, ढोल पर मढ़ी हुई खाल या चमड़ा।

drummer (ड्रम्´-अः) *n.* 1. a person who plays a drum, ढोल या मृदंग बजानेवाला। 2. a travelling salesman, घूम-घूमकर बिक्री करनेवाला।

drum stick (ड्रम्´-स्टिक्) *n.* 1. a stick for beating a drum, चोब, ढोल बजाने की कमाची। 2. meaty part of the leg of a cooked bird, पकाए हुए मुर्गे या किसी अन्य पक्षी की टाँग।

drunk (ड्रंक्) *v.* pp. of drink. *adj.* 1. overcome by an excess of strong drink, intoxicated, नशे में चूर या धुत्त, पिए हुआ, मदहोश। 2. overwhel med by strong emotion, मदोन्मत्त, भाव-विह्वल; drunk with happiness, खुशी से भौराया हुआ। *n.* 1. a person who is drunk, नशे में चूर या धुत्त व्यक्ति। 2. one who is often or habitually drunk, शराबी, पियक्कड़, मदिरा-सेवी।

drunkard (ड्रं´-कःड्) *n.* a drunk, शराबी, पियक्कड़, मदिरा-सेवी।

drunken (ड्रं´-कॅन्) *adj.* 1. intoxicated, नशे में चूर या धुत्त, मदमत्त, मत्त, मदोन्मत्त। 2. of, caused by or happening during intoxication, नशे में या नशे के कारण होनेवाला; drunken rage, नशे के फलस्वरूप होनेवाला क्रोध। 3. intoxicating, नशीला।

drunkenness (ड्रं´-कॅन्-निस्) *n.* the state of being drunken, मदोन्मत्तता, नशा।

drupe (ड्रूप्) *n.* a class of fruit that has a fleshy part around a stone, गुठलीवाला फल (जैसे खजूर, खुमानी, आडू आदि), अष्टिफल।

dry (ड्राइ) *adj.* (drier/dryer, driest/dryest) 1. free from liquid or moisture, सूखा, शुष्क। 2. without water, जलहीन, निर्जल। 3. having little or no rain fall, सूखा, जहाँ वर्षा न होती हो या बहुत कम होती हो। 4. not in or under water, सूखा। 5. without oil, रूखा, सूखा; dry bread, रूखी या सूखी रोटी। 6. (eyes) free from tears, अश्रुरहित। 7. without phlegm, सूखा; dry cough, सूखी खाँसी। 8. thirsty, प्यासा, तृषित। 9. uninteresting, नीरस, रूखा, अरोचक, शुष्क; dry subject, रूखा विषय। 10. not yielding milk, दूध न देनेवाली (गाय)। 11. prohibiting the sale of alcoholic liquor, नशाबंद; dry region, नशाबंदीवाला क्षेत्र; dry day, जिस दिन शराब की बिक्री बंद हो। 12. lacking warmth, सहानुभूतिहीन, भावशून्य। *v.* (dried, drying) 1. to make or become dry, सूख जाना या सुखा देना। 2. to preserve by removing the moisture, सुखाना। *n.* a person who opposes the use and sale of alcoholic liquors, नशा-विरोधी।

dryad (ड्राइ´-अॅड्) *n.* a wood nymph, वनदेवी।

dry-clean (ड्राइ´-क्लीन्) *v.* (dry-cleaned, dry-cleaning) to clean by a solvent not by water, ड्राइक्लीन करना, सूखी धुलाई करना।

dry-cleaner (ड्राइ´-क्लीन्-अः) *n.* one who dry-cleans clothes, ड्राइक्लीनर।

dryer (ड्राइ´-अः) *n.* 1. an instrument or

device used for drying, सुखानेवाला उपकरण। 2. any substance added to paints, inks etc. to make them dry quickly, ड्रायर।

dry farming *n.* a method of farming without or little water, बिरानी खेती, सूखी खेती।

dry nurse (ड्राइ´-नॅ:स्) *n.* a woman tending but not suckling a child, ऐसी दाई जो बच्चे को अपना दूध न पिलाती हो।

dry run *n.* practice in firing without live ammunition, नकली गोलियों से होनेवाला बंदूकबाज़ी का अभ्यास।

dual (ड्यू´-ॲल्) *adj.* 1. relating to or denoting two, द्वैत; dual government, द्वैत शासन। 2. having double nature, character, purpose etc., दुहरा, दोहरा, दो तरह का। *n.* the dual number, द्विवचन।

dualism (ड्यू´-ॲल्-इज़्-ॲम्) *n.* recognition of two different or independent principles, द्वैतवाद, दुहरा सिद्धांत।

duality (ड्यू-एल्´-इ-टी) *n.* 1. the state of being dual, द्वैतता, द्वित्व।2. dualism, द्वैतवाद, दुहरा सिद्धांत; आत्मा और परमात्मा, ब्रह्म और जगत, पुरुष और प्रकृति आदि दो सत्ताओं की भिन्नता में विश्वास।

dub[1] (डब्) *v.* (dubbed, dubbing) 1. to make a person Knight by a ceremonial touch on the shoulder with a sword, नाईट की उपाधि प्रदान करना। 2. to give a nickname to, उपनाम रखना, नाम धरना।

dub[2] *v.* (dubbed, dubbing) to provide a film with a new sound track in a different language, फ़िल्म की मूल भाषा को बदल देना, डब करना।

dubiety (ड्यू-बाइ´-इ-टी) *n.* (plu. dubieties) 1. the quality or state of being dubious, अस्पष्टता, संदिग्धता। 2. uncertainty, अनिश्चय, अनिश्चितता।

dubious (ड्यू´-बि-ॲस्) *adj.* 1. arousing doubt, doubtful, शंकास्पद, संदेहप्रद, संदिग्ध, संशयात्मक। 2. not certain in outcome, अनिश्चित, अस्पष्ट। 3. ambiguous, द्वयर्थक, दुहरे अर्थवाला।

dubiousness (ड्यू´-बि-ॲस्-निस्) *n.* doubtfulness, संशयात्मकता, संदेहप्रदता; अस्पष्टता।

ducal (ड्यू´-कॅल्) *adj.* pertaining to a duke, ड्यूक-संबंधी, ड्यूक-विषयक।

ducat (डक´-ॲट्) *n.* 1. an old gold coin, सोने का पुराना सिक्का। 2. a ticket to an entertainment, sports, event etc., खेल-तमाशे का टिकट। 3. (plu.) money, रुपया-पैसा, धन।

duchess (डच्´-इस्) *n.* 1. the wife of a duke, ड्यूक की पत्नी। 2. the widow of a duke, ड्यूक की विधवा। 3. a woman whose rank is equal to that of a duke, महिला ड्यूक।

duchy (डच्´-ई) *n.* (plu. duchies) the region or state under the control of a duke or duchess, ड्यूक की रियासत या जागीर।

duck[1] (डक्) *n.* 1. a waterbird with a flat bill and webbed feet, बत्तख। 2. the flesh of this bird, बत्तख का गोश्त। 3. zero score in a cricket, अंडा, शून्य। □ **lame duck,** a person who cannot move properly, चलने-फिरने में असमर्थ व्यक्ति, लूला, लंगड़ा।

duck[2] *v.* (ducked, ducking) 1. to lower quickly as to avoid blow, आघात से बचने के लिए सहसा झुक जाना।2. to submerge briefly in water, गोता या डुबकी लगाना। 3. to evade, कतरा या बचा जाना, बच निकलना।

duck[3] *n.* 1. a strong cotton fabric, एक प्रकार का मज़बूत सूती कपड़ा। 2. (plu.) trousers made of this, उक्त कपड़े की पतलून।

duckboards (डक्´-बो:ड्स्) *n.* (plu.) the boards laid so as to form a path over muddy ground, कीचड़ आदि में पटरे बिछाकर बनाया हुआ रास्ता।

duckling (डक्´-लिंग्) *n.* a young duck, बत्तख का बच्चा।

ducky (डक्´-ई) *n.* a term for endearment, प्रिय या प्रियतमा। *adj.* 1. dear, प्रिय।2. fine, उत्कृष्ट।

duct (डक्ट्) *n.* 1. a tube or channel by means of which a gas or fluid is conveyed, नाली, पाईप। 2. a bodily passage for conveying secretions or excretions, नस, वाहिनी; blood duct, रक्त-वाहिनी।

ductile (डक्´-टिल्) *adj.* 1. (of metal) that can be hammered into sheets or drawn out in wires, तन्य, लचीला। 2. (a person) easily led or influenced, ढुलमुल, नम्र, विनीत।

ductility (डक्´-टिल्-इ-टी) *n.* the quality of being ductile, तन्यता, लचीलापन; ढुलमुलपन।

dud (डड्) *n.* 1. a bomb that fails to explode, ऐसा बम जो न फटा हो। 2. a person or thing that is a total failure, बेकार व्यक्ति या वस्तु। 3. (plu.) rags, चिथड़े, गूदड़। *adj.* failing in its purpose, विफल, विफल-मनोरथ।

dude (ड्यूड्) *n.* a dandy, छैला, बाँका।

dudgeon (डज्´-ॲन्) *n.* resentment, गुस्सा, रोष, आक्रोष। ☐ **in high dudgeon,** due to resentment, गुस्से के मारे।

due (ड्यू) *adj.* 1. payable, देय। 2. owed as a debt or obligation, देय, शोध्य। 3. proper, उचित, सम्यक्; due care, सम्यक् देख-रेख, due regard, सम्यक् ध्यान। 4. adequate, पर्याप्त। 5. scheduled to arrive, प्रत्याशित, अपेक्षित; The train is due, गाड़ी के आने का समय हो गया है। ☐ **due to,** caused by, because of, के कारण; due to fever, बुख़ार के कारण; **in due course,** at the appropriate time, उचित समय पर, यथासमय। *adv.* directly, सीधे; due west, सीधे पश्चिम को। *n.* something that is due or owed, अंश, हिस्सा, देना। ☐ **give a person his due,** to give someone for which he is entitled, जिसका जो देय हो उसे वह देना।

duel (ड्यू´-ॲल्) *n.* 1. a prearranged fight or combat between two persons, द्वंद्वयुद्ध। 2. a struggle between two persons, दो व्यक्तियों में होनेवाला संघर्ष। *v.* (dueled/duelled, dueling/duelling) 1. to fight in a duel, द्वंद्वयुद्ध करना। 2. to contest closely, काँटे का संघर्ष करना।

duende (ड्यू-ॲेन्´-डे) *n.* an evil spirit, दुष्ट आत्मा। (स्पैनिश)

duenna (ड्यू-ॲेन्´-ॲ) *n.* an elderly woman acting as chaperon to girls, कन्या के रक्षार्थ उसके साथ जानेवाली प्रौढ़ स्त्री, संरक्षिका।

dues (ड्यूज़्) *n.* official charges or fees, चंदा, फ़ीस, कर आदि।

duet (ड्यू-ॲट्´) *n.* a piece of music performed by two persons, युगलबंदी, युगलगान, दुगाना।

duffer (डफ्´-ॲ:) *n.* 1. a foolish fellow, मूर्ख व्यक्ति, मूढ़। 2. a slow learner, बुद्धू। 3. an incompetent person, अक्षम या अयोग्य व्यक्ति।

dug (डग्) *v.* pt. & pp. of dig.

dugong (डू´-गॉङ् ग्) *n.* a whale like mammal, व्हेल की जाति का एक स्तनपायी समुद्री जंतु।

dugout (डग्´-ऑउट्) *n.* 1. a canoe made by hollowing out a tree trunk, डोंगी, नौका। 2. an underground shelter, युद्धकाल में लोगों की रक्षा के लिए ज़मीन के अंदर बनाई गई गुफा, खंदक या खाई। 3. a retired officer recalled to employment, फिर से काम पर बुलाया जानेवाला सेवा-निवृत्त अधिकारी।

duke (ड्यूक्) *n.* (in Britain) a noble man of high rank, ड्यूक।

dukedam (ड्यूक्´-डम्) *n.* 1. duke's landed properties, ड्यूक की जागीर या रियासत। 2. the office or position of a duke, ड्यूक का पद, ड्यूक की उपाधि।

dulcet (डल्´-सिट्) *adj.* sounding sweet, श्रुतिमधुर, मिठास से भरा, मीठा।

dulcimer (डल्´-सि-मॅ:) *n.* a musical instrument consisting of a set of strings, पियानो की तरह का विदेशी बाजा।

dull (डल्) *adj.* (duller, dullest) 1. slow in understanding, मंदबुद्धि, मूर्ख। 2. lacking sharpness, not acute, भोथरा, कुंठ। 3. not bright, हलका, मंद, निस्तेज। 4. not clear, धुँधला, अंधकारमय। 5. listless, स्फूर्तिहीन। 6. not loud or resonant, मंद, अनुनादी। 7. not brisk, मंदा; dull market, मंदा बाजार। 8. not interesting, अरोचक। *v.* (dulled, dulling) to make or become dull, मंद होना या करना, हलका होना या करना।

dullard (डल्´-ॲ:ड्) *n.* a dull person, जड़मति, स्थूलबुद्धि, बोदा व्यक्ति।

duly (ड्यू-ली) *adv.* 1. in a correct manner,

in a due form, order etc., properly, सम्यक् रूप से, ठीक तरह से, यथोचित ढंग से, बाक़ायदा, विधिवत्। 2. at the proper time, ठीक समय पर, यथावसर।

dumb (डम्) *adj.* 1. mute or unable to speak, गूँगा। 2. speechless or silent, मूक। 3. stupid, मूर्ख।

dumbbell (डम्´-बेल्) *n.* 1. a heavy bar with a disc at either end for lifting, डंबल। 2. a foolish person, मूर्ख व्यक्ति, बुद्धू, गोबर-गणेश।

dumbfound (डम्´-फ़ॉउन्ड्) *v.* (dumbfounded, dumbfounding) to confound to dumbness, भौचक्का बना देना, अवाक् कर या बना देना।

dumbness (डम्´-निस्) *n.* the quality of being dumb, गूँगापन; मूकता; मूर्खता।

dumb show *n.* a speechless acting, मूक अभिनय या प्रदर्शन।

dumbwaiter (डम्-वेट्´-अॅ:) *n.* a revolving table for conveying food etc., घूमनेवाली मेज़।

dummy (डम्´-ई) *n.* 1. an imitation of an object, प्रतिकृति, डमी। 2. a model of human figure used to display clothes, डमी। 3. a person who appears to act for others or does nothing, डमी। 4. a partner in the game of cards whose cards are placed upward and played by the declarer, डमी। 5. a prototype of a book to be printed, डमी। 6. a rubber teat for babies, चूसनी। *adj.* 1. sham, नकली। 2. speachless, मूक।

dump (डम्प्) *v.* (dumped, dumping) 1. to drop or unload (something) in a heap carelessly, ढेर या अंबार लगा देना, फैला या छितरा देना। 2. to empty (something) as from a container, ख़ाली करना। 3. to get rid of suddenly as of by dumping, अचानक फेंककर पिंड छुड़ाना। 4. to place (something) in larger quantities, (बाज़ार को किसी चीज़ से) पाट देना। 5. to fall or let fall heavily, धम से गिरना या गिराना। *n.* 1. a heap of waste matter, कूड़े का ढेर, घूरा। 2. a place for throwing waste matter, वह स्थान जहाँ कूड़े का ढेर लगा हो। 3. something heaped up, ढेर, ढेरी। 4. a storage place, गोदाम, डिपो। 5. a disreputable place, गंदी जगह, बदनाम जगह।

dumpiness (डम्´-पि-निस्) *n.* the quality or state of being dumpy, गोल-मटोलपन।

dumpling (डम्प्´-लिंग्) *n.* 1. a kind of pudding, एक प्रकार की पुडिंग, फिरनी। 2. a kind of dough, एक तरह की लोई।

dumps (डम्प्स्) *n.* the state of melancholy, विषाद या विषादपूर्ण स्थिति; □ **in the dumps,** विषादपूर्ण स्थिति में।

dumpster (डम्प्´-स्टॅ:) *n.* a trash container, कूड़ेदान।

dumpy (डम्´-पी) *adj.* (dumpier, dumpiest) short and fat, मोटा और ठिगना, गोल-मटोल।

dun[1] (डन्) *v.* (dunned, dunning) to ask persistently for payment, पैसे के लिए बार-बार तकाज़ा करना। *n.* one who persistently asks for payment, तक़ाज़ा करनेवाला, तकाज़गीर।

dun[2] *n.* 1. a brownish-grey colour, धूसर या मटमैला रंग। 2. a horse of this colour, धूसर रंग का घोड़ा। *adj.* of a dun colour, धूसर, मटमैला।

dunce (डन्स्) *n.* a bad learner, सीखने या पढ़ने-लिखने में कमज़ोर व्यक्ति, जड़मति, स्थूल-बुद्धि।

dunderhead (डन्´-डॅ:-हेंड्) *n.* a dunce, जड़मति, स्थूल-बुद्धि, मूढ़।

dune (ड्यून्) *n.* a sandhill, बालू का टीला, टीबा।

dune buggy *n.* a small automobile for driving on sand, बालू पर चलनेवाली छोटी गाड़ी।

dung (डंग्) *n.* 1. animal excrement, गोबर, लीद, विष्ठा, मल। 2. manure, खाद।

dungaree (डंग्-गॅ-री´) *n.* a kind of cotton printed fabric, डूँगरी।

dungcake (डंग्´-केक्) *n.* a dry cake of dung used as fuel, उपला, गोहरा, कंडा।

dungeon (डन्´-जॅन्) *n.* a dark underground prison, अँधेरी कोठरी, काल कोठरी, ज़मीन के

नीचे बना कैदख़ाना।

dunghill (डंग्´-हिल्) ***n.*** 1. a heap of dung, गोबर की ढेरी।2. a foul place or person, गंदा स्थान या व्यक्ति।

dunk (डंक्) ***v.*** (dunked, dunking) 1. to dip (food) into liquid while eating, (रोटी आदि को खाते समय) रसे में डुबोना।2. to immerse, डुबकी लगाना।

duo (ड्यू´-ओ) ***n.*** 1. a pair, जोड़ी।2. a duet, युगलगान, दुगाना।

duodecimal (ड्यू-अॅ-डेस्´-इ-मॅल्) ***adj.*** of or based on the number twelve, दर्जन के हिसाब से होनेवाला।

duodenum (ड्यू-अॅ-डी´-नॅम्) ***n.*** the part of the small intestine just below the stomach, छोटी आँत का अगला भाग, ग्रहणी।

dupe (ड्यूप्) ***n.*** 1. a person who is tricked or deceived easily, व्यक्ति जिसे आसानी से ठगा जा सके, भोला, भोंदू। 2. a fool, मूर्ख व्यक्ति। ***v.*** (duped, duping) 1. to trick or deceive, ठगना, झाँसा देना। 2. to make a dupe of, मूर्ख बनाना।

duple (ड्यू´-पॅल्) ***adj.*** double, दुहरा या दुगुना।

duplex (ड्यू´-प्लेक्स्) ***adj.*** double, दुहरा या दुगुना; duplex board, ड्यूप्लैक्स बोर्ड। duplex flat, दुमंज़िला मकान।

duplex lamp ***n.*** a lamp with two wicks, दो बत्तियोंवाली लालटेन।

duplicate (डू´-प्लि-किट्) ***adj.*** 1. double, दुहरा। 2. identical to another, प्रतिलिपि के रूप में होनेवाला। ***n.*** 1. something that corresponds exactly to something else, प्रतिलिपि। 2. something additional of the some kind, प्रतिलिपि, प्रतिकृति। ***v.*** (duplicated, duplicating) 1. to make an identical copy of, प्रतिलिपि तैयार करना। 2. to make or perform again, दुबारा करना। 3. to make double, दुगुना करना।

duplication (डू-प्लि-के´-शॅन्) ***n.*** the act of duplicating, प्रतिलिपीकरण, पुनरावृत्ति।

duplicator (डू´-प्लि-के-टॅः) ***n.*** a machine for making more identical copies, डुप्लिकेटर।

duplicity (डू-प्लिस्´-इ-टी) ***n.*** (plu. duplicities) 1. deliberate deceptiveness in speech, दुतरफ़ी या दुरंगी बात, द्वैधकथन।2. deliberate deceptiveness in behaviour, दुरंगापन, दुरंगी नीति। 3. deception, deceitfulness, धोखाधड़ी, ठगी।

durability (ड्युर्-अॅ-बिल्´-इ-टी) ***n.*** the quality or state of being durable, स्थायित्व, टिकाऊपन, मज़बूती, पाएदारी।

durable (ड्युर्´-अॅ-बॅल्) ***adj.*** 1. long lasting, बहुत दिनों तक चलनेवाला, स्थायी।2. able to withstand wear and tear, strong, टिकाऊ, मज़बूत, पाएदार।

durance (ड्युर्´-अॅन्स्) ***n.*** imprisonment, कारावास, क़ैद।

duration (ड्यु-रे´-शॅन्) ***n.*** the length of time during which something exists or continues, अवधि, कालावधि, मियाद; for long duration, लंबी अवधि तक, मुद्दत तक।

durbar (दः´-बाः) ***n.*** 1. the court of the any former Indian prince, दरबार। 2. ceremonial gathering of such a court, दरबार।

duress (ड्यु-रॅस्´) ***n.*** 1. coercion or threat, दबाव या धमकी।2. imprisonment, कारावास, क़ैद। □ **under duress** under unlawful or unfair threats, अनुचित दबाव डालकर, धमकी देकर।

during (ड्यू´-रिंग्) ***prep.*** 1. through the whole course of, के दौरान में। 2. at some point in the course of or within the limit of some period, इस बीच, इस अवधि में।

durst (डःस्ट्) ***v.*** pt. of dare (old use).

dusk (डस्क्) ***n.*** the darker part of twilight, झुटपुटा, गोधूलि, गोधूलि वेला, साँझ। ***adj.*** dim, धुँधला।

dusky (डस्´-की) ***adj.*** (duskier, duskiest) 1. dim, धुँधला। 2. dark, अंधकारपूर्ण, अँधियारा। 3. of dark colour, धूसर, श्याम।

dust (डस्ट्) ***n.*** 1. finely powdered earth, dirt, धूल, मिट्टी, गर्द। 2. a cloud of this, गर्द-गुबार। 3. any powdery material, बुकनी, चूरा। 4. the earth, भूमि, ज़मीन। 5. low position, निम्न अवस्था। 6. the earthy remains of a human body, राख, भस्म। 7. something of no worth, refuse,

मिट्टी, कूड़ा-करकट। ☐ **bite the dust,** to suffer humiliating defeat, धूल चाटना, मानमर्दित होना; **shake the dust off one's feet,** to go in anger, नाराज़ होकर या गुस्से होकर जाना; **throw dust in someone's eyes,** to mislead, दूसरों की आँखों में धूल झोंकना, गुमराह करना। *v.* (dusted, dusting) 1. to remove dust from, to clean the dust by wiping or sweeping, धूल झाड़ना, बुहारना, झाड़ू देना। 2. to become dirty with dust, धूल से लिबड़ना, धूल-धूसरित होना। 3. to cover with (powder), बुरकना, भुरभुराना, छिड़कना। 4. to make dirty, गंदा करना।

dustbin (डस्ट्´-बिन्) *n.* a container for trash or rubbish, कूड़ेदान।

dust bowl *n.* 1. a region where dust storms generally appear, वह क्षेत्र जहाँ आँधियाँ चलती रहती हों। 2. an area stripped of vegetation by drought and erosion, ऊसर।

dustcart (डस्ट्´-का:ट्) *n.* a cart for collecting refuse, कूड़ागाड़ी।

dustcoat (डस्ट्´-कोट्) *n.* a coat worn over clothes to protect them from dust, धूल से कपड़ों को बचाने के लिए पहना जानेवाला कोट।

dust cover, dust jacket *n.* a book-cover, आवरण, कवर।

duster (डस्´-टॅ:) *n.* a cloth for dusting furniture, windows doors etc., झाड़न।

dustman (डस्ट्´-मॅन्) *n.* a person who collects rubbish from the houses, घरों से कूड़ा बटोरनेवाला जमादार।

dustpan (डस्ट्´-पैन्) *n.* a pan for collecting dust, कूड़ा बटोरने का पात्र।

dustsheet (डस्ट्´-शीट्) *n.* a sheet spread over the bed sheet, पलंगपोश, चादर।

duststorm (डस्ट्-स्टा:म्´) *n.* a windstorm, गर्द-गुबार, आँधी, अंधड़।

dustup (डस्ट्´-अप्) *n.* a quarrel or fight, लड़ाई, झगड़ा।

dusty (डस्´-टी) *adj.* (dustier, dustiest) 1. full of dust, धूल-भरा, धूल-धूसरित। 2. grayish, मटमैला, धूसर।

Dutch (डच्) *adj.* of the Netherlands, its inhabitants or their language, हालैंड-संबंधी, हालैंडवासियों-संबंधी या हालैंड की भाषा-संबंधी। *n.* 1. the Dutch language, हालैंड की भाषा। 2. **the Dutch,** Dutch people, हालैंडवासी। ☐ **go Dutch,** to pay one's share of expenses, खर्च का अपना-अपना हिस्सा देना।

Dutchman (डच्´-मॅन्) *n.* a native of Netherlands, हालैंड का नागरिक, हालैंडवासी।

Dutch treat *n.* an entertainment or outing for which each person pays his or her own expenses, ऐसी पार्टी जिसमें हर कोई अपना-अपना खर्च दे।

Dutch uncle *n.* a person who criticizes severely and frankly, मुँहफट व्यक्ति।

duteous (डू´-टि-अॅस्) *adj.* dutiful, आज्ञाकारी, कर्तव्यपरायण।

dutiable (डू´-टि-अॅ-बॅल्) *adj.* liable to duty, subject to tax, शुल्कदेय, कर-योग्य; dutiable goods, शुल्कदेय माल।

dutiful (डू´/ड्यू´-टि-फ़ुल्) *adj.* 1. doing one's duty, कर्तव्यशील, कर्तव्यपरायण। 2. filled with a sense of duty, devoted, कर्तव्यनिष्ठ।

duty (ड्यू/ड्यू´-टी) *n.* 1. a moral or legal obligation, ड्यूटी, कर्तव्य, फ़र्ज़। 2. a function or work, काम, कार्य। 3. a tax charged by government, कर, शुल्क। 4. the quantity of work for which a machine is designed, निश्चित मात्रा में उत्पादन करने में समर्थ मशीन। ☐ **on duty** engaged in work, काम पर लगा हुआ; **off duty** not engaged in work, कार्यनिवृत्त, जो काम पर न गया हो।

duty bound *adj.* bound to do one's duty, कर्तव्य द्वारा आबद्ध।

duty free *adj.* (a thing) not liable to tax, कर-मुक्त, शुल्क-मुक्त।

duvet (डू-वे) *n.* a quilt, रजाई।

dwarf (ड्वॉ:फ़्) *n.* (plu. dwarves, dwarfs) an abnormally under-sized person, बौना। *adj.* of very small in size, बौना, ठिगना, नाटा। *v.* (dwarfed, dwarfing) 1. to check the natural growth of, बौना बना देना, बौने कद का बना देना। 2. to stunt, भौचक्का कर देना।

dwell (ड्वेॅल्) *v.* (dwelled, dwelling) to live, to reside, वास करना, रहना, बसना, वास करना;

अ: bird ब:ड्, अॅ: tear टिअॅ:, अेॅअॅ air अेॅअॅ:, आई five फ़ाइव्, ऑइ boy बॉइ/बॉय, इअॅ near निअॅ: उअॅ poor पुअॅ:, च् chat चैट्, थ् thing थिंग्, द् this दिस्, फ़् full फ़ुल्, व़् wait व़ेट्

to dwell in poverty, गरीबी में रहना। □ **dwell on/upon,** to speak, write or think in detail, विस्तारपूर्वक कहना, लिखना या विचार करना।

dweller (ड्वॅल्´-अ:) *n.* a permanent resident, निवासी, बाशिंदा।

dwelling (ड्वॅल्´-इंग्) *n.* a place to live in, residence, वास, निवास, निवास-स्थान, डेरा, घर।

dwindle (ड्विन्´-डल्) *v.* (dwindled, dwindling) 1. to become less in size, number or intensity, घटना, कम होना, छीजना। 2. to become corrupt, भ्रष्ट या पतित होना, पतनोन्मुख होना। 3. to lose importance, महत्त्व खोना।

dyable (डाई-अॅ-बॅल्) *adj.* = dyeable.

dye (डाइ) *n.* 1. a colouring substance, रंग, रंगद्रव्य, रंजक। 2. a colour produced by dyeing, चढ़ा हुआ रंग। *v.* (dyed, dyeing) to colour with a dye, रंग में रंगना, रंगना।

dyeable (डाई-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be dyed, रँगने-योग्य।

dyed-in-the-wool *adj.* unchangeable, पक्का, टस से मस न होनेवाला, दृढ़।

dyeing (डाइ´-इंग्) *n.* colouring, रँगाई; dyeing teacher, रँगाई शिक्षक।

dyer (डाइ´-अ:) *n.* one who dyes. रंगरेज, रंगसाज़।

dye-stuff (डाइ´-स्टफ़्) *n.* a substance used to give colour, रंगद्रव्य, रंजक।

dying (डाई-इंग्) *adj.* 1. about to die, at death's door, जो मर रहा हो, मरणोन्मुख। 2. relating to the moment of death, मृत्युकालिक; dying declaration, मृत्युकालिक कथन, मरते समय का बयान; dying wish, मरते समय व्यक्त की गई इच्छा।

dyke (डाइक्) *n.* an embankment, तटबंध, बाँध।

dynamic (डाइ-नैम्´-इक्) *adj.* 1. relating to force or power causing movement, गति-संबंधी, गतिक। 2. energetic, गतिशील, कर्मठ; dynamic personally, गतिशील या ओजस्वी व्यक्तित्त्व।

dynamics (डाइ-नैम्-इक्स्) *n.* the science that deals with matter in motion, गतिकी, गतिविज्ञान।

dynamism (डाई-नॅ-मिज़्-अॅम्) *n.* 1. the quality of being dynamic, गतिशीलता, ओजस्विता, उत्साह। 2. a system of thought in philosophy, गतिवाद।

dynamite (डाई-नॅ-माइट्) *n.* 1. a powerful explosive, डाइनामाइट। 2. a person with tremendous hidden power, प्रभूत प्रच्छन्न शक्ति-संपन्न व्यक्ति। 3. great vitality, प्रभूत शक्ति। *v.* (dynamited, dynamiting) to blow up with dynamite, डाइनामाइट से उड़ा देना।

dynamo (डाइ´-नॅ-मो) *n.* 1. a machine which turns mechanical energy into electrical energy, डायनमो। 2. a forceful energetic individual, शक्तिशाली ओजस्वी व्यक्ति।

dynastic (डाइ-नैस्´-टिक्) *adj.* 1. of or related to a dynasty, राजवंश-संबंधी, राजवंशीय। 2. of a family, वंशगत।

dynasty (डाइ´-नॅ-स्टी) *n.* (plu. dynasties) 1. a line or sequence of hereditary rulers, राजवंश। 2. a family, वंश।

dysentery (डिस्´-अॅन्-टॅर्-ई) *n.* a disease of the bowels causing severe diairrhoea often with blood and mucus, पेचिश, मरोड़, आँव।

dysfunction (डिस्-फंक्´-शॅन्) *n.* failure or inability to function normally, सामान्य ढंग से काम करने की क्षमता का अभाव।

dyslexia (डिस्-लेक्´-सि-अॅ) *n.* inability to read, पठन-अक्षमता।

dysmenorhoea (डिस्-मैन्´-अॅ-रिअॅ) *n.* abnormally difficult or painful mensturation, वेदनाप्रद रजोधर्म।

dyspepsia (डिस्-पॅप्´-सि-अॅ) *n.* indigestion, अपच, अजीर्ण, बदहज़मी, मंदाग्नि।

dyspeptic (डिस्-पॅप्´-टिक्) *adj.* suffering from dyspepsia, अपच से पीड़ित, मंदाग्नि-ग्रस्त।

dystrophy (डिस्´-ट्रॅ-फ़ी) *n.* a disorder caused by defective nutrition, कुपोषण के कारण होनेवाला विकार।

E

E,e (इ) the fifth letter of the English alphabet, अंग्रेज़ी वर्णमाला का पाँचवाँ वर्ण।

each (ईच्) ***adj.*** every one of two or more considered individually, हर, हरएक, प्रत्येक। ***pron.*** every one (of a group considered individually), हर एक, हर कोई; each and every, सभी, हर कोई। ***adv.*** for or to each one, हर एक के विचार से; The tickets are ten rupees each. हर टिकट दस रुपए का है।

each other *pron.* a pronoun used to indicate reciprocal relationship or action, एक-दूसरे का, को, से आदि; They looked at each other. उन्होंने एक-दूसरे को देखा या एक-दूसरे पर नज़र डाली। They met each other at the hotel. वे एक-दूसरे से होटल में मिले।

eager (ई´-गॅ:) ***adj.*** 1. full of intense desire, उत्सुक, अधीर, आतुर, उत्कंठित, लालायित। 2. marked by intense desire, उत्सुकतापूर्ण, आतुरतापूर्ण।

eager beaver *n.* an excessively diligent person, अत्यधिक उद्योगी व्यक्ति, कर्मठ व्यक्ति।

eagerly (ई´-गॅ:-ली) ***adv.*** with eagerness, anxiously, उत्सुकतापूर्वक, आतुरतापूर्वक, उत्सुकता से, आतुरता से।

eagerness (ई´-गॅ:-निस्) ***n.*** a state or condition of being eager, उत्सुकता, आतुरता, उत्कंठा, लालसा।

eagle (ई´-गॅल्) ***n.*** any of various large birds of prey with a hooked bill, गरुड़, गिद्ध, चील, बाज़ या ऐसा ही किसी जाति का पक्षी।

eagle eye *n.* very keen eyesight, पैनी दृष्टि, तीक्ष्ण दृष्टि।

eagle-eyed (ई´-गॅल्-आइड्) ***adj.*** having keen eyesight, जिसकी गिद्ध जैसी दृष्टि हो, पैनी दृष्टिवाला, तीक्ष्णदृष्टि।

eaglet (ई´-ग्लिट्) ***n.*** a young eagle, गृध्रशावक, गीध, गरुड़ आदि का बच्चा।

ear[1] (इअॅ:) ***n.*** 1. the organ of hearing, कान, कर्ण। 2. the visual outer part of this organ, कान। 3. any object resembling the external ear, कान के आकार की वस्तु। 4. act of listening, श्रवण। 5. sensitivity to musical sounds, poetic diction etc., कान, श्रवण-विवेक; He has an ear for music. उसमें संगीत समझने की योग्यता है। 6. attention, ध्यान। □ **be all ears,** to listen attentively, ध्यानपूर्वक सुनना; **fall on deaf ears,** to be ignored, उपेक्षा कर जाना, अनसुनी कर देना; **give ear to,** to pay attention, ध्यान देना, ध्यान से सुनना; **prick one's ears,** begin suddenly to pay attention, अकस्मात् सतर्क हो जाना, कान खड़े करना; **pull someone by the ear,** to take one to task, to rebuke, डाँट-डपट करना, कान खींचना; **turn a deaf ear,** to be unwilling to pay attention, सुनी अनसुनी करना; **upto one's ears,** deeply involved in something, गले या नाक तक डूबा या फँसा होना।

ear[2] ***n.*** the seed bearing spike of corn, wheat, barley etc., (गेहूँ या जौ की) बाल, (मक्की का) भुट्टा।

earache (इअॅर्´-एक्) ***n.*** an ache in the ear, कान का दर्द, कान में होनेवाला दर्द, कान-दर्द, कर्णवेदना।

eardrop (इअॅ:´-ड्रॉप्) ***n.*** a medicine for the ear, कर्ण-ओषधि, कान की दवा।

eardrum (इअॅ:´-ड्रम्) ***n.*** the thin membrane that separates outer and middle ear, कर्णपट, कान का पर्दा।

earful (इअॅ:´-फुल्) ***n.*** 1. a large amount of talk, लंबी-चौड़ी बात। 2. a strong reprimand, भर्त्सना, डाँट-फटकार।

earl (अ:ल्) ***n.*** a British nobleman ranking

between marquis and viscount, ब्रिटिश सामंतों की एक उपाधि, अर्ल।

earldom (अ:ल्´-डॅम्) *n.* the state or position of an earl, अर्ल की जागीर या पद।

earliness (अ:´-लि-निस्) *n.* the state of being early, पूर्वता।

earlobe (इॲ:´-लोब्) *n.* the soft lower part of the outer ear, ललरी।

early (अ:´-ली) *adv.* (earlier, earliest) 1. before the usual time, पहले, जल्दी। 2. near the beginning of a course of events, आरंभ में, आरंभिक काल में। 3.occurring in the near future, जल्दी ही। 4. far back in time, बहुत पहले। □ **early in the morning,** at dawn, तड़के, सवेरे, सवेरे-सवेरे; **earliest possible,** as soon as possible, यथाशीघ्र। *adj.* (earlier, earliest) 1. occurring before time, समय से पूर्व होनेवाला। 2. occurring in a period far back in time, पहले का, प्राचीन, पूर्व; earlier, पूर्वतर; earliest, पूर्वतम। 3. occurring the in near future, जल्दी घटित होनेवाला; at the earliest possible opportunity, यथासंभव शीघ्र। 4. occurring in the first part of a period or sequence, प्रारंभिक; early morning tea, सवेरे की चाय; in the early days, शुरू-शुरू में।

early bird *n.* 1. an early riser, जल्दी उठनेवाला व्यक्ति। 2. one who usually arrives early, समय से पूर्व पहुँचनेवाला व्यक्ति।

earmark (इॲ:´-मा:क्) *v.* (earmarked, earmarking) 1. to set aside for a specific purpose, किसी निश्चित प्रयोजन के लिए (धन या रकम) अलग रखना या निर्धारित करना, उद्दिष्ट करना। 2. to make an identification mark on the ear of a sheep, dog, goat etc., भेड़, बकरी, कुत्ते आदि के कान पर पहचान के लिए चिह्न या निशान बनाना। *n.* a distinguishable mark, विशिष्ट चिह्न, विभेदक चिह्न, निशान; He has all the earmarks of a fool. उसमें बेवकूफ़ों के सभी लक्षण हैं।

earmarked (इअ:´-मा:क्ड्) *adj.* set aside, अलग रखा हुआ; उद्दिष्ट।

earn (अ:न्) *v.* (earned, earning) 1. to receive as return for services rendered or work done, कमाना, उपार्जन करना, उपार्जित करना, अर्जित करना, पैदा करना। 2. to gain or acquire, पाना, प्राप्त करना, हासिल करना।

earned (अ:न्ड्) *adj.* received in return of services rendered, उपार्जित, अर्जित; earned leave उपार्जित छुट्टी।

earner (अ:न्´-ॲ:) *n.* one who earns, कमानेवाला व्यक्ति, उपार्जक, उपार्जनकर्ता।

earnest[1] (अ:´-निस्ट्) *adj.* 1. serious in mind or intention, serious and determined, गंभीर, संजीदा, तत्पर। 2. of good intentions, हार्दिक, आंतरिक, सच्चा। □ **in earnest,** with serious intent, with serious purpose, गंभीरतापूर्वक, सच्ची भावना से, सच्चे हृदय से।

earnest[2] *n.* the sum of money given to a person to confirm a contract, अग्रिम, अग्रिम धन, बयाना, पेशगी।

earnestly (अ:´-नेंस्ट्-ली) *adv.* in an earnest manner, गंभीरतापूर्वक, सच्चे मन से।

earnest money *n.* earnest, अग्रिम, अग्रिम धन, बयाना।

earning (अ:´-निंग्) *adj.* one who earns, कमाऊ, कमानेवाला; earning capacity, अर्जन-क्षमता; earning member कमाऊ सदस्य।

earnings (अ:´-निंग्स्) *n.* (plu.) money earned, profit, income, कमाई, कमाया हुआ धन, उपार्जित धन, उपार्जन।

earphone(इॲ:´-फ़ोन्) *n.* a radio receiver held close to or inserted into the ear, इयरफ़ोन।

ear piercing *n.* the making of hole into the lobe, कनछेदन, कर्णछेदन।

ear-piercing (इअ्:´-पिॲ:-सिंग्) *adj.* piercingly loud, कानफाड़ू, कान फाड़नेवाला।

earplug (इॲ:´-प्लग्) *n.* any soft thing that is inserted in the ear to keep out noise or water, कान में डाली जानेवाली रुई या फाहा।

earring (इॲ:´-रिंग्) *n.* an ornament worn on the earlobe, कर्णफूल, कान का आभूषण।

earshot (इॲ:´-शॉट्) *n.* the range of hearing, श्रवण-सीमा।

ear-splitting (इॲ:´-स्प्लिट्-इंग्) *adj.* piercingly loud, कर्णभेदी, घोर, प्रचंड।

earth (अ:थ्) *n.* 1. our planet, पृथ्वी। 2. the world in which we live, संसार, पृथ्वी, जगत। 3. the living beings of this world, जीव-जगत, प्राणी-जगत। 4. the dry ground surface of this planet, भूमि, धरती, ज़मीन। 5. soil or dirt, मिट्टी या धूल। ☐ **down-to-earth,** (i) sensible समझदार, सयाना; (ii) realistic, यथार्थवादी; **on earth,** in this world, इस धरती या संसार में; **run to earth,** to hunt and trap, शिकार करना या फँसाना; **why on earth,** not knowing why? न जाने क्यों? *v.* (earthed, earthing) to connect a circuit to earth, सर्कट को ज़मीन से जोड़ना, अर्थिंग करना।

earthbound (अ:थ्´-बॉउन्ड्) *adj.* moving or heading towards the earth, पृथ्वी की ओर उन्मुख, पृथ्वी की ओर जानेवाला।

earthen (अ:´-दॅन्, अ:´-थॅन्) *adj.* 1. made of earth, मिट्टी का बना हुआ। 2. made of baked clay, पकाया हुआ मिट्टी का (बर्तन)।

earthen ware (अ:´-दॅन्/थॅन्-वेंअॅ:) *n.* pottery made of baked clay, मिट्टी के बर्तन, चीनी मिट्टी के बर्तन।

earthliness (अ:थ्´-लि-निस्) *n.* the state of being earthly, सांसारिकता, भौतिकता।

earthly (अ:थ्´-ली) *adj.* (earthlier, earthliest) 1. of this world, worldly, सांसारिक, भौतिक। 2. possible or conceivable, संभव या विचारणीय।

earthquake (अ:थ्´-क्वेक्) *n.* a violent movement in the crust of the earth, भूकंप, भूचाल, भूडोल, ज़लज़ला।

earthshaking (अ:थ्´-शे-किंग्) *adj.* 1. causing violent effect, उग्र, प्रचंड। 2. of enormous importance, अत्यधिक महत्त्वपूर्ण।

earthward, earthwards (अ:थ्´-वॅ:ड्, -वॅ:ड्स्) *adv.* toward the earth, धरती की ओर उन्मुख।

earthwork (अ:थ्-वॅ:क्) *n.* 1. excavation of earth, ज़मीन की खुदाई। 2. an earthen embankment, बंधा, दूह, धुस्स।

earthworm (अ:थ्´-वॅ:म्) *n.* a long worm that burrows into the soil, केंचुआ।

earthy (अ:´-थी) *adj.* 1. made of earth, मिट्टी का बना, मृण्मय, पार्थिव। 2. worldly, सांसारिक, भौतिक।

earwax (इअॅ:´-वैक्स्) *n.* the wax like secretion found in the ear, कान की मैल, कनमैल।

earwig (इअॅ:´-विग्) *n.* an insect, कर्णकीट, कनगोजर।

ease (ईज़्) *n.* 1. freedom from discomfort or trouble, relief from pain or worry, आराम, राहत। 2. rest, leisure or relaxation, आराम, विश्राम, चैन। 3. the ability to do something without difficulty, सुविधा। ☐ **at ease** (i) standing relaxed with feet apart, आराम से खड़ा; (ii) free from anxiety, निश्चिंत, स्वस्थ, चित्त। *v.* (eased, easing) 1. to free or become free from pain, trouble or worry, पीड़ा, कष्ट, चिंता आदि से मुक्त होना या करना, दुख-दर्द दूर होना या करना। 2. to lessen in severity, tension, pressure etc., राहत पहुँचाना, आराम देना, सुख देना। 3. to make less difficult, सरल बनाना। 4. to slacken, ढीला करना। 5. to make or become less burdensome, भार हलका होना या करना। ☐ **ease oneself,** to urinate or defecate, मूत्र या मल त्याग करना, हलका हो जाना।

easeful (ईज़्´-फुल्) *adj.* comfortable, आरामदेह, सुविधाजनक।

easel (ई´-ज़ॅल्) *n.* a wooden frame to support a blackboard or an artist's canvas or picture, ब्लैकबोर्ड अथवा चित्रफलक को खड़ा करने का चौखटा, चित्रफलक-आधार।

easement (ईज़्´-मॅन्ट्) *n.* the right to use and enjoy one's own or occupied property, सुखभोग, सुखाचार, सुविधा-अधिकार।

easily (ईज़्´-इ-ली) *adv.* 1. without difficulty, with ease, आसानी से, सरलता से, सहज भाव से। 2. without doubt, निस्संदेह, बेशक।

East (ईस्ट्) *n.* The East, the eastern part of the world, पूरब, पूर्व, पौर्वात्य या प्राच्य भूभाग; Far East, सुदूर पूर्व, Middle East, मध्य पूर्व, Near East, पश्चिम एशिया।

east (ईस्ट्) *n.* the point or direction of hori-

zon where the sun rises, पूरब, पूर्व, प्राची, पूर्व दिशा, पूर्वी दिशा। *adj.* 1. facing east, पूर्वोन्मुखी। 2. coming from or moving towards east, पूर्वी।

eastbound (ईस्ट्´-बॉउन्ड्) *adj.* moving or going towards the east, पूर्वाभिमुखी, पूर्वोन्मुखी।

East End *n.* the eastern part of London, लंदन का पूर्वी भाग, पूर्वी लंदन।

Easter (ई´-स्टॅ:) *n.* the Christian festival commemorating Christ's resurrection, पुनरोदय, पुनरुत्थान, ईस्टर, ईस्टर का त्योहार।

easterly (ईस्ट्´-अॅ:-ली) *adj.* 1. from the east, पूर्वी; easterly wind, पुरवाई, पुरवैया। 2. toward the east, in an easterly direction, पूर्वाभिमुखी, पूरब की ओर होनेवाला।

eastern, Eastern (ई´-स्टॅ:न्) *adj.* 1. of the east or the east part of the country, पूर्वी, प्राच्य। 2. of Asia and Eastern Hemisphere, Oriental, प्राच्य।

eastward (ईस्ट्´-वॅ:ड्) *adv.* to or toward the east, पूर्व की ओर, पूर्वाभिमुख।

eastwardly (ईस्ट्´-वॅ:ड्-ली) *adj. & adv.* toward the east, पूर्वाभिमुख।

eastwards (ईस्ट्´-वॅ:ड्स्) *adv.* = eastward.

easy (ई´-ज़ी) *adj.* 1. not requiring much effort, सुकर, सुगम। 2. not difficult, सरल, सुगम, आसान। 3. with enough money to live comfortably, सुविधा-संपन्न। 4. tolerant, सहिष्णु। 5. relaxed and easy-going, निश्चिंत। 6. pleasant, अच्छा, भला। □ **easy on the ear,** nice to listen, सुनने में भला; **easy on the eye,** nice to look at, देखने में भला; **stand easy,** to stand at ease, आराम से खड़े होना; **Take it easy.** Asking someone to avoid stress or undue hurry. घबराओ मत आराम से करो, केवल उतना ही करो जो ज़रूरी हो। *adv.* with ease, आराम से, सुविधापूर्वक।

easy chair *n.* a comfortable big chair with arms, आराम-कुर्सी।

easygoing (ई´-ज़ि-गो´-इंग्) *adj.* 1. living without worry or concern, निश्चिंत, बेपरवाह। 2. not strict, tolerant, सुविधाभोगी, सहिष्णु। 3. content with things as they are, झमेले में न पड़नेवाला, निश्चिंत, सुखी, आरामपसंद।

easy victim *n.* somebody who can easily be cheated or badly treated, सहज शिकार, जिसे आसानी से फँसाया, ठगा या सताया जा सके।

eat (ईट्) *v.* (ate, eaten, eating) 1. to take in and swallow, खाना, भक्षण करना। 2. to have a meal, भोजन करना, खाना खाना। 3. to consume or ravage as if by eating, खा जाना, नष्ट कर देना। 4. to use regularly (as food, भोजन के रूप में) ग्रहण या सेवन करना। □ **eat one's heart out,** to suffer silently, चुपचाप सहन करना; **eat one's words,** to take back one's words, शर्मिंदा हो कर अपने शब्द वापस लेना, थूक कर चाटना, वादे से मुकर जाना, वादा तोड़ देना, वचन भंग करना; **eat out,** कहीं बाहर होटल में आदि में भोजन करना; **eat the humble pie,** to bear insult, मुँह की खाना, शर्मिंदगी उठाना, धूल चाटना; **What is eating you?** What is worring you? तुम्हें कौन-सी चिंता घेरे है ?

eatable (ई´-टॅ-बॅल्) *adj.* fit to be eaten, edible, खाने-योग्य, खाद्य।

eatables (ई´-टॅ-बॅल्ज़) *n.* (plu.) food, खाद्य पदार्थ, खाने की वस्तुएँ।

eatery (ई´-टॅ-री) *n.* an inexpensive restaurant, भोजनालय, ढाबा।

eating (ई´-टिंग्) *n.* food, खाद्य पदार्थ। *adj.* 1. suitable for eating, खाने-योग्य। 2. related to eating, खाने से संबद्ध; eating house, भोजन-गृह।

eats (ईट्स्) *n.* (plu.) articles of food, भोजन-सामग्री, तरह-तरह के व्यंजन।

eaves (ईव्स्) *n.* the edge of a roof that projects beyond the wall, छज्जा या ओलती।

eavesdrop (ईव्ज़्´-ड्रॉप्) *v.* (eavesdropped, eavesdropping) to listen secretly to a private conversation, कनसुई लेना, छिपकर दूसरों की बातें सुनना।

eavesdropper (ईव्ज़्´-ड्रॉप्-अॅ:) *n.* a person who listens secretly to a private conversation, कनसुई लेनेवाला, छिपकर दूसरों की बातें

सुननेवाला।

ebb (ऍब्) *v.* (ebbed, ebbing) 1. to flow back or recede (said of a tide), भाटा आना। 2. to decline, अवनत होना, अवनति या ह्रास होना। 3. to weaken, कमज़ोर पड़ना, घट जाना, उतरना। *n.* 1. the period of a tide between high tide and a succeeding low tide, भाटा, उतार। 2. a period or condition of decline, अवनति या ह्रास। □ **at a low ebb,** in a state of weakness or decline, दुर्बलता या अवनति की अवस्था में, ख़राब हालत में, क्षीण दशा में।

ebonite (ऍब्´-अँ-नाइट्) *n.* black hard rubber, एक प्रकार का काला कड़ा रबड़।

ebony (ऍब्´-अँ-नी) *n.* 1. a tree and its hard black wood, आबनूस का वृक्ष या उसकी लकड़ी। 2. a black colour, काला रंग। *adj.* black as ebony, आबनूस की तरह काला, आबनूसी।

ebullience (इ-बुल्´-इ-ॲन्स्) *n.* the state of being full of enthusiasm or excitement, मस्ती, उत्साह, जोश।

ebullient (इ-बुल्´-यॅन्ट्) *adj.* 1. showing or feeling ebullience, मस्त, उत्साहपूर्ण, जोशीला। 2. boiling, उबलता या खौलता हुआ।

ebullition (इब्-अॅ-लिश्´-ॲन्) *n.* 1. the boiling or bubbling of a liquid, उफान, उबाल, बुदबुदाहट। 2. a sudden outpouring, भड़ास, आवेश, उद्गार।

eccentric (इक्-सेॅन्´-ट्रिक्) *adj.* 1. situated away from the centre, उत्केंद्रक, उत्केंद्री। 2. deviating from convention or established pattern, प्रथा-विरुद्ध। 3. irregular, अनियमित। 4. whimsical, सनकी, ख़ब्ती।

eccentricity (इक्-सेॅन्´-ट्रि-सि-टी) *n.* the state of being eccentric, उत्केंद्रता; अनियमितता; सनक।

ecclesiastic (इ-क्ली-ज़ि-ऐस्´-टिक्) *adj.* 1. of or pertaining to a church, गिरजा-संबंधी, चर्च-संबंधी। 2. relating to a clergyman, पादरी-संबंधी। *n.* a clergyman, पादरी।

ecclesiastical (इ-क्ली-ज़ि-ऐस्´-टि-कॅल्) *adj.* = ecclesiastic.

echelon (ऍश्´-अॅ-लॉन्) *n.* 1. an arrangement of soldiers, ships etc. like steps, सीढ़ीनुमा व्यूह रचना। 2. (plu.) a level of rank, स्तर, पदस्तर; the upper echelons of government, सरकार के उच्च पदस्तर।

echo (ऍक्´-ओ) *n.* (plu. echoes) 1. the reflection of sound, प्रतिध्वनि, गूँज, गुबंद की आवाज़। 2. a repetition or imitation of someone's opinion, अनुनाद, प्रतिध्वनि। *v.* 1. to repeat or be repeated by an echo, प्रतिध्वनित होना या करना, गूँजना या गुँजाना, गूँज पैदा करना या होना। 2. to imitate, अनुकरण करना। 3. to repeat, दुहराना, प्रतिध्वनित करना।

eclair (ए-क्लेॅअ:´) *n.* a tabular pastry with cream filing, एक प्रकार की लंबोतरी पेस्ट्री।

eclat (ए-क्ला´) *n.* 1. great success, बहुत बड़ी सफलता, महान सफलता। 2. great praise, वाह-वाह, जयघोष। with great eclat, बड़ी धूमधाम से।

eclectic (इ-क्लेॅक्´-टिक्) *adj.* 1. choosing from different sources, विभिन्न स्रोतों से एकत्र करनेवाला, चयनशील, सारग्राही; विभिन्न ग्रंथों, आदि की अच्छी बातें अपनानेवाला। 2. consisting of what appears to be the best from different sources, सार रूप में होनेवाला, चयनित। 3. using and coordinating different methods or systems, समन्वयवादी।

eclipse (इ-क्लिप्स्´) *n.* 1. the partial or complete blocking of the light of the sun or the moon by another body, ग्रहण, ग्रास; complete eclipse, खग्रास, पूर्ण ग्रहण; partial eclipse, खंड ग्रहण। 2. the period of time during which such blocking occurs, ग्रहण-काल। 3. the loss of splendour or brilliance, श्रीहीनता, निस्तेजता। *v.* (eclipsed, eclipsing) 1. to cause an eclipse of, ग्रस्त करना, ग्रहण लगाना। 2. to outshine or surpass, निस्तेज कर देना, दबा देना, ग्रहण लगा देना, श्रीहीन कर देना, फीका बना देना। 3. to make dark or troubled, अंधकारपूर्ण कर देना, मुसीबत में डाल देना।

ecliptic (इ-क्लिप्´-टिक्) *n.* the sun's apparent orbit, क्रांतिवृत्त, रविमार्ग, सूर्यपथ। *adj.* of eclipse, ग्रहण-संबंधी।

ecological (इ-कॅ-लॉज्´-इ-कॅल्) *adj.* of or pertaining to ecology, पारिस्थितिक।

ecologist (इ-कॉल्´-अॅ-जिस्ट्) *n.* an expert in ecology, परिस्थिति-विज्ञानी।

ecologue (ॲक्-लाःग्´) *n.* a short pastoral poem, चरवाहों का छोटा-सा गीत।

ecology (इ-कॉल्-अॅ-जी) *n.* the science of relationships between organisms and their surroundings, परिस्थिति विज्ञान, पारिस्थितिकी।

economic (ई-कॅ-नॉम्´-इक्/ॲक्-अॅ-नॉम्´-इक्) *adj.* 1. of economics, अर्थशास्त्रीय। 2. of economy, अर्थव्यवस्था-संबंधी। 3. of or related to finance, अर्थ-संबंधी, आर्थिक; economic sanction, आर्थिक प्रतिबंध। 4. profitable, लाभदायक।

economical (ई-कॅ-नॉम्´-इ-कॅल्/ॲक्-अॅ-नॉम्´-इ-कॅल) *adj.* 1. not wasteful, avoiding waste, thrifty, किफ़ायतशार या किफ़ायतशाराना, किफ़ायती, मितव्ययी या मितव्ययपूर्ण, कम ख़र्च करनेवाला या कमख़र्चीला। 2. economic, आर्थिक।

economics, Economics (ई-कॅ-नॉम्´-इक्स्/ॲक्-अॅ-नॉम्´-इक्स्) *n.* the science dealing with production, consumption, exchange and distribution of goods and services, अर्थशास्त्र, अर्थविज्ञान। 2. the financial aspects of something, आर्थिक पक्ष।

economist (इ-कॉन्´-अॅ-मिस्ट्) *n.* an expert in economics, अर्थशास्त्री, अर्थविज्ञानी।

economization (इ-कॉन्-अॅ-माइ-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of economizing or something economized, किफ़ायतशारी, किफ़ायत, मितव्यय, मितव्ययिता।

economize (इ-कॉन्´-अॅ-माइज़्) *v.* (economized, economizing) 1. to save (money, time etc.) instead of being wasteful, किफ़ायत करना, बचत करना, बचाना। 2. to use or spend less than before, कम ख़र्च करना, ख़र्च घटा देना; to economize on petrol, पेट्रोल का ख़र्च घटाना।

economy (इ-कॉन्´-अॅ-मी) *n.* 1. the careful or thrifty use of money, time etc., बचत, मितव्यय। 2. a system for the management and development of resources, अर्थ-व्यवस्था। *adj.* economical, बचत करनेवाला, बचती।

ecosystem (ई´-को-सिस्-टॅम्) *n.* all the living beings considered as a unit living in the same surroundings, समान परिस्थितियों में रहनेवाला जीव-समुदाय।

ecru (ॲक्´-रू) *n.* a light fawn colour, कोरे कपड़े का रंग।

ecstasy (ॲक्´-स्टॅ-सी) *n.* feeling of extreme rapture or intense emotion, भावातिरेक, हर्षातिरेक, हर्षोन्माद।

ecstatic (ॲक्-स्टैट्´-इक्) *adj.* 1. causing ecstasy, भावातिरेकी, हर्षोन्मादक। 2. experiencing ecstasy, हर्षोन्मादक, भावविभोर, समाधिस्थ।

ecstatically (ॲक्-स्टैट्´-इ-कॅ-ली) *adv.* in an ecstatic manner, भावविभोर होकर।

-ectomy (ॲक्´-टॅ-मी) *suffix.* removal by surgery, शल्योपचार, (किसी अंग को) काटकर निकालना।

ecumenical (ॲक्-यु-मॅन्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. universal, विश्वव्यापी। 2. of ecumenism, ईसाई-एकता-संबंधी।

ecumenism (ई-क्यु-मॅ-निज्´-अॅम्) *n.* the idea of seeking to achieve worldwide Christian unity, विश्वव्यापी ईसाई-एकता की भावना।

eczema (ॲक्´-सि-मॅ, ॲग्´-ज़ि-मॅ) *n.* a skin disease marked by itching and sores, दाद, खाज, पामा, एक्ज़िमा।

eddy (ॲड्´-ई) *n.* (plu. eddies) 1. a swirling patch of water, भँवर, जलावर्त। 2. a swirling patch of air, बवंडर, चक्रवात।

edelweiss (ए´-डॅल्-वाइस्) *n.* a plant with woolly leaves, एक पौधा, अडलवाइस।

edema (इ-डी´-मॅ) *n.* an excessive accumulation of fluid in body cavities or tissues, शरीर के छिद्रों या ऊतकों में होनेवाला द्रव का जमाव।

Eden (ई´-डॅन्) *n.* the place or home of Adam and Eve, स्वर्ग, अदन।

edge (ॲज्) *n.* 1. the cutting or sharpened

side of a blade, knife etc., धार, कोर। 2. a border, किनारा, छोर। 3. an advantage, लाभ, फ़ायदा। ☐ **be on edge,** to be easily excited, छोटी-सी बात पर तमक उठना; **edge out,** to go ahead, आगे निकल या बढ़ जाना; **give the edge of one's tongue,** to speak roughly, क्रुद्ध होना, रूखेपन से या कड़े स्वर में बोलना; **have the edge on,** be better than, अपेक्षया अच्छी स्थिति में होना; **on edge,** irritable, चिड़चिड़ा; **put an edge on,** to sharpen, धार तेज़ करना, सान लगाना; **set a person's teeth on edge,** to cause unpleasant sensation, चिढ़ाना, उकसाना, अरुचि पैदा करना; **take the edge off,** to make dull, भोथरा या कुंद कर देना, तेज़ी या धार कम कर देना। *v.* (edged, edging) 1. to form the border of, किनारा बनाना। 2. to sharpen the edge, धार तेज़ करना, धार बनाना, सान लगाना। 3. to advance gradually, धीरे-धीरे आगे बढ़ना; He was edging toward the door. वह दरवाज़े की तरफ धीरे-धीरे बढ़ रहा था।

edgeless (ऍज्´-लिस्) *adj.* blunt, obtuse, कुंद, भोथरा।

edgeways (ऍज्´-वेज़्) *adv.* = edgewise.

edgewise (ऍज्´-वाइज़) *adv.* in the direction of the edge, धार की ओर।

edging (ऍज´-इंग्) *n.* something that forms an edge, किनारा।

edgy (ऍज्´-ई) *adj.* (edgier, edgiest) 1. having a sharp edge, तेज़ धारवाला। 2. irritable, जल्दी अप्रसन्न हो जानेवाला, चिड़चिड़ा।

edible (ऍड्´-इ-बॅल्) *adj.* fit to be eaten, खाने योग्य, खाद्य; edible oil, खाद्य तेल।

edibles (ऍड्´-इॅ-बॅल्स्) *n.* (plu.) eatables, खाद्यपदार्थ।

edict (ई-डिक्ट्´) *n.* 1. a decree, राजादेश, राजाज्ञा। 2. a proclamation, घोषणा।

edification (ऍड्-इ-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* 1. moral or spiritual improvement, नैतिक अथवा आध्यात्मिक सुधार। 2. self-improvement, आत्मसुधार।

edifice (ऍड्´-इ-फ़िस्) *n.* an imposing building, बड़ी इमारत, भव्य भवन, विशाल भवन।

edify (ऍड्´-इ-फ़ाइ) *v.* (edified, edifying) 1. to improve spiritually, सुधार करना। 2. to instruct, to teach good thoughts, शिक्षा या नसीहत देना, सन्मार्ग पर लाना, ज्ञानचक्षु खोलना।

edit (ऍड्´-इट्) *v.* (edited, editing) 1. to correct and prepare for printing or publication, संपादित करना, संपादन करना। 2. to prepare a film, tape etc. from collected material, संपादित करना, संपादन करना। ☐ **edit out,** to cut or drop while editing, संपादन करते समय काट-छाँट करना।

edited (ऍड्´-इ-टिड्) *adj.* corrected and prepared for printing, संपादित।

edition (इ-डिश्´-ॲन्) *n.* 1. the form in which a book is printed, संस्करण, एडिशन। 2. the entire number of copies of a book, newspaper etc. printed at one time, संस्करण।

editor (ऍड्´-इ-टॅ:) *n.* 1. a person who edits a newspaper, magazine, dictionary etc., संपादक, संपादनकर्ता। 2. one who edits films, फ़िल्म-संपादक।

editorial (ऍड्-इ-टोर्´-इ-ॲल्) *adj.* of or pertaining to an editor, संपादकीय; editorial work, संपादकीय कार्य। *n.* an article written by the editor, संपादकीय, अग्रलेख।

editorialize (ऍड्-इ-टोर्´-इ-ॲ-लाइज़्) *v.* (editorialized, editorializing) to express an opinion in the form of an editorial, संपादकीय लिखना, अग्रलेख तैयार करना।

editorship (ऍड्´-इ-टॅ:-शिप्) *n.* the status of an editor, संपादकत्व; in his editorship, उनके संपादकत्व में।

educate (ऍज्-उ-केट्´) *v.* (educated, educating) 1. to impart knowledge and develop skills, to teach, शिक्षा देना, शिक्षित करना या बनाना, सिखाना-पढ़ाना। 2. to develop the mental or moral growth of, प्रशिक्षित करना, योग्य बनाना।

educated (ऍज्-उ-के´-टिड्) *adj.* having received education, शिक्षित, पढ़ा-लिखा।

education (ऍज्-उ-के´-शॅन्) *n.* 1. the act or

process of imparting knowledge and developing skill, शिक्षा, शिक्षण। 2. the knowledge or skill obtained, शिक्षा। 3. pedagogy, शिक्षाशास्त्र, शिक्षण-शास्त्र, अध्यापन-विज्ञान।

educational (ऍज्-उ-के´-शॅ-नॅल्) *adj.* of or pertaining to education, शिक्षा-संबंधी, शैक्षिक, शैक्षणिक; educational advisor, शिक्षा सलाहकार; educational background, शैक्षिक पृष्ठभूमि।

educationist (ऍज्-उ-के´-शॅ-निस्ट्) *n.* a person expert in the science of education, शिक्षा-विज्ञानी, शिक्षाशास्त्री।

educative (ऍज्-उ-के´-टिव्) *adj.* 1. of or pertaining to education, शिक्षा-संबंधी, शैक्षिक। 2. instructive, शिक्षाप्रद, ज्ञानप्रद।

educator (ऍज्-उ-के´-टॅ:) *n.* a teacher, शिक्षक, अध्यापक।

educe (इ-ड्यूस्´) *v.* (educed, educing) 1. to bring out, उत्पन्न करना, विकसित करना। 2. to infer, निष्कर्ष निकालना, नतीजा निकालना, परिणाम तक पहुँचना।

eel (ईल्) *n.* a snakelike freshwater fish, सर्पमीन, ईल मछली।

eerie (ईर्´-ई) *adj.* (eerier, eeriest) 1. causing fear, डरावना, भयानक, भयोत्पादक। 2. mysterious, रहस्यमय।

eerily (ईर्´-इ-ली) *adv.* hesitatingly, डर के मारे, डरते-डरते, सकुचाते हुए।

efface (इ-फ़ेस्´) *v.* (effaccd, effacing) to rub out, रगड़कर मिटा देना, रगड़ देना, नष्ट कर देना, विलुप्त कर देना। □ **efface the memory of,** to forget, भुला देना; She could never efface the memory of her dead husband. वह अपने दिवंगत पति की याद न भुला सकी।

effacement (इ-फ़ेस्´-मॅन्ट्) *n.* the act of effacing or the state of being effaced, मिटाव, विनाश, विलोपन।

effect (इ´-फ़ेक्ट्) *n.* 1. a result, परिणाम, फल, नतीजा। 2. influence, प्रभाव, असर, छाप। 3. basic meaning, purport, अर्थ, मतलब, आराम; He called me a fool or words to that effect. उसने मुझे मूर्ख कहा या कुछ ऐसा ही कहा। □ **come into effect,** to be operative, चालू होना, जारी होना, लागू होना; This law came into effect last year गत वर्ष यह कानून लागू हुआ। **give effect to,** to implement, carry out, कार्यान्वित करना; **in effect,** in fact, वास्तव में, दरअसल, हक़ीक़त में; **take effect,** to come into operation, लागू या जारी होना, प्रभावित होना। *v.* (effected, effecting) to accomplish, निष्पन्न करना, निष्पादित करना, पूरा करना; to effect an agreement, अनुबंध करना।

effective (इ-फ़ेॅक्´-टिव्) *adj.* 1. powerful in its effect, प्रभावशाली, प्रभावपूर्ण, उपयोगी। 2. actual, real, वास्तविक, असली। 3. operative, लागू, जारी, प्रभावी।

effectively (इ-फ़ेॅक्´-टिव्-ली) *adv.* in an effective manner, प्रभावपूर्ण ढंग से, ज़ोरदार ढंग से।

effects (इ-फ़ेॅक्ट्स्´) *n.* (plu.) belongings, possession, माल-मत्ता, संपत्ति, जायदाद।

effectual (इ-फ़ेॅक्´-चु-अॅल्) *adj.* producing a desired effect, प्रभावोत्पादक, प्रभावी, अमोघ, सफल।

effectually (इ-फ़ेॅक्´-चु-अॅ-ली) *adv.* successfully, सफलतापूर्वक।

effectuate (इ-फ़ेॅक्´-चु-एट्) *v.* (effectuated, effectuating) 1. to cause to happen, उत्पन्न करना, घटाना। 2. to accomplish, निष्पन्न करना।

effeminacy (इ-फ़ेॅम्´-इॅ-नॅ-सी) *n.* 1. the state or quality of being effeminate, जनानापन, स्त्रैणता। 2. timidity, भीरुता।

effeminate (इ-फ़ेॅम्´-इॅ-निट्) *adj.* 1. (a person) having womanly characteristics, unmanly, स्त्रैण, जनाना, पौरुषहीन, दुर्बल। 2. timid, भीरु, डरपोक।

efferent (ऍफ़्-अॅर्-अॅन्ट्) *adj.* conducting outward from an organ, बहिर्वाही।

effervesce (ऍफ़्-अॅ:-वेॅस्´) *v.* (effervesced, effervescing) 1. to give off bubbles, बुलबुले छोड़ना, बुदबुदाना। 2. to be gay and excited, मस्त या प्रफुल्लित होना, हर्षोन्मत्त होना।

effervescence (ऍफ़्-अॅ:-वेॅस्´-अॅन्स्) *n.* the

act of effervescing or the state of being effervesced, बुदबुदाहट; हर्षोल्लास, मस्ती, प्रफुल्लता।

effete (इ-फ़ीट्´) *adj.* 1. exhausted, worn-out, थका हुआ, जीर्ण-शीर्ण। 2. weak, दुर्बल, कमज़ोर। 3. unable to reproduce, जनन-अक्षम।

efficacious (ऍफ़्-इ-के´-शॅस्) *adj.* 1. effectual, effective, प्रभावकारी, प्रभावोत्पादक। 2. producing desired result, अमोघ, अचूक।

efficacy (ऍफ़्-इ-के´-सी) *n.* the state of being efficacious, प्रभावकारिता, प्रभावोत्पादकता।

efficiency (इ-फ़िश्´-इ-ॲन्-सी) *n.* the quality or state of being efficient, दक्षता, कार्यक्षमता, योग्यता।

efficient (इ-फ़िश्´-ॲन्ट्) *adj.* 1. competent, capable, दक्ष, दक्षतापूर्ण। 2. working well and without waste, उत्तम, बढ़िया, उच्चकोटि का।

effigy (ऍफ़्´-इ-जी) *n.* 1. a crude figure of a (hated or despised) person, पुतला। ☐ **burn or hang someone in effigy,** पुतला जलाना या फाँसी पर चढ़ाना।

effloresce (ऍफ़्´-लॅ-रॅस्´) *v.* (effloresced, efflorescing) to flower, to bloom, फूल खिलना, पुष्पित होना, फूलना।

efflorescence (ऍफ़्-लॅ-रॅस्´-सॅन्स्) *n.* 1. the act of efflorescing, फूल खिलने या फलने फूलने की क्रिया या भाव। 2. the period of flowering, फूल खिलने का समय, पुष्पकाल।

efflorescent (ऍफ़्-लॅ-रॅस्´-ॲन्स्) *adj.* flowered, bloomed, खिला हुआ, पुष्पित, फला हुआ।

effluence (ऍफ़्´-लु-ॲन्स्) *n.* 1. the flowing out of something (light, electricity, sewage etc., प्रकाश, विद्युत, नाली के पानी आदि का) निर्गम, निकास, बहिर्गमन, नाली का पानी बाहर निकलना, बहना या फैलना। 2. something that flows out, बाहर निकलनेवाली वस्तु, प्रवाह, धारा।

effluent (ऍफ़्´-लु-ॲन्ट्) *adj.* flowing out, बाहर बहता हुआ। *n.* 1. the liquid waste that flows out from a factory, फ़ैक्टरी से बाहर निकलनेवाला मल। 2. a stream flowing out of a lake, झील से निकलनेवाली जलधारा।

efflux (ऍफ़्´-लक्स्) *n.* outward flow of liquid or gas, तरल पदार्थ या गैस का बहिर्स्राव। ☐ **efflux of time,** the lapse or expiry of time, समय का बीत जाना।

effort (ऍफ़्´-ॲ:ट्) *n.* 1. an attempt, चेष्टा, प्रयत्न। 2. exertion, प्रयास, उद्योग। 3. achievement, सफलता, उपलब्धि।

effortless (ऍफ़्´-ॲ:ट्-लिस्) *adj.* 1. making no effort, प्रयत्न या उद्योग न करनेवाला, निरुद्योगी। 2. needing no effort, बिना यत्न के होनेवाला, जिसके लिए प्रयास न करना पड़े, सहज, आसान।

effortlessly (ऍफ़्´-ॲ:ट्-लिस्-ली) *adv.* without making any effort, अनायास, बिना प्रयास।

effrontery (इ-फ्रन्´-टॅ-री) *n.* (plu. effronteries) shamelessness, boldness, गुस्ताख़ी, निर्लज्जता, धृष्टता, ढिठाई।

effulgence (इ-फ़ल्´-जॅन्स्) *n.* brightness, lustre, चमक, दीप्ति।

effulgent (इ-फ़ल्´-जॅन्ट्) *adv.* shining brilliantly, चमकता हुआ, दीप्त, चमकदार।

effusion (इ-फ़्यू´-ज़्हॅन्) *n.* 1. a pouring forth, स्राव, बहाव, प्रवाह। 2. an unrestrained pouring, उद्गार, भड़ास।

effusive (इ-फ़्यू´-सिव्) *adj.* unrestrained in emotional expression, उद्गार या भड़ास के रूप में होनेवाला, अत्यंत भावुकतापूर्ण।

e.g. (abbreviation of exempli gratia) *adv.* for example, उदाहरणार्थ, उदाहरण के लिए। (लैटिन)

egalitarian (इ-गैल्-इ-टॆंॲर्´-इ-ॲन्) *adj.* & *n.* holding the principle of equal rights for all, समानतावादी, समतावादी।

egalitarianism (इ-गैल्-इ-टॆंॲर्´-इ-ॲन्-इज़्-ॲम्) *n.* the principle of advocating equality for all, समानतावाद, समतावाद।

egg (ऍग्) *n.* 1. the oval or round reproductive body by the females of domestic fowls, birds, reptiles, insects etc., अंडा। 2. its contents, अंडे के अंदर का तत्त्व। 3. an ovum, डिंब। ☐ **bad egg,** (i) a dishonest person, बेईमान व्यक्ति (ii) a worthless per-

अ: bird ब:ड्, ॲ: tear टिॲ:, ऍॲ air ऍॲ:, आई five फ़ाइव्, ऑइ boy बॉइ/बॉय, इॲ near निॲ: उॲ poor पुॲ:, च् chat चैट्, थ् thing थिंग्, द् this दिस्, फ़् full फ़ुल्, व् wait वेट्

son, बेकार आदमी; **as sure as eggs are eggs,** without any doubt, निस्संदेह; **good egg,** a good or helpful person, काम का आदमी, अच्छा आदमी; **put all one's eggs in one basket,** to risk all on a single venture, अपना सब कुछ एक ही दाँव पर लगा देना। **teach one's grand mother to suck eggs.** to advise a person having more experience, अपने से अधिक अनुभवी व्यक्ति को सलाह देना। *v.* (egged, egging) to incite, भड़काना, उकसाना; Egged on by him I played this shameful trick. उसके उकसाने पर मैंने यह निर्लज्जतापूर्ण चाल चली।

eggbeater (ऍग्´-बी-टॅः) *n.* an utensil for beating eggs, अंडे फेंटने का उपकरण।

egghead (ऍग्´-हॅड्) *n.* an intellectual, बुद्धिजीवी, बुद्धिमान व्यक्ति, विद्वान व्यक्ति।

eggnog (ऍग्-नॉग्´) *n.* a drink consisting of eggs, sugar and liquor, अंडा मिली शराब।

eggplant (ऍग्´-प्लान्ट्/प्लैन्ट्) *n.* 1. a plant with deep-purple egg-shaped fruit used as a vegetable, बैंगन का पौधा। 2. the fruit of this plant, बैंगन।

egg-shaped (ऍग्´-शेप्ड्) *adj.* having the shape of an egg, अंडाकार।

egg-shell (ऍग्´-शॅल्) *n.* outer covering of an egg, अंडे का आवरण, अंडे का खोल।

egis (ई´-जिस्) *n.* = aegis.

eglantine (ऍग्´-लॅन्-टाइन्) *n.* the sweetbrier, एक तरह का जंगली गुलाब।

ego (ई´-गो, ऍग्´-ओ) *n.* 1. the self-esteem bordering on conceit, अहं। 2. one's concept of oneself, अपने संबंध में बनाई हुई धारणा, स्वाभिमान।

egocentric (ई-गो-सॅन्´-ट्रिक्, ऍग्-ओ-सॅन्´-ट्रिक्) selfish, self-centered, स्वार्थी, अपने में रमा रहनेवाला, अहंकेंद्रित , आत्मरत।

egocentricity (ई-गो-सॅन्-ट्रिस्´-ॲ-टी) *n.* the quality of being egocentric, अहंकेंद्रिकता।

egoism (ई´-गो-इज़्-इॅम्, ऍग्´-ओ-इज़्-इॅम्) 1. concern for one's own welfare and interests, स्वहितवाद, स्वार्थपरता, स्वार्थवाद। 2. egotism, अहंभाव।

egoist (ई´-गो-इस्ट्, ऍग्´-ओ-इस्ट्) *n.* one who shows egoism, one who is interested solely in one's own welfare, स्वहितवादी, स्वार्थी, स्वार्थवादी।

egotic (ई´-गो-टिक्) *adj.* full of ego, अहंमन्य।

egotism (ई´-गॅ-टिज़्-ॲम्, ऍग्´-ॲ-टिज़्-ॲम्) an inflated sense of one's own importance, अहंभाव, अहंकार, हर समय अपनी डींग हाँकना, हर बात में मैं-मैं करना, आत्मश्लाघा।

egotist (ई´-गॅ-टिस्ट्, ऍग्´-ॲ-टिस्ट्) *n.* one who shows egotism, हर समय अपनी डींग हाँकनेवाला आत्मश्लाघी, अहंकारी।

egotistic (ई´-गॅ-टिस्-टिक्) *adj.* full of ego, अहंकारपूर्ण, दंभपूर्ण।

ego trip *n.* an act that satisfies one's ego, ऐसा कार्य जिससे अहं की तुष्टि हो।

egregious (इ-ग्री´-जॅस्) *adj.* conspicuously bad, बहुत बुरा, ही ख़राब या भयानक या हानिकर; egregious liar, परले दर्जे का झूठा; egretious mistake, भारी भूल।

egress (ई´-ग्रॅस्) *n.* 1. the act of going out, बाहर जाना, निर्गमण, रवानगी। 2. a path or means of going out, बाहर निकलने का द्वार या मार्ग, निर्गम-द्वार। 3. the act of coming out, आविर्भाव।

egression (ई-ग्रॅश्´-ॲन्) *n.* = egress.

egret (ई´-ग्रिट्) *n.* a kind of heron, एक प्रकार का बगुला।

Egyptian (इ-जिप्´-शॅन्) *adj.* of or pertaining to Egypt, मिस्र देश-संबंधी। *n.* 1. an inhabitant of Egypt, मिस्र देशवासी। 2. the language of Egyptian, मिस्र देश की भाषा।

eh (ए) *interj.* an exclamation of surprise, confirmation or inquiry, ओह! (विस्मयादि बोधक)

eider (आइ´-डॅः) *n.* a large duck, एक तरह की बड़ी बत्तख।

eider down (आइ´-डॅः-डाउन्) *n.* the down (feathers) of the eider, बत्तख के पर (जिन्हें गद्दे आदि में भरा जाता है)।

eight (एट्) *adj. & n.* a cardinal number equal to one more than seven, आठ। ☐ **have one over the eight,** to be drunk,

नशे में चूर या धुत्त होना।

eighteen (ए-टीन्´) ***adj. & n.*** one more than seventeen, अठारह।

eighteenth (ए-टीन्थ्´) ***adj.*** next after seventeenth, अठारहवाँ।

eightfold (एट्´-फ़ोल्ड्) ***adj.*** 1. having eight folds, अटपहला। 2. by eight times as much, आठगुना।

eighth (एथ्) ***adj.*** next after seventh, आठवाँ।

eighties (ए´-टीज़्) ***n.*** the years from 80 to 89, अस्सी से उन्यासी वर्षों के बीच का काल।

eightieth (ए´-टि-इथ्) ***adj.*** coming after 79^{th}, अस्सीवाँ।

eighty (ए´-टी) ***adj. & n.*** a cardinal number equal to 8 × 10, अस्सी।

either (आइ´-दः, ई´-दः) ***pron.*** one or the other, दोनों में से कोई एक, यह या वह। ***adj.*** 1. one or the other of two, दोनों में से कोई। 2. both one and the other, each, हर एक, दोनो; at either end of the table, मेज के दोनो तरफ़। ***conj.*** as one alternative या; either... or... या तो... या...; Either we go now or spend the night here, हम या तो अभी चलें या रात यहीं बिताएँ; either wholly or partially, या तो पूर्णतः या भागशः। ***adv.*** also, ही; I have not read this book and my brother has not either, न मैंने ही यह पुस्तक पढ़ी है और न मेरे भाई ने ही।

either-or (आई/ई´-दः-ऑः) ***adj.*** alternative, दोनों में से एक; We fight or we surrender—it is an either-or question. या तो हम लड़ें या आत्मसमर्पण करें—दोनों में से एक बात चुननी है।

ejaculate (इ-जेक्´-यु-लेट्) ***v.*** (ejaculated, ejaculating) 1. to utter abruptly, सहसा बोल उठना, सहसा बोल पड़ना, बक पड़ना। 2. to eject fluid from the body, शरीर से तरल पदार्थ निकालना या गिराना, क्षरित करना। 3. to discharge semen, वीर्यपात करना, वीर्य स्खलित करना।

ejaculation (इ-जेंक्-यु-ले´-शन्) ***n.*** the act of ejaculating or the state of being ejaculated, शरीर से बाहर निकालने या फेंकने की क्रिया अथवा इस प्रकार फेंकी हुई वस्तु, क्षरण, स्खलन।

eject (इ-जेंक्ट्´) ***v.*** (ejected, ejecting) 1. to throw out with force, बाहर फेंक देना, निष्कासित करना। 2. to expel, निकाल बाहर करना, निष्कासित कर देना।

ejection (इ-जेंक्´-शन्) ***n.*** 1. the act of ejecting, बाहर फेंकना, निस्सारण। 2. an act of expelling, निष्कासन, बेदख़ली।

ejector (इ-जेंक्´-टः) ***n.*** an apparatus that ejects something, इजेक्टर, निस्सारक।

ejector seat ***n.*** a seat which throws out the driver or pilot from his seat, फेंकनेवाली कुर्सी।

eke (ईक्) ***v.*** (eked, eking) to increase or prolong, बढ़ाना, खींच ले चलना। ☐ **eke out a living,** to make a living laboriously, कठिनाई से जीवन-निर्वाह करना, बड़ी मुश्किल से गृहस्थी चलाना।

elaborate[1] (इ-लैब्´-अ-रिट्) ***adj.*** 1. marked by detail, detailed, विस्तृत, लंबा-चौड़ा। 2. minutely worked out, विस्तारपूर्वक प्रतिपादित। 3. complicated, complex, अधिक विस्तारवाला, जटिल।

elaborate[2] (इ-लैब्´-अ-रेट्) ***v.*** (elaborated, elaborating) 1. to add more detail to, to amplify, विस्तार देना, विस्तृत बनाना। 2. to express oneself in greater detail, to expand, विस्तार से प्रतिपादित करना।

elaboration (इ-लैब्-अ-रे´-शन्) ***n.*** 1. the act of elaborating, विस्तृतीकरण। 2. something elaborated, विस्तार, विस्तारित रूप।

elan (ए´-लान्) ***n.*** 1. vivacity, जोश, ज़िंदादिली, सजीवता। 2. enthusiasm, उत्साह। 3. eagerness, उत्सुकता। (फ्रांसीसी)

eland (ई´-लॅन्ड्) ***n.*** an African antelope, अफ्रीका की एक जाति का मृग।

elapse (इ-लैप्स्´) ***v.*** (elapsed, elapsing) to pass (as time, समय का) गुज़र जाना, बीत जाना।

elastic (इ-लैस्´-टिक्) ***adj.*** capable of returning to its original form after being stretched or squeezed, flexible, लचीला, तन्य। ***n.*** an elastic tape, इलास्टिक टेप।

elasticity (इ-लैस्-टिस्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being elastic, लचीलापन, तन्यता।

elate (इ-लेट्´) *v.* (elated, elating) 1. to fill with optimism, आशा से भर उठना या भर देना, उत्साहित होना या करना। 2. to fill with joy, ख़ुशी से भर उठना या भर देना, फूले अंग न समाना।

elation (इ-ले´-शॅन्) *n.* the act of elating or the state of being elated, आशावादिता, उल्लास, ख़ुशी।

elbow (ऍल्´-बो) *n.* 1. the joint between the forearm and upper arm, कोहनी। 2. the part of the sleeve which covers this joint, कमीज़, कोट आदि की कोहनी। 3. elbow-shaped joint of a pipe, एलबो, कोहनीनुमा जोड़। □ **at one's elbow,** within easy reach, अत्यंत निकट, बहुत पास में; **lift one's elbow,** to drink too much liquor, ख़ूब शराब पीना; **out at elbows,** ragged, फ़टेहाल। *v.* (elbowed, elbowing) 1. to push with the elbow, कोहनी मार कर हटा देना। 2. to thrust with one's elbow, कोहनियाँ मारते हुए आगे बढ़ना।

elder[1] (ऍल्´-डॅ:) *adj.* comparative form of old, अपेक्षाकृत बड़ा, ज्येष्ठ। *n.* 1. an older person of a family, community etc., बुज़ुर्ग, बड़ा बूढ़ा, वरिष्ठ व्यक्ति। 2. an officer of a church, चर्च का एक अधिकारी। □ **one's elders,** the elder members of one's family, परिवार या घर के बड़े बूढ़े लोग।

elder[2] *n.* a small tree with white flowers, सफ़ेद फूलोंवाला एक छोटा वृक्ष, एल्डर।

elderly (ऍल्´-डॅ:-ली) *adj.* 1. having past middle age, quite old, rather old, अधेड़, प्रौढ़, वृद्ध। 2. having the characteristics of the old age, सयाना।

eldest (ऍल्´-डिस्ट्) *adj.* first-born, ज्येष्ठ।

El Dorado (ऍल्-डॅ-रा´-डो) *n.* an imaginary city of great riches, स्वर्ण नगरी।

elect (इ-लॅक्ट्´) *v.* (elected, electing) 1. to choose, चुनना, पसंद करना 2. to select by vote as for office or membership, चुनना, निर्वाचित करना, निर्वाचन करना। *adj.* elected to an office but not yet installed, निर्वाचित परंतु जिसने अभी पदग्रहण न किया हो।

election (इ-लॅक्´-शॅन्) *n.* the act or process of electing, निर्वाचन, चुनाव; by-election, उप-चुनाव; general election, आम-चुनाव, महानिर्वाचन; election agent, निर्वाचन अभिकर्ता; Election Commission, निर्वाचन आयोग।

electioneer (इ-लॅक्-शॅ-निअॅ:) *v.* (electioneered, electioneering) to work actively for a candidate or political party in an election, चुनाव में प्रत्याशी या राजनीतिक दल के लिए प्रचार-प्रसार में सक्रिय सहयोग देना।

electioneering (इ-लॅक्-शॅ-निअॅर्´-इंग्) *n.* the work done for a candidate or political party in an election, चुनाव-प्रचार, चुनाव अभियान।

elective (इ-लॅक्´-टिव्) *adj.* 1. selected by vote, मतों द्वारा चुना जानेवाला, जिसके लिए चुनाव हो, चुनावी, निर्वाच्य। 2. having the power to elect, जिसे चुनने का अधिकार हो। 3. optional, वैकल्पिक, एच्छिक।

elector (इ-लॅक्´-ट:) *n.* a person having right to vote, मतदाता, निर्वाचक।

electoral (इ-लॅक्´-टॅ-रॅल्) *adj.* 1. of or related to an election, निर्वाचन या चुनाव-संबंधी; electoral right, निर्वाचन-मताधिकार। 2. of or related to the electors, निर्वाचक या मतदाता-संबंधी; electoral roll, निर्वाचक नामावली।

electoral system *n.* the system of electing representatives, निर्वाचन-प्रणाली, निर्वाचन-पद्धति।

electorate (इ-लॅक्´-टॅ-रिट्) *n.* all the people living in the country who have the voting rights, समस्त मतदाता, कुल मतदाता, निर्वाचक-मंडल, निर्वाचक गण।

electric (इ-लॅक्´-ट्रिक्) *adj.* 1. produced, powered or operated by electricity, बिजली का, विद्युत्-संबंधी; electric machine, बिजली से चलनेवाली मशीन; electric shock, बिजली से लगनेवाला धक्का, बिजली का धक्का। 2. causing sudden excitement, उत्तेजनापूर्ण।

electrical (इ-लॅक्´-ट्रि-कॅल्) *adj.* 1. elec-

tric, विद्युत्-संबंधी। 2. very exciting, अत्यंत उत्तेजक, उत्तेजनापूर्ण।

electric chair *n.* a chair in which criminals are executed by electrocution, बिजली(से प्राणदंड देने) की कुर्सी।

electrician (इ-लेंक्-ट्रिश्´-ॲन्) *n.* one who installs, maintains or repairs the electrical devices, बिजली मिस्त्री।

electricity (इ-लेंक्-ट्रिस्´-इ-टी) *n.* electric current, बिजली, विद्युत्।

electrification (इ-लेंक्-ट्रि-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* the act of electrifying, विद्युतीकरण।

electrify (इ-लेंक्´-ट्रि-फ़ाइ) *v.* (electrified, electrifying) 1. to charge with electricity, विद्युत् चालित करना। 2. to equip for the use of electric power, विद्युतीकरण करना, बिजली लगाना। 3. to startle or shock, चौंका देना।

electro (इ-लेंक्´-ट्रो) *adj.* of or connected with electricity, विद्युत्-; electro-cardiogram, विद्युत्-हृद् लेख; electro-cardiograph, विद्युत्-हृद् लेखी; electro-chemistry, विद्युत्-रसायन, विद्युद्-रसायन।

electrocute (इ-लेंक्´-ट्रॅ-क्यूट्) *v.* (electrocuted, electrocuting) to kill or execute with electricity, बिजली से मरना या मार डालना।

electrocution (इ-लेंक्-ट्रॅ-क्यू´-शॅन्) *n.* 1. the act of executing by electricity, बिजली द्वारा प्राणदंड (देना)। 2. electric shock, बिजली का आघात।

electrode (इ-लेंक्´-ट्रोड्) *n.* a solid electric conductor through which an electric current enters or leaves a medium, इलेक्ट्राड।

electrolysis (इ-लेंक्-ट्रॉल्´-इ-सिस्) *n.* 1. the separation of a liquid into its chemical parts by passing electricity through it, विद्युत्-अपघटन। 2. destruction of living tissues by an electric current, विद्युत्-अपघटन।

electrolyte (इ-लेंक्´-ट्र-लाइट्) *n.* a solution which can be separated into its chemical parts by passing electricity through it, इलेक्ट्रोलाइट।

electromagnetic (इ-लेंक्-ट्रो-मैग्-नेंट्´-इक्) *adj.* of or connected with electromagnetism, विद्युत्चुंबकीय।

electromagnetism (इ-लेंक्-ट्रो-मैग्´-नॅ-टिज़्-इम्) *n.* magnetism arising from electric charges in motion, विद्युत्चुंबकत्व।

electron (इ-लेंक्´-ट्रॉन्) *n.* a particle of an atom with a negative electric charge, इलेक्ट्रान।

electronic (इ-लेंक्-ट्रॉन्´-इक्) *adj.* of or pertaining to electrons, इलेक्ट्रानिक, इलेक्ट्रानीय।

electronics (इ-लेंक्-ट्रॉन्´-इक्स्) *n.* (usu. singular) the science and technology of electronic devices and systems, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रानिकी।

electroplate (इ-लेंक्´-ट्रॅ-प्लेट्) *v.* (electroplated, electroplating) to coat with a thin surface of metal by electricity, बिजली से मुलम्मा करना, कलई करना।

eleemosynary (ॲेल्-इ-मॉस्´-इ-नेंर्´-ई) *adj.* charitable, दातव्य, ख़ैराती।

elegance (ॲेल्´-इ-गॅन्स्) *n.* 1. refinement and grace, चारुता, लालित्य, रमणीयता, भव्यता। 2. tasteful opulence in form, decoration or presentation, रमणीकता, सौष्ठव, सुरूचि।

elegant (ॲेल्´-इ-गॅन्ट्) *adj.* 1. refined and graceful, चारु, ललित, रमणीय, भव्य। 2. tasteful in dress, style or manners, रमणीक, सुरुचिपूर्ण, सुसुष्ठु।

elegiac (ॲेल्-इ-जाइ´-ॲक्) *adj.* of or related to an elegy, शोकगीत-संबंधी।

elegy (ॲेल्´-ॲ-जी) *n.* a mournful poem or song, शोकगीत, मरसिया।

element (ॲेल्´-इ-मॅन्ट्) *n.* 1. any of the 105 known substances of which other things are made up, तत्त्व। 2. a fundamental or essential part of a whole, घटक, अवयव। 3. the most favourable environment for an animal or plant, अनुकूल पर्यावरण। 4. a part, अंश, भाग; element of truth, सत्यांश। 5. the heating part of a piece of electrical apparatus, एलिमेंट। 6. (plu.) a group, वर्ग, तत्त्व; The lawless elements in the society,

समाज के अराजक तत्त्व। 7. (plu.) the basic principles, मूल सिद्धांत; elements of chemistry, रसायन विज्ञान के मूल सिद्धांत। □ **in one's elements,** in one's proper surroundings, अनुकूल परिस्थिति में; **out of one's element,** out of one's proper surroundings, प्रतिकूल परिस्थिति में।

elemental (ऍल्´-इ-मेंन्´-टॅल्) *adj.* basic, मूल, मूलभूत, तात्त्विक।

elementary (ऍल्-इ-मेंन्´-टॅ-री) *adj.* 1. introductory, प्राथमिक, प्रारंभिक; elementary school, प्राथमिक विद्यालय। 2. easy to do or answer, simple, सरल, सुगम। 3. fundamental, मूलभूत, मौलिक, बुनियादी।

elephant (ऍल्´-इ-फ़ॅन्ट्) *n.* a large animal with a trunk, हाथी।

elephantiasis (ऍल्-ई-फ़ॅन्-टाइ´-ॲ-सिस्) *n.* a disease which causes extreme enlargement of the part of a body usually the legs, फ़ीलपाँव, हाथीपाँव।

elephantine (ऍल्-इ-फ़ैन्´-टाइन्/टिन्) *adj.* 1. of or like elephants, हाथी का, हाथी-जैसा। 2. huge and clumsy, थुलथुल, भारी-भरकम। 3. awkward, भद्दा, भोंडा, बेडौल।

elevate (ऍल्´-इ-वेट्) *v.* (elevated, elevating) 1. to raise or lift up, ऊपर उठाना, ऊँचा उठाना, उत्थापित करना। 2. to make higher in level or rank, उन्नत करना या बनाना, स्तर ऊँचा करना, ऊँचा उठाना। 3. to elate, उत्साहित करना।

elevation (ऍल्´-इ-वे´-शॅन्) *n.* 1. the act of elevating or the state of being elevated, उत्थान, उन्नयन। 2. the altitude of a place, the height above sea-level, उत्सेध। 3. a piece of rising ground, ऊँची जगह, टीला, पहाड़ी। 4. an elevated position, उत्कर्ष, पदोन्नति। 5. a drawing of a flat upright side of a building, भवन के सामनेवाले भाग का आरेख, खड़ा नक़्शा।

elevator (ऍल्´-इ-वे-टॅः) *n.* a machine or apparatus for transporting people or goods from one floor of a building to another, एलिवेटर, लिफ़्ट।

eleven (इ-लेंव्´-इन्) *adj. & n.* 1. one more than ten, ग्यारह। 2. a team consisting of eleven players, एकादश।

eleventh (इ-लेंव्´-इन्थ्) *adj. & n.* 1. next after tenth, ग्यारहवाँ। 2. one of eleven equal parts, ग्यारहवाँ भाग। □**at the eleventh hour,** at the last moment, अंतिम क्षण में, आख़िरी घड़ी में।

elf (ऍल्फ़्) *n.* (plu. elves) 1. a small fairy, छोटी-सी परी। 2. a mischievous boy, शरारती बच्चा, शैतान बच्चा।

elfin (ऍल्फ़्´-इन्) *adj.* = elfish. *n.* a dwarf, बौना।

elfish (ऍल्फ़्´-फ़िश्) *adj.* 1. of or pertaining to the elfs, परियों का, परियों-जैसा। 2. mischievous, शरारती, नटखट, शैतान।

elicit (इ-लिस्´-इट्) *v.* (elicited, eliciting) 1. to bring out, प्रकाश में लाना, सामने लाना। 2. to draw out, निष्कर्ष निकालना। 3. to search out, ढूँढ़ निकालना, खोज निकालना।

elide (इ-लाइड्´) *v.* (elided, eliding) to omit a sound or syllable in pronouncing a word, शब्द का उच्चारण करते समय कोई वर्ण या अक्षर छोड़ देना, वर्ण या अक्षर का लोप करना।

eligibility (ऍल्-इ-जि-बिल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being eligible, पात्रता।

eligible (ऍल्´-इ-जि-बॅल्) *adj.* 1. fit or qualify to be chosen, पात्र, अधिकारी। 2. regarded as suitable or desirable, उपयुक्त; an eligible place for holiday, छुट्टी मनाने के लिए उपयुक्त स्थान।

eliminate (इ-लिम्´-इ-नेट्) *v.* (eliminated, eliminating) 1. to leave out, remove or exclude, हटा देना, दूर करना; अलग, बहिष्कृत या निरस्त कर देना। 2. to omit, छोड़ देना। 3. to excrete waste from the body, शरीर से (विषैले तत्त्व, मल आदि) निकालना, त्यागना। 4. to kill, मार डालना, रास्ते से हटा देना।

elimination (इ-लिम्-इ-ने´-शॅन्) *n.* the act of eliminating or the state of being eliminated, निरसन, बहिष्कार, त्याग।

elision (इ-ली´-ज़्हॅन्) *n.* the act of eliding or the state of being elided, वर्ण लोप, अक्षर

लोप।

elite (इ-लीट´/ए-लीट्´) *n.* the superior, rich or more powerful members of a social group, किसी समाज का धनी, महत्त्वपूर्ण या शक्तिशाली वर्ग, अभिजात वर्ग। *adj.* of or suitable for an elite, अभिजात वर्गीय।

elitism (इ-ली´-टिज़्-अॅम् / ए-ली´-टिज़्-अॅम्) *n.* the belief that society should be governed by an elite, यह विचारधारा कि अभिजात वर्ग ही शासन का अधिकारी है, अभिजातवाद।

elitist (इ-ली´-टिस्ट्, ए-ली´-टिस्ट्) *n.* 1. a person having belief in elitism, अभिजातवादी। 2. a member of an elite, अभिजात वर्ग का सदस्य।

elixir (इ-लिक्´-सिर्) *n.* 1. an imaginary liquid which can change other metals into gold, धातुओं को सोने में बदल देनेवाला कल्पित रसायन, पारस मणि। 2. a medicine believed to cure all ills, panacea, रामबाण ओषधि। ☐**elixir of life,** nectar, अमृत।

Elizabethan (इ-लिज़्-अॅ-बी´-थॅन्) *adj.* of the time of queen Elizabeth, इलिज़बथ(प्रथम अथवा द्वितीय) कालीन। *n.* a person of this time, इस काल का व्यक्ति।

elk (ऑल्क्) *n.* a type of large deer, एक तरह का बड़ा हिरन।

ell (अॅल्) *n.* 1. a wing of a building at right angles to the main structure, L-shaped wing, समकोणिक कक्ष। 2. a former English unit of length chiefly for cloth equal to 45 inches, 45 इंच लंबाई की प्राचीन, अंग्रेज़ी नाप।

ellipse (इ-लिप्स्´) *n.* 1. a flat egg-shaped figure, अंडाकार आकृति, वर्तुलाकृति। 2. a large circle, दीर्घवृत्त।

ellipsis (इ-लिप्´-सिस्) *n.* (plu. ellipses, इ-लिप्´-सीज़्) 1. the leaving out of word from a sentence, शब्दलोप, पदलोप। 2. the mark (...) showing an intentional omission, पदलोप का सूचक चिह्न, लोप चिह्न।

elliptic (इ-लिप्´-टिक्) *adj.* 1. of or pertaining to an ellipse, वर्तुलाकार, अंडाकार, दीर्घवृत्तीय। 2. of or pertaining to a ellipsis, पदलोप-संबंधी, पदलोपीय। 3. extinct, लुप्त, विलुप्त।

elliptical (इ-लिप्´-टि-कॅल्) *adj.* = elliptic.

elm (अॅल्म्) *n.* a tree and its wood, एल्म वृक्ष और उसकी लकड़ी।

elocution (अॅल्-अॅ-क्यू´-शॅन्) *n.* the art of public speaking, भाषण-कला।

elocutionary (अॅल्-अॅ-क्यू´-शॅ-नॅ-री) *adj.* of or concerning elocution, भाषण-कला-संबंधी।

elocutionist (अॅल्-अॅ-क्यू´-शॅन्-इस्ट्) *n.* 1. a good public speaker, भाषणपटु, सुवक्ता। 2. one who teaches elocution, भाषण-कला-विशेषज्ञ।

elongate (इ-लाःङ्ग्´-गेट्) *v.* (elongated, elongating) 1. to make longer, बढ़ाना, लंबा करना, खींचना, फैलाना। 2. to grow longer, लंबा होना, खिंच जाना, बढ़ना।

elongation (इ-लाःङ्ग्-गे´-शॅन्) *n.* the act of elongating or the state of being elongated, विस्तारण, विस्तार, फैलाव।

elope (इ-लोप्´) *v.* (eloped, eloping) 1. to run away secretly with a lover, प्रेमी के साथ निकल भागना, सहपलायन करना। 2. to abscond, फ़रार हो जाना, भाग जाना।

elopement (इ-लोप्´-मॅन्ट्) *n.* the act of eloping or the state of being eloped, (स्त्री का) किसी के साथ भाग जाना, सहपलायन।

eloquence (अॅल्´-अॅ-क्वेन्स्) *n.* the act of speaking fluently and powerfully, वक्तृत्व-शक्ति, वाग्मिता, भाषण-पटुता।

eloquent (अॅल्´-अॅ-क्वेॅन्ट्) *adj.* 1. speaking fluently and powerfully, धाराप्रवाह बोलने-वाला, ज़ोरदार भाषण करनेवाला, वाग्मी। 2. visibly and vividly expressive, बोधक, सूचक, द्योतक, परिचायक; The healthy appearance of the children is eloquent of the wealth of the nation. स्वस्थ बच्चे राष्ट्र की समृद्धि के परिचायक हैं।

else (अॅल्स्) *adj.* other, अन्य, दूसरा; someone else, कोई और। *adv.* 1. if not, नहीं तो, अन्यथा; Be careful or else you will be penalized. सावधानी बरतो नहीं तो दंड के लिए तैयार रहो। 2. differently, दूसरे ढंग से; How else could

it be done? यह और कैसे किया जाए ? □ **or else,** otherwise, या फिर, अन्यथा।

elsewhere (ऍल्स्´-ह्वेंॲः) *adv.* somewhere else, at another place, कहीं और, अन्यत्र।

elucidate (इ-ल्यू´-सि-डेट्) *v.* (elucidated, elucidating) to make clear, to explain and clarify, स्पष्ट करना, खोलकर समझाना, स्पष्टीकरण करना, विशद व्याख्या करना।

elucidation (इ-ल्यू´-सि-डे´-शॅन्) *n.* the act of elucidating, स्पष्टीकरण, विशदीकरण।

elude (इ-ल्यूड्´) *v.* (eluded, eluding) 1. to escape cleverly from, to avoid, बच निकलना, बचा या कतरा जाना। 2. to escape from the memory of, याद न आना, पकड़ में न आना, न सूझना; I remember his face very well but his name eludes me for the moment. मुझे उसकी शक्ल तो अच्छी तरह याद है परंतु इस समय उसका नाम याद नहीं आ रहा; The answer eludes me. मुझे उत्तर नहीं सूझ रहा।

elusion (इ-ल्यू´-ज़्हॅन्) *n.* 1. the act of eluding, बचाव, परिहार। 2. illusion, भ्रम, धोखा।

elusive (इ-ल्यू´-सिव्) *adj.* 1. tending to elude, difficult to catch, बच जानेवाला, परिहार करने वाला, पकड़ में न आनेवाला। 2. eluding a person's memory, याद न पड़नेवाला। 3. illusory, भ्रामक, भ्रांतिजनक।

elver (ऍल्´-वॅः) *n.* a young eel, सर्पमीन का बच्चा।

elves (ऍल्वज़्) *n.* plu. of elf.

Elysium (इ-लिज़्ह्´-इ-ॲम्) *n.* 1. a paradise, स्वर्ग। 2. a place of ideal happiness, आनंदधाम। 3. the state of ideal happiness, परमानंद। 4. the home of the happy dead, पुण्यआत्माओं का मरणोपरांत निवास-स्थान।

em (ऍम्) *n.* a unit of space in printing, एम।

emaciate (इ-मे´-शि-एट्) *v.* (emaciated, emaciating) 1. to become too feeble, कमज़ोर या अशक्त हो जाना, दुबला हो जाना, सूखकर काँटा हो जाना, सूख जाना, क्षीण हो जाना। 2. to make feeble, कमज़ोर या अशक्त बना देना, काँटे के समान कर देना, सुखा डालना।

emaciation (इ-मे-शि-ए´-शॅन्) *n.* the state of being emaciated, क्षीणता, दुर्बलता, दुबलापन।

emanate (ऍम्´-ॲ-नेट्) *v.* (emanated, emanating) to come forth from, to arise or produce from, उठना, निकल आना, उत्पन्न या उद्भूत होना; emanate from, से आना या उत्पन्न होना।

emancipate (इ-मैन्´-सि-पेट्) *v.* (emancipated, emancipating) 1. to free from bondage or slavery, मुक्त करना/कराना, छुटकारा देना दिलाना। 2. to free from oppression or restraint, बंधन मुक्त करना या कराना, निजात देना या दिलाना, उद्धार करना।

emancipation (इ-मैन्-सि-पे´-शॅन्) *n.* the act of emancipating or the state of being emancipated, मुक्ति, मोक्ष, छुटकारा, उद्धार।

emancipator (इ-मैन्´-सि-पे-टॅः) *n.* one who liberates someone from the slavery, उद्धारक, उद्धारकर्ता, मुक्तिदाता, छुटकारा दिलानेवाला। □ **the Great Emancipator,** अब्राहम लिंकन।

emasculate (इ-मैस्´-क्यु-लेट्) *v.* (emasculated, emasculating) 1. to castrate, बधिया करना। 2. to make weak, दुर्बल या कमज़ोर कर देना। 3. to take away all the life and strength from, सारी शक्ति चूस या खींच लेना, पुंसत्वहरण करना। *adj.* castrated, बधिया।

emasculation (इ-मैस्-क्यु-ले´-शॅन्) *n.* the act of emasculating, बधियाकरण; दुर्बलीकरण; पुंसत्वहरण।

embalm (ऍम्´-बाम्) *v.* (embalmed, embalming) to preserve (a dead body) by using chemicals, spices etc., रसायनों या मसालों के लेप से शव को सुरक्षित रखना, शवलेपन करना।

embalmer (ऍम्´-बाम्-ॲः) *n.* one who embalms, शवलेपक, शवलेपनकर्ता।

embalmment (ऍम्´-बाम्-मॅन्ट्) *n.* the act of embalming, शवलेपन, शवसंरक्षण।

embank (ऍम्-बैंक्´) *v.* (embanked, embanking) to build a wall or long mound of earth to keep a river from overflowing its banks, बाँध बनाना या बाँधना, तटबंध बनाना, बंधा बनाना।

embankment (ऍम्-बैंक्´-मॅन्ट्) *n.* a wall or

long mound of earth which is built to keep a river from overflowing its banks, बाँध, तटबंध, बंधा।

embargo (ऍम्-बा:´-गो) *n.* (plu. embargoes) 1. an official order restricting some kind of economic activity, रोक, प्रतिबंध। 2. an official order forbidding ships to enter or leave a port, घाटबंदी। *v.* (embargoed, embargoing) to impose an embargo, रोक या प्रतिबंध लगाना, घाटबंदी करना।

embark (ऍम्-बा:क्´) *v.* (embarked, embarking) 1. to board (a ship or aircraft, जहाज़ पर) चढ़ना, लदना। 2. to cause to board (a ship, जहाज़ पर) चढ़ाना, लदवाना। □ **embark on or upon,** to begin (a new project or venture, नया काम) शुरू करना, सूत्रपात करना, श्रीगणेश करना।

embarkation (ऍम्-बा:-के´-शॅन्) *n.* the act of embarking, (जहाज़ पर) चढ़ने या चढ़ाने, लदने या लदाने की क्रिया, पोतारोहण, लदाई।

embarrass (ऍम्-बैर्´-ऑस्) *v.* (embarrassed, embarrassing) 1. to cause to feel ill at ease or awkward, घबरा देना, विचलित या व्याकुल कर देना। 2. to cause to feel anxious about (money), चिंतित कर या व्याकुल बना देना, परेशानी में डाल देना; परेशानी, संकट या उलझन खड़ी कर देना।

embarrassment (ऍम्-बैर्´-ऑस्-मॅन्ट्) *n.* the state of being embarrassed, घबराहट, व्याकुलता, उलझन, परेशानी; संकट, बाधा, झंझट; किंकर्तव्यविमूढ़ता।

embassy (ऍम्´-बॅ-सी) *n.* 1. the official headquarters of an ambassador, राजदूतावास। 2. an ambassador and his staff, राजदूत और उसके कर्मचारीगण।

embattle (ऍम्-बैट्´-ऑल्) *v.* (embattled, embattling) 1. to prepare for battle, युद्ध की तैयारी करना। 2. to array for battle, व्यूह-रचना करना कोटबंदी या मोर्चेबंदी करना।

embattlement (ऍम्-बैट्´-ऑल्-मॅन्ट्) *n.* the act of embattling, व्यूहरचना, मोर्चाबंदी, कोटबंदी।

embattled (ऍम्-बैट्´-ऑल्ड्) *adj.* 1. prepared for battle, युद्ध के लिए तैयार, सन्नद्ध। 2. arrayed for battle, मोर्चेबंद, व्यूहित।

embed (ऍम्-बेड्´) *v.* (embedded, embedding) 1. to fix firmly in a surrounding solid mass, जड़ना। 2. to become fixed firmly in a surrounding solid mass, जड़ा जाना। 3. to retain or be retained in mind, याद रखना या याद रहना।

embellish (ऍम्-बेल्´-इश्) *v.* (embellished, embellishing) 1. to make more beautiful, to beautify or adorn, सजाना, सँवारना, सुसज्जित करना। 2. to ornament, अलंकृत करना, विभूषित करना, शृंगार करना। 3. to add fictitious details to, बढ़ा-चढ़ा देना, नमक-मिर्च लगाना।

embellishment (ऍम्-बेल्´-इश्-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of embellishing or the state of being embellished, अलंकरण, सजावट, शृंगार। 2. an ornament, अलंकार, आभूषण। 3. enlargement, आवर्धन, विस्तार।

ember (ऍम्´-बॅ:) *n.* a red hot piece of live coal, अंगारा, अंगार।

ember day *n.* one of the twelve days of fasting and prayer, ईसाइयों का तपस्या तथा उपवास का दिवस, व्रत का दिन।

embezzle (ऍम्-बेज़्´-ऑल्) *v.* (embezzled, embezzling) to take and use (money or property) in violation of a trust, ग़बन करना।

embezzlement (ऍम्-बेज़्´-ऑल्-मॅन्ट्) *n.* misappropriation of money or property in violation of a trust, ग़बन।

embezzler (ऍम्-बेज़्´-लॅ:) *n.* one who embezzles money or property, ग़बन करने-वाला।

embitter (ऍम्-बिट्´-ऑ:) *v.* (embittered, embittering) 1. to make bitter, कड़वा कर या बना देना। 2. to cause bitter feelings in, कटुता उत्पन्न करना, वैमनस्य पैदा करना, कड़वाहट लाना। 3. to make sad and angry, खिन्न कर देना, खिन्नता से भर देना।

embitterment (ऍम्-बिट्´-ऑ:-मॅन्ट्) *n.* bitter feelings, कटुता, कड़वाहट; खिन्नता।

emblazon (ऍम्-ब्ले´-ज़्ॅन्) *v.* (emblazoned, emblazoning) 1. to ornament with heraldic devices, अलंकरणों से युक्त करना। 2. to praise or extol, प्रशंसा या गुणगान करना।

emblem (ऍम्´-ब्लॅम्) *n.* 1. a symbol, प्रतीक। 2. an identifying badge, संप्रतीक।

emblematic (ऍम्-ब्लॅ-मैट्´-इक्) *adj.* symbolic, प्रतीकात्मक।

emblematical (ऍम्-ब्लॅ-मैट्´-इॅ-कॅल्) *adj.* = emblematic.

embodiment (ऍम्-बॉड्´-इ-मॅन्ट्) *n.* 1. incorporation, समावेश। 2. an incarnation, अवतार, जीता जागता नमूना, मूर्तरूप; He is the embodient of peace, वह शांति का अवतार है। 3. someone (or something) in which something is embodied, आधान।

embody (ऍम्-बॉड्´-ई) *v.* (embodied, embodying) 1. to give shape to, to personify, मूर्त रूप देना, साकार करना। 2. to include or incorporate in the body, सन्निविष्ट करना, समाविष्ट करना, बढ़ाना। 3. to unite in a comprehensive whole, जुड़ना। □ **embody in,** to give (something) form or expression in, रूपायित करना, स्वरूप प्रदान करना, उतारना, अभिव्यक्त करना।

embolden (ऍम्-बोल्´-डॅन्) *v.* (emboldened, emboldening) 1. to make bold, दिलेर बनाना, साहस या हिम्मत बढ़ाना। 2. to encourage, उत्साह प्रदान करना, प्रोत्साहित करना।

embolism (ऍम्´-बॅ-लिज़्-ॲम्) *n.* the obstruction of a blood vessel by a clot or air bubble, धमनी-अवरोधन, शिरावरोधन।

embosomed (ऍम्-बॉज़्´-ॲम्ड्) *adj.* surrounded, घिरा हुआ, आवृत्त।

emboss (ऍम्-बॉस्´, ऍम्-बाःस्´) *v.* (embossed, embossing) to print or decorate with a raised design, इम्बास करना, अक्षरों या चित्रों को उभारना, उभारदार अक्षर या चित्र बनाना।

embouchure (आःम्-बॅ-शूः´) *n.* the mouthpiece of a wind instrument, फूँककर बजाए जानेवाले बाजे का वह अवयव जिसे होंठों या जीभ से लगाते हैं, बाजे का मुँह।

embower (ऍम्-बॉउ´-ॲः) *v.* (embowered, embowering) to enclose or shelter in a bower, पेड़-पौधों से घेरना।

embowered (ऍम्-बॉउ´-ॲःड्) *adj.* surrounded by plants and trees, पेड़-पौधों से घिरा, वृक्षों से आवृत्त।

embrace (ऍम्-ब्रेस्´) *v.* (embraced, embracing) 1. to hug, गले से लगाना, छाती से लगाना, आलिंगन करना। 2. to adopt or accept, अंगीकार करना, अपनाना। 3. to include, समावेश करना, सम्मिलित करना, शामिल करना। *n.* the act of embracing, आलिंगन; अंगीकरण; समावेश।

embrasure (ऍम्-ब्रे´-ज़्हॅः) *n.* an opening in a wall, झरोखा, मोखा।

embrocate (ऍम्´-ब्रॅ-केट्) *v.* (embrocated, embrocating) 1. to foment, सेंक करना। 2. to rub or apply a lotion (to a part of the body, किसी अंग पर) दवा लगाना या मलना।

embrocation (ऍम्-ब्रॅ-के´-शॅन्) *n.* a medicine used for applying or rubbing any part of the body, मलहम, लेप।

embroider (ऍम्-ब्रॉइ´-डॅः) *v.* (embroidered, embroidering) 1. to ornament with needlework, कसीदा काढ़ना, कढ़ाई करना। 2. to exaggerate, बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत करना।

embroidery (ऍम्-ब्रॉइ´-डॅ-री) *n.* 1. the act or process of embroidering, decorative needlework, कसीदा, कढ़ाई। 2. embroidered material, काढ़ा हुआ बेल-बूटा, फूल-पत्ती आदि। 3. exaggeration, अत्युक्ति, अतिरंजन; Just tell me the truth without a lot of embroidery, बिना मिर्च-मसाले के सच्ची बात कहो।

embroil (ऍम्-ब्रॉइल्´) *v.* (embroiled, embroiling) 1. to involve in a quarrel, झगड़े में पड़ना। 2. to cause to involve in a quarrel, to entangle, झगड़े में घसीटना, उलझाना। 3. to throw into disorder, अस्त-व्यस्त या तितर-बितर करना।

embryo (ऍम्´-ब्रि-ओ) *n.* (plu. embryos) 1. an organism or animal in its earliest stages of development esp. before birth or hatching, भ्रूण। 2. an undeveloped stage,

अविकसित या अपरिपक्व अवस्था। □ **in embryo,** existing but undeveloped, विद्यमान किंतु अविकसित, प्रारंभिक अवस्था में, कच्चा, अपक्व।

embryology (ऍम्-ब्रि-ऑल्´-अ-जी) *n.* the science dealing with the development of embroys, भ्रूणविज्ञान।

embryonic (ऍम्-ब्रि´-ऑन्-इक्) *adj.* 1. of or concerning embryo, भ्रूणीय, भ्रूण-संबंधी। 2. existing in embryo, अविकसित।

emend (इ-मॅन्ड्´) *v.* (emended, emending) to correct by removing errors, ग़लतियाँ या भूलें सुधारना, दुरुस्त करना, संशोधन करना।

emendable (इ-मॅन्ड्´-अ-बॅल्) *adj.* that can be emended, संशोधनीय, संशोध्य, सुधार्य।

emendation (इ-मॅन्-डे´-शॅन्) *n.* correction, संशोधन, भूल-सुधार।

emerald (ऍम्´-अ-रॅल्ड्) *n.* 1. a green transparent precious stone, मरकत, पन्ना। 2. its colour, हरा रंग। *adj.* bright green, चमकीला हरा। □ **the Emerald Isle,** Ireland, आयरलैंड।

emerge (इ-मर्ज्´) *v.* (emerged, emerging) to come up or appear, प्रकट होना, निकल आना, उदित होना। 2. to be revealed, to become obvious, प्रकाश में आना, सामने आना, स्पष्ट होना।

emergence (इ-मः´-जॅन्स्) *n.* the act or process of emerging, उदय, अभ्युदय, आविर्भाव, प्रकटीकरण।

emergency (इ-मः´-जॅन्-सी) *n.* an unexpected condition or dangerous happening needing prompt action, आपात-स्थिति, आपात-काल; emergency powers, आपातकालीन अधिकार।

emergency case *n.* a patient requiring urgent treatment, आपात रोगी।

emergency room *n.* a room in a hospital for patients (serious in condition) requiring urgent treatment, आपात-कक्ष।

emergent (इ-मः´-जॅन्ट्) *adj.* 1. coming into existence, अस्तित्व ग्रहण करनेवाला, प्रकट होनेवाला, उद्‌गामी। 2. of emergency, आपातिक।

emeritus (इ-मॅर्´-इ-टॅस्) *adj.* retired but retaining an honorary title, सेवानिवृत्त परंतु उपाधि-विभूषित, सम्माननीय; emeritus professor, सम्माननीय आचार्य।

emery (ऍम्´-अ-री) *n.* the powdered form of a very hard metal which is used for polishing, पालिश के काम आनेवाला धातु चूर्ण, भस्सी; emery cloth, एमरी कपड़ा; emery paper, एमरी काग़ज़, रेगमाल।

emetic (इ-मॅट्´-इक्) *adj.* causing vomiting, वमनकारी, वामक। *n.* a medicine used to cause vomiting, वमनकारी ओषधि।

emigrant (ऍम्´-इ-ग्रॅन्ट्) *n.* a person who emigrates, अपना देश छोड़कर दूसरे देश में जा बसनेवाला, उत्प्रवासी।

emigrate (ऍम्´-इ-ग्रेट्) *v.* (emigrated, emigrating) to leave one's country and go to settle in another, एक देश छोड़कर दूसरे देश में बसने के लिए जाना, उत्प्रवास करना, परदेश गमन करना।

emigration (ऍम्-इ-ग्रे´-शॅन्) *n.* the act of emigrating or the state of being emigrated, उत्प्रवास, उत्प्रवासन, परदेश-गमन।

emigre (ऍम्´-इ-ग्रे) *n.* a person who emigrates for political reasons, जिसे देश छोड़कर विदेश जाने के लिए मजबूर किया गया हो, उत्प्रवासी।

eminence (ऍम्´-इ-नॅन्स्) *n.* 1. the state of being distinguished and outstanding, उत्कृष्टता, श्रेष्ठता, प्रतिष्ठा, ख्याति। 2. a high ground or hill, टीला या पहाड़ी।

eminent (ऍम्´-इ-नॅन्ट्) *adj.* 1. distinguished and outstanding, उत्कृष्ट, अग्रगण्य, श्रेष्ठ। 2. famous and admired, सुप्रसिद्ध, प्रतिष्ठित, ख्यातिलब्ध, सम्मानित। 3. notable, उल्लेखनीय, विशिष्ट।

eminently (ऍम्´-इ-नॅन्ट्-ली) *adv.* exceptionally, outstandingly, असाधारण रूप में, उत्कृष्ट रूप में।

emir (ॲ-मीः´) *n.* a muslim prince, chieftain or ruler, अमीर।

emirate (ऍम्´-इ-रिट्) *n.* the territory of an

emir, अमीर की रियासत या राज्य।

emissary (ऍम्´-इ-सॅर्-ई) *n.* (plu. emissaries) *n.* 1. a messenger, दूत। 2. a messenger representing the head of a government, राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री का दूत।

emission (इ-मिश्´-अॅन्) *n.* 1. the act of emitting, उत्सर्जन, फेंकाव, निस्सारण। 2. something emitted, उत्सृष्ट या निस्सृत पदार्थ, फेंकाव।

emissive (इ-मिस्´-इव्) *adj.* causing emission, उत्सर्जक, फेंकनेवाला।

emit (इ-मिट्´) *v.* (emitted, emitting) 1. to send out or discharge, बाहर फेंकना, उत्सर्जन करना, निकालना। 2. to utter, मुँह से निकालना, कहना या बोलना। 3. to issue, जारी करना।

emollient (इ-मॉल्´-इ-ॲन्ट्, इ-मॉल्´-यॅन्ट्) *adj.* softening, मृदुकारी, (त्वचा को) मुलायम बनानेवाला। *n.* a medicine which softens the skin, त्वचा को कोमल बनानेवाला पदार्थ।

emolument (इ-मॉल्´-यॅ-मॅन्ट्) *n.* 1. a salary, वेतन। 2. (plu.) the profit arising from an office, परिलब्धियाँ।

emote (इ-मोट्´) *v.* (emoted, emoting) to express emotion, भावना में बह जाना, भावाभिभूत होकर कहना, भावावेश में कहना।

emotion (इ-मो´-शॅन्) *n.* 1. a strong mental feeling as of joy, sorrow, hate or fear, संवेग, भावावेश, भावावेग। 2. sentiment, भाव, मनोभाव, भावना, जज़्बात (plu.)। 3. excitement, उत्तेजना।

emotional (इ-मो´-शॅ-नॅल्) *adj.* 1. related to sentiments, भावात्मक, भावपरक, भावनात्मक। 2. having or showing strong emotion, संवेगात्मक, संवेगी, भावप्रवण, भावुक, जज़्बाती। 3. characterized by strong emotion, भावुकतापूर्ण, भावनामय।

emotionalism (इ-मो´-शॅ-नॅ-लिज़्-ॲम्) *n.* 1. emotional disposition, भावप्रवणता, भावुकता। 2. exuberance of emotion, भावातिरेक।

emotionally (इ-मो´-शॅ-नॅ-ली) *adv.* 1. with regard to the emotions, भावनात्मक दृष्टि से। 2. in an emotional manner, भावुकतापूर्वक, भावुक होकर।

emotive (इ-मो´-टिव्) *adj.* 1. which causes strong feeling, भावोत्तेजक, संवेगी, जोशीला। 2. sentimental, भावुक, भावुकतापूर्ण।

empanel (ॲम्-पॅन्´-ॲल् / इम्-पैन्´-ॲल्) *v.* (empanelled/empaneled, empanelling/empaneling) 1. to add someone's name in the list, सूची में नाम लिखना, सूची में नाम चढ़ाना। 2. to select from such a list, सूची में से चयन करना, पैनल बनाना।

empathic (ॲम्-पैथ्´-इक्) *adj.* sharing another's feelings, समानुभूतिशील।

empathy (ॲम´-पॅ-थी) *n.* 1. identification with another's feelings, परानुभूति, तदनुभूति। 2. the act of sharing another's ideas or feelings, समानुभूति।

emperor (ॲम्´-पॅ-रॅ:) *n.* one who rules over an empire, सम्राट, शहंशाह।

emperorship (ॲम्-पॅ-रॅ:-शिप्) *n.* the status or office of the emperor, सम्राट का पद, शहंशाही।

emphasis (ॲम्´-फॅ-सिस्) *n.* (plu. emphases, ॲम्´-फ़ॅ-सीज़्) 1. special significance or importance given to something, विशेष रूप से दिया जानेवाला महत्त्व या प्रमुखता। 2. stress or force, बल, ज़ोर; ☐ **lay emphasis on,** to stress, पर बल देना, को महत्त्व देना। 3. accent, बलाघात।

emphasise *v.* = emphasize.

emphasize (ॲम्´-फ़ॅ-साइज़्) *v.* (emphasized, emphasizing) 1. to give importance to, महत्त्व या प्रमुखता देना। 2. to give emphasis to, to stress, ज़ोर देना, बल देना।

emphatic (ॲम्-फ़ैट्´-इक्) *adj.* 1. expressed or performed with emphasis, ज़ोरदार, सशक्त, सबल, दृढ़ या दृढ़तापूर्ण। 2. perfectly, certain and noticeable, सुनिश्चित, सुस्पष्ट।

emphatically (ॲम्-फ़ैट्´-इ-कॅ-ली) *adv.* 1. in an emphatic manner, ज़ोरदार ढंग से, दृढ़तापूर्वक, दृढ़ता से। 2. most certainly, निश्चित रूप से, अत्यावश्यक रूप से।

emphysema (ॲम्-फ़ि-सी´-मॅ) *n.* a disease relating to loss of breathing ability, श्वासावरोध।

empire (ऍम्´-पाइः) *n.* 1. a group of countries ruled by an emperor or a single authority, साम्राज्य, सल्तनत। 2. Imperial domination, साम्राज्यवादी सत्ता। 3. a large commercial organization controlled by a single man or group, साम्राज्य, सल्तनत।

empire-builder *n.* a person who seeks to increase his jurisdiction, विस्तारवादी व्यक्ति।

empiric (ऍम्-पिर्´-इक्) *adj.* = empirical.

empirical (ऍम्-पिर्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. based on observation, अनुभव पर आधारित, अनुभव-जन्य। 2. based on experiment, प्रयोग पर आधारित, प्रयोगजन्य। 3. relaying on practical experience rather than theory, अनुभवसिद्ध, प्रयोगसिद्ध। 4. of or relating to medical quackery, नीम हकीम का अर्थात् अवैज्ञानिक या सिद्धांतविहीन।

empiricism (ऍम्-पिर्´-इ-सिज़्-ॲम्) *n.* the doctrine that all knowledge is obtainable by experience only, अनुभववाद।

empiricist (ऍम्-पिर्´-इ-सिस्ट्) *n.* a follower of empiricism, अनुभववादी।

emplacement (ऍम्-प्लेस्-मॅन्ट्) *n.* 1. placement, स्थापन। 2. a platform for a gun or a battery of guns, तोप या तोपें स्थापित करने का चबूतरा।

emplane (ऍम्-प्लेन्´) *v.* (emplaned, emplaning) = enplane.

employ (ऍम्-प्लॉइ´) *v.* (employed, employing) 1. to engage, appoint or give work to, काम पर लगाना, नौकरी देना, नौकर रखना, नियुक्त करना, नियोजित करना, नियोजन करना, रोज़गार देना। 2. to use, उपयोग करना, काम में लाना या लगाना। 3. to spend, बिताना, व्यय करना। *n.* employment, service, नौकरी, सेवा; to be in the employ of, की सेवा में होना, का नौकर होना।

employable (ऍम्-प्लॉइ´-ॲ-बॅल्) *adj.* that can be employed, able to be employed, काम पर रखने योग्य, नौकरी पर रखने योग्य, नियोजनीय।

employee (ऍम्-प्लॉइ´-ई) *n.* a person who is employed by another, कर्मचारी, नौकर, मुलाज़िम, कर्मी; employees' association, कर्मचारी संघ।

employer (ऍम्-प्लॉइ´-ॲः) *n.* one who employs, नियोजक, नियोक्ता, मालिक।

employment (ऍम्-प्लॉइ´-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of employing or the state of being employed, नियोजन। 2. work done as an occupation, काम, व्यापार, रोज़गार, धंधा।

employment exchange *n.* an office which helps persons to get employment, नियोजनालय, नियोजन कार्यालय, रोज़गार दफ़्तर।

emporium (ऍम्-पोर्´-इ-ॲम्) *n.* (plu. emporia, emporiums) 1. a large store, बड़ी दुकान या स्टोर। 2. a centre of commerce, वाणिज्य-केंद्र, विक्रय केंद्र।

empower (ऍम्-पॉव्´-ॲः) *v.* (empowered, empowering) to give power or authority to, अधिकार प्रदान करना, अधिकृत करना।

empress (ऍम्´-प्रिस्) *n.* 1. a female emperor, सम्राज्ञी। 2. the wife or widow of an emperor, सम्राट की पत्नी या विधवा।

empties (ऍम्प्´-टीज़्) *n.* (plu.) emptied bottles, boxes etc., ख़ाली बोतलें, बक्से आदि।

emptiness (ऍम्प्´-टि-निस्) *n.* the state of being empty, ख़ालीपन, रिक्तता, शून्यता।

empty (ऍम्प्´-टी) *adj.* (emptier, emptiest) 1. containing nothing ख़ाली, रिक्त। 2. vacant, ख़ाली। 3. carrying no passengers or load, ख़ाली, रहित, विहीन। 3. lacking purpose, substance, value or effect, निरर्थक, थोथा, खोखला, निस्सार, अवास्तविक; empty promise, झूठा वचन, झूठा वायदा। □ **on an empty stomach,** not having eaten anything, खाली पेट, बिना कुछ खाए। *v.* (emptied, emptying) 1. to make empty, ख़ाली कर देना। 2. to become empty, ख़ाली हो जाना। 3. to fall, गिरना; the river empties into the sea, नदी समुद्र में गिरती है।

empty-handed (ऍम्प्´-टि-हैन्´-डिड्) *adj.* 1. carrying nothing in the hands, ख़ाली हाथ। 2. taking away nothing, जिसे कुछ प्राप्त न हुआ हो, सूखा।

empty-headed (ऍम्प्´-टि-हैड्´-इड्) *adj.* lack-

ing good sense or intelligence, बुद्धू।

empyreal (ऍम्-पि-री´-अॅल्) *adj.* 1. of the sky, आकाशीय। 2. heavenly, स्वर्गीय।

empyrean (ऍम्-पि-री´-अॅन्) *n.* 1. the sky, आकाश। 2. the heavens, स्वर्ग।

emu (ई´-म्यू) *n.* a bird of ostrich family, शुतुर्मुर्ग की जाति का एक पक्षी, ईम्यू।

emulate (ऍम्´-यु-लेट्) *v.* (emulated, emulating) to attempt to equal or excel by imitation, किसी की बराबरी तक पहुँचने या उससे आगे निकलने का प्रयत्न करना, समानुकरण करना, होड़ करना, उत्साहपूर्वक अनुकरण करना।

emulation (ऍम्-यु-ले´-शॅन्) *n.* the act of emulating, समानुकरण, होड़।

emulator (ऍम्´-यु-ले-टॅः) *n.* one who emulates, समानुकर्ता, होड़ करनेवाला, लगन से अनुकरण करनेवाला।

emulsify (इ-मल्´-सि-फ़ाइ) *v.* (emulsified, emulsifying) to make into or become an emulsion, इमल्शन बनाना या बनना।

emulsion (इ-मल्´-शॅन्) *n.* a creamy mixture of liquids, इमल्शन, तैलोद।

enable (ऍन्-ए´-बॅल्) *v.* (enabled, enabling) 1. to render able, समर्थ बनाना, योग्य बनाना। 2. to make possible, संभव बनाना, सुविधा देना या साधन जुटाना। 3. to give legal power or sanctions to, अधिकार देना।

enact (ऍन्-ऐक्ट्´) *v.* (enacted, enacting) 1. to make into an act, अधिनियम या कानून बनाना, अधिनियमित करना। 2. to act or perform, अभिनय करना, एक्टिंग करना।

enactment (ऍन्-ऐक्ट्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the action or process of enacting, अधिनियमन। 2. the law कानून, अधिनियम, विधि।

enamel (इ-नैम्´-अॅल्) *n.* 1. a glass-like coating on metal, इनैमल, तामचीनी। 2. a kind of paint, एक तरह का पेंट, इनैमल। 3. the hard outer covering of teeth, इनैमल, दंतवल्क। *v.* (enamelled/enameled, enamelling/enameling) to coat with enamel, इनैमल करना, तामचीनी (की परत) चढ़ाना।

enamelware (इ-नै´-मॅल्-वेंअः) *n.* enamel coated metal utensils, तामचीनी के बर्तन।

enamour (इ-नैम्´-अॅः) *v.* (enamoured, enamouring) to inspire with love, to captivate, मुग्ध करना, मोहित करना, लुभा लेना।

enamoured (इ-नैम्´-अॅःड्) *adj.* captivated, मुग्ध, मोहित, आसक्त, अनुरक्त।

en bloc (ऍन्-ब्लॉक्´) *adv.* all together, सब एक साथ, सामूहिक रूप से। (फ्रांसीसी)

encamp (ऍन्-कैम्प्´) *v.* (encamped, encamping) to settle or lodge in a camp, खेमे में रहना, खेमा डालना।

encampment (ऍन्-कैम्प्´-मॅन्ट्) *n.* a large camp for soldiers, सैनिकों की छावनी, पड़ाव, डेरा।

encapsulate (ऍन्-कैप्´-सु-लेट्) *v.* (encapsulated, encapsulating) 1. to enclose in a capsule, कैप्सूल में भरना। 2. to become encased in a capsule, कैप्सूल में भरा जाना।

encase (ऍन्-केस्´) *v.* (encased, encasing) to enclose in a case, खोल, डिब्बे या बक्से में बंद करना, गिलाफ़ चढ़ाना, आवेष्टित करना।

encash (ऍन्-कैश्´) *v.* (encashed, encashing) to exchange (a cheque or draft) for cash, भुनाना।

encashment (ऍन्-कैश्´-मॅन्ट्) *n.* the act of encashing, भुनाना, भुनाई।

enceinte (आन्-सैन्ट्´) *adj.* pregnant, गर्भवती। (फ्रांसीसी)

encephalitis (ऍन्-सॅफ़्-अॅ-लाइ´-टिस्) *n.* inflammation of the brain, मस्तिष्क-शोथ।

encephalon (ऍन्-सॅफ़्´-अॅ-लॉन्) *n.* (plu. encephala) the brain, मस्तिष्क।

enchain (ऍन्-चेन्´) *v.* (enchained, enchaining) to bind with chains, ज़ंजीरों से बाँधना या कसना।

enchant (ऍन्-चैन्ट्´) *v.* (enchanted, enchanting) 1. to cast a magic spell, to bewitch, मोहिनी डालना, मंत्रमुग्ध कर लेना, जादू कर देना। 2. to fill with intense delight, to enrapture, रिझा लेना, ख़ुश कर देना, आनंदविभोर कर देना, आह्लादित करना।

enchanted (ऍन्-चैन्´-टिड्) *adj.* 1. placed under a magic spell, जादू से प्रभावित, जादुई। 2. filled with delight, आह्लादित।

enchanter (ऍन्-चैन्ट्´-अ:) *n.* a magician, जादूगर, मायावी।

enchanting (ऍन्-चैन्ट्´-इंग्) *adj.* bewitching, मोहक, मुग्ध करनेवाला, लुभावना।

enchantment (ऍन्-चैन्ट्´-मॅन्ट्) *n.* 1. a magic or spell, जादू, मोहिनी। 2. a delightful influence, सम्मोहन।

enchantress (ऍन्-चैन्ट्´-रिस्) *n.* a female enchanter, जादूगरनी, मायाविनी।

enchilada (ऍन्-चि-ला´-डॅ) *n.* a piece of bread filled with meat, मांस-भरी रोटी।

encipher (ऍन्-साइ´-फ़:) *v.* (enciphered, enciphering) to put (a message) into cipher, कूटभाषा में बदलना।

encircle (ऍन्-स:´-कॅल्) *v.* (encircled, encircling) 1. to form a circle around, वृत्त से घेरना। 2. to surround, चारो ओर से घेर लेना, घेराबंदी करना। 3. to move or go round, चक्कर लगाना, परिक्रमा करना।

encirclement (ऍन्-स:´-कॅल्-मॅन्ट्) *n.* the act of surrounding, घेरेबंदी।

enclave (ऍन्-क्लेव्) *n.* a part of a country lying entirely within the boundaries of another, किसी देश का वह क्षेत्र जो दूसरे राज्य से घिरा हो, अंतरावर्त, विदेशी अंत:क्षेत्र।

enclose (ऍन्-क्लोज़्´) *v.* (enclosed, enclosing) 1. to surround on all sides, चारो ओर से घेरना, परिवेष्ठित करना। 2. to put a wall or fence around, चारो ओर दीवार खड़ी करना या बाढ़ लगाना। 3. to shut up, बंद कर देना। 4. to put (into an envelope) along with a letter, पत्र के साथ नत्थी करके (लिफ़ाफ़े में) रखना या भेजना, संलग्न करना।

enclosure (ऍन्-क्लो´-ज़्हॅ:) *n.* 1. the act of enclosing, घेरने की क्रिया या भाव, घेरेबंदी। 2. an enclosed space or area, घिरा हुआ भूभाग, बाड़ा। 3. a wall or fence, दीवार या बाड़। 4. something enclosed with a letter, पत्र के साथ नत्थी की हुई वस्तु, संलग्नक, अनुलग्नक, संलग्न-पत्र।

encode (ऍन्-कोड्´) *v.* (encoded, encoding) to turn into code, कूट भाषा में बदलना, संकेतों में (संदेश को) परिवर्तित करना।

encomium (ऍन्-को´-मि-अॅम्) *n.* eulogy, praise, स्तुति, प्रशंसा, गुणगान।

encompass (ऍन्-कम्´-पॅस्) *v.* (encompassed, encompassing) 1. to enclose within a circle, घेर लेना, घेरा डाल देना। 2. to include, सम्मिलित करना, समेट लेना। 3. to bring about, लाना; to encompass ruin, विनाश लाना, विनष्ट कर डालना।

encore (ऑङ्´-का:, आंग्´-को:) **interj.** again, once more, फिर, फिर से, एक बार और, मुकर्रर। *n.* 1. a call for repeating the performance, फिर से या दुबारा कोई काम करने के लिए किया जानेवाला आग्रह या अनुरोध। 2. the act performed in response to it, अनुरोध पर दुबारा किया जानेवाला प्रदर्शन। *v.* (encored, encoring) to demand repetition of a performance, दुबारा करने के लिए कहना।

encounter (ऍन्-कॉउन्´-टॅ:) *v.* (encountered, encountering) 1. to meet by chance or unexpectedly, सामना हो जाना, भेंट या मुलाक़ात हो जाना। 2. to confront in battle, सामना करना, टक्कर लेना, दो-दो हाथ करना, भिड़ जाना। *n.* 1. a sudden or unexpected meeting, मुलाक़ात, भेंट, सामना। 2. a battle or hostile meeting, मुठभेड़, सामना।

encourage (ऍन्-कर्´-इज्) *v.* (encouraged, encouraging) 1. to give courage to, to inspire with confidence, प्रोत्साहन प्रदान करना, प्रोत्साहन देना, हिम्मत बढ़ाना, हौसला बढ़ाना, प्रोत्साहित करना। 2. to promote or develop, बढ़ाना, उन्नत करना, बढ़ावा देना; to encourage export, निर्यात को बढ़ावा देना।

encouragement (ऍन्-कर्´-इज्-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of encouraging, प्रोत्साहन, बढ़ावा। 2. something which encourages, प्रोत्साहन देनेवाली बात, प्रेरणा। 3. solace, ढाढ़स, तसल्ली।

encouraging (ऍन्-कर्´-इज्-इंग्) *adj.* 1. giving encouragement, प्रोत्साहन देनेवाला, हिम्मत बँधानेवाला। 2. giving hope, आशाप्रद, आशामय, उत्साहवर्धक।

encroach (ऍन्-क्रोच्´) *v.* (encroached, encroaching) 1. to intrude upon the territory, property or rights of another, to

अ: bird ब:ड्, अॅ: tear टिअॅ:, ऐंअॅ air ऐंअॅ:, आई five फ़ाइव्, ऑइ boy बॉइ/बॉय, इअॅ near निअॅ: उअॅ poor पुअॅ:, च् chat चैट्, थ् thing थिंग्, द् this दिस्, फ़् full फ़ुल्, व़् wait व़ेट्

trespass, अधिक्रमण करना, दबा लेना। 2. to go beyond what is usual or natural, to cross limits, अतिक्रमण करना।

encroachment (ऍन्-क्रोच्´-मॅन्ट्) ***n.*** the act of encroaching, अधिक्रमण; अतिक्रमण।

encrust (ऍन्-क्रस्ट्´) ***v.*** (encrusted, encrusting) 1. to cover with a crust, परत जमाना या लगाना, तह जमाना या लगाना। 2. to become covered with a crust, परत या पपड़ी जमना, तह जमना या लगना।

encumber (ऍन्-कम्´-बॅ:) ***v.*** (encumbered, encumbering) 1. to burden, भारग्रस्त या भाराक्रांत करना, बोझ से लाद देना। 2. to burden with debts, ऋणग्रस्त करना; encumbered estate, ऋणग्रस्त संपदा। 3. to hinder or hamper, बाधा डालना, विघ्न डालना, रोड़ा अटकाना। 4. to fill with useless matter, भरती भरना, ठूँस देना, भर देना।

encumberance (ऍन्-कम्´-बॅ-रॅन्स्) ***n.*** 1. a burden or obligation, बोझ, भार, दायित्व। 2. the state of being encumbered with debts, ऋणग्रस्तता।

encyclical (ऍन्-सिक्´-लि-कॅल्) ***n.*** a Pope's letter addressed to the bishops, पोप द्वारा बिशपों को भेजा जानेवाला पत्र, पोप का गश्ती पत्र।

encyclopedia (ऍन्-साइ-क्लो-पी´-डि-अॅ) ***n.*** a reference book (or set of such books) giving information about topics dealing with whole range of human knowledge arranged alphabetically, विश्वकोश, ज्ञान-कोश।

encyclopedic (ऍन्-साइ-क्लो´-पी-डिक्) ***adj.*** 1. of encyclopedia, विश्वकोश-संबंधी। 2. wide and full, विशद।

end (ऍन्ड्) ***n.*** 1. the extreme limit of something, a tip, सिरा, छोर, किनारा। 2. the furthest point from here, अंतिम बिंदु। 3. the extreme extent or degree of something, अंत, समाप्ति, परिसमाप्ति; the end of the year, वर्ष का अंत। 4. a purpose or goal, ध्येय, प्रयोजन, उद्देश्य; ends of justice, न्याय के उद्देश्य। 5. a result or outcome, फल, परिणाम, नतीजा। 6. death, मृत्यु, मौत। 7. a remainder or remnant, शेषांश, टुकड़ा। 8. conclusion, उपसंहार। 9. a particular part of a business, कार्य विभाग। ☐ **at a loose end,** having nothing to do, ख़ाली, बेकार, निकम्मा बैठा हुआ, जिसे कोई काम न हो; **at an end,** exhausted, चुका हुआ, निश्शेष; **come to an end,** (i) to become completed, पूर्ण हो जाना (ii) to become exhausted, चुक जाना, निश्शेष हो जाना; **end it all,** to commit suicide, आत्महत्या कर लेना; **go off the deep end,** to lose control of oneself, आत्मनियंत्रण खो बैठना, बिगड़ उठना; **in the end,** at last, अंत में, आख़िरकार; **keep one's end up,** to do one's part in spite of difficulties, कठिनाइयों के वाबजूद अपना कार्य आगे बढ़ाते चलना; **make both ends meet,** to spend no more than the money one has, अपनी चादर के अंदर पैर फैलाना, अपनी कमाई से ही गुज़ारा करना, जैसे-तैसे निर्वाह करना; **put an end to,** to abolish, समाप्त या ख़त्म करना, उन्मूलित या नष्ट करना; **without end,** endless, अनंत, निस्सीम। ***v.*** (ended, ending) 1. to come to an end, समाप्त या पूरा होना। 2. to bring to an end, समाप्त या पूरा करना। 3. to put an end to, समाप्त कर देना, ख़त्म कर देना, उन्मूलित या नष्ट कर देना। 4. to die, मरना। ☐ **end in,** to result in, परिणाम या फल होना; **end up,** to finish, समाप्त करना या होना।

endanger (ऍन्-डेन्´-जॅ:) ***v.*** (endangered, endangering) to put in danger, to imperil, संकट में डालना, ख़तरे में डालना।

endear (ऍन्-डिअॅ:) ***v.*** (endeared, endearing) to cause to be loved, (अपने को) लाड़ला या चहेता बना लेना (या देना), (दूसरे का) प्रिय बन जाना; Her smile endeared her to every one, उसकी मुस्कराहट ने सभी को मोह लिया।

endearing (ऍन्-डिअॅर्´-इंग्) ***adj.*** that endears one to someone, प्रिय लगनेवाला, सुहावना, सलोना।

endearment (ऍन्-डिअॅ:-मॅन्ट्) ***n.*** 1. love, प्यार, प्रेम, अनुराग। 2. a word or expression

of love, प्यार की बात, लाड़-प्यार।

endeavour, endeavor (ऍन्-डॅव्´-अ:) *v.* (endeavoured, endeavouring) to try or attempt, प्रयास करना, प्रयत्न करना, उद्यम करना। *n.* an attempt or effort, प्रयत्न, प्रयास, चेष्टा, उद्यम।

endemic (ऍन्-डॅम्´-इक्) *adj.* prevalent in a particular place or locality, किसी स्थान या बस्ती में व्याप्त, स्थानीय रूप से व्याप्त; endemic disease, स्थानीय बीमारी।

ending (ऍन्´-डिंग्) *n.* the end, अंत, इतिश्री, समाप्ति।

endive (ऍन्´-डाइव्) *n.* a plant and its leaves used in salad, कासनी।

endless (ऍन्ड्´-लिस्) *adj.* 1. never ending, अंतहीन, अनंत, असीम, अपार। 2. formed with the ends joined, continuous, बराबर चलता या घूमता रहनेवाला; The machine drives an endless belt, मशीन का पट्टा बराबर घूमता रहता है।

endmost (ऍन्ड्´-मोस्ट्) *adj.* being at the end, आख़िरी, अंतिम।

endorse (ऍन्-डो:स्´) *v.* (endorsed, endorsing) 1. to write one's signature on the back of a cheque etc., पृष्ठांकन करना, पृष्ठांकित करना। 2. to support or express approval, समर्थन करना, सहमति व्यक्त करना। 3. to confirm, पुष्टि करना।

endorsement (ऍन्-डो:स्´-मॅन्ट्) *n.* the act of endorsing, पृष्ठांकन; समर्थन, पुष्टि।

endorser (ऍन्-डो:स्´-अ:) *n.* one who endorses, पृष्ठांकन करनेवाला, पृष्ठांकनकर्ता।

endow (ऍन्-डॉव्´) *v.* (endowed, endowing) 1. to provide with income, आय का प्रबंध कर देना, साधन जुटा देना। 2. to equip with a talent or quality, योग्य कर या बना देना, गुणी बना देना, युक्त या समृद्ध कर देना, संपन्न करना।

endowment (ऍन्-डॉव्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of endowing, आय का प्रबंध। 2. the endowed income, दान, धर्मादा, निधि। 3. (plu.) natural qualities, प्राकृतिक गुण, ख़ूबियाँ, अच्छाइयाँ, ईश्वर-प्रदत्त गुण, ईश्वरीय देन, नैसर्गिक गुण।

endowment assurance *n.* a form of life assurance that provides for the agreed amount at a fixed date, सावधि बीमा; endowment assurance policy, सावधि बीमा पालिसी।

endue (ऍन्-ड्यू´) *v.* (endued, enduing) 1. to furnish with, युक्त या सज्जित करना। 2. to give, प्रदान करना, देना।

endurable (ऍन्-ड्यूर्´-अ-बॅल्) *adj.* that can be endured, सहे जाने योग्य, सहन करने योग्य, सह्य, सहनीय।

endurance (ऍन्-ड्यूर्´-अॅन्स्) *n.* 1. the power of enduring, सहनशक्ति, सहनशीलता, धैर्य। 2. capacity, क्षमता। □ **beyond endurance,** impossible to bear any longer, असह्य।

endurance test *n.* a test of one's enduring capacity, सहन-परीक्षण, क्षमता-परीक्षण।

endure (ऍन्-ड्यु:´) *v.* (endured, enduring) 1. to bear patiently, चुपचाप सहना, झेलना, बर्दाश्त करना। 2. to last or continue to exist, चलना, टिकना, ठहरना।

enduring (ऍन्-ड्यूर्´-इंग्) *adj.* 1. lasting, चिरस्थायी, टिकाऊ। 2. long suffering, भोगनेवाला।

endways (ऍन्ड्´-वे़ज़्) *adv.* 1. end to end, सिरे से सिरा मिलाकर। 2. lengthwise, लंबाई के बल।

enema (ऍन्´-इ-मॅ) *n.* 1. the insertion of a liquid into the rectum for cleansing the stomach, अनीमा, वस्तिकर्म। 2. the material used for an enema, अनीमा देने के लिए प्रयोग में लाया जानेवाला सामान।

enemy (ऍन्´-इ-मी) *n.* (plu. enemies) 1. a hostile opponent, वैरी, शत्रु, दुश्मन। 2. a member of a hostile power or country, दुश्मन, शत्रु। [*adj.* inimical]

energetic (ऍन्´-अ:-जैट्´-इक्) *adj.* 1. full of energy, ऊर्जस्वी, उत्साही। 2. exerting or displaying energy, कर्मठ, फ़ुर्तीला, सक्रिय। 3. forceful, प्रबल, बलवान।

energetically (ऍन्-अ:-जैट्´-ई-कॅ-ली) *adv.* in an energetic manner, उत्साहपूर्वक, कर्मठतापूर्वक, सक्रियतापूर्वक।

energize (ऍन्´-ऑ:-जाइज़्) *v.* (energized, energizing) to give or supply energy to, ऊर्जा प्रदान करना, सक्रिय करना या बनाना, बल प्रदान करना।

energy (ऍन्´-ऑ:-जी) *n.* 1. the capacity or force of a body or system to do work, ऊर्जा, शक्ति, बल। 2. vigour, forcefulness, तेज, ऊर्जस्विता। 3. capacity of accomplishment, योग्यता, क्षमता।

enervate (ऍन्´-ऑ:-वेट्) *v.* (enervated, enervating) to deprive one of force or strength, to weaken अशक्त कर देना, दुर्बल या कमज़ोर बना देना, बेजान करना।

enfeeble (इन्-फ़ी´-बॅल्) *v.* (enfeebled, enfeebling) to make feeble, to weaken, कमज़ोर कर देना, दुर्बल बना देना।

enfilade (इन्´-फ़ि-लेड्) *n.* gunfire that sweeps the length of a column of troops, सेना की पूरी पंक्ति को एक सिरे से दूसरे सिरे तक नष्ट कर देनेवाली तोपों की बौछार या गोलाबारी।

enfold (इन्-फ़ोल्ड्´) *v.* (enfolded, enfolding) 1. to cover with folds, तह लगाना या लपेटना। 2. to embrace, आलिंगन करना।

enforce (इन्-फ़ो:स्´) *v.* (enforced, enforcing) 1. to compel observance of, जारी करना, लागू करना, प्रवर्तित करना। 2. to compel obedience to, बाध्य या मजबूर करना, आज्ञा पालन कराना; to enforce discipline, अनुशासन का पालन करवाना। 3. to emphasize, ज़ोर देना।

enforceability (इन्-फ़ो:-सॅ-बिल्-इ-टी) *n.* the state of being enforceable, प्रवर्तनीयता।

enforceable (इन्-फ़ो:-सॅ-बॅल्) *adj.* that can be enforced, प्रवर्तनीय।

enforcement (इन्-फ़ो:स्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the action or process of enforcing, लागू करना, प्रवर्तन। 2. compulsion, बाध्यता, मजबूरी।

enfranchise (इन्-फ़्रैन्´-चाइज़्) *v.* (enfranchised, enfranchising) 1. to endow with the right to vote, मताधिकार प्रदान करना। 2. to release from bondage, बंधन से मुक्ति देना, मुक्त करना।

enfranchisement (इन्-फ़्रैन्´-चाइज़्-मॅन्ट्) the right of voting, मताधिकार।

engage (इन्-गेज्´) *v.* (engaged, engaging) 1. to engage into one's employment, रखना, नियुक्त करना, काम पर लगाना। 2. to bind by promise, वचनबद्ध करना या वचन देना, विशेषत: मंगनी करना। 3. to involve (a person or his attention), उलझा या फँसा रखना। 4. to employ oneself in, लगना, व्यस्त होना या रहना। 5. to enter into conflict, जूझना, लड़ना। 6. to fasten together, (मशीन के पुर्ज़े को) बैठाना या लगाना। 7. to get reserved (a room, कमरा) आरक्षित कराना।

engaged (इन्-गेज्ड्´) *adj.* 1. pledged to be married, betrothed, जिसकी सगाई या मंगनी हो गई हो, वाग्दत्त या वाग्दत्ता। 2. reserved or occupied, आरक्षित, लगा हुआ।

engagement (इन्-गेज्´-मॅन्ट्) *n.* 1. an act of engaging or the state of being engaged, नियुक्ति। 2. an appointment, ठहराव, परियुक्ति। 3. any formal promise, वचनबद्धता। 4. an agreement to marry, मंगनी, सगाई। 5. a battle, लड़ाई, युद्ध।

engagement ring *n.* the ring presented to a lady at the time of engagement by her future husband, सगाई की अँगूठी।

engaging (इन्-गे´-जिंग्) *adj.* 1. attractive, चारु, आकर्षक, लुभावना। 2. pleasing, सुखद।

engender (इन्-जेंन्´-डॅ:) *v.* (engendered, engendering) 1. to cause to be born, जन्म देना, पैदा करना। 2. to bring about, अस्तित्व में लाना, अस्तित्व प्रदान करना।

engine (ऍन्´-जिन्) *n.* 1. a railway locomotive, इंजन। 2. a fire engine, आग बुझानेवाली मोटर। 3. a machine designed to convert energy into mechanical work, इंजन, मोटर।

engineer (ऍन्-जि-निऑ:´) *n.* a person versed in design, construction or machines, इंजीनियर, अभियंता। *v.* (engineered, engineering) 1. to plan, construct or manage as an engineer, इंजीनियर का काम करना, रचना, बनाना या चलाना। 2. to plan or accomplish by skill or contrivance, युक्ति लगाना।

engineered (ऍन्-जि-नि´-ऑ:ड्) *adj.* planned, constructed or managed by, रचित,

अभियंत्रित।

engineering (ऍन्-जि-निअऱ्´-इंग्) *n.* the application of scientific principles to practical purposes of public utility, अभियांत्रिकी, इंजीनियरी।

English (इंग़्-ग्लिश्) *n.* the language of the people of England, America etc., अंग्रेज़ी, इंग्लिश। *adj.* of England or its people, अंग्रेज़ी, ब्रितानवी।

Englishman (इंग्´-लिश्-मॅन्) *n.* a native of England, अंग्रेज़। [Fem. English woman, अंग्रेज़ स्त्री]

engraft (इङ्-ग्रैफ़्ट्´) *v.* (engrafted, engrafting) 1. to graft (a shoot) onto a plant, कलम लगाना। 2. to implant, रोपना। 3. to incorporate, समाविष्ट करना, जोड़ लेना, अंतर्गत करना।

engrave (इन्-ग्रेव्´) *v.* (engraved, engraving) 1. to carve or etch., खोदना, उत्कीर्ण करना, उकेरना, नक़्क़ाशी करना। 2. to fix (in mind, मन में), बैठाना। ☐ **be engraved on the memory,** स्मृति-पटल पर अंकित होना।

engraving (इन्-ग्रे´-विंग्) *n.* the art of a person who engraves, खुदाई, उकेरी, नक़्क़ाशी, उत्कीर्णन।

engross (इन्-ग्रॉस्´) *v.* (engrossed, engrossing) 1. to fill completely the time and attention of, मग्न हो जाना, तल्लीन हो जाना, खो जाना। 2. to copy in large handwriting, बड़े-बड़े अक्षरों में प्रतिलिपि तैयार करना।

engrossing (इन्-ग्रॉस्´-इंग्) *adj.* interesting absorbing, रोचक, मज़ेदार।

engulf (इन्-गल्फ़´) *v.* (engulfed, engulfing) 1. to swallow up, निगल जाना। 2. to surround and enclose completely, चारो ओर से घेर लेना, समा लेना।

enhance (इन्-हान्स्´, इन्-हैंस्) *v.* (enhanced, enhancing) 1. to increase, बढ़ाना, वृद्धि करना। 2. to improve and heighten, सुधारना, ऊँचा उठाना, आवर्धन करना, आवर्धित करना।

enhancement (इन्-हैन्स्´-मॅन्ट्) *n.* the act of enhancing or the state of being enhanced, वृद्धि, बढ़ोतरी, आवर्धन, बढ़ाया जाना।

enigma (इ-निग्´-मॅ) something very difficult to understand, ऐसी बात जिसका समाधान अत्यंत कठिन हो, विकट या पेचीदी बात, पहेली।

enigmatic (ऍन्-इग्-मैट्´-इक्) *adj.* 1. mysterious, रहस्यपूर्ण, रहस्यमय। 2. puzzling, विभ्रांतकारी। 3.intricate, पेचीदा।

enjoin (इन्-जॉइन्´) *v.* (enjoined, enjoining) 1. to command, आदेश देना। 2. to prohibit, forbid or restrain, मना करना, निषेध करना, रोक देना या लगाना।

enjoy (इन्-जॉइ´) *v.* (enjoyed, enjoying) 1. to relish, आनंद लेना, मज़ा लेना, मज़े करना। 2. to have the benefit of, लाभ या फ़ायदा होना, सुख होना; He enjoys good health. उसे उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त हुआ है/वह शरीर से स्वस्थ और सुखी है। 3. to experience, अनुभूत करना। ☐ **enjoy oneself,** to have a good time, मौज करना, मस्ती लेना।

enjoyable (इन्-जॉइ´-अॅ-बॅल्) *adj.* pleasant, मज़ेदार, आनंदप्रद, रमणीय।

enjoyment (इन्-जॉइ´-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of enjoying, आनंद, मज़ा, मौज, सुख। 2. the state of being enjoyed, उपभोग।

enkindle (इन्-किन्´-डॅल्) *v.* (enkindled, enkindling) 1. to set on fire, जलाना। 2. to cause to burst out, भड़काना।

enlarge (इन्-लाःज्´) *v.* (enlarged, enlarging) 1. to make larger, to expand, बड़ा करना, बढ़ाना, वृद्धि या विस्तार करना। 2. to become larger, बड़ा होना, बढ़ना, वृद्धि या विस्तार होना।

enlargement (इन्-लाःज्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of enlarging, परिवर्धन, विस्तारण। 2. a photograph in a lager size, बड़े आकार-प्रकार का फ़ोटो, परिवर्धितचित्र।

enlighten (इन्-लाइट्´-ॲन्) *v.* (enlightened, enlightening) 1. to give knowledge to, inform, विदित करना, जानकारी देना, समझाना। 2. to give spritual revelation to, आत्मज्ञान कराना, प्रबोधन करना।

enlightened (इन्-लाइट्´-ॲन्ड्) *adj.* having true understanding, प्रबुद्ध, ज्ञानी।

enlightenment (इन्-लाइट्-ॲन्-मॅन्ट्) *n.* the

अः bird बःड्, अॅः tear टिअॅः, ऍअॅ air ऍअॅः, आई five फ़ाइव्, ऑइ boy बॉइ/बॉय, इअॅ near निअॅः उअॅ poor पुअॅः, च् chat चैट्, थ् thing थिंग्, द् this दिस्, फ़् full फ़ुल्, व़् wait व़ेट्

act of enligthening or the state of being enlightened, आत्मज्ञान, प्रबोध, प्रबोधन।

enlist (इन्-लिस्ट्´) *v.* (enlisted, enlisting) 1. to enter (the armed forces, सेना में) भर्ती होना। 2. to enroll, भर्ती करना, सूची में दर्ज करना। 3. to engage the assistance of, सहायता या सहयोग लेना।

enlistment (इन्-लिस्ट्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of enlisting or the state of being enlisted, भर्ती। 2. securing of help or assistance, सहयोग-प्राप्ति।

enliven (इन्-लाइ´-वॅन्) *v.* (enlivened, enlivening) to make active or lively, अनुप्राणित करना, सजीव बनाना, जान डाल देना, प्राण फूँक देना।

en masse (आन-मैस्´) *adv.* all together, सब मिलकर, सब-के-सब एक जुट होकर। (फ्रांसीसी)

enmesh (इन्-मॅश्´) *v.* (enmeshed, enmeshing) 1. to entangle in a mesh, जाल में फँसाना। 2. to catch, पकड़ना।

enmity (ॲन्´-मि-टी) *n.* deep seated hatred or hostility, वैर, शत्रुता, दुश्मनी।

ennoble (इ-नो´-बॅल्) *v.* (ennobled, ennobling) 1. to make noble, कुलीन बनाना। 2. to make dignified, पद या प्रतिष्ठा बढ़ाना, उदात्त बनाना, महान बनाना।

ennui (आन्-वी´) *n.* boredom, ऊब, उकताहट, ग्लानि।

enormity (इ-नॉ:´-मि-टी) *n.* 1. the quality of being enormous, विशालता, विकरालता। 2. great wickedness, दुष्कर्म, पाजीपन। 3. a serious crime, घोर अपराध।

enormous (इ-नॉ:´-मॅस्) *adj.* unusually large in size, gigantic, बड़े आकार-प्रकार का, विशाल, विकराल।

enormously (इ-नॉ:´-मॅस्-ली) *adv.* immensely, अत्यधिक, बहुत अधिक।

enough (इ-नफ़्´) *adj.* sufficient, ample, यथेष्ट, पर्याप्त, काफ़ी, बहुत, प्रचुर। □ **that is enough,** that will do, इतना बहुत है। *adv.* to a satisfactory degree, बहुत, यथेष्ट। □ **well enough,** rather well, बहुत-कुछ ठीक।

enplane (इन्-प्लेन्´) *v.* to board an airplane, विमान पर चढ़ना।

enquire (ॲन्-क्वाइ:´) *v.* (enquired, enquiring) to inquire, पता लगाना, पूछ-ताछ करना, जाँच करना।

enquiry (ॲन्-क्वाइर´-ई) *n.* inquiry, जाँच, पूछताछ।

enrage (इन्-रेज्´) *v.* (enraged, enraging) to put into a rage, to infuriate, क्रोधाभिभूत करना, क्रुद्ध करना, गुस्सा दिलाना।

enrapture (इन्-रैप्´-चॅ:) *v.* (enraptured, enrapturing) to fill with rapture, to fill with delight, ख़ुश कर देना, आनंद से भर देना, आनंद-विभोर कर देना।

enrich (इन्-रिच्´) *v.* (enriched, enriching) 1. to make rich, धनी या धनाढ्य बना देना, संपन्न या समृद्ध बना या कर देना। 2. to improve in quality, flavour etc., बढ़िया बना देना, गुणसंपन्न कर देना, संवर्धन करना। 3. to fertilize, उपजाऊ बना देना।

enriched (इन्-रिच्ड्´) *adv.* made rich, संवर्धित।

enrichment (इन्-रिच्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the state of being enriched, धनाढ्यता, समृद्धि, संपन्नता। 2. the act of enriching, संवर्धन।

enrobe (ॲन्-रोब्´) *v.* (enrobed, enrobing) to put a robe on, वस्त्र या कपड़े पहनाना।

enrol, enroll (ॲन्-रोल्´) *v.* (enrolled, enrolling) 1. to note in a roll or list, रजिस्टर या सूची में चढ़ाना, नाम लिखना। 2. to admit as a member, भर्ती करना, सदस्य बनाना। 3. to become a member, भर्ती होना, सदस्य बनना।

enrolment (ॲन्-रोल्´-मॅन्ट्) *n.* the act of enrolling or the state of being enrolled, नाम-लिखाई, नामांकन, भर्ती।

enrolment fee *n.* the fees charged at the time of enrolment, नामांकन-शुल्क, नाम-लिखाई।

enroute (ॲन्/आन्-रूट्´) *adv.* on the way, along the way, रास्ते में, मार्ग में। (फ्रांसीसी)

ensanguined (इन्-सैंग्´-ग्विन्ड्) *adj.* covered with blood, ख़ून से लथपथ।

ensconce (ॲन्-स्कॉन्स्´) *v.* (ensconced, ensconcing) 1. to seat comfortably (in a safe or secret place, किसी सुरक्षित या गुप्त स्थान पर) आराम से बैठना। 2. to establish

firmly, सुस्थापित होना, जम जाना।

ensemble (आन्-साम्´-बॅल्) *n.* 1. the effect of all the parts of something considered together, कुल प्रभाव। 2. entirety, समग्रता। 3. a group of musicians, गायक-दल, गायक-मंडली। 4. a set of clothes, एक जोड़ कपड़ा, कपड़ों का एक जोड़ा।

enshrine (इन्-श्राइन्´) *v.* (enshrined, enshrining) 1. to keep in a shrine, मंदिर में रखना, स्थापित या प्रतिष्ठित करना। 2. to hold as sacred, पवित्र समझकर सँजोना; His name is enshrined in our hearts, उसका नाम हमारे हृदयों में अंकित हैं।

enshroud (इन्-श्रॉउड्´) *v.* (enshrouded, enshrouding) 1. to cover, ढकना, आच्छादित करना। 2. to hide, छिपाना, पर्दा डालना।

ensign (ऍन्-सिन्´, ऍन्-साइन्´) *n.* 1. a flag, पताका, झंडा, ध्वजा। 2. a banner, बैनर। 3. a sign or symbol, प्रतीक, चिह्न।

ensilage (ऍन्´-सि-लिज्) *n.* the green fodder preserved in a store, सुरक्षित रखा हुआ या भंडार में रखा हुआ हरा चारा।

ensile (ऍन्-साइल्´) *v.* (ensiled, ensiling) to preserve green fodder in a store, हरे चारे को भंडार में सुरक्षित रखना।

enslave (ऍन्-स्लेव्´) *v.* (enslaved, enslaving) to make a slave of, दास बनाना, ग़ुलाम बनाना।

enslavement (ऍन्-स्लेव्´-मॅन्ट्) *n.* slavery, दासता, ग़ुलामी।

ensnare (ऍन्-स्नेअॅ:) *v.* (ensnared, ensnaring) 1. to trap in a snare, जाल में फँसाना। 2. to catch, पकड़ लेना।

ensphere (ऍन्-स्फ़िअॅ:´) *v.* (ensphered, ensphering) to encircle, घेर लेना, घेरा डाल देना।

ensue (ऍन्-स्यू´) *v.* (ensued, ensuing) 1. to come afterwards, पीछे या बाद में होना। 2. to result, परिणाम के रूप में घटित होना।

ensuing (ऍन्-स्यू´-इंग्) *adj.* next, आगामी।

ensure (ऍन्-श्योः´) *v.* (ensured, ensuring) 1. to make sure or certain, सुनिश्चित कर या बना देना। 2. to make secure, सुरक्षित रखना।

entail (ऍन्-टेल्´) *v.* (entailed, entailing) 1. to have as a necessary consequence, नतीजा या फल होना, साथ लगा होना; This plan entails great expenses, इस योजना के साथ भारी ख़र्च भी लगा हुआ है। 2. to make necessary, आवश्यक बनाना। 3. to leave (property) to a line of heirs so that none of them can sell it, (संपत्ति) इस प्रकार अपने वंशजों के नाम लिखना कि वे उसे बेच न सकें, अपरिवर्तनीय उत्तराधिकार निश्चित करना।

entangle (ऍन्-टैंग्´-गॅल्) *v.* (entangled, entangling) to make tangled, to involve, to complicate, फँसा देना, फँस जाना, उलझा डालना, जटिल बना देना।

entente (आन्-टान्ट्´) *n.* 1. a friendly cooperation between two or more countries or governments, सहकार, सहयोग-भाव। 2. **the entente,** the countries cooperating with each other, सहयोगी देश। (फ्रांसीसी)

enter (ऍन्-टॅः´) *v.* (entered, entering) 1. to go into, प्रवेश करना, अंदर जाना, प्रविष्ट होना। 2. to come (on a stage, मंच पर) पदार्पण करना। 3. to penetrate, घुसना। 4. to join, शामिल होना, सदस्य बनना, भर्ती होना। 5. to write or note down, लिखना, दर्ज करना, अंकित करना। 6. to register as a competitor, प्रत्याशी या प्रतियोगी के रूप में नाम लिखाना। 7. to begin, आरंभ करना। 8. to place before a court of law, दर्ज कराना। 9. to admit, स्वीकार या ग्रहण करना। □ **enter into,** to take part in, हिस्सा लेना, भाग लेना; **enter on,** to begin, आरंभ करना।

enteritis (ऍन्-टॅ-राइ´-टिस्) *n.* inflammation of the intestine, आंत्रशोथ।

enterprise (ऍन्´-टॅः-प्राइज्) *n.* 1. the courage or readiness for adventure or risk, साहस, जोखिम, जीवट; 2. an undertaking, साहसिक कार्य, उद्यम; public enterprise, लोक उद्यम। 3. boldness in action, दिलेरी। 4. a business organization, व्यापारिक संघटन, व्यावसायिक प्रतिष्ठान।

enterprizing (ऍन्´-टॅः-प्राइ-ज़िंग्) *adj.* having or showing enterprize, साहसी या

अः bird बःड्, अॅः tear टिअॅः, ऍअॅ air ऍअॅः, आई five फ़ाइव्, ऑइ boy बॉइ/बॉय, इअॅ near निअॅः
उअॅ poor पुअॅः, च् chat चैट्, थ् thing थिंग्, द् this दिस्, फ़् full फ़ुल्, व़् wait व़ेट्

साहसिक, उद्योगी या उद्योगपूर्ण, जोखिम उठानेवाला या जोखिम से भरा, जोखिमी।

entertain (ऍन्-टॅ:-टेन्´) *v.* (entertained, entertaining) 1. to amuse, मनोरंजन करना, दिल बहलाना। 2. to extend hospitality to, आदर-सत्कार करना, सत्कार करना, ख़ातिरदारी करना, आवभगत करना। 3. to be ready or willing to think about, to consider, to cherish, मन में धारण करना, दिमाग में लाना, मानना। 4. to admit in order to deal with, ग्रहण करना; to entertain appeal, अपील ग्रहण करना।

entertainer (ऍन्-टॅ:-टे´-नॅ:) *n.* one who entertains, मनोरंजन करनेवाला, दिल बहलानेवाला, मनोरंजनकर्ता।

entertaining (ऍन्-टॅ:-टेन्´-इंग्) *adj.* amusing and interesting, मनोरंजक, दिल बहलानेवाला।

entertainment (ऍन्-टॅ:-टेन्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of entertaining or the state of being entertained, मनोरंजन, दिल-बहलाव। 2. hospitable reception, आदर-सत्कार, आवभगत। 3. amusement, मनोरंजन-संबंधी क्रियाकलाप।

enthral, enthrall (इन्-थ्राःल्´) *v.* (enthralled, enthralling) 1. to hold spellbound, मंत्रमुग्ध करना, अभिभूत कर लेना। 2. to enslave, दास या गुलाम बनाना, वशीभूत करना।

enthrone (ऍन्-थ्रोन्´) *v.* (enthroned, enthroning) to place on a throne, सिंहासन पर बैठाना, गद्दीनशीन करना, गद्दी पर बैठाना।

enthronement (ऍन्-थ्रोन्´-मॅन्ट्) *n.* the act of enthroning or the state of being enthroned, सिंहासन पर बैठना, गद्दीनशीनी।

enthuse (इन्-थ्यूज़्´) *v.* (enthused, enthusing) 1. to show enthusiasm, उमंग दिखलाना, उत्साह दिखलाना। 2. to make enthusiastic, उमंग से भर देना, उत्साहित करना, उत्साह भरना।

enthusiasm (इन्-थ्यू´-ज़ि-ऐज़्-ऍम्) 1. great or fervent interest, उमंग, जोश, उत्साह। 2. a cause of keen interest, रुचि या उत्साह बढ़ानेवाली बात।

enthusiast (इन्-थ्यू´-ज़ि-ऐस्ट्) *n.* one who is full of enthusiasm, उत्साही व्यक्ति, रुचि लेनेवाला, शौक़ीन; carom enthusiast, कैरम का शौक़ीन।

enthusiastic (इन्-थ्यू-ज़ि-ऐस्´-टिक्) *adj.* full of enthusiasm, उत्साह से भरा, उत्साहपूर्ण।

enthusiastically (इन्-थ्यू-ज़ि-ऐस्´-टि-कॅ-ली) *adv.* with enthusiasm, उमंग से भरकर, उत्साहपूर्वक, जोश से भरकर।

entice (ऍन्-टाइस्´) *v.* (enticed, enticing) 1. to attract by arousing hope or desire, फुसलाना। 2. to lure, लुभा लेना।

enticement (ऍन्-टाइस्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of enticing, फुसलाना। 2. something which entices, प्रलोभन।

enticing (ऍन्-टाइस्´-इंग्) *adj.* 1. that entices, फुसलानेवाला। 2. attractive, आकर्षक, लुभावना।

entire (ऍन्-टाइअॅ:´) *adj.* whole, complete, कुल, पूर्ण, समस्त, समग्र।

entirely (ऍन्-टाइअॅ:´-ली) *adv.* completely, पूर्णतः, पूर्ण रूप से, समग्र रूप से, पूरे तौर से, बिल्कुल।

entirety (ऍन्-टाइअॅ:´-टी) *n.* the state of being entire, wholeness, पूर्णता, संपूर्णता, समस्तता। □ **in its entirety,** in its complete form, अपने पूर्ण रूप में।

entitle (ऍन्-टाइ´-टॅल्) *v.* (entitled, entitling) 1. to give a title or name to, उपाधि, शीर्षक या नाम देना। 2. to give a right, अधिकार देना, हक़दार बनाना।

entitled (ऍन्-टाइ´-टॅल्ड्) *adj.* having a title to, हक़दार, अधिकारी, पात्र।

entitlement (ऍन्-टाइ´-टॅल्-मॅन्ट्) *n.* the act of entitling or the state of being entitled, हक़दारी, अधिकार, पात्रता।

entity (ऍन्´-टि-टी) *n.* 1. the fact of existence, अस्तित्व, सत्ता। 2. something that exists independently, स्वतंत्र रूप से अस्तितव रखने वाली वस्तु या पदार्थ, सत्ता।

entomb (ऍन्-टूम्´) *v.* (entombed, entombing) to place in the grave or tomb, to bury, दफ़नाना, क़ब्र में रखना।

entomological (ऍन्-टॅ-मॅ-लॉज्´-इ-कॅल्) *adj.* of entomology, कीट-विज्ञान-संबंधी।

entomologist (ऍन्-टॅ-मॉल्´-ॲ-जिस्ट्) *n.* an

expert in entomology, कीट-विज्ञानी।

entomology (ऍन्-टॅ-मॉल्´-अॅ-जी) the scientific study of insects, कीट-विज्ञान।

entourage (आन्-टू-राज़्ह्´) *n.* the group of persons accompanying an important person, अनुयायियों का दल, किसी के आगे-पीछे चलनेवाले लोग।

entracte (आन्-ट्रैक्ट्´) *n.* 1. the interval between acts of theatrical production, मध्यांतर। 2. any entertaining act during this interval, मध्यांतर का कार्यकलाप। (फ्रांसीसी)

entrails (ऍन्´-ट्रेल्ज़्) *n.* (plu.) the intestines, आँत, अँतड़ी।

entrain (ऍन्-ट्रेन्´) *v.* (entrained, entraining) 1. to put on a train, गाड़ी या रेल पर चढ़ाना। 2. to board a train, गाड़ी या रेल पर चढ़ना।

entrance[1] (ऍन्´-ट्रॅन्स्) *n.* 1. the act of entering, प्रवेश; entrance fee, प्रवेश-शुल्क। 2. the door or passage of entry, प्रवेशद्वार, प्रवेश-मार्ग। 3. the permission or right to enter, प्रवेशाधिकार।

entrance (ऍन्-ट्रैन्स्´) *v.* (entranced, entrancing) 1. to fill with delight, आनंदित कर देना, मुग्ध कर देना। 2. to fill with wonder, चकित कर देना, आश्चर्य से भर देना।

entrant (ऍन्´-ट्रॅन्ट्) *n.* 1. one who enters, प्रवेशी। 2. a competitor, प्रतियोगी।

entrap (ऍन्-ट्रैप्´) *v.* (entrapped, entrapping) to catch in a trap, फंदे में फँसा लेना, जाल में फँसा लेना।

entreat (ऍन्-ट्रीट्´) *v.* (entreated, entreating) to ask earnestly, to beg humbly, चिरौरी करना, मिन्नत करना, अनुनय-विनय करना, गिड़गिड़ाना।

entreatingly (ऍन्-ट्री´-टिंग्-ली) *adv.* earnestly, अनुनयपूर्वक, चिरौरी करते हुए, गिड़गिड़ाते हुए।

entreaty (ऍन्-ट्री´-टी) *n.* an earnest request, चिरौरी, मिन्नत, अनुनय-विनय, गिड़गिड़ाना।

entree (ऑन्´-ट्रे) *n.* 1. the right to enter, प्रवेशाधिकार। 2. a dish served after the fish and before the main dish of meat, आनट्रे। (फ्रांसीसी)

entrench (ऍन्-ट्रॅन्च्´) *v.* (entrenched, entrenching) 1. to surround by a ditch (for defence), खाई खोद लेना, (रक्षार्थ) खाई से घेर लेना। 2. to establish firmly, दृढ़तापूर्वक स्थापित होना, डट जाना।

entrenched (ऍन्-ट्रॅन्च्ड्´) *adj.* 1. surrounded by a ditch, खाई द्वारा रक्षित। 2. firmly established, दृढ़तापूर्वक स्थापित, संस्थापित।

entrenchment (ऍन्-ट्रॅन्च्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of entrenching or the state of being entrenched, खाई खोदकर की जानेवाली या की हुई मोर्चेबंदी, खाईबंदी। 2. safe position, सुरक्षित अवस्था। 3. a trench made of defence, सुरक्षा के लिए खोदी हुई खाई।

entrepreneur (ऑन्-ट्रॅ-प्रॅ-नः´) *n.* a person who undertakes the risk of business, venture, उद्योगी, उद्यमकर्ता, उद्यमी।

entrepreneurial (ऑन्-ट्रॅ-प्रॅ-नर्´-इ-अॅल्) *adj.* of or relating to an entrepreneur, उद्यमकर्ता-संबंधी।

entresol (ऍन्´-ट्रॅ-सॉल्) *n.* an additional floor between two main floors of a building, परछत्ती, दुछत्ती।

entropy (ऍन्-ट्रॅ-पी) *n.* a measure of the difference between the temperatures of something which heats and something which is being heated, एनट्रोपी।

entrust (ऍन्-ट्रस्ट्´) *v.* (entrusted, entrusting) to place in someone's care or charge with trust, विश्वासपूर्वक सौंपना, न्यस्त करना।

entry (ऍन्´-ट्री) *n.* 1. the act of entering, प्रवेश, दाख़िला। 2. the right of entering, प्रवेशाधिकार। 3. a means of entrance, प्रवेशद्वार या प्रवेशपथ। 4. the writing down of an item in a record, इंदराज। 5. an item thus entered, प्रविष्टि, मद। 6. a word, term phrase etc. entered in a dictionary, प्रविष्टि। 7. one entered in a race or competition, प्रविष्टि।

entry way (ऍन्´-ट्री-वे़) *n.* a passage by which to enter, प्रवेशमार्ग, प्रवेशपथ।

entwine (ऍन्-ट्वाइन्´) *v.* (entwined, entwining) to interweave, गूँथना।

entwist (ऍन्-ट्विस्ट्´) *v.* (entwisted, entwisting) to twist together, बटना, दो तारों या रस्सियों को मिलाकर बुनना।

enumerate (इ-नू´-मि-रेट्) *v.* (enumerated, enumerating) 1. to count one by one, गिनती करना, गिनना। 2. to list, सूची में नाम दर्ज करना, सूची बनाना। 3. to explain or describe, व्याख्या या वर्णन करना, प्रतिपादन करना।

enumeration (इ-नू-मॅ-रे´-शॅन्) *n.* 1. the act of enumerating, गिनती, गणना। 2. a list, सूची। 3. a description, वर्णन, प्रतिपादन।

enunciate (इ-नन्´-सि-एट्) *v.* (enunciated, enunciating) 1. to state definitely, दृढ़तापूर्वक कहना, प्रतिपादन करना। 2. to pronounce, उच्चारण करना। 3. to announce, घोषणा करना।

enunciation (इ-नन्-सि-ए´-शॅन्) *n.* 1. the act of enunciating, निरूपण, प्रतिपादन। 2. pronunciation, उच्चारण। 3. an announcement, घोषणा।

enuresis (ऍन्-यु-री´-सिस्) *n.* involuntary emission of urine, पेशाब का आप-से-आप निकल जाना, असंयमित मूत्रस्राव।

envelop (ऍन्-वेल्´-ऍप्) *v.* (enveloped, enveloping) 1. to cover or wrap up completely, ढक या लपेट लेना, परिवेष्टन करना; The hill was enveloped in mist, पहाड़ी कोहरे से ढकी हुई थी। 2. to surround, घेर लेना, आवृत करना।

envelope (ऍन्´-वॅ-लोप्) *n.* 1. a thing that envelops, a cover, आवरण। 2. a flat paper container, लिफाफ़ा।

envenom (ऍन्-वेंन्´-ऍम्) *v.* (envenomed, envenoming) 1. to fill with venom, ज़हर से भर देना, ज़हर मिला देना। 2. to embitter, कड़ुआ कर देना, ज़हर कर देना, विषाक्त कर देना।

enviable (ऍन्´-वि-ॲ-बॅल्) *adj.* 1. to be envied, ईर्ष्या करने योग्य, ईर्ष्य। 2. desirable, स्पृहणीय, वांछनीय, चाहने योग्य।

envious (ऍन्´-वि-ॲस्) *adj.* 1. feeling or displaying envy, jealous, ईर्ष्या करनेवाला, ईर्ष्यालु। 2. resulting from envy, ईर्ष्याजन्य।

environ (ऍन्-वाइ´-रॅन्) *v.* (environed, environing) to encircle or surround, घेर लेना।

environment (ऍन्-वाइर्´-ॲन्-मॅन्ट्) *n.* external conditions or surroundings, वातावरण, पर्यावरण।

environmental (ऍन्-वाइर्-ॲन्-मॅन्´-टॅल्) *adj.* of or pertaining to the environment, वातावरणिक, पर्यावरणिक, पर्यावरणी।

environmentalist (ऍन्-वाइर्-ॲन्-मॅन्´-टॅल्-इस्ट्) *n.* a person who is engaged in protecting the natural environment, पर्यावरण-रक्षक, पर्यावरणविज्ञ।

environs (ऍन्-वाइर्´-ॲन्स्) *n.* (plu.) the surrounding areas of a city, नगर के अड़ोस-पड़ोस के हिस्से, उप-नगर।

envisage (ऍन्-विज्´-इज्) *v.* (envisaged, envisaging) 1. to form a mental image, to form a picture in the mind, मन में चित्रित करना, सपना सँजोना, मनोचित्र बनाना; He envisaged great success for his project. उसे लगा कि मेरी परियोजना अत्यंत सफल होगी। 2. to confront, सामना करना; You must envisage realities. तुम्हें वास्तविकताओं का सामना करना चाहिए।

envision (ऍन्-विज़्´-ॲन्) *v.* (envisioned, envisioning) to form a picture in the mind, मनोचित्र बनाना, पूर्वकल्पना करना।

envoy (ऍन्´-वॉइ) *n.* 1. a diplomatic representative of a government, राजकीय दूत, राजदूत।

envy (ऍन्´-वी) *n.* 1. the desire to have something possessed by another, ईर्ष्या, स्पृहा। 2. resentment or discontended desire aroused by the possessions, achievements or qualities of another, ईर्ष्या, जलन, डाह। 3. an object of envy, ईर्ष्या की वस्तु या व्यक्ति, वह जिससे ईर्ष्या हो। *v.* (envied, envying) to feel envy toward or because of, ईर्ष्या करना, डाह करना, जलना।

enzyme (ऍन्´-ज़ाइम्) *n.* a protein formed in living cells, एनज़ाइम।

Eocene (ई´-अॅ-सीन्) *adj.* of the geologic epoch characterized by the rise of mammals, उस काल से संबद्ध जब स्तनपायी पशुओं का आरंभ माना जाता है, स्तनपायी युग-संबंधी।

Eolithic (ई´-अॅ-लिथ्-इक्) *adj.* of the geologic epoch characterized by the use of stone tools, पाषाण युग-संबंधी।

eon (ई´-अॅन्) *n.* an extremely long period, युग, कल्प।

epaulet, epaulette (ऍप्´-उ-लॅट्) *n.* an ornamental shoulder piece on a uniform, कंधे पर लगाया जानेवाला पदसूचक चिह्न, पट्टी।

epee (ए-पे´) *n.* a broad two-edged sword, दुधारी तलवार।

ephemera (इ´-फॅम्-अॅ-रॅ) *n.* (plu. ephemerae) 1. an ephemerid, एकदिनी कीड़ा। 2. something transitory or short-lived, क्षणभंगुर वस्तु।

ephemeral (इ-फॅम्´-अॅ-रॅल्) *adj.* transitory, क्षणजीवी, क्षणिक, क्षणभंगुर।

ephemerid (इ-फॅम्´-अॅर्-इड्) *n.* any of a group of insects which live for only a few hours or a day, एकदिनी कीड़ा, क्षणजीवी कीट।

ephemeris (इ-फॅम्´-अॅर्-इस्) *n.* an almanac, पंचांग, जंत्री।

Ephesian (इ-फ़ी´-ज़्हॅन्) *adj.* of or pertaining to Ephesus, एफ़सस नामक प्राचीन नगर से संबद्ध।

epic (ऍप्´-इक्) *n.* a long narrative poem about the deeds of a historical hero, वीरकाव्य, वीरगाथा। *adj.* epical, वीरकाव्य-संबंधी।

epical (ऍप्´-इ-कॅल्) *adj.* related an epic, वीरकाव्य-संबंधी।

epicene (ऍप्´-इ-सीन्) *adj.* 1. having the characteristics of both sexes, उभयलिंगी। 2. lacking characteristics of either sex, अलिंगी, लिंगविहीन। 3. effeminate, स्त्रैण, जनाना।

epicentre, epicenter (ऍप्´-इ-सॅन्-टः) *n.* the part of the earth's surface directly above the point of an earthquake, पृथ्वी का वह भाग जो भूकंप के केंद्रबिंदु से ठीक ऊपर हो, उत्केंद्र।

epicure (ऍप्´-इ-क्यूः) *n.* 1. a person with refined taste in food and wine, स्वाद-पारखी। 2. a person devoted to sensual pleasures, इंद्रियलोलुप या विषयासक्त व्यक्ति, विलासी व्यक्ति।

epicurean (ऍप्-इ-क्यूर्´-इ-अॅन्) *adj.* 1. suited to the taste of an epicure, स्वादिष्ट। 2. devoted to the pursuit of pleasure, आनंदवादी, सुखवादी, विलासी।

epidemic (ऍप्-इ-डॅम्´-इक्) *n.* 1. an outbreak of a disease affecting many persons simultaneously in a particular region, महामारी। 2. a rapid development, तीव्र या सहसा विकास। *adj.* attacking or affecting many persons simultaneously, संक्रामक।

epidemiology (ऍप्-इ-डी-मि-ऑल्-अॅ-जी) *n.* the medical science concerned with epidemics, महामारी-विज्ञान।

epidermal (ऍप्-इ-डः´-मॅल्) *adj.* of epidermis, बाह्य त्वचा-संबंधी।

epidermis (ऍप्-इ-डः´-मिस्) *n.* the outer protective layer of the skin, बाह्य त्वचा।

epidiascope (ऍप्-इ-डाइ´-अॅ-स्कोप्) *n.* an optical device for projecting images on a screen, चित्रदर्शी।

epiglottis (ऍप्-इ-ग्लॉट्´-इस्) *n.* a flap that prevents food from entering the windpipe during swallowing, गले की घंटी, कौआ।

epigram (ऍप्´-इ-ग्रैम्) *n.* a concise and witty remark, सुभाषित सूक्ति, विदग्धोक्ति, चुटकुला।

epigraph (ऍप्´-इ-ग्रैफ़्) *n.* 1. an inscription on a monument, शिलालेख, पुरालेख। 2. a motto, आदर्श वाक्य।

epigraphy (इ-पिग्´-रॅ-फ़ी) *n.* the study of inscription on monuments, शिलालेख-विज्ञान, पुरालेख-विज्ञान।

epilepsy (ऍप्´-इ-लॅप्-सी) *n.* a disorder of the nervous system marked by periodic loss of consciousness, मिर्गी, अपस्मार।

epilogue,epilog (ऍप्´-इ-लाःग्) *n.* a short poem or speech to the audience at the end of a play, (प्राचीन) नाटकों के अंत में श्रोताओं को संबोधित करते हुए कही गई कविता या अंतवचन, उपसंहार।

Epiphany (इ-पिफ़्´-अॅ-नी) *n.* 1. an appearance or manifestation of God, ईश्वर का अवतरण या आविर्भाव। 2. a Christian festival occurring on Jan' 6. ईसाइयों का एक त्योहार जो ६ जनवरी को मनाते हैं।

episcopacy (इ-पिस्´-कॅ-पॅ-सी) *n.* government of the Church by bishops, चर्च के बिशपों का शासन।

episcopal (इ-पिस्´-कॅ-पॅल्) *adj.* 1. of a bishop or bishops, बिशप या बिशपों से संबद्ध। 2. governed by bishops, बिशपों द्वारा शासित।

Episcopalian (इ-पिस्-कॅ-पेल्´-यॅन्) *adj.* advocating the principle of the government of Church by bishops, चर्च में बिशपों के शासन का समर्थक।

episiotomy (इ-पी-ज़ि-ऑट्´-अॅ-मी) *n.* a cut made at the opening of the vagina during child birth to facilitate delivery of the baby, योनिक्षत।

episode (ऍप्´-इ-सोड्) *n.* 1. an event, घटना। 2. one part of a serial, धारावाहिक का एक आख्यान या प्रसंग, उपाख्यान, उपप्रसंग, प्रकरण।

episodic (ऍप्-इ-सॉड्-इक्) *adj.* 1. of or relating to an episode, उपाख्यान-संबंधी, उपाख्यानात्मक। 2. divided into episodes, उपाख्यानों या प्रकरणों में होनेवाला। 3. irregular, अनियमित।

epistemology (इ-पिस्-टॅ-मॉल्´-अॅ-जी) *n.* the theory of knowledge, ज्ञान-मीमांसा, ज्ञानशास्त्र, ज्ञान-सिद्धांत।

epistle (इ-पिस्´-अॅल्) *n.* 1. a letter, पत्र। 2. a letter written by the Apostles, धर्मपत्र। 3. a literary piece of work in letter form, पत्र-साहित्य।

epistolary (इ-पिस्´-टॅ-लॅ-री) *n.* in a form of a series of letters, पत्रात्मक।

epitaph (ऍप्´-इ-टाफ़्/टैफ़्) *n.* an inscription on a tomb in memory of a dead person, समाधि-लेख, स्मृतिलेख।

epithalamion (ऍप्-इ-थॅ-ले´-मि-अॅन्) *n.* a song to be sung at the time of marriage, a nuptial song, विवाह-गीत, सोहर, सुहाग-गीत।

epithet (ऍप्´-इ-थॅट्) *n.* 1. a descriptive word added to a person's name, उपनाम। 2. a title, उपाधि।

epithetic (ऍप्-इ-थॅट्´-इक्) *adj.* of epithet, उपनाम-विषयक, उपाधि-विषयक।

epitome (इ-पिट्-अॅ-मी) *n.* 1. a summary, सार, उपसंहार। 2. a typical example of a type, साकार रूप, प्रतीक; He is the epitome of kindness, वह कृपा का साकार रूप है।

epitomize (इ-पिट्´-अॅ-माइज़्) *v.* (epitomized, epitomizing) 1. to make an epitome of, सार निकालना, उपसंहार करना। 2. to be a personification of, साकार रूप होना, पूर्ण रूप होना।

epoch (ऍप्´-अॅक्) *n.* 1. a particular long period of time, युग। 2. a point in time beginning a new era, नवयुग का आरंभ। 3. a unit of geological time, युग, कल्प।

epochmaking (ऍप्´-अॅक्-मे-किंग्) 1. marking the begining of a new epoch, युगांतरकारी। 2. very important or remarkable, अत्यंत महत्त्वपूर्ण, युगांतकारी।

eponym (ऍप्-अॅ-निम्) *n.* an important person whose name is taken for people, places, institutions, plans etc., वह व्यक्ति जिसके नाम पर अन्य व्यक्तियों, संस्थानों, परियोजनाओं आदि का नाम रखा जाए, स्रोतनाम, नामस्रोत।

equability (ऍक्-वॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being equable, एकरूपता, स्थिरता, एकरसता।

equable (ऍक्´-वॅ-बॅल्) *adj.* even, steady, uniform, unvarying, एकरूप, स्थिर, स्थिर-चित्त, धीर-स्वभाव।

equably (ऍक्´-वॅ-ब्ली) *adv.* in an equable manner, steadily, स्थिरचित्त होकर, स्थिरता-पूर्वक, गंभीरतापूर्वक।

equal (ई´-क्वॅल्) *adj.* 1. having the same size, value or amount as another, समान, सम, बराबर। 2. having the same rights or privileges, समकक्ष, समतुल्य। 3. having the necessary qualities or courage for a task or situation, योग्य, समर्थ। *v.* (equalled, equalling) 1. to be equal to, समान होना, बराबर होना। 2. to do, produce or make something equal to, बराबरी करना, बराबरी तक पहुँचना।

equalitarian (इ-क्वॉल्-इ-टेर्´-इ-ॲन्) *n.* a person holding the belief that all men should have equal political and social rights, समतावादी। *adj.* pertaining to this belief, समतावादी।

equality (इ-क्वॉल्´-इ-टी) *n.* the state of being equal, समता, समानता, बराबरी।

equalization (इ-क्वॅ-लि-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of equalizing or the state of being equalized, समीकरण।

equalize (ई´-क्वॅ-लाइज़्) *v.* (equalized, equalizing) 1. to make equal, to even up, सम करना, बराबर करना, समान करना या बनाना। 2. to make smooth or uniform, एकरूप करना।

equalizer (ई´-क्वॅ-लाइ-ज़ॅः) *n.* an electrical device used to equalise voltages, वोल्टेज को एकरूप रखनेवाला उपकरण, समकारी, इक्वीलाइज़र।

equally (ई´-क्वॅल्-ई) *adv.* 1. in an equal manner, समभाव से, समान भाव से, बराबर-बराबर, उतना ही .....(जितना), न किसी को कम न किसी को ज़्यादा। 2. also, यह भी, साथ ही।

equanimity (ॲं-क्वॅ-निम्´-इ-टी) *n.* calmness of mind or temper, शांत स्वभाव, समभाव, शांति, धीरज, इत्मिनान।

equanimous (इ-क्वै´-नि-मॅस्) tranquil, शांत, शांतचित्त।

equate (इ-क्वेट्´) *v.* (equated, equating) 1. to treat or regard as equal, बराबर या समान मानना, समतुल्य मानना या बताना, बराबरी का दर्जा देना। 2. to make equivalent, बराबर करना, समीकरण करना।

equation (इ-क्वे´-शॅन्/ज़्हॅन्) *n.* 1. the state of being equal, बराबरी, समानता। 2. a mathematical statement that two expressions are equal, तुल्यता, बराबरी, समीकरण। 3. in chemistry, an expression in which symbols and formulas are used to represent a chemical reaction, समीकरण।

equator (इ-क्वे´-टॅः) *n.* an imaginary line that divides the earth's surface into the Northern Hemisphere and the Southern Hemisphere, मध्य रेखा, विषुवत् रेखा।

equatorial (ई-क्वॅ-टोर्´-इ-ॲल्/ॲक्-वै-टोर्´-इ-ॲल्) *adj.* 1. of an equator, भूमध्य रेखा-विषयक। 2. near the equator, भूमध्य रेखा के समीप स्थित।

equerry (इ-क्वॅ´-री, ॲक्´-व़-री) *n.* 1. an incharge of a stable, अश्वपाल। 2. an attendant to the royal English household, ब्रिटिश राजमहल का परिचारक।

equestrian (इ-क्वॅस्´-ट्रि-ॲन्) *adj.* of or pertaining to a horse or horse riding, घोड़े या घुड़सवारी-संबंधी, equestrian statue, घुड़सवार की प्रतिमा। *n.* one who rides or performs on horseback, घुड़सवार या घुड़सवार नट।

equestrienne (इ-क्वॅस्-ट्रि-ॲन्´) *n.* a woman horse rider, महिला घुड़सवार।

equi (ई´-क्वि) *prefix.* equal, सम।

equiangular (ई-क्वि-ऐंग्´-ग्यु-लॅः) *adj.* having all angles equal, समकोणीय।

equidistant (ई-क्वि-डिस्´-टॅन्ट्) *adj.* at an equal distance, समदूरस्थ, समदूरवर्ती, समान दूरी पर स्थित।

equilateral (ई-क्वि-लैट्´-ॲ-रॅल्) *adj.* having all sides equal, समभुज, समपार्श्व।

equilibrium (ई-क्वि-लिब्´-रि-ॲम्) *n.* a state of equality, or balance between opposite forces, साम्य, साम्यावस्था, संतुलन।

equine (ई´-क्विन्) *n.* a horse, घोड़ा, अश्व। *adj.* 1. of or pertaining to a horse, अश्वीय। 2. like a horse, घोड़े-जैसा।

equinoctial (ई-क्वॅ-नॉक्´-शॅल्) *adj.* 1. pertaining to the either of the equinoxes, विषुव-संबंधी, विषुवीय।

equinox (ई´-क्वि-नॉक्स्, ॲक्´-वि-नॉक्स्) *n.*

either of the two times during a year when the length of day and night are equal, विषुव; autumnal equinox, शरत्कालीन या शारदीय-विषुव; vernal equinox, वसंतकालीन या वासंतिक विषुव।

equip (इ-क्विप्´) *v.* (equipped, equipping) 1. to furnish with, सज्जित करना, सुसज्जित करना। 2. to provide with necessities (for an undertaking, किसी कार्य के लिए) आवश्यक वस्तुएँ सुलभ कराना, लैस करना, मुहैया करना। 3. to prepare intellectually, मानसिक रूप से तैयार होना या करना। 4. to dress, वस्त्रधारण करना, तैयार होना।

equipage (ऍक्´-वि-पिज्) *n.* 1. the furnishings, equipment, साज़-सामग्री, साज़-सामान। 2. a horse-drawn carriage attended by liveried footman, वह घोड़ागाड़ी जिसके साथ वर्दीधारी सेवक चल रहा हो।

equipment (इ-क्विप्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the things with which one is equipped, साज़-सामान, साज़-सज्जा, साज़-सामग्री, उपस्कर। 2. the act of equipping or the state of being equipped, सज्जीकरण या सज्जित अवस्था।

equipoise (ई´-क्वि-पॉइज़्) *n.* 1. balance, संतुलन, साम्यावस्था। 2. a counterbalance, पासंग, धड़ा।

equipollent (ई-क्वि-पॉल्´-ॲन्ट्) *adj.* equal in weight, force, value etc., समान, बराबर।

equipotential (ई-क्वि-पो-टॅन्´-शॅल्) *adj.* of the same potential, समविभव।

equipped (इ-क्विप्ड्´) *adj.* furnished with, सज्जित, सज्जित, सन्नद्ध।

equitable (ऍक्´-वि-टॅ-बॅल्) *adj.* just and fair, impartial, न्यायसंगत, साम्यपूर्ण, निष्पक्ष; equitable distribution, साम्यपूर्ण वितरण।

equitably (ऍक्´-वि-टॅ-ब्ली) *adv.* in an equitable manner, न्यायसंगत दृष्टि से, साम्यभाव से।

equitation (ऍक्-वि-टे´-शॅन) *n.* horsemanship, घुड़सवारी।

equity (ऍक्´-वि-टी) *n.* (plu. equities) 1. fairness, impartiality, न्यायसंगति, निष्पक्षता। 2. a fair act or impartial decision, न्यायसंगत कार्य या निष्पक्ष निर्णय। 3. a system of jurisprudence founded on the principles of fairness and impartiality, साम्या।

equity capital *n.* ordinary capital, साधारण पूँजी।

equivalence (इ-क्विव्´-ॲ-लॅन्स्) *n.* 1. equality, समानता, बराबरी। 2. an equivalent thing, समतुल्य वस्तु।

equivalent (इ-क्विव्´-ॲ-लॅन्ट्) *adj.* 1. equal, समान, बराबर। 2. also identical in function, meaning or effect, समतुल्य; equivalent class, समतुल्य कक्षा।

equivocal (इ-क्विव्´-वॅ-कॅल्) *adj.* 1. having two or more meanings, द्वयर्थक, बहुअर्थक। 2. vague, ambiguous, अस्पष्ट, भ्रामक, गोल-मोल। 3. questionable, suspicious, संदिग्ध, संदेहपूर्ण। 4. uncertain, undecided, अनिश्चित, अनिर्णीत।

equivocate (इ-क्वि´-वॅ-केट्) *v.* (equivocated, equivocating) to use ambiguous words (in order to mislead or deceive, छलने या ठगने के लिए) गोल-मोल बात करना, वाक्छल करना, द्वयर्थक बात करना।

equivocation (इ-क्वि-वॅ-के´-शॅन्) *n.* 1. the act of equivocating, गोल-मोल या अस्पष्ट बात कहना। 2. an ambiguous expression, गोल-मोल या अस्पष्ट बात, वाक्छल।

era (ऍर्´-ॲ) *n.* 1. a period of history, युग, कल्प। 2. a period of time reckoned from some important occurrence or date, सन्, संवत्; Christian era, ईसवी सन्।

eradicable (इ-रैड्´-इ-के-बॅल्) *adj.* that can be eradicated, उन्मूलनीय, उखाड़ फेंकने लायक।

eradicate (इ-रैड्´-इ-केट्) *v.* (eradicated, eradicating) 1. to uproot, जड़ से उखाड़ देना, निर्मूल कर देना, उन्मूलित करना। 2. to get rid of, छुटकारा पाना, पिंड छुड़ाना। 3. to wipe out, मिटा देना। 4. to destroy, नष्ट कर देना, ध्वस्त कर देना।

eradication (इ-रैड्-इ-के´-शॅन्) *n.* the act of eradicating, उन्मूलन, उच्छेदन, नाश, ध्वंस।

erase (इ-रेस्´) *v.* (erased, erasing) 1. to rub

out, रगड़कर मिटा देना। 2. to wipe out, मिटा देना।

eraser (इ-रेज़्´-अ:) *n.* a thing that removes marks, stains etc., स्याही के दाग या निशान मिटानेवाला रबड़।

erasure (इ-रे´-शं:) *n.* 1. the act of erasing, मिटाने की क्रिया या भाव। 2. a mark or word that has been erased, मिटाया हुआ निशान या शब्द।

ere (ऍअ:) *prep. conj.* before, (के) पहले।

erect (इ-रॅक्ट्´) *adj.* directed upward, upright, खड़ा, सीधा खड़ा, उदग्र। *v.* (erected, erecting) 1. to raise to an upright position, खड़ा करना। 2. to build, बनाना, खड़ा करना, निर्मित करना। 3. to set up, खड़ा करना, स्थापित करना।

erectile (इ-रॅक्´-टिल्/टाइल्) *adj.* 1. capable of being erected, जिसे खड़ा किया जा सके। 2. (bodily organ) able to become enlarged and rigid from excitement, उत्थाप्य, उत्थापनीय।

erection (इ-रॅक्´-शन्) *n.* 1. the act of erecting or something erected, निर्माण। 2. enlarging and hardening (of a bodily part in sexual excitement) उत्थापन, उत्थान, खड़ा होना।

ere-long (ऍअ:-लाःङ्ग्´) *adv.* before long, soon, जल्दी, शीघ्र।

eremite (ऍर्´-अ-माइट्) *n.* a Christian hermit, ईसाई सन्यासी या साधु।

ergo (अ:´-गो) *adv.* therefore, अतः, इसलिए।

ergonomics (अ:´-गॅ-ना´-मिक्स्) *n.* the study of the relationship between workers and their environment, कर्मचारियों के काम करने के वातावरण का अध्ययन, कर्मचारी-परिस्थिति-विज्ञान।

ergot (अ:´-गट्/गॉट्) *n.* a disease of cereals, एक प्रकार का अन्नरोग।

Erin (इअ´-रिन्) *n.* Ireland, आयरलैंड।

ermine (अ:´-माइन्) *n.* 1. an animal of the weasel family, न्योले/नेवले की जाति का एक जंतु। 2. its fur, उक्त की खाल।

erode (इ-रोड्´) *v.* (eroded, eroding) 1. to wear away or destroy gradually by abrasion, क्षीण या नष्ट करते चलना, काट देना, खा लेना। 2. to become worn away, छीजना, क्षीण या नष्ट होते चलना, कट जाना, खाया जाना।

erogenous (इ-रोज्´-इ-नॅस्) *adj.* arousing sexual desire, कामोत्तेजक, कामोद्दीपक।

Eros (इअर्-ऑस्) *n.* the (Greek) god of love, (युनानी) प्रेम देवता, कामदेव।

erosion (इ-रो´-ज़्हॅन्) *n.* 1. the process of eroding or the condition of being eroded, छीजन, क्षय, ह्रास, अपरदन। 2. the wearing away of rocks, soil or banks, अपरदन, क्षरण।

erosive (इ-रो´-सिव्) *adj.* causing erosion, अपरदक।

erotic (इ-रॉट्´-इक्) *adj.* 1. of or pertaining to sexual love, वासनाजन्य, शृंगारिक, रति-संबंधी। 2. tending to arouse sexual desire, कामोत्तेजक।

erotica (इ-रॉट्´-इ-कॅ) *n.* sexual literature, काम-साहित्य, रति-साहित्य।

eroticism (इ-रॉट्´-इ-सिज़्-ॲम्) *n.* 1. sexual excitement, कामोत्तेजना। 2. sexual behaviour, कामुक आचरण, कामुकता।

err (अ:) *v.* (erred, erring) 1. to make an error, भूल करना, ग़लती करना; To err is human, ग़लती मनुष्य से ही होती है। 2. to do a wrong, ग़लत काम करना, अपकार करना। 3. to sin, पाप या गुनाह करना।

errand (ऍर्´-ॲन्ड्) *n.* 1. a short trip taken to perform a specific task, किसी छोटे मोटे काम पर निकलना या जाना। 2. the purpose of such a trip, छोटा-मोटा काम, प्रयोजन, उद्देश्य।

errant (ऍर्´-ॲन्ट्) *adj.* 1. travelling in search of adventure, सैलानी। 2. wandering aimlessly, घुमक्कड़, आवारा। 3. straying from what is right, मार्गभ्रष्ट, पथच्युत।

erratic (इ-रैट्´-इक्) *adj.* 1. having no fixed course or purpose, उद्देश्यहीन, अस्थिर। 2. not consistent or uniform, irregular, अनियत। 3. deviating from the customary course, परंपरा से हटा हुआ, पथभ्रष्ट। 4. irregular in behaviour or attitude, सनकी, ख़ब्ती,

मनमौजी।

erratum (इ-रा´-टॅम्) *n.* an error in printing or writing, लिखने में होनेवाली ग़लती या छापे की भूल, अशुद्धि।

erroneous (इ-रो´-नि-ॲस्) *adj.* containing or based on error, ग़लत, अशुद्ध, भ्रामिक, भ्रमजन्य।

erroneously (इ-रो´-नि-ॲस्-ली) *adv.* by mistake, ग़लती से, भूल से।

error (ऍर्´-ॲ:) *n.* 1. a mistake, ग़लती, भूल, अशुद्धि। 2. a wrong act, ग़लत काम, ग़लती, भूल, त्रुटि। 3. an incorrect belief, भ्रांत धारणा।

errorless (ऍर्´-ॲ:-लिस्) *adj.* without a mistake, त्रुटिहीन, निर्दोष।

ersatz (ऍ´-ॲ-ज़ाट्स्) *adj.* 1. inferior substitute, घटिया स्थानापन्न। 2. artificial, नकली, कृत्रिम।

erst (अ:स्ट्) *adv.* at first, पहले।

erstwhile (अ:स्ट्´-ह्वाइल्) *adj.* former, भूतपूर्व। *adv.* long ago, बहुत पहले।

eruct (इ-रक्ट्´) *v.* (eructed, eructing) 1. to belch, डकार लेना, डकारना। 2. to erupt, फूटना, विस्फोट होना।

eructate (इ-रक्´-टेट्) *v.* = eruct.

eructation (इ-रक्-टे´-शॅन्) *n.* 1. an act or sound of belching, डकार। 2. an eruption, विस्फोट।

erudite (ऍ´-रु-डाइट्, ऍ:´-यु-डाइट्) *adj.* 1. very learned, ज्ञानी, विद्यासंपन्न, विद्वान। 2. scholarly, विद्वत्तापूर्ण।

eruditeness (ऍ´-रु-डाइट्-निस, ऍ:-यु-डाइट्´-निस्) *n.* = erudition.

erudition (ऍ´-रु-डिश्´-ॲन्, ऍ:-यु-डिश्´-ॲन्) *n.* 1. extensive learning, व्यापक ज्ञान। 2. scholarship, विद्वत्ता, पांडित्य।

erupt (इ-रप्ट्´) *v.* (erupted, erupting) 1. to explode, फूट उठना/पड़ना, विस्फोट होना। 2. to burst forth suddenly, भड़ास निकालना, आग उगलना। 3. to appear or emerge, निकल आना।

eruptible (इ-रप्´-टि-बॅल्) *adj.* liable to erupt, जो फूटने को हो, फूटनेवाला, विस्फोटक।

eruption (इ-रप्´-शॅन्) *n.* 1. a bursting forth (of a lava from a volcano), विस्फोट। 2. a sudden outburst, विस्फोट, उद्रेक।

erysipelas (ऍर्-इ-सि´-पि-लॅस्) *n.* an infectious disease of the skin, एक संक्रामक चर्म रोग।

escalade (ऍस्´-कॅ-लेड्) *n.* the act of climbing the wall by a ladder, सीढ़ी लगाकर दीवार पर चढ़ने या दीवार को फाँदने का कार्य। *v.* (escaladed, escalading) to climb by a ladder, सीढ़ी लगाकर चढ़ना।

escalate (ऍस्´-कॅ-लेट्) *v.* (escalated, escalating) 1. to increase or intensify, तीव्र करना, तेज़ करना, बढ़ाना। 2. to be increased or intensified, तीव्र होना, बढ़ना, प्रचंड रूप धारण करना।

escalation (ऍस्-कॅ-ले´-शॅन्) *n.* 1. the act of escalating, तीव्रीकरण, तेज़ी लाना। 2. the state of being escalated, तेज़ी, तीव्रता, प्रचंड रूप।

escalator (ऍस्´-कॅ-ले-टॅ:) *n.* a moving staircase, चलती हुई सीढ़ी, चलसोपान, एस्केलेटर।

escallop (ऍ-स्कॉल्´-ॲप्) *v.* (escalloped, escalloping) to bake in milk or sauce, दूध या सॉस में पकाना।

escapade (ऍस्´-कॅ-पेड्) *n.* 1. an adventurous action aginst the approved or ordinary conduct, समाज के बंधनों की अवहेलना करते हुए किया जानेवाला मनमाना आचरण, मनमौजीपन। 2. a mischievous act, शरारत, पाजीपन, अठखेली। 3. a prank, मज़ाक, परिहास, ठिठोली।

escape (इ-स्केप्´, ऍ-स्केप्´) *v.* (escaped, escaping) 1. to get away or break out, बच निकलना, भाग निकलना, निकल भागना, पलायन करना। 2. to succeed in avoiding, बच जाना, जान बचाना। 3. to leak, रिसना। 4. to be forgotten or unnoticed by, स्मरण न रहना, ध्यान से उतर जाना। 5. to be articulated involuntarily, (मुँह से) निकल जाना। *n.* 1. the act of escaping or the state of having escaped, बचाव, रक्षा, निस्तार। 2. a means of escaping, बचाव का रास्ता। 3. a leakage, रिसाव, निस्सरण। 4. a temporary relief from

worry, राहत, छुट्टी, मुक्ति।

escapee (इ/अॅ-स्के-पी´) *n.* an escaped prisoner, भागा हुआ क़ैदी, भगोड़ा क़ैदी।

escapement (इ-स्केप्´-मॅन्ट्, ॲस्-स्केप्´-मॅन्ट्) *n.* 1. a mechanism that regulates movement, गतिनियामक उपकरण। 2. a way of escape, निकलने का रास्ता। 3. the act of escaping, निकास।

escapism (इ-स्केप्´-इज़्-अॅम्) *n.* the avoidance of reality through diversion or fantasy, पलायनवाद।

escapist (अॅ-स्के´-पिस्ट्) *n.* a person who tries to escape from realities, पलायनवादी। *adj.* pertaining to escapism, पलायनवादी; escapist literature, पलायनवादी साहित्य।

escarpment (अॅ-स्का:प्´-मॅन्ट्) *n.* a steep slope, तेज़ ढाल।

eschatology (ॲस्-कॅ-टॉल्´-अॅ-जी) *n.* the branch of theology dealing with the end of the world, प्रलयोत्तर विज्ञान।

escheat (इस्-चीट्´) *n.* the reversion of property to the state in the absence of a legal heir, विधिक उत्तराधिकारी के अभाव में संपत्ति का राज्य द्वारा ग्रहण, राज्यसात्करण, राजगामित्व।

eschew (ॲस्-च्यू´) *v.* (eschewed, eschewing) to avoid, shun or abstain from, बाज़ आना, परहेज़ करना, बचना, परिहार करना।

escort[1] (ॲस्-का:ट्´) *n.* 1. one or more persons on vehicles accompanying another for protection or as a mark of honour on a journey, अनुरक्षक। 2. any one who accompanies a girl or woman on a social occasion, रखवाला, रक्षक।

escort[2] (इ-स्का:ट्´) *v.* (escorted, escorting) to accompany as an escort, रक्षार्थ साथ जाना।

escritoire (ॲस्-क्री-ट्वा:) *n.* a writing desk with drawer, लेखन-कार्य के लिए ख़ानेदार मेज़।

escrow (ॲस्-क्रो´) *n.* a deed, bond, money or a piece of property delivered to a third person to be delivered by him to the grantee on fulfilment of a condition, तीसरे व्यक्ति के पास रखा हुआ अनुबंध-पत्र, धन या संपत्ति जिसे वह अनुदानग्राही को कोई शर्त पूरा करने पर ही देगा।

esculent (ॲस्´-क्यु-लॅन्ट्) *adj.* edible, खाद्य, भक्ष्य।

escutcheon (अॅ-स्कच्´-अॅन्) *n.* a shield bearing a coat of arms, कुलचिह्नों से युक्त ढाल। □ **a blot on one's escutcheon,** a stain on one's reputation, कलंक, लांछन, दाग़।

Eskimo (ॲस्-कि-मो) *n.* (plu. Eskimo; Eskimos) 1. a member of a group of people living in Greenland, Alaska, Siberia etc., एस्किमो। 2. the language of Eskimos, एस्किमो भाषा। *adj.* of or pertaining to the Eskimos, एस्किमो (जाति)-संबंधी।

esophagus (इ-सॉफ़्´-अॅ-गॅस्) *n.* a tube through which food passes, भोजन-नली, भोजन-नलिका।

esoteric (अॅ-सो-टॅर्´-इक्, ॲस्-अॅ-टॅर्´-इक्) *adj.* 1. private, confidential, गोपनीय। 2. intended for or understood by only a small group, i.e., difficult to understand, गहन, गुह्य, गूढ़, रहस्यमय।

espadrille (ॲस्´-पॅ-ड्रिल्) *n.* a canvas shoe, एक तरह का कैनवस का जूता।

especial (अॅ-स्पॅश्´-अॅल्) *adj.* outstanding, unusual, विशेष, ख़ास, असाधारण।

especially (अॅ-स्पॅश्´-अॅ-ली) *adv.* in a special manner, chiefly, विशेष रूप से, विशेषतया।

Esperanto (ॲस्-पॅ-रान्´-टो) *n.* an artificial language invented in 1887, एस्पेरेंटो भाषा।

espionage (ॲस्´-पि-अॅ-नाज़्) *n.* the act of spying, जासूसी।

esplanade (ॲस्-प्लॅ-नेड्´, ॲस्-प्लॅ-नाड्´) *n.* 1. a long open level stretch of ground for walking along a shore, समुद्र का खुला समतल तट। 2. an open area in front of a palace, महल के आगे का मैदान।

espousal (इ-स्पाउ´-ज़ॅल्) *n.* 1. a betrothal, मँगनी, सगाई। 2. a betrothal ceremony, मँगनी की रस्म।

espouse (इ-स्पाउज़्´) *v.* (espoused, espous-

ing) 1. to take as a spouse, जीवन-साथी बनाना, ब्याह करना। 2. to give in marriage, कन्यादान करना। 3. to adopt or support, ग्रहण या समर्थन करना, अपनाना।

espresso (ऍं-स्प्रॅस्´-ओ) *n.* coffee made by forcing steam through powdered coffee beans, एस्प्रेसो काफ़ी।

esprit (इस्-प्री´, ऍंस्-प्री´) *n.* liveliness, हाज़िरजवाबी, जीवंतता।

esprit de crops *n.* and devotion uniting the members of a group, संघ-भाव, परिवार-भावना, समूह-भावना, दलीय निष्ठा।

espy (इस्-पाइ´, ऍं-स्पाइ´) *v.* (espied, espying) 1. to catch sight of, झलक पाना। 2. to detect, भाँप लेना, ढूँढ़ निकालना।

Esquire (ऍस्-क्वाइः´) *n.* a title of courtesy placed after a man's name, महोदय (नाम के बाद प्रयुक्त)।

essay¹ (ऍस्´-ए) *n.* 1. a short literary composition, निबंध, लेख। 2. an attempt, प्रयास, प्रयत्न, कोशिश। 3. a test or trial, जाँच, परख।

essay² (ऍं-से´) *v.* (essayed, essaying) to attempt, प्रयास करना, प्रयत्न या कोशिश करना।

essayist (ऍस्´-ए-इस्ट्) *n.* a writer of essays, निबंधकार, निबंधलेखक।

essence (ऍस्´-ऍन्स्) *n.* 1. the intrinsic properties of a thing, सत, सार, तत्त्व। 2. fundamental nature, प्रकृति, प्रवृत्ति। 3. a concentrated extract of substance, अर्क। 4. a liquid perfume, इत्र।

essential (इ-सॅन्´-शॅल्) *adj.* 1. absolutely necessary, अपरिहार्य, आवश्यक, अनिवार्य। 2. basic, fundamental, सारभूत, मूलभूत, तात्त्विक; essential meaning, मुख्यार्थ। *n.* something fundamental, अनिवार्य तत्त्व।

essentially (इ-सॅन्´-शॅ-ली) *adv.* 1. basically, fundamentally, तत्त्वतः, वस्तुतः। 2. necessarily, अपरिहार्य रूप से।

establish (ऍं-स्टैब्´-लिश्) *v.* (established, establishing) 1. to make permanent in a certain place, स्थापित करना, प्रतिष्ठित या प्रस्थापित करना। 2. to found, नींव रखना, बुनियाद डालना। 3. to create, सृजन करना। 4. to prove correct, प्रमाणित करना। 5. to cause to be accepted, सिद्ध करना, संस्थापित करना।

establishment (ऍं-स्टैब्´-लिश्-मॅन्ट्) *n.* 1. a business firm or public institution, प्रतिष्ठान, संस्थान। 2. the staff of a business firm or institution, कार्यकर्ता वर्ग। 3. the act of establishing, प्रतिष्ठित करने का कार्य, स्थापित करने का कार्य, स्थापन, स्थापना। ☐ **The Establishment,** the established authority, प्रतिष्ठित सत्ता, स्थापित सत्ता।

estate (इस्-टेट्´, ऍं-स्टेट्´) *n.* 1. a large piece of landed property, संपदा, जागीर, रियासत। 2. the property left by a dead person, मृतक द्वारा छोड़ी हुई संपदा, जायदाद, भूसंपत्ति। 3. state or position in life, अवस्था, दशा। 4. status of life, हैसियत।

estate duty *n.* a duty levied on property after the owner's death, संपदा-शुल्क, संपदा-कर।

estate manager *n.* one who manages the estate, संपदा-प्रबंधक।

esteem (इस्-टीम्´/ ऍं-स्टीम्´) *v.* (esteemed, esteeming) 1. to have a high regard or respect for, आदर या सम्मान करना। 2. to consider or deem, मानना, समझना। *n.* 1. high regard, respect, आदर, सम्मान। 2. opinion or judgement, राय, मत, विचार।

ester (ऍस्´-टॅः) *n.* a chemical compound, एक तरह का रासायनिक मिश्रण।

estimable (ऍस्´-टि-मॅ-बॅल्) *adj.* worthy of esteem or respect, आदरणीय, सम्मान्य, माननीय।

estimate¹ (ऍस्´-टि-मिट्) *n.* 1. a preliminary or rough calculation of value, अनुमान, अंदाज़, कूत, आकलन। 2. a written statement of this, अनुमान-पुर्ज़ा, एस्टीमेट। 3. a judgement, निर्णय।

estimate² (ऍस्´-टि-मेट्) *v.* (estimated, estimating) 1. to calculate roughly, अंदाज़ करना या लगाना, अनुमान करना या लगाना, आकलन करना। 2. to evaluate, मूल्यांकन करना। 3. to form an opinion about, राय बनाना।

estimation (ऍस्-टि-मे´-शन्) *n.* 1. the act of estimating, अनुमान, प्राक्कलन। 2. a considered opinion, विचार, मत, राय। 3. esteem, respect, आदर, सम्मान।

estimator (ऍस्-टि-मे´-टॅ:) *n.* one who estimates the value of something, प्राक्कलक, अनुमानकर्ता।

estop (ऍ-स्टॉप्´) *v.* (estopped, estopping) 1. to stop, रोकना। 2. to obstruct, बाधा डालना।

estoppel (ऍ-स्टॉप्´-ऍल्) *n.* the prevention of a person from changing one's statement he has already made, अपने पूर्वकथन को बदलने पर लगाई जानेवाली रोक, विबंधन।

estrange (इ/ऍ-स्ट्रेन्ज्´) *v.* (estranged, estranging) to alienate the affection of, संबंध बिगाड़ लेना, अनबन पैदा कर लेना, संबंधों में दरार डालना, मन से उतरना, वैमनस्य पैदा करना।

estrangement (इ/ऍ-स्ट्रेन्ज्´-मॅन्ट्) *n.* the act of estranging or the state of being estranged, बिगाड़, अनबन, खिंचाव, मनमुटाव, वैमनस्य।

estrogen (ऍस्-ट्रो´-जॅन्) *n.* any of several hormones produced chiefly in the ovaries, डिंबग्रंथियों में उत्पन्न होनेवाला एक प्रकार का हारमोन।

estrus (ऍस्´-ट्रॅस्) *n.* periodic sexual heat or excitement of female animals, मादा पशुओं का गरम होना।

estuary (ऍस्´-चु-ऑर्-ई) *n.* (plu. estuaries) the wide mouth of a river where the tides meet the current, ज्वार-मुहाना, नदीमुख।

et cetera (ऍट्-सॅट्´-ॲ-रॅ) *adv.* and other unspecified things, इत्यादि, आदि, वगैरह।

etch (ऍच्) *v.* (etched, etching) to cut or engrave (a picture or design) on a plate, निरेखना, निक्षारित करना, उत्कीर्ण करना।

etching (ऍच्´-इंग्) *n.* the art or process of preparing etched metal plates, निरेखन, निक्षारण, उत्कीर्णन।

eternal (इ-टॅ:-नॅल्) *adj.* 1. without beginning or end, अनादि, चिरंतन, शाश्वत, सनातन। 2. lasting for ever, अमर। □ **the Eternal,** God, ईश्वर; **the Eternal City,** Rome, रोम।

eternally (इ-टॅ:´-नॅ-ली) *adv.* always, सदा, निरंतर।

eternity (इ-टॅ:´-नि-टी) *n.* 1. the state of being eternal, अनंतता, सनातनता, चिरंतनता, अमरत्व। 2. a very long time, अनंत काल। 3. the endless life after death, पारलौकिक जीवन।

ethane (ऍथ्´-एन्) *n.* a gas used as a fuel, एथेन गैस।

ethanol (ऍथ्´-ॲ-नॉल्) *n.* alcohol, एल्कोहल।

ether (ई´-थॅ:) *n.* 1. the upper regions beyond the clouds, आकाश, व्योम। 2. the medium supposed to fill all space, ईथर।

ethereal (इ-थीर्´-इ-ॲल्) *adj.* 1. highly refined, अत्यंत परिष्कृत। 2. extremely delicate, सुकुमार। 3. almost as light as air, वायु के समान हलका, वायवीय। 4. heavenly, स्वर्गीय, पारलौकिक।

ethic (ऍथ्´-इक्) *n.* a principle of good conduct, नीति, आचार। *adj.* = ethical.

ethical (ऍथ्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. of or relating to ethics, नीतिशास्त्र-संबंधी। 2. of ethic, नैतिक। 3. conforming to the standards of conduct of a given profession, आचारिक, नैतिक, व्यावसायिक रीति से संबद्ध।

ethically (ऍथ्´-इ-कॅ-ली) *adv.* 1. according to ethics, नीतिशास्त्र के अनुसार। 2. in an ethical manner, नीति के अनुसार, नीतिशः, नैतिक दृष्टि से।

ethics (ऍथ्´-इक्स्) *n.* (plu.) the study of moral principles, नीतिशास्त्र, आचारशास्त्र।

Ethiopian (ई-थि-ओ´-पि-ॲन्) *adj.* of or related to Ethiopia, ईथोपिया-संबंधी। *n.* 1. an inhabitant of Ethiopia, ईथोपिया का नागरिक। 2. a negro, नीग्रो।

ethnic (ऍथ्´-निक्) *adj.* of or belonging to a particular group having racial, religious and linguistic traits in common, प्रजाति-संबंधी, प्रजातीय, जातीय। *n.* a member of an ethnic group, किसी प्रजाति का सदस्य।

ethnical (ऍथ्´-नि-कॅल्) *adj.* = ethnic.

ethnically (ऍथ्´-नि-कॅ-ली) *adv.* according to ethnic groups, प्रजातियों के अनुसार, प्रजातीय दृष्टि से।

ethnicity (ऍथ्-निस्´-इ-टी) *n.* ethnic background, प्रजातीय पृष्ठभूमि, प्रजातीय आधार।

ethnological (ऍथ्-नॅ-लाज्´-इ-कॅल्) *adj.* of ethnology, मानव विज्ञान-संबंधी, नृविज्ञान-संबंधी।

ethnologist (ऍथ्-नॉल्´-ॲ-जिस्ट्) *n.* an expert in ethnology, मानवविज्ञानी, नृविज्ञानी।

ethnology (ऍक्-नॉल्´-ॲ-जी) *n.* the scientific study of racial groups and their characteristics, मानवविज्ञान, नृविज्ञान।

ethological (ई-थॉल्´-ॲ-जि-कॅल्) *adj.* of ethology, आचारविज्ञान-विषयक।

ethologist (ई-थॉल्´-ॲ-जिस्ट्) *n.* an expert in ethology, आचारविज्ञानी।

ethology (ई-थॉल्´-ॲ-जी) *n.* 1. the study of character formation, आचारविज्ञान। 2. the study of animal behaviour, पशु-स्वभाव का अध्ययन।

ethos (ई´-थॉस्) *n.* (plu.) the characteristic attitudes and habits of a racial group, जातीय गुण या स्वभाव, जातीय विशेषताएँ या संस्कार। 2. the characteristics of a particular culture, era etc., किसी संस्कृति या युग के चारित्रिक गुण।

ethyl (ऍथ्´-इल्) *n.* a chemical compound (which forms the base of alcohol) ईथल (जिसका प्रयोग अल्कोहल बनाने में ज़मीन या आधार रूप में होता है)।

ethylene (ऍथ्´-इ-लीन्) *n.* a colourless inflammable gas, एथलीन नामक ज्वलनशील गैस।

etiolate (ई´-टि-ॲ-लेट्) *v.* (etiolated, etiolating) 1. to become pale and weak, पीला पड़ जाना, दुबला जाना। 2. to cause to become pale and weak, पीला और दुर्बल कर देना।

etiology (ई-टि-ऑल्´-ॲ-जी) *n.* the study of causes, हेतुविज्ञान।

etiquette (ऍट्´-इ-किट्) *n.* the rules of correct behaviour prescribed by social convention, लोकाचार, शिष्टाचार, अदब-क़ायदा, तमीज़।

etymological (ऍट्-इ-मॅ-लाज्´-इ-कॅल्) *adj.* of or pertaining to the etymology, व्युत्पत्ति-संबंधी, व्युत्पत्तीय।

etymologist (ऍट्-इ-मॉल्´-ॲ-जिस्ट्) *n.* an expert in etymology, व्युत्पत्ति विज्ञानी, व्युत्पत्ति विशेषज्ञ।

etymology (ऍट्-इ-मॉल्´-ॲ-जी) *n.* 1. the study of the sources and development of words, व्युत्पत्ति-विज्ञान। 2. an account of this, व्युत्पत्ति, व्युत्पत्तिक विवरण।

eucalyptus (यू-कॅ-लिप्´-टॅस्) *n.* (plu. eucalypti, eucalyptuses) an evergreen tree, यूकेलिप्टस, गंध-सफ़ेदा।

eucalyptus oil *n.* oil derived from eucalyptus leaves, यूकेलिप्टस का तेल।

Eucharist (यू´-कॅ-रिस्ट्) *n.* the Christian ceremony in which bread and wine are consecrated and consumed, महाप्रसाद।

euchre (यू´-कॅः) *v.* (euchred, euchring) to outwit, चतुराई से पछाड़ देना।

eugenics (यू-जेंन्´-इक्स्) *n.* the science that deals with the improvement of human race esp. by selective breeding, सुजनन-विज्ञान, संतति-विज्ञान।

eulogize, eulogise (यू´-लॅ-जाइज़्) *v.* (eulogized, eulogizing) to praise highly in speech or writing, गुणगान करना, प्रशंसा या स्तुति करना।

eulogy (यू´-लॅ-जी) *n.* (plu. eulogies) a speech or a piece of writing in praise of someone, गुणगान, स्तुति, प्रशस्ति।

eunuch (यू´-नॅक्) *n.* 1. a castrated man, हिजड़ा। 2. an ineffective man, बेदम व्यक्ति।

euphemism (यू´-फ़ॅ-मिज़्-ॲम्) *n.* an inoffensive term substituted for one considered offensive, शिष्टप्रयोग, शिष्टोक्ति, मंगल-भाषण।

euphemistic (यू-फ़ॅ-मिस्´-टिक्) *adj.* of or having the nature of euphemism, शिष्ट, मंगल-भाषित।

euphonic (यू-फ़ॉन्´-इक्) *adj.* having a pleasant sound, सुनने में मधुर, श्रुतिमधुर।

euphonious (यू´-फ़ो´-नि-अॅस्) *adj.* = euphonic.

euphonium (यू-फ़ो-नि-अॅम्) *n.* a large brass-wind instrument, पीतल का एक प्रकार का फूँककर बजाया जानेवाला बड़ा बाजा।

euphony (यू´-फ़ॅ-नी) *n.* pleasant effect of a combination of agreeable sounds, सुस्वरता, श्रुतिमधुरता, श्रुतिमाधुर्य।

euphoria (यू-फ़ोर्´-इ-अॅ) *n.* a feeling of happiness and cheerful excitement, सुखानुभूति, उल्लास की अनुभूति, उल्लासोन्माद।

euphoric (यू-फ़ोर्´-इक्) *adj.* of or characterized by euphoria, सुखानुभूतिपरक, सुखानुभूतिजन्य।

euphuism (यू´-फ़्यू-इज़्-अॅम्) *n.* the style of using pompous words or phrases, शब्दाडंबरपूर्ण शैली।

Eurasia (यू-रे´-शॅ) *n.* Europe and Asia, युरेशिया।

Eurasian (यू-रे´-शॅन्/ज़्हॅन्) *adj.* of Eurasia, युरेशियाई। *n.* a Eurasian person, युरेशियाई, युरेशिया-निवासी।

eureka (यू-रे´-कॅ) *interj.* 1. an exclamation of discovering something, मिल गया! 2. an exclamation of triumph, पा लिया! जीत लिया!

Europe (यूर्´-अॅप्) *n.* the continent west of Asia, युरोप।

European (यूर्-अॅ-पी´-अॅन्) *adj.* of Europe or its people, युरोपीय, युरोप-संबंधी। *n.* an inhabitant of Europe, युरोपवासी।

europium (यु-रो´-पि-अॅम्) *n.* a chemical element, युरोपियम।

euthanasia (यू-थॅ-ने´-ज़्हॅ) *n.* the act of killing a person painlessly for reasons of mercy, कष्ट से छुटकारा या मुक्ति देने के लिए किया जानेवाला वध, मुक्ति-वध, सुखमृत्यु।

evacuate (इ-वैक्´-यु-एट्) *v.* (evacuated, evacuating) 1. to discharge waste matter from the bowels, टट्टी करना, मलत्याग करना, हगना। 2. to make empty, (किसी भूभाग को) ख़ाली कर देना। 3. to remove or withdraw from some area, लोगों को किसी स्थान से हटा या निकाल ले जाना।

evacuation (इ-वैक्-यु-ए´-शॅन्) *n.* 1. the act of evacuating or the state of being evacuated, ख़ाली कर देना, निष्क्रमण, रिक्तीकरण। 2. an emptying of waste matter from the bowels, मलत्याग, मलोत्सर्ग।

evacuee (इ-वैक्-यू-ई´) *n.* an evacuated person, व्यक्ति जिसे अपने स्थान से हटा दिया गया हो, निष्क्रांत, निष्क्रमणार्थी।

evade (इ-वेड्´) *v.* (evaded, evading) 1. to avoid or escape by cleverness, to dodge, कतरा कर निकल जाना, किनाराकशी करना, बच निकलना। 2. to avoid (paying taxes, करों का) अपवंचन करना। 3. to avoid answering, उत्तर न देना, मौन रह जाना।

evaluate (इ-वैल्´-यु-एट्) *v.* (evaluated, evaluating) to assess or ascertain the value of something, मूल्यांकन करना।

evaluation (इ-वैल्-यु-ए´-शॅन्) *n.* the act of evaluating, मूल्यांकन।

evaluator (इ-वैल्´-यु-ए-टॅ:) *n.* one who evaluates, मूल्यांकनकर्ता।

evanesce (ऍव्-अॅ-नेंस्´) *v.* (evanesced, evanescing) to disappear, ग़ायब हो जाना, लुप्त हो जाना।

evanescent (ऍव्-अॅ-नेंस्´-अॅन्ट्) *adj.* 1. vanishing, जो अंतर्धान या लुप्त हो रहा हो। 2. transitory, क्षणिक।

evangelic (ई-वैन्-जेंल्´-इक्) *adj.* = evangelical.

evangelical (ई-वैन्-जेंल्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. of or according to the Gospels, सुसमाचार-संबंधी। 2. of or pertaining to an evangelist, मिशनरी-संबंधी।

evangelism (इ-वैन्´-जॅ-लिज़्-अॅम्) *n.* 1. preaching or spreading of the gospel, सुसमाचार का प्रचार। 2. missionary zeal, मिशनरियों की-सी उमंग।

evangelist (इ-वैन्´-जॅ-लिस्ट्) *n.* a preacher of the Christian gospel, सुसमाचार-प्रचारक, मिशनरी।

evangelize, evangelise (इ-वैन्´-जॅ-लाइज़्) *v.* (evangelized, evangelizing) 1. to preach

the Christian gospel, सुसमाचार का प्रचार करना। 2. to win over to Christianity, ईसाई बना लेना।

evaporate (इ-वैप्´-अॅ-रेट्) *v.* (evaporated, evaporating) 1. to change into a vapour, भाप बन जाना, उड़ जाना। 2. to convert into a vapour, भाप बना देना। 3. to vanish, अंतर्धान या ग़ायब हो जाना, छू-मंतर हो जाना।

evaporation (इ-वैप्-अॅ-रे´-शॅन्) *n.* the process of evaporating, वाष्पण, वाष्पीकरण।

evasion (इ-वे´-ज़्हॅन्) *n.* the act of evading, बचाव, परिहार; evasion of tax, करापवंचन।

evasive (इ-वे´-सिव्) *adj.* 1. seeking to evade, कतरा जानेवाला। 2. seeking to avoid trouble, मुसीबत से भाग खड़ा होनेवाला। 3. not straight forward, बहानेबाज़ या कुटिल। 4. vague and ambiguous, भ्रामक, वाग्छलपूर्ण, गोलमोल, अस्पष्ट। 5. hard to obtain, जिसे प्राप्त करना कठिन हो।

eve (ईव्) *n.* 1. the evening or day preceding an event, festival or holiday, पूर्वसंध्या। 2. evening, संध्या। 3. the period immediately before an event, किसी घटना या कार्यक्रम के ठीक पहले का समय।

Eve (ईव्) *n.* the first woman, हौआ।

even (ई´-वॅन्) *adj.* 1. flat, चपटा, सपाट। 2. level, समतल, चौरस, बराबर, समान। 3. without variation, एक-सा, एकरूप। 4. calm, शांत। 5. equally balanced, बराबरी का, समान। 6. identical or exact, the very same, वही। 7. (of a number) exactly divisible by 2., सम, जूस। 8. uniform, regular, नियमित। *adv.* 1. indeed, also, भी; He sleeps even in the day, वह दिन में भी सोता है। 2. to a higher degree, और भी; His condition was even worse, उसकी हालत और भी ख़राब थी। 3. at the same time, जैसे ही; Even as we watched the roof collapsed, जैसे ही हम देखने लगे छत गिर पड़ी। □ **even as,** just at the same moment as, (जैसे....ही) वैसे ही; **even if,** though, यद्यपि; **even now,** still now, अब भी। *v.* (evened, evening) to make or become even, समतल करना या होना। □ **break even,** to have neither losses nor gains, न कुछ मिलना न घर से जाना; **even up,** to become level or equal, बराबरी करना; **get even,** to take revenge, बदला लेना।

even[2] (ई´-वॅन्) *n.* evening, शाम, संध्या।

evenhanded (ई´-वॅन्-हैन्´-डिड्) *adj.* fair, just, impartial, निष्पक्ष, समदर्शी, न्यायी।

evening (ईव्´-निंग्) *n.* late afternoon and early night, शाम, संध्या, सांझ, सायंकाल।

evening dress *n.* a dress worn for formal occasions in the evening, सायंकालीन पोशाक।

evenings (ईव्´-निंग्स्) *adv.* usually at evening time, शाम के समय, शाम को।

evening star *n.* Venus, शुक्र तारा, सांध्य तारा।

evenness (ई´-वॅन्-निस्) *n.* the state of being even, समता, बराबरी।

even odds *n.* (plu.) chances that are the same for and against, विजय और पराजय के समान अवसर।

event (इ-वेंन्ट्´) *n.* 1. something that happens, any significant occurrence or incident, घटना, बात। 2. one of the items in a sports programme, कार्यक्रम सूची में उल्लिखित क्रीड़ाओं में से कोई एक; The next event will be 400 meter race, अगला कार्यक्रम है ४०० मीटर दौड़। □ **at all events,** inspite of every thing, तिस पर भी; **in any event,** whatever may happen, हर हालत में, चाहे कुछ भी हो; **in that event,** if that happens, ऐसा हुआ तो; **in the event of,** if that happens, अगर ऐसा हुआ, ऐसी दशा में, उस स्थिति में; **in the normal course of events,** in the ordinary way, सामान्य रीति से।

even-tempered (ई´-वॅन्-टॅम्´-पॅ:ड्) *adj.* not easily angered, calm, शांत स्वभाववाला, स्वभाव से शांत।

eventful (इ-वेंन्ट्´-फुल्) *adj.* 1. full of events or incidents, घटनाओं से परिपूर्ण, घटनापूर्ण। 2. important, महत्त्वपूर्ण; eventful conversation, महत्त्वपूर्ण वार्तालाप।

eventide (ई´-वॅन्-टाइड्) *n.* evening, संध्या, शाम।

eventual (इ-वेंन्´-चु-अॅल्) *adj.* happening at last as a result, पारिणामिक, परिणामस्वरूप होनेवाला, अंततोगत्वा घटित होनेवाला।

eventuality (इ-वेंन्-चु-ऐल्´-अॅ-टी) *n.* a possible event or outcome, संभावना, संभावित घटना।

eventually (इ-वेंन्´-चु-अॅ-ली) *adv.* finally, as a result, आख़िरकार, अंततः, परिणामतः।

eventuate (इ-वेंन्´-चु-एट्) *v.* (eventuated, eventuating) to happen in the end, to result, सिद्ध होना, साबित होना, घटित होना।

ever (ऍव्´-अॅ:) *adv.* 1. at all times, सदा, हमेशा, नित्य, सर्वदा। 2. at any time, कभी। ☐ **ever after,** always after that, तब से; **ever and anon,** now and then, कभी-कभी; **ever so,** extremely, अत्यधिक।

evergreen (ऍव्´-अॅ:-ग्रीन्) *adj.* having green leaves throughout the year, सदाबहार, सदा हरा रहनेवाला। *n.* an evergreen tree, सदाबहार वृक्ष।

everlasting (ऍव्-अॅ:-लास्´/लैस्´-टिंग्) *adj.* 1. lasting for ever, सदा बना रहनेवाला, सदा चलने-वाला, शाश्वत। 2. lasting for a long time, चिरस्थायी।

Everlasting *n.* God, ईश्वर।

everlastingly (ऍव्-अॅ:-लास्´/लैस्´-टिंग्-ली) *adv.* for ever, सदा के लिए।

evermore (ऍव्-अॅ: मो:´) *adv.* 1. always, सदा, नित्य। 2. for ever, सदा के लिए।

every (ऍव्´-री) *adj.* 1. each without exception, हर, प्रत्येक, हर एक। 2. all possible, हर संभव, पूरा। ☐ **every other,** (i) each alternate, एक-एक को छोड़कर; (ii) all the other people or things, अन्य सभी व्यक्ति या वस्तुएँ; **every bit of,** total, कुल, सब-का-सब; **every now and then,** from time to time, जब-तब, घड़ी घड़ी, बीच-बीच में; **every time,** at each time, हर बार या जब कभी; **in every way,** from all points of view, सभी दृष्टियों से, हर दृष्टि से।

everybody (ऍव्´-री-बॉड्-ई) *pron.* every person, हर कोई।

everyday (ऍव्´-री-डे) *adj.* 1. daily, हर रोज़ का, प्रतिदिन का, रोज़ का, रोज़-रोज़ का; This is an everyday occurrence, यह रोज़मर्रा या प्रतिदिन की घटना है। 2. common, usual, सामान्य, साधारण।

everyone (ऍव्´-री-वॅन्) *pron.* everybody; हर कोई।

everything (ऍव्´-री-थिंग्) *pron.* all things, सब-कुछ।

everywhere (ऍव्´-री-वे़अॅ:) *adv.* in every place, हर जगह, हर कहीं, सभी जगह।

evict (इ-विक्ट्´) *v.* (evicted, evicting) to expel (a tenant) by legal process, बेदख़ल करना, निष्कासित कर देना, निकाल देना, निकाल बाहर करना।

eviction (इ-विक्´-शॅन्) *n.* the act of evicting or the state of being evicted, बेदख़ली, निष्कासन।

eviction order *n.* an order issued by the court of law that someone is to be evicted, बेदख़ली का हुकुम, निष्कासन-आदेश।

evidence (ऍव्´-इ-डॅन्स्) *n.* 1. something presented before the court of law to prove or disprove a point in issue, साक्ष्य, गवाही; documentary evidence, दस्तावेज़ी साक्ष्य; oral evidence, मौखिक साक्ष्य। 2. something that serves to indicate, संकेत, लक्षण; evidence of life, जीवन का लक्षण। ☐ **in evidence,** apparent, स्पष्ट, दिखाई देनेवाला; The police was in evidence everywhere, पुलिस सभी जगह दिखाई देती थी। *v.* (evidenced, evidencing) 1. to give evidence for, साक्ष्य देना, गवाही देना। 2. to make clear, स्पष्ट कर देना। 3. to indicate, संकेत करना।

evident (ऍव्´-इ-डॅन्ट्) *adj.* easily recognized, obvious, स्पष्ट, सुव्यक्त, प्रकट, प्रत्यक्ष।

evidential (ऍव्-इ-डेंन्´-शॅल्) *adj.* based on or providing evidence, साक्ष्यपरक।

evidently (ऍव्´-इ-डॅन्ट्-ली) *adv.* obviously, स्पष्ट रूप से, स्पष्टतः।

evil (ई´-विल्) *adj.* 1. morally bad, बुरा, दूषित, ख़राब; the evil eye, बुरी नज़र। 2. harmful, हानिकर। *n.* 1. something that is morally bad, बुराई। 2. something that causes

trouble, बला, मुसीबत, परेशानी।

evildoer (ई´-विल्-डु´-अ:) *n.* a person who does evil, बुरा काम करनेवाला।

evilminded (ई´-विल्-माइन्´-डिड्) *adj.* having an evil disposition, malicious, कुविचारी, दुराशय, दुष्ट।

eviltempered (ई´-विल्-टॅम्´-पॅ:ड्) *adj.* doing evil by temperament, दुष्टप्रकृति, बुरे स्वभाववाला।

evince (इ-विन्स्´) *v.* (evinced, evincing) to show or manifest, दिखलाना, प्रदर्शित करना, प्रकट करना।

eviscerate (इ-विस्´-अॅ-रेट्) *v.* (eviscerated, eviscerating) 1. to take out the intestines of, आँतें निकाल लेना। 2. to take away a vital part of, महत्त्वपूर्ण भाग या अंग निकाल लेना।

evitable (ॲव्´-अॅ-टॅ-बॅल्) *adj.* avoidable, परिहार्य।

evocable (ॲव्´-अॅ-कॅ-बॅल्) *adj.* that can be called forth, जिसे बुलाया या पुकारा जा सके।

evocate (ॲव्´-अॅ-केट्) *v.* (evocated, evocating) to evoke, बुलाना, आह्वान करना।

evocation (ॲव्-अॅ-के´-शॅन्) *n.* the act of calling forth, बुलाने का कार्य, आह्वान, बुलावा।

evocative (इ-वॉक्´-अॅ-टिव्) *adj.* 1. tending to evoke, अह्वान करनेवाला। 2. inspiring memories, स्मृतिकारक।

evoke (इ-वोक्´) *v.* (evoked, evoking) 1. to call or summon up, बुलाना, अह्वान करना। 2. to inspire, प्रेरित करना, जाग्रत करना; Her performance evoked admiration of the public, जनता ने उसके करतबों की दाद दी। 3. to cause or produce, पैदा करना, उत्पन्न करना।

evolution (इव्-अॅ-ल्यू´-शॅन्) *n.* process of growth development, विकास।

evolutionary (इव्-अॅ-ल्यू´-शॅ-नॅ-री) *adj.* of or pertaining to evolution, विकास-संबंधी, विकासात्मक, विकासवादी।

evolutionist (इव्-अॅ-ल्यू´-शॅ-नॅ-री) *adj.* a person who believes in the theory of evolution, विकासवादी।

evolve (इ-वॉल्व्´) *v.* (evoled, evolving) 1. to develop, विकसित होना। 2. to cause to develop, विकसित करना।

ewe (यू) *n.* a female sheep, भेड़।

ewer (यू´-अॅ:) *n.* a large water pitcher with a wide mouth, घड़ा।

ex[1] (ॲक्स्) *prefix.* former, निवर्तमान, भूतपूर्व, पूर्व; ex-president, पूर्व अध्यक्ष।

ex[2] *n.* a former husband or wife, पूर्व पति या पूर्व पत्नी।

exacerbate (इग्-ज़ैस्´-अ:-बेट्) *v.* (exacerbated, exacerbating) 1. to increase the severity of, तेज या तीव्र कर देना, बढ़ा देना। 2. to make worse, बिगाड़ देना।

exacerbation (इग्-ज़ैस्-अ:-बे´-शॅन्) *n.* the act of exacerbating or the state of being exacerbated, तेज़ी, तीव्रता, उग्रता, उग्र रूप।

exact (इग्-ज़ैक्ट्´) *adj.* 1. fully accurate, precise, यथातथ्य, यथार्थ, सटीक, सही, ठीक। 2. severe, कठोर, कड़ा। *v.* (exacted, exacting) 1. to obtain by threat, force or authority, माँगना, छीनना या वसूल करना। 2. to press, दबाव डालना, सख़्ती बरतना। 3. to require, माँग करना, आवश्यक होना; This work exacts great care. यह काम बहुत तवज्जो माँगता है।

exacting (इग्-ज़ैक्´-टिंग्) *adj.* 1. requiring great care and effort, श्रमसाध्य; an exacting task, श्रमसाध्य कार्य। 2. making rigorous demands, भारी दबाव डालनेवाला, बलात् वसूली करनेवाला, माँग मनवानेवाला।

exaction (इग्-ज़ैक्´-शॅन्) *n.* 1. the act of exacting or something exacted, वसूली, बलात् ग्रहण। 2. illegal demand, अवैधानिक माँग।

exactitude (इग्-ज़ैक्´-टि-ट्यूड्) *n.* exactness, यथातथ्यता, शुद्धता, यथार्थता।

exactly (इग्-ज़ैक्ट्´-ली) *adv.* 1. accurately, precisely, यथार्थ रूप से, यथार्थत:। 2. in every respect, ठीक-ठीक। 3. quite so, just so, यथावत्, बिल्कुल ठीक। □ **not exactly,** by no means, बिल्कुल नहीं।

exactness (इग्-ज़ैक्ट्´-निस्) *n.* the state or quality of being exact, यथातथ्यता, यथार्थता।

exaggerate (इग्-ज़ैग्´-अॅ-रेट्) *v.* (exagger-

ated, exaggerating) 1. to overstate, बढ़ा-चढ़ाकर कहना, अतिरंजित करना, अत्युक्ति करना। 2. to make more noticeable, नमक-मिर्च लगाकर कहना, चटपटा बनाकर कहना। 3. to make greater or larger, बढ़ाना।

exaggerated (इग्-ज़ैज्´-रे-टिड्) ***adj.*** overstated, अतिरंजित, बढ़ा-चढ़ाकर कहा हुआ, नमक-मिर्च लगाकर कहा हुआ, अतिशयोक्तिपूर्ण।

exaggeratedly (इग्-ज़ैज्´-रे-टिड्-ली) ***adv.*** in an exaggerated manner, बढ़ा-चढ़ाकर, नमक-मिर्च लगाकर, अत्युक्तिपूर्वक।

exaggeration (इग्-ज़ैज्-अॅ-रे´-शॅन्) ***n.*** 1. the act of exaggerating, अतिरंजन। 2. something exaggerated, अतिशयोक्ति, अत्युक्ति।

exalt (इग्-ज़ाःल्ट्´) ***v.*** (exalted, exalting) 1. to elevate, ऊपर उठाना, उन्नत करना। 2. to raise in position or rank, पदोन्नत करना, तरक्की देना। 3. to praise highly, to glorify, ख़ूब तारीफ़ करना, तारीफ़ के पुल बाँधना, अत्यंत प्रशंसा करना, यशोगान करना। 4. to fill with delight or pride, उल्लसित करना, गर्वित करना।

exaltation (ऍग्-ज़ाःल्-टे´-शॅन्) ***n.*** 1. the act of exalting or the state of being exalted, उन्नयन, तरक्की, उत्कर्ष, पदोन्नति। 2. high praise, अत्यधिक प्रशंसा। 3. glorification, यशोगान। 4. (spiritual) delight, उल्लास, आनंद, हर्ष।

exam (इग्-ज़ैम्´) ***n.*** an examination, परीक्षा, इम्तहान।

examination (इग्-ज़ैम्-इ-ने´-शॅन्) ***n.*** 1. the act or process of examining, परीक्षण, जाँच। 2. the testing of knowledge or skills, the means and methods of examining, परीक्षा, इम्तहान। 3. a formal questioning of witness or an accused person, तहक़ीक़ात, पूछताछ।

examination paper ***n.*** a set of questions designed to test knowledge or skills, प्रश्नपत्र।

examine (इग्-ज़ैम्´-इन्) ***v.*** (examined, examining) 1. to inspect or analyze carefully or in detail, निरीक्षण करना, जाँच-पड़ताल करना, देखना-भालना। 2. to test knowledge or skills by written or oral questions, परीक्षा करना, परीक्षा लेना, इम्तहान लेना। 3. to interrogate formally in order to get information, पूछताछ करना, तहक़ीक़ात करना।

examinee (इग्-ज़ैम्-अॅ-नी´) ***n.*** a candidate for examination, परीक्षार्थी, परीक्षा या इम्तहान देनेवाला।

examiner (इग्-ज़ैम्´-इ-नॅः) ***n.*** one who examines, परीक्षक।

example (इग्-ज़ैम्´-पॅल्) ***n.*** 1. something selected to show the nature or the character of the rest, उदाहरण, मिसाल, दृष्टांत। 2. a model, pattern, नमूना, प्रतिमान। ☐ **for example,** for instance, उदाहरण के लिए, उदाहरणार्थ; **set an example,** to behave so as to be a model for others to imitate, उदाहरण प्रस्तुत करना; **without example,** having no precedent, जिसका कोई और उदाहरण न हो, अद्वितीय, बेजोड़।

exasperate (इग्-ज़ैस्´-पॅ-रेट्) ***v.*** (exasperated, exasperating) 1. to irritate or vex very much, बहुत अधिक तंग या परेशान करना, क्षुब्ध कर देना। 2. to aggravate or infuriate, भड़काना, ताव दिलाना, उत्तेजित करना।

exasperated (इग्-ज़ैस्´-पॅ-रे-टिड्) ***adj.*** 1. irritated, क्षुब्ध। 2. infuriated, उत्तेजित।

exasperation (इग्-ज़ैस्-पॅ-रे´-शॅन्) ***n.*** irritation, annoyance, क्षोभ, उत्तेजना।

ex cathedra (ऍक्स्-कॅ-थी´-ड्रॅ / ऍक्स्-कैथ्´-अॅ-ड्रॅ) ***adv.*** with authority, अधिकारपूर्वक।

excavate (ऍक्स्´-कॅ-वेट्) ***v.*** (excavated, excavating) 1. to dig out, खुदाई करना, खोदना, खनन करना। 2. to uncover by digging, खोदकर निकालना, खुदाई करना, उत्खनन करना।

excavation (ऍक्स्-कॅ-वे´-शॅन्) ***n.*** 1. the act of excavating, खुदाई, खनन, उत्खनन। 2. a hole or hollow made by excavating, गड्ढा या कटाव। 3. something unearthed by excavating, खुदाई से मिलनेवाली वस्तु।

excavator (ऍक्स्´-कॅ-वे-टॅः) ***n.*** 1. a person who excavates, खुदाई करनेवाला, खनक, उत्खनक। 2. an implement or apparatus

that excavates, खनित्र।

exceed (इक्-सीड्´) *v.* (exceeded, exceeding) 1. to be more or greater than, बढ़ जाना, अधिक हो जाना। 2. to go beyond (the limit, सीमा से) आगे बढ़ जाना, बढ़त लेना, अतिक्रमण करना, लाँघना। 3. to excel or be superior to, आगे बढ़ या निकल जाना, श्रेष्ठता सिद्ध करना।

exceedingly (इक्-सी´-डिंग्-ली) *adv.* 1. to a great degree, अत्यधिक, अत्यंत। 2. extraordinarily, असाधारण रूप से।

excel (इक्-सेंल्´) *v.* (excelled, excelling) 1. to be superior to, (किसी से) बढ़-चढ़ जाना, आगे निकल जाना, (अपनी) श्रेष्ठता सिद्ध करना। 2. to be very good at something, (किसी काम में) प्रवीण या निष्णात होना, माहिर होना।

excellence (ऐंक्´-सॅ-लॅन्स्) *n.* 1. superiority, श्रेष्ठता। 2. very great merit, अच्छाई, सद्गुण।

Excellency (ऐंक्´-सॅ-लॅन्-सी) *n.* (plu. Excellencies,Excellences) a title of honour used to address or refer to high-ranking officials, महामहिम।

excellent (ऐंक्´-सॅ-लॅन्ट्) *adj.* extremely or exceptionally good, अत्यंत उत्कृष्ट, बहुत बढ़िया, अति उत्तम, अति श्रेष्ठ।

excellently (ऐंक्´-सॅ-लॅन्ट्-ली) *adj.* in an excellent manner, अत्यंत उत्कृष्टतापूर्वक, अति उत्तम रूप से।

excelsior (इक्-सेंल्´-सि-ऑः) *interj.* higher, ऊँचे, और भी ऊँचे। *n.* wood shavings, लकड़ी की छीलन।

except (इक्-सेंप्ट्´) *prep.* other than, apart from, के सिवा, के अतिरिक्त, के अलावा, को छोड़कर। *v.* (excepted, excepting) to leave out, omit or exclude, छोड़ या अलग कर देना, निकाल या हटा देना।

excepting (इक्-सेंप्´-टिंग्) *prep.* except, के सिवा, के अतिरिक्त, को छोड़कर।

exception (इक्-सेंप्´-शॅन्) *n.* 1. anything not in conformity with a general rule, principle, class etc., अपवाद। 2. exclusion, omission, निराकरण, बहिष्कार। 3. adverse criticism, कठोर आलोचना। 4. objection, आपत्ति, एतराज़, विरोध। □ **take exception to,** to make objections, आपत्ति करना, विरोध प्रकट करना, एतराज़ करना; **with the exception of,** except, को छोड़कर, के सिवा।

exceptionable (इक्-सेंप्´-शॅ-नॅ-बॅल्) *adj.* open to objection, जिसके संबंध में आपत्ति की या विरोध प्रकट किया जा सकता हो, आपत्ति के योग्य।

exceptional (इक्-सेंप्´-शॅ-नॅल्) 1. forming an exception, अपवादस्वरूप। 2. extraordinary, outstanding, unusual, असाधारण, विशेष, विशिष्ट, ख़ास।

exceptionally (इक्-सेंप्´-शॅ-नॅ-ली) *adv.* in an exceptional way, अपवाद रूप में; असाधारण रूप से।

excerpt[1] (ऐंक्´-सःप्ट्) *n.* 1. a passage quoted from a book, उद्धरण। 2. extract, सार, सारांश।

excerpt[2] (इक्-सःप्ट्´) *v.* (excerpted, excerpting) to quote a passage from a book, उद्धरण प्रस्तुत करना।

excess (इक्-सेंस्´ / ऐंक्´-सेंस्) *n.* 1. overabundance, superfluity, अधिकता, बहुतायत, प्रचुरता। 2. too much, अति, पराकाष्ठा। 3. overdoing, high-handedness, ज़्यादती। 4. overindulgence, असंयम, बदपरहेज़ी। *adj.* exceeding what is required, अधिक, अतिरिक्त; excess fare, अतिरिक्त भाड़ा।

excessive (इक्-सेंस्´-इव्) *adj.* too much, बहुत अधिक, अत्यधिक।

excessively (इक्-सेंस्´-इव्-ली) *adv.* to an excessive extent, अत्यधिक रूप से।

exchange (इक्स्-चेन्ज्´) *v.* (exchanged, exchanging) 1. to give and receive reciprocally, अदला-बदली करना, आदान-प्रदान करना, विनिमय करना। 2. to replace one thing by another, अदल-बदल करना, बदलना। □ **exchange blows,** to give and receive blows, मार-पीट होना; **exchange glances,** to look at each other, नज़रें मिलाना। *n.* 1. the act of exchanging, अदला-बदली, आदान-प्रदान, विनिमय; bill of exchange, हुंडी। 2. a telephone exchange, टेलिफ़ोन-केंद्र।

exchangeable (इक्स्-चेन्´-जॅ-बॅल्) *adj.* that can be exchanged, जिसका विनियम हो सके, विनिमेय।

exchange rate *n.* the rate at which the currency of one country may be exchanged with that of another, विनिमय-दर।

exchange value *n.* value of one currency in terms of the other, विनिमय-मूल्य।

exchequer (ऍक्स्-चेंक्´-अॅ:) *n.* 1. a treasury, कोषागार, ख़ज़ाना। 2. the funds in the national treasury, ख़ज़ाना, राजकोष, सरकारी रुपया। 3. personal funds, व्यक्तिगत धन, कोष।

excise[1] (ऍक्´-साइज़्) *n.* a tax on the production of certain goods within the country, उत्पादन-शुल्क, आबकारी।

excise[2] (इक्-साइज़्´) *v.* (excised, excising) to remove (a part of the body) surgically, काट देना, काटकर अलग कर देना।

excision (इक्-सिज़्ह्´-अॅन्) *n.* the act of excising, काटना, काटकर अलग कर देना, कर्तन।

excitable (इक्-साइ´-टॅ-बॅल्) *adj.* easily excited, उत्तेजनीय, उत्तेजनशील।

excitation (ऍक्-साइ-टे´-शॅन्) *n.* excitement, उत्तेजना।

excite (इक्-साइट्´) *v.* (excited, exciting) 1. to cause great interest or eagerness, कौतूहल या जिज्ञासा उत्पन्न करना। 2. to provoke, stimulate or stir up, उकसाना, भड़काना, उत्तेजित करना, जोश या ताव दिलाना।

excited (इक्-साइ´-टिड्) *adj.* 1. stimulated, agitated, उत्तेजित। 2. sexually aroused, खड़ा, उत्थित।

excitement (इक्-साइट्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the state of being excited, उत्तेजना, कौतूहल। 2. a person or thing that excites, कौतूहल उत्पन्न करनेवाला व्यक्ति या वस्तु।

exciting (इक्-साइ´-टिंग्) *adj.* causing excitement, कौतूहलजनक या उत्तेजनापूर्ण।

exclaim (इक्-स्क्लेम्´) *v.* (exclaimed, exclaiming) to cry out excitedly in surprise, delight, pain or horror, विस्मय, हर्ष, पीड़ा या आतंक के फलस्वरूप चीख उठना, चीख पड़ना, चिल्ला उठना, चिल्ला पड़ना।

exclamation (ऍक्-स्क्लॅ-मे´-शॅन्) *n.* 1. the act of exclaiming, चीख़, चिल्लाहट। 2. an exclamatory word or phrase, विस्मयादि-बोधक शब्द।

exclamation mark *n.* the punctuation mark (!) used after exclamatory words, विस्मयादिबोधक या विस्मयबोधक चिह्न (!)।

exclamatory (इक्-स्क्लैम्´-अॅ-टॅ-री) *adj.* of containing or using exclamation, विस्मयादि-बोधक।

exclude (इक्-स्क्लूड्´) *v.* (excluded, excluding) 1. to keep or leave out, निकाल देना, अलग कर देना, सम्मिलित या शामिल न करना, बहिष्कार करना। 2. to omit, छोड़ देना। 3. to prevent or refuse to admit, वर्जित करना, रोक देना, प्रविष्ट न होने देना, अपवर्जित करना।

exclusion (इक्-स्क्लू´-ज़्हॅन्) *n.* the act or an instance of excluding, बहिष्कार, वर्जन, अपवर्जन।

exclusive (इक्-स्क्लू´-सिव्) *adj.* 1. excluding all others, अनन्य; exclusive property, अनन्य संपत्ति, exclusive right, अनन्य अधिकार। 2. not divided or shared by, एकाकी, निजी। 3. admitting only certain people to membership, (संस्था) जो चुने हुए लोगों को ही सदस्य बनाती हो। 4. expensive, महँगा, ख़र्चीला। 5. published in one paper (or one group of papers) only, अकेले पत्र में छपनेवाला; exclusive rights, अकेले छापने का अधिकार। *adv.* not counting, बिना जोड़े या शामिल किए।

exclusiveness (इक्-स्क्लू´-सिव्-निस्) *n.* the state of being exclusive, अनन्यता।

exclusively (इक्-स्क्लू´-सिव्-ली) *adv.* with all others excluded, only, अकेले, अनन्य रूप से, सिर्फ़, केवल।

excogitate (ऍक्स्-कॉज्´-इ-टेट्) *v.* (excogitated, excogitating) 1. to think out, सोचकर निकालना। 2. to search out, खोज निकालना।

excommunicate (ऍक्स्-कॅ-म्यू´-नि-केट्) *v.*

(excommunicated, excommunicating) to exclude (as a punishment) from participation in church or society, गिरजे (या जाति) से निकाल देना, बहिष्कृत करना, जाति-च्युत कर देना।

excommunication (ऍक्स्-कॅ-म्यू-नि-के´-शॅन्) the act of excommunicating, बहिष्करण, बहिष्कार, धर्म-बहिष्कार, जाति-बहिष्कार।

excoriate (इक्-स्कोर्´-इ-एट्) *v.* (excoriated, excoriating) 1. to strip (the skin. चमड़ी या खाल) उधेड़ना। 2. to denounce vehemently, भर्त्सना करना, बख़िया उधेड देना, छीछालेदर करना, कटु आलोचना करना, बहुत निंदा करना।

excrement (ऍक्´-स्क्रॅ-मॅन्ट् / ऍक्स्´-क्रॅ-मॅन्ट्) *n.* excreta, faeces, मल, गूह, विष्ठा, बीठ-गोबर।

excremental (ऍक्-स्क्रॅ-मॅन्´-टॅल् / ऍक्स्-क्रॅ-मॅन्´-टॅल्) *adj.* of excrement, मल-संबंधी, विष्ठा-संबंधी।

excrescence (इक्-स्क्रॅस्´-ॲन्स्) *n.* an abnormal outgrowth from an organ or part of a body, उभार, अपवृद्धि।

excreta (इक्-स्क्री´-टॅ) *n.* (plu.) waste matter discharged from the body, faeces, मल, विष्ठा, गूह, बीठ-गोबर।

excrete (इक्-स्क्रीट्´) *v.* (excreted, excreting) 1. to discharge waste matter from the body, हगना, मलत्याग करना, पाख़ाना करना, गोबर या लीद करना। 2. to discharge (waste matter) from blood, tissues, organs etc., विसर्जित करना, उत्सर्जित करना।

excretion (इक्-स्क्री´-शॅन्) *n.* the act of excreting, उत्सर्जन, मलोत्सर्ग, मलत्याग।

excruciating (इक्स्-क्रू´-शि-ए-टिंग्) *adj.* 1. intensely painful, agonizing, अत्यंत पीड़ादायक, यंत्रणादायक, संतापकारक, दारुण, घोर। 2. intense, तीव्र, तेज़।

exculpate (ऍक्स्´-कल्-पेट्) *v.* (exculpated, exculpating) to clear of guilt or blame, निर्दोष या निरपराध घोषित करना।

excursion (इक्-स्कः-शॅन्/ज़्हॅन्) *n.* 1. a pleasure trip, सैर, सैर-सपाटा। 2. a brief journey, छोटी-मोटी यात्रा। 3. a disgression from the main topic, बदलाव, विचलन।

excursionist (इक्-स्कः´-शॅ-निस्ट्) *n.* a person who goes on an excursion, सैलानी, सैर करनेवाला, भ्रमणकर्ता।

excursive (इक्-स्कः´-सिव्) *adj.* tending to digress, विषय से हटकर होनेवाला।

excusable (इक्-स्क्यू´-ज़ॅ-बॅल्) *adj.* that can be excused, क्षम्य, क्षमा करने योग्य, माफ़ी के लायक।

excusatory (इक्-स्कूज़्´-ॲ-टॅ-री) *adj.* apologetic, क्षमायाचना-सूचक।

excuse (इक्-स्क्यूज़्´) *v.* (excused, excusing) 1. to forgive or pardon, क्षमा कर देना, माफ़ कर देना। 2. to apologize, क्षमा माँगना, माफ़ी माँगना, क्षमा याचना करना। 3. to consider as unimportant, जाने देना, ध्यान न देना। 4. to release from an obligation, छुटकारा देना, छोड़ देना। 5. to justify, न्यायोचित ठहराना। ☐ **May I be excused.** May I go and ease myself? क्या मैं बाहर जाकर मलमूत्र आदि का त्याग कर आऊँ? **Excuse me,** an expression used to catch someone's attention, क्षमा करें, माफ़ कीजिए। *n.* 1. an apology, क्षमा-याचना। 2. an explanation given in defence of one's conduct, सफ़ाई, स्पष्टीकरण। 3. a pretext, बहाना।

execrable (ऍक्´-सॅ-क्रॅ-बॅल्) 1. abhorrent, घृणित, घिनौना। 2. of very poor quality, रद्दी, घटिया।

execrate (ऍक्´-सॅ-क्रेट्) *v.* (execrated, execrating) 1. to abhor, घृणा करना। 2. to utter curses upon, कोसना, शाप देना।

executant (ऍग्-ज़ि-क्यू´-टॅन्ट्) *n.* 1. a doer, कर्ता। 2. one who executes a deed, निष्पादी, निष्पादक। 3. one who plays on an instrument, वादक।

execute (ऍक्´-सॅ-क्यूट्) *v.* (executed, executing) 1. to carry out, पालन करना, अनुपालन करना, निष्पादन करना। 2. to make legal and valid by signing, निष्पादन करना। 3. to put into effect, कार्यान्वित करना। 4. to put to death in pursuance of a sentence,

फाँसी देना, मृत्युदंड देना। 5. to perform or accomplish, पूरा करना, संपादन करना। 6. to play music or sport, बजाना या खेलना।

execution (ऍक्-सॅ-क्यू´-शॅन्) *n.* 1. the act or process of execution, अनुपालन, निष्पादन, कार्यान्वयन। 2. an act of executing a condemned person, फाँसी। 3. skill in playing music, sports etc., कौशल।

executioner (ऍक्-सॅ-क्यू´-शॅ-नॅः) *n.* one who executes a condemned person, फाँसी देनेवाला, जल्लाद।

executive (इग्-ज़ॅक्´-यु-टिव्) *n.* 1. an administrative official, कार्यकारी अधिकारी। 2. the branch of the government which is entrusted with the enforcement of laws, कार्यपालिका। 3. an executive committee, प्रबंध-समिति, कार्यकारिणी समिति। *adj.* having the function of executing, कार्यकारी।

executor (इग्-ज़ॅक्´-यु-टॅः) *n.* one who executes or carries out, निष्पादक, संपादनकर्ता, कर्ता।

executrix (इग्-ज़ॅक्´-यु-ट्रिस्) *n.* a woman executor, महिला निष्पादक, निष्पादिका।

exegesis (ऍक्-सॅ-जी´-सिस्) *n.* (plu. exegeses) critical explanation, analysis or interpretation, व्याख्या, टीका, भाष्य, टिप्पणी।

exegetic (ऍक्-सॅ-जॅट्´-इक्) *adj.* of or pertaining to exegesis, explanatory, व्याख्यात्मक, व्याख्या-संबंधी।

exemplar (इग्-ज़ॅम्´-प्लॅः) *n.* 1. a model or pattern, उदाहरण, प्रतिमान। 2. a specimen or sample, नमूना, बानगी।

exemplary (इग्-ज़ॅम्´-प्लॅ-री) *adj.* serving as a model or example, उदाहरणात्मक, अनुकरणीय, आदर्श।

exemplification (इग्-ज़ॅम्-प्लि-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* 1. an act of exemplifying, उदाहरण का प्रस्तुतीकरण। 2. an example, उदाहरण।

exemplify (इग्-ज़ॅम्´-प्लि-फ़ाइ) *v.* (exemplified, exemplifying) 1. to illustrate by example, उदाहरण प्रस्तुत करना, उदाहरण या मिसाल देना। 2. to serve as an example, उदाहरण बनना, उदाहरण के रूप में होना, दृष्टांत होना।

exempt (इग्-ज़ॅम्प्ट्´) *v.* (exempted, exempting) to free from a rule, duty or obligation which binds others, छूट देना, विमुक्त रखना, माफ़ी देना। *adj.* free from a rule, duty or obligation, छूट-प्राप्त, विमुक्त।

exemptible (इग्-ज़ॅम्प्´-टि-बॅल्) *adj.* that can be exempted, छूट के योग्य।

exemption (इग्-ज़ॅम्प्´-शॅन्) *n.* the act of exemption or the freedom or release from liability, obligation or rule, छूट, विमुक्ति, माफ़ी।

exequy (ऍक्´-सि-क्वी) *n.* a funeral procession, शवयात्रा।

exercisable (ऍक्´-सॅः-साइज़्-अॅ-बॅल्) *adj.* 1. that can be exercized, अभ्यास करने के योग्य, प्रयोज्य। 2. ought to be done, करणीय।

exercise (ऍक्´-सॅः-साइज़्) *n.* 1.active use or operation, प्रयोग, इस्तेमाल। 2. physical activity to develop fitness, व्यायाम, अभ्यास, कसरत। 3. a lesson or task designed to develop skill or understanding, अभ्यास। 4. (plu.) a series of movements, operations or acts related to a public ceremony, अभ्यास; military exercises, सैनिक अभ्यास, युद्धाभ्यास। *v.* (exercised, exercising) 1. to put into action, प्रयोग या इस्तेमाल करना। 2. to use habitually, प्रयोग, इस्तेमाल या उपयोग में लाना, बरतना, काम लेना; He exercised self-control, उसने आत्मसंयम बरता। 3. to take exercise, व्यायाम करना, कसरत करना। 4. to worry, चिंतित होना।

exercise book *n.* a student's book for writing in, अभ्यास-पुस्तिका।

exerciser (ऍक्´-सॅः-साइज़्-अॅः) *n.* 1. a person who exercises, अभ्यासकर्ता, अभ्यासी। 2. an apparatus for exercising the muscles, एक्सरसाइज़र।

exert (इग्-ज़ःट्´) *v.* (exerted, exerting) 1. to make an effort, प्रयास करना, कोशिश करना, प्रयत्न करना। 2. to put forth, bring into use or apply, प्रयोग करना, लगाना; Exert your strength, अपना ज़ोर लगाओ।

exertion (इग्-ज़ॅः´-शॅन्) *n.* 1. active use of strength or power, बल या शक्ति का प्रयोग। 2. a great effort, उद्यम, प्रयास, प्रयत्न। 3. fatigue or exhaustion, थकान, थकावट।

exeunt (ऍक्´-सि-अन्ट्) *v.* that all or certain named characters leave the stage, सभी या फ़लाँ-फ़लाँ पात्र मंच छोड़ देते हैं (नाटक के पात्रों के लिए पांडुलिपि में लिखा या छपा हुआ निर्देश)। (लैटिन)

ex gratia (ऍक्स्-ग्रे´-शॅ) *adv.* as a favour, अनुग्रहपूर्वक, कृपापूर्वक। *adj.* given as a favour, अनुग्रहपूर्वक दिया जानेवाला; ex gratia payment, अनुग्रह-राशि। (लैटिन)

exhalation (ऍक्स्-हॅ-ले´-शॅन्) *n.* 1. the act of breathing out, साँस छोड़ना, उच्छ्वसन। 2. something exhaled, उच्छ्वास, निश्वास, छोड़ा हुआ साँस।

exhale (ऍक्स्-हेल्´) *v.* (exhaled, exhaling) 1. to breathe out, साँस छोड़ना। 2. to give off, छोड़ना, निकालना; He exhaled clouds of smoke, उसने धुएँ के ग़ुबार छोड़े।

exhaust (इग्-ज़ाःस्ट्´) *v.* (exhausted, exhausting) 1. to tire out or wear out completely, थककर चूर हो जाना या थकाकर चूर कर देना, थक जाना या थका देना, निढाल हो जाना या कर देना। 2. to use up completely, पूर्ण रूप से उपयोग करना, निश्शेष या ख़त्म करना, समाप्त करना। 3. to be used up, प्रयोग में आ जाना, समाप्त हो जाना। 4. to empty, ख़ाली कर देना, निष्कासन करना। 5. to release steam or gas from an engine in order to reduce pressure, निर्गम करना, निकास देना, निकाल देना, छोड़ देना। *n.* the release or exit of steam or gas from an engine, निकास; exhaust pipe, निकास पाइप।

exhausted (इग्-ज़ाःस्´-टिड्) *adj.* 1. absolutely tired, थका-माँदा, निढाल, थकान से चूर। 2. emptied, ख़ाली किया हुआ, ख़ाली, समाप्त।

exhaustion (इग्-ज़ाःस्´-चॅन्) *n.* 1. the act of exhausting or the state of being exhausted, समाप्ति, निश्शेषण, निष्कासन। 2. fatigue, थकान, थकावट, श्रांति।

exhaustive (इग्-ज़ाःस्´-टिव्) *adj.* 1. comprehensive, complete or thorough, विस्तृत, व्यापक, पूर्ण, सर्वांगीण; exhaustive research, व्यापक अनुसंधान। 2. causing fatigue, tiresome, थकाऊ।

exhaustively (इग्-ज़ाःस्´-टिव्-ली) *adv.* in an exhaustive manner, विस्तृत या व्यापक रूप से।

exhibit (इग्-ज़िब्´-इट्) *v.* (exhibited, exhibiting) 1. to display to the public, प्रदर्शित करना, (की) प्रदर्शनी लगाना, दिखलाना। 2. to reveal, प्रकट करना, दिखलाना; He exhibited patience, उसने धैर्य दिखलाया। *n.* 1. the act of exhibiting, प्रदर्शन, दिखावा। 2. something that is exhibited, प्रदर्शित वस्तु। 3. something produced as evidence in court of law, साक्ष्य के रूप में न्यायालय में प्रस्तुत की हुई कोई चीज़।

exhibition (ऍक्-सि-बिश्´-ऑन्) *n.* 1. the act or fact of exhibiting or the state of being exhibited, प्रदर्शन, दिखावा। 2. a public display of objects, प्रदर्शनी, नुमाइश। 3. a public display of feats, प्रदर्शन। 4. an allowance given to a deserving student, छात्र-सहायता-वृत्ति। □ **make an exhibition of oneself,** make an ass of oneself, अपनी हँसी या भद्द उड़वाना, तमाशा बनना, अपना फूहड़पना ज़ाहिर करना; **on exhibition,** being shown publicly, जिसका प्रदर्शन हो रहा हो।

exhibitioner (ऍक्-सि-बि-शॅ-नॅः) *n.* a student receiving an exhibition, वृत्तिभोगी छात्र।

exhibitionism (ऍक्-सि-बिश्´-ऑ-निज्-ऑम्) *n.* 1. a tendency towards extravagant behaviour in order to attract attention to oneself, आत्मप्रदर्शन की प्रवृत्ति। 2. a tendency to expose of one's body parts to attract attention to oneself, प्रदर्शन-वृत्ति, अंग-प्रदर्शन।

exhibitionist (ऍक्-सि-बिश्´-ऑ-निस्ट्) *n.* a person who indulges in exhibitionism, आत्मप्रदर्शक, अंग-प्रदर्शक।

exhibitor (इग्-ज़िब्´-इ-टॅः) *n.* one who takes

part in an exhibition, प्रदर्शनी में भाग लेनेवाला, प्रदर्शक।

exhilarate (इग्-ज़िल्´-अॅ-रेट्) *v.* (exhilarated, exhilarating) 1. to make happy or cheerful, आनंदित करना, आह्लादित करना। 2. to make lively, स्फूर्ति से भर देना, प्राणवान या जीवंत बनाना।

exhilaration (इग्-ज़िल्-अॅ-रे´-शॅन्) *n.* 1. jubilation, उल्लास, हर्ष, प्रफुल्लता। 2. liveliness, स्फूर्ति, जीवंतता।

exhort (इग्-ज़ाःट्´) *v.* (exhorted, exhorting) to urge or advise earnestly, आग्रहपूर्वक कहना, ज़ोर देना या प्रेरित करना, शिक्षा या नसीहत देना, उपदेश करना, समझाना।

exhortation (इग्-ज़ाः-टे´-शॅन्) *n.* an act of exhorting, उपदेश, शिक्षा, उद्‌बोधन, प्रबोधन।

exhumation (ऍग्ज़्-यु-मे´-शॅन्) *n.* the act of exhuming, क़ब्र से शव खोदकर निकालने की क्रिया, शवोत्खनन।

exhume (इग्-ज़्यूम्´) *v.* (exhumed, exhuming) 1. to dig up a corpse from a grave, क़ब्र से लाश खोदकर निकालना। 2. to bring into light, प्रकाश में लाना, सामने लाना।

ex hypothesi (ऍक्स्-हाइ-पॉथ्´-अॅ-सि) *adv.* in accordance with the hypothesis stated, निर्दिष्ट अभिधारणा या परिकल्पना के अनुसार।

exigency (ऍक्´-सि-जॅन्-सी) *n.* (plu. exigencies) 1. an emergency, आपात काल। 2. a pressing requirement, अत्यावश्यकता।

exigent (ऍक्´-सि-जॅन्ट्) *adj.* 1. urgent, अत्यावश्यक। 2. demanding, exacting, ज़ोरदार, कष्टकर।

exiguous (इग्-सिग्´/ ज़िग्´-यु-अॅस्) *adj.* too small in amount, थोड़ा-सा, अत्यल्प।

exile (ऍग्´-ज़ाइल्) *n.* 1. the official expulsion of a person from his native land, देश-निकाला, निर्वासन। 2. long absence from one's country, दीर्घ प्रवास। 3. an exiled person, देश से निकाला हुआ व्यक्ति। *v.* (exiled, exiling) to send (a person) into exile, देश-निकाला देना, निर्वासित करना।

exist (इग्-ज़िस्ट्´) *v.* (existed, existing) 1. to be, विद्यमान होना, अस्तित्व में होना। 2. to occur, घटित होना। 3. to live, जीवित होना, रहना, जीवनयापन करना।

existence (इग्-ज़िस्´-टॅन्स्) *n.* 1. the fact or state of existing, अस्तित्व, सत्ता। 2. presence, विद्यमानता, वर्तमानता, उपस्थिति। 3. something that exists, विद्यमान वस्तु। 4. everything that exists, सृष्टि, जगत। 5. the continuance of life, जीवन, ज़िंदगी।

existent (इग्-ज़िस्´-टॅन्ट्) *adj.* existing now, विद्यमान, वर्तमान, उपस्थित।

existential (ऍग्-ज़िस्-टॅन्´-शॅल्) *adj.* of or related to existence, अस्तित्व-संबंधी, अस्तित्वपरक।

existentialism (ऍग्-ज़िस्-टॅन्´-शॅ-लिज़्-अॅम्) *n.* a philosophical principle that holds the individual as being unique and alone in this hostile world, अस्तित्ववाद।

exit (ऍग्-ज़िट्´/ ऍक्´-सिट्) *v.* 1. to go out, बाहर जाना। 2. to go off stage, स्टेज या मंच छोड़ देना। 3. to die, मरना। *n.* 1. a way out, बाहर जाने का रास्ता। 2. an act or instance of going out, प्रस्थान, निर्गमन, बाहर जाना, रवानगी। 3. death, मृत्यु, मौत। 4. the act of going offstage, स्टेज या मंच से बाहर जाना।

exit visa *n.* permission to leave the country, देश से बाहर जाने की अनुमति।

ex libris (ऍक्स्-ली´-ब्रिस्) *prep.* belonging to, से संबद्ध। *n.* bookplate, पुस्तक पर चिपकाई हुई वह पर्ची जिसमें उसके स्वामी (अर्थात् पुस्तकालय) का नाम, पता, पुस्तक-संख्या आदि लिखे रहते हैं, पर्ची। (लैटिन)

exobiology (ऍक्-सो-बाइ-ऑल्´-अॅ-जी) the study of life outside Earth, पृथ्वी से इतर जीवन का अध्ययन।

exodus (ऍक्´-सॅ-डॅस्) *n.* 1. departure, प्रस्थान। 2. a going out or leaving by a large number of people, सामूहिक प्रस्थान।

Exodus, the *n.* the exodus of the Israelites from Egypt, मिस्र से इज़्राइलियों का सामूहिक प्रस्थान।

ex-officio (ऍक्स्-अॅ-फ़िश्´-इ-ओ) *adj. & adv.* by virtue of one's office or position, पद के नाते (होनेवाला), पदेन; ex-officio chairman,

पदेन अध्यक्ष।

exogamous (ऍक्स्-ऑग्´-ॲ-मॅस्) *adj.* of or related to exogamy, विजातीय विवाह-संबंधी।

exogamy (ऍक्स्-ऑग्´-ॲ-मी) *n.* the act of marrying outside one's own tribe or clan, विजातीय या बहिर्जातीय विवाह।

exogenous (ऍक्-सोज्´-ॲ-नॅस्) growing from or on the outside, बहिर्जात, बहिर्जन्य।

exonerate (इग्-ज़ॉन्´-ॲ-रेट्) *v.* (exonerated, exonerating) 1. to free from blame, to discharge, दोषमुक्त करना, निर्दोष ठहराना, माफ़ी देना। 2. to release a person or property from liability or obligation, विमुक्त करना, भार-मुक्त करना।

exoneration (इग्-ज़ॉन्-ॲ-रे´-शॅन्) *n.* the act of exonerating or the state of being exonerated, दोष-मुक्ति, माफ़ी, विमुक्ति, भार-मुक्ति।

exorbitance (इग्-ज़ा:´-बि-टॅन्स्) *n.* the state or quality of being exorbitant, अत्यधिकता, अतिशयता, अपरिमितता।

exorbitant (इग्-ज़ा:´-बि-टॅन्ट्) *adj.* 1. excessive, अत्यधिक, अतिशय, अपरिमित। 2. undue, immoderate, अनुचित, असंयमित, अमर्यादित। 3. extravagant, ख़र्चीला।

exorcism (ऍक्´-सॉ:-सिज़्-ॲम्) *n.* an act of exorcizing, झाड़-फूँक, ओझाई, जादू-टोना।

exorcist (ऍक्´-सॉ:-सिस्ट्) *n.* one who exorcize, झाड़-फूँक करनेवाला, ओझा, जादू-टोना करनेवाला।

exorcize, exorcise (ऍक्-सॉ:´-साइज़्) *v.* (exorcized, exorcizing) 1. to drive out an evil spirit by prayer, झाड़-फूँक करना, ओझाई करना, जादू-टोना करना। 2. to free from an evil spirit, प्रेतबाधा से मुक्त करना।

exordium (इग्-ज़ा:´-डि-ॲम्) *n.* the introductory part of a discourse, भाषण या प्रवचन का आरंभिक भाग या अंश।

exosphere (ऍक्´-ॲ-स्फ़िअ:) *n.* the outer layer of the atmosphere, वातावरण की बाहरी परत।

exotic (इग्-ज़ॉट्´-इक्) *adj.* 1. foreign, विजातीय, विदेशी, अन्यदेशीय। 2. unusual but attractive, विचित्र परंतु आकर्षक, असाधारण। *n.* a foreign thing or plant, विजातीय (विदेशी) वस्तु या पौधा।

expand (इक्-स्पैन्ड्´) *v.* (expanded, expanding) 1. to spread out, फैलाना या फैलना। 2. to extend, विस्तृत करना या होना। 3. to enlarge in detail, to develop, विकसित करना, बढ़ाना, व्यापक बनाना, फैलाना, विस्तृत करना। 4. to become increasingly friendly, खुलना, घनिष्ठता बढ़ाना, मिलनसार बनना।

expandable (इक्-स्पैन्´-डॅ-बॅल्) *adj.* that can be expanded, विस्तार्य।

expandible (इक्-स्पैन्´-डि-बॅल्) *adj.* expandable, विस्तार्य।

expanse (इक्-स्पैन्स्´) *n.* 1. a large open area, खुला मैदान, विस्तृत भूभाग। 2. expansion, प्रसार, विस्तार, फैलाव।

expansion (इक्-स्पैन्´-शॅन्) *n.* the act of expanding or the state of being expanded, प्रसारण, प्रसरण, विस्तार, फैलाव, व्याप्ति।

expansionism (इक्-स्पैन्´-शॅ-निज़्-ॲम्) *n.* 1. the doctrine or practice of expanding the territory of one's own country, विस्तारवाद। 2. the practice or doctrine of expanding the economy, आर्थिक प्रसारवाद।

expansionist (इक्-स्पैन्´-शॅ-निस्ट्) *n.* one who believes in the doctrine of expansionism, विस्तारवादी, प्रसारवादी।

expansive (इक्-स्पैन्´-सिव्) *adj.* 1. able to expand, फैलनेवाला, विस्तृत, व्यापक। 2. causing expansion, फैलानेवाला, विस्तारक, प्रसारी। 3. open, sympathetic, खुले दिलवाला, सहानुभूतिशील।

ex parte (ऍक्स्-पा:´-टी) *adj.* one-sided, एक-पक्षीय, इकतरफ़ा; ex parte order, एकपक्षीय आदेश। *adv.* from the point of view of one side only, एकपक्षीय रूप से, इकतरफ़ा।

expatiate (इक्-स्पे´-शि-एट्) *v.* (expatiated, expatiating) to elaborate, सविस्तार प्रतिपादन करना।

expatiation (इक्-स्पे-शि-ए´-शॅन्) *n.* the act of expatiating or the state of being expatiated, विस्तृत प्रतिपादन।

expatriate (ऍक्स्-पे´-ट्रि-एट्) *v.* (expatri-

ated, expatriating) 1. to exile, देश-निकाला देना, निर्वासित कर देना। 2. to go into exile, देश छोड़कर चले जाना, देशत्याग करना। *adj.* living abroad, विदेश में रहनेवाला। *n.* a person living abroad, विदेश में जा बसनेवाला व्यक्ति, प्रवासी।

expect (इक्-स्पॅक्ट्´) *v.* (expected, expecting) 1. to wait, प्रतीक्षा करना, इंतज़ार करना, रास्ता देखना। 2. to regard as likely, to anticipate, प्रत्याशा करना, आशा करना, उम्मीद करना। 3. to require, अपेक्षा करना। ☐ **be expecting,** to be pregnant, गर्भवती होना, पेट संग होना; **expecting a baby,** pregnant, गर्भवती।

expectancy (इक्-स्पॅक्ट्´-अॅन्-सी) *n.* 1. expectation, आशा, उम्मीद। 2. something expected, प्रत्याशित वस्तु; life expectancy, प्रत्याशित आयु।

expectant (इक्-स्पॅक्´-टन्ट्) *adj.* 1. expecting, प्रतीक्षा करनेवाला, आशावान। 2. pregnant, गर्भवती।

expectation (ऍक्-स्पॅक्-टे´-शॅन्) *n.* 1. the act or condition of expecting, प्रतीक्षा। 2. expectancy, hope, आशा, उम्मीद। 3. an attitude of expectancy or hope, प्रत्याशा। 4. expectation of something bad, प्रत्याशंका; expectation of death, मृत्यु की प्रत्याशंका। ☐ **in expectation,** in the state of being looked for, प्रतीक्षा में, प्रत्याशा में, उम्मीद में।

expectorant (इक्-स्पॅक्´-टॅ-रॅन्ट्) *adj.* increasing discharge of phlegm from the lungs, कफ़-निस्सारक। *n.* any expectorant medicine, कफ़-निस्सारक ओषधि।

expectorate (इक्-स्पॅक्´-टॅ-रेट्) *v.* (expectorated, expectorating) to cough and spit phlegm from the lungs, क़फ निकालना, खखारना।

expediency (इक्-स्पी´-डि-अॅन्-सी) *n.* 1. appropriateness, उपयुक्तता, समीचीनता। 2. the methods that are advantageous rather than fair, कार्यसाधकता, स्वार्थसाधकता।

expedient (इक्-स्पी´-डि-अॅन्ट्) *adj.* 1. suitable, fit, appropriate, उपयुक्त, समीचीन। 2. advantageous rather than just, कार्यसाधक, स्वार्थसाधक। *n.* a suitable means of achieving something, समीचीन उपाय या मार्ग।

expediently (इक्-स्पी´-डि-अॅन्ट्-ली) *adv.* in an expedient manner, appropriately, समीचीन रूप से, कार्यसाधन के उद्देश्य से।

expedite (ऍक्´-स्पॅ-डाइट्) *v.* (expedited, expediting) 1. to speed the progress of, (कार्य में) तेज़ी लाना, शीघ्रता लाना। 2. to perform quickly, जल्दी-जल्दी निपटाना।

expedition (ऍक्-स्पि-डिश्´-अॅन्) *n.* 1. a journey undertaken with definite purpose, उद्दिष्ट यात्रा, अभियान। 2. the people and equipment comprising an expedition, अभियान-दल। 3. speed in performance, शीघ्रता, जल्दी।

expeditionary (ऍक्-स्पि-डिश्´-अॅ-नॅ-री) *adj.* 1. of expedition, अभियान-संबंधी, अभियानिक। 2. quick, शीघ्रतापूर्ण, तत्पर।

expeditious (ऍक्-स्पि-डिश्´-अॅस्) *adj.* 1. acting speedily, तेज़, चुस्त, फुर्तीला। 2. done speedily, जल्दी-जल्दी किया जानेवाला।

expeditiously (ऍक्-स्पि-डिश्´-अॅस्-ली) *adv.* speedily, तेज़ी से, तुरंत, झटपट।

expel (इक्-स्पॅल्´) *v.* (expelled, expelling) 1. to drive out with force, बाहर निकाल देना, निष्कासित कर देना। 2. to dismiss officially, बाहर कर देना, निकाल देना।

expellable (इक्-स्पॅल्´-अॅ-बॅल्) *adj.* that deserved to be expelled, निष्कासित करने योग्य, निष्कास्य।

expend (इक्-स्पॅन्ड्´) *v.* (expended, expending) 1. to spend, व्यय करना, ख़र्च करना। 2. to use up, उपभोग करना, ख़पाना।

expendable (इक्-स्पॅन्´-डॅ-बॅल्) *adj.* 1. that may be expended, व्यय करने योग्य, ख़र्च करने लायक। 2. subject to sacrifice, बलि देने योग्य। 3. nonessential, अनावश्यक।

expenditure (इक्-स्पॅन्´-डि-चॅः) *n.* 1. the amount of money expended, व्यय, ख़र्च। 2. the act of expending, व्यय, ख़र्च, खपत।

expense (इक्-स्पॅन्स्´) *n.* 1. expenditure, व्यय, ख़र्च। 2. a cause of spending money, ख़र्चे

अः bird बःड्, अॅः tear टिअॅः, ऍअॅ air ऍअॅः, आई five फ़ाइव्, ऑइ boy बॉइ/बॉय, इअॅ near निअॅः
उअॅ poor पुअॅः, च् chat चैट्, थ् thing थिंग्, द् this दिस्, फ़् full फ़ुल्, व़् wait वे़ट्

का कारण, ख़र्चा। 3. (plu.) charges met with in carrying out a task, ख़र्च, व्यय। □ **at the expense of,** causing the loss of, की कीमत पर, को खोकर या गँवाकर।

expensive (इक्-स्पेँन्´-सिव्) *adj.* 1. costly, high-priced, महँगा, दामी। 2. costing more than the average, ख़र्चीला; expensive car, ख़र्चीली कार, महँगी कार।

experience (इक्-स्पिअॅर्´-इ-अॅन्स्) *n.* 1. practical knowledge gained from direct personal participation or observation, अनुभव, तजुरबा। 2. an activity through which knowledge or skill is gained, ऐसा काम जिससे अनुभव प्राप्त हो। *v.* (experienced, experiencing) 1. to have experience of, अनुभव होना। 2. to observe or share (in an activity, किसी काम का) अनुभव प्राप्त करना।

experienced (इक्-स्पिअॅर्´-इ-अॅन्स्ट्) *adj.* having had much experience, अनुभव-प्राप्त, अनुभवी, तजुरबेकार।

experiential (इक्-स्पिअॅर्-इ-अॅन्´-शॅल्) *adj.* of or based on experience, अनुभव-संबंधी, अनुभवात्मक, अनुभव जन्य।

experiment[1] (इक्-स्पेॅर्´-इ-मॅन्ट्) *n.* any test or action undertaken to discover something unknown, प्रयोग, तजुरबा।

experiment[2] (इक्-स्पेॅर्´-इ-मेॅन्ट्) *v.* (experimented, experimenting) to conduct an experiment, प्रयोग करना, तजुरबा करना।

experimental (इक्-स्पेॅर्-इ-मेॅन्´-टॅल्) *adj.* 1. relating to experiment, प्रयोग-संबंधी, प्रयोगात्मक, प्रायोगिक; experimental education, प्रायोगिक शिक्षा। 2. derived from experience, अनुभवजन्य। 3. provisional or tentative, अस्थायी।

experimentalism (इक्-स्पेॅर्-इ-मेॅन्´-टॅ-लिज़्-अॅम्) *n.* the habit or fondness for making experiments, प्रयोगवाद।

experimentally (इक्-स्पेॅर्-इ-मेॅन्´-टॅ-ली) *adv.* by experiments, प्रयोग द्वारा।

experimentation (इक्-स्पेॅर्-इ-मेॅन्-टे´-शॅन्) *n.* an act of experimenting, प्रयोग, प्रयोग-कार्य।

experimentel (इक्-स्पेॅर्´-इ-मेॅन्-टॅल्) *n.* one who makes experiments, प्रयोगकर्ता, प्रयोक्ता।

expert (ऍक्´-स्पःट्) *n.* a person who has made special study of a particular subject, विशेष जानकार, विशेषज्ञ। *adj.* 1. done by an expert, विशेषज्ञ द्वारा संपादित। 2. knowledgeable, प्रबुद्ध, बुद्धिमान। 3. skillful, दक्ष या प्रवीण।

expertise (ऍक्-स्पॅ:-टाइज़्´/टीज़्´) *n.* 1. expert knowledge or skill, विशेष ज्ञान या दक्षता। 2. expert's judgement, विशेषज्ञ का मत।

expiable (ऍक्´-स्पि-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be expiated, प्रायश्चित करने योग्य।

expiate (ऍक्´-स्पि-एट्) *v.* (expiated, expiating) to atone or make amends (for wrongdoing, पाप आदि का) प्रायश्चित करना।

expiation (ऍक्-स्पि-ए´-शॅन्) *n.* the act or process of expiating, प्रायश्चित।

expiatory (ऍक्-स्पि-ए´-टॅ-री) *adj.* 1. capable of making expiation, प्रायश्चित करने में सक्षम। 2. offered in expiation, प्रायश्चित के निमित्त होनेवाला।

expiration (ऍक्-स्पि-रे´-शॅन्) *n.* 1. the finish of something, समाप्ति, समापन। 2. the act of breathing out, निश्श्वसन। 3. breathed out air, निश्श्वास।

expire (इक्-स्पाइः´) *v.* (expired, expiring) 1. to die, मर जाना। 2. to come to an end, समाप्त या ख़त्म हो जाना। 3. to come to an end of its period of validity, (अवधि) बीत जाना।

expired (इक्-स्पाइःड्´) *adj.* 1. dead, मृत। 2. come to an end, समाप्त, बीता हुआ, कालातीत।

expiry (इक्-स्पाइ´-री) *n.* 1. termination, अंत, अवसान। 2. death, मृत्यु।

explain (इक्-स्प्लेन्´) *v.* (explained, explaining) 1. to make plain, स्पष्ट करना। 2. to give the meaning or interpretation of, व्याख्या करना। 3. to make (someone) understand, समझाना। 4. to justify by reasons for one's actions, स्पष्टीकरण देना, सफ़ाई देना।

explanation (ऍक्-स्प्लॅ-ने´-शॅन्) *n.* 1. meaning or interpretation, व्याख्या। 2. clarification, स्पष्टीकरण।

explanatory (इक्-स्प्लैन्´-ॲ-टॅ-री) *adj.* 1. intended to explain, व्याख्यात्मक। 2. clarifying, स्पष्ट करनेवाला, स्पष्टीकारक।

expletive (ऍक्´-स्प्लि-टिव्) *adj.* superfluous, फ़ालतू। *n.* 1. a meaningless exclamation, तकिया-कलाम। 2. a superfluous word in verse for the sake of metre, फ़ालतू शब्द, पूरक शब्द।

explicable (ऍक्´-स्प्लि-कॅ-बॅल्) *adj.* that can be explained, स्पष्ट करने योग्य, व्याख्या-योग्य, व्याख्येय।

explicit (इक्-स्प्लिस्´-इट्) *adj.* 1. clearly expressed or stated, सुस्पष्ट, सुव्यक्त, साफ़। 2. outspoken, स्पष्टवादी।

explicitly (इक्-स्प्लिस्´-इट्-ली) *adv.* in explicit manner, clearly, स्पष्ट रूप से, साफ़-साफ़।

explicitness (इक्-स्प्लिस्´-इट्-निस्) *n.* clarity, सुस्पष्टता, स्पष्टता।

explode (इक्-स्प्लोड्´) *v.* (exploded, exploding) 1. to burst with a loud noise, फटना, धमाका होना, विस्फोट होना। 2. to cause to burst with a loud noise, विस्फोट करना, धमाका करना। 2. to show sudden violent emotion, फूट पड़ना, फट पड़ना, उबल पड़ना, प्रस्फुटित होना। 3. to increase suddenly and sharply, फट पड़ना, निकल आना, बढ़ जाना। 4. to expose as false, खंडन करना, निर्मूल कर देना।

exploit[1] (ऍक्-स्प्लॉइट्´) *n.* a noteable act or heroic deed, कृत्य, पराक्रम, कारनामा।

exploit[2] (इक्-स्प्लॉइट्´) *v.* (exploited, exploiting) 1. to utilize fully, पूर्ण उपयोग करना, समुपयोग करना, पूरा फ़ायदा उठाना, संदोहन करना। 2. to make selfish use, स्वार्थ साधना, मतलब गाँठना। 3. to use unethically or unfairly for one's own profit, शोषण करना, शोषित करना।

exploitable (ऍक्´-स्प्लॉइ-टॅ-बॅल्) *adj.* that can be exploited, संदोहन या शोषण करने योग्य।

exploitation (ऍक्-स्प्लॉइ-टे´-शॅन्) *n.* 1. an act of exploiting, समुपयोजन या संदोहन। 2. unethical utilization for selfish purposes, शोषण।

exploration (ऍक्स्-प्लॅ-रे´-शॅन्) *n.* the act of exploring, अन्वेषण, समन्वेषण, छानबीन, गवेषणा।

exploratory (इक्-स्प्लोर्´-ॲ-टॅ-री) *adj.* of, in or for exploration, खोजपूर्ण, अन्वेषणात्मक, समन्वेषणात्मक, समन्वेषी; exploratory examination, समन्वेषी परीक्षण।

explore (इक्-स्प्लोः´) *v.* (explored, exploring) 1. to examine carefully, to investigate systematically, खोज, अन्वेषण या समन्वेषण करना। 2. to travel through a country for the purpose of discovery, गवेषणा करना, पर्यवेक्षण करना, ढूँढ़ना।

explorer (इक्-स्प्लोर्´-ॲः) *n.* a person who explores, खोजकर्ता, अन्वेषक, समन्वेषक।

explosion (इक्-स्प्लो´-ज़्हॅन्) *n.* 1. the act or instance of exploding, विस्फोटन। 2. the loud noise accompanying such an act, विस्फोट, धमाका। 3. a sudden and sharp outburst, प्रस्फोट, प्रस्फोटन। 4. a sudden outbreak, फट पड़ना, भड़क उठना।

explosive (इक्-स्प्लो´-सिव्) *adj.* 1. tending to explode, विस्फोटक, विस्फोटनशील। 2. tending to strong forceful expression, विस्फोटक। *n.* a substance that can explode, विस्फोटक पदार्थ, बारूद।

expo (ऍक्´-स्पो) *n.* a large public exhibition, महाप्रदर्शनी।

exponent (इक्-स्पो´-नॅन्ट्) *n.* 1. one who interprets, explains or advocates, व्याख्याता, भाष्यकार, प्रतिपादनकर्ता, प्रतिपादक। 2. in algebra, a small figure placed at the right of an other figure to show how many times the latter is to be multiplied by itself, घातांक।

export[1] (इक्´-स्पोःट्) *v.* (exported, exporting) to send abroad for sale or trade, निर्यात करना, विदेश भेजना, बाहर भेजना।

export² (ऍक्´-स्पोःट्) *n.* 1. the act of exporting, exportation, निर्यात करने का कार्य, निर्यात-कार्य, निर्यातन। 2. goods exported abroad, निर्यात।

exportable (इक्´-स्पोः-टॅ-बॅल्) *adj.* that can be exported, निर्यात-योग्य।

exportation (ऍक्-स्पोः-टे´-शॅन्) *n.* 1. the act of exporting, निर्यात करने का कार्य, निर्यात-कार्य, निर्यातन। 2. export, निर्यात।

exporter (इक्-स्पोः´-टॅः) *n.* a person, company or country that exports goods to the foreign country or countries, निर्यातक, निर्यातकर्ता।

expose¹ (इक्-स्पोज़्´) *v.* (exposed, exposing) 1. to lay bare or uncover, खुला रखना, खुला छोड़ देना, खोल देना। 2. to leave unprotected, अरक्षित छोड़ देना। 3. to subject to the action of light, धूप या रोशनी दिखाना, एक्सपोज़ करना, उद्भासित करना। 4. to make known, or reveal, अनावृत करना, भेद खोलना, कलई खोलना, रहस्य खोलना। 5. to make visible, दृश्य करना या बनाना, दिखाना। □ **expose oneself,** to display one's sexual organs indecently, अंग उघारना, गुप्तांग दिखलाना।

expose² (ऍक्-स्पो-ज़े´) *n.* a public disclosure of a scandal, घोटाले या गड़बड़झाले का प्रकटीकरण। (फ्रांसीसी)

exposed (इक्´-स्पोज़्ड) *adj.* 1. not concealed, अनावृत। 2. without shelter, अरक्षित।

exposition (ऍक्-स्पो-ज़िश्´-ॲन्) *n.* 1. the act of expounding, प्रतिपादन। 2. a detailed explanation, विस्तृत व्याख्या, भाष्य। 3. a large public exhibition, महाप्रदर्शनी।

expositor (इक्-स्पॉज़्´-इ-टॅः) *n.* one who expounds, व्याख्याता, भाष्यकार, प्रतिपादनकर्ता।

expository (इक्-स्पॉज़्´-इ-टॅ-री) *adj.* explanatory, व्याख्यात्मक।

ex post facto (ऍक्स्-पोस्ट्-फ़ैक्´-टो) *adj.* done, made or expressed after the fact, कार्योत्तर, बाद की कार्रवाई जो पहले मामलों पर लागू हो; ex-post-fact legistation, कार्योत्तर विधान; post-facto- sanction, कार्योत्तर मंजूरी, बाद में दी गई मंजूरी

expostulate (इक्-स्पॉस्´-चु-लेट्) *v.* (expostulated, expostulating) to reason earnestly (to dissuade), शिकायत करना, उलाहना देना, आपत्ति करना।

expostulation (इक्-स्पॉस्-चु-ले´-शॅन्) *n.* an earnest protest, शिकायत, उलाहना।

exposure (इक्-स्पो´-ज़्हॅः) *n.* 1. the act of exposing, अनावृत करने का कार्य, अनावरण, खुला छोड़ना या खुले में रखना। 2. the state of being exposed to the sun, winds etc., खुलता होना। 3. the exposing of a photographic film or plate to the light, रोशनी दिखाने का कार्य, उद्भासन। 4. first appearance before the public, उद्घाटन, प्रथम प्रस्तुति। 5. disclosure of someone's secrets. भंडाफोड़, पर्दाफ़ाश।

expound (इक्-स्पॉउन्ड्´) *v.* (expounded, expounding) to explain in detail, विशद व्याख्या करना, प्रतिपादन करना।

expounder (इक्-स्पॉउन्ड्´-ॲः) *n.* one who expounds, व्याख्याता, प्रतिपादनकर्ता।

express (इक्-स्प्रेस्´) *v.* (expressed, expressing) 1. to put into words, शब्दों में प्रस्तुत करना, अभिव्यक्त करना, अभिव्यंजित करना, अभिव्यंजन करना। 2. to make known, प्रकट करना, व्यक्त करना; to express sorrow, दुख व्यक्त करना। 3. to send by express transportation, द्रुतगामी सवारी से भेजना। 4. to symbolize, सांकेतित करना। 5. to press out or squeeze out, निचोड़ देना। *adj.* 1. clearly stated, अभिव्यक्त, सुस्पष्ट। 2. sent by rapid transportation, आशु, एक्सप्रेस, शीघ्रगामी, द्रुतगामी। *n.* an express train or bus, द्रुतगामी रेलगाड़ी या बस, शीघ्रगामी सवारी।

expressible (इक्-स्प्रेस्´-इ-बॅल्) *adj.* that can be expressed, व्यक्त करने योग्य, अभिव्यंजनीय।

expression (इक्-स्प्रेश्´-ॲन्) *n.* 1. the act of expressing or the state of being expressed, अभिव्यक्ति, अभिव्यंजन, अभिव्यंजना। 2. a manifestation or communication of an emotion, भावाभिव्यक्ति। 3. a word or group of words, पद, पदबंध। 4. a manner of expression, ढंग, शैली। 5. a look on a

person's face that conveys meaning, चेहरे की रंगत, भावभंगी, मुखाकृति। 6. the act of squeezing out a liquid, निचोड़ने का कार्य, निचोड़ना।

expressionism (इक्-स्प्रेश्´-अॅ-निज़्-अॅम्) *n.* a movement in the fine arts that emphasized the expression of inner experience rather than to express outer reality, अभिव्यंजनावाद।

expressionist (इक्-स्प्रेश्´-अॅ-निस्ट्) *adj.* of expressionism, अभिव्यंजनावादी। *n.* an expressionist artist, अभिव्यंजनावादी।

expressionless (इक्-स्प्रेश्´-अॅन्-लिस्) *adj.* without expression, भावशून्य।

expressive (इक्-स्प्रेस्´-इव्) *adj.* 1. of or characterized by expression, भावपूर्ण, भाव-भरा। 2. expressing, indicating, अभिव्यक्तिपरक, अभिव्यंजक, सूचक, द्योतक। 3. forceful, ज़ोरदार। 4. significant, महत्त्वपूर्ण।

expressively (इक्-स्प्रेस्´-इव्-ली) *adv.* in an expressive manner, भावपूर्ण ढंग से, खुलकर, बख़ूबी।

expressly (इक्-स्प्रेस्´-ली) *adv.* 1. clearly, स्पष्टतः, स्पष्ट रूप से, साफ़-साफ़। 2. on purpose, उद्देश्य से, विशेष रूप से।

expresso (इक्-स्प्रेस्´-ओ) *n.* = espresso.

expressway (इक्-स्प्रेस्´-वे) *n.* a highway for fast travel, द्रुतमार्ग, द्रुतपथ।

expropriate (ऍक्स्-प्रो´-प्रि-एट्) *v.* (expropriated, expropriating) to acquire the rights of someone's land or property for public use, स्वत्वहरण करना, स्वामित्वहरण करना।

expropriation (ऍक्स्-प्रो-प्रि-ए´-शॅन्) *n.* the act of expropriating or the state of being expropriated, स्वत्वहरण, स्वामित्वहरण।

expulsion (इक्-स्पल्´-शॅन्) *n.* 1. the act of expelling or the state of being expelled, निष्कासन, बेदख़ली। 2. banishment, निर्वासन।

expulsive (इक्-स्पॅल्´-सिव्) *adj.* causing expulsion, निष्कासक, बेदख़ल करनेवाला।

expunction (इक्-स्पंक्´-शॅन्) *n.* the act of expunging, निकालना, निष्कासन।

expunge (इक्-स्पन्ज्´) *v.* (expunged, expunging) 1. to strike out or delete, निकाल या हटा देना, काट या रद कर देना, छाँट देना। 2. to erase, मिटा देना, रगड़ देना।

expurgate (ऍक्´-स्पॅ:-गेट्) *v.* (expurgated, expurgating) to remove obscene or objectionable matter from, अश्लील या आपत्तिजनक अंश निकाल देना, परिष्कार करना।

expurgation (इक्-स्पॅ:-गे´-शॅन्) *n.* the act of expurgating, निष्कासन, परिष्करण।

exquisite (ऍक्स्´-क्विज़्-इट् / इक्-स्क्विज़्´-इट्) 1. very finely made or done, उत्कृष्ट, उत्तम। 2. very beautiful, अतिसुंदर, बाँका। 3. refined, परिष्कृत। 4. intense, तीव्र, प्रचंड, उग्र। 5. sensitive and delicate, सूक्ष्म, नज़ाकत-भरा, संवेदनशील।

exquisiteness (ऍक्स्-क्विज़्´-इट्-निस्) *n.* the state of being exquisite, उत्तमता; सुंदरता; बाँकपन; परिष्कृति; तीव्रता; सूक्ष्मता।

ex-serviceman (ऍक्स्-स:´-विस्-मॅन्) *n.* a person having formerly been a member of the armed forces, पूर्व सैनिक। [fem. ex-servicewoman]

extant (ऍक्´-स्टॅन्ट्) *adj.* still existing, विद्यमान, वर्तमान, जीवित।

extemporaneous (इक्-स्टॅम्-पॅ-रे´-नि-अॅस्) *adj.* = extempore.

extemporarily (इक्-स्टॅम्´-पॅ-रॅर्-अॅ-ली) *adv.* in an extemporary manner, बिना तैयारी के।

extempore (इक्-स्टॅम्´-पॅ-री) *adj.* not prepared in advance, सहसा या बिना तैयारी के किया जानेवाला (भाषण), आशु। *adv.* बिना तैयारी के, सहसा।

extemporize (इक्-स्टॅम्´-पॅ-राइज़्) *v.* (extemporized, extemporizing) to speak or compose extempore, बिना तैयारी के बोलना या रचना करना।

extend (इक्-स्टॅन्ड्´) *v.* (extended, extending) 1. to spread, stretch or enlarge to greater length, area or scope, फैलना या फैलाना, तनना या तानना, विस्तृत होना या करना, बढ़ना या बढ़ाना। 2. to give, offer or grant, देना; to extend credit, उधार देना; to extend

a warm welcome, हार्दिक स्वागत करना। 3. to continue, आगे बढ़ाना या चलाना, जारी रखना।

extendable (इक्-स्टेंन्´-ड-बॅल्) *adj.* = extendible.

extendible (इक्-स्टेंन्´-डि-बॅल्) *adj.* that can be extended, बढ़ाए जाने योग्य।

extensible (इक्-स्टेंन्´-सि-बॅल्) *adv.* = extendible, खिंचनेवाला, वितान्य।

extenstion (इक्-स्टेंन्´-शॅन्) *n.* 1. the act of extending or the state of being extended, विस्तार, फैलाव, व्याप्ति। 2. extent, प्रसार-सीमा, परास। 3. an additional period, बढ़ाई हुई अवधि। 4. an extended or added part, विस्तारित अंग, वर्धन। 5. a service offered to outsiders by university, विस्तारित सेवा। 6. a subsidiary telephone distant from the main one, एक्स्टेंशन, सहायक फ़ोन।

extensional (इक्-स्टेंन्´-शॅ-नॅल्) *adj.* of extention, विस्तारी, विस्तारगत, विस्तृत।

extensive (इक्-स्टेंन्´-सिव्) *adj.* 1. large in area, विस्तृत। 2. far-reaching, व्यापक। 3. large in amount, अत्यधिक परिमाण में होनेवाला, भारी।

extensively (इक्-स्टेंन्´-सिव्-ली) *adv.* in an extensive manner, व्यापक रूप से, विस्तृत रूप से।

extent (इक्-स्टेंन्ट्´) *n.* 1. the range over which something extends, विस्तार, फैलाव, प्रसार। 2. the scope, कार्यक्षेत्र। 3. an area, क्षेत्र। 4. the boundary, सीमा, हद; to that extent, उस सीमा तक, वहाँ तक।

extenuate (इक्-स्टेंन्´-यु-एट्) *v.* (extenuated, extenuating) to lessen the seriousness of (an offence, अपराध की) गंभीरता या दोष कम कर देना, (सज़ा) हलकी या कम करना।

extenuation (इक्-स्टेंन्-यु-ए´-शॅन्) *n.* 1. the act of extenuating, सज़ा में की जानेवाली कमी। 2. an excuse (for), सफ़ाई।

exterior (इक्-स्टिअॅर्´-इ-अॅ:) *adj.* external, out-of-door, outer, बाहरी, बाह्य। *n.* 1. an outer part, बहिर्भाग। 2. an outward appearance or behaviour, बाह्य स्वरूप या ऊपरी व्यवहार।

exterminate (इक्-स्टः´-मि-नेट्) *v.* (exterminated, exterminating) 1. to kill or destroy completely, संहार कर देना, नाश कर देना, निर्मूल कर देना, तहस-नहस कर देना। 2. to wipe out, मटियामेट कर देना, न रहने देना।

extermination (इक्-स्टः-मि-ने´-शॅन्) *n.* an act of exterminating or the state of being exterminated, संहार, विनाश, निर्मूलन, तहस-नहस, मटियामेट।

external (इक्-स्टः´-नॅल्) *adj.* 1. of outside, बाहरी, बाह्य। 2. coming from the outside, बाहरी, बाह्य। 3. of or on the outside of the body, बाहर का या शरीर पर लगाने का। 4. relating to foreign countries, वैदेशिक; external ministry, विदेश मंत्रालय। *n.* an outward surface or part, बाहरी भाग या तल।

externally (इक्-स्टः´-नॅ-ली) *adv.* on or from the outside, बाहर, बाहर से, बाह्यतः।

extinct (इक्-स्टिंक्ट्´) *adj.* 1. extinguished, बुझा हुआ। 2. no longer existing in living form, लुप्त, विलुप्त, समाप्त।

extinction (इक्-स्टिंक्´-शॅन्) *n.* 1. the act of extinguishing, बुझाने की क्रिया या भाव, निर्वापन। 2. the state of being extinguished, बुझ जाना, बुझे होने की अवस्था या भाव। 2. the state of being extinct, लोप, विलोप, विनाश।

extinguish (इक्-स्टिंग्´-ग्विश्) *v.* (extinguished, extinguishing) 1. to put out (fire, flame or light, आग, लौ या बत्ती) बुझाना। 2. to annihilate completely, पूर्णतः संहार कर डालना। 3. to destroy or put to an end, विनष्ट कर देना, नाश कर देना, न रहने देना, निर्मूल कर देना, मिटा देना।

extinguisher (इक्-स्टिंग्´-ग्वि-शॅ:) *n.* an apparatus for putting out fire, अग्निशामक (उपकरण)।

extirpate (ऍक्-स्टि:´-पेट् / इक्-स्टॅ:´-पेट्) *v.* (extirpated, extirpating) 1. to uproot, जड़ से उखाड़ देना, उन्मूलन करना, निर्मूलन करना, उच्छेदन करना। 2. to destroy completely, पूर्णतः नष्ट कर देना।

extirpation (ऍक्-स्टॅ:-पे´-शॅन्) *n.* the act of

extirpating or the state of being extirpated, उच्छेदन, विनाश।

extol (इक्‌-स्टोल्‌´) *v.* (extolled, extolling) to praise enthusiastically or lavishly, ख़ूब प्रशंसा करना, भूरि-भूरि प्रशंसा करना, बड़ाई करना, गुणगान करना।

extort (इक्‌-स्टॉ:ट्‌´) *v.* (extorted, extorting) 1. to obtain by force or intimidation, ज़बरदस्ती वसूल लेना, ऐंठ या छीन लेना, नोच-खसोट लेना। 2. to distort, तोड़ना-मरोड़ना।

extortion (इक्‌-स्टॉ:´-शॅन्‌) *n.* 1. the act of extorting or the state of being extorted, छीन-झपट, नोच-खसोट, तोड़-मरोड़। 2. something extorted, छीन-झपटकर प्राप्त की हुई वस्तु; तोड़ा-मरोड़ा हुआ रूप। 3. coercion, ज़ोर-ज़बरदस्ती।

extortionate (इक्‌-स्टॉ:´-शॅ-निट्‌) *adj.* 1. having the nature of extortion, छीना-झपटी करनेवाला, नोच-खसोट करनेवाला। 2. excessive, exorbitant, अत्यधिक, अतिशय।

extortionately (इक्‌-स्टॉ:´-शॅ-निट्‌-ली) *adv.* by force or threat, ज़बरदस्ती, बलात्‌।

extra (ऍक्‌´-स्ट्रॅ) *adj.* additional, अतिरिक्त। *adv.* more than usually, especially, अतिरिक्त रूप से, विशेष रूप से। *n.* 1. an extra person or thing, अतिरिक्त व्यक्ति या वस्तु। 2. a special edition of a newspaper, अतिरिक्त संस्करण। 3. an actor hired to play a minor role, अतिरिक्त पात्र। 4. in cricket, a run not made by a hit, अतिरिक्त रन। *prefix.* outside, outside the scope of, beyond, इतर।

extract (इक्‌-स्ट्रैक्ट्‌´) *v.* (extracted, extracting) 1. to draw or pull out forcibly, उखाड़ना, खींचकर निकाल देना। 2. to extort, छीन-झपट करना, नोचना-खसोटना, ज़बरदस्ती वसूलना। 3. to obtain by distilling or pressing, (रस) निकालना, (अर्क) खींचना या उतारना, (सार या सत) निकालना, कर्षण करना। 4. to remove or quote (a passage from a book, पुस्तक से उद्धरण) लेना। 4. to obtain or derive, प्राप्त करना। *n.* 1. something obtained by extracting, रस, अर्क, सत। 2. a passage that has been extracted, उद्धरण। 3. gist, sum and substance, निचोड़, निष्कर्ष।

extraction (इक्‌-स्ट्रैक्‌´-शॅन्‌) *n.* 1. the act of extracting, नोच-खसोट; कर्षण, निकालना; उद्धरण। 2. something extracted, वसूली हुई रकम; रस, अर्क सत आदि। 3. descent, lineage, वंश, नस्ल; He is of Aryan extraction, वह आर्य नस्ल का है। 4. a literary excerpt, उद्धरण।

extracurricular (ऍक्‌-स्ट्रॅ-कुॅ-रिक्‌´-यु-लॅ:) outside the curriculum, पाठ्येतर; extracurricular activities, पाठ्येतर कार्यकलाप।

extradite (ऍक्‌´-स्ट्रॅ-डाइट्‌) *v.* (extradited, extraditing) to hand over a fugitive criminal to the country where the crime was committed, प्रत्यार्पण करना, भगोड़े अभियुक्त को संबद्ध देश को सौंपना।

extradition (ऍक्‌-स्ट्रॅ-डिश्‌´-ॲन्‌) *n.* the act of extraditing, प्रत्यार्पण।

extragalactic (ऍक्‌-स्ट्रॅ-गॅ-लैक्‌´-टिक्‌) *adj.* outside the Milky Way, आकाश-गंगा से इतर या बाहर होनेवाला।

extrajudicial (इक्‌-स्ट्रॅ-जु-डिश्‌´-ॲल्‌) *adj.* beyond the jurisdiction of a court, न्यायालय के क्षेत्र से बाहर होनेवाला, न्यायेतर।

extralegal (ऍक्‌-स्ट्रॅ-ली´-गॅल्‌) *adj.* beyond legal authority, विधि के क्षेत्र से बाहर होनेवाला, विधि-इतर।

extramarital (ऍक्‌-स्ट्रॅ-मैर्‌´-इ-टॅल्‌) *adj.* occurring outside marriage, विवाहेतर; extramarital relations, विवाहेत्तर संबंध।

extramundane (इक्‌-स्ट्रॅ-मुन्‌´-डेन्‌) *adj.* outside this world, संसारेत्तर, लोकेत्तर, पारलौकिक।

extramural (ऐक्‌-स्ट्रॅ-म्यू´-रॅल्‌) *adj.* outside the limits of a college, university, city etc., प्राचीरबाह्य, बाहरी।

extraneous (इक्‌´-स्ट्रै´-नि-ॲस्‌) *adj.* 1. coming from outside, बाहरी, बाह्य। 2. irrelevant, अप्रासंगिक। 3. not essential, जो आवश्यक न हो, अनावश्यक। 4. not belonging to the subject (in hand), अलग, भिन्न।

extraordinarily (इक्‌-स्ट्रॉ:´-डि-नॅर्‌-इ-ली) *adv.* 1. in an extraordinary manner, असाधारण रूप या ढंग से। 2. to an extraordinary degree, सामान्य से अधिक, ज़रूरत से ज़्यादा।

extraordinary (इक्-स्ट्रॉ:-डि-नें्-ई) *adj.* 1. not ordinary or usual, असाधारण, विशेष, ग़ैरमामूली। 2. remarkable or exceptional. विशेष। 3. beyond what is usual, अतिरिक्त, विशेष; extraordinary meeting, विशेष सभा।

extrapolate (इक्-स्ट्रैप्´-अॅ-लेट्) *v.* (extrapolated, extrapolating) 1. to infer or estimate (unknown data) from available data, बाह्यकलन करना। 2. to infer, निष्कर्ष निकालना।

extrapolation (इक्-स्ट्रैप्-अॅ-ले´-शॅन्) *n.* 1. the act of extrapolating, बाह्यकलन। 2. inference, निष्कर्ष।

extrasensory (ऍक्-स्ट्रॅ-सेंन्´-सॅ-री) *adj.* outside the range of normal sense of perception, अतींद्रिय।

extraterrestrial (ऍक्-स्ट्रॅ-टॅ-रेंस्´-ट्रि-अॅल्) *adj.* outside the earth or its atmosphere, पृथ्वी तथा उसके वातावरण से बाहर का, लोकोत्तर, अलौकिक।

extraterritorial (ऍक्-स्ट्रॅ-टॅर्-इ-टोर्´-इ-अॅल्) *adj.* outside territorial boundaries of a state, अराज्यक्षेत्रीय, राज्यक्षेत्रातीत; extraterritorial offence, राज्यक्षेत्रातीत अपराध; extraterritional loyalty, दूसरे देश के प्रति वफ़ादारी

extraterritoriality (ऍक्-स्ट्रॅ-टॅर्-इ-टोर्´-इ-अॅल्-इ-टी) *n.* exemption from legal jurisdiction as granted to foreign diplomats, विधिक अधिकारिता से उन्मुक्ति।

extravagnce (इक्-स्ट्रैव्´-अॅ-गॅन्स्) *n.* the quality or state of being extravagant, शाहख़र्ची, फ़जूलख़र्ची, अपव्यय। 2. unreasonable excess, असंयम, अमर्यादित आचरण, बेतुकापन।

extravagant (इक्-स्ट्रैव्´-अॅ-गॅन्ट्) *adj.* 1. wasteful or lavish in the spending of money, शाहखर्च, अपव्ययी, फ़जूलख़र्च। 2. ostentatious, आडंबरपूर्ण, दिखावटी। 3. expensive, overpriced, ऊँचे दामवाला, महँगा। 4. going beyond usual bounds, असंयमित, अमर्यादित। 5. excessive, अत्यधिक, बहुत अधिक।

extravagantly (इक्-स्ट्रैव´-अॅ-गॅन्ट्-ली) *adv.* in an extravagant manner, ख़ूब ख़र्च करते हुए, आडंबरपूर्वक, अमर्यादित रूप से, अधिकता से।

extravaganza (इक्-स्ट्रैव्-अॅ-गैन्´-ज़ॅ) *n.* 1. a very grand and costly show or entertainment, शानदार समारोह या प्रदर्शन, मनोरंजनार्थ शानदार कार्यक्रम। 2. any lavish, fanciful or farcical composition or display, कोई ख़र्चीली, अतिकाल्पनिक या बेतुकी रचना या प्रदर्शन।

extravert (ऍक्स्´-ट्र-वःट्) *n.* = extrovert.

extreme (इक्-स्ट्रीम्´) *adj.* 1. farthest or outermost, आख़िरी, अंतिम। 2. very severe or intense, उग्र, प्रचंड, घोर। 3. excessive, अत्यधिक, अत्यंत, बहुत ज्यादा। 4. going beyond the usual limits, radical, चरम, अतिवादी। ☐ **take extreme action or measures,** to act in a violent way. कठोर कदम उठाना। *n.* 1. the extreme condition, चरम अवस्था, पराकाष्ठा। 2. the farthest point or limit, चरम बिंदु या चरम सीमा। ☐ **in the extreme,** very, अत्यधिक; **go to extreme,** to take serious action (against someone, किसी के विरुद्ध) अत्यंत कठोर उपाय या कार्रवाई करना, हद कर देना।

extremely (इक्-स्ट्रीम्´-ली) *adj.* very, अत्यधिक, अतिशय, बहुत अधिक।

extremism (इक्-स्ट्री´-मिज्-अॅम्) *n.* the quality or state of going to extremes, अतिवाद, उग्रवाद, चरमपंथ।

extremist (इक्-स्ट्री´-मिस्ट्) *n.* a person having extreme view (in politics, राजनीति में) उग्र विचारोंवाला व्यक्ति, अतिवादी, उग्रवादी, चरमपंथी। *adj.* pretaining to extremism, अतिवादी, उग्रवादी; extremist view, अनिवार्य दृष्टिकोण।

extremities (इक्-स्ट्री´-मि-टीज़्) *n.* (plu.) 1. the human hands and feet, मनुष्य के हाथ-पाँव; lower extremities, टाँगें; upper extremities, बाँहें। 2. severe punishment, कठोर दंड, कड़ी सज़ा।

extremity (इक्-स्ट्रेंम्´-इ-टी) 1. the extreme end of something, सिरा, छोर, किनारा, अंत। 2. an extreme measure, कठोर कार्रवाई। 3. the highest degree, चरम सीमा, पराकाष्ठा। 4. the greatest misfortune, बहुत बड़ा संकट

या विपदा। ☐ **the last extremity,** the greatest possible danger, सबसे बड़ा ख़तरा, सबसे बड़ा संकट।

extricable (ऍक्-स्ट्रि´-कॅ-बॅल) *adj.* that can be extricated, जिसे छोड़ा या मुक्त किया जा सके, विमोच्य।

extricate (ऍक्-स्ट्रि´-केट्) *v.* (extricated, extricating) 1. to set free, छोड़ देना। 2. to cause to set free, फँसे हुए को निकालना, छुड़ाना, छुड़वा देना। 3. to free from complication, hindrance or difficulty, बचाना, उबारना, कष्ट से उद्धार करना। 4. to disentangle, सुलझाना।

extrication (ऍक्-स्ट्रि-के´-शॅन्) *n.* the act of extricating or the state of being extricated, विमोचन, विमुक्ति, उद्धार।

extrinsic (ऍक्-स्ट्रिन्´-सिक्) *adj.* 1. originating from outside, बाहरी, बाह्य, बहिस्थ, बहिर्निहित। 2. not inherent or essential, अनावश्यक, अप्रधान।

extrinsically (ऍक्-स्ट्रिन्´-सि-कॅल्-ई) *adv.* 1. in an extrinsic way, बाहर से। 2. not essentially, अनावश्यक रूप से।

extroversion (ऍक्-स्ट्रॅ-वॅः´-शॅन्) *n.* the attitude or view of an extrovert, बहिर्मुखता।

extrovert (ऍक्´-स्ट्रॅ-वःट्) *n.* 1. a person concerned more with other people than himself, वह जिसका दृष्टिकोण बहिर्मुखी हो, बहिर्मुखी व्यक्ति। 2. a cheerful person, प्रसन्नचित्त व्यक्ति।

extrude (इक्-स्टूड्´) *v.* (extruded, extruding) 1. to push or force out by pressure, जोर से बाहर निकालना या फेंकना। 2. to shape (something) by forcing through a die, (ढालकर) साँचे से निकालना।

extruded (इक्-स्टू´-डिड्) *adj.* forced out, बहिष्कृत।

extrusion (इक्-स्टू´-ज़्हॅन्) *n.* the act of extruding, बाहर निकालने की क्रिया, बहिष्करण।

extrusive (इक्-स्टू´-सिद्) *adj.* forced out, फेंका हुआ, निकाला हुआ, निस्सारित।

exuberance (इग्-ज़ू´-बॅ-रॅन्स्) *n.* 1. the state of being exuberant, प्रचुरता, बहुलता। 2. liveliness, जीवंतता, जान, उल्लास। 3. prosperity, समृद्धि, संपन्नता।

exuberant (इग्-ज़ू´-बॅ-रॅन्ट्) *adj.* 1. growing abundantly, प्रचुरता से बढ़नेवाला। 2. prolific, प्रचुर, बहुल। 3. lively, high-spirited, cheerful, सजीव, जानदार, उल्लसित, जीवंत। 4. prosperous, समृद्ध, संपन्न।

exude (इग्-ज़ूड्´) *v.* (exuded, exuding) 1. to ooze or pass in drops, रिसना, चूना। 2. to cause to ooze, चुआना। 3. to make apparent by mood or behaviour, व्यवहार से जतलाना या दिखलाना। 4. to spread, फैलाना।

exult (इग्-ज़ल्ट्´) *v.* (exulted, exulting) to rejoice greatly, आनंद मनाना, ख़ुशी मनाना, उल्लसित होना, फूले न समाना।

exultant (इग्-ज़ल्´-टॅन्ट्) *adj.* jubilant, उल्लसित, आह्लादित, प्रसन्न।

exultantly (इग्-ज़ल्´-टॅन्ट्-ली) *adv.* in an exultant manner, ख़ुशी-ख़ुशी, प्रसन्नतापूर्वक।

exultation (इग्-ज़ल्-टे´-शॅन्) *n.* 1. jubilation, उल्लास, आह्लाद, प्रसन्नता। 2. triumph, विजयोल्लास, जीत की ख़ुशी।

exurb (ऍक्´-सःब्) *n.* a prosperous area beyond the suburbs, समृद्ध देहाती भूभाग।

exurbia (ऍक्´-सः´-बि-अॅ) *n.* rural residential area, देहात।

exurbanite (ऍक्-सः´-बॅ-नाइट) *n.* a resident of exurbia, देहाती।

eye (आइ) *n.* 1. an organ of sight, आँख, नेत्र, नयन। 2. the power of seeing, देखने की शक्ति, दृष्टि, नज़र। 3. a look or gaze, दृष्टि, नज़र। 4. a viewpoint, दृष्टिकोण, नज़रिया। 5. an opinion, राय। 6. a thing or hole like an eye, आँख, छेद। 7. ability to recognize or judge, परख, दृष्टि। 8. the calm centre of a hurricane, झंझावात के मध्य का अपेक्षाकृत शांत क्षेत्र। ☐ **an eye for an eye,** retaliation equivalent to the injury suffered, ईंट का जवाब पत्थर, जैसे को तैसा; **catch someone's eye,** to attract someone's attraction, किसी की नज़र पड़ना, किसी का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट करना; **Eyes right.** a military command to turn the head to the right (while marching, आगे बढ़ते हुए सैनिकों को दिया जानेवाला आदेश) आँखें दाहिने; **feast one's**

eyes on, to look at with pleasure or admiration, आँखें ठंडी करना; **have an eye on,** to look for a chance to grab (something, किसी चीज़ पर) नज़र होना; **in one's mind's eye,** in one's imagination, कल्पना में; in the eyes of law, कानून की दृष्टि में; **keep an eye on,** to watch carefully, निगरानी या चौकसी करना, ध्यान रखना; **keep one's eyes open,** be watchful, सावधान होना, सजग रहना; **lay eyes on,** to look at, देखना; **make eyes at,** to gaze at flirtatiously, मुग्ध होकर देखना, कामुक दृष्टि से देखना; **My eye!** an exclamation of contradiction, refutation, astonishment etc., प्रतिवाद, खंडन या आश्चर्य का सूचक विस्मयबोधक; **open one's eyes,** to see the reality, आँख खोलना, सावधानतापूर्वक देखना; **run one's eyes over,** to glance over, नज़र डालना, दृष्टिपात करना; **see eye to eye,** to agree completely (with a person, किसी से) पूर्णत: सहमत होना; **see with half an eye,** to see easily, आसानी से देख लेना; **shut one's eyes to,** be unwilling to see, आँखें बंद कर लेना, अनदेखी करना; **take one's eyes off,** to stop watching, आँखें फेर लेना, मुँह घुमा लेना; **throw dust in (someone's) eyes,** to deceive, आँखों में धूल झोंकना; **turn a blind eye to,** to ignore deliberately, उपेक्षा करना, अनदेखी करना; **upto one's eyes,** fully busy, अत्यंत व्यस्त; **with one's eyes open,** with full awareness, आँखें खोलकर; **with one's eyes shut,** with great ease, अत्यंत सरलतापूर्वक, बड़े आराम से। *v.* (eyed, eying/eyeing) 1. to watch carefully, ध्यान से देखना, ध्यानपूर्वक देखना। 2. to look at with desire, ललचाई दृष्टि से देखना।

eyeball (आई´-बा:ल्) *n.* the ball-shaped portion of the eye within the lids, अक्षि-गोलक, नेत्र-गोलक, आँख की पुतली। □ **eyeball to eyeball,** face to face, आमने-सामने।

eyebrow (आई´-ब्रॉउ) *n.* the hair covering the bony ridge over the eye, भौंह, भृकुटी, भ्रू। □ **raise one's eyebrows (at),** to express displeasure, भौंहें तानना या चढ़ाना, अप्रसन्नता व्यक्त करना।

eyebrow pencil *n.* a pencil for colouring the eyebrow, भौंहें रँगने की पेंसिल।

eye-catcher (आइ´-कैच्-अॅ:) *n.* anything that catches attention, चित्ताकर्षक वस्तु।

eye-catching (आइ´-कैच्-इंग्) *adj.* strking, चित्ताकर्षक।

eyecup (आइ´-कप्) *n.* a small cup for bathing the eyes, आँख धोने की छोटी प्याली।

-eyed (-आइड्) *suffix.* having an eye or eyes, आँखवाला, आँखोंवाला; brown-eyed, भूरी आँखोंवाला।

eyeful (आइ´-फुल्) *n.* 1. a pleasant sight, सुखद दृश्य। 2. a beautiful woman, सुंदर स्त्री। 3. a glance, दृष्टि, नज़र।

eyeglass (आइ´-ग्लास्/ग्लैस्) *n.* a lense used to aid defective vision, आँख का शीशा, लेंस।

eyeglasses (आइ´-ग्ला/ग्लै-सिज़्) *n.* (plu.) glasses, spectacles, चश्मा, ऐनक।

eyelash (आइ´-लैश्) *n.* a fringe of hair that grows from the edge of eyelids, बरौनी।

eyelet (आइ´-लिट्) *n.* a small metal ring with a hole, छल्ला, अक्षिका, आइलेट।

eyelid (आइ´-लिड्) *n.* the movable cover of the eye, पलक।

eye-opener (आइ´-ओ-पॅ-नं:) *n.* something startling or shocking, आँखें खोल देनेवाली बात या घटना।

eyesight (आइ´-साइट्) *n.* the ability or power of seeing, दृष्टि, नज़र।

eyesore (आइ´-सो:) *n.* an ugly sight, देखने में भद्दी वस्तु, आँख का काँटा, अतिकुरूप वस्तु।

eyestrain (आइ´-स्ट्रेन्) *n.* the strain of the eyes, आँखों पर पड़नेवाला ज़ोर।

eyewash (आइ´-वॉश्) *n.* 1. a lotion for the eyes, आँख में डालने की दवा, काजल, सुरमा आदि, 2. empty talk, बेसिर-पैर की बात, फ़िज़ूल बात।

eyewitness (आइ´-विट्-निस्) *n.* a person who saw an accident or crime and can bear witness to the fact, साक्षी, चश्मदीद गवाह।

eyrie (आइ´-अॅ-री) *n.* the nest of a flesh-eating bird, गिद्ध आदि का ऊँचा घोंसला।

F

F, f (ऍफ़्) ***n.*** the sixth letter of the English alphabet, अंग्रेज़ी लिपि का छठा वर्ण।

fa (फ़ा) ***n.*** the fourth note of a scale in a music, संगीत में 'म' स्वर।

fable (फ़े´-बॅल्) ***n.*** 1. a fictitious story, कल्पित कहानी, गल्प। 2. a story that teaches a lesson, उपदेश-कथा, कथा, आख्यान।

fabled (फ़ें´-बॅल्ड्) ***adj.*** connected with fables, गल्पों या आख्यानों में उल्लिखित। 2. fictitious, कल्पित, काल्पनिक।

fabric (फ़ैब्´-रिक्) ***n.*** 1. any woven, knitted or felted cloth, कपड़ा, वस्त्र। 2. the structure or framework of any thing, ढाँचा, रचना, बनावट; the fabric of the modern society, वर्तमान समाज का ढाँचा।

fabricate (फ़ैब्´-रि-केट्) ***v.*** (fabricated, fabricating) 1. to weave, knit or felt, बुनना या जमाकर कपड़ा तैयार करना। 2. to manufacture or construct, निर्माण करना, बनाना। 3. to make, build or invent, गढ़ना, तैयार करना, रचना। 4. to forge (a document), कूट रचना करना, जाल रचना, जाली बनाना।

fabrication (फ़ैब्-रि-के´-शॅन्) ***n.*** 1. the act of fabricating, निर्माण, रचना। 2. something fabricated, ढाँचा, गढ़न, रचना। 3. a fabricated document, जाली दस्तावेज़।

fabricator (फ़ैब्´-रि-के-टॅः) ***n.*** 1. one who fabricates, निर्माता, रचयिता। 2. one who forges documents, जालसाज़। 3. a liar, झूठा व्यक्ति, मिथ्याभाषी व्यक्ति, फ़रेबी।

fabulous (फ़ैब्´-यु-लॅस्) ***adj.*** 1. of or like a fable, गल्प-संबंधी, गल्प-जैसा। 2. fictitious or legendary, काल्पिनिक या पौराणिक। 3. hard to believe, immense, incredible, अविश्वसनीय, अतिशय या लचर। 4. extremely good excellent, उत्तम, उत्कृष्ट।

fabulously (फ़ैब्´-यु-लॅस्-ली) ***adj.*** 1. abundantly, प्रचुरता से। 2. incredibly, अविश्वसनीय रूप से।

facade (फ़ॅ-साड्´) ***n.*** 1. the front of the building, मकान का सामना। 2. the front part of any thing, मुखड़ा, मुहार। 3. an outward appearance, बाहरी रूप-रंग या शक्ल-सूरत।

face (फ़ेस्) ***n.*** 1. the front of the head from the forehead to the chin, मुँह, मुख, मुखड़ा, चेहरा। 2. a facial expression, मुखाकृति, चेहरा, मुँह; Her face fell. उसका चेहरा लटक गया। 3. the main side of something, सामना, मुँह, अग्रभाग 4. prestige or dignity, प्रतिष्ठा, सम्मान; The country lost face by her defeat. पराजय से देश की प्रतिष्ठा को धक्का लगा। 5. an ugly or distorted facial expression, grimace, चेहरे की विकृति। 6. a surface or aspect, सतह, पहलू, फलक। 7. the functional side of a tool, औज़ार का अगला भाग। 8. the dial of a watch, घड़ी का डायल। ☐ **face to face,** directly confronting, (i) आमने-सामने, (ii) in each other's presence, सम्मुख, सामने; **in the face of,** despite the opposition of, विरोध के बावजूद भी; **lose face,** to suffer humiliation, लज्जित या अपमानित होना, नाक कट जाना; **pull a long face,** to look sad or disappointed, दुखी या निराश दिखाई पड़ना, मुँह लटक जाना; **put a bold face on,** to seem bold or confident about, साहस या विश्वास धारण करना; **set one's face against of,** to resist, प्रतिरोध करना; **save one's face,** to save one's prestige लाज बचा लेना, पत लेना; **show one's face,** to appear, सामने आना, उपस्थित होना। ***v.*** (faced, facing) 1. to have the face or front towards or in a certain direction

सामने होना; The house face the temple. घर मंदिर के सामने है। 2. to turn the faces in certain direction. मुख़ातिब होना, सामना करना। 3. to oppose firmly, दृढ़तापूर्वक सामना करना, मुक़ाबला करना। 4. to present itself, उपस्थित होना, सामने आना। 5. to furnish with a cover or surface of a different material, पोतना, तह या परत चढ़ाना, मसाला चढ़ाना। 6. to expose a card with the face uppermost, पत्ता चलना या खोलना। □ **face the music,** to face unpleasant consequences bravely, विषम परिस्थितियों का डटकर सामना करना; **face up to,** to face with courage, साहसपूर्वक सामना करना।

face amount *n.* face value, अंकित मूल्य।

face-cloth (फ़ेस´-क्लाःथ्) *n.* a small cloth used to wash (cleanse) the face, मुँह पोंछने का छोटा तौलिया।

faceless (फ़ेस्´-लिस्) *adj.* 1. without having a character, जिसमें अपनी चारित्रिक विशेषताएँ न हों, व्यक्तित्वहीन। 2. without identity, जिसकी कोई पहचान न हो।

facelift (फ़ेस्´-लिफ़्ट्) *n.* 1. plastic surgery to improve facial appearance, चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी। 2. a renovation of a building's exterior, मकान के सामनेवाले भाग में होनेवाला सुधार।

facepowder (फ़ेस्-पॉउ´-डःः) *n.* a sweet smelling cosmetic powder for facial beauty, चेहरे पर लगाने का पाउडर।

facesaving (फ़ेस्´-से-विंग्) *adj.* that save's one's dignity, प्रतिष्ठा की रक्षा करनेवाला, लाज रखने या बचानेवाला, पत रखनेवाला।

facet (फ़ैस्´-इट्) *n.* 1. any of the many flat sides of a jewel, पहलू, फलक, पक्ष। 2. one aspect of a problem or situation, पक्ष, पहलू; This question has many facets, इस प्रश्न के कई पहलू हैं।

facetious (फ़-सी´-शस्) *adj.* witty, fun-loving, humorous, विनोदी या विनोदपूर्ण, परिहासशील या परिहासपूर्ण, मज़ाकिया।

face to face *adj.* being within each other's presence, आमने-सामने होनेवाला, मुखाभिमुख; face to face group, मुखाभिमुख समूह, face to face relation, मुखाभिमुख संबंध।

face value *n.* the value as shown or printed on the front of something, अंकित मूल्य, छपा मूल्य।

facial (फ़े´-शॅल्) *adj.* of or concerning the face, चेहरे से संबद्ध, मुख-संबंधी, मुखीय। *n.* a beauty treatment of the face, मुखोपचार, सौंदर्योपचार।

facile (फ़ै´-साइल्, फ़ैस´-इल्/ॲल्) *adj.* 1. not hard to do, easy, करने में सहज, सरल, सुकर, सुगम। 2. easily obtained, सहजता से प्राप्त होनेवाला। 3. superficial, सतही, साधारण। 4. able to do things easily, सहजतापूर्वक कार्य करनेवाला। 5. fluent; प्रवाहपूर्ण, मँजा हुआ। 6. gentle, flexible, भला, नम्य; a facile disposition अच्छा स्वभाव।

facilitate (फ़ॅ-सिल्´-इ-टेट्) *v.* (facilitated, facilitating) 1. to make easier, (अपेक्षाकृत) सरल बना देना। 2. to lessen the difficulty of, कठिनाई दूर कर देना। 3. to help, सहायता देना, सुविधा देना।

facilitation (फ़ॅ-सिल्´-इ-टे´-शॅन्) *n.* the act of facilitating, सरलीकरण, सुगमीकरण, सौकर्य।

facility (फ़ॅ-सिल्´-इ-टी) *n.* (plu. facilities) 1. the quality of being easy, सरलता, सुगमता। 2. ease in doing something or resulting from skill or aptitude, दक्षता, कौशल। 3. convencience, सुविधा। 4. (plu.) the means by which something can be more easily done, साधन, सुविधाएँ।

facing (फ़े´-सिंग्) *n.* 1. a coating of different material applied to a surface, लेप, तह, परत। 2. a different piece of material sewn on a garment, वस्त्र पर शोभा के लिए लगाया जानेवाला दूसरे रंग के कपड़े का टुकड़ा, चिप्पल, चिथली।

facsimile (फ़ैक्-सिम्´-इ-ली) *n.* 1. an exact copy or reproduction of a book, document, painting etc., किसी पुस्तक, दस्तावेज़, चित्र आदि की प्रतिकृति, प्रतिरूप, नक़ल। 2. electronic transmission of printed matter, images etc., लेख, चित्र आदि का इलेक्ट्रॉनिक

उपकरणों द्वारा परेषण, प्रतिरूपण।

fact (फ़ैक्ट्) *n.* 1. something that has happened or been done, घटना, कार्य। 2. something known to be true or accepted as true, तथ्य, हक़ीक़त, यथार्थता, वास्तविकता; relevant facts, सुसंगत तथ्य। □ **as a matter of fact** or **in fact,** in reality, वास्तव में।

fact-finding (फ़ैक्ट्-फ़ाइन्-डिंग्) *n.* 1. the discovery of facts, तथ्यों का अन्वेषण, तथ्यान्वेषण। 2. the determination of facts, तथ्य-निर्धारण। *adj.* busy in finding the facts, तथ्यों के अन्वेषण में लगा हुआ; तथ्यों के निर्धारण में व्यस्त।

faction (फ़ैक्´-शॅन्) *n.* a small group within a larger group, गुट, पक्ष।

factional (फ़ैक्´-शॅ-नॅल्) *adj.* 1. of a faction, गुट-संबंधी, गुटीय। 2. of factions, गुटों से संबद्ध।

factionalism (फ़ैक्´-शॅ-नॅल्-इज़्-ॲम्) *n.* 1. the strife or dissension between the factions, गुटबंदी। 2. internal discord, गुट-भावना।

factious (फ़ैक्´-शॅस्) *adj.* given to or characterized by faction, गुट या गुटबंदी-संबंधी।

factitious (फ़ैक्-टिश्´-ॲस्) *adj.* not genuine, artificial, false, कृत्रिम, बनावटी, जाली, झूठा।

factitiously (फ़ैक्-टिश्´-ॲस्-ली) *adv.* in a factitious manner, कृत्रिम रूप से, झूठमूठ।

factitiousness (फ़ैक्-टिश्´-ॲस्-निस्) *n.* the state of being factitious, कृत्रिमता।

factor (फ़ैक्´-टॅ:) *n.* 1. an agent or representative, अभिकर्ता, प्रतिनिधि। 2. a person or thing that actively contributes to a result or process, घटक, कारक, उपादन, बात। 3. one of two or more quantities which form product when multiplied together, गुणनखंड। *v.* (factored, factoring) 1. to determine the factors of, गुणनखंडों में विभक्त करना। 2. to finance, पूँजी लगाना।

factorage (फ़ैक्´-टॅर्-इज़्) *n.* the commission of a broker, आढ़तिए का बट्टा या दलाली।

factorial (फ़ैक्-टोर्´-इ-ॲल्) *adj.* of a factor, गुणनखंड-संबंधी।

factorize (फ़ैक्´-टॅ-राइज़्) *v.* (factorized, factorizing) to divide into factors, गुणनखंडों में विभक्त करना।

factory (फ़ैक्´-टॅ-री) *n.* a building or group of buildings where goods are made in large quantities by machines, कारख़ाना, फ़ैक्टरी।

factotum (फ़ैक्-टो´-टॅम्) *n.* a servant or assistant doing all kinds of work, सब तरह के काम करनेवाला सेवक या सहयोगी।

factual (फ़ैक्´-चु-ॲल्) *adj.* 1. based on facts, तथ्यों पर आधारित, तथ्यपूर्ण, तथ्यात्मक। 2. correct, accurate, सही। 3. actual, वास्तविक।

factually (फ़ैक्´-चु-ॲ-ली) *adv.* in reality, वस्तुत:, हकीकत में।

facula (फ़ैक्´-यु-लॅ) *n.* a spot or steak on the sun, सूर्य का धब्बा या धारी।

faculty (फ़ैक्´-ॲल्-टी) *n.* 1. ability to do or perform, क्षमता, कार्यक्षमता। 2. a special attitude or power, शक्ति; the faculty of hearing, श्रवण-शक्ति। 4. a department or division of learning at a university or college, संकाय; faculty of arts, कला संकाय; law faculty, विधि-संकाय; science faculty, विज्ञान-संकाय। 5. the staff and students of a faculty, संकाय का शिक्षक-समुदाय और विद्यार्थीगण।

fad (फ़ैड्) *n.* a craze, सनक, धुन।

faddish (फ़ैड्´-इश्) *adj.* crazy, सनकी, धुनी।

faddy (फ़ैड्´-ई) *adj.* faddish, सनकी, धुनी।

fade (फ़ेड्) *v.* (faded, fading) 1. to lose colour, freshness or strength, कुम्हलाना, मुरझाना, (रंग) फीका या मंद पड़ जाना। 2. to disappear gradually to vanish, धीरे-धीरे ओझल या ग़ायब हो जाना, क्षीण या लुप्त हो जाना। □ **fade in,** to increase (the quality of sound or picture), तेज़ करना; **fade out,** to lose brightness, मंद हो जाना, हलका या फीका पड़ जाना।

faecal (फ़ी´-कॅल्) *adj* of or pertaining to faeces, मल-संबंधी।

faeces (फ़ी´-सीज़्) *n.* (plu.) the solid waste material passed from the bowels, पाख़ाना, टट्टी, गूह, मल, विष्ठा।

faerie, faery (फ़ॅ´-अॅ-री) *n.* 1. a fairy, परी। 2. the world of fairies, परियों की दुनिया, परीजगत, परीलोक। 3. the power of fairies, परियों की शक्ति।

fag (फ़ैग्) *v.*(fagged, fagging) 1. to work hard, to toil, कड़ी मेहनत करना, कठोर परिश्रम करना। 2. to make tired by hard work, थका मारना। 3. to serve, सेवा करना, हुकुम बजाना। ☐ **fag out,** tired out, थकावट से चूर। *n.* 1. an unpleasant hard tiring work, मेहनत का काम, कड़ा या कठोर काम, उबाऊ काम। 2. a young student who acts as a servant for an older student, वह नया विद्यार्थी जो किसी पुराने विद्यार्थी के छोटे-मोटे काम करता हो।

fag-end (फ़ैग्-ऍन्ड्´) *n.* the last and least useful part of something, बचा-खुचा अंश, बचा हुआ टुकड़ा।

fagged (फ़ैग्ड्) *adj.* very tired, बहुत अधिक थका हुआ।

faggot, fagot (फ़ैग्´-अॅट्) *n.* 1. a bundle of twigs or sticks bound together, लकड़ियों का गट्ठर। 2. a homosexual, समलिंगभोगी, समलिंगकामी।

fahrenheit (फ़ैर्´-अॅन्-हाइट्) a scale of temperature (devised by G.B. Fahrenheit) that indicates the freezing point of water as 32° and the boiling point 212°, फारेनहाइट।

faience (फ़ाइ-आन्स्´, फ़े-आन्स्´) *n.* a type of fine glazed pottery, मिट्टी के एक प्रकार के उत्तम तथा चिकने बर्तन। (फ्रांसीसी)।

fail (फ़ेल्) *v.* (failed, failing) 1. to be unsuccessful, विफल होना, अनुतीर्ण होना, फ़ेल होना। 2. to give the grade of failure, फ़ेल कर देना। 3. to be deficient, कम पड़ जाना, कमी पड़ जाना। 4. to cease to function, ठप हो जाना, काम करना बंद कर देना, ख़राबी आ जाना। 5. to disappoint, निराश करना। 6. to leave or neglect, चूक जाना, छोड़ देना या उपेक्षा कर जाना, असफल रहना। to fail to appear, उपस्थित होने में असफल रहना; to fail to comply, अनुपालन करने में असफल रहना; to fail to produce, पेश करने में असफल रहना। 7. to be unable to do something, असमर्थ होना, अक्षम होना, दिवालिया हो जाना। *n.* failure, विफलता, असफलता; failure of crop, फसल का न होना।

failed (फ़ेल्ड्) *adj.* unsuccessful, विफल, असफल, अनुत्तीर्ण।

failing (फ़े´-लिंग्) *n.* 1. a failure, विफलता। 2. a weak point, weakness, कमज़ोरी, दुर्बलता। 3. a fault, दोष, त्रुटि। **prep.** in the lack of, in the absence of, के न हो सकने पर, के न होने पर, के अभाव में; failing any indication, कोई संकेत न होने पर।

faille (फ़ाइल्) *n.* a fine ribbed silk or cotton fabric, धारीदार सूती या सिल्क का कपड़ा। (फ्रांसीसी)

fail-safe (फ़ेल्´-सेफ़्) *adj.* that ensures a safe condition in the event of a breakdown, ख़राबी आने पर आप-से-आप रुक या बंद हो जानेवाला, चूक रोधी।

failure (फ़ेल्´-यॅ:) *n.* 1. the act or fact of failing, विफलता, असफलता। 2. the ceasing of mechanism or a part of body to function, बंद हो जाना या काम करना बंद कर देना। 3. bankruptcy, दिवाला। 4. an unsuccessful person, विफलमनोरथ व्यक्ति। 5. an unsuccessful thing or attempt, वह वस्तु या प्रयास जिसमें सफलता न मिली हो।

fain (फ़ेन्) *adv.* willingly, ख़ुशी से, सहर्ष। *adj.* willing, इच्छुक।

faint (फ़ेन्ट्) *adj.* 1. dim, indistinct, मंद, हलका, धुँधला। 2. weak, feeble, क्षीण, कमज़ोर। 3. timid, डरपोक, भीरु, कमज़ोर। 4. about to lose consciousness, मूर्च्छोन्मुख। *n.* an abrupt loss of consciousness, मूर्च्छा, बेहोशी। *v.* (fainted, fainting) to lose consciousness, मूर्च्छित होना, बेहोश होना, बेहोशी आना।

faint-hearted (फ़ेन्ट्-हा: ´-टिड्) *adj.* lacking courage, timid, डरपोक, भीरु, बुज़दिल, कमज़ोर दिलवाला।

faintly (फ़ेन्ट्´-ली) *adv.* 1. indistinctly, अस्पष्ट रूप से। 2. a little, somewhat, कुछ-कुछ।

fair[1] (फ़ॅअ:)*n.* 1. a festival, उत्सव, समारोह। 2. a periodical gathering of buyers and

sellers at a particular place and time for trade, मेला, पैंठ। 3. an exhibition, प्रदर्शनी, industrial fair, औद्योगिक प्रदर्शनी।

fair² (फ़ेअ:) *adj.* 1. beautiful, attractive, सुंदर, ख़ूबसूरत, आकर्षक, मनोहर, गोरा; a fair girl, सुंदर या गोरी लड़की।2. light in colour, हलके रंग का; fair hair, हलके काले रंग के बाल, सुनहरे बाल। 3. fine, अच्छा, बढ़िया। 4. free from blemish, त्रुटिहीन, खरा। 5. unbiased, impartial, just, पूर्वग्रहमुक्त, निष्पक्ष, न्यायपूर्ण, न्यायसंगत। 6. honest, ईमानदार। 7. smooth and even, समान और समतल। 8. of moderate quality or amount, ठीक ही, उपयुक्त, उचित, सही; fair amount, उचित रकम; fair and just, उचित और न्यायसंगत □ **fair and square,** just and honest, निष्पक्ष और न्यायपूर्ण। *adv.* 1. in a fair manner, उचित रीति से, उचित ढंग से। 2. straight, सीधे। *v.* (faired, fairing) 1. to become fair or clear, बढ़िया होना; fine weather, बढ़िया निर्मल या स्वच्छ होना। 2. to smooth, चिकना बनाना, समतल करना।

fair dealing (फ़ेअ:´-डी-लिंग्) *n.* just and impartial treatment, खरा व्यवहार।

fair ground (फ़ेअ:´-ग्रॉउन्ड्) *n.* a site where fairs or exhibitions are held, वह जगह जहाँ मेले लगते हों, मेला-क्षेत्र, प्रदर्शनी-स्थल।

fair-haired (फ़ेअ:´-हेअ:ड्) *adj.* 1. having fair hair, सुनहरे बालोंवाला। 2. favourite, दुलारा।

fairly (फ़ेअ:´-ली) *adv.* 1. in a fair manner, उचित रीति से, ईमानदारी से। 2. equitably, निष्पक्षतापूर्वक। 3. moderately, साधारणत:। 4. completely, पूरा-पूरा।

fair-minded (फ़ेअ:´-माइन्-डिड्) *adj.* just and impartial, न्यायी और निष्पक्ष।

fairness (फ़ेअ:´-निस्) *n.* the quality or state of being fair, गोरापन, सौंदर्य, औचित्य, निष्पक्षता, ईमानदारी, निर्मलता।

fair play (फ़ेअ:´-प्ले) *n.* fairness in dealing, खरा व्यवहार, व्यवहार का खरापन।

fair sex, the (फ़ेअ:´-सेक्स्) *n.* women collectively, स्त्री-समुदाय, स्त्री-जाति।

fair-spoken (फ़ेअ:´-स्पो-कन्) *adj.* polite, नम्र, मृदु।

fair-trade (फ़ेअ:´-ट्रेड्) *v.* (fair-traded, fair-trading) to sell goods at price fixed by the manufacturer, निर्माता द्वारा नियत दाम पर वस्तुएँ बेचना।

fairway (फ़ेअ:´-वे) *n.* a clear way, साफ़ रास्ता।

fair-weather (फ़ेअ:´-वेॅद्-अ:) *adj.* loyal and dependable, निष्ठावान तथा भरोसेमंद; fair-weather friend, सच्चा साथी, दुख-सुख का साथी।

fairy (फ़ेअॅर्´-ई) *n.* (plu. fairies) a small imaginary woman-like figure supposed to have magical powers, अप्सरा, परी, हूर।

fairyland (फ़ेअॅर्´-ई-लैन्ड्) *n.* the land or world of fairies, परियों का देश, परीलोक, परिस्तान।

fairy tale *n.* 1. a story about fairies, परीकथा। 2. a fictitious story, कल्पित कथा, गप।

fait accompli (फ़ेट्-अ-कॉम्-प्ली´) *n.* (plu. faits accomplis) an accomplished fact, निष्पन्न या सम्पन्न कार्य, निर्विवाद तथ्य।

faith (फ़ेथ्) *n.* 1. strong belief, आस्था, पक्का या अटल विश्वास, दृढ़ निष्ठा, सत्यनिष्ठा। 2. belief in God or religion, विश्वास, निष्ठा। 3. a religion or a system of religious beliefs, धर्म, धर्मतंत्र। 4. allegiance, loyalty, sincerity, निष्ठा, ईमानदारी, वफ़ादारी, विश्वासपात्रता। □ **bad faith,** dishonesty, बुरी नियत, बेईमानी; **break faith,** to break a promise, वचनभंग करना, वादाख़िलाफ़ी करना; **good faith,** sincerity, ईमानदारी, नेकनीयती; **in good faith,** with honest intention, अच्छी नीयत से, सद्भावनापूर्वक।

faith cure *n.* curing illness by prayer, प्रार्थना-उपचार।

faithful (फ़ेथ्´-फ़ुल्) *adj.* 1. full of or showing loyalty, loyal, ईमानदार, सत्यनिष्ठ। 2. reliable, निष्ठावान, वफ़ादार, विश्वसनीय। 3. exact, true, शद्ध, सही, यथार्थ। 4. full of religious faith, धर्मी, धर्मविश्वासी, विश्वासी।

faithfully (फ़ेथ्´-फ़ु-ली) *adv.* in a faithful manner, वफ़ादारी से, ईमानदारी से, निष्ठापूर्वक।

faithfulness (फ़ेथ्´-फ़ुल्-निस्) *n.* the quality

or state of being faithful, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, वफ़ादारी, यथार्थता, धर्मीपन।

faithless (फ़ेथ्´-लिस्) *adj.* 1. having no faith in religion or God, नास्तिक। 2. disloyal, निष्ठाहीन, बेवफ़ा।

faithlessness (फ़ेथ्´-लिस्-निस्) *n.* the quality or state of being faithless, नास्तिकता; निष्ठाहीनता; बेवफ़ाई।

fake (फ़ेक्) *adj.* not genuine but made to deceive others, जो असली न हो, खोटा, नक़ली, जाली; fake coin, नक़ली सिक्का। *n.* 1. something not genuine, a counterfeit, नक़ली या जाली वस्तु। 2. a person who tries to deceive others, जालसाज़, धोखेबाज़, चालबाज़। *v.* (faked, faking) 1. to make (something) seem real, जालसाज़ी करना, नक़ली वस्तु बनाना। 2. to pretend, बहाना करना; He faked illness. उसने बीमारी का बहाना किया।

faker (फ़े´-कः) *n.* a fraud or swindler, जालसाज़, धोखेबाज़, ठग।

fakir[1] (फ़ॅ-कीः, फ़े´-किः) *n.* a beggar regarded as a holy man, फ़कीर, साधु, संन्यासी।

falcate (फ़ैल्´-केट्) *adj.* shaped like a sickle, हँसिया के आकार का, चंद्राकार।

falchion (फ़ाःल्´-चॅन्) *n.* a small sword with a curved blade, एक प्रकार की टेढ़े फलवाली तलवार।

falcon (फ़ाःल्´-कॅन्) *n.* a bird of prey with a curved beak, बाज़ पक्षी।

falconry (फ़ाःल्´-कॅन्-री) *n.* the art of training falcons to hunt game, शिकार करने के लिए बाजों को प्रशिक्षित करने की कला।

fall (फ़ाःल्) *v.* (fell, fallen) 1. to drop without restraint, गिरना, ऊपर से नीचे आना। 2. to come down from an erect position, गिर पड़ना, गिर जाना, ढह जाना। 3. to be killed or severely wounded in battles, युद्ध में काम आ जाना या घायल हो जाना। 4. to become lower in level, नीचे आना, गिरना, उतरना। 5. to come or happen, आना, होना; Night fell quickly, सहसा रात हो गई। 6. to pass into a new state or condition, होना, पड़ना। 7. to hang loosely, लटकना। 8. to be defeated, हार जाना, पराजित होना। 9. to dimnish, घटना, कम होना। 10. to decline in status or importance, अवनति या पतन होना। 11. to slope in a downward direction, दर्जा घट जाना, नीचे को जाना, उतरना। 12. to do something immoral, गिरना, पतित होना। 13. to take on a look of sadness, (मुँह) लटक या उतर जाना। 14. to be spoken, मुँह से निकलना। 15. to be directed by chance, पड़ना; My gaze fell on a book. मेरी नज़र किताब पर पड़ी। 16. to be allotted, हिस्से आना; That task fell to me. वह काम मेरे हिस्से आया। 17. to divide naturally, बँट जाना; They fell into three categories. वे तीन श्रेणियों में बँटे। ☐ **fall back,** to retreat, पीछे लौटना, पीठ दिखाना, मैदान छोड़ना; **fall behind,** to lag behind, पीछे रह या छूट जाना; **fall flat,** (i) to be completely unsuccesful, पूर्णतः विफल होना; (ii) to fail to produce a result, अनुत्पादक सिद्ध होना; **fall for,** to fall in love with, प्रेम हो जाना, आसक्त हो जाना; **fall into,** (i) to begin, आरंभ होना; (ii) to be divided into, बटना; **fall in with,** (i) to meet by chance, मुलाकात या भेंट हो जाना; (ii) to agree to, सहमत होना। **fall on,** to attack suddenly, धावा बोल देना; **fall out,** to quarrel, झगड़ा करना, झगड़ना, लड़ना-झगड़ना; **fall short,** to fail to meet a standard or requirement, स्तर या अपेक्षा से कम होना; **fall through,** to come to nothing, बेकार हो जाना; **fall to,** to begin, आरंभ करना; **fall upon,** to attack suddenly, धावा बोल देना, आक्रमण कर देना; *n.* 1. the act of falling, गिरना, पड़ना, पात। 2. a decrease in degree, price, quantity etc., कमी, गिरावट। 3. the defeat of a city or country, नगर या राज्य का पतन। 4. the season when leaves fall, पतझड़। 5. a waterfall, झरना, प्रपात। 6. a throw in wrestling bout, पटकनी।

fallacious (फ़ॅ-ले´-शॅस्) *adj.* 1. based on a fallacy, misleading, भ्रांतिजनक, भ्रामिक। 2. unreasonable, अतर्कसंगत।

fallacy (फ़ैल्´-अॅ-सी) *n.* (plu. fallacies) 1. a false or mistaken belief, भ्रांत धारणा, भ्रम, भ्रांति। 2. false reasoning, मिथ्या तर्कण, तर्काभास।

fallen (फ़ा:ल्´-अॅन्) *adj.* 1. having come down, dropped, गिरा हुआ, पतित। 2. degraded, अवनत, पदावनत, अधम। 3. over thrown, सत्ताच्युत। 4. destroyed, नष्ट। 5. dead, मृत।

fallible (फ़ैल्´-इ-बॅल्) *adj.* liable to make mistakes, जिससे भूल या ग़लती हो सकती हो, भूल करनेवाला।

fallout (फ़ा:ल्´-ऑउट्) *n.* debris from nuclear explosion, नाभकीय विस्फोट का मलबा।

fallow (फ़ैल्´-ओ) *adj.* (the land) ploughed but left unseeded in order to restore its fertility, परती (ज़मीन)।

false (फ़ा:ल्स्) *adj.* (falser, falsest) 1. lying, झूठा। 2. contrary to truth, मिथ्या, असत्य, झूठा; false pride, झूठी शान। 3. artificial, नक़ली, कृत्रिम, दिखावटी; false teeth, नक़ली, दाँत। 4. fake, जाली, खोटा। 5. deceptive, भ्रांत, भ्रामक; false light, भ्रामक प्रकाश।6. unfaithful, निष्ठाहीन।

false arrest *n.* an unlawful arrest, अवैध गिरफ़्तारी।

false-hearted (फ़ा:ल्स्-हा:´-टिड्) *adj.* 1. deceitful, धोखेबाज़। 2. disloyal, बेवफ़ा, निष्ठाहीन।

falsehood (फ़ा:ल्स्´-हुड्) *n.* 1. the telling of lies, असत्य भाषण।2. an untrue statement, असत्य कथन, झूठ।3. deception, धोखा, भ्रांति।

falsely (फ़ा:ल्स्´-ली) *adj.* in a false manner, मिथ्या रूप से, झूठमूठ, झूठे ही।

falsetto (फ़ा:ल्´-सेंट्-ओ) *n.* (plu. falsettos) *n.* 1. an artificial high voice, (संगीत में) बनावटी ऊँची आवाज़, भड़भड़। 2. one who sings in falsetto, भड़भड़ आवाज़ में गानेवाला।

falsies (फ़ा:ल्´-सीज़्) *n.* (plu.) a padded bra, गद्दीदार चोली।

falsification (फ़ा:ल्-सि-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* 1. the act of falsifying, झूठा सिद्ध करने की क्रिया, मिथ्याकरण। 2. fraudulent alteration, जालसाज़ी, हेर-फेर, बदलाव।

falsify (फ़ा:ल्´-सि-फ़ाइ) *v.* (falsified, falsifying) 1. to state falsely, ग़लत बयानी करना, झूठ कहना। 2. to render false, झूठा सिद्ध करना, झुठलाना, मिथ्या निरूपित करना। 3. to alter (a document) fraudulently, जालसाज़ी करना, हेर-फेर करना, बदल देना।

falsity (फ़ा:ल्-सि-टी) *n.* (plu. falsities) 1. a lie, झूठ, मिथ्या बात।2. an error, भूल, ग़लती।

falter (फ़ा:ल्´-टॅ:) *v.* (faltered, faltering) 1. to stumble, लड़खड़ाना, डगमगाना।2. to stammer, हकलाना, ज़बान का लड़खड़ाना। 3. to waver or weaken in purpose, force etc, हिचकना, झिझकना। 4. to become weak, to be unsured, कमज़ोर पड़ जाना, जवाब दे जाना; His courage faltered. उसकी हिम्मत जवाब दे गई।

faltering (फ़ा:ल्´-टॅर्-इंग्) *adj.* 1. stumbling, लड़खड़ाता हुआ। 2. stammering, हकलाता हुआ। 3. hesitating, हिचकता हुआ।

falteringly (फ़ा:ल्´-टॅर्-इंग्-ली) *adv.* in a faltering manner, लड़खड़ाते हुए; हकलाते हुए।

fame (फ़ेम्) *n.* 1. the state of being well known, प्रसिद्धि, ख्याति।2. good reputation, प्रतिष्ठा, यश, कीर्ति।

famed (फ़ेम्ड्) *adj.* 1. famous, widely known, प्रसिद्ध, विख्यात। 2. reputed, यशस्वी, कीर्तिशाली।

familial (फ़ॅ-मिल्´-यॅल्) *adj.* of or common to a family, पारिवारिक, कौटुंबिक।

familiar (फ़ॅ-मि´-लिअॅ:) *adj.* 1. well known, परिचित, सुविदित, जाना-पहचाना।2. intimate, घनिष्ठ अंतरंग।3. common, साधारण, सामान्य। 4. bold, साहसिक।

familiarity (फ़ॅ-मि-लि-ऐर्´-इ-टी) *n.* 1. substantial acquaintance, intimacy, अच्छी जान-पहचान, सुपरिचय, घनिष्ठता।2. substantial acknowledge of something, अच्छी जानकारी, सुपरिचय, ज्ञान। 3. free and intimate behaviour, absence of formality, बेतकल्लुफ़ी, हेल-मेल।

familiarization (फ़ॅ-मिल्-अॅ-रि-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of familiarizing, परिचय करने या

अ: bird ब:ड्, अॅ: tear टिअॅ:, ॲॲ air ॲॲ:, आई five फ़ाइव्, ऑइ boy बॉइ/बॉय, इअॅ near निअॅ: उअॅ poor पुअॅ:, च् chat चैट्, थ् thing थिंग्, द् this दिस्, फ़् full फ़ुल्, व़् wait व़ेट्

कराने की क्रिया या भाव।

familiarize (फ़-मिल्´-अ-राइज़्) *v.* (familiarized, familiarizing), 1. to make one. self acquainted with, जान-पहचान करना, परिचय करना, जानकारी करना। 2. to make another acquainted with, जान-पहचान कराना, परिचित कराना, जानकारी कराना। 3. to make well known, प्रसिद्ध करना।

family (फ़ैम्´-इ-ली) *n.* 1. parents and their children, परिवार; family allowance, परिवार-भत्ता। 2. the children of the same parents, संतान, संतति, औलाद। 3. a group descended from a common ancestor, कुल, घराना, कुटुंब ख़ानदान; undivided family, अविभक्त कुटुंब। 4. a group of related things, वर्ग या समूह। ☐ **in the family way,** pregnant, गर्भवती; **of good family,** born in a high family, कुलीन, ख़ानदानी। *adj.* of family, पारिवारिक; a family doctor, पारिवारिक चिकित्सक।

family circle *n.* a group of close friends and relatives, मित्रवर्ग।

family man *n.* 1. a man with a family, गृहस्थ। 2. a man devoted to his family, सद्गृहस्थ, परिवार-सेवी।

family name *n.* a surname, जाति-नाम।

family planning *n.* birth control, परिवार-नियोजन, संतति-निग्रह।

family tree *n.* a genealogical diagram of a family, वंशवृक्ष, शजरा।

family welfare *n.* the welfare of a family, परिवार-कल्याण, पारिवारिक हित।

famine (फ़ैम्´-इन्) *n.* 1. an acute shortage of food in a region, अकाल, भुखमरी, दुर्भिक्ष; famine relief, अकाल सहायता। 2. an acute shortage of anything, घोर अभाव, अकाल।

famish (फ़ैम्´-इश्) *v.* (famished, famishing), 1. to be very hungry or weak, भूखों मरना। 2. to make very hungry or weak, भूखों मारना।

famous (फ़े´-मॅस्) *n.* 1. well-known, renowned, प्रसिद्ध, मशहूर, विख्यात। 2. very good, उत्तम, उत्कृष्ट।

famously (फ़े´-मॅस्-ली) *adv.* extremely well, उत्कृष्ट रूप से, बहुत अच्छी तरह।

fan[1] (फ़ैन्) *n.* 1. a hand-held implement for creating cool breeze, पंखी, पंखा। 2. an electrical device for creating cool air, बिजली का पंखा, पंखा। 3. an apparatus for winnowing grain, पंखा। *v.* (fanned, fanning) 1. to move or agitate a current of air upon, पंखा झलना, हवा करना, पंखा चलाना। 2. to separate grain from chaff, (अनाज) फटकना, (भूसी) उड़ाना। 3. to stir up, उत्तेजित होना या करना, भड़क उठना या भड़काना, हवा देना। 4. to spread from a central point, फैला देना।

fan[2] (फ़ैन्) *n.* an enthusiastic admirer or devotee, शौक़ीन, अनुरागी, प्रशंसक, भक्त।

fanatic (फ़-नैट्´-इक्) *n.* one possessed with excessive enthusiasm or irrational zeal, जोशीला या दीवाना आदमी, दुराग्रही या कट्टर, मतांध, अंधभक्त। *adj.* excessively enthusiastic, irrationally zealous, जोश-भरा, जोशीला, दीवानगी-भरा, दुराग्रहपूर्ण, कट्टर, धर्मांध।

fanatical (फ़-नैट्´-इ-कॅल्) *adj.* fanatic, मतांध, धर्मांध, दुराग्रही।

fanatically (फ़-नैट्´-इ-कॅ-ली) *adv.* in a fanatic manner, मतांध होकर, धर्मांधतापूर्वक, दुराग्रह से।

fanaticism (फ़-नैट्´-इ-सिज़्-अॅम्) excessive enthusiasm, irrational zeal, जोशीलापन, दीवानगी, कट्टरता, दुराग्रह, धर्मांधता।

fancied (फ़ैन्-सिड्) *adj.* 1. imaginary, काल्पनिक। 2. imagined, कल्पित। 3. popular, लोकप्रिय।

fancier (फ़ैन्´-सि-अः) *n.* 1. a person given to fancies, मौजी, तरंगी, सनकी। 2. a person with a special interest in something, शौक़ीन। 3. one who breeds special varities of plants or animals, विशिष्ट जाति के पौधों या पशुओं को पालनेवाला।

fanciful (फ़ैन्´-सि-फ़ुल्) *adj.* 1. indulging in fancies, सनकी, मौजी। 2. imaginary, काल्पनिक। 3. quaint and whimsical in design, विचित्र, अनोखा।

fan club *n.* organised group of a person's

admirers, प्रशंसकों का क्लब।

fancy (फ़ैन्´-सी) *n.* (plu. fancies) 1. playful imagination, कल्पना, उड़ान। 2. a whim, मौज, तरंग, सनक।3. fondness, चाह, अभिरुचि। 4. an unreasonable desire for something, भ्रांति या वहम। *adj.* (fancier, fanciest) 1. of superior grade, बढ़िया क़िस्म का। 2. of elaborate design, कामदार, डिज़ाइनदार, भड़कीला। 3. illusory, भ्रांतिपूर्ण, भ्रामक। 4. whimsical, सनक-भरा, मनमाना। □ **take a person's fancy,** to become liked by him, किसीका दुलारा होना। *v.* (fancied, fancying) 1. to imaging, कल्पना करना। 2. to be fond of, (का) शौक़ीन होना। 3. to suppose, मान लेना, धारण करना; 4. to have an unfounded belief, निराधार धारणा बना लेना। 5. to breed special variety of animals or plants, किसी विशिष्ट जाति के पौधों या पशुओं का पालन-पोषण करना। □ **fancy oneself,** to be rather conceited, घमंड करना, अपने को लगाना, इतराना।

fancy dress *n.* a masquerade costume, बहुरूपिए का पहनावा।

fancy free *n.* not in love, unattached, अनासक्त, जो प्यार के चक्कर में न हो।

fancy man *n.* 1. a woman's lover, यार, प्रेमी। 2. a pimp, भडुआ, कुटना।

fancywork (फ़ैन्´-सि-व:क्) *n.* decorative needlework, बढ़िया कसीदा, कसीदे का बढ़िया काम।

fandango (फ़ैन्-डैंग्´-गो) *n.* a lively Spanish dance, एक तरह का स्पैनिश नृत्य।

fanfare (फ़ैन्´-फ़ेंअ:) *n.* a loud blast of trumpets, शहनाई का स्वर, मंगलध्वनि।

fang (फ़ैंग्) *n.* a long sharp tooth of a dog or wolf, कुत्ते या भेड़िए का लंबा नुकीला दाँत।

fanlight (फ़ैन्´-लाइट्) *n.* a small window above a door or another window, दरवाज़े या खिड़की के ऊपर का रोशनदान।

fantail (फ़ैन्´-टेल्) *n.* a pigeon having a semi-circular tail, ऐसा कबूतर जिसकी पूँछ अर्धवृत्ताकार हो।

fantasia (फ़ैन्-टे´-ज़्हॅं/ फ़ैन्-टॅ-ज़ि´-अॅ) *n.* a free form musical composition, स्वतंत्र स्वर-लिपि।

fantastic (फ़ैन्-टैस्´-टिक्) *adj.* 1. imaginary, कल्पनाप्रसूत। 2. illusory, भ्रामक। 3. unrealistic, capricious, बेतुका, अवास्तविक या सनक-भरा। 4. very good, excellent, बहुत बढ़िया, उत्तम।

fantastically (फ़ैन-टैस्´-टि-कॅ-ली) *adv.* in a fantastic manner, बतुकेपन से, सनक के रूप में।

fantasy (फ़ैन्´-टॅ-सी) *n.* (plu. fantasies) *n.* 1. the creative or fantastic imagination, रचनात्मक या विलक्षण कल्पना। 2. illusion, भ्रम, भ्रांति। 3. a whimsical idea, लहर, सनक। 4. a daydream, दिवास्वप्न।

far (फ़ा:) *adv.* (farther/further, farthest/furthest) 1. at a great distance, दूर, परे। 2. to or from a distance, दूर से। 3. very much, बहुत अधिक; This book is far better than that. उस पुस्तक से यह बहुत अधिक अच्छी है। □ **as far as,** to the distance or extent that, जहाँ तक, वहाँ तक; **by far,** to a great degree, बढ़कर, कहीं अधिक, बहुत अच्छा; **far and away,** very much, बहुत अधिक; **far and wide,** every where, हर कहीं, सब तरफ़; **far be it from me,** I would not presume or wish. ऐसा मैंने नहीं सोचा था; **far from,** not at all, बिल्कुल नहीं; **go far,** (i) to be successful, सफल होना; (ii) up to that point, उस सीमा तक; **in so far as,** to the degree or extent that, उस सीमा तक; **so far,** (i) up to now, अब तक; (ii) to a certain limit, एक निश्चित सीमा तक; **so far as,** to the extent or point that, उस सीमा तक; **so far so good,** up to this point everything is all right. अभी तक प्रगति संतोषजनक है। *adj.* 1. distant, remote, दूरस्थित, दूरवर्ती। 2. extending a long way, लंबा; a far journey, लंबी यात्रा। □ **a far cry,** a great distance, लंबी दूरी; **a far cry from,** greatly different from, बहुत अधिक भिन्न।

faraway (फ़ा:´-अॅ-वे़) *adj.* 1. distant, दूरवर्ती, दूरस्थित; 2. dreamy, नींद-भरा; faraway eyes,

नींद-भरी आँखें।

farce (फ़ा:स्) ***n.*** 1. a funny play, हँसी-मज़ाक का नाटक, हास्यप्रधान नाटक। 2. something absurd, बेतुकी बात या काम, ढोंग, तमाशा।

farcical (फ़ा:´-सि-कॅल्) ***adj.*** absurd, बेतुका, भोंडा, हास्यास्पद।

farcically (फ़ा´:-सि-कॅ-ली) ***adv.*** in a farcical manner, बेतुकेपन से, भोंडे ढंग से।

fare[1] (फ़ेंअँ:) ***n.*** 1. the amount of money paid for transportation, किराया, भाड़ा। 2. a passenger in a train, bus or taxi, सवारी, यात्री। 3. food, भोजन।

fare[2] (फ़ेंअँ:) ***v.*** (fared, faring) 1. to travel, यात्रा करना, सफ़र करना। 2. to progress, to get along, प्रगति करना, आगे बढ़ना। 3. to turn out, घटित होना, गुज़रना; How did it fare with him? उसके साथ कैसी गुज़री ?

Far East ***n.*** the countries of the east Asia, सुदूरपूर्व (चीन, जापान, फिलपीन्स आदि देश)।

farewell (फेंअँ:-वेंल्) ***interj.*** goodby, अलविदा, नमस्कार। ***n.*** 1. a goodby, नमस्कार। 2. a leave-taking, विदा, विदाई। ***adj.*** last, parting, अंतिम, विदाई का सूचक; farewell party, विदाई-समारोह।

farfetched (फ़ा:-फ़ेंच्ड्´) ***adj.*** brought from a distant, not related, दूर का, असंबद्ध; a farfetched idea, दूर की कौड़ी; a farfetched example, असंबद्ध उदाहरण।

farflung (फ़ा:-फ़्लंग्´) ***adj.*** extending for a great distance, wide-ranging, व्यापक।

farina (फ़ॅ-री´-नॅ)***n.*** flour, आटा, पिसान।

farinaceous (फ़ैर्-इ-ने´-शॅस्) ***adj.*** 1. containing flour, आटे का बना। 2. starchy, माड़ीदार, मांडमय।

farm (फ़ा:म्) ***n.*** 1. a piece of land on which crops or animals are raised, फ़ार्म, कृषिक्षेत्र, काश्त, खेत। 2. a tract of water used for raising fish, मछली पालने का क्षेत्र। 3. a farm house, खेत में बना घर, फ़ार्महाउस। ***v.*** (farmed, farming) to grow crops or raise animals, खेती-बारी करना या पशुओं का पालन करना।

farmer (फ़ा:-मॅ:)***n.*** a person who earns his living by farming, किसान, खेतिहर, कृषक।

farmhand (फ़ा:म्´-हैन्ड्) ***n.*** a hired farm labourer, खेत पर काम करनेवाला मज़दूर, खेत-मज़दूर, खेतिहर मज़दूर।

farmhouse (फ़ा:म्´-हॉउस्) ***n.*** the house on a farm, खेत पर बना घर, फ़ार्महाउस।

farming (फ़ा:´-मिंग्) ***n.*** the business or skill of agriculture, खेती-बारी, किसानी, काश्तकारी।

farmland (फ़ा:म्´-लैन्ड्) ***n.*** land suitable for farming, खेती लायक भूमि।

farmyard (फ़ा:म्´-या:ड्) ***n.*** an area adjacent to a farm building, खेत में बने भवन का अहाता।

far-off (फ़ा:´-आ:फ़्) ***adj.*** distant, remote, दूरवर्ती, दूरस्थ।

far-out (फ़ा:´-ऑउट्) ***adj.*** 1. excellent, बहुत बढ़िया, उत्कृष्ट। 2. extremely unconventional, अजीबोग़रीब, विलक्षण, अनोखा।

farrago (फ़ॅ-रा´-गो) ***n.*** (plu. farragos) a medley, घाल-मेल, गड्ड-मड्ड।

far-reaching (फ़ा:-री´-चिंग्)***adj.*** 1. having a wide range, अतिव्यापक। 2. having a wide effect, अत्यंत प्रभावपूर्ण।

farrier (फ़ैर्-इ-अॅ:) ***n.*** 1. a man who shoes horses, घोड़ों के पैरों में नाल जड़नेवाला, नालबंद। 2. a blacksmith, लुहार।

farrow (फ़ैर्´-ओ) ***v.*** (farrowed, farrowing) to give birth to young pigs, (सुअरनी का) ब्याना, बच्चे देना। ***n.*** a litter of pigs, सुअर का छोटा बच्चा, शूकर शावक।

farseeing (फ़ा:´-सी´-इंग्) ***adj.*** foresighted, दूरदृष्टि-संपन्न, दूरदर्शी।

farsighted (फ़ा:´-साइ-टिड्) ***adj.*** 1. capable of seeing far, दूर तक देख सकने में समर्थ। 2. foreseeing, दूरदर्शी।

farsightedness (फ़ा:´-साइ-टिड्-निस्) ***n.*** the power of seeing far, दूरदृष्टि, दूरदर्शिता।

fart (फ़ा:ट्) ***v.*** (farted, farting) to emit gas from the intestines through the anus, पादना, हवा छोड़ना।

farther (फ़ा:´-दॅ:) ***adv.*** 1. at or to a greater distance, more remote, अपेक्षाकृत दूर, और आगे। 2. in addition, इसके अतिरिक्त। ***adj.*** 1. remote, दूरस्थित। 2. additional,

अतिरिक्त।
farthermost (फ़ा:´-दॅ:-मोस्ट्) *adj.* most remote, अत्यधिक दूर का, दूरस्थित।
farthest (फ़ा:´-दिस्ट्) *adv.* most remote, अत्यधिक दूर। *adj.* most distant, अत्यधिक दूर, दूरतम।
farthing (फ़ा:´-दिंग्) *n.* 1. a British coin worth one quarter of a penny, फ़ारदिंग।2. a coin of little value, दमड़ी। 3. something of little value, तुच्छ या नगण्य वस्तु।
fasees (फ़ैस्´-ईज़्)*n.* a symbol of authority, राजचिह्न।
fascicle (फ़ैस्´-इ-कॅल्) *n.* a part of a book that is published in installments. पुस्तक का किस्तों में प्रकाशित कोई खंड, किस्त।
fascinate (फ़ैस्´-इ-नेट्) *v.* (fascinated, fascinating) 1. to charm greatly, मुग्ध कर लेना। 2. to spellbound, मंत्रमुग्ध कर लेना। 3. to mesmerize, वश में कर लेना, सम्मोहित कर लेना।
fascinating (फ़ैस्´-इ-नेट्-इंग्) *adj.* having great charm or attraction, मुग्ध कर लेनेवाला, लुभावना।
fascination (फ़ैस्-इ-ने´-शॅन्) *n.* 1. the quality of fascinating, आकर्षण, खिंचाव, सम्मोहन। 2. something that fascinates, आकर्षक वस्तु, सम्मोहक वस्तु।
fascism (फ़ा´-सिज़्-ॲम् / फ़ैश्´-इज़्-ॲम्) a system of dictatorial government characterized by one party government, फासिस्टवाद।
fascist (फ़ै´-सिस्ट्) *n.* one who believes in fascison, फासिस्टवादी।
fascistic (फ़ॅ-शिस्´-टिक्) *adj.* of fascism or a fascist, फासिस्टवाद या फासिस्टवादी से संबद्ध, फासिस्टवादी।
fashion (फ़ैश्´-ॲन्) *n.* 1. manner, way, ढंग, तर्ज़, विधि। 2. the current or prevailing style, फ़ैशन, आधुनिक ढंग, रिवाज □**out of fashion,** not in fashion, जिसका रिवाज उठ गया हो।*v.* (fashioned, fashioning) to make into a particular form or shape, विशिष्ट रूप देना, रूपायित करना, निर्माण करना।
fashionable (फ़ैश्´-ॲ-नॅ-बॅल्) *adj.* 1. following the current style or fashion, फ़ैशनदार, सजीला। 2. used by stylish people, जिसे फ़ैशनदार व्यक्ति प्रयुक्त करते हों, सजीला। *n.* a fashionable person, फ़ैशनदार व्यक्ति, सजीला व्यक्ति।
fashionably (फ़ैश्´-ॲ-नॅ-बॅ-ली) *adv.* in a fashionable manner, सजीले ढंग से।
fast[1] (फ़ास्ट् / फ़ैस्ट्) *adj.* 1. swift, rapid, तेज़, द्रुतगामी, शीघ्रगामी। 2. firm, दृढ़, अटल। 3. firmly fastened, कसकर बँधा हुआ।4. devoted, पक्का, घनिष्ठ। 5. deep, गहरा; fast colour, गहरा रंग। 6. having loose morals, असंयमी, व्यभिचारी।*adv.* 1. quickly, speedily, तेज़ी से, जल्दी-जल्दी, फुर्ती से। 2. firmly, दृढ़तापूर्वक, मज़बूती से। 3. deeply, गहराई से, अत्यंत; fast asleep, गहरी नींद में सोया हुआ। 4. in a dissipated way, गुलछर्रे उड़ाते हुए।
fast[2] *v.* (fasted, fasting) to go without food, उपवास करना, फ़ाका करना, अनशन करना। *n.* 1. the act of fasting, उपवास, फ़ाका, लंघन। 2. the period of fasting, उपवास, फ़ाका।
fast day *n.* a holy day observed by fasting,उपवास (का दिन), रोज़ा।
fasten (फ़ैस्´-ॲन्) *v.* (fastened, fastening) 1. to attach or join firmly, लगाना, जोड़ना। 2. to fix firmly, जड़ना। 3. to tie or join together,(कसकर) बाँधना, जकड़ना। 4. to fix or focus steadily, ध्यान केंद्रित करना। 5. to shut, बंद कर देना।
fastener (फ़ैस्´-ॲ-नॅ:) *n.* a device for fastening things together, फास्नर, जोड़क।
fastening (फ़ैस्´-ॲ-निंग्) *n.* a bolt, hook or clasp, बोल्ट, हुक या कुंडी।
fast food *n.* a food that can be prepared and served very quickly, फ़ास्ट फुड।
fastidious (फ़ै-स्टिड्´-इ-ॲस्) *adj.* 1. selecting carefully only what is good, careful in all detais, नकचढ़ा। 2. very difficult to please, तुनुकमिज़ाज, बदमिज़ाज।
fastidiously (फ़ै-स्टिड्´-इ-ॲस्-ली) *adv.* in a fastidious manner, तुनुकमिज़ाजी से, नाक चढ़ाकर।

fastidiousness (फ़ै-स्टिड्´-इ-ॲस्-निस्) *n.* the quality or state of being fastidious, नकचढ़ापन, तुनकमिज़ाजी, बदमिज़ाजी।

fastness (फ़ास्ट्´/फैस्ट्´-निस्) *n.* 1. the quality or condition of being fast, पक्का या दृढ़ होने का भाव, दृढ़ता, पक्कापन। 2. a stronghold, किला, दुर्ग।

fasttalk (फ़ास्ट्´/फैस्ट्´-टा:क्´) *v.* (fasttalked, fasttalking) to persuade by deceptive talk, पीछे पड़ जाना।

fat (फ़ैट्) *adj.* (fatter, fattest) 1. fleshy, plumb or thick, स्थूल, मोटा, मांसल। 2. oily, greasy, चिकना, चर्बीयुक्त। 3. heavy, भारी-भरकम, मोटा-ताज़ा। 4. fertile, उपजाऊ। 5. richly rewarding, लाभप्रद। *n.* 1. an organic compound occuring in animal and plant tissue, चर्बी, वसा। 2. solidified animal or vegetable oil, वनस्पति तेल या चर्बी।

fatal (फ़े´-टॅल्) *adj.* 1. deadly, प्राणांतक, जानलेवा, घातक। 2. causing disaster, अनिष्टकर, घातक। 3. fateful or decisive, निर्णायक; fatal day, निर्णायक दिवस। 4. controlling destiny, inevitable, अवश्यंभावी, भाग्यविधायक।

fatalism (फ़े´-टॅ-लिज़्-ॲम्) *n.* the belief that all events are determined by the fate, नियतिवाद, भाग्यवाद।

fatalist (फ़े´-टॅ-लिस्ट्) *n.* one who believes in fatalism, नियतिवादी, भाग्यवादी।

fatalistic (फ़े-टॅ-लिस्´-टिक्) *adj.* pertaining to fatalism, नियतिवाद-संबंधी, नियतिवादी, भाग्यवादी।

fatality (फ़े-टैल्´-इ-टी) *n.* 1. an accidental death, दुर्घटनाजन्य मृत्यु। 2. liability to disaster, भाग्याधीनता, भवितव्यता, होनी।

fat cat *n.* 1. a rich or wealthy person, धनी व्यक्ति। 2. a heavy contributor to a political party, राजनीतिक दल को मोटी रकम देनेवाला व्यक्ति, मोटा असामी।

fate (फ़ेट्) *n.* 1. the supernatural power that supposed to be controlling all events, नियति। 2. a person's destiny, fortune, भाग्य। 3. doom or ruin, विनाश।

fated (फ़े´-टिड्) *adj.* destined by fate, भाग्य में लिखा, भाग्य में बदा।

fateful (फ़ेट्´-फुल्) *adj.* 1. decisively important, निर्णायक। 2. controlled by fate, भाग्याधीन। 3. fatal, घातक।

fathead (फ़ैट्´-हेंड्) *n.* a stupid person, मूर्ख व्यक्ति।

fatheaded (फ़ैट्´-हेंड्-इड्) *adj.* stupid, मूर्ख।

father (फ़ा´-दॅ:) *n.* 1. a male parent, पिता, बाप। 2. an originator, जनक, जन्मदाता, प्रवर्तक। 3. a title used for a priest, फ़ादर, स्वामी। *v.* (fathered, fathering) 1. to be the father, जनक होना, पिता होना। 2. to originate or found, प्रवर्तन करना, जनक होना, जन्म देना।

fatherhood (फ़ा´-दॉ:-हुड्) *n.* the state of being a father, पितृत्व, जनकत्व।

father-in-law (फ़ा:´-दॅ:-इन्-ला:) *n.* (plu. fathers-in-law) the father of one's wife (or husband) श्वसुर, ससुर।

fatherland (फ़ा´-दॅ:-लैन्ड्) *n.* one's native country, पितृदेश, जन्मभूमि।

fatherless (फ़ा´-दॅ:-लिस्) *adj.* 1. not having a father, पितृविहीन। 2. not knowing who one's father is, जिसके बाप का पता न हो।

fatherliness (फ़ा´-दॅ:-लि-निस्) *n.* a fatherly quality, पितृत्व।

fatherly (फ़ा´-दॅ:-ली) *adj.* 1. belonging to a father, पितृ-संबंधी, पिता-संबंधी, पितृक। 2. like a father, पितृतुल्य, पितृवत्।

fathom (फ़ैद्´-ॲम्) *n.* (plu, fathoms) a measure of 6 feet used in stating the depth of water, जल की गहराई नापने का छह फ़ुट का एक नाप। *v.* (fathomed, fathoming) 1. to measure the depth. of, गहराई नापना। 2. to get the bottom of, थाह पाना। 3. to understand thoroughly, अच्छी तरह समझना।

fathomable (फ़ैद्´-ॲम्-ॲ-बॅल्) *adj.* that can be fathomed, जिसकी गहराई नापी जा सके।

fathomless (फ़ैद्´-ॲम्-लिस्) *adj.* 1. too deep to be measured, अगाध, अथाह। 2. incomprehensible, जिसकी थाह न पाई जा सके, अगम्य।

fatigue (फ़ॅ-टीम्´) *n.* 1. physical or mental exhaustion, थकावट, थकान। 2. manual labour assigned to soldiers, सैनिकों के लिए कठोर शारीरिक श्रम। 3. a weakening in metal caused by strain or long use, कमज़ोरी।4. (plu.) informal military dress, सैनिकों की असैनिक पोशाक। *v.* (fatigued, fatiguing) to cause fatigue to, थका डालना/देना, थका मारना।

fatling (फ़ैट्´-लिंग्) *n.* a young lamb, pig etc., fattened before being slaughtered, खस्सी।

fatten (फ़ैट्´-ॲन्) *v.* (fattened, fattening) 1. to become fat, मोटा होना, मुटाना। 2. to make fat, मोटा कर देना, मोटा बना देना।

fatty (फ़ैट्´-ई) *adj.* (fattier, fattiest) fat, मोटा, स्थूल। *n.* a fat person, मोटा आदमी।

fatuitous (फ़ॅ-टू´-ॲ-टॅस्) *adj.* characterized by fatuity, मूर्खतापूर्ण।

fatuity (फ़ॅ-टू´-इ-टी) *n.* foolishness, stupidity, मूर्खता, बेवकूफ़ी।

fatuously (फ़ैच्´-उ-ॲस्-ली) *adv.* in a fatuous manner, मूर्खतापूर्वक, बेवकूफ़ी से।

faucet (फ़ा:´-सिट्) *n.* a device for regulating the flow of a liquid from a pipe, barrel etc., टोंटी, नलिका।

fault (फ़ा:ल्ट्) *n.* 1. an error, slip or mistake, दोष, भूल, त्रुटि, ग़लती।2. an offence, अपराध, क़सूर, गुनाह। 3. an incorrect serve in tennis, (टेनिस में) सर्विस की ग़लती, ग़लती। □ **at fault,** guilty of an error, दोषी; **find fault,** to point faults, दोष निकालना; **find fault with,** to object to, आपत्ति करना, नुक्ताचीनी करना, मीनमेख निकालना। *v.* (faulted, faulting) to declare to be faulty, ग़लत बताना या ठहराना।

faultfinder (फ़ा:ल्ट्´-फ़ाइन्ड्-ॲ:) *n.* one who finds faults, छिद्रान्वेषी।

faultfinding (फ़ा:ल्ट्´-फ़ाइन्ड्-इंग्) *n.* the habbit of finding faults, छिद्रान्वेषण।

faultless (फ़ा:ल्ट्´-लिस्) *adj.* 1. without any fault, निर्दोष। 2. perfect, उत्तम, पूर्ण, निर्दोष।

faulty (फ़ा:ल्´-टी) *adj.* (faultier, faultiest) *adj.* containing defects, दोषपूर्ण, सदोष, ख़राब, दूषित।

faun (फ़ा:न्) *n.* an ancient rural deity with the legs and horns of a goat, अजमानव (ग्राम देवता)।

fauna (फ़ा:´-नॅ) *n.* (plu. faunae, faunas) the animals of a specified region or time, किसी विशिष्ट क्षेत्र या काल के जीव-जंतु, प्राणिजगत।

faux pas (फ़ो-पा´) *n.* (plu. faux pas) an error in etiquette, अशिष्टता, अशिष्टता का सूचक आचरण। (फ्रांसिसी)

favour, favor (फ़े´-वॅ:) *n.* 1. a friendly attitude, अनुकंपा, कृपादृष्टि। 2. an act of kindness, a kind act, अनुग्रह। 3. approval or support, अनुमोदन, समर्थन। 4. a token of love, उपहार, प्रेमोपहार।5. preference given to one person at the expense of another, तरफ़दारी, पक्षपात।6. (plu.) coosent to sexual relations, प्रणयानुम्मति (प्रणय + अनुमति); She bestows favours on her lover. वह अपने प्रेमी के प्रेम में रँग जाती है / वह अपने प्रेमी को आत्मसमर्पण कर देती है। □ **in favour of,** on the side of, के पक्ष में; **in one's favour,** to one's advantage, किसी के हित में; **stand high in some one's favour,** to be very well regarded by some-one, किसी का कृपापात्र होना, किसी की कृपा का पात्र होना। *v.* (favoured, favouring) 1. to regard with favour, अनुग्रह करना।2. to be favourable, अनुकूल होना। 3. to look like, (किसी पर) पड़ना; The baby favours his mother. बच्चा माँ पर पड़ा है। 4. to aid or support, हित या समर्थन करना। 5. to prefer unfairly, to be partial, तरफ़दारी करना, पक्षपात करना।

favourable, favorable (फ़े´-वॅ-रॅ-बॅल्) *adj.* 1. helpful, अनुकूल, सहायक, अनुग्रहपूर्ण। 2. advantageous, लाभप्रद, फ़ायदेमंद।3. encouraging, उत्साहवर्धक, वांछनीय।4. giving or expressing approval, अनुकूल, तैयार।

favoured, favored (फ़े´-वॅ:ड्) *adj.* 1. regarded with favour, कृपाभाजन, स्नेहभाजन, कृपापात्र। 2. provided with advantages,

सुविधा-प्राप्त, लाभान्वित।

favourite, favorite (फ़े´-वॅ-रिट्) *adj.* liked above others, प्रिय। *n.* 1. one liked or favoured above others, चहेता, स्नेहभाजन, कृपापात्र।2. a contestant generally expected to win, प्रत्याशित विजेता, संभावित विजेता।

favouritism, favoritism (फ़े´-वॅ-रि-टिज़्-ॲम्) *n.* the showing of more kindness to some person (or persons) than to others, पक्षपात, तरफ़दारी।

fawn[1] (फ़ा:न्) *adj.* light yellowish brown, ख़ाकी। *n.* 1. light yellowish brown colour, ख़ाकी रंग। 2. a young dear (of light yellowish brown colour, ख़ाकी रंग का) मृगशावक।

fawn[2] *v.* (fawned, fawning), 1. to show affection by licking hands and wagging tail (said of a dog, कुत्ते का) हाथ चाटकर तथा दुम हिलाकर प्यार जतलाना। 2. to try to gain favour of someone, (सेवा-टहल, ख़ुशामद आदि द्वारा) किसी का अनुग्रह प्राप्त करना।

faze (फ़ेज़्) *v.* (fazed, fazing) to disconcert, घबरा देना, विकल या व्याकुल कर देना।

fealty (फ़ी´-ॲल्-टी) *n.* loyalty, निष्ठा, वफ़ादारी।

fear (फ़िॲ:) *n.* 1. a feeling of anxiety and agitation caused by the presence or nearness of evil, danger, pain etc., भय, डर, आशंका। 2. danger, ख़तरा। 3. awe, reverence, श्रद्धा, भक्ति। □ **without fear or favour,** with justice, impartialy, न्यायपूर्वक, बिना पक्षपात किए। *v.* (feared, fearing) 1. to be afraid of, डरना, भयभीत होना। 2. to be apprehensive, आशंकित होना। 3. to be in awe of, (ईश्वर से) डरना, (श्रद्धावश) संकुचित होना। 4. to suspect, कुछ-कुछ लगना, अंदेशा होना।

fearful (फ़िॲ:-फ़ुल्) *adj.* 1. feeling fear, भयभीत, डरा हुआ। 2. causing fear, डरावना, भयंकर, भयानक, भयावह। 3. very great, अत्यधिक।

fearfully (फ़िॲ:´-फ़ु-ली) *adv.* 1. in a fearful manner, डरते-डरते, सहमते हुए। 2. very much, बहुत अधिक, अत्यधिक।

fearless (फ़िॲ:´-लिस्) *adj.* 1. feeling no fear, निर्भय, निडर, निर्भीक।

fearlessly (फ़िॲ:´-लिस्-ली) *adv.* 1. in a fearless manner, बिना डरे, बेख़ौफ़, निर्भय होकर।

fearlessness (फ़िॲ:´-लिस्-निस्) *n.* the state or quality of being fearless, निर्भीकता, दिलेरी।

fearsome (फ़िॲ:´-सॅम्) *adj.* 1. causing fear, भयावह, भयानक, भयंकर, डरावना।2. fearful, timid, भयभीत, डरपोक।

feasibility (फ़ी-ज़ि-बिल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being feasible, साध्यता, संभाव्यता, व्यावहारिकता, उपयुक्तता।

feasible (फ़ी´-ज़ि-बॅल्) *adj.* 1. capable of being done or carried out, साध्य, शक्य, संभाव्य। 2. practical, व्यावहारिक, व्यवहार्य। 3. suitable, उपयुक्त; land feasible for cultivation, खेती के लिए उपयुक्त भूमि।

feast (फ़ीस्ट्) *n.* 1. a celebration or festival, समारोह, उत्सव। 2. a large, rich and elaborate meal, भोज, ज्योनार, दावत, प्रीतिभोज। 3. anything that gives pleasure, सुख या आनंद देनेवाली वस्तु। *v.* (feasted, feasting) 1. to give a feast to, दावत देना, भोज देना, खिलाना-पिलाना; 2. to have a feast, दावत उड़ाना, छककर खाना।3. to give pleasure to, सुख या आनंद देना।

feat (फ़ीट्) *n.* a remarkable deed or achievement, उल्लेखनीय कृत्य या उपलब्धि, करतब, कमाल।

feather (फ़ेंद्´-ॲ:) *n.* any of the structures that grow from a bird's skin with a fringe of fine strands on each side, पंख, पर। □ **a feather in one's cap,** an accomplishment worthy of pride, गर्व करने योग्य उपलब्धि; **birds of same feather,** people of same attitude, एक ही थैली के चट्टे-बट्टे; **in fine feather,** in excellent condition, उत्तम अवस्था में। *v.* (feathered, feathering) to cover, adorn or fit with feathers, पंख लगाना, पंखों से सजाना। □ **feather one's nest,** to accumulate wealth when opportunity occurs, अवसर मिलने पर ख़ूब धन

बटोरना।

feather bed (फ़ॅद्´-अॅ:-बॅड्) *n.* a mattress filled with feathers, परों से भरा गद्दा।

feather bed (फ़ॅद्´-अॅ:-बॅड्´) *v.* (featherbeded, featherbeding) to employ more workers than are actually needed for a work, किसी कार्य में आवश्यकता से अधिक आदमी नियोजित करना (सरकारी या मज़दूर संघ के नियमों के कारण)।

featherbrain (फ़ॅद्´-अॅ:-ब्रेन्) *n.* a silly person, मूर्ख व्यक्ति।

featherbrained (फ़ॅद्´-अॅ:-ब्रेन्ड्) *adj.* silly, stupid, मूर्ख, बेवकूफ़।

featheredge (फ़ॅद्´-अॅ:-ऍज्) *n.* a fine edge, धारदार किनारा।

featherweight (फ़ॅद्´-अॅ:-वेट्) *n.* 1. a boxer weighing between 54 to 57 kilograms, 54 से 57 किलोग्राम तक वज़नवाला मुक्केबाज़।2. a person of little influence, महत्त्वहीन व्यक्ति।

feathery (फ़ॅद्´-अॅ-री) *adj.* 1. covered with feathers, पंखों से युक्त, पंखदार।2. light and soft like feathers, पंखों की तरह हलका और मुलायम।

feature (फ़ी´-चॅ:) *n.* 1. any of the parts of the face, चेहरे का कोई अंग (जैसे आँख, नाक, मुँह आदि)। 2. a distinctive or prominent characteristic, लक्षण, विशिष्टता।3. a prominent article in a newspaper or periodical, पत्र-पत्रिका का विशिष्ट लेख। 4. a long film, फ़ीचर फ़िल्म। 5. (plu.) facial appearance, चेहरा-मोहरा, नाक-नक़्शा, सूरत-शक्ल। *v.* (featured, featuring) 1. to be a feature (of, का) लक्षण होना। 2. to draw the features of, विशिष्टताएँ या लक्षण दिखाना, चित्रित करना। 3. to give special prominence to, प्रमुखता देना।

feature film *n.* a long film, फ़ीचर फ़िल्म।

featureless (फ़ी´-चॅ:-लिस्) *adj.* without features, लक्षणों से रहित, विशिष्टता-विहीन।

feaze (फ़ीज़्´) *v.* (feazed, feazing) to faze or disconcert, व्याकुल कर देना, घबरा देना।

febrifuge (फ़ॅब्´-रि-फ़्यूज्) *adj.* serving to reduce fever, बुख़ार उतारने या कम करनेवाला।

febrile (फ़ैब्´-रिल्, फ़ी´-ब्राइल्) *adj.* having a fever, ज्वरग्रस्त, जिसे बुख़ार चढ़ा हो।

February (फ़ॅब्´-रु-अॅर्-ई) *n.* the second month of the year, फ़रवरी महीना।

feces (फ़ी´-सीज़्) *n.* faeces, waste excreted from the bowels, मल, गू, विष्ठा।

feckless (फ़ॅक्´-लिस्) *adj.* 1. careless, लापरवाह। 2. irresponsible, अनुत्तरदायी। 3. ineffective, प्रभावशून्य।4. incompetent, अक्षम।

fecund (फ़ी´-कॅन्ड्, फ़ॅक्´-अॅन्ड्) *adj.* 1. fertile, उर्वर, उपजाऊ। 2. productive, जनक, उत्पादक। 3. fruitful, फलदायक।

fecundate (फ़ी´-कन्-डेट् / फ़ॅक्´-अॅन्-डेट्) *v.* (fecundated, fecundating) 1. to impregnate, गर्भाधान करना, गर्भवती बनना। 2. to pollinate, निषेचन करना।

fecundation (फ़ी´-कन्-डे´-शॅन् / फ़ॅक्-अॅन-डे´-शॅन्) the act of fecundating, गर्भाधान, निषेचन।

fecundity (फ़ि-कन्´-डि-टी) *n.* 1. fertility, उर्वरता। 2. productivity, उत्पादकता, जननशक्ति।

fed (फ़ॅड्) *v.* p.t. & p.p. of feed.

fedayeen (फ़ॅड्-अॅ-यीन्´) *n.* (plu.) Palestinian guerrillas, फिलिस्तीन छापामार।

federal (फ़ॅड्´-अॅ-रॅल्) *adj.* of or formed into a federation, संघीय, परिसंघीय; federal govt., संघीय सरकार।

federalism (फ़ॅड्´-अॅ-रॅ-लिज्-अॅम्) *n.* the federal principle of government, संघवाद, परिसंघवाद।

federalist (फ़ॅड्´-अॅ-रॅ-लिस्ट्) *n.* a person who believes in or supports federalism, संघवादी, परिसंघवादी।

federalistic (फ़ॅड्´-अॅ-रॅ-लिस्-टिक्) *adj.* of federalist, संघवादी, परिसंघवादी।

federalize (फ़ॅड्´-अॅ-रॅ-लाइज़्) *v.* (federalized, federalizing) 1. to unite in a federal union, संघ या परिसंघ बनाना। 2. to put under federal control, संघ या परिसंघ के अधीन करना।

federate (फ़ॅड्´-अॅ-रेट्) *v.* (federated, federating) to join or unite on a federal basis,

संघ या परिसंघ बनाना।

federation (फ़ॆड्-अ-रे´-शन्) *n.* 1. a union of several states, राज्यों का संघ, परिसंघ; 2. the act of federating, संघीकरण, परिसंघीकरण।

fed up (फ़ॆड्´-अप्) *adj.* annoyed and bored, ऊबा हुआ, तंग, परेशान।

fee (फ़ी) *n.* a payment, or remuneration asked or given for professional services, शुल्क, फ़ीस; examination fee, परीक्षा शुल्क।

feeble (फ़ी´-बॅल्) *adj.* 1. lacking strength, कमज़ोर, अशक्त, दुर्बल।2. lacking vigour or force, कमज़ोर, क्षीण, बेदम।

feebleminded (फ़ी´-बॅल्-माइन्´-डिड्) *adj.* mentally deficient, दुर्बल-मस्तिष्क।

feebleness (फ़ी´-बॅल्-निस्) *n.* the state or quality of being feeble, कमजोरी, दुर्बलता।

feebly (फ़ी´-ब्लि) *adv.* in a feeble way, कमज़ोर रूप में, कमज़ोर ढंग से।

feed (फ़ीड्) *v.* (fed, feeding), 1. to give food to, भोजन देना या कराना, खिलाना। 2. to take food (said of animals), भोजन करना, खाना। 3. to supply, पूर्ति करना, देना। □ **feed on (upon),** to take as food, पलना। *n.* 1. a meal, भोजन। 2. food for animals, चारा, पशुचारा। 3. material supplied to or consumed by the machine, मशीन की ख़ुराक, भरण।

feedback (फ़ीड्´-बैक्) *n.* 1. the return of a part of the output to the input, पुनर्निवेश, प्रतिसंभरण। 2. an information in response to a request, प्रतिसूचना।

feeder (फ़ी´-डॅ:) *n.* 1. a child's feeding bottle, बच्चे की दूध पीने की शीशी या बोतल। 2. a power line from a generating station to a distribution network, प्रदाय, भरक, फीडर। 3. a road or railway that leads into something else, सहायक सड़क या रेलपथ।

feeding (फ़ीड्´-इंग्) *n.* an act of a person who feeds, अशन; भरण; निवेशन।

feel (फ़ील्) *v.* (felt, feeling) 1. to touch, छूना, स्पर्श करना।2. to explore by touch, टटोलना। 3. to be conscious of, अनुभूत करना, महसूस करना। 4. to appear to be to the senses, लगना, प्रतीत होना। 5. to think or consider, सोचना, समझना। □ **feel for a person,** to sympathize with him, सहानुभूति प्रकट करना; **feel like,** to be in the mood for, इच्छुक होना, लालायित होना, आतुर होना; **feel up to,** to feel capable of, सक्षम समझना। *n.* perception by touching, sense of touch, स्पर्शानुभूति, स्पर्शजन्य अनुभूति।

feeler (फ़ी´-लॅ:) *n.* an exploratory suggestion or remark for testing people's reactions, दूसरों की प्रतिक्रिया जानने के लिए रखा जानेवाला आरंभिक प्रस्ताव, शोशा, टोह, टटोल।

feeling (फ़ी´-लिंग्) *n.* 1. the power or capacity to feel, स्पर्शानुभूति। 2. the mental or physical awareness, अनुभूति, संवेदना। 3. emotion or sentiment, भावना; bad feelings, कुभावना, दुर्भावना; good feelings, सद्भावना, मैत्री-भावना। 4. readiness to feel sympathy, सहानुभूति की भावना। 5. opinion or attitude, विचार, वृत्ति, रुख; to hurt someone's feelings, किसी का दिल दुखाना। *adj.* 1. sensitive, संवेदनात्मक, संवेदनशील। 2. sympathetic, सहानुभूतिपरक, सहानुभूतिशील। 3. expressing emotion, भावद्योतक, आवेगसूचक।

feet (फ़ीट्) *n.* plu. of foot., □ **on one's feet,** firmly established, दृढ़तापूर्वक स्थापित, जमा हुआ।

feign (फ़ेन्) *v.* (feigned, feigning) 1. to pretend, बहाना करना या बनाना, बहानेबाज़ी करना। 2. to invent, बनाना, गढ़ना, निकालना।

feint (फ़ेन्ट्) *n.* a feigned attack to attract someone's attention, शत्रु का ध्यान हटाने के लिए किया जानेवाला झूठ-मूठ का आक्रमण या प्रहार। *v.* (feinted, feinting) to make a feint, झूठ-मूठ का आक्रमण या प्रहार करना।

felicitate (फ़ॅ-लिस्´-इ-टेट्) *v.* (felicitated, felicitating) to congratulate, बधाई देना, मुबारकबाद देना।

felicitation (फ़ॅ-लिस्-इ-टे´-शन्) *n.* congratulation, बधाई, मुबारकबाद।

felicitous (फ़ॅ-लिस्´-इ-टॅस्) *adj.* 1. appropriate, well-chosen, समुचित, उपयुक्त,

चुनिंदा। 2. having an agreeable manner or style, चारु, ललित।

felicity (फ़ॅ-लिस्´-इ-टी) *n.* 1. great happiness, आनंद, सुख। 2. a cause of happiness, आनंद या सुख देनेवाला काम, बात या वस्तु। 3. a pleasing manner or style, लालित्यपूर्ण शैली या ढंग। 4. appropriateness of expression, अभिव्यक्ति-क्षमता।

feline (फ़ी´-लाइन्) *adj.* of or pertaining to cats or related animals, catlike, विडालीय, बिल्लियों का-सा, बिल्ली-वर्गीय। *n.* an animal of the cat family, बिल्ली या बिल्ली के वर्ग का कौई जीव (शेर, बाघ आदि)।

fell[1] *v.* p.t. of fall.

fell[2] (फ़ॅल्) *v.* (felled, felling) 1. to knock down, गिरा देन। 2. to cut down, काटकर गिरा देना। 3. to stich down flat, टाँकना, टाँके लगाना।

fell[3] *adj.* 1. cruel, क्रूर, निर्मम, नृशंस। 2. destructive, विनाशक। 3. dangerous, ख़तरनाक, भयानक।

fellah (फ़ॅल्´-अॅ) *n.* a peasant in Arab Countries, अरब देशों का किसान।

fellow (फ़ॅल्´-ओ) *n.* 1. a man or boy, आदमी या लड़का। 2. a boyfriend, यार। 3. one who is associated with another, साथी, संगी, सहयोगी, जोड़ीदार; a fellow traveller, सहयात्री। 4. a member of a learned society, किसी विद्वद् समाज का सदस्य, सम्मानित सदस्य, अध्येता, अधिसदस्य। 5. a graduate, स्नातक। *adj.* having the same ideas, position, work etc., समान विचारोंवाला, समान स्थितिवाला, समान काम करनेवाला; fellow students, समान विचारोंवाले छात्र।

fellow feeling *n.* 1. mutual understanding, मित्रभाव। 2. sympathy, सहानुभूति।

fellowship (फ़ॅल्´-ओ-शिप्) *n.* 1. friendly association, दोस्ताना, मैत्री, यारी। 2. brotherhood, भाई-चारा। 3. a group of people with same interest, बिरादरी, संस्था, संघ। 4. the position of a graduate, स्नातकत्व। 5. membership (of an institution, संस्था की) उदस्यता। 6. scholarship, अध्येतावृत्ति।

fellow traveller *n.* a person who sympathizes with some organization without actually joining it, सहयात्री, सहानुभूतिशील व्यक्ति।

felon[1] (फ़ॅल्´-अॅन्) *n.* a person guilty of a major crime, महापराधी, घोर अपराधी।

falon[2] *n.* a pus-filled infection near the nail of a finger or toe, गलका।

felony (फ़ॅल्´-अॅ-नी) *n.* a major crime (arson, murder rape etc.), महापराध, घोर अपराध।

felt[1] (फ़ॅल्ट्) *n.* a matted fabric of wool, fur, hair etc., जमाया हुआ ऊनी कपड़ा, नमदा। *v.* (felt, felting) to make felt, नमदा बनाना।

felt[2] *v.* p.t & p.p of feel.

female (फ़ि´-मेल्) *adj.* 1. of or characteristic of the sex that can bear offspring or fruit, मादा। 2. of or characteristic of a woman, मादा, स्त्रीसुलभ, नारीसुलभ। *n.* a female animal or plant, स्त्री, मादा पशु या मादा पौधा; female sex, स्त्री जाति; female suffrage, महिला मताधिकार।

feminine (फ़ॅम्´-इ-निन्) *adj.* 1. of or belonging to the female sex, मादा। 2. having characteristics of a woman, नारीवत्, नारी सुलभ, स्त्रियोचित। 3. belonging to the gender of the feminine nouns, स्त्रीवाची, स्त्रीलिंग-संबंधी, स्त्रीलिंग।

femininity (फ़ॅम्-इ-निन्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being feminine, मादापन, नारीत्व। 2. women in general, स्त्री जाति।

feminism (फ़ॅम्´-इ-निज्-अॅम्) *n.* a doctrine that advocates equal rights for women, स्त्रियों के लिए पुरुषों के समान अधिकारों का प्रतिपादन करनेवाला सिद्धांत, नारीवाद।

feminist (फ़ॅम्´-इ-निस्ट्) *n.* an advocate or supporter of feminism, नारीवादी। *adj.* of feminism, नारीवादी।

femme fatale (फ़ॅम्-फ़ॅ-टैल्´) *n.* a beautiful but seauctive woman, आचरण भ्रष्ट करनेवाली सुंदरी, छलहाई। (फ्रांसीसी)

femoral (फ़ॅम्´-अॅ-रॅल्) *adj.* pertaining to femur, ऊर्वस्थि-संबंधी।

femur (फ़ी´-मु:) *n.* (plu. femora, femurs)

the thighbone, जंघे की हड्डी, रान की हड्डी, ऊर्वस्थि।

fen (फ़ेन्) *n.* swampyland, हलदल, दलदली भूमि।

fence (फ़ेन्स्) *n.* 1. a barrier of wooden posts, wires etc. to mark a boundary, घेरा, बाड़। 2. a place where stolen goods are purchased and sold, चोर-महल्ला, चोर-बाज़ार। 3. a person engaged in such practice, चोरी का माल खरीदने या बेचनेवाला। □ **on the fence,** avoiding giving support to either side, बेलाग। *v.* (fenced, fencing) to surround with a fence, बाड़ लगाना, घेरा बनाना। □ **fence in,** to surround, घेर लेना; **fence off,** to close of by fencing, बाड़ लगाकर बंद कर देना।

fencing (फ़ेन्´-सिंग्) *n.* 1. the art or sport of fighting with foils, पटेबाज़ी, भोथरी तलवारों से की जानेवाली लड़ाई।2. material for fencing, बाड़ लगाने की वस्तुएँ या सामग्री। 3. a system of fences, बाड़ लगाने का ढंग या पद्धति।

fend (फ़ेन्ड्) **v.** (fended, fending) 1. to repel or ward off, हटाना, परे करना, धकेल देना। 2. to protect, रक्षा करना। □ **fend for,** to provide a livelihood for, रोज़ी का प्रबंध करना, जीविका का जुगाड़ करना; **fend for oneself,** to try to get along without help, अपनी जरूरतें आप पूरी करना, अपने लिए स्वयं सामान जुटाना; **fend off,** to ward off, दूर करना, हटाना।

fender (फ़ेन्´-डः) *n.* 1. a mudguard, मडगार्ड। 2. a screen in front of a fireplace, चूल्हे के आगे बनी हुई दीवार।

fenestration (फ़ेन्-अॅ-स्ट्रे´-शॅन्) *n.* the design and arrangement of windows in a building, भवन की खिड़कियों की व्यवस्था।

fennel (फ़ेन्´-अॅल्) *n.* a kind of aromatic seeds used as flavouring, सौंफ।

feral (फ़ेर्´-अॅल्) *adj.* 1. wild or untamed, वन्य, जंगली, जो सधाया न गया हो; feral child, वन्य बालक। 2. savage, बर्बर।

ferdelance (फ़ेःड्-डॅ-लैन्स्´) *n.* a poisonous snake of south America, दक्षिणी अमरीका का एक प्रकार का ज़हरीला साँप।

ferity (फ़ेर्´-अॅ-टी) *n.* the state or quality of being feral, जंगलीपन; बर्बरता।

ferment[1] (फ़ः´-मेंन्ट्) *n.* 1. yeast, ख़मीर। 2. fermentation, ख़मीरीकरण। 3. something that causes this, ख़मीर उठाने का जामन।

ferment[2] (फ़ः-मेंन्ट्´) *v.* (fermented, fermenting) 1. to undergo or cause to udergo fermentation, ख़मीर उठना या उठाना। 2. to seethe, to be turbulent, उफनना, उबाल खाना, तैश में आना।

fermentation (फ़ः-मेंन्-टे´-शॅन्) *n.* the act or process of fermenting, ख़मीरीकरण।

fern (फ़ःन्) *n.* a class of flowerless plants with green leaves, बिना फूलोंवाले पौधों का एक वर्ग, हरे-हरे पत्तोंवाले पौधे, पर्णांग।

fernery (फ़ः´-नॅ-री) *n.* 1. a place where ferns are grown, पर्णांग-स्थली। 2. collection of ferns, पर्णांग-समूह।

ferocious (फ़ॅ-रो´-शॅस्) *adj.* violently cruel, fierce, ख़ूँखार, बर्बर, प्रचंड, विकराल।

ferociously (फ़ॅ-रो´-शॅस्-ली) *adv.* in a ferocious manner, बर्बरतापूर्वक, प्रचंड रूप से।

ferociousness (फ़ॅ-रो´-शॅस्-निस्) *n.* the quality or state of being ferocious, बर्बरता, विकरालता, प्रचंडता।

ferocity (फ़-रॉस्´-इ-टी) *n.* fierceness, ferociousness, बर्बरता, विकरालता, प्रचंडता।

ferret (फ़ेर्´-इट्) *n.* 1. a domesticated animal of weasel family, नेवले की जाति का एक जंतु, (ख़रगोशों, चूहों आदि से खेतों की रक्षा करने के लिए विदेशों में पाला जाता है)। 2. a spy, गुप्तचर, जासूस। *v.* (ferreted, ferreting) to hunt with ferrets, नेवलों से शिकार खेलना।

ferric (फ़ेर्´-इक्) *adj.* of iron, लौह-संबंधी।

Ferris wheel *n.* a rotating wheel having seats hanging from the frame, हिंडोला, चर्खी।

ferrous (फ़ेर्´-अॅस्) *n.* containing iron, लौह-युक्त।

ferrule (फ़ेर्´-अॅल्) *n.* a metal ring, tube or cap placed over the end of a stick or post

for strengthening it, जोड़-चूड़ी, छल्ला, शाम।

ferry (फ़ॅर्´-ई) *v.* (ferried, ferrying) 1. to transport by boat, नाव से ले जाना, पार उतारना। 2. to go by ferry, नाव से पार जाना। *n.* 1. a boat, नाव। 2. a place where ferries cross, घाट। 3. the right to transport by boat, नाव से आर-पार ले जाने का अधिकार।

ferry-boat (फ़ॅर्´-इ-बोट्) *n.* a boat for transporting people or goods, नाव।

fertile (फ़ः´-टाइल् / टिल्´) *adj.* 1. (soil) producing abundantly, उपजाऊ, उर्वर। 2. highly productive, उपजाऊ, उर्वर।

fertility (फ़ः´-टि-लि-टी) *n.* the quality or state of being fertile, उर्वरता।

fertilization (फ़ः-टि-लि-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of fertilization, उर्वरीकरण।

fertilize (फ़ः´-टि-लाइज़्) *v.* (fertilized, fertilizing) 1. to make fertile, उपजाऊ बनाना, उर्वर बनाना। 2. to provide with sperm or pollen, गर्भाधान करना, निषेचन करना।

fertilizer (फ़ः´-टि-लाइज़्-अॅः) *n.* chemical manure, रासायनिक खाद, उर्वरक।

ferule (फ़ॅर्´-उल्) *n.* a stick used in punishing children, बेंत, डंडा। *v.* (feruled, feruling) to punish with a ferule, बेंत लगाना, डंडे से पीटना या मारना।

fervency (फ़ः´-वॅन्-सी) *n.* great warmth of feeling, उमंग, उत्साह, जोश, आवेश।

fervent (फ़ः´-वॅन्ट्) *adj.* 1. having or showing great warmth of feeling, भावपूर्ण, जोश-भरा, उत्साहपूर्ण, उमंग-भरा, हार्दिक। 2. hot, burning or glowing, उत्तप्त, प्रदीप्त।

fervid (फ़ः´-विड्) *adj.* 1. extremely hot, उत्तप्त। 2. fervent, उमंग-भरा, उत्साहपूर्ण, भावपूर्ण।

fervour, fervor (फ़ः´-वॅः) *n.* 1. intensity of emotion, आवेश, आवेग, जोश। 2. intense heat, प्रचंड ताप।

festal (फ़ॅस्´-टॅल्) *adj.* of a festival, उत्सव-संबंधी, उत्सवीय।

fester (फ़ॅस्´-टॅः) *v.* (festered, festering) 1. to form pus, मवाद पड़ना। 2. to decay, सड़ने लगना। 3. to be or become a source of irritation, दुखदायी होना, कष्ट देना।

festival (फ़ॅस्-टि-वॅल्) *n.* 1. a day or time of religious celebration or feasting, त्योहार, पर्व। 2. any occasion for celebration, मेला, आनंद-मेला। 3. an organized series of music, drama, films etc. given periodically, मेला, समारोह; film festival, फ़िल्म-मेला, फ़िल्म-समारोह; drama festival, नाट्य-समारोह।

festive (फ़ॅस्´-टिव्) *adj.* 1. of a festival, उत्सव-संबंधी। 2. of a feast, भोज-संबंधी। 3. merry, joyous, आनंदा-भरा, आनंदमय।

festivity (फ़ॅस्-टिव्´-इ-टी) *n.* 1. festival, उत्सव। 2. mirth, gaity, आनंद, आनंदमंगल।

festoon (फ़ॅस्-टून्´) *n.* a decorative chain of leaves, flowers etc., बंदनवार, झालर, तोरण। *v.* (festooned, festooning) to decorate with festoons, बंदनवार लगाना।

Festschrift (फ़ॅस्ट्´-श्रिफ़्ट्) *n.* a volume presented to a scholar to honour an occasion in his life, किसी विद्वान को समर्पित किया जानेवाला ग्रंथ, अभिनंदन-ग्रंथ।

fetal (फ़ी´-टॅल्) *adj.* of a fetus, foetal, भ्रूण-संबंधी, भ्रूणिक।

fetch (फ़ॅच्) *v.* (fetched, fetching) 1. to go after and return with, to bring, ले आना, लेकर आना। 2. to bring as a price, दे जाना; This house will fetch much money. यह मकान अच्छी-खासी रक़म दे जाएगा। 3. to inhale, साँस लेना या खींचना। 4. to deal (a blow, आघात) लगाना।

fetching (फ़ॅच्´-इंग्) *adj.* charming, attractive, चारु, आकर्षक।

fete (फ़ेट्) *n.* 1. a festival, त्योहार। 2. a gala entertainment held outdoor, आनंद-मेला, फेट। *v.* (feted, feting) to honour or celebrate with a fete, आनंद-मेले का आयोजन करना।

feticide (फ़ी´-टि-साइड्) *n.* the killing of a fetus, भ्रूण-हत्या।

fetid (फ़ॅट्´-इड्) *adj.* having a bad smell, बदबूदार, महकनेवाला, दुर्गंधित।

fetish (फ़ॅट्´-इश्) *n.* 1. any object believed by primitive people to have magical

power. वह वस्तु जिसे चामत्कारिक समझकर प्राचीन लोग पूजते थे।

fetishism (फ़ेट्´-इ-शिज़्-अॅम्) *n.* blind dovotion to fetishes, अंधश्रद्धा, अंधभक्ति।

fetishist (फ़ेट्´-इश्-इस्ट्) *n.* a worshiper of fetishes, अंधश्रद्धालु, अंधभक्त।

fetlock (फ़ेट्´-लॉक्) *n.* a tuft of hair on the back of a horse's leg just above the hoof, घोड़े के टखने पर उगनेवाले बालों का गुच्छा।

fetter (फ़ेट्´-अॅ:) *n.* 1. (usually plu.) a chain or shackle for the feet, बेड़ी, सिगड़, निगड़। 2. (plu.) something that holds in check, बाधा, रुकावट, बंधन। *v.* (fettered, fettering) 1. to bind with fetters, बेड़ियाँ पहनाना, बेड़ियाँ डालना। 2. to hold in check, रोक लगाना, बंधन में रखना, जकड़ देना।

fettle (फ़ेट्´-अॅल्) *n.* the condition, state, स्थिति, दशा हालत; in fine fettle, अच्छी हालत में, अच्छी स्थिति में।

fetus (फ़ी´-टॅस्) *n.* the unborn young in the womb, foetus, भ्रूण।

feud (फ़्यूड्) *n.* a prolonged quarrel, पुराना झगड़ा, कलह, वैर; family feud, कुल-वैर, पुश्तैनी झगड़ा।

feudal (फ़्यू´-डॅल्) *adj.* of or having to do with feudalism, सामंतवादी, सामंती, जागीरदारी का; feudal age, सामंती युग।

feudalism (फ़्यू´-डॅल्-इज़्-अॅम्) *n.* economic, social and political organization of medieval Europe, सामंतवाद, सामंतशाही, जागीरदारी।

feudalistic (फ़्लू´-डॅ-लिस्-टिक्) *adj.* feudal, सामंती; feudalistic monarchy, सामंतवादी राजतंत्र।

feudality (फ़्यू-डैल्´-इ-टी) *n.* feudalism, सामंतवाद।

feudatory (फ़्यू´-डॅ-टर्-ई) *n.* a person who holds land by feudal tenure, सामंत, जागीरदार। *adj.* feudal, सामंती।

fever (फ़ी´-वॅ:) *n.* 1. abnormally high body temperature, ताप। 2. a disease characterized by this, बुख़ार, ज्वर। 3. craze, ललक। 4. excitement, आवेश। ☐ **at fever pitch,** at a state of intense excitement, उत्तेजना की स्थिति में।

fevered (फ़ी´-वॅ:ड्) *adj.* having fever or affected with fever, जिसे बुख़ार चढ़ा हो, ज्वरग्रस्त।

feverish (फ़ी´-वॅ-रिश्) *adj.* 1. having slight fever, जिसे हलका बुख़ार हो। 2. excited, उत्तेजित, आवेशपूर्ण।

few (फ़्यू) *adj. & pron.* a small number, not many, कुछ, थोड़े से, कुछ ही। ☐ **a few,** some, कुछ; **few and far between,** very few, इने-गिने; **quite a few,** many, बहुत से, बहुतेरे; **the few,** the minority, अल्पमत लोग, अल्पसंख्यक।

fey (फ़े) *adj.* 1. playful, खिलवाड़ी। 2. mischievous, नटखट, शरारती।

feyness (फ़े´-निस्) *n.* 1. playfulness, खिलवाड़। 2. mischievousness, शरारत, नटखटी।

fez (फ़ॅज़्) *n.* a cap worn by turkish men, तुर्की टोपी।

fiance (फ़ी-आन्-से´) *n.* the man to whom a woman is to be married, वह पुरुष जिसकी मँगनी हुई हो, मँगेर।

fiancee (फ़ी-आन्-से´) *n.* the woman to whom a man is engaged to be married, वह स्त्री जिसकी मँगनी हुई हो, मँगेतर।

fiasco (फ़ी-ऐस्´-को) *n.* (plu. fiascos, fiascoes) a complete failure, पूर्ण विफलता, चौपट होने का भाव, सत्यानाश। (इतालवी)

fiat (फ़ी´-अॅट्) *n.* 1. an order, आदेश। 2. a sanction, स्वीकृति, मंजूरी।

fib (फ़िब्) *n.* a lie about something unimportant, छोटा-मोटा झूठ, गप। *v.* (fibbed, fibbing) to tell a fib, छोटा-मोटा झूठ बोलना, गप हाँकना।

fibber (फ़िब्´-अॅ:) *n.* a person who tells fibs, गप्पी, गप हाँकनेवाला, डपोरसंख।

fibre, fiber (फ़ाइ´-बॅ:) *n.* 1. a threadlike structure that combines with others to form a tissue, तंतु, रेखा। 2. the texture of something, बुनावट। 3. strength of character, चरित्रबल, मनोबल; moral fiber, नैतिक बल।

fibreboard (फ़ाइ´-बॅ:-बो:ड्) *n.* a board made

from compressed fibres, तंतुओं को जमा या दबाकर बनाया हुआ पट्ट।

fibreglass (फ़ाइ´-बॅ:-ग्लास् / ग्लैस्) *n.* a fabric made from glass fibres, फ़ाइबर ग्लास।

fibril (फ़ाइ´-ब्रिल्, फ़िब्´-रिल्) *n.* a small fibre, सूक्ष्म तंतु।

fibrous (फ़ाइ´-ब्रॅस्) *adj.* composed of fibres, तंतुओं से बना हुआ, तंतुमय।

fibula (फ़िब्´-यू-लॅ) *n.* (plu. fibulae) the outer and thinner of the two bones of the human leg between the knee and ankle, उपजंघिका, फिबुला।

fichu (फ़िश्´-ऊ) *n.* a woman's triangular scarf worn over the shoulder, कंधों पर डाला जानेवाला तिकोना स्कार्फ़।

fickle (फ़िक्´-अॅल्) *adj.* inconstant, अस्थिर। 2. changeable, परिवर्तनशील। 3. unstable in affection, ढुलमुल, अस्थिर।

fictile (फ़िक्´-टिल्) *adj.* 1. that can be moulded, जिसे साँचे में ढाला जा सके। 2. formed of moulded clay, मिट्टी को साँचे में ढालकर बनाया हुआ। 3. of pottery or ceramics, मृण्मय।

fiction (फ़िक्´-शॅन्) *n.* 1. anything made up or imagined, कल्पना। 2. any literary work portraying imaginary characters and events, गल्प, कथा, कहानी या उपन्यास। 3. the category of literature with imaginary characters and events, कथा-साहित्य।

fictional (फ़िक्´-शॅ-नॅल्) *adj.* of or having nature of fiction, कल्पना-संबंधी; कथा-साहित्य संबंधी।

fictionalize (फ़िक्´-शॅ-नॅ-लाइज़्) *v.* (fictionalized, fictionalizing) to make into a fictional narrative, (किसी घटना को) कहानी या उपन्यास का रूप देना, उपन्यस्त करना।

fictitious (फ़िक्-टिश्´-अॅस्) *adj.* 1. not real or genuine, बनावटी। 2. imagined, कल्पित, काल्पनिक, मनगढ़ंत; fictitious name, कल्पित नाम। 3. false, मिथ्या, असत्य।

fictive (फ़िक्´-टिव्) *adj.* imaginary, काल्पनिक।

fiddle (फ़िड्´-अॅल्) *n.* a violin, वायलिन। *v.* (fiddled, fiddling) 1. to play a violin, वायलिन बजाना। 2. to fidget, अकुलाना, विकल होना। 3. to tinker with, खिलवाड़ करना, छेड़-छाड़ करना।

fiddler (फ़िड्´-लॅ:) *n.* a violinist, वायलिन-वादक।

fiddler crab *n.* a kind of small crab, एक प्रकार का छोटा केकड़ा।

fiddlesticks (फ़िड्´-अॅल्-स्टिक्स्) *interj.* वाहियात, बेकार।

fiddling (फ़िड्´-लिंग्) *adj.* 1. that plays the fiddle, वायलिन बजानेवाला। 2. useless, trifling, बेकार, तुच्छ, नगण्य।

fiddly (फ़िड्´-ली) *adj.* useless, trifling, बेकार, तुच्छ, नगण्य।

fidelity (फ़ि-डॅल्´-इ-टी, फ़ाइ-डॅल´-इ-टी) *n.* 1. loyalty, faithfulness, निष्ठा, वफ़ादारी। 2. reliability, विश्वसनीयता। 3. truthfulness, सच्चाई। 4. accuracy or precision, शुद्धता, यथातथ्यता, यथार्थता।

fidget (फ़िज्´-इट्) *v.* (fidgeted, fidgeting) 1. to move nervously or restlessly, बेचैन या अधीर होना, चुलबुलाहट होना। 2. to make (a person) uneasy or restless, बेचैन या अधीर कर देना। 3. to worry, चिंता करना। *n.* 1. a person who fidgets, अधीर व्यक्ति: चुलबुला व्यक्ति। 2. (plu.) a condition of nervousness or restlessness, अधीरता, चुलबुलाहट।

fidgety (फ़िज्´-अॅ-टी) *adj.* nervous or restless, अधीर, चुलबुला।

fido (फ़ाइ´-डो) *n.* a coin with a minting error, ऐसा सिक्का जिसे ढालते समय कोई भूल रह गई हो।

fiduciary (फ़ि-ड्यू´-शि-अॅर-ई) *n.* a trustee, न्यासी। *adj.* 1. of a trustee, न्यासी-संबंधी। 2. of or pertaining to trust or reliance, विश्वास-संबंधी, वैश्वासिक।

fie (फ़ाइ) *interj.* an expression of distaste or shock, छीछी, दुरदुर।

fief (फ़ीफ़्) *n.* 1. a feudal estate, जागीर। 2. the right to hold such land, जागीरदारी।

field (फ़ील्ड्) *n.* 1. a piece of open land, a wide open space, मैदान, क्षेत्र। 2. a piece of

land devoted to a particular crop, खेत। 3. an area containing specified natural product, क्षेत्र; a coal field, कोयला-क्षेत्र; an oil field, तेल-क्षेत्र। 4. a battle field, लड़ाई का मैदान, रणक्षेत्र, रणभूमि। 5. a playground, stadium, खेल का मैदान, क्रीडांगन। 6. in cricket, the fielders collectively, क्षेत्ररक्षण करनेवालों का समूह, क्षेत्ररक्षक दल। 7. an area of human activity, कार्यक्षेत्र। 8. background (as of a coin, सिक्के की) पृष्ठभूमि। 9. a subject or sphere of knowledge, विषय, क्षेत्र। 10. field of study, अध्ययन-क्षेत्र। *v.* (fielded, fielding) 1. to put (a team) into a field, (दल को) मैदान में उतारना। 2. to catch and return the ball in cricket etc., क्षेत्ररक्षण करना।

field day *n.* 1. a day devoted to military exercises, सैनिकों का प्रदर्शन-दिवस। 2. a day of athletic events, खेल-दिवस, क्रीड़ा-दिवस। 3. an occasion of great pleasure or exciting activity, आनंद-दिवस, मौज-मस्ती का दिन, ख़ुशी का दिन।

fielder (फ़ील्'-डः) *n.* (in cricket) a player in the field, क्षेत्ररक्षक, फ़ील्डर।

field goal *n.* a goal kicked from the field, मैदानी गोल।

field gun *n.* a cannon set on wheels, पहिएदार तोप।

fielding (फ़ील्ड्'-इंग्) *n.* in cricket, taking the field, क्षेत्ररक्षण।

field marshal *n.* an army officer of the highest rank, फ़ील्ड मार्शल।

field trip *n.* a group excursion to observe and learn, अध्ययन-यात्रा।

field work *n.* the work done or observations made in the field, क्षेत्रकार्य।

fiend (फ़ीन्ड्) *n.* 1. an evil spirit, पिशाच, भूत-प्रेत, प्रेतात्मा। 2. an extremely evil or cruel person, दुष्ट या निर्मम व्यक्ति , दुष्टात्मा। 3. a devotee or addict, भक्त, दीवाना, आदी, शौक़ीन; fresh air fiend, ताज़ा हवा का शौक़ीन।

fiendish (फ़ीन्ड्'-इश्) *adj.* 1. devilish, पैशाचिक। 2. cruel, निर्मम, क्रूर, नृशंस।

fierce (फ़िअॅःस्) *adj.* 1. extremely violent, भयानक, भयंकर। 2. unpleasantly strong, प्रचंड, घोर, विकराल। 3. wild and savage, बर्बर, जंगली।

fierceness (फ़िअॅःस्'-निस्) *adj.* quality or state of being fierce, भयंकरता, प्रचंडता, बर्बरता।

fierily (फ़ाइ'-रि-ली / फ़ाइ'-अॅर-इ-ली) *adv.* in a fiery manner, आग उगलते हुए।

fieriness (फ़ाइ'-रि-निस्) *n.* the quality or state of being fiery, ज्वलनशीलता; प्रचंडता; जोश।

fiery (फ़ाइ'-अॅ-री) *adj.* 1. of or like fire, जलता हुआ, ज्वलंत, ज्वलनशील। 2. filled with or exhibiting intense emotion, आग उगलनेवाला, आग उगलता हुआ, जोशीला, प्रचंड। 3. easily provoked, गुस्सैल।

fiesta (फ़ी-ऍस्'-टॅ) *n.* a religious festival or celebration, पर्व, धार्मिक समारोह।

fife (फ़ाइफ़्) *n.* a musical instrument resembling a flute, बाँसुरी की तरह का एक प्रकार का बाजा।

fifteen (फ़िफ़्-टीन्') *adj. & n.* five more than ten, पंद्रह।

fifteenth (फ़िफ़्-टीन्थ्') *adj.* next after fourteenth, preceded by fourteen others in a series, पंद्रहवाँ।

fifth (फ़िफ़्थ्) *adj.* next after fourth, पाँचवाँ, पंचम।

fifth column (फ़िफ़्थ्'-कॉल्'-अॅम्) *n.* a secret body working for the enemy with in a country, देशद्रोहियों का गुप्त संघटन।

fifth columnist (फ़िफ़्थ्'-कॉल्'-अॅम्-इस्ट्) *n.* a member of a fifth column, देशद्रोही, पंचमांगी।

fifty (फ़िफ़्'-टी) *adj. & n.* ten more than forty, पचास।

fifty-fifty *adj.* 1. shared in two equal portions, आधा-आधा। 2. divided in two equal shares, दो समान भागों में विभक्त; a fifty-fifty chance, ऐसा अवसर जिसमें जीत और हार दोनों की बराबर-बराबर संभावना हो। *adv.* equally, बराबर-बराबर।

fig (फ़िग्) *n.* 1. a tree and its fruit, अंजीर। 2. a

trivial amount, नगण्य मात्रा या परिमाण।

fight (फ़ाइट्) *n.* 1. a battle, लड़ाई, युद्ध। 2. a struggle, संघर्ष। 3. a bout, मल्लयुद्ध, भिड़ंत। 4. inclination to fight, लड़ने का चाव, लड़ने की प्रवृत्ति। *v.* (fought, fighting) 1. to take part in a battle, लड़ाई करना, युद्ध करना, लड़ना। 2. to struggle, संघर्ष करना। 3. to quarrel, झगड़ा करना, बहस या तर्क-वितर्क करना। 4. to wrestle, मल्लयुद्ध करना, भिड़ना। 5. to try to prevent or overcome, लड़ना, जूझना, भिड़ना, मुकाबला करना। □ **fightback,** to resist, प्रतिरोध करना। **fight it out,** to fight until one side is defeated, अंत तक लड़ना; **fight off,** to defend against, बचाव करना, लोहा लेना।

fighter (फ़ाइ´-टॅ:) *n.* 1. one who fights, योद्धा, युयुत्सु, लड़ाकू। 2. a wrestler or boxer, मल्ल, पहलवान या मुक्केबाज़। 3. a combat aircraft, लड़ाकू विमान।

fighting (फ़ाइट्´-इंग्) *adj.* engaged in a battle, युद्धरत, जो लड़ रहा हो; fighting race, योद्धा जाति; fighting season, युद्धकाल।

fighting dance *n.* a chance of succeeding provided that one makes a great effort, वीरोचित अवसर।

figment (फ़िग्´-मॅन्ट्) *n.* 1. something imagined, कल्पना, कल्पित बात। 2. an arbitrary notion, ऊलजलूल धारणा।

figurative (फ़िग्´-यु-रे-टिव्) *adj.* 1. not literal, metaphorical, लाक्षणिक।2. filled with figures of speech, आलंकारिक।

figuratively (फ़िग्´-यु-रॅ-टिव्-ली) *adv.* in a figurative way, लाक्षणिक रूप से, आलंकारिक दृष्टि से।

figure (फ़िग्´-ऑ:, फ़ी´-गॅ:) *n.* a symbol representing number, अंक। 2. an amount represented in numbers, अंकों में लिखी संख्या या राशि। 3. a diagram, outline or design,आरेख, रेखाचित्र। 4. bodily shape, काठी, आकृति, रूप। 5. the impression an individual makes, छाप; to cut a sorry figure, कुछ भी प्रभावित न कर पाना। 6. a figure of speech, अलंकार। 7. (plu.) arithmetic calculations, गिनती, हिसाब। *v.* (figured, figuring) 1. to calculate with figures, गणना करना, हिसाब करना या लगाना। 2. to represent in a diagram or picture, आरेख या चित्र बनाना। 3. to imagine, कल्पना करना। 4. to appear prominently, दिखाई देना या पड़ना, सामने आना, प्रस्तुत होना। 5. to decorate with a design, चित्रित करना, सजाना। □ **figure on (upon),** to rely on, भरोसा करना, प्रत्याशा करना; **figure out,** to solve or enterpret, समाधान या निर्वचन करना।

figured (फ़िग्´-ॲ:ड्) *adj.* decorated, ornamented, अलंकृत, डिज़ाइनदार, सुसज्जित।

figurehead (फ़िग्´-ॲ:-हॅड्) *n.* a person at the head of an organization but no actual authority, नाममात्र का प्रधान, नाममात्र का अध्यक्ष।

figure of speech *n.* a word or phrase having dramatic effects, अलंकार, लाक्षणिक प्रयोग।

figurine (फ़िग्-यु-रीन्´) *n.* a small sculptured figure, छोटी प्रतिमा, लघु मूर्ति।

Fijian (फ़ि-जी´-ॲन्) *adj.* of Fiji, फीजी देश का।

filament (फ़िल्´-ॲ-मॅन्ट्) *n.* 1. a threadlike structure, तंतु। 2. a fine wire in a electric bulb which gives light when electrically heated, फ़िलामेंट, तंतु, तंतुक।

filar (फ़ाइ´-लॅ:) *adj.* of or related to a thread, धागे से संबद्ध।

filaria (फ़ाइ´-लेर्´-इ-ॲ) *n.* (plu. filariae) 1. a threadlike parasitic worm, फ़ाइलेरिया का कीटाणु। 2. a disease caused by filaria worms, फ़ाइलेरिया रोग।

filch (फ़िल्च्) *v.* (filched, filching) to pilfer, उड़ा देना, चुरा लेना।

file[1] (फ़ाइल्) *n.* 1. a holder for keeping papers, फ़ाइल, पंजी; file cover, फ़ाइल आवरण। 2. a collection of papers kept in a file, फ़ाइल में रखे कागज़-पत्र, मिसिल, फ़ाइल। 3. a line of persons or things, पंक्ति, कतार। *v.* (filed, filing) 1. to place in a file, फ़ाइल में रखना, नत्थी करना। 2. to enter or place on record, दर्ज करना, दाख़िल करना। 3. to cata-

logue, सूची बनाना। 4. to march or walk in a line, पंक्तिबद्ध होकर चलना या जाना।

file² (फ़ाइल्) *n.* a tool with a series of sharp ridged edges used for smoothing or shaping things, रेती। *v.* (filed, filing) to smooth, shape or remove with a file, रेती से रगड़ना, रेतना।

file clerk *n.* a clerk who maintains the files in an office, बाबू, लिपिक।

filet mignon (फ़ि-ले॑-मिन्-यॉन्) *n.* (plu. filets mignons) a small choice cut of beef from the loin, पुट्ठे की बोटी। (फ्रांसीसी)

filial (फ़िल्´-इ-अॅल्) *adj.* of, suitable to or due from a son or daughter, संतान-संबंधी, संतान-विषयक, संतानीय; filial duty, संतान का कर्तव्य; filial love, संतान-प्रेम।

filibuster (फ़िल्´-इ-बस्-टॅः) *n.* 1. obstructionist tactics, अड़ंगेबाज़ी। 2. a person who employs such tactics, अड़ंगेबाज़। *v.* (filibustered, filibustering) to obstruct deliberately, अड़ंगेबाज़ी करना, रोड़ा अटकाना।

filigree (फ़िल्´-इ-ग्री) *n.* ornamental lacelike work of twisted gold or silver wire, ज़रदोजी का काम।

filling (फ़िल्´-इंग्) *n.* 1. a thing used to fill something else, भरती। 2. (plu. fillings) a particle scraped off with a file, रेतने से निकला हुआ कण। 3. (plu.) fillings, चूरा।

fill (फ़िल्) *v.* (filled, filling) 1. to make full or supply with material, भर देना, भरना। 2. to become full, भर जाना, भर आना। 3. to stop or block up, बंद करना या होना। 4. to fulfill, पूर्ति करना, निर्वाह करना। 5. to satisfy, संतुष्ट या परितृप्त करना। 6. to appoint, नियुक्त करना। 7. to occupy, (पद) ग्रहण करना। *n.* material used to fill something, भरती, भरती का माल। □ **one's fill,** quantity needed to satisfy one, उतना भोजन जिससे कोई अघा जाए।

fillagree (फ़िल्´-अॅ-ग्री) *n.* filigree.

fille (फ़ीय्) *n.* 1. a daughter, पुत्री, कन्या। 2. a girl, कन्या, लड़की। (फ्रांसीसी)

fille de joie (फ़ीय्-डॅ-ज़्वाः´) *n.* a daughter of joy i.e. prostitute, वेश्या। (फ्रांसीसी)

filler (फ़िल्´-अॅः) *n.* 1. a material used to fill a place, cavity or to increase the bulk of something, भरती, भराव, भरान। 2. the tobacco rolled in the leaf of a cigar, सिगार के पत्ते में भरा जानेवाला तंबाकू। 3. a short space-filling item in a news paper, जगह भरने के लिए अख़बार में दी जानेवाली सामग्री, भरती।

fillet (फ़िल्´-इट्) *n.* 1. a band or ribbon worn around the head, सिर पर बाँधी जानेवाली पट्टी या रिबन। 2. a boneless slice of meat or fish, गोल मांस।

filling (फ़िल्´-इंग) *n.* something used to fill a space or cavity, भराव, भरती, भरान, भरत, भरी जानेवाली वस्तु।

filling station *n.* 1. a place where cylinders, tankers etc. are filled, भराई-केंद्र। 2. a gas station, गैस भरने का केंद्र, गैस-केंद्र।

fillip (फ़िल्´-इप्) *n.* 1. a blow or tap given with a finger, उँगली का आघात, टप। 2. stimulation, प्रोत्साहन। *v.* (filliped, filliping) 1. to strike with finger, उँगली से आघात करना। 2. to stimulate, प्रोत्साहित करना।

filly (फ़िल्´-ई) *n.* a young female horse, बछेड़ी।

film (फ़िल्म्) *n.* 1. a thin skin or membrane, झिल्ली। 2. a thin flexible strip of cellulose used to make negatives and transparencies, फ़िल्म। 3. a motion picture, चलचित्र, सिने-फ़िल्म। 4. a layer of mist, कोहरे की हलकी परत। *v.* (filmed, filming) to make a motion picture of (of a scene, story etc., किसी दृश्य, कहानी आदि पर), फ़िल्म बनाना।

film star *n.* an actor or actress in films, फ़िल्म-अभिनेता या फ़िल्म-अभिनेत्री।

filter (फ़िल्´-टॅः) *n.* a device or porous substance through which a liquid or gas is passed in order to remove impurities, फ़िल्टर, निथारनेवाला उपकरण। *v.* (filtered, filtering) 1. to pass through a filter, निथरना। 2. to cause to pass through a

filter, निथारना। 3. to remove objectionable items, particulars etc., आपत्तिजनक अंश निकाल देना।

filter paper ***n.*** porous paper for filtering liquids, फ़िल्टर पेपर।

filter-tipped (फ़िल्´-टॅ:-टिप्ड्) ***adj.*** having filter at the mouth end, फ़िल्टरयुक्त (सिगरेट)।

filth (फ़िल्थ्) ***n.*** 1. foul or dirty matter, गंदगी, कूड़ा-कर्कट, कूड़ा-कचरा। 2. obscenity, अश्लीलता, गंदगी। 3. corruption, foulness, भ्रष्टाचार, बुराई।

filthy (फ़िल्´-दी) ***adj.*** 1. dirty, गंदा, मैला। 2. obscene, अश्लील, गंदा। 3. corrupt, भ्रष्ट, दूषित, बुरा।

filtrate (फ़िल्´-ट्रेट्) ***v.*** (filtrated, filtrating) to filter, निथारना, फ़िल्टर करना।

filtration (फ़िल्-ट्रे´-शॅन्) ***n.*** the act of filtering, निथारने की क्रिया या भाव, निथारना।

fin (फ़िन्) ***n.*** 1. a thin flat swimming and balancing projection of a fish or other aquatic animal, पंख। 2. something resembling a fin, पंख।

finagle (फ़ि-ने´-गॅल्) ***v.*** (finagled, finagling) to obtain by crafty methods, तिकड़म से प्राप्त करना, जट लेना, झँसना।

finagler (फ़ि-ने´-ग्लॅ:) ***n.*** a crafty person, धूर्त, तिकड़मी।

final (फ़ाइ´-नॅल्) ***adj.*** 1. coming at the end, आख़िरी, अंतिम। 2. ultimate, conclusive, अंतिम, निर्णायक, चरम; final judgement, अंतिम निर्णय। ***n.*** 1. the last game or match in a series of games or matches, प्रतियोगिता का अंतिम और निर्णायक खेल, फ़ाइनल। 2. the last examination of an academic course, अंतिम परीक्षा।

finale (फ़ि-नाल्´-ई, फ़ि-नैल्´-ई) ***n.*** 1. the last section of the piece of a music, संगीत रचना का अंतिम विभाग या चरण। 2. the last section of any activity, समापन, इतिश्री।

finalist (फ़ाइ´-नॅ-लिस्ट्) ***n.*** one who will fight in the final of a compitition, फ़ाइनल मैच में भिड़नेवाला खिलाड़ी या दल।

finality (फ़ि-नैल्´-इ-टी) ***n.*** the quality or state of being final, अंतिमता।

finalize (फ़ाइ´-नॅ-लाइज़्) ***v.*** (finalized, finalizing) to put into final form, (योजना, व्यवस्था आदि को) अंतिम रूप प्रदान करना, अंतिम रूप देना।

finally (फ़ाइ´-नॅ-ली) ***adv.*** 1. at last, अंत में, आख़िरकार। 2. so as not to allow further change, अंतिम रूप से, सदा के लिए।

finance (फ़ाइ´-नैन्स्, फ़ि-नैन्स्´) ***n.*** 1. the management of public money, वित्त-व्यवस्था। 2. (plu.) the money and the other resoures, funds, धन, निधि, वित्त। ***v.*** (financed, financing) to provide the money for, धन उपलब्ध करना या कराना।

finance commission ***n.*** a commission to study the financial resources of the country, वित्त-आयोग।

finance minister ***n.*** the minister for finance, वित्तमंत्री, अर्थमंत्री।

financial (फ़ाइ-नैन्´-शॅल्/ फ़ि-नैन्´-शॅल्) ***adj.*** of finance, वित्त-संबंधी, वित्तीय; financial assistance, वित्तीय सहायता; financial year, वित्तीय वर्ष, वित्त वर्ष।

financially (फ़ाइ-नैन्´-शॅ-ली / फ़ि-नैन्´-शॅ-ली) ***adv.*** as regards money, वित्तीय दृष्टि से, आर्थिक दृष्टि से।

financier (फ़िन्´-नॅन्-सिअॅ: / फ़ाइ-अन्-सिअॅ:´) ***n.*** one who is engaged is financing parties or businesses, वित्तकार, वित्तपोषक, फ़ाइनैन्सर।

financing (फ़ाइ-नैन्´-सिंग्) ***n.*** the business of one who finances, वित्तपोषण, वित्तीयन।

finch (फ़िन्च्) ***n.*** any of many kinds of small singing birds with a short stout bill, एक तरह की गानेवाली छोटी चिड़िया।

find (फ़ाइन्ड्) ***v.*** (found, finding) 1. to come upon by accident, मिलना, पड़ा पाना। 2. to come upon after a search, खोज निकालना, ढूँढ़ निकालना। 3. to attain, प्राप्त करना, पाना। 4. to become aware of, पता लगना, पता चलना, पता होना, मालूम होना। 5. to consider, regard, समझना या मानना। 6. to provide or supply, प्राप्त कराना, दिलाना, जुटाना। 7. to

arrive at conclusion, decide, निष्कर्ष निकालना, निश्चय करना, फ़ैसला करना। □ **all found,** with food, shelter etc. provided as well as wages, वेतन के अतिरिक्त, खाने-रहने आदि की अन्य सुविधाओं के साथ; **find oneself,** to discover one's real power or talent, अपनी शक्ति या प्रतिभा को पहचानना; **find out,** to discover or detect, खोज निकालना, पता लगाना। *n.* 1. an act of finding, प्राप्ति। 2. a discovery, खोज, ईजाद। 3. something found, प्राप्त वस्तु।

finder (फ़ाइन्´-डः) *n.* 1. one that finds, वह जिसे कुछ मिला हो, वह जिसने कुछ खोज निकाला या पाया हो, अन्वेषक; wordfinder, शब्दान्वेषक। 2. an instrument for finding the stated thing, अन्वेषक।

fin de siecle (फ़ॅन्-डि-सी-स्यॅ´-क्लॅ) *adj.* of or typical of the end of the 19th century, 19 वीं शताब्दी के अंतिम चरण का परिचायक या उससे संबद्ध।

finding (फ़ाइन्´-डिंग्) *n.* 1. the act of dicovering, खोज, अन्वेषण। 2. something discovered, उपलब्धि; findings of research, अनुसंधान-उपलब्धियाँ। 3. (plu.) the conclusions reached by judicial inquiry, निष्कर्ष, जाँच-परिणाम।

fine[1] (फ़ाइन्) *adj.* (finer, finest) 1. of high or superior quality, उत्तम, बढ़िया, बहुत अच्छा। 2. of great merit, उच्च कोटि का, श्रेष्ठ। 3. beautiful, charming, सुंदर, चारु, ललित। 4. pleasant, सुहावना; fine day, सुहावना दिन। 5. most enjoyable, मज़ेदार। 6. consisting of small particles, बारीक, महीन। 7. precise or subtle, सूक्ष्म। 8. refined, विशुद्ध, परिष्कृत; refined silver, परिष्कृत या विशुद्ध चाँदी। 9. clear, साफ़। 10. quite well, चंगा, स्वस्थ, ठीक-ठाक। *adv.* 1. very well, बहुत अच्छी तरह। 2. in small pieces, बारीक-बारीक। *v.* (fined, fining) to make or become finer, बढ़िया बनाना या बनना।

fine[2] (फ़ाइन्) *n.* a pecuniary punishment for an offence, अर्थदंड, जुर्माना, फ़ाइन; collective fine, सामूहिक जुर्माना। *v.* (fined, fining) to punish by a fine, जुर्माना लगाना।

fine arts *n.* the arts appealing to the sense of beauty, ललित कलाएँ।

finely (फ़ाइन्´-ली) *adv.* in a fine manner, अच्छे ढंग से, अच्छी तरह, बख़ूबी।

fineness (फ़ाइन्´-निस्) *n.* the quality of being fine, उत्तमता, बढ़ियापन, ख़रापन, विशुद्धता।

finery (फ़ाइ´-नॅ-री) *n.* 1. beautiful clothes and ornaments, सुंदर वस्त्र और आभूषण। 2. elaborate decoration, सजधज, शृंगार, सजावट।

fine-spun (फ़ाइन्-स्पन्´) *adj.* excessively detailed, ब्योरेवार।

finesse (फ़ि-नॅस्´) *n.* 1. skill or delicacy of performance or execution, कौशल या नज़ाकत। 2. tact, subtlety, व्यवहार-कुशलता, चतुराई। *v.* (finessed, finessing) to use or make a finesse, कौशल या चतुराई दिखाना।

finger (फ़िंग्´-गः) *n.* 1. any of the five parts of the hand, अंगुली, उँगली। 2. the part of a glove covering one of these parts, उँगली। 3. the breadth of a finger, अंगुल। □ **burn one's fingers,** to suffer after a foolish act, अपनी ग़लती से भुगतना; **have a finger in every pie,** to be meddlesome, हर काम या बात में दखल देना या टाँग अड़ाना; **keep one's fingers crossed,** to hope for the best, पूरी आशा होना, आशावान होना; **lay a finger on,** छूना, स्पर्श करना, हाथ लगाना; **put one's finger out,** to work hard, कठोर श्रम करना; **put one's finger on,** to identify, संकेत करना, उँगली करना; **raise one's finger,** to be ready to support, उँगली खड़ी करना, हाथ उठाना; **slip through one's fingers,** to get out of hand, हाथ से निकल जाना, खो बैठना; **twist some one round one's little finger,** to make someone do what one wishes, उँगलियों पर नचाना। *v.* (fingered, fingering) 1. to handle or touch with fingers, उँगलियों से छूना या स्पर्श करना, टटोलना। 2. to perform with fingers, उँगलियों से बजाना।

finger board (फ़िंग्´-गः-बोःड्) *n.* the part of

a stringed instrument against which the strings are pressed, वायलिन, सारंगी आदि का वह भाग जिसमें तारों को बजाते हैं, अंगुलि-पटल।

finger bowl (फ़िंग्´-गॅ:-बोल्) *n.* a small bowl for rinsing the fingers at table, उँगलियाँ धोने का कटोरा।

fingering (फ़िंग्´-गॅ-रिंग्) *n.* the method of using fingers in a certain way, उँगलियाँ चलाना।

fingerling (फ़िंग्´-गॅ:-लिंग्) *n.* a small fish, छोटी मछली।

fingernail (फ़िंग्´-गॅ:-नेल्) *n.* the nail growing on the upper part of the end of a finger, नाख़ून।

fingerprint (फ़िंग्´-गॅ:-प्रिंट्) *n.* the impression of a finger, अंगुली-छाप।

fingerstall (फ़िंग्´-गॅ:-स्टा:ल्) *n.* a covering used to protect an injured finger, घायल उँगली के बचाव के लिए पहना जानेवाला छल्ला या बाँधी जानेवाली पट्टी।

fingertip (फ़िंग्´-गॅ:-टिप्) *n.* a tip of finger, पोर, पोटा। □ **have something at one's fingertips,** (i) to have readily available, सहज सुलभ होना; (ii) to be thoroughly familiar with (something), पूरी जानकारी होना; **to one's fingertips,** entirely, पूर्णतः; He is Indian to his fingertips. वह पूर्णतः भारतीय है।

finial (फ़ि´-नि-ॲल्) *n.* the highest point, शिखर, चोटी।

finiky (फ़िन्´-इ-की) *adj.* 1. hard to please, तुनुकमिज़ाज। 2. fastidious, बदमिज़ाज, नकचढ़ा।

finis (फ़िन्´-इस्) *n.* the end (of a book or film), इतिश्री।

finish (फ़िन्´-इश्) *v.* (finished, finishing) 1. to reach the end of, समाप्त करना, ख़त्म करना।2. to bring to an end, पूरा करना।3. to use up, उपयोग करना, भक्षण करना, चट कर जाना। 4. to overthrow or kill, ख़त्म कर देना, मार डालना। 5. to take all one's powers, hopes etc., बेदम कर देना, असहाय बना देना। 6. to polish, चमका देना, पालिश करना। *n.* 1. the final part or last stage of something, अंत, समाप्ति। 2. the appearance of having been properly finished with paint, polish etc, फिनिश, चमक। □ **fight to the finish,** to fight till one side is totally finished, अंत तक लड़ना, आख़िरी दम तक लड़ना; **finish off,** to kill, मार डालना।

finished (फ़िन्´-इश्ड्) *adj.* 1. ended, समाप्त। 2. ready, तैयार; finished goods, तैयार माल।

finishing (फ़िन्´-इश्-इंग्) *n.* 1. the surface texture or appearance (of cloth, wood etc.,) चमक, सज्जा। 2. (plu.) the fixtures for lighting, plumbing etc. of a building, भवन की परिसज्जा।

finite (फ़ाइ´-नाइट्) *adj.* 1. not infinite, having an end or limit, ससीम। 2. limited, सीमित।

finite verb *n.* a verb form having limits of person, number and tense, समापिका क्रिया।

fink (फ़िंक्) *n.* 1. an informer, सूचना या भेद देने वाला, भेदिया। 2. an undesirable person, अवांछित व्यक्ति।

Finn (फ़िन्) *n.* an inhabitant of Finland, फिनलैन्ड का निवासी, फिनलैन्डवासी।

Finnish (फ़िन्´-इश्) *adj.* of the Finns or their language, फिनलैन्डवासियों या उनकी भाषा से संबद्ध। *n.* the language of Finns, फिनलैन्ड की भाषा।

fiord (फ़्योःड्) *n.* a long narrow inlet of the sea between steep cliffs, खड़ी चट्टानों के बीच का सँकरा समुद्री मार्ग।

fir (फ़:) *n.* 1. an evergreen tree of a pine family, देवदार। 2. the wood of a fir tree, देवदार की लकड़ी।

fire (फ़ाइ:) *n.* 1. the condition or process of burning, आग, अग्नि। 2. a heap of burning material, आग, आग की ढेरी। 3. destruction by fire, आग से होनेवाला विनाश या हानि। 4. great enthusiasm, जोश, उत्तेजना, आग। 5. the firing of guns, बंदूकों का चलना, बंदूकबाज़ी। □ **between two fires,** being shot at from both sides, जिस पर दोनो पक्षों से प्रहार हो रहा हो; **blow up a fire,** to make a

fire burn more strongly, आग को तेज़ करना; **catch fire,** to begin burning, जलने लगना, आग लग जाना; **on fire,** burning, जलता हुआ; **under fire,** under attack, जिसकी कटु आलोचना हो रही हो। *v.* (fired, firing) 1. to discharge (a fire arm, बंदूक, तोप आदि) चलाना, दागना। 2. to dismiss from employment, बर्ख़ास्त कर देना। 3. to kindle, जलाना।

fire alarm *n.* a device giving warning of fire, आग लगने की सूचना देनेवाला भोंपू।

firearm (फ़ाइ:´-आ:म्) *n.* a weapon capable of firing a missile, आग्नेयास्त्र (बंदूक, राइफ़ल, पिस्तौल आदि)।

fireball (फ़ाइ:´-बा:ल्) *n.* 1. a brilliantly burning sphere, आग का गोला। 2. a meteor, उल्का। 3. an energetic person, स्फूर्त व्यक्ति।

firebox (फ़ाइ:´-बॉक्स्) *n.* a chamber in which fuel is burned, अग्निकक्ष।

firebrand (फ़ाइ:´-ब्रैन्ड्) *n.* 1. a piece of burning wood, जलती हुई लकड़ी। 2. a person who stirs up trouble, आग लगानेवाला, फ़साद खड़ा करनेवाला।

firebreak (फ़ाइ:´-ब्रेक्) *n.* a ditch or strip of ploughed land to prevent a forest fire from spreading, वह खाई या जोती-बोई हुई ज़मीन की पट्टी जिसके फलस्वरूप जंगल की आग फैलने नहीं पाती।

firebrick (फ़ाइ:´-ब्रिक्) *n.* a fireproof brick, अग्निसह ईंट, अगिया ईंट।

firebrigade (फ़ाइ:´-ब्रि-गेड्) *n.* a party of fire extinguishers, अग्निशामक दल।

firebug (फ़ाइ:´-बग्) *n.* an arsonist, आग लगानेवाला, अग्निदाहकर्ता।

fireclay (फ़ाइ:´-क्ले) *n.* clay that resists great fire, अग्निसह मृत्तिका।

firecracker (फ़ाइ:´-क्रै-कॅ:) *n.* a small explosive cracker, पटाका, पटाख़ा।

fire-eater (फ़ाइ:´-ईट्´-अॅ:) *n.* 1. a person who pretends to eat fire, आग खाने का अभिनय करनेवाला व्यक्ति। 2. a quarrelsome person, झगड़ालू व्यक्ति।

fire engine *n.* an engine that extinguishes fire, दमकल।

fire escape *n.* an outside ladder or device for escape from burning building, वह सीढ़ी जिसका उपयोग इमारत में आग लगने पर करते हैं; अग्निसोपान।

fire extinguisher *n.* a portable apparatus containing chemicals that can be sprayed on fire to extinguish it, अग्निशामक।

firefly (फ़ाइ:´-फ्लाइ) *n.* a winged beetle that gives off a flashing light, जुगनूँ।

firehouse (फ़ाइ:´-हॉउस्) *n.* a fire station, अग्निशमन-केंद्र।

fireman (फ़ाइ:´-मॅन्) *n.* 1. a person who tends a fire in a locomotive engine, furnace etc., फ़ायरमैन, आगवाला, भट्ठी सुलगानेवाला।

fire ordeal *n.* an acid test, अग्निपरीक्षा।

fireplace (फ़ाइ:´-प्लेस्) *n.* a place for fire, अग्निस्थल, अँगीठी, चूल्हा।

firepower (फ़ाइ:´-पॉव्-अॅ:) *n.* the capacity for discharging power, गोली चलाने या गोलाबारी करने की शक्ति।

fireproof (फ़ाइ:´-प्रूफ़्:) *adj.* capable of with standing fire, अग्निसह, फ़ायरप्रूफ़।

fireresistant (फ़ाइ:´-रॅ-ज़िस्´-टॅन्ट्) *adj.* that resists fire, अग्निरोधक।

fireside (फ़ाइ:´-साइड्) *n.* 1. the area around a fireplace, अग्निस्थल के आस-पास का स्थान। 2. a home, घर। *adj.* friendly and informal, आपसदारी का और अनौपचारिक।

fire station *n.* a place where fire engines are kept, अग्निशमन-केंद्र, दमकल-स्टेशन।

firewater (फ़ाइ:´-व़ा:-टॅ:) *n.* whiskey, शराब।

firewood (फ़ाइ:´-वुड्) *n.* wood used as feul, जलाने की लकड़ी, जलावन।

fireworks (फ़ाइ:´-व़:क्स्) *n.* (plu.) 1. explosives used to produce light and noise for entertainment, आतिशबाज़ी। 2. a display of fireworks, आतिशबाज़ी।

firing (फ़ाइ:´-इंग्) *n.* the shooting of firearms, गोलीबारी, अग्निवर्षा।

firing line *n.* the line from which gunfire is directed against the enemy, अग्निरेखा।

firm[1] (फ़:म्) *n.* a commercial establishment, फ़र्म, व्यापारिक संस्थान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान।

firm² *adj.* 1. not yielding easily to pressure, कड़ा, मज़बूत, सख़्त। 2. fixed or stable, स्थिर, अटल, स्थायी। 3. constant, unchanging, resolute, दृढ़, पक्का, अपरिवर्तनशील। 4. fixed, स्थापित। *adv.* resolutely, दृढ़तापूर्वक। *v.* (firmed, firming) to make or become firm, दृढ़ होना या करना, स्थापित होना या करना।

firmament (फ़ः´-मॅ-मॅन्ट्) *n.* the sky, आकाश, व्योम।

firmly (फ़ःम्´-ली) *adv.* in a firm way, दृढ़तापूर्वक, मज़बूती से।

first (फ़ःस्ट्) *adj.* 1. coming before all others in a series, पहला, प्रथम, प्राथमिक। 2. prior to all others, पहला। 3. foremost in importance or quality, सबसे बढ़कर होनेवाला। ☐ **first thing,** before anything else, सबसे पहले; **in the first place,** firstly, आरंभ में। *adv.* 1. before all others, पहले, प्रथमतः। 2. before another event, से पहले। 3. for the first time, पहले-पहल, पहली बार। 4. in the beginning, शुरू-शुरू में। 5. preferably, rather, अधिक पसंद करके; We will see him dead first. उसे मरा देखना हम पहले अधिक पसंद करेंगे। ☐ **at first,** in the beginning, शुरू में, शुरू-शुरू में; **first of all,** before all, सबसे पहले।

first aid *n.* emergency treatment given to injured or sick persons before regular treament can be obtained, प्राथमिक चिकित्सा।

first blood *n.* the first success in a contest, किसी प्रतियोगिता में होनेवाली प्रथम सफलता।

firstborn (फ़ःस्ट्´-बॉःन्) *adj.* first in order of birth, प्रथमजात, पहिलौठा, जेठा। *n.* the first-born child, पहिलौठा (पुत्र), जेठा (पुत्र)।

first-class *adj.* of the highest class or rank, प्रथम श्रेणी का, उत्तम कोटि का, बहुत बढ़िया।
first class *n.* the first, highest or best category, प्रथम श्रेणी।

first cousin *n.* a child of one's uncle or aunt, संबंध के विचार से चाचा, मामा, मौसी या बुआ का लड़का (या लड़की) चचेरा या ममेरा भाई (या बहन) मौसेरा या फुफेरा भाई (या बहन)।

first floor *n.* 1. the floor above the ground floor, दूसरी मंजिल। 2. the ground floor, पहली मंजिल, भूखंड।

firsthand (फ़ःस्ट्-हैन्ड्´) *adv.* from the original source, directly, सीधे। *adj.* obtained directly from the original source, सीधे प्राप्त होनेवाला; firsthand knowledge, प्रत्यक्ष ज्ञान।

first lady *n.* the wife of the President, राष्ट्रपति की पत्नी, प्रथम महिला।

firstling (फ़ःस्ट्´-लिंग्) *n.* the first fruit of the season, मौसम का पहला फल।

firstly (फ़ःस्ट्´-ली) *adv.* in the first place, सबसे पहले, प्रथमतः।

first night *n.* the opening night of a play, opera etc., पहली रात, प्रथम रात्रि।

first offender *n.* a person who has committed a legal offence for the first time, प्रथम अपराधी।

first person *n.* the form of a pronoun which refers to the speaker or speakers, उत्तम पुरुष।

first-rate (फ़ःस्ट्´-रेट्) *adj.* of the highest class or rank, प्रथम श्रेणी का, उच्च कोटि का।

firth (फ़ःथ्) *n.* a narrow inlet of the sea, पतली या तंग खाड़ी।

fiscal (फ़िस्´-कॅल्) *adj.* having to do with (public) finances, (राज)वित्तीय; fiscal year, राजवित्तीय वर्ष, वित्तीय वर्ष।

fiscally (फ़िस्´-कॅ-ली) *adv.* financially, वित्तीय दृष्टि से।

fish (फ़िश्) *n.* 1. an acquatic animal having fins and gills, मछली। 2. its flesh as food, मछली का मांस, मछली। 3. a sign of the Zodiac, Pisces, मीन। ☐ **drink like a fish,** to take too much alcohol, ख़ूब या डटकर शराब पीना; **fish out of water,** out of one's element, जो अपने में न हो, खिन्न, उदास; **other fish to fry,** more important things to attend to, करने के लिए अन्य आवश्यक काम। *v.* (fished, fishing) 1. to catch or try to catch fish, मछलियाँ पकड़ना, मछलियाँ मारना। 2. to search for something under

water, पानी में किसी चीज़ की खोज करना। 3. to try to seek or obtain something indirectly, परोक्ष रूप से प्राप्त करना। □ **fish for,** try obtain by indirect methods, अप्रत्यक्ष उपायों से प्राप्त करने के लिए चेष्टा करना; **fish in troubled waters,** try to gain something by taking advantage, दूसरे की मजबूरी का लाभ उठाना; **fish out,** to bring out after searching, खोज निकालना, ढूँढ़ निकालना; **fish up,** to pull up, खींच निकालना।

fishbowl (फ़िश्´-बोल्) *n.* a glass bowl in which alive fish are kept, मछलियाँ रखने का शीशे का पात्र या आधान, मत्स्याधान।

fisher (फ़िश्´-अ:) *n.* a fisherman, मछेरा, मछुआ, धीवर।

fisherman (फ़िश्´-अ:-मॅन्) *n.* a person who fishes for sport or for a living, मछलियाँ पकड़नेवाला, मछेरा, मछुआ, धीवर।

fishery (फ़िश्´-अॅ-री) *n.* (plu. fisheries) 1. a place where fish are caught, मछलीगाह, मत्स्यक्षेत्र। 2. the industry of catching, packing and selling fish, मछली-उद्योग।

fish-hook (फ़िश्´-हुक्) *n.* a barbed hook used for catching fish, मछली पकड़ने का काँटा, बंसी।

fishing (फ़िश्´-इंग्) *n.* the catching of fish for sport or for a living, मछली पकड़ने का काम या धंधा।

fishing rod *n.* a rod for catching fish, मछली पकड़ने की छड़ी या डंडा।

fishing tackle *n.* equipment used in fishing, मछली पकड़ने का साज़-सामान।

fishnet (फ़िश्´-नेंट्) *n.* an open-meshed fabric, जाली।

fishwife (फ़िश्´-वाइफ़्) *n.* 1. a woman who sells fish, मछली बेचनेवाली स्त्री, मछेरिन, मछुआइन। 2. an abusive woman, गाली-गलौज करनेवाली औरत।

fishy (फ़िश्´-ई) *adj.* 1. like a fish in smell or taste, मछली की-सी गंध या स्वादवाला।2. suspicious, संदिग्ध, संदेहास्पद।

fissile (फ़िस्´-इल्) *adj.* capable of being split, जिसका विखंडन हो सके, विखंडनीय।

fission (फ़िर्श्-अॅन्) *n.* 1. the act or process of spliting into parts, विखंडन। 2. a nuclear reaction in which an atomic nucleus splits into fragments, नाभिकीय विखंडन।

fissionable (फ़िश्´-अॅ-नॅ-बॅल्) *adj.* capable of undergoing nuclear fission, विखंडनीय।

fissure (फ़िश्´-अ:) *n.* a deep crack in rock or earth, दरार। *v.* (fissured or fissuring) to crack or split apart, दरार पड़ना, खंडित होना।

fist (फ़िस्ट्) *n.* the hand when tightly closed with the fingers bent against the palm, मुट्ठी, मुक्का।

fistful (फ़िस्ट्´-फुल्) *n.* a handful, मुट्ठी-भर सामान या वस्तु।

fisticuffs (फ़िस्´-टि-कफ़्स्) *n.* a fist fight, मुक्केबाज़ी, मुक्कों की लड़ाई, मुक्कामुक्की।

fistula (फ़िस्´-चु-लॅ) *n.* (plu. fistulae, fistulas) a long pipe-like ulcer, नासूर, भगंदर।

fistulous (फ़िस्´-चु-लॅस्) *adj.* of fistula, नासूर-संबंधी।

fit[1] (फ़िट्) *adj.* (fitter, fittest) 1. suited for a given circumstance, purpose, or demand, उपयुक्त। 2. of right size and shape, appropriate, उपयुक्त, सही, फ़िट। 3. physically sound, स्वस्थ, सही, ठीक। *v.* (fitted, fitting) 1. to be the right size or shape (for), फ़िट होना, उपयुक्त होना, सही होना, ठीक बैठना। 2. to be suitable (for), योग्य होना, उपयुक्त होना। 3. to make suitable, उपयुक्त बनाना। *n.* the manner is which something fits, फ़िट या सही होने का भाव, उपयुक्तता।

fit[2] *n.* 1. a brief but a cute spell of an illness, दौरा। 2. a period of loss of consciousness with convulsions, मूर्च्छा, बेहोशी, मिर्गी का दौरा। 3. a sudden violent feeling, आवेश; He killed her in a fit of anger. उसने क्रोध के आवेश में उसे मार डाला। □ **by fits and starts,** in an irregular way, अनियमित रूप से; **have a fit or throw a fit,** to become very angry, आगबगूला हो जाना, लाल-पीला हो जाना।

fitful (फ़िट्´-फुल्) *adj.* 1. restless, बेचैनी-भरा, अशांत। 2. irregular, अनियमित।

fitly (फ़िट्´-ली) *adv.* 1. in a fit manner, सही ढंग से। 2. at the right time, सही समय पर।

fitment (फ़िट्´-मॅन्ट्) *n.* a piece of fitted furniture, दीवार या ज़मीन में जड़ी हुई बैठने या सामान रखने की वस्तु।

fitness (फ़िट्´-निस्) *n.* 1. the quality or state of being fit, उपयुक्तता। 2. the state of being fit in body, physical soundness, पूर्ण स्वस्थता।

fitter (फ़िट्´-अॅ:) *n.* a mechanic who fits together the parts of a machinery, फ़िटर, मिस्त्री।

fitting (फ़िट्´-इंग्) *adj.* suitable, appropriate, उचित, उपयुक्त।

five (फ़ाइव्) *adj. & n.* one more than four, पाँच।

fivefold (फ़ाइव्´-फ़ोल्ड्) *adj.* 1. having five folds, पँचपहला। 2. having five times as much or as many, पँचगुना।

fiver (फ़ाइ´-वॅ:) *n.* a five (rupee, dollar, pound etc.,) note, पाँच (रुपए, डालर, पाउन्ड आदि का) नोट।

five-star (फ़ाइव्-स्टा:´) *adj.* of the highest class or rank, सर्वोच्च श्रेणी का।

five year plan *n.* programmes for five years for the development of a country, पंचवर्षीय योजना।

fix (फ़िक्स्) *v.* (fixed, fixing) 1. to place, fasten or attach firmly, जड़ना, जमाना, बैठाना। 2. to direct steadily, लगाना; The child fixed his eyes on the sweets, बच्चे की मिठाई पर आँख लगी थी। 3. to arrange, set or establish, नियत, निर्धारित या स्थिर करना; to fix a time, समय निर्धारित करना। 4. to ascribe, मढ़ना, लगाना; to fix blame, आरोप लगाना। 5. to cook or prepare, बनाना या तैयार करना। 6. to repair, मरम्मत करना। 7. to influence wrongly, मिला लेना, ठीक कर लेना; Can they fix the judge? क्या वे जज को ठीक कर लेंगे? □ **fix up,** to make arrangements (for someone, किसी के लिए) व्यवस्था करना। *n.* a difficult or awkward situation, जटिल स्थिति, झंझट, परेशानी।

fixate (फ़िक्´-सेट्) *v.* (fixated, fixating) 1. to make or become fixed, जड़ना या जड़ा जाना। 2. to direct the eyes (on a point, किसी बिंदु पर) आँखें लगाना।

fixation (फ़िक्-से´-शॅन्) *n.* 1. the act of fixing or the state of being fixed, स्थिर या नियत करना, स्थिरीकरण, नियतन; fixation of pay, वेतन का नियतन। 2. a strong attachment, आसक्ति। 3. arresting of development, विकास-अवरोध।

fixative (फ़िक्´-सॅ-टिव्) *n.* a chemical substance for keeping things in position, वह पदार्थ जिससे कोई चीज़ नियत या स्थिर की जाए अथवा जड़ी या बैठाई जाए, स्थिरकारी, स्थापक।

fixed (फ़िक्स्ड्, फ़िक्स्ट्) *adj.* 1. fastened, जड़ा या बैठा हुआ। 2. not subject to change, settled, नियत, निर्धारित; fixed price, नियत मूल्य, एक दाम।

fixedly (फ़िक्´-सिड्-ली) *adv.* in a fixed manner, steadily, स्थिर भाव से, स्थिर होकर।

fixings (फ़िक्´-सिंग्ज़्) *n.* (plu.) the dishes served along with a main dish, मुख्य भोजन के साथ परोसे जानेवाले अन्य व्यंजन।

fixity (फ़िक्´-सि-टी) *n.* 1. the quality or state of being fixed, जड़े होने की अवस्था या भाव। 2. stability, स्थिरता। 3. permanance, स्थायित्व। 4. any thing fixed, जड़ी हुई वस्तु।

fixture (फ़िक्स्´-चॅ:) *n.* 1. anything fixed, जड़ी हुई वस्तु, या पक्की की हुई बात। 2. a match or contest taking place on an agreed date, निर्धारित समय पर होनेवाला मैच या खेल-प्रतियोगिता।

fizgig (फ़िज़्´-गिग्) *n.* a flirtatious girl, चंचल लड़की, पटाख़ा, इश्कबाज़ लड़की।

fizz (फ़िज़्) *v.* (fizzed, fizzing) to make hissing or bubbling sound, बुदबुदाना, बुदबुद करना। *n.* the hissing sound, बुदबुद, बुदबुदाहट।

fizzle (फ़िज़्´-अॅल्) *v.* (fizzled, fizzling) 1. to fizz, बुदबुदाना। 2. to fail, विफल होना; The plan fizzled out, योजना विफल हो गई।

fjord (फ़्योःड्) *n.* fiord.

flabbergast (फ़्लैब्´-अॅ:-गैस्ट्) *v.* (flabber

gasted, flabbergasting) to astound or astonish, चकित कर देना, स्तब्ध कर देना, हक्का-बक्का कर देना।

flabby (फ़्लैब्´-ई) *adj.* (flabbier, flabbiest) 1. having too soft flesh, थुलथुल। 2. too soft, ढीला, शिथिल। 3. (morally) weak, (नैतिक दृष्टि से) कमज़ोर, दुर्बल, निर्बल।

flaccid (फ़्लैक्´-सिड्) *adj.* 1. not firm enough, feeble, कमज़ोर, निर्बल, दुर्बल। 2. flabby, ढीला, शिथिल, थुलथुल।

flag[1] (फ़्लैग्) *n.* 1. a piece of cloth with a pattern or picture attached to a staff, झंडा, पताका। 2. a small paper device resembling a flag, झंडी। *v.* (flagged, flagging) 1. to decorate or mark with flags, झंडों से सजाना, झंडे लगाना। 2. to give a signal, संकेत करना।

flag[2] *v.* (flagged, flagging) 1. to droop, कुम्हला या मुरझा जाना। 2. to decline in vigour, कमज़ोर हो जाना, शिथिल हो जाना।

flagellate (फ़्लैज्´-अॅ-लेट्) *v.* (flagellated, flagellating) to flog or whip, कोड़े लगाना।

flagellation (फ़्लेज्-इ-ले´-शॅन्) *n.* the act of flagellating or the state of being flagellated, कोड़े लगाने की क्रिया, कोड़ों की मार।

flagellum (फ़्लॅ-जेंल्´-अॅम्) *n.* (plu. flagella, flagellums) 1. a whip, कोड़ा। 2. a whip like part of bacteria etc., कीटाणुओं का कोड़े जैसा उपांग।

flageolet (फ़्लैज्´-अॅ-लेंट्) *n.* a wind instrument, शहनाई की तरह का बाजा।

flag-hoisting (फ़्लैग्´-हो-इस्-टिंग्) *n.* the hoisting of a flag, झंडा फहराने की क्रिया या भाव, ध्वजोत्तोलन।

flagitious (फ़्लॅ-जिश्´-अॅस्) *adj.* villainous, दुष्ट या दुष्टतापूर्ण।

flagman (फ़्लैग्´-मॅन्) *n.* one who gives signals with flags, झंडीवाला।

flagon (फ़्लैग्´-अॅन्) *n.* a wine cantainer with a handle and narrow neck, सुराही का तरह का मदिरा-पात्र।

flagpole (फ़्लैग्´-पोल्) *n.* a pole on which a flag is raised and flown, ध्वजदंड।

flagrant (फ़्ले´-ग्रॅन्ट्) *adj.* 1. bad, notorious, बुरा, कुख्यात। 2. scandalous, shameless, जघन्य, गर्हित, लज्जाजनक।

flagrantly (फ़्ले´-ग्रॅन्ट्-ली) *adv.* in a flagrant way, जघन्य या गर्हित रूप से, लज्जाजनक ढंग से।

flagship (फ़्लैग्´-शिप्) *n.* a ship bearing the flag of the commander of a fleet, वह पोत जिस पर कमांडर का ध्वज लगा हो।

flagstaff (फ़्लैग्´-स्टाफ़/स्टैफ़्) *n.* a flagpole, ध्वजदंड।

flagstone (फ़्लैग्´-स्टोन्) *n.* a large flat paving stone, फ़र्श पर बैठाने का चिपटा बड़ा पत्थर।

flail (फ़्लेल्) *n.* a hand tool for threshing grain, मूसल। *v.* (flailed, flailing) 1. to thrash with a flail, मूसल से कूटना। 2. to wave violently (said of a hand or leg, हाथ या टाँग) झुलाना, लहराना।

flair (फ़्लेअॅ:) *n.* 1. a natural ability or aptitude, सहज वृत्ति, सहज ढंग। 2. keenness, सूझ, कुशाग्रबुद्धि।

flak (फ़्लैक्) *n.* 1. antiaircraft fire, वायुयानभेदी गोला। 2. severe criticism, कटु आलोचना।

flake (फ़्लेक्) *n.* a light leaf-like small piece of somethng, फ़्लेक, पपड़ी, कचरी। *v.* (flaked, flaking) to come off in flakes, पपड़ी के रूप में निकलना। □ **flake out,** to faint or collapse, मूर्छित हो जाना, भर्रा जाना।

flaky (फ़्ले´-की) *adj.* made up of flakes or tending to break into flakes, पपड़ी-पपड़ी हो जानेवाला।

flam (फ़्लैम्) *v.* (flammed, flamming) to deceive by lying or flattery, धोखा देना, ठग लेना।

flambeau (फ़्लैम्-बो´) *n.* (plu. flambeaux, flambeaus) a flaming torch, मशाल।

flamboyance (फ़्लेम्-बॉइ´-अॅन्स्) *n.* the quality or state of being flamboyant, भड़कीलापन, चटकपन, शब्दाडंबर।

flamboyant (फ़्लैम्-बॉइ´-अॅन्ट्) *adj.* 1. of florid decoration, भड़कीला। 2. brilliant in form or colour, चटक, चटकदार। 3. bombastic, शब्दाडंबरपूर्ण। 4. showy, दिखावटी।

flame (फ़्लेम्) *n.* 1. a flickering tongue of

light rising from a fire, लौ, लपट। 2. a strong passion of love, प्यार का जोश, आग। 3. a former sweetheart, वह व्यक्ति जिससे पहले कभी प्यार रहा हो; an old flame, पुराना प्रेमी। □ **in flames,** burning, जलता हुआ; The whole city was in flames. सारा शहर जल रहा था। *v.* (flamed, flaming) 1. to furn with flames, लपटें छोड़ते हुए जलना, दहकना, धधकना। 2. to become very excited, उत्तेजित हो जाना। 3. to become red, लाल हो जाना, सुर्ख़ हो जाना; Her face flamed with anger. उसका चेहरा गुस्से से लाल हो गया, वह क्रोध से आगबगूला हो गया।

flaming (फ़्लेम्´-इंग्) *adj.* 1. burning, जलता हुआ। 2. excited, उत्तेजित। 3. red hot, अत्यधिक गर्म, जलता हुआ। 4. showy, दिखावटी, भड़कीला।

flamingo (फ़्लॅ-मिंग्´-गो) *n.* a long-legged water-bird with a broad beek curved downward, फ़्लेमिंगो, मराल।

flammable (फ़्लैम्´-अॅ-बॅल्) *adj.* inflammable, ज्वलनशील।

flange (फ़्लैन्ज्) *n.* a protruding edge, उभरा हुआ किनारा, उभारदार किनारा। *v.* (flanged, flanging) to put a flange on, उभरदार किनारा बनाना।

flank (फ़्लैंक्) *n.* 1. the ride of an animal between the ribs and hip, पहलू, पक्ष, बगल, बाज़ू। 2. the side of a body of troops, पक्ष, पहलू। *v.* (flanked, flanking) 1. to be at the side of, एक तरफ़ होना। 2. to attack the side, सेना के किसी पहलू या पक्ष पर आक्रमण करना। 3. to surround, घेर लेना।

flannel (फ़्लैन्´-अॅल्) *n.* 1. a kind of soft woollen cloth, फ़्लालेन। 2. (plu.) trousers made of flannel, फ़्लालेन की बनी पैंट।

flannelette (फ़्लैन्-अॅ-लेंट्) *n.* a type of cotton cloth that looks like flannel, फ़्लालेन की तरह का सूती कपड़ा।

flap (फ़्लैप्) *v.* (flapped, flapping) 1. to move up and down (as wings, पंख) फड़फड़ाना। 2. to move or swing from side to side (as a curtain, पर्दे का) लहराना, उड़ना या हिलना, फड़फड़ाना। 3. to hit with something broad and flat, पंखी आदि से मारना। *n.* 1. the sound of flapping, फड़फड़, फड़फड़ाहट। 2. a light blow with a flat thing, पंखी आदि से किया जानेवाला हलका प्रहार। 3. anything flat and broad that hangs loose and is attached at one end, फ़्लैप, ढक्कन। 4. a condition of excitement or distress, उत्तेजनापूर्ण या चिंताजनक स्थिति।

flapjack (फ़्लैप्´-जैक्) *n.* a kind of small cake, एक तरह का छोटा केक।

flapper (फ़्लैप्´-अॅ:) *n.* a young bold girl. साहसी युवती, हिम्मतवाली लड़की, दिलेर लड़की।

flare (फ़्लेंअॅ:) *v.* (flared, flaring) 1. to burn with a bright wavering light, झलझल करना, झलझलाना। 2. to spread outward, बाहर की ओर निकला या फैला होना। 3. to outbreak or erupt, भड़क उठना; Tempers flared. उत्तेजना फैल गई, तल्ख़ी आ गई या वातावरण गरम हो उठा। *n.* 1. a flaring light, झलझल, झलझलाहट। 2. a bright light, तेज़ रोशनी। 3. an outbreak or eruption, भड़क उठने का भाव। 4. a thing or part that spreads outward, बाहर की ओर निकला या फैला हुआ अंश, फैलाव; the flare of a skirt, स्कर्ट का फैलाव।

flash (फ़्लैश्) *v.* (flashed, flashing) 1. to send out a sudden brief blaze or light, कौंध उठना, कौंध जाना। 2. to be brilliant, चमक उठना। 3. to emit or reflect light suddenly or intermittently, सहसा या रह-रहकर प्रकाश देना। 4. to appear or cause to appear briefly, थोड़ी देर के लिए प्रकट होना या प्रकट करना। 5. to come suddenly into the mind or view, सहसा ध्यान में या देखने में आना। 6. to move rapidly, तेज़ी से चलना या बढ़ना। 7. to signal with a light, बत्ती से संकेत देना या भेजना। 8. to send or communicate (messages or news) very fast, जल्दी-जल्दी (समाचार या संदेश) देना। 9. to display ostentatiously, दिखावा करना। 10. to expose oneself indecently, अंग-प्रदर्शन करना। *n.* 1. a sudden, brief and intense light, कौंध, चमक। 2. a sudden brief play or appear-

ance, झलक। 3. an instant, क्षण; in a flash, क्षण भर में। 4. a brief but important news dispatch or transmission, महत्त्वपूर्ण ताज़ा समाचार। 5. showiness, दिखावा, आडंबर। 6.anything that flashes, कौंध या चमक उत्पन्न करनेवाली वस्तु।

flashback (फ़्लैश्´-बैक्) ***n.*** the interruption of a story or narrative to show or tell about an incident from the past, किसी कथा या प्रसंग को रोककर बीच में दिखाया या सुनाया जानेवाला कोई पुराना प्रसंग, पूर्वप्रसंग-चर्चा, पूर्व घटना-प्रसंग।

flashbulb (फ़्लैश्´-बल्ब्) ***n.*** a bulb that emits a flash or a brief dazzling light, फ़्लैश-बल्ब, कौंध-बल्ब।

flashgun (फ़्लैश्´-गन्) ***n.*** a device for firing a flashbulb, फ़्लैशगन।

flashily (फ़्लैश्´-इ-ली) ***adv.*** in a flashy manner, आडंबरपूर्वक, तड़क-भड़क से।

flashiness (फ़्लैश्´-इ-निस्) ***n.*** the quality of being flashy, आडंबर, दिखावट, तड़क-भड़क।

flashy (फ़्लैश्´-ई) ***adj.*** (flashier, flashiest) 1. showy, दिखावटी। 2. gaudy, भड़कीला, तड़क-भड़कवाला।

flask (फ़्लास्क्, फ़्लैस्क्) ***n.*** a small container with a narow neck and cover, फ़्लास्क।

flat[1] (फ़्लैट्) ***adj.*** (flatter, flattest) 1. level, horizontal, समतल, क्षैतिज। 2. having smooth surface, चौरस, सपाट, चपटा। 3. havng little depth or thickness, छिछला, पतला; a flat dish, छिछली रिकाबी; a flat file, पतली या चिपटी फ़ाइल। 4. total, पूर्ण; flat refusal, साफ़ इन्कार, कोरा जबाब। 5. fixed, निश्चित; a flat rate, एक दाम। 6. dull, मंद, मंदा। 7. uninteresting, अरुचिकर, अरोचक। 8. flavourless, स्वादहीन, फीका। 9. not clear or blurred, अस्पष्ट, विकृत। 10. emptied of air, deflated, (टायर) जिसकी हवा निकल गई हो, फुस। ***adv.*** 1. level with the ground, समतल रूप में।2. completely, पूर्णत:। 3. exactly, ठीक, बिल्कुल। 4. below the correct pitch in music, मंदस्वर में। ☐ **fall flat,** to fail to have a desired effect, निष्प्रभावी होना, बेकार सिद्ध होना, व्यर्थ हो जाना। ***n.*** 1. a level ground, समतल भूमि। 2. a marshy land, दलदल।

flat[2] ***n.*** a set of rooms for a family on one floor of a building, फ़्लैट।

flatbed (फ़्लैट्´-बेंड्) ***n.*** a truck having a flat rear platform, खुला ट्रक।

flatboat (फ़्लैट्´-बोट्) ***n.*** a boat with flat bottom, चपटे तलेवाली नाव, पटेला।

flatcar (फ़्लैट्-का:) ***n.*** a railway compartment without walls and roof, (रेल का) खुला डिब्बा।

flatfish (फ़्लैट्´-फ़िश्) ***n.*** a fish with a flat body, चिपटी मछली।

flatfoot (फ़्लैट्´-फ़ुट्) ***n.*** 1. (plu. flatfoots) a policeman, सिपाही। 2. (plu. flatfeet) the condition of flat feet, पैरों के चिपटे होने की अवस्था।

flatiron (फ़्लैट्´-आइ-अ:न्) ***n.*** a heavy iron for pressing clothes, भारी इस्त्री।

flatlet (फ़्लैट्´-लॅट्) ***n.*** a small flat, छोटा फ़्लैट।

flatness (फ़्लैट्´-निस्) ***n.*** the state or quality of being flat, समतलता, चौरसाई।

flats (फ़्लैट्स्) ***n.*** (plu.) shoes without heals, बिना एड़ीवाले जूते।

flatten (फ़्लैट्´-अॅन्) ***v.*** (flattened, flattening) 1. to make or become flat, समतल होना या करना। 2. to knock down or crush, पटरा कर देना, कुचल देना।

flatter[1] (फ़्लैट्´-अ:) ***v.*** (flattered, flattering) 1. to praise insincerely or excessively, ख़ुशामद करना, चाटुकारी करना, झूठी प्रशंसा करना। 2. to please or gratify, ख़ुश कर देना। 3. to encourage, प्रोत्साहित करना, बढ़ावा देना। 4. to make to appear more attractive, आकर्षक रूप देना, जिससे कोई खिल उठे; चमका देना। ☐ **flatter oneself,** to please oneself (with a belief, किसी बात से) अपने मन को संतुष्ट रखना, संतोष देना।

flatter[2] ***n.*** a blacksmith's forging tool with a flat face, निहाई।

flatterer (फ़्लैट्´-अॅ-रॅ:) ***n.*** one who indulges in flattery, ख़ुशामदी व्यक्ति, चाटुकार।

flattery (फ़्लैट्´-अ-री) *n.* 1. insincere or excessive praise, ख़ुशामद, चापलूसी। 2. act of flattering, ख़ुशामद करने की क्रिया या भाव।

flatulence (फ़्लैच्-अ-लॅन्स्) *n.* 1. gas in the stomach, पेट में होनीवाली हवा, वायु, वात। 2. self-praise, आत्मप्रशंसा।

flatutent (फ़्लैच्´-अ-लॅन्ट्) *adj.* 1. producing gas in the stomach, वातकारी, बादी। 2. inflated with self-importance, अपने आपको लगानेवाला, मियाँमिट्ठू, आत्मप्रशंसक। 3. vain, pretentious, आडंबरी या आडंबरपूर्ण, दंभी या दंभपूर्ण।

flaunt (फ़्लाःन्ट्) *v.* (flaunted, flaunting) 1. to display proudly, शान दिखलाना, इतराना। 2. to display ostentatiously, आडंबर रचना, दिखावा करना। 3. to wave proudly (झंडे का) शान से लहराना, फड़फड़ाना। *n.* 1. the act of flaunting, शान दिखलाने की क्रिया या भाव। 2. the state of being flaunted, शान, शान-शौकत।

flautist (फ़्लाः´-टिस्ट्) *n.* a flute player, बाँसुरी वादक, बंसी बजानेवाला।

flavour, flavor (फ़्ले´-वॅः) *n.* 1. taste perceived in food or drink in the mouth, स्वाद, मज़ा, गमक। 2. anything added to a food to give a particular taste, पुट, गमक। 3. distinctive quality or characteristic, विशिष्ट गुण, पुट, विशिष्टता; The story has a romantic flavour. कहानी में रोमानी पुट है। *v.* (flavoured, flavouring) to give flavour to, पुट देना; विशिष्टता लाना।

flavouring (फ़्ले´-वॅर्-इंग्) *n.* anything added to a food or drink to give it a particular taste, खाद्यपदार्थ या पेयपदार्थ में कोई विशेष स्वाद उत्पन्न करने के लिए मिलाई जानेवाली वस्तु, पुट।

flaw (फ़्लाः) *n.* 1. a blemish or defect, दोष, त्रुटि, कमी। 2. an error, भूल, ग़लती। *v.* (flawed, flawing) to make or become defective, दोषयुक्त होना या करना, दूषित होना या कर देना।

flawless (फ़्लाः´-लिस्) *adj.* having no flaw, दोषविहीन, निर्दोष, खरा।

flax (फ़्लैक्स्) *n.* 1. any of the several cultivated plants with slender stems from which a fine fiber is obtained, जूट, पटसन, सन। 2. its fiber, पटसन का रेशा।

flaxen (फ़्लैक्´-सॅन्) *adj.* 1. of or made of flax, सन का बना हुआ। 2. having the pale-yellow colour of flax fiber, पटसन के रंग का, हलके भूरे रंग का।

flay (फ़्ले) *v.* (flayed, flaying) 1. to strip off the skin or hide by whipping, कोड़े मार-मारकर ख़ाल उधेड़ लेना, चमड़ी उतार लेना। 2. to scold or criticize mercilessly, छीछालेदर करना, कटु आलोचना या भर्त्सना करना। 3. to fleece, लूटना, मूँड़ना।

flea (फ़्ली) *n.* any of various small, wingless jumping and blood-sucking insects that feed on human or animal blood, पिस्सू, जूँ आदि।

fleabag (फ़्ली´-बैग्) *n.* a cheap hotel, सस्ता होटल, ढाबा।

fleabite (फ़्ली´-बाइट्) *n.* 1. the bite of a flea, पिस्सू के काटने का निशान, पिस्सू का दंश। 2. a trifling inconvenience, छोटी-मोटी असुविधा।

fleabitten (फ़्ली´-बिट्-अॅन्) *adj.* 1. bitten by a flea, जिसे पिस्सू ने काटा हो। 2. infested by fleas, पिस्सुओं से भरा हुआ।

fleam (फ़्लीम्) *n.* a surgical knife, चीर-फाड़ के काम आनेवाली छुरी, डाक्टरी छुरी।

flea market *n.* an open-air market selling cheap goods, खुले में लगनेवाला छोटी-मोटी चीज़ों का बाज़ार।

fleapit (फ़्ली´-पिट्) *n.* a shabby cinema, थर्डक्लास या घटिया सिनेमाघर।

fleck (फ़्लेंक्) *n.* 1. a spot or small patch of colours, चित्ती, दाग, धब्बा। 2. a small piece or particle, छोटा टुकड़ा, कण। *v.* (flecked, flecking) to cover or be covered with flecks, चित्तियाँ पड़ी होना या चित्तियाँ डालना।

flecked (फ़्लेंक्ट्) *adj.* marked with flecks, चित्तीदार।

fled (फ़्लेंड्) *v.* p.t. of flee.

fledge (फ़्लेंज्) *v.* (fledged, fledging) to rear (a young bird) until it is able to fly,

पक्षीशावक को पालना, उसे उड़ने योग्य बनाना।

fledged (फ़्लेंज्ड्) *adj.* 1. able to fly, उड़ने में समर्थ, परों से युक्त, पंखदार। 2. experienced or mature, अनुभवी या प्राढ़; full-fledged engineer, पूर्णत: अनुभवी और प्रशिक्षित अभियंता।

fledgling (फ़्लेंज्´-लिंग्) *n.* 1. a young bird that has grown feathers, ऐसा पक्षीशावक जिसके पर निकल आए हों। 2. an unexperienced person, अनुभवहीन व्यक्ति, नौसिखिया।

flee (फ़्ली) *v.* (fled, fleeing) 1. to run away, भाग खड़े होना, फ़रार हो जाना। 2. to run away from (one's country, अपना देश छोड़कर) भाग जाना। 3. to move rapidly, तेज़ी से निकल जाना। 4. to disappear or vanish, अंतर्धान या लुप्त हो जाना।

fleece (फ़्लीस्) *n.* 1. the coat of wool that covers the body of a sheep or similar animal, भेड़ आदि की ऊन। 2. the amount of wool cut in one shearing from a sheep, भेड़ पर से एक बार में काटकर उतारी हुई ऊन। 2. sheepskin, भेड़ की ख़ाल। *v.* (fleeced, fleecing) 1. to shear the fleece from a sheep, ऊन कतरना। 2. to swindle, rob or cheat, ठगना, मूँड़ना, मूँड़ लेना, लूट लेना।

fleeciness (फ़्लीस्´-इ-निस्) *n.* the quality of being fleecy, ऊनीपन।

fleecy (फ़्लीस्´-ई) *adj.* 1. covered with fleece, ऊन से आच्छादित। 2. made of fleece, ऊनी। 3. like a fleece, ऊन के समान; fleecy snow, ऊन जैसी बर्फ़।

fleer[1] (फ़्लिअ:) *v.* (fleered, fleering) to laugh derisively at, to jeer, हँसी उड़ाना, खिल्ली उड़ाना।

fleer[2] (फ़्लिअर्´-अ:) *n.* one who flees, भगोड़ा, फरार व्यक्ति।

fleet[1] (फ़्लीट्) *n.* 1. the group of warships, बेड़ा, जहाज़ी बेड़ा। 2. number of ships, aircraft, buses etc. moving under one command, जहाज़ों, पोतों, यानों आदि का एक अधिकारी के अधीन चलनेवाला समूह।

fleet[2] (फ़्लीट्) *adj.* moving swiftly, द्रुतगति, तेज़ रफ़्तारवाला।

fleeting (फ़्लीट्´-इंग्) *adj.* 1. rapid, द्रुतगति। 2. transient, क्षणिक, अनित्य। 3. brief, संक्षिप्त।

Fleet Street *n.* 1. a street in London where many newpaper offices are located, फ़्लीट स्ट्रीट, लंदन की वह सड़क जहाँ समाचार पत्रों के कार्यालय स्थित हैं। 2. the London press, लंदन का पत्रकार-वर्ग।

flesh (फ़्लेश्) *n.* 1. the soft substance of the body, मांस। 2. meat, गोश्त, मांस। 3. the pulpy part of the vegetables and fruit, गूदा। 4. the body (opposed to the mind or soul, मन या आत्मा से भिन्न) शरीर, देह। 5. mankind, मानवजाति। □ **flesh and blood,** (i) human beings, मानवजाति, जीवधारी। (ii) relatives, संबंधी; **in the flesh,** in bodily form, शरीरत:।

fleshly (फ़्लेश्´-ली) *adj.* 1. bodily, शारीरिक। 2. sexual, यौन-संबंधी।

fleshy (फ़्लेश्´-ई) *adj.* 1. of flesh, मांसल, 2. pulpy, गूदेदार।

flew (फ़्लू) *v.* p.t. of fly.

flex (फ़्लेक्स्) *v.* (flexed, flexing) 1. to bend, मोड़ना। 2. to be bent, मुड़ना।

flexibility (फ़्लेक्-सॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* the quality of being flexible, नम्यता, लचीलापन।

flexible (फ़्लेक्´-सॅ-बॅल्) *adj.* 1. not stiff or rigid, नमनीय, नम्य, लचीला। 2. capable of modification, जिसमें सुधार हो सकता हो, नमनीय, लचीला।

flexuous (फ़्लेक्´-शु-ॲस्) *adj.* full of bends, घुमावदार, घुमावों से भरा।

flexure (फ़्लेक्´-शॅ:) *n.* a bend or turn, घुमाव, मोड़।

flibbertigibbet (फ़्लिब्-ॲ:-टि-जिब्´-इट्) *n.* 1. one who chatters constantly, बातूनी व्यक्ति, गप्पी, गपोड़िया। 2. an irresponsible person, उत्तरदायित्वविहीन व्यक्ति, लापरवाह आदमी। 3. One who changes one's mind often, चंचल-स्वाभाववाला व्यक्ति।

flick[1] (फ़्लिक्) *n.* a light blow or stroke (with a whip, कोड़े से किया हुआ) हलका आघात। *v.* (flicked, flicking) to strike with a light

stroke, हलका आघात करना, झटका देना।

flick[2] *n.* a motion picture, सिनेचित्र।

flicker (फ़्लिक्´-अ:) *v.* (flickered, flickering) 1. to burn or shine unsteadily, लुपलुपाना, टिमटिमाना, कँपकँपाना। 2. to flutter, फड़फड़ाना। 3. to move with a wavering motion (as eyelids, पलकों का) झपकना। 4. to quiver, काँपना, कंपन होना। *n.* the act of flickering, लुपलुप, टिमटिमाहट, फड़फड़ाहट, झपझप।

flier, flyer (फ़्लाइ´-अ:) *n.* 1. a bird that flies, पक्षी, परिंदा, पंछी। 2. an aviator, विमानचालक। 3. a handbill, इश्तिहार।

flight[1] (फ़्लाइट्) *n.* 1. the act of flying, उड़ान; a flight of imagination, कल्पना की उड़ान। 2. a journey made by air, हवाई यात्रा। 3. a scheduled airline trip, नियत हवाई सेवा। 4. an airplane, हवाई जहाज़, विमान। 5. a swift passage or movement, उड़ान; the flight of time, समय की उड़ान। 6. the group of insects, birds or airplanes flying through the air together, एक साथ उड़नेवाले कीड़े, पक्षियों या वायुयानों का समूह। 7. a series of stairs, सोपान, ज़ीना।

flight[2] *n.* the act of fleeting or running away, पलायन। □ **put to flight,** to make flee, भगा देना; **take to flight,** to flee, भाग जाना, भाग खड़े होना।

flightily (फ़्लाइट्´-इ-ली) *adv.* in a flighty manner, झक में आकर।

flightless (फ़्लाइट्´-लिस्) *adj.* not able to fly, जो उड़ न सकता हो, न उड़नेवाला।

flight-test (फ़्लाइट्´-टॆस्ट्) *v.* (flight-tested, flight-testing) to test by flight, उड़ान-परीक्षण, करना।

flighty (फ़्लाई´-टी) *adj.* 1. given to whims, झक्की, सनकी। 2. mentally unbalanced, पागल।

flimflam (फ़्लिम्´-फ़्लैम्) *n.* a trick or deception, चालाकी, धोखा।

flimsily (फ़्लिम्´-ज़ॅ-ली) *adv.* in a flimsy manner, दुर्बलतापूर्वक, निष्प्रभावी रूप से, लचरपन से।

flimsiness (फ़्लिम्´-ज़ि-निस्) *n.* the quality of being flimsy, दुर्बलता, लचरपन।

flimsy (फ़्लिम्´-ज़ी) *adj.* not strong or substantial, कमज़ोर, क्षीण, लचर। 2. light and thin, हलका और पतला, झीना; a flimsy cloth, झीना कपड़ा। 3. ineffectual, निष्प्रभावी। *n.* a thin paper, पतला कागज़।

flinch (फ़्लिन्च्) *v.* (flinched, flinching) 1. to draw back suddenly, एकाएक पीछे हट जाना, हिम्मत न रह जाना, साहस न पड़ना। 2. to shrink from one's duty, कर्तव्यविमुख होना, कर्तव्य पालन करने से भागना, मुँह मोड़ लेना।

fling (फ़्लिंग्) *v.* (flung, flinging) 1. to throw forcefully or violently, प्रक्षेपण करना, फेंकना, चलाना, उछालना। 2. to move suddenly or forcefully, एकाएक या तेज़ी से आगे बढ़ना। 3. to put or send forcefully, ज़बरदस्ती कहीं भेजना या धकेलना। 4. to cast aside, अलग करना, छोड़ देना, फेंक देना। □ **fling oneself into,** to begin (an activity) with great interest or force, (किसी काम में) जुट जाना, पिल पड़ना। *n.* 1. the act of flinging, फेंकने, चलाने या उछालने की क्रिया या भाव, क्षेपण। 2. a sarcastic or taunting remark, छींटा, व्यंग्य। 3. an attempt, प्रयत्न, चेष्टा। 4. a brief period of indulgence in unrestrained pleasure, मौज-मस्ती, रंगरली।

flint (फ़्लिन्ट्) *n.* 1. a kind of hard stone that sparks when struck with steel, चकमक (पत्थर)। 2. any spark-producing alloy, चिनगारी उत्पन्न करनेवाली मिश्रधातु, फ़्लिन्ट।

flint lock (फ़्लिन्ट्´-लॉक्) *n.* an old type of gun in which a flint sparks the charge, फ़्लिन्टलॉक।

flinty (फ़्लिन्´-टी) *adj.* 1. hard as flint, कड़ा, कठोर, दृढ़। 2. cruel, क्रूर, कठोर।

flip[1] (फ़्लिप्) *v.* (flipped, flipping) 1. to toss, उछालना। 2. to turn with a quick motion, झटके से हिलाना। 3. to flick, उँगली से हलका आघात करना। 4. to become full of excitement or interest, आतुर या विकल हो उठना। *n.* the act of flipping, उछाल; झटका; आघात; आतुरता। □ **flip less one's less lid,** to lose

sefl-control, संयम खो बैठना, आवेश में आ जाना; **flip through,** to read rapidly or carelessly, जल्दी-जल्दी पढ़ जाना।

flip[2] *adj.* impertinent, उद्धत।

flip[3] *n.* an alcoholic drink with sugar and egg, एक प्रकार का पेय जो मदिरा में चीनी और अंडा मिलाकर बनाया जाता है।

flip-flop (फ़्लिप्´-फ़्लॉप्) *n.* 1. a repeating flapping noise, फड़फड़ाहट, फड़फड़। 2. a kind of sandal, एक प्रकार की सैंडल। 3. a complete change of policy, आमूल नीति-परिवर्तन।

flippancy (फ़्लिप्´-ॲन्-सी) *n.* 1. impertinence, उद्धतता, छिछोरापन अवज्ञाकारिता। 2. talkativeness, वाचालता।

flippant (फ़्लिप्´-ॲन्ट्) *adj.* 1. impertinent, disrespectful, उद्धत या उद्धततापूर्ण, अवज्ञाकारी, गम्भीर मामलों को यों ही टाल देनेवाला। 2. talkative, बातूनी, वाचाल।

flippantly (फ़्लिप्´-ॲन्ट्-ली) *adv.* in a flippant manner, उद्धततापूर्वक, अवज्ञापूर्वक।

flipper (फ़्लिप्´-अ:) *n.* 1. a wide flat limb of sea animals (as seals, penguins, whales etc.) adopted for swimming (कुछ समुद्री जंतुओं का) तैरने में सहायक हाथ सदृश अंग, फ़्लिप्पर, पट्टिका। 2. (plu.) a pair of rubber devices worn on the feets by divers, गोताखोरों द्वारा पहनी जानेवाली रबड़ की एक प्रकार की चप्पलें।

flip side *n.* a less important side of a record, ग्रामाफ़ोन रिकार्ड का कम महत्त्वपूर्ण पक्ष या तरफ़।

flirt (फ़्ल:ट्) *v.* (flirted, flirting) to behave amorously without serious intentions or to attract someone's attention or interest, चोचले दिखाना, रिझाना-खिझाना, छेड़छाड़ करना, उच्छृंखलतापूर्वक प्रेम प्रदर्शन करना, दिखावटी प्रेम करना। ☐ **flirt with,** to toy with, छेड़छाड़ करना, खिलवाड़ करना। *n.* one given to flirting, उच्छृंखलतापूर्वक प्रेम प्रदर्शित करनेवाला व्यक्ति विशेषत: युवती, तितली, दिखावटी प्रेमकरनेवाली स्त्री।

flirtation (फ़्ल:-टे´-शॅन्) *n.* the act of flirting, उछृंखलतापूर्ण प्रेम-प्रदर्शन, छेड़छाड़, चोचलेबाज़ी, प्रेम-विलास।

flirtatious (फ़्ल:-टे´-शॅस्) *adj.* fond of flirting, दिखावटी प्रेम प्रदर्शन करनेवाली, छेड़छाड़ करनेवाली, चुलबुली, रिझाने-खिझानेवाली, प्रेम-विलासी।

flit (फ़्लिट्) *v.* (flitted, flitting) 1. to fly or move lightly or quickly, फुदकना। 2. to move house, घर बदल लेना। 3. to pass quickly, सहसा आगे बढ़ जाना, गुज़रना; The memories flitted through his mind. स्मृतियाँ उसके मस्तिष्क में घूमने लगीं।

float (फ़्लोट्) *v.* (floated, floating) 1. to rest or drift on the surface of water without sinking, बहना, तैरना। 2. to cause to move on the surface, बहा ले जाना। 3. to fly, उड़ना, उड़ान भरना। 4. to issue (bonds etc.), जारी करना। 5. to move or drift without purpose, बिना मतलब घूमना या विचरण करना; The idle thoughts floated through his mind. व्यर्थ की बातें उसके दिमाग में घूमने लगीं। 6. to suggest, सुझाना, सुझाव के रूप में प्रस्तुत या प्रस्तावित करना। *n.* 1. something that floats, तैरने या बहनेवाली वस्तु। 2. a small floating object on a fishing line, पानी पर तैरनेवाला वह कार्क या लकड़ी का टुकड़ा जिससे मछली पकड़ने का काँटा बँधा रहता है। 3. a large flat vehicle on wheels carrying a display in a parade, खुली गाड़ी, खुला यान। 4. a drink with icecream, आइसक्रीमयुक्त पेय। 5. small coins, change, रेज़गारी।

floating (फ़्लोट्´-इंग्) *adj.* 1. drifting in water, तैरता या बहता हुआ, तिरता। 2. not fixed or settled in a particular place, चलायमान, चल, अस्थिर; floating population, चल जन-समूह। 3. displaced from the normal position, अस्थिर या विस्थापित। 4. uncommitted, अवचनबद्ध; floating voters, अवचनबद्ध मतदाता, अस्थिर मतदाता। 5. fluctuating, जिसमें उतार-चढ़ाव हो, अस्थिर; floating currency, अस्थिर मुद्रा।

flock[1] (फ़्लॉक्) *n.* 1. a group (of animals or birds, पशु पक्षियों का) झुंड, गल्ला। 2. a large group of people, झुंड, भीड़, भीड़भाड़।

v. (flocked, flocking) 1. to gather in a large number, झुंड बनाना, भीड़ लगाना। 2. to move in a large number, झुंड में चलना।

flock² *n.* a tuft of cotton or wool, रुई या ऊन का लच्छा। 2. a waste from cotton or wool used for stuffing mattresses, cushions etc., गद्दे भरने की रुई या ऊन।

floe (फ़्लो) *n.* a mass of floating ice, समुद्र में तैरता हुआ हिमखंड, बर्फ़ की तैरती चादर, हिम-शैल।

flog (फ़्लॉग्) *v.* (flogged, flogging) to beat with a stick, strap or whip, डंडे, कोड़े आदि से पीटना या प्रहार करना, डंडे लगाना, कोड़े लगाना। □ **flog a dead horse,** to pursue a line of attack or argument from which no results can come, मरे को मारना, निष्फल प्रयास करना।

flogging (फ़्लॉग्´-इंग्) *n.* punishment by beating with a whip, कोड़ों की मार, कशाघात।

flood (फ़्लड्) *n.* 1. an overflowing of great body of water over a place that is usually dry, बाढ़, सैलाब। 2. the great outpouring or flow, बाढ़, भरमार; a flood of applications, प्रार्थनापत्रों की बाढ़। *v.* (flooded, flooding) 1. to cover or submerge with a flood, बाढ़ आना। 2. to fill or overwhelm like a flood, प्लावित होना, भर जाना।

flood control *n.* protection from floods, बाढ़-नियंत्रण।

floodgate (फ़्लड्´-गेट्) *n.* a gate in a river or canal to control the flow of water, नदी-कपाट, बाढ़-द्वार।

floodlight (फ़्लड्´-लाइट्) *n.* an electric lamp etc. that produces intense bright light, फ़्लडलाइट, तीव्र प्रकाश देनेवाली बत्ती। *v.* (floodlit, floodlighting) to illuminate with floodlights, तेज़ बत्तियों से प्रकाश करना।

floodtide (फ़्लड्´-टाइड्) *n.* an incoming tide, ज्वार।

floodwater (फ़्लड्´-वाः-टः) *n.* the water of a flood, बाढ़ का पानी।

floor (फ़्लोः) *n.* 1. the surface of the room, फ़र्श। 2. the gound surface, earth, भूतल, ज़मीन। 3. the bottom of the sea, cave etc., तल। 4. a legislative chamber where legislators occupy their seats, विधान-भवन। 5. a story of a building, मंज़िल, खंड; ground floor, भूखंड; first floor, पहली मंज़िल। □**cross the floor,** to join the opposition, विरोध पक्ष में जा मिलना; **take the floor,** (i) to speak in a debate, अपनी बात कहने के लिए खड़े होना; (ii) to begin dancing, नृत्य आरंभ करना। *v.* (floored, flooring) 1. to put a floor in a building, फ़र्श डालना, बनाना या बिछाना। 2. to knockdown, गिरा देना, पटक देना। 3. to stun, चकित या स्तब्ध कर देना। 4. to baffle, विचलित कर देना, घबरा देना।

floorage (फ़्लोः´-इज्) *n.* the floor space, क्षेत्रफल।

floorboard (फ़्लोः´-बोःड्) *n.* a plank of a wooden floor, लकड़ी के फ़र्श का तख़्ता, फ़र्शी तख़्ता।

floor show *n.* the entertainment presented on the floor of a nightclub, नाइटक्लब का नृत्य या कार्यक्रम।

flooring (फ़्लोर्´-इंग्) *n.* material used for making floors, फ़र्श बनाने की सामग्री।

floozie, floozy (फ़्लू´-ज़ी) *n.* 1. a disreputable woman, बदनाम स्त्री। 2. a prostitute, वेश्या, रंडी।

flop (फ़्लॉप्) *v.* (flopped, flopping) 1. to bend loosely, झुक या लटक जाना। 2. to fall down clumsily, धड़ाम से गिर जाना। 3. to put down roughly, पटक देना। 4. to move awkwardly, भद्दे ढंग से चलना, आगे बढ़ना या कुछ करना। 5. to be a failure, to fail utterly, पूरी तरह से विफल होना, पिट जाना। *n.* 1. the act or noise of flopping, धड़ाम, धम शब्द। 2. a complete failure, वह कार्यक्रम, फ़िल्म, पुस्तक आदि जो बुरी तरह पिट गई हो। *adv.* with a flop, धड़ाम से, धम शब्द करते हुए; He fell flop on the floor. वह धड़ाम से ज़मीन पर गिर पड़ा।

floppy (फ़्लॉप्´-ई) *adj.* 1. hanging down loosely, झूलता हुआ, लटकता हुआ, ढीला-ढाला। 2. inclined to flop, धड़ाम से गिर पड़नेवाला।

floppy disc *n.* a magnetic disc used in a computer for storing information, मैगनेटिक डिस्क, चुंबकीय चक्रिका, फ़्लापी।

flora (फ़्लोर्´-अॅ) *n.* (plu. florae, floras) 1. all the plants of a particular place or time, किसी विशिष्ट स्थान या काल के सभी पेड़-पौधे। 2. a list or description of such plants, पेड़-पौधों की सूची या तत्संबंधी विवरण।

floral (फ़्लोर्´-अॅल्) *adj.* of flowers, पुष्पीय, फूलों का, फूलों से संबद्ध; floral decoration, पुष्पीय सज्जा, पुष्पसज्जा, फूलों की सजावट।

floral tribute *n.* a bunch of flowers given as a tribute, भेंट या अर्पित किया जानेवाला गुलदस्ता, श्रद्धा-सुमन।

Florentine (फ़्लोर्´-अॅन्-टीन्) of Florence, इटली के फ़्लोरेन्स नगर से संबद्ध।

florescence (फ़्लो-रॆस्´-अॅन्स्) *n.* 1. the act of blooming, पुष्पण। 2. the period of blooming, पुष्पण-काल, फूल खिलने का समय, बहार।3. a period of success, सफलता-काल, सफलता का समय, स्वर्णकाल।

florescent (फ़्लो-रॆस्´-अॅन्ट्) *adj.* blossoming, खिलता हुआ।

floriculture (फ्लोर´-ई-कल्-चॅ:) *n.* 1. the cultivation of flowering plants, फूलों की खेती, पुष्पकृषि।2. the business of growing flowering plants, फूलोंवाले पेड़-पौधे उगाने का व्यवसाय, पुष्प-कृषि।

florid (फ़्लोर्´-इड्) *adj.* 1. flowery, बेल-बूटोंवाला। 2. richly decorated or ornamented, ख़ूब सजा हुआ, अत्यधिक अलंकृत, भड़कीला। 3. having a red complexion, rosy, गुलाबी, ललाई लिए हुआ (चेहरा)।

florin (फ़्लोर्´-इन्) *n.* an old coin worth two shillings, दो शिलिंग का पुराना सिक्का।

florist (फ़्लोर्´-इस्ट्) *n.* a person who grows or sells flowers or flower plants, पुष्पोत्पादक, फूलवाला।

floss (फ़्लॉस्) *n.* 1. waste silk, सिल्क के रद्दी रेशों का समूह।2. soft, loosely twisted silk thread, कच्चा रेशम।

flossy (फ़्लॉस्´-ई) *adj.* 1. flashy, भड़कीला। 2. soft, मुलायम।

flotation (फ़्लो-टे´-शॅन्) *n.* the act of floating (bonds, बांड) निकालना, प्रवर्तन।

flotila (फ़्लो-टिल्´-अॅ) *n.* 1. a small fleet, छोटा बेड़ा। 2. a fleet of small ships, छोटे-छोटे पोतों का बेड़ा।

flotsam (फ़्लॉट्´-सॅम्) *n.* parts of a wrecked ship found floating, विनष्ट पोत के टूटे-फूटे तैरते हुए अंश, जहाज़ी कबाड़।

flotsam and jetsam *n.* (plu.) worthless things, कूड़ा-कबाड़।

flounce[1] (फ़्लॉउन्स्) *n.* an ornamental piece of cloth sewn to a skirt etc., स्कर्ट आदि में शोभा के लिए लगाया जानेवाला कपड़े का टुकड़ा, झालर, फीता आदि।

flounce[2] (फ़्लॉउन्स्) *v.* (flounced, flouncing) to go or move with agitated movements, आवेश में आकर या हड़बड़ाते हुए निकलना या चल देना। *n.* the act of flouncing, हड़बड़ाहट, हड़बड़ी।

flounced (फ़्लॉउन्स्ड्) *adj.* decorated with a flounce, फीता, झालर आदि से अलंकृत।

flounder[1] (फ़्लॉउन्´-डॅ:) *v.* (floundered, floundering) 1. to struggle awkwardly to move in mud or snow, दलदल या बर्फ़ में चलने के लिए संघर्ष करना। 2. to make mistakes, भूलें करना।

flounder[2] (फ़्लॉउन्´-डॅ:) *n.* a saltfish, समुद्री मछली।

flour (फ़्लॉउ:) *n.* a fine powder obtained by grinding grain, आटा, मैदा, बेसन आदि। *v.* (floured, flouring) 1. to cover with flour, आटा लगाना, आटे से लपेटना। 2. to sprinkle flour, आटा छिड़कना या बुरकना। 3. to grind grain, आटा पीसना।

flourish (फ़्लर्´-इश्) *v.* (flourished, flourishing) 1. to thrive or prosper, समृद्ध होना, पनपना, फूलना-फलना। 2. to wave or wield (a sword, तलवार) चमकाना, माँजना।3. to be active or at the peak of condition, सक्रिय होना, सितारा चमकना, सितारा बुलंद होना। *n.* 1. a thriving or prosperous state, समृद्धि, ख़ुशहाली, बहार।2. waving in the air, चमकाने या माँजने की क्रिया, चमकाव।3. an ornamen-

tal embellishment in writing, अलंकृत लेखन-शैली, गुलकारी। 4. figurative usage, आलंकारिक प्रयोग। 5. an exciting passage of music, उत्तेजक संगीत रचना। 6. a fanfare, तुरहीनाद।

flout (फ़्लाउट्) *v.* (flouted, flouting) 1. to disobey, अवज्ञा करना, आज्ञा का उल्लंघन करना। 2. to show contempt for, निरादर करना, उपहास करना।

flow (फ़्लो) *v.* (flowed, flowing) 1. to move or run as in stream, बहना, तिरना। 2. to move like a liquid, प्रवाहित होना, बहना; The tears flowed her eyes. उसकी आँखों से आँसू बह निकले। 3. to hand down loosely, लटकना, लहराना। 4. to be plentiful, प्रचुर होना। 5. to rise (as a tide, ज्वार की तरह) उठना, आना। *n.* 1. the act or motion of flowing, प्रवाह, बहाव। 2. a stream, धारा। 3. a continuous outpouring, सतत अभिव्यक्ति, धाराप्रवाह अभिव्यक्ति; a flow of ideas, विचारों की सतत अभिव्यक्ति, विचार-प्रवाह। 4. a continuous movement or circulation, चलता रहनेवाला क्रम, प्रवाह। 5. the advancing of the tide, ज्वार का आना। 6. continuous discharge, स्राव, क्षरण, बहाव।

flower (फ़्लॉव्´-अ:) *n.* 1. a part of the plant having brightly coloured leaves or petals, फूल, पुष्प, सुमन। 2. a plant that is cultivated for its fine flowers, पुष्पपादप, फूल-पौधा। 3. the period of highest development, उत्कर्ष-काल। 4. the best example of something, उत्तम उदाहरण। □ **inflower,** in a state of flowering, पुष्पित। *v.* (flowered, flowering) 1. to produce flowers, फूलना, फूल लगना। 2. to reach a peak, चोटी पर पहुँचना, उत्कर्ष को प्राप्त होना, समृद्ध होना।

flowered (फ़लॉव्´-अ:ड्) *adj.* decorated with flowers, फूलों से सजा हुआ, पुष्पसज्जित।

flower garden *n.* a garden with flowering plants, फूलोंवाला बाग, फूलबाग, पुष्पोद्यान।

flower girl *n.* 1. a young girl who attends the bride in a wedding procession and carries flowers, विवाह के समय दुल्हन के साथ चलनेवाली लड़की जो फूल लिए होती है। 2. a girl who sells flowers, फूलवाली, मालिन।

flowerpot (फ़्लॉव्´-अ:-पॉट्) *n.* a pot in which plants may be grown, गमला।

flower show *n.* an exhibition of flowering plants, पुष्प-प्रदर्शनी।

flowery (फ़्लॉव्´-अ-री) *adj.* 1. abounding in flowers, फूलों से लदा हुआ। 2. full of figurative expressions, आलंकारिक, लाक्षणिक प्रयोगों से युक्त।

flowing (फ़्लो´-इंग्) *adj.* 1. moving as a fluid, बहता हुआ। 2. continuous, सतत, निरंतर।

flown (फ़्लोन्) *v.* p.t. & p.p. of fly.

flu (फ़्लू) *n.* influenza, फ़्लू, इनफ़्लूएंजा।

flub (फ़्लब्) *v.* (flubbed, flubbing) to bungle, काम बिगाड़ना, गड़बड़ करना। *n.* a thing badly done, बिगाड़ा हुआ काम।

fluctuate (फ़्लक्´-चू-एट्) *v.* (fluctuated, fluctuating) 1. to move up and down, उतरना-चढ़ना, उतार-चढ़ाव होना। 2. to be irregular, अनियमित होना, घटते-बढ़ते रहना, परिवर्तित होना। 3. to cause to fluctuate, घटाना-बढ़ाना, परिवर्तन करना।

fluctuation (फ़्लक्-चू-ए´-शॅन्) *n.* 1. the moving up and down, घट-बढ़, उतार-चढ़ाव। 2. continual or irregular variation, सतत या अनियमित परिवर्तन।

flue (फ़्लू) *n.* a pipe or tube to carry off smoke, gas etc., धुआँकश, चिमनी।

fluency (फ़्लू´-अॅन्-सी) *n.* the state of being fluent, प्रवाह; पठन-प्रवाह, प्रवाहशीलता।

fluent (फ़्लू-अॅन्ट्) *adj.* 1. speaking smoothly and readily, धाराप्रवाह बोलनेवाला। 2. smoothly and naturally flowing, धाराप्रवाह, प्रवाहशील।

fluently (फ़्लू´-अॅन्ट्-ली) *adv.* in a fluent manner, धाराप्रवाह रूप में, धाराप्रवाह।

fluff (फ़्लफ़्) *n.* soft feathery stuff that comes from woolly material, (स्वेटर, कंबल आदि में से निकलनेवाले) रोएँ। *v.* (fluffed, fluffing) 1. to make mistakes, भूलें करना, गलतियाँ करना। 2. to bungle, गड़बड़ा जाना या गड़बड़ी

करना।

fluffy (फ़्लफ़्-ई) *adj.* covered with fluff, रोएँदार।

fluid (फ़्लू´-इड्) *n.* a substance that flows easily, तरल पदार्थ, द्रव। *adj.* 1. able to flow, तरल, प्रवाहशील। 2. capable of being changed, जिसमें परिवर्तन किया जा सके। 3. changing, अस्थिर; fluid state, अस्थिर स्थिति।

fluidity (फ़्लू-इड्´-इ-टी) *n.* the quality of being fluid, तरलता, प्रवाहशीलता, अस्थिरता।

fluke¹ (फ़्लूक्) *n.* an accidental stroke of good luck, संयोग, सौभाग्य की बात।

fluke² *n.* 1. a flat end of each arm of an anchor, लंगर की बाँह का चिपटा सिरा। 2. (plu.) whale's tail, व्हेल की पूँछ।

fluke³ *n.* a kind of fish, एक तरह की मछली।

flume (फ़्लूम्) *n.* 1. a ravine with a stream running through it, वह घाटी जिसमें से नदी बह रही हो। 2. a channel of water, जलमार्ग, नाली।

flummery (फ़्लम्´-अॅ-री) *n.* meaningless flattery, झूठी ख़ुशामद।

flummox (फ़्लम्´-अॅक्स्) *v.* (flummoxed, flummoxing) to baffle, घबरा देना, क्षुब्ध या विचलित कर देना।

flung (फ़्लंग्) *v.* p.t. & p.p. of fling.

flunk (फ़्लंक्) *v.* (flunked, flunking) to fail in a test or examination, फ़ेल हो जाना, अनुत्तीर्ण होना। □ **flunk out,** to go or send away from the school, विद्यालय से निकल जाना या निकाला जाना।

flunky, flunkey (फ़्लंग्´-की) *n.* a male servant in uniform, वर्दीधारी सेवक।

fluorescence (फ़्लू-अॅ-रॅस्´-अॅन्स्) *n.* 1. the property of producing (bright white) light, प्रकाश-गुण। 2. bright white light, तीव्र (दूधिया) प्रकाश, प्रदीप्ति।

fluorescent (फ़्लू-अॅ-रॅस्´-अॅन्ट्) *adj.* having the quality of giving out bright white light, प्रदीपक; fluorescent printing, प्रदीप्ति-मुद्रण।

flurry (फ़्लर्´-ई) *n.* 1. a sudden brief gust of wind or rain, हवा या बारिश का झोंका। 2. a light fall of snow, हलका हिमपात। 3. a sudden confusion, घबराहट या हड़बड़ाहट। 4. a sudden wish to do something, झोंक। *v.* (flurried, flurrying) 1. to confuse or to be confused, घबरा उठना या घबरा देना। 2. to bewilder or to be bewildered, हतप्रभ हो जाना या कर देना।

flush (फ़्लश्) *v.* (flushed, flushing) 1. to clean with a sudden flow of water, पानी बहाकर साफ़ कर देना। 2. to become clean with a sudden flow of water, पानी बहाने से साफ़ हो जाना। 3. to become bright, चमक उठना। 4. to redden, लाल हो जाना (चेहरे का ख़ून दौड़ने के कारण)। 5. to flush, झेंप जाना, शरमा जाना। 6. to fill with pride, गर्व अनुभव करना, गर्वित होना। *n.* 1. a brief but sudden rush of water, बहाने के लिए डाला जानेवाला जल, पानी का झोंका। 2. a blush, लाली या लाज। 3. excitement caused by emotion, उत्तेजना, आवेश। 4. the redness of the skin, लाली, सुर्ख़ी। 5. freshness, ताज़गी; the flush of youth, जवानी की ताज़गी। 6. a period of fresh growth of leaves, shoots etc., नए पत्ते, कलियाँ आदि निकलने का समय। *adj.* 1. blushing, लाज-भरा, आरक्त, लाल। 2. plentiful, प्रचुर। 3. prosperous, समृद्ध। 4. even, समतल, बराबर। 5. straight forward, स्पष्टवादी। 6. well supplied with money, परिपूर्ण।

flush² *v.* (flushed, flushing) to fly or cause to fly (birds) away, (पक्षियों का) उड़ना या उड़ाया जाना।

flush latrine *n.* a latrine with a flush device, प्रवाही शौचालय।

fluster (फ़्लस्´-टॅ:) *v.* (flustered, flustering) to cause (someone) to be nervous or confused, परेशान कर देना, क्षुब्ध कर देना, घबरा देना। *n.* the state of being flustered, परेशानी, क्षोभ, घबराहट।

flute¹ (फ़्लूट्) *n.* a wind instrument with finger holes, बाँसुरी, मुरली, वंशी।

flute² (फ़्लूट्) *v.* (fluted, fluting) to make

ornamental grooves on a pillar, खंभे पर धारियाँ या नालियाँ बनाना।

fluting (फ़्लू´-टिंग्) ***n.*** an ornamental groove, धारी या नाली।

flutist (फ़्लूट्´-टिस्ट्, फ़्लूट्´-इस्ट्) ***n.*** one who plays the flute, बाँसुरीवादक।

flutter (फ़्लट्´-अ॑:) ***v.*** (flutterd, fluttering) 1. to move or fly with a quick flapping (of wings, पर) फड़फड़ाना। 2. to vibrate rapidly or erratically, ज़ोर-ज़ोर से अनियमित रूप से धड़कना या धड़धड़ाना। 3. to behave in a excited manner, उत्तेजित हो उठना, तड़फड़ाना, घबराना। 4. to wave quickly, लहराना, फड़फड़ाना। 5. to move in a quick irregular way, हिलाना-डुलाना, हलचल करना। ***n.*** a fluttering movement, फड़फड़ाहट, धड़कन या धड़धड़ाहट, तड़फड़ाहट, हलचल।

fluvial (फ़्लू´-वि-अ॑ल्) ***adj.*** 1. of a river or rivers, नदी-संबंधी, नदीय। 2. found in or produced by rivers, नदियों में मिलनेवाला, नदियों द्वारा लाया हुआ, नदीय।

flux (फ़्लक्स्) ***n.*** 1. a flow, प्रवाह, बहाव। 2. a continued flow or flood, निरंतर प्रवाह, बाढ़। 3. continuous succession of changes, अस्थिरता, अनिश्चय; a state of flux, अस्थिर स्थिति, अनिश्चित स्थिति।

fly[1] (फ़्लाइ) ***v.*** (flew, flown, flying) 1. to move through the air with the help of wings or a machine, उड़ना। 2. to cause to move through air, उड़ाना। 3. to direct or control the flight (of an aircraft, हवाई जहाज़) उड़ाना, चलाना। 4. to travel in an aircraft, वायुयान में यात्रा करना। 5. to cross by means of flying, पार करना, लाँघ जाना। 6. to raise in the air, ज़मीन से ऊपर उठाना, आकाश में उड़ाना। 7. to move suddenly and with force, सहसा और तेज़ी से चलना। 8. to flee, भाग जाना। □ **fly at,** to attack violently and suddenly, झपट पड़ना, टूट पड़ना; The dog flow at the postman. कुत्ता डाकिए पर झपट पड़ा; **fly in the face of,** to disobey openly, अवज्ञा करना, खुल्लमखुल्ला विरोध करना; **fly into a temper,** to become suddenly angry, क्रुद्ध हो उठना, पारा चढ़ जाना; **send flying,** to knock violently aside, उठाकर फेंक या पटक देना; **The bird has flown.** The person wanted has escaped. जिस व्यक्ति की तलाश थी वह फ़रार हो गया है।

fly[2] ***n.*** a small insect with two wings, मक्खी, मक्षिका।

fly[3] ***adj.*** very clever, not easily tricked, चतुर, काइयाँ।

flyaway (फ़्लाइ´-अ॑-वे़) ***adj.*** soft, loose and easily blown out by the wind, हवा में लहराता हुआ।

flyblown (फ़्लाइ´-ब्लोन) ***adj.*** tainted, spoiled, ख़राब, दूषित, विकृत।

fly-by-night (फ़्लाइ´-बाइ-नाइट्) ***n.*** a person using dishonest methods in business transactions, बेईमान व्यापारी।

flycatcher (फ़्लाइ´-कै-चॅ:) ***n.*** a small bird that catches flies or insects in the air, हवा में मक्खियाँ या कीड़े पकड़नेवाली चिड़िया।

flying (फ़्लाइ´-इंग्) ***adj.*** able to fly or that flies, उड़नेवाला या उड़ता हुआ; flying dish, उड़न तश्तरी। ***n.*** 1. the act of flying, उड़ना, उड्डयन; flying officer, उड्डयन अधिकारी। 2. a journey by an aircraft, हवाई जहाज़ का सफ़र।

flying buttress ***n.*** a buttress supporting a structure by an arch, तिरछा पुश्ता।

flying colours ***n.*** (plu.) 1. flags shown as sign of victory, विजय की सूचक पताकाएँ। 2. victory, विजय, सफलता। □ **come off with flying colours,** to succeed in a worthy manner, उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करना।

flying squad ***n.*** a small group of police ready for quick action at the time of a mishap, उड़ाका दल, उड़न-दस्ता।

flying start ***n.*** a very good beginning, बहुत अच्छी शुरुआत, शुभारंभ।

flying visit ***n.*** a very short visit, क्षणिक भेंट, थोड़ी देर की मुलाकात, तूफ़ानी यात्रा।

flyleaf (फ़्लाइ´-लीफ़्) ***n.*** a blank leaf in the beginning or end of a book, पुस्तक के आरंभ

या अंत का कोरा पन्ना।

flyover (फ़्लाइ´-ओ-वॅ:) *n.* a bridge over a crossing, फ़्लाइओवर, पारक, उपरिसेतु।

flypaper (फ़्लाइ´-पे-पॅ:) *n.* a paper coated with a sticky substance to trap flies, फ़्लाइपेपर, मक्खीमार कागज़।

flypast (फ़्लाइ´-पास्ट्) *n.* a ceremonial flight of aircraft over a given area, फ्लाइपास्ट, विमानों की सामूहिक उड़ान।

flytrap (फ़्लाइ´-ट्रैप्) *n.* a plant that eats insects, कीटभक्षी पादप।

flyweight (फ़्लाइ´-वेट्) *n.* a boxer weighing up to 51 kg., वह मुक्केबाज़ जिसका वजन ५१ किलोग्राम से अधिक न हो, हलका मुक्केबाज़।

flywheel (फ़्लाइ´-व्हील) *n.* a heavy wheel that regulates the speed of a machine, फ़्लाइवील, गतिचक्र।

flywhisk (फ़्लाइ´-विस्क्) *n.* a bunch of hair of a yak's tail, चँवर, चँवरी।

foal (फ़ोल्) *n.* the young of a horse, अश्वशावक, बछेड़ा। *v.* (foaled, foaling) to give birth to a foal, घोड़ी का ब्याना।

foam (फ़ोम्) *n.* 1. a mass of small bubbles formed on a liquid, झाग, फेन। 2. the froth of saliva, झाग, फेन। 3. spongy rubber, फ़ोम।

foamy (फ़ोम्´-ई) *adj.* 1. of foam, फेन-संबंधी, फ़ोम संबंधी। 2. like foam, फेनिल या फ़ोम जैसा।

fob[1] (फ़ॉब्) *n.* 1. a pocket for keeping watch, घड़ी रखने की जेब। 2. a chain attached to a pockect-watch, जेब घड़ी की चेन। *v.* (fobbed, fobbing) to trick or deceive, ठगना या धोखा देना। □ **fob off,** to get rid of (something useless, किसी रद्दी वस्तु को) निकाल या ठेल देना, पिंड छुड़ाना।

focal (फ़ो´-कॅल्) *adj.* 1. of focus, फ़ोकस-संबंधी। 2. placed at a focus, फ़ोकस पर स्थित। 3. central, focal area, केंद्रीय क्षेत्र।

focal distance *n.* the distance of the focus from the surface of a lens or mirror, फ़ोकस दूरी।

focalize (फ़ो´-कॅल्-आइज़्) *v.* (focalized, focalizing) 1. to adjust to a focus or to be adjusted to a focus, फ़ोकस से समंजित होना या करना, फ़ोकसन करना। 2. to limit or to be limited to small area, सीमित होना या सीमित करना।

focus (फ़ो´-कॅस्) *n.* (plu. foci, focuses) 1. the point at which rays come together or from which they diverge, फ़ोकस, किरण-संगम। 2. any centre of activity, क्रियाकलाप का केंद्र। *v.* (focused, focusing) 1. to adjust the focal distance in order to produce a clear image, फ़ोकस को ठीक करना। 2. to concentrate, केंद्रित करना; Focus your attention on study, पढ़ाई-लिखाई पर अपना ध्यान लगाओ।

focusing (फ़ोक्´-सिंग्) *n.* the action of one who focuses, फ़ोकसन, केंद्रण।

fodder (फ़ॉड्´-अॅ:) *n.* coarse food consisting of chopped stalks of corn and hay for cattle, चारा, कुट्टी; green fodder, हरा चारा। *v.* (foddered, foddering) to feed with fodder, पशुओं को चारा खिलाना।

foe (फ़ो) *n.* an enemy, दुश्मन, शत्रु, वैरी, प्रतिरोधी।

foetal (फ़ी´-टॅल्) *adj.* of fetus, भ्रूण-संबंधी, भ्रूणीय।

foetus (फ़ी´-टॅस्) *n.* a fetus, भ्रूण।

fog (फ़ॉग्) *n.* 1. a cloudlike mass of water vapour at or just above the earth's surface, कोहरा, कुहासा, धुंध। 2. confusion or bewilderment, भ्रम, भ्रांति। 3. a blur on a photograph or negative, धुँधलाहट, धुँधलापन। *v.* (fogged, fogging) 1. to be covered with fog, कोहरा छा जाना। 2. to become obscure, छिप जाना, धुँधला पड़ जाना। 3. to make dim, धुँधला या अस्पष्ट कर देना। 4. to confuse or be confused, भ्रमित कर देना या हो जाना, विक्षुब्ध करना या होना।

fogged (फॉग्ड्) *adj.* full of fog, कुहासे से भरा, धुंध-भरा, धुँधला।

foggy (फ़ॉग्´-ई) *adj.* 1. full of fog, covered with fog, कुहासे से आच्छादित, धुँध से भरा। 2. dim, धुँधला, घूमिल, अस्पष्ट। 3. confused, भ्रांत, विक्षुब्ध।

foghorn (फ़ॉग्´-हॉ:न्) *n.* a horn used to warn ships in fog, कुहासे में फँसे पोतों को सावधान करनेवाला भोंपू।

fogy (फ़ॉग्´-ई) *n.* a person of conservative or old-fashioned habits, दकियानूसी व्यक्ति, रूढ़िवादी।

foible (फ़ॉइ´-बॅल्) *n.* a small weakness in character, छोटी-मोटी चारित्रिक दुर्बलता, कमज़ोरी।

foil[1] (फ़ॉइल्) *n.* 1. metal hammered or rolled into a thin flexible sheet, पन्नी। 2. one that by contrast enhances the qualities of another, ऐसी वस्तु या व्यक्ति जिससे किसी दूसरी वस्तु या व्यक्ति का महत्त्व या आकर्षण बढ़ता हो; The deformed body of the villain acted as a foil to the beauty of the heroine. ख़लनायक के विकृत शरीर ने नायिका के सौंदर्य को अधिक उजागर करने का काम किया। *v.* (foiled, foiling) 1. to cover with foil, पन्नी लगाना। 2. to serve as a contrast to, तुलना में दूसरे का गुण उजागर करना।

foil[2] *v.* (foiled, foiling) to frustrate or thwart, विफल कर देना, विफल बना देना।

foil[3] *n.* a blunt sword, भोथरी तलवार।

foist (फ़ॉइस्ट्) *v.* (foisted, foisting) to impose with trick, चालाकी से थोप देना, गले मढ़ देना।

fold[1] (फ़ोल्ड्) *v.* (folded, folding) 1. to bend or press (cloth, paper etc.) so that one part lies on another, तह करना, तह लगाना, तहाना। 2. to bring from extended to closed position, मोड़ना, मोड़ लेना। 3. to bend one part of a thing back over on it, तहाना, फोल्ड करना। 4. to draw together, जोड़ना। 5. to clasp in arms, बाँहों में भींच लेना। 6. to cease to function, to collapse, ख़त्म या बंद हो जाना, बिलट जाना, चौपट हो जाना। 7. to wrap up, लपेट लेना, बाँध लेना। □ **fold up,** to collapse, चौपट हो जाना। *n.* 1. the act of folding, तह करने की क्रिया। 2. a folded part or layer, तह। 3. a line made by folding, तह का निशान, क्रीज़।

fold[2] *n.* 1. an enclosure for sheep, भेड़ों का बाड़ा। 2. a flock of sheep, भेड़ों का झुंड। 3. body of religious believers, धार्मिक संप्रदाय। 4. a group or institution with common interests or objects, शाखा, दल या संघ। □ **return to the fold,** to rejoin a group, किसी शाखा, दल या संघ में लौट आना।

foldaway (फ़ोल्´-डॅ-वे) *adj.* that can be folded away for keeping it safe, जिसे तहाकर सुरक्षित रखा जा सके।

folder (फ़ोल्´-डॅ:) *n.* 1. a folded sheet of cardboard used as a holder for papers, फ़ोल्डर। 2. a folded leaflet, कई तहवोंवाला विज्ञापन या सूचनापत्र, फ़ोल्डर।

folding (फ़ोल्ड्´-इंग्) *adj.* having two or more parts that can be folded one against another, फ़ोल्डिंग, टुटवाँ, मुड़वाँ।

foliaceous (फ़ो-लि-ऐ´-शॅस्) *adj.* 1. having leaves, जिसमें पत्ते हों, पत्तेदार, पत्रित। 2. like the leaf of a plant, पत्ते के जैसा।

foliage (फ़ो´-लि-इज्) *n.* the leaves of a plant or tree, पौधे या वृक्ष के समस्त पत्ते, पर्णसमूह।

foliate (फ़ो´-लि-एट्) *v.* (foliated, foliating) to decorate with leaves, foils etc., पत्तों पन्नियों आदि से सजाना।

foliated (फ़ो´-लि-ए-टिड्) *adj.* 1. decorated with leaves, पत्तों से सजाया हुआ। 2. decorated with foils, पन्नियों से सजाया हुआ।

foliation (फ़ो-लि-ए´-शॅन्) *n.* the state of being in leaf, पत्तों से युक्त होने की अवस्था, पत्रण।

folio (फ़ो´-लि-ओ) *n.* 1. the two opposite pages of a ledger, फ़ोलियो, पृष्ठांक। 2. page number of a printed book, (पुस्तक के) पृष्ठ की संख्या। *v.* (folioed, folioing) to number the pages (of a book, पुस्तक के) पृष्ठों पर पृष्ठ-संख्या अंकित करना।

folk (फ़ोक्) *n.* 1. people in general, लोग, जन, लोक। 2. a specified group, वर्ग विशेष, जनसमूह। *adj.* of or occuring in common people, लोकगत, लोक; folk dance, लोकनृत्य; folklore, लोक-साहित्य; folkmusic, लोकसंगीत; folksong, लोकगीत; folktale, लोककथा; folkway, लोकरीति।

folk etymology *n.* unscientific etymology, अवैज्ञानिक व्युत्पत्ति, लोक-व्युत्पत्ति।

folksy (फ़ोक्´-सी) *adj.* (folksier, folksiest) simple and unpretentious, सीधा-सादा, भोला-भाला।

follicle (फ़ॉल्´-इ-कॅल्) *n.* a very small bodily cavity, सूक्ष्म गर्तिका; a hair follicle, रोमकूप।

follow (फ़ॉल्´-ओ) *v.* (followed, following) 1. to come after, to go after, पीछे आना, 2. to become a follower, अनुयायी या शिष्य बन जाना। 3. to go along, अनुसरण करना, के साथ जाना; to follow the road, सड़क के साथ-साथ जाना। 4. to pursue, पीछा करना। 5. to result from or come after as a logical consequence, परिणाम के रूप में बाद में होना या घटित होना, उद्‌भूत होना, उत्पन्न होना। 6. to accompany, साथ-साथ चलना। 7. to obey or comply, अनुसरण करना, पालन करना। 8. to take or succeed to the place or position, (का) स्थान ग्रहण करना। 9. to follow the example of, (के) पदचिह्नों पर चलना। 10. take interest in, रुचि लेना। 11. to take up, अपनाना। 12. to imitate, अनुकरण करना। 13. to listen and understand, सुनना और समझना। 14. to watch closely, ध्यानपूर्वक देखना, निरीक्षण करना। □ **follow one's nose,** (i) to go straight, नाक की सीध में जाना; (ii) to be guided by instinct, अपनी मर्ज़ी से (कोई काम) करते चलना; **follow on the heals of,** to occur or come immediately after, ठीक पीछे आना या घटित होना; **follow suit,** to follow the example set, के उदाहरण पर चलना; **follow up,** to add to the effectiveness of by doing something more, आगे बढ़ाना।

follower (फ़ॉल्´-ओ-अॅ:) *n.* 1. a disciple or adherent, अनुयायी, अनुगामी, भक्त। 2. a servant or attendant, सेवक, परिचर।

following (फ़ॉल्´-ओ-इंग्) *n.* 1. a group of disciples or adherents, अनुयायियों का वर्ग, भक्त-समुदाय। 2. a group of servants, सेवक वृंद। *adj.* 1. that follows, next after, आगामी, अगला। 2. to be mentioned immediately, निम्नलिखित। *prep.* afterwards, के बाद, के उपरांत; following the strike, हड़ताल के बाद।

follow-on (फ़ॉल्´-ओ-ऑन्) *n.* an immediate second innings forced on a team, (क्रिकेट के खेल में) फ़ालो-ऑन।

follow-through *n.* 1. the act of carrying to completion, किसी क्रिया को पूर्णता प्रदान करनेवाला कार्य। 2. the concluding part of a stroke after a ball has been hit, प्रहार के बाद बल्ले को और आगे ले जाना। *v.* to complete, निष्पादन करना, पूर्ण करना।

follow-up *n.* 1. second letter, circular etc., referring to earlier one, पहले भेजे हुए पत्र, परिपत्र आदि के संदर्भ में भेजा जानेवाला दूसरा पत्र या परिपत्र। 2. an action taken to continue or add to the effect of something done before, अगली या आगे की कार्रवाई, अनुवर्ती कार्रवाई; follow-up behaviour, अनुवर्ती व्यवहार।

folly (फ़ॉल्´-ई) *n.* 1. foolishness, मूर्खता, मूढ़ता, बेवकूफ़ी। 2. a foolish act, मूर्खतापूर्ण कार्य, मूर्खता।

foment (फ़ो-मेंन्ट्´) *v.* (fomented, fomenting) 1. to treat with heat and moisture, सेंकना, सिंकाई करना, टकोर करना। 2. to stir up, to grouse, उभारना, फैलाना, जगाना।

fomentation (फ़ो-मेंन्-टे´-शॅन्) *n.* 1. the act or process of fomenting, सेंक, सिंकाई। 2. the act of stirring up, उभाड़ने की क्रिया या भाव, उत्तेजन।

fond (फ़ॉन्ड्) *adj.* 1. kind and loving, affectionate, अनुरक्त, स्नेही, अनुरागमय, प्यारा; a fond mother, लाड़-प्यार करनेवाली माँ; fond looks, स्नेहपूर्ण चितवन। 2. foolishly affectionate, आसक्त, मुग्ध। 3. habituated, अभ्यस्त, आदी। □ **fond of,** having a liking for, शौक़ीन, प्रेमी, चाव-भरा।

fondant (फ़ॉन्´-डॅन्ट्) *n.* a paste of sugar and water, चीनी और पानी का गाढ़ा घोल।

fondle (फ़ॉन्´-डॅल्) *v.* (fondled, fondling) 1. to touch or stroke affectionately, प्यार से छूना, सहलाना या थपथपाना। 2. to love or caress, लाड़-प्यार या दुलार करना।

fondly (फ़ॉन्ड्´-ली) *adv.* 1. lovingly, प्रेमभाव

से, चाव से, प्यार से, अनुराग से। 2. in a foolishly optimistic manner, ओछे ढंग से।

font¹ (फ़ॉन्ट्) *n.* a basin in a church for holding holy water for baptism, चर्च में अभिषेक के लिए पवित्र जल रखने का पात्र, जलपात्र।

font² (फ़ॉन्ट्) *n.* a complete set of printing types of one style and size, एक ही मोटाई और आकार के टाइपों का समूह, फॉन्ट।

fontanelle (फ़ॉन्-टॅ-नॅल्´) *n.* that part of the infant's skull where the bones have not yet appeared, शिशु के सिर का पोला भाग।

food (फ़ूड्) *n.* 1. any substance taken in to maintain life, भोजन, आहार। 2. something solid for eating, अन्न, खाद्यपदार्थ, खाना, भोजन। 3. a diet, भोजन, खाना, ख़ुराक। 4. anything that provides mental nourishment or stimulus, मानसिक भोजन, दिमागी ख़ुराक।

foodgrains (फ़ूड्´-ग्रेन्स्) *n.* seeds of wheat, rice etc., खाद्यान्न, अन्न, अनाज, गल्ला।

foodless (फ़ूड्´-लिस्) *adj.* without food, भूखा।

food poisoning *n.* poisoning caused by eating something poisonous or contaminated, भोजनजन्य विषाक्तता, खाद्यान्न-विषाक्तता।

food processor *n.* a kitchen appliance for cutting, shredding or grinding food, फ़ूडप्रोसेसर।

foodstuff (फ़ूड्´-स्टॅफ़्) *n.* a substance that can be used as food, खाद्यपदार्थ, खाद्यान्न।

food value *n.* nourishing power of a substance used as food, खाद्यमान, तत्त्व, शक्ति।

fool (फ़ूल्) *n.* 1. a person who lacks understanding or judgment, मूर्ख व्यक्ति। 2. a jester or clown, मसख़रा, जोकर। 3. a person who can easily be deceived, सीधा-सादा या भोला-भाला व्यक्ति, भोंदू। ☐ **make a fool of oneself,** to behave stupidly, मूर्ख बनना; **make a fool of someone,** to make someone seem foolish, मूर्ख बनाना, उल्लू बनाना; **play the fool,** to act in a stupid manner, मूर्खतापूर्ण आचरण करना। *v.* (fooled, fooling) 1. to make a fool of, मूर्ख बनाना, उल्लू बनाना। 2. to behave in a foolish manner, मूर्खतापूर्वक आचरण करना, बेवकूफ़ी का काम करना। 3. to waste time, समय बर्बाद करना। 4. to act in a jesting manner, मसख़री करना। 5. to toy with, खिलवाड़ करना, छेड़छाड़ करना। ☐ **fool away,** to waste, बर्बाद करना।

foolery (फ़ू´-लॅ-री) *n.* (plu. fooleries) foolish behaviour, मूर्खतापूर्ण आचरण, बेवकूफ़ी का काम।

foolhardy (फ़ूल्´-हाः-डी) *adj.* (foolhardier, foolhardiest) foolishly bold, दुस्साहसी, उजड्ड।

foolish (फ़ू´-लिश्) *adj.* 1. silly, unwise, मूर्ख, बेवकूफ़, बुद्धू। 2. ridiculous, silly, unwise, हास्यास्पद, मूर्खतापूर्ण, मूर्खता-भरा, बेवकूफ़ी का।

foolishness (फ़ू´-लिश्-निस्) *n.* the state or quality of being foolish, मूर्खता, बेवकूफ़ी।

foolproof (फ़ूल्´-प्रूफ़्) *adj.* so easy to understand or operate as to leave room for error misuse or failure, अत्यंत सरल, सुगम, सहज।

foolscap (फ़ूल्ज़्´-कैप्) *n.* a size of printing paper approximately 13x16 inches, छपाई के कागज़ का एक साइज़, फुलस्केप।

fool's errand *n.* a useless or fruitless undertaking, व्यर्थ का काम।

fool's paradise *n.* false or imaginary happiness, झूठी ख़ुशी, काल्पनिक प्रसन्नता, ख़्याली पुलाव, महज़ दिल का बहलावा, मिथ्या स्वर्ग।

foot (फ़ुट्) *n.* (plu. feet) 1. the lower part of a leg, पैर, पाँव। 2. the lower end of a table etc., पाया, पैर। 3. the lower end of a bed or grave, पयताना। 4. the lower part or bottom of something, अधोभाग, निचला हिस्सा, तल। 5. a unit of length equal to 12 inches, फ़ुट। 6. the manner of moving or walking, चलने का ढंग। 7. a metrical unit or division of verse, पाद, चरण। 8. infantry, पैदल सेना। ☐ **foot up,** to add, जोड़ना; **have a foot in both camps,** to have good relations with both the opposing factions, दोनो धड़ों से अच्छा संबंध होना; **have one foot in the grave,** be near to death, मरणासन्न होना;

keep one's feet, to stand firm, दृढ़ता से खड़े होना या संभले रहना; **My foot!** an expression of disbelief, अविश्वास का सूचक विस्मयादिबोधक; **on foot,** walking (not riding), पैदल; **put one's best foot forward,** to do one's best, पूरा ज़ोर लगाना, जितना तेज़ हो सके चलना; **put one's foot down,** (i) be firm, दृढ़ होना। (ii) to act firmly, दृढ़तापूर्वक आचरण करना, अड़ जाना; **set somebody on his feet,** to make someone self-supporting, किसी को आत्मनिर्भर बना देना; **set something a foot,** to get something going, चलाना, चलने में प्रवृत्त करना, प्रवर्तन करना। *v.* (footed, footing) 1. to walk (not ride), पैदल चलना। 2. to knit the foot of stocking, मोजा बुनना। 3. to pay (the bill, बिल) चुकाना।

footage (फ़ुट्´-इज्) *n.* the length or extent of something measured in feet, फ़ुटों में लंबाई।

foot-and-mouth disease *n.* an acute contagious disease of cattle characterized by eruptions in the mouth and on the feet, एक संक्रामक रोग जिसमें पशुओं के मुँह तथा पैरों पर फफोले निकल आते हैं, मुँहपका।

football (फ़ुट्´-बाःल्) *n.* 1. an inflated leather ball, फ़ुटबाल। 2. a game played between two teams with a football, फ़ुटबाल का खेल।

footboard (फ़ुट्´-बोःड्) *n.* a board or platform for the feet, पायदान।

footbridge (फ़ुट्´-ब्रिज्) *n.* a bridge for the use of pedestrians only, यात्री-सेतु, पैदल पुल।

footed (फ़ुट्´-इड्) *adj.* having a foot or feet, पैरवाला, पैरोंवाला; six footed, छह पैरोंवाला।

footer (फ़ुट्´-अः) *n.* a person or thing of specified height (in feet, (फ़ुटों में) ऊँचा व्यक्ति या ऊँची वस्तु; six footer छहफ़ुटा।

footfall (फ़ुट्´-फ़ाःल्) *n.* the sound of a footstep, पगध्वनि, पैर की आहट, पदचाप।

foothill (फ़ुट्´-हिल्) *n.* a low hill near the base of a mountain, निचली पहाड़ी, पहाड़ी क्षेत्र की आरंभिक पहाड़ी।

foothold (फ़ुट्´-होल्ड्) *n.* 1. a place for a foot, पैर रखने की जगह, आधार, पायदान। 2. a secure position, सुरक्षित स्थिति।

footing (फ़ुट्´-इंग्) *n.* 1. a foothold, पैर रखने की जगह, पायदान। 2. position in the society, सामाजिक स्थिति; of the same footing, समान सामाजिक स्थितिवाले। 3. condition or level, स्थिति या स्तर। 4. the lower part of a foundation, (नींव का) निचला भाग, आधार। □**on a war footing,** in a state usual for war, युद्धस्तर पर।

footle (फ़ुट्ल्) *v.* (footled, footling) to waste, नष्ट करना, गँवाना। □ **footle about,** to loiter, व्यर्थ घूमना, मारा-मारा फिरना।

footlights (फ़ुट्´-लाइट्स्) *n.* (plu.) a row of lights along the front of the stage floor, फ़ुटलाइट्स, पाददीप, पादबत्ती।

footling (फ़ुट्´-लिंग्) *adj.* 1. worthless, तुच्छ, नगण्य।

footloose (फ़ुट्´-लूज़्) *adj.* 1. free to go wherever one likes to go, छुट्टा, खुला, घुमक्कड़, सैलानी। 2. having no attachments or ties, बेफ़िकरा, स्वच्छंद।

footman (फ़ुट्´-मॅन्) *n.* 1. a male servant, नौकर। 2. foot soldier, पयादा, पैदल सिपाही।

footnote (फ़ुट्´-नोट्) *n.* a note printed at the bottom of a page, पादटिप्पणी, फ़ुटनोट।

footpad (फ़ुट्´-पैड्) *n.* a highwayman, बटमार, लुटेरा, राहज़न।

footpath (फ़ुट्´-पाथ्) *n.* a path for the pedestrians, फ़ुटपाथ, पटरी, पगडंडी।

footpound (फ़ुट्´-पॉउन्ड्) *n.* the quantity of energy that will raise a weight of one pound to a height of one foot, फ़ुटपॉउन्ड।

footprint (फ़ुट्´-प्रिन्ट्) *n.* the impression or mark of a foot of a person or animal on a surface, पैरों का निशान, पदचिह्न।

footstep (फ़ुट्´-स्टॅप्) *n.* 1. a step taken in walking, पग, कदम, डग। 2. the distance covered by one step, पग, कदम। □ **follow in the footsteps of someone,** to do as someone has done in the past, किसी के पदचिह्नों का अनुसरण करना, पदचिह्नों पर चलना।

footway (फ़ुट्´-वे) *n.* a path for the pedestrians. पटरी, पगडंडी।

footwear (फ़ुट्´-वेंॲ:) *n.* shoes and boots, जूता, चप्पल आदि।

footwork (फ़ुट्´-व:क्) *n.* the manner of using the feet while dancing, playing cricket etc., पदचालन।

fop (फ़ॉप्) *n.* a dandy, बना-ठना रहनेवाला व्यक्ति, छैला, बाँका।

for (फ़ॉ:) *prep.* 1. intended to be received by or belonging to, के लिए, के वास्ते। 2. in place of, की जगह, के बदले में; We use paper for cloth. हम कपड़े की जगह कागज़ का प्रयोग करते हैं। 3. in favour of or on the side of, की ओर से, की तरफ़ से, के पक्ष में। 4. with the aim or purpose of, के उद्देश्य से। 5. in search of, की खोज में। 6. suitable to, के लिए उपयुक्त। 7. as affecting in a specified way, की दृष्टि से। 8. considering the nature of, के विचार से। 9. because of, की वजह से, के कारण। 10. inspite of, इस पर भी, के होते हुए भी। 11. at the price or cost of, के मूल्य पर, की क़ीमत पर। 12. to the extent, length or duration of, तक; The movie lasts for an hour. यह सिनेचित्र एक घंटे तक चलेगा। 13. on the occasion of, के अवसर पर। 14. as a direct equivalent to, के पर्याय रूप में। □ **be for it,** to be likely to be punished, मार खाने के लिए जिसके हाथ खुजला रहे हों; **for all that,** inspite of all that, यह सब-कुछ होते हुए भी; **for good,** for ever, सदा के लिए। *conj.* because, क्योंकि, इसलिए कि।

forage (फ़ॉर्´-इज्) *n.* food for cattle, fodder, चारा, रातब। *v.* (foraged, foraging) 1. to take food, (पशुओं का) चारा खाना। 2. to search for food, भोजन की खोज करना। 3. to go searching, ढूँढ़-खोज करना।

foray (फ़ॉर्´-ए) *n.* 1. a sudden raid, धावा, छापा। 2. a first attempt, प्रथम प्रयास, पहली कोशिश। *v.* (forayed, foraying) 1. to raid, छापा मारना, धावा बोलना। 2. to plunder, लूटना, लूटमार करना।

forbade (फ़ॉ:-बेड्´, फ़ा:-बैड्´) *v.* p.t. of forbid.

forbear[1] (फ़ॉ:-बेंॲ:´) *v.* (forbore, forborne, forbearing) 1. to avoid or refrain from, बाज़ आना, दूर या परे रहना, संयम बरतना, बचना। 2. to endure or tolerate, सहना, बर्दाश्त करना, धैर्य धारण किए रखना।

forbear[2] *n.* = forebear।

forbearance (फ़ॉ:-बेंॲर्´-ॲन्स्) *n.* 1. restraint, patience, संयम, धैर्य। 2. tolerance, सहनशक्ति सहनशीलता, सहिष्णुता।

forbearing (फ़ॉ:-बेंॲर्´-इंग्) *adj.* tolerant, patient, सहिष्णु, धैर्यवान।

forbid (फ़ॉ:-बिड्´) *v.* (forbade, forbidden, forbidding) 1. to command (a person) to refrain from some action, वर्जित करना, मना करना। 2. to refuse to allow, रोक देना, अनुमति न देना, निषिद्ध करना।

forbiddance (फ़ॉ:-बिड्´-ॲन्स्) *n.* prohibition, वर्जन, मनाही, निषेध।

forbidden (फ़ॉ:-बिड्´-ॲन्) *adj.* not permitted, prohibited, वर्जित, निषिद्ध।

forbidding (फ़ॉ:-बिड्´-इंग्) *adj.* threatening, looking dangerous, भयावह, भयानक, डरावना, धमकी देनेवाला, धमकानेवाला।

force (फ़ो:स्) *n.* 1. power, strength, बल, शक्ति। 2. exertion of such power, violence, बलप्रयोग, जबरी। 3. moral strength, मनोबल। 4. the intensity of power, आवेग, प्रचंडता। 5. a person or thing having uncontrollable power, शक्ति-स्रोत। 6. a power that changes the movement of a body, ऊर्जा शक्ति। 7. a body of troops or police, सेना, फौज़; air force, वायु सेना; naval force, जल सेना। 8. a body of persons organised for a certain purpose, शक्ति; labour power, श्रमिक शक्ति। 9. the effect (of language, भाषा का) प्रभाव, प्रभविष्णुता। □ **in force,** into effect or operation, जारी, लागू, प्रवृत्त। *v.* (forced, forcing) 1. to compel to perform an action, मजबूर करना, विवश करना। 2. to use force in order to do something, बलप्रयोग करना, दबाव डालना। 3. to get by force, छीन लेना, ज़बरदस्ती ले लेना। 4. to

breakdown or open by force (ताला आदि) तोड़ना। 5. to cause or produce by unwilling effort, प्रयासपूर्वक उत्पन्न करना; She forced a smile. उसने ज़बरदस्ती हँसने की कोशिश की। □ **force one's pace,** to make haste, जल्दी करना, चाल बढ़ाना; **force upon,** to cause to be accepted by, लादना।

forced (फ़ो:स्ड्) *adj.* done or brought about by force, बलपूर्वक होने या किया जानेवाला, जबरी, बलात्; forced smile, जबरी हँसी, बलात् हँसी।

forcedly (फ़ो:स्ड्´-ली) *adv.* in a forced manner, ज़बरदस्ती, बलात्।

forcefeed (फ़ो:स्´-फ़ीड्) *v.* (forcefed, forcfeeding) to feed (someone) against his will, ज़बरदस्ती खिलाना, ठुँसाना।

forceful (फ़ो:स्´-फ़ुल्) *adj.* 1. full of force, powerful, सशक्त, ज़ोरदार, प्रबल। 2. effective, प्रभावकारी, प्रभावशाली।

force majeure (फ़ो:स्-मै-ज़ॅ:) *n.* the force that cannot be fought against, अदम्य शक्ति। (फ्रांसीसी)

forcemeat (फ़ो:स्´-मीट्) *n.* finely chopped meat used as stuffing, क़ीमे का भराव।

forceps (फ़ा:´-सॅप्स्) *n.* a surgeons pincers, शल्यचिकित्सिक की चिमटी, सँड़सी।

forcible (फ़ो:´-सि-बॅल्) *adj.* 1. done by force, ज़बरदस्ती किया जानेवाला, जबरी।2. forceful, सशक्त, प्रबल।

forcibly (फ़ो:´-सॅ-ब्ली) *adv.* in a forcible manner, बलात्, बलपूर्वक, जबरन, ज़ोर-ज़बरदस्ती से।

ford (फ़ो:ड्) *n.* a shallow place where a river may be crossed on foot, horseback or car, नदी का छिछला पाट जिसे पैदल, घोड़े या कार द्वारा पार किया जा सके, छिछला पाट। *v.* (forded, fording) to cross at a ford, छिछले पाट से पार करना।

fordone (फ़ो:´-डन्) *adj.* exhausted completely, बेदम, चूर।

fore (फ़ो:) *adv.* in, at or toward the front, आगे, सामने। *adj.* situated in front, सामनेवाला, आगेवाला। *n.* 1. the front part, अगला भाग, सामना। 2. the first part, पहला हिस्सा।

fore-and-aft (फ़ो:´-ॲन्-ऐफ़्ट्) *adv.* 1. in front and back, आगे और पीछे। 2. lengthwise, लंबाई के बल।

forearm[1] (फ़ो:´-आ:म्) *n.* the part of the arm from ellbow to wrist, कोहनी और कलाई के बीच का हिस्सा, अग्रबाहु, प्रबाहु।

forearm[2] (फ़ो:-आ:म्´) *v.* (forearmed, forearming) to arm oneself beforehand (for a possible danger on conflict, किसी संकट या संघर्ष के लिए) पहले से तैयार हो जाना, पहले से हथियारबंद हो जाना।

forebear (फ़ो:´-बेंॲ:) *n.* an ancestor, पूर्वज, पुरखा।

forebode (फ़ो:-बोड्´) *v.* (foreboded, foreboding) 1. to give a hint, लक्षण बताना, सूचक होना। 2. to have a premonition of, पहले से जान पड़ना, लगना।

foreboding (फ़ो:-बो´-डिंग्) *n.* a portent or prediction of something harmful, अपशकुन, अनिष्ट का पूर्वाभास, पूर्वसूचना।

forecast (फ़ो:´-कैस्ट्) *v.* (forecast or forecasted, forecasting) 1. to predict in advance, भविष्यवाणी या भविष्यकथन करना, पहले से घोषणा करना। 2. to serve as indication of, लक्षण होना, संकेत होना। *n.* a prediction, पूर्वानुमान, पूर्वकथन।

forecaster (फ़ो:´-कैस्ट्-ॲ:) *n.* one who forecasts, पुर्वानुमानकर्ता, पहले से कथन करनेवाला, भविष्यवाणी करनेवाला।

foreclose (फ़ो:-क्लोज़्´) *v.* (foreclosed, foreclosing) 1. to debar a mortgagor from his right to redeem a mortgage, बंधक छुड़ाने का अधिकार छीन लेना, ऋण न चुकाने पर ऋणी की संपत्ति क़ब्ज़े में ले लेना, पुरोबंधित करना। 2. to bar, रोकना, अवरुद्ध करना।

foreclosure (फ़ो:´-क्लो´-ज़्हॅ:) *n.* the foreclosing of a mortgage, मोचन-निषेध।

forecourt (फ़ो:´-को:ट्) *n.* an enclosed space in front of a building, प्रांगण।

foredone (फ़ो:´-डन्) *adj.* exhausted completely, बेदम, चूर।

foredoom (फ़ो:-डूम्) *v.* (foredoomed, foredooming) to condemn beforehand, पहले से कोसना।

forefather (फ़ो:-फ़ा-दॅ:) *n.* an ancestor, पूर्वज, पुरखा।

forefinger (फ़ो:-फ़िंग्-गॅ:) *n.* the index finger, तर्जनी (उँगली)।

forefoot (फ़ो:-फ़ुट्) *n.* (plu. forefeet) one of the front feet of an animal, चौपाए का अगला पैर।

forefront (फ़ो:-फ़्रन्ट्) *n.* 1. the foremost part of something, सामने का भाग, सामना। 2. the most important position, अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थान या स्थिति। □ **in the forefront,** in the leading position, सब से आगे।

forego (फ़ो:-गो) *v.* (forewent, foregone, foregoing) to give up or relinquish, छोड़ देना, त्याग देना।

foregoing (फ़ो:-गो-इंग्) *adj.* 1. preceding, पूर्वगामी; foregoing debt, पूर्वगामी ऋण। 2. previously mentioned, पूर्वोल्लिखित।

foregone (फ़ो:-गा:न्) *adj.* 1. previous, पिछला, पूर्वगामी। 2. previously determined, पूर्वनिर्धारित, पूर्वनिश्चित।

foreground (फ़ो:-ग्रॉउन्ड्) *n.* 1. the part of a picture or scene nearest to the viewer, चित्र के आगे का भाग, अग्रभाग, पुरोभाग। 2. the most prominent place or position, सर्वप्रमुख स्थान या स्थिति। □ **in the foreground,** in the noticeable place, सबसे आगे, आगे-आगे।

forehand (फ़ो:-हैन्ड्) *adj.* (a stoke) made with the palm of the hand moving forward, हथेली या मुट्ठी सामने की ओर करके किया जानेवाला (प्रहार), हाथ का सीधा (प्रहार)।

forehead (फ़ो:-हेंड्) *n.* 1. the part of the face above the eyes, माथा, ललाट। 2. the front part of anything, किसी चीज़ का सामनेवाला भाग।

foreign (फ़ॉर्-इन्) *adj.* 1. situated outside one's own country, विदेशी। 2. concerning or related to the other country, विदेशी; foreign aid, विदेशी सहायता; foreign country, विदेश; foreign travel, विदेश-यात्रा। 3. coming or brought in from outside, विजातीय, बाहरी, विदेशी। 4. not belonging naturally, अप्राकृतिक, असामान्य, प्रकृतिविरुद्ध।

foreigner (फ़ॉर्-इ-नॅ:) *n.* 1. a person from a foreign country, विदेशी। 2. a person living in another country, विदेशी।

foreknowledge (फ़ो:-नॉल्-इज्) *n.* knowledge about something before it happens or occurs, पूर्वज्ञान।

foreleg (फ़ो:-लेंग्) *n.* a front leg of an animal, चौपाए की अगली टाँग।

forelimb (फ़ो:-लिम्) *n.* a foreleg.

forelock (फ़ो:-लॉक्) *n.* a lock of hair just falling over a person's forehead, माथे पर लटकती हुई केशराशि, लट, अलक।

foreman (फ़ो:-मॅन्) *n.* 1. a skilled man incharge of a group of workers in a factory, कर्मचारियों के किसी समूह का प्रमुख, फ़ोरमैन। 2. the spokesman for a jury, जूरी-प्रवक्ता।

foremast (फ़ो:-मास्ट् / मैस्ट्) *n.* the forward mast of a ship, पोत का आगे का मस्तूल।

foremost (फ़ो:-मोस्ट्) *adj.* 1. most important, सर्वप्रमुख। 2. first in rank or position, सर्वप्रथम। *adv.* in the foremost position, सर्वप्रमुखतः।

forename (फ़ो:-नेम्) *n.* first name, (व्यक्ति के कुलनाम से भिन्न) प्रथम नाम, असली नाम।

forenoon (फ़ो:-नून्) *n.* the period between sunrise and noon, दुपहर से पहले का समय, पूर्वाह्न, सवेरा।

forensic (फ़ॅ-रेंन्-सिक्) *adj.* 1. of or used in courts of law, न्यायालय-संबंधी, न्यायालयिक; foresenic method, न्यायालयिक प्रणाली। 2. of public debate, बहस या वाद-विवाद-संबंधी।

forensically (फ़ॅ-रेंन्-सि-कॅ-ली) *adv.* in a foresenic manner, अदालती दृष्टि से, बहस के रूप में।

foreordain (फ़ो:-ऑ:-डेन्) *v.* (foreordined, foreordaining) to ordain beforehand, पहले से निर्धारित होना, पूर्वनियत होना।

foreordination (फ़ो:-ऑ:-डि-ने´-शॅन्) *n.* the act of foreordaining, पूर्वनियतन।

forepart (फ़ो:´-पा:ट्) *n.* 1. previous part, पहले का भाग, पूर्वभाग। 2. the first or foremost part, प्रथम या सर्वप्रमुख स्थान।

foreplay (फ़ो:´-प्ले) *n.* sexual activity done before the sexual act, सहवासपूर्व क्रिया, प्रेमाचार।

forequarter (फ़ो:-क्वॉ:-टॅ:) *n.* the front half side of a beef, pork etc., कंधे के आस-पास का मांस।

forerunner (फ़ो:-रन्´-ॲ:) *n.* 1. one who provides advance notice of coming of a very important person, अग्रदूत, पूर्वगामी। 2. a sign or warning that something is going to happen, पूर्वसंकेत, चेतावनी।

foresail (फ़ो:-सेल्) *n.* the main sail on the foremast, बड़े या प्रमुख मस्तूल का पाल।

foresee (फ़ो:-सी´) *v.* (foresaw, foreseen, foreseeing) to see or know beforehand, घटना से पहले ही किसी बात का ज्ञान हो जाना, पूर्वाभास होना।

foreseeable (फ़ो:-सी´-ॲ-बॅल्) *adj.* that can be forseen, जिसे पहले से जाना जा सके, अनुमान्य। □ **in the forseeable future,** soon, जल्दी ही, निकट भवष्यि में।

foreseer (फ़ो:-सी´-ॲ:) *n.* a person who foresees, भविष्य की बात जान लेनेवाला, आगे की बात जान लेनेवाला।

foreshadow (फ़ो:-शैड्´-ओ) *v.* (foreshadowed, foreshadowing) 1. to suggest before hand, पूर्वाभास होना, पूर्वसूचना देना। 2. to be a sign or warning of something going to be happened, पूर्वसंकेत होना, लक्षण होना।

foreshore (फ़ो:´-शो:) *n.* the part of the shore between high water mark and low water mark, अग्रतट, अबरी।

foresight (फ़ो:´-साइट्) *n.* 1. the ability to see what will probably happen, दूरदृष्टि। 2. the thoughtful regard or provision for the future, दूरदर्शिता, दूरंदेशी, सूझ-बूझ।

foresighted (फ़ो:´-साइट्-इड्) *adj.* having foresight, दूरदर्शी, दूरंदेश, समझदार।

foresightedness (फ़ो:´-साइट्-इड्-निस्) *n.* the quality of being forsighted, दूरदर्शिता, दूरंदेशी, सूझबूझ।

foreskin (फ़ो:´-स्किन्) *n.* the loose skin covering the end of the male sex organ, शिशन का आवरण।

forest (फ़ॉ:´-इस्ट्) *n.* a large track of land covered with trees and bushes, जंगल, वन; forest fire, वन की आग; forest land, वन-भूमि; forest tree, जंगली पेड़। *v.* (forested, foresting) to plant with trees, जंगल लगाना, वृक्षारोपण करना।

forestall (फ़ो:-स्टा:ल्´) *v.* (forestalled, forestalling) to prevent or hinder by doing something before hand, किसी व्यक्ति अथवा उसकी योजना को विफल करने के लिए पेशबंदी करना।

forestalling (फ़ो:-स्टा:ल्´-इंग्) *n.* the act of one who forestalls, पेशबंदी।

forestation (फ़ॉर्-इ-स्टे´-शॅन्) *n.* the planting of forests, वनरोपण।

forester (फ़ॉर्´-इ-स्टॅ:) *n.* 1. a person in charge of a forest, वनाधिकारी, वनपाल, वनरक्षक। 2. one who lives in a forest, वनवासी। 3. one who works in a forest, जंगल में काम करनेवाला।

forestry (फ़ॉर्´-इ-स्ट्री) *n.* the science of planting and taking care of forests, वनविज्ञान।

foretaste (फ़ो:´-टेस्ट्) *n.* actual though brief taste or experience of something to come, पूर्वानुभव, पूर्वास्वादन, किसी बात का पहले ही कुछ-कुछ होनेवाला अनुभव।

foretell (फ़ो:-टॅल्´, फो:-टॅल्´) *v.* (foretold, foretelling) to indicate before hand, to prophesy, भविष्यवाणी करना, पूर्वकथन करना।

forethought (फ़ो:´-था:ट्) *n.* 1. a thinking or planning before hand, पूर्वविचार, पूर्वचिंतन। 2. foresight, दूरदर्शिता।

foretoken (फ़ो:-टो´-कॅन्) *v.* (foretokened, foretokening) to indicate beforehand, पूर्वकथन करना, भविष्यवाणी करना।

forever (फ़ॉ:-ऍव्´-ॲ:) *adv.* 1. for all time,

सदा के लिए। 2. evermore, सदा, हमेशा।

forewarn (फ़ोः-वा:र्न्) *v.* (forewarned, forewarning) to warn in advance, पहले से सचेत करना, पहले से सावधान करना।

foreword (फ़ो:´-व:ड्) *n.* an introductory note in a book, भूमिका, प्रस्तावना, प्राक्कथन।

forfeit (फ़ा:´-फ़िट्) *n.* 1. something that has been surrendered because of some fault or crime, दोष या अपराध के फलस्वरूप जो कुछ देना, चुकाना या गँवाना पड़े, जब्त हुआ माल या धन। 2. a fine or penalty, दंड, जुर्माना। 3. the act of paying a penalty, दंड-भराई, समापहरण, ज़ब्ती। 4. confiscation, ज़ब्ती। *v.* (forfeited, forfeiting) 1. to surrender or to be forced to surrender as a forfeit, to lose as a forfeit, दंड रूप में भरना, गँवाना या चुकाना, ज़ब्त होना, समापहत होना। 2. to confiscate, ज़ब्त करना।

forfeiture (फ़ॉ:´-फ़ि-चें:) *n.* the action of forfeiting or the condition of being forfeited, समापहरण, ज़ब्ती।

forgather (फ़ॉ:-गैद्´-अ:) *v.* (forgathered, forgathering) 1. to gather together, एकत्र होना या करना। 2. to meet, मिलना।

forgave (फ़ा:-गेव्´) *v.* p.t. of forgive.

forge[1] (फ़ॉ:ज्, फ़ो:ज्) *v.* (forged, forging) to move forward gradually but steadily, प्रयासपूर्वक धीरे-धीरे परंतु क्रमशः आगे बढ़ना।

forge[2] *n.* 1. a furnace, भट्ठी (लुहार की)। 2. smithy, लुहारख़ाना, लुहार की दुकान। *v.* (forged, forging) 1. to give form by heating and hammering, (धातु को) तपा तथा पीटकर गढ़ना। 2. to commit forgery, कूटरचना करना, जालसाज़ी करना, गढ़ लेना, जाली काम करना।

forged (फ़ॉ:ज्ड्, फ़ो:ज्ड्) *adj.* made by forgery, कूटरचित, जाली।

forger (फॉ:ज्´-अ:, फ़ो:ज्´-अ:) *n.* 1. one who commits forgery, जालसाज़, जालिया, कूटरचित। 2. one who forges metal, धातु ढालनेवाला (जैसे लुहार)।

forgery (फ़ॉ:´-जॅ-री) *n.* 1. the act of imitating fraudulently, जालसाज़ी। 2. something that has been forged, कूटरचना या कपटलेख; This document is a forgery. यह दस्तावेज़ जाली है।

forget (फ़ॅ:-गेंट्´) *v.* (forgot, forgotten, forgetting) 1. to fail to remember, विस्मरण हो जाना, याद न रहना, बिसर जाना, भूल जाना। 2. to stop thinking about something, दिमाग से निकाल देना, भूल जाना। 3. to fail to give attention to, भुला बैठना। ☐ **forget oneself,** to lose one's temper or self-control or act in unbecoming manner, आपा खो बैठना, आत्मसंयम न रखना या ऐसी बात करना जो अपने को शोभा न देती हो, अशिष्टतापूर्ण आचरण करना; **not forgetting,** also including, साथ ही।

forgetful (फ़ॅ:-गेंट्´-फ़ुल्) *adj.* having the habit of forgetting, भुलक्कड़, विस्मरणशील।

forgetfulness (फ़ॅ:-गेंट्´-फ़ुल्-निस्) *n.* the quality of being forgetful, भुलक्कड़पन, विस्मरणशीलता।

forget-me-not *n.* a small plant with small pale blue flowers, छुई-मुई का पौधा।

forgivable (फ़ॅ:-गिव्´-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be forgiven, क्षम्य, क्षमायोग्य।

forgive (फ़ॅ:-गिव्´) *v.* (forgave, forgiven, forgiving) 1. to excuse for a fault or offence, क्षमा कर देना, माफ़ कर देना। 2. to free from the obligation of (debt), छोड़ देना।

forgiveness (फ़ॅ:-गिव्´-निस्) *n.* 1. the act of forgiving or the state of being forgiven, क्षमा, माफ़ी। 2. inclination to forgive, क्षमाशीलता।

forgiving (फ़ॅ:-गिव्´-इंग्) *adj.* willing to forgive, क्षमाशील।

forget-me-not (फ़ा:-गेंट्´-मि-नॉट्) *n.* a small plant with small pale blue blowers, छुई-मुई का पौधा।

forgo (फ़ॉ:-गो´) *v.* (forwent, forgone, forgoing) to give up, छोड़ देना, त्याग देना।

forgot (फ़ॉ:-गॉट्´) *v.* p.t. of forget.

forgotten (फ़ॉ:-गॉट्´-अॅन्) *v.* p.p. of forget.

fork (फ़ॉ:क्) *n.* 1. a pronged instrument with

handle used in eating, काँटा, फ़ोर्क। 2. a separation into two or more branches, विभाजन। 3. a branch, शाखा। *v.* (forked, forking) 1. to raise with a fork, काँटे से उठाना। 2. to divide into branches, शाखाओं में विभक्त करना।

forked (फ़ॉ:क्ड्) *adj.* 1. having branches, शाखाओंवाला। 2. divided into two or more parts, विभाजित।

forklift (फ़ॉ:क्´-लिफ़्ट्) *n.* a vehicle with a forklike part for lifting or carrying heavy loads, फ़ार्कलिफ़्ट।

forlorn (फ़ॉ:-लॉ:न्´) *adj.* 1. without hope, निराश, मायूस, लाचार। 2. abandoned or deserted, त्यक्त, परित्यक्त। 3. miserable, wretched, असहाय, दयनीय, दीन।

forlorn hope *n.* a faint hope, हलकी या धूमिल आशा, व्यर्थ आशा।

form (फ़ॉ:म्) *n.* 1. outward appearance, आकृति, स्वरूप, आकार-प्रकार, सूरत-शक्ल। 2. the body of a person or animal, देह, शरीर। 3. kind or sort, रूप, प्रकार, 4. structure, ढाँचा। 5. orderly arrangement, व्यवस्था, ढंग। 6. an established way of acting or behaving, रीति। 7. manners, शिष्टाचार। 8. a document with blanks that are to be filled, प्रपत्र। 9. the condition of performing well, निष्पादन-कौशल, खेल-स्तर। 10. any of the different appearances of a word, रूप। 11. the matter locked in a chase for printing, फ़र्मा। *v.* (formed, forming) 1. to shape or become shaped, रूप देना या ग्रहण या धारण करना, रूपायित करना या होना। 2. to develop, विकसित करना। 3. to constitute or bring into existence, गठित करना, बनाना, अंग होना या बनना। 4. to draw up, खींचना, बनाना। 5. to produce, उत्पन्न करना। 6. to mould, ढालना। 7. to become solid, ठोस रूप धारण करना। 8. to arrange in a certain formation, विन्यस्त करना। 9. to train, प्रशिक्षित करना।

-form *suffix* having the form of, -रूपी, -रूप।

formal (फ़ा:´-मॅल्) *adj.* 1. pertaining to the outward aspect of anything, रूपात्मक, प्ररूपी, बाह्य, ऊपरी; formal likeness, बाह्य समानता। 2. of the internal form, essential, तात्त्विक। 3. according to the accepted rules or customs, showing or requiring formality, रस्मी, प्रथागत, रिवाजी, नियमानुसार, औपचारिक। 4. paying careful attention to order, नियमनिष्ठ। 5. methodical, नियमित, सुव्यवस्थित। *n.* 1. an occasion requiring formal dress, रस्मी पोशाक पहनने का अवसर। 2. a woman's formal dress, स्त्री की रस्मी पोशाक।

formalism (फ़ॉ:´-मॅ-लिज़्-ऑम्) *n.* excessive attention to outward forms or customs, नियमनिष्ठा, रीतिपालन।

formality (फ़ॉ:-मैल्´-इ-टी) *n.* 1. formal or conventional act, रस्म, दस्तूर, रिवाज। 2. strict or ceremonious compliance with established rules, नियमनिष्ठा, रीतिपालन, औपचारिकता।

formalization (फ़ॉ:-मॅ-लाइ-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of formalizing, औपचारिकीकरण, रीति-बंधन।

formalize (फ़ॉ:´-मॅ-लाइज़्) *v.* (formalized, formalizing) 1. to make formal, औपचारिक बनाना। 2. to make official, आधिकारिक रूप देना। 3. to give a definite shape, रूपायित करना।

formally (फ़ॉ:´-मॅ-ली) *adv.* in a formal manner, औपचारिक रूप से, यथारीति, नियमानुसार।

format (फ़ॉ:´-मैट्) *n.* 1. shape, size and general make-up of a book, पुस्तक का आकार-प्रकार तथा सज्जा। 2. arrangement or plan, व्यवस्था या योजना।

formation (फ़ॉ:-मे´-शॅन्) *n.* 1. the style or way in which something is formed, रचना, रचना-प्रकार, बनावट। 2. the act of forming, रचना, रूपायन, निर्माण। 3. a particular or specified arrangement, विन्यास, व्यवस्था, रचना।

formative (फ़ॉ:´-मॅ-टिव्) *adj.* 1. helping to form, shape or mould, निर्माणकारी, निर्माणात्मक। 2. of formation or develop-

ment, रूप देनेवाला, रूपायक, विकासात्मक।

former (फ़ॉ: ´-में:) *adj.* 1. of an earlier time, पहले का, पहलेवाला; of former times, पहले या पुराने ज़माने का। 2. coming before in place or order, भूतपूर्व, पुराना। 3. mentioned before another, पूर्ववर्ती, दो में से पहला, पूर्वकथित, पूवोक्त।

formerly (फ़ॉ: ´-मॅ:-ली) *adv.* in former times, in the past, पुराने ज़माने में, पहले।

form-fitting (फ़ॉ:म्´-फ़िट्-इंग्) *adj.* closely fitted, चुस्त, कसा हुआ, बदन से चिपका हुआ।

formic (फ़ा: ´-मिक्) *adj.* of ants, चींटियों का, चींटियों से संबद्ध।

formidable (फ़ॉ:´-मि-डॅ-बॅल्) *adj.* 1. arousing fear or awe, भयावह, भयानक, भयंकर। 2. difficult to surmount, दुर्जेय, अभेद्य, विकट, ज़बरदस्त।

formidably (फ़ॉ: ´-मि-डॅ-ब्ली) *adv.* in a formidable manner, भयावह रूप से, विकट रूप से।

formless (फ़ॉ:म्´-लिस्) *adj.* 1. without form, आकारहीन, निराकार, रूपविहीन। 2. without regular form, बेडौल।

formula (फ़ॉ: ´-म्यॅ-लॅ) *n.* (plu. formulae, formulas) 1. a set form of words or symbols, सूत्र, फ़ार्मूला। 2. a rule or principle, नियम या सिद्धांत। 3. a prescribed method, नियत ढंग या पद्धति।4. a prescription, नुस्खा। 5. a set of statements that can be the base of concilication, समझौते का आधार रूप, समझौते की शर्तें, फार्मूला।

formulate (फ़ॉ´:-म्यु-लेट्) *v.* (formulated, formulating) 1. to reduce to a formula, सूत्र रूप में कहना या प्रस्तुत करना, सूत्रबद्ध करना। 2. to express in systematic terms, सुचारु रूप से या सुव्यवस्थित रूप से अभिव्यक्त करना, सूत्रित करना।3. to devise, तैयार करना, बनाना। 4. to make according to a formula, सूत्र के अनुसार बनाना।

formulation (फ़ॉ:´-म्यु-ले´-शॅन्) *n.* 1. the act of formulating, सूत्रीकरण।2. a formulated expression, सूत्र, नियम, सिद्धांत। 3. the act of putting into words, निरूपण।

fornicate (फ़ॉ: ´-नि-केट्) *v.* (fornicated, fornicating) to have sexual ralations with someone outside marriage, परस्त्री या परपुरुष से संबंध रखना, व्यभिचार करना।

fornication (फ़ॉ:-नि-के´-शॅन्) *n.* sexual intercourse between unmarried people, व्यभिचार, छिनाला।

forsake (फ़ॉ:-सेक्´) *v.* (forsook, forsaken, forsaking) to renounce, or desert, त्याग देना, छोड़ देना, परित्याग करना।

forsooth (फ़ॉ:-सूथ्´) *adv.* certainly, indeed, निश्चय ही, सचमुच, निस्संदेह, वस्तुत:।

forswear (फ़ॉ:-स्वेॲ:´) *v.* (forswore, forsworn, forswearing) to renounce on oath, सशपथ त्याग देना, तौबा करना, क़सम खाना। ☐ **forswear oneself,** to swear falsely, झूठी क़सम खाना।

forsythia (फ़ॉ:-सिथ्´-इ-ॲ, फ़ॉ:-साइथ्´-इ-ॲ) *n.* a shrub with bell-shabed yellow flowers, फ़ोरसाइथिया नामक झाड़ी।

fort (फ़ो:ट्) *n.* a fortified place, गढ़, क़िला। ☐ **hold the fort,** to guard something temporarily or in someone's absence, किसी की अनुपस्थिति में या थोड़ी देर के लिए किसी की देखभाल करना।

forte[1] (फ़ो:ट्) *n.* something in which a person excels, वह काम जिसमें व्यक्ति बहुत अधिक प्रवीण हो; Singing is her forte. गाने में वह बहुत अधिक प्रवीण है।

forte[2] (फ़ॉ:´-टे) *adv.* loudly, ऊँचे स्वर में, ज़ोर से।

forth (फ़ो:थ्) **adv.** 1. forward, आगे। 2. in future, भविष्य में।3. out (as from hiding or concealment) सामने। 4. away, दूर, परे। ☐ **and so forth,** and so on, इत्यादि-इत्यादि, वगैरह-वगैरह; **back and forth,** to and fro, आगे-पीछे, इधर-उधर।

forthcoming (फ़ो:थ्´-कम्´-इंग्) *adj.* 1. about to appear, आनेवाला, आगामी। 2. available, सुलभ। 3. ready, to be helpful, तैयार, प्रस्तुत, हाज़िर। 4. sociable, मिलनसार।

forthright (फ़ो:थ्´-राइट्) *adj.* straightforward, frank, outspoken, स्वष्टवादी, खरा, मुँहफट, छल-कपट से रहित।

forthrightly (फ़ो:थ्´-राइट्-ली) *adv.* 1. fran-

kly, स्पष्ट रूप से, साफ़-साफ़। 2. at once, फ़ौरन, तत्काल, सीधे।

forthrightness (फ़ो:थ्´-राइट्-निस्) *n.* frankness, स्पष्टवादिता, खरापन।

forthwith (फ़ो:थ्-विद्´) *adv.* at once, immediately, तुरंत, फ़ौरन।

forties (फ़ॉ:´-टीज़्) *n.* (plu.) **the forties,** degrees, numbers or years from forty to forty-nine, ४० से ४९ तक के बीच की संख्याएँ।

fortieth (फ़ॉ:´-टि-अॅथ्) *adj.* preceded by thirty-nine, चालीसवाँ।

fortification (फ़ॉ:-टि-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* 1. the act of fortifying, क़िलेबंदी, मोर्चेबंदी। 2. anything set up for defence, मोर्चा।

fortify (फ़ॉ:´-टि-फ़ाइ) *v.* (fortified, fortifying) 1. to sterengthen (a position) militarily, मोर्चेबंदी करना, क़िलेबंदी करना। 2. to strengthen physically, पुष्ट या सशक्त करना, मज़बूत बनाना। 3. to strengthen morally or mentally, नैतिक बल या मनोबल बढ़ाना। 4. to increase the value of an important ingredient, किसी पदार्थ या तत्त्व की मात्रा बढ़ा कर उसे पुष्ट करना।

fortitude (फ़ॉ:´-टि-टूड्) *n.* firmness or courage in bearing pain, endurance, सहनशक्ति, सहिष्णुता, धैर्य।

fortnight (फ़ॉ:ट्´-नाइट्) *n.* a period of two weeks, पखवाड़ा, पक्ष, पाख।

fortnightly (फ़ॉ:ट्´-नाइट्-ली) *adj.* appearing or happening once every two weeks, पाक्षिक। *n.* a fortinightly publication, पाक्षिक प्रकाशन।

fortress (फ़ॉ:´-ट्रिस्) *n.* 1. a fort, मोर्चेबंद स्थान, क़िला। 2. a fortified town, गढ़।

fortuitous (फ़ॉ:-ट्यु´-इ-टॅस्) *adj.* accidental, happening by chance, आकस्मिक, संयोगजन्य, देवयोग से होनेवाला।

fortuitously (फ़ॉ:-ट्यू´-इ-टॅस्-ली) *adv.* accidentally, संयोगवशात्, आकस्मिक रूप से।

fortuity (फ़ॉ:-ट्यू´-इ-टी) *n.* (plu. fortuities) 1. chance, accident, संयोग, दैवयोग। 2. the state of being fortuitous, आकस्मिकता।

fortunate (फ़ॉ:´-चु-निट्) *adj.* 1. lucky, भाग्यशाली, भाग्यवान, क़िस्मतवाला। 2. bringing good luck, मंगलकारी, शुभ, सौभाग्यसूचक।

fortunately (फ़ॉ:´-चु-निट्-ली) *adv.* luckily, सौभाग्य से, सौभाग्यवश।

fortune (फ़ॉ:´-चून्, फ़ा´-चॅन्) *n.* 1. the supposed power that governs the events of one's life, भाग्य, क़िस्मत, तक़दीर। 2. good or bad luck, सौभाग्य या दुर्भाग्य; Fortune favours the brave. भाग्य वीरों का ही साथ देता है। 3. a person's destiny, नियति, नसीब। 4. prosperity, समृद्धि। 5. success, सफलता। 6. wealth, riches, धन-संपत्ति।

fortune hunter *n.* one who tries to become rich by marrying a wealthy person, वह जो किसी धनी स्त्री (या पुरुष) से विवाह करना चाहता (या चाहती) हो।

fortune-teller (फ़ॉ:´-चून्-टॅल्´-अॅ:) *n.* one who predicts future events in others, lives, ज्योतिषी।

forty (फ़ॉ:´-टी) *adj.* & *n.* four times ten, चालीस। □ **the forties,** the years from forty through forty-nine, चालीस से उनचास वर्षों के बीच का काल।

forty winks *n.* (plu.) a short nap, झपकी।

forum (फ़ो:´-अॅम्) *n.* 1. a public place, सभास्थल, चौपाल। 2. a place for open discussion, फ़ोरम, विचार-स्थल, मंच, माध्यम; Radio is a good forum for the discussion of social problems. रेडियो सामाजिक समस्याओं पर चर्चा करने का अच्छा माध्यम है; सभा गोष्ठी; a taxation forum, कराधान-गोष्ठी।

forward (फ़ॉ:´-वॅ:ड्) *adj.* 1. located or situated in the front, अग्रवर्ती, अगला। 2. going or moving toward the front, आगे की ओर बढ़ता हुआ, अग्रगामी। 3. relating to the future, भावी, आगामी। 4. well-advanced, उन्नत, प्रगतिशील। 5. bold, प्रगल्भ, ढीठ, गुस्ताख़। 6. prompt, ready, तैयार, उद्यत। *n.* an attacking player in a front position, फ़ारवर्ड। *adv.* 1. toward the front, आगे। 2. in the view, सम्मुख, सामने। 3. toward the future, भविष्य में, आगे; I look forward to seeing you. फिर मिलेंगे। 4. towards an earlier

अ cup कप्, अॅ again अॅगेन्, अॆ bell बॆल्, आ car कार्, ऑ pot पॉट्, आ: caught का:ट्, इ pit पिट्
ई sheep शीप्, उ put पुट, ऊ boot बूट् , ए make मेक्, ऐ cat कैट्, ओ note नोट्

time, पहले। *v.* (forwarded, forwarding) 1. to send or despatch, भेजना, रवाना करना, प्रेषण करना। 2. to promote, आगे बढ़ाना, अग्रसर करना।

forwarding (फ़ॉः-वॅःड्-इंग्) *n.* the act of sending or despatching, प्रेषण; forwarding agent, प्रेषण अभिकर्ता; forwarding note, प्रेषण-टिप्पणी।

forward-looking (फ़ॉः´-वॅःड्-लुक्´-इंग्) *adj.* progressive, प्रगतिशील, उन्नतिशील।

forwardness (फ़ॉ´-वॅःड्-निस्) *n.* 1. the state of being forward, प्रगतिशीलता। 2. boldness, धृष्टता।

forwards (फ़ॉः´-वॅःड्स्) *adv.* forward.

forwent (फ़ॉः´-वॅन्ट्) *v.* p.t. of forgo.

fossa (फ़ॉस्´-अॅ) *n.* a small pit or cavity, गड्ढा, खात, खोड।

fosse (फ़ॉस्) *n.* a ditch, खाई।

fossil (फ़ॉस्´-इल्) *n.* 1. the remains of organism preserved in rocks, जीवाश्म, पुराकालीन वस्तु। 2. an old-fashioned person, दकियानूस व्यक्ति। 3. an outdated idea, पुराना विचार। *adj.* antiquated, पुरातन।

fossiliferous (फ़ॉस्´-इल्-इफ़्´-अॅर्-अॅस्) *adj.* containing fossils, जीवाश्ममय।

fossilize (फ़ॉस्´-इ-लाइज़्) *v.* (fossilized, fossilizing) 1. to become a fossil, जीवाश्म बन जाना। 2. to cause to become a fossil, जीवाश्म बना देना। 3. to become antiquated, पुराना पड़ जाना।

fossorial (फ़ॉ-सो´-रि-अॅल्) *adj.* adapted for digging, खनन के काम आनेवाला।

foster (फ़ाः-स्टॅः) *v.* (fostered, fostering) 1. to bring up or rear, पालना-पोसना, पालन-पोषण करना। 2. to help to develop, संवर्धन करना, बढ़ाना, बढ़ावा देना। 3. to cherish, सँजोए रखना। 4. to keep alive in the mind, मन में रखना, दिल में जगह देना। *adj.* brought up, पाला-पोसा हुआ, पोष्य, पालित।

foster brother *n.* a boy in his relationship to the child of his foster parents, दूध-भाई, धर्मभाई।

foster child *n.* a child reared by anyone other than his mother or father, पालट, धर्मपुत्र (या पुत्री)।

foster father *n.* a man who brings up another's child, धर्मपिता, पालक।

foster mother *n.* a woman who brings up another's child, धर्ममाता।

foster son *n.* a boy reared up by foster father or mother, पालट, धर्मपुत्र।

fought (फ़ाःट्) *v.* p.t. and p.p. of fight.

foul (फ़ॉउल्) *adj.* 1. very dirty, बहुत गंदा, मलिन। 2. having an offensive smell or taste, बदबूदार, दुर्गंधित। 3. bad, abominable, ख़राब, बुरा, घृणित। 4. obscene, अश्लील। 5. unfair, अनुचित, नियमविरुद्ध। 6. rough, stormy, तूफ़ानी। 7. clogged, अवरुद्ध। 8. unpleasant, अप्रिय। 9. immoral, wicked, अनैतिक, दुष्टतापूर्ण। *n.* 1. a foul move or hit, ग़लत चाल या प्रहार। 2. violation of the rules of a game, नियमभंग, नियमोल्लंघन। 3. a foul act, निमविरुद्ध कार्य। □ **through fair and foul,** at all times, हर स्थिति में, सदा। *v.* (fouled, fouling) 1. to make or become foul, गंदा कर देना या हो जाना। 2. to commit a foul in a game, खेल में नियम का उल्लंघन करना, नियम भंग करना। 3. to become entangled, उलझ जाना। 4. to collide, भिड़ जाना। □ **foul up,** to spoil, नष्ट कर देना; Don't foul up this chance. इस अवसर को गँवाओ मत।

foulard (फ़ू´-लाःड्) *n.* a kind of silk fabric, एक प्रकार का सिल्क।

foully (फ़ॉउल्´-ई) *adv.* in a foul manner, ग़लत ढंग से, ओछे ढंग से, बुरी तरह।

foulmouthed (फ़ॉउल्´-मॉउथ्ड्) *adj.* using obscene language, गाली-गलौज करनेवाला, गालियाँ बकनेवाला।

found[1] (फ़ॉउन्ड्) *v.* (founded, founding) 1. to establish, स्थापना करना, स्थापित करना। 2. to establish the foundation of, नींव रखना, बुनियाद रखना, नींव या बुनियाद डालना। 3. to base, आधारित करना, जमाना। 4. to build, बनाना, निर्माण करना।

found[2] *v.* (founded, founding) 1. to melt and

mould, गलाना और ढालना। 2. to make by founding, गला तथा ढालकर बनाना।

found[3] *v.* p.t. and p.p. of find.

foundation (फ़ॉउन्-डे´-शॅन्) *n.* 1. the act of founding, स्थापना, निर्माण। 2. the basis on which a thing stands, आधार, नींव, बुनियाद। 3. the establishment of an institution with provision for its upkeep, प्रतिष्ठान, संस्थान। 4. the underlying idea or principle on which something is based, मूल विचार या आधारभूत सिद्धांत। 5. a cosmetic used as a base for make-up, प्रसाधन में प्रयुक्त आधारस्वरूप सामग्री।6. woman's undergarment, अँगिया, ब्रा। 7. (plu.) the base, नींव, बुनियाद।

foundation garment *n.* woman's undergarment, अँगिया, ब्रा।

foundation stone *n.* a large block of stone laid at a public ceremony at the time of starting the building work, आधारशिला, नींव का पत्थर।

founder[1] (फ़ॉउन्´-डॅ:) *n.* a person who establishes an institution association etc., संस्थापक, प्रवर्तक। [Fem. foundress, संस्थापिका।

founder[2] (फ़ॉउन्´-डॅ:) *n.* a person who makes metal castings, ढलाई करनेवाला, ढलैया।

founder[3] (फ़ॉउन्´-डॅ:) *v.* (foundered, foundering) 1. to fill with water and sink, पानी से भर जाने के करण डूब जाना, जलमग्न हो जाना। 2. to collapse or fail, नष्ट या विफल हो जाना। 3. to go lame, लंगड़ाने लगना।

foundling (फ़ॉउन्ड्´-लिंग्) *n.* a deserted child of unknown parents, त्यक्त शिशु (जो किसी को कहीं से पड़ा मिला हो)।

foundry (फ़ॉउन्´-ड्री) *n.* a place where metals are cast and moulded, ढलाई-घर, ढलाई का कारख़ाना, फ़ौन्डरी।

fount (फ़ॉउन्ट्) *n.* 1. a spring of water, सोता। 2. a source, स्रोत। 3. a complete set of type of one size and shape, फ़ॉन्ट।

fountain (फ़ॉउन्´-टिन्) *n.* 1. a spring of water from the earth, सोता। 2. an artificial structure from which water spouts or flows, फुहारा। 3. a source, or reservoir, स्रोत, कुंड।

fountainhead (फ़ॉउन्´-टिन्-हॅंड्) *n.* 1. a spring that is the source of a stream, उद्‌गम, मूल स्रोत। 2. an original source, मूलस्रोत।

fountain pen *n.* a pen containing reservoir of ink, फ़ॉउन्टेनपेन।

four (फ़ो:) *adj. & n.* 1. one more than three, चार। 2. group of four persons or things, चार व्यक्तियों या वस्तुओं का समूह, चतुष्ट्य। 3. a playing card marked with four pips, चार बूटियोंवाला पत्ता, चौका, चौआ। 4. a shot that brings four runs, चौका, चौआ। ☐ **on all fours,** on hands and knees, हाथों तथा घुटनों के बल; **the four corners of the earth,** the most distant parts of the earth, पृथ्वी के चारो कोने या दूर-दूर स्थित मुख्य स्थल।

fourflusher (फ़ो:´-फ़्लॅश्-अॅ:) *n.* a bluffer, धोखेबाज़।

fourfold (फ़ो:´-फ़ोल्ड्) *adj.* four times as many or as much, चौगुना।

fourfooted (फ़ो:-फ़ुट्´-इड्) *adj.* having four feet, चार पैरोंवाला; fourfooted animal, चौपाया।

fourscore (फ़ो:´-स्को:) *adj.* eighty, अस्सी।

foursome (फ़ो:´-सम्) *n.* a group of four persons, चार व्यक्तियों का समूह।

foursquare (फ़ो:´-स्क्वेंअॅ:) *adj.* 1. square, वर्गाकार। 2. firm, unyielding, दृढ़। 3. frank, स्पष्टवादी।

fourteen (फ़ो:´-टीन्) *adj. & n.* four more than ten, चौदह।

fourteenth (फ़ो:´-टीन्थ्) *adj.* which follows thirteen others in a series, चौदहवाँ।

fourth (फ़ो:थ्) *adj.* 1. which follows three others in a series, चौथा। 2. being one of four equal parts, चौथाई।

fourth dimension *n.* time which is regared as a dimension in addition to those of length, width and depth, चौथी विमा, समय।

fourth estate *n.* the press, समाचार-पत्रों का वर्ग, समाचार-जगत।

fourthly (फ़ो:थ्´-ली) *adv.* in fourth place,

चौथे।

fourth world ***n.*** the least developed countries of the Third World, अत्यंत अविकसित देश।

fowl (फ़ॉउल्) ***n.*** (plu. fowl, fowls) 1. a domestic cock or hen, पालतू मुर्गा या मुर्गी।2. its flesh, मुर्गे या मुर्गी का गोश्त।3. a bird, पक्षी, चिड़िया; water fowl, जलपक्षी; wild fowl, जंगली चिड़िया।

fowler (फ़ॉउल्´-अः) ***n.*** a person who shoots or traps wild birds, चिड़ीमार, बहेलिया।

fowling-piece (फ़ॉउल्´-इंग्-पीस्) ***n.*** a light gun for shooting birds, पक्षियों का शिकार करनेवाली बंदूक।

fowlrun (फ़ॉउल्´-रन्) ***n.*** an enclosure for fowls, मुर्गियों का बाड़ा।

fox (फ़ॉक्स्) ***n.*** 1. a mammal related to the dogs and wolves, लोमड़ या लोमड़ी।2. the fur of a fox, लोमड़ी की फ़र। 3. a crafty person, धूर्त व्यक्ति। ***v.*** (foxed, foxing) 1. to deceive, धोखा देना।2. to act crafty, धूर्ततापूर्वक आचरण करना। 3. to perplex, घबरा देना, विक्षुब्ध कर देना।4. to become discoloured, बदरंग हो जाना।

foxed (फ़ॉक्स्ड्) ***adj.*** discoloured due to dampness, बदरंग।

foxglove (फ़ॉक्स्´-ग्लॅव्) ***n.*** a plant bearing bellshaped flowers, फ़ाक्सग्लोव।

foxhole (फ़ॉक्स्´-होल्) ***n.*** a small pit or narrow trench, गड्ढा या खाई।

foxhound (फ़ॉक्स्´-हॉउन्ड्) ***n.*** a dog that hunts foxes, लोमड़ियों का शिकार करनेवाला कुत्ता, फ़ाक्सहॉउन्ड।

foxhunt ***n.*** (फ़ॉक्स्´-हन्ट्) ***n.*** a hunt of foxes with the help of foxhounds, शिकारी कुत्तों की मदद से किया जानेवाला लोमड़ियों का शिकार।

fox terrier ***n.*** a kind of small dog with a white coat with dark marking, एक तरह का छोटा कुत्ता (जिसे पहले लोमड़ियों, चूहों आदि को भगाने के लिए पालते थे)।

foxtrot (फ़ॉक्स्´-ट्रॉट्) ***n.*** a ballroom dance, एक प्रकार का नृत्य। ***v.*** (foxtroted, foxtroting) उक्त नृत्य करना।

foxy (फ़ॉक्´-सी) ***adj.*** (foxier, foxiest) 1. crafty, धूर्त। 2. reddish brown, ललाई लिए हुए भूरे रंग का।3. attractive and sexy, मोहक और मादक (स्त्री)।

foyer (फ़ॉइ´-अः) ***n.*** an entrance hall or lobby, प्रवेश-कक्ष।

fracas (फ्रे´-कॅस्) ***n.*** a noisy quarrel, brawl, झगड़ा, दंगा, फ़साद।

fraction (फ्रैक्´-शॅन्) ***n.*** 1. a division or part of a whole number, भिन्न। 2. a small part of something, टुकड़ा, अंश।

fractional (फ्रैक्´-शॅ-नॅल्) ***adj.*** 1. pertaining to a fraction, भिन्न-संबंधी, भिन्नात्मक।2. incomplete, अपूर्ण, अधूरा, आंशिक।3. insufficient, अपर्याप्त, बहुत थोड़ा।

fractionally (फ्रैक्´-शॅ-नॅ-ली) ***adv.*** in a small quantity, अल्प मात्रा में।

fractious (फ्रैक्´-शॅस्) 1. bad-tempered, irritable, चिड़चिड़ा, बदमिज़ाज। 2. uncontrollable, अनियंत्रित, बेलगाम।

fracture (फ्रैक्´-चॅः) ***n.*** 1. the act of breaking or the condition of being broken, भंजन, टूटना। 2. a crack or break in a bone, अस्थिभंग, चटक, हड्डी का टूटना। ***v.*** (fractured, fracturing) 1. to break or crack, (हड्डी) टूट जाना, चटक जाना, दरार पड़ जाना। 2. to cause to break or crack, (हड्डी) तोड़ देना, चटका देना, दरार डालना।

fragile (फ्रैज्´-आइल/इल्) ***adj.*** 1. easily damaged or broken, जल्दी टूट या ख़राब हो जानेवाला, क्षयशील, भंगुर।2. delicate, नाज़ुक, कोमल, मृदु। 3. weak, कमज़ोर, दुर्बल।

fragility (फ्रॅ-जिल्´-इ-टी) ***n.*** the quality of being fragile, भंगुरता, कोमलता, दुर्बलता।

fragment[1] (फ्रैग्´-मॅन्ट्) ***n.*** 1. a part broken off, ठीकरा, टुकड़ा, चिप्पड़, खंड। 2. incomplete portion of work of art, अधूरी कलाकृति।

fragment[2] (फ्रैग्-मॅन्ट्´) ***v.*** (fragmented fragmenting) to break or be broken into fragments, टुकड़े-टुकड़े करना या होना, खंड-खंड हो जाना या कर देना।

fragemental (फ्रैग्-मेंन्´-टॅल्) ***adj.*** fragmentary, अपूर्ण, आंशिक।

fragmentary (फ्रैग्-मॅन्´-टॅर्-ई) *adj.* 1. composed or consisting of fragments, खंडयुक्त, खंडमय। 2. not complete, अपूर्ण। 3. disconnected, असंबद्ध।

fragmentation (फ्रैग्-मॅन्-टे´-शॅन्) *n.* the act of separating into fragments, विखंडन।

fragrance (.फ्रे´-ग्रॅन्स्) *n.* a sweet or pleasant smell, सुगंध, ख़ुशबू, सुवास।

fragrant (फ्रे´-ग्रॅन्ट्) *adj.* having sweet or pleasant smell, sweet-smelling, सुगंधित, ख़ुशबूदार, सुवासित, सुरभित।

frail (फ्रेल्) *adj.* 1. fragile, breakable, क्षयशील, भंगुर। 2. not strong, weak, दुर्बल, अशक्त, कमज़ोर।

frailty (फ्रेल्´-टी) *n.* (plu. frailties) 1. the quality of being frail, क्षयशीलता, अशक्तता। 2. moral weakness, नैतिक दुर्बलता, कमज़ोरी।

framable (फ्रेम्´-अ-बॅल्) *adj.* that can be framed, रचने योग्य, गढ़ने योग्य।

frame (फ्रेम्) *v.* (framed, framing) 1. to construct or build, निर्माण करना, विरचित करना, बनाना। 2. to design or draw up, रूपायित करना, अंकित या चित्रित करना। 3. to arrange, व्यवस्थित करना। 4. to express, अभिव्यक्त करना। 5. to surround with a frame, ढाँचे या फ्रेम में जड़ना, चौखटा लगाना। 6. to fabricate evidence against, आरोप गढ़ना, विरचना करना; to frame issues, विवादों की विरचना करना। *n.* 1. something composed of parts fitted and joined together, structure, ढाँचा, फ्रेम। 2. a structural support, ढाँचा, चौखटा। 3. the general structure of anything, ढाँचा, रूपरेखा; the frame of government, सरकार का ढाँचा; the frame of mind, मनःस्थिति, मनोदशा। 4. the human skeleton, अस्थि-पंजर।

frame house *n.* a house with a wooden framework, लकड़ी का मकान।

frame-up (फ्रेम्´-अॅप्) *n.* 1. a plot to discredit someone, किसी को बदनाम करने का षड्यंत्र। 2. a false charge, झूठा आरोप।

framework (फ्रेम्´-वःक्) *n.* 1. a structure for supporting or enclosing something, ढाँचा। 2. a basic system, मूलभूत पद्धति।

franc (फ्रैंक्) *n.* the standard coin of France, Belgium, Switzerland etc., फ्राँस, बेल्जियम, स्विटज़रलैंड आदि की मुद्रा, सिक्का।

franchise (फ्रैन्´-चाइज़्) *n.* 1. the right to vote in an election, मताधिकार। 2. a special right or privilege, विशेषाधिकार। 3. authorization to sell a company's products in a particular area, विक्रेयाधिकार। *v.* (franchised, franchising) to grant a franchise to, मताधिकार देना; विक्रेयाधिकर देना।

frangibility (फ्रैन्-जि-बिल्´-इ-टी) *n.* fragility, भंगुरता, क्षयशीलता।

frangible (फ्रैन्´-जि-बॅल्) *adj.* fragile, breakable, भंगुर, क्षयशील।

frank[1] (फ्रैंक्) *adj.* 1. straightforward, स्पष्टवक्ता, स्पष्टवादी, खरा। 2. sincere, सच्चा, निश्छल, निष्कपट।

frank[2] *v.* (franked, franking) 1. to send (mail) free of postage, बिना टिकट के (डाक) भेजना। 2. to allow to pass free of charge, बिना शुल्क लिए आने-जाने देना। *n.* 1. the right to send mail free, निःशुल्क पत्र भेजने का अधिकार। 2. a letter sent free, निःशुल्क भेजा जानेवाला पत्र।

frankfurter (फ्रैंक्´-फ़ः-टः) *n.* a highly smoked sausage made of pork and beef, सुअर का मसालेदार मांस।

frankincense (फ्रैंक्´-किन्-सॅन्स्) *n.* an aromatic gum resin used as incense, लोबान।

frankly (फ्रैंक्´-ली) *adv.* 1. in a frank manner, openly, साफ़-साफ़, स्पष्ट रूप से, स्पष्ट शब्दों में। 2. honestly, ईमानदारी से, सचाई से, सचमुच।

frankness (फ्रैंक्´-निस्) *n.* the quality of being frank, स्पष्टवादिता, निश्छलता।

frantic (फ्रैन्´-टिक्) *adj.* 1. wildly excited, अत्यंत उत्तेजित, आपे से बाहर, (शोक या पीड़ा के मारे) व्यथित। 2. greatly upset, अत्यंत विक्षुब्ध, परेशान। □ **frantic with joy,** in an uncontrolled state of happiness, ख़ुशी से पागल आनंदोन्मत्त; **frantic effort,** unsparing efforts, जी-तोड़ कोशिशें।

frantically (फ्रैन्´-टि-कॅल्-ई) *adv.* in a frantic manner, उत्तेजित होकर, आवेश में आकर, विक्षुब्ध होकर।

frappe (फ्रै-पे´, फ्रैप्) *n.* a beverage or milk shake, शीतल मधुर पेय।

fraternal (फ्रॅ-टः´-नॅल्) *adj.* 1. of a brother or brothers, भ्रातृक, भ्रात्रीय, बिरादराना। 2. friendly, मैत्रीपूर्ण।

fraternalism (फ्रॅ-टः´-नॅल्-इज़्-अॅम्) *n.* a fraternal relationship, भ्रातृभाव, बंधुभाव, भाई-चारा।

fraternity (फ्रॅ-टः´-नि-टी) *n.* 1. a society of people with common interest, बिरादरी। 2. fraternalism, भाई-चारा, भ्रातृभाव, बंधुभाव।

fraternize (फ्रैट्´-अॅः-नाइज़्) *v.* (fraternized, fraternizing) to have friendly relations, भाई-चारा होना, मैत्रीपूर्ण संबंध होना, मेल-जोल रखना।

fratricidal (फ्रैट्-रि-साइ´-डॅल्) *adj.* relating to fratricide, भातृवध या भगिनीवध से संबद्ध।

fratricide (फ्रैट्´-रि-साइड्) *n.* 1. the act or crime of killing one's brother or sister, भ्रातृवध या भगिनीवध, भ्रातृघात या भगिनीघात। 2. one who has killed a brother or sister, भ्रातृहंता या भगिनीहंता, भ्रातृघातक, भगिनीघातक।

Frau (.फ्रॉउ) *n.* the title of German married woman, श्रीमती।

fraud (फ्राःड्) *n.* 1. a deliberate or intentional deception for unfair gain, कपट, छल, धोखाधड़ी। 2. a person who deceives, धूर्त व्यक्ति, ठग। 3. something said or done to deceive, धूर्ततापूर्ण आचरण, धोखाधड़ी की बात या काम।

fraudulence (फ्राः´-डू-लॅन्स्) *n.* the quality or state of being fraudulent, कपट, धोखाधड़ी, छल।

fraudulent (फ्राः´-डू-लॅन्ट्) *adj.* deceitful, कपटी या कपटपूर्ण, धूर्त या धूर्ततापूर्ण।

fraudulently (फ्राः´-डू-लॅन्ट्-ली) *adv.* in a fraudulent manner, कपटपूर्वक, धोखाधड़ी से, धूर्ततापूर्वक।

fraught (फ्राःट्) *adj.* □ **fraught with,** full of, filled, involving, से भरपूर, से भरा हुआ, से युक्त।

Fraulein (फ्रोउ´-लिन्) *n.* a title for unmarried German woman, सुश्री।

fray[1] (फ्रे) *n.* 1. a fight or scuffle, लड़ाई, मार-पीट। 2. a heated dispute, झगड़ा, संघर्ष। □ **enter the fray,** to join the fight etc., संघर्ष में कूद पड़ना।

fray[2] *v.* (frayed, fraying) 1. to become or make worn so that there are loose threads at the edge, (घिसने के कारण) फुसले निकल आना, तार-तार हो जाना या कर देना। 2. to exasperate, खिझाना, चिढ़ाना, उत्तेजित करना; Tempers become frayed. लोग भड़क उठे।

frayed (फ्रेड्) *adj.* worn, tattered, घिसा-फटा, तार-तार।

frazzle (फ्रैज़्´-अॅल्) *v.* (frazzled, frazzling) to wear down or exhaust, थक जाना, बेदम हो जाना, थककर चूर-चूर हो जाना, पस्त हो जाना। *n.* a completely exhausted state, बेहद थकान।

freak (फ्रीक्) *n.* 1. any unusual or abnormal person, thing or occurrence, कोई चमत्कारक या असामान्य व्यक्ति, वस्तु या घटना। 2. a whim or caprice, सनक, तरंग, मौज। 3. a drug addict, नशाख़ोर। 4. an enthusiast, उत्साही व्यक्ति, शौकीन। □ **freak out,** to become greatly excited (due to drugs), तरंग में होना, लहर में आना, आवेश में होना, सनक जाना।

freakish (फ्री´-किश्) *adj.* 1. unusual, strange, असामान्य, विचित्र। 2. unreasonable, अयुक्तिशील, सनकी।

freckle (फ्रॅक्´-अॅल्) *n.* a light brown spot on the skin, चकत्ता, ददोरा।

free (फ्री) *adj.* 1. not bound or confined, at liberty, मुक्त, बंधनमुक्त। 2. not obstructed or impeded, unrestricted, निर्बाध, अबाध; free access, अबाध पहुँच। 3. politically independent, स्वतंत्र, आज़ाद। 4. exempt, मुक्त। 5. without, रहित, विहीन। 6. not costing anything, मुफ़्त, निःशुल्क। 7. taking undue liberties, स्वच्छंद, स्वेच्छाधारी। 8. not literal, स्वतंत्र; free translation, भावानुवाद। 9. unoccupied or not busy, ख़ाली। 10. not

fixed, loose, ढीला, खुला। 11. open to all, खुला; open market, खुला बाज़ार। 12. generous, उदार या उदारतापूर्ण। 13. pure, विशुद्ध। □ **free and easy,** easy-going, informal, शिष्टाचार पालन करने से मुक्त, औपचारिकता-विहीन, बेतकल्लुफ़; **for free,** without charge or cost, मुफ़्त; **make free with,** to take liberties with, to behave too familiarly towards, उन्मुक्त व्यवहार करना, बेतकल्लुफ़ी बरतना। *adv.* 1. freely, स्वतंत्रापूर्वक, स्वच्छंदतापूर्वक। 2. with out charge or cost, मुफ़्त में, बिना शुल्क लिए। *v.* (freed, freeing) 1. to make free, स्वतंत्र करना, आज़ाद करना। 2. to release or relieve, मुक्त करना, छोड़ देना। 3. to disentangle, छुड़ा देना, सुलझा देना। 4. to clear, स्पष्ट करना।

-free *suffix.* free from, से मुक्त; trouble-free, कष्टमुक्त; disease-free, रोगरहित; post-free, डाकशुल्क से मुक्त।

freebie, freebee (फ़्री´-बी) *n.* something that is given or received without payment, मुफ़्त का माल।

freebooter (फ़्री´-बू-टॅ:) *n.* 1. a pirate, जलदस्यु। 2. a plunderer, लुटेरा, डाकू।

free-born (फ़्री´-बॉ:न्) *adj.* born as a free person, जन्म से स्वतंत्र, स्वतंत्र-जन्मा।

freedman (फ़्रीड्´-मॅन्) *n.* a man who has been freed from slavery, ऐसा दास जिसे मुक्ति मिल गई हो, मुक्तदास, स्वतंत्र व्यक्ति।

freedom (फ़्री´-डॅम्) *n.* 1. the condition of being free, independence, स्वतंत्रता, आज़ादी। 2. political independence, स्वाधीनता, स्वतंत्रता, आज़ादी। 3. exemption, छूट, छुटकारा, मुक्ति। 4. the power to act as one pleases, स्वतंत्रता, छूट; freedom of press, प्रेस-स्वातंत्र्य; freedom of speech, अभिव्यक्ति-स्वातंत्र्य, बोलने की स्वतंत्रता।

freedom fighter *n.* a person who fights to obtain independence for his country, स्वतंत्रता-सेनानी।

free enterprise *n.* carryng on of business or trade with little state control or interference, स्वतंत्र उद्यम।

free-for-all (फ़्री´-फ़ॉ:-आ:ल्) *n.* a fight or argument in which anyone present may join, ऐसी लड़ाई या विवाद जिसमें सभी उपस्थित लोग शामिल हों, बवाल, फ़साद।

freehand (फ़्री´-हैन्ड्) *adj.* (of drawing) done by natural movement of the hand, हाथ से (अर्थात् बिना किसी उपकरण की सहायता से) होने या किया जानेवाला।

free hand *n.* unlimited freedom of action, पूरी छूट।

freehanded (फ़्री´-हैन्ड्-इड्) *adj.* generous, उदार, मुक्तहस्त।

freehold (फ़्री´-होल्ड्) *n.* absolute ownership of building or land for an unlimited time, फ़्रीहोल्ड, पूर्णस्वामित्व, मालिकाना हक।

freeholder (फ़्री´-होल्ड्-अॅ:) *n.* absolute owner of a land or building, पूर्णस्वामी, फ़्रीहोल्डर।

freelance (फ़्री´-लैन्स्) *n.* a self-employed writer, artist or journalist who sells his services to others, स्वतंत्र लेखक, कलाकार या पत्रकार। *v.* (freelanced, freelancing) to work as a freelance, स्वतंत्र लेखन-कार्य करना।

freeload (फ़्री´-लोड्) *v.* (freeloaded, freeloading) to eat and drink at the cost of others, दूसरों के सिर पर खाना-पीना, दूसरों पर भार होना।

free love *n.* the practice of living together without marriage, स्वच्छंद प्रेम, उन्मुक्त प्रेम।

freely (फ़्री´-ली) *adv.* 1. in a free manner, स्वतंत्रतापूर्वक, पूरी आज़ादी से। 2. openly, खुले आम, खुल्लमखुल्ला। 3. without any hindrance, निर्बाध रूप से, भली भाँति। 4. generously, उदारतापूर्वक। 5. in great amounts, बड़ी मात्रा में।

freeman (फ़ी´-मॅन्) *n.* (plu. freemen) a person who is not a slave, वह जो दास या गुलाम न हो, स्वतंत्र व्यक्ति।

freemasonry (फ़्री´-मे-सॅन्-री) *n.* brotherliness, भ्रातृभावना, बंधुत्व।

freeship (फ़्री´-शिप्) *n.* exemption from the payment of fee, फ़ीस माफ़ी।

freestanding (फ़्री-स्टैन्´-डिंग्) *adj.* standing

without support, जो बिना सहारे के खड़ा हो, स्वस्थित।

freestyle (फ्री´-स्टाइल्) *adj.* without any style, बिना किसी विशेष पद्धति पर आधारित, शैलीमुक्त, फ्रीस्टाइल (कुश्ती)।

free-thinker (फ्री-थिन्क्´-कॅ:) *n.* one who does not believe in religious dogmas, स्वतंत्र विचारक।

free trade *n.* trade with little government control, उन्मुक्त व्यापार, मुक्त व्यापार।

free verse *n.* unrhymed verse, अतुकांत या छंदमुक्त पद्य।

freewheel (फ्री-ह्वील्´) *n.* a part of the cycle which permits the wheel to rotate freely, फ्रीह्वील।

freewheeling (फ्री-ह्वील्´-इंग्) *adj.* free of restraints or rules, नियममुक्त, बंधनमुक्त।

free-will (फ्री-विल्´) *adj.* voluntary, ऐच्छिक।

freeze (फ्रीज़्) *v.* (froze, frozen, freezing) 1. to become solid due to low temperature, जमना। 2. to become ice, बर्फ़ हो जाना। 3. to become hard or stiff from cold, ठंड से जकड़ जाना। 4. to feel very cold, ठिठुरने लगना, ठिठुरन महसूस करना। 5. to make cold or cover with ice, ठंडा करना। 6. to preserve food by subjection to extreme cold, प्रशीतित करना, संरक्षित रखना। 7. to make or become rigid, कठोर हो जाना या बना देना, कड़ा हो जाना या कर देना। 8. to become paralyzed through fear or shyness, भय या लज्जा से जड़वत् हो जाना। 9. to make assets, credits etc. unrealizable, रोक लगा देना। 10. to fix (prices, wages etc.), नियत कर देना, बाँध देना।

freezer (फ्री´-ज़ॅ:) *n.* a compartment for storing perishable goods by freezing them, फ्रीजर, प्रशीतक, हिमीकरण कक्ष।

freezing (फ्रीज़´-इंग्) *adj.* very cold, अत्यंत ठंडा या सर्द।

freezing point *n.* the temperature at which a liquid freezes, हिमांक।

freight (फ्रेट्) *n.* 1. the charge of carrying goods by a truck, ship or train, भाड़ा, मालभाड़ा; freight rate, भाड़ा दर, भाड़े की दर। 2. a load of goods for transport (ढुलाई का) माल। 3. a train that carries only goods, मालगाड़ी। *v.* (freighted, freighting) to load with goods, माल लादना।

freighter (फ्रे´-टॅ:) *n.* a ship carrying mainly goods, मालपोत।

french (फ्रेंन्च्) *adj.* pertaining to France or its people, फ्रांस या फ्रांसीसियों से संबद्ध। *n.* 1. the language of France, फ्रांसीसी भाषा। 2. **the French** French people, फ्रांसीसी लोग।

French door *n.* a door with glass panes extending the full length, शीशेदार एक पल्लेवाला दरवाज़ा।

French establishments *n.* (plu.) French colonies, फ्रांसीसी उपनिवेश।

French fries *n.* (plu.) the strips of potatoes fried in deep fat, आलू के तले हुए कतले।

French horn *n.* a wind instrument with a long tube coiled in circle, फूँक मारकर बजाने का एक प्रकार का बाजा।

frenchify (फ्रेंन्´-चि-फ़ाइ) *v.* (frenchified, frenchifying) to make French in appearance or manner, फ्रांसीसी बनाना, फ्रांसीसीकरण करना।

French leave *n.* an unauthorised leave, बिना सूचना दिए लिया जानेवाला अवकाश, नागा। □ **take French leave,** to absent oneself without permission, बिना अनुमति लिए काम पर से अनुपस्थित रहना, बिना सूचना दिए नागा करना।

frenetic (फ्रॅ-नेंट्´-इक्) *adj.* frantic, उन्मत्त।

frenzied (फ्रेंन्´-ज़ीड्) *adj.* 1. wildly excited or agitated, अत्यंत उत्तेजित या विक्षुब्ध, उन्मत्त। 2. crazy, mad, सनकी, दीवाना, पागल।

frenzy (फ्रेंन्´-ज़ी) *n.* 1. wild excitement or agitation, उन्माद, आवेश, उत्तेजना, विक्षोभ। 2. craze, madness, सनक, दीवानगी, पागलपन।

frequency (फ्री´-क्वॅन्-सी) *n.* (plu. frequencies) 1. frequent occurrence, बार-बार होना, आवृत्ति। 2. the number of vibrations of a wave per second, फ्रीक्वेन्सी।

frequent[1] (फ्री´-क्वॅन्ट्) *adj.* appearing or hap-

pening often or at close intervals, प्राय: होनेवाला, प्राय: होता रहनेवाला, प्रायिक, बहुधा; It is a frequent practice. ऐसा बहुआ होता है।

frequent[2] (फ्री-क्वेंन्ट्´) *v.* to visit habitually, बराबर आते-जाते रहना; This garden is frequented by all kinds of birds, इस बाग में सभी तरह के पक्षी आते-जाते रहते हैं।

frequently (फ्री´-क्वेंन्ट्-ली) *adv.* often, बहुधा, प्राय:।

fresco (फ्रेंस्´-को) *n.* (plu. frescoes, frescos) 1. a pigment used in painting on fresh plaster, एक प्रकार का रंगद्रव्य। 2. a picture painted on a wall or ceiling with the above pigment, भित्तिचित्र। 3. the art of painting on walls or ceilings, दीवारों या छतों पर चित्र बनाने की कला, भित्तिचित्रण।

fresh (फ्रेंश्) *adj.* 1. recently produced or made, ताज़ा। 2. lately arrived, new, नया, नवीन। 3. not used, कोरा। 4. lively, सक्रिय, ताज़गी-भरा, ताज़ा-दम, जीवंत, प्राणवान। 5. (of air) refreshing or pure, ताज़ा। 6. not stale, जो बासी न हो, ताज़ा। 7. not faded, जो कुम्हलाया न हो, ताज़ा। 8. other or different, अन्य, दूसरा। 9. inexperienced, अनुभवहीन। 10. bold, impudent, दुस्साहसी, धृष्ट। □ **break fresh ground,** to do something that has not been attempted before, नया काम करना।

freshen (फ्रेंश्´-अॅन्) *v.* (freshened, freshening) to become or make fresh, ताज़ा होना या करना, नया होना या करना, ताज़गी आना या लाना।

fresher (फ्रेंश्´-अ:) *n.* a first-year student at university or college, कालेज या विश्वविद्यालय का प्रथम वर्ष का छात्र, नवछात्र।

freshet (फ्रेंश्´-इट्) *n.* an overflow of a river from heavy rain or melted snow, बाढ़।

freshly (फ्रेंश्´-ली) *adv.* recently, हाल में, कुछ ही देर पहले।

freshman (फ्रेंश्´-मॅन्) *n.* a fresher, नवछात्र, प्रथम वर्षीय छात्र।

freshness (.फ्रेंश्´-निस्) *n.* the quality of being fresh, ताज़ापन, ताज़गी, नवीनता।

fret[1] (फ्रेंट्) *v.* (fretted, fretting) 1. to gnaw or wear away by gnawing, खा डालना या खाया जाना, चीथना या चीथा जाना, कुतर डालना या कुतरा जाना, क्षय हो जाना या क्षय कर देना। 2. to irritate or be irritated, to annoy or be annoyed, खीझ उठना या खिझा देना, झुंझला उठना या झुंझलाहट पैदा करना, जलना-भुनना या जलाना-भुनाना। 3. to become or make anxious, चिंतित होना या बनाना, चिंतामग्न होना या करना। □ **fret and fume,** to show great anger and restleness, झल्लाना, ताव दिखाना, आग-बबूला होना। *n.* 1. a wearing away, क्षय। 2. irritation, चिढ़, खीझ। 3. anxiety, चिंता।

fret[2] (फ्रेंट्) *n.* 1. a strip of wood on finger-board of a gitar, banjo, etc., रीड। 2. an ornamental net or network, जाली। 3. an ornamental border, जालीदार या अलंकृत किनारा।

fretful (फ्रेंट्´-फुॅल्) *adj.* 1. tending to fret, खीझनेवाला, झुंझलानेवाला, चिड़चिड़े स्वभाववाला, चिड़चिड़ा। 2. discontented, असंतुष्ट, अप्रसन्न।

fretfully (फ्रेंट्´-फु-ली) *adv.* in a fretful manner, चिड़चिड़ करते हुए, झुँझलाते हुए, अप्रसन्नतापूर्वक।

fretfulness (.फ्रेंट्´-फुल्-निस्) *n.* the state of being fretful, चिड़चिड़ापन, असंतोष, अप्रसन्नता।

fretsaw (फ्रेंट्´-सा:) *n.* a very thin saw fixed in frame, पतली आरी।

fretwork (फ्रेंट्´-व:क्) *n.* 1. a pattern with frets, जालीनुमा काम। 2. work done with a fretsaw, पतली आरी से बनाया हुआ लकड़ी का सजावटी सामान।

Freudian (फ्रॉइ´-डि-अॅन्) *adj.* of Sigmund Freud or his theories, फ्रायड या उसके सिद्धांतों से संबद्ध, फ्रायडी।

Freudian slip *n.* an unintentional error which reveals one's true thought, अनजाने में होनेवाली ऐसी भूल जो वास्तविक मनोभाव की परिचायक हो।

friability (फ्राइ-अॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* the quality of being friable, भुरभुरापन।

friable (फ्राइ´-अॅ-बॅल्) *adj.* easily broken

into small bits or into powder, भुरभुरा।

friar (फ़्राइ´-अ:) *n.* a Christian mendicant, ईसाई भिक्षु।

friary (फ़्राइ´-अ-री) *n.* a monastery of friars, ईसाई भिक्षुओं का विहार।

fribble (फ़्रिब्´-अल्) *v.* (fribbled, fribbling) 1. to waste one's time, समय गँवाना। 2. to behave in a foolish way, मूर्खतापूर्ण आचरण करना।

fricative (फ़्रिक्´-अ-टिव्) *adj.* pronounced by forcing the breath through small passage formed by tongue or lips, संघर्षी (व्यंजन)।

fricassee (फ़्रिक्-अ-सी´) *n.* dish of stewed pieces of meat, सिझाए हुए मांस के टुकड़े।

friction (फ़्रिक्´-शन्) *n.* 1. the act of rubbing one thing against another, घर्षण, रगड़। 2. a clash or conflict, संघर्ष, द्वंद्व। 3. resistance, प्रतिरोध।

Friday (फ़्राइ´-डे) *n.* the sixth day of the week, शुक्रवार, जुम्मा।

fried (फ़्राइड्) *v.* p.t. & p.p of fry.

friend (फ़्रेन्ड्) *n.* 1. an intimate associate, दोस्त, मित्र, यार, संगी, साथी। 2. a helper or sympathizer, हितैषी, स्नेही, शुभचिंतक। 3. a colleague, सहकर्मी, सहयोगी। 4. helpful quality, सहायक गुण। □ **make friends with,** to become a friend of, यारी करना, दोस्ती करना।

friendless (फ़्रेन्ड्´-लिस्) *adj.* without friends, मित्रविहीन।

friendliness (फ़्रेन्ड्´-लि-निस्) *n.* affection, मैत्री, दोस्ताना, यारी-दोस्ती।

friendly (फ़्रेन्ड्´-ली) *adj.* (friendlier, friendliest), 1. like a friend, मित्रवत्; friendly country, मित्रदेश। 2. befitting a friend, मैत्रीपूर्ण, दोस्ताना। 3. helpful, comforting, kindly, सहयोगपूर्ण, सुखदायक।

friendship (फ़्रेन्ड्´-शिप्) *n.* relationship between friends, मैत्री, दोस्ती, दोस्ताना।

frier (फ़्राइ´-अ:) *n.* = fryer.

frieze[1] (फ़्रीज़्) *n.* a decorative horizontal band around the top of wall, सजावटी पट्टी। (स्थापत्य)

frieze[2] (फ़्रीज़्) *n.* a course woollen cloth, एक प्रकार का मोटा ऊनी कपड़ा।

frigate (फ़्रिग्´-इट्) *n.* a small fast-sailing warship, तीव्रगति से चलनेवाला छोटा युद्धपोत।

frigate bird *n.* a large sea-bird, एक प्रकार का बड़ा जल-पक्षी।

fright (फ़्राइट्) *n.* 1. sudden intense fear, डर, भय, त्रास। 2. something alarming, भयावह या डरावनी वस्तु, त्रासजनक व्यक्ति या वस्तु।

frighten (फ़्राइ´-टन्) *v.* (frightened, frightening) 1. to scare, to terrify, to make suddenly afraid, डरा देना, दहला देना, डराना-धमकाना, भयभीत कर देना। 2. to feel fright, भयभीत हो जाना, डर जाना, दहल जाना। 3. to flee or drive through fear, भय से भाग खड़े होना या भगा देना। □ **be frightened of,** to be afraid of, भयभीत होना।

frightened (फ़्राइ´-टन्ड्) *adj.* in a state of fear, भयभीत, डरा हुआ।

fright figure (फ़्राइट्´-फ़िग्-अ:) *n.* someone extremely frightning, डरावनी सूरत।

frightful (फ़्राइट्´-फुल्) *adj.* 1. causing fright, डरावना, भयानक, खौफ़नाक, भयावह। 2. very unpleasant, अत्यंत अप्रिय, क्षोभकारक, संतापकारी। 3. very great, बहुत बड़ा। 4. very bad, बहुत बुरा।

frightfully (फ़्राइट्´-फु-ली) *adv.* extremely, अत्यधिक; I am frightfully sorry. मुझे अत्यंत खेद है।

frigid (फ़्रिज्´-इड्) *adj.* 1. very cold, बहुत अधिक ठंडा; frigid zone, शीत कटिबंध। 2. cold in manner, रूखा, स्नेहहीन, उदासीन। 3. lacking in warmth and life, dull, बुझा हुआ, उत्साहविहीन, उमंग से रहित, बेदम। 4. lacking in normal sexual desire, जिसमें सहवास की इच्छा न हो, ठंडा।

frigidity (फ़्रि-जिड्´-इ-टी) *n.* 1. the quality of being frigid, ठंडापन, उत्साहविहीनता। 2. coldness of sexual feeling, सहवास की इच्छा का अभाव, ठंडापन।

frill (फ़्रिल्) *n.* 1. a loose ornamental edging, झालर। 2. something fancy but not essen-

tial, सजावट के काम आनेवाली किंतु अनावश्यक वस्तु, तड़क-भड़क। *v.* (frilled, frilling) *v.* to decorate with frills, झालर लगाना।

frilling (फ्रिल्´-इंग्) *n.* the act of putting frills on, झालर लगाना।

frilly (फ्रिल्´-ई) *adj.* 1. having many frills, झालरदार। 2. ostentatious, भड़कीला, तड़क-भड़कवाला, आडंबरपूर्ण।

fringe (फ्रिन्ज्) *n.* 1. an ornamental edge of hanging threads, झालर। 2. a marginal or peripheral part, किनारा, छोर, सीमांत। *v.* (fringed, fringing) to decorate with frills, झालर लगाना।

fringe benefit *n.* an employment benefit given in addition to wages or salary, कर्मचारी को वेतन के अतिरिक्त दिया जानेवाला लाभ, अतिरिक्त सुविधा।

frippery (फ्रिप्´-अॅ-री) *n.* 1. foolishly useless ornamentation, भद्दी तड़क-भड़क या सजधज। 2. unnecssary finery or ornaments, सजावटी सामान, भद्दे अलंकार या आभूषण।

frisk (फ्रिस्क्) *v.* (frisked, frisking) 1. to move about briskly and playfully, उछलना-कूदना, फुदकना या थिरकना। 2. to search (someone, किसी की) तलाशी लेना। *n.* 1. brisk and lively movement, उछल-कूद, थिरकन। 2. a frorlic, अठखेली।

frisky (फ्रिस्´-की) *adj.* 1. energetic, lively, जीवंत, चुलबुला। 2. playful, उछल-कूद करनेवाला खिलाड़ी।

fritter[1] (फ्रिट्´-अॅ:) *n.* a kind of cake, एक प्रकार का केक।

fritter[2] (फ्रिट्´-अॅ:) *v.* (frittered, frittering) to break into many small pieces, टुकड़े-टुकड़े करना। □ **fritter away**, to waste, (one's time, money etc., अपना समय धन आदि) नष्ट करना।

frivol (फ्रि´-वॉल्) *v.* (frivolled, frivolling) to waste, नष्ट करना, गँवाना।

frivolity (फ्रि-वॉल्´-इ-टी) *n.* 1. the quality of being frivolous, ओछापन, छिछोरापन, टुच्चापन, तुच्छता। 2. frivolous behaviour, तुच्छ व्यवहार, टुच्चा व्यवहार, ओछा व्यवहार।

frivolous (फ्रिव्´-अॅ-लॅस्) *adj.* 1. trivial, insignificant, तुच्छ, टुच्चा, बेकार, । 2. not sensible, silly, छिछोरा, मूर्ख, बेवक़ूफ़। 3. not with serious attention, ओछा, क्षुद्र। 4. playful, खिलवाड़-भरा।

frivolously (फ्रिव्´-अॅ-लॅस्-ली) *adv.* in a frivolous manner, तुच्छतापूर्वक, ओछे ढंग से।

frizz (फ्रिज़्) *v.* (frizzed, frizzing) to form or be formed into curls, घुँघराला बनना या बनाना। *n.* frizzed hair, घुँघराले बाल।

frizzle (फ्रिज़्´-अॅल्) *v.* (frizzled, frizzling) 1. to cook in a hot fat, तलना, भूनना। 2. to be cooked with a sizzling noise, छनना, छाना जाना।

frizzy (फ्रिज़्´-ई) *adj.* tightly curled, घुँघराला, कुंचित।

frock (फ़्रॉक्) *n.* 1. a woman's or girl's dress, फ़्राक। 2. a monk's robe, चोला, लबादा।

frog (फ़्रॉग्) *n.* 1. a tailless jumping amphibian animal, मेंडक। 2. ornamental loop and button of clothes, घुंडीदार काज। □ **frog in the throat,** hoarseness, गले की खरखरी, स्वरभंग; **frog in the well,** कूपमंडूक, कुएँ का मेंडक।

frogman (फ़्रॉग्´-मॅन्) *n.* a diver trained and equipped for underwater operations, पनडुब्बा।

frolic (फ़्रॉल्´-इक्) *n.* gaiety, merriment, entertainment, अठखेली, उछल-कूद, खिलवाड़, खेल-खिलवाड़। *v.* (frolicked, frolicking) to make merry, to engage in merrymaking, उछल-कूद करना या मचाना, अठखेलियाँ करना, खिलवाड़ करना।

frolicsome (फ़्रॉल्´-इक्-सॅम्) *adj.* playful, lively, खिलवाड़ी, उछल-कूद में मस्त।

from (फ़्रॉम्, फ़्रॅम्) *prep.* 1. beginning at, since, से। 2. beginning at, after, से। 3. with a person, place, or thing as the source or instrument, से। 4. distant in regard to, से। 5. with regard to, से। 6. because of, से; She is suffering from heart disease. वह हृदयरोग से पीड़ित है। 7. considering, की दृष्टि से, के

विचार से; from a practical point of view, व्यावहारिक दृष्टि से। □ **from...to...,** between...to.......से.....तक; There were from 10 to 20 people present. वहाँ दस से बीस तक व्यक्ति उपस्थित थे; **from end to end,** एक सिरे से दूसरे सिरे तक; **from time to time,** समय-समय पर, कभी-कभी।

frond (फ़्रॉन्ड्) *n.* the divided leaf like part of a fern, palm tree etc., फ़र्न या पामवृक्ष का (द्विभाजित) पत्ता।

front (फ़्रन्ट्) *n.* 1. the most important surface or part of something facing forwards, outwards or upwards, अग्रभाग, सामना, सामने का हिस्सा, आगा। 2. an area where major fighting is taking place, लड़ाई का मुख्य क्षेत्र, लड़ाई का मुख्य मैदान। 3. the foremost line of an army, battle-front, हरावल। 4. combined effort against opposing forces, मोर्चा; national front, राष्ट्रीय मोर्चा। 5. the manner and appearance of a person, ढंग, बरताव, व्यवहार, रुख़। 6. outward appearance, बाह्य रूप। 7. an area or scene of a particular activity, क्रियाक्षेत्र, कार्यक्षेत्र। 8. the land bordering a lake, river, street etc., झील, नदी, सड़क आदि से सटा भूभाग। 9. a person, group or thing used for hiding the real nature of unlawful activities, आड़। 10. impudence, धृष्टता, गुस्ताख़ी। 11. the part of a garment covering the front of the body, वस्त्र का सीने पर पड़नेवाला भाग, सीना। □ **come to the front,** to become clear, स्पष्ट या प्रकट होना; **go to the front,** to go to the battle field, लाम पर जाना; **in front,** ahead, आगे, सामने; **put up a good front,** to conceal one's real feelings, वास्तविक भावनाओं को छिपाना। *adj.* in or facing the front or being at the front, सामनेवाला, आगेवाला, अग्र। *v.* (fronted, fronting) 1. to have the front toward, सामने होना। 2. to confront or oppose, सामना करना, मुकाबला करना, भिड़ जाना। 3. to serve as a cover for secret activities, गुप्त क्रियाकलापों का आवरण या आड़ होना।

frontage (फ़्रन्´-टिज्) *n.* 1. the front part of a building, मकान का सामनेवाला भाग, सामना, मुख। 2. the land along its front, अग्र भूभाग। 3. the land adjacent to or bordering something, किनारे या तट पर स्थित भूभाग।

frontal (फ़्रन्´-टॅल्) *adj.* of, at or to the front, सामनेवाला, अग्र; frontal attack, सामने से किया हुआ हमला; full frontal nudity, पूर्ण नग्न स्वरूप जिसमें गुप्त अंग दिखाई देते हों। *n.* 1. the front part, अग्रभाग, सामने का भाग। 2. the forehead, ललाट, माथा।

front door *n.* the main entrance of a building, भवन का मुख्यद्वार, प्रवेशद्वार।

frontier (फ़्रन्-टिअॅ:´) *n.* 1. an international border, सीमांत, सरहद। 2. the area along the international border, सीमाप्रदेश, सीमांत प्रदेश। 3. an undeveloped area for research or discovery, अनन्वेषित क्षेत्र; the frontiers of science, विज्ञान के अनन्वेषित क्षेत्र।

frontiersman (फ़्रन्-टिअॅ:स्´-मॅन्) *n.* a man living on the frontier, सीमांतवासी, सरहदी।

frontispiece (फ़्रन्ट्´-टिस्-पीस्) *n.* a picture on the lefthand page oppsite the title page, पुस्तक के आरंभ में मुख्य पृष्ठ के सामनेवाला चित्र, मुख्यचित्र।

frost (फ़्रा:स्ट्) *n.* 1. a weather condition with temperature below the freezing point of water, पाला। 2. white powder like coating of frozen vapour, पाला, तुषार। *v.* (frosted, frosting) 1. to become covered with frost, पाला पड़ना। 2. to damage or kill (plants etc.) with frost, पाला मार जाना। 3. to cover with frost, पाले से ढक देना। 4. to cover with icing, बर्फ़ से ढक या तोप देना।

frostbite (फ़्रा:स्ट्´-बाइट्) *n.* the injury caused to tissue in the body by freezing, शीत या गलन से होनेवाला घाव, शीतक्षत, तुषारदंशन।

frostbitten (फ़्रा:स्ट्´-बिट्-अॅन्) *adj.* suffering from frostbite, तुषारदंशित, पाले से पीड़ित।

frostfall (फ़्रा:स्ट्´-फ़ा:ल्) *n.* falling of frost on the plants, roofs, ground etc., तुषारापात।

frosty (फ़्रा:स्´-टी) *adj.* (frostier, frostiest) 1. cold with frost, पाले से जो ठंडा हो या गया

हो गल रहा हो। 2. without warmth of feeling, उमंग या उत्साह से रहित, ठंडा। 3. very cold or unfriendly, अमैत्रीपूर्ण, रूखा; frosty smile, रूखी हँसी।

froth (फ़्रा:थ्) *n.* 1. creamy mass of small bubbles, foam, झाग, फेन। 2. a worthless thing, idea or talk, असार वस्तु, व्यर्थ की बात। *v.* (frothed, frothing) to expel froth, झाग छोड़ना।

frothy (फ़्रा:थ्´-ई) *adj.* (frothier, frothiest) 1. of, like or covered with froth, फेनिल, झागदार। 2. worthless, निस्सार, खोखला, बेकार।

frottage (फ़्रॉ-टाज़्ह´) *n.* the desire for contact with someone's clothed body, सवस्त्र व्यक्ति से संसर्ग की इच्छा।

frou-frou (फ़्रू´-फ़्रू) *n.* a rustling sound, सर-सर, सरसराहट, फरफर, फरफराहट। (फ़्रांसीसी)

frown (फ़्रॉउन्) *v.* (frowned, frowning) 1. to wrinkle one's brows in anger or thought, भौहें चढ़ाना, त्योरी चढ़ाना, क्रोध प्रदर्शित करना, तेवर बदलना। 2. to regard with disapproval or distaste, नाक-भौं सिकोड़ना; They frown on gambling. वे जुए को बुरी नज़र से देखते हैं। *n.* a frowning look, त्योरी, तेवर।

frowst (फ़्राउस्ट्) *n.* unpleasantly hot air inside the room, उमस।

frowsty (फ़्राउस्´-टी) *adj.* hot and airless, उमसदार।

frowsy (फ़्रॉउ´-ज़ी) *adj.* (frowsier, frowsiest) 1. ill-smelling, बदबूदार। 2. unkempt, गंदा, फूहड़, घिनौना।

froze (फ़्रोज़्) *v.* p.t. of freeze.

frozen (फ़्रो´-ज़्न्) *v.* p.p. of freeze. *adj.* 1. turned into ice, बर्फ़ के रूप में जमा या जमाया हुआ। 2. covered with or surrounded by ice, बर्फ़ से ढका या घिरा हुआ। 3. very cold, बहुत ठंडा, बर्फ़-सा ठंडा, हिमशीतित। 4. preserved by freezing, बर्फ़ में रखने से रक्षित। 5. rigid with cold, ठंड से जकड़ा हुआ। 6. rendered immobile, motionless, गतिहीन, जड़। 7. pegged at a certain level, जाम, अवरुद्ध; frozen wages, जाम मजदूरी, अवरुद्ध मज़दूरी। 8. that cannot be converted into cash, जिसे नकदी में न बदला जा सकता हो, जिस पर रोक लगी हो, अवरुद्ध, जाम; frozen assets, अवरुद्ध आस्तियाँ।

fructiferous (फ़्रक्´-टि-फ़ॅ-रॅस्) *adj.* producing fruit, फलनेवाला, फलोत्पादक, फलदार।

fructify (फ़्रक्´-टि-फ़ाइ) *v.* (fructified, fructifying) 1. to bear fruit, फल देना, फलना। 2. to make fruitful, फलप्रद बनाना, सफल बनाना। 3. to become fruitful, फलप्रद होना। 4. to become fertile, उर्वर होना।

fructose (फ़्रक्´-टोस्) *n.* fruit sugar, फल-शर्करा।

fructuous (फ़्रक्´-ट्यु-ॲस्) *adj.* 1. fruitful, फलदार। 2. useful, profitable, उपयोगी, फलदायक, लाभदायक।

frugal (फ़्रू´-गॅल्) *adj.* 1. practising economy, thrifty, मितव्ययी, किफ़ायतशार। 2. costing little, सस्ता।

frugality (फ़्रू-गॅल्´-इ-टी) *n.* 1. thrift, मितव्ययिता, किफ़ायतशारी। 2. cheapness, सस्तापन।

frugally (फ़्रू´-गॅ-ली) *adv.* in a frugal manner, कम खर्च में, सस्ते में, किफ़ायतशारी से।

fruit (फ़्रूट्) *n.* (plu. fruit, fruits) 1. the ripened, fleshy and edible seed-bearing part of a plant, फल। 2. offspring, संतान। 3. result or outcome, परिणाम, फल। 4. reward, पुरस्कार। *v.* (fruited, fruiting) to bear fruit, फलना, फल लगना।

fruitcake (फ़्रूट्´-केक्) *n.* a cake containing nuts, raisins etc., मेवेवाला केक।

fruited (फ़्रू´-टिड्) *adj.* covered with fruit, फल-मिश्रित, फलयुक्त।

fruiterer (फ़्रू´-टॅ-रॅ:) *n.* a dealer in fruit, फल बेचनेवाला, फल-विक्रेता।

fruitful (फ़्रूट्´-फ़ुल्) *adj.* 1. producing fruit, फलोत्पादक, फलनेवाला। 2. producing result, beneficial, फलप्रद, लाभदायक। 3. useful, worthwhile, उपयोगी।

fruitfully (फ़्रूट्´-फ़ु-ली) *adv.* in a fruitful manner, लाभदायक रूप से।

fruition (फ़्रू-इश्´-ॲन्) *n.* 1. the attainment

of something or fulfillment of hopes, सिद्धि, उपलब्धि, सफलता। 2. the condition of bearing fruit, फलन।

fruitless (फ़्रूट्´-लिस्) *adj.* 1. bearing or producing no fruit, न फलनेवाला या जिसे फल न लगते हों, फलहीन, फलविहीन। 2. producing no result, useless, निष्फल, बेकार, निरर्थक। 3. to no effect, प्रभावशून्य।

fruitlessly (फ़्रूट्´-लिस्-ली) *adv.* to no purpose, व्यर्थ, वृथा।

fruity (फ़्रू´-टी) *n.* of or resembling fruit, फल का या फल-जैसा, फलीय।

frumenty (फ़्रू´-मॅन्-टी) *n.* wheat boiled in milk and sweetened, दूधिया दलिया, मीठा दलिया।

frump (फ़्रम्प्) *n.* a woman lacking in stylishness and neatness, badly-dressed woman, फूहड़ (ढंग से वस्त्र पहननेवाली) स्त्री, ओछी औरत।

frumpy (फ़्रम्प्´-ई) *adj.* lacking in stylishness and neatness, badly dressed, फूहड़, ओछा।

frustrate (फ़्रस्´-ट्रेट्) *v.* (frustrated, frustrating) 1. to prevent from accomplishing a purpose or fulfilling a desire, विफल-मनोरथ कर देना, नाकाम कर देना। 2. to prevent the accomplishment of, सफलता प्राप्त न करने देना; निराश, हतोत्साहित या हताश कर देना, कुंठाग्रस्त कर देना।

frustrated (फ़्रस्´-ट्रे-टिड्) *adj.* 1. disappointed, disheartened, निराश, हतोत्साह, हताश, कुंठाग्रस्त। 2. upset, विचलित, विक्षुब्ध।

frustration (फ़्रस्-ट्रे´-शॅन्) *n.* 1. the state of feeling frustrated, विफलताजन्य निराशा, हताशा, कुंठा। 2. failure, पराजय, विफलता, मनोरथ-भंग।

fry[1] (फ़्राइ) *v.* (fried, frying) 1. to cook in hot fat or oil, तलना, भूनना। 2. to be cooked in hot fat or oil, तला या भूना जाना। 3. to be scorched, भुन जाना, जल उठना। *n.* (plu. fries) a dish of fried food, तला हुआ पदार्थ।

fry[2] (फ़्राइ) *n.* (plu.) the young of fish, frogs etc., मछली, मेंडक आदि के बच्चे। □ **the small fry,** uunimportant persons, मामूली लोग, निम्न वर्ग के लोग।

fryer (फ़्राइ´-अ:) *n.* 1. a young chicken suitable for frying, भूनने लायक मुर्गा। 2. a deep pot for frying fish, मछली तलने का पात्र।

frying pan *n.* a pan for frying purposes, कड़ाही, फ़्राइपेन। □ **out of the frying pan into the fire,** from a bad situation to worse one, कुएँ से निकलकर खाई में (गिरना)।

fuchsia (फ़्यू´-शॅ) *n.* a shrub with drooping red or purple flowers, फ़्यूशा (नामक झाड़ी)।

fuck (फ़क्) *v.* (fucked, fucking) to have sexual intercourse with someone, संभोग करना।

fuddle (फ़ड्´-ऑल्) *v.* (fuddled, fuddling) 1. to cause to be intoxicated, नशे में धुत या मदहोश कर देना। 2. to cause to be confused, भ्रमित कर देना, घबरा देना।

fuddy-duddy (फ़ड्´-ई-डड्´-ई) *n.* (plu. fuddy-duddies) a conservative or old-fashioned person, दकियानूसी व्यक्ति।

fudge (फ़ज्) *n.* 1. a soft sugary candy, एक तरह की मिठाई। 2. nonsense, humbug, बकवास, प्रलाप। *interj.* a mild exclamation of annoyance, हट!

fudge (फ़ज्) *v.* (fudged, fudging) to put together clumsily, गड्ड-मड्ड या घाल-मेल करना।

fuel (फ़्यू´-ऑल्) *n.* 1. any thing used to produce heat, ईंधन, जलावन। 2. that which increases emotion etc., उत्तेजक या उद्दीपक पदार्थ। □ **add fuel to fire,** to aggravate anger, और अधिक भड़काना। *v.* (fueled/fuelled, fueling/fuelling) to provide with fuel, ईंधन डालना।

fuelling (फ़्यु´-लिंग्) *n.* 1. the act of providing with fuel, ईंधन डालने (या झोंकने) का काम। 2. a substance used as fuel, ईंधन की तरह प्रयुक्त पदार्थ, ईंधन।

fug (फ़ग्) *n.* stuffy atmosphere, घुटन, गुम, उमस।

fugitive (फ़्यू´-जि-टिव्) *n.* a person who has

fled from captivity, oppression etc., भगोड़ा, फ़रार, पलायक। *adj.* 1. fleeting, भागा हुआ। 2. transitory, क्षणिक; fugitive colour, कच्चा रंग।

fugleman (फ़्यू´-गॅल्-मॅन्) ***n.*** one who exhibits exercises before a group, जो किसी समूह के सम्मुख व्यायाम (की प्रक्रिया) प्रदर्शित करता हो, व्यायाम-प्रदर्शक।

fuhrer, fuehrer (फ़्यूर्´-अॅ:) ***n.*** 1. a leader, नेता। 2. a title of Hitler, हिटलर की उपाधि, फ़्यूहरर। 3. a despot, निरंकुश शासक।

fulcrum (फ़ुल्´-क्रम्) ***n.*** (plu. fulcra, fulcrums) the point on which a lever turns, टेक, आधार।

fulfil (फ़ुल्-फ़िल्) ***v.*** (fulfilled, fulfilling) 1. to carry out or accomplish, पूरा करना, निष्पन्न या पालन करना। 2. to satisfy the requirements of, शर्तें पूरी करना, पूरा उतरना। 3. to satisfy, संतुष्ट करना।

fulfilment fulfillment (फ़ुल्´-फ़िल्-मॅन्ट्) ***n.*** 1. an act of fulfilling, पूर्ति। 2. the state of being fulfilled, पूर्णता।3. compliance, पालन, निर्वाह। 4. satisfaction, संतुष्टि।

full[1] (फ़ुल्) ***adj.*** having or containing as much as possible, भरा हुआ, लबालब, पूर्ण, आपूरित।2. having much or many, भरा हुआ, परिपूर्ण; full of errors, भूलों से भरा हुआ; full of energy, ऊर्जा से परिपूर्ण, ऊर्जस्वी। 3. complete, पूर्ण, पूरा; full bench, पूर्ण पीठ। 4. crowded, ठसाठस, खचाखच। 5. fed to satisfaction, तृप्त, परितृप्त, संतृप्त, अघाया हुआ। 6. ample, copious, प्रचुर, अतिशय। 7. with all privileges, rights etc., पूर्ण; full member, पूर्ण सदस्य। 8.whole, समूचा, संपूर्ण, सारा, पूरा; a full hour, पूरा (एक) घंटा। 9. born of the same parents, real, सगा; full brother, सगा भाई। □ **at full length,** lying stretched out, फैला हुआ, विस्तीर्ण; **in full,** without omitting or shortening, पूरा-पूरा या सविस्तार, विस्तारपूर्वक, पूर्ण विवरण के साथ; **in full swing,** fully active, पूरे जोरों पर; The fair is in full swing. मेला पूरे जोरों पर है। ***adv.*** 1. entirely, completely, पूर्ण रूप से, पूर्णतः। 2. directly, सीधे। 3. extremely, बिल्कुल।

full[2] ***v.*** (fulled, fulling) 1. to make (cloth) compact, घना करना या बनाना, कपड़े को साफ़ करने के लिए कलफ या मांडी लगाना। 2. to become more compact, घना होना।

fullback (फ़ुल्´-बैक्) ***n.*** a defensive backfield player, फुलबैक, रक्षक खिलाड़ी।

full-blooded (फ़ुल्-ब्लड्´-इड्) ***adj.*** 1. of unmixed ancestry, उत्तम कुल का, कुलीन। 2. vigorous, energetic, ओजस्वी, ऊर्जस्वी, ज़ोरदार, शक्तिशाली। 3. sensual, कामुक।

full-blown (फ़ुल्-ब्लोन्´) ***adj.*** 1. in full blossom, पूरा खिला हुआ, पुष्पित। 2. fully developed, पूर्ण विकसित। 3. matured, प्रौढ़।

full-bodied (फ़ुल्-बॉड्´-ईड्) ***adj.*** having richness of flavour, having a full rich quality, स्वाद या गुणवत्ता की दृष्टि से उत्तम।

full dress ***n.*** the attire required for formal occasions, पोशाक, पूरी वेशभूषा।

fuller (फ़ुल्´-अॅ:) ***n.*** one who cleans and thickenss clothes, कपड़े धोने तथा माड़ी लगानेवाला, धोबी।

fuller's earth ***n.*** a type of clay for cleaning and thickening clothes, रेह, सज्जी, मुलतानी मिट्टी।

full house ***n.*** a theatre, auditorium etc., filled to capacity, पूरी तरह से भरा हुआ छविगृह, प्रेक्षागृह आदि।

full-fledged (फ़ुल्-फ़्लेंज्ड्´) ***adj.*** 1. (of a bird) having full plumage, (पक्षी) जिसके पूरे पर निकल आए हों। 2. having full status or rank, पूर्ण; full-fledged member, पूर्ण सदस्य।

full-grown (फ़ुल्-ग्रोन्´) ***adj.*** fully mature, पूर्ण विकसित, सयाना, प्रौढ़।

full-length (फ़ुल्-लेंन्थ्´) ***adj.*** having the full length, not shortened or abbreviated, पूरा, पूरी लंबाई या विस्तारवाला, सुविस्तृत, सुविस्तीर्ण।

full moon ***n.*** the moon as a fully-lighted disc, पूर्णचंद्र, पूर्णिमा का चाँद।

fullness, fulness (फ़ुल्´-निस्) ***n.*** the state or quality of being full, पूर्णता।

full-scale (फ़ुल्-स्केल्´) ***adj.*** 1. of full size,

wide-ranging, पूरे आकार या साइज़ का। 2. employing all resources, सभी साधनों को जो उपयोग में लाए या जिसमें लाया जाए।

full stop *n.* a punctuation mark at the end of a sentence, खड़ी पाई, बिंदु, पूर्णविराम।

full-time (फ़ुल्-टाइम्´) *adj.* working whole day, पूरा दिन काम करनेवाला, पूर्णकालिक। *adv.* on a full-time basis, पूरे समय।

full-timer (फ़ुल्-टाइ´-मॅः) *n.* a person working on a full-time basis, पूर्णकालिक कर्मचारी।

fully (फ़ुल्´-ई) *adv.* 1. totally, completely, पूर्णतः, पूरी तरह से। 2. abundanlty, प्रचुरता से, बहुतायत से, अधिकता से।

fulminate (फ़ुल्´-मि-नेट्) *v.* (fulminated, fulminating) 1. to denounce severely, भर्त्सना करना, बख़िया उधेड़ना। 2. to thunder forth, गर्जन करना, गरजना। 3. to curse, कोसना। 4. to explode, फट पड़ना, बिफर पड़ना।

fulmination (फ़ुल्-मि-ने´-शॅन्´) *n.* the act of fulminating, भर्त्सना।

fulsome (फ़ुल्´-सॅम्) *adj.* 1. offensively excessive, आवश्यकता से कहीं अधिक; बेहद, अतिशय। 2. offensively insincere, कपटपूर्ण, कुटिल; fulsome praise, कपटपूर्ण प्रशंसा। 3. distasteful, अप्रिय, अरुचिकर। 4. disgusting, उबाऊ, नीरस।

fulsomely (फ़ुल्´-सॅम्-ली) *adv.* in a fulsome manner, घृणापूर्वक, कपटपूर्वक; नीरस रूप में।

fulvous (फ़ल्´-वस्) *adj.* tawny, धूसर।

fumarole (फ़्यू´-मॅ-रोल्) *n.* a crevice in a valcano (from which gases are emitted), ज्वालामुखी का छिद्र (जिसमें से धुआँ आदि निकलता हो)।

fumatory (फ़्यु´-मै-टॅ-री) *adj.* 1. pertaining to smoke, धुएँ का, धूम-संबंधी। 2. pertaining to smoking, धूमपान-संबंधी।

fumble (फ़म्´-बॅल्) *v.* (fumbled, fumbling) 1. to grope about, टटोलना। 2. to handle awkwardly, mishandle, अनाड़ी की तरह काम करना, भद्दे ढंग से काम करना। 3. to fail to catch (a ball), लपक न पाना, गिरा देना। 4. to fail to grasp, बुद्धि में न बैठना, न समझ पाना। *n.* the act of fumbling, अनाड़ीपन का काम, भद्दा काम।

fume (फ़्यूम्) *n.* 1. strong-smelling smoke or gas, धुआँ या भाप। 2. strong smelling or pungent odour, भभक। *v.* (fumed, fuming) 1. to treat with fumes, धुआँना। 2. to emit fumes, धुआँ या भाप छोड़ना। 3. to show anger, क्रोधाभिभूत होना, क्रुद्ध हो उठना।

fumigate (फ़्यू´-मि-गेट्) *v.* (fumigated, fumigating) 1. to treat with fumes or smoke, धुआँ देना। 2. to disinfect by applying smoke to, धुआँ दिखाकर कीटमुक्त करना।

fumigation (फ़्यू-मि-गे´-शॅन्) *n.* the act of fumigating, धुआँ दिखाना, धूमन, धूमीकरण।

fuming (फ़्यूम्´-इंग्) *adj.* angry, enraged, क्रुद्ध, क्रोधाभिभूत।

fumous (फ़्यूम्´-अॅस्) *adj.* smoky, धुएँ से भरा, धूमिल।

fumy (फ़्यूम्´-ई) *adj.* smoky, धुएँ से भरा, धूमिल।

fun (फ़न्) *n.* 1. enjoyment, amusement, मज़ा, आनंद। 2. a source of enjoyment, खेल, तमाशा। ☐ **in fun,** for enjoyment, मज़े के लिए, खिलवाड़ में; **make fun of,** to ridicule, हँसी उड़ाना।

funambulist (फ़्यू-नैम्´-ब्यू-लिस्ट्) *n.* a rope-dancer, रस्से पर नाचनेवाला, रज्जुनर्तक, नट।

function (फ़ंक्´-शॅन्) *n.* 1. the proper or characteristic activity of a person or a thing, कृत्य, कार्य, व्यापार। 2. the duty or occupation of a person, प्रकार्य, कर्तव्य, ज़िम्मेदारी, कार्य, काम, धंधा, व्यवसाय। 3. particular purpose or activity of a thing, विशेष प्रयोजन, काम, क्रिया। 4. a social or official ceremony, समारोह। *v.* (functioned, functioning) 1. to fulfil one's function, कर्तव्य का निर्वाह करना, कार्य करना। 2. to operate or perform, काम करना, कार्य या क्रिया करना।

functional (फ़ंक्´-शॅ-नॅल्) *adj.* 1. of or concerning a function, कार्य-संबंधी, प्रकार्यात्मक; functional grammar, प्रकार्यात्मक व्याकरण। 2. practical and useful, व्यावहारिक तथा उपयोगी, प्रयोगात्मक।

functionalism (फ़ंक्´-शॅ-नॅ-लिज़्-ॲम्) *n.* the doctrine that stresses purpose, प्रकार्यवाद।

functionary (फ़ंक्´-शॅ-नॅर्-ई) *n.* an official, अधिकारी, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, अहलकार।

fund (फ़न्ड्) *n.* 1. a reserve of money set aside for specific purpose, फंड, निधि, कोष। 2. (plu.) ready cash, नक़द रुपया, नक़दी। 3. an available stock or supply, कोष, भंडार, ख़ज़ाना; fund of jokes, मज़ाक का ख़ज़ाना; fund of knowledge, ज्ञान का भंडार। *v.* (funded, funding) 1. to furnish money, धन सुलभ करना, धन देना। 2. to invest in fund, किसी निधि में (ब्याज के लिए) जमा करना।

fundament (फ़न्ड्´-ॲ-मॅन्ट्) *n.* 1. the buttocks, चूतड़, नितंब। 2. the anus, गूदा, मलद्वार।

fundamental (फ़न्-डॅ-मॅन्´-टॅल्) *adj.* 1. serving as foundation, basic, बुनियादी, मूलभूत, आधारभूत; fundamental rights, मौलिक अधिकार। 2. very important, essential, महत्त्वपूर्ण, अत्यावश्यक, तात्विक। *n.* (plu.) fundamental facts or principles, आधारभूत तथ्य, मूलभूत सिद्धांत।

fundamentalism (फ़न्-डॅ-मॅन्´-टॅ-लिज़्-ॲम्) *n.* strict maintenance of traditional beliefs, रूढ़िवाद।

fundamentalist (फ़न्-डॅ-मॅन्´-टॅल्-इस्ट्) *n.* one who believes in fundamentalism, रूढ़िवादी।

funeral (फ़्यू´-नॅ-रॅल्) *n.* 1. a ceremony at which a dead person is buried or cremated, दफ़न, दाहकर्म। 2. a procession accompanying a body to the cremation ground or grave, शवयात्रा।

funerary (फ़्यू´-नॅ-रॅर्-ई) *adj.* of or pertaining to a funeral, अंत्येष्टि-संबंधी, दाह या दफ़न संबंधी; funerary urn, अस्थिकलश।

funereal (फ़्यू-निॲर्´-इ-ॲल्) *adj.* 1. suitable for a funeral, अंत्येष्टि-संबंधी। 2. mournful, sorrowful, शोकय, विषादमय। 3. dismal, dark, निराशाजनक, उदास, मनहूस।

fun-fair (फ़न्´-फ़ॅअ:) *n.* a fair with amusement, मेला, मेला-तमाशा।

fungi (फ़न्´-जाइ) *n.* plu. of fungus.

fungible (फ़न्´-जि-बॅल्) *adj.* interchangeable, विनिमय-साध्य।

fungicide (फ़न्´-जि-साइड्) *n.* a substance that destroys fungi, फफूँदनाशक पदार्थ।

fungoid (फ़ंग्´-गॉइड्) *adj.* 1. of or like fungus, फफूँद-संबंधी, फफूँद-जैसा। 2. transitory, अल्पकालिक, अस्थायी।

fungous (फ़ंग्´-गॅस्) *adj.* appearing suddenly and spreading quickly like a fungus, फफूँद तरह की उगने तथा फैलनेवाला।

fungus (फंग्´-गॅस्) *n.* (plu. fungi) a division of plants having no leaves, flowers, stems, roots etc., फफूँद, कुकरमुत्ता, छत्रक।

funicular (फ़्यू-निक्´-यु-लॅ:) *n.* a cable railway with ascending and descending cars counterbalancing each other, रज्जुरेल।

funk (फ़ंक्) *n.* 1. a state of nervousness or fear, घबराहट या भय। 2. dejection, उदासी, हतोत्साह। 3. a coward, भीरु व्यक्ति। *v.* (funked, funking) 1. to flinch from responsibility, उत्तरदायित्व से भाग खड़े होना। 2. to shrink from undertaking, कोई काम करने से कतराना या डरना।

funky (फ़ंग्´-की) *adj.* 1. in a state of nervousness, घबराया हुआ, भयभीत। 2. unconventional, रूढ़िमुक्त।

funnel (फ़न्´-ॲल्) *n.* 1. a wide-mouthed utensil for pouring liquids into a narrow-necked vessel, कीप, छुच्छी। 2. a metal chimney or smokestack, चिमनी, धुआँकश।

funnily (फ़न्´-इ-ली) *adv.* 1. in a funny manner, मसख़री करते हुए, मज़ाक से। 2. oddly, अजीब तरह से, विचित्रतापूर्वक।

funny (फ़न्´-ई) *adj.* (funnier, funniest) 1. causing amusement, मज़ेदार, आनंदप्रद। 2. causing laughter, हास्यजनक, हास्यप्रद। 3. odd, peculiar, विचित्र, अजीब।

fur (फ़:) *n.* 1. the thick coat of soft hair of some mammals, फ़र, लोमचर्म। 2. a furlike covering, फ़र जैसा आवरण। *v.* (furred, furring) to cover with fur, फ़र चढ़ाना।

furbelow (फ़:´-बि-लो) *n.* (plu.) ornamental trim, गोटा-पट्टी।

furbish (फ़:´-बिश्) *v.* (furbished, furbish-

ing) 1. to polish, पालिश करना, चमकाना। 2. to clean, साफ़ करना, माँजना। 3. to renovate, नया बना देना।

furious (फ़्यूर्´-इ-अॅस्) *adj.* 1. extremely angry, full of anger, आगबबूला, क्रोधाभिभूत। 2. fierce, intense, घोर, प्रचंड।

furiously (फ़्यूर्´-इ-अॅस्-ली) *adv.* 1. in a furious manner, आगबबूला होकर, क्रोधाभिभूत होकर। 2. fiercely, प्रचंडतापूर्वक।

furl (फ़:ल्) *v.* (furled, furling) 1. to roll up or to be rolled up, लपेटना या लपेटा जाना, समेटना या समेटा जाना। 2. to fold, तह लगाना, तहाना। *n.* 1. the act of furling, लपेटने की क्रिया या भाव, लपेटन। 2. an instance of furling, लपेट।

furlong (फ़:´-लाःङ्ग्) *n.* a unit of length equal to 220 yards or about 201 metres, फर्लांग, मील का आठवाँ भाग, 220 गज़ अथवा 201 मीटर।

furlough (फ़:´-लो) *n.* a leave of absence from duty, छुट्टी। *v.* (furloughed, furloughing) to grant a furlough to, छुट्टी मंज़ूर करना।

furnace (फ़:´-निस्) *n.* an enclosed chamber for producing heat, भट्ठी।

furnish (फ़:´-निश्) *v.* (furnished, furnishing) 1. to equip (a room) with furniture, फ़र्नीचर से सज्जित करना, फ़र्नीचर लगाना। 2. to give or supply, देना, पूर्ति करना।

furnishings (फ़:-नि´-शिंग्स्) *n.* (plu.) articles of furniture for the interior of a building, घर का साज़-सामान, सज्जा-सामग्री।

furniture (फ़:´-नि-चॅं:) *n.* movable articles (such as chairs, tables etc.) for a room, house or office, फ़र्नीचर।

furore, furor (फ़्यु-रा:´-रि, फ़्यूर्´-ऑ:) *n.* 1. an uproar, होहल्ला, हंगामा, हलचल, खलबली, तहलका। 2. excitement, violent anger or frenzy, उत्तेजना, उन्माद, उन्मत्तता। 3. craze, सनक, झक, धुन।

furrier (फ़र्´-इ-अॅ:) *n.* one who sells or repairs furs, फ़र-विक्रेता, फ़र की मरम्मत करनेवाला।

furring (फ़र्´-इंग्) *n.* the act of fixing the strips of wood or metal to a wall or ceiling, दीवार या छत पर पट्टियों की जड़ाई।

furrow (फ़र्´-ओ) *n.* 1. a long cut or narrow trench cut by a plough, कूँड़, सीता। 2. a groove resembling this, खाँचा। 3. a deep wrinkle in the skin, गहरी झुर्री। *v.* (furrowed, furrowing) 1. to make furrows in, कूँड़ बनाना, खाँचा बनाना। 2. to plough, हल चलाना।

furry (फ़र्´-ई) *adj.* of or like fur, फ़र-संबंधी, फ़र का।

further (फ़:´-दॅ:) *adj.* 1. more, additional, अधिक, अतिरिक्त, और; Don't question me further. मुझसे और आगे सवाल मत करो। 2. more distant in space, time etc., अपर, अगला, परला। *adv.* 1. in addition, और। 2. at a greater distance, और आगे, दूर। *v.* (furthered, furthering) to help the progress of, सहायता देना, आगे बढ़ाना।

furtherance (फ़:´-दॅ-रॅन्स्) *n.* assistance, सहायत या प्रोत्साहन, आगे बढ़ाना।

furthermore (फ़:´-दॅ:-मो:) *adv.* in addition, और अधिक, इसके अलावा।

furthermost (फ़:´-दॅ:-मोस्ट्) *adj.* remote, most distant, दूरतम।

furthest (फ़:´-दिस्ट्) *adv.* to the greatest extent, अत्यंत दूर तक।

furtive (फ़:´-टिव्) *adj.* stealthy, secretive, चोरी-छिपे किया जानेवाला, छिपाकर किया जानेवाला, गुप्त, प्रच्छन्न।

furtively (फ़:´-टिव्-ली) *adv.* stealthily, चोरी-छिपे, चुपचाप, गुप्त रूप से, गुप्त रीति से।

fury (फ़्यूर्´-ई) *n.* 1. violent rage, रोष, आवेश, उन्माद। 2. turbulence, विक्षोभ, उग्रता। 3. a woman with a violent temper, कर्कश स्त्री, कर्कशा, चंडी, झगड़ालू स्त्री; She is a real fury if she cannot get what she wants once. यदि उसे चाही हुई चीज़ तुरंत न मिले तो वह चंडी का रूप धारण कर लेती है। □ **like fury,** furiously, आवेशपूर्वक, ग़ुस्से में आकर, उग्रतापूर्वक।

furze (फ़:ज़्) *n.* an evergreen shrub, एक सदाबहार झाड़ी।

fuscous (फ़स्´-कॅस्) *adj.* of a brownish grey

colour, लाली लिए मटमैले रंग का।

fuse[1] (फ़्यूज़्) *v.* (fused, fusing) 1. to melt or be melted, पिघलना या पिघलाना, गलना या गलाना। 2. to blend or become blended, amalgamate or be amalgamated, मिलाना या मिलाया जाना, संयोजित होना या करना।

fuse[2] *n.* 1. an electric circuit that melts when the current becomes too strong, फ़्यूज़, फ़्यूज़ तार। 2. a length of easily burned material for igniting a bomb, cracker etc., पलीता।

fused (फ़्यूज़्ड्) *adj.* melted due to heat, संगलित, फ़्यूज़्ड।

fuselage (फ़्यू´-सॅ-लाज़्ह) *n.* the main body of an aircraft, वायुयान का मुख्यभाग या धड़।

fusible (फ़्यू´-ज़ि-बॅल्) *adj.* capable of being melted or blended, जिसे गलाया या मिलाया जा सके, गलनीय, संलयनीय।

fusillade (फ़्यू´-सि-लेड्) *n.* 1. a rapid and continuous discharge of firearms, तेज़ और लगातार होनेवाली गोला-बारी, गोली वर्षा। 2. a rapid outburst or barrage, विस्फोट, प्रस्फोट।

fusion (फ़्यू´-ज़्हॅन्) *n.* the act of fusing i.e. melting and blending together, गलन, द्रवण, संलयन, मेल।

fuss (फ़स्) *n.* 1. unnecessary commotion, हो-हल्ला, उपद्रव। 2. needless concern or worry, बेकार की घबराहट, बेचैनी या विकलता। 3. a complaint, शिकायत। □ **make a fuss of,** to treat with exaggerated care or affection, अत्यंत सतर्कता या अनुराग प्रदर्शित करना; **make a fuss over,** to complain, शिकायत करना। *v.* (fussed, fussing) 1. to make a fuss, हो-हल्ला मचाना। 2. to worry unnecessarily, झूठमूठ घबराना, अकारण विकल होना। 3. to complain, शिकायत करना।

fussbudget (फ़स्´-बज्-इट्) *n.* one who fusses over trivial matters, तुनकमिज़ाज, झमेलिया व्यक्ति।

fusspot (फ़स्´-पॉट्) *n.* = fussbudget.

fussy (फ़स्´-ई) *adj.* 1. inclined to fuss over minor points, छोटी-मोटी बातों पर शोर मचानेवाला, झमेलिया। 2. frequently complaining, बराबर शिकायत करनेवाला। 3. fastidious, तुनकमिज़ाज। 4. characterized by over elaborate detail, सविस्तार, अत्यंत ब्योरेवार।

fustian (फ़स्´-चॅन्) *n.* 1. a coarse sturdy cloth, दुसूती की बुनाई का मोटा मज़बूत कपड़ा। 2. pompous language, लच्छेदार भाषा, शब्दाडंबर। *adj.* 1. cheap, सस्ता। 2. bombastic, शब्दाडंबरपूर्ण।

fusty (फ़स्´-टी) *adj.* (fustier, fustiest) 1. smelling of dampness, जिसमें से सीलन की गंध आ रही हो। 2. old-fashioned, दकियानूसी, पुराना।

futile (फ़्यू´-टाइल्) *adj.* 1. producing no result, useless, निष्फल, बेकार, निरर्थक। 2. trifling, तुच्छ, हेय। 3. foolish, मूर्खतापूर्ण।

futility (फ़्यू-टिल्´-इ-टी) *n.* the quality of being futile, निष्फलता, व्यर्थता, निरर्थकता; असारता, तुच्छता।

future (फ़्यू´-चॅ:) *n.* the time yet to come, भविष्यत्काल, भविष्य, आनेवाला समय। □ **in future,** from now on, अब से, आगे से, भविष्य में। *adj.* that is yet to come, भावी, आगामी, संभावित।

futuristic (फ़्यू-चॅ-रिस्´-टिक्) *adj.* of or pertaining to the future, भविष्यत्, भावी।

futurity (फ़्यू-च्युर्´-इ-टी) *n.* 1. the future time, भविष्य। 2. the quality of being in the future, भविष्यता। 3. a future event or possibility, भावी घटना या संभावना।

futurologist (फ़्यू-चॅ-रॉल्´-अ-जिस्ट्) *n.* 1. one who predicts the future of mankind, भविष्यविज्ञानी।

futurology (फ़्यु-चॅ-रॉल्´-अ-जी) *n.* 1. the study of the future of mankind, भविष्यविज्ञान। 2. the future life, भावी जीवन।

fuzz[1] (फ़ज़्) *n.* a mass of soft light hair, रोएँ, रोम।

fuzz[2] (फ़ज़्) *n.* 1. the police, पुलिस। 2. a policeman, सिपाही।

fuzziness (फ़ज़्´-इ-निस्) *n.* indistinctness, अस्पष्टता।

fuzzy (फ़ज़्´-ई) *adj.* 1. covered with fuzz, रोएँदार। 2. indistinct, unclear, अस्पष्ट। 3. distorted, विकृत। 4. curly or wavy, घुँघराला या लहरिएदार।

G

G, g the Seventh letter of the English alphabet, अंग्रेज़ी वर्णमाला का सातवाँ वर्ण। *adj.* general, सामान्य।

gab (गैब्) *v.* (gabbed, gabbing) 1. to talk idly, बकबक या बड़बड़ करना। 2. to gossip, गपशप करना। *n.* 1. idle talk, बकबक, बड़बड़। 2. gossip, गपशप। ☐ **gift of the gab,** ability to speak fluently, धाराप्रवाह बोलने की योग्यता, वाक्पटुता, बातूनीपन।

gabardine (गैब्´-अ:-डीन्) *n.* a strong woollen fabric, एक प्रकार का ऊनी गफ़ कपड़ा, गैबाडीन।

gabble (गैब्´-ॲल्) *v.* (gabbled, gabbling) to speak or talk rapidly and indistinctly, जल्दी-जल्दी और अस्पष्ट रूप से बोलना या बातें करना, बकबक करना, बड़बड़ाना। *n.* rapid and indistinct speech, बकबक, बड़बड़।

gabbler (गैब्´-ब्लॅ:) *n.* one who gabbles, बकबक करनेवाला, बकवादी, बड़बड़िया।

gabby (गैब्´-ई) *adv.* talkative, बातूनी।

gable (गे´-बॅल्) *n.* the triangular upper part of an outside wall between sloping roofs, त्रिकोणिका।

gad[1] (गैड्) *v.* (gadded. gadding) to go out in search of pleasure, आनंद के लिए घूमना-फिरना, सैर-सपाटा करना।

gad[2] *n.* a stick for driving cattle, पशुओं को हाँकने की छड़ी, लाठी, डंडा।

gadabout (गैड्´-ॲ-बॉउट्) *n.* one who goes about looking for fun, excitement or gossip, घुमक्कड़ व्यक्ति।

gadfly (गैड्´-फ़्लाइ) *n.* 1. a fly that sucks blood of the animals, डांस। 2. a person who irritates others, दूसरों को खिझानेवाला व्यक्ति।

gadget (गैज्´-इट्) *n.* a small mechanical appliance or tool. कोई छोटा-मोटा उपकरण या औज़ार, गैजिट।

gadgeteer (गैज्´-ॲ-टिॲ:) *n.* one who makes gadgets, छोटे-मोटे उपकरण बनानेवाला।

Gaelic (गे´-लिक्) *adj.* of Gales, दक्षिणी आयरलैंड के वासियों से संबद्ध, गैलिक।

gaff[1] (गैफ़्) *n.* a stick with an iron hook used for landing large fish, मछलियाँ पकड़ने का एक प्रकार का भाला, गैफ़। *v.* (gaffed, gaffing) to land a fish with a gaff, भाले से मछलियाँ पकड़ना।

gaff[2] (गैफ़्) *n.* nonsense, अनापशनाप, अंडबंड। ☐ **blow the gaff,** to divulge a secret, रहस्य प्रकट कर देना।

gaffe (गैफ़्) *n.* a social blunder, faux pas, अनभिज्ञता के कारण हुई भारी भूल जो जगहँसाई कराए, आचरण-दोष।

gaffer (गैफ़्´-ॲ:) *n.* 1. an elderly man, बूढ़ा आदमी। 2. an electrician (on a film set, फिल्मांकन के समय काम करनेवाला) बिजली मिस्त्री।

gag (गैग्) *n.* 1. something forced into or put over the mouth to prevent the person from speaking or crying, बोलने या चिल्लाने से रोकने के लिए किसी के मुँह में ठूँसी जानेवाली कोई चीज़ या बाँधी जानेवाली पट्टी, ठेपी।2. any act that prevents freedom of speech, बोलने न देना, बोलने पर होनेवाला प्रतिबंध।3. a device placed in the mouth to keep it open, मुँह खुला रखने का (दंत चिकित्सों का) एक उपकरण। *v.* (gagged, gagging) 1. to put a gag into or over a person's mouth to prevent him or her from speaking or crying, मुँह पर पट्टी बाँध देना, ठेपी लगाना। 2. to prevent freedom of speech, बोलने न देना, भाषण-स्वतंत्रता पर अंकुश लगा देना। 3. to tell jokes,

मज़ाक सुनाना।

gaga (गा´-गा) *adj.* 1. doting, मोहित, लट्टू। 2. crazy, सनकी।

gage[1] (गेज्) *n.* 1. something deposited as security, pledge, अमानत, रेहन। 2. a symbol of a challenge to fight, लड़ाई की चुनौती देनेवाला संकेत।

gage[2] *n.* = gauge,

gaggle (गै´-गॅल्) *n.* 1. a flock of geese, बत्तखों का झुंड। 2. a group of talkative ladies, बातूनी औरतों का झुंड। *v.* (gaggled, gaggling) to cackle, (बत्तखों का) कैंकैं या चैंचैं करना।

gaiety (गे´-अॅ-टी) *n.* 1. the condition of being gay, merrymaking, festivity, आनंद, हँसी-ख़ुशी, प्रफुल्लता, उल्लास। 2. joyful activity, आनंद-मंगल, रंगरली। 3. colourful bright appearance, ठाठ-बाट, चमक-दमक, भड़कीलापन, तड़क-भड़क।

gaily (गे´-ली) *adv.* 1. in a gay or joyful manner, हँसी-ख़ुशी से, प्रफुल्लतापूर्वक, उल्लासपूर्वक, आनंद से। 2. in bright colours, तड़क-भड़क से, चमक-दमक से, भड़कीले रूप में।

gain (गेन्) *v.* (gained, gaining) 1. to get or acquire, प्राप्त करना। 2. to earn, कमाना, अर्जित करना। 3. to make profit, लाभ प्राप्त करना। 4. to advance, आगे बढ़ना। 5. to make progress, प्रगति करना, उन्नति करना। 6. to win, जीतना। 7. to come nearer or closer, पास पहुँचना। *n.* 1. something gained, लाभ, मुनाफ़ा। 2. progress, प्रगति, उन्नति। 3. increase, वृद्धि, बढ़ोतरी।

gainful (गेन्´-फ़ुल्) *adj.* profitable, लाभप्रद, लाभकारी।

gainfulness (गेन्´-फ़ुल्-निस्) *n.* profit, लाभ।

gainsay (गेन्´-से) *v.* (gainsaid, gainsaying) to deny or contradict, इन्कार या खंडन करना, झुठलाना, प्रतिवाद करना।

gainsayer (गेन्´-से-अः) *n.* one who denies or contradicts, झुठलानेवाला, खंडन करनेवाला, प्रतिवादी।

gait (गेट्) *n.* 1. a way of walking or running, चाल। 2. trotting or cantering (of a horse, घोड़े की) दुलकी या चौकड़ी (चाल)।

gal (गैल्) *n.* a girl, लड़की।

gala (गे´-लॅ, गैल्´-अॅ) *n.* a festive occasion or celebration, समारोह, उत्सव, मेला।

galactic (गॅ-लैक्´-टिक्) *adj.* of a galaxy, छायापथ-संबंधी।

galactose (गॅ-लैक्´-टोस्) *n.* sugar, चीनी, शर्करा।

galantine (गैल्´-अॅन्-टीन्) *n.* a dish of meat or chicken, पकाया हुआ गोश्त।

galaxy (गैल्´-अॅक्-सी) *n.* 1. any of the large independent systems of stars existing in space, छायापथ। 2. the Milky Way, आकाशगंगा। 3. a group of distinguished persons, विशिष्ट व्यक्तियों का समूह, ग्रुप, दल।

gale (गेल्) *n.* 1. a very strong wind, झंझा, झक्कड़, अंधड़, आँधी। 2. a forceful outburst, विस्फोट, प्रस्फोट; gales of laughter, ठहाकों की बौछार।

galena (गॅ-ली´-नॅ) *n.* a grey mineral, सीसा।

gall[1] (गाःल्) *n.* 1. liverbile, पित्त। 2. the gallbladder, पित्ताशय। 3. bitterness, कड़वाहट। 4. something bitter to endure, कड़वी बात। 5. impudence. धृष्टता।

gall[2] (गाःल्) *n.* 1. a skin sore, छिल जाने से या रगड़ से होनेवाला घाव। 2. abrasion, रगड़। *v.* (galled, galling) 1. to rub and make sore, इस प्रकार रगड़ना कि घाव हो जाए। 2. to irritate, चिढ़ाना, खिझाना या छेड़ना।

gallant (गैल्´-अॅन्ट्) *adj.* 1. brave, courageous, or chivalrous, वीर, शूर, साहसी। 2. stately, majestic, राजसी। 3. noble, कुलीन, संभ्रांत। 4. flirtatious, रंगीला, रसिक, इश्कबाज़। *n.* 1. a man courteously attentive to women, स्त्रियों के प्रति विशेष रूप से उदार अथवा शिष्ट व्यक्ति, रंगीनमिज़ाज। 2. a paramour, प्रेमी, जार, उपपति।

gallantly (गैल्´-अॅन्ट्-ली) *adv.* in a gallant manner, वीरतापूर्वक, साहसपूर्वक।

gallantry (गैल्´-अॅन्ट्-री) *n.* 1. bravery, courage, वीरता, शौर्य; gallantry award, शौर्य-पुरस्कार। 2. polite attention to women, रंगीनमिज़ाजी, रंगीलापन, नारी-आकर्षण।

gallbladder (गाःल्´-ब्लैड्-अः) *n.* a sac at-

tached to the liver in which bile secreted by the liver is stored, पित्ताशय।

galleon (गैल्´-इ-ॲन्) *n.* a kind of large ship, एक तरह का बड़ा पोत, गैलियन।

gallery (गैल्´-ॲ-री) *n.* (plu. galleries) 1. a balcony or verandah used for showing works of art, गैलरी, दीर्घा। 2. the balcony of a theatre, बालकोनी, दीर्घा। 3. the seats in such a section, दीर्घा की सीटें। 4. the audience occupying these seats, दीर्घा में बैठे हुए दर्शक। 5. a large audience (as in stadium, स्टेडियम में बैठा) विशाल दर्शक-समूह। 6. an underground tunnel or passageway, तलमार्ग। □ **play to the gallery,** try to win the audience, दर्शकों का मन जीतना या उन्हें आकृष्ट करना।

galley (गैल्´-ई) *n.* (plu. galleys) 1. an old ship propelled by sails and oars, पाल तथा चप्पुओं से चलनेवाला एक प्रकार का पुराना जलयान। 2. the kitchen of a ship or aircraft, जलयान या वायुयान का रसोई-घर। 3. a long tray used for holding types, blocks etc, (प्रेस की) गैली।

galley proof *n.* a printer's proof taken from a galley, गैली प्रूफ़।

Gallic (गैल्´-इक्) *adj.* 1. French, फ्रांसीसी। 2. a typically French, ठेठ फ्रांसीसी।

gallicism (गैल्´-इस्-इज़्-ॲम्) *n.* use of French idioms in another language, फ्रांसीसी शब्द या मुहावरा, फ्रांसीसी प्रयोग।

galling (गा:´-लिंग्) *adj.* 1. irritating, तंग या परेशान करनेवाला, कटु। 2. humiliating, अपमानजनक, अवमानकारी।

gallivant (गैल्´-इ-वैन्ट्) *v.* (gallivanted, gallivanting) 1. to flirt, इश्क लड़ाना। 2. to go about in search of pleasure, घूमना-फिरना, सैर-सपाटा करना, आवारागर्दी करना।

gallon (गैल्´-ॲन्) *n.* a measure of liquids equal to 4½ litres, गैलन।

gallop (गैल्´-ॲप्) *n.* 1. swiftest pace of a horse in which all feet are off the ground at once, घोड़े की तेज़ से तेज़ चाल, चौकड़ी। 2. a fast running pace, तेज़ चाल। *v.* (galloped, galloping) 1. to cause to gallop, (घोड़े का) चौकड़ियाँ भरना, दौड़ना या दौड़ाना। 2. to run fast, दौड़ना, तेज़ चलना।

galloping (गैल्´-ॲप्-इंग्) *adj.* very fast, द्रुत; galloping inflation, द्रुत मुद्रास्फीति।

gallows (गैल्´-ओज़्) *n.* (plu. gallows) 1. the wooden structure with a noose on which criminals are hanged, फाँसी का फंदा। 2. the execution by hanging, फाँसी।

gallstone (गा:ल्´-स्टोन्) *n.* a small hard mass formed in the gallbladder, पथरी, पित्त-अश्मरी।

Gallup Poll *n.* a sampling of the views of the voters before election, गैलप पोल, मतदाता-दृष्टिकोण, मतदाता-रुझान, नमूने का मतसंग्रह।

galore (गॅ-लो:´) *adv.* in abundance, प्रचुर मात्रा में, ख़ूब, ढेरों की तादाद में; There were roses galore in the garden. बाग में गुलाब ढेरों की तादाद में खिले थे। *n.* abundance, प्रचुरता, आधिक्य, अधिकता।

galosh (गॅ-लॉश्´) *n.* a waterproof overshoe, जूते के ऊपर पहना जानेवाला जलसह बड़ा जूता।

galumph (गॅ-लॅम्फ़´) *v.* (galumphed, galumphing) to leap or move about clumsily, उछल-कूद मचाना।

galvanic (गैल्-वैन्´-इक्) *adj.* 1. of or concerned with chemically produced electric current, गैल्वनी, गैल्वेनिक। 2. startling, jolting, चौंकानेवाला, झकझोरनेवाला।

galvanism (गैल्´-वॅ-निज़्-ॲम्) *n.* chemically produced electricity, रसायन-विद्युत, गैल्वनी विद्युत।

galvanize (गैल्´-वॅ-नाइज़्) *v.* (galvanized, galvanizing) 1. to cover with a zinc coating, जस्ता चढ़ाना, जस्तीकरण करना, क़लई चढ़ाना। 2. to excite or stimulate, उत्तेजित करना, प्रेरित करना, उत्साह भरना।

galvanometre (गैल्´-वॅ-नॉम्-इ-टॅ:) *n.* an instrument for measuring small electric currents, विद्युतधारामापी, गैल्वनोमीटर।

gambit (गैम्´-बिट्) *n.* a subtle move, गहरी चाल।

gamble (गैम्´-बॅल्) *v.* (gambled, gambling)

1. to bet on the outcome of the move, दाँव पर लगाना, बाज़ी लगाना। 2. to play a game of chance to win money, जूआ खेलना। 3. to risk, जोखिम उठाना, ख़तरा मोल लेना। □ **gamble away,** to lose by betting, दाँव हार जाना। *n.* 1. a bet, बाज़ी, दाँव। 2. a game of chance to win money, जूआ, द्यूत। 3. a risky act, जोखिम, ख़तरे का काम।

gambler (गैम्´-ब्लॅ:) *n.* one who gambles, जुआरी।

gambling (गैम्´-ब्लिंग्) *n.* any sport in which money is risked, जूआ।

gambling den *n.* a place where gamblers gather to play, जूआख़ाना, जूआ-घर, जूए का अड्डा।

gamboge (गैम्´-बोज्/बूज़्) *n.* 1. a kind of gum, resin, एक प्रकार का गोंद। 2. a deep yellow colour, गहरा पीला रंग।

gambol (गैम्´-बॅल्) *v.* (gambolled, gambolling) to leap or jump playfully, उछलना-कूदना, खेलना-कूदना, उछल-कूद मचाना। *n.* the act of gambolling, उछल-कूद, खेल-कूद।

game[1] (गेम्) *n.* 1. an amusement or diversion, pastime, खेल, क्रीड़ा। 2. any competitive activity, हार-जीत का खेल। 3. a single contest between opposing players, एक बार का खेल, बाज़ी। 4. a scheme, स्कीम, योजना। 5. hunting of wild animals or birds, आखेट, शिकार; game laws, आखेट नियम। 6. a prey, शिकार। 7. an object of ridicule or scorn, हँसी का पात्र। 8. an occupation, धंधा। 9. a trick, चाल, छल। □ **play the game,** to behave fairly, सही ढंग से खेलना, ईमानदारी बरतना। *v.* (gamed, gaming) to gamble, दाँव पर लगाना, जूआ खेलना। *adj.* 1. courageous, साहसी, दिलेर। 2. ready and willing, उत्सुक, लालायित, आतुर।

game[2] (गेम्) *adj.* lame, लंगड़ा।

game cock (गेम्´-कॉक्) *n.* a cock trained for fighting, लड़ाकू मुर्गा।

gamekeeper (गेम्´-की-पॅ:) *n.* one who is in charge of wild life, जंगली पशुओं की देख-भाल करनेवाला अधिकारी, आखेटपाल।

gamesmanship (गेम्ज़्´-मॅन्-शिप्) *n.* the skill in defeating others by dubious means, छलपूर्वक दूसरों को पराजित करने की कला, छलविद्या।

gamesome (गेम्´-सम्) *adj.* frolicsome, playful, खेलने का शौकीन, खिलवाड़ी।

gamester (गेम्´-स्टॅ:) *n.* a habitual gambler, पक्का जुआरी, मँझा हुआ खिलाड़ी।

gamete (गै´-मीट्, गॅ-मीट्´) *n.* a germ cell that can undergo fertilization, युग्मक कोशिका।

gamin (गैम्´-इन्) *n.* a street urchin, आवारा लड़का।

gamine (गै´-मीन्) *n.* a boyish girl, लड़के जैसी लगनेवाली लड़की, मर्दाना लड़की।

gamma (गै´-मॅ) *n.* the third letter of the Greek alphabet, रोमन वर्णमाला का तीसरा वर्ण, गामा; gamma ray, गामा-किरण।

gammer (गै´-मॅ:) *n.* an old woman, बूढ़ी औरत, बुढ़िया, वृद्धा।

gammon[1] (गैम्´-अन्) *n.* nonsense, अंडबंड, अनापशनाप।

gammon[2] *n.* a cured or smoked ham, मसालेदार या भूना हुआ सुअर के पुट्ठे का मांस।

gamp (गैम्प्) *n.* a big umbrella, बड़ा छाता।

gamut (गैम्´-अॅट्) *n.* 1. the whole range of notes, (संगीत में) स्वरग्राम, सरगम, सप्तक। 2. a complete range, पूर्ण विस्तार, संपूर्ण क्षेत्र, समस्त पहलू।

gamy (गे´-मी) *adj.* 1. brave. courageous, साहसी, दिलेर। 2. disreputable, बदनाम।

gander (गैन्´-डॅ:) *n.* 1. a male goose, नर-हंस; What is sauce for the gander is sauce for the goose, जो एक के लिए अच्छा है वह दूसरे के लिए भी अच्छा है। 2. a quick look, सरसरी निगाह। 3. a simpleton, बुद्धू व्यक्ति।

Gandhian (गैन्´-दि-अॅन्) *adj.* of Gandhi or Gandhism, गाँधीवादी।

gang (गैंग्) *n.* 1. a group of people who work together, गिरोह, जत्था। 2. a group of criminals or hoodlums, अपराधियों या गुंडों की टोली या गिरोह; gang leader, टोली नेता, सरदार,

मुखिया। *v.* (ganged, ganging) 1. to form into a gang, गिरोह बनाना। 2. to act as a gang, गिरोह के रूप में काम करना। □ **gang up,** (i) to combine up, जुट जाना; (ii) to harass or attack as a gang, गिरोह बनाकर परेशान करना या आक्रमण करना।

gangland (गैंग्´-लैंड्) *n.* the criminal underworld, अपराध-जगत, अपराधियों की दुनिया, अपराधी-समाज।

gangling (गैंग्´-लिंग्) *adj.* tall, thin and awkward, लमतड़ंग, बहुत ही पतला और लंबा जो देखने में भद्दा लगे।

ganglion (गैंग्´-लि-अँन्) *n.* a group of nerve cells usually located outside the brain and spinal cord, गंडिका।

gangplank (गैंग्´-प्लैंक्) *n.* a removable plank for boarding and leaving a vessel, चढ़ने तथा उतरने के लिए पोत और घाट के बीच का उठौआ पटरा।

gangrene (गैंग्´-ग्रीन्) *n.* death and decay of tissues caused by disease, injury etc, गैंग्रीन, गलन।

gangrenous (गैंग्´-ग्रि-नॅस्) *adj.* of or related to gangrene, गैंग्रीन-संबंधी।

gangster (गैंग्´-स्टॅ:) *n.* a member of a group of criminals, लुटेरा, डाकू, गुंडा।

gangsterism (गैंग्´-स्टॅ-रिज़्-अँम्) *n.* the tendency to form gangs, गिरोह-वृत्ति।

gangway (गैंग्´-वे) *n.* = gangplank.

gannet (गैन्´-इट्) *n.* a large sea bird, एक प्रकार का बड़ा जलपक्षी।

gantry (गैन्´-ट्री) *n.* a large bridge-like iron frame, लोहे का सेतुनुमा बड़ा ढाँचा।

gaol (जेल्) *n.* a jail, जेल, कारागार, बंदीगृह।

gaoler (जे´-लॅ:) *n.* a jailer, जेलर, कारापाल।

gap (गैप्) *n.* 1. an empty space, ख़ाली जगह, अंतराल, रिक्ति। 2. an opening, छेद, विवर, दरार। 3. a pass through mountains, दर्रा, घाटी। 4. a wide difference, बहुत बड़ा अंतर। 5. disparity, विषमता, असंगति। □ **bridge a gap,** to remedy a deficiency, कमी दूर करना, अंतर समाप्त करना। *v.* (gapped, gapping) to make a opening in, छेद करना, विवर बनाना।

gape (गेप्) *v.* (gaped, gaping) 1. to open the mouth wide, मुँह बाना, मुँह फाड़ना। 2. to be or become wide open, फट जाना। 3. to stare in wonder, मुँह बा देना, हक्का-बक्का हो जाना। *n.* 1. an act of gaping, मुँह बाना। 2. a wide opening, विवर, छेद, दरार। 3. a stare of astonishment, टकटकी, एकटक दृष्टि।

gapes (गेप्स्) *n.* a disease of birds in which their mouth remains wide open, पक्षियों का एक रोग जिसमें उनका मुँह खुला रहता है।

garage (गै´-राज़्, गै´-रिज्) *n.* 1. a building for housing cars, गैराज़। 2. a place where cars are repaired and serviced, कारों की मरम्मत का स्थान, कार-घर।

garb (गा:ब्) *n.* 1. clothing, dress, पहनावा, पोशाक। 2. external appearance, वेशभूषा। *v.* (garbed, garbing) to dress, पहनावा पहनाना, पोशाक पहनाना।

garbage (गा:´-बेज़्/बिज्) *n.* 1. rubbish, कूड़ा, कूड़ा-कर्कट, कूड़ा-कचरा; garbage dump, घूरा। 2. trash, गंदगी, कूड़ा-साहित्य, अश्लील साहित्य।

garble (गा:´-बॅल्) *v.* (garbled, garbling) 1. to distort, विकृत कर देना, बिगाड़ देना। 2. to jumble, गड्ड-मड्ड कर देना, गड़बड़ कर देना। 3. to pronounce indistinctly, अस्पष्ट उच्चारण करना।

garbled (गा:´-बॅल्ड्) *adj.* distorted, विकृत, घिसा-पिटा; garbled coin, घिसा हुआ सिक्का।

garcon (गा:´-सन्) *n.* a waiter, बैरा। (फ्रांसीसी)

garden (गा:´-डॅन्) *n.* 1. a plot of land used for growing flowers, vegetables, fruit etc, बाग, बगीचा, उद्यान, वाटिका; garden party, उद्यान-भोज। 2. a park, पार्क। 3. a lawn, लान। 4. a fertile well-cultivated area, उर्वर प्रदेश। *v.* (gardened, gardening) to work in a garden, बागवानी करना। *adj.* of or pertaining to a garden, बाग-संबंधी।

gardener (गा:´-डॅन्-अँ:) *n.* one who takes care of a garden, माली, बागवान।

garden house *n.* a garden adjoining a house, उद्यानगृह।

gardening (गा:´-डॅ-निंग्) *n.* the act of growing flowers, vegetables or fruit in a garden, बागवानी।

gargantuan (गा:-गैन्´-चू-ॲन्) *adj.* huge, विशाल, बहुत बड़ा, बृहत्।

gargle (गा:´-गॅल्) *v.* (gargled, gargling) 1. to cleanse the mouth with water, कुल्ला करना। 2. to medicate the throat with a medicinal liquid or water, गरारे करना। 3. to produce gargling sound while speaking, घरघराकर बोलना। *n.* 1. a gargling sound, गरगर या घरघर ध्वनि। 2. the medicated liquid used for gargling, गरारे करने का घोल या पानी।

gargoyle (गा:´-गॉइल्) *n.* 1. a roof spout carved to represent a grotesque creature, एक तरह का परनाला जिसका मुँह किसी जानवर के आकार का होता है। 2. a person with a grotesque appearance, भद्दी शक्लवाला व्यक्ति, भोंडा व्यक्ति।

garish (गैर्´-इश्) *adj.* showy, gaudy, भड़कीला, भड़कदार, शोख़।

garishly (गैर्´-इश्-ली) *adv.* in a garish way, भड़कीले ढंग से।

garland (गा:´-लॅन्ड्) 1. a wreath of flowers, leaves etc, फूलों पत्तों आदि की माला, हार, माला। 2. a short literary collection, छोटा साहित्यिक संकलन। *v.* (garlanded, garlanding) to adorn or decorate with a garland or garlands, फूलों की माला पहनाना या फूल-मालाओं से सजाना।

garlic (गा:´-लिक्) *n.* 1. a plant having a bulb with a pungent taste, लहसुन। 2. the bulb of this plant, लहसुन की गाँठ।

garment (गा:´-मॅन्ट्) *n.* an article of clothing, पहनने का सिला हुआ वस्त्र, सिला-सिलाया कपड़ा। *v.* (garmented, garmenting) to clothe, वस्त्र धारण करना, कपड़ा पहनना।

garner (गा:´-नॅ:) *v.* (garnered, garnering) to collect or amass, एकत्र करना, इकट्ठा करना, संग्रह करना। *n.* granary, बखार, कोठार, धान्यागार।

garnet (गा:´-निट्) *n.* 1. a mineral used as a gemstone, गार्नेट। 2. dark red colour, तामड़ा रंग।

garnish (गा:´-निश्) *v.* (garnished, garnishing) 1. to adorn or decorate, अलंकृत करना, सजाना। 2. to add flavour (to food or drink, खाने-पीने की चीज़ों में) पुट देना।

garret (गै´-रिट्) *n.* an upper storey, अटारी।

garrison (गै´-रि-सॅन्) *n.* the troops stationed at some place, गैरिसन, रक्षक सेना, दुर्ग सेना। *v.* (garrisoned, garrisoning) to station troops, रक्षक सेना कहीं लगाना।

garrotte (गॅ-रॉट्´) *n.* the act of strangulating, गला घोटने की क्रिया। *v.* (garrotted, garrotting) to strangle, गला घोटना।

garrotter (गॅ-रॉट्´-ॲ:) *n.* one who strangles, गला घोटनेवाला।

garrulous (गै´-रु-लॅस्) *adj.* 1. habitually talkative, बातूनी, वाचाल। 2. wordy, शब्दबहुल, शब्दाडंबरपूर्ण।

garter (गा:´-टॅ:) *n.* an elastic band to hold up a sock, गेटिस, मोज़ाबंद। *v.* (gartered, gartering) to fasten with a garter, गेटिस लगाना।

gas (गैस्) *n.* 1. any substance that is gaseous, गैस। 2. boastful talk, डींग, शेख़ीबाज़ी। *v.* (gassed, gassing) 1. to fill with gas, गैस भरना। 2. to provide gas, गैस की पूर्ति करना। 3. to talk in a boastful way, शेख़ी या डींग हाँकना।

gasbag (गैस्´-बैग्) *n.* one who talks in a boastful way, बातूनी, शेख़ीबाज़, डींगमार।

gas chamber *n.* an airtight room in which prisoners are executed by a poisonous gas, गैस चैंबर।

gascon (गैस्´-कॅन्) *n.* boastful, शेख़ीबाज़, शेख़ीख़ोरा।

gasconade (गैस्´-कॅ-नेड्) *n.* boastfulness, शेख़ीबाज़ी।

gaseous (गैश्´-ॲस्) *adj.* of or pertaining to gas, गैसीय।

gash (गैश्) *n.* a long deep cut, कटने से होनेवाला गहरा घाव। *v.* (gashed, gashing) to make a long deep cut, घाव करना।

gasify (गैस्´-इ-फ़ाइ) *v.* (gasified, gasifying) to convert into gas, गैस में परिवर्तन करना, गैस में बदल देना।

gasket (गैस्´-किट्) *n.* a packing piece of rubber etc. used between matched machine parts to prevent the escape of gas or fluid, गैसकिट।

gasoline (गैस्´-ॲ-लिन्/लीन्) *n.* a liquid derived from crude petroleum, पेट्रोल, गैसोलीन।

gasp (गैस्प्) *v.* (gasped, gasping) 1. to make violent attempts at breathing, हाँफना। 2. to utter breathlessly, हाँफते हुए बोलना। *n.* the act of gasping, हँफनी, हाँफा।

gassy (गैस्´-ई) *adj.* 1. full of gas, गैस से भरा। 2. resembling gas, गैस-सा। 3. talkative, बातूनी, शेख़ीख़ोरा।

gastric (गैस्´-ट्रिक्) *adj.* of or concerning the stomach, आमाशय-संबंधी, जठरीय।

gastritis (गै-स्ट्राइ´-टिस्) *n.* acute or chronic inflammation of stomach, आमाशय-शोथ।

gastro- (गै-स्ट्रो´) *pref.* stomach, आमाशय।

gastroenteritis (गै-स्ट्रो-ऍन्-टॅ-राइ´-टिस्) *n.* inflammation of the stomach and intestines, आमाशय तथा अँतड़ियों में होनेवाली सूजन।

gastrointestinal (गै-स्ट्रो-इन्-टॅस्´-टि-नॅल्) *adj.* of or pertaining to the stomach and intestines, आमाशय तथा आँत-संबंधी, जठरीय।

gastronomy (गै-स्ट्रॉन्´-ॲ-मी) *n.* the habit of eating and drinking delicious things, चटोरपन, चटोरापन।

gastropod (गैस्´-ट्रॅ-पॉड्) *n.* a snail, घोंघा।

gate (गेट्) *n.* 1. a structure that blocks an entrance or passage, द्वार, फाटक, कपाट। 2. the total attendance, दर्शकगण। 3. the total admission receipts, प्राप्त प्रवेशशुल्क।

gate-crasher (गेट्´-क्रैश्-ॲः) *n.* one who gains admittance forcefully and without paying, बलात् प्रवेशी, जबरदस्ती घुसनेवाला।

gate-keeper (गेट्´-की-पॅः) *n.* one who attends and guards the gate, द्वारपाल, गेटकीपर।

gatepass (गेट्´-पास्) *n.* a free ticket, पास, निःशुल्क प्रवेशपत्र।

gateway (गेट्´-वे) *n.* 1. an entrance, द्वार। 2. a means of entry or access, मार्ग, रास्ता; the gateway to success, सफलता का मार्ग।

gather (गैद्´-ॲः) *v.* (gathered, gathering) 1. to bring or come together, इकट्ठा करना या होना। 2. to accumulate or collect, संग्रह करना, जुटाना। 3. to pick, (फूल) चुनना। 4. to harvest. लुनाई करना, लुनना। 5. to increase or cause to increase gradually, धीरे-धीरे बढ़ना या बढ़ाना, तेज़ होना या करना। 6. to conclude, निष्कर्ष निकालना। 7. to form pus, (फोड़े का) पक जाना। 8. to pull fabric into small folds, चुन्नट डालना। *n.* 1. the act of gathering, संग्रह करने की क्रिया या भाव, संग्रहण। 2. a small fold or tuck in a garment, चुन्नट।

gathering (गैद्´-ॲ-रिंग्) *n.* 1. an assembly of people, सभा, जनसमूह। 2. an act of collecting, संग्रहण, संचयन।

gathers (गैद्´-अःज़्) *n.* (plu.) a series of folds or tucks in a garment, चुन्नट।

gauche (गोश्) *adj.* lacking social grace, clumsy, फूहड़, उजड्ड, असमाजशील। (फ्रांसीसी)

gaucherie (गो-शॅ-री´) *n.* clumsiness, फूहड़पन। (फ्रांसीसी)

gaucho (गॉउ´-चो) *n.* a cowboy, चरवाहा।

gaudiness (गाःड्´-इ-निस्) *n.* the quality or state of being gaudy, भड़कीलापन।

gaudy (गाः´-डी) *adj.* (gaudier, gaudiest) showy, garish, भड़कीला, over decorated।

gauge (गेज्) *n.* 1. a scale of measurement, नाप, माप, पैमाना, आमान। 2. a means of estimating or evaluating, मानदंड, कसौटी। 3. the distance between the two rails or wheels, गेज। 4. thickness or diameter of a sheet or wire, गेज। *v.* (gauged, gauging) 1. to measure precisely, ठीक-ठीक नापना या नाप लेना। 2. to evaluate, मूल्यांकन करना। 3. to estimate, कूतना, अंदाज़ लगाना।

gaunt (गाःन्ट्) *adj.* 1. thin and bony, क्षीणकाय, कृशांग, सींकसलाई, मरियल। 2. desolate,

उजाड़, निर्जन।

gauntlet[1] (गाःन्ट्´-लिट्) ***n.*** 1. a heavy protective glove, (पुरानी चाल का) भारी दस्ताना। 2. a challenge to fight or compete, चुनौती, ललकार। □ **take/pick up the gauntlet,** चुनौती स्वीकार करना।

gauntlet[2] ***n.*** 1. an old form of punishment in which two rows of men armed with clubs beat a person forced to run between them, पिटाई का प्राचीन ढंग जिसमें दो पंक्तियों में खड़े दंडधारी बीच में भागते हुए अपराधी को पीटते थे। 2. an ordeal, अग्नि-परीक्षा। □ **run the gauntlet,** to face an ordeal, अग्निपरीक्षा देना, भारी संकट से गुज़रना, सभी ओर से आक्रमण होना।

gauze (गाःज़्) ***n.*** 1. a thin transparent fabric of open texture, जाली। 2. fine wire, mesh, लोहे की जाली।

guzy (गाःज़्´-ई) ***adj.*** like a mesh, जालदार।

gave (गेव्) ***v.*** p.t. of give.

gavel (गैव्´-अॅल्) ***n.*** the hammer used by a judge, chairman or auctioneer, लकड़ी की हथौड़ी, मुँगड़ी।

gavotte (गै-वॉट्´) ***n.*** a French dance, एक प्रकार का फ्रांसीसी नृत्य।

gawk (गाःक्) ***v.*** (gawked, gawking) to stare stupidly, मूर्खों की तरह घूरना, बसूरना। ***n.*** an awkward and stupid person, बुद्धू, बोदा।

gawky (गाः´-की) ***adj.*** awkward, clumsy, भोंडा, फूहड़।

gawp (गाःप्) ***v.*** (gawped, gawping) to gawk, मूर्खों की तरह घूरना, बसूरना।

gay (गे) ***adj.*** (gayer, gayest) 1. happy, merry, cheerful, प्रसन्न, प्रफुल्ल, उल्लसित। 2. bright-coloured, चमकीला। 3. attractive, चित्ताकर्षक, मनोहर, लुभावना। 4. licentious, लंपट, विषयी। ***n.*** a homosexual, समलिंगकामी।

gaze (गेज़्) ***v.*** (gazed, gazing) to look long and fixedly, एकटक देखते रह जाना, टकटकी लगाकर देखना। ***n.*** a long steady look, टकटकी।

gazebo (गॅ-ज़ी´-बो) ***n.*** a summer-house, ग्रीष्मावास, बँगला।

gazelle (गॅ-ज़ेल्´) ***n.*** a small swift-running antelope, एक प्रकार का छोटा हिरन, चिकारा।

gazette (गॅ-ज़ेट्´) ***n.*** an official journal, राजपत्र, गज़ट। ***v.*** (gazetted, gazetting) to publish in a gazette, राजपत्र में प्रकाशित करना, गज़ट में छापना।

gazetted (गॅ-ज़े´-टिड्) ***adj.*** published in the gazette, गज़ट में छपा हुआ, राजपत्रित।

gazetteer (गैज़्-अॅ-टिअॅः´) ***n.*** a dictionary of geographical places, भूगोलकोश, गजेटियर।

gear (गिअॅः) ***n.*** 1. equipment, apparatus, साज-सामान, उपस्कर। 2. tools, औज़ार। 3. a toothed wheel that regulates motion, गियर। 4. clothes, वस्त्र, परिधान; teenage gear, किशोर-परिधान। □ **out of gear,** not functioning properly, ख़राब, बिगड़ा हुआ। ***v.*** (geared, gearing) 1. to provide with or connect by gears, गियर लगाना, गियर में करना। 2. to adjust (one thing) with another, समंजन करना। 3. to equip, सज्जित करना, लैस करना। 4. to be ready, तैयार हो जाना।

gearbox (गिअः´-बॉक्स्) ***n.*** a small box enclosing the gears of a car, गियरबॉक्स।

gearshift (गिअः´-शिफ़्ट्) ***n.*** a device used to change gears, गियरबदल, गियरशिफ़्ट।

gecko (गॅक्´-ओ) ***n.*** a house lizard, छिपकली।

gee (गी) ***interj.*** an exclamation of surprise, आश्चर्यसूचक शब्द, विस्मयादिबोधक शब्द।

geese (गीस्) ***n.*** plu. of goose.

geezer (गी´-ज़ॅः) ***n.*** an eccentric old man, ख़ब्ती बूढ़ा।

geisha (गी´-शॅ) ***n.*** a trained Japanese dancing girl, गीशा, प्रशिक्षित जापानी नर्तकी।

gelatin, gelatine (जॅल्´-अॅ-टिन्) ***n.*** a colourless brittle protein formed by boiling the bones, skin etc, सरेस, जेलटीन।

gelatinous (जॅ-लैट्´-इ-नॅस्) ***adj.*** of or like gelatine, सरेस-संबंधी, जेलटीन-संबंधी।

geld (गॅल्ड्) ***v.*** (gelded, gelding) to castrate, बधिया बनाना, ख़स्सी करना। ***n.*** the act of a person who gelds, बंध्यकरण।

gelding (गॅल्´-डिंग्) *n.* 1. a castrated animal, बधिया पशु। 2. a castrated horse, बधिया घोड़ा।

gelid (जॅल्´-इड्) *adj.* icy, chilly, ठंडा, सर्द।

gem (जॅम्) *n.* 1. a precious stone, हीरा, रत्न। 2. one that is valued highly, अति उत्तम वस्तु या व्यक्ति, हीरा आदमी, हीरा।

geminate[1] (जॅम्´-इ-नेट्´) *v.* (geminated, geminating) 1. to occur in pairs, जोड़ों में होना। 2. to arrange in pairs, जोड़े बनाना, जोड़ों में रखना।

geminate[2] (जॅम्´-इ-निट्) *adj.* combined in pairs, जोड़ों में होनेवाला, युग्मी।

gemination (जॅम्-इ-ने´-शॅन्) *n.* occurring or arranging in pairs, युग्मिता, द्वित्व।

Gemini (जॅम्´-इ-नी/नाइ) *n.* a sign of the Zodiac, मिथुन (राशि)।

gemmy (जॅम्´-ई) *adj.* embeded with gems, रत्नजड़ित, जड़ाऊ।

gemologist (जॅ-मॉल्´-अॅ-जिस्ट्) *n.* an expert in gemology, रत्नपारखी, रत्नपरीक्षक।

gemology (जॅ-मॉल्´-अॅ-जी) *n.* the science of gems, रत्नों की परख, रत्न-परीक्षण विद्या।

gemstone (जॅम्´-स्टोन्) *n.* a stone used as a jewel, रत्नों की तरह प्रयुक्त होनेवाला पत्थर।

-gen (-जॅन्) *suffix.* 1. that which produces, उत्पन्न करनेवाला, उत्पादक। 2. something produced, उत्पन्न वस्तु।

gendarme (ज़्हान्´-डा:म्) *n.* an armed soldier, सशस्त्र सैनिक। (फ्रांसीसी)

gender (जॅन्´-डॅ:) *n.* any of two or more categories into which nouns are divided, लिंग; masculine gender, पुंलिंग; feminine gender, स्त्रीलिंग; neuter gender, नपुंसक लिंग।

gene (जीन) *n.* unit of heredity characteristics transmitted from parents to offspring, जीन।

genealogical (जी-नि-अॅ-लॉज्´-इ-कॅल्) *adj.* of genealogy, वंशविद्या या वंशवृक्ष-संबंधी।

genealogy (जी-नि-ऑल्´-अॅ-जी) *n.* 1. the study of ancestry, वंशविद्या। 2. a table of ancestry, वंशवृक्ष, वंशावली।

genera (जॅन्´-इ-रॅ) *n.* = genus.

general (जॅन्´-अॅ-रॅल्, जॅन्´-अॅर्-अॅल्) *adj.* 1. applicable to every member of a group, सार्विक, सामान्य, साधारण। 2. widespread or involving various kinds, आम, सामान्य, व्यापक।3. prevalent, प्रचलित।4. not specific as to detail, सामान्य। 5. not definite, अनिश्चित। 6. highest or superior in rank, उच्च, महा, प्रधान, बड़ा; General Manager, महाप्रबंधक। *n.* an officer of the high rank in army, जनरल। □ **in general,** usually, on the whole, सामान्यत:।

general assembly *n.* a legislative body, विधान सभा।

general election *n.* an election on national level, महानिर्वाचन, आम चुनाव।

generalissimo (जॅन्-अॅ-रॅ-लिस्´-इ-मो) *n.* a commander of combined military, air and naval forces, महासेनापति।

generality (जॅन्-अॅ-रैल्´-इ-टी) *n.* 1. the condition or quality of being genaral, सार्विकता, सामान्यता। 2. a general statement, आम बात, सामान्य बात। 3. the majority, बहुमत।

generalization (जॅन्-अॅ-रॅ-लि-ज़े´-शॅन्) *n.* 1. the act of generalizing, साधारणीकरण, सामान्यीकरण। 2. a general theory, सामान्य सिद्धांत।

generalize (जॅन्´-अॅ-रॅ-लाइज़्) *v.* (generalized, generalizing) to form general conclusion or to express in general terms, साधारणीकरण करना, सामान्यीकरण करना।

generally (जॅन्´-अॅ-रॅ-ली) *adv.* 1. as a general rule or in a general sense, सामान्य रूप से, सामान्यतया, सामान्यत:, साधारणतया, साधारणत:। 2. commonly, widely, बहुधा, प्राय:।

general practitioner *n.* a physician who treats a variety of medical problems, सामान्य चिकित्सक।

generalship (जॅन्´-अॅ:-अॅल्-शिप्) *n.* 1. the rank or office of a general, जनरल या सेनापति का पद। 2 skill in conducting the war, युद्धसंचालन-क्षमता, युद्ध-कौशल।3. lead-

ership, अगुआई, नेतृत्व।

general strike *n.* a strike by all workers in a city, state or country, आम हड़ताल।

generate (जेंन्´-अॅ-रेट्) *v.* (generated, generating) 1. to create or produce, उत्पन्न करना, पैदा करना। 2. to bring into existence, अस्तित्व में लाना।

generated (जेंन्´-अॅ-रे-टिड्) *adv.* produced, उत्पन्न, जनित, प्रजनित।

generating set *n.* a generator, जेनरेटर।

generation (जेंन्-अॅ-रे´-शॅन्) *n.* 1. the act of generating or the state of being generated, उत्पत्ति, उत्पादन, जनन। 2. a group of contemporaneous individuals, पीढ़ी, पुश्त। 3. the act of begetting, प्रजनन।

generation gap *n.* the years separating the people of different generations, दो पीढ़ियों का अंतर।

generative (जेंन्´-अॅ-रे-टिव्) *adj.* having power of generating, प्रजनक, उत्पादनक्षम, उत्पादक।

generator (जेंन्´-अॅ-रे-टॅ:) *n.* 1. one who generates, उत्पादक, जनक, प्रजनक। 2. a device for converting mechanical energy into electricity, जेनरेटर, विद्युतप्रजनक।

generic (जॅ-नेंर्´-इक्) *adj.* of, including or indicating a whole class or group, सामान्य, प्रजातीय, जातीय।

generic drug *n.* a medicine not protected by a registered trademark, सामान्य ओषधि।

generosity (जेंन्-अॅ-रॉस्´-इ-टी) *n.* the quality of being generous, उदारता, दानशीलता।

generous (जेंन्´-अॅ-रॅस्) *adj.* 1. ready to give freely, उदार, दानी। 2. given freely, उदारतापूर्ण। 3. full or plentiful, प्रचुर।

generously (जेंन्´-अॅ-रॅस्-ली) *adv.* in a generous manner, उदारतापूर्वक।

genesis (जेंन्´-अॅ-सिस्) *n.* a beginning or origin, आरंभ, शुरुआत।

Genesis *n.* the first book of the Old Testament telling the creation of the world, उत्पत्ति-ग्रंथ।

genetic (जॅ-नेंट्´-इक्) *adj.* 1. of or pertaining to genetics, जनन-विज्ञान-संबंधी, जननिक। 2. of or relating to genes, जीन-संबंधी। 3. inherited, आनुवंशिक, पैतृक, विरासत में प्राप्त।

geneticist (जॅ-नेंट्´-इ-सिस्ट्) *n.* an expert in genetics, जनन-विज्ञानी, जनन विज्ञान-वेत्ता।

genetics (जॅ-नेंट्´-इक्स्) *n.* 1. the study of hereditary transmission and variations, जनन-विज्ञान। 2. heredity, आनुवंशिकता।

genial (जीन्´-यॅल्) *adj.* 1. warm in manners, cordial, kind, मिलनसार, मैत्रीपूर्ण। 2. warm and pleasant, सुखद, अनुकूल, अच्छा। 3. cheerful, प्रफ्फुल, प्रसन्नचित्त, ख़ुशमिज़ाज, हँसमुख।

geniality (जी-नि-ऐल्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being genial, मिलनसारी, मैत्री-भावना, अनुकूलता, प्रफुल्लता।

genially (जीन्´-यॅ-ली) *adv.* happily, ख़ुशी-ख़ुशी, प्रसन्नतापूर्वक।

genital (जेंन्-इ-टॅल्) *adv.* of the genitalia, जननेंद्रिय-संबंधी।

genitalia (जेंन्-इ-टेल्´-यॅ) *n.* (plu.) the external sex organs, जननेंद्रियाँ, जननांग।

genitals (जेंन्´-इ-टॅल्ज़्) *n.* (plu.) the external sex organs, जननेंद्रियाँ, जननांग।

genitive (जेंन्´-इ-टिव्) *n.* possessive case, संबंधकारक, षष्ठी विभक्ति। *adj.* of possessive case, संबंधकारकीय।

genitourinary (जेंन्-इ-टो-यूर्´-इ-नेंर्-ई) *adj.* of the genital and urinary organs, जनन तथा मूत्रेंद्रिय-संबंधी।

genius (जीन्´-यॅस्) *n.* 1. brilliant mental ability, प्रतिभा। 2. outstanding creative power, सर्जनात्मक शक्ति। 3. a person having exceptional mental ability, प्रतिभाशाली व्यक्ति, प्रतिभासंपन्न व्यक्ति। 4. the guardian spirit, संरक्षक आत्मा। 5. a demon or evil spirit, पिशाच, दुष्टात्मा। 6. a peculair, distinctive or identifying character (of language, भाषा का) स्वभाव, प्रकृति।

genocidal (जेंन्´-अॅ-साइ-डॅल्) *adj.* of genocide, जाति/जन-संहार-संबंधी।

genocide (जेंन्´-अॅ-साइड्) *n.* the planned kill-

ing of a racial or ethinic people or whole group of people, जाति-संहार, जन-संहार।

genotype (जेॅन्´-अॅ-टाइप्) *n.* the genetic constitution, जननेंद्रिय की बनावट, जननेंद्रिय-संरचना।

-genous (-जेॅन्´-अॅस्) *suffix.* 1. produced, उत्पन्न, जनित।2. producing, उत्पादक, जनक।

genre (ज़्हान्´-रॅ) *n.* 1. type or class, श्रेणी, वर्ग। 2. a particular category of literary work, विधा, शैली।

gent (जेॅन्ट्) *n.* a man, व्यक्ति, आदमी।

genteel (जेॅन्-टील्´) *adj.* 1. well-bred, भद्र, कुलीन। 2. fashionable, बना-ठना, फैशनेबुल। 3. trying to seem polite, affectedly polite, ऊपर से भला बना हुआ, खोटा।

gentian (जेॅन्´-शॅन्) *n.* a plant with deep blue bell-like flowers, गहरे नीले फूलोंवाला एक पौधा।

Gentile (जेॅन्´-टाइल्) *n.* a person other than a jew, गैर-यहूदी; Gentile Christianity, यहूदीतर ईसाई समाज।

gentility (जेॅन्-टिल्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being genteel, भद्रता, कुलीनता।

gentle (जेॅन्´-टॅल्) *adj.* (gentler, gentlest) 1. not harsh or violent, moderate, mild, मंद, हलका। 2. of kind nature, सौम्य, भला, दयालु। 3. easily managed or controlled, जिसे सरलता से वश या नियंत्रण में लाया जा सके, वश्य। 4. of good family, भद्र, कुलीन। *v.* (gentled, gentling) 1. to make gentle or calm, शांत करना। 2. to tame, सधाना। 3. to coax, फुसलाना।

gentlefolk (जेॅन्´-टॅल्-फ़ाक्) *n.* people of good family, भले घर के लोग, भद्र लोग।

gentleman (जेॅन्´-टॅल्-मॅन्) *n.* (plu. gentlemen) 1. a man of noble birth, a well-bred man, भला आदमी, भद्र व्यक्ति, सज्जन, ख़ानदानी व्यक्ति। 2. a man, आदमी, व्यक्ति।

gentlemanly (जेॅन्´-टॅल्-मॅन्-ली) *adj.* of or like a gentle man, सज्जनोचित, भद्रतापूर्ण, भद्र।

gentleman's agreement *n.* an unwritten agreement between the gentlemen, भले आदमियों की बात, सौजन्य-सहमति।

gentleness (जेॅन्´-टॅल्-निस्) *n.* the quality or state of being gentle, कुलीनता, भद्रता।

gently (जेॅन्ट्´-ली) *adv.* in a gentle way, धीरे-धीरे, चुपके से, सौम्यतापूर्वक।

gentry (जेॅन्´-ट्री) *n.* 1. people of good family or noble birth, भद्र लोग। 2. people, लोग।

gentlewoman (जेॅन्´-टॅल्-वु-मॅन्) *n.* a woman of noble birth, a well-bred woman, ख़ानदानी औरत, भले घर की स्त्री, भद्र महिला।

genuflect (जेॅन्´-यू-फ्लेॅक्ट्) *v.* (genuflected, genuflecting) to bend one's knees (while worshiping, प्रार्थना करते समय) घुटने मोड़ना या मोड़कर बैठना।

genuflection (जेॅन्-यू-फ़्लेॅक्´-शॅन्) *n.* the act of genuflecting, घुटने मोड़ने या मोड़कर बैठने की क्रिया या भाव।

genuine (जेॅन्´-यू-इन्) *adj.* 1. real, विशुद्ध, असली, खरा, वास्तविक। 2. authentic, प्रामाणिक, विशुद्ध, मानक। 3. sincere and frank, सच्चा, ईमानदार, निष्कपट।

genuinely (जेॅन्´-यू-इन्-ली) *adv.* in a genuine manner, ईमानदारी से, निष्कपट भाव से, शुद्ध हृदय से।

genuineness (जेॅन्´-यू-इन्-निस्) *n.* the quality or state of being genuine, वास्तविकता, प्रामाणिकता, खरापन, ईमानदारी, सच्चाई।

genus (जी´-नॅस्) *n.* (plu. genera) a category or class with common characteristics, श्रेणी, वर्ग।

geocentric (जी-ओ-सेॅन्´-ट्रिक्) *adj.* having the earth as centre, भूकेंद्रिक।

geochemist (जी-ओ-केॅम्´-इस्ट्) *n.* an expert in geochemistry, भूरसायन-विज्ञान।

geochemistry (जी-ओ-केॅम्´-इस्-ट्री) *n.* the chemistry of the earth, भू-रसायन-विज्ञान।

geodesy (जी-ऑड्´-अॅ-सी) *n.* the science dealing with the shape and area of the earth, पृथ्वी के स्वरूप तथा क्षेत्रफल का विज्ञान, भूगणित।

geodetic (जी-अॅ-डेॅट्´-इक्) *adj.* of or relating to geodesy, भूगणितीय।

geographer (जी-ऑग्´-रॅ-फ़ः) *n.* an expert in geography, भूगोलविज्ञानी, भूगोलज्ञ।

geographical (जी-ऑग्´-रॅ-फ़ि-कॅल्) *adj.* of or relating to geography, भूगोल-संबंधी, भौगोलिक।

geography (जी-ऑग्´-रॅ-फ़ी) *n.* the study of earth and its features, भूगोल।

geological (जी-ॲ-लॉज्´-इ-कॅल्) *adj.* of geology, भूविज्ञान-संबंधी, भूवैज्ञानिक।

geologist (जी-ऑल्´-ॲ-जिस्ट्) *n.* an expert in geology, भूविज्ञानी।

geology (जी-ऑल्´-ॲ-जी) *n.* the scientific study of the origin, structure and history of the earth, भूविज्ञान।

geometrical (जी-ॲ-मेंट्´-रि-कॅल्) *adj.* of geometry, ज्यामितीय, रेखागणितीय।

geometrician (जी-ऑम्-ॲ-ट्रिश्´-ॲन्) *n.* an expert in geometry, ज्यामितिवेत्ता, रेखागणितज्ञ।

geometry (जी-ऑम्´-ॲ-ट्री) *n.* the branch of mathematics dealing with the properties, measurement and relationships of points, lines, angles etc, ज्यामिति, रेखागणित।

geophysics (जी-ओ-फ़िज़्´-इक्स्) *n.* the branch of physics dealing with the physical properties of the earth, भूभौतिकी।

geopolitics (जी-ओ-पॉल्´-इ-टिक्स्) *n.* the study of how geography influences the politics of the country, भूराजनीति।

georgette (जॉ:-जेंट्´) *n.* a kind of silk fabric, जार्जेट।

geothermal (जी-ओ-थः´-मॅल्) *adj.* of or pertaining to the internal heat of the earth, भूतापीय।

geranium (जॅ-रे´-नि-ॲम्) *n.* a garden plant with rounded leaves and cluster of flowers, एक प्रकार का फूलदार पौधा, जिरेनियम।

gerbil (जः´-बिल्) *n.* a mouse like rodent, हिरन मूसा।

geriatrician (जेंर्-इ-ॲ-ट्रिश्´-ॲन्) *n.* an expert in geriatrics, जराचिकित्सक।

geriatrics (जेंर्-इ-ऐट्´-रिक्स्) *n.* the branch of medicine dealing with the diseases of old age, जरा-चिकित्सा, वृद्ध-परिचर्या।

germ (जःम्) *n.* 1. a living cell from which a new organism may develop, जीवाणु।2. the beginning from which something larger develops, बीज। 3. a bud, अंकुर।

German (जः´-मॅन्) *adj.* of Germany, जर्मनी-संबंधी, जर्मन। *n.* a native of Germany, जर्मनवासी।

germane (जः-मेन्´) *adj.* 1. related, संबद्ध। relevant, संगत।

Germanic (जः-मैन्´-इक्) *adj.* having German characteristics, जर्मन।

germicidal (जः´-मि-साइ-डॅल्) *adj.* that kills germs, जीवाणुनाशक।

germicide (जः´-मि-साइड्) *n.* a substance that kills germs, जीवाणुनाशक पदार्थ।

germinal (जः´-मि-नॅल्) *adj.* 1. of or pertaining to germs, जीवाणु-संबंधी। 2. in the earliest stage of development, आरंभिक अवस्था में होनेवाला।

germinate (जः´-मि-नेट्) *v.* (germinated, germinating) 1. to sprout, to begin to grow, उगना, अंकुरित होना। 2. to cause to sprout, उगाना, अंकुरित करना।

germination (जः-मि-ने´-शॅन्) *n.* the act of germinating, अंकुरण।

gerrymander (जेंः´-इ-मैन्-डः) *v.* (gerrymandered, gerrymandering) to divide the constituencies so as to give unfair advantage to one political party, चुनाव-क्षेत्रों का निर्धारण इस प्रकार करना कि किसी विशेष राजनीतिक दल को लाभ हो।

gerund (जेंर्´-अन्ड्) *n.* a verbal noun, क्रियार्थक संज्ञा।

gestate (जेंस्´-टेट्) *v.* (gestated, gestating) to carry in the womb, गर्भवती होना।

gestation (जॅ-स्टे´-शॅन्) *n.* 1. the state of being pregnant, गर्भावस्था। 2. the period of pregnancy, गर्भकाल, गर्भावधि।

gesticulate (जें-स्टिक्´-यु-लेट्) *v.* (gesticulated, gesticulating) to make expressive movements, i.e. gestures while speaking, बोलते समय हाथों की मुद्रा से हाव-भाव

अभिव्यक्त करना।

gesticulation (जें-स्टिक्-यू-ले´-शंन्) *n.* gestures made with hands while speaking, हस्तमुद्राएँ, हाव-भाव।

gesture (जेंस्´-चंः) *n.* 1. an expressive movement of any part of the body, इशारा, इंगित, संकेत। 2. an act or expression made to convey one's intentions, मुद्रा, हाव-भाव; a gesture of protection, अभय मुद्रा। *v.* (gestured, gesturing) to make a gesture, इशारा या संकेत करना।

get (गेंट्) *v.* (got, gotten, getting) 1. to obtain or receive, प्राप्त करना, पाना, मिलना। 2. to fetch, लाना, ले आना। 3. to make contact, संपर्क करना। 4. to earn, अर्जित करना। 5. to catch or contract, ग्रस्त या मुबतला होना, (बीमारी) लगना, पकड़ना। 6. to have, पास होना। 7. to understand, समझना। 8. to come to memory, याद आना, उठना; I did not get your name. तुम्हारा नाम याद ही न आया। 9. to cause to be in a specific condition, किसी विशिष्ट स्थिति में लाना। 10. to prepare (a meal, खाना) बनाना। 11. to move in a particular direction, जाना। 12. to succeed in bringing, पहुँचाना। 13. to succeed in persuading, समझाना-बुझाना। 14. to attack, प्रहार करना। 15. to begin, आरंभ करना। ☐ **get across,** to make or become clear, स्पष्ट करना या हो जाना; **get ahead,** to become successful, आगे निकल जाना, सफल हो जाना; **get along,** (i) to make progress, आगे बढ़ना, (ii) to advance in years, उम्र बढ़ना; **get along with,** to be on friendly terms, निर्वाह होना, निभना; **get around,** (i) to win over by flattering or cajoling, ख़ुशामद द्वारा फुसलाकर अपने अनुकूल करना; (ii) to evade (law, कानून का) अपवंचन करना; **get around to,** to find time for, समय मिलना; **get at,** (i) to reach, पाना, पा जाना, (ii) to mean, आशय जतलाना; **get away,** to escape, बच या भाग निकलना; **get back at,** to gain revenge, बदला ले लेना; **get back to,** to return to something, फिर वहीं आना; **get behind,** to remain behind, पीछे रह जाना; **get by;** (i) to overtake, पास पहुँच जाना या आगे निकल जाना; (ii) to be accepted, स्वीकार्य होना; (iii) to manage, सँभालना, व्यवस्था करना; **get down,** (i) to climb down, नीचे उतरना; (ii) to put in writing, कलमबंद करना, लिखा-पढ़ी में लाना; (iii) to swallow, निगल जाना; **get down to,** to concentrate on, पर ध्यान केंद्रित करना; **get going,** to begin moving or operating, चालू करना, चलाना; **get in,** (i) to enter, प्रविष्ट होना; (ii) to arrive, पहुँचना; (iii) to bring in, अंदर लाना या पहुँचाना; **get it,** to understand, समझना; I just don't get it. मेरी समझ में नहीं आ रहा; **get nowhere,** to make no progress, कुछ भी प्रगति न कर पाना; **get off,** (i) to get down from or out of, उतरना; (ii) to escape, बच निकलना, भाग निकलना; (iii) to take off, उतारना; **get on,** (i) to board, चढ़ना या चढ़ाना, (ii) to get along, निर्वाह करना, निभाना, (iii) to advance, आगे बढ़ना; **get out,** (i) to leave or cause to leave, बाहर निकलना या निकालना, (ii) to publish or to be published, प्रकाशित होना या करना; **get out of,** to avoid, दूर रहना; **get over,** (i) to recover from, चंगा हो जाना; (ii) to overcome, विजय पाना; **get through,** (i) to succeed in a test, पार करना, उत्तीर्ण हो जाना, (ii) to survive, बच जाना; **get through to,** (i) to make contact with, संपर्क स्थापित करना, (ii) to make (someone) understand, समझाना; **get to,** (i) to reach, पहुँचना, (ii) to be able to, समर्थ होना, (iii) to begin, आरंभ करना, (iv) to have an effect on, प्रभावित करना; **get together,** (i) to assemble, एकत्र होना, जुटना, (ii) to collect, एकत्र करना; **get up,** (i) to arise, उठना, जागना, (ii) to dress up, पोशाक पहनना, (iii) to become severe, प्रचंड रूप धारण करना, तेज़ हो जाना; **have got to,** must, अवश्य।

getaway (गेंट्´-अ-वे) *n.* 1. the act of escaping (of a criminal, अपराधी का) बच निकलना। 2. a start, आरंभ, प्रारंभ। *adj.* used for

escaping, बच निकलने में काम आनेवाला; a getaway car, वह कार जिससे (अपराधी) भाग निकाला हो।

get-together (गेंट्´-टॅ-गेंद्-अँ:) *n.* an informal social gathering, लोगों का इकट्ठा होना, मिलन, सभा।

get-up (गेंट्-अप्´) *n.* 1. a costume, वेश-भूषा, पोशाक, वर्दी। 2. outward decoration, बाह्य सज्जा, बनाव-सिंगार, सजधज।

gewgaw (ग्यू´-गा) *n.* a fancy article, कोई नुमायशी वस्तु, भड़कीली वस्तु।

geyser (गी´-ज़ँ:) *n.* 1. a hot water spring, गर्म पानी का सोता, उष्णोत्स। 2. a water heater, पानी गर्म करने का बिजली का उपकरण, गीज़र।

ghastly (गास्ट्´-ली, गैस्ट्´-ली) *adj.* 1. dreadful, terrifying, भयानक, भयावह, वीभत्स, पैशाचिक। 2. very bad or unpleasant, घिनौना। 3. deathly pale, पीला, मुर्दे-जैसा।

ghat (घा:ट्) *n.* 1. a flight of steps down to a river, घाट। 2. a bathing or landing place on the bank of a river, घाट। 3. a mountain pass, घाट, दर्रा।

ghee (घी) *n.* clarified butter, घी।

gherkin (ग:´-किन्) *n.* a cucumber, खीरा, ककड़ी।

ghetto (गेंट्´-ओ) *n.* (plu. ghettos, ghettoes) a part of the city in which an ethnic minority group resides, नगर का वह क्षेत्र जिसमें अल्पसंख्यक वर्ग रहता हो, अल्पसंख्यक क्षेत्र, घेटो।

ghost (गोस्ट्) *n.* 1. the spirit of a dead person that haunts living beings, मृतात्मा, भूत, प्रेत। 2. a faint possibility, क्षीण संभावना। 3. a false image produced by an optical system, छाया, आकृति। □ **give up the ghost,** to die, मरना, प्राण त्यागना; **not the ghost of a chance,** not even the slight chance, तनिक भी संभावना न होना। *v.* (ghosted, ghosting) to haunt, पीछा करना।

ghost town *n.* a deserted town, भूतहा शहर, निर्जन नगर, परित्यक्त नगर।

ghost writer *n.* a person who writes for another person, वह लेखक जिसकी रचनाओं पर किसी और का नाम छपता हो, अन्यार्थ लेखक।

ghoul (गूल्) *n.* 1. an evil spirit that plunders graves and devours the corpses, क़ब्रों को खोदकर शवों को खानेवाली दुष्टात्मा। 2. an evil demon, पिशाच।

giant (जाइ´-ॲन्ट्) *n.* a mythical figure of very great height and size, दैत्य, दानव। *adj.* 1. of unusual size, very large, colossal, दैत्याकार, भीमकाय, विशाल, दीर्घकाय। 2. of exceptional ability or reputation, अत्यधिक गुणी या कीर्तिशाली।

giantess (जाइ´-ॲन्-टिस्) *n.* a female giant, दानवी स्त्री, राक्षसी।

giaour (जाइ´-अँ:) *n.* 1. non-Muslim, वह जो मुसलमान न हो, गैर-मुसलमान। 2. an infidel, काफ़िर।

gibber (जिब्´-अँ:) *v.* (gibbered, gibbering) to speak rapidly and unintelligibly, बड़बड़ या बकबक करना, जल्दी-जल्दी और बेसिर-पैर की बातें करना।

gibberish (जिब्´-ॲ-रिश्, गिब्´-ॲ-रिश्) *n.* rapid, meaningless speech, बड़बड़, बकबक, बकवास।

gibbet (जिब्´-इट्) *n.* a gallows, फाँसी का फंदा या टिकठी। *v.* (gibbeted, gibbeting) 1. to hang, फाँसी पर लटकाना। 2. to expose to public ridicule, बदनाम करना, जगहँसाई कराना।

gibbon (गिब्´-अन्) *n.* an ape, लंगूर।

gibbous (गिब्´-अँस्) *adj.* 1. more than half illuminated, आधे से ज्यादा चमकता हुआ (चंद्रमा)। 2. bulging, उभरा हुआ, फूला हुआ। 3. hunchbacked, कुबड़ा।

gibe (जाइब्) *v.* (gibed, gibing) to jeer or taunt, खिल्ली उड़ाना, फबती या ताना कसना। *n.* a jeering remark, फबती, ताना।

giblets (जिब्´-लिट्स्) *n.* (plu.) edible inner parts of a fowl, मुर्गे आदि का गोश्त।

giddiness (गिड्´-डि-निस्) *n.* the feeling that every thing is spinning around, चक्कर, घुमटा, घुमरी, सिर चकराना।

giddy (गिड्´-ई) *adj.* (giddier, giddiest) 1. feeling giddiness, जिसे चक्कर आ रहा हो। 2. causing giddiness, जिससे चक्कर आता

हो, चक्कर लानेवाला। 3. frivolous, चपल, चंचल।

gift (गिफ़्ट्) *n.* 1. something given or received as a present, उपहार, तोहफ़ा; gift tax, उपहार-कर। 3. a natural ability, नैसर्गिक गुण या योग्यता, प्रतिभा।

gifted (गिफ़्´-टिड्) *adj.* having natural ability or talent, गुणी, मेघावी, प्रतिभासम्पन्न।

giftware (गिफ़्ट्´-वेअॅ:) *n.* gift articles, उपहार की वस्तुएँ, उपहार-सामग्री।

giftwrap (गिफ़्ट्´-रैप्) *v.* (giftwrapped, giftwrapping) to wrap a gift attractively, आकर्षक रूप से उपहार को आवेष्टित या पैक करना।

gig[1] (गिग्) *n.* a horse-driven two wheeled carriage, बग्घी।

gig[2] *n.* a spear used for catching fish, मछलियाँ पकड़ने का भाला।

gigantic (जाइ-गैन्´-टिक्) *adj.* 1. huge, enormous, विशाल, दीर्घकाय, विराट। 2. giant-like, दैत्यकार, दैत्यों-जैसा।

gigantically (जाइ-गैन्´-टि-कॅ-ली) *adv.* in a gigantic manner, दैत्याकार रूप में, विराट रूप में।

giggle (गिग्´-अॅल्) *v.* (giggled, giggling) to laugh foolishly, हीही करना, हेंहें करना। *n.* such a laugh, हीही, हेंहें।

gigolo (जिग्´-अॅ-लो) *n.* a man who is paid by a woman to be her escort or lover, धगड़ा, धरेला, भड़ुआ।

gild[1] (ग्लिड्) *v.* (gilt or gilded, gilding) 1. to cover with a thin layer of gold, सोने का पानी या पत्तर चढ़ाना, मुलम्मा करना। 2. to give an attractive appearance to, सजाना-सँवारना, आकर्षक रूप देना।

gild[2] *n.* = guild.

gill[1] (गिल्) *n.* the respiratory organ of fish, मछली का गलफड़ा।

gill[2] *n.* a unit of liquid measure equal to a quarter of pint, पिंट का चौथाई नाप, गैलन का सोलहवाँ भाग।

gilt (गिल्ट्) *v.* p.t. of gild. *n.* 1. a substance used for gilding, मुलम्मा। 2. a thin layer of gold, सोने की परत। *adj.* 1. gilded, जिसपर सोने की परत चढ़ी हो या सोने का मुलम्मा हुआ हो। 2. gold-coloured, सुनहरा।

gilt-edged (गिल्ट्´-ऍज्ड्) *adj.* (of securities) considered to be of highest quality or to be very safe, सर्वोत्तम या सुरक्षित।

gimbals (गिम्´-बॅल्ज़, गिम्´-बल्ज़) *n.* (plu.) a device consisting of two or three pivoted rings for keeping instruments horizontal in a moving ship, जिंबल, छल्ले।

gimcrack (जिम्´-क्रैक्) *adj.* cheap and showy, दिखावटी, नुमाइशी, रद्दी, भड़कीला किंतु निकम्मा।

gimlet (गिम्´-लिट्) *n.* a small boring tool with a pointed spiral tip, बरमा।

gimmick (गिम्´-इक्) *n.* 1. a gadget, छोटा उपकरण। 2. any trick or mannerism designed to attract extra attention, interest or publicity, ध्यान आकर्षित करने की चाल, कौतुक, ऊटक-नाटक।

gimmickry (गिम्´-इ-क्री) *n.* the use of tricky devices, नाटकबाज़ी, धूर्तता।

gimp (गिम्प्) *n.* 1. a limp. लंगड़ापन। 2. limping gait, लंगड़ चाल।

gin[1] (जिन्) *n.* an alcoholic drink distilled from malted berry, maize etc., जिन, मदिरा, शराब।

gin[2] *n.* 1. a machine for removing seeds from cotton fibers, रुई से बिनौले निकालने का उपकरण, ओटनी। 2. a snare or trap, जाल या फंदा। *v.* (ginned, ginning) to remove seeds from cotton with a gin, ओटनी से बिनौले निकालना, रुई ओटाना। 3. to ensnare, जाल या फंदे में फँसाना।

ginger (जिन्´-जॅ:) *n.* 1. the pungent root of a tropical plant, अदरक, आदी। 2. this plant, अदरक का पौधा। 3. liveliness, vigour, जीवंतता, स्फूर्ति, जोश। 4. a reddish brown colour, लाली लिए भूरा रंग। *v.* (gingered, gingering) 1. to flavour with ginger, अदरक से सुवासित करना। 2. to make more lively, स्फूर्त बनाना, जोश दिलाना, जान डालना।

gingerbread (जिन्´-जॅ:-ब्रेड्) *n.* a kind of a cake flavoured with ginger, एक प्रकार का

केक जिसमें अदरक का पुट रहता है।

gingerly (जिन्´-जॅ:-ली) *adj.* 1. cautious, सावधान, सतर्क। 2. reluctant, अनिच्छुक। 3. timid, भीरु। *adv.* 1. cautiously, सावधानी से, सतर्कतापूर्वक। 2. reluctantly, अनिच्छापूर्वक। 3. timidly, डरते-डरते, संकोचपूर्वक।

ginger snap *n.* a crisp biscuit spiced with ginger, अदरक मिला बिस्कुट।

gingham (गिंग्´-अॅम्) *n.* a two coloured cotton cloth with checked pattern, धारीदार या चारख़ानेदार सूती कपड़ा।

gingival (जिन्´-जि-वॅल्) *adj.* of or pertaining to gums, वर्त्स्य, मसूड़े का।

gingivitis (जिन्-जि-वाइ´-टिस्) *n.* inflation of the gums, मसूड़ों की सूजन।

ginkgo, gingko (गिंक़् -गो, गिंग्´-को) *n.* a tree with fan-shaped leaves, एक पेड़ जिसके पत्ते पंखेनुमा होते हैं, गिंको।

gipsy (जिप्´-सी) *n.* 1. a member of a nomadic people, बंजारा, जिप्सी, ख़ानाबदोश। 2. their language, बंजारों की भाषा, बंजारी, जिप्सी भाषा। 3. a person who lives like a gipsy, wanderer, vagabond, घुमक्कड़ या आवारा।

giraffe (जि-रैफ़्´) *n.* an African mammal with a long neck, जिराफ़।

gird (ग:ड्) *v.* (girded or girt, girding) 1. to fasten with a belt, पेटी बाँधना। 2. to attach with a belt, पेटी में लगाना। ☐ **girdupone's loins,** be ready, to prepare for action, कमर कसना, सन्नद्ध होना, तैयार होना।

girder (ग:´-डॅ:) *n.* a strong horizontal iron beam (लोहे का) गाडर, गर्डर।

girdle (ग:´-डॅल्) *n.* a belt or band worn around the waist, पेटी, कटिबंध, कमरबंद, मेखला। *v.* (girdled, girdling) 1. to encircle with a belt or band, पेटी बाँधना। 2. to encircle, घेरना।

girl (ग:ल्) *n.* 1. a female child or young unmarried woman, लड़की, किशोरी, कन्या, बालिका। 2. a female servant, लड़की, छोकरी। 3. a sweetheart, प्रेयसी, प्रेमिका।

girl friend *n.* 1. a female companion of a man, महिला मित्र, सहेली, सखी। 2. a sweetheart, प्रेयसी, प्रेमिका।

girlhood (ग:ल्´-हुड्) *n.* the state of being a girl, लड़कपन, किशोरावस्था।

girlie (ग:´-ली) *n.* 1. a girl, लड़की। 2. a magazine containing erotic literature, युवा लोगों के लिए पत्रिका, युवा-पत्रिका।

girlish (ग:´-लिश्) *adj.* like a girl, लड़की-जैसा, कन्यासुलभ।

girt (ग:ट्) *v.* p.t. of gird.

girth (ग:थ्) *n.* 1. circumference, घेरा, परिधि। 2. a strap encircling a horse's belly holding the saddle in place, घोड़े की काठी कसने की पेटी, कसन।

gist (जिस्ट्) *n.* the general sense or central idea of anything, सार, निष्कर्ष, निचोड़, भावार्थ।

give (गिव्) *v.* (gave, given, giving) 1. to deliver grant, or present voluntarily (something) to another, देना, प्रदान करना। 2. to convey, पहुँचाना। 3. to entrust, सौंपना, हवाले करना। 4. to supply, पूर्ति करना। 5. to make or perform, देना, लगाना; to give a kick, ठोकर मारना; to give a scolding, डाँट देना। 6. to provide, पेश करना, प्रस्तुत करना। 7. to produce, उत्पन्न करना, देना। 8. to perform, अभिनीत करना, खेलना। 9. to concede or accord, मान लेना। 10. to yield or relinquish, झुक जाना या छोड़ देना। ☐ **give away,** (i) to bestow or donate, देना; (ii) to present (a bride) to the bridegroom, कन्यादान करना; (iii) to sell very cheeply, सस्ते में निकाल देना; (iv) to reveal, रहस्य प्रकट कर देना; (v) to fail to use (an opportunity, मौक़ा) गँवा बैठना, खो देना; **give in,** to yield or surrender, झुक जाना या समर्पण कर देना; **give off/out,** to emit or discharge, देना, छोड़ना; **give over,** to devote, देना, लगाना; **give up,** to cease doing, छोड़ या त्याग देना।

giveable (गिव्-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be given, देय।

give-and-take (गिव्´-अॅन्-टेक्´) *n.* 1. exchange of opinions, विचार-विनिमय। 2. willingness on both sides to make

concessions, कुछ ले-देकर मामला तय करने की दोनो पक्षों की इच्छा।

giveaway (गिव्´-अॅ-वे़) ***n.*** 1. something given away at no charge, मुफ़्त में दी हुई वस्तु। 2. a disclosure or betrayal, रहस्य का प्रकटीकरण या विश्वासघात।

given (गिव्´-इन्) ***v.*** p.p. of give. ***adj.*** 1. having a tendency, inclined, आदी। 2. specific, विशिष्ट, निर्धारित। 3. stated, उल्लिखित।

given name ***n.*** a name given at birth or at baptism, जन्म या नामकरण संस्कार के समय रखा हुआ नाम, असली नाम।

giver (गिव्´-अॅ:) ***n.*** one who gives, देनेवाला, दायक।

gizzard (गिज़्´-अॅ:ड्) ***n.*** the second stomach of a bird, चिड़िया का पेडू, पेषणी।

glabrous, (ग्ले´-ब्रॅस्) ***adj.*** 1. free from hair, बालों से रहित। 2. free from down, रोमरहित। 3. smooth-skinned, चिकनी चमड़ीवाला।

glace (ग्लै´-से) ***adj.*** 1. preserved in sugar, चाश्नी में पागा हुआ। 2. covered in icing, जिस पर बर्फ़ जमी हो। 3. having a glossy finish, मुलायम तथा चमकीला।

glacial (ग्ले´-शॅल्) ***adj.*** 1. of or relating to a glacier, हिमनदी से संबद्ध। 2. of ice, बर्फ़ीला। 3. extremely cold, बहुत ठंडा।

glaciate (ग्ले´-शि-एट्) ***v.*** (glaciated, glaciating) to cover or become covered with ice, बर्फ़ से ढकना या ढका जाना, हिमनद का रूप धारण करना।

glacier (ग्ले´-शॅ:) ***n.*** a large mass of slowly moving ice, हिमनद।

glad[1] (ग्लैड्) ***adj.*** (gladder, gladdest) 1. feeling joy or pleasure, happy, ख़ुश, प्रसन्न। 2. causing happiness, प्रसन्नतादायक। 3. willing, उत्सुक।

glad eye ***n.*** an inviting look toward a member of the opposite sex, आँख मारने की क्रिया या भाव, कामुक दृष्टि।

glad hand ***n.*** 1. a hearty greeting, हार्दिक शुभकामना। 2. a hearty welcome, हार्दिक स्वागत।

gladden (ग्लैड्´-अॅन्) ***n.*** (gladdened, gladdening) to make glad, प्रसन्न करना, ख़ुश करना।

glade (ग्लेड्) ***n.*** an open space in a forest, वनक्षेत्र में होनेवाली खुली जगह।

gladiator (ग्ले´-डि-एटॅ:) ***n.*** 1. a man trained to fight with wild animals and entertain the public in ancient Roman arenas, रोम में प्राचीन काल में जंगली जानवरों से लड़नेवाला योद्धा। 2. a person who fights for a public cause, जनहित के लिए लड़नेवाला, जन-योद्धा।

gladiolus (ग्लैड्´-इ-ओ-लॅस्) ***n.*** a garden plant with spikes of brightly coloured flowers, ग्लैडिओलस।

gladly (ग्लैड्´-ली) ***adv.*** in a glad way, ख़ुशी-ख़ुशी, प्रसन्नतापूर्वक।

glad rags ***n.*** (plu.) clothes for special occasions, विशिष्ट अवसरों पर पहने जानेवाले वस्त्र।

gladsome (ग्लैड्´-सॅम्) ***adj.*** glad, cheerful, प्रसन्न, आनंदित, ख़ुश।

glair (ग्लेअॅ:) ***n.*** white of egg, अंडे की सफ़ेदी। ***v.*** (glaired, glairing) to apply glair (to), अंडे की सफ़ेदी लगाना या पोतना, चमकाना।

glamorize (ग्लैम्´-अॅ-राइज़्) ***v.*** (glamorized, glamorizing) to make glamorous, सजीला या आकर्षक रूप देना, मोहक बना देना, लुभावना बना देना।

glamorous (ग्लैम्´-अॅर्-अॅस्) ***adj.*** of or having glamour, मोहक, लुभावना, सजीला।

glamour (ग्लैम्´-अॅ:) ***n.*** 1. alluring beauty, लावण्य, लुभावनापन, सजीलापन। 2. brightness, चमक, दीप्ति।

glance (ग्लान्स् / ग्लैन्स्) ***v.*** (glanced, glancing) 1. to look briefly or hastily, एक झलक या सरसरी निगाह से देखना। 2. to strike a surface and be deflected, सरकते हुए निकल जाना, ग्लांस हो जाना। 3. to glitter, चमकना। ***n.*** 1. a brief or hasty look, एक झलक, सरसरी निगाह। 2. lustre, glitter, चमक। □ **at a glance,** immediately looking upon, दृष्टि डालते ही, देखते ही, एक नज़र में।

gland (ग्लैन्ड्) ***n.*** a cell or organ that secretes a particular substance for the body, ग्रंथि।

glandular (ग्लैन्´-जू-लॅ:) ***adj.*** of gland, ग्रंथि-

संबंधी, ग्रंथिल।

glans (ग्लैन्ज़्) ***n.*** 1. the head of the penis, लिंगाग्र।2. the tip of the clitoris, भगशिश्नाग्र।

glare (ग्लेॲ:) ***v.*** (glared, glaring) 1. to shine intensely, चमचमाना, झलझलाना, चमचम या झलझल करना, चकाचौंध उत्पन्न करना। 2. to stare angrily, घूरना। ***n.*** 1. an intense light, चमचमाहट, चकाचौंध, तेज़ रोशनी।2. an angry stare, कोपदृष्टि, घूराघूरी।

glaring (ग्लेॲर्´-इंग्) ***adj.*** 1. dazzling, चकाचौंध उत्पन्न करनेवाला, भड़कीला। 2. very obvious, स्पष्ट, साफ़, व्यक्त।

glass (ग्लास्, ग्लैस्) ***n.*** 1. a hard, brittle and transparent substance, शीशा, काँच। 2. a mirror, शीशा, दर्पण। 3. a container for drinking water, wine etc., a tumbler, गिलास। 4. the amount or volume contained in a drinking glass, गिलास-भर पेय या पदार्थ।5. (plu.) eye glasses, चश्मा, ऐनक। 6. glassware, शीशे के बर्तन।

glasshouse (ग्लास्´-हॉउस्) ***n.*** the house made of glass, काँच-घर।

glassware (ग्लास्´-वे़ॲ:) ***n.*** utensils/objects made of glass, शीशे के बर्तन।

glassworks (ग्लास्´-व़:क्स्) ***n.*** a factory where glasswares are made, काँचशाला।

glassy (ग्लास्´-ई, ग्लैस्´-ई) ***adj.*** 1. resembling glass, काँच-सा। 2. expressionless, भावशून्य।

glaucoma (ग्ला:-को´-मॅ) ***n.*** a disease of the eyes causing complete or partial loss of vision, ग्लूकोमा, समलवायु।

glaze (ग्लेज़्) ***n.*** a thin smooth shiny coating (on pottery), पतली, चमकीली तथा चिकनी परत, ग्लेज़।***v.*** (glazed, glazing) 1. to apply glaze to, चमकीला तथा चिकना बनाना। 2. to furnish with glass, शीशा या शीशे लगाना। 3. to become glassy, चिकना तथा चमकीला होना।

glazier (ग्ले´-ज़्हॅ:) ***n.*** one who cuts and fits window glasses, शीशा जड़नेवाला।

glazing (ग्लेज़्´-इंग्) ***n.*** the act of fitting glasses in window, शीशा-जड़ाई।

gleam (ग्लीम्) ***n.*** 1. a beam or ray, किरण। 2. a brief or dim indication, हलका-सा संकेत।***v.*** (gleamed, gleaming) to send out gleams, चमकना।

glean (ग्लीन्) ***v.*** (gleaned, gleaning) 1. to pick up grain left behind by harvesters, खेतों में गिरे-पड़े दाने चुनना, सिल्ला चुनना।2. to collect bit by bit, कण-कण जोड़ना, एकत्र करना।

gleaner (ग्लीन्´-ॲ:) ***n.*** one who gleans, सिल्ला बीननेवाला।

gleanings (ग्लीन्´-इंग्स्) ***n.*** (plu.) grains left behind in a field by harvesters, खेत में फसल कटने के बाद गिरे-पड़े हुए दाने।

glee (ग्ली) ***n.*** joy, merriment, आनंद, उल्लास।

gleeful (ग्ली´-फ़ुल्) ***adj.*** full of glee, उल्लास-भरा, उल्लसित, आनंद-भरा, आनंदित।

gleefully (ग्ली´-फ़ुल्-ली) ***adv.*** joyfully, आनंदपूर्वक, उल्लसित होकर।

glen (ग्लॅन्) ***n.*** a narrow valley, सँकरी घाटी।

glib (ग्लिब्) ***adj.*** (glibber, glibbest) 1. smooth-tongued, fast-talking, बोलने में कुशल, वाचाल, वाक्पटु, वाग्विदग्ध। 2. easy, simple, सहज, सुगम।

glide (ग्लाइड्) ***v.*** (glided, gliding) 1. to move or pass smoothly and easily, बहना, सरकना। 2. to fly in a glider, ग्लाइडर में उड़ना।3. to fly a glider, ग्लाइडर उड़ाना। ***n.*** a gliding movement, बहने या सरकने की क्रिया या भाव।

glider (ग्लाइ´-डॅ:) ***n.*** a light engineless aircraft, इंजनविहीन विमान, ग्लाइडर।

gliding (ग्लाइ´-डिंग्) ***n.*** the art or sport of flying in gliders, ग्लाइडर में उड़ान भरने की कला या क्रीड़ा।

glimmer (ग्लिम्´-ॲ:) ***v.*** (glimmered, glimmering) to give off a dim or unsteady light, झिलमिलाना, टिमटिमाना। ***n.*** 1. a dim or unsteady light, झिलमिल, झिलमिलाहट, टिमटिमाहट। 2. a faint indication, हलका संकेत, झलक, आभास।

glimpse (ग्लिम्प्स्) ***n.*** 1. a brief or incomplete view, झलक, झाँकी। 2. a vague indication, आभास, हलका संकेत।***v.*** (glimpsed, glimps-

ing) 1. to catch a glimpse of, झलक पाना या मिलना। 2. to have a vague indication, आभास मिलना।

glint (ग्लिन्ट्) *v.* (glinted, glinting) to send out a brief flash of light, झिलमिलाना, चमकना। *n.* a brief flash of light, झिलमिल, चमक।

glisten (ग्लिस्´-अॅन्) *v.* (glistened, glistening) to reflect with brightness, झलझल करना, जगमगाना। *n.* a glistening shine, झलझल, जगमगाहट।

glister (ग्लिस्´-टॅः) *v.* = glitter.

glitch (ग्लिच्) *n.* a minor irregularity or malfunction of a machine, plan etc., छोटी-मोटी गड़बड़ी।

glitter (ग्लिट्´-अॅः) *v.* (glittered, glittering) to sparkle, चमकना, चमचम करना, चमचमाना। *n.* 1. a sparkling light or brightness, चमक, चमक-दमक। 2. brilliant or showy attractiveness, तड़क-भड़क।

gloaming (ग्लो´-मिंग्) *n.* dusk, twilight, झुटपुटा, गोधूलि-वेला।

gloat (ग्लोट्) *v.* (gloated, gloating) to feel or express malicious delight, दुष्टतापूर्ण हँसी हँसना, बुरी भावना से प्रसन्न होना; He is gloating over our misery, वह हमें मुसीबत में देखकर ख़ुश हो रहा है। *n.* malicious delight, दुष्टतापूर्ण हँसी, दूसरे को मुसीबत में देखकर होनेवाली ख़ुशी।

glob (ग्लॉब) *n.* 1. a rounded mass, गोला। 2. a drop, बूँद।

global (ग्लो´-बॅल्) *adj.* worldwide, विश्वव्यापी, सार्वभौम, सार्वभौमिक; global policy, सार्वभौम नीति।

globe (ग्लोब्) *n.* 1. a spherical object with a map of earth on it, ग्लोब, गोलक। 2. the world, विश्व, संसार।

globe-trotter (ग्लोब्´-ट्रॉट्-अॅः) *n.* one who travels widely, विश्व-भर में घूमनेवाला, विश्वयात्री।

globular (ग्लोब्´-यु-लॅः) *adj.* shaped like a globe, गोलाकार, वर्तुलाकार।

globule (ग्लोब्´-यूल्) *n.* a small rounded mass, गोली।

globulin (ग्लोब्´-यॅ-लिन्) *n.* a kind of protein found in blood, milk, plants etc., ग्लोब्युलिन।

glockenspiel (ग्लॉर्क्-अॅन्-स्पील्) *n.* a musical instrument consisting of bars played with two light hammers, ग्लाकेनस्पील।

gloom (ग्लूम्) *n.* 1. total or semi darkness, हलका या घना अंधकार। 2. a feeling of dejection, विषाद। 3. an atmosphere of melancholy, निराशापूर्ण वातावरण।

gloominess (ग्लू´-मि-निस्) *n.* the state of being gloomy, अंधकार; विषाद।

gloomy (ग्लू´-मी) *adj.* (gloomier, gloomiest) 1. almost dark, अँधेरा, अंधकारपूर्ण। 2. causing or marked by depression, विषादमय, विषादपूर्ण, मनहूस, निराशाजनक। 3. sad, down-hearted, उदास, दुखी।

glorification (ग्लोर्-इ-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* 1. the act of glorifying, गुणगान, स्तुति। 2. beauty, excellence, सुंदरता, शोभा, श्री।

glorify (ग्लोर्´-इ-फ़ाइ) *v.* (glorified, glorifying) 1. to praise highly, ख़ूब प्रशंसा करना, बढ़ा-चढ़ाकर कहना, बड़ाई करना। 2. to extol, गुणगान करना, स्तुति करना। 3. to worship, पूजा करना।

glorious (ग्लोर´-इ-अॅस्) *adj.* 1. having glory, गौरवपूर्ण, शानदार। 2. bringing glory, यशस्कर। 3. magnificent, splendid, भव्य, शानदार, वैभवपूर्ण। 4. illustrious, यशस्वी, महान। 5. delightful, आनंददायक, आनंदप्रद।

glory (ग्लो´-री) *n.* (plu. glories) 1. renown and honour won by great deeds, यश, गौरव, महिमा। 2. adoration and praise offered in worship, ईशस्तुति, वंदना। 3. a praiseworthy attribute, प्रशंसनीय गुण, शान। 4. splendour, beauty, सौंदर्य, शोभा, श्री, शान। 5. magnificence, महत्ता, भव्यता, शान। 6. anything deserving praise and honour, प्रशंसा और यश का पात्र। □ **glory in,** (i) to be very happy about, ख़ुशियाँ मनाना; (ii) to take pride in, गर्व का अनुभव करना।

gloss[1] (ग्लॉस्) *n.* 1. the shine on a smooth

surface, चमक, ओप, चमक-दमक। 2. a superficially attractive appearance, तड़क-भड़क, चमक-दमक। *v.* (glossed, glossing) to make glossy, चमकदार बनाना, चमक लाना। □ **gloss over,** to attempt to ignore or excuse, अनदेखी करना, ध्यान न देना, उपेक्षा करना।

gloss² *n.* 1. an explanatory note, टीका, टिप्पणी। 2. a translation or commentary on some text, व्याख्या, भाष्य। *v.* (glossed, glossing) 1. to write explanatory notes, टीका करना, व्याख्या करना, भाष्य लिखना। 2. to add glosses to, भाष्य देना, टीका लिखना।

glossary (ग्लॉस्´-अॅ-री) *n.* (plu. glossaries) an alphabetical list of technical terms, पारिभाषिक शब्दावली।

glossiness (ग्लॉस्´-इ-निस्) *n.* the quality of being glossy, चमक, ओप।

glossy (ग्लॉस्´-ई) *adj.* having a smooth and shining surface, shiny, चमकदार, चमकीला।

glottal (ग्लॉट्´-अॅल्) *adj.* of glottis, कंठद्वार-संबंधी, स्वरयंत्र-मुख-संबंधी।

glottal stop *n.* the speech sound produced by the opening or shutting of the glottis, कंठद्वार के बंद होने या खुलने पर होनेवाली ध्वनि, कंठध्वनि।

glottis (ग्लॉट्´-इस्) *n.* (plu. glottises, glottides) the space between the vocal cords at the upper part of the larynx, कंठद्वार, स्वरयंत्र-मुख।

glove (ग्लव्) *n.* a protective covering for the palm and fingers, दस्ताना। *v.* (gloved, gloving) to cover with gloves, दस्ताने पहनना।

glover (ग्लव्´-अः) *n.* one who manufactures gloves, दस्तानों का निर्माता।

glow (ग्लो) *v.* (glowed, glowing) 1. to shine intensely and steadily without a flame or smoke, चमकना। 2. to be bright or radiant, चमकना। 3. to be very cheerful and enthusiastic, प्रफुल्लित होना, चमकना, उत्साहित होना, खिल उठना। *n.* 1. a light emitted by a heated body, चमक। 2. brilliance of colour, चमक, दीप्ति, उज्ज्वलता। 3. flush, लाली, सुर्ख़ी। 4. a warm feeling, हार्दिकता। 5. cheerfulness, enthusiasm, प्रफुल्लता, उत्साह, जोश।

glower (ग्लो´-अः) *v.* (glowered, glowering) to look angrily, to stare angrily, आँखें तरेरना, घूरना, आँखें दिखाना।

glowing (ग्लो´-इंग्) *adj.* 1. in a glow, चमकता हुआ, चमचमाता हुआ। 2. enthusiastic, उत्साहपूर्ण, उत्साहप्रद।

glowworm (ग्लो´-व़ःम्) *n.* a kind of beetle, female of which emits greenish light, जुगनूँ।

gloxinia (ग्लॉक्-सिन्´-इ-अॅ) *n.* a plant with bell-shaped flowers, ग्लॉकसिनिया।

glozing (ग्लोज़्´-इंग्) *n.* 1. flattery, चापलूसी, ख़ुशामद। 2. deceit, छल, धोखा।

glucose (ग्लू´-कोस्) *n.* a form of sugar found in fruit juice, गुलूकोस, फलशर्करा।

glue (ग्लू) *n.* 1. an adhesive prepared by boiling animal bones, horns etc,. सरेस। 2. any sticky substance, गोंद। *v.* (glued, gluing) 1. to fasten or fastened with glue, गोंद से चिपकना या चिपकाना। 2. to be constantly associated with, (किसी के साथ) लगे या चिपके रहना। 3. to concentrate upon, एकाग्र होना।

gluey (ग्लू´-ई) *adj.* sticky, चिपचिपा।

glum (ग्लम्) *adj.* (glummer, glummest) sad and gloomy, उदास और दुखी, निराश, हताश।

glumly (ग्लम्´-ली) *adv.* gloomily, dejectedly, उदास तथा दुखी होकर, निराशापूर्वक।

glumness (ग्लम्´-निस्) *n.* gloom, निराशा, विषाद।

glut (ग्लट्) *v.* (glutted, glutting) 1. to eat excessively, भकोसना, ठूँसना। 2. to feed fully, to gratify to excess, अघा देना, तृप्त कर देना, छका देना। 23. to fill or supply excessively, ठूँस देना, भर देना, पाट देना, भरमार कर देना। *n.* 1. an excessive supply, अधिक मात्रा में उपलब्धता, भरमार। 2. satiation, अघाई, छकाई, तुष्टि।

gluten (ग्लू´-टिन्) *n.* a protein in wheat flour, गेहूँ में होनेवाला एक प्रकार का प्रोटीन।

glutinous (ग्लू´-टि-नॅस्) *adj.* like glue, sticky, चिपचिपा, गोंदिला।

glutton (ग्लट्´-ॲन्) *n.* 1. a person who overeats habitually, भुक्खड़, पेटू। 2. a greedy person, लोभी। 3. insatiable enthusiast, उतावला।

gluttonous (ग्लट्´-ॲन्-ॲस्) *adj.* 1. eating too much, बहुत अधिक खानेवाला, पेटू, भुक्खड़। 2. greedy, लोभी।

gluttony (ग्लट्´-ॲन्-ई) *n.* 1. excessive eating, भुक्खड़पन, पेटूपन। 2. greed, लोभ, लालच।

glycerine, glycerin (ग्लिस्´-ॲ-रिन्) *n.* a sticky fluid obtained from fats and oil, ग्लिसरीन।

glycerol (ग्लिस्´-ॲ-रोल्) *n.* glycerine, ग्लिसरीन।

gnarl (ना:ल्) *n.* a knot in tree-trunk or wood, पेड़ या लकड़ी में होनेवाली गाँठ।

gnarled (ना:ल्ड्) *adj.* 1. having a gnarl or gnarls, गाँठदार, गाँठोंवाला। 2. weather-beaten, मौसम का मारा, मौसम से त्रस्त।

gnash (नैश्) *v.* (gnashed, gnashing) to grind (one's teeth) in rage, गुस्से में (दाँत) पीसना।

gnat (नैट्) *n.* 1. a mosquito, मच्छर। 2. a small Indian bomber, एक प्रकार का छोटा भारतीय बमवर्षक वायुयान।

gnaw (ना:) *v.* (gnawed, gnawing) 1. to bite persistently at something hard, कुतरना। 2. to wear away by nibbling, कुतर डालना। 3. to cause persistent pain or distress, बराबर तंग करना या दुख देना, सताना, यंत्रणा देना।

gnawing (ना:´-इंग्) *adj.* causing pain or distress, कष्टदायक, दुखदायक।

gneiss (नाइस्) *n.* a granite-like rock, ग्रनाइट-जैसी चट्टान।

gnome (नोम्) *n.* 1. one of a fabled race of dwarflike creatures living underground and guarding the treasures of the earth, पाताल में ख़ज़ाने की रक्षा करनेवाले बौनों की एक जाति। 2. a dwarfish person, बौना। 3. a banker of international status, अंतर्राष्ट्रीय महाजन।

gnomic (नो´-मिक्) *adj.* aphoristic, सूत्रात्मक।

gnosis (नो´-सिस्) *n.* mystical knowledge, रहस्यमय ज्ञान, प्रज्ञान।

gnostic (नोस्ट्´-इक्) *adj.* of gnosis, प्रज्ञान-संबंधी, प्रज्ञानिक।

gnu (नू, न्यू) *n.* an antelope having an oxlike head, एक प्रकार का हिरन जिसका सिर बैल की तरह होता है।

go (गो) *v.* (went, gone, going) 1. to proceed, जाना, प्रस्थान करना, रवाना होना, आगे बढ़ना। 2. to extend from one place to another, जाना; This highway goes to Calcutta. यह सड़क कलकत्ता जाती है। 3. to engage in a specified activity, रहना; They went hungry, वे भूखे रहे। 4. to be functioning, काम करना या देना, चलना; That clock doesnot go. वह घड़ी चलती नहीं। 5. to become, बनना, होना; to go crazy, सनकी बनना, सनक जाना। 6. to happen, घटित होना। 7. to be allotted, हिस्से में आना। 8. to fail, विफल होना, बेकाम हो जाना। 9. to die, मर जाना; The old man went yesterday. बूढ़ा कल चलता बना। 10. to be used or spent, up, व्यय होना, समाप्त होना। 11. to disappear, लुप्त होना। 12. to be abolished, नष्ट होना, उन्मूलन होना। 13. to attend, उपस्थित होना, जाना; He goes to school. वह स्कूल जाता है। 14. to furnish, देना, मुहैया करना। 15. to be contained in, जाना; 4 goes into 16 four times. १६ चार से ४ बार जाता है। 16. to endure, सहन करना, बर्दाश्त करना। 17. to carry out, चलाना; What the boss says goes. अफ़सर की बात ही चलती है। 18. to bet, बाज़ी या दाँव लगाना। □ **go about,** (i) to busy oneself with, व्यस्त रहना; (ii) to tackle, सामना या मुकाबला करना; (iii) to be current, फैला होना; **go against,** to be contrary or unfavourable, to oppose, विपरीत होना, विरोध करना; **go ahead,** to proceed forward, आगे बढ़ना, आगे निकल जाना; **go along with,** to agree with, सहमत होना; **go at,** to attack, आक्रमण करना; **go back,** to return, वापस होना या लौटना; **go back on,** to break promise or betray, वचन तोड़ना या विश्वासघात करना; **go by,** (i) to

pass, बीतना; (ii) to be guided by, मार्गनिर्देशन होना; to make base, आधार बनाना; **go down,** (i) to set, अस्त होना; (ii) to sink, डूबना, (iii) to be written down, लिखत में आना, लिखा जाना; (iv) to be accepted, स्वीकार्य होना; (v) to be defeated, हार जाना; **go far,** (i) to succeed, सफल होना; (ii) to prosper greatly, ख़ूब समृद्ध होना; **go for,** (i) to try to obtain, प्राप्त करने के लिए प्रयास करना; (ii) to prefer, तरजीह देना, वरीयता देना; (iii) to attack, आक्रमण करना; (iv) to be of some value or importance, महत्त्व रखना, महत्त्वपूर्ण होना; **go in for,** to try, प्रयत्न करना; **go into,** to investigate, जाँच करना, पूछ-ताछ करना; **go off,** (i) to take place, घटित होना, (ii) to be fired, (गोली) चलना या छूटना, (बम) फटना, (iii) to start ringing, बजाना; The alarm went off at 4 o'clock. चार बजे अलार्म बजने लगा; **go on,** (i) to continue, बने रहना, चले चलना, चलाए चलना; (ii) to take place, घटित होना; (iii) to ride on, सवार होना, सवारी करना; (iv) to argue, तर्क करना, हुज्जत करना; **go round,** (i) to be sufficient, पूरा पड़ना; (ii) to be long enough to encircle, पूरा घेरना; (iii) to spread, फैलना; **go out,** (i) to leave one's place, बाहर जाना; (ii) to attend social functions, सामाजिक समारोहों में सम्मिलित होना; (iii) to be out of fashion, फ़ैशन में न रह जाना; (iv) to be extinguished, बुझना; **go over,** (i) to study and examine carefully, सूक्ष्मतापूर्वक अध्ययन करना; (ii) to check and repair, जाँचकर मरम्मत करना; (iii) to make an impression, प्रभाव छोड़ना; **go through,** (i) to undergo, गुज़रना, अनुभव करना; (ii) to search or examine thoroughly, अच्छी तरह ढूँढ़-खोज करना या जाँचना-पड़तालना; (iii) to go over, पढ़ना, पढ़ जाना; **go under,** (i) to sink, डूब जाना; (ii) to fail, विफल होना; **go up,** (i) to rise or ascend, ऊपर उठना, ऊपर जाना, चढ़ना; (ii) to increase, बढ़ोतरी होना, वृद्धि होना, बढ़ना; **go with,** (i) to accompany, साथ देना; (ii) to associate, मिलना-जुलना; **go without,** to be deprived or denied (of, से) वंचित होना। *n.* (plu. goes) 1. a try or venture, चेष्टा, प्रयास, प्रयत्न। 2. a turn, बारी। 3. energy, vitality, शक्ति, स्फूर्ति।

goad (गोड्) *n.* 1. a sharp pointed stick for driving animals, चौपायों को हाँकने की छड़ी या अंकुश। 2. stimulus, प्रोत्साहन, प्रेरणा। *v.* (goaded, goading) 1. to drive forward with a goad, छड़ी से हाँकना। 2. to provoke or incite, उकसाना, प्रेरित करना।

go-ahead (गो´-अॅ-हेॅड्) *n.* a signal for proceeding, आगे बढ़ने का संकेत, अग्रसर।

goal (गोल्) *n.* 1. an objective or aim, उद्देश्य, लक्ष्य, ध्येय। 2. the structure or area into which the ball must pass to score a point, गोल। 3. a point scored in this way, गोल।

goalie (गो´-ली) *n.* = goalkeeper.

goalkeeper (गोल्´-की-पॅ:) *n.* the player who defends the goal, गोलरक्षक, गोलकीपर, गोली।

goal-keeping (गोल्´-कीप्-इंग्) *n.* the act or art of defending the goal, गोलरक्षण, गोलरक्षा, गोलकीपिंग।

goat (गोट्) *n.* 1. a horned bearded domesticated mammal related to the sheep, बकरी। 2. a lecherous man, लंपट या कामुक व्यक्ति। ☐ **get someone's goat,** to annoy someone, किसी को क्रुद्ध करना।

goatee (गो-टी´) *n.* a short pointed beard, बकरीनुमा दाढ़ी, बकरदाढ़ी, बुच्ची दाढ़ी।

goatherd (गोट्´-हः:ड्) *n.* one who tends goats, गड़रिया, गड़ेरिया।

goatish (गोट्´-इश्) *adj.* lecherous, कामुकतापूर्ण, कामुक।

goatskin (गोट्´-स्किन्) *n.* 1. the skin of a goat, बकरी की ख़ाल। 2. a container made from goatskin, बकरी की ख़ाल का बना थैला या मश्क़।

gob[1] (गॉब्) *n.* 1. a lump, ढेला या डला। 2. (plu.) heaps, ढेर के ढेर, ढेरों; gobs of money, ढेरों रुपए।

gob[2] (गॉब्) *n.* a sailor, नाविक।

gob[3] (गॉब्) *n.* a mouth, मुँह।

gobbet (गॉब्´-इट्) *n.* a morsel of food, कौर,

ग्रास।

gobble (गॉब्´-अॅल्) *v.* (gobbled, gobbling) 1. to eat quickly and greedily, भकोसना, हड़पना, निगलना। 2. to grab, छीनना, हड़पना।

gobbledygook (गॉब्´-अॅल्-डि-गूक्) *n.* wordy jargon, शब्दजाल।

gobbler (गॉब्´-लॅः) *n.* a male turkey, गीध।

go-between (गो´-बि-ट्वीन्) *n.* 1. an intermediary between two sides, बिचौलिया, मध्यस्थ, दलाल। 2. a pimp, कुटना, दलाल।

goblet (गॉब्´-लिट्) *n.* a drinking glass without a handle, बिना हैंडिल का प्याला या गिलास।

goblin (गॉब्´-लिन्) *n.* an evil and mischievous spirit, दुष्टात्मा, प्रेत।

go-cart (गो´-काःट्) *n.* a small carriage for a child to ride, बच्चा-गाड़ी।

god (गॉड्) *n.* 1. the creator, operator and destroyer of the universe, ईश्वर, परमात्मा, प्रभु, ख़ुदा। 2. one that is worshipped as god, deity, देवता। 3. a person or thing that is excessively admired, पूज्य व्यक्ति या वस्तु।

godchild (गॉड्´-चाइल्ड्) *n.* a child in relation to its godparents, धर्मपुत्र, धर्मपुत्री।

god-daughter (गॉड्´-डाः-टॅः) *n.* a female god-child, धर्मपुत्री।

goddess (गॉड्-इस्) *n.* a female god, देवी।

godfather (गॉड्´-फ़ा-दॅः) *n.* 1. a male godparent, धर्मपिता। 2. a leader of a mafia group, माफ़िया नेता।

godfearing (गॉड्´-फ़िअॅर्-इंग्) *adj.* pious, ईश्वर से डरनेवाला, धर्मशील, धर्मभीरु, साधु-प्रकृति।

godforsaken (गॉड्´-फ़ॉः-से-कॅन्) *adj.* 1. wicked, दुष्ट। 2. desolate, वीरान, उजाड़।

godhead (गॉड्´-हॅड्) *n.* the quality of being a god, ईश्वरत्व, देवत्व।

godhood (गॉड्´-हुड्) *n.* the state of being a god, ईश्वरत्व, देवत्व।

godless (गॉड्´-लिस्) *adj.* 1. having no faith in the god, नास्तिक। 2. wicked, दुष्ट।

godlike (गॉड्´-लाइक्) *adj.* like god, ईश्वरीय, देवतुल्य।

godliness (गॉड्´-लि-निस्) *n.* the state or quality of being godly, धर्मपरायणता, पवित्रता, सदाचारिता।

godly (गॉड्´-ली) *adj.* (godlier, godliest) sincerely religious, धर्मपरायण, धार्मिक, पवित्र।

godmother (गॉड्´-मद्-अॅः) *n.* a female godparent, धर्ममाता।

godown (गो´-डाउन्) *n.* a warehouse, भंडारगृह, गोदाम।

godparent (गॉड्´-पेअॅर्-अॅन्ट्) *n.* a godfather or godmother, धर्मपिता या धर्ममाता।

godsend (गॉड्´-सॅन्ड्) *n.* an unexpected piece of good fortune, ईश्वरीय वरदान, ईश्वर की देन, सौभाग्य।

godson (गॉड्´-सन्) *n.* a male godchild, धर्मपुत्र।

Godspeed (गॉड्´-स्पीड्´) *n.* an expression of good wishes to a person starting a journey, business etc., शुभकामना का सूचक पद, जिसका आशय है कि आपकी यात्रा शुभ हो या आपको अपने काम में सफलता मिले।

goer (गो´-अॅः) *n.* 1. one who goes, जानेवाला, -गामी। 2. an expert, विशेषज्ञ।

gofer (गो´-फ़ॅः) *n.* one who runs errands for another, दूसरों के छोटे-मोटे काम करनेवाला।

go-getter (गो´-गॅट्-अॅः) *n.* an enterprising person, हिम्मती व्यक्ति, चलता-पुर्ज़ा।

goggle (गॉग्´-अॅल्) *v.* (goggled, goggling) to stare with wide open eyes, आँखें फाड़कर देखना, घूरना।

goggle-eyed (गॉग्´-अॅल्-आइड्) *adj.* having large wide-open eyes, बड़ी-बड़ी आँखोंवाला।

goggles (गॉग्´-अॅल्ज़्) *n.* (plu.) tinted eyeglasses worn as a protection against dust or glare, धूप का चश्मा।

go-go (गो´-गो) *adj.* 1. lively and energetic, जीवंत और स्फूर्त। 2. enterprising, जोखिम-भरा, साहसपूर्ण।

going (गो´-इंग्) *n.* 1. departing, प्रस्थान। 2. death, मृत्यु। 3. the condition of the ground for travelling or riding, ज़मीन की स्थिति; a rough going, ऊबड़-खाबड़ रास्ता। 4. rate of progress, गति, रफ़्तार, चाल।

5. progress, प्रगति। *adj.* 1. moving away, जानेवाला।2. current, चालू, प्रचलित, विद्यमान; going price, चालू क़ीमत; going wage, चालू मज़दूरी। 3. active and prosperous, सक्रिय और समृद्ध। 4. in working order, चलता हुआ। □ **be going to do something,** to be likely to do it, कुछ करने को तैयार होना; **get going,** (i) to start (work or discussion, कार्य या चर्चा) आरंभ करना, चलना; Set the watch going. घड़ी चला दो। (ii) to increase the speed of, गति बढ़ाना; **while the going is good,** while the situation remains healthy, जब तक स्थिति अच्छी रहे।

going over (गो-इंग्-ओ´-वॅ:) *n.* the act of correcting or putting in order, सही तथा व्यवस्थित करने की क्रिया या भाव।

goings-on (गो´-इंग्स्-ऑन्) *n.* (plu.) 1. activities unusual or undesirable, कार्रवाई, करतूत, षड्यंत्र, चाल। 2. events, घटनाक्रम।

goitre, goiter (गॉइ´-टॅ:) *n.* enlargement of thyroid gland of neck, घेघा, गलगंड।

goitrous (गॉइ´-ट्रॅस्) *adj.* of or related to goitre, गलगंड-संबंधी।

gold (गोल्ड्) *n.* 1. a yellow metal of very high value, सोना, स्वर्ण। 2. a coin made of gold, स्वर्णमुद्रा। 3. an ornament made of gold, स्वर्णाभूषण। 4. colour of the gold, पीला रंग। 5. wealth, धन-दौलत, संपत्ति। 6. something very precious, बहुमूल्य पदार्थ। *adj.* 1. made of gold, सोने का (बना हुआ)। 2. deep yellow, गहरा पीला। □ **as good as gold,** of great worth, valuable, बहुमूल्य।

goldbeater (गोल्ड्´-बी-टॅ:) *n.* one who beats gold into gold-leaf, सोने के पत्तर या वरक बनानेवाला।

goldbrick (गोल्ड्´-ब्रिक्) *n.* 1. a brick of gold, सोने की ईंट। 2. one who shirks work, shirker, काम से भागनेवाला, काम-चोर।

gold-digger (गोल्ड्´-डिग्-अॅ:) *n.* a woman who tries to grab money from the rich, रईसों से पैसा ऐंठनेवाली स्त्री।

gold-dust (गोल्ड्´-डस्ट्) *n.* gold in the form of fine powder, स्वर्णचूर्ण, सोने की धूल।

golden (गोल्´-डॅन्) *adj.* 1. made of gold, सोने का बना हुआ, सुनहरा। 2. like gold, सोने-जैसा, सुनहरा। 3. deep yellow, गहरा पीला, सुनहरा। 4. valuable, बहुमूल्य। 5. happy, प्रसन्न, ख़ुश। 6. excellent, अत्युत्तम, उत्कृष्ट।

golden age *n.* the period of highest prosperity and happiness, स्वर्णकाल।

golden ager *n.* an old person, वृद्ध व्यक्ति, बूढ़ा आदमी।

golden anniversary *n.* the celebration of the fiftieth year of foundation, marriage etc. स्वर्ण जयंती।

golden eye (गोल्´-डॅन्-आइ) *n.* a kind of wild duck, जंगली बत्तख़।

golden boy *n.* a successful person, सफल व्यक्ति।

golden handshake *n.* compensation given to a person forced to retire, सेवा से बलात् निवृत्त किए जानेवाले व्यक्ति को दी जानेवाली हर्जाने की राशि।

golden jubilee *n.* = golden anniversary.

golden opportunity *n.* a favourable chance, सुनहरा मौका, स्वर्णिम अवसर।

golden rule *n.* a basic principle of action, सुनहरा नियम।

golden wedding *n.* the fiftieth anniversary of a wedding, विवाह की स्वर्ण जयंती।

golden-rod (गोल्´-डॅन्-रॉड्). a plant with yellow flowers, गोल्डन रॉड।

goldfield (गोल्ड्´-फ़ील्ड्) *n.* an area in which gold is found, स्वर्णक्षेत्र।

goldfinch (गोल्ड्´-फ़िंच्) *n.* a singing bird with yellow markings, गोल्डफ़िंच।

goldfish (गोल्ड्´-फ़िश्) *n.* a small orange coloured fish, सोन मछली।

goldleaf *n.* a leaf of gold, सोने का पत्तर।

goldmine *n.* a mine of gold, सोने की खान।

gold-plated (गोल्ड्´-प्ले´-टिड्) *adj.* plated with gold, जिसपर सोने का मुलम्मा चढ़ाया हुआ हो।

gold rush *n.* a rush to newly discovered gold-field, नए स्वर्णक्षेत्र की ओर होनेवाली लोगों की दौड़।

goldsmith (गोल्ड्´-स्मिथ्) *n.* one who prepares or sells articles of gold, सुनार, स्वर्णकार।

gold standard *n.* a monetary standard in which the value of money is based on that of gold, स्वर्णमान।

gold star *n.* an emblem indicating that someone dear has been killed in action, स्वर्णतारक।

golf (गोल्फ़्) *n.* a game played with a stick and ball on an open course, गोल्फ़। *v.* (golfed, golfing) to play golf, गोल्फ़ खेलना।

golf club *n.* a club used in golf, गोल्फ़ खेलने की छड़ी।

golf course *n.* the area of land on which golf is played, गोल्फ़ का मैदान।

golfer (गोल्फ़्´-अ:) *n.* one who plays golf, गोल्फ़ का खिलाड़ी।

golf-links *n.* = golf course.

golly (गॉल्´-ई) *interj.* an exclamation of surprise, अरे! विस्मयसूचक अव्यय।

gonad (गो´-नैड्´) *n.* the reproductive gland, जनन-ग्रंथि।

gonadal (गो-नैड्´-अॅल्) *adj.* of or related to a gonad, जनन-ग्रंथि-संबंधी।

gondola (गॉन्´-डॅ-लॅ) *n.* 1. a long narrow boat with pointed ends, एक प्रकार की लंबोतरी नाव। 2. an open shallow freight car, मालगाड़ी का बिना छत का डिब्बा। 3. a basket like compartment suspended beneath a balloon, गुब्बारे के साथ लगी हुई बैठने की टोकरी, झूला।

gondolier (गॉन्-डॅ-लिअ:´) *n.* one who propels a gondola, माँझी।

gone (गॉन्) *v.* p.p. of 'go'. *adj.* 1. past, बीता हुआ, विगत। 2. dead, मृत, मरा हुआ। 3. ruined, विनष्ट, ध्वस्त, बर्बाद। 4. used up, spent, व्यय किया हुआ, इस्तेमाल किया हुआ। 5. infatuated, मुग्ध। 6. pregnant, गर्भवती।

goner (गा:´-नें:) *n.* 1. one who is dead or dying, मरणासन्न या मृत व्यक्ति। 2. one who is ruined, तबाह, बर्बाद, विनष्ट।

gonfalon (गॉन्´-फ़ॅ-लॅन्) *n.* a banner, बैनर।

gong (गा:ङ्ग्) *n.* a metal disc that resounds when struck, घंटा।

gonococcus (गॉन्-अॅ-कॉक्´-अॅस्) *n.* the micro-organism causing gonorrhea, सूज़ाक का कीटाणु।

gonorrhea (गॉन्-अ-री´-अॅ) *n.* an infectious venereal disease, सूज़ाक।

gonorrhoeal (गॉन्-अ-री´-अॅल्) *adj.* of gonorrhea, सूज़ाक का, सूज़ाक-संबंधी।

goo (गू) *n.* a sticky wet substance, चिपचिपा पदार्थ।

good (गुड्) *adj.* (better, best) 1. having desirable qualities, अच्छा, उत्तम। 2. morally excellent, virtuous, kind, well-behaved, सच्चरित्र, भला, नेक। 3. proper, right, उचित, ठीक। 4. enjoyable, मज़ेदार, सुखद। 5. satisfactory, संतोषजनक। 6. beneficial, लाभकारी। 7. competent, सक्षम। 8. sound, स्वस्थ। 9. genuine, असली। 10. ample, considerable, प्रचुर, अच्छा-ख़ासा। 11. favourable, अनुकूल। 12. full, पूर्ण, पूरा। □ **a good deal,** a considerable amount, अच्छी ख़ासी मात्रा; **as good as,** (i) equal to, बराबर, (ii) almost, के लगभग; **for good,** for ever, सदा के लिए, हमेशा के लिए; **make good,** (i) to fulfill, पूरा करना; (ii) to compensate for, क्षतिपूर्ति करना; (iii) to be successful, सफल होना। *adv.* entirely, पूर्णत:। *n.* 1. goodness, अच्छाई, भलाई। 2. profit, लाभ, फ़ायदा। 3. a good thing, अच्छी वस्तु।

good after-noon *n.* an afternoon greeting, नमस्कार।

goodby, goodbye (गुड्-बाइ´) *interj.* farewell, अलविदा, विदा।

good-for-nothing (गुड्´-फॉ:-नथ्-इंग्) *adj.* worthless, बेकार, रद्दी। *n.* a worthless person, निकम्मा आदमी।

Good Friday *n.* the Friday before Easter, गुडफ्राइडे, ईस्टर के पहले का शुक्रवार।

good-hearted (गुड्´-हा:´-टिड्) *adj.* kind and generous, भला, नेक, सहृदय।

good-humoured (गुड्´-ह्यू´-मॅ:ड्) *adj.* cheer-

ful, ख़ुशमिज़ाज, ख़ुशदिल, हँसमुख।

goodish (गुड्´-इश्) *adj.* fairly good, भला-सा या अच्छा-ख़ासा।

good-looking (गुड्-लुक्´-इंग्) *adj.* handsome, beautiful, सुंदर, सुदर्शन।

goodly (गुड्´-ली) *adj.* (goodlier, goodliest) 1. comely, attractive, सुंदर, आकर्षक। 2. ample, considerable, अच्छा-ख़ासा।

good morning *n.* a morning greeting, नमस्कार, जय प्रभात।

good-natured (गुड्-ने´-चॅ:ड्) *adj.* of kind disposition, सुशील, भला।

goodness (गुड्´-निस्) *n.* 1. the quality of being good, अच्छाई। 2. kindness, दयालुता। 3. virtuousness, सदाचार, सद्गुण। 4. welfare, कल्याण, भलाई। *interj.* a euphemistic word for god, परमात्मा। (मंगलभाषित)

good night *n.* an evening or night greeting, नमस्कार, शुभ रात्रि।

good offices *n.* (plu.) influence deriving from one's position, व्यक्तिगत प्रभाव; through their good offices, अपने व्यक्तिगत प्रभाव द्वारा।

goods (गुड्स्) *n.* (plu.) 1. articles of trade, सामग्री, माल। 2. personal belongings, व्यक्तिगत सामान।

goodsamaritan (गुड्-सॅ-मैर्´-इ-टॅन्) *n.* one who helps others in a big way, परोपकारी व्यक्ति, दुखियों की मदद करनेवाला।

good sense *n.* reason or sensible conduct, समझदारी।

goods shed *n.* a shed for goods, मालगोदाम।

goods train *n.* the train that carries goods, मालगाड़ी।

good-tempered (गुड्-टॅम्´-पॅ:ड्) *adj.* having or showing good temper, बढ़िया स्वभाववाला, सुशील।

goodwill (गुड्-विल्´) *n.* 1. a friendly feeling, benevolence, सद्भावना। 2. value of reputation and popularity of a business firm, गुडविल, सुनाम।

goody (गुड्´-ई) *n.* 1. something good or attractive, कोई अच्छी या आकर्षक वस्तु। 2. a person of good character, सच्चरित्र व्यक्ति; goodies and baddies, अच्छे और बुरे लोग। *interj.* very good indeed, वाह!

goody-goody (गुड्´-ई-गुड्´-ई) *adj.* a smugly person, नेकी का दिखावा करनेवाला व्यक्ति।

gooey (गू´-ई) *adj.* 1. sticky, चिपचिपा। 2. sentimental, भावुक।

goof (गूफ़्) *n.* 1. a stupid person, मूर्ख व्यक्ति। 2. a mistake, भूल, त्रुटि। *v.* (goofed, goofing) 1. to kill time, समय बर्बाद करना। 2. to blunder, भूल करना।

goofy (गू´-फ़ी) *adj.* (goofier, goofiest) *adj.* stupid, मूर्ख या मूर्खतापूर्ण।

googly (गू´-ग्ली) *n.* an off-break ball bowled with leg-break action, गुगली।

goon (गुन्) *n.* 1. a foolish person, मूर्ख व्यक्ति। 2. a hired goonda, भाड़े का गुंडा।

goose (गूज़्) *n.* (plu. geese) 1. a bird of a duck family, हंस। 2. a stupied fellow, मूर्ख व्यक्ति। 3. a silly girl, मूर्ख लड़की। □ **cook someone's goose** (i) to kill someone, किसी को जान से मार डालना; (ii) to spoil someone's chances, किसी की आशा तोड़ देना।

Gordian knot (गॉ:´-डि-ॲन्-नॉट्) *n.* a complicated problem, जटिल समस्या। □ **cut the Gordian knot,** to solve a problem by most drastic means, समस्या का निराकरण अत्यंत उग्र उपायों से करना, कठिन काम करना।

gore[1] (गॉ:) *v.* (gored, goring) to stab or pierce with a horn or tusk, सींग घुसेड़ देना, दाँत चुभो देना। *n.* thickened blood shed from a wound, ख़ून का थक्का।

gore[2] *n.* a triangular piece of cloth, कपड़े का तिकोना टुकड़ा, कली।

gorge (जॉ:ज्) *n.* 1. a narrow valley with steep walls, सँकरी गहरी घाटी। 2. a mass obstructing a narrow passage, रास्ते को बाधित करनेवाला ढेर। *v.* (gorged, gorging) 1. to eat greedily, भकोसना। 2. to stuff, ठूस देना या लेना।

gorgeous (गॉ:´-जॅस्) *adj.* dazzlingly brilliant, अत्यंत चमकीला, भड़कीला। 2. mag-

nificent, भव्य, शानदार। 3. very attractive, अत्यंत आकर्षक, सुंदर, लुभावना। 4. delightful, मज़ेदार।

gorgeously (गॉ:´-जॅस्-ली) *adv.* in a gorgeous manner, शानदार ढंग से।

gorget (गॉ:´-जिट्) *n.* 1. a necklace, गले का हार। 2. a patch of colour on bird's neck, कंठी।

gorgon (गॉ:´-गॉन्) *n.* a fierce and ugly woman, बहुत ही बदशक्ल तथा झगड़ालू स्त्री, भूतनी।

gorilla (गॅ-रिल्´-ॲ) *n.* a large African ape, गुरिल्ला, बनमानुस।

gormandize (गॉ:´-मॅन्-डाइज़्) *v.* (gormandized, gormandizing) to eat gluttonously, भकोसना, पेट में ठूस लेना।

gorse (गॉ:स्) *n.* a shrub with yellow flower, गार्स नामक पौधा।

gory (गोर्´-ई) *adj.* (gorier, goriest) 1. bloodstained, ख़ून से लथपथ, रक्तरंजित। 2. involving bloodshed, हिंसापूर्ण, मार-काट से भरा।

gosh (गॉश्) *interj.* an exclamation of mild surprise, ओफ़, अरे!

goshawk (गॉस्´-हा:क्) *n.* a large hawk, एक प्रकार का बड़ा बाज़।

gosling (गॉज़्´-लिंग्) *n.* a young goose, हंस का बच्चा, हंसशावक।

gospel (गॉस्´-पॅल्) *n.* 1. the teachings of Christ, येशु का उपदेश, सुसमाचार, शुभ संदेश। 2. any of the first four books of the New Testament, नव विधान की प्रथम चार पुस्तकों में से कोई एक। 3. something accepted as unquestionably true, ऐसी बात जिसे पूर्ण रूप से सत्य माना जाता हो। 4. a set of principles that one believes in, वे सिद्धांत जिसे कोई मानता हो। 5. Christian doctrine, ईसाई मत। 6. message, संदेश; gospel of nationalism, राष्ट्रवाद का संदेश।

gospel truth *n.* an unquestionable truth, वेदवाक्य।

gossamer (गॉस्´-ॲ-मॅ:) *n.* 1. a cobweb, मकड़जाल। 2. any delicate material, नाजुक वस्तु।

gossip (गॉस्´-इप्) *n.* trivial talk especially about other people's affairs, इधर-उधर की बात, गपशप, बतकही। 2. one who is fond of gossiping, गप्पी, गपोड़संख, गपोड़िया। *v.* (gossiped, gossiping) to engage in gossip, गपशप करना, गप लड़ाना।

gossip column *n.* a column in a newspaper for gossips, कुछ इधर की कुछ उधर की, तीर और तुक्का (समाचारपत्र का स्तंभ)।

got (गॉट्) *v.* p.t. & p.p. of get.

Goth (गॉथ्) *n.* a member of a Germanic tribe that invaded the Roman Empire from the third to fifth centuries, गाथ जाति।

Gothic (गॉथ्´-इक्) *adj.* 1. of the Goths or their language, गाथों का या उनकी भाषा से संबद्ध। 2. of an architectural style prevalent in Western Europe in the 12th-16th centuries, गाथिक। 3. of or relating to Middle Ages. मध्ययुगीन। 4. full of sensational horrors, भयानक, भयावह।

gotten (गॉट्´-ॲन्) *v.* p.t. of get.

gouge (गॉउज्) *n.* a chisel with curved blade, रुखानी। *v.* (gouged, gouging) to cut out with a gouge, रुखानी से खाँचा बनाना। □ **gouge out,** to force out with a thumb, अँगूठे से दबाकर बाहर निकालना।

goulash (गू´-लाश्) *n.* a meat and vegetable stew seasoned with paprika, एक प्रकार का पकाया हुआ झालदार मांस और सब्ज़ी।

gourd (गॉ:ड्, गू:ड्) *n.* 1. a plant and its fleshy fruit, लौकी, कद्दु। 2. the dried hollowed out shell of a gourd, तूँबी।

gourmand (गुअ:´-मान्ड्) *n.* 1. a person who eats too much, भोजनभट्ट, पेटू। 2. who takes delight in eating, चटोरा।

gourmet (गू:-मे´) . one who appreciates good food and drink, अच्छे भोजन तथा पेय की प्रशंसा करनेवाला, भोजन-पारखी।

gout (गॉउट्) *n.* painful swelling of the joints, गठिया, जोड़ों का दर्द, जोड़ों की सूजन।

govern (गव्´-ॲ:न्) *v.* (governed governing) 1. to rule, शासन या राज्य करना। 2. to control and guide, नियंत्रित तथा निर्देशित करना,

परिचालन करना। 3. to regulate, नियमित करना। 4. to determine, विनिश्चित करना।

governable (गव्´-अॅ:न्-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be ruled, शासन के योग्य, शास्य।

governance (गव्´-अॅ:-नॅन्स्) *n.* the act of governing or the state of being governed, शासन, नियंत्रण।

governess (गव्´-अॅ:-निस्) *n.* a woman engaged to educate and train the children of a private household, गृह-शिक्षिका, घर में जाकर पढ़ानेवाली अध्यापिका।

governing body *n.* the body that governs, शासी निकाय, प्रबंध-निकाय।

government (गव्´-अॅ:न्-मॅन्ट्) *n.* 1. the act or process of governing, शासन। 2. the group or organization governing a country, सरकार, शासन।

governmental (गव्-अॅ:न्-मॅन्ट्´-अॅल्) *adj.* of or relating to the government, शासन-संबंधी, सरकारी, शासकीय।

governor (गव्´-अॅ:-नॅ:) *n.* 1. one who governs the province or state, राज्यपाल, गर्वनर। 2. the head of an institution or club, गवर्नर, शासनाध्यक्ष। 3. a device that automatically controls the speed or functioning of a machine, गति-नियंत्रक, गवर्नर।

governorship (गव्´-अॅ:-नॅ:-शिप्) *n.* the office of a governor, राज्यपाल का पद, गवर्नरी।

gown (गॉउन्) *n.* a loose flowing garment, गाउन, लबादा, चोगा।

gowned (गॉउन्ड्) *adj.* wearing a gown, गाउनधारी।

grab (ग्रैब्) *v.* (grabbed, grabbing) 1. to attempt to seize or arrest, पकड़ना, गिरफ़्तार करना, दबोचना। 2. to snatch, छीनना, झपटना, ज़बरदस्ती हथिया लेना। *n.* 1. the act of grabbing, छीना-झपटी, छीन-झपट, झपट्टा। 2. a device for gripping and lifting things, वस्तुओं को पकड़ने तथा ऊँचा उठाने का उपकरण।

grabber (ग्रैब्´-अॅ:) *n.* 1. one who grabs, छीना-झपटी करनेवाला, ज़बरदस्ती हथियानेवाला, झपट्टा मारनेवाला। 2. an attempt to seize something, झपट्टा।

grabble (ग्रै´-बॅल्) *v.* (grabbled, grabbling) to grope about, टटोलना, टोहना।

grace (ग्रेस्) *n.* 1. elegance in movement, शोभा, लालित्य। 2. charm, beauty, सौंदर्य, सुंदरता, चारुता। 3. elegance in manner, शालीनता। 4. favour, goodwill, अनुग्रह, कृपादृष्टि। 5. God's loving mercy toward mankind, ईश्वरीय अनुकंपा। 6. temporary respite, रियायत, छूट; grace period, मोहलत, छूट की अवधि। 7. a virtue or gift granted by God, ईश्वरीय वरदान, प्रसाद। 8. a short prayer at meal-time, भोजन के समय की जानेवाली ईश-वंदना। 9. a title used for dukes, archbishops etc., महोदय। *v.* (graced, gracing) 1. to do favour, अनुग्रह करना। 2. to embellish, सजाना, अलंकृत करना, शोभा बढ़ाना।

graceful (ग्रेस्´-फ़ुल्) *adj.* elegant, सुंदर, चारु, रमणीय, ललित।

gracefully (ग्रेस्´-फ़ुल्-ई) *adj.* in a graceful manner, शालीनतापूर्वक, शिष्टतापूर्वक।

graceless (ग्रेस्´-लिस्) *adj.* 1. having no grace, अनाकर्षक, सौंदर्यविहीन। 2. ungodly, अधर्मी।

grace marks *n.* extra marks given as a favour, अनुग्रहांक।

graces (ग्रे´-सेंज्) *n.* a goddess of beauty, सौंदर्य की देवी।

gracious (ग्रे´-शॅस्) *adj.* 1. kind and pleasant in manner, दयालु, कृपालु। 2. merciful, क्षमाशील, दयामय। 3. of good taste and breeding, courteous, भद्र, कुलीन। 4. suitable for a life of ease and indulgence, वैभवपूर्ण, सुख-सुविधा-संपन्न, मौज-मस्ती-भरा; gracious living, मौज-मस्ती का जीवन, आराम की ज़िंदगी, शाही ज़िंदगी। *interj.* used to express surprise or mild emotion, वाह!

grad (ग्रैड्) *n.* a graduate, स्नातक।

gradation (ग्रे-डे´-शॅन्) *n.* 1. a series of gradual progression, सोपानक्रम, अनुक्रम। 2. a degree or stage in such a progression, श्रेणी, स्तर। 3. the act of arranging in grades, श्रेणीकरण।

grade (ग्रेड्) *n.* 1. a degree or stage in a process, श्रेणी, स्तर। 2. a class of people or

things of the same category, वर्ग, जमात। 3. a standard of quality, गुणवत्ता का मानक। 4. a mark showing the quality of a student's work, ग्रेड। 5. slope, ढाल। □ **make the grade,** to achieve the desired standard, वांछित स्तर तक पहुँचना। *v.* (graded, grading) 1. to arrange in grades, श्रेणीकरण करना। 2. to give an academic grade (to the student, विद्यार्थी को) श्रेणी प्रदान करना। 3. to level, समतल करना।

graded (ग्रे´-डिड्) *adj.* formed by gradation, वर्गीकृत, श्रेणीबद्ध, अनुस्तरित, सोपानवत्, क्रमिक।

gradient (ग्रे´-डि-अॅन्ट्) *n.* 1. a slope, ढाल। 2. a degree of slope, ढाल का मान।

gradual (ग्रैज्´-उ-अॅल्) *adj.* 1. taking place by degrees, क्रमिक, आनुक्रमिक। 2. not steep or abrupt, क्रमिक।

gradually (ग्रैज्´-उ-अॅल्-ई) *adv.* 1. in a gradual way, क्रम-क्रम से, क्रमशः। 2. slowly, धीरे-धीरे।

graduate[1] (ग्रैज्´-उ-एट्) *v.* (graduated, graduating) 1. to grant or to be granted a degree of a course of a study, डिगरी देना या पाना। 2. to obtain a university degree, विश्वविद्यालय की उपाधि प्राप्त करना, स्नातक की उपाधि प्राप्त करना। 3. to classify, वर्गीकृत करना, श्रेणीबद्ध करना। 4. to mark with units of measurement, अंशांकित करना।

graduate (ग्रैज्´-उ-अॅट्) *n.* one who has obtained a university degree, उपाधिधारी, स्नातक।

graduation (ग्रैज्-उ-ए´-शॅन्) *n.* 1. the act of taking a university degree, स्नातक उपाधि की प्राप्ति, स्नातकीकरण। 2. the ceremony at which degrees are conferred, उपाधि-प्रदान समारोह, दीक्षांत समारोह। 3. a mark or series of marks on a graduated scale, चिह्न, चिह्नक्रम।

graffito (ग्रॅ-फ़ी´-टो) *n.* (plu. graffiti) an inscription or drawing on a wall, दीवार पर लिखा विज्ञापन, नारा या बनाया हुआ चित्र, भित्तिलेख, भित्तिचित्र। (इटैलियन)

graft (ग्राफ़्ट् / ग्रैफ़्ट्) *n.* 1. a detached shoot from one plant attached with a growing plant by insertion, क़लम, पैबंद। 2. a piece of tissue transplanted surgically to replace damaged tissue, ऊतक प्रतिरोपण। 3. bribe, रिश्वत, घूस। 4. bribery, रिश्वतख़ोरी। *v.* (grafted, grafting) 1. to unite a detached shoot of one plant to a living plant by insertion, क़लम लगाना, पैबंद लगाना। 2. to transplant a piece of tissue into a bodily part, ऊतक-प्रतिरोपण करना। 3. to join one thing inseparably to another, कोई चीज़ इस प्रकार दूसरी चीज़ से जोड़ना कि फिर अलग न हो सके। 4. to take bribe, रिश्वत लेना।

grafter (ग्राफ़्´-टॅः, ग्रैःफ़्´-टॅः) *n.* 1. one who grafts, क़लम लगानेवाला या ऊतक-प्रतिरोपण करनेवाला। 2. corrupt officer, भ्रष्ट अधिकारी, रिश्वतख़ोर।

graham (ग्रे´-अॅम्) *adj.* made from whole-wheat flour, आटे का बना हुआ।

grail (ग्रेल्) *n.* a legendary cup used by Christ at the last supper, अंतिम भोजन के समय येशु द्वारा प्रयुक्त प्याला, ग्रेल।

grain (ग्रेन्) *n.* 1. a small hard seed or fruit of wheat, rice etc., दाना, कण। 2. the seeds of such plants collectively, अन्न, अनाज, गल्ला। 3. the plants themselves, गेहूँ, धान आदि के पौधे। 4. a small hard particle, कण, ज़र्रा। 5. a tiny quantity, कण, टुकड़ा। 6. texture, बुनावट, तंतुरचना। 7. temperament, स्वभाव, प्रकृति। *v.* (grained, graining) to form grains, दानेदार बनाना।

grain alcohol *n.* ethyl alcohol, ethanol, एथनॉल।

grain-field (ग्रेन्´-फ़ील्ड्) *n.* a field of grain, गेहूँ, धान आदि का खेत।

grainy (ग्रेन्´-ई) *adj.* 1. of grains, अन्न-संबंधी। 2. like grains, दानेदार।

gram[1] (ग्राम्, ग्रैम्) *n.* one-thousandth part of a kilogram, ग्राम (तौल)।

gram[2] *n.* a plant and its seeds, चना; gram flour, बेसन।

gramineous (ग्रॅ-मि´-नि-अॅस्) *adj.* of or like

grass, घास-संबंधी, घास-जैसा।

graminvorous (ग्रै-मि-निर्व्-अॅ-रॅस्) *adj.* feeding on grass, घास खानेवाला, घासभक्षी।

grammar (ग्रैम्´-अॅ:) *n.* rules of correct usage of a language, व्याकरण।

grammarian (ग्रॅ-मेॲर्´-इ-ॲन्) *n.* 1. one who studies the grammar of a language, व्याकरणवेत्ता, व्याकरणाचार्य। 2. one who writes a grammar, वैयाकरण।

grammatical (ग्रॅ-मैट्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. of or related to grammar, व्याकरण-संबंधी, व्याकरणिक। 2. regarded as correct, सही-या शुद्ध (रूप या प्रयोग)।

grammatically (ग्रॅ-मैट्´-इ-कॅ-ली) *adv.* according to grammar, व्याकरण की दृष्टि से, व्याकरणिक दृष्टि से।

gramophone (ग्रैम्´-अॅ-फ़ोन्) *n.* a phonograph, ग्रामोफ़ोन।

grampus (ग्रैम्´-पॅस्) *n.* a whalelike marine mammal, ह्वेल की जाति का एक स्तनपायी जंतु।

granary (ग्रै´-नॅ-री, ग्रे´-नॅ-री) *n.* 1. a storehouse for grain, धान्यागार, कोठार। 2. a region producing grain in abundance, अन्नदायी क्षेत्र विशेषत: गेहूँ उत्पादक क्षेत्र, भंडार।

grand (ग्रैन्ड्) *adj.* 1. splendid, imposing, magnificent, भव्य, शानदार, वैभवपूर्ण। 2. dignified, distinguished, प्रतिष्ठित, विशिष्ट। 3. very pleasant and enjoyable, सुखद, मज़ेदार, आनंददायक। 4. including everything, inclusive, समग्र, कुल। 5. chief, main, मुख्य। 6. princely, royal, राजसी।

grandchild (ग्रैन्ड्´-चाइल्ड्) *n.* 1. a child of one's son, पोता या पोती। 2. a child of one's daughter, नाती या नतिनी, दोहता या दोहती।

granddad (ग्रैन्´-डैड्) 1. grand-father, दादा या नाना। 2. an elderly man, वृद्ध व्यक्ति।

granddaughter (ग्रैन्´-डा:-टॅ:) *n.* 1. the daughter of one's son, पोती। 2. the daughter of one's daughter, नतिनी, दोहती।

grandee (ग्रैन्-डी´) *n.* a person of high rank, अमीर या उच्चाधिकारी, उच्च-पदाधिकारी।

grandeur (ग्रैन्´-जॅ:) *n.* 1. splendour, grandness, वैभव, प्रताप, गौरव, शान। 2. greatness, महत्ता, महिमा।

grandfather (ग्रैन्´-फ़ा:-दॅ:) *n.* 1. the father of one's father, दादा, पितामह। 2. the father of one's mother, नाना।

grandiloquence (ग्रैन्-डिल्´-अॅ-क्वॅन्स्) *n.* bombastic or pompous eloquence, शब्दजाल, शब्दाडंबर।

grandiloquent (ग्रैन्-डिल्´-अॅ-क्वॅन्ट्) *adj.* using pompus language, शब्दाडंबरी।

grandiose (ग्रैन्´-डि-ओस्) *adj.* 1. majestic, वैभवपूर्ण, भव्य। 2. important, महत्त्वपूर्ण।

grandiosity (ग्रैन्´-डि-ऑस्´-इ-टी) 1. grandness, splendour, वैभव, शान, गौरव। 2. importance, महत्त्व।

grandma (ग्रैन्´-मा) *n.* grandmother, दादी या नानी।

grand master *n.* a high ranking chess player, ग्रैन्डमास्टर।

grandmother (ग्रैन्´-मद्-अॅ:) *n.* 1. the mother of one's father, दादी। 2. the mother of one's mother, नानी।

grandpa (ग्रैन्´-पा) *n.* grandfather, दादा या नाना।

grandparent (ग्रैन्´-पेॲर्:-ॲन्ट्) *n.* a parent of one's mother or father, दादा या नाना, दादी या नानी।

grandsire (ग्रैन्´-साइ:) *n.* grandfather, दादा या नाना।

grand slam *n.* victory in all the big international championships, सर्वविजय।

grandson (ग्रैन्´-सन्) 1. the son of one's son, पोता। 2. the son of one's daughter, नाती।

grandstand (ग्रैन्ड्´-स्टैन्ड्) *n.* a roofed stand for spectators commanding best view, ग्रैन्ड स्टैन्ड, महादीर्घा।

grange (ग्रेन्ज्) *n.* a farm, फ़ार्म, खेत और उसमें बना भवन।

granite (ग्रै´-नाइट्) *n.* a hard grey stone widely used for building, ग्रेनाइट।

granny (ग्रैन्´-ई) *n.* 1. grandmother, दादी या नानी। 2. an old woman, वृद्धा, बूढ़ी स्त्री।

granola (ग्रॅ-नो´-लॅ) *n.* a mixture of various dry fruits, मिला-जुला मेवा, मिश्रित मेवा।

grant (ग्रान्ट्, ग्रैन्ट्) *v.* (granted, granting) 1. to give or bestow, प्रदान करना। 2. to permit or allow, अनुमति देना। 3. to give as a grant, अनुदान देना। 4. to agree or consent to, मानना, स्वीकार करना। ☐ **take for granted,** to assume as true, विश्वास कर लेना, सत्य मान लेना। *n.* 1. the act of granting, देने की क्रिया या भाव, प्रदान। 2. something granted spl, money given by the government as help, अनुदान।

grantee (ग्रैन्´-टी) *n.* one who gets a grant, अनुदान पानेवाला, अनुदानग्राही।

granter, grantor (ग्रैन्ट्´-अॅ:) *adj.* one who gives grant, अनुदाता।

granular (ग्रैन्´-यु-लॅ:) *adj.* 1. composed of grains or granules, दानेदार, रवेदार। 2. rough, ख़ुरदरा।

granulate (ग्रैन्´-यु-लेट्) *v.* (granulated, granulating) 1. to form into grains or granules, दानेदार बनाना, रवेदार बनाना। 2. to make rough, ख़ुदरा बनाना।

granulation (ग्रैन्-यु-ले´-शॅन्) *n.* the act of granulating, दानेदार या रवेदार बनाने की क्रिया, कणिकायन, कणिकाभवन।

granule (ग्रैन्´-यूल्) *n.* a small grain or particle, कण, कणिका, कनी, दाना।

grape (ग्रेप्) *n.* 1. a juicy edible berry borne in clusters on vines, अंगूर। 2. a vine bearing such fruit, अंगूर की लता।

grapefruit (ग्रेप्´-फ़्रूट्) *n.* 1. a kind of large yellow citrus fruit, चकोतरा। 2. a tree bearing such fruit, चकोतरे का पेड़।

grapeshot (ग्रेप्´-शॉट्) *n.* a cluster of small iron balls that scattered when fired from cannon, छर्रों का समूह।

grape sugar *n.* dextrose, अंगूरशर्करा।

grapevine (ग्रेप्´-वाइन्) *n.* 1. a vine on which grapes grow, अंगूर की लता। 2. a means of passing an information unofficially, अनधिकारिक रूप से सूचना प्रदान करने का तरीका।

graph (ग्राफ़्, ग्रैफ़्) *n.* a drawing used to show relationship between two sets of numbers, ग्राफ़, आलेख। *v.* (graphed, graphing) to represent by a graph, ग्राफ़ बनाना, आलेख बनाना।

-graph *suffix* an apparatus that writes or records, आलेखी।

graphic (ग्रैफ़्´-इक्) *adj.* 1. written or printed, लिखा या छपा हुआ। 2. drawn or engraved, खींचा या नक्काशी किया हुआ। 3. giving a vivid description, सजीव, जीवंत। 4. of or pertaining to graphic arts, ग्राफ़कला-संबंधी, ग्राफ़ीय, आलेखीय।

graphical (ग्रैफ़्´-इ-कॅल्) *adj.* of graph, ग्राफ़ीय, आलेखीय।

graphic arts *n.* (plu.) the arts that involve representing, writing, printing, etching, engraving, woodcut etc., आलेख-कला, ग्राफ़-कला।

graphics (ग्रैफ़्´-इक्स्) *n.* (plu.) 1. the graphic arts, ग्राफ़-कलाएँ। 2. the making of drawings or blue-prints, चित्र या नीले नक़्शे बनाने का काम। 3. lettering and drawings, लिखावट तथा चित्र।

graphite (ग्रैफ़्´-आइट्) *n.* the soft black form of carbon, ग्रैफ़ाइट।

graphological (ग्रैफ़्-अॅ-लॉज्´-इ-कल्) *adj.* of or pertaining to graphology, हस्तलेख-संबंधी, हस्तलेखीय।

graphologist (ग्रै-फ़ॉल्´-अॅ-जिस्ट्) *n.* an expert in graphology, हस्तलेख-विज्ञान।

graphology (ग्रै-फ़ॉल्´-अॅ-जी) *n.* the method of scientific study of handwriting, हस्तलेख-विज्ञान।

graphomania (ग्रैफ़्-अॅ-मे´-नि-अॅ) *n.* too much enthusiasm for writing, लेखनोन्माद।

grapnel (ग्रैप्´-नॅल्) *n.* a small anchor, छोटा लंगर।

graph paper *n.* a paper having intersecting lines for drawing graphs etc., ग्राफ़पेपर, वर्गांकित काग़ज़।

grapple (ग्रैप्´-अॅल्) *v.* (grappled, grappling) 1. to engage in hand-to-hand fight, भिड़ना, जूझना, भिड़ंत होना, गुत्थमगुत्था होना, द्वंद्व करना। 2. to seize firmly with the hands, दबोच

लेना, जकड़ लेना। 3. to wrestle, कुश्ती लड़ना। *n.* 1. hand-to-hand fight, भिड़ंत, द्वंद्व, गुत्थमगुत्था। 2. a small anchor, छोटा लंगर।

grasp (ग्रास्प्, ग्रैस्प्) *v.* (grasped, grasping) 1. to seize and hold firmly with the hands, दबोच लेना, धर-दबोचना। 2. to comprehend, बुद्धि में आना, समझ में आना। ☐ **grasp at,** to snatch at, दबोच लेना। *n.* 1. hold or grip, पकड़, चंगुल। 2. possession, क़ब्ज़ा। 3. comprehension, mental hold, understanding, समझ।

grasping (ग्रैस्´-पिंग्) *adj.* greedy, avaricious, लालची, लोभी।

grass (ग्रास्, ग्रैस्) *n.* 1. any of numerous plants with narrow leaves and jointed stems that are eaten by animals, घास। 2. a ground covered with such plants, घास का मैदान। 3. a pasture, चरागाह। 4. an informer, मुख़बिर। 5. marijuana, एक नशीला पदार्थ। ☐ **let the grass grow under one's feet,** to waste time, समय बर्बाद करना या गँवाना, काम करने में देरी करना। *v.* (grassed, grassing) 1. to cover with grass, घास उगाना। 2. to be covered with grass, घास उगना, घास से आच्छादित होना।

grasscutter (ग्रास्´/ ग्रैस्´-कट्-अ:) *n.* 1. one who cuts grass, घास काटनेवाला, घसियारा। 2. an implement for cutting grass, घास काटने का उपकरण, खुरपा।

grasshopper (ग्रास्´/ ग्रैस्´-हॉप्-अ:) *n.* an insect with long hind legs adapted for jumping, टिड्डा।

grassland (ग्रास्´/ ग्रैस्´-लैन्ड्) *n.* land reserved for natural grass pasture, घास का प्राकृतिक मैदान, घसियाला भूभाग।

grassroots (ग्रास्´/ ग्रैस्-रूट्स्) *n.* (plu.) 1. ordinary people, जन-साधारण। 2. the essentials, मूल तत्त्व। *adj.* of ordinary people, जन-साधारण-संबंधी।

grass widow *n.* a woman whose husband is temporarily away from her, वह स्त्री जिसका पति थोड़े समय के लिए उससे दूर चला गया हो।

grass widower *n.* a man whose wife is temporarily away from him, वह पुरुष जिसकी पत्नी थोड़े समय के लिए उससे दूर चली गई हो।

grassy (ग्रास्´-ई, ग्रैस्´-ई) *adj.* (grassier, grassiest) covered with grass, घास से भरा, घसियाला, घासी।

grate (ग्रेट्) *v.* (grated, grating) 1. to reduce to small threads by rubbing against jagged surface, कद्दूकस पर घिसना, कद्दूकस करना। 2. to make a harsh noise by rubbing, रगड़ से आवाज़ होना या करना, किर-किर करना, किरकिराना। 3. to annoy, चिढ़ाना, क्रुद्ध करना। *n.* 1. a framework of spaced parallel or crossed bars that keeps fuel in a fireplace, अँगीठी की जाली। 2. such a framework of metal, जाली।

grateful (ग्रेट्´-फ़ुल्) *adj.* 1. feeling or showing gratitude, उपकार माननेवाला, कृतज्ञ, एहसानमंद। 2. thankful for kindness, धन्यवादी, आभारी, कृतज्ञ।

gratefully (ग्रेट्´-फ़ु-ली) *adv.* in a grateful manner, कृतज्ञतापूर्वक, धन्यवाद सहित।

gratefulness (ग्रेट्´-फ़ुल्-निस्) *n.* the quality or state of being grateful, कृतज्ञता, एहसानमंदी, आभार।

grater (ग्रे´-टः) *n.* 1. a device with a jagged surface for making shreds, कद्दूकस। 2. a file, रेती। 3. a metal framework of parallel or crossed bars, जाली।

gratification (ग्रैट्-इ-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* satisfaction, संतोष, संतुष्टि, तृप्ति।

gratify (ग्रैट्´-अ-फ़ाइ) *v.* (gratified, gratifying) 1. to please, प्रसन्न करना, ख़ुश करना। 2. to satisfy, संतुष्ट करना। 3. to give pleasure to, आनंदित करना।

gratifying (ग्रैट्´-इ-फ़ाइंग्) *adj.* 1. pleasing, satisfying, प्रसन्नताकारक, संतुष्टिदायक। 2. pleasure-giving, आनंददायक।

grating (ग्रे´-टिंग्) *n.* a framework of spaced parallel or crossed bars serving as a cover, जाली। *adj.* 1. harsh, कर्णकटु। 2. irritating, खिझानेवाला, अप्रिय।

gratis (ग्रेट्´-इस्) *adj.* free of charge, निःशुल्क। *adv.* 1. without charge, बिना मूल्य, निःशुल्क,

मुफ़्त में। 2. freely, मुक्त रूप से।

gratitude (ग्रैट्´-इ-ट्यूड्) ***n.*** a feeling of thankfulness, कृतज्ञता, आभार।

gratuitous (ग्रॅ-ट्यू´-इ-टॅस्) ***adj.*** 1. given or done without payment, मुफ़्त में दिया या किया जानेवाला, निश्शुल्क। 2. unjustified, अनुचित, अवांछित।

gratuity (ग्रॅ-च्यू´-इ-टी) ***n.*** a gift or reward for services rendered, उपदान, आनुतोषिक।

grave[1] (ग्रेव्) ***n.*** 1. a place where a corpse is buried, क़ब्र। 2. a hole dug in the ground for the burial of a corpse, शव गाड़ने के लिए खोदा हुआ गड्ढा, क़ब्र। ☐ **dig one's own grave,** to kill or destroy oneself by one's own wrong doings, अपनी क़ब्र ख़ुद खोदना; **make someone turn in his grave,** to do something which would annoy a person now dead, मृतक की आत्मा को दुख पहुँचाना; **with one foot in the grave,** about to die, मरणासन्न।

grave[2] ***adj.*** (graver, gravest) 1. extremely serious, अत्यंत गंभीर, विकट, संगीन। 2. causing great anxiety or alarm, चिंताजनक। 3. important, महत्त्वपूर्ण। 4. dull, जो खिला न हो, मंद, बुझा हुआ, उदास; grave colour, उदास रंग। ***n.*** a backward-sloping marks over vowels denoting a pronunciation with falling pitch, (फ्रांसीसी भाषा में) स्वरों पर लगाया जानेवाला चिह्न, अनुदात्त चिह्न।

grave[3] ***v.*** (graved, graven, graving) to engrave, नक़्क़ाशी करना।

gravel (ग्रैव्´-ॲल्) ***n.*** rock fragments or pebbles, बजरी, रोड़ी। ***v.*** (graveled, graveling) to cover with gravel, बजरी डालना या बिछाना।

gravelly (ग्रैव्´-ॲ-ली) ***adj.*** of gravel, बजरी का, बजरी का बना।

graver (ग्रेव्´-अ:) ***n.*** one who engraves, उत्कीर्णक, नक़्क़ाश।

gravestone (ग्रेव्´-स्टोन्) ***n.*** a stone put up over a grave bearing the name, dates of birth and death and other necessary information about the dead person, क़ब्र पर लगा वह पत्थर जिस पर मृतक का नाम, उसके जन्म-मरण की तिथियाँ तथा कुछ अन्य जानकारी रहती है, समाधि-शिला, समाधि-प्रस्तर।

graveyard (ग्रेव्´-या:ड्) ***n.*** a burial ground, क़ब्रिस्तान।

gravid (ग्रैव्´-इड्) ***adj.*** pregnant, गर्भवती।

gravimeter (ग्रॅ-विम्´-ॲ-टॅ:) ***n.*** an instrument for measuring the gravity of the earth, गुरुत्वमापी।

gravitate (ग्रैव्´-इ-टेट्) ***v.*** (gravitated, gravitating) to be drawn toward, आकृष्ट होना, खिंचना।

gravitation (ग्रैव्-इ-टे´-शॅन्) ***n.*** the force of gravity, गुरुत्वाकर्षण, गुरुत्व।

gravitational (ग्रैव्-इ-टे´-शॅ-नॅल्) ***adj.*** of or pertaining to gravitation, गुरुत्वाकर्षण-संबंधी, गुरुत्वीय।

gravity (ग्रैव्´-इ-टी) ***n.*** 1. the attractive central gravitational force exerted by a celestial body, गुरुत्वाकर्षण, गुरुत्व। 2. the quality of being grave, seriousness, गंभीरता। 3. importance, महत्त्व।

gravure (ग्रॅ-व्यू:´) ***n.*** a process of printing from copper plates, तांबे की प्लेटों से मुद्रण का एक प्रकार।

gravy (ग्रे´-वी) ***n.*** 1. the juice that comes out from meat during cooking, यख़नी, शोरबा, रसा। 2. easily gotten money, सहज-प्राप्त धन।

graze[1] (ग्रेज़्) ***v.*** (grazed, grazing) 1. to feed on grass, चरना, घास चरना। 2. to cause to feed on grass, चराना, घास चराना।

graze[2] ***v.*** (grazed, grazing) to touch or scrape gently (in passing, चलते समय) छू जाना या रगड़ खा जाना।

grease (ग्रीस्) ***n.*** 1. animal fat, चर्बी। 2. any semi-solid oily substance used as a lubricant, ग्रीस। ***v.*** (greased, greasing) to lubricate with grease, ग्रीस देना, चिकनाना। ☐ **grease the palm,** to bribe, रिश्वत देना; **like greased lightning,** very fast, बहुत तेज़ी से।

greasegun ***n.*** an instrument for giving grease

into machinery, ग्रीसगन, ग्रीस देने की पिचकारी।

grease paint *n.* a type of paint used as make-up by actors and actresses, ग्रीसपेंट।

greaseproof (ग्रीस्´-प्रूफ़) *n.* (of paper) which does not let grease pass through it, ग्रीसप्रूफ़।

greasy (ग्री´-सी/ग्री´-ज़ी) *adj.* (greasier, greasiest) 1. coated with grease, जिस पर ग्रीस लगी हो। 2. oily, चिकना। 3. slippery, फिसलवाँ।

great (ग्रेट्) *adj.* 1. of extemely large size, बड़ा, बृहत्, दीर्घकाय, विशाल। 2. larger than others of similar kind, अपेक्षाकृत बड़ा। 3. outstanding, remarkable, भव्य, उल्लेखनीय, शानदार। 4. distinguished, eminent, विशिष्ट, उत्कृष्ट। 5. very good, first-rate, उच्चकोटि का, महान, श्रेष्ठ। 6. indicating further step in genealogical relationship, और ऊपर की पीढ़ी का, पर—; great grandfather, परदादा; great grandmother, परदादी। □ **great at,** very skilful at, किसी काम में अत्यंत निपुण, दक्ष।

Great Britain *n.* England, Wales and Scotland, इंग्लैंड, वेल्स और स्कॉटलैंड; ग्रेट ब्रिटेन।

great-coat (ग्रेट्´-कोट्) *n.* a heavy overcoat, भरी-भरकम ओवरकोट।

great-hearted (ग्रेट्-हा:´-टिड्) *adj.* generous, उदार, विशालहृदय।

grebe (ग्रीब्) *n.* (plu. grebes, grebe) a diving bird, एक गोताख़ोर चिड़िया।

Grecian (ग्री´-शॅन्) *adj.* Greek, यूनानी। *n.* a native of Greece, यूनानवासी।

Greco (ग्री´-को) *adj.* Greek, यूनानी।

greed (ग्रीड्) *n.* an excessive desire for food or wealth, लोभ, लालच, धन की लिप्सा, लालसा, लोलुपता।

greediness (ग्री´-डि-निस्) *n.* the quality of being greedy, लोभ, लालच, लोलुपता।

greedy (ग्री´-डी) *adj.* (greedier, greediest) 1. showing greed, avaricious, लोभी, लालची, धनलिप्सु, लोलुप। 2. very eager, लालायित; greedy of power, सत्ता के लिए लालायित, सत्तालोभी, सत्तालोलुप।

Greek (ग्रीक्) *n.* 1. an inhabitant of Greece, यूनान का निवासी, यूनानवासी। 2. the language of the Greeks, यूनानी भाषा। *adj.* 1. of Greece, यूनान-संबंधी। 2. of Greeks, यूनानवासियों से संबद्ध। 3. of the language of Greeks, यूनानी भाषा-संबंधी।

green (ग्रीन्) *n.* 1. the colour of growing grass, हरा रंग। 2. a grassy lawn, हरा मैदान। 3. greenery, हरियाली। 4. (plu.) green vegetables, हरी सब्जियाँ, साग-भाजी। 5. green light, हरी रोशनी। *adj.* (greener, greenest) 1. of the colour green, हरा, हरित। 2. covered with green growth, हरा-भरा। 3. fresh, ताज़ा। 4. not ripe, कच्चा, अपरिपक्व, हरा। 5. lacking experience, अनुभवहीन, अनाड़ी, अप्रौढ़। *v.* (greened, greening) to make or become green, हरा होना या बनाना।

greenback (ग्रीन्´-बैक्) *n.* a currency note of U.S.A., डालर।

greenery (ग्री´-नॅ-री) *n.* green plants and leaves, हरियाली।

green-eyed (ग्रीन्´-आइड्) *adj.* jealous, ईर्ष्यालु; green-eyed monster, ईर्ष्या।

green-grocer (ग्रीन्´-ग्रो-सॅ:) *n.* a vegetable seller, सब्जी बेचनेवाला, सब्जीवाला।

greenhorn (ग्रीन्´-हॉ:न्) *n.* an inexperienced person, अनाड़ी, अनुभवहीन व्यक्ति।

greenhouse (ग्रीन्´-हॉउस्) *n.* a building made of glass for raising plants, शीशे की बनी पौधशाला, काँचघर।

greenish (ग्रीन्´-इश्) *adj.* rather green, हरा-सा, कुछ-कुछ हरा।

Greenland (ग्रीन्´-लैन्ड्) *n.* a large island near Denmark, ग्रीनलैंड।

greenroom (ग्रीन्´-रूम्) *n.* a restroom for actors and actresses near the stage, विश्रामकक्ष, सज्जागृह।

greenwood (ग्रीन्´-वुड्) *n.* a leafy forest, हरा-भरा जंगल।

greet (ग्रीट्) *v.* (greeted, greeting) 1. to address in a friendly and respectful way on meeting, अभिवादन करना। 2. to welcome, स्वागत करना। 3. to receive with a certain reaction, मिलने या प्राप्त होने पर कोई प्रतिक्रिया

करना; The news was greeted with dismay, इस समाचार पर निराशा व्यक्त की गई। 4. to be perceived by, दिखाई या सुनाई पड़ना।

greeting (ग्रीट्´-इंग्) ***n.*** 1. a form of words or gestures used to greet a person, अभिवादन। 2. (plu.) good wishes, शुभकामनाएँ, बधाई; greeting telegram, बधाई तार।

greeting card ***n.*** a card sent as a greeting, ग्रीटिंग कार्ड, बधाई-पत्र, शुभकामना कार्ड।

gregarious (ग्रि-गेंअॅर्´-इ-अॅस्) ***adj.*** 1. living in groups, झुंड में रहनेवाला, 2. seeking and enjoying the company of others, मिलनसार, समाजशील, मिल-बैठनेवाला, सुसामाजिक।

gregariousness (ग्रि-गेंअॅर्´-इ-अॅस्-निस्) the habit of living in groups, समूह-प्रियता, समाजशीलता, मिलनसारी, यूथ-चारिता।

Gregorian (ग्रि-गोर्´-इ-अॅन्) ***adj.*** of or relating to Pope Gregory, पोप ग्रगोरी से संबद्ध।

Gregorian Calendar ***n.*** the modern Calendar which was first introduced by Pope Gregory in 1582, आधुनिक कैलेन्डर जिसका निर्माण १५८२ में पोप ग्रगोरी ने किया था।

gremlin (ग्रेम्´-लिन्) ***n.*** an imaginary wicked spirit, दुष्टात्मा, प्रेत।

grenade (ग्रि-नेड्´) ***n.*** a small bomb designed to be thrown by hand or fired from a rifle, एक प्रकार का छोटा बम जिसे हाथ से फेंका जाता है या राइफ़ल से छोड़ा जाता है, ग्रनेड, हथगोला।

grenadier (ग्रेन्-अॅ-डिअॅ:´) ***n.*** a soldier armed with grenades, हथगोलों से लैस सैनिक।

grenadine (ग्रेन्-अॅ-डाइन्´) ***n.*** a syrup of pomegranates, अनार का शरबत, शरबते-अनार।

grew (ग्रू) ***v.*** p.t. of grow.

grey (ग्रे) ***adj.*** 1. of the colour like black mixed with white, स्लेटी, धूसर, मटमैला, भूरा। 2. having grey hair, पके हुए या सफ़ेद बालोंवाला। 3. pale, पीला; His faced turned grey as he heard this news. इस समाचार को सुनते ही उसका चेहरा पीला पड़ गया। 4. sad, उदास। ***n.*** grey colour, स्लेटी रंग, भूरा या मटमैला रंग। ***v.*** (greyed, greying) to become grey or cause to become grey, सलेटी या धूसर हो जाना या बना देना।

greybeard (ग्रे´-बिअॅ:ड्) ***n.*** an old man, बूढ़ा व्यक्ति, बुड्ढ़ा।

grey-headed (ग्रे´-हेंड्-इड्) ***adj.*** with grey hair, सफ़ेद बालोंवाला, जिसके बाल पक गए हों, श्वेतकेशी।

greyhound (ग्रे´-हॉउन्ड्) ***n.*** a long-legged swift running hunting dog, ग्रेहाउन्ड।

greyish (ग्रे´-इश्) ***adj.*** rather grey, कुछ-कुछ धूसर या मटमैला, धूसर-सा।

grey matter ***n.*** the brain power, मानसिक शक्ति, बुद्धि, विवेक।

greyness (ग्रे´-निस्) ***n.*** the quality of being grey, धूसरपन, मटमैलापन।

grid (ग्रिड्) ***n.*** 1. a framework of parallel or crisscrossed bars, जाली। 2. a framework of wires inside a radio set, रेडियो में तारों का जाल। 3. a network of electric cables and power stations over a large area, ग्रिड, बिजली की तारों तथा विद्युत केंद्रों का जाल, विद्युत वितरण-केंद्र। 4. a network of lines, रेखाओं का जाल।

griddle (ग्रिड्´-अॅल्) ***n.*** a round iron plate for cooking over heat, तवा।

gridiron (ग्रिड्´-आइ-अॅ:न्) ***n.*** 1. a framework of straight iron bars for cooking or broiling, जाली। 2. a footfall field, फ़ुटबाल खेलने का मैदान।

grief (ग्रीफ़्) ***n.*** 1. great sorrow or feeling of suffering, घोर दुख, संताप, शोक। 2. a cause of sorrow, विपत्ति, विपदा, मुसीबत, दुख। □ **come to grief,** (i) to fail, विफल होना, चौपट होना, बिगड़ जाना; (ii) to suffer misfortune, दुख आ पड़ना।

grief-stricken (ग्रीफ़्´-स्ट्रिक्-अॅन्) ***adj.*** distressed, दुखी, संतप्त, शोकाकुल।

grievance (ग्री´-वॅन्स्) ***n.*** 1. a cause of complaint, कष्टकर बात, तकलीफ़ देनेवाली बात। 2. a complaint, शिकायत। □ **nurse a grievance,** to keep a feeling of having been badly treated, दिल में कोई शिकायत रखे रहना।

grieve (ग्रीव्) ***v.*** (grieved, grieving) 1. to cause grief to, दुख देना, संतप्त करना। 2. to feel

अ: bird ब:ड्, अॅ: tear टिअॅ:, ऐंअॅ air ऐंअॅ:, आई five फ़ाइव्, ऑइ boy बॉइ/बॉय, इअॅ near निअॅ: उअॅ poor पुअॅ:, च् chat चैट्, थ् thing थिंग्, द् this दिस्, फ़् full फ़ुल्, व़् wait व़ेट्

grief, दुखी होना, संतप्त होना।

grievous (ग्री´-वॅस्) *adj.* 1. causing grief, दुखदायक। 2. causing anguish, व्यथित करनेवाला। 3. grave, serious, गंभीर, घोर, दारुण। 4. deep, गहरा; grievous wound, गहरा घाव।

griffin (ग्रिफ़्´-इन्) *n.* a mythological creature having a body of lion and head and wings of an eagle, एक कल्पित जीव जिसका शरीर शेर का और सिर तथा पंख गरुड़ के हैं।

griffon (ग्रिफ़्´-ऑन्) *n.* a breed of terrier-like dogs, कुत्तों की एक जाति, ग्रिफ़न।

grill (ग्रिल्) *n.* 1. a cooking utensil made of parallel bars, जाली, 2. the food cooked or broiled on a grill, जाली पर भूना या सेंका हुआ पदार्थ। *v.* (grilled, grilling) 1. to cook on a grill, जाली पर भूनना या सेंकना। 2. to question closely and relentlessly, कड़ी पूछताछ करना।

grille (ग्रिल्) *n.* a framework of metal bars, ग्रिल, जाली, जालीदार जंगला।

grim (ग्रिम्) (grimmer, grimmest) 1. severe, stern, कठोर, कड़ा, सख़्त। 2. merciless, क्रूर, निर्दय, निष्ठुर। 3. terrible, भयंकर, डरावना। 4. gloomy, विषादमय।

grimace (ग्रि-मेस्´) *n.* a contortion of the face expressing pain, disgust or contempt, मुँह बिचकाने की क्रिया या भाव, चेहरे की ऐंठन या खिंचाव, चेहरे पर होनेवाली पीड़ा, विरक्ति या घृणा का भाव। *v.* (grimaced, grimacing) to make a grimace, मुँह बिचकाना।

grime (ग्राइम्) *n.* a surface of thick black dirt or soot, धूल, कालिख आदि की जमी परत। *v.* (grimed, griming) to blacken with grime, धूल, कालिख आदि की परत जमने से काला हो जाना, गंदा हो जाना।

grimly (ग्रिम्´-ली) *adv.* mercilessly, क्रूरतापूर्वक, निर्ममतापूर्वक, कड़ाई या सख़्ती से।

grimy (ग्राइम्´-ई) *adj.* dirty, गंदा, मैला-कुचैला।

grin (ग्रिन्) *v.* (grinned, grinning) to smile broadly showing teeth, इस प्रकार मुस्कराना कि दाँत दिखने लगे, दाँत निपोरना। *n.* the act of grinning, दाँत निपोरने की क्रिया या भाव, भद्दी हँसी, खीसें निपोरना। ☐ **give a brood grin,** खिलखिलाना, ठहाका मारना, अट्टहास करना।

grind (ग्राइन्ड्) *v.* (ground, grinding) 1. to crush into fine particles, पीसना, दलना। 2. to be crushed into fine particles, पिसना, दला जाना। 3. to rub together (as teeth, दाँत) रगड़ना, पीसना, किटकिटाना।4. to sharpen with friction, सान चढ़ाना या सान पर चढ़ना, घिसना। 5. to turn by a handle, हैंडल घुमाना। 6. to study, अध्ययन करना। 7. to oppress, सताना। ☐ **grind to a halt,** to come to a stop noisily, धड़धड़ करते हुए रुकना। *n.* 1. the act of grinding, पिसाई, दलाई, रगड़ाई, सान चढ़ाई। 2. dull or strenuous work, कोई उबाऊ या मेहनत का काम। 3. one who works or studies excessively, मेहनत का काम या अत्यधिक अध्ययन करनेवाला व्यक्ति।

grinder (ग्राइन्´-डॅ:) *n.* 1. one who grinds, पीसने या दलनेवाला, सान धरनेवाला। 2. an electric apparatus that grinds, ग्राइन्डर, पीसने की मशीन, चक्की। 3. a large back tooth that grinds food, चौभड़, दाढ़, चबाने का दाँत।

grindstone (ग्राइन्ड्´-स्टोन्) *n.* 1. a thick revolving disk used for sharpening, सान। 2. a millstone, चक्की का पाट। ☐ **keep one's nose to the grindstone,** to work laboriously, काम में डटे या जुटे रहना।

grip (ग्रिप्) *n.* 1. a tight hold, पकड़। 2. the power of holding, पकड़, नियंत्रण। 3. the understanding, समझ, बोध। 4. mastery, command, अधिकार, वर्चस्व। 5. a handle, मूठ, दस्ता। 6. a suitcase, सूटकेस। ☐ **come to grips,** to confront, सामना करना, भिड़ना। *v.* (gripped, gripping) 1. to take a firm hold on, कसकर पकड़ना, नियंत्रण या क़ब्जे में करना। 2. to hold the interest or attention of, आकृष्ट या मुग्ध कर लेना, मंत्रमुग्ध करना।

gripe (ग्राइप्) *v.* (griped, griping) 1. to cause or suffer sharp pain in the bowels, पेट दर्द करना, पेट में तेज़ दर्द होना। 2. to complain, शिकायत करना। 3. to irritate, चिढ़ाना।

gripes (ग्राइप्स्) ***n.*** (plu.) sharp repeated pains is the bowels, पेट में रह रहकर होनेवाला दर्द, उदरशूल, मरोड़, ऐंठन।

grippe (ग्रिप्) ***n.*** influenza, इनफ़्लुएंजा, फ़्लू।

gripping (ग्रिप्´-इंग्) ***adj.*** 1. that holds the attention, ध्यान खींचनेवाला। 2. very interesting, रोचक, दिलचस्प।

grisly (ग्रिज़्´-ली) ***adj.*** 1. horrifying, भयानक, भयावह। 2. disgusting, घिनौना, वीभत्स।

grist (ग्रिस्ट्) ***n.*** 1. grain to be ground, पीसा जानेवाला अन्न। 2. ground grain, पिसा हुआ अन्न।

gristle (ग्रिस्´-ऑल्) ***n.*** cartilage, कोमल, हड्डी, उपास्थि।

gristmill (ग्रिस्ट्´-मिल्) ***n.*** a mill that grinds grain, आटा चक्की, चक्की।

grit (ग्रिट्) ***n.*** 1.small particles of stone, रोड़ी, बजरी। 2. courage, साहस, जीवट। 3. endurance, धैर्य, सहिष्णुता। 4. resolution, दृढ़ निश्चय। ***v.*** (gritted, gritting) 1. to cover with grit, रोड़ी या बजरी डालना या फैलाना। 2. to keep (the teeth) tightly together, (पीड़ा आदि के समय दाँतों को) दबाना।

grits (ग्रिट्स्) ***n.*** (plu.) coarsely ground grain, दलिया।

gritty (ग्रिट्´-ई) ***adj.*** 1. made of or full of grit, कंकड़ीला। 2. courageous, साहसी, जीवटवाला।

grizzle[1] (ग्रिज़्´-ऑल्) ***v.*** (grizzled, grizzling) 1. to cry quietly and continually, रींरीं करना। 2. to fret, दुखी होना, चिंता करना। ***n.*** the act of grizzling, रींरीं।

grizzle[2] ***v.*** (grizzled, grizzling) to make or become grey, धूसर होना या बनाना। ***n.*** 1. grey colour, धूसर या स्लेटी रंग। 2. grey hair, धूसर बाल, पके बाल।

grizzled (ग्रिज़्´-ऑल्ड्) ***adj.*** grey haired, पके बालोंवाला, सफ़ेद बालोंवाला।

grizzly (ग्रिज़्´-ली) ***adj.*** greyish, कुछ-कुछ धूसर या स्लेटी।

grizzly bear ***n.*** a large greyish bear, स्लेटी रंग का बड़ा भालू।

groan (ग्रोन्) ***v.*** (groaned, groaning) 1. to utter a deep prolonged sound expressive of pain, कराहना। 2. to utter a deep prolonged sound expressive of grief or annoyance, आह भरना। 3. to complain or grumble, शिकायत करना, झीखना, चिल्लाना। ***n.*** 1. sound expressive of pain, कराह। 2. sound expressive of grief or annoyance, आह, ओफ़।

groats (ग्रोट्स्) ***n.*** (plu.) crushed grain, दलिया।

grocer (ग्रो´-सॅ:) ***n.*** a dealer in household supplies, बनिया, परचूनिया, पंसारी।

grocery (ग्रो´-सॅर्-ई) ***n.*** 1. the shop of a grocer, बनिए की दुकान, पंसारी की दुकान, किराने की दुकान। 2. the business of a grocer, बनिए का व्यवसाय। 3. (plu. groceries) the goods sold by a grocer, किराना।

grog (ग्रॉग्) ***n.*** an alcoholic liquor mixed with water, जलमिश्रित मदिरा, पानी मिली शराब।

grogginess (ग्रॉग्´-इ-निस्) ***n.*** 1. weakness, कमज़ोरी, शिथिलता। 2. unsteadiness, shakiness, अस्थिरता, लड़खड़ाहट।

groggy (ग्रॉग्´-ई) ***adj.*** (groggier, groggiest) 1. weak because of illness, बीमारी के कारण कमज़ोर, शिथिल। 2. unsteady, shaky, अस्थिर, लड़खड़ाता हुआ।

groin (ग्रोइन्) ***n.*** 1. the area where the thigh meets the trunk, ऊरुमूल। 2. a curved edge where two intersecting vaults meet, चापांतर; groined vaulting, चापांतरित मेहराब।

groom (ग्रूम्) ***n.*** 1. a person employed to look after horses, साईस। 2. a bridegroom, दुल्हा, वर। ***v.*** (groomed, grooming) 1. to clean and rub down a horse or horses, घोड़े या घोड़ों को खरहरा करना। 2. to clean and brush, सफ़ाई करना, रगड़ना-पोंछना। 3. to make trim, बनाव-शृंगार करना। 4. to prepare and train for a particular task or job, तैयार करना, प्रशिक्षित करना।

grooming (ग्रू´-मिंग्) ***n.*** personal cleanliness and neatness, साफ़-सुथरा रहने की क्रिया, सुथरापन।

groove (ग्रूव्) ***n.*** 1. a long narrow furrow or

channel in the surface of hard material, खाँचा, नाली। 2. a spiral cut, चूड़ी। 3. a way of living, रहन-सहन। 4. a routine, बँधा क्रम, नियत क्रम, नित्यकर्म। □ **in the groove,** in the best form, बहुत ही अच्छी स्थिति में। *v.* (grooved, grooving) 1. to make grooves in, खाँचे बनाना, नालियाँ बनाना। 2. to enjoy oneself, मज़ा या मज़े लेना। 3. to progress, प्रगति करना। 4. to play well, अच्छी तरह बजाना।

grooved (ग्रूव्ड्) ***adj.*** having grooves, खाँचेदार, चूड़ीदार।

groovy (ग्रू´-वी) ***adj.*** (groovier, grooviest) 1. delightful, मज़ेदार, आनंदप्रद। 2. excellent, उत्कृष्ट, उत्तम। 3. modern, आधुनिक।

grope (ग्रोप्) ***v.*** (groped, groping) 1. to search about uncertainly with hands in dark, टटोलना, टोहना। 2. to search with uncertainty of success, खोज-ढूँढ़ करना, पता लगाना। 3. to touch a woman's body to get sexual pleasure, कामसुख के लिए स्त्री के शरीर को स्पर्श करना, (अंग) सहलाना। ***n.*** the act of groping, टटोलने या टोहने की क्रिया, खोज, खोज-ढूँढ़।

gropingly (ग्रोप्´-पिंग्-ली) ***adj.*** searching with hands, टटोलते हुए, टटोलते-टटोलते, टोहते-टोहते।

gross (ग्रॉस्) ***adj.*** 1. heavily built, fat, भारी-भरकम, स्थूल, मोटा। 2. thick, dense, सघन। 3. excessive, terrible, अत्यधिक, प्रचंड; gross misconduct, घोर कदाचार। 4. total, entire, कुल, समग्र, सकल; gross income, सकल आय। 5. vulgar, अशिष्ट, असभ्य। 6. course, rough, घटिया, रद्दी। 7. obscene, अश्लील, गंदा। 8. general, सामान्य। ***n.*** 1. the entire body, whole, समग्रता। 2. a group of 144 items, गुर्स, बारह दर्जन। □ **in gross,** in large numbers, बड़े परिमाण में, बड़ी संख्या में। *v.* (grossed, grossing) to earn as total revenue prior to deducting expenses, taxes etc., कुल आय होना, कुल आमदनी होना।

grotesque (ग्रो-टेंस्क्´) ***adj.*** odd and ludicrous, ऊलजलूल, भोंडा, बेतुका, विचित्र, अनगढ़। ***n.*** 1. a person of grotesque appearance, भोंड़ा व्यक्ति। 2. a comically distorted figure, हास्यास्पद विकृत आकृति, भोंडा या विरूपित चित्र। 2. distortion, विकृति, भोंडापन।

grotto (ग्रॉट्´-ओ) ***n.*** 1. a man-made cave set in a garden, उद्यान-गुफ़ा। 2. a natural cave, गुफ़ा।

grotty (ग्रॉ´-टी) ***adj.*** bad, unpleasant, ख़राब, अप्रिय।

grouch (ग्रॉउच्) ***v.*** (grouched, grouching) to grumble or complain, झीखना या शिकायत करना। ***n.*** a person who grumbles, a habitually complaining person, झीखनेवाला व्यक्ति, शिकायती टट्टू, बराबर शिकायत करनेवाला व्यक्ति।

groucher (ग्रॉउच्´-अ:) ***n.*** a grouch, झीखने या शिकायत करनेवाला व्यक्ति।

grouchy (ग्रॉउच्´-ई) ***adj.*** grumbling or complaining, झीखनेवाला, शिकायत करता रहनेवाला।

ground[1] (ग्रॉउन्ड्) ***n.*** 1. solid surface of the earth, भूतल, धरातल, 2. soil, earth, ज़मीन, भूमि। 3. a piece of land, भूक्षेत्र, जमीन का टुकड़ा, ज़मीन। 4. land surrounding a building, अहाता, हाता। 5. the bottom of the sea, समुद्र-तल। 6. first covering of the paint, पेंट की पहली परत। 7. basis for an argument, कारण, आधार; common ground, सामान्य आधार। 8. background, पृष्ठभूमि। 9. matter for consideration, विचारणीय विषय। 10. (plu.) sediment at the bottom of a liquid esp. coffee, (काफ़ी के प्याले में) जमा होनेवाली तलछट। □ **break fresh (or new) ground,** to start something that has not been done before, पहले-पहल कोई नया काम शुरू करना; **cover the ground,** (i) to travel a certain distance, किसी विशिष्ट क्षेत्र में जाना; (ii) to study or talk about everything connected with the subject, सभी संबद्ध बातों को समेटना; **cut the ground from under someone's feet,** to destroy someone's plan, ऐसा काम करना जिससे किसी की योजना धरी रह जाए; **fall to the ground,** to fail, चौपट हो जाना; **gain ground,**

(i) to be successful, सफल होना; (ii) to advance, आगे बढ़ना; (iii) to spread, to take roots, फैलना, जड़ पकड़ना; **get off the ground,** to make a successful start, सफलतापूर्वक श्रीगणेश करना; **give ground,** to retreat, पीछे हटना; **go to ground,** to go into hiding, छिप जाना, भूमिगत हो जाना; **have one's feet on the ground,** to remain very practical, व्यवहारशील बने रहना; **hold one's ground,** to stick to one's point, दृढ़ बने रहा, जमे रहना; **lose ground,** to be driven back or defeated, पीछे धकेला जाना, हार जाना; **shift one's ground,** to change one's viewpoint, अपना दृष्टिकोण बदल लेना। *v.* (grounded, grounding) 1. to place on the ground, ज़मीन पर रखना या उतारना। 2. to strike against the ground, ज़मीन से टकराना। 3. to instruct in fundamentals, किसी विषय की मूल बातें समझाना। 4. to provide a basis for, आधार प्रस्तुत करना, आधारित करना। 5. to prevent from flying or confine to the ground, उड़ने न देना, उड़ान भरने से रोकना। 6. to connect to a ground, ज़मीन से जोड़ना।

ground² *v.* p.t. & p.p. of grind, *adj.* 1. reduced to fine particles by grinding, महीन दला या पीसा हुआ। 2. having edge sharpened by grinding, सान द्वारा तेज़ किया हुआ।

ground floor *n.* the floor at a ground level, भूखंड, पहली मंज़िल।

grounding (ग्रॉउन्´-डिंग्) *n.* 1. a base, आधार, पीठिका। 2. basic training, मूलभूत प्रशिक्षण।

groundless (ग्रॉउन्ड्´-लिस्) *adj.* 1. without foundation or good reason, निराधार, बेबुनियाद। 2. unjustified, अनुचित, अन्यायपूर्ण।

groundnut (ग्राउॅन्ड्´-नट्) *n.* a plant and its underground nut, मूँगफली, चिनिया बादाम।

ground plan *n.* the map of the ground floor, भूचित्र, भवन नक़्शा।

ground sheet (ग्राउॅन्ड्´-शीट्) *n.* a waterproof sheet placed on the ground in a tent, तंबू के अंदर ज़मीन पर बिछाई जानेवाली वाटरप्रूफ चादर।

groundsman (ग्रॉउन्ड्स्´-मॅन्) *n.* a person who maintains playgrounds, मैदान-रक्षक।

ground water *n.* water beneath the earth's surface, भूतल के नीचे का जल, भूजल।

groundwork (ग्रॉउन्ड्´-व:क्) *n.* preliminary work, आधारिक कार्य, प्रारंभिक कार्य।

group (ग्रूप्) *n.* 1. number of persons or objects considered as a collective unit, ग्रुप, समूह, दल; group interest, समूह-हित। 2. a number of people of some age, interests, beliefs etc., समूह, ग्रुप। 3. a number of plants, languages etc. considered as a unit, समूह, वर्ग। 4. an association of companies, firms etc., समूह, संघ। 5. a unit of performers, मंडली, समूह। *v.* (grouped, grouping) 1. to form a group, ग्रुप या दल बनाना। 2. to place in groups, वर्गीकरण करना, वर्गों या समूहों में बाँटना।

grouper (ग्रू´-पॅ:) *n.* a marine fish, एक तरह की समुद्री मछली।

groupie (ग्रू´-पी) *n.* a female member of musical performers, संगीत मंडली की महिला-सदस्या।

grouping (ग्रूप्´-इंग्) *n.* an act of arranging into groups, समूहीकरण, समूहन, वर्गबंधन।

groupism (ग्रूप्´-इज़्-अॅम्) *n.* 1. formation of groups, दलबंदी। 2. fighting between the groups, दलों का आंतरिक संघर्ष, दलबंदी।

grouse¹ (ग्रॉउस्) *n.* (plu. grouse) 1. a chicken like bird with feathered feet, तीतर। 2. its flesh, तीतर का मांस।

grouse² *v.* (groused, grousing) 1. to grumble in discontent, झीखना, भुनभुनाना। 2. to complain, शिकायत करना। *n.* 1. the act of grousing, झीख, भुनभुनाहट। 2. a complaint, शिकायत।

grout (ग्रॉउट्) *n.* a thin mortar used to fill joints between tiles, सीमेंट का घोल।

grove (ग्रोव्) *n.* 1. a group of trees, वृक्षावली, वृक्ष-समूह। 2. a small wooded area, कुंज।

grovel (ग्रव्´-अॅल्, ग्रॉव्´-अॅल्) *v.* (groveled or grovelled, groveling or grovelling) 1. to crawl on the ground, रेंगकर चलना, रेंगते हुए चलना। 2. to bow down, झुक जाना। 3. to

abase oneself, अपने को गिराना।

grow (ग्रो) *v.* (grew, grown, growing) 1. to increase in size by natural development, बढ़ना, विकसित होना।2. to increase in number or amount, बढ़ना, फैलना। 3. to cultivate, उगाना, उपजाना, पैदा करना।4. to thrive or flourish, पनपना, बढ़ना। 5. to become, होना, हो जाना, होते चलना; to grow old, बूढ़ा हो जाना; to grow rich, अमीर हो जाना; to grow angry, क्रुद्ध हो जाना। □ **grow away from,** to become indifferent to, उदासीन या विमुख हो जाना; **grow into,** (i) to become, हो या बन जाना; (ii) to become accustomed to, अभ्यस्त हो जाना, आदी हो जाना; **grow on,** to become gradually more acceptable or pleasurable, धीरे-धीरे स्वीकार्य या लोकप्रिय होते चलना; **grow up,** to reach maturity, बड़ा होना, वयस्क होना।

grower (ग्रो´-अः) *n.* 1. one who grows plants, trees etc., पेड़-पौधे उगानेवाला, किसान या माली। 2. a plant which grows in a certain way, विशिष्ट ढंग से उगनेवाला पौधा।

growing pains *n.* (plu.) difficulties at the beginning of a new enterprise, नए उद्यम में होनेवाली आरंभिक कठिनाइयाँ, शुरू-शुरू की दिक्कतें।

growl (ग्राउल्) *v.* (growled, growling) 1. to make a low threatening sound (as of a dog or lion, कुत्ते या शेर की तरह) गुर्राना।2. to speak in a growling manner, गुर्राना, बड़बड़ाना, क्रुद्ध होकर बोलना। *n.* a growling sound, गुर्राहट, बड़बड़ाहट।

grown (ग्रोन्) *v.* p.p. of grew. *adj.* 1. mature, परिपक्व, प्रौढ़।2. fully developed, पूर्ण रूप से विकसित।

grown-up (ग्रोन्´-अप्) *adj.* adult, वयस्क, सयाना; He has one grown-up daughter, उसकी एक सयानी लड़की है।

growth (ग्रोथ्) *n.* 1. the act or process of growing, विकास।2. a stage in the process of growing, उठान, वृद्धि, संवृद्धि। 3. something grown, उगी, बढ़ी या विकसित वस्तु। 4. the cultivation of produce, उपज, पैदावार। 5. an increase, बढ़ती, वृद्धि। 6. an abnormal formation due to unhealthy growth, बढ़ा हुआ अंग।

groyne (ग्रॉइन्) *n.* a low wall built out into the sea to resist tidal erosion, समुद्र में खड़ी की हुई वह दीवार जो तट को क्षय होने से बचाती है।

grub[1] (ग्रब्) *n.* 1. a worm-like larva of certain insects, सूँडी। 2. food, भोज्य पदार्थ।

grub[2] *v.* (grubbed, grubbing) 1. to turn over the soil, ज़मीन खोदना। 2. to dig up by the roots, जड़ से खोदना। 3. to toil arduously, कड़ी मेहनत करना, कठोर परिश्रम करना। 4. to obtain by begging, माँगकर प्राप्त करना, माँगकर काम चलाना।

grubby (ग्रब्´-ई) *adj.* (grubbier, grubbiest) 1. infested by grubs, सूँडियों से भरा।2. dirty, गंदा, मैला-कुचैला, मलिन। 3. mean, तुच्छ, हेय।

grub street *n.* that group of writers who write on any subject for money's sake, धन कमाने के उद्देश्य से विविध विषयों पर रचनाएँ प्रस्तुत करनेवालों का वर्ग।

grudge (ग्रज्) *v.* (grudged, grudging) 1. to allow or give unwillingly, अनिच्छा से देना या करना, देते या करते हुए आनाकानी करना। 2. to feel envious of (someone's success), ईर्ष्या करना। *n.* feeling of envy, डाह, जलन। □ **bear a grudge,** to have a feeling of envy, डाह होना; **pay off an old grudge,** to take revenge, बदला चुकाना, बदला लेना।

grudging (ग्रज्´-इंग्) *adj.* 1. unwilling, अनिच्छुक; She was very grudging in her thanks, वह धन्यवाद देने में बहुत संकोच करती थी। 2. ungenerous, अनुदार।

grudgingly (ग्रज्´-इंग्-ली) *adv.* unwillingly, अनिच्छापूर्वक।

gruel (ग्रू´-अॅल्) *n.* a thin porridge made by boiling crushed grain in milk or water, दलिया, लपसी।

grueling, gruelling (ग्रू´-अॅ-लिंग्) *adj.* very hard and tiring, exhausting, थका

डालनेवाला, पस्त कर देनेवाला, थकाऊ, उबाऊ, जानमारू। *n.* 1. a tiring work, थका देनेवाला काम। 2. punishment, दंड, सज़ा।

gruesome (ग्रू´-सम्) *adj.* horrifying, disgusting, भयावह, वीभत्स।

gruff (ग्रफ़्) *adj.* rough and unfriendly, रूखा, रुखाई-भरा, ओछा।

gruffly (ग्रफ़्´-ली) *adv.* in a gruff manner, रुखाई से।

grumble (ग्रम्´-बॅल्) *v.* (grumbled, grumbling) 1. to express discontent, असंतोष व्यक्त करना, शिकवा करना। 2. to mutter angrily, बुड़बुड़ करना, बुड़बुड़ाना, कुलबुलाना। 3. to grouse or complain, झीखना, शिकायत करना। 4. to rumble, गड़गड़ाना। *n.* 1. an act of grumbling, असंतोष, शिकवा। 2. a complaint, शिकायत। 3. rumbling sound, गड़गड़ाहट।

grumbler (ग्रम्´-ब्लॅः) *n.* one who grumbles constantly, शिकायती टट्टू।

grumbling (ग्रम्´-ब्लिंग्) *adj.* expressing discontent, असंतोष-भरा, शिकायत-भरा। *n.* a complaint, शिकायत।

grumpy (ग्रम्´-पी) *adj.* (grumpier, grumpiest) bad-tempered, तुनुकमिजाज़, चिड़चिड़ा।

grungy (ग्रन्´-जी) *adj.* ugly, बदशक्ल, बदसूरत, भोंडा।

grunt (ग्रन्ट्) *v.* (grunted, grunting) 1. to utter a low guttural sound as does a hog, घुरघुराना, घुरघुर करना। 2. to speak with such a sound, घुरघुराते हुए बोलना। 3. to grumble, बुड़बुड़ाना, कुलबुलाना। *n.* 1. a grunting sound, घुरघुर, घुरघुराहट। 2. an infantryman, सैनिक।

gruntle (ग्रन्´-टॅल्) *v.* (gruntled, gruntling) 1. to express discontent, असंतोष व्यक्त करना, बड़बड़ाना, कुलबुलाना। 2. to grouse, झीखना, शिकायत करना।

guano (ग्वा´-नो) *n.* the dung of seabirds used as fertilizer, समुद्री पक्षियों की बीट जिसका प्रयोग खाद के रूप में किया जाता है।

guarantee (गैर्-ॲन्-टी´) *n.* 1. a formal assurance that a thing is of a specified quality and durability and that it will be replaced or repaired free of cost if it is found imperfect, गारंटी। 2. an agreement to be responsible for the fulfilment of someone else's obligations in the event of default, ज़मानत। 3. anything held as security for something, ज़मानत के रूप में रखी हुई वस्तु, प्रत्याभूति। 4. a guarantor, ज़मानतदार, ज़मानत करनेवाला, गारंटीकर्ता। *v.* (guaranteed, guaranteeing) 1. to give a guarantee, गारंटी देना। 2. to be a guarantee for, to furnish security for, ज़मानत देना। 3. to state with certainty, विश्वासपूर्वक कहना। 4. to promise, वचन देना, ज़िम्मा लेना।

guarantor (गैर्´-ॲन्-टॅः) *n.* one who gives a guarantee, गारंटीकर्ता, ज़मानतदार।

guaranty (गैर्´-ॲन्-टी) *n.* = guarantee.

guard (गाःड्) *v.* (guarded, guarding) 1. to watch over, चौकसी करना, पहरा देना, निगरानी करना। 2. to protect or defend from harm or attack, रक्षा करना, हिफ़ाज़त करना, रखवाली करना। 3. to keep in check, नियंत्रण में रखना, संभालना; Guard your tongue. अपनी ज़बान संभालो। 4. to take precautions, सतर्कता बरतना, सावधानी बरतना। *n.* 1. one who protects, रक्षक, रखवाला, पहरा देनेवाला। 2. a sentry or armed escort, सिपाही या सशस्त्र मार्गरक्षक। 3. an official in charge of a railway train, गार्ड। 4. watchful care, vigilance, निगरानी, पहरा, देख-रेख। 5. safety, रक्षा, बचाव। 6. a defensive attitude, सुरक्षात्मक दृष्टिकोण। ☐ **be on one's guard,** to be vigilant, सतर्क होना; **guard against,** to try to protect against, से बचाना।

guarded (गाः´-डिड्) *adj.* 1. cautious, careful, सतर्क या सतर्कतापूर्ण। 2. discreet, विवेकपूर्ण, समझदारी-भरा।

guardhouse (गाःड्´-हॉउस्) *n.* 1. a building for a guard or guards, रक्षकगृह। 2. a place where prisoners or defaulters are detained, रक्षागृह।

guardian (गाः´-डि-ॲन्) *n.* 1. one who guards, रक्षक। 2. a person who is legally

responsible for the safety and maintenance of a minor or lady, अभिभावक। 3. one who looks after and protects someone's property, संरक्षक, परिरक्षक। *adj.* protecting, रक्षा करनेवाला।

guardian angel *n.* a good spirit which protects someone or something, देवात्मा।

guardianship (गा:´-डि-अॅन्-शिप्) *n.* 1. the state of being a guardian, अभिभावकत्व। 2. protection, संरक्षण।

guava (ग्वा´-वॅ) *n.* a tree and its fruit, अमरूद (पेड़ और फल)।

gubernatorial (गु-बॅ:-नॅ-टोर्´-इ-अॅल्) *adj.* pertaining to a governor or government, गवर्नर या सरकार-संबंधी, राज्यपाल-संबंधी या सरकारी।

gudgeon (ग´-जॅन्) *n.* 1. the fish used as bait, चारे के लिए प्रयुक्त की जानेवाली एक प्रकार की छोटी मछली। 2. a person who is easily cheated, जिसे आसानी से मूर्ख बनाया या ठगा जा सके, भोला-भाला व्यक्ति।

guerrilla, guerilla (गॅ-रिल्´-अॅ, गॅ-रिल्´-अॅ) *n.* a member of an armed band that uses harassing tactics against the regular army, छापामार, गुरिल्ला; guerrilla war, छापामार युद्ध।

guess (गॅस्) *v.* (guessed, guessing) 1. to form a conclusion or estimate based on insufficient information, अंदाज़ करना या लगाना, अनुमान करना या लगाना। 2. to suppose, मान लेना, समझना। *n.* 1.a conclusion or estimate so formed, अंदाज़, अनुमान। 2. to form an opinion, राय बनाना।

guesswork (गॅस्´-वॅ:क्) *n.* the act of guessing or an example of this, अनुमान, अंदाज़।

guest (गॅस्ट्) *n.* 1. a person who receives hospitality at the home of another, अतिथि, मेहमान, अभ्यागत। 2. a person entertained at another's expenses, अतिथि, मेहमान। 3. a person staying at a hotel, होटल में ठहरनेवाला व्यक्ति, मेहमान, यात्री। 4. an actor or entertainer taking part in a programme as a visitor, मेहमान कलाकार।

□ **guest of honour,** the most honoured guest at a party, आदरणीय अतिथि, ख़ास मेहमान, सम्मानित अतिथि।

guesthouse (गॅस्ट्´-हॉउस्) *n.* a private boarding house offering accommodation, अतिथिगृह, अतिथिशाला।

guestroom (गॅस्ट्´-रूम्) *n.* a room reserved for guests, अतिथि-कक्ष।

guffaw (ग-फ़ा:´) *n.* a coarse and boisterous laugh, a hearty laugh, ठहाका। *v.* (guffawed, guffawing) to give a guffaw, ठहाका लगाना।

guidance (गाइड्´-अॅन्स, गाइ´-डॅन्स) *n.* 1. the act of guiding or the state of being guided, direction, मार्गदर्शन, निर्देशन। 2. counselling, परामर्श, सलाह। 3. leadership, नेतृत्व।

guide (गाइड्) *n.* 1. one who shows the way, मार्गदर्शक। 2. one who leads others, नेतृत्व या अगुआई करनेवाला, नेता, अगुआ। 3. one who leads a tour, गाइड। 4. an adviser, परामर्शदाता, सलाहकार। 5. a handbook of information about a place or subject, मार्गदर्शिका। *v.* (guided, guiding) 1. to act as guide to, मार्गदर्शन करना, रास्ता दिखलाना। 2. to supervise, निर्देशित करना। 3. to advise, सलाह देना, परामर्श देना।

guidebook (गाइड्´-बुक्) *n.* a handbook of information about a place, मार्गदर्शिका।

guided missile *n.* a missile capable of being guided by remote control, नियंत्रित प्रक्षेपास्त्र, धरती पर स्थित यंत्रों से संचालित प्रक्षेपास्त्र।

guide dog *n.* a dog trained to guide a blind person, अंधे व्यक्ति का मार्गदर्शन करनेवाला प्रशिक्षित कुत्ता।

guideline (गाइड्´-लाइन्) *n.* a policy or rule giving practical guidance, निर्देशतत्त्व, गाइडलाइन।

guidon (गाइ´-डॅन्) *n.* a small flag of a military unit, सैनिकदल का छोटा झंडा, पताका।

guild (गिल्ड्) *n.* 1. an association of merchants, craftsmen etc., संघ। 2. an organisation or club, संघटन, क्लब।

guilder (गिल्´-डॅ:) *n.* the standard mon-

etary unit of the Netherlands, हालैंड की मुद्रा।

guildhall (गिल्ड्´-हा:ल्) *n.* 1. the hall of a guild, संघ-भवन। 2. a townhall, टाउनहाल, नगरभवन।

guile (गाइल्) *n.* deceitful cunning, craftiness, छल, धूर्तता।

guileful (गाइल्´-फुल्) *adj.* crafty, cunning, छली या छलपूर्ण, धूर्त या धूर्ततापूर्ण।

guileless (गाइल्´-लिस्) *adj.* 1. straightforward, निश्छल, ईमानदार। 2. innocent, निरीह, मासूम।

guillemot (गिल्´-इ-मॉट्) *n.* a seabird with a long narrow beak, गिलीमॉट नामक समुद्री पक्षी।

guillotine (गिल्´-अॅ-टीन्) *n.* 1. a machine with a blade for beheading criminals, एक मशीन जिससे (फ्रांस में) अपराधियों का सिर काटा जाता था। 2. a cutting machine, कटाई मशीन।

guilt (गिल्ट्) *n.* 1. the fact or feeling of having done wrong, दोषभावना, दोषभार। 2. the responsibility for a criminal offence, अपराधिता। 3. an offence or crime, दोष, अपराध, पाप। 4. remorse, पश्चाताप।

guiltiness (गिल्ट्´-इ-निस्) *n.* the state of being guilty, अपराधी होने का भाव, अपराधिता।

guilty (गिल्´-टी) *adj.* (guiltier, guiltiest) responsible for an offence or crime, दोषी, अपराधी।

guinea (गिन्´-ई) *n.* an old British gold coin, गिन्नी।

guinea fowl *n.* a domestic fowl of Africa, अफ़्रीकी मुर्गा।

guinea pig *n.* a small rodent, बिसचूहिया की जाति का एक जीव।

guise (गाइज़्) *n.* 1. outward appearance, बाह्य रूप। 2. clothing, dress, वेशभूषा, वेष। 3. false appearance, छद्मरूप, छद्मावरण।

guitar (गि-टा:´) *n.* a stringed musical instrument, गिटार।

guitarist (गि-टार्´-इस्ट्) *n.* one who plays guitar, गिटारवादक।

gulch (गल्च्) *n.* a ravine, खड्ड।

gulf (गल्फ़्) *n.* 1. a large area of sea partially enclosed by land, खाड़ी, गल्फ़। 2. a deep wide hole, गहरा गड्ढा, खाई। 3. a wide difference or gap, वैषम्य, विषमता, खाई।

Gulf Stream *n.* a warm ocean current that flows from the Gulf of Mexico to Europe, गर्म पानी की वह धारा जो मैक्सिको की खाड़ी से चलकर युरोप तक जाती है, खाड़ी धारा, गल्फ़स्ट्रीम।

gull[1] (गल्) *n.* a webbed feet large seabird with long wings, मुर्गाबी, गल।

gull[2] *n.* a person who is easily be fooled, घोंचू भोला-भाला। *v.* (gulled, gulling) to befool, मूर्ख बनाना।

gullet (गल्´-इट्) *n.* 1. the passage by which food goes from the mouth to the stomach, कंठनाल। 2. the throat, कंठ, गला।

gullible (गल्´-इ-बॅल्) *adj.* easily befooled or cheated, जिसे आसानी से धोखा दिया जा सके या बहकाया जा सके, भोला-भाला।

gully (गल्´-ई) *n.* 1. a channel cut by heavy rainwater, बरसाती नाला। 2. a fielding position between slip and point in cricket, गली।

gulp (गल्प्) *v.* (gulped, gulping) 1. to eat or drink hastily or greedily, निगलना, भकोसना, गटकना। □ **gulp back,** to prevent the expression of one's feeling, पी जाना। *n.* 1. the act of gulping, निगलने की क्रिया या भाव। 2. a large mouthful, बड़ा कौर या ग्रास। 3. a large mouthful of liquid, बड़ा घूँट।

gum[1] (गम्) *n.* the fleshy tissue that covers the jaw bones, मसूड़ा।

gum[2] *n.* a water-soluble sticky substance that comes out of certain trees, गोंद। *v.* (gummed, gumming) 1. to stick with gum, गोंद से चिपकाना। 2. to become gummy, चिपचिपा होना।

gummy (ग´-मी) *adj.* 1. covered with gum, sticky, चिपचिपा, गोंदीला। 2. producing gum, गोंद उत्पन्न करनेवाला।

gumpot (गम्´-पॉट्) *n.* a pot for gum, गोंददानी।

gumption (गम्प्´-शॅन्) *n.* 1. common sense, समझ, सहजबुद्धि। 2. boldness, courage,

साहस, दिलेरी, दमख़म।

gun (गन्) ***n.*** 1. a weapon that sends bullets from a metal tube, बंदूक या तोप। 2. a device which forces out and spreads a substance by pressure, पिचकारी। ☐ **gun for,** to seek to attack, घात में रहना; **stick to one's guns,** to be adamant, अपनी अड़ पकड़े रहना, भिड़े रहना, अपनी बात पर जमे रहना। ***v.*** (gunned, gunning) 1. to shoot with a gun, गोली मारना, तोप से उड़ाना। 2. to hunt with a gun, बंदूक से शिकार करना। 3. to press hard on the accelerator, एक्सलेटर को दबाना, गति बढ़ाना।

gunboat (गन्´-बोट्) ***n.*** a boat or ship mounted with guns, वह नाव जिस पर तोपें लगी हों, तोपनाव।

gun carriage *n.* a carriage fitted with a gun, तोपगाड़ी।

gun cotton *n.* a type of powerful explosive, एक तरह का बारूद।

gunfight (गन्´-फ़ाइट्) ***n.*** fight with guns, तोपों की लड़ाई।

gunfire (गनॅ´-फ़ाइ:) ***n.*** firing of guns, गोलाबारी, गोलों की बौछार।

gunman (गन्´-मॅन्) ***n.*** 1. an armed person, बंदूकधारी। 2. an armed gangster, बंदूकधारी गुंडा, सशस्त्र बदमाश।

gunmetal (गन्´-मेंट्-अॅल्) ***n.*** an alloy of copper, tin and zinc, गनमेटल।

gunner (गन्´-अॅ:) ***n.*** 1. a soldier who fires a large gun or cannon, तोप चलाने या छोड़नेवाला, तोपची। 2. a hunter armed with a gun, बंदूकधारी शिकारी।

gunnery (गन्´-अॅ-री) ***n.*** 1. the science of constructing and operating large guns or cannons, तोप निर्माण विद्या, तोप चालन विद्या, तोप विद्या। 2. the guns collectively, तोपख़ाना। 3. the firing of the guns, गोलाबारी।

gunny (गन्´-ई) ***n.*** a course fabric made of jute, टाट।

gunny sack *n.* a sack made of gunny, बोरा, बोरी।

gunpoint (गन्´-प्वाइन्ट्) ***n.*** the muzzle of a gun, नालमुख। ☐ **at gunpoint,** under a threat of death by shooting, बंदूक का भय दिखाकर, गोली से मार डालने की धमकी देते हुए।

gunpowder (गन्´-पॉउ-डॅ:) ***n.*** an explosive powder, बारूद।

gunshot (गन्´-शॉट्) ***n.*** 1. a shot fired from a gun, बंदूक की गोली। 2. the range of a gun, वह दूरी जहाँ तक बंदूक की गोली मार कर सकती हो, बंदूक की मार, बंदूक की पहुँच।

gun-shy (गन्´-शाइ) ***adj.*** afraid of gunfire, बंदूक की दनादन आवाज़ से डरनेवाला, बंदूक-भीरु।

gunsmith (गन्´-स्मिथ्) ***n.*** one who makes or repairs firearms, बंदूकें बनानेवाला या बंदूकों की मरम्मत करनेवाला।

gunwale (गन्´-अॅल्) ***n.*** the upper edge of a boat or ship, नाव या पोत के किनारे का ऊपरी सिरा।

gup (गप्) ***n.*** 1. gossip, गप, गपशप। 2. rumour, अफ़वाह।

gurgle (ग:´-गॅल्) ***v.*** (gurgled, gurgling) 1. to make low sounds (said of water) while flowing unevenly, (बहते पानी का) गरगर या गड़गड़ शब्द करना। 2. to make similar sounds in the throat, गले से गरगर या गड़गड़ शब्द करना, गरारे करना। ***n.*** 1. the sound of gurgling, गरगर, गड़गड़। 2. the act of gurgling, गरारा।

guru, Guru ***n.*** (गु-रू´) ***n.*** 1. a revered teacher, गुरु। 2. a religious teacher, धर्मगुरु।

gush (गश्) ***v.*** (gushed, gushing) 1. to flow or pour out suddenly and in large quantity, फूट या बह निकलना। 2. to utter or admire in a sentimental manner, भावुकतापूर्वक कुछ कहना या बड़ाई करना। ***n.*** 1. a sudden and violent flow, सहसा होनेवाला तेज़ बहाव, धार। 2. act of admiring in a sentimental manner, भावुकतापूर्ण प्रशंसा। 3. show of emotion, आवेश। 4. effusive talk, उद्गार।

gusher (गश्´-अॅ:) ***n.*** an oil well that gushes, वह कुआँ जिसमें से तेल या गैस बहती हो।

gushing (गश्´-इंग्) ***adj.*** 1. flowing, बहता हुआ।

2. sentimental, भावुक, भावुकतापूर्ण।

gusset (गस्´-इट्) *n.* a triangular piece of a cloth in the garment, कली।

gussetted (गस्´-इ-टिड्) *adj.* fitted with gusset (कपड़ा) जिसमें कली लगी हो।

gussy (गस्´-ई) *v.* (gussied, gussying) 1. to decorate, सजाना-सँवारना। 2. to dress up, अच्छे-अच्छे कपड़े पहनाना।

gust (गस्ट्) *n.* 1. a sudden strong rush of wind, rain or smoke, झोंका।2. an outburst of emotion, झोंक, भावावेग। *v.* (gusted, gusting) to blow in gusts, झोंके आना या चलना।

gustative (गस्´-टे-टिव्) *adj.* gustatory, स्वाद-संबंधी।

gustatory (गस्´-टॅ-टोर्-ई) *adj.* of or relating to the sense of taste, स्वाद-संबंधी।

gusto (गस्´-टो) *n.* 1. zeal, उत्साह, जोश।2. vigorous enjoyment, मौज-मस्ती, चाव, आनंद। (इटैलियन)

gut (गट्) *n.* 1. food pipe, भोजन नली।2. (plu.) the intestines, अँतड़ी, आँतें।3. a cord made from animal intestines, ताँत। 4. (plu.) courage, will-power, determination, साहस, संकल्प-शक्ति।5. (plu.) value; force. महत्त्व; शक्ति।6. (plu.) inner working parts or contents of something, भीतरी पुर्ज़े या विषयवस्तु। ☐ **hate a person's guts,** to hate someone intensely, किसी से अत्यधिक घृणा करना; **work one's guts out,** to work extremely hard, कलेजा निकालकर रख देना, घोर परिश्रम करना। *adj.* 1. fundamental, मूलभूत। 2: instinctive, सहज, नैसर्गिक। *v.* (gutted, gutting) 1. to remove the guts from, अँतड़ियाँ निकाल देना। 2. to destroy the internal parts or the contents of, खोखला कर देना, सब-कुछ निकाल या नष्ट कर देना; The building was gutted by fire. आग से इमारत स्वाहा हो गई।

gut course *n.* a course requiring little or no work, हलका-फुलका पाठ्यक्रम।

gutless (गट्´-लिस्) *adj.* lacking courage or determination, जिसमें साहस या निश्चय का अभाव हो, दृढ़ताविहीन, दब्बू।

gutsy (गट्´-सी) *adj.* courageous, determined, साहसी, दृढ़प्रतिज्ञ, हिम्मती।

gutta percha (गट्´-अॅ-प:´-चॅ) *n.* a rubber-like material derived from the sap of certain Malayan trees, गटापारचा।

gutter[1] (गट्´-अॅ:) *n.* 1. a channel at the side of a street for draining off water, नाली, नाला, गंदा नाला।2. a pipe at the lower edge of a roof to carry away rainwater, परनाला, मोरी। 3. poverty-stricken environment, दरिद्रताजन्य स्थिति। 4. a slum, गंदी बस्ती। *v.* (guttered, guttering) 1. to flow in a stream, धारा के रूप में बहना, नाली बहना। 2. (of a candle) to melt away rapidly, गल जाना, बह जाना।

gutter press *n.* a type of papers that print shocking and sensational news, पनालिया पत्र, सनसनीखेज़ या अश्लील सामग्री छापनेवाले समाचारपत्र।

gutter snipe (गट्´-अॅ:-स्नाइप्) *n.* a child in torn dirty clothes, गंदे और फटे-पुराने कपड़ोंवाला बच्चा, फटेहाल बच्चा।

guttural (गट्´-अॅ-रॅल्) *adj.* 1. of or relating to the throat, कंठ-संबंधी। 2. produced in the throat, कंठ्य; guttural sound, कंठध्वनि। *n.* a guttural consonant, कंठ्य व्यंजन।

guttural-labial (गट्´-अॅ-रॅल्-ले´-बि-अॅल्) *adj.* pertaining to the throat as well as lips, कंठ्योष्ठ्य।

guttural-palatal (गट्´-अॅ-रॅल्-पैल्´-एट्-अॅल्) *adj.* pertaining to the throat and palate (the roof of the mouth), कंठ्यतालव्य।

gutty (गट्´-ई) *adj.* courageous, साहसी, दिलेर।

guy[1] (गाइ) *n.* a rope, chain or cable used for steadying or guiding, कोई चीज़ स्थिर रखने या कहीं लाने-ले जाने के लिए प्रयुक्त रस्सा; चेन या केबल बाँधने, कसने आदि का रस्सा।*v.* (guyed, guying) to steady or guide with a guy, रस्से, केबल आदि से (कोई चीज़) स्थिर रखना या कहीं लाना-ले जाना

guy[2] (गाइ) *n.* 1. a man, व्यक्ति, आदमी। 2. a person in odd clothes, फूहड़ व्यक्ति।

v. (guyed, guying) to ridicule, खिल्ली उड़ाना।

guzzle (गज़्´-अॅल्) *v.* (guzzled, guzzling) to eat or drink greedily, भकोसना, गटकना।

guzzler (गज़्´-लॅः) *n.* one who eats or drinks greedily, भकोसने या गटकनेवाला।

gym (जिम्) *n.* 1. a gymnasium, जिमख़ाना। 2. a physical education class, शारीरिक शिक्षा की कक्षा।

gymkhana (जिम्-का´-नॅ) *n.* the place for sports events, जिमख़ाना।

gymnasium (जिम्-ने´-ज़ि-ॲम्) *n.* a room or hall equipped for teaching or practising gymnastics, व्यायामशाला।

gymnast (जिम्´-नैस्ट्) *n.* an expert in physical exercises, व्यायाम-विशेषज्ञ, व्यायाम-कुशल, जिमनास्ट, व्यायामी।

gymnastic (जिम्´-नैस्-टिक्) *adj.* of gymnastics, व्यायाम-संबंधी, व्यायामिक, व्यायामी।

gymnastics (जिम्´-नैस्-टिक्स्) *n.* (plu.) athletic exercises, जिमनास्टिक्स, व्यायाम। 2. (singular) the science or subject related to athletic exercises, व्यायाम-विज्ञान।

gynaeceum (जि-नि-सी´-ॲम्) *n.* the apartment for ladies or queens in a house or palace, जनानख़ाना, रनिवास, अंतःपुर।

gynaeco (गाइ-नि-कॉ´) *n.* a woman, स्त्री।

gynaecocracy (गाइ-नि-कॉ´-क्रे-सी) *n.* a state governed by a woman, स्त्रीराज्य।

gynaecological (गाइ-नि-कॉ´-लॅ-जि-कॅल्) *adj.* of gynaecology, स्त्रीरोग-विज्ञान संबंधी।

gynaecologist (गाइ-नि-कॉ´-लॅ-जिस्ट्) *n.* a specialist in gynaecology, स्त्रीरोग विशेषज्ञ।

gynaecology (गाइ-नॅ-कॉल्´-ॲ-जी) *n.* study of the female reproductive system and its diseases, जनेंद्रियरोग विज्ञान, स्त्रीरोग विज्ञान।

gynandrous (गाइ-नैन्´-ड्रस्) *adj.* of or pertaining to both the sexes, उभयलिंगी।

gynarchy (गाइ-नैः´-ची) *n.* the government of women, स्त्रीतंत्र।

gynephobia (जाइ-नॅ-फ़ो´-बि-ॲ) *n.* abnormal fear of women, स्त्रीभीति, नारीभय, स्त्रीभय।

gyp (जिप्) *v.* (gypped, gypping) to cheat, धोखा देना, ठगना। *n.* one who cheats, धोखेबाज़, ठग।

gypsophila (जिप्-सॉफ़्´-इ-लॅ) *n.* a kind of garden plant, एक पौधा जिसमें सफ़ेद या गुलाबी रंग के फूल लगते हैं, जिपसाफ़िला।

gypsum (जिप्´-सम्) *n.* a white mineral, एक प्रकार का सफ़ेद रंग का खनिज, खड़िया मिट्टी।

Gypsy (जिप्´-सी) *n.* a member of a nomadic tribe, जिप्सी, ख़ानाबदोश।

gyrate (जाइ´-रेट्) *v.* (gyrated, gyrating) to revolve, घूमना, चक्कर खाना।

gyration (जाइ-रे´-शॅन्) *n.* the act of gyrating, घूमने या चक्कर लगाने की क्रिया या भाव, घुमाव, चक्रावर्तन।

gyroscope (जाइ´-रॅ-स्कोप्) *n.* a device consisting of heavy wheel for keeping ships and aircraft steady, घूर्णिका।

अ cup कप्, ॲ again ॲगेन्, ॲ bell बॅल्, आ car कार्, ऑ pot पॉट्, आः caught काःट्, इ pit पिट्, ई sheep शीप्, उ put पुट, ऊ boot बूट्, ए make मेक्, ऐ cat कैट्, ओ note नोट्

H

H, h *n.* the eight letter of the English alphabet, अंग्रेज़ी वर्णमाला का आठवाँ वर्ण।

ha (हा) *interj.* an exclamation of surprise, ओह, वाह!

habeas corpus (हे´-बि-ॲस्-कॉ:´-पॅस्) *n.* a writ issued to bring a person before a court to prevent his unlawful detention, बंदी प्रत्यक्षीकरण, बंदी उपस्थापन।

haberdasher (हैब्´-ॲ:-डैश्-ॲ:) *n.* a shopkeeper dealing in small items, छोटी-मोटी चीजें बेचनेवाला दुकानदार, परचूनिया, बिसाती।

haberdashery (हैब्´-ॲ:-डैश्-ॲ-री) *n.* 1. a haberdasher's shop, परचूनिए की दुकान, बिसातबाना। 2. a haberdasher's goods, परचूनिए द्वारा बेची जानेवाली वस्तुएँ, परचूनिए की दुकान का सामान।

habiliment (हॅ-बिल्´-इ-मॅन्ट्) *n.* 1. the dress suited to an occasion, विशिष्ट अवसर का पहनावा। 2. (plu.) clothes, कपड़े, वस्त्र।

habit (हैब्´-इट्) *n.* 1. usual behaviour or tendency, आदत, बान, अभ्यास। 2. an addiction, लत। 3. an established custom, प्रथा, रीति। 4. the customary dress of a particular occupation, किसी पेशे के लोगों का पहनावा। 5. the long dress worn by a monk or nun, भिक्षुओं का लंबा पहनावा। 6. a woman's riding dress, घुड़सवार महिला का पहनावा।

habitable (हैब्´-इ-टॅ-बॅ ल्) *adj.* suitable to live in, रहने योग्य, रहने लायक, निवास-योग्य।

habitant (हैब्´-इ-टॅन्ट्) *n.* an inhabitant, वासी, निवासी, बाशिंदा।

habitat (हैब्´-इ-टैट्) *n.* the natural home or locality of a plant or animal, वह प्राकृतिक स्थान जहाँ किसी जाति के पेड़-पौधे या पशु अत्यधिक हों, घर, भूमि, क्षेत्र।

habitation (हैब्-इ-टे´-शॅन्) *n.* 1. a dwelling place, घर, निवास, निवासस्थान। 2. a natural environment, प्राकृतिक पर्यावरण। 3. the act of inhabiting, रहने या बसने की क्रिया, रिहाइश, निवास, आवास।

habit-forming (हैब्´-इट्-फ़ॉ:-मिंग्) *adj.* causing addiction, आदत डालनेवाला।

habitual (हॅ-बिच्´-उ-ॲल्) *adj.* 1. done regularly and repeatedly, अभ्यास-जनित, आभ्यासिक। 2. usual, regular, सामान्य, नियमित। 3. customary, प्रथागत, पारंपरिक। 4. doing something as a habit, आदी, अभ्यस्त; a habitual smoker, सिग्रेट या तंबाकू पीने का आदी।

habitually (हॅ-बिच्´-उ-ॲ-ली) *adv.* by habit, आदतन, आदत से।

habituate (हॅ-बिच्´-उ-एट्) *v.* (habituated, habituating) to accustom by repetition or exposure, आदी हो जाना, अभ्यस्त हो जाना, आदत पड़ जाना।

habituation (हॅ-बिच्-उ-ए´-शॅन्) *n.* the state of being habituated, आदत डलना, अभ्यसन, अभ्यस्तता।

habitue (हॅ-बिच्´-उ-ए) *n.* a frequent visitor to a place, बराबर या नियमित रूप से कहीं आने-जानेवाला। (फ्रांसीसी)

hacienda (हा-सि-ॲेन्´-डॅ) *n.* a large house attached to a farm house, खेत में बना बड़ा मकान, फ़ार्महाउस।

hack[1] (हैक्) *v.* (hacked, hacking) 1. to cut or chop roughly, काटना, चीरना। 2. to cut and clear (the way, रास्ता) काट-छाँटकर साफ़ करना, रास्ता बनाना। 3. to cough in short dry bursts, खोंखों करना। *n.* 1. a cut from a blow or kick, कटाव, चीरा, आघात। 2. an agricul-

tural instrument, फावड़ा, गैंती।

hack² (हैक्) *n.* 1. a worn-out horse, बूढ़ा घोड़ा। 2. a horse for ordinary riding, सामान्य घोड़ा। 3. one who is hired to do routine writing, भाड़े का लेखक। 4. a taxi, टैक्सी। 5. a taxi-driver, टैक्सी ड्राइवर। *adj.* 1. hired, भाड़े का, किराए का। 2. hackneyed, घिसा-पिटा, साधारण, मामूली। *v.* (hacked, hacking) 1. to ride on horseback, घुड़सवारी करना। 2. to drive a taxi, टैक्सी चलाना।

hacking cough *n.* a cough in short dry bursts, खोंखों, सूखी खाँसी।

hackles (है´-कॅल्ज़्) *n.* (plu.) the long hair or feathers on the neck of a domestic rooster, मुर्गे की गर्दन पर के लंबे बाल। □ **with one's hackles up,** ready to fight, लड़ने के लिए उतावला।

hackman (हैक्´-मॅन्) *n.* a taxidriver, टैक्सी चालक, टैक्सी ड्राइवर।

hackney (हैक्´-नी) *n.* (plu. hackneys) 1. a horse for ordinary riding, सवारी का साधारण घोड़ा। 2. a taxi or coach for hire, सवारी, टैक्सी।

hackneyed (हैक्´-नीड्) *adj.* commonplace, trite, साधारण, घिसा-पिटा।

hacksaw (हैक्´-सा:) *n.* a saw for cutting metal, धातु काटने की आरी।

hackwork (हैक्´-वॅ:क्) *n.* hackneyed work, घिसा-पिटा काम, नीरस या उबाऊ काम।

had (हैड्) *v.* p.t. & p.p. of have.

haddock (हैड्´-ॲक्) *n.* a fish related to cod family, एक प्रकार की समुद्री मछली, शांबरी।

Hades (हे´-डीज़्) *n.* 1. the underworld abode for the souls of dead persons, पाताल। 2. hell, नरक।

haematic (ही-मैट्´-इक्) *adj.* of or related to blood, रक्त-संबंधी, रुधिर-संबंधी, ख़ूनी।

haematology (ही-मॅ-टॉल्´-ॲ-जी) *n.* the branch of medical science dealing with diseases of the blood, रक्त-संबंधी रोग विज्ञान, रक्त-रोग विज्ञान।

haemoglobin (ही-मॅ-ग्लोब्´-इन्) *n.* a red colouring matter in the blood, वह तत्त्व जिससे रुधिर की कणिकाओं का रंग लाल होता है, हीमोग्लोबिन।

haemophilia (ही-मॅ-फ़िल्´-इ-ॲ) *n.* a hereditary human disease in which blood-clotting is defective, अधिक रक्तस्राव का रोग।

haemoptysis (ही-मॉप्´-टि-सिस्) *n.* spitting or coughing up of blood, थूक या बलगम में ख़ून आने का रोग।

haemorrhage (हेम्´-ॲ-रिज्) *n.* flow of blood form ruptured blood vessels, रक्त नली के फट जाने से होनेवाला रक्तस्राव।

haemorrhoids (हेम्´-ॲ-रॉ-इड्ज़्) *n.* swollen veins in the region of the anus, बवासीर, अर्श।

haft (हैफ़्ट्) *n.* the handle of a knife, axe etc, मूठ, दस्ता, हैंडल।

hag (हैग्) *n.* an ugly old woman, बूढ़ी बदसूरत औरत।

haggard¹ (हैग्´-ॲ:ड्) *adj.* 1. looking exhausted, थका-हारा। 2. careworn, चिंताकुल, चिंताग्रस्त, चिंता का मारा।

haggard² *n.* a wild hawk, जंगली बाज़।

haggis (हैग्´-इस्) *n.* a dish made of the heart of a sheep, भेड़ के मांस का एक प्रकार का व्यंजन।

haggle (हैग्´-ॲल्) *v.* (haggled, haggling) 1. to argue in an attempt to bargain, मोल-भाव करना। 2. to argue, तर्क या हुज्जत करना। *n.* the act of haggling, मोल-भाव; हुज्जत।

haggler (हैग्´-लॅ:) *n.* one who haggles, मोल-भाव करनेवाला; हुज्जती।

hagiography (हैग्-इ-ऑग्´-रॅ-फ़ी) *n.* 1. a biography of saints, संतों का चरित्र, संतचरित्र। 2. the writing of the lives of the saints, संतचरित्र-लेखन।

hagiology (हैग्-इ-ऑल्´-ॲ-जी) *n.* the literature concerning the saints, संत-साहित्य।

ha-ha (हा:´-हा:´) *interj.* the sound of laughter, हा-हा!

haiku (हाइ´-कू) *n.* a type of Japanese poems in 17 syllables, 17 अक्षरोंवाली जापानी कविता, हाइकू।

hail[1] (हेल्) *n.* 1. the frozen rain drops falling in a shower, ओलों की बौछार। 2. a hail stone, ओला। 3. something coming in great numbers, बाढ़, बौछार; a hail of abuses, गालियों की बौछार। *v.* (hailed, hailing) 1. to fall as hail, ओले पड़ना। 2. to shower, बौछार करना, बरसाना।

hail[2] (हेल्) *v.* (hailed, hailing) 1. to salute or greet, अभिवादन करना, स्वागत करना। 2. to recognize or acknowledge, मानना, स्वीकार करना, अपनाना, मान्यता देना। 3. to signal or call to, बुलाने या ठहरने के लिए संकेत करना, आवाज़ लगाना। □ **hail from,** to come from, मूल निवासी होना, से आना। *n.* 1. greeting, अभिवादन। 2. distance over which a shout can be heard, उतनी दूरी जहाँ तक आवाज़ सुनाई दे। □ **with-in hail,** near enough to be shouted to, इतने पास कि आवाज़ लगाने पर कोई सुन सके।

hailstone (हेल्´-स्टोन्) *n.* a small ball of hail, ओला।

hailstorm (हेल्´-स्टॉःम्) *n.* a storm accompanied by hail, ओलों की बरसात, उपलवृष्टि।

hair (हेंअॅः) *n.* 1. a fine threadlike growth from the skin of a mammal, बाल, रोआँ, रोम। 2. a covering of such growth, बाल, केशराशि, केश। 3. a minute distance, सूक्ष्म दूरी या ज़रा-सा अंतर। □ **get in someone's hair,** to annoy someone persistently, तंग करना, नाकों दम करना; **get someone by the short hairs,** to subjugate, अधीन कर या बना लेना, वशीभूत कर लेना; **keep your hair on,** to keep calm, शांति रखना, तैश में न आना, चुप रहना; **let one's hair down,** to do whatever one likes, मनमाना आचरण करना, मनमानी करना; **split hairs,** to make unimportant distinctions, बाल की खाल निकालना; **tear one's hairs,** to behave wildly, अपने बाल नोच लेना; **turn a hair,** to show embarrassment, विचलित हो उठना, घबरा जाना।

hairbreadth (हेंअॅः´-ब्रेड्थ्) *n.* a minute distance, ज़रा-सा अंतर, बाल बराबर दूरी। *adj.* extremely close, बाल-बराबर, सूक्ष्म, नज़दीकी। □ **have a hairbreath escape,** to have a narrow escape, बाल-बाल बचना।

hairbrush (हेंअॅः´-ब्रश्) *n.* a brush for grooming hair, कंघी, बाल झाड़ने का ब्रश।

haircut (हेंअॅः-कट्) *n.* 1. a shortening of the hair by cutting, बाल-कटाई, हजामत। 2. the style in which one's hair is cut in, बाल काटने या बनाने का ढंग, केशविन्यास।

hairdo (हेंअॅः´-डू) *n.* 1. the act or process of setting and arranging the hair, बाल सँवारने का काम, कंघी-चोटी। 2. a hair style, बाल सँवारने का ढंग, केशविन्यास।

hairdresser (हेंअॅः´-ड्रेस्-अॅः) *n.* a person who shapes the hair into a style by cutting, setting and colouring, नाई, हज्जाम, केशकर्मी, हेअरड्रेसर।

hairdressing (हेंअॅः´-ड्रेस्-इंग्) *n.* 1. the act of dressing the hair, बाल-बनाई। 2. the occupation of a hairdresser, बाल बनाने का धंधा।

hairless (हेंअॅः´-लिस्) *adj.* 1. with no hair, बिन बालों का, केशविहीन। 2. bald, गंजा।

hairline (हेंअॅः´-लाइन्) *n.* 1. a very thin line, अति सूक्ष्म रेखा, बाल बराबर पतली रेखा। 2. a very narrow crack, बहुत बारीक दरार। 3. the outline of the hair on the head, वह रेखा जहाँ से सिर के बाल शुरू होते हैं।

hairpiece (हेंअॅः´-पीस्) *n.* a piece of false hair worn to supplement a woman's natural hair, नकली बाल।

hairpin (हेंअॅः´-पिन्) *n.* a pin for keeping hair in position on the head, हेअरपिन, क्लिप।

hair-raiser (हेंअॅः´-रे-ज़ॅः) *n.* a hair-raising story, रोंगटे खड़े करनेवाली कहानी, रोमांचक कथा।

hairraising (हेंअॅः´-रे-ज़िंग्) *adj.* causing one's hair stand, horrifying, रोंगटे खड़े कर देनेवाला, रोमांचक, दहला देनेवाला।

hairsplitter (हेंअॅः´-स्प्लिट्-अॅः) *n.* one who make unnecessary distinctions, बाल की ख़ाल निकालनेवाला, झूठमूठ का अंतर निकालनेवाला।

hairsplitting (हेंअॅः´-स्प्लिट्-इंग्) *n.* the making of unnecessary distinctions, बाल की

ख़ाल निकालने का काम, नुक्ताचीनी।

hairspray (हेंअॅ:-स्प्रे) ***n.*** a spray used to keep the hair in some position, हेअरस्प्रे।

hairspring (हेंअॅ:-स्प्रिंग्) ***n.*** a fine spring that regulates the balance wheel of a watch, घड़ी का महीन स्प्रिंग।

hairstyle (हेंअॅ:-स्टाइल्) ***n.*** the style of arranging hair, केशविन्यास शैली।

hair-trigger (हेंअॅ:-ट्रिग्-अॅ:) ***n.*** a trigger of a firearm that responds to very slight pressure, उँगली के इशारे से चलनेवाली बंदूक की लिबलिबी। ***adj.*** rapidly responsive to any stimulus, जो जल्दी ही आवेश में आ जाता हो, जल्दी उत्तेजित हो उठनेवाला, शीघ्र अनुक्रिया करनेवाला।

hairy (हेंअॅर्´-ई) ***adj.*** 1. full of hair, covered with hair, बालों से भरा, बालोंवाला। 2. like hair, बाल-जैसा। 3. causing fear, dangerous, भयानक, ख़तरनाक।

hake (हेक्) ***n.*** (plu. hake, hakes) a fish related to the cod family, कॉड की तरह की समुद्री मछली।

halberd (हैल्´-बॅ:ड्) ***n.*** a weapon having an axe-like blade, कुल्हाड़ा, परशु।

halberdier (हैल्´-बॅ:-डिअॅ:) ***n.*** a person armed with a haldberd, वह जो कुल्हाड़ा लिए हो, परशुधारी।

halcyon (हैल्´-सि-अॅन्) ***adj.*** 1. calm and peaceful, शांत। 2. happy and prosperous, सुखी तथा समृद्ध।

halcyon days ***n.*** (plu.) happy and prosperous days, सुख-समृद्धि के दिन।

hale (हेल्) ***adj.*** (haler, halest) sound in health, healthy, स्वस्थ, चंगा; □ **hale and hearty,** very healthy, पूर्ण स्वस्थ।

half (हाफ़्, हैफ़्) ***n.*** (plu. halves) 1. either of the two equal parts into which something is divided, आधा भाग, आधा अंश, आधा; half and half, आधा-आधा। 2. either of the two time periods that make up a game, आधा समय; in first half, पहले आधे समय में; in second half, दूसरे आधे समय में। □ **go halves,** to share equally, आधा-आधा कर लेना, बराबर-बराबर बाँट लेना; **one's better half,** one's wife or husband, पत्नी या पति। ***adj.*** 1. being half in amount or quantity, आधा, अर्द्ध। 2. incomplete, अपूर्ण। 3. partial, आंशिक।

halfback (हाफ़्´-बैक्, हैफ़्´-बैक्) ***n.*** one of the two players in the game of hocky or football whose position is between the forwards and the backs, हाफ़बैक।

halfbaked (हाफ़्´/हैफ़्´-बेक्ड्) ***adj.*** 1. partly baked, अधपका। 2. lacking good judgement, अप्रौढ़। 3. foolish, मूर्खतापूर्ण, कच्चा।

half-breed (हाफ़्´/हैफ़्´-ब्रीड्) ***n.*** a person having parents of different ethnic races, वर्णसंकर, दोगला।

half-brother (हाफ़्´/हैफ़्´-ब्र-दॅ:) ***n.*** a brother related through one parent only, सौतेला भाई या कठभाई।

half-caste (हाफ़्´/हैफ़्´-कैस्ट्) ***n.*** a half-breed, वर्णसंकर, दोगला।

half-closed (हाफ़्´/हैफ़्´-क्लोज़्ड्) ***adj.*** not fully closed, अधखुला, अर्धोन्मीलित।

half-cocked (हाफ़्´/हैफ़्´-कॉक्ड्) ***adj.*** 1. (of a gun) having hammer pulled halfway, हाफ़काक्ड। 2. only half ready, जो पूरी तरह तैयार न हो। 3. inadequately conceived, ठीक तरह से न सोचा हुआ, अविचारित।

half dollar ***n.*** a U.S. coin worth 50 cents, 50 सेंट का अमरीकी सिक्का।

half-hearted (हाफ़्´/हैफ़्´-हा:-टिड्) ***adj.*** lacking interest or enthusiasm, बेमन से काम करनेवाला या बेमन से किया जानेवाला।

half-heartedly (हाफ़्´/हैफ़्´-हा:-टिड्-ली) ***adv.*** without interest or enthusiasm, बेमन से, अधूरे मन से।

half-mast (हाफ़्´/हैफ़्´-मास्ट्) ***n.*** the position of a flag lowered halfway down the staff as a sign of mourning, आधा झुका झंडा। ***adj.*** lowered halfway down, आधा झुका हुआ।

half moon (हाफ़्´/हैफ़्´-मून्) ***n.*** the moon when half of its disc in illuminated, आधा चाँद, अर्ध चंद्र।

half-sister (हाफ़्´/ हैफ़्´-सिस्-टॅ:) *n.* a sister related through one parent only, सौतेली बहन या कठबहन।

half-time (हाफ़्´/ हैफ़्´-टाइम्) *n.* the intermission between halves, आधा समय, आधा टाइम, मध्यांतर।

halftone (हाफ़्´/हैफ़्´-टोन्) *n.* an illustration or block in which light and dark shades are reproduced by means of small and large dots, हाफ़टोन, बिंदुचित्र।

half-truth (हाफ़्´/हैफ़्´-ट्रूथ्) *n.* a statement that is partially true, अर्धसत्य कथन।

half-volley (हाफ़्´/हैफ़्´-वॉ´-ली) *n.* (in tennis) the act of striking a ball just as it takes a bounce, हाफ़वाली।

halfway (हाफ़्´/हैफ़्´-वे़´) *adv.* at half the distance, बीचोंबीच, आधे रास्ते में। *adj.* 1. midway, ठीक बीच वाला, बिचला। 2. partial, आंशिक। ☐ **meet someone halfway,** to make an agreement with someone which partly satisfies some demands of both sides, एक दूसरे की कुछ बातें मानकर आपस में समझौता कर लेना।

halfwit (हाफ़्´-विट्) *n.* a foolish person, मूर्ख व्यक्ति।

halfwitted (हाफ़्´-विट्-इड्) *adj.* foolish, मूर्ख या मूर्खतापूर्ण।

halibut (हैल्´-इ-बट्) *n.* a kind of large fish, हैलीबट नामक मछली।

halidem (है´-लि-डेंम्) *n.* 1. a holy place, पवित्र स्थल, तीर्थ। 2. a holy object, पवित्र वस्तु।

halieutics (है´-लि-इयू-टिक्स्) *n.* (plu.) the art of fishing, मछली पकड़ने की कला।

halite (हैल्´-आइट्) *n.* a rock salt, नमक की चट्टान।

halitosis (हैल्-इ-टो´-सिस्) *n.* bad breath, श्वास की गंध, मुँह की बदबू, गंदी साँस।

hall (हा:ल्) *n.* 1. a large room, बड़ा कमरा, हाल, विशाल कक्ष। 2. a large municipal building, हाल, म्युनिसिपल हाल, नगर भवन, टाउन हाल।

halleluja (हैल्-ॲ-लू´-यॅ) *interj.* used to express praise or joy, जय हो! वाह!

hallmark (हा:ल्´-मा:क्) *n.* 1. a mark placed on an article of genuineness or high quality, प्रामाणिकता या श्रेष्ठतासूचक चिह्न, निशानी; the hallmark of a civilized person, सभ्य व्यक्ति की निशानी। 2. a distinguished characteristic, कोई महत्त्वपूर्ण विशेषता।

hallmarked (हा:ल्´-मा:क्ड्) *adj.* having a mark of genuineness or high quality, निशानीवाला, चिह्नयुक्त, प्रमाणांकित। *v.* (hallmarked, hallmarking) to stamp with a hallmark, प्रमाणांकन करना, प्रामाणिकता या श्रेष्ठतासूचक चिह्न लगाना या डालना।

hall of fame *n.* a big hall or building housing memorials to famous persons, कीर्ति भवन, स्मारकस्थल।

hallo (है-लो´, हें-लो´) *interj.* = hello.

hallow (हैल्´-ओ) *v.* (hallowed, hallowing) 1. to make holy, पवित्र या पावन करना। 2. to honour as holy, श्रद्धा प्रकट करना।

hallucinate (हॅ-ल्यू´-सि-नेट्) *v.* (hallucinated, hallucinating) 1. to have hallucinations, दृष्टिभ्रम या मतिभ्रम होना। 2. to cause to have hallucinations, दृष्टि भ्रमित कर देना, मति भ्रमित कर देना।

hallucination (हॅ-ल्यू-सि-ने´-शॅन्) *n.* 1. an illusion of seeing, hearing or experiencing something that does not really exist, भ्रम, मतिभ्रम, विभ्रम। 2. the thing seen, heard or experienced in this way, वह वस्तु या बात जिसका विभ्रम हुआ हो, भ्रांति, विभ्रांति।

hallucinative (हॅ-ल्यू´-सि-ने-टिव्) *adj.* of or causing hallucinations, भ्रांतिकारक, भ्रांतिजनक, विभ्रामक।

hallucinatory (हॅ-ल्यू´-सि-ने-टॅ-री) *adj.* = hallucinative.

hallucinogen (है-ल्यू´-सि-नॅं-जॅन्) *n.* a drug causing hallucinations, भ्रांतिजनक ओषधि, विभ्रामक औषध।

hallucinogenic (है-ल्यू-सि-नॅं-जेंन्´-इक्) *adj.* producing or inducing hallucinations, विभ्रामक, भ्रांतिजनक।

hallucinosis (है-ल्यू-सिन्-ओ´-सिस्) *n.* the disease caused by the occurrence of hallucination, विभ्रामक रोग।

hallway (हा:ल्´-वे़) *n.* the passage just inside the entrance of a house, an entrance way, ड्योढ़ी।

halo (हे´-लो) *n.* (plu. halos, haloes) 1. a disk of light surrounding the head of a holy person, प्रभामंडल, आभामंडल। 2. a bright circle of light around a luminous body, प्रकाशचक्र, ज्योतिचक्र।

haloed (हे´-लोड्) *adj.* invested with a halo, प्रभामंडल या प्रकाशचक्र से सज्जित।

halt (हा:ल्ट्) *v.* (halted, halting) 1. to cease moving, to stop, रुकना, ठहरना। 2. to bring to a halt, रोकना। 3. to falter (in speech, ज़बान) लड़खड़ाना। 4. to limp, लंगड़ाना। *n.* 1. the act of halting, विराम। 2. the place where someone or something halts, stopping place, पड़ाव। 3. a small railway station or bus-stop, छोटा रेलवेस्टेशन या बस-स्टाप। 4. stoppage, रुकाव, अवरोध। *adj.* lame, लंगड़ा।

halter (हा:ल्´-टॅ:) *n.* 1. a rope or leather strap fastened round a horse's head, घोड़े के गले में बाँधी जानेवाली रस्सी या पट्टी। 2. a noose used for execution by hanging, गले का फंदा, फाँसी का फंदा। 3. a kind of bodice, एक तरह की कुरती।

halting (हा:ल्´-टिंग्) *adj.* 1. limping, लंगड़ाता हुआ, लड़खड़ाता हुआ। 2. hesitant, wavering, हिचकिचाता हुआ, डाँवाँडोल।

halve (हाव्, हैव्) *v.* (halved, halving) 1. to divide into halves, दो हिस्से करना, आधा-आधा करना, आधोआध करना। 2. to reduce by half, आधा हो जाना।

halyard (हैल्´-यॅ:ड्) *n.* the rope used to raise or lower the flag, sail etc, झंडा या पाल ऊँचा-नीचा करने की रस्सी।

ham (हैम्) *n.* 1. the upper part of the hind leg of a pig, सुअर की रान। 2. the back of the thigh and buttock, पुट्ठा। 3. a performer who overacts, अस्वाभाविक अभिनय या ओवर एक्टिंग करनेवाला अभिनेता। 4. (plu.) buttocks, चूतड़। *v.* (hammed, hamming) 1. to overact, अस्वाभाविक अभिनय करना, ओवर-एक्टिंग करना। 2. to exaggerate, अत्युक्ति करना।

hamadryad (हैम्-अॅ-ड्राइ´-ऐड्) *n.* 1. a wood nymph, वन देवी। 2. the king cobra, कोबरा (साँप)। 3. an African baboon, अफ्रीकी बंदर।

hamburg (हैम्´-ब:ग्) *n.* a hamburger.

hamburger (हैम्´-ब:-गॅ:) *n.* 1. ground beef, गोमांस का क़ीमा। 2. a cooked patty or sandwich of ground meat, गोश्त-भरा केक, हैमबर्गर।

hamfisted (हैम्-फ़िस्ट्´-इड्) *adj.* awkward, clumsy, भोंडा, फूहड़।

hamlet (हैम्´-लिट्) *n.* a small village, छोटा गाँव, पुरवा।

hammer (हैम्´-अॅ:) *n.* 1. a hand tool with a heavy head for driving nails, breaking things etc., हथौड़ा, हथौड़ी। 2. something shaped or used like this, हथौड़ी। 3. an auctioneer's mallet, नीलामकर्ता की हथौड़ी। □ **come under the hammer,** to be sold to a higher bidder, ऊँची बोली बोलनेवाले के हाथ बेचा जाना, नीलामी होना। *v.* (hammered, hammering) 1. to strike with a hammer, हथौड़ी से ठोंका या पीटा जाना। 2. to hit repeatedly, बार-बार प्रहार करना। 3. to defeat, हराना, हरा देना। 4. to keep working at something, जुटे या जुते रहना। □ **hammer in,** to put in the mind forcefully, ज़बरदस्ती दिमाग में बैठाना या ठूसना; **hammer out,** to prepare the details, ब्योरा तैयार करना।

hammer and sickle *n.* the symbol of a hammer crossing a sickle, हँसिया और हथौड़े का चिह्न।

hammock (हैम्´-अॅक्) *n.* a hanging bed of netting suspended between two supports, दो खूँटियों से बँधा जालीदार झूला।

hamper[1] (हैम्´-पॅ:) *v.* (hampered, hampering) to hinder or impede, रोड़ा अटकाना, बाधा पहुँचाना, अवरुद्ध करना।

hamper[2] ***n.*** a large basket with a cover, पिटारा।

hamster (हैम्´-स्टः) ***n.*** a small ratlike rodent kept as a pet, चूहे की तरह का एक जानवर जिसे पाला जाता है, हैमस्टर।

hamstring (हैम्´-स्ट्रिंग्) ***n.*** a cordlike tendon at the back of the leg, घुटने के पीछे की नस, घुटनस। ***v.*** (hamstrung, hamstringing) 1. to cut the hamstring, घुटनस काट देना, घुटनस काटकर लंगड़ा बना देना। 2. to cripple or impede the efficiency (of, को) पंगु बना देना, पंगु कर देना, नकारा कर देना।

hand (हैन्ड्) ***n.*** 1. the end part of the arm below the wrist, हाथ। 2. possession, care, अधिकार, देख-रेख; The child is in safe hands, बच्चा सुरक्षित हाथों में है। 3. active share, भाग, हिस्सा, हाथ; Many people had a hand in it. इस में अनेक लोगों का हाथ रहा। 4. active help, सक्रिय सहायता। 5. consent to marriage, विवाह का वचन। 6. a workman, कार्यकर्ता; an old hand, पुराना कार्यकर्ता। 7. workmanship, कारीगरी, कौशल। 8. handwriting, लिखावट। 9. side or direction, तरफ़, ओर; on the other hand, दूसरी तरफ़। 10. the cards held by or dealt to a player, बाज़ी। 11. a unit of four inches used in measuring a horse's height, घोड़े की ऊँचाई नापने का चार अंगुल का नाप, मुट्ठी। 12. something having the shape or the function of a hand, हाथ। 13. the indicator on a dial, सुई। 14. applause, करतलध्वनि, साधुवाद; to give a big hand, ज़ोर से ताली बजाना। □ **at hand,** nearby, पास ही; The independence day is at hand. गणतंत्र दिवस पास ही है। **at someone's hands,** from or because of someone, किसी से या किसी के कारण; **by hand,** by a person, के हाथ, (व्यक्ति) के द्वारा; **change hands,** to go from one person to another, एक हाथ से दूसरे हाथ में जाना, स्वामित्व बदल जाना; **fall into someone's hands,** to come into someone's possession, to pass to another owner, किसी के हाथो में पड़ जाना; **force someone's hand,** to compel, किसी को मजबूर या विवश कर देना; **from hand to hand,** directly from one person to another, एक दूसरे के हाथ; **from hand to mouth,** with just enough money, food etc., जिसका गुज़ारा बड़ी मुश्किल से हो रहा हो; **give somebody a free hand,** to allow someone to work independently, किसी को स्वेच्छापूर्वक काम करने देना; **get the upper hand of,** to get the control over, नियंत्रण में लाना; **hand in glove,** in close association, हाथ से हाथ मिलाकर, एक साथ मिलकर; **hand in hand,** holding each other's hand, हाथ पकड़े हुए, बाँह में बाँह डाले हुए; **have a hand in,** to have a part in, हाथ होना, योगदान होना; **have one's hands full,** to be very busy, अत्यंत व्यस्त होना; **hand over fist,** at tremendous rate, तीव्र गति से; **in hand,** under control, नियंत्रण में, हाथ में; **lay hands on,** to seize, क़ब्ज़ा करना; **lend a hand,** to help, सहायता करना; **off hand,** spontaneously, एकाएक, तत्काल, बिना सोचे-विचारे, बिना तैयारी के; **on hand,** available for use, उपलब्ध; **out of hand,** out of control, नियंत्रण से बाहर; **play into someone's hands,** to work according to someone's intentions, किसी के हाथों की कठपुतली होना; **show one's hand,** to reveal one's intentions, इरादा जतलाना; **take in hand,** to take control of, हाथ में ले लेना; **the upper hand,** the advantange, लाभ, सुविधा; **throw one's hand in,** to abandon an activity, हाथ खींच लेना; **try one's hand at,** to attempt, प्रयास करना; **wash one's hands of,** to refuse to be concerned with, संबंध तोड़ लेना, नाता न रखना; **win a lady's hand,** to make a woman to agree to marry one, विवाह के लिए स्त्री को राजी कर लेना; **win hands down,** to win easily, सरलता से जीत लेना। ***v.*** (handed, handing) 1. to give, देना। 2. to help, सहायता करना। 3. to direct or conduct, निर्देशित करना, परिचालन करना। □ **hand down,** (i) to pass on (from one generation to another, अगली पीढ़ी को) देना या सौंपना;

(ii) to deliver (verdict, निर्णय) देना; **hand on,** to pass on, आगे बढ़ाना, (अगले या किसी और को) देना; **hand out,** to distribute, वितरण करना; **hand over,** to yield control of, भार सौंपना।

handbag (हैन्ड्´-बैग्) *n.* 1. a bag for holding small personal articles, हैंडबैग। 2. a suitcase, सूटकेस।

handball (हैन्ड्´-बा:ल्) *n.* a game played with a ball, हैंडबाल।

handbill (हैन्ड्´-बिल्) *n.* a printed notice distributed by hand, हैंडबिल, पर्चा, इश्तहार।

handbook (हैन्ड्´-बुक्) *n.* a small book that provides useful information, पुस्तिका, हैंडबुक, गुटका।

handbrake (हैन्ड्´-ब्रेक्) *n.* a brake operated by the hand, हैंडब्रेक।

handcart (हैन्ड्´-का:ट्) *n.* a cart drawn or pushed by hand, छकड़ा, ठेला।

handclap (हैन्ड्´-क्लैप्) *n.* a clapping of hands, ताली, थपौड़ी, करतलध्वनि।

handclasp (हैन्ड्´-क्लास्प/क्लैस्प्) *n.* a handshake, हाथ मिलाने की क्रिया, हाथ-मिलाई, हथमिलाव।

handcuff (हैन्ड्´-कफ़्) *n.* one of a pair of metal rings that can be locked around the prisoner's wrist, हथकड़ी। *v.* (handcuffed, handcuffing) to put handcuffs on, हथकड़ी पहनाना।

handed (हैन्´-डिड्) *adj.* 1. of or pertaining to a hand or hands, हाथ-संबंधी, हस्त-। 2. pertaining to a particular number of people, गिनती के कुछ लोगों से संबद्ध; a four-handed card game, चार आदमियों के बीच होनेवाला ताश का खेल।

handful (हैन्ड्´-फुल्) *n.* 1. the quantity that can be held in the hand, मुट्ठी-भर सामान। 2. a small number of people or things, गिनती के लोग या वस्तुएँ। 3. a person difficult to control, वह जिसे नियंत्रण में रखना मुश्किल हो।

hand-grenade (हैन्ड्´-ग्रि-नेड्) *n.* a small bomb thrown by hand, हथगोला।

handgrip (हैन्ड्´-ग्रिप्) *n.* 1. the grip of a hand, हाथ की पकड़, गिरफ़्त। 2. the hearty handshake, हथमिलाव। 3. a handle, मूठ, हत्था।

handgun (हैन्ड्´-गन्) *n.* a gun that can be fired with one hand, हैंडगन।

handicap (हैन्´-डि-कैप्) *n.* 1. a disadvantage, कठिनाई, बाधा, असुविधा, अड़ंगा। 2. a race in which disadvantages are imposed, बाधा-दौड़। 3. a defect, disability or deficiency, दोष, अक्षमता या कमी। *v.* (handicapped, handicapping) 1. to impose handicap(s) on, बाधा(एँ) खड़ी करना। 2. to hinder, रोकना। 3. to be a handicap on, बाधक होना, अड़ंगा होना।

handicapped (हैन्´-डि-कैप्ट्) *adj.* physically or mentally disabled, असमर्थ, पंगु, विकलांग।

handicraft (हैन्´-डि-क्राफ़्ट्/क्रैफ़्ट्) *n.* 1. the skill with the hands, हस्तकौशल। 2. a craft or occupation requiring such skill, हस्तशिल्प, हस्तकला, दस्तकारी। 3. the work so produced, हाथ का काम, दस्तकारी।

handicraftsman (हैन्´-डि-क्रैफ़्ट्स्´-मॅन) *n.* an expert in some kind of handicraft, हस्तशिल्पी, दस्तकार, कारीगर।

handily (हैन्´-डि-ली) *adv.* 1. in a handy way, सफलतापूर्वक। 2. at hand, नज़दीक।

handiwork (हैन्´-डि-व़:क्) *n.* 1. work done by hand, हाथ का काम, हस्तकृति। 2. the result of someone's effort or work, कार्य-जन्य परिणाम, प्रतिफल।

handkerchief (हैंग्´-कॅ:-चिफ़्) *n.* a small square of cloth for wiping the nose, mouth etc., रूमाल।

handle (हैन्´-डॅल्) *n.* 1. a part of an object that is held or manipulated with the hand, मूठ, हत्था, हैंडल। 2. title, उपाधि; He has a handle to his name, वह उपाधिधारी है। □ **fly off the handle,** to lose selfcontrol in anger, मारे क्रोध के आवेश में आ जाना, आग बबूला हो जाना। *v.* (handled, handling) 1. to touch, feel or move with the hands, हाथ से छूना, उठाना-रखना या हटाना-बढ़ाना। 2. to

operate, परिचालन करना, चलाना। 3. to manage, प्रबंध करना। 4. to treat, बर्ताव करना। 5. to deal in, व्यापार करना। 6. to discuss or write about, (किसी के बारे में) विचार-विमर्श करना या लिखित रूप से विचार प्रकट करना।

handlebar (हैन्´-डॅल्-बा:) ***n.*** a curved steering bar of a cycle, साइकिल का हैंडल।

handler (हैन्ड्´-लॅ:) ***n.*** one who handles or controls an animal, वह जो किसी पशु को नियंत्रण में रखता हो।

handling (हैन्ड्´-लिंग्) ***n.*** 1. the way in which something is handled, व्यवहार में लाने का ढंग, व्यवहृत करने का तरीका। 2. treatment, व्यवहार, बर्ताव। 3. management, प्रबंध।

handmade (हैन्ड्´-मेड्) ***adj.*** made by hand, हाथ का बना या बनाया हुआ, हस्तनिर्मित।

handmaid (हैन्ड्´-मेड्) ***n.*** a female servant, नौकरानी।

handmaiden (हैन्ड्´-मे-डॅन्) ***n.*** a female servant, नौकरानी।

hand-me-down (हैन्ड्´-मि-डॉउन्) ***n.*** 1. a cheap ready-made garment, सस्ता रेडीमेड परिधान। 2. a used and discarded garment by someone, उतरन।

handout (हैन्ड्´-ऑउट्) ***n.*** 1. anything given to a beggar or poor, भिक्षा, दान। 2. a leaflet, पर्चा, इश्तहार। 3. a press release, प्रेस-विज्ञप्ति।

handpick (हैन्ड्´-पिक्) ***v.*** (handpicked, handpicking) to pick or select carefully, सावधानी से चुनना या छाँटना।

handpicked (हैन्ड्´-पिक्ट्) ***adj.*** carefully selected, सावधानी से चुना या छाँटा हुआ।

handrail (हैन्ड्´-रेल्) ***n.*** a bar of wood or metal for people to hold as a support when climbing stairs, हैंडरेल।

handshake (हैन्ड्´-शेक्) ***n.*** the act of grasping each other's right hand when two people meet or leave each other, हथमिलाव, हाथ-मिलाई।

hands off ***interj.*** Don't touch, मत छुओ! हाथ पीछे कर लो!

handsome (हैन्ड्´-सम्) ***adj.*** (handsomer, handsomest) 1. beautiful, good-looking, सुंदर, चारु, ख़ूबसूरत। 2. attractive, आकर्षक। 3. generous, उदार। 4. ample, plentiful, समुचित, प्रचुर; handsome salary, अच्छा वेतन, पर्याप्त वेतन।

handspring (हैन्ड्´-स्प्रिंग्) ***n.*** a somersault, कलाबाज़ी।

handstand (हैन्ड्´-स्टैन्ड्) ***n.*** the act of balancing on the hands with the feet in the air, हाथों के बल उलटे खड़ा होना।

hand-to-hand (हैन्ड्´-टु-हैन्ड्) ***adj.*** very close, अत्यंत निकट; hand-to-hand fight, हाथापाई।

hand-to-mouth (हैन्ड्´-टू-मॉउथ्) ***adj.*** having barely enough to live on, जो किसी तरह अपना गुज़ारा चला लेता हो, तंगहाल।

handwork (हैन्ड्´-व़:क्) ***n.*** the work done by hand, हाथ का काम, हस्तशिल्प।

handwriting (हैन्ड्´-राइ-टिंग्) ***n.*** 1. the writing by hand, लिखावट, हस्तलेख, हस्तलिपि। 2. the style of writing peculiar to each person, लिखावट, लेखन-शैली।

handy (हैन्´-डी) ***adj.*** 1. easy to use or handle, सहज, सुगम, उपयोगी। 2. readily accessible, पहुँच में होनेवाला। 3. manually adroit, दक्ष, प्रवीण, पटु। 4. near, समीपस्थ।

handyman (हैन्´-डि-मॅन्) ***n.*** a person who does odd jobs, वह जो हर प्रकार का काम करने के लिए तैयार हो, सर्वकर्मकार, उपयोगी व्यक्ति।

hang (हैंग्) ***v.*** (hung, hanging) 1. to fasten from above with no support from below, लटकाना, टाँगना। 2. to be fastened in this way, लटकना, टँगना। 3. to fix or to be fixed on hinges, (दरवाज़े के पल्ले को) कब्ज़ें या चूल पर खड़ा करना (जिससे वे झूल सके)। 4. to droop, लटकना, झुकना। 5. to stick (wallpaper) to a wall, दीवार पर (वालपेपर) चिपकाना। 6. to furnish by suspending objects out, प्रदर्शित करना, टाँगना। 7. (p. p. & p.t. hanged) to execute by suspending by the neck from a noose, फाँसी पर टाँगना या लटकाना। ☐ **hang about,** (i) to stay near a place purposelessly, to hang around, आस-पास आवारा फिरना; (ii) to delay, देर करना; **hang**

around, (i) to loiter, आवारा फिरना, मटरगश्ती करना; (ii) to keep company, चिपके रहना, मँडराना; **hang back,** to hesitate, हिचकना; **hang by a thread,** to be in great danger, संकट में होना; **hang fire,** to be delayed, लटक जाना, बीच में फँस जाना; **hang in,** to persist in spite of adversity, डटे रहना, भिड़े रहना, हटने का नाम न लेना; **hang on,** (i) to hold tightly, कस के पकड़े रहना; (ii) to depend on, भरोसे पर रहना, भरोसा करना; (iii) to stick to one's duty, जुटे या जमे रहना; (iv) to wait for a short time, थोड़ी प्रतीक्षा करना; **hang out,** to visit (some place) frequently, बराबर (कहीं) आते-जाते रहना; **hang over,** (i) to continue or remain, बना रहना; (ii) to threaten, डराना, धमकाना, सिर पर होना या मँडराना; **hang together,** (i) to remain united, एक-जुट रहना, एका बना रहना; (ii) to be consistent, संगत होना; **hang up,** (i) to finish a telephone conversation be replacing the receiver, टेलिफ़ोन से बात ख़त्म होने पर रिसीवर रख देना; (ii) to delay, देर करना, देर लगाना; (iii) to hinder, अवरुद्ध करना। *n.* 1. the way in which something hangs, लटके होने की अवस्था या भाव, लटकन। 2. the particular meaning, कोई विशिष्ट अर्थ। 3. the proper method of doing something, ढंग, ढब, पद्धति। □ **not to give a hang,** not to care at all, कुछ भी परवाह न करना।

hangar (हैंग्´-अ:) *n.* a shed or building where aircrafts are kept or repaired, वायुयानों के लिए मरम्मत-घर, विमानालय, विमान-घर।

hangdog (हैंग्´-डॉग्) *adj.* 1. ashamed, शर्मिंदा, लज्जित। 2. downcast, अधोमुख, उदास। 3. abject, कमीना, नीच।

hanger (हैंग्´-अ:) *n.* 1. one who hangs, लटकनेवाला। 2. a device for hanging a garment on, हैंगर।

hanger-on (हैंग्´-अ:-ऑन्) *n.* a person who attaches himself to another in the hope of receiving favours, चमचा, ख़ुशामदी व्यक्ति, पिछलग्गू, आश्रित।

hanging (हैंग्´-इंग्) *n.* an execution by hanging, फाँसी।

hangings (हैंग्´-इंग्स्) *n.* (plu.) curtains etc. hung on walls, doors, windows etc., परदे तथा लटकाई जानेवाली अन्य चीज़ें।

hangman (हैंग्´-मॅन्) *n.* one who executes condemned prisoners, वह जो फाँसी पर लटकाता हो, जल्लाद।

hangnail (हैंग्´-नेल्) *n.* torn skin at the side or base of fingernail, सुतला।

hangout (हैंग्´-ऑउट्) *n.* a favourite meeting place, मिल-बैठने का अड्डा।

hangover (हैंग्´-ओ-वॅ:) *n.* 1. unpleasant aftereffects resulting from drinking too much alcohol, शराब की ख़ुमारी। 2. unpleasant aftereffect, कुपरिणाम, कुप्रभाव।

hang-up (हैंग्´-अप्) *n.* 1. a difficulty or obstacle, कठिनाई या बाधा। 2. an inhibition, निषिद्ध बात।

hank (हैंक्) *n.* a coil of thread or wool, अट्टी, लच्छी।

hanker (हैंक्´-कॅ:) *v.* (hankered, hankering) to have a longing, लालायित होना, आतुर होना, ललक जगना। □ **hanker after,** to have a longing for, के पीछे दौड़ना।

hankering (हैंक्´-कॅ-रिंग्) *n.* a longing, लालसा, साध, ललक।

hanky (हैंक्´-की) *n.* a handkerchief, रूमाल।

hanky-panky (हैंक्´-की-पैंग्´-की) *n.* 1. mischievous behaviour, शरारत। 2. deceit, धोखा, छल।

hansom (हैन्´-सॅम्) *n.* a two-wheeled covered horse-drawn carriage, बग्घी।

hap (हैप्) *n.* 1. a happening, घटना। 2. a chance, मौक़ा, अवसर। *v.* (happed, happing) to happen, घटित होना, होना।

haphazard (हैप्-हैज़्´-अ:ड्) *adv.* 1. occurring by chance, संयोगजन्य, आकस्मिक। 2. characterized by lack of order or plan, गड्डमड्ड, ऊटपटांग, विशृंखलित।

hapless (हैप्´-लिस्) *adj.* unfortunate, भाग्यहीन, अभागा।

haplessly (हैप्´-लिस्-ली) *adv.* unfortunately, दुर्भाग्यवश।

haply (हैप्´-ली) *adv.* by chance, संयोगवश, संयोग से, इत्फ़ाक से।

happen (हैप्´-अॅन्) *v.* (happened, happening) 1. to take place, घटित होना, घटना, होना। 2. to take place by chance, संयोग से होना, घटित होना, होना। 3. to come upon something by chance, सामना होना, भेंट होना।

happening (हैप्´-अॅ-निंग्) *n.* 1. an event, घटना। 2. an event or spectacle which catches attention, ध्यान आकृष्ट करनेवाली बात या दृश्य।

happenstance (हैप्´-अॅन्-स्टैन्स्) *n.* a thing that happens by chance, वह चीज़ या बात जो अचानक (घटित) हुई हो।

happily (हैप्´-इ-ली) *adv.* 1. in a happy manner, ख़ुशी-ख़ुशी, आनंदपूर्वक, सुख से। 2. fortunately, सौभाग्यवश, सौभाग्य से।

happiness (हैप्´-इ-निस्) *n.* the state or feeling of being happy, ख़ुशी, प्रसन्नता, सुख।

happy (हैप्´-ई) *adj.* (happier, happiest) 1. feeling pleasure or joy, ख़ुश, प्रसन्न, सुखी। 2. pleasing, सुखद। 3. characterized by good fortune, शुभ। 4. suitable, appropriate, उचित, सही, उपयुक्त।

happy-go-lucky (हैप्-इ-गो-ल´-की) *adj.* easy-going, carefree, बेफ़िक्र, चिंतामुक्त, मनमौजी।

happy medium *n.* the middle way, बीच का रास्ता, मध्यम मार्ग।

harakiri (हैर्´-अॅ-कीर्´-ई) *n.* a Japanese method of suicide by disembowelment, जापानी लोगों द्वारा पेट में छुरा भोंककर की जानेवाली आत्महत्या, हाराकीरी।

harangue (हॅ-रैंग्´) *n.* 1. a bombastic and lengthy speech, लंबा-चौड़ा भाषण। 2. a tirade, फटकार। *v.* (harangued, haranguing) to make a harangue (to), लंबा भाषण सुनाना, फटकार सुनाना।

harass (हॅ-रैस्´, हैर्´-अॅस्) *v.* (harassed, harassing) 1. to annoy or irritate continually, बराबर तंग करना, परेशान कर डालना, नाकों दम कर देना, दुखी कर देना। 2. to irritate (an enemy) by repeated raids, (शत्रु पर) बार-बार आक्रमण कर उसे परेशान कर डालना।

harassed (हॅ-रैस्ड्´, हॅ-रैस्ट्´) *adj.* tired and irritated by continual worry, परेशान, व्यथित, दुखी।

harassment (हॅ-रैस्´-मॅन्ट्) *n.* an act of harassing or the state of being harassed, परेशानी, व्यथा, तवालत।

harbinger (हाः´-बिन्-जॅः) *n.* 1. one who or that which announces the approach of another, किसी के आगमन की पूर्व सूचना देनेवाला। 2. a forerunner, अग्रदूत।

harbour, harbor (हाः´-बॅः) *n.* 1. a place of shelter for ships, बंदरगाह। 2. a place of shelter, शरणस्थल, अभयारण्य। *v.* (harboured, harbouring) 1. to give shelter to, शरण देना। 2. to protect, रक्षा करना। 3. to hold a thought or feeling about, (किसी के प्रति कोई बात) मन में रखना, धारणा बनाना; to harbour a grudge, मनमुटाव रखना।

hard (हाःड्) *adj.* (harder, hardest) 1. resistant to pressure, firm, क्रड़ा, कठोर, सख़्त। 2. difficult to cut or break, जिसे सरलता से काटा या तोड़ा न जा सके, कड़ा। 3. difficult to do or understand, दुष्कर, दुरूह। 4. difficult to answer, मुश्किल, कठिन। 5. intense, severe, तीव्र, उग्र, प्रचंड; a hard blow, तीव्र आघात। 6. energetic, परिश्रमी; a hard worker, परिश्रमी कार्यकर्ता। 7. harsh, bitter, अप्रिय, कड़ा, तीखा। 8. unjust, cruel, कठोर, निर्मम, नृशंस। 9. real, वास्तविक; hard facts, वास्तविक तथ्य। 10. strongly alcoholic, तेज़ (शराब)। 11. (of water) containing mineral salts, खनिज तत्त्वों से युक्त (जल)। 12. voiceless, अघोष (वर्ण)। 13. (currency) money which cannot be exchanged freely, दुर्लभ (मुद्रा)। □ **hard and fast,** strict, कठोर, कड़ा; hard and fast rule, पक्का नियम; **hard of hearing,** deaf, बहरा; **hard up,** short of money, जिसका हाथ तंग हो। *adv.* 1. with great effort, मुश्किल से। 2. heavily, ज़ोर से। 3. severely, कठोरता

से। 4. energetically, परिश्रम से। □ **hard hit,** deeply or badly affected, बुरी तरह प्रभावित; **hard upon,** (i) soon after, तुरंत बाद, जल्दी ही; (ii) close behind, पीछे-पीछे।

hard-back (हा:ड्´-बैक्) *adj.* bound in cloth, leather etc, पक्की जिल्दवाला।

hard-bitten (हा:ड्´-बिट्-ॲन्) *adj.* stubborn, दृढ़, हठी।

hard-boiled (हा:ड्´-बॉइल्ड्) *adj.* (of eggs) boiled until whole interior is solid, ख़ूब या पूरा उबाला हुआ (अंडा)।

hard-bound (हा:ड्´-बॉउन्ड्) *adj.* having a stiff binding, पक्की जिल्दवाला।

hard cash *n.* ready money, नक़द रुपया, नक़दी।

hard-core (हा:ड्´-को:) *adj.* stubborn, unwavering, unyielding, हठी, दृढ़, पक्का, न झुकनेवाला।

hard-cover (हा:ड्´-कव्´-ॲ:) *adj.* hard-bound, पक्की जिल्दवाला।

harden (हा:´-डॅन्) *v.* (hardened, hardening) 1. to become hard, कठोर या कड़ा हो जाना। 2. to cause to become hard, कड़ा करना या बनाना, कठोर बनाना। 3. to become or cause to become forceful, कड़ा रुख अपनाना। 4. (of prices) cease to fluctuate, (मूल्य) स्थिर रहना। □ **harden to,** to become less sensitive, आदी हो जाना, महसूस न करना; He is becoming hardened to failures, वह विफलताओं का आदी हो गया है।

hard hat *n.* 1. a protective helmet worn by construction workers, राज-मज़दूरों द्वारा पहना जानेवाला लोहे का टोप। 2. a construction worker, मकान बनानेवाला मज़दूर या कारीगर। 3. a conservative person, रूढ़िवादी व्यक्ति। 4. a patriot, देशभक्त।

hardheaded (हा:ड्-हॅड्´-इड्) *adj.* practical, realistic, व्यावहारिक, व्यवहारशील, दुनियादार, सयाना।

hardhearted (हा:ड्-हा:´-टिड्) *adj.* unsympathetic, cold, निर्दय, कठोर।

hardihood (हा:´-डि-हुड्) *n.* boldness, दिलेरी, निर्भीकता।

hardily (हा:´-डि-ली) *adv.* boldly, दिलेरी से, हिम्मत से।

hard line *n.* a fixed point of view, an uncompromising stance, कड़ा रुख, हठ।

hard liner *n.* one who takes a hard line, कड़ा रुख अपनानेवाला, हठी।

hard luck *n.* bad luck, दुर्भाग्य, बदक़िस्मती।

hardly (हा:ड्´-ली) *adv.* 1. with difficulty, मुश्किल से, कठिनाई से। 2. almost not, not at all, बिल्कुल नहीं। 3. not really, वस्तुत: नहीं। 4. in a hard manner, सख़्ती से।

hardness (हा:ड्´-निस्) *n.* the quality of being hard, कड़ापन, कठोरता; कड़ाई, सख़्ती।

hard-nosed (हा:ड्´-नोज़्ड्) *adj.* hard-headed, सयाना, दुनियादार।

hard nut *n.* a difficult person or job, विकट व्यक्ति या काम; He is a hard nut to crack, उससे पार पाना मुश्किल है।

hard palate *n.* the bony portion of the palate, कठोर तालु।

hardpan (हा:ड्´-पैन्) *n.* a layer of hard unbroken ground, कड़ी ज़मीन।

hard-shell (हा:ड्´-शॅल्) *adj.* uncompromising, हठी, अनम्य, अटल।

hardship (हा:ड्´-शिप्) *n.* 1. that which is hard to bear, suffering, कठिनाई, विपत्ति, संकट, मुसीबत। 2. lack of necessities, अभाव, तंगी।

hardware (हा:ड्´-वॅअ:) *n.* 1. metal goods, tools and utensils, धातु के बर्तन तथा उपकरण। 2. machinery, संयंत्र। 3. weapons, अस्त्र-शस्त्र। 4. the mechanical and electronic parts of a computer, हार्डवेअर।

hardwood (हा:ड्´-वुड्) *n.* tough timber, मज़बूत लकड़ी, पक्की लकड़ी।

hardworking (हा:ड्´-व:-किंग्) *adj.* putting care and effort into what one does, परिश्रमी, मेहनती।

hardy (हा:´-डी) *adj.* (hardier, hardiest) 1. strong and rugged, तगड़ा, मज़बूत, सशक्त। 2. courageous, दिलेर, साहसी। 3. (of plants) capable of surviving cold weather, सर्दी को सह लेनेवाला (पौधा)।

hare (हॅअ:) *n.* (plu. hares, hare) a rabbit-

like mammal with long ears, खरगोश। □ **run with the hare and hunt with the hounds,** to try to satisfy both the parties, दोनो पक्षों से बनाए रखना, चोर से कहना चोरी कर और साव से कहना जागता रह।

harebrained (हेंअॅ:´-ब्रेन्ड्) *adj.* 1. wild and foolish, उतावला। 2. not practical, अव्यवहारशील, अव्यावहारिक।

harelip (हेंअॅ:´-लिप्) *n.* the congenital deformity causing split upper lip in human beings, होंठ का कटाव।

harelipped (हेंअॅ:´-लिप्ड्) *adj.* having split upper lip, कटावदार होंठवाला।

harem (हार्´-अॅम्, हैर्´-अॅम्) *n.* 1. part of a house in which (Muslim) women live, हरम, अंतःपुर, रनिवास। 2. the women who live in this, हरम में रहनेवाली औरतें (बेगमें, रखेलें, नौकरानियाँ आदि)।

hark (हा:क्) *v.* (harked, harking) to listen carefully, ध्यान से सुनना। □ **hark back,** to return to a previous point or subject, पिछली बात या विषय पर लौटना, गड़े मुर्दे उखाड़ना।

harlequin (हा:´-लि-क्विन्) *n.* a clownlike character in pantomime wearing multi-coloured clothing, मसखरा, विदूषक। *adj.* dressed in multi-coloured clothing, जो विदूषकों की तरह रंग-बिरंगे कपड़े पहने हो।

harlot (हा:´-लॅट्) *n.* a prostitute, वेश्या, रंडी।

harlotry (हा:´-लॅ-ट्री) *n.* prostitution, वेश्यावृत्ति, रंडीबाज़ी।

harm (हा:म्) *n.* an injury or damage, नुक्सान, हानि, क्षति, चोट। *v.* (harmed, harming) 1. to cause harm to, नुक्सान पहुँचाना, हानि या क्षति करना, चोट पहुँचाना। 2. to cause damage to, क्षतिग्रस्त करना।

harmful (हा:म्´-फ़ुल्) *adj.* causing harm, नुक्सान करनेवाला, हानिकारक, नुक्सानदेह, क्षतिकारक।

harmless (हा:म्´-लिस्) *adj.* 1. causing no harm, हानि न करनेवाला, नुक्सान न पहुँचानेवाला। 2. inoffensive, चोट या आघात न करनेवाला, निरीह।

harmonic (हा:-मॉन्´-इक्) *adj.* having a harmonious sound, समस्वरित, समरस।

harmonica (हा:-मॉन्´-इ-कॅ) *n.* a kind of mouth organ, बाजा, माउथ-आर्गन।

harmonics (हा:-मॉन्´-इक्स्) *n.* the science relating to the physical properties of musical sound, नाद विज्ञान।

harmonious (हा:-मो´-नि-अॅस्) *adj.* 1. marked by harmony of sound, tuneful, समस्वरित, समरस, श्रुतिमधुर, सुस्वर। 2. forming a pleasing or consistent whole, समरूप, समरस। 3. marked by agreement and accord, सद्भावनापूर्ण, समरस, मधुर संबंध का सूचक।

harmonium (हा:-मो´-नि-अॅम्) *n.* a musical instrument, with metal reeds, हारमोनियम।

harmonization (हा:-मो-नाइ-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of harmonizing or the state of being harmonized, समस्वरण, समरसता।

harmonize (हा:´-मो-नाइज़्) *v.* (harmonized, harmonizing) 1. to bring into harmony, समस्वरित बनाना, समरस करना। 2. to be in harmony, समस्वरित होना, समरस होना। 3. to bring into agreement or to be in agreement, समरसता स्थापित करना या होना, ताल-मेल बैठाना या बैठना, संबंधों में मधुरता लाना या होना।

harmony (हा:´-मॅ-नी) *n.* 1. the combination of musical sounds pleasing to the ears, समस्वरता, श्रुतिमाधुर्य। 2. pleasing and peaceful relationship, मधुर संबंध, समरसता। 3. agreement, accord, संगति, ताल-मेल। 4. peacefulness, शांति।

harness (हा:´-निस्) *n.* 1. the straps and fittings of a horse, घोड़े का साज। 2. a strap, पट्टी, फीता। □ **die in harness,** continue to work until death, मरते दम तक कार्य में जुटे रहना, काम करते-करते मरना; **out of harness,** retired from work, सेवानिवृत्त। *v.* (harnessed, harnessing) 1. to put a harness on, (घोड़े पर) साज डालना या पहनाना। 2. to control, नियंत्रित करना।

harp (हा:प्) *n.* a musical instrument with long strings, हार्प नामक (विदेशी) बाजा।

v. (harped, harping) to play a harp, हार्प बजाना। □ **harp on,** (i) to discourse repeatedly about a subject, एक ही बात को बार बार कहते जाना; (ii) to talk a lot, बकबक करना, बकते चले जाना।

harpist (हा:-पिस्ट्) *n.* one who plays on harp, हार्प बजानेवाला, हार्पवादक।

harpoon (हा:-पून्´) *n.* a spear with a long rope used as a missile for hunting whales, व्हेल मछलियों का शिकार करने का भाला, मछभाला, हार्पून। *v.* (harpooned, harpooning) 1. to haunt with a harpoon, मछभाले से शिकार करना। 2. to capture with a harpoon, भाले से शिकार पकड़ना।

harpsichord (हा:प्´-सि-कॉ:ड्) *n.* an old type of piano, प्यानो की तरह का एक पुराना बाजा।

harpy (हा:´-पी) *n.* 1. a cruel mythological creature having the head of a woman and the body of a bird, एक पौराणिक पक्षी जिसका सिर स्त्री का और काया पक्षी की मानी जाती थी, चुड़ैल, डायन। 2. a very cruel and greedy person, लूट-खसोट करनेवाला निर्दयी व्यक्ति।

harquebus (हा:´-क्वि-बॅस्) *n.* an old type of heavy gun, पुरानी चाल की बड़ी तोप।

harridan (हैर्´-इ-डॅन्) *n.* a bad-tempered old lady, दुष्ट बुढ़िया, झगड़ालू बुढ़िया, दुष्टा।

harrier[1] (हैर्´-इ-अॅ:) *n.* 1. a small hound used for hunting hares, छोटी जाति का एक शिकारी कुत्ता, हैरिअर। 2. a cross-country runner, लंबी दौड़ में भाग लेनेवाला धावक।

harrier[2] *n.* 1. one who harries, धावे पर धावा बोलनेवाला, बराबर वार या आक्रमण करनेवाला, बार-बार तंग या परेशान करनेवाला। 2. a kind of falcon, बाज़ पक्षी।

harrow (हैर्´-ओ) *n.* a farm implement with teeth or disks for breaking up soil, जोते हुए खेत में मिट्टी के ढेले तोड़ने का दाँतेदार उपकरण, हैरो। *v.* (harrowed, harrowing) 1. to break up soil with a harrow, हैरो चलाना, पाटा फेरना। 2. to torment, यातना देना, सताना।

harrowing (हैर्´-ओ-इंग्) *adj.* causing feelings of distress and worry, दुखद और चिंताजनक, भयावह।

harry (हैर्´-ई) *v.* (harried, harrying) 1. to trouble continually, परेशान किए रहना, निरंतर तंग करना। 2. to attack repeatedly, बार-बार आक्रमण करना, चढ़े चलना।

harsh (हा:श्) *adj.* 1. unpleasant to the sense of hearing, कर्णकटु, कटु, कड़वा। 2. severe, stern, उग्र, कड़ा। 3. cruel, निर्दय, क्रूर, क्रूरतापूर्ण। 4. rough, रूखा।

harshly (हा:श्´-ली) *adv.* in a harsh manner, उग्रतापूर्वक, क्रूरतापूर्वक, निर्दयतापूर्वक, रुखाई से।

harshness (हा:श्´-निस्) *n.* the quality of being harsh, उग्रता, निर्दयता, रुखाई।

hart (हा:ट्) *n.* a full-grown red male deer, लाल युवा हिरन।

hartal (ह:´-टाल्) *n.* closing of shops and stopping of work as a sign of dissatisfaction, हड़ताल।

harum-scarum (हेअॅर्´-अॅम्-स्केअॅर्´-अॅम्) *n.* a thoughtless or wild person, अविचारी या उजड्ड व्यक्ति। *adj.* 1. thoughtless, अविचारी। 2. wild, जंगली, उजड्ड। *adv.* in a harum-scarum way, बिना सोचे-विचारे, अविचारपूर्वक; उजड्डपने से।

harvest (हा:´-वॅस्ट्, हा:´-विस्ट्) *n.* 1. the act of gathering crops, फसल की कटाई, लुनाई, कटाई। 2. the season when this is done, फसल काटने का समय या ऋतु, कटनी। 3. a gathered crop, उपज, पैदावार, फसल। 4. the product of any action, परिणाम, फल। *v.* (harvested, harvesting) 1. to gather crop, फसल की कटाई करना; फसल इकट्ठी करना। 2. to acquire, प्राप्त करना, पाना।

harvester (हा:´-वि-स्टॅ:) *n.* 1. a person who gathers a crop, कटाई करनेवाला, लुनेरा। 2. a machine for cutting and gathering grain, फसल काटनेवाली मशीन।

harvest moon *n.* the full moon in autumn, शरच्चंद्र, शरद पूर्णिमा।

has (हैज़्) *v.* third person singular, present tense of have, रखता है, (के) पास है।

has-been (हैज़्´-बिन्) *n.* a person or thing

that is no longer famous or useful, वह वस्तु या व्यक्ति जो पहले जैसा महत्त्वपूर्ण या उपयोगी अब न हो, गया-बीता व्यक्ति या वस्तु।

hash (हैश्) *n.* 1. a dish of chopped meat, चाल-क़ीमा। 2. a mess or mixed-up affair, चाल-मेल, गड्डमड्ड। *v.* (hashed, hashing) 1. to mince or chop up, क़ीमा करना। 2. to mess up, घाल-मेल करना, गड्डमड्ड करना।

hashish (हैश्´-इश्) *n.* a narcotic extract prepared from the dried flowers of hemp, चरस, हशिश।

hasp (हैस्प्) *n.* a metal fastener for a door, box etc., कुंडी।

hassle (हैस्´-अॅल्) *n.* 1. an argument or quarrel, तर्क या विवाद। 2. something troublesome or annoying, कठिन कार्य, मुश्किम काम, परेशानी। *v.* (hassled, hassling) 1. to argue or quarrel, तर्क या विवाद करना। 2. to bother or harass, परेशान करना।

hassock (हैस्´-अॅक्) *n.* a cushion used for kneeling, गद्दी, आसन।

hast (हैस्ट्) *v.* the past tense of have, used with thou (old use).

haste (हेस्ट्) *n.* 1. quickness, hurry, शीघ्रता, जल्दी। 2. rashness, जल्दबाज़ी, हड़बड़ी। 3. swiftness, तेज़ी, तेज़ रफ़्तार। □ **in haste,** hurriedly, हड़बड़ी में; **make haste,** to hurry, जल्दी करना;जल्दबाज़ी करना, हड़बड़ी मचाना।

hasten (हे´-सॅन्) *v.* (hastened, hastening) 1. to move swiftly, तेज़ी से आगे बढ़ना, शीघ्रता करना, जल्दी करना। 2. to cause to move, swifty, तेज़ी से आगे बढ़ाना, जल्दी मचाना।

hastily (हेस्ट्´-इ-ली) *adv.* in haste, जल्दी-जल्दी, जल्दी में, हड़बड़ी में।

hastiness (हेस्ट्´-इ-निस्) *n.* the state or quality of being hasty, हड़बड़ी, जल्दी।

hasty (हे´-स्टी) *adj.* (hastier, hastiest) 1. done with haste, जल्दी में किया हुआ, हड़बड़ी में किया जानेवाला, जल्दबाज़ी-भरा। 2. rash, उतावला या उतावलेपन से किया जानेवाला, आवेशपूर्ण। 3. unwise, अविवेकपूर्ण, अविचारित।

hat (हैट्) *n.* 1. a covering for the head, हैट। 2. a person's position or job, पद या कार्य; He wears two hats, वह दो पद संभाले है। □ **a bad hat,** a bad person, ख़राब आदमी, दुष्ट व्यक्ति; **hang up one's hat,** to retire from work, काम-काज से अवकाश लेना; **Keep it under your hat.** Keep it secret. गुप्त रखो, ढका रहने दो। **pass the hat round,** to collect money, चंदा उगाहना; **take one's hat off,** to salute and admire, अभिवादन तथा प्रशंसा करना, वाह वाह करना; **talk through one's hat,** to say something stupid, मूर्खतापूर्ण बात कहना; **throw or toss one's hat into the ring,** to contest an election, चुनाव में कूदना।

hatch[1] (हैच्) *n.* an opening, द्वार या मार्ग।

hatch[2] *v.* (hatched, hatching) 1. to produce young animals from the egg, अंडे सेना। 2. to emerge from an egg, अंडे से निकलना। 3. to make up a plan in secret, चोरी-छिपे योजना बनाना, खिचड़ी पकाना। *n.* 1. the act of hatching, अंडे सेने का कार्य। 2. that which is hatched, अंडे से निकला हुआ जीव।

hatchery (हैच्´-अॅ-री) *n.* a place where eggs are hatched, अंडे सेने का स्थान।

hatchet (हैच्´-इट्) *n.* a short-handled axe, कुल्हाड़ी। □ **bury the hatchet,** to make peace, विवाद को दूर कर मेल करना, शांति स्थापित करना।

hatchet man *n.* 1. a hired killer, भाड़े का हत्यारा। 2. a violent person in word or deed, नृशंस व्यक्ति।

hatching (हैच्´-इंग्) *n.* the drawing of closely spaced parallel lines, समानांतर रेखांकन, रेखाच्छादन।

hatchway (हैच्´-वे) *n.* 1. an opening, द्वार, मार्ग, रास्ता। 2. a movable cover of an aircraft or ship, वायुयान या जलयान का द्वार, यानद्वार।

hate (हेट्) *v.* (hated, hating) 1. to dislike intensely, अत्यंत घृणा करना, बहुत अधिक या गहरी नफ़रत करना। 2. to have a great dislike

(of), गहरी नफ़रत होना। 3. to be reluctant, अनिच्छुक होना, पसंद न होना; She hates washing dishes, उसे प्लेटें धोना पसंद नहीं। *n.* 1. intense dislike, hatred, घृणा, नफ़रत। 2. the thing hated or an object of hatred, नापसंद वस्तु या काम।

hateful (हेट्´-फ़ुल) *adj.* 1. arousing hatred, घृणित, गर्हित, घिनौना। 2. hostile, प्रतिकूल; You are always hateful to me and nice to others. तुम दूसरों से तो अच्छा व्यवहार करते हो और मुझसे सदा नफ़रत।

hatefully (हेट्´-फ़ु-ली) *adv.* in a hateful manner, घृणापूर्वक, नफ़रत से।

hater (हे´-टः) *n.* one who hates, घृणा करनेवाला।

hath (हैथ्) *v.* (old use) has.

hatless (हैट्´-लिस्) *adj.* without hat, जिसने हैट न पहना हो, जो नंगे सिर हो, नंगे सिर।

hatred (हे´-ट्रिड्) *n.* 1. hate, घृणा, नफ़रत। 2. animosity, द्वेष, वैर, विद्वेष।

hatted (हैट्´-इड्) *adj.* wearing a hat, हैटधारी, जो हैट पहने या लगाए हो।

hatter (हैट्´-अॅः) *n.* a maker or seller of hats, हैट बनाने या बेचनेवाला, हैट-निर्माता, हैट-विक्रेता।

hat trick *n.* 1. the act of getting three wickets in three successive balls, (क्रिकेट के खेल में) किसी एक खिलाड़ी द्वारा लगातार तीन बालों में तीन विकेट लेने की क्रिया, तिहरी सफलता, हैट ट्रिक। 2. the act of scoring three goals in a row, (हाकी, फ़ुटबाल आदि के खेल में) किसी एक खिलाड़ी द्वारा एक पर एक अर्थात् लगातार किए जानेवाले तीन गोल, हैट ट्रिक।

haughtily (हाः´-टि-ली) *adv.* in a haughty manner, अहंकारपूर्वक, तिरस्कारपूर्वक।

haughtiness (हाः´-टि-निस्) *n.* the quality of being haughty, अक्खड़पन, हेकड़ी, दंभ, घमंड, अहंकार।

haughty (हाः´-टी) *adj.* (haughtier, haughtiest) 1. arrogant, अक्खड़, हेकड़, उद्धत। 2. disdainfully proud, scornful, दंभी, घमंडी, अहंकारी।

haul (हाःल्) *v.* (hauled, hauling) 1. to pull or drag, धकेलना या घसीटना। 2. to cart, गाड़ी से (माल) ढोना, ढुलाई करना। 3. to force to appear, उपस्थिति के लिए बाध्य करना। *n.* 1. the act of hauling, धकेलने या घसीटने की क्रिया। 2. the act of carting, ढुलाई। 3. the distance over which something is hauled, (माल) ढोने की दूरी। 4. the amount of fish caught in a net, जाल में फँसाई हुई मछलियों की राशि। 5. the amount of something gained, प्राप्त राशि, पाया या लूटा हुआ माल, लूट।

haulage (हाः´-लिज्) *n.* 1. the act of carting or transporting something, ढुलाई, परिवहन। 2. the charges for this, ढुलाई, भाड़ा, किराया।

haulier (हाः´-लिअॅः) *n.* a transporter, ढुलाई करनेवाला, परिवहन-व्यवसायी।

haulm (हाःम्) *n.* a stalk, डंठल।

haunch (हाःन्च्) *n.* the hip and upper thigh, नितंब, चूतड़, पुट्ठा।

haunt (हाःन्ट्) *v.* (haunted, haunting) 1. to visit or appear frequently to (as a ghost or spirit, प्रेत या आत्मा के रूप में कहीं) जाते रहना, लगना, दिखाई देते रहना; The fort is haunted. किला भुताहा है। 2. to persecute by frequent visitations, बराबर आ धमकना, जा-जाकर तंग करना। 3. to linger in the mind of, दिमाग पर छाया रहना, कचोटते रहना। *n.* the place to which a person or animal habitually visits, वह स्थान जहाँ कोई व्यक्ति या पशु बराबर आता-जाता रहता हो, अड्डा।

haunted (हाःन्´-टिड्) *adj.* frequented by a ghost or spirit, वह स्थान जहाँ भूत-प्रेत बराबर आते रहते हों, भुताहा।

hautboy (ओ´-बॉइ) *n.* a woodwind instrument, शहनाई की तरह का एक बाजा।

haute couture (ओट्-कू-टूः´) *n.* high fashion garments, उन्नत फैशनवाले कपड़े, नव परिधान। (फ्रांसीसी)

haute cuisine (ओट्-क्वी-ज़ीन्´) *n.* skillfully prepared cuisine, कौशलपूर्वक तैयार किया हुआ व्यंजन। (फ्रांसीसी)

hauteur (ओ-टः´) *n.* haughtiness, घमंड, दर्प।

have (हैव्) *v.* (had, having) 1. to own or possess, होना, पास होना, रखना, रहना। 2. to possess as a characteristic quality, युक्त

होना, धारण करना। 3. to experience, अनुभव होना या करना। 4. to be experiencing, अनुभूत होना लगना, प्रभावित होना। 5. to contain, समाहित करना, अंदर होना या रखना। 6. to give birth to, जन्म देना। 7. to exhibit, प्रदर्शित करना, दिखाना। 8. to put into a certain condition, किसी परिस्थिति में डालना; You have me there. तुमने मुझे वहाँ पहुँचाया है। 9. to receive or accept, लेना, प्राप्त करना, स्वीकार करना। 10 to cause a thing to be done, कराना। 11. used as an auxiliary with a past participle to form perfect tenses, इसका प्रयोग सहायक क्रिया के रूप में पूर्ण वर्तमान, पूर्ण भूत तथा पूर्ण भविष्य काल बनाने के लिए होता है। □ **had better,** ought to, चाहिए; **have at,** to attack, आक्रमण करना; **have done with,** to finish or stop, समाप्त करना, रोकना; **have had it,** to be unwilling to tolerate more, बहुत हो चुका; **have in,** (i) to keep a supply of (something कोई चीज़) पास होना; (ii) to invite to one's home, अपने घर पर बुलाना; **have it off with,** to have sex with, सहवास करना; **have on,** to wear, पहनना; **have over,** to be better than, अपेक्षया अच्छा होना, बढ़कर होना; **have to do with,** to be concerned with, काम होना, संबंध होना।

haven (हे´-वॅन्) ***n.*** 1. a place of safety, शरणस्थल, सुरक्षित स्थल। 2. a port, बंदरगाह।

haversack (हैव्´-अॅ:-सैक्) ***n.*** a bag worn over the shoulder for carrying goods, झोला, थैला।

haves (हैव्ज़्) ***n.*** (plu.) rich people, धनी-मानी, अमीर लोग, धनाढ्य वर्ग; haves and have-nots, अमीर और गरीब।

havoc (हैव्´-अॅक्) ***n.*** 1. widespread destruction, विनाश, तबाही, बर्बादी। 2. widespread confusion or disorder, अव्यवस्था, अशांति। □ **play havoc with,** to ruin, चौपट या बर्बाद कर देना, आफ़त खड़ी कर देना, अव्यवस्था फैला देना।

haw (हा:) ***interj.*** the sound made in a loud laugh, हा हा!

Hawaian (हॅ-वाइ´-अॅन्) ***n.*** a native of Hawaii, हवाई देश का वासी।

hawk[1] (हा:क्) ***n.*** 1. a bird of prey, बाज़ पक्षी। 2. a hostile or a violent person, आक्रामक व्यक्ति।

hawk[2] ***v.*** (hawked, hawking) 1. to sell goods in the streets, फेरी लगाकर सामान बेचना, घर-घर सामान बेचने के लिए जाना, फेरी लगाना। 2. to utter a harsh guttural sound in an attempt to clear the throat, खखारकर गला साफ़ करना; to hawk up phlegm, बलगम निकालना, खखारना।

hawker (हा:´-कॅ:) ***n.*** a person who sells goods in the streets, फेरीवाला।

hawk-eyed (हा:क्´-आइड्) ***adj.*** having very keen eyesight, जिसकी नज़र बहुत तेज हो, तीक्ष्णदृष्टि।

hawkish (हा:´-किश्) ***adj.*** favouring an aggressive policy, आक्रमणशील, उग्रवादी।

hawser (हा:´-ज़ॅ:) ***n.*** a thick rope or cable for towing a ship, जहाज़ को खींचने का मोटा रस्सा या तार।

hay (हे) ***n.*** grass or other herbage cut and dried for fodder, पशुओं को डाली जानेवाली सूखी घास, भूसा आदि। □ **make hay while the sun shines,** seize an opportunity, मौक़े का लाभ उठाना, बहती गंगा में हाथ धोना।
v. (hayed, haying) to cut and dry and store grass for fodder, घास-भूसा सुखा तथा काटकर चारे के लिए रखना।

hay fever ***n.*** an acute allergic condition caused by the pollen of certain plants, परागज ज्वर।

haystack (हे´-स्टैक्) ***n.*** a pile of hay, घास-भूसे का ढेर।

haywire (हे´-वाइ:) ***adj.*** 1. not functioning properly, जो ठीक से काम न कर रहा हो। 2. out of control, अनियंत्रित।

hazard (हैज़्´-अॅ:ड्) ***n.*** 1. an obstacle, बाधा, रुकावट। 2. a risk or danger, जोखिम, ख़तरा।
v. (hazarded, hazarding) 1. to run the risk of, जोखिम उठाना, ख़तरा मोल लेना। 2. to expose to risk, ख़तरे में डालना; to hazard an

opinion or guess, ऐसी बात कहने का साहस करना जिसके ग़लत होने की संभावना हो।

hazardous (हैज़्´-अॅ:-डॅस्) *adj.* involving risk, risky, dangerous, जोखिम-भरा, जोखिमी, ख़तरनाक।

haze (हेज़्) *n.* 1. thin mist that reduces visibility, धुंध। 2. slightly mental confusion, हलकी भ्रांति, उलझन। *v.* (hazed, hazing) 1. to become hazy, धुँधला हो या पड़ जाना, धुँधला जाना। 2. to make hazy, धुँधला कर या बना देना। 3. to harass, परेशान करना, परेशानी में डालना, खिझाना।

hazel (हे´-ज़ॅल्) *n.* 1. a small tree bearing edible nuts, पिंघल वृक्ष।2. yellowish brown colour, पीलापन लिए भूरा रंग। *adj.* yellowish brown, पीलापन लिए भूरे रंग का।

hazelnut (हे´-ज़ॅल्-नट्) *n.* the nut of a hazel, पिंघल फल।

haziness (हे´-ज़ि-निस्) *n.* the state of being hazy, धुँधलापन, बदली, अस्पष्टता, अनिश्चय।

hazy (हे´-ज़ी) *adj.* 1. full of haze or mist, धुंध से भरा, धुँधला। 2. cloudy, मेघाच्छन्न। 3. unclear, vague, अस्पष्ट। 4. uncertain, अनिश्चित।

H-bomb (एच्´-बॉम्) *n.* a hydrogen bomb, हाइड्रोजन बम।

he (ही) ***pronoun.*** 1. third person singular pronoun used to refer a male or unspecified person, वह (पुरुष या व्यक्ति) 2. a male animal, नर; he-goat, बकरा।

head (हॅड्) *n.* 1. the upper part of the body consisting of skull and brain, सिर। 2. the part of a bed where one rests one's head, सिरहाना। 3. the upper and higher end of something, अग्रभाग, शीर्ष। 4. the brain or mind, मस्तिष्क, मन। 5. the intellect or mental ability, बुद्धि। 6. the side of a coin with a person's head, बुत, चेहरा। 7. each individual in the group, व्यक्ति।8. a single animal within a herd, पशु, रास। 9. a headache, सिरदर्द। 10. the top part of a blister or boil, फोड़े का मुँह। 11. rounded upper part or top of something, गोल सिरा, सिर। 12. a leader or ruler, नेता, प्रधान, सरदार, शासक। 13. either end of a drum, ढोल-मुख। 14. a measure of height or distance, ऊँचाई या दूरी का सिर के बराबर का नाप। 15. the upper end of a stretch of water, उद्‌गम, दहाना। 16. the heading, शीर्षक। 17. an item, मद। 18. a crisis, संकटावस्था, चरमबिंदु। 19. the froth on top of beer etc., झाग, फेन। □ **a good head,** a mental ability, विवेक, बुद्धिमत्ता; **above one's head,** beyond one's understanding, समझ से बाहर; **an old head on young shoulders,** a young but experienced person, अपनी अवस्था से अधिक परिपक्व व्यक्ति; **bite someone's head off,** to answer severely, करारा जवाब देना, मुँह तोड़ना; **bring to a head,** to cause to reach a crisis or decisive stage, निचोड़ निकालना, निष्कर्ष पर पहुँचना; **bury one's head in the sand,** to avoid facing a trouble, मुसीबत का सामना करने से भागना; **give some one his head,** to allow to work freely, स्वतंत्रतापूर्वक काम करने देना, नियंत्रण हटा लेना; **go to one's head,** (i) to make one drunk, to intoxicate, सिर पर चढ़ जाना, नशे में ला देना, (ii) to make conceited, घमंडी बना देना, सिर चढ़ा लेना; **have a swollen head,** to be too proud, घमंडी होना; **have something hanging over someone's head,** to feel the threat of, सिर पर मँडराना या लटकना, ख़तरा लगना; **have one's head in the clouds,** to be impractical, व्यावहारिकता का अभाव होना, आकाश में विचरण करना, धरती पर पैर न रखना; **head over heals,** (i) upside down, सिर नीचे पैर ऊपर; (ii) completely, पूर्णतः, बिल्कुल, पूरी तरह से; **keep one's head cool,** to remain calm, शांत रहना, धैर्य न खोना; **lose one's head,** to be wild, आपा खोना; **off one's head,** insane, mad, पागल, बावला; **over someone's head,** above someone's head, समझ के बाहर; **put heads together,** to consult together, मिल-बैठकर विचार करना; **put something into someone's**

head, to give someone a new idea, नई बात किसी के मन में बैठाना; **take something into one's head,** suddenly decide to do something, सहसा कुछ निश्चय कर लेना; **turn someone's head,** to make someone too conceited, घमंडी बना देना। *adj.* chief, मुख्य। *v.* (headed, heading) 1. to be at the head of, सब से आगे होना, अगुआई करना। 2. to be at the top of, सब से ऊपर होना, शिखर पर होना। 3. to move in a certain direction, किसी दिशा में अग्रसर होना। 4. to hit the ball with the head, सिर से (बाल को) मारना।

headache (हॅंड्´-एक्) *n.* 1. a pain of the head, सिरदर्द, सिर में होनेवाली पीड़ा। 2. a problem or difficulty, समस्या, झमेला, सिरदर्द।

headband (हॅंड्´-बैन्ड्) *n.* a band worn on the forehead, माथे पर बाँधी जानेवाली पट्टी।

headboard (हॅंड्´-बोःड्) *n.* a board at the head of a bed, पलंग का सिरहाने की तरफ़ का तख़्ता।

headdress (हॅंड्´-ड्रॅस्) *n.* an ornamental covering for the head, सिर ढकने का आवरण (टोपी, साफ़ा आदि), शिरोवस्त्र।

-headed (हॅंड्´-इड्) *adj.* 1. having a certain type of head, सिरवाला; long-headed, लंबे सिरवाला। 2. having a heading, शीर्षयुक्त।

header (हॅंड्´-अॅः) *n.* 1. act of diving head first, पानी में सिर के बल लगाई जानेवाली छलाँग। 2. a striking of the ball with the head, (फुटबाल में) बाल पर सिर से किया जानेवाला आघात, शिरोघात।

headfirst (हॅंड्´-फ़ःस्ट्´) *adv.* 1. headlong, सिर के बल। 2. hastily, अति शीघ्रतापूर्वक, जल्दबाज़ी में।

headgear (हॅंड्´-गिअॅः) *n.* a covering for the head, सिर पर पहनने की टोपी, पगड़ी या टोप।

headhunter (हॅंड्´-हन्-टॅः) *n.* 1. one who keeps the heads of his enemies as trophies, मारे हुए शत्रुओं के सिरों को उपहार के रूप में रखनेवाला। 2. one who offers better pay to the qualified persons already employed somewhere for joining one's company, बढ़िया वेतन का लालच देकर कुशल व्यक्तियों को अपने यहाँ बुलानेवाला।

headhunting (हॅंड्´-हन्-टिंग्) *n.* 1. the act of preserving the heads of enemies as trophies, शत्रुओं के सिरों को विजयोपहार के रूप में सुरक्षित रखने का कार्य। 2. an attempt to get the services of able persons already employed somewhere offering better emoluments, दूसरी जगह काम करनेवाले योग्य व्यक्तियों को ऊँचे वेतन पर अपने यहाँ बुलाने का कार्य।

headiness (हॅंड्´-इ-निस्) *n.* rashness, जल्दबाज़ी, उतावलापन।

heading (हॅंड्´-इंग्) *n.* a word or words written as a title at the top of an article or poem, शीर्षक, हैडिंग।

headlamp (हॅंड्´-लैम्प्) *n.* a powerful lamp mounted on the front of a car, हेडलैंप, हेडलाइट।

headland (हॅंड्´-लैन्ड्) *n.* the highland jutting out into the sea, शीर्ष भूमि, अंतरीप।

headless (हॅंड्´-लिस्) *adj.* 1. having no head, बिना सिर का। 2. without a leader, बिना सरदार का, नेतृत्वविहिन।

headlight (हॅंड्´-लाइट्) *n.* a headlamp, हेडलाइट, हेडलैंप।

headline (हॅंड्´-लाइन्) *n.* a boldly printed heading at the top of the front page in a newspaper, मुख्य शीर्षक, सुर्ख़ी, मुख्य समाचार। ☐ **hit the headlines,** to become famous, प्रसिद्धि पाना।

headlong (हॅंड्´-लॉङ्ग्) *adv.* 1. headfirst, सिर के बल। 2. hastily, जल्दबाज़ी में, बिना सोचे-विचारे, अंधाधुंध।

headman (हॅंड्´-मॅन्) *n.* (plu. headmen) the chief in a tribe, सरदार, मुखिया।

headmaster (हॅंड्´-मैस्-टॅः) *n.* the principal master of a school, प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक, हेडमास्टर।

headmistress (हॅंड्´-मिस्-ट्रिस्) *n.* the principal mistress of a school, प्रधानाचार्या, प्रधानाध्यापिका, हेडमिस्ट्रिस।

head office (हॅंड्´-आःफ़िस्) *n.* the principal office, प्रधान कार्यालय।

head-on (हेंड्´-ऑन्) *adj.* facing forward, सामने का, head-on collision, आमने-सामने की टक्कर, सिरों की टक्कर।

headphone (हेंड्´-फ़ोन्) *n.* an apparatus with receivers held over the ears, हेडफ़ोन।

headpiece (हेंड्´-पीस्) *n.* 1. a protective covering for the head, शिरस्त्राण। 2. an ornamental block at the top of the first page of a book, हेडपीस।

headquarters (हेंड्´-क्वाॅ:-टॅ:ज़्) *n.* (plu.) central office of a military unit or an organisation, मुख्यालय।

headrest (हेंड्´-रॅस्ट्) *n.* a head support in a motor vehicle, हेडरेस्ट, शिरोधार।

headship (हेंड्´-शिप्) *n.* the position or office of a head, प्रधानता, अध्यक्षता, प्रधान या अध्यक्ष का पद।

headstand (हेंड्´-स्टैन्ड्) *n.* the act of standing on one's head, शीर्षासन।

headstone (हेंड्´-स्टोन्) *n.* a stone set at the head of a grave, समाधि-शिला।

headstrong (हेंड्´-स्ट्रॉङ्ग्) *adj.* obstinate, हठी, जिद्दी।

headwaters (हेंड्´-वाॅ:टॅ:ज़्) *n.* (plu.) the streams from which a river rises, नदी के उद्गम स्थल की जलधाराएँ।

headway (हेंड्´-वे) *n.* 1. movement forward, गति। 2. progress, प्रगति। 3. overhead vertical space, शीर्षांतर। 4. the interval between successive buses on a route, बसों के छूटने में होनेवाला अंतर।

headword (हेंड्´-वॅ:ड्) *n.* a word printed in bold type forming a heading of a dictionary entry, मुख्य शब्द, प्रविष्टि।

headworker (हेंड्´-वॅ:क्-अॅ:) *n.* one who does mental work, दिमागी काम करनेवाला व्यक्ति।

heady (हेंड्´-ई) *adj.* 1. rash, जल्दबाज़, उतावला। 2. intoxicating, सिर पर चढ़नेवाला, मादक, नशीला। 3. violent, उग्र, प्रचंड।

heal (हील्) *v.* (healed, healing) 1. (of a sore) to return to health, to unite after cut or broken, (घाव का) भरना, (हड्डी का) जुड़ना, पुजना, चंगा होना, स्वस्थ हो जाना। 2. to cure, स्वस्थ करना या बनाना, नीरोग करना। 3. to set right, ठीक करना, सुधारना।

health (हेॅल्थ्) *n.* 1. the overall condition of being free from illness, स्वास्थ्य, सेहत। 2. the general condition of the body, स्वास्थ्य, सेहत, हाल। □ **drink (to) someone's health,** to wish for someone's good health and success, किसी के स्वास्थ्य तथा सफलता की मंगल कामना करना।

healthful (हेॅल्थ्´-फ़ुल्) *adj.* likely to produce good health, स्वास्थ्यकारी, स्वास्थ्यप्रद।

healthiness (हेॅल्´-दि-निस्) *n.* the state of being healthy, स्वस्थता।

healthy (हेॅल्´-दी) *adj.* 1. possessing good health, स्वस्थ, सेहतमंद, नीरोग। 2. indicative of good health, स्वस्थ। 3. beneficial, लाभकारी, लाभप्रद।

heap (हीप्) *n.* 1. a pile or mass of things, ढेर, अंबार। 2. a disorderly collection of things, ढेर, अंबार। 3. (plu.) a great amount, lots, ढेरों; We have heaps of time. हमारे पास ढेरों समय है। *v.* (heaped, heaping) 1. to pile up, ढेर लगाना। 2. to be piled up, ढेर लगना। 3. to load with large quantities, भर देना या भर लेना, लाद लेना या लाद देना; They heaped insults on him. उन्होंने उसे ढेरों खरी-खोटी सुनाईं।

hear (हिअॅ:) *v.* (heared, hearing) 1. to perceive by the ears, सुनना, श्रवण करना, कान में पड़ना। 2. to learn by hearing, सुनने में आना। 3 to listen with attention, ध्यान देना, सुनना। 4. to listen and try (a case in a court) सुनवाई करना, सुनना। □ **hear of,** to know of, सुनने में आना, सुनना; **hear out,** to listen till the end of someone's speech, किसी की पूरी बात सुनना, पूरा सुनना। **Hear! Hear!** a shout of agreement, बहुत अच्छे! वाह वाह!

heard (हॅ:ड्) *v.* p.t. & p.p. of hear.

hearing (हिअॅर्´-इंग्) *n.* 1. the ability or capacity to hear, सुनने की शक्ति या सामर्थ्य, श्रवण शक्ति; hearing impairment, श्रवण-दोष। 2. range of audibility, उतनी दूरी जहाँ

तक कोई ध्वनि या बात सुनाई देती हो। 3. a session for listening to arguments, सुनवाई, पेशी।

hearing aid *n.* a device worn by a deaf person to improve hearing, हिअरिंग एड, श्रवण यंत्र।

hearken (हा:´-कॅन्) *v.* (hearkened, hearkening) to listen carefully, ध्यान से सुनना।

hearsay (हिअॅ:´-से) *n.* information heard from another, सुनी-सुनाई बात, अफ़वाह, उड़ती ख़बर।

hearse (ह:स्) *n.* a vehicle for carrying the dead body to cemetery, शववाहन, शवयान।

heart (हा:ट्) *n.* 1. the organ inside the chest that pumps blood into the arteries, हृदय, दिल। 2. something in a shape like the shape of this organ, दिल। 3. the same organ regarded as the seat of emotions, दिल, हृदय।4. courage, साहस, हिम्मत, जीवट। 5. enthusiasm, उत्साह, जोश। 6. affection, स्नेह, प्रेम, मुहब्बत। 7. a beloved person, प्रिया या प्रियतम। 8. the vital part, मर्म स्थल, केंद्र, मध्य भाग। 9. any of a suit of playing cards marked with a red heart-shaped symbol, पान का पत्ता। □ **break someone's heart,** to make very unhappy, किसी का दिल तोड़ देना; **by heart,** by memory, मुँहज़बानी; **from the bottom of one's heart,** with real feeling, सच्चे हृदय से; **have one's heart in,** to be interested in, रुचि होना, प्रवृत्ति होना; **heart and soul,** completely, पूर्णतः, दिल-दिमाग से; **lose one's heart to someone,** to fall in love with someone, किसी को दिल दे बैठना, मुग्ध या लट्टू हो जाना; **take something to heart,** to feel the effect of something badly, दिल को लगा बैठना, बहुत अधिक महसूस करना; **with all one's heart,** (i) very gladly, ख़ुशी-ख़ुशी; (ii) completely, पूर्णतः।

heartache (हा:ट्´-एक्) *n.* deep sorrow, anguish, घोर व्यथा, मनोव्यथा।

heart attack *n.* partial failure of the pumping action of the heart, दिल का दौरा, हृदयाघात, हार्ट अटैक।

heart-beat (हा:ट्´-बीट्) *n.* the beating of the heart, दिल की धड़कन, धकधक।

heart-break (हा:ट्´-ब्रेक्) *n.* crushing disappointment, हृदय-विदारण, घोर निराशा, दिल टूट जाना।

heart-breaking (हा:ट्´-ब्रेक्-इंग) *adj.* causing deep disappointment, हृदयविदारक, दिल तोड़ देनेवाला।

heart-broken (हा:ट्´-ब्रो-कॅन्) *adj.* affected by deep sorrow, अत्यंत दुखी, जिसका दिल टूट गया हो।

heart-burn (हा:ट्´-ब:न्) *n.* burning sensation in the stomach or throat, अपच के कारण होनेवाली जलन, कलेजे का जलना।

heart-burning (हा:ट्´-ब:न्-इंग्) *n.* 1. jealousy, ईर्ष्या।2. concealed bitterness, कटुता, जलन।

hearten (हा:ट्´-अॅन्) *v.* (heartened, heartening) to encourage and cheer, दिल बढ़ाना, हिम्मत बँधाना, बढ़ावा देना।

heartening (हा:ट्´-अॅन्-इंग्) *adj.* encouraging and cheering, उत्साहवर्धक तथा हर्षप्रद।

heart failure *n.* the stopping of the movement of the heart, हार्टफ़ेल, हृदयगति का बंद हो जाना।

heartfelt (हा:ट्´-फ़ेल्ट्) *adj.* sincerely felt, हार्दिक।

hearth (हा:थ्) *n.* 1. the floor of a fireplace, चूल्हा जलाने की जगह। 2. the home, घर।

hearth and home *n.* the home and family, घर-परिवार।

hearthrug (हा:थ्´-रग्) *n.* the rug laid in front of the fireplace, आग के पास बैठने के लिए बिछाया जानेवाला कंबल या ग़लीचा।

hearthside (हा:थ्´-साइड्) *n.* the space around the fireplace, अलाव के चारो ओर बैठने का स्थान।

heartily (हा:´-टि-ली) *adv.* 1. in a hearty way, ख़ुशी-ख़ुशी। 2. very, ख़ूब, अत्यधिक।

heartland (हा:ट्´-लैन्ड्) *n.* the central or most important region of a nation, केंद्रीय स्थल।

heartless (हा:ट्´-लिस्) *adj.* 1. without compassion, हृदयहीन। 2. cruel, क्रुर, नृशंस।
heartlessness (हा:ट्´-लिस्-निस्) *adj.* the quality of being heartless, हृदयहीनता; क्रूरता, नृशंसता।
heartrending (हा:ट्´-रॅन्-डिंग्) *adj.* causing great grief or anguish, हृदयविदारक।
heartsick (हा:ट्´-सिक्) *adj.* extremely unhappy or depressed, घोर दुखी, हतशी।
heartsickness (हा:ट्´-सिक्-निस्) *n.* unhappiness, depression, हताशा, विषाद, घोर दुख।
heartstrings (हा:ट्´-स्ट्रिंग्ज़्) *n.* (plu.) deepest feelings, हार्दिक भावनाएँ, हृदय के तार।
heart-throb (हा:ट्´-थ्रॉब्) *n.* 1. the beating of the heart, दिल की धड़कन, हृत्कंप। 2. a sweetheart, दिलबर, प्रियतम या प्रिया।
heart-to-heart (हा:ट्´-टु-हा:ट्´) *adj.* frank, स्पष्ट, खुला, हार्दिक।
heartwarming (हा:ट्´-वॉ:-मिंग्) *adj.* giving a feeling of pleasure, सुखद।
heartwood (हा:ट्´-वुड्) *n.* the central wood of a tree, हीर की लकड़ी।
hearty (हा:´-टी) *adj.* (heartier, heartiest) 1. cordial, affectionate, हार्दिक। 2. cheery, jovial, प्रसन्नचित्त। 3. healthy and vigorous, स्वस्थ तथा उत्साही।4. large, ज़्यादा, ख़ूब, तगड़ा; a hearty meal, तगड़ा भोजन, छककर किया जानेवाला भोजन।
heat (हीट्) *n.* 1. the energy associated with the motion of atoms or molecules, ताप, उष्णता, उष्मा। 2. The condition or quality of being hot, hotness, ताप, गर्मी। 3. hot weather, गर्मी, ग्रीष्म ऋतु। 4. sexual excitement (in female mammals मादा पशुओं का) गर्म होना, गर्मी में आना। 5. excitement, जोश, उत्तेजना। 6. climax, चरमबिंदु। 7. a single division in a competition, प्रतियोगिता का एक भाग। 8. a preliminary race, आरंभिक दौड़। *v.* (heated, heating) 1. to make or become hot, गर्म होना या करना, तपना या तपाना। 2. to excite or become excited, उत्तेजित करना या उत्तेजना में आना।
heated (ही´-टिड्) *adj.* angry, क्रुद्ध।
heatedly (ही´-टिड्-ली) *adv.* angrily, ग़ुस्से में आकर, क्रोधपूर्वक।
heater (ही´-टॅ:) *n.* a device providing heat, हीटर, तापक।
heath (हीथ्) *n.* 1. an uncultivated tract of land covered with shrubs, झाड़ियों से भरा भूखंड। 2. a plant that grows on such land, झाड़-झंखाड़।
heathen (ही´-दॅन्) *n.* (plu. heathen and heathens) 1. an unreligious person, अधर्मी, म्लेच्छ, नास्तिक, विधर्मी। 2. an uncivilized or unenlightened person, असभ्य या अप्रबुद्ध व्यक्ति।
heathendom (ही´-दॅन्-डॅम्) *n.* heathen areas, म्लेच्छों की बस्ती या क्षेत्र।
heathenish (ही´-दॅन्-इश्) *adj.* of or like a heathen, म्लेच्छों जैसा, म्लेच्छ।
heathenism (ही´-दॅन्-इज़्-ॲम्) *n.* the state of being heathen, विधर्मिता, म्लेच्छता।
heather (हीद्´-ॲ:) *n.* an evergreen shrub with bell-shaped flowers, एक तरह की फूलोंवाली झाड़ी।
heatstroke (हीट्´-स्ट्रोक्) *n.* a severe illness or coma caused by too much exposure to heat, लू का लगना, तापाघात।
heatwave (हीट्´-वेव्) *n.* a spell of hot weather, तापलहरी, लू।
heave (हीव्) *v.* (heaved/hove, heaving) 1. to raise or pull (with great effort, ज़ोर लगाकर) उठाना या खींचना। 2. to throw, फेंकना। 3. to rise and fall regularly, (साँस लेते समय फेफड़ों का) बार-बार फूलना और पिचकना, (लहरों का) उठना और गिरना। 4. to breathe, साँस लेना; to heave a sigh, आह भरना। 5. to vomit, कै करना। *n.* the act of heaving, उठाने, खींचने, फेंकने या साँस लेने की क्रिया।
heaven (हॅव्´-ॲन्) *n.* 1. the abode of God or virtuous souls, स्वर्ग, जन्नत, बहिश्त। 2. God, ईश्वर। 3. a place of intense pleasure, स्वर्ग, जन्नत। 4. (plu. the heavens) sky, आकाश।
heavenly (हॅव्´-ॲन्-ली) *adj.* 1. of, from or like heaven, divine, दिव्य, स्वर्गीय। 2. very

pleasing or delightful, अत्यंत सुखद, आनंदप्रद। 3. of the sky, आकाशीय, आकाशस्थ।

heaven-sent (हॅव्´-ॲन्-सॅन्ट्) *adj.* 1. providential, दैवकृत, ईश्वरप्रदत्त। 2. lucky, शुभ। 3. opportune, समयोचित।

heavenward (हॅव्´-ॲन्-वॅ:ड्) *adv.* toward heaven, स्वर्ग की ओर। *adj.* going toward heaven, स्वर्ग की ओर जानेवाला।

heavily (हॅव्´-इ-ली) *adv.* in a heavy way, भारी रूप में, ज़ोरदार ढंग से।

heaviness (हॅव्´-इ-निस्) *n.* the state or quality of being heavy, भारीपन, गुरुता।

heavy (हॅव्´-ई) *adj.* (heavier, heaviest) 1. having great weight, भारी, वजनी, गुरु। 2. burdensome, भारी-भरकम, बोझिल। 3. indigestible, भारी, गरिष्ठ। 4. large in number or volume, अत्यधिक, बड़ा, भारी। 5. intense, severe, violent or forceful, तीव्र, प्रचंड, ज़ोरदार। 6. thick or dense, घना; heavy fog, घना कोहरा। 7. unhappy, sad, उदास, खिन्न, दुखी। 8. dull, नीरस। 9. clumsy or ungraceful, भद्दा, भोंडा। 10. stern, कठोर, सख़्त। 11. exhibiting weariness, थका हुआ, श्रांत। 12. involving large-scale manufacturing, बड़े पैमाने पर उत्पादन करनेवाला। 13. equipped with powerful arms, भारी अस्त्रों से सज्जित। *n.* (plu. heavies) 1. the villain in a story or play, खलनायक। 2. an important or influential person, कोई महत्त्वपूर्ण या प्रभावशाली व्यक्ति।

heavy duty *adj.* made for hard use, strong enough for rough treatment, टिकाऊ, मज़बूत, ख़ूब चलनेवाला।

heavy-handed (हॅव्-इ-हैन्´-डिड्) *adj.* 1. lacking skill or grace, inept, अनाड़ी, फूहड़। 2. oppressive, दमनकारी, निर्दय। 3. tactless, युक्तिहीन, निकम्मा।

heavy-hearted (हॅव्-इ-हा:´-टिड्) *adj.* melancholy, उदास, दुखी।

heavy-set (हॅव्´-इ-सॅट्) *adj.* having a sturdy body, हट्टा-कट्टा, हष्टपुष्ट, तगड़ा।

heavyweight (हॅव्´-इ-वेट्) *n.* a boxer weighting more than 81 kilograms, हैवीवेट मुक्केबाज़। *adj.* having great influence, प्रभावशाली।

Hebraic (हि-ब्रे´-इक्) *adj.* of Hebraism, हिब्रू धर्म, संस्कृति या मुहावरे-संबंधी।

Hebraism (ही´-ब्रे-इज़्-ॲम्) *n.* 1. the Hebrew religion or culture, हिब्रू धर्म या संस्कृति। 2. a Hebrew idiom, हिब्रू मुहावरा।

Hebrew (ही´-ब्रू) *n.* 1. a member of a Semitic people, हिब्रू। 2. the Semitic language esp. the language of Israelis, हिब्रू या इब्रानी भाषा। *adj.* of the Hebrews, हिब्रू लोगों से संबद्ध।

heck (हॅक्´) *n.* hell, नरक।

heckle (हॅक्´-ॲल्) *v.* (heckled, heckling) to harass (a speaker) with questions, abuses or taunts, टोकाटाकी करना, बीच-बीच में टोकना, चिढ़ाना-खिझाना।

heckler (हॅक्´-लॅ:) *n.* one who heckles (the speaker, वक्ता को) टोकाटाकी करनेवाला, चिढ़ाने-खिझानेवाला।

hectare (हॅक्´-टॅऑ:) *n.* a unit of area 10,000 squaremetres, १० हज़ार वर्ग मीटर क्षेत्रफल, हेक्टेअर।

hectic (हॅक्´-टिक्) *adj.* 1. full of activities and exciting, चहल-पहल भरा, व्यस्तता-भरा, व्यस्ततापूर्ण। 2. feverish, ज्वर-पीड़ित।

hecto- (हॅक्´-टो) *prefix.* one hundred, सौ, शत-।

hectogram (हॅक्´-टॅ-ग्रैम्) *n.* one hundred grams, सौ ग्राम।

hectoliter (हॅक्´-टॅ-लि-टॅ:) *n.* one hundred liters, सौ लिटर।

hectometre, hectometer (हॅक्´-टॅ-मी-टॅ:) *n.* one hundred metres, सौ मीटर।

hector (हॅक्´-टॅ:) *v.* (hectored, hectoring) to bully, डराना-धमकाना।

he'd (हीड्) *v.* 1. = he had. 2. = he would.

hedge (हॅज्) *n.* 1. a closely planted line of bushes or shrubs forming a boundary, बाड़। 2. protection, सुरक्षा। 3. a purposely indirect statement, घुमाव-फिराव की बात। *v.* (hedged, hedging) 1. to surround with a hedge, बाड़ लगाना। 2. to protect, सुरक्षित

करना। 3. to speak ambiguously, गोल-मोल बात कहना।

hedgehog (हेंज्´-हॉग्) *n.* a small wild animal with stiff spines on the back, साही।

hedgehop (हेंज्´-हॉप्) *v.* (hedgehopped, hedgehopping) to fly an airplane extremely low, वायुयान को बहुत नीचे उड़ाना, नीची उड़ान भरना।

hedgerow (हेंज्´-रो) *n.* a row of bushes, झाड़ियों की पंक्ति।

hedonic (ही-डॉन्´-इक्) *adj.* 1. of pleasure, आनंद-संबंधी। 2. of hedonism, भोगवाद-संबंधी।

hedonism (ही´-डॅ-निज्-ॲम्) *n.* the doctrine that only that which is pleasurable is good, भोगवाद, सुखवाद, सुख-सिद्धांत।

hedonist (ही´-डॅ-निस्ट्) *n.* pleasure-seeking, भोगवादी, सुखवादी।

hedonistic (ही-डॅ-निस्´-टिक्) *adj.* of hedonism, भोगवाद-संबंधी, भोगवादी।

heebie-jeebies (ही´-बी-जी´-बीज़्) *n.* (plu.) great nervousness and depression, घबराहट और विषाद, ग्लानि और विक्षोभ।

heed (हीड्´) *n.* careful attention, ध्यान, सावधानी। □ **take heed,** to be careful, सावधान हो जाना, सतर्क हो जाना। *v.* (heeded, heeding) to pay attention to, ध्यान देना, सतर्कता या सावधानी बरतना।

heedful (हीड्´-फ़ुल्) *adj.* careful, cautious, सावधान, सतर्क।

heedfully (हीड्´-फ़ु-ली) *adv.* carefully, सावधानी से, सतर्कतापूर्वक।

heedless (हीड्´-लिस्) *adj.* not taking heed, careless, लापरवाह, असावधान।

heedlessness (हीड्´-लिस्-निस्) *n.* carelessness, लापरवाही, असावधानता।

heehaw (ही´-हाः) *n.* 1. a donkey's bray, गधे का शब्द, रेंक, हींचूहींचू। 2. a loud rude laugh, हीही, हेंहें। *v.* (heehawed, heehawing) to bray like a donkey, गधे की तरह रेंकना, हीही करना, हेंहें करना।

heel[1] (हील्) *n.* 1. the rounded back part of the foot, एड़ी। 2. the part of shoe or sock that covers this part, एड़ी। □ **at or on the heels of,** very closely behind, पीछे-पीछे; **show a clean pair of heels to,** to run away fast from, दुम दबाकर भाग खड़े होना; **take to one's heels,** to flee, भाग खड़े होना; **under someone's heel,** in someone's power, किसी की मुट्ठी में। *v.* (heeled, heeling) 1. to repair the heels of shoes etc., जूतों की एड़ियों की मरम्मत करना। 2. to send the ball back with the heel, एड़ी से गेंद को पीछे धकेलना।

heel[2] (हील्) *n.* a tilt to one side, एक ओर झुकाव, उलार। *v.* (heeled, heeling) 1. to tilt to one side, एक ओर झुकना, उलरना। 2. to cause to tilt to one side, एक ओर झुकाना, उलारना।

heft (हेफ़्ट्) *n.* 1. weight, वज़न, भार। 2. importance, महत्त्व। *v.* (hefted, hefting) to determine the weight by lifting, वज़न आँकने के लिए (कोई चीज़) उठाना। 2. to hoist, लहराना।

hefty (हेफ़्´-टी) *adj.* (heftier, heftiest) 1. heavy, weighty, भारी, भारी-भरकम, बोझिल। 2. strong and powerful, हृष्ट-पुष्ट, तगड़ा।

hegemony (हि-जेंम्´-ॲ-नी) *n.* dominance of one state over others, आधिपत्य, प्रभुत्व।

Hegira (हि-जाइ´-रॅ, हेंज्´-ॲर्-ॲ) *n.* 1. the escape of Muhammed from Mecca to Medina, हिजरत। 2. the period of time beginning then, from which the Muslim era is reckoned, हिजरी।

heifer (हेंफ़्´-ॲः) *n.* young cow (one that has not yet borne a calf) जवान बछिया, कलोर।

height (हाइट्) *n.* 1. the distance from the base to the top of something, ऊँचाई। 2. the distance above ground or sea level, ऊँचाई। 3. the highest or uppermost point, शिखर, चोटी। 4. the condition of being relatively tall, लंबाई। 5. the highest degree of something, पराकाष्ठा, चरम सीमा।

heighten (हाइ´-टॅन्) *v.* (heightened, heightening) to make or become higher, ऊँचा करना या हो जाना, बढ़ जाना या बढ़ा देना।

heinous (हे´-नॅस्) *adj.* 1. very wicked or abominable, बहुत बुरा या घृणित, घोर, जघन्य। 2. very shameful, लज्जाजनक, लज्जास्पद।

heinously (हे´-नॅस्-ली) *adv.* in a heinous manner, लज्जाजनक ढंग से, जघन्य रूप से।

heir (एअ:) *n.* one who is legally entitled to inherit the property of another, उत्तराधिकारी, वारिस; heir apparent, प्रत्यक्ष उत्तराधिकारी; heir presumtive, संभावी उत्तराधिकारी।

heiress (एअ्र्´-इस्) *n.* a female heir (esp. to great wealth, बहुत बड़ी संपत्ति की) उत्तराधिकारिणी।

heirless (एअ्र्´-लिस्) *adj.* without heir, लावारिस।

heirloom (एअ:-लूम्) *n.* a valuable object that has been handed down to a family for several generations, पुश्तैनी चीज़, कुलागत वस्तु।

heist (हीस्ट्) *n.* a robbery, डाका, चोरी। *v.* (heisted, heisting) to rob or steal, चोरी करना, चुराना, लूटना, डाका डालना।

held (हॅल्ड्) *v.* p.t. & p.p. of hold.

helical (हॅल्´-इ-कॅल्) *adj.* shaped like a helix, कुंडलाकार, कुंडलीदार।

helices (हॅल्´-इ-सिज्) *n.* plu. of helix.

helicoid (हॅल्´-इ-कॉइड्) *adj.* forming a spiral, सर्पिल, सर्पिलज।

helicopter (हॅल्´-इ-कॉप्-टॅ:) *n.* a kind of small aircraft which can land in a small place, हेलिकॉप्टर।

heliograph (ही´-लि-अॅ-ग्राफ़्´/ग्रैफ़्) *n.* an instrument which sends messages by reflecting sunlight with a movable mirror, सौरलेखी, हिलियोग्राफ।

heliotrope (ही´-लि-अॅ-ट्रोप्) *n.* a plant with sweet-smelling purple flowers, हिलिओट्राप।

helipad (हॅल्´-इ-पैड्) *n.* heliport.

heliport (हॅल्´-इ-पो:ट्) *n.* an airport of helicopters, हेलिकाप्टरों का अड्डा, हेलिपोर्ट।

helium (ही´-लि-अॅम्) *n.* a colourless and odourless gaseous element, हीलियम।

helix (ही´-लिक्स्) *n.* (plu. helices) a spiral form or object, कुंडली या कुंडलाकार पदार्थ।

hell (हॅल्) *n.* 1. the place of the dead wicked persons, नरक, दोज़ख़, जहन्नुतम। 2. a place of misery or discord, नरक। 3. something that causes trouble, दुख देनेवाली बात या वस्तु। *interj.* used to express anger, dismay or impatience, ओफ़।

hellbent (हॅल्´-बेंन्ट्) *adj.* recklessly bent to do something, तुला हुआ, तत्पर, सन्नद्ध।

hellcat (हॅल्´-कैट्) *n.* a bad tempered woman, बददिमाग औरत, बदमिज़ाज औरत।

Hellene (हॅल्´-ईन्) *n. & adj.* Greek, युनानी, ग्रीक।

Hellenic (ही-ली´-निक्) *adj.* Greek, युनानी।

Hellenism (हॅल्´-इ-निज्-अॅम्) *n.* a Greek idiom, युनानी प्रयोग, युनानी मुहावरा।

hellfire (हॅल्´-फ़ाइ:) *n.* the fire of hell, नरकाग्नि।

hellhole (हॅल्´-होल्) *n.* 1. a bad place, बुरा या ग़लत स्थान। 2. a dirty place, गंदी जगह।

hellion (हॅल्´-यॅन्) *n.* a mischievous person, दुष्ट व्यक्ति, शठ।

hellish (हॅल्´-इश्) *adj.* of or like hell, नारकीय, नरकतुल्य, नरक-समान।

hello (हॅ´-लो) *interj.* used to greet someone, हैलो!

helm (हॅल्म्) *n.* 1. a steering device of a ship, पतवार। 2. control, नियंत्रण। ☐ **at the helm,** at the head of an organization, सबसे ऊपर।

helmet (हॅल्´-मिट्) *n.* a covering to protect the head, शिरस्त्राण, हेल्मिट।

helmsman (हॅल्म्ज्´-मॅन्) *n.* (plu. helmsmen) one who steers, पतवारिया, कर्णधार।

helot (हॅल्´-अॅट्) *n.* a slave, दास, गुलाम, विशेषत: भूमिदास।

help (हॅल्प्) *v.* (helped, helping) 1. to assist or aid, सहायता करना, सहयोग देना, मदद करना, हाथ बटाना। 2. to work jointly with, योग देना, योगदान करना। 3. to prevent or avoid, रोकना, दूर करना, बचाना। 4. to encourage, बढ़ावा देना। ☐ **help oneself to,** to serve oneself with food at a meal, स्वयं अपना

भोजन परोसना; **help out,** to give help (in a crisis, संकट में पड़े व्यक्ति की) सहायता करना, उबारना *n.* 1. aid, assistance, सहायता, सहयोग, मदद। 2. a person or a thing that helps, सहायक वस्तु या व्यक्ति, सहारा। 3. a part-time servant, अंशकालिक सेवक।

helper (हॅल्‌´-पः) *n.* one who helps, मददगार, सहायक।

helpful (हॅल्प्‌´-फ़ुल्) *adj.* 1. willing to help, सहायता के लिए तत्पर। 2. useful, उपयोगी।

helping (हॅल्‌´-पिंग्) *n.* a serving of food, एक बार में परोसी गई खाने-पीने की वस्तु।

helpless (हॅल्प्‌´-लिस्) *adj.* unable to act without help, लाचार, असहाय, विवश।

helplessly (हॅल्प्‌´-लिस्-ली) *adv.* in a helpless manner, लाचार होकर, विवश होकर, विवशतापूर्वक।

helplessness (हॅल्प्‌´-लिस्-निस्) *n.* the state of being helpless, लाचारी, विवशता।

helpmate (हॅल्प्‌´-मेट्) *n.* 1. a helper, सहायक, सहयोगी। 2. a spouse, जीवन-साथी (पत्नी या पति)।

helpmeet (हॅल्प्‌´-मीट्) *n.* = helpmate.

helter-skelter (हॅल्-टॅः-स्कॅल्‌´-टॅः) *adv.* in disordered hurry, हड़बड़ी में, हड़बड़ाते हुए। *adj.* disorderly, अस्त-व्यस्त, अव्यवस्थित। *n.* confusion, विभ्रम, हड़बड़ाहट।

helve (हॅल्व्) *n.* the handle of a tool, मूठ, दस्ता, हत्था।

Helvetian (हॅल्-वी´-शॅन्) *adj.* of or relating to the Swiss, स्विटज़रलैंड के नागरिक से संबद्ध। *n.* a Swiss, स्विटज़रलैंडवासी।

hem[1] (हॅम्) *n.* a smooth folded edge of a garment, किनारा। *v.* (hemmed, hemming) to turn and sew down the edge of, किनारा सीना या बनाना। □ **hem in,** to enclose, घेरे में बंद करना, घेर लेना।

hem[2] *n.* a short coughing sound made to gain attention, खखारने का-सा शब्द। *v.* (hemmed, hemming) to make this sound, खखारना। □ **hem and haw,** to speak hesitantly, बोलने में हिचकिचाहट होना।

he-man (ही´-मॅःन्) *n.* (plu. he-men) a strong and muscular man, तगड़ा आदमी, मर्द आदमी।

hematite (ही´-मॅ-टाइट्) *n.* iron oxide, आयरन-आक्साइड।

hematology (ही-मॅ-टॉल्‌´-अॅ-जी) *n.* the scientific study of blood, रुधिरविज्ञान, रक्त विज्ञान।

hemi- (हॅम्‌´-इ) *prefix* half, अर्ध।

hemisphere (हॅम्‌´-इ-स्फ़िअॅः) *n.* 1. half a sphere, अर्धवृत्त। 2. either of the halves into which the earth is divided, गोलार्ध (Eastern hemisphere, पूर्वी गोलार्ध, Southern hemisphere, पश्चिमी गोलार्ध)।

hemispherical (हॅम्‌´-इ-स्फ़ॅर्‌´-इ-कॅल्) *adj.* of or related to a hemisphere, गोलार्ध-संबंधी।

hemistich (हॅम्‌´-इ-स्टिक्) *n.* half a line of verse, अर्धाली, आधा चरण।

hemline (हॅम्‌´-लाइन्) *n.* the lower edge of a garment, वस्त्र का निचला किनारा।

hemlock (हॅम्‌´-लॉक्) *n.* an evergreen tree, एक सदाबहार वृक्ष।

hemoglobin (ही´-मॅ-ग्लो-बिन्) *n.* oxygen carrying red substance in the blood, हेमोग्लोबिन।

hemophilia (ही-मॅ-फ़िल्‌´-इ-अॅ) *n.* a disease characterized by excessive bleeding, एक रोग जिसमें (छोटी-मोटी चोट से भी) अधिक ख़ून बहने लगता है, रक्तस्रावण।

hemophiliac (ही-मॅ-फ़िल्‌´-इ-ऐक्) *n.* one who is suffering from hemophilia, रक्तस्रावण से पीड़ित व्यक्ति।

hemorrhage (हॅम्‌´-अॅ-रिज्) *n.* heavy bleeding, बहुरक्तस्राव, हेमरिज। *v.* (hemorr haged, hemorrhaging) to bleed copiously, बहुत अधिक ख़ून बहना।

hemorrhoids (हॅम्‌´-अॅ-रॉइड्ज़) *n.* (plu.) a disease relating to the anus, बवासीर।

hemp (हॅम्प्) *n* 1. an Indian plant that yields a coarse fiber, सन। 2. a narcotic drug, गाँजा।

hen (हॅन्) *n.* the female of the domestic fowl, मुर्गी।

hence (हॅन्स्) *adv.* 1. for this reason, अतः,

इसलिए। 2. from this time or place, यहाँ से, अब से।

henceforth (हॅन्स्-फ़ो:थ्´) *adv.* from now on, अब से, आइंदा से, आगे से।

henceforward (हॅन्स्-फ़ॉ:´-वॅ:ड्) *adv.* = henceforth.

henchman (हॅन्च्´-मॅन्) *n.* a loyal supporter who obeys without question, जी हुजूर।

henna (हॅन्´-अॅ) *n.* 1. a plant, मेंहदी का पौधा। 2. its leaves used as a dye, मेंहदी की पत्ती।

hennaed (हॅन्´-अॅड्) *adj.* dyed with henna, मेंहदी लगा हुआ।

henpeck (हॅन्´-पॅक्) *v.* (henpecked, henpecking) to harass or scold (one's husband, अपने पति को) परेशान करना या बिगड़ना।

henpecked (हॅन्´-पॅक्ड्) *adj.* under wife's control, पत्नी द्वारा नियंत्रित, जोरू का ग़ुलाम स्त्रैण, पत्नीभक्त।

hep (हॅप्) *adj.* aware of the modern trends, आधुनिक प्रवृत्तियों का जानकार।

heparin (हॅप्´-अॅ-रिन्) *n.* an organic acid extracted from animal livers, एक प्रकार का जैविक अम्ल।

hepatic (हि-पैट्´-इक्) *adj.* of the liver, यकृत-संबंधी, जिगर का।

hepatitis (हॅप्-अॅ-टाइ´-टिस्) *n.* inflammation of the liver, यकृत-शोथ, जिगर की सूजन।

heptagon (हॅप्´-ट्-गॉन्) *n.* 1. a seven-sided figure, सप्तभुज।

her (हर्) *pron.* objective case of she, उसको। *adj.* of or belonging to she, उसका।

herald (हॅर्´-अॅल्ड्) *n.* 1. a harbinger, अग्रदूत। 2. one that gives an indication of what is to follow, पूर्वसूचक, आगमनसूचक। *v.* (heralded, heralding) to proclaim the approach of, आगमन की सूचना देना, घोषणा करना।

heraldic (हॅ-रैल्´-डिक्) *adj.* of heraldry, कुलचिह्न-संबंधी।

heraldry (हॅर्´-अॅल्-ड्री) *n.* the study of the coats of arms of old families, कुलचिह्न-विद्या।

herb (ह:ब्, अ:ब्) *n.* a soft-stemmed plant used in medicine or as seasoning, जड़ी, बूटी, जड़ी-बूटी।

herbaceous (ह:-बे´-शॅस्) *adj.* of or like herbs, जड़ी-बूटी-संबंधी।

herbage (ह:´-बिज्) *n.* 1. herbs generally, जड़ी-बूटियाँ। 2. grass and other plants on which cattle can feed, घास-पात, हरा-चारा।

herbal (ह:´-बॅल्) *adj.* of herbs, जड़ी-बूटियों का या से बना।

herbalist (ह:´-बॅ-लिस्ट्) *n.* a dealer in herbs, जड़ी-बूटियाँ बेचनेवाला।

herbarium (ह:-बेअॅ:-इ-अॅम्) *n.* 1. a collection of dried plants, जड़ी-बूटियों का संग्रह। 2. a place containing this, जड़ी-बूटियों का संग्रहालय।

herbicide (ह:´-बि-साइड्) *n.* a substance used to destroy unwanted vegetation, पौधानाशक पदार्थ।

herbivore (ह:´-बि-वो:) *n.* a herbivorous animal, शाकाहारी प्राणी, शाकाहारी जीव।

herbivorous (ह:-बिव्´-अॅ-रॅस्) *adj.* feeding on plants, शाकाहारी।

herculean (ह:-क्यु-ली´-अॅन्) *adj.* 1. as strong as Hercules, (हर्कुलिस की तरह) बलशाली, महावीर। 2. needing or requiring great effort, जिसे पूरा करने के लिए अत्यधिक बल की आवश्यकता हो; herculean effort, भगीरथ प्रयास।

herd (ह:ड्) *n.* 1. a large number of animals, पशुओं का झुंड। 2. a large number of animals kept or living together, पशुओं का समूह। 3. a large number of people, जमघट, भीड़। *v.* (herded, herding) 1. to group together, झुंड बनाना। 2. to look after or drive animals (or people) in a herd, पशुओं के झुंड की देख-भाल करना या उसे हाँकना।

herd instinct *n.* the instinct to feel and behave like the majority, समूह-प्रवृत्ति, झुंड-भावना।

herdsman (ह:ड्ज्´-मॅन्) *n.* a man who looks after a herd of animals, पशुओं के झुंड की देख-भाल करनेवाला, चरवाहा।

here (हिअॅ:) *adv.* 1. at (or in) this place, यहाँ,

इस स्थान में (पर), इस जगह। 2. at this time, अब, यहाँ। 3. at this point, यहाँ। □ **here and now,** immediately, अभी; **here and there,** in various place, यहाँ-वहाँ, इधर-उधर, जगह-जगह। *interj.* used to respond to a roll call or attract attention, जी हाँ।

hereabout (हिअॅ:-अॅ-बॉउट्) *adv.* in this vicinity, near, आस ही पास, पास ही।

hereafter (हिअॅ:-आफ़्´-टॅ:) *adv.* from now on, अब से, आइंदा, आगे से। □ **the hereafter,** life after death, मृत्यु के बाद का जीवन।

hereby (हिअॅ:-बाई´) *adv.* 1. by this means, इसके द्वारा, एतद्द्वारा। 2. is a result of this, इसके फलस्वरूप।

hereditament (हॅर्-इ-डि´-टॅ-मॅन्ट्) *n.* land and property which can be passed on after the death of the owner to his relations, विरासत, दाय।

hereditary (हॅ-रॅड्´-इ-टॅर्-ई) *adj.* inherited, passing down by inheritance, पुश्तैनी, आनुवंशिक, पैतृक, वंशानुगत, वंशागत, मौरूसी।

heredity (हॅ-रॅड्´-इ-टी) *n.* 1. transmission from parents or ancestors to offspring of physical or mental characteristics, आनुवंशिकता। 2. the characteristics inherited in this way, आनुवंशिक गुण या लक्षण।

herein (हिअॅर्-इन्´) *adv.* in this, into this, इसमें।

herein after *adv.* (law) later in this document or statement, आगे, अब के बाद।

heresy (हॅर्´-अॅ-सी) *n.* an opinion or belief that is contrary to established religious belief, किसी स्थापित मान्यता के विरुद्ध मत, अपधर्म, विधर्म।

heretic (हॅर्´-अॅ-टिक्) *n.* a person holding an opinion contrary to established religious belief, अपधर्मी, विधर्मी, काफ़िर।

heretical (हॅ-रॅट्´-इ-कॅल्) *adj.* of a heretic or heresy, अपधर्म या अपधर्मी-संबंधी, अपधार्मिक।

hereto (हिअॅ:-टू´) *adv.* to this document or subject, इस दस्तावेज़ में, इस विषय में।

heretofore (हिअॅ:-टॅ-फ़ो:) *adv.* (law) until now, आज तक, अब तक, अब से पहले।

hereunder (हिअॅर्-अन्´-डॅ:) *adv.* under this, इसके नीचे।

hereupon (हिअॅर्´-अॅ-पॉन्) *adv.* immediately after this, इसके तुरंत बाद, इसके फलस्वरूप, इस पर।

herewith (हिअॅ:-विद्´) *adv.* 1. with this, इसके साथ। 2. now, अब, अब से।

heritable (हॅर´-इ-टॅ-बॅल्) *adj.* which can be passed on to one's descendants, hereditary, वंशागत, दाययोग्य।

heritage (हॅर्´-इ-टिज्) *n.* 1. property that is or can be inherited, विरासत, दाय। 2. values or traditions passed down from preceding generations, कुल-परंपरा।

hermaphrodite (ह:-मैफ़्´-रॅ-डाइट्) *n.* a plant or animal having both male and female sex-organs, उभयलिंगी पादप या प्राणी।

hermaphroditic (ह:-मैफ़्´-रॅ-डाइट्) *adj.* having both male and female sex organs, उभयलिंगी।

hermetic (ह:-मॅट्´-इक्) *adj.* 1. very tightly closed, airtight, हवाबंद, एअरटाइट। 2. protected from outside influences, बाह्य प्रभावों से रक्षित।

hermit (ह:´-मिट्) *n.* a holy person who has withdrawn from human society and lives alone, तपस्वी, साधु, संन्यासी, एकांतवासी।

hermitage (ह:´-मि-टिज्) *n.* a place where hermits live, आश्रम, तपोवन।

hernia (ह:´-नि-अॅ) *n.* (plu. herniae, hernias) protrusion of an organ in the body through the wall that encloses it, आँत उतरने का रोग, आंत्रवृद्धि, हर्निया।

herniate (ह:´-नी-एट्) *v.* (herniated, herniating) to protrude through the wall in the body, आँत उतरना।

hero (हीर्´-ओ) *n.* 1. a man celebrated for his noble or brave deeds, वीर, हीरो। 2. the principal male character in a literary work, नायक, हीरो।

heroic (हि-रो´-इक्) *adj.* 1. having the qualities of a hero, वीरोचित। 2. brave, वीरतापूर्ण, साहसिक। 3. grand, भव्य, उदात्त।

heroics (हि-रो´-इक्स्) *n.* (plu.) 1. heroic actions, बहादुरी के काम, वीरोचित क्रियाकलाप।

2. overdramatic behaviour or language, आडंबरपूर्ण व्यवहार या भाषा।

heroin (हॅर्´-ओ-इन्) *n.* an addictive narcotic, हीरोइन।

heroine (हॅर्-ओ-इन्) *n.* 1. a woman celebrated for her noble or brave deeds, वीरांगना, वीर रमणी। 2. the principal female character in a literary work, नायिका, हिरोइन।

heroism (हॅर्´-ओ-इज़्-अॅम्) *n.* heroic quality, conduct or behaviour, वीरता, बहादुरी।

heron (हॅर्´-अॅन्) *n.* a wading bird with long neck and legs, बगुला।

herpes (हः-पीज़्) *n.* a skin disease, त्वचा पर दाने या छाले निकलने का एक रोग, इकलंगी माता, विसर्पिका।

herpetologist (हः-पि-टॉल्´-अॅ-जिस्ट्) *n.* a specialist in herpetology, सरीसृप विज्ञानवेत्ता।

herpetology (हः-पि-टॉल्´-अॅ-जी) *n.* the study of reptiles and amphibians, सरीसृप विज्ञान।

herring (हॅर्´-इंग्) *n.* (plu. herrings, herring) a fish used for food, हिलसा मछली।

herringbone (हॅर्´-इंग्-बोन्) *n.* 1. a zigzag pattern of small parallel lines, समानांतर तिरछी रेखाओं का रेखाचित्र। 2. a fabric woven in this pattern, ऐसा कपड़ा जिस पर उक्त प्रकार का रेखाचित्र हो।

hers (हःज़्) *pron.* of or belonging to her, उस स्त्री का, उसका।

herself (हः-सेल्फ़्´) *pron.* 1. reflexive form of her, स्वयं, ख़ुद; She herself will go. वह स्वयं जाएगी। 2. her normal healthy condition, (उसकी) अपनी सामान्य स्वस्थ अवस्था, (उसका) अपना आपा; She is not herself today. आज वह अपने आपे में नहीं है।

hertz (हःट्ज़्) *n.* a unit of frequency equal to one cycle per second, हर्ट्ज़।

he's (हीज़्) *short form.* 1. he is 2. he has.

hesitancy (हॅज़्´-इ-टॅन्-सी) *n.* the quality of being hesitant, हिचकिचाहट, हिचक, झिझक।

hesitant (हॅज्´-इ-टॅन्ट्) *adj.* tending to hesitate, hesitating, झिझकने या हिचकनेवाला, संकोची।

hesitantly (हॅज़्´-इ-टॅन्ट्-ली) *adv.* in a hesitant way, संकोचपूर्वक, झिझकते या हिचकते हुए।

hesitate (हॅज्´-इ-टेट्) *v.* (hesitated, hesitating) 1. to be slow to act or decide, झिझकना, हिचकना, संकोच होना, हिचकिचाहट होना। 2. to be reluctant, अनिच्छुक होना, साहस न पड़ना।

hesitation (हॅज़-इ-टे´-शॅन्) *n.* 1. the act of hesitating, झिझक, हिचक, संकोच, हिचकिचाहट। 2. an example of this, वह बात जिससे हिचकिचाहट हो।

Hesperus (हॅस्´-पॅर्-अॅस्) *n.* the Venus, शुक्रग्रह।

hessian (हॅस्´-इ-अॅन्) *n.* a fabric made of hemp, टाट।

hetero- (हॅट्´-अॅ-रो) *prefix.* different or opposite, विरोधी, इतर।

heterodox (हॅट्´-अॅ-रॅ-डॉक्स्) *adj.* not orthodox, रूढ़ि-विरोधी, परंपरा-भंजक।

heterodoxy (हॅट्´-अॅ-रॅ-डॉक्-सी) *n.* the state or quality of being heterodox, रूढ़ि-विरोध, परंपरा-भंग।

heterogeneous (हॅट्-अॅ-रॅ-जी´-नि-अॅस्) *adj.* 1. not homogeneous, विषम, विषमजातीय। 2. of different kinds, तरह-तरह का, नानाविध।

heterosexual (हॅट्-अॅ-रॅ-सॅक्´-शु-अॅल्) *adj.* & *n.* (a person) characterized by attraction to the opposite sex, जिसमें भिन्नलिंगी प्राणी के प्रति आकर्षण हो, विषमलिंगकामी, कामी।

heterosexuality (हॅट्-अॅ-रॅ-सॅक्-शू-ऐल्´-इ-टी) *n.* attraction towards the people of opposite sex, विषमलिंगकाम भावना, कामिता।

het-up (हॅट्´-अप्) *adj.* excited, उत्तेजित, आवेशपूर्ण।

heuristic (ह्यु-रिस्´-टिक्) *adj.* by one's own experience, अनुभव पर आधारित, अनुभवाश्रित।

hew (ह्यु) *v.* (hewed, hewn, hewing) 1. to cut with an axe, कुल्हाड़ी से काटना या चीरना। 2. to cut and shape, तराशना। 3. to adhere or conform strictly, दृढ़तापूर्वक लगे रहना। 4. to develop, विकसित करना, निर्माण करना।

hewer (ह्यु´-अॅः) *n.* a woodcutter, लकड़हारा।

hewn (ह्यून्) *adj.* made or shaped by hewing, तराशा हुआ।

hex (हॅक्स्) *n.* 1. an evil spell, टोना, जादू-टोना। 2. a curse, अभिशाप। 3. anything that brings bad luck, दुर्भाग्यजनक वस्तु। *v.* (hexed, hexing) 1. to put an hex on, टोना करना, जादू-टोना करना। 2. to wish bad luck to, अभिशाप देना, कोसना।

hexagon (हॅक्´-सॅ-गॉन्) *n.* a geometric figure with six sides and six angles, षड्भुज।

hexagram (हॅक्´-सॅ-ग्रैम्) *n.* a six-sided star, छहकोना तारा, षट्कोण तारा।

hexagonal (हॅक्-सॅग्´-अॅ-नॅल) *adj.* six sides, six-sided,

hexahedron (हॅक्-सॅ-ही´-ड्रॅन्) *n.* (plu. hexahedrons, hexahedra) a solid figure with six faces, छहपहला पदार्थ।

hexameter (हॅक्-सैम्´-अॅ-टॅ:) *n.* a verse with six lines, षट्पदी।

hexapod (हॅक्´-सॅ-पॉड्) *n.* an insect with six feet.

hey (हे) *interj.* an exclamation used to attract attention or to express surprise, अरे! वाह!

heyday (हे´-डे) *n.* the period of greatest success or prosperity, सुख-समृद्धि का समय, बहार, स्वर्णकाल।

hi (हि) *interj.* an exclamation expressing greeting, आहा! हेलो!

hiatus (हाइ-ए´-टॅस्) *n.* (plu. hiatus, hiatuses) a gap or interruption in a sequence or series, अंतराल, छूट, लुप्त पद या अंश, विलुप्त कड़ी।

hibachi (हि-बा´-ची) *n.* a small brazier for cooking, छोटी अँगीठी। (जापानी)

hibernate (हाइ´-बॅ:-नेट्) *v.* (hibernated, hibernating) to spend the winter in a dormant state, जाड़ा भर सोकर बिताना, शीतशयन करना, प्रसुप्त रहना।

hibernation (हाइ-बॅ:-ने´-शॅन्) *n.* the act of hibernating or the state of being hibernated, शीनशयन, शीतकालीन प्रसुप्ति, प्रसुप्तावस्था।

hibiscus (हाइ-बिस्´-कॅस्) *n.* a tropical plant with trumpet-shaped flowers, अड़हुल, जवाकुसुम।

hiccup (हिक्´-अॅप्) *n.* a movement in the chest which stops breath with a coughlike sound, हिचकी। *v.* (hiccuped, hiccuping) to have the hiccups, हिचकी आना।

hick (हिक्) *n.* a boor, गँवार व्यक्ति। *adj.* boorish, गँवार।

hickory (हिक्´-अॅ-री) *n.* an American tree with hard nuts, हिकोरी (अख़रोट की जाति का वृक्ष)।

hid (हिड्) *v.* p.t. of hide.

hidden (हिड्´-अॅन्) *v.* p.p. of hide. *adj.* 1. out of sight, secret, ग़ायब, ओझल। 2. secret, गुप्त।

hide[1] (हाइड्) *n.* the skin of an animal खाल, चर्म।

hide[2] *v.* (hid, hidden, hiding) 1. to put or keep out of sight, छिपाना, छिपा रखना। 2. to place oneself so as to be unseen, छिप जाना। 3. to keep secret, छिपाकर रखना, गुप्त रखना। 4. to take refuge, शरण लेना। *n.* a place of hiding, छिपने की जगह, ओट, आड़।

hide-and-seek (हाइड्´-ऐन्-सीक्´) *n.* a children's game in which someone tries to find out his or her hidden playmates, आँख-मिचौनी।

hideaway (हाइड्´-अॅ-वे) *n.* a place for concealment, छिपने की जगह।

hidebound (हाइड्´-बॉउन्ड्) *adj.* narrow-minded, संकीर्ण विचारोंवाला, पुराणपंथी, दकियानूस।

hideous (हिड्´-इ-अॅस्) *adj.* 1. very ugly, कुरूप। 2. repulsive, घिनौना, जघन्य। 3. terrible, भयंकर, भयावह, विकराल।

hide-out (हाइड्-ऑउट्) *n.* a place of shelter, शरणस्थल, छिपने की जगह।

hiding[1] (हाइ´-डिंग्) *n.* the state of being hidden, छिपे होने का भाव।

hiding[2] *n.* beating, or thrashing, मार, पिटाई।

hiding-place (हाइ´-डिंग्-प्लेस्) *n.* a place for hiding, छिपने का स्थान।

hie (हाइ) *v.* (hied, hieing hying) to hurry, जल्दी करना, जल्दी मचाना।

hierarchical (हाइ-इ-रा:´-कि-कॅल्) *adj.* of or arranged in a hierarchy, पदानुक्रमिक,

श्रेणीबद्ध।

hierarchy (हाइ´-इ-रा:-की) ***n.*** 1. an arrangement of body of persons in a graded series, पदानुक्रम (पद+अनुक्रम), श्रेणीबद्धता। 2. a group of ruling priests, शासक पुरोहित-वर्ग।

hieroglyph (हाइ´-इ-रॅ-ग्लिफ़्) ***n.*** a picture-like sign representing sound, word or idea, चित्रलिपि का कोई चिह्न, चित्रलेख।

hieroglyphics (हाइ-इ-रॅ-ग्लिफ़्´-इक्स्) ***n.*** (plu.) 1. the set of hieroglyphs, चित्रलिपि। 2. illegible or undecipherable symbols, ऐसे संकेतचिह्न जिन्हें पढ़ना या जिनका अर्थ लगाना संभव न हो।

hierophant (हाइ´-इ-रॅ-फ़ैन्ट्) ***n.*** a person who expounds sacred mysteries, पवित्र रहस्यों का व्याख्याता, रहस्य-व्याख्याता।

hi-fi (हाइ´-फ़ाइ) ***n.*** 1. high fidelity, हूबहू ध्वनि उत्पन्न करने का गुण। 2. a system for reproducing recorded sound with high fidelity and little distortion, ही-फ़ी, अविकृत ध्वनि उत्पादन। ***adj.*** reproducing sound with high fidelity, हूबहू ध्वनि उत्पन्न करनेवाला, ही-फ़ी।

higgle (हिग्´-ॲल्) ***v.*** (higgled, higgling), मोल-तोल करना, मोल-भाव करना।

higgledy-piggledy (हिग्´-ॲल्-डी-पिग्-ॲल्-डी) ***adj. (& adv.)*** in utter disorder, पूर्णत: अस्तव्यस्त (रूप में)।

high (हाइ) ***adj.*** (higher, highest) 1. extending far upward, tall, उच्च, ऊँचा। 2. ranking above others, ऊँचा; high court, उच्च न्यायालय; high education, उच्च शिक्षा। 3. showing goodness, महान, महत्, उच्च; high principles, महान आदर्श। 4. greater than what is normal, तीव्र, तेज़, अधिक। 5. costly, महँगा। 6. piercing in sound, कर्णकटु। □ **high and dry,** (i) helpless, असहाय, (ii) alone, अलग-थलग, अकेला; **high and mighty,** arrogant, घमंडी। ***adv.*** 1. at a high level, ऊँचे, ऊँचाई पर। 2. to or at a high or important degree, तेज़, तेज़ी से; The feelings ran high. लोग आवेश में आ गए। □ **high and low,** everywhere, सब तरफ़।

highball (हाइ´-बा:ल्) ***n.*** an alcoholic drink, एक तरह की शराब।

highborn (हाइ´-बॉ:न्) ***adj.*** of noble birth, कुलीन, अभिजात।

highbred (हाइ´-ब्रेड्) ***adj.*** of superior breed, अच्छी नस्ल का, उच्चवंशीय, ख़ानदानी।

highbrow (हाइ´-ब्रो) ***n.*** a cultured and intellectual person, सभ्य तथा बुद्धिमान व्यक्ति।

high-class (हाइ´-क्लास्/क्लैस्) ***adj.*** of high quality, ऊँची किस्म का, हाई क्लास।

higher-up (हाइ´-ॲ:-ॲप्) ***n.*** one who has a superior rank or position, ऊँची पदवी या हैसियतवाला व्यक्ति।

highfalutin (हाइ-फ़ॅ-लू´-टिन्) ***adj.*** 1. pompous, आडंबरी या आडंबरपूर्ण। 2. pretentious, दंभी या दंभपूर्ण।

highflown (हाइ-फ़्लोन्´) ***adj.*** pompous, आडंबरपूर्ण।

high-flying (हाइ-फ़्लाइंग्´) ***adj.*** which flies high, ख़ूब ऊँचाई पर उड़नेवाला।

high-grade (हाइ-ग्रेड्´) ***adj.*** of high quality, ऊँचे दर्जे या क़िस्म का।

high-handed (हाइ-हैन्´-डिड्) ***adj.*** arrogant, उद्धत, उद्दंड, मनमानी करनेवाला, स्वेच्छाचारी।

high-handedly (हाइ-हैंन्´-डिड्-ली) ***adv.*** in a high-handed way, उद्दंडतापूर्वक, उद्धत होकर।

high-handedness (हाइ´-हैंन्´-डिड्-निस्) ***n.*** arrogance, उद्धतता, उद्दंडता, स्वेच्छाचारिता।

high-hat (हाइ-हैट्´) ***n.*** a snob, अपने को लगानेवाला व्यक्ति, बाँका-छैला।

high jump ***n.*** a jump over a bar, ऊँची कूद।

high-keyed (हाइ-कीड्´) ***adj.*** very sensitive, अतिसंवेदनशील, तुनकमिज़ाज।

highland (हाइ´-लैन्ड्) ***n.*** elevated land, उच्च भूमि। ***adj.*** of high lands, पर्वतीय प्रदेश-संबंधी।

highlands (हाइ´-लैन्ड्ज़्) ***n.*** (plu.) mountainous region of a country, देश का पर्वतीय भू-भाग।

high-level (हाइ-लेंव्´-ॲल्) ***adj.*** at a high level, ऊँचे स्तर पर होनेवाला, उच्चस्तरीय।

high-life (हाइ´-लाइफ़्) ***n.*** the enjoyable life of upper class people, उच्च वर्ग के लोगों का मौज-मस्ती का जीवन, ऊँची ज़िंदगी।

high-light (हाइ´-लाइट्) ***n.*** an outstanding

feature, विशिष्टता। *v.* (high-lighted, high-lighting) to emphasize, ज़ोर देना।
high-lights (हाइ´-लाइट्स्) *n.* (plu.) most important or outstanding features of an occurrence, झलकियाँ, हाइलाइट्स।
highly (हाइ´-ली) *adv.* to a high degree, very much, अत्यधिक, बहुत ज़्यादा।
highly-strung (हाइ´-ली-स्ट्रंग) *adj.* = high-strung.
high-minded (हाइ´-माइन्´-डिड्) *adj.* having high moral principles, noble, ऊँचे विचारोंवाला, ऊँचे सिद्धांतोंवाला, मनस्वी, उच्चाशय।
high-muck-a-muck (हाइ´-मक्-अ-मक्) *n.* an important but arrogant person, धाकड़ व्यक्ति, रोबदार आदमी।
Highness (हाइ´-निस्) *n.* a title of honour for royalty, राजघराने के लोगों की उपाधि।
high-pitched (हाइ-पिच्ड्´) *adj.* (of a sound) high, तीव्र, तेज़, ऊँचा।
high-powered (हाइ-पॉव्´-अ:ड्) *adj.* showing great force, सशक्त, शक्तिशाली।
high-pressure (हाइ-प्रेश्´-अ:) *adj.* working with great force, ज़ोरदार, शक्तिशाली, प्रभावी।
high-principled (हाइ-प्रिन्´-सि-पॅल्ड्) *adj.* honourable, सिद्धांतवादी, उच्चाशय।
high-rise (हाइ´-राइज़्) *n.* a multi-storied building, अट्टालिका, ऊँची इमारत।
highroad (हाइ´-रोड्) *n.* 1. the main road, मुख्यमार्ग। 2. a direct or sure path, सीधा या सुनिश्चित पथ या उपाय।
high school (हाइ´-स्कूल्) *n.* a school upto tenth class, विद्यालय, हाई स्कूल।
high-strung (हाइ-स्ट्रंग्´) *adj.* extremely sensitive, अतिसंवेदनशील, तुनकमिज़ाज।
high-tension (हाइ-टॅन्´-शॅन्) *adj.* having a high voltage, अत्यधिक तनाव, हाइटेन्शन।
high tide *n.* the highest level of the tide, ज्वार।
high-toned (हाइ´-टोन्ड्´) *adj.* elegant and superior, श्रेष्ठ।
high water mark *n.* a mark denoting highest level reached by a river, हाई वाटर मार्क, उच्च जलचिह्न।
highway (हाइ´-वे) *n.* a main public road, राजमार्ग, जनपथ।
highwayman (हाइ´-वे-मॅन्) *n.* (plu. highwaymen) one who robs passing travellers, राहज़न, बटमार, लुटेरा।
hijack (हाइ´-जैक्) *v.* (hijacked, hijacking) to seize forcibly (a vehicle or aircraft), अपहरण करना। *n.* an act of hijacking, अपहरण।
hijacker (हाइ´-जैक्-अ:) *n.* one who hijacks, अपहरणकर्ता।
hike (हाइक्) *v.* (hiked, hiking) 1. to go for a long walk, पैदल लंबी यात्रा करना, पदयात्रा करना। 2. to raise, ऊँचा करना। *n.* 1. a long walk, पैदल लंबी यात्रा, पदयात्रा। 2. a rise in prices, मूल्यवृद्धि।
hiker (हाइ´-कॅ:) *n.* a long walker, पदयात्री।
hilarious (हि-लेॲर्´-इ-ॲस्) *adj.* noisily merry, हर्षोल्लासमय, हर्ष-भरा, उल्लासपूर्ण। 2. funny, हास्य-भरा, हास्यपूर्ण। 3. cheerful, प्रसन्नचित्त।
hilarity (हि-लैर्´-इ-टी) *n.* cheerfulness, प्रसन्नचित्तता, हर्षोल्लास, हँसी-ख़ुशी।
hill (हिल्) *n.* 1. a raised part of the earth's surface, पहाड़ी; hill area, पहाड़ी क्षेत्र। 2. a heap, ढेर।
hillbilly (हिल्´-बिल्-ई) *n.* a person from backward hilly area, पिछड़े पहाड़ी क्षेत्र का व्यक्ति, पहाड़ी।
hillock (हिल्´-ॲक्) *n.* a small hill, टीला।
hillside (हिल्´-साइड्) *n.* the sloping side of a hill, पहाड़ी की ढाल।
hill station (हिल्-स्टे´-शॅन्) *n.* a station in a hilly area, हिल-स्टेशन, पर्वत-स्थली।
hilltop (हिल्´-टॉप्) *n.* the top of a hill, पहाड़ी की चोटी, शिखर।
hilly (हिल्´-ई) *adj.* (hillier, hilliest) full of hills, पहाड़ी, पर्वतीय।
hilt (हिल्ट्) *n.* the handle of a tool or sword, हत्था, मूठ, दस्ता।
him (हिम्) *pron.* 1. the objective case of he, उसे, उसको। 2. he, वह; It is him all right, वह बिल्कुल सही है।
himself (हिम्´-सॅल्फ़) *pron.* 1. the reflexive form of he, (वह) स्वयं या अपने आप; He

himself had said, उसने स्वयं (या अपने आप) कहा था। 2. his normal condition, उसकी सामान्य अवस्था; He is not himself today, आज वह अपने में नहीं था, आज वह अपनी सामान्य स्थिति में नहीं था।

hind[1] (हाइन्ड्) *n.* a female deer, हिरनी।

hind[2] (हाइन्ड्) *adj.* at the back or rear, पिछला; hind leg, पिछली टाँग।

hinder[1] (हिन्´-डः) *v.* (hindered, hindering) 1. to get in the way, बाधक होना। 2. to keep back or prevent, रुकावट डालना, रोकना, अड़ंगा लगाना, प्रतिबाधित करना।

hinder[2] (हिन्´-डः) *adj.* hind, पिछला।

Hindi (हिन्´-डी) *n.* India's national language, हिंदी। *adj.* of or related to Hindi, हिंदी; Hindi-speaking, हिंदीभाषी।

hindmost (हाइन्ड्´-मोस्ट्) *adj.* farthest behind, सबसे पीछेवाला, पिछला।

hindquarters (हाइन्ड्´-क्वॉः-टःज़्) *n.* (plu.) the hind legs and adjoining portion of a side of meat, (पशु की) पिछली टाँगों और पुट्ठे का मांस।

hindrance (हिन्´-ड्रंन्स्) *n.* the act of hindering or the thing that hinders, बाधा, रुकावट, अड़चन, विघ्न, व्यवधान।

hindsight (हिन्ड्´-साइट्) *n.* an understanding about an event after it has occurred, बाद में सूझनेवाली अक़्ल की बात, पश्चदृष्टि।

Hindu (हिन्´-डू) *n.* a believer in Hinduism, हिंदू। *adj.* of the Hindus, हिंदुओं का, हिंदू; Hindu festival, हिंदू त्योहार, हिंदुओं का त्योहार।

Hinduism (हिन्´-डु-इज़्-अंम्) *n.* 1. The Hindu religion, हिंदू धर्म। 2. the Hindu philosophy, हिंदू दर्शन।

Hindustani (हिन्-डु-स्ताः´-नी) *n.* 1. a native of India, हिंदुस्तानी, भारतीय। 2. the language that includes Hindi and Urdu, हिंदुस्तानी।

hinge (हिन्ज्) *n.* a device or joint on which a door, lid etc. turns, swings or hangs, क़ब्ज़ा। *v.* (hinged, hinging) 1. to equip with a hinge, क़ब्ज़ा जड़ना या लगाना। 2. to turn or swing on a hinge, क़ब्ज़े पर घूमना। 3. to depend on, आश्रित या निर्भर होना।

hint (हिन्ट्) *n.* 1. a slight or indirect suggestion, परोक्ष संकेत, इशारा। 2. a small piece of practical information, छोटी-मोटी सलाह, उपयोगी सलाह। *v.* (hinted, hinting) to give a hint, इशारा करना, इंगित करना। ☐ **hint at,** to refer indirectly to, इंगित से बतलाना।

hinterland (हिन्´-टः-लैन्ड्) *n.* an area remote from urban region, दूर-देहात।

hip[1] (हिप्) *n.* The fleshy part of either side of human body above the legs, कूल्हा, चूतड़, नितंब।

hip[2] *n.* the fruit of a rose bush, एक फल।

hip[3] *interj.* hip, hip, hooray! हिप-हिप हुर्रे! वाह!, वाह!

hip[4] *adj.* 1. stylish, फ़ैशनेबुल। 2. wise, समझदार।

hip[5] *n.* melancholy, निराशा, अवसाद। *v.* (hipped, hipping) to make gloomy, निराश करना।

hipbath (हिप्´-बाथ्) *n.* a bath in which one can sit but not lie, (टब में) बैठकर किया जानेवाला स्नान, कटिस्नान।

hipped (हिप्ड्) *adj.* 1. gloomy, sad, निराश, हताश। 2. greatly interested, जिसकी किसी काम या बात में अत्यधिक रुचि हो, रसिक।

hippie (हिप्´-ई) *n.* a young person who rejects conventional ideas and takes drugs for pleasure, हिप्पी।

hippo (हिप्´-ओ) *n.* a hippopotamus, दरियाई घोड़ा।

hippocampus (हिप्-ओ-कैम्´-पस्) *n.* a small fish with horse-like head, घुड़मछली, अश्वमत्स्य।

Hippocratic (हिप्-ओ-क्रेट्´-इक्) *adj.* of Hippocrates (पाँचवी शताब्दी के युनानी चिकित्सक) हिपोक्रैट्स् से संबद्ध।

Hippocratic Oath *n.* an oath made by new physicians to observe the code of professional behaviour, नए चिकित्सों द्वारा व्यावसायिक आचार-संहिता पालन करने की शपथ।

hippodrome (हिप्´-अॅ-ड्रोम्) *n.* 1. a track for horse-race, घुड़दौड़ का मैदान, घुड़दौड़-पथ। 2. an arena, अखाड़ा।

hippopotamus (हिप्-अॅ-पॉट्´-अॅ-मॅस्) *n.* a large African quadruped, दरियाई घोड़ा।

अः bird बःड्, अॅः tear टिअॅः, ऍअॅ air ऍअॅः, आई five फ़ाइव्, ऑइ boy बॉइ/बॉय, इअॅ near निअॅः उअॅ poor पुअॅः, च् chat चैट्, थ् thing थिंग्, द् this दिस्, फ़् full फ़ुल्, व़् wait व़ेट्

hire (हाइः) *v.* (hired, hiring) 1. to get the use of something on payment of a sum of money, किराए पर लेना, भाड़े पर लेना। 2. to employ, भाड़े पर रखना। □ **hire out,** to give the use of something for payment, भाड़े पर देना, चढ़ाना या उठाना। *n.* 1. the act of hiring, किराए पर देना। 2. payment for this, किराया, भाड़ा।

hireable (हाइर्´-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be hired, किराए पर देने योग्य।

hireling (हाइः´-लिंग्) *n.* a person whose services may be hired, भाड़े पर काम करनेवाला, किराए का टट्टू।

hire-purchase (हाइः´-पः-चेज्) *n.* a system of payment in instalments after receiving the goods, किराया-ख़रीद, भाड़ा-क्रय।

hirsute (हः´-सूट्) *adj.* 1. hairy, बालोंवाला, रोएँदार। 2. having long rough hair, झबरैला।

his (हिज़्) *adj.* belonging to him, उसका (with general meaning, अपना) । *pron.* that (or those) belonging to him, उसका। □ **His Excellency,** महामहिम, **His Highness,** महामान्य, **His Holiness,** परम पावन श्री...।

Hispanic (हि-स्पैन्´-इक्) *adj.* of Latin America, लैटिन अमेरिका-संबंधी। *n.* a Spanish-speaking person in America, अमेरिका में रहनेवाला स्पैनिशभाषी व्यक्ति।

hiss (हिस्) *n.* 1. a hissing sound, सीसी, सिसकारी, फुफकार। 2. a whistle, सीटी। *v.* (hissed, hissing) 1. to make a hiss, सिसकारी भरना, फुफकारना। 2. to show disapproval by hissing, सीसी करते हुए अरुचि या असहमति प्रकट करना।

hist (हिस्ट्) *n.* a sound used for asking someone to remain silent, सी।

histologist (हि-स्टॉल्´-अॅ-जिस्ट्) *n.* an expert in histology, ऊतक-विज्ञानी।

histology (हि-स्टॉल्´-अॅ-जी) *n.* the scientific study of the cells of the body, ऊतक-विज्ञान।

historian (हि-स्टोर्´-इ-अॅन्) *n.* 1. an expert in history, इतिहासवेत्ता, इतिहासज्ञ। 2. a writer of history, इतिहासकार, इतिहास-लेखक।

historic (हि-स्टॉर्´-इक्) *adj.* having importance in history, ऐतिहासिक महत्त्व का, इतिहास के विचार से महत्त्वपूर्ण।

historical (हि-स्टॉर्´-इ-कॅल्) *adj.* belonging to or connected with history, इतिहासकालीन, ऐतिहासिक।

historiographer (हि-स्टोर्-इ-ऑग्´-रॅ-फ़ः) *n.* a writer of history, इतिहासकार, इतिहास-लेखक।

historiography (हि-स्टोर्-इ-ऑग्´-रॅ-फ़ी) *n.* the writing of history, इतिहास-लेखन।

history (हिस्´-टॅ-री) *n.* 1. a chronological record of events, इतिहास, तवारीख़। 2. a long narrative, इतिवृत्त। □ **make history,** to do something memorable, यादगार बनाना या छोड़ना।

histrionic (हिस्-ट्रि-ऑन्´-इक्) *adj.* 1. of theatre or acting, रंगमंच या अभिनय-संबंधी। 2. dramatic, नाटकीय।

histrionically (हिस्-ट्रि-ऑन्´-इ-कॅ-ली) *adv.* in a histrionic manner, नाटकीय रूप से।

histrionics (हिस्-ट्रि-ऑन्´-इक्स्) *n.* 1. the art of acting, अभिनय-कला। 2. dramatic or emotional behaviour, नाटकीय आचरण, भावुकतापूर्ण आचरण, नाटकीयता।

hit (हिट्) *v.* (hit, hitting) 1. to give a blow, to strike, आघात या प्रहार करना, मारना। 2. to affect adversely, बुरी तरह प्रभावित करना, बुरा प्रभाव डालना। 3. to reach, पहुँचना। 4. to score, (क्रिकेट में) रन बनाना; He hit a century, उसने (रनों का) शतक बनाया या लगाया। □ **be hit hard,** to suffer, कष्ट सहना, तकलीफ़ उठाना, भोगना; **hit back,** to retaliate, बदला लेना; **hit below the belt,** to attack in a dishonourable way, धोखे से मारना या नियम विरुद्ध वार करना, बेईमानी करना; **hit the bottle,** to drink heavily, ख़ूब शराब पीना; **hit the headlines,** to come into prominence, प्रमुखता प्राप्त करना, शीर्षक बनना; **hit the nail on the head,** to express the truth exactly, (मौके पर) सही बात कहना, पते की बात कहना। *n.* 1. a blow or strike, आघात, प्रहार, मार। 2. a shot that hits the target,

निशाना। 3. a successful performance, सफल प्रदर्शन, सफल कार्यक्रम। 4. a murder, हत्या, वध। □ **make a hit,** to win popularity, यश प्राप्त करना।

hit-and-miss (हिट्´-ॲन्-मिस्´) *adj.* 1. haphazard, अटकल-पच्चू। 2. without any plan, जो योजनाबद्ध न हो, अव्यवस्थित।

hit-and-run (हिट्´-ॲन्-रन्´) *adj.* that runs away after attacking someone, आघात करके भाग खड़ा होनेवाला।

hitch (हिच्) *v.* (hitched, hitching) 1. to move (a thing) with a slight jerk (किसी वस्तु को) झटके से उठाना। 2. to fasten, बाँध देना, साथ लगा देना, अटकाना। 3. to be fastened, बँध जाना, जुड़ जाना, अटक या फँस जाना। 4. to hitchlike, गुजरती हुई गाड़ी को संकेत देकर मुफ़्त में यात्रा करना। □ **get hitched,** to get married, विवाहित होना, बँध जाना। *n.* 1. a slight jerk, झटका। 2. a loop or hook, फंदा या हुक। 3. a difficulty, कठिनाई, अड़चन, विघ्न।

hitchhike (हिच्´-हाइक्) *v.* (hitchhiked, hitchhiking) to travel by getting free rides in other people's vehicles, मुफ़्त यात्रा करना, अनुरोध- यात्रा करना।

hither (हिद्´-अ:) *adv.* toward this place, इधर, यहाँ। □ **hither and thither,** here and there, यहाँ-वहाँ, इधर-उधर, चारो ओर।

hitherto (हिद्´-अ:-टू) *adv.* until this time, अब तक।

hitman (हिट्´-मॅन्) *n.* a hired assassin, भाड़े का हत्यारा।

hive (हाइव्) *n.* 1. a structure or container for bees to live in, छत्ता या मधुपेटी। 2. the bees living in this, छत्ते या मधुपेटी में रहने या बैठनेवाली मधुमक्खियाँ। 3. a crowded place, भीड़-भाड़वाली जगह। *v.* (hived, hiving) 1. to live in a hive, छत्ते या मधुपेटी में रहना। 2. to live together, साथ-साथ रहना। 3. to gather, संग्रह करना। □ **hive off,** (i) to separate, अलग करना; (ii)to disappear, ग़ायब या ओझल हो जाना; (iii) to start a new work, नया काम शुरू करना।

hives (हाइव्ज़्) *n.* (plu.) a skin disease, एक चर्मरोग।

ho (हो) *interj.* an exclamation of triumph or scorn, हो-हो, अहो।

hoard (हो:ड्) *n.* 1. a store of something valuable, संचय, जमा। 2. a secret store, अपसंचय, जमाख़ोरी का माल। *v.* (hoarded, hoarding) to accumulate a hoard, संचय करना, जमा करना।

hoarder (हो:ड्´-अ:) *n.* one who hoards essential commodities, अपसंचयी, जमाख़ोर।

hoarding (हो:ड्´-इंग्) *n.* 1. the act or practice of accumulating, संचयन, संचयवृत्ति, जमाख़ोरी। 2. a fence around a building being constructed, टट्टी, घेरा। 2. a high fence or board on which advertisements are attached or stuck, विज्ञापन-पट्ट।

hoarfrost (हो:´-फ़्रा:स्ट्) *n.* frozen dew, पाला।

hoariness (होर्´-इ-निस्) *n.* the condition of being hoary, (बालों की सफ़ेदी, बुढ़ापा।

hoarse (हो:स्) *adj.* (hoarser, hoarsest) 1. harsh- sounding, कर्कश या फटी-फटी आवाज़वाला। 2. (of a person) having a hoarse voice, फटी-फटी आवाज़वाला, जिसकी आवाज भर्राई हुई हो, जिसका गला बैठा हो, कर्कश (व्यक्ति)।

hoarseness (हो:स्´-निस्) *n.* the state or quality of being hoarse, आवाज़ का फटापन, भर्राहट, कर्कशता।

hoary (होर्´-ई) *adj.* (hoarier, hoariest) 1. (of hair) grey or white, सफ़ेद, धवल; a hoary beard, सफ़ेद दाढ़ी। 2. (of a person) having grey hair, सफ़ेद बालोंवाला, बूढ़ा। 3. very old, ancient, प्राचीन, पुराना।

hoax (होक्स्) *n.* a joke or plot to deceive, झाँसा, जुल, झाँसा-पट्टी, चकमा। *v.* (hoaxed, hoaxing) to deceive by a hoax, झाँसा देना, चकमा देना, मज़ाक या शरारत के लिए धोखा देना, जुल देना, मूर्ख बनाना।

hob[1] (हॉब्) *n.* a flat metal plate for heating purposes, तवा।

hob[2] *n.* a hobgoblin or elf, दुष्टात्मा या परी।

hobble (हॉब्´-ॲल्) *v.* (hobbled, hobbling)

1. to limp, लँगड़ाते हुए चलना, लँगड़ाना। 2. to fasten together the legs (of a horse or donkey to limit its movement), छाँदना। *n.* a clumsy walk, भद्दी चाल। 2. a device for hobbling an animal, छाँदा।

hobble skirt *n.* a very tight skirt which makes it difficult to walk, अत्यंत चुस्त स्कर्ट, कसा स्कर्ट।

hobby (हॉब्´-ई) *n.* (plu. hobbies) an occupation or activity carried on for pleasure, शौक़, शुग़ल, रुचि, व्यसन।

hobby-horse (हॉब्´-इ-हॉ:स्) *n.* 1. a rocking horse for children, बच्चों के खेलने का लकड़ी का घोड़ा, कठघोड़ा। 2. a favourite topic (for discussion), प्रिय विषय, ऐसा विषय जिस पर कोई बार-बार चर्चा चलाना चाहता हो।

hobbyist (हॉब्´-इ-इस्ट्) *n.* a person who does something regularly for fun (and not for money), शौक़ीन, व्यसनी।

hobgoblin (हॉब्´-गॉब्-लिन्) *n.* 1. a goblin which plays tricks on people, दुष्टात्मा। 2. a bogey or bugbear, हौआ, जूजू।

hobnail (हॉब्´-नेल्) *n.* a large nail with a big head used for bootsoles, कोका। (पंजाबी)

hobnob (हॉब्´-नॉब्) *v.* (hobnobbed, hobnobbing) to drink and chat together in a friendly way, हमप्याला और हमनिवाला होना, हिल-मिलकर रहना, यारी निभाना।

hobo (हो´-बो) *n.* 1. a wanderer, आवारा व्यक्ति। 2. a person without a regular work, ऐसा व्यक्ति जिसका कोई लगा-बँधा काम न हो, उठल्लू मज़दूर।

Hobson's Choice *n.* lack of choice, चयन की स्वतंत्रता का अभाव, मजबूरी।

hock (हॉक्´) *n.* the joint in the hind leg of an animal, पिछली टाँग का घुटना।

hockey (हॉक्´-ई) *n.* 1. a game played with a ball and curved sticks, हाकी का खेल। 2. a stick used in this game, हाकी।

hocuspocus (हो´-कॅस्-पो´-कॅस्) *n.* a trickery, झाँसा, चाल, तिकड़म, इंद्रजाल।

hod (हॉड्) *n.* a long-handled box for carrying bricks, ईंटें ढोने का हत्थेदार बक्सा।

hod carrier *n.* a labourer who carries hod, ईंटें ढोनेवाला मज़दूर।

hodgepodge (हॉज्´-पॉज्) *n.* = hotchpotch.

Hodgkin's disease *n.* a disease characterised by the inflammation of liver, यकृत बढ़ने का एक रोग।

hoe (हो) *n.* a tool for breaking up surface soil, कुदाल। *v.* (hoed, hoeing) to use a hoe, कुदाल चलाना।

hog (हॉग्) *n.* 1. a full-grown domestic pig, सुअर। 2. a greedy or gluttonous person, लोभी या पेटू व्यक्ति। 3. a filthy person, गंदा आदमी। □ **go the whole hog,** to do something thoroughly, अच्छी तरह करना; **high on the hog,** lavishly, in a extravagant manner, मुक्त हस्त से। *v.* (hogged, hogging) to take more than one's fair share, अपने हिस्से से ज़्यादा लेना, लोभी या पेटू होना।

hoggish (हॉग्´-इश्) *adj.* 1. piglike, सुअर-जैसा। 2. gluttonous, greedy, पेटू, भुक्खड़। 3. filthy, गंदा।

hogmanay (हॉग्´-मॅ-ने) *n.* New Year's Eve, नववर्ष की पूर्व-संध्या।

hogshead (हॉग्ज़्´-हॅड्) *n.* 1. a large barrel, बड़ा पीपा (जिसमें २३६ लिटर द्रवप्रदार्थ आता है)। 2. the amount it holds, द्रव की वह मात्रा जो ऐसे पीपे में आती हो।

hogtie (हॉग्´-टाई) *v.* (hagtied, hogtying) 1. to tie together the legs of, टाँगे एक साथ बाँध देना। 2. to hamper, बाधा डालना।

hogwash (हॉग्´-वॉश्) *n.* stupid talk, बेमतलब की बात, बकबक।

hog-wild (हॉग्´-वाइल्ड्) *adj.* very excited, उन्मत्त, उत्तेजित।

hoi polioi (हॉइ´-पॅ-लॉइ) *n.* the common people, आम जनता, लोग-बाग। (उपेक्षासूचक)

hoist (हॉइस्ट्) *v.* (hoisted, hoisting) 1. to raise or lift, ऊपर उठाना, चढ़ाना। 2. to raise (the flag, झंडा) फहराना।

hoity-toity (हॉइ´-टी-टॉइ-टी) *adj.* haughty, अहंकारी, घमंडी, अपने आप को बहुत लगानेवाला।

hokum (हो´-कॅम्) *n.* nonsense, बेमतलब की

बात, वाहियात बात।

hold (होल्ड्) *v.* (held, holding) 1. to take and keep in one's hands, थामना, थामे रहना, पकड़ना, उठाना, धारण करना। 2. to bear the weight of, संभालना। 3. to put in a particular position or maintain, विशेष स्थिति में रखना, बनाए रखना। 4. to possess, contain, or control, धारण करना, नियंत्रण करना। 5. to stop or detain in custody, रोकना, रोके रखना, क़ब्ज़े में रखना। 6. to occupy, ग्रहण करना। 7. to cause to take place, मनाना, आयोजित करना। 8. to believe or assert, मानना, दावा करना। 9. to give verdict, फैसला देना। 10. to remain secure, सुरक्षित रहना। ☐ **hold against,** to put the blame (on someone, किसी पर) दोष मढ़ना; **hold back,** (i) to prevent, रोकना; (ii) to control, नियंत्रित करना; **hold by,** to keep to, परिपालन करना; **hold down,** to keep under control, नियंत्रित करना, दबाकर रखना; **hold forth,** to speak, विस्तार से कहना; **hold good,** to remain valid, वैध रहना, सत्य होना; **hold hands (with),** to hold the hand or hands of each other, एक दूसरे का हाथ (के हाथ) पकड़े रहना; **hold off,** to cause to remain at distance, रोक देना, आगे बढ़ने न देना; **hold on,** (i) to continue, जारी रहना; (ii) to wait, प्रतीक्षा करना, कुछ देर के लिए रुकना; **hold one's ground,** to stand firm, डटे रहना; **hold one's head high,** to be proud of, अपना सिर ऊँचा करके चलना; **hold one's own,** to stand firm, डटे रहना; **hold one's tongue,** to keep silent, शांत रहना; **hold out,** (i) to last, चलना; (ii) to offer, प्रस्तावित करना; (iii) to resist, प्रतिरोध करना, डटे रहना; **hold out for,** to demand firmly, (अपनी माँग पर) अडिग रहना; **hold out on,** to keep a secret (from someone, किसी से) भेद छिपाए रखना; **hold to,** to adhere to, परिपालन करना, डटे रहना; **hold over,** to postpone, स्थगित करना, उठा रखना; **hold up,** to hinder; (i) रोकना; (ii) to endure, सहना, बर्दाश्त करना; (iii) to rob, लूट लेना; (iv) to delay, विलंब करना; (v) to raise, ऊपर उठाना; **hold with,** to agree with, सहमत होना। *n.* 1. the act of holding, पकड़, नियंत्रण, संभाल। 2. an opportunity of holding, पकड़ने का अवसर। 3. the means of holding, पकड़ने का साधन। 4. controlling influence, दबदबा, प्रभाव। 5. a prison cell, जेल की कोठरी। 6. a stronghold, गढ़, किला। 7. the part below deck where goods are stored, जलयान का तहख़ाना। ☐ **get hold of,** (i) to catch, पकड़ लेना, (ii) to acquire, प्राप्त या अधिग्रहण करना; (iii) to make contact with someone, किसी से संपर्क करना; **get hold of oneself,** to establish control over oneself, अपने पर संयम रखना, अपने को क़ाबू में रखना; **have a hold over,** be in possession of, क़ब्ज़े में होना, अधिकार में होना।

holdall (होल्ड्´-आःल्) *n.* a portable case or bag, होल्डाल, बिस्तरबंद।

holder (होल्´-डःः) *n.* 1. one who holds, पकड़ने या थामनेवाला, धारण करनेवाला, धारक। 2. a protective cloth for handling hot saucepans, पोना।

holdfast (होल्ड्´-फ़ास्ट्) *n.* a device which holds things together, होल्डफ़ास्ट।

holding (होल्´-डिंग्) *n.* 1. an act of keeping in one's possession, पकड़ने या थामने का काम। 2. land rented or leased from another, जोत। 3. legally owned property, जायदाद।

hold-up (होल्ड्´-अप्) *n.* 1. delay, विलंब। 2. interruption, व्यवधान। 3. armed robbery, डाका, राहज़नी।

hole (होल्) *n.* 1. a cavity, छेद, सुराख़, छिद्र। 2. an animal's burrow, बिल, विवर या माँद। 3. a fault or defect, दोष। 4. a bad situation, विषम परिस्थिति। ☐ **burn a hole in someone's pocket,** to make one eager to spend the money, किसी को धन व्यय करने के लिए उत्साहित करना; **in the hole,** in a position of difficulty, विषम परिस्थिति में; **pick holes in,** to find fault with, (किसी में) दोष ढूँढ़ना, नुक्ताचीनी करना। *v.* (holed, holing) to make hole or holes in, छेद करना,

छेदना। □ **hole out,** to get (a ball) into the hole, छेद में (गेंद) डालना।

holey (होल्´-ई) *adj.* having a hole or holes, जिसमें छेद हो/हों, छेद या छेदोंवाला।

hole-and-corner *adj.* done in a stealthy manner, चोरी-छिपे या गुपचुप किया जानेवाला।

holiday (हॉल्´-इ-डे) *n.* 1. a day of rest, छुट्टी का दिन, अवकाश-दिवस, छुट्टी; holiday with pay, सवेतन छुट्टी। 2. holy day, पर्व। 3. vacation, छुट्टी, लंबी छुट्टी। *adj.* joyful, ख़ुशी-भरा, आनंदपूर्ण; holiday spirit, आनंद-भावना। *v.* to have a period of holiday, छुट्टियाँ मनाना।

holiday camp *n.* a camp organized for celebrating holiday, अवकाश-शिविर।

holiday home *n.* a place where people enjoy holidays, अवकाश-गृह।

holiday-maker *n.* one who enjoys one's holidays outside, सैलानी।

holiness (हो´-लि-निस्) *n.* the state of being holy, पवित्रता, पावनता। □ **His Holiness,** the title of the Pope, पोप की पदवी।

Hollander (हॉल्´-अॅन्-डॅ:) *n.* an inhabitant of Holland, हालैंड निवासी।

holler (हॉल्´-अॅ:) *v.* (hollered, hollering) to yell or shout, चिल्लाना। *n.* a shout, चीख़, चिल्लाहट, चीख़-पुकार।

hollow (हॉल्´-ओ) *adj.* 1. having an empty space inside, खोखला, पोला। 2. sunken, पिचका हुआ। 3. empty, worthless, ख़ाली, तुच्छ, थोथा। □ **beat hollow,** to defeat completely, पूर्ण रूप से परास्त करना। *n.* 1. a hole, छेद, छिद्र। 2. a sunken place, पिचक। *adv.* completely, पूर्ण रूप से, पूर्णतः। *v.* (hollowed, hollowing) 1. to make hollow, खोखला बनाना, खोखला कर देना। 2. to become hollow, खोखला बनना या हो जाना।

holly (हॉल्´-ई) *n.* a shrub, एक झाड़ी।

hollyhock (हॉल्´-इ-हॉक) *n.* a flower plant, फूलोंवाला एक पौधा।

holocaust (हॉल्´-अॅ-का:स्ट्) *v.* complete destruction (of the people) by fire, सर्वदाह, जनदाह, सर्वनाश, अग्निकांड। □ **nuclear holocaust,** परमाणु द्वारा बड़े पैमाने पर होनेवाला नरसंहार।

holograph (हो´-लॅ-ग्राफ़्/ग्रैफ़्) *n.* a document wholly in the handwriting of the signatory, अपने हाथ से लिखा तथा स्वहस्ताक्षरित लेख, स्वलेख।

holography (हो´-लॉग्-रॅ-फ़ी) *n.* a method of producing a three-dimensional image, त्रिविम-चित्रण, होलाग्रैफ़ी।

holster (होल्´-स्टॅ:) *n.* a leather case for a pistol, पिस्तौल का चमड़े का खोल।

holy (हो´-ली) *adj.* (holier, holiest) 1. sacred, पवित्र, पावन; holy war, धर्मयुद्ध, जिहाद। 2. devoted to the service of god, धर्मी। □ **holy of holies,** most sacred, अत्यंत पावन; **holy terror,** a troublesome child, शैतान बच्चा।

holystone (हो-ली-स्टोन्´) *n.* a kind of sandstone, नरम बलुआ पत्थर।

homage (हॉम्´-इज; ऑम्´-इज्) *n.* 1. honour or respect shown publicly, श्रद्धांजलि। 2. a formal expression of loyalty to a ruler, राजनिष्ठा।

homburg (हॉम्´-ब:ग्) *n.* a man's felt hat, फ़ेल्ट टोपी।

home (होम्) *n.* 1. a dwelling place sply. a place where one lives, घर, मकान, निवास; home delivery, घर सुपुर्दगी। 2. one's native land, जन्मभूमि। 3. the native habitat, मूल निवास या उद्गम स्थल। 4. (in some games) a place which a player must aim to reach, गोल। 5. an institution where people are cared for, भवन, गृह, आवास; a children's home, बालभवन, बालगृह। □ **at home,** in the house or family, घर में, परिवार में; **be at home,** or **feel at home,** (i) to be comfortable, घर-जैसा लगना; (ii) to be well-versed, माहिर होना, अच्छा ज्ञान होना; She is quite at home in cooking. वह खाना बनाने में माहिर है। **make oneself at home,** to behave freely, बेतकल्लुफ़ होना, निस्संकोच होकर व्यवहार करना। *adj.* 1. connected or related with one's home or country i.e. domestic, not for-

eign, घरेलू; home appliances, घरेलू उपकरण; home produce, घरेलू उत्पादन; home ground, घरेलू मैदान। 2. of native land, देशीय; home market, देशीय बाज़ार। *adv.* 1. to or at one's home or family, घर में, परिवार में। 2. on target, to the right place, निशाने पर, ठीक जगह पर। *v.* (homed, homing) to fly home (said of pigeons, कबूतरों का) घर लौटना।

homebody (होम्´-बॉड्-ई) *n.* a person who likes to stay at home, गृहप्रेमी, घर-घुस्सू।

homebred (होम्´-ब्रेड्´) *adj.* bred at home, जिसका घर में लालन-पालन हुआ हो।

home brew *n.* beer made at home, घर पर तैयार की हुई बीयर।

homecoming (होम्´-कम्-इंग्) *n.* arrival at home after long absence, घर-वापसी, स्वदेश-वापसी, घर लौटना।

home country *n.* one's country, अपना देश।

home economics *n.* the art of home management, गृह-व्यवस्था, गृह-प्रबंध।

home front *n.* an area or scene for household activities, घरेलू मोर्चा।

home-grown (होम्´-ग्रोन्) *adj.* grown at home, गृहनिर्मित, स्वदेशी।

home guard *n.* a local guard, होमगार्ड, गृहरक्षक।

homeland (होम्´-लैन्ड्) *n.* one's native land, स्वदेश।

homeless (होम्´-लिस्) *adj.* without a home, बेघर।

homelike (होम्´-लाइक्) *adj.* like something in one's home, घर-जैसा, घरेलू।

homely (होम्´-ली) *adj.* 1. simple or plain, सीधा-सादा। 2. not good looking, सामान्य शक्ल-सूरत का।

homeliness (होम्´-लि-निस्) *n.* the quality of being homely, सादगी, घरेलूपन।

homemade (होम्´-मेड्´) *adj.* made or prepared at home, घर का बना, गृहनिर्मित।

homemaker (होम्´-मे-कॅ:) *n.* one who manages a household, गृहस्थ, गृहस्थी चलानेवाला।

homeopath (होम्´-अॅ-पैथ्) *n.* an expert in homeopathy, होमियोपैथ।

homeopathy (हो-मि-ऑप्´-अॅ-थी) *n.* a system of medical treatment, होमियोपैथी।

home rule *n.* self-government, स्वशासन।

home science *n.* the science dealing with the management of home, गृहविज्ञान।

homesick (होम्´-सिक्) *adj.* longing for home, जिसे घर की याद सता रही हो, गृहासक्त।

homesickness (होम्´-सिक्-निस्) *n.* a great wish to be at home, घर की याद, गृहासक्ति।

homespun (होम्´-स्पन्) *adj.* spun in the home, घर का बुना। *n.* homespun fabric, घर का बुना कपड़ा।

homestead (होम्´-स्टॅड्) *n.* a farm with its building, खेत और उसके अंदर बना हुआ मकान, घर और उसके इर्द-गिर्द का खेत।

homestretch (होम्´-स्ट्रॅच्) *n.* 1. the last part of a race, दौड़ का अंतिम चरण। 2. the final part of a job, किसी काम का अंतिम चरण या भाग।

hometown (होम्´-टाउन्) *n.* a town where one was born, अपना नगर, स्वनगर, जन्मनगर।

home truth *n.* a true but unpleasant fact, कटुसत्य, मर्मोक्ति।

homeward (होम्´-वॅ:ड्) *adv.* toward home, घर की ओर। *adj.* going home, घर की ओर जानेवाला, गृहोन्मुखी।

homewards (होम्´-वॅ:ड्ज्) *adv.* homeward.

homework (होम्´-वॅ:क्) *n.* 1. work to be done at home, गृहकार्य, घर का काम। 2. work of a preparatory nature, प्राथमिक कार्य।

homeworker (होम्´-वॅ:-कॅ:) *n.* working at home, गृहकर्मी।

homey (हो´-मी) *adj.* homely, घर-सा, घर-जैसा।

homicide (हॉम्´-इ-साइड्) *n.* 1. murder, मानववध, नरहत्या। 2. a murderer, वह व्यक्ति जिसने अन्य व्यक्ति की हत्या की हो, हत्यारा।

homiletics (हॉम्´-इ-लॅट्-इक्स्) *n.* the art of preaching, प्रवचन-कला।

homily (हॉम्´-इ-ली) *n.* (plu. homilies) a moralizing lecture, उपदेश, उपदेशात्पक व्याख्यान, सीख।

homing (हो´-मिंग्) *adj.* returing home, घर लौटनेवाला, वापस आनेवाला।

hominy (हॉम्´-इ-नी) *n.* a kind of maize, एक तरह का बाजरा।

hominy grits *n.* (plu.) ground hominy boiled with milk or water, दलिया।

homo (हो´-मो) *n.* = homophone.

homoeopath *n.* = homeopath.

homoeopathy *n.* = homeopathy.

homogeneity (हो-मो-जि-नी´-इ-टी) *n.* the state or quality of being homogeneous, समजातीयता।

homogeneous (हो-मॅ-जी´-नि-अॅस्) *adj.* 1. of the same kind, समजातीय। 2. uniform, एकरूप, एकरस, समांगी।

homeogenize (हॅ-मॉज्´-अॅ-नाइज़्) *v.* (homogenized, homogenizing) to make homogeneous, समजातीय बनाना; समांगी बनाना, एकरूप करना।

homograph (हॉम्´-अॅ-ग्राफ़्/ग्रैफ़्) *n.* the word that has the same spelling as another but different origin and meaning, ऐसा शब्द जिसकी वर्तनी तो किसी अन्य शब्द के समान हो पर अर्थ भिन्न हो, समवर्तनी शब्द।

homologous (हॅ-मॉल्´-अॅ-गॅस्) *adj.* corresponding, समजात, समजातीय।

homology (हॅ-मॉल्´-अॅ-जी) *n.* the quality or state of being homologous, समजातीयता।

homonym (हॉम्´-अॅ-निम्) *n.* = homograph.

homosexual (हो-मो-सेॅक्´-शु-अॅल्) *adj.* one who is sexually attracted to the members of the same sex, समलिंगकामी, होमोसेक्सुअल।

homophone (हॉम्´-अॅ-फ़ोन्) *n.* a word with the same sound as another, समध्वनिक शब्द।

homosexuality (हो-मॅ-सेॅक्-शु-ऐल्´-इ-टी) *n.* sexual relation between the persons of same sex, समलिंगकामिता, समलिंगरति।

hone[1] (होन्) *n.* a stone used to sharpen cutting tools, सान। *v.* (honed, honing) to sharper on a hone, सान पर चढ़ाना।

hone[2] *v.* (honed, honing) 1. to yearn, लालसा होना। 2. to grumble, असंतोष प्रकट करना।

honest (ऑन्´-इस्ट्) *adj.* 1. truthful, upright, सच्चा, ईमानदार, निष्कपट। 2. true, genuine, सच्चा, भला। 3. creditable, विश्वसनीय। 4. gained or earned by fair methods, ईमानदारी से कमाया या प्राप्त किया हुआ। 5. pure, विशुद्ध।

honestly (ऑन्´-इस्ट्-ली) *adv.* 1. in an honest manner, ईमानदारी से। 2. truly, really, सचमुच, सच तो यह है कि।

honesty (ऑन्´-इस्-टी) *n.* 1. the state or quality of being honest, ईमानदारी, निष्ठा, विश्वसनीयता। 2. sincerity, सच्चाई।

honey (हॅन्´-ई) *n.* 1. a sweet syrupy substance made by bees, शहद, मधु। 2. sweetness, मधुरता, मिठास। 3. darling, प्रिय।

honeybee (हॅन्´-ई-बी) *n.* a bee that makes honey, मधुमक्खी।

honeycomb (हॅन्´-ई-कोम्) *n.* a wax structure made by honeybees to hold honey, शहद का छत्ता। *v.* (honeycombed, honeycombing) to become full of holes, छेदों से भरा होना।

honeydew (हॅन्´-इ-ड्यु) *n.* a sweet fluid excreted by some insects, मधुरस।

honeyed (हन्´-इड्) *adj.* sweetened with honey, शहद-मिला, शहद-लगा, मीठा।

honeymoon (हन्´-ई-मून्) *n.* the period spent together by a newly-married couple, नवदंपती की विहार-वेला, अभिसारकाल, सुहागरात, मधुयामिनी।

honeysuckle (हन्´-इ-सक्-अॅल्) *n.* a vine with fragrant yellow and pink flowers, मधुमालती।

honk (हॉङ्क्) *n.* 1. the harsh cry of a goose, काँ-काँ। 2. the sound of a car horn, पों-पों। *v.* (honked, honking) to make a honk, काँ-काँ करना, पों-पों करना।

honky-tank (हॉङ्´-की-टॉङ्क्) *n.* a cheap dance hall, सस्ता नाचघर।

honorarium (ऑन्-अॅ-रेॅअॅर्´-इ-अॅम्) *n.* (plu. hororaria, honorariums) a voluntary payment made for services on which no fee is legally obtainable, दक्षिणा, मानदेय।

honorary (ऑन्´-अॅ-रेॅर्-ई) *adj.* 1. conferring honour, given as an honour, मानद, सम्मानार्थ;

honorary degree, मानद या सम्मानार्थ उपाधि। 2. unpaid, अवैतनिक; honorary judge, अवैतनिक न्यायाधीश।

honorific (ऑन्-अ-रिफ़्´-इक्) *adj.* 1. conferring honour, सम्मानप्रद। 2. showing honour, सम्मानसूचक, आदरार्थक, सम्मानार्थक।

honour, honor (ऑन्´-अ:) *n.* 1. great respect, मान, सम्मान, समादर। 2. public regard, glory, प्रतिष्ठा, गौरव, यश। 3. personal integrity, सत्यनिष्ठा, वैयक्तिक चरित्र, मर्यादा। 4. a privilege, विशेषाधिकार। 5. a title of honour, मानद उपाधि। 6. an advanced course for exceptional students, प्रवीण पाठ्यक्रम, आनर्स कोर्स। *v.* (honoured, honouring) 1. to respect greatly, आदर करना। 2. to confer an honour on, सम्मान देना। 3. to accept and pay when due, सकारना।

honourable (ऑन्´-अ-र-बल्) *adj.* 1. worthy of respect, आदरणीय, सम्मानीय, सम्मानित। 2. noble, illustrious, महान, प्रतिष्ठित, यशस्वी।

Honourable *n.* a title for a person of high rank, माननीय।

hooch (हूच्) *n.* illicit liquor, अवैध शराब।

hood[1] (हुड्) *n.* 1. a loose covering for the head and neck, एक तरह की टोपी। 2. a cover over an automobile engine, कार के इंजन का ढक्कन, हुड।

hood[2] (हुड्) *n.* a hoodlum, गुंडा।

hoodlum (हुड्´-लम्) *n.* a gangster, गुंडा।

hoodoo (हू´-डू) *n.* 1. a thing that brings bad luck, असगुन, अपशकुन। 2. bad luck, बदक़िस्मती, दुर्भाग्य। *v.* (hoodooed, hoodooing) to bring bad luck to, दुर्भाग्यसूचक होना, अपशकुन का सूचक होना।

hoodwink (हुड्´-विंक्) *v.* (hoodwinked, hoodwinking) 1. to deceive, धोखा देना। 2. to cheat, ठगना।

hooey (हू´-इ) *n.* nonsense, बेमतलब की बात।

hoof (हूफ़्) *n.* (plu. hooves, hoofs) the horny part of the foot of some mammals, खुर, टाप, सुम। □ **on the hoof,** live (i.e. not yet slaughtered), जीवित (जिसका अभी वध न हुआ हो), पाँवों पर खड़ा। *v.* (hoofed, hoofing) 1. to go on foot, पैदल चलना। 2. to dance, नाचना।

hoof disease *n.* a contagious disease of cattle, खुरपका।

hoofer (हुफ़्´-अ:) *n.* a professional dancer, नर्तक, नाचनेवाला।

hook (हुक्) *n.* 1. a curved device for holding or catching something, हुक, टेढ़ा काँटा। 2. a bend in a stream, नदी का घुमाव या मोड़। 3. a blow delivered with a bent arm, हुक। □ **by hook or by crook,** in any way whatever, चाहे जैसे भी, येन केन प्रकारेण। *v.* (hooked, hooking) 1. to get hold of or catch with a hook, हुक से लटकाना या पकड़ना। 2. to hit or pull (the ball, गेंद को) मारना, हुक करना। □ **hook up,** to arrange and connect the parts (of a machine, किसी यंत्र के) अवयवों को जोड़ना तथा व्यवस्थित करना।

hookah (हुक्´-अ) *n.* a smoking pipe with a water-pot for cooling the smoke, हुक्का।

hooked (हुक्ड्) *adj.* 1. curved like a hook, टेढ़ा, वक्र, अंकुशवत्। 2. married, विवाहित। □ **hooked on,** (i) addicted to, व्यसनी, (ii) captivated (by, पर) लट्टू।

hooker (हुक्´-अ:) *n.* a prostitute, वेश्या।

hook-nosed (हुक्´-नोज़्ड्) *adj.* having a curved nose, शुकनास, तोते की चोंच-जैसी नाकवाला।

hook-up (हुक्´-अप्) *n.* a connection, योग, जोड़, जुड़ाव, विशेषत: एक ही कार्यक्रम प्रसारित करनेवाले सभी केंद्रों से जुड़ाव; on the national hook-up, देश के सभी केंद्रों पर।

hookworm (हुक्´-व़:म्) *n.* a worm with hooked mouth parts that infest the intestines, अंकुशकृमि।

hooligan (हु´-लि-गन्) *n.* a hoodlum, गुंडा।

hooliganism (हु´-लि-गन्-इज़्-अम्) *n.* the act or behaviour of a hooligan, गुंडई, गुंडागर्दी।

hoop (हूप्) *n.* a circular band, छल्ला, वलय।

hoop skirt *n.* a bell-shaped skirt, छल्लेदार स्कर्ट।

hoopla (हूप्´-ला) *n.* 1. nonsense, बेमतलब की या वाहियात बात। 2. a commotion, हंगामा।

hooray (हु-रे´) *interj.* = hurray.

hoot (हूट्) *n.* 1. the cry of an owl, उल्लू की आवाज़, घूघू। 2. a sound of a horn or whistle, भोंभों। 3. a cry expressing scorn or jeer, हो-हो। □ **not to care a hoot two hoots,** not to care at all, तनिक भी परवाह न करना। *v.* (hooted, hooting) 1. to make a hoot, घूघू करना। 2. to sound a horn, भोंभों करना। 3. to make a jeering or contemptuous cry, हो-हो करना, हूट करना, शोर मचाना।

hooter (हू´-टः) *n.* 1. one who hoots, हो-हो करनेवाला, शोर मचानेवाला। 2. a whistle or horn, सीटी, भोंपू।

hop[1] (हॉप्) *v.* (hopped, hopping) 1. to jump, कूदना, फुदकना, उछलना-कूदना। 2. to jump on one foot, उछलना। 3. to cross by hopping, कूदकर लाँघना। 4. a trip by air, हवाई यात्रा या दौरा। *n.* 1. the act of hopping, कूद, उछल-कूद। 2. a dance, एक प्रकार का नृत्य। 3. a trip, दौरा। □ **hop in,** to get in quickly, तेज़ी से, प्रविष्ट होना; **hop out,** to get out quickly, तेज़ी से बाहर निकल जाना।

hop[2] *n.* a plant with conelike flowers, एक पौधा। □ **hop up,** to stimulate, उद्दीप्त करना।

hope (होप्) *v.* (hoped, hoping) 1. to wish for something expected, आशा करना, उम्मीद करना। 2. to feel fairly confident, आशावान होना, आशान्वित होना। □ **hope against the hope,** to continue to hope when the chances are totally bleak, निराशा में भी आशा बनाए रखना, संभावना से चिपके रहना; **hope for the best,** to think that everything will go well, यह सोचना कि जो होगा अच्छा ही होगा। *n.* 1. a desire for certain events to happen, आशा, उम्मीद, चाह। 2. something that is desired, चाही हुई वस्तु, अभिप्रेत वस्तु, चाह। 3. anything that is cause for hope, आशा की किरण।

hopeful (होप्´-फुल्) *adj.* 1. feeling hope, आशान्वित, आशावान, आशावादी। 2. giving hope, आशाजनक, आशाप्रद। *n.* a person who seems likely to succeed, वह जिसके सफल होने की संभावना हो, संभावित विजेता।

hopefully (होप्´-फुल्-ली) *adv.* 1. in a hopeful way, आशापूर्वक। 2. if our hopes succeed, आशा है कि, उम्मीद करते हैं कि।

hopeless (होप्´-लिस्) *adj.* 1. feeling no hope, निराश, हताश, नाउम्मीद, मायूस। 2. giving no cause for hope, निराशापूर्ण, निराशाजनक। 3. useless, inadequate, बेकार। 4. incurable, लाइलाज, बेइलाज, अचिकित्स्य।

hopelessly (होप्´-लिस्-ली) *adv.* in a hopeless way, नाउम्मीदी से, निराशापूर्वक, मायूसी से।

hophead (हॉप्´-हेंड्) *n.* a drug addict, नशीली दवाओं का सेवन करनेवाला व्यक्ति, नशाख़ोर, नशेड़ी।

hopped-up (हॉप्ड्´-अप्) *adj.* excited by having taken drugs, नशीले पदार्थों के सेवन से उत्तेजित।

hopper (हॉप्´-अंः) *n.* 1. a hopping insect, टिड्डा। 2. a container with opening in which materials are held ready for dispensing, एक प्रकार का आधान।

hop-scotch (हॉप्´-स्कॉच्) *n.* a children's game.

horde (होःड्) *n.* a throng, झुंड, दल, गिरोह, जमघट।

horizon (हॅ-राइ´-ज़ॅन्) *n.* 1. the apparent line at which the earth and sky seem to meet, क्षितिज। 2. the limit of one's knowledge or experience, ज्ञान की सीमा, अनुभव की परिधि। □ **on the horizon,** about to happen, क्षितिज पर, अर्थात् दृश्य या प्रकट, उदित होनेवाला।

horizontal (हॉर्-इ-ज़ॉन्´-टॅल्) *adj.* 1. parallel to the horizon or ground, क्षैतिज, पट। 2. of the horizon, क्षितिजीय। 3. relating to the people of same status, समस्तरीय; horizontal group, समस्तरीय समूह।

horizontally (हॉर्-इ-ज़ॉन्´-टॅ-ली) *adv.* in a horizontal way, पड़े बल में, क्षितिजीय रूप में।

hormonal (हॉ:´-मो-नॅल्) *adj.* of or related to the hormone, हारमोनी।

hormone (हॉ:´-मोन्) *n.* a substance produced by living cells within the body that stimulates other cells and organs, हारमोन।

horn (हॉ:न्) *n.* 1. a hard pointed outgrowth found in a pair on the heads of certain animals, सींग। 2. a wind instrument made of horn, सिंही, तुरही। 3. a device that produces a sound in a car for giving signals, भोंपू, हार्न। □ **blowone'shorn,** to bray, डींग हाँकना; **draw in one's horns,** (i) to restrain, संयम बरतना; (ii) to draw back, पीछे हटना; **horn in,** to interfere, हस्तक्षेप करना; **on the horns of a dilemma,** having to choose between two unpleasant things, इधर कुआँ उधर खाई, भारी दुविधा।

hornbeam (हॉ:-न्´-बीम्) *n.* a kind of hard wood, एक तरह की मज़बूत लकड़ी।

hornbill (हॉ:न्´-बिल्) *n.* a bird with a horn-like projection on its beak, धनेश पक्षी।

horned (हॉ:न्ड्) *adj.* having horns, सींगवाला, सींगदार।

hornet (हॉ:´-निट्) *n.* an insect of the wasp family, बर्रे, भिड़, ततैया।

hornet's nest *n.* a place where wasps live, भिड़ का छत्ता। □ **stir up a hornet's nest,** to cause an outburst of angry feeling, भिड़ के छत्ते को छेड़ना, आवेश दिलाना।

hornpipe (हॉ:न्´-पाइप्) *n.* a folk dance, एक प्रकार का लोकनृत्य।

horny (हॉ:´-नी) *adj.* (hornier, horniest) 1. hard and tough, कठोर। 2. sexually excited, कामोत्तेजित।

horology (हो-रॉल्´-अॅ-जी) *n.* the science of measuring time, समयांकन-विज्ञान। 2. the art of making watches, clocks etc., घड़ीसाज़ी, घड़ी-निर्माण-विद्या।

horoscope (हॉर्´-अॅ-स्कोप्) *n.* the diagram showing the position of stars at the time of someone's birth, जन्मपत्री, जन्मकुंडली।

horrendous (हॅ-रॅन्´-डॅस्) *adj.* horrifying, भयावह, भयानक, भीषण।

horrible (हॉर्´-इ-बॅल्) *adj.* 1. causing horror, भयावह, भयानक, भीषण। 2. very ugly or unpleasant, अत्यंत कुरूप या घृणित, वीभत्स।

horrid (हॉर्´-इड्) *adj.* 1. dreadful, भयानक, भयावह। 2. very unpleasant, अरुचिकर, घृणित।

horrific (हा:-रिफ़्´-इक्) *adj.* dreadful, दहलानेवाला, भयानक, भयावह, भीषण।

horrify (हॉर्´-इ-फ़ाइ) *v.* (horrified, horrifying) to fill with horror, दहला देना।

horror (हॉर्´-अॅ:) *n.* 1. a feeling of disgust and fear, त्रास, दहशत, आतंक। 2. that which rouses the feeling of disgust and fear, वह जो दहशत या आतंक फैलाए, त्रासदायक। 3. intense dislike, जुगुप्सा, घृणा।

horrorstricken (हॉर्´-अॅ:-स्ट्रिक्-अॅन्) *adj.* = horrorstruck.

horrorstruck (हॉर्´-अॅ:-स्ट्रक) *adj.* horrified, भयविह्वल, आतंकित, इतना डरा हुआ कि काटो तो ख़ून नहीं।

hors de combat (ऑ:-डि-कॉम्-बै´) 1. unable to fight, लड़ने में असमर्थ। 2. disabled, असमर्थ, विकलांग। (फ्रांसीसी)

hors d'oeuvre (ऑ:-ड:व्´) *n.* an appetizer served before a meal, भोजन से पहले लिया जानेवाला पाचक पदार्थ।

horse (हॉ:स्) *n.* 1. a four legged mammal used for riding and drawing vehicles, घोड़ा, अश्व। 2. a frame with four legs, चार पैरोंवाला ढाँचा। 3. horsepower, अश्वशक्ति। □ **hold your horses,** be patient, ज़रा सब्र करो, ज़रा धीरज धरो; **horse of another colour,** a different thing, दूसरी चीज़ या बात; **on one's high horse,** behaving haughtily, दंभपूर्वक; **willing horse,** a helpful worker, काम करने को सदैव तत्पर। *v.* (horsed, horsing) to provide with a horse (or horses), घोड़ा (या घोड़े) उपलब्ध कराना।

horseback (हॉ:स्´-बैक्) *n.* the back of a horse, घोड़े की पीठ। □ **on horseback,** on the back of a horse, घोड़े पर (सवार)।

horsecar (हॉ:स्´-का:) *n.* a car drawn by a

horse (or horses), घोड़े (या घोड़ों) द्वारा खींची जानेवाली गाड़ी, घोड़ा-गाड़ी।

horseflesh (हॉ:स्´-फ़्लेश्) *n.* 1. the flesh of a horse, घोड़े का मांस। 2. horses for riding or racing, घुड़सवारी या घुड़दौड़ के घोड़े।

horsefly (हॉ:स्´-फ़्लाइ) *n.* an insect which stings horses, कुकुरमाछी, घुड़मक्खी।

horsehair (हॉ:स्´-हेंअ:) *n.* hair from the mane or tail of a horse, घोड़े की गरदन या पूँछ के बाल।

horsehide (हॉ:स्´-हाइड्) *n.* the hide of a horse, घोड़े की खाल।

horse-laugh (हॉ:स्´-लाफ़्) *n.* a loud laugh, ठहाका।

horseman (हॉ:स्´-मॅन्) *n.* (plu. horsemen) a skilled rider on horseback, कुशल घुड़सवार, अश्वारोही।

horsemanship (हॉ:स्´-मॅन्-शिप्) *n.* the art of riding horses, घुड़सवारी (की कला)।

horseplay (हॉ:स्´-प्ले) *n.* rough or boisterous play, धमाचौकड़ी।

horsepower (हॉ:स्´-पॉव्-अ:) *n.* a unit for measuring the power equal to 746 watts, अश्वशक्ति।

horse racing (हॉ:स्´-रेसिंग्) *n.* the practice of racing horses, घुड़दौड़बाज़ी।

horse sense *n.* common sense, सामान्य बुद्धि।

horseshoe (हॉ:स्´-शू) *n.* a U-shaped strip of metal fitted to a horse's hoof, नाल।

horseshoer (हॉ:स्´-शू-अ:) *n.* one who puts horseshoes on a horse, नाल जड़नेवाला।

horse-trading (हॉ:स्´-ट्रेड्-इंग्) *n.* argument about prices, मोल-भाव।

horsewhip (हॉ:स्´-व्हिप्) *n.* a whip used to control a horse, चाबुक। *v.* (horsewhipped, horsewhipping) to beat with a horsewhip, चाबुक लगाना।

horsewoman (हॉ:स्´-वुम्-ॲन्) *n.* a woman rider on horseback, घुड़सवार औरत।

horsy (हॉ:´-सी) *adj.* 1. of or like a horse, घोड़े का, घोड़े-जैसा। 2. fond of horses, घोड़ों का शौक़ीन।

hortation (हॉ:-टे´-शॅन्) *n.* encouragement, उत्साहवर्धन।

hortative (हॉ:´-टॅ-टिव्) *adj.* 1. encouraging, उत्साहवर्धक, प्रेरक। 2. advisory, परामर्शकारी, परामर्शदात्री।

hortatory (हॉ:´-टे-टॅ-री) *adj.* = hortative.

horticultural (हॉ:-टि-कल्´-चॅ-रॅल्) *adj.* of horticulture, बागवानी-संबंधी।

horticulture (हॉ:-टि-कल्-चॅ:) *n.* the science or art of cultivating fruits, vegetables flowers etc. in the garden, बागवानी, उद्यान-विद्या, उद्यान-कृषि।

horticulturist (हॉ:-टि-कल्´-चॅ-रिस्ट्) *n.* an expert in horticulure, उद्यान-कृषक, उद्यानवेत्ता।

hosanna (हो-जैन्´-अॅ) *interj.* used to express praise or adoration to God, जय हो!

hose (होज़्) *n.* 1. (plu.hose) socks, मोज़ा, जुराब। 2. (plu. hoses) a tube or pipe, ट्यूब, पाइप। *v.* (hosed, hosing) to use a hose for washing or watering, पाइप से धोना या पानी देना।

hosier (हो´-ज़ि-अ:) *n.* one who deals in hosiery, होज़री व्यवसायी, मोज़े आदि बेचनेवाला।

hosiery (हो´-ज़ि-री) *n.* socks, underclothes etc., मोज़े, कच्छे, बनियानें आदि, होज़री।

hospice (हॉस्´-पिस्) *n.* 1. a lodging for travellers, यात्री-निवास, धर्मशाला। 2. a home for sick or destitute people, सेवागृह।

hospitable (हॉस्´-पि-टॅ-बॅल्) *adj.* cordial to guests, अतिथिसेवी, ख़ातिर करनेवाला, आतिथ्यकारी, सत्कारशील।

hospitably (हास्´-पि-टॅ-ब्लि) *adv.* in a hospitable manner, सत्कार से, आदरभावपूर्वक, ख़ातिरदारी से।

hospital (हॉस्´-पि-टॅल्) *n.* a place where medical aid is provided, अस्पताल, चिकित्सालय।

hospitality (हॉस्-पि-टॅल्-इ-टी) *n.* cordial reception of guests, आतथि-सत्कार, आवभगत, ख़ातिरदारी।

hospitalization (हॉस्-पि-टॅ-लि-जे´-शॅन्) *n.* the act of hospitalizing. रोगी को अस्पताल में भर्ती करना या करवाना; अस्पताल में रोगी के रूप

में रहना या रखना।

hospitalize (हॉस्´-पि-टॅ-लाइज़्) *v.* (hospitalized, hospitalizing) to put or admit (a patient) into a hospital, (रोगी को) अस्पताल में भर्ती करवाना या भर्ती कर लेना।

host[1] (होस्ट्) *n.* one who entertains guests, मेज़बान, आतिथेय।

host[2] *n.* a large number of things or people, समूह।

host[3] *n.* **the Host,** the eucharistic bread, (ईसाइयों की) पवित्र रोटी।

hostage (हॉस्´-टिज्) *n.* a person abducted or held as security by an enemy, शत्रु द्वारा अपहृत या बंधक बनाया हुआ व्यक्ति, बंधक।

hostel (हॉस्´-टॅल्) *n.* 1. a lodging for travellers, students etc., होस्टल। 2. an inn, सराय।

hosteler (हॉस्´-टॅ-लॅ:) *n.* one who is staying in a hostel, होस्टलवासी।

hostess (होस्´-टिस्) *n.* a female host, आतिथ्य करनेवाली या अतिथि-सेवी स्त्री; air hostess, विमान परिचारिका।

hostile (हॉस्´-टाइल्/टिल्) *adj.* 1. of or pertaining to an enemy, विरोधी, शत्रुपक्षीय। 2. feeling or showing enmity, पक्षद्रोही, शत्रुतापूर्ण, दुश्मनी-भरा, वैरमूलक; hostile witness, पक्षद्रोही साक्षी। 3. contrary, प्रतिकूल।

hostilities (हॉ-स्टिल्´-इ-टीज़्) *n.* (plu.) acts of fighting in war, सशस्त्र झड़पें, संघर्ष, लड़ाई।

hostility (हॉ-स्टिल्´-इ-टी) *n.* (plu. hostilities) the state of being hostile, शत्रुता, पक्षद्रोह, संघर्ष।

hot (हॉट्) *adj.* (hotter, hottest) 1. having or possessing great heat, गर्म, उष्ण, उत्तप्त। 2. pungent or spicy, चरपटा, तेज़, मसालेदार। 3. sexually excited or exciting, गर्म। 4. excitable, गर्ममिज़ाज। 5. fresh or very recent, ताज़ा। 6. very popular or very interesting, अत्यंत लोकप्रिय या रोचक। □ **blow hot and cold,** to be changeable in one's opinions, परस्पर विरोधी बातें कहना, निंदा भी करना और प्रशंसा भी; **drop (someone) like a hot potato,** to stop having a relationship with (someone), संबंध तोड़ लेना, दोस्ती छोड़ देना, किसी प्रकार का संबंध न रखना; **hot under the collar,** angry, क्रुद्ध; **hot up,** to increase in activity, तीव्र होना, उग्र या तेज़ होना; **make things hot for (someone),** to persecute (someone, किसी को) सताना; **in hot water,** in trouble, दुख या कष्ट में; **sell like hot cakes,** to be in great demand, ख़ूब माँग होना, हाथों हाथ बिकना।

hot air *n.* empty talk, निरर्थक बात।

hotbed (हॉट्´-बेंड्) *n.* a place or environment conducive to the growth of something evil, बुराईयो के पनपने के लिए अनुकूल स्थान, उद्गमस्थल, विशेषत: बुराइयों का अड्डा।

hot-blooded (हॉट्´-ब्लड्´-इड्) *adj.* 1. easily excited or exciteble, गर्ममिज़ाज। 2. passionate, कामुक।

hotchpotch (हॉच्´-पॉच्) *n.* a mixture or medley, घाल-मेल, खिचड़ी।

hotdog (हॉट्-डॉग्´) *n.* a kind of breadroll, हॉटडॉग।

hotel (हो-टॅल्´) *n.* a lodging house which provides meals on payment, होटल।

hotelier (हो-ट´-लिअॅ:) *n.* one who keeps a hotel, होटल-मालिक।

hotfoot (हॉट्´-फ़ुट्) *v.* (hotfooted, hotfooting) to move fast, तेज़ी से चलना। *adv.* in eager haste, जल्दी-जल्दी, उतावली से।

hotheaded (हॉट्´-हेंड्-इड्) *adj.* rash, उतावला, जल्दबाज़ी करनेवाला, जल्दबाज़।

hotheadedly (हॉट्´-हेंड्-इड्-ली) *adv.* rashly, उतावलेपन से, जल्दबाज़ी में।

hotheadedness (हॉट्´-हेंड्-इड्-निस्) *n.* the quality or state of being hotheaded, उतावलापन, जल्दबाज़ी।

hothouse (हॉट्´-हॉउस्) *n.* a heated building of glass where delicate plants or flowers can grow, शीशे की पौधशाला, काँचघर।

hotline (हॉट्´-लाइन्) *n.* a direct telephone line for emergency communications, हाटलाइन।

hotly (हॉट्´-ली) *adv.* 1. in anger and with

force, आवेशपूर्वक। 2. closely and eagerly, जी जान से।

hotplate *n.* a stove, (गैस या बिजली का) चूल्हा।

hot potato *n.* a difficult situation, कठिन समस्या।

hot seat *n.* 1. the electric chair, बिजली की कुर्सी (जिस पर मौत की सज़ा पाए व्यक्ति को बैठाते है)। 2. a position of stress from where one has to take important decisions, दायित्वपूर्ण या महत्त्वपूर्ण पद।

hot-shot (हॉट्´-शॉट्) *n.* a skillful or successsful person, कोई कुशल या सफल व्यक्ति।

hot spring *n.* a spring of hot water, गर्म पानी का सोता।

hot-tempered (हॉट्´-टेंम्´-पॅ:ड्) *adj.* easily becoming very angry, गुस्सैल, क्रोधी, गर्म-मिज़ाज।

hound (हॉउन्ड्) *n.* 1. a dog used in hunting, शिकारी कुत्ता। 2. an enthusiast fan, शौक़ीन, प्रेमी। 3. an addict, व्यसनी व्यक्ति। 4. a scoundrel, दुष्ट व्यक्ति। *v.* (hounded, hounding) 1. to pursue relentlessly, किसी काम के पीछे लग जाना। 2. to harass, तंग करना, परेशान करना। 3. to incite, भड़काना।

hour (ऑव़:) *n.* 1. a twenty-fourth part of a day, a period of sixty minutes, घंटा। 2. a specified or customary time, निश्चित समय, बँधा समय। 3. the present time, यही समय, प्रस्तुत समय। □ **at all hours,** at any time, किसी भी समय; **a late hour,** a time late at night, रात के पिछले पहर; **at the eleventh hour,** at the last moment, आख़िरी वक्त; **in an evil hour,** at bad moment, बुरे वक्त; **in the small hours,** at wee hours, आधी रात के बाद; **zero hour,** the time when something crucial happen, शून्यकाल।

hour hand *n.* the small pointer on a watch or clock, घंटे की सुई।

houri (हूर्´-ई) *n.* a beautiful young woman of the Muslim paradise, जन्नत की हूर।

hourly (ऑव़:´-ली) *adj.* 1. occurring or happening every hour, हर घंटे पर होनेवाला। 2. by the hour as unit, घंटेवार। 3. frequent, प्रायिक, बारंबार होनेवाला। *adv.* 1. at every hour, घंटे-घंटे पर, हर घंटे। 2. frequently, प्राय:, अक्सर।

house (हॉउस्) *n.* 1. a building used as dwelling, घर, मकान, आवास। 2. the people living in the house, घर में रहनेवाले लोग, सारा घर। 3. a building used for a particular purpose, भवन; Parliament house, संसद भवन। 4. a commercial firm, प्रतिष्ठान। 5. the audience or patrons, उपस्थित दर्शकों या शुभचिंतकों का समूह। 6. a legislative assembly, विधान-सभा। 7. one of the 12 parts in which the celestial sphere is divided in astrology, घर, ख़ाना। □ **keep house,** to do cleaning, cooking etc. in a house, घर के काम करना; **on the house,** free, मुफ़्त; **put one's house in order,** to rearrange one's affairs, सब चीजें फिर से ठीक-ठाक करना, घर को व्यवस्थित करना; **set up house,** to begin to live in a separate house, रहने की अलग व्यवस्था करना; **under house arrest,** detained in one's own house, नज़रबंद। *adj.* of or for the people of a particular firm, किसी प्रतिष्ठान के लोगों के लिए होनेवाला; house magazine, गृह-पत्रिका, प्रतिष्ठान-पत्रिका। *v.* (housed, housing) 1. to provide residential quarters for, रहने के लिए आवास सुलभ कराना। 2. to store, संचय करना, संग्रह करना। 3. to provide space for storing, जगह देना।

house arrest *n.* detention in one's own house, नज़रबंदी।

houseboat (हॉउस्´-बोट्) *n.* a boat used as a dwelling, बजड़ा, नौका-गृह, शिकारा।

housebound (हॉउस्´-बॉउन्ड्) *adj.* not able to move out of the house, घर से बाहर न निकलनेवाला, घर-घुस्सू।

houseboy (हॉउस्´-बॉइ) *n.* a boy doing cleansing, cooking etc. in a house or hotel, घर या होटल में सफ़ाई आदि करनेवाला लड़का।

house-breaker (हॉउस्´-ब्रे-कॅ:) *n.* a thief who breaks into houses, shops etc., a burglar, सेंधमार।

housebreaking (हॉउस्´-ब्रे-किंग्) *n.* bur-

glary, सेंधमारी।

house-broken (हॉउस्´-ब्रो-कॅन्) *adj.* (of house pets) trained in habits to behave well in a house, सिखाया हुआ (पालतू जानवर)।

housecraft (हॉउस्´-क्राफ़्ट्/क्रैफ़्ट्) *n.* demestic science, गृहविज्ञान।

housefly (हॉउस्´-फ़्लाइ) *n.* a most common fly found in the houses, मक्खी।

houseful (हॉउस्´-फ़ुल्) *adj.* totally full, completely occupied, पूरा भरा हुआ।

household (हॉउस्´-होल्ड्) *n.* 1. a home and its affairs, गृहस्थी, घर-बार। 2. all the members of a family living in a house, घर के सभी लोग, सारा घर। *adj.* of or related to house, घर-गृहस्थी का, घरेलू; household effects, गृहस्थी का सामान; household utensils, घरेलू बर्तन।

householder (हॉउस्´-होल्ड्-अॅ:) *n.* in charge of a house, गृहस्वामी, गृहस्थ।

housekeeper (हॉउस्´-की-पॅ:) *n.* one hired to look after a household, गृहप्रबंधक।

housekeeping (हॉउस्´-की-पिंग्) *n.* the management of household affairs, गृह-प्रबंध।

houseless (हॉउस्´-लिस्) *adj.* without house, बेघर, निर्गृह।

housemaid (हॉउस्´-मेड्) *n.* a woman servant who does housework, नौकरानी; housemaid's knee, घुटनों की सूजन।

house of cards *n.* any insubstantial structure or plan, कच्चा ढाँचा, ताश का घर, ध्वंसशील रचना या योजना।

House of Commons *n.* the House of Representatives in Great Britain, ब्रिटेन की लोकसभा, हाउस आफ़ कामन्स।

House of Lords *n.* the Upper House of Great Britain made up of nobility, हाउस आफ़ लार्ड्स।

house physician *n.* a resident physician of a hospital, गृह-चिकित्सक, आवास-चिकित्सक।

house-top (हॉउस्´-टॉप्) *n.* the top of a house, घर की ऊपरी छत।

housetrain (हॉउस्´-ट्रेन्) *v.* (housetrained, housetraining) to housebreak, सेंध लगाना।

housewares (हॉउस्´-वेंअॅ:ज़्) *n.* (plu.) the articles for use in home, घरेलू उपकरण।

housewarming (हॉउस्´-वॉ:-मिंग्) *n.* a party to celebrate the occupancy of a new house, गृहप्रवेश के समय दी जानेवाली पार्टी।

housewife (हॉउस्´-वाइफ़्) *n.* a married woman managing a household, गृहस्वामिनी, गृहिणी।

housewifely (हॉउस्´-वाइफ़्-ली) *adj.* of or characteristic of a housewife, गृहस्वामिनी के अनुरूप होनेवाला, गृहिणी के विचार से उचित। *adv.* in the manner of a housewife, गृहस्वामिनी के अनुरूप।

housework (हॉउस्´-वॅ:क्) *n.* the work done in a house, गृहकार्य, घर का काम; सफ़ाई-धुलाई, खाना बनाने आदि के कार्य।

housing (हाउ´-ज़िंग्) *n.* 1. the act of providing accommodation, आवास उपलब्ध कराना; 2. a dwelling, गृह। 3. provision of accommodation for people, आवासन, गृह-निर्माण।

hove (होव्) *v.* p.t. & p.p. of heave.

hovel (हॉव्´-अॅल, हॉव्´-अॅल्) *n.* a small and miserable dwelling place, छोटा-मोटा घर, मामूली झोंपड़ी, झुग्गी।

hover (हॉव्´-अॅ:) *v.* (hovered, hovering) 1. to remain suspended in the air above one spot, आकाश में मँडराना। 2. to hesitate, हिचकना, आगा-पीछा करना।

how (हॉउ) *adv. & conj.* in what way? कैसे? 2. in what condition? कैसे? 3. to what degree, कितना? How nice! कितना अच्छा! ☐ **How do you do?,** How are you?, कैसे हैं?, क्या हाल है? **How's that?** कैसा रहा?

howbeit (हॉउ -बी-इट्) *adv.* nevertheless, तो भी। *conj.* although, यद्यपि।

howdah (हॉउ´-दॅ) *n.* a seat on the back of an elephant, हौदा।

however (हॉउ-ऍव्´-अॅ:) *adv.* 1. by whatever means, चाहे जैसे भी। 2. to whatever degree, चाहे जितना भी। *conj.* nevertheless, तो भी।

howitzer (हॉउ´-इट्-सॅ:) *n.* a small cannon, छोटी तोप।

howl (हॉउल्) *v.* (howled, howling) 1. to utter a long cry, (कुत्ते की तरह) चीखना, रोना। 2. to cry or wail loudly, विलाप करना। 3. to laugh heartily, जी खोलकर हँसना। □ **howl down,** to prevent a speaker from speaking by making noise, शोर मचाकर वक्ता को बोलने न देना। *n.* a long loud cry, चीख़, चिल्लाहट।

howler (हॉउ´-लॅ:) *n.* 1. one who howls, चीखने-चिल्लानेवाला, शोर मचानेवाला। 2. a stupid and ridiculous blunder, बड़ी भारी ग़लती, हास्यास्पद भूल।

howling (हॉउ´-लिंग्) *adj.* 1. that howls, रोने-चिल्लानेवाला; howling wilderness, सनसनाता हुआ निर्जन प्रदेश। 2. great, अत्यधिक, महान; howling success, महान सफलता।

howsoever (हॉउ-सॅ-ऍव्´-अॅ:) *adv.* = however.

hoyden (हॉइ´-डॅन्) *n.* a bold and boisterous girl, चंट लड़की, चुलबुली लड़की।

hub (हब्) *n.* 1. the central part of a wheel, हब, चक्रनाभि, नाभि। 2. a centre of activity or interest, केंद्रस्थल, केंद्रबिंदु, कार्यकलाप का केंद्र।

hubble-bubble (हब्´-अॅल्-बब्-अॅल्) *n.* a form of hookah, हुक्का।

hubbub (हब्´-अब्) *n.* a loud confused noise of voices, शोरगुल, शोर-शराबा।

hubby (हब्´-ई) *n.* one's husband, पति।

hubcap (हब्´-कैप्) *n.* a metal covering over the hub, हबकैप।

hubris (ह्यू´-ब्रिस्) *n.* arrogance, घमंड, दर्प।

huckleberry (हक्´-अॅल्-बॅर्-ई) *n.* a shrub with black berries, बेरी।

huckster (हक्´-स्टॅ:) *n.* 1. a hawker, फेरीवाला। 2. a person who writes ads for radio and television, रेडियो तथा दूरदर्शन के लिए विज्ञापन लिखनेवाला। *v.* (huckstered, huckstering), to haggle, मोल-तोल करना, सौदेबाज़ी करना।

huddle (हड्´-अॅल्) *v.* (huddled, huddling) 1. to crowd together, जमघट लगाना, भीड़ लगाना। 2. to pile up, ढेर लगाना। 3. to gather together for consultation, विचार-विमर्श के लिए एकत्र होना। *n.* a confused mass, जमघट या ढेर। □ **go into a huddle,** to hold a private conference, आपस में सलाह-मशविरा करना।

hue (ह्यु) *n.* 1. a colour, रंग। 2. a shade, रंगत।

hue and cry *n.* a public clamour of alarm or protest, शोरगुल, चीख़-पुकार, हो-हल्ला, चिलपों।

hued (ह्यूड्) *adj.* having some hue or shade, रंगतवाला।

huff (हफ़्) *n.* a fit or burst of anger, झुंझलाहट, झल्लाहट, रोष। *v.* 1. to breathe rapidly and with effort, साँस फूलने लगना, साँस फूल जाना। 2. to become angry, क्रुद्ध हो जाना, झुंझलाने लगना। 3. to bully, डराना-धमकाना। □ **go into a huff,** to become angry, झुंझला उठना, झल्लाने लगना।

huffy (हफ़्´-ई) *adj.* (huffier, huffiest) feeling or showing anger, झुंझलाया हुआ, झल्लाहट-भरा।

hug (हग्) *v.* (hugged, hugging) 1. to embrace tightly, छाती से कसकर लगाना, बाँहों में भर लेना। 2. to keep close to, चिपके रहना। □ **hug oneself,** to feel very pleased with oneself, अपनी पीठ ठोंकना। *n.* an affectionate embrace, आलिंगन, गलबाँही।

huge (ह्यूज्) *adj* (huger, hugest) 1. extremely large, gigantic, बहुत बड़ा, विशाल। 2. great, महान, विराट।

hugger-mugger (हग्´-अॅ:-मग्-अॅ:) *n.* 1. confusion, विभ्रम। 2. disorder, अव्यवस्था। 3. secrecy, गोपनीयता। *adj.* 1. confused, विभ्रमित। 2. jumbled, गड्डमड्ड। 3. secret, गुप्त। *adv.* 1. in a confused manner, विभ्रमित होकर। 2. in a jumbled manner, गड्डमड्ड रूप में। 3. secretly, गुप्त रूप से, चोरी-छिपे।

huh (ह:) *interj.* used as an expression of interrogation, surprise or contempt, हूँ!

hula, hula hula (हू´-ल, हू´-लॅ-हू´-लॅ) *n.* a Hawaiian dance, हवाई देश का एक नृत्य, हूला।

hulk (हल्क्) *n.* 1. an old unworthy ship, पुराना तथा बेकार जलयान। 2. a heavy person or

thing, भारी-भरकम व्यक्ति या वस्तु। 3. an awkward person or thing, भोंडा व्यक्ति या वस्तु।

hulking (हल्´-किंग्) *adj.* 1. bulky, भारी भरकम। 2. massive, विकराल। 3. awkward, भोंडा।

hull[1] (हल्) *n.* the main body of a ship or aircraft, जलयान या वायुयान का ढाँचा।

hull[2] *n.* the outer covering of fruit, beans etc., फलों, फलियों आदि का छिलका। *v.* (hulled, hulling) to remove the hull from, छिलका उतारना।

hullabaloo (हल्´-अॅ-बॅ-लू) *n.* an uproar, शोरगुल, कोलाहल।

hum (हम्) *v.* (hummed, humming) 1. to make a low sound as bees do, भिनभिन करना, भिनभिनाना, गुनगुनाना। 2. to sing without opening the lips, गुनगुनाना। 3. to be in a state of activity, फुर्ती दिखाना। 4. to start (some work, कोई काम) चालू करना। □ **hum and haw,** to hesitate in speaking, (अनिश्चय की स्थिति में) हूँ-हूँ करना। *n.* a humming sound, भिनभिन, गुनगुनाहट।

human (ह्यु´-मॅन्) *adj.* 1. of or concerning a person or persons, मानवीय, मानुषिक, इन्सानी; human conduct, मानवीय आचरण। 2. made up of people, मनुष्यों से बना। 3. having the qualities of the people, मनुष्योचित, मानवोचित, मानवसुलभ। *n.* a human being, मनुष्य, मानव, इन्सान।

human body *n.* the body of a human being, मानव-शरीर।

humane (ह्यु-मेन्´) *adj.* 1. having what are considered best qualities of mankind, having feelings proper to a man, मानवीय, मानवोचित। 2. compassionate, सहृदय, उदार। 3. merciful, दयालु, क्षमाशील, दयामय।

humanism (ह्यु´-मॅ-निज़्-अॅम्) *n.* a doctrine concerned with human values and ideals, मानवतावाद।

humanist (ह्यु´-मॅ-निस्ट्) *n.* one who seeks to promote human values and ideals, मानवतावादी।

humanistic (ह्यु-मॅ-निस्´-टिक्) *adj.* of humanism, मानवतावाद-संबंधी, मानवतावादी।

humanitarian (ह्यु-मॅन्-इ-टॅअॅर्´-इ-अॅन्) *n.* a person devoted to the promotion of human welfare, लोकोपकारी, मानवतावादी। *adj.* concerning human welfare, लोकोपकारी, मानवतावादी।

humanitarianism (ह्यु-मॅन्-इ-टॅअॅर्´-इ-अॅन्-इ-इज़्-अॅम्) *n.* the beliefs and practices of a humantarian, मानवतावाद, लोकापकार की भावना।

humanities (ह्यु-मॅन्´-इ-टीज़्) *n.* (plu.) the arts, साहित्य, इतिहास, दर्शन आदि विषयों का समाहार, कला-विषय।

humanity (ह्यु-मॅन्´-इ-टी) *n.* 1. the human race, मानव जाति। 2. the quality or state of being humane, मानवता। 3. kindheartedness, दयालुता।

humanization (ह्यु-मॅ-नि-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of humanizing, मानवीकरण।

humanize (ह्यु´-मॅ-नाइज़्) *v.* (humanized, humanizing) to make human or humane, मानव बनाना, सहृदय बनाना।

humankind (ह्यु´-मॅन्-काइन्ड्) *n.* the human race, मानव जाति।

humanly (ह्यु´-मॅन्-ली) *adv.* 1. in a human way, मानवीय ढंग से। 2. by human mean, मनुष्यों द्वारा। 3. within the scope of human means, मानव-सीमा के अंतर्गत।

humanoid (ह्यु´-मॅ-नॉइड्) *adj.* resembling a human being or human characteristics, मानव-सदृश।

humble (हम्´-बॅल्) *adj.* (humbler, humblest) 1. not self-assertive, modest, विनम्र, विनीत, विनयशील, विनयी। 2. low in condition, सामान्य-सा, साधारण-सा; a humble house, साधारण-सा घर। 3. of low social rank, दीन, दीनहीन। □ **eat humble pie,** to undergo humiliation, अपमान सहना। *v.* (humbled, humbling) 1. to lower in pride, नीचा दिखाना, हेकड़ी भुला देना। 2. to degrade, अवनत करना, महत्त्व गिरा देना।

humbly (हम्´-ब्लि) *adv.* in a humble way, विनम्रतापूर्वक, विनयपूर्वक; दीनतापूर्वक।

humbug (हम्´-बग्) *n.* 1. something made or done to deceive, छल, धोखा। 2. dishonest dealing, धोखाधड़ी, धूर्तता। 3. one who cheats or deceives, धूर्त, कपटी। *v.* (humbugged, humbugging) to cheat or deceive, धोखा देना, छल करना। *interj.* nonsense, निरी बकवास है!

humbugger (हम्´-बग्-अॅ:) *n.* a humbug, धूर्त, कपटी, धोखेबाज़।

humbuggery, (हम´-बग्-अॅर्-ई) *n.* deception, धोखा, कपट।

humdinger (हम्´-डिंग्´-अॅ:) *n.* an excellent or outstanding person or thing, उत्कृष्ट वस्तु या व्यक्ति, लाजवाब चीज़ या आदमी।

humdrum (हम्´-ड्रम्) *adj.* 1. dull, नीरस, बेमज़ा, अरुचिकर। 2. monotonous, एकरस, घिसा-पिटा। 3. commonplace, साधारण, मामूली।

humerus (ह्यु´-मॅ-रॅस्) *n.* the bone in the upper arm extending from the shoulder to the elbow, बाँह की कंधे और कोहनी के बीच की हड्डी, पगंडिका।

humid (ह्यु´-मिड्) *adj.* containing a large amount of water vapour, आर्द्र, नम।

humidifier (ह्यु-मिड्´-इ-फ़ाइ-अॅ:) *n.* a device for keeping the air moist (in a room, कमरे में) वायु को नम रखनेवाला उपकरण, आर्द्रता-रक्षक।

humidify (ह्यु-मिड्´-इ-फ़ाइ) *v.* (humidified, humidifying) to make humid, आर्द्र बनाना, नम रखना।

humidity (ह्यु-मिड्´-इ-टी) *n.* the amount or degree of moisture in the air, आर्दता, नमी।

humiliate (ह्यु-मिल्´-इ-एट्) *v.* (humiliated, humiliating) to lower the pride or dignity of, नीचा दिखाना, अपमानित करना, अवमानित करना।

humiliation (ह्यु-मिल्-इ-ए´-शॅन्) *n.* the act of humiliating or the state of being humiliated, अपमान, अवमान, बेइज़्ज़ती, निरादर।

humiliatory (ह्यु-मिल्´-इ-अॅ-टॅर्-ई) *adj.* causing humiliation, अपमानकारक, अवमानकारक।

humility (ह्यु-मिल्´-इ-टी) *n.* the quality or condition of being humble, विनय, विनयशीलता, विनम्रता, शालीनता, दीनता।

humming (हम्´-इंग्) *adj.* 1. buzzing, 'गुंजार' करनेवाला। 2. active, सक्रिय, ज़ोरदार।

hummock (हम्´-अॅक्) *n.* a low mound, टीला।

humongous (ह्यु´-मॉङ्ग्-गॅस्) *adj.* huge, enormous, विशाल, विराट।

humorist (ह्यु´-मॅ-रिस्ट्) *n.* a person skilled in the artistic expression of humour, हँसोड़ या विनोदप्रिय व्यक्ति, मसखरा, हास्य-रस का लेखक।

humorous (ह्यु´-मॅ-रॅस्) *adj.* full of humour, funny, विनोदी या विनोदपूर्ण, हँसानेवाला या हँसी-भरा।

humour, humor (ह्यु´-मॅ:) *n.* 1. the quality of being humourous or amusing, हास्यवृत्ति, विनोद; sense of humour, विनोदशीलता, विनोदप्रियता। 2. the ability to perceive or enjoy what is funny, हँसोड़पन, विनोदशीलता। 3. a state of mind, चित्तवृत्ति, स्वभाव, मनोवृत्ति; in a bad humour, ओछी मनोवृत्ति से।

humourless (ह्यु´-मॅ:-लिस्) *adj.* having no sense of humour, जो हँसी-मज़ाक पसंद न करता हो, रूखे स्वभाववाला, रूखा।

hump (हम्प्) *n.* 1. the fleshy mass on the back of a camel, कूबड़। 2. a rounded projecting part, उभार। *v.* (humped, humping) 1. to bend, झुकाना। 2. to carry on the back, पीठ पर लादकर ले चलना।

humped (हम्पड्) *adj.* having a hump, कुबड़ा, कूबड़दार।

humpback (हम्प्´-बैक्) *adj & n.* (a person) with a hump on his back, कुबड़ा।

humph (हम्फ़्) *interj.* a snorting sound expressing doubt, disgust etc., हूँ!

humus (ह्यु´-मॅस्) *n.* rich soil made of decomposed animal or vegetable matter, खाद मिली मिट्टी।

hunch¹ (हंच्) *n.* an intuitive feeling, अंतर्ज्ञान या अटकल।

hunch² *n.* hump, कूबड़। *v.* (hunched, hunching) to bend, झुकाना।

hunchback (हंच्´-बैक्) *n.* 1. a person with a hunch on his back, कुबड़ा। 2. a humped back, कूबड़।

hundred (हन्´-ड्रिड्) *adj. & n.* ten times ten, सौ; hundred per cent, शतप्रतिशत; पूर्णतः।

hundredth (हन्´-ड्रिथ्) *adj.* followed by ninety-nine, सौवाँ।

hung (हंग्) *v.* p.t. & p.p. of hang.

Hungarian (हंग्-गेंअॅर्´-इ-अॅन्) *adj.* of Hungary, हंगरी का। *n.* a native of Hungary, हंगरीवासी।

hunger (हंग्´-गॅ:) *n.* 1. a strong desire for food, भूख। 2. a strong desire for something, भूख, लालसा। *v.* (hungered, hungering) 1. to have a desire for food, भूख लगना, भूख होना। 2. to have a strong desire, लालसा होना।

hunger strike *n.* a refusal to eat as a sign of protest, भूखहड़ताल, अनशन।

hungry (हंग्´-ग्री) *adj.* (hungrier, hungriest) 1. feeling hunger, wanting or needing food, भूखा। 2. having a strong desire for, लालायित, उत्कंठित, उत्सुक। 3. thirsty, प्यासा। □ **go hungry,** to remain without food, भूखा रहना।

hunk (हंक्) *n.* a large piece or slice, बड़ा टुकड़ा, डला।

hunker (हंग्´-कॅ:) *v.* (hunkered, hunkering) 1. to squat, पालथी मारकर बैठना। 2. to crouch, उकड़ूँ बैठना।

hunky-dory (हंक्´-की-डोर्´-ई) *adj.* 1. quite satisfactory, संतोषजनक। 2. excellent, उत्तम, उत्कृष्ट।

hunt (हंट्) *v.* (hunted, hunting) 1. to chase (wild animals) for food or sport, शिकार करना, शिकार खेलना। 2. to search carefully, खोज करना, अनुसंधान करना। □ **hunt down,** to catch or kill the game, शिकार को पकड़ना या मारना; **hunt up,** to search and find, खोज लेना, खोज निकालना। *n.* 1. the act of hunting, शिकार करने की क्रिया या भाव। 2. a hunting expedition, आखेट-यात्रा।

hunter (हन्´-टॅ:) *n.* 1. one who hunts, शिकारी। [fem. huntress] 2. a dog (or other animal) used for hunting, शिकारी कुत्ता।

hunting expedition *n.* an expedition or outing for the purpose of hunting, आखेट-यात्रा।

hunting ground *n.* a place where hunting is carried on, आखेट-स्थल, शिकारगाह।

hunting knife *n.* a large knife for cutting up the game, शिकारी छुरा।

huntress (हंट्´-रॅस्) *n.* 1. a woman hunter, महिला शिकारी, शिकारिनी, शिकारिन। 2. a female animal that hunts, शिकार करनेवाला मादा पशु।

huntsman (हंट्स्´-मॅन्) *n.* a hunter, शिकारी।

hurdle (ह:´-डॅल्) *n.* 1. a portable framelike barrier to be jumped over in obstacle races, फाँद, बाधा। 2. an obstacle or difficulty, रुकावट, बाधा। *v.* (hurdled, hurdling) 1. to leap over a hurdle, फाँद या बाधा फाँदना। 2. to overcome (a difficulty, बाधा) पार करना।

hurdler (ह:´-ड्लॅ:) *n.* a runner who takes part in the hurdles, फाँद-दौड़ में सम्मिलित होनेवाला, फाँद-धावक।

hurl (ह:ल्) *v.* (hurled, hurling) 1. to throw forcefully, झटके या ज़ोर से फेंकना। 2. to utter vehemently, (अंटशंट) बकना, कोसना। *n.* the act of hurling, फेंकने की क्रिया या भाव, प्रक्षेपण।

hurly-burly (ह:´-ली-ब:-ली) *n.* an uproar, शोर-शराबा, शोरगुल।

hurrah (हु-रा´) *interj.* = hurray.

hurray (हु-रे´) *interj.* an exclamation of joy or triumph, वाह! वाह!!, ख़ूब! *v.* to shout hurray, वाह-वाह करना।

implant (इम्-प्लैन्ट्ʹ) *v.* (implanted, implanting) 1. to fix or insert in the mind, मन में बैठाना या धँसाना, कूट-कूटकर भरना। 2. to insert surgically, शल्यकर्म द्वारा लगाना, बैठाना या रोपना। 3. to plant, रोपना।

implausible (इम्-प्लाːʹ-ज़ि-बॅल्) *adj.* not plausible, अयुक्तियुक्त या अविश्वसनीय, जो ठीक न जँचे।

implement[1] (इम्ʹ-प्लि-मॅन्ट्) *n.* a tool or instrument, उपकरण, औज़ार।

implement[2] (इम्ʹ-प्लि-मॅन्ट्) *v.* (implemented, implementing) 1. to put into practice, अमल में लाना, कार्यान्वित करना। 2. to fulfill, पालन करना, परिपालन करना।

implementation (इम्-प्लि-मॅन्-टेʹ-शॅन्) *n.* the act of implementing or the state of being implemented, कार्यान्वयन; परिपालन।

implicate (इम्ʹ-प्लि-केट्) *v.* (implicated, implicating) 1. to involve or entangle, उलझाना, लपेटना, सानना, फँसाना, आलिप्त करना। 2. to imply, विवक्षित करना, ध्वनित करना, संकेतित करना।

implication (इम्-प्लि-केʹ-शॅन्) *n.* 1. an act of implicating, उलझाव, सनाव, फँसाव। 2. a suggestion not expressed but understood, hidden meaning, विवक्षा, निहितार्थ।

implicit (इम्-प्लिस्ʹ-इट्) *adj.* 1. not expressed but understood, विवक्षित, निहित, अंतर्निहित। 2. absolute, पूर्ण, समग्र।

implode (इम्-प्लोड्ʹ) *v.* (imploded, imploding) to burst inward, भीतर-भीतर फूटना, अंतःविस्फोट होना।

implore (इम्-प्लोːʹ) *v.* (implored, imploring) to ask or beg earnestly, विनती करना, चिरौरी

करना।

implosion (इम्-प्लो´-ज़ॅन्) *n.* the act of imploding, भीतर-भीतर फूटना, अंत:विस्फोट।

imply (इम्-प्लाइ´) *v.* (implied, implying) 1. to express without stating directly, विवक्षित करना। 2. to mean, अर्थ देना। 3. to include, अंतर्निहित होना।

impolite (इम्-पॅ-लाइट्´) *adj.* not polite, अशिष्ट या अशिष्टतापूर्ण, अविनीत या अविनयपूर्ण, अभद्र।

impolitic (इम्-पॉल्´-इ-टिक्) *adj.* not wise, अविवेकपूर्ण।

imponderable (इम्-पॉन्´-डॅ-रॅ-बॅल्) *adj.* 1. that cannot be estimated or calculated, जिसे आँका या कूता न जा सके, अमित। 2. very light, हलका।

import[1] (इम्-पोःट्´) *v.* (imported, importing) 1. to bring in from a foreign country, आयात करना। 2. to mean or signify, अर्थ होना, संकेत करना। 3. to be significant, महत्त्वपूर्ण होना।

import[2] (इम्´-पोःट्) *n.* 1. something imported, आयात। 2. meaning, significance, अर्थ, अभिप्राय, आशय। 3. importance, महत्त्व।

importance (इम्´-पॉ:-टॅन्स्) *n.* the state or quality of being important, महत्त्व।

important (इम्-पॉ:-टॅन्ट्) *adj.* 1. of great consequence, महत्त्वपूर्ण। 2. noteworthy, उल्लेखनीय। 3. having great authority or influence, प्रभावशाली।

importation (इम्-पॉ:-टे´-शॅन्) *n.* the act of importing, आयात (करना); importation of live-stock, पशुओं का आयात।

importer (इम्-पो:´-टॅ:) *n.* one who imports goods from other countries, आयातकर्ता।

importunate (इम्-पॉ:´-चु-निट्) *adj.* unreasonably persistent, अतियाचना करनेवाला, ज़िद पकड़ लेनेवाला, दुराग्रही या दुराग्रहपूर्ण।

importunately (इम्-पॉ:´-चु-निट्-ली) *adv.* in an importunate manner, दुराग्रहपूर्वक, अत्यंत हठपूर्वक।

importune (इम्-पः-चून्´) *v.* (importuned, importuning) to make persistent requests, अतियाचना करना, बार-बार विनती करना, आग्रह करना, तकाज़ा करना।

impose (इम्-पोज़्´) *v.* (imposed, imposing) 1. to levy, लगाना, अधिरोपित करना; to impose new taxes, नए कर लगाना। 2. to pass off on others, दूसरों पर लादना या टालना, दूसरों के मत्थे मढ़ना। 3. to take unfair advantage, अनुचित लाभ उठाना। 4. to impress, प्रभावित करना, धौंस या धाक जमाना। 5. to arrange pages in proper order at the time of printing, इंपोज़ करना।

imposing (इम्-पो´-ज़िंग्) *adj.* grand, impressive, शानदार, भव्य, विशाल, प्रभावपूर्ण।

imposition (इम्-पॅ-ज़िश्´-ॲन्) *n.* 1. the act of imposing, लगाने या अधिरोपित करने की क्रिया या भाव, अधिरोपण। 2. something imposed, लगाया या अधिरोपित किया हुआ कर, विचार आदि। 3. burden, बोझ, भार।

impossibility (इम्-पॉस्-इ-बिल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being impossible, असंभावना, असंभवता।

impossible (इम्-पॉस्´-इ-बॅल्) *adj.* 1. not possible, having little likelihood of happening, असंभव, नामुमकिन। 2. difficult, कठिन।

impost (इम्´-पोस्ट्) *n.* a tax or duty, कर, टैक्स।

impostor (इम्-पॉस्´-टॅ:) *n.* a person who deceives others under an assumed identity, छद्मवेशी, छद्मवेषधारी, कपटी, ढोंगी, झूठा दावेदार।

imposture (इम्-पॉस्´-चॅ:) *n.* 1. assumption of a false identity, स्वाँग, अन्यरूप धारण। 2. deception, धोखा, छल, फ़रेब।

impotence (इम्´-पॅ-टॅन्स्) *n.* 1. lack of ability to cohabit or procreate, नपुंसकता, नामर्दी। 2. weakness, कमज़ोरी, अशक्तता।

impotency (इम्´-पॅ-टॅन्-सी) *n.* = impotence.

impotent (इम्´-पॅ-टॅन्ट्) *adj.* 1. incapable of sexual intercourse or unable to procreate, नपुंसक, नामर्द, हिजड़ा। 2. powerless, अशक्त, शक्तिहीन, असहाय।

impound (इम्-पॉउन्ड्´) *v.* (impounded, impounding) 1. to enclose into a pound, बाड़े (या कांजी हाउस) में बंद करना। 2. to take into

legal custody, नजरबंद करना। 3. to seize, ज़ब्त करना, क़ुर्क़ करना।

impoverish (इम्-पॉव्´-अॅ-रिश्) *v.* (impoverished, impoverishing) 1. to make poor, दरिद्र बना देना, कंगाल कर देना। 2. to deprive of natural strength, बेदम कर देना, निष्प्राण कर देना, निर्बल कर देना।

impracticability (इम्-प्रैक्-टि-कॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* the quality of being impracticable, अव्यवहार्यता, अव्यावहारिकता।

impracticable (इम्-प्रैक्´-टि-कॅ-बॅल्) *adj.* impractical, अव्यवहार्य, अव्यावहारिक।

impracticably (इम्-प्रैक्´-टि-कॅ-ब्ली) *adv.* in an impracticable manner, अव्यवहारिक रूप से।

impractical (इम्-प्रैक्´-टि-कॅल्) *adj.* not practical, जो व्यावहारिक न हो, अव्यवहार्य, अव्यावहारिक, अव्यवहारशील।

imprecate (इम्´-प्रि-केट्) *v.* (imprecated, imprecating) to pray for (evil, misfortune etc.) कोसना, अभिशाप देना, बद्दुआ देना, बुरा चाहना।

imprecation (इम्-प्रि-के´-शॅन्) *n.* 1. an act of imprecating, अभिशाप देना, अभिशापन। 2. curse, अभिशाप।

imprecise (इम्´-प्रि-साइज़्) *adj.* not precise, अपरिशुद्ध, अयथार्थ।

impregnability (इम्-प्रेग्-नॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being impregnable, अभेद्यता।

impregnable (इम्-प्रेग्´-नॅ-बॅल्) *adj.* that cannot be conquered, unconquerable, अजेय, दुर्जेय, अपराजेय, अभेद्य।

impregnate (इम्-प्रेग्´-नेट्) *v.* (impregnated, impregnating) 1. to make pregnant, गर्भाधान करना, गर्भवती बनाना, गर्भित करना। 2. to fill or infuse, भरना, पूरित करना, अंतर्वेशित करना।

impregnation (इम्-प्रेग्-ने´-शॅन्) *n.* the act of impregnating, गर्भाधान; अंतर्वेशन।

impresario (इम्-प्रॅ-सार्´-इ-ओ) *n.* the manager on sponsor of an opera company, किसी गीत-नाट्य दल का प्रबंधक या संयोजक।

impress (इम्-प्रॅस्´) *v.* (impressed, impressing) 1. to mark or stamp with pressure, छापना या ठप्पा लगाना। 2. to produce a favourable effect or influence on, प्रभावित करना। 3. to fix firmly in the mind, अच्छी तरह मन में बैठाना। 4. to produce or apply with pressure, दबाव से बनाना। 5. to force in military service, बलात् भर्ती करना।

impression (इम्-प्रेश्´-अॅन्) *n.* 1. an act of impressing, दाब, दबाव, टान। 2. a mark left by pressure, छाप, ठप्पा। 3. an effect or influence produced on the mind, छाप, प्रभाव। 4. an uncertain idea or belief, धारणा; false impression, भ्रांत धारणा। 5. a reprint of a book, संस्करण। 6. an attempt to copy someone's appearance or behaviour, नक़ल।

impressionable (इम्-प्रेश्´-अॅ-नॅ-बॅल्) *adj.* easily influenced, जिसे सरलतापूर्वक प्रभावित किया जा सके, प्रभाव्य।

impressionism (इम्-प्रेश्´-अॅ-निज़्-अॅम्) *n.* a style of painting giving the general impression of a subject, प्रभाववाद।

impressionist (इम्-प्रेश्´-अॅ-निस्ट्) *n.* one who practises or favours impressionism, प्रभाववादी।

impressionistic (इम्-प्रेश्´-अॅ-निस्-टिक्) *adj.* of impressionism or impressionist, प्रभाववादी।

impressive (इम्-प्रेस्´-इव्) *adj.* 1. making a strong impression, प्रभावपूर्ण, प्रभावोत्पादक। 2. arousing admiration and approval, मुग्धकारी, चित्ताकर्षक।

impressively (इम्-प्रेस्´-इव्-ली) *adv.* in an impressive manner, प्रभावपूर्ण ढंग से, प्रभावपूर्वक।

impressment (इम्-प्रॅस्´-मॅन्ट्) *n.* the act of impressing or the state of being impressed, जबरी भर्ती, बलात् भर्ती।

imprest (इम्´-प्रॅस्ट्) *n.* a loan or advance of money, अग्रदाय, पेशगी।

imprimatur (इम्-प्रि-मे´-टॅः) *n.* sanction for printing and publishing, मुद्रण-प्रकाशन की

अनुमति।

imprint[1] (इम्-प्रिन्ट्´) *v.* (imprinted, imprinting) to produce a mark or pattern on a surface, छाप या ठप्पा लगाना।

imprint[2] (इम्´-प्रिन्ट्) *n.* 1. a mark or pattern produced by printing, छाप। 2. the name of the printer (or publisher) as it appears on the book, मुद्रक (या प्रकाशक) का पुस्तक में छपा नाम, छाप।

imprison (इम्-प्रिज़्´-अॅन्) *v.* (imprisoned, imprisoning) to put in prison, कारागृह में डालना, कारावास में रखना, क़ैद करना।

imprisonment (इम्-प्रिज़्´-अॅन्-मॅन्ट्) *n.* the act of imprisoning or the state of being imprisoned, कारावास, क़ैद।

improbability (इम्-प्रॉब्-अॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* the quality of being improbable, असंभाव्यता।

improbable (इम्-प्रॉब्´-अॅ-बॅल्) *adj.* not probable, जिसके घटित या सच होने की संभावना न हो, असंभाव्य।

improbably (इम्-प्रॉब्´-अॅ-ब्ली) *adv.* with no probability, असंभाव्य रूप से।

impromptu (इम्-प्रॉम्प्´-टू) *adj. & adv.* 1. without preparation or rehearsal, बिना तैयारी का/के। 2. extempore, आशु या आशु रूप में।

improper (इम्-प्रॉप्´-अः) *adj.* 1. not proper, अनुचित। 2. unsuitable or not consistent, अनुपयुक्त, असंगत। 3. indecent, अशोभनीय, भद्दा। 4. not correct, अशुद्ध, ग़लत।

improperly (इम्-प्रॉप्´-अः-ली) *adv.* in an improper manner, ग़लत ढंग से, अनुचित रीति से।

impropriety (इम्-प्रॅ-प्राइ´-इ-टी) *n.* 1. the quality or state of being improper, अनौचित्य, अनुपयुक्तता, असंगति। 2. an improper act or behaviour, अभद्रता, अशोभनीय कृत्य या व्यवहार।

improvable (इम्-प्रूव्´-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be improved, सुधार के योग्य, सुधारने-लायक।

improve (इम्-प्रूव्´) *v.* (improved, improving) 1. to become better, अच्छा होना, सुधरना। 2. to make better, सुधारना, उन्नत करना या बनाना। 3. to enhance the quality or value of, अभिवृद्धि करना, समृद्ध बनाना, महत्त्व बढ़ाना।

improvement (इम्-प्रूव्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of imroving or the sate of being improved, सुधार, उन्नति, समृद्धि। 2. a change or addition that improves, संशोधन, परिशोधन।

improvidence (इम्-प्रॉव्´-इ-डॅन्स्) *n.* 1. the lack of foresight, अदूरदर्शिता। 2. unthriftiness, अपव्यय।

improvident (इम्-प्रॉव्´-इ-डॅन्ट्) *adj.* 1. wanting in foresight, अदूरदर्शी। 2. thriftless, unthrifty, अपव्ययी।

improvisation (इम्-प्रॉव्-इ-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of improvising, आशु कविता करना; कामचलाऊ व्यवस्था।

improvisational (इम्-प्रॉव्-इ-ज़े´-शॅन्-अॅल्) *adj.* of improvisation, आशुकाव्य-संबंधी; कामचलाऊ।

improvise (इम्´-प्रॅ-वाइज़्) *v.* (improvised, improvising) 1. to recite without preparation, आशु कविता करना। 2. to make or provide from available materials, (जो प्रस्तुत हो उससे) काम चला लेना।

imprudence (इम्-प्रू´-डॅन्स्) *n.* 1. rashness, उतावलापन। 2. thoughtlessness, अविवेक।

imprudent (इम्-प्रू´-डॅन्ट्) *adj.* 1. rash, उतावला, अविचारी, जल्दबाज़। 2. thoughtless, unwise, अविवेकी।

imprudently (इम्-प्रू´-डॅन्ट्-ली) *adv.* in an imprudent manner, उतावलेपन से, अविवेकपूर्वक।

impudence (इम्´-प्यु-डॅन्स्) *n.* the state or quality of being impudent, निर्लज्जता, ढिठाई।

impudent (इम्´-प्यु-डॅन्ट्) *adj.* shamelessly bold, ढीठ, निर्लज्ज।

impudently (इम्´-प्यु-डॅन्ट्-ली) *adv.* in an impudent manner, ढिठाई से, निर्लज्जतापूर्वक।

impugn (इम्-प्यून्´) *v.* (impugned, impugning) 1. to raise doubt about, संदेह प्रकट करना, शंका करना या उठाना। 2. to try to discredit, बदनाम करना।

impuissance (इम्-प्यू´-इ-सॅन्स्) *n.* impotence, नपुंसकता, नामर्दी।

impulse (इम्´-पल्स्) *n.* 1. sudden force, आवेग। 2. an impelling wish to do something, मन की मौज, उमंग, सनक।

impulsive (इम्-पल्´-सिव्) *adj.* tending to act on impulse, सनकी, मनमौजी, आवेगी।

impulsively (इम्-पल्´-सिव्-ली) *adv.* in an impulsive manner, मौज में आकर, बिना विचारे।

impulsivity (इम्-पल्-सिव्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being impulsive, आवेगशीलता, सनकीपन।

impunity (इम्-प्यू´-नि-टी) *n.* exemption from punishment or penalty, दंड से होनेवाली मुक्ति या छुटकारा।

impure (इम्-प्योः´) *adj.* 1. not pure, अशुद्ध, मिलावटी। 2. immoral, अनैतिक। 3. obscene, अश्लील।

impurity (इम्-प्योर्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being impure, अशुद्धता, मिलावट।

imputation (इम्-प्यु-टे´-शॅन्) *n.* the act of imputing, दोषारोपण, आरोपण।

impute (इम्-प्यूट्´) *v.* (imputed, imputing) 1. to lay the responsibility of, जवाबदेह ठहराना। 2. to ascribe or blame, आरोप लगाना, दोषारोप करना। 3. to attribute, आरोपित करना।

imputed (इम्-प्यू´-टिड्) *adj.* attributed, आरोपित; imputed income, आरोपित आय।

in[1] (इन्) *prep.* 1. within the limits or boundaries, में, के अंदर। 2. toward the inside of, के अंदर। 3. used to indicate a condition or state, में; in anger, गुस्से में; in black dress, काले परिधान में। 4. of method or means of expression, में; in Hindi, हिंदी में। 5. with reference to, के विचार से, में। 6. during, दरमियान, में। □ **in all,** together, कुल मिलाकर; **in that,** because, क्योंकि। *adv.* 1. to or toward the inside, भीतर, अंदर। 2. in effective condition, अच्छी हालत में; My luck was in, मेरी किस्मत जगी थी। □ **be in for,** to be about to experience, पाला पड़ने को होना; **be in with,** to be friendly with, घनिष्ठता होना; **day in day out,** day after day, दिन-पर-दिन। *adj.* 1. internal, भीतरी। 2. extremely fashionable, फ़ैशनदार। 3. incoming, आगामी। 4. having power, सत्ताधारी। *n.* 1. one in power, सत्ताधारी। 2. one having the advantage, वह जो लाभ की स्थिति में हो। 3. influence, प्रभाव। □ **the ins and outs** (i) the various parts, अनेक या विभिन्न अंग या भाग; (ii) the various difficulties, अनेक प्रकार की कठिनाइयाँ; (iii) good points and the bad points, अच्छाइयाँ और बुराइयाँ।

in[2] *prefix.* not, अ-, अन-; inactive, अक्रिय, निष्क्रिय।

inability (इन्-अॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* lack of ability, अयोग्यता, असमर्थता।

in absentia (इन्-ऐब्-सॅन्´-शॅ) *adv.* in absence, अनुपस्थिति में, ग़ैरहाज़िरी में। (लैटिन)

inacceptlable (इन्-ऐक्-सॅप्´-टॅ-बॅल्) *adj.* not acceptable, जो स्वीकार्य न हो, अस्वीकार्य।

inaccessibility (इन्-ऐक्-सॅस्-इ-बिल्´-इ-टी) *n.* the condition of being inaccessible, अगम्यता।

inaccessible (इन्-ऐक्-सॅप्´-इ-बॅल्) *adj.* 1. not accessible, अगम्य। 2. unapproachable, जो पहुँच से परे हो, जिस तक पहुँचा न जा सकता हो, अनधिगम्य।

inaccuracy (इन्-ऐक्´-यु-रे-सी) *n.* a mistake, भूल, ग़लती, अशुद्धि, अशुद्धता।

inaccurate (इन्-ऐक्´-यु-रेट्) *adj.* not accurate, incorrect, अशुद्ध, गलत।

inaction (इन्-ऐक्´-शॅन्) *n.* 1. lack of action, निष्क्रियता। 2. doing nothing, निठल्लापन।

inactivate (इन्-ऐक्´-टि-वेट्) *v.* (inactivated, inactivating) to make inactive, निष्क्रिय बनाना, अक्रिय कर देना।

inactive (इन्-ऐक्´-टिव्) *adj.* not active, निष्क्रिय, अक्रिय, निठल्ला।

inadequacy (इन्-ऐड्´-इ-क्वॅ-सी) *n.* the state or quality of being inadequate, अपर्याप्तता, कमी।

inadequate (इन्-ऐड्´-इ-क्विट्/क्वेट्) *adj.* not adequate, अपर्याप्त, अयथेष्ट, नाकाफ़ी।

inadequately (इन्-ऐड्´-इ-क्विट्-ली) *adv.* in an inadequate manner, अपर्याप्त रूप में।

inadmissibility (इन्-ऐड्-मिस्´-इ-बिल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being inadmissible, अग्राह्यता, अनुज्ञेयता।

inadmissible (इन्-ऐड्-मिस्´-इ-बॅल्) *adj.* not admissible, not allowable, अस्वीकार्य, अग्राह्य, अनुज्ञेय; inadmissible question, अग्राह्य प्रश्न।

inadvertent (इन्-ऐड्-वः´-टॅन्ट्) *adj.* 1. unintentional, अनभिप्रेत। 2. careless, असावधान।

inadvertently (इन्-ऐड्-वः´-टॅन्ट्-ली) *adv.* 1. in an inadvertent manner, अनजाने ही। 2. carelessly, असावधानी से।

inadvisable (इन्-ऐड्-वी´-ज़ॅ-बॅल्) *adj.* not advisable, अनुचित।

inalienability (इन्-एल्-यॅ-नॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being inalienable, अदेयता।

inalienable (इन्-एल्´-यॅ-नॅ-बॅल्) *adj.* 1. that cannot be given up or taken away, जो दिया या लिया न जा सके, अदेय, अहरणीय। 2. that cannot be transferred, अहस्तांतरीय।

inane (इ-नेन्´) *adv.* 1. lacking sense, नासमझ या नासमझी-भरा, मूर्ख या मूर्खतापूर्ण। 2. empty, रिक्त, ख़ाली।

inanimate (इन्-ऐन्´-इ-मिट्) *adj.* not animate, निर्जीव, अचेतन, जड़।

inappealable (इन्-अॅ-पील्´-अॅ-बॅल्) *adj.* not capabale of being appealed against, जिसकी अपील न हो सके।

inapplicable (इन्-ऐप्´-लि-कॅ-बॅल्) *adj.* not applicable, जो लागू न हो सके, अप्रयोज्य, अनुप्रयोज्य।

inapposite (इन्-ऐप्´-अॅ-ज़िट्) *adj.* not suitable, अनुपयुक्त।

inappreciable (इन्-अॅ-प्री´-शि-अॅ-बॅल्) *adj.* not worth reckoning, तुच्छ, हेय, नगण्य।

inappreciative (इन्-अॅ-प्री´-शि-अॅ-टिव्) *adj.* not appreciative, जो प्रशंसक या गुणग्राहक न हो।

inapproachable (इन्-अॅ-प्रोच्´-चॅ-बॅल्) *adj.* not approachable, जो पहुँच के बाहर हो।

inappropriate (इन्-अॅ-प्रो´-प्रि-इट्) *adj.* unsuitable, अनुपयुक्त।

inappropriateness (इन्-अॅ-प्रो´-प्रि-ऐट्-निस्) *n.* lack of appropriateness, अनुपयुक्तता।

inapt (इन्-ऐप्ट्´) *adj.* 1. inappropriate, unsuitable, अनुपयुक्त, अनुचित; His remark was inapt, उसकी टिप्पणी अनुचित थी। 2. not apt, अकुशल, अदक्ष।

inarticulate (इन्-आः-टिक्´-यु-लिट्) *adj.* 1. not articulate, अनुच्चारित। 2. unexpressed, अनभिव्यक्त। 3. not clearly expressed, अस्पष्ट। 4. mute, मूक।

inartistic (इन्-आः-टिस्´-टिक्) *adj.* not artistic, जो कलात्मक न हो, भद्दा, भोंडा।

inartistically (इन्-आः-टिस्´-टि-कॅ-ली) *adv.* in an inartistic way, भोंड़े रूप से।

in as much as *conj.* 1. the fact that, तथ्य यह है कि, वस्तुतः। 2. bacause, क्योंकि।

inattention (इन्-अॅ-टॅन्´-शॅन्) *n.* 1. lack of attention, असावधानी। 2. disregard, उपेक्षा, अवहेलना।

inattentive (इन्-अॅ-टॅन्´-टिव्) *adj.* not paying attention, असावधान, बेख़बर, लापरवाह।

inattentively (इन्-अॅ-टॅन्´-टिव्-ली) *adv.* in an inattentive manner, असावधानी से, लापरवाही से।

inaudibility (इन्-आः-डि-बिल्´-इ-टी) *n.* the state of being inaudible, अश्रव्यता।

inaudible (इन्-आः´-डि-बॅल्) *adj.* incapable of being heard, जो सुनाई न पड़े, अश्रव्य या अतिमंद।

inaugural (इन्-आः´-ग्यु-रॅल्) *adj.* of or related to an inauguration, उद्घाटन-संबंधी। *n.* 1. a ceremony of inauguration, उद्घाटन-समारोह। 2. an inaugural speech, उद्घाटन-भाषण।

inaugurate (इन्-आः´-ग्यु-रेट्) *v.* (inaugurated, inaugurating) 1. to open formally with a ceremony, उद्घाटन करना, शुभारंभ करना। 2. to start, आरंभ करना।

inauguration (इन्-आः-ग्यु-रे´-शॅन्) *n.* 1. the act of inaugurating or the state of being inaugurated, उद्घाटन, शुभारंभ। 2. the start

or beginning, आरंभ, प्रारंभ, शुरुआत।

inauspicious (इन्-आः-स्पिश्´-अस्) *adj.* not auspicious, अमांगलिक, अशुभ, दुर्भाग्यपूर्ण।

inauspiciously (इन्-आः-स्पिश्´-अस्-ली) *adv.* in an inauspicious way, दुर्भाग्यपूर्वक।

inboard (इन्´-बोःड्) *adj. & adv.* in the ship, जहाज़ में।

inborn (इन्´-बॉःन्´) *adj.* 1. existing from birth, जन्मजात, नैसर्गिक, सहज। 3. hereditary, पुश्तैनी।

inbound (इन्-बॉउन्ड्´) *adj.* incoming, आनेवाला।

inbred (इन्-ब्रेड्´) *adj.* 1. inborn, जन्मजात, नैसर्गिक। 2. bred from closely related individuals, एक ही नस्ल के नर-मादा से उत्पन्न, अंतःप्रजात।

inbreeding (इन्´-ब्री-डिंग्) *n.* breeding between closely related individuals, अंतःप्रजनन, सजातीय प्रजनन।

incalculable (इन्-कैल्´-क्यु-लॅ-बॅल्) *adj.* 1. that cannot be calculated, असंख्य, बेशुमार, अनगिनत। 2. unpredictable, जिसके संबंध में पहले से कुछ न कहा जा सके, अनिश्चित, अपूर्वकथनीय।

in camera (इन्-कैम्´-अॅर्-अॅ) *adv.* in closed room, बंद कमरे में।

incandescent (इन्-कैन्-डेस्´-अॅन्ट्) *adj.* glowing or shining brilliantly, दीप्त, प्रकाशमान, ज्योतिर्मय।

incantation (इन्-कैन्-टे´-शॅन्) *n.* 1. the chanting of magical words to produce a magic effect, मंत्रपाठ। 2. the words recited in an incantation, मंत्र, मंतर।

incapability (इन्-के-पॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being incapable, असमर्थता, अक्षमता, अयोग्यता।

incapable (इन्-के´-पॅ-बॅल्) *adj.* not capable, असमर्थ, अक्षम, अयोग्य।

incapacious (इन्-कॅ-पे´-शॅस्) *adj.* not capacious, जो खुला या विस्तृत न हो, जिसमें समाई कम हो।

incapacitate (इन-कॅ-पैस्´-इ-टेट्) *v.* (incapacitated, incapacitating) to make feeble, अशक्त बना देना, असमर्थ या अक्षम कर देना।

incapacitated (इन्-कॅ-पैस्´-इ-टे-टिड्) *adj.* feeble, अशक्त, असमर्थ।

incapacity (इन्-कॅ-पैस्-इ-टी) *n.* lack of capacity, अशक्तता, असमर्थता।

incarcerate (इन्-काः´-सॅ-रेट्) *v.* (incarcerated, incarcerating) to confine or jail, बंद करना, जेल भेज देना, कारागार में रखना।

incarnadine (इन्-काः´-नॅ-डाइन्) *adj.* deep red, गहरा लाल, ख़ूनी।

incarnate[1] (इन्-काः´-निट्) *adj.* in human form, मनुष्य का रूप धारण करनेवाला, मनुष्य के रूप में होनेवाला, मनुष्यरूपधारी, मानवशरीरधारी; a devil incarnate, मनुष्य रूप में शैतान, जीता-जागता शैतान।

incarnate[2] (इन्-काः´-नेट्) *v.* (incarnated, incarnating) 1. to take bodily form, मनुष्य शरीर धारण करना, अवतार लेना। 2. to personify, मूर्त रूप होना, मूर्तिमान होना।

incarnation (इन्-काः-ने´-शॅन्) *n.* 1. the act of incarnating or the state of being incarnated, देहधारण, मानव शरीर में अवतरण। 2. embodiment, of a god, अवतार। 3. embodiment of a quality or concept, मूर्त रूप।

incase (इन्-केस्´) *v.* (incased, incasing) to encase, डिब्बे में रखना।

incautious (इन्-काः´-शॅस्) *adj.* not cautious, असावधान, लापरवाह।

incendiary (इन्-सेन्´-डि-अॅर्-ई) *adj.* 1. causing or producing fire, आग उत्पन्न करने या लगानेवाला, दाहक। 2. inflammatory, भड़कानेवाला। *n.* 1. an incendiary bomb, अग्निबम। 2. an arsonist, आग लगानेवाला व्यक्ति।

incense[1] (इन्´-सेन्स्) *n.* 1. an aromatic substance that produces sweet smell when burning, ऐसा पदार्थ जिसके जलने से सुगंध निकलती हो। 2. its smoke, (धूप आदि का) धुआँ।

incense[2] (इन्-सेन्स्´) *v.* (incensed, incensing) 1. to make fragrant with incense, धूनी देना। 2. to cause to be angry, क्रुद्ध करना।

incentive (इन्-सेंन्´-टिव्) *n.* something that incites or encourages to an action or effort, प्रोत्साहन, प्रेरणा, प्रोत्साहन देनेवाली वस्तु या बात।

inception (इन्-सेंप्´-शॅन्) *n.* the commencement, प्रारंभ, शुरुआत, सूत्रपात, श्रीगणेश।

inceptive (इन्-सेंप्´-टिव्) *adj.* introductory, आरंभसूचक आरंभिक।

incertitude (इन्-सः´-टि-ट्यूड्) *n.* uncertainty, अनिश्चितता।

incessant (इन्-सेंस्´-अॅन्ट्) *adj.* never ending or ceasing, unceasing, निरंतर चलनेवाला, सतत, अविरल।

incessantly (इन्-सेंस्´-अॅन्ट्-ली) *adv.* without interruption, लगातार, निरंतर, अविरल या अविच्छिन्न रूप से।

incest (इन्´-सेंस्ट्) *n.* illegal sexual intercourse between nearly related persons, निषिद्ध संभोग, अगम्यागमन।

incestuous (इन्-सेंस्´-चु-अॅस्) *adj.* 1. guilty of incest, व्यभिचारी। 2. having the nature of incest, अगम्यागमनात्मक, व्यभिचारपूर्ण।

inch (इन्च्) *n.* 1. the twelfth part of a foot, इंच। 2. a very small amount, स्वल्प मात्रा। □ **by inches,** slowly, धीरे-धीरे; **every inch,** (i) entirely, पूर्णतः; (ii) in every respect, हर दृष्टि से; **inch by inch,** gradually, क्रमशः; **within an inch of,** very near, बिल्कुल निकट; **within an inch of one's life,** almost to death, मृत्यु तक। *v.* (inched, inching) to move very slowly, बहुत धीरे चलना।

incharge (इन्´-चाःज्) *n.* one having the charge, इंचार्ज, प्रभारी, कार्याधिकारी।

inchoate (इन्-को´-इट्/एट्) *adj.* 1. just begun, शुरू का, आरंभिक। 2. not completed, अधूरा, अपूर्ण। 3. undeveloped, अविकसित।

inchoation (इन्-को-ए´-शॅन्) *n.* a beginning, प्रारंभ, आरंभ।

incidence (इन्´-सि-डॅन्स्) *n.* 1. the act or fact of falling upon, आपात, आपतन। 2. a burden, भार; incidence of tax, कर का भार।

incident (इन्´-सि-डॅन्ट्) *n.* 1. an event, घटना, प्रसंग। 2. a hostile activity, मुठभेड़, झड़प। 3. an accident, दुर्घटना। *adj.* 1. falling on surface, आपतित। 2. liable to happen, घटित होनेवाला।

incidental (इन्-सि-डेंन्´-टॅल्) *adj.* 1. occurring by chance, प्रासंगिक, संयोगजन्य, आकस्मिक। 2. secondary, minor, गौण। 3. accompanying something else, सहवर्ती, आनुषंगिक।

incidentally (इन्-सि-डेंन्´-टॅ-ली) *adv.* 1. by chance, accidentally, संयोगवश, आकस्मिक रूप से। 2. by the way, प्रसंगवश।

incinerate (इन्-सिन्´-अॅ-रेट्) *v.* (incinerated, incinerating) to burn to ashes, जलाकर राख कर डालना, जला डालना, फूँक डालना।

incipience (इन्-सिप्´-इ-अॅन्स्) *n.* 1. first stage, प्रारंभिक अवस्था, प्रावस्था। 2. a beginning, प्रारंभ, शुरुआत।

incipient (इन्-सिप्´-इ-अॅन्ट्) *adj.* in the first stage of existence, आरंभिक अवस्था में होनेवाला, प्रारंभिक।

incise (इन्-साइज्´) *v.* (incised, incising) to carve or engrave, नक़्क़ाशी करना, उत्कीर्ण करना, कटाई करना।

incised (इन्-साइज़्ड्´) *adj.* carved, engraved, नक़्क़ाशीदार, उत्कीर्णित।

incision (इन्-सिज़्ह्´-अॅन्) *n.* 1. the act of incising, नक़्क़ाशी, उत्कीर्णन, कटाई। 2. a cut made into an organ, चीरा।

incisive (इन्-साइ´-सिव्) *adj.* 1. sharp, तेज़, धारदार। 2. piercing, नुकीला, तीक्ष्ण। 3. biting, काटनेवाला, काट करनेवाला। 4. effective and decisive, keen, प्रभावी और निर्णायक, धारदार, पैना; incisive criticism, धारदार आलोचना।

incisiveness (इन्-साइ´-सिव्-निस्) *n.* 1. sharpness, तेज़ी, तीक्ष्णता, पैनापन। 2. decisiveness, निर्णायकता।

incisor (इन्-साइ´-ज़ः) *n.* any of the sharp-edged eight teeth for cutting at the front of the mouth, सामने का काटनेवाला कोई नुकीला दाँत, कृंतक।

incite (इन्-साइट्´) *v.* (incited, inciting) to

provoke to action, उत्तेजित करना, उकसाना, भड़काना।

incitement (इन्-साइट्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of inciting, उत्तेजन, उद्दीपन, उकसाव।2. something that incites, उकसानेवाली बात, उत्तेजना, प्रेरणा।

incivility (इन्-सि-विल्´-इ-टी) *n.* rudeness, बदतमीज़ी, अशिष्टता।

inclement (इन्-क्लॅम्´-अॅन्ट्) *adj.* 1. stormy, तूफ़ानी (मौसम)।2. unmerciful, निर्दय, निर्मम।

inclinable (इन्-क्लाइन्´-अॅ-बॅल्) *adj.* inclined, प्रवृत्त, उन्मुख।

inclination (इन्-क्लि-ने´-शॅन्) *n.* 1. an act of inclining, झुकाव, मति। 2. a tendency, प्रवृत्ति, रुझान। 3. a liking, रुचि।

incline (इन्-क्लाइन्´) *v.* (inclined, inclining) 1. to slant, bend or bow, झुकना या झुकाना। 2. to slope, ढालुआँ होना या करना। 3. to have a particular disposition, प्रवृत्ति होना। 4. to have a liking, रुचि होना। *n.* a slope, ढाल।

inclined (इन्-क्लाइन्ड्´) *adj.* disposed, willing, प्रवृत्त, इच्छुक।

inclose (इन्-क्लोज़्´) *v.* (inclosed, inclosing) 1. to fence in, चारों ओर से घेर लेना। 2. to put into a receptacle, पात्र में रखना। 3. to insert in an envelope, लिफ़ाफ़े में रखना या बंद करना।

inclosure (इन्-क्लो´-ज़्हॅ:) *n.* = enclosure.

include (इन्-क्लूड्´) *v.* (included, including) to have as part of a whole, शामिल करना, समाविष्ट करना, मिला लेना, जोड़ लेना। □ **including me,** taking me as a part, मेरे सहित, मुझे लेकर।

included (इन्-क्लूड्´-इड्) *adj.* contained, शामिल, सम्मिलित, समाविष्ट।

includible (इन्-क्लूड्´-इ-बॅल्) *adj.* that can be included, सम्मिलित या शामिल किए जाने योग्य।

including (इन्-क्लूड्´-इंग्) *prep.* having something or somebody as a part, (इस) के सहित, (इस) करे लेकर, (इस) के समेत।

inclusion (इन्-क्लू´-ज़्हॅन्) *n.* 1. the act of including or the state of being included, समावेशन, अंतर्गत करना, समावेश। 2. something included, समावेश, समाविष्ट पदार्थ या वस्तु।

inclusive (इन्-क्लू´-सिव्) *adj.* 1. including, (के) सहित। 2. including everything, सम्मिलित, शामिल, समाविष्ट, समावेशित।

inclusiveness (इन्-क्लू´-सिव्-निस्) *n.* the state or quality of being inclusive, समावेशन।

incognito (इन्-कॉग्-नी´-टो) *adv.* & *adj.* with one's identity disguised or concealed, छद्म रूप से (होनेवाला), भेस बदलकर (जिससे कोई पहचान न सके)।

incoherence (इन्-को-हिअॅर्´-अॅन्स्) *n.* = incohesion.

incoherent (इन्-को-हिअॅर्´-अॅन्ट्) *adj.* 1. not coherent, असंगत। 2. lacking connection or order, असंबद्ध या अव्यवस्थित।

incohesion (इन्-को-ही´-ज़्हॅन्) *n.* the state of being incoherent, असंगति, असंबद्धता; अव्यवस्था।

incohesive (इन्-को-ही´-सिव्) *adj.* = incoherent.

incombustible (इन्-कॅम्-बस्´-टि-बॅल्) *adj.* incapable of burning, जिसे जलाया न जा सके, अदाह्य।

income (इन्´-कम्) *n.* money earned, आय, आमदनी।

income tax *n.* a tax levied on income, आयकर।

incoming (इन्´-कम्-इंग्) *adj.* 1. coming in, आनेवाला, आवक। 2. succeeding another person, आगामी, अंतर्गामी; incoming Prime Minister, आगामी या अंतर्गामी प्रधानमंत्री।

incommensurable (इन्-कॅ-मॅन्´-सु-रॅ-बॅल्) *adj.* 1. not capable of being compared in size, अतुलनीय, अपरिमेय, अपार। 2. inadequate, अपर्याप्त।

incommensurate (इन्-कॅ-मॅन्´-सु-रिट्) *adj.* 1. inadequate, अपर्याप्त। 2. out of proportion, अनुपातहीन, बिना अनुपात का।

incommode (इन्-कॅ-मोड्´) *v.* (incommoded, incommoding) to tease or disturb, तंग करना, दिक करना, परेशान करना।

incommodious (इन्-कॅ-मो´-डि-ॲस्) *adj.* 1. inconveniently small, छोटा, तंग। 2. causing inconvenience, असुविधापूर्ण।

incommunicable (इन्-कॅ-म्यू´-नि-के-बॅल्) *adj.* that cannot be communicated, अप्रेषणीय, अकथनीय।

incommunicado (इन्-कॅ-म्यू-नि-का´-डो) *adj.* not allowed to communicate, जिसे औरों से संपर्क न स्थापित करने दिया जाए, संपर्क-वर्जित।

incommunicative (इन्-कॅ-म्यू´-नि-के-टिव्) *adj.* not inclined to talk, चुप्पा, गुमसुम।

incomparable (इन्-कॉम्´-पॅ-रॅ-बॅल्) *adj.* incapable of being compared, अनुपम, बेजोड़, अद्वितीय।

incompatibility (इन्-कॅम्-पॅट्-इ-बिल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being incompatible, बेमेलपन, असंगति।

incompatible (इन्-कॅम्-पैट्´-इ-बॅल्) *adj.* not compatible, बेमेल, असंगत।

incompatibly (इन्-कॅम्-पैट्´-इ-ब्ली) *adv.* in an incompatible manner, असंगत रूप से।

incompetence (इन्-कॉम्´-पि-टॅन्स्) *n.* the state or quality of being incompetent, अयोग्यता, अक्षमता।

incompetent (इन-कॉम्´-पि-टॅन्ट्) *adj.* not competent, अयोग्य, अक्षम। *n.* an incompetent person, अयोग्य या अक्षम व्यक्ति।

incomplete (इन्-कॅम्-प्लीट्´) *adj.* not complete, अधूरा, अपूर्ण।

incomprehensibility (इन्-कॉम्-प्रि-हॅन्-सि-बिल्´-इ-टी) *n.* the state of being incomprehensible, अबोधगम्यता।

incomprehensible (इन्-कॉम्-प्रि-हॅन्´-सि-बॅल्) *adj.* incapable of being comprehended. अबोधगम्य, समझ में न आनेवाला।

incomprehensibly (इन-कॉम्-प्रि-हॅन्´-सि-ब्ली) *adv.* in an incomprehensible manner, अबोधगम्य रूप में।

inconceivable (इन्-कॅन्-सी´-वॅ-बॅल्) *adj.* 1. that cannot be conceived, अचिंत्य। 2. unable to be imagined, अकल्पनीय। 3. impossible to believe, अविश्वसनीय।

inconceivably (इन्-कॅन्-सी´-वॅ-ब्ली) *adv.* in an inconceivable manner, अचिंत्य रूप से।

inconclusive (इन्-कॅन्-क्लू´-सिव्) *adj.* 1. not complete, अधूरा, अपूर्ण। 2. not final or decisive, अनिश्चायक, अनिर्णीत।

incongruity (इन्-कॉङ्ग्´-ग्रू´-इ-टी) *n.* the state or quality of being incongruous, विसंगति, बेडौलपन।

incongruous (इन्-कॉङ्ग्´-ग्रू-ॲस्) *adj.* 1. not congruent, बेमेल, विसंगत। 2. not harmonious, बेडौल।

inconsequent (इन-कॉन्´-सि-क्वॅन्ट्) *adj.* irrelevent, असंगत।

inconsequential (इन-कॉन्-सि-क्वॅन्´-शॅल्) *adj.* 1. inconsequent, असंगत। 2. unimportant, अमहत्त्वपूर्ण, महत्त्वहीन, तुच्छ।

inconsiderable (इन्-कॅन्-सिड्´-ॲ-रॅ-बॅल्) *adj.* unimportant, अमहत्त्वपूर्ण, महत्त्वहीन, नगण्य, तुच्छ।

inconsiderate (इन्-कॅन्-सिड्´-ॲ-रिट्) *adj.* not considerate, मुलाहज़ा या लिहाज़ न करनेवाला, बेमुरौवत, बेलिहाज़।

inconsiderately (इन्-कॅन्-सिड्´-ॲ-रेट्-ली) *adv.* in an inconsiderate manner, बेमुरौवती से, बिना लिहाज़ किए।

inconsistency (इन्-कॅन्-सिस्´-टॅन्-सी) *n.* the quality or state of being inconsistent, असंगति, विसंगति।

inconsistent (इन्-कॅन्-सिस´-टॅन्ट्) *adv.* not consistent, असंगत, बेमेल, अनमेल, विसंगत।

inconsolable (इन्-कॅन्-सो´-लॅ-बॅल्) *adj.* that cannot be consoled, जिसे सांत्वना न दी जा सके, असांत्वनीय, शोकविह्वल।

inconsonant (इन्-कॉन्´-सो-नॅन्ट्) *adj.* 1. not consonant, बेसुरा। 2. inconsistent, बेमेल, असंगत।

inconspicuous (इन्-कॅन्-स्पिक्´-यु-अॅस्) *adj.* not conspicuous, अस्पष्ट, धुंधला।

inconstancy (इन्-कॉन्´-स्टैन्-सी) *n.* the state or quality of being inconstant, असातत्य; अस्थिरता, चंचलता; अनियमितता।

inconstant (इन्-कॉन्´-स्टॅन्ट्) *adj.* 1. not constant, असतत। 2. fickle, अस्थिर, चंचल। 3. irregular, अनियमित।

inconsumable (इन्-कॅन्-स्यूम्´-अॅ-बॅल्) *adj.* 1. that cannot be consumed, जिसका उपभोग न किया जा सके, अनुपभोग्य। 2. that cannot be destroyed, जिसे नष्ट न किया जा सके, अनश्वर।

incontestable (इन्-कॅन्-टॅस्´-टॅ-बॅल्) *adj.* unquestionable, indisputable, असंदिग्ध, निर्विवाद, अकाट्य।

incontinent (इन्-कॉन्´-टि-नॅन्ट्) *adj.* 1. lacking restraint (in regard to sexual activity), असंयमी, लंपट। 2. incapable of controlling the excretory functions, जिसका टट्टी-पेशाब पर नियंत्रण न हो, जिसका टट्टी-पेशाब अनजाने ही निकल जाता हो।

incontrovertible (इन्-कॉन्-ट्रॅ-वः´-टि-बॅल्) *adj.* indisputable, अविवाद्य, निर्विवाद, आकाट्य, असंदिग्ध।

inconvenience (इन्-कॅन्-वीन्´-यॅन्स्) *n.* 1. lack of convenience, असुविधा, कष्ट। 2. anything inconvenient, परेशानी की बात या कारण। *v.* (inconvenienced, inconveniencing) to cause inconvenience, असुविधा उत्पन्न करना, तकलीफ़ देना, कष्ट देना।

inconvenient (इन्-कॅन्-वीन्´-यॅन्ट्) *adj.* 1. not convenient, असुविधापूर्ण, असुविधाजनक। 2. causing difficulty, troublesome, कष्टकर, तकलीफ़देह।

inconvertibility (इन्-कॅन्-वः-टि-बिल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being inconvertible, अपरिवर्तनीयता, अविनिमेयता।

inconvertible (इन्-कॅन्-वः´-टि-बॅल्) *adj.* not convertible, अपरिवर्तनीय, अविनिमेय।

incorporate (इन्-कॉः´-पॅ-रेट्) *v.* (incorporated, incorporating) 1. to combine or unite with something else so as to form one body, मिला देना, निगमित करना। 2. to form into a corporation, निगम बनाना।

incorporated (इन्-कॉः-पॅ-रे-टिड्) *adj.* 1. constituted as a corporation, निगमित। 2. included, मिलाया हुआ, सम्मिलित, समावेशित।

incorporation (इन्-कॉः-पॅ-रे´-शॅन्) *n.* 1. the act of incorporating or the state of being incorporated, निगमीकरण, सम्मिलन, समावेशन। 2. a corporation, निगम।

incorporeal (इन्-कॉः-पोर्´-इ-अॅल्) *adj.* 1. without body, अशरीरी, अदेह, देहरहित। 2. without physical existence, अमूर्त; incorporeal right, अमूर्त अधिकार।

incorrect (इन-कॅ-रॅक्ट्´) *adj.* 1. not correct, ग़लत, अशुद्ध। 2. faulty, दोषपूर्ण। 3. untrue, असत्य, मिथ्या।

incorrigibility (इन्-कॉर्-इ-जि-बिल्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being incorrigible, असाध्यता, असुधार्यता।

incorrigible (इन्-कॉर्´-इ-जि-बॅल्) *adj.* that cannot be improved or reformed, जिसे सुधारा न जा सके, असाध्य, असुधार्य; incorrigible liar, पक्का झूठा।

incorrupt (इन्-कॅ-रप्ट्´) *adj.* not corrupt, अभ्रष्ट, सच्चरित्र।

incorruptible (इन्-कॅ-रप्´-टि-बॅल्) *adj.* 1. that cannot be corrupted or bribed, जिसे भ्रष्ट न किया या न बनाया जा सके, रिश्वत न लेनेवाला, सच्चरित्र। 2. not liable to decay, नाशविहीन, शाश्वत, सनातन।

increase[1] (इन्-क्रीस्´) *v.* (increased, increasing) 1. to become larger or greater, बढ़ना, वृद्धि होना। 2. to make larger or greater, बढ़ाना, वृद्धि करना।

increase[2] (इन्´-क्रीस्) *n.* 1. the act of increasing or the state of being increased, बढ़ती,

वृद्धि। 2. the amount by which something increases, बढ़ोतरी, वृद्धि।

increased (इन्-क्रीज़्ड्´) *adj.* enlarged, बढ़ा हुआ या बढ़ाया हुआ, वर्धित।

increasing (इन्-क्रीज़्´-इंग्) *adj.* progressing, enlarging, वर्धमान; increasing utility, वर्धमान उपयोगिता।

increasingly (इन्-क्रीस्´-इंग्-ली) *adv.* to an ever increasing degree, बराबर बढ़ते हुए, वृद्धि या उत्कर्ष को प्राप्त होते हुए।

incredible (इन्-क्रेड्´-इ-बॅल्) *adj.* 1. not credible, अविश्वसनीय। 2. hard to believe, surprising, आश्चर्यजनक, अद्‌भुत।

incredulous (इन्-क्रेज़्´-उ-लॅस्) *adj.* 1. disbelieving, विश्वास न करनेवाला, विश्वासहीन, अविश्वसनीय। 2. showing doubt, संदेहशील, संदेहपूर्ण।

increment (इन्´-क्रि-मॅन्ट्) *n.* 1. an increase, बढ़ती, बढ़ोतरी। 2. an amount of increase, वृद्धि, वेतन-वृद्धि।

incriminate (इन्-क्रिम्´-इ-नेट्) *v.* (incriminated, incriminating) to involve in a crime, अपराध में फँसाना।

incriminatory (इन्-क्रिम्´-इ-ने-टॅ-री) *adj.* that incriminates, अपराध में फँसानेवाला।

incrustation (इन्-क्रस्-टे´-शॅन्) *n.* a crust, पपड़ी।

incubation (इन्-क्यु-बे´-शॅन्) *n.* the act of incubating, अंडे सेने की क्रिया या भाव, सेनाई।

incubative (इन्´-क्यु-बे-टिव्) *adj.* of incubation, सेनाई-संबंधी।

incubator (इन्´-क्यु-बे-टॅः) *n.* an apparatus for hatching eggs, अंडे सेने की मशीन।

incubus (इन्´-क्यु-बॅस्) *n.* 1. an evil spirit said to trouble people in their sleep, सोते हुओं को तंग करनेवाली दुष्टात्मा। 2. a troublesome person, तंग करनेवाला व्यक्ति।

inculcate (इन्-कल्´-केट्) *v.* (inculcated, inclucating) to instill, मन में बैठाना, अंतर्निवेश करना।

inculpable (इन्-कॅल्´-पॅ-बॅल्) *adj.* free from blame or guilt, निर्दोष।

inculpate (इन्´-कल्-पेट्) *v.* (inculpated, inculpating) to incriminate, अपराध में फँसाना।

incumbency (इन्-कम्´-बॅन्-सी) *n.* the office or tenure of an incumbent, पदभार या कार्यकाल।

incumbent (इन्-कम्´-बॅन्ट्) *adj.* 1. holding an office, पदधारी, पदधारक। 2. responsible, ज़िम्मेदार। 3. imposed as an obligation, जिम्मे किया या सौंपा हुआ, भाररूप। *n.* the holder of an office, पदधारी।

incur (इन्-कः´) *v.* (incurred, incurring) to bring upon oneself, प्राप्त होना, मिलना, उठाना, ओढ़ना, उपगत करना; He incurred hatred, उसे घृणा मिली; He incurred great expense, उसने लंबा ख़र्च उठाया।

incurable (इन्-क्युर्´-अॅ-बॅल्) *adj.* that cannot be cured, असाध्य, अचिकित्स्य। *n.* a person with an incurable disease, असाध्य रोगी।

incurious (इन्-क्युर्´-इ-अॅस्) *adj.* not curious, जिसे जिज्ञासा न हो।

incursion (इन्-कः´-शॅन्) *n.* 1. a sudden attack, धावा, चढ़ाई। 2. a raid, छापा।

indebted (इन्-डेट्´-इड्) *adj.* 1. owing money, ऋणी, कर्ज़दार। 2. grateful, एहसानमंद, आभारी, कृतज्ञ।

indebtedness (इन्-डेट्´-इड्-निस्) *n.* the state or quality of being indebted, कर्ज़दारी, ऋणग्रस्तता; कृतज्ञता, आभार।

indecency (इन्-डी´-सॅन्-सी) *n.* the quality or state of being indecent, अशोभनीयता, अभद्रता, अश्लीलता।

indecent (इन्-डी´-सॅन्ट्) *adj.* 1. not decent, अशोभनीय। 2. morally offensive, अभद्र, अश्लील, लज्जाजनक।

indecently (इन्-डी´-सॅन्ट्-ली) *adv.* in an in-

decent manner, अशोभनीय रूप से, अभद्रतापूर्वक, लज्जाजनक ढंग से।

indecipherable (इन्-डि-साइ´-फ़ॅ-रॅ-बॅल्) *adj.* that cannot be deciphered, जिसे पढ़ा न जा सके, अपाठ्य, अस्पष्ट, दुर्बोध।

indecision (इन्-डि-सिज़्ह´-ॲन्) *n.* 1. inability to make a decision, निश्चयहीनता, अनिश्चय। 2. hesitation, हिचक, हिचकिचाहट, असमंजस।

indecisive (इन्-डि-साइ´-सिव्) *adj.* not decisive, अनिश्चित, अनिश्चय-भरा, दुविधापूर्ण, ढुलमुल।

indecisiveness (इन्-डि-साइ´-सिव्-निस्) *n.* the quality or state of being indecisive, अनिश्चितता, ढुलमुलपन, हिचकचाहट।

indeclinable (इन्-डि-क्लाइ´-नॅ-बॅल्) *adj.* not declinable, अविकारी। *n.* an indeclinable word, अव्यय।

indecorous (इन्-डॅक्´-ॲ-रॅस्) *adj.* 1. lacking propriety, अमर्यादित। 2. indecent अभद्र, अशोभनीय।

indeed (इन्-डीड्´) *adv.* 1. really, सचमुच। 2. certainly, निश्चय ही। □ **very much indeed,** too much, बहुत अधिक। *interj.* used to express surprise, skepticism, contempt etc. आश्चर्य, अविश्वास, घृणा आदि का सूचक विस्मयादिबोधक।

indefatigable (इन्-डि-फ़ैट्´-इ-गॅ-बॅल्) *adj.* tireless, न थकनेवाला, अथक।

indefatigably (इन्-डि-फ़ैट्´-इ-गॅ-ब्ली) *adv.* in an indefatigable manner, बिना थके, अथक रूप से।

indefensible (इन्-डि-फ़ॅन्´-सि-बॅल्) *adj.* 1. that cannot be defended, जिसका बचाव न किया जा सके, अरक्ष्य, अरक्षणीय। 2. unable to be justified, जिसे उचित न ठहराया जा सके, असमर्थनीय।

indefinable (इन्-डि-फ़ाइ´-नॅ-बॅल्) *adj.* 1. that cannot be defined, अपरिभाष्य। 2. indescribable, अवर्णनीय, वर्णनातीत।

indefinite (इन्-डॅफ़्´-इ-निट्) *adj.* 1. not definite or fixed, अनिश्चित। 2. not clear, अस्पष्ट। 3. vague, संदिग्ध, गोल-मोल। 4. unlimited, अपरिमित, असंख्य, अनगिनत।

indefinite article *n.* (in English) a or an , अंग्रेज़ी में प्रयुक्त अनिश्चित प्रविशेषण—a या an.

indefinitely (इन्-डॅफ़्´-इ-निट्-ली) *adv.* 1. in an indefinite way, अनिश्चिततापूर्वक, अस्पष्ट रूप से। 2. for indefinite time, अनिश्चित काल के लिए।

indelible (इन्-डॅल्´-इ-बॅल्) *adj.* that cannot be removed or washed way, न मिटनेवाला, अमिट, स्थायी, पक्का (दाग़ या धब्बा)।

indelicate (इन्-डॅल्´-इ-किट्) *adj.* 1. rough in manners, रूखा। 2. indecent, अशोभनीय, अभद्र।

indemnification (इन्-डॅम्-नि-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* the act of idemnifying, क्षतिपूर्ति की गारंटी।

indemnify (इन्-डॅम्´-नि-फ़ाइ) *v.* (indemnified, indemnifying) 1. to insure against loss or damage, क्षतिपूर्ति की गारंटी देना। 2. to compensate, क्षतिपूर्ति करना।

indemnity (इन्-डॅम्´-नि-टी) *n.* 1. protection against loss or damage, क्षतिपूर्ति की गारंटी। 2. compensation, क्षतिपूर्ति; indemnity bond, क्षतिपूर्ति बंधपत्र।

indent (इन्-डॅन्ट्´) *v.* (indented, indenting) 1. to set back the first line of a paragraph further from the margin, हाशिया छोड़कर नए पैरे की पहली पंक्ति आरंभ करना। 2. to notch the edge of, दाँता निकालना। 3. to make notches in, दाँतेदार बनाना। 4. to send an order of goods, माँगपत्र या आदेशपत्र भेजना। *n.* 1. a notch, दाँता। 2. a written order of goods, आदेशपत्र, माँगपत्र।

indentation (इन्-डॅन्-टे´-शॅन्) *n.* 1. a notch, दाँता। 2. the blank space at the beginning

of a first line of a paragraph, छोड़ा हुआ हाशिया। 3. the act of indenting, दाँता बनाना; हाशिया छोड़ना।

indenture (इन्-डेंन्´-चॅ:) *n.* 1. a written deed or contract, अनुबंध-पत्र। 2. a contract binding a person into the service of another for a specified period, अनुबंध, करार, इनडेंचर, विलेख। *v.* (indentured, indenturing) to bind by indenture, अनुबंधित करना, अनुबंध करके बाँधना।

independence (इन्-डि-पेंन्´-डॅन्स्) *n.* the state of being independent, स्वतंत्रता, आज़ादी; Independence Day, स्वतंत्रता दिवस।

independent (इन्-डि-पेंन्´-डॅन्ट्) *adj.* 1. not dependent, अनाश्रित, स्वाधीन। 2. politically autonomous, स्वतंत्र, आज़ाद, स्वाधीन। 3. self-reliant or self-sufficient, आत्मनिर्भर, स्वावलंबी। 4. not committed to any one political party, स्वतंत्र, निर्दलीय। *n.* an independent person or candidate, स्वतंत्र व्यक्ति या निर्दलीय प्रत्याशी।

independently (इन्-डि-पेंन्-डॅन्ट्-ली) *adv.* in an independent way, स्वतंत्र रूप से, स्वाधीनतापूर्वक।

indescribable (इन्-डि-स्क्राइ´-बॅ-बॅल्) *adj.* beyond description, वर्णनातीत, अवर्णनीय।

indestructible (इन्-डि-स्ट्रक्´-टि-बॅल्) *adj.* that cannot be destroyed, अविनाशी, अनश्वर, अविनाश्य।

indeterminable (इन्-डि-टः´-मि-नॅ-बॅल्) *adj.* which cannot be determined or decided, जिसे निर्धारित/निर्णीत न किया जा सके, अनिर्धार्य, निर्णयातीत।

indeterminate (इन्-डि-टः´-मि-निट्) *adj.* 1. not determined, अनिश्चित, अनिर्णीत। 2. vague, अस्पष्ट, अनिर्दिष्ट।

index (इन्´-डेंक्स्) *n.* (plu. indices, indexes) 1. an alphabetized list of names, subjects etc. given at the end of a book, अनुक्रमणिका। 2. a symbol or indication, संकेत, चिह्न। 3. a list, catalogue or table of contents, सूची, तालिका। *v.* (indexed, indexing) 1. to prepere an index, अनुक्रमणिका या तालिका तैयार करना, सूचीबद्ध करना। 2. to enter in an index, अनुक्रमणिका में जोड़ना या बढ़ाना, सूची में जोड़ना।

indexer (इन्´-डेंक्स्-अ:) *n.* one who prepares an index, अनुक्रमणिकाकार।

index finger *n.* the fore finger, तर्जनी (उँगली)।

index number *n.* a number used to measure change in prices, wages etc. सूचकांक।

Indian (इन्´-डि-अॅन्) *adj.* of India or Indians, भारतीय, हिंदोस्तानी। *n.* a native of India, भारतीय, भारतवासी, हिंदोस्तानी।

indicant (इन्´-डि-कॅन्ट्) *adj.* that indicates, indicating, सूचक संकेतक, परिचायक।

indicate (इन्´-डि-केट्) *v.* (indicated, indicating) 1. to point out, संकेत करना, इंगित करना, बतलाना। 2. to be a sign of, प्रतीक या संकेत होना। 3. to state briefly, संक्षेप में उल्लेख करना। 4. to show the need of, आवश्यकता बतलाना।

indication (इन्-डि-के´-शॅन्) *n.* something that indicates, संकेत, चिह्न, लक्षण।

indicative (इन्-डि´-कॅ-टिव्, इन्-डिक्´-अॅ-टिव्) *adj.* giving an indication, सूचक, संकेतात्मक, बोधक, परिचायक।

indicative mood *n.* a mood in the grammar, निश्चयार्थ।

indicator (इन्´-डि-के´-टः) *n.* 1. anything that indicates, सूचक। 2. a pointing needle, सुई।

indict (इन्-डाइट्´) *v.* (indicted, indicting) to accuse formally before a court for some offence, औपचारिक रूप से अभियोग लगाना, अभ्यारोप लगाना।

indictable (इन्-डाइट्´-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be indicted, अभ्यारोप के योग्य, अभ्यारोप्य, अभियोज्य।

indictment (इन्-डाइट्´-मॅन्ट्) *n.* 1. a written

accusation, अभ्यारोप। 2. an act of indicting, अभ्यारोपण।

indifference (इन्-डिफ़्´-अॅ-रॅन्स्) *n.* 1. disinterestedness, उदासीनता। 2. lack of concern, विमुखता, विरति।

indifferent (इन्-डिफ़्´-अॅ-रॅन्ट्) *adj.* 1. disinterested, उदासीन। 2. not caring about, विमुख, विरत। 3. average, सामान्य कोटि का, साधारण। 4. immaterial, नगण्य।

indifferently (इन्-डिफ़्´-अॅ-रॅन्ट्-ली) adv. in an indifferent manner, उदासीनतापूर्वक; विमुख होकर।

indigence (इन्´-डि-जॅन्स्) *n.* poverty, ग़रीबी, निर्धनता।

indigenous (इन्-डिज्´-अॅ-नॅस्) *adj.* 1. born or living naturally in an area, देशी, स्वदेशी; indigenous banking, महाजनी, साहूकारी। 2. local, स्थानीय।

indigent (इन्´-डि-जॅन्ट्) *adj.* poor, needy, ग़रीब, असहाय।

indigestible (इन-डि-जॅस्´-टि-बॅल्) *adj.* that cannot be (easily) disgested, (जल्दी) हज़म न होनेवाला, अपाच्य।

indigestion (इन्-डि-जॅस्´-चॅन्) *n.* the inability to digest food, अपच, बदहज़मी।

indignant (इन्-डिग्´-नॅन्ट्) *adj.* feeling or showing indignation, क्रुद्ध, रुष्ट, रोषपूर्ण।

indignation (इन्-डिग्-ने´-शॅन्) *n.* feeling of anger (against something wrong), क्रोध, रोष।

indignity (इन्-डिग्´-नि-टी) *n.* 1. something that injures the dignity, अपमानसूचक कार्य या बात। 2. humiliating treatment, अनादर, अपमान या तिरस्कार।

indigo (इन्´-डि-गो) *n.* a deep blue dye, नील।

indirect (इन्-डाइ´-रॅक्ट्, इन्-डि-रॅक्ट्´) *adj.* 1. not direct, अप्रत्यक्ष, परोक्ष। 2. secondary, गौण। 3. circumlocutory, घुमाव-फिराववाला।

indirectly (इन्-डाइ´-रॅक्ट्-ली, इन्-डि-रॅक्ट्´-ली) *adv.* 1. in an indirect manner, अप्रत्यक्ष रूप से, परोक्ष रूप से। 2. not resulting directly, गौण रूप से।

indirect object *n.* in grammar, the word or words denoting the person or thing indirectly affected by the action of the verb, गौण कर्म।

indirect speech *n.* in grammar, indirect way of speech, अप्रत्यक्ष कथन।

indirect tax *n.* a tax paid indirectly by the consumer, अप्रत्यक्ष कर, परोक्ष कर।

indiscernible (इन्-डि-सः´-नि-बॅल्) *adj.* 1. that cannot be discerned, अज्ञेय। 2. that cannot be seen, दिखाई न पड़नेवाला, अगोचर। 3. not clear, अस्पष्ट या धुंधला।

indiscreet (इन्-डि-स्क्रीट्´) *adj.* 1. lacking discretion, not wise, अविवेकी या अविवेकपूर्ण, नासमझ या नासमझी-भरा। 2. not cautious, असावधान।

indiscreetly (इन्-डि-स्क्रीट्´-ली) *adv.* in an indiscreet manner, अविवेकपूर्वक, असावधानी से।

indiscretion (इन्-डि-स्क्रेश्´-अॅन्) *n.* 1. lack of discretion, अविवेक, विवेकहीनता। 2. any indiscreet act or statement, अविवेकपूर्ण कार्य या वक्तव्य।

indiscriminate (इन्-डि-स्क्रिम्´-इ-निट्) *adj.* 1. lacking in discrimination, विवेकहीन, विवेकरहित। 2. not choosing carefully, सावधानी से चयन न करनेवाला, भेदभाव-भरा। 3. not chosen carefully, असावधानी से या अंधाधुंध किया जानेवाला।

indiscriminately (इन्-डि-स्क्रिम्´-इ-निट्-ली) *adv.* in an indiscriminate manner, अविवेकपूर्वक, बिना विचारे, बेतहाशा।

indispensable (इन्-डि-स्पॅन्´-सॅ-बॅल्) *adv.* not dispensable, अपरिहार्य, अनिवार्य, अत्यंत आवश्यक।

indisposed (इन्-डि-स्पोज़्ड्´) *adj.* 1. slightly or mildly ill, कुछ-कुछ अस्वस्थ। 2. unwilling, अनिच्छुक; They seem indisposed to

help. लगता है कि वे हमारी सहायता के लिए इच्छुक नहीं।

indisposition (इन्-डिस्-पॅ-ज़िश्´-अॅन्) *n.* 1. the state of being indisposed, किंचित अस्वस्थता। 2. unwillingness, अनिच्छा।

indisputable (इन्-डि-स्प्यू´-टॅ-बॅल्) *adj.* that cannot be disputed, अविवाद्य, निर्विवाद।

indissoluble (इन्-डि-सॉल्´-यु-बॅल्) *adj.* 1. that cannot be dissolved, अविलेय। 2. that cannot be destroyed, अविनाश्य, स्थायी, टिकाऊ।

indistinct (इन्-डि-स्टिंक्ट्´) *adj.* not distinct, अस्पष्ट, धुँधला।

indistinguishable (इन्-डि-स्टिंग्´-ग्वि-शॅ-बॅल्) *adj.* not distinguishable, अविभेद्य।

indite (इन्-डाइट्´) *v.* (indited, inditing) 1. to write, लिखना, कलमबंद करना। 2. to compose, रचना करना।

individual (इन्-डि-विज्´-उ-अॅल्) *adj.* 1. pertaining to or peculiar to a single person, वैयक्तिक, व्यक्तिगत। 2. single or separate, एकल या अलग। *n.* a single person, व्यक्ति।

individualism (इन्-डि-विज्´-उ-अॅ-लिज़्-अॅम्) *n.* the theory that individual liberty should not be restricted by the state, व्यक्तिवाद।

individualist (इन्-डि-विज्´-उ-अॅ-लिस्ट्) *n.* one who supports individualism, व्यक्तिवादी।

individualistic (इन्-डि-विज्-उ-अॅ-लिस्´-टिक्) *adj.* of individualism or individualist, व्यक्तिवादी।

individuality (इन्-डि-विज़्-उ-ऐल्´-टी) 1. character and qualities which makes someone different from all others, पृथक् अस्तित्व, पृथक् सत्ता, व्यष्टि। 2. personality, व्यक्तित्व।

individualization (इन्-डि-विज्´-उ-अॅ-लि-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of individualizing, व्यक्तिकरण, विशिष्टीकरण।

individualize (इन्-डि-विज्´-उ-अॅ-लाइज़्) *v.* (individualized, individualizing) 1. to give individual character, व्यक्तित्व प्रदान करना, वैयक्तिक विशिष्टता से युक्त करना। 2. to consider individually, व्यक्तिशः विचार करना।

individually (इन्-डि-विज्´-उ-अॅ-ली) *adv.* one by one, separately, व्यक्तिशः एक-एक करके।

individuate (इन्-डि-विज्´-उ-एट्) *v.* (individiuated, individuating) to make individual, अलग व्यष्टि बनाना, विशिष्टता प्रदान करना।

indivisible (इन्-डि-विज़्´-अॅ-बॅल्) *adj.* not divisible, अविभाज्य।

Indo-Aryan (इन्´-डो-आर्´-इ-अॅन्) *adj.* of or pertaining to Aryans of India or their languages, भारतीय आर्यों या उनकी भाषा से संबद्ध।

Indo-China (इन्´-डो-चाइ´-नॅ) *n.* a peninsula in South East Asia, हिंदचीन।

indocile (इन्-डॉस्´-इल्) *adj.* 1. not docile, अविनीत। 2. not easy to teach, अशिक्षणीय।

indoctrinate (इन्-डॉक्´-ट्रि-नेट्) *v.* (indoctrinated, indoctrinating) to fill (one's mind) with particular ideas, उपदेशित करना, सिखाना, सिखाना-पढ़ाना, दिमाग में भरना।

indoctrination (इन्-डॉक्-ट्रि-ने´-शॅन्) *n.* the act of indoctrinating, सिखाना-पढ़ाना, उपदेशन, मतारोपण (मत + आरोपण)।

Indo-European *adj.* of the family of languages belonging to Europe and India, भारोपीय।

Indo-Iranian *adj.* of or related ot India and Iran, भारत-ईरानी।

Indo-German *adj.* of or related to India and Germany, भारत-जर्मनी।

Indo-Japanese *adj.* of or related to India and Japan, भारत-जापानी।

indolence (इन्´-डॅ-लॅन्स्) *n.* idleness, laziness, सुस्ती, काहिली, आलस्य।

indolent (इन्´-डॅ-लॅन्ट्) *adj.* idle, lazy, सुस्त, काहिल, आलसी।

Indologist (इन्´-डॅ-लॉज्-इस्ट्) *n.* an expert in Indology, भारतविज्ञ।

Indology (इन्´-डॅ-लॉ-जी) *n.* the Science and study related to India, भारत विद्या।

indomitable (इन्-डॉम्´-इ-टॅ-बॅल्) *adj.* 1. stubbornly persistent, दबंग, अदम्य, दुर्दमनीय। 2. incapable of being overcome, अजेय।

indomitably (इन्-डॉम्´-इ-टॅ-ब्ली) *adv.* in an indomitable manner, दबंगई से, दबंग होकर।

Indonesian (इन्-डो-ने´-सियन्) *adj.* of Indonesia, इन्डोनेशिया-संबंधी।

indoor (इन्´-डोः) *adj.* situated in the building or carried on inside the building, भवन के अंदर या भीतर होनेवाला, अंतर्द्वार, इनडोर; indoor stadium, अंतर्द्वार क्रीडांगण, इनडोर स्टेडियम।

indoors (इन्-डोःस्´) *adv.* in or into a house or building, घर या भवन में, घर या भवन के अंदर।

indorse (इन्-डोःस्´) *v.* (indorsed, indorsing) = endorse.

indubitable (इन्-ड्यु´-बि-टॅ-बॅल्) *adj.* 1. that cannot be doubted, असंदिग्ध, संदेह से परे होनेवाला। 2. unquestionable, अविवाद्य।

induce (इन्-ड्यूस्´) *v.* (induced, inducing) 1. to persuade, राज़ी करना, मनाना। 2. to entice, प्रलोभन देना। 3. to influence or inspire, प्रभावित करना, ज़ोर डालना, उत्प्रेरित करना। 4. to infer by induction, अनुमान करना, नतीजा निकालना।

induced (इन्-ड्यूस्ड्´) *adj.* inspired, उत्प्रेरित।

inducement (इन्-ड्यूस्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of inducing or the state of being induced, उत्प्रेरण। 2. enticement, temptation, प्रलोभन।

inducible (इन्-ड्यूस्´-इ-बॅल्) *adj.* that can be induced, जिसे राज़ी किया या मनाया जा सके, उत्प्रेरणीय।

induct (इन्-डक्ट्´) *v.* (inducted, inducting) 1. to bring in or introduce, सामने लाना, परिचय देना या कराना। 2. to install, पदासीन करना। 3. to enroll, भर्ती करना।

inductile (इन्-डक्´-टाइल्) *adj.* not ductile, बेलोच।

induction (इन्-डक्´-शॅन्) *n.* 1. the act of inducting or the state of being inducted, पद पर बैठाना, पदारोहण। 2. an introduction, परिचय, भूमिका। 3. a logical reasoning or a general conclusion, आगमन।

inductive (इन्-डक्´-टिव्) *adj.* 1. based on logical reasoning, आगनात्मक। 2. inducing, प्रेरक। 3. attractive, आकर्षक।

indulge (इन्-डल्ज्´) *v.* (indulged, indulging) 1. to yield to the whims or desires, इच्छापूर्ति में लगना, प्रवृत्त होना, लिप्त होना, बह जाना। 2. to gratify, तृप्त करना, मज़ा लेना, रस लेना।

indulgence (इन्-डल्´-जॅन्स्) *n.* 1. the act of indulging or the state of being indulged, प्रवृत्ति, लिप्तता या रसास्वादन। 2. a favour, अनुग्रह, कृपा।

indulgent (इन्-डल्´-जॅन्ट्) *adj.* 1. inclined to indulge, रसिया, मनमौजी, प्रवृत्त, लिप्त। 2. kind or lenient, कृपालु, उदार।

indurate (इन्´-डु-रेट्) *v.* (indurated, indurating) 1. to make or become hard, कठोर बनना या बनाना। 2. to make or become stubborn, हठी बनना या बनाना। 3. to accustom or become accustomed, आदी होना या बनाना।

induration (इन्-डु-रे´-शॅन्) *n.* the act of indurating, कड़ा या कठोर करना या बनाना, कठोरीकरण।

Indus (इन्´-डॅस्) *n.* a river now flowing in Pakistan, सिंधु नदी।

industrial (इन्-डस्´-ट्रि-अॅल्) *adj.* 1. pertaining to or used in industry, औद्योगिक। 2. having highly developed industries, औद्योगिक; industrial countries, औद्योगिक

देश, industrial estate, औद्योगिक परिक्षेत्र।

industrialist (इन्-डस्´-ट्रि-ॲ-लिस्ट्) *n.* an owner of an industry, उद्योगपति।

industrialization (इन्-डस्-ट्रि-ॲ-लि-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of industrializing or the state of being industrialized, उद्योगीकरण।

industrialize (इन्-डस्´-ट्रि-ॲ-लाइज़्) *v.* (industrialized, industrializing) 1. to make industrial, उद्योग लगाना, उद्योगीकरण करना। 2. to become industrial, उद्योग लगना, उद्योगीकरण होना।

industrially (इन्-डस्´-ट्रि-ॲ-ली) *adv.* in an industrial manner or as concern industry, औद्योगिक रीति से या उद्योग के विचार से।

industrious (इन्-डस्´-ट्रि-ॲस्) *adj.* hard-working, परिश्रमी, उद्योगी, उद्यमी, मेहनती।

industriously (इन्-डस्´-ट्रि-ॲस्-ली) *adv.* in an industrious manner, परिश्रमपूर्वक, मेहनत के साथ।

industry (इन्´-डॅ-स्ट्री) *n.* 1. a unit of manufacture or trade, उद्योग। 2. the state or quality of being industrious, परिश्रमशीलता।

inebriate[1] (इ-नी´-ब्रि-एट्) *v.* (inebriated, inebriating) to intoxicate, मत्त कर देना, धुत कर देना, नशे में चूर करना।।

inebriate[2] (इ-नी´-ब्रि-इट्) *n.* a drunken person, वह जिसने पी रखी हो, नशे में धुत्त व्यक्ति, मतवाला व्यक्ति। *adj.* intoxicated, धुत्त, मतवाला।

inebriated (इ-नी´-ब्रि-ए-टिड्) *adj.* drunk, मत्त, धुत्त, मतवाला।

inebriation (इ-नी-ब्रि-ए´-शॅन्) *n.* drunkenness, नशा, मतवालापन, मादकता।

inebriety (इ-नी-ब्राइ´-ॲ-टी) *n.* drunkenness, शराब की लत, मदोन्मत्तता, मादकता, मतवालापन।

inedible (इन्-ऍड्´-इ-बॅल्) *adj.* not edible, न खाने योग्य, अखाद्य।

ineducable (इन्-ऍज्´-उ-कॅ-बॅल्) *adj.* that cannot be educated, जिसे शिक्षित न किया जा सके, अशिक्षणीय, अशिक्ष्य।

ineffability (इन्-ऍफ़्-अ-बिल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being ineffable, अवर्णनीयता।

ineffable (इन्-ऍफ़्´-ॲ-बॅल्) *adj.* 1. beyond expression, inexpressible, जिसका वर्णन न हो सके, अवर्णनीय, अनिर्वचनीय, वर्णनातीत; ineffable joy, अवर्णनीय आनंद। 2. taboo, वर्जित, निषिद्ध।

ineffably (इन्-ऍफ़्´-ॲ-ब्ली) *adv.* in an ineffable manner, अवर्णनीय रूप में।

ineffaceable (इन्-इ-फ़ेस्´-ॲ-बॅल्) *adj.* that cannot be effaced, अमिट।

ineffective (इन्-इ-फ़ॅक्´-टिव्) *adj.* 1. not effective, अप्रभावी, बेअसर। 2. not competent, अक्षम, अयोग्य।

ineffectual (इन्-इ-फ़ॅक्´-चु-अॅल्) *adj.* not effectual, अप्रभावी, बेअसर, निष्प्रभाव।

inefficacious (इन्-ऍफ़्-इ-के´-शॅस्) *adj.* not efficacious, जो गुणकारी न हो, अप्रभावी, प्रभावशून्य, निष्प्रभाव, बेअसर।

inefficacy (इन्-ऍफ़्´-इ-कॅ-सी) *n.* lack of efficacy, प्रभावहीनता, प्रभावशून्यता।

inefficiency (इन्-इ-फ़िश्´-ॲन्-सी) *n.* the state or quality of being inefficient, अकुशलता, अदक्षता।

inefficient (इन्-इ-फ़िश्´-ॲन्ट्) *adj.* not efficient, अकुशल, अदक्ष।

inefficiently (इन्-इ-फ़िश्´-ॲन्ट्-ली) *adv.* in an inefficient manner, अकुशलतापूर्वक।

inelastic (इन्-इ-लैस्´-टिक्) *adj.* not elastic, जिसमें लोच या लचक न हो, बेलोच, लोचहीन, अनम्य।

inelasticity (इन्-इ-लैस्-टिस्´-ॲ-टी) *n.* the state of being inelastic, लोचहीनता, लचकहीनता।

inelegant (इन्-ऍल्´-इ-गॅन्ट्) *adj.* not elegant, अनुत्कृष्ट, भद्दा, भोंडा।

inelegantly (इन्-ऍल्´-इ-गॅन्ट्-ली) *adv.* in an inelegant manner, भोंड़े ढंग से, भद्दी तरह।

ineligibility (इन्-ऍल्-इ-जि-बिल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being ineligible, अपात्रता, अयोग्यता।

ineligible (इन्-ऍल्´-इ-जि-बॅल्) *adj.* not eligible, not entitled to be chosen, अपात्र, अयोग्य।

ineluctable (इन्-इ-लक्´-टॅ-बॅल्) *adj.* 1. that cannot be avoided, अपरिहार्य। 2. inevitable, अनिवार्य, अनिश्चित।

inept (इन्-ऍप्ट्´) *adj.* 1. not ept, unsuitable. अनुपयुक्त। 2. lacking skill, अकुशल। 3. absurd, बेतुका, असंगत।

ineptitude (इन्-ऍप्´-टि-ट्यूड्) *n.* lack of eptitude, अनुपयुक्तता, अकुशलता, असंगति।

ineptly (इन्-ऍप्ट्´-ली) *adv.* in an inept manner, अनुपयुक्त रूप से, अकुशलतापूर्वक, भद्दे ढंग से।

inequality (इन्-इ-क्वॉल्´-इ-टी) *n.* 1. the state or quality of being unequal, असमता। 2. disparity, विषमता।

inequitable (इन्-ऍक्´-वि-टॅ-बॅल्) *adj.* not equitable, not fair or right, अनुचित, अन्यायपूर्ण।

inequity (इन्-ऍक्´-वि-टी) *n.* lack of equity, unfairness, अनौचित्य, अन्याय।

ineradicable (इन्-इ-रैड्´-इ-कॅ-बॅल्) *adj.* that cannot be eradicated, जिसका उन्मूलन न हो सके, जिसे जड़ से उखाड़ा न जा सके।

inerrant (इन्-ऍर्´-ॲन्ट्) *adj.* making no mistakes, गलतियाँ न करनेवाला, निर्दोष।

inert (इ-नःट्´) *adj.* 1. not moving, अचल, जड़। 2. not active, अक्रिय, आलसी। 3. dull, मंद, मंदबुद्धि।

inertness (इ-नःट्´-निस्) *n.* = inertia.

inertia (इ-नः´-शिॲ) *n.* 1. the tendency of a matter to remain at rest, जड़ता। 2. disinclination to move or act, निश्चेष्टता, अक्रियता। 3. laziness, आलस्य।

inescapable (इन्-इ-स्के´-पॅ-बॅल्) *adj.* that cannot be escaped or avoided, अपरिहार्य, अनिवार्य।

inessential (इन्-इ-सॅन्´-शॅल्) *adj.* not essential, अनावश्यक, गैरज़रूरी।

inestimable (इन्-ऍस्´-टि-मॅ-बॅल्) *adj.* that cannot be estimated or measured, अपरिमित, अपरिमेय।

inevitability (इन्-ऍव्-इ-टॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being inevitable, अनिवार्यता, अपरिहार्यता।

inevitable (इन्-ऍव्´-इ-टॅ-बॅल्) *adj.* 1. certain to happen, अनिवार्य। 2. that cannot be avoided, अपरिहार्य।

inevitably (इन्-ऍव्´-इ-टॅ-ब्ली) *adv.* certainly, निश्चित रूप से, अनिवार्यत:।

inexact (इन्-इग्-ज़ैक्ट्´) *adj.* not exact, अनिश्चित, अनियत, अशुद्ध, अयथार्थ।

inexcusable (इन्-इक्-स्क्यू´-ज़ॅ-बॅल्) *adj.* 1. unpardonable, अक्षम्य। 2. unjustifiable, अन्यायोचित, अनुचित।

inexhaustible (इन्-इग्-ज़ास्´-टि-बॅल्) *adj.* 1. that cannot be exhausted, अक्षय, असमाप्य। 2. limitless, अमित, असीम। 3. tireless, अथक।

inexorable (इन्-ऍक्´-सॅ-रॅ-बॅल्) *adj.* 1. inflexible, अनम्य। 2. relentless, अटल, अडिग।

inexpedient (इन्-इक्-स्पी´-डि-ॲन्ट्) *adj.* 1. not expedient, असमीचीन। 2. undesirable, अवांछनीय।

inexpensive (इन्-इक्-स्पॅन्´-सिव्) *adj.* not expensive, सस्ता, कम दाम का।

inexperience (इन्-इक्-स्पीर्´-इ-ॲन्स्) *n.* lack of experience, अनुभवहीनता, नातजुर्बेकारी।

inexperienced (इन्-इक्-स्पीर्´-इ-ॲन्स्ड्) *adj.* not experienced, अनुभवहीन, नातजुर्बेकार, कच्चा, अनाड़ी।

inexpert (इन्-इक्-स्पःट्´, इन्-ऍक्´-स्पःट्) *adj.* 1. not expert, अविशेषज्ञ। 2. unskillful, अकुशल, अनाड़ी।

inexpiable (इन्-ऍक्स्´-पि-ॲ-बॅल्) *adj.* that cannot be atoned, जिसका प्रायश्चित न हो

सके।

inexplicable (इन्-ऍक्´-स्प्लि-कॅ-बॅल्) *adj.* 1. that cannot be explained, अव्याख्येय। 2. that cannot be interpreted, अनिर्वचनीय।

inexpressible (इन्-इक्-स्प्रॅस्´-इ-बॅल्) *adj.* that cannot be expressed, अवर्णनीय।

inexpressive (इन्-इक्-स्प्रॅस्´-इव्) *adj.* without expression, अकथ्य; भावशून्य।

inextinguishable (इन्-इक्-स्टिंग्´-ग्वि-शॅ-बॅल्) *adj.* 1. that cannot be extinguished, जिसे बुझाया न जा सके, अशम्य। 2. not quenchable, जिसकी प्यास न बुझाई जा सके, अतृप्त।

in extremis (इन्-इक्-स्ट्री´-मिस्) *adv.* at the point of death, ठीक मरते समय, अंतिम घड़ी में।

inextricable (इन्-ऍक्स्´-ट्रि-कॅ-बॅल्) *adj.* 1. intricate, पेचीदा। 2. complex, जटिल।

infallibility (इन्-फ़ैल्-इ-बिल्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being infaliable, अमोघता, अचूकता।

infalliable (इन्-फ़ैल्´-इ-बॅल्) *adj.* 1. never wrong, ग़लती न करनेवाला। 2. never failing, अमोघ, अचूक।

infallibly (इन्-फ़ैल्´-इ-ब्ली) *adv.* in an infallible manner, बिना ग़लती किए, बिना चूके।

infamous (इन्´-फ़ॅ-मॅस्) *adj.* 1. having a very bad reputation, बदनाम, कुख्यात। 2. loathsome, जघन्य, घृणित।

infamy (इन्´-फ़ॅ-मी) *n.* bad reputation, बदनामी, कुख्याति।

infancy (इन्´-फ़ॅन्-सी) *n.* 1. early childhood, बाल्यावस्था, शैशव, बचपन। 2. an early stage of development, विकास की आरंभिक स्थिति, शुरुआत।

infant (इन्´-फ़ॅन्ट्) *adj.* 1. a child in the earliest period of its life, बच्चा, शिशु, बाल; infant welfare centre, शिशु-कल्याण केंद्र। 2. a minor, अवस्यक। 3. developing, विकासशील, नवोदित।

infanticide (इन्-फ़ैन्´-टि-साइड्) *n.* 1. the act of killing an infant, बालहत्या, शिशुहत्या। 2. one who kills an infant, बालहत्या करनेवाला, बाल-हत्यारा।

infantile (इन्´-फ़ॅन्-टाइल्) *adj.* 1. of infants, शिशु-संबंधी, शैशवी। 2. of infancy, बाल्यावस्था-संबंधी। 3. very childish, बचकाना।

infantry (इन्´-फ़ॅन्-ट्री) *n.* foot soldiers collectively, पैदल सेना।

infatuate (इन्-फ़ैच्´-उ-एट्) *v.* (infatuated, infatuating) to inspire with foolish passion or attraction, मोह लेना, मोहित कर लेना, आसक्त बना लेना।

infatuated (इन्-फ़ैच्´-उ-ए-टिड्) *adj.* completely carried away by foolish love or attraction, मोहित, आसक्त, प्रेमांध।

infatuation (इन्-फ़ैच्-उ-ए´-शॅन्) *n.* unreasoning passion or attraction, मोह, आसक्ति, प्रेमोन्माद।

infeasible (इन्-फ़ी´-ज़ॅ-बॅल्) *adj.* impracticable, अव्यवहार्य।

infect (इन्-फ़ॅक्ट्´) *v.* (infected, infecting) 1. to contaminate with bacteria, कीटाणुग्रस्त होना। 2. to cause to become diseased, रुग्ण बनाना। 3. to communicate a disease to, छूत का रोग फैलाना।

infection (इन्-फ़ॅक्´-शॅन्) *n.* 1. the act of infecting or the state of being infected, कीटाणुओं से ग्रस्त होना, संक्रमण; an infectious disease, छूत की बीमारी, संक्रामक रोग।

infectious (इन्-फ़ॅक्´-शॅस्) *adj.* 1. causing infection, संक्रामक, छुतहा। 2. easily communicated, संक्रमणशील, फैलनेवाला।

infelicitous (इन्-फ़ि-लिस्´-इ-टॅस्) *adj.* not suitable, inappropriate, अनुपयुक्त, अनुचित।

infelt (इन्´-फ़ॅल्ट्) *adj.* deeply felt, हृदयग्राही, हार्दिक।

infer (इन्-फ़ः´) *v.* (inferred, inferring) 1. to conclude by reasoning or implication, अनुमित करना, अनुमान करना। 2. to conclude

from evidence, निष्कर्ष निकालना। 3. to imply, आशय निकालना, अर्थ करना।

inference (इन्´-फ़्-रॅन्स्) *n.* conclusion from known facts, अनुमान या निष्कर्ष।

inferential (इन्-फ़्-रॅन्´-शॅल्) *adj.* having to do with inference, अनुमान या निष्कर्ष के रूप में होनेवाला, आनुमानिक।

inferior (इन्-फ़ीर्´-इ-अ:) *adj.* 1. lower in quality or importance, घटिया, निकृष्ट। 2. lower in order, अवर, छोटा। 3. subordinate, अधीनस्थ, निचला, छोटा; inferior court, निचली अदालत।

inferiority (इन्-फ़ीर्-इ-ऑर्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being inferior, घटियापन, निकृष्टता, अवरता।

inferiority complex *n.* a strong and persistent feeling of inferiority, हीनभावना, हीनत्व।

infernal (इन्-फ़:´-नॅल्) *adj.* 1. of or pertaining to hell, नरक-संबंधी। 2. abominable, detestable, घृणित, जुगुप्सित।

inferno (इन्-फ़:´-नो) *n.* a place resembling hell, नारकीय स्थल।

infertile (इन-फ़:´-टाइल्/टिल्) *adj.* 1. not fertile, अनुर्वर। 2. unproductive. अनुपजाऊ।

infertility (इन्-फ़ॅ:-टिल्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being infertile. अनुर्वरता, अनुपजाऊपन।

infest (इन्-फ़ॅस्ट्´) *v.* (infested, infesting) 1. to swarm in or about (said of germs, क़ीटाणुओं का) आक्रमण करना, (कीड़े) पड़ जाना, (कीड़ों से) ग्रस्त होना। 2. to spread in, फैल जाना, भरमार हो जाना।

infestation (इन्-फ़ॅस्-टे´-शॅन्) *n.* the act of infesting or the state of being infested, कीड़ों का आक्रमण, कीड़ों का पड़ जाना, कीड़ों की भरमार हो जाना।

infested (इन्-फ़ॅस्´-टिड्) *adj.* 1. attacked or troubled by germs, कीटाणुग्रस्त। 2. full of, भरा हुआ।

infidel (इन्´-फ़ि-डॅल्) *n.* 1. one who does not believe in religion, नास्तिक, विधर्मी, काफ़िर। 2. unfaithful person, अनिष्ठावान व्यक्ति, बेवफ़ा।

infidelity (इन्-फ़ि-डॅल्´-इ-टी) *n.* 1. lack of religious faith, नास्तिकता। 2. lack of loyalty, अनिष्ठा, निष्ठाहीनता विश्वासघात, बेवफ़ाई; conjugal infidelity, व्यभिचार।

infield (इन्´-फ़ील्ड्) *n.* the land of the farm nearest the farm house, घर के पास का खेत।

infighting (इन्´-फ़ाइ-टिंग्) *n.* fighting between the close members of a party, group or organization, अंतर्कलह, आपसी लड़ाई, अंदरूनी झगड़ा।

infiltrate (इन्´-फ़िल्-ट्रेट्) *v.* (infiltrated, infiltrating) to enter quietly and unlawfully for disruptive purposes, घुसपैठ करना।

infiltration (इन्-फ़िल्-ट्रे´-शॅन्) *n.* the act of infiltrating or the state of being infiltrated, घुसपैठ।

infiltrator (इन्´-फ़िल्-ट्रे´-टः) *n.* one who infiltrates, घुसपैठ करनेवाला, घुसपैठिया।

infinite (इन्´-फ़ि-नॅट्) *adj.* 1. having no limits, असीम, अंतहीन, अपरिमित। 2. very great or immense, विशाल, बहुत बड़ा। ☐ **the Infinite Being,** the God, ईश्वर।

infinitely (इन्´-फ़ि-नॅट्-ली) *adv.* to an infinite degree, अपरिमित रूप से।

infinitesimal (इन्-फ़िन्-इ-टॅस्´-इ-मॅल्) *adj.* very small, अत्यंत लघु, अत्यल्प।

infinitive (इन्-फ़िन्´-अॅ-टिव्) *n.* a form of a verb that does not indicate a particular tense or number or person, कर्ता का निर्देश न करनेवाला क्रिया का रूप।

infinitude (इन्-फ़िन्´-इ-ट्यूड्) *n.* the state or quality of being infinite, असीमता, अपरिमितता।

infinity (इन्-फ़िन्´-अॅ-टी) *n.* 1. the state or quality of being infinite, असीमता, अनंतता, अपरिमितता। 2. very large amount of space or time, अनंत अवकाश या काल।

infirm (इन्-फ़:म्´) *adj.* 1. not firm, अदृढ़, बेदम। 2. weak, कमज़ोर, अशक्त।

infirmary (इन्-फ़:´-मॅ-री) *n.* 1. a hospital, अस्पताल। 2. a room for sick people, रोगी-कक्ष।

infirmity (इन्-फ़:´-मि-टी) *n.* 1. the quality of

being infirm, अदृढ़ता, अशक्तता, कमज़ोरी। 2. a lack of particular human ability, कमी, कमज़ोरी, दोष।

infix (इन्-फ़िक्स्´) *v.* (infixed, infixing) to set firmly in, जड़ना, बैठाना, लगाना; His father infixed this idea in his mind. उसके पिता ने उसके मन में यह विचार बैठा दिया।

inflame (इन्-फ़्लेम्´) *v.* (inflamed, inflaming) 1. to set on fire, जलाना। 2. to make angry, गुस्सा दिलाना, क्रुद्ध करना। 3. to become swollen, सूज जाना।

inflamed (इन्-फ़्लेम्ड्´) *adj.* swollen, सूजा हुआ।

inflammable (इन्-फ़्लैम्´-अॅ-बॅल्) *adj.* 1. flammable, ज्वलनशील। 2. easily excited, आसानी से भड़कनेवाला गुस्सैल, क्रोधी।

inflammation (इन्-फ़्लॅ-मे´-शॅन्) *n.* the state of being swollen, सूजन, शोथ।

inflammatory (इन्-फ़्लैम्´-अॅ-टॅ-री) *adj.* likely to arouse strong feelings of hatred or violence, भड़कानेवाला, उत्तेजनात्मक।

inflate (इन्-फ़्लेट्´) *v.* (inflated, inflating) 1. to fill with air, हवा भरना, फुलाना। 2. to swell up, फूलना, फूल जाना, फूल उठना।

inflated (इन्-फ़्लेट्´-इड्) *adj.* 1. filled with air, हवा से भरा हुआ, फूला हुआ। 2. risen to high level, बढ़ा हुआ। 3. bombastic, अतिशयोक्तिपूर्ण।

inflation (इन्-फ़्ले´-शॅन्) *n.* general increase of price and fall in the purchasing value of money, मुद्रास्फीति।

inflationary (इन्-फ़्ले´-शॅ-नॅ-री) *adj.* causing inflation, मुद्रास्फीति बढ़ानेवाला, मुद्रास्फीतिकारी।

inflative (इन्-फ़्ले´-टिव्) *adj.* = inflationary.

inflatus (इन्-फ़्ले´-टॅस्) *n.* inner encouragement, अंतःप्रेरणा।

inflect (इन्-फ्लेॅक्ट्´) *v.* (inflected, inflecting) 1. to change the ending or form of a word, रूपांतरण करना, विकार लाना, विकारी बनाना। 2. to change the pitch or the tone of voice, सुर बदलना।

inflection (इन्-फ़्लेॅक्´-शॅन्) *n.* 1. an alteration in the ending or the form of a word to show its grammatical function, विकार, रूपांतरण। 2. the change in the pitch or the tone of voice, सुर-परिवर्तन।

inflectional (इन्-फ्लेॅक्´-शॅन्-अॅल्) *adj.* subject to inflection, विकारी।

inflexibility (इन्-फ्लेॅक्´-सि-बिल्-इ-टी) *n.* the state or quality of being inflexible, अपरिवर्तनीयता, अनम्यता; कठोरता।

inflexible (इन्-फ्लेॅक्´-सि-बॅल्) *adj.* 1. not flexible, अनम्य। 2. unalterable, अपरिवर्तनीय, कठोर।

inflict (इन्-फ़्लिक्ट्´) *v.* (inflicted, inflicting) 1. to cause or carry out by aggressive action, (पीड़ा या चोट) पहुँचाना, (प्रहार) करना। 2. to impose, लगाना, मढ़ना, थोपना।

infliction (इन्-फ्लिक्´-शॅन्) *n.* 1. the act of inflicting, प्रहार करना। 2. a blow, वार, प्रहार, आघात, चोट। 3. the act of imposing, लगाना, थोपना।

inflorescence (इन्-फ़्लॅ-रेॅस्´-अॅन्स्) *n.* 1. act of flowering, पुष्पण। 2. the arrangement of flower on a stem, टहनी पर फूलों की सजावट, पुष्पावली, पुष्प-समूह।

inflow (इन्´-फ़्लो) *n.* the act of flowing in, अंदर की ओर होनेवाला प्रवाह, अंतर्प्रवाह।

influence (इन्´-फ़्लु-अॅन्स्) *n.* 1. the power to produce an effect on others, प्रभाव, असर। 2. one exercising such power, प्रभावशाली व्यक्ति। *v.* (influenced, influencing) to have an effect or influence on, प्रभाव डालना, असर डालना, प्रभावित करना।

influential (इन्-फ़्लु-अेॅन्´-शॅल्) *adj.* having great influence, प्रभावशाली, प्रभावपूर्ण, असरदार, रसूख़वाला।

influenza (इन्-फ़्लु-ऍन्´-ज़ॅ) *n.* an acute infectious disease causing fever and muscular pain, इन्फ़्लुएन्ज़ा, फ़्लू।

influx (इन्´-फ़्लक्स्) *n.* a continual coming in of persons or things, अंत:प्रवाह, बाढ़।

infold (इन्-फ़ोल्ड्´) *v.* (infolded, infolding) to fold inward, अंदर की ओर मोड़ना, तह लगाना।

inform (इन्-फ़ॉ:म्´) *v.* (informed, informing) 1. to give information or knowledge of something, सूचित करना, सूचना देना। 2. to tell, बतलाना। 3. to give particular form or character (to, को) विशिष्ट स्वरूप प्रदान करना, रूपायित करना।

informal (इन्-फ़ॉ:´-मॅल्) *adj.* 1. not formal, अनौपचारिक। 2. unceremonious, ग़ैररस्मी। 3. for ordinary use, सामान्य, साधारण।

informality (इन्-फ़ॉ:-मॅल्´-ॲ-टी) *n.* absence of formality, अनौपचारिकता।

informally (इन-फ़ॉ:´-मॅ-ली) *adv.* in an informal manner, अनौपचारिक रूप से।

informant (इन्-फ़ॉ:´-मॅन्ट्) *n.* 1. a person who gives information, सूचक। 2. an informer, मुख़बिर।

information (इन्-फ़ॅ:-मे´-शॅन्) *n.* 1. something told, सूचना, इत्तला। 2. the knowledge acquired in any manner, जानकारी।

information bureau *n.* an office collecting and providing information, सूचना केंद्र, जानकारी ब्यरो, सूचनालय।

informative (इन्-फ़ॉ:´-मॅ-टिव्) *adj.* 1. giving or providing information, सूचना देनेवाला। 2. educative, शिक्षाप्रद, ज्ञानप्रद।

informed (इन्-फ़ॉ:म्ड्´) *adj.* having much information or knowledge, जानकार।

informer (इन्-फ़ॉ:´-मॅ:) *n.* one who informs to the police against others, मुख़बिर।

infra (इन्´-फ़्रॅ) *prefix.* 1. below, नीचे। 2. inferior to, घटकर; infra dig, प्रतिष्ठा गिरानेवाला।

infraction (इन्-फ़्रॅक्´-शॅन्) *n.* a breaking of a law, नियम का उल्लंघन, नियम-भंग।

infrared (इन्-फ़्रॅ-रॅड्´) *adj.* of those invisible rays just beyond the red of the visible spectrum, परालाल, अवरक्त।

infrastructure (इन्´-फ़्रॅ-स्ट्रक्-चॅ:) *n.* subordinate parts that form the basis of an enterprise, आधार-तंत्र, आधारभूत ढाँचा।

infrequent (इन्-फ़्री´-क्वॅन्ट्) *adj.* not frequent, occasional, अप्रायिक, कभी-कभी होनेवाला।

infrequently (इन्-फ़्री-क्वॅन्ट्-ली) *adv.* in an infrequent manner, कभी-कभी।

infringe (इन्-फ़्रिन्ज्´) *v.* (infringed, infringing) 1. to violate, उल्लंघन या अतिलंघन करना। 2. to trespass, अतिक्रमण करना।

infringement (इन्-फ़्रिन्ज्´-मॅन्ट्) *n.* the act of infringing or the state of being infringed, उल्लंघन, अतिलंघन, अतिक्रमण।

infructuous (इन्-फ़्रक्´-ट्यु-ॲस्) *adj.* not producing any result, निष्फल, बेकार।

infuriate (इन्-फ़्यूर्´-इ-एट्) *v.* (infuriated, infuriating) to make furious, गुस्सा दिलाना, भड़काना।

infuse (इन्-फ़्यूज़्´) *v.* (infused, infusing) 1. to pour in, उँड़ेलना। 2. to instill, भरना। 3. to inspire, प्रेरित करना, अनुप्राणित करना। 4. to prepare a drink or medicine by soaking leaves or herbs in a liquid, पत्ते या जड़ी-बूटियाँ किसी द्रव पदार्थ में भिगोकर दवा या पेय तैयार करना।

infusion (इन्-फ़्यू´-ज़्हॅन्) *n.* 1. the act of infusing or the state of being infused, उँड़ेलने या भरने की क्रिया या भाव। 2. inspiration, अनुप्राणन। 3. steeling of a substance in water etc. to extract its value, किसी जड़ी-बूटी को उसका रस निकालने के लिए पानी आदि में भिगोने की क्रिया। 4. A liquid made in this way, इस प्रकार निकला हुआ रस, काढ़ा, क्वाथ।

ingathering (इन्´-गैद्-ॲ-रिंग्) *n.* 1. the act

of gathering, संचय, संचयन। 2. an assembly, जमावड़ा, जमघट।

ingenious (इन्-जीन्´-ॲस्) *adj.* 1. having genius, clever, प्रतिभाशाली, मेधावी। 2. cleverly contrived, प्रतिभाजन्य, कौशलपूर्ण।

ingenue (ऐन्´-जॅ-नू) *n.* an innocent girl, सीधी-सादी लड़की।

ingenuity (इन्-जॅ-नू´-इ-टी) *n.* the quality of being ingenious, प्रतिभा, कौशल।

ingenuous (इन्-जेंन्´-यु-ॲस्) *adj.* 1. noble, कुलीन। 2. straigthforward, सरल, सच्चा, निष्कपट।

ingenuously (इन्-जेंन्´-यु-ॲस्-ली) *adv.* in an ingenuous manner, निष्कपट भाव से।

ingenuousness (इन्-जेंन्´-यु-ॲस्-निस्) *n.* the quality of being ingenuous, कुलीनता; निष्कपटता।

ingest (इन्-जेंस्ट्´) *v.* (ingested, ingesting) to take in by swallowing, खाना, निगलना।

inglenook (इन्´-ग्लॅ-नुक्) *n.* a corner by a fire place, आग के पास बैठने की जगह।

inglorious (इन्-ग्लोर्´-इ-ॲस्) *adj.* 1. not glorious, जो गौरवपूर्ण न हो, अयशस्कर। 2. shamefull, लज्जास्पद, लज्जाजनक।

ingoing (इन्´-गो-इंग्) *adj.* coming, आनेवाला। *n.* the act of coming in, अंदर आना, अंतर्प्रवेश।

ingot (इंग्´-गॅट्) *n.* a brick-shaped mass of metal, धातु आदि की सिल्ली, ईंट।

ingrained (इन्-ग्रेन्ड्´) *adj.* 1. dyed before manufacture, (रेशे के रूप में) रँगा हुआ। 2. deeply rooted or fixed, गहरा जमा हुआ, बसा हुआ। 3. habitual, स्वाभाविक।

ingrate (इन्´-ग्रेट्) *n.* an ungrateful person, अकृतज्ञ व्यक्ति, अहसानफ़रामोश।

ingratiate (इन्-ग्रे´-शि-एट्) *v.* (ingratiated, ingratiating) to bring oneself into the favour of another, किसी का कृपाभाजन बन या हो जाना।

ingratiating (इन्-ग्रे´-शि-ए-टिंग्) *adj.* trying to gain favour, कृपाकांक्षी।

ingratitude (इन्-ग्रैट्´-इ-ट्यूड्) *n.* ungratefulness, अकृतज्ञता।

ingredient (इन्-ग्री´-डि-ॲन्ट्) *n.* something that is a component part of any combination or mixture, अवयव, अंश, संघटक।

ingress (इन्´-ग्रेस्) *n.* 1. going in, अंतर्प्रवेश। 2. an entrance, द्वार।

ingressive (इन्-ग्रेस्´-इव्) *adj.* relating to ingress, अंतर्प्रवेशी।

ingrown (इन्´-ग्रोन्) *adj.* grown inward, अंदर की ओर बढ़ा हुआ, अंतर्वर्धित।

ingulf (इन्-गल्फ़्´) *v.* = engulf.

inhabit (इन्-हैब्´-इट्) *v.* (inhabited, inhabiting) to live in, निवास करना, रहना, बसना।

inhabitable (इन्-हैब्´-इ-टॅ-बॅल्) *adj.* habitable, रहने-योग्य, रहने-लायक।

inhabitant (इन्-हैब्´-इ-टॅन्ट्) *n.* a permanent resident, बाशिंदा, निवासी।

inhale (इन्-हेल्´) *v.* (inhaled, inhaling) 1. to breathe in, साँस लेना। 2. to draw in by breathing, (तंबाकू) पीना।

inhaler (इन्-हे´-लॅः) *n.* a device that produces vapours to be inhaled, इनहेलर।

inharmonious (इन्-हाः-मो´-नि-ॲस्) *adj.* not harmonious, बेमेल या बेसुरा।

inhere (इन्-हिॲः´) *v.* (inhered, inhering) to be inherent, अंतर्निहित होना।

inherent (इन्-हेंर्´-ॲन्ट्) *adj.* 1. existing in someone or something as a natural quality, अंतर्निहित। 2. innate, जन्मजात, पैदाइशी, सहज।

inherently (इन्-हेंर्´-ॲन्ट्-ली) *adv.* in an inherent manner, सहज रूप से, जन्म से।

inherit (इन्-हेंर्´-इट्) *v.* (inherited, inheriting) 1. to receive from one's parents, माता-पिता से प्राप्त करना। 2. to get (property) as a heir, उत्तराधिकारी के रूप में प्राप्त करना।

inheritance (इन्-हेंर्´-इ-टॅन्स्) *n.* the act of

inheriting or something inherited, उत्तराधिकार, विरासत।

inherited (इन्-हेंर्´-इ-टिड्) *adj.* received from ancestors, पूर्वजों से अर्थात् विरासत में मिला हुआ, वंशगत।

inheritor (इन्-हेंर्´-इ-टः) *n.* one who inherits property, उत्तराधिकारी, वारिस।

inhibit (इन्-हिब्´-इट्) *v.* (inhibited, inhibiting) 1. to check or prohibit, रोकना, मना करना। 2. to repress (one's impulses अपने आवेगों को) दबाना।

inhibited (इन्-हिब्´-इ-टिड्) *adj.* 1. prevented, रोका हुआ, मना किया हुआ, वर्जित। 2. restrained, संयमित। 3. shy, शर्मीला।

inhibition (इन्-हि-बिश्´-अॅन्) *n.* 1. the act of inhibiting or the state of being inhibited, prevention, रोक, वर्जन, मनाही। 2. restraint, संयम। 3. repression of feelings, इच्छाओं का दमन।

inhospitable (इन्-हॉस्´-पि-टॅ-बॅल्) *adj.* 1. not hospitable, असत्कारी, आवभगत न करनेवाला। 2. not affording shelter or sustenance, जहाँ शरण न मिल सके, अशरणदायी।

inhouse (इन्-हॉउस्´) *adj.* being or coming from within the organization, आंतरिक।

inhuman (इन्-ह्यू´-मॅन्) *adj.* 1. lacking human qualities, अमानवीय, अमानुषिक। 2. cruel, क्रूर या क्रूरतापूर्ण। 3. monstrous, राक्षसी, पाशविक।

inhumane (इन्-ह्यू´-मेन्) *adj.* not humane, cruel, brutal, नृशंस, निर्दय, निर्मम।

inhumanity (इन्-ह्यू-मॅन्´-इ-टी) *n.* 1. cruelty, brutality, नृशंसता, निर्दयता, निर्ममता। 2. an inhumane act, नृशंसतापूर्ण कार्य या व्यवहार।

inhumation (इन्-ह्यू-मे´-शॅन्) *n.* the act of burying, दफ़न।

inhume (इन्-ह्यूम्´) *v.* (inhumed, inhuming) to bury, दफ़नाना, गाड़ना।

inimical (इ-निम्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. harmful or unfriendly, अहितकर या अमैत्रीपूर्ण। 2. hostile, शत्रुतापूर्ण, विद्वेषपूर्ण, विद्वेषी।

inimitable (इ-निम्´-इ-टॅ-बॅल्) *adj.* that cannot be imitated, जिसका अनुकरण न हो सके, अननुकरणीय। 2. unique, अनुपम, अद्वितीय।

iniquitous (इ-निक्´-वि-टॅस्) *adj.* 1. unjust, अन्यायी या अन्यायपूर्ण। 2. wicked, दुष्ट या दुष्टतापूर्ण।

iniquity (इ-निक्´-वि-टी) *n.* 1. injustice, अन्याय, अत्याचार। 2. wickedness, दुष्टता, बदमाशी।

initial (इ-निश्´-अॅल्) *adj.* 1. pertaining to or occurring in the beginning, आरंभिक, प्राथमिक। 2. first, प्रथम। *n.* the first letter of a name or word, आद्याक्षर। *v.* (initialed, initialing) to sign with initials, हस्ताक्षर के रूप में अपने नाम का / के आद्याक्षर लिखना, आद्याक्षरित करना।

initially (इ-निश्´-अॅ-ली) *adv.* at first, शुरू में, शुरू-शुरू में।

initials (इ-निश्´-अॅल्स्) *n.* (plu.) the initial letters of an individul's name and surname, आद्याक्षर।

initiate (इ-निश्´-इ-एट्) *v.* (initiated, initiating) 1. to start or originate, आरंभ करना, सूत्रपात करना, पहल करना। 2. to admit into an association, प्रविष्ट करना। 3. to give instructions or informations to a new person, निदेश देना, दीक्षा देना, परिचय कराना।

initiation (इ-निश्-इ-ए´-शॅन्) *n.* 1. the act of initiating, सूत्रपात, श्रीगणेश। 2. the ceremony of initiating, दीक्षा।

initiative (इ-निश्´-अॅ-टिव्) *n.* 1. the first step or action, पहल; on his own initiative, अपनी पहल पर। 2. the ability to take lead, अगुआई। □ **take the initiative,** to be the first to take action, पहल करना, प्रवर्तन करना।

inject (इन्-जेंक्ट्´) *v.* (injected, injecting)

1. to force into the body by a syringe, सुई लगाना, इंजेक्शन लगाना। 2. to introduce a new life or element into, जान फूँकना, नवीनता लाना। 3. to place into an orbit or trajectory, कक्षा में प्रस्थापित करना।

injection (इन्-जॅक्´-शॅन्) ***n.*** 1. the act of injecting, सुई लगाना। 2. the liquid or medicine that is injected, सुई, इंजेक्शन।

injudicious (इन्-जु-डिश्´-ॲस्) ***adj.*** indiscreet, unwise, अविवेकी या अविवेकपूर्ण।

injudiciously (इन्-जु-डिश्´-ॲस्-ली) ***adv.*** in an injudicious manner, अविवेकपूर्वक।

injunction (इन्-जंक्´-शॅन्) ***n.*** 1. a court order or judgement requiring a person to refrain from doing a certain action, निषेधाज्ञा, व्यादेश, इंजंक्शन।2. an order, आदेश।

injure (इन्´-जॅ:) ***v.*** (injured, injuring) 1. to cause harm or damage, घायल या आहत करना, आघात या चोट करना, हानि या क्षति पहुँचाना। 2. to commit an injustice, अन्याय करना या दोष लगाना।

injured (इन्´-जॅ:ड्) ***adj.*** 1. hurt, घायल, ज़ख्मी, चोटीला। 2. damaged, क्षतिग्रस्त।

injurious (इन-जूर्´-इ-ॲस्) ***adj.*** 1. causing injury, चोट या आघात करनेवाला। 2. causing damage, हानिप्रद, क्षतिकारक।

injury (इन्´-जॅ-री) ***n.*** (plu. injuries) 1. a wound or harm done, घाव, चोट। 2. damage done, क्षति, हानि। 3. injustice, अन्याय।

injustice (इन-जस्´-टिस्) ***n.*** 1. lack of justice or an unjust action, अन्याय। 2. a wrong, अपकार, बुराई या दोष।

ink (इंक्) ***n.*** a coloured liquid used in writing, स्याही, मसी।

inkling (इंक्´-क्लिंग्) ***n.*** 1. a hint, संकेत, इशारा, इंगित। 2. a vague idea, आभास, धारणा।

inkpot (इंक्´-पॉट्) ***n.*** a small container for ink, दवात।

inky (इंक्´-की) ***adj.*** 1. like ink, स्याही-जैसा, स्याह, काला। 2. covered or stained with ink, स्याही-पुता, स्याही के धब्बोंवाला।

inlaid (इन्´-लेड्) ***v.*** p.t. & p.p. of inlay.

inland (इन्´-लैन्ड् / इन्´-लॅन्ड्) ***adj.*** of or located in the interior part of a country, अंतर्देशीय। ***adv.*** toward the interior of a country, देश के अंदरूनी भाग में, अंतर्देश में। ***n.*** the interior of a country, देश का अंदरूनी भाग, अंतर्देश।

in-law (इन्´-ला:) ***n.*** (plu. inlaws) a relative by marriage, पति या पत्नी का संबंधी; father-in-law, ससुर, mother-in-law, सास, brother-in-law, साला या बहनोई, sister-in-law, भाभी, ननद या साली।

inlay (इन्´-ले) ***v.*** (inlaid, inlaying) to insert layers of fine materials in the surface of an object to form a design, जड़ना, जड़ाई करना।

inlet (इन्´-लॅट्) ***n.*** 1. a strip of water extending into the land from the sea, पतली खाड़ी। 2. an inlaid object, जड़ी हुई वस्तु। 3. a way in, अंदर जाने का मार्ग, अंतर्मार्ग।

inmate (इन्´-मेट्) ***n.*** 1. a resident in a building, घर में रहनेवाला, गृहवासी, भवनवासी। 2. one who is confined in a hospital, prison etc., अस्पताल या कारा में रहनेवाला, अंतेवासी।

in memoriam (इन्-मॅ-मोर्´-इ-ॲम्) ***prep.*** in memory of, की स्मृति में।

inmost (इन्´-मोस्ट्) ***adj.*** 1. most inward, सबसे भीतरवाला। 2. close, घनिष्ठ, अंतरंग।

inn (इन्) ***n.*** 1. a tavern, सराय। 2. a hotel, होटल।

innards (इन्´-आ:ड्स्) ***n.*** (plu.) the inner parts, भीतरी अवयव।

innate (इ-नेट्´) ***adj.*** 1. inborn, जन्मजात। 2. natural, प्रकृत, सहज।

inner (इन्´-ॲ:) ***adj.*** 1. interior, भीतरी, अंतर्वर्ती, अंतरंग, आभ्यांतर, अंदरूनी; inner voice,

अंतर्वाणी। 2. of the spirit or mind, आत्मिक या मानसिक।3. influential, प्रभावी, महत्त्वपूर्ण।

innermost (इन्´-अ:-मोस्ट्) ***adj.*** most intimate, अत्यंत घनिष्ठ।

innervate (इन्´-अ:-वेट्) ***v.*** (innervated, innervating) to inspire, अनुप्रेरित करना, स्फूर्त बनाना।

inning (इन्´-इंग्) ***n.*** 1. a turn for batting in the game of cricket, पारी, पाली। 2. an opportunity for showing one's performance, पारी।

innkeeper (इन्´-की-पः) ***n.*** a person who keeps an inn, सराय का मालिक।

innocence (इन्´-अ-सॅन्स्) ***n.*** the quality or state of being innocent, निरीहता, निर्दोषता, निष्पापता, भोलापन।

innocent (इन्´-अ-सॅन्ट्) ***adj.*** 1. sinless, guiltless, बेगुनाह, निष्पाप, निरपराध। 2. have not done any wrong, निर्दोष, बेकसूर। 3. simple or harmless, निरीह या अहानिकर, भोला-भाला।

innocuous (इ-नॉक्´-यु-अस्) ***adj.*** 1. harmless, हानि न करनेवाला, अहानिकर। 2. insignificant, तुच्छ, नगण्य।

innominate (इ-नॉम्´-इ-निट्) ***adj.*** without a name, अनाम, अनामी, बिना नाम का।

innovate (इन्´-अ-वेट्) ***v.*** (innovated, innovating) 1. to introduce a new process, नया ढंग निकालना, नई राह निकालना। 2. to give a new shape, नवीनता लाना, नया रूप देना।

innovation (इन्-अ-वे´-शॅन्) ***n.*** 1. the act of innovating, नवीनीकरण, नवकरण, नवप्रवर्तन। 2. new form or shape, नया रूप, नवरूप।

innovator (इन्´-अ-वे-टः) ***n.*** one who innovates, नवरूप देनेवाला, नवरूपकार, नवकर्ता, नवप्रवर्तक।

innuendo (इन्-यु-ऍन्´-डो) ***n.*** an indirect or sarcastic remark, वक्रोक्ति या व्यंग्योक्ति, कटाक्ष।

innumerable (इ-नू´-मॅ-रॅ-बॅल्) ***adj.*** too many to be counted, अनगिनत, असंख्य, बेशुमार।

inoculate (इ-नॉक्´-यु-लेट्) ***v.*** (inoculated, inoculating) to introduce the virus of a disease into the body in order to immunize, सुई लगाना, टीका लगाना।

inoculation (इ-नॉक्-यु-ले´-शॅन्) ***n.*** the act of inoculating, सुई, टीका।

inoffensive (इन्-अ-फ़ॅन्´-सिव्) ***adj.*** not offensive, आघात या हानि न पहुँचानेवाला, अनाक्रामक।

inoperable (इन्-ऑप्´-अ-रॅ-बॅल्) ***adj.*** that cannot be operated, जिसकी शल्य-चिकित्सा न हो सके, जो आपरेशन के योग्य न हो।

inoperative (इन्-ऑप्´-अ-रे-टिव्) ***adv.*** not working, not functioning, अक्रिय, निष्क्रिय, बंद।

inopportune (इन्-ऑप्´-अ:-ट्यून्) ***adj.*** not opportune, असामयिक, बेमौके का।

inordinate (इन्-ऑ:´-डि-निट्) ***adj.*** exceeding reasonable limits, अत्यधिक, अमर्यादित या अनुचित।

inorganic (इन्-ऑ:-गैन्´-इक्) ***adj.*** 1. not organic, अजैव, जड़। 2. mineral, खनिज।

inpatient (इन्´-पे-शॅन्ट्) ***n.*** a patient staying in a hospital while undergoing treatment, अंतरंग रोगी।

in petto (इन्-पॅट्´-ओ) ***adv.*** secretly, चुपके-चुपके, चोरी-छिपे। (इटैलियन)

input (इन्´-पुट्) ***v.*** (input/inputted, inputting) to put in or into, अंदर रखना या डालना। ***n.*** 1. what is put in, अंदर रखी या डाली हुई वस्तु। 2. information put into a computer, कम्प्युटर में भरी हुई सामग्री, निविष्टि, आगत।

inquest (इन्´-क्वॅस्ट्) ***n.*** 1. an investigation, जाँच। 2. a judicial inquiry for somebody's death, किसी की मृत्यु के कारणों की न्यायिक जाँच, मृत्यु-समीक्षा।

inquietude (इन्-क्वाइ´-अ-ट्यूड्) ***n.*** uneasi-

ness, बेचैनी, घबराहट।

inquire (इन्-क्वाइः´) *v.* (inquired, inquiring) 1. to ask about, पूछ-ताछ करना। 2. to investigate, जाँच करना, पता लगाना।

inquirer (इन्-क़्वाइर्´-अः) *n.* one who makes an inquiry, पूछ-ताछ या जाँच करनेवाला, पता लगानेवाला।

inquiry (इन्-क्वाइर्´-ई) *n.* an act of inquiring, पूछ-ताछ, जाँच, जाँच-पड़ताल; inquiry office, पूछ-ताछ कार्यालय।

inquisition (इन्-क्वि-ज़िश्´-अॅन्) *n.* an official investigation, आधिकारिक जाँच।

inquisitive (इन्-क्विज़्´-इ-टिव्) *adj.* 1. eager to learn, जिज्ञासु।2. unduly curious, कुतूहली, अधीर, व्यग्र।

inquisitively (इन्-क्विज़्´-इ-टिव्-ली) *adv.* in an inquisitive manner, जिज्ञासावश, जिज्ञासु भाव से, कुतूहलवश।

inquisitiveness (इन्-क्विज़्´-इ-टिव्-निस्) *n.* eagerness to obtain knowledge, जिज्ञासा।

in re (इन्-री´) *adv.* in the matter of, इस विषय से संबद्ध। (लैटिन)

inroad (इन्´-रोड्) *n.* a sudden attack, धावा, चढ़ाई। ☐ **make inroads into,** to encroach, अतिक्रमण करना।

inrush (इन्´-रश्) *n.* 1. the rushing in of something, तेज़ी से अंदर आना। 2. sudden arrival of something in large numbers, ढेरों की तादाद में आमद, बाढ़।

insalubrious (इन्-सॅ-लू´-ब्रि-अॅस्) *adj.* unhealthy, अस्वास्थ्यकर।

insane (इन्-सेन्´) *adj.* 1. not sane, अविवेकी या अविवेकपूर्ण। 2. mad, पागल या पागलपन-भरा। 3. very foolish, मूर्खतापूर्ण।

insanitary (इन्-सैन्´-इ-टॅ-री) *adj.* 1. unhealthy, अस्वास्थ्यकर। 2. filthy, अस्वच्छ, गंदा, मलिन।

insanitation (इन्-सै-नि-टे´-शॅन्) *n.* the state of being insanitary, गंदगी, अस्वच्छता।

insanity (इन्-सै´-नि-टी) *n.* the quality or state of being insane, पागलपन, मूर्खता।

insatiable (इन्-से´-शॅ-बॅल्) *adj.* that cannot be satiated, जिसे तृप्त न किया जा सके, अतृप्य।

insatiate (इन्-से´-शि-इट्) *adj.* not satiated or satisfied, अतृप्त।

inscribe (इन्-स्क्राइब्´) *v.* (inscribed, inscribing) 1. to engrave, उत्कीर्ण करना। 2. to write or print, लिखना या छापना। 3. to dedicate, समर्पित करना। 4. to make an impact, छाप छोड़ना।

inscription (इन्-स्क्रिप्´-शॅन्) *n.* 1. words or names engraved on a monument, coin etc., उत्कीर्ण लेख, अंकन, खुदे या लिखे अक्षर। 2. the act of inscribing, उत्कीर्णन, लेखन।

inscrutable (इन्-स्क्रू´-टॅ-बॅल्) *adj.* difficult to understand, गूढ़, गहन, कठिन, अबोधगम्य।

insect (इन्´-सेक्ट्) *n.* a tiny creature with wings and six legs, कीट, कीड़ा।

insectarium (इन्´-सॅक्´-टे-रि-अॅम्) *n.* a place where insects are kept for investigation, कीटगृह, कीटालय।

insecticide (इन्-सॅक्´-टि-साइड्) *n.* a substance for killing insects, कीटनाशक पदार्थ।

insectivorous (इन्-सॅक्-टिव्´-अॅ-रॅस्) *adj.* feeding on insects, कीटभक्षी।

insecure (इन्-सि-क्योः´) *adj.* 1. not secure, unsafe, अरक्षित, असुरक्षित।2. shaky, अस्थिर; दुर्बल। 3. uncertain, अनिश्चित।

inseminate (इन्-सॅम्´-इ-नेट्) *v.* (inseminated, inseminating) to introduce semen into, शुक्रस्थापन करना, बीजारोपण करना, गर्भाधान करना।

insemination (इन्-सॅम्-इ-ने´-शॅन्) *n.* the act of inseminating, शुक्रस्थापन, गर्भाधान।

insensate (इन्-सॅन्´-सेट्) *adj.* 1. lacking sensation or sensibility, संज्ञाहीन, असंवेदनशील, संवेदनशून्य। 2. unfeeling, भावशून्य, अनुभूतिहीन, हृदयहीन, निष्ठुर। 3. lacking

sense, मूर्ख या मूर्खतापूर्ण।

insensibility (इन्-सेन्-सि-बिल्´-इ-टी) ***n.*** the state or quality of being insensible, संवेदनशून्यता; बेहोशी; उदासीनता।

insensible (इन्-सेन्´-सि-बॅल्) ***adj.*** 1. lacking sensation, संवेदनशून्य। 2. having lost sensation, unconscious, मूर्छित, बेहोश। 3. unaware, बेख़बर। 4. indifferent, उदासीन। 5. imperceptible, अलक्ष्य, अतिसूक्ष्म।

insensitive (इन्-सेन्´-सॅ-टिव्) ***adj.*** 1. not sensitive, संवेदनशून्य, असंवेदनशील। 2. numb, जड़, अचेतन। 3. stupid, मूर्ख।

insensitivity (इन्-सेन्-सॅ-टिव्´-इ-टी) ***n.*** the state of being insensitive, असंवेदनशीलता, संवेदनशून्यता।

insentient (इन्-सेन्´-शि-ॲन्ट्) ***adj.*** not sentient, बेजान, निर्जीव।

inseparable (इन्-सेप्´-ॲ-रॅ-बॅल्) ***adj.*** that cannot be separated, जिसे अलग न किया जा सके, अविच्छेद्य, अपृथक्करणीय।

insert[1] (इन्-सःट्´) ***v.*** (inserted, inserting) to put or place in, अंदर या बीच में रखना, डालना, जोड़ना या बैठाना, निवेश करना, अंतःस्थापित करना।

insert[2] (इन्´-सःट्) ***n.*** something inserted, अंदर या बीच में रखी या डाली हुई वस्तु, शब्द, वाक्य आदि।

insertion (इन्-सः´-शॅन्) ***n.*** the act of inserting or something inserted, जोड़ने या बैठाने की क्रिया अथवा जोड़ी या बैठाई जानेवाली वस्तु, निवेशन, अंतःस्थापन।

inservice (इन्-सः´-विस्) ***adj.*** during service, सेवाकाल में होनेवाला, सेवाकालीन।

inset[1] (इन्-सेट्´) ***v.*** (inset, insetting) to set or place in, जड़ना, लगाना।

inset[2] (इन्´-सेट्) ***n.*** something inserted, जड़ी, जमाई या लगाई हुई वस्तु।

inshore (इन्-शोः´) ***adj.*** near the shore, तटवर्ती। ***adv.*** toward a shore, तट की ओर।

inside (इन्´-साइड्) ***n.*** 1. the inner side or part, भीतरी भाग। 2. (plu.) the stomach and intestines, पेट और अँतड़ियाँ। ***adv.*** in the interior, भीतर, अंदर, अंदर की तरफ़। ***prep.*** within, के अंदर। ***adj.*** lying on or in the inside, भीतरी, अंदरूनी; inside story, भीतर का हाल, अंदरूनी कहानी।

insider (इन्-साइ´-डः) ***n.*** an influential member of the group, अंतरंग व्यक्ति, भीतर के हाल से परिचित व्यक्ति।

insidious (इन्-सिड्´-इ-ॲस्) ***adj.*** 1. working or spreading in a stealthy and harmful manner, प्रच्छन्न रूप से सक्रिय या घातक। 2. treacherous, कपटी या कपटपूर्ण।

insight (इन्´-साइट्) ***n.*** the capacity to perceive the true nature of something, अंतर्दृष्टि।

insignia (इन्-सिग्´-नि-ॲ) ***n.*** (plu. insignia or insignias) 1. a distinguished sign of authority or office, अधिचिह्न, पदचिह्न। 2. an identifying badge, तगमा।

insignificance (इन्-सिग्-निफ़्´-इ-कॅन्स्) ***n.*** the quality or state of being insignificant, तुच्छता, नगण्यता, महत्त्वहीनता, निरर्थकता।

insignificant (इन्-सिग्-निफ़्´-इ-कॅन्ट्) ***adj.*** having no significance, नगण्य, तुच्छ, महत्त्वहीन, निरर्थक।

insincere (इन्-सिन्-सिॲः´) ***adj.*** 1. not sincere, बेवफ़ा, निष्ठाहीन। 2. not to be trusted, अविश्वसनीय।

insincerity (इन्-सिन्-सेर्´-इ-टी) ***n.*** the quality or state of being insincere, बेवफ़ाई, दगा, कपट, विश्वासघात।

insinuate (इन्-सिन्´-यु-एट्) ***v.*** (insinuated, insinuating) 1. to push in by subtle and artful means, छल या चालाकी से अंदर घुसाना। 2. to hint indirectly esp. something malicious, परोक्ष रूप से (किसी ग़लत काम के लिए) इशारा करना, इंगित करना। 3. to infuse into the

mind, दिमाग में भर या बैठा देना।

insinuation (इन्-सिन्-यु-ए´-शॅन्) ***n.*** 1. the act of insinuating, चालाकी या छल से होनेवाला प्रवेश। 2. a skillful hint, चालाकी-भरा संकेत। 3. a skillful act or remark, कटाक्ष, लांछन।

insipid (इन्-सिप्´-इड्) ***adj.*** 1. tasteless, फीका, बेस्वाद, बेमज़ा। 2. lacking in interest, नीरस, अरुचिकर। 3. lacking in liveliness or excitement, कुतूहलरहित, उत्तेजनाविहीन, निर्जीव।

insist (इन्-सिस्ट्´) ***v.*** (insisted, insisting) to be firm in one's demand, अपनी माँग पर अडिग रहना, डटे रहना। 2. to demand persistently, बार-बार कहना या माँग करना, आग्रह करना, हठ करना।

insistence (इन्-सिस्´-टॅन्स्) ***n.*** the act of insisting, आग्रह, हठ।

insistent (इन्-सिस्´-टॅन्ट्) ***adj.*** 1. persistent in demand, हठी, जिद्दी। 2. compelling, मजबूर करनेवाला, आग्रहपूर्ण।

in situ (इन्-साइ´-टू) ***adv.*** in its original place, अपने मूल स्थान में/पर।

in so far as ***conj. & adv.*** to the extent that, जहाँ तक कि।

insole (इन्´-सोल्) ***n.*** the inner sole of a shoe, जूते का भीतरी तल्ला, भितल्ला।

insolence (इन्´-सॅ-लॅन्स्) ***n.*** impertinence, धृष्टता, गुस्ताखी।

insolent (इन्´-सॅ-लॅन्ट्) ***adj.*** impertinent, धृष्ट, गुस्ताख।

insolently (इन्´-सॅ-लॅन्ट्-ली) ***adv.*** in an insolent manner, धृष्टतापूर्वक, गुस्ताखी से।

insoluble (इन्-सॉल्´-यु-बॅल्) ***adj.*** 1. not soluble, न घुलनेवाला, अघुलनशील। 2. that cannot be solved, जिसका समाधान या निपटारा न हो सके।

insolvency (इन्-सॉल्´-वॅन्-सी) ***n.*** the state or fact of being insolvent, दिवालियापन।

insolvent (इन्-सॉल्´-वॅन्ट्) ***adj.*** bankrupt, दिवालिया। ***n.*** an insolvent person, दिवालिया व्यक्ति।

insomnia (इन्-सॉम्´-नि-ॲ) ***n.*** chronic inability to sleep, नींद न आने का रोग, अनिद्रा (रोग)।

insomniac (इन्-सॉम्´-नि-ऐक्) ***adj.*** suffering from insomnia, अनिद्रारोगी, अनिद्रापीड़ित।

in so much as ***adv.*** to such an extent, यहाँ तक कि।

insouciance (इन्-सू´-सि-ॲन्स्) ***n.*** the state or quality of being insouciant, बेफ़िक्री, निश्चिंतता।

insouciant (इन्-सू´-सि-ॲन्ट्) ***adj.*** carefree, बेफ़िक्र, निश्चिंत।

inspect (इन्-स्पॅक्ट्´) ***v.*** (inspected, inspecting) 1. to examine carefully, ग़ौर से देखना, देखना-भालना, जाँच करना। 2. to examine officially, निरीक्षण करना, मुआयना करना।

inspection (इन्-स्पॅक्´-शॅन्) ***n.*** the act of inspecting, critical examination, निरीक्षण, मुआयना।

inspector (इन्-स्पॅक्´-टॅ:) ***n.*** 1. an officer who inspects, निरीक्षक, इन्स्पैक्टर। 2. a police officer, पुलिस इन्स्पैक्टर।

inspectorate (इन्-स्पॅक्´-टॅर्-ॲट्) ***n.*** 1. the position or duties of an inspector, निरीक्षक का पद या कर्तव्य। 2. inspectors collectively, निरीक्षक-समूह। 3. inspector's office, निरीक्षक भवन।

inspiration (इन्-स्पि-रे´-शॅन्) ***n.*** 1. the act of inhaling, साँस लेना, श्वसन। 2. an urge to creative thought or action, प्रेरणा। 3. a brilliant idea, सूझ।

inspirational (इन्-स्पि-रे´-शॅ-नॅल्) ***adj.*** giving inspiration, प्रेरणादायक, प्रेरणादायी।

inspire (इन्-स्पाइर्´) ***v.*** (inspired, inspiring) 1. to inhale, साँस लेना। 2. to stimulate to creativity or action, प्रेरित करना, प्रेरणा देना। 3. to influence, प्रभावित करना। 4. to arouse, जगाना, उत्पन्न करना; He inspired hate in

me, उसने मेरे अंदर घृणा उत्पन्न की।

inspired (इन्-स्पाइःड्´) *adj.* influenced, stimulated, प्रेरित।

inspiring (इन्-स्पाइर्´-इंग्) *adj.* giving inspiration, प्रेरक, प्रेरणादायी।

inspirit (इन्-स्पिर्´-इट्) *v.* (inspirited, inspiriting) 1. to put life into, प्राण डालना, जान फूँकना। 2. to encourage, उत्साहित करना।

instability (इन्-स्टॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* unstableness, अस्थिरता, अस्थायित्व।

instable (इन्-स्टे´-बॅल्) *adj.* not stable, unstable, अस्थिर, अस्थायी, डाँवाँडोल।

install (इन्-स्टाःल्´) *v.* (installed, installing) 1. to get in official position with ceremony, पदासीन करना, पदारूढ़ करना। 2. to set in position for use, स्थापित करना, प्रतिष्ठित करना, लगाना।

installation (इन्-स्टॅ-ले´-शॅन्) *n.* 1. the act of installing or something being installed, प्रतिष्ठापन, (मशीन, यंत्र आदि का) लगाना। 2. a plant installed, लगाया हुआ संयंत्र।

instalment (इन्-स्टाःल्´-मॅन्ट्) *n.* 1. one of several successive payments of a debt, किस्त। 2. a portion of anything issued at intervals, खेप, किस्त, कड़ी।

instance (इन्´-स्टॅन्स्) *n.* 1. a case or example, उदाहरण; for instance, उदाहरण के लिए। 2. a request or suggestion, प्रार्थना या सुझाव; at the instance of his wife, अपनी पत्नी के आग्रह पर। 3. an occasion, अवसर, मौका; in the first instance, सर्वप्रथम, प्रथमतः। *v.* (instanced, instancing) to cite, उदाहरण देना, उद्धृत करना।

instant (इन्´-स्टॅन्ट्) *n.* a moment, क्षण, पल। *adj.* 1. urgent, अत्यावश्यक। 2. without delay, तात्कालिक, तत्काल, अविलम्ब, तुरंत; instant death, तत्काल मृत्यु; instant food, तत्काल खाद्य पदार्थ, झटपट तैयार किया जानेवाला भोजन। 3. of the current month, इसी महीने का।

instantaneous (इन्-स्टॅन्-टे´-नि-ॲस्) *adj.* happening at once, तात्कालिक, तात्क्षणिक।

instantaneously (इन्-स्टॅन्-टे´-नि-ॲस्-ली) *adv.* instantly, तत्क्षण, तत्काल, सहसा।

instantiate (इन्-स्टैन्´-शि-एट्) *v.* (instantiated, instantiating) to represent by an instance, उदाहरण प्रस्तुत करना, उदाहृत करना, दृष्टांत देना।

instantiation (इन्-स्टॅन्-शि-ए´-शॅन्) *n.* the act of instantiating, दृष्टांतीकरण, उदाहरण की प्रस्तुति।

instantly (इन्-स्टॅन्´-ली) *adv.* at once, झटपट, तुरंत, तत्क्षण, तत्काल।

instate (इन्-स्टेट्´) *v.* (instated, instating) to install, पदासीन करना, पदारूढ़ करना।

in statu quo (इन्-स्टे´-टु-क्वो) *adv.* in the same or former condition, इसी या पूर्व की स्थिति में, यथापूर्व।

instead (इन्-स्टॅड्´) *adv.* as an alternative, विकल्प रूप में, बदले में। □ **instead of,** in place of, के बजाए, के स्थान पर।

instep (इन्´-स्टॅप्) *n.* the middle upper part of the foot, पैर का ऊपरी मध्य भाग, पिचिंडिका।

instigate (इन्´-स्टि-गेट्) *v.* (instigated, instigating) 1. to goad or incite, उकसाना, भड़काना, दुष्प्रेरित करना। 2. to cause by inciting, उभाड़ना, शह देना। 3. to make something begin or happen, चलाना या बनाना।

instigation (इन्-स्टि-गे´-शॅन्) *n.* the act of instigating, दुष्प्रेरण, उकसावा, भड़कावा।

instigator (इन्´-स्टि-गे-टॅः) *n.* one who instigates, दुष्प्रेरक, भड़कानेवाला।

instil (इन्-स्टिल्´) *v.* (instilled, instilling) 1. to put (ideas in someone's mind) gradually, धीरे-धीरे (किसी के मन में) भरना या डालना, सिखाना। 2. to pour in drop by drop, बूँद-बूँदकर टपकाना।

instillation (इन्-स्टि-ले´-शॅन्) *n.* the act of

instillment, भराई; टपकाव।
instillment (इन्-स्टिल्´-मॅन्ट्) ***n.*** the act of instilling, भरने या बैठाने की क्रिया, सिखाई।
instinct (इन्´-स्टिंक्ट्) ***n.*** 1. an inborn or natural tendency, नैसर्गिक प्रवृत्ति, सहजवृत्ति, मूलवृत्ति। 2. a natural ability, प्रतिभा। ***adj.*** filled with, ओत-प्रोत, भरा हुआ।
instinctive (इन्-स्टिंक्´-टिव्) ***adj.*** prompted by instinct, नैसर्गिक, सहज, मूल प्रवृत्ति के रूप में होनेवाला।
instinctively (इन्-स्टिंक्´-टिव्-ली) ***adv.*** by instinct; सहज रूप से, सहजत:।
institute (इन्´-स्टि-ट्यूट्) ***v.*** (instituted, instituting) to found, प्रवर्तित करना, संस्थापित करना। ***n.*** an organization promoting educational, social etc. activities, संस्थान, संस्था।
institution (इन्-स्टि-ट्यू´-शॅन्) ***n.*** 1. the act of instituting or the state of being instituted, संस्थापन। 2. an institute, संस्थान, संस्था। 3. its building, संस्थान-भवन, संस्थान। 4. an established practice or law, रिवाज़, प्रथा।
institutional (इन्-स्टि-ट्यू´-शॅ-नॅल्) ***adj.*** of or pertaining to the institution, संस्थानिक, संस्थागत।
institutionalization (इन्-स्टि-ट्यू-शॅ-नॅ-लि-ज़े´-शॅन्) ***n.*** the act of institutionalizing, संस्थानीकरण।
institutionalize (इन्-स्टि-ट्यू´-शॅ-नॅ्-लाइज़्) ***v.*** (institutionalized, institutionalizing) to make into an institution, संस्थान का रूप देना, संस्थान बना देना।
instruct (इन्-स्ट्रक्ट्´) ***v.*** (instructed, instructing) 1. to teach or educate, सिखाना, शिक्षित करना। 2. to direct, निदेश करना, अनुदेश देना। 3. to inform, सूचना देना।
instruction (इन्-स्ट्रक्´-शॅन्) ***n.*** 1. the act of instructing, शिक्षण। 2. the knowledge imparted, शिक्षा, सीख। 3. (plu.) directions, निदेश, अनुदेश।
instructional (इन्-स्ट्रक्´-शॅ-नॅल्) ***adj.*** 1. of instruction, निदेशात्मक। 2. educational, शैक्षिक।
instructive (इन्-स्ट्रक्´-टिव्) ***adj.*** giving knowledge, शिक्षाप्रद।
instructor (इन्-स्ट्रक्´-टॅ:) ***n.*** one who instructs, teacher, अनुदेशक, शिक्षक।
instrument (इन्´-स्ट्रॅ-मॅन्ट्) ***n.*** 1. a mechanical implement, औज़ार, उपकरण। 2. a device for producing music, वाद्य। 3. a thing by means of which something is done, साधन, माध्यम। 4. a formal legal document, दस्तावेज, लिखत; instrument for gift, दान की लिखत। ***v.*** (instrumented, instrumenting) to equip with instruments, उपकरणों से सज्जित करना।
instrumental (इन्-स्ट्रॅ-मेंन्´-टॅल्) ***adj.*** 1. serving as an instrument or agency, माध्यम, सहायक। 2. of or performed with an instrument, वाद्य; instrumental music, वाद्य संगीत। 3. of a case showing means or agency, करण (कारक)।
instrumentalist (इन्-स्ट्रॅ-मेंन्´-टॅ-लिस्ट्) ***n.*** one who performs on a musical instrument, वादक।
instrumentation (इन्-स्ट्रॅ-मेंन्-टे´-शॅन्) ***n.*** 1. the arranging of music for instruments for an orchestra, वाद्यसंगीत-विन्यास। 2. the use of instruments, उपकरणों का प्रयोग।
insubordinate (इन्-सॅ-बॉ:´-डि-निट्) ***adj.*** disobedient, अवज्ञाकारी या अवज्ञापूर्ण।
insubodination (इन्-सॅ-बॉ:-डि-ने´-शॅन्) ***n.*** disobedience, अवज्ञा।
insubstantial (इन्-सॅब्-स्टैन्´-शॅल्) ***adj.*** 1. not substantial, सारहीन, असार। 2. unreal, अवास्तविक। 3. imaginary, काल्पनिक। 4. infirm, कमज़ोर, अशक्त।

insufferable (इन्-सफ़्´-अॅ-रॅ-बॅल्) *adj.* intolerable, असह्य।

insufferably (इन्-सफ़्´-अॅ-रॅ-बॅ-ली) *adv.* to an insufferable degree, असह्य रूप में।

insufficiency (इन्-सॅ-फ़िश्´-अॅन्-सी) *n.* lack of sufficiency, कमी, अभाव, अपर्याप्तता।

insufficient (इन्-सॅ-फ़िश्´-अॅन्ट्) *adj.* not sufficient, inadequate, कम, थोड़ा, अपर्याप्त।

insufficiently (इन्-सॅ-फ़िश्´-अॅन्-टॅ-ली) *adv.* inadequately, अपर्याप्त रूप में।

insufflate (इन्-सफ़्´-लेट्/इन्´-सॅ-फ़्लेट्) *v.* (insufflated, insufflating) to breathe into, फूँकना, फूँक भरना।

insular (इन्´-सॅ-लॅः) *adj.* 1. of an island, द्वीपीय। 2. living or situated on an island, द्वीपवासी या द्वीपस्थित। 3. isolated, अलग-थलग। 4. narrow-minded, संकीर्ण विचारोंवाला।

insularity (इन्-सॅ-लैर्´-इ-टी) *n.* 1. the state of living on an island, द्वीपवास। 2. narrow-mindedness, संकीर्णता। 3. isolation, पार्थक्य, अलगाव।

insulate (इन्´-सु-लेट्) *v.* (insulated, insulating) 1. to cover the wire with non-conducting material in order to prevent leakage of electricity, heat, sound etc., आवरण चढ़ाना। 2. to detach, अलग करना, कुसंवाहक पदार्थ बीच में रखकर, किसी वस्तु में विद्युत या ताप न पहुंचने देना, विद्युत-रोध या ताप-रोध करना, विसंवाहन करना।

insulated (इन्-सु-ले´-टिड्) *adj.* covered with non-conducting material, आवरणयुक्त, विद्युतरोधी।

insulation (इन्-सु-ले´-शॅन्) *n.* 1. the act of insulating, आवरण चढ़ाना। 2. any material used to insulate, वह पदार्थ जिसका (तार पर) आवरण चढ़ाया जाए, विद्युत-रोधन।

insulator (इन्-सु-ले´-टॅः) *n.* a device for detaching electric wire, इन्सुलेटर, विसंवाहक।

insulin (इन्´-सु-लिन्) *n.* a harmone that controls the absorption of sugar by the body, इन्सुलिन।

kapok (के´-पॉक्) ***n.*** a silky fibre resembling cotton, एक प्रकार का रेशा।

kappa (कैप्´-अॅ) ***n.*** the tenth letter of the Greek alphabet, ग्रीक वर्णमाला का दसवाँ वर्ण, क्।

kaput (का-पुट्´) ***adj.*** 1. destroyed, विनष्ट। 2. ruined, नष्ट-भ्रष्ट।

karakul (कैर्´अॅ-कुल्) ***n.*** 1. an Asian sheep famous for its glossy wool, एशिया की एक भेड़। 2. its glossy wool, इसकी चमकीली ऊन।

karat (कैर्´-अॅट्) ***n.*** a measure of the purity of gold, कैरट।

karate (कॅ-रा´-टे) ***n.*** a Japanese system of unarmed combat, कराटे।

karma (का:´-मॅ) ***n.*** 1. a deed, कर्म। 2. fate, destiny, भाग्य, तकदीर।

katydid (के´-टि-डिड्) ***n.*** a grasshopper, टिड्डा।

kayak (काइ´-ऐक) ***n.*** an Eskimo boat, एस्किमो की (पैडल से चलनेवाली) छोटी हलकी नाव।

kayo (के-ओ´) ***n.*** a knock-out, पछाड़। ***v.*** (kayoed, kayoing) to knock out, पछाड़ देना।

अ cup कप्, अॅ again अॅगेन्, अें bell बेंल्, आ car कार्, ऑ pot पॉट्, आ: caught का:ट्, इ pit पिट्, ई sheep शीप्, उ put पुट, ऊ boot बूट्, ए make मेक्, ऐ cat कैट्, ओ note नोट्

Kazak (का-ज़ाक्´) ***n.*** an inhabitant of Kazakistan, कज़ाक, कज़ाकी।

kebob (कॅ-बॉब्´) ***n.*** = kabob.

kedge (कॅज्) ***n.*** a small anchor, छोटा लंगर। ***v.*** (kedged, kedging) to haul (a ship जलयान को) फेरना, मोड़ना।

kedgeree (कॅड्-ज़ॅ-री´) ***n.*** a dish consisting of rice and fish, मछली-भात।

keel (कील्) ***n.*** the base structure of s ship, जलयान की तली, नौतल। □ **on an even keel,** steady, सुस्थिर, संतुलित। ***v.*** (keeled, keeling) 1. to capsize, उलट जाना। 2. to collapse, ढह या बिलट जाना।

keelhaul (कील्´-हा:ल्) ***v.*** (keelhauled, keelhauling) to punish by dragging (a person) under the keel of a ship, (व्यक्ति को) दंडित करने के लिए (रस्से से बाँधकर) जहाज़ की तली के नीचे से घसीटना।

keen (कीन्) ***adj.*** 1. having a sharp edge or point, तीक्ष्ण, पैना, तेज़, नुकीला। 2. eager, उत्सुक, लालायित। 3. intellectually acute, कुशाग्र, प्रखर, तेज़। 4. penetrating, भेदक, तीव्र, तेज़। □ **keen on,** earnest, ardent, दृढ़, उत्साही।

keenly (कीन्´-ली) ***adv.*** 1. with keenness, उत्सुकतापूर्वक, बड़े शौक से। 2. very, अत्यधिक।

keep (कीप्) ***v.*** (kept, keeping) 1. to retain possession of, पास रखे रहना। 2. to store, (जमा) रखना, बचा रखना। 3. to take in one's charge, अपने अधिकार या नियंत्रण में लेना। 4. to prevent or hold back, रोकना, रोक रखना। 5. to fulfill or observe, पालन करना। 6. to preserve or protect, सुरक्षित रखना, रक्षा करना। 7. to provide with the necessities of life, भरण-पोषण करना। 8. to remain, बना रहना। 9. to continue, चलता रहना या रखना। 10. to celebrate, मनाना। 11. to remain fresh or unspoiled, ताज़ा रहना, विकृत या दूषित न होना। 12. to support financially in return for sexual favours, to keep a woman, औरत रखना। 13. to maintain by writing regular records in, रखना; to keep a diary, डायरी रखना। 14. to associate with, सहकार रखना; to keep bad company, गलत व्यक्तियों से दोस्ती रखना। □ **keep at,** to scold constantly, डाँटते रहना; He keeps at me, वह सदा मुझे डाँटता-डपटता रहता है; **keep away,** to refrain or prevent from coming, दूर रहना या दूर रखना; **keep back,** (i) to refuse to disclose, प्रकट न करना, अपने तक रखना; (ii) to prevent or be prevented from advancing, आगे बढ़ने से रोकना या आगे न बढ़ पाना; **keep down,** to repress, दबाए रखना, दबाव या नियंत्रण में रखना; **keep early hours,** to go to bed early, जल्दी सोना; **keep fit,** to remain healthy, स्वस्थ (बने) रहना; **keep from,** (i) to prevent, रोकना; (ii) to deter, हतोत्साहित करना; **keep house,** to look after a house or household, घर या घर-गृहस्थी देखना; **keep in,** to keep inside, भीतर रखना; **keep in with,** to maintain contact, संबंध बनाए रखना; **keep off,** (i) to stay at a distance, दूर रहना; (ii) to cause to stay at a distance, दूर रखना; (iii) not to eat or drink, परहेज़ करना; **keep on,** to continue, चलाए चलना या बनाए रखना; **keep on at,** to scold, डाँटना-डपटना; **keep one's feet,** not fall, पैरों पर खड़े रहना, संभले रहना; **keep out,** (i) to cause to remain outside, बाहर रखना; (ii) to avoid, दूर रहना, बचकर रहना; **keep to,** to adhere to, जुड़े या लगे रहना, बँधे रहना; **keep under,** to restrain or control, नियंत्रण या वश में रखना; **keep up,** (i) to maintain, बनाए रखना, रक्षित रखना; (ii) to continue, चलाए चलना; **keep up with,** (i) to ramain in contact, संबंध बनाए रखना, (ii) to compete with, प्रतियोगिता करना, मुकाबला करना। ***n.*** 1. charge, care, निगरानी, देख-रेख। 2. a

means of support, जीविका। 3. a strongly fortified structure in a castle, किले का अत्यंत सुरक्षित भाग।

keeper (की´-पॅ:) *n.* a person in charge of something, रखवाला, रक्षक; goal-keeper, गोलकीपर, गोली, गोलची; wicket-keeper, विकेटकीपर, यष्टिरक्षक।

keeping (की´-पिंग्) *n.* charge or care, देख-रेख, निगरानी, हिफ़ाज़त। □ **in keeping with,** in conformity with, के अनुरूप।

keepsake (कीप´-सेक्) *n.* something given or kept as a token of remembrance, निशानी, स्मृतिचिह्न, यादगार।

keg (कॅग्) *n.* a small barrel, पीपा।

ken (कॅन्) *v.* (kenned, kenning) 1. to know, जानना। 2. to understand, समझना। *n.* 1. understanding, समझ, ज्ञान। 2. the range of vision or knowledge, ज्ञान-परिधि, ज्ञान-सीमा; beyond one's ken, अपनी ज्ञान-सीमा के बाहर।

kennel (कॅन्´-अॅल्) *n.* 1. a shelter for a dog, कुत्ते के रहने की जगह, कुत्ते की कोठरी। 2. an establishment where dogs are bred, trained etc., कुत्ता-घर, कुकुर-प्रतिष्ठान। *v.* (kenneled, kenneling) to put into a kennel, कुत्ते को कोठरी में बंद करना या रखना।

Kenyan (कीन्´-यॅन्) *adj.* of Kenya, केन्या का। *n.* an inhabitant of Kenya, केन्यावासी।

kepi (के´-पी) *n.* a French Military Cap, फ्रांसीसी सैनिक की टोपी।

kept (कॅप्ट्) *v.* p.t. and p.p. of keep. *n.* a woman maintained by a man as his mistress, रखी हुई औरत, रखेली, रखेल।

kerchief (क:´-चिफ़्) *n.* a square scarf as a head covering, सिर पर बाँधने का बड़ा रूमाल, स्कार्फ़।

kerf (क:फ़्) *n.* a groove made by a saw, आरे से बनाया हुआ काटने का निशान, काट।

kernel (क:´-नॅल्) *n.* 1. the edible part of a nut, गिरी, गरी, गूदा। 2. the central part, core, सार भाग, सार। 3. a grain, दाना।

kerosene (कॅर्´-अॅ-सीन्) *n.* an oil distilled from petroleum, किरासन, मिट्टी का तेल।

ketch (कॅच्) *n.* a two-masted sailing vessel, दो मस्तूलोंवाला जहाज़।

ketchup (कॅच्´-अप्) *n.* a sauce made from tomatoes, टमाटर की सास।

kettle (कॅट्´-अॅल्) *n.* a metal pot with a handle for boiling water, केतली।

kettledrum (कॅट्´-अॅल्-ड्रम्) *n.* a large drum, नक़्क़ारा, ताशा।

key (की) *n.* (plu. keys) 1. a metallic implement that operates the lock's mechanism, ताली, चाबी, कुंजी। 2. any means of entry, possession or a desired end, कुंजी। 3. any of the sets of levers operating a piano, typewriter, computer etc., कुंजी। 4. a button or lever on a musical instrument, कुंजी। 5. a set of answers to a test or problem, कुंजी। 6. pitch, सुर, तान। *adj.* of great importance, अत्यंत महत्त्वपूर्ण, मूल, आधारभूत; key industries, मूल उद्योग; key post, मूल पद। *v.* (keyed, keying) 1. to provide with a key, ताली लगाना। 2. to link, जोड़ना। □ **key up,** to raise the intensity, उद्दीप्त करना, तीव्र करना; **keyed up,** stimulated, उद्दीप्त, उत्तेजित।

keyboard (की´-बो:ड्) *n.* the set of keys on a piano, typewriter, computer etc., कुंजीपटल।

keyhole (की´-होल्) *n.* the hole in a lock through which the key operates, ताले का मुँह, ताले का छेद।

key money *n.* the payment demanded from a new tenant before he moves in, पगड़ी।

keynote (की´-नोट्) *n.* 1. the note on which a key in music is based, स्वरलिपि। 2. the key in music is based, central idea or principle (in a speech,

भाषण में) केंद्रीय विचार या सिद्धांत। *adj.* important, महत्त्वपूर्ण; keynote address, नीतिनिर्धारक भाषण।

key ring *n.* a ring on which keys are kept, वह छल्ला जिसमें चाबियाँ पिरोते हैं।

keystone (की´-स्टोन्) *n.* 1. the top stone of a dome or arch, मुख्य शिला। 2. the most important part of an argument, plan etc. तर्क, योजना आदि का अत्यंत महत्त्वपूर्ण अंश।

keyword (की´-व:ड्) *n.* a word that serves as a key to a cipher, मूल शब्द।

khaki (का´-की, कैक्´-ई) *adj.* dull brownish yellow, ख़ाकी। *n.* ***khakis*** (plu.), khaki uniform used in the army, ख़ाकी वर्दी।

kibble (किब्´-अॅल्) *v.* (kibbled, kibbling) to grind coarsely, दलना।

kibbutz (कि-बुट्स्´) *n.* a collective agricultural settlement, सामुदायिक कृषि-व्यवस्था।

kibitz (किब्´-इट्स्) *v.* (kibitzed, kibitzing) 1. to look on and offer unwanted advice on a game of cards, ताश का खेल देखना और बिना माँगे राय देना। 2. to offer unwanted advice to others, बिना मतलब दूसरों को राय देना।

kibosh (काइ´-बॉश्) *n.* nonsense, बकवास। □ **put the kibosh on,** to prevent from continuing, बीच में रोक देना।

kick (किक्) *v.* (kicked, kicking) 1. to strike with a foot, ठोकर लगाना, ठोकर मारना, किक लगाना। 2. to recoil or strike in recoiling when fired, धक्का लगना। 3. to object or protest, आपत्ति या विरोध करना, ठुकरा देना। *n.* 1. a blow with the foot, ठोकर, किक, पादप्रहार। 2. the recoil of a gun, बंदूक को चलाने से लगनेवाला धक्का। 3. an objection or protest, आपत्ति, विरोध; I am tired of their kicks. मैं उनकी शिकायतों से तंग आ गया हूँ। 4. a pleasurable effect, thrill, गुदगुदी, पुलक, सिहरन। □ **kick about,** (i) to wander aimlessly, आवारागर्दी करना, मटरगश्ती करना; (ii) to treat harshly, कठोरता से पेश आना; **kick off,** (i) to start the game by kicking the ball, गेंद पर ठोकर लगाकर खेल आरंभ करना; (ii) to start, शुरू करना; **kick out,** to drive out forcibly, बाहर निकाल देना, निकाल बाहर करना; **kick up,** to create, (उपद्रव, झमेला आदि) खड़ा करना; **kick upstairs,** to promote to a higher position, ऊँचा उठाना।

kickback (किक्´-बैक्) *n.* 1. a reaction or repercussion, प्रतिक्रिया। 2. a part of income paid illegally to a person for his help in making profit, रिश्वत।

kicker (किक्´-अॅ:) *n.* one who kicks, ठोकर लगानेवाला, पादप्रहार करनेवाला।

kick off (किक्´-आ:फ़्) *n.* 1. a kick in the game of football with which play is begun, फुटबाल के खेल का आरंभ, क्रीड़ारंभ। 2. the start of an activity, कार्यारंभ। 3. a beginning, प्रारंभ, शुरुआत।

kid[1] (किड्) *n.* 1. a young goat, बकरी का बच्चा, मेमना। 2. a young of an antelope, हिरनौटा। 3. the leather made from the hide of a kid, मेमने का चमड़ा। 4. a child, बच्चा, बालक। *v.* (kidded, kidding) to give birth to a young goat, बकरी का बच्चा देना, बकरी का बयाना।

kid[2] *v.* (kidded, kidding) 1. to tease, तंग या परेशान करना। 2. to deceive, धोखा देना, ठगना, छलना।

kiddy (किड्´-ई) *n.* a child, बच्चा; kiddy ville, शिशु विभाग।

kidnap (किड्´-नैप्) *v.* (kidnapped, kidnapping) to carry off and detain (a person, usually for ransom, प्राय: धन ऐंठने के लिए व्यक्ति का) अपहरण करना, बलात् हरण करना।

kidnapped (किड्´-नैप्ड्) *adj.* (a person) carried off and detained (for ransom), अपहृत।

kidnapper (किड्´-नैप्-अॅ:) *n.* one who kidnaps, अपहरणकर्ता, अपहर्ता।

kidney (किड्´-नी) *n.* 1. either of two bean-

shaped organs which filter wastes as urine from the blood, गुर्दा, किडनी, वृक्क। 2. the kidney of certain animals eaten as food, गुर्दा। 3. temperament, स्वभाव; of different kidney, अलग स्वभाव का। 4. class or type, वर्ग।

kidney bean *n.* kidney-shaped seeds of certain plants, मोथा, मोठ।

kidney machine *n.* a device carrying out the function of a kidney, वृक्कयंत्र।

kidney stone *n.* a hard mass formed in the kidney, पथरी।

kid skin (किड्´-स्किन्) *n.* the leather made from the skin of a young goat, मेमने का चमड़ा।

kill (किल्) *v.* (killed, killing) 1. to put to death, मार डालना, वध या हत्या कर डालना। 2. to put an end to, to destroy or finish, ख़त्म कर डालना। 3. to cause extreme discomfort to, तकलीफ़ देना, तंग करना। 4. to overcome with attraction, अभिभूत कर लेना; मुग्ध कर लेना। 5. to make (time) pass quickly, (समय) नष्ट करना। □ **kill off,** to get rid of by killing, मार कर पिंड छुड़ाना; **kill two birds with one stone,** to achieve two purposes with one action, एक तीर से दो शिकार खेलना। *n.* 1. the act of killing, हत्या, वध। 2. an animal killed during a hunt, मारा हुआ शिकार।

killdeer (किल्´-डिअँ:) *n.* a wading bird, एक जलपक्षी।

killing (किल्´-इंग्) *adj.* fatal, घातक, प्राणघातक, जानमारू। *n.* 1. murder, हत्या, वध। 2. a sudden large profit, सहसा होनेवाला अत्यधिक लाभ।

killjoy (किल्´-जॉइ) *n.* a person who destroys other people's pleasure, दूसरों के रंग में भंग डालनेवाला, दूसरों का आनंद बिगाड़नेवाला, आनंदनाशी।

kiln (किल्न्) *n.* an oven, भट्टी; a brick kiln, ईंटों का भट्ठा; a potter's kiln, आवाँ।

kilo (की´-लो) *n.* kilogram, किलोग्राम, किलो।

kilogram (किल्´-अॅ-ग्रैम्) *n.* one thousand grams, किलोग्राम, किलो।

kiloletre, kiloliter (किल्´-अॅ-ली-टॅ:) *n.* 1000 liters, एक हज़ार लीटर।

kilometre, kilimeter (किल्´-अॅ-मी-टॅ:) *n.* one thousand metres, १००० मीटर, किलोमीटर।

kiloton (किल्´-अॅ-टन्) *n.* one thousand tons, एक हज़ार टन।

kilovolt (किल्´-अॅ-वोल्ट्) *n.* one thousand volts, एक हज़ार वोल्ट।

kilowatt (किल्´-अॅ-वॉट्) *n.* the power of one thousand watts, किलोवाट।

kilt (किल्ट्) *n.* a knee-length pleated skirt, घुटनों तक की चुनटदार स्कर्ट।

kilter (किल्´-टॅ:) *n.* proper condition, उपयुक्त अवस्था, व्यवस्था। □ **out of kilter,** not working properly, अव्यवस्थित।

kimono (कि-मो´-नो) *n.* a wide sleeved Japanese robe, किमोनो, जापानी पहनावा।

kin (किन्) *adj.* related, सगोत्र। *n.* (singular or plural) a relative or relatives, रिश्तेदार, कुटुंबी, स्वजन; kin group, स्वजन-समूह।

kind[1] (काइन्ड्) *adj.* 1. showing sympathy, goodwill or generosity, उदार, भला, दयालु। 2. kind-hearted, सहृदय, रहमदिल।

kind[2] *n.* 1. a class or category having characteristics in common, वर्ग, जाति। 2. a type or sort, प्रकार, किस्म। □ **in kind,** (i) in goods, माल के रूप में, जिंस के रूप में; (ii) with something of the same sort, बहुत-कुछ वैसे ही रूप में; to return an insult in kind, अपमान का बदला अपमान से चुकाना।

kindergarten (किन्´-डॅ:-गा:-टॅन्) *n.* a school or class for four to six-year old children, शिशुशाला, किन्डरगार्टन।

kindhearted (काइन्ड्-हा:´-टिड्) *adj.* having a

kind heart, kind in nature, दयालु, कृपालु, उदार, रहमदिल।

kindheartedly (काइन्ड्-हा:´-टिड्-ली) *adv.* sympathetically, सहानुभूतिपूर्वक, उदारतापूर्वक, कृपापूर्वक, दयाभाव से।

kindle (किन्´-डॅल्) *v.* (kindled, kindling) 1. to start (a fire), जलाना; to kindle a lamp, दीया जलाना। 2. to become kindled, जलना। 3. to glow or cause to glow, चमकना या चमकाना, जगमगाना। 4. to stimulate or excite, उद्दीप्त करना, उत्तेजित करना।

kindling (किन्´-ड्लिंग्) *n.* small pieces of wood that burn easily (used to start a fire), आग सुलगाने की छोटी-छोटी लकड़ियाँ।

kindly (काइन्ड्´-ली) *adj.* (kindlier, kindliest) kind in manner, दयालु, कृपालु, भला। *adv.* in a kind manner, कृपापूर्वक, दयाभाव से, कृपा करके।

kindred (किन्´-ड्रिड्) *adj.* 1. related, सगोत्र। 2. of similar kind, वैसा ही, उसी प्रकार का। *n.* (singular or plural) a person's relative or relatives, नातेदार, रिश्तेदार, कुटुंबी।

kine (काइन्) *n.* (plu.) 1. cows, गाएँ। 2. cattle, चौपाए।

kinematics (किन्-ॲ-मैट्´-इक्स्) *n.* the science of pure motion, शुद्धगति विज्ञान।

kinetic (कि-नेंट्´-इक्) *adj.* of or produced by movement, गतिक, गत्यात्मक, गतिज; kinetic energy, गतिज ऊर्जा।

kinfolk (किन्´-फ़ॉक्) *n.* a person's relative, रिश्तेदार।

king (किंग्) *n.* 1. the male ruler of a country, राजा, शाह, बादशाह, नरेश, नृप। 2. a person or thing most eminent of a group, राजा; the king of the jungle, जंगल का राजा। 3. a playing card bearing the picture of a king, शाह, बादशाह। 4. the main piece in the game of chess, शाह, बादशाह, राजा।

kingbolt (किंग्´-बोल्ट्) *n.* a large bolt, बड़ा काबला या बोल्ट।

kingdom (किंग्´-डॅम्) *n.* a country ruled by a king (or queen), रियासत, बादशाहत, राज्य।

kingfisher (किंग्´-फ़िश्´-ॲ:) *n.* a fish-eating large-billed bird, कौड़िल्ला।

King James Version *n.* an authorised version of Bible published during the reign of James I of England, जेम्स प्रथम के शासनकाल में प्रकाशित बाइबल का संस्करण।

kingly (किंग्´-ली) *adv.* (kinglier, kingliest) of, related to or suitable for kings, शाही, राजसी, नृपोचित।

kingmaker (किंग्´-मे´-कॅ:) *n.* one who makes someone a king, राजा को बनानेवाला, नृप-विधाता, राजविधाता।

kingpin (किंग्´-पिन्) *n.* the most important and indispensable person (or thing) in a group, मुख्य व्यक्ति (या वस्तु), प्रधान व्यक्ति (या वस्तु), मुख्य कार्यकर्ता।

Kingship (किंग्´-शिप्) *n.* 1. the state of being a king, राजापन, राजत्व। 2. a king's position, राजा का पद, राजपद। 3. a king's reign, राजकाल।

kink (किंक्) *n.* 1. a tight curl, घुमाव, ऐंठन, बल। 2. a slight flaw, छोटा-मोटा दोष या त्रुटि। 3. a peculiar characteristic, चारित्रिक विचित्रता। *v.* (kinked, kinking) to form a kink or kinks, बल डालना, ऐंठ देना।

kinkajou (किंग्´-कॅ-जु) *n.* a long-tailed carnivorous mammal of America, किनकाजू।

kinky (किंग्´-की) *adj.* (kinkier, kinkiest) 1. full of kinks, घुमावदार, जिसमें बल या घुमाव हों, घुँघराला। 2. eccentric, perverted, झक्की, वहमी।

kinship (किन्´-शिप्) *n.* relationship, रिश्तेदारी, रिश्ता।

kinsman (किंज़्´-मॅन्) *n.* a relative, रिश्तेदार।

kinswoman (किंज़्´-वुम्-ॲन्) *n.* a female relative, रिश्तेदारिन।

kiosk (की´-ऑस्क्) *n.* a light structure used as a newsstand, refreshment booth etc., स्टाल, गुमटी, कीऑस्क।

kipper (किप्´-अ:) *n.* a herring that has been split, salted and dried, नमक लगाकर सुखाई हुई मछली। *v.* (kippered, kippering) to preserve with salt and dry, नमक लगाकर सुखाना।

kirk (क:क्) *n.* a Church, गिरजा।

kirsch (कीःश्) *n.* a brandy made from the juice of cherries, चेरी के रस से बनी ब्रांडी, कीर्श।

kismet (कीज़्´-मिट्) *n.* fate, destiny, क़िस्मत, भाग्य, तक़दीर।

kiss (किस्) *n.* 1. a touch with the lips as a sign of affection, चुंबन, चुम्मा, बोसा। 2. a gentle touch, स्पर्श। 3. a kind of candy, एक तरह की मिठाई। *v.* (kissed, kissing) 1. to touch with the lips, चूमना, चुंबन लेना, बोसा लेना। 2. to touch lightly or gently, हलका स्पर्श करना, छूना या सहलाना।

kissable (किस्´-अ-बल्) *adj.* that can be kissed, चूमने योग्य।

kisser (किस्´-अ:) *n.* 1. one who kisses, चूमनेवाला, चुंबन लेनेवाला। 2. the mouth, मुँह। 3. the face, चेहरा।

kit (किट्) *n.* 1. a set of tools, उपकरण-समूह, किट। 2. a set of parts sold together, किट। 3. a box or case containing a set of tools, औज़ारों की थैली, पेटी आदि, किट। 4. the clothing and personal equipment of a soldier or traveller, सैनिक या यात्री का सामान। □ **the whole kit and caboodle,** the whole lot, सब के सब या सब का सब।

kitbag (किट्´-बैग्) *n.* a bag for a kit, औज़ार आदि रखने का थैला।

kitchen (किच्´-इन्) *n.* a room or place of cooking, रसोई, रसोई-घर, किचन; kitchen cabinet, गुप्त सलाहकार।

kitchenette (किच्-अ-नेंट्´) *n.* a small kitchen, छोटी रसोई, छोटा रसोई-घर।

kitchen garden *n.* a garden near kitchen where vegetables are grown, किचन गार्डन।

kitchenware (किच्´-ऑन्-वेअ:) *n.* the utensils used in the kitchen, रसोई बनाने के बर्तन, खाना बनाने के बर्तन।

kite (काइट्) *n.* 1. a light frame structure with thin paper flown at the end of a long string, पतंग, गुड्डी। 2. a bird with a long forked tail usually preying on small birds, चील। □ **Go fly a kite,** go away, चले जाओ।

kite-flying (काइट्´-फ़्लाइ-इंग्) *n.* a game or art of flying kites, पतंगबाज़ी, गुड्डी उड़ाना।

kith and kin *n.* (plu.) one's friends and relations, मित्र तथा संबंधी, स्वजन।

kitsch (किच्) *n.* vulgar art or literature, फूहड़ कला या साहित्य, भोंडी रचना।

kitten (किट्´-अन्) *n.* the young of a cat, बिल्ली का बच्चा, बिलौटा। *v.* (kitted, kitten) to give birth to youngs, बिल्ली का बच्चे देना।

kittenish (किट्´-अ-निश्) *adj.* 1. of or like kittens, फुर्तीला, चंचल। 2. flirtatious (woman), चुलबुली (स्त्री)।

kitty[1] (किट्´-ई) *n.* an affectionate name for a cat or kitten, बिल्ली या बिलौटे का (प्यार से बुलाने का) नाम, किट्टी।

kitty[2] *n.* a pool or fund of money, एकत्र किया हुआ धन, जमा साँझा धन।

kitty party *n.* the party arranged at the time of disbursement of kitty, किट्टी पार्टी।

kiwi (की´-वी) *n.* 1. a flightless New Zealand bird without a tail, कीवी। 2. an inhabitant of New Zealand, न्युज़ीलैंड का वासी।

klaxon (क्लैक्´-सन्) *n.* a horn, भोंपू।

kleptomania (क्लेप्-टॅ-मे´-नि-अ) *n.* an uncontrollable impulse to steal, चोरी करने की (बुरी) आदत, चौर्योन्माद।

kleptomaniac (क्लेप्-टॅ-मे´-नि-ऐक्) *n.* a per-

son given to stealing, वह जिसे चोरी करने की आदत पड़ी हो, चौर्योन्मादी।

knack (नैक्) *n.* 1. the ability or skill to do something gracefully, हुनर, कौशल, दक्षता। 2. the habit of doing, आदत, टेक। 3. a skill or talent, कौशल या प्रतिभा।

knapsack (नैप्´-सैक्) *n.* a bag for carrying supplies and equipment strapped on the back, पीठ पर कसा जानेवाला थैला, पीठ-थैला।

knave (नेव्) *n.* 1. a rogue, शठ, दुर्जन, धूर्त, बदमाश। 2. a Jack, गुलाम, गुल्ला।

knavery (नेव्´-अॅ-री) *n.* the quality or state of being a knave, शठता, धूर्तता, दुर्जनता, बदमाशी।

knavish (नेव्´-इश्) *adj.* of a rogue or rogues, बदमाशी-भरा, बदमाशों का, शठतापूर्ण।

knead (नीड्) *v.* (kneaded, kneading) 1. to mix and press (moist flour or clay) into a uniform mass, गूँधना, सानना। 2. to massage, मालिश करना, मसाज करना।

knee (नी) *n.* 1. the joint or region between the thigh and the lower part of the human leg, घुटना। 2. the part of the garment covering this part, घुटना। ☐ **bring someone to his knees,** to force someone into submission, घुटने टेकने के लिए मजबूर कर देना; **fall on to someone's knees,** to submit, किसी के आगे घुटने टेक देना। *v.* (kneeded, kneeing) to hit or push with the knee, घुटने से आघात करना या धकेलना।

kneecap (नी´-कैप्) *n.* a flat triangular bone covering the front of the knee, चपनी।

knee-deep (नी´-डीप्´) *adj.* so deep as to cover or reach the knees, घुटने-भर, घुटने-घुटने होनेवाला।

knee-high (नी´-हाइ´) *adj.* reaching upto the knees, घुटने तक, घुटनों तक।

kneel (नील्) *v.* (kneeled or knelt, kneeling) to rest on bent knees, घुटनों के बल झुकना। ☐ **kneel down,** to surrender, समर्पण कर देना।

knell (नॅल्) *v.* (knelled, knelling) to ring a bell to announce the death or a funeral, मृत्यु होने पर या अरथी ले जाते समय घंटा बजाना। *n.* a stroke or toll of a bell for a death or funeral, किसी के मरने पर अथवा उसकी अरथी ले जाते समय बजाया जानेवाला घंटा।

knew (न्यू) *v.* p.t. of know.

knickers (निक्´-अःज़्) *n.* 1. an undergarment covering the lower body worn by women or girls, कच्छा। 2. men's loose-fitting pants covering the body from the waist to the knees, निकर।

knicknack (निक्´-नैक्) *n.* 1. a small ornamental article, कोई छोटी-मोटी सजावटी वस्तु। 2. a toy, खिलौना।

knife (नाइफ़्) *n.* (plu. knives) 1. a household cutting instrument with a blade fitted into a handle, चाकू, छुरी, छुरा। 2. the cutting blade of a machine, मशीन की छुरी। ☐ **go under the knife,** to have an operation, आपरेशन होना, शल्यक्रिया होना; **on a knife edge,** in an extremely tense situation, अत्यधिक तनाव की स्थिति में। *v.* (knifed, knifing) 1. to cut with a knife, चाकू से काटना। 2. to stab, चाकू भोकना, चाकू भोक देना। ☐ **knife in the back,** to betray or damage the reputation (of a friend, मित्र की) पीठ में छुरा भोकना, धोखा देना, विश्वासघात करना।

knife edge *n.* 1. the sharp edge of a knife, छुरे की धार। 2. a critical point, संकट-बिंदु।

knight (नाइट्) *n.* 1. (in mediaeval Europe) an armed soldier of noble birth, शूरवीर, नाईट। 2. the holder of a rank or degree conferred by a sovereign, सम्राट द्वारा प्रदत्त नाईट की उपाधि। 3. a chess piece with the head of a horse, घोड़ा। *v.* (knighted, knighting) to confer a knighthood on, नाईट की उपाधि से विभूषित करना।

knighthood (नाइट्´-हुड्) *n.* 1. the rank of a knight, नाईट की उपाधि। 2. the qualities of a knight, नाईट के गुण। 3. knights collectively, नाईटों का समूह।

knightly (नाइट्´-ली) *adj.* 1. of a knight, नाईट या शूरवीर का। 2. befitting a knight, नाईट के उपयुक्त, नाईट के विचार से शोभनीय।

knish (निश्) *n.* a stuffed and baked piece of dough, एक तरह की भरवाँ रोटी या कचौरी।

knit (निट्) *v.* (knit or knitted, knitting) 1. to make a fabric or garment with threads and needles, बुनना, बुनावट डालना, बुनाई करना। 2. to join together closely, जोड़ना। □ **knit one's brow,** to frown, त्योरी चढ़ाना, भौंहें चढ़ाना, अप्रसन्नता प्रकट करना। *n.* a fabric or garment made by knitting, बुना हुआ वस्त्र या पहनावा।

knitter (निट्´-अ:) *n.* 1. a person who knits, बुनाई का काम करनेवाला, बुनाई करनेवाला। 2. a knitting machine, बुनाई करने की मशीन, बुनाई-मशीन।

knitting (निट्´-इंग्) *n.* 1. the work in the process of being knitted, बुनाई। 2. the knitted work, बुनावट।

knitwear (निट्´-वे़अ:) *n.* knitted garment, बुना हुआ पहनावा (स्वेटर, शाल, मोजा आदि)।

knob (नॉब्) *n.* 1. a rounded projection or protuberance, गुमटा। 2. a rounded handle, मूठ, घुंडी या बटन, नाब। 3. a rounded hill, गोलाकार पहाड़ी। *v.* (knobbed, knobbing) 1. to operate or control with a knob, घुंडी घुमाना, बटन दबाना, मूठ चलाना। 2. to bulge, तोंद फूल जाना या निकल आना।

knobbed (नाब्ड्) *adj.* fitted with a knob or knobs, घुंडीदार, बटनदार, मूठदार।

knock (नॉक्) *v.* (knocked, knocking) 1. to strike with a sharp blow, ज़ोरदार आघात करना, प्रहार करना, मारना, पीटना। 2. to strike (a door) with a series of blows, (दरवाज़ा) खटखटाना, दस्तक देना। 3. to make by hitting or striking, ठोकना, गढ़ना। 4. to criticize severely, कड़ी आलोचना करना। 5. to collide, टकराना, भिड़ जाना। 6. to make a pounding noise, (मशीन का) घटर-घटर आवाज़ करना। □ **knock about,** (i) to wander about aimlessly, आवारा घूमना; (ii) to travel widely, भ्रमण करना, चक्कर लगाना; (iii) to treat brutally, दुर्गति कर डालना, निर्मम व्यवहार करना, निर्ममता बरतना; **knock back,** (i) to drink heavily, बहुत पीना; (ii) to cost, लागत आना, पड़ना; (iii) to disconcert, विक्षुब्ध कर देना, घबरा देना; (iv) to reject, अस्वीकृत कर देना; **knock down,** (i) to strike to the ground with a blow, गिरा देना, पटक देना, पटकनी देना; (ii) to sell to the highest bidder at an auction, ऊँची बोली बोलनेवाले को (कोई वस्तु) सौंप देना; (iii) to earn, कमाना; **knock off** (i) to finish (work, काम) ख़त्म करना; (ii) to make or do hastily, हड़बड़ाकर (कुछ) करना या बनाना; (iii) to reduce the price (of an article, किसी वस्तु का) मूल्य घटाना; (iv) to deduct, कम कर देना, काट लेना; **knock together,** to assemble together, जोड़ना, असंबल करना; **knock out,** to knock (an opponent) umconscious, आघात से बेहोश कर देना; **knock up,** (i) to assemble, जोड़ना, बनाना, असंबल करना; (ii) to rouse or wake, जगाना, उठाना; (iii) to make pregnant, गर्भाधान करना; (iv) to score (runs, रन) ठोंकना, बनाना; He knocked up a century, उसने शतक ठोंका या बनाया; (iv) to exhaust, थका देना।

knocker (नॉक्´-अ:) *n.* 1. one who knocks, (दरवाज़ा) खटखटानेवाला। 2. a hinged device attached to a door for knocking, दरवाज़ा खटखटाने की कुंडी या ऐसा ही कोई उपकरण।

knock-knee (नॉक्´-नी) *n.* a condition in which the knees touch each other while walking, चलते समय घुटनों का लड़ना या टकराना या लड़ना।

knock-kneed (नॉक्-नीड्) *adj.* whose knees touch each other while walking, जिसके चलते समय घुटने लड़ते या टकराते हों।

knockout (नॉक्´-आउट्) *n.* 1. a blow that causes unconsciousness, मूर्च्छा लानेवाला आघात, मूर्च्छित कर देनेवाला प्रहार। 2. the act of knocking out an opponent, विरोधी को किया जानेवाला ऐसा आघात जिससे वह बेहोश हो जाए। 3. a competition in which competitors are eliminated progressively, वह प्रतियोगिता जिसमें हारनेवाले प्रतियोगी क्रमशः बाहर होते चलते हैं, नाकआउट प्रतियोगिता।

knoll (नोल्) *n.* a mound, टीला।

knot (नॉट्) *n.* 1. a fastening formed by two threads (or cords) or by two ends of a thread (or cord), गाँठ। 2. a joint, जोड़, गाँठ, ग्रंथि। 3. a tangle, उलझन, कठिनाई या समस्या। 4. the enlargement of a gland, ग्रंथि-शोथ, गाँठ। 5. a tie or bond, बंधन। □ **tie the knot,** to get married, विवाह कर लेना। *v.* (knotted, knotting) 1. to tie or fasten with a knot, गाँठ डालना या लगाना। 2. to make entangled, उलझाना। 3. to become entangled, उलझ जाना।

knothole (नॉट्´-होल्) *n.* a hole in a piece of timber where a knot once was, गाँठ निकल जाने से लकड़ी में होनेवाला छेद, गठछेद।

knotty (नॉट्´-ई) *adj.* (knottier, knottiest) 1. full of knots, गाँठोंवाला, गाँठदार। 2. intricate, पेचीला, पेचीदा, जटिल।

knout (नॉउट्) *n.* a leather whip for flogging criminals formerly used in Russia, चमड़े का कोड़ा।

know (नो) *v.* (knew, known, knowing) 1. to be familiar or acquainted with, विदित होना, परिचय होना, जानना, पहचानना। 2. to have a grasp of, जानना, ज्ञान होना; She knows Hindi, वह हिंदी जानती है। 3. to understand, समझना। 4. to be able to distinguish or discriminate, अंतर कर सकना, अंतर पहचानना। □ **in the know,** aware, अवगत।

knowable (नो´-अ-बॅल्) *adj.* that can be known, जानने योग्य।

knower (नो´-अ:) *n.* one who knows, जानकार, ज्ञाता।

know-how (नो´-हॉउ) *n.* practical knowledge or skill of how to do a particular thing, व्यावहारिक ज्ञान या कौशल, जानकारी।

knowing (नो´-इंग्) *adj.* 1. having knowledge or understanding, जानकार, जाननेवाला। 2. clever, होशियार, चालाक। *n.* information, सूचना, जानकारी। □ **there is no knowing,** nothing can be told, कुछ कहा नहीं जा सकता।

knowingly (नो´-इंग्-ली) *adv.* wilfully, deliberately, जानकर, जान-बूझकर, इरादे से, इरादतन।

knowledge (नॉल्´-इज्) *n.* 1. the state or fact of knowing, जानकारी, ज्ञान। 2. specific information about a subject, जानकारी, ज्ञान। 3. learning, erudition, ज्ञान, पांडित्य, विद्वत्ता। 4. acquaintance, familiarity, परिचय।

knowledgeable (नॉल्´-इ-जॅ-बॅल्) *adj.* 1. well-informed, जानकार। 2. experienced, अनुभवी। 3. intelligent, समझदार, बुद्धिमान, मेधावी।

known (नोन्) *v.* p.p. of know. *adj.* perceived, realized or understood, जाना हुआ, विदित, ज्ञात।

knuckle (नक्´-अॅल्) *n.* a joint of a finger, उँगली की गाँठ, उँगली का जोड़। *v.* (knuckled, knuckling) to press with knuckles, उँगलियों की गाँठों से दबाना। □ **knuckle down,** to

begin to work diligently, परिश्रमपूर्वक कार्य करना, जमकर या डटकर काम करना; **knuckle under,** to yield, दब या झुक जाना, हार स्वीकार कर लेना।

knuckle-headed (नक्-अॅल्-हॅड्´-इड्) *adj.* stupid, मूर्ख, बेवकूफ़।

knurl (न:ल्) *n.* 1. a knob, नाब, घुंडी, बटन। 2. a knot, गाँठ।

koala (को-आ´-लॅ) *n.* an Australian animal of the kangaroo family dwelling on trees, कोआला।

kook (कूक्) *n.* a foolish or eccentric person, मूर्ख या झक्की व्यक्ति।

kooky (कूक्´-ई) *adj.* foolish or eccentric, मूर्ख या झक्की।

kopeck (को´-पॅक्) *n.* one-hundredth part of a rubblle, रूसी मुद्रा रूबल का सौवाँ भाग, कोपेक।

Koran (को-रान्´) *n.* the sacred book of Islam, कुरान, मुसलमानों का प्रसिद्ध धर्मग्रंथ।

Korean (को-री´-अॅन्) *adj.* of or related to Korea, कोरिया-संबंधी, कोरिया का। *n.* an inhabitant of Korea, कोरिया का निवासी।

kosher (को´-शॅ:) *adj.* 1. prepared in accordance with Jewish dietary law, यहूदी भोजन-संबंधी नियमों के अनुसार बना हुआ। 2. proper, उपयुक्त, उचित।

kowtow (को´-टो/को-टो´) *v.* (kowtowed, kowtowing) to touch the forehead to the ground with profound respect toward a person, माथा टेकना।

Kremlin (क्रॅम्´-लिन्) *n.* 1. an old citadel in Moscow, मास्को का क्रेमलिन नामक किला। 2. the Soviet Government, रूसी सरकार।

Kremlinologist (क्रॅम्-लि-नॉल्´-अॅ-जिस्ट्) *n.* an expert in Kremlinology, सोवियत शासन-पद्धति का विशेषज्ञ।

Kremlinology (क्रॅम्-लि-नॉल्´-अॅ-जी) *n.* the study of the policies of the Soviet Union, सोवियत संघ की नीतियों-संबंधी शास्त्र, सोवियत शासन-पद्धति विज्ञान।

Krishna (क्रिश्´-नॅ) *n.* a Hindu deity, भगवान कृष्ण।

krona (क्रो´-नॅ) *n.* the unit of money in Sweden, स्वीडन की मुद्रा, क्रोना।

krone (क्रो´-ने) *n.* the unit of money in Denmark, Norway etc., डेनमार्क, नारवे आदि देशों की मुद्रा, क्रोने।

Krugerand (क्रु´-गॅ:-रैन्ड्) *n.* a gold coin of South Africa, दक्षिण अफ़्रीका का सोने का सिक्का, क्रुगरैन्ड।

kudos (कु´-डोज़्) *n.* (functioning as singular) honour and glory, प्रतिष्ठा तथा वैभव, मान-सम्मान।

Ku Klux Klan (कु´-क्लक्स्´-क्लैन्´) *n.* a secret organization of Whites to fight against Blacks formed in U.S.A. after the civil war, गृहयुद्ध के उपरांत बना श्वेतों का गुप्त संघटन जो काले लोगों का विरोधी था, कूक्लक्सक्लान।

kukri (कुक्´-री) *n.* a large knife with a curve, खुखड़ी।

Kurd (कु:ड्) *n.* a member of the Muslim nomadic class, मुस्लिम ख़ानाबदोश जाति का व्यक्ति।

Kuwaiti (कु-वे´-टी) *n.* of Kuwait, कुवैत-संबंधी, कुवैत का। *n.* an inhabitant of Kuwait, कुवैत का निवासी।

kung fu (कंग्´-फ़ू) *n.* Chinese martial art, कराटे की तरह की चीनी युद्ध-विद्या।

L

L, l *n.* 1. the twelfth letter of the English alphabet, अंग्रेज़ी, वर्णमाला का बारहवाँ वर्ण, ल्। 2. Roman numeral for 50, पचास की संख्या का सूचक रोमन वर्ण।

lab (लैब्) *n.* a laboratory, प्रयोगशाला।

labarum (लैब्´-अॅ-रॅम्) *n.* an imperial standard, शाही निशान, राजचिह्न।

label (ले´-बॅल्) *n.* 1. a piece of paper, cloth etc. attached to an object showing name, nature, use, destination etc., नामचिप्पी, नामपत्र, लेबिल। 2. a name given to someone or something, दिया हुआ नाम, प्रदत्त नाम। *v.* (labelled/labeled, labelling/labeling) 1. to attach or fasten a label, लेबिल लगाना, लेबिल चिपकाना। 2. to identify or call, नाम देना या धरना, बतलाना, कहना, to label someone a liar, किसी को झूठा कहना।

labelled (ले´-बॅल्ड्) *adj.* 1. attached with a label, जिस पर लेबिल लगा हो, लेबिलदार। 2. marked with a label, जिसका नाम धरा गया हो, नामपत्रित।

labia (ले´-बि-अॅ) *n.* the plural of labium.

labial (ले´-बि-अॅल्) *adj.* 1. related to the lips, ओष्ठ-संबंधी। 2. formed with the lips, होंठों से उच्चरित, ओष्ठ्य।

labium (ले´-बि-अॅम्) *n.* 1. a lip, होंठ, ओष्ठ। 2. a liplike structure, होंठ जैसा पदार्थ।

laboratory (ल-बार्´-अॅ-ट्री) *n.* a room or building equipped for conducting scientific experiments or manufacturing chemicals, medicines etc., प्रयोगशाला, लैब।

laborious (लॅ-बोर्´-इ-अॅस्) *adj.* 1. requiring much hard work, श्रमसाध्य। 2. given to hard work, परिश्रमी, मेहनती।

laboriously (लॅ-बोर्´-इ-अॅस्-ली) *adv.* industriously, tirelessly, परिश्रमपूर्वक, (बड़ी) मेहनत से, अथक रूप से।

labour, labor (ले´-बॅ:) **n.** 1. physical or mental work, शारीरिक या मानसिक श्रम, परिश्रम, मेहनत। 2. work for wages, मज़दूरी। 3. a difficult work, कठिन काम, मेहनत का काम। 4. a wage earner, मज़दूर, श्रमिक। 5. the physical efforts of childbirth, प्रसव; labour pains प्रसव-पीड़ा। *v.* (laboured, labouring) 1. to work hard, कठोर श्रम करना। 2. to strive hard (for something), घोर प्रयास करना। 3. to proceed slowly, मंद गति से आगे बढ़ना।

laboured, labored (ले´-ब:ड्) *adj.* forced, strained, जबरदस्ती का, प्रयासपूर्ण, या कठिन।

labourer, laborer (ले´-बॅ-रॅ:) *n.* a person engaged in physical work, मज़दूर, श्रमिक।

labour force (ले´-बॅ:-फ़ो:स्) *n.* all the workers of a country, श्रम-शक्ति, श्रमिक-बल।

labour room (ले´-बॅ:-रूम्) *n.* a room in the hospital where a woman gives birth to a child, प्रसव-कक्ष।

labour saving *adj.* designed to save the amount of labour needed in a particular activity, श्रम बचानेवाला, श्रमरक्षी; labour saving device, श्रमरक्षी उपकरण।

labour trouble *n.* trouble caused by the

labourers, श्रमसंकट, मज़दूरों के कारण होनेवाली परेशानी।

labour union *n.* the union of labourers, मज़दूर संघ।

labour unrest *n.* unrest prevailing in the labourers, श्रमिक अशांति।

laburnum (लॅ-ब:´-नॅम्) *n.* a tree having drooping clusters of yellow flowers, एक पेड़ जिसमें पीले रंग के फूल गुच्छों में लटकते हैं, लैबर्नम।

labyrinth (लैब´-इ-रिंथ्) *n.* 1. a place constructed of intricate pathways, भूलभुलैया। 2. a complex situation, पेचीदा स्थिति, उलझन।

labyrinthine (लै-ब्-रिन´-थिन्) *n.* complicated, intricate, भूलभुलैया-जैसा, जटिल, पेचीदा, उलझन-भरा, उलझा हुआ।

lac¹ (लैक्) *n.* a resinous substance secreted by some insects, लाख, लाक्षा।

lac² (ला:क्) *n.* the number 100000, लाख।

lace (लेस्) *n.* 1. a strip of decorative weblike fabric, लैस, बार्डर। 2. an ornamental braid, फीता। 3. a boot-lace, तस्मा। *v.* (laced, lacing) 1. to equip with the lace, लैस लगाना। 2. to fasten with a lace or laces, तस्मा या फीता बाँधना। 3. to add a dash of liquor to (a beverage, किसी पेय में) शराब का पुट देना।

lacerate (लैस´-अॅ-रेट्) *v.* (lacerated, lacerating) 1. to tear (the flesh), खरोंच डालना। 2. to hurt the feelings, आघात पहुँचाना, दिल दुखाना।

laceration (लैस्-अॅ-रे´-शॅन्) *n.* 1. the act of lacerating, खरोंचने का कार्य, खरोंचना। 2. the marks of being lacerated, खरोंच।

lachrymal (लैक्´-रि-मॅल्) *adj.* 1. of or relating to the tears, आँसुओं का, अश्रु-संबंधी। 2. of the glands that secrete tears, अश्रुग्रंथि-संबंधी।

lachrymose (लैक्´-रि-मोस्) *adj.* 1. given to weeping, रोंदू, बात-बात पर रोनेवाला। 2. tearful, अश्रुपूर्ण, आँसू-भरा। 3. sad, दुखी।

lacing (लेस्´-इंग्) *n.* 1. the act of one who laces, फीता बाँधना, फीताबंदी। 2. severe beating, पिटाई, ठुकाई।

lack (लैक्) *n.* absence of something required, अभाव, कमी। *v.* (lacked, lacking) to be short of, कमी होना, अभाव होना; They lack nothing. उन्हें किसी चीज़ का अभाव नहीं।

lackadaisical (लैक्-अॅ-डे´-ज़ि-कॅल्) *adj.* 1. lacking vitality, ओजविहीन, निर्जीव। 2. lacking determination, निश्चयहीन। 3. unenthusiastic, उदासीन, मायूस, निरुत्साह, सुस्त।

lackey (लैक्´-ई) *n.* 1. a servile follower, अनुचर, पिछलग्गू, पिट्ठू, क्षुद्र सेवक। 2. a flatterer, ख़ुशामदी।

lacking (लैक्´-इंग्) *adj.* deficient, wanting, हीन, विहीन, रहित, जिसमें कमी हो; He is lacking courage. उसमें साहस की कमी है या वह साहसविहीन है।

lacklustre, lackluster (लैक्´-लस्-टॅ:) *adj.* lacking brilliance, lusterless, जिसमें चमक न हो, बुझा हुआ, निस्तेज।

laconic (लॅ-कॉन्´-इक्) *adj.* brief, pithy, terse, to the point, अतिसंक्षिप्त, सुसंहत, सूत्रात्मक नपा-तुला, दो-हरफ़ी।

laconically (लॅ-कॉन्´-इ-कॅ-ली) *adv.* briefly, संक्षेप में, थोड़े में, सूत्र रूप में।

laconism (लैक्´-अॅ-निज़्-अॅम्) *n.* 1. brevity of expression, सुसंहत अभिव्यक्ति, सूत्रात्मकता। 2. brevity of style, सूत्रशैली।

lacquer (लैक्´-अॅ:) *n.* a resinous substance used as a glossy varnish, रोगन, वार्निश। *v.* (lacquered, lacquering) to varnish with the lacquer, रोगन करना।

lacrosse (लॅ-क्रा:स्´) *n.* a game played with a ball and sticks, लाक्रास।

lactate (लैक्´-टेट्) *v.* (lactated, lactating) to

secrete or produce milk, दूध देना।

lactation (लैक् -टे´-शन्) *n.* 1. the act of secreting or producing milk, दूध देना। 2. the period of secreting or producing milk, दूध देने की अवधि, दुग्धकाल।

lacteal (लैक्´-टि-अॅल्) *adj.* 1. of milk, दुग्ध-संबंधी। 2. like milk, दूधिया, दूध-जैसा।

lactic (लैक्´-टिक्) *adj.* of milk, दुग्ध-संबंधी।

lactometer, lactometre (लैक्´-टॅ-मी-टॅ:) *n.* a device for determining milk contents, दुग्धमापी (यंत्र)।

lactose (लैक्´-टोस्) *n.* the sugar present in the milk, दुग्धशर्करा।

lacuna (लॅ-क्यू´-नॅ) *n.* (plu. lacunae, lacunas) 1. a gap, ख़ाली जगह, रिक्ति, रिक्तस्थल, गैप। 2. anything missing, बीच की लुप्त कड़ी, कमी, त्रुटि।

lacy (ले´-सी) *adj.* (lacier, laciest) like lace, लेस या फीते के जैसा।

lad (लैड्) *n.* a boy, बालक, लड़का।

ladder (लैड्´-अॅ:) *n.* 1. a device for climbing up and down, सीढ़ी, सोपान। 2. a series of stages or levels, सोपान, सीढ़ी।

laddie (लैड्´-ई) *n.* a lad, बच्चा।

lade (लेड्) *v.* (laded, laden, lading) 1. to put cargo (on the truck, ship ete.), माल चढ़ाना, लादना। 2. to be loaded, लादा जाना।

laden (लेड्´-अॅन्) *v.* p.p. of lade, *adj.* 1. loaded, लदा हुआ, चढ़ाया हुआ। 2. burdened, भाराक्रांत, लदा-फँदा। 3. oppressed, दबा हुआ।

la-di-da (ला-डी´-डा) *adj.* behaving or speaking in an assumed way, कृत्रिम व्यवहार करनेवाला, बना हुआ।

ladies' man (ले´-डीज़्-मॅन्) *n.* a man who is fond of female society, रँगीला, रसिया, गोपियों का कान्हा।

ladies' room (ले´-डीज़्-रूम्) *n.* a women's public lavatory, जनाना सार्वजनिक शौचालय।

lading (ले´-डिंग्) *n.* a load or freight लादने का सामान, लदान; bill of lading लदान-पत्र।

ladle (ले´-डॅल्) *n.* a long-handled spoon for transferring or serving liquids, बड़ा चमचा, कलछी, कलछुल। *v.* (ladled, ladling) to transfer or serve with a ladle, कलछी से देना, निकालना या परोसना। □ **ladle out,** to distribute lavishly, मुक्तहस्त होकर वितरण करना, उदारतापूर्वक बाँटना।

lady (ले´-डी) *n.* (plu. ladies) 1. a woman of good social position and good manners, भद्र महिला। 2. a woman, स्त्री, औरत; the lady of the house, गृहस्वामिनी।

Lady (ले´-डी) *n.* the general feminine title of nobility and other rank लेडी; Lady Mountbaten, लेडी माउन्टबैटन।

ladybird (ले´-डी-बःड्) *n.* a small reddish brown beetle, भौंरा।

ladybug (ले´-डी-बग्) *n.* a ladybird, भौंरा।

ladyfinger (ले´-डी-फ़िंग्-गॅ:) *n.* a finger-shaped cake, लेडीफ़िंगर, पतला लंबोतरा केक।

lady-in-waiting, lady in waiting (ले´-डी-इन्-वे´-टिंग्) *n.* (plu. ladies-in-waiting) a lady appointed to attend a princess or queen, रानी या राजकुमारी की परिचारिका/सेविका, राज-सेविका।

lady-help (ले´-डी-हैल्प्) *n.* a maid-servant, नौकरानी, सेविका।

lady-killer (ले´-डी-किल्´-अॅ:) *n.* one who irresistibly attracts women, वह जिस पर स्त्रियाँ लट्टू हों, जिसकी ओर औरतें खिची चली आएँ, चित्तचोर।

ladylike (ले´-डी-लाइक्) *adj.* of or like the ladies, जनाना, स्त्रियोचित।

ladylove (ले´-डी-लव्) *n.* a man's sweetheart प्रेयसी, प्रेमिका, महबूबा।

lady's finger (ले´-डीज़-फ़िंग्-गॅ:) *n.* a finger-shaped vegetable, भिंडी।

ladyship (ले´-डी-शिप्) *n.* a title used to

address a lady, श्रीमती जी।

lag (लैग्) *v.* (lagged, lagging) to fall behind, to go too slowly, पीछे रह जाना, पिछड़ जाना। *n.* 1. the act or condition of lagging, पिछड़ना, पिछड़ जाना। 2. a delay, देरी, विलंब।

lager (ला´-गॅः) *n.* a kind of beer, एक तरह की मदिरा।

laggard (लैग्´-अॅःड्) *adj. & n.* one who lags behind, पिछड़ा हुआ व्यक्ति, फिसड्डी, मंदबुद्धि।

laggardly (लैग्´-अॅःड्-ली) *adv.* in a laggard way, फिसड्डियों की तरह, मंद गति से।

laggardness (लैग्´-अॅःड्-निस्) *n.* the state or quality of being laggard, फिसड्डीपन, मंदगति।

lagniappe (लैन्-यैप्´) *n.* an unexpected gift or bonus, अप्रत्याशित रूप से मिला उपहार या तोहफ़ा।

lagoon (लॅ-गून´) *n.* a shallow body of water separated from the sea by coral reefs or sand bars, कच्छ, समुद्री ताल।

laid (लेड्) *v.* p.t & p.p. of lay.

lain (लेन्) *v.* p.p. of lie.

lair (लेंअॅः) *n.* 1. the hiding place of a wild animal, माँद। 2. a place of hiding, छिपने का स्थान।

laird (ले´-अॅःड्) *n.* 1. a landowner, जमींदार।

laissez faire (लैस्-ए-फ़ॅअॅः´) *n.* the principle or policy of non-interference in the private interests, वैयक्तिक हितों में हस्तक्षेप न करने की नीति या सिद्धांत, अबंधता; laissez faire policy, अबंधनीति, अहस्तक्षेप-नीति। (फ़्रांसीसी)

laity (ले´-इ-टी) *n.* the lay people as distinguished from clergymen, पुरोहितों या पादरियों से इतर वर्ग, सामान्य वर्ग, सामान्य लोग, आम लोग।

lake (लेक्) *n.* a large body of water entirely surrounded by land, झील, लेक, सरोवर।

lalygag (लॉल्´-ई-गैग्) *v.* (lallygagged, lallygagging) to pass time doing nothing, व्यर्थ समय गँवाना, झख मारना, मक्खियाँ मारना।

lam[1] (लैम्) *v.* (lammed, lamming) 1. to beat or thrash, मारना-पीटना। 2. to make a sweeping stroke, बाज़ी मारना।

lam[2] (लैम्) *n.* a sudden escape, सहसा बचाव, फरार हो जाना, बच निकलना। ☐ **on the lam,** fleeing from the police फ़रार।

lama (ला´-मॅ) *n.* the Buddhist monk of Tibet, लामा।

lamaism (ला´-मॅ-इज़्-अॅम्) *n.* Buddhism of Tibet, तिबतियों का बौद्धधर्म।

lamasery (ला´-मॅ-सॅर्-ई) *n.* the monastery of lamas, लामा-विहार।

lamb (लैम्ब्) *n.* 1. the young of a sheep, मेमना। 2. the flesh of a lamb, मेमने का मांस। 3. a meek or innocent person, भोला-भाला या निरीह व्यक्ति। *v.* (lambed, lambing) to give birth to a lamb, भेड़ का ब्याना या बच्चा देना। ☐ **Lamb of God,** Christ, येशु।

lambast (लैम्-बेस्ट्´, लैम्-बेस्ट्´) *v.* (lambasted, lambasting) 1. to beat or thrash) मारना, मारना-पीटना। 2. to find fault, नुक्ताचीनी करना। 3. to reprimand severely, ख़ूब डाँटना-डपटना, झाड़ना।

lambaste (लैम्-बेस्ट्´) *v.* = lambast.

lambency (लैम्´-बॅन्-सी) *n.* brilliance, चमक, दीप्ति।

lambent (लैम्´-बॅन्ट्) *adj.* 1. flickering or glowing gently, झिलमिल करता हुआ, झिलमिलाता हुआ। 2. brilliant, चमचमाता हुआ, चमकता हुआ, दीप्त।

lambskin (लैम्ब्´-स्किन्) *n.* the skin of a lamb, मेमने की ख़ाल।

lame[1] (लेम्) *adj.* 1. crippled in the legs or feet, लँगड़ा, अपंग। 2. weak, कमज़ोर, अशक्त। 3. unconvincing, आश्वस्त न करनेवाला। *v.* (lamed, laming) to make lame, लँगड़ा कर देना।

lame² (लै-मे´) *n.* a fabric interwoven with silver or golden threads, जरी।

lamebrain (लैम्´-ब्रेन्) *n.* a foolish person, मूर्ख व्यक्ति।

lame duck *n.* 1. a disabled person, अपंग व्यक्ति। 2. an ineffectual thing, अप्रभावी वस्तु। 3. an elected office-holder remaining in the office during the new election of his successor, निर्गामी पदाधिकारी; lame duck session, निर्गामी सदस्यों की बिदाई का सत्र।

lament (लॅ-मॅन्ट्´) *v.* (lamented, lamenting) to mourn or express deep sorrow, विलाप करना, रुदन करना, रोना-धोना, रोना-कलपना। *n.* 1. an expression of sorrow, विलाप, रुदन, क्रंदन। 2. a song or poem in which death is lamented, शोक-गीत, अलानी। (पंजाबी)

lamentable (लैम्´-अॅन्-टॅ-बॅल्) *adj.* mournful, मातमी, शोकपूर्ण। 2. distressing, दुःखद। 3. deplorable, हेय, घटिया, तुच्छ।

lamentation (लैम्- अॅन्-टे´-शॅन्) *n.* 1. the act of lamenting, विलाप, रुदन या क्रंदन। 2. the state of being lamented, विलाप, रुदन, क्रंदन।

lamented (लॅ-मॅन्´-टिड्) *adj.* mourned for, जिसके लिए शोक व्यक्त किया गया हो, दिवंगत, मृत।

lamina (लैम´-इ-नॅ) *n.* a thin layer पतली परत।

laminal (लैम´-इ-नॅल्) *adj.* of a lamina, पतली परत के रूप में होनेवाला या उससे संबद्ध।

laminate (लैम´-इ-नेट्) *v.* (laminated, laminating) 1. to form into thin layers, पतली परत के रूप में बनाना। 2. to divide into thin layers, पतली परतों में विभाजित करना। 3. to make by bounding together two or more sheets, दो या अधिक परतों को जोड़ना, लैमिनेट करना।

laminated (लैम´-इ-ने-टिड्) *adj.* bounded together or composed of many layers, जिस पर परत जमाई गई हो, परतबंद, परतदार।

lamination (लैम्-इ-ने´-शॅन्) *n.* the act of lamination, परत जमाने का कार्य, लैमिनेशन, परतबंदी, परतदार बनाना, परत-चढ़ाई।

lamp (लैम्प्) *n.* 1. a device for producing light, दीया, दीपक, चिराग, लैंप। 2. a similar device for radiation, सेंक करने का बल्ब।

lampblack (लैम्प्´-ब्लैक्) *n.* pigment made from soot, काला रंगद्रव, कालिख।

lampoon (लैम्-पून्´) *n.* a satire in prose or verse to ridicule an individual, व्यंग्य, व्यंग्यपूर्ण रचना, फबती। *v.* (lampooned, lampooning) to ridicule in a lampoon, फबती कसना।

lampoonist (लैम्-पून्´-इस्ट्) *n.* one who ridicules in a lampoon, वह जो फबतियाँ कसता हो, व्यंग्यकार, व्यंग्य-लेखक।

lamppost (लैम´-पोस्ट्) *n.* a post supporting a street light, बत्ती का खंभा।

lamprey (लैम´-प्री) *n.* an eel-like fish, एक तरह की मछली, सर्पाकार मछली।

lampstand (लैम्प्´-स्टैन्ड्) *n.* a device for supporting a lamp, दीवट, लैंपस्टैन्ड।

Lancastrian (लैंक्-कैस्´-ट्रि-अॅन्) *n.* an inhabitant of Lancashire, लंकाशायर का निवासी।

lance (लैन्स्) *n.* a weapon with a long shaft and a pointed metal head, भाला, बरछा, बल्लम। *v.* (lanced, lancing) 1. to pierce with a lance, बल्लम या बरछे से छेद देना। 2. to cut open a boil or wound, चीरा देना।

lancer (लैन्´-सॅः) *n.* a cavalryman armed with a lance, बल्लमधारी सशस्त्र सैनिक, बल्लमबरदार, लांसर।

lancers (लान´-सःज़्) *n.* a dance in which eight or more couple participate, सामूहिक युगल नृत्य।

lancet (लैन´-सिट्) *n.* a surgeon's double-edged knife, शल्यचिकित्सक का दुधारी चाकू, दुधारी छुरी।

land (लैन्ड्) *n.* 1. the solid part of the surface of the earth, भूमि, धरती, ज़मीन। 2. a distinct region, area, ज़मीन, भूमि; desert land, रेतीली भूमि, रेगिस्तान। 3. a nation or country, देश, राष्ट्र; the land of the brave, वीरों का देश, वीरभूमि। 4. a piece of land owned or sold as property, भूखंड। *v.* (landed, landing) 1. to put or arrive on land after travelling by water or air, उतरना, या उतारना। 2. to come to shore, तट पर पहुँचना। 3. to alight after a jump or fall, कूदकर ज़मीन पर आना या उतरना। 4. to bring (a fish) to land, (मछली को पकड़ने के बाद) जल में से निकालना। 5. to obtain, प्राप्त करना, पाना। 6. to arrive at or bring to a certain place, position or stage, किसी जगह पहुँचना या पहुँचाना। 7. to deliver a blow, आघात करना।

landau (लैन´-डाः) *n.* a four-wheeled horse-drawn carriage having a two-part folding top, बग्घी।

landed (लैन्´-डिड्) *adj.* 1. owning land, जिसके पास ज़मीन हो, ज़मींदार। 2. consisting of or including land, ज़मीन सहित; a landed estate, भू-संपत्ति, ज़मीन-जायदाद।

landfall (लैन्ड्´-फ़ाःल्) *n.* the land sighted after a long journey by sea, लंबी समुद्री यात्रा के बाद होनेवाला भूमि का दर्शन, भूदर्शन।

landfill (लैन्ड्´-फ़िल्) *n.* a low land filled with rubbish, भराऊ ज़मीन, भरती की ज़मीन।

landholder (लैन्ड्´-होल्-डॅः) *n.* one who holds or occupies a land, an owner or tenant of land, ज़मींदार या काश्तकार।

landing (लैन्´-डिंग्) *n.* 1. the act of coming to land, अवतरण, उतरना। 2. the act of bringing something to land, उतारना। 3. landing place, a place of disembarkation, घाट या अड्डा।

landing field *n.* an airstrip, हवाई पट्टी।

landlady (लैन्ड्´-ले-डी) *n.* a woman who owns a building, lodge, inn etc., मकान-मालकिन या भठियारिन।

landless (लैन्ड्´-लिस्) *adj.* having no land as one's own, भूमिहीन।

landlocked (लैन्ड्´-लॉक्ड् / लॉक्ट्) *adj.* completely surrounded by land, जिसके चारो ओर भूमि हो, भूमि से घिरा हुआ, भूबद्ध, भू-आवृत्त।

landlord (लैन्ड्´-लॉःड्) *n.* 1. one who owns and leases property, ज़मींदार, भूस्वामी, ज़मीन-जायदाद का मालिक। 2. one who runs a lodging house, होटल का मालिक।

landlubber (लैन्ड्´-लब्-अँः) *n.* a person who does not know the sea, समुद्र से अनभिज्ञ व्यक्ति।

landmark (लैन्ड्´-माःक्) *n.* 1. a fixed marker indicating a boundary line, सीमाचिह्न, सरहद। 2. a prominent feature of a landscape, भूचिह्न, स्थलचिह्न। 3. a turning point in one's life or history, मोड़, युगांतरकारी घटना।

landmass (लैन्ड्´-मैस्) *n.* a large land area, बहुत बड़ा भूभाग।

landowner (लैन्ड्´-ओ-नॅः) *n.* a person who owns land, भूस्वामी, ज़मींदार।

land-poor (लैन्ड्´-पुअँः) *adj.* owing much land but lacking capital, ग़रीब ज़मींदार।

land revenue (लैन्ड्´-रॆव्´-अॅ-न्यु) *n.* a country's annual income from taxes levied on land and its produce, भूराजस्व, मालगुज़ारी।

landscape (लैन्ड्´-स्केप्) *n.* a scenery, painting or photograph depicting a rural scene, प्राकृतिक दृश्य, परिदृश्य।

land settlement (लैन्ड्´-सॅट्´-अॅल्-मॅन्ट्) *n.* an adjustment of fields between the landowners, चकबंदी।

landslide (लैन्ड्´-स्लाइड्) *n.* 1. the slide of a mass of rock down a slope, भू-स्खलन। 2. an overwhelming victory (in an election निर्वाचन में) भारी बहुमत से होनेवाली

विजय, भारी जीत।

landward (लैन्ड्´-वॅ:ड्) *adv.* toward the land, स्थल की ओर। *adj.* moving toward the land, स्थलोन्मुख।

language (लैंग्´-ग्विज्) *n.* 1. the use of words as a system of conveying information i.e. the means of communication, भाषा, ज़बान। 2. a particular style of wording, भाषा-शैली। 3. the special vocabulary, usage or style of a particular group, बोली, वर्ग-बोली। 4. the means of communication between creatures other than man, बोली, भाषा।

languid (लैंग्´-ग्विड्) *adj.* 1. lacking energy or vigour, बेजान, निढाल, बेदम।2. sluggish, सुस्त। 3. slow, मंद।

languidly (लैंग्´-ग्विड्-ली) *adv.* in a depressed way, निढाल होकर, बेदम होकर।

languish (लैंग्´-ग्विश्) *v.* (languished, languishing) 1. to lose energy or vigour, बेदम हो जाना, जान निकल जाना।2. to become depressed, हतोत्साहित हो जाना, मुरझा या सूख जाना। 3. to be neglected, उपेक्षित होना।

languishing (लैंग्´-ग्विश्-इंग्) *adj.* assuming a languid air, बेदम-सा।

langour (लैंग्´-गॅ:) *n.* 1. lack of vigour or vitality, अशक्तता, कमज़ोरी, निश्चेष्टता। 2. weariness, थकान, थकावट, शिथिलता। 3. sentimental depression, अवसाद, चेहरे का उतरना होना।

languorous (लैंग्´-गॅर्-अस्) *adj.* indolent, अकर्मण्य, सुस्त, शिथिल।

languorously (लैंग्´-गॅर्-अस्-ली) *adv.* in a languorous way, सुस्ती से, अकर्मण्यतापूर्वक, शिथिलतापूर्वक।

langur (लैंग्´-गुअ:) *n.* an ape, लंगूर।

lank (लैंक्) *adj.* 1. having very little flesh, हडड्यों का ढाँचा, मरियल। 2. long, straight and limp, सीधा और खड़ा।

lanky (लैं´-की) *adj.* (lankier, lankiest) ungracefully lean and tall, बहुत ही दुबला-पतला और लंबा, लंबू, सींक-सलाई।

lanolin (लैन्´-अॅ-लिन्) *n.* a waxy substance extracted from sheep's wool, भेड़ की ऊन से निकलनेवाला एक प्रकार का चिपचिपा पदार्थ, लैनोलिन।

lantern (लैन्´-टॅ:न्) *n.* a transparent case for holding and protecting a candle or oil wick flame, लालटेन; magic lantern, जादू की लालटेन, मायादीप।

lanugo (लैन्´-यु-गो) *n.* tender hair, कोमल बाल, रोएँ।

lanyard, laniyard (लैन्´-यॅ:ड्) *n.* 1. a short cord attached to something to secure it, डोरी। 2. a cord worn round the neck for carrying a whistle, knife etc., कोई चीज़ लटकाने के लिए गले में बाँधी जानेवाली डोरी।

lap[1] (लैप्) *v.* (lapped, lapping) 1. to take up (liquid) with the tongue, लपलप पीना, लपलपाना। 2. to make a gentle splashing sound, तट से टकराकर लहरों का ध्वनि करना। *n.* 1. an act of lapping, लपलप पीना। 2. the sound made when drinking with the tongue, जीभ से पीते समय होनेवाली लपलप ध्वनि। 3. the sound of small waves on a beach, तट से टकराने पर होनेवाली लहरों की ध्वनि।

lap[2] *n.* 1. the flat area formed by the front part of the legs above the knees of a seated person, गोद। 2. the part of a dress that covers the lap, आँचल, पल्ला, दामन। □ **lap up,** (i) to take in eagerly, उत्सुकतापूर्वक अपनाना, उत्कंठित होकर ग्रहण करना; (ii) to accept without thought, बिना विचारे अपनाना।

lapdog (लैप्´-डॉ:ग्) *n.* a small pet dog, छोटे आकार का कुत्ता जिसे लोग गोदी में उठा लेते हैं, गोद का कुत्ता।

lapel (लॅ-पॅल्´) *n.* either of the two flaps of a coat below the collar, लैपल, लौट।

lapidary (लैप्´-इ-डॅर्-ई) *adj.* relating to cutting and engraving of gems, जड़ाऊ। *n.* a craftsman who cuts and engraves gems, जड़िया, मणिकार।

lapislazuli (लैप्´-इज़्-लैज़्-यु-ली) *n.* a brilliant blue gemstone, नीलम।

Laplander (लैप्´-लैन्ड्-अ:) *n.* an inhabitant of Lapland, लैपलैंड (स्केन्डेविया) का वासी।

Lapp (लैप्) *n.* a Laplander, लैपलैंड का वासी।

lappet (लै´-पॅट्) *n.* the part of a dress that covers the lap, आँचल, पल्ला, दामन।

lapse (लैप्स्) *n.* 1. a minor slip or error, तनिक-सा दोष, भूल, चूक, त्रुटि, च्युति। 2. deviation from standard, मानक स्तर से होनेवाली गिरावट, चयुति, त्रुटि। 3. elapsing of time, समय का व्यवधान, काल का अंतराल; after a lapse of three years, तीन साल बाद। 4. the termination of a right through neglect or disuse, व्यपगति; लापरवाही अथवा प्रयोगाभाव के कारण अधिकार का छिन जाना। *v.* (lapsed, lapsing) 1. to cease to exist, अस्तित्व में न रहना। 2. to become invalid as through the passage of time, समय बीत जाने के कारण व्यपगत हो जाना। 3. to fail to maintain one's position or standard, चूक कर बैठना, त्रुटि या च्युति हो जाना।

lapsed (लैप्स्ड्) *adj.* 1. fallen into error, जिससे त्रुटि हुई हो। 2. in disuse, व्यपगत, रद्द, मंसूख या समाप्त।

lapwing (लैप्´-विंग्) *n.* an old world bird, एक प्राचीन पक्षी।

larboard (ला:´-बो:ड्) *n.* a port, बंदरगाह।

larceny (ला:´-सॅ-नी) *n.* 1. theft, चोरी। 2. the crime of theft, चोरी का अपराध, चोरी।

larcenous (ला:´-सॅ-नॅस्) *adj.* of larceny, चोरी का।

larch (ला:च्) *n.* 1. a cone-bearing tree of the pine family, देवदार की जाति का वृक्ष, लार्च। 2. its durable wood, उक्त पेड़ की लकड़ी जो बहुत मज़बूत होती है।

lard (ला:ड्) *n.* fat obtained from pig meat, सुअर की चर्बी, शूकर-वसा। *v.* (larded, larding) 1. to smear with lard (before cooking the meat, मांस को पकाने से पहले) चर्बी का लेप करना। 2. to enrich (a speech or writing) with additions, to embellish, (भाषण या लेख को) कुछ जोड़-जाड़ कर समृद्ध करना, सजाना।

larder (ला:´-डॅ:) *n.* a room or cupboard for storing food, भंडारगृह या खाद्य-सामग्री रखने की आलमारी।

lardy (ला:´-डी) *adj.* full of fat, चर्बीदार, चर्बीवाला।

large (ला:ज्) *adj.* (larger, largest) 1. big, बड़ा, भारी-भरकम। 2. spacious, खुला, विस्तृत, लंबा-चौड़ा। 3. comprehensive, व्यापक। 4. liberal, generous, उदार। ☐ **at large,** (i) free to roam about, जिसे खुली छूट हो, स्वतंत्र; (ii) not in confinement, जो नज़रबंद न हो; (iii) in general way, सामान्य रूप से; **by and large,** for the most part, अधिकांश में; **people at large,** people in general, सामान्य लोग, लोग-बाग। *adv.* on a large scale, बृहत् परिमाण में।

large-hearted (ला:ज्´-हा:´-टिड्) *adj.* kind, kindly, बड़े दिलवाला, कृपालु, दयालु, उदार।

large-heartedness (ला:ज्´-हा:´-टिड्-निस्) *n.* kindness, उदारता, दयालुता।

largely (ला:ज्´-ली) *adv.* 1. mainly, मुख्य रूप से, मुख्यत:; His success was largely due to luck. उसकी सफलता का मुख्य श्रेय भाग्य को ही है।

large-scale (ला:ज्´-स्केल) *adj.* 1. widespread, extensive, दूर तक फैला हुआ, व्यापक। 2. of large scope, बड़े परिमाणवाला; a large-scale factory, बड़े परिमाण में उत्पादन करनेवाला कारख़ाना।

largess, largesse (ला:´-ज़्हॅस्) *n.* 1. liberty in

giving, दानशीलता। 2. money or gifts generously given, उदारतापूर्वक दिया गया उपहार, दान, बख़्शीश।

largo (ला:´-गो) ***adv.*** in a slow and majestic manner, हौले-हौले, मंद गति तथा अत्यंत सुंदर ढंग से। ***n.*** a slow and majestic style, मंद तथा श्रेष्ठ शैली।

lariat (लैर्´-इ-अॅट्) ***n.*** 1. a lasso, कमंद। 2. a rope, रस्सा।

lark[1] (ला:क्) ***n.*** a variety of small birds of which the skylark is one, लार्क, भरत।

lark[2] ***n.*** 1. a joke or prank, मज़ाक, मस्खरी। 2. a playful adventurous action, छेड़छाड़, अठखेली। ***v.*** (larked, larking) 1. to joke or prank, मज़ाक करना, मस्खरी करना, हँसी-मज़ाक करना। 2. to play about lightheartedly, छेड़-छाड़ करना, अठखेलियाँ करना।

larrup (लैर्´-अॅप्) ***v.*** (larrupped, larrupping) to thrash, पिटाई करना, ठुकाई करना, मारना-पीटना।

larva (ला:´-वॅ) ***n.*** (plu. larvae) the wormlike form of a newly-hatched insect, इल्ली, डिंभी, लार्वा।

larval (ला:´-वॅल्) ***adj.*** of larva, इल्ली-संबंधी।

laryngitis (लैर्-इन्-जाइ´-टिस्) ***n.*** inflammation of the larynx, गले की सूजन, कंठशोथ।

larynx (लैर्´-इंक्स्) ***n.*** (plu. larynges, larynxes) the cavity in the throat containing the vocal cords, कंठ, स्वरयंत्र।

lasagna (लॅ-ज़ान्´-यॅ, लॅ-ज़ैन्´-यॅ) ***n.*** flat white noodles baked with tomato sauce and cheese, सास और पनीर मिलाकर बनाई हुई नूडल्ज़।

lascar (लैस्´-कॅ:) ***n.*** an Indian seaman, भारतीय नाविक।

lascivious (लॅ-सिव्´-इ-अॅस्) ***adj.*** 1. lewd, कामुक, लंपट, विषयासक्त। 2. lustful, कामुकतापूर्ण, कामोत्तेजक।

lasciviousness (लॅ-सिव्´-इ-अॅस्-निस्) ***n.*** lust, कामुकता, लंपटता, विषयासक्ति।

laser (ले´-ज़ॅ:) ***n.*** any of several devices that generates highly concentrated beam of light, लेज़र।

lash[1] (लैश्) 1. a blow with a whip, कोड़े का आघात, कोड़े की मार, साँट। 2. the strip of a whip, कोड़ा। 3. an eyelash, बरौनी। ***v.*** (lashed, lashing) 1. to strike with a whip, कोड़े लगाना। 2. to strike against with force, प्रहार करना। 3. to attack verbally, भर्त्सना करना। 4. to move or wave rapidly, तेज़ी से हिलाना या लहराना।

lash[2] ***v.*** (lashed, lashing) to bind with a rope, रस्सी से बाँधना, जकड़ना, कस देना।

lashing (लैश्´-इंग्) ***n.*** 1. the act of whipping, कशाघात, कोड़े से होनेवाली धुनाई। 2. a rope used for binding, (बाँधने का) रस्सा।

lass (लैस्) ***n.*** 1. a girl, लड़की, बच्ची, कन्या। 2. a sweetheart, प्रेयसी, महबूबा।

lassie (लैस्´-ई) ***n.*** a lass, छोटी लड़की, नटखट या चंचल लड़की।

lassitude (लैस्´-इ-ट्यूड्) ***n.*** 1. weariness of body or mind, tiredness, थकान, थकावट। 2. listlessness, उदासी, निर्जीवता, सुस्ती।

lasso (लैस्´-ओ) ***n.*** (plu. lassos, lassoes) a long rope with a running noose at one end for catching horses and cattle. गरगो, फंदेदार रस्सी। ***v.*** (lassoed, lassoing) to catch with a lasso, गरगो से बाँधना।

last[1] (लास्ट्, लैस्ट्) ***adj.*** 1. coming at the end, अंतिम, आख़िरी, पिछला। 2. final in a series, अंतिम, आख़िरी। 3. most recent, पिछला, गत; last night, पिछली रात। 4. remaining, शेष, बचा हुआ, अंतिम; our last hope, हमारी अंतिम आशा। 5. least likely or expected, असंभावित। ***adv.*** 1. finally, अंत में। 2. recently, अभी हाल में, कुछ ही समय पहले। 3. after all others, सब से पीछे। ☐ **at (long) last** (i)

finally, अंत में; (ii) after much delay, आख़िरकार, अंततोगत्वा। *n.* 1. one occurring at the end, वह जो अंत में हो, अंतिम वस्तु, व्यक्ति आदि; breathe one's last, दम तोड़ देना। 2. the end, अंत, समाप्ति। *v.* (lasted, lasting) 1. to continue, चलता रहना, जारी रहना। 2. to continue in existence, बना रहना, अस्तित्व में रहना। 3. to be enough, चलना, पूरा पड़ना; Enough food to last us for a month, महीने भर चलने लायक यथेष्ट खाद्य-सामग्री।

last[2] *n.* the mould on which a shoemaker shapes the shoes, कलबूत।

lasting (लास्´-टिंग्, लैस्´-टिंग्) *adj.* continuing or remaining for a long time, चिरस्थायी, टिकाऊ।

Last Judgment (लास्ट्´-जज्-मॅन्ट्) *n.* in Christian belief the final judgment by God of all mankind, अंतिम निर्णय।

lastly (लास्ट्´-ली/लैस्ट्´-ली) *adv.* finally, अंत में, सब से पीछे, सब के बाद।

last-minute (लास्ट्´-मि-नट्) *adj.* at the latest possible time, अंतिम क्षण में होनेवाला।

last straw (लास्ट्-स्ट्रा:´) *n.* a slight addition to one's difficulties that makes them unbearable, अंतिम परंतु चरम कष्ट।

Last Supper (लास्ट्´-स-पॅ:) *n.* the supper of Jesus with his disciples on the eve of Crucifixion, लास्ट सपर, अंतिम भोजन।

last word (लास्ट्´-व:ड्) *n.* 1. the final decision in a dispute, अंतिम निर्णय, आख़िरी फैसला। 2. a definitive statement, निर्णायक कथन, दो-टूक बात। 3. the latest fashion, ताजा फैशन।

latch (लैच्) *n.* 1. a bar for fastening a door or window, सिटकनी। 2. a lock, ताला। *v.* (latched, latching) to fasten with a latch, सिटकनी लगाकर बंद करना, ताला लगाना। □ **latch on to,** to cling to, चिपक जाना, जा चिपकना।

latchet (लैच्´-इट्) *n.* a leather strip for fastening a shoe, चमड़े का तस्मा।

late (लेट्) *adj.* (later, latest) 1. arriving after the appointed or usual time, विलंब से आनेवाला, देरी करनेवाला, विलंबित। 2. occurring, flowering or ripening late in the season, मौसम के अंत में होनेवाला। 3. being or occurring toward the end, अंत में होनेवाला। 4. recent, अभी हाल का, ताज़ा; latest news, ताज़ा खबर। 5. no longer alive, गत, दिवंगत। *adv.* (later, latest) 1. after the appointed or usual time, देर से, विलंब से। 2. toward the end of the day, month or year, दिन, महीने या वर्ष की समाप्ति पर। □ **of late,** lately, हाल ही में।

latecomer (लेट्´-कम्-अॅ:) *n.* one who arrives late, देर से पहुँचनेवाला व्यक्ति।

lately (लेट्´-ली) *adv.* not long ago, recently, अभी हाल में, कुछ ही समय पहले।

latency (ले´-टॅन्-सी) *n.* the state of being latent, प्रसुप्तावस्था।

latent (ले´-टॅन्ट्) *adj.* 1. dormant, प्रसुप्त। 2. existing but not active or visible, अप्रकट, निहित।

lateral (लैट्´-अॅ-रॅल्) *adj.* on, of or toward the side, पार्श्व का, पार्श्विक; lateral pass, (फुटबॉल में) दाहिने, बाएँ या पीछे की ओर दिया जानेवाला पास।

latest (ले´-टॅस्ट्) *adj.* recent, ताज़ा, अभी हाल का, अंतिम; latest edition, नव संस्करण, latest news, ताज़ा ख़बर; at the latest by 5 o' clock, अधिक से अधिक पाँच बजे तक।

latex (ले´-टॅक्स्) *n.* a milky sap of certain plants, वनस्पतियों में से निकलनेवाला दूध जैसा पदार्थ, वानस्पतिक दुग्ध।

lath (लैथ्) *n.* a thin strip of wood, लकड़ी की फर्टी।

lathe (लेद्) *n.* a machine for holding and turning a piece of wood, metal etc. against

a tool that will shape it, खराद (मशीन)। *v.* (lathed, lathing) to turn on a lathe, खराद पर चढ़ाकर बनाना, खरादना।

lather (लैद्´-अ:) *n.* foam produced in water by soap, झाग, फेन। □ **in a lather,** excited, उत्तेजित। *v.* (lathered, lathering) 1. to form a lather, झाग उत्पन्न करना। 2. to apply lather to, झाग से मलना या रगड़ना।

lathery (लैद्´-ऑर्-ई) *adj.* full of lather, झाग से भरा, झागदार।

Latin (लैट्´-इन्) *n.* the Italic language of ancient Rome, प्राचीन रोम की भाषा, प्राचीन इतालवी भाषा, लातीनी भाषा, लैटिन। *adj.* of Latin, लैटिन भाषा-संबंधी, लातीनी।

Latin America (लैट्´-इन्-अ-मॅर्´-इ-कॅ) *n.* Central and Southern America where Spanish or Portuguese is the main language, लैटिन अमरीका, लातीनी अमरीका।

latitude (लैट्´-इ-ट्यूड्) *n.* 1. angular distance north or south of the equator, अक्षांश। 2. freedom from restrictions, छूट, स्वच्छंदता। 3. scope, विस्तार, व्याप्ति।

latitudinal (लैट्´-इ-ट्यू-डि-नॅल्) *adj.* of or pertaining to latitude, अक्षांश-संबंधी, अक्षांशीय।

latitudinarian (लैट्-इ-ट्यूड्-नेऑर्´-इ-ॲन्) *n.* a person extremely tolerant in his views, उदार या सहिष्णु व्यक्ति।

latrine (लॅ-ट्रीन्´) *n.* a toilet especially one in a camp or barracks, शौचघर, टट्टी, पाख़ाना।

latter (लैट्´-ॲ:) *adj.* 1. coming after someone or something, being the second of the two things or persons mentioned, बादवाला, पिछला, परवर्ती। 2. nearer to the end, आख़िरी।

latter-day (लैट्´-ॲ:-डे´) *adj.* 1. of a following period, बाद के समय का। 2. modern, आधुनिक।

latterly (लैट्´-ॲ:-ली) *adv.* of late, बाद में, अभी हाल में।

lattic (लैट्´-इस्) *n.* a framework of interwoven bars or laths, जाली।

laud (ला:ड्) *v.* (lauded, lauding) to praise, प्रशंसा करना, स्तुति करना, सराहना। *n.* praise to God, स्तुति।

laudable (ला:´-डॅ-बॅल्) *adj.* that can be lauded, praiseworthy, प्रशंसनीय, प्रशंसा के योग्य।

laudably (ला:´-डॅ-बॅ-ली) *adv.* in a laudable manner, प्रशंसनीय ढंग से।

laudanum (ला:´-डॅ-नॅम्) *n.* a medicinal substance prepared from opium, अफ़ीम से बनी औषध।

laudatory (ला:´-डॅ-टॅ-री) *adj.* expressing praise, प्रशंसा या स्तुति के रूप में होनेवाला, प्रशंसात्मक।

laugh (लाफ़्, लैफ़्) *v.* (laughed, laughing) 1. to produce inarticulate sounds expressive of pleasure, joy or derision, हँसना। 2. to ridicule, उपहास करना, हँसी उड़ाना, मज़ाक उड़ाना। □ **laugh at,** to ridicule, हँसी या मज़ाक उड़ाना; **laugh it off,** to get rid of something embarrassing by making a joke about it, हँसी में कोई बात उड़ा देना; **no laughing matter,** not a fit subject for laughter, हँसी की बात नहीं, हँसने की बात नहीं। *n.* 1. the sound or act of laughing, हँसी। 2. an amusing incident, हँसी की बात।

laughable (लाफ़्´-ॲ-बॅल्/लैफ़्´-ॲ-बॅल्) *adj.* ridiculous, हँसने योग्य, हास्यास्पद।

laughably (लाफ़्´-ॲ-बॅ-ली/लैफ़्´-ॲ-बॅ-ली) *adv.* in a laughable manner, हास्यास्पद रूप से।

laughing (लाफ़्´-इंग्/लैफ़्´-इंग्) *adj.* causing laughter, हँसने या हँसानेवाला।

laughing-stock (लाफ़्´-इंग्-स्टॉक्) *n.* an object of scornful laughter, वह जिसकी हँसी उड़ाई जाए, हँसी का पात्र।

laughingly (लाफ़्´-इंग्-ली) *adv.* in a laughing mood, हँसते-हँसते, हँसी-हँसी में।

laughter (लाफ़्´-टः/लैफ़्´-टः) *n.* 1. the sound of laughing, कहकहा, ठहाका। 2. the act of laughing, हँसी।

launch (लाःन्च्) *v.* (launched, launching) 1. to set afloat, पानी में उतारना, जलावतरण करना। 2. to start off, to set in motion, प्रारंभ करना, प्रवर्तन करना, चलाना। 3. to hurl, fire or project, प्रक्षेपण करना। □ **launch out,** to start on an ambitious enterprise, कोई महत्त्वाकांक्षी योजना शुरू करना। *n.* 1. the act of launching, जलावतरण। 2. a motor-driven boat usually a pleasure boat, विहार-नौका, लांच।

launcher (लाःन्´-चंः) *n.* a device for launching a rocket, satellite etc., लांचर, प्रक्षेपण-यंत्र।

launder (लाःन्´-डंः) *v.* (laundered, laundering) 1. to wash and iron (clothes कपड़े) धोना तथा उन पर लोहा करना। 2. to make illegally earned money legal, नंबर दो की रकम को नंबर एक बनाना।

launderer (लाःन्´-डं-रः) *n.* one who launders, कपड़े धोने तथा उन पर लोहा करनेवाला, धोबी। [Fem. laundress, धोबिन]

laundry (लाःन्´-ड्री) *n.* 1. a place where clothes are washed and ironed, धोबीख़ाना, धुलाई-घर, लांड्री। 2. the clothes for washing and ironing, धुलाई के कपड़े। 3. the clothes after washing and ironing, धुले हुए कपड़े।

laundryman (लाःन्´-ड्री-मॅन्) *n.* a launderer, धोबी। [*Fem.* laundrywoman, धोबिन]

laureate (लॉर्´-इ-इट्) *adj.* distinguished, honoured, प्रतिष्ठित, सम्मानित; poet laureate, सम्मानित कवि विशेषतः, राज्य द्वारा सम्मानिक कवि, राजकवि।

laurel (लॉर्´-अॅल्) *n.* 1. a tree with aromatic leaves, लारेल वृक्ष। 2. a wreath of laurel leaves worn as a sign of victory, विजय की सूचक पहनाई जानेवाली लारेल के पत्तों की माला। 3. (plu.) honour, distinction, सम्मान, प्रतिष्ठा। □ **look to one's laurels,** to beware of one's rivals, प्रतिस्पर्धियों से अपने सम्मान की रक्षा के लिए प्रयत्नशील रहना; **rest on one's laurels,** to remain satisfied with one's past achievements, पुरानी उपलब्धियों से ही संतुष्ट रहना फलतः और ऊँचा उठने का प्रयास न करना।

lava (ला´-वॅ) *n.* molten flowing the volcanoes, ज्वालामुखी से फूटनेवाला लावा।

lavatory (लैव्´-अॅ-टॅ-री) *n.* (plu. lavatories) a room equipped with toilet facilities, शौचालय, शौचगृह।

lave (लेव्) *v.* (laved, laving) 1. to wash, धोना। 2. to bathe, नहाना।

lavender (लैव्´-अॅन्-डंः) *n.* 1. a shrub with fragrant light purple flowers, लैवंडर नामक पौधा और उसके फूल। 2. light purple, हलका बैंगनी रंग। 3. a perfume scented with lavender, लैवंडर की गंधवाला इतर।

lavish (लैव्´-इश्) *adj.* 1. generous, मुक्तहस्त, उदार। 2. wasteful, extravagant, फ़िज़ूलख़र्च, अपव्ययी, उड़ाऊ। 3. prolific, abundant, प्रचुर, अधिक। *v.* (lavished, lavishing) 1. to give or spend freely or generously, खुलकर ख़र्च करना, हाथ खोलकर खर्च करना। 2. to waste, अपव्यय करना, फ़िज़ूलख़र्च करना, उड़ाना।

lavishly (लैव्´-इश्-ली) *adv.* in a lavish manner, freely, generously, मुक्तहस्त होकर, खुलकर, उदारतापूर्वक।

lavishness (लैव्´-इश्-निस्) *n.* the state or quality of being lavish, extravagance, मुक्तहस्तता, खुला ख़र्च करना, अपव्यय करना, उड़ाना।

law (लाः) *n.* 1. a rule, नियम, सिद्धांत। 2. a rule established by a legislature or parliament, कानून, विधि; civil law, दीवानी कानून; crimi-

nal law, फ़ौजदारी कानून। 3. a body of such rules, संहिता, विधान। ☐ **go to law,** to resort to legal proceedings, मुकदमा चलाना; **take the law into one's own hands,** to right a wrong oneself without legal sanction, कानून को अपने हाथ में लेना।

law-abiding (ला:´-अॅ-बाइ-डिंग्) *adj.* observing the law, obeying the law, कानून के अनुसार चलनेवाला, कानून का पालन करनेवाला, विधिपालक।

lawbreaker (ला:´-ब्रे-कॅ:) *n.* a person who breaks the law, कानून तोड़नेवाला, विधि का उल्लंघन करनेवाला।

law-court (ला:´-को:ट्) *n.* the court of law, न्यायालय, कचहरी।

lawful (ला:´-फुल्) *adj.* sanctioned by law, legal, विधिसम्मत, कानूनी।

lawfully (ला:´-फु-ली) *adv.* in a lawful way, विधिपूर्वक, कानून से, विधि के अनुसार।

lawgiver (ला:´-गिव्-अॅ:) *n.* a lawmaker, विधायक या सांसद।

lawless (ला:´-लिस्) *adj.* 1. without regard for the law, disregarding the law, कानून की तौहीन करनेवाला, विधि की उपेक्षा करनेवाला।2. without law, विधिविहीन, अराजक। 3. uncontrolled, अनियंत्रित।

lawlessness (ला:´-लिस्-निस्) *n.* the state of being without law, अराजकता, विधिविहीनता, अव्यवस्था, अंधेर।

lawmaker (ला:´-मे-कॅ:) *n.* a legislator, विधायक, विधि-निर्माता।

lawmaking (ला:´-मे-किंग्) *n.* the act of making or enacting law, विधिनिर्माण, कानून बनाना, विधायन।

lawn[1] (ला:न्) *n.* a piece of ground cultivated with grass and mowed regularly, घास का मैदान, लान।

lawn[2] *n.* a kind of cotton fabric, एक तरह की मलमल।

lawn-mower (ला:न्´-मो-अॅ:) *n.* a person or machine that cuts grass, घास काटनेवाला, घसियारा या घास काटने की मशीन।

lawn tennis (ला:न्´-टॅन्´-इस्) *n.* tennis played on grass courts, लान टेनिस।

lawsuit (ला:´-सूट्) *n.* a case brought before a law-court, मुकदमा, केस।

lawyer (ला:´-यॅ:) *n.* one who gives legal advice, वकील, विधिवेत्ता, कानूनदाँ।

lax (लैक्स्) *adj.* 1. loose, not strict, कड़ाई न करनेवाला, जो कठोर या सख़्त न हो, ढीला, नरम, शिथिल। 2. negligent, लापरवाह, असावधान।

laxative (लैक्´-सॅ-टिव्) *adj.* helping or stimulating the bowels to move, रेचक, दस्तावर।

laxity (लैक्´-सि-टी) *n.* 1. looseness, शिथिलता, ढिलाई।2. negligence, लापरवाही, असावधानी। 3. remission, छूट।

laxly (लैक्स्´-ली) *adj.* 1. loosely, शिथिलतापूर्वक, ढिलाई से। 2. negligently, लापरवाही से, असावधानी से।

lay[1] (ले) *v.* (laid, laying) 1. to place or put down, रखना, रख देना। 2. to spread, बिछाना, बिछा देना। 3. to knock down, पटक या गिरा देना। 4. to impose or assign, आरोपित करना, लगाना; to lay blame, दोष लगाना। 5. to produce (eggs, अंडे) देना, पैदा करना। 6. to present or submit, प्रस्तुत करना, पेश करना; to lay a claim, दावा पेश करना। 7. to bet, बाज़ी लगाना। 8. to prepare or formulate, बनाना; to lay a plan, योजना बनाना। 9. to cause to settle, स्थिर होने देना। 10. to place in proper position, सही ढंग से रखना; to lay bricks, चुनाई करना। 11. to place along or under a surface, ज़मीन पर रखना, बैठाना या बिछाना। ☐ **lay aside,** (i) to abandon, त्याग देना; (ii) to save, बचा रखना; **lay bare,** to reveal, प्रकट करना; **lay by,** to save, बचाना; **lay down,** (i) to establish, स्थापित करना; (ii) to give up, छोड़ देना; **lay hands on,** to get

possession of, काबिज़ होना, दख़ल पाना; **lay hold of,** to seize, पकड़ना; **lay off,** to discharge, निकाल या हटा देना; **lay on,** to inflict blows, आघात करना; **lay out,** (i) to arrange, व्यवस्थित करना; (ii) to knock unconsious, पटककर बेहोश कर देना; (iii) to spend lavishly, ख़ूब ख़र्च करना; **lay up,** (i) to save or store for future use, आगे के लिए बचा रखना; (ii) to confine to illness, खाट पकड़ लेना; **lay waste,** to destroy, नष्ट कर देना।

lay² (ले) *v.* p.t. of lie.

lay³ *adj.* 1. of or belonging to the laity, सामान्य लोगों से संबद्ध, साधारण। 2. not professional, जो पेशेवर न हो, अव्यावसायिक।

layabout (ले´-अ-बॉउट्) *n.* 1. a lazy person, सुस्त आदमी। 2. a loafer, आवारा आदमी।

layer (ले´-अॅ:) *n.* 1. a single thickness, coating or sheet of material laid over a surface, परत, तह, लेअर। 2. a hen that lays eggs, अंडे देनेवाली मुर्गी। *adj.* consisting of layers, परतोंवाला, परतीला। *v.* (layered, layering) to arrange in layers, परतें लगाना, परत पर परत लगाना, रखना या बिछाना।

layette (ले-ऍट्´) *n.* clothes for a new born baby, नए जन्मे बच्चे के कपड़े।

layman (ले´-मॅन्) *n.* (plu. laymen) a person who is not a clergyman, आम आदमी, सामान्य जन, साधारण व्यक्ति। [Fem. laywoman, साधारण स्त्री]

layoff (ले´-आ:फ़्) *n.* the act of discharging one's employees temporarily, कर्मचारियों को अस्थायी रूप से अर्थात् कुछ समय के लिए हटा देना।

layout (ले´-ऑउट्) *n.* 1. the act of laying out, व्यवस्थित करने का काम। 2. something laid out, व्यवस्थित की हुई वस्तु। 3. the arrangement of written matter, advertisements etc., on a page, आयोजन, व्यवस्था, फैलाव, ले-आउट। 4. a map or site plan, नक़्शा।

laze (लेज़्) *v.* (lazed, lazing) to be lazy, सुस्त होना। *n.* laziness, सुस्ती।

lazily (ले´-ज़ि-ली) *adj.* in a sluggish manner, धीरे-धीरे, मंद गति से, सुस्ती से।

laziness (ले´-ज़ि-निस्) *n.* the state or quality of being lazy, आलस, आलस्य, सुस्ती।

lazy (ले´-ज़ी) *adj.* 1. reluctant to work, doing little work, आलसी, सुस्त, कामचोर। 2. moving in a sluggish manner, धीरे-धीरे चलनेवाला, मंथर, मंद; lazy river, मंथर नदी।

lea (ली) *n.* a piece of grassland, घास का मैदान।

leach (लीच्) *v.* (leached, leaching) to remove or to be removed from a substance by a percolating liquid, साफ़ होना या करना, धुल जाना या धो देना।

lead¹ (लीड्) *v.* (led, leading) 1. to show the way, रास्ता दिखाना। 2. to guide or conduct, मार्गदर्शन करना, अगुआई करना या संचालन करना। 3. to influence, प्रभावित करना। 4. to induce, प्रेरित करना। 5. to live, pass or spend, व्यतीत करना, बिताना। 6. to play principal part, मुख्य भूमिका निभाना। 7. to excel, आगे बढ़ या निकल जाना। 8. to make the initial play (as in a card game, ताश के खेल में) बाज़ी शुरू करना, पहल करना। ☐ **lead off,** to begin, आरंभ करना; **lead on,** to entice (into trouble), लुभाना, बहकाना, खींच ले जाना; **lead up to,** to proceed gradually or cautiously, क्रमशः या सावधानीपूर्वक आगे किसी ओर बढ़ना या ले जाना। *n.* 1. the position in advance of others, अग्रता। 2. the margin by which someone is ahead, बढ़त। 3. leadership, अगुआई, नेतागिरी। 4. first move, पहल। 5. the principal role in a drama or film, मुख्य भूमिका, प्रधान पात्र। 6. a wire or cable for making an electrical connection, तार। 7. a strap, पट्टा। ☐ **take the lead,** to be at the head of, आगे बढ़ जाना

या बढ़े होना।

lead[2] (लेंड्) *n.* 1. bluish-white highly malleable metal, सीसा, जस्ता। 2. in printing, a thin stick of above metal used for spacing between the lines, लेड, सीसे की पत्ती। 3. gunfire, गोलाबारी। *v.* (leaded, leading) 1. to add lead to, सीसा मिलाना। 2. to cover with lead, सीसे से मढ़ना।

leaden (लेंड्´-अॅन्) *adj.* 1. made of lead, सीसे का बना हुआ। 2. heavy, भारी, बोझिल। 3. dark grey, सलेटी रंग का।

leader (ली´-डॅः) *n.* 1. one who leads, नेतृत्व या मार्गदर्शन करनेवाला, अगुआ, मार्गदर्शक। 2. the head of a group, नेता, सरदार। 3. main editorial article (in a newspapaer, समाचारपत्र का) अग्रलेख। 4. in printing, a type with three dots, लीडर। 5. a music-conductor, संगीत-निर्देशक।

leadership (लीड्´-अॅः-शिप्) *n.* the state or position of a leader, नेतृत्व, नेतागिरी, अगुआई।

lead-in (लीड्´-इन्) *n.* 1. an introduction or introductory remark, भूमिका, प्रस्तावना। 2. a wire connecting aerial to a receiver, रेडियो या टीवी को एरियल से जोड़नेवाला तार।

leading (ली´-डिंग्) *adj.* in the first or front position, प्रमुख, बढ़ा-चढ़ा या नामी।

leading article (लीड्´-इंग्-आः´-टि-कॅल्) *n.* editorial, अग्रलेख, संपादकीय।

leading question (लीड्´-इंग्-क्वेश्´-चॅन्) *n.* a question in which the answer is implicit, ऐसा प्रश्न जिसमें उत्तर निहित हो, अर्थगर्भित प्रश्न।

lead off (लीड्´-आःफ़्) *n.* the beginning, प्रारंभ, शुरुआत।

leaf (लीफ़्) *n.* (plu. leaves) 1. the green blade like part of a plant or tree, पत्ता। 2. the page of a book, पन्ना। 3. a very thin sheet of a metal, वरक। 4. a movable piece of wood inserted into a table, मेज़ के साथ जुड़ी पटरी। □ **take a leaf out of someone's book,** to follow someone's example, नकल करना, अनुकरण करना; **take over a new leaf,** to improve one's behaviour or habits, अपना आचरण या आदतें सुधारना। *v.* (leafed, leafing) 1. to produce leafs, पत्ते निकलना। 2. to turn pages rapidly, जल्दी-जल्दी पन्ने पलटना।

leafage (ली´-फ़िज्) *n.* foliage, (पेड़ के) हरे पत्ते।

leafless (लीफ़्´-लिस्) *adj.* without leaves, पत्तों से रहित, पत्रविहीन।

leaflet (लीफ़्´-लिट्) *n.* a pamphlet, इश्तहार, पर्चा, पैंफ़लेट।

leafy (ली´-फ़ी) *adj.* (leafier, leafiest) having leaves, पत्तों से युक्त, पत्तेदार।

league[1] (लीग्) *n.* 1. a group or association of persons or nations, संघटन, समुदाय या राष्ट्रकुल। 2. a group of sporting clubs that compete against each other for a championship, संघ, लीग; league match, लीग मैच, संघीय मैच। 3. a class or category, वर्ग, जाति। □ **in league with,** allied with, साथ मिलकर; **not in the same league with,** much inferior to, घटकर। *v.* (leagued, leaguing) 1. to form a league, संघ बनाना, संघटन स्थापित करना, संघबद्ध करना। 2. to become united, संघटित होना।

league[2] (लीग्) *n.* the distance equal to three miles, तीन मील की दूरी या नाप, लीग।

leak (लीक्) *v.* (leaked, leaking) 1. to escape through a hole or crack (said of fluid, gas etc., द्रव, गैस आदि का) रिसना, चूना, टपकना, क्षरित होना। 2. to disclose or to be disclosed, (रहस्य) प्रकट करना या होना, खोलना या खुलना। 3. to urinate, पेशाब करना, मूतना। *n.* 1. a hole or crack from which fluid or gas escapes, छेद या दरार जिसमें से द्रव या गैस रिसती हो। 2. the fluid or gas that has leaked out, रिसा हुआ द्रव या गैस। 3. passing on of secret information, भंडा फूटना,

रहस्योद्घाटन।

leakage (ली´-किज्) *n.* 1. the act of leaking, रिसाव, क्षरण। 2. something that has leaked, रिसा हुआ पदार्थ, क्षरित पदार्थ। 3. disclosing of a secret, रहस्य का प्रकटन, रहस्योद्घाटन।

leaky (ली´-की) *adj.* having a hole or crack through which something escapes, चूना, चूनेवाला।

lean (लीन्´) *v.* (leaned, leaning) 1. to incline, झुकना। 2. to have a leaning, झुकाव होना, नति होना, झुकना। 3. to rely for support, मदद या सहारा चाहना। *n.* 1. the state or condition of inclining, झुकाव। 2. tendency, झुकाव, नति। *adj.* 1. neither fat nor fleshy, पतला-दुबला, कृशकाय। 2. without fat, बिना चर्बी का। 3. weak, दुर्बल। 4. unproductive or unfruitful, अनुत्पादक। 5. meagre, inadequate, अल्प, अपर्याप्त। 6. unimportant, महत्त्वहीन; lean year, मंदा वर्ष।

leaning (लीन्´-इंग्) *n.* a tendency, झुकाव, नति, प्रवृति।

leant (लेंन्ट्) *v.* p.t. & p.p. of lean.

lean-to (लीन्´-टू) *n.* a shed with a sloping roof adjoining a wall, ढालू छत, सायाबान।

leap (लीप्) *v.* (leapt/leaped, leaping) 1. to jump off the ground, उछलना, कूदना, छलाँग लगाना। 2. to jump over, कूद जाना, छलाँग लगाना, उछलकर पार करना। 3. to cause to jump over, कुदाना। 4. to move abruptly and impulsively, कूदने लगना। *n.* 1. the act of jumping, कूदना, उछलना। 2. a jump, छलाँग। □ **a leap in the dark,** a hasty action, अँधेरे में लगाई जानेवाली छलाँग, जल्दबाज़ी का काम; **by leaps and bounds,** extremely fast, दिन दुगुनी रात चौगुनी गति से।

leap frog (लीप्´-फ्रॉग्) *n.* a children's game in which one player bends over and the next leaps over him, मेंडक-कुदान।

leap year (लीप्-इअॅ:) *n.* a year occurring every four years with an extra day, लीप इयर, अधिवर्ष।

learn (लःन्) *v.* (learned / learnt, learning) 1. to acquire knowledge of, ज्ञान अर्जित करना, सीखना। 2. to gain mastery through study or experience, सीखना। 3. to become aware by information, जानकारी प्राप्त करना, जानकारी होना।

learned (लः´-निड्) *adj.* 1. scholarly, erudite, विद्वान या विद्वत्तापूर्ण, पंडित या पांडित्यपूर्ण। 2. well-read, सुविज्ञ। 3. acquired, अधिगत।

learnedly (लः´-निड्-ली) *adv.* in a scholarly manner, विद्वत्तापूर्वक, पांडित्यपूर्वक।

learner (लः´-नॅः) *n.* 1. one who is learning a subject or skill, शिक्षार्थी। 2. a novice, नौसिखुआ।

learning (लः´-निंग्) *n.* 1. acquiring of knowledge, विद्या-प्राप्ति, विद्यार्जन। 2. the knowledge obtained by study, ज्ञान, विद्या। 3. scholarship, विद्वत्ता, पांडित्य।

lease (लीस्) *n.* a contract by which the owner of a land or building grants occupation to another person for specific period in exchange of rent, लीज़, पट्टा। □ **have a new lease of life,** to have a prospect of renewed life, नया जन्म होना। *v.* (leased, leasing) 1. to grant by lease, पट्टे पर देना। 2. to hold under lease, पट्टे पर लेना।

leasehold (लीस्´-होल्ड्) *n.* the land or building held under a lease, पट्टे पर ली हुई ज़मीन या इमारत।

leaseholder (लीस्´-होल्ड्-अॅः) *n.* a person having a land or property in possession by means of a lease, पट्टेदार।

leaser (लीस्´-अॅः) *n.* one who grants occupation of a land or property to someone in exchange of rent by contract, पट्टादाता, पट्टे पर देनेवाला।

leash (लीश्) *n.* a strap or chain used to control a dog or other animal, कुत्ते आदि के गले की रस्सी या पट्टा। *v.* (leashed, leashing)

to secure or control by a leash, रस्सी या पट्टे से बाँधकर रखना।

least (लीस्ट्) *adj.* 1. smallest, अदना, छोटे-से-छोटा, कम-से-कम। 2. lowest in rank, पद में सब-से छोटा। 3. of very little importance, महत्त्वहीन। □ **at least,** (i) at the minimum, कम-से-कम; (ii) anyway, जो भी; **in the least,** at all, बिल्कुल। *adv.* in a smallest degree, कम-से-कम मात्रा या परिमाण में। *n.* smallest quantity, अल्प मात्रा या परिमाण।

leastwise (लीस्ट्´-वाइज़्) *adv.* at least, इतना तो या कम से कम।

leather (लेंद्´-अ:) *n.* the tanned hide of an animal, चमड़ा, चर्म। *adj.* made of leather, चमड़े का।

leathern (लेंद्-अ-रन्) *adj.* made of leather, चमड़े का बना हुआ।

leatherette (लेंद्´-अ:-इट्) *n.* imitation leather, नकली-चमड़ा।

leathery (लेंद्´-अ-री) *adj.* as tough as leather, चीमड़, चमड़े की तरह कड़ा; leathery meat, चीमड़ गोश्त।

leave[1] (लीव्) *v.* (left, leaving) 1. to go away from, to depart, चल या निकल पड़ना, चले जाना। 2. to part from, बिदा लेना। 3. to go away finally, सदा के लिए चले जाना। 4. to abandon, छोड़ देना। 5. to allow to remain or stay without interference, छोड़ देना, रहने देना, छेड़छाड़ न करना। 6. to bequeath, पीछे या विरासत में छोड़ना। 7. to entrust, सौंपना। □ **leave off,** to stop, बंद करना; **leave out,** to omit, छोड़ देना।

leave[2] (लीव्) *n.* 1. the permission to be absent from duty or work, छुट्टी, अवकाश; leave vacancy, अवकाश-रिक्ति। 2. the duration of such absence, छुट्टी। 3. permission, अनुमति। □ **take leave of one's senses,** to go mad, पगला जाना, पागल हो जाना; **take one's leave,** to say farewell and go away, बिदा लेना।

leave[3] (लीव्) *v.* (leaved, leaving) to grow leaves, पत्ते निकलना।

leaved (लीव्ड्) *adj.* having leaves, पत्तेदार।

leaven (लेंव्´-अन्) *n.* 1. yeast, ख़मीर। 2. influence that causes change, परिवर्तनकारी प्रभाव। *v.* (leavened, leavening) 1. to raise by leaven, ख़मीर उठाना। 2. to transform, परिवर्तित करना।

leave vacancy *n.* vacancy caused by someone taking a leave, अवकाश-रिक्ति।

leavings (ली´-विंग्स्) *n.* (plu.) 1. food remaining on the plate, जूठन। 2. residue, leftovers, अवशेष।

lecher (लेंच्´-अ:) *n.* a lewd man, व्यभिचारी व्यक्ति, विषयासक्त व्यक्ति, कामासक्त, लंपट।

lecherous (लेंच्´-अ-रॅस्) *adj.* of lechery, कामुकतापूर्ण, व्यभिचारपूर्ण।

lechery (लेंच्´-अ-री) *n.* lewdness, व्यभिचार, कामुकता, कामासक्ति, विषयासक्ति, लंपटता।

lectern (लेंक्´-टॅ:न्) *n.* a reading desk in a Church, वह आधान जिस पर पुस्तक आदि रखकर चर्च में पढ़ते हैं।

lecture (लेंक्´-चॅ:) *n.* 1. a talk before an audience, भाषण, व्याख्यान। 2. reprimand, डाँट-डपट, झिड़की। *v.* (lectured, lecturing) 1. to give a lecture, भाषण देना, व्याख्या देना। 2. to reprimand or admonish, डाँटना, झिड़कना, डाँटना-डपटना।

lecturer (लेंक्´-चॅ-रॅ:) *n.* one who delivers lectures to his students at college or university, व्याख्याता, प्रवक्ता।

lectureship (लेंक्´-चॅ:-शिप्) *n.* the post or office of a lecturer, व्याख्याता का पद या कार्यकाल।

led (लेंड्) *v.* p.t. & p.p. of lead.

ledge (लेंज्) *n.* 1. a shelflike projection in a wall, दीवार में लगी सामान रखने की पटिया। 2. a reef, समुद्री चट्टान।

ledger (लेंज्´-अ:) *n.* a book used by a businessman for recording transactions, खाता, खाता-बही।

lee (ली) *n.* a shelter, आश्रय, ओट, आड़।

leech (लीच्) *n.* a small bloodsucking finger-sized animal living in water, जोंक, जलोका। 2. one who preys on others, दूसरों का ख़ून चूसनेवाला, जोंक।

leek (लीक्) *n.* a vegetable related to the onion, प्याज की जाति का एक कंद।

leer (लिअॅ:) *n.* a malicious look, बुरी नजर, बुरी निगाह, कुदृष्टि। *v.* (leered, leering) to look maliciously, बुरी नज़र से देखना, बुरी निगाह डालना।

lees (लीज़्) *n.* (plu.) sediment (of wine, शराब की) तलछट।

leeward (ली´-वॅ:ड्) *adv.* toward the lee, आश्रय की ओर।

left[1] (लॅफ़्ट्) *v.* p.t. & p.p. of leave.

left[2] *adj.* 1. of or on the same side of the body as the heart, बायाँ। 2. belonging to the left parties, वाम। *n.* 1. left hand, बायाँ हाथ। 2. left direction, बाईं तरफ़। □ **the left,** socialist wing or group, वामपंथ। *adv.* on left side, बाईं ओर।

left-hand (लॅफ़्ट्´-हैन्ड्) *adj.* of or on the left, बाईं ओर का, बायाँ, वामहस्त।

left-handed (लॅफ़्ट्´-हैन्´-डिड्) *adj.* 1. using the left hand more naturally than the right, खब्बू, खब्बा, वामहस्त। 2. executed with the left hand, बाएँ हाथ से होने या किया जानेवाला।

left-hander (लॅफ़्ट्´-हैन्-डॅ:) *n.* a left-handed person, बाएँ हाथ से काम करनेवाला व्यक्ति, खब्बू, खब्बा, वामहस्त।

leftism (लॅफ़्´-टिज़्-अॅम्) *n.* the ideology that favours radical causes, वामपंथ।

leftist (लॅफ़्´-टिस्ट्) *n.* a supporter of the left, वामपंथी। *adj.* of or concerning leftism, वामपंथी।

left-over (लॅफ़्ट्´-ओ-वॅ:) *adj.* remaining unused or uneaten, बचा या छोड़ा हुआ, जूठा।

left wing (लॅफ़्ट्-विंग्) *n.* the left, वामपंथ।

lefty (लॅफ़्´-टी) *n.* a left-handed person, खब्बू।

leg (लॅग्) *n.* 1. a limb of an animal used for locomotion or support, टाँग। 2. the part of garment that covers the leg, पाँयचा। 3. one of the four supporting parts of a chair, table etc., पाया। 4. a stage of a journey or course, चरण, हिस्सा। 5. the side of the field to the left of and behind a right-handed batsman, लॅग। □ **give someone a leg up,** to help someone to climb, कहीं चढ़ने में किसी को सहायता देना, सहारा देना; **has not a leg to stand on,** to have no good reason or excuse, कोई उपयुक्त कारण या बहाना न होना; **pull one's leg,** to make fun of, हँसी उड़ाना, टाँग खींचना। *v.* (legged, legging) to walk or run rapidly, तेज़ी से चलना या दौड़ना।

legacy (लॅग्´-अॅ-सी) *n.* 1. money or property left by someone or bequeathed to someone by will, विरासत, उत्तरदान, जायदाद। 2. something handed down by a predecessor, देन।

legal (ली´-गॅल्) *adj.* 1. of or relating to law, विधिक, कानूनी; legal justice, विधिक न्याय; legal practice, वकालत। 2. permitted by law, विधिसम्मत, वैध; legal norm, वैधप्रतिमान।

legalism (ली´-गॅ-लिज़्-अॅम्) *n.* strict adherence to law, विधि-परायणता, विधिवाद।

legalist (ली´-गॅ-लिस्ट्) *n.* one who looks at things from a legal point, विधिवादी।

legalistic (ली-गॅ-लिस्´-टिक्) *adj.* of legalism, विधि-परायण, विधिवादी।

legality (ली-गैल्´-इ-टी) *n.* the state of being legal, वैधता।

legalization (ली-गॅ-लाइ-ज़े´-शॅन्) *n.* an act of legalizing, वैधीकरण।

legalize (ली´-गॅ-लाइज़्) *v.* (legalized, legal-

izing) to make legal, वैध करना या बनाना, कानूनी रूप देना।

legally (ली´-गॅ-ली) *adv.* according to the law, विधि के अनुसार, वैध रूप से, कानूनन, विधितः।

legal tender (ली´-गॅल्-टॅन्´-डॅः) *n.* the currency that cannot legally be refused in payment, वैध मुद्रा।

legate (लॅग्´-इट्) *n.* an envoy or emissary, प्रतिनिधि, दूत।

legatee (लॅग्-अॅ-टी´/लि-गे-टी´) *n.* one who receives a legacy, वारिस, उत्तराधिकारी।

legation (लि-गे´-शॅन्) *n.* 1. a diplomatic envoy, दूत। 2. his official residence, दूतावास।

leg bye (लॅग्´-बाइ) *n.* a run in cricket made after the ball has touched the leg, क्रिकेट में वह रन जो गेंद के टाँग से छूकर निकल जाने से बनाया गया हो, लेगबाई।

legend (लॅज्´-अॅन्ड्) *n.* 1. any popular story handed down from the past, पौराणिक कथा, आख्यान, किंवदंती। 2. a person often spoken of, चर्चा-पुरुष, चर्चित व्यक्तित्व।

legendary (लॅज्´-अन्-डॅर्-ई) *adj.* 1. described in legends, जिसका उल्लेख आख्यानों में हुआ हो, पौराणिक। 2. famous, प्रसिद्ध, कीर्तिशाली।

legerdemain (लॅज्-अॅः-डॅ-मेन्´) *n.* magic tricks, जादू का खेल, बाज़ीगरी।

leggings (लॅग्´-इंग्ज़्) *n.* (plu.) protective outer coverings for the legs, टाँगों की रक्षा के लिए एक प्रकार का पहनावा।

leggy (लॅग्´-ई) *adj.* having long legs, लंबी टाँगोंवाला।

legible (लॅज्´-इ-बॅल्) *adj.* capable of being read, सुवाच्य, सुपाठ्य, जो आसानी से पढ़ा जा सके।

legion (ली´-जॅन्) *n.* 1. an army unit, सेना की टुकड़ी, दस्ता। 2. a multitude, भीड़।

legionary (ली´-जॅ-नॅ-री) *adj.* of a legion, सैनिक। *n.* a soldier, सैनिक।

legislate (लॅज्´-इस्-लेट्) *v.* (legislated, legislating) to make laws, कानून बनाना।

legislation (लॅज्-इस्-ले´-शॅन्) *n.* 1. the act of law making, कानून बनाने का काम, विधि-निर्माण, विधायन। 2. the laws themselves, विधान।

legislative (लॅज्´-इस्-ले-टिव्) *adj.* of or relating to legislation, विधान-संबंधी, विधायी; legislative assembly, विधान-सभा।

legislator (लॅज्´-इस्-ले-टॅः) *n.* a member of a legislative assembly, विधायक।

legislature (लॅज्´-इस्-ले-चॅः) *n.* a legislative assembly, विधान-सभा।

legitimacy (लॅ-जिट्´-इ-मॅ-सी) *n.* the state of being legitimate, वैधता; धर्मजता।

legitimate (लॅ-जिट्´-इ-मिट्) *adj.* 1. in accordance with law, विधिसम्मत, वैध। 2. logical, तर्कसंगत, युक्तियुक्त। 3. born in wedlock, औरस, धर्मज।

legitimatize/legitimize (लि-जिट्´-इ-म-टाइज़्/लि-जिट्´-इ-माइज़्) *v.* (legitimatized/legitimized, legitimatizing/legitimizing) to make legitimate, वैध बनाना।

legless (लॅग्´-लिस्) *adj.* without legs, बिना टाँगों का।

legman (लॅग्´-मैन्, लॅग्´-मॅन्) *n.* a reporter, संवाददाता।

legroom (लॅग्´-रूम्) *n.* the space for a seated person to extend his (her) legs, पैर फैलाने की जगह।

legume (लॅग्´-यूम्) *n.* 1. a pod, फली (सेम आदि की)। 2. any plant that bears pods, ऐसा पौधा जिसमें फलियाँ लगती हों, शिंब पादप।

leguminous (लि-ग्यू´-मि-नस्) *adj.* (a plant) having pods as fruits, फलीदार, फलियोंवाला।

legwork (लॅग्´-वॅःक्) *n.* the work that involves much walking about, दौड़-धूप का काम।

lei (ले) *n.* a garland of flowers, फूलमाला।

leisure (लेंज़्ह्´-अ:) *n.* 1. free time, ख़ाली समय, फ़ुर्सत। 2. freedom from work, अवकाश। □ **at leisure,** आराम से; **at one's leisure,** फ़ुर्सत के समय।

leisured (लेंज़्ह्´-अ:ड्) *adj.* having plenty of leisure, जिसे फ़ुर्सत (ही फ़ुर्सत) हो, ख़ाली।

leisurely (लेंज़्ह्´-अ:-ली) *adv.* without hurry, धीरे-धीरे। *adj.* unhurried, जिसे जल्दी न हो।

leitmotive, leitmotif (लाइट्´-मो-टीफ़्) *n.* a thing in person's speech or character which is seen to be controlling influence, विशिष्टता, जान।

lemming (लेंम्´-इंग्) *n.* a rat like animal, एक प्रकार का चूहा।

lemon (लेंम्´-ॲन्) *n.* 1. an egg-shaped fruit with acid juice, नींबू। 2. the tree that bears it, नींबू का झाड़। 3. its pale yellow colour, पीला रंग। 4. something useless or defective, बेकार वस्तु।

lemonade (लेंम्-ॲ-नेड्´) *n.* a drink made from lemon juice, sugar etc., शिकंजवी, नींबू का शर्बत।

lemondrop (लेंम्´-ॲन्-ड्रॉप्) *n.* a small candy, खट्टी-मीठी गोली, लेमनचूस।

lemon juice (लेंम्´-ॲन्-जूस्´) *n.* the juice of a lemon, नींबू का रस।

lemon squash (लेंम्´-ॲन्-स्क्वैश्´) *n.* a drink made from a sweetened lemon concentrate and water, लैमन स्क्वैश।

lemur (ली´-मॅ:) *n.* a monkey-like animal, लीमूर।

lend (लेंन्ड्) *v.* (lent, lending) 1. to permit the use of something temporarily, मँगनी देना। 2. to provide at interest, उधार देना। 3. to contribute, अंशदान करना, देना। 4. to be of use, उपयोगी होना। □ **lend a hand,** हाथ बढ़ाना; **lend an ear,** ध्यान देना।

lender (लेंन्´-डॅ:) *n.* one who lends money, ऋणदाता, सूदख़ोर, ब्याजिया, उधारदाता।

length (लेंन्थ्) *n.* 1. measurement from end to end, लंबाई। 2. distance, दूरी। 3. extent, विस्तार। □ **at length,** (i) in great detail, विस्तार से, (ii) after a long time, बहुत देर बाद, आख़िरकार; **go to any length,** to be prepared to de anything, कुछ भी करने को तैयार होना, किसी सीमा तक जाने के लिए तैयार होना; **keep at an arm's length,** to keep at a destance, दूर रखना।

lengthen (लेंग्´-थॅन्) *v.* (lengthened, lengthening) to become or make longer, लंबा होना या करना, लंबाई में बढ़ना या बढ़ाना।

lengthily (लेंग्थ्´-ली) *adv.* in detail, विस्तार से।

lengthwise (लेंग्थ्´-वाइज़्) *adv.* along the direction of the length, लंबाई के बल, लंबे बल में।

lengthy (लेंग्´-दी) *adj.* (lengthier, lengthiest) of great extent or duration, विस्तृत, लंबा-चौड़ा।

lenience, leniency (लीन्´-यॅन्स्, ली´-नि-ॲन्-सी) *n.* 1. mildness, रियायत, नर्मी, लिहाज़। 2. compassion, दया।

lenient (ली´-नि-ॲन्ट्) *adj.* mild, kind, रियायत करनेवाला, नर्मी बरतनेवाला, लिहाज़ करनेवाला; दयालु।

lenity (लेंन्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being lenient, mercifulness, रियायत, नर्मी; दयालुता।

lens (लेंन्ज़्) *n.* a piece of glass used in glasses for the eyes, cameras etc., लेन्स, शीशा।

lentil (लेंन्´-टिल्) *n.* a kind of bean plant and its seeds, मसूर; green lentil, मूँग।

lento (लेंन्´-टो) *adv.* slowly, धीरे-धीरे।

Leo (ली´-ओ) *n.* the fifth sign of the Zodiac, सिंह राशि।

leonine (ली´-ॲ-नाइन्) *adj.* of or like a lion, शेर-संबंधी, शेर-जैसा।

leopard (लॅप्´-अ:ड्) *n.* a wild animal of the cat family, तेंदुआ। [Fem. leopardess, तेंदुई]

leper (लॅप्´-अ:) *n.* a person afflicted with leprosy, कोढ़ग्रस्त, कोढ़ी, कुष्ठी।

leprosy (लॅप्´-रॅ-सी) *n.* an infectious disease which causes destruction of tissues, कोढ़, कुष्ठ।

leprous (लॅप्´-रॅस्) *adj.* suffering from leprosy, कोढ़ी, कुष्ठी।

lesbian (लॅज़्´-बि-अॅन्) *n.* a female homosexual, समलिंगकामी स्त्री।

lesbianism (लॅज़्´-बि-अॅन्-इज़्-अॅम्) *n.* the state of being homosexual, समलिंगकामिता।

lese majesty (लीज़्-मैज्´-ॲस्-टी) *n.* 1. an offence committed against the sovereign, राजद्रोह। 2. an attack on any traditional custom, belief etc., किसी रूढ़ि पर किया गया प्रहार।

lesion (ली´-ज़्हॅन्) *n.* 1. a wound, घाव। 2. a harmful change in the body caused by injury or disease, शारीरिक विकृति।

less (लॅस्) *adj.* 1. smaller, अपेक्षाकृत कम या थोड़ा। 2. lower in importance or rank, हीन, घटिया, कमज़ोर। ☐ **any the less,** कुछ भी कम नहीं; **less and less,** कम-ही-कम; **no less a person than,** उस जैसा महत्त्वपूर्ण व्यक्ति; **none the less,** तो भी; **not less than,** से कम नहीं। *prep.* minus, कम कर के, घटाकर। ***suffix.*** not having, -विहीन, -रहित।

lessee (लॅ-सी´) *n.* a tenant holding a lease, पट्टेदार, पट्टाधारी।

lessen (लॅस्´-अॅन्) *v.* (lessened, lessening) to make or become less, कम होना या करना, घटना या घटाना।

lesser (लॅस्´-अ:) *adj.* lesser in size or importance, छोटा, हलका, घटिया।

lesson (लॅस्´-अॅन्) *n.* 1. a thing to be learned by a pupil, पाठ, सबक। 2. an example or experience by which one can learn, सीख, शिक्षा। 3. a reprimand or punishment, डाँट या दंड।

lessor (लॅस्´-अ:) *n.* one who grants a lease of property, पट्टाकर्ता।

lest (लॅस्ट्) *conj.* so as to prevent the possibility that, कहीं ऐसा न हो कि।

let (लॅट्) *v.* (let, letting) 1. to rent, किराए पर देना या चढ़ाना। 2. to lease, पट्टे पर देना, लीज़ पर देना। 3. to allow, अनुमति या इजाज़त देना। 4. to do, करना। 5. used as an auxiliary verb, इच्छासूचक सहायक क्रिया। ☐ **let alone,** ... की तो बात नहीं; The baby cannot even walk, let alone run. बच्चा तो चल भी नहीं सकता, दौड़ने की तो बात नहीं; Let (someone) alone, (उसे) मत छेड़ो; Let (someone) go, (उसे) जाने दो; **let off,** छोड़ देना; **let out,** मुँह से निकालना; **let up** (i) कम होना/करना; (ii) घटना/घटाना; (iii) रुकना/रोकना। ***suffix.*** used to form nouns meaning smaller or minor, एक अल्पार्थक प्रत्यय; booklet, गुटका।

letdown (लॅट्´-डॉउन्) *n.* 1. disappointment, निराशा। 2. a decline or decrease, कमी, घटी।

lethal (ली´-थॅल्) *adj.* fatal, घातक, प्राणहर।

lethargic (लॅ-था:´-जिक्) *adj.* sluggish, आलसी, सुस्त, ढीला, बेदम।

lethargy (लॅथ्´-अ:-जी) *n.* 1. sluggishness, आलस्य, सुस्ती, ढिलाई। 2. extreme lack of energy, शक्तिहीनता, निर्जीवता।

letter (लेट्´-अ:) *n.* 1. a written or printed communication, ख़त, पत्र, चिट्ठी। 2. a written symbol representing a speech sound, वर्ण, अक्षर। 3. literal meaning, शाब्दिक अर्थ, शब्दार्थ।

letterbox (लॅट्´-अ:-बॉक्स्) *n.* a private box into which letters are delivered, पत्र-पेटी, पत्र-मंजूषा।

lettered (लॅट्´-अॅड्) *adj.* educated, शिक्षित; unlettered, अशिक्षित।

letterhead (लॅट्´-अ:-हॅड्) *n.* a sheet of paper

on which someone's name, address etc., are printed, लैटरहैड, लेखन-पत्र।

lettering (लैंट्´-अ-रिंग्) *n.* 1. the act or method of writing letters, लिखावट, वर्णलेखन, अक्षरलेखन, अक्षरांकन। 2. such written letters, वर्णलेख, अक्षरलेख, लिखावट।

letterpad (लैंट्´-अ:-पैड्) *n.* a number of sheets of writing paper glued together at one end, पत्राली, लेटरपैड।

letter-paper (लैंट्´-अ:-पे´-प:) *n.* letterhead, लेखन-पत्र।

letter-perfect (लैंट्´-अ:-प:-फ़िक्ट्) *adj.* correct to the last detail, पूर्ण शुद्ध।

letterpress (लैंट्´-अ:-प्रेस्) *n.* the process of printing from types and blocks, वर्णमुद्रण।

lettuce (लैंट्´-इस्) *n.* a garden plant with broad edible leaves, सलाद।

let-up (लैंट्´-अँप्) *n.* stopping or lessening of an activity, बंद या क्षीण होना, ढिलाई, शिथिलता, ढील।

leucocyte (ल्यू-कॅ-साइट्) *n.* a white corpuscle of blood, रक्त का श्वेत कण, श्वेताणु।

leucotomy (ल्यू-क´-टॅ-मी) *n.* the surgical operation of brain, मस्तिष्क का शल्योपचार।

leucorrhoea, leukorrhoea (ल्यू-कॅ-री´-अ) *n.* an abnormal white discharge from the vagina, सफ़ेद प्रदर, ल्यूकोरिया।

leukemia (ल्यू-की´-मि-अ) *n.* a disease in which the leucocytes increase in great number, श्वेताणु-वृद्धि, ल्यूकीमिया।

level (लेंव्´-अॅल्) *n.* 1. surface, सतह, तल। 2. a flat horizontal surface, समतल भूमि। 3. position along a vertical axis, तलमान, तलांक। 4. standard, स्तर, मानक, प्रतिमान। 5. an instrument for ascertaining whether a surface is horizontal or not, गुनिया। □ **find one's level,** अपने सही स्तर पर पहुँच जाना; **on the level,** ईमानदारी से। *v.* (levelled, levelling) 1. to make or become level, समतल होना या करना। 2. to equalize, बराबर करना। 3. to knock down, ढहा देना, गिरा देना। 4. to aim, निशाना साधना। *adj.* 1. having a flat smooth surface, समतल। 2. equal, समान, एक-सा। 3. of the same position or rank, समान स्तरवाला, समपदीय। □ **do one's level best,** भरसक प्रयास करना।

level-headed (लेंव्´-अॅल्-हेंड्´-इड्) *adj.* sensible, समझदार, विवेकी।

leveller (लेंव्´-अॅल्-अ:) *n.* an egalitarian, समतावादी।

levelling (लेंव्´-अॅल्´-इंग्) *n.* the act of making level or even, चौरसाई, समतलन, समतलीकरण।

lever (ली´-वॅ:/लेंव्´-अ:) *n.* a mechanical device to lift something, लीवर, उत्तोलक। *v.* to move or lift with a lever, लीवर से उठाना।

leverage (लेंव्´-अॅ-रिज्) *n.* 1. the action or power of a lever, लीवर का कार्य या क्षमता। 2. influence, प्रभाव।

leveret (लेंव्´-अॅ-रिट्) *n.* a young hare, खरगोश का बच्चा।

leviathan (लि-वाइ´-अॅ-थॅन्) *n.* 1. something very large or powerful, बड़े आकार-प्रकार वाला या महाबली। 2. a sea monster, एक विशालकाय समुद्री जंतु, तिमिंगल।

levitate (लेंव्´-इ-टेट्) *v.* (levitated, levitating) to cause to rise or float in air, हवा में उठाना या उड़ाना।

levity (लेंव्´-इ-टी) *n.* 1. lack of seriousness, ओछापन, छिछोरापन। 2. frivolity, खिलवाड़, ओछा काम या बात।

levy (लेंव्´-ई) *v.* (levied, levying) 1. to impose a tax or punishment, कर या दंड लगाना। 2. to conscript, भर्ती करना। *n.* 1. an act of levying, कर या दंड लगाना/थोपना। 2. the payment levied, लगाया या थोपा हुआ कर। 3. conscripted soldiers, भर्ती किए हुए सैनिक।

lewd (ल्यूड्) *adj.* 1. lustful, कामुक, लंपट। 2. obscene, अश्लील, गंदा।

lexical (लॅक्´-सि-कॅल्) *adj.* 1. of or relating to words or vocabulary, शब्दगत, शाब्दिक। 2. of lexicon, कोशगत। 3. of lexicography, कोशरचनागत।

lexicographer (लॅक्-सि-कॉग्´-रॅ-फ़ः) *n.* a compiler of a dictionary, कोशकार।

lexicographic (लॅक्-सि-कॉ-ग्रैफ़्´-इक्) *adj.* of or relating to lexicography, कोशरचना-संबंधी, कोशविज्ञान-संबंधी।

lexicography (लॅक्-सि-कॉग्´-रॅ-फ़ी) *n.* 1. the compiling or editing dictionary, शब्दकोश-रचना, शब्दकोश-निर्माण। 2. the science of dictionary making, कोशविज्ञान।

lexicon (लॅक्´-सि-कॅन्, लॅक्´-सि-कॉन्) *n.* a dictionary, शब्दकोश।

lexis (लॅक्´-सिस्) *n.* vocabulary, शब्दसमूह।

liability (लाइ-अॅ-बिल्´-अॅ-टी) *n.* 1. the state of being liable, देयता, देनदारी, दायित्व। 2. likelihood, संभावना। 3. a drawback, कमी, दोष।

liable (लाइ´-अॅ-बॅल्) *adj.* 1. responsible, उत्तरदायी, जवाबदेह, ज़िम्मेदार। 2. likely to experience something undesirable, भागी; He is liable to malaria, वह मलेरिया से ग्रस्त हो सकता है।

liaison (ली´-अॅ-ज़ॅन्/ली-ए´-ज़ॅन्) *n.* 1. an illicit sexual relationship, अवैध यौनसंबंध। 2. a link between two separate parts of an army, संपर्क।

liaison officer an officer who acts as a go-between, संपर्क अधिकारी।

liar (लाइ´-अः) *n.* one who tells lies, झूठा व्यक्ति, मिथ्याभाषी।

libation (लाइ-बे´-शॅन्) *n.* 1. an act of pouring a liquid as a sacrifice, तर्पण। 2. a drink containing alcohol, मदिरा।

libel (लाइ´-बॅल्) *n.* a written statement defaming one, अपमानलेख। *v.* (libeled/libelled, libeling/libelling) to make a libelous statement, अपमानलेख लिखना।

libelant, libellant (लाइ´-बॅ-लॅन्ट्) *n.* one who make a libel, अपमानलेख लिखनेवाला।

libelee, libellee (लाइ´-बॅ-ली) *n.* one against whom a libel has been filed, जिस पर मानहानि का दावा किया गया हो।

liberal (लिब्´-अॅर्-अॅल्, लिब्´-रॅल्) *adj.* 1. generous, उदार। 2. broadminded, उदारहृदय। 3. based upon principles of liberalism, उदारतापूर्ण, उदारतावादी।

liberalism (लिब्´-अॅ-रॅल्-इज़्-अॅम्) *n.* liberal views, opinions and principles, उदारतावाद।

liberality (लिब्-अॅ-रैल्´-अॅ-टी) *n.* 1. generosity, उदारता। 2. broadmindedness, विशालहृदयता।

liberalization (लिब्-अॅ-रॅ-लॅ-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of liberalizing, उदारीकरण।

liberalize (लिब्´-अॅ-रॅ-लाइज़्) *v.* (liberalized, liberalizing) to make liberal, to decontrol, उदारीकरण करना, विनियंत्रित करना।

liberally (लिब्´-अॅ-रॅ-ली) *adv.* 1. generously, उदारतापूर्वक। 2. in great amount, अत्यधिक मात्रा में। 3. freely, मुक्तहस्त से।

liberate (लिब्´-अॅ-रेट्) *v.* (liberated, liberating) 1. to set free, स्वतंत्र कर देना। 2. to set free from oppression or confinement, मुक्त कर देना, छोड़ देना।

liberated (लिब्´-अॅ-रे-टिड्) *adj.* 1. free, स्वतंत्र, आज़ाद।

liberation (लिब्-अॅ-रे´-शॅन्) *n.* setting free or being set free, स्वतंत्रता, आज़ादी।

libertarian (लिब्-अः-टेर्´-इ-अॅन्) *n.* an advocate of liberty, स्वतंत्रतावादी।

liberties *n.* (plu.) rights bestowed by the ruling body, शासन निकाय द्वारा प्रदत्त अधिकार। ☐ **take liberties,** to act in a rude way, to

act impertinently, छेड़छाड़ करना, मनमानी करना।

libertine (लिब्´-अ:-टीन्) ***n.*** a sexually promiscuous person, व्यभिचारी, परस्त्रीगामी।

liberty (लिब्´-अ:-टी) ***n.*** 1. freedom, स्वतंत्रता, स्वाधीनता, आज़ादी। 2. the right to do as one chooses, खुली छूट, स्वच्छंदता। □ **at liberty,** स्वतंत्र, स्वच्छंद।

libidinous (लि-बिड्´-इ-नॅस्) ***adj.*** full of lust, lustful, कामातुर, विषयासक्त, कामी।

libido (लि-बी´-डो) ***n.*** 1. the life force, जीवनी शक्ति। 2. sexual urge, कामलिप्सा, कामवासना, कामप्रवृत्ति।

libra (ली´-ब्रॅ) ***n.*** 1. the sign of the Zodiac, the Scales, तुला (राशि)। 2. a person born under the influence of this sign, तुला राशि में उत्पन्न व्यक्ति।

librarian (लाइ-ब्रेर्´-इ-अॅन्) ***n.*** a person in charge of a library, ग्रंथालयाध्यक्ष, पुस्तकालयाध्यक्ष।

library (लाइ-ब्रॅर्´-ई) ***n.*** 1. a room or building where books are kept for reading or borrowing, पुस्तकालय, लाइब्रेरी, ग्रंथालय; public library, सार्वजनिक पुस्तकालय। 2. a collection of records, संग्रह।

lice (लाइस्) ***n.*** plu. of louse.

licence, license (लाइ´-सॅन्स्) ***n.*** 1. an official order to do or own something, लाइसेंस, अनुज्ञप्ति। 2. permission, अनुमति। 3. freedom of action, स्वतंत्रता, स्वच्छंदता। 4. misuse of freedom, मनमानी, मनमानापन। ***v.*** (licensed, licensing) to give licence to or for, लाइसेंस देना।

licenced, licensed (लाइ´-सॅन्स्ड्) ***adj.*** having official permission, जिसे लाइसेंस प्राप्त हो, अनुज्ञप्त, अनुज्ञापित।

licensee (लाइ-सॅन्-सी´) ***n.*** a person who holds a licence, लाइसेंसदार, अनुज्ञप्तिधारी।

licentiate (लाइ-सॅन्´-शि-इट्) ***n.*** a person given official permission, अनुज्ञप्तिधारी।

licentious (लाइ-सॅन्´-शॅस्) ***adj.*** morally unrestrained, कामुक, विषयी।

lichen (लाइ´-केन्) ***n.*** a plant that grows on rocks, पहाड़ों पर होनेवाला एक जंगली पौधा, चरीला, शैवाक।

licit (लिस्´-इट्) ***adj.*** lawful, वैध, विधिसंगत; illicit, अवैध, विधिविरुद्ध।

lick (लिक्) ***v.*** 1. to pass the tongue over, जीभ से चाटना, जीभ फेरना। 2. to thrash, पीटना, पिटाई करना। 3. to defeat, हरा देना, धूल चटा देना, पीट देना। □ **lick into shape,** (i) to give a finished form to, रूपायित करना, सुडौल बनाना; (ii) to train, प्रशिक्षित करना; **lick the dust,** be to knocked down, धूल चाटना; **lick someone's foot,** to obey someone like a slave, किसी के पैर चूमना, मिन्नतें करना। ***n.*** 1. the act of licking, चाटने की क्रिया या भाव, चटाई।

licking (लिक्´-इंग्) ***n.*** 1. beating, मार, धुनाई, पिटाई। 2. defeat, हार, पराजय।

licorice (लिक्´-अॅ-रिस्/रिश्) ***n.*** liquorice, मुलैठी।

lid (लिड्) ***n.*** 1. a cover of a pot or box, ढक्कन, ढकना। 2. an eyelid, पलक। □ **take the lid off,** उघाड़ देना, रहस्योद्घाटन करना; **put the lid on,** ढक देना, तोप करना।

lido (ली´-डो) ***n.*** a public swimming bath open to the air, सार्वजनिक स्नानताल, तरणताल।

lie[1] (लाइ) ***v.*** (lay, lain, lying) 1. to be in a flat resting position, लेटना। 2. to remain in a flat position on a surface, पड़ा होना, पड़ा रहना; The pen lay on the table. कलम मेज़ पर पड़ी थी; The money lay in the bank for years. रुपया वर्षों (तक) बैंक में पड़ा रहा; Your whole future lies ahead of you. अभी तो सारा जीवन तुम्हारे आगे (पड़ा) है। 3. to be situated, स्थित होना; The town lies on the right bank of the river, नगर नदी के दाहिने

किनारे पर (स्थित) है। 4. to be found, मिलना, प्राप्त होना। ☐ **how the land lies,** स्थिति क्या है; **It lies with you.** यह आपका विषय है; **lie down,** लेट जाना; **lie low,** छिपना या अपना इरादा छिपाना; **take it lying down,** अपमान का घूँट पी जाना, चुपचाप रहना।

lie² *n.* 1. an untrue statement, झूठ। 2. an imposture, धोखा। *v.* (lied, lying) to tell a lie, झूठ बोलना। ☐ **give the lie to,** झूठा बतलाना।

lief (लीफ़्) *adv.* gladly, ख़ुशी-ख़ुशी।

liege (लीज़्) *n.* a feudal lord, सामंत। *adj.* loyal, स्वामीभक्त।

lie-in (लाइ-इन्) *n.* a stay in bed late in the morning, सवेरे देर से उठना।

lien (लीन्) *n.* the right to keep possession of something belonging to a debtor until his debt has been paid, बंधक, रेहन। ☐ **a lien on a post,** पद पर वापस आने का अधिकार, पुनर्ग्रहणाधिकार।

lieu (लू) *n.*; ☐ **in lieu of,** in stead of, के बदले में।

lieutenant (लॅफ्-टॅन्´-ॲन्ट्/लू-टॅन्´-ॲन्ट्) *n.* 1. deputy, उप-; lieutenant governor, उपराज्यपाल। 2. a military officer, सैनिक अधिकारी।

life (लाइफ़्) *n.* 1. active force, vitality, जीवनी शक्ति। 2. period between birth and death, जीवन, ज़िंदगी, जीवनकाल। 3. living organisms collectively, प्राणी, जीव-जंतु। 4. liveliness, चहल-पहल। 5. a particular way of existence, जीने का ढंग, जीवन; public life, सार्वजनिक जीवन; rural life, ग्राम्य जीवन। 6. a biography, जीवनी। ☐ **a matter of life and death,** जीवन-मरण का प्रश्न; **for life,** शेष जीवन के लिए; **for one's life,** अपनी जान की ख़ातिर; **not on your life,** कदापि नहीं, बिल्कुल नहीं; **take one's life in one's hands,** जान हथेली पर लिए फिरना; **to the life,** मूल की तरह।

life belt *n.* a life preserver worn as a belt, रक्षा-पेटी।

lifeblood (लाइफ़्´-ब्लड्) *n.* 1. blood essential to life, रक्त, ख़ून। 2. an indispensable vital part of a thing, प्राण, जान।

lifeboat (लाइफ़्´-बोट्) *n.* a small boat carried on a large ship to rescue the ship passengers, रक्षानौका।

life buoy (लाइफ़्´-बॉ´-ई) *n.* a device to save from drowning a person afloat, रक्षा-बोया।

life convict (लाइफ़्´कॉन्-विक्ट्´) *n.* a convict for the life, जिसे उम्रक़ैद की सज़ा मिली हो, उम्रक़ैदी, आजीवन बंदी।

life cycle (लाइफ़्´साइ´-किल्) *n.* the series of changes in one's course of life, जीवनचक्र।

lifeguard (लाइफ़्´-गार्ड) *n.* an expert swimmer employed to protect bathers from drowning, जीवन-रक्षक।

life history (लाइफ़्-हिस्´-ट्री) *n.* a record of events of one's life, जीवन वृत्त।

lifeless (लाइफ़्´-लॅस्/लिस्) *adj.* without life, निर्जीव, बेजान, मृत, निष्प्राण।

lifelike (लाइफ़्´-लाईक्) *adj.* closely resembling or representing life, प्राणवान, सजीव, जीता-जागता।

lifeline (लाइफ़्´-लाईन्) *n.* 1. a rope used for saving life, 2. a vital line of access or communication, जीवन-रेखा, जीवन-साधन।

lifelong (लाइफ़्´-लाःङ्ग्) *adj.* continuing for a lifetime, जीवन-भर साथ देने या रहनेवाला, आजीवन; a lifelong friend, आजीवन साथी।

life preserver (लाइफ़्´प्रि-ज़ः-वःः) *n.* a life saving apparatus, जीवन-रक्षी।

lifer (लाइ´-फ़ः) *n.* a person sentenced to life imprisonment, उम्रक़ैदी, आजीवन बंदी।

lifesaving (लाइफ़्´-से-विंग्) *adj.* that saves life, जीवनरक्षक, प्राणरक्षक।

lifesentence (लाइफ़्´-सॅन्´-टॅन्स्) *n.* an order

of imprisonment for whole life, उम्रक़ैद, आजीवन कारावास।

lifesize (लाइफ़्´-साइज़्´) *adj.* being of the same size as original, representing actual size, आदमक़द।

lifesized (लाइफ़्-साइज़्ड्´) *adj.* = lifesize.

lifespan (लाइफ़्´-स्पैन्) *n.* the span of life, जीवनकाल, उम्र।

lifestyle (लाइफ़्´-स्टाइल्) *n.* the way of life, जीवनशैली।

lifetime (लाइफ़्´-टाइम्) *n.* the time during which a person is alive, जीवनकाल, सारी उम्र।

lifework (लाइफ़्´-व़:क्´) *n.* the work to which a person gives the whole of his life, वह काम जिसमें किसी ने अपना जीवन लगा दिया हो, जीवन-कार्य।

lift (लिफ़्ट्) *v.* (lifted, lifting) 1. to rise or cause to rise upward, उठना या उठाना, ऊपर चढ़ना या चढ़ाना।2. to raise, ऊँचा करना, उन्नत करना।3. to bring to an end, to abolish, उठा देना, ख़त्म करना। 4. to steal, उड़ा देना, चुरा लेना। 5. to transport goods or persons by air, हवाई जहाज से ले जाना। *n.* 1. the act of lifting or an upward movement, उठाने की क्रिया या भाव, उठाई, उठाव। 2. a free ride in a car offered to a pedestrian, राह चलते को सवारी देने की क्रिया, लिफ्ट। 3. air transport, वायु-परिवहन। 4. an elevator, लिफ़्ट। 5. a feeling of increased strength, rising of spirits, उत्साहवर्धन; □ **give too much lift,** (to someone, किसी को) सिर चढ़ाना।

lift-off (लिफ़्ट्´-ऑफ़्) *v.* to begin flight, वायुयान का उड़ान शुरू करना।

ligament (लिग्´-अॅ-मॅन्ट्) *n.* a band of tough fibrous tissue, पुट्ठा, स्नायु-जाल।

ligate (लाइ´-गेट्) *v.* (ligated, ligating) to tie with a ligature, पट्टी बाँधना।

ligature (लिग्´-अॅ-चॅ:) *n.* 1. something used for tying or binding, bandage, पट्टी।2. the act of tying or binding, बाँधने की क्रिया या भाव, बँधाई।3. a symbol or character combining two or more letters, संयुक्ताक्षर, युक्ताक्षर, जुड़वाँ अक्षर।

light[1] (लाइट्) *n.* 1. the natural force that makes sight possible, रोशनी, प्रकाश।2. daylight, उजाला, दिन की रोशनी। 3. that which emits light, प्रकाश-यंत्र, बैटरी, लालटेन आदि। 4. means of setting alight, रोशनी करने का साधन, प्रकाश-उपकरण।5. electricity, बिजली। 6. brightness, चमक, रोशनी। 7. knowledge, understanding, ज्ञान, जानकारी। □ **in the light of,** इस दृष्टि से; **light and shade,** प्रकाश और छाया; **see the light,** अस्तित्व ग्रहण करना, जन्म धारण करना; **throw light on,** रोशनी डालना, स्पष्ट करना। *adj.* 1. full of light, प्रकाशमान, उजाले से भरा। 2. not deep in colour, हलका; light yellow, हलका पीला। *v.* (lighted/lit, lighting) 1. to begin to burn, जलना, सुलगना। 2. to set burning, जलाना, सुलगाना। 3. to lit, जलाना; to light a cigarette, सिग्रेट जलाना। 4. to cause to give light, जलाना, रोशन करना; to light a candle, मोमबत्ती जलाना। 5. to brighten, चमक उठना।

light[2] (लाइट्) *adv.* (lighter, lightest) 1. of little weight, हलका। 2. of less than the correct weight or value, हलका, घटिया। 3. soft or mild, नरम, मुलायम। 4. not serious, गंभीरताविहीन, हलका-फुलका, महत्त्वहीन। 5. free from worries or troubles, बेफ़िक्र, निश्चिंत। 6. entertaining, मनोरंजक। 7. gay, प्रफुल्ल। 8. loose in morals, चरित्रभ्रष्ट। *adv.* with little baggage, बिना अधिक सामान के, हलके-फुलके सामान के साथ। *v.* (lighted/lit, lighting) 1. to land after flight, अवतरण करना, उतरना। 2. to get down from a vehicle, उतरना, नीचे उतरना।

lighten[1] (लाइ´-टॅन्) *v.* (lightened, lightening) 1. to brighten. जगमगाना, दीप्त होना/करना। 2. to shed light on. प्रकाशित/स्पष्ट करना। 3. to produce lightening. बिजली चमकना।

lighten[2] (लाइ´-टॅन्) *v.* (lightened, lightening) 1. to make or become lighter in weight. हलका होना/करना। 2. to relieve or be relieved of worry. चिंता, भार आदि से मुक्त होना/करना, राहत मिलना या देना।

lighter (लाइ´-टॅ:) *n.* a device for lighting cigarettes, stoves etc.. लाइटर।

lighterage (लाइ´-टॅ:-इज्) *n.* the money paid for the loading and unloading of ships. जहाज़ पर माल चढ़ाने या उतारने की मज़दूरी, ढुलाई-भाड़ा।

light-fingered (लाइट्-फ़िंग्´-गॅ:ड्) *adj.* having the habit of stealing small thing. उचक्का, चाइयाँ, गिरहकट, हथलपक।

light-footed (लाइट्-फुट्´-इड्) *adj.* dancing lightly or nimbly. नाचने में फुर्तीला या चपल।

light-headed (लाइट्-हॆड्´-इड्) *adj.* silly. अविवेकी।

light-hearted (लाइट्-हा:´-टिड्) *adj.* gay, प्रफुल्ल, ख़ुश, ख़ुशदिल।

light heavyweight (लाइट्-हॆव्-इ-वे़ट्´) *n.* a boxer weighing 75-81 kg.. पचहत्तर से इक्यासी किलोग्राम तक वज़नी मुक्केबाज़।

lighthouse (लाइट्´-हॉउस्) *n.* a tower equipped with a powerful flashing light. प्रकाशगृह, प्रकाशस्तंभ।

lighting (लाइ´-टिंग्) *n.* 1. illumination. जगमगाहट।2. the method or equipment for providing light to a room, building etc.. प्रकाश-व्यवस्था। 3. the light itself. प्रकाश।

lightly (लाइट्´-ली) *adv.* 1. gently. धीरे से, धीरे-धीरे। 2. to a slight degree. कुछ-कुछ। 3. easily. आसानी से। 4. without proper respect. बिना उचित आदर दिए।

lightning (लाइट्´-निंग्) *n.* the flash of light in the sky. बिजली, कौंध। *adj.* very quick. तीव्रगामी, फुर्तीला; with lightning speed or like lightning. बिजली की गति से।

light-proof (लाइट्´-प्रूफ़्) *adj.* not admitting light. प्रकाश-सह।

lights (लाइट्स्) *n.* (plu.) the lungs of an animal used as food. चाप।

lights-out (लाइट्स्´-ऑउट्) *n.* the time for putting the lights out. बत्तियाँ बुझाने का समय, बत्ती बंद करने का समय।

lightweight (लाइट्´-वे़ट्) *adj.* (a boxer) weighing between 126 to 135 pounds. (मुक्केबाज़) जिसका वज़न १२६ से १३५ पौंड हो।

light-year (लाइट्´-यिअऱ्) *n.* the distance light travels in one year. प्रकाश-वर्ष।

ligneous (लिग्´-नि-अॅस्) *adj.* like wood. लकड़ी जैसा।

lignify (लिग्´-नि-फ़ाइ) *v.* (lignified, lignifying) to change into wood like material. काठ हो जाना।

lignite (लिग्´-नाइट्) *n.* brown coal. भूरा कोयला।

likable, likeable (लाइ´-कॅ-बॅल्) *adj.* pleasant. सुहावना, प्रिय।

like (लाइक्) *v.* (liked, liking) 1. to find pleasant or satisfactory. पसंद होना/करना। 2. to wish for. इच्छा होना, चाहना। *adj.* 1. similar. समान।2. characteristic of. उसी तरह का, वैसा। *n.* 1. something of equal value. समान वस्तु। 2. something of the same kind. वैसी ही वस्तु।3. liking. पसंद।☐ **the likes,** प्रिय वस्तुएँ। *prep.* in the manner of. की तरह, के समान। *conj.* 1. in the same way. वैसे ही, मानो।2. as if. जैसा कि। *suffix.* of the same form. की तरह का।

likelihood (लाइक्´-लि-हुड्) *n.* probability. संभाव्यता।

likeliness (लाइक्´-लि-निस्) *n.* possibility.

संभावना।

likely (लाइक्´-ली) *adj.* (likelier, likeliest) 1. expected to occur, संभाव्य, संभावित। 2. promising, होनहार।3. suitable, उपयुक्त। *adv.* probably, संभवत:।

like-minded (लाइक्-माइन्´-डिड्) *adj.* having the same tastes or opinions, एक-सी रुचि या विचारवाले।

liken (लाइ´-किन्) *v.* (likened, likening); □ **liken to,** to compare, तुलना करना।

likeness (लाइक्´-निस्) *n.* 1. the state of being like, resemblance, समानता, साम्य, सादृश्य। 2. a copy or portrait, प्रतिरूप, प्रतिकृति।

likewise (लाइक्´-वाइज़्) *adv.* 1. similarly, वैसे ही, उसी तरह। 2. as well, also, और।

liking (लाइ´-किंग्) *n.* pleasure or taste, पसंद, रुचि।

lilac (लाइ´-लक्) *n.* purple colour, जामुनी रंग।

lilliputian (लिल्-इ-प्यू´-शॅन्) *adj.* very small, बौने क़द का, बौना।

lilt (लिल्ट्) *n.* cheerful manner of speaking, बोलने का सुहावना ढंग या लहजा।

lily (लिल्´-ई) *n.* a garden plant with large white or reddish flowers, लिली, कुमुदिनी।

lily-livered (लिल्´-ई-लिव्´-अॅ:ड्) *adj.* cowardly, डरपोक, भीरु।

lily-white (लिल्´-ई-ह्वाइट´) *adj.* as white as a lily, बिल्कुल सफ़ेद।

limb (लिम्ब्) *n.* 1. a projecting part of an animal body, अवयव, अंग। 2. a large branch of tree, डाली, शाखा। □ **out on a limb,** अलग-थलग, बेसहारा।

limber (लिम्´-बॅ:) *adj.* 1. flexible, सुनम्य। 2. nimble, फुर्तीला। *v.* (limbered, limbering) to make limber, सुनम्य बनाना।

limbo (लिम्´-बो) *n.* 1. an intermediate state, अधर। 2. a state of neglect, उपेक्षित स्थल।

lime (लाइम्) *n.* 1. calcium oxide, चूना।2. bird-lime, लासा।*v.* (limed, liming) to treat with lime, चूना लगाना/मिलाना।

limeade (लाइम्-एड्´) *n.* a drink made of lime juice, sugar, etc., नींबू शर्बत।

lime-juice (लाइम्´-जूस्) *n.* juice of lime, नींबू रस, नींबू-पानी।

limekiln (लाइम्´-किल्न्) *n.* a kiln in which lime is made, चूने की भट्ठी।

limelight (लाइम्´-लाइट्) *n.* 1. brilliant light, चमकीली रोशनी।2. great publicity, अत्यधिक प्रचार, बहुत प्रसिद्ध होना।

limerick (लिम्´-अॅ-रिक्) *n.* a small humorous poem, छोटी हास्य कविता।

limestone (लाइम्´-स्टोन्) *n.* a kind of rock from which lime is obtained, चूना पत्थर।

limit (लिम्´-इट्) *n.* 1. boundary, सीमा, हद। 2. the point beyond which something cannot proceed, सीमा, पराकाष्ठा। 3. the greatest amount or number allowed, परिसीमा। 4. period, अवधि। *v.* (limited, limiting) to keep below or at a certain point or amount, सीमित करना या रखना, सीमा निर्धारित करना।

limitation (लिम्-इ-टे´-शॅन्) *n.* 1. the act of limiting or the state of being limited, परिसीमन। 2. limit, सीमा। 3. weakness, कमज़ोरी, कमी।

limited (लिम्´-इ-टिड्) *adj.* 1. having a limit or limits, सीमित, सीमाबद्ध, ससीम।2. limiting the liability of each shareholder, लिमिटिड, परिसीमित।

limiting (लिम्´-इ-टिंग्) *adj.* that keeps within limits, सीमित करनेवाला।

limitless (लिम्´-इट्-लिस्) *adj.* 1. without limit or limits, असीम, सीमारहित। 2. without end, अनंत।

limn (लिम्) *v.* (limned, limning) 1. to paint or portray, अंकित या चित्रित करना। 2. to depict, वर्णन करना।

limousine (लिम्´-ओ-ज़ीन्) *n.* a comfortable

or luxurious car, आरामदेह मोटरकार, लिमोसिन।

limp[1] (लिम्प्) *v.* (limped, limping) to walk lamely, लँगड़ाते हुए चलना, लँगड़ाना। *n.* an irregular gait, लंगड़ चाल।

limp[2] *adj.* 1. lacking strength or energy, अशक्त, निर्जीव, निस्तेज। 2. not stiff, लचीला।

limpet (लिम्´-पिट्) *n.* a shellfish, घोंघा।

limpid (लिम्´-पिड्) *adj.* clear or transparent, साफ़-सुथरा, पारदर्शक।

limy (लाइ´-मी) *adj.* 1. containing lime, चूनेदार। 2. tasting like a lime, चूने के स्वादवाला।

linage (लाइ´-निज्) *n.* the number of lines in printed matter, किसी पृष्ठ या स्तंभ में पंक्तियों की संख्या, पंक्ति-संख्या।

linchpin (लिंच्´-पिन्) *n.* a pin inserted in a shaft to keep the wheel in position, लिंचपिन, काँटी।

line (लाइन्) *n.* 1. a thin contiuous mark, रेखा, लकीर, लीक, लाईन, कतार। 2. a row of people or things, queue, पंक्ति, लाईन। 3. a path or track, पथ, रास्ता; railway line, रेल पथ। 4. a boundary, border or limit, सीमारेखा। 5. an outline, रूपरेखा। 6. a foot (poetry), चरण। 7. lineage, वंशक्रम, वंश-परंपरा। 8. a system of travelling or transport, यात्रा-पद्धति, यातायात-पद्धति। 9. an official policy, सरकारी नीति। 10. a course of action, कार्य-योजना। 11. a business or profession, व्यापार, धंधा, पेशा। 12. a piece of cord, रस्सी, डोरी। 13. a wire or cable, तार। 14. a brief letter, संक्षिप्त पत्र। □ **all along the line,** आदि से अंत तक; **bring (something) into line,** रास्ते पर लाना; **by rule and line,** नियमानुसार; **draw the line,** सीमा निर्धारित करना; **female line,** नारी परंपरा; **hard lines,** दुर्भाग्य; **in a straight line,** सीधी रेखा में, सीध में; **in line abreast,** (जलयान) पंक्ति में; **in line with,** के अनुसार; **keep to one's line,** अपने ढर्रे पर चलना, ढर्रा न छोड़ना; **line of march,** प्रयाण-दिशा; **line of fortune,** भाग्य रेखा; **line of life,** जीवन रेखा; **line of policy,** नीति-दिशा; **on the line,** सीध में; **read between the lines,** छिपा अर्थ ढूँढ़ निकालना; **toe the line,** निर्दिष्ट नीति पर चलना। *v.* (lined, lining) 1. to draw lines on, रेखा खींचना। 2. to arrange in a line, to form rows along, पंक्ति बनाना। □ **line one's pockets,** ख़ूब धन कमाना।

lineage (लिन्´-इ-इज्) *n.* the line of one's ancestors, ancestry, वंशानुक्रम, वंश-परंपरा।

lineal (लिन्´-इ-अॅल्) *adj.* in direct descending line, वंशानुक्रमिक, वंश-पारंपरिक।

lineaments (लिन्´-इ-अॅ-मॅ-न्ट्स्) *n.* (plu.) 1. features of the face, नैन-नक़्श, चेहरा-मोहरा। 2. typical qualities, विशिष्ट गुण।

linear (लिन्´-इ-अॅ:) *adj.* 1. of a line, रेखीय, रैखिक। 2. arranged in a line, रेखाकार।

lineman (लाइन्´-मॅन्) *n.* one who installs or repairs telephones or electric power lines, लाईनमैन।

linen (लिन्´-इन्) *n.* cloth made of flax, लिनन।

liner (लाइ´-नॅ:) *n.* a ship or airplane travelling on a regular route, किसी मार्ग पर नियमित रूप से चलनेवाला जहाज़, लाइनर।

linesman (लाइन्ज़्´-मैन्) *n.* one who assists a referee in a football, tennis or hocky match.

line-up (लाइन्´-अप्) *n.* 1. a line of persons, पंक्ति बनाकर खड़े व्यक्ति। 2. the members of a team chosen to play a game, चुनी हुई टीम।

linger (लिंग्´-गॅ:) *v.* (lingered, lingering) 1. to delay in going, देर लगाना। 2. to persist, डटे रहना, पीछा न छोड़ना। 3. to live on the point of death for sometime, साँस न छूटना।

lingerie (लैन्´-जॅ-री) *n.* undergarments for women, स्त्रियों के अंदर के कपड़े।

lingering (लिंग्´-अ-रिंग्) *adj.* slow to end or disappear, खिसकता-खिसकता चलनेवाला, जल्दी न जाने या न खत्म होनेवाला।

lingo (लिंग्´-गो) *n.* a foreign language, विदेशी भाषा।

lingua franca (लिंग्´-ग्वा´-फ्रैं´-कॅ) *n.* a language used between peoples whose native languages are different, सामान्य भाषा, सम्पर्क भाषा।

lingual (लिंग्´-ग्वल्) *adj.* of languages, भाषाई, भाषी।

linguist (लिंग्´-ग्विस्ट्) *n.* a specialist in linguistics, भाषाविद्, भाषाविज्ञानी।

linguistic (लिंग्-ग्विस्´-टिक्) *adj.* of a language or linguistics, भाषिक, भाषा वैज्ञानिक, भाषाई।

linguistics (लिंग्-ग्विस्´-टिक्स्) *n.* the scientific study of a particular language or dialect, भाषाविज्ञान, भाषिकी।

liniment (लिन्´-इ-मॅन्ट्) *n.* a liquid medicine rubbed on the skin, लेप।

lining (लाइ´-निंग्) *n.* the material used as the inner surface of a garment, अस्तर।

link (लिंक्) *n.* 1. a ring of a chain, कड़ी। 2. a connecting part or thing, कड़ी। 3. connection, संबंध। *v.* (linked, lking) to join or to be joined, जोड़ना या जुड़ना, मिलाना या मिलना।

linkage (लिंन्´-किज्) *n.* the act of linking or state of being linked, जुड़े होने की अवस्था या भाव, जुड़ाव, संयोजन।

linking (लिंक्´-इंग्) *adj.* that links, जोड़नेवाला, योजक।

links (लिंक्स्) *n.* a golf course, गोल्फ़ खेलने का मैदान।

linkup (लिंक्´-अप्) *n.* 1. the state of being linked, जुड़ाव। 2. connection, मेल-जोल, लगाव, सहसंबंध।

linoleum (लि-नो´-लि-ॲम्) *n.* a kind of floor covering, लिनोलियम।

linseed (लिन्´-सीड्) *n.* the seed of flax, तीसी, अलसी; linseed cake, खली।

lint (लिन्ट्) *n.* a soft material for dressing wounds, फाहा।

lintel (लिन्´-टॅल्) *n.* the horizontal beam of concrete, लिंटल।

lion (लाइ´-ॲन्) *n.* 1. a large carnivorous animal of cat family, शेर, सिंह, शेर-बबर। [fem. lioness, शेरनी, सिंहनी] 2. a man of great strenth or courage, सिंहपुरुष, शेर ☐ **lion's share,** किसी चीज़ का बड़ा या बढ़िया हिस्सा।

lion-hearted (लाइ´-ॲन्-हा:-टिड्) *adj.* extra- ordinarily brave, (किसी व्यक्ति को) अत्यधिक दिलेर, साहसी, शेरदिल।

lionize (लाइ´-ॲ-नाइज़्) *v.* (lionized, lionizing) to treat as a celebrity, अत्यधिक महत्त्व देना या उसका भव्य स्वागत करना।

lip (लिप्) *n.* 1. one of the two edges of the mouth, होंठ, ओष्ठ। 2. the edge (of a cup), (प्याले आदि का) ऊपर का किनारा। ☐ **open one's lips,** मुँह खोलना।

lipid (लिप्´-इड्) *n.* fat, चर्बी।

lip-service (लिप्-स:´-विस्) *n.* insincere show of sympathy or respect, झूठी सहानुभूति या आदर।

lipstick (लिप्´-स्टिक्) *n.* a stick for colouring the lips, लिपस्टिक।

liquefaction (लिक्-वि-फ़ैक्´-शॅन्) *n.* the act of liquefying, द्रवण, द्रवीकरण।

liquefy (लिक्´-वि-फ़ाइ) *v.* (liquefied, liquefying) to make or become liquid, द्रव बनाना या बनना।

liquiscent (ली-क्वि´-सॅन्ट्) *adj.* likely to become liquid, द्रवणशील।

liqueur (ली-क:´) *n.* a sweet alcoholic drink, मदिरा।

liquid (लिक्´-विड्) *n.* a substance other

than solid or gas, तरल पदार्थ, द्रव। *adj.* 1. in the form of a liquid, द्रव, तरल। 2. readily converted into cash, नक़दी।

liquidate (लिक्‍ˊ-वि़-डेट्) *v.* (liquidated, liquidating) 1. to pay or settle, चुकता करना। 2. to close down, बंद या ख़त्म करना, समापन करना। 3. to kill, मार डालना।

liquidation (लिक्-वि़-डेˊ-शॅन्) *n.* the act of liquidating, चुकता, बंद या ख़त्म करना, समापन।

liquidator (लिक्ˊ-वि़-डे-टॅ:) *n.* one who is authorised to close down someone's business, समापन अधिकारी, समापक।

liquidity (लि-क्विड्ˊ-इ-टी) *n.* the state of being liquid, द्रवता।

liquor (लिˊ-कॅ:) *n.* 1. alcoholic drink, मदिरा। 2. a liquid substance, तरल पदार्थ, द्रव पदार्थ।

lira (लीर्ˊ-ॲ) *n.* (plu. lira, liras) a unit of money in Italy, इटली की मुद्रा, लीरा।

lisle (लाइल्) *n.* a kind of cotton thread, एक प्रकार का सूती धागा।

lisp (लिस्प्) *n.* a speech defect, स् को थ् बोलने का दोष, थथलाहट। *v.* (lisped, lisping) 1. to speak with a lisp, थथलाना, थथलाहट होना। 2. to speak in a childish manner, तुतलाना।

lissom, lissome (लिस्ˊ-ॲम्) *adj.* 1. flexible, सुनम्य। 2. graceful, सुंदर। 3. agile, फुर्तीला।

lissomely (लिस्ˊ-ॲम्-ली) *adv.* gracefully, सुंदरता से।

list[1] (लिस्ट्) *n.* a series of names, things, figures, सूची, तालिका, फ़ेहरिस्त। *v.* (listed, listing) 1. to make a list of, सूची बनाना। 2. to enter in a list, सूची में डालना।

list[2] *n.* tilt, उलार, झुकाव, नति। *v.* (listed, listing) to lean over to one side, एक ओर झुकना, उलार होना।

listen (लिस्ˊ-ॲन्) *v.* (listened, listening) to give attention in hearing, ध्यान से सुनना, ध्यान देना। *n.* an act of listening, सुनना, श्रवण।

listenable (लिस्ˊ-ॲन्-ॲ-बॅल्) *adj.* which is pleasant to hear, सुनने योग्य, श्रवणीय।

listener (लिस्ˊ-ॲ-नॅ:) *n.* one who listens (esp, to the radio) श्रोता, सुननेवाला।

listing (लिस्ˊ-टिंग्) *n.* 1. a list, सूची। 2. an entry in a list, मद, प्रविष्टि।

listless (लिस्ट्ˊ-लिस्) *adj.* 1. lacking energy, बेजान, निर्जीव। 2. lacking enthusiasm, उत्साहविहीन, बुझा हुआ।

litany (लिट्ˊ-ॲ-नी) *n.* a prayer in which the priest calls out with responses, आवृत्ति-प्रार्थना।

litchi (लीˊ-ची) *n.* a tree and its fruit, लीची।

liter (लीˊ-टॅ:) *n.* a metric unit of volume, लीटर।

literacy (लिट्ˊ-ॲ-रॅ-सी) *n.* the ability to read and write, लिख और पढ़ सकने की क्षमता, साक्षरता।

literal (लिट्ˊ-ॲ-रॅल्) *adj.* 1. exact, यथातथ्य। 2. giving one word for each word, शाब्दिक। 3. of or expressed by letters, अभिधेय। 4. concerning letters of the alphabet, वर्ण-संबंधी, अक्षर-संबंधी, आक्षरिक।

literally (लिट्ˊ-ॲ-रॅल्-ई) *adv.* exactly, यथातथ्य, शब्दशः, अक्षरशः।

literalism (लिट्ˊ-ॲर्-ॲ-लिज़्-अम्) *n.* 1. adherence to the literal sense, शाब्दिक अर्थ पर दिया जानेवाला ज़ोर। 2. exact representation as in art, यथातथ्य प्रतिनिधायन।

literary (लिट्ˊ-ॲ-रॅर्-ई) *adj.* 1. of literature, साहित्य-संबंधी, साहित्यिक। 2. found in literature, साहित्य में होनेवाला, साहित्यिक।

literate (लिट्ˊ-ॲ-रिट्) *adj.* & *n.* 1. able to read and write, साक्षर। 2. well-educated, सुशिक्षित।

literati (लिट्-राˊ-टी) *n.* (plu.) distinguished writers and scholars, साहित्यकारों का वर्ग, विद्वन्मंडली, विद्वज्जन।

literatim (लिट्-अॅ-रे´-टिम्) ***adv.*** letter for letter, अक्षरशः।

literature (लि´-ट्रॅ-चॅः) ***n.*** 1. imaginative and creative writing, साहित्य। 2. body of such writings, साहित्य, वाङ्मय।

lithe (लाइद्) ***adj.*** 1. flexible, नम्य, सुनम्य, लचीला। 2. graceful, चारु। 3. agile, फुर्तीला।

lithesome (लाइद्´-सम्) ***adj.*** lithe, सुनम्य, लचीला।

lithium (लिथ्´-इ-अॅम्) ***n.*** an element, एक तत्त्व, लिथियम।

lithograph (लिथ्-अॅ-ग्रैफ़्/ग्राफ़्, लि´-थॅ-ग्रैफ़्/ग्राफ़्) ***n.*** print made by lithography, अश्ममुद्र, शिलामुद्र। ***v.*** (lithographed, lithographing) to print by lithography, अश्ममुद्रण करना।

lithography (लि-थॉग्´-रॅ-फ़ी) ***n.*** the way or process of printing from a piece of stone, अश्ममुद्रण, शिला-मुद्रण।

litigable (लिट्´-इ-गे-बॅल्) ***adj.*** that can be litigated, मुकदमा लड़ने योग्य।

litigant (लिट्´-इ-गन्ट्) ***n.*** one who is engaged in a law-suit, given to law suits, मुकदमा लड़नेवाला, वादी या प्रतिवादी।

litigate (लिट्´-इ-गेट्) ***v.*** (litigated, litigating) to engage in legal proceedings, मुकदमा लड़ना।

litigation (लिट्-इ-गे´-शॅन्) ***n.*** action in law, मुकदमेबाज़ी।

litigious (लि-टिज्´-अॅस्) ***n. adj.*** 1. inclined to litigate, मुकदमेबाज। 2. disputable at law, विवाद्य। 3. of law-suits, मुकदमे-संबंधी।

litmus paper (लिट्´-मस्-पे´-पॅः) ***n.*** a paper used in chemical tests to find out if substance is acid or alkali, लिटमस पेपर।

litre, liter (लिट्´-अॅः) ***n.*** a metric unit of volume, लीटर।

litter (लिट्´-अॅः) ***n.*** 1. worthless material, trash, rubbish, कूड़ा-कचरा, कूड़ा-कर्कट। 2. a couch for carrying a person, पालकी, डाँडी। 3. young animals produced at one birth, एक ब्यान के बच्चे, एक बार में होनेवाले बच्चे। ***v.*** (littered, littering) to scatter (objects) in disorder, (कूड़ा, गंदगी आदि) छितराना, फैलाना।

litterateur (लिट्-अॅ-रॅ-ट्योः´) ***n.*** a literary person, साहित्यकार।

litterbin (लिट्´-अॅः-बिन्) ***n.*** a container for trash, कूड़े का डिब्बा।

litterlout (लिट्´-अॅः-लॉउट्) ***n.*** one who scatters litter at public places, सार्वजनिक स्थल पर गंदगी फैलानेवाला।

little (लिट्´-अॅल्) ***adj.*** 1. short in size, छोटा। 2. young, नन्हा, छोटा। 3. brief, छोटा, अल्प, संक्षिप्त। 4. trivial, तुच्छ। ***adv.*** 1. not much, थोड़ी मात्रा में। 2. not at all, बिल्कुल नहीं। 3. rarely, कदाचित ही। ***n.*** only a small amount, कुछ ही। ☐ **little bit,** ज़रा-सा; **little by little,** थोड़ा-थोड़ा करके।

little brother ***n.*** one's younger brother, छोटा भाई, अनुज।

little finger ***n.*** the smallest finger on the hand, छोटी उँगली, कानी उँगली।

littleness (लिट्´-अॅल्-निस्) ***n.*** the state of being little, छोटापन, लघुता, तुच्छता।

little people ***n.*** (plu.) fairies, परियाँ।

little sister ***n.*** one's younger sister, छोटी बहन, अनुजा।

little toe ***n.*** smallest toe on the foot, पैर का अँगूठा।

little woman ***n.*** one's wife, पत्नी।

littoral (लिट्´-ओ-रॅल्) ***adj.*** of or on the shore, समुद्रतटीय, तटवर्ती।

liturgical (लि-टः´-जि-कॅल्) ***adj.*** ritual, पूजन-विधि, से संबद्ध।

liturgy (लिट्´-अॅः-जी) ***n.*** a form of worship, पूजन-विधि।

livable (लिव्´-अॅ-बॅल्) ***adj.*** suitable to live

in, रहने योग्य।

live (लिव्) *v.* (lived, living) 1. to have life, जीना, जीवित रहना/होना। 2. to continue to be alive, रहना, जीवन बिताना। 3. to reside/dwell, रहना। 4. to pass, गुज़ारना, व्यतीत करना। 5. to conduct one's life in a certain way, बसर करना, निर्वाह करना। □ **live and let live,** सहिष्णुता बरतना; **live by one's tricks,** धूर्तता से जीवन बसर करना; **live it up,** शान से रहना; **live together,** एक साथ रहना; **live up to,** आदर्शों का जीवन में पालन करना; **live with,** (के) साथ रहना। *adj.* 1. alive, सजीव, गर्म, ज़िंदा। 2. glowing, burning or carrying an electric current, गर्म, ज़िंदा, (तार) जिसमें बिजली हो। 3. of current interest, ज्वलंत, जीवंत।

livelihood (लाइव्´-ली-हुड्) *n.* a means of living, जीविका, रोज़ी।

livelong (लाइव्´-लाङ्ग्) *n.* complete, whole, सारा, समग्र, पूरा।

lively (लाइव्´-ली) *adj.* 1. full of life, सजीव, जानदार। 2. cheerful, प्रफुल्ल, हँसता-खेलता। □ **look lively,** to act fast, सक्रिय हो उठना; **make it lively for someone,** to create trouble for someone, दूसरे के लिए मुसीबत खड़ी कर देना।

liven (लाइ´-वॅन्) *v.* (livened, livening) 1. to make lively, जीवंत या सजीव बना देना। 2. to become lively, जीवंत या सजीव हो उठना।

liver (लिव्´-अॅ:) *n.* 1. a large gland in the abdomen secreting bile, जिगर, यकृत। 2. liver of an animal used as food, कलेजी (गोश्त)।

liveried (लिव्´-अॅ-रीड्) *adj.* wearing a uniform, वर्दीधारी।

liverish (लिव्´-अॅ-रिश्) *adj.* irritable, चिड़चिड़ा।

livery (लिव्´-अॅ-री) *n.* a uniform worn by a servant, नौकर की वर्दी।

livestock (लाइव्´-स्टॉक्) *n.* domestic animals raised for home use or profit, पालतू जीव, पशुधन।

livid (लिव्´-इड्) *adj.* 1. bluish gray, नीला, नीलाभ। 2. furiously angry, अत्यंत क्रुद्ध।

living (लिव्´-इंग्) *adj.* 1. alive, जीवित, जीता-जागता। 2. in active use, सजीव, जीवंत। 3. real, वास्तविक। *n.* 1. livelihood, जीविका, रिहाइश। 2. a manner or style of living, जीवनयापन का ढंग, ढर्रा। 3. the state of being alive, जीवित अवस्था।

living room *n.* a room for general use, बैठने-उठने का कमरा, बैठक।

living standard *n.* the standard of living, जीवन-स्तर।

living wage *n.* a wage on which it is possible to live, निर्वाह योग्य वेतन, निर्वाह-वेतन।

lizard (लिज़्´-अॅ:ड्) *n.* a reptile with a long tail, छिपकली, गिरगिट आदि की जाति का जीव।

llama (ला´-मॅ) *n.* a deer like animal kept as a beast of burden, लीमा।

liano (ला´-नो) *n.* a large grassy plain, लंबा-चौड़ा घास का मैदान।

load (लोड्) *n.* 1. a supported weight, भार, वजन। 2. material transported by a vehicle, person or animal, बोझा, बोझ, लादी। 3. a heavy responsibility, भार, दायित्व। 4. a large amount or quantity, बड़ी राशि। 5. the amount of electricity supplied, लोड, बिजली के ख़र्च की मात्रा, बिजली की खपत। *v.* (loaded, loading) 1. to put a load in or on, लादना, लाद देना। 2. to charge with ammunition, (बंदूक) भरना। 3. to insert into, भरना, डालना।

loaded (लो´-डिड्) *adj.* 1. rich, धनी। 2. drunk, नशे में चूर। □ **a loaded question,** a question containing a hidden trap, फँसाने के लिए पूछा गया प्रश्न।

loadstone (लोड्´-स्टोन्) *n.* an iron ore having

magnetic properties, लोहे का वह टुकड़ा जिसमें चुंबक हो।

loaf [1] (लोफ़) ***n.*** (plu. loaves) a mass of bread baked in one piece, पावरोटी।

loaf [2] (लोफ़्) ***v.*** (loafed, loafing) to spend time idly, समय बर्बाद करना, आवारागर्दी करना।

loafer (लो´-फ़ः) ***n.*** one who loafs, आवारागर्द।

loam (लोम्) ***n.*** rich soil, दुम्मट।

loamy (लोम्´-ई) ***adj.*** fertile and productive, दुम्मटी।

loan (लोन्) ***n.*** 1. some of money lent, कर्ज़, ऋण, उधार।2. anything lent for temporary use, उधार, मँगनी। ***v.*** (loaned, loaning) to lend, उधार देना।

loanword (लोन्´-वःड्) ***n.*** a word borrowed from another language, विदेशी शब्द, आगत शब्द।

loanee (लोन्´-ई) ***n.*** a person having borrowed money on interest, कर्ज़दार, ऋणी।

loath (लोथ्) ***adj.*** unwilling, अनिच्छुक। □ **nothing loath,** quite willing, ख़ुशी-ख़ुशी।

loathe (लोथ्) ***v.*** (loathed, loathing) to abhor, घृणा करना, नफ़रत करना।

loathing (लो´-थिंग्) ***n.*** extreme dislike, घिन, घृणा।

loathsome (लोथ्´-सम्) ***adj.*** repulsive, घिनौना, घृणित।

lob (लॉब्) ***v.*** (lobbed, lobbing) to hit in high arc, उछालना, लाब करना।

lobby (लाब्´-ई) ***n.*** a waiting room in a hotel etc., प्रकोष्ठ, लाबी, सभाकक्ष। ***v.*** (lobbied, lobbying) to seek to influence or support one's cause, मत का समर्थन करने के लिए प्रभाव डालना।

lobe (लोब्) ***n.*** the lower soft part of the ear, ललरी।

lobster (लॉब्´-स्टः) ***n.*** a large shellfish, महाचिंगट, झींगा।

local (लो´-कॅल्) ***adj.*** 1. of a particular place, स्थानीय।2. making many stops, जगह-जगह रुकनेवाली (गाड़ी)। 3. limited to a part of body, क्षेत्रीय या सीमित।

locale (लो-काःल्´, लो-काल्´) ***n.*** the scene of events, घटनास्थल।

locality (लो-कैल्´-इ-टी) ***n.*** a particular place or area, क्षेत्र, इलाका, हल्का।

localize (लो´-कॅ-लाइज़्) ***v.*** (localized, localizing) to restrict to or be restricted to a particular area, स्थानीय बना देना या बन जाना।

locally (लो´-क-ली) ***adv.*** 1. in a local area, स्थानीय रूप से। 2. nearby, पास में।

locate (लो´-केट्) ***v.*** (located, locating) 1. to find (by searching), (स्थान का) पता लगाना। 2. to become estalished, स्थित होना।

located (लो´-के-टिड्) ***adj.*** settled, established, स्थित।

location (लो-के´-शॅन्) ***n.*** 1. a place where something is located, जगह। 2. the act of locating, पता लगाना।

loch (लॉक्) ***n.*** a lake, झील।2. an arm of sea, खाड़ी।

loci (लो´-साइ) ***n.*** (maths.) plu. of locus, बिंदुपथ।

lock[1] (लॉक्) ***n.*** a strand or curl of hair, लट।

lock[2] ***n.*** 1. a device used to secure a door, lid etc., ताला। 2. a part of gun which fires it, बंदूक का घोड़ा। 3. a section of a canal closed off with gates, बाँध। 4. a hold in wrestling, दाँव, पेंच। □ **lock, stock and barrel,** completely, पूर्णतः; **under lock and key,** ताले में रखा हआ, सुरक्षित। ***v.*** (locked, locking) 1. to fasten with a lock, ताला लगाना। 2. to safeguard by putting behind a lock, ताले में रखना। 3. to put in a jail, कारागार में रखना, बंद करना। 4. to become blocked, रुक जाना, जाम हो जाना।

locker (लॉक्´-अ:) *n.* a small cupboard that can be locked, तालेदार आलमारी या डिब्बा, लॉकर।

locker room *n.* a room equipped with lockers, लॉकर-कक्ष।

locket (लॉक्´-इट्) *n.* a small ornamental piece worn on a chain around the neck, लटकन, लाकेट।

lockout (लॉक्´-आउट्) *n.* the closing down of a factory by the employer, तालाबंदी।

locksmith (लॉक्´-स्मिथ्) *n.* one who makes or repairs locks, तालेवाला।

lockup (लॉक्´-अप्) *n.* a jail, कारागार, हवालात, बंदीगृह।

loco (लो´-को) *adj.* 1. mad, crazy, पागल, सनकी।2. locomotive, रेलवे इंजन; locoshed, इंजन-घर; loco workshop, इंजन कर्मशाला।

locomotion (लो-को-मो´-शॅन्) *n.* the act or ability to move from place to place, चलने की क्रिया या क्षमता, चलना, गतिक्षमता।

locomotive (लो-को-मो´-टिव्) *adj.* able to move, चल, गतिक्षम। *n.* a railway engine, रेलवे इंजन।

locus (लो´-कॅस्) *n.* 1. a point, बिंदु, नुक़्ता। 2. a place, स्थान, स्थल।

locus classicus (लो´-कॅस्-क्लै´-सि-कॅस्) *n.* the most authoritative passage on a topic, आधिकारिक अभिदेश।

locus standi (लो´-कॅस्-स्टैन्´-डाइ) *n.* (law), standing place, आधिकारिक स्थिति, अधिकारिता, दख़ल देने का अधिकार।

locust (लो´-कॅस्ट्) *n.* a grasshopper which flies in groups, टिड्डा, टिड्डी।

locution (लो-क्यू´-शॅन्) *n.* 1. a word or phrase, पद या पदबंध। 2. a manner or style of speech, भाषण-शैली।

lode (लोड्) *n.* 1. a vein of deposit of ore between layers of rock, धातु की परत। 2. source, स्रोत।

lodestar (लोड्´-स्टा:) *n.* the North Star, ध्रुव तारा।

lodestone (लोड्´-स्टोन्) *n.* a piece of iorn having magnetic properties, लोहे का वह टुकड़ा जिसमें चुंबक हो।

lodge (लाज्) *n.* 1. a place usually given on rent for temporary stay, बासा, लाज। 2. a place for some activity, भवन या होटल। *v.* (lodged, lodging) 1. to stay or provide accommodation, ठहरना या ठहराना। 2. to register (a protest, शिकायत) दर्ज करना, दाख़िल करना।

lodger (लॉज्´-अ:) *n.* one who pays for his accommodation, बासे या लाज में ठहरा हुआ, किराएदार।

lodging (लाज्´-इंग्) *n.* a temporary residence, बासा, आवास।

lodgings (लाज्´-इंग्स्) *n.* (plu.) a room or rooms rented for living in, किराए पर देने का कमरा या कमरे।

loft[1] (लाफ़्ट्) *n.* 1. an attic, अटारी। 2. a gallery, दीर्घा।

loft[2] *v.* (lofted, lofting) to send (a ball) in high arc, उछालना।

loftiness (लाफ़्´-टी-निस्) *n.* the state of being lofty, ऊँचाई, ऊँचान; महानता, महत्ता।

lofty (लाफ़्´-टी) *adj.* 1. tall, ऊँचा, उच्च। 2. noble, ऊँचा, उदात्त। 3. important or eminent, महत्त्वपूर्ण। 4. haughty, अहंकारी, दंभी, घमंडी।

log (लॉग्) *n.* 1. a section of a trunk, लट्ठा। 2. a written record, लिखित विवरण। *v.* (logged, logging) 1. to saw logs from trees, लट्ठे काटना। 2. to record, विवरण लिखना।

logarithm (ला´-गॅ-रिथ्-ॲम्) *n.* (maths.), लघुगणक।

logbook (लाग्´-बुक्) *n.* a record book, निबंधन-पुस्तिका, पंजीयन-पुस्तिका, रोज़नामचा।

अ: bird ब:ड्, अॅ: tear टिअॅ:, ॲॲ air ॲॲ:, आई five फ़ाइव्, ऑइ boy बॉइ/बॉय, इअॅ near निअॅ:
उअॅ poor पुअॅ:, च् chat चैट्, थ् thing थिंग्, द् this दिस्, फ़् full फ़ुल्, व़् wait व़ेट्

logger (ला´-गॅ:) *n.* one who cuts trees, लकड़हारा।

loggerhead (ला´-गॅ:-हॅड्) *n.* a sea tortoise, समुद्री कछुआ। □ **at loggerheads,** disagreeing, or quarrelling, (आपस में) लड़ते हुए।

loggia (लाज्´-अॅ) *n.* a covered area on the side of a building, बरामदा।

logic (लाज्´-इक्) *n.* 1. the science of reasoning, तर्कशास्त्र। 2. an argument, तर्क। 3. a way of reasoning, तर्क-पद्धति, तर्कशीलता।

logical (लाज्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. according to the rules of logic, तर्कशास्त्रीय। 2. reasonable, sensible, तर्कसंगत।

logically (लाज्´-इ-कॅ-ली) *adv.* 1. in a logical way, तर्क की दृष्टि से। 2. reasonably, तर्कसंगत रूप से।

logician (ला-जिश्´-अॅन्) *n.* an expert in logic, तर्कविद्, तार्किक।

logistics (ला-जिस्´-टिक्स्) *n.* the science of the movement and maintenance of military forces, सेना-संचालन, सेना-व्यवस्था।

logrolling (लॉग्-रो´-लिंग्) *n.* mutual help, पारस्परिक सहयोग।

logy (लो´-गी) *adj.* lethargic, सुस्त।

loin (ला´-इन्) *n.* the part between the ribs and hipbone, कमर। □ **gird up one's loins,** to prepare for action, कमर कसना।

loincloth (ला´-इन्-क्लॉथ्) *n.* a piece of cloth worn round the loins, लुंगी।

loiter (लॉइ´-टॅ:) *v.* (loitered, loitering) to move about aimlessly, घूमना-फिरना, समय बर्बाद करते हुए घूमना-फिरना, मटरगश्ती करना।

loll (लॉल्) *v.* to stand, sit or lie idly, ख़ाली बैठे रहना।

lollipop (लॉल्´-इ-पॉप्) *n.* a candy on a small stick, लालीपॉप।

lollop (ला´-लॅप्) *v.* to walk with long ungraceful steps, लंबे-लंबे डग भरते हुए चलना।

lone (लोन्) *adj.* solitary, अकेला, एकाकी, निस्संग।

loneliness (लोन्´-ली-निस्) *n.* the state of being lonely, अकेलापन, एकाकीपन, तन्हाई।

lonely (लोन्´-ली) *adj.* 1. without companion, अकेला, एकाकी, तन्हा, निस्संग। 2. isolated, निर्जन, एकांत।

loner (लोन्´-अॅ:) *n.* one who avoids other people, एकांतप्रिय।

lonesome (लोन्´-सम्) *adj.* 1. lonely, अकेला, तन्हा। 2. isolated, निर्जन, एकांत।

long[1] (लॉङ्ग्, ला:ङ्ग्) *adj.* (longer, longest) 1. having great length, लंबा। 2. of relatively great duration, लंबी अवधिवाला, दीर्घकालिक। 3. having a certain length or duration, निश्चित लंबाई या अवधिवाला। 4. (a vowel) of relatively longer duration, दीर्घ (स्वर)। 5. far-reaching, दूरगामी। □ **in the long run,** आख़िरकार, अंततः। *n.* 1. a long time, लंबा समय; Are you going for long? क्या तुम लंबे समय के लिए (बहुत दिनों के लिए) जा रहे हो। 2. a long vowel or syllable, दीर्घ स्वर या अक्षर। □ **before long,** जल्दी ही; **long and short of it,** तथ्य, सारांश। *adv.* for a certain period, निश्चित अवधि के लिए। **suffix,** —भर; **all day-long,** दिन-भर। □ **so long,** अब तक; **so long as,** तब तक कि; **for long,** दीर्घकाल तक।

long[2] *v.* (longed, longing) to wish earnestly, बहुत चाहना।

longcloth *n.* a kind of cotton cloth, लट्ठा, गाढ़ा, लंकलाट।

long distance *adj.* covering relatively long distance, लंबी दूरीवाला। *adv.* by a long distance, लंबी दूरी से।

long-drawn-out (लॉङ्ग्/ला:ङ्ग्-ड्रान्-आँउट्´) *adj.* of relatively long duration, बहुत देर तक चलनेवाला, लंबा।

longevity (लॉन्-जेंव्´-इ-टी) *n.* 1. long life, दीर्घ आयु। 2. length of life, जीवनकाल।

long face *n.* उतरा हुआ चेहरा।

long hair *n.* 1. an intellectual, बुद्धिजीवी। 2. a person dedicated to music, संगीत-प्रेमी।

longhand (लॉङ्ग्´-हैन्ड्) *n.* a form of hand-writing in which the letters are joined together, हाथ की लिखाई, हस्तलेखन, हस्तलेख।

long-headed (लॉङ्ग्-हॅड्´-इड्) *adj.* shrewd, सयाना, समझदार।

longing (लॉङ्ग´-इंग्) *n.* a persistent or intense desire, लालसा, साध।

longish (लॉङ्ग्´/ ला:ङ्ग्´-इश्) *adj.* rather long, कुछ-कुछ लंबा, लंबा-सा।

longitude (लॉन्´-जी-ट्यूड्) *n.* the distance east or west from the meridian, देशांतर, देशांतर रेखा/वृत्त।

longitudinal (लॉन्-जी-ट्यू´-डि-नॅल्) *adj.* 1. of longitude, देशांतर-संबंधी, देशांतरिक। 2. measured lengthwise, लंबाई के बल होनेवाला।

long johns *n.* (plu.) underpants with long legs, पतलून के नीचे पहना जानेवाला पायजामा।

long jump *n.* a jump made for distance, लंबी कूद।

long-lived (लॉङ्ग्-लिव्ड्´) *adj.* having a long life, लंबी उमरवाला, दीर्घायु।

long-range *adj.* capable of covering long distance, दूर तक मार करनेवाला, लंबी मारवाला।

long run *n.* long duration, लंबी अवधि। *adj.* of long duration, दीर्घकालिक।

long shot *n.* an attempt unlikely to succeed, ऐसा प्रयास जिस के सफल होने की संभावना कम हो।

longsighted (लॉङ्ग् / ला:ङ्ग्-साइ´-टिड्) *adj.* having foresight, दूरदर्शी।

long-standing (लॉङ्ग् / ला:ङ्ग्-स्टैन्´-डिंग्) *adj.* having existed for a long time, बहुत दिनों का, पुराना।

long suffering (लॉङ्ग् / ला:ङ्ग्-सफ़्´-अॅ-रिंग्) *adj.* suffering patiently for a long time, चिरदुखी, चिरसंतप्त।

long-term (लॉङ्ग्´/ ला:ङ्ग्´-ट:म्) *adj.* of or for a long period, दीर्घावधिक, दीर्घकालीन।

long vacation (लॉङ्ग्´/ ला:ङ्ग्´-वे-के´-शॅन्) *n.* a long period of time devoted to rest, लंबी छुट्टी, दीर्घ अवकाश।

long wave (लॉङ्ग्´ / ला:ङ्ग्´-वेव्) *n.* a wave with a wavelength greater than 1000 metres, लंबी लहर/तरंग।

longways (लॉङ्ग्´/ ला:ङ्ग्´-वेज़्) *adv.* lengthwise, लंबाई के बल, लंबे बल।

longwearing (लॉङ्ग्´ / ला:ङ्ग्´-वि´-अॅ-रिंग्) *adj.* durable, टिकाऊ।

long-winded (लॉङ्ग् / ला:ङ्ग्-विन्-डिड्) *adj.* wearisomely talkative, बकबादी।

longwise (लॉङ्ग्´ / ला:ङ्ग्´-वाइज़्) *adv.* lengthwise, लंबाई में, लंबे बल।

loo (लू) *n.* lavatory, शौचालय।

loofa, loofah (लू´-फ़ॅ) *n.* a dried gourd used as a sponge, तुरई का झाँवा।

look (लुक्) *v.* (looked, looking) 1. to use the eyes to see, देखना, दृष्टिपात करना। 2. to search, ढूँढ़ना, (इधर-उधर) देखना। 3. to appear, दिखाई पड़ना, दिखना; She looks the right type of woman, वह सही औरत लगती है। 4. to seem to be, भासित होना, लगना, प्रतीत होना; He looks well. वह देखने में अच्छा लगता है। 5. to consider, ध्यान देना। □ **look after,** देख-भालकरना; **look ahead,** आगे की सोचना; **look around,** चारो ओर देखना; **look back,** पिछली बातें याद करना; **look before you leap,** समझ-बूझकर किसी काम में हाथ डालना; **look down on,** घृणा करना, हेय समझना; **look for,** आशा करना; **look forward to,** आशा लगाए होना; **look in,** मुलाकात करना; **look into,** जाँच-पड़ताल करना; **look on,** देखना; **look out,** देखना, ढूँढ़ना; **look over,** निरीक्षण करना; **look up,** पता लगाना, ढूँढ़ना; **look up**

to (i), मिलना, मुलाकात करना; (ii) प्रशंसा करना। *n.* 1. a gaze or glance, दृष्टि। 2. (plu.) physical appearance, शक्ल, स्वरूप, चेहरा-मोहरा, शक्ल-सूरत।

look-alike (लुक्´-अॅ-लाइक्) ***n.*** a person or thing closely resembling another, वह जिसकी शक्ल दूसरे से मिलती हो, हमशक्ल।

looker-on (लुक्´-अॅ:-ऑन्) ***n.*** one who perceives, दर्शक।

look-in (लुक्´-इन्) ***n.*** a chance to succeed in something, आगे बढ़ने या सफल होने का अवसर।

looking glass (लुक्´-इंग्-ग्लास्) ***n.*** a mirror, दर्पण, शीशा।

lookout (लुक्´-ऑउट्) ***n.*** 1. the act of keeping watch, निगरानी, देख-भाल। 2. worry or concern, ध्यान, चिंता। 3. a view, दृष्टिकोण।

look-see (लुक्´-सी´) ***n.*** a brief inspection, निरीक्षण, जाँच।

loom[1] (लूम्) ***n.*** an apparatus for weaving cloth, करघा।

loom[2] ***v.*** (loomed, looming) to come into view with threatening aspect, आँखों के आगे मँडराना।

loon (लून्) ***n.*** a diving bird, गोताख़ोर पक्षी, पनडुब्बा।

loony (लू´-नी) ***adj.*** 1. insane, सनकी, पागल। 2. foolish, मूर्ख।

loony bin ***n.*** a mental hospital, मानसिक चिकित्सालय।

loop (लूप्) ***n.*** 1. a thread etc. that is folded over and joined at the end, फंदा। 2. any round or oval shaped thing, छल्ला, लूप। 3. a contraceptive device in the shape of a loop, लूप। ***v.*** (looped, looping) 1. to form into a loop, छल्ला/फंदा बनाना। 2. to fasten with a loop, लूप लगाना।

loophole (लूप्´-होल्) ***n.*** 1. a narrow opening in the wall, दीवार में का सुराख। 2. a means of evasion, निकल भागने या बच निकलने का रास्ता। 3. a defect or deficiency, खामी या कमी।

loop line ***n.*** a railway branch line which leaves the main line and rejoins it after a short distance, लूप लाइन।

loose (लूस्) ***adj.*** (looser, loosest) 1. not tight, ढीला, ढीला-ढाला। 2. not packed, खुला, फुटकर। 3. not strict or exact, असंयत, शिथिल, ढीला-ढाला; loose translation, ढीला-ढाला अनुवाद; loose talk, कच्ची बात, गैर ज़िम्मेदाराना बात-चीत। 4. not organized strictly, असंघटित। 5. immoral, व्यभिचारी, चरित्रहीन। □ **on the loose,** स्वतंत्र, खुला। ***v.*** (loosed, loosing) 1. to unfasten or untie, ढीला करना, खोलना। 2. to fire (a gun or missile), छोड़ना, दागना।

loose motion (लूज़्´-मो´-शॅन्) ***n.*** diarrhoea, दस्त।

loosen (लू´-सॅन्) ***v.*** (loosened, loosening) 1. to make or become loose, ढीला होना या करना। 2. to let loose, छोड़ देना, स्वतंत्र करना।

loose-tongued (लूज़्´-टंग्ड्) ***adj.*** speaking too freely, बकवादी।

loot (लूट्) ***n.*** goods stolen or taken from the enemy, लूट, लूट का माल। ***v.*** (looted, looting) to steal or plunder, लूट लेना, लूटना।

looter (लू´-टॅ:) ***n.*** one who loots, लुटेरा।

lop (लॉप्) ***v.*** (lopped, lopping) to remove by cutting, छँटाई करना, काट-छाँट करना, छाँटना। ***n.*** the act of lopping, छँटाई, काट-छाँट।

lope (लोप्) ***v.*** (loped, loping) to take long strides, छलाँगें लगाना।

lop-eared (लॉप्-ईअॅ:ड्´) ***adj.*** having drooping ears, लटकते हुए कानोंवाला।

lopsided (लाप्-साइ´-डिड्) ***adj.*** leaning to one side, एक तरफ़ झुका हुआ, असंतुलित।

loquacious (ला-क्वे´-शॅस्) ***adj.*** talkative,

बातूनी, बकवादी।

loquacity (ला-क्वैस्´-इ-टी) *n.* the state of being talkative, बातूनीपन।

lord (लॉ:ड्) *n.* 1. a ruler or sovereign, शासक, हाकिम, शाह। 2. a master, स्वामी, मालिक। 3. a nobleman, सामंत। 4. a respectful form of address, प्रभु! मालिक! *v.* (lorded, lording) to domineer, धौंस या रोब जमाना।

lordliness (लॉ:ड्´-लि-निस्) *n.* the state of being lordly, शाहीपन, शाहानापन।

lordly (ला:ड्´-ली) *adj.* 1. suitable for a lord, dignified, शाहों की तरह का, शाही, शाहाना। 2. haughty, घमंडी, अभिमानी।

Lords (लॉ:ड्स्) *n.* 1. a cricket ground in London, लंदन का क्रिकेट मैदान। 2. short form of House of Lords, हाउस ऑफ़ लार्ड्स।

Lord's day *n.* Sunday, रविवार।

lordship (लॉ:ड्´-शिप्) *n.* the position or authority of a lord, शासक का पद या अधिकार। ☐ **Your Lordship,** बिशप, जज आदि के लिए प्रयुक्त संबोधन, श्रीमान।

lore (लो:) *n.* knowledge or belief about a particular subject, किसी विशिष्ट विषय-संबंधी ज्ञान या धारणा।

lorgnette (लॉ:न्´-येंट्) *n.* a pair of spectacles with a short handle, मुठियादार चश्मा।

lorn (लॉ:न्) *adj.* lonely and sad, निस्संग और दुखी।

lorry (लॉ´-री) *n.* a large motor vehicle, लारी, मोटरगाड़ी।

lose (लूज़्) *v.* (lost, losing) to be unable to find or keep, खोना, गँवाना, खो या गँवा बैठना। 2. to be deprived of, to cause the loss of, वंचित रहना, पल्ले न पड़ना। 3. to fail to hear, see or obtain, सुन, समझ या पकड़ न पाना। 4. to fail to win, हार जाना। 5. to miss, (गाड़ी का) छूट जाना। 6. to give all one's attention to, निमग्न होना। ☐ **lose one's head,** नियंत्रण खो बैठना, आपे में न रहना; **lose one's temper,** गुस्से में आ जाना, बौखला उठना; **lose ground,** पीछे हटना; **lose heart,** हौसला पस्त हो जाना, हिम्मत हार बैठना; **lose (one's) heart,** दिल दे बैठना, प्यार हो जाना; **lose (one's) life,** जान गँवाना; **lose out** (i) नुकसान उठाना, (ii) हार जाना।

loser (लूज़्´-अ:) *n.* a person who loses, पराजित व्यक्ति, हारा आदमी।

loss (ला:स्) *n.* 1. the act or fact of losing, नुकसान, हानि। 2. one that is lost, वह जिसे खोया हो, क्षति। 3. amount lost in business transaction, घाटा। ☐ **at a loss,** किंकर्तव्यविमूढ़, असहाय; **be a dead loss,** किसी काम का न होना।

loss leader *n.* 1. an article sold at a low price in order to attract customers, ग्राहकों को आकृष्ट करने के लिए कम दाम पर बेची जानेवाली कोई वस्तु।

lost (ला:स्ट्) *adj.* 1. missing, खोया/गँवाया हुआ, ग़ायब, गुम। 2. absorbed in, निमग्न। 3. not won or not likely to be won, हारा हुआ। 4. strayed, भटका हुआ। 5. bewildered, भौचक्का, हक्का-बक्का। ☐ **be lost on,** व्यर्थ सिद्ध होना।

lot (लॉट) *n.* 1. one of a set of slips used in a draw, लाटरी की पर्ची। 2. the choice resulting from it, निकलनेवाली पर्ची, जीती पर्ची। 3. allotted share, हिस्सा। 4. a great number, ढेर। 5. a set of articles for auction, नीलामी में रखी वस्तुएँ। 6. fate, भाग्य। ☐ **a lot of,** ढेरों; **bad lot** बुरा व्यक्ति; **draw a lot,** पर्ची निकालना; **what a lot!** इतना अधिक!

loth (लोथ्) *adj.* unwilling, अनिच्छुक।

lotion (लो´-शॅन्) *n.* a cosmetic liquid, लोशन।

lots (लॉट्स्) *n.* (plu.) great numbers, ढेरों।

marimba (मॅ-रिम्´-बॅ) *n.* an African xylophone, अफ्रीकी ढोल, मैरिंबा।

marina (मॅ-री´-नॅ) *n.* a harbour for small boats, छोटी नावों के ठहरने का बंदरगाह।

marinade (मैर्´-इ-नेड्) *n.* a seasoned flavoured liquid, सिरका।

marinate (मैर्´-इ-नेट्) *v.* (marinated, marinating) to soak in marinade, सिरके में

डुबाना या रखना।

marine (मॅ-रीन्´) *adj.* 1. of or relating to the sea, समुद्री। 2. of or relating to shipping, नौवहन-संबंधी। *n.* the ships of the country, किसी देश के जलयान। 2. a soldier serving on the ship, नौसैनिक।

mariner (मै´-रि-नॅः) *n.* a sailor, नाविक।

marionette (मैर्-इ-अॅ-नेंट्´) *n.* a puppet, कठपुतली।

marital (मैर्´-इ-टॅल्) *adj.* 1. of marriage, वैवाहिक। 2. between husband and wife, दांपत्य।

maritime (मैर्´-इ-टाइम्) *adj.* 1. of sea, समुद्री। 2. of shore, तटीय। 3. of shipping, नौवहन-संबंधी।

marjoram (मार्´-जॅ-रॅम्) *n.* a herb with fragrant leaves, एक प्रकार का पुदीना।

mark (माःक्) *n.* 1. a visible trace as a spot or dent, चिह्न, निशान। 2. a written or printed symbol, मारका, चिह्न, निशान। 3. a distinguishing feature or characteristic, लक्षण, चिह्न। 4. a unit awarded for the merit, अंक। 5. a lasting impression, छाप। 6. a target, लक्ष्य। □ **off the mark,** लक्ष्य से च्युत; **up to the mark,** वांछित स्तर का; **fall wide of the mark,** लक्ष्य से दूर जा पड़ना; **give full marks,** (i) पूरे अंक देना, (ii) पूरा श्रेय देना; **make one's mark,** सफलता प्राप्त करना, अपनी छाप छोड़ना; **not up to the mark,** स्तर तक न पहुँचनेवाला, अस्तरीय। *v.* (marked, marking) 1. to make a visible impression on, निशान लगाना। 2. to distinguish with a mark, मारका लगाना। 3. to give numbers, अंक देना। 4. to watch carefully, ध्यान देना। □ **mark down,** मूल्य कम करना; **mark up,** मूल्य बढ़ाना।

markdown (माःक्´-डाउन्) *n.* reduction in price, मूल्य में की गई कमी, घटाया हुआ दाम।

marked (माःक्ट्) *adj.* 1. having a mark, चिह्नित, निशान लगा व दागा हुआ। 2. clearly noticeable, स्पष्ट, दृश्य। 3. having, युक्त।

marked man *n.* a man who is being watched by someone, वह जिस पर किसी ने नज़र रखी हो।

marker (माः´-कॅः) *n.* 1. a person that marks, मार्का लगानेवाला। 2. an object which marks a place, किसी स्थान का सूचक चिह्न।

market (माः´-किट्) *n.* 1. a place where people meet to buy & sell goods, बाज़ार, मंडी, हाट। 2. trade or commerce, व्यापार या वाणिज्य। □ **on the market,** बिक्री के लिए रखा हुआ। *v.* (marketed, marketing) 1. to do shopping, बाज़ार करना। 2. to sell, बेचना।

marketable (माः-कि-टॅ-बॅल्) *adj.* that can be sold, जो बेचा जाने को हो, पण्य, बेचने लायक।

market place *n.* the place where a market is held, पैंठ, बाज़ार।

marking (माः´-किंग्) *n.* 1. a mark, मार्का। 2. the act of colouring, रंगना, रंजन।

marking-ink (माः´-किंग्-इंक्) *n.* the ink for marking, मार्का-स्याही।

marksman (माःक्स्´-मॅन्) *n.* one skilled at shooting, निशानेबाज़।

marksmanship (माःक्स्´-मॅन्-शिप्) *n.* ability to shoot at the target, निशानेबाज़ी।

mark-up (माःक्´-अप्) *n.* the amount added to the cost price of an article to determine the selling price, दाम और लागत के बीच का मुनाफ़ा।

marl (माःल्´) *n.* a clay used as a fertilizer, चिकनी मिट्टी, खड़िया, मार्ल।

marmalade (माः´-मॅ-लेड्) *n.* a kind of jam, मुरब्बा।

marmoreal (माः-मोर्´-इ-अॅल्) *adj.* of or like marble, संगमरमर का या जैसा।

marmoset (माः´-मॅ-सेंट्) *n.* a monkey with a long hairy tail, लंबी तथा झबरी दुमवाला बंदर।

maroon (मॅ-रून्´) *adj.* brownish red, करौंदे के

रंग का, करौंदिया, मारून। *n.* brownish red colour, मारून, करौंदिया रंग।

marplot (मा:´-प्लॉट्) *n.* one who spoils the thing, काम-बिगाड़ू।

marquee (मा:-की´) *n.* a large tent, बड़ा शामियाना।

marquetry (मा:´-कि-ट्री) *n.* inlaid work, in wood brass, ivory etc., जड़ाऊकाम, जड़ाई।

marquis, marquess (मा:´-क्विस्) *n.* nobleman above a count, मार्क्विस।

marquise (मा:-कीज़्´) *n.* 1. diamond, हीरा। 2. a ring set with a cluster of gems, हीरों वाली अँगूठी।

marriage (मैर्´-इज्) *n.* 1. a wedding, wedlock, विवाह, शादी। 2. a close union, घनिष्ठता, गठबंधन।

marriage party *n.* the people assembled at the time of marriage, बरात, बारात, वर-यात्रा।

marriageable (मैर्´-इ-जॅ-बॅल्) *adj.* fit for marriage, विवाह के योग्य, विवाह-योग्य।

married (मैर्´-इड्) *adj.* having a husband or wife, ब्याहा हुआ या ब्याही हुई, विवाहित, शादीशुदा।

marrow (मैर्´-ओ) *n.* 1. the fatty material inside the bones, मज्जा।

marry (मै´-री) *v.* (married, marrying) 1. to accept someone as one's husband or wife, विवाह करना, शादी करना। 2. to give in marriage, शादी कर देना। 3. unite closely, घनिष्ठतापूर्वक संबद्ध होना, जुड़ना।

Mars (मा:ज़्) *n.* 1. the fourth planet from the sun, मंगल ग्रह। 2. the roman god of war, युद्ध देवता।

marsh (मा:श्) *n.* low watery land, दलदल।

marshal (मा:´-शॅल्) *n.* 1. an army officer, मार्शल। 2. a high administrative officer, मार्शल। *v.* (marshalled, marshalling) 1. to arrange in order, क्रम से रखना या लगाना, क्रमबद्ध करना, व्यवस्थित करना। 2. to guide or lead, साथ ले जाना, मार्गदर्शन करना।

marshy (मा:श्´-ई) *adj.* of or like a marsh, दलदल से भरा, दलदला।

mart (मा:ट्) *n.* a market, मार्केट, बाज़ार।

martial (मा:´-शॅल्) *adj.* 1. of or concerning war, युद्ध-संबंधी। 2. of or concerning soldiers, सैनिक-संबंधी, फौजी।

Martial arts *n.* (plu.) the fighting sports of self-defence, जुडो, कराटे आदि आत्मरक्षार्थ खेल।

martial law *n.* military rule, सैनिक शासन।

Martian (मा:´-शॅन्) *n.* an inhabitant of Mars, मंगलग्रह का वासी। *adj.* of the planet Mars, मंगलग्रह-संबंधी, मंगलग्रही।

martin (मा:´-टिन्) *n.* a bird of swallow family, अबाबील।

martinet (मा:-टि-नेंट्´) *n.* a rigid disciplinarian, कठोर अनुशासन-भक्त।

martini (मा:-टी´-नी) *n.* a cocktail, काकटेल, मदिरा।

martyr (मा:´-टॅ:) *n.* 1. one who sacrifices oneself for a cause, आत्मबलिदानी, बलिदानी, शहीद। 2. one who endures great sufferings, कष्टभोगी। *v.* (martyred, martyring) 1. to put to death, बलि चढ़ाना। 2. to give one's life for a cause, शहीद होना।

martyrdom (मा:´-टॅ:-डॅम्) *n.* 1. the state of being a martyr, बलिदान, शहादत। 2. the death or suffering of a martyr, आहुति, बलिदान।

marvel (मा:´-वॅल्) *n.* a wonderful thing, अद्‌भुत वस्तु, चमत्कार। *v.* (marvelled, marvelling) to be filled with wonder, आश्चर्यचकित हो जाना।

marvellous (मा:´-वॅ-लॅस्) *adj.* 1. wonderful, चमत्कारिक, अद्‌भुत। 2. excellent, बहुत बढ़िया।

Marxism (मा:क्´-सिज़्-अॅम्) *n.* the doctrines of Karl Marx, मार्क्सवाद।

Marxist (मा:क्‌´-सि-ज़िस्ट्) *adj.* of Marxism, मार्क्सवादी। *n.* a supporter of Marxism, मार्क्सवादी।

marzipan (मा:´-ज़ि-पैन्) *n.* a paste for coating cakes, पेस्ट।

mascara (मै-स्कार्´-अ, मै-स्कैर्´-अ) *n.* a cosmetic for darkening the eyelashes, बरौनियाँ रंगने का प्रसाधन।

mascot (मैस्´-कॉट्) *n.* a person or thing thought to bring good luck, शुभ फलदायक व्यक्ति या वस्तु, शगुन।

masculine (मैस्´-क्यु-लिन्) *adj.* 1. related to class of words that refer to males, पुल्लिंग। 2. of or pertaining to the male sex, मर्दों जैसा, मर्दाना, पुरुषोचित।

masculinity (मैस्-क्यु-लिन्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being masculine, पुंसत्व, पौरुष, मर्दानापन, मर्दानगी।

maser (मे´-ज़ः) *n.* a device that generates powerful electric force, मेसर।

mash (मैश्) *n.* 1. a soft pulpy mass, मलीदा। 2. grain cooked in water or milk, दलिया। *v.* (mashed, mashing) to crush into mash, मलीदा करना, कुचलना, मसलना, मलना।

mask (मा:स्क्/मैस्क्) *n.* 1. the covering worn over the face, नक़ाब। 2. a likness of face or head, मुखौटा। *v.* (masked, masking) 1. to put on a mask, नक़ाब पहनना, मुखौटा लगाना। 2. to disguise or canceal, छिपाना।

masked (मास्क्ट्, मैस्क्ट्) *adj.* having put on a mask, नक़ाबपोश।

masochism (मैस्´-अ-किज़्-अम्) *n.* an abnormal act of taking pleasure from one's own suffering, कष्ट भोग से भी मिलनेवाला सुख।

masochist (मैस´-अ-किस्ट्) *n.* one who takes pleasure from one's own suffering, जिसे कष्टभोग में आनंद आता हो।

masochistic (मैस्-अ-किस्´-टिक्) *adj.* of masochism, कष्टभोगजन्य सुख-संबंधी।

mason (मे´-सॅन्) *n.* one who builds with bricks or stones, राजमिस्त्री या संगतराश।

masonic (मॅ-सॉन्´-इक्) *adj.* of mason, राजमिस्त्री या संगतराश-संबंधी।

masonry (मे´-सॅन्-री) *n.* 1. bricklaying or stonelaying, राजगीरी या संगतराशी। 2. brick work or stone work, चिनाई, पत्थर की चिनाई।

masque (मा:स्क्, मैस्क्) *n.* an old form of a theatrical play, नौटंकी।

masquerade (मैस्´-कॅ-रेड्, मास्´-कॅ-रेड्) *n.* 1. a party at which persons wear masks, मुखौटा पहने हुए लोगों का दल। 2. false outward show, दिखावा। *v.* (masqueraded, masquerading) 1. to participate in a masquerade, लोगों का मुखौटे धारण करना। 2. to pretend to be, स्वाँग रचना, बनना।

masquerader (मैस्-कॅ-रेड्´-अः) *n.* one who participates in a masquerade, मुखौटाधारी।

Mass (मैस्) *n.* a Christian ceremony, मिस्सा।

mass (मैस्/मास्) *n.* 1. a unit of matter with no specific shape, पिंड, पुंज, ढेर। 2. a large number or amount, राशि। □ **in the mass,** कुल मिलाकर। *v.* (massed, massing) to gather together, to assemble, इकट्ठा होना, ढेर लगना, जमा होना। *adj.* 1. done or occurring on a large scale, बड़े परिमाण में होनेवाला। 2. consisting of a mass or large number (of people), जिसमें अधिक (लोग) सम्मिलित हों; mass meeting, जनसभा।

massacre (मैस्´-अ-कः) *n.* 1. merciless killing of large number of people, नर-संहार, जनसंहार, जनवध। 2. a severe defeat, भारी पराजय। *v.* (massacred, massacring) 1. to kill in large number, नरसंहार करना। 2. to defeat severely, बुरी तरह हराना, धूल चटाना।

massage (मै-सा:ज्´) *n.* the act of rubbing and pressing the parts of body, मालिश, चंपी। *v.* (massaged, massaging) to give a

massage to, मालिश/चंपी करना।

masses (मै´-सिज़्) *n.* , **the masses** (plu.) common people, जनसाधारण।

masseur (मॅ-सः/मै-सः) n. a person who gives massages, मालिश करनेवाला, मालिशी। [Fem. masseuse]

massif (मै´-सीफ़्) *n.* a group of mountains, पर्वत-श्रेणी, पर्वत-समूह।

massive (मै´-सिव्) *adj.* 1. heavy, bulky, भारी, भारी-भरकम। 2. imposing, भव्य, विशाल। 3. substantial, पर्याप्त।

mass media *n.* the means of communication that reach large number of people, जन-संचार।

mass production *n.* production on a large scale, बड़े पैमाने पर होनेवाला उत्पादन।

massy (मैस्´-ई) *adj.* heavy, भारी, भारी-भरकम।

mast (मा:स्ट्/मैस्ट्) *n.* 1. a pole for carrying flags and sails on the ship, मस्तूल।2. a flag pole, ध्वजदंड। 3. a pole, खंभा।

mastectomy (मै-स्टॅक्´-टॅ-मी) *n.* surgical removal of a breast, स्तन को काटकर निकाल देना, स्तनोच्छेदन।

master (मा:स्´-टॅ:/मैस्´-टॅ:) *n.* 1. the owner, मालिक, स्वामी।2. one in authority, अधिपति, सरकार। 3. a head of the household, गृहस्वामी।4. a male teacher, मास्टर, अध्यापक। 5. a man who owns an animal, पशुपालक। 6. a skilled workman, कारीगर, मास्टर। □ **one's own master,** कार्य करने में स्वतंत्र। *adj.* 1. most important, अत्यधिक महत्त्वपूर्ण। 2. chief, मुख्य, प्रमुख, प्रधान। *v.* (mastered, mastering) 1. to become proficient in, मास्टर हो जाना, कुशलता प्राप्त कर लेना। 2. to bring under control, नियंत्रित करना, क़ाबू में लाना।

Master *n.* a term of address, संबोधन के रूप में प्रयुक्त पद।

masterful (मा:स्´-टॅ:-फ़ुल/मैस्´-टॅ:-फ़ुल) *adj.* 1. very skillful, अत्यंत कुशल। 2. domineering, दबंग, निरंकुश।

master key *n.* a key that opens a number of locks, मास्टर कुंजी।

masterly (मा:स्´/मैस्´-टॅ:-ली) *adj.* showing great skill, कौशलपूर्ण, उच्च कोटि का।

mastermind (मा:स्´/मैस्´-टॅ:-माइन्ड्) *n.* a person of great ability, सुयोग्य व्यक्ति, निपुण व्यक्ति, दिमागदार आदमी। *v.* (masterminded, masterminding) to plan and direct, योजना बनाना तथा कार्यान्वित करना।

masterpiece, masterwork (मा:स्´/मैस्´-टॅ:-पीस्, मा:स्´/मैस्´-टॅ:-व:क्) *n.* a best piece of work, उत्तम कृति या रचना।

masterstroke (मा:स्´/मैस्´-टॅ:-स्ट्रोक्) *n.* an outstanding piece of strategy, चतुराई-भरी योजना।

mastery (मा:स्´/मैस्´-टॅ:-ली) *n.* 1. full understanding of a subject, विषयगत पूर्ण निपुणता। 2. outstanding skill, कौशल।

masthead (मा:स्´/मैस्ट्´-हॅड्) *n.* the top of mast, मस्तूल की चोटी या सिरा।

mastic (मैस्´-टिक्) *n.* a resin, मस्तगी, गंदा बिरोजा।

masticate (मैस्´-टि-केट्) *v.* (masticated, masticating) 1. to chew, चबाना। 2. to crush, मसलना।

mastication (मैस्-टि-के´-शॅन्) *n.* the act of masticating, चबाना, चर्वण।

mastiff (मैस्´-टिफ़्, मा:´-स्टिफ़्) *n.* a large powerful dog with drooping ears, मासटिफ।

mastitis (मैस्-टाइ´-टिस्) *n.* 1. inflammation of an udder, थनैली। 2. inflammation of a breast, स्तनशोथ।

mastodon (मैस्´-टॅ-डॉन्) *n.* an extinct mammal, एक लुप्त स्तनपायी (हाथी की तरह का) पशु।

mastoid (मैस्´-टॉइड्) *adj.* shaped like a breast, स्तनाकार। *n.* a part of the bone

behind the ear, कान के पीछे की हड्डी।

mastoiditis (मैस्-टाइ-डाइ´-टिस्) *n.* swelling behind the ear, कनपेड़ा।

masturbate (मैस्´-टॅ:-बेट्) *v.* (masturbated, masturbating) to stimulate sex organ by hand, हस्तमैथुन करना।

masturbation (मैस्-टॅ:-बे´-शॅन्) *n.* the act of masturbating, हस्तमैथुन।

mat[1] (मैट्) *n.* 1. a floor-covering of straw etc., चटाई, मैट। 2. an entangled mass of hair, weeds etc., उलझट्टा। *v.* (mated, mating) to make or become entangled, उलझना या उलझाना।

mat[2] *n.* a border placed around a picture, चित्र का बार्डर। *v.* (matted, matting) to provide with a mat, बार्डर बनाना या लगाना।

matador (मैट्´-ॲ-डॉ:) *n.* one who kills a bull in bullfight, द्वंद्व में साँड़ को मारनेवाला, जाँबाज़।

match[1] (मैच्) *n.* 1. one equal to another, जोड़। 2. a person considered possible husband or wife, जोड़ीदार, मेल। 3. a marriage, विवाह, शादी। 4. a contest in a game, मैच। □ **make a match,** जोड़ का होना; **find one's match,** टक्कर का आदमी मिलना; **make a match of,** विवाह कर लेना। *v.* (matched, matching) 1. to be similar to, समान होना। 2. to find something suitable for use with, मेल खाना। 3. to find a match for, जोड़ मिलना।

match[2] *n.* a stick of a matchbox, तीली, काँटी।

matchbook (मैच्´-बुक्) *n.* a small folder containing matches, दियासलाइयों का पत्ता।

matchbox (मैच्´-बॉक्स्) *n.* a box for holding matches, दियासलाई की डिबिया।

matching (मैच्´-इंग्) *adj.* (of colours or clothes) which are the same or suited, एक-से, एक-जैसे, मेल के।

matchless (मैच्´-लिस्) *adj.* unequalled, बेजोड़, अद्वितीय।

matchlock (मैच्´-लॉक्) *n.* a kind of gun, तोड़ेदार बंदूक।

matchmaker (मैच्´-मे-कॅ:) *n.* one who arranges marriages, वैवाहिक संबंध करानेवाला।

matchwood (मैच्´-वुड्) *n.* wood suitable for match-making, दियासलाई की तीलियाँ बनाने की लकड़ी।

mate[1] (मेट्) *n.* 1. a close associate, सहयोगी, साथी, संगी। 2. a spouse, जीवन-संगी। 3. one of a pair of breeding animals, पशुओं का यौन-साथी। *v.* (mated, mating) 1. to pair for reproduction, जोड़ा खाना। 2. to join as a pair, संगी या साथी बनना। 3. to marry, विवाह करना।

mate[2] *n.* checkmate, किश्त, शहमात।

material (मॅ-टिॲर्´-इ-ॲल्) *n.* 1. the substance from which something can be made, पदार्थ, चीज़, सामग्री। 2. information, facts, जानकारी, तथ्य। 3. cloth, कपड़ा, वस्त्र। *adj.* 1. consisting of matter, पदार्थ-संबंधी। 2. physical, भौतिक। 3. bodily, शारीरिक। 4. significant, महत्त्वपूर्ण, तात्त्विक।

materialism (मॅ-टिॲर्´-इ-ॲ-लिज्-ॲम्) *n.* excessive regard for material well-being rather than spiritual values, भौतिकवाद।

materialist (मॅ-टिॲर्´-इ-ॲ-लिस्ट्) *adj.* of or pertaining to materialism, भौतिकवादी। *n.* one who believes in materialism, भौतिकवादी।

materialize (मॅ-टिॲर्´-इ-ॲ-लाइज्) *v.* (materialized, materializing) to appear or happen, प्रकट होना, अस्तित्व ग्रहण करना, मूर्तिमान होना।

materially (मॅ-टिॲर्´-इ-ॲ-ली) *adv.* 1. physically, भौतिक रूप में। 2. to a significant extent, पर्याप्त मात्रा में, तात्त्विक दृष्टि से।

maternal (मॅ-टः-नॅल्) *adj.* 1. of a mother, माता-संबंधी, मातृ-। 2. related through one's

mother, ममेरा। 3. motherly, मातृसुलभ।

maternity (मॅ-ट:´-नि-टी) *n.* 1. motherhood, मातृत्व। 2. motherliness, मातृवत्ता। *adj.* of pregnant woman or pregnancy, गर्भावस्था या गर्भवर्ती स्त्री से संबद्ध; maternity ward, जच्चा-कक्ष; maternity leave, प्रसवावकाश।

matey (मे´-टी) *n.* a friend, मित्र। *adj.* friendly, मित्रतापूर्ण, मैत्रीपूर्ण।

mathematical (मैथ्-ॲ-मैट्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. of or relating to mathematics, गणितीय। 2. characterized by the precision of mathematics, सूक्ष्म। 3. exactly correct, सटीक, यथातथ्य।

mathematically (मैथ्-ॲ-मैट्´-इ-कॅ-ली) *adv.* according to mathematics, गणित के विचार से।

mathematician (मैथ्-ॲ-मॅ-टिश्´-ॲन्) *n.* one who is skilled in mathematics, गणितज्ञ।

mathematics (मैथ्-ॲ-मैट्´-इक्स्) *n.* the study or science of numbers, गणित, हिसाब।

matinee (मै-टिन्-ने´/ मै´-टि-ने) *n.* an afternoon performance of a theatre, मैटिनी शो।

mating (मेट्´-इंग्) *n.* the act of coupling (of animals), जोड़ा खाना।

matins (मैट्´-इन्ज़्) *n.* morning prayer, प्रातःकालीन प्रार्थना, भोर की प्रार्थना।

matriarch (मे´-ट्रि-आ:क्) *n.* the female head of a tribe, कुलमाता।

matriarchy (मे´-ट्रि-आ:-की) *n.* the social system in which the woman is the head of a family, मातृतंत्र।

matricide (मै´-ट्रि-साइड्) *n.* the act of killing one's own mother, मातृहत्या, मातृघात।

matriculate (मॅ-ट्रिक्´-यु-लेट्) *v.* (matriculated, matriculating) to become successful in a high school examination, हाईस्कूल परीक्षा में उत्तीर्ण होना, मैट्रिक में पास होना। *adj.* having passed high school examination, मैट्रिक पास, हाईस्कूल में उत्तीर्ण।

matriculation (मै-ट्रिक्-क्यु-ले´-शॅन्) *n.* the act of matriculating or the state of being matriculated, हाईस्कूल परीक्षा में उत्तीर्ण होने की अवस्था या भाव।

matrimonial (मैट्-रि-मो´-नि-ॲल्) *adj.* of marriage, विवाह-संबंधी, वैवाहिक।

matrimony (मैट्´-रि-मॅ-नी, मैट्´-रि-मो-नी) *n.* marriage, विवाह, शादी।

matrix (मे´-ट्रिक्स्) *n.* (plu. matrixes, matrices) a mould, साँचा।

matron (मे´-ट्रॅन्) *n.* 1. a head nurse in a hospital, अस्पताल की प्रधान नर्स। 2. an elderly married woman, प्रौढ़ा। □ **matron of honour,** विवाह के समय कन्या के साथ रहनेवाली सहेली।

matted (मैट्´-इड्) *adj.* 1. tangled into thick mass, उलझा हुआ। 2. covered with matting, (कालीन आदि से) ढका हुआ।

matter (मैट्´-ॲ:) *n.* 1. a substance or material, पदार्थ। 2. things of a specified kind, सामग्री, चीज़, वस्तु। 3. the substance of thought or expression, विषय-वस्तु, सामग्री। 4. a subject of concern or action, मामला, विषय, बात। 5. a difficulty, कठिनाई। 6. something written or printed, मैटर। 7. pus, पीब। □ **a matter of course,** प्रत्याशित या स्वाभाविक स्थिति या घटना; **a matter of life and death,** अत्यंत गंभीर बात, जन्म-मरण का प्रश्न; **as a matter of fact,** वस्तुतः, हक़ीक़त में; **no laughing matter,** कोई हँसी की बात नहीं अर्थात् गंभीर बात। *v.* (mattered, mattering) to be of importance, महत्त्वपूर्ण होना।

matter-of-fact (मैट्´-ॲर्-ऑफ़्-फ़ैक्ट्´) *adj.* concerned with facts, तथ्यपरक।

matting (मैट्´-इंग्) *n.* a mat, चटाई।

mattock (मैट्´-ऑक्) *n.* a tool for breaking up hard soil, फावड़ा।

mattress (मैट्´-रिस्) *n.* a large pad used on

or as a bed, गद्दा।

maturation (मैच्-यु-रे´-शॅन्) *n.* the process of maturing, पकना, परिपक्व होना।

mature (मॅ-च्योः´/मॅ-ट्योः´) *adj.* 1. fully grown, ripe or developed, परिपक्व। 2. grown-up, प्रौढ़। 3. due or payable, देय। *v.* (matured, maturing) 1. to become ripe or mature, परिपक्व होना, प्रौढ़ होना। 2. to become due for payment, देय होना।

maturity (मॅ-च्योर्´-इ-टी) *n.* 1. the state of being mature, परिपक्वता, प्रौढ़ता। 2. the time of being mature, भुगतान-तिथि।

maudlin (माःड्´-लिन्) *adj.* sentimental, भावुक।

maul (माःल्) *v.* (mauled, mauling) to injure badly, घायल करना, क्षत-विक्षत करना। *n.* a wooden hammer, मोगरा।

maunder (माःन्´-डॅः) *v.* (maundered, maundering) 1. to talk incoherently, प्रलाप करना। 2. to move aimlessly, व्यर्थ घूमना-फिरना।

mausoleum (माः´-सो-ली´-ॲम्) *n.* a tomb of an important person, मक़बरा।

mauve (मोव्) *adj.* purple, बैंगनी (रंग)।

maverick (मैव्´-रिक्, मैव्´-ॲर्-इक्) *n.* 1. a stray animal, छुट्टा पशु। 2. an independent person in politics, स्वतंत्र विचारोंवाला राजनीतिज्ञ।

mavin (मे´-विन्, मे´-वन्) *n.* 1. an expert, विशेषज्ञ। 2. a connoisseur, पारखी।

maw (माः´) *n.* an animal's stomach, पशु का पेट।

mawkish (माः´-किश्) *adj.* excessively sentimental, अत्यंत भावुक।

maxi (मैक्´-सी) *n.* a woman's garment reaching to the ankles, मैक्सी।

maxilla (मैक्-सिल्´-ॲ) *n.* the jawbone, जबड़े की हड्डी।

maxim (मैक्´-सिम्) *n.* an expression of a general truth or a concise rule of conduct, सूक्ति।

maximal (मैक्´-सि-मॅल्) *adj.* as great as possible, अधिक-से-अधिक बड़ा।

maximize (मैक्´-सि-माइज़्) *v.* (maximized, maximizing) to make as great as possible, अधिक से अधिक करना या बढ़ाना।

maximum (मैक्´-सि-मॅम्) *adj.* the greatest or highest possible, अधिक से अधिक, अधिकतम।

May (मे) *n.* the fifth month of the year, मई। *aux v.* used to express wish, permission or possibility, इच्छा, अनुमति या संभावना की सूचक सहायक क्रिया।

maybe (मे´-बी) *adv.* perhaps, शायद।

mayhem (मे´-हॅम्) *n.* 1. the crime of wilfully maiming a person, अंगभंग का अपराध। 2. a wilful violent destruction, ज़ोर-ज़बरदस्ती से किया हुआ ध्वंस।

mayonnaise (मे-ॲ-नेज़्´) *n.* a kind of sauce, एक प्रकार की चटनी।

mayor (मे´-ॲः) *n.* the head of the city, नगरप्रमुख, महापौर। [Fem. mayoress]

mayoralty (मे´-ॲर्-ॲल्-टी) *n.* the office or duration of a mayor, नगर-प्रमुख का पद या कार्यकाल।

maze (मेज़्) *n.* a labyrinth, चक्करदार रास्ता, भूलभुलैया।

me (मी) *pron.* the objective case of I, मुझको, मुझे; It is me who will have to accept, बस, मुझे ही तो स्वीकार करना होगा।

mead (मीड्) *n.* an alcoholic drink made from fermented honey and water, एक तरह की शराब।

meadow (मॅड्´-ओ) *n.* a field of grass, घास का मैदान।

meagre (मी´-गॅः) *adj.* 1. thin, lean, दुबला-पतला। 2. deficient in quantity, बहुत थोड़ा।

meal (मील्) *n.* 1. the food served and eaten

in one sitting, भोजन। 2. coarsely ground grain, आटा। □ **make a meal of,** पेट में डालना, खा जाना।

meal-time (मील्´-टाइम्) *n.* the usual time for eating a meal, भोजन का समय।

mealy (मी´-ली) *adj.* like or containing meal, आटे-जैसा।

mealy-mouthed (मी´-ली-मॉउथ्ड्´) *adj.* hesitant to speak plainly, जो साफ़-साफ़ बात न कहता हो, बातूनी या चिकनी-चुपड़ी बातें करनेवाला।

mean[1] (मीन्) *v.* (meant, meaning) 1. to denote or convey, अर्थ देना। 2. to indicate, सूचित करना। 3. to have as purpose, अभिप्राय होना। 4. to have the importance, महत्त्व होना। □ **mean business,** कार्रवाई के प्रति गंभीर होना।

mean[2] *adj.* 1. low in quality, घटिया, तुच्छ, नगण्य। 2. low in status, अधम, नीच। 3. ignoble, कमीना, नीच, तुच्छ। 4. miserly, कंजूस। □ **no mean,** ऊँचे दर्जे का, उच्च कोटि का।

mean[3] *n.* the middle point, state or course between two limits, औसत, मध्य।

meander (मी-ऐन्´-डॅ:) *v.* (meandered, meandering) 1. to follow a winding course, टेढ़ा-मेढ़ा चलना। 2. to wander aimlessly, बेकार घूमना। *n.* a winding course, टेंढ़ा-मेढ़ा रास्ता।

meaning (मी´-निंग्) *n.* 1. sense, import, अर्थ, आशय, तात्पर्य, मतलब। 2. significance, महत्त्व।

meaningful (मी´-निंग्-फ़ुल्) *adj.* 1. full of meaning, अर्थ-भरा, अर्थपूर्ण। 2. significant, सार्थक, महत्त्वपूर्ण।

meaningless (मी´-निंग्-लिस्) *adj.* without meaning, अर्थहीन, निरर्थक।

meanness (मीन्´-निस्) *n.* the quality of being mean, अधमता, घटियापन, नीचता।

means (मीन्ज़्) *n.* (singular) 1. a course of action by which some end is achieved, साधन। 2. wealth, धन। □ **by all means,** निश्चय ही; **by means of,** के द्वारा; **by no means,** किसी भी हालत में नहीं, बिल्कुल नहीं कदापि नहीं; **ways and means,** विभिन्न उपाय।

ment (मेंन्ट्) *v.* p.t. & p.p. of mean.

meantime (मीन्´-टाइम्) *n.* the time between two events, दो बातों के बीच का समय। *adv.* meanwhile, इस बीच, इसी बीच।

meanwhile (मीन्´-वाइल्) *adv.* 1. in the meantime, इसी बीच, इतने में। 2. at the same time, उसी समय।

meany (मी´-नी) *n.* a small-minded person, अनुदार व्यक्ति।

measles (मी´-ज़ॅल्ज़्) *n.* an infectious disease characterized by red spots on the skin, खसरा।

measly (मी´-ज़्ली) *adj.* 1. affected with measles, खसरे से ग्रस्त। 2. of small value or size, तुच्छ, नगण्य।

measurable (मेंज़्´-अॅ-रॅ-बॅल्) *adj.* that can be measured, जिसे नापा जा सके, परिमेय।

measure (मेंज़्´-अॅ:) *n.* 1. size, नाप, माप। 2. quantity, परिमाण, मात्रा। 3. a unit or standard used in measuring, पैमाना, नपना, मानदंड। 4. a device for measuring, नापने का उपाय (फ़ीता, गज़ आदि)। 5. a criterion, कसौटी, मानदंड। 6. limit, सीमा; within measure, सीमा के अंदर। 7. a bill or resolution, विधेयक या प्रस्ताव। 8. the width of a page or column, पृष्ठ या कालम की चौड़ाई। □ **beyond measure,** अपरिमेय; **in great measure,** बहुत बड़ी सीमा तक, अत्यधिक परिमाण में; **strong measures,** कड़ी कार्रवाई। *v.* (measured, measuring) 1. to determine the size, amount, degree of by measurement, नापना, मापना। 2. to appraise, आँकना, अनुमान लगाना। 3. to be as

specified in extent, amount etc., नाप में होना, नपना। 4. to compare, तुलना करना। □ **measure up,** बराबर या उपयुक्त होना, योग्य होना; **for good measure,** और अधिक।

measured (मॅज़्´-अ:ड्) *adj.* 1. carefully considered, exact, नपा-तुला। 2. determined by measurement, नपा हुआ।

measurement (मॅज़्´-अॅ:-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of measuring, मापन। 2. size, नाप।

meat (मीट्) *n.* 1. animal flesh as food, मांस, गोश्त, आमिष। 2. valuable matter or gist, सार, काम की बात। 3. food or meal, भोजन।

meatball (मीट्´-बा:ल्) *n.* 1. minced meat shaped into a ball before cooking, क़ीमे का गोला। 2. a fool, मूर्ख व्यक्ति।

meatman (मीट्´-मॅन्) *n.* a butcher, कसाई।

meaty (मी´-टी) *adj.* 1. fleshy, मांसल। 2. full of import, सारगर्भित।

Mecca (मॅक्´-अॅ) *n.* 1. the birthplace of Mohammad, मक्का (स्थान)। 2. destination, वह स्थान जहाँ बहुत लोग पहुँचना चाहते हों।

mechanic (मॅ-कैन्´-इक्) *n.* a skilled workman, मिस्त्री, मकैनिक, कारीगर।

mechanical (मॅ-कैन्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. of or pertaining to machines or tools, मशीनी, यांत्रिक। 2. as if done by habit, not will, बँधा-सधा, अविचारित।

mechanically (मॅ-कैन्´-इ-कॅ-ली) *adv.* in a mechanical way, यंत्रवत्।

mechanics (मॅ-कैन्´-इक्स्) *n.* 1. the science of making machines, यांत्रिकी। 2. process, प्रक्रिया, क्रियाविधि।

mechanism (मॅक्´-अॅ-निज़्-अॅम्) *n.* 1. the structure of a machine, यंत्र-विन्यास, रचना-तंत्र। 2. the parts of a machine, कल-पुर्ज़े। 3. the working of a machine, क्रिया-प्रणाली, क्रियाविधि। 4. the process or means, प्रक्रिया, साधन, तंत्र।

mechanization (मॅक्-अॅ-नि-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of equipping with machinery, यंत्रीकरण, यंत्र-सज्जा, यांत्रिकीकरण।

mechanize (मॅक्´-अॅ-नाइज़्) *v.* (mechanized, mechanizing) 1. to equip with machinery, मशीनें लगाना। 2. to make automatic or mechanical, ऑटोमैटिक करना या बना देना।

mechanized (मॅक्´-अॅ-नाइज़्ड्) *adj.* equipped with machinery, यंत्र-सज्जित।

medal (मॅड्´-अॅल्) *n.* a piece of metal given as a reward in memory of some event, पदक, तमगा।

medalist (मॅड्´-अॅ-लिस्ट्) *n.* 1. a recipient of a medal, वह व्यक्ति जिसने पदक जीता हो, पदक-विजेता, पदकधारी। 2. one who makes medals, पदक-निर्माता।

medallion (मॅ-डैल्´-यॅन्) *n.* 1. a large medal, बड़ा पदक या तग्मा। 2. a pattern like this, पदक- जैसा डिज़ाइन।

meddle (मॅड्´-अॅल्) *v.* (meddled, meddling) to interfere, टाँग अड़ाना, दख़ल देना, हस्तक्षेप करना।

meddler (मॅड्´-लॅ:) *n.* one who interferes, हस्तक्षेपकर्ता।

meddlesome (मॅड्´-अॅल्-सॅम्) *adj.* in the habit of meddling, टाँग अड़ाने या हस्तक्षेप करनेवाला।

media (मी´-डि-अॅ) *n.* (plu. of medium) **the media,** the meansof communication that reach large number of people, समाचारपत्र, रेडियो तथा टेलिविजन, जनसंचार माध्यम।

mediaeval (मॅ-डि-ई´-वॅल्) *adj.* = medieval.

medial (मी´-डि-अॅल्) *adj.* 1. intermediate, बीच का, मध्य। 2. average, औसत दर्जे का।

median (मी´-डि-अॅन्) *adj.* medial, बिचला, मध्य। *n.* (maths.) a medial point or line, माध्यिका।

mediate (मी´-डि-एट्) *v.* (mediated, mediating) to negotiate between two opposing sides, मध्यस्थता करना, बीच-बचाव करना।

mediation (मी-डि-ए´-शॅन्) *n.* the act of mediating, मध्यस्थता, बीच-बचाव।

mediator (मी´-डि-ए-टॅ:) *n.* one who mediates, मध्यस्थ।

medic (मेंड्´-इक्) *n.* 1. a doctor, डॉक्टर, चिकित्सक। 2. a medical student, चिकित्सा-छात्र।

medical (मेंड्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. of medicine, औषध-संबंधी। 2. of the treatment of disease, चिकित्सा-संबंधी, चिकित्सा-।

medicament (मेंड्´-इ-कॅ-मॅन्ट्/मॅ-डिक्´-अॅ-मॅन्ट्) *n.* a medicine, औषध, दवा।

medicare (मेंड्´-इ-कॅअ:) *n.* a system of medical care, चिकित्सा-सुरक्षा।

medicate (मेंड्´-इ-केट्) *v.* (medicated, medicating) 1. to treat with medicine, दवा देना। 2. to add a medicinal substance to, दवा मिला देना, औषधयुक्त करना, औषधीकरण करना।

medicated (मेंड्´-इ-के-टिड्) *adj.* mixed with a medicine, औषधयुक्त।

medication (मेंड्-इ-के´-शॅन्) *n.* 1. of medicine, औषधीकरण। 2. a medicine, औषध।

medicinal (मॅ-डिस्´-इ-नॅल्) *adj.* 1. of medicine, औषधीय। 2. having healing properties, रोगहर, स्वास्थ्यकर।

medicinally (मॅ-डिस्´-इ-नॅ-ली) *adv.* by or through medicine, औषध द्वारा।

medicine (मेंड्´-इ-सिन्) *n.* 1. a substance used to treat disease, औषध, दवा। 2. the science of treating diseases, चिकित्सा-विज्ञान, वैद्यक। □ **give someone a taste of his own medicine,** जैसे के साथ तैसा व्यवहार करना; **take one's medicine,** लात खाना।

medicine man *n.* a witch doctor, झाड़-फूँक करनेवाला, ओझा।

medico (मेंड्´-इ-को) *n.* 1. a doctor, चिकित्सक, डॉक्टर। 2. a medical student, चिकित्सा विज्ञान का छात्र।

medieval (मि-डी´-वॅल्) *adj.* 1. of the middle ages, मध्ययुगीन। 2. very old or old fashioned, पुराना, दकियानूसी।

mediocre (मी-डि-ओ´-कॅ:) *adj.* 1. of medium quality, औसत दर्जे का, बीच का। 2. ordinary, साधारण।

mediocrity (मी-डि-ऑक्´-रि-टी) *n.* 1. the quality of being mediocre, औसत दर्जा। 2. an average person, साधारण योग्यता का व्यक्ति।

meditate (मेंड्´-इ-टेट्) *v.* (meditated, meditating) to contemplate, to reflect deeply, मनन करना, ध्यान लगाना, ध्यानस्थ होना।

meditation (मेंड्-इ-टे´-शॅन्) *n.* the act of meditating, मनन, ध्यान।

meditative (मेंड्´-इ-टे-टिव्) *adj.* contemplating, thoughtful, मननशील, ध्यानस्थ, ध्यानमग्न।

Mediterranean (मेंड्-इ-टॅ-रे´-नि-अॅन्) *adj.* of the Mediterranean sea, भू-मध्यसागरीय। *n.* Mediterranean sea, यूरोप और उत्तरी अफ्रीका के बीच का सागर, भूमध्य सागर।

medium (मी´-डि-अॅम्) *n.* (plu. media) 1. a method of giving information, माध्यम। 2. an agency or means by which something is done, माध्यम। 3. a middle position, मध्य। 4. one who communicates with the spirits, माध्यम। 5. (plu. the media) a means of mass communication, जनसंचार। *adj.* occurring midway, intermediate, बीच का, मध्यम, मँझोला।

mediumistic (मी-डि-यु-मिस्´-टिक्) *adj.* concerning those who communicate with the spirits, माध्यम-संबंधी।

medlar (मेंड्´-लॅ:) *n.* a tree and its fruit, लोकाट (वृक्ष तथा फल)।

medley (मेंड्´-ली) *n.* 1. confused mixture, घाल-मेल। 2. a musical arrangement of several melodies, स्वर-संगम।

medulla (मि-डल्´-अॅ) *n.* marrow, गूदा, मज्जा।

meek (मीक्) *adj.* 1. humble, नम्र, विनम्र, विनीत। 2. submissive, दब्बू।

meekness (मीक्´-निस्) *n.* 1. humility, विनम्रता। 2. submissiveness, दब्बूपन।

meerschaum (मिअॅ:´-शॅम्) *n.* a type of hard clay, मिट्टी जैसा एक प्रकार का खनिज।

meet (मीट्) *v.* (met, meeting) 1. to encounter, सामना होना। 2. to come into contact with, मुलाकात या भेंट होना। 3. to get to know or be introduced to first time, परिचय होना।4. to gather in the company of, मिलना, साथ होना, एकत्र होना। 5. to come together as opponents in a battle or contest, मुकाबला करना, सामना करना। 6. to find or experience, सामना होना, अनुभव करना, भोगना।7. to deal with, हल करना। 8. to satisfy, पूरा करना। 9. to pay, भुगतान करना, चुकाना। □ **make ends meet,** (थोड़ी आमदनी में) गुज़ारा कर लेना; **meet someone's eyes,** आँखें मिलाकर देखना। *n.* a sports meeting, खेल, खिलाड़ियों का जमावड़ा।

meeting (मी´-टिंग्) *n.* 1. the act of coming together, मिलन। 2. union, संगम। 3. an assembly or gathering, सभा, गोष्टी या बैठक। 4. an encounter, सामना, मुठभेड़, भिड़ंत।

mega (में´-गॅ) *adj.* one million, दस लाख।

megacycle (मेंग्´-अॅ-साइ-कॅल्) *n.* one million cycles as a unit of wave frequency, मेगासाइकिल।

megadeath (मेंग्´-अॅ-डेंथ्) *n.* the death of one million people, दस लाख लोगों की मृत्यु।

megalith (मेंग्´-अॅ-लिथ्) *n.* a stone of great size, महापाषाण।

megalithic (मेंग्´-अॅ-लिथ्´-इक्) *adj.* made of large stones, बड़े-बड़े पत्थरों से बना हुआ।

megalomania (मेंग्-अॅ-लो-मे´-नि-अॅ) *n.* 1. a mental illness characterized by feeling of great personal power or influence as possible, अहंमन्यता। 2. a mania for grandiose performance, बड़ा काम करने का गौरव गौरव प्राप्त करने की सनक, महत्त्वोन्माद।

megalomaniac (मेंग्-अॅ-लो-मे´-नि-इक्) *adj.* suffering from megalomania, अहंमन्य, महत्त्वोन्मादी।

megalopolis (मेंग्-अॅ-लॉप्´-अॅ-लिस्) *n.* an urban complex of several towns, महानगर।

megaphone (मेंग्´-अॅ-फ़ोन्) *n.* an instrument to amplify voice, ध्वनिवर्धक, भोंपू, मेगाफोन।

megavolt (मेंग्´-अॅ-वोल्ट्) *n.* one million volts, दस लाख वोल्ट।

megawatt (मेंग्´-अॅ-वाट्) *n.* one million watts, दस लाख वाट।

melancholy (मेंल्´-अॅन्-कॅ-ली) *n.* mental depression, अवसाद, विषाद, उदासी। *adj.* sad, gloomy, उदास, विषादयुक्त।

melange (मे-लाःन्ज्´) *n.* a mixture, मिश्रण, गड्डमड्ड। (फ्रांसीसी)

meld (मेंल्ड्) *v.* (melded, melding) to mix or blend, मिलाना, मिश्रित करना।

melee (मे´-ले/मे-ले´) *n.* 1. a disorderly crowd, भीड़-भाड़ जमावड़ा। 2. a confused fight, मार-धाड़।

meliorate (मील्´-यो-रेट्) *v.* (meliorated, meliorating,) to improve, सुधार करना, सुधारना।

mellifluous (में-लिफ़्´-लू-अॅस्) *adj.* sweet sounding, कर्णप्रिय, मीठा, मधुर।

mellow (मेंल्´-ओ) *adj.* 1. ripe and sweet, रसीला, रस-भरा।2. melodious, सुरीला।3. genial, उदार। 4. kind-hearted, दयालु, सहृदय। *v.* (mellowed, mellowing) 1. to become mellow, (क) रस से भर जाना, (ख) उदार या सहृदय हो जाना।2. to make mellow, (क) रस से भर देना, उदार या सहृदय बना देना।

melodic (मॅ-लॉड्´-इक्) *adj.* of melody, मधुर, सुरीला या लययुक्त।

melodious (मॅ-लो´-डि-अॅस्) *adj.* full of melody, श्रुतिमधुर, सुरीला, लययुक्त।

melodrama (मेंल्-अॅ-ड्रा´-मॅ) *n.* 1. an emo-

tional or sensational drama, भावोत्तेजक या उत्तेजनायुक्त नाटक। 2. overdramatic behaviour, अतिनाटकीय व्यवहार।

melodramatic (मॅल्-ओ-ड्रा-मैट्´-इक्) *adj.* of melodrama, भावोत्तेजक या अतिनाटकीय।

melodramatics (मॅल्-ओ-ड्रा-मैट्´-इक्स्) *n.* (plu.) melodramatic behaviour, अतिनाटकीय व्यवहार, नाटकबाज़ी।

melody (मॅल्´-ॲ-डी) *n.* 1. a pleasing arrangement of sounds, मधुर संगीत, स्वर-संगम, स्वर-लहरी। 2. a song or tune, गान या धुन।

melon (मॅल्´-ॲन्) *n.* a plant and its fruit, ख़रबूज़ा और उसकी लता।

melt (मॅल्ट्) *v.* (melted, melting) 1. to cause to become liquid, पिघलाना, गलाना। 2. to become liquid, पिघलना, गलना। 3. to become gentler, द्रवित होना, पसीजना। 4. to cause to become gentler, द्रवित करना। 5. to dwindle or fade away, छीजना, घुलना। □ **melt away,** ग़ायब हो जाना।

melting point *n.* the temperature at which a solid becomes liquid, गलनांक।

melting pot *n.* a pot in which metals can be melted, घरिया। □ **in the melting pot,** जिसमें परिवर्तन होने को हो, खटाई में पड़ा हुआ।

meltwater (मॅल्ट्´-वा:-टॅ:) *n.* melted snow, बर्फ़ का पानी।

member (मॅम्´-बॅ:) *n.* 1. one who belongs to an organisation, committee or club, सदस्य, मेंबर। 2. a part of a whole, अंग, अवयव, घटक। 3. one elected to a council or assembly, सदस्य, मेंबर।

Member of Parliament *n.* संसद सदस्य, सांसद, एम.पी.।

membership (मॅम्´-बॅ:-शिप्) *n.* 1. the state of being a member of an organisation, committee etc., सदस्यता, मेम्बरी। 2. the total number of members, सदस्य-संख्या।

membrane (मॅम्´-ब्रेन्) *n.* soft thin skin in the body, झिल्ली।

membraneous (मॅम्´-ब्रॅ-नॅस्) *adj.* of or like membrane, झिल्लीदार।

memento (मॅ-मॅन्-टो) *n.* a souvenir, स्मारिका, स्मृति-चिह्न, यादगार।

memo (मॅम्´-ओ) *n.* a memorandum, पुर्ज़ा, रुक्का।

memoir (मॅम्´-वा:) *n.* 1. a biography, जीवन-वृत्तांत। 2. an essay, निबंध।

memoirs (मॅम्´-वा:ज़्) *n.* (plu.) a collection of reminiscences, संस्मरण।

memorabilia (मॅम्-ॲ-रॅ-बिल्´-इ-ॲ) *n.* (plu.) memorable things, स्मरणीय वस्तुएँ।

memorable (मॅम्´-ॲ-रॅ-बॅल्) *adj.* worth remembering, स्मरणीय, स्मरण रखने योग्य।

memorandum (मॅम्-ॲ-रैन्´-डॅम्) *n.* (plu. memoranda) 1. a note, पुर्ज़ा, नोट, टिप्पण। 2. a written statement for submission, ज्ञापन। 3. a short agreement in writing, मेमोरंडम।

memorial (मॅ-मा:र्´-इ-ॲल्, मॅ-मोर्´-इ-ॲल्) *n.* something serving as a memory of someone or some event, स्मारक। *adj.* serving as a memorial, स्मारक।

memorialize (मॅ-मोर्´-इ-ॲ-लाइज़्) *v.* (memorialized, memorializing) to commemorate, स्मरणोत्सव मनाना।

memorize (मॅम्´-ॲ-राइज़्) *v.* (memorized, memorizing) to learn and remember, स्मरण करना, याद कर लेना।

memory (मॅम्´-ॲ-री) *n.* 1. the ability to remember, स्मरणशक्ति, स्मृति, याददाश्त। 2. all that a person can remember, याद, स्मृति। □ **from memory,** स्मरण शक्ति के द्वारा, याददाश्त से; **in memory of,** की याद में।

memsahib (मेम्´-सा-हिब्) *n.* a European lady or an Indian woman of upper class, मेमसाहब।

menace (मेंन्´-इस्) *v.* (menaced, menacing) to threaten. धमकी देना। *n.* 1. a threat, धमकी। 2. a source of danger nuisance, उपद्रव। 3. a troublesome person or thing, आफ़त, बला।

menacingly (मेंन्´-इस्-इंग्-ली) *adv.* threateningly, धमकी के साथ।

menage (मे´-नाज़्) *n.* the persons of a household, घर के लोग।

menagerie (मॅ-नैज्´-इ-री) *n.* wild animals kept for exhibition etc., प्रदर्शनी में लाए हुए जंगली जानवर, वन्य जीवों का समूह।

menarche (मॅ-ना:´-की) *n.* the onset of first menstruation, प्रथम रजोदर्शन।

mend (मॅन्ड्) *v.* (mended, mending) 1. to repair, मरम्मत करना।2. to set right, सुधारना। *n.* 1. an act of repairing, मरम्मत। 2. a mended area, मरम्मत की हुई जगह।

mendacious (मेंन्-डे´-शॅस्) *adj.* lying, untruthful, झूठा।

mendacity (मेंन्-डैस्´-इ-टी) *n.* untruthfulness, झूठ बोलने की प्रवृति। 2. a falsehood, झूठ।

mendicant (मेंन्´-डि-कॅन्ट्) *n.* a beggar, भिक्षु।

mending (मॅन्ड्´-इंग्) *n.* 1. the act of repairing, मरम्मत। 2. clothes to be mended, मरम्मत किया जानेवाला कपड़े आदि।

menfolk (मेंन्´-फ़ॉक्) *n.* (plu.) 1. men in general, लोग। 2. the men of a particular family, किसी परिवार के लोग।

menial (मी´-नि-अॅल्) *n.* a domestic servant, घरेलू नौकर। *adj.* pertaining to or appropriate for a servant, lowly, छोटा; menial work, छोटा काम।

meninges (मि-निन्´-जीज़्) *n.* membrane that encloses the brain, मस्तिष्क की झिल्ली, तानिका।

meningitis (मेंन्-इन्-जाइ´-टिस्) *n.* inflammation of the meninges, मस्तिष्क की झिल्ली की सूजन, तानिका-शोथ।

menopause (मेंन्´-अॅ-पा:ज़्) *n.* cessation of menstruation, रजोनिवृत्ति।

menses (मैन्´-सीज़्) *n.* (plu.) blood discharged in menstruation, मासिक धर्म, रजोधर्म।

menstruation (मेंन्´-स्टु-ए´-शॅन) *n.* menses, मासिक धर्म।

mensurable (मेंन्´-सु / शु-रॅ-बॅल) *adj.* measureable, मापनीय, परिमेय।

mensuration (मेंन्´-सु / शु-रे´-शॅन्) *n.* 1. the act of measuring, मापन। 2. technique of measuring, माप विज्ञान।

menswear (मेंन्ज़्´-वे़अॅ:) *n.* clothes for men, पुरुषों के वस्त्र, पुरुष-परिधान।

mental (मेंन्´-टॅल्) *adj.* of the mind or affected by mental illness, मानसिक, दिमागी, मनस्।

mental age *n.* level of mental development of a child, मनस्वय।

mental deficiency *n.* lack of normal intelligence, दिमाग़ी कमज़ोरी।

mental hospital *n.* hospital for persons affected by mental illness, मनोचिकित्सालय, पागलख़ाना।

mentalist (मेंन्´-टॅ-लिस्ट्) *n.* a mind reader, मन को पढ़नेवाला, मन को पढ़ लेनेवाला।

mentality (मेंन्´-टैल्´-इ-टी) *n.* 1. intellectal capacity, मनोशक्ति। 2. a habitual way of thinking, मनोवृत्ति।

menthol (मेंन्´-थॉल्) *n.* an organic compound found in peppermint oil, पुदीने का सत, मेन्थॉल।

mention (मेंन्´-शॅन्) *v.* (mentioned, mentioning) to refer, उल्लेख, चर्चा या ज़िक्र करना। *n.* the act of mentioning or the state of being mentioned, उल्लेख, चर्चा, ज़िक्र। ☐ **don't mention it,** क्यों ऐसा कहते हैं, बस रहने दीजिए, बस हो गया; **not to**

mention, कुछ कहने की आवश्यकता नहीं।

mentor (मेंन्´-टः) *n.* a trusted adviser or teacher, विश्वसनीय परामर्शदाता या शिक्षक।

menu (मेंन्´-ऊ/यु) *n.* list of dishes for a meal, व्यंजन-सूची, मीनू।

meow (मि-ओ´) *v.* (meowed, meowing (of a cat) to make its typical cry. म्याऊँ-म्याऊँ करना।

mephitic (में-फ़िट्र्´-इक्) *adj.* offensive smelling, बदबूदार, दुर्गंधमय।

mercantile (मः´-कॅन्-टाइल्) *adj.* commercial, व्यापारिक, वाणिज्यिक।

mercenary (मः´-सॅ-नॅर्´-ई) *n.* a man hired for service in a foreign army, भाड़े का सैनिक। *adj.* motivated by greed or gain, धनलोलुप।

mercer (मः´-सॅः) *n.* a dealer in textiles, बजाज।

mercerize (मः´-सॅ-राइज़्) *v.* (mercerized, mercerizing) to treat cotton yarn to increase its strength and lustre, सूती धागे को पक्का और बढ़िया बनाना।

merchandise (मः´-चॅन्-डाइज़्) *n.* commercial goods, बिक्री की वस्तुएँ, पण्य माल। *v.* (merchandised, merchandising) 1. to buy and sell, खरीदना और बेचना। 2. to promote sales, बिक्री बढ़ाना।

merchant (मः´-चॅन्ट्) *n.* a trader, व्यापारी, सौदागर, वणिक, बनिया।

merchantman (मः´-चॅन्ट्-मॅन्) *n.* a merchant ship, वणिक-पोत।

merchant navy *n.* ships engaged in foreign trade, वणिक-बेड़ा।

merciful (मः´-सि-फ़ुल्) *adj.* showing or giving mercy, क्षमाशील, दयावान।

merciless (मः´-सि-लिस्) *adj.* showing no mercy, दयाहीन, निष्ठुर, निर्दय।

mercurial (मः-क्यूर्´-इ-ॲल्) *adj.* 1. of mercury, पारदीय, पारदमय। 2. changeable, अस्थिर, बदलता रहनेवाला। 3. active, तेज़, सक्रिय। 4. lively, जीवंत।

Mercury (मः´-कॅ-री) *n.* the smallest of the planet and one near the sun, बुध ग्रह।

mercury *n.* a heavy silver-white liquid metal, पारा।

mercy (मः´-सी) *n.* 1. clemency, क्षमा, दया, दयालुता। 2. a fortunate occurrence, सौभाग्य की बात। □ **at the mercy of,** (किसी) के आगे विवश, पूर्ण रूप से (किसी) के अधीन, के बस में।

mercy killing *n.* the act of putting to death painlessly a person who is incurably ill, euthanasia, सुखमृत्यु।

mercy petition *n.* a petition filed for granting mercy, दया-याचिका।

mere (मिॲः) *adj.* being nothing more than what is specified, बस इतना ही, सिर्फ, निरा।

merely (मिॲः´-ली) *adv.* only ... and nothing else, बस, सिर्फ़।

meretricious (मेंर्-इ-ट्रिश्´-ॲस्) *adj.* 1. showy, भड़कीला, दिखावटी। 2. vulgar, अभद्र, भद्दा। 3. of or relating to prostitute, वेश्या का, वेश्योचित।

merganser (मॅः-गैन्´-सॅः) *n.* a diving duck, गोताख़ोर बत्तख़।

merge (मर्ज्) *v.* (merged, merging) 1. to join or combine into a whole, मिल जाना, विलीन हो जाना। 2. to cause to join or combine, मिला देना, विलय करना।

merger (मः´-जॅः) *n.* the act of merging or the state of being merged, विलय।

meridian (मॅ-रिड्´-इ-ॲन्) *n.* 1. one of the imaginary lines joining the north and the south poles, याम्योत्तर रेखा। 2. midday, मध्याह्न।

meringue (मॅ-रैंग्´) *n.* a kind of brothy topping made of the white part of eggs, अंडे की सफ़ेदी से बना एक प्रकार का मिश्रण जिसे

केक, पेस्ट्री आदि पर लगाते हैं।

merino (मॅ-री´-नो) *n.* 1. a breed of sheep, भेड़ों की एक जाति। 2. the long fine wool of these sheep, उक्त जाति की भेड़ों की बढ़िया ऊन।

merit (मॅर्´-इट्) *n.* a praiseworthy quality, गुण, विशेषता, ख़ूबी। □ **on its merits,** अपनी ख़ूबियों के कारण। *v.* (merited, meriting) to deserve, (के) योग्य होना, (का) पात्र होना।

meritocracy (मॅर्-इ-टॉक्´-रॅ-सी) *n.* the rule of deserving persons, गुणी व्यक्तियों का शासन, गुणतंत्र।

meritorious (मॅर्-इ-टोर्´-इ-अॅस्) *adj.* 1. having merit, गुणी, गुणवान। 2. praiseworthy, प्रशंसनीय, सराहनीय।

mermaid (मः´-मेड्) *n.* an imaginary woman with fish's tail, मत्स्यकन्या।

merman (मः´-मैन्) *n.* a man with the bottom half of his body like a fish's tail, मत्स्यपुरुष।

merriment (मॅर्´-इ-मॅन्ट्) *n.* amusement, gaiety, fun, मौज-मस्ती, आनंद-मंगल, आमोद-प्रमोद।

merry (मॅर्´-ई) *adj.* 1. cheerful, प्रसन्नचित्त, उत्फुल्ल। 2. joyous, मज़ेदार, मौज-मस्ती-भरा। □ **make merry,** मज़े उड़ाना, मौज उड़ाना; **Merry Christmas,** बड़े दिन की बधाई।

merry-go-round (मॅर्´-इ-गो-रॉउन्ड्) *n.* a revolving machine on which children can ride round and round, roundabout, घुमौआ झूला, हिंडोला।

merry-making (मॅर्´-इ-मे-किंग्) *n.* lively festivities, आनंद-मंगल, रंगरलियाँ।

mesa (मे´-सॅ) *n.* a steep plateau, ढालुआँ पठार।

mesalliance (मे-ज़ल्´-इ-अॅन्स्/मे-ज़ॅ-लाइ´-अॅन्स्) *n.* a marriage with a person of lower status, विलोम विवाह।

mescaline (मॅस्´-कॅ-लिन्) *n.* a hallucinogenic drug, एक तरह की नशीली दवा।

mesh (मॅश्) *n.* 1. a network, जाली। 2. an open space between the threads of a network, छेद। 3. a trap, जाल, फंदा। *v.* (meshed, meshing) 1. to catch or ensnare, पकड़ना, जाल में फँसाना। 2. (of a toothed wheel) to engage with another, जुड़ना, बैठना।

mesmeric (मॅज़्-मॅर्´-इक्) *adj.* that charms unfailingly, सम्मोहक, सम्मोहित कर लेनेवाला।

mesmerism (मॅज़्´-मॅ-रिज़्-अॅम्) *n.* hypnotism, सम्मोहन।

mesmerize (मॅज़्´-मॅ-राइज़्) *v.* (mesmerized, mesmerizing) to hypnotise, सम्मोहित करना, सम्मोहन करना।

mess (मॅस्) *n.* 1. a jumble, घाल-मेल, गड्ड-मड्ड। 2. a difficult or confused situation, झंझट। 3. a domestic animal's excreta, जानवर का गूँ, लीद या गोबर। 4. a group which regularly takes meal together, साथ-साथ भोजन करनेवाले लोगों का नियमित दल। 5. the place where such meals are taken, मेस, भोजनालय। □ **make a mess of,** गड्ड-मड्ड कर देना; **mess about,** समय गँवाना या आवारागर्दी करना; **mess with,** तंग करना, छेड़ना। *v.* (messed, messing) 1. to jumble, गड्ड-मड्ड करना। 2. to spoil, चौपट करना। 3. to interfere, हस्तक्षेप करना। 4. to group together for eating, साथ-साथ भोजन करना। □ **mess (something) up,** लथेड़ डालना, गंदा कर देना।

message (मॅस्´-इज्) *n.* 1. a spoken or written communication, संदेश, संदेशा, पैग़ाम। 2. the important or central idea, महत्त्वपूर्ण या प्रेरणादायक विचार।

messenger (मॅस्´-अॅन्-जॅः) *n.* the bearer of a message, संदेशवाहक, दूत, हरकारा।

Messiah (मॅ-साइ´-अॅ) *n.* 1. Christ, येशु, मसीहा। 2. a deliverer, मोक्षदाता, मसीहा।

Messianic (मॅस्-इ-ऐन्´-इक्) *adj.* of the Messiah, मसीही।

messmate (मॅस्´-मेट्) *n.* a person who eats

with another in a mess, सहभोजी।

Messrs (मेंस्´-अ:ज़्) *n.* 1. plu. of Mr., सर्वश्री। 2. the title prefixed to a firm, व्यापारिक प्रतिष्ठान के नाम के साथ प्रयुक्त पद, मेसर्ज़, मे0।

messy (मेंस्´-ई) *adj.* 1. jumbled, गड्ड-मड्ड, अस्तव्यस्त। 2. dirty, गंदा।

mestizo (में-स्टी´-ज़ो) *n.* a person of mixed ancestry, वर्णसंकर।

metabolism (मॅ-टैब्´-अ-लिज्-अॅम्) *n.* the chemical process that living things carry on to maintain life, चयापचयन।

metacarpus (मेंट्-अॅ-का:´-पॅस्) *n.* the part of the hand between the wrist and the fingers, हथेली।

metagalaxy (मेंट्-अॅ-गैल्´-अॅक्-सी) *n.* the entire universe, संपूर्ण ब्रह्मांड।

metal (मेंट्´-अॅल्) *n.* a mineral substance, धातु। *adj.* made of metal, धात्विक।

metallic (मॅ-टैल्´-इक्) *adj.* of or like metal, धात्विक, धात्वीय।

metalliferous (मेंट्-अॅ-लिफ़्´-अॅ-रॅस्) *adj.* containing metal, धातु से बना।

metallurgical (मेंट्-अॅ-ल:´-जि-कॅल्) *adj.* of metallurgy, धातुकर्मीय।

metallurgist (मेंट्´-अॅ-ल:-जिस्ट्) *n.* an expert in metallurgy, धातुविज्ञानी।

metallurgy (मेंट्´-अॅ-ल:-जी) *n.* the science or technology of extracting metals from ores, धातु विज्ञान, धातुकर्म।

metalwork (मेंट्´-अॅल्-व़:क्) *n.* 1. artistic work done in metal, धातुशिल्प। 2. a thing made of metal, धातु की बनी चीज़।

metalworker (मेंट्´-अॅल्-व़:-कॅ:) *n.* one who shapes objects in metal, धातुकार, कसेरा।

metamorphosis (मेंट्´-अॅ-मॉ:´-फ़-सिस्) *n.* the change of form or character, रूपांततरण, कायापलट।

metaphor (मेंट्´-अॅ-फ़:) *n.* a figure of speech to imply resemblance, रूपक (अलंकार)।

metaphorical (मेंट्-अ-फ़ॉर्´-इ-कल्) *adj.* 1. of or like a metaphor, रूपक-संबंधी। 2. figurative, लाक्षणिक।

metaphysical (मेंट्-अॅ-फ़िज़्´-इ-कॅल्) *adj.* of metaphysics, तात्त्विक।

metaphysician (मेंट्-अॅ-फ़िज़्´-इ-शॅन्) *n.* expert in metaphysics, तत्त्वज्ञानी।

metaphysics (मेंट्-अॅ-फ़िज़्´-इक्स्) *n.* the science which deals with reality and knowledge, तत्त्वविज्ञान।

mete (मीट्) *v.* (meted, meting) to distribute, वितरण करना।

metempsychosis (मि-टेंम्-सि-को´-सिस्) *n.* transmigration of soul after death from one body to another, पुनर्जन्म, देहांतरण।

meteor (मी´-टिअ:) *n.* a bright moving body seen in the sky when entering the earth's atmosphere, उल्का; meteor shower, उल्कापात।

meteoric (मी-टि-ऑर्´-इक्) *adj.* 1. of meteors, उल्का-संबंधी। 2. resembling a meteor in speed or brilliance, उल्का की तरह तीव्रगामी या चमकदार।

meteorite (मी´-टि-अॅ-राइट्) *n.* a fallen meteor, उल्कापिंड, उल्काशम।

meteoroid (मी´-टि-अॅ-रॉइड्) *n.* any celestial body that appears as a meteor, उल्कापिंड।

meteorological (मी-टि-अॅ-रॅ-लॉज्´-इ-कॅल्) *adj.* of meteorology, मौसम विज्ञान-संबंधी।

meteorologist (मी-टि-अॅ-रॅ-लाज्´-इस्ट्) *n.* an expert in meteorology, मौसम विज्ञानी।

meteorology (मी-टि-अॅ-रॉल्´-अॅ-जी) *n.* the scientific study of atmospheric conditions, मौसम विज्ञान।

meter (मी´-टॅ:) *n.* = metre.

methane (मी´-थेन, मेंथ्´-एन्) *n.* an inflammable gas, मीथेन गैस।

methinks (मि-थिन्क्स्´) *v.* (methought,

methinking) it seems to me, मुझे लगता है (कि), मैं सोचता हूँ (कि)।

method (मॅथ्´-अॅड्) *n.* 1. a way of doing something, ढंग, तरीका, पद्धति, विधि। 2. orderliness, क्रमिकता, क्रमबद्धता।

methodical (मि-थॉड्´-इ-कॅल्) *adj.* systematic, व्यवस्थित, सिलसिलेवार, क्रमिक।

methodically (मि-थॉड्´-इ-कॅ-ली) *adv.* systematically, व्यवस्थित रूप से, क्रमानुसार।

methodize (मॅथ्´-अॅ-डाइज़्) *v.* (methodized, methodizing) to reduce to order, ढंग पर लाना, व्यवस्थित रूप देना।

methodology (मॅथ्-अॅ-डॉल्´-अॅ-जी) *n.* 1. the system of methods, विधि-विज्ञान, रीति-विज्ञान।2. procedure, क्रिया-पद्धति, कार्यविधि।

methyl (मॅथ्´-इल्) *n.* a chemical unit present in methane, मेथिल।

methylated spirit *n.* alcohol for burning, मेथिलित शराब, मद्यसार।

meticulous (मि-टिक्´-यु-लॅस्) *adj.* extremely careful and precise, अत्यंत सतर्क तथा यथातथ्य।

metier (में´-टिअॅ:) *n.* profession, पेशा, व्यवसाय, धंधा।

metre[1] (मी´-टॅ:) *n.* a unit of length equivalent to 39.37 inches, मीटर।

metre[2] *n.* a machine that indicates the quantity of substance consumed, the distance traveled or the like, मीटर।

metre[3] *n.* an arrangement of words in verses, छंद।

metric (मॅट्´-रिक्) *adj.* 1. of or relating to metre or meteric system, मीटरी। 2. of poetic metre, छंदोबद्ध, पद्यात्मक।

metrical (मॅट्´-रि-कॅल्) *adj.* of poetic metre, छंदोबद्ध, पद्यात्मक।

metricate (मॅट्´-रि-केट्) *v.* (metricated, metricating) to change to metric system, मीटरी पद्धति अपनाना।

metric system *n.* a decimal system of weights and measures, मीटरी पद्धति।

metro (मॅट्´-रो) *n.* a subway train, भूगर्भ गाड़ी।

metrologist (मॅ-ट्रॉल्´-अॅ-जिस्ट्) *n.* an expert in mertrology, माप विज्ञानी।

metrology (मॅ-ट्रॉल्´-अॅ-जी) *n.* the science of weights and measures, माप विज्ञान।

metropolis (मॅ-ट्रॉप्´-अॅ-लिस्) *n.* the main city of a country, महानगर, राजधानी।

metropolitan (मॅट्-रॅ-पॉल्´-इ-टॅन्) *adj.* of a metropolis, महानगरीय।

mettle (मॅट्´-अॅल्) *n.* 1. courage, साहस, जीवट। 2. strength of character, चरित्रबल। □ **be on one's mettle,** साहसपूर्वक उठ खड़ा होना।

mettlesome (मॅट्´-अॅल्-सॅम्) *adj.* courageous, साहसी, उत्साही।

mew (म्यू) *n.* the cry of a cat, म्याऊँ। *v.* (mewd, mewing) (of a cat) to make its typical cry, (बिल्ली का) मयाऊँ म्याऊँ करना।

mews (म्यूज़्) *n.* a small street with private stables, वह गली जिसमें अस्तबल हों।

mezzanine (मॅज़्´-अॅ-नीन्) *n.* an intermediate storey, दुछत्ती, म्यानी।

mezzo (मॅट्´-सो) *adj.* moderate, साधारण, मध्यम (स्वर)।

mezzotint (मॅट्´-सो-टिन्ट्) *n.* printing done by engrave copper plate, ताँबे की प्लेट से की जानेवाली छपाई।

mi (मी) *n.* a name of third note of a scale in music, संगीत का तीसरा स्वर, 'गा'।

miaow *n.* mew, म्याऊँ। *v.* = mew.

miasma (मी-ऐज़्´-मॅ) *n.* pollution in air, वायु-प्रदूषण।

mica (माइ´-कॅ) *n.* a mineral, अभ्रक।

mice (माइस्) *n.* plu. of mouse, चूहे।

micro *adj.* very small, सूक्ष्म।

microbe (माइ´-क्रोब्) *n.* 1. any microscopic organism, सूक्ष्मजीव।2. a bacterium, रोगाणु।

microbial (माइ-क्रोब्´-इ-अॅल्) *adj.* of mi-

crobes, सूक्ष्मजीवी।

microbiology (माइ-क्रो-बाइ-ऑल्´-अ-जी) *n.* the science of micro organisms, सूक्ष्मजीव-विज्ञान।

microcosm (माइ´-क्रॅ-कॉज़्-ॲम) *n.* a small world, लघु ब्रह्मांड।

microfilm *n.* a film on which documents are photographed greatly in reduced size, लघु फ़िल्म, माइक्रो फ़िल्म।

microgram (माइ´-क्रो-ग्राम् / ग्रैम्) *n.* a unit of one millionth of a gram, माइक्रोग्राम।

micrometre, micrometer (माइ´-क्रो-मी´-टॅ:) *n.* an instrument for measuring small objects, सूक्ष्ममापी।

micron (माइ´-क्रॉन्) *n.* one millionth of a metre, मीटर का दस लाखवाँ भाग, माइक्रॉन।

micro-organism (माइ-क्रो-ऑ:-गॅ-निज़्-ॲम्) *n.* a minute organism, सूक्ष्मजीव।

microphone (माइ´-क्रो-फ़ोन्) *n.* an instrument that changes sound waves into electric current, माइक्रोफ़ोन।

microscope (माइ´-को-स्कोप्) *n.* an instrument that produces magnified picture, सूक्ष्मदर्शी।

microscopic (माइ-क्रो-स्कॉप्´-इक्) *adj.* extremely small, अतिसूक्ष्म।

microsecond *n.* one millionth of a second, सेकिंड का दस लाखवाँ भाग।

microwave (माइ´-क्रो-वेव्) *n.* an electromagnetic wave, सूक्ष्म विद्युत तरंग।

mid (मिड्) *adj.* middle, मध्य।

mid-air (मिड्´-ऍअ:) *n.* some point above ground level, बीच आसमान (में), बीच हवा (में)।

midday (मिड्´-डे) *n.* the middle of the day, मध्याह्न।

midden (मिड्´-ॲन्) *n.* a pile of refuse, कूड़े का ढेर।

middle (मिड्´-ॲल्) *n.* 1. an intermediate part, मध्य। 2. the waist, कमर। □ **in the middle of,** बीच में। *adj.* in or nearly in centre, मध्यवर्ती।

middle age *n.* the period between youth and old age, अधेड़ अवस्था, मध्यवय।

middle-aged *adj.* of middle age, अधेड़।

Middle Ages *n.* the period between 1000 to 1400 A.D., मध्ययुग।

middlebrow (मिड्´-ॲल्-ब्रो) *adj.* not very intellectual, सामान्य बुद्धिवाला।

middle class *n.* the class of society between the lower and upper classes, मध्यवर्ग। *adj.* of the middle class, मध्यवर्गीय।

Middle East *n.* the area from Turkey to North Africa, पश्चिमी एशिया।

middle finger *n.* the longest finger, बीच की उँगली, मध्यमा।

middleman *n.* a trader who purchases goods from producers and sells to shopkeepers, दलाल, बिचौलिया।

middle-of-the-road *adj.* moderate, मध्यम, साधारण।

middle-sized (मिड्´-ॲल्-साइज़्ड्) *adj.* of medium size, बिचले क़द का।

middleweight (मिड्´-ॲल्-वेट्) *n.* a boxer weighing from 60 and 72.5 kg., 60 से 72½ केजी तक के भारवाला मुक्केबाज़।

middling (मिड्´-लिंग्) *adj. & adv.* ordinary, साधारण, मामूली।

midge (मिज्) *n.* a mosquito like insect, एक प्रकार का मच्छर।

midget (मिज्´-इट्) *adj.* extremely small, लघु, तुच्छ।

midi (मिड्´-ई) *n.* a woman's garment of medium length, मिडी, घुटने और टखने के बीच पहुँचनेवाला जनाना पहनावा।

midland (मिड्-लॅन्ड्) *n.* the middle part of a country, मध्यदेश।

midnight (मिड्´-नाइट्) *n.* the middle of the night, आधी रात, मध्यरात्रि। □ **at midnight,**

रात के बारह बजे, आधी रात में; **burn the midnight oil,** देर रात तक अध्ययन में लगे रहना।

midnight sun *n.* गर्मियों में उत्तर और दक्षिण ध्रुव प्रदेशों में रात के बारह बजे दिखाई पड़नेवाला सूरज।

mid-off (मिड्´-ऑफ़) *n.* the area on the left hand of a bowler, (क्रिकेट) गेंदबाज़ के बाएँ ओर का क्षेत्र, मिडऑफ़।

mid-on (मिड्-ऑन्) *n.* the area on the right hand of a bowler, (क्रिकेट) गेंदबाज़ के दाहिने ओर का क्षेत्र, मिड-ऑन।

midpoint (मिड्´-प्वाइंट्) *n.* a point in the middle. मध्यबिंदु।

midrib (मिड्´-रिब्) *n.* the main vein of a leaf, पत्ते के बीचोंबीच की नस, मध्यशिरा।

midriff *n.* the front middle part of the body, शरीर का छाती से कमर तक का भाग, सामना।

midshipman (मिड्´-शिप्-मॅन्) *n.* a young naval officer under training, प्रशिक्षणरत युवा नौसैनिक।

midst (मिड्स्ट्) *n.* the middle part, मध्य भाग। ☐ **in the midst of,** के बीच।

midstream (मिड्´-स्ट्रीम्) *n.* the middle of a stream, मध्य धारा, मँझधार। ☐ **change horses in the midstream,** योजना को बीच में बदल देना; **in the midstream,** बीच धारा में, मंझधार में।

midsummer (मिड्´-सम्-अः) *n.* the middle of the summer, मध्य ग्रीष्मकाल।

midterm (मिड्´-टःम्) *n.* the middle of a term, मध्यावधि।

midterm election *n.* election in the middle of the term, मध्यावधि चुनाव।

midtown (मिड्´-टॉउन्) *n.* the central area of the city, नगर का मध्य भाग, मध्यनगर।

midway (मिड्´-वे़) *adv.* half way, at half the distance, आधे रास्ते में, बीचोंबीच।

midweek (मिड्´-वी़क्) *n.* the middle of the week, सप्ताह का मध्य।

midwicket (मिड्´-विक्-इट्) *n.* midway between square leg and mid-on, मिडविकेट।

midwife (मिड्´-वा़इफ़्) *n.* a woman who assists women in childbirth, दाई।

midwifery (मिड्´-वा़इ-फ़ॅ-री) *n.* the work of a midwife, दाईकर्म।

midwinter (मिड्´-वि़न्´-टः) *n.* the middle of winter, सर्दियों के बीच का समय।

midyear (मिड्´-इअः) *adj.* in or occurring at the halfway point of a year, छमाही; a midyear examination, छमाही परीक्षा।

mien (मीन्) *n.* a person's manner or appearance, व्यक्ति की चाल-ढाल या रूप-रंग।

miff (मिफ़्) *n.* a petty quarrel, कहा-सुनी, छोटा-मोटा झगड़ा।

miffed (मिफ़्ड्) *adj.* slightly angry, रुष्ट।

MIG, mig (मिग्) *n.* a fighter aircraft built in Russia, रूस-निर्मित युद्धक विमान।

might[1] (माइट्) *n.* power, शक्ति, बल, पराक्रम। ☐ **with might and main,** पूरी शक्ति से, जी जान से।

might[2] *aux. v.* 1. used to express a weaker or more remote possibility, संभावना है कि। 2. to express higher degree of politeness. अनुमति है क्या, आज्ञा है क्या।

might-have-beens *n.* (plu.); **the might-have-beens,** the events that might have happened, अघट घटनाएँ।

mighty (माइ´-टी) *adj.* 1. strong, powerful, पराक्रमी, बली, शक्तिशाली। 2. very large, बहुत बड़ा। 3. important, महत्त्वपूर्ण। ☐ **in high and mighty way,** ऐंठ दिखलाते हुए। *adv.* very, बहुत।

migraine (माइ´-ग्रेन्) *n.* a severe headache affecting only one side of the head. आधे सिर का दर्द, अधकपारी, आधासीसी।

migrant (माइ´-ग्रन्ट्) *n.* one who migrates, प्रवासी।

migrate (माइ´-ग्रेट्) *v.* (migrated migrating) 1. to move from one country to settle in another, रहने के लिए विदेश जाना, प्रवास करना। 2. to go periodically from one place to another, (पक्षियों का) एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में विशिष्ट अवधि के लिए जाना, प्रवास करना।

migration (माइ-ग्रे´-शॅन्) *n.* the act of migrating, प्रवास।

migratory (माइ´-ग्रॅ-टॅ-री, माइ´-ग्रे-टॅ-री) *adj.* migrating, प्रवासी, प्रवासशील।

mikado (मि-का´-डो) *n.* the Japanese emperor, जापानी सम्राट।

mike (माइक्) *n.* a microphone, माइक्रोफ़ोन, माइक।

milch (मिल्च्) *adj.* giving milk, दूध देनेवाली, दुधारू।

milch cow *n.* 1. a cow giving milk or kept for giving milk, दूध देनेवाली गाय, दुधारू गाय। 2. a source of easy income, वह व्यक्ति जिससे आसानी से रुपया ऐंठा जा सके, लाभ का साधन।

mild (माइल्ड्) *adj.* 1. gentle, विनम्र, भला। 2. moderate, मध्यम कोटि का, सौम्य, सुहाना। 3. not strong in taste, हलका, नरम, मृदु।

mildew (मिल्´-ड्यू) *n.* a type of fungus, फफूँदी, भुकड़ी।

mildly (माइल्ड्´-ली) *adv.* in a mild manner, नरमी से, सौम्यतापूर्वक।

mildness (माइल्ड्´-निस्) *n.* the quality of being mild, सौम्यता, नरमी, हलकापन।

mile (माइल्) *n.* a unit of length of 1760 yards, मील।

mileage, milage (माइ´-लिज्) *n.* 1. distance measured in miles, मील-दूरी, माइलेज। 2. the total number of miles that a vehicle has travelled, माइलेज, मील-संख्या। 3. travelling expenses at a fixed rate per mile, माइलेज, मील-भत्ता।

mileometre, mileometer *n.* a device for counting mileage, मीलमापी, माइलोमीटर।

milestone (माइल्´-स्टोन्) *n.* 1. a roadside stone that shows the distance from one place to another, मील का पत्थर। 2. a significant event in life or history, जीवन या इतिहास की कोई महत्त्वपूर्ण घटना, मोड़।

milieu (मील्´-यू) *n.* 1. environment, वातावरण। 2. surroundings, परिस्थितियाँ।

militancy (मिल्´-इ-टॅन्-सी) *n.* aggressiveness, लड़ाकूपन, युयुत्सा, युद्धप्रियता।

militant (मिल्´-इ-टॅन्ट्) *adj.* aggressive, लड़ाकू, युयुत्सु, युद्धप्रिय।

militarism (मिल्´-इ-टॅ-रिज़्-ॲम्) *n.* predominance of military ideals, सैन्यवाद।

militarize (मिल्´-इ-टॅ-राइज़्) *v.* (militarized, militarizing) 1. to equip with armed forces, सशस्त्र सेना से सज्जित करना। 2. to infuse with military spirit, सैनिक भावना उत्पन्न करना।

military (मिल्´-इ-टॅ-री) *n.* the armed forces, सेना, फौज। *adj.* 1. of soldiers, सैनिक। 2. of warlike matters, सामरिक।

militate (मिल्´-इ-टेट्) *v.* (militated, militating) to serve as a strong influence, (to prevent something, विरोध में) संघर्षरत होना।

militia (मॅ-लिश्´-ॲ) *n.* citizens trained as soldiers, नागरिक सेना।

milk (मिल्क्) *n.* 1. a white fluid secreted by female mammals, दूध, दुग्ध। 2. a milklike liquid, दूध, दूधिया रस। *v.* (milked, milking) 1. to draw milk (from), दूहना। 2. to exploit, दोहन करना।

milk-and-water *adj.* feeble, कमज़ोर, दुर्बल।

milk bar *n.* a bar for the sale of milk products, दुग्ध केंद्र।

milk chocolate *n.* chocolate made with milk, दूधी या दुग्ध चॉकलेट।

milker (मिल्´-कॅः) *n.* 1. one who milks

cows, goats etc., दूध दूहनेवाला, ग्वाला। 2. an animal that gives milk, दूध देनेवाला पशु।

milkiness (मिल्´-कि-निस्) ***n.*** the quality of being milky, दूधियापन।

milking machine ***n.*** a machine for milking cows, दोहन-यंत्र, दूध-मशीन।

milkmaid (मिल्क्´-मेड्) ***n.*** a woman who milks cows, दूध दूहनेवाली स्त्री, ग्वालिन, गोपी।

milkman (मिल्क्´-मॅन्) ***n.*** one who sells milk, दूधवाला, ग्वाला, दुग्ध-विक्रेता।

milkpowder ***n.*** a powder prepared from milk, दुग्धचूर्ण।

milkpudding ***n.*** pudding prepared with milk, दुग्ध-निर्मित मिष्ठान।

milk round ***n.*** a round on which milk is delivered to residential quarters, दूधवाले की फेरी।

milk run ***n.*** a routine flight, दैनिक उड़ान।

milk shake ***n.*** a drink made with milk, मिल्क शेक।

milksop (मिल्क्´-सॉप्) ***n.*** a weak or timid boy, दुर्बल या भीरु बच्चा।

milk tooth (मिल्क्´-टुथ्) ***n.*** any of the first (temporary) teeth, दूध का दाँत।

milky (मिल्´-की) ***adj.*** 1. of or like milk, दुधिया, दूधिया। 2. not clear, धुँधला।

mill (मिल्) ***n.*** 1. a machine to grind flour, चक्की। 2. any machine, मशीन। 3. a factory, फ़ैक्टरी, मिल। ☐ **put through the mill,** कष्टपूर्ण प्रशिक्षण दिलवाना या अनुभव कराना; **run of the mill,** साधारण। ***v.*** (milled, milling) 1. to grind, पीसना। 2. to process in a mill, कारख़ाने में तैयार करना। 3. to groove the edge (of a coin, सिक्के का) किनारा बनाना। 4. to move in a confused mass, झुंड में घूमना।

milldam (मिल्´-डैम्) ***n.*** a dam to supply water for operating a mill, मिल-बाँध।

millennium (मि-लॅन्´-इ-अॅम्) ***n.*** 1. a period of thousand years, हज़ार वर्ष का समय, सहस्राब्दी। 2. a period of joy, peace and prosperity, सतयुग, रामराज्य।

millepede, millipede (मिल्´-इ-पीड्) ***n.*** a crawling creature, गोजर, कनखजूरा।

miller (मिल्´-अ:) ***n.*** a mill-owner, मिल-मालिक।

millet (मिल्´-इट्) ***n.*** a cereal plant and its seeds, ज्वार, बाजरा आदि, मोटा अनाज।

milli ***prefix.*** one thousandth, हज़ारवाँ भाग, मिली।

milligram, milligramme (मिल्´-इ-ग्राम् / ग्रैम्) ***n.*** one thousandth of a gram, ग्राम का हज़ारवाँ भाग, मिलीग्राम।

millilitre milliliter (मिल्´-इ-ली-टॅ:) ***n.*** one thousandth of a litre, लिटर का हज़ारवाँ भाग, मिलीलिटर।

millimetre, millimeter (मिल्´-इ-मी-टॅ:) ***n.*** one thousandth of a metre, मिलीमीटर।

milliner (मिल्´-इ-नॅ:) ***n.*** a person who makes or sells women's hats, औरतों की टोपियाँ बनाने या बेचनेवाला।

millinery (मिल्´-इ-नॅ-री, मिल्´-इ-नॅर्-ई) ***n.*** milliner's work, औरतों की टोपियाँ बनाने या बेचने का काम।

milling (मिल्´-इंग्) ***n.*** 1. the act of grinding, पिसाई। 2. the act of grooving the edge of a coin, सिक्के का किनारा बनाना। ☐ **milling crowds,** भीड़भाड़।

million (मिल्´-यॅन्) ***adj. & n.*** one thousand thousand, दस लाख।

millionaire (मिल्-यॅ-नेअॅ:) ***n.*** having million rupees, dollars etc., लखपती, करोड़पति।

millionth (मिल्´-यन्थ्) ***adj.*** of million, दस लाख-संबंधी।

millisecond (मिल्´-इ-सॅक्´-ॲन्ड्) ***n.*** one thousandth of a second, सेकिंड का हज़ारवाँ भाग।

millstone (मिल्´-स्टोन्) *n.* 1. one of a pair of stones used to grind grain, (चक्की का) पाट। 2. (fig.) mental burden, मानसिक बोझ।

millwheel (मिल्´-व्हील्) *n.* the wheel of a mill, पनचक्की का चक्का।

millwright (मिल्´-राइट्) *n.* one who makes or repairs mills, पनचक्की बनाने या उसकी मरम्मत करनेवाला।

milometer (माइ-लो´-मी-टॅः) *n.* a device for counting mileage, मीलमापी।

milt (मिल्ट्) *n.* the sperm of a male fish, मत्स्यशुक्र।

mime (माइम्) *n.* 1. expression of ideas by gestures, इशारों द्वारा विचारों की अभिव्यक्ति, स्वाँग। 2. an actor of this type, मूक अभिनय करनेवाला, स्वाँगिया, स्वाँगी। 3. a jester, clown, नकल उतारनेवाला, मसख़रा। *v.* (mimed, miming) to express by gestures, स्वाँग करना या रचना, मूक अभिनय करना, नकल उतारना।

mimeograph (माइ´-मो-ग्राफ़् / ग्रैफ़्) *n.* a machine for printing from stencils, अनुलिपित्र, मिमियोग्राफ़। *v.* (mimeographed, mimeographing) to print from this machine, मिमियोग्राफ़ से प्रतिलिपियाँ तैयार करना।

mimesis (मि-मी´-सिस्) *n.* imitatiion, नक़ल।

mimetic (मि-मॅट्´-इक्) *adj.* one who imitates, नक़ल उतारनेवाला, नक़लची।

mimic (मिम्´-इक्) *v.* (mimicked, mimicking) to imitate, नक़ल उतारना, अनुकरण करना। *n.* a person, animal or bird that copies, नकल उतारनेवाला, नक़लची।

mimicry (मिम्´-इ-क्री) *n.* an act of mimicking, नक़ल, अनुकरण।

mimosa (मि-मो´-सॅ) *n.* a plant, लाजवंती या छुईमुई का पौधा।

minaret (मिन्-ॲ-रॅट्´) *n.* a tower of a mosque, मीनार।

minatory (मिन्´-ॲ-टॅ-री) *adj.* threatening, धमकानेवाला, धमकी-भरा।

mince (मिन्स्) *v.* (minced, mincing) 1. to cut into very small pieces, कीमा करना, भुर्ता बनाना। 2. to walk or speak in an affected manner, बनना, ढोंग करना। □ **not to mince words,** दोटूक बात कहना। *n.* minced meat, क़ीमा।

mincemeat (मिन्स्´-मीट्) *n.* something minced and used as pie filling, पूर, भराव। □ **make mincemeat of,** (तर्क में) पछाड़ देना, धज्जियाँ उड़ा देना।

mince pie *n.* a pie filled with mincemeat, गुजिया की तरह का पकवान।

mincing (मिन्´-सिंग्) *adj.* affectedly elegant, बननेवाला, कृत्रिम आचरण करनेवाला।

mind (माइन्ड्) *n.* 1. brain, दिमाग, मन। 2. memory, स्मरणशक्ति, स्मृति। 3. thought, विचार। 4. opinion, राय, मत। 5. intention, इरादा, मंशा। 6. a sound mental state, मानसिक स्वस्थता। □ **bear or keep in mind,** स्मरण रखना; **be in two minds,** दुविधा में होना, अनिश्चय की स्थिति में होना; **be of one mind,** एकमत होना; **be out of one's mind,** विक्षिप्त होना; **blow someone's mind,** दिमाग घुमा देना; **bring to mind,** स्मरण कराना; **change one's mind,** अपनी धारणा या राय बदल लेना; **come to mind,** मन में आना, सूझना; **give one's mind to something,** किसी बात पर ध्यान जमाना; **go out of one's mind,** दिमाग से उतर या निकल जाना, याद न रहना; **have a good mind to,** मन करना; **have a half mind to,** कुछ-कुछ मन करना, मन में हेस-नेस होना; **have a mind of one's own,** विचार तथा निश्चय करने में समर्थ होना; **in mind,** अपने विचार में; **make up one's mind,** निश्चय करना; **out of one's mind,** (i) विक्षिप्त (व्यक्ति), (ii) विस्मृत (बात); **out of sight, out of mind,** आँख ओट पहाड़ ओट, आँख से परे तो मन से भी परे; **piece of one's mind,** फटकार; **presence of mind,** सुध-

बुध; set one's mind on something, किसी काम में दत्तचित हो जाना; speak one's mind, साफ़-साफ़ कह डालना; take someone's mind off something, किसी का ध्यान बटा देना; to one's mind, किसी के मत से या राय में; turn one's mind to something, किसी बात पर ध्यान देना। *v.* (minded, minding) 1. to take care of, ध्यान रखना। 2. to be opposed to, विरुद्ध होना। 3. to object to, आपत्ति करना। 4. to bear in mind, स्मरण रखना। □ mind one's business, अपने काम से लगन्न; mind one's P's and Q's, सोच-समझकर बोलना; mind you, यह जान लो कि; never mind, कोई बात नहीं, दुखी या चिंतित होने की बात नहीं; never you mind, दिमाग में भी मत लाना।

mind-bending (माइन्ड्´-बॅन्-डिंग्) *adj.* influencing the mind, दिमाग बदल देनेवाला।

mind-blowing (माइन्ड्´-ब्लो-इंग्) *adj.* affecting the mind, विक्षिप्त कर देनेवाला।

mind-boggling (माइन्ड्´-बॉग्-लिंग्) *adj.* astounding, विस्मयकारी।

minded (माइन्´-डिड्) *adj.* having certain interests, inclined, प्रवृत्ति या रुचिवाला; politically minded, राजनीति में रुचिवाला।

mindful (माइन्ड्´-फुल्) *adj.* aware, heedful, जागरूक।

mindless (माइन्ड्´-लिस्) *adj.* 1. stupid, मूर्ख। 2. careless, असावधान।

mind's eye (माइन्ड्स्´-आइ) *n.* the imagination, मन की आँख, मानसिक-चक्षु, कल्पना-शक्ति।

mine[1] (माइन्) *pron.* something belonging to me, मेरा। *adj.* belonging to me, मेरा।

mine[2] *n.* 1. a deposit of ore or minerals, ख़ान। 2. an abundant source, विशाल स्रोत, भंडार। 3. an explosive device usu. buried in the ground, सुरंग। *v.* (mined, mining) 1. to dig from a mine, खान से निकालना, खुदाई करना। 2. to make a hole by digging, खोदना। 3. to lay explosive mines, सुरंगें बिछाना।

mine detector (माइन्´-डि-टॅक्´-टॅ:) *n.* an instrument to detect mines, सुरंगों का पता लगानेवाला यंत्र।

minefield (माइन्´-फ़ील्ड्) *n.* an area covered with mines, वह क्षेत्र जो जिसमें सुरंगें बिछी हों, सुरंग-क्षेत्र।

minelayer (माइन्´-ले-ॲ:) *n.* a ship or aircraft for laying mines, सुरंगें बिछानेवाला जहाज़।

miner (माइ´-नॅ:) *n.* one who works in a mine, खान खोदनेवाला, खनिक।

mineral (मिन्´-ॲ-रॅल्) *adj.* excavated from the earth, खनिज। *n.* something excavated from the earth, खनिज पदार्थ।

mineralogical (मिन्-ॲ-रॅ-लॉज´-इ-कॅल्) *adj.* of mineralogy, खनिज विज्ञान-संबंधी।

mineralogist (मिन्-ॲ-रैल्´-ॲ-जिस्ट्) *n.* an expert in mineralogy, खनिज-विज्ञानी।

mineralogy (मिन्-ॲ-रैल्´-ॲ-जी) *n.* the scientific study of minerals, खनिज-विज्ञान, खनिजिकी।

mineral spring *n.* a spring of natural mineral water, खनिज-मिश्रित जल का सोता।

mineral water *n.* water containing mineral salts, खनिज जल।

mine sweeper *n.* a ship that removes explosive mines, सुरंगें हटानेवाला जहाज़।

mingle (मिंग्´-गॅल्) *v.* (mingled, mingling) 1. to mix or blend, मिलाना। 2. to mix together in close association, मिलना-जुलना, घुल-मिल जाना।

mingy (मिन्ज्´-ई) *adj.* 1. stingy, कंजूस, कृपण। 2. mean, कमीना, नीच।

mini (मिन्´-ई) *adj.* small, छोटा, मिनी। *n.* 1. something distinctly smaller than others of its class, मिनी, लाघवी। 2. a

miniskirt, मिनी स्कर्ट।

miniature (मिन्´-ॲ-चॅः, मिन्´-इ-ॲ-चॅः) *n.* 1. a very small model, लघु प्रतिकृति। 2. a very small painting, लघुचित्र। *adj.* very small, लघु।

miniaturist (मिन्´-ॲ-चॅ-रिस्ट्) *n.* one who paints miniatures, लघुचित्र बनानेवाला।

minibike (मिन्´-इ-बाइक्) *n.* a small cycle, छोटी साइकिल।

minibus (मिन्´-इ-बस्) *n.* a small bus, मिनी बस।

minim (मिन्´-इम्) *n.* the smallest unit of liquid measure, बूँद-भर।

minimal (मिन्´-इ-मॅल्) *adj.* least in amount, नाममात्र का, थोड़ा, ज़रा-सा।

minimize (मिन्´-इ-माइज़्) *v.* (minimized, minimizing) 1. to reduce to the least possible amount, घटाकर न्यूनतम करना। 2. to belittle, दर्जा घटा देना।

minimum (मिन्´-इ-मॅम्) *adj.* being the least possible in amount, कम-से-कम, न्यूनतम। *n.* the least possible amount, न्यूनतम राशि।

mining (माइन्´-इंग्) *n.* 1. the act of excavating minerals from the earth, खनन, खुदाई। 2. process of laying mines, सुरंगें-बिछाना।

minion (मिन्´-यॅन्) *n.* a servile follower, ख़ुशामदी-टट्टू, चाटुकार।

miniskirt (मिन्´-इ-स्कःटॅ) *n.* an extremely short skirt, मिनीस्कर्ट।

minister (मिन्´-इ-स्टॅः) *n.* 1. the head of government. department, मंत्री। 2. a clergyman, ईसाई पुरोहित। *v.* (ministered, ministering) 1. to take care of, देख-भाल करना। 2. to attend to the needs of others, दूसरों का ख़्याल रखना, सेवा करना।

ministerial (मिन्-इ-स्टिॲर्´-इ-ॲल्) *adj.* 1. of a minister, मंत्री-संबंधी। 2. of ministry, मंत्रालय-संबंधी।

ministerialist (मिन्-इ-स्टिॲर्´-ॲ-लिस्ट्) *n.* one who supports the ministry, शासन समर्थक।

ministrant *n.* (मिन्´-इ-स्ट्रॅन्ट) one who ministers, सेवक।

ministration (मिन्-इ-स्ट्रे´-शॅन्) *n.* the act of ministering, सेवा-शुश्रूषा।

ministry (मिन्´-इ-स्ट्री) *n.* 1. a government department headed by a minister, मंत्रालय। 2. ministers collectively, मंत्रिमंडल। 3. office and duty of a clergyman, ईसाई पुरोहित का पद तथा कार्य।

mink (मिंक्) *n.* 1. a weasel-like animal, ऊदबिलाव। 2. its fur, इसका फ़र।

minnow (मिन्´-ओ) *n.* a fresh water fish, एक छोटी मछली।

minor (माइ´-नॅः) *adj.* 1. lesser in amount or size, लघु, गौण। 2. not of legal age, अल्पवयस्क, अवयस्क, नाबालिग। *n.* a person under legal age, अवयस्क, नाबालिग।

minority (मि-नॉर्´-इ-टी) *n.* 1. the smaller of the two groups or factions, अल्पमत, अल्पसंख्यक। 2. the state of being minor, अवयस्कता। *adj.* relating to a minority, अल्पमत; a minority govt. अल्पमत सरकार।

minster (मिन्´-स्टॅः) *n.* a cathedral, बड़ा गिरजा।

minstrel (मिन्´-स्ट्रॅल्) *n.* a medieval musician or singer, मध्यकालीन गायक या वादक।

mint[1] (मिन्ट्) *n.* a place where money is coined, टकसाल। *v.* (minted, minting) 1. to make coins by stamping metal, सिक्के ढालना या बनाना। 2. to coin, (नए शब्द या मुहावरे) गढ़ना। □ **minting money,** तेजी से रुपया कमाना।

mint[2] *n.* 1. a plant, पुदीना। 2. pippermint, पिपरमिंट।

minuend (मिन्´-यु-ॲन्ड्) *n.* a number from which another is to be subtracted, व्यवकल्य।

minuet (मिन्-यु-ॲट्´) *n.* a court dance, दरबारी नृत्य।

minus (माइ´-नस्) *prep.* 1. reduced by, से घटाने को। 2. lacking, without, के बिना, से रहित। *n.* 1. the minus sign, ऋण चिह्न (-)। 2. a loss or deficiency, घाटा, कमी। *adj.* 1. negative, ऋणात्मक। 2. less than zero, शून्य

से कम।

minuscule (मिन्´-अॅ-स्क्यूल्) *adj.* very small, minute, सूक्ष्म, बहुत छोटा।

minute[1] (मिन्´-इट्) *n.* 1. one-sixtieth of an hour, मिनट, क्षण। 2. very short time, अत्यंत अल्प समय। 3. (maths.) one-sixtieth of a degree used in measuring angles, कोण के नाप में एक अंश का साठवाँ भाग, मिनट। 4. (plu.) a record or a proceedings at a meeting, कार्रवाई, कार्य-विवरण, कार्यवृत्त। □ **up to the minute,** अब तक का, ताज़ा। *v.* (minuted, minuting) to record in minutes, कार्य-विवरण लिखना।

minute[2] (माइ-न्यूट्´) *adj.* 1. very small, बहुत छोटा, सूक्ष्म। 2. detailed, ब्यौरेवार।

minute book (मिन्´-इट्-बुक्) *n.* the book or register in which the proceedings of the meeting is recorded, कार्य-विवरण पंजिका।

minute hand (मिन्´-इट्-हैन्ड्) *n.* the hand showing minutes, घड़ी की बड़ी सुई, मिनट की सुई।

minutely (माइ-न्यूट्´-ली) *adv.* precisely, closely, सूक्ष्म रूप से, अत्यंत सावधानी से।

minuteness (माइ-न्यूट्´-निस्) *n.* preciseness, सूक्ष्मता।

minutia (मि-न्यू´-शि-अॅ) *n.* a small or unimportant point, छोटी-मोटी बात।

minx (मिंक्स्) *n.* a cheeky or impudent girl, शरारती या ढीठ लड़की।

miracle (मिर्´-अॅ-कॅल्) *n.* 1. a marvellous event, wonder, चमत्कारपूर्ण घटना, चमत्कार। 2. a remarkable example, अनोखा उदाहरण।

miraculous (मि-रैक्´-यु-लॅस्) *adj.* 1. wonderful, चमत्कारपूर्ण, चमत्कारी। 2. surprising, अनोखा, आश्चर्यजनक।

mirage (मि-राज़्´) *n.* 1. an optical illusion of water that seems to appear in a desert, मृगमरीचिका, मरीचिका। 2. something illusory, भ्रांतिजनक वस्तु, मृगतृष्णा।

mire (माइः) *n.* mud, कीचड़। 2. a marshy area, दलदल। *v.* (mired, miring) to sink in a mire, दलदल में धँसना या फँसना।

mirror (मिर्´-अॅः) *n.* 1. a looking glass, दर्पण, शीशा, आरसी। 2. a thing that reflects or depicts something else, दर्पण। *v.* (mirrored, mirroring) to reflect, प्रतिबिंबित करना/होना।

mirth (मःथ्) *n.* 1. merriment, उल्लास, आमोद-प्रमोद। 2. laughter, हँसी-विनोद, ठहाका।

mirthful (मःथ्´-फ़ुल्) *adj.* full of mirth, उल्लसित, उल्लासपूर्ण।

mis (मिस्) *prefix.* 1. bad, बुरा। 2. wrong, ग़लत। 3. lack of, अभाव।

misadventure (मिस्-ऐड्-वेंन्´-चः) *n.* 1. misfortune, दुर्भाग्य; by misadventure, दुर्भाग्य से। 2. a mishap, दुर्घटना।

misadvise (मिस्-ऐड्-वाइज़्´) *v.* (misadvised, misadvising) to give wrong advice, ग़लत राय/सलाह देना।

misalliance (मिस्-अॅ-लाइ´-अॅन्स्) *n.* 1. unsuitable marriage, बेमेल विवाह। 2. unjust coalition, अनुचित गठबंधन।

misallocate (मिस्-ऐल्´-ओ-केट्) *v.* (misallocated, misallocating) to distribute in a wrong way, ग़लत ढंग से वितरण करना, अपवितरण करना।

misanthrope (मिस्´-अॅन्-थ्रॉप्) *n.* one who dislikes mankind, मानवद्वेषी।

misanthropy (मिस्-ऐन्´-थ्रॅ-पी) *n.* dislike of people, मानवद्वेष।

misapplication (मिस्-ऐप्-लि-के´-शॅन्) *n.* wrong or bad application, दुरुपयोग।

misapply (मिस्-अॅ-प्लाइ´) *v.* (misapplied, misapplying) to apply badly or wrongly, दुरुपयोग या दुष्प्रयोग करना।

misapprehend (मिस्-ऐप्-रि-हेंन्ड्´) *v.* (misapprehended, misapprehending) to misunderstand, ग़लतफ़हमी होना, ग़लत समझ बैठना।

misapprehension (मिस्-ऐप्-रि-हेंन्´-शॅन्) *n.* a misunderstanding, ग़लतफ़हमी।

misappropriate (मिस्-अॅ-प्रो´-प्रि-एट्) *v.* (misappropriated, misappropriating) to embezzle, ग़बन करना।

misappropriation (मिस्-अॅ-प्रो-प्रि-ए´-शॅन्) *n.* embezzlement, ग़बन।

misbegotten (मिस्-बि-गॉट्´-अॅन्) *adj.* 1. illegally begotten, illegitimate, जारज, दोगला। 2. contemptible, हेय, तुच्छ।

misbehave (मिस्-बि-हेव्´) *v.* (misbehaved, misbehaving) to behave badly, दुर्व्यवहार करना, अभद्र व्यवहार करना।

misbehaviour (मिस्-बि-हेव्´-यॅ:) *n.* bad behaviour, दुर्व्यवहार, अभद्र व्यवहार, अभद्रता।

misbelief (मिस्-बि-लीफ़्´) *n.* a wrong conviction, ग़लत धारणा।

misbelieve (मिस्-बि-लीव्´) *v.* (misbelieved, misbelieving) to have a wrong conviction, ग़लत धारण बना लेना।

miscalculate (मिस्-कैल्´-क्यु-लेट्) *v.* (miscalculated, miscalculating) to calculate wrongly, ग़लत अंदाज़ लगाना।

miscalculation (मिस्-कैल्-क्यु-ले´-शॅन्) *n.* wrong calculation, ग़लत तख़मीना/अंदाज़।

miscall (मिस्-का:ल्´) *v.* (miscalled, miscalling) 1. to call by a wrong name, ग़लत नाम से बुलाना। 2. to abuse, गाली देना, अपशब्द कहना।

miscarriage (मिस्-कैर्´-इज़्) *n.* 1. premature expulsion of a foetus, गर्भस्राव। 2. failure, विफलता। 3. the miscarrying (of a letter, पत्र को) ग़लत जगह पहुँचाना।

miscegenation (मिस्-अॅ-जॅ-ने´-शॅन्) *n.* interbreeding of races, विभिन्न जातियों का संकरण, जाति-मिश्रण।

miscellaneous (मिस्-अॅ-ले´-नि-अॅस्) *adj.* of various kinds, प्रकीर्ण, विविध, फुटकर।

miscellany (मिस´-अॅ-ले-नी) *n.* a collection of miscellaneous things, विविधतापूर्ण संकलन, विविधा।

mischance (मिस्-चान्स्´/ चैन्स्´) *n.* misfortune, दुर्भाग्य, बदक़िस्मती।

mischief (मिस्´-चिफ़्´) *n.* naughtiness, शरारत, शैतानी, नटखटपन, पाजीपन।

mischievous (मिस्´-ची-वॅस्) *adj.* 1. naughty, शैतान, नटखट, शरारती। 2. full of mischief, शरारत-भरा। 3. causing harm, ऊधमी, उपद्रवी, उत्पाती।

mischievously (मिस्´-ची-वॅस्-ली) *adv.* in a mischievous manner, शरारत/शैतानी से।

miscible (मिस्´-इ-बॅल्) *adj.* capable of being mixed, जो मिश्रित हो सके।

misconceive (मिस्-कॅन्-सीव्´) *v.* (misconceived, misconceiving) to have an erroneous conception of, ग़लत धारणा बना लेना।

misconception (मिस्-कॅन्-सॅप्´-शॅन्) *n.* misunderstanding, ग़लत धारणा।

misconduct (मिस्-कॉन्´-डक्ट्) *n.* 1. bad, improper or unlawful behaviour, बुरा व्यवहार या आचरण। 2. adultery, व्यभिचार। 3. mismangement, कुप्रबंध।

misconstruction (मिस्-कॉन्-स्ट्रक्´-शॅन्) *n.* misinterpretation, ग़लत अर्थ। ☐ **open to misconstruction,** जिसका ग़लत अर्थ लगाया जा सके।

misconstrue (मिस्-कॅन्-स्ट्रू´) *v.* (misconstrued, misconstruing) to interpret mistakenly, ग़लत अर्थ लगाना या करना।

miscount (मिस्-कॉउन्ट्´) *v.* (miscounted, miscounting) to count incorrectly, ग़लत जोड़ लगाना। *n.* incorrect counting or total, ग़लत जोड़/गणना।

miscreant (मिस्´-क्री-अॅन्ट्) *n.* a villain or wrongdoer, गुंडा, बदमाश।

miscue (मिस्-क्यू´) *v.* (miscued, miscuing) to strike a ball improperly, गेंद पर ठीक से आघात न कर पाना।

misdate (मिस्-डेट्´) *v.* (misdated, misdating) to date wrongly, ग़लत तारीख डालना या बताना।

misdeal (मिस्-डील्´) *v.* (misdealt, misdealing) to deal out cards incorrectly, ग़लत पत्ते बाँटना। *n.* the act of misdealing, पत्तों की ग़लत बाँट।

misdeed (मिस्-डीड्´) *n.* a wrong act, बुरा काम, पाप, कुकर्म, दुष्कर्म।

misdemeanour, misdemeanor (मिस्-डी-मी´-नॅ:) *n.* a minor offence, छोटा-मोटा अपराध।

misdirect (मिस्-डि-रॅक्ट्´) *v.* (misdirected, misdirecting) 1. to give wrong direction, ग़लत निर्देश करना। 2. to address wrongly,

ग़लत पता लिखना।

misdoing (मिस्-डू´-इंग्) *n.* a misdeed, दुष्कर्म, ग़लत काम।

miser (माइ´-ज़ः) *n.* a stingy person, कंजूस, कृपण।

miserable (मिज़्´-अ-रॅ-बॅल्) *adj.* 1. full of misery, दुःखी, त्रस्त। 2. causing misery, दुखप्रद, क्लेशकारी। 3. wretchedly poor, दयनीय, दरिद्र। 4. inferior, घटिया, तुच्छ।

miserably (मिज़´-अ-रॅ-बॅ-ली) *adv.* in a wretched way, दयनीय रूप से।

miserliness (माइ´-ज़ः-लि-निस्) *n.* the state of being miserly, कंजूसी, कृपणता।

miserly (माइ´-ज़ः-ली) *adj.* close-fisted, niggardly, कंजूस।

misery (मिज़्´-अ-री) *n.* 1. extreme suffering, घोर दुख। 2. something causing this, मुसीबत। 3. poverty-stricken conditions, दरिद्रता।

misfile (मिस्-फ़ाइल्´) *v.* (misfiled, misfiling) to file incorrectly, ग़लत जगह नत्थी करना।

misfire (मिस्-फ़ाइः´) *v.* (misfired, misfiring) 1. to fail to fire or fire incorrectly, निशाना चूक जाना। 2. to fail to start, (इंजन का) चालू न होना। 3. to fail to achieve intended result, वांछित फल प्राप्त न कर पाना।

misfit (मिस्´-फ़िट्/मिस्-फ़िट्´) *n.* 1. something that does not fit or fits badly, जो फिट, सटीक या उपयुक्त न हो। 2. a person not suited to his work or environment, अनुपयुक्त व्यक्ति।

misfortune (मिस्-फ़ॉ:´-चॅन्) *n.* 1. bad luck, दुर्भाग्य, बदक़िस्मती। 2. an unfortunate event, कोई बड़ी दुर्घटना।

misgiving (मिस्-गिव्´-इंग्) *n.* a feeling of doubt or suspicion, शंका, संदेह।

misgovern (मिस्-गव्´-अ:न्) *v.* (misgoverned, misgoverning) to govern badly, शासन ठीक से न चला पाना।

misguide (मिस्-गाइड्´) *v.* (misguided, misguiding) to guide badly, ठीक ढंग से निर्देश न कर पाना, गुमराह करना।

mishandle (मिस्-हैन्ड्´-अॅल्) *v.* (mishandled, mishandling) to handle badly, ठीक से व्यवहार न कर पाना, दुर्व्यवहार करना।

mishap (मिस्´-हैप्/मिस्-हैप्´) *n.* an unfortunate accident, दुर्घटना।

mishear (मिस्-हिअ:´) *v.* (misheared, mishearing) to hear incorrectly, ठीक से न सुन पाना या कुछ का कुछ सुन लेना।

mishit (मिस्-हिट्´) *v.* (mishit, mishitting) to hit improperly, ठीक से आघात न कर पाना। *n.* an improper hit, ग़लत प्रहार।

mishmash (मिश्´-मैश्) *n.* a confused mixture, गड्ड-मड्ड, घाल-मेल।

misinform (मिस्-इन्-फ़ॉ:म्´) *v.* (misinformed, misinforming) to give wrong information, ग़लत सूचना देना, गुमराह करना।

misinterpret (मिस्-इन्-टः´-प्रिट्) *v.* (misinterpreted, misinterpreting) to interpret wrongly, ग़लत अर्थ निकालना या करना।

misjudge (मिस्-जज्´) *v.* (misjudged, misjudging) to judge incorrectly, (व्यक्ति को) ठीक से समझ न पाना, (किसी के बारे में) ग़लत धारणा बनाना।

mislay (मिस्-ले´) *v.* (mislaid, mislaying) to put at a wrong place, ग़लत जगह पर रख देना, कहीं रखकर भूल जाना।

mislead (मिस्-लीड्´) *v.* (misled, misleading) 1. to guide in the wrong direction, ग़लत रास्ते ले जाना, गुमराह करना। 2. to deceive, धोखा देना। 3. to lead into error, भुलावा देना।

misleading (मिस्-लीड्´-इंग्) *adj.* wrong, false, भ्रामक।

mismanage (मिस्-मैन्´-इज्) *v.* (mismanaged, mismanaging) to manage badly, ठीक से प्रबंध न करना या न कर पाना, सलटा न पाना।

mismanagement (मिस्-मैन्´-इज्-मॅन्ट्) *n.* poor management, कुप्रबंध, दुर्व्यवस्था।

mismatch (मिस्-मैच्´) n. a bad match, बेमेल जोड़ा। *v.* (mismatched, mismatching) to match badly, मेल न खाना, बेमेल होना।

misnomer (मिस्-नो´-मः) *n.* an incorrect name, ग़लत नाम।

misogamist (मि-सॉग्´-अॅ-मिस्ट्) *n.* one who hates marriage, विवाह से घृणा करनेवाला।

misogamy (मि-सॉग्´-अॅ-मी) *n.* hatred of marriage, विवाह से घृणा।

misogynist (मि-सॉज्´-इ-निस्ट्) *n.* one who hates women, औरतों से घृणा करनेवाला।

missogyny (मि-सॉज्´-इ-नी) *n.* hatred of women, औरतों से घृणा।

misplace (मिस्-प्लेस्´) *v.* (misplaced, misplacing) 1. to put (something) at a wrong place, (कोई चीज़) ग़लत जगह रख देना। 2. to bestow on a wrong person, ग़लत व्यक्ति पर भरोसा करना।

misprint (मिस्-प्रिंट्´) *v.* (misprinted, misprinting) to print incorrectly, ग़लत छाप देना। *n.* an error in printing, छपाई की भूल, छापे की भूल।

mispronounce (मिस्-प्रॅ-नॉउन्स्´) *v.* (mispronounced, mispronouncing) to pronounce wrongly, अशुद्ध उच्चारण करना।

mispronunciation (मिस्-प्रॅ-नन्-सि-ए´-शॅन्) *n.* incorrect pronunciation, अशुद्ध/ग़लत उच्चारण।

misquote (मिस्-कोट्´) *v.* (misquoted, misquoting) to quote incorrectly, ग़लत उद्धरण देना।

misread (मिस्-रीड्´) *v.* (misread, misreading) to read incorrectly, ठीक से पढ़ न पाना, कुछ का कुछ पढ़ या समझ लेना।

misrepresent (मिस्-रॅप्-रि-ज़ॅन्ट्´) *v.* (misrepresented, misrepresenting) to represent misleadingly, ग़लत या मिथ्या विवरण देना, ग़लत बयानी करना।

misrepresentation (मिस्-रॅप्-रि-ज़ॅन्-टे´-शॅन्) *n.* the act of misrepresenting, मिथ्या या ग़लत विवरण।

misrule (मिस्-रूल्´) *n.* bad government, बुरा शासन, कुशासन। *v.* (misruled, misruling) to misgovern, ठीक से शासन न करना।

miss[1] (मिस्) *v.* () 1. to fail to reach or catch, न पहुँच पाना, न पकड़ पाना। 2. to fail to hear, see or understand, सुन, देख या समझ न पाना। 3. to fail to achieve or perform, विफल होना, प्राप्त न कर पाना, कर न पाना, चूक जाना। 4. to misfire, निशाना चूक जाना। 5. to feel the absence of, कमी महसूस करना। 6. to avoid or escape from, बच जाना या बच निकलना। □ **miss the boat,** मौका खोना। *n.* a failure to hit or succeed, चूक।

miss[2] *n.* 1. a title used before the name of an unmarried girl, कुमारी, सुश्री।

missal (मिस्´-अॅल्) *n.* a book containing prayers, मिस्सा-नियमावली।

missend (मिस्-सॅन्ड्´) *v.* (missent, missending) to send incorrectly, ग़लत जगह भेजना।

misshape (मिस्-शेप्´) *v.* (misshaped, misshapen, misshaping) to shape badly, भद्दी शक्ल देना, रूप बिगाड़ देना।

misshapen (मिस्-शे´-पॅन्) *adj.* distorted, विकृत, अनगढ़, टेढ़ा-मेढ़ा।

missile (मिस्´-आइल्, मिस्´-अॅल्) *n.* 1. a weapon that is projected at a target, क्षेप्यास्त्र। 2. an object suitable for throwing at a target, फेंककर मारने योग्य वस्तु।

missilery (मिस्´-अॅल्-री) *n.* 1. the science of the construction of the missiles, क्षेप्यास्त्रों की निर्माण-विद्या। 2. the use of missiles, क्षेप्यास्त्रों का प्रयोग।

missing (मिस्´-इंग्) *adj.* 1. lost, खोया हुआ, लुप्त। 2. not present, अनुपस्थित, नदारद। 3. one whose whereabouts are unknown, लापता।

missing link *n.* any missing part in a series, लुप्त कड़ी।

mission (मिश्´-अॅन्) *n.* 1. a body of envoys to a foreign country, मिशन, शिष्टमंडल। 2. the duty or purpose for which these people are sent, मिशन, प्रयोजन, उद्देश्य। 3. the establishment of these persons, संस्थान, मिशन। 4. a person's vocation, जीवन-लक्ष्य, ध्येय मिशन।

missionary (मिश्-अॅ-नॅ-री, मिश्´-अॅ-नॅर्-ई) *n.* 1. one sent to spread Christian faith in a foreign country, ईसाई धर्मप्रचारक, मिशनरी। 2. a propagandist for a belief, मत-प्रचारक।

adj. 1. of missions, मिशन-संबंधी। 2. of or like missionaries, ईसाई मिशनरियों के जैसा।

missionary spirit *n.* zeal or enthusiasm with which missioaries work, मिशनरी भावना, सेवा-भावना, सेवा-धर्म।

missive (मिस्´-इव्) *n.* a written message, चिट्ठी, पत्र।

misspell (मिस्-स्पॅल्´) *v.* (misspelled/misspelt, misspelling) to spell incorrectly, अशुद्ध वर्तनी लिखना या बताना।

misspend (मिस्-स्पॅन्ड्´)*v.* (misspent, misspending) to spend badly, फ़िज़ूलख़र्ची करना।

misstate (मिस्-स्टेट्´) *v.* (misstated, misstating) to state wrongly, ग़लत वक्तव्य देना, ग़लतबयानी करना, झूठा विवरण देना।

misstatement (मिस्-स्टेट्´-मॅन्ट्) *n.* a wrong statement, ग़लत वक्तव्य।

misstep (मिस्-स्टॅप्´) *n.* a wrong step, ग़लत कदम।

mist (मिस्ट्) *n.* mass of tiny drops of water suspended in the atmosphere, कोहरा, कुहासा, धुंध। *v.* (misted, misting) 1. to become covered with mist, कोहरा छा जाना। 2. to become dim or obscure, धुंधला पड़ जाना।

mistakable (मि-स्टे´-कॅ-बॅल्) *adj.* that can be mistaken for another person or thing, जिससे धोखा (होता) हो, भ्रममूलक, भ्रामक।

mistake (मि-स्टेक्´) *n.* 1. an error, भूल, ग़लती, अशुद्धि। 2. a misunderstanding, ग़लतफहमी। *v.* (mistook, mistaken, mistaking) 1. to misunderstand, ग़लतफ़हमी हो जाना। 2. to choose incorrectly, ग़लती करना, ग़लत चुनाव करना। □ **by mistake,** ग़लती से या ग़लतफ़हमी से।

mistaken (मि-स्टे´-कॅन्) *adj.* 1. wrong, ग़लत। 2. misunderstood, भ्रांतिपूर्ण, भ्रामक।

mister (मिस्´-टॅः) *n.* a formal form of address to a man, श्री, श्रीमान, महोदय।

mistime (मिस्-टाइम्´) *v.* (mistimed, mistiming) to time wrongly, ग़लत समय पर (कुछ) कहना या करना।

mistletoe (मिस्-अॅल्´-टो) *n.* a shrub, एक प्रकार की आकाश बेल, मिसिल टो।

mistreat (मिस्-ट्रीट्´) *v.* (mistreated, mistreating) to treat badly or abusively, दुर्व्यवहार करना, भला-बुरा कहना।

mistreatment (मिस्-ट्रीट्´-मॅन्ट्) *n.* bad treatment, बुरा बरताव, दुर्व्यवहार।

mistress (मिस्´-ट्रिस्) *n.* 1. a female master, मालकिन, स्वामिनी। 2. a person's illicit lover, रखेल। 3. a female teacher, अध्यापिका।

mistrust (मिस्-ट्रस्ट्´) *v.* (mistrusted, mistrusting) to distrust, अविश्वास करना।

mistrustful (मिस्-ट्रस्ट्´-फुल्) *adj.* distrustful, अविश्वसनीय।

misty (मिस्´-टी) *adj.* 1. full of mist, कोहरे से भरा। 2. indistinct, धुंधला।

misunderstand (मिस्-अन्-डॅः-स्टैन्ड्´) *v.* (misunderstood, misunderstanding) to understand incorrectly, ग़लतफ़हमी या धोखा होना, ग़लत अर्थ निकालना।

misunderstanding (मिस्-अन्-डॅः-स्टैन्´-डिंग्) *n.* 1. a failure to understand correctly, भ्रांति, धोखा या ग़लतफ़हमी। 2. a disagreement, अनबन, झगड़ा।

misusage (मिस्-यू´-सिज्) *n.* misuse(of words, शब्दों का) दुरुपयोग।

misuse (मिस्-यूज़्´) *n.* & *v.* (misused, misusing) to use badly or wrongly, दुरुपयोग (करना)।

mite (माइट्) *n.* 1. an insect, कुटकी। 2. a small child, बच्चा। 3. a small contribution, अल्प अंशदान।

miter, mitre (माइ´-टॅः) *n.* the tall headdress of bishops, धर्माचार्य की ऊँची टोपी।

mitigate (मिट्´-इ-गेट्) *v.* (mitigated, mitigating,) to make or become less severe or intense, मंद होना या करना, शमिल करना या होना, हलका होना या करना।

mitosis (माइ-टो´-सिस्) *n.* a method or process of cell division, कोशिका-विभाजन की पद्धति या प्रक्रिया।

mitten (मिट्´-अॅन्) *n.* a kind of glove, एक

तरह का दस्ताना जिसमें कलाई और हाथ ढके रहते और अंगुलियाँ बाहर निकली रहती हैं।

mix (मिक्स्) *v.* (mixed, mixing) 1. to combine, मिलाना, एक करना। 2. to be sociable, मिलना-जुलना। □ **mix up,** (i) गड्ड-मड्ड करना, (ii) शामिल होना। *n.* 1. a mixture, मिश्रण। 2. a group of different things, घाल-मेल।

mixed (मिक्स्ड्) *adj.* combined, मिला-जुला, साँझा, मिश्रित।

mixed blessing *n.* a thing that has advantages and also disadvantages, ऐसी बात जिसमें कुछ लाभ भी हो और कुछ हानि भी।

mixed farming *n.* farming of both crops and live stock, कृषि तथा पशुपालन।

mixed marriage *n.* marriage between people of different religions, विभिन्न धर्मावलंबियों में होनेवाला विवाह, मिश्रित विवाह।

mixed-up (मिक्स्ड्-अप्´) *adj.* suffering from mental confusion, दुविधाग्रस्त, भ्रमित, चिंतित।

mixer (मिक्´-सः) *n.* 1. a device for mixing, मिक्सर, मिश्रक, मिक्सी। 2. a sociable person, समाजशील व्यक्ति, मिलनसार व्यक्ति। 3. an informal party to help people become acquainted with one an other, गोष्ठी, मुलाकाती जमावड़ा।

mixture (मिक्स्´-चः) *n.* something made by mixing, मिश्रण।

mix-up (मिक्स्´-अप्) *n.* a confused state of things, गड्डमड्ड अवस्था, गड़बड़ी।

mizzen, mizen (मिज़्´-ॲन्) *n.* the lowest sail set on the mizzenmast, तीसरा पाल।

mizzenmast (मिज़्´-ॲन्-मास्ट्/मैस्ट्) *n.* the tall mast near the back end, पिछला मस्तूल।

mizzle (मिज़्´-ॲल्) *n.* very small drops of rains, झींसी, फुहार, बूँदा-बाँदी।

mnemonic (नि-मा´-निक्) *adj.* increasing the ability to remember, स्मृति बढ़ानेवाला, स्मृतिकारक, स्मृति-सहायक।

mo (मो) *n.* short of moment, क्षण।

moan (मोन्) *n.* 1. sound of sorrow or pain, कराह, ओह, ऊह, हाय-हाय। 2. complaint, grumble, शिकायत। *v.* (moaned, moaning) 1. to make a sound like moan, कराहना, हाय-हाय करना। 2. to lament, विलाप करना, रोना-धोना।

moanful (मोन्´-फुल्) *adj.* complaining, शिकायत या विलाप करता हुआ, कराहता/सिसकता हुआ।

moat (मोट्) *n.* a ditch round a castle, खाई, परिखा।

mob (मॉब्) *n.* 1. a disorderly or riotous crowd, भांड़, भीड़-भाड़, उग्र भीड़। 2. the common people, जन-साधारण। 3. a criminal gang, अपराधियों की टोली या दल। *v.* (mobbed, mobbing) 1. to crowd around, भीड़ लगाना। 2. to attack in a group, भीड़ का चढ़ आना।

mobile (मो´-बाइल्/बील्) *adj.* 1. capable of moving or of being moved, चल, गतिशील, चलता-फिरता; mobile library, चल-पुस्तकालय; mobile shop, चलती-फिरती दुकान। 2. changing quickly in expression, भाव-भंगिमा बदल लेनेवाला।

mobile home *n.* a vehicle used as a residence, चलता-फिरता घर, चल-गृह।

mobility (मो-बिल्´-इ-टी) *n.* the state of being mobile, गतिशीलता।

mobilization (मो-बि-लाइ-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of mobilizing or the state of being mobilized, लामबंदी, सैन्यीकरण; mobilization of resources, साधन-संग्रह।

mobilize (मो-बि´-लाइज़्) *v.* 1. to assemble and prepare for war, लामबंद होना या करना। 2. to gather together for a particular work, किसी काम के लिए एकत्र या एकजुट होना।

mobocracy (मॉ-बा´-क्रे-सी) *n.* 1. mob rule, भीड़-तंत्र, भीड़शाही। 2. domination by a mob, हुल्लड़बाजी।

mobster (मॉब्´-स्टः) *n.* a member of a criminal gang, अपराधी-दल का सदस्य।

moccasin (मॉक्´-ॲ-सिन्) *n.* a shoe of deer skin, मृगचर्म का मुलायम जूता।

mocha (मो´-का) *n.* a coffee of fine quality, एक प्रकार की बढ़िया काफ़ी।

mock (मॉक्) *v.* (mocked, mocking) to deride

or jeer, उपहास करना, खिल्ली या हँसी उड़ाना, मज़ाक उड़ाना। 2. to mimic, नक़ल उतारना। 3. to spoil or destroy, चौपट कर देना। *n.* 1. the act of mocking, उपहास, खिल्ली। 2. imitation, नकल। □ **make a mock of,** to make fun of, मज़ाक उड़ाना, उपहासास्पद बनाना। *adj.* not real, sham, झूठा, नक़ली, बनावटी; mock fight, नकली लड़ाई।

mocker (मॉक्´-अः) *n.* 1. one who mocks, खिल्ली उड़ानेवाला। 2. one who imitates, नक़ल उतारनेवाला।

mockery (मॉक्´-अ-री) *n.* 1. derision, उपहास, हँसी। 2. a person or thing that is mocked, हँसी का पात्र, उपहास-पात्र।

mock-up (मॉक्-अप्) *n.* a full size model of a machine for testing, नमूने की मशीन।

mod (मॉड्) *n.* fashionable style of dress, नया फैशन। *adj.* modern, आधुनिक।

modal (मॉड्´-अॅल्) *adj.* 1. of or concerning the mood of a verb, क्रियार्थद्योतक। 2. (music) of or relating to mode, राग-संबंधी, रागात्मक। 3. relating to the form of a thing, रूपात्मक।

mod cons (मॉड्-कॉन्स्´) *n.* (plu.) 1. modern conviniences, आधुनिक जन-सुविधाएँ। 2. modern amenities of a household, सुख-सुविधाएँ, बिजली, हीटर, फोन, टीवी आदि।

mode (मोड्) *n.* 1. way, manner, ढंग, रीति, पद्धति। 2. the current fashion, फ़ैशन, चाल, रिवाज 3. (music) राग।

model (मॉड्´-अॅल्) *n.* 1. the small copy of an object, नमूना, प्रतिमान, मॉडल। 2. exact copy, प्रतिकृति, प्रतिरूप। 3. an example or standard to be imitated, उदाहरण, आदर्श। 4. a person employed to pose for an artist, मॉडल। 5. a person employed to display or adverting, मॉडल। 6. an article of clothing worn by a model, मॉडल द्वारा पहना हुआ वस्त्र। *adj.* exemplary, आदर्श। *v.* (modelled, modelling) 1. to make or construct, बनाना, गढ़ना। 2. to design, डिज़ाइन बनाना। 3. to work as an artist's model, मॉडल के रूप में काम करना। 4. to display clothes, वस्त्रों का प्रदर्शन करना।

moderate (मॉड्´-अ-रिट्) *adj.* 1. average, औसत दर्जे का। 2. within sensible limits, हलका, मर्यादित। 3. not holding extremist views, उदार, नरम दलीय। 4. temperate, संयमी। *v.* (moderated, moderating) 1. to make or become moderate, औसत दर्जे का बनना या बनाना, मर्यादित करना या होना। 2. to reduce in force or degree, हल्का करना, मर्यादित करना।

moderately (मॉड्´-अ-रिट्-ली) *adv.* to a moderate degree, औसत दर्जे से अधिक नहीं।

moderation (मॉड्-अ-रे´-शन्) *n.* 1. the act of moderating, मर्यादित करना या बनाना, परिमार्जन। 2. reduction in force or degree, हलका करना। 3. temperance, संयम।

moderator (मॉड´-अ-रे-टः) *n.* one who moderates, परिमार्जक।

modern (मॉड्´-अःन्) *adj.* 1. of a recent time, आधुनिक। 2. of current fashion, नया। 3. not following traditional style, अपारंपरिक। 4. in use today, आज-कल का, आधुनिक। *n.* 1. a person of modern times, आधुनिक व्यक्ति। 2. a person of modern ideas, आधुनिक विचारोंवाला व्यक्ति।

modernism (मॉड्´-अः-निज़्-अॅम्) *n.* modern tendencies or thoughts, आधुनिक प्रवृत्तियाँ या विचार, आधुनिकतावाद।

modernist (मॉड्´-अः-निस्ट्) *n.* one who favours modernism, आधुनिकतावादी।

modernistic (मॉड्´-अः-निस्´-टिक्) *adj.* of modernism, आधुनिकतावादी।

moderntiy (मॉ-डः´-नि-टी) *n.* the state or quality of being modern, आधुनिकता।

modernization (मॉड्-अः-नाइ-ज़े´-शन्) *n.* the act of modernizing or the state of being modernized, आधुनिकीकरण।

modernize (मॉड्´-अः-नाइज़्) *v.* to make or become modern, आधुनिक बनना/बनाना।

modest (मॉड्´-इस्ट्) *adj.* 1. having or showing moderate estimation of oneself, humble, शालीन, विनयी। 2. shy, संकोची, लज्जालु। 3. of good character, सती, साध्वी।

4. moderate in size or amount, साधारण, मामूली।

modestly (-ली) *adv.* 1. in a modest manner, शालीनता से। 2. shyly, संकोचपूर्वक, शरमाते हुए। 3. in moderate size or amount, थोड़ी मात्रा में।

modicum (मॉड्´-इ-कॅम्) *n.* a small amount, अल्प राशि, थोड़ा-सा हिस्सा, लेशमात्र।

modification (मॉड्-इ-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* the act of modifying or the state of being modified, हलका परिवर्तन, संशोधन।

modifier (मॉ´-डि-इ-फ़ाइ-अॅ:) *n.* a word that modifies, संज्ञा, क्रिया आदि की विशेषता बतलानेवाला शब्द, विशेषक।

modify (मॉड्´-इ-फ़ाई) *v.* (modified, modifying) 1. to make partial changes in, थोड़ा-बहुत परिवर्तन करना, संशोधन करना। 2. to make less severe, हलका करना, मंद करना। 3. to qualify, विशेषता बतलाना, विशेषित करना।

modish (मो´-डिश्) *adj.* in the current fashion, जो रिवाज या फैशन में हो, चलता हुआ।

modulate (माड्´-यु-लेट्) *v.* (modulated, modulating) 1. to change the tone, सुर में परिवर्तन लाना, आरोह-अवरोह करना। 2. to pass from one key to another (in music) एक स्वर से दूसरे स्वर पर जाना, स्वर बदलना।

modulation (माड्-यू-ले´-शॅन्) *n.* the act of modulating or the state of being modulated, स्वर का आरोह या अवरोह, आरोहण-अवरोहण।

module (माड्´-यूल्) *n.* a standard of measurement, मापदंड, माप।

modus operandi (मो´-डॅस्-ऑप्-अॅ-रैन्´-डाई) *n.* particular way of doing something, विशेष पद्धति, कार्य-प्रणाली या कार्यविधि। (लैटिन)

modus vivendi (मो´-डॅस्-वि-वॅन्´-डाई) *n.* a working compromise, विवादी पक्षों में होनेवाला अंतरिम समझौता (लैटिन)।

moggy (मॉ´-गी) *n.* a cat, बिल्ली।

mogul (मो´-गॅल्) *n.* an important or powerful person, महत्त्वपूर्ण या शक्तिशाली व्यक्ति।

mohair (मो´-हॅअॅ:) *n.* long silky hair of angora goat, अंगोरा बकरी के लंबे रेशमी बाल।

moiety (माइ´-इ-टी) *n.* a half part of something, आधा भाग, आधा।

moire (म्वा´-रे) *n.* a kind of silk, एक तरह का रेशम।

moist (मॉइस्ट्) *adj.* 1. damp, गीला, नम, तर, आर्द्र। 2. soiled, सीड़-भरा, सीलन-भरा।

moisten (मॉइ´-सॅन्) *v.* (moistened, moistening) to become or make wet, भीग जाना या भिगो देना, नम होना या करना।

moisture (मॉइस्´-चॅ:) *n.* dampness, नमी, आर्द्रता।

moisturize (मॉइस्´-चॅ-राइज़्) *v.* (moisturized, moisturizing) to add moisture, नम करना, भिगोना।

molar (मो´-लॅ:) *n.* any of the grinding teeth, दाढ़।

molasses (मॅ-लैस्´-इज़्) *n.* unrefined sugar syrup, शीरा।

mole[1] (मोल्) *n.* a small dark raised mark on the skin, तिल।

mole[2] *n.* a break water, समुद्री प्राचीर, तटबंध।

mole[3] *n.* a small burrowing animal, छछूँदर।

molecular (मॉ-लि-क्यू-लॅ:) *adj.* of molecule, आणविक।

molecule (मॉल्´-इ-क्यूल्) *n.* the smallest unit of atoms, अणु।

molehill (मोल्´-हिल्) *n.* a small mound of loose earth thrown up by a mole, छछूँदर द्वारा बनाया/लगाया हुआ मिट्टी का ढेर। □ **make a mountain of a molehill,** राई का पहाड़ बनाना, तिल का ताड़ करना।

molest (मॅ-लॅस्ट्´) *v.* (molested, molesting) 1. to trouble and injure by attacking, घायल करना, रौंदना। 2. to attack sexually, छेड़छाड़ करना, छेड़खानी करना।

molestation (मो-लॅं-स्टे´-शॅन्) *n.* the act of molesting, छेड़छाड़, छेड़खानी।

moll (मॉल्) *n.* a female companion of a gangster, किसी अपराधी व्यक्ति की सहायिका।

mollification (मॉल्-इ-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* the act of mollifying, प्रशमन।

mollify (मॉल्´-इ-फ़ाइ) *v.* (mollified, mollifying) to calm, शांत करना, प्रशमित करना।

mollusc, mollusk (मॉल्´-अस्क्) *n.* a class of animals usually covered with a shell, कवचधारी प्राणी, कवचित जीव।

mollycoddle (मॉल्´-ई-कॉड्-अॅल्) *v.* (mollycoddled, mollycoddling) to pamper, लाड़-प्यार करना, दुलार करना। *n.* a mollycoddled person, दुलारा, लाड़ला व्यक्ति।

molt, moult (मोल्ट्) *v.* (molted, molting; moulted, moulting) 1. to lose feather, पंख झाड़ना। 2. to shed skin, केंचुली उतारना। 3. to lose hair, बाल झड़ना। *n.* 1. the act of molting, (पंख) झड़ना, (केंचुली) उतारना। 2. the cast off covering, झाड़े हुए पंख, उतारी हुई केंचुली।

molten (मोल्´-टॅन्) *adj.* melted, पिघला हुआ।

molybdenum (मॅ-लिब्´-डॅ-नॅम्) *n.* an element, एक तत्त्व।

mom (मॉम्) *n.* mother, माँ, माता।

moment (मो´-मॅन्ट्) *n.* 1. a brief interval of time, पल, क्षण। 2. a specific point in time, समय, घड़ी; He is reading at this moment. इस घड़ी/समय वह पढ़ रहा है। 3. a particular period of importance, महत्त्वपूर्ण समय। 4. importance, महत्त्व। □ **at the moment,** अभी; **for the moment,** फ़िलहाल; **in a moment,** क्षण भर में; **moment of truth,** संकट की घड़ी, परीक्षा की घड़ी; **not for a moment,** एक क्षण के लिए भी नहीं, बिल्कुल नहीं।

momentarily (मो´-मॅन्-टॅर्-इ-ली) *adv.* for a short period, थोड़े समय के लिए।

momentary (मो´-मॅन्-टॅ-री) *adj.* lasting for a moment, क्षणिक।

momently (मो´-मॅन्ट्-ली) *adv.* from moment to moment, क्षण-क्षण।

momentous (मो´-मॅन्´-टॅस्) *adj.* of great importance, महत्त्वपूर्ण।

momentum (मो-मॅन्´-टॅम्) *n.* 1. impetus gained by movement, संवेग। 2. (fig.) driving power or strength, तेज़ी, बल, वेग।

mommy (मॉम्´-ई) *n.* mother, माँ, माता।

monarch (मॉन्´-अ:क्) *n.* a king, राजा, महाराजा।

monarchism (मान्´-अ:-किज़्-अॅम्) *n.* the idea that monarchy is the best government, राजतंत्रवाद।

monarchist (मान्´-अॅ:-किस्ट्) *n.* one who favours monarchism, राजतंत्रवादी।

monarchy (मॉन्´-अॅ:-की) *n.* govt. by a monarch, राजतंत्र।

monastery (मॉन्´-अॅस्-टॅ-री) *n.* the dwelling place of monks, मठ, साधु-विहार, आश्रम।

monastic (मॅ-नैस्´-टिक्) *adj.* 1. of monks, साधुओं या मठवासियों का। 2. of monasteries, मठ-संबंधी।

monasticism (मॅ-नैस्´-टि-सिज़्-अॅम्) *n.* the way of life of monks, साधुओं का जीवन, साधुओं की दिनचर्या।

Monday (मन्´-डे) *n.* the second day of the week, सोमवार।

monetary (मॉन्´-इ-टॅ-री) *adj.* of or pertaining to money or currency, मुद्रा-संबंधी, मौद्रिक।

monetization (मॉन्´-इ-टाइ-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of monetizing or the state of being monetized, मुद्रीकरण।

monetize (मॉन्´-इ-टाइज़्) *v.* to establish as legal tender, मुद्रा के रूप में स्थापित होना/करना।

money (मन्´-ई) *n.* 1. coins and bank notes (as medium of exchange), रुपया-पैसा, मुद्रा। 2. amount of money, धन, रक़म। 3. currency, मुद्रा। □ **get one's money's worth,** दाम वसूल हो जाना; **in the money,** जिसकी पाँचों उँगलियाँ घी में हों; **make money,** ख़ूब धन कमाना; **marry money,** रईस लड़की/लड़के से शादी करना; **put money on,** बाज़ी/शर्त लगाना।

moneyback (मन्´-ई-बैक्´) *adj.* promising to return a customer's money at intervals, धनवापसी; moneyback policy, धनवापसी पालिसी।

moneybag (मन्´-ई-बैग्) *n.* a purse, बटुआ।

moneybags (मन्´-ई-बैग्स्) *n.* a very rich person, धनाढ्य व्यक्ति।

moneybox (मन्´-ई-बॉक्स्) *n.* a box in which

money is placed, पेटी, गुल्लक, गोलक।

moneychanger (मन्´-ई-चेन्-जॅ:) *n.* one who changes currencies, मुद्रा-परिवर्तन करनेवाला, मुद्रा-परिवर्तक।

moneyed (मन्´-ईड्) *adj.* rich, धनी, धनाढ्य।

money-grubber (मन्´-ई-ग्रब्-अॅ:) *n.* one who is eager to become rich, धनलोलुप, धन जोड़नेवाला।

moneylender (मन्´-ई-लॅन्-डॅ:) *n.* one who lends money at interest, महाजन, साहूकार।

moneylending (मन्´-ई-लॅन्-डिंग्) *n.* act or profession of lending money at interest, महाजनी, साहूकारी।

moneymaker (मन्´-ई-मे-कॅ:) *adj.* earning profusely, कमाऊ।

money order *n.* a form to send money to someone through post office, धनादेश, मनीआर्डर।

money-spinner (मन्´-ई-स्पिन्-अॅ:) *n.* a source of wealth, वह जिससे धन की प्राप्ति होती हो, धन का अजस्त्र स्रोत।

monger (मांग्´-अॅ:) *n.* a dealer, व्यापारी।

mongoose (मांग्´-गूस्) *n.* a small mammal that kills snake and rats, नेवला, न्योला।

mongrel (मांग्´-ग्रॅल्) *n.* a plant or animal of mixed breed, वर्णसंकर, दोगली नस्ल का पशु या पौधा।

monicker, moniker (मॉन्´-इ-कॅ:) *n.* a person's name, व्यक्ति का नाम।

monism (मॉन्´-इज्-अॅम्) *n.* the doctrine that reality consists of only one substance, अद्वैतवाद, एकात्मवाद।

monist (मॉन्´-इस्ट्) *n.* a follower or supporter of monism, अद्वैतवादी, एकात्मवादी।

monistic (मॅ-निस्´-टिक्) *adj.* of monism or monist, अद्वैतवादी।

monition (मो/मॅ-निश्´-अॅन्) *n.* a warning, चेतावनी।

monitor (मॉन्´-इ-टॅ:) *n.* 1. a leader of a class, मानीटर, कक्षानायक। 2. an electronic device of observing, checking or testing some process, मानीटर। *v.* (monitored, monitoring) to observe, check or test, पड़ताल करना, चेक करना, देखना।

monitory (मॉन्´-इ-टॅ-री) *adj.* giving a warning, चेतावनी देनेवाला।

monk (मंक्) *n.* a religious male person living in a monastery, विहार या आश्रम में रहनेवाला ईसाई साधु।

monkey (मङ्´-की) *n.* 1. a long-tailed tree-climbing animal, बंदर, वानर। 2. a playful child, शरारती बच्चा। *v.* (monkeyed, monkeying) 1. to imitate, नक़ल उतारना। 2. to play about mischievously, शरारत करना, उछल-कूद करना। 3. to deride, हँसी उड़ाना।

monkey business *n.* mischievous dealing, धोखेधड़ी का काम।

monkeyshine (मॉङ्´-की-शाइन्) *n.* a prank, trick, चालबाज़ी, शरारत।

monkey wrench *n.* a wrench with adjustable jaws, चूड़ीदार रिंच।

mono (मॉन्-ओ) ***prefix.*** single, one, एक।

monochromatic (मॉन्-ओ-क्रो-मैट्´-इक्) *adj.* black and white, श्वेत-श्याम, एकरंगा।

monocle (मॉन्´-अॅ-कॅल्) *n.* an eyeglass for one eye only, एक आँख का चश्मा।

monocracy (मॅ-नाक्´-रॅ-सी) *n.* government by one person, एक व्यक्ति का शासन, एकतंत्र।

monocular (मॅ-नॉक्´-यु-लॅ:) *adj.* of or pertaining to one eye, एकनेत्र, एकनेत्री।

monogamy (मॅ-नॉग्´-अॅ-मी) *n.* the custom or practice of having only one wife/husband at a time, एक पति और एक पत्नी का सिद्धांत, एक विवाह-प्रथा।

monogram (मॉन´-अॅ-ग्राम / ग्रैम्) *n.* a design of one or more letters, मोनोग्राम।

monograph (मॉन्´-अॅ-ग्राफ़ / ग्रैफ़्) *n.* an essay on one particular subject, एकबंध, विनिबंध।

monolingual (मॉन्-अॅ-लिंग्´-ग्वल्) *adj.* knowing or using only one language, एक भाषीय, एकभाषी।

monolith (मॉन्´-अॅ-लिथ्) *n.* a large pillar of single stone, एकाश्म, एक ही पत्थर का बना बहुत बड़ा खंभा।

monolithic (मॉन्´-अॅ-लिथ्-इक्) *adj.* 1. of a

monolith, एकाश्म संबंधी। 2. very large, बहुत बड़ा।

monologue (मॉन्´-ॲ-लॉग्) *n.* 1. a long speech, लंबा भाषण। 2. a speech by an actor, esp. when alone, स्वगत भाषण।

monomania (मॉन्-ॲ-मे´-नि-ॲ) *n.* wild craze for one thing only, किसी एक काम या बात की झक।

monoplane (मॉन्´-ॲ-प्लेन्) *n.* a plane with one pair of wings, दुपंखी जहाज।

monopolist (मॅ-नॉप्´-ॲ-लिस्ट्) *n.* one who has a monopoly, एकाधिकारी।

monopolistic (मॅ-नॉप्´-ॲ-लिस्´-टिक्) *adj.* of or relating to a monopolist or monopoly, एकाधिकारी-संबंधी; एकाधिकार-संबंधी।

monopolization (मॅ-नॉप्-ॲ-लि-जे´-शॅन्) *n.* the act of monopolizing or the state of being monopolized, एकाधिकारीकरण।

monopolize (मॅ-नॉप्´-ॲ-लाइज़्) *v.* (monopolized, monopolizing) to obtain a monopoly of, एकाधिकार प्राप्त कर लेना।

monopolized (मॅ-नॉप्´-ॲ-लाइज़्ड्) *adj.* (business of something) under monopoly, एकाधिकृत।

monopoly (मॅ-नॉप्´-ॲ-ली) *n.* a sole right of doing some business or dealing one commodity, एकाधिकार।

monorail (मॉन्´-ॲ-रेल्) *n.* 1. a railway with a single rail, एकल पटरी, पर चलनेवाली गाड़ी। 2. the rail of sucha railway, एकल पटरी।

monosyllabic (मॉन्-ॲ-सि-लैब्´-इक्) *adj.* consising of one syllable only, एकाक्षरी, एकाक्षर।

monosyllable (मॉन्-ॲ-सिल्-ॲ-बॅल्) *n.* a word of one syllable, एक अक्षरवाला शब्द, एकाक्षर शब्द।

monotheism (मॉन्´-ॲ-थी´-इज़्-ॲम्) *n.* the theory of one god only, एकेश्वरवाद, अद्वैतवाद।

monotheist (मॉन्-ॲ-थी-इस्ट्) *n.* a supporter of monotheism, एकेश्वरवादी।

monotheistic (मॉन्-ॲ-थी-इस्´-टिक्) *adj.* of monotheism, एकेश्वरवादी।

monotint (मॉन्´-ॲ-टिन्ट्) *adj.* black and white, श्वेत-श्याम, इकरंगा।

monotone (मॉन´-ॲ-टोन्) *n.* the manner of singing in a single tone, एकतानता, एकस्वरता।

monotonous (मॅ-नॉट्´-ॲ-नॅस्) *adj.* repetitiously dull, एकरस, नीरस।

monotony (मॅ-नॉट्´-ॲ-नी) *n.* the state of being monotonous, एकरसता, नीरसता।

monotype (मॉन्´-ॲ-टाइप्) *n.* a machine for casting types, मॉनोटाइप।

Monsieur (मॅ-स्य:´) *n.* Mr. or sir, श्रीयुत, श्रीमान्, महोदय। (फ्रांसासी)

Monsignor (मॉन-सी´-न्य:) *n.* a title of Roman Catholic priests, महामान्य। (फ़्रांसीसी)

monsoon (मॉन्-सून्´) *n.* 1. winds that bring rains from April to October, मानसून, पावस। 2. rainy season, बरसात, वर्षाऋतु।

monsoonal (मॉन्-सून्´-ॲल्) *adj.* of or pertaining to monsoon, वर्षाऋतु-संबंधी।

monster (मॉन्-स्टॅ:´) *n.* 1. an imaginary person of abnormal size and power, दैत्य, राक्षस। 2. one who inspires horror and disgust, अत्याचारी या नृशंस व्यक्ति।

monstrosity (मॉन्-स्ट्रॉस´-इ-टी) *n.* 1. a malformation of a plant or animal, टेढ़ा-मेढ़ा पौधा या प्राणी। 2. an object of terrifying size or force, दैत्याकार वस्तु। 3. the quality or state of being monstrous, क्रूरता, नृशंसता, वीभत्स कर्म।

monstrous (मॉन्´-स्ट्रॅस्) *adj.* 1. huge, भीमकाय, भीमाकार। 2. frightening, विकराल, विकट, डरावना। 3. disgusting, घृणा उत्पन्न करनेवाला, घिनौना।

montage (मॉन-टॉज़्´) *n.* a picture produced by combining several pictures, विभिन्न चित्रों को जोड़कर बनाया जानेवाला चित्र, जोड़-चित्र।

montane (मॉन्´-टेन्) *adj.* of mountains, पहाड़ी।

Montessori (मॉन्-टॅ-सोर्´-ई) *n.*, ~ **method**, a method of teaching young children by directing their natural activities, मान्टिसरी

पद्धति।

month (मन्थ्) *n.* one of the 12 named divisions of the year, महीना, मास, माह।

monthly (मन्थ्´-ली) *adj.* occurring, published or payable once a month, मासिक, माहवारी। *n.* a monthly magazine, मासिक पत्रिका। *adv.* once a month, महीनें में एकबार, महीने-महीने पर, प्रतिमास।

monument (मॉन्´-यु-मॅन्ट्) *n.* 1. a historical structure, स्मारक। 2. a tombstone, समाधि-शिला। 3. an outstanding achievement, महत्त्वपूर्ण उपलब्धि।

monumental (मॉन्-यु-मॅन्´-टॅल्) *adj.* 1. of monument, स्मारकीय। 2. extremely great, विशाल। 3. of permanent importance, चिरस्थायी, चिरस्मरणीय।

monumentally (मॉन्-यु-मॅन्´-टॅ-ली) *adv.* to a very great degree, बहुत अधिक या बहुत बड़ी मात्रा में।

moo (मू) *n.* the sound made by a cow, गाय के रंभाने का शब्द।। *v.* (mooed, mooing) to make the sound that a cow makes, रंभाना।

mooch (मूच्) *v.* (mooched, mooching) to obtain free, मुफ़्त में पाना। □ **mooch about,** मटरगश्ती करना।

mood[1] (मूड्) *n.* 1. a state of mind, मनःस्थिति, मनोदशा। 2. disposition, स्वभाव, मिज़ाज, तबीयत। 3. a fit of bad temper, तुनकमिज़ाजी।

mood[2] *n.* any of three groups of forms of a verb i.e. indicative, imperative or subjunctive. क्रिया के संकेतार्थ, विध्यार्थ और संभावनार्थ तीन प्रकारों में से कोई एक।

moody (मू´-डी) *adj.* temperamental, मनमौजी, तुनकमिज़ाज।

moon (मून्) *n.* 1. the natural satellite of the earth, चंद्रमा, चाँद। 2. any natural satellite, उपग्रह। □ **cry for the moon,** चाँद के लिए मचलना, असंभव की प्राप्ति का प्रयत्न करना; **once in a blue moon,** शायद ही कभी; **over the moon,** अत्यंत प्रसन्न। *v.* (mooned, mooning) to wander about in a dreamy or aimless manner, बिना मतलब घूमते रहना।

moon beam *n.* a ray of moonlight, चाँद की किरण, चंद्रकिरण।

mooncalf (मून्´-काफ़्) *n.* a person of weak mind, भोंदू।

moonlight (मून्´-लाइट्) *n.* the light of the moon, चाँदनी, ज्योत्स्ना।

moonlit (मून्´-लिट्) *adj.* lit by the moon, चाँदनी में नहाया हुआ, ज्योत्स्ना-स्नात; moonlit night, चाँदनी रात।

moonshine (मून्´-शाइन्) *n.* 1. moonlight, चाँदनी। 2. foolish talk, मूर्खतापूर्ण बात। 3. illegally distilled whisky, अवैध शराब।

moonstone (मून्´-स्टोन्) *n.* a milky-white stone, चंद्रमणि।

moonstruck (मून्´-स्ट्रक्) *adj.* mad, पागल, विक्षिप्त।

moony (मून्´-नी) *adj.* foolish, मूर्ख।

moor[1] (मूर्) *v.* (moored, mooring) to fasten (a boat or ship) by ropes or anchor, (नाव या जहाज़ को) लंगर डालकर या रस्से से बाँधकर खड़ा करना।

moor[2] *n.* barren land, बंजर भूमि।

mooring (मूर्´-इंग्) *n.* 1. a place where boats are moored, नावें बाँधने का स्थान। 2. ropes or cables by which something is moored, नावें बाँधने के रस्से आदि।

moorings (मूर्´-इंग्स्) *n.* (plu.) moral principles, नैतिक नियम, रीति-नीति। □ **lose one's moorings,** नैतिक नियमों की परवाह न करना।

moorland (मूर्´-लैन्ड्) *n.* barren land, बंजर-भूमि।

moose (मूस्) *n.* a type of deer, हिरनों की एक जाति।

moot (मूट्) *adj.* 1. debatable, विवादास्पद। 2. undecided, अनिश्चित। *v.* (mooted, mooting) to raise for discussion, बहस के लिए उठाना।

moot court *n.* a court for trying hypothetical questions, नक़ली कचहरी।

moot point *n.* an undecided point, विवाद-विषय।

mop (मॉप्) *n.* an implement for cleaning floor, फ़र्श पोंछने का उपकरण। *v.* (mopped,

mopping) to clean with a mop, साफ़ करना, पोंछना।

mope (मोप्) *v.* (moped, moping) to be dejected, उदास होना।

moped (मो´-पेड्) *n.* a motorbike, मोपेड।

moppet (मॉप्´-इट्) *n.* a young child, नन्हा बच्चा।

moquette (मो´-केंट्) *n.* a type of thick material, सन।

moraine (मॅ-रेन्´) *n.* a mass of debris carried down by glacier, हिमनद द्वारा लाया हुआ मलबा।

moral (मॉर्´-ॲल्) *adj.* according to the established standard of good behaviour, सदाचारपूर्ण, नीतिपूर्ण, नैतिक। *n.* 1. the principle taught by a story or event, निष्कर्ष। 2. morals (plu.) rules of (sexual) conduct, सदाचार, नीति। ☐ **of loose morals,** भ्रष्ट, चरित्रहीन।

morale (मॅ-रैल्´/मॅ-राल्´) *n.* 1. mental confidence, मनोबल। 2. moral confidence, नैतिक बल।

moralist (मॉर्´-ॲ-लिस्ट्) *n.* a person who preaches or follows moral principles, नीतिज्ञ या सदाचारी व्यक्ति।

moralistic (मॉर्-ॲ-लिस्´-टिक्) *adj.* pertaining to the right or wrong conduct, सदाचार-संबंधी, नीति-संबंधी।

moralistically (मॉर्-अ-लिस्´-टि-कॅ-ली) *adv.* morally, नैतिक दृष्टि से।

morality (मॅ-रैल्´-इ-टी) *n.* 1. rightness of behaviour, नीति, सदाचार, नैतिकता। 2. moral principle, नैतिक सिद्धांत।

moralize (मॉर्´-ॲ-लाइज़्) *v.* (moralized, moralizing) to express one's thoughts about rightness and wrongness of a human behaviour, सदाचार की बातें करना, नीति बघारना।

morally (मॉर्´-ॲ-ली) *adv.* 1. with regard to morals, नैतिक रूप/दृष्टि से। 2. probably, संभवत:।

morass (मॅ-रैस्´) *n.* a bog or marsh, दलदल।

moratorium (मॉर्-ॲ-टोर्´-इ-ॲम्) *n.* (plu. moratoria) 1. an order of stopping or delaying an activity temporarily, अस्थायी निलंबन-आदेश। 2. a temporary suspension of payments, मोहलत।

morbid (मॉ:´-बिड्) *adj.* 1. unhealthy, रुग्ण, अस्वस्थ, रोगजन्य। 2. gruesome, भयावह, वीभत्स।

morbidity (मॉ:´-बिड्´-इ-टी) *n.* 1. the state of being morbid, रुग्णता, रुग्णावस्था। 2. gruesomeness, वीभत्सता।

morbific (मॉ:´-बि-फ़िक्) *adj.* causing a disease, रोगकारक, रोगकारी।

mordacious (मॉ:´-डे´-शॅस्) *adj.* 1. given to biting, कटखना, काट खानेवाला। 2. sarcastic, कटु, व्यंग्यपूर्ण।

mordant (मॉ:´-डॅन्ट्) *adj.* 1. sarcastic, व्यंग्यपूर्ण। 2. incisive, कटु, काटनेवाला, मर्मवेधी।

more (मो:) *adj.* 1. greater in number, और अधिक। 2. greater in size or degree, और बड़ा। 3. additional, अतिरिक्त। *n.* a greater quantity or number, अपेक्षया अधिक परिमाण या संख्या। *adv.* 1. in a greater degree, और अधिक। 2. again, दुबारा, पुन:, फिर। ☐ **more and more,** और भी अधिक; **more or less,** लगभग, करीब-करीब।

morel (मॅ-रॅल्´) *n.* a mushroom, कुकुरमुत्ता, खुमी, गुच्छी।

moreover (मोर्-ओ´-वॅ:) *adv.* besides, इसके अतिरिक्त/सिवा।

mores (मोर्´-एज़्) *n.* (plu.) customs of community, रीति-रिवाज, लोकाचार, प्रथाएँ।

morganatic (मॉर्-गॅ-नैट्´-इक्) *adj.* pertaining to a marriage between a person of high rank and a person of low rank, अनुलोम विवाह-संबंधी।

morgue (मॉ:ग्) *n.* 1. a building in which dead bodies of unknown persons are kept temporarily, मुरदाघर। 2. a file containing paper clippings, कतरन फ़ाइल।

morning (मॉ:´-निंग्) *n.* 1. the early part of the day, सुबह, सबेरा। 2. dawn, प्रात:, भोर। 3. the early period, आरंभिक काल। ☐ **morning, noon and night,** चौबीसों घंटे; **the morn-**

ing after, ख़ुमारी। *adj.* occurring in the morning, सुबह का, प्रात:कालीन; morning tea, सुबह की चाय।

morning glory *n.* a plant and its flower, एक प्रकार का पौधा, कलदाना।

morning sickness *n.* nausea occurring in morning during early pregnancy, गर्भवती स्त्री को होनेवाली सुबह की मिचली।

morning star *n.* the bright planet seen in the east immediately before sunrise, सुबह का तारा, शुक्रग्रह।

morocco (मॅ-रॉक्´-ओ) *n.* a fine soft leather used in book binding, जिल्दबंदी के काम आनेवाला एक प्रकार का बढ़िया चमड़ा, अजाचर्म।

moron (मोर्´-ऑन्) *n.* 1. a person of weak mind, मंदबुद्धि, अल्पबुद्धि। 2. a stupid person, मूर्ख व्यक्ति।

moronic (मॅ-रॉन्´-इक्) *adj.* foolish or stupid, मूर्खतापूर्ण, मूर्खों का-सा।

morose (मॅ-रोस्´) *adj.* 1. ill-tempered, चिड़चिड़े स्वभाववाला। 2. sad, gloomy, उदास, विषण्ण, खिन्न।

morosely (मॅ-रोस्´-ली) *adv.* angrily, चिड़चिड़ेपन से, खिन्नता से।

morpheme (मॉ:´-फ़ीम्) *n.* the smallest meaningful grammatical unit, रूपिम, रूपग्राम।

morphemic (मॉर्-फ़ी´-मिक्) *adj.* of morphemes, रूपिम-संबंधी।

morphemics (मॉर्-फ़ी´-मिक्स्) *n.* morphology, रूपिम विज्ञान।

morphine (मॉ:´-फ़ीन्) *n.* a drug used for stopping pain, मार्फ़िया।

morphological (मॉ:-फ़ॅ-लॉज्´-इ-कॅल्) *adj.* of morphology, रूपिम।

morphologist (मॉर्-फ़ॉल्´-ॲ-जिस्ट्) *n.* an expert in morphology, रूपिम विज्ञानी।

morphology (मॉ:-फ़ॉल्´-ॲ-जी) *n.* 1. the study of word formation, रूपिम-विज्ञान। 2. the science dealing with the form and structure of organisms, रूपविज्ञान।

morrow (मॉर्´-ओ) *n.* the following day, (आनेवाला) कल, (आगामी) कल।

Morse code (मॉ:स्´-कोड्) *n.* a code used in signalling, मॉर्स पद्धति (सैमुअल मॉर्स द्वारा अन्वेषित तार-पद्धति)।

morsel (मॉ:´-सॅल्) *n.* 1. a mouthful of food, कौर, ग्रास, निवाला। 2. a bit, टुकड़ा। □ **a bit of morsel,** रत्ती भर।

mortal (मॉ:´-टॅल्) *adj.* 1. liable to death, मरणधर्मा, मरणशील, मर्त्य। 2. fatal, deadly, घातक, प्राणघातक। 3. fierce, violent, intense, प्रचंड, उग्र, विकट, घोर। *n.* a human being, आदमी, मानव, मनुष्य।

mortality (मॉ:´-टैल्´-इ-टी) *n.* 1. the state of being a mortal, मरणशीलता। 2. great loss of life, बहुत अधिक लोगों का मरना। 3. the number of deaths from a certain cause, मृत्यु-संख्या।

mortally (मॉ:´-टॅ-ली) *adv.* 1. fatally, घातक रूप से। 2. very greatly, deeply, अत्यधिक, ज़बरदस्त।

mortar[1] (मॉर्´-टॅ:) *n.* a mixture of lime, sand and water, गारा, मसाला। *v.* (mortared, mortaring) to plaster with a mortar, गारे या मसाले से प्लास्टर करना।

mortar[2] *n.* 1. a vessel for pounding, ऊखल, खरल। 2. a small cannon, छोटी तोप।

mortar board *n.* a black square academic cap, काली चौकोर टोपी।

mortgage (मॉ:´-गिज्) *v.* (mortgaged, mortgaging) to give someone something as security for payment of a loan, रेहन या गिरवी रखना, बंधक रखना। *n.* 1. pledging of a property as security against loan, गिरवी रख हुई वस्तु, बंधक, रेहन। 2. the deed of pledging, गिरवीनामा।

mortgagee (मॉ:´-गॅ-जी´) *n.* one who keeps property as security against loan, रेहनदार, गिरवीदार, बंधकी।

mortgagor (मॉ:´-गॅ-जॅ:) *n.* one who mortgages one's property, अपनी संपत्ति रेहन/गिरवी रखनेवाला, बंधकदाता।

mortician (मॉ:-टिश्´-ॲन्) *n.* one who makes arrangements for funerals, अंत्येष्टि-प्रबंधक।

mortification (मॉ:-टि-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* the

act of mortifying or the state of being mortified, नीचा दिखाना या देखना, शर्मिंदा करना या होना।

mortify (मा:´-टि-फ़ाइ) *v.* (mortified, mortifying) 1. to humiliate, शर्मिंदा करना, नीचा दिखाना, ज़लील करना। 2. to conquer one's desires by self-denial, संयम बरतना। 3. (of flesh) to decay, (मांस का) सड़ना।

mortise, mortice (मा:´-टिस्) *n.* a hole cut in a piece of wood into which the end of another part is inserted, खाँचा, छेदा। *v.* (mortised, mortising) 1. to cut a mortise in, खाँचा/सुराख़ करना। 2. to join with a mortise, चूल बैठाना।

mortuary (मा:´-चॅ-री) *n.* a morgue, लाशघर, शवगृह।

mosaic (मो-ज़े´-इक्) *n.* a design made up of small pieces of stone or glass, मोज़ैक।

mosey (मो´-ज़ी) *v.* (moseyed, moseying) to move at an easy gait, धीरे-धीरे चलना, टहलना।

mosque (मॉस्क्) *n.* a Muslim place of worship, मस्जिद।

mosquito (मॅ-स्की´-टो) *n.* a blood-sucking winged insect, मच्छर।

mosquito net *n.* a net to keep mosquitoes out, मच्छरदानी, मसहरी।

moss (मॉस्) *n.* a class of plants, काई, शैवाल।

mossback (मा:स्´-बैक्) *n.* an old fashioned person, दकियानूस।

mossy (मा:´-सी) *adj.* 1. covered in moss, काई से आच्छादित, काई-भरा। 2. like moss, काई के रंग का।

most (मोस्ट्) *adj.* greatest in number, अधिकतर, अधिकांश। *n.* the greatest number, अधिकांश। □ **at the most or at most,** अधिक से अधिक; **for the most part,** अधिकतर अवस्थाओं में, मुख्यतः; **make the most of,** अधिक से अधिक उपयोग करना या लाभ उठाना। *adv.* used as suffix, forming the superlative of greater number of adjectives and adverbs, बहुत अधिक, सब से अधिक।

mostly (मोस्ट्´-ली) *adv.* chiefly, ज़्यादातर, अधिकतर।

mot (मो) *n.* a short witty saying, कहावत, लोकोक्ति। (फ्रांसीसी)

mote (मोट्) *n.* a particle of dust, धूल का कण, धूलिकण, ज़र्रा।

motel (मो´-टॅल्) *n.* a hotel built for travelling motorists, वह होटल जिसमें गाड़ियों को ठहराने की व्यवस्था हो, मोटल।

motet (मो´-टॅट्) *n.* a devotional song, भजन।

moth (मा:थ्, मॉथ्) *n.* a winged insect, कपड़े में लगनेवाला कीड़ा, कपड़कीड़ा।

mothball (मा:थ्´-बा:ल्) *n.* a ball for keeping away moths from clothes, फ़िनायल की गोली। □ **put in mothballs,** (चीज़ या काम) बंद कर छोड़ना, रख छोड़ना।

moth-eaten (मॉथ्´-ई-टॅन्) *adj.* 1. eaten away by moths, कीड़ों द्वारा खाया हुआ, घुन-लगा। 2. very worn out, सड़ा-गला।

mother (मद्´-अॅ:) *n.* 1. one's own female parent, माँ, माता, अम्मा, जननी। 2. a term of address for an old woman, माता (जी)। 3. a woman who is head of a religious order, माता, मादा। *v.* (mothered, mothering) 1. to give birth to, जन्म देना, जनना। 2. to look after in a motherly way, लालन-पालन करना, पालना-पोसना। *adj.* 1. motherly, माता-जैसा या माता का। 2. being a mother, मदर; a mother bird, मादा पक्षी।

mother country *n.* one's native country, मातृभूमि।

mothercraft (मद्´-अॅ:-क्राफ़्ट् / क्रैफ़्ट्) *n.* the art of rearing babies, शिशुपालन-कला।

motherhood (मद्´-अॅ:-हुड्) *n.* the state of being a mother, मातृत्व।

mother-in-law (मद्´-अॅ:-इन्-ला:) *n.* the mother of one's wife or husband, सास।

motherland (मद्´-अॅ:-लैन्ड्) *n.* one's native country, मातृभूमि।

motherlike (मद्´-अॅ:-लाइक्) *adj.* like a mother, मातृ-सदृश।

motherly (मद्´-अॅ:-ली) *adj.* like a mother, माता के जैसा, माँ का-सा।

mother-of-pearl (मद्-अॅ:-आ:फ़्-प:ल्´) *n.*

the internal layer of certain shells, सीप, सीपी, कुछ सीपियों की भीतरी चमकीली परत (जिससे बटन आदि बनते हैं)।

mother-to-be (मद्-अँ:-टु-बी´) *n.* (plu. mothers-to-be) a pregnant woman, गर्भवती स्त्री।

mother tongue *n.* one's native language, मातृभाषा, मादरी ज़बान।

motif (मो-टीफ़´) *n.* underlying idea in a piece of literature or art, मूल भाव।

motile (मो´-टिल्) *adj.* capable of motion, गतिशील।

motility (मो-टिल्´-इ-टी) *n.* the state of being motile, गतिशीलता।

motion (मो´-शॅन्) *n.* 1. the act or state of moving, गति, चाल। 2. a gesture, इंगित, संकेत। 3. a proposal, प्रस्ताव। 4. the evacuation of the bowels, excrement, टट्टी, पाख़ाना। 5. a part of a moving mechanism, मशीन का चलनेवाला अंग। 6. the action of such a part, उक्त अंग की हरकत। □ **go through the motions,** दिखावटी या चलता काम करना; **in motion,** चलता हुआ, गतिशील; **of his own motion,** स्वप्रेरणा से; **put/set in motion,** चलाना, प्रवर्तन करना। *v.* (motioned, motioning) to make a gesture, इंगित/इशारा करना।

motionless (मो´-शॅन्-लिस्) *adj.* 1. not moving, गतिहीन, निश्चल। 2. out of senses, अचेत, बेसुध।

motion picture *n.* a film, चलचित्र।

motivate (मो´-टि-वेट्) *v.* (motivated, motivating) to inspire, प्रेरणा देना, प्रेरित करना, अभिप्रेरित करना।

motivation (मो-टि-वे´-शॅन्) *n.* the act of motivating, प्रेरित करना, अभिप्रेरण।

motive (मो´-टिव्) *n.* the reason for certain course of action, हेतु, प्रयोजन, कारण या अभिप्रेरणा। *adj.* acting as a motive, कारणस्वरूप, अभिप्रेरक।

mot juste (मॉ´-जस्ट्) *n.* the appropriate word, उपयुक्त या सही शब्द। (फ्रांसीसी)

motley (मॉट्´-ले) *adj.* 1. varied, मिला-जुला, खिचड़ी। 2. multicoloured, रंग-बिरंगा।

motor (मो´-टॅ:) *n.* 1. something that produces motion, मोटर। 2. an engine of a vehicle, गाड़ी का इंजन। 3. a vehicle driven by an engine, मोटर, मोटरगाड़ी। *v.* (motored, motoring) to travel in an automobile, मोटर से यात्रा करना। *adj.* 1. driven by a motor, इंजन-चालित। 2. producing motion, गतिकारक।

motorbike (मोटॅ:´-बाइक्) *n.* a motorcycle, मोटर साइकिल।

motorboat (मो´-टॅ:-बोट्) *n.* a boat driven by a motor, मोटरबोट।

motorcade (मो´-टॅ:-केड्) *n.* a procession of motorcars, कारों का काफ़िला।

motorcar (मो´-टॅ:-का:) *n.* an automobile, मोटरकार।

motorcycle (मो´-टॅ:-साइ-कॅल्) *n.* a two-wheeled vehicle driven by a motor, मोटर-साइकिल। *v.* (motorcycled, motorcycling) to ride on a motorcycle, मोटर-साइकिल चलाना।

motoring (मो´-टॅर्-इंग्) *n.* 1. an act of driving a motor, मोटर-चालन। 2. a journey by a motor, मोटर यात्रा, मोटर द्वारा सैर।

motorist (मो´-टॅर्:-इस्ट्) *n.* one who drives or travels in an automobile, मोटर या कार चलानेवाला अथवा मोटर या कार में यात्रा करनेवाला

motorize (मो´-टॅ-राइज़्) *v.* (motorized, motorizing) to equip with motors, मोटर या इंजन लगाना।

motorman (मो´-टॅ:-मॅन्) *n.* 1. the operator of a motor, मोटर चलानेवाला। 2. an engine driver, इंजन-चालक।

mottled (मॉट्´-अॅल्ड्) *adj.* marked with different patches of colour, चित्तीदार।

motto (मोट्´-ओ) *n.* a word, phrase or sentence expresing a principle or goal, नीति वाक्य, आदर्श वाक्यांश, उद्देश्य।

mould¹ (मोल्ड्) *n.* 1. a frame to give a definite form to fluid, साँचा। 2. something shaped in a mould, साँचे में ढली वस्तु। 3. specific nature or character, स्वभाव, चरित्र। *v.* (moulded, moulding) 1. to make in a

mould, साँचे में ढालना। 2. to guide and control the development of, (चरित्र, आचार) निर्माण करना।

mould[2] *n.* a fungi, भुकड़ी, फफूँदी।

moulder (मोल्‌´-डॅ:) *v.* (mouldered, mouldering) to decay to dust, ढहना।

moulding (मोल्‌´-डिंग्) *n.* 1. the act of shaping in a mould, ढलाई।2. something moulded, ढली हुई वस्तु।

mouldy (मॉल्‌´-डी) *adj.* 1. covered with mould or fungi, जिस पर भुकड़ी जमी हो, भुकड़ीदार, फफूँद-लगा। 2. old, पुराना, दकियानूसी। 3. useless, रद्दी किस्म का।

moult, molt (मोल्ट्) *v.* (moulted, moulting) to shed feathers or skin, पंख झाड़ना या केंचुली छोड़ना। *n.* the process of moulting, पंख झाड़ना या केंचुली छोड़ना।

mound (मॉउन्ड्) *n.* any heap or pile, टीला, ढूह, भीटा।

mount[1] (मॉउन्ट्) *v.* (mounted, mounting) 1. to go up or climb, ऊपर जाना या चढ़ना। 2. to ride, सवारी करना या सवार होना। 3. to increase, बढ़ना।4. to fix, जड़ना या मढ़ना।5. to employ, नियुक्त करना। *n.* 1. a horse or other animal on which to ride, घोड़े आदि की सवारी। 2. the act of mounting, चढ़ना, ऊपर जाना। 3. something on which a thing mounted, आधार, चौखटा।

mount[2] *n.* a mountain, पहाड़।

mountain (मॉउन्‌´-टिन्) *n.* 1. a natural upward projection of the earth's surface, पहाड़, पर्वत। 2. a huge mass or heap, ढेर। 3. (fig.) anything of great quantity or size, पहाड़। *adj.* mountainous, पहाड़ी; mountain path, पहाड़ी रास्ता।

mountain chain *n.* a connected series of mountains, पर्वत-श्रृंखला, पर्वत-श्रेणी।

mountaineer (मॉउन्-टि-निअॅ:´) *n.* 1. one who climbs mountains, पर्वतारोही। 2. one who lives in a mountainous area, पर्वतवासी।

mountainous (मॉउन्‌´-टि-नॅस्) *adj.* 1. full of mountains, पहाड़ी, पर्वतीय।2. huge, विशाल, पर्वताकार, पर्वत-सदृश।

mountain range *n.* a group of mountians in a row, पर्वतमाला।

mountebank (मॉउन्‌´-टॅ-बैंक्) *n.* 1. one who sells quack medicines, नकली दवाएँ बेचनेवाला व्यापारी। 2. a person who practices medicine fradulently, नीम हकीम

mounted (मॉउन्‌´-टिड्) *adj.* serving on a horse back, अश्वारोही।

mourn (मो:न्) *v.* (mourned, mourning) 1. to express sorrow for the death of someone, शोक प्रकट करना।2. to observe the customs of mourning, मातम मनाना।

mourner (मो:´-नॅ:) *n.* 1. one who attends a funeral, मुर्दनी या शवयात्रा में जानेवाला।2. one who mourns, मातम मनानेवाला, मातमी।

mournful (मो:न्‌´-फुल्‌´) *adj.* showing grief, शोकपूर्ण, मातमी।

mourning (मो:´-निंग्) *n.* 1. grief, sorrow, शोक। 2. wearing of black clothes as a conventional sign of someone's death, किसी का मातम मनाने के लिए काले वस्त्र पहनना। 3. the period during which the death is mourned, शोक मनाने की अवधि। *adj.* of or relating to mourning, शोकमय, शोक-संबंधी।

mouse (मॉउस्) *n.* (pl. mice) 1. a rat, चूहा। 2. a shy person, संकोची या भीरु व्यक्ति। 3. a small device, कंप्यूटर का एक छोटा उपकरण। ☐ **as poor as Church mouse,** अत्यंत दरिद्र; **play cat and mouse with someone,** अत्यंत क्रूरतापूर्ण व्यवहार करना।

mouser (मॉउ´-जॅ:) *n.* a cat that catches mice, चूहे पकड़नेवाली बिल्ली।

mousetrap (मॉउस्‌´-ट्रैप्) *n.* a trap for catching mice, चूहेदानी।

mousse (मूस्) *n.* a sweat dish, एक तरह की मिठाई।

mousseline (मूस्‌´-लिन्) *n.* muslin, मलमल।

moustache (मॅ-स्टैर्श्/स्टार्श्) *n.* hair growing on the upper lip, मूँछ, मूँछें।

mousy, mousey (मॉउ´-सी) *adj.* 1. of mice, चूहों का। 2. brownish grey, चूहों के रंग का। 3. infested with mice, चूहों से ग्रस्त।4. shy,

दब्बू।5. unattractive, आकर्षणविहीन, बदसूरत।

mouth (मॉउथ्) ***n.*** the opening through which animals take food into their bodies, मुँह, मुख। 2. any opening resembling a mouth, मुँह। 3. the opening of a container, मुँह। 4. the opening of a cave, द्वार। 5. a place where a river enters the sea, मुँहाना। □ **by word of mouth,** मुँहज़बानी, मौखिक रूप से; **down in the mouth,** मुँह लटकाए हुए; **keep one's mouth shut,** मुँह बंद रखना, चुप्पी साधे रहना; **put the mouth on someone,** किसी का बुरा चेतना; **put into someone's mouth,** पट्टी पढ़ाना; **shut one's mouth,** चुप हो जाना; **take the words out of someone's mouth,** किसी के मुँह की बात छीनना। ***v.*** (mouthed, mouthing) 1. to take something into the mouth, मुँह में डालना। 2. to speak in a low tone, फुसफुसाना।

mouthful (मॉउथ्´-फुल्) ***n.*** as much as fills the mouth, कौर, ग्रास, निवाला।

mouthorgan (मॉउथ्´-ऑ:-गन्) ***n.*** a musical instrument, फूँककर बजाया जानेवाला एक बाजा, माउथ आर्गन।

mouthpiece (मॉउथ्´-पीस्) ***n.*** 1. a part of some instrument held in or near the mouth, बाजे का वह अंश जिसे मुँह में रखकर बजाया जाता है। 2. a person who speaks on someone's behalf, दूसरे की तरफ़ से बोलनेवाला। 3. an official paper of a party or institution, मुखपत्र।

mouthwash (मॉउथ्´-वाश्) ***n.*** a solution for cleaning the mouth, कुल्ला करने का सुगंधित द्रव्य।

mouth-watering (मॉउथ्´-वॉट्-अॅर्-इंग्) ***adj.*** very delicious as to cause saliva to flow, अति स्वादिष्ट, लार-टपकाऊ।

movable (मू´-वॅ-बॅल्) ***adj.*** able to be moved, not fixed, चल, जंगम।

movables (मू´-वॅ-बॅल्स्) ***n.*** (plu.) moveable articles, चल-संपत्ति।

move (मूव्) ***v.*** (moved, moving) 1. to change in position or place, हिलना, हिलाना-डुलाना। 2. to cause to change in position or place, हिलाना, हिलाना-डुलाना। 3. to transfer (a piece) in a board game, (प्यादे आदि को) चलाना, बढ़ाना-हटाना। 4. to settle in a new place, जगह बदलना, अन्यत्र जा रहना। 5. to change hands commercially, बिकना। 6. to motivate, अभिप्रेरित करना। 7. to initiate (some action, कोई कार्य) शुरु करना। 8. to be active in a particular group, आना-जाना, मिलना-जुलना। 9. to provoke emotion in, द्रवित या अभिभूत करना। 10. to present a resolution, प्रस्ताव पेश करना। 11. to cause (bowels) to empty, निपटान देना, निपटना, शौच जाना। □ **move about,** बराबर चलते रहना; **move away,** दूर या कहीं और (रहने के उद्देश्य से) चले जाना; **move down,** नीचे लाना या करना, दर्जा घटाना; **move for,** (प्रस्ताव) उपस्थित करना; **move on,** आगे बढ़ना, आगे चलना; **move out,** (घर छोड़कर) चले जाना; **move over,** खिसकना, जगह देना; **move up,** ऊपर (ऊँचे स्तर पर) उठना या जाना। ***n.*** 1. the act of moving, हिलना-डुलना, आगे बढ़ना। 2. the change of residence, घर बदलना। 3. the act of moving a piece, मोहरे को चलाना। 4. player's turn to move a piece, मोहरा चलने की बारी, चाल। 5. a resolution, प्रस्ताव। □ **make a move** (i) चाल चलना; (ii) प्रस्ताव उपस्थित करना।

moveable (मू´-वॅ-बॅल्) ***adj.*** = movable.

movement (मूव्´-मॅन्ट्) ***n.*** 1. the act of moving or the state of being moved, हिलना-डुलना, गति, हरकत। 2. a series of combined activities of a group, आंदोलन। 3. activity, चेष्टा, हलचल। 4. an evacuation of the bowels, निपटान, शौच। 5. the moving part of a machinery, मशीन का चलनेवाला पुर्ज़ा। 6. (plu.) activities, क्रियाकलाप, गतिविधियाँ।

mover (मू´-वॅ:) ***n.*** 1. one who moves a resolution, प्रस्तावक। 2. one who walks or moves, चलनेवाला। 3. one whose occupation is transporting furnishings, वह जो गृहस्थी का सामान एक घर से उठाकर दूसरे घर तक ले जाता हो, वाहक।

movie (मू´-वी) ***n.*** 1. a motion picture, चलचित्र।

2. a motion picture theatre, सिनेमा, सिनेमाघर। 3. (plu.) film industry, फ़िल्म उद्योग।

moving (मू´-विंग्) *adj.* 1. that moves, चल, गतिमान। 2. affecting the emotions, touching, हृदयस्पर्शी, मार्मिक।

moving picture *n.* a motion picture, चलचित्र।

mow[1] (मो) *v.* (mowed, mown, mowing) to cut down (grass, corn etc.,) with scythe or machine, (घास आदि) काटना। ☐ **mow down,** मार गिराना या ध्वस्त कर देना।

mow[2] *n.* a place for storing hay or grain, बखार।

mower (मो´-अ:) *n.* 1. a person that mows, घास काटनेवाला, घसियारा, लुनेरा। 2. a machine for mowing, घास काटने की मशीन, लुनाई-मशीन।

mowing (मो´-इंग्) *n.* the act of cutting grass, घास काटने का काम, लुनाई।

Mr. (मिस्´-टः) *n.* the title to a man's name, मिस्टर, श्री, श्रीमान, श्रीयुत, जनाब।

Mrs. (मिस्´-इज़्) *n.* the title to a married woman's name, श्रीमती, मुसम्मात।

Ms. (मिज़्) *n.* the title to a married or unmarried woman's name, सुश्री।

much (मच्) *adj.* (more, most) great in quantity, degree or extent, बहुत ज़्यादा, अधिक। *n.* 1. a large quantity or amount, अधिक मात्रा या राशि। 2. something important, महत्त्वपूर्ण चीज़ या बात। ☐ **as much again,** जितना है उतना और; **as much as one can do,** अधिक से अधिक जितना कोई कर सके; **make much of** (i) समझ में आना (ii) महत्त्वपूर्ण समझना; **not up to much,** उतना अच्छा नहीं; **think much of,** महत्त्व देना; **so much for,** बस हो चुका; **too much for,** अत्यंत कठिन। *adv.* (more, most) 1. to a great degree, बहुत, अधिक। 2. almost, करीब-करीब। ☐ **how much,** कितना? **much as,** जितना; **so much,** उतना; **too much,** बहुत अधिक; **very much,** अत्यधिक।

mucilage (म्यू´-सि-लिज्) *n.* gum or glue, गोंद या लासा।

muck (मक्) *n.* 1. dung, गोबर। 2. filth, कूड़ा-करकट। *v.* (mucked, mucking) to make dirty, गंदा करना। ☐ **muck about,** घाल-मेल करना; **muck out,** गोबार बाहर निकालना, सफ़ाई करना।

muckrake (मक्´-रेक्) *v.* (muckraked, muckraking) to search out and expose misconduct of well-known people, प्रसिद्ध लोगों के दुराचरण का पता लगाना और भंडा फोड़ना।

mucky (मक्´-ई) *adj.* dirty, filthy, गंदा।

mucous (म्यू´-कॅस्) *adj.* secreting mucus, कफ़कारक।

mucus (म्यू´-कॅस्) *n.* a sticky substance secreted by mucous membranes, गले, नाक, आँख आदि से निकलनेवाला मल; कफ़, बलगम, कीचड़, रेंट आदि।

mud (मड्) *n.* 1. wet, sticky, soft earth, कीचड़, पंक। 2. slanderous charges, निंदा। ☐ **throw or sling mud at,** कीचड़ उछालना, बदनामी करना।

mud bath *n.* applying of mud on the body for health treatment, शरीर पर गीली मिट्टी का लेप करना या मलना, कीचड़-स्नान।

mud brick *n.* a brick of mud, कच्ची ईंट।

muddiness (मड्´-डि-निस्) *n.* the quality or state of being muddy, गंदलापन, धुँधलापन या भ्रांति।

muddle (मड्´-अॅल्) *v.* (muddled, muddling) 1. to mix up, घाल-मेल करना। 2. to confuse, भ्रम में डालना, व्याकुल करना। *n.* 1. a muddled condition, घाल-मेल। 2. disorder, अव्यवस्था। 3. confusion, भ्रांति।

muddle-headed (मड्´-अॅल्-हॅड्´-डिड्) *adj.* confused, भ्रमित।

muddy (मड्´-ई) *adj.* 1. filled with mud, कीचड़-भरा, पंकिल, गंदला। 2. not bright or clear, धुँधला। *v.* (muddied, muddying) to make muddy, गंदला कर देना।

mudflat (मड्´-फ़्लैट्) *n.* the part of the seashore that is covered at high tide, समुद्रतट का वह भाग जो ज्वार में डूब जाता है।

mudguard (मड्´-गा:ड्) *n.* a cover over a vehicle's wheel, मडगार्ड।

mudslinging (मड्´-स्लिंग्-इंग्) *n.* speaking

evil of someone, कीचड़ उछालना, निंदा करना।

muezzin (म्यु-ऍज़्´-इन्) *n.* one who calls the Muslims to prayer from the mosque, अज़ाँ या बाँग देनेवाला, मुअज़्ज़िन।

muff (मफ़्) *v.* (muffed, muffing) to drop a catch, कैच छोड़ देना, गेंद को लपक न पाना। *n.* a dropped catch, छोड़ा हुआ कैच।

muffin (मफ़्´-इन्) *n.* a round cake, चपाती, फुलका, कुलचा।

muffle (मफ़्´-ऑल्) *v.* (muffled, muffling) 1. to wrap up (the head) for warmth or protection, (सिर को) लपेट लेना। 2. to cover, ढकना। 3. to deaden the sound, आवाज़ दबा देना। *n.* something that muffles, लपेटने का वस्त्र, स्कार्फ़ या गुलूबंद।

muffler (मफ़्´-लॅ:) *n.* a heavy scraf worn round the neck, गुलूबंद, मफ़लर।

mufti (मुफ़्´-टी) *n.* 1. one who officially explains Muslim law, फतवा या व्यवस्था देनेवाला मुल्ला। 2. civilian dress, साधारण कपड़े। □ **in mufti,** साधारण कपड़ों में, बिना वर्दी के।

mug[1] (मग्) *n.* 1. a large drinking cup, बड़ा प्याला, मग। 2. the contents of this, प्याला-भर पदार्थ।

mug[2] *n.* 1. a face of a person, चेहरा। 2. a photograph of an arrested person, क़ैदी की फोटो। *v.* (mugged, mugging) 1. to make faces, मुँह बनाना। 2. to rob with violence, लूट-मार करना। □ **mug up,** परीक्षा के लिए ख़ूब तैयारी करना, विषय को घोट लेना।

mugful (मग्´-फुल्) *n.* the amount needed to fill a mug, प्याला-भर वस्तु।

mugging (मग्´-इंग्) *n.* a robbery with violence, लूट-मार।

muggins (मग्´-इन्ज़्) *n.* a simpleton, मूर्ख।

muggy (मग्´-ई) *adj.* humid, उमस-भरा, घुटन-भरा।

mug's game *n.* a worthless activity, व्यर्थ की भाग-दौड़।

mugwump (मग्´-वम्प्) *n.* a person who keeps himself aloof from party politics, दलीय राजनीति से दूर रहनेवाला व्यक्ति।

Muhammadan (मु-हम्´-ॲ-डॅन्) *n.* a Muslim, मुसलमान।

mukluk (मक्´-लक्) *n.* a boot of seal skin, सील मछली के चमड़े से बना हुआ जूता (जिसे एस्किमो पहनते हैं)।

mulberry (मल्´-बॅर्-ई) *n.* a tree and its fruit, शहतूत (पेड़ और फल)।

mulch (मल्च्) *n.* leaves and hay used for covering the roots of plant, पेड़-पौधों की जड़ों को ढकने के लिए प्रयुक्त पत्ते, घास आदि। *v.* (mulched, mulching) to cover with mulch, पत्तों से ढकना।

mule (म्यूल्) *n.* 1. an offspring of male donkey and female horse, खच्चर। 2. a stubborn person, ज़िद्दी या हठी आदमी।

muleteer (म्यू-लॅ-टिॲ:) *n.* a driver of mules, खच्चर हाँकनेवाला, खच्चरवाला।

mulish (म्यू´-लिश्) *adj.* stubborn, हठी, अड़ियल।

mull (मल्) *v.* (mulled, mulling) 1. to ponder, विचार करना। 2. to heat (wine or bear) with sugar, spices etc. to improve taste, स्वाद बढ़ाने के लिए (शराब या बीयर को) गरम मसाला और चीनी आदि मिलाकर गरम करना।

mullah (मुल्´-ॲ) *n.* a Muslim religious teacher, मुल्ला।

multi (मल्´-टी) *prefix.* many, अनेक, बहुत, बहु—।

multifarious (मल्-टि-फ़ेॲर्´-इ-ॲस्) *adj.* of many kinds, विविध या विविधतापूर्ण।

multiform (मल्´-टि-फ़ॉ:म्) *adj.* of many forms or kinds, नानारूप, नानाविध।

multilateral (मल्-टि-लैट्´-ॲ-रॅल्) *adj.* involving many parties, बहुपक्षीय, बहुपक्षी।

multinational *n.* a multinational company, बहुराष्ट्रीय कंपनी। *adj.* involving many nations, बहुराष्ट्रीय।

multiple (मल्´-टि-पॅल्) *adj.* consisting of more than one individual or part, अनेक, विविध, बहुत, बहु—; multiple party system, बहुदलीय पद्धति; multiple choice, कई विकल्पोंवाला। *n.* a number which contain

अ cup कप्, ॲ again ॲगेन्, ऍ bell बॅल्, आ car कार्, ऑ pot पॉट्, आ: caught का:ट्, इ pit पिट्, ई sheep शीप्, उ put पुट्, ऊ boot बूट्, ए make मेक्, ऐ cat कैट्, ओ note नोट्

another number an exact number of times, अपवर्त्य, गुणज।

multiplex (मल्´-टि-प्लेक्स्) *adj.* having many forms or parts, बहुविध।

multiplicand (मल्-टि-प्लि-कैन्ड्´) *n.* the number that is to be multiplied by another, गुण्य।

multiplication (मल्-टि-प्लि-के´-शन्) *n.* 1. the act of multiplying, गुणन। 2. increase, बढ़ोतरी।

multiplicator (मल्´-टि-प्लि-के-टः) *n.* multiplier, गुणक।

multiplicity (मल्-टि-प्लिस्´-इ-टी) *n.* great variety, विविधता।

multiplier (मल्´-टि-प्लाइ-अः) *n.* the number by which a quantity is multiplied, गुणक।

multiply (मल्´-टि-प्लाइ) *v.* (multiplied, multiplying) 1. to perform multiplication, गुणा करना, ज़रब देना। 2. to breed, प्रसव करना, जनना।

multipurpose (मल्-टि-पः´-पॅस्) *adj.* having several purposes, बहुप्रयोजनीय, बहुप्रयोजन।

multiracial (मल्-टी-रे´-शॅल्) *adj.* of people of many races, बहुजातीय।

multisense (मल्´-टि-सेंन्स्) *adj.* having several meanings, अनेकार्थ।

multistage (मल्´-टि-स्टेज्) *adj.* having more than two sections, बहुस्तरीय।

multistorey (मल्´-टि-स्टो-री) *adj.* having several storeys, बहुमंज़िला।

multitude (मल्´-टि-ट्यूड्) *n.* 1. a great number of things or people, जमघट, भीड़। 2. the common people, जन-साधारण।

multitudinous (मल्-टि-ट्यू´-डि-नॅस्) *adj.* very numerous, अधिसंख्य, बहुसंख्य।

multiversity (मल्-टि-वः´-सि-टी) *n.* a large university, बहुत बड़ा विश्वविद्यालय।

multivitamin (मल्-टि-वी´-टॅ-मिन्) *adj.* containing many vitamins, जिसमें अनेक विटामिन हों।

mum (मम्) *adj.* not talking, चुप, शांत। □ **Keep mum.** चुप रहो।

mumble (मम्´-बॅल्) *v.* (mumbled, mumbling) to speak indistinctly, बुदबुदाना।

mumbo jumbo (मम्´-बो, जम्´-बो) *n.* 1. foolish ritual, मूर्खतापूर्ण कर्मकांड। 2. foolish reverence, मूर्खतापूर्ण श्रद्धा।

mummery (मम्´-री) *n.* hypocritical ceremony, ढोंग।

mummify (मम्´-इ-फ़ाइ) *v.* (mummified, mummifying) to preserve a corpse, शव की सुरक्षित रखना।

mummy[1] (मम्´-ई) *n.* a preserved corpse, ममी, सुरक्षित शव।

mummy[2] *n.* mother, माँ।

mumps (मम्प्स्) *n.* an acute painful swelling of the salivary glands, कनपेड़ा, कनभर, गलसुआ।

munch (मंच्) *v.* (munched, munching) to chew with a noise, चबाना, चबड़-चबड़ खाना, चबड़-चबड़ करना।

mundane (मन्´-डेन्/मन्-डेन्´) *adj.* worldly, सांसारिक, संसार-विषयक।

municipal (म्यु-निस्´-इ-पॅल्) *adj.* of municipality, नगर पालिका-संबंधी; municipal school, नगरपालिका विद्यालय।

municipal corporation *n.* the governing body of a big city, नगर-निगम।

municipality (म्यु-निस्´-इ-पैल्´-इ-टी) *n.* self-governing town and its governing body, नगरपालिका।

munificence (म्यु-निफ़्´-इ-सॅन्स्) *n.* the state of being munificent, दानशीलता, उदारता।

munificent (म्यु-निफ़्´-इ-सॅन्ट्) *adj.* very generous, अत्यंत उदार, दानी।

munitions (म्यु-निश्´-अॅन्ज़्) *n.* military equipment and ammunition, युद्ध-सामग्री, गोला-बारूद।

mural (म्यूर्´-अॅल्) *adj.* of or on a wall, दीवार-संबंधी। *n.* a wall painting, दीवार पर बना चित्र, भित्तिचित्र।

murder (मः´-डः) *n.* 1. an unlawful killing of a person, हत्या, वध, ख़ून। 2. something very unpleasant or painful, दुखद बात, नाश। *v.* (murdered, murdering) 1. to kill.

हत्या करना, ख़ून करना, वध करना, मारना। 2. to ruin, चौपट कर देना, नाश कर देना।

murderer (म:´-डॅ-रॅ:) *n.* one who murders someone, हत्यारा, ख़ूनी। [Fem. murderess, हत्यारिन]

murderous (म:´-डॅ-रॅस्) *adj.* 1. causing murder, ख़ूनी, प्राणघातक। 2. brutal, हिंसक।

murk (म:क्) *n.* 1. darkness, अंधकार, अँधेरा। 2. gloom, विषाद, उदासी।

murky (म:´-की) *adj.* 1. dark, अँधेरा। 2. gloomy, विषादपूर्ण। 3. unclear, cloudy, धुँधला।

murmur (म:´-मॅ:) *n.* 1. an indistinct utterance, बड़बड़ाहट। 2. a grumbled complaint, शिकायत। *v.* (murmured, murmuring) 1. to make a murmur, बड़बड़ाना। 2. to complain, शिकायत करना।

murrain (मर्´-इन्) *n.* an infectious disease in cattle, पशुओं की महामारी, पशुओं में होनेवाला प्लेग।

muscat (मस्´-कैट्) *n.* 1. a kind of sweet grapes, मीठे अंगूर। 2. muscatel, अंगूरों की शराब।

muscatel (मस्-कॅ-टॅल्´) *n.* a sweet wine made from mucat grapes, अंगूरी शराब।

muscle (मस्´-अॅल्) *n.* 1. a tissue composed of cells, मांसपेशी। 2. muscular power, शारीरिक बल, बाहुबल। *v.* (muscled, muscling) to force one's way, ज़बरदस्ती आगे बढ़ते जाना।

muscle-bound (मस्´-अॅल्-बॉउन्ड्) *adj.* having stiff muscles, अकड़ी हुई मांसपेशियों-वाला, कड़ा।

muscular (मस्´-क्यु-लॅ:) *adj.* 1. of muscles, मांसपेशीय। 2. having well-developed muscles, गठीला, हृष्ट-पुष्ट, हट्टा-कट्टा।

muse (म्यूज़्) *v.* (mused, musing) to ponder, विचार करना, चिंतन करना।

Muse *n.* a goddess of learning, विद्या की देवी सरस्वती। (युनान)

museum (म्यु-ज़ी´-अॅम्) *n.* a building in which objects of historical value are exhibited, संग्रहालय, अजायब-घर, म्यूज़ियम।

mush (मश्) *n.* 1. soft pulp, गूदा। 2. feeble mentality, भावुकता।

mushroom (मश्´-रूम्) *n.* an umbrella-shaped fungus, कुकुरमुत्ता, छत्रक, खुंबी। *v.* (mushroomed, mushrooming) to grow rapidly, तेज़ी से बढ़ना या फैलना।

mushy (मश्´-ई) *adj.* 1. pulpy, गूदेदार। 2. sentimental, भावुक।

music (म्यू´-ज़िक्) *n.* pleasing combination of voices or sounds, संगीत। □ **face the music,** किसी काम या बात का उत्तरदायित्त्व अपने ऊपर लेते हुए दंड स्वीकार करना, किया भुगतना।

musical (म्यू´-ज़ि-कॅल्) *adj.* 1. of music, संगीत-संबंधी। 2. melodious, मधुर, संगीतात्मक, संगीतमय। *n.* a musical comedy, संगीतात्मक प्रहसन।

musical instrument *n.* an instrument that plays tunes, बाजा, वाद्य।

musicale (म्यू-ज़ि-कैल्´) *n.* a programme of music, संगीत का कार्यक्रम, संगीत-समारोह।

musician (म्यू-जिश्´-अॅन्) *n.* 1. one skilled in composing music, संगीतकार। 2. one skilled in performing music, संगीतज्ञ।

musicology (म्यू-ज़ि-कॉल्´-अॅ-जी) *n.* the historical and scientific study of music, संगीत विद्या।

musk (मस्क्) *n.* a substance secreted by male deer used in perfumery, कस्तूरी।

musk deer *n.* a deer that secretes musk, कस्तूरी मृग।

musket (मस्´-किट्) *n.* a gun with a long barrel, पुरानी चाल की बंदूक, तुपक।

musketeer (मस्-कॅ-टिअॅ:´) *n.* a soldier armed with a musket, बंदूकची।

musketry (मस्´-कि-ट्री) *n.* 1. muskets, बंदूकें। 2. those who fire muskets, बंदूकचियों का दस्ता।

muskrat (मस्क्´-रैट्) *n.* a ratlike water animal, चूहे की तरह का एक जलजंतु।

Muslim (मुज़्´-लिम्, मुस्´-लिम्) *n.* a follower of Islam, मुसलमान, मुस्लिम। *adj.* of Muslims, मुसलमानी।

muslin (मज़्´-लिन्) *n.* a fine thin cotton fabric, मलमल।

mussel (मस्´-अॅल्) *n.* a kind of mollusk, कवचधारी जंतु, सीपी, मुसेल।

must (मस्ट्) *aux. v.* indicating necessity, obligation, inevitability, certainty, insistence etc., आवश्यकता, निश्चितता, आग्रह आदि की बोधक सहायक क्रिया। *n.* an absolute requirement, परम आवश्यकता।

mustache (मुस्´-टैश्/मु-स्टैश्´) *n.* the hair grown on the upper lip, moustache, मूँछ।

mustang (मस्´-टैंग्) *n.* a wild horse (of Mexico, मैक्सिको का) जंगली घोड़ा।

mustard (मस्´-टॅःड्) *n.* a plant with yellow flowers and pungent seeds, सरसों; mustard oil, सरसों का तेल।

muster (मस्´-टॅः) *v.* (mustered, mustering) 1. to assemble, जमा होना या करना। 2. to gather up, जुटाना। □ **muster in,** सेना में भर्ती होना; **muster out,** सेना से बाहर होना। *n.* gathering, जमावड़ा, सभा।

muster roll *n.* an attendance register, हाज़िरी रजिस्टर।

musty (मस्´-टी) *adj.* 1. stale, बासी। 2. antiquated, प्राचीन, पुराना।

mutable (म्यू´-टॅ-बॅल्) *adj.* subject to change, fickle, परिवर्तनशील, विकारी।

mutant (म्यू´-टॅन्ट्) *n.* an organism having qualities different from its parents, वह जीव जिसमें अपने जनक और जननी से भिन्न गुण हों।

mutate (म्यू´-टेट्) *v.* (mutated, mutating) 1. to undergo change, परिवर्तन होना, बदलना। 2. to cause to undergo change, परिवर्तन करना, बदलना।

mutation (म्यू-टे´-शॅन्) *n.* 1. a change, परिवर्तन। 2. change in name, नाम-परिवर्तन, दाखिल-ख़ारिज।

mutatis mutandis (मू-टा´-टीस्-मू-टान्´-डीस्) *adv.* with or including necessary changes, आवश्यक परिवर्तन सहित।

mute (म्यूट्´) *adj.* 1. not speaking, चुप। 2. not spoken, मूक (वर्ण)। 3. dumb, गूँगा (प्रायः बहरा और गूँगा)। *n.* 1. a deaf and mute person, गूँगा आदमी। 2. a device to deaden the sound of a musical instrument, वाद्यों के तारों की गूँज को कम करने की क्लिप। *v.* (muted, muting) to deaden the sound of a musical instrument, किसी वाद्य की आवाज़ को धीमा करना।

mutilate (म्यू´-टि-लेट्) *v.* (mutilated, mutilating) 1. to damage by cutting an important part, अंग भंग करना। 2. to disfigure, विकृत करना, रूप बिगाड़ देना।

mutilated (म्यू´-टि-ले-टिड्) *n.* 1. damaged, खंडित, भग्न 2. disfigured, विकृत, विरूपित।

mutineer (म्यू-टि-निअॅः´) *n.* one who mutinies, विद्रोही।

mutinous (म्यू´-टि-नॅस्) *adj.* rebellious, विद्रोहपूर्ण, विद्रोही।

mutiny (म्यू´-टॅ-नी) *n.* rebellion against authority, विद्रोह, बगावत। *v.* (mutinied, mutinying) to engage in mutiny, विद्रोह करना, बगावत करना।

mutter (मट्´-अॅः) *v.* (muttered, muttering) 1. to speak indistinctly in low tone, बुड़बुड़, बुड़बुड़ाना करना, बड़बड़ाना। 2. to grumble or complain, शिकायत करना। *n.* muttered words, बुड़बुड़ाहट।

mutton (मट्´-अॅन्) *n.* the flesh of a sheep or goat, भेड़/बकरी का गोश्त। □ **as dead as mutton,** बिल्कुल मरा हुआ।

mutual (म्यू´-चु-अॅल्) *adj.* 1. reciprocal, आपसी, पारस्परिक। 2. shared by both, साँझा।

mutual fund *n.* an investment company or fund, निवेश-संस्थान, निवेश-निधि।

mutually (म्यू´-चु-अॅ-ली) *adv.* reciprocally, आपस में, परस्पर।

muu muu (मू´-मू) *n.* a loose brightly coloured dress, ढीला-ढाला, चमकीला, रंगीन पहनावा।

muzzle (मज़्´-अॅल्) *n.* 1. the projecting jaw and nose of certain animals, थूथन। 2. a strap fitted over an animal's nose, मोहरा। 3. the front end of the barrel of a gun, नालमुख। *v.* (muzzled, muzzling) 1. to put a muzzle on, मोहरा पहनाना। 2. to restrain

from expressing opinion, विचार या मत प्रकट करने से रोकना, मुँह बंद करना।

muzzy (मज़्´-ई) *adj.* 1. hazy, धुँधला, अस्पष्ट। 2. not thinking clearly, सही ढंग से सोच न पानेवाला।

my (माइ) *pron.* belonging to me, मेरा। *interj.* an exclamation of surprise, अरे!

myopia (माइ-ओ´-पि-अ॓) *n.* short-sightedness, क्षीण दृष्टि (विशेषत: पास की चीज़ न देख पाना)।

myosotis (माइ-सो´-टिस्) *n.* forget-me-not, छुई-मुई का पौधा।

myriad (मिर्´-इ-अ॓ड्) *n.* a vast number, बहुत बड़ी संख्या। *adj.* innumerable, असंख्य।

myriapod (मर्´-आ-पॉड्) *n.* an orthropod, कनखजूरा।

myrrh (म:) *n.* a kind of resin, एक प्रकार का गोंद, बोल, लोबान।

myself (माइ-सॅल्फ़्´) *pron.* reflexive form of I, स्वयं, ख़ुद।

mysterious (मि-स्टिअ॓र्´-इ-अ॓स्) *adj.* 1. full of mystery, रहस्यपूर्ण, रहस्यमय।2. obscure, गूढ़। 3. puzzling, भ्रामक।

mysteriously (मि-स्टिअ॓र्´-इ-अ॓स्-ली) *adv.* in a mysterious way, रहस्यमय ढंग से।

mystery (मिस्´-टॅ-री) *n.* 1. an inexplicable event, रहस्यपूर्ण घटना, रहस्य। 2. anything that arouses suspense, दुविधा उत्पन्न करनेवाली बात। 3. a puzzle, पहेली। 4. a religious truth, सत्य, तत्त्व की बात।

mystic (मिस्´-टिक्) *n.* one who believes in mysticism, रहस्यवादी। *adj.* of mysticism, रहस्यात्मक।

mystical (मिस्´-टि-कॅल्) *adj.* mystic, रहस्यात्मक।

mysticism (मिस्´-टि-सिज़्-अ॓म्) *n.* union with God, रहस्यवाद।

mystify (मिस्´-टि-फ़ाइ) *v.* (mystified, mystifying) to confuse to be wilder, घबरा देना, हक्का-बक्का करना।

mystique (मिस्´-टिक्) *n.* 1. an aura of mystery, रहस्यपूर्ण वातावरण, रहस्यात्मकता।2. mystery, रहस्य।

myth (मिथ्) *n.* 1. a traditional story, पौराणिक कथा, आख्यान। 2. a belief about natural phenomena or social customs, मिथ, काल्पनिक्र सत्य।

mythical (मिथ्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. of myths, पौराणिक। 2. imaginary, कल्पित, मनगढ़ंत।

mythological (मिथ्-अ॓-लॉज्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. of mythology, पुराण-संबंधी। 2. imaginary, काल्पनिक।

mythologist (मि-थॉल्´-अ॓-जिस्ट्) *n.* an expert in mythology, पुराणवेत्ता।

mythology (मि-थॉल्´-अ॓-जी) *n.* 1. a body of myths, पुराण।2. the study of myths, पुराणों का अध्ययन।

myxomatosis (माइक्-सॅ-मॅ-टो´-सिस्) *n.* a disease of rats, चूहों की बीमारी।

N

N, n (ऑन्) the fourteenth letter of the English alphabet, अंग्रेज़ी वर्णमाला का चौदहवाँ वर्ण, व्यंजन।

nab (नैब्) *v.* (nabbed, nabbing) 1. to arrest (a criminal) in the act, (अपराधी को) रँगे हाथ पकड़ना। 2. to seize or grab, पकड़ना, धर लेना।

nabob (ने´-बॉब्) ***n.*** a rich or powerful man, नवाब।

nacelle (नॅ-सल्´) ***n.*** an enclosure containing engine of an aircraft, हवाई जहाज़ के इंजन का कक्ष।

nacre (ने´-कॅः) *n.* mother-of-pearl, सीप।

nadir (ने´-डिअॅः) ***n.*** the lowest point, अधोबिंदु।

nag[1] (नैग्) ***n.*** a worthless horse, बेकार घोड़ा।

nag[2] *v.* (nagged, nagging) 1. to annoy by constant complaining or scolding, जान खाना, पीछे पड़ जाना। 2. to be a constant source of worry, आफ़त होना।

nagger (नैग्´-गॅः) ***n.*** a constant source of worry, आफ़ती व्यक्ति।

naiad (ने´-ऐड् / अॅड्) ***n.*** a water nymph, जलपरी।

nail (नेल्) ***n.*** 1. a small[1] metal pin, कील, कॅंटिया। 2. a fingernail, नख, नाखून, । □ **fight tooth and nail,** डटकर या जमकर मुकाबला करना, **hard as nail,** कठोर, निर्दय, **hit the nail on the head,** to say the right thing; पते की बात कहना; **drive a nail in someone's coffin,** किसी की जड़ खोदना; **on the nail** फ़ौरन, तत्क्षण। *v.* 1. to fasten with a nail कील जड़ना 2. to arrest, पकड़ना, गिरफ़्तार करना। 3. to hit or strike, मारना, आघात करना।

nail head ***n.*** the top of a nail, कील का सिर, कील का माथा।

nailing (नेल्´-इंग्) ***n.*** the act of fastening with nail कीलबंदी, कील जड़ाई।

nail polish ***n.*** a coloured solution applied to the nails, नाख़ून-पालिश।

nail scissors ***n.*** a pair of scissors for trimming the nail, नाख़ून काटने की कैंची।

naive (नाइ-ईव्´, ने-ईव्´) ***adj.*** devoid of worldy experience, भोला-भाला, सीधा, नासमझ, निश्छल।

naively ((नाइ-ईव्´, ने-ईव्´-ली) ***adv.*** in a naive manner. निश्छल भाव से, सीधे-सीधे।

naivety (नाइ-ई´-वॅ-टी) ***n.*** the state of being naive, भोलापन, सिधाई, सीधापन, निश्छलता।

naked (ने´-किड्) ***adj.*** **1.** without clothes on, नंगा, नग्न। 2. without the usual covering, आवरण या खोल से रहित, खुला। 3. without embellishment, बिना सजावट का, बिना शृंगार का, नंगा।

naked eye ***n.*** the eye unassisted by an optical instrument, नग्न चक्षु, नंगी आँख।

nonrecognition (नॉन्-रि-कॉग्´-नि-शॅन्) *n.* lack of recognition, अमान्यता।

nonrecurring (नॉन्-रि-कर्´-इंग्) *adj.* not recurring, अनावर्ती, अनावर्तक।

nonrenewable (नॉन्-रि-नू´-अॅ-बॅल्) *adj.* not renewable, अनवीकरणीय।

nonresident (नॉन्-रॅज़्´-इ-डॅन्ट्) *adj.* not residing, अनिवासी, जो निर्दिष्ट स्थान का निवासी न हो।

nonresidential (नॉन्-रॅज़्-इ-डॅन्´-शॅल्) *adj.* not residential, जो रिहायशी न हो, अनावासिक।

nonresistant (नॉन्-रि-ज़िस्´-टॅन्ट्) *adj.* not

resisting, अप्रतिरोधी।
nonrestrictive (नॉन्-रि-स्ट्रिक्´-टिव्) not restricting, न रोकनेवाला, अप्रतिबंधक।
nonrigid (नॉन्-रिज्´-इड्) *adj.* flexible, लचीला, ढीला, शिथिल।
nonscheduled (नॉन्-शेड्´-ऊल्ड्) *adj.* operating without timetable, नियमित से भिन्न, अनियमित चलनेवाला।
nonsense (नॉन्´-सेन्स्) *n.* 1. foolish behaviour, बेवकूफ़ी का व्यवहार। 2. absurd language, बेतुकी बातें। 3. useless thing, बेकार चीज़।
nonsensical (नॉन्-सेन्´-सि-कॅल्) *adj.* 1. absurd, अंडबंड। 2. foolish, मूर्खतापूर्ण।
nonsequitur (नॉन्-सेक्´-वी-टॅ:) *n.* illogical statement, अतर्कसंगत वक्तव्य।
nonsmoker (नॉन्-स्मो´-कॅ:) *n.* one who does not smoke, तंबाकू न पीनेवाला।
nonstandard (नॉन्-स्टैन्´-डॅ:ड्) *adj.* not standard, अमानक, अस्तरीय।
nonstarter (नॉन्-स्टा:´-टॅ:) *n.* not taking initiative, पहल न करनेवाला, भाग न लेनेवाला।
nonstop (नॉन्-स्टॉप्´) *adj.* 1. without stopping, बिना रुके, सीधे। 2. without an interruption, लगातार।
nonteaching (नॉन्-टीच्´-इंग्) *adj.* other than teaching, अध्यापनेतर।
nontechnical (नॉन्-टेक्´-नी-कॅल्) *adj.* not technical, गैर-तकनीकी, अप्राविधिक।
nontransferable (नॉन्-ट्रैन्स्´-फ़-रॅ-बॅल्) *adj.* not transferable, अहस्तांतरणीय।
nonvegetarian (नॉन्-वेज्-इ-टेअॅर्´-इ-अॅन्) *adj.* other than vegetarian, मांसाहारी।
nonviolence (नॉन्-वाइ´-अॅ-लॅन्स्) lack of violence, अहिंसा।
nonviolent (नॉन्-वाइ´-अॅ-लॅन्ट्) *adj.* pertaining to non-violence, अहिंसात्मक। *n.* not taking part in violence, अहिंसावादी।
nonvoter (नॉन्-वो´-टॅ:) *n.* one has no voting rights, वह जो मतदाता न हो, ग़ैर-मतदाता।
nonwhite (नॉन्-वाइट्´) *adj. & n.* black-skinned, काली चमड़ीवाला, काला, अश्वेत।
noodle (नू´-डॅल्) *n.* the head, सिर।
noodles (नू´-डॅल्स्) *n.* (plu.) strips of dough, नूडल्स, सेवईं।
nook (नुक्) *n.* 1. a corner, कोना। 2. a hidden or secluded place, गुप्त स्थान या एकांत।
noon (नून्) *n.* midday, दोपहर, मध्याह्न।
no one (नो´-वॅन्´) *pron.* nobody, कोई नहीं।
noose (नूज़्) *n.* a loop of rope, फंदा।
nopar (नो´-पा:´) *adj.* having no face value, जिसका अंकित मूल्य कुछ न हो।
nor (नॉ:) *conj.* and not, न (तो)।
norm (नॉ:म्) *n.* 1. desired standard or pattern, मानदंड, प्रतिमान, मानक। 2. an average level, सामान्य स्तर।
normal (नॉ:´-मॅल्) *adj.* 1. usual or standard, सामान्य या मानक। 2. free form physical or emotional disorder, सामान्य, प्रकृत। *n.* 1. a normal person, सामान्य व्यक्ति। 2. the usual state or level, सामान्य स्थिति या स्तर।
normalcy (नॉ:´-मॅल्-सी) *n.* the state of being normal, प्रसमता, सामान्य स्थिति।
normality (नॉ:-मैल्´-इ-टी) *n.* normalcy, प्रसमता, सामान्य स्थिति।
normalize (नॉ:´-मॅ-लाइज़्) *v.* (normalized, normalizing) to make normal, सामान्य बनाना।
normally (नॉ:´-मॅ-ली) *adv.* 1. in a normal way, सामान्य ढंग से, स्वभावत:। 2. in the normal conditions, सामान्यत:।
normal school *n.* a school that trains teachers of elementary classes, नार्मल स्कूल।
normative (नॉ:´-मॅ-टिव्) *adj.* 1. of norm, मानदंड-संबंधी, मर्यादा-संबंधी या मानक-संबंधी। 2. establishing a norm, मानक-स्थापक।
north (नॉ:थ्) *n.* 1. one of the four directions, उत्तर, उत्तर दिशा। 2. the northern part of some region, किसी प्रदेश का उत्तरी भाग।
northbound (नॉर्थ्´-बॉउन्ड्) *adj.* travelling northward, उत्तर की ओर जानेवाला, उत्तरोन्मुख।
northeast (नॉर्थ्-ईस्ट्´) *n.* the direction between north and east, उत्तर-पूर्वी कोण।
northerly (नॉ:´-दॅ:-ली) *adj.* towards or in the north, उत्तरी।
northern (नॉ:´-दॅन्) *adj.* of or in the north, उत्तरी; northernmost, धुर उत्तर का।

northward (नॉ:थ्´-व़ॅ:ड्) *adj.* toward the north, उत्तरोन्मुख।

northwest (नॉ:थ्-वॅ़स्ट्´) *n.* the direction midway between north and west, उत्तर- पश्चिम दिशा, वायुकोण। *adj.* उत्तर-पश्चिमी।

northwestern (नॉ:थ्-वॅ़स्ट्´-अॅ:न्) *adj.* of north-west, उत्तर- पश्चिमी।

nose (नोज़्) *n.* 1. the organ for breathing and smelling, नाक, नासिका, थूथन। 2. sense of smell, सूँघने की शक्ति, घ्राणशक्ति। 3. the front end of something, अग्रभाग। □ **as plain as the nose on someone's face,** हाथ कंगन को आरसी क्या; **bite someone's nose off,** मुँहतोड़ उत्तर देना; **cut off one's nose to spite one's face,** किसी के असगुन के लिए अपनी नाक कटा लेना, क्रोध में अपनी हानि कर बैठना; **follow one's nose,** नाक की सीध पकड़ना; **lead by the nose,** नकेल हाथ में रखना; **pay through the nose,** बहुत ऊँचा दाम देना; **put someone's nose out of joint,** किसी को ईष्यालु बना देना; **rub somebody's nose in it,** अपमानसूचक ढंग से किसी की ग़लती बताना; **turn up one's nose at,** उपेक्षापूर्वक मुँह फेर लेना; **under a person's nose,** किसी की आँखों के आगे या सामने; **with one's nose in the air,** अभिमानपूर्वक। *v.* (nosed, nosing) 1. to perceive by small, सूँघकर पता लगाना। 2. to push with the nose, नाक से धकेलना। 3. to move or cause to move forward, आगे बढ़ना या बढ़ाना। □ **nose about,** सूँघ-सूँघकर पता लगाना; **nose into,** रुचि लेना; **nose out,** सूँघकर खोज निकालना।

nosebag (नोज़्´-बैग्) *n.* a bag containing fodder, hung around a horse's head, तोबड़ा।

nosebleed (नोज़्´-ब्लीड्) *n.* bleeding from the nose, नकसीर।

nosedive (नोज़्´-डाइव्) *n.* (nosedived, nosediving) to dive straight down, वायुयान का आकाश में गोता लगाना, तेज़ी से नाक के बल नीचे आना।

nosegay (नोज़्´-गे) *n.* a small bunch of flowers, फूलों का छोटा गुच्छा।

nosh (नॉश्) *v.* (noshed, noshing) to have a snack, नाश्ता या जलपान करना। *n.* meal, snack, नाश्ता।

nostalgia (नॉ-स्टैल्´-जॅ) *n.* 1. longing for home, घर की याद; 2. longing for the things of the past, पुरानी (बातों की) याद।

nostalgic (नॉ-स्टैल्´-जिक्) *adj.* having a longing for the things of the past, जिसे घर की (पुरानी बातों की) याद सता रही हो।

nostril (नॉज़्´-ट्रिल्) *n.* either of the holes of the nose, नासाद्वार, नथुना।

nostrum (नॉस्´-ट्रम्) *n.* 1. a quack medicine, नीम हकीम की दवा। 2. a quack remedy, नीम हकीम का उपचार।

nosy, nosey (नो´-ज़ी) *adj.* inquisitive, जिज्ञासु, कुतूहली।

not (नॉट्) *adj.* expressing denial, refusal or negation, नहीं, न। □ **not at all,** बिल्कुल नहीं, इसकी ज़रूरत नहीं; **not to speak of,** का तो कहना ही क्या।

nota bene (नो´-ट्-बी´-नी) *n.* (abbrviated form N. B.) note well, observe what follows, ध्यान दें। (लैटिन)

notable (नो´-ट्-बॅल्) *adj.* 1. remarkable, उल्लेखनीय। 2. important, महत्त्वपूर्ण।

notably (नो´-टॅ-ब्ली) *adv.* remarkably, विशेष रूप से।

notarial (नो-टॅअॅर्´-इ-अॅल्) *adj.* of a notary, नोटरी-संबंधी।

notarize (नोट्´-अॅ-राइज़्) *v.* (notarized, notarizing) to attest as a notary, नोटरी द्वारा प्रमाणित करना।

notary (नोट्´-अॅ-री) *n.* a person authorized to certify, नोटरी।

notation (नो-टे´-शॅन्) *n.* 1. accepted set of standard symbols, संकेत-समूह। 2. a system of such symbol, संकेत-पद्धति। 3. a brief note (संक्षिप्त) टिप्पणी।

notch (नॉच्) *n.* 1. a v-shaped cut, खाँचा। 2. a narrow pass, दर्रा। 3. one of the levels in graded system, स्तर। *v.* (notched, notching) 1. to make a notch, खाँचा बनाना। 2. to record, नोट करना। 3. to achieve, प्राप्त करना।

note (नोट्) *n.* 1. a brief written record, टिप्पणी।

2. an official communication, चिट्ठी, पत्र। 3. a commentary, टीका। 4. a piece of paper currency, नोट। 5. (in music) a tone of definite pitch, स्वर। 6. a bird's sound, चहक, कलरव। 7. eminence, उत्कृष्टता। 8. attention, ध्यान। □ **take note of,** ध्यान देना। *v.* (noted, noting) 1. to pay attention, ध्यान देना। 2. to write down, नोट करना।

notebook (नोट्´-बुक्) *n.* a book of blank pages for notes, कापी, नोटबुक।

noted (नोट्´-इड्) *adj.* well-known, प्रसिद्ध।

noteworthy (नोट्´-व़:-दी) *adj.* 1. remarkable, उल्लेखनीय। 2. important, महत्वपूर्ण।

nothing (नथ्´-इंग्) *pron.* 1. not anything, कुछ नहीं। 2. non-existence, अस्तित्व न होना। 3. unimportant thing or person, नगण्य वस्तु या व्यक्ति। 4. zero, शून्य। □ **for nothing,** (i) बिना मूल्य, मुफ़्त में; (ii) not at all, बिल्कुल (भी) नहीं; He looks nothing like me, वह मुझ जैसा बिल्कुल भी नहीं लगता। **nothing doing,** कुछ मतलब नही, क्या लेना-देना।

nothingness (नथ्´-इंग्-निस्) *n.* 1. non-existence, कुछ न होने की अवस्था। 2. void, ख़ालीपन, सूनापन।

notice (नो´-टिस्) *n.* 1. an information about something, सूचना, ख़बर। 2. a written or printed announcement, सूचना। 3. attention, observation, ध्यान। 4. review (of a book), समीक्षा। □ **take no notice of,** उपेक्षा करना, ध्यान न देना। *v.* (noticed, noticing) 1. to pay attention, ध्यान देना, विचार करना। 2. to comment on, समीक्षा करना। 3. to mention, ज़िक्र करना।

noticeable (नो´-टि-सॅ-बॅल्) *adj.* 1. worth noticing, ध्यान देन योग्य। 2. evident, स्पष्ट।

noticeably (नो´-टि-सॅ-बॅ-ली) *adv.* clearly, स्पष्ट रूप से, साफ़-साफ़।

noticeboard (नो´-टिस्-बोःड्) *n.* a board on which notices are fixed, सूचनापट्ट।

notification (नो-टि-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* 1. an act of notifying, अधिसूचन। 2. a formal notice, अधिसूचना, सूचना।

notify (नो´-टि-फ़ाइ) *v.* (notified, notifying) 1. to inform, सूचना देना। 2. to announce, घोषणा करना।

notion (नो´-शॅन्) *n.* 1. a vague opinion, धारणा। 2. understanding, समझ।

notional (नो´-शॅ-नॅल्) *adj.* 1. abstract, imaginary, अमूर्त, काल्पनिक। 2. having meaning, अर्थवान (शब्द)।

notionally (नो´-शॅ-नॅ-ली) *adv.* in imagination only, काल्पनिक रूप से।

notions (नो´-शन्स्) *n.* (plu.) small items used in sewing, सीने-पिरोने की छोटी-मोटी चीज़ें।

notoriety (नो-टॅ-राइ´-टी) *n.* the state or quality of being notorious, बदनामी, कुख्याति।

notorious (नो-टोर्´-इ-ॲस्) *adj.* 1. infamous, बदनाम, कुख्यात। 2. famous, प्रसिद्ध।

notoriously (-ली) *adv.* 1. infamously, कुख्यात रूप से, 2. notably, विशेष रूप से।

notwithstanding (नॉट्-विद्-स्टैन्´-डिंग्) *prep.* inspite of, के बावजूद (भी); *adv.* nevertheless, तो भी, फिर भी।

nought (नॉट्) *n.* naught, शून्य।

noun (नॉउन्) *n.* a word or phrase that refers to person, place or thing, नाम, संज्ञा, संज्ञापद।

nourish (नर्´-इश्) *v.* (nourished, nourishing) 1. to provide with substance necessary for life and growth, पोषित करना। 2. to encourage or foster, बढ़ावा देना।

nourishing (नर्´-इश्-इंग्) *adj.* giving nourishment, पोषक, पुष्टिकारक।

nourishment (नर्´-इश्-मॅन्ट्) *n.* 1. an act of nourishing, पोषण। 2. a substance that nourishes, पोषक आहार।

nous (नॉउस्) *n.* common sense, सामान्य बुद्धि।

nouveau riche (नू´-वो-रीश्) *n.* one who has recently become rich, नवधनाढ्य, नया रईस।

nova (नो´-वॅ) *n.* a star which suddenly becomes brighter, ऐसा तारा जिसकी रोशनी एकाएक तेज़ हो गई हो।

novel (नॉव्´-ॲल्) *adj.* of a new kind, नया, नूतन। *n.* a fiction, उपन्यास।

novelette (नॉव्´-ॲ-लेंट्) *n.* a short novel, उपन्यासिका।

nevelist (नॉव्´-अ-लिस्ट्) *n.* a writer of novels, उपन्यासकार, उपन्यास-लेखक।

novelize (नॉव्´-अ-लाइज़्) *v.* (novelized, novelizing) to convert into a novel, उपन्यास के रूप में लाना, उपन्यास का रूप देना।

novella (नो-वेल्´-अ) *n.* a short novel, उपन्यासिका।

novelty (नॉव्´-अल्-टी) *n.* 1. the quality of being novel, नवीनता। 2. a novel thing, नवीन वस्तु।

November (नो-वेम्´-बः) *n.* the eleventh month of the year, नवंबर (माह)।

novice (नॉविस्) *n.* 1. a beginner, नौसिखिआ, नवशिक्षु। 2. a person who has joined some other religion, नवदीक्षित, नवधर्मी।

novitiate (नो-विश्-इ-एट्) *n.* 1. training period of a novice, (नवदीक्षित का) दीक्षाकाल। 2. a training centre for novices, नवदीक्षितों का शिक्षागृह।

now (नॉउ) *adv.* 1. at this time, अब, इस समय 2. immediately, अभी, इसी समय। ☐ **just now,** अभी-अभी; **now or never** (या तो) अभी या फिर कभी नहीं। *n.* the present time, वर्तमान, यह समय।

now-a-days (नॉउ´-ए-डेज़्) *adv.* in modern times, आज-कल, इन दिनों।

nowhere (नो-हेअः) *adv.* not anywhere, कहीं नहीं। *n.* an unknown or remote place, अज्ञात या दूरस्थित स्थान। ☐ **come from nowhere,** सहसा आ पहुँचना; **get nowhere,** उन्नति न कर पाना, कुछ हासिल न कर पाना; **nowhere near,** बहुत दूर।

nowise (नो´-वाइज़्) *adv.* 1. in no way, किसी प्रकार नहीं। 2. not at all, कदापि नहीं।

noxious (नॉक्´-शस्) *adj.* harmful. दूषित, हानिप्रद।

nozzle (नॉज़्´-अल्) *n.* a projecting part with an opening from which fluid is discharged, टोंटी।

nuance (न्यू´-आन्स्) *n.* a subtle difference in meaning, सूक्ष्म अर्थभेद, अर्थछटा, रंगत।

nub (नब्) *n.* 1. a small lump, ढेला। 2. a small protuberance, गुमड़ा, गाँठ। 3. core of a matter, सार, निचोड़।

nubile (न्यू´-बाइल्) *adj.* 1. marriageable, विवाह-योग्य (लड़की)। 2. attractive, आकर्षक।

nuclear (न्यू´-क्ली-अः) *adj.* 1. of nucleus, नाभिकीय। 2. of or using nuclear energy, नाभिकीय।

nuclear energy *n.* energy released from an atomic nucleus, नाभिकीय ऊर्जा।

nuclear family *n.* father, mother and their children, एकक परिवार (जिसमें माता-पिता और उनके बच्चे हों), छोटा परिवार।

nuclear reactor *n.* a device in which a nuclear chain reaction is started, नाभिकीय रिएक्टर।

nucleate (न्यू´-क्लि-एट्) *adj.* having a nucleus, नाभिक युक्त। *v.* (nucleated, nucleating) to form into a nucleur, नाभिक बनाना।

nucleus (न्यू´-क्लि-अस्) *n.* (pl. nuclei) 1. central part, केंद्रीय भाग, केंद्रक। 2. the central part of an atom, परमाणु का केंद्रीय भाग, नाभिक।

nude (न्यूड्) *adj.* naked, नंगा, नग्न, निर्वस्त्र। *n.* a nude human figure, नग्न (मानव का) चित्र। ☐ **in the nude,** नग्न।

nudge (नज्) *v.* (nudged, nudging) to push with the elbow, कोहनी मारना।

nudim (न्यू´-डिम्) *n.* the belief or practice of going nude, नग्नवाद।

nudist (न्यू´-डिस्ट्) *n.* one who believes that going unclothed is good for health, नग्नवादी।

nudity (न्यू´-डि-टी) *n.* the state of being nude, नग्नता, नंगापन।

nugatory (न्यू´-गे-टॅ-री) *adj.* worthless, तुच्छ, नगण्य।

nugget (नग्´-इट्) *n.* a lump of gold, सोने का डला।

nuisance (न्यू´-सॅन्स्) *n.* a person or thing that is inconvenient or annoying, परेशान करनेवाला व्यक्ति या वस्तु, परेशानी, खुराफ़ात, काँटा, कंटक। ☐ **nuisance value,** परेशान करने की क्षमता।

null (नल्) *adj.* 1. having no legal force, अमान्य, अवैध, रद। 2. insignificant, तुच्छ। 3. amounting to nothing, बेकार। □ **null and void,** अमान्य और शून्य।

nullification (नल्-इ-फ़ि-के´-शॅन) *n.* the act of nullifying or the state of being nullified, रद्दगी, व्यर्थ बना देना।

nullify (नल्´-इ-फ़ाइ) *v.* (nullified, nullifying) 1. to invalidate, अवैध ठहराना या रद्द करना।2. to counteract. व्यर्थ कर देना, प्रभावहीन कर देना, निरर्थक करना।

numb (नम्ब्) *adj.* 1. unable to feel anything, सुन्न, निस्पंद, जड़। 2. stunned, (भय से) सन्न, निश्चेष्ट। *v.* (numbed, numbing) to make numb, सन्न कर देना।

number (नम्´-बॅः) *n.* 1. a member of the system used in counting and measuring,संख्या, नंबर। 2. the quantity or amount, राशि, संख्या; The crowd was small in number, वहाँ कम संख्या में ही लोग थे। 3. crowd, भीड़। 4. one item in a series, नंबर। 5. a numeral assigned to an object, person etc. for identification, नंबर, बारी; Your number has come up. तुम्हारा नंबर आ गया है या तुम्हारी बारी आ गई है। 6. an issue of magazine etc., अंक। 7. a category in grammar, वचन। □ **a number of,** कुछ; **any number,** अनेक; **numbers of,** काफ़ी; **by numbers,** नंबर से, संख्याओं से; **opposite number,** समानधर्मी; **to the number of,** के लगभग; **without number,** असंख्य, बेशुमार। *v.* (numbered, numbering) 1. to reach as a total, संख्या में होना, गिनती में होना। 2. to count, गिनना। 3. to include in, शामिल करना।4. to assign a number to, नंबर देना या डालना।

numberless (नम्´-बॅः-लिस) *adj.* countless, असंख्य, अगणित, बेशुमार।

number one *adj.* best, सर्वोत्तम। *n.* the chief person in an organisation, नंबर एक व्यक्ति।

number plate *n.* a plate showing its official number, नंबरप्लेट, अंकपट।

numeral (न्यू´-मॅ-रॅल) *n.* a figure, अंक, संख्या।

numerate (न्यू´-मॅ-रेट्) *v.* (numerated, numerating) to count, गिनती करना।

numerator (न्यू´-मॅ-रे-टॅः) *n.* the number above the line in fraction, अंश।

numerical (न्यू-मॅर्´-इ-कॅल) *adj.* of number, संख्यात्मक, संख्यावाचक।

numerology (न्यू-मॅ-रॉल्-ॲ-जी) *n.* the study of the occult meaning of numbers, अंकविद्या, अंकार्थविज्ञान, संख्या-सगुनौती।

numerous (न्यू´-मॅ-रॅस) *adj.* many, अनेक, बहुत।

numerously (न्यू´-मॅ-रॅस्-ली) *adv.* in large number, अत्यधिक प्रचुर संख्या में।

numinous (न्यू´-मि--नॅस) *adj.* pertaining to gods, दैवी, ईश्वरीय।

numismatics (न्यू-मिज्´-मैट्´-इक्स) *n.* the scientific study of coins, मुद्राशात्र।

numismatist (न्यू-मिज्´-मैट्-इस्ट्) *n.* one expert in numismatics, मुद्राशास्त्री।

numskull (नम्´-स्कॅल) *n.* a foolish person, मूर्ख, गावदी।

nun (नन्) *n.* a woman who belongs to a Christian religious order, ईसाई भिक्षुणी, नन।

nuncio (नन्´-शि-ओ) *n.* Pope's representative, धर्मदूत।

nunnery (नन्´-ॲ-री) *n.* a convent for nuns, ईसाई भिक्षुणी निवास, ननघर।

nuptial (नप्´-शॅल) *adj.* of marriage, वैवाहिक, विवाह-संबंधी।

nuptials (नप्´-शॅल्ज़्) *n.* (plu.) a wedding, विवाह, विवाहोत्सव।

nurse (नःस्´) *n.* 1. a person trained to take care of the sick, नर्स। 2. a woman employed to take care of a young child, आया, धाय। *v.* (nursed, nursing) 1. to suckle, दूध पिलाना, स्तनपान कराना।2. to act as a professional nurse, नर्स होना, देख-रेख करना, सेवा-शुश्रूषा करना। 3. to treat, इलाज करना। 4. to foster, पालन-पोषण करना, पालना।5. to hold a bad feeling in mind, मन में रखना।

nursemaid (नःस्´-मेड्) *n.* nurse, नर्स, आया।

nursery (नः´-सॅ-री) *n.* 1. a room or playroom for children, बालकक्ष।2. a nursery school,

शिशुशाला, शिशुसदन, बाल-विद्यालय। 3. a place where plants are grown for sale, पौधशाला, नर्सरी।

nurseryman (न:´-सॅ-री-मॅन्) *n.* one who grows plants in a nursery, पौधकर्मी।

nursery school *n.* a school for young children, शिशुशाला, शिशु-पाठशाला।

nursing (न: ´-सिंग्) *n.* the job of a nurse, नर्स का कार्य, रोगी की सेवा-शुश्रूषा, परिचर्या।

nursing home *n.* परिचर्या-गृह, नर्सिंग-होम।

nursling (न:स्´-लिंग्) *n.* a young animal that is being suckled, दूध-पीनेवाला जानवर का बच्चा।

nurture (न:´-चॅ:) *n.* the process of nurturing, पालन-पोषण। *v.* (nurtured, nurturing) 1. to care for by providing nourishment, खिलाना-पिलाना तथा पालना-पोसना। 2. to help the development of, विकसित करना।

nut (नट्) *n.* 1. a fruit with a hard shell, कड़े आवरणवाला फल, काष्ठफल। 2. its kernel, उक्त फल की गिरी, मेवा। 3. a foolish person, मूर्ख व्यक्ति। 4. a small block of a metal with a hole, नट। □ **a hard nut to crack,** टेढ़ी खीर, विकट समस्या या व्यक्ति; **nuts and bolts,** किसी विषय या कार्य संबंधी सामान्य बातें।

nutmeg (नट्´-मॅग्) *n.* a seed of a tree, जायफल।

nutrient (न्यू´-ट्रि-ॲन्ट्) *adj.* providing nourishment, पोषक, पुष्टिकर।

nutriment (न्यू´-ट्रि-मॅन्ट्) *n.* nourishment, पोषण।

nutrition (न्यू´-ट्रि-शॅन्) *n.* 1. nourishment, पोषण। 2. something that nourishes, पोषक पदार्थ।

nutritious (न्यू-ट्रिश्´-ॲस्) *adj.* nourishig, पोषक, पौष्टिक।

nutritive (न्यू´-टिव्) *adj.* nutritious, पोषण-संबंधी। *n.* 2. nutriment, पोषक पदार्थ।

nuts (नट्स्) *adj.* crazy, सनकी। *interj.* a word for contempt or refusal, धत तेरे की।

nutshell (नट्´-शेल्) *n.* the shell of a nut, अखरोट, बादाम आदि का मोटा कड़ा छिलका। □ **in a nutshell,** अति संक्षेप में।

nutting (नट्´-इंग्) *n.* the act of gathering nuts, काष्ठफलों को एकत्र करना।

nuzzle (नज़्´-अॅल्) *v.* (nuzzled, nuzzling) to push or rub with a nose or snout, नाक से रगड़ना या धकेलना।

nylon (नाइ´-लॉन्) *n.* a synthetic fibre and the fabric made from it, नाइलॉन।

nymph (निम्फ़्) *n.* a female spirit, परी। 2. a beautiful, सुंदर, लड़की, युवती।

nymphet (निम्´-फॅट्) *n.* a young girl of about 10-14 years old, सुन्दर आकर्षक युवती, किशोरी।

nymphomania (निम्-फॅ-मे´-नि-ॲ) *n.* abnormal sexual appetite in woman, (स्त्रियों का) कामोन्माद, अदम्य कामेच्छा।

O

O (ओ) the fifteenth letter of the English alphabet, अंग्रेज़ी वर्णमाला का पंद्रहवाँ वर्ण, स्वर। *interj.* a natural exclamation for sudden emotion or feeling, ओह!

oaf (ओफ़) *n.* a clumsy person, बेढंगा आदमी।

oak (ओक्) *n.* a tree and its wood, शाहबलूत और उसकी लकड़ी।

oakum (ओ´-कम्) *n.* jute fibre, मूँज के रेशा।

oar (ओ:) *n.* a device to propel a boat, डाँड, चप्पू; □ **put one's oar in,** हस्तक्षेप करना।

oarsman (ओ:ज़्´-मॅन्) *n.* one who rows a boat, rower, मल्लाह, नाविक।

oasis (ओ-ए´-सिस्) *n.* a green spot in a desert, मरुद्वीप, नखलिस्तान।

oat (ओट्) *n.* 1. a cereal plant and its grain, जई, जुंदरी।

oath (ओथ्) *n.* a solemn promise to fulfill a pledge, सौगंध, कसम, शपथ। □ **on or under oath,** शपथपूर्वक, सौगंध खाकर, या लेकर।

oath-taking ceremony *n.* a ceremony in which somone takes the oath of an office, शपथग्रहण-समारोह।

oatmeal (ओट्´-मील्) *n.* meal made from oats, जुंदरी या जई से बना खाद्य पदार्थ।

obbligato (ऑब्-लि-गा:´-टो) *n.* 1. an accompaniment in a musical composition, संगत। 2. an indispensable part, अनिवार्य हिस्सा।

obduracy (ऑब्´-डु-रे-सी) *n.* stubbornness, ढिठाई, हठ।

obdurate (ऑब्´-डु-रिट्) *adj.* stubborn, ढीठ, हठी।

obdurately (ऑब्-डु-रिट्-ली) *adv.* stubbornly, ढिठाई से, हठपूर्वक।

obedience (ओ-बी´-डी-ॲन्स्) *n.* the act of obeying, आज्ञाकारिता, आज्ञापालन।

obedient (ओ-बी´-डि-ॲन्ट्) *adj.* obeying or willing to obey, आज्ञाकारी, आज्ञापालक।

obediently (ओ-बी´-डि-ॲन्ट्-ली) *adv.* in an obedient manner, आज्ञापालन करते हुए।

obeisance (ओ-बे´-सॅन्स्, ओ-बी´-सॅन्स्) *n.* a bow expressing respect, प्रणति, नमन, अभिवादन।

obeisant (ओ-बे´-सॅन्ट्, ओ-बी´-सॅन्ट्) *adj.* making obeisance, नमन करनेवाला, अभिवादन करनेवाला।

obelisk (ऑब्´-ॲ-लिस्क्) *n.* a tall pointed stone pillar, पत्थर का स्तंभ

obese (ओ-बीस्´) *adj.* very fat, बहुत मोटा, स्थूलकाय।

obesity (ओ-बी´-सि-टी) *n.* fatness, स्थूलता, मुटापा।

obey (ओ-बे´) *v.* (obeyed, obeying) 1. to carry out an order, आज्ञा का पालन करना, हुकुम बजा लाना। 2. to be obedient, किसी की आज्ञा के अनुसार चलना, आज्ञाकारी होना।

obfuscate (ऑब्´-फ़ॅ-स्केट्, ऑब्´-फ़स्-केट्) *v.*(obfuscated, obfuscating) 1. to make indistinct, अस्पष्ट या गूढ़ बना देना। 2. to confuse, गड़बड़ा देना, उलझा देना।

obfuscation (ऑब्-फ़ॅ-स्के´-शॅन्) *n.* the act of obfuscating or the state of being obfuscated, अस्पष्टता, गड़बड़ी या उलझन।

obit (ओ´-बिट्) *n.* = obituary.

obiter dictum (ऑब´-इ-टॅ:-डिक्-टॅम्) *n.* (plu. obiter dicta) an incidental remark, प्रासंगिक उक्ति। (लेटिन)

obituary (ओ-बिच्´-उ-ॲ-री) *n.* a death notice, शोक-समाचार, निधन-संबंधी समाचार।

object[1] (ऑब´-जिक्ट्/जेक्ट्) *n.* 1. a thing, material thing, वस्तु, चीज़, पदार्थ। 2. a person or thing as a focus of attention, पात्र, भाजन; 3. aim, purpose, उद्देश्य, लक्ष्य। 4. a noun

that is affected by the action of a verb, कर्म। □ **no object,** विचार्य नहीं, विचारणीय नहीं।

object [2] (ऑब्-जेक्ट्) *v.* (objected, objecting) to present an opposing or dissenting argument, आपत्ति करना, एतराज करना, प्रतिवाद करना।

object glass *n.* the glass of telescope or microscope, टेलिस्कोप या माइक्रोस्कोप का शीशा।

objection (अॅब्-जेंक्´-शॅन्) *n.* 1. a statement or feeling of opposing or disapproving, आपत्ति, एतराज़, प्रतिवाद। 2. an argument against, आपत्तिपरक तर्क।

objectionable (अॅब्-जेंक्´-शॅ-नॅ-बॅल्) *adj.* arousing disapproval, unpleasant, आपत्तिजनक।

objective (अॅब्-जेंक्´-टिव्) *adj.* 1. having to do with a material object, not subjective, विषयगत, वस्तुनिष्ठ।2. real, वास्तविक, यथार्थ। 3. (gram.) of the objective case, कर्मवाचक, कर्मवाची। *n.* 1. the object of one's effort, goal, लक्ष्य, ध्येय, उद्देश्य; All our objectives were won, हमारे सभी लक्ष्य पूरे हुए। 2. (gram.) the objective case, कर्मकारक। 3. the glass of a telescope or microscope, सूक्ष्मदर्शी का लैंस।

objectively (-ली) *adv.* 1. really, यथार्थतः, वस्तुतः। 2. impartially, निष्पक्ष भाव से।

objectivism (अॅब्-जेंक्´-टॅ-विज़्-अॅम्) *n.* realism, यथार्थवाद।

objectivity (अॅब्-जेंक्´-टि-वि-टी) *n.* 1. objectiveness, वस्तुनिष्ठा।2. reality, वास्तविकता।

object lesson *n.* a practical illustration, व्यावहारिक उदाहरण, मिसाल।

objector (अॅब्-जेंक्´-टॅः) *n.* one who objects, आपत्तिकर्ता।

objet d'art (ऑब्-ज़े-डाः) *n.* an object of artistic merit, कलावस्तु, कलाकृति। (फ्रांसीसी)

objurgate (ऑब्´-जॅः-गेट्) *v.* (objurgated, objurgating) to rebuke or scold, भर्त्सना करना, डाँटना-डपटना।

objurgation (ऑब्-जॅः-गे´-शॅन्) the act of objurgating, भर्त्सना।

oblation (ऑ-ब्ले´-शॅन्) *n.* a religious offering to a deity, चढ़ावा, आहुति या अर्पण।

oblatory (ऑब्-ले´-टॅ-री) *adj.* of or pertaining to oblation, चढ़ावा, दान या आहुति-संबंधी।

obligate (ऑब्´-लि-गेट्) *v.* (obligated, obligating) to bind (someone) to do something, विवश करना, मजबूर करना, बाध्य करना।

obligation (ऑब्-लि-गे´-शॅन्) *n.* 1. a binding, बाध्यता, विवशता, बंधन। 2. duty, कर्तव्य, दायित्व। 3. the state of being obliged to do something, एहसान, आभार। □ **under an obligation,** एहसान के कारण।

obligatory (अॅ-ब्लिग्´-अॅ-टॅ-री) *adj.* compulsory, अनिवार्य।

oblige (अॅ-ब्लाइज्´) *v.* (obliged, obliging) 1. to compel, विवश करना, बाध्य करना, दबाव डालना। 2. to make indebted, अनुगृहीत करना। 3. to do favour for, उपकृत करना।

obliged (अॅ-ब्लाइज्ड्´) *adj.* grateful, उपकृत, एहसानमंद।

obliging (अॅ-ब्लाइ´-जिंग्) *adj.* courteous and helpful, दयालु, कृपालु, उपकारी।

obligingly (-ली) *adv.* 1. by favour, एहसान के तौर पर। 2. kindly, दया/कृपा करके।

oblique (अॅ-ब्लीक्´) *adj.* 1. slanting or sloping, आड़ा, तिरछा, ढालुआ। 2. not straightforward, कुटिल, वक्र। 3. evasive, टालू, अनिश्चित, अस्पष्ट। 4. (gram.) inflectional, विकारी। *n.* a mark used to separate numbers, words etc. तिर्यक रेखा।

obliquely (~ली) *adv.* slantingly, टेढ़े/तिरछे बल (से)।

obliqueness (~निस्) *n.* the state or quality of being oblique, तिरछापन, वक्रता।

obliterate (अॅ-ब्लिट्´-अॅ-रेट्) *v.* (obliterated, obliterating) 1. to destroy completely, पूर्ण रूप से नष्ट कर देना। 2. to wipe out, उन्मूलन करना, मिटा देना।

obliteration (अॅ-ब्लिट्-अॅ-रे´-शॅन्) *n.* the act of obliterating or the state of being obliterated, विनाश; उन्मूलन।

oblivion (ॲ-ब्लिव्´-इ-ॲन्) *n.* 1. forgetfulness, भुलक्कड़पन, विस्मरण, विस्मृति; fall into oblivion, विस्मृति के गर्त मे जा पड़ना। 2. the state of being oblivious, बेख़बरी।

oblivious (ॲ-ब्लिव्´-इ-ॲस्) *adj.* 1. unaware, बेख़बर। 2. forgetful, भुलक्कड़।

oblong (ऑब्´-लॉङ्ग्) *adj.* rectangular, आयताकार। *n.* a rectangular figure, आयत।

obloquy (ऑब्´-लॅ-क्वी) *n.* 1. censure, abusive language, निंदा, बुराई। 2. disgrace, ill-repute, बदनामी।

obnoxious (ॲब्-नॉक्´-शॅस्) *adj.* 1. nasty, offensive, घृणित, घिनौना, बीभत्स। 2. objectionable, आपत्तिजनक। 3. harmful, हानिकारक।

obnoxiously (~ली) *adv.* in an objectionble manner, आपत्तिजनक रूप में।

oboe (ओ´-बो) *n.* a woodwind instrument, शहनाई, नफ़ीरी।

oboist (ओ´-बो-इस्ट्) *n.* one who plays on an aboe, शहनाईवादक।

obscene (ॲब्-सीन्´) *adj.* 1. nasty, dirty, अश्लील, गंदा। 2. inciting lustful feeling, कामुक।

obscenely (~ली) *adv.* in an obscene manner, अश्लीलतापूर्वक।

obscenity (ॲब्-सीन्´-इ-टी) *n.* 1. the state of being obscene अश्लीलता। 2. an obscene action, कामुकतापूर्ण क्रिया। 3. an obscene word, अश्लील शब्द।

obscurantism (ॲब्-स्क्यु-रैन्´-टिज़्-ॲम्) *n.* opposition to reforms, रूढ़िवाद।

obscurantist (ॲब्-स्क्यु-रैन्´-टिस्ट्) *adj.* opposing reforms, रूढ़िवादी।

obscuration (ॲब्-स्क्यु-रे´-शन्) *n.* the state of being obscure, धुंधलापन; आच्छादन।

obscure (ॲब्-स्क्युर्´) *adj* 1. dark, indistinct, अस्पष्ट, धुंधला, धूमिल। 2. not easily understood, गूढ़, दुबोध; 3. hidden, छिपा हुआ, प्रच्छन्न। 4. not famous, अप्रसिद्ध। *v.* (obscured, obscuring) 1. to canceal or hide, छिपाना, ढकना। 2. to make indistinct, धुंधला या अस्पष्ट कर देना। 3. to make difficult to understand, दुर्बोध बना देना।

obscurely (~ली) *adv.* indistinctly, अस्पष्ट रूप से।

obscurity (ॲब्-स्क्युर्´-ॲ-टी) *n.* the state or quality of being obscure, धुंधलापन या अंधकार; गूढ़ता, दुर्बोधता, अस्पष्टता; प्रच्छन्नता।

obsequies (ॲब्´-सि-क्वीज़्) *n.* (plu.) the last rites, अंतिम संस्कार, अंत्येष्टि।

obsequious (ॲब्-सी´-क्वि-ॲस्) *adj.* fawning, चापलूस, ख़ुशामदी।

obsequiously (ॲब्-सी-क्वि-ॲस्-ली) *adv.* fawningly, बड़ी खुशामद से।

observable (ॲब्-ज़ः´-वॅ-बॅल्) *adj.* 1. that can be observed, अनुपालनीय, पालनीय। 2. perceptible, दृष्टिगोचर।

observance (ॲब्-ज़ः´-वॅन्स्) *n.* 1. the act of complying with a rule or law, अनुपालन, पालन। 2. the act of celebrating (a festival or holiday) मनाना।

observant (~ॲब्-ज़ः´-वॅन्ट्) *adj.* 1. one who observes, पालक, अनुपालक। 2. alert, चौकस, सतर्क। 3. careful in obsserving religious ceremonies, सावधानी से धार्मिक कृत्य करनेवाला।

observation (ऑब्-ज़ः-वे´-शॅन्) *n.* 1. an act of observing or noticing, अवलोकन, प्रेक्षण। 2. ability to notice things, दृष्टि, निगाह। 3. an act of watching, निगरानी, देख-रेख; 4. a remark, टिप्पणी, मंतव्य। 5. the viewing of facts for scientific analysis, निरीक्षण, अनुवीक्षण।

observatory (ॲब्-ज़ः´-वॅ-टॅ-री) *n.* a place for scientific observation of stars or weather, वेधशाला।

observe (ॲब्-ज़ःव्´) *v.* (observed, observing) 1. to perceive or notice, देखना। 2. to watch attentively, ध्यानपूर्वक देखना, निरीक्षण करना, ग़ौर करना। 3. to make scientific observation of, अनुवीक्षण करना। 4. to comment, टिप्पणी करना। 5. to abide by, पालन करना, अनुपालन करना। 6. to celebrate, मनाना।

observer (ॲब्-ज़ःव्´-ॲः) *n.* one who ob-

serves, प्रेक्षक, निरीक्षक; अनुवीक्षक; पालनकर्ता या पालक; मनानेवाला।

obsess (ॲब्-सॅस्´) *v.* (obsesses, obsessing) to occupy the mind of excessively, दिमाग़ में भरा या समाया होना।

obsession (ॲब्-सॅश्´-ॲन्) *n.* 1. abnormal preoccupation with an unwanted feeling or idea, मनोग्रंथि, ग्रस्तता। 2. such feeling or idea, वहम, भ्रम, सनक।

obsessional (ॲब्-सेश्´-ॲ-नॅल्) *adj.* having obsession, वहमी।

obsessive (ॲब्-सॅस्´-इव्) *adj.* of or like an obsession, वहम-भरा, भ्रामक। *n.* a person having an obsession, वहमी व्यक्ति।

obsidian (ॲब्-सिड्´-ई-ॲन्) *adj.* a dark glassy volcano rock, लावा से बनी काली चमकीली चट्टान।

obsolescence (ऑब्-सॅ-लॅस्´-सॅन्स्) *n.* obsoleteness, लोप, लोपोन्मुखता।

obsolescent (ऑब्-सॅ-लॅस्´-ॲन्ट्) *adj.* obsolete, लुप्त, लोपोन्मुख।

obsolete (ऑब्-सॅ-लीट्´) *adj.* 1. out of use, अप्रयुत्त, अप्रचलित। 2. out of date, दिनाप्त, पुराना।

obstacle (ऑब्´-स्टॅ-कॅल्) *n.* 1. anything that obstruct or hinders something, बाधा, अड़चन, विघ्न। 2. a fence used in jumping, अड़ंगा, अवरोध; obstacle race अवरोध-दौड़।

obstetrician (ऑब्-स्टि-ट्रिश्´-ॲन्) *n.* a specialist in obstetrics, प्रसव-विज्ञानी।

obstetrics (ॲब्-स्टॅ´-ट्रिक्स्) *n.* the, science of medicine and surgery concerning with childbirth, प्रसव-विज्ञान।

obstinacy (ऑब्´-स्टि-ने-सी) *n.* stubbornness, हठ, जिद, दुराग्रह।

obstinate (ऑब-स्टि-निट्/नेट्) *adj.* 1. stubborn, हठी, जिद्दी, दुराग्रही। 2. not willing to obey, हठीला। 3. not easy to subdue or defeat, दुस्साध्य; obstinate disease, दुस्साध्य रोग।

obstinately (~ली) *adv.* stubbornly, हठपूर्वक, जिद करके, दुराग्रहपूर्वक।

obstreperous (ॲब्-स्ट्रॅप्´-ॲर्-ॲस्) *adj.* noisy and uncontrollable, ऊधमी या ऊधम-भरा, कोलाहलपूर्ण।

obstruct (ॲब्-स्ट्रक्ट्´) *v.* (obstructed, obstructing) 1. to block, prevent or hinder, अवरुद्ध कर देना, बंद कर देना। 2. to put difficulties in the way of, जान-बूझकर बाधा या बाधाएँ खड़ी कर देना, रुकावट या रुकावटें डालना, रोड़ा या रोड़ें अटकाना। 3. to conceal from sight, आड़ कर देना, ढक देना।

obstructed (ॲब्-स्ट्रक्´-टिड्) *adj.* blocked, बाधित, अवरुद्ध।

obstuction (ॲब्-स्ट्रक्´-शॅन्) *n.* 1. the act of obstructing, अवरोध खड़ा करना, बाधक होना। 2. the person or thing that obstructs, बाधा, रुकावट, अड़चन।

obstructionism (ॲब्-स्ट्रक्´-शॅ-निज़्-ॲम्) *n.* deliberate obstruction of proceeding, plan, law etc. अड़ंगेबाज़ी।

obstructionist (ॲब्-स्ट्रक्´-शॅ-निस्ट्) *n.* one who deliberately obstructs, अवरोधी, अड़ंगेबाज़।

obstructive (ॲब्-स्ट्रक्´-टिव्) *adj.* that obstructs, अवरोधकारी, बाधक, रुकावटी।

obtain (ॲब्-टेन्´) *v.* (obtained, obtaining) 1. to get or acquire, प्राप्त करना, हस्तगत करना। 2. to be in use, प्रचलित होना।

obtainable (ॲब्-टे्´-नॅ-बॅल्) *adj.* that can be obtained, प्राप्य, सुलभ।

obtrude (ॲब्-ट्रूड्´) *v.* (obtruded, obtruding) 1. to force (oneself or one's ideas) upon others, थोपना, लादना, ज़बरदस्ती करना, बेजा दख़ल देना। 2. to push forward, धकेलना।

obtrusion (ॲब्-ट्रू´-शॅन्) *n.* the act of obtruding, थोपने की क्रिया, धकेलने की क्रिया।

obtrusive (ॲ्-ट्रू-सिव्) *adj.* 1. obstructing, टाँग अड़ानेवाला, बाधक। 2. haughty, हठी, ढीठ।

obtuse (ॲब्-ट्यूस्´) *adj.* 1. foolish, मूर्ख, मंदबुद्धि। 2. not sharp, not pointed, blunt, भोथरा, कुंद। 3. (maths.) ~ angle अधिक कोण।

obtuseness (ॲब्-ट्यूस्´-निस्) *n.* 1. foolishness, मूर्खता। 2. bluntness, भोथरापन।

obverse (ऑब्´-वःस्) *n.* 1. the front side of a coin, (सिक्के का) सामने का पहलू। 2. serv-

ing the counterpart, प्रतिवस्तु, पूरक। 3. the logical opposition of something, विपर्याय। *adj.* facing the observer, सामने का।

obviate (ऑब्´-वि-एट्) *v.* (obviated, obviating) to do away with, परे करना, दूर हटाना, भगाना।

obvious (ऑब्´-वि-अॅस्) *adj.* evident, clear, स्पष्ट, प्रकट, प्रत्यक्ष।

obviously (~ली) *adv.* 1. evidently, clearly, plainly, प्रकट/स्पष्ट रूप से, प्रत्यक्ष रूप से। 2. actually, सचमुच, वास्तव में।

occasion (अॅ-के´-ज़्हॅन्) *n.* an opportunity, उपयुक्त समय, अवसर, मौका। □ **on occasions,** कभी-कभी; **have no occasion,** कभी मौका न मिला या न पड़ा; **rise to the occasion,** समय पर खरा उतरना; **sense of occasion,** वक्त की पहचान; **take this occasion,** अवसर का सदुपयोग करना या उससे लाभ उठाना। *v.* (occasioned, occasioning) to cause, उत्पन्न करना।

occasional (अॅ-के´-ज़्हॅ-नॅल्) *adj.* 1. occurring from time to time, समय-समय पर होनेवाला। 2. hapening on occasions, अवसरोचित। 3. occurring on special occasion, प्रासंगिक।

occasionally (अॅ-के´-ज़्हॅ-नॅ-ली) *adv.* not regularly, कभी-कभी।

Occident (ऑक्´-सि-डॅन्ट) *n.* the countries of Europe and America, युरोप और अमरीका के देश, पश्चिमी देश।

occidental (ऑक्-सि-डॅन्´-टॅल्) *adj.* of or from the Occident, पश्चिमी। *n.* a native of the western world, पश्चिम का निवासी।

occlude (अॅ-क्लूड्´) *v.* (occluded, occluding) to obstruct or close, अवरुद्ध या बंद करना।

occult (अॅ-कल्ट्´, ऑक्´-अल्ट्) *adj.* 1. secret, गूढ़, रहस्यमय। 2. mystical or supernatural, जादू-टोना या तंत्र-मंत्र-संबंधी, तांत्रिक। *v.* (occulted, occulting) to hide or become hidden, छिपना या छिपाना।

occultism (अॅ-कल्´-टिज़्-अॅम्) *n.* the act of practising occult arts, जादू-टोना, तंत्र-मंत्र।

occupancy (ऑक्´-यॅ-पॅन्-सी) *n.* the act of occupying or the state of being occupied, अधिकार, दख़ल, कब्ज़ा।

occupant (ऑक्´-यॅ-पॅन्ट्) *n.* one who has possession over a house etc., tenant, दख़लकार।

occupation (ऑक्-यॅ-पे´-शॅन्) *n.* the act of occupying or the state of being occupied, दख़ल, अधिकार। 2. taking possession by force, कब्ज़ा। 3. one's employment, धंधा, पेशा, रोज़गार, व्यवसाय।

occupational (ऑक्´-यॅ-पे-शॅ-नॅल्) *adj.* of one's occupation, धंधे का, पेशे का, व्यावसायिक।

occupational hazard *n.* risks connected with a particular job, व्यावसायिक जोखिम।

occupational therapy *n.* the treatment of the body or mind through creative employment, व्यवसायजन्य चिकित्सा, रचनात्मक क्रियाकलापों द्वारा उपचार।

occupier (ऑक्´-यॅ-पाइअॅ:) *n.* one has occupied a house, shop, land etc., दखलकार, काबिज़।

occupy (ऑक्´-यॅ-पाइ) *v.* (occupied, occupying) 1. to take and hold possession of, दख़ल कर लेना, अधिकार कर लेना। 2. to dwell in, रहना, बसना। 3. to hold (an office, किसी पद पर) आसीन होना। 4. to engage or busy (oneself, अपने को) व्यस्त रखना। 5. to fill (a space, जगह) घेरना। 6. to fill (a time, समय) लेना। □ **be occupied in,** में लगा होना; He was occupied in writing letters, वह पत्र लिखने में लगा रहा या व्यस्त रहा।

occur (अॅ-क:) *v.* (occurred, occurring) 1. to take place, घटित होना, घटना, होना। 2. to be found, मिलना, पाया जाना। 3. to come into mind, सूझना, एकाएक मन में आना।

occurrence (अॅ-क:´-अॅन्स्) *n.* 1. an event, घटना। 2. a rare occurrence, कोई अनहोनी घटना।

ocean (ओ´-शॅन्) *n.* 1. the great mass of salt water, समुद्र, महासागर। 2. a huge quantity, विशाल राशि।

oceanic (ओ-शी-ऐन्´-इक्) *adj.* 1. of the ocean, समुद्री।

oceanography (ओ-शी-अॅ-नॉग्´-रॅ-फ़ी) *n.* the

scientific study of the oceans. समुद्र-विज्ञान।

ocelot (ओ´-सॅ-लॉट्) *n*. a leopard like animal, तेंदुए की जाति का एक जानवर।

ochre (ओ´-कॅ:) *n*. a brownish clay, गेरू।

o'clock (अॅ-क्लॉक्´) *adv*. according to the clock, बजे; I will come at 1 o'clock. मैं 1 बजे आऊँगा। It is 2 o'clock. 2 बजे हैं।

octagon (ऑक्´-टॅ-गॅन्, ऑक्´-टॅ-गॉन्) *n*. a polygon having eight sides, अष्टभुज।

octagonal (ऑक्-टैग्´-अॅ-नॅल्) *adj*. having eight sides, अष्टभुजाकार, अष्टभुजीय।

octave (ऑक्´-टेव्/टिव्) *n*. a group of eight things, आठ का समूह, अष्टक। 2. a period of eight days, अठवाड़ा। 3. a group of eight lines of the poetry, अष्टपदी। 4. (music), सरगम, सप्तक।

octavo (ऑक्-टे´-वो) *n*. the paperproduced by folding a sheet of paper 3 times so as to give 8 leaves or 16 pages, अठपेजी।

octet (ऑक्-टॅट्´) *n*. 1. a group of eight instruments, आठ वाद्यों का समूह। 2. a group of eight persons playing instruments, आठ बाजा बजानेवालों का समूह।

October (ऑक्-टो´-बॅ:) *n*. the tenth month of the year, अक्तूबर।

octogenarian (ऑक्-टॅ-जॅ-नेर्´-इ-यॅन्) *n*. a person who is in his (her) eighties, 80 से 90 वर्ष के वय का व्यक्ति।

octopus (ऑक्´-टॅ-पॅस्) *n*. a marine mollusc, अष्टभुजी जलकीट।

octosyllabic (ऑक्-टो-सि-लैब्´-इक्) *adj*. having eight syllables, आठ अक्षरोंवाला, अष्टाक्षरी।

octroi (ऑक्´-ट्राय्) *n*. a toll tax, चुंगी।

octroi post *n*. a place where octroi is charged, चुंगी चौकी, चुंगी नाका।

ocular (ऑक्´-यु-लॅ:) *adj*. of eye, नेत्र-संबंधी; ocular disease, नेत्र रोग।

oculist (ऑक्´-यु-लिस्ट्) *n*. an eye-doctor, ophthalmologist, नेत्र-चिकित्सक।

OD (ओ-डी´) *n*. an overdose of a narcotic, नशीली दवा की अधिक मात्रा (का सेवन)।

odalisque (ओ´-डॅ-लिस्क्) *n*. 1. a female slave. दासी। 2. a kept woman, रखैल।

odd (ऑड्) *adj*. 1. strange, unusual, अजीब, विचित्र, विलक्षण। 2. not even, not divisible by two, विषम। 3. not part of a set, बेमेल। 4. not regular, अनियमित। 5. extra, अतिरिक्त। 6. eccentric, सनकी, ख़ब्ती। □ **odd man out,** वर्ग या समूह से भिन्न होने के कारण बहिष्कृत।

oddball (ऑड्´-बा:ल्) *n*. an eccentric person, सनकी व्यक्ति।

oddish (ऑड्´-इश्) *adj*. strange, unusual, विचित्र, विलक्षण।

oddity (ऑड्´-इ-टी) *n*. 1. strangeness, विचित्रता, विलक्षणता। 2. a strange person or thing, विचित्र वस्तु या व्यक्ति।

oddly (ऑड्´-ली) *adv*. strangely, विचित्र ढंग से।

oddment (ऑड्´-मॅन्ट्) **n**.something left over or remaining, कोई बची-खुची वस्तु।

odds (ऑड्ज़्) *n*. (plu.) liklihood, (spl. a ratio expressing the probability of an event), संभावना। □ **at odds with,** अनबन के चलते; **by all odds,** निश्चय ही; **odds and ends,** विविध वस्तुएँ या विषय।

odds-on (ऑड्ज़्´-ऑन्) *adj*. most likely to win, जिसके जीतने की प्रबल संभावना हो, संभावित विजेता।

ode (ओड्´) *n*. a type of usually long poem, लंबी कविता, काव्य।

odeum (ओ´-डि-अॅम्) *n*. a music hall, संगीतशाला।

odious (ओड्´-इ-अॅस्) *adj*. detestable, hateful, घिनौना, घृणित।

odium (ओ´-डी-अॅम्) *n*. 1. the condition of being odious, घिनौनापन। 2. disgrace resulting from hateful conduct, कलंक, लांछन।

odometer (ओ-डॉम्´-इ-टॅ:) *n*. a metre that shows travelled distance by a vehicle, mileometre, दूरीमापी।

odontology (ओ-डॉन्-टॉल्´-अॅ-जी) *n*. the scientific study of teeth, दंतविज्ञान।

odorous (ओ´-डोर्-अॅस्) *adj*. smelly, गंधमय, महकदार।

odour (ओ´-डॅ:) *n*. smell, महक, गंध; strong odour, तीव्र गंध, तेज़ महक।

odourless (ओ´-डः-लिस्) *adj*. without smell, गंधहीन।

odyssey (ऑड्´-इ-सी) *n*. a long, adventurous journey, लंबी साहसिक यात्रा।

oedema (ऑ´-डि-मॅ) *n*. an abnormal swelling in the tissues, नसों की सूजन।

oesophagus (इ-साफ़्´-अॅ-गॅस्) *n*. a gullet, ग्रास-नली, भोजन की नली (जो गले से पेट तक जाती है)।

oestrus (ई´-स्ट्रॅस्) *n*. a regularly occurring period of sexual receptivity in female mammals (except women), नियमित गर्भकाल।

oeuvre (अःव्´-रॅ) *n*. all the works of a writer or artist, किसी लेखक या कलाकार की समस्त कृतियाँ। (फ्रांसीसी)

of (अव्, ऑव्) *prep*. 1. indicating relationship, concerning or belonging to, का। 2. from, से। 3. owing to, के कारण, से। 4. away from, से दूर। 5. about, के विषय में। 6. named, नामक।

off (ऑफ़्, आःफ़्) *adv*. 1. away, दूर, परे; not far off. बहुत दूर नहीं। 2. so as to be unattached, अलग, पृथक। 3. so as to be fewer or smaller, थोड़ा, छोटा। 4. so as to be away from work or duty, बंद, खाली। 5. so as to get rid of, पीछा छुड़ाकर। 6. on a trip, यात्रा पर। 7. so as to be no longer taking place, ख़त्म, रद। □ **off and on,** यदा-कदा, कभी-कभी; *prep*. 1. so as to be removed or distant from, से दूर, से अलग, से हटकर। 2. situated near to or leading away from, के पास या से आगे। 3. from, से। 4. away or relieved from, से मुक्त। 5. by the means provided, उपलब्ध साधनों द्वारा। *adj*. 1. more distant or remote, दूरवर्ती। 2. detached, अलग, पृथक। 3. not continuing or functioning, बंद। 4. less, inferior or wrong, कम, घटिया या ग़लत। 5. absent, अनुपस्थित। 6. potponed, स्थगित। 7. concelled, रद्द। 8. having gone bad, ख़राब, दूषित। 9. fewer, कम। *n*. the part of the field on which the batsman presents his bat while striking, आफ क्षेत्र।

offal (आः´-फॅल्, ऑफ़्´-अॅल्) *n*. 1. waste parts of a butchered animal, गोश्त का रद्दी अंश जो खाने के लिए उपयुक्त नहीं समझा जाता, छीछड़ा। 2. refuse, रद्दी चीज़।

offbeat (आफ़्-बीट्´) *adj*. unconventional, रूढ़िमुक्त, रूढ़िविरोधी।

offcolour (आःफ़्´-कल्-अः) *adj*. not in one's usual health, कुछ-कुछ अस्वस्थ, बुझा-सा।

offence, offense (अॅ-फ़ॅन्स्´) *n*. 1. a breach of law, अपराध; 2. a bad deed, crime, पाप, अपकर्म। 3. the act of attacking, आक्रमण। □ **take offence to,** कष्ट देना, पीड़ा पहुँचाना।

offend (अॅ-फ़ॅन्ड्´) *v*. (offended, offending) 1. to cause displeasure to, नाराज़ करना, खिझाना। 2. to hurt the feelings of, ठेस या चोट पहुँचाना। 3. to be displeasing to, अप्रिय लगना। 4. to break law, कानून तोड़ना, अपराध करना, ग़लत काम करना। 5. to act immorally, नीतिविरुद्ध काम करना, अनीति करना।

offender (अॅ-फ़ॅन्ड्-अः) *adj*. one who offends, अपराधी, पापी।

offensive (अॅ-फ़ॅन्´-सिव्) *adj*. 1. aggressive, आक्रामक। 2. repulsive, unpleasant, अरुचिकर, अप्रिय। 3. used in attacking, आक्रमण में काम आनेवाला। *n*. an agrassive action or campaign, चढ़ाई, आक्रमण। □ **take the offensive,** आक्रमण शुरू करना।

offensively (~ली) *adv*. aggressively, आक्रामक रूप से/में।

offensiveness (अॅ-फ़ेन्´-सिव्-निस्) *n*. the state of being aggressive, आक्रामकता।

offer (आः´-फ़ः, ऑफ़्´-अः) *v*. (offered, offering) 1. to present (for acceptance), प्रस्ताव रखना, प्रस्तुत करना, पेश करना, देना। 2. to give in worship, अर्पित करना। 3. to show willingness (to do something), इच्छा जतलाना, इच्छा प्रकट करना। 4. to be present, उपस्थित होना, आ जाना। 5. to propose as payment, दाम लगाना, बोली बोलना। 6. to make a proposal of marriage, विवाह का प्रस्ताव रखना। *n*. 1. a proposal, प्रस्ताव। 2. something offered to a deity, चढ़ावा, नैवेद्य, भोग।

3. the amount offered, अर्पित राशि।

offering (आ:´-फ़-रिंग) *n.* 1. something offered, अर्पित वस्तु (दान, भोग, चढ़त, बलि आदि)। 2. a sacrifice, बलि।

offertory (आफ़्´-अ-ट-री) *n.* 1. the offerings, चढ़त, अर्पित की जानेवाली वस्तुएँ। 2. the prayer said at the time of offering, प्रार्थना।

offertory box *n.* a box for offerings, दानपात्र, दानपेटी।

offhand (ऑफ़्´-हैन्ड्) *adv. & adj.* without forethought, बिना विचारे (किया जानेवाला) आकस्मिक रूप से (होनेवाला)।

office (आ´-फ़िस्) 1. a room (or rooms) where business work is carried out, दफ़्तर, कार्यालय, आफ़िस। 2. a government department, दफ़्तर, आफ़िस, विभाग। 3. the holding of an official position, पद। 4. an action performed for another, सहायता; through his good offices, उनकी सहायता से।

officebearer (आ:´-फ़िस्-बेंअर्´-अ:) *n.* a person holding a public office, पदाधिकारी।

office boy *n.* a servant doing minor work, दफ़्तर का नौकर, चपरासी।

officeholder (आ:´-फ़िस्-होल्´-ड:) *n.* an office-bearer, पदाधिकारी।

office hours *n.* the period of the day in which work in being done in the office, दफ़्तर का समय, कार्यालय समय।

officer (आ:´-फ़ि-स:) *n.* a person who holds the position of authority in the office, अधिकारी, अफ़सर; officer on duty. नियत अधिकारी।

officer-in-charge *n.* प्रभारी अधिकारी।

office work *n.* the work of an office, दफ़्तर का काम।

official (अ-फ़िश्´-अल्) *n.* one who holds an office or position, अधिकारी, पदधारी। *adj.* 1. of or relating to the administration, शासकीय, राजकीय, सरकारी। 2. authoritative, आधिकारिक। 3. pertaining to an office, पद-संबंधी, पदीय; 4. formal, औपचारिक। 5. authorised, अधिकृत, प्राधिकृत।

officialdom (अ-फ़िश्´-अल्-डम्) *n.* 1. officer collectively, bureaucracy, अधिकारीगण, अधिकारी वर्ग। 2. rigid adherence to official regulations, अफ़सरशाही।

officialese (अ-फ़िश्-अ-लीज़्) *n.* language of the official documents, दफ़्तर की पेचीली तथा बड़े-बड़े वाक्योंवाली जटिल भाषा, दफ़्तरी भाषा।

officially (अ-फ़िश्´-अ-ली) *adv.* 1. authoritatively, आधिकारिक रूप से। 2. in an official manner, सरकारी तौर पर।

officiant (अ-फ़िश्´-इ-अन्ट्) *n.* one who performs priestly duties, पुरोहित।

officiate (अ-फ़िश्´-इ-एट्) *v.* (officiated, officiating) 1. to perform the duties and functions of an official, आधिकारिक रूप से कार्य करना, कार्यवहन करना। 2. to serve as a substitute, स्थानापन्न होना। 3. to conduct a religious ceremony, अनुष्ठान सम्पन्न कराना।

officiating (अ-फ़िश्´-इ-ए-टिंग) *adj.* working at someone's place, स्थानापन्न।

officious (अ-फ़िश्´-अस्) *adj.* asserting one's authority, हुकुम चलानेवाला, हुकुमचलाऊ।

officiously (~ली) *adv.* in an officious manner, हुकुम चलाकर।

offing (आ:´-फ़िंग) *n.* the part of the sea that can be seen from the shore, किनारे पर खड़े व्यक्ति को दिखाई देनेवाला समुद्र का भाग, दृष्ट क्षितिज। □ **in the offing,** (क) दूरी पर; (ख) जल्दी ही भविष्य में, जल्दी ही।

off-print (आ:फ़्´-प्रिंट्) *n.* a reprint of a piece of writing that was orginally a part of a magazine or book, अनुमुद्रण।

off season (आ:फ़्´-सी-ज़न्) *n.* the period when business is fairly dull, मंदी का समय, बेमौसम्। *adv.* in an off-season period, मंदी के दिनों में, बेमौसम में।

offset (आ:फ़्´-सेंट्) *n.* 1. a process of printing, आफ़सेट छपाई। 2. a machine for such printing, आफ़सेट मशीन।

offshoot (आ:फ़्´-शूट्) *n.* a shoot from a stem. शाखा, प्रशाखा।

offshore *adv. & adj.* away from the shore, तट से दूर (जानेवाला)।

off-side (आ:फ़्´-साइड्) *adv*. (of a player in hockey or football etc.) illegally in advance of the ball, near the opponents' goal, आफ़साइड।

offspring (आ:फ़्´-स्प्रिंग्) *n*. 1. progeny, संतान, संतति। 2. something that results from something else, फल, नतीजा, परिणाम।

offstage (आ:फ़्-स्टेज्´) *adv.& adj.* behind the stage, स्टेज से परे (होनेवाला), नेपथ्य में (होनेवाला)।

off-street (आ:फ़्´-स्ट्रीट्) *adj. & adv*. away from the main street, मुख्य गली से परे (होनेवाला)। ☐ **off street parking,** मुख्य मार्ग से परे का गाड़ी-अड्डा

off-the-record (आ:फ़्-दॅ-रॅक्´-अ:ड्) *adj*. not written in the official record, आफ़-दी-रिकार्ड, अभिलेख-इतर।

off-white (आ:फ़्´-व़ाइट्´) *adj.* a yellowish or greyish white, हलका सफ़ेद।

oft (आफ़्ट्, आ:फ़्ट्) *adv*. often, प्राय:।

often (आ:´-फॅन्) *adv*. frequently, अक्सर, प्राय:, बहुधा; ☐ **as often as not,** पचास प्रतिशत; **ever so often,** अक्सर, बहुधा; **more often than not,** पचास प्रतिशत से अधिक।

oft-repeated (आ:फ़्-रि-पी´-टिड्) *adj*. repeated so many times, घिसा-पिटा; oft-repeated story, घिसी-पिटी कहानी।

ogle (ओ´-गॅल्) *n*. an amorous look, चितवन। *v*. (ogled, ogling) to look amorously, प्रेम पूर्वक देखना, चितवना, कनखियों से देखना।

ogre (ओ´-गॅ:) *n*. a maneating giant, नरभक्षी दानव, राक्षस। [fem. ogress]

oh (ओह्) *interj*. 1. an exclamation of surprise, fear etc, ओह! 2. an exclamation for emphasis, ज़ोर देने के लिए प्रयुक्त निपात; अच्छा!

ohm (ओम्) *n*. a unit of electrical resistance, विद्युत प्रतिरोध की इकाई, ओम।

oil (ऑइल्) *n*. 1. a fatty liquid, तेल, तैल। 2. flattery, ख़ुशामद। ☐ **burn the midnight oil,** देर रात तक पढ़ना-लिखना, **pour oil on the flames,** सुलगते या जलते हुए को भड़काना; **pour oil on troubled waters,** झगड़ा शांत करना; **strike oil** (i) (कुएँ में से) तेल मिलना, (ii) बहुत बड़ा आविष्कार होना/करना। *v*. (oiled, oiling) 1. to apply oil to, तेल देना, चिकनाना। 2. to rub with oil, तेल रगड़ना या मलना। ☐ **oil the wheels** (i) पहियों मे तेल देना, (ii) रवाँ करना; **oil the palms,** मुट्ठी गर्म करना।

oil-bearing (ऑइल्´-बि-अॅ-रिंग्) *adj*. containing oil, तेलवाला (क्षेत्र), तेलयुक्त (भूभाग)।

oilcake (ऑइल्´-केक्) *n*. a cake of crushed oil seed's residue, खली।

oilcan (ऑइल्´-केन्) *n*. a can for keeping oil, कुप्पी।

oilcloth (ऑइल्´-क्लाःथ्) *n*. a kind of waterproof cloth, मोमजामा, लिनोलियम।

oil colour *n*. colour prepared in oil, तैलरंग।

oil crusher (ऑइल्-क्रश्´-अ:) *n*. a device for crushing oil seeds, कोल्हू।

oiled (ऑइल्ड्) *adj*. well-oiled, तेल से युक्त, तैलाक्त।

oiler (ऑइल्´-अ:) *n*. one who produces or sells oil, तेल बनाने या बेचने वाला, तेली।

oilfield (ऑइल्´-फ़ील्ड्) *n*. an area containing oil deposites, तैलक्षेत्र।

oiliness (ऑइ´-लि-निस्) *n*. 1. the quality of being oily, तेलहापन, चिकनापन। 2. flattery, चापलूसी।

oil painting *n*. a picture painted in oil colours, तैलचित्र।

oil rig (ऑइल्´-रिग्) *n*. an apparatus for digging underground oil, ज़मीन से तेल निकालनेवाला यंत्र।

oils (ऑइल्ज़्) *n*. (plu.) oil colour or paint, तैलरंग।

oilseed (ऑइल्´-सीड्) *n*. seeds from which oil is obtained, तिलहन।

oilskin (ऑइल्´-स्किन्) *n*. oilcloth, मोमजामा।

oil slick *n*. a thin sheet of oil floating on water, (पानी पर तैरती हुई) तेल की परत।

oil tanker *n*. a tanker for carrying oil, तेल-पोत।

oil well *n*. a hole made in the ground to dig oil, तेलकूप।

oily (ऑइ´-ली) *adj*. 1. of or like oil, तेल लगा, तेलहा, स्निग्ध, चुपड़ा। 2. flattering, चापलूसी-भरा।

oink (ऑइंक्) *n*. the sound made by a pig, सुअर की घुरघुर। *v*. (oinked, oinking) to make such a sound, घुरघुर करना।

ointment (ऑइन्ट्´-मॅन्ट्) *n*. an oily substance to be rubbed on the skin, मलहम।

okay (ओ-के´) *adj. & adv*. all right, ठीक, सही। *v*. (okayed, okaying) to give one's approval or agreement, अनुमोदन करना, समर्थन करना। *n*. approval or agreement, समर्थन या सहमति।

okra (ओ´-क्रॅ) *n*. a plant and its beans, भिंडी।

old (ओल्ड्) *adj*. (older, oldest) 1. having lived or existed for a relatively long time, लंबी उम्रवाला, पुराना या बूढ़ा। 2. of a particular age, अवस्थावाला, उम्र का। 3. worn with use or age, घिसा-पिटा या जर्जर। 4. practiced, अभ्यस्त। 5. skilled through long experience, कुशल, निपुण। 6. out-of-date, unfashionable, दिनाप्त, दकियानूस।

old age *n*. the period of a person's life when one is old, बुढ़ापा, वृद्धावस्था।

old boy *n*. 1. a male ex-pupil of a school or college, किसी विद्यालय का पुराना छात्र। 2. an elderly man, बूढ़ा व्यक्ति।

old country *n*. mother country of an immigrant, मातृभूमि।

olden (ओल्´-डॅन्) *adj*. ancient, प्राचीन, पुरातन। ☐ **in olden times,** पुराने ज़माने में, प्राचीन काल में, बहुत पहले।

olde worlde (ओल्-डी-वॉ:ल्´-डी) *adj*. old fashioned, दकियानुसी।

old-fashioned (ओल्ड्´-फ़ैश्´-ऑन्ड्) *adj*. no longer common or in use, पुरानी तरह का, पुराना, दकियानूसी।

old guard *n*. the conservative group, पुराणपंथियों या कट्टरवादियों का वर्ग।

old hand *n*. a seasoned workman, अनुभवी व्यक्ति।

oldish (ओल्ड्´-इश्) *adj*. fairly old, काफ़ी पुराना।

old lady *n*. one's mother or wife, माँ या पत्नी।

old maid *n*. an unmarried woman who is no longer young. ऐसी कुँआरी स्त्री जिसकी जवानी ढल चुकी हो, बुढ़िया।

old man *n*. one's father, husband or employer, पिता, पति या नियोजक।

old-stager, old-timer (ओल्ड्-स्टेंग्´-अॅ:/टाइ´-मॅ:) *n*. an experienced person, अनुभवी व्यक्ति।

oldster (ओल्ड्´-स्टॅ:) *n*. an old person, बूढ़ा व्यक्ति, बुड्ढा।

Old Testament *n*. the first half of the Bible, बाइबिल का पहला भाग (जिसमें ईस्वी पूर्व यहूदियों और उनकी मान्यताओं का वर्णन है)।

old-time (ओल्ड्-टाइम्) *adj*. of former times, प्राचीन काल का।

old-timer (ओल्ड्-टाइ´-मॅ:) *n*. a person who has long experience or standing, पुराना जानकार।

old-world (ओल्ड्-व़:ल्ड्) *adj*. belonging to past times, प्राचीन, पुराना।

Old World *n*. the Old World = युरोप, एशिया और अफ्रीका।

oleaginous (ओ-लि-ऐज्´-नॅस्) *adj*. oily, चिकना, स्निग्ध, तेल-जैसा।

oleander (ओं-लि-ऐन्´-डॅ:) *n*. a poisonous shrub, एक प्रकार की ज़हरीली फूलदार झाड़ी।

olfactory (ऑल्-फ़ैक्´-टॅ-री) *adj*. of the sense of smell, घ्राण-संबंधी।

oligarchic, oligarchical (ऑल-इ-गा:´-किक्, ऑल्-इ-गा:´-किल्) *adj*. of, relaiting to, or based on an oligarchy, अल्पतंत्रीय, अल्पतंत्र संबंधी।

oligarchy (ऑल्-इ-गा:´-की) *n*. 1. a government by the few, अल्पतंत्र, गुटतंत्र। 2. the such group which rules the state, उक्त गुट के लोग। 3. a state governed by the few, वह देश जहाँ उनका शासन हो।

olio (ओ´-लि-ओ) *n*. 1. a miscellaneous collection, खिचड़ी। 2. a mixed stew, सूप।

olive (ऑ´-लाइव्, ऑल्´-इव्) *n*. a tree, its flowers and fruits, जैतून; olive oil, जैतून का तेल।

olive branch *n*. a sign of peace, शांति का सूचक

प्रतीक (जैतून की डाली)। □ **hold out an olive branch to try to establish peace,** शांति संकेत देना, सुलह का प्रस्ताव रखना।

olive-green (ऑ´-लाइव्-ग्रीन्) *adj.* green as olive leaves, जैतून (की तरह) हरा।

Olympian (ओ-लिम्´-पि-ॲन्) *adj.* majestic, प्रभावशाली, तेजस्वी, प्रतापी। *n.* a player in the Olympic Games, ओलंपिक खिलाड़ी।

Olympic (ओ-लम्´-पिक्) *adj.* of the Olympic Games, ओलंपिक।

Olympics (ओ-लिम्´-पिक्स्) *n.* modern international sports events held every fourth year, ओलंपिक गेम / खेल।

ombudsman (ओम्´-बड्स्-मॅन्) *n.* an investigation officer to whom applications about maladministration are lodged, लोकपाल, लोकायुक्त।

omega (ओ-मि-गॅ, ओ-मे´-गॅ) *n.* the last letter of the Greek alphabet, यूनानी वर्णमाला का (चौबीसवाँ) अंतिम वर्ण। □ **alpha and omega,** आदि और अंत।

omelet, omelette (ऑम्´-लिट्) *n.* a dish of beaten eggs cooked in fat, आमलेट।

omen (ओ´-मॅन्) *n.* a sign of future good or evil, सगुन, शगुन।

ominous (ऑम्´-इ-नॅस्) *adj.* pertaining to an evil omen, अशुभ, अनिष्टसूचक।

omission (ओ-मिश्´-ॲन्) *n.* 1. the act of omitting or the state of being omitted, छूट, भूल, चूक, त्रुटि। 2. something that has been omitted, छूट, चूक। □ **errors and omissions excepted,** भूल-चूक लेनी-देनी; **sins of commission and omissions,** कर्मों और अकर्मों के पाप।

omit (ओ-मिट्´) *v.* (omitted, omitting) 1. to leave out, छोड़ देना। 2. to fail to do, न करना। 3. not to insert or include, न जोड़ना।

omnibus (ऑम्´-नि-बॅस्) *n.* 1. a public bus, बस, ऑमनीबस। 2. a volume containing author's all or several works, रचनावली, समग्र। *adj.* comprising several items, विविध, नानाविध।

omnifarious (ऑम्-नि-फ़ॆअॅर्´-इ-ॲस्) *adj.* of many forms, नानारूप।

omnipotence (ऑम्-निप्´-ॲ-टॅन्स्) *n.* the state or quality of being omnipotent, सर्वसमर्थकता, सर्वशक्तिमत्ता, सर्वकार्यक्षमता।

omnipotent (ऑम्-निप्´-अ-टॅन्ट्) *adj.* having unlimited powers, सर्वशक्तिमान, सर्वसमर्थ, सर्वकार्यक्षम।

omnipresence (ओम्-नि-प्रेंज्´-ॲन्स्) *n.* the state or quality of being omnipresent, सर्वव्यापकता, सर्वव्याप्ति।

omnipresent (ऑम्-नि-प्रेंज्´-ॲन्ट्) *adj.* present everywhere, सर्वव्यापक, सर्वव्यापी।

omniscience (ऑम्-निश्´-ॲन्स्) *n.* the state or quality of being omniscient, सर्वज्ञता।

omniscient (ऑम-निश्´-ॲन्ट्) *adj.* knowing everything, सर्वज्ञ।

omnivorous (ऑम-निव्´-ॲर्-ॲस्) *adj.* 1. eating both animal and vegetable substances, सर्वभक्षी, सर्वभक्षक। 2. reading whatever comes one's way, सर्वपाठी।

omnivorousness (ऑम्-निव्´-ॲ-रॅस्-निस्) *n.* act of feeding on both animal flesh and plants, सब-कुछ खाना-पीना, सर्वभक्षण।

on (ऑन्) *prep.* 1. in contact with the surface, [illegible] पर। 2. concerning or attached to, प [illegible]। 3. to, towards, को, की ओर। 4. at the time of, (समय) पर; The train came on time, गाड़ी समय पर आई। 5. about, के बारे में, के विषय में। 6. by means of, पर, के द्वारा। 7. because of, के कारण। 8. with the support of, के सहारे। 9. in a state of (as on strike or on journey, हड़ताल/यात्रा) पर। 10. after, के बाद। 11. in the possession of, with, के पास। 12. being performed upon (as on television, टी.वी.) पर। 13. to indicate meeting or encounter, पर; A lion crept up on her. बाघ उस पर कूद पड़ा। 14. indicating the manner or way, पर। 15. addition or repetition, पर; error on error, गलतियों पर गलती। *adv.* 1. continuously, निरंतर, बराबर। 2. further in space or time, आगे। 3. in a direction towards something, की तरफ़। 4. in or into opera-

tion, चालू रूप में। □ **on and off,** यदा-कदा, कभी-कभी, समय-समय पर। *adj.* 1. operating or functioning, चलता हुआ, काम में लगा या काम करता हुआ, चालू; The game will be on in two minutes, दो मिनट में खेल चालू हो जाएगा। 2. शर्त, बाज़ी या दाँव के रूप में लगाया हुआ; Hundred rupees on that player, उस खिलाड़ी पर सौ रुपए लगाए गए हैं। 3. charged to, देनेवाला; The tickets on me, टिकट के पैसे मेरे। 4. taking place, आरंभ या घटित होनेवाला; The test match is on for Sunday. टेस्ट मैच रविवार को आरंभ होगा। 5. practicable, व्यवहार्य। 6. pertaining to on side, वामक्षेत्र का। *n.* the part of the cricket field left to the righthanded batsman, बायाँ क्षेत्र, वाम क्षेत्र, वामभाग।

once (वन्स) *adv.* 1. one time, एक बार। 2. on one occasion, एक ही अवसर पर। 3. at some past time, पहले कभी। □ **all at once,** एकाएक; **at once,** अभी; **for once,** एक बार; **once for all,** आख़िरी बार, हमेशा के लिए; **once in a while,** कभी-कभी, बहुत कम; **once more,** एक बार और; **once or twice,** एक-दो बार, एकाध बार; **once upon a time,** एक समय, प्राचीन काल में। *n.* one time, एक-आध अवसर। *conj.* one time only, एक बार; Once is enough. एक बार बहुत है।

oncoming (ऑन्´-कम्-इंग) *adj.* approaching, आता हुआ, पास आया हुआ।

one (वन्) *adj.* 1. single, not two, एक। 2. being distinct from all others, एक ऐसा। 3. a specified, एक (निश्चित)। 4. an unspecified or indefinite, एक (अनिश्चित)। □ **all in one,** इकट्ठे; **all one,** एक से; **at one,** सहमत; **be made one,** विवाह में बँधकर एक हो जाना; **many a one,** अनेक व्यक्ति; **never a one,** एक भी नहीं; **one and all,** हर कोई; **one by one,** एक एक करके, बारी-बारी से; **one or two,** एक-दो, कुछ ही। *n.* 1. any indefinite on unspecified person, एक। 2. the smallest whole number, १, एक। 3. a person or thing, एक व्यक्ति या वस्तु। □ **one o' clock,** एक बजे; **the one above,** परमात्मा।

one-act play *n.* a drama of one act, एकांकी।

one another (वन्-ऐन्-अद्´-अंः) *pron.* each other, एक दूसरे को (के)।

one-armed (वन्´-आःम्ड्) *adj.* having only one arm, एक हाथवाला, एकबाहु, इकहत्था।

one-eyed (वन्´-आइड्) *adj.* having only one eye, एकाक्ष, काना।

one-fold (वन्´-फ़ोल्ड्) *adj.* folded once, इकहरा।

one-horse (वन्´-हॉःस्) *adj.* pulled by only one horse, एक घोड़ेवाली (गाड़ी)।

Oneida (ओ-नी´-डॅ, ओ-नाइ´-डॅ) *n.* a member of an Indian tribe living in New York, न्यूयार्क में रहनेवाला भारतीय जनजाति का व्यक्ति।

one-legged (वन्´-लेग्ड्) *adj.* having only one leg, एक टाँगवाला, इकटँगा।

one-man (वन्´-मैन्´) *adj.* done or managed by one person, एक व्यक्ति द्वारा किया जाने या होनेवाला।

oneness (वन्´-निस्) *n.* 1. the state of being one, एक भाव, एकाकीपन। 2. the state of being united, एकता।

one-piece (वन्-पीस्´) *n.* made in one piece only, वन-पीस।

onerous (ऑन्´-अॅ-रॅस्) *adj.* heavy, burdensome, भारी, मुश्किल, दुर्वह।

oneself (वन्´-सॅल्फ़्) *pron.* used reflexively, ख़ुद, स्वयं।

one-sided (वन्´-साइ-डिड्) *adj.* 1. biased, इकतरफ़ा, पक्षपातपूर्ण। 2. unequal, असमान, इकतरफ़ा।

one-storied (वन्-स्टोर्´-ईड्) *adj.* single storied, एकमंज़िला, एक-तल्ला।

one-time (वन्-टाइम्´) *adj.* former, पुराना, भूतपूर्व।

one-track mind *n.* a person obsessed with one idea or subject, एक ही तरफ़ या एक ही विषय पर सोचनेवाला व्यक्ति।

one-up (वन्-अप्´) *adj.* having a lead over his competitor, आगे बढ़ा या निकला हुआ।

one-way (वन्-वे´) *adj.* moving or allowing movement in only one direction, इकतरफ़ा।

ongoing (ऑन्´-गो-इंग) *adj.* continuing, जारी,

चालू।

onion (अन्´-यॅन्) *n.* a plant and its bulb, प्याज़ □ **know one's onions,** अपने काम या विषय की पूरी जानकारी होना।

onionskin (अन्´-यॅन्-स्किन्) *n.* the outermost coat of an onion, प्याज़ का ऊपरी छिलका।

oniony (अन्´-यॅ-नी) *adj.* of or pertaining to onions, प्याज़ी।

onlooker (ऑन्´-लुक्-अॅ:) *n.* a spectator, दर्शक, द्रष्टा, तमाशबीन।

only (ओन्´-ली) *adj.* 1. alone in its kind or class, अकेला, इकलौता। 2. having no siblings, अकेला, जिसका भाई या बहन न हो। □ **one and only,** अद्वितीय। *adv.* 1. without anyone or anything, एकमात्र, सिर्फ़, केवल, मात्र। 2. no more than, सिर्फ़ , अधिक नहीं। □ **only too,** अत्यधिक। *conj.* except that, के अलावा।

onomatopoeia (ऑन्-अॅ-मैट्-अॅ-पी´-अॅ) *n.* 1. the forming of a word by a vocal imitation of the sound associated with it, वस्तु से संबंधित ध्वनि के आधार पर उसका नाम रखना, अनुरणन। 2. such words, अनुरणनात्मक शब्द।

onrush (ऑन्´-रश्) *n.* an onward rush, बड़े ज़ोर या वेग से आगे बढ़ती हुई भीड़, रेला।

onset (ऑन्´-सेंट्) *n.* 1. a beginning, शुरुआत। 2. an attack, आक्रमण, चढ़ाई, धावा।

onshore (ऑन्´-शोर्´) *adj.* coming towards the shore, तटोन्मुख। *adv.* 1. towards the land, तट की ओर। 2. on land, धरती पर।

onslaught (ऑन्´-स्लाःट्) *n.* a fierce attack, भीषण आक्रमण।

onto (ऑन्´-टू) *prep.* to a position or point on, पर; He jumped onto the horse, वह घोड़े पर कूदकर जा चढ़ा।

ontology (ऑन्-टॉल्´-अॅ-जी) *n.* the systematic study of the nature of existence, तत्त्वविज्ञान, तत्त्वदर्शन, तत्त्वमीमांसा।

onus (ओ´-नॅस्) *n.* 1. burden, भार, दायित्व। 2. blame, आरोप, दोष।

onward (ऑन्´-वॅड्) *adv.* in a direction that is ahead, आगे, आगे की ओर। *adj.* directing or moving forward, आगे की ओर बढ़ता हुआ।

onwards (ऑन्´-वॅ:ड्ज़्) *adv.* = onward.

onyx (ऑन्´-इक्स्) *n.* a gem stone. सुलेमानी (पत्थर)।

oodles (ऊ´-डल्ज़्) *n.* (plu.) a great quantity, बड़ी मात्रा; He has oodles of money, उसके पास बड़ी मात्रा में धन है।

ooh (ऊ) *interj.* an exclamation of pleasure, pain or surprise, ओह!

ooze[1] (ऊज़्) *v.* (oozed, oozing) 1. to trickle or leak slowly, रिसना, चूना, टपकना। 2. to emit moisture, नमी आना। 3. to show (a feeling, अनुभूति) प्रकट करना। 4. to disappear, धीरे-धीरे निकल जाना।

ooze[2] *n.* a soft thin mudlike sediment found at the bottom of rivers and lakes, नदियों तथा झीलों के तल में जमनेवाली मिट्टी की परत।

opacity (ओ-पैस्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being opaque, अपारदर्शिता।

opal (ओ´-पॅल्) *n.* a white gem-stone used in jewellery, दूधिया पत्थर।

opalescent (ओ-पॅ-लेंस्´-अॅन्ट्) *adj.* iridescent like an opal, दूधिया।

opaque (ओ-पेक्´) *adj.* 1. not emitting or reflecting light, अपारदर्शी। 2. dull, धुँधला। 3. hard to understand, मुश्किल से समझ में आनेवाला, गहन, गूढ़।

open (ओ´-पॅन्) *adj.* 1. not closed, blocked or locked, खुला, विवृत। 2. not sealed, fastened or wrapped, खुला। 3. having no cover, ख़ुला, अनावृत्त। 4. accessible to all, खुला; open tournament, खुली खेल-प्रतियोगिता। 5. frank, निष्कपट। 6. not finally decided, अनिर्णीत। 7. available, उपलब्ध। 8. ready to entertain new ideas, नए विचारों का स्वागत करनेवाला। 9. vacant, रिक्त, खाली। 10. unprotected, अरक्षित। 11. liberal, उदार। □ **with open arms,** बाहें फैलाकर, ख़ुशी-ख़ुशी। *n.* 1. open space, खुला मैदान। 2. an open competition, खुली स्पर्धा। □ **in the open air,** खुले में, घर के बाहर। *v.* (opened, opening) 1. to make or

become open, खुलना या खोलना। 2. to begin or start, शुरू होना/करना, प्रवृत्त होना/करना। 3. to declare open, शुभारंभ करना। □ **open out,** खुलकर बातें करना।

openable (ओ´-पॅन्-अॅ-बॅल्) ***adj.*** that can be opened, खुलनेवाला।

open-air (ओ´-पॅन्-ऍअ:) ***adj.*** taking place in the outdoors, खुले में होनेवाला।

open-and-shut (ओ-पॅन-ऍन्-शट्´) ***adj.*** 1. perfectly straightforward, सीधा-सीधा। 2. obvious, साफ़, स्पष्ट।

open-door policy ***n.*** trade policy without any restrictions, निर्बाध नीति, मुक्त-द्वार नीति।

open-ended (ओ-पॅन्-ऍन्ड्´-इड्) ***adj.*** without any fixed limit, निस्सीम।

opener (ओ´-पॅ-नॅ:) ***n.*** 1. a device for opening bottles, canes etc., बोतल आदि खोलने का उपकरण। 2. an opening batsman, प्रारंभिक या सलामी बल्लेबाज़।

open-eyed (ओ-पॅन्-आइड्´) ***adv.*** with the eyes wide open, खुली आँखों से। ***adj.*** 1. having the eyes wide open, चौकस, चौकन्ना। 2. watchful, सतर्क, सावधान।

open-handed (ओ-पॅन्-हैन्´-डिड्) ***adj.*** generous, उदार, मुक्तहस्त।

open-handedly (ओ-पॅन्-हैन्´-डिड्-ली) ***adv.*** generously, उदारतापूर्वक, मुक्तहस्त होकर।

open-hearted (ओ-पॅन्-हा:ट्´-इड्) ***adj.*** kindly and warm, दयालु, कृपालु, उदार-हृदय, निष्कपट।

open-heartedness (~निस्) ***n.*** the state or quality of being open-hearted, दयालुता, निष्कपटता।

open-heart surgery ***n.*** surgery with the heart exposed, ओपन हार्ट सर्जरी, दिल का आपरेशन।

opening (ओ´-पॅ-निंग्) ***adj.*** coming first, प्रारंभिक, आरंभिक। ***n.*** 1. the act of making or becoming open, प्रारंभ, शुरुआत। 2. a hole, छेद। 3. a way, मार्ग, रास्ता। 4. a first performance, प्रथम अभिनय या प्रदर्शन। 5. an opening ceremony, उद्घाटन समारोह। 6. the first part of something, प्रारंभिक भाग।

opening time ***n.*** the time of opening an office, shop etc., खुलने का समय, प्रारंभ समय।

open letter ***n.*** a letter made public, खुला पत्र।

openly (ओ´-पॅन्-ली) ***adv.*** publicly, प्रकट रूप से, खुले खजाने।

open-minded (ओ-पॅन्-माइन्ड्´-इड्) ***adj.*** receptive to new ideas, arguments etc., खुले मस्तिष्कवाला, पूर्वग्रह-मुक्त।

open-mouthed (ओ-पॅन्-माउथ्ड्´) ***adj.*** 1. greedy, लोभी, लालची। 2. surprised, चकित, हक्का-बक्का।

openness (ओ´-पॅन्-निस्) ***n.*** 1. the state or quality of being open, खुलापन। 2. frankness, स्पष्टवादिता।

open question ***n.*** a question that has not been yet decided, विवादित प्रश्न, अनुत्तरित प्रश्न।

open secret ***n.*** a secret about which everyone knows, प्रकट रहस्य।

open university ***n.*** a university where students get education through television, lectures etc., खुला विश्वविद्यालय।

open work ***n.*** a pattern with spaces in between threads etc., जालीदार काम।

opera (ऑप्´-रॅ) ***n.*** a dramatic work in which all of the words are sung to music, musical play, संगीत-नाटक, संगीतिका।

operable (ऑप्´-अॅ-रॅ-बॅल्) ***adj.*** 1. that can be operated, आपरेशन-योग्य। 2. practicable, करणीय, व्यवहार्य।

opera house ***n.*** a theatre built for operas, संगीत-नाट्यशाला।

operate (ऑप्´-अॅ-रेट्) ***v.*** (operated, operating) 1. to perform a surgical operation, आपरेशन करना, चीर-फाड़ करना, शल्य-चिकित्सा करना। 2. to cause to function, to run, परिचालन या चालू करना, चलाना। 3. to function effectively, सही ढंग से कार्य करना, चलना या लागू होना। 4. to handle, manage, संचालन करना, प्रबंध करना।

operatic (ऑप्-अॅ-रैट्´-इक्) ***adj.*** relating to or suitable to opera, संगीत-नाटक-संबंधी।

operating theatre ***n.*** a room in which surgi-

cal operations are performed, आपरेशन-घर।

operation (ऑप्-अॅ-रे´-शॅन्) *n.* 1. the act or method of operating, प्रचालन, चलाना।2. the condition of being operative, चलने या लागू होने की अवस्था। 3. a process, संक्रिया। 4. a surgical procedure, आपरेशन, चीर-फाड़, शल्यकर्म, शल्य-चिकित्सा। 5. a military action or project, सैनिक कार्रवाई। 6. (maths) any process performed according to specific rules, संक्रिया।

operational (ऑप्-अॅ-रे´-शॅ-नॅल्) *adj.* 1. of or relating to an operation, प्रचालन-संबंधी; संक्रियात्मक। 2. in working order or ready to use, चालू, व्यवहार्य।3. of surgical operation, आपरेशन-संबंधी, शल्यकर्म-संबंधी।

operative (ऑप्´-अॅ-रे´-टिव्) *adj.* 1. being in operation, effective, लागू, प्रभावी, कार्यकारी। 2. of surgical operation, आपरेशन-संबंधी।

operator (ऑप्´-अॅ-रे-टॅः) *n.* 1. one who operates a machine, परिचालक, मशीनमैन। 2. a linesman, लाइन्समैन। 3. a shrewd person, होशियार आदमी, तिकड़मी।

operetta (ऑप्´-अॅ-रेट्´-अॅ) *n.* a short opera, छोटा संगीत-नाटक।

ophthalmic (ऑफ़्-थैल्´-मिक्) *adj.* of or relating to the eye, नेत्र-संबंधी।

ophthalmologist (आफ़्-थैल्-मॉल्´-अॅ-जिस्ट्) *n.* a specialist in opthalmology, नेत्र-चिकित्सक।

ophthalmology (आफ़्-थैल्-मॉल्´-अॅ-जी) *n.* the science dealing with eyes and their diseases, नेत्र-चिकित्सा विज्ञान।

ophthalmoscope (आफ़्-थैल्´-मॅ-स्कोप्) *n.* an instrument for examining the eyes, आँखों की जाँच करने का उपकरण।

opiate (ओ´-पि-एट्) *adj.* inducing sleep, निद्राकारी, निद्राजनक। *n.* a narcotic containing opium, निद्राकारी ओषधि।

opine (ओ-पाइन्´) *v.* (opined, opining) to hold or express an opinion, राय बनाना या व्यक्त करना।

opinion (अॅ-पिन्´-यॅन्) *n.* 1. a belief held often without proof, मत, राय।2. an expert's comment, विशेषज्ञ का विचार, मत, राय।

opinionated (अॅ-पिन्´-यॅ-ने-टिड्) *adj.* holding stubbornly to one's opinion, अड़ियल, हठधर्मी।

opium (ओ´-पि-अॅम्) *n.* a drug made from dried juice of poppies, अफ़ीम।

opponent (अॅ-पो´-नॅन्ट्) *n.* one who opposes another(s), विपक्षी, विरोधी।

opportune (ऑप्-अॅः-चून्´) *adj.* occurring at an appropriate or favourable time, अवसरोचित या समयोचित।

opportunism (ऑप्-अॅः-चू´-निज़्म्) *n.* the practice of taking advantage of an opportunity, अवसर से लाभ उठाने की प्रवृत्ति।

opportunist (ऑप्-अॅः-चू´-निस्ट्) *n.* onc who takes advantage of opportunities, अवसरवादी।

opportunity (ऑप्-अॅः-चू´-नि-टी) *n.* a favourable time for a certain purpose, अवसर, सुअवसर, मौका।

oppose (अॅ-पोज़्´) *v.* (opposed, opposing) 1. to fight against or resist, विरोध करना। 2. to be in opposition to, विरोध में होना। ☐ **as opposed to,** के विपरीत।

opposing (अॅ-पो´-ज़िंग्) *adj.* contrary, opposite, विरोधी, विपरीत।

opposite (ऑप्´-अॅ-ज़िट्) *adj.* 1. situated on the other side, उधरवाला, सामनेवाला। 2. of a contrary kind, प्रतिकूल, विपरीत। 3. diametrically opposed, उलटा। *n.* one who is opposite to the other, विरोधी। *prep.* facing, के सामने। ☐ **one's opposite number,** समकक्ष पदाधिकारी।

opposition (ऑप्-अॅ-ज़िश्´-अॅन्) *n.* 1. the act of opposing or the state of being opposed, विरोध। 2. the people who oppose, विरोध-पक्ष, विरोधी दल।3. **the opposition,** (i) विरोधी दल के सदस्य; (ii) प्रतिस्पर्धी।

opposition party *n.* a political party opposed to the ruling party, विरोधी दल।

oppress (अॅ-प्रेस्´) *v.* (oppressed, oppressing) 1. to treat with injustice and cruelty,

दुखी करना, उत्पीड़ित करना, सताना, अत्याचार करना। 2. to burden unjustly, दबाना।

oppression (अ-प्रेश्´-अन्) ***n.*** the act of oppressing or the state of being oppressed, उत्पीड़न, दमन, अत्याचार।

oppressive (अ-प्रेस्´-इव्) ***adj.*** 1. cruel or harsh, क्रूर, कठोर, निर्मम। 2. causing oppression, उत्पीड़नकारी, दमनकारी। 3. causing discomfort, दुखदायी, कष्टकारी, बुरा।

oppressor (अ-प्रेस्´-अः) ***n.*** one who oppresses, उत्पीड़क, दमनकारी, अत्याचारी, दुखदायी।

opprobrious (अ-प्रो´-ब्रि-अस्) ***adj.*** 1. expressing scorn or contempt, अपमानसूचक, निंदासूचक। 2. shameful, लज्जाजनक।

opprobrium (अ-प्रो´-ब्रि-अम्) ***n.*** 1. reproach or censure, निंदा। 2. disgrace or ignominy, बदनामी, अपकीर्ति।

opt (ऑप्ट्) ***v.*** (opted, opting) to make a choice, चुनना, चयन करना। □ **opt out,** सम्मिलित न होना, बाहर या अलग रहना।

optative (ऑप्´-टॅ-टिव्) ***n.*** a mood of verbs expressing wish, क्रिया का इच्छाबोधक रूप, विधिलिंङ्।

optic (ऑप्´-टिक्) ***adj.*** of the eye or vision, आँख या दृष्टि-संबंधी।

optical (ऑप्´-टि-कॅल्) ***adj.*** 1. of or relating to the sight, दृष्टि-संबंधी, चाक्षुष, दृक्-; optical illusion, दृष्टिभ्रम। 2. of or relating to optics, प्रकाश-विज्ञान संबंधी।

optician (ऑप्-टिश्´-अन्) ***n.*** a maker or seller of spectacles, चश्मा निर्माता या चश्मा विक्रेता।

optics (ऑप्´-टिक्स्) ***n.*** the scientific study of sight and its medium light, प्रकाश-विज्ञान, प्रकाशिकी।

optimal (ऑप्´-टि-मॅल्) ***adj.*** most desirable, इष्टतम।

optimism (ऑप्´-टि-मिज़्-अम्) ***n.*** hopefulness, आशावाद।

optimist (ऑप्´-टि-मिस्ट्) ***n.*** one who takes a hopeful view of things, आशावादी।

optimistic (ऑप्-टि-मिस्´-टिक्) ***adj.*** hopeful, आशावादी।

optimistically (ऑप्-टि-मिस्´-टि-कॅ-ली) ***adv.*** in an optimistic manner, आशापूर्वक, आशावादितापूर्वक, आशावादी होकर, आशावादी ढंग से।

optimize (ऑप्´-टि-माइज़्) ***v.*** (optimized, optimizing) to make (something) as good as possible, (किसी चीज़ को) अच्छे से अच्छा बनाना।

optimum (ऑप्´-टि-मॅम्) ***adj.*** most favourable or advantageous, best, इष्टतम, अनुकूलतम। ***n.*** (plu. optimuma) the most favourable conditions or amount, अनुकूलतम परिस्थिति या राशि।

option (ऑप्´-शॅन्) ***n.*** 1. an alternative, विकल्प। 2. freedom to choose, चयन-स्वतंत्रता। 3. something chosen, चुनी या पसंद की हुई वस्तु। 4. the right to purchase or sell a thing at a certain time in the future at a fixed price, चयनाधिकार। □ **keep one's options open,** अपने को प्रतिबद्ध न करना, जल्दी फ़ैसला न करना।

optional (ऑप्´-शॅ-नॅल्) ***adj.*** left to personal choice, not compulsory, वैकल्पिक, विकल्पी, ऐच्छिक।

optionally (ऑप्´-शॅ-नॅ-ली) ***adv.*** by option, वैकल्पिक रूप से, विकल्प से।

optometrist (ऑप्-टॉम्´-अ-ट्रिस्ट्) ***n.*** an expert in optometry, दृष्टि-परीक्षक।

optometry (ऑप्-टॉम्´-अ-ट्री) ***n.*** the profession of examining visual defects, दृष्टि-दोषों का परीक्षण, दृष्टि-परीक्षण।

opulence (ऑप्´-यु-लॅन्स्) ***n.*** 1. abundance, बहुतायत। 2. wealth, prosperity, दौलत, समृद्धि, सम्पन्नता।

opulent (ऑप्´-यु-लॅन्ट्) ***adj.*** 1. abundant, प्रचुर, विपुल। 2. wealthy, prosperous, धनाढ्य, समृद्ध।

opulently (ऑप्´-यु-लॅन्ट्-ली) ***adv.*** abundantly, बहुतायत से।

opus (ओ´-पॅस्) ***n.*** (pl. opera) a musical work, संगीतमय रचना।

or (ऑः) ***conj.*** used to denote an alternative

or synonymous expression, या, अथवा।

-or *suffix.* used to forming nouns from verbs, क्रियाओं से संज्ञा बनानेवाला प्रत्यय।

oracle (ऑ:-अ-कॅल्) *n.* 1. a message of divine truth revealing God's will, आकाशवाणी। 2. an agency through which this message is transmitted, आकाशवाणी का माध्यम। 3. a wise person, विवेकी व्यक्ति।

oracular (ओ-रैक्´-उ-लॅ:) *adj.* 1. of or relating to an oracle, आकाशवाणी-संबंधी। 2. mysterious, रहस्यमय। 3. wise, विवेकपूर्ण।

oral (ओर्´-अॅल्) *adj.* 1. verbal, spoken, ज़बानी, मौखिक। 2. done or taken by the mouth, मुखीय। *n.* a spoken (not written) examination, मौखिक परीक्षा।

orally (ओर्´-अॅ-ली) *adv.* 1. verbally, मौखिक रूप से। 2. by mouth, मुख द्वारा।

orange (ऑर्´-इंज्) *n.* a tree and its round juicy citrus fruit, नारंगी, संतरा। *adj.* reddish yellow, नारंगी के रंग का, नारंगी।

orangeade (ऑर्´-इंज्-एड्) *n.* a beverage of orange juice, sugar and water, संतरे या नारंगी का शरबत।

orangery (ऑर्´-इंज्-अॅ-री) *n.* an orchard of trees that bear oranges, संतरों का बाग़।

orate (ओ-रेट्´) *v.* (orated, orating) to make a speech, भाषण करना, वक्तृता देना।

oration (ओ-रे´-शॅन्) *n.* 1. a public speech, सार्वजनिक भाषण। 2. a long speech, लंबा भाषण।

orator (ऑर्´-अॅ-टॅ:) *n.* a public speaker, भाषणकर्ता। [Fem. oratress]

oratorical (ऑर्´-अॅ-टॉर्-इ-कॅल्) *adj.* of oratory, भाषण-कला-संबंधी।

oratory (ऑर्´-अॅ-टॅ-री) *n.* 1. the art of public speaking, भाषण-कला, वक्तृत्व-कला। 2. eloquent speech, ज़ोरदार भाषण। 3. a small room for private prayer, पूजा-घर।

orb (ऑ:ब्) *n.* 1. a sphere of globe, गोलाकार पिंड, मंडल। 2. an eye, आँख।

orbicular (आ:´-बि-क्यु-लॅ:) *adj.* spherical, circular, गोलाकार, मंडलाकार, वर्तुल।

orbit (ऑ:´-बिट्) *n.* 1. the circular path of a celestial body, आकाशीय पिंड का परिक्रमा पथ, कक्षा। 2. a sphere of influence, प्रभावक्षेत्र। *v.* (orbited, orbiting) to move in an orbit, कक्षा में घूमना, चक्कर लगाना।

orbital (आ:´-बि-टॅल्) *adj.* of an orbit, कक्षा-संबंधी, कक्षीय। *n.* orbital path, कक्षा, मुद्रिका-पथ।

orbiter (ऑ:´-बि-टॅ:) *n.* a satellite, उपग्रह।

orchard (आ:´-चॅ:ड्) *n.* 1. a garden of fruit trees, फलों का बाग़, फलोद्यान। 2. a collection of fruit trees, उक्त उद्यान के पेड़।

orchestra (ऑ:´-कि-स्ट्रॅ) *n.* 1. a group of musicians who play together on various instruments, वादकदल, वादकवृन्द। 2. a set of different musical instruments, वाद्ययंत्रों का समूह, वाद्यवृंद।

orchestral (ऑ:-केंस्´-ट्रॅल्) *adj.* of or by an orchestra, वादकवृंदीय।

orchestrate (ऑ:´-कि-स्ट्रेट्) *v.* (orchestrated, orchestrating) to compose or arrange a piece of music for an orchestra, वाद्यवृंद के लिए संगीत तैयार करना।

orchid (ऑ:´-किड्) *n.* a plant and its flower, फूलदार पौधों की एक जाति, आर्किड।

ordain (ऑ:-डेन्´) *v.* (ordained, ordaining) 1. to make someone a priest, पुरोहित बनाना। 2. to order, आदेश देना। 3. to predestine, भाग्य में बदा होना।

ordeal (आ:-डील्´, आ:´-डील्) *n.* 1. a trying or painful experience, कटु या दुखद अनुभव। 2. a method of trial for determining someone's innocence, अग्निपरीक्षा।

order (ऑ:´-डॅ:) *n.* 1. a logical arrangement, sequence, तर्कसंगत क्रम, सिलसिला। 2. condition or state, स्थिति। 3. a peaceful condition of society, व्यवस्था। 4. (often plural) a class or rank in society, वर्ग, श्रेणी। 5. a system of rules, पद्धति। 6. a command, आदेश, हुकुम। 7. a request to supply goods, आदेश, माँग। 8. such goods, माँगी हुई वस्तुएँ। 9. a written direction to pay money, आदेश (धनादेश)। 10. a kind, sort or quality, प्रकार या गुण। 11. an organisation,

संघटन, संस्थान। □ **in order,** व्यवस्थित; **in order of merit,** श्रेष्ठता क्रम से; **in order that,** जिसमें; **in order to,** के लिए; **keep order,** व्यवस्था बनाए रखना; **on order,** आदेश से या आदेश पर; **out of order** (i) अव्यवस्थित, (ii) ठप्प, बंद, ख़राब, (iii) अस्वीकार्य या अनुचित; The order of the day, प्रति दिन की बात, रोज़-रोज़ की बात; **to order,** आदेशानुसार। *v.* (ordered, ordering) 1. to arrange, सुव्यवस्थित करना, क्रम से रखना। 2. to give a command to, आदेश करना। 3. to request to be supplied with, आदेश भेजना, माँग करना। □ **order about,** आदेश पर आदेश देते चलना। *interj.* an exclamation demanding silence, शांत हो जाने के लिए प्रयुक्त आदेशसूचक विस्मयादिबोधक।

ordered (ऑ:-डॅ:ड्) *adj.* 1. arranged in good order, क्रमबद्ध, सुव्यवस्थित। 2. regular, नियमित।

orderliness (ऑ:-डॅ:-लि-निस्) *n.* the state of being orderly, सुव्यवस्था या क्रमबद्धता।

orderly (ऑ:-डॅ:-ली) *adj.* 1. well-arranged, सुव्यवस्थित। 2. peace loving and well-behaved, शांतिप्रिय तथा सुशील। *n.* an attendant to an officer, अर्दली।

ordinal (ऑ´-डि-नॅल्) *adj. & n.* (a number) showing order or position in a set, क्रमसूचक (संख्या)।

ordinance (ऑ:-डि-नॅन्स्) *n.* an order given by a head of the state, अध्यादेश।

ordinarily (आ:ड्´-नॅ-रॅ-ली, ऑ:´-डि-नॅर्-इ-ली) *adj.* in an ordinary way, साधारणत:, साधारणतया, सदा की भाँति।

ordinary (ऑ:ड्´-नॅ-री, ऑ:´-डि-नॅर्-ई) *adj.* common, usual, साधारण, मामूली। □ **in the ordinary way,** as a general rule, वैसे तो, सामान्यत:।

ordination (ऑ:-डि-ने´-शॅन्) *n.* the act of ordaining or the state of being ordained, पुरोहित बनने या होने की अवस्था या भाव।

ordnance (ऑ:ड्´-नॅन्स्) *n.* 1. military supplies, especially weapons and ammunitions, युद्ध सामग्री विशेषत: अस्त्र-शस्त्र और बारूद। 2. heavy guns, बड़ी तोपें।

ordnance factory *n.* a factory where weapons, ammunitions etc., are manufactured for military purposes, युद्ध-सामग्री निर्माण-शाला।

ordure (ऑ:´-ड्यो:/जॅ:) *n.* 1. excrement, मैला, टट्टी। 2. dung, गोबर।

ore (ओ:) *n.* a mineral from which a metal can be extracted, कच्ची धातु, अयस्क।

organ (ऑ:´-गॅन्) *n.* a musical instrument, एक प्रकार का बाजा, आरगन। 2. a distinct part of a living thing, अवयव, अंग। 3. a body or agency that is a part of a larger organisation, अंग, भाग। 4. a periodical, पत्रिका, मुखपत्र।

organdie, organdy (ऑ:´-गॅन्-डी) *n.* a fine and stiff cotton fabric, आरगंज़ा।

organic (ऑ:-गैन्´-इक्) *adj.* 1. of or pertaining to living plants and animals, जैव। 2. of or pertaining to an organ of a body, अंगीय, आंगिक। 3. (of food) produced without the use of artificial fertilizers, बिना रासायनिक खाद का प्रयोग किए उत्पन्न किया गया (अन्न)। 6. organized, संघटित। *n.* any substance that is derived from animal or vegetable matter, जैव पदार्थ।

organism (ऑ:´-गॅ-निज़्-अॅम्) *n.* a living being, जीव।

organist (ऑ:´-गॅ-निस्ट्) *n.* one who plays the organ, आरगन (बाजा) बजानेवाला।

organisation, organization (ऑ:-गॅ-नि-ज़े´-शॅन्) *n.* 1. the act of organising, संगठन, संघटन। 2. an organised group of people for a particular end, संगठन, संस्थान। 3. management, व्यवस्था, प्रबंध।

organize, organise (ऑ:´-गॅ-नाइज़्) *v.* (organised, organising) 1. to arrange in a systematic way, संघटित करना। 2. to form an association or concern, संघटन बनाना। 3. to arrange, आयोजित करना।

organizer, organiser (ऑ:´-गॅ-नाइ-जॅ:) *n.* one who organises, संगठन करनेवाला, संघटनकर्ता, आयोजक या प्रबंधक।

organza (ऑ:-गैन्´-ज़ॅ) *n.* a thin stiff fabric of silk, आरगंज़ा।

orgasm (ऑ:´-गैज़्-अॅम्) *n.* the most tense point during sexual excitement, संभोग का चरम क्षण, रति-सुख।

orgiastic (ऑ:-जि-ऐस्´-टिक्) *adj.* of the nature of an orgy, रति-समागम के रूप में होनेवाला।

orgy (ऑ:´-जी) *n.* a wild gathering marked by unrestrained sexual activity, excessive drinking etc., मदनोत्सव।

oriel (ओर्´-इ-अॅल्) *n.* a kind of projecting window, दीवार से बाहर निकली हुई खिड़की।

Orient (ओर्´-इ-अॅन्ट्) *n.* **the Orient,** The countres of the East, पूर्वी देश विशेषत:-पूर्वी एशिया।

orient *adj.* eastern, पूर्वी, प्राच्य। *v.* (oriented, orienting) 1. to acquaint with a new environment, नए वातावरण से परिचित कराना। 2. to direct, दिशा-निर्देश करना।

oriental (ओ-रि-ॲन्´-टॅल्) *adj.* eastern, पूर्वी, प्राच्य। *n.* a native of the Orient, पूरब का निवासी।

orientalism (ओर्-इ-ॲन्´-टॅ-लिज़्-अॅम्) *n.* the study of the language & culture of eastern countries, प्राच्य देशों की भाषा तथा संस्कृति का अध्ययन, प्राच्यविद्या।

orientalist (ओ-रि-ॲन्´-टॅ-लिस्ट्) *n.* one who is expert in orientalism, प्राच्यविद्, प्राच्यवेत्ता।

orientate (ओर्´-इ-ॲन्-टेट्) *v.* (orientated, orientating) = orient.

orientated, -oriented (ओर्-इ-ॲन्-टे´-टिड्, ओर्-इ-ॲन्´-टिड्) *adj.* direct towards,- संबंधी, -परक; sports -orientated, खेल-कूद-परक।

orientation (ओर्-इ-ॲन्-टे´-शॅन्) *n.* the adjustment of oneself with the new situation or surroundings, नई स्थिति या परिस्थितियों के अनुकूल अपने को बनाना।

orifice (ऑ:´-इ-फ़िस्) *n.* an opening or vent, छेद, छिद्र, मुँह।

origin (ऑर्´-इ-जिन्) *n.* 1. the primary source (of something), मूल, उद्गम, स्रोत। 2. birth, जन्म। 3. ancestry, वंश, वंशक्रम।

original (ॲ-रिज्´-इ-नॅल्) *adj.* 1. of or pertaining to an origin or beginning, मूल, मौलिक, मूलभूत, प्रारंभिक। 2. novel, नवीन, नया। *n.* the first form of something, मूलरूप।

originality (ॲ-रिज्-इ-नैल्´-इ-टी) *n.* the quality of being of a new type, मौलिकता।

originally (ॲ-रिज्´-इ-नॅ-ली) *adv.* 1. in the beginning, प्रारंभ में या मूलत:। 2. in a new way, नए रूप में।

originate (ॲ-रिज्´-इ-नेट्) *v.* (originated, originating) 1. to begin, आरंभ होना या करना। 2. to cause to begin, आरंभ कराना।

origination (ॲ-रिज्-इ-ने´-शॅन्) *n.* the state of being originated, प्रारंभण, प्रवर्तन, आरंभ।

originator (ॲ-रिज्´-इ-ने-टॅ:) *n.* one who begins, प्रारंभकर्ता, प्रवर्तक, जन्मदाता।

Orion (ओ-राइ´-ॲन्) *n.* a constellation, मृगशिरा नक्षत्र।

orison (ऑर्´-इ-ज़ॅन्) *n.* a prayer, प्रार्थना।

ormolu (ऑ:´-मॅ-लू) *n.* a gold-coloured alloy used in painting furniture, एक मिश्र धातु।

ornament (ऑ:´-नॅ-मॅन्ट्) *n.* a decorative object, something that adorns, आभूषण, अलंकार, गहना, शोभा बढ़ानेवाली वस्तु। *v.* (ornamented, ornamenting) to adorn or decorate, आभूषित करना, सज्जित करना, सजाना।

ornamental (ऑ:-नॅ-मॅन्´-टॅल्) *adj.* serving as an ornament, शोभा बढ़ानेवाला, आभूषण के रूप में होनेवाला, आलंकारिक।

ornamentally (ऑ:-नॅ-मॅन्-टॅ-ली) *adv.* in an ornamental way, आलंकारिक रूप से।

ornamentation (ऑ:-नॅ-मॅन्-टे´-शॅन्) *n.* 1. the act of ornamenting, आभूषित करना, सजाना। 2. something that decorates, अलंकरण।

ornate (ऑ:-नेट्´) *adj.* over-embellished, heavily ornamented, आभूषणों से लदा, अत्यधिक सजा-धजा।

ornery (ऑ:´-नि-री) *adj.* difficult to deal with, बेढब।

ornithological (ऑ:-नि-थॅ-लॉज्´-इ-कॅल्) *adj.* of or pertaining to ornithology, पक्षी-

विज्ञान संबंधी।

ornithologist (ऑ:-नि-थॉल्´-ऑ-जिस्ट्) *n.* an expert in ornithology, पक्षी-विज्ञानी।

ornithology (ऑ:-नि-थॉल्´-ऑ-जी) *n.* the scientific study of birds, पक्षी-विज्ञान।

orogeny (ओ-रॉज्´-ऑ-नी) *n.* the process of the formation of mountains, पर्वतों की उत्पत्ति की प्रक्रिया, पर्वतोत्पत्ति।

orotund (ओर्´-ऑ-टन्ड्) *adj.* 1. sonorous, गूँजता हुआ। 2. bombastic, शब्दाडंबरपूर्ण।

orphan (ऑ:-फ़न्) *n.* 1. a child whose parents are dead, अनाथ, यतीम। 2. an abandoned child, त्यक्त बालक। *v.* (orphaned, orphaning) to deprive of parents, अनाथ बना देना।

orphanage (आ:´-फ़-निज्/नेज्) *n.* 1. the state of being an orphan, अनाथ होने की अवस्था या भाव, अनाथता। 2. an institution for orphans, अनाथालय, यतीमख़ाना।

orthodontics (आ:-थॅ-डॉन्´-टिक्स्) *n.* the science of correcting unaligned teeth, दंताकृति-विज्ञान।

orthodox (आ:´-थॅ-डॉक्स्) *adj.* 1. adhering to established standard esp. in religion, behaviour or attitude, रूढ़िवादी। 2. customary, रूढ़।

orthodoxy (आ:´-थॅ-डॉक्-सी) *n.* 1. the state or quality of being orthodox, रूढ़िवादिता। 2. an orthodox belief or policy, रूढ़िवादी विश्वास या नीति।

orthoepy (आ:-थो´-इ-पी) *n.* the science of proper pronunciation of words, उच्चारण विज्ञान।

orthography (आ:-थॅग्´-रॅ-फ़ी) *n.* conventional spelling, स्थापित वर्तनी।

orthopaedics (आ:-थॅ-पी´-डिक्स्) *n.* the branch of medicine that deals with disorders of bones, muscles and joints, अस्थि-सुधार विज्ञान।

Oscar (ऑस्´-कॅ:) *n.* an award for outstanding achievement in films, आस्कर।

oscillate (ऑस्´-इ-लेट्) *v.* (oscillated, oscillating) 1. to move from side to side regularly, डोलना, दोलन करना। 2. to fluctuate, घटते-बढ़ते रहना। 3. to waver between opinions, बीच में झूलना, अनिश्चय की स्थिति में होना।

oscillation (ऑस्-इ-ले´-शॅन्) *n.* 1. the act of oscillating, दोलन। 2. uncertainty, अनिश्चय।

oscular (ऑस्´-क्यु-लॅ:) *adj.* of or relating to mouth or kissing, मुख-संबंधी, चुंबन-संबंधी।

osculate (ऑस्´-क्यु-लेट्) *v.* (osculated, osculating) to kiss, चूमना, चुंबन लेना।

osculation (ऑस्-क्यु-ले´-शॅन्) *n.* a kiss, चुंबन।

osier (ओ´-ज़ॅ:) *n.* a flexible twig used in basket work, खपाची, खपची।

osmium (ऑज्´-मि-ऑम्) *n.* the heaviest known element, ओसमियम नामक तत्त्व।

osmosis (ऑस्-मो´-सिस्) *n.* diffusion of fluid to another fluid through membrane, द्रव का छिद्रिल झिल्ली से निकल कर दूसरे द्रव में जा मिलना, विसारण।

osprey (ऑस्´-प्री) *n.* a fish eating hawk, जलपक्षी।

ossification (ऑस्-इ-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* the act of ossifying, कठोर बनाना, कठोरीकरण।

ossify (ऑस्´-इ-फ़ाइ) *v.* (ossified, ossifying) 1. to change into bone, अस्थिमय करना। 2. to become rigid, कठोर हो जाना।

ossuary (ऑश्´-उ-ॲर्-ई) *n.* a receptacle for the bones, अस्थिपात्र।

ostensible (ऑ-स्टॅन्´-सि-बॅल्) *adj.* seeming, professed, बाहर या ऊपर से दिखनेवाला, बाहरी, ऊपरी।

ostensibly (ऑ-स्टॅन्´-सि-बॅ-ली) *adv.* in an ostensible way, ऊपर ऊपर से, दिखाने भर के लिए।

ostentation (ऑस्-टॅन्-टे´-शॅन्) *n.* 1. pretentious display, दिखावा। 2. showy display, तड़क-भड़क, आडंबर।

ostentatious (ऑस्-टॅन्-टे´-शॅस्) *adj.* 1. pretentious, दिखावे का, आडंबरपूर्ण। 2. showy, gaudy, भड़कीला।

osteology (ऑस्´-टि-ऑ-लॅ-जी) *n.* scientific study of bones, अस्थि-विज्ञान।

osteopath (ऑस्´-टि-ॲ-पैथ्) *n.* one who

corrects abnormality of bones by manipulating them, हड्डी बैठानेवाला।

ostler (ऑस्´-लं:) *n.* a stableman, तबेलची, साईस।

ostracism (ऑस्´-ट्रॅ-सिज़्-ॲम्) *n.* the act of ostracizing or the state of being ostracized, जाति-बहिष्कार।

ostracize (ऑस्´-ट्रॅ-साइज़्) *v.* (ostracized, ostracizing) to banish from a group or society, जाति से बहिष्कृत करना, हुक्का-पानी बंद कर देना।

ostrich (ऑस्´-ट्रिश्) *n.* 1. an African bird, शुतुरमुर्ग। 2. a person who refuses to face reality or facts, पलायनवादी।

ostrich belief *n.* self-deception, आत्म-प्रवंचना।

other (अद्´-ॲ:) *adj.* different, दूसरा, अन्य, भिन्न। □ **the other day,** उस दिन, कुछ दिन पहले; **the other week,** उस हफ़्ते, कुछ हफ़्ते पहले। *n. & pron.* other person or thing, अन्य व्यक्ति या वस्तु, वह। □ **the others,** बाकी लोग। *adv.* otherwise, अन्यथा। □ **other than,** से अलग या अतिरिक्त।

otherwise (अद्´-ॲ:-वाइज़्) *adv.* 1. in a different way, differently, अन्यथा। 2. in other respects, वैसे तो। *adj.* different, भिन्न, उलटा।

other-worldly (अद्-ॲ:-वर्ल्ड्´-ली) *adj.* 1. of or relating to a world other than the actual world, पारलौकिक।2. spiritual, आत्मा या अध्यात्म-संबंधी।

otiose (ओ´-शि-ओस्) *adj.* useless, नाकारा, बेकार।

otitis (ओ-टाइ´-टिस्) *n.* inflammation of the ear, कर्णशोथ, कान की सूजन।

otolaryngology (ओ-टो-लैर्-इंग्-गॉल्´-ॲ-ली) *n.* the branch of medicine concerned with the ear, nose and throat, कान, नाक और गले की चिकित्सा-संबंधी विज्ञान।

otter (ऑट्´-ॲ:) *n.* a mammal with webbed feet, ऊदबिलाव।

ottoman (ऑ´-टॅ-मॅन्) *n.* a sofa or divan, सोफ़ा या दीवान।

oubliette (ऊ´-ब्ली-ऐंट्´) *n.* a dungeon, having an entrance at top, तहख़ाना।

ouch (आउच्) *interj.* an exclamation of sharp sudden pain, ओह, हाय!

ought (ऑट्) *aux. v.* expressing desirability or probability, चाहिए।

ounce (आउन्स्) *n.* a unit of weight, औंस (28.35 ग्राम)। *adj.* in a small quantity, थोड़ा सा।

our (ऑउ-ॲ:, आ:) *possessive adj.* belonging to us, हमारा।

ours (ऑउ:ज़्) *prossessive pron.* the things belongings to us, हमारा।

ourselves (आ:-सेंल्व्ज़्´) *pron.* reflexive, हम (खुद)।

oust (आउस्ट्) *v.* (ousted, ousting) to force out, निकाल बाहर करना।

out (आउट्) *adv.* 1. outside, बाहर। 2. away from home, घर से बाहर।3. to exhaustion, ख़ात्मे पर। 4. to extinction, ख़त्म, समाप्त। 5. into the open, खुले में, सामने, बाहर।6. not possible, असंभव। 7. unconscious, बेसुध। 8. completely, पूर्णत:। 9. on strike, हड़ताल पर। □ **out and out,** पूर्णतया; **out of,** के बाहर; **out of fashion,** जो फ़ैशन में अब न हो; **out of reach,** पहुँच के बाहर; **out to,** तत्पर होना; **worn out,** फटा हुआ।*adj.* 1. external, बाहरी। 2. located away, दूरस्थित। 3. (in cricket) no longer batting, आउट।4. not at home, घर में नहीं। 5. complete, पूर्ण। 6. concluded, समाप्त, ख़त्म। 7. not available for use, प्रयोग में न आ सकने योग्य। □ **out and out,** अत्यंत। *prep.* out through, में से। *interj.* an exclamation for dismissal, get out, बाहर निकलो! *v.* (outed, outing) to be revealed, सर्वविदित होना, निकल आना, प्रकट होना, सामने आना। □ **to be out for,** फेर में होना, प्रयत्नशील होना। *n.* a way of escape,

बच निकलने का रास्ता।

outage (आउट्´-इज्) ***n.*** 1. goods lost after storage or shipment, माल का नुकसान। 2. a period of power failure, बिजली न रहने की अवधि। 3. a period of machine stoppage, मशीन बंद रहने की अवधि।

outback (आउट्´-बैक्) ***n.*** remote place from the city, (नगर से दूर) निर्जन भूभाग।

outbalance (आउट्´-बें´-लॅन्स्) ***v.*** (outbalanced, outbalancing) to outweigh, (अपेक्षाकृत) भारी या महत्वत्त्वपूर्ण होना।

outbid (आउट्´-बिड्) ***v.*** (outbid, outbidding) to bid higher than (someone, किसी से) बढ़कर बोली देना।

outboard (आउट्´-बो:ड्) ***adj.*** placed outside of the stern of a boat, नाव पर लगा (इंजन)।

outbound (आउट्´-बॉउन्ड्) ***adj.*** outward bound, बाहर जानेवाला।

outbreak (आउट´-ब्रेक्) ***n.*** a sudden start of something, सहसा होनेवाला आरंभ, शुरुआत, प्रकोप।

outbreeding (आउट्´-ब्रीड्-इंग्) ***n.*** the interbreeding of relatively unrelated individuals. विजाति-प्रजनन, बहिर्प्रजनन।

outbuilding (आउट्´-बिल्-डिंग्) ***n.*** a building separate from the main building, उपभवन, उपगृह।

outburst (आउट्´-ब्रस्ट्) ***n.*** 1. a sudden and violent expression of emotions, उद्गार, भड़ास। 2. explosion, धमाका, विस्फोट।

outcast (आउट्´-का:स्ट्, आउट्´-कैस्ट्) ***n.*** 1. a person who is excluded from group or society, वर्ग बहिष्कृत। 2. a vagabond, लफंगा।

outcaste (आउट्´-कैस्ट्) ***n.*** 1. a person who has been expelled from a caste, जाति-बहिष्कृत। 2. a person having no caste, वह व्यक्ति जिसकी कोई जाति न हो।

outclass (आउट्´-क्लैस्/क्लास्) ***v.*** (outclassed, outclassing) to defeat easily, आसानी से परास्त कर देना, पछाड़ देना।

outcome (आउट्´-कम्) ***n.*** consequence, result, परिणाम, फल, नतीजा।

outcrop (आउट्´-क्रॉप्) ***n.*** a part of an underlying layer of rock or mineral that extends up above the soil level, धरती पर उभरी हुई चट्टान या खनिज का अंश।

outcry (आउट्´-क्राइ) ***n.*** 1. uproar, चिल्लपों, चीख-पुकार। 2. a strong protest, कड़ा विरोध।

outdated (आउट्´-डे-टिड्) ***adj.*** out of date, दिनातीत, पुराना।

outdistance (आउट्-डिस्´-टॅन्स्) ***v.*** (outdistanced, outdistancing) to get far ahead (of others, दूसरो से) बहुत आगे निकल जाना, (दूसरों को) बहुत पीछे छोड़ देना।

outdo (आउट्-डू´) ***v.*** (outdid, outdone, outdoing) to surpass in performance, से आगे निकल जाना, हरा देना।

outdoor (आउट्´-डो:) ***adj.*** out-of-door, घर से बाहर का; outdoor games, मैदानी खेल; outdoor clothes, बाहर पहनने के वस्त्र।

outdoors (आउट्-डो:ज्´) ***adv.*** in the open air, खुले में, बाहर। □ **the outdoors,** भवनों से बाहर की दुनिया; खुली हवा।

outer (आउ´-टॅ:) ***adj.*** external, बाहरी।

outermost (आउ´-टॅ:-मोस्ट्) ***adj.*** farthest out, सब से बाहर का, बाह्यतम।

outer space ***n.*** space beyond the limits of the atmosphere of the earth, बाह्याकाश।

outface (आउट्´-फ़ेस्) ***v.*** (outfaced, outfacing) 1. to face bravely, डटकर सामना करना। 2. to overcome with self-assured look, इस प्रकार घूरकर देखना कि अगला बगलें झाँकने लगे।

outfall (आउट्´-फ़ाल्) ***n.*** the end of river, drain etc., दहाना।

outfield (आउट्´-फ़ील्ड्) ***n.*** the area of the field far away from the pitch, खेल-पट्टी से दूर का क्षेत्र, बाह्यक्षेत्र।

outfight (आउट्-फ़ाइट्´) *v.* (outfought, outfighting) to surpass in fighting, लड़ाई में जीतना, बेहतर लड़ाई करना।

outfit (आउट्´-फ़िट्) *n.* 1. clothing for a special purpose, विशिष्ट प्रयोजन हेतु परिधान। 2. equipment for a special purpose, विशिष्ट प्रयोजन हेतु उपकरण। 3. an association of persons who work together, एक साथ काम करनेवालों का संघ। *v.* (outfitted, outfitting) to provide outfit, परिधान अथवा उपकरण सुलभ कराना।

outflank (आउट्´-फ़्लैंक्´) *v.* (outflanked, outflanking) 1. to manoeuvre around the flank (of an enemy, शत्रु की सेना के) पार्श्व को घेर लेना। 2. to get the better of, अपेक्षाकृत अच्छी स्थिति में होना।

outflow (आउट्´-फ़्लो) *n.* anything that flows out, बहिर्प्रवाह, बाहर बह जाना।

outfox (आउट्´-फ़ॉक्स्) *v.* (outfoxed, outfoxing) to surpass in cunning, धोखेधड़ी में बढ़कर निकलना।

outgo (आउट्´-गो) *n.* money that goes out, बाहर जानेवाला धन।

outgoing (आउट्´-गो-इंग्) *adj.* 1. going out, बाहर जानेवाला, निर्गामी, जावक। 2. just retired, जो हाल में पदनिवृत्त हुआ हो। 3. sociable, मिलनसार।

outgrow (आउट्´-ग्रो) *v.* (outgrew, outgrown, outgrowing) 1. to grow larger and faster than, अपेक्षाकृत अधिक तेज़ी से बढ़ना। 2. to grow too large for, इतना बढ़ जाना कि पहनने की चीज़ छोटी पड़ जाए, (जूते, वस्त्र आदि का) छोटा हो जाना।

outgrowth (आउट्´-ग्रोथ्) *n.* 1. something that grows out of something else, ऐसी वस्तु जो किसी अन्य वस्तु से निकली हो, उद्वृद्धि। 2. development, विकास। 3. natural result, स्वाभाविक परिणाम।

outhouse (आउट्´-हॉउस्) *n.* an outbuilding, उपभवन, उपगृह।

outing (आउ´-टिंग्) *n.* a pleasure trip, excursion, सैर-सपाटा।

outlandish (आउट्-लैन्´-डिश्) *adj.* queer. grotesque, फूहड़, गँवारू।

outlast (आउट्-लाःस्ट्´) *v.* to last longer than, अपेक्षया लंबी उम्र पाना, किसी से अधिक देर टिकना या चलना।

outlaw (आउट्´-लाः) *n.* a person living as a fugitive, विधिबहिष्कृत, भगोड़ा। *v.* (outlawed, outlawing) 1. to declare an outlaw, भगोड़ा घोषित करना। 2. to declare illegal, अवैध घोषित करना।

outlay (आउट्´-ले) *n.* an expenditure of money, व्यय, ख़र्च। *v.* (oulaid, outlaying) to spend, व्यय करना, ख़र्च करना।

outlet (आउट्´-लेट्) *n.* 1. a passage for exit, बाहर निकलने का रास्ता, मार्ग, निकास। 2. a means of expression, अभिव्यक्ति का साधन। 3. a market for goods, बाज़ार।

outline (आउट्´-लाइन्) *n.* 1. a line showing the outer boundary of a figure or object, बहिर्रेखा। 2. a sketch or drawing without shading, ख़ाका, रूपरेखा। 3. a summary, सारांश, संक्षिप्त विवरण। *v.* (outlined, outlining) 1. to sketch, रूपरेखा बनाना, ख़ाका तैयार करना। 2. to summarize, सारांश बनाना।

outlive (आउट्-लिव्´) *v.* (outlived, outliving) to live longer than, अपेक्षया लंबी उम्र पाना।

outlook (आउट्´-लुक्) *n.* 1. the view from a place, दृश्य। 2. a mental attitude, दृष्टिकोण। 3. future prospects, आशा, संभावना।

outlying (आउट्´-लाइ-इंग्) *adj.* remote, बहिर्वर्ती, दूरस्थ।

outmanoeuvre, outmaneuver (आउट्-मॅ-नू´-वॅः) *v.* (outmanoeuvred, outmanoeuvring) to outdo in manoeuvring, तिकड़म में पछाड़ देना।

outmarch (आउट्´-मा:च्) *v.* (outmarched, outmarching) to march faster than, (किसी की अपेक्षा) आगे निकल जाना।

outmatch (आउट्´-मैच्) *v.* (outmatched, outmatching) to be more than match, (प्रतियोगी से) बीस होना।

outmoded (आउट्´-मो´-डिड्) *adj.* not in fashion, फ़ैशन से उठा हुआ, फ़ैशन-बाहर, पुराना।

outmost (आउट्´-मोस्ट्) *adj.* most remote, दूरतम।

outnumber (आउट्-नम्´-बॅ:) *v.* to be more numerous than, अपेक्षाकृत संख्या में अधिक होना।

out-of-balance (आउट्-ऑफ़्-बै´-लॅन्स्) *adj.* unbalanced, असंतुलित।

out-of-bounds *adv. & adj.* beyond the limits, सीमा से परे (का)।

out-of-date (आउट्-ऑफ़्-डेट्´) *adj.* out-dated, दिनातीत, पुराना।

out-of-the-way (आउट्-ऑफ़्-दॅ-वे़´) *adj.* 1. distant from more populous areas, आम रास्ते से हटा हुआ। 2. unusual, असाधारण।

outpatient (आउट्´-पे-शॅन्ट्) *n.* a patient not staying at the hospital, बाहरी रोगी, बहिर्रोगी।

outplay (आउट्-प्ले´) *v.* (outplayed, outplaying) to surpass in playing, हरा देना, पछाड़ देना।

outpoint (आउट्-प्वाइंट्´) *v.* (outpointed, outpointing) to score more point than, अंकों के आधार पर हरा देना।

outpost (आउट्-पोस्ट्´) *n.* a distant place where soldiers are stationed, सीमा-चौकी।

outpourings (आउट्´-पोर्-इंग्स्) *n.* (plu.) expressed emotions, उद्गार, भावोद्गार।

output (आउट्´-पुट्) *n.* 1. the amount produced, उपज, उत्पादन। 2. the work done by a computer, कम्प्यूटर द्वारा किया हुआ काम, निकासी, आउटपुट।

outrage (आउट्´-रेज्) *n.* 1. a cruel act, नृशंसता। 2. violation of decency, अशिष्टता। 3. resentful anger, रोष। 4. insult, अपमान। 5. injury, आघात, चोट। *v.* (outraged, outraging) 1. to offend, आघात पहुँचाना। 2. to rape, बलात्कार करना।

outrageous (आउट्-रे´-जॅस्) *adj.* 1. grossly offensive, अत्यधिक आघात पहुँचानेवाला। 2. unrestrained in behaviour, अतिचारी, अतिचारपूर्ण, बेहूदा।

outrank (आउट्-रैंक्´) *v.* (outranked, outranking) to rank higher than, पद में किसी से ऊँचा होना।

outre (ऊ´-ट्रे, ऊ-ट्रे´) *adj.* 1. improper, अनुचित। 2. unusual, अजीब, विचित्र।

outreach (आउट्-रीच्´) *v.* (outreached, outreaching) 1. to go beyond, हद से परे जाना। 2. to surpass, आगे निकल जाना।

outrider (आउट्´-राइ-डॅ:) *n.* a mounted attendant, वह रक्षक जो घोड़े या मोटर साइकिल पर किसी कार या काफ़िले के साथ चले।

outright (आउट्-राइट्´) *adv.* 1. entirely, पूरी तरह से, पूर्ण रूप से। 2. frankly, साफ़-साफ़। *adj.* without limitations, पूर्ण या पक्का।

outrival (आउट्´-राइ-वॅल्) *v.* (outrivalled, outrivalling) to defeat, (प्रतिस्पर्धी को) हरा देना।

outroot (आउट्-रूट्´) *v.* (outrooted, outrooting) to root out, जड़ से उखाड़ देना।

outrun (आउट्-रन्´) *v.* (outran, outrun, outrunning) 1. to run faster than, (अपेक्षया) अधिक तेज दौड़ना, आगे निकल जाना। 2. to flee, भाग जाना।

outsell (आउट्-सॅल्´) *v.* (outsold, outselling) to surpass in selling, अपेक्षया अधिक माल बेचना।

outset (आउट्´-सॅट्) *n.* the beginning, आरंभ, प्रारंभ। □ **from the outset,** शुरू से (ही)।

outshine (आउट्-शाइन्´) *v.* (outshone, outshining) to shine more brightly than,

(अपेक्षया) अधिक चमचमा उठना, अधिक प्रसिद्ध होना।

outside (आउट्´-साइड्/आउट्-साइड्´) *n.* 1. the outer side, बाहरी तरफ़। 2. the space beyond a boundary, सीमा से परे का स्थान। 3. the utmost limit, अधिकतम सीमा। *adj.* 1. of outside, बाहरी। 2. remote, दूरस्थित। 3. greatest possible, संभावित। *adv.* on the outside, बाहर, खुले में। *prep.* 1. on the other side of, के उस तरफ़, के उधर। 2. beyond the limits of, सीमा से परे। 3. apart from, के अतिरिक्त।

outsider (आउट्-साइ´-डॅ:) *n.* 1. a person who is not part of a certain group or profession, बाहरी व्यक्ति, ग़ैर। 2. one who has no chance in a race, दौड़ में जिसके जीतने की उम्मीद न हो।

outsize (आउट्´-साइज़्) *adj.* of unusually large size, सामान्य से बहुत बड़े आकारवाला, दीर्घकाय, दीर्घाकार।

outskirts (आउट्´-स्कः:ट्स्) *n.* (plu.) bordering areas of a city, नगर या बस्ती के बाहर का भाग, बाह्यांचल।

outspoken (आउट्-स्पो´-कॅन्) *adj.* 1. bold in speech, very frank, स्पष्टवादी। 2. spoken without reserve, स्पष्ट (कथन)।

outspread (आउट्´-स्प्रॆड्) *adj.* spread out, फैलाया हुआ।

outstanding (आउट्-स्टैन्´-डिंग्) *adj.* 1. unpaid, बकाया; , outstanding balance, बकाया रकम। 2. excellent, उत्कृष्ट, प्रमुख।

outstation (आउट्´-स्टे-शॅन्) *n.* a station other than one's own, बाहर, दूसरा नगर या स्थान।

outstay (आउट्-स्टे´) *v.* (outstayed, outstaying) to stay longer than, अपेक्षया ज़्यादा समय ठहर जाना।

outstretched (आउट्-स्ट्रॆच्ड्´) *adj.* stretched out, फैलाया हुआ।

outstrip (आउट्-स्ट्रिप्´) *v.* (outstripped, outstripping) to surpass, (अपेक्षया) आगे निकल/बढ़ जाना।

outvote (आउट्-वोट्´) *v.* (outvoted, outvoting) to defeat by majority of votes, बहुत अधिक मतों से हरा देना।

outward (आउट्´-वॅ:ड्) *adj.* 1. going toward the outside, बाहर जानेवाला। 2. external, बाहरी, बाह्य। □ **the outward man,** शरीर।

outwardly (आउट्´-वॅ:ड्-ली) *adv.* on the outside, बाहर/ऊपर से।

outwards (आउट्´-वॅ:ड्स्) *adj.* toward the outside, बाहर, बाहर की ओर।

outwear (आउट्´-वेंअ:) *n.* garments worn over other clothes, ऊपर पहनने के कपड़े, नीचे पहनने के कपड़ों से भिन्न कपड़े।

outweigh (आउट्-वे´) *v.* (outweighed, outweighing) to be greater in weight or importance, (अपेक्षया) भारी/महत्त्वपूर्ण हो जाना।

outwit (आउट्-विट्´) *v.* (outwitted, outwitting) to get the better of by cunning, चतुराई में बीस निकलना।

outwork (आउट्´-वॅ:क्) *v.* (outworked, outworking) to work better than, (अपेक्षया) अच्छा काम करना।

outworn (आउट्-वो:न्´) *adj.* worn out, जीर्ण-शीर्ण, घिसा-पिटा।

ouzel (ऊ´-ज़ॅल्) *n.* a European bird, यूरोप का एक पक्षी।

ouzo (ऊ´-ज़ो) *n.* a Greek liquor, युनानी शराब।

ova (ओ´-वॅ) *n.* plu. of ovum.

oval (ओ´-वॅल्) *adj.* egg-shaped, अंडाकार।

ovarian (ओ-वेंअॅर्´-इ-अॅन्) *adj.* of an ovary, अंडाशय-संबंधी।

ovariotomy (ओ-वेंअॅर्´-इ-ऑट्-अॅ-मी) *n.* the surgical removal of an ovary, बच्चेदानी का निकाला जाना, अंडाशय-उच्छेदन।

ovary (ओ´-वॅ-री) *n.* 1. the female reproduc-

tive gland, अंडाशय। 2. the part of the pistil containing ovules, बीजाशय।

ovate (ओ´-वेट्) *adj.* oval, अंडाकार।

ovation (ओ-वे´-शॅन्) *n.* 1. enthusiastic applause, करतल ध्वनि। 2. enthusiastic public welcome, अभिनंदन, जयजयकार।

oven (अ´-वन्, अव्´-अॅन्) *n.* a receptacle for heating, baking etc., ओवन; तंदूर, अंगीठी, चूल्हा या भट्ठी।

over (ओ´-वॅ:) *prep.* 1. above, के ऊपर। 2. on upon, पर। 3. above in authority, से ऊपर। 4. across, के आर-पार, के ऊपर। 5. on the other side, के उधर, की उस ओर। 6. in excess of, besides, से अधिक। 7. during, के दौरान। 8. along the length of, के साथ-साथ। 9. on account of, के विषय में, के लिए। 10. at the end, अंत में। □ **over and above,** के अतिरिक्त। *adv.* 1. above, ऊपर। 2. across, पार। 3. on the other side, दूसरी तरफ़। 4. completely, पूर्ण रूप से, पूर्णतया। 5. excessively, अत्यधिक। 6. repeatedly, बार-बार। 7. thoughly, अच्छी तरह। □ **a little over,** कुछ अधिक; **over again,** दुबारा; **over against,** विपरीत, विरुद्ध; **over an over,** बार-बार; **over here,** यहाँ; **over there,** वहाँ; **over to you,** अब आप की बारी। *adj.* 1. upper, ऊपरी। 2. higher, उच्चतर। 3. superior, श्रेष्ठतर। 4. covering, ढकनेवाला। 5. remaining, शेष। 6. finished, ended, समाप्त। 7. additional, अतिरिक्त। *n.* six balls delivered by a bowler at a time, ओवर। *prefix.* 1. above or outer, ऊपरी, बाहरी। 2. too much, अत्यधिक, अति—।

overabundant (ओ´-वॅ:-अॅ-बन्´-डॅन्ट्) *adj.* excessive, अतिबहुल, बहुत अधिक।

overact (ओ-वॅ:-ऐक्ट्´) *v.* (overacted, overacting) to act in an exaggerated manner, ओवर-एक्टिंग करना, अस्वाभाविक अभिनय करना।

overactive (ओ-वॅ:-ऐक्´-टिव्) *n.* too active, अतिसक्रिय।

overage[1] (ओ´-वॅ:-एज्´) *adj.* of more than the average age, अधिवयस, अधिकायु।

overage[2] (ओ´-वॅ:-इज्) *n.* surplus goods, बहुत अधिक या बची हुई वस्तुएँ।

overall (ओ´-वॅ:-आ:ल्) *adj.* 1. including everything, कुल, पूरा। 2. on the whole, सभी दृष्टियों से होनेवाला। *adv.* 1. generally, सामान्यत:। 2. taken as a whole, कुल मिलाकर।

overalls (ओ´-वॅ:-आ:ल्ज़्) *n.* loose trousers worn over other clothes, (कारीगरों द्वारा) वस्त्रों के ऊपर पहना जानेवाला पाजामा।

overanxious (ओ´-वॅ:-ऐंग्´-शॅस्) *adj.* too anxious, अतिचिंतित, अतिव्यग्र।

overarch (ओ´-वॅ:-आ:च्) *v.* (overarched, overarching) to form an arch over, (किसी वस्तु के ऊपर) मेहराब बनाना।

overarm (ओ-वॅ:-आ:म्) *adj.* executed with the arm raised above the shoulder, बाँह को कंधे से ऊँचा ले जाकर किया जानेवाला।

overawe (ओ-वॅ:-आ:´) *v.* (overawed, overawing) to subdue with awe, आतंकित करना, धमकाना।

overbalance (ओ-वॅ:-बै´-लॅन्स्) *v.* (overbalanced, overbalancing) 1. to become unbalanced, असंतुलित होना, डगमगा जाना या गिर पड़ना। 2. to cause to become unbalanced, असंतुलित कर देना, डगमगा देना।

overbear (ओ-वॅ:-बेॲ:´) *v.* (overbore, overborne, overbearing) 1. to press down, दबाना। 2. to dominate or repress, वशीभूत कर लेना, दबा देना। 3. to outweigh, भारी पड़ना।

overbearing (ओ-वॅ:-बेॲर्´-इंग्) *adj.* 1. domineering, दबंग, निरंकुश। 2. arrogant, हेकड़।

overbearingly (ओ-वॅ:-बेॲर्´-इंग्-ली) *adv.* in a domineering way, दबंगई से, निरंकुशतापूर्वक।

overbid (ओ-वॅ:-बिड्´) *v.* (overbid, overbiding) to out bid, बढ़कर बोली देना। *n.* a higher bid, ऊँची बोली।

overblown (ओ-वॅ:-ब्लोन्´) *adj.* 1. extremely fat, मोटा-ताज़ा। 2. inflated, आडंबरपूर्ण।

overboard (ओ´-वॅ:-बो:ड्) *adv.* from a boat or ship, नाव या जहाज़ पर से। □ **go overboard,** अत्यधिक उत्सुकता दिखलाना; **throw overboard,** त्याग देना, छोड़ देना।

overbold (ओ´-वॅ:-बोल्ड्´) *adj.* rash, उतावला, जल्दबाज़।

overbook (ओ-वॅ:-बुक्´) *v.* (overbooked, overbooking) to book more than the seats, जितना स्थान उपलब्ध हो उस से अपेक्षाकृत अधिक लोगों को आरक्षण देना।

overbridge (ओ-वॅ:-ब्रिज्´) *n.* an overhead bridge, ऊपरी पुल, उपरिसेतु।

overburden (ओ-वॅ:-ब:´-डॅन्) *v.* (overburdened, overburdening) to burden excessively, अपेक्षाकृत अधिक भार लाद देना, लाद-फाँद देना।

overburdened (ओ-वॅ:-ब:´-डॅन्ड्) *adj.* excessively burdened, लदा-फँदा, भाराक्रांत।

overbusy (ओ-वॅ:-बिज्´-ई) *adj.* too busy, अतिव्यस्त।

overbuy (ओ-वॅ:-बाइ´) *v.* (overbought, overbuying) to buy more than the need, बहुत ज्यादा मात्रा में खरीद लेना, अतिक्रय करना।

overcapitalize (ओ-वॅ:-कैप्´-इ-टॅल्-आइज़्) *v.* (overcapitalized, overcapitalization) to furnish too much capital, बहुत अधिक पूँजी मुहैया करना, अत्यधिक पूँजी लगाना।

overcareful (ओ-वॅ:-कॅअॅ:´-फुल्) *adj.* too careful, अतिसतर्क।

overcast (ओ-वॅ:-कैस्ट्´/कास्ट्´) *adj.* gloomy, उदास, दुखी।

overcautious (ओ-वॅ:-का:´-शॅस्) *adj.* too cautious, अति-सावधान, बहुत अधिक चौकन्ना।

overcharge (ओ-वॅ:-चा:ज्´) *v.* (overcharged, overcharging) 1. to charge too much, बहुत अधिक दाम वसूल करना। 2. to fill to full, ख़ूब भर देना। *n.* an excessive charge, अपेक्षाकृत अधिक वसूल किया जानेवाला धन।

overcoat (ओ-वॅ:-कोट्´) *n.* a long heavy coat, ओवरकोट।

overcome (ओ-वॅ:-कम्´) *v.* (overcame, overcome, overcoming) 1. to succeed in subduing, अभिभूत या वशीभूत कर लेना। 2. to be victorious, विजयी होना।

over-confident (ओ-वॅ:-कॉन्´-फ़ि-डॅन्ट्) *adj.* too confident, अतिविश्वासी।

over-cooked (ओ-वॅ:-कुक्ड्´) *adj.* cooked for an excessive length of time, ज़्यादा देर तक पकाया हुआ।

overcritical (ओ-वॅ:-क्रिट्´-इ-कॅल्) *adj.* too much finding faults, छिद्रान्वेषी।

overcrowd (ओ-वॅ:-क्रॉउड्´) *v.* (overcrowded, overcrowding) to crowd too many people or vehicles, भीड़ लगा देना।

overcrowded (-इड्) *adj.* too crowded, भीड़ से भरा, भीड़-भरा।

overdo (ओ-वॅ:-डू´) *v.* (overdid, overdoing) 1. to do excess, अति कर देना, ज़्यादती करना। 2. to exaggerate, अतिरंजित करना। 3. to work too hard, ज़्यादा मेहनत करना, कठोर परिश्रम करना। 4. to cook too long, ज़्यादा पका देना।

overdose (ओ-वॅ:-डोज़्´) *n.* too large a dose of a drug etc., बड़ी या भारी ख़ुराक, अतिमात्रा।

overdraft (ओ´-वॅ:-ड्रैफ़्ट/ड्राफ़्ट्´) *n.* 1. the act of overdrawing an account, खाते में जमा से अधिक रकम निकालना। 2. the amount overdrawn, इस प्रकार निकाली हुई राशि, ओवरड्राफ़्ट।

overdraw (ओ-वॅ:-ड्रा:´) *v.* (overdrew, overdrawn, overdrawing) to withdraw more than the amount credited, (बैंक खाते में) जमा से अधिक धन निकालना, ओवरड्राफ़्ट करना।

overdress (ओ-वॅ:-ड्रेस्´) *v.* (overdressed, overdressing) to dress too formally or

finely, सजना-सँवरना, बनना-ठनना।

overdrive (ओ´-वॅ:-ड्राइव्) *n.* a very high gear used at high speed, तेज़ गति में प्रयुक्त किया जानेवाला गियर।

overdue (ओ-वॅ:-ड्यू´) *adj.* 1. being unpaid after becoming due, अवधि बीतने पर भी जो चुकाया न गया हो, ओवरड्यू। 2. delayed beyond an appointed time, विलंबित, जो पहले ही हो जाना चाहिए था।

overeager (ओ´-वॅ:-ई´-गॅ:) *adj.* unduly eager, अति-उत्सुक।

overeat (ओ-वॅ:-ईट्´) *v.* (overate, overeaten, overeating) to eat too much, अत्यधिक खा जाना।

overeducated (ओ-वॅ:-ऍज्´-उ-के-टिड्) *adj.* too much educated, अतिशिक्षित।

overemphasis (ओ-वॅ:-ऍम्´-फ़ॅ-सिस्) *n.* too much emphasis or stress, अत्यधिक ज़ोर/बलाघात।

overestimate (ओ-वॅ:-ऍस्´-टि-मेट्) *v.* (overestimated, overestimating) to estimate too highly, ज़्यादा दाम लगा देना, ज़्यादा महत्त्व समझ या आँक लेना।

overexcited (ओ-वॅ:-इक्-साइट्´-इड्) *adj.* too much excited, अति-उत्तेजित।

overexert (ओ-वॅ:-इग्-ज़ॅ:ट्´) *v.* (overexerted, overexerting) to exert too much, अति-परिश्रम करना।

overexpose (ओ-वॅ:-इक्-स्पोज़्´) *v.* (overexposed, overexposing) to expose too long, अधिक देर तक खुले में रखना।

overfeed (ओ-वॅ:-फ़ीड्) *v.* (overfed, overfeeding) to feed too much, बहुत अधिक खिलाना, ठुँसाना।

overfill (ओ-वॅ:-फ़िल्´) *v.* (overfilled, overfilling) to fill too full, ख़ूब भर लेना या देना, ठूस लेना या देना।

overflow (ओ-वॅ:-फ़लो´) *v.* (overflowed, overflowing) to flow over, (किनारे से बाहर) बहने लगना।

overfly (ओ-वॅ:-फ़्लाइ´) *v.* (overflew, overflown, overflying) to fly over (a place, किसी स्थान के) ऊपर उड़ना।

overgrow (ओ-वॅ:-ग्रो´) *v.* (overgrew, overgrown, overgrowing) to grow beyond normal size, बहुत अधिक बढ़ जाना।

overgrowth (ओ-वॅ:-ग्रोथ्´) *n.* abnormal growth, अतिवृद्धि।

overhand (ओ-वॅ:-हैन्ड्´) *adv. & adj.* performed with the arm above the shoulder, हाथ को कंधे के ऊपर ले जाकर (किया जानेवाला)।

overhang (ओ-वॅ:-हैंग्´) *v.* (overhung, overhanging) to extend beyond, आगे या बाहर निकलना, आगे या बाहर लटका होना।

overhaul (ओ-वॅ:-हा:ल्´) *v.* (overhauled, overhauling) to make all the necessary repairs, पूरी तरह से मरम्मत करना, ओवरहाल करना।

overhead (ओ-वॅ:-हेंड्´) *adj.* 1. above the level of one's head, सिर के ऊपर से होनेवाला। 2. relating to the operating expenses (of a firm or office), ऊपरी ख़र्च से संबद्ध।

overhear (ओ-वॅ:-हिअॅ:) *v.* (overheard, overhearing) to hear without the knowledge of the speaker, छिपकर या चोरी से सुनना।

overjoyed (ओ-वॅ:-जॉइड्´) *adj.* filled with great joy, अतिप्रसन्न।

overkill (ओ´-वॅ:-किल्) *n.* too much destructive capacity, अत्यधिक विनाशकारी क्षमता।

overland (ओ´-वॅ:-लैन्ड्) *adv.* by land, स्थल मार्ग से।

overlap (ओ-वॅ:-लैप्´) *v.* (overlapped, overlapping) to extend over and partly cover it, ढक लेना, आच्छादित कर लेना, अतिव्याप्त होना।

overlay (ओ-वॅ:-ले´) *v.* (overlaid, overlaying) to lay over or upon, ऊपर फैलाना। *n.* a thing laid over another, एक चीज़ के ऊपर

फैलाई हुई दूसरी चीज़।

overleaf (ओ´-वं:-लीफ़´) *adv.* on the other side of the page, पृष्ठ के उस तरफ़, पन्ने के दूसरी ओर।

overload (ओ-वं:-लोड्´) *v.* (overloaded, overloading) to load too much, अधिक लादना। *n.* a load that is too great, भारी लदान या बोझ।

overlong (ओ-वं:-लॉङ्ग्´) *adj.* too long, ज़रूरत से अधिक लंबा, अतिदीर्घ।

overlook (ओ-वं:-लुक्´) *v.* (overlooked, overlooking) 1. to have a look from above, ऊपर से देखना। 2. to ignore deliberately, अनदेखी करना। 3. to fail to notice, ध्यान में न ला पाना।

overlord (ओ´-वं:-ला:ड्) *n.* a lord of lords, अधिपति।

overly (ओ´-वं:-ली) excessively, अत्यधिक।

overman (ओ-वं:-मैन्´) *v.* (overmanned, overmanning) to engage too many persons, अधिक आदमी भर लेना या देना।

overmanned (ओ-वं:-मैन्ड्´) *adj.* having move workers than necessary. जिसमें ज़रूरत से ज़्यादा कर्मचारी भरे हों।

overmaster (ओ-वं:-मास्´/ मैस्(-टं:) *v.* (overmastered, overmastering) to conquer, जीत लेना।

overmatch (ओ-वं:-मैच्´) *v.* (overmatched, overmatching) to be more than the match of, भारी पड़ना।

overmuch (ओ-वं:-मच्´) *adj.* too much, ज़रूरत से अधिक, अत्यधिक।

overnight (ओ-वं:-नाइट्´) *adv.* 1. during the length of night, रात भर, रात भर में। 2. quickly, सहसा। *adj.* 1. staying for the night, रात भर का। 2. occurring in the night, रात्रिकालीन।

overpaid (ओ-वं:-पेड्´) *adj.* paid heavily, अतिदत्त।

overpass (ओ´-वं:-पास्/पैस्) *v.* (overpassed, overpassing) to pass over, to disregard, उपेक्षा करना। *n.* a flyover, फ्लाइओवर, पुल।

overpay (ओ-वं:-पे´) *v.* (overpaid, overpaying) to pay too highly, बहुत ऊँची तनख़्वाह देना।

overplay (ओ-वं:-प्ले´) *v.* (overplayed, overplaying) to act with exaggeration, अति-अभिनय करना, नाटक करना।

overpopulated (ओ-वं:-पॉप्´-यू-ले-टिड्) *adj.* having over population, अधिक जनसंख्या-वाला।

overpower (ओ-वं:-पाउ´-अं:) *v.* (overpowered, overpowering) to subdue or overwhelm, को अभिभूत/पराजित करना।

overprint (ओ-वं:-प्रिन्ट्´) *v.* (overprinted, overprinting) to print too many copies of, अतिमुद्रण करना, अत्यधिक छापना।

overproduction (ओ-वं:-प्रॅ-डक्´-शॅन्) *n.* the producing of too much, अति-उत्पादन।

overrate (ओ-वं:-रेट्´) *v.* (overrated, overrating) to assess too highly, अधिक मूल्यांकन करना।

overreach (ओ-वं:-रीच्´) *v.* (overreached, overreaching) 1. to reach over or beyond, परे निकल जाना। 2. to get the better of by trickery, धोखे/चालाकी से दबा देना।

override (ओ-वं:-राइड्´) *v.* (overrode, overridden, overriding) 1. to trample upon, कुचल देना। 2. to set aside, निरस्त कर देना।

overripe (ओ´-वं:-राइप्´) *adj.* overriped, अत्यधिक पका हुआ।

overrule (ओ-वं:-रूल्´) *v.* (overruled, overruling) to rule or decide against, निरस्त या रद कर देना।

overruling (ओ-वं:-रूल्´-इंग्) *n.* an act of overruling, निरस्त करना।

overrun (ओ-वं:-रन्´) *v.* (overran, overrun, overrunning) 1. to spread or swarm over,

छा जाना, फैल जाना। 2. to exceed, आगे बढ़ जाना। 3. to defeat, हरा देना।

overseas (ओ´-वॅ:-सीज़्´) *adv.* beyond the sea, समुद्र पार।

oversee (ओ-वॅ:-सी´) *v.* (oversaw, overseen, overseeing) to inspect or supervise, निरीक्षण करना।

overseer (ओ´-वॅ:-सिअॅ:) *n.* one, whose job is to oversee something, a supervisor, ओवरसियर।

oversell (ओ-वॅ:-सॅल्´) *v.* (oversold, overselling) 1. to sell more than one can deliver, माल से अधिक की बिक्री करना। 2. to exaggerate the merits of, बढ़ा-चढ़ाकर गुण बताना।

oversensitive (ओ-वॅ:-सॅन्´-सि-टिव्) *adj.* too much sensitive, अतिसंवेदनशील।

oversensitiveness (-निस्) *n.* the state or quality of being oversensitive, अतिसंवेदनशीलता।

oversexed (ओ-वॅ:-सॅक्स्ड्´) *adj.* exhibiting unusually great sexual desire, कामांध।

overshadow (ओ-वॅ:-शैड्´-ओ) *v.* (overshadowed, overshadowing) 1. to cast a shadow over, परछाईं से ढक देना। 2. to surpass in importance, महत्त्व में बढ़-चढ़कर होना।

overshoe (ओ-वॅ:-शू´) *n.* a shoe worn over an ordinary shoe, जूते के ऊपर पहना जानेवाला बड़ा जूता।

overshoot (ओ-वॅ:-शूट्´) *v.* (overshot, overshooting) to shoot over or beyond, निशाना चूक जाना।

overshot (ओ´-वॅ:-शॉट्´) *adj.* a wheel driven by the flow of water, पानी के बहाव से घूमनेवाला पहिया।

oversight (ओ´-वॅ:-साइट्) *n.* an unintentional omission, दृष्टिभ्रम, चूंक, भूल-चूक।

oversimplify (ओ-वॅ:-सिम्´-प्लि-फ़ाइ) *v.* (oversimplified, oversimplifying) to make too simple, कुछ ज़्यादा ही सरल बना देना, फलतः विकृत कर देना।

oversize (ओ´-वॅ:-साइज़्) *adj.* of unusual size, असाधारण आकार-प्रकारवाला, बहुत बड़ा।

oversleep (ओ-वॅ:-स्लीप्´) *v.* (overslept, oversleeping) to sleep beyond the usual time, देर से उठना, अधिक देर तक सोते रह जाना।

overstaffed (ओ-वॅ:-स्टाफ़्ड्´) *adj.* having more persons working than needed, अपेक्षया ज़्यादा कर्मचारी होना।

overstate (ओ-वॅ:-स्टेट्´) *v.* (overstated, overstating) to exaggerate, बढ़ा-चढ़ाकर कहना, अत्युक्ति करना।

overstatement (ओ-वॅ:-स्टेट्´-मॅन्ट्) *n.* an exaggerated statement, अत्युक्तिपूर्ण कथन।

overstay (ओ-वॅ:-स्टे´) *v.* (overstayed, overstaying) to stay longer than, अपेक्षया अधिक समय ठहरना।

oversteer (ओ-वॅ:-स्टिअॅ:) *v.* (oversteered, oversteering) to steer dangerously, (गाड़ी को) कुछ ज़्यादा ही घुमा देना।

overstep (ओ-वॅ:-स्टॅप्´) *v.* (overstepped, overstepping) to go beyond, हद से परे जाना, अतिलघंन करना।

overstock (ओ-वॅ:-स्टॉक्´) *v.* (overstocked, overstocking) to stock too much of (something किसी चीज़ का) अधिक मात्रा में संचय करना।

overstrain (ओ-वॅ:-स्ट्रेन्´) *v.* (overstrained, overstaining) to strain too much, अत्यधिक परिश्रम करना।

overstrict (ओ´-वॅ:-स्ट्रिक्ट्´) *adj.* excessively strict, अत्यंत कठोर, बहुत कड़ा।

overstuffed (ओ´-वॅ:-स्टफ़्ड्´) *adj.* stuffed too much, (गदेले की तरह) भरा-भरा।

oversubscribed (ओ-वॅ:-सॅब्-स्क्राइब्ड्´) *adj.* subscribed more than applied, अधिप्रदत्त।

overt (ओ´-वॅ:ट्/ओ-वॅ:ट्) *adj.* open, खुला, प्रकट, प्रत्यक्ष।

overtake (ओ-वॅ:-टेक्´) *v.* (overtook, over-

taken, overtaking) 1. to get past, पीछे से तेज़ी से आकर किसी व्यक्ति, गाड़ी आदि से आगे निकल जाना। 2. to take by surprise, चकित कर देना।

overtax (ओ-वॅ:-टैक्स्´) *v.* (overtaxed, overtaxing) 1. to tax too heavily, भारी कर लगाना। 2. to put too heavy a burden on, भारी बोझ लाद देना।

overthrow (ओ-वॅ:-थ्रो´) *v.* (overthrew, overthrown, overthrowing) 1. to overturn, (तख़्ता) उलट देना। 2. to throw past, दूर फेंकना।

overthrow (ओ´-वॅ:-थ्रो) *n.* a ball thrown past the fielder, (क्रिकेट में) किसी क्षेत्ररक्षक द्वारा फेंका हुआ वह गेंद जो दूसरे रक्षक से आगे निकल जाए।

overtime (ओ´-वॅ:-टाइम्) *n.* 1. working hours in addition to the regular schedule, ओवरटाइम, अतिरिक्त समय। 2. the payment for such work, ओवरटाइम (का भुगतान)। *adv.* beyond the regular time, समयोपरि, अतिकालिक, नियत समय के बाद।

overtly (ओ-वः:ट्´-ली) *adv.* openly, खुले आम, खुल्लमखुल्ला।

overtone (ओ-वॅ:-टोन्´) *n.* 1. (music) higher tone, अधिस्वर। 2. an additional meaning or implication, छाया, रंगत, आभा; गूढ़ार्थ। 3. (plu.) a hint, इंगित।

overtop (ओ-वॅ:-टॉप्´) *v.* (overtopped, overtopping) 1. to tower above, (ऊँचाई में) बढ़कर होना। 2. to surpass, आगे निकल जाना।

overtrump (ओ-वॅ:-ट्रम्प्´) *v.* (overtrumped, overtrumping) to play a bigger trump than, (अपेक्षाकृत बढ़कर) तुरुप चलना।

overture (ओ´-वॅ:-चॅ:) *n.* 1. a piece of music that is played at the beginning of an opera, प्रारंभिक संगीत, पूर्वरंग। 2. a gesture initiating a relationship, संबंध बढ़ाने का इशारा।

overturn (ओ-वॅ:-टःन्´) *v.* (overturned, overturning) 1. to turn over, उलट जाना। 2. to overthrow, उलट देना, पलट देना।

overuse (ओ-वॅ:-यूज़्´) *v.* (overused, overusing) to use excessively, बहुत अधिक काम में लाना, ख़ूब इस्तेमाल करना।

overvalue (ओ-वॅ:-वैल्´-यु) *v.* (overvalued, overvaluing) to put too high a value on, बहुत बढ़ा-चढ़ाकर मूल्य आँकना या लगाना।

overview (ओ´-वॅ:-व्यू) *n.* a general survey, सिंहावलोकन।

overweening (ओ-वॅ:-वी´-निंग्) *adj.* 1. excessively arrogant, अहंकारी, घमंडी, जिसका दिमाग आस्मान पर हो। 2. excessive, अत्यधिक।

overweight (ओ´-वॅ:-वेट्) *adj.* weighing more than is normal, अपेक्षाकृत अधिक वज़नवाला, भारी शरीरवाला।

overwhelm (ओ-वॅ:-ह्वेल्म्´) *v.* (overwhelmed, overwhelming) 1. to overcome, अभिभूत कर लेना। 2. to overpower, पराभूत कर लेना, हावी हो जाना। 3. to bury, दबा देना।

overwhelming (ओ-वॅ:-ह्वेल्´-मिंग्) *adj.* very strong or excessive, ज़ोरदार, अत्यधिक, भारी।

overwind (ओ-वॅ:-वाइन्ड्´) *v.* (overwound, overwinding) to wind excessively, (घड़ी आदि में) अधिक चाबी भरना।

overwork (ओ-वॅ:-वःक्´) *v.* (overworked, overworking) 1. to work too long, ज़्यादा देर काम करना। 2. to work too hard, अत्यधिक मेहनत करना। 3. to use too often, ज़्यादा ही इस्तेमाल करना। *n.* excessively tiring work, बहुत अधिक थकाऊ काम।

overwrite (ओ-वॅ:-राइट्´) *v.* (overwrote, overwritten, overwriting) 1. to write too much, अत्यधिक लिखना। 2. to write over other writing, लिखे पर लिखना।

overwrought (ओ´-वॅ:-राःट्´) *adj.* 1. very excited, अति-उद्विग्न, अति-उत्तेजित। 2. ex-

tremely elaborate, अतिविस्तृत, लंबा-चौड़ा।

overzealous (ओ़-वॅ:-ज़ेल्´-अॅस्) *adj.* too zealous, अति-उत्साही।

oviduct (ओ´-वि-डक्ट्) *n.* a tube through which ova travels from ovary, डिम्बवाहिनी।

oviform (ओ-वि-फ़ा:म्´) *adj.* egg-shaped, अंडाकार।

oviparous (ओ-विप्´-अॅ-रॅस्) *adj.* producing eggs, अंडे देनेवाली।

ovoid (ओ´-वा:इड्) *adj.* egg-shaped, अंडाकार।

ovulate (ओव्´-यु-लेट्) *v.* (ovulated, ovulating) to discharge ova, अंडाणु उत्पन्न करना।

ovule (ओ´-व्यूल्) *n.* a small part that becomes a plant seed after fertilization, डिम्ब, अंडाणु।

ovum (ओ´-वम्) *n.* (plu. ova) a female reproductive egg cell, डिम्ब, अंडाणु।

owe (ओ) *v.* (owed, owing) 1. to have to pay to an obligation due to be in debt to, देनदार होना। 2. to be morally obliged to, आभारी होना। 3. to have as a result of, परिणाम होना। 4. to hold in the heart, दिल में रखना।

owing (ओ´-इंग्) *adj.* owed and not yet paid, देय। □ **owing to,** because of, के कारण, के परिणामस्वरूप।

owl (आउल्) *n.* a bird that flies in the night, उल्लू।

owlet (आउ´-लेट) *n.* a young owl, उल्लू का बच्चा।

owlish (आउ´-लिश्) *adj.* like an owl, उल्लू की तरह का, उल्लू जैसा।

own (ओन्) *adj.* of or belonging to oneself, अपना, निजी। □ **come to one's own,** सही स्थिति में आ जाना; **get one's own back,** बदला लेना; **hold one's own,** जमे रहना, टिके रहना; **on one's own,** (i) अपने दम पर, अपने बूते पर; (ii) पूर्ण स्वतंत्र। *v.* (owned, owning) 1. to have or possess, पास होना, धारणा करना, रखना। 2. to acknowledge or admit, स्वीकार करना। □ **own up,** to admit or confess, कबूल करना। *n.* something that belongs to one, अपनी चीज़।

owner (ओ´-नॅ:) *n.* one who owns something, possessor, proprietor, स्वामी, मालिक।

ownerless (ओ´-नॅ:-लिस्) *adj.* having no owner, without owner, जिसका कोई मालिक न हो, स्वामित्वहीन।

ownership (ओ´-नॅ:-शिप्) *n.* the state of being an owner, स्वामित्व, स्वत्व, स्वाम्य।

ox (ऑक्स्) *n.* (plu. oxen) a castrated bull, बैल।

Oxbridge (ऑक्स्´-ब्रिज्) *n.* the old academic institutions of Oxford University and Cambridge University, ऑक्सफ़ोर्ड और कैंब्रिज दोनो विश्वविद्यालय।

oxidation (ऑक्-सि-डे´-शॅन्) *n.* the act or process of oxidizing, आक्सीकरण।

oxide (ऑक्´-साइड्) *n.* a compound of oxygen and one other element, ऑक्साइड।

oxidization, oxidisation (ऑक्-सि-ज़े´-शॅन्) *n.* = oxidation.

oxidize, oxidise (ऑक्´-सि-डाइज़्) *v.* (oxidized/ oxidised, oxidizing/ oxidising) 1. to combine with oxygen, ऑक्सीकरण करना। 2. to become rusty, जंग लगना।

oxygen (ऑक्´-सि-जॅन्) *n.* a gaseous element, ऑक्सीजन।

oxygenate (ऑक्´-सि-जॅ-नेट्) *v.* (oxygenated, oxygenating) to mix with oxygen, ऑक्सीजन से मिश्रित करना।

oxymoron (ऑक्स्´-इ-मो-रॅन्) *n.* combination of contradictory words, परस्पर विरोधी अर्थोंवाले शब्दों का प्रयोग।

oyster (ऑइ´-स्टॅ:) *n.* a kind of shellfish, खाद्य-शक्ति।

ozone (ओ´-ज़ोन्) *n.* a form of oxygen, ओज़ोन।

P

P, p (पी) ***n.*** 1. the sixteenth letter of the English alphabet, अंग्रेज़ी वर्णमाला का सोलहवाँ वर्ण। □ **mind one's p's and q's,** भाषा के प्रयोग में सावधानी बरतना।

pabulum (पैब्´-यॅ-लॅम्) ***n.*** 1. food, भोजन, आहार। 2. food for thought, मानसिक आहार।

pace (पेस्) ***n.*** 1. a single step, पग, कदम, डग। 2. the distance covered by a step, पग, कदम, डग। 3. speed of walking or running, गति, रफ़्तार, स्पीड। 4. manner of walking, चाल, चलने का ढंग। 5. the rate of progress, प्रगति की दर। 6. a horse's gait in which the two legs of the same side move together, घोड़े की एक चाल जिसमें एक तरफ़ की दोनो टाँगें एक साथ उठती हैं। □ **keep pace with,** (किसी से) कदम/चाल मिलाकर चलना; **put one through one's paces,** किसी की योग्यता परखना; **set the pace,** क्रम चलाना या बाँधना; **show one's pace,** अपनी योग्यता दर्शाना; **stand the pace,** दूसरों से बराबरी करना। ***v.*** (paced, pacing) 1. to walk with regular paces, बँधी हुई चाल से चलना। 2. to set the pace for, क्रम चलाना या बाँधना, गति निर्धारित करना। 3. to train in a particular gait, (घोड़े को) किसी चाल में साधना। 4. to measure by pacing, कदमों से नापना। 5. to walk to and fro across (a room, कमरे में) इधर से उधर बराबर आना-जाना, चक्कर लगाना।

pace bowler ***n.*** a fast bowler, तेज़ गेंदबाज़।

pace-maker (पेस्´-मे-कॅः) ***n.*** 1. one who sets the pace, क्रम-निर्धारक, गति-निर्धारक। 2. the leader in particular activity, उदाहरण प्रस्तुत करनेवाला, अगुआ। 3. a device to control the heartbeat, हृदय की धड़कन को नियमित करनेवाला यंत्र, पेसमेकर।

pacesetter (पेस्´-सेट्-अँः) ***n.*** a person who sets the standard of achievement, आदर्श-स्थापक, मानक-स्थापक।

pachuco (पॅ-चू´-को) ***n.*** a member of a street gang, गुंडा, लुटेरा।

pachyderm (पैक्´-इ-डॅःम्) ***n.*** a thick skinned mammal, मोटी-चमड़ीवाला प्राणी।

Pacific (पॅ-सिफ़्´-इक्) ***n.*** the Pacific Ocean, प्रशांत महासागर।

pacific ***adj.*** peaceful, शांतिप्रिय, शांतिपूर्ण।

pacification (पैस्-इ-फ़ि-के´-शॅन्) ***n.*** the act of pacifying, शांत करना।

pacifier (पैस्´-इ-फ़ाइ-अॅः) ***n.*** one who pacifies, शांत करनेवाला।

pacifism (पैस्´-इ-फ़िज़्-अॅम्) ***n.*** the belief that disputes should be settled by peaceful means, शांति का सिद्धांत, शांतिवाद, शांतिवादिता, युद्धविरोधिता।

pacifist (पॅस्´-इ-फ़िस्ट्) ***n.*** one who believes in pacifism, शांतिवादी, युद्धविरोधी।

pacify (पैस्´-इ-फ़ाइ) ***v.*** (passified, pacifying) 1. to calm the anger, शांत करना, ठंडा करना। 2. to restore peace, शांति स्थापित करना।

pack (पैक्) ***n.*** 1. a bundle, पुलिंदा, गठरी, पोटली, बंडल। 2. a complete set of playing cards, ताश की गड्डी। 3. a group of animals, झुंड, समूह। 4. a gang or organised group, जत्था, टोली। 5. a large amount or collection, पुलिंदा, ढेरी। 6. a small container, डिब्बा, डिबिया, पैकट। 7. an absor-

bent material applied to the parts of body, रक्त आदि सोखनेवाला कपड़ा। *v.* (packed, packing) 1. to wrap or put into a container, (चीज़ों को) लपेटना, बाँधना या गठियाना, पैक करना। 2. to be able to be packed, पैक किए जाने योग्य होना। 3. to cram or press into, भरना, ठूँसना। 4. to carry something regularly, लादे फिरना। ☐ **pack it in,** (काम) बंद कराना; **pack off,** चलता करना; **pack up,** सामान बाँधे तैयार खड़े होना, चलने की तैयारी करना; **send packing,** सहसा पदच्युत कर देना, चलता करना।

package (पैक्´-इज्) *n.* 1. a bundle or parcel, बंडल, पार्सल, पैकेज। 2. a small container, पैकट, पेटी, बक्सा। 3. a sale offer of a few or more things, कई चीज़ों का इकट्ठा सौदा। 4. a set of proposals, प्रस्तावावली (प्रस्ताव + अवली) *v.* (packaged, packaging) to make into a package, पैक करना, बंडल बनाना।

package deal *n.* a number of things jointly offered for sale, एकमुश्त सौदा।

package tour *n.* an arranged tour, पैकेज टूर।

pack animal *n.* an animal used to transport goods, लद्दू घोड़ा, बैल आदि।

packed (पैक्ड्, पैक्ट्) *adj.* 1. placed in a container, पैक किया हुआ। 2. filled or full, भरा हुआ, खचाखच, ठसाठस।

packer (पैक्´-अ:) *n.* one who packs, बंडल, पैकेट आदि बाँधनेवाला।

packet (पैक्´-इट्) *n.* a small package, पैकेट, डिबिया।

packing (पैक्´-इंग्) *n.* 1. the act or process of wrapping or tying up things, बंडल बाँधना, पैक करना, संवेष्ठन। 2. material used for packing things, टाट, मलट आदि जिनमें वस्तुएँ बाँधते हैं।

pack needle *n.* a large needle, सूजा, सुआ।

pack saddle *n.* a saddle used on a pack animal, खुरजी।

pack thread *n.* a thick thread for sewing packs, सुतली।

pact (पैक्ट्) *n.* 1. an agreement, समझौता, ठहराव। 2. a treaty, संधि।

pacy (पे´-सी) *adj.* moving quickly, तेज़ी से चलता या आगे बढ़ता हुआ।

pad (पैड्) *n.* 1. something soft that serves as a cushion, गद्दी, पैड। 2. number of sheets of paper glued together, पैड। 3. a flat surface, चौरस भूमि। 4. an apartment, फ्लैट। *v.* (padded, padding) 1. to fill with soft material, नरम चीज़ भरना। 2. to stuff, भरना। 3. to expand unnecessarily, व्यर्थ विस्तार बढ़ाना। 4. to walk slowly on foot, धीरे-धीरे पैदल चलना।

padding (पैड्´-इंग्) *n.* soft material used to pad things, भरान, पैड।

paddle[1] (पैड्´-अॅल्) *n.* 1. an oar, चप्पू, डाँड। 2. an oar like instrument, बेलचा। *v.* (paddled, paddling) to row, नाव खेना। ☐ **paddle one's own canoe,** आत्मनिर्भर होना।

paddle[2] *v.* (paddled, paddling) to wade, पानी या कीचड़ में चलना।

paddock (पैड्´-अॅक्) *n.* a field or enclosure in which horses are exercised, घोड़ों को कावा कराने का मैदान या बाड़ा।

paddy (पैड्´-ई) *n.* 1. a rice field, धान का खेत। 2. rice in the husk, धान। 3. rice, चावल।

paddy wagon *n.* a police van for carrying prisoners, क़ैदियों को लाने-ले जाने की पुलिस की गाड़ी।

padlock (पैड्´-लॉक्) *n.* a kind of lock, ताला। *v.* (padlocked, padlocking) to fasten with a padlock, ताला लगाना।

padre (पा´-ड्रे) *n.* a priest, पादरी। (स्पेनी)

paean (पी´-अॅन्) *n.* 1. a hymn, स्तुति। 2. a song of victory, विजयगान।

paediatric (पी-डि-ऐट्´-रिक्) *adj.* of pertaining to or for sick childern, बाल-रोगियों

से संबद्ध।

paediatrician (पी-डि-ॲ-ट्रिश्‌´-ॲन्) *n.* a specialist in paediatrics, बाल-रोग चिकित्सक।

paediatrics (पी-डि-ऐट्‌´-रिक्स्) *n.* the science concerned with the diseases of children, बाल-रोग चिकित्सा।

paella (पा-ए´-लॅ) *n.* a Spanish dish of rice, स्पेनी पुलाव।

pagan (पे´-गॅन्) *n.* a heathen, काफ़िर, विधर्मी। *adj.* heathen, दूसरे धर्म का, विधर्मी, काफ़िराना।

paganism (पे´-गॅन्-इज़्-ॲम्) *n.* a religion other than one's own, विधर्म।

page[1] (पेज्) *n.* one side of one of the leaves of a book etc., पृष्ठ, सफ़ा। *v.* (paged, paging) to number the pages of a book etc., पृष्ठों पर नंबर लगाना, पृष्ठांकन करना।

page[2] *n.* one employed to run errands, लड़का, नौकर।

page[3] *v.* (paged, paging) to call the name of a person (at a public place) to deliver him the message, (किसी सर्वजनिक स्थल पर) कोई संदेश देने के लिए, किसी का नाम पुकारना।

pageant, pageantry (पैज्‌´-ॲन्ट्, पैज्‌´-ॲन्ट्-री) *n.* a colourful procession of people, जुलूस, शोभायात्रा।

pager (पे´-ज़्:) *n.* a device for receiving messages, संदेश प्राप्त करने का एक उपकरण, पेजर।

paginate (पैज्‌´-इ-नेट्) *v.* to number the pages of a book, पृष्ठांकन करना।

pagination (पैज्-इ-ने´-शॅन्) *n.* the act of paginating, पृष्ठों पर संख्या डालना, पृष्ठांकन।

pagoda (पॅ-गो´-डॅ) *n.* a Buddhist tower with several stories, स्तूप, पगोड़ा।

paid (पेड्) *adj.* 1. p.t. & p.p. of pay, *adj.* receiving pay, hired, वेतनभोगी।

paid-up (पेड्‌´-अप्) *adj.* given in payment, चुकता, प्रदत्त, अदा।

pail (पेल्) *n.* a bucket, बालटी, डोल।

pailful (पेल्‌´-फुल्) *n.* as much as a pail will hold, बालटी-भर।

paillasse (पैल्-ऐस्‌´) *n.* a mattress filled with straws, वह गद्दा जिसमें पुआल भरा हो।

pain (पेन्) *n.* 1. suffering, पीड़ा, दर्द। 2. mental suffering, व्यथा, वेदना। 3. trouble taken, कष्ट। 4. (plu.) great care or effort, सावधानी या प्रयत्न। *v.* (pained, paining) to cause pain to, दुख देना।

pained (पेन्ड्) *adj.* distressed, पीड़ित, दुखी।

painful (पेन्‌´-फ़ुल्) *adj.* 1. causing pain, कष्ट या दुख देनेवाला। 2. suffering pain, दर्द-भरा, दुखनेवाला, दुखता हुआ। 3. hardworking, मेहनती, लगकर काम करनेवाला।

painkiller (पेन्‌´-किल्-ॲ:) *n.* a pain relieving medicine, वेदनाहर या पीड़ानाशक ओषधि।

painless (पेन्‌´-लिस्) *adj.* not causing pain, जिससे पीड़ा न हो, पीड़ाशून्य।

painstaking (पेन्ज़्‌´-टे-किंग्) *adj.* 1. very careful, अति सावधान। 2. done with great care, विशेष सावधानी से किया हुआ। 3. hard working, मेहनती, जी लगाकर काम करनेवाला।

paint (पेन्ट्) *n.* a mixutre for colouring surface, रोगन, पेंट। *v.* 1. to coat with paint, रोगन करना, पेंट करना, रँगाई करना। 2. to portray, चित्रांकन करना, पेंट करना। 3. to describe vividly, सजीव वर्णन या चित्रण करना। □ **paint the town red,** जशन मनाना।

paint box *n.* a box holding dry paints, रंग का डिब्बा।

paint brush *n.* a brush used for applying paint, रंग करने का ब्रूश।

painter[1] (पेन्‌´-टॅ:) *n.* 1. one who paints, रंगसाज़ 2. one who paints pictures, चित्रकार, पेंटर।

painter[2] *n.* a rope attached with a boat, नाव में लगी रस्सी, गून।

painting (पेन्‌´-टिंग्) *n.* 1. the art of applying paints, रँगने का काम। 2. a painted picture, रंगीन चित्र।

pair (पॅऑ:) *n.* 1. two similar or correspond-

ing things, जोड़ा, जोड़ी। 2. a couple, पति और पत्नी, प्रेमी और प्रेमिका, जोड़ा, युगल। 3. two mated animals, जोड़ा। □ **a pair of scissors,** कैंची; **a pair of spectacles,** बल्लेबाज द्वारा दोनो पालियों में शून्य पर आऊट होना, दुहरा शून्य; **a pair of trousers,** पतलून; **in pairs,** जोड़ों में। *v.* (paired, pairing) 1. to arrange people in groups of twos, जोड़ियाँ बनाना। 2. to mate, जोड़ा खाना। □ **pair up,** जोड़ी बनाना।

pairing time *n.* the mating season, जोड़ा खाने का समय।

pairwise (पेंअ:-वाइज़्) *adv.* in pairs, जोड़ों में।

paisley (पेज़्´-ली) *adj.* made of soft wool, मुलायम ऊन का बना हुआ।

pal (पैल्) *n.* a close friend, घनिष्ठ मित्र, पक्का यार। *v.* (palled, palling) to associate as friends, यारी होना, घनिष्ठता होना।

palace (पैल्´-इस्) *n.* 1. the sovereign's residence, महल, राजमहल, प्रासाद, राजप्रासाद। 2. a large or splendid residence, कोठी, हवेली।

paladin (पैल्´-अॅ-डिन्) *n.* a knightly champion, योद्धा, शूरवीर।

palaeo (पैल्´-इ-ओ) *prefix.* prehistoric, old, पुरा—।

palaeography (पैल्-इ-ओ-ग्रा´/ ग्रै´-फ़ी) *n.* = paleography.

palanquin (पैल्-अॅन्-कीन्´) *n.* a covered litter carried by four persons, पालकी।

palatable (पैल्´-अॅ-टॅ-बॅल्) *adj.* 1. agreeable to the taste, स्वादिष्ट। 2. acceptable to mind, अनुकूल, रुचिकर।

palatal (पैल्´-अॅट्-अॅल्) *adj.* of or relating to the palate, तालु-संबंधी, तालव्य।

palate (पैल्´-इट्) *n.* 1. the roof of the mouth, तालु। 2. taste, स्वाद।

palatial (पॅ-ले´-शॅल्) *adj.* 1. like a palace, महल-जैसा। 2. spacious and splendid, विशाल और भव्य।

palatinate (पॅ-लैट्´-इ-नेट्) *n.* the territory under a feudal lord, जागीर।

palatine (पैल्´-अॅ-टाइन्) *n.* a feudal lord, सामंत।

palaver (पॅ-लैव्´-अॅ:) *n.* 1. idle talk, गपशप, बकवाद। 2. a conference, सम्मेलन। 3. flattery, ख़ुशामद।

pale[1] (पेल्) *adj.* 1. yellowish in complexion, पीत, पीला, ज़र्द। 2. dim, faint, मंद, मुरझाया हुआ, विवर्ण। *v.* (paled, paling) 1. to turn pale, पीला पड़ जाना। 2. to become dim or faint, मंद पड़ जाना, दब जाना।

pale[2] *n.* 1. a wooden post forming part of fence, खंभा, डंडा। 2. a boundary, चौहद्दी। □ **beyond the pale,** चौहद्दी से परे।

paleface (पेल्´-फ़ेस्) *n.* a white person, गोरा व्यक्ति। (उपेक्षासूचक)

paleness (पेल्´-निस्) *n.* the quality or state of being pale, पीलापन, ज़र्दी।

paleographer (पे-लि-ऑग्´-रॅ-फ़:) *n.* an expert in paleography, पुरालिपिज्ञ।

paleographic (पे-लि-ऑग्´-रॅ-फ़िक्) *adj.* of or pertaining to paleography, पुरालिपि-संबंधी।

paleography (पे-लि-ऑग्´-रॅ-फ़ी) *n.* 1. the study of the ancient inscriptions and manuscripts, पुरालिपि-विज्ञान। 2. a handwriting of the past, पुरालिपि।

paleolithic (पे-लि-अॅ-लिथ्´-इक्) *n.* the early period of stone age, पूर्व-पाषाणयुग। *adj.* of this age, पूर्व-पाषाणयुगीन।

paleontology (पेल्-इ-अॅन्-टॉल्´-अॅ-जी) *n.* the study of fossils, जीवाश्म-विज्ञान, जीवाश्मिकी।

Palestinian (पैल्-इ-स्टिन्´-इ-अॅन्) *adj.* of Palestine, फ़िलस्तीनी। *n.* an inhabitant of Palestine, फ़िलस्तीनी।

palette (पैल्´-इट्) *n.* 1. a thin board on which

an artist mixes colours, रंगपट्टिका। 2. colours used by a particular artist, किसी चित्रकार द्वारा प्रयुक्त रंग।

palette knife *n.* the knife with which artist mixes colours, रंग मिलाने की छुरी।

palfrey (पा:ल्´-फ़्री) *n.* a light saddle horse esp. suitable for a woman, टट्टू।

palindrome (पैल्´-इन्-ड्रोम्) *n.* a word or phrase that reads the same backwards as it does forwards, आगे तथा पीछे से एक समान पढ़ा जानेवाला शब्द या पद, वे शब्द या पद जो उलटे-सीधे एक समान हों। (e.g. rotator ; उदाहरणार्थ डालडा)।

paling (पे´-लिंग्) *n.* 1. a post of a fence, बाड़ या घेरे का डंडा। 2. (plu.) a fence made of posts, बाड़, घेरा।

palisade (पैल्-इ-सेड्´) *n.* a fence made of posts, बाड़, घेरा।

palish (पेल्´-इश्) *adj.* somewhat pale, पीला-सा, पीला, पीताभ।

pall (पा:ल्) *n.* 1. a cloth covering for a coffin or bier, ताबूत या अर्थी के ऊपर डाली जानेवाली चादर। 2. a cover, covering, आवरण, आच्छादन; a pall of smoke, धुएँ का आवरण या पर्दा। *v.* (palled, palling) to become boring, उबाऊ होना।

pallbearer (पा:ल्´-बेंॲर्-ॲ:) *n.* one who carries the coffin or bier, ताबूत या अर्थी उठानेवाला।

pallet¹ (पैल्´-इट्) *n.* 1. a mattress stuffed with straws, फूस/पयाल का गद्दा। 2. a makeshift bed, उठौआ चारपाई। 3. a large tray, बड़ी ट्रे।

pallet² *n.* a potter's instrument for shaping, थापी।

palliate (पैल्´-इ-एट्) *v.* (palliated, palliating) to make less severe, हलका कर देना, उपशमन करना।

palliation (पैल्-इ-ए´-शॅन्) *n.* the act of palliating, उपशमन।

palliative (पैल्´-इ-ॲ-टिव्) *adj.* something that palliates, उपशामक।

pallid (पैल्´-इड्) *adj.* pale, पीला, ज़र्द।

pallor (पैल्´-ॲ:) *n.* paleness, पीलापन, ज़र्दी।

pally (पैल्´-ई) *adj.* on friendly terms, मित्रतापूर्ण, घनिष्ठ।

palm¹ (पा:म्) *n.* 1. the inner surface of the hand, हथेली, करतल। 2. the breadth or length of the hand, बालिश्त, बित्ता। □ **in the palm of one's hand,** किसी की मुट्ठी में, किसी की दया पर। *v.* (palmed, palming) 1. to conceal in one's hand, हाथ में छिपा लेना। 2. to get (something) fraudulently, तिकड़म से ले लेना।

palm² *n.* 1. a tall tree with large leaves, खजूर या ताड़। 2. a symbol of victory, विजय का प्रतीक चिह्न। 3. victory, विजय।

palmer (पा:´-मॅ:, पैल्´-मॅ:) *n.* a pilgrim, तीर्थयात्री विशेषत: जो यात्रा कर चुका हो।

palmetto (पैल्-मेंट्´-ओ) *n.* a small palm tree, खजूर का छोटा पेड़।

palmist (पा:म्´-इस्ट्) *n.* a person skilled in palmistry, ज्योतिषी, सामुद्रिक।

palmistry (पा:´-मि-स्ट्री) *n.* the art of telling fortunes by examining the lines and bumps on the palm, हस्तरेखा विज्ञान, सामुद्रिक विद्या।

palmleaf (पा:म्´-लीफ़्) *n.* a leaf of the palm tree, तालपत्र।

palm oil *n.* the oil obtained from the fruit of palm trees, खजूर का तेल।

palm wine *n.* juice obtained from the fruit of palm trees, ताड़ी।

palmy (पा:´-मी) *adj.* 1. full of palm trees, ताड़ के वृक्षों से भरा। 2. flourishing, फलता-फूलता हुआ, समृद्ध। □ **palmy days,** best period of ones life, अच्छे दिन, सुख समृद्धि के दिन

palomino (पैल्-अॅ-मी´-नो) ***n.*** a golden horse with white mane and tail, सुनहरे रंग का घोड़ा जिसके अयाल और पूँछ सफ़ेद हो, स्वर्णाश्व, पैलोमिनो।

palpable (पैल्´-पॅ-बॅल्) ***adj.*** 1. obvious, सुस्पष्ट, साफ़। 2. able to be touched or felt, इंद्रियगोचर।

palpate (पैल्´-पेट्) ***v.*** (palpated, palpating) to examine by sense of touch, छू कर देखना, टोहकर देखना, टोहना, टटोलना।

palpation (पैल्-पे´-शॅन्) ***n.*** the act of palpating, टोहने की क्रिया या भाव, टोह, टटोल।

palpitate (पैल्´-पि-टेट्) ***v.*** (palpitated, palpitating) 1. to throb rapidly, धकधक करना, धड़कना। 2. to quiver, काँपना।

palpitation (पैल्-पि-टे´-शॅन्) ***n.*** the act of palpitating, धड़कन, धकधक, धड़क।

palsied (पा:ल्´-ज़ीड्) ***adj.*** paralytic, लकवे से पीड़ित।

palsy (पा:ल्´-ज़ी) ***n.*** paralysis, लकवा, पक्षाघात, फ़ालिज।

palsy-walsy (पैल्´-ज़ी-वैल्´-ज़ी) ***adj.*** very friendly, अत्यंत घनिष्ठ।

palter (पा:ल्´-टॅ:) ***v.*** (paltered, paltering) 1. to talk or act insincerely, छल करना। 2. to haggle, मोल-भाव करना।

paltriness (पा:ल्´-ट्रि-निस्) ***n.*** insignificance, अल्पता, नगण्यता।

paltry (पा:ल्´-ट्री) ***adj.*** insignificant, थोड़ा, अल्प, नगण्य।

pampas (पैम्´-पॅज़्) ***n.*** (plu.) wide treeless plains in South America, दक्षिण अमरीका के विशाल वृक्षहीन मैदान।

pamper (पैम्´-पॅ:) ***v.*** (pampered, pampering,) 1. to coddle, दुलार करना, दुलारना। 2. to spoil, सिर चढ़ा लेना, ढीठ बना देना।

pamphlet (पैम्´-फ़्लिट्) ***n.*** a leaflet or folder containing information, पेंफ़्लेट, छोटी पुस्तक, इश्तहार।

pamphleteering (पैम्-फ़्लि-टिअॅर्´-इंग्) ***n.*** publishing of pamphlets, in favour of or against someone, पेंफ़लेटबाज़ी, इश्तहारबाज़ी।

pan[1] (पैन्) ***prefix.*** all, अखिल, सर्व–; pan-Africanism, सर्व-अफ़्रीकावाद।

pan[2] ***n.*** 1. a flat base container for cooking purposes, पैन, तवी। 2. the bowl of a pair of scales, पलड़ा। ***v.*** (panned, panning) 1. to wash (gravel) in pan, पैन में रखकर धोना (नदी, नाली आदि की गंदगी को इस प्रकार धोना कि उसमें से गिरी-पड़ी बहुमूल्य चीज़ें ढूँढ़ निकाली जा सके)। 2. to criticize severely, कड़ी आलोचना करना। □ **pan out,** सफल हो जाना।

pan[3] ***v.*** (panned, panning) to move camera to obtain a panoramic effect, (फ़िल्मी कैमरे को) घुमाते हुए चित्र लेना।

panacea (पैन्-अॅ-सी´-अॅ) ***n.*** a remedy for all troubles, रामबाण।

panache (पॅ-नैश्´) ***n.*** 1. a plume, कलगी। 2. a stylish manner, ढंग, शैली।

panama (पैन्´-अॅ-मा) ***n.*** a kind of hat, टोपी।

pancake (पैन्´-केक्) ***n.*** a thin flat cake, पुआ, चिल्लड़ा, चीला।

panchromatic (पैन्-क्रो-मैट्´-इक्) ***adj.*** sensitive to all colours, पैनक्रोमैटिक, सर्ववर्णी।

pancreas (पैन्´-क्री-अॅस्) ***n.*** a gland that produces insulin, अग्न्याशय।

pancreatic (पैन्-क्री-एट्´-इक्) ***adj.*** of or pertaining to the pancreas, अग्न्याशय संबंधी, अग्न्याशयी।

panda (पैन्´-डॅ) ***n.*** a bearlike mammal, पंडा।

pandemic (पैन्-डॅम्´-इक्) ***adj.*** occurring over a vast region, दूर-दूर तक फैला हुआ (रोग)।

pandemonium (पैन्-डॅ-मो´-नि-अॅम्) ***n.*** uproar, tumult, शोर, कोलाहल; घोर अव्यवस्था।

pander (पैन्´-डॅ:) ***n.*** a pimp, go-between, दलाल, कुटना। ***v.*** (pandered, pandering) 1. to act as a pander, दलाली करना। 2. to

gratify a person's lower tastes, दूसरों की निम्न कोटि की इच्छाएँ पूरी करना।

Pandora (पैन्-डोर्´-अॅ) *n.* the first woman who opened a box containing all the ills that could infest mankind, पैंडोरा।

pandora's box *n.* a box containing all the ills, आफ़त का पिटारा।

pane (पेन्) *n.* a sheet of glass in a window or door, पल्ले या चौखट में जड़ा शीशा।

panegyric (पैन्-इ-जिर्´-इक्) *n.* high praise, commendation, विरुदावली, स्तुतिगान, गुण-प्रशस्ति।

panegyrist (पैन्-इ-जिर्´-इस्ट्) *n.* one who praises highly, विरुदावली का गान करनेवाला।

panel (पैन्´-अॅल्) *n.* 1. a flat rectangular framed piece, दिलहा, फलक। 2. a list or group of persons selected to act as a team, नामसूची, पैनल, नामिका। 3. a group of persons participating in a discussion, विचार-विमर्श में सम्मिलित होनेवाले व्यक्तियों का समूह। *v.* (panelled, panelling) to furnish with panels, (चौखट में) दिलहा लगाना, जड़ना या भरना।

panelled (पैन्´-अॅल्ड्) *adj.* furnished with panels, दिलहेदार।

panelling (पॅन्´-अॅ-लिंग्) *n.* 1. the act of paneling, दिलहेबंदी। 2. wood used for making panels, दिलहे की लकड़ी।

panellist (पॅन्´-अॅ-लिस्ट्) *n.* a member of a panel, जिसका नाम नामसूची में हो, नामिक।

pang (पैंग्) *n.* sudden sharp sensation, as of pain, टीस, कसक। □ **pang of regret,** ग्लानि; **pang of sadness,** विषाद; **pangs of hunger,** उदरज्वाला।

pangolin (पैंग्´-ओ-लिन्) *n.* an anteater, चींटीख़ोर।

panhandle (पैन्´-हैन्-डॅल्) *v.* (panhandled, panhandling) to beg in the streets, गली-गली भीख माँगते फिरना।

panhandler (पैन्´-हैन्-डॅ-लॅ:) *n.* one who panhandles, भिखमंगा, भिखारी।

panic (पैन्´-इक्) *n.* 1. a sudden overwhelming feeling of terror, तहलका, आतंक। 2. a sudden overwhelming feeling of anxiety, खलबली। *v.* (panicked, panicking) 1. to be affected with panic, तहलका या खलबली मचना। 2. to cause to feel panic, तहलका या खलबली मचाना।

panicky (पैन्´-इ-की) *adj.* filled with terror, आतंकित।

panicle (पैन्´-इ-कॅल्) *n.* a cluster of flowers, फूलों का गुच्छा, पुष्पगुच्छ।

panic monger *n.* one who spreads panic, आतंक फैलानेवाला।

panic-stricken *adj.* filled with panic, आतंकित।

panjandrum (पैन्-जैन्´-ड्रम्) *n.* a pompous self-important person, रोब-दाबवाला व्यक्ति।

pannier (पैन्´-यॅ:, पॅन्´-इ-अॅ:) *n.* a large basket, झाबा, पिटारा।

panoply (पैन्´-अॅ-प्ली) *n.* a splendid collection, उत्कृष्ट संग्रह।

panorama (पैन्-अॅ-रा´-मॅ, पैन्-अॅ-रैम्´-अॅ) *n.* 1. a view of unlimited area, परिदृश्य। 2. a picture or photograph of this, परिदृश्य। 3. a view of a constantly changing scene of events, परिदृश्य।

panoramic (पैन्-अॅ-रैम्´-इक्) *adj.* having the nature of a panorama, परिदृश्यपरक, विशाल; panoramic view, विशाल दृश्य; panoramic camera, विशालदर्शी कैमरा।

panpipe (पैन्´-पाइप्) *n.* a primitive musical instrument, बाँसुरी की तरह का बाजा।

pansy (पैन्´-ज़ी) *n.* 1. a garden plant, पैंज़ी। 2. an effeminate man, स्त्रियों की-सी शक्ल-सूरतवाला व्यक्ति, पौरुषहीन पुरुष।

pant (पैन्ट्) *v.* (panted, panting) 1. to breathe rapidly and heavily, हाँफना। 2. to utter

breathlessly, हाँफते हुए (कुछ) कहना। 3. to be extremely eager, बेताब होना। 4. to smoke in loud puffs, लंबे कश लेना। 5. to throb, धड़कना। *n.* 1. the act or instance of panting, हँफनी। 2. extreme eagerness, बेताबी, छटपटाहट।

pantaloons (पैन्-टॅ-लून्ज़्´) *n.* men's trousers, पैंट, पतलून।

pantheism (पैन्´-थी-इज़्-ॲम्) *n.* the belief that God is everywhere and everything is God, सर्वेश्वरवाद।

pantheist (पैन्´-थी-इस्ट्) *n.* a believer in pantheism, सर्वेश्वरवादी।

pantheistic (पैन्-थी-इस्´-टिक्) *adj.* of or pertaining to pantheism, सर्वेश्वरवादी।

pantheon (पैन्´-थी-ऑन्) *n.* a temple for all the gods, सर्वधर्म देवालय, देवमंदिर।

panther (पैन्´-थॅः) *n.* a large wild cat, तेंदुआ।

pantheress (पैन्´-थॅ-रिस्) *n.* she-panther, तेंदुई।

pantherine (पैन्´-थॅ-राइन्) *adj.* like panther, तेंदुए-जैसा।

panties (पैन्´-टीज़्) *n.* short underpants for women or children, जाँघिया।

pantile (पैन्´-टाइल्) *n.* a curved roof tile, खपड़ा, खपरैल।

pantomime (पैन्´-टॅ-माइम्) *n.* a type of theatrical entertainment in, which bodily movements in place of words, are the means of expression, मूक अभिनय। *v.* (pantomimed, pantomiming) to act in pantomime, मूक-अभिनय करना।

pantry (पैन्´-ट्री) *n.* a small room for storing food, dishes etc., रसोई-भंडार, भंडारगृह।

pantryman (पैन्´-ट्री-मॅन्) *n.* a cook, रसोइया, खानसामा या उसका सहायक।

pants (पैन्ट्स्) *n.* (plu.) 1. trousers, पैंट। 2. underpants, जाँघिया, कच्छा। ☐ **pants off,** उबा देना।

pantyhose (पैन्´-टी-होस्) *n.* women's hosiery, स्त्रियों के लिए हौज़री का सामान।

pantywaist (पैन्´-टी-वेस्ट्) *n.* an effeminate person, जनाना आदमी।

panzer (पैन्´-ज़ॅः) *n.* armoured, शस्त्र-सज्जित।

pap (पैप्) *n.* soft and easily digestible food, दलिया, लपसी आदि।

papa (पॅ-पा´, पा´-पॅ) *n.* father, पापा, पिताजी।

papacy (पे´-पॅ-सी) *n.* 1. office or term of office of Pope, पोप का पद या शासनकाल। 2. the system of government in which Pope is head, पोपतंत्र।

papal (पे´-पॅल्) *adj.* of Pope or papacy, पोप-संबंधी, पोपीय।

papaya (पॅ-पा´-यॅ) *n.* a plant and its fruit, पपीता।

paper (पे´-पॅः) *n.* 1. a material used for writing, काग़ज़। 2. a newspaper, समाचार-पत्र, अख़बार। 3. an essay, निबंध; He read a paper on music, उसने संगीत पर एक निबंध पढ़ा। 4. a research paper, शोधपत्र। 5. a question paper, प्रश्नपत्र। 6. (plu.) documents, काग़ज़-पत्र, दस्तावेज। ☐ **on paper,** लिखत में। *adj.* 1. made of paper, काग़ज़ी। 2. artificial, कृत्रिम, काग़ज़ी। *v.* (papered, papering) 1. to cover with wall paper, (दीवार पर) काग़ज़ लगाना, काग़ज़ मढ़ना। 2. to wrap in a sheet of paper, काग़ज़ में लपेटना। 3. to fill theater etc. by giving out free passes, पास देकर थियेटर को मुफ़्तख़ोरों से भरना।

paperback (पे´-पॅः-बैक्) *n.* a book with a flexible paper binding, ऐसी पुस्तक जिसकी जिल्द काग़ज़ या कार्डबोर्ड की हो (दफ़्ती की न हो), पेपरबैक्।

paperboy (पे´-पॅः-बॉइ) *n.* a boy who delivers newspapers, घर-घर अख़बार पहुँचानेवाला, अख़बारवाला।

paper hanger (पे´-पॅः-हैंग्´-ॲः) *n.* one who

covers walls with wall paper, दीवारों पर वालपेपर चिपकानेवाला।

paper pulp *n.* pulp used in manufacturing paper, लुगदी।

paper tiger *n.* one who looks ferocious but is not really so, क़ाग़ज़ी शेर, मिट्टी का शेर, जो देखने में डरावना हो परंतु कुछ कर न सके।

paperweight (पे´-पॅ:-वेट्) *n.* a small heavy object to keep papers in place, काग़ज़-पत्र दबाकर रखने की वस्तु , पेपरवेट, दाब।

paperwork (पे´-पॅ:-व़:क्) *n.* clerical work, काग़ज़ी कार्यवाही।

papery (पे´-पॅ-री) *adj.* like paper, काग़ज़ी, पतला और मुलायम।

papier-mache (पे-पॅ:-मॅ-शे´) *n.* 1. paper pulp, लुगदी।2. any object made of papier-mache, लुगदी से बना सामान। (फ्रांसीसी)

papilla (पॅ-पिल्´-अॅ) *n.* the small projection in an organ of the body, शरीर के किसी अंग में निकला हुआ मांसल अंश, पपिला।

papist (पे´-पिस्ट्) *n.* a Roman Catholic, रोमन कैथोलिक।

papoose (पै-पूस्´) *n.* 1. a North American Indian baby, उत्तरी अमरीका के रेड इंडियन माता-पिता का बच्चा। 2. a bag used for carrying a baby, on a person's back, छोटे बच्चों को पीठ पर ले जाने के लिए प्रयोग में आनेवाला झोला।

pappus (पैप्´-अॅस्) *n.* a feathery tuft, रोमगुच्छ।

pappy (पैप्´-ई) *n.* father, पापा, पिता जी।

paprika (पै´-प्रि-कॅ, पै-प्री´-कॅ) *n.* powder of red pepper, पीसी हुई लाल मिर्च, लाल मिर्च की बुकनी।

papule (पैप्´-यूल्) *n.* a pimple, फुंसी या मुँहासा।

papyrus (पॅ-पाइ´-रॅस्) *n.* 1. a reed like plant, एक प्रकार का सरकंडा। 2. paper made of it, उक्त से बना काग़ज़।

par (पा:) *n.* 1. normal average, सामान्य औसत। 2. face value, अंकित मूल्य। □ **above par,** बाज़ार भाव से ऊपर; **at par,** बाज़ार भाव या अंकित मूल्य पर; **below par,** बाज़ार भाव से नीचे; **on par with,** बराबरी पर, एक समान।

parable (पैर्´-अॅ-बॅल्) *n.* 1. a moral story, नीति-कथा, शिक्षाप्रद कथा। 2. spiritual truth, आध्यात्मिक सत्य।

parabola (पॅ-रैब्´-अॅ-लॅ) *n.* (maths.) a curve like path, परवलय।

parabolic (पैर्-अॅ-बॉल्´-इक्) *adj.* परवलयिक।

parachute (पैर्´-अॅ-शूट्) *n.* 1. an umbrella-shaped device used for descending from the aircraft, हवाई छतरी, पैराशूट। 2. its cloth, उक्त छाते का कपड़ा। *v.* (parachuted, parachuting) to descend or drop by parachute, पैराशूट की सहायता से उतरना या गिराना।

parachutist (पैर्´-अॅ-शूट्-इस्ट्) *n.* one who descends by parachute, हवाई छतरी से उतरनेवाला।

parade (पॅ-रेड्´) *n.* 1. a ceremonial public procession, जुलूस। 2. a military display or march, क़वायद, परेड। *v.* (paraded, parading) 1. to march or walk as if in parade, परेड करना, जुलूस निकालना। 2. to exhibit ostentatiously, दिखावा करना, प्रदर्शन करना। □ **on parade,** प्रदर्शनार्थ।

parade ground *n.* the ground where soldiers do exercises, परेड ग्रॉउन्ड।

paradigm (पैर्´-अॅ-डिम्) *n.* 1. a list of all the inflectional forms of a word, रूप-तालिका। 2. a pattern or example, प्रतिमान, उदाहरण।

paradigmatic (पैर्-अॅ-डिग्-मैट्´-इक्) *adj.* exemplary, उदाहरणात्मक।

paradise (पैर्´-अॅ-डाइस, डाइज़्) *n.* 1. heaven, स्वर्ग, बहिश्त, जन्नत। 2. a place of perfect happiness, अत्यंत सुखद स्थल, दिव्यभूमि। 3. a place of perfect beauty, सौंदर्यलोक।

paradisiacal (पैर्-अॅ-डि-साइ´-अॅ-कॅल्) *adj.* of or like paradise, स्वर्गोपम, दिव्य, जन्नती।

paradox (पैर्´-अॅ-डॉक्स्) *n.* a situation that

seems contradictory or absurd but that may be true in fact, विरोधाभास।

paradoxical (पैर्-ॲ-डॉक्स्´-इ-कॅल्) *adj.* of or relating to a paradox, विरोधाभासी।

paraffin (पैर्´-ॲ-फ़िन्) *n.* a white waxy substance obtained from petroleum, मोम।

paragon (पैर्´-ॲ-गॉन्) *n.* a model of excellence, आदर्श, प्रतिमान।

paragraph (पैर्´-ॲ-ग्राफ़् / ग्रैफ़्) *n.* a distinct subdivision of a chapter, dealing with a particular point, अनुच्छेद, पैरा। *v.* (paragraphed, paragraphing) to arrange in paragraphs, पैरों या अनुच्छेदों में बाँटना।

paragraphia (पैर्-ॲ-ग्रैफ़्´-ॲ) *n.* unintentional omission or insertion of letters or words in writing, लिखते समय वर्ण या शब्द छोड़ देना या अधिक लिख जाना।

parakeet (पैर्´-ॲ-कीट्) *n.* a small parrot with a long tail, लंबी पूँछवाला छोटा तोता, टुइयाँ।

parallax (पैर्´-ॲ-लैक्स्) *n.* an apparent difference in the direction of an object caused by a change in the viewer's position, विभिन्न कोणों से किसी वस्तु को देखने पर दिखाई देनेवाला दिशागत अंतर; दिग्भेद।

parallel (पैर्´-ॲ-लॅल्) *adj.* 1. (of lines) separated by equal distance at every point, समानांतर, समांतर। 2. similar, corresponding, अनुरूप, तुल्य। *n.* 1. a set of parrallel lines, समांतर रेखाएँ। 2. similarity, अनुरूपता। 3. comparison, तुलना। 4. any of the imaginary lines parallel to the equator, अक्षांश। *v.* (parallelled, parallelling) 1. to be parallel to, समांतर होना। 2. to be equal, समान होना। 3. to compare, तुलना करना।

parallelism (पैर्´-ॲ-लॅल्-इज़्-ॲम्) *n.* 1. the state of being parallel, समांतरता। 2. close resemblance, सटीक अनुरूपता।

parallelogram (पैर्-ॲ-लॅल्´-ॲ-ग्राम्/ग्रैम्) *n.* a four-sided figure having the opposite sides parallel and equal, समांतर चतुर्भुज।

paralyse, paralyze (पैर्´-ॲ-लाइज़्) *v.* (paralysed/paralyzed, paralysing/paralyzing) 1. to be affected with paralysis, लकवा मार जाना। 2. to bring to a standstill, ठप कर देना।

paralysis (पॅ-रैल्´-इ-सिस्) *n.* 1. loss of ability to move a part of the body, लकवा, पक्षाघात। 2. cessation of activity, ठप हो जाना।

paralytic (पैर्-ॲ-लिट्´-इक्) *adj.* affected with paralysis, लकवे से पीड़ित। *n.* a person affected with paralysis, लकवे से पीड़ित व्यक्ति।

paramedical (पै-रॅ-मेंड्´-इ-कॅल्) *adj.* assisting medical professionals, चिकित्सक-सहायक।

parameter (पॅ-रैम्´-इ-टॅः) *n.* (maths.) a constant factor, पैरामीटर प्राचल।

paramilitary (पॅर्-ॲ-मिल्´-इ-टॅ-री) *adj.* assisting armed services, सेना-सहायक।

paramount (पैर्´-ॲ-माउन्ट्) *adj.* supreme, सर्वोपरि, परमोच्च; paramount power, परमोच्च शक्ति।

paramour (पैर्´-ॲ-मुः) *n.* a lover, प्रेमी या प्रेमिका, यार या रखेल।

paranoia (पैर्-ॲ-नॉइ´-ॲ) *n.* 1. a mental disorder characterised by delusions, भ्रांतिरोग, व्यामोह। 2. a tendency to mistrust others, दूसरों पर अविश्वास करने की प्रवृत्ति।

paranoiac (पैर्-ॲ-नॉइ´-इक्) *adj.* suffering from paranoia, भ्रांति रोग से पीड़ित।

paranoid (पैर्´-ॲ-नॉइड्) *n.* a person suffering from paranoia, भ्रांति रोग से पीड़ित व्यक्ति।

parapet (पैर्´-ॲ-पिट्) *n.* 1. a low wall along the edge of a roof, मुँडेर। 2. an embankment, बंधा, रक्षाभित्ति।

paraphernalia (पैर्-ॲ-फ़ॅः-नेल्´-यॅ) *n.* 1. per-

sonal belongings, वैयक्तिक सामान, लवाज़मा। 2. the articles used in an activity, साज-सामान, साज, सज्जा।

paraphrase (पैर्´-अॅ-फ्रेज़्) *v.* (paraphrased, paraphrasing) to express a passage in other words, पदच्छेद करना, भावानुवाद करना। *n.* rewording in this way, पदच्छेद।

paraplegia (पैर्´-अॅ-प्ली´-जि-अॅ) *n.* paralysis of the lower half of the body, कमर से निचले हिस्से का लकवा।

paraplegic (पैर्-अॅ-प्ली´-जिक्) *adj.* of paraplegia, लकवे से संबद्ध।

paraprofessional (पैर्-अॅ-प्रॅ-फॅश्´-अॅ-नॅल्) *n.* an assistant to a professional, पेशेवर-सहायक।

parapsychology (पैर्-अॅ-साइ-कॉल्´-अॅ-जी) *n.* the study of telepathy and clairvoyance, परा-मनोविज्ञान।

parasite (पैर्´-अॅ-साइट्) *n.* 1. an organism that lives on another organism, परजीवी। 2. a person who lives at the expense of others, परजीवी।

parasitic (पैर्-अॅ-सिट्´-इक्) *adj.* living at the expense of others, परजीवी।

parasitical (पैर्-अॅ-सिट्´-इ-कॅल्) *adj.* = parasitic.

parasitism (पैर्´-अॅ-साइ-टिज़्-अॅम्) *n.* the quality or state of being parasitic, परजीविता।

parasitize (पैर्´-अॅ-सि-टाइज़्) *v.* (parasitized, parasitizing) to infest as a parasite, कीड़े लग जाना, कीड़ों द्वारा खाया जाना।

parasitology (पैर्-अॅ-सि-टॉल्´-अॅ-जी) *n.* the scientific study of parasites, परजीवी प्राणियों का वैज्ञानिक अध्ययन, परजीवी-विज्ञान।

parasol (पैर्´-अॅ-सा:ल्) *n.* a light umbrella, छोटा छाता।

parathyroid (पैर्-अॅ-थाइ´-रॉइड्) *n.* the gland adjacent to the thyroid, परावटु, पैराथाइरॉयड।

paratrooper (पैर्´-अॅ-ट्रूप्-अॅ:) *n.* a soldier equipped to parashute, छतरी सैनिक।

paratroops (पैर्´-अॅ-ट्रूप्स्) *n.* (plu.) troops equipped to parashute, छतरी सेना।

paratyphoid (पैर्-अॅ-टाइ´-फ़ॉइड्) *n.* a fever resembling typhoid, एक प्रकार का आंत्रज्वर, परा-आंत्रज्वर।

parboil (पा:´-बॉइल्) *v.* (parboiled, parboiling) to boil briefly, हलका उबाला देना।

parboiled rice *n.* a kind of rice, भुजिया चावल।

parcel (पा:´-सॅल्) *n.* 1. a package, पार्सल। 2. a piece of land, भूखंड। *v.* (parceled/parcelled, parceling/parcelling) 1. to make a parcel of, पार्सल बनाना। 2. to divide into portions, खंड-खंड करना, विभक्त करना, बाँटना।

parch (पा:च्) *v.* (parched, parching) 1. to dry up, सुखा देना या सूख जाना। 2. to roast, भूनना। 3. to make thirsty, प्यास लगाना, प्यासा बना देना।

parchment (पा:च्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the skin of a sheep used for manuscripts, चर्मपत्र, चमड़ा-कागज़। 2. a manuscript, पांडुलिपि। 3. a kind of paper, एक तरह का कागज़।

pardon (पा:´-डॅन्) *v.* (pardoned, pardoning) to forgive, क्षमा करना, माफ़ कर देना। *n.* forgiveness, क्षमा, माफ़ी; I beg your pardon. कृपया क्षमा करें।

pardonable (पा:´-डॅ-नॅ-बॅल्) *adj.* that can be pardoned, क्षमा-योग्य, क्षम्य।

pardonably (पा:´-डॅ-नॅ-बॅ-ली) *adv.* so as to be forgiven, क्षम्य रूप में।

pardoner (पा:´-डॅ-नॅ:) *n.* one who releases from punishment, क्षमाकर्ता, क्षमाशील।

pare (पेंअॅ:) *v.* (pared, paring) 1. to peel, छिलका उतारना, छीलना। 2. to cut (nails, नाख़ून) कतरना, काटना। 3. to reduce little by little, धीरे-धीरे कम करना।

paregoric (पैर्-अॅ-गोर्´-इक्) *n.* a medicine that lessens pain, पीड़ानाशक ओषधि।

parent (पेॲर्´-ॲन्ट्) *n.* 1. a father or mother, माता या पिता। 2. a source, origin, मूल, उद्‌गम; parent company, मूल कंपनी।3. (plu.) father and mother, माता-पिता, माँ-बाप।

parentage (पेॲर्´-ॲन्-टिज्) *n.* 1. parenthood, जनक या जननी होने का भाव, जनकता। 2. origin, बाप-दादा आदि पूर्वज। 3. lineage, वंश, वंशानुक्रम। 4. birth, जन्म, पैदाइश।

parental (पॅ-रॅन्´-टॅल्) *adj.* of parents, माता-पिता-संबंधी, पैतृक।

parenthesis (पॅ-रॅन्´-थि-सिस्) *n.* 1. either of a pair of characters ( ), कोष्ठक के दो चिह्नों में से कोई एक। 2. a word, phrase or sentence placed in brackets, कोष्ठक में रखा हुआ शब्द या वाक्य।

parenthesize (पॅ-रॅन्´-थॅ-साइज़्) *v.* (parenthesized, parenthesizing) to put into the brackets, कोष्ठक में रखना।

parenthetic (पैर्-ॲन्-थॅट्´-इक्) *adj.* of parenthesis, कोष्ठकीय।

parenthood (पेअर्´-ॲन्ट्-हुड्) *n.* the state of being a parent, जनकता।

paresis (पॅ-री´-सिस्) *n.* partial paralysis, आंशिक पक्षाघात।

par excellence *adj.& adv.* beyond comparison, अनुपम, उत्कृष्ट, सर्वश्रेष्ठ।

parfait (पा:-फ़े´) *n.* a frozen dessert, एक तरह की आइसक्रीम।

pariah (पॅ-राइ´-अॅ) *n.* a social outcaste, अछूत, छोटी जाति का व्यक्ति।

parietal (पॅ-राइ´-अॅ-टॅल्) *adj.* of the wall of the body or cavity, पार्श्विक।

paring (पेॲर्´-इंग्) *n.* a piece or part pared off, छिलका, छीलन।

pari passu (पैर्´-इ-पैस्´-उ) *adv.* 1. simultaneously and equally, साथ-साथ और बराबर-बराबर। 2. with equal pace, सम गति से।

parish (पैर्´-इश्) *n.* 1. a subdivision of a diocese, पल्ली। 2. the people of a parish, पल्ली के निवासी।

parishioner (पॅ-रिश्´-अॅ-नॅ:) *n.* a member of a particular parish, पल्लीवासी।

parish priest *n.* the priest of a parish church, पल्ली-पुरोहित।

Parisian (पॅ-रिज़्´-ॲन्) *n.* a native of Paris, पेरिसवासी। *adj.* of Paris, पेरिस-संबंधी।

parity (पैर्´-इ-टी) *n.* 1. equality, बराबरी, साम्य।2. amount of foreign currency equal to a specific sum of domestic currency, तुल्यराशि।

park (पा:क्) *n.* 1. a ground or garden for public recreation, सार्वजनिक उद्यान, पार्क। 2. a playing field, मैदान। *v.* (parked, parking) to place and leave a car, scooter etc. temporarily, थोड़ी देर के लिए गाड़ी, स्कूटर आदि कहीं ठहराना और छोड़ देना।

parkinson's disease (पा:´-किन्-सॅन्ज़्-डि-सीज़्´) *n.* a disease of the nervous system characterized by muscular tremor, काँपा, कँपनी, झूलन रोग।

parky (पा:´-की) *adj.* chilly, cold, बहुत ठंडा।

parlance (पा:´-लॅन्स्) *n.* 1. a particular manner of speaking, बोल-चाल, बात-चीत का ढंग, वाग्यव्यवहार। 2. language, भाषा। □ **in common parlance,** बोल-चाल में।

parley (पा:´-ली) *n.* a discussion between opponents so as to make peace, संधिवार्ता। *v.* (parleyed, parleying) to hold a parley, संधिवार्ता करना।

parliament (पा:´-लॅ-मॅन्ट्) *n.* the national legislative assembly, संसद, पार्लियामेंट।

parliamentarian (पा:-लॅ-मॅन्-टेॲर्´-इ-ॲन्) *n.* 1. a person skilled in parliamentary business, संसदीय विधान का ज्ञाता। 2. a Member of parliament, संसद सदस्य, सांसद।

parliamentary (पा:-लॅ-मॅन्´-टॅ-री) *adj.* of

or pertaining to a parliament, संसद-संबंधी, संसदीय।

parlour, parlor, (पा:´-लॅ:) *n.* 1. a room in a house for entertaining visitors, बैठक, आगत-कक्ष। 2. a place for milking cows, गाय दुहने का स्थान। 3. an establishment for a particular business, पार्लर, कक्ष।

parlour game *n.* an indoor game, घरेलू खेल।

parlous (पा:´-लॅस्) *adj.* 1. dangerous, भयंकर, भयावह। 2. difficult, मुश्किल, कठिन।

parochial (पॅ-रो´-कि-ॲल्) *adj.* 1. of or pertaining to a parish, पल्ली-संबंधी। 2. local, स्थानीय। 3. narrow, limited, संकुचित, संकीर्ण, सीमित।

parochialism (पॅ-रो´-कि-ॲ-लिज़्-ॲम्) *n.* narrow mindedness, संकीर्णता।

parodist (पॅ-रो´-डिस्ट्) *n.* well-versed in making parodies, पैरोडीकार।

parody (पैर्´-ॲ-डी) *n.* a satirical imitation of a well-known literary work, पैरोडी। *v.* (parodied, parodying) to compose a parody of, पैरोडी करना।

parole (पॅ-रोल्´) *n.* 1. release of a prisoner from a prison on condition of good behaviour, क़ैदी की जेल से सशर्त रिहाई, पैरोल। 2. a conditional release before termination of period of imprisonment, क़ैदी की अवधि समाप्त होने से पूर्व सशर्त रिहाई; उक्त अवधि के दौरान किसी विशेष समय के लिए रिहाई। 3. a promise, वचन। □ **on parole,** पैरोल पर; **break one's parole,** वचन भंग करना। *v.* (paroled, paroling) to release on parole, पैरोल पर रिहा करना।

parotid gland (पॅ-रा´-टिड्-ग्लैन्ड्) *n.* a gland below the ear, कर्णमूल ग्रंथि।

paroxysm (पैर्´-ॲक्-सिज़्-ॲम्) *n.* 1. a sudden attack of a disease, दौरा। 2. a sudden outburst of emotion, भावावेश।

parquet (पा:-के´) *n.* a wooden flooring, काठ का फ़र्श, लकड़ी का फ़र्श।

parquetry (पा:´-कि-ट्री) *n.* a pattern of inlaid pieces of wood, लकड़ी के टुकड़ों की जड़ाई का ढंग।

parricide (पैर्´-इ-साइड्) *n.* 1. an act of killing one's parent, माता या पिता की हत्या। 2. one who kills his or her parent, माता या पिता का हत्यारा, मातृहंता या पितृहंता।

parrot (पैर्´-ॲट्) *n.* a bird with a short hooked bill, तोता। *v.* (parroted, parroting) 1. to imitate without understanding, बिना समझे नकल करना। 2. to repeat mechanically, यंत्रवत् दोहराना, रटना।

parrotry (पैर्´-ॲट्-री) *n.* mechanical repetition, तोते की-सी रट, रटन।

parry (पैर्´-ई) *v.* (parried, parrying) 1. to ward off, (वार) बचा जाना। 2. to evade, टाल देना, किनारा कर जाना।

parse (पा:स्) *v.* (parsed, parsing) to give grammatical details of a word or phrase, शब्द या पद का परिचय देना।

parsing (पा:´-ज़िंग्) *n.* grammatical details about a word or phrase, पद-परिचय।

parsimonious (पा:-सि-मो´-नि-ॲस्) *adj.* stingy, कंजूस।

parsimony (पा:´-सि-मॅ-नी) *n.* stinginess, कंजूसी।

parsley (पा:स्´-ली) *n.* a garden plant and its leaves, अजमोद, अजवायन।

parsnip (पा:स्´-निप्) *n.* a plant and its edible root, चुकंदर।

parson (पा:´-सॅन्) *n.* a parish priest, पल्ली-पुरोहित।

parsonage (पा:´-सॅ-निज़्) *n.* a residence of a parson, पुरोहिताश्रम।

part (पा:ट्) *n.* 1. a piece, portion or division, भाग, हिस्सा। 2. a bit, टुकड़ा। 3. a component of a machine, पुर्ज़ा। 4. an actor's role, भूमिका, रोल। 5. duty, कर्तव्य, फर्ज़। 6. a side

in an agreement or dispute, पक्ष। 7. (plu.) a territory, भूभाग। □ **for my part,** मेरी ओर से; **for the most part,** सामान्यत:; **in part,** आंशिक रूप से; **on the part of,** की ओर से; **part and parcel of,** का अनिवार्य अंग; **play a part,** योगदान करना; **take part in,** हिस्सा लेना, भाग लेना, सम्मिलित होना। *v.* (parted, parting) 1. to divide into separate parts, विभक्त करना। 2. to keep apart, अलग-अलग करना। 3. to break, टुकड़े करना। 4. to distribute, वितरण करना, बाँटना। 5. to do away, विदा या अलग होना, चले जाना। □ **part company,** अलग हो जाना, साथ छोड़ देना; **part with,** स्वत्व छोड़ देना, सौंप देना, त्याग देना। *adv.* partly, अंशत:। *adj.* partial, आंशिक; part payment, आंशिक भुगतान।

partake (पा:-टेक्´) *v.* (partook, partaken, partaking) to participate, सम्मिलित/शरीक होना, शिरकत करना।

Parthian shot (पा:´-थि-ॲन्-शॉट्) *n.* a sharp or hostile remark delivered while departing, विदाई के समय कहा जानेवाला कटु-वचन।

partial (पा:´-शॅल्) *adj.* 1. relating to only a part, आंशिक। 2. incomplete, अधूरा, अपूर्ण, खंड; partial eclipse, खंडग्रास। 3. biased, पक्षपातपूर्ण। 4. particularly fond, चहेता, विशेष ग्राहक। □ **be partial to,** विशेष रूप से चाहना, तरफ़दारी करना।

partiality (पा:-शि-ऐल्´-इ-टी) *n.* 1. bias, पक्षपात, तरफ़दारी। 2. a strong liking, चाहत, बेहद पसंदगी।

partially (पा:´-शॅ-ली) *adv.* 1. partly, अंशत:। 2. with bias, पक्षपातपूर्वक।

partible (पा:´-टि-बॅल्) *adj.* that can be divided, विभाज्य।

participant (पा:-टिस्´-इ-पॅन्ट्) *n.* one who participates, सहभागी, भागीदार।

participate (पा:-टिस्´-इ-पेट्) *v.* (participated, participating) to take part in something, सम्मिलित या शामिल होना, शिरकत करना।

participation (पा:-टिस्-इ-पे´-शॅन्) *n.* the act of participation, or the state of being participated, सम्मिलन, शिरकत, भाग लेना, सहभागिता।

participial (पा:-टि-सिप्´-इ-ॲल्) *adj.* of a participle, कृदंतीय।

participle (पा:´-टि-सिप्-ॲल्) *n.* a word formed from a verb, कृदंत।

particle (पा:´-टि-कॅल्) *n.* 1. a very small piece or part, कण, ज़र्रा। 2. the smallest possible amount, लवलेश। 3. (gram.) a short and undeclinable part of speech, निपात।

particoloured (पा:´-टि-कल्-ॲ:ड्) *adj.* variegated, बहुरंगा, चितकबरा।

particular (पॅ:-टिक्´-यॅ-लॅ:) *adj.* 1. separate and distinct from others, विशिष्ट, विशेष, ख़ास। 2. careful, सतर्क, सावधान, जागरूक। □ **in particular,** विशेष रूप से। *n.* (plu.) details, ब्योरा, विवरण, तफ़सील।

particularity (पॅ:-टिक्-यॅ-लैर्´-इ-टी) *n.* characteristic quality, विशिष्टता, विशेषता, ख़ासियत।

particularization (पॅ:-टिक्´-यॅ-लॅ-रॅ-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of particularizing, विशिष्टीकरण।

particularize (पॅ:-टिक्´-यॅ-लॅ-राइज़्) *v.* (particularized, particularizing) 1. to give particulars, विवरण या ब्योरा देना। 2. to state in detail, विस्तारपूर्वक कहना, विस्तार से कहना।

parting (पा:´-टिंग्) *n.* 1. separation, अलगाव, विभाजन, पृथक्करण। 2. a departure or leave-taking, विदा, रुख़स्त। 4. death, मृत्यु। *adj.* 1. dividing, अलग करनेवाला, पृथक्कर। 2. departing, विदा होनेवाला। 3. of the time of parting, विदा के समय का।

partisan (पा:´-टि-ज़ॅन्) *n.* 1. a strong supporter, घोर या कट्टर समर्थक। 2. a guerilla,

गुरिल्ला।

partisanship (पा:´-टि-ज़ॅन्-शिप्) *n.* strong support, घोर समर्थन, अंधभक्ति।

partition (पा:-टिश्´-अॅन्) *n.* 1. division into parts, विभाजन, बँटवारा। 2. a structure that divides (a room, कमरे को) बाँटनेवाला पर्दा, दीवार आदि। *v.* (partitioned, partitioning) 1. to divide, विभाजन या बँटवारा करना। 2. to divide by a partition, आड़ या व्यवधान खड़ा करना।

partitioned (पा:-टिश्´-अॅन्ड्) *adj.* divided into parts, विभाजित।

partitive (पा:´-टि-टिव्) *adj.* 1. dividing, विभाजक। 2. involving only a part of a whole, अंशबोधक।

partly (पा:ट्´-ली) *adv.* in part, not fully or completely, कुछ अंशों में, अंशतः।

partner (पा:ट्´-नॅ:) *n.* 1. a companion, खेल का साथी, गुइयाँ। 2. one of a pair of dancers, भागीदार, जोड़ीदार। 3. a member of a partnership, भागीदार, सहभागी, साझेदार। *v.* (partnered, partnering) 1. to be a partner, भागीदार बनना। 2. to cause to be a partner, भागीदार बनाना।

partnership (पा:ट्´-नॅ:-शिप्) *n.* the relationship of partners, साझा, साझेदारी, भागीदारी, सहभागिता।

part of speech *n.* (gram.) शब्दभेद।

partook (पा:-टुक्´) *v.* p.t. of partake.

partridge (पा:´-ट्रिज्) *n.* a bird of pheasant family, तीतर या चकोर।

part-time (पा:ट्-टाइम्´) *adj.* for only a part of the working day, अंशकालिक।

part-timer (पा:ट्-टाइ´-मॅ:) one who works for a part of the working day, अंशकालिक कर्मचारी, थोड़े समय के लिए काम करनेवाला।

parturition (पा:-ट्यु/च्यु-रिश्´-अॅन्) *n.* the act of giving birth, प्रसव करना, प्रसवन।

part-way (पा:ट्´-वे़) *adv.* partly, अंश रूप में।

party (पा:´-टी) *n.* 1. an organized political group, दल, पार्टी। 2. a group, जत्था, टोली। 3. a social gathering, सामाजिक गोष्ठी। 4. a person entering into a contract, पक्ष। 5. a person taking part in a legal proceedings, पक्ष, पार्टी। □ **be a party to**, का पक्षधर होना। *adj.* of or relating to the party, दलीय, दलगत; party politics, दलगत राजनीति।

party line *n.* the policy of a party, दलनीति।

party spirit *n.* enthusiasm for one's party, दल-भावना।

party system *n.* दलप्रथा, दल-प्रणाली।

party wall *n.* common wall, साँझी दीवार।

parvenu (पा:´-वॅ-नु) *n.* a new rich, नया रईस, नवधनाढ्य।

pas (पा) *n.* (plu. pas) a step in dancing, नृत्य में भरा हुआ डग।

paschal (पैस्´-कॅल्) *n.* of Easter, ईस्टर-संबंधी।

pasha (पा´-शॅ) *n.* a title of a high rank Turkish officer, पाशा।

pass (पास्/पैस्) *v.* 1. to move or cause to move, to go through, निकलना/निकालना, बीतना/बिताना, गुज़रना/गुज़ारना। 2. to proceed, to go forward or move over, to go beyond, आगे बढ़ना/बढ़ाना, आगे निकल जाना। 3. to go from one person to another, एक हाथ से दूसरे हाथ जाना, हस्तांतरित होना। 4. to run or extend, जाना, निकलना। 5. to happen, होना। 6. to transfer (the ball) to the teammate, (गेंद) अपने साथी की ओर बढ़ाना। 7. to utter or pronounce, कहना, बोलना। 8. to get through the examination, उत्तीर्ण या सफल होना। 9. to transfer, एक से दूसरे के हाथ या अधिकार में जाना, दिया या सौंपा जाना। 10. to examine and approve, जाँचकर पारित करना। 11. to elapse or allow to elapse, समाप्त होना या करना, बीतना या बिताना। 12. to undergo, भुगतना, बर्दाश्त करना। 13. to opt not to use one's right, अधिकार का प्रयोग न

करना। □ **bring to pass,** (घटित) होने देना; **come to pass,** घटित होना; **pass away,** गुज़र जाना, मर जाना; **pass by** (i) आगे निकल जाना, (ii) उपेक्षा करना; **pass down,** हस्तांतरित करना, सौंपना; **pass off,** निकल जाना, समाप्त हो जाना; **pass on** (i) आगे बढ़ना या बढ़ाना, (ii) हस्तांतरण करना, (iii) मर जाना; **pass out** (i) मूर्च्छित हो जाना, (ii) सैनिक शिक्षा पूरी करना; **pass over** (i) उपेक्षा करना, (ii) अनदेखी करना; **pass through,** बीच से निकल जाना; **pass up,** निकल जाने देना, चूकना; **pass water,** पेशाब करना। ***n.*** 1. the act of passing, निकलना, गुज़रना, पार जाना। 2. a narrow passage between mountains, दर्रा। 3. a permit, प्रवेशपत्र, पारपत्र। 4. an attempt, प्रयत्न, प्रयास। 5. a difficult situation, कठिन परिस्थिति। 6. act of giving a ball to a teammate, साथी की ओर गेंद बढ़ाना। 7. to refuse to make a bid, (ताश के खेल में) बोली या हाथ न बोलना। 8. a sexual invitation or overture, काम-संकेत, रति-आमंत्रण।

passable (पैस्´-अॅ-बॅल्) ***adj.*** 1. capable of being passed or traversed, गम्य, जाने लायक। 2. fairly good, satisfactory, अच्छा-ख़ासा, संतोषजनक।

passably (पैस्´-अॅ-ब्ली) ***adv.*** 1. so as to be passable, जाने या पार किए जाने योग्य। 2. fairly, ठीक-ठीक।

passage (पैस्´-इज्) ***n.*** 1. the act of passing, गमन, पारण। 2. a path, रास्ता, मार्ग, पथ। 3. a corridor, गलियारा। 4. a journey by seas or air, समुद्री या हवाई यात्रा। 5. the right to travel, पारण-अधिकार, मार्गाधिकार। 6. passenger accommodation on a ship, जहाज़ में प्राप्त स्थान या सीट। 7. a brief portion of a speech or written work, लेखांश, उद्धरण, अंश। 8. the enactment of law, विधायन। 9. that which takes place between persons mutually, हाथापाई, झगड़ा आदि। ***v.*** (passaged, passaging) 1. to make a journey, यात्रा करना। 2. to take part in a fight or quarrel, लड़ना, झगड़ना।

passage way ***n.*** a corridor, गलियारा।

passbook (पास्´-बुक्, पैस्´-बुक्) ***n.*** a small book given to a customer by the bank in which account is maintained, पासबुक।

passe (पा´-से, पै-से´) ***adj.*** no longer fashionable, प्रचलन से बाहर, दकियानूसी।

passenger (पैस्´-अॅन्-जॅः) ***n.*** a person travelling in a vehicle, यात्री या सवारी, यात्री गाड़ी।

passenger train ***n.*** a train that carries passengers, सवारी गाड़ी।

passe-partout (पैस्-पाः-टू´) ***n.*** a master key, मास्टर कुंजी।

passer-by (पैस्´-अॅः-बाइ) ***n.*** a person who happens to pass by, राहचलता, बटोही।

passim (पैस्´-इम्) ***adv.*** 1. frequently, बहुधा, प्रायः। 2. in various parts, अनेक स्थलों पर।

passing (पैस्´-इंग्) ***adj.*** 1. of brief duration, अल्पकालिक, क्षणिक। 2. casual, आकस्मिक। ***n.*** 1. the act of going, गमन। 2. death, मृत्यु। □ **in passing,** by the way, यों ही, ऐसे ही।

passing-bell ***n.*** a bell tolled to indicate death, शोकसूचक घंटा।

passion (पैश्´-अॅन्) ***n.*** 1. strong emotion, आवेश, भावावेश, भावावेग, राग। 2. ardent love, उत्कट प्रेम, दीवानगी, दीवानापन। 3. sexual love, कामवासना, कामुकता। 4. great enthusiasm, उमंग, जोश।

passionless (पैश्´-अॅन्-लिस्) ***adj.*** without passion, निरावेश, निरावेग, रागविहीन।

passionate (पैश्´-अॅ-नॅट्) ***adj.*** 1. full of passion, exhibiting intense sexual feeling, कामोत्तेजित। 2. characterized by strong emotion, भावविह्वल। 3. quick-tempered, चिड़चिड़ा, क्रोधी।

passionately (पैश्´-अॅ-नॅट्-ली) ***adv.*** 1. lustfully, कामुकतापूर्वक। 2. with enthusiasm,

उत्साहपूर्वक, जोश से।

passive (पैस्´-इव्) *adj.* 1. not active, अक्रिय, निष्क्रिय। 2. not resisting, प्रतिरोधविहीन। 3. denoting the voice of verbs in sentences in which the subject of the sentence receives the action, कर्मवाचक। *n.* the passive voice, कर्मवाच्य।

passive resistance *n.* resistance to a government without violence, सत्याग्रह।

passivity (पै-सिव्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being passive, अक्रियता, निष्क्रियता।

passkey (पैस्´-की) *n.* 1. a key, ताली, कुंजी। 2. a master key, मास्टर कुंजी।

Passover (पैस्´-ओ-वॅः) *n.* a Jewish festival, यहूदियों का एक उत्सव, जिसे वे मुक्ति दिवस के रूप में मनाते हैं।

passport (पास´-पोःट्, पैस्´-पोःट्) *n.* a document granting permission to travel abroad, पासपोर्ट, पारपत्र।

password (पास्´-वःड्, पैस्´-वःड्) *n.* a secret word (to distinguish friend from enemy), संकेत शब्द।

past (पास्ट्/पैस्ट्) *adj.* 1. of a former time, भूतकालिक, बीते हुए समय से संबद्ध, गत, भूतपूर्व। 2. immediately preceding, गत, पिछला। 3. having served formerly, भूतपूर्व, निवर्तमान, निवृत। *n.* 1. the past tense, भूतकाल। (gram.) 2. the time before the present. विगत समय। 3. a verb form in the past tense, क्रिया का भूतकालिक रूप। *prep.* 1. beyond in time, के बाद। 2. beyond in place, से आगे। 3. above the reach, limit or scope of, के परे। *adv.* 1. ago, पहले। 2. on or onward, आगे।

pasta (पास्´-टॅ, पैस्´-टॅ) *n.* 1. dried paste made of flour in various forms, पास्ता। 2. a dish made with this, पास्ता।

paste (पेस्ट्) *n.* 1. dough, गुँधा हुआ आटा, बेसन आदि। 2. dough like smooth-textured substance, लेई, पीठी आदि, पेस्ट। 3. moistened clay, (बर्तन बनाने की) गीली मिट्टी। *v.* (pasted, pasting) 1. to cause to adhere by applying paste, लेई से चिपकाना। 2. to punish, दंडित करना।

paste board (पेस्ट्´-बोःड्) *n.* a board made of sheets pasted together, कागज़ के तावों को परस्पर चिपकाकर बनाई हुई दफ़्ती।

pastel (पैस्´-टॅल्) *n.* a coloured pencil, रंगीन पेंसिल।

pastern (पैस्´-टॅःन्) *n.* the part of a horse's foot between the fetlock and the hoof, (घोड़े का) टखना, गमची।

pasteurization (पैस्-चॅ-राइ/री-ज़े´-शॅन्) *n.* a method of destroying bacteria by heating (milk) to a certain temperature and the cool it, (दूध आदि को)कीटाणुविहीन करना।

pasteurize (पैस्´-चॅ-राइज़्) *v.* (pasteurized, pasteurizing) to subject to pasteurization, कीटाणुविहीन करना, निष्कीटन करना।

pastiche (पै-स्टीश्´) *n.* a literary or artistic composition made up of bits from various sources, मिश्रित रचना।

pastille (पै-स्टील्´) *n.* a candy for sucking, चूसने की टिकिया।

pastime (पास्´-टाइम्, पैस्´-टाइम्) *n.* an activity that occupies one's time pleasantly, खेल, क्रीड़ा, मनोरंजन।

pastmaster (पास्´-मा-स्टॅः, पैस´-मैस्-टॅः) *n.* an expert, विशेषज्ञ।

pastor (पैस्´-टॅः) *n.* a priest in charge of a congregation, पल्ली-पुरोहित।

pastoral (पैस्´-टॅ-रॅल्) *adj.* 1. of pasture, चरागाह संबंधी, चरागाही। 2. of pastoralist, चरवाहे का, ग्वाल-संबंधी। 3. of rural life, ग्राम्य, ग्रामीण। 4. of a pastor, पुरोहितीय। *n.* a poem, picture etc. depicting rural life, ग्राम्यजीवन-संबंधी कविता चित्र आदि, ग्राम्यकाव्य, ग्राम्यचित्र।

pastoralism (पैस्´-टॅर्-अॅल्-इज़्-अॅम्) *n.* pas-

toral style, ग्राम्य शैली।

pastoralist (पैस्´-टॅर्-अल्-इस्ट्) *n.* a writer of pastrols, ग्राम्य जीवन पर कविताएँ रचने या चित्र बनानेवाला।

pastorate (पैस्´-टॅ-रिट्) *n.* 1. pastor's residence, पुरोहितवास। 2. his term of office, पुरोहित का कार्यकाल।

past participle *n.* a form of verb modifying a noun, भूतकृदंत।

past perfect *n.* a tense expressing action completed before a given time, पूर्णभूतकाल।

pastry (पे´-स्ट्री) *n.* a baked paste of flour, पेस्ट्री, मिष्टान्न।

pasturable (पास्´-चॅ-रॅ-बॅल्, पैस्(-चॅ-रॅ-बॅल्) *adj.* that can be used for pasture, चरने योग्य (भूमि)।

pasturage (पास्´-चॅ-रिज्, पैस्´-चॅ-रिज्) *n.* 1. a pasture, चरागाह, चरी। 2. the pasturing of cattle, चराने की क्रिया, चराई। 3. the business of pasturing cattle, पशु चराने का धंधा।

pasture (पास्´/पैस्´-चॅः) *n.* 1. a piece of land on which animals graze, चरागाह, गोचर-भूमि। 2. the grass growing on it, चरी, घास, हरा चारा।

pasty (पे´-स्टी) *n.* a pie, गुझिया। *adj.* pale, yellow, पीला, जर्द।

pat (पैट्) *v.* (patted, patting) 1. to stroke lightly with the palm of hand, थपथपाना, थपकी देना। 2. to shape with the palm, हाथ से बनाना या ढालना। *n.* 1. a light stroke, थपकी। 2. congratulation, शाबाशी। □ **a pat on the back,** पीठ ठोकना। *adj.* exactly right, सही, उपयुक्त, अनुकूल। *adv.* 1. at once, तुरंत, तत्क्षण। 2. perfectly, पूर्णरूपेण।

patch (पैच्) *n.* 1. a piece of cloth used to mend a garment, पैबंद, थिगली, चिकत्ती। 2. a piece of land, भूमि का टुकड़ा, भूखंड। 3. a period of time, समय-खंड, अवधि। *v.* (patched, patching) to mend a garment with a patch, थिगली/पैबंद लगाना, चकती लगाकर सीना, मरम्मत करना। □ **patchup,** to settle, तय करना, निपटाना।

patch pocket *n.* a pocket sewed outside of a garment, ऊपर से टाँका हुआ जेब।

patch work (पैच्´-व:क्) *n.* anything consisting of pieces of various colours, shapes and sizes, पैचवर्क, पैबंदी रचना, जोड़-जाड़।

patchy (पैच्´-ई) *adj.* 1. having or forming patches, पैबंदों से बना, पैबंदी। 2. not uniform, irregular, असमरूप, अनियमित।

pate (पेट्) *n.* 1. the head, सिर। 2. the top of the head, खोपड़ी।

patella (पॅ-टॅल्´-अॅ) *n.* the knee cap, चपनी।

paten (पेट्´-अॅन्) *n.* a thin plate, तश्तरी।

patent (पैट्´-अॅन्ट्, पेट्´-अॅन्ट्) *n.* 1. the document granting a sole right to an inventor to make, use or sell his he product, पेटेंट अधिकार। 2. something that is protected by a patent, पेटेंट । *adj.* 1. protected by a patent, पेटेंट द्वारा रक्षित। 2. obvious, स्पष्ट, प्रत्यक्ष। *v.* (patented, patenting) 1. to obtain a patent for, पेटेंट करना। 2. to grant by patent, पेटेंट कर देना।

patentee (पैट्/पेट्-अॅन्-टी´) *n.* a person who has been granted a patent, पेटेंटधारी।

patently (पे´-टॅन्ट्-ली) *adv.* obviously, स्पष्ट रूप से, स्पष्टतया।

pater (पे´-टॅः) *n.* father, पिता, जनक।

paterfamilias (पे-टॅः-फ़ॅ-मिल्´-इ-अॅस्) *n.* the male head of a family, कुलपिता।

paternal (पॅ-टः´-नॅल्) *adj.* 1. of a father, related through the father or inherited from the father, पित्रीय। 2. fatherly, पितृसुलभ।

paternal grandfather *n.* पितामह; दादा।

paternal grandmother *n.* पितामही, दादी।

paternalism (पॅ-टः´-नॅ-लिज़्-अॅम्) *n.* the practice of treating the people in a fatherly manner, पितृतुल्य व्यवहार, पितृवृत्ति।

paternally (पॅ-टः´-नॅ-ली) *adv.* in a fatherly way, पितृवत्।

paternity (पॅ-टः´-नि-टी) *n.* 1. the state of being a father, पितृत्व। 2. origin, उद्गम, स्रोत।

paternoster (पैट्´-ॲः-नॉस्-टॅः) *n.* the Lord's prayer, प्रभु-प्रार्थना।

path (पाथ्/पैथ्) *n.* 1. a way, route or course, पथ, मार्ग, रास्ता। 2. a footpath, पगडंडी। 3. a course of action, कार्य-प्रणाली, कार्यविधि। □ **beat a path,** रास्ता बनाना; **cross somebody's path,** किसी का अचानक रास्ते में मिल जाना; **stand in somebody's path,** किसी के काम में बाधक होना।

pathetic (पॅ-थॅट्´-इक्) *adj.* 1. arousing pity, moving, करुणाजनक, दयनीय। 2. inadequate, अपर्याप्त, कम, नाकाफ़ी।

pathfinder (पाथ्´/पैथ्´-फ़ाइन्-डॅः) *n.* one who discovers a way, रास्ता खोजनेवाला, पथ-अन्वेषक।

pathogenic (पैथ्-ॲ-जॅन्´-इक्) *adj.* causing disease, रोगजनक, व्याधिकारक।

pathological (पैथ्-ॲ-लॉज्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. of pathology, व्याधि-विज्ञान-संबंधी। 2. of or concerned with diseases, रोगजन्य, व्याधिक।

pathologically (पैथ्-ॲ-लॉज्´-इ-कॅ-ली) *adv.* of or with reference to pathology, व्याधि-विज्ञान की दृष्टि में।

pathologist (पॅ-थॉल्´-ॲ-जिस्ट्) *n.* an expert in pathology, रोग-विज्ञानी, व्याधि-विज्ञानी।

pathology (पॅ-थॉल्´-ॲ-जी) *n.* the scientific study of diseases, रोग-विज्ञान, व्याधि-विज्ञान।

pathos (पे´-थॉस्) *n.* the quality or power of arousing feelings of pity, करुणभाव, करुण रस।

pathway (पाथ्´/पैथ्´-वे) *n.* a path, पथ, मार्ग।

pathy (पैथ्´-ई) *n.* a system of treating diseases, उपचार-विधि।

patience (पे´-शॅन्स्) *n.* 1. tolerance, composure, धैर्य, सहनशीलता, सहिष्णुता। 2. the power to bear pain etc. without complaining, सहनशीलता, सहनशक्ति। 3. a card game for one player, solitaire, ताश का ऐसा खेल जिसे एक ही व्यक्ति अकेला खेलता है, धीरज।

patient (पे´-शॅन्ट्) *adj.* tolerant, composed, धैर्यवान, सहनशील, सहिष्णु। *n.* one under medical treatment, मरीज़, रोगी।

patiently (पे´-शॅन्ट्-ली) *adv.* with patience, धैर्यपूर्वक।

patina (पैट्´-इ-नॅ) *n.* 1. crust formed on the surface of old bronze, पुराने ताँबे पर जमनेवाली नीले रंग की पपड़ी। 2. mould, काई या मोरचा।

patio (पैट्´-इ-ओ) *n.* inner courtyard, आँगन।

patisserie (पॅ-टी´-सॅ-री) *n.* a shop selling pastries and cakes, पेस्ट्री और केक की दुकान।

patois (पैट्´-वा़) *n.* a dialect, बोली। (फ्रांसीसी)

patri- (पेट्´-री) *prefix.* meaning father, पितृ।

patriarch (पे´-ट्रि-आःक्) *n.* 1. the male head of a family or tribe, कुलपिता, मुखिया या सरदार। 2. a bishop of high rank, ईसाई धर्माधिकारी, बिशप। 3. a venerable old man, बुजुर्ग।

patriarchal (पे-ट्रि-आः´-कॅल्) *adj.* 1. ruled by a patriarch, कुलपिता द्वारा शासित, पितृतंत्रात्मक, पितृतंत्रीय। 2. ruled by men, पुरुषतंत्रीय।

patriarchy (पे´-ट्रि-आः-की) *n.* 1. a form of social system in which a male is the head of the family or tribe, पुरुष प्रधान परिवार का शासन, पितृतंत्र। 2. the government of men, पुरुषों का शासन।

patrician (पॅ-ट्रिश्´-ॲन्) *adj.* aristocratic, अभिजात, कुलीन।

patriciate (पॅ-ट्रिश्´-इ-एट्) *n.* the patrician class, अभिजात वर्ग।

patricide (पैट्´-रि-साइड्) *n.* 1. the act of killing one's own father, पितृहत्या, पितृघात। 2. one who kills one's own father, पिता का हत्यारा, पितृहंता।

patrimonial (पैट्-रि-मॅ´-नि-अॅल्) *adj.* hereditary, पैतृक, पुश्तैनी।

patrimony (पैट्´-रि-मॅ-नी) *n.* property inherited from one's father, पैतृक संपत्ति।

patriot (पै´/पे´-ट्रि-अॅट्) *n.* one who is loyal to one's country, देशभक्त।

patriotic (पै´/पे´-ट्रि-अॅ-टिक्) *adj.* inspired by partiotism, देशभक्तिपूर्ण।

patriotically (पै´/पे´-ट्रि-अॅ-टि-कॅ-ली) *adv.* in a patriotic manner, देशभक्ति के भाव से।

patriotism (पै´/पे´-ट्रि-अॅ-टिज़्-अॅम्) *n.* loyalty towards one's country, देशभक्ति।

patrol (पॅ-ट्रोल्´) *v.* (patrolled, patrolling) to walk around and guard, गश्त लगाना। *n.* 1. the act of patrolling, गश्त। 2. one whose duty is to patrol, गश्त लगानेवाला।

patrol car *n.* a car that patrols, गश्ती कार।

patrolman (पॅ-ट्रोल्´-मॅन्)*n.* a police man who patrols an area, गश्ती सिपाही।

patron (पे´-ट्रॅन्) *n.* 1. a protector, helper or benefactor, संरक्षक, आश्रयदाता।2. a regular customer, नियमित ग्राहक। [Fem. patroness]

patronage (पै´/पे´-ट्रॅ-निज्) *n.* 1. support given by a patron, संरक्षण। 2. the status of a patron, संरक्षण। 3. the financial support given to a concern by the customers, प्रश्रय।4. customers, ग्राहकों का समूह, ग्राहक-वृंद।

patroness (पै´/पे´-ट्रॅ-निस्) *n.* a female patron, संरक्षिका।

patronize, patronise (पै´/पे´-ट्रॅ-नाइज़्) *v.* (patronized, patronizing) 1. to act as a patron toward, संरक्षक की तरह व्यवहार करना।2. to be a regular customer, नियमित ग्राहक होना। 3. to behave in a condescending way, दया दिखलाना।

patronizing (पै´/पे´-ट्रॅ-नाइ-ज़िंग्) *adj.* behaving patronizingly, कृपालु।

patronymic (पैट्´-रॅ-निम्-इक्) *n.* a name received from a paternal ancestor, कुलनाम, गोत्र।

patroon (पॅ-ट्रून्´) *n.* a feudal landlord, जागीरदार, सामंत।

patsy (पैट्´-सी) *n.* one who is victimized, त्रस्त, पीड़ित।

patter[1] (पैट्´-अॅ:) *n.* a series of light, rapid taps, खटखट, पटपट, टपटप। *v.* (pattered, pattering) to make a patter, टपटप, खटखट या पटपट करना।

patter[2] *n.* 1. the glib, चटर-चटर। 2. a language peculiar to a group, बोली। *v.* (pattered, pattering) to glib, चटर चटर बोलना, जल्दी-जल्दी बोलना।

pattern (पैट्´-अॅ:न्) *n.* 1. a model or design according to which something is made, नमूना, प्रतिमान। 2. an excellent example, उत्कृष्ट उदाहरण। 3. sample, बानगी, नमूना। *v.* (patterned, patterning) to make something as per pattern, प्रतिमान के अनुरूप बनाना या रचना करना।

patty (पैट्´-ई) *n.* a small pie, छोटी गुजिया।

paucity (पा:´-सि-टी, पा:´-सॅ-टी) *n.* scarcity, कमी, अभाव।

paunch (पा:न्च्) *n.* a protruding abdomen, तोंद।

paunchy (पा:न्´-ची) *adj.* having a protruding abdomen, तोंदवाला, तुंदिल।

pauper (पा:´-पॅ:) *n.* a very poor person, कंगाल, अकिंचन।

pauperism (पा:´-पॅ:-इज़्-अॅम्) *n.* the quality or state of being a pauper, कंगाली, अकिंचनता।

pauperize (पा:´-पॅ-राइज़्) *v.* (pauperized, pau-

perizing) to make a pauper (of), कंगाल कर या बना देना।

pause (पा:ज़्) *v.* (paused, pausing) 1. to suspend an action for a time, रुकना, ठहरना। 2. hesitate, हिचकना। *n.* 1. a temporary stop, विराम, यति। 2. hesitation, हिचक, झिझक।

pausingly (पाज़्´-इंग्-ली) *adv.* intermittently, रुक-रुककर।

pave (पेव्) *v.* (paved, paving) to cover (a road) with concrete, asphalt, brick etc., (सड़क पर) मिट्टी, सीमेंट, अलकतरा आदि डालकर पक्का बनाना। □ **pave the way,** मार्ग प्रशस्त करना।

pavement (पेव्´-मॅन्ट्) *n.* 1. a paved surface, पक्का फ़र्श। 2. a raised path at the side of a road for people to walk on, पटरी।

pavement artist *n.* an artist who makes pictures at a paved surface, पथ-चितेरा, पटरी-चित्रकार।

pavilion (पॅ-विल्´-इ-ॲन्) *n.* an open structure made for spectators, दर्शक-दीर्घा, दर्शक-मंडप।

paving (पेव्´-इंग्) *n.* 1. a pavement, पटरी। 2. material for a pavement, पटरी पर बिछी हुई ईंटें, पत्थर आदि।

pavis (पैव्´-इस्) *n.* a large shield, बड़ी ढाल।

pavonine (पैव्´-ॲ-निन्) *adj.* 1. of a peacock, मोर का, मयूर जैसा। 2. like a peacock's tail, रंग-बिरंगा।

paw (पा:) *n.* 1. the clawed foot of an animal, पंजा, चंगुल। 2. a person's hand, हाथ। *v.* (pawed, pawing) 1. to strike with a paw, पंजा मारना। 2. to handle rudely, मसलना, दुर्दशा कर देना।

pawl (पा:ल्) *n.* a device to prevent a backward movement of a wheel, कुत्ता, पुर्ज़ा।

pawn[1] (पा:न्) *n.* anything given as a security, रेहन रखी हुई वस्तु। □ **in pawn,** रेहन रखा हुआ, बंधक। *v.* (pawned, pawning) to deposit as a pawn, रेहन या गिरवी रखना, बंधक रखना।

pawn[2] *n.* 1. the chessman of the smallest size and least value, प्यादा। 2. a person manipulated by another, कठपुतली।

pawnbroker (पा:न्´-ब्रो-कॅ:) *n.* one who lends money on personal property left as security, गिरवी रखनेवाला, महाजन, साहूकार।

pawnbroking (पा:न्´-ब्रो-किंग्) *n.* the profession of lending money, गिरवी का काम, महाजनी, साहूकारी।

pawnee (पा:-नी´) *n.* one who deposits something as security against loan, रेहनदार, गिरवीदार।

pawn shop *n.* the office of a pawnbroker, महाजनी कोठी।

pay (पे) *v.* (paid, paying) 1. to give money in turn of goods or services, देना, चुकाना, भुगतान करना। 2. to give or bestow, देना, अर्पित करना। 3. to discharge a debt, ऋण चुकाना, शोधन करना। 4. to be profitable, लाभप्रद होना। 5. to suffer the consequences of, भोगना, बर्दाश्त करना। 6. to yield a return of, प्राप्ति कराना, देना। □ **pay attention,** ध्यान देना; **pay a visit,** भेंट/मुलाकात करने जाना; **pay back** (i) वापस करना, (ii) बदला चुकाना; **pay for,** का फल भोगना, खमियाज़ा उठाना; **pay in/into,** (बैंक खाते में) जमा करना; **pay off** (i) दे जाना, (ii) सफल होना; **pay one's respects,** अभिवादन करना, **pay one's way,** अपना गुज़ारा चला लेना; **pay out,** थोड़ा-थोड़ा करके देना; **pay over,** भुगतान करना; **pay up,** (अनिच्छापूर्वक) चुकाना। *n.* 1. salary or wages, वेतन, तनख्वाह। 2. payment, भुगतान।

payable (पे´-ॲ-बॅल्) *adj.* 1. that must be paid, देय, शोध्य। 2. profitable, लाभकर। □ **pay at sight,** प्रस्तुत किए जाने पर देय; **pay**

to order, आदेश पर देय।

pay day *n.* the date on which the salary is disbursed, वेतन-दिवस।

payee (पे-ई´) *n.* the person to whom the money or cheque should be delivered, पानेवाला, जिसे भुगतान किया जाए, प्रापक, आदाता।

payer (पे´-अॅ:) *n.* one who pays, दाता, भुगतानकर्ता।

paying guest (पे´-इंग्-गॅस्ट्) *n.* a person who lives in somebody's house and pays for his/her food and lodging, वह व्यक्ति जो किसी के घर में रहता और खाता हो तथा रहने-खाने का भुगतान करता हो, पेइंग गेस्ट।

paymaster (पे´-मास्/मैस्-टॅ:) *n.* 1. a person in charge of paying wages or salaries, वेतनदाता। 2. a person who pays, देवाल।

payment (पे´-मॅन्ट्) *n.* 1. act of paying, चुकाना, अदायगी, भुगतान। 2. the amount paid, प्रदत्त राशि, भुगतान।

pay-off (पे´-आ:फ़्) *n.* 1. the act of paying wages etc. to employees, कर्मचारियों को किया जानेवाला भुगतान, अदायगी, । 2. final settlement, निपटारा, शोधन। 3. revenge, बदला। 4. the climax (of a story, कहानी का) चरमोत्कर्ष। 5. a bribe, घूस, रिश्वत।

pay-office (पे´-आफ़्´-इस्) *n.* भुगतान-कार्यालय।

payola (पे-ओ´-लॅ) *n.* a bribe, घूस, रिश्वत।

pay-order (पे-आ:´-डॅ:) *n.* an order to pay, देयादेश।

payroll (पे´-रोल्) *n.* a list of employees and wages due to each, वेतन-चिट्ठा, चिट्ठा।

paysheet (पे´-शीट्) *n.* a payroll, वेतन-चिट्ठा, वेतन-पत्रक, चिट्ठा।

pea (पी) *n.* a climbing plant and its round edible seeds, मटर।

peace (पीस्) *n.* 1. freedom from clamour and confusion, शांति। 2. the state of harmony, शांति, अमन। 3. the state of law and order, शांति, अमन। 4. the state of stillness, शांति, नीरवता, चुप्पी। □ **at peace,** शांति से, शांतिपूर्वक; **keep one's peace,** चुप्पी लगाए रखना, मुँह न खोलना; **keep the peace,** शांति बनाए रखना; **peace of mind,** मन की शांति।

peaceable (पी´-सॅ-बॅल्) *adj.* 1. calm, शांत। 2. inclined towards peace, शांतिप्रिय। 3. peaceful, शांतिपूर्ण, शांतिमय।

Peace Corps *n.* an organization of volunteers, शांति सेना।

peaceful (पीस्´-फुल्) *adj.* characterized by peace, शांतिमय।

peacefully (पीस्´-फु-ली) *adv.* in a peaceful manner, शांतिपूर्वक, शांत भाव से।

peacemaker (पीस्´-मे-कॅ:) *n.* one who establishes peace (by settling dispute), शांतिस्थापक।

peace negotiation *n.* negotiations for establishing peace, शांतिवार्ता।

peace-offering *n.* something given to the other party in the hope of establishing peace, शांति उपहार।

peacetime (पीस्´-टाइम्) *n.* time of peace, शांतिकाल।

peach (पीच्) *n.* 1. a tree and its edible fruit, आड़ू। 2. a light yellowish pink colour, पीलापन लिए गुलाबी रंग। 3. an attractive young woman, सुंदर युवती, रूपसी। 4. a greatly admired person, प्रशंसनीय व्यक्ति।

peacock (पी´-कॉक्) *n.* 1. a male crested bird having a fanlike tail, मोर, मयूर। 2. a proud person, घमंडी व्यक्ति।

peacock blue *adj.* blue like the feathers on a peacock's neck, मोर-जैसा नीला।

peacock feather *n.* the feather of a peacock, मोरपंखी।

pea green *adj.* green like the seeds of pea, मटर-जैसा हरा।

peahen (पी´-हॅन्) *n.* a female peacock, मोरनी, मयूरी।

peak (पीक्) *n.* 1. a pointed top of a moun-

tain, चोटी, शिखर। 2. the point of highest value, development etc., चरम बिंदु, पराकाष्ठा, चोटी। □ **at peak hours,** भीड़-भाड़ के समय, व्यस्ततम समय में। *v.* (peaked, peaking) to reach a peak, चोटी पर पहुँचना। □ **peak and pine,** (चिंता/दुख के कारण) दुर्बल हो जाना।

peaked (पी´-किड्) *adj.* pale and sickly, पीतवर्ण तथा रुग्ण।

peak load *n.* maximum load, चरम भार।

peaky (पी´-की) *adj.* 1. lean and thin, क्षीणकाय। 2. sick, रुग्ण।

peal (पील्) *n.* 1. the loud ringing of a bell or bells, घंटे या घंटियों की टनटन, टनटनाहट। 2. a set of bells, घंटे-घंटियाँ। □ **peals of laughter,** ठहाके, अट्टहास; **a peal of thunder,** (मेघ-) गर्जन, गड़गड़ाहट। *v.* to sound with peals, ज़ोर-ज़ोर से घंटे-घड़ियाल बजाना, टनटनाना।

peanut (पी´-नट्) *n.* 1. groundnut, मूँगफली। 2. (plu.) a very small amount of money, टुच्ची रकम।

pear (पिअॅ:) *n.* a tree and its fruit, नाशपाती।

pearl (प:ल्) *n.* 1. a rounded lustrous mass formed inside the shells, मोती; artificial pearl, नकली मोती; cultured pearl, कल्चरी मोती; real pearl, असली मोती। 2. yellowish white, पीलापन लिए सफ़ेद रंग। □ **cast pearls before swine,** किसी व्यक्ति को ऐसी मूल्यवान वस्तु देना जिसकी वह कद्र न जानता हो। *v.* (pearled, pearling) to dive for pearls, मोतियों के लिए डुबकी लगाना।

pearl barley *n.* barley ground into small round grains, जौं की गूरी, मोतिया जौ।

pearly (प:-ली) *adj.* 1. decorated with pearls, मोतियों से सज्जित, मुक्ताजड़ित। 2. like pearls, मोती-सा, मोतिया।

peasant (पेंज़्´-अॅन्ट्) *n.* 1. a farmer, किसान, खेतिहर। 2. a farm labourer, खेतिहर मज़दूर। 3. an uncultured person, असभ्य व्यक्ति, गँवार।

peasantry (पेंज़्´-अॅन्-ट्री) *n.* peasants as class, किसानों का वर्ग, कृषक समुदाय।

peat (पीट्) *n.* partially decomposed vegetable matter, (जलावन या खाद के काम आनेवाला) सड़ा-गला घास-पात।

pebble (पेंब्´-अॅल्) *n.* a small rounded stone, रोड़ी, बजरी। *v.* (pebbled, pebbling) to cover with pebbles, रोड़ी बिछाना।

peccable (पेंक्´-अॅ-बॅल्) *adj.* liable to sin, पापोन्मुख।

pecadillo (पेंक्´-अॅ-डिल्-ओ) *n.* 1. a petty sin, छोटा-मोटा पाप। 2. a petty offence, छोटा-मोटा अपराध।

peccant (पेंक्´-अॅन्ट्) *adj.* breaking a rule, नियम तोड़नेवाला, दोषी।

peccary (पेंक्´-अॅ-री) *n.* a pig like animal, सुअर की जाति का एक पशु।

peck[1] (पेंक्) *v.* 1. to stroke or kick up with a beak, चोंच मारना, टोंचना। 2. to make a hole with a beak, चोंच से छेद करना। 3. to kiss, चुंबन लेना। *n.* 1. a stroke with the beak, चंचु-प्रहार। 2. a kiss, चुंबन।

peck[2] *n.* 1. measure of grain, अन्न की एक तौल। 2. a large number or quantity, ढेरों।

peckish (पेंक्´-इश्) *adj.* hungry, भूखा।

pectin (पेंक्´-टिन्) *n.* a sugarlike substance found in ripe fruit, पेकटिन।

pectoral (पेंक्´-टॅ-रॅल्) *adj.* 1. of chest or breast, छाती-संबंधी, वक्ष-संबंधी। 2. worn on breast, छाती पर पहना जानेवाला।

peculate (पेंक्´-यॅ-लेट्) *v.* (peculated, peculating) to embezzle, ग़बन करना, हेराफेरी करना।

peculation (पेंक्-यॅ-ले´-शॅन्) *n.* the act of peculating, गबन, हेराफेरी।

peculiar (पि-क्यूल्´-इ-अॅ:) *adj.* 1. strange, unusual, विचित्र, अजीब। 2. distinct, विशेष,

अनूठा। 3. belonging to a particular person or class, विशिष्ट।

peculiarity (पि-क्यूल्-इ-ऐर्´-इ-टी) *n.* 1.strangeness, विचित्रता। 2. distinctness, अनूठापन। 3. a characteristic, विशिष्टता, विशिष्ट गुण।

peculiarly (पि-क्यूल्´-इ-अ:-ली) *adv.* in a peculiar way, अनावश्यक रूप से, असाधारण तरीके से।

pecuniary (पि-क्यू´-नि-अ-री) *adj.* of or relating to money, आर्थिक, धन-सबंधी।

pedagogical (पेंड्-अ-गॉग´-इ-कॅल्) *adj.* of pedagogy, शिक्षाशास्त्री-संबंधी।

pedagogue (पेंड्´-अ-गॉग्) *n.* 1. a teacher, अध्यापक, शिक्षक। 2. a pedantic teacher, पांडित्य-प्रदर्शक शिक्षक।

pedagogy (पेंड्´-अ-गो-जी) *n.* teaching the art of teaching, शिक्षाशास्त्र, अध्यापन-कला।

pedal (पेंड्´-अॅल्) *n.* a lever operated by the foot, पैडल। *adj.* of foot, पैर-संबंधी। *v.* (pedaled/pedalled, pedaling/pedalling) 1. to operate a pedal, पैडल चलाना। 2. to ride a cycle, साइकिल चलाना।

pedant (पेंड्´-अॅन्ट्) *n.* one who is concerned with insignificant details of learning, दंभी अध्यापक, कोरा पंडित।

pedantic (पि-डैन्´-टिक्) *adj.* of a pedant or pedantry, पंडिताऊ।

pedantry (पेंड्´-अॅन्-ट्री) *n.* display of useless knowledge, पांडित्य-प्रदर्शन।

peddle (पेंड्´-अॅल्) *v.* (peddled, peddling) to travel about selling goods, फेरी लगाना, घूम घूमकर सौदा बेचना।

peddler (पेंड्´-लॅ:) *n.* one who sells door to door, घर-घर जाकर सामान बेचनेवाला, फेरीवाला।

pederast (पेंड्´-अ-रैस्ट्) *n.* a person having homosexual relations with boys, लौंडेबाज़।

pederasty (पेंड्´-अ-रैस्-टी) *n.* homosexual relations between men and boys, लौंडेबाज़ी।

pedestal (पेंड्´-अॅस्ट्-अॅल्) *n.* a base for a column or statue, आधार, स्तंभाधार। □ **put or set on a pedestal,** ऊँचा पीठा देना, अत्यधिक प्रशंसा करना।

pedestrian (पॅ-डॅस्´-ट्रि-अॅन्) *n.* one travelling or foot, पैदल चलनेवाला, पदयात्री। *adj.* 1. going on boot, पैदल। 2. dull, नीरस।

pediatrician (पी-डि-अॅ-ट्रिश्´-अॅन्) *n.* a specialist in pediatrics, बाल-चिकित्साशास्त्री।

pediatrics (पी-डि-ऐट्´-रिक्स्) *n.* the branch of medicine dealing with the diseases of children, बाल चिकित्सा-शास्त्र।

pediculous (पि-डिक्´-यॅ-लॅस्) *adj.* infested with lice, जुओं से भरा।

pedicure (पेंड्´-इ-क्यु:) *n.* the act of trimming and polishing of the toenails, पैरों के नाख़ून काटने तथा उन पर पालिश करने की क्रिया।

pedigree (पेंड्´-इ-ग्री) *n.* 1. a family tree, वंशवृक्ष, वंशावली। 2. a recorded line of descent of an animal, किसी पशु का नसली विवरण।

pediment (पेंड्´-इ-मॅन्ट्) *n.* a triangular decorative element in a building, (मकान के अग्रभाग के ऊपर की) त्रिकोणिका।

pedlar (पेंड्´-लॅ:) *n.* a peddler, फेरीवाला।

pedology (पि-डॉल्´-अॅ-जी) *n.* the systematic study of the behaviour and development of children, बाल-विज्ञान।

pedometer (पॅ-डॉम्´-अॅ-टॅ:) *n.* a device measuring distance by registering the number of steps taken, पगों की गिनती करके दूरी बतानेवाला यंत्र।

pee (पी) *v.* (peed, peeing) to urinate, पेशाब करना।

peek (पीक्) *n.* to peep, झाँकना।

peel (पील्) *n.* the skin of vegetables and fruits, छिलका। *v.* (peeled, peeling) 1. to remove the peel of, छिलका उतारना या छीलना। 2. to lose or shed skin, केंचुली आदि

उतारना।

peeling (पी´-लिंग्) *n.* anything peeled off, छिलका, खाल आदि।

peep[1] (पीप्) *v.* (peeped, peeping) to look furtively, लुक-छिपकर देखना, ताक-झाँक करना। *n.* a brief or furtive look, ताक-झाँक।

peep[2] *v.* (peeped, peeding)to chirp like a baby bird, चींचीं करना। *n.* a chirp, चींचीं।

peephole (पीप्-होल्) *n.* a small hole to peep through, छेद, मोखा, झरोखा।

Peeping Tom *n.* a person who watches others from a place of concealment, ताक-झाँक करनेवाला, चोरी-छिपे देखनेवाला।

peer (पिअॅ:) *n.* 1. one who is equal to another, समकक्ष व्यक्ति, समकक्षी। 2. a member of a peerage, अभिजात वर्ग का व्यक्ति। *v.* (peered, peering) to look intently, गौर से देखना।

peerage (पिअॅर्´-इज्) *n.* the nobility, अभिजात वर्ग।

peeres (पिअॅर्´-अॅस्) *n.* 1. a female peer, अभिजात स्त्री। 2. the wife of a peer, अभिजात की पत्नी।

peerless (पिअॅर्´-लिस्) *adj.* without equal, unmatched, अद्वितीय, लाजवाब।

peeve (पीव्) *v.* (peeved, peeving) to annoy, चिढ़ना या चिढ़ाना। *n.* a cause of annoyance, चिढ़ने या चिढ़ानेवाली बात, चिढ़।

peevish (पी´-विश्) *adj.* irritable, चिड़चिड़ा।

peg (पॆग्) *n.* 1. a wooden pin, खूँटा, खूँटी। 2. a wooden screw of a violin, खूँटी। 3. a measured drink, esp. of whisky or brandy with soda water in it, सोडावाटर मिश्रित व्हिस्की या ब्रांडी आदि की एक निश्चित मात्रा। *v.* (pegged, pegging) 1. to put a peg into, खूँटा गाड़ना। 2. to fasten, बाँधना। 3. to keep prices at a fixed amount, क़ीमत स्थिर रखना। □ **peg away**, परिश्रम से काम करना; **take a person down a peg**, घमंड चूर करना।

pejorative (पॆज्´-अॅ-रॆट्-इव्, पि-जॉर्´-अॅ-टिव्) *adj.* derogatory, अवमानसूचक।

pekoe (पी´-को) *n.* a kind of black tea, काली चाय।

pelage (पॆल्´-इज्) *n.* the fur, hair, wool of a mammal, स्तनपायी पशु की चमड़ी, बाल, रोएँ आदि।

pelagic (पॅ-लैज्´-इक्) *adj.* of or pertaining to the open sea, समुद्री।

pelf (पॆल्फ़्) *n.* wealth, धन।

pelican (पॆल्´-इ-कॅन्) *n.* a fish-eating large water bird, जलपक्षी।

pellagra (पॅ-लॆग्´-रॅ) *n.* a disease marked by the skin eruptious, एक चर्म रोग।

pellet (पॆल्´-इट्) *n.* 1. a small bullet or shot, गोली या छर्रा। 2. a small ball of a medicine, गोली, टिकिया। 3. a little ball of clay, खलेला, ढेला।

pell-mell (पॆल्-मॆल्´) *adv.* in disorderly haste, हड़बड़ाते हुए, हड़बड़ाकर।

pellucid (पॅ-लू´-सिड्) *adj.* very clear, सुस्पष्ट, बिल्कुल साफ़।

pelmet (पॆल´-मॆट्) *n.* a wooden structure over a door or window for hanging curtains, पेलमेट।

pelt[1] (पॆल्ट्) *n.* the skin of a fur-bearing animal, फर।

pelt[2] *v.* (pelted, pelting) 1. to throw missiles at, ढेले चलाना या मारना। 2. to beat heavily, पिटाई करना। 3. (of rain) come down fast, मूसलाधार वर्षा होना।

peltry (पॆल्´-ट्री) *n.* the collection of furs, फरों का संग्रह।

pelvic (पॆल्´-विक्) *adj.* of pelvis, श्रोणीय।

pelvis (पॆल्´-विस्) *n.* the basin-shaped structure that supports the spinal column, श्रोणी।

pen[1] (पॆन्) *n.* an instrument for writing,

कलम, पेन। *v.* (penned, penning) to write with a pen, कलम से लिखना, कलम चलाना।

pen² *n.* 1. an enclosure for cattle, बाड़ा। 2. an enclosure for birds, दरबा। *v.* (penned, penning) to shut in a pen, बाड़े या दरबे में बंद करना।

pen³ *n.* a female swan, मादा हंस, हंसनी।

pen⁴ *n.* a prison, जेल, कारागार।

penal (पी´-नॅल्, पीन्´-ॲल) *adj.* 1. of or pertaining to punishment, दंड-संबंधी, दांडिक। 2. making a person liable to punishment, दंडनीय।

penal code *n.* a body of laws dealing with various crimes and their legal penalties, दंड-संहिता।

penalize (पी´-नॅ-लाइज़्, पीन्´-ॲल्-आइज़्) *v.* (penalized, penalizing) 1. to subject to a penalty, दंडित करना, दंड लगाना। 2. to put to a disadvantage, परेशानी उत्पन्न करना।

penalty (पॅन्´-ॲल्-टी) *n.* 1. a punishment for breaking a law, दंड, सज़ा। 2. disadvantage imposed on an offender, दंड, सज़ा। □ **pay the penalty,** दंड भोगना।

penalty area *n.* an area in front of the goal on a hockey or football field, दंड-क्षेत्र।

penalty corner *n.* the kick from the corner, पेनल्टी कार्नर।

penalty stroke *n.* a free kick at goal awarded as a penalty, पेनल्टी स्ट्रोक।

penance (पॅन्´-ॲन्स्) *n.* 1. the confession of a sin and submission to penalties imposed, प्रायश्चित। 2. any voluntary suffering as a religious act, तपस्या, तप।

pence (पॅन्स्) *n.* plural of penny, पैंस।

penchant (पॅन्´-चॅन्ट्/पान्-शान्´) *n.* strong inclination, पसंद, रुझान, झुकाव।

pencil (पॅन्-सिल्) *n.* 1. an instrument for drawing and writing, पेंसिल। 2. a brush for painting, कूँची, तूलिका। *v.* (pencilled, pencilling) to write or draw with a pencil, पेंसिल से लिखना या चित्रित करना।

pendant (पॅन्´-डॅन्ट्) *n.* a hanging object attached to a chain, लटकन।

pendency (पॅन्´-डॅन्-सी) *n.* the state of being pending, लंबन।

pendent (पॅन्´-डॅन्ट्) *adj.* 1. hanging, लटकता हुआ, लटकौआँ। 2. not yet decided, अनिर्णीत, विचाराधीन, लंबित।

pending (पॅन्´-डिंग्) *adj.* not yet decided, अनिर्णीत तथा विचाराधीन, लंबित। *prep.* 1. during, इस दौरान। 2. until, जब तक।

pendulous (पॅन्´-डु-लॅस्) *adj.* hanging or swinging, लटकता या झूलता हुआ।

pendulum (पॅन्´-डु-लॅम्) *n.* a hanging object that swings freely, लोलक।

penetrable (पॅन्´-ॲ-ट्रॅ-बॅल्) *adj.* that can be penetrated, वेधनीय, भेद्य।

penetrate (पॅन्´-ॲ-ट्रेट्) *v.* (penetrated, penetrating) 1. to enter into, घुसाना, घुसेड़ना। 2. to enter by piercing, वेधन या भेदन करना। 3. to grasp mentally, समझना। 4. to permeate, अंदर फैलना या फैलाना। 5. to affect deeply, अत्यधिक प्रभावित करना।

penetrating (पॅन्´-ॲ-ट्रे-टिंग्) *adj.* 1. that can penetrate, भेदक। 2. sharp, तेज, उग्र। 3. discerning, विवेकपूर्ण, विचक्षण।

penetration (पॅन्-ॲ-ट्रे´-शॅन्) *n.* 1. the act of penetrating, वेधन, भेदन, धँसाव। 2. the ability to penetrate, पैंठ। 3. keenness of mind, विचक्षणता।

penetrative (पॅन्´-ॲ-ट्रे-टिव्) *adj.* 1. that penetrates, भेदक। 2. keen, विचक्षण।

pen-friend (पॅन्´-फ्रॅन्ड्) *n.* a friend with whom a person corresponds without meeting, लेखनी-मित्र, कलम-दोस्त।

penguin (पॅंग्´-ग्विन्) *n.* a flightless bird, पेंग्विन (जलपक्षी)।

penholder (पॅन्´-होल्-डॅः) *n.* a holder in which nib is fitted to write with, पेन-

होल्डर।

penicillin (पॅन्-अॅ-सिल्´-इन्) *n.* an antibiotic, पेंसिलीन।

peninsula (पॅ-नॅन्´-सु-लॅ) *n.* a long projection of land into water, प्रायद्वीप।

peninsular (पॅ-नॅन्´-सु-लॅः) *adj.* of or pertaining to a peninsula, प्रायद्वीपीय।

penis (पी´-निस् / नॅस्) *n.* the male organ of urination, पुरुषेंद्रिय, लिंग, शिश्न।

penitence (पेन्´-इ-टॅन्स्) *n.* remorse, पश्चाताप, पछतावा, परिताप।

penitent (पॅन्´-इ-टॅन्ट्) *adj.* a repentant, पश्चाताप करनेवाला।

penitential (पॅन्-इ-टॅन्´-शॅल्) *adj.* of penitence, पश्चातापीय, पश्चाताप-संबंधी।

penitentiary (पॅन्-इ-टॅन्´-शॅ-री) *n.* a prison, कारागृह, क़ैदियों का सुधार-घर. *adj.* सुधारात्मक, सुधार का।

pen-knife (पॅन्´-नाइफ़्) *n.* a small folding knife carried in a pocket, जेबी चाकू।

pen-light (पॅन्´-लाइट्) *n.* a pen-sized pocket light, जेबी बैटरी।

penman (पॅन्´-मॅन्) *n.* 1. an expert in penmanship, कुशल हस्तलेखक। 2. an author, लेखक।

penmanship (पॅन्´-मॅन्-शिप्) *n.* the art or style of handwriting, हस्तलेखन कला।

pen name *n.* an author's pseudonym, उपनाम।

pennant (पॅन्´-अॅन्ट्) *n.* a small triangular flag, झंडी।

penniless (पॅन्´-इ-लिस्) *adj.* extremely poor, धनहीन, अकिंचन, कंगाल।

pennon (पॅन्´-अॅन्) *n.* a nautical flag, नाविक झंडा।

penny (पॅन्´-ई) *n.* 1. a British bronze coin worth one-hundredth of a pound, पेनी। 2.a cent, सेंट। 3. a sum of money, राशि, रक़म। ☐ **a pretty penny,** बड़ी राशि, लंबी रक़म; **turn an honest penny,** हलाल का पैसा कमाना।

penny pincher (पॅन्´-ई-पिन्-चॅः) *n.* niggardly, miser, सूम, कंजूस।

penny-wise (पॅन्´-ई-वाइज़्) *n.* thrifty in regard to small matters, छोटी-मोटी चीज़ों में कंजूसी करनेवाला। ☐ **penny-wise pound-foolish,** छोटी-मोटी बातों में कंजूस और बड़ी बातों में शाह; अशरफियाँ लुटें, कोयलों पर मुहर।

pennyworth (पॅन्´-ई-वॅःथ्) *n.* the amount that can be bought for one penny, वह सामान जिसका मूल्य एक पेनी हो, बहुत थोड़ा।

penologist (पि-नॉल्´-अॅ-जिस्ट्) *n.* an expert in penology, दंडशास्त्री।

penology (पि-नॉल्´-अॅ-जी) *n.* the science of prison management and criminal rehabilitation, दंडशास्त्र, दंडविज्ञान।

penpal (पॅन्´-पाल्) *n.* a pen-friend, लेखनी, मित्र, कलम-दोस्त।

penpusher (पॅन्´-पुश्´-अॅः) *n.* a clerk, लिपिक, क्लर्क।

pensile (पॅन्´-सिल्) *adj.* hanging, लटकता हुआ।

pension (पॅन्´-शॅन्) *n.* a periodic payment made to a retired employee, पेंशन। ☐ **pension off,** पेंशन देकर (ज़बरदस्ती) सेवामुक्त करना। *v.* (pensioned, pensioning) to grant pension to, पेंशन देना।

pensionable (पॅन्´-शॅन्-अॅ-बॅल्) *adj.* having or giving right to a pension, पेंशन के योग्य।

pensioner (पॅन्´-शॅ-नॅः) *n.* receiving a pension, पेंशनभोगी, पेंशनर।

pensive (पॅन्´-सिव्) *adj.* 1. thoughtful, ध्यानमग्न, विचारमग्न। 2. thoughtful and gloomy, उदास, विषादग्रस्त।

pensively (पॅन्´-सिव्-ली) *adv.* in a pensive manner, ध्यानमग्न अवस्था में।

pensiveness (पॅन्´-सिव्-निस्) *n.* 1. the state of being pensive, ध्यानमग्नता, विचारमग्नता। 2. gloominess, उदासी, विषाद।

penstock (पेंन्´-स्टॉक्) *n.* a gate that controls the flow of water, जलकपाट।

pent (पेंन्ट्) *adj.* shut up, बंद। □ **pent up,** रोका या दबाया हुआ।

pentacle (पेंन्´-टॅ-कॅल्) *n.* a five pointed star, pentagram, पँचकोना तारा, पँचतारा।

pentad (पेंन्´-टैड्) *n.* 1. a group of five, पाँच का समूह, पंचवर्ग, पंचक। 2. a five-year period, पाँच वर्ष का काल।

pentagon (पेंन्´-टॅ-गॉन्) *n.* a plane figure with five sides, पंचभुज।

pentagram (पेंन्´-टॅ-ग्राम/ग्रैम) *n.* a five pointed star, पचकोना तारा, पंचकोण तारक।

pentameter (पेंन्´-टैम्´-अॅ-टॅ:) *n.* a verse composed of five metrical feet, पाँच चरणोंवाली कविता।

penthouse (पेंन्ट्´-हॉउस्) *n.* a shed on the roof of a building, सायबान।

penultimate (पेंन्-अल्´-टि-मिट्/मेट्) *adj.* next to last, अंतिम से ठीक पहला, उपांत्य, उपांतिम।

penumbra (पि-नम्´-ब्रॅ) *n.* a partial shadow outside the full shadow, उपच्छाया।

penurious (पॅ-न्युअॅर´-इ-अॅस, पि-नूर´-ई-अॅस्) *adj.* 1. poverty-stricken, निर्धन, बहुत ग़रीब, दरिद्र। 2. stingy, कंजूस।

penury (पेंन्´-यॅ-री) *n.* extreme poverty, बेहद ग़रीबी, निर्धनता।

peon (पी´-अॅन्/ऑन्) *n.* 1. an attendant, चपरासी। 2. an unskilled labourer, मज़दूर। 3. a servant, नौकर, चाकर।

peonage (पी´-अॅ-निज्/नेज्) *n.* the condition of a peon, चपरासीगीरी।

peony (पी´-अॅ-नी) *n.* a garden plant, एक प्रकार का फूलदार पौधा।

people (पी´-पॅल्) *n.* (plu.) 1. human beings, लोग। 2. ordinary persons, साधारण लोग। 3. (singular) the persons comprising a tribe, race or nation, लोग। 4. peoples (plu.) a group sharing a common religion, language or culture, लोग। *v.* (peopled, peopling) to fill with people, लोगों को भर या बसा देना।

pep (पेंप्) *n.* energy, vigour, जोश, उत्साह। *adj.* full of vigour, peppy, जोशीला, उत्साहवर्धक। *v.* (pepped, pepping) to invigorate, जोश दिलाना, उत्साह बढ़ाना।

pepper (पेंप्´-अॅ:) *n.* a vine; its fruit used as a condiment, काली मिर्च। *v.* (peppered, peppering) 1. to season with pepper, मिर्च का तड़का लगाना। 2. to sprinkle around pepper, मिर्च छिड़कना। 3. to sprinkle liberally, छिड़कना, बिखेरना या भरना।

pepper and salt *adj.* (cloth) woven with white and dark threads, काला और सफ़ेद (कपड़ा)।

pepperbox, pepper-pot (पेंप्´-अॅ:-बॉक्स् / पॉट्) *n.* a container for sprinkling pepper, मिर्चदानी।

pepper corn (पेंप्´-अॅ:-कॉ:न्) *n.* The berry of the pepper plant, मिर्च।

peppermint (पेंप्´-अॅ:-मिन्ट्) *n.* a flavouring oil, पिपरमिंट।

peppery (पेंप्´-अॅ-री) *adj.* 1. containing much pepper, तीखा, चरपरा। 2. hot-tempered, तेज-मिज़ाज, चिड़चिड़ा।

peppy (पेंप्´-ई) *adj.* full of pep, जोश-भरा, जोशीला।

pepsin (पेंप्´-सिन्) *n.* an enzyma in the stomach, पाचक रस।

peptic (पेंप्´-टिक्) *adj.* of pepsin, पाचक।

peptic ulcer *n.* an ulcer in the stomach, पेट का फोड़ा।

per (पॅ:) *prep.* 1. for each, प्रति, फ़ी। 2. according to, के अनुसार। 3. by, के द्वारा।

peradventure (पॅर्-अॅड्-वेंन्´-चॅ:) *adv.* 1. perhaps, शायद। 2. by chance, संयोगवश।

perambulate (पॅ-रैम्´-ब्यु-लेट्) *v.* (perambulated, perambulating) to stroll, टहलना,

चहलकदमी करना।

perambulation (पॅ-रैम्´-ब्यु-ले´-शॅन्) ***n.*** stroll, टहलना, चहलकदमी।

perambulator (पॅ-रैम्´-ब्यु-ले-टॅ:) ***n.*** a baby carriage, बच्चों को टहलाने की गाड़ी।

per capita ***adv, adj.*** per person, प्रतिव्यक्ति।

perceivable (पॅ:-सीव्´-अॅ-बॅल्) ***adj.*** that can be perceived, दिखाई देने या समझ में आनेवाला, बोधगम्य।

perceive (पॅ:-सीव्´) ***v.*** (perceived, perceiving) 1. to observe or recognize, इंद्रियों द्वारा ग्रहण करना, देखना, दिखाई देना। 2. to become aware of, जानना, समझना, पता चलना, बोध होना।

percent (पॅ:-सॅन्ट्´) ***adv.*** out of each hundred, प्रतिशत।

percentage (पॅ:-सॅन्-टिज्, पॅ:-सॅन्ट्´-इज्) ***n.*** 1. the rate, amount or number in each hundred, प्रतिशत दर, प्रतिशतता। 2. profit, लाभ।

perceptibility (पॅ:-सॅप्-टि-बिल्´-इ-टी) ***n.*** the state of being perceptible, बोधगम्यता, प्रतीति।

perceptible (पॅ:-सॅप्´-टि-बॅल्) ***adj.*** that can be perceived, बोधगम्य, दिखाई देने या प्रतीत होनेवाला।

perception (पॅ:-सॅप्´-शॅन्) ***n.*** 1. the act of perceiving, इंद्रियों द्वारा ग्रहण, बोध। 2. the result of perceiving, , प्रत्यक्ष ज्ञान, प्रत्यक्षण, बोध। 3. the ability to perceive, बोधक्षमता।

perceptive (पॅ:-सॅप्´-टिव्) ***adv.*** having sensitive understanding, बोधक्षम, ग्रहणशील।

perceptivity (पॅ:-सॅप्-टिव्´-इ-टी) ***n.*** the state of being perceptive, ग्रहणशीलता।

perceptual (पॅ:-सॅप्´-चु-अॅल्) ***adj.*** of or involving perception, बोध्य, प्रात्यक्षिक।

perch[1] (पॅ:च्) ***n.*** a a bird's resting place, अड्डा। ***v.*** (perched, perching) to alight or rest on perch, (पक्षी का) अड्डे पर बैठना।

perch[2] ***n.*** a fresh water fish, कवई मछली।

perchance (पॅ:-चान्स्´/चैन्स्) ***adv.*** perhaps, शायद।

percipience (पॅ:-सिप्´-इ-अॅन्स्) ***n.*** perception, बोध।

percipient (पॅ:-सिप्´-इ-अॅन्ट्) ***adj.*** perceptive, परिग्राहक, ग्रहणशील।

percolate (प:´-कॅ-लेट्) ***v.*** (percolated, percolating) 1. to pass through a fine mesh, महीन छलनी या कपड़े से छनना या छानना। 2. to penetrate gradually, धीरे-धीरे रिसना, बहना या फैलना।

percolation (प:-कॅ-ले´-शॅन्) ***n.*** the act of percolating, छनाई।

percolator (प:´-कॅ-ले-टॅ:) ***n.*** an apparatus for preparing and filtering coffee, काफ़ी-यंत्र।

percussion (पॅ:-कश्´-अॅन्) ***n.*** 1. the striking together of two bodies, समाघात। 2. the sound, shock or vibration caused by this, समाघात से उत्पन्न शब्द, आघात या कंपन। 3. a musical instrument in which sound is produced by striking, ढोलक, तबला या मृदंग।

per diem (पॅ:-डी´-अॅम्) ***adv.*** daily, प्रति दिन। ***n.*** an allowance for daily expenses, दैनिक भत्ता।

perdition (पॅ:-डिश्´-अॅन्) ***n.*** 1. hell, नरक। 2. utter destruction, पूर्ण विनाश।

perdurable (पॅ:-ड्यूर्´-अॅ-बॅल्) ***adj.*** very durable, स्थायी, पूर्ण रूप से टिकाऊ।

peregrination (पॅर्-इ-ग्रि-ने´-शॅन्) ***n.*** a long but slow journey, लंबी पर मंदगति से होनेवाली यात्रा।

peregrinator (पॅर्-इ-ग्रि-ने´-टॅ:) ***n.*** a traveller, यात्री।

peregrine (पॅर्´-अॅ-ग्रिन्) ***n.*** a large falcon, बाज़ पक्षी।

peremptory (पॅ-रॅम्प्´-टॅ-री) *adj.* 1. decisive, निर्णायक। 2. that cannot be changed, opposed or denied, अंतिम; peremptory ultimatum, अंतिम चेतावनी। 3. imperative, अनिवार्य, लाज़मी, बाध्यकर। 4. dictatorial, तानाशाही।

perennial (पॅ-रॅन्´-इ-अॅल्) *adj.* 1. lasting or active throughout the year, बारहमासी। 2. lasting for ever, चिरस्थायी। 3. constantly recurring, निरंतर होता या बना रहनेवाला, शाश्वत।

perestroika (पॅर्-अॅ-स्ट्रॉइ´-का) *n.* reconstruction, पुनर्निर्माण। (रूसी)

perfect (पः´-फ़िक्ट्/फ़ॅक्ट्) *adj.* 1. complete, lacking nothing, पूर्ण, परिपूर्ण। 2. faultless, निर्दोष, त्रुटिहीन। 3. excellent, उत्तम, श्रेष्ठ। 4. exact, सही, सटीक, ठीक। *v.* (perfected, perfecting) to make perfect, पूर्ण बनाना, परिपूर्ण करना, त्रुटिरहित बनाना।

perfectibility (पॅ:-फ़ॅक्-टॅ-बिल्´-अॅ-टी) *n.* the state of being perfectible, परिपूर्णता, पूरणीयता।

perfectible (पॅ:-फ़ॅक्´-टॅ-बॅल्) *adj.* capable of being made perfect, जिसे परिपूर्ण या त्रुटिहीन बनाया जा सके।

perfection (पॅ:-फ़ॅक्´-शॅन्) *n.* 1. the quality of being perfect, पूर्णता, परिपूर्णता। 2. the act of making perfect, परिपूर्ण बनाना। 3. an embodiment of perfection, पूर्णात्मा।

perfectionism (पॅ:-फ़ॅक्´-शॅ-निज़्-अॅम्) *n.* a doctrine that perfection should be attained, पूर्णतावाद।

perfectionist (पॅ:-फ़ॅक्´-शॅ-निस्ट्) *n.* one who believes in a doctrine of perfectionism, पूर्णतावादी।

perfectly (पॅ:-फ़िक्ट्´-ली) *adv.* 1. completely, पूरी तरह से, पूर्ण रूप से, पूर्णतः। 2. in a perfect way, सही रूप से।

perfecto (पॅ:-फ़ॅक्´-टो) *n.* a kind of cigar, एक प्रकार का सिगार।

perfect tense *n.* a verb form expressing a completed action, पूर्ण काल। □ **past perfect tense,** पूर्णभूत काल; **present perfect tense,** पूर्ण वर्तमान काल; **future perfect tense,** पूर्ण भविष्य काल।

perfidious (पॅ:-फ़िड्´-इ-अॅस्) *adj.* 1. treacherous, विश्वासघाती। 2. disloyal, बेवफ़ा।

perfidiously (पॅ:-फ़िड्´-इ-अॅस्-ली) *adv.* in a perfidious way, विश्वासघात द्वारा, बेवफ़ाई से।

perfidy (पः´-फ़ि-डी) *n.* 1. treachery, विश्वासघात। 2. disloyalty, बेवफ़ाई।

perforate (पॅ:-फ़ॅ-रेट्) *v.* (perforated, perforating) to make a hole or holes by punching, छेदन करना, परफोरेट करना।

perforated (पॅ:´-फ़ॅ-रेट्-इड्) *adj.* punched, छेदा हुआ, छिद्रित।

perforating machine *n.* an apparatus for punching, छिद्रण यंत्र, छेदा मशीन।

perforation (पॅ:-फ़ॅ-रे´-शॅन्) *n.* 1. act of perforation, छेदन, छिद्रण। 2. a hole or holes punched, यंत्र द्वारा किया हुआ / किए हुए छेद, छिद्र।

perforce (पॅ:-फ़ो:स्´) *adv.* 1. by necessity, विवशतापूर्वक, लाचारी से। 2. by force, बलात्, ज़बरदस्ती।

perform (पॅ:-फ़ॉ:म्´) *v.* (performed, performing) 1. to carry out, करना, पूरा करना, पालन करना। 2. to execute, निष्पादन करना। 3. to function, काम करना, ठीक चलना। 4. to act in a play, अभिनय करना।

performance (पॅ:-फ़ॉ:-मॅन्स्) *n.* 1. the act or manner of performing, पालन, निष्पादन। 2. accomplishment or deed, उपलब्धि, महत्त्वपूर्ण कार्य। 3. operation or functioning, काम करना, चलना। 4. acting, अभिनय, अदाकारी।

performer (पॅ:-फ़ॉ:-मॅः) *n.* 1. an actor,

अदाकार, अभिनेता। 2. an executor, निष्पादक।

perfume (पॅ:´-फ़्यूम्/पॅ:-फ़्यूम्´) *n.* 1. a sweet smell, सुगंध, सुवास। 2. fragrant liquid, scent, इतर। *v.* (perfumed, perfuming) to apply perfume to, इतर लगाना, सुवासित करना।

perfumer (पॅ:-फ़्यूम्´-अॅ:) *n.* one who makes or sells perfumes, अत्तार, गंधी, इत्रफ़रोश।

perfumery (पॅ:-फ़्यू´-मॅ-री) *n.* 1. a place where perfume is made or sold, गंधहाट, सुगंधशाला। 2. the business of a perfumer, गंधी का व्यवसाय। 3. perfumes collectively, सभी प्रकार के इत्र।

perfunctorily (पॅ:-फ़ंक्´-टॅ-रि-ली) *adv.* in a perfunctory way, बेपरवाही से।

perfunctory (पॅ:-फंक्´-टॅ-री) *adj.* 1. done with little interest or care, बेपरवाही से किया हुआ। 2. dull or uninteresting, उबाऊ, नीरस, अरोचक।

pergola (प:´-गॅ-लॅ) *n.* a framework supported on posts for climbing plants, बेल चढ़ाने के लिए बनाया गया ठाठ, परगोला, मडवा।

perhaps (पॅ:-हैप्स्´) *adv.* may be, possibly, शायद, कदाचित्।

per head *adv.* of or for each person, प्रतिव्यक्ति।

perigee (पॅर्´-इ-जी) *n.* the point in the orbit of a planet nearest to the earth, भूमि-नीच।

perihelion (पॅर्-इ-ही´-लि-अॅन्) *n.* the point in the orbit of a satellite nearest to the sun, रवि-नीच।

peril (पॅर्´-इल्) *n.* 1. serious danger, आपदा, ख़तरा, संकट। 2. something that endangers, जोखिम। *v.* (periled/perilled, periling/perilling) to risk, ख़तरा उठाना, जोखिम उठाना।

perilous (पॅर्´-अॅ-लॅस्) *adj.* exposed to danger, risky, ख़तरनाक, जोखिम-भरा।

perimeter (पॅ-रिम्´-अॅट्-अॅ:) *n.* 1. the outer boundary of a figure or closed area, घेरा। 2. the length of this, परिमाप।

perineum (पॅर्-इ-नी´-अॅम्) *n.* the region of the body between the anus and the genital organ, गुदा और अंडकोष या योनि के बीच का भाग, मूलाधार, सीवन।

period (पिअॅर्-इ-अॅड्, पीर्´-इ-अॅड्) *n.* 1. a portion of time, अवधि, कालावधि, मियाद। 2. a division of time, युग। 3. a division of time of the academic day, घंटा। 4. a punctuation mark indicating full pause, पूर्णबिंदु, पूर्णविराम। 5. an instance of menstruation, मासिक। *adj.* of certain period or age, युग विशेष का।

periodic (पिअॅर्-इ-ऑड्´-इक्, पीर्-इ-ऑड्´-इक्) *adj.* occurring or happening at regular intervals, मियादी, आवधिक, आवर्ती, आवर्तक।

periodical (पिअॅर् / पीर्-इ-ऑड्´-इ-कॅल्) *adj.* periodic, आवधिक। *n.* a magazine, पत्रिका।

periodically (पिअॅर् / पीर्-इ-ऑड्´-इ-कॅ-ली) *adv.* at regular intervals, समय-समय पर, नियत समय पर।

peripatetic (पॅर्-इ-पॅ-टॅट्´-इक्) *adj.* moving from place to place, भ्रमणशील।

peripheral (पॅ-रिफ़्´-अॅ-रॅल्) *adj.* 1. of periphery, परिरेखीय, परिधीय। 2. external, बाहरी।

peripherally (पॅ-रिफ़्´-अॅ-रॅ-ली) *adv.* so as to be peripheral, बाहर-बाहर, परिधि पर।

periphery (पॅ-रिफ़्´-अॅ-री) *n.* 1. the boundary of a figure or area, परिरेखा, परिधि। 2. the outside surface of something, बाह्यतल।

periphrasis (पॅ-रिफ़्´-रॅ-सिस्) *n.* 1. roundabout way of speaking, बात करने का गोल-मोल ढंग। 2. a roundabout talk, गोल-मोल बात।

periscope (पॅर्´-इ-स्कोप्) *n.* an optical instrument through which one can see the.

objects not in a direct line of sight, परिवीक्षण-यंत्र, पेरिस्कोप।

perish (पेंर्´-इश्) *v.* (perished, perishing) to be utterly destroyed, नष्ट हो जाना।

perishable (पेंर्´-इ-शॅ-बॅल्) *adj.* likely or liable to dacay, शीघ्र सड़-गल जानेवाला, विनाशी, नश्वर।

perishables (पेंर्´-इ-शॅ-बॅल्ज़्) *n.* (plu.) things that spoil easily, जल्दी सड़-गल जानेवाले पदार्थ।

perishing (पेंर्´-इ-शिंग्) *adj.* very cold, गलन उत्पन्न करनेवाला, गलाऊ।

peristalsis (पेंर्-इ-स्टाःल्´-सिस्) *n.* (plu.) wavelike muscular contractions that move the contents of the tube onward, मांसपेशियों का आकुंचन।

peristyle (पेंर्´-इ-स्टाइल्) *n.* a row of columns surrounding a building, स्तंभ-पंक्ति, स्तंभावली।

peritoneum (पेंर्-इ-टॅ-नी´-ॲम्) *n.* (plu. peritonea) the membrane lining the abdomen, आँतों की झिल्ली।

peritonitis (पेंर्-इ-टॅ-नाइ´-टिस्) *n.* the inflammation of the peritoneum, आँतों की झिल्ली की सूजन।

periwig (पेंर्´-इ-व्गि) *n.* a wig, बालों की टोपी, विग।

periwinkle (पेंर्´-इ-विंक्-कॅल्) *n.* a plant with blue or white flowers, एक फूलदार पौधा।

perjure (पः´-जः) *v.* (perjured, perjuring) 1. to testify falsely under oath, शपथ लेकर झूठी गवाही देना, मिथ्या साक्ष्य देना। 2. to be guilty of the breaking of any oath, शपथ तोड़ने का दोषी होना।

perjurer (पः´-जॅर्-ॲः) *n.* a person guilty of perjury, झूठी गवाही देनेवाला, मिथ्यासाक्षी।

perjury (पः´-जॅर्-ई) *n.* the wilful telling of lie while on oath, झूठी गवाही, शपथ-भंग।

perk[1] (पॅःक्) *v.* (perked, perking) to raise the head, सिर ऊँचा करना। □ **perk up,** खोया विश्वास फिर से प्राप्त कर लेना।

perk[2] *n.* perquisite, परिलब्धि।

perky (पः´-की) *adj.* gay, spirited, प्रफुल्ल, जीवंत।

perm (पॅःम्) *v.* (permed, perming) to give (hair) a permanent wave, बालों को घुँघराला बनाना।

permanence (पः´-मॅ-नॅन्स्) *n.* the state or quality of being permanent, स्थायित्व।

permanency (पः´-मॅ-ॲ-नॅन्-सी) *n.* 1. permanence, स्थायित्व। 2. permanent thing, स्थायी वस्तु।

permanent (पः´-मॅ-ॲ-नॅन्ट्) *adj.* lasting, स्थायी, चिरस्थायी, टिकाऊ।

permanently (पः´-मॅ-ॲ-नॅन्ट्-ली) *adv.* in a permanent way, स्थायी रूप से, सदा के लिए।

permeability (पॅः-मी-ॲ-बिल्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being permeable, व्याप्ति, परिगम्यता।

permeable (पॅः´-मी-ॲ-बॅल्) *adj.* that can be permeated, व्याप्त, परिगम्य।

permeate (पॅः´-मी-एट्) *v.* (permeated, permeating) to penetrate and spread through, व्याप्त हो जाना, परिगमन करना।

permeation (पॅः´-मी-ए´-शॅन्) *n.* the act of permeating or the state of being permeated, व्याप्ति, पारिगमन।

permissible (पॅः-मिस्´-ॲ-बॅल्) *adj.* allowable, अनुज्ञेय, स्वीकार्य।

permission (पॅः-मिश्´-ॲन्) *n.* formal consent, अनुज्ञा, स्वीकृति, आज्ञा, अनुमति, इजाज़त, छूट।

permissive (पॅः-मिस्´-इव्) *adj.* 1. granting permission, स्वीकृति, छूट या अनुज्ञा देनेवाला। 2. permitted, जिसे स्वीकृति या छूट प्राप्त हो। 3. allowing great freedom, lenient or tolerant, खुला या सहिष्णु; permissive society,

खुला समाज, सहिष्णु समाज।

permissively (पॅ:-मिस्´-इव्-ली) *adv.* in a permissible manner, स्वीकार्य रूप से।

permissiveness (पॅ:-मिस्´-इव्-निस्) *n.* the state of being permissive, खुली छूट।

permit (पॅ:-मिट्´) *v.* (permitted, permitting) 1. to allow, स्वीकृति देना, अनुज्ञा देना। 2. to give opportunity, अवसर प्रदान करना। *n.* a written permission, अनुमति-पत्र, अनुज्ञा, परमिट।

permutable (पॅ:-म्यु´-टॅ-बॅल्) *adj.* that can be permuted, जिसका क्रम-परिवर्तन हो सके, क्रमपरिवर्तनीय।

permutation (पॅ:-म्यु-टे´-शॅन्) *n.* transformation made by reordering a given set of things in a group, क्रम-परिवर्तन; permutation of letters, अक्षरों का क्रम-परिवर्तन।

permute (पॅ:-म्यूट्) *v.* (permuted, permuting) to rearrange the order, क्रम-परिवर्तन करना।

pernicious (पॅ:-निश्´-ॲस्) *adj.* causing injury or destruction, हानिकर, विनाशकारी, घातक।

pernickety (पॅ:-निक्´-ॲट्-ई) *adj.* 1. fastidious, difficult to please, नकचढ़ा। 2. deserving particular attention, सावधानी से करने योग्य, जोख़िम-भरा।

perorate (पॅर्´-ॲर्-एट्) *v.* (perorated, perorating) 1. to sum up, उपसंहार करना। 2. to speak at great length, लंबा-चौड़ा भाषण देना।

peroration (पॅर्-ॲ-रे´-शॅन्) *n.* 1. act of perorating, उपसंहार करना। 2. a long speech, लंबा-चौड़ा भाषण।

perpendicular (प:-पॅन्-डिक्´-यॅ-लॅ:) *n.* a straight line at right angles to another line, लंब। *adj.* exactly upright, सही-सही खड़ा, लंबवत्।

perpendicularity (प:-पॅन्-डिक्-यॅ-लॅर्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being perpendicular, लंबता।

perpendicularly (प:-पॅन्-डिक्´-यॅ-लॅर्-ली) *adv.* in a perpendicular position, लंबत:।

perpetrate (प:´-पॅ-ट्रेट्) *v.* (perpetrated, perpetrating) to do something wrong, ग़लत काम करना, बुराई या खुटाई करना।

perpetration (प:-पॅ-ट्रे´-शॅन्) *n.* 1. the act of perpetrating, ग़लत काम करना। 2. something perpetrated, किया हुआ ग़लत काम।

perpetrator (प:-पॅ-ट्रे´-टॅ:) *n.* one who perpetrates, ग़लत काम करनेवाला।

perpetual (पॅ:-पेंच्´-उ-ॲल्) *adj.* 1. everlasting, seemingly ceaseless, शाश्वत, स्थायी। 2. often repeated, बार-बार का, नित्य का, रोज़-रोज़ का।

perpetually (पॅ:-पेंच्´-उ-ॲ-ली) *adv.* 1. forever, सदा के लिए। 2. constantly, निरंतर।

perpetuate (पॅ:-पेंच्´-उ-एट्) *v.* (perpetuated, perpetuating) to make perpeptual, स्थायी बना देना, शाश्वत बना देना, अमर कर देना।

perpetuation (पॅ:-पेंच्-उ-ए´-शॅन्) *n.* 1. the act of perpetuating, स्थायीकरण। 2. the state of being perpetuated, स्थायित्व।

perpetuity (पॅ:-पॅ-च्यू´-ॲ-टी) *n.* the state or quality of being perpetual, स्थायित्व, शाश्वतता।

perplex (पॅ:-प्लेंक्स्´) *v.* (perplexed, perplexing) to puzzle or confuse, हैरान कर देना, घबरा देना; किंकर्तव्यविमूढ़, क्षुब्ध, विचलित या हतप्रभ कर देना।

perplexed (पॅ:-प्लेंक्स्ड्´) *adj.* 1. puzzled, हैरान, हतबुद्धि, किंकर्तव्यविमूढ़। 2. confusing, क्षोभकारी, भ्रामक, पेचीदा, जटिल।

perplexity (पॅ:-प्लेंक्´-सि-टी) *n.* 1. the state of being perplexed, हतप्रभता, क्षोभ, घबराहट। 2. anything that perplexes, समस्या, उलझन, परेशानी।

perquisite (पॅ:´-क्वि-ज़िट्, पॅ:´-क्विँ-ज़ॅट्) *n.* a

benefit received in addition to one's pay or salary, परिलब्धि।

perse (पॅ:-से´) *adv.* in or by itself, में, अपने में।

persecute (पॅ:-सि-क्यूट्) *v.* (persecuted, persecuting) 1. to trouble constantly, निरंतर तंग करना, सताना। 2. to harass or maltreat, उत्पीड़ित करना, अत्याचार करना।

persecution (पॅ:-सि-क्यू´-शॅन्) *n.* 1. the act of persecuting, उत्पीड़न, अत्याचार। 2. the state of being persecuted, उत्पीड़न।

persecutor (पॅ:-सि-क्यू´-टॅ:) *n.* one who persecutes, उत्पीड़क, अत्याचारी।

perseverance (पॅ:-सि-विअॅर्´-अॅन्स्, पॅ:-सॅ-विअॅर्´-अॅन्स्) *n.* the act of persevering, अध्यवसाय, निरंतर परिश्रम करना।

perseverant (पॅ:-सि-विअॅर्´-अॅन्ट्) *n.* one who perseveres, अध्यवसायी, निरंतर परिश्रम करनेवाला।

persevere (पॅ:-सि-विअॅ:) *v.* be resolved to do (something difficult, कोई कठिन काम) परिश्रमपूर्वक करना, जम कर करना, लगे रहना।

Persian (पॅ:´-शॅन्) *adj.* 1. of Persia, फारस का, फारसी। 2. of the people or language of Persia, फारसी। *n.* 1. the language of Persia, पुरानी फारसी। 2. the language of Iran, फारसी। 3. the inhabitant of Persia, फारस-निवासी।

Persian cat *n.* a long-haired cat, लंबे बालोंवाली बिल्ली।

Persian lamb *n.* a kind of silky fur of a lamb, भेड़ के बच्चे की बढ़िया किस्म का फर।

persiflage (पॅ:´-सि-फ़्ला:ज़्) *n.* a banter, ठिठोली।

persimmon (पॅ:-सिम्´-अॅन्) *n.* a tree and its plumlike fruit, परसिमन।

persist (पॅ:-सिस्ट्´) *v.* (persisted, persisting) 1. to continue steadfastly or obstinately, दृढ़ता या हठपूर्वक किसी काम को करते रहना, डटे या तुले रहना। 2. to continue in existence, अस्तित्व बनाए रखना या बने रहना।

persistence (पॅ:-सिस्´-टॅन्स्) *n.* the act of persisting, ज़िद, हठ, दुराग्रह।

persistent (पॅ:-सिस्´-टॅन्ट्) *adj.* 1. stubborn, refusing to relent, ज़िद्दी, हठी, दुराग्रही। 2. continue to exist or endure, अस्तित्व बनाए रखनेवाला।

persnickety (पॅ:-स्निक्´-इ-टी) *n.* snobbish, fastidious, नकचढ़ा।

person (पॅ:स्´-अॅन्-पॅ:´-सॅन्) *n.* 1. a human being, आदमी, व्यक्ति। 2. the living body of human being, शरीर। 3. (gram.) any of the three groups of pronouns, पुरुष; first person, उत्तम पुरुष; second person, मध्यम पुरुष; third person, अन्य पुरुष। □ **in person,** स्वयं, उपस्थित।

persona (पॅ:-सो´-नॅ) *n.* 1. a person, व्यक्ति। 2. (plu.) the characters of a play, novel etc., नाटक, उपन्यास आदि के चरित्र या पात्र।

personable (प:´-सॅ-नॅ-बॅल्) *adj.* good looking, handsome, सुंदर, रूपवान।

personage (प:´-सॅ-निज्) *n.* 1. a notable person, महत्त्वपूर्ण व्यक्ति। 2. a character of a play, novel etc., नाटक का चरित्र या पात्र।

persona grata (पॅ:-सो´-नॅ-ग्रेट्-अॅ) *n.* a person who is acceptable, स्वीकार्य व्यक्ति, वांछित व्यक्ति। (लैटिन)

personal (प:´-सॅ-नॅल्) *adj.* 1. private or relating to private life, वैयक्तिक, व्यक्तिगत, निजी। 2. belonging to a particular person, स्वकीय, निजी। 3. of grammatical person, पुरुषवाचक। 4. relating to moveable property, चल संपत्ति संबंधी।

personality (प:-सॅ-नैल्´-अॅ-टी) *n.* 1. the quality of being a person, व्यक्तित्व। 2. the totality of distinctive traits of a person, individuality, व्यक्तित्व, स्वरूप। 3. a celebrity, विशिष्ट महानुभाव, महान व्यक्ति या

व्यक्तित्व। 4. (plu.) an offensive remark, कटु टिप्पणी।

personality cult *n.* heroworship, वीरपूजा, व्यक्तिपूजा।

personalize (प:´-सॅ-नॅ-लाइज़्) *v.* (personalized, personalizing) 1. to make personal, वैयक्तिक बनाना या रूप देना। 2. to have one's name printed, (किसी चीज़ पर) अपना नाम छपवा या लिखवा लेना। 3. to presonify, मानवीकरण करना।

personally (प:´-सॅ-नॅ-ली) *adv.* 1. without the help of another person, स्वयं। 2. in one's own opinion, अपनी दृष्टि में। 3. as a person, व्यक्तिश:। 4. as though directed at one's person, अपने ऊपर। 5. as if referring to oneself, व्यक्तिगत रूप से।

persona non grata (पॅ:-सो´-नॅ-नॉन्-ग्राट्´-अॅ) *n.* a person not acceptable to, अग्राह्य व्यक्ति, अवांछित व्यक्ति।

personate (पॅ:स्´-अॅन्-एट्) *v.* (personated, personating) 1. to create a wrongful appearance of being someone other than oneself, छदम् रूप धारण करना, प्रतिरूपण करना। 2. to act the part of, अभिनय करना।

personification (पॅ:-सॉन्-इ-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* the act of personifying or the state of being personified, मानवीकरण, मूर्तिकरण।

personify (पॅ:-सॉन्´-इ-फ़ाइ) *v.* (personified, personifying) 1. to speak of a thing as a person, मानवीकरण करना, मूर्त रूप देना। 2. to embody in one's life or behaviour, अपने जीवन या व्यवहार में उतारना, प्रतिमूर्त करना।

personnel (प:´-सॅ-नॅल्, पॅ:र्स्-अॅन्-अॅल्) *n.* 1. the people employed in any work or organisation, कार्यकर्तागण, कर्मचारीगण, कार्मिक, स्टाफ़। 2. the department dealing with the employees, कर्मचारियों से संबद्ध विभाग।

perspective (पॅ:-स्पॅक्´-टिव्) *n.* 1. the way of representing three dimensional objects on a two dimensional surface, त्रि-आयामी चित्रण, परिप्रेक्ष्य। 2. the relationship of aspects of a subject to each other and to a whole, परिप्रेक्ष्य। 3. point of view, दृष्टिकोण।

perspicacious (पॅ:-स्पी-के´-शॅस्, पॅ:-स्पॅ-के´-शॅस्) *adj.* having keen understanding or judgment, कुशाग्र बुद्धि, बुद्धिशील, विचक्षण।

perspicacity (पॅ:-स्पि-कैस्´-अॅ-टी) *n.* keen understanding, acuteness of perception, विचक्षणता, मानसिक कुशाग्रता, बुद्धिशीलता।

perspicuity (पॅ:-स्पि-क्यू´-अॅ-टी) *n.* lucidity, स्पष्टता।

perspicuous (पॅ:-स्पिक्´-यु-अॅस्) *adj.* easy to understand, clear, lucid, स्पष्ट, साफ़।

perspiration (पॅ:-स्पॅ-रे´-शॅन्) *n.* 1. act of sweating, पसीना आना, स्वेदन। 2. sweat, पसीना, स्वेद।

perspire (पॅ:-स्पाइ:´) *v.* (perspired, perspiring) 1. to sweat, पसीना आना। 2. to work hard, पसीना बहाना।

persuade (पॅ:-स्वेड्´) *v.* (persuaded, persuading) 1. to induce a person to believe or do something, समझाना-बुझाना। 2. to convince, राज़ी करना, मनाना। 3. to inspire, प्रेरित करना।

persuasion (पॅ:-स्वे´-ज़्हॅन्) *n.* 1. the act of persuading or the state of being persuaded, समझाव-बुझाव, मनावन। 2. the ability to persuade, समझाने-बुझाने या मनाने की क्षमता। 3. religious belief or conviction, धारणा, मत, धार्मिक विश्वास। 4. a particular party or group, दल या समूह, जमात।

persuasive (पॅ:-स्वे´-सिव्) *adj.* having the ability to persuade, समझा-बुझा लेनेवाला, राज़ी या प्रेरित कर लेनेवाला।

persuasively (पॅ:-स्वे´-सिव्-ली) *adv.* in a persuasive way, समझा-बुझाकर, राज़ी करके, मनाकर।

pert (पॅ:ट्) *adj.* 1. clever, चलता-पुर्ज़ा, चपल।

2. impudent, उद्धत, ढीठ, गुस्ताख़।

pertly (पॅ:ट्´-ली) *adv.* 1. cleverly, चतुराई से। 2. impudently, उद्धततापूर्वक, ढिठाई से।

pertness (पॅ:ट्´-निस्) *n.* the quality of being pert, चतुराई, चपलता; उद्धतता, ढिठाई, गुस्ताख़ी।

pertain (पॅ:-टेन्´) *v.* (pertained, pertaining) 1. to be part of, अंग होना, लगा या जुड़ा होना। 2. to be relevant, संबद्ध होना।

pertinacious (पॅ:-टि-ने´-शॅस्) *adj.* 1. determined, निश्चयबद्ध, दृढ़संकल्प।2. stubbornly persistent, unyielding, obstinate, अड़ियल, हठी, दुराग्रही।

pertinacity (पॅ:-टि-नैस्´-इ-टी) *n.* 1. determination, दृढ़ता। 2. obstinacy, हठीलापन, दुराग्रह।

pertinence (पॅ:´-टि-नॅन्स्) *n.* the state of being pertinent, प्रासंगिकता।

pertinent (पॅ:´-टि-नॅन्ट्) *adj.* 1. to the point, relevant, प्रासंगिक, उपयुक्त। 2. related, संबद्ध।

pertinently (पॅ:´-टि-नॅन्ट्-ली) *adv.* in a pertinent way, प्रासंगिक रूप से।

perturb (पॅ:-टःब्´) *v.* (perturbed, perturbing).1. to cause to upset, क्षुब्ध कर देना। 2. to make anxious, चिंतित कर देना।

perturbation (पॅ:-टॅ:-बे´-शॅन्) *n.* 1. act of perturbing or the state of being perturbed, क्षुब्ध करना या होना। 2. something that perturbs, क्षोभकारी बात या तत्त्व।

peruke (पॅ-रूक्´) *n.* a wig, विग।

perusal (पॅ-रूज़्´-अॅल्) *n.* study, अध्ययन, अनुशीलन, परिशीलन।

peruse (पॅ-रूज़्´) *v.* (perused, perusing) to study, अध्ययन करना, अनुशीलन करना।

pervade (पॅ:-वेड्´) *v.* (pervaded, pervading) to pass and spread throughout, to permeate, रच-बस जाना, व्याप्त होना, फैल जाना।

pervasion (पॅ:-वे´-ज़्हॅन्) *n.* the act of pervading or the state of being pervaded, रचाव-बसाव, व्याप्ति, फैलाव।

pervasive (पॅ:-वे´-सिव्) *adj.* pervading, रचा-बसा, व्यापक।

pervasiveness (पॅ:-वे´-सिव्-निस्) *n.* the quality of being pervasive, व्याप्ति।

perverse (पॅ:-वॅ:स्´, पॅ:´-वॅ:स्) *adj.* 1. directed away from what is normal, right or acceptable, पतित, भ्रष्ट, कुमार्गी, पथभ्रष्ट। 2. perverted, विकृत रुचिवाला। 3. wicked, दुष्ट।4. persisting in error or fault, जो ग़लत काम या राह न छोड़ता हो।

perversion (पॅ:-वः´-ज़्हॅन्) *n.* 1. the act of perverting or the state of being perverted, विकार, विकृति। 2. abnormal sex act, विकृत रति-क्रिया।

perversity (पॅ:-वः´-सि-टी) *n.* = perversion.

perversive (पॅ:-वः´-सिव्) *adj.* tending to pervert, विकृत-प्रवृत्ति।

pervert (पॅ:-वःट्´) *v.* (perverted, perverting) 1. to debase or corrupt, पतित या भ्रष्ट होना। 2. to misuse, दुरुपयोग करना। 3. to interpret incorrectly, ग़लत निर्वचन करना। *n.* a person who practises sexual perversion, विकृत रति-क्रियाओं में लिप्त व्यक्ति, विकृत-काम।

pervious (पः´-वी-अॅस्) *adj.* 1. that can be penetrated, भेद्य, पारगम्य।2. open-minded, खुले मस्तिष्कवाला।

peseta (पॅ-सेट्´-अॅ) *n.* the unit of money in Spain, स्पेनी सिक्का।

pesky (पॅस्´-की) *adj.* troublesome, दुखदायी, कष्टप्रद।

pessary (पॅस्´-अॅ-री) *n.* a contraceptive device, गर्भ-निरोधक उपकरण।

pessimism (पॅस्´-इ-मिज़्-अॅम्) *n.* the tendency to take darker or gloomy view of things, निराशावाद।

pessimist (पॅस्´-इ-मिस्ट्) *n.* one who takes darker or gloomy side of things, निराशावादी।

pessimistic (पॅस्-इ-मिस्´-टिक्) *adj.* of pessimism, निराशावादी।

pest (पॅस्ट्) *n.* 1. any destructive insect, टिड्डी, दीमक आदि कीड़ा। 2. a troublesome person or thing, दुखदायी वस्तु/व्यक्ति।

pester (पॅस्´-टॅ:) *v.* (pestered, pestering) to harass or bother continually, तंग करना, परेशान करना, पीछे पड़ जाना।

pesticide (पॅस्´-टि-साइड्) *n.* a substance used to kill pests, कीटनाशक पदार्थ।

pestiferous (पॅ-स्टिफ़्´-अॅ-रॅस्) *adj.* troublesome, annoying, दुखदायी, कष्टप्रद।

pestilence (पॅस्´-टि-लॅन्स्) *n.* a fatal infectious disease, महामारी।

pestilent (पॅस्´-टि-लॅन्ट्) *adj.* 1. troublesome, दुखदायी, कष्टप्रद। 2. fatal, घातक। 3. harmful, हानिकर, नुक्सानदेह। 4. likely to cause epidemic, महामारी फैलानेवाला।

pestle (पॅस्´-अॅल्) *n.* a tool used to pound substances, मूसल।

pet (पॅट्) *n.* 1. a domesticated animal kept for amusement, पालतू पक्षी या जानवर। 2. a darling, लाड़ला या दुलारा व्यक्ति। *adj.* 1. kept and treated as a pet, पालतू। 2. particularly cherished, दुलारा। *v.* (petted, petting) 1. to fondle, प्यार-दुलार करना। 2. to pat gently, थपथपाना। 3. to keep as a pet, पालतू रूप में रखना।

petal (पॅट्´-अॅल्) *n.* any of the separate parts of a flower head, (फूल की) पंखुड़ी।

petaled, petalled (पॅट्´-अॅल्ड्) *adj.* having petals, पंखुड़ीदार।

petard (पि-टा:ड्´) *n.* a craker, पटाका।

peter (पी´-टॅ:) *v.* □ **peter out,** to diminish gradually, धीरे-धीरे क्षीण हो जाना, क्षय हो जाना, बीच में ही रह जाना।

petiole (पॅट्´-इ-ओल्) *n.* the stalk to which a leaf is attached, पत्ती का डंठल, पर्णवृंत।

petit bourgeois (पॅ-टी-बु:ज़्ह्-वा) *n.* a member of the lower middle class, निम्न मध्यमवर्गीय व्यक्ति।

petite (पॅ-टीट्´) *adj.* (a woman) of small size and trim, ठिगनी और सजी-धजी (स्त्री)।

petition (पॅ-टिश्´-अॅन्) *n.* 1. a written application soliciting some favour, याचिका। 2. a request, आवेदन, प्रार्थना। *v.* (petitioned, petitioning) 1. to make a petition, याचिका प्रस्तुत करना। 2. to request, प्रार्थना करना।

petitionary (पॅ-टिश्´-अॅ-नॅ-री) *adj.* of petition, याचिका-संबंधी।

petitioner (पॅ-टिश्´-अॅ-नॅ:) *n.* 1. one who petitions, याचिका दाख़िल करनेवाला, याचिकादाता, याची। 2. one who makes a request, आवेदक, प्रार्थी।

petit mal (पॅट्´-इ-मैल्) *n.* a mild form of epilepsy, मिर्गी का हलका रूप।

pet name *n.* a term of address used to express affection, प्यार का नाम, दुलार-नाम।

petrel (पॅट्´-रॅल्) *n.* a seabird, एक जलपक्षी।

petrifaction (पॅट्-रि-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* act of petrifying or the state of being petrified, पत्थरवत् कर देना या हो जाना, पथराना।

petrify (पॅट्´-रि-फ़ाइ) *v.* (petrified, petrifying) 1. to change into stony substance, पत्थर हो जाना। 2. to make rigid, कठोर बना देना। 3. to stun, स्तब्ध हो जाना, हक्का-बक्का हो जाना।

petrodollar (पॅट्´-रॅ-डॉल्-अॅ:) *n.* money earned by a country by exporting oil, तेल के निर्यात द्वारा किसी देश द्वारा अर्जित धन।

petrol (पॅट्´-रॅल्) *n.* an oil obtained from petroleum, पेट्रोल।

petroleum (पॅ-ट्रो´-लि-अॅम्) *n.* a mineral oil, खनिज तेल।

petrology (पॅ-ट्रॉल्´-अॅ-जी) *n.* the scientific study of rocks, शैलविज्ञान, शैलिकी।

petticoat (पॅट्´-इ-कोट्) *n.* a woman's undergarment, साया, लहँगा, घघरी, पेटीकोट।

petticoat government *n.* the dominance of women in home or in politics, जनाना सरकार, स्त्री-राज्य।

pettifog (पॅट्´-इ-फ़ॉग्) *v.* (pettifogged, pettifogging) to resort to trickery, to quibble, (वकील द्वारा) तिकड़म का सहारा लेना, वाक्छल करना।

pettifogger (पॅट्´-इ-फ़ॉग्´-अ:) *n.* a dishonest lawyer who resorts to trickery, वह वकील जो वाकछल करता या तिकड़म से काम लेता हो, बेइमान वकील।

pettish (पॅट्´-इश्) *adj.* 1. ill-tempered, क्रोधी, बदमिज़ाज 2. irritable, peevish, चिड़चिड़ा।

petty (पॅट्´-ई) *adj.* 1. trivial, छोटा-मोटा, मामूली, साधारण। 2. small-minded, संकीर्ण विचारों-वाला।

petulance (पॅच्´-अ-लॅन्स्) *n.* irritability, peevishness, चिड़चिड़ापन, बदमिज़ाजी।

petulant (पॅच्´-अ-लॅन्ट्) *adj.* 1. irritable, चिड़चिड़ा। 2. ill-tempered, बदमिज़ाज।

pew (प्यू) *n.* a long bench, लंबा बेंच।

pewter (प्यू´-ट:) *n.* 1. an alloy of tin and lead, टीन और जस्ते से बनी मिश्र धातु। 2. an article made of this, इस धातु से बनी वस्तु।

phaeton (फ़े´-अ-टॅन्) *n.* a horse drawn carriage, घोड़ागाड़ी।

phalanx (फ़े´-लैंग्स्) *n.* 1. a mass of people, जनसमूह। 2. a number of people united for a common purpose, संघटित लोग, दल।

phallic (फ़ैल्´-इक्) *adj.* of the phallus, लिंग-संबंधी, लैंगिक; phallic worship, लिंगोपासना।

phallus (फ़ैल्´-अॅस्) *n.* 1. penis, लिंग। 2. an image of the penis, लिंग-चिह्न।

phantasm (फ़ैन्´-टैज़्-अॅम्) *n.* 1. an illusion, माया। 2. a phantom, प्रेत, भूत।

phantasmal (फ़ैन्´-टैस्-मॅल्) *adj.* illusive, मायिक।

phantasmic (फ़ैन्´-टैस्-मिक्) *adj.* illusive, मायिक।

phantasy *n.* see fantacy.

phantom (फ़ैन्´-टॅम्) *n.* 1. a ghost, प्रेतात्मा, प्रेतच्छाया, प्रेत-छाया, बैताल। 2. something without reality, माया।

Pharaoh (फ़ेंअर्´-ओ) *n.* the title of the kings of Egypt, फ़ैरो (मिस्र के सम्राटों की उपाधि)।

pharisaic, pharisaical (फ़ैर्-अॅ-से´-इक्, फ़ैर्-अॅ-से´-इ-कॅल्) *adj.* hypocritical, पाखंडपूर्ण।

Pharisee (फ़ैर्´-अॅ-सी) *n.* a member of an ancient Jewish sect, फ़रीसी।

pharmaceutic, pharmaceutical (फ़ा:-मॅ-स्यूट्´-टिक्, फ़ा:-मॅ-स्यूट्´-इ-कॅल्) *adj.* of medicinal drugs, औषधीय, भेषजीय।

pharmaceutics (फ़ा:-मॅ-स्यूट्´-इक्स्) *n.* pharmacy, भेषज विज्ञान।

pharmacist (फ़ा:´-मॅ-सिस्ट्) *n.* a druggist, औषधि-निर्माता तथा विक्रेता, भेषजिकी, भेषजज्ञ।

pharmacology (फ़ा:-मॅ-कॉल्´-अॅ-जी) *n.* the scientific study of medicinal drugs, भेषज-विज्ञान, औषध विज्ञान।

pharmacy (फ़ा:´-मॅ-सी) *n.* 1. the art of preparing and dispensing drugs, औषध-निर्माण। 2. a factory of drugs, औषधालय, औषधशाला। 3. a drugstore, औषध विक्रय केंद्र।

pharos (फ़ेंअर्´-ऑस्) *n.* a lighthouse, प्रकाशगृह।

pharyngitis (फ़ैर्-इन्-जाइ´-टिस्) *n.* inflammation of the pharynx, गले की झिल्ली की सूजन, ग्रसनीशोथ।

pharynx (फ़ैर्´-इंक्स्) *n.* the part of the alimentary canal at the back of nose and throat, ग्रसनी।

phase (फ़ेज़्) *n.* 1. a distinct stage, विशेष अवस्था, या स्थिति, प्रावस्था। 2. any of the shapes of the moon, कला। 3. a side or aspect, पहलू, पक्ष। 4. a part, भाग, हिस्सा। *v.* (phased, phasing) to carry out in stages, थोड़ा-थोड़ा करके कई बार में (काम को) पूरा

करना। □ **phase in,** धीरे-धीरे काम में लाना; **phase out,** धीरे-धीरे बाहर करना या निकाल देना।

pheasant (फ़ॅज़्´-ॲन्ट्) *n.* 1. any longtailed chicken like birds, तीतर, चेड़ या चकोर। 2. its flesh used as food, उक्त पक्षी का मांस।

phenix (फ़ि-निक्स्) *n.* = phoenix.

phenol (फ़ी´-नॅल्) *n.* carbolic acid, कारबोलिक एसिड।

phenomenal (फ़ि-नॉम्´-इ-नॅल्) *adj.* 1. of a phenomenon, दृश्यमान, दृष्टवान। 2. outstanding, असाधारण, उल्लेखनीय। 3. perceived by seness, इंद्रियग्राह्य, गोचर।

phenomenally (फ़ि-नॉम्´-इ-नॅ-ली) *adv.* in an outstanding way, उल्लेखनीय रूप से।

phenomenon (फ़ि-नॉम्´-ॲ-नॉन्/नॅन्) *n.* (plu. phenomena) 1. any event or fact that can be perceived by the senses, इंद्रियग्राह्य विषय, दृग्विषय। 2. a remarkable event, person or thing, कोई असाधारण घटना, व्यक्ति आदि।

phenyl (फ़ी´-नाइल्) *n.* फिनाइल।

phew (फ़्यू) *interj.* an exclamation of relief, surprise etc., ओह।

phial (फ़ाइ´-ॲल्) *n.* a small bottle, शीशी।

philander (फ़ि-लैन्´-डॅः) *v.* to make love without serious intent, (किसी पुरुष का किसी स्त्री से) इश्क लड़ाना।

philanderer (फ़ि-लैन्´-डॅ-रॅः) *n.* one who philanders, इश्कबाज़।

philanthropic (फ़िल्-ॲन्-थ्रॉप्´-इक्) *adj.* benevolent, परोपकारी व्यक्ति।

philanthropically (फ़िल्-ॲन्-थ्रॉप्´-इ-कॅ-ली) *adv.* in a philanthropic way, परमार्थ की भावना से।

philanthropist (फ़ि-लैन्´-थ्रॅ-पिस्ट्) *n.* a benevolent person, परोपकारी व्यक्ति।

philanthropy (फ़ि-लैन्´-थ्रॅ-पी) *n.* benevolence, परोपकार।

philatelist (फ़ि-लैट्´-ॲल्-इस्ट्) *n.* a stamp collector, टिकट-संग्राहक।

philately (फ़ि-लैट्´-ॲ-ली) *n.* the collection of stamps, टिकट-संग्रह।

philharmonic (फ़िल्-हाः-मोन्´-इक्) *adj.* devoted to music, संगीत-प्रेमी।

philippic (फ़ि-लिप्´-इक्) *n.* a speech intended to arouse opposition, विरोध जगाने के लिए किया जानेवाला भाषण।

philistine (फ़िल्´-ॲ-स्टीन्) *n.* a person indifferent to artistic and cultural values, असभ्य या फूहड़ व्यक्ति।

philologist (फ़ि-लॉल्´-ॲ-जिस्ट्) *n.* a linguistic, भाषाविज्ञानी।

philology (फ़ि-लॉल्´-ॲ-जी) *n.* linguistics, भाषाविज्ञान।

philosopher (फ़ि-लॉस्´-ॲ-फ़ॅः) *n.* an expert in philosophy, दर्शनशास्त्री, दार्शनिक।

philosophical (फ़िल्-ॲ-सॉफ़्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. of philosophy, दर्शन-संबंधी। 2. calm and rational, शांत और सौम्य।

philosophize (फ़ि-लॉस्´-ॲ-फ़ाइज़्) *v.* (philosophized, philosophizing) to explain or act philosophically, दार्शनिकों की तरह व्यवहार या व्याख्या करना, तत्त्वज्ञान की बातें करना।

philosophy (फ़ि-लॉस्´-ॲ-फ़ी) *n.* 1. speculative inquiry concerning the source and nature of human knowledge, दर्शनशास्त्र। 2. a system of principles for the conduct of life, दर्शनशास्त्र। 3. advance learning in general, उन्नत ज्ञान।

philter, philtre (फ़िल्´-टॅः) *n.* a magic drink, वशीकरण-पेय, मोहन-रस।

phlebitis (फ़्लॅ-बाइ´-टिस्) *n.* inflammation of a vein, रक्त-स्नायुओं की सूजन, शिराशोथ।

phlebotomy (फ़्लॅ-बॉट्´-ॲ-मी) *n.* an act or practice of bloodletting, ख़ून निकालने की (पुरानी) प्रक्रिया।

phlegm (फ़्लॅम्) *n.* mucus ejected through

mouth, कफ़, बलग़म, श्लेष्मा।

phlegmatic (फ़लेंग्-मैट्´-इक्) *adj.* 1. of phlegm, श्लैष्मिक। 2. unemotional, शांत।

phobia (फ़ो´-बि-अॅ) *n.* dread, भीति, भय।

phoenix (फ़ी´-निक्स्) *n.* 1. a legendary bird, ऐसा कल्पित पक्षी जो स्वयं जलकर मर जाता है और उसी राख से पुनः पैदा हो जाता है, अमरपक्षी। 2. a unique person, अद्वितीय व्यक्ति। 3. a beautiful person, अति सुंदर व्यक्ति।

phone (फ़ोन्) *n.* telephone, टेलिफ़ोन, दूरभाष। *v.* (phoned, phoning) to telephone, टेलिफ़ोन करना। □ **on the phone,** टेलिफ़ोन पर; **over the phone,** टेलिफ़ोन से।

phoneme (फ़ो´-नीम्) *n.* one of the smallest units of speech that serves to distinguish one word form the other, स्वनिम, धवनिग्राम।

phonetic (फ़ो-नेंट्´-इक्) *adj.* 1. of phonetics, स्वनिक, ध्वनिविज्ञान-संबंधी। 2. conforming to pronunciation, ध्वन्यात्मक।

phonetician (फ़ो-नॅ-टिश्´-अॅन्) *n.* an expert in phonetics, ध्वनिविज्ञानी।

phonetics (फ़ॅ-नेंट्´-इक्स्) *n.* the study of speech sounds, स्वनविज्ञान, ध्वनिविज्ञान।

phoney (फ़ो´-नी) *adj.* not genuine, fake, बनावटी, नकली।

phonics (फ़ॉन्´-इक्स्) *n.* 1. the study of sound, स्वनविज्ञान, ध्वनिविज्ञान। 2. the science of pronunciation, उच्चारण-विज्ञान।

phonogram (फ़ो´-नॅ-ग्राम्/ग्रैम्) *n.* a telegram through telephone, फ़ोन-तार।

phonograph (फ़ो´-नॅ-ग्राफ़्/ग्रैफ़्) *n.* a gramophone, फ़ोनोग्राफ़।

phonology (फ़ो-नॉल्´-अॅ-जी) *n.* the study of sounds in a language, स्वनविज्ञान, स्वनिमविज्ञान, ध्वानिकी।

phooey (फ़ू´-इ) *interj.* an exclamation of disgust, ऊँह; I don't behieve what you have said, आपने जो कहा है मुझे उस पर यक़ीन नहीं हो रहा।

phosphate (फ़ॉस्´-फ़ेट्) *n.* a salt of phosphoric acid, फ़ास्फ़ोरिक अम्ल का लवण, फ़ॉस्फ़ेट।

phosphorescence (फ़ॉस्-फ़ॅ-रेंस्´-सॅन्स्) *n.* the quality or state of being phosphorescent, टिमटिमाहट।

phosphorescent (फ़ॉस्-फ़ॅ-रेंस्´-अॅन्ट्) *adj.* glowing with a faint light, टिमटिमाता हुआ।

phosphoric (फ़ॉस्-फ़ॉर्´-इक्) *adj.* of or pertaining to phosphorus, फ़ास्फ़ोरसी।

phosphorus (फ़ॉस्´-फ़ॅ-रॅस्) *n.* a chemical element that ignites spontaneously at room temperature, फ़ास्फ़ोरस।

photo (फ़ो´-टो) *n.* a photograph, फ़ोटो।

photochromy (फ़ोट्-अॅ-क्रो´-मी) *n.* colour photography, रंगीनफ़ोटोग्राफ़ी।

photocopy (फ़ोट्´-अॅ-कॉप्-ई) *n.* a photographic copy of the original; फ़ोटो-प्रतिलिपि। *v.* (photocopied, photocopying) to make a photocopy (of, की) फ़ोटो प्रतिलिपि तैयार करना।

photo finish *n.* a race finish so close that the winner can be decided by the photograph only, ऐसी दौड़ जिसमें जीतनेवाले का पता फ़ोटो से ही हो सके, कड़ी स्पर्धा।

photoflash (फ़ोट्´-अॅ-फ़्लैश्) *n.* a flash bulb, फ्लैश बल्ब।

photogenic (फ़ोट्-अॅ-जेंन्´-इक्) *adj.* artistically suitable for being photographed, जिसका चित्र सुंदर उतरता हो, चित्रोचित।

photograph (फ़ोट्-अॅ-ग्राफ/ग्रैफ़्) *n.* a picture made by photography, फ़ोटो, फ़ोटोग्राफ़, फ़ोटोचित्र। *v.* (photographed, photographing) 1. to take a photograph of, फ़ोटो खींचना। 2. to practise photography, फ़ोटोग्राफ़ी करना।

photographer (फ़ॅ-टॉग्-रॅ-फ़ॅः) *n.* one who takes photographs, फ़ोटोग्राफ़र, छाया-चित्रकार।

photographic (फ़ॅ-टॅ-ग्रैफ़्´-इक्) *adj.* 1. of

photograph, फ़ोटोग्राफ़ संबंधी। 2. of photography, फ़ोटोग्राफ़ी-संबंधी। 3. recalling accurately, तीव्र स्मरणशक्ति वाला।

photographically (फ़-टॅ-ग्रैफ़्´-इ-कॅ-ली) *adv.* in a photographic manner, फ़ोटोग्राफ़ी के ढंग से।

photography (फ़-टॉग्´-रॅ-फ़ी) *n.* the art or profession of taking photographs, फ़ोटोचित्रण, फ़ोटोग्राफ़ी।

photostat (फ़ोट्´-अॅ-स्टेट्) *n.* 1. a machine that makes photographic copies, फ़ोटोस्टेट। 2. a copy made by such machine, फ़ोटोस्टेट कापी।

photosynthesis (फ़ोट्-अॅ-सिन्´-थॅ-सिस्) *n.* प्रकाश-संश्लेषण।

phrasal (फ्रे´-ज़ल्) *adj.* of or pertaining to a pharase or phases, पदबंधीय।

phrase (फ्रेज़्) *n.* a group of words forming a unit, पदबंध। ☐ **coin a phrase,** पदबंध गढ़ना। *v.* (phrased, phrasing) to express in words, शब्दों में व्यक्त करना।

phraseology (फ्रे-ज़ी-ऑल्´-अॅ-जी) *n.* the way in which words and phrases are used, शब्दों के प्रयोग तथा विन्यास का ढंग पदविन्यास।

phrenology (फ्रि-नॉल्´-अॅ-जी) *n.* the art of judging characteristics of a man by the shape of his skull, खोपड़ी देखकर व्यक्ति के चारित्रिक गुण बताने की कला, कपाल-विज्ञान।

phut (फ़ट्) *n.* a dull sound, फटने का शब्द, फट। ☐ **go phut,** चौपट हो जाना।

phylum (फ़ाइ´-लॅम्) *n.* (plu. phyla) any of the basic divisions of plants, animals, languages etc., पौधों, पशुओं, भाषाओं के मूल विभागों में से कोई एक विभाग।

physic (फ़िज़्´-इक्) *n.* (medicine) a laxative, जुलाब की ओषधि या दवा। *v.* (physicked, physicking) to treat with medicine, चिकित्सा करना, दवा पिलाना।

physical (फ़िज़्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. of the matter, भौतिक पदार्थों से संबद्ध, भौतिक, वस्तुगत। 2. of or relating to the nature, प्राकृतिक नियमों पर आधारित, प्राकृतिक। 3. of the body, शरीर-संबंधी, शारीरिक। 4. experienced through senses, इंद्रियगोचर। 5.of or relating to physics, भौतिकीय।

physical anthropology *n.* भौतिक नृविज्ञान।

physical education *n.* शारीरिक-शिक्षा।

physical geography *n.* भौतिक भूगोल।

physicality (फ़िज़्-इ-कैल्´-इ-टी) *n.* the condition or quality of being physical, शरीरभाव; इंद्रियगोचर, भौतिकता।

physically (फ़िज़्´-इ-कॅ-ली) *adj.* 1. with regard to the body, शारीरिक दृष्टि से। 2. according to the laws of nature, प्राकृतिक रूप से।

physical training *n.* training relating to the body and its needs, शारीरिक प्रशिक्षण।

physician (फ़ि-ज़िश्´-अॅन्) *n.* a medical practitioner, a doctor of medicine, ओषधियों से रोगों का उपचार करनेवाला; वैद्य, डॉक्टर या हकीम।

physicist (फ़िज़्´-इ-सिस्ट्) *n.* an expert in physics, भौतिक-विज्ञानी।

physics (फ़िज़्´-इक्स्) *n.* the science of matter and energy and of the interactions between the two, भौतिक शास्त्र, भौतिकी।

physiognomist (फ़िज़्-इ-ऑग्´-नॅ-मिस्ट्) *n.* an expert in physiognomy, आकृति-विज्ञानी।

physiognomy (फ़िज़्-इ-ऑग्´-नॅ-मी) *n.* the art of judging character from physical features, आकृति-विज्ञान, आकृतिकी।

physiological (फ़िज़्-इ-अॅ-लॉज्´-इ-कॅल्) *adj.* of or pertaining to physiology, शारीरिक, शरीरतंत्रीय।

physiology (फ़िज़्-इ-ऑल्´-अॅ-जी) *n.* the science concerned with the functioning of organisms, शरीर-विज्ञान, शारीरिकी, दैहिकी।

physiotherapy (फ़िज़्-इ-ओ-थॅर्´-अॅ-पी) *n.* physical therapy, व्यायाम, मालिश; ताप, बिजली के झटके आदि देकर की जानेवाली चिकित्सा।

physique (फ़ि-ज़ीक्´) *n.* the constitution of the body, शरीर की बनावट या गठन, अंगलेट।

pi (पाइ) *n.* any jumble or mixure, घाल-मेल, गड्ड-मड्ड। *v.* (pied, pieing) to mix up, घाल-मेल करना, गड्ड-मड्ड करना।

pianissimo (पि-अॅ-निस्´-इ-मो) *adv.* very softly, अत्यंत मंद स्वर में।

pianist (पि-ऐन्´-इस्ट्/पी´-अॅ-निस्ट्) *n.* one who plays piano, पियानोवादक।

piano (पि-ऐन्´-ओ) *n.* a musical instrument played by depressing keys, पियानो।

piazza (पि-ऐन्´-सॅ) *n.* 1. crossing, चौराहा। 2. a porch, पोर्च।

pica (पाइ´-कॅ) *n.* a size of printer's type equal to one sixth of an inch, पाइका, 12 प्वाइंट का टाइप।

picaresque (पिक्-अॅ-रॅस्क्´, पि-कॅ-रॅस्क्´) *adj.* relating to the adventures of a rogue, खलनायक के साहसिक क्रियाकलापों से संबद्ध।

piccanin (पिक्´-अॅ-निन्) *n.* a Black African child, काला अफ़्रीकी बच्चा।

piccaninny (पिक्-अॅ-नी´-नी) *n.* a small Negro child, हब्शी बालक।

pick (पिक्) *v.* (picked, picking) 1. to select, छाँटना, चुनना। 2. to gather, इकट्ठा करना। 3. to pluck, (फूल) तोड़ना, चुनना। 4. to nibble, चुगना। 5. to dig, कुरेदना, खोदना। 6. to steal, चुराना। 7. to provoke, उकसाना। ☐ **pick and choose,** सोच-विचार कर चुनना; **pick at,** टूँगना; **pick holes in,** छिद्रान्वेषण करना; **pick off,** एक-एक करके भून डालना या उड़ा देना; **pick on,** चयन करना; **pick one's steps,** सँभालकर कदम रखना; **pick out,** छाँटना; **pick over,** चुनना-बीनना। **pick up,** (i) to gather up, इकट्ठा करना। (ii) to obtain, प्राप्त करना। (iii) to improve, सुधार होना। (iv) to learn gradually, धीरे-धीरे सीखना। (v) to give a lift to a passenger, गाड़ी में बैठा लेना। (vi) to increase speed, गति बढ़ाना। (vii) to receive signals, संकेत प्राप्त करना। *n.* 1. a tooth pick, दंत खोदनी। 2. selection, चयन। 3. a person preferred, चुनिंदा व्यक्ति। 4. the best part of the lot, चुनिंदा हिस्सा।

pickaxe, pickax (पिक्´-ऐक्स्) *n.* a tool for breaking up hard ground, गैंती।

picked (पिक्ड्) *adj.* selected, चुना हुआ, चुनिंदा।

picket (पिक्´-इट्) *n.* 1. a worker or group of workers stationed before the entrance to a factory to persuade others workers from entering it during strike, धरना। 2. a group of such workers, धरना देनेवाले लोग। *v.* (picketed, picketing) to act as a picket, धरना देना।

picketing (पिक्´-इट्-इंग्) *n.* the act of holding a picket, धरना देने की क्रिया या भाव।

picket line *n.* a line or group of pickets, धरना देनेवालों की कतार या समूह।

pickiness (पिक्´-इ-निस्) *n.* fastidiousness, नाज़-नख़रा।

picking (पिक्´-इंग्) *n.* the act of selecting, चयन।

pickings (पिक्´-इंग्ज़्) *n.* 1. leftovers, बचे-खुचे टुकड़े। 2. a share of spoil, लूट का हिस्सा।

pickle (पिक्´-अॅल्) *n.* 1. vegetables preserved in mustered oil, vinegar, etc., अचार। 2. a difficult situation, कठिन स्थिति। *v.* (pickled, pickling) to preserve in oil or vinegar, अचार डालना।

pickled (पिक्´-अॅल्ड्) *adj.* drunk, नशे में चूर।

pick-me-up (पिक्´-मी-अप्) *n.* a tonic as a stimulant, टॉनिक।

pickpocket (पिक्´-पॉक्-इट्) *n.* one who steals money from other people's pock-

ets, जेबकतरा, गिरहकट।

pick-up (पिक्´-अप्) *n.* 1. a small open truck, माल ढोने की खुली-गाड़ी, पिकअप, पिकप। 2. ability to accelerate rapidly, सहसा गति बढ़ाने का गुण। 3. a casual acquaintance, आकस्मिक मुलाक़ाती। 4. a stop to collect passengers, goods, etc., स्टॉप, अड्डा।

picky (पिक्-ई) *adj.* excessively fastidious, नख़रेबाज़, मीनमेखी।

picnic (पिक्´-निक्) *n.* 1. a meal eaten outdoor on excursion, सैर-सपाटा, पिकनिक। 2. an easy task, सरल काम, सुसाध्य कार्य। *v.* (picnicked, picnicking) to go on a picnic, सैर-सपाटे पर जाना, पिकनिक पर जाना।

picnicker (पिक्´-निक्-अ:) *n.* a person taking part in a picnic, सैर-सपाटे पर जानेवाला, पिकनिक मनानेवाला।

picnic spot *n.* a place for enjoying picnics, पिकनिक-स्थल।

picot (पी´-को) *n.* one of a series of small loops forming an ornamental edging, पीको।

pictograph (पिक्´-टॅ-ग्राफ़्´/ग्रैफ़्) *n.* a picture representing an idea, चित्रलेख।

pictography (पिक्´-टॅ-ग्राफ़´/ग्रैफ़्´-ई) *n.* writing by the use of pictographs, चित्रलिपि, चित्रलेखन।

pictorial (पिक्-टोर्´-इ-अॅल्) *adj.* illustrated by pictures, सचित्र, चित्रीय। *n.* an illustrated periodical, सचित्र पत्रिका।

picture (पिक्´-चॅ:) *n.* 1. an image painted, drawn or photographed, चित्र, तस्वीर। 2. something that looks beautiful, चित्र-सी सुंदर वस्तु। 3. a painting, चित्र। 4. a film, motion picture, फ़िल्म। 5. an account or description, वर्णन। 6. the image on the television screen, पिक्चर। 7. the general situation, वस्तुस्थिति। □ **in the picture,** महत्त्वपूर्ण। *v.* (pictured, picturing) 1. to make a picture, तस्वीर बनाना, चित्रित करना। 2. to describe vividly, वर्णन करना, चित्रित करना।

picture card *n.* a postcard with a picture on one side, चित्रकार्ड, चित्रपत्रक।

picture gallery *n.* a hall containing a collection of pictures, चित्रशाला।

picture house *n.* a cinema, सिनेमाघर, छविगृह।

picturesque (पिक्-चॅ-रॅस्क्´) *adj.* 1. like a picture, चित्रात्मक, चित्रवत्, चित्रोपम, सजीव। 2. very beautiful, अति सुंदर। 3. very expressive, अभिव्यंजक।

picturize (पिक्´-चॅ-राइज़्) *v.* (picturized, picturizing) to make into a motion picture, फ़िल्म बनाना, फ़िल्मांकन करना।

piddle (पिड्´-अॅल्) *v.* (piddled, piddling) 1. to urinate, पेशाब करना। 2. to spend time idly, समय गँवाना या नष्ट करना। 3. to work sluggishly, सुस्ती से या लापरवाही से काम करना।

piddling (पिड्´-लिंग्) *adj.* trifling, तुच्छ।

pidgin (पिज्´-इन्) *n.* a language made up of elements of two or more languages, खिचड़ी भाषा।

pie (पाइ) *n.* 1. a pastry type baked dish, कचौड़ी। 2. a mixed disordered collection of types, पाई। 3. a disordered collection, घाल-मेल, खिचड़ी।

piebald (पाइ´-बा:ल्ड्) *adj.* spotted, चितकबरा, विशेषत: सफ़ेद और काला।

piece (पीस्) *n.* 1. a portion or slice, टुकड़ा, खंड। 2. a part, अंश, भाग, हिस्सा। 3. a chessman or other small object moved on a board, गोटी। 4. an instance or sample, उदाहरण, नमूना। 5. an artistic, musical or literary work, कलाकृति, रचना। 6. a fixed unit of work, छोटा-मोटा काम। □ **go to pieces,** (i) अपने पर नियंत्रण खो बैठना,

(ii) टुकड़े-टुकड़े हो जाना, बिखर जाना, चौपट हो जाना; **give someone's a piece of one's mind,** खरी-खरी सुनाना, डाँटना। *v.* (pieced, piecing) to add a piece or pieces to, टुकड़ा या टुकड़े जोड़ना, थिगली लगना, मरम्मत करना।

piece-de-resistance (पेंस्´-डि-रें-ज़िस्-टास्) *n.* 1. the principal dish of a meal, भोजन का मुख्य व्यंजन। 2. an outstanding item, प्रमुख मद/चीज़। (फ्रांसीसी)

piecemeal (पीस्´-मील्) *adv.* one piece at a time, एक-एक करके। *adj.* made piece by piece, एक-एक कर बनाया हुआ।

piecework (पीस्´-व़ःक्) *n.* work paid for according to the quantity produced, खुदरा काम, उजरती काम।

pied (पाइड्) *adj.* having two or more colours, रंग-बिरंगा, चितकबरा।

pied-a-terre (पी-एड्-अ-टेंअ:) *n.* a second or temporary lodging, दूसरा घर। (फ्रांसीसी)

pied-eyed (पाइड्´-आइड्) *adj.* drunk, नशे में चूर।

pier (पिअ:) *n.* 1. the structure built over the water used as a landing place, पोतघाट। 2. a pillar of a bridge, पाया।

pierce (पिअ:स्) *v.* (pierced, piercing) 1. to pass through like a sharp-pointed instrument, घुसेड़ना, भोंकना, चुभोना। 2. to force one's way through, (भीड़ को चीरते हुए) रास्ता निकालना। 3. to sound sharply, कान फोड़ना।

piercing (पिअ:´-सिंग्) *adj.* 1. penetrating sharply, भेदक। 2. sharp, तेज़, प्रचंड।

piercingly (पिअ:´-सिंग्-ली) *adv.* sharply, प्रचंड रूप से।

pierrot (पी´-अ-रो) *n.* a clown, विदूषक। (फ्रांसीसी)

pieta (पी-ए-टा´, प्या-टा´) *n.* a picture in which Mary is weeping over the body of Jesus after the Crucifixion, यीशु के शव पर रुदन करती हुई मेरी का चित्र या प्रतिमा।

piety (पाइ´-अ-टी) *n.* piousness, पवित्रता या सच्चरित्रता।

piezoelectric (पी-ए-ज़ो-इ-लेंक्´-ट्रिक्) *adj.* becoming electrically polarized under pressure, दाबविद्युती।

piezoelectricity (पि-ए-ज़ो-इ-लेंक्-ट्रिस्´-इ-टी) *n.* the generation of electricity by mechanically stressing crystals, दाबविद्युत।

piffle (पिफ़्´-अल्) *n.* trivial nonsense, बकवाद, बकबक। *v.* (piffled, piffling) to talk nonsense, बकवाद करना।

piffling (पिफ़्´-लिंग्) *adj.* worthless, तुच्छ, नगण्य।

pig (पिग्) *n.* 1. a domestic or wild mammal having a broad nose, सुअर। 2. a dirty and greedy person, गंदा और लोभी व्यक्ति। ☐ **buy a pig in a poke,** बिना देखे-भाले कोई चीज़ खरीद लेना।

pigeon (पिज्´-अन्, पिज्´-इन्) *n.* a bird of the dove family, कबूतर, कपोत।

pigeonhole (पिज्´-अन्-होल्) *n.* 1. a compartment in a desk, ख़ाना। 2. a set of small boxes for pigeons to nest in, दरबा। *v.* (pigeonholed, pigeonholing) 1. to put in a pigeonhole, ख़ाने में रखना। 2. to put aside and ignore, रद्दी की टोकरी में फेंकना।

piggery (पिज्´-अ-री) *n.* a place where pigs are kept, pigsty, सुअर-बाड़ा।

piggish (पिग्´-इश्) *adj.* 1. haughty, जिद्दी, हठी। 2. greedy, लालची। 3. dirty, गंदा, नीच।

piggishly (पिग्´-इश्-ली) *adv.* like a pig, सुअर की तरह, हठपूर्वक।

piggishness (पिग्´-इश्-निस्) *n.* haughtiness, जिद्दीपन, हठ।

piggy (पिग्´-ई) *adj.* 1. like a pig, सुअर-जैसा। 2. a piglet, सुअर का बच्चा।

pigheaded (पिग्´-हेंड्-इड्) *adj.* stubborn, जिद्दी।

pig iron *n.* crude irn that is the direct product of the blast furnace, कच्चा लोहा, ढलवाँ लोहा।

piglet (पिग्´-लिट्) *n.* a young pig, सुअर का बच्चा।

pigment (पिग्´-मॅन्ट्) *n.* colouring matter, रंगद्रव्य, वर्णक।

pigmentation (पिग्-मॅन्-टे´-शॅन्) *n.* colouration caused by the presence of pigments, रंजन, वर्णकता।

pigpen (पिग्´-पॅन्) *n.* a pigsty, सुअर-बाड़ा।

pigskin (पिग्´-स्किन्) *n.* the skin of a pig, सुअर की खाल।

pigsticking (पिग्´-स्टिक्-इंग्) *n.* hunting of wild pigs, जंगली सुअरों का शिकार, शूकर-आखेट।

pigsty (पिग्´-स्टाइ) *n.* 1. a place where pigs are kept, सुअर-बाड़ा। 2. a dirty place, गंदा स्थान।

pigtail (पिग्´-टेल्) *n.* 1. a braid of hair, लट। 2. ponytail, स्त्रियों की कमर पर लटकती वेणी।

pike (पाइक्) *n.* 1. a fish with a long narrow snout, एक तरह की मछली। 2. a spear, भाला, बरछा। *v.* (piked, piking) to kill or pierce with a pike, भाले से प्रहार करना, बरछा भोंकना।

pikeman (पाइक्´-मॅन्) *n.* a person armed with a pike, भालाबरदार।

piker (पाइ´-कॅः) *n.* a petty person, तुच्छ या नगण्य व्यक्ति।

pilaster (पि-लैस्´-टॅः) *n.* a rectangular column, आयताकार खंभा।

pile[1] (पाइल्) *n.* 1. a heap, ढेर, अंबार, चट्टा। 2. a large accumulation, बड़ा भारी संग्रह, संचय, अंबार। 3. a funeral pyre, चिता। *v.* (piled, piling) 1. to heap up, ढेर लगाना। 2. to accumulate, संग्रह करना, इकट्ठा करना। 3. to crowd, भीड़-भाड़ करना।

pile[2] *n.* a heavy beam driven into the earth as a support for a structure, लकड़ी की चाँड़, बल्ली, खंभा।

piles (पाइल्ज़्) *n.* (plu.) haemorrhoids, बवासीर, अर्श।

pileup (पाइल्´-अप्) *n.* a collision of several motor vehicles, कई मोटर गाड़ियों की भिड़ंत।

pilfer (पिल्´-फ़ॅः) *v.* (pilfered, pilfering) to steal small items, छोटी-मोटी चीज़ें चुराना/उड़ा ले जाना, उचक्कागीरी करना, उठाईगीरी करना।

pilferage (पिल्´-फ़ॅ-रिज्) *n.* the act of pilfering, उचक्कागीरी, उठाईगीरी।

pilferer (पिल्´-फ़ॅर्-अॅः) *n.* one who pilfers, उचक्का, उठाईगीर, चोर।

pilgrim (पिल्´-ग्रिम्) *n.* 1. a person who goes on a pilgrimage, तीर्थयात्री। 2. a traveller, यात्री।

pilgrimage (पिल्´-ग्रॅ-मिज्) *n.* a journey to a sacred place, तीर्थयात्रा, यात्रा।

pill (पिल्) *n.* a small ball of medicine, दवा की गोली, बटी। □ **swallow a bitter pill,** कड़ुआ घूँट पी जाना; **sweeten the pill,** कड़वी बात को मीठे शब्दों में लपेटकर कहना।

pillage (पिल्´-इज्) *v.* (pillaged, pillaging) 1. to plunder, लूट-पाट करना। 2. to take as a spoil, लूट का माल प्राप्त करना। *n.* 1. plunder, लूट-पाट। 2. booty, लूट का माल।

pillar (पिल्´-अॅः) *n.* 1. a column, खंभा, स्तंभ। 2. a chief supporter, प्रमुख या दृढ़ समर्थक। □ **from pillar to post,** दर-दर।

pillbox (पिल्´-बॉक्स्) *n.* 1. a small box for pills, गोलियाँ रखने का डिब्बा। 2. a fortified underground shelter, वह पक्की कोठरी जिससे सैनिक गोलियाँ छोड़ते हैं, पिलबाक्स।

pillion (पिल्´-इअॅन्) *n.* a seat behind the driver of a scooter, motorcycle etc., स्कूटर, मोटरसाइकिल आदि की पिछली सीट; to ride pillion, पिछली सीट पर बैठना।

pillory (पिल्´-अॅ-री) *n.* a wooden framework in which offenders were locked in

olden times, दंडित करने के लिए अपराधी को जकड़कर रखने का लकड़ी का ढाँचा, टिकठी। *v.* (pilloried, pillorying) to put into the pillory, काठ के ढाँचे में अपराधी को जकड़ देना।

pillow (पिल्´-ओ) *n.* a pillow used to support the head, तकिया। *v.* (pillowed, pillowing) to rest one's head on the pillow, तकिया लेना/लगाना।

pillowcase, pillowslip (पिल्´-ओ-केस्/स्लिप्) *n.* a cover for a pillow, तकिए की खोली।

pilot (पाइ´-लॅट्) *n.* 1. an operator of an aircraft, विमानचालक। 2. a leader or guide, नेता या मार्गदर्शक। *v.* (piloted, piloting) 1. to serves as the pilot of, विमानचालन करना। 2. to lead or guide, मार्गदर्शन करना। *adj.* experimental, प्रयोगात्मक।

pilotage (पाइ´-लॅट्-इज्) *n.* 1. the act of piloting, विमानचालन। 2. the charge for this, विमान चलाने का पारिश्रमिक।

pilot car *n.* a car that guides the procession, पायलट गाड़ी, मार्गदर्शी गाड़ी।

pilotless (पाइ´-लॅट्-लिस्) *adj.* having no pilot, चालकविहीन।

pimento (पि-मॅन्´-टो) *n.* a sweet pepper, मीठी मिर्च।

pimp (पिम्प्) *n.* one who procures customers for a prostitute, रंडी या रंडियों का दलाल, कुटना। *v.* (pimped, pimping) to serve as a pimp, दलाली करना।

pimple (पिम्´-पॅल्) *n.* any small inflamed swelling of the skin, फुंसी, दाना, मुँहासा आदि।

pimply (पिम्´-प्ली) *adj.* full of pimples, फुंसियों-भरा, दानों या मुँहासों से युक्त।

pin (पिन्) *n.* 1. a short, stiff and pointed piece of wire for fastening things together, पिन, आलपीन। 2. a nail, कील। 3. a peg, खूँटी। 4. a stick with a flag on it, शलाका। 5. a hairpin or safety pin, बालों की सुई, बक्सुआ आदि। □ **not to care two pins,** बिल्कुल परवाह न करना। *v.* (pinned, pinning) 1. to fasten with a pin, पिन लगाकर नत्थी करना। 2. to attach, जोड़ना, लगाना। □ **pin back one's ears,** कान लगाकर सुनना; **pin down,** बाँधकर रखना; **pin one's hopes on someone,** सहायता के लिए किसी पर आस लगाए होना।

pinafore (पिन्´-अॅ-फा:) *n.* an appron. वस्त्ररक्षक।

pince-nez (पैन्स्-ने´) *n.* a pair of glasses that clips on the nose, एक प्रकार का चश्मा जिसमें कमानी नहीं होती।

pincers (पिन्´-सॅ:ज़्) *n.* a tool for pulling nails, एक तरह चिमटी या सँडसी पिंसर।

pinch (पिंच्) *v.* (pinched, pinching) 1. to press lightly between finger and thumb, चिकोटी काटना, चुटकी भरना। 2. to press or tighten, दबाना, जकड़ना, कसना। 3. to steal or take without asking, चुरा लेना या उठा ले जाना। *n.* 1. a squeeze, चिकोटी, चुटकी। 2. a very small quantity, चुटकी भर सामान। 3. painful stress, कष्टकारी दबाव, तकलीफ़।

pincode (पिन्´-कोड्). a group of numbers allotted to a particular city, village or area, as part of address, पिनकोड।

pincushion *n.* a pad for pins, पिनगद्दी, पिनकुशन।

pindrop silence *n.* total silence, पूर्ण नीरवता, निस्तब्धता।

pine[1] (पाइन्) *v.* (pined, pining) 1. to become thin through worry, चिंता से सूख जाना। 2. to yearn, लालसा करना।

pine[2] *n.* 1. an evergreen tree, चीड़ या देवदार। 2. its wood, चीड़ या देवदार की लकड़ी।

pineal (पिन्´-ई-अॅल्) *adj.* like a pine cone, शंकु रूप।

pineapple (पाइ´-नॅप्-अॅल्) *n.* a plant and its fruit, अनानास, अनन्नास।

pinecone (पाइन्´-कोन्) *n.* the cone of a pine tree, देवदार वृक्ष का शंकु।

pinery (पिन्´-अॅ-री, पिन्´-अॅर्-ई) a forest of pine trees, देवदार का जंगल।

pinfold (पिन्´-फ़ोल्ड्) *n.* a place where stray animals are confined, काँजीहाउस, पशुघर।

ping (पिंग्) *n.* a sharp ringing sound, तड़तड़ (शब्द), तड़तड़ाहट। *v.* (pinged, pinging) to make this sound, तड़तड़ाना।

pingpong (पिंग्´-पॉङ्ग्) *n.* = table tennis.

pinhead (पिन्´-हॅड्) *n.* 1. the head of a pin, पिन का माथा। 2. a foolish person, मूर्ख व्यक्ति।

pinion (पिन्´-इअॅन्) *n.* 1. a bird's wing, डैना, पंख। 2. a fogwheel, दाँतेदार चक्र, गरारी। *v.* (pinioned, pinioning) 1. to clip the wings of a bird, पक्षी के पर या डैने बाँध या काट देना। 2. to fix in one place, जकड़ देना, बाँध देना।

pink (पिंक्) *adj.* 1. pale red, गुलाबी। 2. having slightly left-wing political views, जिसका कुछ-कुछ झुकाव वामपंथ की ओर हो। *n.* 1. a pale reddish colour, गुलाबी रंग। 2. highest degree of excellence, पूर्णावस्था। *v.* (pinked, pinking) 1. to pierce or stab lightly, हथियार से छेदना। 2. to decorate with a pattern of small holes, छोटे-छोटे छेदों से (चमड़े को) सजाना। 3. to cut with a pinking shears, दाँतेदार कैंची से काटना।

pink elephant *n.* (plu.) hallucinations while drunk, नशे में दिखाई पड़नेवाले तारे।

pinkeye (पिंक्´-काई) *n.* conjunctivitis, एक प्रकार का नेत्र रोग।

pinkie (पिंक्´-की) *n.* the little finger of the hand, छोटी उँगली, कनिष्ठिका।

pinking shears *n.* a scissors with notched blades, कपड़ा काटने की दाँतेदार कैंची।

pinkish (पिंक्´-किश्) *adj.* rather pink, हलका गुलाबी।

pin money *n.* an allowance by a husband to his wife, पति द्वारा पत्नी को दिया जानेवाला जेबखर्च।

pinnace (पिन्´-अॅस्) *n.* a ship's small boat, छोटी नाव, नौका।

pinnacle (पिन्´-अॅ-कॅल्) *n.* 1. a peak, चोटी, शिखर। 2. a tower, बुर्ज, मीनार। 3. the highest point, चरमबिंदु, पराकाष्ठा।

pinnate (पिन्´-एट् /इट्) *adj.* 1. featherlike, पंख-जैसा, पक्षाकार। 2. having leaves along each side of a stalk, (पौधा) जिसके डंठलों के दोनो ओर पत्ते हों।

pinny (पिन्´-ई) *n.* a child's apron, बच्चों की पोशाक के ऊपर का आवरण/वस्त्ररक्षक।

pinpoint (पिन्´-पॉइन्ट्) *n.* 1. an insignificant thing, नगण्य वस्तु। 2. the point of the pin, पिन की नोक। *adj.* exact, सही, सटीक, सुनिश्चित। *v.* (pinpointed, pinpointing) to show the exact location of, सही जगह बताना।

pinprick (पिन्´-प्रिक्) *n.* 1. the sensation or pain caused by pricking a pin, पिन की चुभन। 2. a small irritation, मामूली कष्ट, खिझानेवाली बात।

pint (पाइन्ट्) *n.* 1. a measure of liquid equal to 0.568 litre, पिंट। 2. a pint of bear or whiskey, अद्धा।

pintsize, pintsized (पाइन्ट्´-साइज़्, पाइन्ट्´-साइज़्ड्) *adj.* very small, बहुत छोटा, नगण्य।

pin-up (पिन्´-अॅप्) *n.* a picture of a sexually attractive woman partially or totally undressed pinned up on a wall, दीवार पर लगा नग्न या अर्धनग्न स्त्री का कामुक चित्र।

pioneer (पाइ-अॅ-निअॅ:) *n.* a person who initiates something new, अग्रगामी, पुरोगामी, पथप्रदर्शक। *v.* (pioneered, pioneering) to initiate or lead, पहल करना या पथप्रदर्शन करना।

pious (पाइ´-अॅस्) *adj.* 1. devout, धर्मपरायण, धर्मशील। 2. holy, पवित्र, पावन, पाक। 3. ostentatious, आडंबरी।

piousness (पाइ´-अॅस्-निस्) *n.* 1. religious devoutness, धर्मपरायणता, धर्मशीलता। 2. sacredness, पवित्रता, पावनता।

pip (पिप्) *n.* 1. a dot on a playing card or dice, बिंदी, बुँदकी। 2. a seed of an orange, appie etc., संतरे, सेब आदि का बीज। 3. a signal, संकेत। 4. a chirp, चींचीं।

pipe (पाइप्) *n.* 1. a tube used to convey a fluid or gas, पाइप, नली। 2. a flute, बाँसुरी। 3. boat's whistle, (नाविक की) सीटी। 4. a short high sound used as a time signal, टिक, पिप। 5. a container (of whiskey, शराब का) पीपा। *v.* (piped, piping) 1. to convey through pipes, पाइप/नल से ले जाना। 2. to play on a flute, बाँसुरी/सीटी बजाना। 3. to chirp, (पक्षियों का) बोलना, चहकना। 4. to ornament with piping, गोट या झालर लगाना। □ **pipe down,** to stop talking, चुप करना; **pipe up,** to start speaking or singing loudly, गाने लगना, चहकना चिल्लाना।

pipe dream *n.* a fanciful plan, काल्पनिक योजना।

pipeline (पाइप्´-लाइन्) *n.* 1. a pipe for conveying petroleum, gas etc., पाइपलाइन। 2. a channel of supply, पूर्ति का मार्ग। 3. a channal of information, सूचना का मार्ग।

piper (पाइ´-पः) *n.* a person who plays on a pipe, बाँसुरीवादक; one who pays the piper calls the tune, जिसका पैसा उसकी धुन, जो खर्चा उठाता है वही मनचाहा काम कराता है।

pipes (पाइप्स्) *n.* a bagpipes, मशकबीन।

pipette (पाइ-पेंट्´) *n.* a glass tube for measuring liquids, नलिका।

piping (पाइ´-पिंग्) *n.* 1. system of pipes, नलतंत्र। 2. the art of playing a pipe, बाँसुरीवादन। 3. a narrow band used as a trimming on fabric, गोट, झालर, पाइपिंग। □ **piping hot,** बहुत गर्म।

pipit (पिप्´-इट्, पिप्´-अॅट्) *n.* a song bird, गानेवाली चिड़िया।

pippin (पिप्´-इन्) *n.* a variety of apple, एक प्रकार का सेब, पिपिन।

pipsqueak (पिप्´-स्क्वीक्) *n.* a contemptlible person or thing, हेय व्यक्ति या वस्तु।

piquancy (पी´-कॅन्-सी) *n.* pungency, चटपटापन।

piquant (पी´-कॅन्ट्/कान्ट्) *adj.* 1. pleasantly pungent, चटपटा, मसालेदार। 2. stimulating, उद्दीपक, उत्तेजक। 3. interesting and exciting, मन में खलबली पैदा करनेवाला, रोचक; a piquant situation, रोचक स्थिति।

pique[1] (पीक्) *v.* (piqued, piquing) to cause to feel resentment, खिझाना, चिढ़ाना। *n.* the feeling of resentment, खीझ, चिढ़।

pique[2] *n.* a cotton fabric, एक प्रकार का बढ़िया गफ़ सूती कपड़ा।

piquet (पि-के´) *n.* a card game, ताश का एक खेल।

piracy (पाइ´-रॅ-सी) *n.* 1. robbery of ships, समुद्री डकैती, जलदस्युता। 2. unauthorised use of a patented or copyrighted work, पेटेंट या कापीराइट की चोरी, साहित्यिक चोरी।

pirate (पाइ´-रॅट्) *n.* 1. a sea-robber, समुद्री डाकू, जलदस्यु। 2. one who infringes another's copyright, चोर, कापीराइट की चोरी करनेवाला, साहित्यिक चोर। *v.* (pirated, pirating) to reproduce someone's work illicitly, चोरी करना।

piratic, piratical (पि-रैट्´-इक्, पी-रैट्´-इ-कॅल्) *adj.* of or like a pirate, जलदस्यु का, जलदस्युवत्, चोरी का।

pirouette (पिर्-उ-अॅट्´) *n.* a full turn of the body on the toes or the ball of the foot, पंजे या एड़ी के बल लगाया हुआ चक्कर। *v.* (pirouetted, pirouetting) to perform a pirouette, पंजे या एड़ी के बल घूम जाना।

piscary (पिस्´-कॅ-री) *n.* the right of fishing, मछली पकड़ने का अधिकार।

piscatorial (पिस्-कॅ-टोर्´-इ-ॲल्) *n.* 1. of fishing, मछली पकड़ने से संबद्ध। 2. of fish, मछली-संबंधी, मत्स्य-।

piscatory (पिस्´-कॅ-टॅ-री) *adj.* of fishing, मछली पकड़ने से संबद्ध, मत्स्य-।

Piscean (पाइ´-सि-ॲन्) *adj.* 1. of Pisces, मीन राशि-संबंधी। 2. born in Pisces, मीन राशि में जन्मा।

Pisces (पाइ´-सीज़्) *n.* the twelfth sign of Zodiac, मीन राशि।

pisciculture (पिस्´-इ-कॅल्-चॅः) *n.* breeding and rearing of fish, मछलीपालन, मत्स्यपालन।

piscine (पिस्´-इन्) *adj.* of or resembling a fish, मत्स्य-।

piscivorous (पि-सिव्´-ॲ-रॅस्) *adj.* fisheating, मत्स्याहारी, मछली-भक्षक।

pish (पिश्) *interj.* an exclamation of contempt, छीछी! थूथू! *v.* (pished, pishing) to make this exclamation (at), छीछी (थूथू) करना।

pismire (पिस्´-माइः) *n.* an ant, चींटी।

piss (पिस्) *v.* (pissed, pissing) 1. to urinate, पेशाब करना, मूतना। 2. to discharge with the urine, पेशाब के रास्ते (मवाद, ख़ून आदि) जाना। *n.* urine, पेशाब, मूत्र।

pissed (पिस्ड्, पिस्ट्) *adj.* drunk, नशे में धुत।

pistachio (पि-स्टैश्´-इ-ओ) *n.* a tree and its nut, पिस्ता।

pistachio green *adj.* of the colour of pistachio, पिस्ते के रंग का, पिस्तई।

pistil (पिस्´-टिल्) *n.* (Bot.) the female reproductive part of a flower, फूल का बीजोत्पादक मादा हिस्सा, स्त्रीकेसर, गर्भकेसर।

pistol (पिस्ट्´-ॲल्, पिस्´-टॅल्) *n.* a small firearm, पिस्तौल। *v.* (pistolled, pistolling) to shoot with a pistol, पिस्तौल से मार डालना।

pistol-whip (पिस्ट्-ॲल्-ह्विप्´) *v.* (pistol-whipped, pistol-whipping) to beat with a pistol barrel, पिस्तौल की दुनाली से आघात करना।

piston (पिस्´-टॅन्) *n.* a cylinder or disc that slides in a hollow, पिस्टन।

pit[1] (पिट्) *n.* 1. a hole in the ground, गड्ढा। 2. a pitfall, चोरगड्ढा। 3. a depression in the skin, गड्ढा। 4. a mine, खान। 5. the seat of musicians at the theatre, रंगशाला में वादकों के बैठने का स्थान। *v.* (pitted, pitting) to make pits, गड्ढे बनाना। □ **pit against,** सामना करना।

pit[2] *n.* the stone of a fruit, गुठली।

pit-a-pat (पिट्´-ॲ-पैट्) *n.* a quick tapping sound, थपथप, तड़तड़, धकधक। *adv.* with quick light taps, थपथपाते हुए, थपथप करते हुए, तड़तड़ाते हुए। *v.* (pit-a-pated, pit-a-pating) to make quick light taps, थपथपाना, थपथप करना।

pitch[1] (पिच्) *v.* (pitched, pitching) 1. to hurl or throw, फेंकना। 2. to erect (a tent, टेंट) खड़ा करना। 3. to encamp, पड़ाव डालना। 4. to establish, स्थापित करना। 5. to fall heavily, धड़ाम से गिरना। 6. to set a tune, सुर बाँधना। 7. to establish trump, रंग खोलना। 8. to plunge, डुबकी लगाना। □ **pitch in** (i) ज़ोर-शोर से शुरू करना; (ii) सहयोग करना; **pitch into,** डाँटना-डपटना। *n.* 1. an act or manner of throwing the ball, बाल फेंकने का ढंग। 2. the degree of elevation or depression, ऊँचाई या निचाई का मान। 3. slope, ढाल। 4. the area between the stumps, पिच, खेल-पट्टी। 5. the degree of highness or lowness of the voice or a musical note, स्वर की ऊँचाई या मंदी की मात्रा। 6. a point or stage of development, विकास की स्थिति।

pitch[2] *n.* tar or asphalt, अलकतरा। *v.* (pitched, pitching) to apply pitch to, अलकतरा डालना।

pitchblack (पिच्´-ब्लैक्) *adj.* extremely dark, गहरा काला, एकदम काला।

pitchblende (पिच्´-ब्लेंन्ड्) *n.* the ore of ura-

nium, वह मिट्टी जिसमें से यूरेनियम निकलता है।

pitchdark (पिच्´-डा:क्) *n.* extremely dark, अंधेरा-घुप्प।

pitched battle *n.* 1. in former times, a battle on a chosen ground between complete forces, घमासान युद्ध। 2. any fierce encounter, ज़ोरदार भिड़ंत।

pitcher[1] (पिच्´-अ:) *n.* an earthen vessel with a narrow neck, घड़ा, मटका, कलश, सुराही।

pitcher[2] *n.* a baseball player who throws the ball, पिचर।

pitcherful (पिच्´-अ:-फ़ुल्) *n.* as much as a pitcher can hold, घड़ा-भर।

pitchfork (पिच्´-फ़ॉ:क्) *n.* a fork for lifting hay, पाँचा।

pitchman (पिच्´-मॅन्) *n.* a street vendor, फेरीवाला।

pitchy (पिच्´-ई) *adj.* of pitch, अलकतरे का।

piteous (पिट्´-ई-अॅस्) *adj.* arousing pity, दयनीय, कारुणिक, करुण।

pitfall (पिट्´-फ़ा:ल्) *n.* 1. a covered pit used as a trap, चोर-गड्ढा। 2. a difficulty or danger, झमेला, ख़तरा।

pith (पिथ्) *n.* 1. the spongy substance, गूदा, मज्जा। 2. the essential part, सार, सारांश। 3. force, strength, शक्ति, ज़ोर, दबाव।

pithily (पिथ्´-इ-ली) *adv.* forcefully, शक्तिपूर्वक।

pithy (पिथ्´-ई) *adj.* 1. full of pith, गूदेदार। 2. (fig.) full of meaning, अर्थपूर्ण, सारगर्भित।

pitiable (पिट्´-इ-अॅ-बॅल्) *adj.* 1. arousing pity, दयनीय, करुणाजनक। 2. deserving contempt, घृणित।

pitiful (पिट्´-इ-फ़ुल्) *adj.* 1. pitiable, दयनीय, करुणाजनक। 2. contemptible, हेय।

pitiless (पिट्´-इ-लिस्) *adj.* 1. showing no pity or mercy, दयाविहीन। 2. without mercy, निर्दय, कठोर, प्रचंड।

pitman (पिट्´-मॅन्) *n.* a coal miner, कोयले की खान का मज़दूर, कोयला खनक।

pittance (पिट्´-अॅन्स्) *n.* a meagre allowance or salary, नाम मात्र का भत्ता या वेतन।

pitted (पिट्´-इड्) *adj.* 1. marked with pits, गड्ढोंवाला। 2. with pits removed, (फल) जिसकी गुठलियाँ या बीज निकाल दिए गए हों।

pituitary (पि-ट्यू´-इ-टॅ-री) *n.* a gland secreting mucus, श्लेष्मा ग्रंथि, पियुषिका।

pity (पिट्´-ई) *n.* 1. compassion, दया, तरस, रहम। 2. cause of regret, खेद की बात, बुरी बात। □ **for pity's sake,** दया करके; **take pity on,** दया आना। *v.* (pitied, pitying) to feel pity for, दया करना, तरस खाना।

pivot (पिव्´-अॅट्) *n.* 1. the rod or shaft on which something rotates, धुरी, कीली। 2. a central point, केंद्र, केंद्रबिंदु। *v.* (pivoted, pivoting) to turn on a pivot, धुरी पर घूमना। □ **pivot on,** निर्भर होना।

pivotal (पिव्´-अॅ-टॅल्) *adj.* 1. of or being a pivot, धुरीवाला, अक्षीय। 2. of central importance, अत्यंत महत्त्वपूर्ण, प्रधान, केंद्रीय।

pixie, pixy (पिक्´-सी) *n.* a fairy, परी।

pixilated (पिक्´-सी-ले-टिड्) *adj.* slightly mad, नीम पागल। 2. drunk, नशे में धुत्त।

pizza (पिज़्´-अॅ) *n.* an Italian dish, पिज़्ज़ा।

pizzazz (पि-ज़ैज़्´) *n.* vitality, शक्ति, ऊर्जा।

pizzeria (पिज़्-अॅ-री´-अ:) *n.* a place where pizzas are made and sold, पिज़्ज़ा की दुकान।

placable (प्ले´-कॅ-बॅल्) *adj.* forgiving, क्षमाशील, आसानी से मान जानेवाला।

placard (प्ले´-का:ड्) *n.* a poster, पोस्टर, इश्तहार। *v.* (placarded, placarding) to stick posters on the wall, पोस्टर लगाना, इश्तहार लगाना।

placate (प्ले´-केट्) *v.* to pacify, to calm and satisfy, समझाना-बुझाना, राज़ी करना।

placatory (प्ले´-के-टॅ-री) *adj.* serving to placate, समझा-बुझाकर शांत करनेवाला।

place (प्लेस्) *n.* 1. a portion of space, जगह, स्थान। 2. a definite location, स्थल। 3. im-

portance, महत्त्व। 4. a particular spot, विशिष्ट स्थल या बिंदु। 5. usual or proper position, ठीक जगह। 6. a person's position, पद, स्थिति। 7. a particular part of a book, पुस्तक का विशिष्ट अंग। 8. a relative position in a series, क्रमिक स्थान। 9. in position of a figure after a decimal point, दशमलव के बादवाले अंक की स्थिति। □ **go places,** सफल होना; **in place,** सही स्थान पर; **in place of,** की जगह; **take place,** होना, घटना; **over the place,** सब जगह। *v.* (placed, placing) 1. to put, रखना। 2. to appoint, नियुक्त करना। 3. to rank, पद या पदवी देना, किसी वर्ग में रखना। 4. to make, करना। 5. to request formally, प्रार्थना या निवेदन करना। 6. to finish among the first three, प्रथम तीन में स्थान प्राप्त करना। □ **place an order,** आदेश देना।

placebo (प्ले´-सी´-बो) *n.* a medicine having no physical effect, नाममात्र की ओषधि, सादी पुड़िया।

placement (प्लेस्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of placing or the state of being placed, स्थापन, स्थानन। 2. arrangement, विन्यास। 3. the process of finding employment, नौकरी की ढूँढ़-खोज।

placenta (प्लॅ-सेंन्´-टॅ) *n.* an organ formed in the womb of a mammal in pregnancy, गर्भनाल, खेड़ी।

placer (प्लै´-सॅ:) *n.* a deposit of sand in a stream bed, नदी के तल में होनेवाला बालू का जमाव।

placid (प्लैस्´-इड्) *adj.* calm and peaceful, सौम्य, शांत।

placidity (प्लॅ-सिड्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being placid, सौम्यता, शांति।

placidly (प्लै-सिड्´-ली) *adv.* in a placid manner, सौम्यतापूर्वक।

placket (प्लैक्´-इट्) *n.* an opening at the back of a skirt, स्कर्ट की पिछली तरफ़ खुलनेवाला भाग।

plafond (प्लॅं-फ़ोन्´) *n.* decorated ceiling, अलंकृत छत।

plagiarism (प्ले´-जॅ-रिज़्-अॅम्) *n.* the act of plagiarizing, विचार-हरण, भाव-हरण।

plagiarist (प्ले´-जॅ-रिस्ट्) *n.* one who plagiarizes, दूसरों के विचारों की चोरी करनेवाला।

plagiarize (प्ले´-जॅ-राइज़्) *v.* (plagiarized, plagiarizing) to steal and use the ideas of others, दूसरों के विचारों की चोरी करना।

plague (प्लेग्) *n.* 1. a contagious epidemic, प्लेग, ताऊन। 2. a cause of annoyance, परेशानी का कारण। *v.* (plagued, plaguing) to pester, बराबर तंग करना, दुख देना।

plaid (प्लैड्) *n.* a piece of woolen cloth worn over the shoulders, दुशाला।

plain[1] (प्लेन्) *n.* a large level area, विस्तृत तथा समतल भूभाग, सपाट मैदान। *adj.* 1. flat, level, समतल, सपाट। 2. unembellished, ordinary, अनलंकृत, साधारण। 3. clear, evident, स्पष्ट, सुस्पष्ट, बोधगम्य। 4. simple, सादा। 5. frank, स्पष्टवादी। 6. lacking beauty, असुंदर, अनाकर्षक। *adv.* clearly, साफ़-साफ़, स्पष्ट शब्दों में।

plain[2] *v.* (plained, plaining) to beat the breast, छाती पीटना।

plainclothes (प्लेन्´-क्लोद्ज़्) *n.* civilian clothes, साधारण पोशाक (युनिफ़ार्म से भिन्न)।

plainclothes man *n.* 1. a detective, जासूस (जो साधारण कपड़ों में रहता है)। 2. a person in ordinary clothes, not in uniform, साधारण कपड़ों में होनेवाला व्यक्ति, बिना वर्दी का आदमी।

plainly (प्लेन्´-ली) *adv.* in a plain manner, साफ़-साफ़, स्पष्ट रूप से।

plain spoken (प्लेन्´-स्पो´-कॅन्) *adj.* frank, स्पष्टवादी।

plaint (प्लेन्ट्) *n.* 1. a complaint made to court of law, अर्ज़ी, वादपत्र, अर्ज़ी-दावा। 2. a lamentation, रोना-धोना।

plaintiff (प्लेन्´-टिफ़्) *n.* a complainant, मुद्दई, वादी।

plaintive (प्लेन्´-टिव्) *adj.* expressing sorrow, करुण, शोकपूर्ण, विषादमय।

plait (प्लेट्) *n.* 1. a braid, चोटी, वेणी। 2. a pleat, (सिलाई में) प्लेट। *v.* (plaited, plaiting) 1. to make a plait, चोटी गूँथना। 2. to make by plaiting, (सिलाई में) प्लेट या प्लेटें डालना।

plan (प्लैन्) *n.* 1. a detailed scheme, योजना। 2. programme, कार्यक्रम या कार्य-प्रणाली। 3. an outline, sketch, drawing, रेखाचित्र, नक़्शा, रूपरेखा। *v.* (planned, planning) 1. to formulate a plan, योजना बनाना। 2. to draw a plan, नक़्शा बनाना। 3. to intend, इरादा करना।

planchette (प्लैन्-चेंट्´) *n.* a board for writing used in seances, प्लानचट।

plane[1] (प्लेन्) *adj.* level, समतल, सपाट। *n.* 1. a level surface, समतल भूमि या सतह। 2. a level of thought, वैचारिक धरातल। 3. a level of development, विकास की स्थिति। 4. an airplane, वायुयान।

plane[2] *n.* a tool for smoothing the surface of wood etc., रंदा। *v.* (planed, planing) to smooth with a plane, रंदे से समतल करना, चौरस करना।

planet (प्लैन्´-इट्) *n.* any celestial body revolving around the Sun, ग्रह।

planetarium (प्लैन्´-अॅ-टेंअॅर्´-इ-अॅम्) *n.* a model representing the solar system, कृत्रिम तारागृह।

planetary (प्लैन्´-अॅ-टॅ-री, प्लैन्´-अॅ-टॅर्-ई) *adj.* 1. of a planet, गृह-संबंधी। 2. global, भूमंडलीय।

planetoid (प्लैन्´-अॅ-टॉइड्) *n.* an asteriod, क्षुद्रग्रह, ग्रहिका।

plangency (प्लैन्´-जॅन्-सी) *n.* reverberation, गूँज।

plangent (प्लैन्-जॅन्ट्) *adj.* reverberative, गुँजायमान।

plank (प्लैंक्) *n.* 1. a thick piece of lumber, तख़्ता, पटरा। 2. one of the basic principles of a political platform, (राजनीतिक मंच का) नारा। *v.* (planked, planking) 1. to cover with planks, तख़्तों से पाट देना। 2. to serve on a board, पटल पर परोसना।

plankton (प्लैंक्´-टॅन्) *n.* the tiny form of plant or animal organism that floats in water, जल में तैरने वाला सूक्ष्म जीव।

planned (प्लैंड्) *adj.* schemed, योजनाबद्ध, नियोजित; planned family, नियोजित परिवार।

planner (प्लैन्´-अॅ:) *n.* one who makes plans, योजना-निर्माता, योजनाकार।

planning (प्लैन्´-इंग्) *n.* the act of making plans, योजनाएँ बनाना।

planning commission *n.* a committee of planners, योजना आयोग।

plant (प्लान्ट्, प्लैन्ट्) *v.* (planted, planting) 1. to sow, बोना, रोपना, लगाना। 2. to place firmly, जमाना, लगाना, रोपना। 3. to establish, स्थापित करना। 4. to place for the purpose of spying or deception, किसी के यहाँ कोई चीज़ चोरी से रख या छिपा देना। *n.* a living organism that is smaller than a shrub or tree, पौधा, पादप। 2. a factory or its machinery, संयंत्र, प्लांट। 3. a thing positioned secretly for discovery by another, चोरी से किसी के यहाँ छिपाई हुई वस्तु।

plantain (प्लैन्´-टिन्) *n.* a banana-like plant, केले की तरह का पौधा।

plantar (प्लैन्´-टॅ:) *adj.* of the sole of the foot, पाँव के तलवे का, पाद-तल, पदतल-।

plantation (प्लैन्-टे´-शॅन्) *n.* 1. a group of cultivated plants or trees, उगाया हुआ पादप-समूह या वृक्ष-समूह। 2. the area of land on which they grow, बागान।

planter (प्लैन्´-टॅ:) *n.* 1. the owner of a plantation, बगान-मालिक। 2. a machine for planting of seeds, बीज बोने का यंत्र। 3. a

container for decorative plants, गमला।

plaque (प्लाक्, प्लेक्) *n.* 1. an commemorative inscribed plate, स्मृतिपट, स्मृतिफलक। 2. a badge of membership, सदस्यता का चिह्न। 3. a film on teeth, दाँतों पर जमी हुई मैल या काई।

plash (प्लैश्) *n. & v.* = splash.

plasma (प्लैज़्´-मॅ) *n.* the yellowish fluid portion of blood, रक्त का पीला तरल भाग, प्लाविका।

plaster (प्लास्´-टॅ:, प्लैस्´-टॅ:) *n.* 1. a mixture of cement, sand and water that is applied to walls, पलस्तर। 2. plaster of paris, पैरिस प्लास्टर। *v.* (plastered, plastering) to apply a plaster to, to cover with plaster, पलस्तर करना या प्लास्टर लगाना।

plasterer (प्लास्´/ प्लैस्´-टॅ-रॅ:) *n.* one who plasters, प्लस्तर करनेवाला कारीगर, पलस्तरिया।

plastic (प्लैस्´-टिक्) *n.* a synthetic compound that can be moulded in any shape when it is hot, प्लास्टिक, प्लास्तिक। *adj.* 1. made of plastics, प्लास्टिक का बना हुआ; plastic bag, प्लास्टिक का थैला। 2. able to be shaped or moulded, जिसे गढ़ा और सँवारा जा सके, सुनम्य।

plasticize (प्लैस्´-टि-साइज़्) *v.* (plasticized, plasticizing) to make or become plastic, प्लास्टिक बनना या बनाना।

plastic surgery *n.* repair or restoration of damaged or deformed parts of the body by transfer of tissue प्लास्टिक शल्यकर्म।

plate (प्लेट्) *n.* 1. a small flat utensil for serving a dish, प्लेट, तश्तरी, रकाबी। 2. anything served in the plate, प्लेट में रखी हुई वस्तु। 3. a sheet, शीशे, धातु आदि का पतला खंड। 4. a thin layer of a metal, पत्तर, चद्दर। *v.* (plated, plating) 1. to cover with a thin layer of metal, पत्तर चढ़ाना, चद्दर मढ़ना। 2. to electroplate, मुलम्मा चढ़ाना।

plateau (प्लै-टो´) *n.* 1. a tableland, पठार। 2. a stable condition, स्थिर स्थिति।

plated (प्ले´-टिड्) *adj.* coated with a thin layer of metal, पत्तर चढ़ा हुआ।

plateful (प्लेट्´-फ़ुल्) *adj.* as much as a plate will hold, प्लेट-भर।

platen (प्ले्´-टॅन्) *n.* a flat plate in a printing machine that presses the paper against the type, प्लेटन।

platform (प्लैट्´-फ़ॉ:म्) *n.* 1. a raised area at a railway station, रेलवे प्लेटफ़ार्म। 2. a raised area from where a speaker gives a speech, मंच। 3. the programme of a political party, राजनीतिक दल का कार्यक्रम।

plating (प्लेट्´-इंग्) *n.* a coating of a thin layer of a metal, पत्तर की परत।

platinum (प्लैट्´-इ-नॅम्, प्लैट्´-नॅम्) *n.* an element, प्लेटिनम।

platitude (प्लै´-टि-ट्यूड्) *n.* a hackneyed remark, घिसी-पिटी बात, निस्सार उक्ति।

platitudinous (प्लैट्-इ-ट्यू´-डि-नॅस्) *adj.* hackneyed, घिसा-पिटा, निस्सार।

platonic (प्लॅ-टॉन्´-इक्) *adj.* 1. of or relating to Plato, प्लैटो-संबंधी, अफ़लातूनी। 2. spiritual, आत्मिक, आध्यात्मिक।

platoon (प्लॅ-टून्´, प्लै-टून्´) *n.* 1. a subdivision of military company, पलटन। 2. a group of persons working together, एक साथ काम करनेवालों का समूह।

platter (प्लैट्´-ॲ:) *n.* 1. a dish of wood, काठ की रकाबी। 2. a dish, तश्तरी।

platypus (प्लैट्´-इ-पॅस्) *n.* a duck-like mammal, बतख की तरह का एक पक्षी, प्लैटीपस।

plaudits (प्ला:´-डिट्स्) *n.* (plu.) an expression of praise, तालियों की गड़गड़ाहट, करतलध्वनि, वाहवाही, साधुवाद।

plausible (प्ला:´-ज़ि-बॅल्) *adj.* 1. apparently valid or truthful, ऊपर से देखने में सही या सच्चा लगनेवाला, सत्याभासी। 2. apparently believable, विश्वसनीय प्रतीत होनेवाला।

play (प्ले) *v.* (played, playing) 1. to occupy

oneself in sport or amusement, खेलना, क्रीड़ा करना, विहार करना । 2. to take part in a game, खेलना । 3. to move (a piece, मोहरा) चलना । 4. to put (a card, पत्ता) खेलना या चलना । 5. to act (a role, पात्र का) अभिनय करना । 6. to perform (on a musical instrument, बाजा) बजाना । 7. to move lightly, धीरे-धीरे चलना या बहना । 8. to cause (a record or tape recorder) to sound, बजाना । 9. to toy, खिलवाड़ करना । 10. to gamble, जुआ खेलना, बाज़ी लगाना । 11. to be active, सक्रिय होना । □ **make a play for,** (प्रेमिका या प्रेमी के) जीतने का प्रयास करना; **play along,** बेमन से सहयोग देना; **play around,** खिलवाड़ करना, अनुत्तरदायित्वपूर्ण व्यवहार करना; **play down,** महत्त्व न देना; **played out,** समाप्त या परिश्रांत; **play fair,** नियमों के अनुसार खेलना या व्यवहार करना; **play for time,** व्यर्थ समय बिताना; **play into someone's hands,** (किसी के) हाथ में खेलना; **play off,** (दो प्रतिस्पर्धियों को) एक दूसरे के सामने ला खड़ा करना; जिच्च होने पर पुनः खेल कराना; **play on,** (दूसरे की भावना से) लाभ उठाना; **play one's cards well,** अपने साधनों का सही उपयोग करना, सही चाल चलना; **play out,** अंत तक खेलना; **play safe,** अति सुरक्षा बरतना; **play second fiddle,** द्वितीय पंक्ति में होना, किसी की अपेक्षा कम महत्त्व की भूमिका निभाना; **play up to,** ख़ुशामद कर के अपना काम निकालना; **play with,** खिलवाड़ करना । *n.* 1. a drama, नाटक । 2. the performance of a drama, नाटक का खेलना या खेला जाना । 3. an activity undertaken for pleasure, खेल, क्रीड़ा, मनोरंजन । 4. a fun, मज़ाक । 5. the act of playing a game, खेल, खेलने की क्रिया । 6. a move in a game, चाल । 7. action or use, क्रिया, प्रयोग । 8. free movement, गतिविधि ।

playable (प्ले´-अॅ-बॅल्) *adj.* capable of being played, खेलने-योग्य, क्रीड़ा-योग्य ।

playback (प्ले´-बैक्) *n.* the act of reproducing the recording, फिर से बजाना । *v.* to reproduce (recorded material), फिर से बजाना ।

playback singer *n.* one who sings behind the scene, पार्श्वगायक ।

playbill (प्ले´-बिल्) *n.* 1. a poster of a play, नाटक का विज्ञापन । 2. the programme of a play, नाटक का कार्यक्रम ।

playboy (प्ले´-बॉइ) *n.* a pleasure-loving wealthy man, मौज-मस्ती में डूबा धनी व्यक्ति, मस्त-मौला ।

player (प्ले´-अॅ:) *n.* 1. one who participates in a game, खिलाड़ी । 2. an actor, अभिनेता । 3. a performer on a musical instrument, वादक ।

playful (प्ले´-फ़ुल्) *adj.* 1. full of fun, मज़ाकिया, खिलवाड़ी या चंचल । 2. merry, ख़ुशदिल । 3. not serious, किसी काम या बात को हलके ढंग से लेनेवाला, अगंभीर ।

playfulness (प्ले´-फ़ुल्-निस्) *n.* the state of being playful, मज़ाकियापन, खिलवाड़ीपन या चंचलता ।

playgoer (प्ले´-गो-अॅ:) *n.* one who goes to the theatre frequently, प्रायः नाटक देखने के लिए रंगशाला जानेवाला, नाटकों का शौकीन ।

playground (प्ले´-ग्राउन्ड्) *n.* a field for outdoor games, खेल का मैदान, क्रीड़ाक्षेत्र, खेल-भूमि ।

playhouse (प्ले´-हॉउस्) *n.* a theatre, रंगशाला ।

playing cards *n.* (plu.) cards used in playing various games, ताश ।

play-let (प्ले´-लेंट्) a short play, छोटा नाटक, नाटिका ।

playmate (प्ले´-मेट्) *n.* a friend or partner in play, खेल का साथी, क्रीड़ा-मित्र ।

play-off (प्ले´-आ:फ़्) *n.* an extra contest to decide the winner, अतिरिक्त निर्णायक खेल या बाज़ी ।

playroom (प्ले´-रूम्) *n.* a room for playing, क्रीड़ाकक्ष ।

plaything (प्ले´-थिंग्) *n.* 1. a toy, खिलौना। 2. a person regarded as a toy, खिलौने की तरह प्रयुक्त व्यक्ति, खिलौना।

playwright (प्ले´-राइट्) *n.* a dramatist, नाटककार।

plaza (प्ला´-ज़ॅ, प्लै´-ज़ॅ) *n.* 1. a public square, चौक, चौमुहानी। 2. a market place, बाज़ार।

plea (प्ली) *n.* 1. a statement in defence of justification, सफ़ाई, अभिवचन, दलील, तर्क। 2. an appeal or request, अपील, निवेदन। 3. an excuse, बहाना, युक्ति।

plead (प्लीड्) *v.* (pleaded, pleading) 1. to argue for or against, सफ़ाई या दलील देना, अभिवचन करना। 2. to appeal or request, अपील या निवेदन करना। □ **plead guilty,** दोषी होने का अभिवचन करना, अपराध स्वीकार करना।

pleader (प्ली´-डॅ:) *n.* one who pleads, अभिवक्ता, वकील।

pleadings (प्ली´-डिंग्स्) *n.* (plu.) the answer of the defendant, अभिवचन, प्रतिकथन, प्रतिवाद।

pleasant (प्लेंज़्´-ॲन्ट्) *adj.* 1. pleasing, delightful, सुहावना, रमणीय, रूचिर। 2. having an agreeable manner, प्यारा।

pleasantry (प्लेंज़्´-ॲन्-ट्री) *n.* a pleasant remark, सुहावनी टिप्पणी, चुटकुला, हँसी-मज़ाक की बात।

please (प्लीज़्) *v.* (pleased, pleasing) 1. to make glad, प्रसन्न करना। 2. to think desirable, ठीक समझना, चाहना; Do whatever you please, जो इच्छा हो, करें। □ **please oneself,** जो चाहे, सो करो।

pleased (प्लीज़्ड्) *adj.* feeling satisfaction or pleasure, संतुष्ट, प्रसन्न, ख़ुश।

pleasing (प्ली´-ज़िंग्) *adj.* pleasant, मनोहर या प्यारा।

pleasurable (प्लेंज़्ह्´-ॲर्-ॲ-बॅल्) *adj.* giving or causing pleasure, सुखद, सुखदायक।

pleasure (प्लेंज़्ह्´-ॲ:) *n.* 1. a feeling of joy or satisfaction, सुख, मज़ा, आनंद। 2. a source of pleasure, सुख का स्रोत या कारण। 3. choice or desire, पसंद, इच्छा। 4. grace, प्रसाद, अनुग्रह। □ **at your pleasure,** जैसी आपकी इच्छा हो; **during the pleasure of ,** के प्रसाद पर्यंत; **with pleasure,** ख़ुशी-ख़ुशी, प्रसन्नतापूर्वक।

pleasure ground *n.* a recreation ground, आनंद भूमि।

pleasure resort *n.* a place for recreation, आनंदस्थली, सैरगाह।

pleasure seeking *adj.* desirous of pleasures, सुख चाहनेवाला, विलासप्रिय।

pleat (प्लीट्) *n.* a flat fold in cloth made by doubling the material upon itself, चुनट। *v.* (pleated, pleating) to make pleats in, चुनट डालना।

pleated (प्लीट्´-इड्) *adj.* having pleats, चुनटदार।

pleb (प्लेंब्) *n.* a person of lowest class, निम्नवर्गीय व्यक्ति।

plebeian (प्लॅ/प्लि-बी´-ॲन्) *adj.* of the lower social class, निम्नवर्गीय।

plebiscite (प्लेंब्´-इ-साइट्) *n.* a referendum, जनमत-संग्रह।

plectrum (प्लेंक्´-ट्रॅम्) *n.* (plu. plectruma) a small piece of metal for playing a stringed instrument, मिज़राब।

pledge (प्लेंज्) *n.* 1. a solemn promise, प्रण, प्रतिज्ञा, वचन। 2. a person or thing given or held as security, धरोहर, अमानत। 3. a token of something, निशानी। □ **take the pledge,** शराब न पीने की प्रतिज्ञा करना। *v.* (pledged, pledging) 1. to promise solemnly, वचन देना, प्रतिज्ञा करना। 2. to deposit as a pledge, धरोहर रखना।

pledgee (प्लेंज्´-ई) *n.* a person with whom a pledge is deposited, महाजन, साहुकार।

pledger (प्लेंज्´-ॲ:) *n.* a person who pledges, रेहनकर्ता, गिरवीकर्ता।

pledget (प्लेंज्´-इट्) *n.* a small pad of cotton for dressing a wound, फाहा।

plenary (प्ली´-नॅ-री) *adj.* 1. complete, full, परिपूर्ण, पूर्ण। 2. attended by all members, जिसमें सभी सदस्य उपस्थित हों, पूर्ण, भरा, पूरा।

plenipotentiary (प्लॅन्-इ-पॅ-टॅन्´-शि-ॲ-री) *n.* an envoy with full powers, पूर्ण अधिकार-संपन्न दूत। *adj.* having these powers, पूर्णाधिकार-प्राप्त।

plenitude (प्लॅन्´-इ-ट्यूड्) *n.* abundance, plenty, बहुतायत, प्रचुरता।

plenteous (प्लॅन्ट्´-ई-ॲस्) *adj.* abundant, plentiful, प्रचुर, विपुल।

plenty (प्लॅन्ट्´-ई) *n.* abundance, प्रचुरता, विपुलता। □ **in plenty** (i) प्रचुरता से, प्रचुर मात्रा में, (ii) समृद्ध स्थिति में। *adv.* in abundance, प्रचुर मात्रा में।

plenum (प्लॅन्´-ॲम्, प्ली´-नॅम्) *n.* (plu. plena) full assembly, पूर्ण सभा, पूर्ण अधिवेशन।

pleonasm (प्ली´-ॲ-नैज़्-ॲम्) *n.* 1. the use of redundant words, फ़ालतू शब्दों का प्रयोग, पुनरुक्ति दोष। 2. the redundant word or expression, फ़ालतू शब्द या पद।

plethora (प्लॅथ्´-ॲ-रॅ) *n.* an over abundance, अतिप्रचुरता।

plethoric (प्लॅ-थार´-इक्, प्लॅथ्-ॲ-रिक्) *adj.* excessively abundant, अति-प्रचुर।

pleura (प्लूर्´-ॲ) *n.* a membrane that envelops the lungs, फेफड़े की झिल्ली।

pleurisy (प्लूर्´-इ-सी) *n.* inflammation of the pleura, फेफड़े की झिल्ली की सूजन, प्लूरिसि।

plexus (प्लॅक्´-सॅस्) *n.* 1. a network of nerves or blood vessels, तंतुजाल, नाड़ीजाल, जालिका। 2. a network, जाल।

pliability (प्लाइ-ॲ-बिल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being pliable, लचीलापन, आनम्यता।

pliable (प्लाइ´-ॲ-बॅल्) *adj.* 1. flexible, लचीला, आनम्य। 2. easily influenced, जिसे प्रभावित किया जा सके, दब्बू।

pliancy (प्लाइ´-ॲन्-सी) *n.* = pliability.

pliant (प्लाइ´-ॲन्ट्) *adj.* = pliable.

pliers (प्लाइ´-ॲ:ज़्) *n.* (plu.) a tool for handling small objects, चिमटी।

plight[1] (प्लाइट्) *n.* 1. a condition of adversity, दुर्दशा। 2. a difficult condition, कठिन परिस्थिति।

plight[2] *v.* (plighted, plighting) to promise, वचन देना। □ **plight one's troth,** विवाह करने का वचन देना।

plimsoll (प्लिम्´-सॉल्/सॅल्) *n.* a canvas shoe, कपड़े का जूता।

plinth (प्लिन्थ्) *n.* a base of a statue, column etc., कुर्सी।

pliocene (प्लाइ´-ॲ-सीन्) *adj.* (geology) of the latest geologic epoch of the Tertiary period, अतिनूतन (युग)।

plod (प्लॉड्) *v.* (plodded, plodding) 1. to walk heavily or laboriously, यत्नपूर्वक चलते चलना, पाँव घसीटना ज़ोर लगाकर धीरे-धीरे चलना। 2. to work slowly, मंद गति से काम करना।

plodder (प्लॉड्´-ॲ:) *n.* a steady worker, परिश्रमी व्यक्ति, कोल्हू का बैल, अध्यवसायी।

plodding (प्लॉड्´-इंग्) *adj.* laborious, परिश्रमी।

plop (प्लॉप्) *n.* the sound of something dropping into water, डुप, गड़प, छप। *v.* (plopped, plopping) to cause to drop heavily, इस प्रकार डालना कि डुप या छप का शब्द हो।

plot (प्लॉट्) *n.* 1. a piece of land, भूखंड। 2. the story of a novel, film, drama etc., कथानक, कथावस्तु। 3. a secret plan, conspiracy, षड्यंत्र, कुचक्र। *v.* (plotted, plotting) 1. to divide in plots, भूखंडों में बाँटना। 2. to make a map, नक्शा बनाना। 3. to conspire, षड्यंत्र रचना, कुचक्र रचना।

plotter (प्लॉट्´-ॲ:) *n.* one who conspires, conspirator, षड्यंत्रकारी, कुचक्री।

plough, plow (प्लॉउ) ***n.*** 1. a farm implement for turning the soil, हल। 2. a snowplough, बर्फ हटाने का उपकरण। ***v.*** (ploughed, ploughing) 1. to break and turn up earth with a plough, जोतना, हल चलाना। 2. to move or proceed forcefully, रास्ता निकालना। □ **plough back,** व्यापार में कमाई को लगाया जाना।

ploughable (प्लॉउ-अ-बॅल्) ***adj.*** that can be ploughed, जोतने योग्य, कृष्य।

ploughman (प्लॉउ´-मॅन्) ***n.*** a man who ploughs, हलवाहा।

ploughshare (प्लॉउ´-शे-अॅ:) ***n.*** the cutting blade of a plough, (हल का) फाल।

plover (प्लो´-वॅ:) ***n.*** a wading bird, एक जलपक्षी।

ploy (प्लॉइ) ***n.*** 1. a manoeuvre, चाल, तिकड़म। 2. a hobby or business, शौक या धंधा। 3. a frolic, क्रीड़ा, कलोल, उछल-कूद।

pluck (प्लक्) ***v.*** 1. to pick (फूल) चुनना, तोड़ना, बीनना। 2. to pull out or snatch, नोचना, तोड़ डालना। □ **pluck up courage,** साहस जुटाना। ***n.*** 1. a jerk, झटका। 2. animal's liver or heart used as food, कलेजी। 3. courage, हिम्मत, साहस।

plucky (प्लक्´-ई) ***adj.*** brave, courageous, हिम्मती, साहसी, दिलेर।

plug (प्लग्) ***n.*** 1. a stopper for a hole, छेद या मुँह बंद करने की वस्तु, डाट। 2. an electrical device, (बिजली का) प्लग। ***v.*** (plugged, plugging) to put a plug into, डाट या प्लग लगाना। □ **plug away,** जमकर काम करना; **plug in,** प्लग जोड़कर बिजली चालू करना।

plum (प्लम्) ***n.*** a fruit of the peach family, आलूबुखारा, आलूचा।

plumage (प्लू´-मिज्) ***n.*** a bird's feathers, पंख, पर।

plumb (प्लम्) ***n.*** a device to determine vertical direction or the depth of water, साहुल। ***adj.*** 1. vertical, सीधा, लंब। 2. exactly, ठीक, सही। ***v.*** (plumbed, plumbing) 1. to determine the depth of water, गहराई नापना, थाहना, थाह लेना। 2. to test the alignment with a plumb, साहुल से नापना, सीधा करना। 3. to hang, लटकाना।

plumber (प्लम्´-अॅ:) ***n.*** one who fits and repairs water pipes, नलकार, प्लंबर।

plumbing (प्लम्´-इंग्) ***n.*** 1. a system of water pipes, नल लगाना, नलतंत्र। 2. the job of a plumber, नलकारी, प्लंबर का काम।

plume (प्लूम्) ***n.*** 1. a feather, पंख, पर। 2. something resembling a feather, पंख के आकार की वस्तु; a plume of smoke, पंखाकार धुँआ।

plumed (प्लूम्ड्) ***adj.*** ornamented with plumes, पंखों से सज्जित।

plummet (प्लम्´-इट्) ***n.*** a plumb tied to a cord, साहुल-सूत्र।

plump[1] (प्लम्प्) ***n.*** a sound caused by sudden fall, धम, धड़ाम। ***v.*** (plumped, plumping) to drop abruptly, धड़ाम से गिरना।

plump[2] ***adj.*** 1. fleshy, fat, स्थूल, मांसल, मोटा। 2. full and rounded in form, गोल-मटोल। ***v.*** (plumped. plumping) to make or become plump, गोल-मटोल होना या बनाना।

plunder (प्लन्´-डॅ:) ***v.*** (plundered, plundering) to rob forcibly, लूटना, लूटपाट करना। ***n.*** 1. property robbed forcibly, लूट का माल। 2. the act of plundering, लूट, लूट-मार।

plunge (प्लन्ज्) ***v.*** (plunged, plunging) 1. to dive, डुबकी लगाना, गोता लगाना। 2. to thrust, ज़बरदस्ती डालना या घुसेड़ना। 3. to snatch, झपटना, लपकना। 4. to be immersed, डूब जाना। 5. to gamble heavily, लंबा जुआ खेलना। ***n.*** 1. a dive, डुबकी, गोता। 2. the act of snatching, झपट्टा, लपक।

plunged (प्लन्ज्ड्) ***adj.*** immersed, लीन, मग्न।

plunger (प्लन्´-जॅ:) ***n.*** 1. a diver, गोताख़ोर। 2. a reckless gambler, लापरवाह जुआरी। 3. a device to unclog drains and pipes,

बंद पाइपों को साफ़ करने का एक उपकरण, जिसके मुँह पर रबड़ का कप लगा रहता है।

plunk (प्लंक्) *v.* (plunked, plunking) 1. to pluck, (वाद्य के तारों को) छेड़ना, झंकृत करना। 2. to throw, फेंकना। 3. to drop heavily, धड़ाम से गिरना। 4. to hit, आघात करना।

pluperfect (प्लू-प:´-फ़िक्ट्) *n.* (gram.) past perfect, पूर्ण भूतकाल।

plural (प्लूर्´-अॅल्) *n.* the form of a noun or verb denoting more than one person or thing, बहुवचन। *adj.* of this form, बहुवचन का सूचक।

pluralism (प्लूर्´-अॅ-लिज्-अॅम्) *n.* 1. dualism, द्वैतवाद। 2. the doctrine that people of different religion can live together in one society or country, बहुलवाद।

plurality (प्लू-रैल्´-इ-टी) *n.* the state of being plural, बहुवचनत्व, अनेकत्व, बहुलता।

pluralize (प्लूर्´-अॅ-लाइज़्) *v.* (pluralized, pluralizing) to make plural, बहुवचन रूप देना।

plus (प्लस्) *prep.* 1. with the addition of, में जमा करने से। 2. and more, और साथ ही। 3. above zero, शून्य से ऊपर। *n.* 1. the plus sign, धन चिह्न, + । 2. an advantage, लाभ, अच्छी बात। *adj.* more than the quantity indicated, धनात्मक, धन, अतिरिक्त।

plus-fours *n.* (plu.) a knicker of a golfer, एक तरह की निकर जो घुटनों से चार इंच नीची होती थी, गोल्फ़ खेलनेवालों की पाजामी, बिरजिस।

plush (प्लश्) *n.* a kind of fabric, मखमल, प्लश। *adj.* luxurious, विलासतापूर्ण।

plushy (प्लश्´-ई) *adj.* of or like plush, मखमली।

Pluto (प्लूट्´-ओ, प्लू´-टो) *n.* 1. a planet in the solar system, प्लूटो। 2. the god of the dead, यमदेवता।

Plutocracy (प्लू-टॉक्´-रॅ-सी) *n.* government. by the wealthy, धनिकतंत्र।

plutocrat (प्लू´-टॅ-क्रेट्) *n.* a powerful wealthy person, शक्तिशाली धनी व्यक्ति।

plutocratic (प्लू-टॅ-क्रैट्´-इक्) *adj.* of plutocracy, धनिकतंत्रीय।

plutonium (प्लू-टो´-नी-अॅम्) *n.* a metallic element, प्लूटोनियम (तत्त्व)।

Plutus *n.* a God personifying wealth, धन का देवता, कुबेर।

pluvial (प्लू´-वि-अॅल्) *adj.* 1. of rain, rainy, वर्षा-संबंधी, बरसाती। 2. marked by abundant rain, ख़ूब वर्षावाला।

pluviometer (प्लू-वि-ऑम्´-इ-टॅ:) *n.* a rain gauge, वर्षामापी।

ply[1] (प्लाइ) *v.* (plied, plying) 1. to carry on, चलाए चलना। 2. to use, काम में लाना, प्रयुक्त करना। 3. to sell, बेचना। 4. to keep offering or supplying, देते चलना, पूर्ति करते चलना, भरमार करना। 5. to travel regularly, नियमित रूप से यात्रा करते रहना, आते-जाते रहना।

ply[2] *n.* 1. a thickness of cloth or wood, कपड़े या लकड़ी की मोटाई। 2. a layer of cloth or wood, कपड़े या लकड़ी की परत। 3. a strand of yarn, लड़; three ply wool, तीन लड़ोंवाला ऊन।

plywood (प्लाइ´-वुड्) *n.* a board consisting of thin layers, प्लाइवुड।

pneumatic (न्यू-मैट्´-इक्) *adj.* of, filled with or operated by air or gas, वायवीय, वायुचालित; pneumalic tyre, हवा से भरा टायर।

pneumatics (न्यू-मैट्´-इक्स्) *n.* the science dealing with the mechanical properties of the gases, गैस-यांत्रिकी।

pneumoconiosis (न्यू-मॅ-को-नि-ओ´-सिस्) *n.* a desease of lungs caused by inhalation of dust, फेफड़ों में धूल आदि जमने से होनेवाला रोग।

pneumonia (न्यू-मोन्´-यॅ) *n.* inflammation of a lung or lungs, एक रोग जिसमें फेफड़ों में सूजन तथा जकड़न होती है, निमोनिया।

poach[1] (पोच्) *v.* (poached, poaching) to

simmer in a water, milk etc., सिझाना, उबलते पानी में पकाना।

poach[2] *v.* (poached, poaching) to hunt illegally, चोरी से शिकार करना।

poacher (पो´-चें:) *n.* a person who poaches, चोर-शिकारी।

pock (पॉक्) *n.* any pustule that erupts on the skin in smallpox, दाना, छाला।

pocket (पॉक्´-इट्) *n.* 1. a pouch in a garment, जेब, पाकेट। 2. financial means, आर्थिक स्रोत। 3. a pouchlike compartment, ख़ाना। 4. a cavity in a earth, गड्ढा, गर्त। 5. a small isolated area, अलग-थलग छोटा क्षेत्र, लघुक्षेत्र। □ **have someone in one's pocket,** किसी को अपनी ज़ेब में अर्थात् पूरी तरह से वश में रखना; **in one's pocket,** पूरी तरह से वश में; **line one's pockets,** अपनी जेब भरना; **live in each other's pockets,** सदा साथ-साथ रहना। *adj.* small, लघु, जेबी; pocket camera, जेबी कैमरा; pocket edition, लघु संस्करण। *v.* (pocketed, pocketing) 1. to place in a pocket, जेब में डालना। 2. to earn unlawfully, अनुचित ढंग से कमाना।

pocketbook (पॉक्´-इट्-बुक्) *n.* 1. a small bag for money or papers, बटुआ, बैग। 2. a small book that can be carried in the pocket, जेबी पुस्तक, गुटका। 3. a small book for writing in, नोटबुक।

pocket expenses *n.* money given to children or ladies as an allowance, जेबख़र्च।

pocketful (पॉक्´-इट्-फुल्) *n.* as much as a pocket will hold, जेब-भर वस्तु या सामान।

pocket money *n.* pocket expenses, जेबख़र्च।

pockmark (पॉक्´-मा:क्) *n.* a pit like scar left on the skin by smallpox, चेचक आदि के दाने का निशान।

pockmarked (पॉक्´-मा:क्ड्) *adj.* having pockmarks, चेचक के दागवाला।

pococurante (पो-को-क्यु-रैन्´-टी) *adj.* indifferent, careless, लापरवाह।

pod (पॉड्) *n.* a seed case as of a pea, फली। *v.* (podded, podding) to bear pods, फलियाँ लगना।

podgy (पाज्´-ई) *adj.* chubby, गोल-मटोल।

podiatrist (पॅ-डाइ´-ॲ-ट्रिस्ट्) *n.* an expert in podiatry, पादरोग विज्ञानी।

podiatry (पॅ-डाइ´-ॲ-ट्री) the study and treatment of foot ailments, पादरोग विज्ञान।

podium (पोड्´-इ-ॲम्) *n.* 1. a dais, चबूतरा, मंच। 2. a pedestal, पीठिका।

poem (पो´-ॲम्/इम्) *n.* a composition in verse, कविता, नज़्म।

poesy (पो´-ॲ-ज़ी) *n.* 1. a poem, कविता। 2. the art of poetry, कवित्व।

poet (पो´-ॲट, पो´-इट्) *n.* a writer of poems, कवि, शायर।

poetaster (पो´-इट्-ऐस्-टॅ:) *n.* a writer of inferior verse, तुक्कड़, तुकबंद।

poetess ((पो´-ॲट्-ॲस्) *n.* a female poet, कवयित्री।

poetic (पो-ॲट्´-इक्) *adj.* 1. of poetry, काव्यात्मक। 2. having the characteristics of poetry, कवित्वपूर्ण, काव्योचित। 3, in verse, छंदोबद्ध, पद्यात्मक। 4. having the characteristics of a poet, कवि-सुलभ, भावपूर्ण।

poetical (पो-ॲट्´-इ-कॅल्) *adj.* = poetic.

poetic justice *n.* a deserved punishment or reward, fitting retribution, उचित न्याय, आदर्श न्याय।

poetic licence *n.* freedom allowed to a poet, कवि-स्वातंत्र्य।

poet laureate *n.* one who writes poems for state occasions, राजकवि।

poetry (पो´-ॲ-ट्री) *n.* 1. the art of a poet, काव्यकला। 2. poems in general, काव्य। 3. verse, पद्य। 4. the quality or characteristic of the poetic experience, काव्यात्मकता, कवित्व।

pofaced (पो´-फ़ेस्ड्) *adj.* wearing a disapproving stern expression, जिसके चेहरे पर

मुर्दनी छाई हो।

pogrom (पो´-ग्रॅम्, पो´-ग्राम्) *n.* an organized massacre of an ethnic group, किसी जाति के लोगों का योजनाबद्ध संहार, जनसंहार।

poignancy (पॉइन्´-यॅन्-सी, पाइ´-न्यॅन्-सी) *n.* the quality or state of being poignant, मार्मिकता; कटुता, तीक्ष्णता, चरपरापन, तीखापन।

poignant (पॉइन्´-यॅन्ट्, पॉइ´-ॲन्ट्) *adj.* 1. deeply moving, मर्मस्पर्शी, मार्मिक, हृदयविदारक। 2. pungent, कटु, तीक्ष्ण, चरपरा, तीखा।

poignantly (पॉइन्´-यॅन्ट्-ली, पॉइ´-न्यॅन्ट्-ली) *adv.* in a poignant manner, मार्मिक रूप से।

point (पॉइन्ट्) *n.* 1. a dot, बिंदु। 2. the sharp end, नोक। 3. a particular space or time, स्थान, समय आदि का अंश, स्थल या घड़ी। 4. aim, purpose or reason, लक्ष्य, उद्देश्य, प्रयोजन, अभिप्राय। 5. a distinctive feature, गुण, विशेषता। 6. a thing under discussion, विचाराधीन बात या विषय, मुद्दा, बिंदु। 7. an important or essential factor or idea, महत्त्वपूर्ण तथ्य या विचार। 8. a distinctive quality, विशिष्टता, गुण। 9. a single unit, इकाई। 10. an electrical contact, प्वाइंट। 11. in cricket, a field position in the off side near the batsman, प्वाइंट। 12. an individual mark or score, अंक। 13. a junction of railway tracks, काँटा। 14. a question, प्रश्न। □ **a point of honour,** प्रतिष्ठा से संबद्ध कोई महत्त्वपूर्ण विषय या बात; **at all points,** सभी बातों में; **at gun point,** बंदूक की नोक पर; **away from the point,** प्रसंग से दूर; **beside's the point,** अप्रासंगिक; **in point of,** के संदर्भ में, की दृष्टि से; **in point of fact,** तथ्य की दृष्टि से; **make a point of/to,** को गाँठ बाँध लेना; **off the point,** विषय से दूर; **on the point of,** बिल्कुल तैयार; **point of law,** विधि-प्रश्न; **point of order,** औचित्य का प्रश्न; **point of view,** दृष्टिकोण; **point to point,** एक-एक मुद्दे पर; **stretch a point,** खींचतान करना; **to the point,** मद्द या विषय के अनुसार, सही-सही; **to the point of,** की सीमा तक। *v.* (pointed, pointing) 1. to bring to notice, to indicate the position or direction, संकेत करना, बतलाना। 2. to face or be turned in a particular direction, (किसी ओर) मुँह होना या करना, उन्मुख होना या करना। 3. to stress, ज़ोर देना। □ **point to,** इंगित करना।

point-blank (पॉइन्ट्´-ब्लैंक्´) *adj.* aimed or fired at very close range, बहुत नज़दीक से किया जानेवाला, सटाकर किया जानेवाला। *adv.* in point-blank manner, बिल्कुल नजदीक से, सट या सटाकर।

pointed (पॉइन्´-टिड्) *adj.* 1. having a point, incisive, नुकीला, पैना। 2. obviously directed toward a particular person or thing, लक्षित किया हुआ, अभिहित, संकेतपूर्ण। 3. clearly evident, साफ़, सुस्पष्ट।

pointedly (पॉइन्´-टिड्-ली) *adv.* in a pointed manner, लक्ष्य करके, संकेत करते हुए।

pointedness (पॉइन्´-टिड्-निस्) *n.* the state or quality of being pointed, नुकीलापन, पैनापन।

pointer (पॉइन्´-टॅः) *n.* 1. an indicator, संकेतक, सूचक। 2. a suggestion, सुझाव। 3. a hunting dog, एक शिकारी कुत्ता।

pointing (पॉइन्´-टिंग्) *n.* the act of finishing joints in brick work, टीप करना।

pointless (पॉइन्ट्´-लिस्) *adj.* 1. meaningless, निरर्थक, बेमतलब। 2. irrelevant, अप्रासंगिक।

point of no return *n.* a point at which retreating is impossible, वह स्थिति जिसमें पीछे हटने का प्रश्न ही न हो।

poise (पॉइज़्) *n.* 1. balance, संतुलन। 2. stability, स्थिरता। 3. a composure, मनःसंतुलन, गंभीरता, धीरता। *v.* (poised, poising) 1. to balance or be balanced, संतुलित करना या होना। 2. in a state of readiness to act or move, प्रवृत्त होना, उन्मुख होना, सुनिश्चित होना।

poison (पॉइ´-ज़न्) *n.* 1. a substance that causes death, जहर, विष। 2. anything that

corrupts, ज़हर, विष। *v.* (poisoned, poisoning) 1. to give poison to, ज़हर देना। 2. to add poison to, ज़हर मिला देना। 3. to turn someone's mind (against someone, किसी के प्रति) किसी के मन में ज़हर भर देना। 4. to spoil or ruin (something, कोई चीज़ या काम) ज़हर कर देना, चौपट या नष्ट कर देना; That quarrel poisoned our meal. उस झगड़े ने हमारा भोजन ज़हर कर दिया।

poisonous (पॉइ´-ज़्-नॅस्) ***adj.*** 1. containing poison, ज़हरीला, विषैला, विषाक्त। 2. likely to corrupt people, भ्रष्ट करनेवाला।

poison-pen letter ***n.*** a letter usually written anonymously to frighten someone, ऐसा गुमनाम पत्र जिसमें किसी को धमकाया गया हो।

poke (पोक्) ***v.*** (poked, poking) 1. to push or thrust, ठेलना, धकेलना या घुसेड़ना। 2. to make by poking, ठेल या घुसेड़कर बनाना। 3. to push sharply out of or through an opening, झाँकना; His elbow was poking through a torn shirt, फटी कमीज़ में से उसकी कोहनी झाँक रही थी। 4. to stir (the fire, आग को) हिलाना, छेड़ना। 5. to harass, परेशान करना। 6. to meddle, हस्तक्षेप करना। 7. to make a hasty search, ढूँढ़-खोज करना। □ **poke fun at,** मज़ाक उड़ाना; **poke one's nose into something,** बेमतलब पूछताछ करना। ***n.*** a push, thrust, धक्का।

poker (पो´-कॅ:) ***n.*** 1. a metal rod for stirring fire, कुरेदनी, सीख। 2. a game of cards, ताश का एक खेल।

poky (पो´-की) ***adj.*** small and uncomfortable, छोटा और असुविधाजनक (कमरा या स्थान)।

polar (पो´-लॅ:) ***adj.*** 1. of the North Pole or South Pole, ध्रुव-संबंधी, ध्रुवीय। 2. directly opposite, ठीक उलटा, विपरीत।

Polaris (पॅ-लैर्´-इस्) ***n.*** the North star, ध्रुवतारा।

polarity (पो-लैर्´-इ-टी) ***n.*** the manifestation of two opposite qualities, दो विभिन्न गुणों या प्रवृत्तियों का प्रादुर्भाव।

polarization (पो-लॅ-रि-ज़े´-शॅन्) ***n.*** the producing of polarity in something, दो ध्रुवों का बनना, दो ध्रुवों में बँटना, ध्रुवण, ध्रुवीकरण।

polarize (पो´-लॅ-राइज़्) ***v.*** (polarized, polarizing) to produce polarization in, ध्रुवीकरण करना।

Polaroid (पो´-लॅ-रॉइड्) ***n.*** a kind of camera, एक तरह का कैमरा, जिसमें से कुछ क्षणों में ही तैयार फोटो निकलती है।

Polder (पोल्´-डॅ:) ***n.*** a farm land reclaimed from the sea, कछार, खादर।

pole (पोल्) ***n.*** 1. a long straight round post used as a support, खंभा। 2. a shaft, (ताँगे/बग्घी का) बम। 3. the North Pole or South Pole, उत्तरी ध्रुव या दक्षिणी ध्रुव। 4. the end or extremity, सिरा। □ **be poles apart,** बिल्कुल भिन्न होना।

Pole (पोल्) ***n.*** a Polish person, पोलैंड का निवासी।

pole-axe (पोल्´-ऐक्स्) ***n.*** a long handled battle-axe, फरसा, कुठार, परशु।

polecat (पोल्´-कैट्) ***n.*** a weasellike mammal emitting very unpleassant smell, गंधमार्जार।

polemic (पॅ-लॅम्´-इक्) ***n.*** 1. a controversy, वादविवाद। 2. a disputant, विवादी।

polemical (पॅ-लॅम्´-इ-कॅल्) ***adj.*** controversial, विवादपूर्ण, विवादास्पद।

polemics (पॅ-लॅम्´-इक्स्) ***n.*** the practice of argumentation, शास्त्रार्थ, खंडन-मंडन।

pole star ***n.*** a bright star near the North Pole, ध्रुवतारा।

pole vault ***n.*** a jump made over a high raised bar, लग्गा-कूद (एक खेल)।

police (पॅ-लीस्´) ***n.*** a govt. department for keeping public order, पुलिस। ***v.*** (policed, policing) 1. to control by police, पुलिस द्वारा नियंत्रण करना। 2. to deploy policemen, पुलिस तैनात करना। 3. to keep a watch on,

निगरानी रखना।

policeman (पॅ-लीस्´-मॅन्) *n.* a member of the police force, सिपाही, पुलिसमैन।

police station *n.* the office of the police force, थाना, नाका, कोतवाली।

policy[1] (पॉल्´-ॲ-सी) *n.* a general plan of action adopted by an individual, party or government, नीति, कार्य-योजना।

policy[2] *n.* a document containing a contract of insurance, पॉलिसी।

policyholder (पॉल्´-ॲ-सी-होल्-डॅ:) *n.* one who holds an insurance contract or policy, पॉलिसीधारक, बीमाधारी।

policymaker (पॉल्´-ॲ-सी-मे-कॅ:) *n.* a person or committee which determines the policy of a party or government, नीति-निर्धारक, नीति-निर्माता।

polio (पो´-लि-ओ) *n.* poliomyelitis, पोलियो।

poliomyelitis (पो-लि-ओ-माइ-ॲ-लाइ´-टिस्) *n.* an acute infectious viral disease producing temporary or permanent paralysis esp, affecting children, पोलियो।

polis (पॉल्´-ॲस्) *n.* a Greek city-state, युनानी नगर-राज्य।

polish (पॉल्´-इश्) *v.* (polished, polishing) 1. to make shiny by rubbing, रगड़कर चमकाना, पॉलिश करना। 2. to become shiny, चमक जाना, पॉलिश होना। 3. to refine, परिष्कृत करना। □ **polish off,** फटाफट ख़त्म करना; **polish up,** चमकाना, सुधारना। *n.* 1. the act of polishing or the state of being polished, चमकाने की क्रिया या चमकने की अवस्था। 2. shine, चमक, पॉलिश। 3. a substance of polishing, पालिश, रोगन। 4. refinement, परिष्कार।

Polish (पो´-लिश्) *adj.* of Poland, पोलैंड का। *n.* 1. the language of Poland, पोलैंड की भाषा। 2. the Polish, पोलैंडवासी।

polished (पॉल्´-इश्ड्) *adj.* 1. coated with polish, पालिशदार, चमचमाता हुआ। 2. refined, परिष्कृत।

polisher (पॉल्´-इश्-ॲ:) *n.* one who polishes, पालिश करनेवाला, पालिशवाला।

Politburo (पॉल्´-इट्-ब्यूर्-ओ) *n.* the policy-making committee of Communist party, साम्यवादी दल की नीति-निर्धारक समिति, पोलिटब्यूरो।

polite (पॅ-लाइट्´) *adj.* 1. courteous, mannerly, नम्रतापूर्ण, शिष्टतापूर्ण, नम्र, शिष्ट। 2. refined, सुसंस्कृत, भद्र।

politely (पॅ-लाइट्´-ली) *adv.* in a polite way, नम्रता से, नम्रतापूर्वक, भद्रता से, भद्रतापूर्वक।

politeness (पॅ-लाइट्´-निस्) *n.* the quality or state of being polite, नम्रता, शिष्टता, भद्रता।

politic (पॉल्´-इ-टिक्) *adj.* 1. prudent, wise, सयाना, नीतिकुशल। 2. artful, चालाक।

political (पॅ-लिट्´-इ-कॅल्) *adj.* of or relating to politics, or to government policy-making, राजनीतिक।

politicalization (पॅ-लिट्-इ-कॅ-लाइ-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of politicizing, राजनीतीकरण।

politically (पॅ-लिट्´-इ-कॅ-ली) *adv.* in a political manner, राजनीतिक दृष्टि से।

politician (पॉल्-इ-टिश्´-ॲन्) *n.* a person engaged in politics, राजनीतिज्ञ।

politicize (पॅ-लिट्´-इ-साइज़्) *v.* (politicized, politicizing) 1. to give a political character, to make political, राजनीतिक रूप देना। 2. to participate in political activities, राजनीति में भाग लेना।

politick (पॉल्´-इ-टिक्) *v.* (politicked, politicking) to engage in politics esp. to win votes, राजनीति करना।

politico (पॅ-लिट्´-इ-को) *n.* a politician, राजनीतिज्ञ। (उपेक्षासूचक)

politics (पॉल्´-इ-टिक्स्) *n.* 1. the art or science of political government, राजनीतिशास्त्र। 2. the policies or affairs of a government, सरकारी नीतियाँ और कार्य। 3. politicial activities of a party, दलीय राजनीतिक

क्रियाकलाप। 4. manoeuvring for power etc., within group, कूटनीति, चालबाजी, राजनीति। 5. (plu.) political principles, राजनीतिक सिद्धांत।

polity (पॉल्´-इ-टी) ***n.*** 1. a form of government, शासन-प्रणाली। 2. politicaly organized society, राजनीतिक दृष्टि से संघटित समाज, राज्य।

polka (पोल्´-कॅ) ***n.*** a lively dance for couples, एक प्रकार का युगल-नृत्य।

Poll (पोल्) ***n.*** तोता (कहानियों में प्रयुक्त नाम)।

poll (पोल्) ***n.*** 1. the casting of votes in an election, मतदान। 2. the number of votes cast, पड़े हुए मत। 3. the survey of public opinion, जनमत-सर्वेक्षण।4. (plu.) the place where voting is held, चुनाव में मतदान-केंद्र। ***v.*** (polled, polling) 1. to vote at an election, मतदान करना। 2. to receive as votes, (प्रत्याशी द्वारा) मत प्राप्त करना। 3. to clip or shear, काटना, छाँटना, कतरना। 4. to cut the horns of, सींग काटना।

pollard (पॉ´-लाःड्) ***n.*** 1. a tree with its top branches cut, ठूँठ। 2. a hornless animal, सींगविहीन पशु। ***v.*** (pollarded, pollarding) to change into a pollard, शाखाविहीन या सींगविहीन कर देना।

pollen (पॉल्´-ॲन्) ***n.*** a powder-like substance produced by flowering plants, पराग।

pollinate (पॉल्´-इ-नेट्) ***v.*** (pollinated, pollinating) to fertilize with pollen, परागण करना।

pollination (पॉल्-इ-ने´-शॅन्) ***n.*** the act of pollinating, परागण।

polling (पोल्´-इंग्) ***n.*** the act of casting votes, मतदान; polling booth, मतदान-कोष्ठ; polling station, मतदान-केंद्र।

pollster (पोल्´-स्टॅः) ***n.*** one who conducts opinion polls, जनमत-सर्वेक्षक।

pollutant (पॅ-ल्यू´-टॅन्ट्) ***n.*** a substance that pollutes, प्रदूषक पदार्थ।

pollute (पॅ-ल्यूट्´) ***v.*** (polluted, polluting) 1. to make dirty, impure or unclean, प्रदूषण फैलाना, प्रदूषित करना, गंदा करना। 2. to corrupt, भ्रष्ट करना।

pollution (पॅ-ल्यू´-शॅन्) ***n.*** the act of polluting or the state of being polluted, प्रदूषण; air pollution, वायु-प्रदूषण; sound pollution, ध्वनि-प्रदूषण।

polo (पो´-लो) ***n.*** a game played by two teams on horseback, पोलो, चौगान।

poltergeist (पोल्´-टॅः-जाइस्ट्) ***n.*** a noisy ghost, उत्पात करनेवाली प्रेतात्मा, भूत।

poltroon (पॉल्-ट्रून्´) ***n.*** a coward, कायर व्यक्ति।

poly (पॉ´-ली) ***prefix.*** many-, बहु-।

polyandrous (पॉल्-इ-ऐन्´-ड्रॅस्) ***adj.*** married to more than one husband, जिसके कई पति हों।

polyandry (पॉल्-इ-ऐन्´-ड्री) ***n.*** the practice of marrying more than one husband at the same time, बहुपति प्रथा।

polychrome (पॉल्´-इ-क्रोम्) ***adj.*** having or decorated in many colours, रंग-बिरंगा।

polyclinic (पॉल्-इ-क्लिन्´-इक्) ***n.*** a hospital devoted to treatment of all diseases, वह अस्पताल जिसमें सभी रोगों का निदान होता हो।

polyester (पॉल्-इ-ऐंस्´-टॅः) ***n.*** a synthetic fibre, पालिएस्टर, पालिस्टर।

polyethylene (पॉल्-इ-ऐंथ्´-इ-लीन्) ***n.*** a synthetic resin, पालिथीन।

polygamist (पॅ-लिग्´-ॲ-मिस्ट्) ***n.*** a person having more than one wife, वह जिसकी एक से अधिक पत्नियाँ हों, बहुपत्नीक।

polygamous (पॅ-लिग्´-ॲ-मॅस्) ***adj.*** 1. of polygamy, बहुपत्नी-प्रथा-संबंधी।2. having more than one wife, बहुपत्नीक।

polygamy (पॅ-लिग्´-ॲ-मी) ***n.*** the system of having more than one wife at a time, बहुपत्नी-प्रथा।

polyglot (पॉल्´-इ-ग्लॉट्) ***adj.*** 1. knowing

many languages, बहुभाषी। 2. written in many languages, अनेक भाषाओं में लिखित।

polygon (पॉल्´-इ-गॉन्/गॅन्) *n.* a figure having five or more sides, पाँच या अधिक भुजाओं-वाली आकृति, बहुभुज।

polyhedron (पॉल्-इ-ही´-ड्रॉन्/ड्रॅन्) *n.* a solid figure having more than five sides, पाँच से अधिक पक्षोंवाला पदार्थ।

polymath (पॉल्´-इ-मैथ्) *n.* a great scholar, महापंडित।

polymorphous (पॉ-लि-मा:´-फ़ॅस्) *adj.* having or taking many forms, बहुरूपी।

Polynesia (पॉल्-इ-नी´-ज़्हॅ) *n.* a group of islands including New Zealand, Hawaii etc., आस्ट्रेलिया के पूर्व में स्थित द्वीप-समूह।

polynominal (पॉल्-इ-नो´-मि-नॅल्) *adj.* (maths.) of or consisting of more than two names or terms, बहुपदी, बहुपद-।

polyp (पॉल्´-इप्) *n.* a tube-shaped organism, पोलिप।

polyphonic (पॉल्-इ-फ़ॉन्´-इक्) *adj.* composed of two or more melodies, कई स्वरोंवाला।

polyphony (पॅ-ली´-फ़ॅ-नी) *n.* the combination of two or more melodies, स्वर-संगति।

polypod (पॉ´-लि-पॉड्) *adj.* having more than two feet, बहुपाद।

polystyrene (पॉल्-इ-स्टाइ´-रीन्) *n.* a kind of hard plastic, पालिस्ट्रीन।

polysyllabic (पॉल्-इ-सि-लैब्´-इक्) *adj.* having more than three syllables, बहुआक्षरिक।

polytechnic (पॉल्-इ-टॅक्´-निक्) *n.* a technical training institution, बहुशिल्प केंद्र। *adj.* relating to technical instruction, बहुशिल्पीय, बहुशिल्प-।

polytheism (पॉल्´-इ-थी-इज़्-ॲम्) *n.* the worship of more than one god or belief in more than one god, बहुदेववाद।

polytheistic (पॉल्-इ-थी-इस्´-टिक्) *adj.* of polytheism, बहुदेववादी।

polythene (पॉ-लि-थीन्´) *n.* a synthetic material for making bags, पोलिथीन।

polyuria (पॉ-लि-यू´-रि-ॲ) *n.* excessive urination, बहुमूत्र, बहुमूत्रण।

pomade (पॅ-मेड्´) *n.* an ointment for hair, केशलेप। *v.* (pomaded, pomading) to apply pomade to, केशलेप लगाना।

pome (पोम्) *n.* a fruit containing core and seeds, बीजूफल।

pomegranate (पॉम्´-इ-ग्रैन्-इट्) *n.* a tree and its round fruits, अनार।

Pomeranian (पॉम्-इ-रे´-नि-ॲन्) *n.* a dog of small breed, छोटे कद के तथा लंबे बालोंवाले कुत्तों की एक जाति।

pomiculture (पो´-मि-कॅल्-चॅ:) *n.* cultivation of fruit, फल-कृषि।

pommel (पॅम्´-ॲल्) *n.* 1. a knob on the hilt of a sword, (तलवार की मुठिया की) गाँठ। 2. the upper front part of a saddle, काठी का आगे का भाग, हरना।

pomp (पॉम्प्) *n.* 1. splendour, शान, ठाट-बाट; pomp and show, तड़क-भड़क, शानोशौकत। 2. ostentatious display, आडंबर, दिखावा।

pompadour (पॉम्´-पॅ-डो:) *n.* a hairdo, बाल सँवारने का एक ढंग जिसमें बाल माथे से आगे छत्ते की तरह निकले रहते हैं।

pompom (पॉम्´-पॉम्) *n.* a tuft on a cap, फुँदना।

pomposity (पॉम्-पॉस्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being pompous, शान, तड़क-भड़क, आडंबरप्रियता।

ponce (पॉन्स्) *n.* an effeminate person, औरतों के से स्वभाववाला आदमी, जनाना आदमी।

pompous (पॉम्´-पॅस्) *adj.* 1. splendid, भव्य, शानदार। 2. ostentatious, तड़क-भड़कवाला, आडंबरपूर्ण। 3. ostentatiously self-important, आडंबरप्रिय।

poncho (पॉन्´-चो) *n.* a blanket-like cloak with a hole in the centre for the head, गर्म कपड़े का बिना सिला लबादा।

pond (पॉन्ड्) *n.* a still body of water, पोखरा, ताल, तालाब, कुंड।

ponder (पॉन्´-डॅः) *v.* (pondered, pondering) 1. to consider carefully, सोच-विचार करना, सोचना-विचारना। 2. to medtate, मनन करना।

ponderous (पॉन्´-डॅ-रॅस्) *adj.* 1. heavy, huge, भारी, भारी-भरकम। 2. dull, भद्दा।

ponderously (पॉन्´-डॅ-रॅस्-ली) *adv.* in ponderous manner, भद्दे ढंग से।

pong (पॉङ्ग्) *n.* offensive smell, महक, दुर्गंध।

pongee (पॉन्´-जी) *n.* a soft thin silk cloth, महीन रेशमी कपड़ा।

poniard (पॉन्-यॅःड्) *n.* a small dagger, कटार, ख़ंजर।

pontiff (पॉन्´-टिफ़्) *n.* 1. a bishop, धर्माचार्य। 2. the Pope, पोप।

pontifical (पॉन्-टिफ़्´-इ-कॅल्) *adj.* of a pontiff, धर्माध्यक्षीय।

pontificate (पॉन्-टिफ़्´-इ-केट्) *v.* (pontificated, pontificating) to speak or bahave like a pontiff, धर्माचार्य की तरह बोलना या व्यवहार करना।

pontoon-bridge (पॉन्-टून्´-ब्रिज्) *n.* a temporary bridge of hollow metal cylinders, पीपे का पुल।

pony (पो´-नी) *n.* 1. a horse of small breed, टट्टू। 2. something smaller than standard, सामान्य से छोटे आकार-प्रकार की वस्तु।

ponytail (पो´-नि-टेल्) *n.* a hair style in which hair hangs like a horse tail, टट्टू की पूँछ की तरह लटकती हुई चोटी।

pony-trekking *n.* act of travelling on the back of a pony, टट्टू की सवारी।

pooch (पूच्) *n.* a dog, कुत्ता।

poodle (पू´-डॅल्) *n.* a dog with curly hair, घुँघराले बालोंवाले कुत्तों की एक जाति।

poof (पूफ़्) *n.* a male homosexual, समलिंगकामी।

pooh (पू) *interj.* an exclamation of disdain; contempt etc., छी, उँह।

pooh-pooh (पू-पू´) *v.* (pooh-poohed, pooh-poohing) to express disdain for, तिरस्कार करना, घिन करना।

pool[1] (पूल्) *n.* 1. a small area of still water, पोखरा, ताल। 2. a shallow patch of water, blood etc., गिरा-पड़ा पानी, खून आदि। 3. a deep place in a river, नदी का गहरा स्थान। 4. a swimming pool, तरणताल।

pool[2] *n.* 1. common fund for speculation, निधि, साझी निधि। 2. a combination of business firms, व्यापारिक गठजोड़। *v.* (pooled, pooling) to contribute to the common fund, निधि स्थापित करना।

poop[1] (पूप्) *n.* the stern of a ship, जलयान का पिछला भाग, दुंबाल।

poop[2] *n.* feces, गूह, मल।

pooped (पूप्ड्) *adj.* tired, थका हुआ, श्रांत।

poor (पुअॅः) *adj.* 1. poverty-stricken, ग़रीब, निर्धन, अकिंचन। 2. unfortunate, अभागा, बेचारा, दीनहीन। 3. scanty, अपर्याप्त, अल्प। 4. bad, ख़राब, बुरा। 5. despicable, तुच्छ। 6. deserving sympathy, दया का पात्र, दीनहीन।

poorbox (पुअॅः-बॉक्स्) *n.* a box for collecting alms, दानपात्र, दानपेटी।

poorhouse (पुअॅः-हॉउस्) *n.* a residential place for paupers, दीननिवास, दरिद्रनिवास, अनाथालय।

poorly (पुअॅः-ली) *adj.* in a poor health, ill, अस्वस्थ। *adv.* badly, बहुत ख़राब, बहुत ख़राब ढंग से।

poorness (पुअॅः-निस्) *n.* 1. poverty, ग़रीबी, दीनता, दरिद्रता। 2. shortage, lack, कमी, अभाव।

poormouth (पुअॅः-मॉउथ्) *v.* (poormouthed, poormouthing) to complain about one's poverty, अपनी ग़रीबी का रोना रोना।

pop[1] (पॉप्) *n.* a small sharp explosive sound, तड़, फट। *v.* (popped, popping) 1. to make a pop, तड़ शब्द करना, फट शब्द करना। 2. to heat corn until it burst open, मक्की का

तड़-तड़ शब्द करते हुए भूना जाना, फूट जाना। 3. to come or go rapidly, जल्दी से आना या जाना। 4. to protrude, बाहर निकला होना। 5. to shoot, दागना, गोली मारना। 6. to put suddenly, जल्दी से डाल देना। □ **pop off,** तड़तड़ बोलते जाना; **pop the question,** शादी का प्रस्ताव करना।

pop² *n.* music of general appeal, पॉप संगीत। *adj.* in a popular modern style, आधुनिक तथा लोकप्रिय।

popcorn (पॉप´-कॉ:न्) *n.* the puffed kernels of maize, मक्की का लावा।

pope (पोप्) *n.* the head of Roman Catholic Church, ईसाई धर्मगुरु, पोप।

popedom *n.* office of Pope, पोप का पद।

popery (पोप्´-ऑर्-ई) *n.* the doctrines of Roman Catholic Church, पोपवाद।

pop-eyed (पोप्´-आइड्) *adj.* with bulging eyes, मोटी-मोटी आँखोंवाला।

popgun (पॉप्´-गन्) *n.* a child's toy gun, बच्चों के खेलने की बंदूक।

popinjay (पॉप्´-इन्-जे) *n.* a vain person, दंभी व्यक्ति।

poplar (पॉप्´-लॅ:) *n.* a tree, पहाड़ी पीपल।

poplin (पॉप्´-लिन्) *n.* a fine cotton fabric, पापलिन।

poppet (पॉप्´-इट्) *n.* a little person, नाटा आदमी।

popple (पॉप्´-ॲल्) *v.* (poppled, poppling) to ripple, लहरें उठना, लहराना।

poppy (पॉप्´-ई) *n.* 1. a plant, पोस्ते का पौधा। 2. opium, अफीम।

poppycock (पॉप्´-इ-कॉक्) *n.* nonsense, बकवास।

poppy seed *n.* the seed of the poppy, पोस्ते का दाना।

populace (पॉप्´-यॅ-लिस्/लेस्) *n.* 1. the common people, जनता। 2. population, आबादी।

popular (पॉप्´-यॅ-लॅ:) *adj.* 1. liked by the common people, लोकप्रिय, जनप्रिय। 2. favoured by an individual, प्रिय, चहेता। 3. common, public, जनता-संबंधी, लोक-; popular movement, जन-आंदोलन। 4. appealing to the layman, जनाकर्षक, लोकप्रिय।

popularity (पॉप्-यॅ-लैर्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being popular, लोकप्रियता, जनप्रियता।

popularize (पॉप्´-यॅ-लॅ-राइज़्) *v.* (popularized, popularizing) 1. to make popular, लोकप्रिय बनाना। 2. to make easily understandable, सुबोध या सुगम बनाना।

popularly (पॉप्´-यॅ-लॅ:-ली) *adv.* by the people generally, आम तौर से।

populate (पॉप्´-यॅ-लेट्) *v.* (populated, populating) 1. to supply with inhabitants, (स्थान का) बसना/बसाना, आबाद होना/करना। 2. to live, रहना, बसना।

population (पॉप्-यॅ-ले´-शॅन्) *n.* the total inhabitant of a place or country, जनसंख्या, आबादी, बस्ती।

populism (पॉप्´-यॅ-लिस्-ॲम्) *n.* a philosophy opposing the concentration of power in the hands of government or bureaucracy, लोकवाद।

populist (पॉप्´-यॅ-लिस्ट्) *n.* one who believes in populism, लोकवादी।

populous (पॉप्´-यॅ-लॅस्) *adj.* containing many inhabitants, घना बसा हुआ (स्थान), घना आबाद, जनाकीर्ष।

porcelain (पो:´-सॅ-लीन्) *n.* 1. a hard white ceramic, चीनी मिट्टी। 2. an object made of porcelain, चीनी मिट्टी का पात्र।

porch (पो:च्) *n.* a roofed structure at an entrance to a house, ड्योढ़ी, द्वारमंडप, पोर्च।

porcine (पॉ:´-साइन्) *adj.* of or like pigs, सुअर का, सुअर-जैसा, शूकरीय।

porcupine (पॉ:-क्यु-पाइन्´) *n.* a rodent covered with long sharp spines, साही (जंतु)।

pore (पो:) *n.* 1. a tiny opening in the skin, रोमकूप। 2. a small hole, छिद्र। *v.* (pored,

poring) to think deeply about, ध्यान देना, ग़ौर करना।

pork (पो:क्) *n.* the flesh of a pig, सुअर का गोश्त, शूकरमांस।

porker (पो:´-कें:) *n.* a fattened pig, मोटा-ताज़ा सुअर।

porky (पो:´-की) *adj.* fat, मोटा।

pornographer (पॉ:-नॅ-ग्रैफ़्´-अॅ:) *n.* a writer of pornographic literature, अश्लील लेखक।

pornographic (पॉ:-नॅ-ग्रैफ़्´-इक्) *adj.* of pornography, अश्लील।

pornography (पॉ:-नॉग्´-रॅ-फ़ी) *n.* writings, pictures, films etc. to arouse sexual desire, अश्लील लेखन, अश्लील साहित्य।

porosity (पॅ-रॉस्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being porous, सरंध्रता।

porous (पोर्´-अॅस्) *adj.* full of pores, छेदों से भरा, सरंध्र, छिद्रिल।

porpoise (पॉ:´-पॅस्) *n.* a sea animal having a snout and many teeth, सूँस।

porridge (पॉर्´-इज्) *n.* boiled cereal esp, oatmeal, दलिया।

porringer (पॉर्-ॲन्-जॅ:) *n.* a bowl, कटोरा।

port[1] (पो:ट्) *n.* 1. a harbour, बंदरगाह, पत्तन। 2. an airport where goods pass in and out, वह हवाई अड्डा जहाँ से जलयान द्वारा सामान लाने-ले जाने की व्यवस्था हो।

port[2] *n.* 1. a side entrance in a ship for loading and unloading, वह दरवाज़ा जिसमें से जहाज़ का समान उतारा-चढ़ाया जाता है। 2. the left hand side of a ship, जहाज़ का बायाँ पहलू। *v.* (ported, porting) to turn left hand side, बाईं ओर मोड़ना या मुड़ना।

portable (पो:´-टॅ-बॅल्) *adj.* able to be carried easily, सुवाह्य, उठौआँ, पोर्टेबल।

portage (पो:´-टिज्/टेज्) *n.* the transporting of boats overland between two rivers, नावों की ढुलाई, नाव-ढुलाई।

portal (पो:´-टॅल्) *n.* a gateway, प्रवेशद्वार, मुख्यद्वार, सिंहद्वार।

portal vein *n.* a vein that carries blood from the digestive organs and spleen to liver, यकृत शिरा।

portcullis (पो:ट्-कल्´-इस्) *n.* a sliding gate, खिसकौंआ फाटक।

portend (पो:´-टेंन्ड्) *v.* (portended, portending) to give warning of, शकुन होना, संकेत होना, पूर्वसूचना या चेतावनी देना।

portent (पो:´-टॅन्ट्) *n.* 1. a warning, पूर्वसूचना या चेतावनी। 2. an omen, सगुन/असगुन, शकुन/अपशकुन।

portentous (पो:-टॅन्´-टॅस्) *adj.* 1. of or pertaining to a portent, पूर्वसूचना या चेतावनी देनेवाला, पूर्वसूचक। 2. eliciting wonder, आश्चर्यजनक।

porter[1] (पो:´-टॅ:) *n.* 1. a man employed to carry traveller's luggage, सामान ढोनेवाला मज़दूर, कुली, भारिक। 2. an attendant of a coach, यात्री-सहायक।

porter[2] *n.* a gate-keeper, द्वारपाल, दरबान।

portfolio (पो:ट्-फ़ो´-लि-ओ) *n.* 1. a case for holding loose papers, कागज़-पत्र रखने का चमड़े का बैग, पोर्टफ़ोलियो। 2. the post of a cabinet member, मंत्री को दिया जानेवाला विभाग; minister without portfolio, निर्विभागीय मंत्री।

porthole (पो:ट्´-होल्) *n.* a window of a ship, मोखा।

portico (पो:´-टि-को) *n.* a covered entrance to a building, द्वारमंडप, पोर्टिको।

portiere (पो: ´-टी-अॅ:,) *n.* a heavy curtain hung across a doorway, दरवाज़े का मोटा पर्दा।

portion (पो:´-शॅन्) *n.* 1. a part of something, अंश, हिस्सा, भाग। 2. a dowry, दहेज। 3. one's destiny, भाग्य, तक़दीर। *v.* (portioned, portioning) to divide into portions, हिस्से लगाना, बाँटना।

portly (पो:ट्´-ली) *adj.* 1. stout, हट्ठा-कट्टा। 2. impressive, प्रभावपूर्ण।

portmanteau (पो:ट्-मैन्´-टो) *n.* a large leather suitcase, चमड़े का बड़ा संदूक।

portmanteau word *n.* a word coined by the parts of two words, ऐसा शब्द जो दो शब्दों के अंशों को जोड़कर बनाया गया हो, जैसे moter और hotel से motel.

portrait (पो:´-ट्रेट्/ट्रिट्) *n.* 1. a painting or photograph, तस्वीर, चित्र, फोटो। 2. a description in words, शब्दचित्र।

portray (पो:-ट्रे´) *v.* (portrayed, portraying) 1. to depict pictorially, चित्रित करना, चित्रण करना, चित्र बनाना। 2. to describe in words, शब्दचित्र प्रस्तुत करना। 3. to play the role, भूमिका निभाना, अभिनय करना।

portrayal (पो:-ट्रे´-अॅल्) *n.* 1. the act of portraying , चित्रण। 2. description in words, शब्द-चित्रण।

pose (पोज़्) *v.* (posed, posing) 1. to assume a desired position (for a photograph etc., फोटो आदि खिंचवाने के लिए) कोई विशिष्ट मुद्रा धारण करना। 2. to affect an attitude in order to impress others, मुद्रा बनाना। 3. to pretend, बनना। 4. to ask, पूछना। 5. to present, प्रस्तुत करना। *n.* 1. a physical attitude, ठवन, भंगिमा, मुद्रा, पोज़। 2. an attitude, रुख़। 3. a pretence, ढोंग, आडंबर, बनावट।

poser (पो´-ज़ॅ:) *n.* 1. one who poses, मुद्रा धारण करनेवाला। 2. a baffling question, विकट प्रश्न या समस्या।

poseur (पो-ज़ः´) *n.* one who behaves affectedly, ढोंगी।

posh (पॉश्) *adj.* 1. of the upper class, उच्चवर्गीय। 2. fashionable, smart, फैशनेबुल।

posit (पॉज़्´-इट्) *v.* (posited, positing) 1. to put forward as a fact, तथ्य प्रस्तुत करना। 2. to assume as a fact, तथ्य मानकर चलना।

position (पॅ-ज़िश्´-अॅन्) *n.* 1. place, situation or location, स्थिति। 2. a situation in relation to other people or things, स्थिति। 3. a point of view, दृष्टिकोण। 4. rank or status, पदवी। 5. a post of employment, पद। □ **take position,** (खेल में) अपनी जगह संभालना। *v.* (positioned, positioning) to put in a particular place or position, स्थित करना, स्थापित करना, रखना।

positional (पॅ-ज़िश्´-अॅ-नॅल्) *adj.* of or relating to position, स्थिति-संबंधी, स्थितिपरक।

positive (पॉज़्´-इ-टिव्) *adj.* 1. displaying affirmation, सकारात्मक, स्वीकारात्मक। 2. definite, सुस्पष्ट, सुनिश्चित। 3. real, वास्तविक। 4. certain, निश्चित। 5. assured, विश्वस्त। 6. (gram.) denoting the simple degree of an adjective or adverb, अस्तिवाचक, सकारात्मक। 7. (photo) having the lights and shades in the actual, सहिक। 8. (maths. & elect.) greater than zero, धनात्मक।

positively (पॉज़्´-इ-टिव्-ली) *adv.* certainly, निश्चित रूप से।

positiveness (पाज़्´-इ-टिव्-निस्) *n.* the state or quality of being positive, सुनिश्चितता, सकारात्मकता।

positron (पॉज़्´-इ-ट्रॉन्) *n.* the anti-particle of the electron, धनाणु, पॉज़िट्रॉन।

posse (पॉस´-ई) *n.* a group of people summoned by a sheriff to aid in law enforcement, व्यवस्था स्थापित करनेवालों का दल।

possess (पॅ-ज़ेस्´) *v.* (possessed, possessing) 1. to own, होना, रखना, पास होना। 2. to have as an attribute, (गुण) होना। 3. to have (knowledge, जानकारी) होना। 4. to keep control over, नियंत्रण रखना। 5. to be under the influence of, अभिभूत होना।

possessed (पॅ-ज़ेस्ड्´) *adj.* controlled by an evil spirit, प्रेतग्रस्त, बाधाग्रस्त।

possession (पॅ-ज़ेश्´-अॅन्) *n.* 1. the act or fact of possessing, कब्ज़ा, स्वामित्व। 2. something owned, धारण की हुई वस्तु, अपनी या अधिकृत वस्तु, संपत्ति। 3. a right, अधिकार। 4. the state of being dominated

by an evil spirit, भूतावेश, भूत-बाधा।

possessive (पॅ-ज़ेंस्´-इव्) *adj.* 1. of or pertaining to possession, स्वामित्व, स्वत्वबोधक। 2. (gram.) genitive, संबंधवाचक; possessive case, संबंधकारक, षष्ठी।

possessor (पॅ-ज़ेंस्´-अ:) *n.* one who possesses, स्वामी, धारक।

possibility (पॉस्-इ-बिल्´-इ-टी) *n.* the condition or fact of being possible, संभवता, संभावना।

possible (पॉस्´-अॅ-बॅल्) *adj.* capable of being in existence, taking place, being done or used, संभव, संभावित।

possibly (पॉस्´-अॅ-ब्ली) *adv.* may be, perhaps, संभवतः, शायद।

possum (पॉस्´-अॅम्) *n.* an opossum, कंगारू की जाति का एक पशु। □ **play possum,** to pretend to be dead or asleep in order to deceive someone, किसी को धोखा देने के लिए इस प्रकार पड़े रहना कि सोया हुआ या मृत जान पड़े।

post[1] (पोस्ट्) *n.* 1. a pillar, खंभा। 2. a peg, खूँटा। 3. the starting or winning post in a race, दौड़ का खंभा। *v.* (posted, posting) to fasten a notice at public place, सूचना, पोस्टर आदि चिपकाना या लगाना।

post[2] *n.* 1. a military base, सैनिक स्थल। 2. an assigned position of a sentry, सिपाही या सैनिक का नियुक्ति-स्थल, पोस्ट, चौकी। 3. a position of employment, पद। *v.* (posted, posting) 1. to assign to a specific position or station, स्थान विशेष पर नियुक्त करना, तैनाती करना। 2. to put forward, प्रस्तुत करना, पेश करना। 3. to keep posted, सूचना देते रहना।

post[3] *n.* 1. the system of transporting and delivering mail, डाक व्यवस्था। 2. a post-office, डाक-घर। 3. a letter or package sent by postoffice, डाक। *v.* (posted, posting) 1. to mail, डाक से पत्र आदि भेजना। 2. to enter an item in a ledger, खतियाना, खाते में चढ़ाना, इंदराज। *adv.* rapidly, तेज़ी से।

post[4] *prefix.* after, पश्च-, उत्तर-।

postage (पो´-स्टिज्) *n.* the charge for mailing a letter, package etc., डाकव्यय, डाकशुल्क।

postage stamp *n.* ticket for attaching to mail, डाक-टिकट।

postal (पो´-स्टॅल्) *adj.* of post office or mail, डाक या डाकघर-संबंधी।

postbox (पोस्ट्´-बॉक्स्) *n.* a box in which letters to be sent by post are placed, डाक-बक्स, पोस्ट बॉक्स।

postcard (पोस्ट्´-का:ड्) *n.* a card sent by post, पोस्टकार्ड।

postcode *n.* (पोस्ट्´-कोड्) pincode, पिनकोड, पिन।

postdate (पोस्ट्-डेट्´) *v.* (postdated, postdating) to write a future date, आगे की तिथि डालना।

postdated (पोस्ट्-डे´-टिड्) *adj.* having a future date, उत्तरदिनांकित, बाद की तारीख़वाला।

poster (पो´-स्टॅ:) *n.* an advertisement posted in a public place, इश्तहार, पोस्टर।

poste restante (पोस्ट्-रि-स्टैन्ट्´) *n.* the department that collects letters sent care of post master, डाकपाल की मार्फ़त मँगवाए हुए पत्रों को रखने का विभाग। (फ्रांसीसी)

posterior (पॉ-स्टिअॅर्´-इ-अॅ:) *adj.* 1. rear, पश्च, पिछला। 2. subsequent, परवर्ती। 3. later, उत्तरकालीन। *n.* the buttocks, नितंब, चूतड़।

posterity (पॉ-स्टॅर्´-इ-टी) *n.* 1. future generation, भावी पीढ़ी। 2. one's descendants, अपने वंशज।

postern (पो´-स्टॅ:न्) *n.* a gate at the back side of a fortress, किले का पिछला दरवाज़ा, पश्चद्वार।

postgraduate (पोस्ट्-ग्रैज्´-उ-अॅट्) *adj.* involving or pursuing studies after taking a bachelor's degree, स्नातकोत्तर। *n.* one who

is pursuing studies for a more advanced qualification, स्नातकोत्तर विद्यार्थी।

post-haste (पोस्ट्´-हेस्ट्´) *adv.* with great haste, जल्दबाज़ी में।

posthumous (पॉस्´-चॅ-मॅस्) *adj.* 1. born after the death of the father, पिता की मृत्यु के बाद उत्पन्न होनेवाला। 2. happening after one's death, मरणोत्तर; posthumous award, मरणोत्तर पुरस्कार।

posthumously (पॉस्´-चॅ-मॅस्-ली) *adv.* after one's death, मरणोपरांत।

postiche (पॉस्-टीश्´) *adj.* 1. artificial, नकली, कृत्रिम। 2. superfluous, फ़ालतू।

postil (पॉस्´-टिल्) *n.* a marginal note, हाशिए की टिप्पणी।

postillion (पो-स्टिल्´-यॅन्) *n.* a horse-rider, घुड़सवार।

postlude (पोस्ट्´-ल्यूड्/लूड्) *n.* a concluding piece of a musical composition, गीत की अंतिम कड़ी।

postman (पोस्ट्´-मॅन्) *n.* one who carries and delivers mail, डाकिया, पोस्टमैन।

postmark (पोस्ट्´-माःक्) *n.* a mark stamped on a mail, डाकघर द्वारा चिट्ठियों आदि पर लगाई जानेवाली मोहर।

postmaster (पोस्ट्´-मास्-टॅः, पोस्ट्´-मैस्-टॅः) *n.* a person in charge of a post office, डाकपाल, पोस्टमास्टर।

post meridiem (p.m.) (पोस्ट्-मॅ-रिड्´-इ-ॲम्) *adj.* afternoon, अपराह्न।

post-mortem (पोस्ट्-मॉः´-टॅम्) *n.* 1. a medical examination of the dead body, शव-परीक्षा, पोस्टमार्टम। 2. analysis of a recent event, किसी ताज़ा घटना की समीक्षा।

postnatal (पोस्ट्-ने´-टॅल्) *adj.* occurring after birth, जन्मोत्तर।

post office (पोस्ट्´-आः-फ़िस्) *n.* an office where postal business is conducted, डाकघर, पोस्ट आफ़िस।

post-operative (पोस्ट्-ऑप्´-ॲ-रे-टिव्, पोस्ट-ऑप्´-ॲर्-ॲ-टिव्) *adj.* occurring or executed after surgery, आपरेशन के बाद का।

postpaid (पोस्ट्-पेड्´) *adj.* with the postage paid in advance, जिसका डाकशुल्क पहले से दे दिया गया हो, पूर्वप्रदत्त।

postpone (पोस्ट्-पोन्´) *v.* (postponed, postponing) to put off or delay until a future time, स्थगित करना, मुलतवी रखना।

postponement (पोस्ट्-पोन्´-मॅन्ट्) *n.* the act of postponing or the state of being postponed, स्थगन, मुलतवी।

postposition (पोस्ट्-पो-ज़ी´-शॅन्) *n.* a connective used after a noun or pronoun, परसर्ग।

postscript (पोस्ट्´-स्क्रिप्ट्) *n.* 1. a message added at the end of a letter, esp. after signature, पुनश्च। 2. a supplement, पूरक।

postulant (पॉस्´-चॅ-लैन्ट्) *n.* a candidate for admission into a religious order, दीक्षार्थी।

postulate (पॉस्´-चॅ-लेट्) *v.* (postulated, postulating) 1. to assume to be true, मान लेना। 2. to demand, or claim, माँगना या दावा करना। 3. to lay down as condition, शर्त रखना। *n.* something assumed as the basis of an argument, आधार-तत्त्व, अभिधारणा, शर्त।

postulation (पॉस्-चॅ-ले´-शॅन्) *n.* the act of postulating or the state of being postulated, अभिधारण, शर्त रखना।

posture (पॉस्´-चॅः) *n.* 1. a position of the body, ठवन, मुद्रा। 2. condition, स्थिति। 3. attitude, रुख़, अभिवृत्ति।

post-war (पोस्ट्´-वाः´) *adj.* occurring after a war, युद्धोत्तर।

posy (पो´-ज़ी) *n.* a bunch of flowers, पुष्पगुच्छ, गुलदस्ता।

pot (पॉट्) *n.* 1. a vessel, बर्तन, पात्र। 2. something resembling a vessel, बर्तन के आकार की वस्तु। 3. a wicker trap for catching fish, मछलियाँ पकड़ने का झाबा। 4. a prize, पुरस्कार।

5. a trophy, ट्राफ़ी। □ **keep the pot boiling,** to earn just enough for living, गुज़ारे भर के लिए कमा पाना; **the pot calling the kettle black,** the person, who accuses the other for a fault has the same fault himself, जो दूसरे पर दोष लगा रहा है, वह दोष उसमें भी है। *v.* (potted, potting) 1. to put in a pot, बर्तन में रखना। 2. to plant, रोपना। 3. to shoot a game for food, मांस के लिए शिकार करना।

potable (पो´-टॅ-बॅल्) *adj.* fit to drink, पीने-योग्य, पेय।

potage (पो-टाज़्ह्´) *n.* a thick soup, गाढ़ा सूप। (फ्रांसीसी)

potash (पॉट्´-ऐश्) *n.* potassium carbonate, पोटाश।

potassium (पॅ-टैस्´-इ-ॲम्) *n.* a metallic element, पोटेशियम।

potation (पो-टे´-शॅन्) *n.* 1. the act of drinking, मद्यपान, मदिरापान। 2. a drink, पेय, मद्य।

potato (पॅ-टे´-टो) *n.* a plant and its edible root, आलू।

potato chip *n.* a thin fried slice of potato, आलू की कचरी।

potbelly (पॉट्´-बॅल्-ई) *n.* a protruding belly, तोंद।

potboiler (पॉट्´-बॉइ-लॅः) *n.* a literary or artistic work of little importance, सिर्फ़ पैसा कमाने के उद्देश्य से तैयार की गई रचना, नगण्य कृति, क्षुद्रकृति।

potency (पो´-टॅन्-सी) *n.* 1. power, force, शक्ति, सामर्थ्य। 2. power of sexual intercourse, पुंसत्व।

potent (पो´-टॅन्ट्) *adj.* 1. powerful, forceful, सशक्त, तेज़। 2. influential, प्रभावी। 3. capable of having sexual intercourse, पुंसत्व युक्त, कामसक्षम (पुरुष)।

potentate (पो´-टॅन्-टेट्) *n.* a monarch, राजा।

potential (पॅ-टॅन्´-शॅल्) *adj.* 1. having potency, सशक्त, समर्थ। 2. capable of being or becoming developer, संभाव्य, संभावी, संभावित। 3. latent, अंतर्हित, गर्भित, प्रच्छन्न। 4. (gram.) expressing possibility, विध्यर्थक। *n.* 1. possibility, संभाव्यता, संभावना। 2. latent ability or power, छिपी शक्ति, अंतर्निहित शक्ति, प्रभविष्णुता।

potentiality (पॅ-टॅन्-शि-ऐल्´-इ-टी) *n.* latent ability or power, अंतर्निहित शक्ति, सामर्थ्य।

potentially (पॅ-टॅन्´-शि-ॲ-ली) *adv.* in possibility, संभवतः।

potentiate (पॅ-टॅन्´-शि-एट्) *v.* (potentiated, potentiating) 1. to make more powerful, शक्तिशाली या तीव्र बनाना। 2. to make possible, संभव बनाना।

potentiation (पॅ-टॅन्-शि-ए´-शॅन्) *n.* the act of potentiating, तीव्रीकरण।

pothead (पॉट्´-हॅड्) *n.* an addict of drugs, नशाख़ोर व्यक्ति।

pother (पॉथ्´-ॲः) *n.* 1. a commotion, होहल्ला, उपद्रव। 2. a cloud of dust or smoke, धूल या धुएँ का अंबार।

pothole (पॉट्´-होल्) *n.* a deep hole, गहरा गड्ढा।

pothook (पॉट्´-हुक्) *n.* a hook for hanging pots, खूँटी।

potion (पो´-शॅन्) *n.* a medicinal drink, काढ़ा।

pot-pourri (पॅउ्-पु-री´) *n.* 1. fragrant dried petals, सूखी सुगंधित पत्तियाँ। 2. a collection of unrelated items, बेमेल संग्रह। 3. a medley of tunes, स्वर-संगम।

potsherd (पॉट्´-शॅःड्) *n.* a broken piece of earthenware, मिट्टी के टूटे बर्तन का टुकड़ा, ठीकरा।

potshot (पॉट्´-शॉट्) *n.* a chance shot, अंधा निशाना।

pottage (पॉट्´-इज्) *n.* a thick soup, गाढ़ा रसा, सूप।

potted (पॉट्´-इड्) *adj.* 1. placed in a pot, बर्तन में रखा हुआ। 2. grown in a pot, गमले में उगाया जानेवाला। 3. abridged, संक्षिप्त।

potter[1] (पॉट्´-अ:) *v.* (pottered, pottering) 1. to move aimlessly, इधर-उधर घूमना। 2. to waste time, समय गँवाना।

potter[2] *n.* a person who makes pottery, कुम्हार।

potter's wheel *n.* a disc of a potter, (कुम्हार का) चाक।

pottery (पॉट्´-अ-री) *n.* 1. earthenware, मिट्टी के बर्तन। 2. the business of a potter, मिट्टी के बर्तन बनाने तथा बेचने का व्यवसाय, कुम्हारी। 3. a potter's workshop, वह स्थान जहाँ कुम्हार बर्तन बनाता है।

potty (पॉट्´-ई) *n.* a small pot used by children as a toilet, छोटे बच्चों के टट्टी-पेशाब करने का पात्र, शौच-पात्र, कमोड, टट्टीदान। *adj.* 1. foolish, मूर्खतापूर्ण। 2. trivial, तुच्छ।

pouch (पाउच्) *n.* 1. a small bag, थैली। 2. a pouch like cavity, थैलीनुमा अंग, थैली। *v.* (pouched, pouching) to put in a pouch, थैली में रखना।

pouffe (पूफ़्) *n.* 1. a cushion used as a seat, मोटी गद्दी। 2. a pad set in the hair, जूड़े में लगाने की गद्दी।

poult (पोल्ट्) *n.* the young of a fowl, मुर्गी का बच्चा, चूज़ा।

poulterer (पोल्´-टॅ-रॅ:) *n.* one who rears domestic fowls, मुर्गीपालक।

poultice (पोल्´-टिस्) *n.* a soft heated dressing applied to aching or inflamed part of the body, पुलटिस।

poultry (पोल्´-ट्री) *n.* chickens, ducks etc. raised for meat or eggs, मांस या अंडों के लिए पाली जानेवाली मुर्गियाँ, बतखें आदि।

poultry farm *n.* a place for rearing chickens, ducks etc., मुर्गी-फ़ार्म।

pounce (पाउन्स्) *v.* (pounced, pouncing) 1. to fall up on to snatch something, झपट्टा मारना। 2. to swoop upon one's prey, झपट पड़ना, दबोच लेना। 3. to throb heavily, धड़कना। *n.* the act of pouncing, झपट्टा।

pound[1] (पाउन्ड्) *v.* (pounded, pounding) 1. to strike heavily with repeated blows, कूटना या पीटना। 2. to beat to a pulp, crush, कुचल डालना, कचूमर निकाल देना, पीस डालना। 3. to gunfire, गोलाबारी करना। 4. to instil by persistent repetition, बार-बार दुहराकर हृदयंगम करना।

pound[2] *n.* 1. a unit of weight equal to 16 ounces, पौंड। 2. the standard monetary unit of England, पौंड।

pound[3] *n.* an enclosure for the confinement of stray animals, कांजी-हाउस। *v.* (pounded, pounding) 1. to confine in a pound, कांजी हाउस में बंद करना। 2. to imprison, जेल में बंद करना।

poundage (पाउन्´-डिज्) *n.* 1. a weight expressed in pounds, पौंड-भार। 2. charge based on weight in pounds, प्रति पौंड के हिसाब से लगाई हुई दर, लागतआदि।

pound-foolish (पाउन्ड्´-फ़ू´-लिश्) *n.* foolish about large sums of money, धन-उजाड़ू।

pour (पो:) *v.* (poured, pouring) 1. to flow or cause to flow in a stream, उँड़ेलना। 2. to rain heavily, मूसलाधार वर्षा होना। □ **pour cold water on,** हतोत्साहित करना; **pour oil on troubled waters,** झगड़ा शांत करना।

pourboire (पु:-ब्वा:´) *n.* a tip, बख़्शीश। (फ्रांसीसी)

pourparler (पु:-पा:-ले´) *n.* preliminary discussion, आरंभिक वार्ता।

pout (पाउट्) *v.* (pouted, pouting) 1. to push out one's lips in displeasure, होंठ बिचकाना। 2. to show displeasure, अप्रसन्नता व्यक्त करना।

poverty (पॉव्´-अ:-टी) *n.* 1. lack of money, गरीबी, निर्धनता, दीनता, अकिंचनता। 2. lack, deficiency, अभाव, कमी, दीनता। 3. infertility, अनुर्वरता।

poverty-stricken (पॉव्´-अ:-टी-स्ट्रिक्-अॅन्) *adj.* extremely poor, ग़रीबी का मारा, भूखा-

नंगा।

powder (पाउ´-डॅ:) *n.* 1. a mass of fine solid particles, चूर्ण, चूरा, बुकनी, पाउडर। 2. face powder, मुँह पर लगाने का पाउडर। 3. gun powder, बारूद, मसाला। *v.* (powdered, powdering) 1. to pulverize, पीसना। 2. to cover with powder, पाउडर लगाना।

powdered (पाउ´-डॅ:ड्) *adj.* pulverized, चूर्णित, बूका हुआ।

powder magazine *n.* a place where gunpowder is stored, बारूदख़ाना।

powdery (पाउ´-डॅ-री) *adj.* 1. powderlike, पाउडर-जैसा, भुरभुरा। 2. covered with powder, पाउडर-पुता।

power (पाउ´-ॲ:) *n.* 1. strength, force, बल, शक्ति, क्षमता। 2. authority, सत्ता। 3. a powerful nation, शक्तिशाली राष्ट्र। 4. horse power, अश्वशक्ति, अश्वबल। 5. (maths.) an exponent, घात। 6. a particular form of energy, शक्ति; nuclear power, नाभिकीय शक्ति। *v.* to supply power to, बिजली देना, शक्तियुक्त करना, बल से चलाना।

powercut (पाउ´-ॲ:-कट्) *n.* a temporary reduction in the supply of electrical power, बिजली-कटौती।

powerful (पाउ´-ॲ:-फ़ुल्) *adj.* having great power, शक्तिशाली।

powerfully (पाउ´-ॲ:-फ़ु-ली) *adv.* strongly, शक्तिपूर्वक।

powerhouse (पाउ-ॲ:-हॉउस्) *n.* a building where electricity is generated, बिजली-घर।

powerless (पाउ´-ॲ:-लिस्) *adj.* without power, शक्तिहीन, निर्बल, लाचार।

powerloom (पाउ´-ॲ:-लूम्) *n.* a loom operated by electricity, पावरलूम।

power of attorney *n.* the legal authority to act for another person, मुख़्तारनामा।

power-politics *n.* political action based on threats to use force, बलप्रयोग आधारित राजनीति।

powerstation *n.* a building where electric power in generated, बिजली-घर।

powwow (पाउ´-वाउ) *n.* a gathering or conference, जनसभा या सम्मेलन।

practicability (प्रैक्´-टि-कॅ-बिल्-इ-टी) *n.* the quality or state of being practicable, व्यवहार्यता, साध्यता।

practicable (प्रैक्´-टि-कॅ-बॅल्) *adj.* capable of being done, that can be carried out, व्यवहार्य, साध्य।

practical (प्रैक्´-टि-कॅल्) *adj.* 1. feasible, workable, not theorectical, व्यावहारिक। 2. clever at doing or making things, व्यवहारशील, व्यवहारकुशल। 3. obtained through practice or action, प्रायोगिक, प्रयोगात्मक। 4. matter of fact, वास्तविक, यथार्थ।

practicality (प्रैक्-टि-कैल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being practical, व्यावहारिकता।

practically (प्रैक्´-टि-कॅ-ली) *adv.* 1. in a practical manner, व्यावहारिक। 2. from a practical view point, व्यावहारिक दृष्टि से। 3. in effect, वस्तुतः।

practice (प्रैक्´-टिस्) *n.* 1. a custom, रिवाज, प्रथा, चलन, दस्तूर। 2. a habit, आदत। 3. repeated performance or exercise, बार-बार करना, अभ्यास, मश्क़; Practice makes perfect, पूर्णता अभ्यास से ही आती है/काम को काम सिखाता है। 4. business, profession, व्यवसाय, पेशा; legal practice, वकालत। □ **out of practice,** जिसका अभ्यास छूट गया हो, अभ्यासच्युत।

practise (प्रैक्´-टिस्) *v.* (practised, practising) 1. to do or perform repeatedly to become efficient, अभ्यास करना। 2. to make a habit of, आदत डालना। 3. to carry out in action, अमल करना। 4. to work at or follow a profession, व्यवसाय करना।

practised (प्रैक्´-टिस्ट्/टिस्ड्) *adj.* 1. skilled,

proficient, अभ्यस्त, कुशल। 2. experienced, अनुभवी।

practitioner (प्रैक्-टिश्´-अॅ-नॅ:) *n.* a person practices a profession, व्यवसायी।

pragmatic (प्रैग्-मैट्´-इक्) *adj.* 1. practical, व्यावहारिक। 2. of practical point of view, व्यवहारशील।

pragmatism (प्रैग्´-मॅ-टिज़्-अॅम्) *n.* the act or method of solving problems by practical means, व्यवहारशीलता।

prairie (प्रॅअॅर्´-ई) *n.* a treeless grassy plain, घास का मैदान, शाद्वल क्षेत्र।

praise (प्रेज़्) *v.* (praised, praising) 1. to express admiration (for, की) प्रशंसा करना, सराहना, तारीफ़ करना। 2. to extol, स्तुति करना, गुणगान करना। *n.* 1. admiration, प्रशंसा, सराहना, तारीफ़। 2. the extolling of a diety or ruler, स्तुति, गुणगान।

praiseworthy (प्रेज़्´-वॅ:-दी) *adj.* commendable, प्रशंसनीय, श्लाघ्य, स्तुत्य।

pram (प्रैम्) *n.* (perambulator, का संक्षिप्त रूप) बच्चागाड़ी, शिशुयान।

prance (प्रा:न्स्/प्रैन्स्) *v.* (pranced/pranst, prancing) 1. to rise upon hind legs, (घोड़े का) पिछले पैरों पर खड़ा होना। 2. to ride on a prancing horse, घोड़े को पिछले पैरों पर नचाना। 3. to strut, इठलाना।

prang (प्रैङ्ग्) *n.* 1. an accident or crash, दुर्घटना। 2. air raid, हवाई हमला। *v.* (prang, pranging) to damage by bombing, बमबारी से नष्ट करना।

prank (प्रैङ्क्) *n.* 1. a mischievious trick, शरारत, चुहल। 2. a mischievous joke, शरारत-भरा मज़ाक।

prankster (प्रैङ्क्´-स्टॅ:) *n.* a trickster, चुहलबाज़।

prankish (प्रैङ्क्´-किश्) *adj.* full of pranks, mischievious, चुहल-भरा।

praseodymium (प्रे-ज़ि-ओ-डिम्´-इ-अॅम्) *n.* a metallic element, एक धात्वीय तत्त्व।

prate (प्रेट्) *v.* (prated, prating) to talk to much, chatter, बकबक करना, ढेरों बातें करना।

prater (प्रेट्´-अॅ:) *n.* one who prates, बकवादी।

pratingly (प्रेट्´-इंग्-ली) *adv.* talking idly, बकबक करते हुए।

pratfall (प्रैट्´-फ़ा:ल्) *n.* 1. a fall on the buttocks, चूतड़ के बल गिरना। 2. a humiliating mishap or blunder, अपमानजनक घटना या त्रुटि।

prattle (प्रैट्´-अॅल्) *v.* (prattled, prattling) to talk in a childish way, बच्चों की तरह बोलना, बड़बड़ करना।

prawn (प्रा:न्) *n.* a small edible fish, झींगा (मछली)।

praxis (प्रैक्´-सिस्) *n.* a custom or accepted practice, रस्म-रिवाज, प्रथा, रीति।

pray (प्रे) *v.* (prayed, praying) 1. to utter a prayer, प्रार्थना/विनती करना। 2. to entreat, चिरौरी करना, अनुनय/याचना करना।

prayer (प्रॅअॅ:) *n.* 1. a solemn request to God, प्रार्थना, विनती। 2. an earnst request, अनुनय, याचना।

prayer book *n.* a book containing prayers, प्रार्थना-पुस्तक।

prayer carpet, prayer mat *n.* the small carpet on which Muslims pray and kneel, मुसल्ला, जानमाज़।

prayer meeting *n.* a gathering held for a prayer, प्रार्थना-सभा।

praying mantis *n.* a mantis, हथजोड़ कीड़ा, मैनटिस।

pre- (प्रि) *prefix.* before in time, position etc., पूर्ववर्ती, पूर्व-।

preach (प्रीच्) *v.* (preached, preaching) 1. to give a sermon on religious instructions, प्रवचन करना, उपदेश करना। 2. to give moral instructions, सीख/शिक्षा देना। 3. to advocate, प्रचार करना।

preacher (प्री´-चॅ:) *n.* one who delivers sermons, धर्मोपदेशक, उपदेशक।

अ cup कप्, अॅ again अॅगेन्, अॆं bell बेंल्, आ car कार्, ऑ pot पॉट्, आ: caught का:ट्, इ pit पिट् ई sheep शीप्, उ put पुट, ऊ boot बूट्, ए make मेक्, ऐ cat कैट्, ओ note नोट्

preaching (प्री´-चिंग्) *n.* 1. a sermon, प्रवचन। 2. an advice, सीख।

preamble (प्री´-ऐम्-बॅल्) *n.* an introductory statement, आमुख, प्रस्तावना।

prearm (प्री-आ:म्´) *v.* (prearmed, prearming) to arm in advance, पहले से शस्त्र-सज्जित होना।

pre-arrange (प्री-अॅ-रेंज्´) *v.* (prearranged, prearranging) to arrange before hand, पहले से तैयारी कर रखना, पूर्वायोजित करना।

pre-arrangement (प्री-अॅ-रेंज्´-मॅन्ट्) *n.* arrangement in advance, पहले से की हुई तैयारी, पूर्वायोजन।

prebend (प्रेंब्´-ॲन्ड्) *n.* a clergyman's stipend, याजक की वृत्ति, पादरी का वजीफ़ा या वेतन।

precalculate (प्रि-कैल्´-कु-लेट्) *v.* (precalculated, precalculating) to calculate before hand, पहले से आकलन कर रखना, पूर्वाकलन करना।

precalculation (प्रि-कैल्-कु-ले´-शॅन्) *n.* the act of precalculating or something precalculated, पूर्वाकलन।

precancel (प्री-कैन्´-सॅल्) *v.* (precancelled, precancelling) to cancel before using, उपयोग से पहले रद्द कर देना या काट देना।

precancerous (प्री-कैन्´-सॅ-रॅस्) *adj.* likely to turn into cancer, जो कैंसर में बदल सकता हो।

precarious (प्री-केर्´-इ-ॲस्) *adj.* dangerous, unsafe, खतरनाक, असुरक्षित।

precaution (प्रि-का:´-शॅन्) *n.* an action taken before hand to protect against possible danger, एहतियात, पूर्वोपाय, पहले से बरती या की जानेवाली सावधानी।

precautionary (प्रि-का:´-शॅ-नॅ-री) *adj.* of the nature of precaution, एहतियाती; precautionary measure, एहतियाती उपाय/कार्यवाही।

precautious (प्रि-का:´-शॅस्) *adj.* alert, सावधान, चौकस।

precede (प्रि-सीड्´) *v.* (preceded, preceding) to be before in time, place etc., से पहले होना; से पहले आना, पहुँचना या जाना।

precedence (प्रेंस्´-इड्-ॲन्स्, प्रेंस्´-इ-डॅन्स्) *n.* priority, अग्रता। □ **take precedence,** अग्रता प्राप्त होना।

precedent (प्रेंस्´-इड्-ॲन्ट्, प्रेंस्´-इ-डॅन्ट्) *adj.* a previous example, convention, नज़ीर, पूर्वोदाहरण, मिसाल।

preceding (प्रि-सीड्´-इंग्) *adj.* coming or going before, पूर्ववर्ती, पूर्वगामी।

precentor (प्रि-सेंन्´-टॅ:) *n.* one who leads the singing of a choir, मंडली का प्रधान गायक।

precept (प्री´-सेंप्ट्) *n.* 1. a rule or principle for action, नीतिवचन, उपदेश, सीख़। 2. (law) a writ, आज्ञापत्र।

preceptive (प्रि-सेंप्´-टिव्) *adj.* 1. instructive, शिक्षाप्रद। 2. intended to instruct, didactic, आदेशात्मक।

preceptor (प्रि-सेंप्´-टॅ:) *n.* an instructor, अनुदेशक।

precession (प्रि-सेंश्´-ॲन्) *n.* the act of preceding, पहले होना, आना या जाना।

precinct (प्री´-सिंक्ट्) *n.* 1. an area reserved for a particular activity, किसी विशेष कार्य के लिए आरक्षित क्षेत्र। 2. an enclosed area, अहाता। 3. a district, जिला, क्षेत्र या प्रदेश। 4. a boundary, सीमा। 5. (plu.) the area surrounding a place, आस-पास का क्षेत्र, परिक्षेत्र।

preciosity (प्रेंश्-इ-ऑस्´-इ-टी) *n.* 1. affectation, बनावट, कृत्रिमता। 2. fastidiousness, तुनकमिज़ाजी।

precious (प्रेंश्´-ॲस्) *adj.* 1. of great value, very costly, मूल्यवान, बहुमूल्य। 2. beloved, प्रिय। 3. fastidious, affected, बनावट-भरा, कृत्रिम। *adv.* very, अत्यधिक।

precious stone *n.* a gem, रत्न, मणि।

precipice (प्रेंस्´-इ-पिस्) *n.* a very steep cliff,

खड़ी चट्टान। □ edge of a precipice, कगार।

precipitance (प्रि-सिप्´-इ-टॅन्स्) *n.* the quality or state of being precipitant, उतावली, हड़बड़ी।

precipitant (प्रि-सिप्´-इ-टॅन्ट्, प्रि-सी´-पि-टॅन्ट्) *adj.* 1. rash, उतावला, हड़बड़िया। 2. sudden, आकस्मिक।

precipitate (प्रि-सिप्´-इ-टेट्) *v.* (precipitated, precipitating) 1. to throw down headlong, धकेलना, झोंकना। 2. to hasten, जल्दी करना, हड़बड़ी मचाना। 3. to condense and cause to fall as rain, snow etc., वाष्प का जमकर ओस, ओले या वर्षा के रूप में गिरना। 4. (chem.) to cause to deposit in solid form, घोल में से ठोस पदार्थ तैयार करना या निकालना। *adj.* done rashly, जल्दी में या हड़बड़ाकर किया हुआ, अंधाधुंध, अविचारित। *n.* a substance separated out of a solution, रासायनिक अनुक्रिया से किसी घोल से तैयार होनेवाला ठोस पदार्थ, अवक्षेप।

precipitated (प्रि-सिप्´-इ-टे-टिड्) *adj.* condensed, घनीभूत।

precipitation (प्रि-सिप्-इ-टे´-शॅन्) *n.* 1. hastiness, haste, हड़बड़ी, उतावली। 2. rain or snow formed by condensation, वृष्टि, वर्षण। 3. (chem.) the formation of a precipitate, अवक्षेपण।

precipitous (प्रि-सिप्´-इ-टॅस्) *adj.* 1. steep, खड़ा। 2. sudden and dramatic, आकस्मिक तथा नाटकीय।

precis (प्रे´-सी) *n.* a concise summary, abstract, संक्षेप, सार। *v.* (precised, precising) to make a precis of, संक्षेप तैयार करना।


profligate (प्रॉफ़्´-लि-गिट्/गेट्) *adj.* 1. extravagant, अनाप-शनाप ख़र्च करनेवाला, अपव्ययी। 2. abandoned to vice, लंपट, अनाचारी।

proforma (प्रो-फ़ॉ:´-मॅ) *adj.* done as a matter of or according to form, प्रपत्र के अनुरूप होनेवाला। *n.* an invoice, बीजक। (लैटिन)

profound (प्रॅ-फ़ाउन्ड्´) *adj.* 1. very deep, अत्यंत गहरा, गंभीर, अथाह। 2. deeply felt, अत्यंत गहरा, हार्दिक। 3. marked by intellectual depth, प्रभूत, प्रकांड। 4. full or unbroken, पूर्ण, अखंड। 5. dense, घना।

profoundly (प्रॅ-फ़ाउन्ड्´-ली) *adv.* in a profound manner, गहराई से, गंभीरता से।

profundity (प्रॅ-फ़न्´-डि-टी) *n.* the state or quality of being profound, गंभीरता; हार्दिकता; प्रभूता; पूर्णता।

profuse (प्रॅ-फ़्यूज़्´) *adj.* 1. plentiful, विपुल, प्रचुर, अत्यधिक। 2. generous, मुक्तहस्त। 3. extravagant, फ़िज़ूलख़र्च।

profusely (प्रॅ-फ्यूज़्´-ली) *adv.* in a profuse manner, प्रचुरता से, मुक्तहस्त होकर, फ़िजूलखर्च करते हुए।

profusion (प्रॅ-फ़्यू´-ज़्हॅन्) *n.* 1. abundance, प्रचुरता। 2. generosity, उदारता। 3. extravagance, फ़िज़ूलख़र्ची।

progenitor (प्रो-जॅन्´-इ-टॅ:) *n.* a father or founder, प्रजननकर्ता, प्रजनक, प्रतिष्ठापक। 2. an ancestor, पूर्वपुरुष, पुरखा, पूर्वज।

progeny (प्रॉज्´-अॅ-नी) *n.* 1. children, descendants, संतान, संतति, बाल-बच्चे, औलाद। 2. result, फल, परिणाम।

prognathous (प्रॉग्´-नॅ-थॅस्) *adj.* having a jaw projecting abnormally, जिसका जबड़ा बाहर निकला हो।

prognosis (प्रॉग्-नो´-सिस्) *n.* 1. a prediction of a disease, रोग की पूर्व सूचना, अग्रसूचना। 2. a forecast or prediction, भविष्यवाणी।

prognostic (प्रॉग्-नॉस्´-टिक्) *adj.* predictive, पूर्वसूचक, अग्रसूचक।

prognosticate (प्रॉग्-नॉस्´-टि-केट्) *v.* (prognosticated, prognosticating) to forecast, भविष्यवाणी करना।

progovernment (प्रो-गॅव्´-अ:न्-मॅन्ट्) favouring the party in power, सत्तापक्ष के अनुकूल।

programme (प्रो´-ग्रैम्, प्रो´-ग्रॅम्) *n.* a list of procedures, कार्यक्रम, प्रोग्राम। *v.* (programmed, programming) to design as a programme, कार्यक्रम बनाना।

progress (प्रॅ-ग्रॅस्´, प्रॉग्´-रॅस्, प्रॅ-ग्रॅस्´) *n.* steady advance or improvement, प्रगति। *v.* (progressed, progressing) to move toward perfection, प्रगति करना।

progression (प्रॅ-ग्रॅश्´-अॅन्) *n.* 1. advance, progress, प्रगति। 2. sequence, प्रगति-क्रम, सिलसिला, अनुक्रम।

progressional (प्रॅ-ग्रॅश्´-नॅल्) *adj.* pertaining to progress, प्रगतिविषयक, प्रगत्यात्मक।

progressive (प्रॅ-ग्रॅस्´-इव्) *adj.* 1. pertaining to progress, प्रगामी। 2. successive, क्रमिक, उत्तरोत्तर। 3. favouring social or political reforms, प्रगतिशील। *n.* one who favours a progressive policy, प्रगतिवादी, सुधारवादी।

progressivism (प्रॅ-ग्रॅस्´-इ-विज़्-अॅम्) *n.* the doctrine of progressive policy, प्रगतिवाद।

prohibit (प्रॅ-हिब्´-इट्) *n.* (prohibited, prohibiting) 1. to forbid by authority, निषेध करना, निषिद्ध करना। 2. to prevent, रोकना।

prohibition (प्रो-इ-बिश्´-अॅन्) *n.* 1. the act of prohibiting, निषेध, मनाही।2. the forbiding by law the cousumption of a alcoholic beverages, मद्यनिषेध।

prohibitionist (प्रो-अॅ-बिश्´-अॅ-निस्ट्) *n.* a person who supports prohibition, मद्यनिषेधवादी।

prohibitive (प्रो-हिब्´-इ-टिव्) *adj.* 1. forbidding, निषेधात्मक। 2. discouraging sale or purchase, बिक्री या ख़रीद के लिए अनुत्साहजनक। □ **prohibitive price,** excessive price, अत्यधिक मूल्य, निषेधी मूल्य।

prohibitory (प्रो-हिब्´-इ-टॅ-री) *adj.* intending to prohibit, निषेधात्मक।

project[1] (प्रॉ´-जॅक्ट्, प्रॅज्´-ऑक्ट्) *n.* a scheme or plan, परियोजना।

project[2] (प्रॅ-जॅक्ट्´) *v.* (projected, projecting) 1. to cast or throw outward, प्रक्षिप्त करना, प्रक्षेपण करना, फेंकना। 2. to extend outward, बाहर निकालना या बढ़ाना। 3. to cause an image to appear, छायाचित्र बनाना। 4. to present, प्रस्तुत करना, चित्रित करना। 5. to present someone or oneself in a way to gain favourable impression, ज़ोरदार ढंग से सामने लाना, प्रस्तुत करना।

projectile (प्रॅ-जॅक्´-टिल्/टाइल्) *adj.* that can be projected, प्रक्षेप्य। *n.* a missile, प्रक्षेप्यास्त्र।

projection (प्रॅ-जॅक्´-शॅन्) *n.* 1. a thing that is projected, झाँप।2. act of projecting, प्रक्षेपण। 3. a scheme or plan, योजना। 4. the process of showing film on a screen, पर्दे पर फ़िल्म का प्रदर्शन, छायाचित्रण।

projective (प्रॅ-जॅक्´-टिव्) *adj.* pertaining to projection, प्रक्षेपीय।

projector (प्रॅ-जॅक्´-टॅ:) *n.* an instument that shows film on a screen, प्रोजेक्टर, प्रक्षेपित्र (यंत्र)।

prolapse (प्रो-लैप्स्´) *v.* (prolapsed, prolapsing) to slip out of place, (अंग का अपने स्थान से) खिसक या हट-बढ़ जाना।

prole (प्रोल्) *n.* a proletarian, सर्वहारा।

proletarian (प्रो-लॅ-टॅर्´-इ-अॅन्) *n.* a member of the proletariat, श्रमजीवी, सर्वहारा।

proletariat (प्रो-लॅ-टॅअॅर्´-इ-अॅट्) *n.* all wage-earners collectively, श्रमजीवियों का वर्ग, सर्वहारा वर्ग।

proliferate (प्रॅ-लिफ़्´-अॅ-रेट्) *v.* (proliferated, proliferating) to increase in numbers or reproduce rapidly, तेज़ी से संख्या में बढ़ना या संतान उत्पन्न करना।

proliferation (प्रॅ-लिफ़्-अॅ-रे´-शॅन्) *n.* the act of proliferating, बहुप्रजनन, बहुप्रजता।

proliferous (प्रॅ-लिफ़्´-अॅ-रॅस्) *adj.* producing in abundence, बहुप्रजनक, बहुप्रज, बहुप्रसव, बहुप्रसावी।

prolific (प्रॅ-लिफ़्´-इक्) *adj.* 1. proliferous, बहुप्रजनक, बहुप्रज। 2. producing abundant works or results, ढेरों काम करनेवाला, ढेरों परिणाम दिखानेवाला।

prolix (प्रो-लिक्स्´) *adj.* 1. wordy, शब्दाडंबरी, बोझिल। 2. lengthy, लंबा-चौड़ा। 3. tiresome, उबाऊ, नीरस।

prologue (प्रो´-लाःग्) *n.* an introduction (to a play, नाटक की) भूमिका।

prolong (प्र-लाःङ्ग्´) *v.* (prolonged, prolonging) to lengthen in extent, विस्तार देना, लंबा करना, दीर्घ बनाना, खींचना।

prolongation (प्रो-लाङ्-गे´-शॅन्) *n.* the act of prolonging, दीर्घीकरण।

prolonged (प्र-लाःङ्ग्ड्´) *adj.* lengthened, दीर्घ, लंबा।

prom (प्रॉम्) *n.* a dance, नृत्य।

promenade (प्रॉम्´-इ-नेड्) *n.* 1. a leisurely walk, stroll, सैर, टहलान, चहलक़दमी। 2. a

place for strolling, सैरगाह विशेषत: तटपथ। *v.* (promenaded, promenading) to stroll, टहलना, घूमना, सैर करना।

prominence (प्रॉम्´-इ-नॅन्स्) *n.* 1. the state of being prominent, प्रमुखता, प्रधानता।2. something or someone prominent, विशिष्ट स्थान/व्यक्ति।

prominent (प्रॉम्´-इ-नॅन्ट्) *n.* 1. eminent, प्रमुख, प्रधान। 2. well-known, लब्धप्रतिष्ठ, महत्त्वशाली।3. projecting, बाहर निकला हुआ, प्रक्षिप्त। 4. conspicuous, स्पष्ट, सुव्यक्त।

prominently (प्रॉम्´-इ-नॅन्ट्-ली) *adv.* in a prominent way, प्रमुखता से।

promiscuity (प्रॉम्-इस्-क्यू´-इ-टी) *n.* 1. the quality or state of being promiscuous, लंपटपना।2. jumble, घाल-मेल, गड्ड-मड्ड।

promiscuous (प्रॅ-मिस्-क्यु´-अॅस्) *adj.* 1. having sexual relations with many persons, लंपट, स्वच्छंदाचारी। 2. indis-criminate, अविवेकी। 3. jumbled, गड्ड-मड्ड।

promiscuously (प्रॅ-मिस्-क्यु´-अॅस्-ली) *adv.* in a promiscuous manner, लंपटपने से, अविवेकपूर्वक।

promise (प्रॉम्´-इस्) *n.* 1. a commitment, an undertaking, वचन, वादा, प्रतिज्ञा। 2. assurance, आश्वासन, आशा, प्रत्याशा। *v.* (promised, promising) 1. to give an undertaking, वचन देना, वादा करना। 2. to assure, विश्वास दिलाना, आश्वासन देना। 3. to hold out a hope, आशा बँधाना।

promising (प्रॉम्´-इ-सिंग्) *adj.* 1. full of promise, आशाजनक। 2. up and coming होनहार, उदीयमान।

promissory (प्रॉम्´-इसॅ-अॅ-री-ई) *adj.* containing a promise, सप्रतिज्ञ, वचनात्मक।

promissory note *n.* a signed document containing a promise to pay a sum of money on demand, वचन-पत्र, प्रामिसरी नोट।

promontory (प्रॉम्´-अॅन्-टॅ-री) *n.* a projecting part of the land into the sea or lake, अंतरीप।

promote (प्रॅ-मोट्´) *v.* (promoted, promoting) 1. to raise in position or rank, पदोन्नत करना, दर्जा देना। 2. to further, आगे बढ़ाना। 3. to advocate or publicize, प्रचारित करना।

promoter (प्रॅ-मोट्´-अॅ:) *n.* one who promotes, प्रोत्साहक, संवर्धक।

promotion (प्रॅ-मो´-शॅन्) *n.* 1. the act of promoting or the state of being promoted, पदोन्नति, तरक्की, पदवृद्धि।2. publicity, प्रचार, बढ़ावा, प्रोत्साहन।

prompt (प्रॉम्प्ट्) *adj.* 1. swift, quick, त्वरित, सत्वर, तात्कालिक, अविलंब। 2. punctual, समयनिष्ठ। *v.* (prompted, prompting) 1. to urge or encourage, प्रेरित/प्रोत्साहित करना। 2. to help or suggest, सहायता या सुझाव देना। 3. to remind the line forgotten during the performance, (नाटक में) पर्दे के पीछे से अनुबोधन करना।

prompter (प्रॉम्प्´-टॅ:) *n.* one who prompts on the stage, अनुबोधनकर्ता, अनुबोधक।

promptitude (प्रॉम्प्´-टि-ट्यूड्) *n.* promptness तत्परता, शीघ्रता, सत्वरता।

promptly (प्रॉम्प्ट्´-ली) *adv.* immediately, तत्परता से, शीघ्रतापूर्वक, अविलंब।

promptness (प्रॉम्प्ट्´-निस्) *n.* swiftness, quickness, तत्परता, शीघ्रता, सत्वरता।

promulgate (प्रॉम्´-अॅल्-गेट्) *v.* (promulgated, promulgating) to put into effect by formal declaration, घोषणा द्वारा कोई नियम लागू करना, प्रख्यापन करना।

promulgation (प्रॉम्-अॅल्-गे´-शॅन्) *n.* the act of promulgating, प्रख्यापन।

prone (प्रोन्) *adj.* 1. having a tendency, inclined, उन्मुख, प्रवण, प्रवृत्त। 2. lying with the face downward, अधोमुख, औंधा।

proneness (प्रोन्´-निस्/नॅस्) *n.* the quality or state of being prone, inclination, उन्मुखता, प्रवणता, प्रवृत्ति।

prong (प्रॉङ्ग्) *n.* one of the sharply pointed

end of fork, काँटे का कोई सिरा।

pronged (प्रॉङ्ग्ड्) *adj.* 1. having prongs, नुकीले सिरोंवाला। 2. having a number of sides, -तरफ़ा; two-pronged, दुतरफ़ा; three-pronged, तीन-तरफ़ा।

pronoun (प्रो´-नाउन्) *n.* a substitute for a noun, सर्वनाम।

pronounce (प्रॅ-नाउन्स्´) *v.* (pronounced, pronouncing) 1. to utter, उच्चारण करना। 2. to declare officially, घोषणा करना।

pronounceable (प्रॅ-नाउन्´-सि-बॅल्) *adj.* that can be pronounced, उच्चारणीय, उच्चारण-योग्य।

pronounced (प्रॅ-नाउन्स्ड्´) *adj.* 1. uttered, उच्चारित। 2. noticeable, definite, distinct, एकदम स्पष्ट।

pronouncedly (प्रॅ-नाउन्स्ड्´-ली) *adv.* distinctly, स्पष्ट रूप से।

pronouncement (प्रॅ-नाउन्स´-मॅन्ट्) *n.* a declaration, announcement, घोषणा।

pronto (प्रॉन्´-टो) *adv.* at once, जल्दी से, तुरंत।

pronunciation (प्रॅ-नन्-सि-ए´-शॅन्) *n.* the act or manner of pronouncing sounds, उच्चारण।

proof (प्रूफ़्) *n.* 1. the evidence that helps to show the truth or validity of something, प्रमाण, सबूत। 2. test, जाँच। 3. a trial impression of printed matter, प्रूफ़। 4. the alcoholic contents of a liquor, मद्यशक्ति। *adj.* able to resist, fully resistant, -सह; waterproof, जलसह; heatproof, तापसह।

proof reader *n.* one who corrects proofs, प्रूफ़ पढ़नेवाला, प्रूफ़-शोधक।

proof reading *n.* act of correcting the proofs, प्रूफ़-शोधन।

prop (प्रॉप्) *n.* a support used to keep something from falling, टेक, थूनी, आश्रय, सहारा। *v.* (propped, propping) to support, सहारा देकर खड़ा करना, सहारा देना।

propaganda (प्रॉप्-ॲ-गैन्´-डॅ) *n.* publicity, प्रचार, प्रोपेगैंडा।

propagandist (प्रॉप्-ॲ-गैन्´-डिस्ट्) *n.* one who propagates, प्रचारक।

propagate (प्रॉप्´-ॲ-गेट्) *v.* 1. to publicize, प्रचार करना। 2. to broadcast, प्रसारित करना। 3. to reproduce or breed, उपजाना, उपजाकर बढ़ाना।

propagation (प्रॉप्-ॲ-गे´-शॅन्) *n.* 1. the act of propagating, प्रसारण। 2. publicity, प्रचार, प्रचार। 3. procreation, प्रजनन।

propel (प्रॅ-पॅल्´) *v.* (propelled, propelling) 1. to cause to continue in motion, to drive, आगे बढ़ना, चलाना, नोदन करना। 2. to impel, उकसाना, बढ़ावा देना, ठेलना।

propellant, propellent (प्रॅ-पॅल्´-ॲन्ट्) *n.* that propels, नोदक।

propeller (प्रॅ-पॅल्´-ॲ:) *n.* a device that propels something, (पोत या वायुयान का) नोदक।

propensity (प्रॅ-पॅन्´-सि-टी) *n.* tendency or inclination, प्रवृत्ति या झुकाव।

proper (प्रॉप्´-ॲ:) *adj* 1. appropriate, suitable, उचित, समुचित। 2.correct, right, सही। 3. in the strict sense of a word, सही अर्थवाला, ठीक; proper city, ठीक शहर।

properly (-ली) *adv.* in a proper manner, ठीक ढंग से, ठीक-ठीक, सही-सही, उचित रीति से।

proper noun *n.* the name of the particular person, place etc, व्यक्तिवाचक संज्ञा।

propertied (प्रॉप्´-ॲ:ट्-ईड्) *adj.* owning property, संपत्तिशाली।

property (प्रॉप्´-ॲ:-टी) *n.* 1. a thing owned, holding, संपत्ति, जायदाद। 2. ownership, स्वामित्व। 3. characteristic quality, गुण, गुणधर्म।

prophecy (प्रॉफ़्´-ॲ-सी) *n.* a forecast or prediction, भविष्यवाणी।

prophesy (प्रॉफ़्´-ॲ-साइ) *v.* (prophesied, prophesying) to foretell, भविष्यवाणी करना।

prophet (प्राफ़्´-इट्) *adj.* 1. a divinely inspired teacher, पैगंबर। 2. one who fore-

tells, भविष्यवक्ता। 3. a spokesman for a movement or doctrine, प्रवक्ता।

prophetic (प्रॅ-फ़ेट्´-इक्) *adj.* 1. of or pertaining to a prophet, पैगंबर-संबंधी।2. of or pertaining to prophecy, भविष्यवाणी-संबंधी।

prophylactic (प्रो-फ़ि-लैक्´-टिक्) *adj.* 1. preventing disease, रोग-निरोधी। 2. preventing misfortune, दुर्भाग्य-निवारक।

propinquity (प्रो-पिंग्´-क्वि-इ-टी) *n.* nearness, समीपता, नज़दीकी।

propitiate (प्रॅ-पिश्´-इ-एट्) *v.* (propitiated, propitiating) to placate, शांत करना, राज़ी करना।

propitiation (प्रॅ-पिश्-इ-ए´-शॅन्) *n.* the act of propitiating, प्रशमन, शांत करना।

propitious (प्रॅ-पिश्´-ॲस्) *adj.* 1. auspicious or favourable, शुभ या अनुकूल। 2. kind, generous, favourable, कृपालु, दयालु, उदार।

propitiously (-ली) *adv.* favourably, अनुकूल रूप से, उदारतापूर्वक।

proponent (प्रॅ-पो´-नॅन्ट्) *n.* 1. one who makes a proposal, प्रस्तावक। 2. a supporter, समर्थक।

proportion (प्रॅ-प्रो:´-शॅन्) *n.* 1. a ratio or correct relationship, सही अनुपात या संबंध, समानुपात। 2. a part or share, अंश। 3. harmonious relation, संतुलन, साम्य। □ **in proportion to,** के अनुपात से; **out of all proportion,** अनुपात से बहुत अधिक; **sense of proportion,** साम्य बुद्धि। *v.* (proportioned, proportioning) to make proportionate, समानुपातिक बनाना।

proportional (प्रॅ-पो:´-शॅ-नॅल्) *adj.* in correct proportion, समानुपातिक, समानुपाती।

proportionally (प्रॅ-पो:´-शॅ-नॅ-ली) *adv.* in a proportionate manner, सही अनुपात में, समानुपात से।

proportionate (प्रॅ-प्रो:´-शॅ-नेट्/निट्) *adj.* proportional, सही अनुपात में होनेवाला, समानुपातिक।

proportionately (-ली) *adv.* in a proportionate manner, समानुपात से, यथानुपात।

proportioned (प्रॅ-पो:´-शॅन्ड्) *adj.* in proportion, आनुपातिक, समानुपातिक।

proposal (प्रॅ-प्रो´-ज़ल्) *n.* 1. a plan or offer presented for acceptance or consideration, प्रस्ताव। 2. an offer of a marriage, विवाह-प्रस्ताव।

propose (प्रॅ-पोज़्´) *v.* (proposed, proposing) 1. to put forward, प्रस्तुत या पेश करना। 2. to recommend or nominate, परामर्श देना, संस्तुति करना या नामांकित करना। 3. to make an offer (of marriage, विवाह का) प्रस्ताव करना। 4. to intend, इरादा करना। □ **propose a toast,** भोज आरंभ करते समय किसी के लिए मंगल-कामना करना।

proposed (प्रॅ-पोज़ड्´) *adj.* put forward, प्रस्तावित।

proposer (प्रॅ-पोज़्´-ॲ:) *n.* one who proposes, प्रस्तावक।

proposition (प्रॉप्-ॲ-ज़िश्´-ॲन्) *n.* 1. a proposal, प्रस्ताव। 2. a subject for discussion, विचारार्थ विषय। 3. a problem, समस्या। 4. an opinion, राय, मत। 5. (math,) a theorem usually containing its proof, प्रमेय। *v.* (propositioned, propositioning) to make a (sexual) proposal, (संभोग का) प्रस्ताव करना।

propound (प्रॅ-पाउन्ड्´) *v.* (propounded, propounding) to put forward for consideration, विचारार्थ प्रस्तुत करना।

proprietary (प्रॅ-प्राइ´-ॲ-टॅ-री, प्रॅ-प्रि´-इ-टॅ-री) *adj.* belonging to a proprietor, मालिकाना, स्वामीय।

proprietor (प्रॅ-प्राइ´-इ-टॅ:) *n.* an owner, मालिक, स्वामी।

proprietorship ((प्रॅ-प्राइ´-इ-टॅ:-शिप्) *n.* ownership, स्वामित्व, मालकियत।

proprietress (प्रॅ-प्राइ´-ॲ-ट्रॅस्) *n.* a woman

proprietor, स्वामिनी, मालकिन, मलकिन।

propriety (प्रॅ-प्राइ´-इ-टी) *n.* appropriateness, fitness, औचित्य, मर्यादा, सही रंग-ढंग। ☐ **a breach of propriety,** औचित्य-भंग।

propulsion (प्रॅ-पल्´-शॅन्) *n.* 1. the act of propelling, आगे बढ़ाने की क्रिया या भाव, नोदन। 2. the force of propelling, नोदन-शक्ति। 3. impulse, प्रेरणा।

propulsive (प्रॅ-पल्´-सिव्) *adv.* propelling, नोदक।

pro rata (प्रो-रे´-टॅ) *adv.* in proportion, यथानुपात। *adj.* proportional, आनुपातिक।

prorate (प्रो-रेट्´) *v.* (prorated, prorating) to divide proportionately, अनुपात में बाँटना।

prorogation (प्रो-रो-गे´-शॅन्) *n.* an act of proroguing, सत्रावसान।

prorogue (प्रो-रोग्´) *v.* (prorogued, proroguing) to discontinue or end the session (of the legislative body) सत्रावसान करना।

prosaic (प्रो-ज़ो´-इक्) *adj.* 1. dull, शुष्क। 2. having the characteristics of prose, गद्यात्मक, इतिवृत्तात्मक। 3. lacking imagination or interest, कल्पना विहीन या अरोचक।

proscenium (प्रो-सी´-नि-ॲम्) *n.* the front part of the stage, रंगमंच का अग्रभाग, अग्रमंच।

proscribe (प्रो-स्क्राइब्´) *v.* (proscribed, proscribing) 1. to prohibit or outlaw, निषिद्ध करना, गैरकानूनी ठहराना। 2. to condemn, निंदा करना या दोषी ठहराना।

proscription (प्रो-स्क्रिप्´-शॅन्) *n.* the act of proscribing, prohibition, or rejection, निषेध, अस्वीकरण।

proscriptive (प्रो-स्क्रिप्´-टिव्) *adj.* prohibiting proscribing, निषेधात्मक।

prose (प्रोज़्) *n.* written or spoken language different from poetry, गद्य। *adj.* 1. of prose or in prose, गद्यात्मक। 2. dull, नीरस।

prosecutable (प्रॉस्´-इ-क्यू-टॅ-बॅल्) *adj.* that can be prosecuted, जिस पर अभियोग लगाया जा सके, अभियोज्य।

prosecute (प्रॉस्´-इ-क्यूट्) *v.* (prosecuted, prosecuting) 1. to bring a criminal charge or action against, मुक़दमा चलाना, अभियोजन करना। 2. to continue to do, जारी/चालू रखना।

prosecution (प्रॉस्-इ-क्यू´-शॅन्) *n.* 1. the act of prosecuting or the state of being prosecuted, मुक़दमा, अभियोजन। 2. ***the prosecution,*** the party prosecuting another for the crime, अभियोजन-पक्ष।

prosecutor (प्रॉस्´-इ-क्यू-टॅ:) *n.* one who prosecutes, अभियोक्ता।

prosecutrix (प्रॉस्´-इ-क्यू-ट्रिक्स्) *n.* a woman prosecutor, महिला-अभियोक्ता।

proselyte (प्रॉस्´-इ-लाइट्) *n.* a convert, नवदीक्षित, धर्मांतरित।

proselytism (प्रॉस्´-इ-लि-टिज़्-ॲम्) *n.* conversion, नवदीक्षा, धर्मांतरण।

proselytize (प्रॉस्´-इ-लि-टाइज़्) *v.* (proselytized, proselytizing) to make converts, नवदीक्षित करना, धर्मांतरण कराना, धर्मांतरित करना।

prosodic (प्रॉस्´-ॲ-डिक्) *adj.* of or pertaining to prosody, छंदशास्त्रीय।

prosodically (प्रॉस्´-ॲ-डिक्-ॲ-ली) *adv.* in a prosodic manner, छंदशास्त्रीय दृष्टि से।

prosody (प्रॉस्´-ॲ-डी) *n.* the study of metrical structures of verse, छंदशास्त्र।

prospect (प्रॉस्´-पेक्ट्) *n.* 1. a probability of future success, आसार, लक्षण। 2. (plu.) chances, सुयोग। 3. a view or scene, चारों ओर का विस्तृत दृश्य, परिदृश्य। 4. (mining) a known or likely deposit or ore, कच्ची धातु का ज्ञात या संभावित भंडार। ☐ **in prospect,** जिसके घटित होने के आसार हों। *v.* (prospected, prospecting) to explore mineral deposits, खनिज भंडारों का पता लगाना।

prospective (प्रॅ-स्पेक्´-टिव्) *adj.* expected, probable, जिसके आसार हों, संभावित, प्रत्याशित।

prospectus (प्रॅ-स्पेक्´-टॅस्) *n.* a printed docu-

ment outlining the main features of a business venture or a forthcoming project, विवरण-पत्रिका, विवरणिका।

prosper (प्रॉस्´-पः) *v.* (prospered, prospering) to thrive or flourish, समृद्ध होना, ख़ुशहाल होना, फलना-फूलना, पनपना।

prosperity (प्रॉ-स्पॅर्´-इ-टी) *n.* the state of being prosperous, समृद्धि, सुख-समृद्धि, संपन्नता, ख़ुशहाली।

prosperous (प्रास्´-पॅर्-ॲस्) *adj.* 1. flourishing or well-off, समृद्ध, संपन्न, ख़ुशहाल। 2. favourable, हितकर, शुभ।

prostate gland (प्रॉस्´-टेट् -ग्लैंड्) *n.* a gland in the male mammals, पुरस्थ ग्रंथि।

prosthesis (प्रॉस्´-थी-सिस्) *n.* an artificial part of a body, कृत्रिम अंग, कृत्रिमांग।

prostitute (प्रॉस्´-टि-ट्यूट्/च्यूट्) *n.* a woman who engages in sexual intercourse for money, वेश्या, रंडी। *v.* (prostituted, prostituting) 1. to offer oneself for sexual acts in return of money, वेश्यावृत्ति करना। 2. to devote to unworthy cause, ग़लत कामों में लगना, फलतः अपनी शक्ति का दुरुपयोग करना।

prostitution (प्रॉस्´-टि-ट्यू´-शॅन्) *n.* 1. the trade of a prostitute, वेश्यावृत्ति। 2. abuse, दुरुपयोग।

prostrate (प्रॉस्´-ट्रेट्) *adj.* 1. lying face downward, साष्टांग दंडवत करता हुआ, प्रणत। 2. exhausted or defeated, थका हारा या पराजित। 3. helpless, बेचारा, निस्सहाय। *v.* (prostrated, prostrating) 1. to lay down flat, प्रणत होना। 2. to throw down flat, धराशायी करना। 3. to make helpless, निस्सहाय कर देना, लाचार कर देना। □ **prostrate oneself**, साष्टांग प्रणाम करना।

prostration (प्रॉस्´-ट्रे-शॅन्) *n.* 1. an act of prostrating, साष्टांग प्रणाम, दंडवत्। 2. defeat, पराजय, पराभव।

prosy (प्रो´-ज़ी) *adj.* (prosier, prosiest) 1. prosaic, गद्यात्मक। 2. dull, नीरस, शुष्क।

protagonist (प्रॅ-टैग्´-ॲ-निस्ट्) *n.* 1. a main character, प्रमुख चरित्र या नायक। 2. a leader of a movement, आंदोलन का नेता, अगुआ।

protean (प्रो´-टी-ॲन्) *adj.* very changeable, बराबर शक्ल बदलनेवाला, परिवर्तनशील।

protect (प्रॅ-टॅक्ट्´) *v.* (protected, protecting) 1. to save from injury, harm or attack, बचाव करना, रक्षा करना, हिफ़ाज़त करना। 2. to assist, (domestic industries, घरेलू उद्योगों की) सहायता करना या संरक्षण देना।

protection (प्रॅ-टॅक्´-शॅन्) *n.* 1. act of protecting, बचाव, रक्षण, रक्षा, हिफ़ाज़त। 2. the act of guarding, निगरानी। 3. the system of protecting domestic products, संरक्षण।

protectionism (प्रॅ-टॅक्´-शॅ-निज़्-ॲम्) *n.* the policy of protection, संरक्षणवाद, संरक्षण की नीति।

protective (प्रॅ-टॅक्´-टिव्) *adj.* 1. that protects, रक्षात्मक, सुरक्षात्मक, रक्षाकारी, बचावी, हिफ़ाज़ती। 2. giving protection, संरक्षणात्मक।

protector (प्रॅ-टॅक्´-टॅः) *n.* 1. one who protects, रक्षक। 2. the head of a state, राज्याध्यक्ष।

protectorate (प्रॅ-टॅक्´-टॅ-रिट्/रेट्) *n.* the territory under a protector, राज्य।

protege (प्रो´-टॅ-ज़्हे) *n.* a person aided and guided by some influential person, चेला या पिट्ठू, चमचा, आश्रित। (लैटिन)

protegee (प्रो´-टॅ-ज़्हे) *n.* a female protege, आश्रिता, चमची।

protein (प्रो´-टीन्) *n.* any of the organic compounds in all living beings that is essential for growth, प्रोटीन।

pro tem (प्रो-टॅम्´) *adv.* for the time being, temporarily, थोड़े समय के लिए। (लैटिन)

protest (प्रो´-टॅस्ट्) *v.* (protested, protesting) 1. to express strong objections (to), एतराज करना, आपत्ति करना। 2. to express disapproval, विरोध/प्रतिवाद करना। *n.* 1. an objection, आपत्ति, एतराज। 2. disapproval, विरोध, प्रतिवाद। 3. a written protest, विरोध-पत्र।

□ **under protest,** विरोधपूर्वक; **without protest,** बिना किसी विरोध के, बिना चूँ-चपड़ किए, चुपचाप।

Protestant (प्रॉ´-टिस्-टंट्, प्रॉट्´-अ-स्टंट्) *n.* a Christian other than the Roman Catholic or the Eastern Church, प्रोटेस्टैन्ट।

protestation (प्रॉ-टॅस्-टे´-शॅन्) *n.* 1. a firm declaration, पक्की घोषणा। 2. the act of protesting, प्रतिवाद, खंडन, विरोध, आपत्ति।

proto (प्रो´-टो) *prefix.* first, original, आद्य-, आदि-, पूर्व- अग्र-, प्राक्-।

protocol (प्रो´-टॅ-का:ल्) *n.* the forms of ceremony and etiquette observed by diplomats, राजनयिक आचार-संहिता।

proton (प्रो´-टॉन्) *n.* a particle with a positive electric charge, प्रोटॉन।

protoplasm (प्रो´-टॅ-प्लैज़्-अॅम्) *n.* a semi-fluid constituent of all animal and vegetable cells, जीवद्रव्य, प्रोटोप्लाज़्म।

prototype (प्रो´-टॅ-टाइप्) *n.* an original form or first model, प्रारूप, मूलस्वरूप।

protozoa (प्रो-टॅ-ज़ो´-अॅ) *n.* a single-celled microscopic organism, प्रजीवाणु।

protozoan (प्रो-टॅ-ज़ो´-अॅन्) *n.* a group of one-celled microscopic organisms, प्रजीवाणु-समूह।

protract (प्रॅ-ट्रैक्ट्´) *v.* (protracted, protracting) to lengthen or prolong, लंबा करना, खींचना, बढ़ाना।

protraction (प्रॅ-ट्रैक्´-शॅन्) *n.* the act of protracting, खींचतान, बढ़ाव।

protractor (प्रॅ-ट्रैक्´-टॅ:) *n.* an instrument for measuring angles, कोणमापक, चाँदा।

protrude (प्रॅ-ट्रूड्´) *v.* (protruded, protruding) to project from a surface, उभरना या उभारना, बाहर निकला हुआ होना।

protrusion (प्रॅ-ट्रू´-ज़्हॅन्) *n.* the state of being protruded, उभार, बाहर निकला हुआ होना।

protrusive (प्रॅ-ट्रू´-सिव्) *adj.* bulging out, बाहर निकला हुआ, उभरा हुआ।

protuberance (प्रॅ-टयू´-बॅ-रॅन्स्) *n.* 1. a part or thing that protrudes, उभार, गुमटा।2. projection, बाहर निकला हुआ भाग।

protuberant (प्रॅ-ट्यू´-बॅ-रॅन्ट्) *adj.* bulging out, उभारदार, बाहर को निकला हुआ।

proud (प्राउड्) *adj.* (prouder, proudest) 1. conceited, haughty, अभिमानी, घमंडी, उद्धत। 2. self-respecting, स्वाभिमानी, गर्वयुक्त, गर्वीला। 3. highly respected, गौरवान्वित, गौरवशाली, गौरवपूर्ण। 4. stately, splendid, राजसी, शानदार।

proudly (प्राउड्´-ली) *adv.* in a proud manner, अभिमानपूर्वक।

provable (प्रू´-वॅ-बॅल्) *adj.* that can be proved, साबित करने योग्य, साध्य, प्रमाण्य।

prove (प्रूव्´) *v.* (proved, proving) 1. to establish (something) true, सिद्ध करना, प्रमाणित करना। 2. to test, जाँचना, परखना। 3. to be found by trial or experience, सिद्ध होना, निकलना। 4. to establish the genuineness of (a will, वसीयतनामे को) प्रमाणित करना।

proven (प्रू´-वॅन्) *adj.* tested, tried, सिद्ध, प्रमाणित।

provenance (प्रॉव्´-अॅ-नॅन्स्) *n.* a place of origin, उद्गम-स्थल।

provender (प्रॉव्´-अॅन्-डॅ:) *n.* 1. fodder, चारा, चरी। 2. food, खाद्य पदार्थ, भोजन।

proverb (प्रॉव्´-अॅ:ब्) *n.* a short saying, a short popular saying, कहावत, लोकोक्ति।

proverbial (प्रॅ-व:´-बि-अॅल्) *adj.* 1. of the nature of a proverb, कहावती, लोकोक्तीय। 2. well-known, जाना-माना, लोकप्रसिद्ध।

proverbially (प्र-व:´-बि-अॅ-ली) *adv.* 1. by means of a proverb, लोकोक्ति द्वारा। 2. notoriously, जग ज़ाहिर।

provide (प्रॅ-वाइड्´) *v.* (provided, providing) 1. to supply or furnish, उपलब्ध कराना, मुहैया करना, अभिपूर्ति करना। 2. to give the necessities of life, सुख-सुविधाएँ देना। 3. to afford or yield, प्रदान करना। 4. to prepare

(for), तैयार होना, तैयारी करना। 5. to state as condition, शर्त लगाना।

provided (प्रॅ-वाइ´-डिड्) *conj.* on the condition, इस शर्त पर कि।

Providence (प्रॉव्´-इ-डॅन्स्) *n.* God, ईश्वर।

providence (प्रॉव्´-इ-डॅन्स्) *n.* 1. foresight, दूरदृष्टि। 2. divine care, ईश्वरीय संरक्षण, ईश्वर की कृपा।

provident (प्रॉव्´-इ-डॅन्ट्) *adj.* 1. providing for future needs, भावी आवश्यकताओं की पूर्ति करनेवाला। 2. characterized by foresight, दूरदर्शितापूर्ण।

provident fund *n.* a fund for future needs, भविष्य निधि।

providential (प्रॉव्-इ-डॅन्´-शॅल्) *adj.* 1. resulting from divine providence, ईश्वर की कृपा से होनेवाला, दैवकृत। 2. happening very luckily, सौभाग्यपूर्ण।

provider (प्रॅ-वाइ´-डॅ:) *n.* an earning member of the family, कमाऊ व्यक्ति, पालनकर्ता।

providing (प्रॅ-वाइ´-डिंग्) *conj.* providing that, शर्त यह है कि।

province (प्रॉव्´-इन्स्) *n.* 1. an administrative division of a country, region, प्रांत, प्रदेश। 2. an area of activity, learning etc., कार्यक्षेत्र, अधिकार-क्षेत्र।

provincial (प्रॅ-विन्´-शॅल्) *adj.* of a region, प्रांतीय, प्रादेशिक।

provincialism (प्रॅ-विन्´-शॅल्-इज़्-ॲम्) *n.* the tendency to favour the people of one's province, प्रांतीयता, प्रांतवाद।

provision (प्रॅ-विझ़्´-ॲन्) *n.* 1. the act of providing, अभिपूर्ति। 2. something that is provided, वह वस्तु जिसकी पूर्ति की गई हो, रसद। 3. a stock of food, भंडार। 4. a preparatory measure, तैयारी। 5. a stipulation, शर्त, प्रावधान। *v.* (provisioned, provisioning) to supply provisions, रसद भेजना।

provisional (प्रॅ-विझ़्´-ॲ-नॅल्) *adj.* not final, temporary, अनंतिम, अंतःकालीन, अस्थायी।

proviso (प्रॅ-वाइ´-ज़ो) *n.* a stipulation, शर्त, प्रावधान।

provocation (प्रॉव्-ॲ-के´-शॅन्) *n.* 1. the act of provoking, उत्तेजन, उत्तेजना। 2. something that provokes, उत्तेजनात्मक, उत्तेजित करनेवाली बात, छेड़खानी।

provocative (प्रॅ-वॉक्´-ॲ-टिव्) *adj.* that provokes, उत्तेजनापूर्ण, उत्तेजक।

provocatively (प्रॅ-वॉक्´-ॲ-टिव्-ली) *adv.* in a provocating manner, उत्तेजना में।

provoke (प्रॅ-वोक्´) *v.* (provoked, provoking) 1. to excite, उत्तेजित करना। 2. to irritate, बौखला देना, छेड़खानी/छेड़खानी करना। 3. to call forth, बुलाना, आह्वान करना।

provost (प्रो´-वोस्ट्) *n.* 1. the head of a college, प्रधानाचार्य। 2. the head of a church, धर्माध्यक्ष, धर्माचार्य।

prow[1] (प्राउ) *n.* the forward part of a ship, पोत का बाहर की ओर निकला हुआ भाग, पोताग्र।

prow[2] *adj.* brave, वीर, बहादुर।

prowess (प्राउ´-इस्) *n.* 1. bravery, शौर्य, वीरता। 2. unusual ability or skill, कुशलता या प्रवीणता।

prowl (प्राउल्) *v.* (prowled, prowling) to roam about furtively for a prey, शिकार के लिए दबे पाँव निकलना। *n.* the act of roaming for a prey, शिकार के लिए दबे पाँव निकलना।

prowler (प्राउ´-लॅ:) *n.* 1. a wild animal that roams for a prey, शिकारी पशु।

proximal (प्रॉक्´-सि-मॅल्) *adj.* nearest, समीपस्थ, निकटस्थ।

proximate (प्रॉक्´-सि-मिट्/मेट्) *adj.* 1. nearest, सन्निकट, समीपस्थ। 2. next, आगामी। 3. approximate, अनुमानित।

proximity (प्रॉक्-सिम्´-इ-टी) *n.* nearness, समीपता, निकटता, आसन्नता, सन्निकटता।

proximo (प्रॉक्´-सॅ-मो) *adv.* in the next month, अगले मास।

proxy (प्रॉक्´-सी) *n.* 1. the authority to act

for another, प्रतिनिधि के रूप में काम करने का अधिकार, प्रतिनिधायन। 2. a person empowered to act or vote for another, प्रतिनिधि।

prude (प्रूड्) *n.* 1. a person excessively careful to one's propriety of decorum, शिष्टाचार या भाषा की बारीकियों का अत्यधिक ध्यान रखने का दिखावा करनेवाला व्यक्ति। 2. a woman who shows or affects extreme modesty, अति शालीनता अथवा लज्जा का दिखावा करनेवाली स्त्री।

prudence (प्रू´-डेन्स्) *n.* the quality of being prudent, सयानापन, विवेकशीलता, दूरदर्शिता।

prudent (प्रू´-डन्ट्) *adj.* sensible, discreet, सयाना, विवेकी, दूरदर्शी।

prudential (प्रू-डॅन्´-शॅल्) *adj.* discretionary, विवेकपूर्ण।

prudentially (प्रू-डॅन्´-शॅ-ली) *adv.* in a prudent manner, विवेकपूर्वक, दूरदर्शिता से।

prudently (प्रू´-डॅन्ट्-ली) *adv.* in a prudent manner, विवेकपूर्वक, विवेक से।

prudery (प्रू´-डॅ-री) *n.* exaggerated modesty, अतिशालीनता, पाखंडबाज़ी, पाखंड।

prudish (प्रू´-डिश्) *adj.* too modest, अतिशालीन, पाखंडी।

prudishness (प्रू´-डिश्-निस्) *n.* prudery, पाखंड।

prune[1] (प्रून्) *n.* a dried plum, आड़ू या आलूबुख़ारा।

prune[2] *v.* (pruned, pruning) 1. to remove by cutting off, काटना-छाँटना, काट-छाँट करना, छँटाई करना। 2. to remove, हटाना, निकालना।

pruning (प्रून्´-इंग्) *n.* the act of removing by cutting off, काट-छाँट, छँटाई।

prurient (प्रूर्´-इ-अॅन्ट्) *adj.* lustful, lewd, कामुक, लंपट।

pruritus (प्रु-राइ´-टॅस्) *n.* intense itching, खाज।

prussian blue (प्रु´-शॅन्-ब्लू) *n.* deep blue colour, गहरा नीला रंग।

pry (प्राइ) *v.* (pried, prying) 1. to inquire or peer impertinently, कुछ जानने के लिए खोद-खोदकर पूछना या ताक-झाँक करना। 2. to get with difficulty, मुश्किल से प्राप्त करना।

psalm (सा:म्) *n.* a sacred song, भजन, स्तुतिगान, स्तोत्र।

psalmist (सा:´-मिस्ट्) *n.* one who writes psalms, भजन-लेखक, स्तोत्रकार।

psalter (सा:ल्´-टॅ:) *n.* a book of psalms, भजनावली, भजन-संग्रह।

psephology (से-फ़ॉल्´-अॅ-जी) *n.* study of people's tendencies about election, जनमत विश्लेषण।

pseud (स्यूड्) *n.* = pseudonym.

pseudo (स्यू´-डो, सू´-डो) *adj.* false, छद्म, कूट।

pseudonym (स्यू´-डॅ-निम्, सू´-डॅ-निम्) *n.* a fictitious name used by an author, छद्म नाम, कूटनाम।

pshaw (शा:) *interj.* an expression of contempt, छी!

psittacosis (सिट्-अॅ-को´-सिस्) *n.* a serious disease of birds transmissible to man in whom it causes pneumonia and high fever, पक्षियों से मनुष्य को लगनेवाला निमोनिया जैसा एक रोग।

psora (सो´-रॅ) *n.* = psoriasis.

psoriasis (सॅ-राइ´-अॅ-सिस्) *n.* a skin disease characterized by red scaly patches, चकत्ते पड़ने का रोग।

psych (साइक्) *v.* (psyched, psyching) to analyse (a person or situation, किसी व्यक्ति या स्थिति का) विश्लेषण करना।

psyche (साइ´-की) *n.* 1. the human soul, जीवात्मा, आत्मा। 2. the human mind, मानव मस्तिष्क।

psychiatrist (सि-काइ´-अॅ-ट्रिस्ट्) *n.* an expert in psychiatry, मनोचिकित्सक।

psychiatry (सि-काइ´-अॅ-ट्री) *n.* medical treatment of mental disorder, मनोचिकित्सा।

psychic (साइ´-किक्) *adj.* 1. of the soul,

आत्मा-संबंधी, आत्मिक । 2. of the mind, मन-संबंधी, मानसिक । 3. beyond natural laws or physical world, अतींद्रिय । *n.* a medium, (आत्माओं से संपर्क स्थापित करने का) माध्यम ।

psychical (साइ´-कि-कॅल्) *adj.* = psychic.

psycho (साइ´-को) *n.* 1. spirit, आत्मा । 2. mind, मन ।

psychoanalysis (साइ-को-अॅ-नैल्´-अॅ-सिस्) *n.* analysis of feeling and behaviour to investigate mental disorder, मनोविश्लेषण ।

psychoanalyst (साइ-को-ऐन्´-अॅ-लिस्ट्) *n.* an expert in psychoanalysis, मनोविश्लेषक ।

psychoanalytic (साइ-को-ऐन्-अॅ-लि-टिक्) *adj.* of or pertaining to psychoanalysis, मनोविश्लेषी ।

psychogenic (साइ-को-जॅन्´-इक्) *adj.* originating in the mind, मनोजन्य ।

psychological (साइ-कॅ-लॉज्´-इ-कॅल्) *adj.* of phychology, मनोवैज्ञानिक ।

psychologist (साइ-कॉल्´-अॅ-जिस्ट्) *n.* an expert in psychology, मनोविज्ञानी, मनोवैज्ञानिक ।

psychology (साइ-कॉल्´-अॅ-जी) *n.* 1. the study of mind and its working, मनोविज्ञान । 2. mental characteristics, मानसिक विशेषताएँ ।

psychopath (साइ´-कॅ-पैथ्) *n.* a person suffering from severe mental disorder, मनोरोगी ।

psychopathy (साइ´-कॅ-पै-थी) *n.* mental disorder, mental illness, मनोरोग-चिकित्सा ।

psychosis (साइ-को´-सिस्) *n.* serious mental disorder, मनोविकृति ।

psychosomatic (साइ-को-सॅ-मैट्´-इक्) *adj.* involving both the mind and the body, मनो-दैहिक, मनोकायिक ।

psychotherapy (साइ-को-थॅर्´-अॅ-पी) *n.* the psychologisal treatment of nervous disorder, मनश्चिकित्सा ।

pterodactyl (टॅर्-अॅ-डैक्´-टाइल्) *n.* a flying reptile, उड़नेवाला साँप, पक्षि-सर्प ।

P.T.O. please turn over (a page, पन्ना) उलटें ।

ptomaine (टो´-मेन्) *n.* poisonous substance produced when food decays, खाद्य पदार्थ के सड़ने पर उसमें उत्पन्न होनेवाला ज़हर ।

pub (पब्) *n.* a bar, मदिरालय ।

puberty (प्यू´-बॅ:-टी) *n.* the state of maturation in which a person becomes capable of sexual reproduction, तरुणाई ।

pubescent (प्यु-बेंस्´-अॅन्ट्) *adj.* having arrived at puberty, तरुण ।

pubic (प्यू´-बिक्) *adj.* of the lower part of the abdomen, पेड़ू के नीचे के भाग से संबद्ध; pubic hair, झाँट ।

public (पब्´-लिक्) *adj.* 1. of the people, for or used by the people, सार्वजनिक, लोक-, जन-; public good, जनहित, लोकहित । 2. widely known, सर्वविदित । □ **go public,** (किसी कंपनी के शेयर) जनता के लिए खोल देना । *n.* 1. the people as a whole, आम लोग, जनता, जन-साधारण । 2. a group of people sharing a common interest, जनवर्ग, जनसमूह । □ **in public,** सबके सामने, सरे बाज़ार ।

publican (पब्´-लि-कॅन्) *n.* 1. keeper of a public house, मदिरालय का मालिक, सुरागृह का स्वामी । 2. a tax collector, कर-समाहर्ता ।

publication (पब्´-लि-के´-शॅन्) *n.* 1. the art of publishing, प्रकाशन । 2. something published, प्रकाशन, प्रकाशित पुस्तक या समाचार-पत्र ।

public bar *n.* a tavern or bar, मदिरालय, मधुशाला ।

public carrier *n.* a truck employed for transporting, सार्वजनिक वाहन, लोक-वाहन ।

public convenience *n.* a public lavatory, सार्वजनिक शौचालय ।

public cooperation *n.* help given by the public, जन-सहयोग ।

public house *n.* a bar, मदिरालय, मधुशाला ।

publicist (पब्´-लि-सिस्ट्) *n.* one who publi-

cizes; प्रचारक।

publicity (पब्-लिस्´-इ-टी) *n.* the process of drawing public attention to a thing or person, प्रचार।

publicity medium *n.* the medium of publicity, प्रचार-माध्यम।

publicize (पब्´-लि-साइज़्) *v.* (publicized, publicizing) to give publicity to, प्रचार करना।

publicly (पब्´-लिक्-ली) *adv.* openly, in public, खुले आम, सार्वजनिक रूप से।

public notice *n.* सार्वजनिक सूचना।

public notification *n.* सार्वजनिक अधिसूचना।

public nuisance *n.* a person or act that harms people in general, जनता की परेशानी, लोककंटक।

public ownership *n.* जन-स्वामित्व, लोक-स्वामित्व।

public opinion *n.* जनमत।

public prosecutor *n.* लोक अभियोजक।

public sector *n.* वे उद्योग जो राज्य के नियंत्रण में हों, सार्वजनिक क्षेत्र।

public servant *n.* a person holding a government office, वह जो किसी सरकारी पद पर काम कर रहा हो, लोकसेवक, जनसेवक।

public service *n.* जनसेवा, लोकसेवा।

public service commission *n.* लोक सेवा आयोग।

public spirited *adj.* devoted to public welfare, लोकहितैषी, जनहितैषी।

public trial *n.* खुला मुकदमा।

public utility *n.* a business enterprise that supplies electricity, gas, water etc. to public, जन संघटन, सेवा-संस्था।

public works department *n.* लोक निर्माण विभाग।

publish (पब्´-लिश्) *v.* (published, publishing) 1. to issue a book, newspaper, pamphlet etc. to the public, प्रकाशित करना। 2. to announce, घोषणा करना।

publisher (पब्´-लि-शः) *n.* one who publishes books etc., प्रकाशक।

publisher's note *n.* प्रकाशकीय टिप्पणी।

publishing (पब्´-लिश्-इंग्) *n.* the business of a publisher, प्रकाशन-व्यवसाय, प्रकाशन।

puce (प्यूस्) *adj.* brownish purple, बैंगनी, भूरा।

puck (पक्) *n.* a hard rubber disc used in ice hockey, रबर की छोटी गेंद जिससे बर्फ पर हाकी खेली जाती है, पक।

pucker (पक्´-अँः) *n.* 1. a wrinkle, झुर्री। 2. a fold, सिकुड़न। *v.* (puckered, puckering) 1. to gather into wrinkles, झुर्रियाँ पड़ना। 2. to gather into folds, सिकुड़न पड़ना।

puckish (पक्´-इश्) *adj.* mischievous, शरारती, नटखट।

pudding (पुड्´-इंग्) *n.* a sweet dessert, फिरनी की तरह जमाया हुआ व्यंजन, पुडिंग।

pudding head *n.* a stupid person, मूर्ख व्यक्ति।

puddle (पड्´-अॅल्) *n.* a small pool of water left after rain, बरसाती पोखरा।

pudenda (प्यु-डॅन्´-डॅ) *n.* the genitals of a woman, स्त्री के गुप्तांग।

pudgy (पज्´-ई) *adj.* short and fat, chubby, गोल-मटोल, स्थूल।

pueblo (पॅब्´-लो) *n.* a type of communal village, गाँव, बस्ती।

puerile (प्यु´-अॅर्-आइल्, प्यु´-अॅ-रिल्) *adj.* childish, बचकाना।

puerility (प्यु-अॅर्-इल्´-इ-टी, प्यु-अॅ-रिल्´-इ-टी) *n.* 1. childishness, बचकानापन। 2. a childish action, बचकानी हरकत।

puerperal (प्यु-अः´-पि-रॅल्) *adj.* of or pertaining to child birth, प्रसव-संबंधी, प्रसूतिक।

puff (पफ़्) *n.* 1. a short sudden gust, झोंका। 2. a bit of smoke or air expelled at one time, फूँक, साँस, कश। 3. a powder puff, पाउडर लगाने की गद्दी। 4. a stuffed pastry, गुजिया। 5. a piece of extravagant praise, अतिप्रशंसा। *v.* (puffed, puffing) 1. to send out a puff or puffs, थोड़ा-थोड़ा धुआँ, साँस

आदि छोड़ना। 2. to pant, हाँफना। 3. to swell, फूलना।

puff adder (पफ़्´-ऐड्-अॅ:) *n.* an African snake, अफ़्रीकी साँप।

puff ball (पफ़्´-बा:ल्) *n.* a fungus, कुकुरमुत्ता।

puffed (पफ़्ड्/पफ़्ट्) *adj.* swollen, फूला हुआ।

puffer (पफ़्´-अॅ:) *n.* one who puffs, धुआँ छोड़नेवाला, फूँक मारनेवाला।

puffiness (पफ़्´-इ-निस्) *n.* 1. fatness, मोटापा, स्थूलता। 2. swelling, सूजन।

puffy (पफ़्´-ई) *adj.* 1. puffer out, swollen, फूला हुआ, सूजा हुआ। 2. fat, मोटा।

pug[1] (पग्) *n.* a small sized dog, छोटे कद का कुत्ता।

pug[2] *n.* a boxer, मुक्केबाज़।

pugilism (प्यू´-जि-लिज़्-अॅम्) *n.* boxing, मुक्केबाज़ी।

pugilist (प्यू´-जि-लिस्ट्) *n.* a boxer, पेशेवर मुक्केबाज़।

pugnacious (पग्-ने´-शॅस्) *n.* aggressive, आक्रामक, लड़ाकू, झगड़ालू।

pugnaciously (पग्-ने´-शॅस्-ली) *adv.* in a pugnacious manner, आक्रामक रूप से।

pugnacity (पग्-नैस्´-इ-टी) *n.* aggressiveness, आक्रामकता, लड़ाकूपन, झगड़ालूपन।

pugnose (पग्´-नोज़्´) *n.* a short, broad, somewhat turned-up nose, चिपटी नाक।

pugnosed (पग्´-नोज़्ड्) *adj.* having a pugnose, चिपटी नाकवाला।

puisne (पू´-नी) *adj.* junior, कनिष्ठ, अवर।

puissance (पू´-इ-सॅन्स्) *n.* strength, might, बल, शक्ति, रोब-दाब।

puke (प्यूक्) *n.* the act of vomiting or something vomited, वमन, कै, उलटी। *v.* (puked, puking) to vomit, उलटी करना।

pulchritude (पल्´-क्रि-ट्यूड्) *n.* beauty, सुंदरता, शोभा।

pule (प्यूल्) *v.* (puled, puling) to whimper, पिनपिनाना, चिल्लाना।

puling (प्यू´-लिंग्) *n.* an act of whimpering, पिनपिनाहट। *adj.* whimpering, पिनपिनहाँ।

pull (पुल्) **v.** (pulled, pulling) 1. to draw, drag or attract, (किसी दिशा में) खींचना, घसीटना; push and pull, धकेलना और घसीटना। 2. to draw or pluck, खींचकर लाना, खींच ले जाना। 3. to propel (a boat) by pulling on its oars, (नाव को) खींचना, खेना। 4. to hit a ball in a curve, (क्रिकेट में) पुल करना। 5. to attract, आकर्षित करना; pull the crowds, भीड़ को आकृष्ट करना। 6. to arrest, गिरफ़्तार करना। 7. to rein in, लगाम खींचना। □ **pull apart**, आलोचना करना; **pull down**, (i) नीचा दिखाना, (ii) गिराना, नष्ट करना; **pull for**, आशान्वित होना; **pull off**, पूरा करना, निष्पन्न करना; **pull oneself together**, अपनी हिम्मत जुटाना; **pull out**, छोड़ आना, छोड़ देना; **pull through**, पार पाना; **pull up**, (i) उखाड़ना, (ii) रोकना, (iii) डाँटना।

pullet (पुल्´-इट्) *n.* a young hen, चूज़ा।

pulley (पुल्´-ई) *n.* a small wheel in which a rope runs, पुली, घिरनी, गड़ारी, चर्ख़ी।

pull-out (पुल्´-आउट्) *n.* retreat, पीछे हटना।

pullover (पुल्´-ओ-वॅ:) *n.* a sweater, जर्सी, स्वेटर।

pulmonary (पल्-मॅ-नॅ-री) *adj.* of or pertaining to lungs, फेफड़े का, फुप्फुस; pulmonary tuberculosis, फेफड़े का तपेदिक।

pulp (पल्प्) *n.* 1. the soft part of a fruit, गूदा। 2. any soft moist ground-up mass, लुगदी। 3. beaten moist mass, कचूमर, भुरता। 4. the soft tissue inside a tooth, दाँत के अंदर का गूदा। *v.* (pulped, pulping) to reduce to pulp, गूदा कर देना, भुरता बना देना।

pulpit (पुल्´-पिट्) *n.* a stage, मंच।

pulpy (पल्´-पी) *adj.* like or containing pulp, गूदेदार।

pulsate (पल्´-सेट्) *v.* (pulsated, pulsating) to quiver or throb, काँपना, सिहरना, स्पंदित होना, फड़कना।

pulsatile (पल्´-से-टाइल्) *adj.* quivering,

throbbing, काँपता हुआ, धड़कता हुआ, स्पंदनकारी।

pulsation (पल्-से´-शॅन्) *n.* vibration, throbbing, स्पंदन, सिहरन।

pulsator (पल्-से´-टॅ:) *n.* a device that pulsates, स्पंदक यंत्र।

pulsatory (पल्´-सॅ-टॅ-री) *adj.* throbbing, स्पंदन करता हुआ, धड़कता या फड़कता हुआ।

pulse[1] (पल्स्) *n.* 1. throbbing of an artery, नाड़ी का स्पंदन। ☐ **feel someone's pulse,** (i) नाड़ी देखना, (ii) रुख देखना; **stir someone's pulses,** उत्तेजित करना। *v.* (pulsed, pulsing) to pulsate, स्पंदित होना फड़कना या धड़कना।

pulse[2] *n.* the edible seeds of plants baving pods, दाल।

pulverization (पल्-वॅ-रि-ज़े´-शॅन्) *n.* an act of pulverizing, पिसाई, पेषण।

pulverize (पल्´-वॅ-राइज़्) *v.* (pulverized, pulverizing) 1. to grind into powder, पीसना, महीन पीसना, पेषण करना, पाउडर बना देना। 2. to crush, पीस डालना, कुचल डालना।

puma (प्यू´-मॅ) *n.* a tiger, बाघ।

pumice (पम्´-इस्) *n.* a piece of porous lightweight volcanic rock, झाँवाँ।

pummel (पम्´-ॲल्) *v.* (pummelled, pummelling) to pound with the fists, मुक्के या घूँसे मारना।

pump (पम्प्) *n.* 1. a device for drawing out water, air etc., पंप। 2. a kind of shoe, एक प्रकार का जूता। *v.* (pumped, pumping) 1. to draw out, बाहर निकालना। 2. to fill in, भरना।

pumping set *n.* a device for lifting underground water, पंपिंग सेट।

pumpkin (पम्प्´-किन्) *n.* a gourdlike fruit, कद्दू, लौकी, घिया।

pun (पन्) *n.* a humorous use of a word or phrase that has two meanings or of words having similar sound but different meanings, श्लेष (अलंकार)। *v.* (punned, punning) to make a pun, श्लेष का प्रयोग करना।

punch[1] (पंच्) *n.* a tool driven or pressed against a surface, छेदन यंत्र। *v.* (punched, punching) to pierce with a punch, छेदना।

punch[2] *n.* a blow with a fist, मुक्के का प्रहार। *v.* (punched, punching) to blow with a fist, मुक्का मारना।

puncheon (पन्´-चॅन्) *n.* a large cask, पीपा।

punchy (पन्´-ची) *adj.* forceful, ज़ोरदार।

punctate (पंक्´-टेट्) *adj.* marked with dots, बुँदकीदार।

punctation (पंक्-टे´-शॅन्) *n.* the condition of being punctate, बुँदकीदार होना।

punctilio (पंक्´-टिल्-इ-ओ) *n.* 1. observance of petty formalities, छोटी-मोटी औपचारिकताओं का पालन। 2. a formality, औपचारिकता।

punctilious (पंक्-टिल्´-इ-ॲस्) *adj.* very formal or exact, अत्यौपचारिक, मीनमेखी, पाखंडी।

punctual (पंक्´-चु-ॲल्) *adj.* acting or arriving at an appointed time, समयपालक, समयनिष्ठ, वक़्त का पाबंद।

punctually (पंक्´-चु-ॲ-ली) *adv.* at an appointed time, ठीक समय पर।

punctuate (पंक्´-चु-एट्) *v.* (punctuated, punctuating) 1. to insert or divide punctuation marks, विराम-चिह्न लगाना। 2. to interrupt, बीच में रोकना। 3. to emphasize, बल देना।

punctuation mark *n.* any of the signs used in punctuation, विराम-चिह्न।

puncture (पंक्´-चॅ:) *n.* 1. a hole made by a sharp point in a tube, ट्यूब में होनेवाला छेद, पंचर। 2. the act of piercing with a sharp point, छेदना। *v.* (punctured, puncturing) to pierce or to be pierced with a sharp point, पंचर होना या करना।

pundit (पन्´-डित्) *n.* a learned person, पंडित।

pungency (पन्´-जॅन्-सी) *n.* 1. acridness, तिक्तता, तीतापन। 2. sharpness, तीक्ष्णता,

तीखापन।

pungent (पन्´-जॅन्ट्) *adj.* 1. acrid, तीता, तिक्त। 2. sharp, तीक्ष्ण, कटु, तीखा।

punish (पन्´-इश्) *v.* (punished, punishing) 1. to give punishment, दंड देना, दंडित करना, सज़ा देना। 2. to treat roughly, पिटाई करना, धुनना।

punishable (पन्´-इश्-अॅ-बॅल्) *adj.* deserving punishment, दंडनीय, दंड्य।

punishment (पन्´-इश्-मॅन्ट्) *n.* 1. a penalty imposed for wrong-doing, दंड, सज़ा। 2. rough handling, धुनाई, पिटाई, मार।

punitive (प्यु´-नि-टिव्) *adj.* intended to inflict punishment, दंडात्मक।

punk (पंक्) *n.* a worthless person or thing, बेकार व्यक्ति या वस्तु। *adj.* worthless, useless, व्यर्थ का, बेकार।

punnet (पन्´-इट्) *n.* a small basket (for fruit, फल रखने की) छोटी टोकरी।

punster (पन्´-स्टॅः) *n.* fond of making puns, श्लेष के प्रयोग में सिद्धहस्त, श्लेषवादी।

punt[1] (पंट्) *n.* a flat-bottomed boat, डोंगी। *v.* (punted, punting) to propel a boat, डोंगी खेना।

punt[2] *v.* (punted, punting) to gamble, जुआ खेलना, दाँव लगाना। *n.* gamble, जुआ, दाँव।

punter (पन्´-टॅः) *n.* one who gambles or bets, जुआ खेलनेवाला, दाँव लगानेवाला।

puny (प्यु´-नी) *adj.* small and insignificant, कमज़ोर और ठिगना, पिद्दी-सा।

pup (पप्) *n.* a puppy, कुत्ते, ऊदबिलाव आदि का बच्चा, पिल्ला। *v.* (pupped, pupping) to give birth to pups, कुतिया आदि का ब्याना। □ **in pup,** गाभिन।

pupa (प्यू´-पॅ) *n.* an insect after larva stage, प्यूपा।

pupate (प्यू´-पेट्) *v.* (pupated, pupating) to become pupa, प्यूपा की अवस्था प्राप्त करना।

pupil (प्यू´-पिल्) *n.* 1. one who is taught by another, शिष्य, चेला, शागिर्द। 2. a part of the eye, आँख की पुतली।

puppet (पप्´-इट्) *n.* 1. a small doll moved by strings, पुतली, कठपुतली। 2. a person whose actions are controlled by another, कठपुतली।

puppeteer (पप्-इ-टिअॅः) *n.* one who manipulates puppets, पुतली नचानेवाला, पुतलीवाला।

puppet show *n.* an entertainment using puppets, पुतली या पुतलियों का नाच।

puppy (पप्´-ई) *n.* a young dog, पिल्ला।

purblind (पः´-ब्लाइन्ड्) *adj.* dimsighted, जिसे बहुत कम या नहीं के बराबर दिखाई पड़ता हो, चुंधा।

purchasable (पः´-चेज़्-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be purchased, क्रय करने योग्य, क्रेय।

purchase (पः´-चिज़्, पः´-चॅज़्) *v.* (purchased, purchasing) 1. to buy, (क़ीमत देकर) मोल लेना, ख़रीदना, क्रय करना। 2. to obtain by sacrifice or effort, अर्जित या प्राप्त करना। *n.* 1. act of buying, खरीदारी। 2. something bought, खरीदी हुई वस्तु, सौदा।

purchaser (पः´-चॅ/चि-ज़ॅः) *n.* one who purchases, ख़रीदार, विक्रेता।

purchasing *n.* the power to purchase (something, क्रय-शक्ति।

purdah (पः´-डॅ) *n.* 1. a veil or curtain, पर्दा। 2. a system of keeping women from the sight of elders or strangers, पर्दा-प्रथा।

pure (प्योः) *adj.* 1. genuine, unmixed, शुद्ध, विशुद्ध, ख़ालिस। 2. free from tainting matter, शुद्ध, विशुद्ध, निर्मल। 3. mere, विशुद्ध। 4. free from evil or sin, निर्दोष, निष्पाप, पवित्र; pure fire, पवित्र अग्नि। 5. chaste, पवित्र। 6. dealing with theory only, शुद्ध।

purebred (प्योः´-ब्रेड्) *adj.* of unmixed descent, ख़ालिस नस्लवाला, असंकर।

purely (प्योः´-ली) *adv.* 1. in a pure manner or way, विशुद्ध रूप से। 2. entirely, पूर्णतया। 3. merely, केवल, सिर्फ़।

purgative (प: ´-गॅ-टिव्) *adj.* laxative, विरेचक। *n.* a drug for purging the bowels, जुलाब।

purgatory (प: ´-गॅ-टॅ-री) *n.* 1. a place where souls undergo a limited amount of suffering before entering the Heaven, ईसाई धर्म के अनुसार वह स्थान जहाँ आत्मा पापों का फल भोग लेने के बाद स्वर्ग में प्रवेश करती है, पापमोचन स्थल। 2. a place of suffering, नरक।

purge (प:ज्) *v.* (purged, purging) 1. to empty the bowels by taking a purgative, जुलाब लेना। 2. to cause (a person) to empty his bowels, जुलाब देना। 3. to clear (a person) of a charge, दोषमुक्त करना। 4. to be purified, निर्मल या पवित्र होना। 5. to get rid of, पीछा छुड़ाना। *n.* 1. a purgative, जुलाब। 2. purification. शुद्धि, परिष्करण।

purification (प्यु-रि-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* the act of purifying or the state of being purified, शुद्धिकरण, शोधन।

purifier (प्यु´-रि-फ़ाइ-ॲ:) *adj.* that purifies, शोधक, शुद्धि करनेवाला।

purify (प्यु´-रि-फ़ाइ) *v.* (purified, purifying) to make pure, शोधन करना, शुद्ध करना।

purism (प्युर्´-इज़्-ॲम्) *n.* observance of strict purity in language, शुद्धतावाद, शुद्धिवाद।

purist (प्यु´-रिस्ट्) *n.* an advocate of purism, शुद्धतावादी।

puritan (प्युर्´-इ-टॅन्) *n.* one who adheres to strict moral or religious principles, नियमनिष्ठ, धर्मनिष्ठ, शुद्धाचारवादी।

puritanical (प्युर्-इ-टैन्´-इ-कॅल्) *adj.* of or pertaining to moral or religious principles, नीतिवादी।

purity (प्युर्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being pure, शुद्धता, विशुद्धता, शुचिता।

purl[1] (प:ल्) *n.* a backward stitch, उलटा फंदा।

purl[2] *v.* (purled, purling) to move with a murmuring sound, कलकल करते हुए (नदी का) बहना। *n.* murmuring sound (of a river, नदी का) कलकल, निनाद।

purlieu (प: ´-ल्यूज़्) *n.* a neighbouring area, संलग्न क्षेत्र।

purlin (प: ´-लिन्) *n.* a beam, बीम, शहतीर।

purloin (प:-लॉइन्´) *v.* (purloined, purloining) to steal, चुराना।

purple (प: ´-पॅल्) *adj.* reddish blue, बैंगनी, जामुनी।

purplish (प: ´-प्लिश्) *adj.* somewhat purple, बैंगनी-सा।

purport (प: ´-पाःट्) *n.* meaning, sense, अर्थ आशय। *v.* (purported, purporting) to mean, अर्थ देना।

purpose (प: ´-पॅस्) *n.* 1. aim, design, प्रयोजन, उद्देश्य, लक्ष्य। 2. will-power, इच्छा-शक्ति, संकल्पशक्ति। □ **on purpose,** किसी उद्देश्य से। *v.* (purposed, purposing) to intend, इरादा करना या रखना, मतलब होना।

purposeful (प: ´-पॅस्-फुल्) *adj.* 1. having a purpose, उद्देश्यपूर्ण। 2. meaningful, अर्थगर्भित।

purposeless (-लिस्) *adj.* without a purpose, उद्देश्यहीन, निरुद्देश्य।

purposely (-ली) *adv.* 1. on purpose उद्देश्य से। 2. intentionally, जान-बूझकर।

purr (प:) *n.* the sound made by a cat, घुर-घुर।

purse (प:स्) *n.* a small bag for carrying money, बटुआ, पर्स। 2. money, रुपया। 3. a sum of money as a prize or present, पुरस्कार, भेंट, नज़र। *v.* (pursed, pursing) to contract lips, होठ बंद करना। □ **beyond one's purse,** किसी की क्रयशक्ति से बाहर, बूते से बाहर; **hold the purse strings,** ख़र्चे पर नियंत्रण होना; **purse proud,** धन के कारण घमंडी।

pursuable (पॅ:-स्यु´-ॲ-बॅल्) *adj.* that can be pursued, जिसका पीछा किया जा सके, अनुसरणीय।

pursuance (प:-स्यू´-ॲन्स्) *n.* the carrying out (of a action or plan; कार्य या योजना का)

किया जाना, कार्यान्वयन, अनुवर्तन।

pursue ((पॅ:-स्यू´, पॅ:-सू´) *v.* (pursued, pursuing) 1. to chase पीछा करना। 2. to follow closely or persistently, पीछे लगना, पीछे पड़ना। 3. to apply oneself to, रत होना, लगे रहना; 4. to discuss or argue continually, तर्क-वितर्क करते रहना।

pursuer (पॅ:-स्यू´-अॅ:) *n.* one who pursues, पीछा करनेवाला।

pursuit (पॅ:-स्यूट्´/सूट्´) *n.* 1. the act of pursuing, पीछा। 2. an activity, क्रियाकलाप, धंधा, पेशा आदि।

purulent (प्युअॅर्´-अॅ-लॅन्ट्) *adj.* 1. full of pus, मवाद-भरा, पीपदार। 2. discharsing pus, जिसमें मवाद निकल रहा हो।

purvey (पॅ:-वे´) *v.* (purveyed, purveying) to supply, पूर्ति करना।

purveyance (पॅ:-वे´-अॅन्स्) *n.* supply, पूर्ति।

purveyor (पॅ:-वे´-अः) *n.* a supplier, पूर्तिकर्ता।

purview (पः´-व्यु) *n.* 1. scope of operation, कार्यक्षेत्र। 2. range of outlook, दृष्टिक्षेत्र। ☐ **outside the purview of,** की सीमा से बाहर; **within the purview of,** की सीमा के अंदर।

ruler (रू´-लॅ:) *n.* 1. one who rules, शासक, हाकिम। 2. a thin strip of wood, metal etc, for measuring or drawing purposes, रूलर, पटरी, रेखक।

ruling (रू´-लिंग्) *n.* the decision of the chair, व्यवस्था। *adj.* 1. predominating, प्रबल। 2. governing, शासनिक, शासी। 3. prevalent, प्रचलित।

rum (रम्) *n.* an alcoholic liquor, रम।

rumble (रम्´-बॅल्) *v.* (rumbled, rumbling) 1. to make a deep, long rolling sound, गरजना, चिंघाड़ना। 2. to move with such a sound, गरजते हुए आगे बढ़ना। *n.* 1. rumbling sound, गड़गड़, गरज। 2. a murmur of discontent, असंतोष का मंद स्वर, बुड़बुड़ाहट।

ruminant (रू´-मि-नॅन्ट्) *adj.* cud-chewing, जुगाली करनेवाला।

ruminate (रू´-मि-नेट्) *v.* (ruminated, ruminating) 1. to chew the cud, जुगाली करना। 2. to meditate, मनन या चिंतन करना।

rumination (रू-मि-ने´-शॅन्) *n.* the act of ruminating, जुगाली।

ruminative (रू´-मि-ने-टिव्) *adj.* meditating, मननशील।

rummage (रम्´-इज्) *v.* (rummaged, rummaging) to search thoroughly, छान-बीन करना, तलाशी लेना। *n.* the act of rummaging, छान-बीन, तलाशी।

rummy (रम्´-ई) *n.* a card game, (ताश का खेल) रमी।

rumour (र्यू´-मॅ:, रू´-मॅ:) *n.* 1. a report of uncertain truthfulness, उड़ती ख़बर, अफ़वाह। 2. hearsay, किंवदंती। *v.* (rumoured, rumouring) to spread by rumour, अफ़वाह फैलाना।

rumour-monger (र्यू´-मॅ:-मंग्´-गॅ:) *n.* one who spreads a rumour, अफ़वाह उड़ानेवाला, अफ़वाह-उड़ाऊ, गप्पी।

rump (रम्प्) *n.* 1. the hindquarters of an animal, पुट्ठा। 2. a person's buttocks, चूतड़।

rumple (रम्´-पॅल्) *v.* (rumpled, rumpling) to make or become crumpled, शिकन डालना या पड़ना, अव्यवस्थित होना या करना।

rumpus (रम्´-पॅस्) *n.* a noisy disturbance, उपद्रव, हो-हल्ला, हुल्लड़।

run (रन्) *v.* (ran, run, running) 1. to move on foot faster than walking, दौड़ना। 2. to move at rapid gait (said of animals), भागना। 3. to perform as by running, दौड़-दौड़कर काम करना, जल्दी-जल्दी काम करना। 4. to take part in a race, दौड़ना। 5. to compete for elected office, (चुनाव में) खड़ा होना। 6. to move (freely), चलना, खिसकना, फिसलना। 7. to be in operation, (मशीन का) चलना। 8. to flow, बहना। 9 to be wet (with), तर होना; The streets were running with blood. गलियाँ ख़ून से लबरेज़ थीं। 10. to spread rapidly, तेज़ी से फैलना। 11. to be effective, प्रभावी होना। 12. to become payable, देय होना। 13. to thrust, घुसेड़ना। 14. to drive or ply, चलाना। 15. to

manage, व्यवस्था करना, चलाना। 16 to extend, विस्तृत होना, फैला होना। 17. to incline, झुकाव या नति होना। 18. to be stated or reported, कहा जाना। 19. to publish or print, छापना या प्रकाशित करना। 20. to get or pass through, निकलना, निकल जाना। 21. to score a run, रन लेना या बनाना। 22. to be subjected to, ग्रस्त होना। 23. to incur, उठाना; to run a risk, जोखिम उठाना। □ **run about,** भागते फिरना; **run across,** मुलाक़ात हो जाना; **run after** (i) पीछे भगना, पीछे-पीछे दौड़ना, (ii) पीछा करना; **run along,** चलो भागो; **run amok,** पागल की तरह दौड़ते फिरना; **run at,** (किसी पर) टूट पड़ना; **run away** (i) बच निकलना, (ii) भाग जाना, (iii) कम करना, (iv) दबा देना, (v) पकड़ना, (vi) तेज़ी से पढ़ना; **run away with,** भगा या उठा ले जाना; **run down,** (i) पटक देना, (ii) पीछा करके पकड़ लेना, (iii) नीचा दिखाना, (iv) चुक जाना; **run in** (i) गिरफ़्तार करना, (ii) सम्मिलित करना, (iii) पहुँचना; **run into** (i) भोंक देना, (ii) भिड़ा देना; (iii) किसी से अचानक मुलाक़ात होना, (iv) तक पहुँच या बढ़ जाना; His income runs into crores. उसकी आमदनी करोड़ों तक पहुँच गई है। The report runs into 250 pags, रिपोर्ट 250 पृष्ठों तक जा पहुँची। **run off,** भाग जाना; **run off with,** (किसी के) साथ भाग जाना; **run on** (i) जारी रहना, (ii) बहुत बोलना, (iii) (लिखाई में) अक्षरों का मिला हुआ होना, (iv) (मुद्रण में) एक वाक्य समाप्त होने पर उसी पंक्ति में दूसरा वाक्य शुरू कर देना; **run out,** समाप्त हो जाना, निकल जाना; **run out on,** छोड़ देना; **run out of,** समाप्त हो जाना; **run over** (i) दबा या कुचल देना, (ii) (पात्र के भर जाने से) तरल पदार्थ का बहने लगना, (iii) सरसरी निगाह से निरीक्षण या परीक्षण करना, (iv) सीमा लाँघ जाना; **run short of,** की कमी पड़ जाना; **run through,** (i) भोंक देना, (ii) ख़त्म हो जाना, (iii) सरसरी निगाह से देख जाना, (iv) अभ्यास करना; **run to,** यथेष्ट होना; **run up** (i) इकट्ठा करना, (ii) जोड़ देना, सी देना, (iii) फहराना। *n.* 1. a pace faster than the walk, दौड़। 2. a score of one obtained by running between the wickets, दौड़, रन (क्रिकेट में)। 3. flow, rush, गति, प्रवाह। 4. route, मार्ग। 5. unrestricted freedom, स्वतंत्रता। 6. demand, ज़ोरदार माँग। □ **in the long run,** लंबी अवधि में।

runabout (रन्´-अॅ-बाउट्) *n.* 1. a person who runs about from one place to another, भागने-फिरने का काम करनेवाला। 2. a small open car, छोटी खुली कार।

runaround (रन्´-अॅ-राउन्ड्) *n.* an evasive response, टाल-मटोल।

runaway (रन्´-अवे) *n.* a fugitive, भगोड़ा। having run away, जो भाग गया हो।

rundown (रन्´-डाउन्) *adj.* 1. tired, थका-माँदा। 2. dilapidated, जीर्ण-शीर्ण। *n.* a detailed analysis, विस्तृत विवरण।

rune (रून्) *n.* something inscribed, उत्कीर्ण अक्षर, चित्र आदि।

rung (रंग्) *n.* one of a cross pieces of a ladder, सीढ़ी का डंडा।

runlet (रन्´-लिट्) *n.* a small stream, छोटी नदी।

runnel (रन्´-अॅल्) *n.* a brook, झरना।

runner (रन्´-अॅ:) *n.* 1. one who runs, दौड़नेवाला, दौड़ाक। 2. a messenger, दूत, पत्रवाहक।

runner-up (रन्´-अॅ:-अप्) *n.* a contestant finishing a competition in second place, उपजेता।

running (रन्´-इंग्) *n.* the act of one that runs, दौड़ना, दौड़। □ **in the running,** जिसके जीत सकने या कोई पद प्राप्त कर सकने की उम्मीद हो; **out of running,** जिसके जीतने या कोई पद प्राप्त कर सकने की आशा न हो। *adj.* 1. continuous, लगातार होनेवाला, सतत। 2. preva-

lent, प्रचलित, विद्यमान।

running commentary *n.* चल-विवरण, आँखों देखा हाल।

running cost *n.* cost for running a machine etc., परिचालन-व्यय।

runout (रन्-आउट्´) *v.* (ranout, runout, running out) to exhaust, ख़त्म होना, कम पड़ जाना। *n.* dismissal of a batsman by running him out, रन आउट।

runway (रन्´-वे़) *n.* a path over which aircrafts take off and land, धावन-पथ।

rupee (रू´-पी, रू-पी´) *n.* a standard monetary unit of India, रुपया।

rupture (रप्´-चॅः) *n.* 1. the act of breaking or bursting, टूटना, फटना। 2. the breach of friendly relation, अनबन, बिगाड़। 3. hernia, हर्निया। *v.* (ruptured, rupturing) 1. to become burst, फटना, टूटना। 2. to cause a relationship to end, संबंध तोड़ देना। 3. to affect with hernia, हर्निया से ग्रस्त होना।

rural (रूर्´-अॅल्) *adj.* of or pertaining to the country or village, ग्राम्य, ग्रामीण।

ruse (रूज़्) *n.* 1. deception, छल। 2. trick, चाल।

rush (रश्) *n.* 1. an eager movement of many persons to one place all at once, भीड़। 2. press of work, काम का दबाव या ज़ोर। 3. haste, जल्दी, हड़बड़ी। *adj.* necessitating haste, जल्दी-भरा, हड़बड़ाहट-भरा। *v.* (rushed, rushing) 1. to act hastily, जल्दी मचाना/करना। 2. to assault, धावा बोलना।

rusk (रस्क्) *n.* a cake toasted in an oven, रस।

Russian (र´-शॅन्) *adj.* of Russia, रूसी।

rust (रस्ट्) *n.* 1. oxide formed on iron, ज़ंग, मोरचा। 2. any injurious habit, बुरी आदत। *v.* (rusted, rusting) 1. to be affected with rust, जंग लगना, जंग खा जाना। 2. to lose efficiency, अकर्मण्य हो जाना।

rustic (रस्´-टिक्) *adj.* 1. typical of country life, गँवाऊ। 2. simple, सीधा-सादा, भोला। *n.* a rural person, देहाती, गँवारू।

rusticate (रस्´-टि-केट्) *v.* (rusticated, rusticating) 1. to go to or live in the country, गाँव चले जाना, गाँव में जा बसना। 2. to expel from the school or college, स्कूल या कालेज से निकाल देना, बहिष्कृत करना।

rustication (रस्´-टि-के´-शॅन्) *n.* 1. living in the country, गाँव में रहना या बसना, ग्रामवास। 2. an act of expelling or state of being expelled, बहिष्करण, निष्कासन।

rusticity (रस्-टिस्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being rustic, देहातीपन, गँवारपन।

rustle (रस्´-अॅल्) *v.* (rustled, rustling) 1. to make a crisp or cracking sound, सरसर करना, फड़फड़ करना। 2. to steal, चुराना। *n.* rustling sound, सरसर, फड़फड़।

rustproof (रस्ट्´-प्रूफ़्) *adj.* not liable to rust, जिसे जंग न लगे, ज़ंगरोधी।

rusty (रस्´-टी) *adj.* 1. affected with rust, ज़ंग-लगा। 2. old fashioned, दक़ियानूसी। 3. impaired, विकृत, क्षतिग्रस्त।

rut (रट्) *n.* a groove made in the ground by the wheel of a vehicle, पहिए की लकीर, लीक।

ruth (रूथ्) *n.* pity, compassion, दया।

ruthful (रूथ्´-फुल्) *adj.* feeling or showing pity, दयालु।

ruthless (रूथ्´-लिस्) *adj.* without ruth, निर्दय, निष्ठुर, नृशंस।

rux (रक्स्) *n.* anger, impulse, क्रोध, आवेग।

rye (राइ) *n.* a grass and its grain, एक पौधा और उसके बीज।

S

S, s (ऍस्) *n.* The nineteenth letter of the English alphabet, अंग्रेज़ी वर्णमाला का उन्नीसवाँ वर्ण।

Sabbath (सैब्´-ॲथ्) *n.* 1. a rest day, विश्राम-दिवस। 2. Sunday, रविवार (ईसाइयों का विश्राम-दिवस) 3. Saturday, शनिवार (यहूदियों का विश्राम-दिवस)

sabbatical (सॅ-बैट्´-इ-कॅल्) *adj.* of the Sabbath, विश्राम-दिवस संबंधी।

sabbatical leave *n.* a leave for study granted to a university professor, विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर को मिलनेवाला अध्ययन-अवकाश।

sable (से´-बॅल्) *n.* 1. a weasel-like animal, नेवले की जाति का एक पशु। *n.* 1. its fur, इस पशु की फर। 3. its colour, काला रंग। *adj.* 1. pertaining to the fur, फर-संबंधी। 2. black, काला। 3. shineless, कांतिहीन।

sabot (सैब्´-ओ) *n.* a shoe made of wood, लकड़ी का जूता, काठ का जूता।

sabotage (सैब्´-ॲ-टाज़्ह) *n.* the deliberate destruction or disruption, तोड़-फोड़, विध्वंस। *v.* (sabotaged, sabotaging) to destruct or disrupt, तोड़ना-फोड़ना, विध्वस्त करना।

saboteur (सैब्´-ॲ-टः) *n.* one who commits sabotage, तोड़-फोड़ करनेवाला, विध्वंसक।

sabre, saber (से´-बॅः) *n.* a sword with curved blade, कटार। *v.* (sabred, sabring) to injure with a sabre, कटार चलाना/भोंकना।

sabre-rattling (से´-बॅः-रैट्´-लिंग्) *n.* a display of military strength to frighten the enemy, सैन्य शक्ति का प्रदर्शन, युद्ध की धमकियाँ।

sac (सैक्) *n.* a pouch-like part in an animal or plant, किसी पशु या पादप में होनेवाला थैलीनुमा अंग, थैली।

saccharin (सैक्´-ॲ-रिन्) *n.* a substitute for sugar, सैक्रीन।

saccharine (सैक्´-ॲ-रीन्) *adj.* excessively and unpleasantly sweet, अतिमधुर, अत्यधिक मीठा।

sacerdotal (सैक्/सैस्-ॲः-डो´-टॅल्) *n.* of priests or priesthood, पुरोहित-संबंधी, पुरोहताई-संबंधी, पौरोहित्यिक।

sachem (से´-चॅम्) *n.* the chief of a tribe, सरदार, मुखिया।

sachet (सै-शे´) *n.* a small pouch containing perfumed powder used to scent clothes, सुगंधित चूर्ण की थैली।

sack[1] (सैक्) *n.* 1. a large bag used as a container, बोरा, बोरी, थैला। 2. the substance contained in a sack, बोटे में भरा सामान। 3. dismissal, बर्ख़ास्तगी, पदच्युति। *v.* (sacked, sacking) 1. to put into a sack or sacks, बोरा या बोरे भरना। 2. to dismiss from employment, नौकरी से बर्ख़ास्त करना, नौकरी से निकाल देना।

sack[2] *v.* (sacked, sacking) to loot or plunder (a place, किसी स्थान को) लूटना, लूट-पाट करना। *n.* the act of sacking, लूट-पाट, लूट-मार।

sackcloth (सैक्´-क्लाःथ) *n.* a rough coarse cloth, टाट। □ **in sack and ashes,** टाट पहने और भस्म लगाए हुए।

sacking (सैक्´-इंग्) *n.* a coarse cloth for making sacks, टाट।

sacrament (सैक्´-रॅ-मॅन्ट्) ***n.*** any of the sacred religious rites, धार्मिक अनुष्ठान या संस्कार।

sacramental (सैक्-रॅ-मॅन्´-टॅल्) ***adj.*** of a sacrament, संस्कार-संबंधी, सांस्कारिक।

sacred (से´-क्रिड्) ***adj.*** 1. holy, पवित्र, पावन। 2. religious, धार्मिक; sacred law, धर्मविधि। 3. worthy of reverence, पूज्य, आदरणीय।

sacred cow ***n.*** 1. a cow treated as a sacred animal, गौ-माता। 2. anything held to be beyond criticism, ऐसी पवित्र और पूज्य वस्तु जिसकी आलोचना अनुचित मानी जाती हो।

sacrifice (सैक्´-रि-फ़ाइस्) ***n.*** 1. a ritual killing of a man or animal to please a deity, बलि, पशुबलि। 2. an offering to a deity, चढ़ावा। 3. giving up of anything valuable for a good cause, बलिदान, क़ुर्बानी, उत्सर्ग।4. loss, घाटा, हानि। □ **sell at a sacrifice,** घाटे पर बेचना। ***n.*** (sacrificed, sacrificing) 1. to kill to please a deity, बलि चढ़ाना। 2. to give up, क़ुर्बानी देना, बलिदान करना, उत्सर्ग करना।

sacrificial (सैक्-रि-फ़िश्´-ॲल्) ***adj.*** of a sacrifice, बलि या बलिदान-संबंधी; sacrificial alter, बलिवेदी, यज्ञवेदी।

sacrilege (सैक्´-क्रि-लिज्) ***n.*** the misuse or desecration of something regarded as sacred, अपवित्रीकरण।

sacrilegious (सैक्-रि-लिज्´-ॲस्) ***adj.*** profane, अपवित्रीकारी।

sacristan (सैक्´-रि-स्टॅन्) ***n.*** one in charge of a sacristy, पुजारी।

sacristy (सैक्´-रि-स्टी) ***n.*** the place in a church where sacred vessels are kept, गर्भगृह।

sacrosanct (सैक्´-रॅ-सैंक्ट्) ***adj.*** sacred, holy, पवित्र, पावन।

sad (सैड्) ***adj.*** 1. feeling or showing sorrow, उदास, दुखी।2. regrettable, दुखद, खेदजनक। 3. deplorable, शोचनीय। □ **sad sack,** अत्यंत अयोग्य व्यक्ति।

sadden (सैड्´-ॲन्) ***v.*** (saddened, saddening) 1. to become sad, उदास या दुखी होना। 2. to make sad, उदास या दुखी करना।

saddle (सैड्´-ॲल्) ***n.*** 1. a seat placed on a horse's back, काठी। 2. a seat on a bicycle, सीट। ***v.*** (saddled, saddling) 1. to put a saddle on, काठी लगाना। 2. to load or burden, भार या बोझा लादना, दायित्व सौंपना।

saddle-bag (सैड्´-ॲल्-बैग्) ***n.*** a bag placed on the back of a horse or donkey, खुर्जी, गून।

sadism (सै´-डिज़्-ॲम्, सैड्´-इज़्-ॲम्) ***n.*** 1. the getting of sexual pleasure by hurting one's partner, यातना द्वारा प्राप्त रति-सुख, परपीड़न-रति। 2. the getting of pleasure from hurting others, यातना देकर प्राप्त होनेवाला सुख, परपीड़न-सुख।

sadist (सै´-डिस्ट्, सैड्´-इस्ट्) ***n.*** one who gets pleasure by hurting others, दूसरों को दुख देकर सुख.की अनुभूति करनेवाला, परपीड़न-कामी।

sadistic (सै´-डिस्´-टिक्) ***adj.*** of sadism, परपीड़न-संबंधी।

sadly (सैड्´-ली) ***adj.*** 1. in a sad manner, मुँह लटकाए। 2. unfortunately, दुर्भाग्य से।

safari (सॅ-फ़ार्´-ई) ***n.*** 1. a journey for hunting expedition, शिकार-यात्रा, आखेट-यात्रा।2. an expedition, अभियान।

safe (सेफ़्) ***adj.*** 1. free from danger, जिसे कोई ख़तरा न हो, सुरक्षित, सही-सलामत।2. without a risk, निरापद। □ **on the safe side,** सुरक्षा-दृष्टि से; **play safe,** जोखिम न उठाना। ***n.*** a box for storing valuables, तिजोरी।

safebreaker (सेफ़्´-ब्रे-कॅः) ***n.*** a person who breaks open safes to rob them, तिजोरी तोड़नेवाला, तिजोरी-तोड़।

safe-deposit vault ***n.*** a room in a bank for storing valuables, तिजोरी-घर।

safeguard (सेफ़्´-गाःड्) ***n.*** a precautionary measure, सुरक्षोपाय। ***v.*** (safeguarded,

safeguarding) to protect, बचाव करना, रक्षा करना।

safekeeping (सेफ़्´-की-पिंग्) *n.* 1. protection, सुरक्षा। 2. care, सावधानी।

safely (सेफ़्´-ली) *adj.* in a safe manner, सुरक्षित रूप से।

safety (सेफ्´-टी) *n.* freedom from danger, सुरक्षा, क्षेम, बचाव।

safety match *n.* a match that will light only when struck against a particular surface, दियासलाई।

safety pin *n.* a spring wire clasp, (आलपिन से अलग) सेफ़्टी पिन।

safety razor *n.* a razor with a guard over the blade to prevent cutting of the skin, सेफ़्टी रेज़र, सुरक्षा-क्षुर।

safety valve *n.* a valve that automatically opens at excess pressure, सुरक्षा-वाल्व।

safety zone *n.* a safe area, निरापद क्षेत्र।

saffron (सैफ़्´-रॉन्) *n.* yellow dried stigmas of a particular plant used for colouring and flavouring food, केसर। *adj.* of saffron colour, केसरिया।

sag (सैग्) *v.* (sagged, sagging) 1. to hang downward, झुक, झूल, धँस, ढलक या लटक जाना। 2. to fall (in prices, दाम) गिर जाना। *v.* (sagged, sagging) the act or instance of sagging, झुकाव, झूल, लटकाव, ढलकाव, धँसाव।

saga (सा´-गॅ) *n.* a long heroic tale, लंबी वीरगाथा।

sagacious (सॅ-गे´-शॅस्) *adj.* shrewd and wise, सयाना, बुद्धिमान, दूरदर्शी।

sagacity (सॅ-गैस्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being sagacious, सयानापन, बुद्धिमत्ता, दूरदर्शिता।

sage (सेज्) *n.* a profoundly wise person, ऋषि, मनीषी, संत।

sago (से´-गो) *n.* a type of hard white grain, साबूदाना।

sahib (सा´-इब्) *n.* sir, master, साहिब, मालिक।

said (सेड्) *v.* pt. and pp. of say. *adj.* afore mentioned, उक्त, उपरोक्त।

sail (सेल्) *n.* 1. a piece of canvas that aids in propelling a ship, boat etc., पाल। 2. a sailing ship, पाल से चलनेवाली नाव, पाल-नौका। 3. a journey by ship or boat, नौका-यात्रा। *v.* (sailed, sailing) 1. to travel in a ship or boat, जलयान या नाव में यात्रा करना। 2. to move fast, तेज़ी से चलना। 3. to walk in a stately manner, ठाठ से चलना। 4. sail through, पार उतरना।

sailcloth (सेल्´-क्लाःथ्) *n.* canvas for sails, पाल का कपड़ा।

sailing (से´-लिंग्) *n.* a sea voyage, समुद्री यात्रा।

sailor (से´-लॅः) *n.* any member of a ship's crew, नाविक।

saint (सेन्ट्) *n.* 1. a person of exceptional holiness, संत, पवित्रात्मा, महात्मा। 2. a very good person, भला आदमी।

saintliness (सेन्ट्´-लि-निस्) *n.* the state or quality of being a saint, संतपन, साधुता।

saintly (सेन्ट्´-ली) *adj.* like a saint, संतसदृश, पवित्र आत्मा, धर्मात्मा।

sake (सेक्) *n.* 1. purpose, end, प्रयोजन, उद्देश्य। 2. advantage, good, भलाई, हित। □ **for the sake of,** के कारण, के लिए; **for your own sake,** अपनी भलाई के लिए, अपने हित के विचार से।

sake² (सा´-के) *n.* Japanese wine, (चावल की बनी) जापानी शराब, साके।

salaam (सॅ-लाम्´) *n.* a low bow, सलाम। *v.* (salaamed, salaaming) to make a salaam to, सलाम करना, सलाम ठोकना।

salable (से´-लॅ-बॅल्) *adj.* saleable, बिक्री-योग्य, विक्रेय।

salacious (सॅ-ले´-शॅस्) *adj.* 1. lewd, lustful, कामुक। 2. obscene, अश्लील।

salacity (सॅ-लैस्´-इ-टी) *n.* 1. lewdness,

कामुकता। 2. obscenity, अश्लीलता।

salad (सैल्´-अ॑ड्) *n.* a dish of chopped raw vegetables, सलाद। ☐ **salad days,** गधापचीसी के दिन, कच्ची उम्र।

salaried (सैल्´-अ॑-रीड्) *adj.* 1. receiving a salary, वेतनभोगी। 2. yielding a salary, वैतनिक।

salary (सैल्´-अ॑-री) *n.* regular payment for services, वेतन, तनख़ाह, तनख़्वाह, पगार।

sale (सेल्) *n.* 1. the exchange of goods for money, बिक्री। 2. the amount sold, बिक्री। 3. a special sale of goods at reduced rates, सेल। ☐ **on sale** (i) विक्रयार्थ, (ii) नीलामी के लिए प्रस्तुत; **on sale or return,** जाकड़ बिक्री।

saleable (से´-लॅ-बॅल्) *adj.* = salable.

saleroom (सेल्´-रूम्) *n.* a room where goods are auctioned, नीलाम-घर।

salesgirl (सेल्ज़्´-ग:ल्) *n.* a girl employed to sell goods, विक्रयकर्त्री, विक्रेत्री, सेलगर्ल।

salesman (सेल्ज़्´-मॅन्) *n.* a man employed to sell goods, विक्रेता, सेल्समैन।

salesmanship (सेल्ज़्´-मॅन्-शिप्) *n.* skill in selling, बेचने की कला, विक्रय-कला।

sales tax (सेल्ज़्´-टैक्स्) *n.* a tax levied on the prices of goods sold, बिक्री-कर, विक्रय-कर।

salient (से´-लि-ॲन्ट्) *adj.* striking, most noticeable, मुख्य, प्रमुख, उल्लेखनीय।

saline (से´-लाइन्) *adj.* containing salt, नमकीन, खारा।

salinity (सॅ-लिन्´-ॲ-टी) *n.* the state or quality of being saline, नमकीनपन, खारापन।

saliva (सॅ-लाइ´-वॅ) *n.* a watery fluid discharged by salivary glands, लार।

salivary (सैल्´-इ-वॅर्-ई) *adj.* of saliva, लार-संबंधी।

salivary gland *n.* saliva producing gland, लार-ग्रंथि।

salivate (सैल्´-इ-वेट्) *v.* (salivated, salivating) to produce saliva, लार उत्पन्न करना, लार बहना।

sallow (सैल्´-ओ) *adj.* 1. of pale or yellowish colour, पीला। 2. unhealthy, अस्वस्थ।

sally (सैल्´-ई) *n.* a sudden assault, धावा। 2. excursion, सैर। 3. a witty remark, व्यंग्य। *v.* (sallied, sallying) to attack, धावा बोल देना।

salmon (सैम्´-ॲन्) *n.* a large fish, सामन मछली।

salon (सैल्´-ऑन्, सॅ-लॉन्´) *n.* 1. a guest-room, अतिथि कक्ष, दीवानख़ाना, बैठक। 2. a gathering in such a room, अतिथि कक्ष में बैठे हुए लोग, अतिथिगण। 3. a beauty parlour, सौंदर्यकक्ष।

saloon (सॅ-लून्´) *n.* 1. a large public room on a ship, जलयान का बड़ा सार्वजनिक कक्ष। 2. a large room (for specific purpose), बड़ा कमरा, हाल। 3. a bar, मदिरालय। 4. a type of car, बोगी, कार।

salt (सा:ल्ट्) *n.* 1. sodium chloride, नमक, लवण। 2. liveliness, जीवंतता। 3. beauty, लावण्य। ☐ **take with a pinch of salt,** (किसी बात पर) पूरी तरह विश्वास न करना; **worth one's salt,** महँगा नहीं। *adj.* salty, खारा, नमकीन। *v.* (salted, salting) 1. to season with salt, नमकीन बनाना। 2. to preserve with salt, नमक लगाकर रखना, नमक में रखना। 3. to put aside for the future, भविष्य के लिए बचाकर रखना।

saltcellar (सा:ल्ट्´-सॅल्-ॲ:) *n.* a container for salt, नमकदानी।

saltpetre, saltpeter (सा:ल्ट्´-पी´-टॅ:) *n.* potassium nitrate, शोरा।

salty (सा:ल्´-टी) *adj.* 1. containing salt, नमकीन। 2. sharp, तेज़।

salubrious (सॅ-लू´-ब्रि-ॲस्) *adj.* favourable to health, स्वास्थ्यवर्धक, स्वास्थ्यकर।

salutary (सै-ल्´-यु-टॅ-री) *adj.* 1. beneficial, हितकर, लाभप्रद, अच्छा। 2. health-promoting,

स्वास्थ्यवर्धक।

salutation (सैल्´-यु-टे´-शॅन्) *n.* 1. an expression of respect and greeting, अभिवादन, नमस्कार, सलाम। 2. a word or words used as courtesy at the time of giving a speech, संबोधन (महाशय, मान्यवर, आदरणीय आदि)।

salute (सॅ-ल्यूट्´/लूट्´) *v.* 1. to greet, नमस्कार करना, सलाम करना, अभिवादन करना। 2. to honour formally, सलामी देना। □ **take the salute,** सलामी लेना।

salvage (सैल्´-विज्) *n.* 1. rescue (of a ship, जलयान) का बचाव, निस्तारण, उद्धार।2. rescued property, बचाई गई संपत्ति। *v.* (salvaged, salvaging) to rescue from destruction, विनाश से बचा लेना, नष्ट होने से बचा लेना, उद्धार या निस्तार करना।

salvation (सैल्-वे´-शॅन्) *n.* 1. the state of being saved, उद्धार, निस्तार, बचाव। 2. final deliverance, मोक्ष, निर्वाण, मुक्ति; Salvation Army ईसाइयों की मुक्ति-सेना।

salve (सैल्व्) *n.* 1. a soothing ointment, मरहम। 2. solace, सांत्वना। *v.* (salved, salving) 1. to apply salve to, मरहम लगाना। 2. to solace, सांत्वना देना।

salver (सैल्´-वॅ:) *n.* a serving tray, ट्रे।

salvo (सैल्´-वो) *n.* 1. a simultaneous discharge of guns on a ceremonial occasion, तोपों की सलामी। 2. a volley of applause, तालियों की गड़गड़ाहट।

samba (साम्´-बॅ) *n.* a ballroom dance, एक प्रकार का नृत्य।

same (सेम्) *adj.* 1. identical in kind, alike, समान, वैसा ही, सदृश। 2. being the very one, वही।3. previously mentioned, पूर्वोक्त, वही। 4. unchanged, ठीक वैसा ही। □ **one and the same,** ठीक वही; **at the same time,** ठीक उसी समय। *pron.* the same thing or person, वही वस्तु या व्यक्ति; Same to you. आपको भी (बधाई या धन्यवाद)। *adj.* in an identical manner, वैसे ही, उसी प्रकार।

sameness (सेम्´-निस्) *n.* 1. similarity, समानता, अभिन्नता।2. uniformity, identity, एकरूपता, समानता। 3. monotony, एकरसता, नीरसता।

sample (सैम्´-पॅल्) *n.* 1. a portion, piece or segment representative of whole, नमूना, बानगी। 2. an example, उदाहरण। *v.* (sampled, sampling) to take a sample (of किसी चीज़ का) नमूना लेना।

sampler (सैम्´-प्लॅ:) *n.* 1. one who takes samples, नमूना लेनेवाला। 2. a piece of cloth embroidered with many designs, तरह-तरह की कढ़ाई का नमूना।

sampling (सैम्´-प्लिंग्) *n.* the act of taking samples, नमूने इकट्ठे करना।

samurai (सै´-मु-राइ) *n.* a person of the military class in Japan in olden times, समुराई।

sanatorium (सैन्-अॅ-टा:´-रि-अॅम्´) *n.* an establishment for treating tuberculous patients, स्वास्थ्य-सुधारगृह, आरोग्याश्रन।

sanctification (सैंक्-टि-फ़ि-के-शॅन्) *n.* the act of sanctifying or the state of being sanctified, पवित्रीकरण।

sanctify (सैंक्´-टि-फ़ाइ) *v.* (sanctified, sanctifying) 1. to make holy, पवित्र करना। 2. to free from sins, पापों से छुड़ाना। 3. to make something selm right, उपयुक्त बनाना, सही कर देना।

sanctimonious (सैंक् -टि-मो´-नि-अॅस्) *adj.* making a show of holiness or righteousness, पाखंडी, ढोंगी।

sanctimoniously (सैंक्-टि-मो´-नि-अॅस्-ली) *adv.* in a sanctimonious manner, ढोंग रचते हुए।

sanctimony (सैंक्´-टि-मो-नी) *n.* hypocritical righteousness, पाखंड, ढोंग।

sanction (सैंक्´-शॅन्) *n.* 1. authoritative permission, स्वीकृति, मंजूरी, संस्वीकृति।

2. confirmation, पुष्टि। 3. a coercive measure, दंडित करने का उपाय, दंडोपाय। 4. a penalty, दंड। *v.* (sanctioned, sanctioning) 1. to give sanction to, स्वीकृति देना, मंजूरी देना, पुष्टि करना। 2. to impose sanctions दंडोपाय लगाना।

sanctioned (सैंक्´-शॅन्ड्) ***adj.*** 1. approved, मंजूर किया हुआ, संस्वीकृत। 2. confirmed, पुष्ट।

sanctity (सैंक्´-टि-टी) ***n.*** sacredness, holiness, पवित्रता, पावनता।

sanctuary (सैंक्´-चु-अॅ-री) ***n.*** 1. a place for protection or refuge, शरणस्थल, शरणालय। 2. a place where birds and wild animals live freely, जंगली जानवरों के विहार करने के लिए सुरक्षित भूभाग, जंतु-विहार, अभयारण्य।

sanctum (सैंक्´-टम्) ***n.*** 1. a holy place, पावन-स्थली, मंदिर आदि। □ **sanctum sanctorm,** पवित्रतम स्थान, मंदिर का अंतरतम स्थान, गर्भगृह। 2. a place of total privacy, एकांत। 3. a study room, अध्ययन-कक्ष।

sand (सैन्ड्) ***n.*** 1. very fine loose fragments of rocks, रेत, बालू। 2. (plu.) a sandy area, रेतिला मैदान, रेती। *v.* (sanded, sanding) 1. to sprinkle or cover with sand, बालू छिड़कना या फैलाना। 2. to polish with sand, बालू से रगड़कर चमकाना।

sandal (सैन्´-डॅल्) ***n.*** a light shoe, सैंडल।

sandalwood (सैन्´-डॅल्-वुड्) ***n.*** a kind of scented wood, चंदन की लकड़ी।

sandbag (सैन्ड्´-बैग्) ***n.*** a bag filled with sand, बालू की बोरी। *v.* (sandbagged, sandbagging) 1. to protect with sandbags, बालू की बोरियों की दीवार खड़ी करके रक्षा करना। 2. to coerce, सताना।

sandbank (सैन्ड्´-बैंक्) ***n.*** a deposit of sand under water, (नदी में) रेत का ढूह/टीला।

sandbar (सैन्ड्´-बा:) ***n.*** a ridge of sand in a river, बालूभित्ती।

sandblast (सैन्ड्´-ब्ला:स्ट्) ***n.*** a blast of air carrying sand, रेत का झोंका।

sandbox (सैन्ड्´-बॉक्स्) ***n.*** a box filled with sand, बालूदानी।

sandcastle (सैन्ड्´-का:सॅल्) ***n.*** a mass of sand moulded into a castle, बालू का घरौंदा।

sandfly (सैन्ड्´-फ़्लाइ) ***n.*** a big fly, बड़मक्खी।

sandpaper (सैन्ड्´-पे-पॅ:) ***n.*** a paper with a coating of sand, बालू-कागज़, रेगमाल। *v.* (sandpapered, sand- papering) to smoothen with sandpaper, रेगमाल से रगड़ना।

sandpiper (सैन्ड्´-पाइ-पॅ:) ***n.*** a small bird, टिटहरी।

sandstone (सैन्ड्´-स्टोन्) ***n.*** a rock consisting of sand, बलुआ पत्थर।

sandstorm (सैन्ड्´-स्टा:म्) ***n.*** a strong wind carrying clouds of sand, रेत की आँधी।

sandwich (सैन्ड्´-विच्) ***n.*** two slices of bread with filling placed between them, सैंडविच। *v.* (sandwitched, sandwitching) 1. to insert (a thing) between two things, बीच में भरना/डालना। 2. to press between other things or persons, दबाना, दबा देना।

sandy (सैन्´-डी) ***adj.*** 1. covered with sand, रेतीला, बलुआ। 2. yellow, (बालों का रंग) पीला।

sane (सेन्) ***adj.*** 1. of sound mind, स्वस्थचित। 2. showing reason, समझदार।

sanforized (सैन्´-फ़ॅ-राइज़्ड्) ***adj.*** (of fabric) treated to resist shrinking, सैनफ्राइज़्ड सिकुड़न-प्रूफ़।

sang-froid (सान्-फ़्वा´) ***n.*** composure, धैर्य, आत्मसंयम। (फ्रांसीसी)

sanguinary (सैंग्´-ग्वि-नॅ-री) ***adj.*** 1. blood thirsty, रक्तपिपासु। 2. bloody, ख़ूनी, रक्तमय।

sanguine (सैंग्´-ग्विन्) ***adj.*** hopeful, optimistic, आशावादी।

sanguinity (सैंग्´-ग्वि-नि-टी) ***n.*** optimism, आशावादिता।

sanitarium (सैन्-इ-टा:र्´-इ-अॅम्) ***n.*** = sanatorium.

sanitary (सैन्´-इ-टॅ-री) *adj.* 1. hygienic, स्वास्थ्य-परक। 2. of sanitation, स्वच्छता-संबंधी, स्वच्छ।

sanitary napkin *n.* an absorbent pad worn during menstruation, रजस्वला द्वारा प्रयुक्त पैड या गद्दी।

sanitation (सैन्-इ-टे´-शॅन्) *n.* 1. arrangements to protect public health, स्वास्थ्य-व्यवस्था, स्वास्थ्य-रक्षा। 2. cleanliness, स्वच्छता, सफ़ाई। 3. drainage and disposal of sewage, नालियों की सफ़ाई।

sanitize (सैन्´-इ-टाइज़्) *v.* (sanitized, sanitizing) to make hygienic, साफ़-सुथरा बनाना।

sanity (सैन्´-इ-टी) *n.* 1. the state or quality of being sane, स्वस्थचित्तता। 2. good sense, समझदारी।

sans (सैन्ज़्) *prep.* without, के बिना।

Santa Claus (सैन्´-टॅ-क्ला:ज़्) *n.* an imaginery person which brings gifts for children at Christmas, एक कल्पित व्यक्ति जो बड़े दिन पर बच्चों के लिए उपहार लाता है।

sap (सैप्) *n.* 1. watery fluid that circulates through a plant, पौधे का दूध, रस। 2. energy, vitality, ओज, तेज, स्फूर्ति। 3. a foolish person, मूर्ख व्यक्ति। 4. a trench, सुरंग, खंदक। *v.* (sapped, sapping) 1. to dig a sap, सुरंग/खंदक खोदना। 2. to exhaust gradually, धीरे-धीरे क्षीण होना।

sapience (से´-पि-ॲन्स्) *n.* wisdom, ज्ञान, विवेक।

sapient (से´-पि-ॲन्ट्) *adj.* wise, ज्ञानी, विवेकी।

sapless (सैप्´-लिस्) *adj.* 1. without energy, निस्तेज, ओजहीन, स्फूर्तिहीन। 2. without sap, रसविहीन।

sapling (सैप्´-लिंग्) *n.* 1. a young tree, बालवृक्ष, किशोरतरु। 2. a youth, युवा।

saponify (सॅ-पॉन्´-इ-फ़ाइ) *v.* (saponified, saponifying) to turn oil into soap, तेल को साबुन में बदल देना।

sapper (सैप्´-ॲ:) *n.* a soldier employed in digging saps, खंदक खोदनेवाला सैनिक।

sapphire (सफ़्´-आइ:) *n.* a blue gemstone, नीलम।

sarcasm (सा:´-कैज़्-ॲम्) *n.* an ironical remark, taunt, कटाक्ष, व्यंग्य, ताना, बोली।

sarcastic (सा:-कैस्´-टिक्) *adj.* ironical, taunting, व्यंग्यपूर्ण, तीखा, कटु।

sarcastically (सा:-कैस्´-टि-कॅ-ली) *adv.* in a sarcastic manner, व्यंग्यपूर्वक।

sarcophagus (सा:-कॉफ़्´-ॲ-गॅस्) *n.* a stone coffin, वह पत्थर की पेटी जिसमें शव रखकर गाड़ा जाता है, शवपेटी, ताबूत।

sardine (सा:´-डीन्) *n.* a small fish, सार्डीन मछली।

sardonic (सा:-डॉन्´-इक्) *adj.* 1. sarcastic, व्यंग्यपूर्ण। 2. disdainfully sneering, कटु एवं तीक्ष्ण, चुभता हुआ।

sarong (सॅ-रॉङ्ग्) *n.* a skirt like garment worn in Srilanka, लुंगी।

sarsaparilla (सा:-सॅ-पॅ-रिल्´-ॲ) *n.* a plant and its root, चिरायता।

sartorial (सा:-टा:´-रि-ॲल्) *adj.* 1. of tailoring, सिलाई-संबंधी। 2. of a tailor, दर्जी-संबंधी।

sash (सैश्) *n.* 1. a long strip of cloth worn over one's shoulder, अंगवस्त्र। 2. the frame of a window, खिड़की की चौखट।

sass (सैस्´) *n.* impudence, उद्धतता।

Satan (से´-टॅन्) *n.* the devil, शैतान।

satanic (से-टैन्´-इक्) *adj.* of Satan, devilish, शैतान-जैसा।

satanism (से´-टॅ-निज्-ॲम्) *n.* worship of Satan, शैतान की पूजा, राक्षस-वंदना।

satchel (सैच्´-ॲल्) *n.* a bag for carrying school books, स्कूली बस्ता।

sate (सेट्´) *v.* (sated, sating) 1. to satisfy, संतुष्ट होना, अघाना, जी भर जाना। 2. to indulge to excess, अति कर देना।

satellite (सैट्´-ॲ-लाइट्) *n.* 1. a heavenly body orbiting around a planet, उपग्रह। 2. an artificial body orbiting around a

planet, उपग्रह। 3. a person's follower, अनुयायी, अनुगामी।

satiability (से-शॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* satisfaction, संतुष्टि, तृप्ति, तृप्यता।

satiable (से´-शॅ-बॅल्) *adj.* that can be satisfied, जिसे संतुष्ट या तृप्त किया जा सके, तृप्य।

satiate (से´-शि-एट्) *v.* (satiated, satiating) to satisfy fully, पूर्णत: तृप्त कर देना।

satiation (से-शि-ए´-शॅन्) *n.* satiety, तृप्ति, संतुष्टि।

satiety (सॅ-टाइ´-इ-टी) *n.* the state of being satiated, तृप्ति, अघाव।

satin (सैट्´-इन्) *n.* a glossy silken cloth, साटिन (कपड़ा)।

satiny (सैट्´-इन्-ई) *adj.* glossy and smooth, चिकना और चमकीला।

satire (सैट्´-आइअॅ:) *adj.* 1. the use of ridicule, sarcasm to deride follies, उपहास, व्यंग्य। 2. a satirical novel, film, poem etc., व्यंग्यप्रधान उपन्यास, फ़िल्म या कविता।

satiric (सॅ-टिर्´-इक्) *adj.* = satirical, ।

satirical (सॅ-टिर्´-इ-कॅल्) *adj.* containing satire, ironical, व्यंग्यपरक, व्यंग्यपूर्ण, उपहासपूर्ण।

satirist (सैट्´-इ-रिस्ट्) *n.* one who writes satires, व्यंग्य-लेखक।

satirize (सैट्´-इ-राइज़्) *v.* (satirized, satirizing) to deride by means of satire, व्यंग्य करना, उपहास करना, खिल्ली उड़ाना।

satisfaction (सैट्-इस्-फ़ैक्´-शॅन्) *n.* 1. the act of satisfying or the state of being satisfied, संतोष, संतुष्टि, परितोष। 2. something that satisfies, संतोष देनेवाली वस्तु या बात। 3. compensation, क्षतिपूर्ति।

satisfactory (सैट्-इस्-फ़ैक्´-टॅ-री) *adj.* giving satisfaction, संतोषजनक, संतोषप्रद।

satisfy (सैट्-इस्´-फ़ाइ) *v.* (satisfied, satisfying) 1. to make contented, संतुष्ट करना। 2. to comply with, (नियम, शर्त आदि) पूरा करना, पूर्ति करना। 3. to convince, क़ायल करना, प्रसन्न करना।

satisfying (सैट्´-इस्-फ़ाइ-इंग्) *adj.* giving satisfaction, संतोषप्रद, तुष्टिदायक।

satrap (से´-ट्रैप्) *n.* a governor, राज्यपाल, क्षत्रप।

saturate (सैच्´-उ-रेट्) *v.* (saturated, saturating) 1. to make thoroughly wet, तर या गीला करना, भिगोना। 2. to fill thoroughly, भर देना, लाद देना।

saturation (सैच्-उ-रे´-शॅन्) *n.* the act of saturating or being saturated, गीला होना या करना, तरी।

Saturday (सैट्´-अॅ:-डे) *n.* the day after Friday, शनिवार, शनि।

Saturn (सैट्´-अॅ:न्) *n.* a planet in the solar system, शनिग्रह।

saturnalia (सैट्-अॅ:-ने´-लि-अॅ) *n.* revelry, merrymaking, रंगरलियाँ।

saturnine (सैट्´-अॅ:-नाइन्) *adj.* 1. sad, उदास। 2. lazy, सुस्त, मंद।

satyr (से´-टॅ:/टि:) *n.* a deity in human form but having goat's ears, tail and legs, मनुष्य की शक्ल का परंतु बकरी के जैसे कानों, दुम तथा टाँगोंवाला देवता। 2. a man who has strong sexual desires, अत्यंत कामुक व्यक्ति, लंपट।

satyriasis (से-ट्रि-राइ´-अॅ-सिस्) *n.* strong sexual desire in males, नरों में होनेवाली तीव्र कामेच्छा।

sauce (सा:स्) *n.* 1. a liquid dressing served with food, चटनी, सॉस। *v.* (sauced, saucing) to flavour with sauce, सॉस मिलाना।

saucepan (सा:स्´-पैन्) *n.* a cooking pot with a long handle, हत्थेवाला पकाने का एक बरतन।

saucer (सा:´-सॅ:) *n.* a small shallow dish for holding a cup, तश्तरी; flying saucer उड़न तश्तरी।

sauciness (सा:´-सि-निस्) *n.* impudence, rudeness, धृष्टता, ढिठाई।

saucy (सा:´-सी) *adj.* impudent, rude, ढीठ, धृष्ट।

sauna (सा:´-नँ) *n.* 1. steambath, वाष्प-स्नान। 2. a room in which people take steambath, उक्त के लिए बना कमरा, वाष्प-स्नानागार।

saunter (सा:न्´-टः) *v.* (sauntered, sauntering) to walk leisurely, धीरे-धीरे चलना। *n.* a leisurely stroll, चहल-कदमी।

saurian (सॉ´-रि-अन्) *adj.* 1. resembling a lizard, छिपकली-जैसा। 2. of a lizard, छिपकली-संबंधी।

sausage (सा:´-सिज्) *n.* chopped seasoned meat, कबाब।

saute (सा:-टे´) *v.* (sauteed, sauteing) to fry, तलना।

savage (सैव्´-इज्) *adj.* 1. wild, untamed, जंगली, वहशी। 2. not civilized, असभ्य। 3. ferocious, ख़ूँखार, बर्बर। *n.* 1. a brutal person, बर्बर व्यक्ति। 2. a rude person, उद्धत व्यक्ति। *v.* (savaged, savaging) to attack brutally, बर्बरतापूर्वक झपटना या आक्रमण करना, झपट पड़ना।

savagery (सैव्´-इज्-री) *n.* a savage act, बर्बरता, जंगलीपन, वहशीपन, पाशविकता।

savana (सॅ-वैन्´-अँ) *n.* a grassy plain, घास का मैदान।

savant (सै´-वॅन्ट्, सै-वान्ट्´) *n.* a learned person, विद्वान, पंडित।

save (सेव) *v.* (saved, saving) 1. to rescue from danger, बचाना, बचाव करना, उद्धार करना। 2. to preserve, सुरक्षित रखना। 3. to set aside for future use, भविष्य के लिए बचाकर रखना। 4. to avoid wasting, बचाना। 5. to save an opponent from scoring, विपक्षी को रोकना या विपक्षी से बचाना। *n.* the act of saving, बचाव। *prep.* except, but, को छोड़कर, के अतिरिक्त; all the questions save one, एक को छोड़कर सारे प्रश्न।

saving (से´-विंग्) *prep.* except, के अतिरिक्त।

savings (से´-विंग्स्) *n.* (plu.) money saved for future use, बचत।

savings account *n.* a bank account that draws interest, बचत खाता।

savings bank *n.* a bank that pays interest on savings account, बचत बैंक।

saviour (सेव्´-यँ:) *n.* one who saves, रक्षक।

savoir-faire (सैव्-वा:´-फ़ेअँ:) *n.* tact, ready knowledge, व्यवहार-कुशलता।

savory (से´-वॅ-री) *n.* a herb used in cooking, पुदीने की जाति की एक वनस्पति।

savour, savor (से´-वँ:) *n.* 1. the taste of something, स्वाद, ज़ायक़ा। 2. the smell of something, सुगंध। 3. interest, दिलचस्पी। *v.* (savoured, savouring) 1. to taste or smell a thing, चखना, स्वाद देखना। 2. to have a certain taste or smell, (अपना) स्वाद या ज़ायक़ा होना।

savoury (से´-वॅ-री) *adj.* delicious, tasty, स्वादिष्ट, मज़ेदार। 2. having good smell, सुगंधित। 3. spicy, चटपटा, मसालेदार।

savoy (सॅ-वॉय्´) *n.* a kind of cabbage, बंदगोभी।

savvy (सै´-वी) *v.* (savvied, savvying) to comprehend, समझना। *n.* understanding, समझ।

saw[1] (सा:) *n.* a tool for cutting wood, आरा। *v.* (sawed, sawn/sawed, sawing) 1. to cut with a saw, आरे से चीरना या काटना। 2. to form by sawing, काट या चीर कर बनाना।

saw[2] *n.* a proverb, कहावत।

sawdust (सा:´-डस्ट्) *n.* particles of wood formed by sawing, बुरादा।

sawmill (सा:´-मिल्) *n.* a mill where timber is cut, आरा मशीन।

sawtoothed (सा:´-टूथ्ड्) *adj.* shaped like the teeth of a saw, दाँतेदार।

sawyer (सा:´-यँ:) *n.* a person who saws timber, आराकश।

saxophone (सैक्´-सॅ-फ़ोन्) *n.* a wind instrument, एक तरह का बाजा, सैक्सोफ़ोन।

say (से) *v.* (said, saying) 1. to speak, कहना, बोलना। 2. to tell, बतलाना। 3. to suppose, मान लेना। □ **go without saying,** प्रत्यक्ष

होना; **that is to say,** दूसरे शब्दों में। *adj.* 1. approximately, लगभग। 2. for example, उदाहरण के लिए। *n.* 1. the power to decide, (निर्णय का) अधिकार। 2. the chance to speak, बोलने का अवसर। 3. a statement of opinion, बात, मत।

saying (से´-इंग्) *n.* a proverb, कहावत, लोकोक्ति।

scab (स्कैब्) *n.* a crust like surface formed on healing wound, खुरंड।

scabby (स्कै´-बी) *adj.* having scabies, खुजली से पीड़ित।

scabies (स्कै´-बीज़्) *n.* a skin disease, खुजली।

scabrous (स्कैब्´-रॅस्) *adj.* indecent, अश्लील।

scaffold (स्कैफ़्´-अॅल्ड्) *n.* 1. a temporary framework used by construction workers, ढड्ढा, ढाँचा, पाइट, पाड़, मचान। 2. a platform on which criminals are executed, फाँसी का तख़्ता। □ **mount the scaffold,** to be hanged, फाँसी चढ़ना।

scalable (स्कै्´-लॅ-बॅल्) *adj.* that can be scaled, आरोह्य।

scald (स्का:ल्ड्) *v.* (scalded, scalding) 1. to clean with boiling water, गर्म पानी से धोना या साफ़ करना। 2. to heat, गर्म करना। 3. to be injured with hot water or steam, गर्म पानी या भाप से जल या झुलस जाना। *n.* an injury caused by scalding, झुलसना।

scale (स्केल्) *n.* 1. (often plu.) an instrument or machine for weighing, तुला, तराजू। 2. a measuring rod, पैमाना, मापनी। 3. a series of steps or degrees, मापक्रम, अनुमाप श्रेणी। 4. a series of tones arranged in a sequence, स्वरग्राम □ **on a large scale,** बड़े परिमाण में। *v.* (scaled, scaling) 1. to weigh, तौलना। 2. to ascend, ऊपर चढ़ना, फाँदना, लाँघना।

scalene (स्के´-लीन्, स्के-लीन्´) *adj.* having unequal sides, विषम, विषमबाहु (त्रिभुज)।

scallop (स्कॉल्´-अप्, स्कैल्´-अॅप्) *n.* an edible ribbed shellfish, घोंघा।

scalp (स्कैल्प्) *n.* the skin of the head, खोपड़ी की चमड़ी।

scalpel (स्कैल्´-पॅल्) *n.* a surgeon's knife, सर्जन की छुरी।

scam (स्कैम्) *n.* a fraudulent scheme for making money quickly, धोखेधड़ी की योजना, कपट-योजना, स्कैम, घोटाला।

scamp (स्कैम्प्) *n.* a rascal, बदमाश।

scamper (स्कैम्´-पॅ:) *v.* (scampered, scampering) to run hastily, तेज़ी से दौड़ना।

scan (स्कैन्) *v.* (scanned, scanning) 1. to look intently, गौर से देखना। 2. to analyse, विश्लेषित करना। 3. to analyse the coloured picture, चित्रों को रंगों में विभक्त करना।

scandal (स्कैन्´-डॅल्) *n.* 1. shameful or disgraceful act, ग़लत काम, अनैतिक कार्य, कुकर्म, कलंक। 2. shame, public disgrace, किसी कुकर्म से होनेवाली बदनामी। 3. malicious gossip, चुगली।

scandalize (स्कैन्´-डॅ-लाइज़्) *v.* (scandalized, scandalizing) to offend by one's immoral behaviour, (अपने) कुकर्म से दूसरों को दुखी करना।

scandalmonger (स्कैन्´-डॅल्-मॉङ्ग्-गॅ:) *n.* one who spreads or enjoys scandals, बदनामी फैलानेवाला, चुगली करता-फिरता रहनेवाला।

scandalous (स्कैन्´-डॅ-लॅस्) *adj.* shameful or disgraceful, लज्जास्पद या बदनामी-भरा।

Scandinavian (स्कैन्-डि-ने´-वि-अॅन्) *adj.* of Scandinavia, उत्तरी युरोप के देशों (डेनमार्क, स्वीडन, नार्वे, आइसलैंड) से संबद्ध।

scansion (स्कैन्´-शॅन्) *n.* the analysis of the metrical structure of verse, छंद-विश्लेषण।

scant, scanty (स्कैन्ट्, स्कैन्´-टी) *adj.* inadequate, insufficient, बहुत थोड़ा, अपर्याप्त।

scapegoat (स्केप्´-गोट्) *n.* one bearing blame of others, वह जिस पर दूसरों का दोष मढ़ा जाए, बलि का बकरा, बलिपशु।

scapegrace (स्केप्´-ग्रेस्) *n.* a mischievous person, दुष्ट व्यक्ति, शरारती आदमी।

scapula (स्कैप्´-यु-लॅ) *n.* the shoulder blade, कंधे की हड्डी, स्कंधास्थि।

scapular (स्कैप्´-यु-लॅ:) *adj.* 1. of scapula, कंधे की हड्डी से संबद्ध। 2. a monk's cloak, ईसाई भिक्षु के गले में पहनने का कपड़ा।

scar (स्का:) *n.* 1. a mark of an old injury, घाव का निशान, व्रणचिह्न। 2. a mark left by damage, चोट का निशान, चर्मक्षत। 3. a lasting effect, गहरा प्रभाव। *v.* (scarred, scarring) 1. to mark with a scar, निशान डालना। 2. to be marked with a scar, निशान पड़ना।

scarab (स्कैर्´-अॅब्) *n.* a black beetle (as a symbol of the soul, आत्मा का प्रतीक) काला भौंरा।

scarce (स्कॅंअ:स्) *adj.* 1. rare, विरल। 2. not plentiful, दुष्प्राप्य। □ **make oneself scarce,** चुपचाप चल देना। *adv.* scarcely, बहुत ही कम।

scarcely (स्कॅंअ:स्´-ली) *adv.* 1. hardly at all, मुश्किल से। 2. almost not, शायद ही।

scarceness (स्कॅंअ:स्´-निस्) *n.* = scarcity.

scarcity (स्कॅंअ:´-सि-टी) *n.* 1. shortage, कमी, अभाव, तंगी। 2. rarity, विरलता।

scare (स्कॅंअ:) *v.* (scared, scaring) 1. to frighten, डराना-धमकाना, भयभीत करना। 2. to be frightened, डरना, भयभीत होना। 3. to drive away, दूर भगाना। *n.* alarm, fright, डर, भय।

scarecrow (स्कॅंअ:´-क्रो) *n.* 1. an object in the shape of a man to scare birds from crops, बिजूखा, धोखा। 2. an untidy looking person, फटेहाल व्यक्ति।

scared (स्कॅंअ:ड्) *adj.* frightened, आतंकित, भयभीत।

scaremonger (स्कॅंअ:´-मॉङ्ग्-गॅ:) *n.* one who creates panic or takes delight in spreading rumours, आतंक-प्रसारक, सनसनी फैलानेवाला।

scarf (स्का:फ़्) *n.* a long narrow piece of cloth worn around the neck, स्कार्फ़, रूमाल, दुपट्टा।

scarify (स्कैर्´-इ-फ़ाइ) *v.* (scarified, scarifying) 1. to make slight cuts in the skin, नश्तर लगाना, खरोंचना, उधेड़ना। 2. to criticize severely, कटु आलोचना करना। 3. to loosen the surface, खुदाई करना, कुरेदना।

scarlet (स्का:´-लिट्) *adj.* deep orange red, गहरा तथा चमकीला लाल, सिंदूरी; scarlet fever लाल बुखार; scarlet woman बदनाम स्त्री, वेश्या।

scarp (स्का:प्) *n.* a steep slope, ढाल।

scary (स्कॅंअॅर्´-ई) *adj.* 1. frightening, भयावह। 2. timid, भीरु। 3. afraid, scared, डरा हुआ।

scat (स्कैट्) *v.* (scatted, scatting) to go away in haste, (जल्दी से) चल देना।

scathe (स्केथ्) *v.* (scathed, scathing) to criticize severely, कटु आलोचना करना, भर्त्सना करना।

scathing (स्के´-दिंग्) *adj.* harsh, severe, कटु, तीखा।

scatology (स्कॅ-टॉल्´-अॅ-जी) *n.* 1. interest in or preoccupation with obscene literature, अश्लील साहित्य में होनेवाली रुचि या तन्मयता। 2. the study of excrement, विष्ठाविज्ञान।

scatter (स्कैट्´-अॅ:) *v.* (scattered, scattering) to spread loosely, छितराना, बिखेरना। *n.* the act of scattering, छितराव, बिखराव।

scatterbrain (स्कैट्´-अॅ:-ब्रेन्) *n.* one who is unable to concentrate, वह जिसका मन एकाग्रचित न हो।

scatty (स्कै´-टी) *adj.* empty-headed, खरदिमाग, मूर्ख।

scaup (स्का:प्) *n.* a type of diving duck, एक तरह की गोताखोर बतख़।

scavenge (स्कैव्´-इंज्) *v.* (scavenged, scavenging) 1. to clean up filth (from streets etc. गलियों आदि की) सफ़ाई करना। 2. to search for decaying flesh as food, (पशुओं का) सड़े-गले मांस की तलाश करना।

scavenger (स्कैव्´-इन्-जॅ:) *n.* one who scavenges, सफ़ाई करनेवाला, सफ़ाई कर्मचारी,

झाड़ूबरदार, भंगी।

scenario (सि-नार्´/ नैर्´-इ-ओ) ***n.*** 1. a script or outline of a film, फ़िल्म की पटकथा या रूपरेखा। 2. an outline of possible future events, भावी घटनाओं की संभावित रूपरेखा।

scene (सीन्) ***n.*** 1. a subdivision of an act, a stage set, दृश्य। 2. an event, घटना। 3. a place of occurrence, घटनास्थल। 4. the scenery, दृश्यबंध, दृश्यावली। 5. a display of temper, तमाशा। □ **behind the scenes** पर्दे के पीछे, **on the scene** पर्दे पर; **set the scene** दृश्य तैयार करना।

scenery (सी´-नॅ-री) ***n.*** 1. the general or picturesque features of a landscape, दृश्यबंध, दृश्यावली। 2. the painted backdrops, मंच के चित्रित पर्दे।

scenic (सी´-निक्) ***adj.*** 1. of or relating to the scenery, दृश्यावली-संबंधी। 2. having beautiful natural scenery, सुंदर दृश्यावलीवाला, दृश्योपम।

scent (सॅन्ट्) ***n.*** 1. a distinctive smell of something, गंध, महक। 2. a pleasant smell, सुगंध। 3. sense of smell, घ्राण-शक्ति। 4. an instinctive ability for detecting, (गंध से) पीछा करने की शक्ति। 5. perfume, इत्र। ***v.*** (scented, scenting) 1. to recognize by smell, गंध से जान लेना। 2. to have an inkling of, आभास होना। 3. to put scent on, सुगंधित/सुवासित करना।

sceptic, sceptical (स्कॅप्´-टिक्, स्कॅप्´-टि-कॅल्) ***n.*** one who doubts the truth, संशयात्मा, संशयवादी। ***adj.*** doubtful, संशयपूर्ण, अविश्वासपूर्ण।

scepticism (स्कॅप्´-टि-सिज़्-अॅम्) ***n.*** 1. a doubt, संशय, अविश्वास। 2. doubt or disbelief of religious doctrines, संशयवाद।

sceptre (सॅप्´-टॅः) ***n.*** a staff carried by a sovereign, राजदंड।

schedule (शॅड्´-ऊल्, शॅज्´-ऊल्) ***n.*** 1. a list of items, सूची। 2. a programme, कार्यक्रम। 3. a timetable, समयसारणी। 4. a production plan, उत्पादन-योजना। 5. an appended list, अनुसूची। । □ **ahead of schedule** निश्चित समय से पहले; **behind schedule** अनुसूचित समय के बाद, पिछड़ा हुआ; **on schedule** ठीक समय पर। ***v.*** (scheduled, scheduling) 1. to put in a schedule, सूची में डालना। 2. to make a schedule, सूची बनाना।

scheduled (शॅड्´-यूल्ड्) ***adj.*** 1. placed in the schedule, अनुसूचित; scheduled bank, अनुसूचित बैंक; scheduled castes, अनुसूचित जातियाँ। 2. fixed, नियत।

schema (स्कीम्´-अॅ) ***n.*** an outline of a plan, योजना की रूपरेखा, प्रारूप।

schematic (स्कि-मैट्´-इक्) ***adj.*** 1. of a scheme, योजना-संबंधी। 2. planned, योजनाबद्ध।

schematize (स्की´-मॅ-टाइज़्) ***v.*** (schematized, schematizing) 1. to arrange according to the scheme, योजना के अनुरूप व्यवस्थित करना। 2. to form a scheme, योजना बनाना।

scheme (स्कीम्) ***n.*** 1. a systematic plan, योजना, स्कीम। 2. an underhand plan, तिकड़म, चाल, षड्यन्त्र। ***v.*** (schemed, scheming) 1. to plan, योजना बनाना। 2. to plan in a secret way, षड्यंत्र रचना, कुचक्र रचना।

schemer (स्की´-मॅः) ***n.*** a person well-versed in making plots, तिकड़मी व्यक्ति, षड्यंत्रकारी, कुचक्री।

scheming (स्की´-मिंग्) ***adj.*** well-versed in making plots, तिकड़मी, छलछंदी।

schism (सिज़्´-अॅम्) ***n.*** a division into groups, गुटबाज़ी, गुटबंदी।

schismatic (स्कि-मैट्´-इक्) ***adj.*** of schism, गुटबंदी-संबंधी। ***n.*** one who takes part in a schism, गुटबाज़।

schist (शिस्ट्) ***n.*** a rock having layers, परतदार चट्टान।

scholar (स्कॉल्´-अॅः) ***n.*** 1. a learned person, विद्वान, पंडित, मर्मज्ञ। 2. one who studies,

विद्याव्यसनी, अध्ययनकर्ता। 3. one who holds a scholarship, वृत्तिधारक छात्र।

scholarly (स्कॉल्´-अ:-ली) *adj.* 1. pertaining to learning, विद्वत्तापूर्ण। 2. intellectual, बौद्धिक।

scholarship (स्कॉल्´-अ:-शिप्) *n.* 1. learning, विद्वत्ता, पांडित्य, अध्ययनशीलता। 2. a grant awarded to a student, छात्रवृत्ति।

scholastic (स्कॅ-लैस्´-टिक्) *adj.* 1. of schools, विद्यालय-संबंधी। 2. of education, शिक्षा-संबंधी, शैक्षिक। 3. classical, शास्त्रीय। 4. pedantic, पंडिताऊ।

scholasticism (स्कॅ-लैस्´-टि-सिज्-अॅम्) *n.* the philosophy of the Middle Ages, मध्यकाल का दर्शन, मध्यकालीन दर्शन।

school[1] (स्कूल्) *n.* 1. an institution for educating children etc., विद्यालय, पाठशाला, स्कूल। 2. its building or buildings, स्कूल का/के भवन। 3. its pupils, विद्यालय के विद्यार्थी। 4. a particular group of artists, philosophers etc., शाखा, वर्ग। *v.* (schooled, schooling) 1. to educate, शिक्षित करना। 2. to train or discipline, प्रशिक्षित या अनुशासित करना।

school[2] *n.* a group of fish that swim together, मछलियों का गोल।

schoolboy (स्कूल्´-बॉइ) *n.* a child attending school, छात्र।

schoolgirl (स्कूल्´-ग:ल्) *n.* a girl attending school, छात्रा।

schooling (स्कूल्´-इंग्) *n.* education received at school, स्कूली शिक्षा।

schoolmaster (स्कूल्´-मास्/मैस्-टॅ:) *n.* a teacher, अध्यापक, शिक्षक।

schoolmate (स्कूल्´-मेट्) *n.* a school fellow, स्कूल-संगी, सहपाठी।

schoolmistress (स्कूल्´-मिस्-ट्रिस्) *n.* a female school teacher, अध्यापिका, मास्टरानी।

schoolteacher (स्कूल्´-टी-चॅ:) *n.* a teacher in a school, स्कूल मास्टर, अध्यापक।

schooner (स्कू´-नॅ:) *n.* 1. a ship with two or more masts, दो या अधिक मस्तूलोंवाला पोत। 2. a large glass, बड़ा गिलास।

schwa (श्वा) *n.* an unstressed a, अ का ह्रस्व रूप अॅ।

sciatic (साइ-ऐट्´-इक्) *adj.* of the hip and thigh, नितंब-संबंधी, रान या जाँघ-संबंधी।

sciatica (साइ-ऐट्´-इ-कॅ) *n.* chronic neuralgic pain in the area of hip and thigh, जाँघ तथा नितंब में होनेवाली पीड़ा, गृध्रसी, साइटिका।

science (साइ´-अॅन्स्) *n.* a branch of knowledge dealing with natural laws, विज्ञान।

science fiction *n.* a fiction based in imaginary future scientific discoveries, वैज्ञानिक उपन्यास।

scientific (साइ-अॅन्-टिफ़्´-इक्) *adj.* of science or conforming with the methods used in science, वैज्ञानिक।

scientifically (साइ-अॅन्-टिफ़्´-इ-कॅ-ली) *adv.* in a scientific manner, वैज्ञानिक ढंग से।

scientist (साइ´-अॅन्-टिस्ट्) *n.* an expert in any science, वैज्ञानिक, विज्ञानी, विज्ञानवेत्ता।

scimitar (सिम्´-इ-टॅ:) *n.* a short curved sword, खंजर, कटार, शमशीर।

scintilla (सिन्-टिल्´-अॅ) *n.* a small amount, लवलेश।

scintillant (सिन्´-टि-लैन्ट्) *adj.* sparkling, चमकता हुआ।

scintillate (सिन्´-टि-लेट्) *v.* (scintillated, scintillating) 1. to sparkle, चिंगारियाँ छोड़ना। 2. to be brilliant, चमकना।

scion (साइ´-अॅन्) *n.* 1. a descendant, वंशज, संतति। 2. a shoot used as a graft, (पौधे की) क़लम।

scissor (सिज़्´-अॅ:) *v.* (scissored, scissoring) to cut with scissors, कैंची से काटना या कतरना।

scissors (सिज़्´-अॅ:ज़्) *n.* (plu.) a cutting instrument made of two blades, कैंची।

scoff[1] (स्कॉफ़्) *v.* (scoffed, scoffing) to jeer,

खिल्ली उड़ाना, हँसी उड़ाना। *n.* 1. derision, खिल्ली, हँसी। 2. an object of derision, हँसी का पात्र।

scoff² *v.* (scoffed, scoffing) to eat greedily, भकोसना, ठूसना।

scold (स्कोल्ड्) *v.* (scolded, scolding) to reprimand harshly, डाँटना-डपटना, झिड़कना।

scolding (स्कोल्´-डिंग्) *n.* rebuke, डाँट-डपट, झिड़की।

sconce (स्कॉन्स्´) *n.* a bracket fixed to a wall to hold lights, दीवारगीर, बत्तीदान।

scoop (स्कूप्) *n.* 1. a ladle, कलछी, पली। 2. the quantity taken up by a scoop, कलछी-भर सामग्री। 3. a sensational news or story, सनसनी फैला देनवाला समाचार। *v.* (scooped, scooping) 1. to lift with a scoop, कलछी आदि से (अन्न आदि) निकालना। 2. to print a sensational news or story (before others, औरों से पहले) कोई सनसनीखेज़ समाचार या कहानी छापना।

scooter (स्कू´-टः) *n.* a small or lightweight motorcycle, स्कूटर।

scope¹ (स्कोप्) *n.* 1. the range of something, क्षेत्र। 2. the range of some activities, कार्यक्षेत्र। 3. breadth, विस्तार, व्याप्ति, परिधि। 4. opportunity to function, गुंजाइश।

scope² *n.* a viewing instrument, दर्शी; microscope, सूक्ष्मदर्शी।

scorbutic (स्का:-ब्यू´-टिक्) *adj.* of or affected by scurvy, स्कर्वी-ग्रस्त, स्कर्वी-संबंधी।

scorch (स्का:च्) *v.* (scorched, scorching) 1. to burn the surface of, झुलसना या झुलसाना। 2. to burn so as to affect the taste, जल जाना। 3. to be very hot, बहुत गर्म होना। *n.* a slight burn, झुलसन।

scorched (स्का:च्ड्) *adj.* 1. slightly burned, parched, झुलसा हुआ। 2. scorched earth policy, सर्वक्षार नीति।

scorching (स्कॉ:´-चिंग्) *adj.* very hot, बहुत गर्म, झुलसानेवाला।

score (स्को:) *v.* (scored, scoring) 1. to gain (a point, अंक) प्राप्त करना। 2. to make a total score of, अंकों का ब्योरा तैयार करना, हिसाब रखना। 3. to achieve, प्राप्त करना। 4. to compose music, स्वरलिपि तैयार करना। 5. to scratch, खरोंचना। 6. to notch, खाँचे बनाना। *n.* 1. the points scored, बनाए/जीते हुए अंक, गोल, रन आदि, प्राप्तांक। 2. a record of points scored, अंक-गणना, हिसाब। 3. a group of twenty items, कौड़ी, बीसी। 4. a reason, तर्क, दलील। 5. a line or mark cut into something, खाँचा, खरोंच। 6. the written form of a musical composition, स्वरलिपि। 7. reality, वास्तविकता। □ **settle a score,** (i) बदला लेना या चुकाना, (ii) ऋण चुकता करना।

scoreboard (स्को:´-बो:ड्) *n.* a board on which the score is displayed, अंकपट।

scorebook (स्को:´-बुक्) *n.* a book in which scores are recorded, अंक-पुस्तिका।

scorer (स्को´-रः) *n.* one who scores, अंक बनानेवाला।

scorn (स्का:न्) *n.* strong contempt, disdain, तिरस्कार, घृणा, अवमानना। *v.* (scorned, scorning) 1. to feel or show strong contempt for, घृणा करना, तिरस्कार करना। 2. to reject with contempt, दुत्कार देना, ठुकरा देना।

scornful (स्का:न्´-फुल्) *adj.* feeling or showing scorn, तिरस्कार-भरा।

scornfully (स्का:न्´-फु-ली) *adv.* in a scornful manner, तिरस्कारपूर्वक।

Scorpio (स्का:´-पि-ओ) *n.* the sign of the scorpion, वृश्चिक (राशि)।

scorpion (स्का:´-पि-ॲन्) *n.* an insect, having a venomous sting, बिच्छू, वृश्चिक।

Scot (स्कॉट्) *n.* an inhabitant of Scotland, स्कॉटलैंड-वासी।

scotch (स्कॉच्) *v.* (scotched, scotching) 1. to put an end to, ख़त्म कर देना। 2. to crush,

कुचल देना।

Scotch (स्कॉच्´) *n.* a whisky from Scotland, स्कॉच या स्कॉट ह्विस्की।

scot-free (स्कॉट्´-फ़्री) *adv.* without harm, loss or punishment, बेदाग।

Scotland Yard *n.* the headquarters of the London Police, लंदन पुलिस का मुख्य कार्यालय।

Scots (स्कॉट्स्) *adj.* of Scotland its people or its language, स्कॉलैंड, उसके वासियों या भाषा-संबंधी।

Scottish (स्कॉ´-टिश्) *adj.* 1. of Scotland, स्कॉटलैंड का। 2. of the people or the language of Scotland, स्कॉटलैंड के लोगों या उनकी भाषा-संबंधी।

scoundrel (स्कॉउन्´-ड्रॅल्) *n.* a villainous person, बदमाश, दुष्ट।

scour (स्कॉउ:) *v.* (scoured, scouring) 1. to clean by rubbing, रगड़कर साफ़ करना, माँजना। 2. to remove dust from, साफ़ करना, सफ़ा करना। 3. to search thoroughly, छान मारना, खोज-ढूँढ़ करना। 4. to move swiftly, दौड़ना, भागना।

scourer (स्कॉउ´-रॅ:) *n.* 1. one who scours, सफ़ाई करनेवाला, माँजनेवाला। 2. a small ball-like tool for scouring, माँजने का यंत्र।

scourge (स्क:ज्) *n.* 1. an instrument for flogging, whip, कोड़ा। 2. a cause of great suffering, संकट, अनिष्ट, विपत्ति, बला। *v.* (scourged, scourging) 1. to whip, कोड़े लगाना। 2. to punish severely, कठोर यातना या यंत्रणा देना।

Scout (स्कॉउट्) *n.* the member of a world wide organization of young persons to serve humanity, स्काउट, बालचर।

scout (स्कॉउट्) *n.* one sent out to gather information, गुप्तचर, भेदिया। *v.* (scouted, scouting) 1. to act as a scout भेद लेना। 2. to make a search, खोज में निकलना, खोजना-ढूँढ़ना।

scow (स्कॉउ) *n.* a flat-bottomed boat used for freight बालू, पत्थर आदि ढोने की चौड़ी नाव, पटेला।

scowl (स्कॉउल्) *v.* (scowled, scowling) to contract the brows in a threatening manner, त्योरी चढ़ाना, घूरना। *n.* a look of angry expression, त्योरी।

scrabble (स्क्रै ब्´-अॅल्) *v.* (scrabbled, scrabbling) 1. to scratch, खुरचना, खरोंचना। 2. to scribble, घसीट लिखना। 3. to grope, टटोलना। 4. to endeavour or struggle, हाथ-पाँव मारना, चेष्टा करना। *n.* 1. the act or instance of scrabbling, खुरचने, टटोलने या घसीट लिखने की क्रिया या भाव। 2. a game in which words are built up from letters, एक खेल जिसमें वर्ण-चिह्नों को जोड़कर शब्द बनाए जाते हैं, स्क्रैबॅल।

scrag (स्क्रैग्) *v.* (scragged, scragging) to twist the neck of, गरदन मरोड़ना।

scraggly (स्क्रैग्´-ली) *adj.* 1. not tidy, मलिन, गंदा। 2. irregular, अनियमित।

scraggy (स्क्रैग्´-ई) *adj.* lean or bony, दुबला या हड्डियों का ढाँचा।

scram (स्क्रैम्) *v.* (scrammed, scramming) to go away, चल देना; Let us scram. अब चला या निकला जाए।

scramble (स्क्रै म्´-बॅल्) *v.* (scrambled, scrambling) 1. to move or climb hastily, तेज़ी से चलना या चढ़ना। 2. to compete frantically, छीन-झपट करना। 3. to mix haphazardly, गड्डमड्ड करना। 4. to take off (an aircraft) hurriedly (वायुयान को) झटपट उड़ा ले जाना। 5. to render (speech) unintelligible, अस्पष्ट बना देना। 6. to cook while mixing and stirring, चलाते हुए तलना या भूनना। *n.* 1. an act of climbing, चढ़ाई। 2. struggle, संघर्ष। 3. race of motorcycles, मोटर साइकिलों की दौड़।

scrap[1] (स्क्रैप्) *n.* 1. a small bit or fragment, टुकड़ा, कतरन, छीलन। 2. waste material, रद्दी सामान विशेषत: धातु आदि के बचे टुकड़े,

छीलन आदि। 3. (plu.) leftover food, जूठन। *v.* (scrapped, scrapping) to discard as useless, रद्दी करना, व्यर्थ समझकर त्याग देना।

scrap² (स्क्रैप्) *n.* 1. a quarrel, झगड़ा। 2. a fight, लड़ाई। *v.* (scrapped, scrapping) 1. to quarrel, झगड़ा करना। 2. to fight, लड़ाई करना।

scrap book *n.* an album in which pictures, cuttings etc. are mounted, वह पंजी जिसमें कतरनें चिपकाई जाती हो, स्क्रैपबुक।

scrape (स्क्रेप्) *v.* (scraped, scraping) 1. to make smooth (a surface), रगड़ना, खुरचना, कुरेदना। 2. to rub and clean, रगड़कर माँजना, साफ़ करना, चमकाना। 3. to come into abrasive contact, to injure by rough contact, रगड़ खा जाना, छिल जाना। 4. to be very economical, हाथ खींचकर खर्च करना। □ **scrape through,** किसी तरह से बच निकलना या जान बचा पाना। *n.* 1. the act of scraping, रगड़, खरोंच। 2. an awkward predicament, मुसीबत, झंझट।

scraper (स्क्रे´-पॅ:) *n.* a device for scraping things, खुरचनी।

scrapings (स्क्रे´-पिंग्स्) *n.* (plu.) fragments produced or collected by scraping, खुरचन।

scrappy (स्क्रैप्´-ई) *adj.* 1. fragmentary, छोटे-छोटे टुकड़ों से बना हुआ। 2. scattered, अस्त-व्यस्त। 3. disconnected, असंबद्ध।

scratch (स्क्रैच्) *v.* (scratched, scratching) 1. to make a shallow cut (on the surface) with a sharp instrument, नोचना, बकोटना या खुजलाना। 3. to tear or erase by scraping, नोचना-खसोटना, फाड़ना-फूड़ना। 4. to make a thin scraping sound, खड़खड़ाना। 5. to withdraw from a competition, (दौड़/प्रतियोगिता आदि से) हट जाना। 6. to write or draw awkwardly, घसीट लिखना, लकीरें खींचना, कलम घसीटना। 7. to earn living with difficulty, जैसे-तैसे गुज़ारा करना। *n.* a mark made by scratching, a slight injury, खरोंच, □ **without a scratch** (i) बिना ज़रा सी खरोंच लगे, (ii) बिना हानि उठाए; **starting from scratch,** शुरू से शुरू करना; **upto scratch,** सही स्थिति में।

scratchy (स्क्रै´-ची) *adj.* 1. having scratch or scratches, खरोंच लगा, खरोचों से भरा। 2. (of a drawing) looking like a series of scratches, लकीरें घसीटकर लापरवाही से बनाया हुआ। 3. awkward, भद्दा, भोंडा।

scrawl (स्क्रा:ल्) *n.* bad or illegible handwriting, अस्पष्ट लिखावट, गिचपिच। *v.* (scrawled, scrawling) to write hastily and illegibly, गिचपिच लिखना।

scrawny (स्क्रा:´-नी) *adj.* lean and bony, skinny, हड्डियों का ढाँचा।

scream (स्क्रीम्) *v.* (screamed, screaming) 1. to make a piercing cry, चीखना, चिल्लाना। 2. to utter in a screaming tone, चिल्लाकर बोलना, चिल्लाना। 3. to laugh in a wild manner, ठहाका लगाना। *n.* 1. a screaming cry, चीख़। 2. a thing or person that causes great amusement, हास्यास्पद वस्तु या व्यक्ति।

screamingly (स्क्री´-मिंग्-ली) *adj.* in an amusing way, हास्यास्पद रूप से।

scree (स्क्री) *n.* a mass of rock fragments that slide when trodden on, पहाड़ों से फिसलने-वाले पत्थर।

screech (स्क्रीच्´) *v.* (screeched, screeching) to scream, चीखना, चिल्लाना। *n.* a sound that resembles the screech, मशीन आदि की एकाएक रुकने की ध्वनि, फस।

screed (स्क्रीड्) *n.* a long tiresome speech or writing, लंबा तथा उबाऊ लेख, भाषण आदि।

screen (स्क्रीन्) *n.* 1. a structure to divide or conceal, आड़, ओट। 2. a curtain to divide or conceal, पर्दा, पट। 3. the curtain or surface on which movies are projected, रजतपट, चित्रपट। 4. a coarse mesh of wire, sieve, बड़ी छलनी, चलना। 5. motion pictures collectively, सिने चित्रों का समूह,

रजतपट। *v.* (screened, screening) 1. to conceal or protect, आड़ करना, आड़ में कर देना। 2. to show on a screen, पर्दे पर दिखाना। 3. to provide with a screen, पर्दा लगाना। 4. to make a film, फ़िल्मांकन करना, चलचित्र बनाना। 5. to pass through a sieve, छानना। 6. to examine carefully, निरीक्षण करना, जाँच-पड़ताल करना।

screening (स्क्री´-निंग्) *n.* 1. fine mesh for making screen, बढ़िया जाली। 2. the showing of a film, फ़िल्म दिखाना, फ़िल्म का प्रदर्शन।

screenplay (स्क्रीन्´-प्ले) *n.* the script of a film, फ़िल्म-कथा, पटकथा।

screen writer *n.* one who writes film scripts, पटकथा-लेखक।

screw (स्क्रू) *n.* 1. a metal pin with threads, पेच, स्क्रू, खूँटी। 2. its thread, पेच की चूड़ी। □ **have a screw loose** दिमाग का पुर्ज़ा ढीला होना। *v.* (screwed, screwing) 1. to fasten with a screw, पेच से कसना। 2. to make a screw thread, चूड़ी बनाना। 3. to coerce, सताना। 4. to force, मजबूर करना।

scribe (स्क्राइब्) *n.* a person who copies documents, copyist, लिपिक, मुंशी।

scrim (स्क्रिम्) *n.* a loosely woven cotton fabric, जाली, अस्तर लगाने का कपड़ा, टाट, दुसूती।

scrimmage (स्क्रिम्´-इज्) *n.* scuffle, rough struggle, हाथापाई, छीनाझपटी, गुत्थमगुत्था। *v.* (scrimmaged, scrimmaging) to engage in a scrimmage, हाथापाई करना।

scrimp (स्क्रिम्प्) *v.* (scrimped, scrimping) to economize severely, हाथ खींचकर गुज़ारा करना।

scrimshaw (स्क्रिम्´-शा:) *n.* the art of carving on shells, ivory, bones etc., (घोंघे/हाथीदाँत आदि पर की जानेवाली) पच्चीकारी, नक़्क़ाशी।

scrip (स्क्रिप्) *n.* 1. a provisional certificate that entitles the holder to receive something, परची, पुर्ज़ा। 2. a receipt, पावती, रसीद। 3. a share, शेयर, अंश।

script (स्क्रिप्ट्) *n.* 1. hand-writing, हाथ की लिखावट, हस्तलिपि। 2. alphabet, वर्णमाला, लिपि। 3. a manuscript, पांडुलिपि, पांडुलेख। 4. the text of a play or motion picture, पटकथा।

scriptwriter (स्क्रिप्ट्´-राइ-टॅ:) *n.* one who writes scripts for films, पटकथा-लेखक।

scriptural (स्क्रिप्´-चॅ-रॅल्) *adj.* of or written in scriptures, धर्मग्रंथीय।

scripture (स्क्रिप्´-चॅ:) *n.* any sacred religious writing, धर्मग्रंथ, शास्त्र (बाइबल, क़ुरान, वेद, गीता आदि)।

scrivener (स्क्राइव्´-नॅ:) *n.* 1. a scribe, लिपिक, मुंशी। 2. a writer, लेखक।

scrofula (स्क्रॉफ़्´-यु-लॅ) *n.* a grandular disease, कंठमाला।

scroll (स्क्रोल्) *n.* 1. a roll of paper, खर्रा। 2. a list, सूची, नामावली। 3. a decorative carving, बेलबूटों की नक़्क़ाशी। *v.* (scrolled, scrolling) 1. to roll up like a scroll, खर्रे की तरह लपेटना। 2. to carve, नक़्क़ाशी करना।

scrooge (स्क्रूज्) *n.* a miser, कंजूस।

scroop (स्क्रूप्) *n.* creak, grating sound, चरचर, चरचराहट। *v.* (scrooped, scrooping) to make a grating sound, चरचराना, चरचर करना।

scrotum (स्क्रो´-टम्) *n.* the sack of skin containing the testicles in most mammals, नर पशुओं के अंडकोश की थैली, फोता।

scrounge (स्क्रॉउन्ज्) *v.* (scrounged, scrounging) 1. to pilfer, उठा या उड़ा लेना। 2. to obtain by begging, भीख में प्राप्त करना, मुफ़्त में पाना।

scrub (स्क्रब्) *v.* (scrubbed, scrubbing) 1. to clean by rubbing, माँजना-रगड़ना, चमकाना। 2. to remove by brushing, झाड़ू-पोंछा लगाना, झाड़ना-पोंछना। 3. to cancel or scrap, नामावली से नाम काटना। 4. to wash the hands and

arms before operating, शल्य-चिकित्सा से पूर्व शल्यकर्ता द्वारा हाथ धोकर साफ़ करना। *n.* 1. a stunted shrub, बौनी झाड़ी। 2. a small person, बौना।3. useless or worthless fellow, बेकार या महत्त्वहीन व्यक्ति।

scrubber (स्क्रब्´-अ:) *n.* 1. a gas-purifying device, गैस शुद्ध करने का उपकरण। 2. a promiscuous girl, अनेक पुरुषों से प्रेम करने-वाली लड़की।

scrubby (स्क्रब्´-ई) *n.* small, stunted, छोटा, बौनी जाति का।

scruff (स्क्रफ़्) *n.* the back of the neck, गरदन का पिछला भाग।

scruffy (स्क्रफ़्´-ई) *adj.* dirty, shabby, गंदा, मैला-कुचैला।

scrump (स्क्रम्प्) *v.* (scrumped, scrumping) to steal fruits from the orchard, बगीचे से फल चुराना।

scrumptious (स्क्रम्प्´-शॅस्) *adj.* 1. delicious, स्वादिष्ट। 2. delightful, हर्षप्रद।

scrunch (स्क्रन्च्) *v.* (scrunched, scrunching) to crush, कुचलना। *n.* the act or sound of scrunching, कुचलने की क्रिया या कुचलने से होनेवाला शब्द।

scruple (स्क्रू-पॅल्) *n.* 1. a feeling of hesitancy, हिचक। 2. dictate of conscience, आत्मा की पुकार। *v.* (scrupled, scrupling) to hesitate, हिचकना।

scrupulous (स्क्रू´-पॅ-लॅस्) *adj.* 1. very honest, सत्यनिष्ठ, सत्यवादी, ईमानदार। 2. principled, सिद्धांतवादी। 3. careful, सावधान।

scrupulously (स्क्रू´-पॅ-लॅस्-ली) *adv.* in a scrupulous manner, नीतिपूर्वक, ईमानदारी से; सावधानी से।

scrutineer (स्क्रू´-टि-निअ:) *n.* one who scrutinizes, समीक्षक, संवीक्षक।

scrutinize (स्क्रू´-टि-नाइज़्) *v.* (scrutinized, scrutinizing) 1. to examine carefully or in minute detail, सावधानी से देखना, छान-बीन करना। 2. to inspect minutely, संवीक्षा करना।

scrutiny (स्क्रू´-टि-नी) *n.* 1. close careful examination, सूक्ष्म परीक्षण, छान-बीन। 2. minute inspection, संवीक्षा।

scruba (स्क्रू´-बॅ) *n.* a breathing apparatus for divers, गोताख़ोरों का श्वास लेने में सहायक यंत्र, श्वासयंत्र।

scud (स्कड्) *v.* (scudded, scudding) to move along swiftly and smoothly, (मेघों, पोतों आदि का) तेज़ी से उड़ना, चलना, दौड़ना, बहना। *n.* 1. the act of scudding, दौड़, बहाव, उड़ान। 2. a sudden shower or gust of wind, एकाएक आनेवाला हवा का झोंका या पानी की बौछार।

scuff (स्कफ़्) *v.* (scuffed, scuffing) 1. to drag while walking, पैर घसीटते हुए चलना। 2. to scratch by dragging, (किसी चीज़ को) इस प्रकार घसीटना कि ज़मीन पर गड्ढे बन जाएँ।

scuffle (स्कफ़्´-अॅल्) *n.* a disorderly struggle, हाथापाई। *v.* (scuffled, scuffling) to fight in a disorderly manner, हाथापाई करना।

scull (स्कल्) *n.* 1. one of the pair of oars, (नाव खेने का) डाँड़। 2. an act of sculling, डाँड़ों से नाव खेने का कार्य। *v.* (sculled, sculling) to propel with a scull or sculls, डाँड़ या डाँड़ों से नाव खेना।

scullery (स्कॅल्´-अॅ-री) *n.* a room where dishes are washed, बर्तन साफ़ करने की कोठरी।

scullion (स्कल्´-यॅन्) *n.* a person who washes kitchen utensils, बर्तन माँजनेवाला।

sculpt (स्कल्प्ट्) *v.* (sculpted, sculpting) to sculpture, मूर्ति गढ़ना या बनाना।

sculptor (स्कल्प्´-टॅ:) *n.* one who makes sculptures, मूर्तिकार।

sculptural (स्कल्प्´-चॅ-रॅल्) *adj.* of sculptures, मूर्तिकला-संबंधी।

sculpture (स्कल्प्´-ट:/च:) *n.* 1. the art of shaping, carving, chiselling or modelling figures, मूर्तिकला। 2. work made in this

way, मूर्ति। *v.* (sculptured, sculpturing) to shape (stone wood, clay) into sculpture, मूर्ति बनाना या गढ़ना।

scum (स्कम्) *n.* 1. a filmy layer of impure matter, गंदी झिल्ली, मैल।2. a waste matter, रद्दी, कूड़ा।3. a worthless person or group, हेय व्यक्ति या हेय व्यक्तियों का समूह।

scumble (स्कम्´-बॅल्) *v.* (scumbled, scumbling) to apply a thin coating of colour in painting, रंग की पतली परत (किसी दूसरे रंग पर) लगाना।

scupper (स्कप्´-अ:) *n.* a drain to carry off water from the deck of a ship, (पोत का) परनाला। *v.* (scuppered, scuppering) 1. to sink a ship, जान-बूझ कर पोत डुबो देना।2. to destroy or ruin, चौपट या तहस-नहस कर देना।

scurf (स्क:फ़्) *n.* 1. flakes of dry skin, रूसी। 2. dry scaly matter on a surface, पपड़ी।

scurrility (स्कॅ-रिल्´-इ-टी) *n.* 1. indecency, coarseness, फ़ूहड़पन। 2. indecency of language, abusive language, फ़ूहड़/गंदी भाषा, फक्कड़पन।

scurrilous (स्कर्´-इ-लॅस्) *adj.* 1. indecent, coarse, फूहड़, गंदा।2. abusive, गाली-गुफ़्तार बकनेवाला।

scurry (स्कर्´-ई) *v.* (scurried, scurrying) 1. to hurry, जल्दी करना या मचाना, आफ़त जोतना। 2. to run hurriedly, दौड़ना, भागना। *n.* the act of scurrying, जल्दबाज़ी, दौड़-भाग।

scurvy (स्क:´-वी) *n.* a disease marked by swollen and bleeding gums, मसूढ़ों से रक्त बहने की बीमारी।

scut (स्कट्) *n.* the short tail of animals, (ख़रगोश आदि की) छोटी दुम या पूँछ।

scuttle[1] (स्कट्´-अॅल्) *n.* a shallow basket for carrying vegetables, झाबा।

scuttle[2] *v.* (scuttled, scuttling) to hurry away, भाग जाना।

scuttle[3] *n.* an opening in a ship's deck, जहाज़ के डेक में होनेवाला छेद। *v.* (scuttled, scuttling) to sink the ship by boring holes in the bottom, जहाज़ के पेंदे में छेद करके उसे डुबो देना।

Scylla (सिल्´-अॅ) *n.* a sea nymph, समुद्री परी। ☐ **between Scylla and Charybdis** एक ओर कुँआ और दूसरी ओर खाई, दोहरा ख़तरा।

scythe (साइद्) *n.* a long-handled curved implement for mowing grass, हँसिया। *v.* (scythed, scything) to cut with a scythe, हँसिया से काटना।

sea (सी) *n.* the mass of salt water that covers the most part of the land, समुद्र, सागर, जलराशि। ☐ **at sea** (i) समुद्र पर, (ii) भ्रमजाल में; **beyond the sea** समुद्र के उस पार; **by sea** समुद्र के रास्ते, जलयान द्वारा; **on the sea**, जलयान में; **the high seas** खुला समुद्र, तट से दूर; **the Seven Seas** सात महासागर।

sea anemone *n.* a small marine animal, एक समुद्री जीव।

seabath (सी´-बा:थ्) *n.* a bath in the sea, सागर-स्नान, समुद्र-स्नान।

seabed (सी´-बॅड्) *n.* the bottom of the sea, समुद्रतली।

seabird (सी´-ब:ड्) *n.* a bird living on or near the sea, समुद्री चिड़िया।

seaboard (सी´-बो:ड्) *n.* the land bordering on the sea, समुद्रीतटीय प्रदेश, समुद्रतट।

seaborne (सी´-बो:न्) *adj.* 1. conveyed by sea, समुद्र द्वारा लाया या ले जाया हुआ। 2. transported by the ship, जलयान द्वारा लाया या ले जाया हुआ।

sea-breeze (सी´-ब्रीज़्) *n.* a wind blowing from the sea to the land, समुद्री हवा, सागर-समीर।

sea captain *n.* the captain of the mercantile ship, वाणिज्य पोत का कप्तान।

seacoast (सी´-कोस्ट्) *n.* land bordering on the sea, समुद्रतट।

sea cow *n.* a sea animal, समुद्री गाय, दरियाई

घोड़ा।

sea dog *n.* an old experienced sailor, अनुभवी नाविक।

seafarer (सी-फ़ॅअॅर्-अॅः) *n.* a sailor, नाविक।

seafaring (सी´-फ़ॅअॅर्-इंग्) *adj.* travelling on the sea, समुद्री यात्रा-संबंधी, सागरगामी। *n.* sea-voyage, समुद्री यात्रा।

sea fight *n.* naval fight, समुद्री लड़ाई।

seafood (सी´-फ़ुड्) *n.* edible marine fish or shellfish, समुद्री भोजन (मछली आदि)।

seafront (सी´-फ़्रन्ट्) *n.* the part of a city facing the sea, समुद्र की ओर खुलता हुआ नगर का भाग।

seagod (सी´-गॉड्) *n.* a god of the sea, वरुण देवता।

seagoing (सी´-गो-इंग्) *adj.* 1. made or used for sea voyages, समुद्री यात्रा में काम आनेवाला। 2. oceangoing, समुद्रगामी।

seagull (सी´-गल्) *n.* a gull living near seacoast, समुद्री चिड़िया।

seahog (सी´-हॉग्) *n.* a sea animal, a porpoise, सूँस।

seahorse (सी-हॉःस्) *n.* a fish having horselike head, एक तरह की छोटी समुद्री मछली, अश्वमीन।

seal (सील्) *n.* 1. an equatic mammal, सील मछली। 2. a die for stamping, मोहर, मुद्रा, सील; seal of office, पद-मुद्रा। 3. a symbol, चिह्न, प्रतीक। □ **given under my hand and seal** मेरे द्वारा हस्ताक्षरित तथा मोहर (सील) लगा हुआ। *v.* (sealed, sealing) 1. to affix a seal to, मोहर लगाना। 2. to close, बंद कर लेना या देना। 3. to settle or decide, पक्का करना, सुनिश्चित बनाना। □**seal in** (अंदर) बंद कर या रोक रखना; **seal off** (रास्ता) बंद कर देना; **seal one's doom** दुर्भाग्य को न्योता देना।

sealed (सील्ड्) *adj.* affixed with a seal, मोहरबंद, मुद्रांकित; sealed tender, मोहरबंद निविदा।

sealing (सील्´-इंग्) *n.* 1. hunting of seals, सील मछलियों का शिकार। 2. the act of affixing a seal, मोहर या सील लगाना, मुद्रांकन।

sealing wax *n.* a hard material used for sealing letters, लाख।

seam (सीम्) *n.* 1. the line along which two pieces of fabric are joined or sewn together, सीवन जोड़, मगज़ी जोड़। 2. a surface line, संधि-रेखा, जोड़। 3. a layer, परत। 4. a fissure, दरार। 5. a scar, क्षतचिह्न। *v.* (seamed, seaming) 1. to join, सीना, टाँके लगाना। 2. to make lines in knitting, धारियाँ बनाना। 3. to crack, दरार पड़ना।

seaman (सी´-मॅन्) *n.* a sailor, नाविक।

seamanship (सी´-मॅन-शिप्) *n.* the skill in operating a vessel, पोतचालन-कला।

seam bowler *n.* a fast bowler, तेज़ गेंदबाज़।

sea mist *n.* the mist over the sea, समुद्री कोहरा।

seamstress (सीम्´-स्ट्रॅस्) *n.* a woman whose job is sewing clothes, दर्जिन।

seamy (सी´-मी) *adj.* 1. showing seams, जिसकी सीवन दिखाई दे। 2. unpleasant, अप्रिय। □ **the seamy side of life,** जीवन का अरोचक, अनैतिक या गंदा पहलू।

seance (से´-आन्स्) *n.* a meeting at which the spirit of the dead person is called, वह गोष्ठी जिसमें मृतक की आत्मा से संबंध स्थापित किया जाता हो, आत्मा-आह्वान गोष्ठी।

seaplane (सी´-प्लेन्) *n.* an aircraft designed to land on and take off from water, वह विमान जो समुद्र में उतर तथा समुद्र से उड़ भी सकता हो।

seaport (सी´-पोःट्) *n.* a harbour, बंदरगाह, समुद्रपत्तन।

sea power *n.* 1. naval force, नौशक्ति, नौसेना। 2. a country having strong naval force, सशक्त नौसेनावाला देश।

sear (सिअॅः) *v.* (seared, searing) 1. to get burned slightly, झुलसना। 2. to brand with hot iron, दागना।

search (सःच्) *v.* (searched, searching) 1. to

examine thoroughly to find out something, खोजना, ढूँढ़ना, खोज-बीन करना। 2. to examine the clothes and body of (a person) तलाशी लेना। 3. to discover by investigation, अनुसंधान करना, शोध करना। □ **search out** खोज निकालना; **search into** जाँच-पड़ताल करना। ***n.*** the act of searching, खोज, ढूँढ़; शोध, अनुसंधान।

searching (स:´-चिंग्) ***adj.*** 1. keenly penetrating, भेदक, searching look भेदक दृष्टि। 2. seeking the truth, सत्यान्वेषी।

search-light (स:च्´-लाइट्) ***n.*** a powerful light equipped with a reflector, खोजबत्ती, बिजली की बड़ी तेज़ रोशनी का लैंप।

search-party (स:च्´-पा:-टी) ***n.*** a party of searchers, अनुसंधान-दल।

search warrant ***n.*** a written order to search someone's place, तलाशी का परवाना।

searing (सिअॅर्´-इंग्) ***adj.*** very hot, burning, तप्त, गर्म झुलसानेवाला; searing rod दागने का लोहा/छड़।

seascape (सी´-स्केप्) ***n.*** a view of the sea, समुद्र का दृश्य।

seashell (सी´-शॅल्) ***n.*** an empty shell (of a marine mollusc), सीप, घोंघा या शंख।

seashore (सी´-शो:) ***n.*** the land bordering on the sea, समुद्र-तट।

seasick (सी´-सिक्) ***adj.*** made sick and dizzy by the motion of a ship, जलयान के सफ़र से बीमार होनेवाला।

seasickness (सी´-सिक्-निस्) ***n.*** dizziness resulting by the motion of a ship, जलयान के सफ़र के कारण होनेवाली मितली।

seaside (सी´-साइड्) ***n.*** the seashore, समुद्रतट।

season[1] (सी´-ज़्न्) ***n.*** 1. one of the four (or six) parts of the year, ऋतु, मौसम, सीज़न। 2. a period of the year when something is common or plentiful, मौसम, अवधि, समय; busy season व्यस्त समय; slack season मंदा समय; season ticket, मियादी टिकट, नियतावधिटिकट। □ **in season** (i) सामान्यतया उपलब्ध (ii) गर्भाधान के लिए उपयुक्त; **in season and out of season,** मौक़े-बेमौक़े, हर समय।

season[2] ***v.*** (seasoned, seasoning) 1. to add spices to, छौंक लगाना, छौंकना, बघारना। 2. to dry (lumber) until usable, (लकड़ी को) सुखाना, सिझाना। 3. to make experienced, अनुभवी बनाना।

seasonable (सी´-ज़ॅ-नॅ-बॅल्) ***n.*** timely, opportune, समयानुकूल, अवसरोचित।

seasonal (सी´-ज़ॅ-नॅल्) ***adj.*** of or relating to a particular season, मौसम-संबंधी, मौसमी, ऋतु-संबंधी।

seasoning (सी´-ज़ॅ-निंग्) ***n.*** spices used to flavour food, बघार, छौंक।

seat (सीट्) ***n.*** 1. a place for sitting, बैठने की जगह या स्थान। 2. a thing used for sitting on, सीट, आसन, पीढ़ा, काठी आदि। 3. a membership or the right to membership in a council, सीट, पद। 4. a constituency, निर्वाचन-क्षेत्र। 5. the buttocks, चूतड़। 6. the part of a trousers, skirt etc. covering the buttocks, कपड़े का वह भाग जो नितंबों पर पड़ता हो। 7. a capital, राजधानी। 8. the place where anything is located, पीठ; the seat of learning विद्यापीठ। ***v.*** (seated, seating) 1. to place on a seat, बैठाना, आसीन करना। 2. to provide with seats, आसन/सीटें लगाना। 3. to set firmly in place, स्थापित करना।

seat belt (सीट्´-बेल्ट्) ***n.*** a strap worn in the aircraft to restrain forward motion, सीट से बाँधे रखनेवाली पेटी।

seated (सी´-टिड्) ***adj.*** sitting, बैठा हुआ।

seating (सी´-टिंग्) ***n.*** the seats in a theatre, रंगशाला की आसन-व्यवस्था।

seawall (सी´-व़ा:ल्) ***n.*** an embankment to check the sea, समुद्री-बंधा।

seaward (सी´-वॅ:ड्) ***adj.*** moving towards the sea, समुद्रगामी। ***adv.*** towards the sea,

समुद्र की ओर।

seawater (सी´-वा:-टॅ:) *n.* the water of the sea, समुद्र-जल।

seaway (सी´-वे) *n.* a route across the sea, समुद्री मार्ग।

seaworthy (सी´-व़:-दी) *n.* in a fit condition for a sea voyage, समुद्रयात्रा-योग्य।

sebaceous (सि-बे´-शॅस्) *adj.* (of the gland) secreting an oily substance, (ऐसी ग्रंथि) जिसमें से स्निग्ध पदार्थ रिसता हो।

secant (सी´-कैन्ट्) *n.* an intersecting line, छेदक रेखा।

secateurs (सॅक्´-अॅ-टॅ:ज़्) *n.* a pair of shears for pruning, कैंचा।

secede (सि-सीड्´) *v.* (seceded, seceding) to withdraw from (any organisation किसी संस्था को) छोड़ देना, (से) अलग या हो जाना।

secession (सि-सॅश्´-अॅन्) *n.* withdrawal (from confederation, संघ से) पृथकता, अलगाव, अलहदगी।

secessionist (सि-सॅश्´-अॅन्-इस्ट्) *adj.* & *n.* (a person or group) supporting the right of secession, पृथकतावादी।

seclude (सि-क्लूड्´) *v.* (secluded, secluding) 1. to keep away or apart (from others, दूसरों से) दूर या अलग रहना। 2. to be isolated, अलग-थलग होना।

secluded (सि-क्लू´-डिड्) *adj.* 1. kept apart from the company of others, अलग-थलग। 2. isolated, निर्जन, दूर-दराज का, एकांत।

seclusion (सि-क्लू´-ज़्हॅन्) *n.* the act of secluding or the state of being secluded, एकांतता, पृथकता। 2. isolation, एकांतवास।

seclusive (सि-क्लू´-सिव्) *adj.* 1. fond of isolation, एकांतप्रिय, एकांतवासी। 2. tending to seclude oneself, अलग-थलग रहनेवाला।

second (सॅक्´-अॅन्ड्) *n.* 1. a unit of line equal to 1/60 of a minute, सेकंड। 2. a short period of time, पल, क्षण। 3. one that is next from first, something that is second, वह जो द्वितीय स्थान पर हो। 4. one of the two equal parts, आधा भाग। 5. (plu.) articles of inferior quality, घटिया वस्तुएँ। *adj.* 1. next after the first, (क्रम के विचार से) दूसरा, द्वितीय। 2. inferior or secondary, subordinate, दूसरे दर्जे का, मध्यम श्रेणी का या घटिया, गौण। 3. another, additional, अन्य, दूसरा। □ **second to none** जो किसी से कम न हो, अद्वितीय, सर्वोत्तम। *v.* (seconded, seconding) 1. to assist, सहायता करना। 2. to attend as an assistant, सहायक होना। 3. to endorse, समर्थन करना। *adv.* 1. in second place, दूसरे स्थान पर। 2. as the second point, दूसरे।

secondarily (सॅक्´-अॅन्-डॅ-रॅ-ली) *adv.* in a secondary manner, गौण रूप से, गौणत:।

secondary (सॅक्´-अॅन्-डॅ-री) *adj.* 1. one grade after the first, दोयम, द्वितीय श्रेणी का, दूसरे दर्जे का। 2. next in importance, गौण, द्वितीयक। 3. relating to the education of students of the age of eleven to eighteen, माध्यमिक; secondary education माध्यमिक शिक्षा।

second best *adj.* next to the best, सर्वोत्तम के बाद का।

second childhood *n.* senility, dotage, बुढ़ापा।

second class *adj.* 1. of the class next to the first, द्वितीय श्रेणी का। 2. second-rate, घटिया। *n.* the class next to the first, द्वितीय श्रेणी।

seconder (सॅक्´-अॅन्-डॅ:) *n.* one who endorses, समर्थक, अनुमोदक।

secondhand (सॅक्-अॅन्-हैन्ड्) *adj.* 1. previously owned or used, not new, बरता हुआ, पुराना। 2. obtained from others, इधर-उधर का, सुना-सुनाया। 3. dealing in used merchandise, पुरानी चीज़ों का लेन-देन करनेवाला।

secondly (सॅक्´-अॅन्ड्-ली) *adv.* as the second point, दूसरे।

second nature *n.* a habit, बनी हुई आदत, बान,

टेक।

second person *n.* the form of a word that refers to the person (s) spoken to, मध्यम पुरुष।

second-rate (सेंक्-अॅन्ड्-रेट्´) *adj.* second in quality, second-class, घटिया (दर्जे का), साधारण।

second-string (सेंक्-अॅन्ड्-स्ट्रिंग्´) *adj.* of or being a substitute, स्थानापन्न, दूसरे दर्जे का, अतिरिक्त।

second thought *n.* an idea that occurs afterward, पुनर्विचार करने पर या बाद में सूझनेवाली बात।

secrecy (सी´-क्रॅ-सी) *n.* 1. the condition of being secret, गोपनीयता। 2. ability to keep secrets, रहस्य-गोपन। 3. mystery, रहस्य।

secret (सी´-क्रिट्) *adj.* kept from the knowledge of others, गुप्त, गोपनीय; secret ballot, गुप्त मतदान, secret pact, गुप्त समझौता। *n.* 1. something kept hidden, भेद, गोपनीय बात। 2. something beyond understanding, mystery, रहस्य, मर्म।

secret agent *n.* a person employed in espionage, गुप्तचर।

secretarial (सेंक्-रॅ-टिअॅर्´-इ-अॅल्) *adj.* of a secretary, सचिवीय।

secretariat (सेंक्-रॅ-टिअॅर्´-इ-अॅट्) *n.* 1. the office of a secretary, सचिवालय। 2. the building occupied by the secretaries, सचिवालय।

secretary (सेंक्´-रॅ-टॅ-री) *n.* 1. one employed to do clerical work, मुंशी, लिपिक। 2. an official incharge of an administrative department of the government, सचिव।

secretary general *n.* a chief administrative official, महासचिव।

secretaryship (सेंक्´-रॅ-टॅ-री-शिप्) *n.* the post of a secretary, सचिव का पद।

secrete[1] (सि-क्रीट्´) *v.* (secreted, secreting) to generate and release (a secretion, स्राव) देना, निकालना या छोड़ना, रिसना।

secrete[2] *v.* (secreted, secreting) to hide, छिपाना, लुकाना-छिपाना।

secretion (सि-क्री´-शॅन्) *n.* the fluid secreted by a gland or organ, स्राव।

secretive (सि-क्री´-टिव्) *adj.* close-mouthed, uncommunicative, चुप्पा, घुन्ना।

secretly (सी´-क्रिट्-ली) *adv.* in a secret manner, without giving an inkling to anyone, लुक-छिपकर, चोरी-छिपे, गुप्त रूप से।

sect (सेंक्ट्) *n.* 1. a subdivision of any religious group, पंथ, मत। 2. a religious body, संप्रदाय।

sectarian (सेंक्-टॅअॅर्´-इ-अॅन्) *n.* a member of a sect, संप्रदायवादी, पंथी। *adj.* 1. pertaining to a sect, संप्रदायवादी, मतावलंबी। 2. narrow in outlook, संकीर्ण, कट्टर।

sectarianism (सेंक्-टॅअॅर्´-इ-अॅन्-इज़्-अॅम्) *n.* the idea to favour people of one's own sect, संप्रदायवाद, फ़िरकापरस्ती।

section (सेंक्´-शॅन्) *n.* 1. a part of something, अंश, भाग, खंड। 2. a subdivision of a book, परिच्छेद। 3. a distinct part of a country or population, वर्ग। 4. a subdivision of a department, अनुभाग। *v.* (sectioned, sectioning) to cut into sections, विभाजन करना, बाँटना।

sectional (सेंक्´-शॅ-नॅल्) *adj.* 1. of or relating to a section, अनुभागीय। 2. of a group or community, सांप्रदायिक, वर्गीय। 3. partial, आंशिक।

sectionalism (सेंक्´-शॅ-नॅ-लिज़्-अॅम्) *n.* too much concern for one's section, वर्ग-भावना, सांप्रदायिक भावना।

sector (सेंक्-टॅः) *n.* 1. the part of the circle between two radii and the arc, वृत्त की दो त्रिज्याओं के बीच का क्षेत्र, वृत्तखंड। 2. a division of a city, अंचल, सेक्टर। 3. area, क्षेत्र; private sector निजी क्षेत्र; public sector सार्वजनिक (सरकारी) क्षेत्र।

sectorwise (सेंक्´-टः-वाइज़्) *adj.* with reference to the sectors, क्षेत्रों के अनुसार होनेवाला, क्षेत्रवार।

secular (सेंक्´-यु-लः) *adj.* 1. not concerned with religious affairs or views, धर्मनिरपेक्ष, सैकुलरी। 2. worldly, लौकिक, सांसारिक।

secularism (सेंक्´-यु-लॅ-रिज़्-अ़म्) *n.* a system or belief that religion should have no place in civil affairs, धर्मनिरपेक्षता, धर्मनिरपेक्षवाद।

secularistic (सेंक्´-यु-लॅ-रिस्-टिक्) *adj.* of secularism, धर्मनिरपेक्ष।

secularize (सेंक्´-यु-लॅ-राइज़्) *v.* (secularized, secularizing) to make secular, धर्मनिरपेक्ष बनाना।

secure (सि-क्युअः´, सि-क्यूः´) *adj.* 1. safe, free from danger, सुरक्षित, सुरक्षाप्राप्त, निरापद। 2. stable, सुदृढ़, मज़बूत, पक्का। 3. trustworthy, reliable, विश्वसनीय। 4. sure, निश्चित। *v.* (secured, securing) 1. to obtain, प्राप्त कर लेना। 2. to make secure, सुरक्षित करना, निरापद बनाना। 3. to assure by giving security, सुनिश्चित करना। 4. to make firm, दृढ़ बनाना, मज़बूत बनाना।

secured (सि-क्युःड्´) *adj.* safe, सुरक्षित।

security (सि-क्युर्´-इ-टी) *n.* 1. safety (of a person, nation etc.) सुरक्षा; Security Council सुरक्षा-परिषद। 2. a thing given as a guarantee or pledge, ज़मानत, प्रतिभूति। 3. (plu.) stocks or bonds, बंधपत्र।

sedan (सि-डैन्´) *n.* an enclosed box containing a seat for one person carried by two bearers, पालकी।

sedate (सि-डेट्´) *adj.* calm and composed, sober, धीर, गंभीर, शांत।

sedative (सेंड्´-अ़-टिव्) *adj.* having a soothing or calming effect, राहत या आराम पहुँचानेवाला, शांतिदायक।

sedentary (सेंड्´-अ़न्-टॅ-री) *adj.* involving or requiring sitting, बैठे-बैठे किया जानेवाला। 2. moving about very little, बहुत कम चलने-फिरनेवाला। 3. one who stays at home all the time, घरघुस्सू।

sedge (सेंज्) *n.* a grasslike plant growing on wet ground, नरकट।

sediment (सेंड्´-इ-मेंन्ट्) *n.* matter that settles at the bottom of a liquid, तलछट, अवसाद।

sedimentary (सेंड्-इ-मेंन्´-टॅ-री) *adj.* of or like sediment, तलछट से बना हुआ, तलछटी, अवसादिक।

sedimentation (सेंड्-इ-मेंन्-टे´-शॅन्) *n.* the depositing of sediment, तलछट का जमा होना, अवसादन।

sedition (सि-डिश्´-अ़न्) *n.* the conduct or language that makes people rebel against the authority of a state, राजद्रोह।

seditionary (सि-डिश्´-अ़-नॅ-री) *adj.* 1. charged with sedition, राजद्रोही। 2. seditious, राजद्रोहात्मक।

seditious (सि-डिश्´-अ़स्) *adj.* pertaining to sedition, राजद्रोहात्मक, राजद्रोहपूर्ण।

seduce (सि-ड्यूस्´) *v.* (seduced, seducing) 1. to tempt, बहकाना-फुसलाना। 2. to persuade to do something wrong, ग़लत काम करने के लिए दबाव डालना, भ्रष्ट कर देना।

seduction (सि-डक्´-शॅन्) *n.* 1. the act of seducing, बहकावा। 2. temptation, प्रलोभन।

seductive (सि-डक्´-टिव्) *adj.* 1. tending to seduce, बहकानेवाला। 2. alluring, प्रलोभनकारी, मोहक, आकर्षक।

sedulity (सि-ड्यू´-लि-टी) *n.* the quality of being sedulous, अध्यवसाय, परिश्रम।

sedulous (सेंज्´-यु-लॅस्) *adj.* persevering, diligent, अध्यवसायी, परिश्रमी।

see[1] (सी) *v.* (saw, seen, seeing) 1. to perceive with the eyes, देखना, अवलोकन करना। 2. to examine, जाँचना, निरीक्षण करना। 3. to understand, समझना। 4. to experience, अनुभव प्राप्त करना। 5. to pay attention, गौर से देखना, ध्यान देना। 6. to consider, विचार करना। 7. to

meet, मिलना, मुलाक़ात करना। 8. to discover, जान जाना। 9. to consult, विचार-विमर्श करना। 10. to escort, साथ चलकर पहुँचाना। 11. to make sure, आश्वस्त करना। □ **see copy,** यथामूल।

see² ***n.*** the position or authority of a Bishop, ईसाई धर्माध्यक्ष का पद या अधिकार।

seed (सीड्) ***n.*** 1. a fertilized ovule of a plant, बीज, मूल। 2. seeds collectively, बीज। 3. semen, शुक्र। 4. a source, स्रोत, मूल। 5. offspring, संतान। 6. ancestry, वंशानुक्रम। 7. a seeded player, मानांकित खिलाड़ी। □ **go or run to seed,** (i) बीज निकलना बंद हो जाना, विकास रुक जाना; (ii) क्षय हो जाना। ***v.*** (seeded, seeding) 1. to plant seeds in, बीज बोना, बीज डालना। 2. to remove seeds from (fruit) बीज निकालना। 3. to give a player ranking, मानांकन करना।

seedbed, seedplot (सीड्´-बेंड्, (सीड्´-प्लॉट्)) ***n.*** a bed of soil in which small plants are grown for transplanting, बेनौर, पौध-क्यारी।

seed-coat (सीड्´-कोट्) ***n.*** the outer coat of a seed, बीजावरण।

seeder (सीड्´-अ:) ***n.*** a machine that sows seeds, बीज बोने का यंत्र।

seediness (सीड्´-इ-निस्) ***n.*** the quality of being seedy, बीजों से भरे होने की अवस्था।

seed-pearl (सीड्´-प:ल्) ***n.*** a very small pearl, बहुत छोटा मोती।

seed-time (सीड्´-टाइम्) ***n.*** the right time of sowing seeds, बीज बोने का समय।

seedless (सीड्´-लिस्) ***adj.*** not containing seeds, बिना बीज का, जिसमें एक भी बीज न हो।

seedling (सीड्´-लिंग्) ***n.*** a very young plant growing from a seed, बीज से निकला छोटा पौधा, पौध।

seedy (सी´-डी) ***adj.*** 1. full of seeds, containing too much seeds, बीजों से भरा, बिजैला। 2. shabby, फटीचर, फटेहाल।

seeing (सी´-इंग्) ***conj.*** in view of the fact that, in as much as यह देखते हुए कि, इसलिए कि। ***n.*** 1. vision, दृष्टि। 2. the act of seeing, अवलोकन, दृष्टिपात।

seek (सीक्) ***v.*** (sought, seeing) 1. to search for, खोजना, ढूँढ़ना, खोज-ढूँढ़ करना। 2. to try, प्रयास करना। 3. to endeavour to obtain or reach, प्रयास द्वारा प्राप्त करना। 4. to go to, जाना। □ **seek one's fortune** क़िस्मत आज़माना; **seek out** अलगाना; **seek through** खोज करना, खोज निकालना।

seeker (सीक्´-अ:) ***n.*** one who seeks, खोजनेवाला, अन्वेषी; seeker after truth सत्यान्वेषी।

seem (सीम्) ***v.*** (seemed, seeming) 1. to be evident, to appear, जान पड़ना, प्रतीत होना, लगना। 2. to be apparently true, ऊपर से सही लगना या दिखना।

seeming (सी´-मिंग्) ***adj.*** apparent, ऊपर से दिखनेवाला, ऊपरी, प्रकट।

seemingly (सी´-मिंग्-ली) ***adv.*** apparently, प्रकट रूप से।

seemly (सीम्´-ली) ***adj.*** 1. proper, suitable, समुचित, उचित। 2. of pleasing appearance, सुहावना, भला।

seep (सीप्) ***v.*** (seeped, seeping) to ooze or leak, रिसना, बहना।

seepage (सी´-पिज्) ***n.*** the act of seeping or the amount that seeped, रिसाव, रिसन। ***n.*** a small spring, सोता।

seer (सी´-अ:) ***n.*** a prophet, भविष्यद्रष्टा, ऋषि, द्रष्टा, पैगंबर।

see-saw (सी´-सा:) ***n.*** 1. a long plank balanced on a central support for riding up and down alternately, झुलानेवाला तख़्ता, झूला-पट्टी, झुलावा। 2. an up and down movement that is constantly repeated, बार-बार ऊपर-नीचे जाना, झुलावा, उतार-चढ़ाव, घटती-बढ़ती। 3. a back and forth movement that is

constantly repeated, कभी आगे की ओर बढ़ना और कभी पीछे हटना, बढ़ाव-हटाव।

seethe (सीद्) *v.* (seethed, seething) 1. to boil, उबाल आना, खौलना। 2. to soak in liquid, तर करना। 3. to be agitated, विकल हो जाना, व्यग्र हो जाना।

see-through (सी´-थ्रू) *adj.* transparent, पारदर्शी।

segment (सेंज्´-मॅन्ट्) *n.* a part, portion, slice or wedge, टुकड़ा, खंड, परिच्छेद, फाँक। *v.* (segmented, segmenting) 1. to divide into segments, खंड-खंड करना, विभाजन करना।

segmentation (सॅग्-मॅन्-टे´-शॅन्) *n.* the act of segmenting, खंडीकरण।

segregate (सॅग्´-रि-गेट्) *v.* (segregated, segregating) to separate from the main group according to their race, (विभिन्न जातियों के लोगों को) अलग-अलग करना, अलग-अलग बसाना।

segregation (सॅग्-रि-गे´-शॅन्) *n.* the act of segregating or the state of being segregated, पार्थक्य, पृथक्करण, पृथग्वासन।

seigneur (से-न्यूः´) *n.* a feudal lord, सामंत, नवाब, जागीरदार।

seignior (सेन्´-यः) *n.* a feudal lord, सामंत।

seigniorial (से-न्योर्´-इ-अॅल्) *adj.* of seigniors, सामंती।

seine (सेन्) *n.* a large fishing net, मछलियाँ को पकड़ने का बड़ा जाल, महाजाल।

seism (साइ´-ज़ॅम्) *n.* an earthquake, भूकंप।

seismic (साइज्´-मिक्) *adj.* of, caused by or relating to earthquakes, भूकंप-संबंधी, भूकंपीय।

seismograph (साइज़्´-मॅ-ग्राफ़्/ग्रैफ़) *n.* an instrument for detecting and measuring earthquakes, भूकंपलेखी।

seismology (साइज़्-मॉल्´-अॅ-जी) *n.* the study of earthquakes, भूकंप-विज्ञान।

seismometre (साइज्-मॉम्´-अॅ-टः) *n.* an instrument showing the force, direction and distance of earthquake, भूकंप की तीव्रता, दिशा तथा दूरी बतानेवाला उपकरण।

seizable (सीज़्´-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be seized, पकड़ने योग्य, छीन लेने योग्य।

seize (सीज़्) *v.* (seized, seizing) 1. to take hold of (a thing) forcibly, to confiscate, छीन लेना, ज़ब्त कर लेना, पकड़ लेना, कब्जे में लेना। 2. to arrest or take into custody, पकड़ लेना, गिरफ़्तार कर लेना। 3. to have a sudden effect upon, आक्रांत कर लेना, दबोच लेना, ग्रस्त कर लेना।

seizure (सी´-ज़्हः) *n.* 1. the act of seizing or the state of being seized, जब्ती।2. arrest, गिरफ़्तारी। 3. a sudden attack of a disease, बीमारी का झटका, दौरा।

seldom (सॅल्´-डम्) *adv.* not often, rarely, शायद ही कभी, कदाचित्, विरले ही।

select (सि-लॅक्ट्´) *v.* (selected, selecting) to choose among several, चयन करना, चुनना।

select committee *n.* a committee appointed to make a special investigation, चयन समिति, प्रवर समिति।

selection (सि-लॅक्´-शॅन्) *n.* 1. the act of selecting or the state of being selected, चयन, वरण। 2. the things or persons selected, संकलन, चयन, चयनिका।

selective (सि-लॅक्´-टिव्) *adj.* 1. chosen, चुना हुआ, चयनित। 2. choosing carefully, चयनक्षम, चयनशील। 3. of selection, चयनात्मक।

selector (सि-लॅक्´-टः) *n.* one who has right or power to select, चयनकर्ता, वरणकर्ता।

selenology (सॅल्-अॅ-नॉल्´-अॅ-जी) *n.* the scientific study of moon, चंद्रमा का वैज्ञानिक अध्ययन।

self (सॅल्फ़्) *n.* 1. a person as an individual, स्वयं (व्यक्ति), अपना; a ticket for self and wife अपने लिए और अपनी पत्नी के लिए टिकट; People think only for self. लोग केवल अपने

लिए सोचते हैं। 2. a person's own nature, स्वप्रकृति, आपा; She is her old self again. फिर वह अपने आपे में आ ही गई। 3. one's own interest, हित, लाभ। *adj.* 1. of the same material, वैसा ही। 2. pertaining to self, of oneself, अपने से संबद्ध, आत्म।

self-abasement (सॅल्फ़्-अॅ-बेस्(-मॅन्ट्) *n.* abasement or humiliation of oneself, आत्मदैन्य।

self-abnegation (सॅल्फ़्-ऐब-नि-गे´-शॅन्) *n.* self-denial, आत्मत्याग।

self-abuse (सॅल्फ़्-अॅ-ब्यूस्´) *n.* masturbation, हस्तमैथुन।

self-acquired (सॅल्फ़्-अॅ-क्वाइःड्´) *adj.* acquired by one's own labour, स्वार्जित (स्व+अर्जित)।

self-addressed (सॅल्फ़्-अॅ-ड्रॅस्ड्´) *adj.* addressed to oneself, अपना पता लिखा हुआ।

self-assertion (सॅल्फ़्-अॅ-सःं-शॅन्) *n.* an act of asserting upon one's rights, अपने अधिकारों पर दिया जानेवाला ज़ोर, स्वत्वाग्रह।

self-assured (सॅल्फ़्-अॅ-श्योःड्) *adj.* self-confident, आत्मविश्वासी।

self-centred (सॅल्फ़्-अॅ-सॅन्-टःड्) *adj.* selfish, आत्मरत, आत्मकेंद्रित, स्वार्थी।

self-complacent (सॅल्फ़्-कॅम्-प्ले´-ज़ॅन्ट्) *adj.* pleased with oneself or with one's abilities, आत्मतुष्ट।

self-confident (सॅल्फ़्-कॉन्´-फ़ि-डॅन्ट्) *n.* having full confidence in oneself, आत्मविश्वासी।

self-conscious (सॅल्फ़्-कॉन्´-शॅस्) *adj.* 1. conscious of oneself or one's ego, अस्मिताबोधी, आत्मचेतन। 2. shy, संकोची।

self-contained (सॅल्फ़्-कॅन्-टेन्ड्) *adj.* 1. complete in oneself, आत्मपूर्ण, स्वतःपूर्ण।

self-contradictory (सॅल्फ़्-कॉन्-ट्रॅ-डिक्-टॅ-री) *adj.* inconsistent, अन्तर्विरोधी।

self-control (सॅल्फ़् -कान्-ट्रोल्´) *n.* control of one's desires, emotions, actions etc., आत्मनिग्रह, आत्मसंयम।

self-criticism (सॅल्फ़्-क्रिट्´-इ-सिज़्-अॅम्) *n.* criticism of one's own actions, thoughts etc., आत्मसमीक्षा, आत्मालोचन।

self-deception (सॅल्फ़्-डि-सॅप्´-शॅन) *n.* the act of deceiving oneself, आत्मवंचना।

self-defeating (सॅल्फ़्-डि-फ़ी´-टिंग्) *adj.* injurious to one's own welfare, आत्मघाती।

self-defence (सॅल्फ़्-डि-फ़ॅन्स्´) *n.* the act of defending oneself, आत्मरक्षा।

self-denial (सॅल्फ़्-डि-नाइ´-अॅल्) *n.* sacrifice of one's own desires or pleasures, आत्मत्याग, अपनी इच्छाओं को मारना।

self-dependent (सॅल्फ़् -डि-पॅन्´-डॅन्ट्) *adj.* self-reliant, आत्मनिर्भर।

self-determination (सॅल्फ़् -डि-टःं-मि-ने´-शॅन्) *n.* the right of people to determine their own form of government, आत्मनिर्णय।

self-discipline (सॅल्फ़्-डिस्´-अॅ-प्लिन्) *n.* the training of oneself to control one's actions and desires, स्वानुशासन।

self-display (सॅल्फ़्-डि-स्प्ले´) *n.* the act of demonstrating one's skill and abilities, आत्मप्रदर्शन।

self-drive (सॅल्फ़्-ड्राइव्´) *adj.* hired and driven by oneself, स्वयं चलाई जानेवाली भाड़े की (गाड़ी)।

self-educated (सॅल्फ़्-ॲज्´-उ-के-टिड्) *adj.* educated through one's own efforts and not formally in a school, स्वशिक्षित।

self-effacing (सॅल्फ़् -इ-फ़े´-सिंग्) *adj.* tending to avoid the attention of others, दूसरों की नज़र से अपने को बचानेवाला।

self-employed (सॅल्फ़्-ॲम्-प्लॉइड्´) *adj.* working independently, स्वनियोजित।

self-esteem (सॅल्फ़्-इ-स्टीम्´) *n.* self-respect, स्वाभिमान, आत्मसम्मान।

self-evident (सॅल्फ़्-ॲव्´-इ-डॅन्ट्) *adj.* evident without need of proof, स्वस्पष्ट।

self-examination (सॅल्फ़्-इग्-ज़ैम्-इ-ने´-शॅन्)

n. examination of one's own actions, आत्मपरीक्षण।

self-explanatory (सॅल्फ़्-इक्-स्प्लेन्´-अॅ-टॅ-री) *adj.* explaining itself, not needing further explanation, स्वप्रकाशक, स्वस्पष्टीकारक।

self-expression (सॅल्फ़्-इक्-स्प्रॅश्´-अॅन्) *n.* the expression of one's own thoughts, आत्माभिव्यक्ति।

self-government (सॅल्फ़्-गव्´-अॅ:न्-मॅन्ट्) *n.* government free from outside control or influence, स्वशासन, स्वराज्य।

self-help (सॅल्फ़्-हॅल्प्´) *n.* the act of providing means to help oneself without relying on the assistance of others, स्वसहायता।

self-importance (सॅल्फ़्-इम्-पॉ:-टॅन्स्) *n.* too high an opinion of one's own importance, अहंभाव, अहंकार।

self-imposed (सॅल्फ़्-इम्-पोज़्ड्´) *adj.* that one has forced oneself to accept, स्वारोपित।

self-improvement (सॅल्फ़्-इम्-प्रूव्´-मॅन्ट्) *n.* improvement of one's conditions, habits etc. through one's own efforts, आत्मसुधार।

self-indulgence (सॅल्फ़्-इन्-डल्´-जॅन्स्) *n.* excessive indulgence of one's own desires, विषयासक्ति, असंयम।

self-indulgent (सॅल्फ़्-इन्-डल्´-जॅन्ट्) *adj.* showing self-indulgence, विषयासक्त, असंयमी।

self-interest (सॅल्फ़्-इन्´-ट्रिस्ट्) *n.* selfish regard for one's personal interest, स्वार्थ।

self-interested (सॅल्फ़्-इन्´-ट्रिस्ट्-इड्) *adj.* showing self-interest, selfish, स्वार्थी।

selfish (सॅल्फ़्´-इश्) *adj.* concerned only with one's personal interests, स्वार्थी।

self-knowledge (सॅल्फ़्-नॉल्´-इज्) *n.* knowledge of one's being, nature etc., आत्मज्ञान।

selfless (सॅल्फ़्´-लिस्) *adj.* without concern for oneself, unselfish, निस्स्वार्थ।

selflessness (सॅल्फ़्´-लिस्-निस्) *n.* the quality or state of being selfless, निस्स्वार्थता।

self-love (सॅल्फ़्´-लव्) *n.* regard for one's own happiness, आत्मप्रेम।

self-made (सॅल्फ़्´-मेड्) *adj.* made by one's own efforts, स्वनिर्मित।

self-observation (सॅल्फ़्-ऑब्-ज़ॅ:-वे´-शॅन्) *n.* examination of one's own actions, आत्मपरीक्षण।

self-opinionated (सॅल्फ़्-अॅ-पिन्´-यॅ-ने-टिड्) *adj.* holding firmly on to one's opinion, स्वमताग्रही।

self-pity (सॅल्फ़्-पिट्´-ई) *n.* pity for one's own miserable condition, आत्मदया, अपने प्रति दया।

self-possessed (सॅल्फ़्-पॅ-ज़ॅस्ड्´) *adj.* calm, composed, धीर, शांत।

self-praise *n.* (सॅल्फ़्´-प्रेज़्) praise for one's deeds or abilities, आत्मप्रशंसा।

self-preservation (सॅल्फ़्-प्रॅज़्-अॅ:-वे´-शॅन्) *n.* the urge to preserve oneself, स्वरक्षण।

self-reliance (सॅल्फ़्-रि-लाइ´-अॅन्स्) *n.* self-dependence, आत्मनिर्भरता।

self-repression (सॅल्फ़्-रि-प्रॅश्´-अॅन्) *n.* the act of repressing one's own desires, आत्मदमन।

self-respect (सॅल्फ़्-रि-स्पॅक्ट्´) *n.* proper respect fot oneself, आत्मसम्मान।

self-restraint (सॅल्फ़्-रि-स्ट्रेन्ट्´) *n.* self-control, आत्मसंयम।

self-rule (सॅल्फ़्´-रूल्) *n.* self-government, स्वशासन।

self-sacrifice (सॅल्फ़्-सैक्´-रि-फ़िस्) *n.* sacrifice of one's personal interests, आत्मत्याग, आत्मबलिदान।

self-satisfaction (सॅल्फ़्-सैट्-इस्-फ़ैक्´-शॅन्) *n.* satisfaction about one's achievements, आत्मसंतोष।

self-seeker (सॅल्फ़्-सी´-कॅ:) *n.* selfish, स्वार्थी।

self-service (सॅल्फ़्-सॅ:-विस्) *n.* the act of serving oneself in a store, restaurant etc.,

स्वयंसेवा।

self-starter (सेंल्फ़्-स्टाः´-टः) *adj.* starting by itself, स्वचल, स्वतः चालक।

self-styled (सेंल्फ़्-स्टाइल्ड्´) *adj.* so called or considered by oneself, स्वकथित, स्वघोषित; self-styled leader, स्वघोषित नेता।

self-sufficiency (सेंल्फ़्-सॅ-फ़िश्´-ॲन्-सी) *n.* self-reliance, आत्मनिर्भरता।

self-supporting (सेंल्फ़्-सॅ-पोः´-टिंग्) *adj.* self-reliant, स्वावलंबी।

self-torture (सेंल्फ़्-टॉः´-चः) *n.* any torture inflicted on oneself, आत्मपीड़न, आत्मयंत्रणा।

self-will (सेंल्फ़्-विल्´) *n.* willfulness, obstinacy, अपनी इच्छा, स्वमत, हठ।

self-willed (सेंल्फ़्-विल्ड्´) *adj.* willful, obstinate, हठी, ज़िद्दी।

self-winding (सेंल्फ़्-वाइन्´-डिंग्) *adj.* winding automatically, जिसमें अपने आप चाबी भर जाती हो।

sell (सेंल्) *v.* (sold, selling) 1. to dispose of something to a purchaser in exchange for money, बेचना, बिक्री करना। 2. to be disposed of in exchange for money, बिकना, बिक्री हो जाना। 3. to deal in, धंधा या रोजगार करना। □ **sell like hot cakes,** धड़ाधड़ बिकना, हाथोंहाथ बिकना; **sell off,** औने-पौने दाम पर निकालना; **sell one's soul,** आत्मा का हनन करना, पैसे के लिए सिद्धांत बेच खाना; **sell out,** (i) (दुकान का) पूरा का पूरा माल निकाल देना, (ii) धोखा देना, बेच खाना; **sell up,** धंधा ख़त्म करना।

seller (सेंल्´-अः) *n.* 1. one who sells something, बेचनेवाला, विक्रेता। 2. a thing that sells well, ख़ूब बिकनेवाला माल।

selling (सेंल्´-इंग्) *adj.* 1. of sale, बिक्री-संबंधी। 2. in great demand, जिसकी खूब माँग हो, ख़ूब बिकनेवाला (माल)।

sell-out (सेंल्´-आउट्) *n.* 1. the selling of all tickets of a show, किसी कार्यक्रम की सभी टिकटों का बिक जाना। 2. a betrayal, विश्वासघात।

selvage (सेंल्´-विज्) *n.* the edge of a cloth to prevent ravelling, (कपड़े का) किनारा, कन्नी, गोटा।

selvaged (सेंल्´-विज्ड्) *adj.* having a finished edge, किनारेदार, गोटदार।

semantic (सि-मैन्´-टिक्) *adj.* related to meaning in language, शब्दार्थ-विषयक, अर्थ-संबंधी ; semantic change अर्थ-विकार।

semantics (सि-मैन्´-टिक्स्) *n.* the science dealing with meanings, अर्थविज्ञान।

semaphore (सेंम्´-ॲ-फ़ोः) *n.* 1. an apparatus with coloured lights for giving signals, रेलवे का बत्तियोंवाला सिगनल, प्रकाश-संकेतक। 2. a system of sending messages using flags, झंडियों द्वारा संदेश भेजने या संकेत देने की पद्धति, झंडी-पद्धति।

semblance (सेंम्´-ब्लॅन्स्) *n.* 1. an outward form or appearance, बाह्य रूप या आकार। 2. resemblance, likeness, सादृश्य, समानता। 3. a show, the barest trace, प्रदर्शन, झलक, आभास।

semen (सी´-मॅन्) *n.* the whitish sperm-bearing liquid produced by sex organ of males, वीर्य, शुक्र।

semester (सि-मेंस्´-टः) *n.* one of the two terms of an academic year, term, छह महीने का अध्ययनक्रम, सत्र।

semestrial (सि-मेंस्´-ट्रि-ॲल्) *adj.* of or pertaining to a semester, सत्र-संबंधी, सत्रीय।

semi- (सेंम्´-इ) *prefix.* 1. exactly half, आधा, अर्ध-; semi-circular अर्धवृत्ताकार। 2. partly, अल्प; semi-precious अल्पमूल्य।

semi-annual (सेंम्-इ-ऐन्´-यु-ॲल्) *adj.* occurring twice a year, अर्धवार्षिक, छमाही, वर्ष में दो बार होनेवाला।

semi-automatic (सेंम्-इ-आः-टॅ-मैट्´-इक्) *adj.* partially automatic, अल्प-स्वचालित।

semicircle (सेंम्-इ-सः´-कॅल्) *n.* half of a circle, अर्धवृत्त।

semi-circumference (सेंम्-इ-सः´-कॅम्-फ़ॅ-रॅन्स्) *n.* half of a circumference, वृत्त की आधी परिधि, अर्धपरिधि।

semicolon (सेंम्-इ-को´-लॅन्) *n.* a mark used in writing, अर्धविराम (;)।

semiconscious (सेंम्-इ-कॉन्´-शॅस्) *adj.* not fully conscious, अर्धचेतन।

semi-final (सेंम्-इ-फ़ाइ´-नॅल्) *n.* the match or round preceding the final, सेमीफ़ाइनल मैच।

seminal (सेंम्´-इ-नॅल्) *adj.* 1. of or pertaining to semen, वीर्य-संबंधी, शुक्रीय। 2. highly original, बिल्कुल नया, अत्यंत मौलिक, प्रारंभिक।

seminar (सेंम्´-इ-नाः) *n.* a meeting for holding discussions on an important subject, अध्ययन-गोष्ठी, परिसंवाद।

seminarian (सेंम्-इ-नेंअॅर्´-इ-अॅन्) *n.* a student in a seminary, प्रशिक्षण ग्रहण करनेवाला पुरोहित।

seminary (सेंम्´-इ-नॅ-री, सेंम्´-इ-नेंर्-ई) *n.* 1. a school for training priests, रोमन कैथोलिक पुरोहितों का प्रशिक्षणालय, पुरोहित प्रशिक्षणालय। 2. a school, विद्यालय, शिक्षणालय, गुरुकुल।

semination (सेंम्-इ-ने´-शॅन्) *n.* the act of sowing seeds, बोआई, बुआई, वपन।

semiofficial (सेंम्-इ-अॅ-फ़िश्´-अॅल्) *adj.* partly official, अर्धसरकारी।

semiotics (सेंम्-इ-ऑट्´-इक्स्) *n.* the study of signs and symbols, लक्षण-विज्ञान, लाक्षणिकी।

semi-permanent (सेंम्-इ-पः´-मॅ-नॅन्ट्) *adj.* partly permanent, अर्धस्थायी।

semi-precious (सेंम्-इ-प्रेंश्´-अॅस्) *adj.* of lower value, अल्पमूल्य।

semi-skilled (सेंम्-इ-स्किल्ड्´) *adj.* partly skilled, अर्धकुशल।

Semite (सी´-माइट्, सेंम्´-आइट्) *n.* a member of any of various ancient and modern peoples including the Hebrews and Arabs, सामी।

Semitic (सि-मिट्´-इक्) *adj.* of the Semities i.e. Jews and Arabs, सामी।

semi-tropical (सेंम्-इ-ट्रॉप्´-इ-कॅल्) *adj.* subtropical, अर्धोष्ण कटिबंधी।

semi-vowel (सेंम्-इ-वॉव़्-अॅल्) *n.* an intermediate sound between a vowel and a consonant, अर्धस्वर।

semi-weekly (सेंम्-इ-व़ीक्´-ली) *adj.* appearing or published twice a week, अर्धसाप्ताहिक।

semolina (सेंम्-अॅ-ली´-नॅ) *n.* hard grains of crushed wheat, सूजी, दलिया।

senate (सेंन्´-इट्) *n.* 1. an upper house of a Parliament, सीनेट, राज्यसभा। 2. the governing body of a university, विश्वविद्यालय का शासन-निकाय, विद्वद्परिषद्।

senator (सेंन्´-अॅ-टः) *n.* 1. a member of a senate, सीनेटर, राज्यसभा का सदस्य। 2. the member of the governing body of a university, विद्वद्परिषद् का सदस्य।

senatorial (सेंन्-अॅ-टोर्´-इ-अॅल्) *adj.* of or relating to a senate, सिनेट या सिनेटर-संबंधी, राज्यसभाई।

send (सेंन्ड्) *v.* (sent, sending) 1. to cause to be conveyed, भेजना। 2. to direct, command or request to go, भेजना। 3. to produce from itself, देना, निकालना, छोड़ना। 4. to transmit, प्रेषित करना। □ **send away,** (दूर) भेजना; **send down** (i) आदेश या संदेश भेजना (प्रायः अधीनस्थों को) (ii) जेल भेजना; **send off** (i) विदा देना, (ii) (मैदान से खिलाड़ी को) बाहर भेजना, (iii) डाक से भेजना; **send up** ऊपर चढ़ना या चढ़ाना; **send word,** जानकारी या सूचना भेजना।

sender (सेंन्´-डॅः) *n.* one who sends or despatches, भेजनेवाला, प्रेषक।

sendoff (सेंन्ड्´-ऑःफ़्) *n.* a demonstration of good wishes for a person setting out on a trip, विदाई।

senescence (सि-नेंस्´-अॅन्स्) *n.* the condition of growing old, वृद्धावस्था, साठापन, सठियाव,

जरोन्मुखता।

senescent (सि-नेंस्´-सन्ट्) *adj.* growing old, जो बूढ़ा हो चला हो।

seneschal (सेंन्´-अॅ-शॅल्) *n.* an agent of a nobleman, कारिंदा, गुमाश्ता।

senile (सी´-नाइल्) *adj.* suffering from weakness because of old age, जराग्रस्त, जराजन्य; senile dementia, जराजन्य मनोभ्रंश।

senility (सि-निल्´-इ-टी) *n.* the weakness caused by old age, जरा, बुढ़ापा।

senior (सीन्´-यॅः) *adj.* 1. older in age, ज्येष्ठ; senior citizen ज्येष्ठ नागरिक। 2. higher in rank, वरिष्ठ; senior editor, वरिष्ठ संपादक; senior most, वरिष्ठतम। 3. for older children, बड़े बच्चों के लिए होनेवाला, senior school, किशोर विद्यालय।

seniority (सीन्-यॉर्´-इ-टी) *n.* 1. the state of being senior, ज्येष्ठता, वरिष्ठता; seniority list, वरिष्ठता-सूची। 2. precedence by reason of length of service, ज्येष्ठता; seniority list ज्येष्ठता-सूची।

senna (सेंन्´-अॅ) *n.* dried leaves of a tropical plant, सनाय।

senor (सेंन्-योः´) *n.* Mr. श्री, श्रीमान। (स्पैनिश)

senora (सेंन्-योः´-अॅ) *n.* Mrs. श्रीमती। (स्पैनिश)

sensation (सेंन्-से´-शॅन्) *n.* 1. a feeling coming from the senses, संवेदन, संवेदना, अनुभूति। 2. a condition of intense interest and excitement, सनसनी, उत्तेजना।

sensational (सेंन्-से´-शॅ-नॅल्) *adj.* 1. causing sensation, producing excitement, सनसनीदार, सनसनीखेज़। 2. wonderful, आश्चर्यकारक, आश्चर्यजनक।

sensationalism (सेंन्-से´-शॅ-नॅ-लिज़्-अॅम्) *n.* the use of sensational language to produce emotional excitement in the people, सनसनी फैलाने का कार्य।

sense (सेंन्स्) *n.* 1. any of the faculties of sight, hearing, smell, taste or touch, ज्ञानेंद्रिय। 2. feeling perceived through one of the senses, इंद्रियजन्य ज्ञान, अनुभूति। 3. mental perception, भावना, बोध; sense of guilt, अपराध-भावना, sense of proportion, अनुपात-बोध, औचित्य-बोध। 4. moral discernment, विवेक, बुद्धि। 5. correct judgment, सही निर्णय। 6. meaning or import, अर्थ या आशय। ☐ **come to one's senses,** होश आना; **in a sense,** एक अर्थ में; **make sense,** (कुछ) आशय होना या निकलना।
v. (sensed, sensing) 1. to become aware of, पता चलना, अनुभूत होना, महसूस होना, लगना, प्रतीत होना। 2. to understand, समझना, समझ में आना।

senseless (सेंन्स्´-लिस्) *adj.* 1. unconscious, अचेत, बेसुध, बेहोश। 2. meaningless, absurd, बेतुका, ऊटपटाँग, अर्थहीन। 3. foolish, मूर्ख, मूर्खतापूर्ण।

sensex (सेंन्´-सेंक्स्) *n.* the figure showing thr relative price level of shares at the particular time of the day, सूचकांक।

sensibility (सेंन्-सि-बिल्´-इ-टी) *n.* 1. समझदारी, समझ। 2. sensitiveness, संवेदनशीलता, भावुकता।

sensible (सेंन्´-सि-बॅल्) *adj.* 1. having or showing good sense, समझदार या समझदारी का। 2. aware, चौकन्ना, चौकस, सचेत। 3. reasonable, युक्तियुक्त या युक्तिशील। 4. sensitive, संवेदनशील। 5. capable of being apprehended by the senses, इंद्रियग्राह्य। 6. readily perceived, जो आसानी से समझ में आ जाए, सुबोध। 7. considerable, appreciable, अच्छा-खासा, काफ़ी, पर्याप्त। 8. considerable, पर्याप्त मात्रा में होनेवाला।

sensitive (सेंन्´-सि-टिव्) *adj.* 1. aware of and responsive to external conditions or the feeling of others, receptive, संवेदनशील, सुग्राही। 2. easily offended, भावुक, नाजुकमिज़ाज। 3. delicate, नाजुक, सुकुमार।

sensitive plant *n.* a very delicate plant, छुईमुई,

लाजवंती।

sensitivity (सेंन्-सि-टिव्´-इ-टी) *n.* 1. the quality or state of being sensitive, receptiveness, संवदेनशीलता, सुग्राहिता। 2. sentimentality, भावुकता। 3. peevishness, तुनकमिज़ाजी, चिड़चिड़ापन।

sensitize (सेंन्-सि-टाइज़्) *v.* (sensitized, sensitizing) 1. to make sensitive, संवेदनशील बनाना। 2. to become more sensitive, अधिक समझदार हो जाना।

sensory (सेंन्´-सॅ-री) *adj.* pertaining to the senses, इंद्रिय-संबंधी, ऐंद्रिय।

sensual (सेंन्´-शु-अॅल्) *adj.* 1. of or pertaining to the senses, ऐंद्रिय। 2. concerned with sexual pleasures, विषयासक्त, विषय-वासना-संबंधी, वैषयिक। 3. tending to arouse sexual appetite, कामभावना जाग्रत करनेवाला, कामज।

sensualist (सेंन्´-शु-अॅ-लिस्ट्) *n.* a person very interested in sensual pleasures, विषयभोगी, इंद्रियलोलुप, कामासक्त व्यक्ति।

sensuality (सेंन्-शु-ऐल्´-इ-टी) *n.* fondness for sensual pleasures, विषय-सुख, भोगविलास, भोगवृत्ति।

sensuous (सेंन्´-शु-अॅस) *adj.* appealing to the senses, pleasing to the senses, इंद्रियगत, इंदियगम्य; sensous pleasure, ऐंद्रियसुख।

sentence (सेंन्´-टॅन्स्) *n.* 1. a group of words as an expression of thought, वाक्य। 2. a punishment awarded by a law court to a person found guilty, सज़ा, दंडादेश, दंडाज्ञा; sentence of death मौत की सज़ा, मृत्यु का दंडादेश। *v.* (sentenced, sentencing) to pass sentence on, दंडादेश देना।

sentenced (सेंन्´-टॅन्स्ड्) *adj.* convicted and punished, जिसे मौत की सज़ा मिली हो, मृत्युदंड-प्राप्त, दंडादेशित।

sentential (सेंन्-टेंन्´-शॅल्) *adj.* 1. pertaining to a sentence, वाक्यगत, वाक्य-संबंधी। 2. of judicial sentence, दंडात्मक, दंडादेश-संबंधी।

sententious (सेंन्-टेंन्´-शॅस्) *adj.* 1. moralizing, नीतिविषयक, उपदेशात्मक। 2. pithy, अर्थगर्भित, सारगर्भित।

sentience (सेंन्´-शॅन्स्) *n.* 1. consciousness, चेतना। 2. sensitiveness, संवेदनशीलता।

sentient (सेंन्´-टि-अॅन्ट, सेंन्´-शॅन्ट) *adj.* aware, conscious, जागरूक, सावधान, सचेत।

sentiment (सेंन्´-टि-मॅन्ट्) *n.* 1. exaggerated emotion or feeling, भावुकता। 2. a thought, opinion or view coloured with emotion, भाव, भावना।

sentimental (सेंन्-टि-मेंन्´-टॅल्) *adj.* 1. swayed by sentiment, influenced by tender feeling, भावुक। 2. concerning the emotion, emotional, भावपूर्ण, भावुकताजन्य, भावुकतापूर्ण।

sentimentality (सेंन्-टि-मेंन्-टैल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being sentimental, भावुकता, भावप्रवणता, आवावेश।

sentimentalize (सेंन्-टि-मेंन्´-टॅ-लाइज़्) *v.* (sentimentalized, sentimentalizing) to be sentimental, भावुक हो उठना।

sentinel, sentry (सेंन्´-टि-नॅल, सेंन्´-ट्री) *n.* a guard or watchman, संतरी, प्रहरी।

sepal (सी´-पॅल्) *n.* any of the leaves forming a calyx, (फूल का) बाह्यदल।

separable (सेंप्´-अॅ-रॅ-बॅल्) *adj.* that can be separated, जिसे अलग किया या अलगाया जा सके, पृथक्करणीय।

separate (सेंप्´-अॅ-रेट्) *v.* (separated, separating) 1. to put apart or divide, अलग-अलग करना, अलगियाना। 2. to part, जुदा या अलग हो जाना, साथ छोड़ देना। *adj.* 1. not joined, united or connected, अलग, पृथक्, जुदा। 2. different, भिन्न। *n.* anything separate, अलग चीज़ या वस्तु।

separating (सेंप्-अॅ-रे´-टिंग्) *adj.* that separates or disjoins, पृथक्कारी।

separation (सेंप्-अॅ-रे´-शॅन्) *n.* the act of separating or the state of being separated, अलगाव, पृथक्करण, वियुक्ति। 2. the formal

agreement to live separately, पार्थक्य, विच्छेद। 3. division, विभाजन।

separatist (सॅप्´-अॅ-रॅ-टिस्ट्) ***n.*** a person or party who favours separation from a larger unit, अलगाववादी, पृथकतावादी।

separative (सॅप्´-अॅ-रे-टिव्) ***adj.*** tending to cause separation, पृथक्कारी।

separator (सॅप्´-अॅ-रे-टः) ***n.*** a device that separates cream from milk, मथानी।

sepoy (सी´-पॉइ) ***n.*** a policeman, सिपाही।

sepsis (सॅप्´-सिस्) ***n.*** the infection caused by poisonous bacteria in the body, पूति।

sept (सॅप्ट्) ***n.*** a clan, वंश, कुल, घराना।

septangular (सॅप्-टैंग्´-यॅ-लः) ***adj.*** having seven angles, सप्तकोणीय।

September (सॅप्-टॅम्´-बः) ***n.*** the ninth month of the year, सितंबर।

septet (सॅप्-टॅट्´) ***n.*** a group of seven, सप्तक।

septic (सॅप्´-टिक्) ***adj.*** of or caused by poisonous bacteria, पूतिक, सेप्टिक।

septicemia (सॅप्-टि-सी´-मि-अॅ) ***n.*** blood poisoning, ख़ून की ख़राबी, पूतिरक्तता।

septic tank ***n.*** an underground tank for disposing of sewage, सेप्टिक टैंक।

septuagenarian (सॅप्-टु-अॅ-जॅ-नेॲर्´-इ-अॅन्) ***n.*** a person in his (her) seventies, वह जिसकी अवस्था 70 और 80 वर्ष के बीच हो।

septum (सॅप्´-टॅम्) ***n.*** a dividing partition between two cavities, पट, पर्दा।

sepulchre (सॅप्´-अॅल्-कः) ***n.*** a tomb or grave, क़ब्र, मक़बरा, समाधि। ***v.*** (sepulchred, sepulchring) to bury in a sepulchre, क़ब्र में रखना या डालना, दफ़नाना।

sequel (सी´-क्वॅल्) ***n.*** 1. a consequence, परिणाम, फल। 2. a novel or play that continues the story of an earlier one, उत्तर कथा।

sequence (सी´-क्वॅन्स्) ***n.*** 1. a set of things, events or actions following each other continuously or in a particular order, अनुक्रम, सिलसिला। 2. a consequence, परिणाम। 3. a related or continuous series, अवली, श्रेणी; sequence of tenses कालावली (काल+अवली)।

sequential (सि-क्वॅन्´-शॅल्) ***adj.*** 1. forming a sequence, सिलसिलेवार, आनुक्रमिक। 2. consequent, परिणामिक।

sequester (सि-क्वॅस्´-टः) ***v.*** (sequestered, sequestering) 1. to seize or confiscate, ज़ब्त कर लेना, क़ब्ज़े में कर लेना। 2. to seclude, एकांतवास करना।

sequestrate (सि-क्वॅस्´-ट्रेट्) ***v.*** (squestrated, sequestrating) to seize, ज़ब्त कर लेना।

sequin (सी´-क्विन्) ***n.*** a small shiny or namental disc used to decorate garments, कपड़ों पर टाँकने की सीप, कटोरी।

seraglio (सि-रॅल्´-यो) ***n.*** a harem, हरम, अंतःपुर, रनिवास।

seraph (सॅर्´-अॅफ़्) ***n.*** an angel of the highest rank, देवदूत।

seraphic (सॅ-रैफ़्´-इक्) ***adj.*** of or pertaining to the seraphs, देवदूत-संबंधी।

sere, sear (सिअॅः) ***adj.*** 1. withered, कुम्हलाया हुआ। 2. dried up, सूखा हुआ।

serenade (सॅर्-अॅ-नेड्) ***n.*** a song sung or music played by a lover under the window of his beloved, प्रेमगीत या प्रेम-संगीत। ***v.*** (serenaded, serenading) to play or sing a serenade, प्रेमगीत गाना या प्रेम-संगीत बजाना।

serendipity (सॅर्-अॅन्-डिप्´-इ-टी) ***n.*** the natural ability to make discoveries, आविष्करण-प्रवृत्ति।

serene (सॅ-रीन्´) ***adj.*** completely calm and peaceful, शांत, शांतचित्त, धीर।

serenely (सॅ-रीन्´-ली) ***adv.*** in a serene manner, शांत भाव से, शांतचित्त होकर।

serenity (सॅ-रॅन्´-इ-टी) ***n.*** calmness, repose, शांति, धैर्य, गंभीरता।

serf (सःफ़्) ***n.*** a person in feudal servitude bound to the land, मध्यकालीन सामंतों का

बंधुआ मज़दूर, भूदास।

serfdom (स:फ़्´-डॅम्) *n.* the state of being a serf, बंधुआपन, भूदासता।

serge (स:ज्) *n.* twilled woollen cloth, एक प्रकार का ऊनी कपड़ा, सर्ज।

sergeant (सा:´-जॅन्ट्) *n.* an army officer, सेनाधिकारी; sergeant-at-arms, संसद आदि में शांति-व्यवस्था स्थापित करनेवाला सैनिक अधिकारी।

serial (सिअॅर्´-इ-ॲल्) *n.* a story broadcast or published in a series of regular instalments, धारावाहिक, सीरियल। *adj.* 1. of or forming a serial, धारावाहिक रूप में होनेवाला, क्रमिक, सिलसिलेवार। 2. of or arranged in series, श्रृंखलाबद्ध।

serialize (सिअॅर्´-इ-ॲ-लाइज़्) *v.* (serialized, serializing) to present as a serial, धारावाहिक रूप में छापना या दिखाना।

serial number *n.* a number, usually one of series that identifies one item, क्रमांक।

seriatim (सिअॅर्-इ-ए´-टिम्) *adv.* point by point, एक एक मद के विचार से, बिंदु-दर-बिंदु।

sericulture (सेॅर´-इ-कॅल्-चॅ:) *n.* the business of raising silk worms, कोया-उद्योग, रेशम के कीड़े पालने का उद्योग।

series (सिअॅर्´-ईज़्) *n.* a group of things coming one after another, माला, श्रृंखला, श्रेणी, अवली।

serious (सिअॅर्´-इ-ॲस्) *adj.* 1. grave, sober, thoughtful, गंभीर, गंभीरतापूर्ण; serious face गंभीर मुखमुद्रा। 2. causing anxiety, चिंताजनक चिंतनीय, घोर; serious illness घोर या चिंताजनक बीमारी; serious situation, गंभीर स्थिति। 3. not slight, important, घोर; serious inconvenience, घोर असुविधा। 4. not light hearted, sincere जो हँसी-मज़ाक के रूप में न हो, सही, सच्चा। 5. difficult, कठिन, विकट।

seriously (सिअॅर्´-इ-ॲस्-ली) *adv.* in a serious way, गंभीरता से, गंभीरतापूर्वक। ☐ **take something seriously** गंभीरता से लेना, गंभीर या महत्त्वपूर्ण समझकर उपभोग या व्यवहार करना।

seriousness (सिअॅर्´-इ-ॲस्-निस्) *n.* 1. the quality or state of being serious गंभीरता। 2. danger, ख़तरा। 3. importance, महत्त्व।

sermon (स:´-मॅन्) *n.* a religious discourse, प्रवचन, उपदेश।

sermonize (स:´-मॅ-नाइज़्) *v.* (sermonized, sermonizing) to deliver a religious discourse (often tedious, प्राय: लंबा और थकाऊ) प्रवचन करना, उपदेश देना।

sermonizer (स:´-मॅ-नाइ-ज़ॅ:) *n.* one who delivers sermons, प्रवचनकर्ता, उपदेशक।

serpent (स:´-पॅन्ट्) *n.* 1. a large snake, बड़ा साँप, नाग। 2. a wicked person, दुष्ट व्यक्ति।

serpentine (स:´-पॅन्-टाइन्) *adj.* snake-like, सर्पिल।

serrated (सि-रे´-टिड्) *adj.* saw-like, दाँतेदार।

serried (सेॅर्´-ईड्) *adj.* pressed closely together, सटा हुआ, घना; in serried ranks कंधे से कंधा भिड़ाए हुए।

serum (सिअॅर्´-ॲम्) *n.* 1. the watery fluid separated from the blood, रक्त का जलीय अंश, सीरम। 2. a fluid of this kind obtained from an animal used for inoculations, सीरम।

serval (स:´-वॅल्) *n.* a tiger cat of Africa, बिल्ली की जाति का अफ़्रीकी पशु।

servant (स:´-वॅन्ट्) *n.* 1. one employed to do domestic work, नौकर, चाकर। 2. an employee, कर्मी, कार्यकर्ता, नौकर, सेवक। ☐ **your humble servant,** दास, दासानुदास।

serve (स:व्) *v.* (served, serving) 1. to work for, सेवा करना, ख़िदमत करना। 2. to spend (time, समय) काटना या भुगतना। 3. to attend to, हाज़िरी बजाना, सेवा में उपस्थित होना। 5. to meet a need, आवश्यकता पूरी करना, काम चलाना, काम आना। 6. to be of assistance to, सहायक होना, मददगार होना। 7. to place

(food) before, परसना, परोसना, देना या लगाना। 8. to put a ball in play, (टेनिस, बैडमिंटन आदि खेलों में) सर्विस करना। 9. (law) to deliver (a summons, समन) तामील करना।

server (स: ´-वें:) *n.* one whose duty is to serve food in hotels etc., (भोजन) परोसनेवाला।

service (स: ´-विस्) *n.* 1. the act of serving, the act of help or assistance, सेवा, सेवाकार्य; public service जनसेवा। 2. the occupation of a servant, नौकरी, चाकरी, सेवा। 3. a government department, राजकीय विभाग, महकमा; Indian Administrative Service भारतीय प्रशासन सेवा। 4. helpful or beneficial work, सेवा, टहल, जनहित कार्य। 5. public worship (in certain prescribed forms) अनुष्ठान, पूजा, अर्चना। 6. maintenance and repairs provided by a dealer, सर्विस। 7. the act or manner of serving food, (भोजन) परोसने का कार्य या ढंग। 8. the serving (of a summons, समन) तामील करना। 9. to serve in a game, सर्विस। □ **in the services,** फौज में, सेना में। *v.* (serviced, servicing) 1. to repair or overhaul, मरम्मत या ओवरहालिंग करना। 2. to provide service to, सेवा अर्पित करना, सेवा करना। 3. to mate with (a female animal, मादा से) संग करना, जोड़ा खाना।

serviceability (स:-वि-सॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* the quality of being serviceable, उपयुक्तता, उपयोज्यता।

serviceable (स: ´-वि-सॅ-बॅल्) *adj.* 1. usable, काम में लाने योग्य। 2. durable, टिकाऊ, मज़बूत।

service book *n.* the book in which the records of the serviceman are maintained, सेवा-पुस्तिका।

service charge *n.* the amount of money charged for the service done, सेवा-प्रभार।

service hours *n.* working hours, कार्य घंटे।

serviceman (स:´-विस्-मॅन्) *n.* a male member of the army, फौजी, सैनिक।

services (स: ´-वि-सिज़्) *n.* (plu.) 1. work performed for remuneration, सेवा, ख़िदमत, सेवाकार्य। 2. the armed forces, सेना, फ़ौज। 3. a system to provide the public with water, elctricity, telephone etc. सेवा।

service station *n.* a place where automobile repair is available, सेवाकेंद्र, सर्विस स्टेशन। 2. a filling statiom, पेट्रोल पंप।

service woman *n.* a female member of the army, महिला सैनिक।

serviette (स:-वि-ऍट्´) *n.* a napkin, नैपकिन।

servile (स: ´-वाइल्) *adj.* 1. of a slave, दासोचित। 2. mean, हेय, नीच। 3. too submissive, जी-हज़ूर। 4. flattering, चापलूस।

servility (स:-विल्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being servile, दासों के लिए उचित होने की अवस्था या भाव; जी-हजूरी; चापलूसी।

servitude (स: ´-वि-ट्यूड्) *n.* slavery, bondage, दासता, गुलामी।

servo (स:´-वो) *n.* a mechanism that controls larger mechanism, किसी बड़े यंत्र-तंत्र को नियंत्रित करनेवाली यंत्र-पद्धति।

sesame (सेंस्´-ऑ-मी) *n.* oil seeds of a plant, तिल।

session (सेंश्´-ऑन्) *n.* 1. a meeting of a legistature etc., अधिवेशन, सत्र, बैठक। 2. an academic term, सत्र।

sessional (सेंश्´-ऑ-नॅल्) *adj.* of or pertaining to a session, सत्रीय, सत्र-संबंधी

sessions (सेंश्´-अन्ज़्) *n.* (plu.) any of certain meetings of a law court, सत्र; sessions judge सत्र न्यायाधीश।

set (सेंट्) *v.* (set, setting) 1. to put or place in a specified position, रखना, धरना। 2. to fix or adjust, जड़ना, बैठाना, लगाना। 3. to prescribe or determine, नियत करना, निश्चित करना। 4. to arrange or restore to proper state, व्यवस्थित करना, (खाने की मेज़) लगाना,

(अक्षर) बैठाना। 5. to establish, स्थापित या प्रस्थापित करना। 6. to give (a piece of work) to do, काम देना। 7. to disappear below the horizon, अस्त होना। 8. to become solid, जम जाना, पत्थर हो जाना। 9. to give a particular setting पृष्ठभूमि तैयार करना। □ **all set,** तैयार; **set about** आरंभ करना; **set against,** (i) तुलना करना, (ii) शत्रु बनाना, (iii) अवैध ठहराना; **set back,** (i) पीछे करना, (ii) पीछे धकेलना; **set down,** (i) उतारना, (ii) नीचे रखना, (iii) लिख या टाँक लेना; **set forth,** (i) व्यक्त करना, (ii) प्रकाशित करना; **set in,** (i) आरंभ होना, आना, (ii) (हवा का) किनारे की ओर आना; **set off,** (i) कार्य आरंभ करना, (ii) यात्रा आरंभ करना, (iii) विस्फोट करना; **set on,** (i) उकसाकर पीछे लगाना, (ii) आक्रमण करना; **set out,** (i) रवाना होना, (ii) शुरू करना, (iii) व्यक्त करना, व्याख्या करना; **set right,** ठीक कर देना; **set to,** आरंभ करना; **set up,** खड़ा करना, लगाना, स्थापित करना; **set upon,** आक्रमण करना। *adj.* 1. fixed, predetermined, नियत, निश्चित, पूर्व-निर्धारित। 2. firm, स्थिर, अटल, दृढ़। 3. ready, प्रस्तुत, तैयार। *n.* 1. a group of certain connected things forming a unit, सेट। 2. a collection of things having a common property, कुलक, समुच्चय, सेट। 3. a gang, गिरोह, दल।

setback (सेंट्´-बैक्) *n.* 1. a blow, आघात। 2. defeat, पराजय।

set square *n.* (maths) a triangular piece of wood, plastic etc. having one of its angles as right angle, कोनिया।

settee (सें-टी´) *n.* a seat for two or more people, a small sofa, बेंच, सेटी।

setter (सें-टॅ:´) *n.* 1. one who sets something, स्थापित करनेवाला, रखनेवाला, बैठानेवाला। 2. a hunting dog, एक शिकारी कुत्ता।

setting (सेंट्´-इंग्) *n.* 1. the surroundings in which something is set, पृष्ठभूमि, परिवेश। 2. a set of tableware at one place on a table, मेज़ पर एक जगह रखे जानेवाले बर्तन। 3. stage scenery, मंच-दृश्य। 4. the place or period in which a story or play takes place, पृष्ठभूमि। 5. a frame for a jewel etc., घर, आधार।

settle (सेंट्´-अॅल्) *v.* (settled, settling) 1. to put into order, व्यवस्थित करना। 2. to put, plant or set in place, लगाना, जमाना या बैठाना। 3. to establish, स्थापित करना। 4. to establish residence in, बसना या रहना। 5. to cause to sink, (तलछट को) जमने देना या जमाना। 6. to decide or determine, निर्णीत करना, निश्चित करना। 7. to end (a dispute, झगड़ा) निपटाना, तय करना। 8. to become composed, शांत होना। 9. to come to rest, स्थिर या स्थित होना, बैठना या ठहरना। 10. to descend, उतरना। 11. to become localized, केंद्रित होना। 12. to become firm or compact, जम जाना, बैठ जाना, स्थिर हो जाना। □ **settle down,** स्थायी रूप से बसना या रहना; **settle upon,** निश्चय करना; **settle with,** समझौता करना, क़रार करना।

settled (सेंट्´-अॅल्ड्) *adj.* 1. inhabited, बसा हुआ, आबाद। 2. stable, स्थिर। 3. decided, निश्चित। 4. arranged, व्यवस्थित। 5. paid, चुकता।

settlement (सेंट्´-अॅल्-मॅन्ट्) *n.* 1. a newly colonized region, बस्ती, उपनिवेश। 2. residence, आवास। 3. arrangement, व्यवस्था, बंदोबस्त। 4. agreement, क़रार, समझौता, निपटारा। 5. payment, भुगतान, देना।

settler (सेंट्´-लॅ:) *n.* a person who settles in a new country, नए देश में बस जानेवाला।

settlings (सेंट्´-लिंग्स्) *n.* (plu.) sediment, तलछट।

settlor (सेंट्´-लॅ:) *n.* one who make a settlement. करारकर्ता, समझौता-कर्ता।

setto (सेंट्´-ऊ) *n.* 1. a fistfight, मुक्कामुक्की, घूँसेबाज़ी। 2. a fight, लड़ाई। 3. an argument,

तर्क।

seven (सेंव्´-अंन्) *adj & n.* 1. the number equal to the some of six plus one, सात। 2. the card with seven points, सत्ता। □ **seven seas,** संसार के सातों समुद्र।

seventeen (सेंव्´-अंन्-टीन्) *n.* the cardinal number between sixteen and eighteen, सत्रह (17); seventeenth सत्रहवाँ।

seventh (सेंव्´-अंन्थ्) *adj.* coming after sixth, सातवाँ। □ **in the seventh heaven,** सातवें स्वर्ग में अर्थात् अत्यंत सुखद स्थिति में।

seventieth (सेंव्´-अंन्-टि-अंथ्) *adj.* followed by sixty-nine. सत्तरवाँ।

seventy (सेंव्´-अंन्-टी) *n.* the cardinal number between sixty-nine and seventy-one, सत्तर (70)।

sever (सेंव्´-अं:) *v.* (severed, severing) 1. to cut, break off or separate, कटना या काटना, अलग करना या होना। 2. to dissolve, विघटित करना या होना।

severable (सेंव्´-अं-रं-बंल्) *adj.* that can be severed, जो कट सके या काटा जा सके, जो अलग हो सके या अलग किया जा सके।

several (सेंव्´-अं-रंल्) *adj.* 1. many, अनेक, कई। 2. different, separate, विभिन्न या पृथक्।

severally (सेंव्´-अं-रं-ली) *adv.* separately, respectively, अलग-अलग, पृथक्-पृथक्।

severance (सेंव्´-अं-रंन्स्) *n.* the act of severing or the state of being severed, विच्छेदन, पृथक्करण, अलगाव, संबंधविच्छेद।

severe (सॅ-विअं:´) *adj.* 1. stern, strict, कड़ा, कठोर। 2. violent, intense, घोर, प्रचंड, तीव्र। 3. sharp, rigorous, तेज़, तीक्ष्ण, तीखा। 4. extremely plain or simple, सीधा-सादा, सादा, सादगी-भरा।

severely (सॅ-विअं:´-ली) *adv.* sternly, strictly, कठोरतापूर्वक, सख़्ती से।

severity (सॅ-वेंर्´-इ-टी) *n.* 1. strictness, कड़ाई, कठोरता। 2. seriousness, गंभीरता।

sew (स्यु, सो) *v.* (sewed, sewn/sewed, sewing) to fasten with a needle and thread, सीना, सिलाई करना। □ **sew up** (i) (कोई चीज़) सी डालना, (ii) क़ब्ज़े में कर लेना।

sewage (स्यू´-इज्, सू´-इज्) *n.* the water and waste matter carried off by sewers, नालियों तथा सीवरों द्वारा बहा ले जाया जानेवाला पानी और कूड़ा-कर्कट।

sewer (स्यू´-अं:, सू´-अं:) *n.* underground pipe or drains for carrying off water and waste matter, मलनाली, सीवर।

sewerage (स्यू´-अं:-इज्, सू´-अं:-इज्) *n.* the system of sewers, सीवेज, सीवर-प्रणाली, सीवर-व्यवस्था।

sewing (स्यू´-इंग्, सू´-इंग्) *n.* the act or occupation of a person who sews, सिलाई, सिलाई का काम।

sex (सेंक्स्) *n.* 1. either of the two divisions of the organisms as male or female, प्राणियों के दो विभाग—नर और मादा, स्त्री और पुरुष; sex ratio, स्त्री-पुरुष अनुपात। 2. males or females collectively, नर-समूह, मादा-समूह, नर जाति, मादा जाति। 3. sexual urge, कामावेग, कामेच्छा। 4. sexual intercourse, मैथुन, संभोग, सहवास। 5. all the activity between males and females which is connected with this act, यौन-क्रियाकलाप।

sexagenarian (सेंक्-सॅ-जि-नेंअंर्´-इ-अंन्) *n.* a person between sixty and seventy years of age, साठ और सत्तर वर्ष के बीच का व्यक्ति।

sex appeal *n.* the physical charm that attracts the members of opposite sex, यौनाकर्षण।

sexblind (सेंक्स्´-ब्लाइन्ड्) *adj.* having erotic desire for sex, कामांध।

sexed (सेंक्स्ट्, सेंक्स्ड्) *adj.* dominated by sexual desire, कामासक्त; over-sexed, अतिकामासक्त।

sexiness (सेंक्´-सि-निस्) *n.* the quality or state of being sexy, कामुकता।

sexism (सेंक्´-सिज़्-अंम्) *n.* discrimination by members of one sex against the other,

लिंग-भेद की भावना, लैंगिक भेदभाव।

sexless (सेक्स्´-लिस्) *adj.* 1. without love, कामरहित। 2. impotent, नपुंसक।

sexology (सेक्-सॉल्´-अॅ-जी) *n.* the science dealing with sex-behaviour, यौन-विज्ञान।

sex organ *n.* the organ of sex, कामेंद्रिय।

sex pervert *n.* one whose sexual behaviour is different from natural, काम-विपर्यस्त।

sexridden (सेक्स्´-रिड्-अॅन्) *adj.* dominated by sexual desire, कामातुर, कामोन्मत्त।

sextant (सेक्स्´-टॅन्ट्) *n.* an instrument for measuring altitudes of the celestial bodies, आकाशीय पिंडों की दूरी नापने का यंत्र।

sextet (सेक्स्-टेट्´) *n.* a group of six musicians, छह गायकों या वादकों का दल।

sexton (सेक्स्´-टॅन्) *n.* a person responsible for the maintenance of church property, वह जो गिरजे का रख-रखाव करता हो, संपत्ति-रक्षक।

sextupel (सेक्स्´-टू´-पॅल्) *adj.* having six parts, जिसके छह भाग हो।

sextuplet (सेक्स्-टप्´-लिट्) *n.* one of six offspring delivered at one birth, एक साथ छह जनमे बच्चों में से कोई एक।

sexual (सेक्´-शू-अॅल्) *adj.* of or pertaining to sex or sexes, यौन-संबंधी, काम-संबंधी।

sexuality (सेक्-शू-ऐल्´-इ-टी) *n.* sexual desire, कामवासना, कामभाव, यौनभाव।

sexually (सेक्´-शू-अॅल्-ई) *adv.* 1. with reference to sex, यौन दृष्टि से।2. in a sexual manner, कामभाव से।

sexy (सेक्´-सी) *adj.* arousing sexual desire, कामाद्दीपक, कामोत्तेजक।

shabby (शैब्´-ई) *adj.* 1. worn-out, फटा-पुराना, चिथड़ा।2. dirty, मैला-कुचैला।3. badly dressed, फटीचर। 4. showing neglect or improper care, फूहड़, भद्दा। 5. stingy, कंजूस।

shabbily (शैब्´-इ-ली) *adv.* in a shabby manner, भद्दे ढंग से, फूहड़पन से।

shack (शैक्) *n.* a small house or hut, साधारण छोटा मकान, झोंपड़ी, झुग्गी। □ **shack up** (i) रात बिताना या गुज़ारना, (ii) संभोग करना।

shackle (शैक्´-अॅल्) *n.* 1. a metal fastening for encircling the wrist or ankle of a prisoner, हथकड़ी या बेड़ी। 2. a device for fastening the door, कुंडी। 3. (plu.) something that restrains, बंधन। *v.* (shackled, shackling) to put shackles on, हथकड़ी या बेड़ी पहनाना।

shade (शेड्) *n.* 1. comparative darkness or partial light, छाया। 2. representation of darkness in painting or drawing, छायांकन। 3. a small difference or shade, छाया, रंगत, बारीकी। 4. a touch or trace, पुट, थोड़ा-सा अंश। 5. a device to screen from light, छाया करनेवाला भाग, झाँप। 6. anything lacking reality, अवास्तविक वस्तु, छायाभास, छाया। 7. a spirit or ghost, प्रेतात्मा। □ **put (something) into the shade** महत्त्व गिरा देना, उपेक्षा करना। *v.* (shaded, shading) 1. to protect or screen from light or heat, छाया करना। 2. to put a shade on, शेड लगाना। 3. to make dim, धुँधला करना। 4. to darken, छायांकन करना।

shadeless (शेड्´-लिस्) without shade, छायाविहीन।

shading (शे´-डिंग्) *n.* the representation of light or shade in a picture, छायांकन।

shadow (शैड्´-ओ) *n.* 1. shade cast upon a surface, परछाईं, साया। 2. image, प्रतिबिंब। 3. a person's inseparable companion or attendant, छाया की तरह किसी के साथ लगा रहनेवाला व्यक्ति। 4. gloom, depression, अवसाद, विषाद। 5. a slight trace, लेशमात्र। 6. a ghost, भूत, प्रेत। 7. something unreal, छायाभास, मरीचिका। □ **in the shadow of,** अत्यंत निकट; **under the shadow of,** के ख़तरे में। *v.* (shadowed, shadowing) 1. to cast shadow over, छाया डालना, परछाईं डालना।

2. to protect, रक्षा करना। 3. to make dark, धुँधला करना। 4. to make gloomy, उदास या खिन्न करना। 5. to foreshadow, आभास देना। 6. to follow, पीछा करना। *adj.* imaginary, काल्पनिक, नक़ली; shadow-boxing नकली मुक्केबाज़ी, shadow cabinet छाया मंत्रिमंडल।

shadowgraph (शै´-डो-ग्राफ़्/ग्रैफ़्) *n.* an x-ray photograph, छायाचित्र।

shadowy (शै´-डो-ई) *adj.* 1. shady, छायादार। 2. shaded, छायांकित। 3. dim, धुँधला, अस्पष्ट।

shady (शे´-डी) *adj.* 1. giving shade, छायादार। 2. of dubious character, निंद्य, कुत्सित, गर्हित।

shaft (शैफ़्ट्) *n.* 1. long stem (of a spear, arrow, axe etc., भाले, तीर, कुल्हाड़े आदि का दंड/डंडा। 2. the handle of a hammer etc. डंडा, बेंट। 3. a revolving rod, axle, धुरा। 4. a beam, शहतीर, धरन, बल्ली। 5. a ray, प्रकाश-किरण। 6. a sloping passage giving access to a mine, खान में जाने का गहरा रास्ता।

shag (शैग्) *n.* 1. a mass of matted hair, झबरे बाल या उलझे रेशों का गुच्छा। 2. a napped fabric, रोएँदार कपड़ा। 3. shredded coarse tobacco, कटा तंबाकू।

shaggy (शैग्´-ई) *adj.* 1. having long coarse hair, or fibre, बड़े-बड़े बालों या रेशोंवाला, झबरा। 2. rough, ख़ुरदरा।

shaggy-dog story *n.* a very long joke, लंबा-चौड़ा मज़ाक।

shake (शेक) *v.* (shook, shaken, shaking) 1. to cause to move with short, quick movements, ज़ोर से हिलाना, झकझोरना। 2. to tremble or quiver, हिल उठना, थर्राना, कँपाना। 3. to unsettle, विचलित होना/करना। 4. to stagger, लड़खड़ाना, डगमगाना। □ **shake down,** झकझोर देना; **shake off,** पीछा या पिंड छुड़ाना; **shake out,** झकझोरकर गिराना; **shake up,** (i) हिला-डुलाकर मिलाना, (ii) तंग करना।

shakedown (शेक्´-डॉउन्) *n.* a thorough search, तलाशी।

shake-up (शेक्´-अप्) *n.* reorganisation of drastic nature, आमूल परिवर्तन, पुनर्संघटन।

shaky (शे´-की) *adj.* 1. unstable, trembling, अस्थिर, डाँवाँडोल। 2. unsafe, weak, असुरक्षित, कमज़ोर।

shale (शेल्) *n.* a fine grained rock, स्लेटी पत्थर।

shall (शैल्) *v.* used as an auxiliary verb indicating future predictions, भविष्यत्काल की सूचक सहायक क्रिया।

shallot (शैल्´-ऑट्, शॅ-लॉट्´) *n.* an onion like plant, प्याज़ की तरह का एक पौधा।

shallow (शैल्´-ओ) *adj.* 1. not deep, छिछला, उथला। 2. lacking depth of meaning, character etc., उथला, ओछा। 3. superficial, सतही।

shallowness (शैल्´-ओ-निस्) *n.* the state of being shallow, छिछलापन।

sham (शैम्) *n.* 1. a pretence, बहाना। 2. something not genuine, दिखावा, ढोंग या धोखा। 3. a person who falsely affects a certain character, स्वाँग रचनेवाला, ढोंगी, पाखंडी। *adj.* 1. not genuine, नक़ली। 2. pretended, ढोंग-भरा, पाखंड-भरा। *v.* (shammed, shamming) 1. to pretend, बहाना करना। 2. to pretend to be, स्वाँग रचना, बनना।

shaman (शा´-मॅन्, शैम्´-ॲन्) *n.* a religious person who can summon spirits, आत्माओं का आवाहन करनेवाला धर्माचार्य।

shamanism (शा´-मॅ-निज़्-ॲम्) *n.* the science of summoning of spirits, आत्माओं का आवाहन करने की विद्या।

shamble (शैम्´-बॅल्) *v.* (shambled, shambling) to move along in an awkward or unsteady way, पैर घसीटते हुए या भद्दे ढंग से चलना। *n.* an awkward or unsteady walk, घसीट चाल, भद्दी चाल।

shambles (शैम्´-बॅल्ज़्) *n.* 1. a slaughter-house, बूचड़ख़ाना। 2. a scene of bloodshed,

रक्तरंजित स्थल। 3. condition of great destruction, विनाश-लीला। 4. condition of great disorder, खड़मंडल, अस्तव्यस्तता।

shame (शेम्) *n.* 1. disgrace, ignominy, लज्जा, शर्म, शर्मिंदगी। 2. something that brings disgrace, लज्जा की बात या काम, बेशर्मी की बात। *v.* (ashamed, ashaming) to make ashamed, शर्मिंदा करना, लज्जित करना।

shamefaced (शेम्´-फ़ेस्ट्´/फ़ेस्ड्) *adj.* 1. bashful, लाज-भरा, लज्जालु, शर्मीला। 2. ashamed, लज्जित, शर्मिंदा।

shamefacedly (शेम्´-फेस्ड्-ली) *adv.* in a shamefaced manner, लजाते हुए।

shameful (शेम्´-फ़ुल्) *adj.* disgraceful, bringing or causing shame, लज्जाजनक, शर्मनाक।

shamefully (शेम्´-फ़ु-ली) *adv.* in a shameful manner, बेशर्मी से, बेहयाई से, निर्लज्जापूर्वक।

shameless (शेम्´-लिस्) *adj.* 1. having no feeling of shame, निर्लज्जतापूर्वक, बेहयाई से। 2. obstinate, impudent, ढीठ, उद्धत।

shamelessly (शेम्´-लिस्-ली) *adv.* shamefully, निर्लज्जतापूर्वक, बेहयाई से।

shamelessness (शेम्´-लिस्-निस्) *n.* impudence, obstinacy, ढीठपन, निर्लज्जता, बेहयाई।

shammy (शैम्´-ई) *n.* chamois, मृगछाला।

shampoo (शैम्-पू´) *v.* (shampooed, shampooing) to wash the hair, सिर धोना, केश धोना। *n.* 1. the washing of the hair, केश-धुलाई, सिर-धुलाई। 2. a preparation of soap to wash the hair, शैंपू।

shamrock (शैम्´-रॉक्) *n.* a plant, तिपतिया (पौधा)।

shanghai (शैंग्´-हाइ, शैंग्-हाइ´) *v.* (shanghaied, shanghaiing) to take (a person) by force or trickery and compel him to do something, (किसी का) अपहरण करना, और (उसे) कुछ करने के लिए विवश करना।

Shangri-La (शैंग्-ग्रि-ला´) *n.* an imaginary paradise on earth, धरती का काल्पनिक स्वर्ग।

shank (शैंक्) *n.* 1. the part of the human leg between the knee and ankle, पिंडली। 2. a cut of meat from the leg of an animal, पिंडली का मांस। 3. a long narrow middle part of something, डंडी, मध्यांग; shank of the key ताली की डंडी; shank of the flower फूल की डंडी; shank of the spoon चम्मच की डंडी।

shanks's pony *n.* one's own legs used for walking, अपनी टाँगें; The car is broken down so we will use the shank's pony. कार ख़राब हो गई है, चलिए अपनी टाँगें सलामत हैं। *adv.* on foot, पैदल।

shantung (शैन्-टंग्´) *n.* a heavy silk fabric, एक प्रकार का मोटा रेशमी कपड़ा।

shanty (शैन्´-टी) *n.* a small house or hut, shack, झुग्गी, झोंपड़ी।

shanty town *n.* the part of a city full of shanties, झुग्गी-झोंपड़ियों की बस्ती, मलिन बस्ती।

shapable (शेप्´-अॅ-बल्) *adj.* that can be shaped or moulded, गढ़ने योग्य, बनाने योग्य, सुघट्य।

shape (शेप्) *n.* 1. a form with a definite outline, आकृति, शक्ल, रूप। 2. organized or definite form, शक्ल, सूरत। 3. mould, ढाँचा। 4. pattern, प्रतिमान, नमूना। 5. condition, स्थिति। □ **out of shape,** ख़राब स्थिति में; **take shape,** रूप धारण करना। *v.* (shaped, shaping) 1. to give a particular form to, रूपायित करना। 2. to take a particular form, रूपायित होना। 3. to plan or devise, चरितार्थ करना, रूपायित करना। 4. to develop, विकास करना।

shapeless (शेप्´-लिस्) *adj.* without shape, आकृतिहीन, अरूप, निराकार।

shapely (शेप्´-ली) *adj.* 1. having a pleasing shape, सुंदर आकृतिवाला, नयनाभिराम। 3. well-formed, सुडौल, सुगठित।

shaper (शेप्´-अ:) *n.* 1. a person who shapes material etc., गढ़ैया। 2. a machine that shapes material etc., शेपर मशीन।

shard (शा:ड्) *n.* a broken piece of pottery, मिट्टी के बर्तन का छोटा टुकड़ा, ठीकरा।

share (शेॲ:) *n.* 1. a part or portion belonging to someone, अंश, हिस्सा, भाग। 2. one of the equal parts forming a business company's capital, पत्ती, शेयर, हिस्सा।3. the portions into which some property is divided, अंश, भाग, हिस्सा। *v.* (shared, sharing) 1. to distribute in shares, to divide in portion, हिस्से लगाना, हिस्से बाँटना। 2. to participate, हिस्सा लेना, सम्मिलित होना। 3. to have a share of, हिस्सा होना।

sharecropper (शेॲ:´-क्रॉप्-अ:) *n.* a farmer who gives a share of crop to the landlord, बँटाईदार।

shareholder (शेॲ:´-होल्-ड:) *n.* one who holds a share, अंशधारी, शेयर-होल्डर।

shark (शा:क्) *n.* 1. a large sea fish, शार्क (मछली)। 2. (fig.) a cheat, धोखेबाज़, धूर्त, ठग।

sharp (शा:प्) *adj.* 1. having a fine edge for cutting, तेज़ धारवाला, धारदार, पैना, तीक्ष्ण, तीखा।2. clear, distinct, पूर्णतः स्पष्ट, सुस्पष्ट, तीखा; sharp features तीखे नाक-नक़्श। 3. biting, काटनेवाला, कटहा।4. severe, प्रचंड, तीव्र। 5. intelligent, बुद्धिमान, कुशाग्रबुद्धि। 6. vigorous, कर्मठ या उत्साही।7. harsh, कटु, कठोर, तीखा। 8. pungent, चरपरा, तीता। 9. involving a sudden change in direction, अंधा; sharp turn अंधा मोड़।*adv.* 1. exactly, ठीक; five p.m. sharp, ठीक पाँच बजे। 2. in a sharp manner, होशियारी से।*n.* a swindler, धूर्त व्यक्ति।

sharpen (शा:´-पॅन्) *v.* (sharpened, sharpening) 1. to make sharp, तेज़ करना, धार तेज़ करना, धार रखना या लगाना। 2. to become sharp, तेज़ होना।

sharpener (शा:´-पॅ-नॅ:) *n.* 1. one who sharpens the knives, tools etc., सान लगाने या धरनेवाला। 2. a device for sharpening the pencil, शार्पनर।

sharper (शा:´-पॅ:) *n.* 1. a swindler, धोखेबाज़, ठग। 2. a swindler at cards, पत्तेबाज़, पत्ते लगानेवाला।

sharp-eyed (शा:प्-आईड्´) *adj.* quick at noticing things, तेज़ नज़रवाला, तीक्ष्णदृष्टि।

sharpness (शा:प्´-निस्) *n.* the quality or state of being sharp, तेज़ी, तीक्ष्णता, चोखापन, पैनापन।

sharp-shooter (शा:र्प्´-शू-टॅ:) *n.* a skilled marksman, कुशल निशानेबाज़।

sharp-sighted (शा:प्´-साइ-टिड्) *adj.* 1. having a sharp eyesight, पैनी दृष्टिवाला। 2. heedful, सजग।

sharp-tongued (शा:प्´-टन्ड्) *adj.* using harsh language, (ज़बान का) कड़ुआ।

sharp-witted (शा:प्´-विट्-इड्) *adj.* keenly observant, प्रत्युत्पन्नमति।

shatter (शैट्´-अ:) *v.* (shattered, shattering) 1. to break violenty into pieces, चूर-चूर करना, चकनाचूर करना। 2. to burst suddenly into pieces, चूरचूर होना, चकनाचूर होना।3. to destroy, नष्ट करना।

shavable (शेव्´-अॅ-बल्) *adj.* that can be shaved, (दाढ़ी) बनाने योग्य, मूँड़ने योग्य।

shave (शेव्) *v.* (shaved, shaven/shaved, shaving) 1. to cut the beard with a razor, दाढ़ी बनाना। 2. to cut the hair, बाल काटना या मूँड़ना। 3. to cut off in very thin pieces or slices, पतले-पतले टुकड़े करना। 4. to come close to in passing, बच जाना। *n.* an act, process or result of shaving, दाढ़ी बनाने का काम या बनी दाढ़ी। □ **close/narrow shave,** बाल-बाल बचाव।

shaver (शे´-वॅ:) *n.* 1. a shaving device, दाढ़ी बनाने की मशीन। 2. a razor, उस्तरा। 3. a person who shaves, नाई, हज्जाम।

shaving (शेविंग्) *n.* 1. the act of closely cutting the hair, हजामत। 2. something shaved off, छीलन।

shavings (शे´-विंग्स्) *n.* (plu.) thin strips of wood, छीलन।

shawl (शा:ल्) *n.* a piece of fabric used as covering, शाल।

she (शी) *pron.* 1. used for female person or thing, वह (plu. they वे)। 2. female animal, मादा; she-goat बकरी।

sheaf (शीफ़्) *n.* a bunch or bundle of cut stalks of grain, पूला, पुलिंदा।

shear (शिअँ:) *v.* (sheared, shorn/sheared, shearing) 1. to remove (wool) by cutting, (भेड़ आदि को) मूँड़ना, ऊन कतरना। 2. to deprive, छीन लेना, लूटना-खसोटना। □ **be shorn of,** मूँड़ा जाना, रहित कर दिया जाना।

shears (शिअँ:ज़्) *n.* a large-sized scissors, बड़ी कैंची, कैंचा।

sheath (शीथ्) *n.* 1. a case for the blade of a sword, म्यान, असिकोष। 2. any similar close fitting covering or case, आवरण, गिलाफ़। 3. a condom, निरोध।

sheathe (सीद्) *v.* (sheathed, sheathing) 1. to put into a sheath, म्यान में डालना या रखना।

sheathing (शी´-दिंग्) *n.* 1. case or covering, खोल, आवरण, गिलाफ़ आदि। 2. the act of putting something in a sheath, म्यान में रखने की क्रिया या भाव।

sheave (शीव्) *v.* (sheaved, sheaving) a pulley, पुली।

shebeen (शि-बीन्´) *n.* a place where alcoholic drink is sold illegally, अवैध-शराब बिकने का अड्डा।

shed[1] (शेंड्) *n.* a small structure for storage or shelter, सायबान, शेड।

shed[2] *v.* (shed, shedding) 1. to pour forth, बहना। 2. to cause to pour forth, बहाना। 3. to take off, उतारना। 4. to lose, झड़ना। 5. to repel, हटाना, दूर करना। □ **shed light upon,** स्पष्टीकरण करना, (मामले) पर प्रकाश डालना।

sheen (शीन्) *n.* 1. lustre, चमक, चमक-दमक, दीप्ति। 2. pomp and show, तड़क-भड़क।

sheeny (शीन्´-ई) *adj.* shining, चमकीला, चमकदार।

sheep (शीप्) *n.* (sing. & plu.) 1. a grass-eating animal, भेड़। 2. a timid or meek fellow, भीरु या दब्बू व्यक्ति; black sheep कुल-कलंक।

sheepdog (शीप्´-डा:ग्) *n.* a dog reared for herding sheep, वह कुत्ता जो भेड़ों की रखवाली करता हो।

sheepfold (शीप्´-फ़ोल्ड्) *n.* an enclosure for sheep, भेड़ों का बाड़ा।

sheepish (शी´-पिश्) *adj.* 1. timid, meek or bashful, भीरु, डरपोक, शर्मीला। 2. embarrassed, विकल, व्यकुल, घबराया हुआ।

sheer[1] (शिअँ:) *adj.* 1. pure, विशुद्ध। 2. absolute, नितांत, निरा, सिर्फ़। 3. very thin and transparent, पतला और पारदर्शक। 4. very steep, खड़ा; sheer cliff खड़ी चट्टान। *adv.* 1. absolutely, completely, पूर्णतया, बिल्कुल, एकदम। 2. steeply, खड़े बल में।

sheer[2] *v.* (sheered, sheering) 1. to deviate from the course, सही रास्ते से भटक जाना। 2. to avoid (an unpleasant person) किनारा करना।

sheet[1] (शीट्) *n.* 1. a rectangular piece of cotton used as a bedsheet, चादर। 2. rectangular thin piece of metal, चद्दर। 3. a rectangular piece of paper, ताव। 4. a wide expanse of snow or water, विस्तृत सतह या तल। *v.* (sheeted, sheeting) 1. to spread a sheet, चादर बिछाना। 2. to cover or wrap with a sheet, चादर ओढ़ाना या चादर से लपेटना।

sheet[2] *n.* a chain or rope attached to a sail, पाल से लगा हुआ रस्सा या जंजीर (जिससे पाल को ठीक करते हैं)।

sheet-anchor (शीट्´-ऐंग्-कः) *n.* 1. a large anchor for use in emergency, बड़ा लंगर जिसका उपयोग संकट के समय करते हैं। 2. main or last resort, मुख्य आधार, अंतिम अवलंब।

sheeting (शीट्´-इंग्) *n.* a fabric from which sheets are cut, वह कपड़ा जिसमें से चादरें काटी जाती हैं।

sheikh (शेक्) *n.* 1. a religious leader, शेख़। 2. the leader of an Arab tribe, अरब जनजाति का मुखिया शेख़।

sheikhdom (शेक्´-डम्) *n.* the territory of a sheikh, शेख़ की सल्तनत।

shelf (शेल्फ़्) *n.* 1. a flat piece of wood, metal etc. fixed in a wall or almirah for supporting objects, टाँड़, शेल्फ़, ख़ाना। □ **on the shelf,** निष्क्रिय, बेकार।

shell (शॅल्) *n.* 1. the hard outer covering of snail, tortoises etc., बाहरी कड़ा आवरण, खोल (जैसे सीपी, शंख, आदि का)। 2. the hard outer layer of some fruits, मोटा कड़ा छिलका। 3. a cartridge designed to explode in the air, बारूद का गोला, तोप का गोला। 4. the external structure of an unfinished building, ढाँचा। □ **come out of one's shell,** धड़ल्ले से सामने आना। *v.* (shelled, shelling) 1. to remove the shell of, खोल या छिलका उतारना। 2. to fire explosive shells at, गोले बरसाना, बम बरसाना। □ **shell out,** (धन) देना, चुकाना।

shellac (शॅ-लैक्´) *n.* the flakes of lac, चपड़ा, लाख की पपड़ी।

shellfire (शॅल्´-फ़ाइः) *n.* the firing of explosive shell, गोलाबारी।

shellfish (शॅल्´-फ़िश्) *n.* any aquatic animal having a shell like outer covering, शंखमीन।

shellproof (शॅल्´-प्रूफ़्) *adj.* resisting shellfire, जिस पर बमबारी का असर न हो।

shelter (शॅल्-टॅः) *n.* 1. something that provides protection, आश्रय। 2. the state of being sheltered, शरण। *v.* (sheltered, sheltering) 1. to provide with shelter, आश्रय देना। 2. to protect, बचाना, रक्षा करना। 3. to find or take shelter, आश्रय पाना, शरण लेना।

shelve (शॅल्व्) *v.* (shelved, shelving) 1. to put on a shelf, टाँड़ पर रखना। 2. to arrange on a shelf टाँड़ पर सजाकर रखना। 3. to provide with shelves, टाँड़ लगाना। 4. to postpone, to put aside, उठा रखना, स्थगित करना। 5. to dismiss, अलग कर देना, निकाल देना। 6. to slope gently, थोड़ा-थोड़ा ढलवाँ होना।

shepherd (शॅप्´-अॅःड्) *n,* one who tends sheep, भेड़ें चरानेवाला, गड़रिया। [*Fem.* shepherdess गड़ेरिन]। *v.* (shepherded, shepherding) 1. to graze sheep, भेड़ें चराना। 2. to guide (people, लोगों को) राह दिखलाना, संभालकर ले चलना।

sheriff (शॅर्´-इफ़्) *n.* an executive officer, शासनाधिकारी।

sherpa (शॅः´-पॅ) *n.* a mountaineer-cum-labourer of Nepal, शेरपा।

sherry (शॅर्´-ई) *n.* a Spanish wine, शैरी।

shibboleth (शिब्´-अॅ-लॅथ्) *n.* the language of a particular group, बोली।

shield (शील्ड्) *n.* 1. an armour to protect the body, कवच, ढाल। 2. a trophy, ट्राफ़ी, शील्ड। *v.* (shielded, shielding) 1. to protect, रक्षा करना। 2. to screen, छिपाना।

shift (शिफ़्ट्) *v.* (shifted, shifting) 1. to move for another place, जगह बदलना, स्थान परिवर्तित करना, एक जगह से दूसरी जगह जाना। 2. to change from one position to another, दूसरे पद पर जाना। 3. to remove, हटाना। 4. to change (gear, गियर) बदलना। *n.* 1. the act of shifting, स्थानांतरण, स्थान-परिवर्तन। 2. the group of workers who start work as another set finishes, पारी। 3. a change of direction or attitude, बदलाव, अंतरण। 4. an undershirt, बनियान। □ **shift one's ground,**

तर्क का आधार बदलना।

shiftless (शिफ़्ट्´-लिस्) *adj.* 1. lazy, आलसी। 2. lacking resourcefulness, साधनहीन।

shifty (शिफ़्´-टी) *adj.* 1. given to evasions, बहानेबाज़। 2. untrustworthy, अविश्वसनीय।

shilling (शिल्´-इंग्) *n.* a former British coin, शिलिंग।

shillyshally (शिल्´-ई-शैल्-ई) *v.* (shillyshallied, shillyshallying) to hesitate or waver, हिचकिचाना, असमंजस में पड़ जाना। *adj.* indecisive, हिचकिचानेवाला, असमंजस में पड़ा हुआ।

shim (शिम्) *n.* a wedge, पच्चर। *v.* (shimmed, shimming) to adjust with the use of a shim, पच्चर लगाना, बैठाना या ठोकना।

shimmer (शिम्´-अ़ः) *v.* (shimmered, shimmered) to shine with a flickering light, टिमटिमाना। *n.* flickering light, टिमटिमाहट।

shin (शिन्) *n.* 1. the front of the leg below the knee, घुटने के नीचे की नली। 2. a cut of beef of the lower part of the foreleg of a cattle, पशु की अगली टाँग के निचले भाग का गोश्त। *v.* (shinned, shinning) to climb by using hands and legs, (पेड़, खंभे आदि पर) चढ़ना।

shinbone (शिन्´-बोन्) *n.* the larger of the two bones from knee to ankle, घुटने और टखने के बीच में की दो हड्डियों में से बड़ी हड्डी, बड़ी नली।

shinding (शिन्´-डिंग्) *n.* = shindy.

shindy (शिन्´-डी) *n.* 1. a boisterous festive gathering, उत्सव तथा हल्ला-गुल्ला मचाते हुए लोगों का समूह। 2. a commotion, झगड़ा-फ़साद।

shine (शाइन्) *v.* (shone, shining) 1. to emit light, to glow, चमकना। 2. to cause to shine, चमकाना। 3. to excel, आगे निकालना, चमकना। *n.* 1. lustre, चमक। 2. a high polish, पालिश, चमक-दमक। □ **come rain or shine,** मौसम चाहे कैसा भी रहे।

shingle (शिंग्´-गल्) *n.* 1. a thin rectangular piece of wood, पट्टा, तख़्ता। 2. the pebbles, बजरी। 3. a woman's short-cropped hair style, औरतों के बाल सजाने का एक प्रकार। *v.* (shingled, shingling) to cover with shingles, (छत्त को) तख़्तों से पाटना।

Shinto (शिन्´-तो) *n.* a religion of Japan, जापानी धर्म, शिंतो।

shinty (शिन्´-टी) *n.* the stick used in the game of hockey, हॉकी।

shiny (शाइ´-नी) *adj.* shining, चमकदार, चमकीला।

ship (शिप्) *n.* 1. a large floating vessel, जलयान, पोत, पानी का जहाज़। 2. an airship, वायुयान। *v.* (shipped, shipping) 1. to put or take on board a ship, जहाज़ पर लादना या सवार होना। 2. to send or transport by any carrier, किसी भी साधन से माल आदि भेजना।

shipman (शिप्´-मॅन्) *n.* a sailor, नाविक, सहनाविक।

shipmate (शिप्´-मेट्) *n.* a fellow sailor, साथी नाविक।

shipment (शिप्´-मॅन्ट्) *n.* 1. the act of sending goods by a ship, जलयान या पोत द्वारा माल भेजने का कार्य, पोत-प्रेषण। 2. a load of goods in a ship, पोत-लदान।

shipper (शिप्´-अ़ः) *n.* a person who ships goods, जलयान से माल भेजनेवाला।

shipping (शिप्´-इंग्) *n.* 1. the business of transporting goods by ships, जहाज़रानी, जहाज़ से माल भेजना, नौपरिवहन। 2. ships as a group, पोतसमूह, जहाजी बेड़ा।

shipshape (शिप्´-शेप्) *adj.* trim, orderly, tidy, सुव्यवस्थित, साफ़-सुथरा, ठीक-ठाक।

shipwreck (शिप्´-रेंक्) *n.* the destruction of a ship, पोत-ध्वंस। *v.* (shipwrecked, shipwrecking) to cause to wreck ship, पोत को ध्वस्त कर देना।

shipwright (शिप्´-राइट्) *n.* a ship-builder, जहाज़ निर्माता, पोत-निर्माता।

shipyard (शिप्´-या:ड्) *n.* a yard where ships are built or repaired, पोत-निर्माणशाला, पोतशाला।

shire (शाइ:) *n.* a county, प्रांत, क्षेत्र।

shirk (श:क्) *v.* (shirked, shirking) to avoid work or duty, काम से भागना, जी चुराना। *n.* a person who evades work, कामचोर।

shirker (श:क्´-अॅ:) *n.* a person who shirks, काम से जी चुराने या भागनेवाला, कामचोर।

shirr (श:) *n.* a series of gathered rows decorating a dress, चुन्नट।

shirt (श:ट्) *n.* a garment worn in the upper part of the body, कमीज़। □ **keep one's shirt on,** आपे में रहना, आपे से बाहर न होना; **lose one's shirt,** पूँजी गँवाना, नुकसान उठाना।

shirting (श:´-टिंग्) *n.* fabric used in making shirts, कमीज़ का कपड़ा।

shirty (श:´-टी) *adj.* bad-tempered, बदमिज़ाज, चिड़चिड़ा।

shit (शिट्) *n.* faeces, excrement, गूह, मल।

shiver[1] (शिव्´-अॅ:) *v.* (shivered, shivering) to tremble, काँपना, सिहर उठना।

shiver[2] *v.* (shivered, shivering) to break into fragments, टुकड़े-टुकड़े करना या होना। *n.* a fragment, टुकड़ा।

shivery (शिव्´-अॅ-री) *adj.* trembling, काँपता हुआ, कंपित।

shoal[1] (शोल्) *n.* 1. a group of fish, मछलियों का झुंड, गोल। 2. a large group of people, भीड़।

shoal[2] *n.* 1. a shallow place, वह स्थान जहाँ पानी छिछला हो। 2. (plu.) dangers, ख़तरे।

shock (शॉक्) *n.* 1. a violent impact or blow, धक्का, आघात, प्रघात। 2. a sudden violent blow on one's mind, मानसिक आघात, धक्का, सदमा। 3. the disturbance of mental equilibrium, दहशत। 4. tangled mass of hair, जटा-जूट, जटा। 5. an electric shock, बिजली का झटका। *v.* (shocked, shocking) 1. to give a shock, धक्का देना या लगाना, सदमा पहुँचाना। 2. to make dumbfounded, चकित या स्तब्ध कर देना।

shocker (शॉक्´-अॅ:) *n.* 1. a person or thing that shocks, आघातकारी, प्रघातकारी। 2. a sensational piece of writing, सनसनीखेज़ लेख।

shockheaded (शॉक्´-हेंड्-इड्) *adj.* having a thick bushy head of hair, जटाधारी, झबरा।

shocking (शॉक्´-इंग्) *adj.* highly offensive, घोर, भयावह या अपयशकर।

shockproof (शॉक्´-प्रूफ़्) *adj.* that resists shocks, आघात-सह।

shock treatment *n.* giving of electric shocks, प्रघात-चिकित्सा।

shock wave *n.* a wave of shocks, प्रघाती तरंग।

shod (शॉड्) v. p.t. & p.p. of shoe,

shoddy (शॉड्´-ई) *adj.* inferior, घटिया। 2. dishonest, बेइमानी-भरा, अनुचित। *n.* 1. fibre made from old clothes, पुराने वस्त्रों से निकाला हुआ धागा। 2. cloth made from this, उक्त धागे से बुना हुआ कपड़ा।

shoe (शू) *n.* 1. a covering for the human foot, जूता। 2. a horses shoe, (घोड़े की) नाल। □ **fill someone's shoes,** किसी का स्थान ग्रहण करना, किसी के पद पर बैठना; **where the shoe pinches,** कष्ट का कारण। *v.* (shod/ shoed, shoeing) to furnish with shoes, जूता पहनाना।

shoe-flower (शू´-फ़्लाउ-अॅ:) *n.* a plant and its flower, अड़हुल, गुड़हल, जवा।

shoehorn (शू´-हॉ:न्) *n.* an appliance for putting on shoes, सीगड़ा (जिसकी सहायता से जूता पहना जाता है)।

shoelace (शू´-लेस्) *n.* a lace for fastening shoes, जूते का फ़ीता, तस्मा।

shoemaker (शू´-मे-कॅ:) *n.* one who makes

or repairs shoes, मोची।

shoeshine (शू´-शाइन्) *n.* 1. the polishing of shoes, जूतों की पालिश करना।

shoestring (शू´-स्ट्रिंग्) *n.* 1. a lace for fastening shoes, तस्मा। 2. a very small amount of money, थोड़ा-सा धन।

shoetree (शू´-ट्री) *n.* a foot-shaped block inserted in a shoe to preserve its shape, जूते का लकड़ी या प्लास्टिक का ढाँचा, कलबूत।

shoo (शू) *interj.* used to scare away birds or animals, पक्षियों या पशुओं को भगाने के लिए किया जानेवाला शब्द, शू। *v.* (shooed, shooing) to scare away, शू करना।

shoot (शूट्) *v.* (shot, shooting) 1. to discharge a bullet or arrow, गोली या तीर चलाना, दागना। 2. to kill with a bullet or arrow, गोली या तीर मारना या से मार डालना। 3. to grow or sprout, अंकुरित होना, कल्ला निकलना। 4. to record on films, (कैमरे से) फोटो लेना, चित्र लेना। □ **shoot at,** (कुछ प्राप्त करने का) प्रयास करना; **shoot down,** (जहाज़ को) मारकर गिरा देना; **shoot off,** (i) दागना, (ii) घटना; **shoot one's mouth off,** कहनी-अनकहनी कहना, बिना विचारे अंडबंड बोलना; **shoot out,** बाहर निकलना या निकालना; **shoot up,** (i) उगना, बढ़ना या पनपना, (ii) गोले बरसाना। *n.* 1. a new growth of a plant, अंकुर, कल्ला। 2. a shooting tournament, गोली चलाने या तीरंदाजी की प्रतियोगिता, बंदूकबाजी की प्रतियोगिता।

shooting (शूट्´-इंग्) *n.* 1. the act of taking photographs, फ़िल्मांकन करना। 2. the discharging of bullets, गोलियाँ चलाना।

shooting pain *n.* a sudden severe pain, टीस, चमक।

shooting range *n.* an area in which shooting exercises are being done, चाँदमारी-क्षेत्र।

shooting star *n.* a meteor, उल्का।

shop (शॉप्) *n.* 1. a retail store, दुकान। 2. a workshop, कार्यशाला। *v.* (shopped, shopping) to visit shops to buy things, दुकान या दुकानों पर जाकर ख़रीदारी करना। □ **shop around,** कई जगह देखकर अच्छी चीज़ खरीदना।

shoplifter (शॉप्´-लिफ़्-टः) *n.* one who steals goods from a shop, उचक्का, उठाईगीरा।

shopper (शॉप्´-अः) *n.* one who shops, ख़रीदार।

shopping (शॉप्´-इंग्) *n.* the act of buying goods, ख़रीददारी करना, चीज़ खरीदना।

shopping centre (शॉप्´-इंग्-सेंन्´-टः) *n.* a market place, विक्रय-केंद्र।

shopsoiled (शॉप्´-सॉइल्ड्) *adj.* worn or faded from being displayed in a shop, ख़राब, मुरझाया या फटा हुआ।

shore[1] (शोः) *n.* 1. the land along the edge of a river, sea etc., समुद्रतट, तीर।

shore[2] *n.* a support, थूनी, टेक। *v.* (shored, shoring) to make safe with a prop, टेक या थूनी लगाना।

shoreline (शोः´-लाइन्) *n.* the edge of a body of water, तटरेखा।

short (शॉःट्) *adj.* 1. of little length, not long, small, छोटा, लघु, संक्षिप्त, ह्रस्व। 2. of limited duration, अल्पकालिक; short notice, अल्प सूचना। 3. inadequate deficient; कम, अल्प। 4. needful, ज़रूरतमंद। 5. brief, छोटा, संक्षिप्त। 6. rude, रूखा, टुच्चा। 7. (vowel) not long, ह्रस्व। 8. without reaching a target, ओछा (निशाना)। □ **in short,** संक्षेप में, थोड़े में, **nothing short of,** ज़रा भी कम नहीं; **make short work of,** जल्दी से ख़त्म करना, निपटा डालना; **short for,** संक्षिप्त रूप, **short of,** का संक्षिप्त रूप। *n.* 1. anything that is short, छोटे आकार-प्रकार की वस्तु। 2. a short drink, एक तरह की कड़वी शराब। 3. (plu.) men's undershorts, जाँघिया, कच्छा। *adv.* abruptly, quickly, सहसा, अचानक। 2. not to reach the target, ओछा; □ **cut short,** (i) छोटा बना देना, (ii) बीच में ख़त्म

कर देना; **fall short of,** से कम पड़ जाना; **go or ran short of,** की कमी पड़ जाना; **short of,** को छोड़कर।

shortage (शॉ: ´-टिज्) *n.* insufficiency, deficiency, कमी, अभाव, अल्पता।

shortchange (शॉ:ट´-चेन्ज्) *v.* (shortchanged, shortchanging) 1. to rob by giving insufficient change, कम रेज़गारी देकर ठगना या लूटना। 2. to cheat, धोखा देना।

short-circuit (शॉ:ट´-स:-किट्) *n.* the flow of current by shorter route than the normal one, शॉर्ट सर्किट, लघु परिपथ।

shortcoming (शॉ:ट्´-कम्-इंग्) *n.* 1. deficiency, कमी, कमज़ोरी। 2. a fault, दोष।

short credit *n.* a sum of money lent for a small period, अल्पकालीन ऋण।

shortcut (शॉ:ट्´-कट्) *n.* a shorter route, छोटा रास्ता।

shorten (शॉ: ´-टॅन्) *v.* (shortened, shortening) 1. to make shorter, छोटा करना या बनाना। 2. to become shorter, छोटा हो जाना।

shortening (शॉ:´-टॅ-निंग्) *n.* butter or other fat used to make pastry, पेस्ट्री में मिलाया जानेवाला मक्खन या अन्य स्निग्ध पदार्थ।

shortfall (शॉ:ट्´-फ़ा:ल्) *n.* shortage, deficit, कमी, न्यूनता।

shorthand (शा:ट्´-हैन्ड्) *n.* a system of rapid handwriting using symbols, आशुलिपि।

shorthanded (शॉ:ट्´-हैन्-डिड्) *adj.* lacking the necessary number of workers, जिसके पास मज़दूरों या हाथों की कमी हो।

shorthorn (शॉ:ट्´-हॉ:न्) *n.* a breed of cattle having short horns, छोटे सींगोंवाले पशुओं की जाति।

short-lived (शॉ:ट्´-लिव्ड्) *adj.* having a short life, अल्पजीवी।

shortly (शॉ:ट्´-ली) *adv.* 1. in a short time, soon, जल्दी ही। 2. in brief, briefly, संक्षेप में। 3. in a rude manner, रूखेपन से, रुखाई से।

shortness (शॉट्´-निस्) *n.* deficiency, shortage, न्यूनता, लघुता, अल्पता।

short-range (शॉ:ट्´-रेन्ज्) *adj.* having a short range, लघु-परास।

shortsighted (शॉ:ट्´-साइ -टिड्) *adj.* lacking foresight, अदूरदर्शी।

short-sleeved (शॉ:ट्´-स्लीव्ड्) *adj.* with sleeves not reaching below the elbow, छोटी बाहोंवाला, आधी बाहोंवाला।

short story *n.* a brief story, लघुकथा, छोटी कहानी।

short-tempered (शॉ:ट्´-टॅम्-पॅ:ड्) *adj.* easily angered, चिड़चिड़ा, बदमिज़ाज।

shortterm (शॉ:ट्´-टॅ:म्) *adj.* of a short period, for a short period, अल्पकालिक, अल्पावधिक।

shortwave (शॉ:ट्´-वेव्) *adj.* a wave in the range of 10-100 metres, लघु-तरंग।

shorty, shortie (शॉ: ´-टी) *n.* 1. a person having a short stature, नाटा व्यक्ति। 2. a nightdress, रात को पहनने की पोशाक, रात्रि-परिधान।

shot (शॉट्) *n.* 1. the firing of a gun etc., प्रहार, प्रक्षेपण, (का) छोड़ा जाना। 2. a bullet of iron ball, गोली, छर्रा। 3. a person who shoots, निशानेबाज़। 4. a stroke with a bat, (गेंद पर किया जानेवाला) ज़ोरदार आघात। 5. the launching (of a rocket, रॉकेट, अंतरिक्षयान आदि का) क्षेपण, छोड़ा जाना। 6. a single photograph, फ़ोटो, चित्र। 7. guess, अनुमान, अंदाज़। 8. an injection, सुई। 9. an attempt, प्रयास, प्रयत्न। 10. a heavy metal ball, गोला। 11. a drink of liquor, शराब। □ **a shot in the arm,** हिम्मत बढ़ानेवाली बात; **a shot in the dark,** अटकल-पच्चू काम; **big shot,** बड़ा आदमी; **call one's shot,** अपना मंतव्य स्पष्ट करना; **like a shot,** तीर की तरह, बहुत जल्दी; **have a shot at,** प्रयास करना। *adj.* 1. streaked with colours, धारीदार या रंगबिरंगा। 2. exhausted, थका हुआ, श्रांत। *v.* p.t. &

p.p. of shoot

shotgun (शॉट्´-गन्) *n.* a gun for hunting small games, वह बंदूक जिससे छोटे जानवरों का शिकार करते हैं, छर्रेवाली बंदूक।

shot put (शॉट्´-पुट्) *n.* a game in which a metal ball is hurled as far as possible, गोला-प्रक्षेप।

should (शुड्) *aux.v.* used to express (i) duty or obligation; You should have told us. आपको हमें बताना चाहिए था। (ii) an expected future event; They should be here at this moment. इस समय उन्हें यहाँ पहुँच जाना चाहिए था। (iii) a possible event; If you should happen to see me...... यदि तुम फिर मुझसे मिले तो... । (iv) to form the subjunctive mood with I or we; I should like to see you. मैं तुमसे मिलना चाहता हूँ।

shoulder (शोल्´-डः) *n.* 1. the part of the body at which the arm, foreleg or wing is attached, कंधा, स्कंध। 2. the part of a garment covering the shoulder, (कोट, कमीज़ आदि का) कंधा। 3. a cut of meat of the upper foreleg of a cattle, अगली टाँग के ऊपरी हिस्से का मांस। □ **give someone the cold shoulder,** उपेक्षा या अवहेलना करना; **old head on young shoulders,** छोटी उम्र में सयानों जैसी बातें करनेवाला; **of broad shoulders,** चौड़े कंधोंवाला, बलवान, पुष्ट; **open one's shoulders,** पूरी शक्ति से प्रहार करना; **rub shoulders with,** कंधे से कंधा मिलाना, सहयोग करना; **shoulder to shoulder,** साथ-साथ मिलकर; **straight from the shoulder,** स्पष्ट रूप से, साफ़-साफ़। *v.* (shouldered, shouldering) 1. to push with one's shoulders, कंधे से मारना, कंधा मारना। 2. to carry on one's shoulders, कंधे पर रखना या लादना, कंधे पर ले जाना। 3. to take upon oneself, अपने ऊपर लेना, ओढ़ना।

shoulderhigh (शोल्´-डः-हाई) *adj.* as high as the shoulders, कंधे तक की ऊँचाई का।

shouldn't (शुड्´-अन्ट्) *v.* = should not.

shout (शाउट्) *v.* (shouted, shouting) to utter loudly, चिल्लाना, चीखना, शोर करना या मचाना। □ **shout oneself hoarse,** चीख-चीखकर गला बैठा लेना; **shout down,** चीखकर किसी का मुँह बंद कर देना। *n.* 1. a loud cry, चिल्लाहट, चीख, शोर। 2. a round, दौर (शराब का)।

shouting (शाउ´-टिंग्) *n.* shout, noise, चीख-पुकार, शोर।

shove (शव्) *n.* a rude push, ज़ोर का धक्का। *v.* (shoved, shoving) 1. to push roughly, धक्का देना, धकियाना। 2. to put, रखना। □ **shove off** (i) (नाव को धक्का देकर) दूर हटा देना। (ii) चल देना।

shovel (श´-वॅल्) *n.* a tool for picking up dirt, snow etc. बेलचा, खनित्र, खंती। *v.* (shovelled, shovelling) 1. to move with a shovel, बेलचे से हटाना-बढ़ाना। 2. to thrust, ठूँसना।

show (शो) *v.* (showed, shown/showed, showing) 1. to cause or allow to be seen, दिखलाना, दिखाना। 2. to display, exhibit or express, प्रदर्शित करना, प्रकट या व्यक्त करना। 3. to be able to be seen, दिखना, दिखाई पड़ना, दिखाई देना। 4. to prove (one's ability, अपनी योग्यता) सिद्ध करना। 5. to allege, आरोप लगाना। 6. to guide, राह दिखाना। □ **show in,** ले जाना, पहुँचाना, राह दिखाना; **show off,** दिखावा करना; **show up,** दिखना, सामने लाना, प्रकट करना। *n.* 1. the act of showing, दिखाने की क्रिया या भाव, दिखावा। 2. the state of being shown, तमाशा, प्रदर्शन, दिखावा। 3. exhibition, प्रदर्शनी। 4. any public performance, शो; चित्र, खेल आदि का दिखाया जाना। □ **for show,** दूसरों का ध्यान आकृष्ट करने के लिए; **steal the show,** सबसे अच्छा प्रदर्शन करके वाहवाही लूट ले जाना।

showbiz (शो´-बिज़्) *n.* = show business.

show business *n.* the theatre, circus or motion pictures as a business, मनोरंजन व्यवसाय।

showcase, show-window (शो´-केस्, शो´-विन्-डो) *n.* a glass-covered case in a store for displaying articles, प्रदर्शन-मंजूषा, प्रदर्शन-खिड़की।

showdown (शो´-डॉउन्) *n.* an event that forces an issue to a conclusion, दो-दो हाथ, उठा-पटक।

shower (शॉव्´-अ:) *n.* a brief fall of rain, फुहार, वृष्टि, वर्षा। 2. a device in which water is sprayed on a person's body, फुहारा। 3. a brief fall of dust, stones, bullets etc., बौछार। *v.* (showered, showering) 1. to pour down, बरसना या बरसाना। 2. to sprinkle or spray, फूल आदि बरसाना या गिराना। 3. to bathe in sprayed water, फुहार में नहाना।

showery (शो´-अ-री) *adj.* with many showers, रुक-रुककर या बार-बार बरसने या बरसानेवाला।

show girl *n.* a girl in a musical show, गायक दल की बाला।

showing (शो´-इंग्) *n.* an act of putting on view, प्रदर्शन।

showman (शो´-मॅन्) *n.* an organizer of a show business, प्रदर्शनकर्ता।

show-off (शो´-आ:फ़्) *n.* one who tries to impress others, दूसरों को प्रभावित करनेवाला व्यक्ति।

showpiece (शो´-पीस्) *n.* an outstanding specimen, नमूना।

showplace (शो´-प्लेस्) *n.* a place of beauty or historical interest, रमणीय या ऐतिहासिक स्थल।

showroom (शो´-रूम्) *n.* a room in which goods are exhibited for sale, प्रदर्शन-कक्ष।

showy (शो´-ई) *adj.* 1. gaudy, भड़कीला। 2. ostentatious, आडंबरपूर्ण, दिखावटी।

shrapnel (श्रैप्´-नॅल्) *n.* a shell that scatters bullets when exploded, एक प्रकार का बम।

shred (श्रेड्) *n.* 1. a small piece torn from something, धज्जी। 2. a small amount, लेश, कण। *v.* (shreded, shreding) to cut into shreds, धज्जियाँ, पट्टियाँ या लच्छे निकालना या बनाना।

shrew (श्रू) *n.* 1. a small mouse like animal, छछूँदर। 2. a sharptempered woman, झगड़ालू औरत, कर्कशा, चंडी।

shrewd (श्रूड्) *adj.* 1. showing common sense, सयाना, समझदार। 2. cunning, घुटा हुआ, धूर्त, चालाक। 3. well-reasoned, युक्तिशील, युक्तियुक्त।

shrewish (श्रू´-इश्) *adj.* short-tempered, चिड़चिड़ी (स्त्री)।

shriek (श्रीक्) *n.* a shrill and piercing cry, चीख, कराह। *v.* (shrieked, shrieking) to make a shriek, चीखना, कराहना।

shrill (श्रिल्) *adj.* high and sharp, तीक्ष्ण, कर्णकटु। *v.* (shrilled, shrilling) to produce a shrill sound, चीख, कराह।

shrimp (श्रिम्प्) *n.* 1. a small shellfish, शंखमीन। 2. a very small person, छुटभैया।

shrine (श्राइन्) *n.* a temple, देवमंदिर, देवालय।

shrink (श्रिंक्) *v.* (shrank/shrunk, shrunk/shrunken, shrinking) 1. to contract or become smaller in size, सिकुड़ना। 2. to cause to contract, सिकोड़ना। 3. to withdraw, पीछे हट जाना, मुँह मोड़ लेना। 4. to hesitate, हिचकना।

shrinkable (श्रिंक्´-कॅ-बॅल्) *adj.* that can shrink, सिकुड़ जानेवाला, सिकुड़वाँ।

shrinkage (श्रिंक्´-किज्) *n.* 1. the act or fact of shinking, सिकुड़ना। 2. the amount by which something has shrunk, सिकुड़न।

shrive (श्राइव्) *v.* (shrived/shrove, shriven/shrived, shriving) 1. to confess one's sin, पाप स्वीकार करना। 2. to impose a penance upon, दंडित करना। 3. to grant absolution, पापों से मुक्त करना।

shrivel (श्रिव्´-अॅल्) *v.* (shrivelled, shrivelling) 1. to become withered, कुम्हला, मुरझा या सूख जाना। 2. to make

withered, कुम्हला देना, सुखा देना, मुरझा देना।

shroud (श्राउड्) *n.* 1. a garment or piece of cloth in which a dead body is wrapped, कफ़न। 2. anything that envelops, आवरण, परिच्छद। *v.* (shrouded, shrouding) 1. to wrap in a shroud, कफ़न में लपेटना। 2. to cover or hide, छिपाना, ढकना।

shroudless (श्राउड्´-लिस्) *adj.* without a shroud, कफ़नविहीन, बिना कफ़न का।

shrub (श्रब्) *n.* a low woody plant with several stems, झाड़ी।

shrubbery (श्रब्´-अ´-री) *n.* shrubs collectively, झाड़-झंखाड़।

shrug (श्रग्) *v.* (shrugged shrugging) to raise and drop one' shoulders abruptly as a gesture of indfference or doubt, (उपेक्षा या संदेह प्रकट करने के लिए) कंधे उचकाना। □ **shrug off,** उपेक्षा करना।

shuck (शक्) *n.* 1. husk, भूसी। 2. rind, छिलका। *v.* (shucked, shucking) to remove the husk of, भूसी या छिलका उतारना।

shudder (शॅड्´-अ:) *v.* (shuddered, shuddering) to tremble violently, काँप उठना, थरथरा जाना। *n.* a shuddering movement, कँपकँपी, थरथराहट।

shuffle (शॅफ़्´-अॅल्) *v.* (shuffled, shuffling) 1. to drag (one's feet, पैर) घसीटते हुए चलना। 2. to mix (the playing cards, ताश के पत्तों को) फेंटना। 3. to get rid of, पीछा छुड़ाना, पिंड छुड़ाना। *n.* 1. the act of shuffling, घसीट चलाई। 2. mixing of cards, फेंटाई। 3. rearrangement, फेर-बदल, बदलाव, परिवर्तन।

shun (शन्) *v.* (shunned, shunning) to keep away from, दूर रहना, भागना, किनारा करना।

shunt (शंट्) *v.* (shunted, shunting) to move (a train) on to a side-track, शंटिंग करना। *n.* the act of shunting, शंटिंग, पार्श्व-पथन। 2. a side-track, दूसरा पथ या पटरी।

shunter (शन्´-टॅ:) *n.* one who shunts, शंटन करनेवाला ड्राइवर।

shunting (शन्´-टिंग्) *n.* the act of a person who shunts, शंटन, पार्श्वपथन।

shush (शश्) *interj.* used to demand silence, चुप। *v.* (shushed, shushing) to silence by saying `shush', चुप कराना।

shut (शट्) *v.* (shut, shutting) 1. to close, बंद करना। 2. to become closed, बंद होना। 3. to confine, रोकना। 4. to desist, विरत रहना। □ **shut down,** बंद कर देना, ख़त्म करना; **shut off,** बंद कर देना, रोक देना; **shut up,** (i) बंद कर देना, हवालात में रखना, (ii) चुप रहो।

shut-down (शट्´-डॉउन्) *n.* the closing of a business, कामबंदी।

shutter (शट्´-अ:) *n.* a panel that can be closed over a door, कपाट, झिलमिली, शटर।

shuttle (शट्´-अॅल्) *n.* 1. an instrument carrying the weft thread to and fro across the loom in weaving, ढरकी, भरनी। 2. a shuttecock, कॉर्क की बनी बैडमिंटन की चिड़ी, चिड़िया। 3. a train that plies between two places, शटल गाड़ी।

shuttlecock (शट्´-अॅल्-कॉक्) *n.* a cork with a ring of feathers used in badminton, कॉर्क की बनी बैडमिंटन की चिड़ी, चिड़िया।

shy[1] (शाइ) *adv.* 1. lacking confidence and timid, शर्मीला, झेंपू। 2. showing shyness, लजालु, लाज-भरा। 3. easily startled, चौंक या भड़क उठनेवाला। *v.* (shied, shying) to jump or move suddenly in alarm, चौंक उठना, भड़क उठना।

shy[2] *v.* (shied, shying) to throw or fling, फेंकना।

shylock (शाइ´-लॉक्) *n.* a hard-hearted money-lender, निर्मम महाजन, ज़ालिम ब्याजिया।

shyster (शाइ´-स्टॅ:) *n.* a dishonest or tricky lawyer, बेईमान वकील, धोखबाज़ वकील।

Siamese Twins (साइ-अॅ-मीज़्´-ट्विन्स्´) *n.* twin babies joined in some way at birth, जुड़वाँ बच्चे जो आपस में जुड़े भी हों, श्यामी

जुड़वाँ बच्चे।

Siberian (साइ-बिअ‌ॅर्‌´-इ-अ‌ॅन्) *adj.* of Siberia, साइबेरिया-संबंधी।

sibilant (सिब्‌´-इ-लॅन्ट्) *n.* 1. a hissing sound, सीत्कार, सिसकारी। 2. a consonant with a hissing sound, ऊष्म वर्ण। *adj.* producing or having hissing sound, ऊष्म।

sibling (सिब्‌´-लिंग्) *n.* a real brother or sister, सगा भाई या बहन।

sibyl (सिब्‌´-इल्) *n.* 1. a female prophet, भविष्य बतलानेवाली स्त्री। 2. a sorceress, जादू-टोना करनेवाली स्त्री, टोनहाइ, ओझाइन।

sibylline (सिब्‌´-इ-लाइन्) *adj.* mysterious, रहस्यमय, गूढ़।

sic[1] (सिक्) *adv.* so, thus, इस प्रकार।

sic[2] *v.* (sicked, sicking) to urge (a dog) to attack, (कुत्ते को) आक्रमण करने के लिए हड़काना।

sick (सिक्) *adj.* 1. unwell, बीमार, रुग्ण। 2. nauseated, जिसे मतली हो रही हो। 3. disgusted, खिन्न, दुखी, ऊबा हुआ। ☐ **be sick of,** से ऊब जाना; **be sick for,** के लिए छटपटाना; **to feel sick,** जी मिचलाना; **sick of the world,** संसार से विरक्त।

sickbay (सिक्‌´-बे) *n.* a dispensary of a ship, जलयान का निदान-केंद्र।

sickbed (सिक्‌´-बेॅड्) *n.* the bed of a sick person, रोगी-शय्या।

sicken (सिक्‌´-अ‌ॅन्) *v.* (sickened, sickening) 1. to become sick, बीमार हो जाना, रुग्ण हो जाना। 2. to make sick, बीमार कर देना। 3. to become nauseated, मतली आना।

sickening (सिक्‌´-अ‌ॅ-निंग्) *adj.* disgusting, उबाऊ या घिनौना।

sickle (सिक्‌´-अ‌ॅल्) *n.* a tool with curved blade for cutting grain, हँसिया।

sick leave *n.* leave of absence because of illness, बीमारी की छुट्टी।

sick list *n.* a list of people who are ill, रोगियों की सूची। ☐ **be on the sick list,** बीमार होना।

sickly (सिक्‌´-ली) *adj.* 1. often ill, बराबर बीमार रहनेवाला। 2. causing ill health, बीमारी लानेवाला, रोग पैदा करनेवाला।

sickness (सिक्‌´-निस्) *n.* 1. disease, बीमारी, रोग। 2. vomiting, मतली।

side (साइड्) *n.* 1. a surface of an object, पहलू, पार्श्व। 2. either of the two surfaces of a flat object, तरफ़। 3. the space immediately next to someone or something, ओर, तरफ़। 4. an area separated from another by some intervening line, ओर, तरफ़। 5. one or two or more opposing groups or teams, दल, पक्ष, तरफ़, ओर। 6. an edge or border, किनारा। 7. an aspect, पहलू। 8. the line of descent, वंश-परंपरा। ☐ **take sides,** पक्ष लेना। *adj.* 1. at or on the side, बगली। 2. additional, अतिरिक्त। *v.* (sided, siding) to associate oneself with a faction, interest etc., पक्ष लेना।

sidearm (साइड्‌´-आ:म्) *n.* a small weapon carried at the waist, कटार, तलवार या पिस्तौल जिसे कमर में रखते हैं।

sideboards (साइड्‌´-बो:ड्) *n.* a piece of furniture in a dinning room for holding articles of table service, वह अलमारी जिसमें भोजन परोसने के बर्तन रखे रहते हैं।

sideburns (साइड्‌´-ब:न्ज़्) *n.* (plu.) long whiskers, गुलमुच्छे।

sidecar (साइड्‌´-का:) *n.* a vehicle attached to a motor cycle, पार्श्वगाड़ी।

sided (साइ´-डिड्) *adj.* having a side or sides, पहलू या पहलुओंवाला; four-sided, चार पहलुओंवाला, चार पार्श्वोंवाला।

side effect *n.* any secondary effect, गौण प्रभाव।

sidekick (साइड्‌´-किक्) *n.* a close companion, घनिष्ठ मित्र, साथी।

sidelight (साइड्‌´-लाइट्) *n.* the light from one side, बग़ली बत्ती, पार्श्वप्रकाश।

sideline (साइड्‌´-लाइन्) *n.* 1. a secondary job, उपजीविका। 2. a line marking the limit of

a field, सीमा-रेखा। *v.* (sidelined, sidelining) to remove from a game, (खिलाड़ी को) न खिलाना।

sidelong (साइड्´-लाःङ्ग्) *adj.* oblique, directed to one side, तिरछा, आड़ा। *adv.* obliquely, तिरछे, आड़े।

sidereal (साइ -डिर्´-ई-अॅल्) *adj.* of the stars, नक्षत्र-संबंधी, नाक्षत्र; sidereal time नाक्षत्र काल।

sideshow (साइड्´-शो) *n.* a minor show, (किसी बड़े खेल या प्रदर्शन के साथ होनेवाला) कोई छोटा-मोटा खेल या प्रदर्शन।

sideslip (साइड्´-स्लिप्) *n.* a sideway skid, एक तरफ़ फिसल जाना।

sidesplitting (साइड्´-स्प्लिट्-इंग्) *adj.* very funny, हास्यकर, लोट-पोट करनेवाला।

sidestep (साइड्´-स्टॅप्) *v.* (sidestepped, side-stepping) to evade, कतरा जाना।

sidestreet (साइड्´-स्ट्रीट्) *n.* a narrow less-travelled street, पतली तथा कम चलती गली, बग़ली गली।

sideswipe (साइड्´-स्वाइप्) *n.* a blow from the side, बग़ली प्रहार।

sidetrack (साइड्´-ट्रैक्) *v.* (sidetracked, sidetracking) to divert from the main issue, ध्यान बँटाना।

sidewalk (साइड्´-वाःक्) *n.* pavement, पटरी।

sidewards (साइड्´-वःड्ज़्) *adv.* to one side, एक तरफ़।

sideways (साइड्´-वेज़्) *adv.* towards or from one side, एक तरफ़।

siding (साइ´-डिंग्) *n.* a short stretch of a railroad track, पार्श्वपथ, बग़ली लाइन।

sidle (साइ´-डॅल्) *v.* (sidled, sidling) 1. to move along sideways, किनारे-किनारे चलना। 2. to move in a furtive or stealthy manner, किनारे होकर या बचकर निकलना।

siege (सीज्) *n.* the surrounding of a fortified place by the opposing forces, (क़िले की) घेरेबंदी, घेरा। □ **lay siege to,** को घेरा डालना; **raise a siege,** घेरेबंदी हटाना।

sienna (सि-ॲेन्´-ॲ) *n.* a kind of clay used as colouring matter, सिएना मिट्टी।

sierra (सि-ॲेर्´-ॲ) *n.* a row of sharply pointed mountains, नुकीली चोटियोंवाली पर्वतमाला।

siesta (सि-ॲेस्´-टॅ) *n.* a short sleep after the midday meal, दोपहर में भोजनोपरांत ली जानेवाली नींद, मध्याह्न-निद्रा, दुपहरी झपकी।

sieve (सीव्) *n.* a device for separating, straining, sifting etc., चलनी, छलनी। *v.* (sieved, sieving) to put through a sieve, (चलनी से) छानना।

sift (सिफ़्ट्) *v.* (sifted, sifting) 1. to pass through a sieve, छनना या छानना। 2. to examine closely, जाँच या छान-बीन करना।

siftings (सिफ़्´-टिंग्स्) *n.* something removed by sifting, residue, चोकर।

sigh (साइ) *n.* a long deep breath expressing sorrow or relief, आह, ठंडी साँस। *v.* (sighed, sighing) 1. to exhale a long deep breath as in sorrow or relief, आह भरना, ठंडी साँस लेना। 2. to lament, विलाप करना। 3. to feel the longing for, चाह होना।

sight (साइट्) *n.* 1. something that is seen, दृश्य, नज़ारा। 2. the sense of seeing, दृष्टि, निगाह। 3. a place worth seeing, दर्शनीय स्थल। □ **a sight for sore eyes,** सुखद दृश्य; **at sight,** देखने पर, देखते ही, तुरंत; **catch sight of,** झलक पाना या मिलना; **in the sight of,** की दृष्टि में; **know someone by sight,** शक्ल से पहचानना; **out of sight,** ओझल।

sighted (साइ´-टिड्) *adj.* 1. able to see, दृष्टि-संपन्न। 2. having sight, not blind, आँखवाला, जिसे दिखाई देता हो; long-sighted, दूरदृष्टि; short-sighted अल्पदृष्टि।

sightless (साइट्´-लिस्) *adj.* not able to see, blind, नेत्रहीन, अंधा।

sightly (साइट्´-ली) *adj.* pleasant-looking, good in appearance, देखने में अच्छा, मनोहर,

नयनाभिराम।

sightseeing (साइट्´-सी-इंग्) ***n.*** visiting places of interest (in a town), दर्शनीय स्थानों की सैर, सैर-सपाटा।

sightworthy (साइट्´-व़:-दी) ***adj.*** worth seeing, beautiful, देखने-योग्य, दर्शनीय।

sign (साइन्) ***n.*** 1. a mark, चिह्न, निशान। 2. a gesture, संकेत, इशारा। 3. a board or placard, बोर्ड, इश्तहार। 4. a portent, लक्षण। 5. a signature, हस्ताक्षर, दस्तख़त। ***v.*** (signed, signing) 1. to affix a signature, हस्ताक्षर करना, दस्तखत करना। 2. to make a sign, चिह्न बनाना। 3. to indicate by a sign, संकेत करना। 4. to approve or ratify, स्वीकृति देना, पुष्टि करना।

signal (सिग्´-नॅल्) ***n.*** 1. an indication, संकेत। 2. an indicator, संकेतक। 3. traffic light, सिगनल। 4. a railway apparatus for communicating information to trains, सिगनल। ***adj.*** notable, important, उल्लेखनीय, महत्त्वपूर्ण। ***v.*** (signalled, signalling) to express by a signal, संकेत करना, सिगनल देना।

signalize (सिग्´-नॅ-लाइज़्) ***v.*** (signalized, signalizing) to show as important, महत्त्व देना, विशिष्टता प्रदान करना।

signalman (सिग्´-नॅल्-मॅन्) ***n.*** one who is in charge of railway signals, सिगनलर, सिगनलमैन।

signally (सिग्´-नॅल्-ई) ***adv.*** clearly, सुस्पष्ट रूप से, साफ़-साफ़, अच्छी तरह।

signatory (सिग्´-नॅ-टॅ-री) ***n.*** one who has signed an agreement, हस्ताक्षरी, हस्ताक्षरकर्ता।

signature (सिग्´-नॅ-चॅः) ***n.*** the name of a person written by himself or herself, हस्ताक्षर, दस्तख़त।

signboard (साइन्´-बोःड्) ***n.*** a board bearing a sign, सूचना-पट्ट, नामपट्ट।

signer (साइन्´-अॅः) ***n.*** one who signs, हस्ताक्षरकर्ता, हस्ताक्षरी।

signet (सिग्´-निट्) ***n.*** an official seal, मुहर, मोहर।

significance (सिग्-नि.फ़्´-इ-कॅन्स्) ***n.*** 1. importance, महत्त्व। 2. meaning, purport, अर्थ, अभिप्राय।

significant (सिग्-नि.फ़्´-इ-कॅन्ट्) ***adj.*** 1. important, notable, महत्त्वपूर्ण। 2. meaningful, suggestive, अर्थपूर्ण, अर्थगर्भित।

signification (सिग्-निफ़्-इ-के´-शॅन्) ***n.*** sense of a word, आशय, अभिप्राय, भाव।

signify (सिग्´-नि-फ़ाइ) ***v.*** (signified, signification) 1. to indicate or suggest, संकेत करना, व्यक्त करना। 2. to stand as a symbol, प्रतीक होना। 3. to imply, आशय देना।

signor (सीन्´-योः) ***n.*** an Italian title equivalent to Mr., श्री, श्रीमान्, श्रीयुत। (इतालवी)

signora (सीन्-योर्´-अॅ) ***n.*** a title for a married Italian woman, श्रीमती। (इतालवी)

signorina (सीन्-यॅ-री´-नॅ) ***n.*** a title for an unmarried Italian girl, सुश्री, कुमारी। (इतालवी)

signpost (साइन्´-पोस्ट्) ***n.*** a post supporting a sign that gives information or guidance, संकेतपट, दिशापट।

silage (साइ´-लिज्) ***n.*** green fodder stored in a silo, खत्ते में रखा हुआ हरा चारा।

silence (साइ´-लॅन्स्) ***n.*** 1. calm, noiselessness, शांति, नीरवता, सन्नाटा। 2. the absence or avoidance of speech, मौन, चुप्पी, ख़ामोशी। ***v.*** (silenced, silencing) 1. to bring to silence, शांत करना या चुप कराना। 2. to suppress, दबा देना। ***interj.*** quite please, शांत रहें, शांति बनाए रखें।

silencer (साइ´-लॅन्-सॅः) ***n.*** a device for reducing noise, साइलेंसर।

silent (साइ´-लॅन्ट्) ***adj.*** 1. unspeaking, जो बोल न रहा हो, चुप, मौन। 2. calm, quiet,

noiseless, शांत, नीरव, निःशब्द। 3. mute, मूक। 4. voiceless, अनुच्चरित (वर्ण/ध्वनि)।

silhouette (सिल्-उ-ऍट्´) *n.* an outline, छायाकृति, रेखाचित्र, रेखांकन। *v.*(silhouetted, silhouetting) to represent in outline, रेखांकन करना, रेखाचित्र बनाना।

silica (सिल्´-इ-कॅ) *n.* a chemical compound, सेलखड़ी, सिलिका।

silicate (सिल्´-इ-केट/किट्) *n.* a compound of silicon, सिलिकेट।

silicon (सिल्´-इ-कॉन्) *n.* a non-metallic element found in earth's crust, सिलिकॉन।

silicosis (सिल्-इ-को´-सिस्) *n.* a lung disease caused by the inhaling of silica dust, फेफ़ड़ों का एक रोग जो गर्द के कारण होता है।

silk (सिल्क्) *n.* the fabric made from fibre produced by silkworms, रेशम, सिल्क।

silken (सिल्´-कॅन्) *adj.* 1. made of silk, रेशमी। 2. soft and delicate, मुलायम, नरम।

silkworm (सिल्क्´-व़:म्) *n.* an insect that produces silk fibre, रेशम का कीड़ा, रेशम-कीट।

silky (सिल्´-की) *adj.* 1. made of silk, रेशमी। 2. glossy, चमकीला। 3. soft, मुलायम, नरम।

sill (सिल्) *n.* the flat piece of wood or stone below a window or door, दहलीज़, दासा।

silly (सिल्´-ई) *adj.* 1. foolish, मूर्ख, बेवकूफ़। 2. ridiculous, उपहासास्पद, बेतुका।

silly point *n.* a position very close to the batsman, क्रिकेट के मैदान में बल्लेबाज़ के अत्यंत निकट का स्थान, सिली प्वाइंट।

silo (साइ´-लो) *n.* an enclosure or pit in which fodder is stored, खत्ता, बखार।

silt (सिल्ट्) *n.* a deposit of mud, sand etc. found at the bottom of rivers, गाद। *v.* (silted, silting) to fill or become filled with silt, गाद से भरना या भरा जाना।

silty (सिल्´-टी) *adj.* full of silt, गाद से भरा।

silvan (सिल्´-वॅन्) *adj.* of or relating to woods or forest regions, वन्य, जंगली।

silver (सिल्´-वॅ:) *n.* 1. a white metal used in jewellery, चाँदी, रजत। 2. a silver coin, चाँदी का सिक्का, रुपया। 3. tablewares made of silver, चाँदी के बर्तन। *adj.* 1. made of silver, चाँदी का, रुपहला। 2. like silver in colour, रुपहला, रजत; silver screen, रजत-पट। 3. denoting the 25th in a series, रजत; silver jubilee, रजत जयंती। 4. eloquent, वाग्मितापूर्ण; silver tongue, वाक्पटु। □**be born with a silver spoon in one's mouth,** अति समृद्ध घर में जन्म लेना। *v.* (silvered, silvering) 1. to cover or coat with silver, चाँदी की परत या पानी चढ़ाना, चाँदी का मुलम्मा करना। 2. to become or cause to become silvery in colour, चाँदी की तरह चमकाना या चमकने लगना।

silverfish (सिल्´-वॅ:-फ़िश्) *n.* 1. a fish having a silvery colour, रजतमीन। 2. an insect of a silvery colour feeding on paper, cloth etc., रजतकीट, रुपहला कीड़ा।

silver plating (सिल्´-वॅ:-प्लेट्-इंग्) *n.* the act of coating with silver, चाँदी का मुलम्मा, चाँदी-मढ़ाई।

silversmith (सिल्´-वॅ:-स्मिथ्) *n.* one who makes articles of silver, चाँदी के आभूषण बनानेवाला, चाँदिया।

silver-tongued (सिल्´-वॅ:-टन्ग्ड्) *adj.* eloquent, वाक्पटु।

silverware (सिल्´-वॅ:-वे़ॲ:) *n.* articles made of silver, चाँदी के बर्तन।

silvery (सिल्´-वॅ-री) *adj.* 1. made of silver, चाँदी का, रुपहला। 2. like silver in colour, झलझल करता हुआ।

simian (सिम्´-इ-ॲन्) *adj.* of or like a monkey, बंदर-संबंधी, वानरी।

similar (सिम्´-इ-लॅ:) *adj.* alike, resembling, मिलता-जुलता, समान, समरूप।

similarity (सिम्-इ-लैर्´-इ-टी) *n.* likeness, resemblance, समानता, समरूपता।

similarly (सिम्´-इ-लै:-ली) *adv.* 1. so as to

be similar, समान रूप से । 2. likewise, उसी प्रकार, उसी तरह।

simile (सिम्´-इ-ली) *n.* a figure of speech that makes comparison between two different things, उपमा अलंकार।

similitude (सि-मिल्´-इ-ट्यूड्) *n.* similarity, समानता, अनुरूपता।

simmer (सिम्´-अॅ:) *v.* (simmered, simmering) 1. to boil gently with a murmuring sound, खदबदाना। 2. to be filled with anger, उबलने लगना, खदबदाना।

□ **simmer down,** शांत होना।

simonize (साइ´-मॅ-नाइज्) *v.* (simonized, simonizing) to polish with wax, मोम से पालिश करना।

Simon Legree (साइ´-मॅन्-लॅ-ग्री) *n.* a cruel master, क्रूर स्वामी।

simonpure (साइ´-मॅन्-प्युअॅ:) *adj.* real, genuine, असली।

simony (सिम्´-अॅन्-ई) *n.* the act of buying or selling of positions in the church, अधर्म की कमाई।

simpatico (सिम्-पा´-टि-को) *adj.* 1. likable, प्रिय। 2. attractive, आकर्षक।

simper (सिम्´-पॅ:) *v.* (simpered, simpering) to smile in a silly manner, खीखी करना, दाँत निपोरना, खींसे काढ़ना।

simperingly (सिम्´-पॅ:-इंग्-ली) *adv.* in a simpering manner, दाँत निपोरते हुए।

simple (सिम्´-पॅल्) *adj.* 1. ordinary, साधारण, मामूली। 2. easy, सरल, सहज। 3. plain, unadorned, सजावट से रहित, अनलंकृत, सादा। 4. uncomplicated, जटिलताविहीन, साधारण। 5. unblended, अमिश्रित। 6. artless, निष्कपट, भोला-भाला।

simple interest *n.* an interest paid on the principal alone, सादा ब्याज।

simple-hearted (सिम्´-पॅल्-हा:´-टिड्) *adj.* artless, innocent, निष्कपट।

simple-minded (सिम्´-पॅल्-माइन्´-डिड्) *adj.* 1. foolish, मूर्ख, बुद्धू। 2. naive, गँवार, नादान।

simpleton (सिम्´-पॅल्-टॅन्) *n.* a stupid person, बुद्धू, भोंदू।

simplicity (सिम्-प्लिस्´-इ-टी) *n.* 1. the quality of being simple, सादगी, सरलता, भोलापन। 2. absence of showiness, अकृत्रिमता, सादगी। 3. foolishness, मूर्खता।

simplification (सिम्-प्लि-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* the act of simplifying, सरलीकरण।

simplified (सिम्´-प्लि-फ़ाइड्) *adj.* made easy सरलीकृत।

simplify (सिम्´-प्लि-फ़ाइ) *v.* (simplified, simplifying) 1. to make simple, सरल बनाना, सरलीकरण करना। 2. to make intelligible, समझ में आने योग्य बनाना।

simplistic (सिम्-प्लिस्´-टिक्) *adj.* 1. made simple, सरल किया या बनाया हुआ, सरलित। 2. one-sided, एकांगी, एकपक्षीय।

simply (सिम्´-प्ली) *adv.* 1. in a simple manner, सादगी से। 2. easily, सरलता से। 3. merely, just, सिर्फ़, बस। 4. absolutely, बिल्कुल। 5. really, सचमुच।

simulacrum (सिम्-यु-ले´-क्रम्) *n.* 1. an image, प्रतिकृति। 2. deceptive likeness, आभास।

simulant (सिम्´-उ-लॅन्ट्) *adj.* exhibiting simulation, अनुकरण पर बनाया हुआ।

simulate (सिम्´-उ-लेट्) *v.* (simulated, simulating) to imitate, नक़ल करना, अनुकरण करना।

simulated (सिम्´-उ-ले-टिड्) *adj.* imitated, अनुकृत, अनुकरण पर बनाया हुआ।

simulation (सिम्-उ-ले´-शॅन्) *n.* 1. the act of imitating, अनुकरण, नक़ल। 2. a representation, अनुकृति।

simulator (सिम्´-उ-ले-टॅ:) *n.* one who imitates, नक़लची, अनुकर्ता।

simultaneity (साइ-मॅल्-टॅ-नी´-इ-टी) *n.* the state of being or occurring at the same time, युगपत्ता, सहकालिकता।

simultaneous (साइ-मॅल्-टे´-नि-ॲस्) *adj.* occurring at the same time, contemporaneous, एक साथ होनेवाला, युगपत्, सहकालिक।

simultaneously (साइ-मॅल्-टे´-नि-ॲस्-ली) *adv.* 1. at the same time, एक ही समय में, साथ-साथ। 2. in the same breath, एक ही साँस में।

sin (सिन्) *n.* 1. any offence against a religious or moral law, पाप, गुनाह। 2. a serious fault, बहुत बड़ी भूल। *v.* (sinned, sinning) to commit a sin, पाप करना।

since (सिन्स्) *adv.* 1. at a time between then and now, तब से अब तक। 2. ago, पहले; long ago, बहुत पहले। □ **ever since,** तब से; **long since,** बहुत पहले से; **not long since,** हाल ही में। *prep.* 1. from till now, उस समय से, तब से। 2. from the time when, तभी से। *conj.* because, for the reason that, क्योंकि।

sincere (सिन्-सिॲः´) *adj.* 1. honest, true, ईमानदार, सच्चा, निष्ठावान। 2. heartfelt, genuine, हार्दिक। 3. real, वास्तविक।

sincerely (सिन्-सिॲः´-ली) *adv.* honestly, in good faith, ईमानदारी से, निष्ठापूर्वक। □ **yours sincerely,** आपका, भवदीय।

sincerity (सिन्-सॅर्´-इ-टी) *n.* honesty, good faith, ईमानदारी, सच्चाई, सद्भाव। □ **in all sincerity,** पूरी ईमानदारी से।

sine (साइन्) *n.* (maths.), fraction, ज्या, साइन।

sinecure (साइ´-नॅ-क्योः/क्यूः) *n.* a well-paid job in which one has to do nothing, ऐसी नौकरी जिसमें अच्छा वेतन तो मिलता हो पर काम कुछ न करना पड़ता हो, आराम की नौकरी।

sine die (साइ-नी-डाइ´-ई) *adv.* indefinitely, अनिश्चित काल के लिए।

sine qua non (साइ-नी-क्वे-नॉन्´) *n.* a necessary condition, अनिवार्य शर्त।

sinew (सिन्´-यू) *n.* 1. a tendon, नस। 2. physical strength, muscle power, शारीरिक बल। 3. (plu.) resources of power, शक्तिस्रोत, शक्ति-साधन।

sinewless (सिन्´-यु-लिस्) *adj.* without strength, अशक्त, कमज़ोर, शक्तिहीन।

sinewy (सिन्´-यु-ई) *adj.* 1. tough, चीमड़। 2. muscular, बलवान। 3. forceful, ज़ोरदार।

sinful (सिन्´-फ़ुल्) *adj.* full of sins, पापी या पापपूर्ण, अधर्मी।

sing (सिंग्) *v.* (sang, sung, singing) 1. to produce musical sound with the voice, गाना। 2. to make a humming or buzzing sound, चहचहाना या भिनभिनाना। □ **sing praises,** गुनगान करना; **sing up,** ज़ोर से गाना; **sing out,** चिल्लाकर कहना; **sing to sleep,** गाकर सुलाना।

singe (सिंज्) *v.* (singed, singeing) to burn slightly, to scorch, झुलसना या झुलसाना।

singer (सिंग्´-ॲः) *n.* one who sings, गायक।

Singhalese (सिंग्-गॅ-लीज़्´) *adj.* of Sri Lanka or its people or language, सिंहली।

Singh (सिंग्) *n.* a title of a Sikh, सिंह।

single (सिंग्´-ॲल्) *adj.* 1. one only, सिर्फ़ एक, एक ही, अकेला। 2. for one person or user, एक व्यक्ति के लिए होनेवाला; single bed, एक व्यक्ति के निमित चारपाई। 3. lonely, अकेला, एकाकी। 4. unmarried, अकेला, अविवाहित। 5. even one, एक भी। 6. separate, अलग, भिन्न। *n.* 1. a separate person or thing, कोई एक व्यक्ति या चीज़। 2. an unmarried person, अविवाहित व्यक्ति। 3. a single run (scored), एक रन। 4. (plu.) a match between two players, एकल (मैच)।

single-handed (सिंग्-गॅल्-हैन्´-डिड्) *adj.* 1. done or operated by one hand only, एक हाथ से होनेवाला, इकहत्था। 2. done by a single person, unaided, एक ही व्यक्ति द्वारा होनेवाला, अकेले ही किया हुआ, एकाकी।

single-minded (सिंग्-गॅल्-माइन्´-डिड्) *adj.* having but one purpose, undeviating,

steadfast, एकनिष्ठ, एकाग्रचित्त, अनन्य।

singleness (सिंग्´-गॅल्-निस्) ***n.*** 1. the state or quality of being single or solitary, अकेलापन।2. earnestness, एकाग्रता; singleness of mind, एकाग्रचित्तता; singleness of purpose, एकनिष्ठता।

single out ***v.*** to select from a group of people or things, बहुतों में से किसी एक को छाँटना या चुनना।

singlestick ***n.*** a swordlike wooden stick, गतका।

singleton (सिंग्´-गॅल्-टॅन्) ***n.*** 1. a single playing card of its suit in a player's hand, खिलाड़ी के हाथ में होनेवाला रंग का अकेला पत्ता। 2. a single object, अकेली वस्तु।

singly (सिंग्´-ली) ***adv.*** 1. alone, unaided, अकेले ही। 2. one by one, एक-एक करके।

singsong (सिंग्´-सा:ङ्ग्) ***n.*** monotonous regularity of rhyme, एकसुरा या एकरस गाना। ***adj.*** monotonous, एकसुरा, एकरस, विरस।

singular (सिंग्´-ग्यॅ-लॅ:) ***adj.*** 1. being only one, अकेला। 2. (gram.) denoting a single person or thing, एकवचन।3. extraordinary, असाधारण। ***n.*** the singular number, एकवचन।

singularity (सिंग्-ग्यु-लैर्´-इ-टी) ***n.*** 1. the state or quality of being singular, अकेलापन, एकाकीपन। 2. a single person or thing, अकेला व्यक्ति या वस्तु।

singularize (सिंग्´-ग्यु-लॅ-राइज़्) ***v.*** (singularized, singularizing) 1. to make singular, एकवचन बनाना। 2. to separate from others, औरों से अलग करना।

singularly (सिंग्´-ग्यु-लॅ:-ली) ***adv.*** 1. in an extraordinary way, असाधारण रूप से। 2. very much, अत्यधिक।

sinister (सिन्´-इ-स्टॅ:) ***adj.*** suggesting or threatening harm, हानिकारक, अमंगलकारी, बुरा, दूषित।

sinistrous (सिन्´-इस्-ट्रॅस्) ***adj.*** sinister, हानिकारक, अमंगलकारी, बुरा।

sink (सिंक्) ***v.*** (sank/sunk, sunk/sunken, sinking) 1. to go beneath the surface of water or liquid, डूबना। 2. to cause to descend beneath the surface of water or liquid, डुबोना, डुबाना।3. to fall or descend gradually, धीरे-धीरे नीचे आना या गिरना, घटना।4. to become lower in level, उतरना, स्तर नीचा होना। 5. to dig or drill, खोदना या धँसाना।6. to become understood, समझ में आना। 7. to become weaker or less forceful, कमज़ोर होना। 8. to approach death gradually, मरणासन्न होना।9. to invest money, धन का निवेश करना। 10 to lose money, धन गँवाना। 11. to put in a hole, डालना। □ **sink in,** दिमाग में घुसना। ***n.*** 1. a basin fixed to a wall, सिंक, कुंड, हौज़।2. a drain or sewer, मोरी या परनाला, मोरी। 3. a place of vice or corruption, दुराचार या भ्रष्टाचार का स्थल।

sinkable (सिंक्´-अॅ-बॅल्) ***adj.*** able to be sunk, डूबने योग्य।

sinker (सिंक्´-अॅ:) ***n.*** a weight used to sink a fishing line, डुबाऊ, निमज्जक, सिंकर।

sinkhole (सिंक्´-होल्) ***n.*** low land where drainage collects, वह नीची भूमि जहाँ गंदा पानी इकट्ठा होता हो।

sinking fund (सिंक्´-इंग्-फ़न्ड्´) ***n.*** a fund made up to repay longterm debt, निक्षेप निधि, ऋणशोधन निधि।

sinless (सिन्´-लिस्) ***adj.*** free from sin, without sin, निष्पाप, बेगुनाह।

sinner (सिन्´-अॅ:) ***n.*** a person who sins, wrongdoer, पापी, गुनाहगार।

Sino (साइ´-नो) ***prefix.*** Chinese, चीनी; Sino-India relations, चीन-भारत संबंध।

Sinology (साइ-नॉल्´-अॅ-जी) ***n.*** the study of Chinese art, literature, history etc., चीनी कला, साहित्य, इतिहास आदि का अध्ययन।

sinuous (सिन्´-यु-अॅस्) ***adj.*** 1. serpentine,

wavy, सर्पिल, लहरदार। 2. crooked, not honest, धूर्त, बेईमान।

sinus (साइ´-नॅस्) *n.* 1. a cavity in bone, अस्थि-रंध्र। 2. a passage leading to a cavity containing pus, नासूर। 3. a bend or curve, मोड़, चाप।

sip (सिप्) *v.* (sipped, sipping) 1. to drink only a little at a time, चुस्की भरना या लेना। 2. to drink little by little, चुस्कियाँ भरना, सुरकना। *n.* a small quantity sipped, चुस्की।

siphon (साइ´-फ़न्) *n.* an u shaped apparatus for forcing liquid to flow to the other end, साइफ़न। *v.* (siphoned, siphoning) to flow through a siphon, साइफ़न से निकलना, बहना।

sippet (सिप्´-इट्) *n.* a small piece, टुकड़ा।

Sir (सॅ:) *n.* a title of a knight, सर।

sir (स:) *n.* a form of address to man, सर, श्रीमान्, महोदय।

sire (स:) *n.* a male parent of an animal, पशु का जनक, प्रजनक। *v.* (sired, siring) to beget, पैदा करना, जन्म देना।

siren (साइर्´-अॅन्) *n.* 1. a device to make a loud prolonged sound as a signal, भोंपू। 2. a dangerously fascinating woman, मायाविनी, मोहिनी।

Sirius (सिर्´-इ-अॅस्) *n.* a star, लुब्धक (तारा)।

sirloin (स:-लॉइन्) *n.* the upper of loin of beef, पुट्ठे का मांस।

sirocco (सि-रॉक्´-ओ) *n.* a hot dusty wind, धूल-धक्कड़ भरी गर्म हवा।

sisal (साइ´-सॅल, सिस्´-अॅल्) *n.* a plant that yields fibres for making ropes, (मैक्सिको का) एक पौधा, जिसके रेशों से रस्से बनते हैं।

sissy (सिस्´-ई) *n.* 1. an effeminate person, जनखा, हिजड़ा। 2. a timid person, डरपोक व्यक्ति।

sister (सिस्´-टॅ:) *n.* 1. a female having the same parents as another person, बहन, दीदी। 2. a fellow woman, धर्म-बहन, बहन, दीदी। 3. a nun, सिस्टर। 4. a nurse of a hospital, सिस्टर। 5. something of the same type, समरूप वस्तु; sister concern, सहयोगी संस्था।

sisterhood (सिस्´-टॅ:-हुड्) *n.* the state of being related as a sister or sisters, बहनापा।

sister-in law (सिस्´-टॅ:-इन्-ला:) *n.* 1. the sister of one's husband or wife, ननद या साली। 2. the wife of one's brother, भाभी या भौजी।

sit (सिट्) *v.* (sat, sitting) 1. to take rest on one's buttocks, बैठना। 2. to cause to sit, बैठाना, आसन देना। 3. to pose for a portrait, तस्वीर खिंचवाने के लिए चित्रकार या कैमरे के सामने बैठना। 4. to hatch, सेना। 5. to be situated, स्थित होना। 6. to appear, (परीक्षा आदि में) सम्मिलित होना। 7. to work as baby-sitter, बच्चे की रखवाली करना। □ **be sitting pretty,** चैन की बंसी बजाना; **sit about,** (ख़ाली) बैठे या पड़े रहना; **sit back,** (काम के समय) आराम से बैठना; **sit in,** धरना देना; **sit on,** विलंब करना, लटका देना; **sit tight,** धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा करना; **sit out,** (i) अंत तक रुकना, (ii) शामिल न होना; **sit up,** (i) उठ बैठना, (ii) प्रतीक्षा करना।

sit-down strike (सिट्´-डॉउन्-स्ट्राइक्) *n.* a strike in which the strikers stay inside the office or factory but refuse to work, बैठकी-हड़ताल, धरना।

site (साइट्) *n.* 1. a plot of land on which a town or building stood, stands or is to stand, स्थल, स्थान। 2. a place for some activity, कार्यस्थल। 3. a place where some event took place, घटना-स्थल। *v.* (sited, siting) 1. to locate, स्थित होना। 2. to install, स्थापित करना।

sit-in (सिट्´-इन्) *n.* occupation of a building as a form of protest, धरना।

sitter (सिट्´-अॅ:) *n.* 1. a person who is posing for a portrait, बैठकर चित्र बनवाने या फ़ोटो खिंचवानेवाला। 2. a person employed

to stay with a child or children, बच्चे या बच्चों की रखवाली करनेवाला।

sitting (सिट्´-इंग्) *n.* 1. a continuous period of being seated, बैठक, बैठकी। 2. a term or session, बैठक, अधिवेशन। *adj.* 1. seated, बैठा हुआ। 2. present, वर्तमान।

sitting duck *n.* a defenceless person, मुट्ठी में का शिकार।

sitting member *n.* a present member of a body, वर्तमान सदस्य।

sitting room *n.* a room used for sitting in, बैठक।

situate (सिच्´-उ-एट्) *v.* (situated, situating) to place or put in a certain position, स्थित करना, स्थापित करना। ☐ **be situated,** स्थित होना।

situated (सिच्´-उ-ए-टिड्) *adj.* located, स्थित।

situation (सिच्-उ-ए´-शॅन्) *n.* 1. position, स्थिति, दशा। 2. location, स्थल, स्थान। ☐ **situation wanted,** स्थान रिक्त है, (किसी विशिष्ट काम के लिए) आदमी चाहिए, आवश्यकता है।

situs (साइ´-टॅस्) *n.* location, स्थान।

six (सिक्स्) *adj.* & *n.* one more than five, छह। ☐ **at sixes and sevens,** अस्त-व्यस्त।

sixfold (सिक्स्´-फ़ोल्ड्) *adj.* having six folds, छहपहला।

six-footer (सिक्स्´-फुट्-अॅ:) *n.* a person six feet tall, छह फुट लंबा व्यक्ति, छह फुटा।

six-shooter (सिक्स्´-शू-टॅ:) *n.* a revolver that fires six times, छह गोलियोंवाली पिस्तौल, छगोलिया।

sixteen (सिक्स्-टीन्´) *adj.* one more than fifteen, सोलह।

sixth (स्किस्थ्) *adj.* next after fifth, छठा।

sixth sense *n.* insight, अंतर्दृष्टि, अंतर्बोध।

sixties (सिक्स्´-टीज़्) *n.* (plu.) the number of years from sixty to sixty nine, 60 से 69 वर्ष।

sixtieth (सिक्स्´-टि-अॅथ्) *adj.* preceded by sixty nine others, साठवाँ।

sixty (सिक्स्´-टी) *adj.* & *n.* one more than fifty nine, साठ।

sizable, sizeable (साइ´-ज़ॅ-बॅल्) *adj.* quite large, of considerable size, अच्छे-ख़ासे आकारवाला, काफ़ी बड़ा।

size (साइज़्) *n.* 1. extent of something, माप, साइज। 2. measurements, आकार-प्रकार। ☐ **cut someone (down) to size,** किसी को उसका असली रूप या औक़ात बता देना, ऐसी की तैसी करना; **size up,** थाह लेना या लगाना। *v.* (sized, sizing) to arrange according to size, नाप-जोख के अनुसार बनाना।

sizy (साइ´-ज़ी) *adj.* glutinous, चिपचिपा।

sizzle (सिज़्´-अॅल्) *v.* (sizzled, sizzling) 1. to make a hissing sound of frying, छनछनाना, कड़कड़ाना। 2. to seethe with anger, बौखलाना, उत्तेजित होना। 3. to be very hot, अत्यंत गर्म होना, उत्तप्त होना, जलना। *n.* a hissing sound, छनछन, छनछनाहट, कड़कड़ाहट।

sizzling (सिज़्´-लिंग्) *adj.* 1. extremely hot, बहुत गर्म, जलता हुआ। 2. very exciting, अत्यंत उत्तेजक; sizzling dance, अत्यधिक कामोत्तेजक नृत्य; sizzling speech, आग उगलता भाषण।

skate (स्केट्) *n.* a shoe or plate for gliding over the ice, स्केट। *v.* (skated, skating) to move on skates, स्केटिंग करना।

skating (स्केट्´-इंग्) *n.* the work of one who skates, स्केटिंग करना।

skedaddle (स्कि-डैड्´-अॅल्) *v.* (skedaddled, skedaddling) to go away quickly, भाग खड़े होना, भगदड़ मच जाना।

skeet (स्कीट्) *n.* a form of trapshooting, उड़ती चीज़ पर निशाना लगाने की कला, गति-भेदन।

skein (स्केन्) *n.* 1. loosely coiled bundle of thread or yarn, अंटी, लच्छी। 2. a flock of flying geese, उड़ते हंसों की टोली।

skeletal (स्कॅल्´-अॅ-टॅल्) *adj.* 1. of the

skeleton, कंकाल-संबंधी। 2. very thin, like a skeleton, कंकाल-सा, ठठरीनुमा, मरियल।

skeleton (स्केॅल्´-इ-टॅन्) *n.* 1. the internal supporting framework of animal body, हड्डियों का ढाँचा, ठठरी, कंकाल। 2. a supporting structure or framework, ढाँचा, ढड्ढा। 3. a very lean person or animal, दुबला-पतला व्यक्ति या मरियल पशु। 4. an outline or sketch, रूप-रेखा। □ **skeleton at the feast,** राग-रंग को उदासी या विषाद में बदलनेवाली बात; **skeleton in the closet,** छिपाकर रखी हुई ऐसी बातें जिनसे शर्मिंदा होना पड़े।

skeleton key *n.* a key that can unlock many different locks, ऐसी ताली जिससे कई तरह के ताले खुल जाएँ, चोर-कुंजी।

skep (स्केॅप्) *n.* 1. a basket of wicker, सीकों से बनी टोकरी। 2. a beehive, मधुमक्खियों का छत्ता।

skeptic (स्केॅप्´-टिक्) *adj.* = sceptic.

skeptical (स्केॅप्´-टि-कॅल्) *adj.* = sceptical.

skeptically (स्केॅप्-टि-कॅ-ली) *adv.* = sceptically.

skepticism (स्केॅप्´-टि-सिज़्-अॅम्) *n.* = scepticism.

sketch (स्केॅच्) *n.* 1. an outline, ख़ाका, रूप-रेखा। 2. a brief account of something, रेखाचित्र। *v.* (sketched, sketching) to make a sketch (of), रूपरेखा तैयार करना, रेखाचित्र तैयार करना।

sketchily (स्केॅच्´-इ-ली) *adv.* in a sketchy manner, अधूरे रूप में।

sketchy (स्केॅच्´-ई) *adj.* rough and not detailed, कच्चा और अधूरा, अपूर्ण, सतही।

skew (स्क्यू) *adj.* slanting, oblique, तिरछा, टेढ़ा, ढलवाँ। *v.* (skewed, skewing) 1. to make slanting, तिरछा बनाना। 2. to bias, तरफ़दारी करना, पक्षपात करना। 3. to take an oblique course, तिरछे/टेढ़े चलना।

skewer (स्क्यू´-अः) *n.* a long pin for holding meat while cooking, (कबाब की) सीख़। *v.* (skewered, skewering) to pierce and hold with a skewer, सीख़ में मांस को पिरोना।

skew-eyed (स्क्यू´-आइड्) *adj.* squint-eyed, भेंगा।

ski (स्की) *n.* one of a pair of long narrow strips of wood attached to a boat for gliding over snow, (बर्फ़ पर फिसलने के लिए) लकड़ी का पतला लंबा जूता, स्की। *v.* (skied, sking) to travel on skis, स्की पहनकर बर्फ़ पर फिसलना, स्कीयन करना।

skid (स्किड्) *v.* (skidded, skidding) to slide uncontrollably on slippery grounds, फिसलना। *n.* the act of slipping, फिसलने की क्रिया। □ **on the skids,** बरबादी या विनाश की ओर।

skier (स्की´-अः) *n.* one who skis, स्कीयन करनेवाला, स्कीयक।

skiff (स्किफ़्) *n.* a small, flat-bottomed open boat, छोटी नाव, डोंगी।

skilful (स्किल्´-फ़ुल्) *adj.* 1. possessing or displaying skill, कुशल, दक्ष। 2. requiring skill, जिसके संपादन के लिए कुशलता की अपेक्षा हो।

skill (स्किल्) *n.* the ability to do something well, कौशल, दक्षता।

skilled (स्किल्ड्) *adj.* 1. skilful, highly trained, दक्षता-प्राप्त, कुशल, निपुण। 2. (of work) requiring special skill, (कार्य) जिसके लिए विशेष दक्षता की आवश्यकता हो।

skillet (स्किल्´-इट्) *n.* a frying pan, फ्राइंगपैन।

skim (स्किम्) *v.* (skimmed, skimming) 1. to remove floating matter from milk or any other liquid, मलाई या झाग उतारना। 2. to glide smoothly, आसानी से फिसलना। 3. to read through quickly, सरसरी निगाह से देख या पढ़ जाना। 4. to hide profit, लाभ छिपाना, आय छिपाना।

skimmed milk (स्किम्ड्´-मिल्क्) *n.* milk with cream removed, छूछा दूध, मलाई-उतरा दूध,

मखनिया दूध, सप्रेटा।

skimmer (स्किम्´-अ:) *n.* a utensil for skimming, पोनी।

skimp (स्किम्प्) *v.* (skimped, skimping) 1. to be stingy, कंजूस होना। 2. to keep expenses very low, थोड़े में गुज़ारा करना, कंजूसी करना। 3. to do carelessly, बेगार टालना।

skimpy (स्किम्´-पी) *adj.* 1. stingy, कंजूस। 2. inadequate, अपर्याप्त, अयथेष्ट, थोड़ा।

skin (स्किन्) *n.* 1. outer covering of an animal, त्वचा। 2. the outer covering of fruit, छिलका। 3. a container made of animal's skin, मशक। 4. film, झिल्ली, पपड़ी। □ **by the skin of one's teeth,** बड़ी मुश्किल से; **get under a person's skin,** किसी को अत्यधिक रिझाना; **save one's skin,** चोट, वार या हानि बचा जाना; *v.* (skinned, skinning) 1. to remove skin from, खाल उतारना। 2. to injure by scraping, छिल जाना। 3. to cheat, ठगना।

skindeep (स्किन्-डीप्´) *adj.* 1. not deep, छिछला। 2. superficial, ऊपरी, सतही।

skin-disease (स्किन्-डि-सीज़्´) *n.* the disease of a skin, त्वचा रोग।

skindive (स्किन्´-डाइव्) *v.* (skindived, skin-diving) to swim deeper under water (with flippers and breathing apparatus, (उपकरणों की सहायता से) पानी के अंदर तैरना।

skin flick *n.* a pornographic film, अश्लील फ़िल्म।

skinflint (स्किन्´-फ़्लिंट्) *n.* a miser, कंजूस।

skin game *n.* any swindling trick, निरी ठगी, धोखाधड़ी।

skingraft (स्किन्-ग्राफ़्ट्) *n.* the act of removing a piece of skin from one place of the body and grafting it to another place, त्वचारोपण।

skinned (स्किन्ड्)´ *adj.* having a skin, चमड़ीवाला; dark-skinned, काली चमड़ीवाला, काला।

skinny (स्किन्´-ई) *adj.* very thin, दुबला-पतला, सींक-सलाई।

skint (स्किंट्) *adj.* without money, छूछा, मुफ़लिस, निर्धन।

skintight (स्किन्´-टाइट्) *adj.* very close-fitting, बहुत कसा हुआ, तन से चिपका हुआ (वस्त्र), चुस्त।

skip (स्किप्) *v.* (skipped, skipping) 1. to spring, फुदकना, उछलना-कूदना। 2. to leap, फाँदना। 3. to pass over, omit, छोड़ देना, लंघन कर जाना; He has skipped a chapter of the book. उसने एक अध्याय छोड़ दिया है। 4. to leave hastily, खिसक जाना। *n.* 1. a skipping movement, उछल-कूद, फुदकना। 2. the act of omitting, लंघन।

skipper (स्किप्´-अ:) *n.* a captain, कप्तान। *v.* (skippered, skippering) to captain, कप्तानी करना, नेतृत्व करना।

skirl (स्क:ल्) *n.* the sound of a bagpipe, मशकबीन की ध्वनि।

skirmish (स्क:´-मिश्) *n.* 1. a minor encounter in war, मुठभेड़, भिड़ंत। 2. any brisk conflict, झड़प।

skirt (स्क:ट्) *n.* 1. a female garment hanging from the waist, लहँगे की तरह का युरोपीय पहनावा, स्कर्ट। 2. the part of the dress below the waist, घेरा या पल्ला। 3. (plu.) an outlying area, बाह्यांचल। *v.* (skirted, skirting) 1. to lie along the edge, किनारे पर होना। 2. to avoid, बचा जाना, छोड़ देना।

skit (स्किट्) *n.* a short comic theatrical sketch, प्रहसन, व्यंगिका।

skitter (स्किट्´-अ:) *v.* (skittered, skittering) to skip or glide, फिसलना।

skittish (स्किट्´-इश्) *adj.* 1. playful, खिलवाड़ी। 2. nervous, घबराया हुआ। 3. whimsical, सनकी।

skittle (स्किट्´-अल्) *n.* a wooden pin (in the game of bowling) लकड़ी का पिन।

skive (स्काइव्) *v.* (skived, skiving) 1. to avoid (work or responsibility, काम या

उत्तरदायित्व से) भागना। 2. to shave or pave, परत उतारना, छीलना।

skiver (स्वाइ´-वं:) ***n.*** the leather used in bookbinding, जिल्दबंदी के काम आनेवाला पतला चमड़ा।

skivvy (स्किव्´-ई) ***n.*** 1. a man's undershirt, बनियान, गंजी। 2. (plu.) an underwear, जाँघिया।

skoal (स्कोल्) ***interj.*** to your health! आपके स्वास्थ्य के लिए।

skul(l)duggery (स्कॅल्-डग्´-इ-री) ***n.*** deception, trickery, धोखाधड़ी, चालबाज़ी, बेईमानी।

skulk (स्कल्क्) ***v.*** (skulked, skulking) 1. to move about stealthily, दुबककर चलना। 2. to shirk, (काम या उत्तरदायित्व से) भागना। 3. to lie in wait, घात में बैठना।

skull (स्कल्) ***n.*** the bony framework of the head, खोपड़ी।

skunk (शंक्) ***n.*** 1. a small bushy-tailed American mammal, बिल्ली के आकार का एक अमरीकी स्तनपायी पशु। 2. a despicable person, घृणित व्यक्ति। ***v.*** (skunked, skunking) to defeat overwhelmingly, बुरी तरह हरा देना, पछाड़ देना, धूल चटा देना।

sky (स्काइ) ***n.*** 1. the upper atmosphere, आसमान, आकाश। 2. heaven, स्वर्ग। □**praise someone to the skies,** आसमान पर चढ़ा देना, बेहद प्रशंसा करना, सिर पर उठा लेना; **the sky in the limit;** कोई सीमा नहीं, कोई-ओर-छोर नहीं। ***v.*** (skied, skying) to hit high in the air, आकाश में (ऊँचा) उछाल देना।

sky-blue (स्काइ-ब्लू´) ***adj.*** of the colour of the sky, आसमानी। ***n.*** a light blue colour, आसमानी रंग।

skydiving (स्काइ´-डाइ-विंग्) ***n.*** the sport of jumping from the airplane and performing acrobatics in the air, हवाई जहाज़ से कूदकर दिखाई जानेवाली कलाबाज़ी, हवाबाज़ी।

sky-high (स्काइ-हाइ´) ***adj.*** very high, गगनचुंबी, बहुत ऊँचा।

skyjack (स्काइ´-जैक्) ***v.*** (skyjacked, skyjacking) to highjack an airplane, उड़ते हुए हवाई जहाज़ का अपहरण कर लेना।

skylark (स्काइ´-ला:क्) ***n.*** a bird noted for its singing while in flight, भरल। ***v.*** (skylarked, skylarking) to frolic, खिलवाड़ या क्रीड़ा करना।

skylight (स्काइ´-लाइट्) ***n.*** a window in a roof or ceiling, रोशनदान, झरोखा।

skyline (स्काइ´-लाइन्) ***n.*** 1. the horizon, क्षितिज। 2. an outline, रूपरेखा।

skyrocket (स्काइ´-रॉक्-इट्) ***v.*** (skyrocketed, skyrocketing) to rise rapidly, तेज़ी से ऊपर उठना।

skyscraper (स्काइ´-स्क्रे-पं:) ***n.*** a very tall building, गगनचुंबी अट्टालिका।

skyward (स्काइ´-व:ड्) ***adv.*** toward the sky, आसमान को तरफ़।

skywriting (स्काइ´-राइ-टिंग्) ***n.*** the words formed in the sky by the smoke emitted by an airplane, आकाश-लेख, धूम्रलेख।

slab (स्लैब्) ***n.*** 1. a broad thick piece of stone, पटिया। 2. a broad thick piece of concrete, सीमेंट की पटिया, स्लैब।

slack (स्लैक्) ***adj.*** 1. loose, ढीला, शिथिल। 2. characterized by little trade or business, मंदा। 3. sluggish, सुस्त। 4. careless, असावधान। ***v.*** (slacked, slacking) 1. to loosen, ढीला करना या होना। 2. to neglect (one's duty, कर्तव्य की) उपेक्षा करना। ***n.*** 1. the state of being hanging loose, ढील, शिथिलता। 2. the period of decreased activity, मंदी।

slacken (स्लैक्´-ॲन्) ***v.*** (slackened, slackening) 1. to make slack, ढीला करना। 2. to become slack, ढीला होना।

slacker (स्लैक्´-ॲ:) ***adj.*** one who shirks duty, काम-चोर, आलसी, आराम-तलब।

slack-jawed (स्लैक्-जा:ड्´) ***adj.*** having one's

mouth open, मुँह बाए हुआ।

slack water *n.* the period of still water, वह समय जब समुद्र में न ज्वार हो और न भाटा ही, शांत जल।

slain (स्लेन्) *v.* p.p. of slay.

slag (स्लैग्) *n.* the dross left after smelting ore, धातुमल।

slake (स्लैक्) *v.* (slaked, slaking) 1. to quench, (प्यास) बुझाना। 2. to combine water (with lime, चूना) बुझाना।

slam[1] (स्लैम्) *v.* (slammed, slamming) 1. to shut with force and loud noise, (दरवाज़ा) ज़ोर से भिड़काना या बंद करना। 2. to strike, आघात करना, प्रहार करना। 3. to criticize harshly, कटु आलोचना करना। □ **slam a century,** (क्रिकेट में) ज़ोर-शोर से शतक बनाना।

slam[2] *n.* the winning of all but one trick in a card game, ताश के खेल में एक छोड़ कर सभी हाथ बनाना।

slam-bang (स्लैम्-बैंग्´) *adv.* 1. noisily, शोर करते हुए, ज़ोर-शोर से। 2. recklessly, लापरवाही से।

slammer (स्लैम्´-अ:) *n.* a jail or prison, कारागृह, बंदीगृह।

slander (स्लैन्´-डः) *n.* a false or malicious statement that damages the reputation of someone, निंदा, बुराई, मानहानि। *v.* (slandered, slandering) to utter slander (about, किसी की) निंदा करना, बुराई करना।

slanderer (स्लैन्´-डः-अ:) *n.* one who slanders, बुराई करनेवाला, निंदक।

slanderous (स्लैन्´-डॅ-रस्) *adj.* defamatory, निंदापूर्ण, निंदात्मक।

slang (स्लैंग्) *n.* non-standard colloquial usage, बोलचाल के ऐसे प्रयोग जिन का इस्तेमाल औपचारिकप्रसंगों में न किया जाता हो, अपशब्द, अपप्रयोग या अपभाषा। *v.* (slanged, slanging) to abuse, अपवचन कहना।

slant (स्लैन्ट्) *v.* (slanted, slanting) 1. to slope, ढालू होना या ढालू करना, तिरछा होना या तिरछा करना। 2. to bend, झुकना या झुकाना। 3. to be biased, पूर्वग्रह से युक्त होना। 4. to present (news) with a biased attitude, (समाचार को) विशेष दृष्टिकोण से प्रस्तुत करना। *n.* 1. slope, ढाल। 2. bend, झुकाव। 3. biased attitude, पूर्वग्रहयुक्त दृष्टिकोण, तरफ़दारी।

slantingly (स्लैन्´-टिंग्-ली) *adv.* obliquely, तिरछे।

slantwise (स्लैंट्´-वाइज़्) *adv.* slantingly, तिरछे।

slap (स्लैप्) *n.* 1. a blow with the open hand, चपत, थप्पड़, चाँटा। 2. to insult, अपमान। 3. to reprimand, बिगड़ना, भर्त्सना करना। □ **a slap in the face,** तमाचा; **a slap on the back,** शाबासी। *v.* (slapped, slapping) 1. to strike with a slap, चपत मारना, तमाचा जड़ना। 2. to insult, अपमान करना। *adv.* 1. suddenly, अचानक। 2. forcibly, बलात्, ज़बरदस्ती। 3. abruptly, अचानक, सहसा।

slapdash (स्लैप्´-डैश्) *adj.* 1. hasty, जल्दबाज़। 2. careless, लापरवाह। *adv.* hastily, जल्दबाज़ी में।

slap-up (स्लैप्´-अप्) *adj.* excellent, उम्दा, बढ़िया।

slash (स्लैश्) *v.* (slashed, slashing) 1. to cut with a violent sweeping stroke, (तलवार आदि से) झटके से चीर या काट डालना। 2. to make a cut in, चीरा देना। 3. to lash with a whip, कोड़े लगाना। 4. to reduce drastically, एकदम कम कर देना, भारी कमी करना। 5. to criticize severely, कटु आलोचना करना। *n.* 1. a cut or gash, चीरा। 2. a deep wound, गहरा घाव। 3. the act of urinating, पेशाब करना।

slashing (स्लैश्´-इंग्) *adj.* sharp, violent, उग्र, प्रचंड।

slat (स्लैट्) *n.* a narrow strip of wood or metal, लकड़ी या धातु की पट्टी।

slate (स्लेट्) *n.* 1. a smooth fine-grained rock

that splits into thin layers, स्लेटी पत्थर। 2. a writing tablet of slate, स्लेट। 3. grey colour, स्लेटी रंग। 4. a list of candidates of a particular party running for various offices, चुनाव के लिए किसी दल के प्रत्याशियों की सूची, प्रत्याशी-सूची। *v.* (slated, slating) 1. to cover with slates, पटिया से छाना। 2. to hold elections, चुनाव कराना। 3. to criticize harshly, कटु आलोचना करना।

slather (स्लैथ्´-अ॑:) *v.* (slathered, slathering) 1. to spread thickly, मोटी परत लगाना या फैलाना। 2. to squander, फ़िज़ूल ख़र्च करना, बर्बाद करना।

slattern (स्लैट्´-अ॑:न्) *n.* a slovenly woman or girl, मैले-कुचैले कपड़े पहननेवाली स्त्री या लड़की।

slaughter (स्ला:´-टॅ:) *n.* 1. the killing of animals for food, पशुओं का काटा जाना, पशुवध। 2. a massacre, संहार, नरसंहार या पशुसंहार। *v.* (slaughtered, slaughtering) 1. to kill animals for food, पशुओं का काटा जाना, वध। 2. to kill in great numbers, संहार करना।

slaughterer (स्ला:´-टॅ:-अ॑:) *n.* 1. one who slaughters, बूचड़, कसाई। 2. a killer, हत्यारा।

slaughter-house (स्ला:´-टॅ:-हाउस्) *n.* a place where animals are killed for food, बूचड़ख़ाना, कसाईख़ाना।

slave (स्लेव्) *n.* a born slave, गुलाम, दास; born slave, जन्मजात दास; slave owner, दास-स्वामी; slave trade, दास-व्यापार। *v.* (slaved, slaving) to work like a slave, गुलाम की तरह काम करना, कठोर परिश्रम करना।

slaver (स्लैव्´-अ॑:) *v.* (slavered, slavering) 1. to have saliva flowing from the mouth, लार टपकाना। 2. to show great desire for, उत्कंठित होना, लार टपकाना। *n.* 1. saliva dribbling from the mouth, लार। 2. a person who deals in slaves, दास-व्यापारी।

slaverer (स्लैव्´-अ॑-रॅ:) *n.* 1. one who slavers, लार बहानेवाला। 2. a flatterer, चापलूस।

slavery (स्ले´-वॅ-री) *n.* 1. the state or condition of being a slave, दासता, ग़ुलामी। 2. the owning or keeping of slaves, दास-प्रथा। 3. hard work, कठोर परिश्रम।

slavish (स्ले´-विश्) *adj.* 1. like slaves, दासों का-सा, दासीय। 2. imitative, नक़ली, अनुकृत।

slavonic (स्लॅ-वॉन्´-इक्) *n.* a branch of Indo-European family of languages, स्लवानिक भाषा-समूह। *adj.* of slavonic languages, स्लवानिक भाषाओं से संबद्ध।

slay (स्ले) *v.* (slew, slain, slaining) to kill, मार डालना, क़त्ल करना।

slayer (स्ले´-अ॑:) *n.* one who slays or kills, हत्यारा, वधिक।

sleazy (स्ली´-ज़ी) *adj.* cheap and dirty, दो कौड़ी का, गया- गुज़रा, फूहड़।

sledge (स्लॅज्) *n.* a vehicle mounted on runners drawn by dogs or horses for carrying loads across snow, हिमगाड़ी। *v.* (sledged, sledging) to travel by sledge, हिमगाड़ी से यात्रा करना।

sledge-hammer (स्लॅज्´-हॅम्-अ॑:) *n.* a long heavy hammer, बड़ा हथौड़ा, घन।

sleek (स्लीक्) *adj.* 1. smooth, glossy, चिकना-चुपड़ा। 2. trim, graceful, बना-ठना। *v.* (sleeked, sleeking) to make smooth or glossy, चिकना बनाना।

sleep (स्लीप्) *n.* a state of rest during which consciousness is suspended, नींद। □ **go to sleep,** सोना; **lose sleep,** नींद गँवा बैठना; **put to sleep,** (i) सुलाना, (ii) बेहोश कर देना, (iii) सदा के लिए सुला देना। *v.* (slept, sleeping) to be in a state of sleep, सोना, नींद लेना। □ **sleep around,** कइयों से सहवास करना; **sleep in,** काम की जगह पर सोना; **sleep off,** सोकर (ख़ुमारी या परेशानी से) पिंड छुड़ाना; **sleep on,** सोच में रात बिताना; **sleep out,** खुले में सोना; **sleep through,** गहरी नींद में सोना; **sleep together,** सहवास करना; **sleep**

with, सहवास करना।

sleeper (स्ली´-पॅ:) ***n.*** 1. सोनेवाला व्यक्ति। 2. a sleeping car, शयनयान। 3. a heavy timber beam, शहतीर, स्लीपर।

sleep in (स्लीप्´-इन्) ***v.*** to sleep at one's place of work, अपने काम की जगह पर ही सोना।

sleeping bag ***n.*** a bag in which a person may sleep, शयन-थैला।

sleeping berth ***n.*** any berth in a sleeping car, शायिका।

sleeping car ***n.*** a railway car with accommodation for sleeping, शयनयान, शयनिका।

sleeping partner ***n.*** a partner in a business who does not play an active role, अक्रिय भागीदार, निष्क्रिय भागीदार।

sleeping pill ***n.*** a pill that induces sleep, नींद की गोली।

sleeping room ***n.*** a room for sleeping, शयन-कक्ष।

sleeping sickness ***n.*** a disease characterized by fever and lethargy, एक रोग जिसमें बुख़ार के साथ-साथ अत्यधिक सुस्ती आती है।

sleeping suit ***n.*** clothes for sleeping, सोने के कपड़े, शयन-परिधान।

sleepless (स्लीप्´-लिस्) ***adj.*** 1. without sleep, unable to sleep, निद्रारहित, उन्निद्र। 2. always alert, सदा जागरूक रहनेवाला।

sleepwalker (स्लीप्´-वा:-कॅ:) ***n.*** a person who walks while asleep, नींद में चलनेवाला, निद्राचर।

sleepy (स्ली´-पी) ***adj.*** (sleepier, sleepiest) 1. ready to sleep, drowsy, जिसे नींद आ रही हो, उनींदा, तंद्रिल। 2. inactive, अक्रिय, निष्क्रिय। 3. quite, शांत।

sleepyhead (स्ली´-पी-हॅड्) ***n.*** a sleepy person, अक्रिय व्यक्ति।

sleet (स्लीट्) ***n.*** 1. falling of hail-stones, उपल-वृष्टि। 2. an icy glaze, बर्फ़ की चमक। ***v.*** (sleeted, sleeting) to shower in the form of sleet, उपलवृष्टि होना।

sleeve (स्लीव्) ***n.*** the part of a garment that covers the arm, आस्तीन। □ **laugh up one's sleeves,** मन ही मन प्रसन्न होना; **roll up one's sleeves,** भिड़ने के लिए तैयार हो जाना।

sleeveless (स्लीव्´-लिस्) ***adj.*** without sleeves, बिना आस्तीन का, बिना बाँह का।

sleigh (स्ले) ***n.*** a light vehicle for use on snow, हिमगाड़ी, स्लेज।

sleight of hand ***n.*** great skill in performing a trick, हाथ की सफ़ाई, हस्तकौशल।

slender (स्लॅन्´-डॅ:) ***adj.*** 1. of small width relative to height, छरहरा, पतला-दुबला। 2. in-adequate, अयथेष्ट।

slenderness (स्लॅन्´-डॅ:-निस्) ***n.*** the state of being slender, छरहरापन।

slenderize (स्लॅन्´-डॅ-राइज़्) ***v.*** (slenderized, slenderizing) 1. to become slender, छरहरा हो जाना। 2. to make slender, छरहरा बना देना।

slept (स्लॅप्ट्) ***v.*** p.t. & p.p. of sleep.

sleuth (स्लूथ्) ***n.*** a detective, जासूस, भेदिया; sleuth hound, भेदिया कुत्ता। ***v.*** (sleuthed sleuthing) to track or follow, पीछा करना।

slew[1] (स्लू) ***v.*** p.t. of slay.

slew[2] ***n.*** a large number or amount, बहुत बड़ी संख्या या राशि।

slice (स्लाइस्) ***n.*** 1. a thin flat piece cut from a larger object, कतला, फाँक। 2. a portion or share, अंश, भाग। 3. the flight of a ball that travels obliquely, गेंद की तिरछी उड़ान। ***v.*** (sliced, slicing) 1. to cut with a knife, छुरी से काटना। 2. to divide with a knife, फाँकें निकालना, काटना। 3. to hit a ball with a slice, गेंद को तिरछे उड़ाना।

slicer (स्लाइ´-सॅ:) ***n.*** a tool for slicing, छुरी।

slick (स्लिक्) ***adj.*** 1. smooth, चिकना। 2. flattering and glib, वाक्‌चपल। 3. deftly executed, दक्षतापूर्वक किया हुआ। 4. shrewd,

सयाना, चालक। 5. superficially attractive, सतही रूप से आकर्षक। *n.* smooth surface, चिकना तल। *v.* (slicked, slicking) to make smooth or glossy, चिकना बनाना।

slicker (स्लिक्´-अॅ:) *n.* 1. a raincoat, एक तरह की चमकीली बरसाती। 2. a person with stylish clothing and manners, चलता पुर्ज़ा।

slide (स्लाइड्) *v.* (slid, sliding) 1. to move or cause to move over smooth surface in continual contact with it, फिसलना या फिसलाना, सरकना या सरकाना। 2. to slip, खिसक जाना। □ **let something slide,** (हाथ से) कोई चीज़ निकल जाने देना। *n.* 1. a sliding movement or action, फिसलाव, सरकन, सर्पण। 2. a land-slide, भूस्खलन।

sliding (स्लाइ´-डिंग्) *n.* the act of a person or thing that slides, सर्पण।

sliding door *n.* a door that slides, सरकवाँ दरवाज़ा, सर्पी किवाड़।

sliding knot *n.* a kind of knot, सरक-गाँठ।

sliding scale *n.* a scale in which indicated prices, wages vary etc. in accordance with some other factor, विसर्पी मापनी।

slight (स्लाइट्) *adj.* 1. slender, not stout, दुर्बल, कमज़ोर। 2. small in amount or extent, अल्प, थोड़ा। 3. lacking weight, हलका। □ **not in the slightest,** बिल्कुल नहीं। *n.* disrespectful treatment, insult, तिरस्कार, अनादर, उपेक्षा। *v.* (slighted, slighting) to treat with disrespect, insult, तिरस्कार, अनादर या उपेक्षा करना।

slighting (स्लाइट्´-इंग्) *adj.* full of slight, तिरस्कारपूर्ण, अपमानजनक।

slightly (स्लाइट्´-ली) *adv.* in a slight degree, थोड़ी मात्रा में, कुछ-कुछ।

slightly-built (स्लाइट्´-लि-बिल्ट्) *adj.* feeble, कमज़ोर।

slightness (स्लाइट्´-निस्) *n.* 1. disrespectful treatment, तिरस्कार, अवमानना। 2. weakness, कमज़ोरी, दुर्बलता।

slily (स्लाइ´-ली) *adv.* 1. secretly, चोरी-चोरी, चोरी-छिपे। 2. cleverly, चालाकी से।

slim (स्लिम्) *adj.* 1. thin, पतला-दुबला (परंतु आकर्षक)। 2. meagre, scanty, तुच्छ, अल्प। *v.* (slimmed, slimming) to make or become slim, पतला-दुबला बनाना या बनना।

slime (स्लाइम्) *n.* slippery substance, लिसलिसा पदार्थ।

slimy (स्लाइ´-मी) *adj.* 1. full of slime, लिसलिसा, चिपचिपा। 2. filthy, गंदा।

sling (स्लिंग्) *v.* (slung, slinging) to hurl or throw, फेंकना, उछालना। □ **sling mud at someone,** किसी पर कीचड़ उछालना। *n.* a device for shooting small stones; गुलेल।

slink (स्लिंक्) *v.* (slunk, slinking) to move in a shamefaced way, मुँह छिपाकर, शरमा कर या लजाते हुए जाना।

slinky (स्लिंक्´-की) *adj.* moving in a slinking way, मुँह छिपाकर या शरमाते हुए जानेवाला।

slip[1] (स्लिप्) *v.* (slipped, slipping) 1. to move quitely and stealthily, चुपके से खिसक जाना। 2. to miss or lose one's footing, फिसल जाना। 3. to slide, फिसलना, सरकना। 4. to detach, छोड़ देना या छूट जाना। 5. to make a careless mistake, चूक करना। *n.* 1. the act of slipping, फिसलना, सरकना। 2. a blunder, चूक, ग़लती। 3. a petticoat, पेटीकोट। 4. a pillowcase, तकिए की खोली। □ **give the slip,** साथ छोड़कर खिसक जाना; **let slip,** मुँह से निकल जाने देना; **slip over,** जाने देना।

slip[2] *n.* 1. a small piece of paper bearing some information, चिट, पुर्ज़ा, पट्टी, धज्जी आदि। 2. a part of a plant cut off for planting or grafting, क़लम। 3. (in cricket) the position of a fielder to catch a snicked ball, स्लिप

slipcover (स्लिप्´-क़व्-अॅ:) *n.* a cloth cover for a piece of furniture, सोफ़े आदि की खोली।

slipper (स्लिप्´-अ:) *n.* a light shoe, घर में पहनने की चप्पल, स्लीपर।

slippery (स्लिप्´-अ-री) *adj.* 1. liable to cause slipping, फिसलन-भरा, फिसलना; slippery stone, फिसलना पत्थर। 2. difficult to understand, दुरूह, दुर्बोध।

slipshod (स्लिप्´-शॉड्) *adj.* 1. careless, असावधान या असावधानी-भरा। 2. poorly made or done, slovenly, फूहड़, बेढंगा।

slip-up (स्लिप्´-अप्) *n.* a mistake, छोटी-मोटी भूल, भूल-चूक।

slipway (स्लिप्´-वे) *n.* the sloping area on which a vessel is launched, समुद्रतट का वह घाट जहाँ से जहाज़ पानी में उतारे तथा बाहर निकाले जाते हैं, जलावतरण-मंच।

slit (स्लिट्) *n.* a long narrow cut, चीर। *v.* (slit, slitting) to make a long cut, चीरा देना, चीरना, फाड़ना।

slither (स्लिद्´-अ:) *v.* (slithered, slithering) 1. to slip and slide, फिसलते हुए आगे बढ़ना। 2. to move as a snake does, साँप की तरह सर्पिल गति से आगे बढ़ना।

slithery (स्लिद्´-अ-री) *adj.* slippery, फिसलन-भरा।

sliver (स्लिव्´-अ:) *n.* a thin long piece, पतला लंबा टुकड़ा, पट्टी। *v.* (slivered, slivering) to cut into slivers, पट्टियाँ निकालना।

slob (स्लॉब्) *n.* a clumsy fellow, फूहड़ व्यक्ति।

slobber (स्लॉब्´-अ:) *v.* (slobbered, slobbering) to dribble saliva or food from the mouth, मुँह से लार आदि टपकना या टपकाना। □ **slobber over a person,** लाड़-प्यार करना। *n.* 1. slaver, लार। 2. sentimental behaviour, लाड़-प्यार, दुलार।

sloe (स्लो) *n.* fruit of the blackthorn, जंगली आलूचा।

slog (स्लॉग्) *v.* (slogged, slogging) 1. to hit with a heavy blow, भारी आघात करना। 2. to work hard, कड़ा परिश्रम करना। *n.* 1. hard work, कठिन काम, मेहनत का काम। 2. a hard hit, तीव्र आघात, प्रहार।

slogan (स्लो´-गन्) *n.* a phrase adopted as a motto, नारा। □ **shout a slogan,** नारा लगाना।

sloop (स्लूप्) *n.* a single-masted vessel, एक मस्तूलवाला जलयान।

slop (स्लॉप्) *v.* (slopped, slopping) 1. to spill over or cause to spill over, छलकना या छलकाना। 2. to tramp or plod through mud, कीचड़ में चलना। 3. to feed (waste food) to pigs, सुअरों को (जूठन या बचा-खुचा सामान) खिलाना। *n.* 1. a puddle of spilled liquid, छलके हुए पानी का ढेर। 2. waste food, जूठन या बचा-खुचा खाने का सामान। 3. a loose outer garment of a workman, कर्मचारी द्वारा पहना हुआ ढीला-ढाला लबादा।

slope (स्लोप्) *n.* an inclined surface, ढाल; steep slope (i) खड़ी ढाल, (ii) खड़ी चढ़ाई। *v.* (sloped, sloping) to incline downward, ढालुआँ होना, ढाल होना। □ **slope off,** चुपचाप खिसक जाना।

sloping (स्लोप्´-इंग्) *adj.* that slopes or slants, ढालुआँ।

sloppy (स्लॉप्´-ई) *adj.* 1. (of food) watery, पानियल, पतला। 2. wet, गीला। 3. untidy, मैला-कुचैला, गंदा या फूहड़। 4. careless, लापरवाह। 5. loose, ढीला-ढाला (पाजामा)।

slot (स्लॉट्) *n.* 1. a narrow opening, झिरी, छेद। 2. a groove or slit, खाँचा। *v.* (slotted, slotting) to make a slot, झिरी डालना; खाँचा बनाना।

sloth (स्ला:थ्) *n.* 1. laziness, सुस्ती, आलस्य। 2. a slow-moving mammal, अत्यंत धीरे चलनेवाला एक स्तनपायी पशु।

slothful (स्ला:थ्´-फुल्) *adj.* lazy, आलसी, सुस्त।

slot machine *n.* a machine operated by a coin put in a slot, स्लाट-मशीन, सिक्का-मशीन।

slouch (स्लॉउच्) *n.* an awkward drooping posture or gait, झुककर बैठना या झुककर चलना। *v.* (slouched, slouching) 1. a drooping posture or gait, झुककर बैठने या चलने की मुद्रा। 2. a lazy or incompetent person, आलसी या अक्षम व्यक्ति।

slough (स्लू) *n.* 1. a swamp or marshy place, दलदल। 2. despair, निराशा। 3. depression, विषाद।

slough (स्लफ़्) *n.* 1. a snake's cast skin, केंचुली। 2. an outer layer of a wound, खुरंड। *v.* (sloughed, sloughing) to cast dead skin, केंचुली छोड़ना।

Slovak (स्लो´-वैक्) *n.* 1. an inhabitant of Slovakia, स्लोवाकिया का निवासी। 2. the language of Slovaks, स्लोवाकिया की भाषा।

slovenly (स्लव्´-ऑन्-ली) *adj.* 1. untidy, फूहड़, बेढंगा। 2. careless, लापरवाह।

slow (स्लो) *adj.* 1. not quick or fast, sluggish, धीमा, मंद। 2. mentally dull, मंद, मंदबुद्धि। 3. dull, मंदा। 4. (of a clock) indicating a time earlier than the correct time, धीमी गति से चलनेवाला। *v.* (slowed, slowing) to decrease or cause to decrease in speed, धीमा करना या होना।

slow-witted (स्लो´-विट्-इड्) *adj.* dull, मंदबुद्धि।

slowcoach (स्लो´-कोच्) *n.* one who moves or works slowly, दीर्घसूत्री।

slowdown (स्लो´-डॉउन्) *n.* an intentional slowing down of production, जान-बूझकर उत्पादन की मात्रा घटाना।

slowly (स्लो´-ली) *adv.* in a slow manner, धीरे-धीरे, मंद गति से।

slowworm (स्लो´-व:म्) *n.* a legless lizard, एक तरह का गिरगिट।

sludge (स्लज्) *n.* 1. mud, mire, कीचड़। 2. sediment, तलछट, गंदगी।

sludgy (स्लज्´-ई) *adj.* muddy, दलदल-भरा।

sluggard (स्लग्´-ऑ:ड्) *n.* a lazy person, आलसी आदमी।

sluggish (स्लग्´-इश्) *adj.* lazy, slow, सुस्त, मंद।

sluggishness (स्लग्´-इश्-निस्) *n.* the quality of being sluggish, सुस्ती, आलस्य।

sluice (स्लूस्) *n.* 1. a man-made channel, नहर। 2. a gate that controls the channel, जल-कपाट। *v.* (sluiced, sluicing) 1. to let out water, (नहर में) पानी छोड़ना। 2. to wash in a sluice, नहर में धोना। 3. to flush, बहा देना।

slum (स्लम्) *n.* an urban area inhabited by poor people, गंदी बस्ती, मलिन बस्ती, झुग्गी-झोंपड़ीवाला क्षेत्र। *v.* (slummed, slumming) to visit a slum for curiosity, जिज्ञासावश मलिन बस्ती में जाना।

slumber (स्लम्´-बॅ:) *v.* (slumbered, slumbering) 1. to sleep, सोना। 2. to doze, झपकी लेना। *n.* 1. sleep, नींद। 2. doze, झपकी।

slumberous (स्लम्´-बॅ-रॅस्) *adj.* 1. of or relating to slumber, नींद-संबंधी। 2. drowsy, नींद से भरा, उनींदा। 3. sluggish, मंद, धीमा। 4. causing sleep, नींद लानेवाला।

slummer (स्लम्´-अ:) *n.* one who lives in a slum, गंदी बस्ती में रहनेवाला।

slump (स्लम्प्) *n.* 1. a great fall in the demand of goods, मंदी। 2. a great fall in prices, क़ीमतों में भारी गिरावट, मूल्यह्रास। *v.* (slumped, slumping) 1. to decline, गिरना, कम हो जाना। 2. to deteriorate, गिर जाना।

slur (स्ल:) *v.* (slurred, slurring) 1. to pronounce indistinctly, अस्पष्ट उच्चारण करना। 2. to pass lightly over, पूरी तरह से ध्यान न देना, बिना ध्यान दिए आगे बढ़ जाना। 3. to speak slightingly or disparagingly, लांछन लगाना। 4. (in music) to glide over (a series of notes) without a break, मीड़ लेना। *n.* 1. a disparaging remark, लांछन, कलंक। 2. (in music) a combination of slurred notes, मीड़। 3. indistinct

pronunciation, अस्पष्ट उच्चारण।

slurp (स्लःप्) *v.* (slurped, slurping) to eat or drink noisily, इस प्रकार खाना या पीना कि मुँह से आवाज़ हो।

slurry (स्लर्´-ई) *n.* a thin mixture of water and cement, पतला मसाला।

slush (स्लश्) *n.* 1. partially melted snow or ice, अधघुली बर्फ़। 2. mud, कीचड़। 3. silly senseless talk, बकबक।

slut (स्लट्) *n.* 1. a prostitute, वेश्या। 2. a bitch, कुतिया।

sly (स्लाइ) *adj.* 1. cunning, कपटी या कपटपूर्ण। 2. mischievous, दुष्ट या दुष्टतापूर्ण।

slyly (स्लाइ´-ली) *adv.* cunningly, कपटपूर्वक, धोखाधड़ी से।

slyness (स्लाइ´-निस्) *n.* cunningness, कपट, धूर्तता।

smack[1] (स्मैक्) *v.* (smacked, smacking) 1. to kiss noisily, ज़ोर से चुम्मा लेना। 2. to slap noisily, ज़ोर से थप्पड़ लगाना। 3. a hard hit, ज़ोरदार प्रहार। *n.* 1. a noisy kiss, चुम्मा। 2. a loud slap, थप्पड़। *adv.* directly, सीधे, सीधे-सीधे।

smack[2] *n.* flavour, गंध, पुट, स्वाद। *v.* (smacked, smacking) to have the flavour of, (किसी चीज़ की) गंध आना।

smack[3] *n.* heroin, हेरोइन, नशीली ओषधि।

smacker (स्मैक्´-अ:) *n.* 1. a noisy kiss, चुम्मा। 2. a dollar, डॉलर।

smacking (स्मैक्´-इंग्) *adj.* brisk, lively, फुर्तीला, जीवंत।

small (स्मा:ल्) *adj.* 1. little in size, छोटा, नन्हा, लघु। 2. little in quantity, थोड़ा, अल्प; small savings, अल्प बचत। 3. of little importance, साधारण, नगण्य। 4. not fully grown, अवयस्क, छोटा। 5. small-minded, अनुदार। 6. mean, कमीना, अधम। *adv.* 1. in small size, छोटे आकार में। 2. in small pieces, छोटे-छोटे टुकड़ों या दानों में। *n.* 1. a small slender part of something, किसी वस्तु का छोटा पतला अंश। 2. (plu.) small articles collectively, छोटी-छोटी चीज़ों का समूह।

small arms *n.* firearms that can be carried in a hand, छोटे हथियार।

small change *n.* coins of low denomination, रेजगारी, खुदरा, छुट्टा।

small fry *n.* an insignificant person or thing, तुच्छ व्यक्ति या वस्तु।

small hours *n.* the first few hours following midnight, आधी रात के ठीक बाद का समय।

small intestine *n.* the upper part of the intestines, छोटी आँत, क्षुद्रांत्र।

smallish (स्मा:ल्´-इश्) *adj.* rather small, छोटा-सा।

small-minded (स्मा:ल्´-माइन्-डिड्) *adj.* 1. mean, कमीना। 2. selfish, स्वार्थी। 3. intolerant, असहनशील।

smallpox (स्मा:ल्´-पॉक्स्) *n.* an acute infectious disease that causes skin eruptions, चेचक, माता।

small-scale (स्मा:ल्-स्केल्´) *adj.* of limited size, छोटे पैमाने पर होनेवाला।

small talk *n.* light conversation, साधारण बात-चीत, बतकही, गपशप।

small-time (स्मा:ल्´-टाइम्) *adj.* minor or insignificant, छोटा-मोटा, थोड़ा-बहुत, साधारण।

smarm (स्मा:म्) *v.* (smarmed, smarming) to flatten (the hair) with grease, (बालों को) चुपड़ना, चिकनाना।

smarmy (स्मा:´-मी) *adj.* flattering, चापलूस, चाटुकार।

smart (स्मा:ट्) *adj.* 1. intelligent, होशियार। 2. shrewd, सयाना। 3. quick and witty, चुस्त और हाज़िरजवाब। 4. forceful, ज़ोरदार। 5. neat and elegant, बना-ठना, सजीला, चाकचौबंद। 6. sharp, तेज़, तीव्र। *n.* 1. stinging pain, चमक, टीस। 2. a stinging feeling, चुभन, टीस, व्यथा। *v.* (smarted, smarting) 1. to feel a stinging pain, टीस उठना, चुभन होना। 2. to suffer a penalty, दंड भरना,

नुक़्सान उठाना।

smarten (स्मा:´-टॅन्) *v.* (smartened, smartening) to make or become smart, चुस्त-दुरुस्त बनना या बनाना, सजना-सँवरना या सजाना-सँवारना।

smartness (स्मा:ट्´-निस्) *n.* the state of being smart, चुस्ती, दुरुस्ती, होशियारी, सयानापन।

smash (स्मैश्) *v.* (smashed, smashing) 1. to break into with noise or violence, चकनाचूर हो जाना या कर देना। 2. to collide with crushing force, तेज़ी से भिड़ या टकरा जाना, भिड़ंत होना। 3. to hit with a hard heavy blow, ज़ोरदार आघात करना। 4. to ruin completely, नष्ट या ध्वस्त कर देना। 5. to defeat utterly, बुरी तरह हरा देना। *n.* 1. the sound of smashing, चकनाचूर होने का शब्द। 2. a collision, टक्कर, भिड़ंत। 3. a disaster, बर्बादी, विनाश।

smashed (स्मैश्ड्) *adj.* drunk, नशे में चूर, मत्त।

smasher (स्मैश्´-अॅ:) *n.* an excellent person, अत्युत्तम, व्यक्ति।

smashing (स्मैश्´-इंग्) *adj.* excellent, superb, अति उत्तम, उत्कृष्ट।

smash-up (स्मैश्´-अॅप्) *n.* 1. a complete smash, विनाश-लीला।2. a violent collision, भीषण टक्कर।

smattering (स्मैट्´-अॅ-रिंग्) *n.* 1. slight knowledge, हलकी-फुलकी जानकारी, थोथा ज्ञान। 2. a small amount, अल्पराशि।

smear (स्मिअॅ:) *v.* (smeared, smearing) 1. to cover with oil, grease etc., लेप करना, लीपना-पोतना, लगाना।2. to become smeared, लिप-पुत जाना, लग जाना। 3. to defame, बदनाम करना। *n.* 1. something smeared on the surface, लेप। 2. a smug or blot, धब्बा। 3. defamation, बदनामी।

smell (स्मॅल्) *v.* (smelled/smelt, smelling) 1. to perceive the smell of, सूँघना। 2. to emit an odour, महकना। 3. to give off an unpleasant smell, गंधाना, बू देना। 4. to give indications (of), बू आना; He smells of money. उसमें धन की बू है। □ **smell out,** सूँघ कर पता लगाना। *n.* 1. the sense by which odours are perceived, सूँघने की शक्ति, घ्राणशक्ति। 2. the odour of something, गंध, बू, महक। 3. the act of something, सूँघना। 4. a distinctive quality, विशिष्ट गुण।

smelly (स्मॅल्´-ई) *adj.* having an unpleasant odour, बदबूदार।

smelt[1] (स्मॅल्ट्) *v.* (smelted, smelting) to melt ore in order to get metal, अयस्क को गलाकर धातु निकालना।

smelt[2] *v.* p.t. & p.p. of smell.

smelter (स्मॅल्´-टॅ:) *n.* a person engaged in smelting, अयस्क गलानेवाला।

smile (स्माइल्) *n.* a facial expression showing pleasure or derision, मुस्कान, मुस्कराहट। *v.* (smiled, smiling) 1. to have a smile, मुस्काना, मुस्कराना। 2. to express approval, सहमति जतलाना। 3. to look bright or favourable, अनुकूल होना; Fortune smiled on us. भाग्य हम पर मेहरबान हुआ।

smiling (स्माइ´-लिंग्) *adj.* happy, प्रसन्न, हँसता हुआ।

smilingly (स्माइ´-लिंग्-ली) *adv.* cheerfully, प्रसन्नतापूर्वक, मुस्कराते हुए।

smirch (स्म:च्) *v.* (smirched, smirching) 1. to smear, लेप करना। 2. to dirty, गंदा करना। 3. to defame, बदनाम करना। *n.* 1. the act of smirching, लीपना-पोतना या गंदा करना। 2. discredit, बदनामी।

smirk (स्म:क्) *v.* (smirked, smirking) to smile in an obnoxious or offensive manner, आपत्तिजनक ढंग से मुस्कराना। *n.* obnoxious smile, आपत्तिजनक मुस्कान।

smite (स्माइट्) *v.* (smote/smitten, smiting) 1. to hit hard, ज़बरदस्त आघात करना। 2. to have a (sudden) effect on, प्रभावित करना, अभिभूत कर लेना।

smith (स्मिथ्) *n.* a metalworker, धातुकर्मी; blacksmith, लुहार; goldsmith, सुनार।

smithereens (स्मिद्-अँ-रीन्ज़्´) *n.* (plu.) bits, pieces, टुकड़े, तार-तार।

smithy (स्मिद्´-ई, स्मिथ्´-ई) *n.* 1. a blacksmith, लुहार। 2. his workshop, लुहार का कारख़ाना।

smitten (स्मिट्´-अँन्) *adj.*; □ **smitten with,** deeply affected by, प्रभावित, ग्रस्त।

smock (स्मॉक्) *n.* a loose outer garment, ऊपरी लबादा या ढीला-ढाला कुरता।

smocking (स्मॉक्´-इंग्) *n.* a decorative stitching used to gather material in a honeycomb pattern, स्माकिंग, चुनटदार सिलाई।

smog (स्मॉग्) *n.* a mixture of smoke and fog, धुएँ और कोहरे का मिला-जुला रूप; धुंधुआँ (धुंध+धुआँ)।

smoke (स्मोक्) *n.* 1. the vaporous matter arising from burning coal, wood etc., धुआँ, धूम्र। 2. the act of smoking tobacco etc., धूमपान। *v.* (smoked, smoking) 1. to emit smoke, धुआँ छोड़ना। 2. to draw the smoke of tobacco, (तंबाकू या सिगरेट) पीना। 3. to subject to smoke, धुआँ दिखाना। □ **smoke out** धुएँ से भगाना।

smoker (स्मो´-कॅ:) *n.* one who habitually smokes tobacco, तंबाकू पीनेवाला, धूमपान करनेवाला।

smokeless (स्मोक्´-लिस्) *adj.* producing little or no smoke, निधूर्म, बिना धुएँ का।

smoke screen *n.* a mass of dense smoke to screen the military operations, धूमपट।

smokestack (स्मोक्´-स्टैक्) *n.* a tall chimney through which the smoke is discharged, कारख़ाने की ऊँची चिमनी।

smoking (स्मो´-किंग्) *n.* act of smoking tobacco, धूमपान, धूमन।

smokingroom (स्मो´-किंग्-रूम्) *n.* a room set apart for smoking, धूमपान के लिए नियत कक्ष।

smoky (स्मो´-की) *adj.* 1. full of smoke, filled with smoke, धुएँ से भरा। 2. giving much smoke, बहुत अधिक धुआँ देनेवाला। 3. having the colour of a smoke, धुएँ के रंग का, काला।

smolder (स्मोल्´-डॅ:) *v.* (smoldered, smoldering) see 'smoulder'.

smooch (स्मूच्) *n.* a kiss, चुंबन। *v.* (smooched, smooching) to kiss, चुंबन लेना, चूमना।

smooth (स्मूद्) *adj.* 1. free from roughness, चिकना। 2. even, बराबर, समतल। 3. having fine texture, मुलायम, नरम। 4. pleasantly polite, मृदु। 5. having no obstructions or difficulties, सहज, सरल। *adv.* smoothly, सहज रूप से, सरलतापूर्वक। *v.* (smoothed, smoothing) 1. to make smooth, चिकना या चौरस करना। 2. to become smooth, चिकना या चौरस बनना या होना। 3. to make calm, शांत करना। 4. to remove hinderances, बाधाएँ दूर करना। 5. to make easier, सहज कर या बना देना।

smooth-tongued (स्मूद्´-टंग्ड्) *adj.* speaking in polite and flattering manner, मृदुभाषी, ख़ुशामदी।

smother (स्मद्´-अँ:) *v.* (smothered, smothering) 1. to suffocate or be suffocated, दम घोटना या दम घुटना। 2. to put down (fire by heaping ash on it), (राख से आग को) दबा देना। 3. to suppress or be suppressed, दबाना या दबना। 4. to serve (food) thickly covered with butter, sauce etc., (मक्खन, सास की) मोटी परत लगाकर (कोई चीज) परसना। *n.* a cloud of smoke that stifles, दमघोंटू धुएँ का गुबार।

smothery (स्मद्´-री) *adj.* suffocating, गला-घोंटू, श्वासरोधक।

smoulder (स्मोल्´-डॅ:) *v.* (smouldered, smouldering) 1. to burn slowly without flame, सुलगना। 2. to have or show violent feelings that are kept from being expressed, अंदर ही अंदर जलना, सुलगना,

जलना-भुनना। *n.* dense smoke resulting from slow combustion, घना धुआँ, धुएँ का अंबार।

smudge (स्मज्) *v.* (smudged, smudging) 1. to smear or blur, गंदा करना, मलिन करना। 2. to blot, धब्बे डालना। *n.* 1. stain, धब्बा। 2. a smoky fire used as protection against insects, कीड़ों को भगाने के लिए दिखाया जानेवाला धुआँ।

smug (स्मग्) *adj.* (smuger, smugest) 1. self-satisfied, आत्मतुष्ट। 2. smart in dress, छैला।

smuggle (स्मग्´-अॅल्) *v.* (smuggled, smuggling) to bring or import dutiable goods illicitly, विदेशों से माल चोरी से या बिना शुल्क चुकाए लाना, तस्करी करना।

smuggler (स्मग्´-लॅ:) *n.* a person engaged in smuggling, तस्कर।

smuggling (स्मग्´-लिंग्) *n.* an act of a smuggling, तस्करी।

smugness (स्मग्´-निस्) *n.* 1. self-satisfaction, आत्मतुष्टि। 2. tidiness , neatness, स्वच्छता।

smut (स्मट्) *n.* 1. a particle of dirt or soot, धूल या कालिख का कण। 2. a stain, धब्बा। 3. obscene talk or writing, अश्लील बात या लेख। *v.* (smutted, smutting) to make or become smutty, अश्लील होना या बनाना।

smutty (स्मट्´-ई) *adj.* 1. dirty, गंदा, मलिन। 2. obscene, अश्लील।

snack (स्नैक्) *n.* a light meal, हलका नाश्ता, खाने की कोई छोटी-मोटी चीज़, स्नैक। *v.* (snacked, snacking) to eat a snack, हलकी-फ़ुलकी चीज़ लेना या खाना।

snack bar *n.* a place where snacks are sold, नाश्ता-घर, जलपान-गृह।

snaffle (स्नैफ़्´-अॅल्) *v.* (snaffled, snaffling) to take something quickly usually before before others have a chance, दूसरों से पहले (खाने की कोई चीज़) उठा लेना।

snafu (स्नै-फ़ू´) *n.* a state of utter confusion, भ्रामक स्थिति।

snag (स्नैग्) *n.* 1. a jagged or sharp projecting part, नुकीला सिरा, कोना या खूँट। 2. a tear in fabric caused by a snag or sharp object, खरोंच। 3. an unforeseen or hidden obstacle, कोई अदृश्य या गुप्त बाधा। *v.* (snagged, snagging) 1. to tear or damage on a snag, नुकीली चीज़ से फट या क्षतिग्रस्त हो जाना, खरोंच लगना। 2. to halt or impede, अटकना या फँसना।

snail (स्नेल्) *n.* 1. any of the slow moving molluscs with a shell, घोंघा। 2. a slow moving person or animal, मंथर गति से चलनेवाला व्यक्ति या पशु। □ **at a snail's pace**, अत्यंत धीमी गति से, चींटी की चाल।

snail-paced (स्नेल´-पेस्ड्) *adj.* moving very slowly, मंथर, सुस्त।

snake (स्नेक्) *n.* 1. a reptile with a long narrow body and no legs, साँप, नाग। 2. a worthless or treacherous fellow, निकम्मा या कपटी साथी। □ **snake in the grass**, धोखेबाज़ मित्र, कपटी मित्र, आस्तीन का साँप। *v.* (snaked, snaking) to move like a snake, साँप की तरह चलना, सर्पण करना।

snakebite (स्नेक्´-बाइट्) *n.* a wound inflicted by a snake, सर्पदंश।

snake charmer *n.* one who charms or hypnotizes snakes, सँपेरा।

snakes and ladders *n.* a game, साँप-सीढ़ी का खेल।

snakily (स्नेक्´-इ-ली) *adj.* in a snaky manner, छलपूर्वक, कपटपूर्वक।

snaky (स्नेक्´-ई) *adj.* 1. of or like a snake, साँप-जैसा, सर्पिल। 2. treacherous, छली, कपटी। 3. infested with snakes, साँपों से भरा, सर्पग्रस्त।

snap (स्नैप्) *v.* (snapped, snapping) 1. to make or cause to make a sharp cracking sound, चिटकना या चिटकाना। 2. to break or cause to break suddenly, तड़कना या

तड़काना, चटकना या चटकाना, टूटना या तोड़ना। 3. to bite, काटना। 4. to seize with a snatching motion, झपट पड़ना, छीन-झपट करना। 5. to speak sharply, गुर्राना। 6. to take a snapshot, छोटे कैमरे से फ़ोटो लेना। 7. to take or accept eagerly, ले लेना। 8. to move or act suddenly, सहसा सक्रिय हो उठना। □ **snap head off,** बुरा-भला कहना; **snap one's fingers,** अनदेखी करना, उपेक्षा करना; **snap out of it,** सुधरना, सुधार होना; **snap up,** सहसा ले लेना। *n.* 1. a sharp cracking sound, चिटक, चटक, तड़क। 2. a sudden grab, पकड़, जकड़। 3. a sudden bite, सहसा काट खाना। 4. a short spell of cold weather, शीत लहर। 5. a photo, फ़ोटो। *adj.* happeing unexpectedly, आकस्मिक; snap vote, आकस्मिक मतदान या मतसंग्रह। *adv.* with a snap, चटकाते हुए।

snapper (स्नैप्´-अॅ:) *n.* a food fish, एक तरह की मछली।

snappish (स्नैप्´-इश्) *adj.* bad-tempered, चिड़चिड़ा, खटकना।

snappy (स्नैप्´-ई) *adj.* 1. vigorous, जीवंत, जानदार। 2. neat and clean, साफ़-सुथरा।

snapshot (स्नैप्´-शॉट्) *n.* an informal photograph taken with a small camera, स्नैपशाट।

snare (स्नेंअॅ:) *n.* 1. a trap, जाल, फंदा। 2. (fig.) anything that entraps, जाल, फंदा। *v.* (snared, snaring) to trap in a snare, जाल या फंदे में फँसाना, पकड़ना।

snarl (स्ना:ल्) *n.* 1. a tangled mass of thread, hair etc., उलझट्टा, उलझाव। 2. a complication or tangle, उलझन। 3. a growl, दाँत निपोरने की क्रिया या भाव, गुर्राहट। *v.* (snarled, snarling) 1. to make entangled, उलझा देना। 2. to become entangled, उलझ जाना। 3. to speak angrily or threateningly, उलझ पड़ना, बरस पड़ना। 4. to growl while baring the teeth, गुर्राना। 5. to knot, गाँठ लगाना।

snarly (स्ना:´-ली) *adj.* tangled, उलझा हुआ।

snatch (स्नैच्) *v.* (snatched, snatching) 1. to grab suddenly, छीन या झपट लेना। 2. to avail (a chance, मौक़े का) उपयोग करना। □ **snatch at,** (मौक़े का लाभ उठाने के लिए) झपट पड़ना। *n.* 1. the act of snatching, छीना-झपटी, झपट्टा। 2. a bit or fragment, अंश, भाग। 3. a brief period, अल्पकाल, दौर।

snatchy (स्नै´-ची) *adj.* 1. irregular, अनियमित। 2. disconnected, असंबद्ध। 3. not complete, अपूर्ण। 4. not continuous, विच्छिन्न।

snazzy (स्नैज़्´-ई) *adj.* smart, बना-ठना, चुस्त-दुरुस्त।

sneak (स्नीक्) *v.* (sneaked, sneaking) 1. to move in a stealthy way, चुपके-चुपके चलना। 2. to give or take in a quite stealthy way, चुपके-चुपके लेन-देन करना। 3. to steal, चुराना, उड़ा लेना। 4. to leave quitely, खिसक जाना, चुपके से चल देना। □ **sneak up,** छिपे-छिपे पीछे लगे रहना। *n.* 1. a stealthy or underhand person, चोरी-छिपे काम करनेवाला व्यक्ति, धूर्त व्यक्ति। 2. an informer, मुख़बिर। 3. a stealthy act, चोरी-छिपे किया जानेवाला काम।

sneaker (स्नी´-कॅ:) *n.* one who sneaks, चोरी-छिपे काम करनेवाला व्यक्ति।

sneakers (स्नी´-क:ज़्) *n.* (plu.) canvas shoes, कैनवस के जूते।

sneaking (स्नी´-किंग्) *adj.* 1. underhand, धूर्ततापूर्ण, चोरी-छिपे किया जानेवाला। 2. secret, गुप्त।

sneaky (स्नी´-की) *adj.* 1. sneaking, चोरी-छिपे काम करनेवाला। 2. cowardly, कायरता-भरा, कायरतापूर्ण।

sneer (स्निअॅ:) *v.* (sneered, sneering) to smile scornfully, खिल्ली उड़ाना, उपहास करना। *n.* an act of sneering, खिल्ली, उपहास।

sneerful (स्निअॅ:´-फ़ुल्) *adj.* scornful, उपहासपूर्ण।

sneeze (स्नीज़्) *v.* (sneezed, sneezing) to make a sudden violent audible expiration of breath, छींक मारना, छींकना। □ **not to be sneezed at,** उपेक्षा के योग्य नहीं, न ठुकराने योग्य। *n.* an act of sneezing, छींक।

snick (स्निक्) *n.* 1. a notch, खाँचा। 2. in cricket, a glance with the edge of a bat, गेंद की बल्ले के किनारे से लगकर होनेवाली उछाल। *v.* (snicked, snicking) 1. to cut a notch, खाँचा काटना। 2. to hit a glancing blow, गेंद के बल्ले के किनारे से उछाल देना।

snicker (स्निक्´-अ:) *n.* & *v.* see 'snigger'.

snide (स्नाइड्) *adj.* 1. malicious, दुर्भावनापूर्ण। 2. derogatory, अपमानजनक। *n.* sham jewellery, नक़ली गहने।

sniff (स्निफ़्) *v.* (sniffed, sniffing) 1. to inhale audibly through the nose, नाक से इस प्रकार साँस लेना कि सूँ सूँ शब्द हो। 2. to smell by inhalation through nose, सूँघना। 3. to show disdain, तिरस्कार करना। □ **sniff at,** (किसी चीज़ या बात) पर नाक-भौंह सिकोड़ना, तिरस्कार करना; **sniff out,** पता लगा लेना। *n.* 1. the act of sniffing, नाक से (सूँ सूँ करते हुए) साँस लेना। 2. a smell, गंध।

sniffle (स्निफ़्´-अॅल्) *v.* (sniffled, sniffling) to sniff slightly or repeatedly so as to check mucus running from the nose, नाक को बहने से रोकने के लिए बार-बार सूँ-सूँ करना।

sniffles (स्निफ़्´-अॅल्स्) *n.* (plu.) 1. a head cold, सर्दी के कारण सिर-नाक का जकड़ना। 2. the sound of sniffling, सूँ-सूँ।

sniffy (स्निफ़्´-ई) *adj.* 1. disdainful, scornful, नकचढ़ा। 2. smelly, गँधैला, महकदार।

snigger (स्निग्´-अ:) *n.* a sly laugh, खिल्ली। *v.* (sniggered, sniggering) to utter such a laugh, खिल्ली उड़ाना, उपहास करना।

snip (स्निप्) *v.* (snipped, snipping) to cut with short quick strokes, कतरना, कुतरना। *n.* 1. a cut made with scissors, चीर, टुक। 2. a small piece clipped, कतरन, टुकड़ा।

snipe (स्नाइप्) *n.* a long-billed wading bird, चाहा (पक्षी)। *v.* (sniped, sniping) to fire from a place of concealment, घात में बैठकर गोली दागना।

sniper (स्नाइ´-प:) *n.* a person who fires shots from a hiding place, घात में बैठकर निशाना साधनेवाला।

snippet (स्निप्´-इट्) *n.* a fragment, टुकड़ा।

snipping (स्निप्´-इंग्) *n.* the act of a person who snips, कतरना।

snit (स्निट्) *n.* an agitated state, विक्षुब्ध अवस्था या स्थिति।

snitch (स्निच्) *v.* (snitched, snitching) 1. to take in an underhand way, उड़ाना, चुराना। 2. to act as an informer, मुख़बिरी करना।

snivel (स्निव्´-अॅल्) *v.* (snivelled, snivelling) 1. to run at the nose, नाक बहना। 2. to whine, रिरियाना, पिनपिनाना, ठिनकना। *n.* 1. nasal mucus, रेंट, सींड। 2. head cold, जुकाम। 3. act of whining, पिनपिनाहट।

snob (स्नॉब्) *n.* one who has offensive air of superiority, अकड़ू, दंभी, गुमानी, घमंडी।

snobbery (स्नॉब्´-अर्-ई) *n.* snobbish behaviour or character, दंभ, गुमान, घमंड।

snobbish (स्नॉब्´-इश्) *adj.* having the characteristics of a snob, दंभी, दंभपूर्ण।

snog (स्नॉग्) *v.* (snogged, snogging) 1. to kiss, चूमना। 2. to hug, गले लगाना।

snood (स्नूड्) *n.* a net like bag for holding woman's hair at the back, जूड़े की जालीदार थैली।

snooker (स्नू´-क:) *n.* a game played on a billiard table, स्नूकर।

snoop (स्नूप्) *v.* (snooped, snooping) to pry, ताक-झाँक करना। *n.* a person who pries or snoops, ताक-झाँक करनेवाला।

snoot (स्नूट्) *n.* 1. a snout, थूथन। 2. a nose, नाक।

snooty (स्नू´-टी) *adj.* haughty, घमंडी, दंभी, नकचढ़ा।

snooze (स्नूज़्) *v.* (snoozed snoozing) to take a nap, झपकी लेना। *n.* a nap, झपकी।

snore (स्नोः) *v.* (snored, snoring) to breathe during sleep with a hoarse noise, खर्राटे भरना। *n.* the act or noise of snoring, खर्राटा।

snorkel (स्नोः´-कॅल्) *n.* a device allowing a diver to breathe, गोताख़ोर का (साँस लेने का) उपकरण।

snort (स्नॉःट्) *v.* (snorted, snorting) 1. to force breath suddenly and violently through the nose, फुफकारना। 2. to express anger, क्रुद्ध होना, गुस्साना। *n.* 1. the act or sound of snorting, फुफकार। 2. anger, क्रोध।

snot (स्नॉट्) *n.* 1. nasal discharge, रेंट। 2. a contemptible person, घृणित व्यक्ति।

snotty (स्नॉ´-टी) *adj.* 1. contemptible, घिनौना। 2. haughty, घमंडी।

snout (स्नॉउट्) *n.* 1. the projecting nose and jaws of an animal, नथुना। 2. human nose, नाक।

snow (स्नो) *n.* 1. ice, बर्फ़, हिम। 2. anything resembling snow in whiteness or softness, बर्फ़ की तरह सफ़ेद या मुलायम वस्तु। *v.* (snowed, snowing) 1. (of snow) to fall, बर्फ़ गिरना या पड़ना। 2. to cover with snow, बर्फ़ से ढकना या आच्छादित होना।

snowball (स्नो´-बाःल्) *n.* snow pressed into a small ball for playing, बर्फ़ का गोला। *v.* (snowballed, snowballing) 1. to throw snowballs (at), बर्फ़ के गोले (किसी पर) फेंकना। 2. to grow rapidly in size, importance etc., तेज़ी से बढ़ना, ज़ोर पकड़ना।

snowbank (स्नो´-बैंक्) *n.* a large mass of snow, हिमपिंड।

snow blindness *n.* temporary blindness caused by the reflection of the rays from snow, बर्फ़ से परावर्तित किरणों से होनेवाली चौंध, हिमांधता।

snowbound (स्नो´-बॉउन्ड्) *n.* blocked by heavy snow, हिमपात के कारण अवरुद्ध।

snowcapped (स्नो´-कैप्ट्/कैप्ड्) *adj.* covered at the top with snow, हिममंडित।

snowclad (स्नो´-क्लैड्) *adj.* covered with snow, बर्फ़ से ढका, हिमाच्छादित।

snowdrift (स्नो´-ड्रिफ़्ट्) *n.* a pile of drifted snow, बर्फ़ का खिसकता हुआ ढेर या पिंड, सचल हिमपिंड।

snowdrop (स्नो´-ड्रॉप्) *n.* a plant with drooping white flowers, गुलचाँदनी।

snowfall (स्नो´-फ़ाःल्) *n.* a fall of snow, हिमपात।

snowfield (स्नो´-फ़ील्ड्) *n.* a permanent wide expanse of snow, हिमक्षेत्र।

snowflake (स्नो´-फ़्लेक्) *n.* a flake of snow, हिमकण।

snowhouse (स्नो´-हॉउस्) *n.* a building made of snow, हिमगृह।

snowline (स्नो´-लाइन्) *n.* the lower boundary of a perennial snowfield, हिमरेखा।

snowman (स्नो´-मॅन्) *n.* a figure of man made in snow, हिममानव।

snowplough (स्नो´-प्लॉउ) *n.* a machine for clearing snow, बर्फ़ हटानेवाली गाड़ी।

snowstorm (स्नो´-स्टॉःम्) *n.* a storm with heavy snow, बर्फ़ानी तूफ़ान, हिम-झंझावात।

snow-white (स्नो´-ह्वाइट्´) *adj.* white as snow, बर्फ़ की तरह सफ़ेद, हिमश्वेत।

snowy (स्नो´-ई) *adj.* (snowier, snowiest) 1. marked by or covered with snow, बर्फ़ीला। 2. white as snow, snow-white, बर्फ़-सा सफ़ेद, हिमश्वेत।

snub (स्नब्) *v.* (snubbed, snubbing) 1. to rebuke, झिड़की देना, झिड़कना। 2. to suppress, दमन करना। *n.* a rebuke, झिड़की।

snub-nosed (स्नब्´-नोज़्ड्) *adj.* having a short and turned up nose, चपटी नाकवाला, बैठी नाकवाला।

snuff (स्नफ़्) *n.* powdered tobacco for sniffing

up the nostrils, सुँघनी, नसवार। *v.* (snuffed, snuffing) 1. to put out (the candle), (मोमबत्ती) बुझाना। 2. to suppress, दमन करना, दबा देना।

snuff-coloured (स्नफ़्-कल्´-अ:ड्) *adj.* dark yellowish brown, सुँघनी के रंग का।

snuffle (स्नफ़्´-अॅल्) *v.* (snuffled, snuffling) 1.to breathe noisily through a partly blocked nose, सूँ-सूँ करना। 2. to say or speak in a nasal tone, नकियाकर बोलना, नकियाना।

snug (स्नग्) *adj.* (snugger, snuggest) 1. cosy, सुखद, आरामदेह। 2. fitting closely, कसा हुआ, चुस्त।

snuggery (स्नग्´-री) *n.* a comfortable room, आरामदेह कमरा, सुखद कक्ष।

snuggle (स्नग्´-अॅल्) *v.* (snuggled, snuggling) to draw close, (किसी के साथ) जुड़कर बैठना। *n.* the act of snuggling, जुड़कर बैठने का भाव या क्रिया।

so (सो) *adv.* 1. thus, इस प्रकार, इसी प्रकार। 2. in a way that is suggested, उक्त ढंग से, उसी तरह। 3. to such an extent, इतना। 4. too, भी। 5. to the same extent as, वैसे ही। 6. to a great extent, very, अत्यधिक। 7. for the reason, इसलिए। 8. most certainly, निश्चय ही। □ **and so on, and so forth,** इत्यादि; **so as,** जैसे, वैसे; **even so,** फिर भी, तब भी; **just as so,** जैसा-वैसा, जैसे- वैसे; **or so,** लगभग; **so as,** उतना, जितना; **so as to,** जिससे, ताकि; **so far as may be,** जहाँ तक हो सके; **so long as,** जब तक; **so that,** जिससे, ताकि। *conj.* 1. with the result that, परिणामस्वरूप, फलत:, इसलिए। 2. in order that, जिससे। □ **so what?** तो क्या हुआ? *adj.* true, factual, सही, तथ्यपूर्ण। □ **just so,** बिल्कुल वैसा ही। *interj.* used to express surprise or comprehension, ओह!

soak (सोक्) *v.* (soaked, soaking) 1. to absorb, जज़्ब करना, सोख या चूस लेना। 2. to be immersed, to become thoroughly wet, भिगोया जाना, तर होना। 3. to make thoroughly wet, भिगोना, तर करना, गीला करना। 4. to drink excessively, बहुत शराब पी लेना। 5. to overcharge, अधिक दाम वसूलना। *n.* 1. the act of soaking, सोखने की क्रिया। 2. a heavy drinker, भारी पियक्कड़।

soaked (सोक्ड्) *adj.* wet, drenched, भीगा हुआ, तर-बतर।

so-and-so (सो´-अॅन्-सो) *n.* a person or thing that need not be named, अमुक, फ़लाँ।

soap (सोप्) *n.* 1. a cleaning agent or substance, साबुन। 2. a block of such a substance, साबुन की चक्की। 3. a serial dealing with the daily life of some characters, ऐसा धारावाहिक जिसमें उसके किसी एक पात्र या कुछ पात्रों के जीवन की झाँकी हो। *v.* (soaped, soaping) to apply soap to, साबुन लगाना।

soapstone (सोप्´-स्टोन्) *n.* a soft stone, सेलखड़ी।

soapsuds (सोप्´-सड्स्) *n.* (plu.) foam or lather made from soap, साबुन की झाग।

soapy (सो´-पी) *adj.* (soapier, soapiest) 1. of or like soap, साबुन-जैसा, झाग-भरा, साबुनी। 2. oily, चिकना।

soar (सो:) *v.* (soared, soaring) 1. to rise high, ऊँचा उठना। 2. to fly high, ऊँचाई पर उड़ना, ऊँचे उड़ना। 3. to climb swiftly, तेज़ी से ऊपर चढ़ना।

sob (सॉब्) *v.* (sobbed, sobbing) 1. to weep with convulsive gasps, सिसकियाँ भरना, सिसकना। 2. to utter with sobs, सिसकियाँ भरते हुए कहना। *n.* the act or sound of sobbing, सिसकी।

sober (सो´-बं:) *adj.* 1. temperate, संयमी, मर्यादित। 2. not intoxicated, जो नशे में न हो, सौम्य। 3. serious and sensible, धीर-गंभीर। 4. without exaggeration, अत्युक्तिरहित, अतिशयोक्तिविहीन।

sobriety (सो-ब्राइ´-अॅ-टी) *n.* the state or quality of being sober, संयम; सौम्यता; गंभीरता; अत्युक्तिविहीनता।

sobriquet (सो´-ब्रि-के) *n.* 1. an assumed name, उपनाम। 2. a nickname, छेड़।

so-called (सो-का:ल्ड्´) *adj.* so named or designated, तथाकथित।

soccer (सॉक्´-अॅ:) *n.* football, फ़ुटबॉल का खेल।

sociability (सो-शॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being sociable, समाजशीलता, मिलनसारी।

sociable (सो´-शॅ-बॅल्) *adj.* friendly and companionable, समाजशील, मिलनसार, मैत्रीपूर्ण।

social (सो´-शॅल्) *adj.* living in a community or group, सामाजिक। *n.* an informal gathering, अनौपचारिक गोष्ठी, मेला।

socialism (सो´-शॅ-लिज़्-अॅम्) *n.* a political and economic theory advocating ownership of society of the means of production, distribution etc., समाजवाद।

socialist (सो´-शॅल्-इस्ट्) *adj.* socialistic, समाजवादी। *n.* one who advocates or practices socialism, समाजवादी।

socialistic (सो-शॅ-लिस्´-टिक्) *adj.* of socialism, समाजवाद-संबंधी, समाजवादी।

socialite (सो´-शॅ-लाइट्) *n.* a person who is prominent in fashionable society, फ़ैशनपरस्त समाज में अग्रगण्य।

socialization (सो-शॅ-लि-ज़े´-शॅन्) *n.* the act or process of socializing, समाजीकरण।

socialize (सो´-शॅ-लाइज़्) *v.* (socialized, socializing) 1. to place under public ownership or control, समाजीकरण करना। 2. to take part in social activities, सामाजिक क्रियाकलापों में सम्मिलित होना। 3. to behave in a friendly or sociable manner, सामाजिक होना या बनना।

society (सो-साइ´-इ-टी) *n.* 1. a group of people having common culture or way of life, समाज। 2. a group of persons who unite to share common interest, संस्था। 3. the rich and fashionable social class, उच्चवर्ग। 4. companionship, company, साहचर्य, संगत। 5. a community, समुदाय।

socio (सो´-शि-ओ) *pre.* 1. society, समाज। 2. social, सामाजिक।

socio-economic (सो´-शो-ऍक्-अॅ-नॉम्´-इक्) *adj.* of or relating to a combination of social and economic factors, सामाजिक-आर्थिक, सामार्थिक।

sociological (सो-शि-अॅ-लॉज्´-इ-कॅल्) *adj.* of or relating to sociology, समाजवैज्ञानिक।

sociologist (सो-शि-ऑल्´-अॅ-जिस्ट्) *n.* a specialist in sociology, समाजविज्ञानी।

sociology (सो´-शि-ऑल्´-अॅ-जी) *n.* the science of society, social institutions and social relationships, समाज-विज्ञान, सामाजिकी।

sociometry (सो-शि-ॲम्-अॅ-ट्री) *n.* the study of interpersonal relationships in a group of people, किसी जनसमूह में आंतर-व्यक्तिगत संबंधों का अध्ययन।

sociopolitical (सो´-शि-अॅ-पॅ-लिट्-इ-कॅल्) *adj.* of or relating to a combination of social and political factors, सामाजिक-राजनीतिक।

sock[1] (सॉक्) *n.* 1. a short stocking, मोज़ा, जुर्राब। 2. a comic drama, हास्य नाटक।

sock[2] *v.* (socked, socking) to hit forcefully, ज़ोरदार आघात करना।

socket (सॉक्´-इट्) *n.* an opening or hollow place that forms a hollow space for something, गड्ढा, कोटर, घर।

Socratic (सॅ-क्रैट्´-इक्) *adj.* of Socrates, सुकरात, सुकराती।

sod[1] (सॉड्) *n.* 1. an obnoxious person, घिनौना व्यक्ति। 2. a thing that causes problems, वह जो समस्याएँ उत्पन्न करे, समस्याकारक वस्तु

या व्यक्ति।

sod² *n.* a piece of grass-covered surface, घास का मैदान। *v.* (sodded, sodding) to cover with sods, घास लगाना।

soda (सो´-डॅ) *n.* any compounds of sodium, सोडा।

soda water *n.* a beverage charged with carbonic acid gas, सोडावाटर।

sodden (सॉड्´-अॅन्) *adj.* heavy with moisture or water, तर, तर-बतर, भीगा हुआ, गीला। *v.* (soddened, soddening) to make sodden, तर करना।

sodium (सो´-डि-अॅम्) *n.* a soft silver-white metal, सोडियम।

sodomite (सॉड्´-अॅ-माइट्) *n.* one who practises sodomy, लौंडेबाज़।

sodomy (सॉड्´-अॅ-मी) *n.* unnatural copulation between male persons or between a male person and an animal, लौंडेबाज़ी, गुदामैथुन।

soever (सो-ॲव्´-अॅ:) *adv.* to any possible extent, किसी भी सीमा तक।

sofa (सो´-फ़ॅ) *n.* a long seat with a back and arms, सोफ़ा।

soft (सा:फ़्ट्, सॉफ़्ट्) *adj.* 1. not hard or firm, मुलायम, नरम, कोमल, मृदु; soft wood, मृदुकाष्ठ। 2. smooth, चिकना। 3. light, weak, हलका, दुर्बल। 4. comfortable, gentle, soothing, सुखद, प्रिय। 5. easy, सरल। 6. nonalcoholic, मद्यरहित। 7. (of water) free from mineral salts, सादा (पानी)। 8. (of colour) not bright or dazzling, सादा, हलका। 9. (of consonants) not hard, अल्पप्राण (व्यंजन)। 10. tender-hearted, भावुक। □ **be soft on,** नरमी से पेश आना। *adv.* in a soft manner, नरमी से, कोमल ढंग से।

soft-boiled (सा:फ़्ट्´-बाइल्ड) *adj.* half-boiled, आधा उबाला हुआ (अंडा)।

softbound (सा:फ़्ट्´-बॉउन्ड) *adj.* paper-bound, सादी जिल्दवाला।

soft coal *n.* bituminous coal, एक प्रकार का कोयला।

soften (सा:´-फ़ॅन्) *v.* (softened, softening) to make or become soft, नरम होना या बनाना, मुलायम होना या बनाना। □ **soften up,** कमज़ोर कर देना।

soft-headed (सा:फ़्ट्-हॅड्´-इड्) *adj.* foolish, मूर्ख।

softhearted (सा:फ़्ट्-हा:´-टिड्) *adj.* compassionate, कोमल-हृदय, दयालु।

softhness (सा:फ़्ट्-निस्) *n.* the quality or state of being soft, मृदुता, कोमलता।

soft palate *n.* the soft back portion of the roof of the mouth, कोमल तालु।

soft-spoken (सा:फ़्ट्´-स्पो-कॅन्) *adj.* 1. speaking with a soft gentle voice, मृदुभाषी। 2. said with a soft gentle voice, कोमल।

softspot (सा:फ़्ट्´-स्पॉट्) *n.* a sentimental fondness, कोमल भाव, स्नेह।

softly (सा:फ़्ट्´-ली) *adv.* in a soft manner, नरमी से, कोमलतापूर्वक।

software (सा:फ़्ट्´-वे़अॅ:) *n.* computer programmes, कंप्यूटर-कार्यक्रम, प्रक्रिया-सामग्री, सॉफ़्टवेअर।

softy (सॉफ़्´-टी) *adj.* foolish, बोदा, बुद्धू।

soggy (सॉग्´-ई) *adj.* 1. wet, गीला, तर, तर-बतर। 2. marshy, दलदल-भरा, दलदला।

soil¹ (सॉइल्) *n.* 1. the upper layer of the earth, भूमि, धरती, ज़मीन।

soil² *v.* (soiled, soiling) to make or become dirty, गंदा होना या करना। *n.* refuse, manure or excrement, कूड़ा, खाद या मल।

soiree (स्वा-रे´) *n.* an evening party, सांध्यगोष्ठी। (फ्रांसीसी)

sojourn (सो´-जःन्) *v.* (sojourned, sojourning) to stay at a place temporarily, अस्थायी रूप से कहीं ठहरना या टिकना, प्रवास करना। *n.* a temporary stay, अस्थायी निवास, प्रवास।

sojourner (सो´-जॅ:-नॅ:) *n.* a temporary

अ: bird बःड्, अॅ: tear टिअॅ:, ॲअॅ air ॲअॅ:, आई five फ़ाइव्, ऑइ boy बॉइ/बॉय, इअॅ near निअॅ: उअॅ poor पुअॅ:, च् chat चैट्, थ् thing थिंग्, द् this दिस्, फ़् full फ़ुल्, व़् wait वे़ट्

resident, प्रवासी।

solace (सो´-लेस, सॉल्´-इस्) *n.* comfort in misery or disappointment, तसल्ली, ढारस, सांत्वना। *v.* (solaced, solacing) to console, तसल्ली देना, सांत्वना देना, ढारस बँधाना।

spongy (स्पन्´-जी) *adj.* springy and porous, स्पंजी।

sponsor (स्पॉन्´-सॅ:) *n.* 1. a person or group who assumes responsibility for another for a television programme, प्रायोजक। 2. a guarantor, गारंटी करनेवाला। 3. a supporter, समर्थक। 4. a godfather, धर्मपिता। *v.* (sponsored, sponsoring) 1. to act as a sponser for, प्रायोजक बनना, प्रायोजित करना। 2. to be a supporter for, समर्थक बनना, समर्थन करना।

sponsorship (स्पॉन्´-सॅ:-शिप्) *n.* 1. the act of sponsoring, प्रायोजन। 2. the position of a sponsor, प्रायोजकता, प्रायोजकत्व।

spontaneity (स्पॉन्-टॅ-नी´-इ-टी, स्पॉन्-टॅ-ने´-इ-टी) *n.* 1. the quality or state of being spontaneous, सहजता, स्वाभाविकता। 2. voluntary action, सहज क्रिया, सहज गति।

spontaneous (स्पॉन्-टे´-नि-ॲस्) *adj.* 1. resulting from natural impulse, सहज रूप से होनेवाला, अनायास होनेवाला, सहज, स्वाभाविक। 2. natural, नैसर्गिक, प्राकृतिक।

spontaneously (स्पॉन्-टे´-नि-ॲस्-ली) *adv.* in a spontaneous way, voluntarily, सहज रूप से, अनायास ही।

spoof (स्पूफ़्) *n.* 1. a satirical imitation, नकल। 2. a parody, पैरोडी। 3. a hoax, चकमा, झाँसा। *v.* (spoofed, spoofing) 1. to imitate satirically, नक़ल उतारना। 2. to hoax, झाँसा देना।

spook (स्पूक्) *n.* a ghost, भूत-प्रेत।

spooky (स्पू´-की) *adj.* ghostly, भुतहा।

spool (स्पूल्) *n.* a reel on which thread, wire, film, tape etc. is wound, चरखी, फिरकी।

spoon (स्पून्) *n.* a utensil used in eating or serving food, चम्मच, चमचा; soup/table-spoon, बड़ा चमचा; small/tea-spoon, छोटा चमचा। ☐ **be born with a silver spoon in one's mouth,** उच्च तथा समृद्ध कुल में जन्म लेना। *v.* (spooned, spooning) to take with a spoon, चम्मच से लेना।

spoonerism (स्पू´-नॅ-रिज़्-ॲम्) *n.* interchange of the initial letters of two words, वर्ण-विनिमय।

spoon-feed (स्पून्´-फ़ीड्) *v.* (spoonfed, spoonfeeding) 1. to feed with a spoon, बच्चे को चम्मच से खिलाना। 2. to spoil, (बच्चे को) बिगाड़ देना।

spoonful (स्पून्´-फुल्) *n.* the amount a spoon contains, चम्मच-भर वस्तु।

spoor (स्पू:) *n.* the track or scent left by animal, पशु द्वारा छोड़े हुए निशान या गंध, खोज।

sporadic (स्पॅ-रैड्´-इक्) *adj.* occurring here and there, छिट-पुट, कहीं-कहीं होनेवाला आकस्मिक।

sporadically (स्पॅ-रैड्´-इ-कॅ-ली) *adv.* here and there, at some places, कहीं-कहीं, यत्र-तत्र।

spore (स्पो:) *n.* a tiny reproductive cell of plants, बीजाणु।

sporran (स्पॉ´-रॅन्) *n.* a large pouch of fur, फर की थैली।

sport (स्पो:ट्) *n.* 1. an active pastime, game, खेल, क्रीड़ा। 2. playful or good-humoured joking, हँसी-खेल। 3. amusement, मन-बहलाव, मनोरंजन। 4. hunting, शिकार, आखेट। 5. (plu.) games collectively, खेल-

कूद। *v.* (sported, sporting) 1. to play, खेलना। 2. to amuse oneself, मन बहलाव करना। 3. to wear or display, पहनना, या दिखावा करना।

sporting (स्पो:´-टिंग्) *adj.* 1. interested in sport, खेलों का शौक़ीन। 2. concerned with sport, खेल-संबंधी। 3. courageous, साहसिक; sporting chance, साहसिक अवसर।

sporting spirit *n.* sportsman's spirit, खेल-भावना।

sportive (स्पो:´-टिव्) *adj.* 1. fond of sport, खेल का शौकीन। 2. done in sport or fun, खेल-भावना से किया जानेवाला।

sports car *n.* a low, fast and open automobile, रेसकार।

sportsman (स्पो:ट्स्´-मॅन्) *n.* one who takes part in sports, खिलाड़ी।

sportsmanship (स्पो:ट्स्´-मॅन्-शिप्) *n.* sportsman-like behaviour, खेल-भावना।

sportswear (स्पो:ट्स्´-वेॲ:) *n.* clothing worn for sports, खिलाड़ी द्वारा पहने जानेवाले कपड़े।

sportswoman (स्पो:ट्स्´-वुम्-ॲन्) *n.* a woman who takes part in sports, महिला-खिलाड़ी, खिलाड़िन।

sportswriter (स्पो:ट्स्´-राइ-टॅ:) one writes about sports, क्रीड़ा-लेखक।

sporty (स्पो:´-टी) *n.* 1. fond of sports, खेल का शौकीन। 2. gay, प्रसन्नचित्त, ख़ुशमिज़ाज।

spot (स्पॉट्) *n.* 1. a mark or stain, दाग़, धब्बा, चित्ती। 2. a position, location, स्थान, जगह। 3. a blemish, दोष, कलंक। 4. a drop, बूँद। □ **hit the spot,** अत्यंत संतोषजनक होना; **on the spot,** उसी जगह और उसी सामय, मौक़े पर। *v.* (spotted, spotting) 1. to mark with spots, निशान लगाना, चित्तियाँ बनाना। 2. to discern, देख या पहचान लेना। 3. to place here and there, यहाँ-वहाँ रखना या स्थित करना।

spot-check (स्पॉट्´-चेंक्) *n.* a check made suddenly, आकस्मिक जाँच।

spotless (स्पॉट्´-लिस्) *adj.* 1. without blemish, निष्कलंक, निर्दोष। 2. perfectly clean, साफ़-सुथरा, बेदाग़।

spotlight (स्पॉट्´-लाइट्) *n.* 1. a beam of light, प्रकाशरेखा। 2. fame, प्रसिद्धि। 3. the focus of attention, आकर्षण-केंद्र।

spot-on (स्पॉट्´-ऑन्) *adj.* absolutely correct, बिल्कुल सही।

spotted (स्पॉट्´-इड्) *adj.* 1. marked with spots, चित्तीदार, धब्बेदार। 2. blemished, दागी, कलंकित।

spotter (स्पॉट्´-ॲ:) *n.* one who observes or watches, निरीक्षण करनेवाला, देखनेवाला, पता लगानेवाला।

spotty (स्पॉ´-टी) *n.* 1. spotted, चित्तीदार, धब्बेदार। 2. uneven, ऊबड़-खाबड़, असमतल।

spousal (स्पॉउ´-ज़ॅल्) *adj.* of a spouse, पति या पत्नी का।

spouse (स्पॉउज़्) *n.* a person's husband or wife, पति या पत्नी, विवाहिती।

spout (स्पॉउट्) *v.* (spouted, spouting) 1. to eject (liquid) in a stream, धार बाँध कर (किसी तरल पदार्थ को पात्र में) डालना या गिराना। 2. to utter or speak at length, विस्तारपूर्वक बोलना। *n.* 1. a projecting tube for pouring liquid, टोंटी। 2. a continuous stream or jet of liquid, धार, फुहार। □ **up the spout,** नष्ट या समाप्तप्राय।

sprain (स्प्रेन्) *n.* a painful injury of a joint, मोच। *v.* (sprained, spraining) to subject to sprain, मुड़क जाना, मोच खा जाना।

sprang (स्प्रैंग्) *v.* p.t. of spring.

sprawl (स्प्रा:ल्) *v.* (sprawled, sprawling) 1. to sit or lie with arms and legs spread out, फैलकर बैठना या लेटना, पसरकर बैठना या लेटना। 2. to spread out awkwardly or haphazardly, बेतरतीब फैलना या फैलाना। *n.* 1. a sprawling posture, फैलकर बैठने या लेटने की अवस्था या भाव। 2. haphazard expansion, बेतरतीब या ऊलजलूल फैलाव।

spray[1] (स्प्रे) *n.* 1. water flying in small drops, फुहार। 2. any liquid dispersed in very small drops, फुहार, स्प्रे। 3. a liquid preparation for spraying, स्प्रे। 4. a device for spraying, स्प्रेअर, फुहारा। *v.* (sprayed, spraying) to disperse as a spray, फुहारा देना या लगाना, छिड़कना।

spray[2] *n.* a branch bearing buds, flowers, leaves or berries, कलियों, फूलों, पत्तों या फलों से युक्त टहनी।

sprayer (स्प्रे´-अः) *n.* 1. one who sprays, छिड़कनेवाला। 2. a device for spraying, फुहारा।

spray-gun (स्प्रे´-गन्) *n.* a device for spraying, एक तरह की पिचकारी।

spread (स्प्रेड्) *v.* (spread, spreading) 1. to unroll, unfold or expand over, फैलाना, बिछाना, खोलना। 2. to apply on a surface, लगाना, पोतना, फैलाना। 3. to become longer or wider, फैल जाना, बढ़ जाना, व्याप्त हो जाना। 4. to scatter, बिखेरना या बिखरना। 5. to send or be sent out in all directions, फैलना या फैलाना, प्रचार-प्रसार होना या करना। 6. to make or become more widely known, प्रसिद्ध होना या करना। 7. to prepare (a table) for eating, (मेज़) लगाना। □ **spread oneself thin**, एक साथ अनेक उत्तरदायित्व लेकर अपने को परेशान रखना। *n.* 1. the act or process of spreading, फैलाव, विस्तार। 2. extent of spreading, विस्तार। 3. something spread on, फैली हुई या फैलाई हुई चीज़। 4. a lavish meal, दावत, दिव्य भोजन।

spread-eagle (स्प्रेड्´-ई-गल्) *v.* (spread-eagled, spread-eagling) to lie or stand with arms and legs outstretched, बाहें और टाँगें पसारकर लेटना या खड़े होना।

spree (स्प्री) *n.* an unrestrained indulgence in drinking, flirting, buying etc., मद्यपान, इश्कबाज़ी, खरीदारी आदि की सवार होनेवाली धुन।

sprig (स्प्रिग्) *n.* 1. a shoot or twig, टहनी, डाली। 2. a nail without head, बेसिर की छोटी कील।

sprightly (स्प्राइट्´-ली) *adj.* 1. lively, हँसमुख, प्रसन्नचित्त। 2. full of energy, सजीव, जीवंत।

spring (स्प्रिंग्) *v.* (sprang/sprung, sprung, springing) 1. to move upward or forward suddenly, उछलना, उछलकर आगे बढ़ना। 2. to grow, or emerge suddenly, सहसा उत्पन्न होना या उगना। 3. to appear suddenly, सहसा प्रकट होना या सामने आना। 4. to make a leap or series of leaps, छलाँग या छलाँगें लगाना। *n.* 1. the act of springing, उछाल। 2. a jump, छलाँग। 3. elasticity, लचीलापन। 4. a coil or strip of steel, स्प्रिंग, कमानी। 5. a natural outflow of ground water, झरना, सोता, चश्मा। 6. the season of the year between winter and summer, बसंत ऋतु, बहार का मौसम। 7. a source or origin, उद्गम, स्रोत।

spring board *n.* a flexible board for diving, वह तख्ता जिस पर से गोताख़ोर कूदता है।

springbok (स्प्रिंग्´-बॉक्) *n.* an antelope of South Africa, दक्षिण अफ्रीका का हिरन (यह हवा में बहुत ऊँचा उठता है)।

Springbok *n.* an athlete of South Africa, दक्षिण अफ्रीका का खिलाड़ी।

springlock (स्प्रिंग्´-लॉक्) *n.* a lock with a spring, खटकेदार ताला।

springtime (स्प्रिंग्´-टाइम्) *n.* the season of spring, बसंत ऋतु।

springy (स्प्रिंग्´-ई) *adj.* 1. having an elastic quality, लचीला। 2. full of springs, कमानियों से भरा, कमानीदार।

sprinkle (स्प्रिंक्´-अॅल्) *v.* (sprinkled, sprinkling) 1. to scatter in drops or tiny particles, छिड़कना, छिड़काव करना। 2. to drizzle, झींसी पड़ना।

sprinkler (स्प्रिंक्´-क्लः) *n.* a device for sprinkling water, छिड़कने या छिड़काव करने

का उपकरण, फुहारा।

sprinkling (स्प्रिंक्´-क्लिंग्) *n.* 1. a small quantity falling in scattered drops, छिड़काव। 2. something sprinkled, छिड़का हुआ पदार्थ। 3. a small quantity or amount, अल्प मात्रा या राशि।

sprint (स्प्रिन्ट्) *v.* (sprinted, sprinting) to run at a full speed, बहुत तेज़ी से दौड़ लगाना। *n.* a short race run at a full speed, बहुत तेज़ छोटी दौड़।

sprinter (स्प्रिन्´-टः) *n.* one who sprints, तेज़ धावक।

sprite (स्प्राइट्) *n.* 1. an elf, परी। 2. a goblin, बेताल।

sprout (स्प्रॉउट्) *v.* (sprouted, sprouting) 1. to grow, उगना, अंकुरित होना, उत्पन्न होना। 2. to develop, बढ़ाना; to sprout a moustache, मूँछे बढ़ाना। *n.* the shoot of a plant, अंकुर, अँखुआ, कल्ला।

spruce[1] (स्प्रूस्) *adj.* smart, बना-ठना, सजीला। *v.* (spruced, sprucing) to smarten, सजाना, सँवारना, सजीला बनाना।

spruce[2] *n.* 1. a cone-bearing tree, एक प्रकार का देवदारु (वृक्ष)। 2. its wood, इस पेड़ की लकड़ी।

sprung (स्प्रंग्) *v.* p.t. & p.p. of spring.

spry (स्प्राइ) *adj.* (spryer, spryest) active, फुर्तीला।

spryly (स्प्राइ´-ली) *adv.* actively, फुर्ती से।

spud (स्पड्) *n.* a small spade for digging up weeds, खुरपा, खुरपी।

spume (स्प्यूम्) *n.* foam, froth, झाग, फेन।

spun (स्पन्) *v.* p.t. of spin. *adj.* formed by spinning, काता हुआ।

spunk (स्पंक्) *n.* courage or spirit, साहस, हिम्मत।

spur (स्पः) *n.* 1. the pointed device attached to a rider's heel and used to urge the horse, एड़। 2. stimulus, प्रेरणा, प्रेरक शक्ति। 3. a spine, खाँग, काँटा, खार। 4. a ridge, पर्वत के ऊपर का पथ या क्षेत्र। *v.* (spurred, spurring) 1. to urge on with spurs, एड़ लगाना। 2. to encourage, प्रेरित/प्रोत्साहित करना। □ **on the spur of the moment,** एकाएक।

spurious (स्प्यूर्´-इ-अॅस्) *adj.* 1. not genuine or authentic, अप्रामाणिक, नक़ली। 2. forged, जाली। 3. of illegitimate birth, जारज।

spurn (स्पःन्) *v.* (spurned, spurning) 1. to kick, ठुकरा देना। 2. to reject disdainfully, तिरस्कारपूर्वक अस्वीकार कर देना।

spurred (स्पःड्) *adj.* fitted with spurs, एड़दार।

spurt (स्पःट्) *v.* (spurted, spurting) 1. to gush forth in a sudden stream, धार या फुहारा छूटना, बह निकलना। 2. to cause to gush forth in a sudden stream, धार छोड़ना, फुहार छोड़ना। 3. to increase one's speed suddenly, सहसा गति या रफ़्तार बढ़ा देना। 4. to make a sudden effort, सहसा जुट जाना या पिल पड़ना। *n.* 1. a sudden stream, धार, फुहार। 2. a sudden increase in a speed, सहसा होनेवाली गति में वृद्धि। 3. a short burst of activity, काम की झोंक या लहर, प्रवेग, स्फुरण।

sputnik (स्पुट्´-निक्) *n.* a Russian satellite, रूसी उपग्रह।

sputter (स्पट्´-अॅः) *v.* (sputtered, sputtering) 1. to make a rapid series of spitting sounds, थू-थू करना। 2. to speak rapidly and indistinctly, बड़बड़ करना, बड़बड़ाना। *n.* 1. an act or noise of sputtering, थू-थू। 2. incoherent speech, बड़बड़, बड़बड़ाहट।

sputum (स्प्यू´-टॅम्) *n.* matter discharged from the respiratory passages, थूक, बलगम आदि।

spy (स्पाइ) *n.* a secret agent, जासूस, गुप्तचर, भेदिया। *v.* (spied, spying) to keep watch secretly, भेद लेना, जासूसी करना। □ **spy out,** भेद जान लेना।

spy-glass (स्पाइ´-ग्लास्/ग्लैस्) *n.* a small

telescope, छोटी दूरबीन।

squab (स्क्वॉब्) *n.* a young pigeon, कबूतर का बच्चा।

squabble (स्क्वॉब्´-अॅल्) *v.* (squabbled, squabbling) to quarrel over a small matter, छोटी-मोटी बात पर झगड़ पड़ना। *n.* a quarrel of this kind, छोटी-मोटी बात का झगड़ा।

squad (स्क्वॉड्) *n.* 1. the smallest unit of military personnel, सैनिक टुकड़ी, दस्ता। 2. a small group of persons organized for a specific purpose, जत्था।

squad car *n.* a police patrol car, पुलिस की पेट्रोल कार।

squadron (स्क्वॉड्´-रॅन्) *n.* an air force unit, वायुसेना का दल।

squalid (स्क्वॉल्´-इड्) *adj.* 1. dirty, मैला, कुचैला, गंदा। 2. disgusting, घिनौना। 3. wretched, गया-बीता, गया-गुज़रा, पतित।

squall (स्क्वाःल्) *n.* 1. a loud harsh outcry, चीख, पुकार। 2. a sudden strong wind, आँधी, अंधड़। *v.* (squalled, squalling) to utter a squall, चीखना, पुकारना, चीत्कार करना।

squander (स्क्वॉन्´-डः) *v.* (squandered, squandering) 1. to spend extravagantly, (धन) फ़िज़ूल ख़र्च करना, बर्बाद करना। 2. to spend wastefully, (समय) व्यर्थ बिताना। *n.* an act of squandering, विनाश, बर्बादी।

square (स्क्वाइः) *n.* 1. a rectangle with all four sides equal, वर्ग। 2. an area or object shaped like this, वर्ग की शक्ल की कोई वस्तु, चौकोर टुकड़ा। 3. a four-sided area surrounded by buildings, खुला चौकोर क्षेत्र, चौक। 4. the product of a number multiplied by itself, वर्गफल। 5. L-shaped or T-shaped instrument for obtaining or testing right angles, कोनिया, गुनिया। 6. an old-fashioned person, दक़ियानूस व्यक्ति। ☐ **magic square,** माया वर्ग; **word square,** शब्द वर्ग। *adj.* 1. of square shape, वर्गाकार, चौकोर। 2. right-angled, आयताकार। 3. converted into square unit, वर्ग-। 4. honest, सच्चा, ईमानदार; square shooter, ईमानदार व्यक्ति। 5. just, उचित, न्यायपूर्ण। 6. satisfying, संतोषजनक। 7. even, बराबर, चुकता, नक्की। 8. conventional, प्रथागत, रूढ़। ☐ **on the square,** ईमानदारी से। *adv.* 1. honestly, ईमानदारी से। 2. firmly, दृढ़तापूर्वक। 3. in a square shape, वर्गाकार रूप में। *v.* (squared, squaring) 1. to make square or rectangular, वर्गाकार या आयताकार बनाना। 2. to bring to a right angle, सीधा करना, ठीक बैठाना। 3. to multiply (a number) by itself, वर्गफल निकालना। 4. to bring into balance, to settle, हिसाब नक्की/चुकता करना। 5. to even the score of, बराबर करना। ☐ **back to square one,** जहाँ से चले थे वहीं लौट आना, कोई प्रगति न करना, फिर से श्रीगणेश करना, फिर शुरू से काम करना; **square off,** मुक्केबाज़ी के लिए तैयार होना; **square up,** चुकता करना, चुका देना; **square with,** अनुकूल या संगत होना।

square bracket *n.* either of a pair of brackets, गुरुकोष्ठक [ ]।

square dance *n.* a dance for four couples who form a hollow square, वर्गाकार नृत्य।

square deal *n.* a fair transaction, खरा सौदा।

squarely (स्क्वाइः´-ली) *adv.* 1. in a direct way, सीधे। 2. in an honest manner, ईमानदारी से।

square root *n.* a number when multiplied by itself gives a given number, वर्गमूल।

square shouldered *adj.* having broad shoulders, चौड़े कंधोंवाला।

square toed *adj.* (जूता) चौड़े पंजेवाला।

squarish (स्क्वाइर्´-इश्) *adj.* approximately square, बहुत-कुछ वर्गाकार।

squash (स्क्वॉश्) *v.* (squashed, squashing) 1. to crush, कुचल देना। 2. to squeeze into pulp, कचूमर निकाल देना, भुरता कर देना। 3. to

suppress, दबा देना, कुचल देना। 4. to flatten out under pressure, कचूमर निकल जाना। 5. to squeeze, कुचल, दब या पिस जाना। 6. to silence with crushing reply, मुँह बंद कर देना। *n.* 1. the sound of squashing, दबने, कुचलने आदि से होनेवाला शब्द। 2. something squashed, कुचली या निचोड़ी हुई वस्तु। 3. pulp, गूदा, लुगदी, भुरता। 4. a kind of drink, एक पेय। 5. a plant or its fruit, लौकी, कद्दू।

squat (स्क्वॉट्) *v.* (squatted, squatting) 1. to sit on one's feet, उकड़ू बैठना। 2. to sit with legs crossed, पालथी मारकर बैठना। 3. to sit, बैठना। 4. to crouch down, सिमट कर बैठना। 5. to grab (land, ज़मीन पर) ज़बरदस्ती क़ब्ज़ा जमा लेना। *adj.* (squatter, squattest) 1. squatting, उकड़ू या पालथी मारकर बैठा हुआ। 2. short and thick, गोल-मटोल, फूहड़। *n.* 1. the act or posture of squatting, उकड़ू या पालथी मारकर कर बैठने की क्रिया या मुद्रा। 2. a place where one squats, वह जगह जहाँ कोई उकड़ू या पालथी मारकर बैठा हो।

squatter (स्क्वॉट्´-अॅः) *n.* one who settles on land without right, अनधिकार ज़मीन पर क़ब्ज़ा जमा लेनेवाला।

squatty (स्क्वॉ´-टी) *adj.* short and thick, गोल-मटोल।

squaw (स्कवाः) *n.* 1. a North American Indian woman, अमरीकी आदिवासी स्त्री। 2. a woman or wife, स्त्री या पत्नी।

squawk (स्क्वाःक्) *n.* a loud harsh cry, चीख, चिल्लाहट। *v.* (squawked, squawking) 1. to utter a squawk, चीख मारना। 2. to complain, शिकायत करना।

squeak (स्क्वीक्) *n.* 1. a sharp shrill cry, चीं-चीं, चूँ-चूँ, चरमर। 2. escape, बचाव। *v.* (squeaked, squeaking) 1. to utter or make a squeak, चीं-चीं करना, चूँ-चूँ करना, चरमराना। 2. to win by a narrow margin, जीत भर जाना। □ **to have a narrow squeak,** बाल-बाल बचना।

squeaky (स्क्वी´-ची) *adj.* making a squeaking sound, चीं-चीं, चूँ-चूँ या चरमर करनेवाला; squeaky door, चरमर करता दरवाज़ा।

squeal (स्क्वील्) *n.* a long shrill cry, चीख़। *v.* (squealed, squealing) 1. to utter a squeal, चीखना, चीख मारना। 2. to complain, शिकायत करना। 3. to turn informer, मुख़बिर बन जाना।

squeamish (स्क्वी´-मिश्) *adj.* 1. easily nauseated, जल्दी-जल्दी बीमार पड़ जानेवाला, सुकुमार। 2. excessively fastidious, नकचढ़ा।

squeegee (स्क्वी´-जी) *n.* a rubber used for spreading or wiping liquid on a surface, स्कवीजी।

squeeze (स्क्वीज़्) *v.* (squeezed, squeezing) 1. to compress, दबाना। 2. to exert pressure, दबाव डालना। 3. to extract by applying pressure, निचोड़ना। 4. to push in a confined place, ठूँसना, भरना। 5. to hug closely, कसकर आलिंगन करना। 6. to get by extortion, (पैसा आदि) ऐंठना। *n.* 1. an act of squeezing, दबाने, दबाव डालने या निचोड़ने की क्रिया। 2. an amount squeezed, निचोड़ा हुआ पदार्थ।

squeezer (स्क्वी´-ज़ॅः) *n.* a device for squeezing juice from fruit, फलों का रस निकालने का उपकरण।

squelch (स्क्वेॅल्च्) *v.* (squelched, squelching) 1. to suppress, दबा देना। 2. to crush completely, कुचल देना। 3. to quell, चुप करा देना, मुँह बंद कर देना। 4. to make splashing or sucking sound, छप-छप ध्वनि करना। *n.* splashing sound, (ध्वनि) छप-छप।

squib (स्क्विब्) *n.* 1. a small firework that makes a hissing sound, अनार, फुलझड़ी आदि। 2. a lampoon, व्यंग्यलेख, निंदालेख।

squiggle (स्क्विग्´-अॅल्) *n.* an irregular line, टेढ़ी-मेढ़ी लकीर। *v.* (squiggled, squiggling) to make a such line, टेढ़ी-तिरछी रेखा खींचना।

squint (स्क्विन्ट्) *v.* (squinted, squinting) 1. to look or glance sideways, कनखियाना, कनखी मारना। 2. to look with eyes partly open, अधखुली आँखों से देखना। 3. to be cross-eyed, भेंगा होना। *n.* 1. a stealthy or sideways glance, कनखी, तिरछी नज़र। 2. cross-eye, भेंगापन।

squint-eyed (स्क्विन्ट्´-आइड्) *adj.* cross-eyed, भेंगा, ऐंचा-ताना।

squire (स्क्वाइः) *n.* 1. a land-owner, जमींदार। 2. a woman's escort, किसी स्त्री का अंगरक्षक। *v.* (squired, squiring) to escort a woman, किसी स्त्री का अंगरक्षक होना।

squirm (स्क्वःम्) *v.* (squirmed, squirming) to writhe, छटपटाना, तड़पना, ऐंठना। *n.* the act of squirming, छटपटाहट, तड़पन, ऐंठन।

squirrel (स्क्विर्´-ॲल्) *n.* 1. a small tree-climbing animal with a bushy tail, गिलहरी। 2. its fur, गिलहरी की खाल या फर। 3. a person who hoards things, जमाख़ोर।

squirt (स्क्वःट्) *v.* (squirted, squirting) to send out liquid (as if) from a syringe, धार छोड़ना, पिचकारी से धार छोड़ना। *n.* 1. a syringe, पिचकारी। 2. a jet of liquid, पिचकारी की धार।

stab (स्टैब्) *v.* (stabbed, stabbing) to injure with a sharp pointed knife etc., छुरा भोंकना या घुसेड़ना। □ **stab in the back,** पीठ पर छुरा भोंकना, मित्र बनकर हानि पहुँचाना, छल करना। *n.* 1. a thrust made with a sharp pointed knife, छुरा भोंकने से होनेवाला घाव। 2. a sensation of being stabbed, छुरा भोंके जाने का- सा कष्ट, टीस। 3. an attempt, प्रयत्न, प्रयास।

stability (स्टॅ-बिल्´-ॲ-टी) *n.* the state or quality of being stable, स्थिरता, स्थायित्व, सुस्थिरता।

stabilization (स्टे-बि-लाइ-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of stabilizing or the state of being stabilized, स्थिरीकरण, स्थायी करना।

stabilize (स्टे´-बॅ-लाइज़्) *v.* (stabilized, stabilizing) स्थिर करना, स्थायी बनाना, दृढ़ करना।

stabilizer (स्टे´-बॅ-लाइ-ज़ः) *n.* a device for maintaining something in a stable state, स्टेबिलाइज़र, स्थिरक।

stable[1] (स्टे´-बॅल्) *adj.* 1. steady, firm, स्थिर, स्थायी, सुस्थिर। 2. lasting, टिकाऊ।

stable[2] *n.* 1. a building in which horses are kept, अस्तबल, घुड़साल। 2. the horses lodged in such a building, अस्तबल में रखे हुए घोड़े। 3. a training centre, प्रशिक्षण केंद्र। *v.* (stabled, stabling) to keep in a stable, अस्तबल में रखना।

stack (स्टैक्) *n.* 1. a pile of hay, घास का पूला। 2. a pile or heap, ढेर, गड्डी या चट्टा। 3. a large quantity, अत्यधिक परिमाप या मात्रा। 4. a smokestack, चिमनी। 5. a rack, टाँड। *v.* (stacked, stacking) to pile, ढेरी बनाना या ढेर लगाना, चट्टा लगाना।

stadium (स्टे´-डि-ॲम्) *n.* an enclosed playground with tiers of seats, क्रीड़ांगन, खेल का मैदान, स्टेडियम।

staff (स्टाफ़्/स्टैफ़्) *n.* 1. a stick, pole or rod, डंडा, लाठी, लट्ठ। 2. a stick as a symbol of authority, दंड। 3. the body of teachers in a school, college etc., स्टाफ़, अमला, अध्यापकगण। 4. a group of assistants, कार्यकर्तागण या कर्मचारी; staff room, कर्मचारी कक्ष। 5. a pole on which a flag is hung, ध्वजदंड। 6. (mus.) the set of horizontal lines on which musical notes are written, पाँच समांतर रेखाओं की संगीत-सारणी। *v.* (staffed, staffing) to provide with a staff of employees, कर्मचारी नियुक्त करना या मुहैया करना।

staffer (स्टाफ़्´/स्टैफ़्´-अः) *n.* a member of a staff, कार्यकर्ता या कर्मचारी।

stag (स्टैग्) *n.* an adult male deer, हिरन, मृग। *adj.* for or attended by men only, पुरुष-

; a stag party, पुरुषों की पार्टी, पुरुष-गोष्ठी। *adv.* not accompanied by a woman, बिना स्त्री को साथ लिए।

stage (स्टेज्) *n.* 1. a raised platform, मंच। 2. a platform on which plays are performed, रंगमंच, मंच, स्टेज। 3. the scene of an event, घटनास्थल। 4. a resting place of a journey, पड़ाव। 5. a step, चरण। 6. a point or period of development, अवस्था। *v.* (staged, staging) 1. to perform on a stage, मंचित करना, मंचन करना, अभिनीत करना। 2. to arrange and carry out, व्यवस्था तथा कार्रवाई करना, कार्यान्वित करना। □ **stage a come-back,** पुनरागमन होना।

stageability (स्टेज्-अ्-बिल्´-इ-टी) *n.* the quality of being stageable, अभिनेयता, मंचानुकूलता।

stageable (स्टेज्´-अ्-बॅल्) *adj.* that can be staged, अभिनेय।

stagecoach (स्टेज्´-कोच्) *n.* a horse drawn vehicle formerly used to transport mail and passengers, डाक तथा सवारियाँ लाने-ले जानेवाली घोड़ा-गाड़ी।

stagecraft (स्टेज्´-क्राफ़्ट्/क्रैफ़्ट्) *n.* the skill in staging plays, नाट्य-कला।

stage-direction (स्टेज्´-डाइ-रेंक-शॅन्) *n.* direction of a play or plays, नाट्य-निदेशन।

stage-door (स्टेज्-डो:´) *n.* a door at a theatre leading backstage, मंच का पश्चद्वार।

stage-fright (स्टेज्´-फ़्राइट्) *n.* nervousness felt while speaking or acting on the stage, मंच-भीति।

stage-manager (स्टेज्´-मैन्-अ्-जं:) *n.* the person in charge of a stage, मंत्र-प्रबंधक, सूत्रधार।

stage-setting (स्टेज्´-सेंट्-इंग्) *n.* the arrangement of the equipments of the stage in the proper order, मंच-सज्जा।

stage-shyness (स्टेज्´-शाइ-निस्) *n.* shyness or nervousness that may beset a person about to appear at a stage, मंच-संकोच।

stage-struck (स्टेज्´-स्ट्रक्) *adj.* having an obsessive desire to become an actor or actress, अभिनेता या अभिनेत्री बनने के लिए अत्यंत उत्सुक, अभिनय-उत्सुक।

stage-whisper (स्टेज्´-ह्विस्-पं:) *n.* a loud whisper, ऐसे ऊँचे स्वर में की हुई कानाफूसी जिसे दर्शक भी सुन सकें।

stagflation (स्टैग्-फ़्ले´-शॅन्) *n.* a condition of rapid inflation, declining business activity and increasing unemployment, ऐसी स्थिति जिसमें व्यापार तो मंदा हो, परंतु बेकारी तथा मुद्रा-स्फीति बढ़ रही हो, घोर मंदी, विस्फीति।

stagger (स्टैग्´-अं:) *v.* (staggered, staggering) 1. to move or go unsteadily, लड़खड़ाना, डगमगाना, डगमगाते हुए चलना। 2. to shock deeply, चौंका देना, स्तंभित कर देना, हक्का-बक्का कर देना। 3. to waver or hesitate, विचलित होना या हिचकना। 4. to arrange in alternating or overlapping time periods or positions, भिन्न-भिन्न समयों या स्थितियों के अनुरूप निश्चित करना। *n.* staggering motion, लडखड़ाहट।

staggering (स्टैग्´-अ्-रिंग्) *adj.* astonishing, विस्मयकारी, आश्चर्यचकित करनेवाला। *n.* staggering motion, लड़खड़ाहट।

staging (स्टे´-जिंग्) *n.* 1. a temporary platform, अस्थायी मंच। 2. the presentation of a play, मंचन, नाट्य-प्रदर्शन।

stagnant (स्टैग्´-नॅन्ट्) *adj.* 1. (of water) not flowing, रुका हुआ, रुद्ध। 2. motionless, गतिहीन। 3. showing no activity, बंद, अवरुद्ध। 4. sluggish, मंद।

stagnate (स्टैग्´-नेट्) *v.* (stagnated, stagnating) 1. to be stagnant, रुका होना, अवरुद्ध होना। 2. to become sluggish, मंद पड़ जाना।

stagnation (स्टैग्-ने´-शॅन्) *n.* the state of being stagnant, अवरुद्धता, गतिरोध, गतिहीनता, मंदता।

stagy (स्टे´-जी) *adj.* (stagier, stagiest) dramatic, not natural, नाटकीय, बनावटी।

staid (स्टेड्) *adj.* sober, calm, गंभीर, शांत, सौम्य।

stain (स्टेन्) *v.* (stained, staining) 1. to discolour or become discoloured, बदरंग करना या होना, रंग बिगाड़ देना या बिगड़ जाना, धब्बा या धब्बे डालना या डलना। 2. to blemish, कलंकित करना। *n.* 1. a spot, धब्बा, दाग। 2. a blemish, कलंक, दाग, धब्बा।

stainless (स्टेन्´-लिस्) *adj.* free from stains or blemishes, बेदाग़, निर्दोष, निष्कलंक।

stainless steel *n.* steel not liable to rust, स्टेनलेस स्टील।

stair (स्टेंअ:) *n.* 1. one of the flight of steps, सीढ़ी का (कोई) डंडा। 2. stairs, सीढ़ी, सोपान।

staircase, stairway (स्टेंअ:´-केस्/वे) *n.* a flight of stairs and its supporting structure, सीढ़ी और उसका ढाँचा, जीना, सोपान-मार्ग।

stairwell (स्टेंअ:´-वे़ल्) *n.* a vertical shaft around which a staircase has been built, वह खंभा जिसके चारो ओर घुमौआ सीढ़ी बनी होती है।

stake (स्टेक्) *n.* 1. a pointed wooden post driven into the ground as a marker or support, खूँटी, खूँटा, थूनी। 2. a post to which a person was tied before being burnt to death, वह खंभा जिसमें अपराधी को बाँधकर जलाते थे। 3. the prize in a contest, प्रतियोगिता का पुरस्कार। 4. something that is staked for gain or loss, दाँव, बाज़ी, पण। 5. something invested in an enterprise, निवेश। 6. a shareholder, शेयरहोल्डर। □ **at stake,** दाँव पर; **pull up stakes,** (तंबू के) खूँटे उखाड़ना अर्थात् (कहीं और पड़ाव डालने के लिए) चल देना। *v.* (staked, staking) 1. to fasten with a stake, खूँटी से बाँधना। 2. to mark with stakes, खूँटियाँ गाड़कर निशान लगाना। 3. to wager, दाँव लगाना, बाज़ी लगाना। 4. to gamble, जुआ खेलना। 5. to give financial support to, आर्थिक सहायता करना। □ **stake a claim,** दावा करना; **stake out,** (i) हदबंदी करना; (ii) पुलिस द्वारा निगरानी करना।

stake-holder (स्टेक्´-होल्-डं:) *n.* a person who holds shares in a business, शेयरहोल्डर।

stalactite (स्टॅ-लैक्´-टाइट्) *n.* a deposit of calcium carbonate that projects downward from the roof of a cave, अवरोही निक्षेप।

stalagmite (स्टॅ-लैग्´-माइट्) *n.* a deposit of calcium carbonate that projects upward from the floor of a cave, आरोही निक्षेप।

stale (स्टेल्) *adj.* (staler, stalest) 1. having lost freshness, बासी 2. no longer new, पुराना; stale news, पुरानी ख़बर। 3. uninteresting, नीरस, उबाऊ। *v.* (staled, staling) 1. to become stale, बासी पड़ जाना, पुराना पड़ जाना। 2. to make stale, बासी कर देना।

stalemate (स्टेल्´-मेट्) *n.* deadlock, जिच, गतिरोध। *v.* (stalemated, stalemating) to bring into a stalemate, जिच उत्पन्न करना, गतिरोध उत्पन्न करना।

Stalinism (स्टा:ल्´-इ-निज़्´-ॲम्) *n.* the doctrine or policy of Joseph Stalin, स्टालिनवाद।

Stalinist (स्टा:ल्´-इ-निस्ट्) *adj.* of Stalinism, स्टालिनवादी।

stalk[1] (स्टा:क्) *n.* 1. a stem that supports a plant, डंठल, डंडी। 2. a similar support of an organ in animals, दंड।

stalk[2] *v.* (stalked, stalking) 1. to follow (a prey) quietly, (शिकार) का पीछा दबे पाँव या छिपे-छिपे करना। 2. to spread over, फैल जाना। 3. to walk in a haughty way, ताव से या अकड़कर चलना।

stalking horse *n.* a figure like a horse behind which a hunter conceals himself, धोखे की टट्टी।

stall (स्टा:ल्) *n.* 1. a compartment in a stable

for a domestic animal, चन्नी, थान, बरदवान। 2. a small compartment for selling goods, स्टाल। 3. any small room or compartment, छोटा कमरा। 4. a row of seats in a Church for the choir or clergy, आसन-पंक्ति। 5. stalling of an engine, इंजन का बंद या ठप हो जाना। *v.* (stalled, stalling) 1. to confine an animal in a stall, चन्नी में पशु को बाँधना। 2. to bring or come to a standstill accidentally, (इंजन का) एकाएक बंद हो जाना या बंद कर दिया जाना। 3. to employ delaying tactics, टाल-मटोल करना।

stallion (स्टैल्´-यॅन्) ***n.*** an uncastrated male horse kept primarily for breeding, आँड़ू घोड़ा।

stalwart (स्टाःल्´-वॅःट्) ***adj.*** 1. strong and sturdy, तगड़ा, हट्टा-कट्टा, हृष्ट-पुष्ट। 2. resolute, दृढ़व्रती, दृढ़निश्चयी। ***n.*** a strong supporter, पक्का पक्षधर या समर्थक।

stamen (स्टे´-मॅन्) ***n.*** the male reproductive organ of a flower, पुंकेसर।

stamina (स्टैम्´-इ-नॅ) ***n.*** enduring physical or mental power, staying power, दम, दम-ख़म, ऊर्जस्विता।

stammer (स्टैम्´-अॅ:) ***v.*** (stammered, stammering) to speak with involuntary pauses or rapid repetition of the same sound or syllable, हकलाना। ***n.*** the act or instance of stammering, हकलाहट।

stammerer (स्टैम्´-अॅर्-अॅ:) ***n.*** one who speaks stumblingly, हकला, हकलानेवाला।

stamp (स्टैम्प्) ***v.*** (stamped, stamping) 1. to bring (the foot) down heavily, (पैर) ज़ोर से पटकना। 2. to imprint or impress with a mark, (ठप्पा) लगाना, छापना। 3. to affix a stamp to, टिकट चिपकाना। 4. to form or cut out with a mould or die, बनाना, ढालना, काटना या निकालना। 5. to distinguish or reveal, सिद्ध करना। ***n.*** 1. an act of stamping, मुद्रांकन। 2. impression, छाप। 3. an instrument of stamping, ठप्पा, मोहर। 4. a postal ticket, टिकट। 5. identifying or characteristic mark, छाप।

stamp-album (स्टैम्प्´-ऐल्-बॅम्) ***n.*** an album for stamps, स्टांप एलबम/चित्राधार।

stamp-collector (स्टैम्प्´-कॅ-लॅक्-टॅ:) ***n.*** one who collects stamps, स्टांप संग्राहक।

stamp-duty (स्टैम्प्´-ड्यू-टी) ***n.*** stamps to show that duty has been paid, स्टांप शुल्क।

stamping ground ***n.*** a habitual gathering place, अड्डा, मिलन-स्थल।

stampede (स्टैम्-पीड्´) ***n.*** a wild headlong rush, भगदड़। ***v.*** (stampeded, stampeding) to run away, or cause to run away in a stampede, भगदड़ मचना या मचाना।

stance (स्टैन्स्) ***n.*** 1. position of the body, मुद्रा, ठवन। 2. an attitude, अभिवृत्ति, रुख।

stanch (स्टाःन्च्) ***v.*** (stanched, stanching) to restrain the flow of blood, रक्त को बहने से रोकना।

stand (स्टैन्ड्) ***v.*** (stood, standing) 1. to take or cause to take a stationary upright position, खड़ा होना या खड़ा करना। 2. to rest or remain upright on a base or lower end, खड़ा होना। 3. to remain standstill, खड़ा होना, रुका या ठहरा होना। 4. to run as a candidate, (चुनाव में) प्रत्याशी होना, उम्मीदवार होना। 5. to remain unchanged, अपरिवर्तित रहना। 6. to be situated, स्थित रहना। 7. to place, स्थापित होना। 8. to be valid, लागू रहना, मान्य होना। 9. to last, बना रहना। 10. to erect, खड़ा करना। 11. to remain firm, स्थिर या दृढ़ रहना। 12. to bear, endure, सहना, बर्दाश्त करना। 13. to provide, उपलब्ध कराना, देना। □ **as it stands,** वर्तमान परिस्थितियों में; **It stands to reason.** यह तर्कसंगत बात है; **stand a chance,** सफलता की प्राप्ति का अवसर होना; **stand alone,** अद्वितीय या अनूठा होना, अपनी तरह का अकेला होना; **stand by** (i) आवश्यकता होने पर उपलब्ध

होना, (ii) मूक दर्शक बना रहना, (iii) निष्ठावान बने रहना; **stand down,** बैठ जाना, अलग हो जाना; **stand for,** प्रतिनिधि होना; **stand in,** स्थानापन्न होना; **stand off,** दूर रहना; **stand on,** दृढ़ रहना, तुला रहना; **stand on end,** (बालों का) खड़ा हो जाना; **stand one's ground,** टस से मस न होना, डटे रहना; **stand on one's own feet,** अपने पैरों पर खड़ा होना, स्वावलंबी होना; **stand out** (i) सुस्पष्ट होना, (ii) विशिष्ट होना; **stand over** (i) निगरानी करना, (ii) स्थगित होना; **stand treat,** दूसरे के पीने-खाने का ख़र्च वहन करना; **stand up** (i) पैरों पर खड़ा होना, (ii) मुक़ाबले या प्रतिरोध में खड़ा रहना, (iii) करार न निभाना; **stand up to** (i) साहसपूर्वक प्रतिरोध करना, (ii) टिकाऊ होना, चलना। ***n.*** 1. the act or instance of standing, खड़े होने की क्रिया या भाव, खड़ापन। 2. a position or base, स्थिति या आधार। 3. a ceasing of work or activity, काम या क्रिया का ठप होना, विराम। 4. a position or opinion one is prepared to defend, वह स्थिति या बात जिसका बचाव तथा समर्थन कोई करता हो। 5. a witness stand, कटघरा। 6. a stall or booth, दुकान, स्टाल। 7. a parking piace reserved for vehicles, गाड़ियों का अड्डा, स्टैंड। 8. a rack, रैक।

standard (स्टैन्´-डॅ:ड्) ***n.*** 1. a flag or banner, झंडा, ध्वज, पताका। 2. a thing quality or specification for comparing or measuring, मानदंड, प्रतिमान। 3. a degree or level or requirement, excellence or attainment, मानक। 4. a stand or base, आधार। ***adj.*** 1. conforming to a standard, मानक, प्रामाणिक। 2. well established by usage, मानक, परिनिष्ठित।

standard-bearer (स्टैन्´-डॅ:ड्-बेअॅर्-अॅ:) ***n.*** 1. one who bears a flag or banner, झंडाबरदार। 2. a prominent leader of an organization or movement, प्रमुख नेता, कर्णधार।

standardization (स्टैन्-डॅ:-डि-ज़े´-शॅन्) ***n.*** the act or result of standardizing, मानकीकरण।

standardize (स्टैन्´-डॅ:-डाइज़्) ***v.*** (standardized, standardizing) to bring into conformity with a standard, मानक के अनुरूप बनाना या लाना, मानकीकरण करना।

standard time ***n.*** the official time of a country or region, मानक समय।

standby (स्टैन्ड्´-बाइ) ***n.*** a person or thing that is ready and available as a substitute, स्थानापन्न।

standee (स्टैन्´-डी) ***n.*** a person who stands because all seats are occupied, बैठने का स्थान रिक्त न होने पर खड़ा रहनेवाला व्यक्ति।

standing (स्टैन्´-डिंग्) ***adj.*** 1. upright, सीधा, खड़ा। 2. permanent, स्थायी; standing committee, स्थायी समिति। 3. ready, तैयार। ***n.*** 1. status, हैसियत, प्रतिष्ठा। 2. past duration, गत काल; of long standing, पुराना।

stand-off (स्टैन्ड्´-आ:फ़्) ***n.*** a tie or draw (in a game, खेल में) जिच्च या बराबरी।

standoffish (स्टैन्ड्´-आ:´-फ़िश्) ***adj.*** aloof, अलग-थलग।

standout (स्टैन्ड्´-आउट्) ***n.*** a remarkable person or thing, उल्लेखनीय व्यक्ति या वस्तु।

stand-point (स्टैन्ड्´-पॉइन्ट्) ***n.*** a point of view, a way of looking at things, दृष्टिबिंदु, दृष्टिकोण।

standstill (स्टैन्ड्´-स्टिल्) ***n.*** 1. stalemate, ज़िच, गतिरोध। 2. a stoppage, विराम, ठहराव।

stanza (स्टैन्´-ज़ॅ) ***n.*** one of the divisions of a poem, बंद, पद।

staple[1] (स्टे´-पॅल्) ***adj.*** principal, मुख्य। ***n.*** a major product, मुख्य उत्पाद।

staple[2] ***n.*** a u-shaped metal loop to bind or hold something, स्टेपल। ***v.*** (stapled, stapling) to secure (papers) with staples, स्टेपल लगाना।

stapler (स्टेप्´-लॅ:) ***n.*** an instrument for stapling papers, स्टेपलर।

stapling (स्टेप्´-लिंग्) *n.* the act of a person who staples, स्टेप्लन।

star (स्टा:) *n.* 1. any of the celestial bodies appearing as points and emit light in the night sky, तारा, सितारा, नक्षत्र। 2. an asterisk, तारिका चिह्न (*)। 3. a film actor or actress, अभिनेता या अभिनेत्री। 4. an outstanding or brilliant person, विशिष्ट व्यक्ति। *v.* (starred, starring) 1. to ornament with stars, तारों से सजाना। 2. to put an asterisk, तारांकित करना। 3. to present as an actor or actress, किसी को अभिनेता या अभिनेत्री के रूप में प्रस्तुत करना। 4. to perform as an actor, अभिनय करना।

starboard (स्टा:´-बो:ड्/बॅ:ड्) *n.* the right hand side (of a ship, जहाज़ का) दायाँ पक्ष।

starch (स्टा:च्) *n.* 1. a substance found in corn, wheat etc., used for stiffening fabrics, माँड, कलफ़। 2. stiffness of manner, शुष्कता, रूखापन। *v.* (starched, starching) to stiffen with starch, कलफ़ करना या लगाना।

starchy (स्टा:´-ची) *adj.* 1. containing much starch, माँड से भरा। 2. dry, stiff, शुष्क, रूखा।

star-crossed (स्टा:-क्रास्ट्´) *adj.* ill-fated, अभागा।

stardom (स्टा:´-डॅम्) *n.* 1. the world of actors, अभिनेताओं की दुनिया, सितारों की दुनिया। 2. the fame and prestige of an actor, अभिनेता की कीर्ति तथा प्रतिष्ठा।

stardust (स्टा:´-डस्ट्) *n.* romantic sensation, रोमानी अनुभूति।

stare (स्टेॲ:) *v.* (stared, staring) to gaze fixedly with eyes wide open, आँखें फाड़-फाड़कर देखना, घूरना। ☐ **be staring in the face,** स्पष्ट दिखाई पड़ना; **staring look,** टकटकी। *n.* a staring gaze, घूरने की क्रिया।

starfish (स्टा:´-फ़िश्) *n.* a star-shaped fish, तारे की शक्ल की मछली, तारा मीन।

stargaze (स्टा:´-गेज़्) *v.* (stargazed, stargazing) 1. to study the stars, नक्षत्रों का अध्ययन करना। 2. to daydream, दिवास्वप्न देखना, मन के लड्डू खाना।

stargazer (स्टा:´-गे-ज़ॅ:) *n.* 1. one who stargazes, ज्योतिषी। 2. a daydreamer, स्वप्नदर्शी।

stark (स्टा:क्) *adj.* 1. bare, नग्न। 2. sharply evident, पूर्णत: स्पष्ट। 3. desolate, सूना। 4. absolute, निरा, पूर्ण।

starless (स्टा:´-लिस्) *adj.* without stars, तारों से रहित, बिना तारों का।

starlet (स्टा:´-लिट्) *n.* a young actress publicized as a future star, युवा होनहार अभिनेत्री।

starlight (स्टा:´-लाइट्) *n.* light from the stars, तारों की रोशनी, नक्षत्र-प्रकाश।

starling (स्टा:´-लिंग्) *n.* a black European songbird, तेलियर।

starlit (स्टा:´-लिट्) *adj.* lit by starlight, तारों से भरा, तारों से जगमग।

starry (स्टार्´-ई) *adj.* (starrier, starriest) 1. lighted by or filled with stars, तारों से भरा, तारांकित। 2. shining like stars, तारों की तरह चमकता हुआ।

starry-eyed (स्टार्´-इ-आइड्) *adj.* enthusiastic but impractical, उत्साही परंतु अव्यवहारशील।

star-studded (स्टा:´-स्टड्-इड्) *adj.* containing many stars, तारों से भरा।

start (स्टा:ट्) *v.* (started, starting) 1. begin or commence, आरंभ करना, शुरू करना, शुरुआत करना। 2. to begin a journey, यात्रा आरंभ करना। 3. to set in motion, चलाना। 4. to be set in motion, चलना, चलने लगना। 5. to spring or jump suddenly, सहसा उछल या कूद पड़ना, चिहुँक उठना। 6. to establish, स्थापित करना, जमाना, चलाना। *n.* 1. a beginning, commencement, शुरुआत, आरंभ, प्रारंभ। 2. a place or time of beginning, प्रारंभ करने का स्थान या समय। 3. a sudden involuntary movement, सहसा होनेवाली

अनभिप्रेत क्रिया, चिहुँक । 4. a signal to proceed, कुछ करने का संकेत । □ **by fits and starts,** तरंग में आकर, मन की मौज से ।

starter (स्टा:-टः) ***n.*** 1. a device for starting an engine, motor etc., स्टार्टर । 2. one who starts (something, कोई काम) शुरू करनेवाला व्यक्ति । 3. one who gives signal for a race, दौड़ शुरू करने का संकेत देनेवाला । 4. a competitor who starts in a race, दौड़ में भाग लेनेवाला प्रतियोगी ।

startle (स्टा:´-टॅल्) ***v.*** (startled, startling) 1. to be surprised or frightened, चौंक पड़ना । 2. to cause to be surprised or frightened, चौंका देना ।

startling (स्टा:ट्´-लिंग्) ***n.*** 1. surprising, चौंकानेवाला । 2. alarming, भयकारक, भयप्रद, चिंताजनक ।

starvation (स्टा:-वे´-शॅन्) ***n.*** the act of starving or the state of being starved, भुखमरी ।

starve (स्टा:व्) ***v.*** (starved, starving) 1. to die from prolonged lack of food, भूखों मरना । 2. to cause to die from prolonged lack of food, भूखों मारना । 3. to be badly hungry, भूख से विकल होना । 4. to suffer or cause to suffer due to lack of something, तरसना या तरसाना ।

starveling (स्टा:व्´-लिंग्) ***n.*** an ill-fed person or animal, कुपोषित व्यक्ति या मरियल पशु ।

stash (स्टैश्) ***v.*** (stashed, stashing) to slow, मंद या धीमा होना/करना ।

stasis (स्टे´-सिस्) ***n.*** stagnation of the flow of blood or urine, पेशाब या ख़ून का प्रवाह रुक जाना ।

state (स्टेट्) ***n.*** 1. a condition of being, अवस्था, दशा, स्थिति । 2. a country or nation, राज्य; state banquet, राजकीय भोज, राजभोज । 3. a government, सरकार, शासन । 4. a subdivision of a federation, state, राज्य । 5. position in life or society, हैसियत । 6. ceremonious style, ठाठ-बाट, शान-शौकत । □ **lie in state,** (शव का) दर्शनार्थ रखा जाना । ***adj.*** 1. of or relating to the state, राज्य-संबंधी, सरकारी, राजकीय; state library, राजकीय पुस्तकालय । 2. controlled or financed by the state, राज्य द्वारा नियंत्रित, सहायता-प्राप्त, सरकारी, शासकीय । 3. used or done on ceremonial occasions, समारोही । ***v.*** (stated, stating) 1. to set forth in words, अभिव्यक्त करना, कहना । 2. to declare, घोषित करना ।

state coach ***n.*** a coach for officials, शासकीय यान, सरकारी गाड़ी ।

statecraft (स्टेट्´-क्रा.फ़्ट्) ***n.*** the art of conducting the affairs of state, राजकार्यों के निर्वहन की कला ।

stated (स्टे´-टिड्, स्टे´-टेंड्) ***adj.*** 1. put forth in words, अभिव्यक्त । 2. declared, घोषित । 3. fixed, नियत, निश्चित ।

state-house (स्टेट्´-हाउस्) ***n.*** a house where a legislature meets, विधान-भवन ।

stateless (स्टेट्´-लिस्) ***adj.*** without nationality, जो किसी राष्ट्र का नागरिक न हो, विशेषत: जिसकी राज्य ने नागरिकता छीन ली हो, राष्ट्रीयता-विहीन ।

stately (स्टेट्´-ली) ***adj.*** 1. graceful, dignified, गौरवपूर्ण, शानदार । 2. imposing, प्रभावशाली । ***adv.*** in a stately manner, शानदार ढंग से, ठाठ-बाट से ।

statement (स्टेट्´-मॅन्ट्) ***n.*** 1. something stated, कथन, वक्तव्य, बयान । 2. the act of stating, कथन । 3. a written summary of financial account, लेन-देन का ब्योरा, लेने-देने का विवरण ।

stateroom (स्टेट्´-रूम्) ***n.*** a passenger's private cabin in a train or ship, निजी कक्ष ।

statesman (स्टेट्स्´-मॅन्) ***n.*** 1. a national leader, राजनेता । 2. a leader of a political party, राजनीतिज्ञ ।

statesmanlike (स्टेट्स्´-मॅन्-लाइक्) ***adj.*** having the qualities of a statesman, जिसमें राजनेता के गुण हों, राजनयिक ।

statesmanship (स्टेट्स्´-मॅन्-शिप्) ***n.*** the

quality of being a statesman, राजनेतृत्व।

static (स्टैट्´-इक्) *adj.* 1. not moving, not in motion. स्थिर, निश्चल। 2. not changing, अपरिवर्तनशील।

statics (स्टै´-टिक्स्) *n.* the science dealing with bodies at rest, स्थिति विज्ञान, स्थैतिकी।

station (स्टे´-शॅन्) *n.* 1. a stopping place in a transportation route, स्टेशन, स्थल, केंद्र। 2. a post or occupation, पद या धंधा। 3. a transmission centre, रेडियो स्टेशन। 4. a place established to provide public service, सेवाकेंद्र, चौकी, स्टेशन। *v.* (stationed, stationing) to post, to put at a certain place, नियुक्त करना, रखना, बैठाना।

stationary (स्टे´-शॅ-नॅ-री) *adj.* 1. not movable, स्थिर, अचल, स्थावर। 2. permanent, स्थायी।

stationer (स्टे´-शॅ-नॅ:) *n.* one who sells stationery, लेखन-सामग्री विक्रेता।

stationery (स्टे´-शॅ-नॅ-री) *n.* paper, ink pens, pencies etc. writing materials, कागज, कलम, स्याही आदि लेखन-सामग्री।

station master *n.* an in-charge of a railway station, स्टेशन मास्टर।

station wagon *n.* a large car, बड़ी कार, स्टेशन वैगन।

statistic (स्टॅ-टिस्´-टिक्) *n.* an item of information expressed in numbers, आँकड़ा।

statistical (स्टॅ-टिस्´-टि-कॅल्) *adj.* of or pertaining to statistics, सांख्यिकीय।

statistician (स्टैट्-इ-स्टिश्´-ॲन्) *n.* one expert in compiling statistics, सांख्यिकी-विद्, सांख्यिक।

statistics (स्टॅ-टिस्´-टिक्स्) *n.* the science of collecting and classifying numerical data, सांख्यिकी।

statuary (स्टैच्´-उ-ॲ-री) *n.* statutes collectively, समस्त कानून या विधान। *adj.* of statutes, कानूनी, वैधानिक।

statue (स्टैच्´-ऊ) *n.* a moulded or sculptured figure, मूर्ति, प्रतिमा।

statuesque (स्टैच्-उ-ऍस्क्´) *adj.* like a statue, मूर्ति-सा, मूर्तिवत्।

statuette (स्टैच्-उ-ऍट्´) *n.* a small statue, छोटी मूर्ति या लघु प्रतिमा।

stature (स्टैच्´-ॲ:) *n.* 1. natural height of a person in an upright position, क़द, ऊँचाई। 2. level of achievment, status, पद, हैसियत, महिमा।

status (स्टे´-टॅस्, स्टेट्´-ॲस्) *n.* 1. the legal character or condition of a person or thing, वैधानिक स्थिति। 2. a relative position in a social system, हैसियत। 3. prestige, प्रतिष्ठा।

status quo (स्टे-टॅस्-क्वो) *n.* the state of affairs as it was before (a recent change) यथापूर्व स्थिति।

status symbol *n.* a symbol of person's high status, ऊँची प्रतिष्ठा का प्रतीक।

statute (स्टैच्´-ऊट्) *n.* a law enacted by a legislative body, विधि, कानून।

statutory (स्टैच्´-ॲ-टॅ-री) *adj.* of or relating to a statute, विधिक, कानूनी।

staunch[1] (स्टा:न्च्) *adj.* 1. firm, loyal, पक्का, निष्ठावान। 2. trustworthy, विश्वस्त। 3. solid, ठोस, मज़बूत। 4. watertight, जलरोधी।

staunch[2] *v.* (staunched, staunching) to restrain the flow of blood (from a wound, घाव से) रक्त का बहना रोकना।

stave (स्टेव्) *n.* 1. a long strip of a wood, लकड़ी की लंबी पट्टी। 2. a stanza of a poem, बंद। 3. a staff in music, सारणी। *v.* (staved, staving) to break a stave, (बैरल, नाव आदि में लगी) लकड़ी की लंबी पट्टी तोड़ना। ☐ **stave off**, दूर हटाना।

stay[1] (स्टे) *v.* (stayed, staying) 1. to remain in a given place or position, रहना; Stay here. यहाँ रहो; Stay awake. जागते रहो। 2. to reside temporarily, ठहरना, टिकना; Stay at a hotel. होटल में ठहरो। 3. to stop, रुकना,

ठहरना। 4. to wait, प्रतीक्षा करना। 5. to postpone or discontinue, स्थगित करना, जारी न रखना। 6. to delay, विलंब करना, देर करना। 7. to satisfy, तृप्त या संतुष्ट करना। 8. to prop up, सहारा देना, टेक लगाना। *n.* 1. a period of temporary dwelling or visiting, ठहराव, प्रवास। 2. a postponement, स्थगन। 3. the act of stopping or state of being stopped, रोकने या रुकने की क्रिया या भाव, रोक; Stay order. रोक आदेश। 4. a support, सहारा, टेक।

stay² *n.* a heavy rope or cable, मोटा रस्सा, तार आदि।

stay-at-home (स्टे´-ॲट्-होम्) *adj.* remaining at home habitually, घर-घुस्सू।

staying power *n.* stamina, दम, दम-ख़म।

stead (स्टेंड्) *n.* a place or position, स्थान या स्थिति। □ **stand (someone) in good stead,** (किसी के लिए) उपयोगी होना।

steadfast (स्टेंड्-फ़ास्ट्/फ़ैस्ट्) *adj.* 1. fixed, steady, स्थिर, निश्चल। 2. determined, निश्चयबद्ध, अटल।

steadfastly (स्टेंड्-फ़ैस्ट्/फ़ास्ट्-ली) *adv.* in a firm manner, firmly, दृढ़तापूर्वक।

steadily (स्टेंड्´-इ-ली) *adv.* in a steady manner, अनवरत, निरंतर।

steady (स्टेंड्´-ई) *adj.* 1. stable, स्थिर, अचल। 2. free form fluctuations, अपरिवर्तनशील। 3. not easily excited, जो जल्दी उत्तेजित न हो, धीर-गंभीर। 4. regular, नियमित। 5. habitual आदी, अभ्यस्त। 6. continuous, निरंतर चलनेवाला, चालू, जारी। *n.* a regular boy friend or girl friend, नियमित प्रेमी या प्रेमिका। *v.* (steadied, steadying) to make or become steady, स्थिर करना या हो जाना। *adv.* in a steady manner, सुस्थिर रूप से, नियमित रूप से या निरंतर। *interj.* please get set to start. (दौड़ शुरू करने के लिए) तैयार हो जाओ।

steak (स्टीक्) *n.* a thick slice of meat, fish etc., (तला या भूना हुआ) मांस आदि का टुकड़ा, टिक्का।

steak-house (स्टीक्´-हॉउस्) *n.* a restaurant that serves steaks, टिक्कों की दुकान।

steal (स्टील्) *v.* (stole, stolen. stealing) 1. to take away another's property without permission or unlawfully, चुराना, चोरी करना। 2. to obtain by surprise, चुराना, लेना; to steal a kiss, झटके से चूम लेना। 3. to move secretly, दबे पाँव चलना। □ **steal a march over,** चालाकी से (किसी से) आगे निकल जाना; **steal the show,** बाज़ी मार लेना, सभी को आकृष्ट तथा प्रसन्न कर देना।

stealth (स्टेंल्थ्) *n.* the act of moving with extreme care and quietness, अत्यंत सावधानी तथा चुपके-चुपके कोई काम करना, दुराव, दुराव-छिपाव, चोरी।

stealthily (स्टेंल्´-थि-ली) *adv.* secretly, चुपके से, चोरी-चोरी, चोरी-छिपे।

stealthy (स्टेंल्´-थी) *adj.* secret, गुप्त।

steam (स्टीम्) *n.* 1. the vapour into which water is changed by boiling, भाप, वाष्प। 2. the vapour used as motive power, वाष्प शक्ति। 3. energy, शक्ति, ओज, ऊर्जा। □ **let off steam,** भड़ास निकालना; **under one's own steam,** अकेले दम। *v.* (steamed, steaming) 1. to emit steam, भाप छोड़ना। 2. to be emitted as steam, भाप छूटना। 3. to move by steam power, भाप से चलना। 4. to proceed quickly, तेज़ी से बढ़ना। □ **steam up** (i) भाप से तुप या ढक जाना, (ii) भड़क उठना, आवेश में आ जाना।

steamboat (स्टीम्´-बोट्) *n.* a boat driven by steam, वाष्पचालित नौका।

steam-engine (स्टीम्´-इन्-जॅन्) *n.* an engine driven by steam, वाष्पचालित इंजन।

steamer (स्टी´-मॅः) *n.* 1. a boat or ship driven by steam engine, वाष्पचालित जहाज़। 2. a container in which things are cooked by steam, वह पात्र जिसमें भाप से चीज़ें पकाई

जाती हैं।

steamroller (स्टीम्´-रो-लॅ:) ***n.*** a machine with heavy roller used for smoothing road surfaces, सड़कें बनानेवाला इंजन। ***v.*** (steamrolled, steamrolling) 1. to smooth with a steamroller, सड़क बनानेवाले इंजन से सड़क समतल करना। 2. to defeat ruthlessly, पछाड़ देना। 3. to silence ruthlessly, बलात् चुप करा देना।

steamship (स्टीम्´-शिप्) ***n.*** a ship driven by steam, भाप-चालित जहाज़।

steamy (स्टी´-मी) ***adj.*** 1. full of steam, भाप से भरा। 2. like steam, भाप-जैसा।

steed (स्टीड्) ***n.*** a horse, घोड़ा।

steel (स्टील्) ***n.*** 1. a very hard alloy of iron and carbon, इस्पात, फ़ौलाद। 2. a sword (made of steel), तलवार। 3. a quality suggestive of steel, फ़ौलाद जैसी शक्ति या दृढ़ता। ***v.*** (steeled, steeling) to make hard, कठोर बनाना, कड़ा करना। ***adj.*** very hard, कड़ा, इस्पात के समान।

steel-plated (स्टील्´-प्ले-टिड्) ***adj.*** covered by steel plates, लौह-कवचित।

steelworks (स्टील्´-व़:क्स्) ***n.*** a factory for making steel, इस्पात निर्माणशाला, इस्पात की फ़ैक्ट्री, स्टील वर्क्स।

steelworker (स्टील्´-व़:कॅ:) ***n.*** one who works in a steel producing industry, इस्पात कारखाने में काम करनेवाला, कर्मी।

steely (स्टील्´-ई) ***adj.*** 1. like steel, इस्पात-जैसा। 2. like steel in brightness, इस्पात के रंग का, चमकीला। 3. like steel in hardness, इस्पात की तरह कठोर।

steelyard (स्टील्´-या:ड्) ***n.*** a portable balance, एक तरह की तुला।

steep[1] (स्टीप्) ***adj.*** 1. sloping sharply, बहुत ढालवाँ, खड़ा। 2. unreasonably high, बहुत ऊँचा।

steep[2] ***v.*** (steeped, steeping) 1. to soak (in liquid, तरल पदार्थ में) भिगोना। 2. to be soaked (in liquid, तरल पदार्थ में) भिगोया जाना। 3. to imbue, ओत-प्रोत करना या होना, डूबना या डुबोना।

steepen (स्टी´-पॅन्) ***v.*** (steepened, steepening) to become or cause to become steep, बहुत अधिक ढालुआँ होना या करना।

steeple (स्टी´-पॅल्) ***n.*** a tower of a church, चर्च की मीनार।

steeplechase (स्टी´-पॅल्-चेस्) ***n.*** a horse race with obstacles to be jumped, घोड़ों की बाधा-दौड़।

steeplejack (स्टी´-पॅल्-जैक्) ***n.*** one who constructs and repairs steeples, मीनारें बनाने तथा उनकी मरम्मत करनेवाला मिस्त्री।

steer[1] (स्टिअॅ:) ***n.*** a castrated male ox, बधिया किया हुआ बैल।

steer[2] ***v.*** (steered, steering) 1. to direct the course of, to guide, चलाना, परिचालन करना। 2. to be able to be steered, (गाड़ी, नाव आदि को) खे, निकाल या आगे बढ़ा ले जाना।

steerage (स्टिअर्´-इज्) ***n.*** the act of steering, परिचालन करना।

steering wheel (स्टि´-अॅर्-इंग्-ह्वील्) ***n.*** a wheel of a vehicle for directing the course, वाहन/जहाज़ का चालन चक्का।

stein (स्टीन्) ***n.*** a large mug for beer, मदिरा पीने का बड़ा मग।

stellar (स्टॅल्´-अॅ:) ***adj.*** of a star or stars, तारे या तारों से संबद्ध।

stuffy (स्टफ़्´-ई) *adj.* (stuffier, stuffiest)

1. lacking fresh air, घुटन-भरा, दम-घोंटू। 2. dull, uninteresting, नीरस, उबाऊ, शुष्क। 3. blocked with mucus, रेंट-भरा, रेंट से बंद। 4. narrow-minded, संकीर्ण विचारोंवाला अनुदार।

stultify (स्टल्´-टि-फ़ाइ) *v.* (stultified, stultifying) 1. to make useless, व्यर्थ कर देना। 2. to cause to appear absurd or illogical, बेतुका या असंगत कर देना।

stumble (स्टम्´-बॅल्) *v.* (stumbled, stumbling) 1. to trip or almost fall in walking or running, डगमगाना, लड़खड़ाना। 2. to lose one's balance, संतुलन खो बैठना। 3. to walk with frequent stumbles, लड़खड़ाते हुए चलना। 4. to make mistakes, ग़लतियाँ करना। 5. to come upon accidentally, एकाएक मिल जाना। *n.* an act of stumbling, डगमगाहट, लड़खड़ाहट, स्खलन।

stumbling block (स्टम्´-ब्लिंग्-ब्लॉक्) *n.* an obstacle, अड़ंगा, बाधा, रुकावट।

stump (स्टम्प्) *n.* 1. the base of the tree that remains on the ground when the rest has fallen or has been felled, खूँट, जड़, मूल। 2. a part that remains after the larger part has been removed, खूँटी। 3. any of three upright wooden sticks, (क्रिकेट में) लगाए जानेवाले तीन में से कोई डंडा, यष्टि, स्टंप। 4. a sound of heavy footsteps, धमधम। 5. a place used by a politician for speech making, सभास्थल। *v.* (stumped, stumping) 1. to walk in a stiff heavy manner, धमधम करते हुए चलना। 2. to make speeches at different places, जगह-जगह भाषण देते फिरना। 3. to baffle, चकरा देना। 4. to dismiss a batsman by knocking the stumps, गिल्लियाँ बिखेरकर आउट कर देना।

stumpy (स्टम्´-पी) *adj.* (stumpier, stumpiest) short and thick, गोल-मटोल।

stun (स्टन्) *v.* (stunned, stunning) 1. to render senseless by a blow, आघात करके अचेत कर देना। 2. to astound, चकित, चमत्कृत या विस्मित कर देना, भौचक्का कर देना। 3. to shock, आघात करना, धक्का लगाना।

stunning (स्टन्´-इंग्) *adj.* 1. very attractive, अत्यंत आकर्षक, मुग्धकारी। 2. astonishing, विस्मयकारी।

stunningly (स्टन्´-इंग्-ली) *adv.* in a stunning manner, very beautifully, आकर्षक रूप में, बड़ी सुंदरता से।

stunt[1] (स्टन्ट्) *v.* (stunted, stunting) to hinder the development of, बाड़ या वृद्धि रोक देना, पनपने न देना।

stunt[2] *n.* 1. a feat of daring skill, कमाल का काम, कमाल, कौतुक। 2. anything unusual done for attention, लोगों का ध्यान आकृष्ट करने के लिए किया हुआ काम, कौतुक। *v.* (stunted, stunting) to perform stunts, कौतुक करना।

stunted (स्टन्´-डिड्) *adj.* underdeveloped, विकास-रुद्ध।

stunt man *n.* in films a person doing daring acts in place of an actor, वह व्यक्ति जो अभिनेता के स्थान पर फ़िल्मों में साहसिक कार्य करता हो।

stupefaction (स्टू-पि-फ़ैक्´-शन्) *n.* astonishment, विस्मय; जड़ता।

stupefy (स्टू´-पि-फ़ाइ) *v.* (stupefied, stupefying) 1. to stun, भौचक्का, चमत्कृत या विस्मित कर देना, हक्का-बक्का कर देना। 2. to dull the sense of, जड़ बना देना।

stupendous (स्टू-पेंन्´-डॅस्) *adj.* astounding, विस्मयकारी, चमत्कृत करनेवाला।

stupid (स्टू´-पिड्) *adj.* 1. slow of mind, मंद-बुद्धि। 2. foolish, मूर्ख।

stupidity (स्टू´-पिड्-इ-टी) *n.* 1. the quality of being stupid, मूर्खता। 2. a stupid act, मूर्खतापूर्ण कार्य।

stupor (स्टू´-पॅ:) *n.* 1. the state of

unconsciousness, बेहोशी, मूर्च्छा। 2. mental dullness, मानसिक शिथिलता।

sturdy (स्टः´-डी) *adj.* (sturdier, sturdiest) 1. strongly built, हृष्ट-पुष्ट, तगड़ा। 2. hard, vigorous, कड़ा, ज़ोरदार।

sturgeon (स्टः´-जॅन्) *n.* a large sharklike fish, शार्क की जाति की मछली।

stutter (स्टट्´-अँ:) *v.* (stuttered, stuttering) to stammer, हकलाना।

stutterer (स्टट्´-अॅर्-अँ:) *n.* one who stutters, हकलानेवाला, हकला।

sty (स्टाइ) *n.* 1. an enclosure for pigs, सुअरबाड़ा। 2. a filthy place, गंदी जगह। 3. an inflamed swelling on the edge of the eyelid, बिलनी, गुहेरी। *v.* (stied, stying) 1. to enclosed in a sty, बाड़े में बंद करना। 2. to be enclose in a sty, बाड़े में बंद होना।

style (स्टाइल्) *n.* 1. the manner of writing, शैली। 2. the manner of doing or performing, ढंग, शैली। 3. prevailing fashion, चाल, फ़ैशन। 4. elegance, सौंदर्य, लालित्य। *v.* (styled, styling) 1. to name or call, नाम धरना या बुलाना। 2. to shape or design, सँवारना, बनाना, रचाना। 3. to make suitable for, उपयुक्त बनाना।

stylish (स्टाइ´-लिश्) *adj.* 1. conforming to current fashion, फ़ैशनेबुल। 2. elegant, सजीला, बना-ठना।

stylist (स्टाइ´-लिस्ट्) *n.* 1. a master or model of style, शैलीकार। 2. a designer, डिज़ाइनर।

stylistic (स्टाइ-लिस्´-टिक्) *adj.* 1. of or relating to a style, शैलीगत। 2. of stylistics, शैलीविज्ञान-संबंधी।

stylistics (स्टाइ-लिस्´-टिक्स्) *n.* the study of literary styles, शैलीशास्त्र।

stylize (स्टाइ´-लाइज़्) *v.* (stylized, stylizing) to conform to a particular style, किसी शैली के अनुरूप बनाना, शैली-अनुवर्तन करना।

stylus (स्टाइ´-लॅस्) *n.* a pointed tool for engraving, सुई, शलाका।

stymie (स्टाइ´-मी) *v.* (stymied, stymieing) to thwart the activities of, बाधा डालना, रोड़ा अटकाना।

styx (स्टिक्स्) *n.* the river which one has to pass to reach Hades, (ग्रीक मत के अनुसार) वैतरणी।

suave (स्वाव्) *adj.* civilized, भद्र और परिष्कृत, सभ्य।

sub- (सब्) *pref.* 1. under, अधो, नीचे, निम्न। 2. subordinate, उप-, नायब, छोटा; sub-section, उपधारा।

subcommittee (सब्´-कॅ-मिट्-ई) *n.* a subordinate committee, उपसमिति।

subconscious (सब्-कॉन्´-शॅस्) *adj.* acting or existing without one's awareness, अवचेतन। *n.* the part of the mind partly within one's conscious awareness, अवचेतन मन।

sub-continent (सब्-कॉन्´-टि-नॅन्ट्) *n.* a vast subdivision of a continent, उपमहाद्वीप।

subcontract[1] (सब्-कॉन्´-ट्रैक्ट्) *n.* a contract between a party to an original contract and a third party, उपसंविदा।

subcontract[2] (सब्-कॅन्-ट्रैक्ट्´) *v.* (subcontracted, subcontracting) to enter into or make a subcontract, उपसंविदा करना, उपसंविदा में भागीदार होना।

subcutaneous (सब्-क्यू-टे´-नि-ॲस्) *adj.* under the skin, खाल के नीचे का, अवत्वचीय, अधस्त्वचीय।

subdeb (सब्´-डेॅब्) *n.* = subdebutante.

subdebutante (सब्-डेॅब्´-यु-टान्ट्) *n.* a girl who is about to become a debutante, वह लड़की जो सामाजिक जीवन में प्रवेश करने को हो।

subdiscipline (सब्-डिस्´-इ-प्लिन्) *n.* a division within a branch of learning, किसी विद्या या शास्त्र का उपविभाग।

अः bird बःड्, अँ: tear टिअँ:, ऐंअँ air ऐंअँ:, आई five फ़ाइव्, ऑइ boy बॉइ/बॉय, इअँ near निअँ:
उअँ poor पुअँ:, च् chat चैट्, थ् thing थिंग्, द् this दिस्, फ़् full फ़ुल्, व़् wait व़ेट्

subdivide (सब्-डि-वाइड्´) *v.* (subdivided, subdividing) to divide into many parts, अनेक हिस्से लगाना, अनेक हिस्सों में बाँटना, अनुभाजन करना।

subdivision (सब्-डि-विज़्ह्´-अँन्) *n.* the act of subdividing or the state of being subdivided, अनेक हिस्सों में बाँटने की क्रिया या बँटने की अवस्था, अनुभाजन।

subdue (सॅब्-डू´/ड्यू´) *v.* (subdued subduing) 1. to bring under control, to subjugate, वश में करना, वशीभूत करना। 2. to make less intense or quieter, मंद या धीमा करना। 3. to calm the feelings of, शांत करना।

subhead (सब्´-हॅड्) *n.* a sub-heading, उपशीर्षक।

subheading (सब्-हॅड्´-इंग्) *n.* a subbordinate heading, उपशीर्षक।

sub-human (सब्-ह्यू´-मॅन्) *adj.* less than human, अवमानुषीय, अवमानवीय।

subject (सब्´-जिक्ट्/जॅक्ट्) *adj.* 1. not independent, under someone's authority, परतंत्र, पराधीन। 2. dependent, अधीन। 3. prone (to, की ओर) उन्मुख, प्रवृत्त। *n.* 1. a person under the rule of another person, प्रजा का कोई सदस्य। 2. a citizen, नागरिक। 3. a topic or theme, विषय। 4. a course of study, अध्ययन का विषय। 5. (gram.) the doer of the action, उद्देश्य, कर्ता। *v.* (subjected, subjecting) 1. to bring under one's control, अधीन कर लेना। 2. to cause to undergo or experience, अनुभूत कराना, विषय बनाना। □ **subject to,** के अधीन।

subjection (सॅब्-जॅक्´-शॅन्) *n.* 1. the act of subjecting, अधीनीकरण, वशीकरण, दमन। 2. the state of being subjected, अधीनता, परतंत्रता, दासता।

subjective (सॅब्-जॅक्´-टिव्) *adj.* 1. existing in the mind of the thinking subject, not objective, व्यक्तिनिष्ठ, आत्मनिष्ठ, स्वनिष्ठ। 2. personal, स्वपरक, व्यक्तिगत। 3. (gram.) of or relating to a subject, कर्तृ, कर्तृपदीय।

subjectmatter (सब्-जिक्ट्-मैट्´-अॅ:) *n.* something written or printed, विषय-वस्तु।

subjects (सॅब्´-जॅक्ट्स्) *n.* (plu.) people governed by someone, प्रजा, प्रजाजन।

sub judice (सब्-जू´-डि-सी) *adj.* now being considered in law, न्यायाधीन।

subjugate (सब्´-जु-गेट्) *v.* (subjugated, subjugating) 1. to subdue, दबाना, दमन करना। 2. to bring into subjection, वश में लाना, वशीभूत करना, अधीन करना।

subjugation (सब्-जु-गे´-शॅन्) *n.* the act of subjugating, दमन, अधीनीकरण।

subjunctive (सॅब्-जंक्´-टिव्) *adj.* (gram.) expressing an uncertainty, wish or unlikely condition, संभावनार्थक, संभाव्य; subjunctive mood, संभाव्य क्रियार्थ।

sublease (सब्-लीस्´) *n.* a lease made by a tenant, शिकमी पट्टा, उप-पट्टा। *v.* (subleased, subleasing) to sublease, शिकमी देना।

sublet (सॅब्-लॅट्´) *v.* (sublet, subletting) to sublease, शिकमी देना।

sublimate (सब्´-लि-मेट्) *v.* (sublimated, sublimating) to improve or refine, परिष्कृत करना, उदात्त बनाना।

sublime (सब्-लाइम्´/सॅ-ब्लाइम्´) *adj.* 1. of high spiritual, moral or intellectual worth, उदात्त, श्रेष्ठ। 2. exalted, lofty, उच्च, महत्, भव्य, परम।

sublimely (सबॅ-लाइम्´-ली) *adv.* in a sublime manner, उदात्ततापूर्वक, भव्य रूप से।

sublimeness (सब्-लाइम्´-निस्) *n.* the quality or state of being sublime, उदात्तता, श्रेष्ठता, महत्ता।

subliminal (सब्-लिम्´-इ-नॅल्) *adj.* subconscious, अवचेतन।

sublimity (सब्-लिम्´-इ-टी) *n.* sublimeness,

उदात्तता, श्रेष्ठता, महत्ता।

submarine (सब्-मॅ-रीन्´) *n.* a ship that can operate under the surface of the sea, पनडुब्बी। *adj.* under the surface of the sea, अंत:समुद्री।

submaxilla (सब्-मैक्´-सि-लॅ) *n.* the lower jaw, निचला जबड़ा।

submerge (सब्-म:ज्´) *v.* (submerged, submerging) 1. to put under water, डुबोना, जलमग्न करना। 2. to go under water, डूबना, जलमग्न होना। 3. to cover with water, जल से प्लावित करना। 4. to go below the surface of water, पानी के अंदर-अंदर चलना।

submerged (सब्-म:ज्ड्´) *adj.* covered with water, जलमग्न।

submergence, submersion (सब-म:´-जॅन्स्, सब-म:´-शॅन्) *n.* the act of submerging, जलमग्न होने की क्रिया या भाव, जलमग्नता।

submerse (सॅब्-म:स्´) *v.* (submersed, submersing) to submerge, डुबोना या डूबना, जलमग्न होना या करना।

submersible (सॅब्-म:´-सि-बॅल्) *adj.* capable of being submerged, जो डूब सके या डुबाया जा सके, पानी के अंदर रह सकनेवाला।

submission (सब-मिश्´-ॲन्) *n.* 1. an act of submitting to an authority or the will of another, आधीनता स्वीकार करना, समर्पण। 2. an act of obeying, आज्ञापालन। 3. an act of submitting something for consideration, पेशी, प्रस्तुतीकरण; निवेदन।

submissive (सब्-मिस्´-इव्) *adj.* yielding, झुकनेवाला, नम्र, विनीत आज्ञाकारी।

submit (सॅब्-मिट्´) *v.* (submitted, submitting) 1. to yield to authority, झुकना, समर्पण करना। 2. to offer, उपस्थित करना, पेश करना या सामने रखना, निवेदन करना। 3. to obey, आज्ञापालन करना।

subnormal (सबॅ-नॉ:´-मॅल्) *adj.* less than normal, अवप्रसम।

suborder (सब्´-ऑ:-डॅ:) *n.* a division of an order, उपविभाग।

subordinate (सॅ-बॉ:´-डि-नेट्) *adj.* 1. subject to the authority of another, अधीन, आश्रित मातहत। 2. of lesser importance or rank, गौण। *n.* one who is subordinate, अधीनस्थ व्यक्ति या कर्मचारी। *v.* (subordinated, subordinating) to make subordinate, अधीनस्थ बनाना।

subordinate clause *n.* (gram.) a clause dependent on an other, आश्रित उपवाक्य।

suborn (सॅ-बॉ:न्´) *v.* (suborned, suborning) to induce a person to commit an unlawful act, अवैध कार्य के लिए उकसाना, दुष्प्रेरित करना।

subplot (सब्´-प्लॉट्) *n.* a subordinate plot in fiction or play, उपकथा, उपाख्यान।

subscribe (सॅब्-स्क्राइब्´) *v.* (subscribed, subscribing) 1. to contribute, अंशदान करना। 2. to contract to pay for a periodical, (पत्रिका आदि का) चंदा देना। 3. to sign (one's name), हस्ताक्षर करना। 4. to express one's approval, सहमति व्यक्त करना।

subscriber (सॅब्-स्क्राइ´-बॅ:) *n.* one who subscribes, अंशदान करनेवाला, चंदा देनेवाला।

subscription (सॅब्-स्क्रिप्´-शॅन्) *n.* 1. the sum demanded or paid for some issues of a magazine, चंदा। 2. money paid or promised to some institution, अंशदान। 3. the act of signing one's name to a document, दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करने की क्रिया।

subsequent (सब्´-सि-क्वॅन्ट्) *adj.* succeeding, following, बादवाला, अगला, उत्तरगामी, उत्तरवर्ती।

subservient (सॅब्-स:´-वि-ॲन्ट्) *adj.* 1. subordinate, अधीनस्थ, मातहत। 2. servile, चापलूस, जीहजूरिया।

subside (सॅब्-साइड्´) *v.* (subsided, subsiding) 1. to come to lower level, घटना, कम हो

जाना, उतरना। 2. to settle, नीचे बैठना। 3. (of land) to sink, धस या बैठ जाना। 4. to abate, घटना, उतरना। 5. to become tranquil, शांत होना, प्रशमित होना।

subsidence (सॅब्-साइड्´-ॲन्स्) ***n.*** the state of being subsided, उतार; धसान; प्रशमन।

subsidiary (सॅब्-सिड्´-इ-ॲ-री) ***adj.*** subordinate, auxiliary, सहायक, गौण। ***n.*** a subsidiary thing, सहायक या गौण वस्तु।

subsidize (सब्´-सि-डाइज़्) ***v.*** (subsidized, subsidizing) to give financial assistance, आर्थिक सहायता देना।

subsidy (सब्´-सि-डी) ***n.*** financial assistance, आर्थिक सहायता, इमदाद।

subsidized (सब्´-सि-डाइज़्ड्) ***adj.*** getting financial assistance, सहायता-प्राप्त, इमदादी।

subsist (सॅब्-सिस्ट्´) ***v.*** (subsisted, subsisting) 1. to exist, विद्यमान रहना, जीवित रहना, बना रहना। 2. to maintain life, to manage to live, निर्वाह करना, गुज़ारा करना।

subsistence (सॅब्-सिस्´-टॅन्स्) ***n.*** 1. means of subsisting, जीविका। 2. the act of subsisting, निर्वाह-भत्ता, गुज़ारा।

subsoil (सब्´-सॉइल्) ***n.*** the layer of soil beneath the earth's surface, अधोमृदा, अवमृदा।

subsonic (सब्-सॉन्´-इक्) ***adj.*** not supersonic, जिसकी गति शब्द की गति से कम हो।

substance (सब्´-स्टॅन्स्) ***n.*** 1. the material from which something is made, पदार्थ, द्रव्य। 2. meaning, अर्थ, तात्पर्य। 3. essence, सत्व, सार। 4. reality, वास्तविकता। 5. property, संपत्ति। □ **in substance,** साररूप में।

substandard (सब्-स्टैन्´-डःड्) ***adj.*** 1. below the required standard, निम्नस्तर का, घटिया। 2. below the usual standard, अवमानक।

substantial (सब्-स्टैन्´-शॅल्) ***adj.*** 1. worthwhile, सार्थक, सारभूत, उपयोगी। 2. of a considerable amount or size, अच्छी मात्रा या परिमाण का, अच्छा-खासा। 3. wealthy, धनी, संपन्न। 4. important, महत्त्वपूर्ण, सारभूत सारवान। 5. nourishing, पौष्टिक। 6. real, true, वास्तविक, तात्त्विक।

substantially (सॅब्-स्टैन्´-शॅ-ली) ***adv.*** in a substantial manner, ख़ूब, भरपूर।

substantiate (सॅब्-स्टैन्´-शि-एट्) ***v.*** (substantiated, substantiating) 1. to put into concrete form, मूर्त रूप देना। 2. to establish by proof, प्रमाण से सिद्ध करना, प्रमाणित करना।

substantive (सब्´-स्टैन्-टिव्) ***n.*** a noun, संज्ञा। ***adj.*** 1. having existence as a separate being, स्वतंत्र सत्तावाला; विधिवत् प्रस्तुत; substantive motion, विधिवत् प्रस्ताव। 2. permanent, स्थायी; substantive post, स्थायी पद।

substation (सब्´-स्टे-शॅन्) ***n.*** a subordinate station, छोटा स्टेशन।

substitute (सब्´-स्टि-ट्यूट्/च्यूट्) ***n.*** a person or thing that serves in place of another person or thing, स्थानापन्न व्यक्ति या वस्तु। ***v.*** (substituted, substituting) 1. to use as a substitute, स्थानापन्न वस्तु या व्यक्ति को प्रयुक्त करना, दूसरे से बदल देना। 2. to serve as a sustitute, स्थानापन्न वस्तु या व्यक्ति की तरह प्रयक्त होना।

substitution (सब्-स्टि-ट्यू´/च्यू´-शॅन्) ***n.*** 1. the act of substituting, एक की जगह दूसरे व्यक्ति या वस्तु से काम लेना, प्रतिनिधान। 2. a substitute, स्थानापन्न वस्तु या व्यक्ति, प्रतिस्थापन।

substratum (सब्-स्ट्रे´-टॅम्) ***n.*** (plu. substrata, substratum) an underlying layer, नीचे का स्तर, अधःस्तर।

substructure (सब्-स्ट्रक्´-चॅः) ***n.*** an underlying or supportive structure, भीतरी या सहायक ढाँचा, उपसंरचना।

subsume (सब्-स्यूम्´/सूम्´) ***v.*** (subsumed,

subsuming) to incorporate, सन्निविष्ट करना, सम्मिलित करना।

subtenent (सब्-टॅन्´-अॅन्ट्) *n.* one who rents property from a tenant, किराएदार का किराएदार, दर-किराएदार।

subterfuge (सब्´-टॅ:-फ़्यूज्) *n.* a trickery or excuse, तिकड़म या छलछंद।

subterranean (सब्-टॅ-रे´-नि-अॅन्) *adj.* underground, भूमिगत।

subterraneous (सब्-टॅ-रे´-नि-अॅस्) *adj.* underground, भूमिगत।

subtitle (सब्´-टाइ-टॅल्) *n.* a subordinate or secondary title, छोटा शीर्षक, उपशीर्षक।

subtle (सट्´-अॅल्) *adj.* 1. so slight as to be difficult to detect, सूक्ष्म, बारीक।2. abstruse, गूढ़, दुर्बोध।3. able to make fine distinctions, कुशाग्र। 4. clever, चपल, होशियार।

subtlety (सट्´-अॅल्-टी) *n.* the state or quality of being sublte, सूक्ष्मता; दुर्बोधता; चपलता।

subtly (सट्´-ली) *adv.* in a subtle manner, सूक्ष्म रूप से।

subtotal (सब्´-टो-टॅल्) *n.* the total of part of a group of figures, उप-जोड़।

subtract (सॅब्-ट्रैक्ट्´) *v.* (subtracted, subtracting) to deduct, घटाना।

subtraction (सॅब्-ट्रैक्´-शॅन्) *n.* the act of subtracting, घटाने की क्रिया या भाव, घटाव।

subtrahend (सब्´-ट्रॅ-हॅन्ड्) *n.* the quantity or number to be subtracted, घटाने की रकम।

subtropical (सब्-ट्रॉप्´-इ-कॅल्) *adj.* of regions bordering on the tropics, उपोष्ण।

suburb (सब्´-अ:ब्) *n.* residential area situated on the outskirts of a city, उपनगर, उपनगरीय क्षेत्र।

suburban (सॅ-ब:´-बॅन्) *adj.* of suburbs, उपनगरीय।

suburbanite (सॅ-ब:´-बॅ-नाइट्) *n.* one who lives in a suburb, उपनगर में रहनेवाला, उपनगरवासी।

suburbia (सॅ-ब:´-बि-अॅ) *n.* the suburbs and their inhabitants, उपनगर और उनके वासी।

subvention (सॅब्-वॅन्´-शॅन्) *n.* an aid or grant, अनुदान, सहायता।

subversion (सॅब्-व:´-ज़्हॅन्) *n.* the act of subverting, उलट देने की क्रिया या भाव, तख़्ता-पलटाव, तोड़-फोड़, विनाश, विध्वंस।

subversive (सॅब्-व:´-सिव्) *adj.* tending to subvert, उलट देनेवाला, ध्वंसात्मक, विध्वंसक।

subvert (सॅब्-व:ट्´) *v.* (subverted, subverting) 1. to overthrow, उलट देना। 2. to ruin, विनष्ट कर देना, तोड़-फोड़ करना, अव्यवस्था फैलाना। 3. to corrupt, भ्रष्ट कर देना।

subvertor (सॅब्-व:´-टॅ:) *n.* one who subverts, (सत्ता) उलटनेवाला व्यक्ति।

subway (सब्´-वे) *n.* an underground railway, तलमार्ग, सुरंग-पथ, सबवे।

subzero (सब्-ज़ी´-रो, सब्-ज़ीर्´-ओ) *adj.* below zero, शून्य से कम।

succeed (सॅक्-सीड्´) *v.* (succeeded, succeeding) 1. to be successful, सफल होना, सफलता प्राप्त करना। 2. to come next in order, किसी की जगह आना, किसी का स्थान ग्रहण करना। 3. to inherit, विरासत में प्राप्त करना, वारिस या उत्तराधिकारी होना।

succeeding (सॅक्-सीड्´-इंग्) *adj.* following, बादवाला, अनुवर्ती, उत्तरवर्ती।

success (सॅक्-सॅस्´) *n.* 1. the achievement of something attempted, सफलता, कामयाबी। 2. the gaining of fame or prosperity, धन या यश का लाभ।3. one who succeeds, सफल व्यक्ति।

succeessful (सॅक्-सॅस्´-फुल्) *adj.* having success, सफल, कामयाब।

successfully (सॅक्-सॅस्´-फु-ली) *adv.* in a successful manner, सफलतापूर्वक।

succession (सॅक्-सॅश्´-अॅन्) *n.* 1. the act of following in order, सिलसिला, अनुक्रमण।

2.the act of taking the place of another, पदग्रहण।3. inheritance, उत्तराधिकार, विरासत।

successional (सॅक्-सेंश्´-ॲ-नॅल्) *adj.* of or relating to succession, उत्तराधिकार-संबंधी।

successive (सॅक्-सेंस्´-इव्) *adj.* following one after another, एक के बाद एक आनेवाले, आनुक्रमिक, अनुक्रमी, उत्तरवर्ती।

successively (सॅक्-सेंस्´-इव्-ली) *adv.* in a successive manner, क्रमिक रूप से क्रमशः, निरंतर, लगातार।

successor (सॅक्-सेंस्´-ॲ:) *n.* one who succeeds, उत्तराधिकारी, वारिस।

succinct (सॅक्-सिंक्ट्´) *adj.* 1. concise, brief and clear, संक्षिप्त तथा सुस्पष्ट, संहत।2. terse, सारगर्भित।

succour (सक्´-ॲ:) *n.* 1. help, aid, सहायता। 2. relief, राहत।3. one who helps, सहायता करनेवाला। *v.* (succoured, succouring) to give aid to, सहायता करना, या देना।

succulent (सक्´-यु-लॅन्ट्) *adj.* 1.juicy, रसीला, रसदार। 2. having thick fleshy leaves, जिसके पत्ते गूदेदार हों।

succumb (सॅ-कम्´) *v.* (succumbed, succumbing) 1. to yield to someone overpowering, झुक जाना, घुटने टेक देना। 2. to yield to overpowering desire, डिगना, वशीभूत हो जाना। 3. to die, मर जाना।

such (सच्) *adj.* 1. of this kind, ऐसा। 2. of that kind, वैसा। 3. similar, समान। *adv.* to such a degree, इतना, उतना। ☐ **as such,** अतः; **such as,** उदाहरणार्थ। *n.* such a person or thing, वह, ऐसा।

such-and-such (सच्´-ॲन्-सच्) *adj.* particular but not specified, अमुक।

suchlike (सच्´-लाइक्) *adj.* of a similar kind, इसी प्रकार के, ऐसे ही। *pron.* the things of a similar kind, इसी तरह की चीजें।

suck (सक्) *v.* (sucked, sucking) 1. to draw (liquid) into the mouth by inhaling, चूसना। 2. to suckle, पीना, चूसना। 3. to draw in, खींचना, चूसना। 4. to squeeze in the mouth by using the tongue, चूसना। ☐ **suck up to,** चापलूसी करना। *n.* the act of sucking, चूसने की क्रिया या भाव, चूषण।

sucker (सक्´-ॲ:) *n.* 1. one who sucks, चूसनेवाला, चूषक। 2. a suckling, स्तनपान करनेवाला बच्चा। 3. a person who is easily deceived, ऐसा व्यक्ति जिसे सरलता से बुद्धू बनाया जा सके, बछिया का ताऊ, गऊ आदमी। 4. a shoot from the lower part of the stem, जड़ से निकलनेवाला कल्ला। 5. a lollipop, लॉलीपॉप (मिठाई)।

sucking (सक्´-इंग्) *adj.* 1. not yet weaned, दूध-पीता। 2. inexperienced, अनुभवहीन, नौसिखुआ।

suckle (सक्´-ॲल्) *v.* (suckled, suckling) to give suck to, छाती पिलाना, स्तनपान कराना।

suckling (सक्´-लिंग्) *n.* an infant or young animal that is not yet weaned, दुधमुँहा बच्चा।

suction (सक्´-शॅन्) *n.* 1. the act of sucking, चूसने की क्रिया या भाव, चूषण। 2. the force produced by a pressure difference that causes something to draw upward, चूषण; suction pump, चूषण पंप।

sudden (सड्´-ॲन्) *adj.* happening quickly or without warning, आकस्मिक, अप्रत्याशित। ☐ **all of a sudden,** एकाएक, अप्रत्याशित रूप से।

sudden death *n.* 1. unexpected and instantaneous death, आकस्मिक मृत्यु। 2. an extra time for play in which the winner being the first scoring side, वह अतिरिक्त समय जिसमें पहले गोल करनेवाली टीम को विजयी घोषित किया जाता है।

suddenly (सड्´-ॲन्-ली) *adv.* all of a sudden, एकाएक, एकदम से, अचानक।

suds (सड्ज़्) *n.* foam of a soapy water, साबुन

का फेन, झाग।

sue (स्यू, सू) *v.* (sued, suing) 1. to bring suit against (someone, किसी के विरुद्ध) मुकदमा चलाना। 2. to make a request, विनती करना।

suede (स्वेड्) *n.* leather with raised fibres, रेशेदार चमड़ा।

suet (स्यू´-इट्, सू´-इट्) *n.* a hard fat from around the kidneys of cattle, कड़ी चरबी।

suffer (सफ़्´-अ:) *v.* (suffered, suffering) 1. to undergo (pain or loss), झेलना, भोगना। 2. to tolerate, सहना, बरदाश्त करना। 3. to beset at a disadvantage, भोग भोगना, नुकसान उठाना या परेशान होना। 4. to permit, होने देना। ☐ **suffer from,** पीड़ित होना, ग्रस्त होना।

sufferance (सफ़्´-अ-रॅन्स्) *n.* 1. the state or condition of suffering, भोग। 2. tolerance, बर्दाश्त करने का मादा, सहिष्णुता। 3. sanction or permission because there is no positive objection, मौन स्वीकृति, मौन सहमति।

sufferer (सफ़्´-अर्-अ:) *n.* 1. one who suffers, भुगतनेवाला, भुक्तभोगी। 2. a patient, रोगी, पीड़ित।

suffering (सफ़्´-रिंग्) *n.* 1. physical or mental pain, वेदना या व्यथा। 2. something suffered, भोग। ☐ **suffering from,** से पीड़ित।

suffice (सॅ-फ़ाइस्´) *v.* (sufficed, sufficing) 1. to be adequate, पर्याप्त होना। 2. to be satisfactory, संतोषजनक होना।

sufficiency (सॅ-फ़िश्´-अॅन्-सी) *n.* 1. the condition of being sufficient, पर्याप्तता, यथेष्टता। 2. an adequate amount, यथेष्ट मात्रा।

sufficient (सॅ-फ़िश्´-अॅन्ट्) *adj.* adequate, enough, पर्याप्त, यथेष्ट।

suffix (सफ़्´-इक्स्) *n.* an affix added at the end of a word, प्रत्यय। *v.* (suffixed, suffixing) to add suffix to, प्रत्यय लगाना।

suffocate (सफ़्´-अ-केट्) *v.* (suffocated, suffocating) 1. to kill by stopping the breathing, दम घोंट देना, गला दबा देना। 2. to be killed by deprivation of oxygen, दम घुट जाना। 3. to feel discomfort from lack of fresh air, साँस रुकना, दम घुटना।

suffocation (सफ़्-अॅ-के´-शॅन्) *n.* 1. the act of suffocating or the state of being suffocated, गला घोंटने की क्रिया या गला घुटने की अवस्था या भाव। 2. feeling of discomfort from lack of fresh air, घुटन।

suffrage (सफ़्´-रिज्) *n.* the right to vote in general election, मताधिकार।

suffuse (सॅ-फ़्यूज़्´) *v.* (suffused, suffusing) to overspread, (किसी तल पर) फैलाना या बिखेरना।

suffusion (सॅ-फ़्यू´-ज़्हॅन्) *n.* the act of suffusing or the state of being suffused, फैलाव, बिखराव।

sufi (सू´-फ़ी) *n.* a member of Muslim mystic sect, सूफ़ी।

sugar (शुग्´-अ:) *n.* a sweet substance, चीनी, शक्कर। *v.* (sugared, sugaring) to sweeten with sugar, चीनी मिलाकर मीठा करना।

sugarcane (शुग्´-अ:-केन्) *n.* a plant that yields sugar, गन्ना, ईख।

sugarcoat (शुग्´-अ:-कोट्) *v.* (sugar-coated, sugar-coating) 1. to coat with sugar, चीनी का लेप चढ़ाना, पागना। 2. to cause to seem more appealing or attractive, आकर्षक बनाना।

sugary (शुग्´-अॅ-री) *adj.* 1. containing sugar, जिसमें चीनी मिली या पड़ी हो। 2. sweet, मीठा, मधुर।

suggest (सॅ-जेंस्ट्´, सॅग्-जेंस्ट्´) *v.* (suggested, suggesting) 1. to propose as a possibility, सुझाव देना, सुझाना, प्रस्ताव करना। 2. to hint, संकेत करना।

suggestible (सॅ-जेंस्´-टि-बॅल्, सॅग्-जेंस्´-टि-बॅल्) that may be suggested, सुझाव देने योग्य।

suggestion (सॅ-जॅस्´-चॅन्, सॅग्-जॅस्´-चॅन्) *n.* 1. the act of suggesting or something suggested, संसूचन; सुझाव, प्रस्ताव। 2. a hint, संकेत।

suggestive (सॅ-जॅस्´-टिव्, सॅग्-जॅस्´-टिव्) *adj.* 1. suggesting, सुझाव के रूप में होनेवाला। 2. provocative, विचारोत्तेजक। 3. indicative, सांकेतिक, संसूचक, द्योतक। 4. indecent, अश्लील।

suicidal (सू-इ-साइ´-डॅल्) *adj.* 1. involving suicide, आत्महत्या-संबंधी। 2. tending to suicide, आत्मघातक, आत्मघाती। 3. dangerous to life, प्राणघातक।

suicide (सू´-इ-साइड्) *n.* 1. the intentional killing of oneself, आत्महत्या, आत्मघात, ख़ुदकुशी। 2. one who commits suicide, आत्महंता। 3. ruin of one's own interest, आत्मघात; political suicide, राजनीतिक आत्मघात या आत्महत्या।

sui generis (सू´-इ-जॅन्´-ॲर्-इस्) *adj.* 1. unique, अद्वितीय। 2. individual, व्यक्तिपरक। (लैटिन)

suit (सूट्) *n.* 1. a set of clothes to be worn together, जोड़, जोड़ा, सूट। 2. a group of related things, सेट। 3. a group of rooms as a unit, सेट, कुलक। 4. any of the four series of playing cards, ताश के किसी रंग के पत्तों का समूह। 5. a lawsuit, मुकदमा, वाद, दावा। 6. a request, निवेदन, प्रार्थना। 7. an appeal, अपील। *v.* (suited, suiting) 1. to be fit or appropriate for, फबना, सजना, भला लगना, जँचना। 2. to be agreeable, अनुकूल होना, अच्छा लगना। 3. to make suitable, उपयुक्त बनाना।

suitability (सू-टॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being suitable, उपयुक्तता, अनुकूलता, औचित्य।

suitable (सू´-टॅ-बॅल्) *adj.* 1. appropriate, befitting, उपयुक्त, अनुकूल, उचित। 2. convenvient, सुविधाजनक।

suitably (सू´-टॅ-ब्ली) *adv.* in a suitable manner, उपयुक्त रूप से।

suitcase (सूट्´-केस्) *n.* a case for carrying clothes, सूटकेस।

suite (स्वीट्) *n.* 1. a number of attendants or followers, अनुचरवर्ग, अनुचरवृंद। 2. a set, जोड़, सेट; suite of rooms, दो-तीन कमरों का सेट; suite of furniture, फ़र्नीचर का सेट। 3. (music.) a set of musical piece, वाद्यसंगीत रचना।

suiting (सू´-टिंग्) *n.* the fabric for making suits, सूट का कपड़ा।

suitor (सू´-टॅ:) *n.* 1. a plaintiff, अभियोक्ता, मुद्दई, वादी। 2. a man who wants to marry a particular girl or woman, विवाहार्थी, प्रेमी।

sulk (सल्क्) *v.* (sulked, sulking) to be sulky, रूठ जाना, मान करना, कोप करना।

sulky (सल्´-की) *adj.* (sulkier, sulkiest) aloof because of resentment, रूठा हुआ, रुष्ट, अप्रसन्न।

sullen (सल्´-ॲन्) *adj.* 1. sulky, रुष्ट, रूठा हुआ, नाराज़। 2. gloomy, उदास, उचाट।

sully (सल्´-ई) *v.* (sullied, sullying) 1. to spoil, मैला या कलुषित करना। 2. to tarnish, कलंक लगाना, कलंकित करना।

sulphate (सल्´-फ़ेट्) *n.* a salt of sulphuric acid, सल्फ़ेट।

sulphur (सल्´-फ़ॅ:) *n.* a pale yellow substance used in medicine, explosives etc., गंधक।

sulphuric (सल्-फ़्यूर्´-इक्) *adj.* of or containing sulphur, गंधकी, गंधक का; sulphuric acid, गंधक का तेज़ाब।

sultan (सल्´-टॅन्) *n.* the sovereign of a Muslim country, सुलतान।

sultana (सल्-टैन्´-ॲ) *n.* the female sovereign, सुलताना।

sultanate (सल्´-टॅ-नेट्) *n.* 1. the territory

ruled by a sultan, सल्तनत, राज्य। 2. the office or rank of a sultan, सुलतानी।

sultry (सल्´-ट्री) *adj.* (sultrier, sultriest) 1. oppressively hot and humid, उमसदार। 2. (of a woman) dark mysterious beauty, नमकीन। 3. hot, गरम। 4. sensual, कामुक।

sum (सम्) *n.* 1. a total, जोड़, योग, योगफल। 2. a problem in arithmetic, गणित का प्रश्न। 3. an indefinite or specified amount of money, धनराशि, रक़म। ☐ **lump sum,** एकमुश्त रक़म; **in sum,** संक्षेप में; **sum and substance,** सार, निचोड़; **sum up,** निचोड़ निकालना। *v.* (summed, summing) 1. to form the total of, जोड़ना, जोड़ लगाना। 2. to summarize, निष्कर्ष निकालना, निचोड़ निकालना।

Summa-cum-laude (सम्´-अॅ-कम्-लाः´-डी) *adv.* with greatest academic distinction, सर्वोत्तम या सब से ऊँची उपाधि के साथ। (लैटिन)

summarize (सम्´-अॅ-राइज़्) *v.* (summarized, summarizing) 1. to make a summary of, संक्षेपण करना, सारांश निकालना। 2. to express briefly, थोड़े में कहना, सार रूप में कहना।

summary (सम्´-अॅ-री) *n.* a brief account, condensed statement, संक्षेप, सार, सारांश। *adj.* 1. brief, संक्षिप्त; summary trial, संक्षिप्त विचारण। 2. performed quickly and without formality, सरसरी रूप से होनेवाला; summary trial, सरसरी मुकदमा या जाँच।

summation (सॅ-मे´-शॅन्) *n.* 1. a collection, संकलन, संग्रह। 2. a summary, संक्षेप, सार, सारांश। 3. a total number or amount, कुल जोड़, कुल योग।

summer (सम्´-अॅः) *n.* the warmest season of the year, गर्मी का मौसम, ग्रीष्म ऋतु, गर्मी।

summer-house (सम्´-अॅः-हॉउस्) *n.* a small building in a garden, उद्यान-गृह, बँगला।

summer-time *n.* the season of summer, गर्मी का मौसम।

summery (सम्´-अॅ-री) *adj.* suitable for summer, गर्म मौसम के लिए उपयुक्त, ठंडा।

summing-up (सम्´-इंग-अप्) *n.* concluding statement containing main points, उपसंहार, समाहार।

summit (सम्´-इट्) *n.* 1. a top, शिखर, चोटी। 2. the climax, पराकाष्ठा। 3. a meeting of heads of governments, शिखर-वार्ता, शिखर-सम्मेलन।

summit meeting *n.* a summit, शिखर-सम्मेलन।

summon (सम्´-अॅन्) *v.* (summoned, summoning) 1. to order or request to come, बुलाना, आह्वान करना। 2. to order to appear in court, समन भेजना। 3. to gather (one's courage, strength etc, साहस या हिम्मत) सँजोना, बटोरना।

summons (सम्´-अन्ज़्) *n.* a written order to appear in the court of law, समन, आह्वान-पत्र।

sumo (सू´-मो) *n.* a Japanese style wrestling, जापानी कुश्ती।

sumptuary (संप्´-चु-अॅ-री) *adj.* limiting the amount to be spent, व्यय-नियामक।

sumptuous (संप्´-चु-अॅस्) *adj.* 1. splendid, राजसी, भव्य। 2. expensive, महँगा, बहुमूल्य।

sun (सन्) *n.* 1. the star that gives light in the daytime, सूरज, सूर्य। 2. its heat and visible light, धूप, घाम। ☐ **under the sun,** इस धरती पर, इस दुनिया में। *v.* (sunned, sunning) 1. to bask in the sun's ray, धूप स्नान करना, धूप लेना। 2. to expose to the sunshine, धूप में रखना, धूप दिखाना।

sunbaked (सन्´-बेक्ड्) *adj.* baked in the sunshine, धूप में सुखाया हुआ।

sunbath (सन्´-बाथ, सन्´-बैथ्) *n.* exposure of one's body to the sun, धूपस्नान।

sunbathe (सन्´-बेद्) *v.* (sunbathed, sunbathing) to expose one's body to the sun, धूपस्नान करना।

sunbeam (सन्´-बीम्) *n.* a beam of sunlight, सूर्य की किरण।

sunburn (सन्´-ब:न्) *n.* an inflammation of the skin caused by prolonged exposure to the sun, धूप में होनेवाली झुलसन। *v.* (sunburned/sunburnt, sunburning) 1. to be afflicted with sunburn, धूप से झुलसना। 2. to afflict with sunburn, धूप से झुलसाना।

Sunday (सन्´-डे) *n.* the day following Saturday, रविवार, इतवार।

sunder (सन्´-डं:) *v.* (sundered, sundering) to break into peices, टुकड़े-टुकड़े करना, छिन्न-भिन्न करना।

sundial (सन्´-डाइ-ॲल्) *n.* a device showing time during the daytime, धूप-घड़ी।

sundown (सन्´-डॉउन्) *n.* sunset, सूर्यास्त।

sundried (सन्´-ड्राइड्) *adj.* dried in the sunshine, धूप में सुखाया हुआ, आतप-शुष्क।

sundries (सन्´-ड्रीज़्) *n.* various small items not named individually, फुटकर वस्तुएँ।

sundry (सन्´-ड्री) *adj.* various, विविध, फुटकर। ☐ **all and sundry,** हर कोई।

sunfish (सन्´-फ़िश्) *n.* a large ocean fish, एक प्रकार की बड़ी समुद्री मछली, सूर्यमीन।

sunflower (सन्´-फ़्लॉउ-अं:) *n.* a plant and its flower, सूर्यमुखी।

sunglasses (सन्´-ग्लास्-इज़्, सन्´-ग्लैस्-इज़्) *n.* eye-glasses with tinted lenses, धूप का चश्मा, काला चश्मा।

sunken (संक्´-कॅन्) *adj.* 1. submerged, डूबा हुआ। 2. depressed or hollow, दबा हुआ, खोखला।

sunless (सन्´-लिस्) *adj.* without sunshine, धूपविहीन।

sunlight (सन्´-लाइट्) *n.* the light from the sun, धूप।

sunlit (सन्´-लिट्) *adj.* lit by sunlight, धूप में चमकता हुआ।

sunn (सन्) *n.* a substance used for making rope and rough cloth, जूट, सन।

sunny (सन्´-ई) *adj.* (sunnier, sunniest) 1. full of sunshine, धूपयुक्त, धूपदार। 2. bright, उज्ज्वल, चमकीला।3. cheerful, प्रसन्न, प्रफुल्ल।

sunrise (सन्´-राइज़्) *n.* the rising of the sun above the horizon, सूर्योदय।

sunset (सन्´-सेंट्) *n.* the setting of the sun below the horizon, सूर्यास्त।

sunshade (सन्´-शेड्) *n.* a device serving to shade from the sun, छाता, झाँप आदि।

sunshine (सन्´-शाइन्) *n.* 1. the direct rays from the sun, धूप। 2. happiness, सुख। 3. cheerfulness, हर्ष, प्रसन्नता।

sunspot (सन्´-स्पॉट्) *n.* any of the dark patches that appear on the sun's surface, सूर्य पर का धब्बा, सूर्यकलंक।

sunstroke (सन्´-स्ट्रोक्) *n.* a stroke caused by prolonged exposure, लू लगना।

sunstruck (सन्´-स्ट्रक्) *adj.* having sunstroke, जिसे लू लगी हो।

suntan (सन्´-टैन्) *n.* a tan produced by exposure to the sun, कालस, धूप-कालस।

sun-worship (सन्´-वं:-शिप्) *n.* the worship of the sun, सूर्यपूजा, सूर्योपासना।

sup[1] (सप्) *v.* (supped, supping) to sip, चुस्की भरना, घूँट-घूँट कर पीना। *n.* a sip, चुस्की, घूँट।

sup[2] *n.* a supper, रात का भोजन। *v.* (supped, supping) to take supper, रात का भोजन करना।

super (सू´-पं:) *adj.* excellent, उच्चकोटि का, बढ़िया, उत्कृष्ट।

super- (सू´-पं:) *pref.* 1. above, over, ऊपर, से अधिक या बढ़कर, अधि-। 2. of greater size or quality, महा।

superannuation (सू-पॅर्-ऐन-यु-ए´-शॅन्) *n.* 1. retirement, सेवा-निवृत्ति, अवकाश-प्राप्ति। 2. pension, पेंशन।

superb (सू-प:ब्´) *adj.* 1. excellent, उत्कृष्ट,

बढ़िया।2. imposing, majestic, भव्य, शानदार।

superbomb (सू´-पॅः-बॉम्) *n.* an extremely destructive bomb, अत्यंत विनाशकारी बम।

supercilious (सू-पॅः-सिल्´-इ-अॅस्) *adj.* 1. haughty, अभिमानी। 2. disdainful, तिरस्कारपूर्ण।

superficial (सू-पॅः-फ़िश्´-अॅल्) *adj.* 1. of or on the surface, ऊपरी, सतही। 2. shallow, छिछला, उथला।

superfine (सू-पॅः-फ़ाइन्´) *adj.* 1. of extra high quality, ऊँची गुणवत्तावाला। 2. of extra fine texture, अत्यंत उत्कृष्ट बुनावटवाला।

superfluity (सू-पॅः-फ़्लू´-इ-टी) *n.* 1. the condition of being superfluous, व्यर्थता, फालतूपन। 2. overabundance, अति प्रचुरता। 3. something superfluous, फालतू वस्तु।

superfluous (सू-पॅः´-फ़्लू-अॅस्) *adj.* 1. excessive, अत्यधिक, अनावश्यक। 2. unnecessary, व्यर्थ, फ़ालतू।

superhuman (सू-पॅः´-ह्यू´-मॅन्) *adj.* 1. beyond human ability, अतिमानवीय। 2. supernatural, अलौकिक, दिव्य।

superimpose (सू-पॅः-इम्-पोज़्´) *v.* (superimposed, superimposing) to lay on or place over something else, ऊपर रखना, अध्यारोपण करना।

superintend (सू-पॅः-इन्-टॅन्ड्´) *v.* (superintended, superintending) to exercise supervision over, निगरानी करना, अधीक्षण करना।

superintendence (सू-पॅः-इन्-टॅन्´-डॅन्स्) *n.* the act of superintending, देख-रेख, अधीक्षण।

superintendent (सू-पॅः-इन्-टॅन्´-डॅन्ट्) *n.* one who superintends, अधीक्षक।

superior (सु-पिअॅर्-इ-अॅः) *adj.* 1. higher in rank or status, ऊँचा, वरिष्ट, श्रेष्ठ। 2. of higher quality, उच्चकोटि का, बढ़िया, उत्कृष्ट। 3. conceited, घमंडी। 4. indifferent, उदासीन; She is superior to flattery. ख़ुशामद से वह ऊपर है। *n.* 1. a person of greater rank or status, उच्चाधिकारी। 2. the head of religious community, महंत, गुरु, धर्माचार्य।

superiority (सु-पिअॅर्-इ-ऑर्´-इ-टी) *n.* 1. the quality or state of being superior, वरिष्ठता, श्रेष्ठता। 2. excellence, उत्कृष्ट।

superiority complex *n.* the exaggerated opinion of oneself, श्रेष्ठता का भ्रम, उच्च मनोग्रंथि।

superlative (सू-पॅः´-ले-टिव्) *adj.* 1. of highest degree, उत्तम, सर्वोत्कृष्ट, सर्वोत्तम। 2. (gram.) expressing the highest degree, उत्तमतासूचक, उत्तमावस्था का सूचक।

superliner (सू´-पॅः-लाइ-नॅः) *n.* a very large or very fast ship, बहुत बड़ा या बहुत तेज़ यान।

superman (सू´-पॅः-मैन्/मॅन्) *n.* a man with more than human powers, अतिमानव।

supermarket (सू´-पॅः-माः-किट्) *n.* a large self-service retail store, सुपर बाज़ार।

supernatural (सु-पॅः-नैच्´-उ-रॅल्) *adj.* divine, अलौकिक, लोकोत्तर, दिव्य।

supernormal (सु-पॅः-नॉः´-मॅल्) *adj.* above normal, सामान्य से बढ़ा-चढ़ा, अधिसामान्य, असाधारण।

supernova (सु-पॅः-नो´-वॅ) *n.* a rare phenomenon in which a star explodes, resulting in up to a hundred million times brighter than the sun, सुपरनोवा, अधिनोवा।

supernumerary (सु-पॅः-न्यू´/नू´-मॅ-रॅर्-ई) exceeding a regular or fixed number, नियमित या नियत संख्या से अधिक, अधिसंख्य।

superpose (सु-पॅः-पोज़्´) *v.* (superposed, superposing) to place on or above something, किसी के ऊपर रखना, अधिरोपित करना।

superpower (सु-पॅः-पॉउ´-अॅः) *n.* one of the powerful nations of the world, सुपर पावर, महाशक्ति।

supersede (सु-पॅः-सीड्´) *v.* (superseded,

superseding) 1. to take the place of, दूसरे का स्थान ग्रहण करना, दूसरे की जगह लेना।2. to cause to be set aside, हटा देना, भंग करना।

supersonic (सु-पॅ:-सॉन्´-इक्) *adj.* moving at a speed greater than that of sound, पराध्वनिक, ध्वनि की गति से तेज़।

superstar (सु´-पॅ:-स्टा:) *n.* a great star, बहुत बड़ा अभिनेता।

superstition (सु-पॅ:-स्टिश्´-अॅन्) *n.* an unreasoningly upheld belief, अंधविश्वास।

superstitious (सु-पॅ:-स्टिश्´-अॅस्) *adj.* 1. having superstitions, अंधविश्वासी। 2. based on superstitions, अंधविश्वासपूर्ण।

superstructure (सु´-पॅ:-स्ट्रक्-चॅ:) *n.* a structure built on top of something else, उपरिभवन, अधिरचना।

supervise (सु´-पॅ:-वाइज़्) *v.* (supervised, supervising) to inspect the work of, काम की देख-रेख करना, पर्यवेक्षण करना।

supervision (सु-पॅ:-विज़्´-अॅन्) *n.* the act of supervising, देख-रेख, पर्यवेक्षण।

supervisor (सु-पॅ:-वाइ´-ज़ॅ:) *n.* one who supervises, पर्यवेक्षक।

supervisory (सु-पॅ:-वाइ´-ज़ॅ-री) *adj.* of supervision, पर्यवेक्षी, पर्यवेक्षण-संबंधी।।

supine (सु-पाइन्´) *adj.* 1. lying with face upward, चित (लेटा हुआ)। 2. lacking in action, lazy, जिसका काम करने में जी न करे, सुस्त।

supper (सप्´-अॅ:) *n.* an evening meal, रात का भोजन, रात्रिभोज।

supplant (सॅ-प्लान्ट्´, सु-प्लैन्ट्´) *v.* (supplanted, supplanting) 1. to uproot, उखाड़ देना। 2. to supersede, दूसरे का स्थान (छल या बल से) ग्रहण करना।

supple (सप्´-अॅल्) *adj.* 1. flexible, लचीला, सुनम्य, नमनशील।2. submissive, दब्बू।3. agile, फुर्तीला।

supplement (सप्´-लि-मॅन्ट्) *n.* 1. something that completes or makes an addition, पूरक, अनुपूरक। 2. a part added to a book, newspaper etc. to give extra information, परिशिष्ट। *v.*(supplemented, supplementing) 1. to add or complete, जोड़ना, पूरा करना।2. to add supplement to, परिशिष्ट जोड़ना या लगाना।

supplementary (सप्-लि-मॅन्ट्´-अॅ-री) *adj.* 1. additional, अतिरिक्त। 2. added as a supplement, अनुपूरक।

suppliant (सप्´-लि-अॅन्ट्) *n.* one who supplicates, मिन्नत या चिरौरी करनेवाला, विनयी।

supplicant (सप्´-लि-कॅन्ट्) *adj. & n.* a suppliant, चिरौरी करनेवाला।

supplicate (सप्´-लि-केट्) *v.* (supplicated, supplicating) to make a humble entreaty, चिरौरी करना, विनय करना।

supplication (सप्-लि-के´-शॅन्) *n.* the act or instance of supplicating, चिरौरी, विनय।

supplier (सॅ-प्लाइ´-अॅ:) *n.* one who supplies, पूर्तिकर्ता, सप्लायर।

supply (सॅ-प्लाइ´) *v.* (supplied, supplying) 1. to provide, देना, प्रदान करना।2. to make available for use or sale, पूर्ति करना, आपूर्ति करना।*n.* 1. the act of supplying, पूर्ति करना। 2. something supplied for sale or use, पूर्ति, आपूर्ति।

support (सॅ-पो:ट्´) *v.* (supported, supporting) 1. to hold or maintain in position, सहारा देना, टेक देना, संभालना।2. to promote the interest or cause of, समर्थन करना।3. to assist or help, सहायता करना। 4. to maintain or subsist, भरण-पोषण करना, संपोषण करना।5. to supply with necessaries, आपूर्ति करना। 6. to endure, बर्दाश्त करना। *n.* 1. the act of supporting or the state of being supported, समर्थन। 2. aid, help, सहायता। 3. a prop, टेक, सहारा। 4. maintenance or subsistence, भरण-पोषण।

supporter (सॅ-पो:´-टॅ:) *n.* 1. one who supports, समर्थन करनेवाला, समर्थक। 2. one who maintains, भरण-पोषणकर्ता।

supportive (सॅ-पो:´-टिव्) *adj.* that supports or maintains, संतोषक, समर्थक, सहायक।

suppose (सॅ-पोज़्´) *v.* (supposed, supposing) 1. to assume, मान लेना, कल्पना करना। 2. to guess, अटकल लगाना।

supposed (सॅ-पोज़्ड्´) *adj.* 1. believed, माना हुआ, तथाकथित। 2. considered to be so, जिससे कोई अपेक्षा हो।

supposedly (सॅ-पो´-ज़िड्-ली) *adv.* according to what is supposed, कल्पना के अनुसार।

supposing (सॅ-पो´-ज़िंग्) *conj.* if, यदि।

supposition (सप्-अ॑-ज़िश्´-अ॑न्) *n.* something supposed, कल्पना; मान्यता।

suppository (सॅ-पॉज़्´-इ-टॅ-री) *n.* a piece of medicated substance to be placed into the rectum, vagina etc., बत्ती, वर्ती।

suppress (सॅ-प्रॅस्´) *v.* (suppressed, suppressing) 1. to crush, कुचल डालना। 2. to quell, शांत कर देना। 3. to conceal, छिपा देना। 4. to prevent, रोक देना।

suppressible (सॅ-प्रॅस्´-इ-बॅल्) *adj.* that can be suppressed, दमनीय, दबा देने योग्य, कुचल डालने योग्य।

suppression (सॅ-प्रॅश्´-अ॑न्) *n.* the act of suppressing or the state of being suppressed, दबना या दबाया जाना, दमन, निग्रह।

suppressive (सॅ-प्रॅस्´-इव्) *adj.* that suppresses, दमनकारी, दमनात्मक।

suppressor (सॅ-प्रॅस्´-अ॑:) *n.* one who suppresses, दमनकर्ता।

supra (सू´-प्रॅ) *adv.* above or before, ऊपर या पहले।

supremacy (सू-प्रॅम्´-अ॑-सी) *n.* 1. the state or quality of being supreme, श्रेष्ठता, सर्वोच्चता। 2. supreme authority, प्रभुसत्ता, प्रभुता।

supreme (सू-प्रीम्´) *adj.* 1. highest in rank or authority, उच्चतम, सर्वोच्च। 2. highest in degree, सबसे बड़ा, परम।

supremely (सू-प्रीम्´-ली) *adv.* very, अत्यंत, अत्यधिक।

surcharge (स:´-चा:ज्) *n.* extra charge, अतिरिक्त देय, अधिप्रभार। *v.* (surcharged, surcharging) to make a surcharge on, अधिभार लगाना।

sure (श्यो:, शु:, शो:) *adj.* 1. that can be relied upon, विश्वसनीय। 2. confident, विश्वस्त। 3. certain, निश्चित। 4. steady, firm, पक्का, दृढ़। 5. inevitable, अनिवार्य, अपरिहार्य। 6. true, सत्य, सच्चा। 7. certain to do something, अमोघ, अचूक। □ **for sure,** निस्संदेह, निश्चय ही; **to be sure,** अवश्य ही।

surefire (श्यो:´-फ़ाइ:) *adj.* certain to get results, अमोघ, अचूक।

surefooted (श्यो:-फ़ुट्´-इड्) *adj.* not liable to stumble or fall, जो लड़खड़ाता या गिरता न हो।

surely (श्यो:´-ली) *adv.* certainly, निश्चित रूप से, निस्संदेह, निश्चय ही।

sureness (श्यो:´-निस्) n. the quality of being sure, विश्वसनीयता; निश्चितता; दृढ़ता।

surety (शूर्´-अ॑-टी, शोर्´-अ॑-टी) *n.* 1. the state of being sure, certainty, निश्चय, असंदिग्धता। 2. a guarantee, गारंटी। 3. one who makes oneself responsible for another, ज़मानतदार, जामिन, प्रतिभू। □ **stand surety,** ज़मानतदार बनना।

surf (स:फ़्) *n.* the white foam of breaking waves, समुद्री फेन। *v.* (surfed, surfing) to go surfing, लहरों का फेन छोड़ना।

surface (स:´-फ़िस्) *n.* 1. the outside of an object, ऊपरी सतह, ऊपरी तल, धरातल। 2. the outward appearance, बाह्यरूप। □ **on the surface,** सतही तौर पर, ऊपर-ऊपर से, ऊपर से देखने पर। *adj.* 1. of or on the surface,

ऊपरी, सतही। 2. superficial, ऊपरी, साधारण, सामान्य। *v.* (surfaced, surfacing) 1. to form the surface of, चौरस बनाना। 2. to rise to the surface, तल तक पहुँचना। 3. to come to the surface, सतह या तल पर आना।

surface mail *n.* the mail carried by sea, समुद्री डाक।

surface-to-air (सः´-फ़िस्-टॅ-ॲऑः´) *adj.* that can be fired from a point of land to a target in the air, ज़मीन से हवा में मार करनेवाला (अस्त्र)।

surface-to-surface (सः´-फ़िस्-टॅ-सः´-फ़िस्) *adj.* that can be fired from a point of land to a target elsewhere on land, ज़मीन से ज़मीन पर मार करनेवाला (अस्त्र)।

surfeit (सः´-फ़िट्) *v.* (surfeited, surfeiting) to satiate, छककर खाना या खिलाना, अघा जाना या अघा देना। *n.* 1. the act of surfeiting or the state of being surfeited, छकाई, अघाव। 2. an excessive amount, अत्यधिक मात्रा। 3. the disgust caused by overeating or overdrinking, जी भर जाना, (खाने-पानी की चीज़ को) देखने को भी जी न चाहना।

surge (सःज्) *v.* (surged, surging) to move like waves, लहरों की तरह बढ़ना, उफनना। *n.* 1. a motion like that of great waves, उफान। 2. a sudden onrush, आवेश, आवेग, बढ़ाव।

surgeon (सः´-जॅन्) *n.* a specialist in surgery, शल्यकार, जर्राह, सर्जन; dental surgeon, दंत शल्यक, दंत-चिकित्सक।

surgery (सः´-जॅ-री) *n.* 1. an act of operating, शल्यकर्म, शल्य-चिकित्सा, जर्राही, सर्जरी। 2. an operating room, शल्य-चिकित्सा कक्ष, शल्यकक्ष। 3. the science of operating, शल्य-चिकित्सा-विज्ञान।

surgical (सः´-जि-कॅल्) *adj.* of surgery, शल्य-कर्म-संबंधी।

surliness (सः´-लि-निस्) *n.* bad temperament, चिड़चिड़ापन।

surly (सः´-ली) *adj.* bad-tempered, चिड़चिड़ा।

surmise (सॅः-माइज़्´) *v.* (surmised, surmising) to guess or conjecture, अनुमान लगाना, अटकल लगाना। *n.* guess, conjecture, अटकल, अनुमान।

surmount (सॅः-मॉउन्ट्´) *v.* (surmounted, surmounting) 1. to overcome or conquer, पार पाना, जीत लेना। 2. to climb, चढ़ना। ☐ **be surmounted by,** सब से ऊपर होना।

surmountable (सॅः-मॉउन्ट्´-टॅ-बॅल्) *adj.* that can be overcome or surmounted, जिसपर पार पाया जा सके, जिसपर विजय पाई जा सके, जिसे जीता जा सके।

surname (सः´-नेम्) *n.* 1. a family name, कुलनाम, वंशनाम। 2. a given name, उपनाम।

surpass (सॅः-पास्´/पैस्´) *v.* (surpassed, surpassing) 1. to excel, आगे निकल या बढ़ जाना, (दूसरों पर अपनी) श्रेष्ठता सिद्ध कर देना। 2. to outdo, मात कर देना।

surpassing (सॅः-पास्´/पैस्´-इंग्) *adj.* of a very high degree, असाधारण, बढ़ा-चढ़ा, श्रेष्ठ।

surplice (सः´-प्लिस्) *n.* a loose wide-sleeved white gown, सफ़ेद अंगा।

surplus (सः´-प्लस्) *n.* 1. an amount or quantity in excess of what is required, आधिक्य, बेशी, बचा हुआ अंश, अतिरिक्त मात्रा या परिमाप, फ़ालतू चीज़। 2. an excess of receipts over disbursements, बचत, लाभ। *adj.* being a surplus, बचा हुआ, बचत के रूप में होनेवाला।

surprise (सॅः-प्राइज़्´) *n.* 1. the feeling caused by something happening unexpectedly or suddenly, आश्चर्य, विस्मय। 2. unexpected occurrence, आकस्मिक घटना। *v.* (surprised, surprising) 1. to astonish, चकित कर देना, आश्चर्य में डाल देना, चौंका देना। 2. to attack or capture suddenly, सहसा टूट पड़ना या आक्रमण कर देना।

surprised (सॅः-प्राइज़्ड्´) *adj.* experiencing

अ cup कप्, ॲ again ॲगेन्, ॲं bell बॅल्, आ car कार्, ऑ pot पॉट्, आः caught काःट्, इ pit पिट्
ई sheep शीप्, उ put पुट, ऊ boot बूट्, ए make मेक्, ऐ cat कैट्, ओ note नोट्

surprise, चकित, विस्मित, हैरान।

surprising (सॅ:-प्राइ´-ज़िंग्) *adj.* causing surprise, विस्मयकारी, आश्चर्यजनक।

surrealism (स-री´-ॲ-लिज़्-ॲम्) a movement in art and literature that seeks to express or portray the objects seen in the dreams, अतियथार्थवाद।

surrealist (स-री´-ॲ-लिस्ट्) *adj.* of surrealism, अतियथार्थवादी। *n.* a surrealist artist or writer, अतियथार्थवादी।

surrender (सॅ-रॅन्´-डॅ:) *v.* (surrendered, surrendering) 1. to give up oneself to the authorities or a conqueror, आत्मसमर्पण करना, अभ्यर्पण करना। 2. to give up possessions, अर्पित कर देना। 3. to give up to an emotion, अभिभूत हो जाना, डूब जाना। *n.* the act of surrendering or the state of being surrendered, आत्मसमर्पण, समर्पण।

surreptitious (सॅ:-रॅप्-टिश्´-ॲस्) *adj.* 1. secret, गोपनीय, गुप्त। 2. done or made stealthily, चोरी-छिपे किया जाने या बनाया जानेवाला, चोरी का।

surrey (सर्´-ए) *n.* a four-wheeled horse-drawn carriage, चौपहिया घोड़ागाड़ी।

surrogate (सर्´-ॲ-गेट्) *n.* 1. a deputy, सहायक। 2. a substitute, स्थानापन्न।

surround (सॅ-रॉउन्ड्´) *v.* (surrounded, surrounding) 1. to encircle, चारो ओर घेरा डालना, घेर लेना। 2. to enclose on all sides, चारो ओर से बंद कर देना।

surrounding (सॅ-रॉउन्-डिंग्) *adj.* that is near by, आस-पास का।

surroundings (सॅ-रॉउन्´-डिंग्स्) *n.* 1. the external circumstances, परिवेश, वातावरण। 2. the things around, आस-पास की चीज़ें, पास-पड़ोस।

surveillance (स:-वे´-लॅन्स्) *n.* close observation, निगरानी, चौकसी, देख-रेख।

survey (स:-वे´) *v.* (surveyed, surveying) 1. to look at and take general view of, सर्वेक्षण, पर्यवेक्षण करना। 2. to determine and map out the location, boundaries etc. of a plot or building, नक़्शा बनाना। *n.* the act of surveying or the state of being surveyed, सर्वेक्षण।

surveying (स:-वे´-इंग्) *n.* the work of a surveyor, सर्वेक्षण।

surveyor (स:-वे´-ॲ:) *n.* one who surveys, सर्वेक्षक; नक़्शा बनानेवाला।

survival (सॅ:-वाइ´-वॅल्) *n.* the act of surviving or the state of being survived, उत्तरजीवी होने की अवस्था या भाव, उत्तरजीविता; survival of the fittest, योग्यतम की उत्तरजीविता।

survive (सॅ:-वाइव्´) *v.* (survived, surviving) 1. to continue to be alive, जीवित रहना, बना रहना, चला चलना। 2. to live or exist longer (than others, दूसरों की अपेक्षा) लंबी उम्र पाना, उत्तरजीवी होना।

survivor (सॅ:-वाइ´-वॅ:) *n.* one who survives, जीवित बचा रहनेवाला, (अपेक्षया) लंबी उम्र पानेवाला, उत्तरजीवी।

susceptibility (सॅ-सॅप्-टि-बिल्´-इ-टी) *n.* the state of being susceptible, जल्दी प्रभावित होने की प्रकृति, संवेदिता, ग्रहणशीलता।

susceptible (सॅ-सॅप्´-टि-बॅल्) *adj.* having a sensitive nature or feelings, जल्दी प्रभावित हो जानेवाला, क्षीणप्रकृति, संवेदी, ग्रहणशील।

suspective (सॅ-सॅप्´-टिव्) *adj.* = susceptible.

suspect (सॅ-स्पॅक्ट्´) *v.* (suspected, suspecting) 1. to suppose to be, संभावित लगना या प्रतीत होना। 2. to believe that (someone) is guilty, (किसी को) दोषी समझना, (किसी पर) संदेह करना। 3. to mistrust, (किसी पर) अविश्वास करना, (किसी को) गलत समझना। *n.* a person who is suspected of a crime, संदिग्ध व्यक्ति।

suspend (सॅ-स्पॅन्ड्´) *v.* (suspended, suspend-

ing) 1. to debar temporarily (from any office, किसी पद से) निलंबित करना। 2. to cause to stop temporarily, (कोई कार्य या सेवा) स्थगित करना। 3. to defer, or put off, टाल देना, आस्थगित करना, रोके रखना। 4. to hold without attachment, टँग जाना, अटक जाना, लटकना।

suspenders (सॅ-स्पॅन्´-डॅ:स्) *n.* (plu.) 1. straps for keeping trousers up, गेलिस।

suspense (सॅ-स्पॅन्स्´) *n.* 1. the condition or quality of being undecided, अनिश्चय की स्थिति, दुविधा, असमंजस। 2. mental uncertainty, मानसिक अनिश्चितता, चिंता, घबराहट। 3. the state of being uncertain as in awaiting a decision, अनिश्चियजन्य उत्सुकता। 4. suspension, निलंबन।

suspense account *n.* an account in which items are temporarily entered, उचंत खाता।

suspension (सॅ-स्पॅन्´-शॅन्) *n.* 1. the act of suspending or the state of being suspended, निलंबन, मुअतली। 2. temporary deferment, आस्थगन। 3. the act of hanging or the state of being hung, टँगने, अटकने या लटकने की क्रिया, अवस्था या भाव।

suspension bridge *n.* a bridge suspended from cables, झूला (जैसे लक्ष्मण झूला), झुलवाँ पुल।

suspicion (सॅ-स्पिश्´-अॅन्) *n.* 1. belief without sure proof, doubt, संशय, संदेह, शंका। 2. a hint, संकेत। □ **above suspicion,** संदेह से परे; **under suspicion,** संदिग्ध।

suspicious (सॅ-स्पिश्´-अॅस्) *adj.* 1. causing suspicion, संदिग्ध, संशयजनक। 2. feeling suspicion, शंकालु, सशंक।

sustain (सॅ-स्टेन्´) *v.* (sustained, sustaining) 1. to keep alive, जीवित (बनाए) रखना। 2. to maintain, भरण-पोषण करना। 3. to bear, सहना, झेलना। 4. to carry the burden of, भार उठाना। 5. to support, समर्थन करना।

subtainable (सॅ-स्टेन्´-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be sustained, जिसे जीवित रखा जा सके; जिसका भरण-पोषण किया जा सके; जिसका भार उठाया जा सके, धारणीय।

sustained (सॅ-स्टेन्ड्´) supported, maintained, संपोषित; समर्थित; धारित।

sustenance (सस्´-टॅ-नॅन्स्) *n.* 1. livelihood, जीविका। 2. nourishment, पोषण। 3. maitenance, भरण-पोषण

swab (स्वॉब्) *n.* 1. a piece of cotton attached to the end of a stick for cleansing or applying medicine, फाहा। 2. a mop, झाड़न या पुचारा। *v.* (swabbed, swabbing) 1. to medicate with a swab, फाहे से दवा लगाना। 2. to cleanse with a swab, झाड़न या पुचारे से साफ़ करना।

swagger (स्वैग्´-गॅ:) *v.* (swaggered, swaggering) 1. to walk in an arrogant manner, अकड़कर चलना। 2. to behave in an arrogant manner, अकड़ दिखाना। *n.* 1. an arrogant gait, अकड़-भरी चाल। 2. arrogant behaviour, ऐंठ, अकड़।

swallow[1] (स्वॉल्´-ओ) *v.* (swallowed, swallowing) 1. to devour, गड़प कर जाना, निगल जाना, लीलना। 2. to grab, हड़प जाना/लेना। 3. to bear humbly, चुपचाप सहन करना, पी जाना। 4. to take back, वापस लेना। 5. to repress, दबा देना। *n.* 1. the act of swallowing, निगलने की क्रिया या भाव। 2. the amount swallowed at a time, एक बार में निगली जानेवाली मात्रा, घूँट या ग्रास।

swallow[2] *n.* a small bird with short legs and long pointed wings, अबाबील। One swallow does not make a summer. एक फूल खिलने से बहार नहीं आती; एक कोयल देखकर यह नहीं समझना चाहिए कि बसंत आ गया अर्थात् जरा सी बात से झट निष्कर्ष नहीं निकाल लेना चाहिए।

swam (स्वैम्) *v.* p.t. of swim.

swami (स्वा´-मी) *n.* a lord, स्वामी, मालिक।

swamp (स्वॉम्प्) *n.* a marsh, कीचड़, दलदल। *v.* (swamped, swamping) 1. to submerge in water, जलमग्न कर देना या हो जाना। 2. to overburden or be overburdened, लाद देना या लादा जाना। 3. to render helpless, लाचार बना देना।

swampy (स्वॉम्´-पी) *adj.* marshy, दलदला, पंकिल।

swan (स्वॉन्) *n.* a large water bird having a long neck, a long slender beak and a white plumage, हंस, मराल। *v.* (swanned, swanning) to wander idly, मंदगति से चलना।

swank (स्वैंक्) *n.* 1. elegance, सौंदर्य, लालित्य। 2. ostentation, दिखावा, आडंबर।

swanky (स्वैंक्´-की) *adj.* 1. elegant, सुन्दर। 2. ostentatious, आडंबरपूर्ण। 3. boastful, डींगमार।

swannery (स्वॉन्´-अॅ-री) *n.* a place where swans are kept or bred, हंसों, बतखों आदि को रखने का स्थान।

swap (स्वॉप्) *v.* (swapped, swapping) to exchange, अदला-बदली करना, विनिमय करना। *n.* an exchange, अदला-बदली, विनिमय।

sward (स्वाःड्) *n.* a lawnlike ground, घास का मैदान।

swarm (स्वाःम्) *n.* a large group of bees, insects or animals, झुंड, दल, गिरोह।

swarthy (स्वॉः´-दी) *adj.* of dark complexion, साँवला।

swashbuckling (स्वाश्´-बक्-लिंग्) *adj.* exciting and romantic, जोश-भरा तथा रोमानी।

swat (स्वाट्) *v.* (swatted, swatting) to strike or hit sharply, (मक्खी आदि को) पंखी आदि किसी चपटी चीज से झटके से मारना। *n.* a sharp or violent blow, झटके से किया हुआ आघात।

swathe (स्वाद्, स्वेद्) *n.* a bandage, पट्टी। *v.* (swathed, swathing) 1. to bandage, पट्टी बाँधना। 2. to bind with bandages, पट्टियाँ बाँधना।

sway (स्वे) *v.* (swayed, swaying) 1. to swing or cause to swing, झूमना, झूलना या झुलाना। 2. to lean to one side, एक तरफ़ झुकना, उलरना। 3. to influence (the opinions or actions of others, दूसरों की राय या कार्य) बदल देना, प्रभावित करना। *n.* 1. a swinging movement, पेंग। 2. an act of swaying, झूलने की क्रिया या भाव, झुलाव। 3. influence, प्रभाव, ज़ोर।

swear (स्वेंअॅः) *v.* (swore, sworn, swearing) 1. to state or declare on oath, शपथ लेना, शपथपूर्वक कहना। 2. to assert with great emphasis, ज़ोर देकर कहना। 3. to cause to take an oath, शपथ दिलाना। □ **swear in,** (पद, गोपनीयता आदि की) शपथ दिलाना; **swear off,** त्याग देना, छोड़ देना।

swearer (स्वेंअॅर्´-अॅः) *n.* one who swears, शपथकर्ता, क़सम खानेवाला।

swear-word (स्वेंअॅः-वःड्) *n.* an obscene word, गाली, अपशब्द।

sweat (स्वेंट्) *n.* 1. perspiration, पसीना, स्वेद। 2. a state of sweating, पसीने से तर-बतर होना। 3. a laborious task, मेहनत का काम। 4. drops of moisture, जलकण। □ **no sweat,** चिंता की कोई बात नहीं। *v.* (sweat/sweated, sweating) 1. to perspire, पसीना होना, पसीने से तर-बतर होना, पसीने-पसीने हो जाना। 2. to become with surface droplets, पसीजना। 3. to cause to perspire, पसीना लाना। 4. to work long and hard, देर तक कड़ी मेहनत करना, पसीना बहाना। □ **sweat blood,** कठोर परिश्रम करना, ख़ून-पसीना एक करना; **sweat it out,** अंत तक झेलना; **by the sweat of one's brow,** कड़े परिश्रम से, पसीना बहाकर।

sweater (स्वेंट्´-अॅः) *n.* a knitted jacket, स्वेटर।

sweaty (स्वेंट्´-ई) *adj.* damp with sweat, पसीने से तर, पसीना-पसीना, स्वेदित।

Swede (स्वीड्) *n.* a native of Sweden, स्वीडन वासी।

Swedish (स्वी´-डिश्) *adj.* of Sweden, स्वीडी। *n.* the language of Sweden. स्वीडिश भाषा।

sweep (स्वीप्) *v.* (swept, sweeping) 1. to clean (with a broom, brush etc.) झाड़ू देना, बुहारना। 2. to remove (dirt, धूल आदि) हटाना, साफ़ करना, सफ़ाई करना। 3. to move or remove by pushing, बहा ले जाना। 4. to spread rapidly, ज़ोरों से फैलना। 5. to win overwhelmingly, अच्छी ख़ासी जीत होना। 6. to extend gracefully, अच्छी तरह फैला होना। 7. to move proudly, शान से चलना, अकड़कर चलना। □ **sweep the board** (i) बाज़ी मार लेना, (ii) सभी पुरस्कार जीत लेना। *n.* 1. the act of sweeping, सफ़ाई, झाड़ू-बुहार।2. expanse, फैलाव, विस्तार।3. range, मार। 4. any curving line, चाप। 5. a long oar, (नाव का) लंबा डाँड़। 6. a sweeper, सफ़ाई करनेवाला। □ **chimney sweep,** चिमनी साफ़ करनेवाला; **clean sweep,** पूरी विजय।

sweeper (स्वी´-पंः) *n.* 1. a person who sweeps, झाड़ू लगानेवाला, झाड़ूकश, मेहतर। 2. a machine for sweeping, सफ़ाई मशीन।

sweeping (स्वी´-पिंग्) *adj.* 1. comprehensive, व्यापक। 2. overwhelming, भारी; sweeping victory, भारी विजय।

sweep-stakes (स्वीप्´-स्टेक्स्) *n.* a form of gambling in horse races in which the stakes of the participants constitute the prize, घुड़दौड़- संबंधी एक प्रकार का जुआ।

sweet (स्वीट्) *adj.* 1. having a sugary taste, मीठा, मधुर। 2. melodious, मधुर, कर्णप्रिय। 3. fresh, जो बासी न हो, ताज़ा। 4. (water) not salty, जो खारा न हो, मीठा। 5. pleasant, अच्छा, प्रिय, ख़ुशगवार। 6. fragrant, ख़ुशबूदार, सुगंधित। *n.* 1. a sweetmeat, मिठाई, मिष्ठान। 2. any sweet dish, मधुर व्यंजन। 3. a sweetheart, प्रिय या प्रेमी। 4. (plu.) a pleasurable experience, मधुर या सुहावना अनुभव।

sweet-and-sour (स्वीट्´-ॲन्-सॉउः) tasting sweet as well as sour, खट्टा-मीठा।

sweetbread (स्वीट्´-ब्रेड्) the pancreas or the thymus gland of an animal used for food, पक्वाशय या बाल्यग्रंथि का मांस।

sweet corn *n.* a variety of maze, एक तरह की मक्की जिसमें मिठास का अंश अधिक होता है।

sweeten (स्वी´-टॅन्) *v.* (sweetened, sweetening) 1. to make or become sweet, मीठा बनाना या बनना। 2. to make or become more agreeable, और अधिक अनुकूल करना या होना।

sweetening (स्वी´-टॅ-निंग्) *n.* processes of making sweet, मीठा या मधुर बनाने की क्रिया।

sweetheart (स्वीट्´-हाःट्) *n.* a lover, प्रियतम या प्रियतमा, प्रेमी या प्रेयसी।

sweetie (स्वी´-टी) *n.* 1. a sweetheart, प्रिया या प्रेमी। 2. a sweet child, प्यारा बच्चा।

sweetmeat (स्वीट्´-मीट्) *n.* any sweet delicacy prepared with sugar, मिठाई।

sweetness (स्वीट्´-निस्) *n.* the quality of being sweet, मिठास।

sweet potato *n.* a plant and its root used as a vegetable, शकरकंद।

sweet-talk (स्वीट्´-टाःक्) *v.* (sweet-talked, sweet-talking) to flatter, ख़ुशामद करना।

sweet talk *n.* flattery, ख़ुशामद।

sweet tooth *n.* a strong liking for sweets, मिष्ठान-प्रेम।

swell (स्वॅल्) *v.* (swelled, swollen/swelled, swelling) 1. to make or become larger in size due to internal pressure, फुलाना या फूलना, सुजाना या सूजना। 2. to make or become larger in numbers, amount, intensity etc, बढ़ाना या बढ़ना। 3. to puff or be puffed up with pride, अभिमान से फूल उठना या फुला देना। 4. to overflow, छलकने या बहने लगाना। *n.* 1. a swelling, सूजन, शोथ। 2. an increase in size, amount,

intensity etc, बढ़ती, बढ़ोतरी, वृद्धि। 3. a person very fashionably dressed, छैला, बना-ठना व्यक्ति। *adj.* very good, बहुत बढ़िया।

swelled head *n.* conceit, घमंड।

swellhead (स्वे́ल्´-हे́ड्) *adj.* conceited, घमंडी।

swelling (स्वे́ल्´-इंग्) *n.* inflammation, सूजन, शोथ।

swelter (स्वे́ल्´-टः) *v.* (sweltered, sweltering) to perspire, पसीने-पसीने होना।

swerve (स्वःव्) *v.* (swerved, swerving) to turn suddenly, एकाएक मुड़ना।

swift (स्विफ़्ट्) *adj.* 1. fast, speedy, rapid, तेज़, तीव्रगामी। 2. prompt, उद्यत, तत्पर। *n.* a swift-flying bird resembling the swallow, अबाबील जाति का एक पक्षी, बतासी।

swig (स्विग्) *v.* (swigged, swigging) to drink in large quantities, ख़ूब पीना, बड़े-बड़े घूँट भरना। *n.* a drink, पेय, बड़ा घूँट।

swill (स्विल्) *v.* (swilled, swilling) 1. to be flooded with water, पानी से भर दिया जाना। 2. to drink in large quantities, ख़ूब भरना। *n.* garbage (of kitchen, रसोई का) कूड़ा।

swim (स्विम्) *v.* (swam, swum, swimming) 1. to move through water by movements of arms, legs, fins etc, तैरना। 2. to cause to swim, तैराना। 3. to reel, घूमना, चक्कर खाना; My head swam. मेरा सिर घूमने लगा। 4. to cross by swimming, तैर कर पार करना। *n.* 1. the act of swimming, तैरने की क्रिया, संतरण। 2. a period of swimming, तैरने की अवधि। □ **in the swim,** सक्रिय या सचेत।

swimmer (स्विम्´-अः) *n.* one that swims, तैराक, तैरनेवाला।

swimming (स्विम्´-इंग्) *n.* the act of a person who swims, तैरने की क्रिया, संतरण। *adj.* affected with a dizzy, जिसका सिर घूम रहा हो।

swimming bath *n.* an indoor swimming pool, तरणताल।

swimming costume/suit *n.* any garment worn for swimming, तैराक की पोशाक, तरणवेश।

swimmingly (स्विम्´-इंग्-ली) *adv.* 1. successfully, सफलतापूर्वक। 2. effortlessly, अनायास, आराम से।

swimming pool *n.* an indoor tank for swimming, तरणताल।

swindle (स्विन्´-डल्) *v.* (swindled, swindling) to cheat, धोखा देना, ठगना। *n.* an act of swindling, ठगी, धोखेबाज़ी।

swindler (स्विन्´-डॅ-लॅः) *n.* one who swindles, ठग, धोखेबाज़।

swine (स्वाइन्) *n.* 1. a pig, सुअर। 2. a contemptible person, घिनौना व्यक्ति।

swing (स्विंग्) *v.* (swung, swinging) 1. to hang freely, लटकना, झूलना। 2. to move backward and forward with regular movements, झूलना। 3. to cause to move backward and forward with regular movements, झुलाना। 4. to move or wave, (हथियार आदि) घुमाना, चमकाना। 5. to turn, घूमना या घुमाना। 6. to give a swinging turn, (गेंद को इस प्रकार फेंकना कि वह) घूमती हुई आगे बढ़े। 7. to influence, प्रभावित करना। 8. to be executed by hanging, फाँसी पर चढ़ाया जाना। *n.* 1. the act of swinging, झूलने की क्रिया या भाव। 2. a hanging seat, झूला। 3. the length of the arc through which something swings, पेंग, झोंका। 4. a to and fro or swinging movement, दोलन। 5. rhythm, लय, गति। 6. changing of opinion, मत-परिवर्तन। □ **in full swing,** ज़ोरों पर, बहार पर।

swinging (स्विंग्´-इंग्) *adj.* lively, जीवंत।

swing voter *n.* an undecided voter, ढुलमुल या अनिश्चयी मतदाता।

swipe (स्वाइप्) *v.* (swiped, swiping) 1. to hit hard, (क्रिकेट) ज़ोर से आघात करना। 2. to

steal or snatch, चुराना या झपटना। *n.* a hard blow, जोर का आघात।

swirl (स्व:ल्) *v.* (swirled, swirling) to move with a whirling movement, चक्कर खाते हुए चलना, भँवर की तरह चलना। *n.* the swirling movement, भँवर, चक्कर।

swish (स्विश्) *v.* (swished, swishing) 1. to move with a hissing sound, सरसराना। 2. to rustle, (कपड़े का) सरसराना। *n.* a hissing or rustling sound, सरसराहट।

Swiss (स्विस्) *adj.* of Switzerland, स्विटज़रलैंड का। *n.* a native of Switzerland, स्विटज़रलैंड का वासी।

switch (स्विच्) *n.* 1. a device used to open and close an electric circuit, (बिजली का) खटका, बटन, स्विच। 2. a device for diverting trains from one track to another, रेल को पटरियों की कैंची। 3. a shift (in opinion, policy etc, राय, नीति आदि में होनेवाला) परिवर्तन। 4. a stick or rod used for whipping, (मारने की) छड़ी या डंडा। *v.* (switched, switching) 1. to turn a switch, खटका दबाना या उठाना। 2. to change or shift, बदलना। 3. to exchange, अदल-बदल करना। 4. to beat with a stick, छड़ी, बेंत आदि से मारना, पीटना। □ **switch off,** खटका उठाना या बंद करना; **switch on,** खटका दबाना या खोलना।

switch board *n.* a board for controlling electric circuits, विद्युत्फलक, स्विचबोर्ड।

swither (स्वि´-दः) *v.* (swithered, swithering) 1. to hesitate, हिचकना। 2. to be perplexed, घबरा जाना। *n.* 1. hesitation, हिचक। 2. perplexity, घबराहट।

swivel (स्विव्´-ॲल्) *n.* a coupling device that enables an attached part to rotate freely, अँकुड़ा, चूल, फिरकी, चूलछल्ला। *v.* (swivelled, swivelling) to rotate freely, घूमना।

swollen (स्वो´-लॅन्) *adj.* enlarged by swelling, सूजा हुआ, उभरा हुआ।

swoon (स्वून्) *n.* faint, गश, बेहोशी। *v.* (swooned, swooning) to faint, गश आ जाना, बेहोश हो जाना।

swoop (स्वूप्) *n.* a pounce, झपट्टा, चील-झपट्टा, छीना-झपटी। *v.* (swooped, swooping) to pounce, झपट्टा मारना, टूट पड़ना, छीन-झपट करना।

swop (स्वॉप्) *n.* exchange, अदला-बदली, विनिमय। *v.* (swopped, swopping) to exchange, अदला-बदली करना।

sword (सो:ड्) *n.* a cutting weapon with a long blade, तलवार। □ **at sword's points,** झगड़ने या लड़ने के लिए उद्यत; **cross swords,** झगड़ा या लड़ाई करना; **put to the sword,** तलवार से काट देना।

sword dance *v.* a dance over swords, (ज़मीन पर रखी हुई) तलवारों पर होनेवाला नृत्य।

sword-fish (सो:ड्´-फ़िश्) *n.* a fish with a swordlike upper jaw, तेग़ा मछली।

swordplay (सो:ड्´-प्ले) *n.* 1. the art of using a sword, तलवार का खेल, तलवार चलाने का कौशल। 2. fighting with swords, तलवारों की लड़ाई।

swordsman (सो:ड्ज़्´-मॅन्) *n.* one who is skilled in the use of a sword, तलवारिया।

swore (स्वो:) *v.* p.t. of swear.

sworn (स्वो:न्) *adj.* bound by an oath, शपथ से बँधा, सशपथ।

swot (स्वॉट्) *v.* (swotted, swotting) to study hard, परिश्रमपूर्वक अध्ययन करना, अनुशीलन करना। *n.* 1. a hard study, गहन अध्ययन। 2. one who studies hard, अध्ययनशील, अनुशीलनकर्ता।

sybarite (सिब्´-ॲ-राइट्) *n.* a sensualist, विषयी या विलासी व्यक्ति।

sybaritic (सिब्-ॲ-रिट्´-इक्) *adj.* sensual, विषयगत, विलासपूर्ण।

sycamore (सिक्´-अ॑-मोः) *n.* a tree and its wood, एक प्रकार का पेड़ और उसकी लकड़ी।

sycophancy (सिक्´-अ॑-फ़न्-सी) *n.* 1. the behaviour of a sycophant, चाटुकारी, ख़ुशामदगीरी। 2. servile flattery, ओछी चापलूसी।

sycophant (सिक्´-अ॑-फ़ैन्ट्) *n.* a person who uses flattery to win big people, ख़ुशामदी, चापलूस, चाटुकार।

sycophantic (सिक्-अ॑-फ़ैन्´-टिक्) *adj.* of or having the nature of a sycophant, चापलूसी-भरा, ख़ुशामद-भरा।

syllabic (सि-लैब्´-इक्) *adj.* of or pertaining to the syllables, अक्षर-संबंधी, आक्षरिक।

syllabicate (सि-लैब्´-इ-केट्) *v.* (syllabicated, syllabicating) to divide into syllables, अक्षर-विभाजन करना।

syllabication (सि-लैब्-इ-के´-शॅन्) *n.* the act of syllabicating or the state of being syllabicated, अक्षर-विभाजन।

syllabification (सि-लैब्-इ-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* the act of syllabifying, अक्षर-विभाजन।

syllabify (सि-लैब्´-इ-फ़ाइ) *v.* (syllabified, syllabifying) to syllabicate, अक्षर-विभाजन करना।

syllable (सिल्´-अ॑-बॅल्) *n.* a unit of spoken language consisting of a single uninterrupted sound, अक्षर, सिलेबल।

syllabus (सिल्´-अ॑-बस्) *n.* brief statement or main points of a course of study, पाठ्यचर्या, पाठ्य-विवरण।

syllogism (सिल्´-अ॑-जिज़्-अ॑म्) *n.* 1. deductive reasoning, निगमानक तर्क। 2. a subtle argument, सूक्ष्म तर्क।

sylph (सिल्फ़्) *n.* 1. an imaginary being believed to inhabit in air, परी। 2. a slender graceful woman or girl, पतली-दुबली सुंदर स्त्री या लड़की, परी।

sylvan (सिल्´-वॅन्) *adj.* 1. of forest regions, वन्य, वन-संबंधी। 2. abounding in trees, वृक्ष-बहुल।

symbiosis (सिम्-बाइ-ओ´-सिस्, सिम्-बि-ओ´-सिस्) *n.* the relationship of two or more different organisms, in a close association, जीवाणु-साहचर्य।

symbol (सिम्´-बॅल्) *n.* something that suggests something else by association, resemblance or convention, प्रतीक।

symbolic (सिम्-बॉल्´-इक्) *adj.* of or relating to a symbol, प्रतीकात्मक।

symbolically (सिम्-बॉल्´-इ-कॅ-ली) *adv.* in a symbolic manner, प्रतीकात्मक रूप से।

symbolism (सिम्´-बॅ-लिज़्-अ॑म्) *n.* use of symbols to express things, प्रतीकवाद।

symbolist (सिम्´-बॅ-लिस्ट्) *n.* one skilled in the use of symbols, प्रतीकवादी।

symbolistic (सिम्´-बॅ-लिस्-टिक्) *adj.* of symbolism, प्रतीकवादी।

symbolize (सिम्´-बॅ-लाइज़्) *v.* (symbolized, symbolizing) 1. to serve as a symbol, प्रतीक होना। 2. to express by symbols, प्रतीकों द्वारा व्यक्त करना।

symmetrical (सि-मॅट्´-रि-कॅल्) *adj.* 1. having symmetry, सममित, समरूप। 2. balanced, संतुलित, सुडौल।

symmetry (सिम्´-अ॑-ट्री) *n.* 1. exact correspondence between the parts, सममिति, समरूपता। 2. proportionate arrangement of parts, सुडौलपन, संतुलन।

sympathetic (सिम्-पॅ-थॅट्´-इक्) *adj.* 1. showing sympathy, सहानुभूतिपरक, सहानुभूतिशील, सहानुभूतिपूर्ण। 2. agreeable, अनुकूल। 3. favourable, सहायक।

sympathize (सिम्´-पॅ-थाइज़्) *v.* (sympathized, sympathizing) to feel or express sympathy (for, किसी के प्रति) सहानुभूति रखना या व्यक्त करना।

sympathizer (सिम्´-पॅ-थाइ-ज़ॅः) *n.* 1. one

who sympathizes, सहानुभूति रखनेवाला, ख़ैरख़ाह, हमदर्द। 2. a supporter, समर्थक।

sympathy (सिम्´-पॅ-थी) *n.* 1. a feeling of pity for the person in distress, दया, करुणा। 2. mutual affection or understanding, सहानुभूति, हमदर्दी। 3. sharing the feelings or interests of others, ख़ैरख़ाही, हितकारिता।

symphonic (सिम्-फ़ॉन्´-इक्) *adj.* 1. of a symphony, सिमफ़नी-संबंधी। 2. harmonious, समस्वर।

symphony (सिम्´-फ़-नी) *n.* 1. a long orchestral composition, लंबी वाद्यवृंदीय रचना, सिम्फनी। 2. harmony of sounds, समस्वरता।

symphony orchestra *n.* a large orchestra playing symphonies, सिम्फनी बजानेवाला विशाल वाद्यवृंद।

symposium (सिम्-पो´-ज़ि-अॅम्) *n.* a meeting for discussion of a particular subject, परिचर्चा, विचार-गोष्ठी।

symptom (सिम्प्´-टॅम्) *n.* 1. a sign of disease or physical disturbance, बीमारी का लक्षण। 2. an indication or sign, चिह्न, निशान, लक्षण।

symptomatic (सिम्प्-टॅ-मैट्´-इक्) *adj.* being a symptom of a disease, लक्षण के रूप में होनेवाला, लक्षणात्मक, लाक्षणिक।

synagogue (सिन्´-अॅ-गॉग्) *n.* a place for public Jewish worship, यहूदियों का सार्वजनिक पूजास्थल।

synchronic (सिन्´-क्र-निक्) *adj.* happening at the same time, एककालिक।

synchronisation (सिंक्-क्रॅ-नि-ज़े´-शॅन्) *n.* the act or result of synchronizing, समकालन, एककालन; समकालिकता, समकालीनता।

synchronize (सिंक्´-क्रॅ-नाइज़्) *v.* (synchronized, synchronizing) to happen at the same time, साथ-साथ होना या घटना, समकालिक होना, समकालीन होना।

synchronous (सिंक्´-क्रो-नॅस्) *adj.* occurring at the same time, समकालिक, समकालीन।

syncope (सिंक्´-कॅ-पी) *n.* the shortening of a word, शब्द-संक्षेपण, शब्द-संक्षेप।

syncretic (सिन्-क्रेट्´-इक्) *adj.* combining different principles or beliefs, विभिन्न सिद्धांतों या विश्वासों में समन्वय स्थापित करनेवाला, समन्वयी या समन्वयात्मक।

syndicate[1] (सिन्´-डि-किट्) *n.* an association of firms, व्यवसाय-संघ, अभिषद्, सिंडीकेट।

syndicate[2] (सिन्´-डि-केट्) *v.* (syndicated, syndicating) to combine to form a syndicate, व्यवसाय-संघ बनाना।

syndrome (सिन्´-ड्रोम्) *n.* a group of symptoms of a particular disease, संलक्षण, लक्षण-समूह।

synecdoche (सि-नेंक्´-डॅ-की) *n.* a figure of speech in which a part is put for the whole, एक अलंकार जिसमें अंश को पूर्ण मान लिया जाता है।

synod (सिन्´-ऑड्) *n.* a council, परिषद्।

synonym (सिन्´-अॅ-निम्) *n.* a word with a meaning very similar to that of another, पर्याय, समानार्थी।

synonymous (सि-नॉन्´-इ-मॅस्) *adj.* similar in meaning, पर्यायवाची, पर्यायवाचक, समानार्थी, समानार्थक।

synopsis (सि-नॉप्´-सिस्) *n.* an outline of a thesis or treatise, रूपरेखा, सारांश।

syntactic (सिन्-टैक्´-टिक्) *adj.* of or pertaining to syntax, वाक्यगत या वाक्य-विज्ञान-संबंधी/विषयक।

syntax (सिन्´-टैक्स्) *n.* 1. grammatical arrangement of words in sentences, वाक्य-रचना। 2. the part of grammar dealing with this, वाक्य-विचार, वाक्य-विज्ञान।

synthesis (सिन्´-थॅ-सिस्) *n.* the combining of separate parts to form a whole, संश्लेषण, संयोजन, संयोग।

synthetic (सिन्-थॅट्´-इक्) *adj.* 1. relating to synthesis, संश्लेषण-संबंधी, संश्लेषणात्मक, संश्लेषी 2. manmade, मानव-निर्मित। 3. fictitious, नकली।

syphilis (सिफ़्´-इ-लिस्) *n.* a venereal disease, गर्मी, सूज़ाक।

syphon (साइ´-फ़न्) *n.* a U-shape pipe or tube for coveying liquids from higher to lower level, साइफन।

syringe (सि-रिन्ज़्´) *n.* an instrument for injecting medicine into the body, पिचकारी, सिरिंज। *v.* (syringed, syringing) to inject with a syringe, पिचकारी द्वारा द्रव भीतर डालना या चढ़ाना।

syrup (सिर्´-अॅप्) *n.* a thick sweet liquid, शर्बत, चाशनी, शीरा।

system (सिस्´-टॅम्) *n.* 1. a particular method, पद्धति, प्रणाली। 2. orderliness, क्रमिकता, क्रमबद्धता। 3. a network, जाल।

systematic (सिस्-टॅ-मैट्´-इक्) *adj.* methodical or orderly, व्यवस्थित, क्रमबद्ध।

systematically (सिस्-टॅ-मैट्´-इ-कॅ-ली) *adj.* methodically, व्यवस्थित रूप से।

systematization (सिस्-टॅ-मॅ-टाइ-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of systematizing, व्यवस्थापन, क्रमबंधन।

systematize (सिस्´-टॅ-मॅ-टाइज़्) *v.* (systematized, systematizing) to make systematic, व्यवस्थित या क्रमबद्ध करना।

systemic (सि-स्टॅम्´-इक्) *adj.* 1. of or affecting the body as a whole, पूरे शरीर को प्रभावित करनेवाला। 2. prevading, व्याप्त होनेवाला, व्यापी।

systole (सिस्´-टॅ-ली) *n.* the contraction of the heart, हृदयसंकोच।

T

T, t (टी) *n.* 1. the twentieth letter of the English alphabet, अंग्रेज़ी वर्णमाला का बीसवाँ वर्ण। 2. something shaped like a T, टी के आकार-प्रकार की वस्तु। □ **to a T,** पूर्ण रूप से, पूर्णत:।

ta (टॅ) *interj.* thanks. धन्यवाद।

tab (टैब्) *n.* 1. a loop to hang up garments, खूँटी। 2. a projection attached to an object to aid in opening, handling etc, घुंडी। 3. a flap or label, लेबल। 4. close surveillance, निगरानी। 5. a bill, प्राप्यक, पुर्ज़ा, बिल। □ **keep tabs on,** निगरानी रखना।

tabard (टैब्´-अॅ:ड्) *n.* a knee length loose garment, लबादा।

tabby (टैब्´-ई) *adj.* 1. having a striped design, धारीदार। 2. wavey, लहरिएदार। *n.* a tabby cat, धारीदार बिल्ली।

tabernacle (टैब्´-अॅ:-नैक्-अॅल्) *n.* 1. a house of worship, देवालय, पूजागृह, मंदिर। 2. a temporary abode, अस्थायी निवास। 3. the body as the temporary abode of the soul, काया, देह, शरीर।

table (टे´-बॅल्) *n.* 1. an article of furniture consisting of flat slab fixed on legs, मेज़। 2. the food served on the table, मेज़ पर लगा भोजन। 3. a group of people seated at a table, मेज़ के चारो ओर बैठे लोग। 4. a session, सत्र। 5. a data arranged in rows and columns, सारणी, तालिका। 6. a multiplication table, पहाड़ा। *v.* (tabled, tabling) 1. to put on the table, मेज़ पर रखना। 2. to submit for discussion, विचारार्थ प्रस्तुत करना, रखना।

tableau (टैब्´-लो) *n.* (plu. tableaux) 1. a silent scene, मूक दृश्य। 2. a dramatic scene, नाटकीय दृश्य।

table-cloth (टे´-बॅल्-क्ला:थ्) *n.* a cloth to cover a table, मेज़पोश।

tablehop (टे´-बॅल्-हॉप्) *v.* (tablehopped, tablehopping) to move from one table to another, एक मेज से दूसरे मेज़ पर जाना।

tableland (टे´-बॅल्-लैन्ड्) *n.* a plateau, पठार।

tablespoon (टे´-बॅल्-स्पून्) *n.* a large spoon for serving food at the table, भोजन परोसने का बड़ा चम्मच।

tablet (टैब्´-लॅट्) *n.* 1. a flattish cake of some substance, (साबुन आदि की) टिकिया। 2. a pill, गोली, टिकिया। 3. a slab of stone or wood, तख़्ती, पट्टी। 4. a pad of writing paper, पत्रावली, पैड।

table-talk *n.* informal conversation, गपशप।

table tennis *n.* a table game played with rackets and ball, टेबिलटेनिस।

table top (टे´-बॅल्-टॉप्) *n.* 1. the upper surface of a table, मेज़ का ऊपरी तल। 2. a small machine to be placed on a table, मेज़ पर रखी जानेवाली कोई छोटी मशीन।

tableware (टे´-बॅल्-वे़अॅ:) *n.* utensils for table use, मेज़ पर भोजन परोसने तथा खाने के बर्तन।

tabloid (टैब्´-लॉइड्) *n.* 1. a newspaper of small format, छोटे आकार का समाचार-पत्र, लघुपत्र। 2. summary, सारांश, सार।

taboo, tabu (टै´-बू) *n.* 1. any ban or prohibition resulting from social customs, वर्जन, निषेध। 2. something considered unholy, वर्जित कर्म या निषिद्ध वस्तु। *adj.* prohibited by taboo, वर्जित, निषिद्ध। *v.* (tabooed, tabooing) to avoid as taboo, निषिद्ध समझकर छोड़ देना।

tabor (टे´-बॅ:) *n.* a small drum, तबला।

tabular (टैब्´-उ-लॅ:) *adj.* 1. arranged in rows and columns, सारणीबद्ध। 2. flat,

सपाट।

tabulate (टैब्´-उ-लेट्) *v.* (tabulated, tabulating) to put into tabular form, सारणीबद्ध करना।

tabulation (टैब्-उ-ले´-शॅन्) *n.* the act of tabulating, सारणीकरण, सारणीयण सारणीबंधन।

tabulator (टैब्´-उ-ले-टॅ:) *n.* 1. one who tabulates, सारणी बनानेवाला, सारणीकार। 2. a device on a typewriter for arranging data in columns, सारणी-यंत्र।

tachograph (टैक´-कॅ-ग्राफ़्/ग्रैफ़्) *n.* a device for recording distance covered by a vehicle, दूरीमापी।

tachometer (टै´-कॅ-मी-टॅ:) *n.* a device for measuring speed, वेगमापी।

tachycardia (टैक्-इ-का:´-डि-ॲ) *n.* abnormally rapid heart beat, हृदय की तेज़ धड़कन।

tacit (टैस्´-इट्) *adj.* implied or understood without being expressed, विवक्षित, ध्वनित या सांकेतिक; tacit consent, मौन स्वीकृति।

tacitly (टैस्´-इट्-ली) *adv.* in a tacit manner, सांकेतिक रूप में, मौन रूप में।

taciturn (टैस्´-इ-टः न्) *adj.* reserved, uncommunicative, चुप्पा, अल्पभाषी।

taciturnity (टैस्-इ-टः´-नि-टी) *n.* the quality of being taciturn, चुप्पापन, अल्पभाषिता।

tack (टैक्) *n.* 1. a small nail, कटिया, छोटी कील। 2. a long loose stitch, कच्चा टाँका, तोपा। 3. stickiness, चिपचिपाहट। 4. a course of action, कार्यनीति, कार्यपद्धति। 5. a zigzag course, टेढ़ा-मेढ़ा रास्ता। 6. a course of a vessel, जलयान-पथ, पोत-मार्ग। *v.* (tacked, tacking) 1. to fasten with tacks, कटिया जड़ना। 2. stitch loosely, तोपे या टाँके लगाना। 3. to add or append, जोड़ना, नत्थी करना। 4. to sail a zigzag course, जहाज़ को टेढ़े-मेढ़े ले चलना।

tack-hammer (टैक्´-हैम्-ॲ:) *n.* a light hammer for nailing tacks, हथौड़ी।

tackiness (टैक्´-इ-निस्) *n.* stickiness, चिपचिपाहट।

tackle (टैक्´-ॲल्) *n.* 1. a set of equipment used in lifting heavy weights, रस्सा-पुल्ली। 2. the equipment required for a particular activity, औज़ार, साज-सामान, साज-सामग्री; fishing tackle, मछली पकड़ने के औज़ार। 3. a physical challenge to an opponent, भिड़ंत। *v.* (tackled, tackling) 1. to undertake (a task, काम) लेना या उठाना। 2. to come to grapple with, भिड़ना, जूझना। 3. to settle, निपटाना। 4. to try to overcome, अभिभूत करने की चेष्टा करना।

tacky[1] (टैक्´-ई) *adj.* (tackier, tackiest) 1. sitcky, चिपचिपा। 2. gummy, लसदार। 3. not quite dry, जो ठीक से सूखा न हो, गीला।

tacky[2] *adj.* 1. shabby, फटेहाल। 2. vulgar, फूहड़।

taconite (टैक्´-ॲ-नाइट्) an iron ore of low grade, हलके दर्जे का लौह अयस्क।

tact (टैक्ट्) *n.* skill in handling difficult persons or situations, व्यवहार-कौशल, शऊर।

tactful (टैक्ट्´-फ़ुल्) *adj.* having or showing tact, व्यवहार-कुशल।

tactic (टैक्´-टिक्) *n.* 1. a tactical move, दाँवपेंच, युक्ति, चाल। 2. (plu.) plans to achieve a certain aim, योजना, योजना-कौशल, रणनीति।

tactical (टैक्´-टि-कॅल्) *adj.* 1. of or relating to tactics, योजनापूर्ण। 2. planning skillfully, कुशल योजनाकार, योजना-निपुण।

tactician (टैक्-टिश्´-ॲन्) *n.* one versed in tactics, योजना-निपुण, रणनीति-कुशल।

tactile (टैक्´-टाइल्/टिल्) *adj.* 1. perceptible by touch, स्पृश्य, स्पर्शग्राह्य। 2. of or relating to the sense of touch, स्पर्शेंद्रिय-संबंधी।

tactless (टैक्ट्´-लिस्) *adj.* without tact, कौशलहीन, बेशऊर।

tad (टैड्) *n.* a little child, छोटा या नन्हा बच्चा।

ta-da (टा-डा´) *interj.* Listen! सुनिए!

tadpole (टैड्´-पोल्) *n.* larva of frogs, toads, etc., इल्ली।

taffeta (टैफ़्´-इ-टॅ) *n.* a silk fabric, ताफ़्ता।

taffrail (टैफ़्´-रेल्) *n.* a rail around the stern of a vessel, दुंबाल का जंगला, तफ़रैल।

tag[1] (टैग्) *n.* 1. a metal point at the end of a shoelace, फ़ीते की घुंडी। 2. a strip of paper,

metal or plastic etc., attached to something to show its price, लेबल, टिक्का, चिप्पी। 3. a loop or knot of a garment, घुंडी। 4. a much used phrase or quotation, hackneyed saying, घिसा-पिटा पदबंध या उद्धरण, घिसी-पिटी उक्ति। 5. a cardboard marker for identification, निशानी। *v.* (tagged, tagging) 1. to fasten a tag, चिप्पी चिपकाना, लेबल लगाना। 2. to follow closely, पीछा करना। □ **tag on,** जोड़ देना।

tag² *n.* a game in which one child chases the rest until he touches one, छुआछूत नामक बच्चों का खेल। *v.* (tagged, tagging) 1. to touch, छूना। 2. to select, चुनना। 3. to strike, आघात करना।

tag end *n.* the last part, अंतिम अंश/छोर।

taiga (टाइ´-गॅ) *n.* the evergreen forest of Siberia, साइबेरिया का सदाबहार जंगल।

tail (टेल्) *n.* 1. a flexible appendage of the vertebrates, पूँछ, दुम। 2. anything resembling such an appendage, पुछल्ला। 3. the last or rear portion, अंतिम भाग। 4. a line of people or things, पंक्ति, कतार। 5. a long braid of hair, लट। 6. buttocks, चूतड़। 7. a person following or shadowing another, जो किसी का पीछा करे या उसके पीछे लगा रहे। 7. (plu.) reverse of a coin, सिक्के का पट। 8. (plu.) men's formal evening costume, सायंकालीन (औपचारिक) पुरुष-परिधान। □ **turn tail,** भाग ख़ड़े होना, दुम दबाकर भाग खड़े होना; **with one's tail between one's legs,** दुम दबाकर। *v.* (tailed, tailing) 1. to follow or shadow closely, पीछा करना या पीछे लगे रहना। 2. to remove the tail of an animal, दुम काटना। □ **tail off,** निरंतर घटते जाना, निरंतर कम होना।

tailback (टेल्´-बैक्) *n.* a queue of vehicles due to jammed road, रास्ता जाम होने पर रुके वाहनों की लंबी कतार।

tailboard, tailgate (टेल्´-बोःड्/गेट्) *n.* a board or gate hinged downward at the rear of trucks, ट्रक का पिछला तख़्ता।

tail end *n.* the last part, सबसे पिछला हिस्सा, अंतिम भाग।

tailing (टेल्´-इंग्) *n.* the part of the projecting stone or brick inserted in the wall, किसी बाहर निकले हुए पत्थर या ईंट का दीवार में दबा अंश।

tailings (टे´-लिंग्स्) *n.* (plu.) residue of ore, (धातु की) रेतन।

tailless (टेल्´-लिस्) *adj.* having no tail, बिना दुम या पूँछ का, बेदुम।

taillight (टेल्´-लाइट्) *n.* the light at the rear of a vehicle, वाहन के पीछे की बत्ती, पिछली बत्ती।

tailor (टे´-लः) *n.* one whose occupation is to make garments, दरज़ी। *v.* (tailored, tailoring) 1. to make garments, कपड़े काटना, सीना या बनाना। 2. to work as a tailor, दरज़ीगीरी करना। 3. to make or adapt for a special purpose, विशेष उपयोग के लिए बनाना, ढालना आदि।

tailored (टे´-लःड्) *adj.* made by a tailor, दरज़ी द्वारा बनाया हुआ।

tailoring (टे´-लर्-इंग्) *n.* the occupation of a tailor, दरज़ी का धंधा, दरज़ीगीरी।

tailor-made (टे-लॅः-मेड्´) *adj.* 1. made by a tailor, दरज़ी द्वारा बनाया हुआ। 2. perfectly suited, पूर्णरूप से उपयुक्त, सही।

tailpiece (टेल्´-पीस्) *n.* 1. a decorative design printed in the blank space at the end of a chapter of a book, टेलपीस।

tailspin (टेल्´-स्पिन्) *n.* 1. the dive of an aircraft in a nose down spiralling motion, हवाई जहाज़ का चक्कर खाते हुए सिर के बल नीचे उतरना। 2. a state of panic, खलबली।

tailwind (टेल्´-विंड्) *n.* the wind having the same direction as the course of a ship or aircraft, अनुकूल हवा, अनुवात।

taint (टेन्ट्) *n.* 1. a defect or flaw, दोष, दूषण। 2. a contaminated influence, विकार, संदूषण। 3. a stain, धब्बा। *v.* (tainted, tainting) 1. to make rotten, गला-सड़ा देना, विकृत कर देना। 2. to tarnish, कलंकित कर देना।

Taiwanese (टाइ-वा-नीज़्´) *n.* a native of

Taiwan, ताइवान का निवासी।

take (टेक्) *v.* (took, taken, taking) 1. to get into one's hand, हाथ में लेना, पकड़ना, थामना। 2. to get possession of, अधिकार में लेना, क़ब्ज़ा करना। 3. to seize, छीनना, पकड़ना। 4. to catch, पकड़ना, लोकना। 5. to win, जीतना। 6. to carry with one to another place, एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना। 7. to remove from a place, (किसी चीज़ को अपने स्थान से) हटाना। 8. to charm or captivate, अभिभूत या मोहित कर लेना। 9. to eat or drink, खाना या पीना। 10. to consume, उपभोग करना। 11. to inhale, साँस अंदर खींचना। 12. to earn, कमाना। 13. to select, चुनना। 14. to assume, कल्पना करना, मान लेना। 15. to deduct, घटाना। 16. to obtain (from a source, स्रोत या उद्गम से) प्राप्त करना। 17. to assume (the seat, office, obligation etc.), ग्रहण करना। 18. to adopt or receive in a specified way, अपनाना, लेना। 19. to receive into the body, काया में देना, खाना-पीना। 20. to be affected by, प्रभावित होना, ग्रस्त होना। 21. to sit, बैठना। 22. to write down, लिखना, अंकित करना। 23. to consider or regard, मानना, समझना। 24. to accept, स्वीकार करना, ठीक मानना या समझना। 25. to contend with, संतुष्ट होना या रहना। 26. to aim or direct, लक्ष्य करना, निशाना साधना। 27. to purchase, खरीदना। 28. to use or employ, इस्तेमाल में लाना, लेना। 29. to mean, आशय देना, मतलब निकलना। 30. to start growing, उगना। 31. to have sexual intercourse with, सहवास करना, मैथुन करना। 32. to convey or transport, ले जाना या भेजना। 33. to bring, लाना, ले आना, पहुँचाना। 34. to experience, महसूस करना। 35. to become suddenly, हो जाना। 36. to require, अपेक्षा करना, आवश्यकता होना। 37. to put to an end, अंत कर देना। □ **take back,** चौंका देना; **take about,** घुमाना-फिराना; **take across,** पार ले जाना या उतारना; **take after,** अनुरूप होना; **take amiss,** अप्रसन्न या रुष्ट होना, बुरा मान लेना; **take apart** (i) (पुर्ज़े) खोलना, अलग-अलग करना, (ii) कटु आलोचना करना; **take away** (i) छीन लेना, (ii) दूर ले जाना; **take at one's word,** किसी बात को सत्य मान लेना; **take back,** वापस लेना, **take breath,** साँस लेना, सुस्ताना; **take care,** सतर्कता बरतना, ध्यान देना; **take down** (i) लिख लेना, टाँक लेना, (ii) ध्वस्त कर देना, (iii) घटा या कम कर देना; **take for,** समझ बैठना; **take for granted,** निश्चित मान बैठना; **take it,** बर्दाश्त करना, सहना, झेलना; **take in** (i) समझना, (ii) शामिल करना, सम्मिलित करना, (iii) टिकाना या ठहराना, (iv) धोखा देना, ठगना; **take off,** (i) (कपड़े) उतारना, (ii) जहाज़ का उड़ान भरना, उड़ना, (iii) रवाना होना, (iv) जान लेना, मारना, (v) नकल उतारना; **take on** (i) नौकर रखना, नौकरी पर रखना, (ii) किराए पर लेना, (iii) धारण करना, (iv) प्रस्तुत हो जाना, (v) लड़ना, भिड़ना, मुकाबला करना; **take one's time,** आवश्यकतानुसार समय लगाना; **take out** (i) हटाना, (ii) प्राप्त करना, (iii) किसी के साथ (रक्षार्थ) जाना; **take place,** घटित होना; **take over,** धारण या ग्रहण करना, भार या दायित्व ग्रहण करना; **take to** (i) की ओर जाना या भागना, (ii) रुचि या पसंद होना, (iii) शरण लेना, (iv) आदी हो जाना; **take up** (i) अपनाना, (ii) ले लेना, (iii) (वस्त्र को) छोटा करना, (iv) चुकाना, (v) (काम में) लग जाना, (vi) सोख लेना, (vii) ज़िम्मेदारी लेना, (viii) टोकना; **take upon,** भार उठाना, दायित्व लेना। ***n.*** 1. the act of taking, लेने या ग्रहण करने की क्रिया या भाव। 2. the number of animals killed or captured, शिकार किए हुए नग। 3. the amount of anything taken, ली हुई रक़म या लिया हुआ दाम। 4. an instance of photographing a scene for a motion picture, चलचित्र के लिए लिया हुआ दृश्य।

take-home pay ***n.*** the remainder of one's pay after compulsory deductions at the source, कटौतियों के बाद घर ले जाने के लिए मिला वेतन, निवल वेतन।

takeoff (टेक्´-ऑफ़्) ***n.*** 1. the act of taking off in flying, वायुयान का ज़मीन से उड़ान भरना। 2. an act of mimicry, नक़ल।

takeover (टेक्´-ओ-वं:) *n.* 1. the act of seizing control, सत्ता हथियाने की क्रिया या भाव। 2. the act of seizing management, प्रबंधत्व ग्रहण करने की क्रिया या भाव।

taking (टे´-किंग्) *n.* 1. something taken, ली हुई वस्तु। 2. (plu.) earnings, आय, कमाई। *adj.* 1. charming, सुंदर, आकर्षक। 2. infectious, संक्रामक, छुतहा।

talc (टैल्क्) *n.* a fine-grained mineral used in making talcum powder, सेलखड़ी।

talcum powder *n.* a powder used for perfuming the body, पाउडर।

tale (टेल्) *n.* 1. a story or report of happenings or events, किस्सा, वृत्तांत। 2. s short story, कहानी। 3. a rumour or piece of gossip, गप, अफ़वाह। 4. a lie or falsehood, झूठी बात। □ **tell a tale,** कोई भेद की बात बताना; **tell its own tale,** स्वत: स्पष्ट होना।

tale bearer (टेल्´-बेंअॅर्-अॅ:) *n.* 1. one who tells tales, भेद की बातें बतानेवाला। 2. one who spreads gossips, अफ़वाहें फैलानेवाला।

talent (टैल्´-अॅन्ट्) *n.* 1. natural or acquired ability of a superior quality, प्रतिभा, गुण। 2. a person who has this, प्रतिभाशाली व्यक्ति। 3. general intelligence, बुद्धिमत्ता, बुद्धिमानी।

talented (टैल्´-अॅन्-टिड्) *adj.* having talent, प्रतिभाशाली, प्रतिभावान, गुणी।

talesman (टेल्ज़्´-मॅन्) *n.* a person summoned to jury duty, वह जिसे जूरी के पद का निर्वाह करने के लिए बुलाया गया हो।

talisman (टैल्´-इस्-मॅन्) *n.* an object supposed to bring good luck, an amulet or charm, तावीज़, जंतर।

talk (टा:क्) *v.* (talked, talking) 1. to articulate words, बोलना। 2. to converse by means of spoken language, बात-चीत करना। 3. to communicate by other means, कहना, बताना। 4. to discuss, विचार-विमर्श करना। 5. to use (a particular language, किसी भाषा का) प्रयोग करना, बोलना; They talk Hindi. वे हिंदी में बोलते हैं। 6. to spread rumours, अफ़वाहें फैलाना। 7. to gossip, गप्प मारना। 8. to chatter, बकबक करना। 9. to induce by argument, प्रभावित करना। □ **Now you are talking.** अब आप सही बात कर रहे हैं; **talk back,** बेहूदगी से उत्तर देना; **talk into,** (किसी कार्य के लिए) कह-सुनकर तैयार करना; **talk out,** बात-चीत से तय करना; **talk over** (i) विचार-विमर्श करना, (ii) बात मानने के लिए (किसी को) राज़ी करना; **talk round,** इधर-उधर की बातें करना; **talk shop,** व्यापार की बातें करना; **talk to,** डाँटना-डपटना। *n.* 1. a speech, भाषण, व्याख्यान। 2. conversation, बात-चीत, विचार-विमर्श। 3. gossip, गपशप। 4. rumour, अफ़वाह। 5. (plu.) negotiations, वार्ता, वार्तालाप।

talkative (टा:-कॅ-टिव्) *adj.* talking too much, बड़बोला, गपोड़संख, बातूनी।

talkativeness (टा:-कॅ-टिव्-निस्) *n.* the quality of being talkative, बड़बोलापन, बातूनीपन।

talker (टा:´-कॅ:) *adj.* talkative, गपोड़संख, बातूनी। *n.* one who gives a talk or talks वार्ताकार।

talkie (टा:-की) *n.* a talking picture, बोलपट, टाकी।

talking-to (टा:क्´-इंग्-टू) *n.* a reproof, डाँट, डाँट-फटकार।

talks (टा:क्स्) *n.* (plu.) a discussion or negotiation, विचार-विमर्श।

talky (टा:-की) *adj.* talkative, बातूनी।

tall (टा:ल्) *adj.* 1. of more than average height, लंबा। 2. having a specified height, निश्चित लंबाईवाला। 3. exaggerated, बढ़ा-चढ़ाकर कहा हुआ; a tall story, बढ़ा-चढ़ाकर कही हुई बात।

tallish (टा:-लिश्) *adj.* rather tall, कुछ-कुछ लंबा।

tall order *n.* 1. a difficult task, मुश्किल काम, कठिन कार्य। 2. a request difficult to fulfil, लंबी-चौड़ी माँग, अनुचित फ़रमाइश।

tallow (टैल्´-ओ) *n.* animal fat used in soap, lubricants etc., चरबी, पशुवसा। *v.* (tallowed, tallowing) 1. to cover with tallow, चरबी लगाना। 2. to fatten (animals) so as to form tallow, अधिक चरबी के लिए पशुओं को मोटा करना।

tallowy (टैल्´-ओ-ई) *adj.* 1. of or pertaining

tallow, चरबीदार, वसायुक्त। 2. fat, मोटा।

tally (टैल्´-ई) *v.* (tallied, tallying) 1. to count, गिनना, गिनती करना। 2. to correspond one with another, मिलान करना। 3. to agree, मेल खाना। 4. to furnish with a label, लेबल लगाना। *n.* 1. an account, विवरण (अंकों के रूप में होनेवाला)। 2. a counterpart or duplicate of something, मुसन्ना या प्रतिलिपि। 3. correspondence, मिलान। 4. agreement, मेल, अनुरूपता।

tallyho (टैल्-इ-हो´) *interj.* a cry to the hounds to follow the fox, लोमड़ी का पीछा करने के लिए शिकारी कुत्तों को दिया जानेवाला आदेश।

tallyman (टैल्´-इ-मॅन्) *n.* 1. one who tallies something, मिलानकर्ता। 2. one who sells goods on instalment plan, किस्तों पर चीज़ें बेचनेवाला।

Talmud (टाल्´-मड्) *n.* a collection of old Jewish writings, यहूदियों का प्राचीन संग्रह।

talon (टैल्´-अॅन्) *n.* 1. a claw, चंगुल, पंजा। 2. (plu.) human fingers like a claw, पंजा।

tamable (टे´-मॅ-बॅल्) *adj.* that can be tamed, जिसे पालतू बनाया या सधाया जा सके।

tamarind (टैम्´-अॅ-रिन्ड्) *n.* a tree with acid-flavoured pods, इमली।

tamarisk (टैम्´-अॅ-रिस्क्) *n.* a shrub, झाऊ।

tambour (टैम्´-बूः) *n.* 1. an embroidery frame, कढ़ाई का ढाँचा या अड्डा। 2. a drum, ढोल। *v.* (tamboured, tambouring) to embroider on a tambour, (कढ़ाई के) ढाँचे पर कढ़ाई करना।

tambourine (टैम्-बॅ-रीन्´) *n.* a small drumlike musical instrument, डफली, खंजरी।

tame (टेम्) *adj.* (tamer, tamest) 1. changed from wild to a domesticated state, पालतू (जानवर)। 2. meek and submissive, दब्बू, विनम्र, भला। 3. not interesting, uninspiring, अरुचिकर, नीरस। *v.* (tamed, taming) 1. to make tame, पालतू बनाना, सधाना। 2. to subdue or curb, वश में करना। 3. to make useful, उपयोगी बनाना।

tameable (टे´-मॅ-बॅल्) *adj.* that can be tamed, सधाने योग्य।

tamer (टे´-मः) *n.* one who tames wild animals, सधानेवाला, प्रशिक्षक।

tam-o'-shanter (टैम्-अॅ-शैन्´-टॅः) *n.* a tight-fitting Scottish cap, एक प्रकार की टोपी।

tamp (टैम्प्) *v.* (tamped, tamping) 1. to fill up (a hole, सुराख को) भरना। 2. to drive down by a succession of blows, ठोंक-ठोंककर धँसाना।

tamper (टैम्´-पॅः) *v.* (tampered, tampering) 1. to interfere so as to weaken or change for the worse, छेड़खानी करना, छेड़-छाड़ करना, ख़राब कर देना या बिगाड़ देना। 2. to make secret or underhand arrangements, गुप्त रूप से कोई गलत काम (किसी से) कराना। 3. to bribe, रिश्वत देना।

tampon (टैम्´-पॉन्) *n.* a plug of cotton etc. inserted into a bodily cavity or wound, फाहा।

tan (टैन्) *v.* (tanned, tanning) 1. to convert hide into leather by treatment, खाल को सिझाकर चमड़ा बनाना, चमड़ा कमाना। 2. to make or become brown by exposure to the sun, ताँबियाना या ताँबिया जाना। 3. to beat or thrash, पिटाई करना, मारना-पीटना। *n.* 1. tree bark used in tanning hides, चमड़ा सिझाने के काम आनेवाली छाल। 2. yellowish brown colour, ताँबे का रंग, ताम्रवर्ण। *adj.* (tanner, tannest) 1. yellowish brown, पीलापन लिए भूरा, ताम्रवर्ण। 2. having a sun-tan, धूप से झुलसा हुआ।

tanbark (टैन्´-बाःक्) *n.* the bark used in tanning, चमड़ा सिझाने की छाल।

tandem (टैन्´-डॅम्) *adv.* one behind the other, आगे-पीछे। *n.* 1. a cycle built for two, बाइसिकल। 2. a two-wheeled carriage, टमटम, घोड़ागाड़ी। □ **in tandem,** एक-दूसरे के पीछे।

tang (टैंग्) *n.* 1. a sharp odour, तेज गंध, महक। 2. a sharp taste, चरपराहट, झाल। 3. the pointed end of a file, knife etc. which is fitted into the handle, रेती, चाकू का हत्था जो मूठ में धँसा रहता है।

tangelo (टैन्´-जि-लो) *n.* a citrus fruit, नीबू की

जाति का एक तरह का फल।

tangent (टैन्´-जॅन्ट्) ***n.*** 1. a straight line touching the circle, स्पर्शज्या। 2. a sudden change of course, सहसा होनेवाला मार्ग-परिवर्तन। ***adj.*** touching, स्पर्शी।

tangential (टैन्-जॅन्´-शॅल्) ***adj.*** 1. of or like a tangent, स्पर्शज्या-संबंधी या स्पर्शज्या-सा। 2. merely touching a subject, ऊपरी, साधारण।

tangerine (टैन् -जॅ-रीन्´) ***n.*** 1. a citrus fruit with deep-orange skin, नारंगी, संतरा। 2. its deep orange yellow colour, नारंगी रंग।

tangible (टैन्´-जि-बॅल्) ***adj.*** 1. capable of being touched, जिसे छुआ जा सके, स्पृश्य, मूर्त। 2. material, भौतिक। 3. real, वास्तविक। 4. clear and definite, सुस्पष्ट और सुनिश्चित।

tangibles (टैन्´-जि-बॅल्स्) ***n.*** (plu.) material things, भौतिक वस्तुएँ, भौतिक संपत्ति।

tangle (टैंग्´-गॅल्) ***v.*** (tangled, tangling) 1. to intertwine in a confused mass, उलझा देना। 2. to become intertwined in a confused mass, उलझा होना। 3. to entangle or become entangled, उलझना या उलझाना, फँसना या फँसाना। 4. to ensnare, जाल में फँसाना। ***n.*** 1. confused mass of fibres, hair, lines etc., उलझाव। 2. a complicated problem, उलझन, गुत्थी। 3. a conflict, झगड़ा।

tango (टैंग्´-गो) ***n.*** a ballroom dance with gliding steps, एक प्रकार का नृत्य। ***v.*** (tangoed, tangoing) to dance the tango, उक्त नृत्य करना।

tangy (टैंग्´-ई) ***adj.*** (tangier, tangiest) having a strong smell, महकदार।

tank (टैंक्) ***n.*** 1. a pond, तालाब। 2. a large container for water, gas etc, हौज़, टंकी। 3. an enclosed heavily armoured fighting vehicle, टैंक। □ **tank up,** टंकी भरना।

tankage (टैंक्´-इज्) ***n.*** the capacity of a tank, टंकी-भार, टंकी की समाई।

tankard (टैंक्´-कॅ:ड्) ***n.*** a large drinking cup with a handle and often with a lid, ढक्कनदार बड़ा प्याला।

tanked-up (टैंक्ड्´-अप्) ***adj.*** 1. having a full tank, जिसकी टंकी भरी हो। 2. drunk, नशे में चूर, नशे में धुत्त।

tanker (टैंक्´-कॅ:) ***n.*** a truck, ship or aircraft for carrying oil or other liquid in bulk, तेल-वाहन, टैंकर।

tanner (टैन्´-अॅ:) ***n.*** one who tans hides, चर्मशोधक।

tannery (टैन्´-अॅ-री) ***n.*** a place where hides are tanned, चर्मशोधक कारख़ाना।

tanning (टैन्´-इंग्) ***n.*** the act, process or art of making leather from hides, चमड़ा सिझाने की क्रिया या कला, चर्मशोधन।

tantalization (टैन्-टॅ-लाइ-ज़े´-शॅन्) ***n.*** teasing or tormenting by presenting something desirable to the view but continually keeping it out of reach, तरसाना; सताना, ललचाना।

tantalize (टैन्´-टॅ-लाइज़्) ***v.*** (tantalized, tantalizing) 1. to keep (someone) hanging on, (किसी को) झुलाए रखना, ललचाना, तरसाना। 2. to tease or torment, सताना, यातना देना।

tantalizing (टैन्´-टॅ-लाइ-ज़िंग्) ***adj.*** teasing, tormenting, सतानेवाला, कष्टकारी।

tantamount (टैन्´-टॅ-मॉउन्ट्) ***adj.*** having equal force, value or effect, बराबर, समान। □ **tantamount to,** के बराबर।

tantrum (टैन्´-ट्रम्) ***n.*** a fit of bad temper, झल्लाहट, बौखलाहट, क्रोधावेश।

tap[1] (टैप्) ***n.*** 1. a plug or cork, डाट, कार्क। 2. a device to control the flow of a liquid, gas etc., टोंटी। 3. a device for cutting an internal screw threads, किसी पाइप के अंदर चूड़ी काटने का उपकरण, सुंबा, टेप। 4. a connection for tapping a telephone, चोरी-छिपे किसी का टेलिफ़ोन सुनने के लिए लगाया हुआ कनेक्शन। ***v.*** (tapped, tapping) 1. to fit or furnish with a tap, टोंटी लगाना। 2. to pierce in order to draw off liquid from a barrel etc., तरल पदार्थ निकालने के लिए छेद करना। 3. to draw off liquid through a hole or tape, छेद या टोंटी से तरल पदार्थ निकालना। 4. to cut a screw thread inside, पाइप के अंदर

सुंबे से चूड़ी करना। 5. to make a connection for overhearing someone's telephone, किसी का चोरी-छिपे टेलिफ़ोन सुनने के लिए कनेक्शन जोड़ना।

tap² *v.* (tapped, tapping) 1. to strike gently and lightly with the flat of the hand, थपकी देना, थपथपाना। 2. to strike something lightly with, ठकठक करना, खटखट करना, हलका आघात करना, ठोकना। *n.* 1. a quick light blow, खट, ठक। 2. the sound of this, खट, ठक।

tap dance *n.* a dance in which the rhythm is sounded out with the feet, एक प्रकार का नृत्य जिसमें पैरों (एड़ियों तथा पंजों) से ताल दिया जाता है।

tape (टेप्) *n.* 1. a narrow strip of woven fabric, पट्टी, फ़ीता। 2. a narrow band of paper or other flexible material, टेप; adhesive tape, टेप; magnetic tape, टेप। 3. a tape recorder, टेपरिकार्डर। *v.* (taped, taping) 1. to bind or fasten with tape, फ़ीते से बाँधना या कसना। 2. to record on magnetic tape, टेप करना।

tape measure *n.* a tape marked in inches or centimetres for measuring length, नापने का फ़ीता।

taper (टे´-पॅ:) *n.* 1. a waxed wick used to light candles, मोमबत्तियाँ जलाने की बत्ती। 2. any feeble light, टिमटिमाती रोशनी। *v.* (tapered, tapering) to make or become gradually narrower, बराबर सँकरा या पतला करते चलना या होते जाना, गावदुम होना या करना।

taperecord (टेप्´-रि-कॉ:ड्) *v.* (taperecorded, taperecording) to tape on a taperecorder, टेपरिकार्डर पर टेप करना।

tape recorder (टेप्´-रि-कॉ:ड्-ॲ:) *n.* an apparatus for recording sounds and playing back the recording, ध्वनि टेप करने तथा टेप की हुई उस ध्वनि को बजाने का उपकरण, टेपरिकार्डर।

tapestry (टैप्´-ॲ-स्ट्री) *n.* a heavy woven textile for curtains, wall hangings etc., परदों आदि का मोटा कपड़ा।

tapeworm (टेप्´-व़:म्) *n.* a ribbon like flat worm, आँतों में रहनेवाले एक प्रकार के कीड़े, फ़ीता-कृमि।

tapioca (टैप्-इ-ओ´-कॅ) *n.* a starchy substance obtained from cassava root, एक प्रकार का माड़ीदार पदार्थ।

tapir (टे´-पि:) *n.* a small pig like animal, सुअर की जाति का एक पशु।

tappet (टैप्´-इट्) *n.* a mechanical part that causes a certain movement, खटका, टैपिट।

taproom (टैप्´-रूम्) *n.* a bar-room, (होटल का) मदिरा-कक्ष।

taproot (टैप्´-रूट्) *n.* that main root of a plant, पौधे की मोटी जड़, मूसला।

taps (टैप्स्) *n.* a signal given by a bugle indicating that lights are to be put out, बत्तियाँ बुझाने का संकेत।

tapwater (टेप्´-व़ा:-टॅ:) *n.* water supplied through pipes (in buildings), टोंटी या नल का पानी।

tapster (टैप्´-स्टॅ:) *n.* a barman, मदिरा वितरित करनेवाला।

tar¹ (टा:) *n.* a seaman, नाविक।

tar² (टा:) *n.* coaltar, अलकतरा, तारकोल, डामर। *v.* (tarred, tarring) to coat with tar, अलकतरा डालना, डामर (की परत) बिछाना। □ **tarred with the same brush,** एक जैसे दोषी, एक ही थैली के चट्टे-बट्टे।

taradiddle (टैर्-ॲ-डिड्´-ॲल्) *n.* a minor falsehood, गप।

tarantella (टैर्-ॲन्-टॅल्´-ॲ) *n.* an Italian peasant dance, इटली के कृषकों का नृत्य, कृषक-नृत्य।

tarantula (टॅ-रैन्´-चु-लॅ) *n.* a large hairy spider, लंबे बालोंवाला बड़ा मकड़ा।

tarboosh (टा:-बूश्´) *n.* a cap, एक तरह की टोपी, कुल्ला।

tardily (टा:´-डि-ली) *adv.* slowly, धीरे-धीरे।

tardiness (टा:´-डि-निस्) *n.* the state or quality of being tardy, धीमापन, शिथिलता, सुस्ती।

tardy (टा:´-डी) *adj.* 1. sluggish, सुस्त, शिथिल, धीमा। 2. occurring later than expected, देर

से होनेवाला।

tare[1] (टॅअ़ः) *n.* 1. the weight of a box, container or wrapper in which goods are packed, बेठन, पेटी आदि का वजन। 2. a deduction from gross weight to compensate for this, कुल वजन में से वारदाने का वजन घटाने की क्रिया।

tare[2] *n.* a plant used as fodder, चरी।

target (टाः-गिट्) *n.* 1. a mark to shoot at, निशाना, लक्ष्य। 2. something aimed, लक्ष्य, ध्येय, उद्देश्य। 3. an object of attack, ridicule or criticism, निशाना, लक्ष्य। *v.* (targeted, targeting) to make a target of, निशाना बनाना।

tariff (टै´-रिफ़्) *n.* 1. a list of duties imposed on imports or exports. आयात या निर्यात शुल्क की सूची। 2. duty to be paid on imports or exports, प्रशुल्क, टैरिफ़। 3. a schedule for rates or fees, दर-सूची, मूल्य-सूची। *v.* (tariffed, tariffing) to subject to a tariff, पर शुल्क लगाना।

tarmac (टाः´-मैक्) *n.* 1. material for surfacing roads, तारकोली रोड़ी। 2. the road made with this, पक्की सड़क। *v.* (tarmaced, tarmacing) to make roads with tarmac, तारकोली रोड़ी से सड़क बनाना।

tarn (टाःन्) *n.* a small mountain pool, पहाड़ी ताल या झील, गिरिताल।

tarnation (टाः-ने´-शॅन्) *n.* damnation, सत्यानाश।

tarnish (टाः´-निश्) *v.* (tarnished, tarnishing) 1. to become or make discoloured, बदरंग हो जाना या कर देना, भद्दा हो जाना या कर देना। 2. to lose or cause to lose shine, फीका हो जाना या कर देना। 3. to stain or become stained, धब्बे पड़ना या डालना, कलंकित होना या करना। *n.* 1. loss of lustre, रंग या चमक का उड़ना। 2. a stain, धब्बा।

taro (टार्´-ओ) *n.* a plant with a tuberous root, अरबी या कचालू नामक कंद।

tarot (टै-रो´) *n.* a game played with 78 cards used in fortunetelling, 78 पत्तों से खेला जानेवाला एक खेल जिससे किसी के भविष्य के संबंध में भी कथन किया जाता है।

tarpaulin (टाः-पाः´-लिन्) *n.* a heavy waterproof fabric coated with tar, तिरपाल।

tarry[1] (टार्´-ई) *adj.* 1. covered with tar, कोलतार से पुता हुआ, कोलतारी। 2. of or like tar, तारकोल का या तारकोल-जैसा।

tarry[2] *v.* (tarried, tarrying) 1. to delay, देर करना। 2. to stay, ठहरना।

tarsal (टाः´-सॅल्) *adj.* of tarsus, टखने का।

tarsus (टाः´-सॅस्) *n.* the bones of the heel collectively, टखना।

tart[1] (टाःट्) *adj.* 1. sharp in taste, तीखा, चरपरा, झालदार। 2. biting, तीखा, उग्र, चुभने या काटनेवाला।

tart[2] *n.* 1. a small pie containing jelly etc., गुजिया। 2. a prostitute, वेश्या।

tartan (टाः´-टॅन्) *n.* 1. a fabric with a woven pattern of straight lines of different colours and different widths crossing at right angles, चारखानेदार कपड़ा। 2. above pattern, चारखाना।

that (दैट्) ***adj.*** (plu. those) 1. being the one indicated or referred to, वह। 2. being the one more remote, वह; This book is small, that one is large, यह पुस्तक छोटी है और वह (पुस्तक) बड़ी है। ***pron.*** (plu. those) 1. the one indicated or referred to, वह; That is my house, वह मेरा घर है। 2. who, whom or which, जो; The man that she married, is an engineer, जिससे उसने शादी की है वह इंजीनियर है। ***conj.*** introducing a dependent clause, (आश्रित उपवाक्य के आरंभ में) कि; We hope that we will do well. हमें आशा है कि हम ठीक ढंग से काम करेंगे। □ **How is that!** कैसा रहा! **so that,** जिससे, ताकि; **that is,** अर्थात्; **That is that.** यह रहा, काम पूरा हुआ।

thatch (थैच्) ***n.*** 1. a roof covering made of straw, छप्पर। 2. a roofing material that consists of straw, reed etc., घास-फूस, सरकंडा। ***v.*** (thatched, thatching) to cover with thatch, छप्पर छाना।

thatcher (थैच्´-अ:) ***n.*** one who thatches, छप्पर छानेवाला।

thaw (था:) ***v.*** (thawed, thawing) 1. to go from frozen to liquid state, द्रवित होना, पिघलना, गलना। 2. to become warm enough to melt ice, इतना गरमाना कि बर्फ़ पिघलने लगे, पिघलाना। 3. to become active, सक्रिय होना। ***n.*** 1. the act or process of thawing, गलना, पिघलना। 2. the spell of warm weather, गर्म मौसम।

the ***article.*** 1. used to precede a noun that has been previously specified, पूर्वोल्लिखित संज्ञा से पहले प्रयुक्त होनेवाला प्रविशेषण। 2. used to indicate a particular person or object, विशिष्ट व्यक्ति या पदार्थ से पहले प्रयुक्त होनेवाला प्रविशेषण। 3. used to emphasize excellence or importance, उत्कृष्टता या महत्त्व पर ज़ोर देने के लिए प्रयुक्त होनेवाला प्रविशेषण। ***adv.*** in that degree, by that amount, उस मात्रा में, उतना ही; All the better, the more the merrier. जितने अधिक लोग प्रसन्न हों उतना ही अच्छा।

theatre, theater (थी´-अॅ-टॅ:) ***n.*** 1. a building for theatrial performances, नाट्यशाला, रंगशाला, थियेटर। 2. a place or room with rising tiers of seats, सोपानालय, सोपानशाला। 3. a place of enactment of important events, रंगमंच, घटनास्थल। 4. dramatic literature, नाट्य साहित्य। 5. dramatic effectiveness, नाटकीय प्रभाव।

theatergoer (थी´-अॅ-टॅ:-गो-अॅ:) ***n.*** a person who frequently attends plays, नाट्यशाला में नाटक देखने के लिए बराबर जानेवाला, नाटक-प्रेमी।

theatrical (थि-ऐट्´-रि-कॅल्) ***adj.*** 1. of or relating to the theater, नाट्यशाला-संबंधी। 2. of or relating to the presentation of plays, नाट्य-प्रस्तुति-संबंधी, नाटकीय, रंगीय। 3. exaggerated and showy, बनावटी, आडंबरपूर्ण, कृत्रिम।

theatericals (थि-ऐट्´-रि-कॅल्स्) ***n.*** (plu.) dra-

matic performances, नाट्य-प्रदर्शन।

theatrics (थि-ऐट्´-रिक्स्) *n.* the staging of plays, नाटकों का मंचन।

thee (दी) *pron.* the objective case of thou, तुझे, तुझको।

theft (थेंफ़्ट्) *n.* 1. an act of steeling, चोरी। 2. something stolen, चोरी का माल।

their (देंअॅ:) *adj.* 1. of or belonging to them, उनका, इनका। 2. belonging to the people in general, लोगों का, उनका।

theirs (देंअॅ:स्) *pron.* their own, उनका, इनका।

theism (थी´-इज़्-अॅम्) *n.* belief in the existence of a god or gods, आस्तिकता, ईश्वरवाद।

theist (थी´-इस्ट्) *n.* one who believes in a god or gods, आस्तिक, ईश्वरवादी।

theistic (थी-इस्´-टिक्) *adj.* of theism, ईश्वरवादी, आस्तिक।

them (देंम्) *pron.* the objective case of they, उन्हें या उनको, इन्हें या इनको।

thematic (थी-मेंट्´-इक्) *adj.* of or relating to a theme, विषय-संबंधी, कथ्यपरक।

theme (थीम्) *n.* 1. an idea or topic of discourse, विषय, वर्ण्य विषय, कथ्य। 2. stem, धातु या प्रातिपदिक। 3. a short essay, निबंध। 4. a melody, धुन।

theme song *n.* a melody recurring so often in a musical play, कथानक गीत।

themselves (देंम्-सेंल्व्ज़्´) *pron.* (plu.) the reflexive form of they or them, स्वयं, अपने-आप; They have risen so high by themselves. वे अपने ही बलबूते पर इतना ऊँचे उठे हैं।

then (देंन्) *adv.* 1. at that time, उस समय, तब। 2. in that case, तो; If we miss the train, what shall then? गाड़ी छूट गई तो हम क्या करेंगे? 3. soon after that, उसके बाद, तत्पश्चात्, तदनंतर, फिर; Ram came first then came Sohan. राम पहले आया और उसके बाद सोहन। *adj.* of that time, तत्कालीन। *n.* that time, वह समय। □ **by then,** उस समय तक; **from then on,** तब से, उस समय से।

thence (देंन्स्) *adv.* 1. from that place, उस स्थान से, वहाँ से; Thence I proceeded to Delhi. वहाँ से मैं दिल्ली गया। 2. from that time, उस समय से, तब से। 3. from that circumstance, तब से, उस कारण।

thenceforth (देंन्स्´-फ़ो:थ्) *adv.* from then on, तब से निरंतर, तब से बराबर।

theocracy (थि-ऑक्´-रॅ-सी) *n.* 1. government by priesthood, पुरोहिततंत्र, धर्मतंत्र। 2. a community under such government, धर्मराज्य, पुरोहित-राज्य।

theocrat (थि-अॅ-क्रैट्´) *n.* a ruler in a theocracy, धर्मतंत्रीय शासक।

theocratic (थि-अॅ-क्रैट्´-इक्) *adj.* 1. of or pertaining to theocracy, धर्मतंत्रीय। 2. ruled by priesthood, धर्मशासित।

theodolite (थि-ऑड्´-अॅ-लाइट्) *n.* an instrument for measuring angles, कोणमापी।

theologian (थी-अॅ-लो´-जॅन्) *n.* an expert in theology, धर्मतत्त्वज्ञ, धर्मवेत्ता, धर्मशास्त्री।

theological (थी-अॅ-लॉज्´-इ-कॅल्) *adj.* of or pertaining to theology, धर्मतंत्रीय; धर्मशास्त्रीय; आध्यात्मिक।

theology (थि-ऑल्´-अॅ-जी) *n.* 1. a system of religion, धर्मतंत्र। 2. a particular body of opinion about religion, धर्मशास्त्र। 3. the study of the relationship between the God and the world, अध्यात्मविद्या।

theorem (थी´-अॅ-रॅम्) *n.* a mathematical statement that can be proved from previously proved propositions, प्रमेय।

theoretical (थी-अॅ-रेंट्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. based on theory or existing only in theory, सैद्धांतिक; theoretical knowledge, सैद्धांतिक ज्ञान। 2. not practical, impractical, अव्यावहारिक। 3. hypothetical, काल्पनिक।

theoretically (थी-अॅ-रेंट्´-इ-कॅ-ली) *adv.* 1. in theory, सिद्धांत में। 2. according to a theroy, सिद्धांततः, सैद्धांतिक दृष्टि से।

theoretician (थी-अॅ-रॅ-टिश्´-अॅन्) *n.* a theorist, सिद्धांतवादी।

theorist (थी´-अॅ-रिस्ट्) *n.* one who theorizes, सिद्धांतवादी, सिद्धांतवेत्ता, सिद्धांतकार।

theorize (थी´-अॅ-राइज़्) *v.* (theorized, theorizing) 1. to use theories, सिद्धांत बनाना या

स्थापित करना। 2. to speculate, कल्पना करना, अनुमान लगाना।

theory (थी´-अॅ-री) *n.* 1. a set of statements or rules to explain a phenomenon, सिद्धांत, मत। 2. speculation, परिकल्पना।

theosophical (थि-ऑस्´-अॅ-फ़ि-कॅल्) *adj.* of theosophy, देवविद्या-संबंधी, ब्रह्मविद्या-विषयक।

theosophist (थि-ऑस्´-अॅ-फ़िस्ट्) *n.* an expert in theosophy, देवविद्यावादी, ब्रह्मविद्यावादी।

theosophy (थि-ऑस्´-अॅ-फ़ी) *n.* a philosophical system based on mystical insight, देवविद्या, ब्रह्मविद्या, थियासफ़ी।

therapeutic (थॅर्-अ-प्यू´-टिक्) *adj.* having healing or curative powers, रोगोपचारक।

therapeutics (थॅर्-अॅ-प्यू´-टिक्स्) *n.* the medical treatment of disease, रोगोपचार।

therapist (थॅर्´-अॅ-पिस्ट्) *n.* a specialist in a certain kind of therapy, चिकित्सक।

therapy (थॅर्´-अॅ-पी) *n.* the treatment of illness or disability, चिकित्सा।

there (देंअॅ:) *adv.* 1. in or at that place, वहाँ, उस जगह, उस स्थान पर। 2. in that matter or point, उस बात में। 3. to or toward that place, उधर। 4. right now, इसी क्षण। □ **here and there,** इधर-उधर, यहाँ-वहाँ; **there and then,** तत्काल। *n.* that place, वह जगह, वहाँ। *interj.* used to express satisfaction, dismay etc, देखा! There! You see I was right! देखा! मेरा कहना ठीक निकला न!

thereabouts (देंअॅ:-अॅ-बॉउट्स्) *adv.* 1. somewhere near here, के आस-पास, के करीब। 2. somewhere near that number, time, etc., के लगभग, के आस-पास।

thereafter (देंअॅ:-आफ़्´-टॅ:, देंअॅ:-ऐफ़्´-टॅ:) *adv.* after that, तत्पश्चात्, उसके बाद, फिर।

thereat (देंअॅ:-ऐट्´) *adv.* 1. at a specified place, वहीं। 2. at such time, उसी समय। 3. by reason of that, उसी कारण।

thereby (देंअॅ:-बाइ´, देंअॅ:-बाइ) *adv.* 1. by that means, उसके द्वारा, के फलस्वरूप। 2. with reference to that, उसके संबंध में।

therefor (देंअॅ:-फ़ॉ:) *adv.* for that purpose, उस निमित्त।

therefore (देंअॅ:-फ़ो:) *adv.* for that reason, इसलिए, उस कारण से।

therefrom (देंअॅ:-फ़्रॉम्´) *adv.* from there, वहाँ से।

therein (देंअॅ:-इन्´) *adv.* 1. in that place, वहाँ। 2. in that respect, फलत:।

thereinafter (देंअॅ:-इन्´-आफ़्-टॅ:) *adv.* in the following part of that matter, उसी के आगे।

thereof (देंअॅ:-ऑफ़्´) *adv.* of that, उसका।

thereon (देंअॅ:-ऑन्´) *adv.* on that, उसपर।

thereto (देंअॅ:-टू´) *adv.* to that, उस तक।

theretofore (देंअॅ:-टु-फ़ो:) *adv.* before that time, पहले से।

thereupon (देंअॅ:-अॅ-पॉन्) *adv.* 1. immediately after that, उसके ठीक बाद, तदनंतर। 2. therefore, इसके फलस्वरूप।

therewith (देंअॅ:-विद्´) *adv.* with that, उससे।

therm (थर्म्) *n.* 1. a unit of quantity of heat, ताप या ऊष्मा की इकाई, थर्म। 2. a thermometer, थर्मामीटर।

thermal (थ:´-मॅल्) *adj.* 1. of, relating to or caused by heat, तापीय, उष्मीय। 2. hot, warm, गर्म। *n.* a rising current of hot air, गर्म हवा का झोंका।

thermally (थ:´-मॅ-ली) *adv.* by means of heat, ताप के द्वारा।

thermic (थ:´-मिक्) *adj.* thermal, उष्मीय, तापीय।

thermometer (थॅ:-मॉम्´-इ-टॅ:) *n.* an instrument for measuring temperature, तापमापी, थर्मामीटर।

thermonuclear (थ:-मो-न्यू´-क्ली-अॅ:) *adj.* of nuclear reactions that occur at very high temperature, तापनाभिकीय; thermonuclear war, तापनाभिकीय युद्ध।

thermoplastic (थ:-मो-प्लैस्´-टिक्) *adj.* having the property of softening when heated and hardening when cooled, ताप-सुनम्य।

thermos (थ:´-मॅस्) *n.* a kind of vaccum bottle, थर्मस।

thermosetting (थ:-मो-सेंट्´-इंग्) *adj.* hav-

ing the property of becoming permanently rigid when heated, ताप-दृढ़।

thermostat (थः´-मॉ-स्टेट्) *n.* an automatic device for regulating temperature, ताप-नियंत्रक।

thesaurus (थि-सॉर्´-अॅस्) *n.* 1. a dictionary of synonyms, पर्याय शब्दकोश, पर्यायकोश, पर्यायवाची कोश। 2. a dictionary, कोश।

these (दीज़्) *adj.* plu. of this, ये।

thesis (थी´-सिस्) *n.* 1. an essay or treatise resulting from original academic research, शोध प्रबंध। 2. an idea or statement put forward for discussion, वक्तव्य, स्थापना।

Thespian (थेंस्´-पि-अॅन्) *adj.* 1. of drama, नाटक-संबंधी। 2. of theater, रंगमंच-संबंधी। *n.* an actor or actress, अभिनेता या अभिनेत्री।

thews (थ्यूज़्) *n.* (plu.) sinews or muscles, नसें या मांसपेशियाँ।

they (दे) *pron.* 1. those ones (plu. of he, she, it.), वे, वे लोग, वे चीज़ें। 2. people, लोग, जन-साधारण, आम लोग।

they'd (दैड्) 1. = they had, 2. = they would.

they'll (देंल्) 1. = they will, 2. = they shall.

they're (देंः) = they are.

they've (देंव्) = they have.

thiamine (थाइ´-अॅ-मिन्) *n.* vitamin B., विटामिन बी।

thick (थिक्) *adj.* (thicker, thickest) 1. having relatively great depth, गहरा, मोटा; a thick layer of stones, पत्थरों की मोटी परत। 2. having relatively large diametre in relation to length, मोटा; a thick pipe, मोटा पाइप। 3. dense, घना, सघन; a thick forest, घना जंगल। 4. filled or covered completely, भरा; thick with dust, धूल से भरा। 5. great in number, गिनती में अधिक; a thick crowd, भारी भीड़। 6. of great consistency, गाढ़ा; a thick milk, गाढ़ा दूध। 7. not clear, muddy or foggy, अस्पष्ट, गंदला या धुंधला; thick weather, कोहरे का मौसम। 8. dull, stupid, मंदबुद्धि, मूर्ख। 9. intimate, घनिष्ठ। □ **through thick and thin,** सुख-दुख में, मुसीबतों में। *adv.* thickly. घने रूप में। *n.* the thickest part, मोटा हिस्सा, स्थूल भाग।

thicken (थिक्´-अॅन्) *v.* (thickened, thickening) 1. to make thick, गाढ़ा करना, सघन करना। 2. to become thick, गाढ़ा होना, सघन होना। 3. to become or make complicated, उलझना या उलझाना, जटिल होना या करना।

thickener (थिक्´-अॅ-नॅः) *n.* a material used to thicken something, प्रगाढ़क।

thicket (थिक्´-इट्) *n.* a dense growth of shrubs, झाड़-झंखाड़, झाड़ियों का झुरमुट।

thickheaded (थिक्´-हॅड्-इड्) *adj.* stupid, मूर्ख।

thickish (थिक्´-इश्) *adj.* somewhat thick, कुछ-कुछ गाढ़ा।

thickness (थिक्´-निस्) *n.* the quality or state of being thick, मोटाई, स्थूलता; गाढ़ापन, सघनता।

thickset (थिक्-सॅट्´) *adj.* 1. planted thickly, घना, गझिन। 2. stout, हट्टा-कट्टा।

thickskinned (थिक्-स्किन्ड्´) *adj.* 1. having a thick skin, मोटी चमड़ीवाला। 2. insensitive to criticism, insult etc., चिकना घड़ा, मोटी चमड़ीवाला।

thick-skulled (थिक्-स्कल्ड्´) *adj.* thickheaded, मूर्ख।

thick-witted (थिक्-विट्´-इड्) *adj.* thickheaded, मूर्ख।

thief (थीफ़्) *n.* one who steals, चोरी करनेवाला, चोर; pretty thief, छोटा-मोटा चोर, चोट्टा।

thieve (थीव्) *v.* (thieved, thieving) to steal, चोरी करना, चुराना।

thievery (थीव्´-अॅर्-ई) *n.* 1. an act of stealing, चोरी। 2. the practice of stealing, चोरी की आदत या लत।

thievish (थीव्´-इश्) *adj.* addicted to stealing, जिसे चोरी करने की लत हो, चोट्टा।

thigh (थाइ) *n.* the part of human leg between hip and knee, जाँघ, रान, जंघा।

thimble (थिम्´-बॅल्) *n.* a metal cap worn on the finger while sewing, अंगुश्ताना, दर्ज़ी का छल्ला।

thimbleful (थिम्´-बॅल्-फ़ुल्´) *n.* a very small quantity, अल्पमात्रा।

thin (थिन्) *adj.* 1. of little depth, बारीक, महीन, पतला; a thin booklet, पतली पुस्तिका। 2. having small diameter in relation to length, पतला, बारीक। 3. not dense or compact, झीना। 4. of little consistency, flowing easily, पतला। 5. light, हलका, फीका; a thin colour, हलका रंग। 6. lean, slender, दुबला-पतला। 7. lacking strength, बेदम, कमज़ोर; a thin excuse, कमज़ोर बहाना। 8. not plentiful, कम, स्वल्प; thin majority, स्वल्प बहुमत। 9. subtle, सूक्ष्म; thin space, सूक्ष्म अंतर। □ **vanish into thin air,** ग़ायब हो जाना। *adv.* thinly, पतले रूप में, पतला-पतला। *v.* (thinned, thinning) 1. to make thinner, पतला, बारीक या झीना करना। 2. to become thinner, पतला, बारीक या झीना हो जाना। □ **thin out,** छाँटना या छँटना; The crowd is thinning out. भीड़ छँट चली है।

thine (दाइन्) *pron.* of or belonging to thee, तेरा।

thing (थिंग्) *n.* 1. any matter or object of perception, knowledge or thought, चीज़, वस्तु, पदार्थ। 2. an unnamed object or item, चीज़ या बात; There are six things on my list. मेरी सूची में छह चीज़ें (या बातें) हैं। 3. an act. deed or event, कार्य या घटना। 4. a topic, विषय। 5. an affair, मामला, समस्या; a complicated thing, जटिल समस्या, उलझन-भरा मामला। 6. (plu.) possessions, belongings, सामान, संपत्ति। 7. (plu.) clothes, कपड़े। 8. (plu.) circumstances, हालात, परिस्थितियाँ। □ **have a thing about,** पूर्वग्रह होना; **make a thing of it,** किसी चीज़ को कुछ अधिक ही महत्त्व देना; **seeing things,** दृष्टिभ्रम होना; **the thing** (i) महत्त्वपूर्ण या समझदारी की बात, उचित बात, (ii) रिवाज या प्रचलन में होनेवाली चीज़।

think (थिंक्) *v.* (thought, thinking) 1. to ponder, सोचना, विचारना, विचार करना, चिंतन करना। 2. to have as a thought, मन में होना, समझना; We think we will be successful. हम समझते हैं कि हम सफल होंगे। 3. to imagine, to formulate in the mind, कल्पना करना। 4. to weigh something mentally, मन में तोलना। 5. to remember, स्मरण करना, याद करना। 6. to reason, तर्क करना। □ **think aloud,** बोल उठना; **think better of,** नया और उपयुक्त सोचना, अच्छा सोचना; **think nothing of,** कुछ भी महत्त्व न देना; **think of** (i) विचार करना, (ii) याद करना, (iii) आविष्कृत करना; **think out,** सोच-विचार द्वारा किसी नतीजे पर पहुँचना, हल करना; **think over,** विचार करना; **think twice,** दुबारा सोच-विचार करना; **think up,** आविष्कृत करना।

thinkable (थिंक्´-अॅ-बॅल्) *adj.* 1. that can be thought, सोचने-योग्य, विचारणीय। 2. imaginable, कल्पनीय।

thinker (थिंक्´-कॅ:) *n.* one who thinks deeply, विचारक।

thinking (थिंक्´-किंग्) *n.* 1. the action or way of one who thinks, विचार या विचार-शैली। 2. opinion, मत, राय। *adj.* rational, विवेकी या विवेकपूर्ण।

think-tank (थिंक्´-टैंक्) a group of persons that formulates policies, (किसी दल के) नीतिनिर्धारक लोगों का समूह, नीतिनिर्धारक लोग।

thinly (थिन्´-ली) *adv.* to a small extent only, थोड़ी मात्रा में, थोड़ा।

thinner (थिन्´-अॅ:) *n.* a substance (usu. liquid) for reducing viscosity, तरल द्रावक, थिनर।

thinnish (थिन्´-इश्) *adj.* somewhat thin, पतला-सा, कुछ-कुछ पतला।

thin-skinned (थिन्-स्किन्ड्´) *adj.* 1. having a thin skin, पतली चमड़ीवाला। 2. sensitive to criticism, insult etc., जिसे ज़रा-सी बात बर्दाश्त न हो, चिड़चिड़ा, तुनुक-मिज़ाज।

third (थ:ड्) *adj.* 1. preceded by two others in a series, तीसरा, तृतीय; third world, तीसरी दुनिया। 2. designating any of the three equal parts of something, एक-तिहाई। *n.* any of the three equal parts, तृतीयांश, तीसरा भाग।

third class (थ:ड्-क्लैस्´/क्लास्´) *adj.* 1. of the class next below the second, तीसरी श्रेणी या तृतीय श्रेणी का। 2. of poor quality, घटिया,

तीसरे दर्जे का।

third degree ***n.*** torture by police to force a confession or information, सत्य या कोई सूचना उगलवाने के लिए पुलिस द्वारा अपराधी को दी जानेवाली यातना।

third party ***n.*** another person or party besides the two principal ones involved, अन्य पक्ष, तृतीय पक्ष।

third person ***n.*** the form of a noun or verb which refers to the person or thing spoken of, अन्य पुरुष।

third-rate (थ:ड्´-रेट्) ***adj.*** third class, घटिया, निम्न कोटि का।

Third World ***n.*** 1. those countries not allied with the Communist or non-Communist blocks, तीसरी दुनिया, तीसरा जगत। 2. the poor countries of the world, संसार के निर्धन देश, तीसरी दुनिया।

thirst (थ:स्ट्) ***n.*** 1. the desire to drink, प्यास, पिपासा। 2. a craving, लालसा, उत्कंठा, पिपासा। ***v.*** (thirst, thirsting) 1. to be thirsty, प्यासा होना। 2. to have a strong desire, उत्कंठा होना, तीव्र लालसा होना।

thirsty (थ:´-स्टी) ***adj.*** (thirstier, thirstiest) 1. feeling thirst, प्यासा। 2. dry, सूखा।

thirteen (थ:-टीन्´) ***adj. & n.*** one more than twelve, तेरह, त्रयोदश।

thirteenth (थ:-टीन्थ्´) ***adj.*** preceded by twelve others, तेरहवाँ।

thirtieth (थ:´-टि-ॲथ्) ***adj.*** preceded by twenty-nine others in a series, तीसवाँ।

thirties (थ:´-टीज़्) ***n.*** (plu.) the numbers, years or degrees of temperature from 30 to 39, 30 से 39 के बीच की अवस्था या संख्या।

thirty (थ:´-टी) ***n.*** the cardinal number between twenty-nine and thirty-one, तीस। ***adj.*** three times ten, तीस।

this (दिस्) ***pron.*** (plu. these) 1. the person or thing present, nearby or just mentioned, यह; This is a book. यह पुस्तक है। 2. the person or thing that is more nearer, यह; This is more beautiful than that. यह उससे अधिक सुंदर है। ***adj.*** (plu. these) 1. designating the person or thing mentioned or understood, यह; I can see this tree more clearly than that. यह पेड़ उससे कहीं अधिक साफ़ दिखाई पड़ रहा है। 2. being nearer than another or compared with another, यह; Of the two this book seems to be better. इन दोनो में से यह पुस्तक अच्छी लग रही है। □ **by this time,** अब तक, इस समय तक; **this day,** आज। ***adv.*** to this extent, इस सीमा तक, इस हद तक, इतना।

thistle (थिस्´-ॲल्) ***n.*** a prickly plant with purple flowers, भटकटैया, ऊँटकटारा।

thistledown (थिस्´-ॲल्-डॉउन्) ***n.*** the down attached to the flower head of a thistle, रोआँ, रोम।

thither (थिद्´-ॲ:) ***adv.*** to or toward that place, उधर। ***adj.*** on that (more distant) side, उधर का, वहाँ का।

thitherto (थिद्´-ॲ:-टू´) ***adv.*** until that time, तब तक।

tholepin (थोल्´-पिन्) ***n.*** a pin (in a boat) to serve as an oarlock, (नाव में) चप्पू की टेक।

thong (थॉङ्ग्) ***n.*** 1. a whip, कोड़ा। 2. a strip or strap, पट्टी।

thorax (थोर्´-ऐक्स्) ***n.*** the part of the body between the neck and the abdomen, छाती, वक्ष, सीना।

thoracic (थॅ-रैस्´-इक्) ***adj.*** of or pertaining to the thorax, वक्षीय।

thorn (थॉ:न्) ***n.*** 1. a sharp pointed protuberance on a plant, काँटा। 2. a shrub or tree bearing such thorns, कँटीली झाड़ी या पेड़। 3. a spine, खाँग, काँटा। 4. one that causes discomfort or pain, काँटा। □ **thorn in the flesh,** निरंतर दुख देनेवाला व्यक्ति या बात।

thorn apple ***n.*** a poisonous plant, धतूरा।

thornless (थॉ:न्´-लिस्) ***adj.*** without thorns, काँटों से रहित, निष्कंटक।

thorny (थॉ:´-नी) ***adj.*** (thornier, thorniest) 1. having thorns, कँटीला। 2. like a thorn, काँटे-जैसा। 3. full of obstacles, काँटों-भरा, कठिनाई-भरा। 4. difficult, कठिन, विकट, पेचीदा।

thorough (थर्´-ओ) *adj.* 1. complete in all respects, सभी दृष्टियों से पूर्ण, परिपूर्ण। 2. exhaustive, विस्तृत, व्यापक, ब्योरेवार। 3. having full mastery, दक्षता-प्राप्त, कुशल। 4. laborious, अध्यवसायी। 5. arduous, श्रमसाध्य।

thoroughbred (थर्´-ओ-ब्रेड्) *adj.* 1. pure-bred (said of a horse), असली, अमिश्रित रक्त। 2. born in a high family, कुलीन।

thoroughfare (थर्´-ओ-फ़ेअॅ:) *n.* a main road, मुख्य मार्ग, आम रास्ता, सार्वजनिक मार्ग। ☐ **No thoroughfare.** (यह) आम रास्ता नहीं।

thoroughgoing (थर्´-ओ-गो-इंग्) *adj.* 1. extremely thorough, अत्यंत परिपूर्ण। 2. complete, पूर्ण, संपूर्ण।

thoroughly (थर्´-ओ-ली) *adv.* in a thorough way, entirely, पूर्ण रूप से, पूर्णतः।

thoroughness (थर्´-ओ-निस्) *n.* the quality or state of being thorough, completeness, पूर्णता, परिपूर्णता।

thorp, thorpe (थॉ:प्) *n.* a village, गाँव।

those (दोज़्) *adj. & pron.* plural form of that, वे, उन।

thou (दाउ) *pron.* old form of you, तू।

though (दो) *conj.* despite the fact that, यद्यपि, भले ही। *adv.* however, तो भी, तथापि, फिर भी। ☐ **as though,** जैसे।

thought[1] (था:ट्) *v.* p.t. & p.p. form of think.

thought[2] *n.* 1. the act or process of thinking, चिंतन, ख़्याल, चिंतन-प्रक्रिया। 2. an idea, opinion or concept, विचार, मत, धारणा। 3. intention, इरादा, ख़याल। 4. expectation, प्रत्याशा, उम्मीद। 5. regard, care, ध्यान, ख़्याल।

thoughtful (था:ट्´-फ़ुल्) *adj.* 1. contemplative, विचारमग्न। 2. well thought-out, सुविचारित। 3. considerate, लिहाज़ी, मुरव्वती, विचारवान।

thoughtfully (था:ट्´-फ़ु-ली) *adv.* in a thoughtful manner, अच्छी तरह विचार करके, विचारपूर्वक।

thoughtless (था:ट्´-लिस्) *adj.* 1. unthinking, विचारहीन, विचारशून्य। 2. inconsiderate, बेमुरव्वत, बेलिहाज़, स्वार्थी। 3. reckless, लापरवाह।

thoughtlessly (था:ट्´-लिस्-ली) *adv.* 1. without thinking, बिना विचारे। 2. recklessly, लापरवाही से।

thoughtlessness (था:ट्´-लिस्-निस्) *n.* the state or quality of being thoughtless, विचारहीनता; बेमुरव्वती; लापरवाही।

thought-provoking (था:ट्´-प्रॅ-वो-किंग्) *adj.* giving rise to serious thought, विचारोत्तेजक।

thought-out (था:ट्-आउट्) *adj.* well-considered, सुविचारित।

thousand (थॉउ´-ज़ॅन्ड्) *adj. & n.* ten hundred, (एक) हजार, सहस्र।

thousandfold (थॉउ´-ज़ॅन्ड्-फ़ोल्ड्) *adj.* 1. having a thousand time as much or as many, हज़ार-गुना। 2. having one thousand parts, हजार हिस्सोंवाला, सहस्रांगी।

thousandth (थॉउ´-ज़ॅन्ड्थ्) *adj.* coming last in the series of a thousand, हज़ारवाँ।

thrall (थ्रा:ल्) *n.* 1. a slave, दास, गुलाम। 2. bondage, दासता।

thraldom (थ्रा:ल्´-डॅम्) *n.* bondage, दासता, गुलामी।

thrash (थ्रैश्) *v.* (thrashed, thrashing) 1. to beat with a whip, कोड़े लगाना। 2. to beat with a stick, बेंत लगाना, डंडे से पीटना। 3. to defeat utterly, पछाड़ देना, परास्त कर देना। 4. to move wildly, बेतहाशा आगे बढ़ना। ☐ **thrash out** (i) गहन विमर्श करना, (ii) विचार-विमर्श द्वारा किसी समस्या को हल करना।

thrashing (थ्रैश्´-इंग्) *n.* 1. flogging, कोड़े की मार। 2. beating, पिटाई। 3. a severe defeat, घोर पराजय।

thread (थ्रैड्) *n.* 1. a thin length of twisted fibres of cotton, silk etc., used in sewing etc., धागा, तागा, सूत; sacred thread, जनेऊ। 2. something compared to this, a continuous element, link, सूत्र, तार, सिलसिला, कड़ी; the thread of the story, कहानी का सूत्र। 3. any fine line or streak, धारी, रेखा, लाइन। 4. the helical ridge on a bolt, nut, screw etc., चूड़ी। ☐ **hang by a thread,** भारी संकट

में होना। *v.* (threaded, threading) 1. to pass thread through (something, किसी चीज़ में) धागा डालना; to thread a needle, सुई में धागा डालना। 2. to string on a thread, धागे में पिरोना। 3. to produce a screw thread, चूड़ी बनाना या काटना। 4. to make one's way through, बीच से रास्ता निकालना।

threadbare (थ्रेड्´-बेअः) *adj.* 1. having the nap so worn off that the threads show through, फटा हुआ, जीर्ण-शीर्ण। 2. wearing old clothing, फटे-पुराने कपड़े पहने हुआ। 3. heckneyed, घिसा-पिटा।

threadworm (थ्रेड्´-वःम्) *n.* a long slender worm, सूत्रकृमि।

threat (थ्रेट्) *n.* 1. an intimidatory remark, धमकी। 2. a possible danger, apprehension, संभावित ख़तरा, डर, खटका, आशंका। 3. a person or thing likely to inflict pain or misery, ख़तरा उत्पन्न करनेवाली बात या व्यक्ति।

threaten (थ्रेट्´-अॅन्) *v.* (threatened, threatening) 1. to intimidate, धमकी देना, धमकाना। 2. to try to influence by threats, डराना। 3. to be a threat to, धमकी के रूप में होना, (किसी बात की) आशंका होना।

threatening (थ्रेट्´-अॅ-निंग्) *adj.* 1. intimidating, धमकानेवाला, धमकी-भरा। 2. indicating evil, अशुभ। 3. filled with apprehension, आशंकित; threatening strike, आशंकित हड़ताल।

three (थ्री) *adj. & n.* 1. one plus two, तीन। 2. something having three parts, त्रयी, त्रिक, त्रि-।

three-cornered (थ्री-कॉः´-नःड्) *adj.* 1. triangular, तिकोना, त्रिकोण। 2. between three parties, तिकोना, त्रिकोणीय; three-cornered contest, तिकोनी लड़ाई, या त्रिकोणीय प्रतियोगिता।

three-dimensional (थ्री-डि-मेंन्´-शॅ-नॅल्) *adj.* having three dimensions, तीन विमाओं वाला, त्रिविम।

threefold (थ्री´-फ़ोल्ड्) *adj.* 1. three times as much or as many, तिगुना। 2. consisting of three parts, त्रिविध।

three-legged (थ्री-लॅग्´-इड्) *adj.* having three legs, त्रिपाद, तिपाया।

three-ply (थ्री´-प्लाइ) *adj.* having three strands or layers, तिलड़ा, तिपरती।

three-quarter (थ्री-क्वॉः´-टः) *adj.* consisting of three quarters of a whole, तीन-चौथाई।

three-score (थ्री-स्कोः´) *n.* sixty, साठ।

threesome (थ्री´-सॅम्) *n.* a group of three persons or things, तिगड्डा, तिकड़ी।

three-wheeler (थ्री´-ह्वी-लॅः) *n.* a vehicle with three wheels, तिपहिया गाड़ी।

threnody (थ्रॅन्´-अॅ-डी) *n.* a song of lamentation, शोकगीत, अलांनी।

thresh (थ्रॅश्) *v.* (threshed, threshing) 1. to separate seeds from the plants by beating, or mechanically, दाँवना, गाहना। 2. to thrash, पिटाई करना।

thresher (थ्रॅश्´-अः) *n.* 1. a person who threshes, दँवाई करनेवाला, गाहनेवाला। 2. a machine for threshing crops, थ्रेशर।

threshold (थ्रॅश्´-होल्ड्) *n.* 1. a doorsill, दहलीज। 2. any doorway or entrance, द्वार, प्रवेशद्वार। 3. the beginning, शुरुआत, प्रारंभ; the threshold of new era, नए युग का प्रारंभ। 4. the (highest) limit, (उच्चतम) सीमा।

threw (थ्रू) *v.* p.t. of 'throw'.

thrice (थ्राइस्) *adv.* three times, तीन बार; thrice as much, तिगुना; thrice blessed, अतिभाग्यशाली; thrice told, घिसा-पिटा।

thrift (थ्रिफ़्ट्) *n.* frugality, किफ़ायत, मितव्ययिता।

thriftiness (थ्रिफ़्´-टि-निस्) *n.* the quality or state of being thrifty, मितव्ययिता, किफ़ायतशारी।

thrifty (थ्रिफ़्´-टी) *adj.* (thriftier, thriftiest) frugal, मितव्ययी, किफ़ायती, किफ़ायतशार।

thrill (थ्रिल्) *v.* (thrilled, thrilling) 1. to feel or experience a sudden sharp feeling of excitement, रोमांचित होना, पुलकित होना। 2. to cause such a feeling, पुलकित या रोमांचित करना। 3. to quiver or cause to quiver, काँपना या कँपाना। *n.* 1. emotional tremor, रोमांच। 2. a wave of feeling, कँपकँपी।

thriller (थ्रिल्´-अ:) *n.* a thrilling or exciting story, रोमांचक कहानी।

thrilling (थ्रिल्´-इंग्) *adj.* causing excitement, रोमांचक, रोमांचकारी, लोमहर्षक।

thrips (थ्रिप्स्) *n.* an insect that is harmful to plants, पौधों को लगनेवाला एक प्रकार का कीड़ा।

thrive (थ्राइव्) *v.* (thrived/throve, thrived/thriven, thriving) 1. to develop, विकसित होना, पनपना। 2. to prosper, समृद्ध होना, उन्नति करना। 3. to be successful, सफल होना।

thriving (थ्राइ´-विंग्) *adj.* characterized by prosperity, फलता-फूलता हुआ, विकासमान, उन्नतिशील।

throat (थ्रोट्) *n.* 1. the front part of the neck, गला, कंठ, हलक। 2. the anterior part of the neck esp. respiratory track, श्वासनली। 3. something resembling in shape or function, गला। □ **cut one's own throat,** अपना गला रेतना, अपनी हानि करना; **jump down someone's throat,** किसी की आलोचना करने को तैयार होना; **ram (or force) down someone's throat,** (अपनी बात) दूसरे के गले मढ़ना; **stick in one's throat,** (दूसरे की) बात गले न उतरना।

throaty (थ्रो´-टी) *adj.* (throatier, throatiest) 1. guttural, कंठ्य। 2. hoarse, भर्राया हुआ।

throb (थ्रॉब्) *v.* (throbbed, throbbing) 1. to pulsate rapidly, धड़कना, धुकधुक करना। 2. to vibrate or sound with rhythmic vibration, स्पंदित होना, धकधक करना। *n.* the act or sound of throbbing, धकधक, धुकधुक, धड़कन।

throe (थ्रो) *n.* a violent pain, तीव्र पीड़ा, वेदना।

throes (थ्रोस्) *n.* (plu.) a condition of violent pangs, घोर पीड़ा, वेदना; throes of childbirth, प्रसव-वेदना। □ **in the throes of,** में फँसा हुआ, से जूझता हुआ।

thrombosis (थ्रॉम्-बो´-सिस्) *n.* the formation of a blood clot within a blood vessel, रक्तनलिका में रक्त का थक्का जमने या रक्त की गाँठ बनने का रोग, रक्त-जमाव।

thrombotic (थ्रॉम्-बॉट्´-इक्) *adj.* of or caused by thrombosis, रक्त-जमाव-संबंधी, रक्त-जमाव-जन्य।

thrombus (थ्रॉम्´-बस्) *n.* a clot formed in thrombosis, रक्त-गाँठ।

throne (थ्रोन्) *n.* 1. the seat of a king or queen, सिंहासन, गद्दी, राजसिंहासन। 2. the royal power, राजसत्ता। □ **come to the throne,** गद्दी पर बैठना, सत्ता प्राप्त करना।

throng (थ्रॉङ्ग्) *n.* multitude, भीड़, भीड़-भाड़, जमावड़ा। *v.* (thronged, thronging) to crowd together in large number, भीड़ लगना या लगाना, भीड़ खड़ी करना।

throttle (थ्रॉट्´-अॅल्) *v.* (throttled, throttling) 1. to compress the throat (of someone, किसी का) गला दबाना, गला नापना। 2. to kill by compressing the throat, गला दबाकर मार डालना, गला घोंटना। 3. to suppress, दबाना, दबा देना। 4. to obstruct the flow of steam (of a engine, इंजन की) भाप के प्रवाह को रोकना। □ **throttle back or down** (i) भाप के प्रवाह को रोकना, (ii) फलतः इंजन की गति कम करना। *n.* 1. valve controlling the flow of an engine's steam, भाप के प्रवाह को रोकने का वाल्व। 2. a throat, गला।

through (थ्रू) *prep.* 1. in at one side or point and out at another, के आर-पार, में से होकर; a path through the village, गाँव में से होकर जानेवाला रास्ता। 2. in the midst, के बीच। 3. by way of, के रास्ते, से होकर। 4. be the means of, के द्वारा; I got this news through the paper, मुझे अख़बार से यह ख़बर मिली। 5. because of, के कारण, की वजह से; You have failed through your negligence, तुम अपनी लापरवाही के कारण अनुत्तीर्ण हुए हो। 6. during the entire period of, up to and including, से लेकर ... तक; Monday to Saturday, सोमवार से लेकर शनिवार तक। 7. from the beginning to the end, के शुरू से अंत तक। *adv.* 1. from one end or side to the another, इस किनारे से उस किनारे तक, आर-पार। 2. from beginning to the end, आरंभ से अंत तक, आद्योपांत। 3. out into the

open, खुले में। 4. directly, सीधे, सीधा। □ **through and through,** पूरी तरह से, पूर्ण रूप से, पूर्णत: । *adj.* 1. admitting continuous passage, सीधा; a through road, सीधी सड़क। 2. passing one end to another, (बिना बीच में रुके) सीधा जानेवाला; through train, सीधी गाड़ी। 3. finished, समाप्त।

throughtout (थ्रू-ऑउट्´) *adv.* 1. every where, सब जगह, हर जगह; The house was searched throughtout, घर का कोना-कोना या चप्पा-चप्पा छान डाला गया। 2. during the entire duration, पूरी अवधि में, सदा; He was a socialist throughout, वह सदा समाजवादी (ही) रहा। *prep.* 1. all the way through, के प्रत्येक भाग में; throughout the world, दुनिया के प्रत्येक भाग में, सारी दुनिया में। 2. in or during the very period, के पूरे समय में, -भर; through the night, रात-भर, पूरी रात।

through way (थ्रू-वे़´) *n.* an express way, (तेज गाड़ियों के लिए) धुर मार्ग।

throve (थ्रोव्) *v.* p.t. of thrive.

throw (थ्रो) *v.* (threw, thrown, throwing) 1. to cast through the air (something) with a swift motion of the arm, to fling or hurl, फेंकना, क्षेपण करना। 2. to cause to fall, गिराना, पटकना; He threw his opponent, उसने अपने विरोधी को गिरा या पटक दिया; The horse threw his rider, घोड़े ने सवार को गिरा दिया। 3. to put off hastily, उतार फेंकना। 4. to exert or move, ज़ोर लगाना या डालना, घुमाना, फेरना; He threw his head back, उसने अपना सिर पीछे किया। 5. to abandon, छोड़ देना, त्याग देना। 6. to project or send forth, डालना; Sun threw long shadows, सूर्य ने लंबी छाया डाली। 7. to make oneself dependent, (पर) आधारित करना, (के) ऊपर छोड़ना; He threw himself on the mercy of court, उसने अपने को कचहरी की दया पर छोड़ दिया। 8. to shape on a potter's wheel, (कुम्हार का) चाक पर (कोई चीज़) बनाना या गढ़ना। 9. to move (a switch or lever), चलाना। 10. to bring forth or give birth to, पैदा करना, उत्पन्न करना, बच्चा देना। 11. to play (a card, पत्ता) चलना, खेलना, फेंकना। 12. to deliver (a punch, मुक्का) मारना, लगाना। 13. to twist (into thread, धागा) बटना। □ **throw a fit** (i) मूर्च्छित हो जाना, (ii) आपे से बाहर हो जाना; **throw a party,** पार्टी देना; **throw away,** फेंक देना; **throw cold water on,** हतोत्साहित करना; **throw down the gauntlet,** चुनौती देना, ललकारना; **throw dust into the eyes (of others,** दूसरों की) आँखों में धूल झोंकना; **throw oneself at,** (किसी को मुग्ध करने के लिए) सक्रिय हो उठना; **throw oneself into,** किसी काम में जुट जाना; **throw open,** पूरा या चौपट खोल देना; **throw out,** फेंकना, डालना, निकाल देना; **throw over,** छोड़ देना; **throw up,** (i) कै करना, (ii) सहसा ऊँचा करना; (iii) छोड़ देना। *n.* 1. the act of throwing, क्षेपण, फेंकना। 2. a chance, अवसर। 3. a try, कोशिश, प्रयत्न। 4. the distance something is thrown, दूरी, परास।

throwaway (थ्रो´-अ-वे़) *n.* 1. a handbill, परचा। 2. anything that can be thrown away after use, फेंकने योग्य वस्तु।

throwback (थ्रो´-बैक्) *n.* a reversion to an earlier type or stage, परावर्तन।

throw-in (थ्रो´-इन्) *n.* (in foot ball) the act of throwing the ball into play after it has gone out of the field, थ्रोइन।

thru (थ्रू) *prep., adj.* = through.

thrum (थ्रम्) *v.* (thrummed, thrumming) 1. to play (a stringed instrument) idly, तुनतुन करना, तुनतुनाना। 2. to play, बजाना।

thrush (थ्रश्) *n.* 1. a singing bird, एक गानेवाली चिड़िया। 2. a disease of mouth, मुखपाक।

thrust (थ्रस्ट्) *v.* (thrust, thrusting) 1. to push forcibly, धक्का देना, धकेलना, धकियाना। 2. to pierce or stab, भोंकना, घुसेड़ना। 3. to impose, थोपना, गले मढ़ना, ज़बरदस्ती लाद देना; This candidate is being thrust upon us. यह प्रत्याशी हम पर थोपा या लादा जा रहा है। 4. to extend, बढ़ाना। *n.* 1. the act of thrusting, धकेलने की क्रिया या भाव। 2. a sudden forceful push, धक्का। 3. a stab (with a weapon, छुरे आदि का) प्रहार। 4. pressure,

दबाव। 5. the general tendency, सामान्य रुझान।

thud (थड्) *n.* 1. a dull heavy sound, धम, धड़ाम। 2. a blow or fall which produces such a sound, आघात या गिरने की क्रिया जिससे धम शब्द हो। *v.* (thudded, thudding) 1. to make a thud, धम शब्द करना। 2. to fall wih a thud, धड़ाम से गिरना।

thug (थग्) *n.* a cheat or robber, ठग।

thumb (थम्ब्) *n.* 1. the short first digit of the hand, अँगूठा। 2. the part of a glove that covers the thumb, दस्ताने का अँगूठा। □ **all thumbs,** भद्दा, फूहड़; **thumbs down,** अस्वीकृति का संकेत; **thumbs up,** संतुष्टि का संकेत; **under a person's thumb,** किसी के पूर्णत: अधीन। *v.* (thumbed, thumbing) 1. to soil with the thumb, अँगूठे से मैला या गंदा करना। 2. to turn (pages) with the thumb, अँगूठे से (पन्ने) उलटना। □ **thumb a ride,** अँगूठे के इशारे से किसी वाहन को रोककर उस पर सवार होना; **thumb one's nose at,** खिल्ली उड़ाना, हँसी उड़ाना।

thumbnail (थम्´-नेल्) *n.* the nail of the thumb, अँगूठे का नाख़ून।

thumbnail sketch *n.* a brief description (of something, किसी चीज़ का) संक्षिप्त विवरण।

thump (थम्प्) *v.* (thumped, thumping) 1. to strike or beat so as to cause a dull sound, थपथप करना, थपथपाना। 2. to pound, पीटना। *n.* 1. a blow or knock, आघात। 2. the sound made by a blow, थपथप, थपथपाहट।

thumping (थम्´-पिंग्) *adj.* large or huge, excessive, बहुत बड़ा, भारी; thumping victory, भारी जीत, ज़बरदस्त जीत।

thunder (थन्´-डॅ:) *n.* 1. the sound that follows a flash of lightning, गरज, गड़गड़ाहट, गर्जन, मेघनाद। 2. any similar noise, गड़गड़ाहट; thunders of applause, तालियों की गड़गड़ाहट। 3. a loud utterance or threat, गर्जन। □ **thunder and lightning,** रंग-बिरंगा, रंगारंग। *v.* (thundered, thundering) 1. to produce or make a noise like thunder, गरजना, गर्जन करना। 2. to utter loudly, गरजना।

thunderbolt (थन्´-डॅ:-बोल्ट्) *n.* 1. a stone like mass hurled on earth in the lightning flash, गाज, वज्र। 2. something very startling as well as destructive, वज्रपात; This news was a thunderbolt to all of us. यह समाचार हम पर वज्रपात था/यह समाचार गाज के रूप में हम पर गिरा।

thunderclap (थन्´-डॅ:-क्लैप्) *n.* a clap of thunder, बिजली की कड़क।

thundercloud (थन्´-डॅ:-क्लॉउड्) *n.* a cloud producing thunder and lightning, गर्जन-मेघ।

thundering (थन्´-डॅ-रिंग्) *adj.* very great or excessive, बहुत बड़ा या बहुत अधिक; thundering idiot, बहुत बड़ा या भारी मूर्ख।

thunderous (थन्´-डॅ-रॅस्) *adj.* producing thunder, गरजनेवाला, गर्जनयुक्त, मेघनादी, गड़गड़ाहट-भरा।

thundershower (थन्´-डॅ:-शाउ-अॅ:) *n.* shower accompanied by lightning and thunder, गरज के साथ वर्षा, तड़ितवर्षा।

thunderstorm (थन्´-डॅ:-स्टॉ:म्) *n.* a storm accompanied by lightning and thunder, तूफान, तड़ित-झंझा।

thunderstruck (थन्´-डॅ:-स्ट्रक्) *adj.* greatly astonished, अत्यंत चकित, हतबुद्धि, हक्का-बक्का।

Thursday (थ:ज़्´-डे) *n.* the day of the week following Wednesday, गुरुवार, बृहस्पतिवार, बीफे।

thus (दस्) *adv.* 1. in this way, इस प्रकार, इस तरह। 2. therefore, इसलिए, अत:। 3. to this extent, इस सीमा तक। □ **thus far,** यहाँ तक।

thwack (थ्वैक्) *v.* (thwacked, thwacking) to beat (with something flat, किसी चपटी चीज़ से) मारना। *n.* a blow with something flat, (चपटी चीज से किया हुआ) प्रहार।

thwart (थ्वॉ:ट्) *v.* (thwarted, thwarting) 1. to prevent, रोकना, रोक देना। 2. to oppose successfully, निष्फल कर देना, विफल कर देना। *n.* an oarsman seat lying across a boat, नाव के मल्लाह की बैठकर चप्पू चलाने की

जगह। *adj.* lying across, आड़ा, तिरछा। *adv.* across, आड़े, तिरछे।

thy (दाइ) *adj.* of or belonging to thee, तेरा।

thyme (थाइम्) *n.* a plant and its fragrant seeds, अजवायन।

thymol (थाइ´-मॉल्) *n.* the oil of thyme, अजवायन का सत।

thymus (थाइ´-मॅस्) *n.* a glandular organ near the base of the neck, गरदन के पास की एक ग्रंथि, थाइमस।

thyroid (थाइ´-रॉइड्) *n.* a gland at the front of the neck, टेंटुआ, अवटुग्रंथि। (यह ग्रंथि ऐसे हारमोन को उत्पन्न करती है जो शरीर के विकास को नियंत्रित करता है)।

thyroxine (थाइ-रॉक्´-सीन्) *n.* a harmone secreted by the thyroid gland, एक प्रकार का हारमोन या अंतःस्राव।

thyself (दाइ´-सॅल्फ़्) *pron.* the reflexive form of thou (or thee), तू खुद, तू स्वयं।

tiara (टि-ऐर्´-अॅ) *n.* a woman's bejewelled crownlike headdress, स्त्रियों के पहनने की श्रृंगार पट्टी या जड़ाऊ मुकुट।

tibia (टिब्´-इ-अॅ) *n.* the shinbone, टाँग की मोटी नली, अंतर्जंघिका नली।

tic (टिक्) *n.* twitching of the muscles, मांसपेशियों का संकुचन।

tick[1] (टिक्) *n.* a small blood sucking insect, किलनी, चिचड़ा।

tick[2] *n.* 1. a regularly repeated clicking sound of a watch, घड़ी की टिकटिक। 2. a mark used to check an item on a list, सही का सूचक चिह्न (✓)। □ **on the tick of the clock,** घंटा बजते ही। *v.* (ticked, ticking) 1. to make a series of ticks, टिकटिक करना। 2. to mark with a tick, सही का निशान लगाना। □ **tick off** (i) सही का निशान लगाना, (ii) गुस्सा करना, डाँटना।

tick[3] *n.* the case of pillow, mattress etc., खोल, खोली, गिलाफ़।

tick[4] *n.* credit, ऋण। □ **on tick,** ऋण पर, उधार।

ticker (टिक्´-अॅः) 1. a watch, घड़ी। 2. the heart, दिल, हृदय। 3. a printer, टेलिप्रिंटर।

ticket (टिक्´-इट्) *n.* 1. a paper slip or card that entitles the holder to a certain right, टिकट। 2. a label, लेबल। 3. the list of candidates nominated by a particular party at an election, टिकट। *v.* (ticketed, ticketing) to put a label (on an article, किसी वस्तु पर) लेबल चिपकाना।

ticket checker *n.* one who checks tickets, टिकट जाँचकर्ता, टिकट-परीक्षक।

ticket collector *n.* one who collects tickets from the passengers, टिकट-संग्राहक, टिकट-कलैक्टर।

ticket-window (टिक्-इट्-विन्´-डो) *n.* a window where tickets are issued, टिकट-खिड़की।

ticking (टिक्´-इंग्) *n.* a strong fabric usually for pillows and mattress covers, खोल का कपड़ा।

tickle (टिक्´-अॅल्) *v.* (tickled, tickling) 1. to touch or stroke lightly so as to produce laughter, गुदगुदी करना, गुदगुदाना। 2. to delight, ख़ुश करना, बहलाना। 3. to excite, उत्तेजित करना, छेड़ना। □ **tickled to death,** गुदगुदी से लोटपोट हो जाना। *n.* 1. tickling sensation, गुदगुदी। 2. prickling sensation, चुनचुनी, झुनझुनी।

tickler (टिक्´-लॅः) *n.* 1. a person or thing that tickles, गुदगुदानेवाला या चुनचुनी पैदा करनेवाला। 2. a difficult problem, कठिन समस्या, पहेली।

ticklish (टिक्´-लिश्) *adj.* 1. sensitive to tickling, जिसे बहुत गुदगुदी होती हो। 2. delicate or difficult, नाज़ुक या कठिन।

ticktock (टिक्´-टॉक्) *n.* the ticking sound of a clock, टिकटिक।

tidal (टाइ´-डॅल्) *adj.* of or relating to tides, ज्वार-संबंधी; tidal current, ज्वारीय तरंग; tidal waters, ज्वारीय-जल; tidal wave, ज्वारीय तरंग, उत्ताल तरंग।

tidbit (टिड्´-बिट्) *n.* 1. a choice morsel of food, कौर-भर खाने की कोई मज़ेदार या स्वादिष्ट वस्तु। 2. a choice bit of gossip, मज़ेदार चुटकुला। 3. a choice bit of information, मज़ेदार सूचनांश।

tide (टाइड्) *n.* 1. the alternate rise and fall in the level of the sea, ज्वार-भाटा; high tide, ज्वार, low tide, भाटा। 2. water as moved by this, ज्वार-भाटे के कारण समुद्र के जल में होनेवाला घटाव-बढ़ाव। 3. a wide spread trend or tendency, व्यापक रुझान, व्यापक मनोदशा। 4. a time or season, समय, ऋतु। *v.* (tided, tiding) 1. to float with the tide, ज्वार-भाटे के साथ-साथ बहना। 2. to rise and fall like the tide, ज्वार-भाटे की तरह बार-बार ऊपर उठना और नीचे गिरना।

tidemark (टाइड्´-मा:क्) *n.* a high-water mark left by tidal water, ज्वार-चिह्न।

tideland (टाइड्´-लैन्ड्) *n.* the land that is submerged at high tide, ज्वार-भूमि।

tidewater (टाइड्´-वा:-टॅ:) *n.* water that flows on to the land at high tide, ज्वारजल।

tidily (टाइ´-डि-ली) *adv.* neatly. साफ़-सुथरे ढंग से, स्वच्छता से।

tidiness (टाइ´-डि-निस्) *n.* the quality or state of being tidy. साफ़-सुथरापन, स्वच्छता।

tidings (टाइ´-डिंग्स्) *n.* (plu.) news, समाचार।

tidy (टाइ´-डी) *adj.* (tidier, tidiest) 1. neat, साफ़-सुथरा, स्वच्छ। 2. fairly large, अच्छा-खासा, काफ़ी बड़ा, पर्याप्त। 3. orderly, व्यवस्थित। *v.* (tidied, tidying) 1. to make tidy, स्वच्छ बनाना। 2. to put in order, व्यवस्थित बनाना। *n.* 1. piece of fancywork used to protect the back and arms of a chair, आवरण। 2. a container to retain rubbish, कूड़ेदान

tie (टाइ) *v.* (tied, tying) 1. to fasten with a cord, rope etc., डोरी, रस्सी, फ़ीते आदि से कसना या बाँधना। 2. to form a knot or bow, गाँठ लगाना, कमान बाँधना। 3. to bring together, संयुक्त करना, जोड़ना। 4. to equal (an opponent or his score) in a contest, (खेल, प्रतियोगिता में) बराबर-बराबर होना। 5. to restrict, रोकना। □ **tie down,** बाँधकर रखना, बंधन में रखना; **tie in,** जुड़ना; **tie up** (i) कसकर बाँधना, (ii) रोकना, (iii) व्यस्त रहना। *n.* 1. a cord, rope etc. used for fastening, बाँधने की डोरी, रस्सी, फ़ीता आदि। 2. a necktie, नकटाई। 3. something that unites, link, बाँधनेवाली चीज़, कड़ी। 4. a restriction, बंधन। 5. relation, संबंध। 6. equality of score, खेल में बराबरी, टाई। 7. a curve line that joins to musical notes, संगीत में दो स्वरों को एकबद्ध करनेवाला चिह्न। 8. a sleeper, स्लीपर (रेल का)।

tie breaker (टाइ´-ब्रेक्-अॅ:) *n.* a game to decide a winner when teams have tied, टाइब्रेकर, निर्णायक खेल या बाज़ी।

tied (टाइड्) *adj.* 1. fastened, बँधा हुआ, बद्ध। 2. equal to opponent's result in a competition, बद्ध, बराबर; tied match, बद्ध मैच।

tie-in (टाइ´-इन्) *n.* 1. something that ties or connects, बाँधने या जोड़नेवाली चीज़। 2. a close connection, गहरा संबंध। 3. a link, कड़ी।

tiepin (टाइ´-पिन्) *n.* an ornamental pin used to hold the ends of a tie, टाई का पिन।

tier (टिअॅ:) *n.* one of the series of rows or layers placed one above another, ऊपर-नीचे की सीटों या कतारों में से कोई एक।

tie-up (टाइ´-अप्) *n.* 1. collaboration of two or more groups, companies etc., गठबँधन, गठजोड़। 2. stoppage caused by jamming, यातायात का रुकना, रुकावट।

tiff (टिफ़्) *n.* a petty quarrel, छोटा-मोटा झगड़ा, अनबन। *v.* (tiffed, tiffing) to have a tiff, अनबन या छोटा-मोटा झगड़ा होना।

tiffin (टिफ़्´-इन्) *n.* a light midday meal, दुपहरी नाश्ता, दुपहर का जलपान, टिफ़िन।

tiffin-carrier (टिफ़्´-इन्-कै´-रि-अॅ:) *n.* an appliance for carrying tiffin, टिफ़िन कैरिअर।

tiger (टाइ´-गॅ:) *n.* a large carnivorous wild animal of the cat family, बाघ। [Fem. tigress, बाघिन]

tigerish (टाइ´-ग्रिश्) *adj.* resembling a tiger, बाघ-जैसा।

tight (टाइट्) *adj.* 1. fixed or fastened very firmly in place, कसा हुआ, कसावट-भरा, कड़ा। 2. fitting closely, चुस्त, तंग। 3. of close and compact construction, impreg-

nable, पक्का, दृढ़, रोधी; airtight, वायुरोधी; water tight, जलरोधी। 4. difficult, कठिन; tight situation, कठिन परिस्थिति। 5. strict, दृढ़, सख़्त। 6 . packed to limit, filled, खचाखच, ठसाठस। 7. drunk, नशे में धुत। 8. difficult to obtain, जिसे प्राप्त करना कठिन हो। 9. hardly profitable, जिससे लाभ की संभावना क्षीण हो। 10. too busy, अतिव्यस्त। □ **in a tight corner or spot,** कठिन स्थिति में।

tighten (टाइ´-टॅन्) ***v.*** (tightened, tightening) to make or become tight, कसना या कसा जाना, कसकर बाँधना या बाँधा जाना। □ **tighten one's belt,** किफ़ायतशारी करना।

tightfisted (टाइट्´-फ़िस्-टिड्) ***adj.*** stingy, कंजूस, कृपण।

tight-knit (टाइट्´-निट्) ***adj.*** closely integrated, सुसंघटित।

tight-lipped (टाइट्´-लिप्ड/लिप्ट्) ***adj.*** having the lips closed tight, चुप, चुप्पी साध लेनेवाला।

tightly (टाइट्´-ली) ***adv.*** in a tight manner (i) कस कर, (ii) सख़्ती से।

tightness (टाइट्´-निस्) ***n.*** the quality or state of being tight, कसावट, कसाव; तनाव; तंगी।

tightrope (टाइट्´-रोप्) ***n.*** a rope stretched highly above the ground on which acrobats perform balancing feats, नट का रस्सा।

tights (टाइट्स्) ***n.*** a one piece clinging garment worn by acrobats, dancers etc., कसावटी पोशाक।

tightwad (टाइट्´-वॉड्) ***n.*** a stingy person, कंजूस आदमी।

tigress (टाइ´-ग्रिस्) ***n.*** a she-tiger, बाघिन।

tilde (टिल्´-डॅ) ***n.*** a diacritical mark put over a vowel to indicate nasal sound, टेढ़ू, लहरिल चिह्न, लहरिया।

tile (टाइल्) ***n.*** a thin slab of baked clay or other material used in rows for covering roofs, floors etc., खपड़ा, टाइल। ***v.*** (tiled, tiling) to cover with tiles, टाइलें लगाना या बिछाना।

tiling (टाइ´-लिंग्) ***n.*** 1. the act of one who tiles, टाइलें लगाने या बिछाने का काम। 2. a surface made of tiles, टाइलों की सतह या फ़र्श।

till[1] (टिल्) ***v.*** (tilled, tilling) to prepare the land for raising of crops by ploughing, (खेत) जोतना, हल चलाना।

till[2] ***conj. & prep.*** = until.

till[3] ***n .*** a cash box, गोलक, गल्ला, संदूकची।

tillable (टिल्´-अॅ-बॅल्) ***adj.*** that can be tilled, जोतने-लायक, जोतने-योग्य।

tillage (टिल्´-इज्) ***n.*** 1. the act of tilling, जुताई। 2. the land that has been tilled, जोती हुई भूमि।

tiller[1] (टिल्´-अॅ:) ***n.*** one who tills land, जुताई करनेवाला, किसान, खेतिहर।

tiller[2] ***n.*** a lever used to turn a boat's rudder, गुटका, कर्णदंड।

tilt (टिल्ट्) ***v.*** (tilted, tilting) 1. to slant, एक ओर झुकाना या झुकना। 2. to run or thrust with a lance in jousting, घुड़सवारी में बरछेबाज़ी करना। □ **tilt at,** to criticize, की आलोचना करना। ***n.*** 1. a slope or slant, झुकाव, नति। 2. the act of tilting, झुकाने की क्रिया या भाव। 3. a verbal duel, कहा-सुनी, झगड़ा। □ **at full tilt,** पूरी रफ़्तार से।

tilth (टिल्थ्) ***n.*** 1. the act of tilling, जुताई। 2. the land tilled, जोती हुई ज़मीन।

timbal (टिम्´-बॅल्) ***n.*** a kettledrum, छोटा ढोल, नक़्क़ारा।

timber (टिम्´-बॅ:) ***n.*** 1. wood as a building material, इमारती लकड़ी। 2. trees collectively suitable for timber, इमारती लकड़ी के पेड़। 3. a wooden beam, शहतीर, बल्ली, धरन। ***interj.*** used to warn of a falling tree, पेड़ के गिरने के समय दी जानेवाली चेतावनी, हटो! हटो-बढ़ो!

timbered (टिम्´-बॅ:ड्) 1. constructed of timber, इमारती लकड़ी से बना। 2. covered with timber, इमारती लकड़ी से आच्छादित। 3. covered with trees, वृक्ष-बहुल।

timbering (टिम्´-बॅ-रिंग्) ***n.*** work made of timber, इमारती लकड़ी का काम।

timberline (टिम्´-बॅ:-लाइन्) ***n.*** the line beyond which trees do not grow in a moun-

tainous region, वृक्ष-रेखा।

timbre (टैम्´-बॅं:) *n.* the distinct quality of the sound produced by a particular voice or instrument, ध्वनि-गुण।

timbrel (टिम्´-ब्रॅल्) *n.* a tambourine, डफली, खंजरी।

time (टाइम्) *n.* 1. the continued passage which is divided into past, present and future or stated in hours or minutes, समय, काल, वक्त। 2. duration, अवधि। 3. an occasion or instance, अवसर, बार; first time, पहली बार। 4. a suitable moment, उपयुक्त क्षण, अवसर, समय। 5. season, मौसम। 6. sufficient or spare time, काफ़ी या खाली समय, फ़ुर्सत। 7. the moment when something is to occur, घड़ी, समय। 8. (plu.) an age or era, युग। ☐ **against time,** बहुत तेज़ी से; **ahead of time,** निश्चित समय से पहले; **ahead of the times,** अपने समय से बहुत पहले; **all the time,** हर समय; **at all times,** सदा; **at one time,** एम ज़माने में; **at the same time,** तभी, उसी समय; **at times,** कभी-कभी; **behind time,** विलंबित, लेट; **for the time being,** फ़िलहाल; **from time to time,** बीच-बीच में; **in no time,** तुरंत, जल्दी ही; **in the nick of time,** ठीक समय पर; **in time,** समय पर, यथासमय; **many a time,** अक्सर; **keep time,** समय का पालन करना; **lose time,** समय गँवाना; **on the time,** यथासमय, समय पर; **take time,** उचित समय लगाना; **time and again,** बार-बार। *adj.* of or relating to time, समय-संबंधी; time bomb, टाइम बम। *v.* (timed, timing) 1. to set or arrange the time of, समय निश्चित करना। 2. to measure the time taken by, समय मापना।

time-barred (टाइम्´-बा:ड्) *adj.* barred by time, कालातीत।

time-bound (टाइम्´-बॉउन्ड्) *adj.* confined to specified time, bound of the time, समयबद्ध।

time capsule *n.* a container holding present day items buried for discovery in the future, काल-संपुटिका, समय-संपुटिका।

timecard (टाइम´-का:ड्) *n.* the card on which the workman's hours of work are recorded, समय-कार्ड, समय-पत्रक।

time-consuming (टाइम्´-कँन्-ज़्यू-मिंग्) *adj.* occupying time, समय-खाऊ।

time-honoured (टाइम्´-ऑन्-अँ:ड्) *adj.* honoured because of long tradition, चिरसम्मानित, अतिप्राचीन।

timekeeper (टाइम्´-की-पँ:) *n.* one who records time, समयपाल, टाइमकीपर।

timelag (टाइम्´-लैग्) *n.* interval of time, अंतराल, बीच का (ख़ाली) समय।

timeless (टाइम्´-लिस्) *adj.* 1. endless, eternal, अनंत। 2. unaffected by time, कालातीत, कालजयी।

timelimit (टाइम्-लिम्-इट्) *n.* the limit of time, समय-सीमा।

timely (टाइम्´-ली) *adj.* occurring at just the right time, ठीक समय पर होनेवाला।

time-out (टाइम्´-ऑउट्) *n.* a period of suspended play during a game, वह समय जिसमें खेल रुका रहा हो, खाली समय।

timepiece (टाइम्´-पीस्) *n.* a watch, घड़ी।

timer (टाइ´-मँ:) *n.* a device for recording time, टाइमर, समयांकक।

times (टाइम्ज़्) *prep.* multiplied by, को गुना करने पर; two times six is equal to twelve. छह को दो से गुना करने पर बारह होता है। *n.* used in comparisons, गुना; four times better, चार गुना अच्छा।

timesaving (टाइम्´-से-विंग्) *adj.* that saves time, समय-बचाऊ।

timeserver (टाइम्´-स:-वँ:) *n.* a person who changes his opinion according to his selfish needs, अवसरवादी।

timetable (टाइम्´-टे-बॅल्) *n.* a list showing the times of arrival and departure of trains, buses etc., the subjects to be taught in a class room or the events to take place, टाइमटेबल, समय-सारणी।

timeworn (टाइम्´-व़ो:न्) *adj.* worn by long use, गला-सड़ा, जीर्ण-शीर्ण या फटा-पुराना।

timid (टिम्´-इड्) *adj.* 1. easily frigthened,

भीरु, डरपोक, दब्बू। 2. shy, शर्मीला।

timidity (टि-मिड्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being timid, भीरुता, दब्बूपन; शर्मीलापन।

timidly (टिम्´-इड्-ली) *adv.* in a timid manner, डरते-डरते; लजाते हुए।

timidness (टि-मिड्´-निस्) *n.* timidity, भीरुता, दब्बूपन; शर्मीलापन।

timing (टाइ´-मिंग्) *n.* the way something is timed, समय-निर्धारण।

timorous (टिम्´-अ॒-रॅस्) *adj.* timid, डरपोक, भीरु; शर्मीला।

timorously (टिम्´-अ॒-रॅस्-ली) *adv.* timidly, डरते-डरते; शरमाते हुए।

timothy (टिम्´-अ॒-थी) *n.* a kind of grass used as fodder, एक तरह की घास।

timpani (टिम्´-पॅ-नी) *n.* (plu.) a set of kettle-drums, नक़्क़ारों की जोड़ी, ताशों की जोड़ी।

timpanist (टिम्´-पॅ-निस्ट्) *n.* one who plays on timpani, ताशा बजानेवाला।

tin (टिन्) *n.* 1. a silvery-white metal, राँगा, कलई, टिन। 2. tin plate, टीन की प्लेट। 3. a container of tin, टीन। v. (tinned, tinning) 1. to cover with tin, राँगा चढ़ाना, कलई करना। 2. to pack in tins, टीनों में भरना।

tin plate (टिन्´-प्लेट्) *n.* an iron plate coated with tin, टीन।

tinplate (टिन्´-प्लेट्) *v.* (tinplated, tinplating) to coat with tin, कलई करना।

tincture (टिंक्´-चॅ:) *n.* 1. a medicinal solution, टिंचर। 2. a tint or tinge, आभा, झलक या पुट। *v.* (tinctured, tincturing) to give a tint or tinge to, हलकी आभा देना, हलका रंग करना।

tinder (टिन्´-डॅ:) *n.* 1. dry wood that catches fire easily, सूखी लकड़ी जो जल्दी आग पकड़ती हो। 2. very inflammable thing, जल्दी भड़क उठनेवाली चीज़।

tinderbox (टिन्´-डॅ:-बॉक्स्) *n.* 1. a box containing very inflammable substance, वह डिब्बा जिसमें ज्वलनशील पदार्थ हो। 2. a very touchy person, तुनुकमिज़ाज या चिड़चिड़ा व्यक्ति।

tine (टाइन्) *n.* any of the points of a fork, harrow etc., काँटे, पाटे आदि का कोई नुकीला सिरा।

ting (टिंग्) *n.* sound of a bell, टनटन। *v.* (tinged, tinging) to make or cause to make ting sound, टनटन बजना या बजाना।

tinge (टिंज्) *v.* (tinged, tinging) 1. to colour or tint faintly, हलका रंग करना, हलकी रंगत देना। 2. to give a slight trace to, पुट देना; His voice is tinged with pathos, उसकी आवाज़ में दर्द का पुट था। *n.* 1. a slight tint or colouring, हलकी रंगत। 2. any slight addition, पुट।

tingle (टिंग्´-गॅल्) *v.* (tingled, tingling) 1. to have an itching or prickling sensation in the flesh, झुनझुनी होना, चुभन होना। 2. to cause such sensation, झुनझुनी या चुभन पैदा करना। *n.* itching or prickling sensation, झुनझुनी, चुभन।

tin-god (टिन्´-गॉड्) *n.* 1. a self-important person, दंभी व्यक्ति। 2. a wrong person, ग़लत आदमी।

tinhorn (टिन्´-हॉ:न्) *adj.* 1. unimportant, महत्त्वहीन, नगण्य। 2. cheap, सस्ता, दो कौड़ी का।

tinker (टिंक्´-कॅ:) *n.* 1. a travelling mender of metal household utensils, घूम-फिरकर बर्तनों की मरम्मत करनेवाला, झलाईगर। 2. a clumsy worker, फूहड़ कारीगर। *v.* (tinkered, tinkering) 1. to work as a tinker, झलाईगीरी करना, बर्तनों की मरम्मत करना। 2. to meddle with machine parts, मशीनी पुर्ज़ों से छेड़छाड़ करना, खिलवाड़ करना।

tinkle (टिंक्´-कॅल्) *v.* (tinkled, tinkling) to make a series of small jingling sounds, टुनटुन या टिनटिन करना, टुनटुनाना, टिनटिनाना। *n.* a series of jingling sounds, टनटन, टुनटुन या टिनटिन।

tininess (टाइ´-नि-निस्) *n.* the state or quality of being tiny, अत्यल्पता; नन्हापन।

tinned (टिन्ड्) *adj.* 1. packed in a container, डिब्बाबंद, टीनबंद। 2. plated with tin, कलईदार।

tinning (टिन्´-इंग्) *n.* the act of packing things in containers, टीनबंदी, डिब्बाबंदी।

tinny (टिन्´-ई) *adj.* (tinnier, tinniest) 1. of or resembling tin. टीन-संबंधी। 2. covered with tin, कलईदार। 3. worthless, of poor quility, घटिया, बेकार।

tinplated (टिन्´-प्ले´-टिड्) *adj.* coated with tin, कलई किया हुआ।

tinplating (टिन्´-प्ले´-टिंग्) *n.* coating with tin, कलई करना, कलईगीरी।

tinpot (टिन्´-पॉट्) *adj.* worthless, निरर्थक।

tinsel (टिन्´-सॅल्) *n.* 1. a thread, sheet or strip of metal foil, पन्नी, सिलमा, सितारा आदि। 2. a showy but worthless thing, भड़कीली किंतु बेकार वस्तु, नुमाइशी चीज़।

tinsmith (टिन्´-स्मिथ्) *n.* 1. a worker in tin, टीन के डिब्बे बनानेवाला। 2. a worker in tinplate, कलईगर।

tint (टिंट्) *n.* 1. a shade of a particular colour, किसी रंग का शेड। 2. a tinge, हलका रंग, रंगत, आभा, झलक। 3. a trace, पुट। *v.* (tinted, tinting) to colour or tinge, रंग करना, हलका रंग करना, टिंट करना।

tintinnabulation (टिन्-टि-नैब्-यु-ले´-शॅन्) *n.* the ringing of bells, टनटन, टनटनाहट।

tiny (टाइ´-नी) *adj.* (tinier, tiniest) very small, बहुत छोटा, अत्यल्प, नन्हा।

tip[1] (टिप्) *n.* 1. a narrow or pointed end of something, extremity, नोक, सिरा, छोर। 2. the top or summit, चोटी। ☐ **be on the tip of one's tongue,** मुँह में होना, जीभ पर होना; **tip of the iceberg,** किसी बहुत बड़ी समस्या का ऊपरी अंश, सिरा-भर। *v.* (tipped, tipping) 1. to provide with a tip, सिरा लगाना या बनाना। 2. to remove the tip of, सिरा या नोक हटाना।

tip[2] *v.* (tipped, tipping) 1. to tilt or cause to tilt, झुकना या झुकाना, तिरछा होना या करना; to tip scale, पलड़ा झुका देना। 2. to topple, उलट देना। ☐ **tip up,** एक ओर से उठाना; **tip over,** उलट देना। *n.* a slight tilt, झुकाव, तिरछापन।

tip[3] *v.* (tipped, tipping) to strike gently, हलका आघात करना। *n.* a light blow, हलका आघात।

tip[4] *n.* 1. a small gift of money, बख़्शीश, टिप। 2. a piece of inside or secret information, उपयोगी या महत्त्वपूर्ण सूचना, सुराग, पते की बात या गुप्त सूचना। *v.* (tipped, tipping) to make a small gift of money, बख़्शीश देना। ☐ **tip off** (i) महत्त्वपूर्ण या उपयोगी सूचना देना, सुराग देना, (ii) चेतावनी देना।

tip-off (टिप्´-आ:फ़्) *n.* 1. a hint, संकेत। 2. a warning, चेतावनी।

tipper (टिप्´-अॅ:) *n.* one who tips, बख़्शीश देनेवाला।

tippet (टिप्´-इट्) *n.* a woman's scarf for the shoulders, दुपट्टा या गुलूबंद।

tipple (टिप्´-अॅल्) *v.* (tippled, tippling) to drink wine or whiskey habitually, आदतन मद्यपान करना।

tippler (टिप्´-लॅ:) *n.* one who drinks habitually, आदतन मद्यपान करनेवाला, शराब का आदी।

tipster (टिप्´-स्टॅ:) *n.* one who sells tips on horse racing, घुड़दौड़ संबंधी संकेत देनेवाला।

tipsy (टिप्´-सी) *adj.* (tipsier, tipsiest) slightly drunk, जिसे गुलाबी या हलका नशा हो, जो सरूर में हो।

tiptoe (टिप्´-टो) *v.* (tiptoed, tiptoeing) to walk stealthily on the tips of one toes, चोरी-छिपे पंजों के बल चलना। *n.* the tip of the toe, पंजा। *adv.* on tiptoes, पंजों के बल। *adj.* walking on tiptoes, पंजों के बल चलनेवाला।

tiptop (टिप्´-टॉप्) *n.* the highest point, चोटी, पराकाष्ठा। *adj.* excellent, अत्युत्तम, बढ़िया, उत्कृष्ट।

tirade (टाइ´-रेड्) *n.* abusive outburst, फटकार, डाँट-फटकार।

tire[1] (टाइअॅ:) *v.* (tired, tiring) 1. to make or become tired, थकाना या थकना, थका देना या थक जाना। 2. to become bored, ऊब जाना, ऊब उठना। ☐ **tired of,** ऊबा हुआ।

tire[2] *n.* a covering of wheel's rim, टायर।

tired (टाइअॅ:ड्) *adj.* fatigued, थका हुआ, थका-माँदा, पस्त।

tiredness (टाइअ:ड्´-निस्) *n.* weariness, थकावट, थकान, श्रांति।

tireless (टाइअ:´-लिस्) *adj.* untiring, न थकनेवाला, अथक।

tiresome (टाइअ:´-सॅम्) *adj.* 1. wearisome, थकाऊ। 2. tedious, ऊबाऊ।

tiresomeness (टाइअ:´-सॅम्-निस्) *n.* the quality or state of being tiresome, थकावट, क्लांति।

tissue (टिश्´-ऊ) *n.* 1. a group of cell of animal or plant body that are similar in form or function, ऊतक। 2. tissue paper, टिशू पेपर (जो कागज़ के रूमाल बनाने, साड़ियाँ लपेटने आदि के काम आता है)। 3. a woven cloth, एक तरह का कपड़ा, टिशू। 4. an interwoven series, जाल।

tissue paper *n.* very thin paper, अत्यंत पतला कागज़, टिशू पेपर।

tit[1] (टिट्) *n.* a small bird, चिड़िया। □ **tit for tat,** जैसे को तैसा।

tit[2] *n.* 1. a teat, चूची। 2. a nipple, निप्पल, चूसनी। 3. a young woman, युवा लड़की, युवती।

titan (टाइ´-टॅन्) *n.* 1. a person of gigantic size or strength, अत्यधिक बलवान या भीमकाय व्यक्ति। 2. a person of great importance, महत्त्वपूर्ण व्यक्ति।

titanic (टाइ-टैन्´-इक्) *adj.* 1. gigantic, भीमकाय, विशाल। 2. very important, महत्त्वपूर्ण।

titanium (टाइ-टे´-नि-ॲम्) *n.* a white metallic element, एक श्वेत धात्वीय तत्त्व।

titbit (टिट्´-बिट्) *n.* 1. a tasty morsel, मज़ेदार कौर या निवाला। 2. a bit of interesting gossip, चुटकुला।

tithe (टीथ्) *n.* a tenth part of produce paid (as tax) to support clergy and church, पुरोहित वर्ग को (कर के रूप में) दिया जानेवाला आय का दशम अंश। *v.* (tithed, tithing) to pay a tithe of one's income, दशमांश देना।

titian (टिश्´-ॲन्) *n.* bright golden colour, (बालों का) भूरा रंग। (इतालवी)

titilate (टिट्´-इ-लेट्) *v.* (titilated, titilating) 1. to excite pleasantly, उद्दीप्त या उत्तेजित करना। 2. to tickle, गुदगुदाना या सहलाना।

titilatingly (टिट्´-इ-लेट्-इंग्-ली) *adv.* in a titilating manner, गुदगुदाते या सहलाते हुए।

titilation (टिट्´-इ-ले´-शॅन्) *n.* the act of titilating, उद्दीपन, उत्तेजन, गुदगुदाहट।

titivate (टिट्´-इ-वेट्) *v.* (titivated, titivation) to make up, सजना-सँवरना या सजाना-सँवारना।

titivation (टिट्-इ-वे´-शॅन्) *n.* the act of titivating, सजने या सजाने की क्रिया या भाव, शृंगार।

title (टाइ´-टॅल्) *n.* 1. a descriptive name given to a book, poem, picture etc., शीर्षक, नाम। 2. an appellation, उपाधि; title of honour, मानोपाधि। 3. designation, पदवी, पद। 4. a legal right to ownership, स्वत्वाधिकार। 5. a claim, दावा। *v.* (titled, titling) to give a title to, उपाधि देना।

titled (टाइट्´-ॲल्ड्) *adj.* having a title, उपाधि या पदवीधारी, उपाधिप्राप्त, पदवीप्राप्त।

title deed *n.* a legal document proving a person's title to a property, अधिकार-पत्र।

title page *n.* a page at the beginning of a book giving the title and also the names of the author and publisher, मुखपृष्ठ।

title role *n.* the role of the character after whom the play is named, उस पात्र की भूमिका जिसके नाम पर नाटक काा नामकरण हो, शीर्षक पात्र की भूमिका।

titter (टिट्´-अ:) *v.* (tittered, tittering) to utter a restrained laugh, ठींठीं करना, हींहीं करना। *n.* a restrained laugh, ठींठी, हींही।

tittle (टिट्´-ॲल्) *n.* a particle, कण।

tittle-tattle (टिट्´-ॲल्-टैट्-ॲल्) *v.* tittle-tattled, tittle-tattling) to chat, गपशप करना। *n.* a chat, गपशप।

titular (टिच्´-उ-लॅ:) *adj.* 1. bearing a title, उपाधिधारी। 2. in name only, नाम मात्र का; the titular head of the state, राज्य का नाममात्र का अध्यक्ष। *n.* 1. the bearer of a title, उपाधिधारी व्यक्ति। 2. the bearer of a nominal office, नाममात्र का पदाधिकारी।

tizzy (टिज्´-ई) *n.* 1. a highly excited state of

mind, उत्तेजना। 2. a state of confusion, घबराहट की स्थिति।

to (टू) *prep.* 1. in a direction toward, की तरफ़, दिशा में, को। 2. till, until, तक; from four to six, चार से छह तक; from Monday to Saturday, सोमवार से शनिवार तक। 3. used to mark the indirect object of the verb, को; He told a story to the children. उसने बच्चों को कहानी सुनाई। 4. used to mark the infinitive of a verb; He wanted to go, अंग्रेज़ी में verb के पहले to लगने पर infinitive बनता है। 5. as compared with, की तुलना में, के मुक़ाबले; They won by four goals to one. वे एक के मुक़ाबले चार गोल से जीते। 6. for the purpose of, से; to that end, उस उद्देश्य से। 7. regarding or concerning, के लिए; He is deaf to her pleas. उसकी अनुनय-विनय सुनने के लिए वह तैयार नहीं। 8. in accord with, के अनुसार; not to my liking, मेरी पसंद के अनुसार नहीं। 9. before the hour of, घंटे (घंटा बजने) से पहले; five to four, चार बजने को पाँच मिनट। 10. as against, के बदले; Five mangoes to the rupee, एक रुपए के पाँच आम। *adv.* 1. in a certain direction or position, में; to the North of Delhi, दिल्ली के उत्तर में। 2. at hand, समीप। □ **to and fro,** इधर-उधर, आगे-पीछे।

toad (टोड्) *n.* 1. a froglike animal, मेंडक की जाति का एक जंतु, भेक, टोड। 2. a loathsome person, घिनौना व्यक्ति।

toad-stool (टोड्´-स्टूल्) *n.* a mushroom, कुकुरमुत्ता।

toady (टो´-डी) *n.* a flatterer, ख़ुशामदी व्यक्ति, चाटुकार, चापलूस। *v.* (toadied, toadying) to flatter, खुशामद करना, चाटुकारी करना।

toadyism (टो´-डि-इज़्-ॲम्) *n.* sycophancy, चाटुकारी, चापलूसी।

toast (टोस्ट्) *n.* 1. a slice of toasted bread, डबल रोटी का सेंका हुआ टुकड़ा, टोस्ट। 2. the act of drinking in someone's honour, किसी की मंगल कामना के लिए होनेवाला मद्यपान। □ **propose a toast,** किसी की मंगल कामना के लिए जाम पीना।

toaster (टो´-स्टॅ:) *n.* an electrical device for toasting bread, डबल रोटी सेंकने का बिजली का उपकरण, टोस्टर।

toastmaster (टोस्ट्´-मास्/मैस्-टॅ:) *n.* a person who introduces speakers and proposes toasts at a public dinner etc., टोस्टमास्टर। [Fem. toastmistress]

tobacco (टॅ-बैक्´-ओ) *n.* 1. a plant grown for its leaves used chiefly for smoking, तंबाकू। 2. its leaves dried and prepared for chewing, snuff etc., तंबाकू, खैनी या सुरती।

tobacconist (टॅ-बैक्´-ॲ-निस्ट्) *n.* a seller of cigarettes, cigars etc., सिग्रेट, सिगार आदि बेचनेवाला।

to-be (टु-बी´) *adj.* about to be, जो जल्द ही होने या बनने को हो, होनेवाला; bride-to-be, होनेवाली दुल्हन; the president-to-be, होनेवाला अध्यक्ष।

toboggan (टॅ-बॉग्´-ॲन्) *n.* a light wooden sledge, बर्फ़ पर चलनेवाली गाड़ी, स्लेज।

toccata (टॅ-का´-टॅ) *n.* a musical composition for a piano, प्यानो के लिए एक प्रकार की संगीत रचना।

to-come (टु-कम्´) *adj.* about to come, आनेवाला।

tocsin (टॉक्´-सिन्) *n.* 1. a warning bell, ख़तरे की घंटी। 2. an alarm bell, घंटी बजानेवाली घड़ी, अलार्म घड़ी।

today (टु-डे´) *adv.* 1. on the present day, आज। 2. nowadays, इन-दिनों। *n.* 1. this day, आज का दिन। 2. the present age, वर्तमान युग; the poets of today, आज-कल के कवि।

toddle (टॉड्´-ॲल्) *v.* (toddled, toddling) 1. to walk with short, unsteady steps (as a small child does, नन्हे-मुन्ने की तरह) ठुमक-ठुमककर चलना। 2. to walk, चलना।

toddler (टॉड्´-लॅ:) *n.* a young child who toddles, ठुमक-ठुमककर चलनेवाला, नन्हा-मुन्ना।

toddy (टॉड्´-ई) *n.* a drink consisting of liquor with hot water, एक पेय जो शराब में गर्म पानी मिलाकर तैयार करते हैं।

to-do (टु-डू´) *n.* a stir or commotion, खलबली

या हुल्लड़बाजी।

toe (टो) *n.* 1. any one of the digits of the foot, पैर की कोई उँगली या अँगूठा। 2. the forward part of a shoe or stocking covering the toe, जूते या मोज़े का पंजा। 3. the corresponding part of animals, पंजा, खुर, सुम। □ **be on one's toes,** सतर्क और सन्नद्ध होना; **from top to toe,** सिर से पैर तक; **tread on someone's toes,** किसी को कष्ट देना या अप्रसन्न करना। *v.* (toed, toeing) 1. to touch with the toes, पैर के पंजे से छूना। 2. to kick with the toe, पैर के पंजे से मारना। □ **toe the line,** नियमों का सख़्ती से पालन करना, आदेश मानना।

toenail (टो´-नेल्) *n.* the nail on a toe, पैर की उँगली का नाख़ून।

toff (टाःफ़्) *n.* a well-dressed person, सुवस्त्रधारी, सुवस्त्रधारक।

toffee (टाः-फ़ी) *n.* a sweet candy, टॉफ़ी।

tofu (तो´-फ़ू) *n.* a curd of soyabean, सोयाबीन का दही, सोया-दही।

tog (टॉग्) *v.* (togged, togging) to dress, वस्त्र धारण करना।

toga (टो´-गॅ) *n.* a loose one-piece garment worn by the citizens of ancient Rom, रोमवासियों का प्राचीन पहनावा, लबादा।

together (टु-गॅद्´-अँ:) *adv.* 1. in company, unitedly, साथ मिलकर, एक साथ; We live together. हम एक साथ रहते हैं। 2. jointly, संयुक्त रूप से। 3. in relationship to one another, mutually, आपस में; The books were compared together. पुस्तकों की आपस में तुलना की गई। 4. at one time, simultaneously, एक ही साथ, एक ही समय। 5. in or into agreement, एक मत होकर, एक मत से। 6. continuously, बराबर; He was away for months together, वह बराबर महीनों बाहर रहा। □ **together with,** साथ ही, साथ लेकर; He came together with his wife, वह अपनी पत्नी को साथ लेकर आया।

togetherness (टु-गॅद्´-अँ:-निस्) *n.* 1. feeling of friendliness, मैत्रीभाव, मेल-जोल की भावना। 2. feeling of cooperation, सहयोग की भावना।

toggery (टॉग्´-अॅर्-ई) *n.* 1. a clothing store, परिधान-गृह, परिधानालय। 2. a clothing, पोशाक।

toggle (टॉग्´-अॅल्) *n.* a pin for securing something in place, खूँटी।

togs (टॉग्स्´) *n.* (plu.) clothes, वस्त्र, पोशाक।

toil[1] (टॉइल्) *v.* (toiled, toiling) to work hard and long, मेहनत करना, घोर परिश्रम करना, पसीना बहाना। *n.* laborious effort, कड़ी मेहनत, घोर परिश्रम।

toil[2] *n.* a net, जाल।

toilet (टॉइ´-लिट्) *n.* 1. a place or room for urination and defecation, शौचालय। 2. a dressing table, शृंगारदान। 3. the process of dressing and grooming oneself, प्रसाधन, शृंगार।

toilet paper *n.* a thin paper used for cleansing oneself after defecation, टायलट पेपर।

toiletries (टॉइ´-लि-ट्रीज़्) *n.* (plu.) articles used as cosmetics, शृंगार-सामग्री, प्रसाधन-सामग्री।

toilworn (टॉइल्´-वोःन्) *adj.* worn by toil, कठोर परिश्रम से थका-टूटा हुआ, पस्त।

toke (टोक्) *v.* (toked, toking) to smoke a marijuana cigaratte, नशीला सिग्रेट पीना।

token (टो´-कॅन्) *n.* 1. an indication, sign or representation of something, प्रतीक, संकेत, चिह्न, टोकन; token of love, प्रेम की निशानी। 2. a keepsake, निशानी, स्मृति-चिह्न। 3. a piece of stamped metal as a substitute for currency, टोकन। □ **by the same token,** उसी तरह, वैसे ही। *adj.* 1. done as an indication, सांकेतिक; token strike, सांकेतिक हड़ताल। 2. done as a pledge, वचन या प्रतिज्ञा के रूप में किया जानेवाला; token payment, भुगतान का बयाना।

tokenism (टो´-कॅ-निज़्-अॅम्) *n.* the policy or practice of making only a token effort, हाथ भर लगाने की नीति, हथछुआई।

told (टोल्ड्) *v.* p.t. & p.p. of tell. □ **all told,** कुल मिलाकर; They were ten all told. वे कुल मिलाकर दस थे।

tolerable (टॉल्´-अॅ-रॅ-बॅल्) *adj.* 1. that can be tolerated, सहने-योग्य, सह्य। 2. fairly

good, संतोषजनक, कामचलाऊ।

tolerably (टॉल्´-अॅ-रॅ-बॅ-ली) *adv.* 1. in a tolerable manner, सहन करते हुए। 2. fairly, ठीक ही, संतोषजनक रूप में; tolerably good, अच्छा-ख़ासा।

tolerance (टॉल्´-अॅ-रॅन्स्) *n.* 1. the state or quality of being tolerant, सहनशक्ति, सहनशीलता, सहिष्णुता, बरदाश्त का मादा। 2. the capacity to endure hardship, सहन, धैर्य, सहनशक्ति; tolerance limit, सहन-सीमा।

tolerant (टॉल्´-अॅ-रॅन्ट्) *adj.* having or showing tolerance, सहनशील, सहिष्णु।

tolerate (टॉल्´-अॅ-रेट्) *v.* (tolerated, tolerating) 1. to be able to bear or suffer, सहना, बर्दाश्त करना। 2. to permit, उदारता बरतना, सहिष्णुता बरतना।

toleration (टॉल्-अॅ-रे´-शॅन्) *n.* 1. the capacity to tolerate something undesirable, सहनशक्ति, सहिष्णुता। 2. benevolence, उदारता।

toll[1] (टोल्) *n.* 1. a tax or charge for the use of certain roads, bridges etc., मार्गकर, मार्गशुल्क, चुंगी, राहदारी। 2. the loss or damage caused by a disaster, किसी विपदा से होनेवाली हानि। 3. the number lost in a disaster, दुर्घटना में हत या लापता लोगों की संख्या; The accident took a heavy toll of lives, दुर्घटना में भारी संख्या में लोग मारे गए। *v.* (tolled, tolling) to levy toll, मार्गकर लगाना।

toll[2] *v.* (tolled, tolling) 1. to ring (a bell) slowly and recurrently for announcing a death, किसी की मृत्यु की सूचना देने के लिए बार-बार धीरे-धीरे घंटी बजाना। 2. to sound this way, इस प्रकार घंटी बजना।

tollbooth (टोल्´-बूथ्) *n.* a booth where tolls are paid, शुल्कगृह, चुंगी-घर।

tollbridge (टोल्´-ब्रिज्) *n.* a bridge at which toll is paid, वह पुल जिसपर मार्गकर देना हो, शुल्कपुल।

tollgate (टोल्´-गेट्) *n.* a gate on the bridge where vehicles pay toll, शुल्कद्वार।

tollhouse (टोल्´-हॉउस्) *n.* a tollbooth, शुल्कगृह, चुंगी-घर।

tollman (टोल्´-मॅन्) *n.* one who is authorized to collect tolls, मार्गकर वसूलनेवाला, शुल्क प्राप्तकर्ता

tom (टॉम्) *n.* a male cat, बिल्ला।

tomahawk (टॉम्´-अॅ-हा:क्) *n.* a light axe, छोटी कुल्हाड़ी।

tomato (टॅ-मे´-टो, टॅ-मा´-टो) *n.* 1. plant and its fruit, टमाटर। 2. a pretty girl, सुंदरी।

tomb (टूम्) *n.* 1. a grave for the dead, क़ब्र। 2. a burial monument, मक़बरा। *v.* (tombed, tombing) to bury, दफ़न करना, गाड़ना।

tombola (टॉम´-बाउ-लॅ) *n.* a lottery at a fete, फ़ेट की लॉटरी, मेले की लॉटरी।

tomboy (टॉम्´-बॉइ) *n.* a girl of boyish behaviour, मर्दाना लड़की, चुलबुली या शोख़ लड़की।

tombstone (टूम्´-स्टोन्) *n.* a stone with an engraved inscription about the tomb, क़ब्र पर लगा पत्थर, समाधि-शिला।

tomcat (टॉम्´-कॅट्) *n.* a male cat, नर बिल्ली, बिल्ला।

tome (टोम्) *n.* a large book, भारी-भरकम पोथी, पोथा, बृहत् ग्रंथ।

tomfool (टॉम्-फ़ूल्´) *adj.* foolish, मूर्ख। *n.* a foolish person, मूर्ख व्यक्ति।

tomfoolery (टॉम्-फ़ूल्´-अॅ-री) *n.* 1. a foolish act, मूर्खतापूर्ण आचरण। 2. a foolish idea, बेवक़ूफ़ी की बात।

tommy (टॉम्´-ई) *n.* a soldier, सिपाही।

tommygun (टॉम्´-ई-गॅन्) *n.* a submachine gun, हलकी मशीन गन, टॉमीगन।

tommyrot (टॉम्´-ई-रॉट्) *n.* nonsense, utter nonsense, बेवक़ूफ़ी की बात, बकवास।

tomorrow (टॅ-मॉर्´-ओ) *n.* 1. the day after today, कल। 2. the near future, निकट भविष्य; Who knows what will happen tomorrow? कौन जानता है कि कल (को) क्या होगा? *adv.* on the day after today, कल।

tomtom (टॉम्´-टॉम्) *n.* a kind of drum, एक तरह का ढोल।

ton (टन्) *n.* 1. a unit of weight equal to 1016.06 kilograms, टन। 2. a great quan-

tity, बहुत बड़ी राशि; tons of money, ढेरों रुपया। □ **at a ton,** सौ मील या उससे भी अधिक रफ़्तार से।

tonal (टो´-नॅल्) *adj.* of or relating to tone, स्वर-संबंधी, स्वरपरक, स्वरिक।

tonality (टो-नैल्´-इ-टी) *n.* 1. the tonal quality of a melody, स्वर-संगति। 2. the colour scheme of a picture, रंग-योजना, रंग-पद्धति।

tone (टोन्) *n.* 1. vocal or musical sound, स्वर, सुर, तान। 2. the manner of expression in speaking, अभिव्यक्ति का ढंग, लहजा, ध्वनि। 3. the manner of expression in writing, शैली। 4. the firmness of a living body, स्वास्थ्य, शारीरिक शक्ति। 5. a general quality, सामान्य गुण या प्रवृत्ति; tone of the market, बाज़ार का रुख। *v.* (toned, toning) 1. to give a particular tone to, सुर देना या निकालना। 2. to make firm, दृढ़ बनाना। □ **tone down,** स्वर मंद या धीमा करना; **tone in with,** से मेल खाना; **tone up,** (i) स्वर ऊँचा करना, (ii) स्वस्थ होना।

tone-deaf (टोन्´-डेॅफ़्) *adj.* relatively insensitive to differences in musical pitch, जिसे स्वरों के उतार-चढ़ाव के भेद का पता न चलता हो, तान-बधिर।

toneless (टोन्´-लिस्) *adj.* 1. lacking in tone, स्वरहीन। 2. lacking in expression, अभिव्यक्ति से रहित।

tongs (टाःङ्ग्ज़्) *n.* (plu.) a grasping device of two arms, चिमटी, चिमटा या सड़सी।

tongue (टंग्) *n.* 1. a flesh organ in the mouth, जीभ, ज़बान, जिह्वा। 2. anything resembling a tongue, जीभ। 3. a language, भाषा; mother tongue, मातृभाषा। 4. the quality of utterance, बोलने का ढंग; sharp tongue, तेज़ ज़बान। □ **find one's tongue,** संकोच छोड़कर बोलने लगना; **have a ready tongue,** हाज़िर जवाब होना; **have lost one's tongue,** संकोचवश बोल न पाना; **hold one's tongue,** चुप रहना; **on everyone's tongue,** सबकी ज़बान पर; **on the tip of one's tongue,** मुँह में; **speak with one's tongue in check,** ऊपरी मन से बात करना; **with one's tongue hanging out,** लार टपकाए या प्यास के मारे।

tongued (टंग्ड्) *adj.* 1. having a tongue, ज़बानवाला। 2. having a certain manner of speaking, विशिष्ट ढंग से बोलनेवाला; harsh-tongued, कर्कश स्वरवाला।

tongue-lashing (टंग्´-लैश्-इंग्) *n.* a severe rebuke, कड़ी फटकार, डपट।

tongue-tied (टंग्´-टाइड्) *adj.* speechless, जिसकी बोलती बंद (हो गई) हो, जो बोल या कुछ कह न पा रहा हो, मौन, चुप।

tongue-twister (टंग्´-ट्विस्-टॅः) *adj.* (a word or phrase) difficult to articulate, (शब्द या पद) जिसका उच्चारण कठिन हो, जबड़ा-तोड़।

tonic (टॉन्´-इक्) *adj.* stimulating physical or mental vigour, शक्तिवर्धक, पुष्टिकारक, स्फूर्तिवर्धक। *n.* 1. a drug that stimulates vigour, शक्तिवर्धक या स्फूर्तिवर्धक ओषधि, टानिक। 2. a keynote in music, मूल स्वर।

tonight (टॅ-नाइट्´) *adv.* 1. on this present night or the night following this present day, आज रात। 2. during the night, रात भर, सारी रात। *n.* the present or the coming night, आज की रात।

tonnage (टन्´-इज्) *n.* 1. total weight in tons, टन भार, टन मान। 2. a charge per ton on cargo, प्रति टन भाड़ा। 3. the carrying capacity of a ship in tons, टनों में पोत की धारिता-शक्ति, टन-भार।

tonsil (टॉन्´-सिल्) *n.* one of the two glands near the root of the tongue, गदूद, गलतुंडिका, टांसिल।

tonsillitis (टॉन्-सि-लाइ´-टिस्) *n.* inflammation of the tonsils, गदूद-शोथ।

tonsorial (टॉन्-सोर्´-इ-अॅल्) *adj.* of or relating to a barber or his work, नाई-संबंधी, नापितीय या मुंडन-संबंधी।

tonsure (टॉन्´-शॅः) *n.* the act of shaving the head, मुंडन; tonsure ceremony, मुंडन संस्कार, चौल संस्कार। *v.* (tonsured, tonsuring) to shave the head of, मुंडन करना, मूँड़ना।

tonsured (टॉन्´-शॅःड्) *adj.* having the shaven crown, मुंडित, मूँड़ा हुआ।

tony (टो´-नी) *adj.* (tonier, toniest) high-

class, उच्च कोटि का, उत्तम श्रेणी का।

too (टू) ***adv.*** 1. also, भी; He too had gone. वह भी चला गया है। 2. very, अत्यधिक, बहुत ही; This is too small a car for my family. यह कार मेरे परिवार के लिए बहुत ही छोटी है। □ **all too soon,** बहुत ही जल्दी; **none too soon,** कुछ जल्दी नहीं; **one too many,** उपयुक्त संख्या से एक अधिक; **too much,** आवश्यकता से अधिक, बहुत।

tool (टूल्) ***n.*** 1. an instrument necessary in the practice of a profession or vocation, औज़ार, उपकरण। 2. a means to an end, साधन। 3. one who is manipulated by another, कठपुतली। ***v.*** (tooled, tooling) 1. to shape, form or finish with a tool, औज़ार से बनाना या गढ़ना। 2. to equip with tools, औज़ारों से सज्जित करना। □ **tool up,** किसी कारख़ाने में औज़ारों की पूर्ति करना।

toolbox (टूल्´-बॉक्स्) ***n.*** a chest for tools, औज़ार रखने की पेटी या बक्सा।

toot (टूट्) ***v.*** (tooted, tooting) to sound (a whistle or horn, सीटी या भोंपू) बजाना। ***n.*** 1. the act of tooting, सीटी बजाना, भोंपू बजाना। 2. the sound of a whistle or horn, सीटी या भोंपू की आवाज़।

tooth (टूथ्) ***n.*** 1. one of a set of the hard white bony structures rooted in the gums, दाँत, दंत। 2. a toothlike part or projection, दाँता। 3. a liking for a particular type of food, चाट; He has a sweet tongue. वह मिठाई का चटोरा है। □ **fight tooth and nail,** पूरी शक्ति से लड़ना; **get one's teeth into,** गंभीरता से काम करने लगना; **in the teeth of,** के बावजूद भी।

toothache (टूथ्´-एक्) ***n.*** pain in a tooth, दाँत का दर्द, दंतशूल।

toothbrush (टूथ्´-ब्रश्) ***n.*** a brush for cleaning the teeth, दाँत साफ़ करने का ब्रुश।

toothed (टूथ्ड्) ***adj.*** 1. having teeth, दाँतोंवाला। 2. having toothlike parts, दाँतेदार, दंतुर।

toothless (टूथ्´-लिस्) ***adj.*** without teeth, दंतहीन, बिना दाँतों का।

toothpaste (टूथ्´-पेस्ट्) ***n.*** a paste for cleaning the teeth, दंतपेस्ट, टुथपेस्ट।

toothpick (टूथ्´-पिक्) ***n.*** a small stick for removing bits of food from between the teeth, दंतखोदनी।

toothsome (टूथ्-सॅम्) ***adj.*** 1. delicious, स्वादिष्ट। 2. attractive, आकर्षक।

toothy (टू´-थी) ***adj.*** (toothier, toothiest) having large teeth, बड़े-बड़े दाँतोंवाला, दंतुल, दंतू।

tootsy (टुट्´-सी) ***n.*** a girl friend, (पुरुष की) सहेली, सखी।

top[1] (टॉप्) ***n.*** 1. the highest point or uppermost part of something, चोटी, शिखर, सिरा, ऊपरी तल; the top of the table, मेज़ का ऊपरी तल। 2. a thing serving as an upper piece, lid or covering, ढक्कन या काग; top of the box, बक्से का ढक्कन। 3. the highest rank or position, उच्चतम पद। 4. the most important person, अति महत्त्वपूर्ण व्यक्ति। 5. the loudest or highest pitch, ऊँचा स्वर। 6. the choicest part, अत्युत्तम अंश। 7. the garment covering upper part of the body, वक्षीय वस्त्र। 8. (plu.) **the tops,** very best, अत्यंत श्रेष्ठ। □ **on the top of,** के अतिरिक्त; You have to pay the rent and the house tax on the top of it. तुम्हें किराए के अतिरिक्त गृहकर भी देना होगा; **on top,** ऊपर; **top to bottom,** ऊपर से नीचे तक; **top to toe,** सिर से पैर तक। ***adj.*** situated on, relating to or serving as the top of something, ऊपरी, अत्यंत ऊँचा; topmost, सब से ऊँचा; top-ranking, सबसे ऊँचे पद पर स्थित; top secret, अति गुप्त, परम गुप्त; top soil, ऊपरी मिट्टी। ***v.*** (topped, topping) 1. to reach the top of, सब से ऊपर पहुँचना, शिखर पर पहुँचना। 2. to furnish with top, सिरा बैठाना, ढक्कन लगाना। 3. to serve as top, ऊपरी भाग या ढक्कन होना। 4. to remove the top of, ऊपरी अंश हटाना। 5. to exceed, बढ़ जाना। 6. to surpass, सबसे आगे निकल जाना।

top[2] ***n.*** a toy that spins, a spinning toy, लट्टू। □ **sleep like a top,** घोड़े बेचकर सोना, अत्यंत सुखद नींद में होना।

topaz (टो´-पैज़्) *n.* 1. a yellow sapphire, पुखराज। 2. the yellow colour, पीला रंग।

top brass (टॉप्-ब्रास्´) *n.* senior officers, वरिष्ठ अधिकारीगण।

top-class (टॉप्-क्लास्´/क्लैस्´) *adj.* of highest quality, ऊँचा, श्रेष्ठ, बढ़िया।

topcoat (टॉप्´-कोट्) *n.* a lightweight overcoat, हलका ओवरकोट।

top-dress (टॉप्´-ड्रैस्) *v.* (top-dressed, top-dressing) to scatter fertilizer (over land, जोते हुए खेत के ऊपर) खाद छिड़कना।

top-dressing (टॉप्´-ड्रैस्-इंग्) *n.* 1. the process of scattering fertilizer over land, खाद छिड़कने का कार्य। 2. the substance used for this, इस प्रकार छिड़की जानेवाली वस्तु।

tope (टोप्) *v.* (toped, toping) to consume alcohol in large quantities as a habit, आदतन ढेरों शराब पीना।

toper (टो´-पं:) *n.* a drunkard, पियक्कड़।

topflight (टॉप्-फ़्लाइट्´) *adj.* of excellent quality, अति उत्तम, बहुत बढ़िया।

topheavy (टॉप्´-हेंव्-ई) *adj.* having the top part relatively much heavier than the lower one, जिसका ऊपरी हिस्सा भारी हो फलत: जिसके गिर पड़ने का अंदेशा हो।

topiary (टो´-पि-ॲ-री) *n.* the art of trimming trees, पेड़ों की छँटाई की कला।

topic (टॉप्´-इक्) *n.* 1. a subject treated in a conversation, essay etc., theme, विषय, प्रकरण, प्रसंग। 2. a heading, शीर्षक।

topical (टॉप्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. of or pertaining to the current topics, प्राकरणिक, सामयिक; topical interest, सामयिक रुचि। 2. local, स्थानीय, स्थानिक।

topicality (टॉप्-इ-कैल्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being topical, सामयिकता।

topically (टॉप्´-इ-कॅ-ली) *adv.* in a topical manner, सामयिक रूप से।

topknot (टॉप्´-नॉट्) *n.* a tuft of hair on the top of head, जूड़ा।

topless (टॉप्´-लिस्) *adj.* 1. (of a woman's garment) leaving the breasts bare, (स्त्री का ऊपरी वस्त्र) जिसमें वक्ष खुला रहे। 2. (of a woman) wearing such a garment i.e. bare-breasted, (स्त्री) जिसने उक्त वस्त्र धारण कर रखा हो, नग्नवक्षा, नग्नवक्ष।

topless bar *n.* a bar where bare-breasted waitresses serve, वह मदिरालय जिसमें नग्नवक्ष परिचारिकाएँ हो, नग्नवक्ष मदिरालय।

toplevel (टॉप्´-लेंव्-ॲल्) *adj.* of the highest level, उच्चस्तरीय।

topmost (टॉप्´-मोस्ट्) *adj.* highest, उच्चतम।

topnotch (टॉप्-नॉच्´) *adj.* of highest quality, श्रेष्ठ, सर्वश्रेष्ठ।

topo (टो´-पो) *pref.* place or region, स्थल, स्थान या क्षेत्र।

topographer (टॅ-पॉग्´-रै-फ़:) *n.* one skilled in topography, स्थलाकृति-विशेषज्ञ।

topographical (टॉप्-ॲ-ग्रैफ़्´-इ-कॅल्) *adj.* of topography, स्थलाकृतिक।

topography (टॅ-पॉग्´-रॅ-फ़ी) *n.* 1. detailed description of the physical features of a region, किसी क्षेत्र की भौगोलिक विशेषताओं का विस्तृत विवरण, स्थलाकृति। 2. the art or practice of graphic description, स्थलाकृति-विज्ञान।

topological (टॉप्-ॲ-लॉज्´-इ-कॅल्) *adj.* of topology, संस्थिति-विज्ञान-संबंधी।

topology (टॉप्-ॲ-लॉज्´-ई) *n.* tropological study of a particular region, किसी क्षेत्र का भौगोलिक अध्ययन, संस्थिति-विज्ञान।

toponomy (टॉप्-ॲ-नो´-मी) *n.* etymological study of the place-names, स्थानवाची शब्दों का व्युत्पत्तिपरक अध्ययन, स्थलनाम-विज्ञान।

topper (टॉप्´-ॲ:) *n.* one who is at the top (of the list of successful candidates, सफल परीक्षार्थियों की सूची में) सब से ऊपर, सर्वप्रथम, अव्वल।

topping (टॉप्´-इंग्) *n.* something served on top of a dessert, cake etc., ऊपरी परत। *adj.* excellent, उत्कृष्ट, अत्युत्तम।

topple (टॉप्´-ॲल्) *v.* (toppled, toppling) 1. to fall (as if top-heavy, ऊपरी भाग भारी होने के कारण) गिर पड़ना। 2. to cause to fall, गिराना। 3. to overthrow, पटक देना, (तख़्ता)

पलट देना; The crises toppled the government. यह संकट सरकार को ले डूबा।

top-ranking (टॉप्-रैंक्´-किंग्) *adj.* of the highest rank, उच्च पदस्थ, सर्वोच्च।

topside (टॉप्´-साइड्) *n.* a piece from the upper side of the leg, टाँग के ऊपरी भाग के गोश्त का टुकड़ा।

topsoil (टॉप्´-सॉइल्) *n.* the upper layer of the soil, मिट्टी की ऊपरी परत, उपरि मृदा।

topsy-turvy (टॉप्-सी-टः´-वी) *adv.* 1. upside-down, ऊपर का नीचे। 2. in utter confusion or disorder, घपले में, अस्त-व्यस्त रूप में। *adj.* in a disorder condition, अस्त-व्यस्त, उलटा-पुलटा।

toque (टोक्) *n.* a brimless woman's hat, स्त्रियों के पहनने की टोपी।

tor (टॉः) *n.* a high hill, ऊँची पहाड़ी।

Torah (टो´-रॅ) *n.* the body of Jewish divine knowledge, यहूदियों के दिव्य ज्ञान की पोथी।

torch (टॉःच्) *n.* 1. a burning stick used to give light, मशाल। 2. a portable device for emitting light, टार्च, बैटरी। 3. anything regarded as a source of knowledge or guidance, ज्ञान देने या मार्ग दिखानेवाली चीज़। □ **carry a torch for,** किसी के प्रति अत्यधिक प्रेम होना।

torchbearer (टॉःच्´-बेंअॅर्-अॅः) *n.* 1. one who carries a torch, मशालची। 2. one who leads others, पथप्रदर्शक, नेता, सरदार।

torchlight (टॉःच्´-लाइट्) *n.* the light of a torch, मशाल की रोशनी; torchlight procession, मशालों की रोशनी में निकलनेवाला जलूस, मशाल-जलूस।

tore (टोः) *v.* p.t. of tear.

toreador (टॉर्´-इ-अॅ-डॉः) *n.* a bull-fighter, साँड़ों से भिड़नेवाला योद्धा।

torment (टॉः´-मेंन्ट्) *n.* 1. agony, यंत्रणा, यातना। 2. something causing this, यातना देनेवाला व्यक्ति, उत्पीड़ित करनेवाली वस्तु या बात। *v.* 1. to afflict pain, यातना देना, उत्पीड़ित करना। 2. to harass, परेशान करना, तंग करना।

tormentor (टॉः-मेंन्´-टः) *n.* a tyrant, अत्याचारी, उत्पीड़क।

torn (टोःन्) *v.* p.p. of tear.

tornado (टॉः-ने´-डो) *n.* a violent and destructive whirling wind, चक्रवात, घूर्णवायु।

torpedo (टॉः-पी´-डो) *n.* an underwater missile, पनडुब्बी को नष्ट करने के लिए समुद्र-जल के अंदर छोड़ा जानेवाला क्षेप्यास्त्र, तारपीडो। *v.* (torpedoed, torpedoing) 1. to destroy with a torpedo, तारपीडो से ध्वस्त करना। 2. to wreck or ruin, ध्वस्त या विनष्ट करना।

torpid (टॉः´-पिड्) *adj.* 1. inactive, अक्रिय, अचेष्ट, निश्चेष्ट। 2. sluggish, मंद, सुस्त। 3. inert, जड़।

torpidity (टॉः-पिड्´-इ-टी) *n.* 1. the state or quality of being torpid, निश्चेष्टता। 2. sluggishness, सुस्ती। 3. inertia, जड़ता।

torpidly (टॉः-पिड्´-ली) *adv.* sluggishly, सुस्ती से।

torpor (टॉः´-पॅः) *n.* 1. torpidity, निष्क्रियता। 2. sluggishness, सुस्ती।

torque (टॉःक्) *n.* 1. a force that causes rotation, घूर्णन-बल। 2. a necklace, कंठा, हँसुली।

torrent (टॉर्´-अॅन्ट्) *n.* 1. a turbulent swift flowing stream, तेज़ धारा या प्रवाह। 2. a downpour of rain, मूसलाधार बारिश। 3. a volley or shower, बौछार, झड़ी; a torrent of abuses, गालियों की झड़ी।

torrential (टाः-रॅन्´-शॅल्) *adj.* relating to or resembling a torrent, प्रवाहपूर्ण, वेगपूर्ण; torrential rain, मूसलाधार वर्षा।

torrid (टॉर्´-इड्) *adj.* 1. very dry and hot, शुष्क और गर्म, उष्ण; torrid zone, उष्ण कटिबंध। 2. intense, घोर, उत्कट; torrid love scenes, उत्कट प्रेम-दृश्य।

torridity (टॅ-रिड्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being torrid, उष्णता, उत्कटता।

torridly (टॉर्´-इड्-ली) *adv.* in a torrid manner, उत्कटतापूर्वक।

torridness (टॉर्´-इड्-निस्) *n.* torridity, उष्णता या उत्कटता।

torsion (टॉः-शॅन्) *n.* the act of twisting one end of an object while the other end is held motionless, ऐंठन, विमोटन।

torsional (टॉ:-शॅ-नॅल्) *adj.* pertaining to torrion, विमोटित; torsional fibre, विमोटित तंतु।

torso (टॉ:-सो) *n.* 1. the trunk of a human body, धड़। 2. a statue of human trunk without the head and limbs, मानवमूर्ति का धड़, मुड़कटी प्रतिमा।

tort (टॉ:ट्) *n.* 1. a wrongful act, दुष्कर्म, दुष्कृति, अपकृत्य। 2. a breach of contract, संविदा-भंग।

torte (टॉ:ट्) *n.* a kind of cake, केक।

tortilla (टॉ:-टी´-अॅ) *n.* a kind of thin round cake, एक तरह का पतला गोल केक।

tortious (टॉ:´-शॅस्) *adj.* pertaining to tort, संविदा-भंग-संबंधी।

tortoise (टॉ:´-टॅस्) *n.* a turtle, कछुआ, कच्छप।

tortoise shell *n.* the shell of a turtle, कछुए की खोपड़ी।

tortuous (टॉ:´-चु-अॅस्) *adj.* 1. full of twists and turns, घुमावदार, चक्करदार, टेढ़ा-मेढ़ा। 2. not straightforward, कपटपूर्ण, धूर्ततापूर्ण। 3. complex, जटिल।

torture (टॉ:´-चॅ:) *v.* (tortured, torturing) 1. to punish or coerce by inflicting severe pain, यंत्रणा देना, यातना देना, उत्पीड़ित करना। 2. to give mental anguish to, घोर कष्ट देना, सताना। *n.* physical or mental anguish, यंत्रणा, यातना, वेदना, पीड़ा।

torturer (टा:´-चॅ-रॅ:) *n.* one who tortures, उत्पीड़क, यंत्रणा देनेवाला।

torturous (टा:´-चु-रॅस्) *adj.* 1. inflicting pain, कष्टदायी। 2. of or pertaining to torture, उतेपड़क, उत्पीड़न-संबंधी।

tory (टोर्´-ई) *adj.* conservative, रूढ़िवादी।

Tory *adj.* of the British Conservative Party, ब्रिटेन के अनुदार दल से संबद्ध, टोरी।

toss (टा:स्) *v.* (tossed, tossing) 1. to throw (a coin) in the air, (सिक्का) उछालना, फेंकना। 2. to decide an issue in this way, सिक्का उछालकर (किसी बात का) निर्णय करना। 3. to throw lightly or carelessly, झटकना, हिलाना; He tossed his head. उसने अपने सिर को झटका दिया। 4. to roll about from side to side, हिलना-डुलना, हिचकोले खाना; The ship was tossing in the storm. तूफ़ान में जहाज़ हिचकोले खा रहा था। □ **toss off** (i) झट-पट बना या तैयार कर देना, (ii) गटक जाना। *n.* 1. an act of tossing, फेंकना, उछालना। 2. a rapid lift, उछाल। 3. an abrupt movement, झटका।

tosspot (टा:स्´-पॉट्) *n.* a heavy drinker, drunkard, पियक्कड़।

tossup (टा:स्´-अप्) *n.* 1. the act of tossing a coin, सिक्का-उछाल। 2. an even chance, बराबर का मौका।

tot[1] (टॉट्) *n.* 1. a small child, छोटा बच्चा। 2. a small amount of anything, अल्पमात्रा, अल्प-परिमाण। 3. a small quantity of alcoholic drink, शराब की थोड़ी मात्रा।

tot[2] *v.* (totted, totting) to add, जमा करना, जोड़ना।

total (टो´-टॅल्) *n.* the number or quantity obtained by addition, योग, जोड़, टोटल। *adj.* 1. complete, entire, सकल, कुल, समस्त, सब, समग्र, पूर्ण; total society, समग्र समाज; total victory, पूर्ण विजय; total weight, कुल भार। 2. related to a whole, सर्वव्यापित; total accountability, पूरी या सर्वव्यापित जवाबदेही। *v.* (totalled, totalling) to add up, जोड़ करना या लगाना, टोटल करना।

totalitarian (टो-टैल्-इ-टेंअॅर्´-इ-अॅन्) *adj.* of a form of government in which only one party exercises full control, सर्वाधिकारी, सर्वसत्ताक; totalitarian regime, सर्वाधिकारी राज्य; totalitarian society, सर्वाधिकारी समाज।

totalitarianism (टो-टैल्-इ-टेंअॅर्´-इ-अॅन्-इज़्-अॅम्) *n.* 1. a totalitarian government, सर्वाधिकारी शासन। 2. the doctrine of totalitarian government, सर्वाधिकारवाद, सर्वसत्तावाद।

totality (टो-टैल्´-इ-टी) *n.* 1. the state or quality of being total, सकलता, समग्रता, समष्टि। 2. total amount, कुल रकम। 3. total control, सर्वाधिकारिता।

totalizator (टो´-टॅ-लि-ज़े-टॅ:) *n.* a system of betting in which total amount is distrib-

अ cup कप्, अॅ again अॅगेन्, अें bell बेंल्, आ car कार्, ऑ pot पॉट्, आः caught का:ट्, इ pit पिट्
ई sheep शीप्, उ put पुट, ऊ boot बूट्, ए make मेक्, ऐ cat कैट्, ओ note नोट्

uted among the winners, सर्ववितरण।

totalize (टो´-टॅ-लाइज़्) *v.* (totalized, totalizing) to find the total of, जोड़ लगाना।

totally (टो´-टॅ-ली) *adv.* wholly, पूर्ण रूप से, सरासर, बिल्कुल, सर्वथा; The statement was totally false. वक्तव्य सरासर झूठा था।

tote (टोट्) *v.* (toted, toting) 1. to total, जोड़ करना या लगाना। 2. to carry, ले जाना, ढोना।

tote bag *n.* a large shopping bag, बड़ा थैला, बड़ा झोला।

totem (टो´-टॅम्) *n.* a symbol of a clan, क़बीले का प्रतीक चिह्न, कुलचिह्न।

totemic (टो´-टॅ-मिक्) *adj.* of or pertaining to a totem, कुलचिह्न-संबंधी।

totter (टॉट्´-अॅ:) *v.* (tottered, tottering) to move unsteadily, डगमगाना, लड़खड़ाना। *n.* an unsteady walk, डगमग चाल, लड़खड़ाहट।

tottery (टॉ´-टॅ-री) *adj.* 1. walking unsteadily, लड़खड़ाता या डगमगाता हुआ। 2. unsteady, अस्थिर।

toucan (टू´-कैन्) *n.* a bird with a very large bill, लंबी चोंचवाला एक पक्षी।

touch (टच्) *v.* (touched, touching) 1. to press or push lightly, छूना, स्पर्श करना। 2. to take into the hand or mouth, छूना; He never touches alcohol. वह शराब को कभी नहीं छूता। 3. to paint or draw with light strikes, हलके हाथ से रँगना या चित्रित करना। 4. to meddle with, हाथ लगाना, छेड़छाड़ करना, हटाना-बढ़ाना; No one will touch your books. तुम्हारी पुस्तकों को कोई नहीं छुएगा।5. to commit violence upon, मारना-पीटना, हाथ लगाना; He never touched the boy. उसने कभी बच्चे को हाथ नहीं लगाया। 6. to reach, पहुँचना; His temperature has touched 103°. उसका ताप 103 डिगरी पर पहुँच गया। 7. to be in contact, संबद्ध होना, संबंध रखना; The matter hardly touches us. इस बात का हमसे क्या मतलब। 8. to be equal to, के बराबर होना; He is a good actor but he cannot touch you. वह अच्छा अभिनेता है परंतु तुम से कोसों दूर या पीछे है। 9. to move emotionally, द्रवित होना, पसीजना, प्रभावित होना; His story touched me. उसकी कहानी से मैं पसीज उठा। 10. to treat (a topic) lightly, सरसरी दृष्टि से (किसी विषय के संबंध में) कुछ कहना या चर्चा करना। 11. to persuade, दबाव डालना। ☐ **touch bottom,** निम्न या अधम स्थिति पर पहुँचना; **touch down,** (हवाई जहाज़ का) नीचे उतरना; **touch off,** उत्तेजित या प्रेरित करना; The remark touched off a commotion. टिप्पणी ने हलचल मचा दी; **touch on,** (किसी विषय को) छूना, चर्चा करना; **touch up,** अंतिम रूप देना, सजाना-सँवारना। *n.* 1. the act of touching, स्पर्श, संस्पर्श। 2. the sensation from a specific contact, स्पर्शानुभूति; soft touch of a child, बच्चे का कोमल स्पर्श। 3. contact or communication, संपर्क या बात-चीत; We have no touch with them. हमारा अब उनसे कोई संपर्क नहीं। 4. a manner or style of doing something, काम करने का ढंग। 5. a slight trace, पुट, अल्पमात्रा; touch of cold, हलका-सा जुकाम। ☐ **in touch with,** संपर्क में; Keep me in touch with your activities, मुझसे संपर्क बनाए रखना; **out of touch,** संपर्क विहीन।

touchable (टच्´-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be touched, छूने योग्य, स्पृश्य।

touch-and-go (टच्´-अॅ-बॅल्) *adj.* 1. uncertain, अनिश्चित। 2. visky, जोखिम-भरा।

touche (टू´-शे) *interj.* an acknowledgement of someone's valid accusation, सही आरोप की स्वीकारोक्ति।

touched (टच्ड्) *adj.* 1. emotionally stirred, द्रवित, या विचलित। 2. slightly unbalanced mentally, विक्षिप्त-सा।

touching (टच्´-इंग्) *adj.* capable of stirring emotionally, मार्मिक, हृदयस्पर्शी, करुणाजनक; touching scene, करुणाजनक दृश्य।

touchstone (टच्´-स्टोन्) *n.* 1. a fine-grained stone used to test the purity of gold or silver, कसौटी। 2. a criterion, कसौटी, निकष।

touchwood (टच्´-वुड्) *n.* decayed or rottenwood, सड़ी-गली लकड़ी।

touchy (टच्´-ई) *adj.* (touchier, touchiest) 1. easily offended, तुनुकमिज़ाज, चिड़चिड़ा। 2. very emotional, अतिभावुक। 3. very risky, जोखिम-भरा। 4. sensitive to touch, अतिकोमल, सुकुमार, नाज़ुक।

tough (टफ़्) *adj.* 1. strong but pliant, stiff but flexible, चीमड़, चिमड़ा। 2. hard, कठोर, सख़्त, कड़ा। 3. having a determined will, टस-से-मस न होनेवाला, हठी, जिद्दी; a tough customer, अड़ियल ग्राहक। 4. robust, हष्टपुष्ट। 5. difficult, कठिन, विकट, दुष्कर; tough problem, कठिन समस्या। 6. capable of enduring strain or hardship, सहिष्णु। *n.* a rough and violent person, गुंडा, बदमाश।

toughen (टफ़्´-ॲन्) *v.* (toughened, toughening) to make or become tough, कड़ा बनाना या हो जाना।

toughly (टफ़्´-ली) *adv.* in a tough manner, सख़्ती से।

toughness (टफ़्´-निस्) *n.* the state or quality of being tough, चीमड़पन; कठोरता।

tough-minded (टफ़्´-माइन्-डिड्) *adj.* realistic, यथार्थवादी।

toupee (टू-पे´) *n.* a wig, कृत्रिम केश, नक़ली बाल।

tour (टुॲ:, टू:) *n.* 1. a journey for paying visits or giving performances at many places, टूर, दौरा; tour programme, दौरे का कार्यक्रम। 2. a trip, यात्रा। □ **on tour,** दौरे पर। *v.* (toured, touring) to make a tour of, दौरे पर जाना, दौरा करना, दौरा लगाना।

tour de force (टू:-दि-फ़ो:स्´) *n.* a skillful performance, कौशलपूर्ण प्रदर्शन। (फ्रांसीसी)

tourism (टूर्´-इज़्-ॲम्) *n.* 1. the practice of travelling for recreation, पर्यटन। 2. the guidance or management of tourists, पर्यटक-प्रबंधन।

tourist (टूर्´-इस्ट्) *n.* a person who visits places for pleasure or culture, पर्यटक। *adj.* of or for tourists, पर्यटक-संबंधी; tourist class, पर्यटक-श्रेणी।

tournament (टू:-नॅ-मॅन्ट्) *n.* a competition of skill among a number of players or teams, टूर्नामेंट, खेल-कूद प्रतियोगिता।

tourney (टू:´-नी) *n.* = tournament.

tourniquet (ट:´-नि-किट्) *n.* any device for compressing blood vessel to stop bleeding. धमनी से रक्तस्राव रोकने की पट्टी।

tousle (टॉउ´-ज़ॅल्) *v.* (tousled, tousling) to disarrange (hair etc., बालों को) बिखरा या अस्त-व्यस्त कर देना।

tout (टॉउट्) *v.* (touted, touting) 1. to solicit customers, ग्राहक को खरीदने के लिए कहना। 2. to give tips (about horse-racing, घुड़दौड़ के बारे में) संकेत देना। 3. to spy, जासूसी करना। *n.* 1. one who solicits customers, दलाल। 2. one who gives tips, संकेत देनेवाला। 3. a spy, जासूस।

tow[1] (टो) *v.* (towed, towing) to pull along behind by a chain or rope, रस्सी या चेन के सहारे खींचना या घसीटना, अनुकर्षण करना। *n.* 1. the act of towing, खींचने या घसीटने की क्रिया या भाव। 2. something being towed, खींची जानेवाली वस्तु।

tow[2] *n.* short hemp fibers, सन के छोटे रेशे।

towage (टो´-इज्) *n.* the charge for towing, खींचने की मज़दूरी, खिंचाई, अनुकर्षण-भाड़ा।

toward (टॅ-व:ड्´) *prep.* = towards.

towards (टॅ-व:ड्ज़्´) *prep.* 1. in the direction of, की ओर, की दिशा में, को। 2. with relation to, के प्रति; an attitude towards life, जीवन के प्रति दृष्टिकोण। 3. in a position facing, के सामने, की तरफ़; Her back was towards me. उसकी पीठ मेरी तरफ़ थी। 4. somewhat before in time, से कुछ पहले; towards the end of the afternoon, शाम से कुछ पहले। 5. near, के आस-पास, के समीप। 6. as a contribution to, के अंश के रूप में; The proceeds will go towards relief fund. यह रुपया राहत कोश में जाएगा।

towel (टॉउ´-ॲल्) *n.* a piece of absorbent cloth for drying oneself or wiping things dry, तौलिया, अंगोछा। *v.* (towelled, towelling) to dry or wipe with a towel, तौलिए से पोंछना, तौलिए से रगड़कर साफ़ करना।

towelling (टॉउ´-ॲ-लिंग्) *n.* a fabric used for

making towels, तौलिए का कपड़ा।

tower (टॉउ´-अ:) *n.* a tall circular structure, मीनार; tower of strength, शक्ति-स्रोत; tower of victory, जय-स्तंभ। *v.* (towered, towering) 1. to be of great height, बहुत ऊँचा होना। 2. to be more eminent than others, दूसरों पर मँडराना या छा जाना।

towering (टॉउ´-अ-रिंग्) *adj.* 1. of imposing height, lofty, बुलंद, उन्नत, ऊँचा। 2. outstanding, प्रमुख, प्रभावशाली। 3. intense, उग्र, प्रचंड।

town (टॉउन्) *n.* 1. a population centre larger than village but smaller than city, छोटा नगर, छोटा शहर, कस्बा, पुर। 2. its inhabitants, नगरवासी, शहरी, पुरवासी। 3. a commercial centre of an area, किसी क्षेत्र का व्यावसायिक केंद्र।

town hall *n.* a hall in a town for public events, टाउन हाल, नगर-भवन।

township (टॉउन्´-शिप्) *n.* a small town, नगरी, बस्ती।

townwards (टॉउन्´-व्:ड्ज़्) *adv.* towards the town, नगर की ओर।

toxemia (टॉक्-सी´-मि-अ) *n.* blood-poisoning, रक्त का विषाक्त हो जाना, विषरक्तता।

toxic (टॉक्-सिक्) *adj.* 1. poisonous, विषैला, विषाक्त। 2. caused by poison, विषजन्य। 3. harmful, हानिकारक, हानिप्रद।

toxicity (टॉक्-सिस्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being toxic, विषैलापन, विषाक्तता।

toxicologist (टॉक्-सि-कॉल्´-अ-जिस्ट्) *n.* a specialist in toxicology, विषविज्ञानी।

toxicology (टॉक्-सि-कॉल्´-अ-जी) *n.* the scientific study of poisons, विषविज्ञान।

toxicomania (टॉक्´-सि-कॅ-मे´-नि-अ) *n.* mania caused by taking poison, विषपानोन्माद।

toxin (टॉक्´-सिन्) *n.* a poisonous substance produced by micro-organisms, जीवविष।

toy (टॉइ) *n.* 1. an object for children to play with, खिलौना। 2. something trifling, तुच्छ वस्तु। 3. something diminutive, छोटे आकार-प्रकार की वस्तु। 4. someone or something to be toyed with, खिलवाड़ की वस्तु। *v.* (toyed, toying) to amuse oneself as if with a toy, खिलवाड़ करना। ☐ **toy with,** से खिलवाड़ करना, गंभीरता से न लेना।

trace[1] (ट्रेस्) *n.* 1. a mark or line left by something or someone that has passed by, लीक, पदचिह्न, निशान। 2. a path that one follows, पथ। 3. a sign or evidence of something, निशान, चिह्न, निशानी। 4. a very small quantity, लेश, अल्पमात्रा, पुट। 5. a track, पथ, पटरी या पगडंडी। 6. something traced or drawn, ख़ाका, रूपरेखा। *v.* (traced, tracing) 1. to sketch, ख़ाका उतारना, रूपरेखा तैयार करना। 2. to copy on transparent paper placed over it or by using carbon paper below, ट्रेस करना, अनुरेखित करना। 3. to imprint or record, छापना या अभिलिखित करना। 4. to follow the footprints, लीक पकड़ना, पदचिह्नों पर चलना। 5. to track down and find, खोज निकालना, पता लगा लेना। ☐ **trace back to,** से संबंध लगाना या जोड़ना।

trace[2] *n.* each of the two side straps by which a horse draws a carriage, जोत, जोतने की रस्सी या पट्टा। ☐ **kick over the traces,** नियंत्रण से बाहर हो जाना।

traceable (ट्रे´-सॅ-बॅल्) *adj.* that can be traced, (i) जिसकी खोज की जा सके, (ii) जिसे ट्रेस या अनुरेखित किया जा सके।

tracer (ट्रे´-स:) *n.* one who traces, (i) खोजी, (ii) अनुरेखक।

tracery (ट्रे´-सॅ-री) *n.* ornamental work of interlacing line, रेखीय अलंकरण।

trachea (ट्रे´-कि-अ) *n.* the windpipe, श्वासनली।

tracheal (ट्रे´-कि-अल्) *adj.* of or relating to a windpipe, श्वासनली-संबंधी।

tracheostomy (ट्रे-कि-ऑस्ट्´-अ-मी) *n.* surgical opening made into the trachea, श्वास-नली में किया जानेवाला छेद।

trachoma (ट्रॅ-को´-मॅ) *n.* a contagious disease of the eyes, रोहा।

tracing (ट्रे´-सिंग्) *n.* the work of a person who traces, (i) खोज, (ii) अनुरेखन; tracing

paper, अनुरेखन-कागज़।

track (ट्रैक्) *n.* 1. a mark or trail left by something that has passed by, लीक, पदचिह्न, निशान। 2. any course or road, पथ, मार्ग। 3. a footpath, पटरी, पगडंडी। 4. a course for racing, धावन-पथ। 5. the parallel rails of a railroad, रेल की पटरी, रेल-पथ। 6. a magnetic tape on which something is recorded, टेप। □ **follow the track,** पीछा करना, लीक पर चलना, खोज में निकलना; **keep track of,** खोज-ख़बर लेते रहना, से संपर्क बनाए रखना; **lose track of,** पथचिह्न न मिल पाना, रास्ते से भटक जाना; **off beaten track,** लीक से हटकर; **off the track,** विषय से हटकर; **on the track of,** लीक या चिह्न के सहारे; **on the wrong track,** ग़लत रास्ते पर, गलत दिशा में; **track down,** खोज निकालना।

trackage (ट्रैक्´-इज्) *n.* total lines of railway track, समस्त रेल-पथ।

tracker (ट्रैक्´-अ:) *n.* a person who tracks, खोजी; tracker dog, खोजी कुत्ता; अपराधियों या विस्फोटकों का पता लगानेवाला कुत्ता।

trackless (ट्रैक्´-लिस्) *adj.* without a track, सड़क या पगडंडी से रहित, पथविहीन।

tracks (ट्रैक्स्) *n.* (plu.) footprints, पदचिह्न। □ **in one's tracks,** वहीं (जहाँ कोई खड़ा हो); **make tracks,** चल देना या पड़ना।

tracksuit (ट्रैक्´-सूट्) *n.* a warm loose fitting suit worn by an athlete during practice, अभ्यास के दौरान धावक द्वारा पहनी जानेवाली ढीली-ढाली पोशाक।

tract[1] (ट्रैक्ट्) *n.* 1. an extended area, भूभाग, इलाका, क्षेत्र। 2. a system of organs along which something passes, अंग-प्रणाली।

tract[2] *n.* a pamphlet of religious or political propaganda, पत्रक, पुस्तिका, निबंधिका।

tractability (ट्रैक्-टॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being tractable, नियंत्रण-क्षमता।

tractable (ट्रैक्´-टॅ-बॅल्) *adj.* controllable, easily handled or managed, सँभाला जा सकने योग्य, वश्य, नियंत्रणीय।

tractate (ट्रैक्´-टेट्) *n.* a treatise, प्रबंध।

traction (ट्रैक्´-शॅन्) *n.* 1. the act of pulling or the state of being pulled, खींचने या खींचने जाने की क्रिया, अवस्था या भाव, कर्षण। 2. grip, पकड़। 3. a steady pull on a limb, अंग-कर्षण, ट्रैक्शन।

traction engine *n.* an engine for drawing heavy loads, कर्षण-इंजन।

tractive (ट्रैक्´-टिव्) *adj.* pulling or drawing, खींचनेवाला, कर्षक।

tractor (ट्रैक्´-टॅ:) *n.* a motor vehicle used to pull farm machinery, ट्रैक्टर।


triumph (ट्राइ´-अॅम्फ़्) *v.* (triumphed, triumphing) 1. to be victorious, विजयी होना। 2. to win, विजय प्राप्त करना। 3. to rejoice over a victory, जीत मनाना, विजयोत्सव मनाना। *n.* 1. victory, विजय, जीत। 2. the joy of victory, जीत की ख़ुशी, विजयानंद।

triumphal (ट्राइ-अम्´-फ़ॅल्) *adj.* of, pertaining to or caused by a triumph, विजय-संबंधी, विजयजन्य; triumphal column, विजयस्तंभ।

triumphant (ट्राइ-अम्´-फ़ॅन्ट्) *adj.* 1. victorious, विजयी। 2. successful, सफल। 3. exultant through triumph, विजय से उत्फुल्ल।

triumvir (ट्राइ-अम्´-विः) *n.* a member of triumvirate, तीन शासकों में से कोई एक, त्रिशासक।

triumvirate (ट्राइ-अम्´-वि-रिट्) *n.* joint rule of three persons, तीन व्यक्तियों का शासन, त्रिशासन।

trivet (ट्रिव्´-इट्) *n.* a three-legged metal stand, धातु की बनी तिपाई।

trivia (ट्रिव्´-इ-अॅ) *n.* (plu.) trivialities, छोटी-मोटी बातें।

trivial (ट्रिव्´-इ-अॅल्) *adj.* 1. ordinary, साधारण, मामूली। 2. of little worth, नगण्य, तुच्छ।

triviality (ट्रिव्-इ-ऐल्´-इ-टी) *n.* 1. the quality or state of being trivial, तुच्छता, नगण्यता। 2. something trivial, तुच्छ वस्तु या बात।

trivium (ट्रिव्´-इ-अॅम्) *n.* a group of three subjects, तीन विषयों का समूह, त्रिविषय पाठयक्रम।

triweekly (ट्राइ-वीक्´-ली) *adj.* appearing or occurring three times in a week, सप्ताह में तीन बार होनेवाला।

troche (ट्रो´-की) *n.* a small medicated tablet, दवा की छोटी गोली।

trochee (ट्रो´-की) *n.* a metrical foot consisting of one long syllable and followed by one short syllable, पद्य का एक चरण जिसमें एक गुरु अक्षर और उसके बाद एक लघु अक्षर होता है।

trod (ट्रॉड्) *v.* p.t. of tread.

trodden (ट्रा´-डॅन्) *v.* p.p. of tread.

troglodyte (ट्रॉग्´-लॅ-डाइट्) *n.* 1. one who used to live in a cave in ancient times, कंदरावासी, गुफावासी। 2. an unsocial person, असामाजिक या असमाजशील व्यक्ति।

troika (ट्रोइ´-कॅ) *n.* a council of three persons, तीन व्यक्तियों की परिषद्, त्रिपरिषद्।

Trojan (ट्रो´-जॅन्) *adj.* of Troy or its people, ट्राय नगर या उसके वासियों से संबद्ध। *n.* 1. a native of Troy, ट्रायवासी। 2. a courageous person, साहसी व्यक्ति। □ **work like a Trojan,** कठोर परिश्रम करना।

troll[1] (ट्रॉल्) *v.* (trolled, trolling) 1. to sing heartily, दिल खोलकर गाना, मस्ती से गाना। 2. to fish with a hook and line, बंसी से मछलियाँ पकड़ना। 3. to ramble, घूमना, भ्रमण करना।

troll[2] *n.* a mischievous creature, दुष्ट प्राणी या दैत्य।

trolley (ट्रॉल्´-ई) *n.* 1. a wheeled vehicle for conveying food or transporting luggage, ट्राली, ठेला। 2. a basket type carriage suspended from an overhead track, ट्रॉली।

trolleyman (ट्रॉल्´-इ-मॅन्) *n.* one who drives a trolley, ट्रॉलीवाला।

trollop (ट्रॉल्´-अॅप्) *n.* a loose woman, छिनाल, कुलटा, वेश्या।

trom-bone (ट्रॉम्-बोन्´) *n.* a brass wind instrument, फूँककर बजाया जानेवाला तुरही की तरह का पीतल का बाजा, पतली तुरही, ट्रामबोन।

trombonist (ट्रॉम्-बो´-निस्ट्) *n.* one who plays

a trombone, ट्रामबोन बजानेवाला, तुरहीवादक।

troop (ट्रूप्) *n.* 1. a group or company of armed soldiers, सशस्त्र सेना की टुकड़ी, जत्था। 2. a unit of Scouts, बालचरों की टोली। 3. a flock of birds or animals, झुंड, गोल। 4. (plu.) armed forces, सशस्त्र सेनाएँ। *v.* (trooped, trooping) 1. to assemble, इकट्ठा होना, एकत्र होना। 2. to move in large number, दल बनाकर चलना, दल बाँधकर चलना।

trope (ट्रोप्) *n.* a figurative language, आलंकारिक भाषा।

trooper (ट्रू´-पॅ:) *n.* 1. a cavalry man, घुड़सवार सैनिक, अश्वारोही सैनिक। 2. a police officer on horseback, घुड़सवार पुलिस अधिकारी। 3. a cavalry horse, फौजी घोड़ा।

trophy (ट्रो´-फ़ी) *n.* 1. a cup or shield given to a winner or winners in a contest, प्रतियोगिता में जीतनेवाले को दिया जानेवाला उपहार, ट्राफ़ी, वैजयंती। 2. something taken in war or hunting, युद्ध, आखेट में मिलनेवाली या हाथ लगनेवाली चीज़, पुरस्कार।

tropic (ट्रॉप्´-इक्) *n.* 1. either of two parallels of latitude, कर्क या मकर रेखा; tropic of cancer, कर्क रेखा; tropic of capricorn, मकर रेखा। 2. ***The tropics,*** (plu.) the region of the earth's surface bounded by these latitudes, उष्ण कटिबंध। *adj.* of or relating to the tropics, उष्ण-कटिबंधीय।

tropical (ट्रॉप्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. of tropics, उष्ण-कटिबंधीय। 2. very hot, अत्यंत गर्म।

tropism (ट्रो´-पिज़्-ॲम्) *n.* the responsive movement of an organism toward an external stimulus, अनुवर्तन।

tropology (ट्रॉप्´-ॲ-लॉ-जी) *n.* rhetorics, अलंकार शास्त्र।

troposphere (ट्रॉप्´-ॲ-स्फ़िॲ:) *n.* the lowest atmospheric layer which extends outward from seven to ten miles from earth's surface, क्षोभमंडल।

trot (ट्रॉट्) *n.* 1. the moderately fast running action of a horse in which diagonally opposite legs come down together, घोड़े की दुलकी चाल। 2. a steady brisk pace, तेज़ चाल। 3. a small child, छोटा बच्चा। *v.* (trotted, trotting) 1. to move or cause to move at a trot, दुलकी चलना या चलाना। 2. to proceed briskly, तेज़ चलना। □ **trot out,** प्रस्तुत करना, पेश करना।

troth (ट्रा:थ्) *n.* 1. truth, सत्य। 2. loyalty, निष्ठा।

trotter (ट्रॉट्´-ॲ:) *n.* 1. a horse that trots, दुलकी चाल चलनेवाला घोड़ा। 2. a pig's foot used as food, सुअर के पैर का मांस।

troubadour (ट्रू´-बॅ-डो:) *n.* a poet-cum-musician, ऐसा व्यक्ति जो कवि भी हो और संगीतज्ञ भी, कवि-संगीतज्ञ।

trouble (ट्रब्´-ॲल्) *n.* 1. difficulty or inconvenience, असुविधा, तकलीफ़, कष्ट, कठिनाई; He got me into trouble. उसने मुझे परेशानी में डाल दिया। 2. mental distress, परेशानी, व्यथा, वेदना। 3. a cause of distress, मुसीबत या कष्ट का कारण, विपत्ति। 4. illness, बीमारी, व्याधि। 5. a state of disorder or unrest, अशांति, गड़बड़ी, उपद्रव, विक्षोभ। 6. faulty functioning of mechanism, body etc., ख़राबी, गड़बड़ी; stomach trouble, पेट की गड़बड़ी। □ **ask for trouble,** विपत्ति को न्योता देना; **be in trouble,** परेशानी में होना; **in trouble,** (i) कठिनाई में; (ii) (कुँआरी लड़की का गर्भवती होने के फलस्वरूप) कष्ट में; **take trouble,** कष्ट उठाना, कष्ट करना। *v.* (troubled, troubling) 1. to stir up or agitate, विक्षुब्ध करना, अशांत बनाना। 2. to bother or perturb, तंग करना, परेशान करना। 3. to become agitated, विक्षुब्ध हो उठना। 4. to make an effort or take pains, प्रयास करना, कष्ट उठाना।

troublefree (ट्रब्´-ॲल्-फ़्री) *adj.* causing no trouble, बिना किसी परेशानी के होने या चलनेवाला, निरापद।

troublemaker (ट्रब´-ॲल्-मे-कॅ:) *n.* one who causes friction between people, झगड़ा लगानेवाला, आग लगानेवाला।

troubleshooter (ट्रब्´-ॲल्-शू-टॅ:) *n.* one who traces the cause of trouble in a machinery

and removes it, मशीन के दोष को पकड़ने तथा उसे ठीक करनेवाला मिस्त्री।

troublesome (ट्रब्´-अॅल्-सॅम्) *adj.* 1. causing trouble, दुख देने या गड़बड़ी उत्पन्न करनेवाला, उपद्रवी, उत्पाती। 2. difficult, कठिन, विकट। 3. turbulent, विक्षुब्ध।

troublous (ट्रब्´-अॅ-लॅस्) *adj.* 1. causing trouble, उपद्रवी, उत्पाती। 2. stormy or agitated, तूफ़ानी या विक्षुब्ध।

trough (ट्रा:फ़्) *n.* 1. a long shallow receptacle for holding water or feed for animals, नाँद, डोडी, कुंड। 2. a depression between two waves or ridges, गर्त। 3. the lowest point of the trade cycle, मंदी, अवसाद-काल।

trounce (ट्राउन्स्) *v.* (trounced, trouncing) 1. to defeat decisively, पछाड़ देना, हरा देना। 2. to thrash, पीटना, पिटाई करना, धुलाई करना।

troupe (ट्रूप्) *n.* a group of actors, a theatrical group, अभिनेताओं या कलाकारों की मंडली।

trouper (ट्रू´-पॅ:) *n.* a member of a troupe, मंडली का सदस्य, अभिनेता या कलाकार।

trouser (ट्राउ´-ज़ॅ:) *adj.* pertaining to trousers, पतलून या पाजामा-संबंधी।

trousers (ट्राउ´-ज़ॅ:ज़्) *n.* (plu.) a two-legged outer garment extending from the waist to the ankles, पाजामा या पतलून।

trousseau (ट्रू´-सो) *n.* (plu. trousseaux, trousseaus) a bride's personal collection of clothing etc., दुल्हन के व्यक्तिगत परिधानों आदि का संग्रह।

trout (ट्राउट्) *n.* (plu. trout, trouts) 1. a fresh water fish, नदी में होनेवाली एक प्रकार की मछली। 2. a prostitute, वेश्या, बदचलन स्त्री।

trowel (ट्राउ´-अॅल्) *n.* 1. a flat hand tool for spreading plaster, करनी, कन्नी। 2. a hand tool for lifting plants, खुरपी।

troy weight *n.* a system of weight for precious metals in which one pound is equal to 12 ounces, ट्राय प्रणाली।

truancy (ट्रू´-अॅन्-सी) an act or habit of playing truant, पलायनशीलता, पलायन-वृत्ति।

truant (ट्रू´-अॅन्ट्) *n.* 1. a boy who is absent without leave from school, पलायनशील बालक। 2. a person who shirks his work or duty, कामचोर। *v.* (truanted, truanting) to play truant, बिना छुट्टी लिए स्कूल या काम पर उपस्थित न होना, पलायन करना।

truant officer *n.* an officer who investigates the causes of absence of students, विद्यार्थियों के अनुपस्थित रहने के कारणों का पता लगानेवाला अधिकारी।

truce (ट्रूस्) *n.* a temporary cessation of hostilities by agreement, अस्थायी शांति-संधि, अस्थायी युद्ध विराम-संधि; truce committee, युद्धविराम समिति; truce line, युद्धविराम-रेखा।

truck[1] (ट्रक्) *n.* 1. a vehicle for moving heavy loads, ट्रक। 2. a handcart, ठेला। *v.* (trucked, trucking) 1. to load on a truck, ट्रक पर लादना। 2. to transport goods on a truck, ट्रक से ढुलाई करना।

truck[2] *v.* (trucked, trucking) to barter, विनिमय करना, आदान-प्रदान करना। *n.* dealings, लेन-देन, व्यवहार। ☐ **have no truck with,** किसी प्रकार का संबंध या वास्ता न रखना।

truckage (ट्रक्´-इज्) *n.* 1. conveyance by truck, ट्रक से माल की ढुलाई। 2. the charges paid for conveyance, भाड़ा।

trucking (ट्रक्´-इंग्) *n.* the transportation of goods by truck, ट्रक से ढुलाई का धंधा।

truckle (ट्रक्´-अॅल्) *v.* (truckled, truckling) to yield meekly, झुक जाना, दब जाना, जी हुज़ूरी करना।

truckler (ट्रक्´-अॅलॅ:) *n.* one who truckles, दब्बू व्यक्ति, जीहुज़ूरिया।

truckload (ट्रक्´-लोड्) *n.* a load that fills a truck, ट्रक-भार।

truculence (ट्रक्´-यु-लॅन्स्) *n.* the state or quality of being truculent, क्रूरता; बर्बरता; उग्रता; आक्रामकता।

truculency (ट्रक्´-यु-लॅन्-सी) *n.* = truculence.

truculent (ट्रक्´-यु-लॅन्ट्) *adj.* 1. cruel, क्रूर। 2. savage, बर्बर। 3. fierce, उग्र। 4. aggressive, आक्रामक।

trudge (ट्रज्) *v.* (trudged, trudging) to walk laboriously, (थकावट के कारण) भारी पैरों से चलना, पैर घसीटते हुए चलना। *n.* a trudging walk, भारी कदमों-वाली चाल।

true (ट्रू) *adj.* 1. consistent with reality, सत्य, सच, सच्चा, असली, वास्तविक; true copy, पक्की नक़ल, सत्य प्रतिलिपि; true heir, वास्तविक अधिकारी; true to one's word, बात का सच्चा। 2. consistent with fact, तथ्य पर आधारित, तथ्यपूर्ण। 3. honest, ईमानदार। 4. loyal, निष्ठावान। 5. exact, परिशुद्ध, सही, यथार्थ। *adv.* 1. truly, सचमुच, सच्चाई से। 2. accurately, सही-सही।

true-blue (ट्रू´-ब्लू) *adj.* highly faithful, वफ़ादार, निष्ठावान, एकनिष्ठ।

trueborn (ट्रू´-बॉ:न्) *adj.* genuinely such by birth, औरस, सही नस्ल का।

truehearted (ट्रू´-हा:´-टिड्) *adj.* loyal, faithful, वफ़ादार, निष्ठावान।

truelove (ट्रू´-लॅव्) *n.* a sweetheart, प्रेयसी।

trueness (ट्रू´-निस्) *n.* the state or quality of being true, सत्यता, सच्चाई।

truffle (ट्रफ़्´-अॅल्) *n.* a type of fungus, कवक, गुच्छी।

trug (ट्रग्) *n.* 1. a basket, टोकरी। 2. a wooden pan, कठौता।

truism (ट्रू´-इज़्-अॅम्) *n.* an undoubted or self-evident truth, सत्यकथन, सच्ची बात।

truly (ट्रू´-ली) *adv.* 1. truthfully, indeed, सचमुच, सत्यतापूर्वक। 2. accurately, सही-सही, ठीक-ठीक। □ **Yours truly,** भवदीय, आप का ही।

trump[1] (ट्रम्प्) *n.* 1. any card from the suit chosen as trumps, रंग का पत्ता, तुरुप। 2. this suit itself, रंग (ताश में)। 3. a decisive move, निर्णायक चाल, अकाट्य युक्ति। *v.* (trumped, trumping) to play a trump card, रंग का पत्ता चलना, तुरुप चलना, रंग के पत्ते से काट देना। □ **trump up,** (बहाना) बनाना।

trump[2] *n.* a trumpet, तुरही।

trump card *n.* a card of the trump suit, रंग का पत्ता, तुरुप।

trumps (ट्रम्प्स्) *n.* (sing.) a suit whose cards are trumps for the duration of the hand, रंग के पत्ते, तुरुप।

trumpery (ट्रम्´-पॅ-री) *adj.* showy but worthless, झूठा, नक़ली। *n.* 1. worthless finery, भड़कीले कपड़े-लत्ते। 2. nonsense, बकवाद।

trumpet (ट्रम्´-पिट्) *n.* a wind instrument, तुरही। *v.* (trumpeted, trumpeting) 1. to blow a trumpet, तुरही बजाना। 2. to make a loud resounding sound, गरजना, चिंघाड़ना।

trumpeter (ट्रम्´-पॅ-टॅ:) *n.* a trumpet player, तुरही बजानेवाला।

trumpeter swan *n.* a swan having a loud cry, तेज़ आवाज़ में कूकनेवाला सारस।

trumpetlike (ट्रम्´-पिट्-लाइक्) *adj.* resembling a trumpet, तुरही-जैसा।

truncate (ट्रंक्´-केट्) *v.* (truncated, truncating) 1. to shorten by cutting off the end, सिरा काटकर छोटा कर देना, रुंडित करना। 2. damaged, विकृत। *adj.* 1. truncated, जिसका सिरा कटा हो, रुंडित। 2. split, divided, खंडित, विच्छेदित।

truncation (ट्रन्-के´-शॅन्) *n.* the act of truncating, सिरा काटना, रुंडण, विच्छेदन।

truncheon (ट्रन्´-चॅन्) *n.* a short stick carried by policemen, सिपाही का डंडा, पुलिसवाला डंडा।

trundle (ट्रन्´-डॅल्) *v.* (trundled, trundling) 1. to roll, लुढ़कना। 2. to cause to roll, लुढ़काना, धकेलना। *n.* 1. a wheel, पहिया। 2. a roller, रोलर। 3. an act of trundling, लुढ़कने या लुढ़काने की क्रिया।

trunk (ट्रंक्) *n.* 1. the main stem of tree, पेड़ का तना। 2. the human or animal body apart from head and limbs, धड़। 3. the long nasal part of an elephant, सूँड़। 4. a large packing case with a hinged lid, संदूक, ट्रंक। 5. (plu.) men's shorts for athletics, जाँघिया या घुटन्ना। *adj.* of a main railway or telephone line, मुख्य, ट्रंक; trunk line, मुख्य मार्ग; trunk road, मुख्य सड़क, राजमार्ग।

trunk call *n.* a long-distance telephone call, ट्रंक काल।

truss (ट्रस्) *n.* 1. a structural framework of beams or bars supporting a roof, bridge etc., कैंची। 2. a belt for supporting hernia in place, हर्निया की पेटी। 3. a cluster of flowers or fruit cluster, फूलों या फलों का गुच्छा। 4. a bundle of straw, पूला। *v.* (trussed, trussing) 1. to tie or bind securely, कसकर बाँधना। 2. to bind the legs and wings of (a chicken) before cooking, भूनने से पहले मुर्गे की टाँगें तथा पंख कसकर बाँधना। 3. to support with a truss, कैंची पर खड़ा करना, कैंची लगाना।

trust (ट्रस्ट्) *n.* 1. the firm belief in the ability, strength or character of someone or something, विश्वास, भरोसा, यक़ीन; on trust, विश्वास पर। 2. reliance on something in the future, hope, आशा, उम्मीद। 3. duty, कर्तव्य। 4. responsibility, उत्तरदायित्व। 5. property legally entrusted to a person or board to be used or cared for in the interest of another, न्यास, ट्रस्ट। 6. something accepted as a responsibility, धरोहर, थाती। 7. a combination of firms (for the purpose of reducing competition, (प्रतियोगिता कम करने के उद्देश्य से गठित) व्यावसायिक गुट या संघटन। □ **sell on trust,** उधार बेचना। *v.* (trusted, trusting) 1. to have trust in, (किसी पर) विश्वास करना या रखना। 2. to treat as reliable, विश्वसनीय समझना। 3. to be confident, विश्वस्त होना। 4. to entrust, सौंपना, जिम्मे करना, सुपुर्द करना। 5. to hope confidently, पूरी आशा करना या रखना। □ **trust to,** विश्वास करना।

trustable (ट्रस्´-टॅ-बॅल्) *adj.* that can be trusted, विश्वसनीय, विश्वस्त।

trustee (ट्रस्´-टी) *n.* a person to whom some property is entrusted for specific purpose, न्यासी, ट्रस्टी।

trusteeship (ट्रस्-टी´-शिप्) *n.* the office or function of a trustee, न्यासिता, ट्रस्टीशिप; trusteeship committee, न्यासिता-समिति।

trustful (ट्रस्ट्´-फ़ुल्) *adj.* full of trust, जिसे (किसी पर) पूरा विश्वास हो, विश्वासी।

trustfully (ट्रस्ट्´-फ़ु-ली) *adv.* in a trustful manner, विश्वासपूर्वक।

trustworthiness (ट्रस्ट्´-व़ः-दि-निस्) *n.* the state or quality of being trustworthy, विश्वसनीयता।

trustworthy (ट्रस्ट्´-व़ः-दी) *adj.* reliable, विश्वसनीय, भरोसे का।

trusty (ट्रस्´-टी) *adj.* (trustier, trustiest) 1. trustworthy, विश्वसनीय, भरोसे का। 2. faithful, व़फ़ादार, निष्ठावान। *n.* a convict who is granted special privileges because of his good character, नेकचलन बंदी।

truth (ट्रूथ्) *n.* 1. the quality of being true, सत्यता, सच्चाई। 2. reality, वास्तविकता। 3. honesty, ईमानदारी। 4. a true statement, सच्ची बात, सत्य कथन।

truthful (ट्रूथ्´-फ़ुल्) *adj.* 1. corresponding to reality, सत्य, सच्चा, वास्तविक। 2. telling the truth, सत्यवादी, सत्यशील।

truthfulness (ट्रूथ्´-फ़ुल्-निस्) *n.* the quality or state of being truthful, सत्यवादिता, सत्यशीलता।

try (ट्राइ) *v.* (tried, trying) 1. to make an attempt, प्रयास करना, चेष्टा करना, कोशिश करना। 2. to put to test in order to see whether it is satisfactory, यह जानने के लिए पहनना कि पहनने और देखने में कैसा लगता है, परखना, आज़माइश करना। 3. to investigate, जाँच करना, जाँचना। 4. to hold a trial of, न्यायिक जाँच करना; He is being tried for theft. उस पर चोरी का मुकदमा चल रहा है। 5. to make an attempt at, प्रयोग कर देखना, कोशिश कर देखना। 6. to be a strain on, कष्टकारक होना। □ **try out,** परीक्षण करना, आज़माइश करना। *n.* 1. an attempt, प्रयास, चेष्टा। 2. a test, परीक्षण। 3. an experiment, प्रयोग।

trying (ट्राइ´-इंग्) *adj.* severely straining the powers of endurance, कष्टसाध्य; trying moments, कठिन या विकट समय।

tryout (ट्राइ´-ऑउट्) *n.* a competitive test of suitability, effectiveness etc., पूर्वपरीक्षण।

adj. pertaining to tryout, पूर्वपरीक्षणात्मक; tryout course, पूर्वपरीक्षणात्मक पाठ्यक्रम।

tryst (ट्राइस्ट्) *n.* 1. a secret appointment between lovers to meet, प्रेमियों में होनेवाला मिलने का गुप्त ठहराव या निश्चय। 2. an appointed meeting as such, प्रेमियों का मिलन, अभिसार। 3. the place of such meeting, मिलन-स्थल, अभिसार-स्थल।

tsar (ज़ा:) *n.* 1. the emperor of Russia (before 1917, 1917 से पहले का) रूसी सम्राट, ज़ार। 2. a tyrant, निरंकुश व्यक्ति। [Fem. tsarina, रूसी साम्राज्ञी, ज़ार की पत्नी।]

tsetse (सेट्´-सी) *n.* an African fly, अफ्रीकी मक्खी।

T-shirt (टी´-श:ट्) *n.* a short-sleeved cotton shirt, टीशर्ट।

T-square (टी´-स्क्वेंअ:) *n.* a T-shaped ruler, टी की शक्ल की पटरी या रूला।

tub (टब्) *n.* 1. a large open flat-bottomed metal container used for holding water or other liquid, टब। 2. a bathtub, नहाने का टब। 3. the amount that a tub will hold, टब-भर, एक टब। *v.* (tubbed, tubbing) to take a bath in a tub, टब में स्नान करना।

tubby (टब्´-ई) *adj.* (tubbier, tubbiest) short and fat, गोल-मटोल।

tube (ट्यूब्) *n.* 1. a long slender hollow container of glass for holding liquids, ट्यूब, नलिका, नली। 2. a collapsible cylindrical container for holding paste etc., ट्यूब। 3. a rubber tube of a cycle, car, truck etc., ट्यूब। 4. the tunnels through which the railway runs, तलमार्ग।

tuber (ट्यू´/ टू´-ब:) *n.* a fleshy underground root, कंद।

tubercle (ट्यू´/टू´-ब:-कॅल्) *n.* a small rounded swelling, गुमटा।

tubercular (ट्यू´/ टू´-ब:-क्यु-लॅ:) *adj.* 1. of or pertaining to tuberculosis, क्षय-संबंधी। 2. affected by tuberculosis, क्षयग्रस्त, क्षय से पीड़ित।

tuberculosis (ट्यू / टू-ब:´-क्यु-लो´-सिस्) *n.* a wasting disease, क्षय, तपेदिक, टीबी।

tuberous (ट्यू´/ टू´-बॅ-रॅस्) *adj.* bearing a tuber, गाँठदार, कंदिल।

tube-well (ट्यूब्´/ टूब्´-वेॅल्) *n.* a device for lifting underground water through a long pipe, नलकूप, ट्यूबवेल।

tubing (ट्यू´/ टू´-बिंग्) *n.* tubes collectively, ट्यूबों का समूह।

tubular (ट्यू´/ टू´-ब्यु-लॅ:) *adj.* 1. of, pertaining to or consisting of tubes, नलिका-संबंधी, नलिकायुक्त। 2. having the shape of tube, नलिकादार, नली के आकार का।

tubule (ट्यू´/ टू´-ब्यूल्) *n.* a small tube, छोटी नलिका।

tuck (टक्) *n.* 1. a pleat in a part of garment, प्लेट, चुनट। 2. a fold, परत, तह। 3. food esp. cakes and sweets, मिठाई। *v.* (tucked, tucking) 1. to make tucks or pleats in, (कपड़े में) प्लेटें या चुनट डालना। 2. to make folds, तहें डालना या लगाना। 3. to cover snugly and compactly, अच्छी तरह ढकना या लपेटना। 4. to put away compactly, अच्छी तरह संभाल-कर अलग या छिपाकर रखना। □ **tuck in** (i) जी भरकर खाना, (ii) ढक या लपेटकर रखना।

tucker[1] (टक्´-अ:) *n.* a person or machine that tucks, प्लेटें या चुनट डालनेवाला व्यक्ति या मशीन।

tucker[2] (टक्´-अ:) *v.* (tuckered, tuckering) to tire or exhaust, थक जाना, थककर चूर हो जाना।

tuck shop *n.* a shop where cakes and sweets are sold, मिठाई की दुकान।

Tuesday (ट्यूज़्´/ टूज़्-डे) *n.* the day of the week following Monday, मंगलवार।

tuft (टफ़्ट्) *n.* 1. a short cluster of small fibres stitched at one side, फुँदना, झब्बा। 2. a cluster of grass, flowers etc., गुच्छा; tuft of hair, बालों का गुच्छा, केशगुच्छ। *v.* (tufted, tufting) 1. to form into tufts, फुँदने या गुच्छे बनाना। 2. to decorate with tufts, फुँदने लगना, फुँदनों से सजाना।

tug (टग्) *v.* (tugged, tugging) 1. to pull hard, ज़ोर से खींचना या घसीटना। 2. to tow, (नाव)

खींचकर ले जाना। 3. to labour, प्रयत्न करना, परिश्रम करना। *n.* 1. the act of pulling, खींचने की क्रिया या भाव, कर्षण। 2. a strong pull or jerk, खींच या झटका। 3. a tugboat, कर्षण-नौका। 4. a struggle or fight, संघर्ष या लड़ाई। ☐ **tug of war** (i) रस्साकशी, (ii) खींच-तान।

tugboat (टग्´-बोट्) *n.* a boat for towing others, वह नौका जो अन्य नौकाओं को खींचकर ले जाती हो, कर्षण-नौका।

tuition (ट्यू /टू-इश्´-अँन्) *n.* 1. the act or profession of teaching or instructing individually or in small groups, ट्यूशन, अनुशिक्षण। 2. the payment for instruction, शिक्षा-शुल्क।

tuition fee *n.* the payment for instruction, शिक्षा-शुल्क, ट्यूशन-फ़ी।

tulip (ट्यू´-लिप्) *n.* a garden plant and its flower, ट्यूलिप नामक पौधा और उसका फूल।

tulle (ट्यूल, टूल्) *n.* a kind of fine net fabric of silk or nylon, सिल्क या नाइलॉन का बढ़िया जालीदार कपड़ा, टूल।

tumble (टम्´-बॅल्) *v.* (tumbled, tumbling) 1. to fall suddenly and helplessly, एकाएक (लड़खड़ाकर) गिर पड़ना, ढह जाना। 2. to cause to fall, गिरा देना। 3. to suffer a sudden downfall or defeat, सहसा परास्त हो जाना, हार जाना। 4. to decline (in price, दाम का) घट जाना, (क़ीमत) गिर जाना। 5. to polish (gemstones, रत्नों को) पालिश करना। *n.* 1. the act of tumbling, गिरने या लड़खड़ाने की क्रिया या भाव, गिर पड़ना। 2. the act of falling (in price, कीमत में होनेवाली) गिरावट। 3. loss, हानि। 4. an acrobatic feat, बाज़ीगरी। 5. a disorderly state, अव्यवस्था, गड़बड़ी। 6. a state of confusion, भ्रांति।

tumble-down (टम्´-बॅल्-डाउन्) *adj.* falling to pieces, dilapidated, जो गिरकर चूर-चूर हो गया हो, टूटा-फूटा।

tumbler (टम्´-ब्लॅः) *n.* 1. a drinking glass, गिलास। 2. an acrobat, बाज़ीगर, कलाबाज़। 3. a pigeon that somersaults, गिरहबाज़ कबूतर। 4. a lever in a lock, ताले का खटका। 5. a lever in a gunlock, बंदूक का खटका।

tumbrel (टम्´-ब्रॅल्) *n.* a farm cart, छकड़ा।

tumid (ट्यू´/ टू´-मिड्) *adj.* 1. swollen, सूजा हुआ। 2. pompous, आडंबरपूर्ण। 3. bombastic, शब्दाडंबरपूर्ण।

tummy (टम्´-ई) *n.* the stomach, पेट, तोंद।

tumour (ट्यू´/टू´-मॅः) *n.* any abnormal swelling on or in the body, ट्यूमर, गाँठ, अर्बुद।

tumult (ट्यू´/ टू-मॅल्ट्) *n.* 1. uproar, कोलाहल, हुल्लड़, शोरगुल। 2. agitation, क्षोभ, घबराहट। 3. confusion, भ्रांति।

tumultuous (ट्यू / टू-मल्´-चु-अॅस्) *adj.* 1. uproarious, कोलाहलपूर्ण, हुल्लड़-भरा, शोरगुल-भरा; tumultuous applause, ज़ोरदार करतल ध्वनि, तालियों की गड़गड़ाहट। 2. agitated, विक्षुब्ध। 3. confused, भ्रांत, विभ्रांत। 4. making disturbance, उत्तेजनापूर्ण, उद्विग्नकारक।

tumultuousness (ट्यू/टू-मल्´-चु-अॅस्-निस्) *n.* the state or quality of being tumultuous, शोर-शराबा, हो-हल्ला; विक्षोभ; भ्रांति।

tun (टन्) *n.* a large cask (for beer or wine, बियर या शराब का) बड़ा पीपा।

tuna (ट्यू´/ टू´-नॅ) *n.* a large sea fish, एक तरह की बड़ी समुद्री मछली।

tunable (ट्यू´-नॅ-बॅल्) *adj.* 1. capable of being tuned, जिसका सुर, लय, ताल आदि ठीक किया जा सके। 2. sounding in tune, सुरीला, मधुर।

tundra (टुन्-ड्रॅ) *n.* a vast treeless icy region of North Pole, उत्तरी ध्रुव का वृक्षविहीन बर्फ़ीला प्रदेश, टुंड्रा।

tune (ट्यून् / टून्) *n.* 1. a melody, धुन, राग। 2. correct musical pitch, लय। 3. agreement or harmony, ताल-मेल, संगति, सामंजस्य। 4. the correct adjustment of a radio, television etc., स्वर-संगति। ☐ **call the tune,** कार्यवाही का संचालन करना; **in tune** (i) लयपूर्वक, (ii) ताल-मेल बैठाते हुए; **out of tune** (i) लयहीन, बेसुरा, (ii) बिना ताल-मेल का; **to the tune of,** की सीमा तक। *v.* (tuned, tuning) 1. to put in tune, सुर मिलाना, समस्वरित करना। 2. to adjust to run smoothly, ठीक करना, समंजित करना, सुधारना। ☐ **tune**

in (रेडियो, टेलिविज़न आदि) लगाना; **tune up** (सितार, तबले आदि का) सुर मिलाना, समस्वरित करना।

tuned (ट्यून्ड् / टून्ड्) *adj.* melodious, सुरीला, श्रुतिमधुर।

tuneful (ट्यून्´-फ़ुल्) *adj.* having a pleasing tune, सुमधुर, सुरीला।

tuneless (ट्यून्´-लिस्) *adj.* not tuneful, बेसुरा, कर्णकटु।

tungsten (टंग्´-स्टॅन्) *n.* a metallic substance, टंगस्टन धातु।

tunic (ट्यू´-निक्) *n.* a knee-length simple garment without sleeves, बिना बाँह का कुरता या जाकेट।

tuning (ट्यून्´-इंग्) *n.* the act of one who tunes, समस्वरण।

tunnel (टन्´-ॲल्) *n.* a passage through or under something, सुरंग। *v.* (tunneled/tunnelled, tunneling/tunnelling) to dig or make a tunnel, सुरंग खोदना या बनाना।

tunny (टन्´-ई) *n.* a large seafish, एक तरह की समुद्री मछली, टूना।

tup (टप्) *n.* a male sheep, भेड़ा। *v.* (tupped, tupping) to copulate with, (भेड़े का) जोड़ा खाना।

turban (ट:´-बॅन्) *n.* a headdress consisting of a long cloth wound round the head, पगड़ी, साफ़ा।

turbaned (ट:´-बॅन्ड्) *adj.* wearing a turban, पगड़ीवाला, पगड़ीधारी।

turbid (ट:´-बिड्) *adj.* 1. muddy, गँदला। 2. not clear, अस्पष्ट। 3. cloudy, मेघाच्छादित। 4. dense, घना। 5. confused, विभ्रमित।

turbidity (ट:-बिड्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being turbid, गँदलापन, अस्पष्टता, विभ्रांति।

turbine (ट:´-बाइन्, ट:´-बिन्) *n.* a machine or motor that operates by the pressure of water, steam, gas or air, टरबाइन।

turbot (ट:´-बॅट्) *n.* a large flat seafish, एक तरह की बड़ी चिपटी समुद्री मछली।

turbulence (ट:´-ब्यु-लॅन्स्) *n.* the state of agitation or confusion, विक्षोभ, कोलाहल, अशांति।

turbulent (ट:´-ब्यु-लॅन्ट्) *adj.* 1. causing disturbance, unrest or violence, unruly, उपद्रवी, उत्पाती, दंगाई। 2. characterized by agitation, विक्षुब्ध, आंदोलित, अशांत, कोलाहलपूर्ण।

tureen (ट्यू´-रीन्) *n.* a deep dish with a cover for serving soup at the table, सूप परसने का ढक्कनदार बरतन।

turf (ट:फ़्) *n.* 1. the grassy ground as a thick mat, टर्फ़, घासी मैदान। 2. a mat like turf, रबर आदि की परत जिसे मैदान पर फैलाया गया हो, टर्फ़। 3. the race course, घुड़दौड़ का मैदान। 4. horse racing, घुड़दौड़। *v.* (turfed, turfing) to cover with pieces of turfs, टर्फ़ बिछाना। □ **turf out,** फेंक देना, बाहर कर देना।

turgescent (ट:´-जॅ-सॅन्ट्) *adj.* swollen, सूजा हुआ, फूला हुआ।

turgid (ट:´-जिड्) *adj.* 1. swollen, सूजा हुआ, फूला हुआ। 2. pompous, आडंबरपूर्ण। 3. bombastic, शब्दाडंबरपूर्ण।

turgidity (ट:-जिड्´-इ-टी) *n.* 1. swelling, सूजन। 2. pomposity, आडंबर।

Turk (ट:क्) *n.* an inhabitant of Turkey, तुर्की का नागरिक, तुर्क।

turkey (ट:´-की) *n.* a large bird reared for its flesh in America, अमरीका का एक पक्षी, पीरू। □ **talk turkey,** अक्खड़पन से बात करना।

turkey cock *n.* 1. the male turkey, नर - पीरू। 2. an arrogant person, अक्खड़ व्यक्ति।

Turkish (ट:´-किश्) *adj.* of Turkey, its people or language, तुर्की।

Turkish bath *n.* 1. a steam bath followed by a massage and washing, तुर्की स्नान। 2. the place where such a bath can be had, तुर्की स्नान-घर।

turmeric (ट:´-मॅ-रिक्) *n.* 1. a plant of the ginger family, हल्दी का पौधा। 2. its stem, हल्दी की गाँठ। 3. the powder of its stem, पिसी हुई हल्दी।

turmoil (ट:´-मॉइल्) *n.* 1. great confusion, विक्षोभ। 2. disturbance, खलबली, अशांति।

3. extreme agitation, आंदोलन, उपद्रव।

turn (ट:न्) *v.* (turned, turning) 1. to cause to move around an axis, point or centre, घुमाना; to turn a key or wheel, चाबी या पहिया घुमाना। 2. to move around an axis, point or centre, घूमना; to take a somersault, कलाबाज़ी खाना। 3. to make a course around, चक्कर लगाना। 4. to cause to change position by moving, मोड़ना या घुमाना। 5. to take a new direction, मुड़ना, घूम जाना। 6. to change or be changed, बदलना या बदल जाना, रूपांतरित करना या होना, हो जाना; The magician turned into a goat, जादूगर बकरी बन गया; Water had changed into ice, पानी बर्फ़ बन गया। 7. to invert or reverse, उलटा कर देना या हो जाना, पलट देना या पलटा जाना। 8. to shape in a lathe, खरादना, गढ़ना। 9. to earn, कमाना; to turn an honest penny, ईमान का पैसा कमाना। 10. to direct (one's attention or interest) towards or away from something, घुमाना, फेरना। 11. to antagonize or become antogonized, खिझाना या खीझना, तंग करना या होना। 12. to derange, (मस्तिष्क) विकृत हो जाना। 13. to pass (a certain hour or age), हो जाना। 14. to cause to allow or go, जाने देना; to turn a cow loose, गाय को खुला छोड़ा देना। 15. to be affected with giddiness, (सिर) चकराना, घूमना; My head is turning. मेरा सिर चकरा रहा है। 16. to render into another language, अनुवाद करना। 17. to blunt or become blunted, कुंद या भोथरा कर देना या हो जाना। 18 to give, देना; to turn a compliment, बधाई देना। 19. to spin, (गेंद का) घूमना। ☐ **turn about,** घूम जाना; **turn a deaf ear to,** (किसी की बात पर) ध्यान न देना; **turn against,** विरोधी हो जाना, दुश्मन बन जाना; **turn down,** अस्वीकार कर देना; **turn aside,** एक तरफ़ हट जाना; **turn away,** सामने से हट जाना; **turn back,** लौट जाना; **turn in** (सोने के लिए) बिस्तर पर चले जाना; **turn inside out,** उलट देना; **turn off,** बुझा देना, बंद कर देना; **turn on,** खोल देना, चालू कर देना; **turn one's back to,** पिंड छुड़ाना; **turn one's hand (to some thing,** किसी काम में) हाथ लगाना; **turn out** (i) निकलना, सिद्ध होना; The man turned out to be a thief. वह आदमी तो चोर निकला, (ii) निकाल देना; He turned me out from the office, उसने मुझे कार्यालय से बाहर निकाल दिया; **turn over,** विचार करना; **turn round,** दूसरी दिशा में देखने लगना; **turn someone's brain,** किसी के मस्तिष्क का संतुलन बिगाड़ देना; **turn someone's head,** किसी का दिमाग चढ़ा देना; **turn tail,** भाग खड़े होना, पलायन करना; **turn the corner,** बच जाना; **turn the scales,** संशय की स्थिति समाप्त कर देना; **turn the tables,** स्थिति उलट या बदल देना, पासा पलट देना; **turn turtle,** औंधा हो जाना; **turn up** (i) (समय पर) आ या पहुँच जाना, प्रस्तुत या हाज़िर हो जाना, (ii) बढ़ाना; **turn upon,** क्रिुद्ध हो जाना। *n.* 1. the act of turning or being turned, घुमाव, परिवर्तन; a good turn, उपकार; a bad turn, अपकार। 2. a change of direction, दिशा-परिवर्तन, मोड़। 3. a revolution, फेरा, चक्कर। 4. an angle, bend or corner, मोड़। 5. a deviation from a tendency, change in nature or condition, बदलाव। 6. the right or opportunity to do something in agreed order, बारी, पारी; Wait your turn, अपनी बारी की प्रतीक्षा करो। 7. a period of work or action, दौर। 8. a short walk, चहलकदमी, टहलान, सैर। 9. distinctive form, manner or style, विशिष्ट रूप, रंग या शैली; The case has taken a new turn. मुकदमे में एक नया मोड़ आया है। 10. a distortion in shape, विकृति। 11. an attack of illness or fit of anger, दौरा। 12. tendency, झुकाव, प्रवृत्ति। 13. nature, स्वभाव। 14. transformation, रूपांतर। 15. interpretation, व्याख्या। ☐ **at every turn** (i) हर जगह, (ii) हर क्षण, निरंतर; **in turn,** बारी-बारी से, (अपनी) बारी आने पर; **not knowing which way to turn,** रास्ता न सूझना; **not turning a hair,** कुछ भी परिवर्तन या असर न होना; **out of turn,** बारी से पहले या पीछे; **turn**

of events, घटना-चक्र; **turn of mind,** मन का झुकाव।

turnabout (टःन्´-अॅ-बॉउट्) *n.* a change of belief or loyalty, मत-परिवर्तन, निष्ठा-परिवर्तन।

turncoat (टःन्´-कोट्) *n.* one who switches allegiance, दलबदलू, पक्षत्यागी, पक्षघाती।

turner (टः´-नॅः) *n.* one who works with a lathe, ख़रादी, टर्नर।

turning (टः´-निंग्) *n.* 1. a bend, मोड़।2. (plu.) scrab, ख़राद की छीलन।

turning point *n.* a decisive moment, निर्णायक क्षण, मोड़।

turnip (टः´-निप्) *n.* a plant and its root, शलजम, शलगम।

turnkey (टःन्´-की) *n.* a person in charge of prison keys, वह जिसके पास जेल की तालियाँ रहती हों।

turnoff (टःन्´-ऑफ़्) *n.* a road branching off from a main road, शाखा-मार्ग।

turnout (टःन्´-ऑउट्) *n.* 1. the quantity or amount produced, उत्पाद। 2. the number of people appearing together at a gathering, (लोगों की कुल) उपस्थिति, जमावड़ा।

turnover (टःन्´-ओ-वॅः) *n.* 1. the amount of business transacted in a given period, कुल बिक्री। 2. the rate at which goods are sold, बिक्री-दर। 3. reversal of position, स्थिति का पलटाव। 4. an abrupt change, आकस्मिक परिवर्तन।5. a filled pastry, गुझिया या किचौरी। *adj.* capable of being turned over, जिसे उलटा या पलटा जा सके।

turnpike (टःन्´-पाइक्) *n.* 1. a tollgate, शुल्कद्वार। 2. a highspeed express way, द्रुतमार्ग।

turnspit (टःन्´-स्पिट्) *n.* a spit that rotates, घूमनेवाली तीली या सीख।

turnstile (टःन्´-स्टाइल्) *n.* a revolving barrier that admits in one person at a time, चक्रद्वार।

turntable (टःन्´-टे-बॅल्) *n.* a revolving platform, परिभ्रामक मंच, घूमता मंच।

turpentine (टः´-पॅन्-टाइन्) *n.* an oil for thinning paint, तारपीन का तेल।

turpitude (टः´-पि-ट्यूड्) *n.* depravity, अधमता, नीचता, कमीनापन; moral turpitude, नैतिक अधःपतन।

turquoise (टः´-क्वाइज़्) *n.* 1. a sky-blue gemstone, फ़िरोज़ा। 2. sky-blue colour, फ़िरोज़ी रंग।

turret (टः´-इट्) *n.* 1. a small towerlike ornamental structure, बुर्ज, कंगूरा।

turreted (टः´-इट्-इड्) *adj.* 1. having the shape of a turret, कंगूरेदार, बुर्ज-जैसा।2. furnished with turrets, बुर्जोवाला, कंगूरेदार।

turtle (टः´-टॅल्) *n.* 1. a sea tortoise, समुद्री कछुआ। 2. its flesh, कछुए का मांस। □ **turn turtle,** उलट जाना, औंधा हो जाना। *v.* (turtled, turtling) to catch turtles, कछुए पकड़ना।

turtle neck (टः´-टॅल्-नॅक्) *n.* a sweater with a high close-fitting collar, गोल, ऊँचे तथा बंद गले का स्वेटर।

tusk (टस्क्) *n.* 1. one of the pair of a long protruding tooth of a male elephant, हाथी का दाँत, गजदंत। 2. a long protruding tooth of a boar, खाँग। *v.* (tusked, tusking) to dig up with a tusk, (हाथी या सुअर का) दाँत से गड्ढा खोदना।

tusker (टस्´-कॅः) *n.* a male elephant with developed tusks, बड़े दाँतोंवाला हाथी।

tussle (टस्´-अॅल्) *v.* (tussled, tussling) 1. to fight roughly, हाथापाई करना।2. to struggle, संघर्ष करना। *n.* 1. a rough fight, हाथापाई। 2. a struggle, संघर्ष।

tussock (टस्´-अॅक्) *n.* a dense tuft of grass etc., घास आदि का पूला, मुट्ठा।

tussore (टस्´-अॅः) *n.* a kind of silk, टसर।

tutelage (ट्यू´-टि-लिज्) *n.* 1. guardianship, अभिभावकता, संरक्षण, सरपरस्ती। 2. instruction, निदेश।

tutelary (ट्यू´-टॅ-लॅ-री) *adj.* of or belonging to a guardian, अभिभावक-संबंधी; tutelary divinity, इष्टदेवता।

tutor (ट्यू´-टॅः) *n.* a teacher who instructs pupils individually, व्यक्तिगत रूप से पढ़ानेवाला अध्यापक, अनुशिक्षक। *v.* (tutored,

tutoring) 1. to teach, पढ़ाना, सिखाना। 2. to give a wrong direction, mislead, पट्टी पढ़ाना।

tutorage (ट्यू´-टॅर्-इज्) *n.* the office or function of a tutor, अनुशिक्षक का पद या कार्य, अनुशिक्षणत्व।

tutorial (ट्यू-टोर्´-इ-अॅल्) *adj.* of or relating to a tutor, अनुशिक्षक-संबंधी; tutorial class, अनुशिक्षण-कक्षा।

tutorship (ट्यू´-टॅ:-शिप्) *n.* tutorage, अनुशिक्षणत्व।

tutti fruiti (टू´-टी-फ़्रू´-टी) *n.* an ice cream mixed with fruits, टूटी-फ्रूटी, फलोंवाली आइसक्रीम।

tutu (टू´-टू) *n.* a very short skirt worn by the female ballet dancers, नर्तकियों का झालरदार ऊँचा स्कर्ट या लहँगा, लहँगी।

twaddle (ट्वा:ड्´-अॅल्) *n.* foolish talk, nonsense, बकवाद, बकबक। *v.* (twaddled, twaddling) to talk nonsense, बकवाद करना, बकबक करना।

twaddler (ट्वा:ड्´-अॅ-लॅ:) *n.* one who twaddles, बकबक करनेवाला, बकवादी।

twain (ट्वेन्) *adj.* two, दो। *n.* 1. a couple, जोड़ा। 2. *the twain,* दोनों।

twang (ट्वैङ्ग्) *n.* 1. a sharp ringing sound of a plucked bowstring, धनुष की टंकार, धनुषटंकार। 2. nasal resonance in a person's speech, नासिक्य ध्वनि का पुट, नासिक्यरंजन। 3. vibrating sound of a gitar, sitar etc., झंकार। *v.* (twanged, twanging) 1. to sound with a twang, टंकार भरना। 2. to cause to sound with a twang, टंकारना। 3. to pluck the strings of a musical instrument, तार झंकृत करना, बजाना। 4. to speak with a nasal twang, नाक से बोलना, नकियाना।

twat (ट्वैट्) *n.* 1. the female genitals, भग। 2. a foolish person, मूर्ख व्यक्ति।

'twas (ट्वा:ज़्) ***phrase*** it was.

tweak (ट्वीक्) *v.* (tweaked, tweaking) to twist, ऐंठना, मरोड़ना। *n.* a tweaking, ऐंठन, मरोड़।

tweed (ट्वीड्) *n.* 1. a woolen fabric of several colours, रंग-बिरंगा ऊनी कपड़ा, ट्वीड। 2. (plu.) clothes made of tweed, ट्वीड के बने परिधान।

tweet (ट्वीट्) *n.* a high chirping sound of a bird, चेंचें। *v.* (tweeted, tweeting) to make a tweet, चेंचें करना।

tweeter (ट्वी´-टॅ:) *n.* 1. a small loud speaker, छोटा लाउडस्पीकर। 2. (plu.) a pair of tongs, चिमटी, मोचनी।

twelfth (ट्वेल्फ़्थ्) *adj.* next after eleventh, बारहवाँ; twelfth man, (टीम का) बारहवाँ खिलाड़ी। *n.* 1. the ordinal number, 12. बारह। 2. one of the twelve parts, बारहवाँ अंश या हिस्सा।

twelve (ट्वेल्व्) *adj. & n.* one more than eleven, बारह।

twelvemonth (ट्वेल्व्´-मॅन्थ्) *n.* a year, वर्ष।

twenties (ट्वेन्´-टीज़्) *n.* (plu.) the numbers of years or degrees of temperature from 20 to 29, बीस से उनतीस वर्ष का काल या बीस से उनतीस डिग्री तक का तापमान।

twentieth (ट्वेन्´-टि-अॅथ्) *adj.* next after nineteenth, बीसवाँ। *n.* 1. the ordinal number 20, बीस। 2. one of the twenty parts, बीसवाँ भाग।

twenty (ट्वेन्´-टी) *adj. & n.* next after nineteen, बीस।

twerp (ट्व:प्) *n.* a stupid person, मूर्ख व्यक्ति।

twice (ट्वाइस्) *adv.* 1. two times, दो बार; twice a week, सप्ताह में दो बार होनेवाला, अर्धसाप्ताहिक। 2. in double amount, दुगना, दूना; twice as long, दुगना लंबा। □ **twice a week,** सप्ताह में दो बार होनेवाला, अर्धसाप्ताहिक।

twiddle (ट्विड्´-अॅल्) *v.* (twiddled, twiddling) 1. to turn over or around lightly, यों ही घुमाना-फिराना। 2. to trifle (with, से) खिलवाड़ करना।

twig[1] (ट्विग्) *n.* a small slender branch, टहनी।

twig[2] *v.* (twigged, twigging) to comprehend, समझना, समझ में आना।

twiggy (ट्विग्´-गी) *adj.* 1. abound with twigs, टहनीदार, टहनियोंवाला। 2. slender, छरहरा,

सींक-सलाई।

twilight (ट्वाइ´-लाइट्) *n.* 1. the light from the sky just before sunrise, लाली, उषा। 2. the light from the sky just after sunset, झुटपुटा, धुंधुलका। 3. a period or condition of decline, ख़राब समय, क्षयकाल। *adj.* dim, मद्धिम।

twill[1] (ट्विल्) *n.* a fabric with parallel diagonal lines, तिरछी धारियोंवाला कपड़ा, ट्विल।

'twill[2] *phrase* it will.

twilled (ट्विल्ड्) *adj.* having parallel diagonal lines, तिरछी धारियोंवाला।

twin (ट्विन्) *n.* one of two children (animals) born at one birth, जुड़वाँ बच्चा। *adj.* being a twin, जुड़वाँ, युग्म; twin brother, जुड़वाँ भाई; twin sister, जुड़वाँ बहन। *v.* (twined, twining) to combine as a pair, जोड़ा बनना।

twine (ट्वाइन्) *n.* 1. a cord or string made of two or more threads twisted together, बटा हुआ धागा, सुतली या रस्सी। 2. a coil, कुंडली। *v.* (twined, twining) 1. to twist together, बटना, गूँथना। 2. to coil, कुंडली मारना।

twinge (ट्विन्ज्) *n.* a sudden sharp pain, टीस। *v.* (twinged, twinging) to have a twinge, टीस उठना।

twinkle (ट्विंग्´-कॅल्) *v.* (twinkled, twinkling) 1. to shine brightly and intermittently, टिमटिमाना। 2. to be bright or sparkling, चमचम करना, चमकना। 3. to dance with short rapid steps, थिरकना। *n.* 1. a twinkling light, टिमटिमाहट। 2. a wink of the eyelids, पलकों की झपक। 3. an instant, क्षण, पल।

twinkling (ट्विंग्´-क्लिंग्) *n.* 1. the act of shining brightly, टिमटिमाहट। 2. an instant, क्षण, पल। □ **in the twinkling of an eye,** पलक झपकते ही, तत्क्षण।

twirl (ट्वःल्) *v.* (twirled, twirling) 1. to rotate briskly, तेज़ी से घूमना, चक्कर लगाना या खाना, यों ही घुमाना या फिराना। 2. to wind, बटना, गूँथना *n.* 1. the act of twirling, घूर्णन, बटाई। 2. a round, चक्कर, फेरा।

twist (ट्विस्ट्) *v.* (twisted, twisting) 1. to wind two or more threads, wires etc. together, बटना, गूँथना। 2. to coil, घुमाना या लपेटना। 3. to give spiral shape to, घुमावदार या कुंडलीदार बनाना। 4. to assume a spiral shape, घुमावदार बनना, कुंडलीदार बनना। 5. to turn or bend, मोड़ना या मरोड़ना, बल डालना। 6. to get turned, मोड़ा जाना, मुड़ या मुड़क जाना। 7. to break or get broken by turning, तोड़ देना या टूट जाना। 8. to distort, बिगाड़ देना, विकृत कर देना। 9. to wrench or sprain, मुड़क जाना। 10. to rotate or revolve, चक्कर लगाना। 11. to take winding course, चक्करदार या टेढ़ा-मेढ़ा रास्ता अपनाना। *n.* 1. the act of twisting or the state of being twisted, बटाई, गुँथाई। 2. a turn or twirl, मरोड़, ऐंठन, बल। 3. a spiral curve, घुमाव या चक्कर। 4. a sprain or wrench, मुड़न, बल, मोच। 5. an unexpected turn of events, मोड़, परिवर्तन। 6. a peculiar tendency, विचित्र मनोवृत्ति। 7. a dance performed with strenuous gyrations esp, of hips, अंगों को टेढ़ा-मेढ़ा करके किया जानेवाला नृत्य, ट्विस्ट। 8. distortion of meaning, अर्थ की खींच-तान या तोड़-मरोड़।

twister (ट्विस्´-टःः) *n.* 1. a dishonest person, बेईमान व्यक्ति। 2. a whirlwind, चक्रवात।

twisty (ट्विस्´-टी) *adj.* made by twisting, बट या गूँथकर बनाया हुआ।

twit (ट्विट्) *v.* (twitted, twitting) 1. to make fun of, to ridicule, मज़ाक उड़ाना, फबती कसना। 2. to taunt, ताना देना, बोली मारना। *n.* 1. a sarcastic remark or taunt, बोली-ठोली, ताना। 2. a foolish person, मूर्ख व्यक्ति।

twitch (ट्विच्) *v.* (twitched, twitching) 1. to pull with a jerk, झटका देना, झटकना। 2. to snatch, छीन लेना, झटक लेना। *n.* 1. a pull or jerk, झटका। 2. an act of twitching, झटका देने की क्रिया या भाव, झटक।

twitter (ट्विट्´-अंः) *v.* (twittered, twittering) 1. to chirp, चहचहाना, चहकना। 2. to giggle, ही ही करना। *n.* 1. chirping, चहचह, चींचीं। 2. giggle, हीही। □ **in a twitter,** उत्तेजित या व्यग्र होकर।

twixt (ट्विक्स्ट्) *adv.* between, बीच में। *prep.* between, के बीच।

two (टू) *adj. & n.* 1. one more than one, दो। 2. something having two parts, जोड़ा, जोड़ी। 3. a playing card with two tips, दुक्की। □ **be of/in two minds,** असमंजस में होना, दुविधा में होना; **at two,** दो बजे; **in two,** दो भागों में; **in twos,** जोड़ों में, जोड़ियाँ बनाकर; **one or two,** एक या दो, दो-एक।

two-bit (टू´-बिट्) *adj.* cheap, सस्ता।

two bits (टू-बिट्स्´) *n.* (plu.) 1. something of small worth, नगण्य या सस्ती वस्तु। 2. a petty sum, क्षुद्र राशि।

two-by-four (टू-बाइ-फ़ोः´) *adj.* very small, बहुत छोटा।

two-dimensional (टू-डि-मेंन्´-शॉ-नॅल्) *adj.* having two dimensions, द्विविम।

two-edged (टू-ऍज्ड्´) *adj.* having two cutting edges, दुधारी।

two-faced (टू-फ़ेस्ड्´) *adj.* 1. deceitful, धोखेबाज। 2. insincere, बेईमान।

two-fold (टू-फ़ोल्ड्´) *adj.* 1. having twice as much or as many, दुगना। 2. having two parts, दोहरा।

two party system *n.* a system in which two parties function, द्विदल-पद्धति।

two-handed (टू-हैंन्´-डिड्) *adj.* 1. having two hands, दो हाथोंवाला। 2. done with both the hands, दुहत्थड़।

two-ply (टू-प्लाइ´) *adj.* made of two layers, दुपरती।

two-roomed (टू-रूम्ड्´) *adj.* consisting of two rooms, दो कमरों का, द्विकक्षी।

two-sided (टू-साइ´-डिड्) *adj.* concerning both the sides, द्विपक्षीय।

twosome (टू´-सॅम्) *n.* two people together, जोड़ा, जोड़ी।

two-time (टू´-टाइम्) *v.* (two-timed, two-timing) to betray, विश्वासघात करना।

two-way (टू-वे´) *adj.* affording or allowing movement in either direction, दुतरफ़ा, द्विपथी।

two-wheeler (टू-व्ही´-लॅः) *n.* a vehicle with two wheels, दुपहिया।

tycoon (टाइ-कून्´) *n.* a wealthy and powerful businessman or industrialist, धनी तथा शक्तिशाली व्यापारी या उद्योगपति, धनी-मानी।

tying (टाइ´-इंग्) *n.* the act of one who ties, बँधाई।

tyke (टाइक्) *n.* a small (mischievous) child, छोटा (शरारती) बच्चा।

type (टाइप्) *n.* 1. a group or class of persons or things having common characteristics, वर्ग, जाति, क़िस्म, प्रकार। 2. a typical example or model, नमूना, निदर्श। 3. a person of specified character, विशिष्ट व्यक्ति; He is a type by himself. वह बेजोड़ व्यक्ति है। 4. a small block with raised letter or figure for printing, टाइप, मुद्री। *v.* (typed, typing) 1. to classify according to a type or class, वर्गीकरण करना। 2. to typewrite, टाइप करना, टंकन करना।

typecast (टाइप्´-कास्ट्/कैस्ट्) *v.* (typecast, typecasting) to cast in the same role, (अभिनेता का) एक ही तरह की भूमिका करना।

typeface (टाइप्´-फ़ेस्) *n.* a style or design of printing type, मुद्री-रूप, टाइप फ़ेस।

typescript (टाइप्´-स्क्रिप्ट्) *n.* a typewritten copy, टंकित प्रति।

typesetter (टाइप्-सेंट्´-अॅः) *n.* 1. one who sets types, टाइप बैठानेवाला, कंपोज़िटर। 2. a machine that sets types, टाइप बैठानेवाला यंत्र।

typewrite (टाइप्´-राइट्) *v.* (typewrote, typewritten, typewriting) to type with a typewriter, टाइप करना, टंकन करना।

typewriter (टाइप्´-राइ-टॅः) *n.* a machine that is used in typing, टाइपराइटर, टाइप मशीन।

typewritten (टाइप्´-रिट्-अॅन्) *adj.* typed, टाइप किया हुआ, टंकित।

typhoid (टाइ´-फ़ाइड्) *n.* a disease caused by bacteria and characterized by high fever, टाइफ़ायड, मोतीझिरा, आंत्रज्वर।

typhoon (टाइ-फ़ून्´) *n.* a severe hurricane, तूफ़ान।

typhus (टाइ´-फ़ॅस्) *n.* a disease caused by

micro-organisms, टाइफ़स।

typical (टिप्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. having the nature of a type, ठेठ, प्रारूपिक, प्ररूपी; typical dream, प्ररूपी स्वप्न। 2. characteristic, विशिष्ट, ख़ास; typical criminal, ख़ास अपराधी। 3. symbolical, प्रतीकात्मक।

typically (टिप्´-इ-कॅ-ली) *adv.* in a typical manner, विशिष्ट रूप से।

typification (टिप्-इ-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* the act of typifying. प्रतीकीकरण।

typify (टिप्´-इ-फ़ाइ) *v.* (typified, typifying) 1. to serve as a typical example of, प्ररूप होना। 2. to symbolize, प्रतीक होना।

typing (टाइ´-पिंग्) *n.* the act of typewriting, टंकन, टाइपकारी, टाइपिंग।

typist (टाइ´-पिस्ट्) *n.* one who types, टाइपकर्ता, टाइपिस्ट।

typo (टाइ´-पो) *n.* a typographical error, छपाई की भूल, मुद्रण-त्रुटि।

typographical (टाइ-पॅ-ग्राफ़्´/ ग्रैफ़्´-इ-कॅल्) *adj.* of typography, मुद्रण-संबंधी, छपाई-संबंधी; typographical error, छपाई की भूल, मुद्रण-त्रुटि।

typography (टाइ-पॉग्´-रॅ-फ़ी) *n.* 1. the art or practice of printing, मुद्रण-कला। 2. the style of printed matter, छपाई-सज्जा, मुद्रण-सज्जा।

tyrannic (टि-रैन्´-इक्) *adj.* = tyrannical.

tyrannical (टि-रैन्´-इ-कॅल्) *adj.* 1. of a tyrant or tyranny, अत्याचारी, अत्याचारपूर्ण। 2. despotic, निरंकुश, नृशंस।

tyrannically (टि-रैन्´-इ-कॅ-ली) *adv.* in a tyrannical manner, निरंकुशतापूर्वक, क्रूरता-पूर्वक।

tyrannize (टिर्´-अॅ-नाइज़्) *v.* (tyrannized, tyrannizing) 1. to rule as a tyrant, निरंकुश शासन करना। 2. to treat tyrannically, अत्याचार करना, जुल्म करना, क्रूरता बरतना।

tyrannosaur (टि-रैन्´-अॅ-सॉ:) *n.* a kind of dinosaur, एक प्रकार का बहुत बड़ा डाइनासोर।

tyrannous (टिर्´-अॅ-नॅस्) *adj.* tyrannical, अत्याचारी, अत्याचारपूर्ण, नृशंस, क्रूर।

tyranny (टिर्´-अॅ-नी) *n.* 1. government of a tyrant, निरंकुश शासन, तानाशाही। 2. a tyrannical act, अत्याचार, जुल्म। 3. oppression, उत्पीड़न।

tyrant (टाइ´-रॅन्ट्) *n.* 1. an oppressive or cruel ruler, निरंकुश शासक। 2. an oppressive person, अत्याचारी।

tyre (टाइ´-अॅ:) *n.* a covering fitted around the rim of a vehicle, टायर।

tyro (टाइ´-रो) *n.* a novice, नौसिखुआ।

tzar (ज़ा:) *n.* = czar.

tzarina (ज़ा-रि-नॅ) *n.* = czarina.

U

U, u (यू) the twenty-first letter of the English alphabet, अंग्रेज़ी वर्णमाला का इक्कीसवाँ वर्ण।

ubiquitous (यु-बिक्´-वि-टस्) *adj.* being everywhere at the same time, सर्वव्यापक, सर्वव्यापी।

ubiquity (यु-बिक्´-वि-टी) *n.* the quality or state of being ubiquitous, सर्वव्यापकता, सर्वव्यापिता।

U-boat (यू´-बोट्) *n.* a German submarine, यू की आकृति-वाली जर्मनी की एक पनडुब्बी।

udder (अड्´-अॅ:) *n.* a bag-like milk secreting organ (of a cow, goat, sheep etc, गाय, बकरी, भेड़ आदि का) थन।

ugh (उग्) *interj.* an exclamation of dislike, disgust etc, छी! उँह!

ugli (अग्´-ली) *n.* a citrus fruit, नारंगी की जाति का एक फल।

ugliness (अग्´-लि-निस्) *n.* the quality or state of being ugly, भद्धापन, कुरूपता, भोंडापन।

ugly (अग्´-ली) *adj.* (uglier, ugliest) 1. having unpleasant appearance, भद्दा, कुरूप, भोंडा। 2. frightful, shocking, भयावह, ख़तरनाक; The crowd was in an ugly mood, भीड़ का रुख़ ख़तरनाक था।

ukase (यू-केज़्´) *n.* an edict of the tsar, ज़ार का हुकुमनामा।

ukulele (यू-कॅ-ले´-ली) *n.* a small four stringed guitar, चार तारोंवाली छोटी गिटार, चौतारा गिटार।

ulcer (अल्´-सॅ:) *n.* 1. a ore, फोड़ा, व्रण। 2. an open sore that heals very slowly, नासूर। 3. a source of evil, बला, ख़ुराफ़ात की जड़, बुराई का मूल।

ulcerate (अल्´-सॅ-रेट्) *v.* (ulcerated, ulcerating) 1. to become ulcerous, फोड़ा हो जाना। 2. to make ulcerous, (में) फोड़ा पैदा करना या बना देना।

ulcerous (अल्´-सॅर्-अॅस्) *adj.* 1. affected with an ulcer, फोड़े से ग्रस्त या मुक्त। 2. having a corrupting influence, भ्रष्ट या दूषित करनेवाला।

ulema (उ-ले´-मॅ) *n.* (plu.) learned persons, विद्वान लोग।

ullage (उल्´-इज़्) *n.* the amount by which a container falls short of being full, घटी, कमी।

ulne (उल्´-नॅ) *n.* the inner of the two bones of the forearm, हथेली और कोहनी के बीच की एक हडड्डी, अंत:प्रकोष्ठिका।

ulster (उल्´-स्टॅ:) *n.* a long loose overcoat of heavy material, मोटा तथा ढीला-ढाला ओवरकोट।

ulterior (अल्-टिअॅर्´-इ-अॅ:) *adj.* 1. hidden or unexpressed, अप्रत्यक्ष, अव्यक्त। 2. secret or selfish, गूढ़ या स्वार्थपूर्ण।

ultimate (अल्´-टि-मॅट्) *adj.* 1. final, अंतिम। 2. the highest, चरम, परम; ultimate truth, चरम सत्य। 3. fundamental, मूलभूत, मौलिक; ultimate principle, मूल सिद्धांत।

ultimately (अल्´-टि-मॅट्-ली) *adv.* finally. अंत में, अंततः, अंततोगत्वा, आख़िरकार।

ultimatum (अल्-टि-मे´-टॅम्) *n.* (plu. ultimata, ultimatums) a final condition, demand or proposal, rejection of which leads to force or other direct action, अंतिम चेतावनी, अंतिमेथम, अल्टिमेटम।

ultimo (अॅल्´-टि-मो) *adj.* of or occurring in the last month, गत मास का, पिछले महीने का।

ultra (अल्´-ट्रॅ) *prefix.* 1. excessively, extremely, अति; ultra-conservative, अतिरूढ़िवादी, ultra-modern, अत्याधुनिक।

2. beyond, के परे, के पार। *n.* an extremist, अतिवादी।

ultrafashionable (अल्-ट्रॅ-फ़ैश्´-नॅ-बॅल्) *adj.* excessively fashionable, अत्यधिक फ़ैशनपरस्त।

ultramarine (अल्-ट्रॅ-मॅ-रीन्´) *adj.* 1. situated beyond the sea, समुद्र के पार स्थित। 2. bright deep blue, गहरे नीले रंग का, लाजवर्दी। *n.* bright deep blue colour, गहरा नीला रंग।

ultramicroscopic (अल्´-ट्रॅ-माइ-क्रॅ-स्कॉप्´-इक्) *adj.* too small to be seen with an ordinary microscope, अतिसूक्ष्म।

ultraminiature (अल्-ट्रॅ-मिन्´-इ-अॅ-चॅ:) *adj.* extremely small, अत्यंत सूक्ष्म।

ultramodern (अल्-ट्रॅ-मॉड्´-अॅ:न्) *adj.* extremely modern, अत्याधुनिक।

ultrapure (अल्-ट्रॅ-प्योः´) *adj.* extremely pure, अतिशुद्ध।

ultrashort (अल्-ट्रॅ-शॉ:ट्´) *adj.* extremely short, अतिलघु।

ultrasonic (अल्-ट्रॅ-सॉन्´-इक्) *adj.* supersonic, पराध्वनिक।

ultraviolet (अल्-ट्रॅ-वाइ´-अॅ-लॅट्) *adj.* situated beyond the visible spectrum at its violet end, पराबैंगनी।

ultravires (अल्-ट्रॅ-वाइ´-रीज़्) *adj.* beyond one's legal power, विधिक अधिकारों से परे का, अधिकारातीत।

ululate (यूल्´-यू-लेट्) *v.* (ululated, ululating) to howl, हूहू करना, हुहुआना, विलाप करना।

umbilical (अम्-बिल्´-इ-कॅल्) *adj.* of the navel, नाभि-संबंधी, नाभिकीय; umbilical cord, नाल।

umbilicus (अम्-बिल्´-इ-कॅस्) *n.* (plu. umbilici) the navel, नाभि।

umbra (अम्´-ब्रॅ) *n.* the shadow cast by the moon on to the earth during a solar eclipse, ग्रहण के समय पृथ्वी पर चंद्रमा की पड़नेवाली छाया, प्रच्छाया।

umbrage (अम्´-ब्रिज्) *n.* 1. shade, छाया। 2. a hint, संकेत। 3. a feeling of being offended, रोष, नाराज़गी। ☐ **take umbrage,** अप्रसन्न होना, रुष्ट होना।

umbrella (अम्-ब्रेल्´-अॅ) *n.* 1. a small portable canopy for protection against rain or sun, छतरी, छाता। 2. protection, patronage, संरक्षण, छत्रछाया; under the umbrella of a saint, संत की छत्रछाया में।

umiak (यू´-मि-अॅक्) *n.* a large boat made of skins, चमड़े की नाव, चर्मनौका।

unlimited (अन्-लिम्´-इ-टिड्) *adj.* not limited, जो सीमित न हो, असीम, असीमित; unlimited liability, असीमित देयता; unlimited power, असीम शक्ति।

unlined (अन्-लाइन्ड्´) *adj.* not marked with lines, अरेखित।

unlisted (अन्-लिस्´-टिड्) *adj.* not entered on a list, असूचीगत; unlisted stock, असूचीगत स्टॉक।

unload (अन्-लोड्´) *v.* (unloaded, unloading) 1. to remove the load (from, पर से) बोझ उतारना। 2. to get rid of, पीछा छुड़ाना। 3. to remove the charge, (भरी हुई बंदूक आदि) खाली करना।

unlock (अन्-लॉक्´) *v.* (unlocked, unlocking) to unfasten the lock of, ताला खोलना।

unlooked-for (अन्-लुक्ड्´-फ़ॉ:) *adj.* unexpected, अप्रत्याशित।

unloose (अन्-लूस्´) *v.* (unloosed, unloosing) to untie or release, ढीला कर देना, खोल या छोड़ देना।

unluckily (अन्-लक्´-इ-ली) *adv.* unfortunately, दुर्भाग्य से, दुर्भाग्यवश।

unlucky (अन्-लक्´-ई) *adj.* 1. not lucky, unfortunate, अभागा, भाग्यहीन, क़िस्मत का मारा। 2. bringing bad luck, अशुभ; unlucky number, अशुभ संख्या।

unmake (अन्-मेक्´) *v.* (unmade, unmaking) to undo or destroy, चौपट या नष्ट करना।

unman (अन्-मैन्´) *v.* (unmanned, unmanning) to deprive of courage or strength, निरुत्साहित या अशक्त कर देना।

unmanly (अन्-मैन्´-ली) *adj.* not manly, जो पुरुषोचित न हो, अपुरुषोचित।

unmanned (अन्-मैन्ड्´) *adj.* operated without a crew, बिना कर्मीदल का।

unmannerly (अन्-मैन्´-अ:-ली) *adj.* without good manners, अशिष्ट।

unmarried (अन्-मैर्´-ईड्) *adj.* not married, अविवाहित, कुँआरा।

unmask (अन्-मास्क्´, अन्-मैस्क्´) *v.* (unmasked, unmasking) 1. to remove a mask from, नकाब उतारना। 2. to expose, पोल या कलई खोल देना, भंडाफोड़ देना।

unmatched (अन्-मैच्ड्´) *adj.* not matched, जो जोड़ या बराबरी का न हो, बेजोड़।

unmeaning (अन्-मी´-निंग्) *adj.* meaningless, अर्थहीन, बेमानी, निरर्थक।

unmeet (अन्-मीट्´) *adj.* not suitable, अनुपयुक्त।

unmentionable (अन्-मेंन्´-शॅ-नॅ-बॅल्) *adj.* not mentionable, unspeakable, अकथनीय (बुरा या अश्लील)।

unmerciful (अन्-म:´-सि-फ़ुल्) *adj.* 1. merciless, बेरहम, निर्दय। 2. extreme, excessive, अत्यधिक।

unmindful (अन्-माइन्ड्´-फ़ुल्) *adj.* 1. careless, असावधान, लापरवाह। 2. forgetful, भुलक्कड़।

unmistakable (अन्-मि-स्टे´-कॅ-बॅल्) *adj.* clear and unambiguous, सुस्पष्ट तथा असंदिग्ध, त्रुटिहीन, भ्रमरहित।

unmistakably (अन्-मि-स्टे´-कॅ-ब्ली) *adv.* clearly and unambiguously, असंदिग्ध रूप से, निस्संदेह।

unmitigated (अन्-मिट्´-इ-गे-टिड्) *adj.* not diminished, घोर; unmitigated disaster, घोर विनाश।

unmoral (अन-मॉर्´-अॅल्) *adj.* not moral, अनैतिक, निर्नैतिक।

unmoved (अन्-मूव्ड्´) *adj.* not moved, जो हिले नहीं, अचल, दृढ़।

unnatural (अन्-नैच्´-उ-रॅल्) *adj.* not natural, अप्राकृतिक, कृत्रिम।

unnecessarily (अॅ-नॆं´-सॅस्-अॅ-रॅ-ली, अन्-नॆंस्´-अॅ-सॅर्-अॅ-ली) *adv.* to an unnecessary degree, अनावश्यक रूप से, व्यर्थ।

unnecessary (अॅ-नॅ´-सॅस्-अॅ-री, अन्-नॅस्´-अॅ-सॅर्-ई) *adj.* not necessary, अनावश्यक, व्यर्थ।

unnerve (अन्-नःव्´) *v.* (unnerved, unnerving) to cause to lose courage, हतोत्साह कर देना, हिम्मत तोड़ देना।

unnoticed (अन्-नो´-टिस्ड्) *adj.* not noticed, अनदेखा, अलक्षित।

unnumbered (अन्-नम्´-बःड्) *adj.* 1. without number, संख्यारहित। 2. numberless, असंख्य।

unobtrusive (अन्-ॲब्-ट्रू´-सिव्) *adj.* not obtrusive, जो स्पष्ट दिखाई न दे, अप्रत्यक्ष, परोक्ष।

unoccupied (अन्-ऑक्´-यु-पाइड्) *adj.* 1. without occupants, खाली (मकान)। 2. not busy, खाली (व्यक्ति)।

unoffending (अन्-ॲ-फ़ॅन्´-डिंग्) *adj.* harmless, अहानिकर, सुशील।

unofficial (अन्-ॲ-फ़िश्´-ॲल्) *adj.* not official, अशासकीय, ग़ैरसरकारी।

unopposed (अन्-ॲ-पोज़्ड्´) *adj.* not opposed, निर्विरोध।

unorganized (अन्-ऑ:´-गॅ-नाइज़्ड्) *adj.* not organized, असंघटित।

unpack (अन्-पैक्´) *v.* (unpacked, unpacking) to remove from packing, खोलना, आवरण हटाना।

unpaid (अन्-पेड्´) *adj.* not paid, अदत्त।

unparalleled (अन्-पैर्´-ॲ-लॅल्ड्) *adj.* having no parallel, अपूर्व, अद्वितीय, अप्रतिम।

unparliamentary (अन्-पा:´-लॅ-मॅन्´-टॅ-री) *adj.* contrary to parliamantry customs or procedures, असांसदीय।

unperson (अन्-प:´-सॅन्) *n.* a person whose existence is officially denied or ignored, अव्यक्ति।

unplanned (अन्-प्लैन्ड्´) *adj.* not planned, जिसके लिए योजना न बनाई गई हो, अनियोजित।

unplayable (अन्-प्ले´-ॲ-बॅल्) *adj.* 1. difficult to play, जिसे खेलना मुश्किल हो। 2. not fit to be played on, जिस पर खेलना मुश्किल हो, जो खेलने लायक न हो।

unpleasant (अन्-प्लॅज़्´-ॲन्ट्) *adj.* not pleasing, not agreeable, अप्रिय, अरुचिकर, असुखकर; unpleasant smell, दुर्गंध।

unpleasantness (अन्-प्लॅज़्´-ॲन्ट्-निस्) *n.* 1. the state of being unpleasant, अप्रियता। 2. an unpleasant situation, कटुता, मनोमालिन्य।

unplug (अन्-प्लग्´) *v.* (unplugged, unplugging) to remove the plug from, प्लग हटाना या निकालना।

unpopular (अन्-पॉप्´-यॅ-लॅ:) *adj.* not popular, अलोकप्रिय।

unprecedented (अन्-प्रॅस्´-इ-डॅन्-टिड्) *adj.* having no precedent, दृष्टांतविहीन, बेमिसाल, अभूतपूर्व, अपूर्व।

unpredictable (अन्-प्रि-डिक्´-टॅ-बॅल्) *adj.* not predictable, जिसके संबंध में पहले से कुछ कहना संभव न हो, बेतुका या मनमौजी।

unprejudiced (अन्-प्रॅज्´-यु-डिस्ड्) *adj.* not prejudiced, पूर्वग्रहरहित।

unpremeditated (अन्-प्रि-मॅड्´-इ-टे-टिड्) *adj.* not planned beforehand, जिसकी योजना पहले से न बनाई गई।

unprepared (अन्-प्रि-पॅअ:ड्´) *adj.* not ready or prepared, जो पहले से तैयार न हो या न किया गया हो, बिना तैयारी का।

unprepossessing (अन्-प्री-पॅ-जॅस्´-इंग्) *adj.* not attractive, अनाकर्षक, अप्रभावी।

unpretentious (अन्-प्रि-टॅन्´-शॅस्) *adj.* not pretentious or showy, सीधा-सादा, भोला-भाला, आडंबरहीन।

unprincipled (अन्-प्रिन्´-सि-पॅल्ड्) *adj.* 1. lacking principles, सिद्धांतहीन, नीतिहीन। 2. unscrupulous, बेईमान।

unprintable (अन्-प्रिन्´-टॅ-बॅल्) *adj.* not proper for publication, जो छापने योग्य न हो, अमुद्रणीय।

unproductive (अन्-प्रॅ-डक्´-टिव्) *adj.* not productive, अनुत्पादक।

unprofessional (अन्-प्रॅ-फ़ॅश्´-ॲ-नॅल्) *adj.* not professional contrary to professional standards, जो व्यावसायिक मानको के उपयुक्त न हो, अव्यावसायिक।

unprofitable (अन्-प्रॉफ़्´-इ-टॅ-बॅल्) *adj.* not

profitable, अलाभप्रद, अलाभकर।

unpublished (अन्-पब्´-लिश्ड्) *adj.* not published, अप्रकाशित।

unqualified (अन्-क्वॉल्´-इ-फ़ाइड्) *adj.* 1. not having proper qualifications, अयोग्य, अनर्ह। 2. not restricted, अबाधित, अप्रतिबंध; unqualified apology, बिना शर्त क्षमा याचना।

unquestionable (अन्-क्वॅस्´-चॅ-नॅ-बॅल्) *adj.* 1. not questionable, beyond doubt, असंदिग्ध। 2. indisputable, निर्विवाद।

unquestioning (अन्-क्वॅस्´-चॅ-निंग्) *adj.* 1. not asking questions, जो प्रश्न न करता हो, संदेह या आपत्ति न करनेवाला। 2. done without asking questions, बिना संदेह या आपत्ति के होनेवाला।

unquiet (अन्-क्वाइ´-इट्) *adj.* restless, बेचैन, आंदोलित, उद्‌विग्न।

unquote (अन्-कोट्´) *v.* (unquoted, unquoting) to insert the closing quotation marks, उद्धरण चिह्न से बंद करना।

unravel (अन्-रॅव्´-ॲल्) *v.* (unraveled, unraveling) 1. to disentangle, सुलझाना। 2. to clear up, स्पष्ट करना, सुलझाना। 3. to be disentangled, सुलझना।

unread (अन्-रॅड्´) *adj.* 1. not read, जो पढ़ा न हो। 2. not well read, (व्यक्ति) जो पढ़ा न हो, अनपढ़, अशिक्षित।

unreadable (अन्-रीड्´-ॲ-बॅल्) *adj.* difficult to read, illegible, जिसे पढ़ पाना कठिन हो, अपाठ्य।

unreal (अन्-री´-ॲल्) *adj.* 1. not real, कृत्रिम, नक़ली, अवास्तविक। 2. illusory, भ्रामक। 3. imaginary, काल्पनिक।

unrealised (अन्-री´-ॲ-लाइज़्ड्) *adj.* not realised, अप्राप्त।

unreasonable (अन्-री´-ज़ॅ-नॅ-बॅल्) *adj.* 1. not acting according to reason, अयुक्तिशील, अतर्कशील। 2. not conformable to reason, अयुक्तियुक्त, अतर्कपूर्ण। 3. going beyond the limits or reason, अत्युक्तिपूर्ण, अत्यधिक, घोर।

unreasoned (अन्-री´-ज़ॅन्ड्) *adj.* not reasoned, अतर्कसंगत।

unreasoning (अन-री´-ज़ॅ-निंग्) *adj.* not reasoning, अयुक्तिपूर्ण।

unrecognized (अन्-री´-कॉग्´-नाइज़्ड्) *adj.* not recognized, मान्यतारहित।

unreconstructed (अन्-री-कॉन्-स्ट्रक्´-टिड्) *adj.* holding stubbornly old beliefs, पुराणपंथी, दक़ियानूसी।

unrecorded (अन्-री-का:´-डिड्) *adj.* not recorded, अनभिलिखित।

unrecoverable (अन्-री-कॅ-व:´-ॲ-बॅल्) *adj.* not recoverable, जो वसूला न जा सके, अप्राप्य।

unreformable (अनॅ-रि-फ़ॉ:म्´-ॲ-बॅल्) *adj.* that cannot be reformed, जिसे सुधारा न जा सके, सुधारातीत; unreformable offender, सुधारातीत अपराधी।

unregistered (अन्-रि-जिस्´-टॅ:ड्) *adj.* not registered, अपंजीकृत, अरजिस्ट्रीकृत; unregistered firm, अपंजीकृत फ़र्म।

unrelenting (अन्-रि-लॅन्´-टिंग्) *adj.* not yielding or softening, cruel, कठोर, टस से मस न होनेवाला।

unreliable (अन्-रि-लाइ´-ॲ-बॅल्) *adj.* not reliable, अविश्वसनीय, अविश्वस्त।

unremitting (अन्-रि-मिट्´-इंग्) *adj.* not remitting, constant, निरंतर या लगातार होने या चलनेवाला।

unremunerative (अन्-रि-म्यू´-नॅ-रे-टिव्) *adj.* not remunerative, अलाभकर, अलाभकारी।

unrequited (अन्-रि-क्वाइ´-टिड्) *adj.* (of love) not returned or rewarded, अप्रतिदत्त या अपुरस्कृत।

unreserved (अन्-रि-ज़:व्ड्´) *adj.* 1. not reserved, अनारक्षित। 2. without reserve or restriction, अबाध। 3. complete, पूर्ण। 4. frank, खरा, स्पष्टभाषी, स्पष्टवादी।

unreservedly (अन्-रि-ज़:व्ड्´-ली) *adv.* 1. without reservation or hesitation, स्पष्ट शब्दों में या निस्संकोच। 2. completely, पूर्णत:।

unrest (अन्-रॅस्ट्´) *n.* 1. disturbance, उपद्रव, अशांति। 2. restlessness, बेचैनी, घबराहट। 3. anxiety, चिंता।

unrestrained (अन्-रि-स्ट्रेन्ड्´) *adj.* not re-

strained, असंयत।

unrestricted (अन्-रि-स्ट्रिक्´-टिड्) *adj.* not restricted, अनियंत्रित, बेरोक, अप्रतिबंधित।

unretired (अन्-रि-टाइ´-अ:ड्) *adj.* not retired, अनिवृत्त, असेवानिवृत्त।

unrighteous (अन्-राइ´-चॅस्) *adj.* 1. unjust, अन्यायी, अनीतिपरायण। 2. wicked, दुष्ट।

unrighteousness (अन्-राइ´-चॅस्-निस्) *adj.* 1. injustice, अन्याय, अनीतिपरायणता। 2. wickedness, दुष्टता।

unripe (अन्-राइप्´) *adj.* not yet ripe, जो अभी पका न हो, कच्चा, बेपका, अपरिपक्व।

unrivaled (अन्-राइ´-वॅल्ड्) *adj.* incomparable, अनुपम, बेजोड़, अद्वितीय।

unrobe (अन्-रोब्´) *v.* (unrobed, unrobing) to undress, कपड़े उतारना, नंगा होना या करना।

unroll (अन्-रोल्´) *v.* (unrolled, unrolling) to open out or become opened out, खोलना या खोला जाना।

unrounded (अन्-राउन्´-डिड्) *adj.* not rounded, अवर्तुलित, अवर्तुल।

unruffled (अन्-रफ़्´-अॅल्ड्) *adj.* 1. not upset or agitated, अक्षुब्ध, शांत। 2. smooth, चिकना, समतल।

unruly (अन्-रू´-ली) *adj.* (unrulier, unruliest) not readily ruled or disciplined, उच्छृंखल, बेलगाम, अनुशासनहीन।

unsaddle (अन्-सैड्´-अॅल्) *v.* (unsaddled, unsaddling) to take the saddle from, काठी या ज़ीन उतारना।

unsafe (अन्-सेफ़्´) *adj.* not safe, असुरक्षित।

unsaid (अन्-सॅड्´) *adj.* not expressed, unspoken, अनकहा, अकथित; Many things were left unsaid, बहुत-सी बातें अनकही रह गईं।

unsalted (अन्-सा:ल्´-टिड्) *adj.* not salted, बिना नमक का, बेनमक।

unsanitary (अन्-सैन्´-इ-टॅ-री) *adj.* 1. not clean, गंदा। 2. not hygienic, अस्वास्थ्यकर।

unsatiated (अन्-सैट्´-इ-ए-टिड्) *adj.* not satiated, अतुष्ट, अपरितुष्ट।

unsatisfactory (अन्-सॅट्-इज़्-फ़ॅक्´-टॅ-री) *adj.* not satisfactory, असंतोषजनक।

unsavoury (अन्-से´-वॅ-री) *adj.* 1. distasteful or smelly, बेस्वाद या बदबूदार। 2. insipid, फीका। 3. disgusting, क्षोभकारी, घृणित।

unsay (अन्-से´) *v.* (unsaid, unsaying) to retract or withdraw, पीछे हट जाना, वापस ले लेना; मुकर जाना।

unscarred (अन्-स्कॅअ:ड्´) *adj.* not scarred, अभयभीत, बेखौफ़, निडर।

unscathed (अन्-स्केद्ड्´) *adj.* without any harm, totally unharmed, सही-सलामत, जिसे खरोंच तक न आई हो।

unschooled (अन्-स्कूल्ड्´) *adj.* not schooled, जो स्कूल में न पढ़ा हो, अनपढ़, अशिक्षित।

unscientific (अन्-साइ-अॅन्-टिफ़्´-इक्) *adj.* not scientific, अवैज्ञानिक।

unscramble (अन्-स्क्रैम्´-बॅल्) *v.* (unscrambled, unscrambling) 1. to disentangle, सुलझाना। 2. to restore to intelligible form, बोधगम्य बनाना।

unscratched (अन्-स्क्रैच्ड्´) *adj.* 1. not scratched, जिसे खरोंच न लगी हो। 2. unharmed, जिसे हानि न पहुँची हो।

unscrew (अन्-स्क्रू´) *v.* (unscrewed, unscrewing) to draw the screw from, पेंच खोलना या निकालना।

unscrupulous (अन्-स्क्रू´-प्यॅ-लॅस्) *adj.* 1. not scrupulous, अविवेकी, सिद्धांतहीन, बेईमान। 2. immoral, अनैतिक, चरित्रहीन।

unscrupulously (अन्-स्क्रू´-प्यॅ-लॅस्-ली) *adv.* in an unscrupulous manner, अविवेकपूर्वक, बेईमानी से।

unseal (अन्-सील्´) *v.* (unsealed, unsealing) 1. to remove the seal of, सील तोड़ना या खोलना। 2. to open, खोलना।

unseasonable (अन्-सी´-ज़ॅ-नॅ-बॅल्) *adj.* 1. not being in season, बेमौसम का, बेमौसमी। 2. untimely, असामयिक, बेवक्त का।

unseasoned (अन्-सी´-ज़न्ड्) *adj.* 1. not seasoned, जो छौंका या बघारा न गया हो, बेछौंका या सादा। 2. not fully dried, (लकड़ी) जो पूरी तरह से सूखी न हो, कच्ची या गीली। 3. inexperienced, अनुभवहीन।

unseat (अन्-सीट्´) *v.* (unseated, unseating) 1. to remove from a seat, अपदस्थ करना। 2. to remove from office or position, पदच्युत करना, हरा देना।

unsecured (अन्-सि-क्योःड्´) *adj.* not secured, असुरक्षित।

unseeded (अन्-सी´-डिड्) *adj.* not seeded, not assigned to a preferential position, वरीयताविहीन, अवरीयताप्राप्त।

unseemly (अन्-सीम्´-ली) *adj.* not in good taste, improper, अशोभनीय, अनुचित।*adv.* in an unseemly manner, अशोभनीय ढंग से, अनुचित रीति से।

unseen (अन्-सीन्´) *adj.* not seen, अनदेखा। *n.* an unseen passage, अनदेखा उद्धरण।

unselfish (अन्-सॅल्´-फ़िश्) *adj.* not selfish or generous, निस्स्वार्थ, उदार या परोपकारी।

unserved (अन्-सःव्ड्´) *adj.* not served, असेवित।

unserviceable (अन्-सः´-वि-सॅ-बॅल्) *adj.* not serviceable, बेकार, बेकाम, अनुपयोगी।

unsettled (अन्-सॅट्´-ॲल्ड्) *adj.* 1. not settled, अस्थिर या अस्थापित। 2. not calm, अशांत। 3. undecided, अनिश्चित।

unsewn (अन्-स्यून्´) *adj.* not sewn, अनसिला, बेसिला।

unsex (अन्-सॅक्स्´) *v.* (unsexed, unsexing) to deprire of sexual power, अशक्त बनाना, नपुंसक बनाना।

unshakable (अन्-शे´-कॅ-बॅल्) *adj.* not shakable, स्थिर।

unshaped (अन्-शेप्ड्´) *adj.* not shaped, आकारहीन।

unsheathe (अन्-शीद्´) *v.* (unsheathed, unsheathing) to draw from a sheath, म्यान से बाहर निकालना।

unshod (अन्-शॉड्´) *adj. & adv.* without shoes, नंगे पाँव, बिना जूते के।

unsightly (अन्-साइट्´-ली) *adj.* unattractive, अनाकर्षक, कुरूप, असुंदर।

unsigned (अन्-साइन्ड्´) *adj.* not signed, अहस्ताक्षरित, हस्ताक्षरविहीन।

unskilled (अन्-स्किल्ड्´) *adj.* 1. not skilled, अकुशल, अदक्ष। 2. untrained, अप्रशिक्षित।

unskillful (अन्-स्किल्´-फुल्) *adj.* 1. lacking in skill, कौशलहीन। 2. clumsy, फूहड़।

unsociable (अन्-सो´-शॅ-बॅल्) *adj.* not sociable, असामाजिक, असमाजशील, अमिलनसार।

unsocial (अन्-सो´-शॅल्) *adj.* 1. unsociable, असामाजिक, असमाजशील, अमिलनसार।2. not suitable for society, असामाजिक, समाज-विरोधी।

unsolicited (अन्-सॅ-लिस्´-इ-टिड्) *adj.* not asked for, unrequested, अप्रार्थित।

unsolved (अन्-साल्व्ड्´) *adj.* not solved, जिसका समाधान या हल न निकला हो, असमाधानित, असाधित।

unsophisticated (अन्-सॅ-फ़िस्´-टि-के-टिड्) *adj.* 1. not refined, अपरिष्कृत। 2. not complicated, अजटिल।

unsound (अन्-सॉउन्ड्´) *adj.* 1. not sound or healthy, अस्वस्थ। 2. not mentally normal, विक्षिप्त। 3. defective, दोषपूर्ण, त्रुटिपूर्ण।

unsparing (अन्-स्पॅअॅर्´-इंग्) *adj.* giving freely and lavishly, उदार, मुक्तहस्त।

unspeakable (अन्-स्पी´-कॅ-बॅल्) *adj.* 1. not speakable, अकथनीय। 2. objectionable, आपत्तिजनक।

unspecified (अन्-स्पॅस्´-इ-फ़ाइड्) *adj.* not specified, अनिर्दिष्ट।

unspent (अन्-स्पॅन्ट्´) *adj.* not spent, जो व्यय न किया गया हो, अव्ययित।

unspotted (अन्-स्पॉट्´-इड्) *adj.* 1. unnoticed, अनदेखा। 2. spotless, बेदाग। 3. morally pure, शुद्ध आचरणवाला।

unstable (अन्-स्टे´-बॅल्) *adj.* 1. not stable or firm, अस्थिर। 2. of fickle temperament, ढुलमुल।

unsteady (अन्-स्टॅड्´-ई) *adj.* not steady, अस्थिर, चंचल।

unstinted (अन्-स्टिन्´-टिड्) *adj.* given freely or lavishly, उदारतापूर्वक दिया हुआ।

unstrap (अन्-स्ट्रैप्´) *v.* (unstrapped, unstrapping) to remove a strap from, फीता खोलना।

unstressed (अन-स्ट्रॅस्ड्´) *adj.* 1. without

stress, बलाघातहीन। 2. free from stress, तनावरहित।

unstruck (अन्-स्ट्रक्´) *adj.* detached, असंलग्न, अलग, उखड़ा हुआ। □ **come struck,** अनिष्ट होना।

unstudied (अन्-स्टड्´-ईड्) *adj.* 1. not studied, जिसका अध्ययन न किया गया हो। 2. natural, स्वाभाविक, सहज।

unsubstantial (अन्-सॅब्-स्टैन्´-शॅल्) *adj.* not substantial, सारहीन, निर्मूल।

unsuccessful (अन्-सॅक्-सॅस्´-फ़ुल्) *adj.* not successful, विफल, असफल।

unsuitable (अन्-सू´-टॅ-बॅल्) *adj.* not suitable, अनुपयुक्त।

unsung (अन्-संग्´) *adj.* not sung, जिसका गुणगान न हुआ हो, अप्रशंसित।

unsuspecting (अन्-सॅस्-पेंक्ट्´-इंग्) *adj.* feeling no suspicion, जिसे संदेह न हो, संदेहविहीन।

unswerving (अन्-स्वॅ:´-विंग्) *adj.* unchanging, अविचल, अटल, दृढ़।

unsystematic (अन्-सिस्-टॅ-मैट्´-इक्) *adj.* not systematic, अव्यवस्थित।

untapped (अन्-टेप्ड्´) *adj.* not yet tapped, उपयोग में अभी तक न लाया हुआ।

untaught (अन्-टा:ट्´) *adj.* not taught, अशिक्षित, अप्रशिक्षित।

untenable (अन्-टॅन्´-अॅ-बॅल्) *adj.* not able to be defended, जिसका समर्थन न किया जा सके, असमर्थनीय।

unthinkable (अन्-थिंक्´-कॅ-बॅल्) *adj.* 1. out of question, जिसके संबंध में सोचा भी न जा सके, असंभव, असोचनीय। 2. unimginable, कल्पनातीत।

unthinking (अन्-थिंक्´-किंग्) *adj.* thoughless, विचारहीन, निर्विचार।

unthoughtful (अन्-था:ट्´-फ़ुल्) *adj.* not thoughtful, अविचारी।

unthrone (अन्-थ्रोन्´) *v.* (unthroned, unthroning) to remove from the throne, गद्दी से हटाना या उतार देना।

untidy (अन्-टाइ´-डी) *adj.* (untidier, untidiest) 1. not tidy, मैला, गंदा। 2. clumsy, फूहड़।

untie (अन्-टाइ´) *v.* (untied, untying) to unfasten, खोलना।

until (अन्-टिल्´) *prep.* in or throughout the period before, . . . तक; We waited until nine. हम नौ बजे तक प्रतीक्षा करते रहे। *adv.* 1. up to that, जब तक। 2. before, पहले तक।

untimely (अन्-टाइम्´-ली) *adv.* 1. at an inopportune time, बेमौके। 2. (happening) sooner than is normal, समय से पहले। *adj.* 1. happening at an inopportune time, बेमौके होनेवाला, असामयिक; untimely death, असामयिक मृत्यु। 2. happening sooner than is normal, समय से पहले होनेवाला, समयपूर्व।

untiring (अन्-टाइर्´-इंग्) *adj.* not tiring, न थकनेवाला, अथक।

untold (अन्-टोल्ड्´) *adj.* 1. not told or revealed, अकथित। 2. too numerous, अत्यधिक; untold sufferings, बेशुमार मुसीबतें।

untouchability (अन्-टच्-अॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being untouchable, अस्पृश्यता।

untouchable (अन्-टच्´-अॅ-बॅल्) *adj.* 1. forbidden to be touched, अस्पृश्य। 2. lying beyond the reach, अगम्य। *n.* one that is untouchable, अछूत, अस्पृश्य व्यक्ति।

untoward (अन्-टॅ-वा:ड्´) *adj.* 1. unfavourable, अशुभ या बुरा। 2. difficult to manage, अवश्य, दुर्दम्य।

untraceable (अन्-ट्रे´-सॅ-बॅल्) *adj.* that cannot be traced, जिसका पता न लगाया जा सके।

untried (अन्-ट्राइड्´) *adj.* not tried or tested, अपरीक्षित।

untrue (अन्-ट्रू´) *adj.* 1. not true, मिथ्या, झूठा। 2. not loyal or faithful, अनिष्ठावान, विश्वासघाती, बेईमान।

untruth (अनॅ-ट्रूथ्´) *n.* 1. a lie, झूठी बात। 2. lack of truth, असत्य, झूठ।

untruthful (अन्-ट्रूथ्´-फ़ुल्) *adj.* 1. given to lying, झूठ बोलनेवाला, झूठा। 2. false, झूठा, मिथ्या।

untutored (अन्-ट्यू´-टॅ:ड्) *adj.* not taught, अशिक्षित, कोरा।

unused (अन्-यूज़्ड्´) *adj.* not yet used, अप्रयुक्त,

कोरा।

unusual (अन्-यू´-जु-अॅल्) *adj.* 1. not usual, अप्रायिक, अनियत या असामान्य। 2. remarkable, उल्लेखनीय। 3. exceptional, आपवादिक। 4. rare, विरल।

unutterable (अन्-अट्´-अॅ-रॅ-बॅल्) *adj.* incapable of being expressed in words, अकथनीय, वर्णनातीत।

unveil (अन्-वेल्´) *v.* (unveiled, unveiling) 1. to remove a veil or covering, अनावरण करना, पट या पर्दा हटाना। 2. to remove one's veil, घूँघट हटाना। 3. to make known, प्रकट करना, पर्दा हटाना।

unveiling (अन्-वेल्´-इंग्) *n.* a ceremony in which a veil is removed from a statue etc., अनावरण-समारोह।

unversed (अन्-वःस्ड्´) *adj.* not experienced, नौसिखुआ, अनभ्यस्त।

unvoiced (अन्-वाइस्ड्´) *adj.* not voiced, अघोष (वर्ण)।

unwanted (अन्-वान्´-टिड्) *adj.* not wanted, अनचाहा, अनभीप्सित।

unwarrantable (अन्-वॉर्´-अॅन्-टॅ-बॅल्) *adj.* 1. unjustifiable, अन्यायसंगत। 2. inexcusable, अक्षम्य।

unwarranted (अन्-वार्´-अॅन्-टिड्) *adj.* 1. unjustified, अन्यायपूर्ण, अन्यायसंगत। 2. unauthorized, अनधिकृत।

unwary (अन्-वेंअॅर्´-ई) *adj.* 1. not cautious, असतर्क, असावधान।

unwashed (अन्-वाश्ड्´) *adj.* not washed, जो धोया या साफ़ न किया गया, मैला, गंदा।

unwell (अन्-वेंल्´) *adj.* not well, अस्वस्थ।

unwholesome (अन्-होल्´-सॅम्) *adj.* 1. harmful, दूषित, हानिकर। 2. unhealthy looking, रुग्ण, बीमार। 3. morally corrupt, चरित्रभ्रष्ट।

unwieldy (अन्-वील्´-डी) *adj.* difficult to carry or handle because of shape and size, दुर्वह, भारी-भरकम।

unwilling (अन्-विल्´-इंग्) *adj.* reluctant, अनिच्छुक।

unwillingly (अन्-विल्´-इंग्-ली) *adv.* not willingly, अनिच्छापूर्वक, बेमन से।

unwind (अन्-वाइन्ड्´) *v.* (unwound, unwinding) 1. to uncoil, (कमानी आदि) खोलना। 2. to relax, आराम करना, सुस्ताना।

unwise (अन्-वाइज़्´) *adj.* not wise, मूर्ख।

unwished (अन्-विश्ड्´) *adj.* not wished, अनचाहा, अनिच्छित।

unwitting (अन्-विट्´-इंग्) *adj.* 1. unintentional, अनभिप्रेत। 2. unaware, अनजान, अनभिज्ञ।

unworldliness (अन्-वःल्ड्´-लि-निस्) *n.* the quality or state of being unworldy, असांसारिकता, अलौकिकता।

unworldly (अन्-वॅःड्´-ली) *adj.* 1. not of this world, असांसारिक, असंसारी, अलौकिक। 2. spiritual, आध्यात्मिक। 3. not worldly minded, जो दुनियादार न हो।

unworthiness (अन्-वः´-दि-निस्) *n.* the quality or state of being unworthy, अयोग्यता।

unworthy (अन्-वः´-दी) *adj.* not worthy, अयोग्य, निकम्मा।

unwrap (अन्-रैप्´) *v.* (unwrapped, unwrapping) to remove the covering, खोलना।

unwritten (अन्-रिट्´-अॅन्) *adj.* not written, जो लिखा हुआ हो, अलिखित।

unyielding (अन्-यील्´-डिंग्) *adj.* not yielding, न झुकनेवाला, हठी।

unyoke (अन्-योक्´) *v.* (unyoked, unyoking) to free from a yoke, जुआ खोलना।

up (अप्) *adv.* 1. to an erect position, खड़ा; Stand up. खड़े हो जाओ। 2. at a higher place, ऊपर, ऊँचे; The sun is up. सूरज ऊपर आ गया है। 3. to a higher value or condition, आगे, अधिक; They are two goals up. वे दो गोल से आगे हैं। 4. in view or consideration, देखने या विचार के लिए; You never brought this up before. तुमने पहले कभी इसे सामने नहीं लाए। 5. toward or up to a place, की ओर या तक; Up to Delhi, दिल्ली तक। 6. into a condition of activity, सक्रिय रूप में; The house in up for sale, मकान बिक रहा है। 7. into pieces, टुकड़े-टुकड़े; Tear it up, टुकड़े-टुकड़े कर डालो। 8. apiece, हर एक के; The score was 20 up. हर एक के बीस-बीस

अंक थे। 9. happening, घटित, होनेवाला; What is up? क्या बात है? क्या हुआ? Something is up, कुछ घटित हो रहा है। 10. to be finished, समाप्त; The time is up. समय समाप्त हो गया है; It is all up. सब-कुछ समाप्त हो गया है। ☐ **up against** (i) सामना करना, (ii) निकट; **up for,** खड़े होना, उम्मीदवार होना; **up to** (i) निर्भर होना, (ii) समर्थ या पात्र होना; **up with,** समर्थक होना; **up-to-date,** अद्यतन। *prep.* 1. from a lower to higher point, नीचे से ऊपर, ऊँचे। 2. upward, ऊपर की ओर। *adj.* 1. moving or directed upward, ऊपर की ओर जाता हुआ या जानेवाला। 2. happy, प्रसन्न। *v.* (upped, upping) 1. to raise or lift, ऊँचा करना, उठाना, बढ़ाना। 2. to begin to do something abruptly or surprisingly, एकाएक या अप्रत्याशित रूप से कोई काम करने लगना। *n.* the high point, ऊँचा बिंदु। ☐ **ups and downs,** उतार-चढ़ाव; **on the up and up** (i) ईमानदार; (ii) ईमानदारी से।

up-and-coming (अप्-ॲन्-कम्´-इंग्) *adj.* promising, होनहार।

upbeat (अप्´-बीट्) *adj.* 1. cheerful, प्रसन्न, प्रफुल्ल। 2. optimistic, आशावादी। *n.* the un-accented beat, अप्रघात (संगीत में)।

upbraid (अप्-ब्रेड्´) *v.* (upbraided, upbraiding) to reprove angrily or sharply, झिड़कना, बिगड़ना।

upbringing (अप्´-ब्रिंग्-इंग्) *n.* the rearing and education of a person during childhood, (माता-पिता द्वारा बालक का) लालन-पालन तथा पढ़ाई-लिखाई।

upcast (अप्´-का:स्ट्) *adj.* thrown upward, ऊपर की ओर फेंका हुआ।

upchuk (अप्´-चक्) *v.* (upchuked, upchuking) to vomit, उलटी करना, कै करना।

upcoming (अप्´-कम्-इंग्) *adj.* about to take place, आनेवाला, भावी।

upcountry (अप्´-कन्-ट्री) *n.* the interior region of a country, देश का भीतरी प्रदेश। *adj.* of, pertaining to or coming from upcountry, भीतरी भाग से संबद्ध, भीतरी भाग से आनेवाला।

update (अप्-डेट्´) *v.* (updated, updating) to bring-up-to date, अद्यतन करना या बनाना। *n.* the act of updating, अद्यतन करने की क्रिया या भाव।

updated (अप्-डे´-टिड्) *adj.* up-to-date, अद्यतन।

upend (अप्-ऍन्ड्´) *v.* (upended, upending) to rise up on end, खड़ा हो जाना।

upgrade (अप्-ग्रेड्´) *v.* (upgraded, upgrading) 1. to raise to a higher rank, पदोन्नत करना, ऊँची कोटि में भेजना। 2. to raise in value or importance, मूल्य या महत्त्व बढ़ाना। *n.* an upward slope, चढ़ाई। ☐ **on the upgrade,** ऊपर उठता हुआ, प्रगति करता हुआ।

upgrowth (अप्´-ग्रोथ्) *n.* the process of growing upward, उठान, बढ़ाव।

upheaval (अप्-ही´-वॅल्) *n.* 1. violent agitation, उग्र आंदोलन, उथल-पुथल। 2. violent change, कायापलट, महापरिवर्तन।

upheave (अप्-हीव्´) *v.* (upheaved, upheaving) 1. to move upward, ऊपर उठना। 2. to lift, उठाना।

uphill (अप्-हिल्´) *adj.* 1. going up a hill, leading upward, चढ़नेवाला, चढ़ाऊ। 2. difficult, दुष्कर, कठिन; uphill task, दुष्कर कार्य।

uphold (अप्-होल्ड्´) *v.* (upheld, upholding) 1. to hold aloft, उठाए रखना, थामे रहना। 2. to defend against opposition, विरोध के बावजूद रक्षा करना, बनाए रखना। 3. to support, समर्थन करना।

upholster (अप्-होल्´-स्टॅ:) *v.* (upholstered, upholstering) to supply (furniture) with cushions, coverings etc., (फ़र्नीचर पर) गद्दियाँ रखना, खोल चढ़ाना आदि।

upholstery (अप्-होल्´-स्टॅ-री) *n.* maintenance of furniture, फ़र्नीचर का रख-रखाव।

upkeep (अप्´-कीप्) *n.* the act of keeping something in good condition, रख-रखाव, सँभाल।

upland (अप्´-लैन्ड्) *n.* the high land, ऊँची भूमि या प्रदेश।

uplift (अप्´-लिफ़्ट्) *v.* (uplifted, uplifting)

1. to lift up. ऊँचा उठाना। 2. to raise (the standard, स्तर) ऊँचा करना, उन्नत करना, उद्धार या उन्नयन करना। *n.* the act of lifting or the state of being uplifted, उद्धार, उत्थान, उन्नयन।

upliftment (अप्-लिफ़्ट्´-मॅन्ट्) *n.* uplift, उद्धार, उन्नयन।

upmost (अप्´-मोस्ट्) *adj.* uppermost, सबसे ऊँचा।

upon (अॅ-पॉन्´) *prep.* on, के ऊपर, पर। □ **once upon a time,** एक समय की बात है कि।

upper (अप्´-अॅ:) *adj.* 1. higher in place, ऊपरी, ऊपरवाला। 2. higher in position or rank, उच्च, ऊँचा; upper class, उच्च श्रेणी।

upper chamber (अप्´-अॅ:-चैम्´-बॅ:) *n.* upper house, उच्च सदन।

upper class (अप्´-अॅ:-क्लास्/ क्लैस्) *n.* class of rich persons, उच्च श्रेणी, उच्च वर्ग।

upper house *n.* one of the two houses of a bicameral legislature, उच्च सदन, विधान परिषद।

uppermost (अप्´-अॅ:-मोस्ट्) *adj.* highest, उच्चतम।

uppish (अप्´-इश्) *adj.* 1. snobbish, दंभी या दंभ-भरा। 2. arrogant, उद्धत।

uppity (अप´-इ-टी) *adj.* = uppish.

upraise (अप्-रेज़्´) *v.* (upraised, upraising) to raise up, (ऊपर) उठाना।

upright (अप्´-राइट्) *adj.* 1. in a vertical position, उदग्र, उर्ध्वाधर। 2. erect, खड़ा, सीधा। 3. honest, ईमानदार, सच्चा।

uprightly (अप्´-राइट्-ली) *adv.* in an upright manner, ईमानदारी से, सच्चाई से।

uprightness (अप्´-राइट्-निस्) *n.* the quality of being upright, ईमानदारी, सच्चाई।

uprising (अप्´-राइ-ज़िंग्) *n.* a revolt or rebellion, विप्लव, विद्रोह, बगावत।

upriver (अप्´-रिव्´-अॅ:) *adj. & adv.* toward the starting point of a river, धारा के उलटे।

uproar (अप्´-रोः) *n.* commotion, शोर, हंगामा, हो-हल्ला, गुलगोपाड़ा।

uproarious (अप्-रोर्´-इ-अॅस्) *adj.* very noisy, कोलाहलपूर्ण, शोरगुल-भरा।

uproot (अप्-रूट्´) *v.* (uprooted, uprooting) 1. to remove by pulling up the roots, जड़ से उखाड़ना, उन्मूलन करना। 2. to displace, विस्थापित कर देना, खदेड़ना, उजाड़ना।

upset (अप्-सेंट्´) *v.* (upset, upsetting) 1. to overturn, उलट देना। 2. to disrupt or disturb, छिन्न-भिन्न या अस्त-व्यस्त कर देना, गड़बड़ा देना; upset the applecart, चौपट कर देना। 3. to defeat, हरा देना, पराजित कर देना। *n.* 1. reversal, उलट-पुलट, उलटाव। 2. disorder or disruption, गड़बड़ी। 3. an unexpected defeat, अप्रत्याशित हार। *adj.* 1. unhappy, दुखी। 2. worried, चिंतित। 3. disturbed, गड़बड़।

upset price *n.* the lowest acceptable selling price in an auction, नीलामी में लगाई या आँकी जानेवाली सब से कम क़ीमत।

upshot (अप्´-शॉट्) *n.* conclusion, निष्कर्ष, परिणाम।

upside-down (अप्-साइड्-डाउन्´) *adj.* 1. turned over completely, उलटा, औंधा। 2. in total or great disorder, पूर्ण रूप से या अत्यधिक अस्त-व्यस्त। *adv.* in a reverse order, उलटे या औंधे रूप में।

upstage (अप्´-स्टेज्´) *adv.* toward the back part of the stage, मंच के पिछले हिस्से में, नेपथ्य में। *adj.* haughty, हठी, दंभी।

upstairs (अप्´-स्टेंअॅ:ज़्´) *adv.* up the stairs, to or on a higher floor, ऊपर, ऊपरी मंज़िल पर।

upstanding (अप्-स्टैन्´-डिंग्) *adj.* 1. erect, खड़ा, सीधा। 2. honest, सच्चा, ईमानदार।

upstart (अप्´-स्टाःट्) *v.* (upstarted, upstarting) to jump up suddenly, सहसा छलाँग लगाना। *n.* one who has risen suddenly to a position of power or wealth, नया नवाब या नया रईस। *adj.* haughty, दंभी, हठी।

upstream (अप्-स्ट्रीम्´) *adv.* against the current, बहाव के विरुद्ध।

upsurge (अप्-सःज्) *n.* a sudden appearance of something, किसी चीज़ का एकाएक आ धमकना। 2. a sudden increase in some-

thing, एकाएक होनेवाली वृद्धि।

up-to-date (अप्´-टु-डेट्´) *adj.* 1. extending up to present time, अद्यतन। 2. modern, आधुनिक।

uptown (अप्´-टॉउन्´) *adv.* toward the upper part of the city, नगर के रिहायशी हिस्से में।

upturn (अप्-टःन्´) *v.* (upturned, upturning) to turn upward, उलट देना या औंधा कर देना। *n.* an upheaval, उथल-पुथल।

upward (अप्´-वःड्) *adv.* in a direction from lower to higher, नीचे से ऊपर की ओर। *adj.* 1. ascending, ऊर्ध्वमुख, ऊर्ध्वमुखी। 2. higher, ऊपरी; higher limit, ऊपरी सीमा।

uranic (यु-रैन्´-इक्) *adj.* of uranium, यूरेनियम-संबंधी।

uranium (यु-रे´-नि-अॅम्) *n.* a metallic element, यूरेनियम।

Uranus (यु-रे´-नॅस्) *n.* 1. a planet in a solar system, युरेनस ग्रह। 2. the ruler of the heaven, स्वर्ग का राजा।

urban (अः´-बॅन्) *adj.* of or pertaining to the city, नगरीय, शहरी।

urbane (अः-बेन्´) *adj.* having refined manners, नगरीय सभ्यतापरक, शिष्ट, सुसंस्कृत, सभ्य।

urbanite (अः´-बॅ-नाइट्) *n.* one who lives in city, शहरी व्यक्ति, शहरी, नगरवासी।

urbanization (अः-बॅ-नाइ-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of urbanizing, नगरीकरण, नगर का रूप देना।

urbanize (अः´-बॅ-नाइज़्) *v.* (urbanized, urbanizing) to make urban in nature or character, नगरीकरण करना।

urchin (अः´-चिन्) *n.* 1. a mischievous boy, नटखट बालक। 2. a poor boy, गरीब लड़का।

urea (यु´-रि-अॅ) *n.* a water soluble compound, यूरिया।

ureter (यु-री´-टः) *n.* a duct that carries away the urine from a kidney to the bladder, मूत्रवाहिनी।

urethra (यु-री´-थ्रॅ) *n.* the canal that carries of the urine from the bladder, मूत्रमार्ग।

urge (अःज्) *v.* (urged, urging) 1. to plead and press to do something, अनुरोध करना। 2. to recommend earnestly, प्रेरित करना। 3. to drive onward, हाँकना। *n.* a strong impulse, अंतः प्रेरणा।

urgency (अः´-जॅन्-सी) *n.* the quality or state of being urgent, अत्यावश्यकता, तात्कालिकता।

urgent (अः´-जॅन्ट्) *adj.* 1. requiring speedy action, अत्यावश्यक, बहुत ज़रूरी। 2. immediate, तात्कालिक, तुरंत, अविलंब, तुरंती।

urgently (अः´-जॅन्ट्-ली) *adv.* 1. in an urgent manner, अत्यावश्यक रूप से। 2. immediately, तुरंत।

uric (यु´-रिक्) *adj.* 1. of or pertaining to urine, मूत्रीय, मूत्र-संबंधी। 2. found in urine, मूत्र में होनेवाला, मूत्रोपलब्ध।

uric acid *n.* a compound found in urine, मूत्राम्ल।

urinalysis (यूर्-इ-नैल्´-इ-सिस्) *n.* the chemical analysis of urine, मूत्र-विश्लेषण।

urinary (यूर्´-इ-नॅ-री) *adj.* of or relating to urine, मूत्रीय, मूत्र-संबंधी; urinary bladder, मूत्राशय।

urinate (यूर्´-इ-नेट्) *v.* (urinated, urinating) to discharge urine, पेशाब करना, मूतना।

urination (यूर्-इ-ने´-शॅन्) *n.* the act of urinating, पेशाब करना, मुताई।

urine (यूर्´-इन्) *n.* the fluid excreted by the kidneys, पेशाब, मूत्र।

urn (अःन्) *n.* a vaselike vessel, कलश।

urogenital (यूर्-ओ-जेॅन्´-इ-टॅल्) *adj.* of or pertaining to urinary and genital organs, मूत्र तथा प्रजनन अंगों से संबद्ध, मूत्र-प्रजनन।

urologic (यूर्-अॅ-लॉज्´-इक्) *adj.* of urology, मूत्रविज्ञान-संबंधी।

urologist (यू-रॉल्´-अॅ-जिस्ट्) *n.* a specialist in urology, मूत्रविज्ञानी।

urology (यू-रॉल्´-अॅ-जी) *n.* the science dealing with urinary system, मूत्रविज्ञान।

ursine (अः´-साइन्) *adj.* of or pertaining to a bear, भालू-संबंधी, ऋक्षीय।

urticaria (अः-टि-केॅअॅर्´-इ-अॅ) *adj.* a skin eruption, पित्ती।

us (अस्) *pron.* objective case of we, हमें।

usability (यू-ज़ॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* the state of being usable, प्रयोज्यता, व्यवहार्यता।

usable (यू´-ज़ॅ-बॅल्) *adj.* that can be used, जिसे प्रयोग में लाया जा सके, प्रयोज्य, व्यवहार्य।

usage (यू´-सिज्) *n.* 1. the manner of using, प्रयोग, इस्तेमाल। 2. the way in which a language or its elements are used, शब्द-प्रयोग, भाषा-प्रयोग, प्रयोग। 3. a custom, रूढ़ि, चलन, रीति।

usance (यू´-ज़ॅन्स्) *n.* the allowed time, मुद्दत, मियाद, मोहलत।

use (यूज़्) *v.* (used, using) 1. to put into action or service, काम में लाना, उपयोग करना, प्रयोग या इस्तेमाल करना। 2. to employ for a given purpose, प्रयुक्त करना, लगाना। 3. to bahave, व्यवहार करना। 4. to consume, ख़र्च करना, उपयोग करना। □ **used to,** अभ्यस्त; **use up,** उपयोग करना। *n.* 1. the act of using or the state of being used, प्रयोग, इस्तेमाल, व्यवहार; use of force, बल-प्रयोग। 2. purpose, प्रयोजन। 3. utility or usefulness, उपयोगिता।

used (यूज़्ड्) *adj.* second hand, उपयोग में लाया हुआ, पुराना।

useful (यूस्´-फ़ुल्) *adj.* 1. having utility, उपयोगी। 2. serviceable, काम में आने योग्य। 3. beneficial, लाभप्रद।

usefulness (यूस्´-फ़ुल्-निस्) *n.* 1. utility, उपयोगिता। 2. benefit, लाभ।

useless (यूस्´-लिस्) *adj.* being of no use, बेकार, अनुपयोगी, निकम्मा।

user (यू´-ज़ॅ:) *n.* one who uses, उपयोगकर्ता, प्रयोक्ता, उपभोक्ता।

usher (अश्´-ऑ:) *n.* a person who escorts people to their seats in public halls, theatres etc., प्रवेशक, स्वागतक। *v.* (ushered, ushering) to escort persons to their seats, प्रवेशक का काम करना, अपनी-अपनी सीटों पर लोगों को बैठाना।

usherette (अश्-ऑ-रॅट्´) *n.* a female usher, प्रवेशक महिला, प्रवेशिका, स्वागतिका।

usual (यू´-ज़ुं-ऑल्, यू´-ज़्हु-ऑल्) *adj.* 1. commonly or ordinarily used, सामान्य, साधारण, मामूली। 2. found in ordinary practice, customary, प्रारंभिक, आम। *n.* (the usual) the habitual drink, वह शराब जिसका कोई आदी हो।

usually (यू´-ज़ु-ऑ-ली) *adv.* 1. commonly, सामान्यत:। 2. often, प्राय:, अक्सर।

usufruct (यू´-ज़ॅ-फ़्रक्ट्) *n.* the right to use and enjoy the property belonging to another, भोगाधिकार, फलोपभोग।

usufructuary (यू-ज़ॅ-फ़्रक्´-चु-ऑ-री) *n.* one who enjoys the property of another, भोगाधिकारी, फलोपभागी।

usurer (यू´-ज़्हॅं-रॅ:) *n.* a person who charges exorbitant rate of interest, सूदख़ोर।

usurious (यू-ज़्हूर्´-इ-ऑस्) *adj.* 1. practicing usury, सूदख़ोर। 2. too high (interest, price etc., ब्याज, मूल्य आदि), अत्यधिक।

usurp (यू-ज़ऻ:प्´) *v.* (usurped, usurping) to seize something by force, हड़पना, हड़प लेना।

usurpation (यू-ज़ऻ:-पे´-शॅन्) *n.* the act of usurping, हड़पने की क्रिया या भाव।

usurper (यू-ज़ऻ:प्´-ऑ:) *n.* one who usurps, हड़पनेवाला।

usury (यू´-ज़्हॅं-री) *n.* 1. the practice of lending money at exorbitant rate, सूदख़ोरी। 2. excessive rate of interest, ब्याज की ऊँची दर।

utensil (यू-टॅन्´-सिल्) *n.* a vessel or tool used in a household, बर्तन, भाँड़ा।

uterine (यू´-टॅ-रिन्) *adj.* 1. of or pertaining to the uterus, गर्भाशय-संबंधी। 2. born of the same mother but by a different father, एक ही माता परंतु भिन्न-भिन्न पिताओं से उत्पन्न, कठ, एकोदर; uterine brother or sister, कठ भाई या कठ बहन, एकोदर भाई या बहन।

uterus (यू´-टॅ-रॅस्) *n.* the womb, गर्भाशय।

utilitarian (यू-टिल्-इ-टेॲर्´-इ-ॲन्) *adj.* associated with utility, उपयोगिता-संबंधी, उपयोगी। *n.* a person who believes in utilitarianism, उपयोगितावादी।

utilitarianism (यू-टिल्-इ-टेॲर्´-इ-ॲ-निज़्-ॲम्) *n.* a doctrine that considers utility

as the criterion, उपयोगितावाद।

utility (यू-टिल्´-इ-टी) *n.* 1. the condition or quality of being useful, उपयोगिता। 2. a useful thing, उपयोगी वस्तु। *adj.* useful, उपयोगी; utility room, उपयोगी कक्ष।

utilizable (यू´-टि-इ-लाइ-ज़ॅ-बॅल्) *adj.* that can be utilized, उपयोज्य।

utilization (यू-टि-लाइ-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of utilizing or the state of being utilized, उपभोग।

utilize (यू´-टि-लाइज़्) *v.* (utilized, utilizing) to use, काम में लाना, उपयोग करना।

utmost (अट्´-मोस्ट्) *adj.* 1. extreme, चरम, परम; utmost secrecy, परम गोपनीयता। 2. of the greatest or highest amount or degree, उच्चतम, अधिकतम। □ **do one's utmost,** अपनी तरफ़ से कुछ उठा न रखना, पूरा प्रयत्न करना।

Utopia, utopia (यू-टो´-पि-अॅ) *n.* 1. a place of imaginary perfection, कल्पनालोक, रामराज्य। 2. an ideal place or situation, आदर्श स्थान या स्थिति।

Utopian, utopian (यू-टो´-पि-अॅन्) *adj.* of utopia, कल्पनालोकी, आदर्शवादी किंतु असंभव, अव्यावहारिक। *n.* a visionary, स्वप्नदर्शी, रामराज्य का स्वप्न देखनेवाला।

utter[1] (अट्´-अॅ:) *adj.* complete, absolute, पूर्ण, कुल, परम।

utter[2] *v.* (uttered, uttering) 1. pronounce, उच्चारण करना। 2. to say, कहना।

utterance (अट्´-अॅर्-अॅन्स्) *n.* 1. the act of uttering, उच्चारण करना या कथन करना। 2. something uttered, कही हुई बात।

utterly (अट्´-अॅ:-ली) *adv.* completely, पूरी तरह से, पूर्णत:।

uttermost (अट्´-अॅ:-मोस्ट्) *adj.* utmost, परम, अधिकतम।

U-turn (यू´-ट:न्) *n.* 1. a turn resulting in a reversal of direction, उलट-घुमाव। 2. a complete change, पूर्ण परिवर्तन।

uvula (यू´-व्यु-लॅ) *n.* (plu. uvulae, uvulas) the small flesh mass hanging from the roof of the mouth above the throat, कौआ, अलिजिह्वा, घंटी।

uvular (यू´-व्यु-लॅ:) *adj.* of or pertaining to the uvula, अलिजिह्वीय।

uxorious (अक्-सोर्´-इ-अॅस्) *adj.* excessively attached to one's wife, पत्नीपरायण, पत्नीभक्त, पत्नीप्रेमी, जोरू का ग़ुलाम।

uxoriousness (अक-सोर्´-इ-अॅस्-निस्) *n.* the quality or state of being uxorious, पत्नी परायणता, पत्नीभक्ति, पत्नीप्रेम।

V

V, v (वी) ***n.*** 1. the twenty-second letter of the English alphabet, अंग्रेज़ी वर्णमाला का बाईसवाँ वर्ण। 2. the Roman numeral symbol for 5, ५ का सूचक रोमन चिह्न। 3. a symbol for victory, विजय का संकेत चिह्न। 4. something shaped like a v, अंग्रेज़ी के वर्ण के v आकार की कोई वस्तु।

vacancy (वे´-कॅन्-सी) ***n.*** the state or condition of being vacant, ख़ालीपन, रिक्तता। 2. an unoccupied post, office or accommodation, ख़ाली जगह, रिक्ति। 3. lack of awareness, असतर्कता, असावधानता।

vacant (वे´-कॅन्ट्) ***adj.*** 1. not filled or occupied, ख़ाली, रिक्त; vacant post रिक्त पद। 2. having no tenant or occupant, ख़ाली, रिक्त; vacant house, ख़ाली घर। 3. not busy, अव्यस्त, ख़ाली। 4. having a blank expression, भावशून्य।

vacate (वॅ-केट्´, वे´-केट्) ***v.*** (vacated, vacating) 1. to make vacant, ख़ाली कर देना। 2. to cease to occupy, छोड़ देना। 3. to make void, रद्द कर देना।

vacation (वॅ-के´-शॅन्) ***n.*** 1. the period of rest and recreation when the colleges, courts etc are closed, अवकाश, विश्रामावकाश। 2. a holiday, छुट्टी, अवकाश। 3. the act of vacating, खाली करना, रिक्तीकरण। ***v.*** (vacationed, vacationing) 1. to take a vacation, छुट्टी या अवकाश लेना। 2. to spend a vacation, छुट्टी या अवकाश बिताना।

vacationer (वॅ-के´-शॅ-नॅ:) ***n.*** a person taking a vacation, छुट्टी या अवकाश लेनेवाला व्यक्ति।

vacationist (वॅ-के´-शॅ-निस्ट्) ***n.*** a vacationer, छुट्टी या अवकाश लेनेवाला व्यक्ति।

vaccinate (वैक्´-सि-नेट्) ***v.*** (vaccinated, vaccinating) to inoculate with vaccine, टीका लगाना।

vaccination (वैक्-सि-ने´-शॅन्) ***n.*** the act of vaccinating, टीका लगाने की क्रिया, टीकाकरण।

vaccinator (वैक्´-सि-ने-टॅ:) ***n.*** a person who vaccinates, टीका लगानेवाला व्यक्ति।

vaccine (वैक्´-सीन्, वैक्-सीन्´) ***n.*** a preparation used in vaccination esp. against smallpox, वैक्सीन, टीके की दवा, टीका (विशेषत: चेचक का)।

vacillate (वैस्´-इ-लेट्) ***v.*** (vacillated, vacillating) 1. to fluctuate in one's opinions, अनिश्चय की स्थिति में होना, ढुलमुल होना। 2. to swing or sway from side to side, हिलना-डुलना, झूमना।

vacillating (वैस्´-इ-ले-टिंग्) ***adj.*** fluctuating, ढुलमुल, vacillating policy ढुलमुल नीति।

vacillation (वैस्-इ-ले´-शॅन्) ***n.*** 1. the act of vacillating, हिलने-डुलने या झूमने की क्रिया भाव। 2. indecision, अनिश्चय।

vacuity (वॅ-क्यू´-इ-टी) ***n.*** 1. emptiness, खालीपन, रिक्तता। 2. vacuousness, बुद्धिहीनता।

vacuous (वैक्´-यु-अॅस्) ***adj.*** 1. empty, ख़ाली, रिक्त। 2. showing lack of intelligence or experience, बुद्धिहीन, अनुभव-रिक्त, अनुभव-शून्य।

vacuousness (वैक्´-यु-अॅस्-निस्) ***n.*** 1. emptiness, ख़ालीपन, रिक्तता। 2. lack of intelligence, बुद्धिहीनता, अनुभव-रिक्तता, अनुभव-शून्यता।

vacuum (वैक्´-यु-अॅम्) ***n.*** (plu. vacuuma, vacua) 1. a space empty of contents or matter, ख़ाली जगह, शून्य। 2. a space out of which air has been taken, वह पात्र जिसमें से हवा निकाल ली गई हो, निर्वात पात्र।

vacuum cleaner *n.* an appliance that cleans surface by suction, सफ़ाई मशीन, निर्वात स्वच्छक।

vacuum flask *n.* a flask that has internal vacuum, निर्वात बोतल/शीशी।

vade mecum (वा-दि-मे´-कॅम्, वे-डी-मी´-कॅम्) *n.* a handbook for constant use, उपयोगी पुस्तिका, सदा साथ रहनेवाली पुस्तक या वस्तु। (लैटिन)

vagabond (वैग्´-अॅ-बॉन्ड्) *n.* a wanderer, घुमक्कड़ व्यक्ति। *adj.* of or like a vagabond, घुमक्कड़, आवारा।

vagabondage (वैग्´-अॅ-बॉन्-डिज्) *n.* 1. the state or quality of being vagabond, घुमक्कड़पन, आवारापन। 2. vagrant way of life, आवारागर्दी।

vagarant *adj* & *n.* = vagrant.

vagary (वे´-गॅ-री) *n.* a whim, सनक, ख़ब्त, मौज।

vagina (वॅ-जाइ´-नॅ) *n.* the passage leading from vulva to the uterus in female animals, योनि, भग।

vaginal (वॅ-जाइ´-नॅल्) *adj.* of or for a vagina, योनिक, भगीय।

vagrancy (वे´-ग्रॅन्-सी) *n.* vagabondage, आवारागर्दी।

vagrant (वे´-ग्रॅन्ट्) *adj.* wandering from place to place, आवारा, घुमक्कड़। *n.* an idle wanderer, घुक्कड़, बनजारा।

vague (वेग्) *adj.* (vaguer, vaguest) not clear, indistinct, अस्पष्ट, अनिश्चित; vague thought अस्पष्ट विचार।

vaguely (वेग्´-ली) *adv.* in a vague manner, अस्पष्ट रूप से।

vagueness (वेग्´-निस्) *n.* the state or quality of being vague, अस्पष्टता, अनिश्चितता।

vain (वेन्) *adj.* 1. useless, not successful, व्यर्थ, निष्फल, बेकार। 2. conceited, शेख़ीखोर, मिथ्याभिमानी, दंभी। □ **in vain** बेकार ही।

vainglorious (वेन्-ग्लोर्´-इ-अॅस्) *adj.* having extreme vanity, अत्यंत दंभी।

vainglory (वेन्-ग्लोर्´-ई) *n.* extreme vanity, मिथ्याभिमान, शेख़ी।

vainly (वेन्-ली) *adv.* 1. without success, बेकार, व्यर्थ। 2. too proudly, दंभपूर्वक।

vale (वेल्) *n.* 1. a valley, घाटी, उपत्यका। 2. the world, दुनिया, संसार; vale of tears, दुखी संसार, vale of years, बुढ़ापा।

valediction (वैल्-इ-डिक्´-शॅन्) *n.* an act or expression of leave-taking, विदाई, विदा।

valedictory (वैल्-इ-डिक्´-टॅ-री) *adj.* said or done at parting, विदाई-संबंधी; valedictory address, विदाई भाषण।

valence (वे´-लॅन्स्) *n.* the capacity of an atom to combine in specific proportions with other atoms, संयोजन-क्षमता।

valency (वे´-लॅन्-सी) *n.* valence.

valentine (वैल्´-अॅन्-टाइन्) *n.* 1. one's sweetheart, प्रेमी या प्रेयसी। 2. a greeting card or gift sent to one's sweetheart on St. Valentine's Day. वैलनटाइन दिवस पर अपने प्रेमी या प्रेयसी को भेजा जानेवाला शुभकामना-कार्ड या उपहार।

Valentine Day *n.* Saint Valentine's Day, १४ फरवरी जिस दिन संत वैलनटाइन दिवस मनाया जाता है।

valet (वैल्´-इट्) *n.* 1. a personal servant who cleans, presses and takes care of clothes, धोबी का काम करनेवाला सेवक। 2. a hotel employee who cleans and presses clothes of patrons, धोबी।

valiance (वैल्´-यॅन्स्) *n.* bravery, courage, वीरता, साहस।

valiant (वैल्´-इ-अॅन्ट्, वैल्´-यॅन्ट्) *adj.* brave or courageous, बहादुर या साहसी।

valid (वैल्´-इड्) *adj.* 1. legally acceptable, विधिमान्य, वैध। 2. logical, तर्कसंगत, युक्तियुक्त, मान्य।

validate (वैल्´-इ-डेट्) *v.* (validated, validating) 1. to make legally valid, विधिमान्य बनाना। 2. to verify, सत्यापित करना।

validated (वैल्´-इ-डे-टिड्) *adj.* 1. made valid, विधिमान्यकृत, विधिमान्य। 2. verified, सत्यापित।

validation (वैल्-इ-डे´-शॅन्) *n.* the act of validating or the state of being validated,

विधिमान्यकरण, विधिमान्यता, वैधता।

validity (वॅ-लिड्´-इ-टी) *n.* the fact of being valid, विधिमान्यता।

valise (वॅ-लीज़्´, वॅ-लीस्´) *n.* a handbag or small suitcase, झोला या छोटा संदूक।

valley (वैल्´-ई) *n.* a long low area between the hills, घाटी, उपत्यका।

valour, valor (वैल्´-अॅ:) *n.* bravery, वीरता, बहादुरी, शौर्य।

valourize, valorize (वैल्´-अॅ-राइज़्) *v.* (valourized/valorized, valourizing/valorizing) to raise the price of a commodity, क़ीमत बढ़ाना।

valourous, valorous (वैल्´-अॅर्-अॅस्) *adj.* brave, वीर, बहादुर, शूर।

valuable (वैल्´-यु-अॅ-बॅल्) *adj.* precious, of great value, बहुमूल्य, मूल्यवान, क़ीमती।

valuables (वैल्´-यु-अॅ-बॅल्स्) *n.* (plu.) valuable things, क़ीमती वस्तुएँ।

valuate (वैल्´-यु-एट्) *v.* (valuated, valuating) to make a valuation of, मूल्यांकन करना, मूल्यनिर्धारण करना।

valuation (वैल्-यु-ए´-शॅन्) *n.* estimation of the value or price of something, मूल्यांकन, मूल्य निर्धारण, मूल्यन।

value (वैल्´-यू) *n.* 1. the equivalent of something in money, मूल्य, क़ीमत, दाम। 2. usefulness, उपयोगिता। 3. importance, महत्त्व। 4. a quality or principle considered valuable or important in life, मूल्य, मान्यता, मान। 5. (plu.) ideals or principles, आदर्श, सिद्धांत। *v.* (valued, valuing) 1. to estimate the value of, मूल्य आँकना, लगाना या निर्धारित करना। 2. to consider or regard highly, अत्यंत मूल्यवान समझना, अत्यधिक आदर या क़दर करना।

valued (वैल्´-यूड्) *adj.* 1. estimated, मूल्य-निर्धारित, मूल्यांकित। 2. esteemed, समादृत, आदरणीय; valued friend आदरणीय मित्र।

valueless (वैल्´-यू-लिस्) *adj.* having no value, useless, worthless, निकम्मा, व्यर्थ।

valuer (वैल्´-यू-अॅ:) *n.* one who estimates the value of something, मूल्य-निर्धारक, मूल्यांकन।

valve (वैल्व्) *n.* 1. a mechanical device for controlling the flow of air, gas etc, कपाट, वाल्व। 2. a membraneous structure in a vein or heart that prevents the return flow of a liquid, रक्त नियंत्रक झिल्ली, वाल्व।

vamoose (वै-मूस्´) *v.* (vamoosed, vamoosing) to go away hurriedly, जल्दी से चले जाना।

vamp[1] (वैम्प्) *n.* the upper front part of a shoe, जूते का ऊपरी अगला भाग। *v.* (vamped, vamping) to provide with a new vamp, जूते का ऊपरी अगला भाग बदल देना।

vamp[2] (वैम्प्) *n.* an unscrupulous woman who exploits men, व्याभिचारिणी, छिनाल। *v.* (vamped, vamping) to exploit (a man) unscrupulously, स्त्री का व्यभिचार करना, (पुरुष का) शोषण करना।

vampire (वैम्´-पाइ:) *n.* a ghost that sucks the blood of sleeping people, रक्त-पिपासू प्रेत, रक्तचूषक, पिशाच। □ **vampire bat** रक्तचूपक चमगादड़।

van[1] (वैन्) *n.* a covered vehicle, बन्द गाड़ी, वैन, यान।

van[2] (वैन्) *n.* the vanguard, सेना का अग्रिम दस्ता, हरावल।

vandal (वैन्´-डॅल्) *n.* a person who wilfully destroys private or public property, संपत्ति-विध्वंसक।

vandalism (वैन्´-डॅ-लिज़्-अॅम्) *n.* wilful destruction of public or private property or artistic things, जान-बूझकर किया जानेवाला संपत्ति-विध्वंस, कला-विध्वंश।

vandalize (वैन्´-डॅल्-आइज़्, वैन्´-डॅ-लाइज़्) *v.* (vandalized, vandalizing) to destroy property wilfully, जान-बूझकर संपत्ति का विध्वंस करना।

vandyke (वैन्´-डाइक्) *n.* a short pointed beard, छोटी नुकीली दाढ़ी, बकरदाढ़ी।

vanguard (वैन्´-गाःड्) *n.* 1. the foremost position of the army, हरावल, सेनाग्र, सेनामुख। 2. the leaders of a movement or trend, नेतृवृंद, कर्णधार।

vanilla (वॅ-निल्´-अॅ) *n.* 1. a plant and its seed pods, वनीला नामक एक पौधा और उसकी फलियाँ। 2. a flavouring obtained from the pods of vanilla, वनीला का सत्त।

vanish (वैन्´-इश्) *v.* (vanished, vanishing) 1. to become invisible, to disappear, ग़ायब हो जाना, अंतर्धान हो जाना, ख़त्म हो जाना। 2. to become zero, शून्य हो जाना।

vanishing cream (वैन्´-इश्-इंग्-क्रीम्) *n.* a cosmetic cream, शरीर पर लगाने की क्रीम।

vanity (वैन्´-इ-टी) *n.* 1. worthlessness, निरर्थकता। 2. conceit, अहंमन्यता, मिथ्याभिमान, दंभ।

vanity case *n.* a case used for carrying cosmetics by a woman, बटुए में रखने की प्रसाधन की डिबिया।

vanity press *n.* a publisher who publishes a book at the expense of the author, लेखक से पैसा लेकर पुस्तक प्रकाशित करनेवाला प्रकाशक।

vanquish (वैंक्´-क्विश्) *v.* (vanquished, vanquishing) to defeat or overcome, हराना, पराभूत या परास्त करना।

vanquisher (वैंक्´-क्वि-शॅ:) *n.* one who conquers, विजेता।

vantage (वैन्´-टिज्) *n.* 1. a superior position, बढ़िया स्थिति। 2. a superior opportunity, बढ़िया मौक़ा।

vapid (वैप्´-इड्) *adj.* uninteresting, नीरस, अरोचक।

vaporous (वे´-पॅ-रॅस्) *adj.* 1. resembling or full of vapour, वाष्परूप; vaporous body वाष्परूप काया। 2. lacking permanence, अस्थायी। 3. lacking substance, निस्सार।

vapour (वे´-पॅ:) *n.* particles of moisture suspended in air, वाष्प, भाप। *v.* (vapoured, vapouring) 1. to evaporate, भाप बनकर उड़ जाना। 2. to cause to evaporate, भाप में बदल देना।

variability (वेॲर्-इ-अॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being variable, परिवर्तनशीलता; चंचलता।

variable (वेॲर्´-इ-अॅ-बॅल्) *adj.* 1. liable to change, परिवर्तनीय, परिवर्तनशील, परिवर्ती। 2. inconsistent, कभी अच्छा और कभी बुरा, विसंगत। *n.* (maths.) a variable quantity, चल, चर।

variance (वेॲर्´-इ-अॅन्स्) *n.* 1. difference, भिन्नता, विभिन्नता। 2. difference of opinions, मतभेद। □ **at variance** संघर्षरत।

variant (वेॲर्´-इ-अॅन्ट्) *adj.* 1. exhibiting variation, विभिन्न। 2. liable to vary, परिवर्तनशील। *n.* a different spelling of same word, किसी शब्द की भिन्न वर्तनी।

variation (वेॲर्-इ-ए´-शॅन्) *n.* 1. the condition or result of varying, परिवर्तन, विचरण या भिन्नता। 2. घट-बढ़।

varicoloured (वेॲर्´-इ-कल्-अॅ:ड्) *adj.* having many colours, बहुरंगा, रंगबिरंगा।

varicose (वैर्´-इ-कोस्) *adj.* swollen and knotted, (नस) जिसमें गाँठें तथा सूजन हो।

varied (वेॲर्´-ईड्) *adj.* 1. of different sorts, विविध। 2. full of variety, विविधतापूर्ण।

variegated (वेॲर्´-इ-अॅ-गे-टिड्) *adj.* of different colours or having patches of different colours, रंग-बिरंगा, चितकबरा।

variety (वॅ-राइ´-अॅ-टी) *n.* 1. the quality or condition of being various, विविधता, अनेकरूपता। 2. a collection of different things, विविध वस्तुओं का संग्रह। 3. a different kind, प्रकार, भेद, प्रभेद; variety show रंगारंग मनोरंजन, विविधतापूर्ण कार्यक्रम।

variform (वेॲर्´-इ-फ़ॉ:म्) *adj.* of various forms, अनेकरूप।

variorum (वेॲर्-इ-ओर्´-अॅम्) *adj.* containing various notes or texts of different scholars, विभिन्न विद्वानों की टिप्पणियों या पाठों सहित होनेवाला।

various (वेॲर्´-इ-अॅस्) *adj.* 1. of several kinds, विविध, नानारूप। 2. more than one, अनेक।

varlet (वा:´-लिट्) *n.* a menial servant, छोटे-मोटे काम करनेवाला नौकर, चाकर, टहलुआ।

varmint (वा:´-मिन्ट्) *n.* a troublesome person or animal, दुष्ट व्यक्ति या पशु।

varnish (वा:´-निश्) *n.* an oil-based preparation for coating, वार्निश। *v.* (varnished,

varnishing) to coat with varnish, वारनिश करना।

varsity (वा: ´-सि-टी) ***n.*** short term for university, विश्वविद्यालय, यूनिवर्सिटी।

vary (वेंअॅर् ´-ई) ***v.*** (varied, varying) 1. to cause or undergo change, परिवर्तन होना या करना, बदल जाना या बदल देना। 2. to be of different kind, भिन्न होना। 3. to cause to be different, भिन्न बना देना, कुछ और बना देना।

vascular (वैस् ´-क्यु-लॅ:) ***adj.*** of or having vessels or ducts, वाहिका-संबंधी।

vase (वेस्, वेज़्) ***n.*** a vessel used for holding cut flowers, पुष्प पात्र, फूलदान।

vasectomy (वॅ-सॅक् ´-टॅ-मी) ***n.*** surgical removal of a duct through which semen passes from the testicles, नसबंदी (परिवार-नियोजन का एक उपाय)।

vaseline (वैस् ´-ॲ-लीन्) ***n.*** a petroleum substance used as an ointment, वैसलीन।

vassal (वैस् ´-ॲल्) ***n.*** a humble servant, चाकर, टहलुआ।

vassalage (वैस् ´-ॲ-लिज्) ***n.*** the state of being a vassal, चाकरी, टहलुआगीरी।

vast (वास्ट्, वैस्ट्) ***adj.*** 1. very great in size or extent, विशाल, विस्तृत। 2. very great in intensity or number, विपुल, प्रचुर।

vat (वैट्) ***n.*** a large vessel for holding water or other liquid, हौज़, कुंड, टंकी।

vault[1] (वा:ल्ट्) ***n.*** 1. an arched roof, मेहराबदार छत, गुंबद। 2. an underground room or storage, तहख़ाना। 3. a burial chamber, मुर्दा गाड़ने का स्थान, शवकोष्ठ। ***v.*** (vaulted, vaulting) to form a vault, गुंबद बनाना।

vault[2] ***v.*** (vaulted, vaulting) to leap over, फलाँगना, फाँदना, छलाँग लगाना। ***n.*** an act of vaulting, फलाँग, कूद, छलाँग।

vaulted (वा:ल् ´-टिड्) ***adj.*** built in the form of vault, गुंबदी; vaulted tomb गुंबदी मक़बरा।

vaulter (वा:ल् ´-टॅ:) ***n.*** one who vaults, फलाँगनेवाला, कूदने या छलाँग लगानेवाला।

veal (वील्) ***n.*** 1. a calf, बछड़ा। 2. the flesh of a calf, बछड़े का मांस।

vector (वेंक् ´-टॅ:) ***n.*** (math) a quantity that has both magnitude and direction, सदिश; vector needs सदिश आवश्यकताएँ।

veer (विअॅ:) ***v.*** (veered, veering) 1. to change direction, दिशा बदल लेना। 2. to change course, रास्ता बदल लेना। 3. to change suddenly one's opinion or behaviour, अपना मत या स्वभाव सहसा बदल देना। ***n.*** a change in a direction or course, दिशा या मार्ग का बदलाव, दिशा-परिवर्तन, मार्ग-परिवर्तन।

vega (वे ´-गॅ) ***n.*** a first magnitude star in the constellation Lyra, उत्तरी नक्षत्र-पुंज का एक सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण तारा।

vegan (वेंज् ´-ॲन्) ***n.*** a strict vegetarian, पूर्ण शाकाहारी।

veganism (वेंज् ´-ॲ-निज़्-ॲम्) ***n.*** vegetarianism, शाकाहार।

vegetable (वेंज् ´-इ-टॅ-बॅल्, वेंज् ´-टॅ-बॅल्) ***n.*** 1. a plant of which some part is edible, तरकारी, साग, सब्ज़ी। 2. an edible part of a plant, सब्ज़ी के रूप में प्रयुक्त वनस्पति। 3. a person leading a dull, monotonous life, जड़ व्यक्ति। ***adj.*** made or obtained from plants, वानस्पतिक; vegetable oil वनस्पति तेल।

vegetarian (वेंज्-इ-टेंअॅर् ´-इ-ॲन्) ***n.*** a person who eats no meat, शाकाहारी, निरामिष-भोजी। ***adj.*** (food) consisting of only vegetables, शाकाहारी।

vegetate (वेंज् ´-इ-टेट्) ***v.*** (vegetated, vegetating) 1. to grow as plants, वनस्पतियों की तरह बढ़ना। 2. to lead a very inactive life, निष्क्रियतापूर्वक जीवन बिताना।

vagetation (वेंज्-इ-टे ´-शॅन्) ***n.*** 1. the act or process of vegetating, वनस्पतियों का बढ़ने का क्रम, हरियाली। 2. plants collectively, पेड़-पौधे। 3. dull existence, निष्क्रिय जीवन।

vegetative (वेंज् ´-इ-टे-टिव्) ***adj.*** of vegetation or plants, पेड़-पौधों-संबंधी, वानस्पतिक।

vehemence (वे ´-मॅन्स्, वी ´-हि-मॅन्स्) ***n.*** 1. great force, प्रचंडता, प्रबलता। 2. violence, हिंसा। 3. intense feeling, उत्कट भावना।

vehement (वे ´-मॅन्ट्, वी ´-हि-मॅन्ट्) ***adj.*** 1. acting or moving with great force, प्रचंड,

प्रबल। 2. intense, उत्कट, तीव्र, ज़ोरदार। 3. violent, आवेशपूर्ण, हिंसापूर्ण।

vehemently (-ली) ***adv.*** forcefully, प्रचंडतापूर्वक, उत्कटतापूर्वक, ज़ोरदार ढंग से।

vehicle (वी´-अ-कॅल्, वी´-हि-कॅल्) ***n.*** 1. any device on wheels for conveying or transporting, यान, वाहन, सवारी। 2. a means by which ideas are expressed, साधन, माध्यम।

vehicular (वी-हिक्´-यु-लॅः) ***adj.*** of or for vehicles, यान-संबंधी, वाहन-संबंधी, यानिक, वाहनिक।

veil (वेल्) ***n.*** 1. a piece of fine fabric as part of head-dress to conceal the face, घूँघट, नक़ाब, परदा। 2. a screen, आड़, आवरण। □ **take the veil,** ईसाई भिक्षुणी बन जाना। ***v.*** (veiled, veiling) 1. to cover the face with a veil, घूँघट निकालना या काढ़ना। 2. to conceal, छिपाना, ढकना।

veiled (वेल्ड्) ***adj.*** 1. wearing a veil, जो घूँघट में हो। 2. concealed, छिपा हुआ, प्रच्छन्न।

veiling (वेल्´-इंग्) ***n.*** 1. the act of covering with a veil, परदा या घूँघट करने की क्रिया या भाव। 2. a transparent fabric for veils, परदे का महीन कपड़ा। 3. a curtain, परदा।

vein (वेन्) ***n.*** 1. a blood vessel, रग, नस। 2. a streak or narrow strip, धारी। 3. a mood or manner, मनोदशा या ढंग।

veiny (वेन्´-ई) ***adj.*** 1. full of veins, नसों से भरा। 2. full of steaks, धारीदार।

velar (वी´-लॅः) ***adj.*** pronounced with the back of the tongue touching the soft plate, तालव्य।

velleity (वॅ-ली´-इ-टी) ***n.*** a mere wish, मामूली इच्छा, कोरी इच्छा।

vellum (वॅल्´-ॲम्) ***n.*** a fine kind of parchment, चर्मपत्र, जिल्दबंदी के काम आनेवाला बढ़िया चमड़ा।

velocity (वि-लॉस्´-इ-टी) ***n.*** speed, वेग।

velour, velours (वॅ-लुः´, वॅ-लः´) ***n.*** a plushlike fabric, मख़मल जैसा कपड़ा।

velvet (वॅल्´-विट्) ***n.*** a rich fabric of silk, मख़मल। □ **all velvet,** लाभ ही लाभ, in velvet. फ़ायदे में।

velveteen (वॅल्´-वि-टीन्) ***n.*** cotton velvet, सूती मख़मल।

velvety (वॅल्´-वि-टी) ***adj.*** soft and smooth like velvet, मख़मल की तरह मुलायम, मख़मली।

venal (वीन्´-ॲल्, वी´-नॅल्) ***adj.*** that can be bribed or corrupted, भ्रष्ट, घूसख़ोर।

venality (वी-नैल्´-इ-टी) ***n.*** the state or quality of being venal, भ्रष्टता, घूसख़ोरी।

vend (वॅन्ड्) ***v.*** (vended, vending) to sell, बेचना।

vendee (वॅन्-डी´) ***n.*** a purchaser, क्रेता।

vendetta (वॅन्-डॅट्´-ॲ) ***n.*** 1. a feud, कुलवैर, प्रतिशोध, बदला। 2. offensive actions taken against someone, आक्रामक कार्रवाई।

vending machine ***n.*** a machine that automatically dispenses consumer goods, ऐसी मशीन जिसमें पैसा डालने पर वांछित सामान निकल आता है।

vendor (वॅन्´-डॅः) ***n.*** one who sells something, विक्रेता, बेचनेवाला।

veneer (वॅ-निॲः´) ***n.*** 1. a thin layer of wood, plastic etc. that is bonded to wooden surface, काष्ठपरत, सज्जापरत। 2. a superficial appearance or show, दिखावा, आडंबर। ***v.*** (veneered, veneering) to cover with a veneer, काष्ठपरत या सज्जापरत लगाना या मढ़ना।

venerability (वॅन्-ॲर्-ॲ-बिल्´-इ-टी) ***n.*** reverence, श्रद्धा, पूज्यभाव।

venerable (वॅन्´-ॲर्-ॲ-बॅल्) ***adj.*** worthy of reverence, श्रद्धास्पद, श्रद्धेय, पूज्य, पूजनीय।

venerate (वॅन्´-ॲ-रेट्) ***v.*** (venerated, venerating) to hold in deep respect, श्रद्धा रखना, पूज्यभाव रखना, आदर देना।

veneration (वॅन्-ॲ-रे´-शॅन्) ***n.*** a feeling of reverence, श्रद्धाभाव, पूज्यभाव, सम्मान।

venereal (वि-निॲर्´-इ-ॲल्) ***adj.*** caused by sexual intercourse, रति या मैथुन से उत्पन्न, रतिज, मैथुनिक; venereal disease रतिज रोग, रतिजन्य रोग।

Venetian (वि-नी´-शॅन्, वॅ-नी´-शि-ॲन्) ***adj.*** of or pertaining to Venice, वीनस (नगर) का, वीनस-संबंधी; Venetian door झिलमिल

द्वार।

vengeance (वेंन्´-जन्स्) *n.* the act of or desire for taking revenge, बदला या बदले की भावना, प्रतिशोध; with a vengeance प्रतिशोध की भावना से; उग्रतापूर्वक।

vengeful (वेंन्ज्´-फुल्) *adj.* 1. seeking to avenge, जो बदला लेना चाहे, प्रतिशोधी।2. serving to gain vengeance, जो बदला लेने में सहायक हो, प्रतिशोधपूर्ण।

venial (वी´-नी-अॅल्, वीन्´-यॅल्) *adj.* 1. forgivable, क्षम्य।2. not serious, जो गंभीर न हो, छोटा-मोटा।

venipuncture (वेंन्´-इ-पंक्-चॅः) *n.* the surgical puncture of a vein, नसछेदन।

venison (वेंन्´-इ-सॅन्) *n.* the edible flesh of a deer, हिरन का गोश्त, मृगमांस।

venom (वेंन्´-अॅम्) *n.* 1. poison secreted by a snake, सर्पविष, विष, ज़हर।2. strong bitter feeling, वैमनस्य, वैर, विद्वेष, द्वेष।

venomous (वेंन्´-अॅ-मॅस्) *adj.* 1. poisonous, ज़हरीला, विषमय। 2. full of bitter feeling, वैमनस्यपूर्ण।

venous (वी´-नॅस्) *adj.* 1. of or related to a vein, शिरा-, नस का।2. full of veins, नसों से भरा।

vent (वेंन्ट्) *n.* a small opening for the escape of a liquid, gas etc., छेद, सुराख़।*v.* (vented, venting) to make a vent in, छेद करना। □ **give vent to,** to release in an outburst, गुस्सा निकालना, भड़ास निकालना।

ventilate (वेंन्´-टि-लेट्) *v.* (ventilated, ventilating) 1. to cause air to enter and pass freely in a room, हवादार बनाना, हवा को अंदर कमरे में आने देना, संवातित करना। 2. to provide with ventilators, रोशनदान रखना, जिससे कमरे में हवा आती रहे। 3. to express (one's feelings, अपनी भावनाएँ) अभिव्यक्त करना, ज़ाहिर करना, प्रकट करना।

ventilation (वेंन्-टि-ले´-शॅन्) *n.* the act of ventilating, ऐसी क्रिया करना जिससे (कमरे में) वायु का संचार हो, संवातन।

ventilator (वेंन्´-टि-ले-टॅः) *n.* an opening for ventilating a room, रोशनदान, वातायन।

ventral (वेंन्´-ट्रॅल्) *adj.* abdominal, उदरीय।

ventricle (वेंन्´-ट्रि-कॅल्) *n.* a cavity in a bodily part or organ, छेद, छिद्र, निलय।

ventricular (वेंन्-ट्रिक्´-यु-लॅः) *adj.* of or pertaining to a ventricle, छिद्र-संबंधी, निलय-संबंधी।

ventriculus (वेंन्-ट्रिक्´-यु-लॅस्) *n.* stomach, पेट, उदर।

ventriloquial (वेंन्-ट्रि-लो´-क्वी-अॅल्) *adj.* of ventriloquism, नाभिवाणी-संबंधी।

ventriloquism (वेंन्-ट्रिल्´-अॅ-क्विज़्-अॅम्) *n.* the art of producing voice that appear to come from a source other than himself, नाभिवाणी, पेटबोली।

venture (वेंन्´-चॅः) *n.* an undertaking that involves risk, जोखिम-भरा काम, जोखिमी काम। *v.* (ventured, venturing) to undertake the risk, जोखिम उठाना, ख़तरा उठाकर कोई काम करना।

venturesome (वेंन्´-चॅः-सॅम्) *adj.* daring, जोखिम उठानेवाला, जोखिमी। 2. involving great risk, जोखिम-भरा।

venturesomely (-ली) *adv.* 1. daringly, जोखिम उठाकर, जोखिम उठाते हुए।

venturesomeness (वेंन्´-चॅः-सॅम्-निस्) *n.* the quality of being venturesome, जोखिम उठाने की प्रवृत्ति।

venturous (वेंन्´-चॅ-रॅस्) *adj.* venturesome, जोखिम-भरा।

venue (वेंन्´-ऊ, वेंन्´-यू) *n.* 1. a meeting place, मिलन-स्थल, सभा-स्थल, अधिवेशन-स्थल। 2. the scene of an action, घटना-स्थल, आयोजन-स्थल।

Venus (वी´-नॅस्) *n.* 1. a planet in the solar system, शुक्र ग्रह।2. a goddess of love, प्रेम की देवी।

veracious (वि-रे´-शॅस्) *adj.* 1. truthful, सच्चा, सत्यभाषी। 2. true, सत्य, सही।

veraciously (-ली) *adv.* truthfully, truly, सत्यतापूर्वक, सच-सच।

verandah, veranda (वॅ-रैन्´-डॅ) *n.* a roofed open gallery, बरामदा।

verb (वःब्) *n.* a class of words that serve to

indicate action, क्रिया, क्रियापद।

verbal (व:´-बॅल्) *adj.* 1. of a verb, क्रियार्थक। 2. of or relating to words, शाब्दिक, भाषाई; verbal art शाब्दिक कला, verbal communication भाषाई संप्रेषण। 3. not written, spoken, अलिखित, मौखिक; verbal agreement, मौखिक करार। *n.* a verbal noun, क्रियार्थक संज्ञा।

verbal noun *n.* a noun derived from a verb, क्रियार्थक संज्ञा।

verbalization (व:-बॅ-लाइ-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of verbalizing, शब्दों के द्वारा होनेवाली अभिव्यक्ति, शब्दाभिव्यक्ति।

verbalize (व:´-बॅ-लाइज़्) *v.* (verbalized, verbalizing) to describe into words, शब्दों में अभिव्यक्त करना।

verbally (व:´-बॅ-ली) *adv.* orally, मौखिक रूप से, जबानी।

verbatim (वॅ:-बे´-टिम्) *adv.* 1. in the same words, उन्हीं शब्दों में। 2. word for word, अक्षरशः, शब्दशः।

verbena (वॅ:-बी´-नॅ) *n.* a garden plant, एक फूलोंवाला पौधा, वरबीना।

verbiage (व:-बी´-इज्) *n.* excessive use of words, शब्दबहुलता, शब्दाडंबर, शब्दजाल।

verbose (वॅ:-बोस्´) *adj.* 1. containing much more words than are needed, शब्दाडंबर-पूर्ण, शब्दबहुल। 2. using too many words, शब्दाडंबरी, वागाडंबरी।

verbosity (वॅ:-बॉस्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being verbose, शब्दाडंबर, शब्दबहुलता।

verboten (वॅ:-बो´-टॅन्) *adj.* forbidden, निषिद्ध, वर्जित।

verdancy (व:ड्´-ऑन्-सी) *n.* the quality or state of being verdant, हरापन।

verdant (व:´-डॅन्ट्) *adj.* green, हरा।

verdict (व:´-डिक्ट्) *n.* 1. the findings of a jury, अधिमत (अधिकार+मत)। 2. any decision, निर्णय।

verdigris (व:´-डि-ग्रिस्/ग्रीस्) *n.* a greenish blue rust on copper, पीतल, ताँबे आदि पर लगनेवाला हरे रंग का ज़ंग।

verdure (व:´-जॅ:) *n.* green vegetation, हरे-भरे पेड़-पौधे, हरियाली।

verge (व:ज्) *n.* 1. an edge or brink, किनारा, छोर। 2. something that borders, limits or bounds, कगार, सीमा; The country is on the verge of ruin. देश विनाश के कगार पर खड़ा है। *v.* (verged, verging) 1. to be on the verge, किनारे पर स्थित होना। 2. to move toward some condition, किसी स्थिति की ओर बढ़ना। 3. to be near, समीप होना, कगार पर होना।

verger (व:´-जॅ:) *n.* an attendant who carries a mace, भालाबरदार सेवक।

veridical (वि-रिड्´-इ-कॅल्) *adj.* truthful, सच्चा, सत्यभाषी।

verifiable (वॅर्´-इ-फ़ाइ-ॲ-बॅल्) *adj.* that can be verified, सत्यापनीय।

verification (वॅर्-इ-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* 1. the act of verifying, सत्यापन। 2. the state of being verified, सत्यापित।

verifier (वॅर्´-इ-फ़ाइ-ॲ:) *n.* one who verifies, सत्यापनकर्ता, सत्यापक।

verify (वॅर्´-इ-फ़ाइ) *v.* (verified, verifying) 1. to establish the truth of, सत्यापित करना। 2. to ascertain the correctness or truth of, सत्यापित करना, सत्यापन करना।

verily (वॅर्´-इ-ली) *adv.* truly, सचमुच, वास्तव में, वस्तुतः।

veritable (वॅर्´-इ-टॅ-बॅल्) *adj.* 1. true, सत्य, सच्चा; veritable witness, सच्चा गवाह। 2. actual, वास्तविक, सही।

verity (वॅर्´-इ-टी) *n.* the state of being true or real, सत्यता, वास्तविकता।

vermicelli (व:-मि-सॅल्´-ई) *n.* a kind of spaghetti, एक तरह की सेवईं।

vermicide (व:´-मि-साइड्) *n.* an agent that destroys worms, कीटनाशक पदार्थ।

vermiform (व:´-मि-फ़ॉ:म्) *adj.* wormlike in shape, कीड़े के आकार का।

vermilion (वॅ:-मिल्´-यॅन्) *n.* a bright red pigment, सिंदूर। *adj.* bright red, सिंदूरी (रंग)।

vermin (व:´-मिन्) *n.* 1. (plu.) small harmful and disgusting insects or animals, परेशान

तथा नुक़सान करनेवाले छोटे-मोटे जीव-जंतु (जैसे चूहे, तिलचट्टे, जूँ आदि) । 2. a noxious or offensive person, दुष्ट व्यक्ति, गुंडा, बदमाश ।

verminous (व:´-मि-नॅस्) *adj.* 1. infested with vermin, छोटे-मोटे जीव-जंतुओं से ग्रस्त, जिसमें क़ीड़े पड़े हों । 2. filthy, गंदा । 3. caused by vermin, कीड़े-मकोड़ों के कारण होनेवाला ।

vermouth (वॅ:-मूथ्´) *n.* a white wine flavoured with herbs, एक तरह की श्वेत मदिरा ।

vernacular (वॅ:-नैक्´-यु-लॅ:) *n.* 1. the dialect of a particular region, स्थानिक भाषा, जनभाषा, देसी बोली । 2. everyday speech, रोज़मर्रा की ज़बान, बोलचाल की भाषा ।

vernacularism (वॅ:-नैक्´-यु-लॅ-रिज़्-ॲम्) *n.* a word or usage of local dialect, देसी शब्द या प्रयोग ।

vernal (व:´-नॅल्) *adj.* of or occurring in spring, वसंत ऋतु में होनेवाला, वासंतिक ।

veronica (वि-रॉन्´-इ-कॅ) *n.* a plant with blue flowers, एक पौधा जिसमें नीले रंग के फूल लगते हैं ।

versatility (व:-सॅ-टिल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being versatile, बहुमुखी प्रतिभा, बहुविज्ञता ।

versatile (व:´-सॅ-टाइल, व:´-सॅट-इल्) *adj.* 1 able to do many different things well, बहुमुखी; versatile genius, बहुमुखी प्रतिभावाला । 2. variable, विविधतापूर्ण । 3. adapted for many different uses, बहुत से कामों में आनेवाला ।

verse (व:स्) *n.* 1. a line of metrical writing, पद्य का चरण । 2. poetry, पद्य, कविता । 3. a group of lines forming a unit in a poem, पद, छंद ।

versed (व:स्ड्) *adj.* skilled, कुशल । ☐ **versed in** (i) thoroughly skilled, निष्णात, प्रवीण, (ii) having the knowledge of, का जानकार ।

versification (व:-सि-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* 1. the act of versifying, पद्य रचना । 2. the metrical composition of a prose text, पद्यीकरण ।

versify (व:´-सि-फ़ाइ) *v.* (versified, versifying) to turn into verse, पद्यबद्ध करना ।

version (व:´-ज़्हॅन्) *n.* 1. translation from another language, अनुवाद, भाषांतर । 2. an account of a matter from a particular point of view, विशिष्ट पाठ, वृत्तांत या संस्करण । 3. a variant form of a thing, अन्य या विविध रूप ।

verslibre (वेंअ:-ली´-ब्रॅ) *n.* free verse, मुक्त छंद । (फ्रांसीसी)

verso (व:´-सो) *n.* 1. the back side of the printed sheet, छपे ताव की पिछली तरफ़ । 2. the left hand page of open book, खुली पुस्तक का बाईं ओर का पृष्ठ, बायाँ पन्ना ।

versus (व:´-सॅस्) *prep.* against, बनाम, के विरुद्ध, और ... के बीच; India versus Pakistan, भारत बनाम पाकिस्तान, भारत और पाकिस्तान के बीच ।

vertebra (व:´-टि-ब्रॅ) *n.* (plu. vertebrae, vertebras) one of the bony segments that form the backbone, रीढ़ की हड्डी की गुर्री, कशेरूका ।

vertebral (व:´-टि-ब्रॅल्) *adj.* of or relating to vertebra, कशेरुका-संबंधी; vertebral column, रीढ़ की हड्डी, मेरुदंड ।

vertical (व:´-टि-कॅल्) *adj.* 1. upright, ऊर्ध्वाधर, सीधा, खड़ा, उर्ध्व । 2. extending in a perpendicular direction, लंबमान, लंबवत् । *n.* a vertical line or post, खड़ी रेखा, सीधा खंभा ।

vertically (व:´-टि-कॅ-ली) *adv.* in a vertical manner, खड़े बल में ।

vertiginous (व:-टिज्´-इ-नॅस्) *adj.* causing dizziness, चक्कर लानेवाला ।

vertigo (व:´-टि-गो) *n.* a sensation of dizziness, चक्कर आना, चक्कर ।

verve (व:व्) *n.* 1. enthusiasm, vigour, उत्साह, जोश । 2. liveliness, जीवंतता ।

very (वेंर्´-ई) *adv.* 1. extremely, बहुत, अत्यधिक; very much, बहुत अधिक । 2. in the fullest sense, बिल्कुल, पूर्णतया; very good, बहुत अच्छा; very well, बहुत ठीक । *adj.* 1. same, ठीक वही, ठीक उसी; that very moment, ठीक उसी क्षण । 2. extreme, अति, अत्यधिक, बहुत । ☐ **very well,** बिल्कुल ठीक ।

vesicle (वेंस्´-इ-कॅल्) *n.* a blister, छाला।

vesper (वेंस्´-पॅ:) *adj.* of the evening, सांध्यकालीन, सांध्य।

vespers (वेंस्´-पॅ:ज़्) *n.* an evening worship service, सांध्य पूजा।

vessel (वेंस्´-ॲल्) *n.* 1. a hollow or concave utensil, बर्तन, पात्र। 2. a (hollow type) boat or ship, नाव या जलयान।

vest (वेंस्ट्) *n.* 1. a short tight-fitting waist-length garment worn under a shirt by men, बनियान, गंजी। 2. a waistcoat, बंडी, फतूही, वास्कट। *v.* (vested, vesting) 1. to place (power or authority) in the control of a person or group, व्यक्ति या समूह को (अधिकार या प्राधिकार से) निहित या युक्त करना, अधियुक्त करना। 2. to bestow, प्रदान करना। 3. to put on clothes, वस्त्र पहनना।

vestal (वेंस्ट्´-ॲल्) *n.* a chaste woman. सती सावित्री। *adj.* chaste, पवित्र, शुद्ध।

vested (वेंस्´-टिड्) *adj.* bestowed with a right, निहित, अधियुक्त; vested interest, निहित स्वार्थ।

vestibule (वेंस्´-टि-ब्यूल्) *n.* a small entrance hall or lobby, बड़ी ड्योढ़ी, हाल, लाबी।

vestige (वेंस्´-टिज्) *n.* a mark or sign of something which has disappeared, अवशेष।

vesting (वेंस्ट्´-इंग्) *n.* a cloth for vests, गंजी या वास्कट का कपड़ा।

vestment (वेंस्ट्´-मॅन्ट्) *n.* an official robe, रस्मी कपड़े, औपचारिक परिधान।

vest-pocket (वेंस्ट्´-पॉक्-इट्) *adj.* suitable for carrying in the vest pocket, बहुत छोटा; vest camera, लघु कैमरा।

vestry (वेंस्´-ट्री) *n.* 1. a room in a church where vestments are kept, गिरजे का वस्त्रागार। 2. a room in a church where prayer meetings are held, गिरजे का प्रार्थना-कक्ष।

vet[1] (वेंट्) *n.* a veterinarian, पशु-चिकित्सक।

vet[2] *n.* a veteran, अनुभवी व्यक्ति।

vet[3] *v.* (vetted, vetting) 1. to examine carefully, सावधानी से निरीक्षण करना, परीक्षण करना। 2. to treat an animal medically, पशु की चिकित्सा करना, जाँच-पड़ताल करना। 3. to correct or revise, अशुद्धियाँ दूर करना, संशोधन करना।

veteran (वेंट्´-ॲ-रॅन्) *n.* 1. a person of long experience in some service or position, पुराना आदमी, अनुभवी व्यक्ति, जानकार। 2. a person who has served in the armed forces, पुराना सैनिक, निवृत्त सैनिक। 3. an old national player, (राष्ट्रीय टीम का) पुराना खिलाड़ी। *adj.* experienced, अनुभवी।

veterinarian (वेंट्-ॲर्-इ-नेंअॅर्´-इ-ॲन्) *n.* a veterinary physician or surgeon, पशु-चिकित्सक।

veterinary (वेंट्´-ॲर्-इ-नॅ-री, वेंट्-ॲर्-इ-नेंर्´-ई) *adj.* of or relating to the medical and surgical treatment of animals, पशु-चिकित्सा-विज्ञान-संबंधी; veterinary doctor, डंगर डॉक्टर, पशु-चिकित्सक।

veterinary science *n.* the branch of medicine concerned with treatment of injuries and diseases that affect animals, पशु-चिकित्सा-विज्ञान।

veto (वी´-टो) *n.* the right to reject something proposed by others, निषेधाधिकार, वीटो। *v.* (vetoed, vetoing) to reject authoritatively, निषेध करना, अस्वीकृत कर देना।

vex (वेंक्स्) *v.* (vexed, vexing) to annoy, to irritate, तंग करना, परेशान करना, खिझाना।

vexation (वेंक्-से´-शॅन्) *n.* the act of annoying or the state of being annoyed, खीझ, परेशानी।

vexed (वेंक्स्ड्) *adj.* annoyed, तंग, परेशान, खीझा हुआ।

vexedly (वेंक्´-सिड्-ली) *adv.* in a vexed manner, तंग आकर, परेशान होकर, चिढ़कर।

via (वाइ´-ॲ) *prep.* 1. by way of, के रास्ते, बारास्ता, के मार्ग से, से होकर। 2. through, के द्वारा।

viability (वाइ-ॲ-बिल्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being viable, जीवनक्षमता; व्यवहार्यता।

viable (वाइ´-ॲ-बॅल्) *adj.* 1. able to live,

जीवनक्षम। 2. practicable, व्यवहार्य।

viaduct (वाइ´-अॅ-डॅक्ट्) *n.* a bridge consisting of concrete or masonry spans to carry a road or railway across a valley etc., घाटी पर बना पुल, सेतु।

vial (वाइ´-अॅल्) *n.* a small bottle for liquid medicine, शीशी, बोतल।

via media *n.* a course between two extremes, a middle way, मध्यमार्ग, समझौते का मार्ग।

viand (वाइ´-अॅन्ड्) *n.* 1. an article of food, खाद्यपदार्थ, व्यंजन। 2. (plu.) provisions, रसद खाद्य-सामग्री।

viatic (वाइ-ऐट्´-इक्) *adj.* of journey, यात्रा-संबंधी।

viaticum (वाइ-ऐट्´-इ-कॅम्) *n.* money or supplies for any journey, राहख़र्च या पाथेय।

vibes (वाइब्ज़्) *n.* (plu.) qualities in a person that produce emotional response, व्यक्ति में भावुकतापूर्ण प्रतिक्रिया उत्पन्न करनेवाले गुण, भावगुण।

vibrant (वाइ´-ब्रॅन्ट्) *adj.* 1. vibrating, कंपायमान। 2. resonant, गूँजता हुआ, अनुनादी। 3. energetic, जीवंत, सक्रिय।

vibrate (वाइ´-ब्रेट्) *v.* (vibrated, vibrating) 1. to swing back and forth, डोलना, झूमना, कंपित होना, स्पंदित होना। 2. to resound, गूँजना। 3. to cause to vibrate, कंपित करना, कँपाना।

vibration (वाइ-ब्रे´-शॅन्) *n.* 1. vibrating motion, कंपन, स्पंदन। 2. quiver, thrill, कँपकँपी, सिहरन।

vibrational (वाइ-ब्रे´-शॅ-नॅल्) *adj.* 1. causing vibration, कंपनकारी। 2. of vibration, कंपन-संबंधी।

vibrato (वि-ब्रा´-टो) *n.* a vibrating effect in music, प्रकंपन।

vibrator (वाइ´-ब्रे-टॅ:) *n.* a device that causes vibration, कंपित्र।

vibratory (वाइ´-ब्रॅ-टॅ-री) *adj.* causing vibration, कंपनकारी।

vicar (विक्´-अॅ:) *n.* a clergyman, पादरी।

vicarage (विक्´-अॅ-रिज्) *n.* the residence of a vicar, पादरी-निवास।

vicarious (वे-कॅअॅर्´-इ-अॅस्, वाइ-कॅअॅर्´-इ-अॅस्) *adj.* 1. undergone or done as the substitute for another, प्रतिस्थानिक, परार्थकृत। 2. delegated, प्रत्यायोजित।

vice (वाइस) *n.* 1. a moral failing, दुर्गुण, दोष, व्यसन। 2. an immoral act, पापाचार, दुराचार। *prep.* in the place of, के स्थान पर। *prefix.* deputy, subordinate, उप; vice president, उपप्रधान; vice principal, उपाचार्य।

vice chancellor (वाइस्-चॉन्´-सॅ-लॅ:) *n.* an official next in rank below chancellor, कुलपति; pro vice chancellor, प्रतिकूलपति।

viceroy (वाइस्´-रॉइ) *n.* a person ruling a country as the deputy of a sovereign. वाइसराय।

vice versa (वाइ´-सि-व:´-सॅ) *adv.* the other way around, विपरीत क्रम से, विपरीतत:, इससे उलटे।

vicinage (विस्´-इन्-इज्) *n.* vicinity, समीपता, निकटता।

vicinal (विस्´-इन्-अॅल्) *adj.* near by, समीपी, निकटस्थ।

vicinity (वि-सिन्´-इ-टी) *n.* 1. nearness, समीपता, निकटता। 2. a surrounding region, पड़ोस, प्रतिवेश; in the vicinity of, के पड़ोस में, के पास ही।

vicious (विश्´-अॅस्) *adj.* 1. depraved, immoral, mean, पतित, नीच, बुरा। 2. wicked, दुष्ट। 3. having bad habits, दूषित, घृणित, कुत्सित।

vicious circle *n.* a situation in which one problem gives rise to another, दुश्चक्र।

vicissitude (वि-सिस्´-इ-ट्यूड्) *n.* (usu. plu.) ups and downs of fortune, भाग्य के फेर, जीवन के उतार-चढ़ाव।

victim (विक्´-टिम्) *n.* 1. a living being offered as a sacrifice to a deity, बलि। 2. one who is harmed or injured by another or by accident or disease, पीड़ित, उत्पीड़ित; flood victims, बाढ़-पीड़ित। 3. one who is tricked or swindled, शिकार; She fell victim to her own desires, वह अपनी ही

इच्छाओं का शिकार बनी।

victimization (विक्-टि-माइ-जे´-शॅन्) *n.* the act of victimizing or the state of being victimized, उत्पीड़न।

victimize (विक्´-टि-माइज़्) *v.* (victimized, victimizing) to make a victim of, उत्पीड़ित करना, सताना, बलि का बकरा बनाना।

victor (विक्´-टॅ:) *n.* the winner in a battle, विजेता, विजयी।

victoria (विक्-टोर्´-इ-अॅ) *n.* a four-wheeled horse carriage, बग्घी।

Victorian (विक्-टोर्´-इ-अॅन्) *adj.* of or belonging to the period or the reign of Queen Victoria of Great Britain, विक्टोरिया-कालीन। *n.* a person of the Victorian period, विक्टोरिया युग का व्यक्ति।

victorious (विक्-टोर्´-इ-अॅस्) *adj.* having won a victory, विजयी।

victory (विक्´-टॅ-री) *n.* 1. success in a battle or war, विजय, जीत, विजयश्री। 2. success in a contest or game, विजय, जीत, विजयश्री।

victuals (विट्´-अॅल्ज़्) *n.* (plu.) provisions, रसद, खाद्य-सामग्री। (लैटिन)

vide (वाइड्, वाई´-डि) *v.* refer to, देखिए।

video (विड्´-इ-ओ) *n.* 1. television, टेलिविज़न, दूरदर्शन। 2. television picture, दूरदर्शन में का चित्र। 3. a video cassette recorder, विडियो। *adj.* of television, टेलिविज़न-संबंधी, दूरदर्शन-संबंधी।

video cassette (विड्´-ई-ओ-कॅ-सेॅट्´) *n.* a carttridge containing videotape, वीडियो कैसेट।

videotape (विड्´-ई-ओ-टेप्) *n.* a tape for recording television pictures and sound, वीडियो टेप।

vie (वाइ) *v.* (vied, vying) to compete, स्पर्धा करना; They are vying with each other for the title. वे उपाधि के लिए एक दूसरे से स्पर्धा कर रहे हैं।

Viennese (वी-इ-नीज़्´) *n.* an inhabitant to Vienna, वियना-निवासी। *adj.* of Vienna, वियना-संबंधी।

Vietnamese (वी-ॲट्-नॅ-मीज़्´) *n.* an inhabitant of Vietnam, वियतनाम का निवासी। *adj.* of Vietnam, वियतनाम-संबंधी।

view (व्यू) *n.* 1. seeing or looking, अवलोकन, दर्शन। 2. sight or scene, दृश्य। 3. critical contemplation, विचार, दृष्टि। 4. an opinion, राय, मत। 5. an aim, उद्देश्य। □ **in view of,** की दृष्टि से; **on view,** प्रदर्शित; **point of view,** दृष्टिकोण; **with a view to,** के विचार से। *v.* (viewed, viewing) 1. to see, देखना, अवलोकन करना। 2. to inspect or survey, निरीक्षण या सर्वेक्षण करना। 3. to watch television, दूरदर्शन देखना। 4. to regard or consider, महत्त्व देना या मानना।

viewer (व्यू´-अॅ:) *n.* 1. one who views, दर्शक। 2. one who watches a television programme, दूरदर्शन के कार्यक्रम देखनेवाला।

viewfinder (व्यू´-फ़ाइन्-डॅ:) *n.* a device on a camera to see the area to be photographed, दृश्यदर्शी।

viewpoint (व्यू´-प्वाइन्ट्) *n.* a point of view, दृष्टिकोण।

vigil (विज्´-इल्) *n.* 1. a purposeful watch, निगरानी, चौकसी। 2. the period of such a watch, चौकसी, पहरा। 3. the eve of a religious festival, किसी धार्मिक त्योहार की पूर्वसंध्या।

vigilance (विज्´-इ-लॅन्स्) *n.* watchfulness, सतर्कता, चौकसी; vigilance committee, सतर्कता समिति।

vigilant (विज्´-इ-लॅन्ट्) *adj.* watchful, alert, सचेत, चौकस, सावधान।

vigilante (विज्-इ-लैन्´-टी) *n.* a member of a vigilance committee, सतर्कता समिति का सदस्य।

vignette (विन्-येॅट्´) *n.* 1. an ornamental design of vine leaves, अंगूर की लता का आलंकारिक रेखाचित्र, बड़े अक्षर के चारो ओर बने बेलबूटे, गुलकारी। 2. a short literary composition, छोटा साहित्यिक निबंध, लघु निबंध।

vigorous (विग्´-अॅ-रॅस्) *adj.* 1. full of vigour, ओजपूर्ण, ओजस्वी। 2. powerful, ज़ोरदार, प्रबल।

vigorously (विग्´-अॅ-रॅस्-ली) *adv.* in a vig-

अ: bird ब:ड्, अॅ: tear टिअॅ:, ॲअॅ air ॲअॅ:, आई five फ़ाइव्, ऑइ boy बॉइ/बॉय, इअॅ near निअॅ: उअॅ poor पुअॅ:, च् chat चैट्, थ् thing थिंग्, द् this दिस्, फ़् full फ़ुल्, व़् wait व़ेट्

orous manner, ज़ोरदार ढंग से।

vigour (विग्´-अ:) *n.* 1. physical or mental energy, ओज, बल। 2. enthusiasm, जोश, उमंग। 3. effectiveness, प्रबलता, ज़ोर।

viking (वाइ´-किंग्) *n.* a Scandinavian pirate of the 8th-11th centuries, 8वीं से 11वीं शती का स्केनडिनेविया का जलदस्यु।

vile (वाइल्) *adj.* (viler, vilest) 1. morally low, कमीना, नीच। 2. despicable, hateful, घृणित। 3. miserably poor, कंगाल, दरिद्र। 4. bad, बुरा; vile language, गाली-गलौज। 5. worthless, बेकार, निरर्थक।

vilely (वाइल्´-ली) *adv.* in a vile manner, नीचतापूर्वक, घृणापूर्वक, बुरी तरह।

vilification (विल्-इ-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* 1. the act of vilifying, गाली-गलौज करना। 2. abusive language, गाली-गलौज।

vilify (विल्´-इ-फ़ाइ) *v.* (vilified, vilifying) 1. to speak evil of, अपशब्द कहना, गाली-गलौज करना। 2. to defame, बदनाम करना।

villa (विल्´-अ) *n.* 1. a large luxurious suburban residence, गाँव की हवेली, ग्राम-भवन। 2. a large house, विशाल भवन, हवेली।

village (विल्´-इज्) *n.* 1. a group of houses in the country, गाँव, ग्राम; village deity, ग्राम-देवता। 2. the residents of such a community, गाँववासी, गाँव के लोग।

villager (विल्´-अ-ज:) *n.* an inhabitant of a village, गाँव का रहनेवाला, ग्रामीण, ग्रामवासी, देहाती, गँवार।

villain (विल्´-अॅन्) *n.* 1. a wicked person or wrongdoer, दुष्टि व्यक्ति, खल। 2. a wicked character in a play or story esp. an antagonist to the hero, खलनायक।

villainous (विल्´-अ-नॅस्) *adj.* 1. wicked, दुष्ट, खल। 2. bad, बुरा।

villainously (विल्´-अ-नॅस्-ली) *adv.* in a villainous manner, दुष्टतापूर्वक।

villainy (विल्´-अॅन्-ई) *n.* 1. an evil deed, दुष्कर्म। 2. wickedness, दुष्टता, दुष्टतापूर्ण आचरण।

villein (विल्´-अॅन्) *n.* a feudal farm labourer, कृषिदास।

vim (विम्) *n.* energy, ऊर्जा, शक्ति।

vinaigrette (विन्-अ-ग्रेट्´) *n.* a small decorative bottle with perforated top for keeping salt, नमकदानी।

vincible (विन्´-सि-बॅल्) *adj.* that can be overcome, जिसे परास्त किया जा सके।

vindicate (विन्´-डि-केट्) *v.* (vindicated, vindicating) 1. to clear of suspicion, संदेहमुक्त करना। 2. to clear of blame, दोषमुक्त करना। 3. to prove to be valid, वैध सिद्ध करना, वैध ठहराना।

vindication (विन्-डि-के´-शॅन्) *n.* the act of vindicating, संदेह या दोष से मुक्त करने की क्रिया, दोष मोचन।

vindictive (विन्-डिक्´-टिव्) *adj.* having or showing a desire for revenge, बदले की भावनावाला, प्रतिशोधी।

vindictively (विन्-डिक्´-टिव्-ली) *adv.* in a vindictive manner, प्रतिशोध की भावना से, बदले की भावना से।

vindictiveness (विन्-डिक्´-टिव्-निस्) *n.* vengeance, बदले की भावना, प्रतिशोध की भावना।

vine (वाइन्) *n.* 1. a plant with a long thin stem that grows along the ground or climbs a tree, wall etc., लता, बेल। 2. a grapevine, अंगूर की लता।

vinegar (विन्´-इ-ग:) *n.* a kind of sour liquid, सिरका।

vinegary (विन्´-इ-गॅ-री) *adj.* like vinegar, सिरके-जैसा।

vinery (वेन्´-अ-री) *n.* 1. a vineyard, अंगूर बगान। 2. vines collectively, लता-समूह।

vineyard (विन्-यॅ:ड्) *n.* a plantation of grapevines, अंगूर बगान।

viniculture (वी´-नि-कल्-च:) *n.* 1. cultivation of grapevines, अंगूरो की खेती। 2. production of grapes, अंगूरोत्पादन।

vinous (वेन्´-अॅस्) *adj.* 1. of wine, शराब-संबंधी। 2. addicted to drinking wine, मद्यप, शराबी।

vintage (विन्´-टिज्) *n.* 1. the wine obtained from the harvest of grapes, अंगूर की फ़सल की शराब। 2. the gathering of grapes for

wine, शराब बनाने के लिए किया जानेवाला अंगूरों का एकत्रीकरण। 3. wine made from a particular season's grapes, किसी विशिष्ट ऋतु के अंगूरों की शराब।4. a type or model, प्रकार, किस्म, मॉडल। *adj.* of high quality, ऊँची किस्म का, बढ़िया; vintage wine, बढ़िया शराब।

vintage year *n.* the year in which the wine is of high quality, वह वर्ष जिसमें बढ़िया शराब तैयार हो, अंगूरी वर्ष।

vintager (विन्´-टिज्-अ:) *n.* a person who grows wine grapes, अंगूर की खेती करनेवाला।

vintner (विन्ट्´-नें:) *n.* one who sells wine, मदिरा-विक्रेता।

viny (विन्´-ई) *adj.* abounding in vines, अंगूरों की लताओं से भरपूर।

vinyl (वाइ´-निल्, वी´-निल्) *n.* a kind of plastic, एक तरह का प्लास्टिक, वीनिल।

viol (वाइ´-अॅल्, वी´-अॅल्) *n.* an old type of a violin, एक तरह की वायलिन।

violable (वाइ´-अॅ-लॅ-बॅल्) *adj.* that can be violated, उल्लंघनीय, अतिक्रमणीय।

violate (वाइ´-अॅ-लेट्) *v.* (violated, violating) 1. to break (a law, कानून का) उल्लंघन करना, अतिक्रमण करना। 2. to rape, बलात्कार करना। 3. to treat disrespectfully, अपवित्र करना, अनादर करना।

violation (वाइ-अॅ-ले´-शॅन्) *n.* 1. the act of violating or the state of being violated, उल्लंघन, अतिक्रमण। 2. an instance of violating, उल्लंघन की घटना।3. rape, बलात्कार।

violative (वाइ´-अॅ-ले-टिव्) *adj.* that violates, उल्लंघनकारी, अतिक्रमणकारी।

violence (वाइ´-अॅ-लॅन्स्) *n.* 1. the use of physical force, ज़ोर-ज़बरदस्ती। 2. the use of physical force so as to injure or damage, हिंसा। 3. great force or intensity, प्रचंडता, प्रबलता, उग्रता। 4. distortion of meaning, अर्थ की तोड़-मरोड़। □ **do violence to,** के विरुद्ध आचरण करना।

violent (वाइ´-अॅ-लॅन्ट्) *adj.* 1. caused by violence, हिंसापूर्ण, हिंसात्मक। 2. furious, उग्र, प्रचंड।

violently (वाइ´-अॅ-लॅन्ट्-ली) *adv.* in a violent manner, हिंसापूर्वक; उग्रतापूर्वक, प्रचंडतापूर्वक।

violet (वाइ´-अॅ-लिट्) *n.* a bluish-purple colour, बैंगनी रंग। *adj.* of a violet colour, बैंगनी।

violin (वाइ-अॅ-लिन्´) *n.* a stringed instrument played with a bow, वायलिन, बेला।

violinist (वाइ-अॅ-लिन्´-इस्ट्) *n.* one who plays a violin, वायलिन वादक, बेलावादक।

viper (वाइ´-पॅ:) *n.* 1. a poisonous snake, ज़हरीला साँप। 2. a malicious or treacherous person, धोखेबाज़ व्यक्ति।

viperine (वाइ´-पॅर्-इन्) *adj.* poisonous, ज़हरीला, विषाक्त।

viperous (वाइ´-पॅर्-अॅस्) *adj.* poisonous, ज़हरीला, विषाक्त।

virago (वि-रा´-गो) *n.* a quarrelsome woman, झगड़ालू स्त्री, कर्कशा।

virgin (व:´-जिन्) *n.* 1. a young girl or woman who has not had sexual intercourse, कुमारी कन्या, अक्षतयोनि। 2. the mother of Christ, मरियम, मेरी। *adj.* 1. being a virgin, कुमारी, कुँआरी, अक्षता। 2. chaste or pure, पवित्र, विशुद्ध। 3. spotless, बेदाग़। 4. unused or untouched, अप्रयुक्त, अछूता। 5. being the first, प्रथम, पहला; a virgin voyage, प्रथम समुद्री यात्रा।

viriginal (व:´-जि-नॅल्) *adj.* 1. chaste, पवित्र। 2. pure, विशुद्ध। 3. untouched, अछूता।

virginity (वॅ:-जिन्´-इ-टी) *n.* 1. the quality or state of being virgin, क्वाँरापन, कौमार्य। 2. chastity, पवित्रता। 3. purity, विशुद्धता। 4. the state of being untouched, अछूतापन।

Virgo (व:´-गो) *n.* the sixth sign of the Zodiac, कन्या राशि।

virgule (व:´-ग्यूल्) *n.* a slanting line, तिर्यक रेखा।

viridescent (विर्-इ-डॅस्´-अॅन्ट्) *adj.* greenish, कुछ-कुछ हरा, हरा-सा।

viridity (वॅ-रिड्´-अॅ-टी) *n.* 1. greenness, हरापन, हरियाली। 2. freshness, ताज़गी, ताज़ापन।

virile (वि´-राइल्) *adj.* 1. manly, पुरुषोचित, पौरुषेय। 2. capable of procreation, वीर्यवान, जननक्षम।

virility (वॅ-रिल्´-इ-टी) *n.* virile power, पौरुष, पुंसत्त्व।

virologist (वि-रॉल्´-ॲ-जिस्ट्) *n.* an expert in virology, वाइरस-विज्ञानी, विषाणु-विज्ञानी।

virology (वि-रॉल्´-ॲ-जी) *n.* the scientific study of viruses, वाइरस-विज्ञान, विषाणु-विज्ञान।

virtual (व:´-चु-ॲल्) *adj.* real (in fact though not in name), वास्तविक, यथार्थ।

virtually (व:´-चू-ॲ-ली) *adv.* in reality, वास्तव में, वस्तुत:।

virtue (व:´-चू) *n.* 1. a good quality, goodness, सद्‌गुण। 2. chastity of a woman, पवित्रता, सतीत्व। □ **by virtue of,** के कारण से, के आधार पर; **make a virtue of necessity,** (i) कर्तव्य समझकर किसी काम को करना। (ii) मजबूरी के कारण कोई कार्य करना परंतु यह जतलाना कि कर्तव्य-भावना से कर रहे हैं।

virtuosity (व:-चू-ऑस्´-इ-टी) *n.* the quality of being virtuoso, कलाविज्ञता।

virtuoso (व:-चू-ओ´-सो) *n.* (plu. virtuosi, virtuosos) a person with exceptional ability or skill, कलाविज्ञ। *adj.* showing great skill, कलात्मक।

virtuous (व:´-चु-ॲस्) *adj.* morally good, सद्‌गुणी, सदाचारी, सच्चरित्र, नेक।

virtuousness (व:´-चु-ॲस्-निस्) *n.* the quality of being virtuous, सदाचार, सच्चरित्रता, नेकी।

virulence (विर्´-उ-लॅन्स्) *n.* the quality or state of being virulent, विषाक्तता; भयंकरता; प्रतिकूलत; कड़वापन; उग्रता।

virulent (विर्´-उ-लॅन्ट्) *adj.* 1. poisonous, ज़हरीला, विषाक्त। 2. deadly, भयंकर, घातक, संघातिक। 3. hostile, प्रतिकूल, विरोधी। 4. bitter, कड़वा। 5. violent, उग्र, प्रचंड।

virus (वाइरस्) *n.* an organism smaller than bacteria but capable of causing disease, रोगजनक सूक्ष्म विषाक्त जीवाणु, वाइरस, विषाणु।

visa (वी´-ज़ॅ) *n.* an endorsement in a passport by officials of a foreign country permitting the bearer to enter their country, प्रवेशानुमति, पारपत्र, वीज़ा। *v.* (visaed, visaing) to enter a visa into (a passport, पासपोर्ट में) प्रवेशानुमति अंकित करना, पारपत्र देना।

visaed (वी´-ज़ॅड्) *adj.* 1. marked with a visa, प्रवेशानुमति से युक्त, जिस पर प्रवेशानुमति अंकित हो। 2. having got a visa, जिसे पारपत्र मिला हो।

visage (विज़्´-इज्) *n.* 1. appearance, शक्ल, सूरत। 2. facial expression, चेहरे का भाव।

vis-a-vis (वीज़्-ॲ-वी´, वी-ज़ॅ-वी´) *adv.* face to face, आमने-सामने, के सामने। *prep.* in relation to, के संबंध में, की तुलना में। *n.* one opposite to another, आमना-सामना।

viscera (विस्´-ॲ-रॅ) *n.* (plu.) 1. the internal organs of the body, शरीर के भीतरी अंग (जैसे हृदय, गुर्दे, फेफड़े आदि), आंतरांग (आंतर + अंग)। 2. intestines, आँतें।

visceral (विस्´-ॲ-रॅल्) *adj.* of or pertaining to viscera, आंतरांगी।

viscid (विस्´-इड्) *adj.* gluey, sticky, लेसदार, चिपचिपा।

vicidity (वि-सिड्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being viscid, चिपचिपापन।

viscosity (विस्-कॉस्´-इ-टी) *adj.* the state or quality of being viscous, चिपचिपापन।

viscount (वाइ´-कॉउन्ट्) *n.* a nobleman ranking below an earl and above a baron, ब्रिटिश सामंत, विस्काउन्ट।

viscous (विस्´-कॅस्) *adj.* gluey, sticky, लेसदार, चिपचिपा।

viscousness (विस्´-कॅस्-निस्) *n.* the state or quality of being viscous, चिपचिपापन।

vise (वाइस्) *n.* a carpenter's instrument that grips a thing securely, बढ़ई का शिकंजा।

visibility (विज़्-ॲ-बिल्´-इ-टी) *n.* 1. the quality or state of being visible, दृश्यता। 2. the range of vision, दृश्यता-परास।

visible (विज़्´-ॲ-बॅल्) *adj.* 1. that can be seen, दृश्य, दृष्टिगोचर। 2. evident or manifest, प्रकट, प्रत्यक्ष; visible capacity, प्रकट

क्षमता। 3. available, सुलभ।

visibly (विज़्´-अ॑-ब्ली) *adv.* clearly, स्पष्ट रूप से, स्पष्टतः।

vision (विज़्ह्´-अ॑न्) *n.* 1. the power or faculty of seeing, दृष्टि। 2. the ability of great perception, imaginative insight, अंतर्दृष्टि, दिव्यदृष्टि, दूरदर्शिता। 3. a mental image, मानसिक प्रतिबिंब या आकृति, मनोरूप। 4. something seen in a dream or trance, स्वप्न-चित्र। 5. a person or thing of unusual beauty, अति सुंदर व्यक्ति या वस्तु, दिव्य दर्शन।

visionary (विज़्ह्´-अ॑-नॅ-री) *adj.* 1. of the nature of a fantasy or dream, काल्पनिक, अवास्तविक। 2. not practicable, अव्यवहार्य, अव्यावहारिक। 3. given to impractical ideas, स्वप्नदर्शी। *n.* a person with visionary ideas, a visionary person, स्वप्नद्रष्टा, अंतर्द्रष्टा।

visit (विज़्´-इट्) *v.* (visited, visiting) 1. to go or come to meet or see, मिलने के लिए जाना या आना, देखने के लिए जाना या आना। 2. to stay with (someone, किसी के पास) ठहरना या रुकना। 3. to go or come to in a business or professional capacity, भेंट करना। 4. to inflict punishment, दंड देना, दंडित करना। *n.* 1. the act of seeing, अवलोकन। 2. the act of calling upon, meeting, भेंट, मुलाक़ात। 3. inspection, निरीक्षण।

visitant (विज़्´-इ-टॅन्ट्) *n.* a visitor, आगंतुक, मुलाक़ाती, भेंटकर्ता।

visitation (विज़्-इ-टे´-शॅन्) *n.* 1. the act of visiting, मुलाक़ात करना। 2. an official visit, आधिकारिक निरीक्षण। 3. any affliction, विपदा, विपत्ति।

visiting (विज़्´-इ-टिंग्) *adj.* of or pertaining to a visit, मुलाक़ात-संबंधी; visiting card, मुलाक़ाती कार्ड; visiting professor, अतिथि प्राध्यापक, अभ्यागत प्राध्यापक।

Visitor (विज़्´-इ-टॅ:) *n.* the honoray academic officer of the central universities of India, विज़िटर, कुलाध्यक्ष।

visitor (विज़्´-इ-टॅ:) *n.* 1. one who pays a visit, आगंतुक, मुलाक़ाती, अभ्यागत, अतिथि; visitor's book, आगंतुक पंजी। 2. a migratory bird, प्रवासी पक्षी। 3. one who comes to see, दर्शक; visitor's gallery, दर्शक दीर्घा।

visor (वाइ´-ज़ॅ:) *n.* a piece of armour that protects the face, मुखावरण।

vista (विस्´-टॅ) *n.* 1. a view, दृश्य। 2. a view of the long row of trees, वृक्षावली का दृश्य। 3. a mental view, मानस दर्शन, सिंहावलोकन।

visual (विज़्ह्´-उ-अ॑ल्) *adj.* 1. of or used in seeing, दृश्य, चाक्षुष; visual defect, चाक्षुष दोष, दृष्टि-दोष। 2. that can be seen, दृश्य; visual effect, दृश्य प्रभाव।

visual arts *n.* the arts appreciated through the sense of sight, दृश्य कला, चाक्षुष कला।

visualization (विज़्ह्-उ-अ॑-लि-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of visualizing, मन में चित्र बनाने की क्रिया, मानसदर्शन।

visualize (विज़्ह्´-उ-अ॑-लाइज़्) *v.* (visualized, visualizing) to form a mental image, मन में चित्र बनाना, मानसदर्शन करना।

visually (विज़्ह्´-ऊ-अ॑ल्-ई) *adv.* in a visual manner, आँखों से, नेत्रों द्वारा।

vital (वाइ´-टॅल्) *adj.* 1. of or pertaining to life, जीवन-संबंधी, जीवनी; vital force, जीवनी शक्ति। 2. essential to maintain life, जीवनाधार। 3. indispensable, अपरिहार्य। 4. of greatest importance, अत्यंत महत्त्वपूर्ण; vital parts, मर्मस्थल।

vitality (वाइ-टैल्´-इ-टी) *n.* 1. the power or ability to continue into existence, जीवंतता, प्राण शक्ति। 2. energy or force, ऊर्जा या शक्ति।

vitalize (वाइ´-टॅ-लाइज़्) *v.* (vitalized, vitalizing) to put life into, जीवंत बनाना, प्राण फूँकना या डालना, जान डालना।

vitally (वाइ´-टॅ-ली) *adv.* very, अत्यधिक।

vitals (वाइ´-टॅल्ज़्) *n.* (plu.) the vital parts of the body, मर्मस्थल।

vitamin (वाइ´-टॅ-मिन्, विट्´-अ॑-मिन्) *n.* any of the organic substances essential for health and found in food, विटामिन।

vitiate (विश्´-इ-एट्) *v.* (vitiated, vitiating) 1. to spoil, दूषित कर देना, ख़राब कर देना, बिगाड़ देना। 2. to weaken the force of,

अशक्त कर देना। 3. to invalidate, अवैध कर देना।

viticulture (विट्´-इ-कॅल्-चॅ:) *n.* 1. the cultivation of grapevine, अंगूरों की खेती। 2. the act of grape-growing, अंगूरोत्पादन।

vitreous (विट्´-रि-अॅस्) *adj.* 1. like glass, काँच जैसा, काचाभ; vitreous humour, काचाभ द्रव। 2. having glass like texture, भुरभुरा।

vitrification (विट्-रि-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* the act of vitrifying, काँच में ढालना, काँचीकरण।

vitrified (विट्´-रि-फ़ाइड्) *adj.* converted into glass, काचित।

vitrify (विट्´-रि-फ़ाइ) *v.* (vitrified, vitrifying) 1. to convert into glass, काँच बनाना। 2. to be converted into glass, काँच में ढाला जाना।

vitriol (विट्´-रि-अॅल्) *n.* 1. any of various sulphates, तूतिया, कासीस आदि। 2. sulphuric acid, गंधक का तेजाब। 3. harsh criticism, कटु आलोचना।

vitriolic (विट्-रि-ऑल्´-इक्) *adj.* bitter, कटु।

vituperate (वाइ-टू´-पॅ-रेट्) *v.* (vituperated, vituperating) 1. to speak abusively to or about, गाली देना, गाली-गलौज करना। 2. to scold, बुरा-भला कहना, कोसना।

vituperation (वाइ-टू-पॅ-रे´-शॅन्) *n.* 1. the act of vituperating, गालियाँ देना। 2. abusive language, गाली-गलौज, अपशब्द, अपभाषा।

vituperator (वाइ-टू´-पॅ-रे-टॅ:) *n.* one who vituperates, गाली-गलौज करनेवाला, गालियाँ देनेवाला।

viva[1] (वी´-वॅ) *interj.* long live! अमर रहे!

viva[2] (वाइ´-वॅ) *n.* an oral examination, मौखिक परीक्षा। *v.* (vivaed, vivaing) to examine orally, मौखिक परीक्षा लेना।

vivace (वि-वा´-चे) *adv.* in a lively brisk manner, फुर्ती से। (इतालवी)

vivacious (वि-वे´-शॅस्) *adj.* lively, जीवंत, सजीव, स्फूर्त, जानदार, प्राणवंत।

vivaciously (वि-वे´-शॅस्-ली) *adv.* in a vivacious manner, सजीव रूप से।

vivaciousness (वि-वे´-शॅस्-निस्) *n.* the state or quality of being vivacious, जीवंतता, सजीवता, ज़िंदादिली।

vivacity (वि-वेस्´-इ-टी) *n.* vivaciousness, जीवंतता, सजीवता, ज़िंदादिल।

vivarium (वाइ-वेंअॅर्´-इ-अॅम्) *n.* an enclosed place for raising plants and animals under natural conditions, प्रकृतशाला, प्रशाला।

viva voce (वाइ´-वॅ-वो´-सी) *n.* the full form of viva.

vivid (विव्´-इड्) *adj.* 1. full of life, lively, lifelike, जीवंत, सजीव, जीता-जागता; vivid presentation, सजीव प्रस्तुति। 2. bright or brilliant, चटक, चटकीला, शोख़। 3. strong, powerful, तीव्र, सशक्त। 4. very clear, सुस्पष्ट। 5. rich and fresh, समृद्ध तथा ताज़ा।

vividly (विव्´-इड्-ली) *adv.* in a vivid manner, सजीव रूप से, सशक्त रूप से, सुस्पष्ट रूप से।

vividness (विव्´-इड्-निस्) *n.* the state or quality of being vivid, जीवंतता, स्फूर्ति, चटकीलापन, ताज़गी।

vivification (विव्-इ-फ़ि-के´-शॅन्) *n.* the act of vivifying, सजीवीकरण।

vivify (विव्´-इ-फ़ाइ) *v.* (vivified, vivifying) to make vivid, सजीव बनाना, जीवंत बनाना, प्राण डालना।

viviparous (वि-विप्´-अॅ-रॅस्) *adj.* bearing or bringing forth living young, (प्राणी) जो बच्चों को (सीधे) जन्म दे (अंडों आदि से पैदा न करे), जरायुज; viviparous species, जरायुज जाति।

vivisect (विव्-इ-सॅक्ट्´) *v.* (vivisected, vivisecting) to subject to vivisection, जीवोच्छेदन करना।

vivisection (विव्-इ-सॅक्´-शॅन्) *n.* an act of performing surgical experiments on living animals, जीवों पर किया जानेवाला (अध्ययनार्थ) शल्य-प्रयोग, जीवोच्छेदन।

vixen (विक्´-सॅन्) *n.* 1. a female fox, लोमड़ी। 2. a quarrelsome woman, झगड़ालू स्त्री।

viz (विज़्) *adv.* namely, अर्थात्।

vizier (वि-ज़िअॅ:) *n.* a minister in Muslim countries, वज़ीर।

V-J Day *n.* August 15, 1945, the day on

which allied forces got victory over Japan, 15 अगस्त (जिस दिन मित्र राष्ट्रों ने जापान पर विजय पाई थी)।

V neck (वी´-नेंक्) *n.* a V-shaped neckline, वी शक्ल का गला।

vocable (वो´-कॅ-बॅल्) *n.* a word, शब्द।

vocabulary (वो-कैब्´-उ-लॅ-री) *n.* 1. all the words of a language, शब्दभंडार, शब्द-समूह, शब्द-संपदा। 2. words used in a particular book, शब्दावली। 3. all the words used by a person or class, शब्दावली।

vocal (वो´-कॅल्) *adj.* 1. uttered or produced by the voice, उच्चरित, वाचिक, वाक्; vocal cords, स्वरतंत्री। 2. outspoken, मुखर।

vocalic (वो-कैल्´-इक्) *adj.* consisting of vowels, स्वरिक।

vocalist (वो´-कॅ-लिस्ट्) *n.* a singer, गायक।

vocalize (वो´-कॅ-लाइज़्) *v.* (vocalized, vocalizing) 1. to utter, उच्चारण करना। 2. to produce in sounds, ध्वनित करना।

vocally (वो´-कॅ-ली) *adv.* orally, मौखिक रूप से, जवाबी।

vocation (वो-के´-शॅन्) *n.* 1. any trade or profession, व्यवसाय, पेशा, वृत्ति। 2. a special urge to a religious work, किसी धार्मिक कार्य के प्रति होनेवाली अंतःप्रेरणा, बुलाहट।

vocational (वो-के´-शॅन्-अॅल्) *adj.* of a vocation, व्यावसायिक; vocational representation, व्यावसायिक प्रतिनिधित्व।

vocative (वॉक्´-अॅ-टिव्) *adj.* of the case of noun, pronoun or an adjective used in direct address, संबोधनात्मक; vocative case, संबोधन कारक।

vociferate (वो-सिफ़्´-अॅ-रेट्) *v.* (vociferated, vociferating) 1. to cry out vehemently, चीखना-चिल्लाना, गला फाड़ना। 2. to clamour, शोर मचाना, हो-हल्ला करना।

vociferation (वो-सिफ़्-अॅ-रे´-शॅन्) *n.* the act of vociferating, चीख, चिल्लाहट, शोर, हो-हल्ला।

vociferous (वो-सिफ़्´-अॅ-रॅस्) *adj.* 1. making an outcry, चिल्लानेवाला। 2. noisy, कोलाहलपूर्ण।

vociferously (वो-सिफ़्´-अॅ-रॅस्-ली) *adv.* noisily, शोर करते हुए, चीखते-चिल्लाते हुए।

vodka (वोड्´-कॅ) *n.* a Russian alcoholic liquor, रूसी शराब, वोडका।

vogue (वोग्) *n.* 1. the current fashion or style, प्रचलित शैली, फ़ैशन, चालू रिवाज। 2. popular acceptance, लोक-मान्यता। □ **in vogue**, जो फ़ैशन में हो; **out of vogue**, फ़ैशन से बाहर।

voice (वॉइस्) *n.* 1. the sound made by the vocal cords, कंठध्वनि, घोष, आवाज़। 2. the ability to make sounds through the mouth, बोलने की शक्ति। 3. the ability to speak, sing, etc., वाक्शक्ति। 4. a specified quality or tone in speaking of a particular person, आवाज़, सुर; I recognized Ram's voice. मैंने राम की आवाज़ पहचान ली। 5. the organ that produce the voice, कंठ। 6. a singer, गायक। 7. an utterance, कथन। 8. opinion, विचार, मत; voice of conscience, अंतरात्मा की पुकार। 9. expression, अभिव्यक्ति। 10. the right to express one's thought, बोलने का अधिकार। 11. rumour, किंवदंती। 12. fame, प्रसिद्धि। 13. one of the forms of the verb that shows the relation of the subject to the verb, वाच्य; active voice, कर्तृवाच्य, passive voice, कर्मवाच्य। *v.* (voiced, voicing) 1. to utter, बोलना, उच्चारण करना। 2. to express, व्यक्त करना, अभिव्यक्त करना।

voiced (वॉइस्ड्) *adj.* 1. articulated with vibration of vocal cords, घोष (वर्ण)। 2. expressed by the voice, अभिव्यक्त, व्यक्त।

voiceless (वॉइस्´-लिस्) *adj.* not voiced, अघोष (वर्ण)।

voice-over (वॉइस्´-ओ-वॅः) *n.* narration by voice, दूरदर्शन या फ़िल्म में वह स्थिति जब वक्ता दिखाई नहीं देता केवल उसकी आवाज़ सुनाई देती है, ऊपरी आवाज़।

void (वॉइड्) *adj.* 1. vacant, empty, खाली, रिक्त। 2. useless, व्यर्थ, निरर्थक। 3. invalid, अवैध, अमान्य, शून्य; void agreement, शून्य करार। *n.* 1. empty space, शून्य। 2. empti-

ness, खालीपन, रिक्ति। *v.* (voided, voiding) 1. to vacate, खाली करना। 2. to excrete, मूतना या हगना। 3. to make void, अमान्य करना, शून्य करना, अवैध या ख़त्म करना।

voidable (वॉइड्´-अ॑-बॅल्) *adj.* that can be made void, अमान्यकरणीय, शून्यकरणीय; voidable marriage, शून्यकरणीय विवाह।

voidance (वॉइड्´-अ॑न्स्) *n.* the act of making void or the state of being void, शून्यकरण, शून्यता।

voile (वॉइल्) *n.* a thin fabric of cotton, वायल।

volatile (वॉल्´-अ॑-टाइल्) *adj.* 1. quickly evaporating, वाष्पशील। 2. fickle-minded, अस्थिरचित्त, चंचल, चपल। 3. changeable, परिवर्तनशील।

volatility (वॉल्-अ॑-टिल्´-इ-टी) *n.* the quality or state of being volatile, वाष्पशीलता; चंचलता; परिवर्तनशीलता।

volatilize (वॉल्´-अ॑-टिल्-आइज़्) *v.* (volatilized, volatilizing) 1. to evaporate, वाष्प हो जाना, भाप बनकर उड़ जाना। 2. to cause to evaporate, वाष्प बनाकर उड़ा देना।

volcanic (वॉल्-कैन्´-इक्) *adj.* of, thrown from, caused by or characteristic of a valcano, ज्वालामुखीय, ज्वालामुखी।

volcano (वॉल्-के´-नो) *n.* an opening in the earth's crust through which lava, ash etc. are ejected, ज्वालामुखी।

volcanology (वॉल्-कॅ-नॉल्´-अ॑-जी) *n.* the scientific study of volcanoes, ज्वालामुखी-विज्ञान।

vole (वोल्) *n.* a rat like animal, चूहे की जाति का एक जंतु।

volition (वॅ-लिश्´-अ॑न्) *n.* 1. determination, संकल्प, इच्छाशक्ति। 2. a choice, चुनाव, चयन।3. the ability of choosing, चयनक्षमता।

volitional (वॅ-लिश्´-अ॑-नॅल्) *adj.* of or proceeding from volition, संकल्पात्मक, इच्छार्थक।

volley (वॉल्´-ई) *n.* 1. the simultaneous discharge of a number of missiles, क्षेप्यास्त्रों की बौछार या वर्षा। 2. the missiles so discharged, चलाए, छोड़े या फेंके गए अस्त्र। 3. (the number of questions) put forward in quick succession, (प्रश्नों की) बौछार, झड़ी; volley of curses, शापों की झड़ी। 4. in tennis, return of the ball before it touches the ground, वाल्ली, वॉली। *v.* (volleyed, volleying) 1. to discharge in a volley, बौछार कर देना, झड़ी लगा देना। 2. to be discharged in a volley, बौछार या झड़ी लग जाना। 3. to strike a ball before it touches the ground, वाल्ली लगाना।

volleyball (वॉल्´-ई-बा:ल्) *n.* 1. a game played with two teams with a ball over a net, बॉलीबाल का खेल। 2. the ball used in this game, बॉलीबाल खेलने का बॉल।

volt (वोल्ट्) *n.* the unit of electromotive force, वोल्ट।

voltage (वोल्´-टिज्) *n.* electromotive force expressed in volts, वोल्टेज, वोल्टता।

volte-face (वोल्ट्-फ़ास्´) *n.* a complete reversal of opinion, अपनी बात से फिर जाना, फेर, बदलाव, मत-परिवर्तन।

voltmetre (वोल्ट्´-मी-टॅ:) *n.* an instrument for measuring electromotive force in volts, वोल्टमीटर।

volubility (वॉल्-यु-बिल्´-इ-टी) *n.* talkativeness, बातूनीपन, वाचालता।

voluble (वॉल्´-यु-बॅल्) *adj.* talking too much, बातूनी, वाचाल।

volume (वॉल्´-यूम्) *n.* 1. a collection of written or printed sheets bound together, पुस्तक, किताब। 2. one of the books of a set, खंड, जिल्द। 3. the size or amount (of something, किसी चीज़ की) मात्रा या परिमाण; the volume of traffic, यातायात का परिमाण। 4. the quantity of loudness of sound, ध्वनि की प्रबलता, तारता। 5. the amount of space that a three dimensional thing occupies, आयतन।

voluminous (वॅ-ल्यू´-मि-नॅस्) *adj.* 1. having great size or number, bulky, बड़ा, भारी, भारी-भरकम। 2. consisting of volumes, कई खंडों या जिल्दों में होनेवाला; voluminous writer, बहुत से ग्रंथ लिखनेवाला लेखक,

बहुग्रंथकार, लिक्खाड़।

voluntarily (वॉल्´-अॅन्-टॅर्-इ-ली) *adv.* in a voluntary manner, स्वेच्छापूर्वक, अपने आप।

voluntary (वॉल्´-अॅन्-टॅ-री) *adj.* 1. done or performed willingly, ऐच्छिक। 2. serving or acting of one's own accord, स्वैच्छिक। 3. not accidental, intentional, जो आकस्मिक न हो, जान-बूझकर किया हुआ। 4. supported or aided by state or voluntary contributions, सहायताप्राप्त, दानाश्रित; voluntary school, दानाश्रित विद्यालय।

volunteer (वॉल्´-अॅन्-टिअॅ:) *n.* one who offers to do something of his own free will, स्वयंसेवक; volunteer force, स्वयंसेवक सेना। *v.* (volunteered, volunteering) 1. to offer one's services, अपनी सेवाएँ अर्पित करना। 2. to be a volunteer, स्वयंसेवक बनना।

voluptuary (वॅ-लप्´-चु-अॅ-री) *n.* 1. a person whose life is given over to sensual pleasures, अय्याश, विलासी, कामार्त। 2. one who indulges in luxuries, विषयभोगी।

voluptuous (वॅ-लप्´-चु-अॅस्) *adj.* 1. fond of pleasures of the senses, विलासी, कामुक, इंद्रियपरायण, विषयरत। 2. giving sensual pleasure, सुखदायी, आनंददायक। 3. (of a woman) having an appealing figure, हसीन, कमनीय या सुंदर (स्त्री)।

voluptuousness (वॅ-लप्´-चु-अॅस्-निस्) *n.* sensual indulgence, इंद्रियपरायणता, विषयरति, कामार्तता, विलासप्रियता; आनंददायकता; कामोत्तेजकता।

vomit (वॉम्´-इट्) *v.* (vomited, vomiting) to eject through the mouth, वमन करना, कै करना, उलटी करना। *n.* the matter ejected in vomiting, कै, उलटी, वमन।

vomitory (वॉम्´-इ-टॅ-री) *adj.* causing vomiting, उलटी लानेवाला।

vomiturition (वॉम्-इ-चू-रिश्´-अॅन्) *n.* the desire to vomit, मतली।

voodoo (वू´-डू) *n.* a religious cult involving witchcraft, जादू-टोने पर आधारित एक (अफ़्रीकी) संप्रदाय।

voracious (वो-रे´-शॅस्) *adj.* 1. devouring large quantities of food, भुक्खड़, भकोसू। 2. exceedingly eager, अत्यधिक उत्सुक, लालायित; voracious reader, लालायित पाठक।

voraciously (वो-रे´-शॅस्-ली) *adv.* in a voracious manner, भुक्खड़पने से, दबादब।

voraciousness (वो-रे´-शॅस्-निस्) *n.* the quality or state of being voracious, भुक्खड़पन, ख़ूब खाने की प्रवृति या इच्छा।

voracity (वो-रैस्´-इ-टी) *n.* 1. voraciousness, भुक्खड़पन। 2. greediness, लालच, लोभ।

vortex (वॉ:-टॅक्स्) *n.* 1. a whirling mass of water, भँवर, जलावर्त। 2. a whirlwind, चक्रवात, बवंडर। 3. an engulfing activity, जंजाल, चक्कर, फँसावड़ा; vortex of politics, राजनीति का चक्कर।

vortical (वॉ:-टि-कॅल्) *adj.* 1. of a vortex, भँवर-संबंधी। 2. whirling, चक्राकार।

votable (वोट्´-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be submitted to a vote, मतदेय।

votary (वो´-टॅ-री) *n.* 1. one bound to religious vows, धर्मनिष्ठ, धर्मव्रती। 2. a religious person, भक्त। [Fem. votaress]

vote (वोट्) *n.* 1. a formal expression of one's opinion or choice, मत, वोट। 2. the body of voters, मतदाता-समूह। 3. the right to express one's opinion in an election, मताधिकार। 4. the ticket or ballot by which a vote is expressed, मतपत्र, पर्ची। 5. the total number of vote cast, डाले हुए कुल मत। 6. the result of an election, चुनाव परिणाम। 7. a proposal, प्रस्ताव; vote of censure, निंदा प्रस्ताव; vote of confidence, विश्वास प्रस्ताव; vote of thanks, धन्यवाद प्रस्ताव। *v.* (voted, voting) 1. to cast a vote, मत देना, वोट देना। 2. to elect, चुनना। 3. to enact by vote, मतदान के द्वारा कानून बनाना। 4. to declare by common opinion, सर्वसम्मति से मान लेना। 5. to suggest, सुझाना। □ **vote down,** मत द्वारा अस्वीकार कर देना; **vote in,** चुन लेना; **vote out,** मत द्वारा पराजित कर देना।

voter (वोट्´-अॅ:) *n.* one who has a right to vote, मतदाता।

voting (वोट्´-इंग्) *n.* the act of a person who

votes, मतदान; voting machine, मतदान यंत्र।

votive (वो´-टिव्) *adj.* given or undertaken in fulfillment of a vow, संकल्पित, मन्नत माना हुआ, मनौती का।

vouch (वॉउच्) *v.* (vouched, vouching) 1. to attest, सत्यापित करना। 2. to give evidence for, के पक्ष में साक्ष्य देना। 3. to guarantee, गारंटी देना। 4. to say forcefully, दृढ़तापूर्वक कहना।

voucher (वॉउ´-चॅ:) *n.* a document serving as a receipt of a business transaction, वाउचर।

vouchsafe (वॉउच्´-सेफ़्) *v.* (vouchsafed, vouchsafing) to grant or give as a favour, अनुग्रह करना, अनुग्रहपूर्वक देना।

vow (वॉउ) *n.* 1. a solemn promise or pledge, संकल्प। 2. a formal declaration, प्रतिज्ञा, वचन। *v.* (vowed, vowing) 1. to promise or pledge, संकल्प करना। 2. to declare formally, प्रतिज्ञा करना, वचन देना। □ **take vows,** व्रत लेना या धार्मिक संप्रदाय में सम्मिलित होना।

vowel (वॉउ´-अॅल्) *n.* 1. a voiced speech sound made without stopping of the breath, स्वर; vowel sign, स्वर चिह्न। 2. a letter representing such a sound, स्वर वर्ण, स्वर चिह्न।

vox populi (वॉक्स्´-पॉप्´-उ-ली) *n.* public opinion, जनता की आवाज़, जनमत। (लैटिन) □ **vox populi, vox Dei,** जनता की आवाज़, ईश्वर की आवाज़।

voyage (वॉइ´-इज्) *n.* 1. a long journey by sea. लंबी समुद्री यात्रा, समुद्रयात्रा। 2. a written account of a voyage, समुद्रयात्रा का वृत्तांत।

voyager (वॉइ´-इज्-अॅ:) *n.* one who makes a voyage, समुद्रयात्रा करनेवाला, समुद्रयात्री।

voyageur (वा:-या-ज़्ह:´) *n.* 1. a traveller, यात्री। 2. a boatsman, मल्लाह।

voyeur (वा:इ´-अॅ:) *n.* a person who obtains sexual pleasure by looking at the sexual organs or actions of others, दूसरों के गुप्त अंग या क्रियाएँ देखकर आनंदित होनेवाला, कामदर्शी।

Vulcan (वल्´-कॅन्) *n.* 1. the god of fire, अग्निदेवता। 2. the god of craftsmanship, शिल्पदेवता।

vulcanization (वल्-कॅ-नाइ-ज़े´-शॅन्) *n.* the act of vulcanizing, वल्कन।

vulcanize (वल्´-कॅ-नाइज़्) *v.* (vulcanized, vulcanizing) to give (rubber) greater strength, वल्कन करना, वल्कनित करना।

vulgar (वल्´-गॅ:) *adj.* 1. lacking good taste, गँवार, उजड्ड, फूहड़। 2. lacking manners, अशिष्ट, असभ्य। 3. common, सामान्य, लोकगत। *n.* the vulgar, common people, जनसाधारण।

vulgarian (वल्-गॅअॅर्´-इ-अॅन्) *n.* a vulgar (rich) person, गँवार (रईस) व्यक्ति।

vulgarism (वल्´-गॅ-रिज़्-अॅम्) *n.* 1. a vulgar word or phrase, फूहड़ शब्द या पद। 2. vulgarity, अशिष्टता।

vulgarity (वल्-गैर्´-इ-टी) *n.* 1. the state or quality of being vulgar, गँवारपन, ग्राम्यत्व; अभद्रता, अशिष्टता। 2. a vulgar act, अभद्रकार्य, अशिष्टतापूर्ण कार्य।

vulgarize (वल्´-गॅ-राइज़्) *v.* (vulgarized, vulgarizing) 1. to make vulgar, गँवार बना देना। 2. to become vulgar, गँवार बनना, अभद्रतापूर्ण व्यवहार करने लगना, चौपट होना। 3. to popularize, लोकप्रिय बना देना।

Vulgate (वल्´-गेट्) *n.* Latin version of the Bible, बाइबल का लातीनी संस्करण।

vulnerability (वल्-नॅ-रॅ-बिल्´-इ-टी) *n.* the state or quality of being vulnerable, असुरक्षा; असुरक्षित स्थिति, सुभेद्यता; संवेदनशीलता।

vulnerable (वल्´-नॅ-रॅ-बॅल्) *adj.* 1. not safe, unprotected, असुरक्षित। 2. susceptible to danger or attack, जो ख़तरे में पड़ सकता हो, जिस पर आक्रमण संभव हो, भेद्य, सुभेद्य। 3. open to criticism, आलोचनीय। 4. weak or sensitive, कमज़ोर या नाजुक, संवेदनशील।

vulpine (वल्´-पाइन्) *adj.* 1. of or relating to a fox, लोमड़ी-संबंधी। 2. resembling a fox, लोमड़ी-सदृश, लोमड़ी-जैसा। 3. crafty, धूर्त या धूर्ततापूर्ण।

vulture (वल्´-चॅ:) *n.* 1. a large bird of prey,

गीध। 2. a greedy person, लालची व्यक्ति। 3. one who tyrannizes others, अत्याचारी।

vulturine (वल्´-चॅर्-इन्) *adj.* 1. of a vulture, गीध-संबंधी। 2. like a vulture, गीध-जैसा, धूर्त या धूर्ततापूर्ण।

vulturous (वल्´-चॅर्-अॅस्) *adj.* 1. like a vulture, गीध-जैसा। 2. preying, दूसरों का शिकार करनेवाला, अत्याचारी। 3. greedy, लालची, लोभी।

vulva (वल्´-वॅ) *n.* the external genital organs of the female, भग, चूत।

vulval (वल्´-वॅल्) *adj.* of the vulva, भग-संबंधी।

vulviform (वल्´-वॅ-फ़ा:म्) *adj.* like a vulva in form, भगाकार।

vying (वाइ´-इंग्) *adj.* that vies, स्पर्धा करनेवाला, होड़ करनेवाला। *n.* competition, स्पर्धा, होड़।

W

W, w (डब्´-ॲल्-यू) the twenty-third letter of the English alphabet, अंग्रेज़ी वर्णमाला का तेइसवाँ वर्ण।

wackiness (वैक्´-इ-निस्) ***n.*** craziness, सनक, ख़ब्त।

wacky (वैक्´-ई) ***adj.*** 1. crazy, सनकी, ख़ब्ती। 2. irrational, अयुक्तिशील, अतर्कशील।

wad (वॉ:ड्) ***n.*** 1. a soft small mass of cotton, (for padding), रुई का फाहा या गद्दी। 2. a small bundle, छोटा बंडल, मुट्ठा, पुलिंदा। 3. a lump, डला या ढेला। 4. a roll or collection of papers, कागज़ों का खर्रा या गड्डी। 5. a large quantity (of money), बड़ी राशि। ***v.*** (wadded, wadding) 1. to compress into a wad, गड्डी बनाना। 2. to hold in place by a wad, गड्डी लगाना; रुई से बंद करना। 3. to roll up, खर्रा या गड्डी बनाना। 4. to plug with a pad, मुँह बंद करना, डाट या गड्डी लगाना।

wadding (वॉर्ड्-इंग्) ***n.*** soft fibrous mass for padding, रुई आदि की गद्दी या फाहा।

waddle (वॉड्´-ॲल्) ***v.*** (waddled, waddling) 1. to walk like a duck, बतख की तरह (छोटे-छोटे कदम भरते तथा पटकते हुए) चलना। 2. to toddle, (छोटे बच्चे का) ठुमक-ठुमककर चलना। ***n.*** 1. the act of waddling, छोटे-छोटे क़दम भरने तथा पैर पटककर चलने की क्रिया। 2. a waddling gait, ठुमक।

wade (वेड्) ***v.*** (waded, wadding) 1. to walk through water, mud, sand or tall grass, पानी, कीचड़, बालू या लंबी घास को चीरते हुए आगे बढ़ना, हलना। 2. to go forward with much labour, बड़ी मुश्किल से आगे बढ़ पाना। ☐ **wade in,** हस्तक्षेप करना।

wader (वेर्ड्-ॲ:) ***n.*** 1. one who wades, पानी में हलनेवाला। 2. a wading bird, जलपक्षी।

wading bird ***n.*** any long-legged water bird, लंबी टाँगोंवाला कोई जलपक्षी (जो छिछले जल में चलता है)।

waders (वे´-डॅ:ज़्) ***n.*** (plu) long waterproof boots, वाटरप्रूफ़ बड़े जूते।

wafer (वे´-फ़ॅ:) ***n.*** a kind of thin, crisp biscuit, एक प्रकार बिस्कुट, वेफ़र।

waffle[1] (वॉ:फ़्´-ॲल्) ***adj.*** vague and wordy, अस्पष्ट तथा शब्दबहुल। ***n.*** 1. such talk or writing, अस्पष्ट तथा शब्दबहुल कथन या लेख। 2. a gossip, बेमतलब की बात, गप।

waffle[2] ***n.*** a kind of pancake, एक प्रकार का केक या रोटी।

waft (वॉ:फ़्ट्) ***v.*** (wafted, wafting) 1. to float or swim, तैरना, तिरना। 2. to blow gently, (हवा का) धीरे धीरे बहना। 3. to carry, वहन करना। 4. to carry through air, हवा में उड़ना, तिरना। ***n.*** 1. the act of floating, तैराई। 2. an odour or sound carried through the air, तिरती हुई महक या ध्वनि। 3. a gust of smoke, odour etc, धुएँ, गंध आदि का झोंका।

wag[1] (वैग्) ***v.*** (wagged, wagging) 1. to cause to move rapidly to and fro, हिलाना-डुलाना, लहराना; to wag tongue, ज़बान हिलाना; to wag the tail, दुम हिलाना। 2. to move rapidly to and fro, हिलना-डुलना, झूमना। ***n.*** the act of wagging हिलाने-डुलाने की क्रिया, हिलाव-डुलाव।

wag[2] ***n.*** a joker, जोकर, मसख़रा।

wage (वेज्) ***n.*** 1. payment in return for work or services, मज़दूरी, मजूरी; wage rate, मज़दूरी दर। 2. (plu) regular payment given to an employee for his or her services, वेतन, तनख्वाह। 3. a suitable return or reward, पुरस्कार। ***v.*** (waged, waging) 1. to engage in, (काम में) लग जाना या व्यस्त होना।

2. to carry on, चलाए चलना, निर्वाह करना।

wager (वे´-जंः) *n.* a bet, शर्त, बाज़ी। *v.* (wagered, wagering) to bet, शर्त लगाना।

waggery (वैग्´-अॅर्-ई) *n.* 1. a joke, मज़ाक, हँसी की बात। 2. playfulness, खिलवाड़।

waggish (वैग्´-इश्) *adj.* jocular, मज़ाकिया, मज़ाक-भरा।

waggle (वैग्´-अॅल्) *v.* (waggled, waggling) to wag, हिलना-डुलना या हिलाना-डुलाना। *n.* wagging movement, हिलाव-डुलाव, झूमना या लहराना।

wagon, waggon (वैग्´-अॅन्) *n.* a four-wheeled vehicle for handling heavy loads, वैगन। 2. a police vehicle for carrying criminals, पुलिस वैगन। □ **on the wagons,** जिसने मद्यपान छोड़ रखा हो, मद्यपान त्यागे हुआ।

wagonage (वैग्´-अॅन्-इज्) *n.* 1. transport by wagons, वैगनों से ढुलाई। 2. money paid for this, वैगन का ढुलाई-भाड़ा। 3. wagons collectively, वैगन-समूह।

wagoner (वैग्´-अॅन्-अंः) *n.* the driver of a wagon, वैगन का चालक।

wagonlit (वैग्´-अॅन्-ली) *n.* a sleeping car, शयनयान। (फ्रांसीसी)

wagtail (वैग्´-टेल्) *n.* a small bird with a long tail that wags up and down, खंजन पक्षी।

waif (वेफ्) *n.* 1. an unowned or abandoned child, लावारिस बच्चा, अनाथ बालक। 2. anything found by chance that is without an owner, लावारिस वस्तु। 3. a strayed animal, आवारा पशु। 4. a signal flag, झंडी। □ **waifs and strays,** अनाथ बच्चे।

wail (वेल्) *v.* (wailed, wailing) 1. to cry in grief, रोना, चीखना-चिल्लाना। 2. to lament, विलाप करना। 3. (of wind) to make a sound suggestive of cry, साँय-साँय करना, हुहुआना। *n.* 1. a mournful cry, चीख, चिल्लाहट, विलाप। 2. sound similar to a wail, साँय-साँय; the wail of the wind, हवा की साँय-साँय।

wailful (वेल्´-फुल) *adj.* sorrowful, mournful, शोकपूर्ण, मातमी।

wain (वेन्) *n.* a cart or wagon, छकड़ा या वैगन।

wainscot (वेन्´-स्कॉट्) *n.* wooden panelling on the wall of a room, दीवारों पर लगाए जानेवाले तख़्ते या पटरे, काष्ठास्तरण।

wainscoting (वेन्´-स्कॉट्-इंग्) *n.* 1. material for the wainscot, वह लकड़ी जिसके पट्टे दीवारों पर लगाए जाते हैं। 2. wainscot, तख़्तबंदी।

waist (वेस्ट्) *n.* 1. the middle part of the human body between the ribs and hips, कमर, कटि। 2. the part of a garment that covers the waist, परिधान का वह भाग जो कमर के चारो ओर होता है। 3. the middle part of anything, किसी प्राणी या वस्तु का मध्यभाग।

waistband (वेस्ट्´-बैन्ड्) *n.* the band for the waist, कमरबंद, पेटी।

waistcoat (वेस्ट्´-कोट्) *n.* a man's sleeveless waist length garment, वास्कट।

waist-deep (वेस्ट्´-डीप्) *adj.* reaching up to the waist, कमर तक गहरा, कमर-भर, कमर-कमर।

waist-high (वेस्ट्´-हाई) *adj.* reaching up to the waist, कमर की ऊँचाईवाला, कमर तक ऊँचा।

waistline (वेस्ट्´-लाइन्) *n.* 1. the circumference of the waist, कमर का घेरा। 2. the measurement of this circumference, कमर का नाप।

wait (वेट्) *v.* (waited, waiting) 1. to stay, रुकना; Wait please. ज़रा रुकें। 2. to stay in one place for a specified time or until some expected event occurs, प्रतीक्षा करना, इंतजार में बैठना, राह देखना, बाट जोहना। 3. to be postponed, स्थगित होना। 4. to be ready, तैयार होना; The dinner is waiting for us. भोजन तैयार है। 5. to serve food at a meal, भोजन परोसना। □ **wait on** (i) किसी की सेवा में उपस्थित रहना; (ii) किसी के मिलने के लिए जाना, किसी के दर्शन करना; (iii) फल या परिणाम होना, (iv) बैर का काम करना; **wait for,** घात में रहना; **wait up,** किसी की प्रतीक्षा में जागते रहना। 2. a *n.* 1. an act of waiting, प्रतीक्षा, इंतजार। 2. a period of waiting, प्रतीक्षा की घड़ियाँ, प्रतीक्षाकाल। □ **lie in wait,** ताक या घात में

बैठना।

waiter (वे´-टः) *n.* one who serves food and drink to cutomers at tables in a hotel or restaurant, बैरा, परिचारक, वेटर। [Fem. waitress].

waiting (वेट्´-इंग्) *n.* 1. the act of one who waits, प्रतीक्षा, इंतजार; waiting list, प्रतीक्षा-सूची। 2. the period of waiting, प्रतीक्षा काल, प्रतीक्षा की घड़ियाँ। □ **in waiting** (i) जो सेवा में हो, टहल में लगा हुआ; (ii) जिसके काम की बारी आने को हो।

waiting room *n.* a room in which passengers, cutomers etc wait, प्रतीक्षालय।

waitress (वेट्´-रिस्) *n.* a female waiter, बैरा, परिचारिका।

waive (वेव्) *v.* (waived, waiving) 1. to give up voluntarily (one's right or claim, अपना अधिकार या दावा) स्वेच्छापूर्वक छोड़ देना, अधित्याग करना। 2. to refrain from insisting upon, (किसी बात के लिए) आग्रह न करना। 3. to postpone, स्थगित करना।

waiver (वे´-वः) *n.* 1. the act of waiving, अधिकार का त्याग, अधिकार-त्याग, अधित्यजन। 2. a written document to waive a right or claim, अधित्याग-पत्र।

wake[1] (वेक्) *v.* (woke/waked, woken/waked, wak) 1. to awaken, जाग उठना, आँख खुलना। 2. to cause to cease to sleep, जगाना। 3. to remain awake, जागते रहना। 4. to become active, जाग पड़ना, सक्रिय हो उठना, सचेत हो जाना। 5. to cause to become active, सक्रिय करना। 6. to cause to begin moving, चलाना, हरकत में लाना। □ **Wake up.** ध्यान दें, सुनिए। *n.* 1. the state of being awake, जागरण। 2. the watch near the corpse, शव की निगरानी।

wake[2] *n.* the track left by a moving boat or ship through water, जल में नाव या पोत के आगे बढ़ने से पीछे बननेवाली लीक या रेखा, पनरेख (पानी की रेखा)। □ **in the wake of,** पीछे।

wakeful (वेक्´-फुल्) *adj.* 1. unable to sleep, जिसे नींद न आती हो, जागते रहनेवाला, जागनेवाला, जाग्रत। 2. sleepless, निद्राविहीन। 3. alert, जागरूक, सचेत।

wakefulness (वेक्´-फुल-निस्) *n.* 1. the state or quality of being wakeful, जागते रहने की अवस्था या भाव। 2. alertness, जागरूकता, सतर्कता।

waken (वे´-कॅन्) *v.* (wakened, wakening) 1. to wake, जागना या जाग उठना। 2. to arouse, जगाना।

waking (वेक्´-इंग्) *adj.* being awake, जागता हुआ, जाग्रत।

wale[1] (वेल्) *n.* 1. a raised line made on the skin by a lash or blow, शरीर पर पड़नेवाला कोड़े या चोट का नीला दाग़, नील। 2. a raised ridge on the surface of some fabrics, कपड़े पर की उभारदार धारी। *v.* (waled, waling) to mark with wales, उभारदार धारियाँ बनाना या डालना।

wale[2] *n.* a choice, चयन, चुनाव।

Waler (वेल्´-अँः) *n.* an (Australian) cavalry horse, (आस्ट्रेलिया से आयातित) फ़ौजी घोड़ा, सैनिक घोड़ा।

walk (वाःक्) *v.* (walked, walking) 1. to move along on foot, पैदल चलना, पैरों चलना। 2. to cause to move along on foot, पैदल चलाना। 3. to travel on foot, पैदल भ्रमण करना, पदयात्रा करना। 4. to go about on foot for exercise or pleasure, टहलना, सैर करना। 5. to conduct oneself in a particular manner, विशेष ढंग से आचरण करना। □ **walk off** (i) बिना सूचना दिए चले जाना, (ii) (शरीर की चरबी, मोटापा आदि टहलने से) छँटना; **walk off with** (i) चुरा ले जाना, (ii) प्राप्त कर या जीत लेना; **walk out** (i) बाहर चले जाना, (ii) सदन त्याग करना; **walk out on,** छोड़ या त्याग देना; **walk the plank,** पदत्याग के लिए विवश होना; **walk over,** आसानी से जीत लेना, बाज़ी मार ले जाना; **walk the streets,** वेश्यावृत्ति करना। *n.* 1. the act of walking, चलने की क्रिया या भाव। 2. a manner of walking, चाल। 3. a journey on foot, पदयात्रा, भ्रमण। 4. stroll, टहलान, सैर। 5. a distance to be covered in walking, दूरी, फ़ासला। 6. a way, रास्ता; ten

minutes walk, दस मिनट का रास्ता। 7. a place for walking, सैरगाह, भ्रमण-स्थल, घूमने की जगह।

walk-a-way (वा:क्´-अॅ-वे) *n.* 1. an easy victory, आसान जीत, सुगम विजय। 2. an easy achievement, सुगम उपलब्धि।

walker (वा:´-कॅ:) *n.* 1. one who walks, पैदल चलनेवाला, पदचर, प्यादा। 2. a framework assisting in walking, चलने में सहायक ढाँचा।

walkie-talkie (वा:´-की-टा:´-की) *n.* a small radio set that can be carried by one person, एक प्रकार का छोटा रेडियो, वाकी-टाकी।

walk-in (वा:क्´-इन्) *adj.* large enough to allow a person to enter, इतना बड़ा कि आदमी उसमें प्रविष्ट हो सके।

walking (वा:क्´-इंग्) *adj.* that walks, चलनेवाला, चल। *n.* an act of a person who walks, चलना।

walking papers *n.* (plu.) notice of dismissal, बर्खास्तगी या पदच्युति की सूचना।

walking stick *n.* a stick used in walking, छड़ी।

walk-on (वा:क्´-ऑन्) *n.* a minor role, नाटक, फ़िल्म आदि में की छोटी-मोटी भूमिका।

walkout (वा:क्´-ऑउट्) *n.* 1. the act of leaving a meeting in protest, सदन-त्याग, वाक-आउट। 2. a strike of workers, हड़ताल।

walkover (वा:क्´-ओ-वॅ:) *n.* unopposed victory, (खिलाड़ी या दल को) बिना भिड़े ही मिलनेवाली जीत।

walkway (वा:क्´-वे) *n.* a passage for walking, पैदल रास्ता।

wall (वा:ल्) *n.* 1. a vertical construction of bricks, stones, etc., दीवार, भित्ति। 2. a rampart, क़िले की दीवार, परकोटा। 3. anything like a wall that encloses, protects, separates or supports, दीवार। 4. a screen, आड़। □ **drive to the wall,** विवश या लाचार बना देना; **bang one's head against a brick wall,** दीवार से अपना सिर फोड़ना, असंभव-सा काम करने का प्रयत्न करना; **go to the wall** (i) पीछे हटने या झुकने के लिए बाध्य होना, (ii) व्यापार चौपट हो जाना या दिवालिया हो जाना; **have one's back to the wall,** विषम स्थिति में होना; **see through a brick wall,** दिव्यदृष्टि होना। *v.* (walled, walling) 1. to surround or enclose with a wall, दीवार से घेरना। 2. to block with a wall (मोखा आदि) दीवार उठाकर बंद करना। □ **wall up,** दीवार चढ़ाना या दीवार में चुनना।

wallboard (वा:ल्´-बो:ड्) *n.* a slab used in making a wall, स्लैब, खंड।

walled (वा:ल्ड्) *adj.* enclosed with a wall, दीवार से घिरा हुआ; walled city, दीवारी नगर, परकोटेदार नगर।

wallet (वॉल्´-इट्) *n.* 1. a money bag, बटुआ। 2. a small case for keeping documents, पेटी।

walleye (वॉल्´-आइ) *n.* an eye abnormally turned outward, भेंगी आँख।

wall map *n.* a map for hanging on to the wall, भित्ति-मानचित्र।

wallop (वॉल्´-अॅप्) *v.* (walloped, walloping) 1. to beat or thrash, पिटाई करना। 2. to defeat, परास्त करना। *n.* 1. the act or instance of walloping, पिटाई। 2. a hard blow, कड़ा या तीव्र प्रहार।

walloping (वॉल्´-अॅप्-इंग्) *adj.* very big, बहुत बड़ा; walloping lie, बहुत बड़ा झूठ। *n.* 1. beating, पिटाई। 2. defeat, पराजय, हार।

wallow (वॉल्´-ओ) *v.* (wallowed, wallowing) 1. to roll about in a mud, sand etc., (पशुओं का) मिट्टी, बालू आदि में लोटनी लेना, लोट-पोट होना। 2. to revel, गुलछर्रे उड़ाना, भोगविलास करना, मौज-मस्ती करना। *n.* 1. the act of wallowing, लोट-पोट; भोगविलास। 2. the place where animals wallow, पशुओं के लोटने की जगह।

wall painting *n.* the painting (for hanging) on the wall, भित्ति-चित्र।

wallpaper (वाल्´-पे-पॅ:) *n.* the paper for covering the walls, भित्ति-कागज़, भित्ति-पत्र, वालपेपर।

Wall Street *n.* a Street in New York in

which the Stock Exchange and major banks are situated, वॉल स्ट्रीट।

wall-to-wall (व़ाःल्´-टू-व़ाःल्´) *adj.* 1. completely covering a floor, कमरे के फ़र्श के नाप का, पूरे कमरे का। 2. continous, लगातार होने या चलनेवाला

walnut (व़ाःल्´-नट्) *n.* a tree, its wood and fruit, अख़रोट का पेड़ तथा इस पेड़ का फल और लकड़ी।

walrus (व़ाःल्´-रस्) *n.* a sea mammal of seal family, दरियाई घोड़ा। *adj.* having a thick moustache with long drooping ends, लटकती हुई लंबी मोटी मूँछोंवाला।

waltz (व़ाःल्स्, व़ाःल्ट्स्) *n.* 1. a ballroom dance, एक प्रकार का नृत्य। *v.* (waltzed, waltzing) to dance a waltz, उक्त नृत्य करना।

wan (व़ॉन्) *adj.* (wanner, wannest) 1. pale from sickness, बीमारी के कारण जिसका रंग पीला पड़ गया हो, पीला। 2. light or dim, हलका या मंद।

wand (व़ॉन्ड्) *n.* 1. a stick for carrying in hand, छड़ी। 2. twig, टहनी। 3. a rod as a symbol of authority, राजदंड। 4. a magic rod, जादूगर का डंडा।

wander (व़ॉन्´-डंः) *v.* (wandered, wandering) 1. to ramble, इधर-उधर घूमना, मटरगश्ती करना। 2. to stray, सही पथ से इधर-उधर हो जाना, भटक जाना। 3. to meander, टेढ़े-मेढ़े चलना। 4. to digress (from a subject, विषय से) बहक जाना।

wanderer (व़ॉन्´-डॅ-रंः) *n.* 1. one who wanders, घुमक्कड़। 2. a stray animal, भटका हुआ पशु।

wandering (व़ॉन्´-डॅ-रिंग्) *adj.* 1. moving aimlessly, घुमक्कड़। 2. nomadic, ख़ानाबदोश। *n.* (plu.) purposeless travels, प्रयोजनविहीन यात्राएँ।

wanderlust (व़ॉन्´-डंः-लस्ट्) *n.* lust for wandering, घूमने की ललक, भ्रमण-लालसा।

wane (व़ेन्) *v.* (waned, waning) 1. to decrease in size or extent, कम होना, क्षीण होना। 2. to decrease in vigour or strength, दुर्बल होना, कमज़ोर होना। 3. to decline, घटना, ह्रास होना। *n.* 1. the act of waning or the state of being waned, क्षीणता, दुर्बलता, ह्रास। downfall, अवनति।

wangle (वैंग्´-गॅल्) *v.* (wangled, wangling) to manipulate for personal or fraudulent ends, तिकड़म रचना, जोड़-तोड़ करना या मार लेना। *n.* an act of wangling, तिकड़म, जोड़-तोड़, जाल।

wank (वैंक्) *v.* (wanked, wanking) to masturbate, हस्तमैथुन करना। *n.* an act of wanking, हस्तमैथुन।

want (व़ॉन्ट्, व़ाःन्ट्) *v.* (wanted, wanting) 1. to desire for, to long for, इच्छा करना, चाहना। 2. to feel the need of, आवश्यकता अनुभूत होना, आवश्यकता होना। 3. to lack, अभाव होना, कमी होना। *n.* 1. the condition or quality of lacking, shortage, अभाव, कमी। 2. pressing need, आवश्यकता, अपेक्षा। 3. something needed, ज़रूरत, आवश्यकता। 4. poverty, ग़रीबी, दरिद्रता, तंगी।

want ad *n.* a newspaper advertisement announcing that something specified is wanted, 'आवश्यकता है' (विज्ञापन)।

wanted (व़ॉन्´-टिड्) *adj.* being sought by the police, जिसकी तलाश में पुलिस हो, वांछित, अपेक्षित।

wanting (व़ॉन्ट्´-इंग्) *adj.* 1. lacking, विहीन, रहित। 2. deficient, कम। 3. not equal to requirements or expectations, जो अपेक्षा या प्रत्याशा से घटकर हो।

wanton (व़ॉन्´-टॅन्) *adj.* 1. unmanageable, undisciplined, बेलगाम या अनुशासनहीन। 2. immoral, lewd, बदचलन, लंपट। 3. playful, खिलवाड़ी। 4. malicious, विद्वेषपूर्ण; wanton cruelty, विद्वेषपूर्ण क्रूरता। 5. merciless, निर्दय, क्रूर। 6. excessive, अत्यधिक। *n.* 1. an immoral person sply. woman, लंपट, व्यभिचारी, विशेषतः छिनाल स्त्री। 2. a spoiled child, बिगड़ा बच्चा। *v.* (wantoned, wantoning) to behave in a wanton manner, अनियंत्रित आचरण करना, व्यभिचार करना; खिलवाड़ करना। *adv.* 1. excessively, बहुत अधिक। 2. without cause, अकारण।

wantonly (वॉन्‌-टन्‌-ली) *adv.* without restraint, अनिमंत्रित रूप से।

war (वा:) *n.* 1. a declared armed conflict between states or nations, युद्ध, लड़ाई, संग्राम। 2. a struggle between opposing forces, संघर्ष, युद्ध, civil war, गृह युद्ध; cold war, शीत युद्ध; world war, विश्वयुद्ध। 3. a strong effort to combat a disease, crime, poverty etc., युद्ध स्तर पर किया जानेवाला प्रयत्न; war of nerves, मानसिक त्रास जिससे विरोधी का मनोबल गिरे। □ **be at war,** युद्धरत होना; go to war, युद्ध छेड़ना; on a war footing, युद्धस्तर पर। *v.* (warred, warring) 1. to wage a war, लड़ाई लड़ना। 2. to engage in a war, युद्धरत होना। 3. to struggle or fight, संघर्ष करना, भिड़ना, लड़ना।

war-baby (वा:-बे-बी) *n.* 1. a child born in wartime, युद्धकालीन बच्चा। 2. an illcit, child, (युद्धकाल में पैदा) अवैध बच्चा।

warble (वा:-बॅल्) *v.* (warbled, warbling) to chirp, पक्षियों का चहचहाना। *n.* the act of warbling, चह-चह, चहचहाहट।

warbler (वा:-ब्लॅ:) *n.* any small bird, छोटा पक्षी।

war clouds (वा:-क्लॉउड्स्) *n.* (plu.) a state of affairs that threatens war, युद्ध के बादल, युद्ध छिड़ने की आशंका, युद्ध का भय।

war cry (वा:-क्राइ) *n.* 1. a slogan or phrase shouted in a war, युद्ध में लगाया हुआ नारा, युद्धघोष। 2. a slogan, नारा।

ward[1] (वा:ड्) *n.* 1. a division of a city for administrative or electoral purposes, हल्का, वार्ड। 2. a dvision in a hospital with beds for patients, हल्का, कक्ष, वार्ड। 3. a child or person not capable of handling his or her own affairs, प्रतिपाल्य, वार्ड। 4. custody, अभिरक्षा। *v.* (warded, warding) to keep watch over, निगरानी करना। □ **ward off,** परे करना, (से) बचाना।

ward[2] *suffix.* to or in the direction of, उस ओर, उधर।

war dance *n.* the dance performed before battle or after victory, युद्ध आरंभ होने के पहले या युद्ध में जीत होने पर किया जानेवाला नृत्य, युद्धनृत्य।

warden (वा:-डॅन्) *n.* 1. one who has charge of something, keeper, custodian, अभिरक्षक। 2. a top administrative officer of the prison, कारापाल। 3. an executive officer of a boarding house, छात्रपाल। 4. a person in charge of a ward, हल्का-अधिकारी, वार्डन।

wardenship (वा:-डॅन्-शिप्) *n.* the office of a warden, अभिरक्षक का पद, अभिरक्षकता।

warder[1] (वॉ:-डॅ:) *n.* 1. a watchman, पहरेदार, चौकीदार। 2. a person who guards an entrance, द्वारपाल। 3. a custodian, अभिरक्षक। 4. the officer of a prison, कारापाल। [Fem, wardress]

warder[2] *n.* the staff of a king, राजदंड।

wardrobe (वा:ड्-रोब्) *n.* 1. a closet for keeping or hanging clothes, कपड़े की अलमारी। 2. a room in which costumes of actors are kept, वस्त्र-कक्ष, परिधान-कक्ष, वस्त्रभंडार। 3. a collection of clothes, वस्त्रसंग्रह, कपड़े।

wardroom (वा:ड्-रूम्) *n.* a dining room in a warship, युद्धपोत का भोजन-कक्ष।

wards (वा:ड्स्) *suffix.* = ward.

wardship (वा:ड्-शिप्) *n.* 1. guardianship, अभिभावकता। 2. custodianship, अभिरक्षकता।

ware[1] (वेॅअॅ:) *adj.* aware, vigilant, सचेत, सतर्क। *v.* (wared, waring) to beware of, से सचेत रहना, से सावधान रहना।

ware[2] *n.* 1. manufactured articles, goods, निर्मित वस्तुएँ, माल। 2. an article of merchandise, जिंस, वस्तु, सौदा। 3. pottery, मिट्टी के बर्तन, मृद्‌भांड, मृण्पात्र।

wareful (वेॅअ:-फुल्) *adj.* watchful, सावधान।

warehouse (वेॅअ:-हाउस्) *n.* a building for storing goods, गोदाम, भंडार। *v.* (warehoused, warehousing) to store in a warehouse, (माल को) माल गोदाम में रखना।

warely (वेॅअ:-ली) *adv.* in a watchful manner, सावधानी से।

wareroom (वेॅअ:-रूम्) *n.* a room in which

goods are exhibited for sale, शोरूम।

warfare (वा:´-फ़ेअ:) ***n.*** 1. armed conflict, सशस्त्र संघर्ष, युद्ध, संग्राम। 2. conflict or struggle, संघर्ष।

warhead (वा:´-हेंड्) ***n.*** the forward section of a missile containing explosive, क्षेप्यास्त्र का अग्र भाग जिसमें विस्फोटक पदार्थ भरा होता है, क्षेप्याग्र।

warhorse (वा:´-हॉ:स्) ***n.*** 1. a horse used in war, युद्धाश्व, समराश्व। 2. a person who has been through many a battle, अनेक युद्धों में लड़ चुका सैनिक, पुराना सैनिक। 3. a politican who has fought in meny compaigns, अनेक चुनाव लड़ चुका राजनीतिज्ञ पुराना खिलाड़ी।

warily (वेंअर्´-अ-ली) ***adv.*** cautiously, सावधानी से, सतर्कतापूर्वक।

wariness (वेंअर्´-इ-निस्) ***n.*** caution, सावधानी, सतर्कता।

warison (वैर्´-इ-सॅन्) ***n.*** a gift or reward given by a superior, श्रेष्ठ व्यक्ति या अधिकारी द्वारा दिया हुआ पुरस्कार या उपहार।

warlike (वा:´-लाइक्) ***adj.*** 1. of or pertaining to war, युद्ध-संबंधी, सामरिक। 2. belligerent, युद्धप्रिय, लड़ाकू, जंगजू। 3. threatening war, युद्ध की धमकी देनेवाला; warlike speech, युद्धभड़काऊ भाषण, आग उगलता भाषण।

warlock (वा:´-लॉक्) ***n.*** a sorcerer, जादू-टोना करनेवाला, टोनहाया।

warlord (वा:´-लॉ:ड्) ***n.*** a supreme military commander, सर्वोच्च सेनापति।

warm (वा:म्) ***adj.*** (warmer, warmest) 1. moderately hot, गर्म, गुनगुना, कुनकुना। 2. sending or giving out heat, गर्म, ऊष्ण; warm clothes, गर्म कपड़े। 3. hearty, affectionate, हार्दिक, स्नेहिल। 4. marked by excitement, जोशिला, उत्तेजनापूर्ण। 5.hot-tempered, क्रोधी, गर्म-मिज़ाज। 6. sympathetic, सहानुभूतिपूर्ण। 7. fresh, ताज़ा; warm scent, ताज़ा गंध (शिकारी पशु की)। ***v.*** (warmed, warming) 1. to become warm, गर्म होना, गरमाना। 2. to make warm, गर्म करना, गरमाना, तपाना। 3. to infuse feeling of love, प्रेमपूर्ण करना। 4. to make lively, जीवंत बनाना। 5. to excite, उत्तेजित करना। □ **warm to,** किसी के प्रति स्नेहपूर्ण दृष्टिकोण अपनाना; **warm up** (i) गरमाना, (ii) गर्म करना, तपाना, (iii) उत्साहित करना, (iv) सक्रिय होना या जीवंत बनना, (v) सक्रिय करना या जीवंत बनाना।

warm-blooded (वा:म्-ब्लड्´-इड्) ***adj.*** 1. having warm blood, जिसके रक्त में (अपेक्षाकृत अधिक) उष्णता हो, उष्णरक्त। 2. fervent, उत्साही, जोशीला।

warm-hearted (वा:म्-हा:´-टिड्) ***adj.*** 1. kind, दयालु। 2. friendly, मैत्रीपूर्ण। 3. sympathetic, सहानुभूतिशील।

warmed-over (वा:म्ड´-ओ-वॅ:) ***adj.*** reheated, दोबारा गर्म किया हुआ; warmed-over, दोबारा गर्म किया हुआ भोजन।

warming (वा:-मिंग्) ***n.*** the act of a person who warms, गरमाने का काम।

warmish (वा:´-मिश्) ***adj.*** somewhat warm, कुछ-कुछ गर्म, गुनगुना, कुनकुना।

warmly (वा:म्´-ली) ***adv.*** in a warm manner, जोश-ख़रोश से, उत्साहपूर्वक या स्नेहभाव से।

warmness (वा:म्´-निस्) ***n.*** the state or quality of being warm, गरमाहट।

warmonger (वा:´-मंग्-गॅ:) ***n.*** a person who advocates war, jingo, युद्धलोलुप, जंगख़ोर।

warmongering (वा:´-मंग्-अॅ-रिंग्) ***n.*** jingoism, युद्धलोलुपता, जंगखोरी।

warmth (वा:म्थ्) ***n.*** 1. warmness, गरमाहट। 2. the natural heat of a living body, शरीर की गर्मी या तापमान। 3. enthusiasm, उत्साह, जोश। 4. love, anger or excitement, प्यार, आक्रोश या आवेश।

warm-up (वा:म्´-अप्) ***n.*** the act of exercising prior to a contest, स्पर्धापूर्व व्यायाम, तैयारी।

warn (वा:न्) ***v.*** (warned, warning) 1. to make aware of coming danger, आगाह करना, सावधान करना। 2. to advise or admonish, सलाह या चेतावनी देना। 3. to inform in advance, पूर्वसूचना देना, आगाह करना।

warning (वा:´-निंग्) ***n.*** 1. the act of one who warns, चेतावनी। 2. something that serves to warn, सतर्क करनेवाली बात, पूर्वसूचना,

नोटिस। *adj.* serving to warn, पूर्वसूचना या चेतावनी के रूप में होनेवाला; warning bell, चेतावनी घंटी।

warp (वा:प्) *v.* (warped, warping) 1. to become or cause to become out of shape, (आकार-प्रकार) बिगड़ जाना या बिगाड़ देना, टेढ़ा-मेढ़ा हो जाना या करना। 2. to bend, मुड़ जाना या मोड़ देना, टेढ़ा हो जाना या कर देना। 3. to turn aside or cause to turn aside from a true or correct course, पथभ्रष्ट होना या करना, भ्रष्ट होना या करना। 4. to bind or fasten with a cord or rope, रस्सी से बाँधना। 5. to move (a ship) by hauling on a rope, रस्से से पोत को खींचना। 6. to form a wrap, (खड्डी में) ताना लगाना। *n.* 1. the state or condition of being twisted, distortion, विकृति, टेढ़, ऐंठन, ख़राबी। 2. threads that run lengthwise in a loom, ताना; warp and weft/woof, ताना-बाना। 3. a rope for hauling a ship, पोत खींचने का रस्सा।

warpath (वा:-पाथ्/पैथ्) *n.* a hostile course of action, युद्ध-पथ, युद्धोन्मुखता। □ **on a warpath,** युद्ध के लिए उतारू या अग्रसर।

warplane (वा:-प्लेन्) *n.* any airplane for use in war, युद्धक विमान।

warrant (वॉर्´-अॅन्ट्, वा:-अॅन्ट्) *n.* 1. a written order to do something, वारन्ट, अधिपत्र; warrant of arrest, गिरफ़्तारी का वारन्ट। 2. authorization or justification to do something, कोई काम करने का अधिकार या औचित्य; He has no warrant for saying this. उसे यह कहने का अधिकार नहीं। *v.* (warranted, warranting) 1. to authorize (someone) to do something, कुछ करने के लिए (किसी को) अधिकृत करना। 2. to attest, प्रमाणित करना। 3. to guarantee, गारंटी देना।

warrantable (वॉर्´-अॅन्ट्-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be warranted, जिसके संबंध में गारंटी दी जा सके या जिसे उचित ठहराया जा सके, औचित्यपूर्ण।

warrantee (वॉर्´-अॅन्-टी) *n.* a person to whom a guarantee is made, वह जिसे वारंटी दी गई हो, वारंटीधारी, वारंटीधारक।

warrantor (वॉर्´-अॅन्-टॅ:) *n.* one who gives warranty, वारंटीकर्ता, वारंटीदाता।

warranty (वॉर्´-अॅन्-टी) *n.* 1. the written guarantee given by the seller to the purchaser for the integrity of a product on manufacturer's behalf, the written promise to replace or repair the item sold within a specified period, लिखित गारंटी, वारंटी; warranty period, वारंटी काल, वारंटी की अवधि। 2. authority for doing something, प्राधिकार। 3. justification for doing something, कोई काम करने का औचित्य या आधार।

warren (वॉर्´-अॅन्) *n.* 1. a place or colony where rabbits breed, खरगोशों का बाड़ा। 2. the rabbits of a warren, बाड़े के खरगोश। 3. a crowded district, अधिक आबादीवाला क्षेत्र।

warrener (वॉर्´-अॅन्-अॅ:) *n.* the owner of a warren, खरगोशों के बाड़े का मालिक, खरगोश पालनेवाला।

warring (वॉर्´-इंग्) *adj.* engaged in war or conflict, युद्धरत, संघर्षरत।

warrior (वॉर्´-इ-अॅ:) *n.* 1. a fighting man, योद्धा। 2. a brave person, शूरवीर, वीर।

warship (वा:-शिप्) *n.* a ship for use in war, जंगी जहाज़, युद्धपोत।

wart (वा:ट्) *n.* 1. a small hard roundish growth on the outer skin, मस्सा, मुँहासा। 2. a small protuberance on the plant, गूमड़।

wartime (वॉ:-टाइम्) *n.* a time during which a war is being waged, युद्ध का समय, युद्धकाल।

warty (वा:-टी) *adj.* full of warts, मस्सों से भरा, मस्सेदार।

warwhoop (वा:-व्हूप्) *n.* a loud shout on going into battle, युद्ध में जाते समय किया जानेवाला शोर, युद्धनाद।

wary (वेंअॅर्´-ई) *adj.* 1. cautious, watchful, सतर्क, चौकन्ना, सावधान। 2. characterized by caution, सतर्कतापूर्ण।

was (वॉज़्, वज़्) *v.* the first and third person singular past tense of be, था।**wash** (वॉश्)

v. (washed, washing) 1. to cleanse with water, soap etc, धोना, साफ़ करना, पखारना, प्रक्षालन करना। 2. to cleanse oneself, नहाना, स्नान करना। 3. to purify, शुद्ध करना, पवित्र करना। 4. to make wet or moist, तर करना, गीला करना, भिगोना। 5. to be cleansed, धोया जाना, साफ़ किया जाना। 6. to flow over, प्रक्षालित करना। 7. to flush off or carry away, बहा देना या ले जाना, धो डालना। 8. to cut into or erode, (सड़क आदि को) काट लेना, क्षय कर देना। 9. to cover with a thin layer of paint, रोगन की पतली परत चढ़ाना। 10. to cover with a thin layer of metal, कलई करना। □ **wash dirty linen in public,** दूसरों के सामने अपने कुकृत्यों का बखान करना; **wash down** (i) धोना, धोकर साफ़ करना, (ii) पानी आदि के घूँट से कौर को नीचे उतारना; **wash one's hand,** पैख़ाने जाना; **wash one's hands off,** (i) हाथ खींच लेना; (ii) ज़िम्मेदारी छोड़ देना; **wash out,** (खेल का) भारी वर्षा के कारण न हो पाना; **wash up,** (बर्तन) साफ़ करना। *n.* 1. the act of washing, धोने की क्रिया या भाव, प्रक्षालन, धुलाई। 2. the state or quality of being washed, धोए जाने की अवस्था या भाव, धुलाई। 3. a quantity of clothes to be washed, just have been washed or being washed, धुलाई के कपड़े, धुलकर आए हुए कपड़े या धोए जा रहे कपड़े।

washable (वॉश्´-अॅ-बॅल्) *adj.* capable of being washed without damage, जो धोने पर ख़राब न हो।

wash-and-wear (वॉश्´-ॲन्-वेंॲ:) *adj.* easily washed and require little or no ironing, (ऐसा कपड़ा) जिसे धोने के बाद इस्त्री करने की आवश्यकता न हो, वाश-एंड-वियर।

washbasin (वॉश्´-बे-सिन्) *n.* a basin for washing the face, hands etc., वाशबेसिन, चिलमची।

washboard (वॉश्´-बोःड्) *n.* the board on which clothes are scrubbed, धोबी का पटरा।

washbowl (वॉश्´-बोल्) *n.* a washbasin, वाशबेसिन।

washed-out (वॉश्ड्´-ऑउट्) *adj.* 1. faded, (कपड़ा) जिसका रंग उड़ गया हो या फीका पड़ गया हो। 2. totally exhausted, जो थककर चूर-चूर हो गया हो, लस्त-पस्त।

washer (वॉश्´-अ:) *n.* 1. one who or that washes, धोनेवाला व्यक्ति या यंत्र। 2. a flat ring or disk placed under a nut to prevent friction, leakage etc., वाशर, छल्ला।

washerman (वॉश्´-अ:-मॅन्) *n.* a person whose work is washing clothes, धोबी। [Fem. washer-woman, धोबिन]

washing (वॉश्´-इंग्) *n.* 1. the act of a person who washes, धुलाई। 2. the clothes that have been washed or to be washed together on a single occasion, एक बार की धुलाई के कपड़े, धोव।

washing machine *n.* a machine for washing clothes, कपड़े धोने की मशीन।

washing powder *n.* powder used for washing clothes, साबुन का चूरा, कपड़े धोने का चूर्ण।

washing-up (वॉश्´-इंग्-अप्) *n.* the act of washing, धुलाई।

washout (वॉश्´-ऑउट्) *n.* 1. erosion of the soil by strong flow of water, तेज़ बहाव के कारण भूमि में होनेवाला कटाव। 2. complete failure, पूर्ण विफलता।

wash-tank (वॉश्´-टैंक्) *n.* a tank for washing clothes, धुलाई-टंकी।

washy (वॉश्´-ई) *adj.* (washier, washiest) 1. diluted, watery, पतला, पानी के जैसा। 2. lacking strength, कमज़ोर, दुर्बल।

wasn't (वॉज़्´-अॅन्ट् , वज़्´-अॅन्ट्) *v.* = was not.

wasp (वॉस्प्) *n.* a small winged insect with a vicious sting, ततैया, भिड़, बर्रे।

waspish (वॉस्´-पिश्) *adj.* irritable, easily annoyed, चिड़चिड़ा।

wasp-waist (वॉस्प्´-वेस्ट्) *n.* a slender waist, पतली कमर।

wassail (वॉस्´-इल्) *n.* a festive party with much drinking, पान-गोष्ठी, मदिरा-गोष्ठी।

wast (वॉस्ट्) *v.* the past tense of be used with thou, था।

wastage (वेस्´-टिज्) *n.* loss by waste, wear

or deterioration, छीजन, बर्बादी या अपव्यय।

waste (वेस्ट्) *v.* (wasted, wasting) 1. to use carelessly or expend extravagantly, बर्बाद करना या अपव्यय करना, व्यर्थ बना देना। 2. to use thoughtlessly or without an adequate result, दुरुपयोग करना। 3. to fail to take advantage of, चूक जाना, गँवाना; to waste an opportunity, अवसर गँवाना। 4. to make or become weaker, कमज़ोर हो जाना या कर देना, घुलना या घुलाना। 5. to kill or destroy, नष्ट कर देना या मार डालना। *n.* 1. the act of wasting or the state of being wasted, बर्बादी, अपव्यय; waste of money, धन की बर्बादी; waste of time, समय की बर्बादी। 2. waste material or food, बेकार सामान, रद्दी। 3. refuse, कूड़ा-कर्कट। 4. a stretch of barren land, बंजर भूभाग। 5. (plu.) excrement, गूह, मल। *adj.* 1. rejected as useless, बेकार, रद्दी, फालतू, व्यर्थ। 2. unproductive, अनुत्पादक। 3. uncultivated, अकृष्ट। 4. uninhabited, निर्जन। 5. devastated, बर्बाद। ☐ **lay waste,** नष्ट या बर्बाद करना, उजाड़ना।

waste-basket (वेस्ट्´-बास्-किट्) *n.* a basket for waste or refuse, रद्दी की टोकरी।

wasteful (वेस्ट्´-फ़ुल्) *adj.* thriftless, extravagant, अपव्ययी, फ़ज़ूलख़र्च, ख़र्चीला, उजाड़ू।

wastefully (वेस्ट्´-फ़ु-ली) *adv.* in a wasteful manner, व्यर्थ, बेकार।

wastefulness (वेस्ट्´-फ़ुल्-निस्) *n.* the quality or state of being wasteful, ख़र्चीलापन, उजाड़ूपन।

wasteland (वेस्ट्´-लैन्ड्) *n.* 1. an empty area of barren land, बंजर ज़मीन। 2. uncultivated land, परती।

wasteness (वेस्ट्´-निस्) *n.* 1. the act of wasting or the state of being wasted, बर्बादी, विनाश। 2. barrenness, उजाड़।

wastepaper (वेस्ट्´-पे-पॅ:) *n.* paper discarded after use or as superfluous, रद्दी कागज़।

wasting (वेस्ट्´-इंग्) *adj.* 1. reducing the strength of the body, क्षयकारक। 2. devastating, विनाशक।

wastrel (वेस्´-ट्रॅल्) *n.* 1. a wasteful person, अपव्ययी या उड़ाऊ व्यक्ति। 2. a vagabond, आवारा व्यक्ति।

watch (वॉच्) *v.* (watched, watching) 1. to look attentively, ध्यान से देखना, अवलोकन करना। 2. to keep under observation, निगाह रखना, देख-भाल करना, निगरानी करना। 3. to wait, प्रतीक्षा करना। 4. to be on alert, सावधान रहना। 5. to guard carefully, पहरा देना, रखवाली करना। 6. to look out for, ताक में रहना। ☐ **keep watch,** पहरा देना; **watch it,** सावधान रहना; **watch oneself,** सावधानी बरतना; **watch one's steps,** सावधान होकर कोई काम करना; **watch out,** सावधान रहना। *n.* 1. the act of watching, अवलोकन, निगरानी। 2. a small portable timepiece, घड़ी। 3. a period of vigil, पहरा। 4. a watchman, पहरेदार। ☐ **on the watch,** सतर्क।

watchdog (वॉच्´-डॉग्) *n.* 1. a dog kept to guard property, रखवाला कुत्ता, प्रहरी कुत्ता। 2. one who guards, प्रहरी।

watch-fire (वॉच्´-फ़ाइः) *n.* a fire lighted for light and warmth by a watchman, पहरेदार द्वारा जलाई हुई आग, अलाव।

watchful (वॉच्´-फ़ुल्) *adj.* alert or vigilant, सावधान या जागरूक।

watchfulness (वॉच्´-फ़ुल्-निस्) *n.* alertness or vigilance, सावधानी, जागरूकता।

watchmaker (वॉच्´-मे-कॅ:) *n.* one who makes or repairs watches, घड़ीसाज़।

watchmaking (वॉच्´-मे-किंग्) *n.* the act of person who makes or repairs watches, घड़ीसाज़ी।

watchman (वॉच्´-मॅन्) *n.* one who is employed to guard buildings and property, पहरेदार, चौकीदार, प्रहरी।

watchtower (वॉच्´-टॉउ-अॅ:) *n.* a tower on which a watchman keeps watch, वह बुर्ज जहाँ से पहरेदार निगरानी रखता हो।

watchword (वॉच्´-वॅ:ड्) *n.* 1. a password, संकेत शब्द, पारण-संकेत। 2. a slogan, नारा।

water (वॉ:´-टॅ:) *n.* 1. the liquid that descends from the clouds and found in rivers, oceans, lakes etc., पानी, जल। 2. any form

of this liquid, पानी, जल। 3. a body of water, नदी, झील या समुद्र। 4. any fluid secreted from the body, पसीना, आँसू या पेशाब। 5. lustre or brilliance in a diamond, पानी, चमक। □ **above (the) water,** कठिनाइयों से उभरा हुआ; **by water,** जलमार्ग से, नाव या जहाज़ से; **hold water,** विश्वसनीय या प्रामाणिक सिद्ध करना; **in deep water,** मुसीबत में फँसा हुआ, कठिनाई में पड़ा हुआ; **make water,** पेशाब करना; **spend money like water,** पानी की तरह पैसा बहाना; **throw cold water on,** हतोत्साहत करना; **water under the bridge,** गई-गुज़री बातें, बीती बातें। *v.* (watered, watering) 1. to sprinkle with water, जल छिड़कना। 2. to make wet with water, तर करना, गीला करना। 3. to dilute with water, (पानी मिलाकर) पतला करना। 4. to irrigate, सींचना। 5. to secrete tears, आँसू बहाना। 6. to secrete saliva, मुँह से लार टपकाने 7. to provide water, पानी देना। 8. to take in a supply of water, (जलयान में) पीने का पानी भर लेना। □ **make one's mouth water,** मुँह में पानी भर आना, लार टपकन लगना, इच्छा जाग्रत होना।

waterbed (वा़ːˊ-टॅː-बेंड्) *n.* a waterproof mattress filled with water, वह गद्दा जिसमें पानी भरा हो, पनगद्दा।

water bird *n.* a bird that swims in water, जलपक्षी।

water biscuit *n.* an unsweetened plain crisp biscuit, सादा बिस्कुट।

waterborne (वा़ːˊ-टॅː-बोːन्) *adj.* carried or conveyed by water, जलमार्ग से ले जाया जानेवाला, जलवाहित।

water buffalo *n.* a domestic buffalo, भैंस।

water chestnut *n.* an aquatic plant bearing nutlike fruit, सिंघाड़ा।

water closet *n.* a toilet flushed by water, जल-शौचालय।

watercolour (वा़ːˊ-टॅː-कल्-अँː) *n.* 1. water-soluble pigment, पानी में घुलनेवाला रंग, जलरंग। 2. a painting executed in water colours, जलरंगों से बना चित्र, जलरंगा चित्र।

watercourse (वा़ːˊ-टॅː-कोːस्) *n.* a stream or river, नदी, धारा।

watercraft (वा़ːˊ-टॅː-क्राफ़्ट्/क्रैफ़्ट्) *n.* a vessel travelling on water, जलयान।

watercress (वा़ːˊ-टॅː-क्रेंस्) *n.* a kind of creeper, जलकुंभी की जाति की लता।

water cure *n.* hydropathy, जल-चिकित्सा।

water diviner *n.* one who locates a place having water underground, जल-ज्योतिषी।

watered (वा़ːˊ-टॅːड्) *adj.* (of fabric) having wavy marking, लहरिएदार (कपड़ा)।

waterfall (वा़ːˊ-टॅː-फ़ाːल्) *n.* a steep descent of water from height, जलप्रपात।

waterfowl (वा़ːˊ-टॅː-फ़ॉउल्) *n.* a fresh water bird, बतख, सारस या मुर्गाबी, जल-कुक्कुट।

waterfront (वा़ːˊ-टॅː-फ्रन्ट्) *n.* the part of a city alongside a lake or river, नदी किनारे की बस्ती, तट-क्षेत्र।

water gate *n.* a gate in a canal to regulate flood waters, जल-कपाट, जलद्वार।

Watergate (वा़ːˊ-टॅː-गेट्) *n.* a scandal that involves officers violating public trust, ऐसा निंदनीय गोलमाल या घोटाला जिसमें अधिकारीवर्ग ने ज़नता के साथ विश्वासघात किया हो।

water gauge *n.* an instrument to find the depth of water or any other fluid, जलमापी।

water hole *n.* a water pond or pool, ताल, तालाब, जलकुंड।

watering can *n.* a container for sprinkling water, फौवारा, हज़ारा।

watering place *n.* a place where animals go to drink water, पानी पीने का स्थान, जल-स्थान।

waterish (वाːˊ-टॅर्-इश्) *adj.* watery, पानी मिला, पानीजैसा पतला।

waterless (वाːˊ-टॅː-लिस्) *adj.* without water, जलविहीन, निर्जल।

waterlevel (वा़ːˊ-टॅː-लेंव्-अॅल्) *n.* the level reached by the body of water, जलस्तर।

water lily *n.* an acquatic plant having flowers that float on the surface of water, कमल।

water line *n.* the line along which the surface of water touches a ship's side, जल रेखा।

watterlogged (वा:´-टॅ:-ला:ग्ड्) *adj.* 1. saturated with water, ओदा, गीला, तर। 2. filled with water, जिसमें जल भरा हो, जलजमावा-वाला।

Waterloo (वा:´-टॅ:-लू) *n.* 1. a small town in Belgium, where British Army had defeated French Army in 1815, बेल्जियम का एक कस्बा; जहाँ ब्रिटिश सेना ने नेपोलियन की फ्रांसीसी सेना को १८१५ में हराया था। 2. a decisive defeat, भारी पराजय। □ **meet one's Waterloo,** भारी पराजय सहना।

waterman (वा:´-टॅ:-मॅन्) *n.* a man who supplies drinking water, पानीवाला।

watermark (वा:´-टॅ:-मा:क्) *n.* 1. a mark showing the height to which water has risen, जलचिह्न। 2. a mark impressed on paper (visible when the paper is held up to light), वाटरमार्क, जलचिह्न।

watermelon (वा:´-टॅ:-मॅल्-ॲन्) *n.* 1. a large edible fruit with a sweet pulp, तरबूज। 2. its plant, तरबूज की लता।

water mill *n.* a mill driven by water power, पनचक्की।

water nymph *n.* any nymph of the water, जलपरी।

water pipe *n.* 1. a pipe for water, पाइप, नल। 2. a hookah, हुक्का, गुड़गुड़ी।

water polo *n.* a game played in water in which two teams try to score goals against each other, वाटर पोलो।

waterpower (वा:´-टॅ:-पॉउ-ॲ:) *n.* the power obtained by flowing or falling water, जल-शक्ति।

waterproof (वा:´-टॅ:-प्रू.फ्) *adj.* not penetrable by water, जलसह, वाटरप्रूफ़। *v.* (waterproofed, waterproofing) to make waterproof, जलसह बनाना।

water-repellent (वा:´-टॅ:-रि-पॅल्-ॲन्ट्) *adj.* that resists the absorption of water, जलसह।

watershed (वा:´-टॅ:-शॅड्) *n.* 1. a ridge that divides two rivers, जलविभाजक। 2. a turning point that serves as a dividing line, मोड़। 3. the area that drains into a body of water, पनढाल।

waterside (वा:´-टॅ:-साइड्) *n.* land bordering a river, lake or sea, नदी, झील या समुद्र के किनारे का भूभाग, तटीय क्षेत्र, तट क्षेत्र।

water-skin (वा:´-टॅ:-स्किन्) *n.* a big leathern water bag, मशक।

waterspout (वा:´-टॅ:-स्पॉउट्) *n.* 1. a column of water, जलस्तंभ। 2. a rainwater pipe, परनाला।

water supply *n.* the supply of water to the houses, factories etc, जलप्रदाय, जलपूर्ति।

watertank (वा:´-टॅ:-टैंक्) *n.* a tank for storing water, पानी की टंकी।

water tax *n.* a tax levied on the consumption of water, जलकर।

watertight (वा:´-टॅ:-टाइट्) *adj.* not permitting water to come in or out, जलरोधी।

water tower *n.* a tank for water distribution mounted on a tower like structure, मीनार-टंकी, बुर्ज-टंकी।

waterway (वा:´-टॅ:-वे) *n.* a navigable route, जलमार्ग।

water wheel *n.* a wheel turned by running or falling water, पानी के बहाव या गिरने से चलनेवाला पहिया, पनपहिया, पनचक्की का पहिया।

water wings *n.* (plu.) a pair of rubber wings used while learning swimming, जलपंख।

waterworks (वा:´-टॅ:-व:क्स्) *n.* (plu.) 1. an establishment of buildings, reservoirs, tanks, pumps and pipes for supplying water to the community, जल-कल। 2. the urinary system, मूत्र-प्रणाली।

watery (वा:´-टॅर्-ई) *adj.* (waterier, wateriest) 1. containing or relating to water, जलीय। 2. like water diluted, पनीला, पानी-जैसा पतला, पानी की तरह पतला। 3. secreting or discharging water, जिसमें से पानी निकल रहा हो। 4. tearful, आँसू-भरा, रुआँसा। 5. (of colours) pale, पीला। 6. lifeless, निर्जीव।

watt (वॉट्) *n.* unit of electric power, विद्युत शक्ति की इकाई, वाट।

wattage (वॉट्´-इज्) *n.* electric power measured in watts, वाट-संख्या, वाटेज।

wattle (वॉट्´-अॅल्) *n.* 1. a framework of bamboos, twigs, branches etc. for use in construction, ठट्ठर। 2. a loose fleshy fold of skin hanging from the neck of certain birds, ललटी।

wave (वेव्) *n.* 1. a ridge moving along the surface of water, लहर, तरंग। 2. a curve or succession of curves in or on a surface, लहरिया, तरंगावली। 3. a curve in the hair, बालों का घुमाव, घूँघर। 4. a wavelike motion, (ताप, प्रकाश, ध्वनि आदि की) तरंग। 5. a sudden rise, बढ़ाव, बाढ़; a wave of attackers, आक्रमणकारियों की बाढ़। 6. a spell, दौर; a wave of anger, क्रोध का दौर। □ **attack in waves,** हल्ले पर हल्ला बोलते चलना। *v.* (waved, waving) 1. to move like waves, तरंगित होना। 2. to move to and fro, लहराना, फहरना या फहराना। 3. to move (one's hand, हाथ) हिलाना या (इस प्रकार) संकेत करना। 4. to set waves in, to make wavy, लहरिएदार बनाना। □ **wave aside,** ख़ारिज कर देना, निरस्त कर देना; **wave down,** (यान या उसके सवार को) रुकने का संकेत करना।

waveband (वेव्´-बैंड्) *n.* a range of radio frequencies, तरंग-पट्टी, वेवबैंड।

wavelength (वेव्´-लेंग्थ्) *n.* the distance between corresponding points in a sound wave, तरंगदैर्घ्य, वेवलेंग्थ। □ **on someone's wavelength,** किसी के विचार या अनुभूति के अनुरूप।

wavelet (वेव्´-लिट्) *n.* a small wave, छोटी लहर, लहरी, उर्मि।

whitewashing (वाइट्´-वॉ-शिंग्) *n.* the act of one who whitewashes, पुताई, कलई।

whither (विद्´-अॅ:) *adv. & conj.* to what place? कहाँ? किधर?

whiting[1] (वाइ´-टिंग्) *n.* 1. a small sea fish used as food, एक तरह की छोटी समुद्री मछली।

whiting[2] *n.* chalk used in whitewashing, खड़िया, चाक।

whitish (वाइ´-टिश्) *adj.* rather white, सफ़ेद-सा, कुछ-कुछ सफ़ेद।

whitlow (विट्´-लो) *n.* any pussy inflammation of the area around the nail of finger or toe, गलका।

Whitsunday (विट्-सन्´-डे) *n.* the seventh Sunday after Easter, ईस्टर के बाद का सातवाँ रविवार।

whittle (विट्´-अॅल्) *v.* (whittled, whittling) 1. to cut strips from the wood with a knife, छुरी से लकड़ी में से पट्टियाँ या खपचियाँ निकालना। 2. to make or shape by paring or shaving, छीलना या तराशना, छील या तराशकर बनाना। 3. to wear away gradually, छीजना, धीरे-धीरे क्षय होना।

whity (वाइ´-टी) *adj.* whitish, कुछ-कुछ सफ़ेद।

whiz (विज़्) *v.* (whizzed, whizzing) 1. to make a hissing or buzzing sound, सनसन शब्द करना, भनभन शब्द करना। 2. to move with a hissing sound, सनसन या भनभन करते हुए निकल जाना। *n.* a hissing or buzzing sound, सनसन, भनभन।

whiz kid *n.* very brilliant and pushing person, अत्यंत प्रतिभावान तथा ऊर्जस्वी व्यक्ति।

who (हू) *pron.* 1. What person? Which person? कौन? 2. the particular person, जो। ☐ **Who'sWho,** वह पुस्तक जिसमें विशिष्ट लोगों के नाम तथा संक्षिप्त जीवन-चरित्र रहता है, परिचायिका, परिचयावली, सदस्य-परिचय।

whoa (वो) *interj.* a command to a horse to stop, घोड़े को दिया जानेवाला रुकने का आदेश, रुको!

who'd (हूड्) = who had or who would.

whodunit (हू-डन्´-इट्) *n.* a story, play or novel concerned with crime and murder, अपराध तथा हिंसा-प्रधान कहानी, नाटक या उपन्यास।

whoever (हू-ऍव्´-अॅ:) *pron.* whatever person, जो कोई, जो भी।

whole (होल्) *adj.* 1. complete, entire, पूर्ण, समूचा, सारा, पूरा। 2. total, सकल, समस्त, समग्र। 3. intact, unbroken, अखंड, अविभाजित, समूचा। 4. healthy, स्वस्थ। *n.* a thing complete in itself, a complete entity, समष्टि, संपूर्णता। ☐ **as a whole,** समग्र रूप से; on the whole (i) सब मिलाकर, (ii) सामान्यत:।

wholehearted (होल्-हा:´-टिड्) *adj.* done with total sincerity, sincere, हार्दिक, अनन्य, एकनिष्ठ।

wholeheartedly (होल्-हा:´-टिड्-ली) *adv.* sincerely, सच्चे हृदय से।

wholeheartedness (होल्-हा:´-टिड्-निस्) *n.* sincerity, हार्दिकता, अनन्यता, एकनिष्ठा।

whole milk *n.* full milk, पूर्ण दूध, शुद्ध दूध।

whole number *n.* a number containing no fraction, संपूर्णांक।

wholesale (होल्´-सेल्) *n.* the business of selling goods in large quantities, थोक व्यापार। *adj.* 1. of such business, थोक व्यापार-संबंधी। 2. on a large scale, बड़ पैमाने पर होनेवाला, थोक में होनेवाला; wholesale slaughter, सामूहिक वध। *adv.* 1. in large quantities, बड़ पैमाने पर, थोक में। 2. without discrimination, अंधाधुंध। *v.* (wholesaled, wholesaling) to sell at wholesale, थोक में बेचना।

wholesaler (होल्´-सेल्-अॅ:) *n.* a person engaged in wholesale trade, थोक व्यापारी।

wholesome (होल्´-सम्) *adj.* 1. good for health, स्वास्थ्य के लिए अच्छा, स्वास्थ्यकर, पुष्टिकर, पौष्टिक। 2. good for mental or moral well-being, हितकर; wholesome advice, हित की बात।

wholly (होल्´-ली) *adv.* entirely, completely, पूर्ण रूप से, पूर्णतया।

whom (हूम्) *pron.* the objective case of who, किस को, जिस को।

whomever (हूम्-ऍव्´-ॲ:) *pron.* the object case of whoever, जिस किसी को।

whoop (हूप्, वूप) *n.* a loud or hooting cry of excitement, चीख, चिल्लाहट। *v.* (whooped, whooping) to make a loud cry, चीखना, चिल्ला उठना। □ **whoop it up,** ख़ुशी से चिल्ला उठना, मज़े लेना।

whoopee (हू´-पी) *n.* noisy merry-making, धूम-धड़क्का, मौज-मस्ती। □ **make whoopee,** मौज-मस्ती करना। *interj.* an exclamation of joy, वाह!

whopping (हूप्´-इंग्) *adj.* large, बहुत बड़ा, दीर्घाकार।

whooping cough *n.* a disease with repeated attack of coughing, काली खाँसी।

whore (हो:) *n.* 1. a sexually immoral woman, पुंश्छली, छिनाल, कुलटा। 2. a prostitute, वेश्या, रंडी। *v.* (whored, whoring) 1. to act as a whore, वेश्यावृत्ति करना। 2. to fornicate with whores, वेश्यागमन करना।

whoredom (हो:´-डॅम्) *n.* prostitution, वेश्यावृत्ति या रंडीबाज़ी।

whorehouse (हो:´-हाउस्) *n.* a brothel, वेश्यालय, चकला, रंडी का कोठा।

whoremaster (हो:´-मास्/मैस्-टॅ:) *n.* 1. a man who fornicates with whores, वेश्यागामी। 2. a pimp, रंडियों का दलाल।

whoremonger (हो:´-मंग्-गॅ:) *n.* a whoremaster, वेश्यागामी या रंडियों का दलाल।

whoreson (हो:´-सन्) *n.* a bastard, जारज, दोगला।

whorl (वॉ:ल्) *n.* 1. a ring of leaves around a stem, भ्रमि। 2. a ring of petals around a central point, भ्रमि।

who's (हूज़्) = who is, who has.

whose (हूज़्) *pron. & adj.* of whom, किसका, जिसका।

whosoever (हू-सो-ऍव्´-ॲ:) *pron.* any person, जो कोई भी, जो भी।

why (वाइ) *adv. & conj.* 1. for what reason? क्यों? किस लिए? किस कारण? किस कारण से? 2. for the particular reason, जिस कारण से। *n.* 1. a reason, कारण। 2. an explanation, स्पष्टीकरण। □ **why and wherefores,** कारण, वजह। *interj.* an expression for surprise, क्यों!

wick (विक्) *n.* a cord or tape in the oil lamp, candle etc., बत्ती।

wicked (विक्´-इड्) *adj.* 1. bad, mischievous or corrupt, बुरा, दुष्ट, भ्रष्ट। 2. immoral or unjust, अनैतिक या अन्यायपूर्ण। 3. malicious, द्वेषपूर्ण। 4. mischievous, troublesome, शरारती, नटखट।

wickedness (विक्´-इड्-निस्) *n.* 1. the quality or state of being wicked, बुराई, दुष्टता, शरारत। 2. wicked action, दुष्टतापूर्ण कार्य।

wicker (विक्´-ॲ:) *n.* 1. a thin flexible twig, पतली टहनी। 2. a splint, खपची।

wickerwork (विक्´-ॲ:-व:क्) *n.* a thing made of flexible twigs, पतली टहनियों या खपचियों की बनी कोई वस्तु (टोकरी, कुर्सी आदि)।

wicket (विक्´-इट्) *n.* 1. a small door within a larger one, बड़े फाटक में का छोटा दरवाज़ा। 2. in cricket, a set of three stumps struck in the ground, विकेट, यष्टित्रयी। 3. the strip of ground between the two sets of stumps, pitch, विकेट, खेल-पट्टी। 4. the batsman's turn at batting, बल्लेबाज़ की पारी, विकेट। 5. the period between two batsmen, दो बल्लेबाज़ो के एक साथ खेलने की अवधि, विकेट। 6. the act or instance of a batsman being out, विकेट; Tendulkar got three wickets. तेंदुलकर ने तीन विकटें लीं। □ **keep wickets,** विकेटकीपरी करना।

wicketkeeper (विक्´-इट्-कीप्´-ॲ:) *n.* in cricket the fielder stationed just behind the wicket, विकेट कीपर, यष्टिरक्षक।

wide (वाइड्) *adj.* (wider, widest) 1. measuring much from side to side, चौड़ा। 2. of a specified extent from side to side, चौड़ा, विस्तृत। 3. roomy, spacious, लंबा-चौड़ा। 4. fully open, पूरा खुला। 5. to great extent or scope, extensive, व्यापक; wide franchise, व्यापक मताधिकार। 6. far, apart, दूर

का, दूरस्थ। *n.* in cricket, a delivered ball that is outside the batsman's reach, वाइड बॉल।

wide-awake *adj.* fully awake, पूर्ण रूप से जाग्रत, चौकन्ना, चौकस।

wide-eyed (वाइड्´-आइड्) *adj.* 1. with eyes opened widely, विस्फारित नेत्रोंवाला। 2. innocent, निरीह। 3. credulous, कान का कच्चा।

widely (वाइड्´-ली) *adv.* 1. over a wide area, दूर तक; widely known, नामी-गरामी। 2. to a great extent, अत्यधिक; widely different, अत्यधिक भिन्न।

widemouthed (वाइड्´-मॉउथ्ड्) *adj.* totally surprised, हक्का-बक्का।

widen (वाइड्´-अॅन्) *v.* (widened, widening) to make or become wide, विस्तृत होना या करना, व्यापक होना या बनाना।

wide-open (वाइड्-ओ´-पॅन्) *adj.* 1. open to full extent, पूरी तरह से खुला। 2. (a contest) which anyone can win, (ऐसी प्रतियोगिता) जिसे कोई भी जीत सकता हो। 3. not restricted or prohibited by law, खुली छूटवाला, खुला।

wideranging (वाइड्-रेंज्´-इंग्) *adj.* covering a large range of subjects or activity, व्यापक, विस्तृत।

widespread (वाइड्´-स्प्रेड्´) *adj.* 1. found or extending over a wide area or region, दूर तक फैला हुआ, दूर-दूर तक प्राप्त, व्याप्त। 2. occurring among many people, अनेक लोगों में दिखाई देने या मिलनेवाला, व्यापक।

widgeon (वज्´-अॅन्) *n.* a wild duck, जंगली बतख, पतेरा।

widow (विड्´-ओ) *n.* a woman whose husband has died and who has not remarried, विधवा, बेवा, राँड। *v.* (widowed, widowing) 1. to cause to become a widow, विधवा बना देना। 2. to deprive of (something valued, किसी महत्त्वपूर्ण वस्तु से) वंचित कर देना।

widowed (विड्´-ओड्) *adj.* whose husband or wife has died, विधवा या विधुर, रंडी या रँडुआ।

widower (विड्´-ओः) *n.* a man whose wife has died and who has not remarried, विधुर, रँडुआ।

widowhood (विड्´-ओ-हुड्) *n.* 1. the condition of being widow, विधवापन, वैधव्य। 2. the period of being a widow, रँडापा।

width (विड्थ्) *n.* 1. wideness, चौड़ान, चौड़ाई, विस्तार। 2. a fabric that has a specified width, अर्ज़।

wield (वील्ड्) *v.* (wielded, wielding) 1. to use or handle skilfully, कुशलतापूर्वक प्रयोग करना या काम में लाना। 2. to show one's skill (in handling a weapon, शस्त्र को) चमकाना।

wife (वाइफ़्) *n.* a woman to whom a man is married, पत्नी, धर्मपत्नी, औरत, स्त्री। □ **take to wife,** (स्त्री को) पत्नी बनाना, (स्त्री से) शादी करना।

wifehood (वाइफ़्´-हुड्) *n.* the state or condition of being a wife, पत्नीपन, पत्नीत्व।

wifeless (वाइफ़्´-लिस्) *adj.* having no wife, कुँआरा या रँडुआ।

wifely (वाइफ़्´-ली) *adj.* of, like or suitable to a wife, पत्नी-संबंधी, पत्नी-जैसा।

wig (विग्) *n.* a covering of artificial or human hair for adornment, विग, केशिका, नकली बाल। *v.* (wigged, wigging) 1. to cover with a wig, विग लगाना। 2. to scold, डाँटना-डपटना।

wigged (विग्ड्) *adj.* wearing a wig, जो विग लगाए या पहने हो।

wigging (विग्´-इंग्) *n.* reprimand, डाँट-डपट, फटकार।

wiggle (विग्´-अॅल्) *v.* (wiggled, wiggling) to move or cause to move from side to side, डोलना या डुलाना, हिलना या हिलाना, हिलना-डुलना या हिलाना-डुलाना। *n.* a wiggling movement, हिलना-डुलना या हिलाना-डुलाना। □ **get a wiggle on,** जल्दी मचाना या करना।

wiglet (विग्´-लिट्) *n.* a small wig, छोटी विग।

wigwag (विग्-वैग्) *v.* (wigwagged, wigwagging) to wave, लहराना, फहराना।

wigwam (विग्´-वॉम्) *n.* a hut (of North Americans) covered with skins or bark, खालों या छालों से छाई हुई झोंपड़ी।

wilco (विल्´-को) *interj.* used for the phrase 'the instruction would be complied with' निर्देश का पालन किया जाएगा।

wild (वाइल्ड्) *adj.* 1. living in natural state, not tamed or domesticated, जंगली, वन्य, बनैला। 2. occurring or growing without cultivation, not cultivated, जंगली। 3. unruly, uncivilized, savage, उद्धत, असभ्य या बर्बर, जंगली, वहशी। 4. lacking restraint or control, जंगली, नियंत्रणविहीन, उच्छृंखल। 5. fierce, खूँखार, हिंस्र। 6. stormy, तूफ़ानी। 7. very eager, excited or enthusiastic, उद्विग्न या बावला। 8. random, अनुमानित। 9. disorderly, अस्त-व्यस्त। □ **go wild,** बौरा जाना; **wild with rage,** ग़ुस्से से पागल, क्रोधोन्मत्त। *adv.* in a wild manner, असभ्यतापूर्वक; बर्बरता से। □ **run wild** (i) जंगली पौधों से भर जाना, (ii) उच्छृंखलतापूर्वक आचरण करना। *n.* 1. a desolate region, उजाड़। 2. an uninhabited region, निर्जन प्रदेश।

wild buffalo *n.* a wild animal, अरना।

wildcat (वाइल्ड्´-कैट्) *n.* 1. an undomesticated cat, जंगली बिल्ली, बन-बिलाव। 2. an aggressive or violent person, आक्रामक व्यक्ति। *v.* (wildcatted, wildcatting) to drill for oil, gas etc, in new areas, तेल, गैस आदि के लिए नए क्षेत्रों में खुदाई करना।

wildcat strike *n.* an unauthorised strike, अनधिकृत हड़ताल।

wilderness (वाइल्´-डः-निस्) *n.* a desolate or uninhabited area, उजाड़ या निर्जन स्थान। □ **a voice in the wilderness,** ऐसी बात जिसे कोई सुननेवाला न हो, अरण्यरोदन; **in the wilderness,** निर्वासित अवस्था में।

wildfire (वाइल्ड्´-फ़ाइः) *n.* a fire that spreads rapidly, जंगल की आग, दावानल। □ **spread like wild fire,** बहुत तेज़ी से फैलना, जंगली आग की तरह बढ़ना और फैलना; The news spread like wild fire, समाचार आग या आँधी की तरह फैल गया।

wild flower *n.* an uncultivated plant and its flower, जंगली पौधा और उसका फूल।

wildfowl (वाइल्ड्´-फ़ॉउल्) *n.* a bird hunted as a game, (बत्तख़ आदि पक्षी) जिसका शिकार किया जाता है।

wildgoose chase *n.* an hopeless pursuit or search, व्यर्थ की खोज-बीन, बेकार का पीछा।

wildlife (वाइल्ड्´-लाइफ़्) *n.* 1. wild animals collectively, जंगली जीव-जंतु, वन्य पशु। 2. wild plants collectively, जंगली पेड़-पौधे।

wile (वाइल्) *n.* 1. a trick, चाल, छल, दाँव-पेंच। 2. a seductive trick, अठखेली, चोंचला या नख़रा। *v.* (wiled, wiling) 1. to seduce, बहकाना, फुसलाना। 2. to entice, लुभाना।

wilful (विल्´-फ़ुल्) *adj.* 1. self-willed, मनमाना आचरण करनेवाला, हठी। 2. intentional, जान-बूझकर किया जानेवाला; wilful murder, जान-बूझकर की हुई हत्या।

wilfully (विल्´-फ़ु-ली) *adv.* in a wilfull manner, मनमाने ढंग से, स्वेच्छया।

will[1] (विल्) *n.* 1. a wish, desire, इच्छा, चाह; will of the God, ईश्वर की इच्छा, दैव इच्छा। 2. something wished, चाही हुई वस्तु। 3. a request or command, प्रार्थना या आदेश। 4. determination, दृढ़ता, इच्छा-शक्ति। 5. the power of self-direction or self-control, आत्मबल, चरित्रबल। 6. disposition or attitude toward others, दूसरों के प्रति होनेवाली भावना; goodwill, सद्भाव, illwill, दुर्भाव। 7. arbitrary discretion, मर्ज़ी, मनमानी। 8. a document in which person's wishes are expressed about disposal of his property after his death, इच्छा-पत्र, वसीयत, वसीयतनामा, विल। □ **at will,** मर्ज़ी से, इच्छानुसार; **have one's will,** अपनी इच्छा पूरी करना। *v.* (willed, willing) 1. to wish or intend, चाहना, इरादा करना। 2. to bequeath by will, वसीयत करना।

will[2] auxiliary verb. (p.t. would) used to express future tense, willingness, resolution, obligation, command, ability, probability, expectation, etc., होगा।

willable (विल्´-अॅ-बॅल्) *adj.* that can be willed, चाहने योग्य।

willed (विल्ड्) *adj.* having a will, इच्छावाला; strong-willed, दृढ़ इच्छा-शक्तिवाला।

willful (विल्´-फुल्) *adj.* see wilful.

willies (विल्´-ईज़्) *n.* (plu.) nervousness, घबराहट। ☐ **give someone the willies,** डराना, भयभीत करना।

williness (विल्´-इ-निस्) *n.* cunningness, धूर्तता, चालाकी।

willing (विल्´-इंग्) *adj.* 1. favourably inclined, राज़ी, इच्छुक, तैयार; He is willing to go. वह जाने के लिए इच्छुक है। 2. given or performed willingly, सहर्ष दिया या किया जानेवाला, इच्छित; We received willing help. हमें इच्छित सहायता प्राप्त हुई।

willingly (विल्´-इंग्-ली) *adv.* gladly, ख़ुशी-ख़ुशी, अपनी इच्छा से।

willingness (विल्´-इंग्-निस्) *n.* 1. wish, इच्छा। 2. consent, सहमति। 3. curiosity, उत्सुकता।

will-o-the wisp (विल्´-ओ-दॅ-विस्प्) *n.* 1. a phosphorescent light, अगिया बेताल। 2. a hope that can never be realized, झूठी आशा, दुराशा।

willow (विल्´-ओ) *n.* 1. a tree or shrub with very flexible branches, बेंत, सरपत। 2. something made of willow wood, सरपत या बेंत की बनी वस्तु।

willpower (विल्´-पॉउ-अॅ:) *n.* firmness of will, संकल्प-शक्ति, इच्छा-शक्ति।

willy-nilly (विल्-ई-निल्´-ई) *adv.* willingly or unwillingly, चाहे-अनचाहे; You have to do the work willy-nilly. चाहे-अनचाहे तुम्हें यह काम करना ही होगा।

wilt (विल्ट्) *v.* (wilted, wilting) 1. to become drooping, (पौधों का) सूख जाना, मुरझा जाना। 2. to cause to become drooping, सुखा या मुरझा देना। 3. to lose strength or courage, शिथिल हो या पड़ जाना, निस्तेज हो जाना।

wily (वाइ´-ली) *adj.* (wilier, wiliest) cunning, चालाक, धूर्त, चंट।

wimble (विम्´-बॅल्) *n.* a tool for boring holes, बरमी। *v.* (wimbled, wimbling) to make a hole with a wimble, बरमी से सुराख करना।

wimple (विम्´-पॅल्) *n.* a headdress of nuns, शिरोवरण।

win (विन्) *v.* (won, winning) 1. to gain victory, जीतना, विजय प्राप्त करना। 2. to be successful (in a competition, प्रतियोगिता में) सफलता प्राप्त करना, सफल होना। 3. to obtain (by luck or perseverance, भाग्य या परिश्रम से) प्राप्त करना; He won their confidence. उसने उनका विश्वास प्राप्त कर लिया। 4. to persuade (someone to marry one, किसी को विवाह के लिए) मना लेना, राज़ी कर लेना। ☐ **win out,** सफल होना; **win the day,** मैदान मार लेना; **win through,** विजय हासिल कर लेना। *n.* 1. victory, विजय, जीत। 2. success, सफलता। 3. something won, जीती हुई वस्तु।

wince (विन्स्) *v.* (winced, wincing) 1. to draw back, पीछे हटना। 2. to shrink, सिकुड़ जाना। 3. to start, चौंक उठना, दहशत खाना।

winch (विन्च्) *n.* a machine which lifts or pull heavy loads by means of cable, विंच मशीन। *v.* (winched, winching) to lift or pull with a winch, विंच से उठाना या खींचना।

wind[1] (विन्ड्) *n.* 1. a current of air, हवा, वायु, पवन। 2. such a current of considerable force, तेज़ हवा, झंझा, आँधी। 3. gas forming in the stomach, वायु, बाई, वात। 4. breath, श्वास। 5. a hint, संकेत, भनक; We got wind that you are going. हमें भनक लगी थी कि तुम जा रहे हो। 6. something unsubstantial, निराधार वस्तु या बात। 7. a wind instrument, फूँककर बजाया जानेवाला बाजा। 8. smell carried by the wind, गंध। ☐ **break wind,** पादना; **get wind of,** भनक लगना; **have the wind up,** भय से साँस रुक या चढ़ जाना, भयभीत हो जाना; **in the wind,** जो भासित या घटित होनेवाला हो; **like the wind,** आँधी की तरह, बड़ी तेज़ी से; **take the wind out of one's sails,** हवा निकाल देना, मायूस कर देना; **which way the wind blows,** लोगों की राय या प्रवृत्ति क्या बनती है। *v.* (winded, winding) 1. to blow, (बाजा) बजाना। 2. to expose to air, हवा दिखाना। 3. to detect by the scent, गंध

के द्वारा पता लगाना।

wind² (वाइन्ड्) *v.* (wound, winding) 1. to turn or be turned, घुमाना या घुमाया जाना। 2. to encircle or coil around some object, लपेटना। 3. to be coiled, लपेटा जाना। 4. to move in a spiral or circular course, टेढ़े-मेढ़े चलना। 5. to tighten the spring (of a clock, घड़ी में) चाबी भरना। 6. to insinuate, चालाकी या धोखे से (कोई बात या विचार) घुसेड़ना, भरना, डालना। 7. to lift by windlass, चरखी से उठाना। □ **wind up,** समापन करना। *n.* 1. the act of winding, घुमाने, लपेटने आदि की क्रिया या भाव। 2. a turn, घुमाव या लपेट।

wind-bag (विन्ड्´-बैग्) *n.* 1. a talkative person, बकवादी। 2. the bag of bagpipes, मसक बाजे की थैली।

wind-blown (विन्ड्´-ब्लोन्) *adj.* blown by the wind, हवा में उड़ता या लहराता हुआ।

windbreak (विन्ड्´-ब्रेक्) *n.* a fence or row of trees that breaks the force of the wind, घेरा या वृक्षावली (जिससे हवा की गति में बाधा पड़ती हो)।

windbroken (विन्ड्´-ब्रो-कॅन्) *adj.* having difficulty in breathing, जिसे साँस लेने में कष्ट हो, श्वास-पीड़ित।

windburn (विन्ड्´-बःन्) *adj.* (of skin) reddened due to excessive exposure to the wind, ललछौंहाँ।

windfall (विन्ड्´-फ़ाःल्) *n.* 1. something blown down by the wind, हवा के कारण गिरी हुई वस्तु (फल आदि)। 2. an unexpected piece of good fortune, सौभाग्य से मिली कोई अप्रत्याशित वस्तु या अप्रत्याशित लाभ।

winding (वाइन्´-डिंग्) *adj.* 1. turning, घूमा या लपेटा हुआ। 2. spiral, कुंडलाकार, सर्पिल। *n.* material wound into a coil, लपेटी हुई वस्तु (तार आदि)।

wind instrument *n.* a musical instrument sounded by the breath, फूँककर बजाया जानेवाला बाजा।

windlass (विन्ड्´-लस्) *n.* a machine which lifts objects by winding the rope, चरखी।

windmill (विन्ड्´-मिल्) *n.* a machine driven by the force of wind, पवन-चक्की।

window (विन्´-डो) *n.* 1. an opening in a building, ship, vehicle etc. for admitting air and light, खिड़की, झरोखा। 2. a window pane, खिड़की के पल्ले का शीशा। 3. the transparent part of a window-envelope, दरीचा।

window-envelope *n.* an envelope having transparent part through which the address can be seen, दरीचेदार लिफ़ाफ़ा।

windowpane (विन्´-डो-पेन्) *n.* a sheet of glass in a window, खिड़की के पल्ले में लगा शीशा।

window seat *n.* a seat near the window (in a train, bus etc.), खिड़की के पास की सीट।

windowshop (विन्´-डो-शॉप्) *v.* (windowshopped, windowshopping) to look at goods displayed in shop window (without entering the shop to buy), दुकान की खिड़की में प्रदर्शित वस्तुओं को देखना (अर्थात् उन्हें खरीदने के लिए दुकान के अंदर न जाना)।

windpipe (विन्ड्´-पाइप्) *n.* the passage by which air reaches the lungs, श्वासनली।

windscreen (विन्ड्´-स्क्रीन्) *n.* the sheet of glass at the window at the front of a car, truck etc., विंडस्क्रीन, कार आदि का सामने का शीशा।

windshield (विन्ड्´-शील्ड्) *n.* windscreen, विंडस्क्रीन।

windstorm (विंड्´-स्टॉःम्) *n.* a storm with strong or high winds, आँधी, तूफ़ान।

windup (वाइन्ड्´-अप्) *n.* a conclusion, a finish, उपसंहार, समापन।

windward (विन्ड्´-वःड्) *adj.* of, situated in or moving toward the quarter from which the wind blows, जिधर से आँधी आ रही हो उस ओर स्थित या बढ़ता हुआ, पवनाभिमुख। *adv.* toward the wind, हवा के रुख के उलटे, हवा के विरुद्ध।

windy (विन्´-डी) *adj.* (windier, windiest) 1. stormy, तूफ़ानी; windynight, तूफ़ानी रात। 2. bombastic, शब्दाडंबरपूर्ण, शब्दबहुल।

3. frightened, भयभीत।

wine (वाइन्) *n.* 1. the fermented juice of grapes or other fruits, मद्य, शराब, मदिरा। 2. dark purplish red colour, गहरा लाल रंग। *v.* (wined, wining) to provide with wine, मदिरा परोसना या पिलाना।

wineglass (वाइन्´-ग्लास्) *n.* a glass from which wine is drunk, प्याला, पैमाना।

winegrower (वाइन्´-ग्रो-अँ:) *n.* one who grows grapes for wine, शराब के लिए अंगूरों की खेती करनेवाला।

winepress (वाइन्´-प्रेस्) *n.* an instrument for squeezing the juice from grapes, अंगूरों का रस निकालने का यंत्र, कोल्हू।

winery (वाइ´-नॅ-री) *n.* a place where wine is made, शराब का कारख़ाना।

wineskin (वाइन्´-स्किन्) *n.* a bag made of goat's skin for holding wine, भेड़ की खाल की मशक जिसमें मदिरा रखते हैं।

wing (विंग्) *n.* 1. one of the organs of an insect, bird etc by which it flies, पर, पंख, डैना। 2. an organ resembling a wing, पंख, डैना। 3. a part of a building attached to the main building, पार्श्व। 4. the side of a playground, पहलू, पार्श्व; right wing, दाहिना पार्श्व; left wing, बाया वार्श्व। 5. a forward player posted in a right or left wing, विंगर, पार्श्व खिलाड़ी। 6. a faction of a political party, पक्ष, गुट; left wing, वाम पक्ष। 7. (plu.) the sides of a theatre stage out of sight of the audience, पार्श्व भाग। □ **on the wing** उड़ता हुआ; **take wing,** उड़ना; **under the wing of,** के साये या संरक्षण में; *v.* (winged, winging) 1. to make one's way swiftly, उड़ते हुए जाना, तेज़ी से जाना। 2. to cause to move swiftly, उड़ना, तेज़ी से चलाना। 3. to provide wings, पंख लगाना।

win-footed (विंग्´-फुट्-इड्) *adj.* swift, तीव्रगामी, तेज़।

wing commander *n.* an official of air force, वायुसेना का एक अधिकारी।

winged (विंग्ड्) *adj.* having wings, पंखोंवाला।

winger (विंग्´-गॅ:) *n.* a forward player positioned in a right or left wing of the field, विंगर, पार्श्व खिलाड़ी।

wingless (विंग्´-लिस्) *adj.* without wings, पंखविहीन।

wingspan (विंग्´-स्पैन्) *n.* the distance between the extended wing tips of a bird, plane etc., पंख-विस्तार, पक्ष-विस्तार।

wink (विंक्) *v.* (winked, winking). 1. to close and open the eyes rapidly, बार-बार पलकें झपकना और खोलना। 2. to close and open one eye as a hint or signal, कनखी मारना, आँख से इशारा करना। 3. to twinkle, टिमटिमाना। □ **wink at** ध्यान न देना, अनदेखी करना।

winner (विन्´-अँ:) *n.* 1. one who wins, विजेता। 2. one who seems sure to win, भावी विजेता। 3. something successful, सफलता प्राप्त करनेवाली बात या चीज़।

winning (विन्´-इंग्) *adj.* 1. victorious, विजयी। 2. charming, सुंदर, ख़ूबसूरत, आकर्षक।

winnings (विन्´-इंग्स्) *n.* money won in gambling, जुए में मिली जीत, जीत का माल।

winnow (विन्´-ओ) *v.* (winnowed, winnowing) 1. to separate grain from chaff by means of wind or current of air, ओसाना। 2. a device for winnowing, ओसाने का यंत्र।

winsome (विन्´-सम्) *adj.* charming, सुंदर, आकर्षक, लुभावना।

winsomely (-ली) *adv.* in a winsome manner, सुंदर ढंग से।

winsomeness (विन्´-सम्-निस्) *n.* the state or quality of being winsome, सौंदर्य, आकर्षण, लुभावनापन।

winter (विन्´-टॅ:) *n.* the coldest season of the year, जाड़े का मौसम, जाड़ा, सर्दी, शीतऋतु। *v.* (wintered, wintering) 1. to spend the winter, जाड़ा बिताना या गुज़ारना। 2. to preserve during the winter, (पौधों, जीव-जंतुओं का) जाड़े में रख-रखाव करना। *adj.* of winter, जाड़े का, शीतकालीन।

winterize (विन्´-टॅ-राइज़्) *v.* (winterized, winterizing) to adapt for use in cold weather, सर्दी या शीतऋतु के अनुकूल ढालना।

wintertime (विन्´-टॅ:-टाइम्) *n.* the season of winter, सर्दी का मौसम।

wintry (विन्´-ट्री) *adj.* (wintrier, wintriest) 1. of winter, जाड़े का, शीतकालीन। 2. lacking warmth, फीका, उत्साहविहीन।

winy (वाइ´-नी) *adj.* (winier, winiest) having the taste of wine, जिसका स्वाद शराब-जैसा हो।

wipe (वाइप्) *v.* (wiped, wiping) 1. to clean by rubbing, साफ़ करना, पोंछना। 2. to remove by wiping, रगड़कर मिटाना, पोंछ डालना। 3. to eradicate, उन्मूलन करना। 4. to cancel, रद्द करना। □ **wipe away** (आँसू) पोंछ डालना; **wipe off** (i) मिटा देना, (ii) चुकता कर देना; **wipe out** नष्ट करना, हत्या कर देना; **wipe up** साफ़ करना। *n.* the act of wiping, सफ़ाई, पोंछने की क्रिया या भाव।

wiper (वाइ´-पॅ:) *n.* 1. a piece of cloth used for wiping, पोंछा। 2. a device for wiping windspan, मोटर का शीशा साफ़ करने का उपकरण, वाइपर।

wire (वाइ:) *n.* 1. a flexible rod of metal, तार। 2. a cable, टेलीफ़ोन आदि का तार। 3. a telegram, तार। 4. a piece of wire used to carry electric current, बिजली का तार; live wire गर्म तार। *v.* (wired, wiring) 1. to install wiring, तार लगाना, तार की फ़िटिंग करना। 2. to send a telegram, तार भेजना।

wirecutter (वाइ:´-कट्-अॅ:) *n.* an intrument for cutting wire, तार काटने का उपकरण, तारकट।

wiregauze (वाइ:´-गा:ज्) *n.* a material woven of wire, तार-जाली।

wireless (वाइ:´-लिस्) *adj.* without wires, बेतार। *n.* a radio, रेडियो।

wiring (वाइर्´-इंग्) *n.* a system of wires for conducting electricity in a building, वाइरिंग, तार की फ़िटिंग।

wiry (वाइर्´-ई) *adj.* 1. made of wire, तार का बना। 2. like wire, तार-सदृश। 3. lean but strong, पतला-दुबला परंतु बलिष्ठ।

wisdom (विज़्´-डॅम्) *n.* 1. understanding of what is true or lasting, ज्ञान। 2. good judgement, common sense, समझदारी। 3. scholarly learning, विद्वत्ता, पांडित्य।

wisdom tooth *n.* the back tooth on each side of each jaw in human beings, अकलदाढ़। □ **cut one's wisdom teeth** अकलदाढ़ का फूटना या निकलना।

wise[1] (वाइज़्) *adj.* (wiser, wisest) 1. having or showing wisdom, sensible, समझदार, बुद्धिमान, अकलमंद। 2. having knowledge, ज्ञानवान, ज्ञानी। 3. aware, सचेत, होशियार। 4. rational, युक्तिसंगत। □ **put wise,** अकल देना, अक़्ल की बात बताना। *v.* (wised, wising) to inform, अक़्ल की बात बताना।

wise[2] *n.* 1. manner, ढंग, प्रकार। 2. direction, दिशा, ओर।

wiseacre (वाइज़्´-ए-कॅ:) *n.* a person who thinks to have great wisdom, अपने को भारी अक़्लमंद समझनेवाला व्यक्ति, तीरमारखाँ।

wisecrack (वाइज़्´-क्रैक्) *n.* 1. a witty remark, चुटकुला। 2. a sardonic remark, कड़वी बात, कटूक्ति। *v.* (wisecracked, wisecracking) to make a wisecrack, चुटकुला छोड़ना।

wish (विश्) *n.* 1. a desire, इच्छा, अभिलाषा। 2. something desired, इच्छित वस्तु। 3. expressed desire for someone's health or welfare, शुभकामना, कामना; with best wishes, शुभकामनाओं सहित। *v.* (wished, wishing) 1. to desire, चाहना; I wish him well. मैं उसका भला चाहता हूँ। 2. to hope or express hope for someone's health or welfare, शुभकामना प्रकट करना, कामना करना। □ **wish for** (किसी चीज़ के लिए) इच्छा प्रकट करना, इच्छा जताना।

wisher (विश्´-अॅ:) *n.* one who wishes, चाहनेवाला।

wishful (विश्´-फ़ुल्) *adj.* desirous, इच्छुक।

wishful thinking *n.* a desire not based on facts, कोरी आशा, न पूरी होनेवाली आशा।

wishy-washy (विश्´-ई-वाश्-ई) *adj.* 1. watery, पतला। 2. indecisive, निश्चयहीन, ढुलमुल। 3. weak, दुर्बल।

wisp (विस्प्) *n.* 1. small bundle, पूला। 2. a

slender or delicate piece, नाज़ुक या नरम टुकड़ा। 3. anything slender or delicate, नाज़ुक या नरम वस्तु। 4. a thin person, पतला-दुबला व्यक्ति। 5. a flock, झुंड।

wispy (विस्´-पी) *adj.* (wispier, wishpiest) like a wisp, नाज़ुक, नरम।

wisteria (वि-स्टिअॅर्´-इ-अॅ) *n.* a climbing. flowery plant, एक फूलोंवाली लता।

wistful (विस्ट्´-फ़ुल्) *adj.* longing sadly or pensively, चिंतातुर, उद्विग्न।

wistfully (विस्ट्´-फ़ु-ली) *adv.* in a wistful manner, चिंतातुर होकर, उद्विग्नतापूर्वक।

wistfulness (विस्ट्´-फ़ुल्-निस्) *n.* the state or quality of being wistful, उद्विग्नता।

wit[1] (विट्) *n.* 1. the ability to make clever humourous effect by ironic remarks, विनोद, चोज़, वाग्वैदग्ध्य, वाक्चातुर्य। 2. a person possessing such an ability, वाग्विदग्ध, वाक्चतुर, हाज़िरजवाब। 3. (plu.) power of thinking and reasoning, युक्तिकौशल। □ **at one's wit's end,** जिसकी सूझबूझ काम न दे रही हो, किंकर्तव्यविमूढ़; **keep one's wits about one,** किसी को विदग्धतापूर्ण उत्तर देने के लिए तत्पर रहना; **live by one's wits,** चतुराई की कमाई खाना।

wit[2] *v.* (wist, witing/witting) to know or learn, जानना या सीखना। □ **to wit** (वाक्य के आरंभ में) यथा।

witch (विच्) *n.* 1. a woman who practices sorcery, टोनहाई, जादूगरनी, डाइन। 2. an ugly wicked woman, कुरूप तथा दुष्ट स्त्री, चुड़ैल।

witchcraft (विच्´-क्राफ्ट्/क्रैफ्ट्) *n.* sorcery, black magic, जादू-टोना।

witch doctor *n.* a person supposed to possess magical powers used to cure sick persons, ओझा।

witchery (विच्´-अॅ-री) *n.* 1. witchcraft, जादू-टोना। 2. magical influence, जादू-टोने का असर।

witch-hunt (विच्´-हन्ट्) *n.* a rigorous campaign to uncover subversive political activities, विनाशक राजनीतिक कार्यकलापों का भंडा फोड़ करने का अभियान।

with (विद्) *prep.* 1. by means of, के द्वारा, से। He cut with a knife. उसने छुरी से काटा। 2. as a companion of, के साथ; Go with her. उसके साथ जाओ। 3. possessing or having, से; laden with baggage, भार से लदा। 4. on the side of, की तरफ़ से, के साथ; We are with Janta Party. हम जनता पार्टी की तरफ़/के साथ हैं। 5. because of, के कारण। 6. in the charge of, के पास। 7. in regard to, से, के प्रति, के विषय में; He is happy with her. वह उससे ख़ुश है। 8. in opposition to, से, के साथ। 9. in spite of, के बावजूद; With all his boasting, he is coward. शेख़ी बघारने के बावजूद भी वह कायर है। 10. into, में; mix red with black, काले में लाल मिला दो। 11. in a manner, से; He plays with honesty. वह ईमानदारी से खेलता है। 12. in the same way/time, के साथ; He rises with the sun. वह सूरज के साथ उठता है। 13. so as to separate from, के साथ; We parted with our luggage, अपने सामान के साथ हम विदा हुए। □ **in with** के साथ, से संबद्ध, से युक्त; **with that** इसके बाद।

withdraw (विद्-ड्राः´) *v.* (withdrew, withdrawn, withdrawing) 1. to draw back, पीछे (की ओर) खींचना। 2. to retreat, पीछे हटना या हटाना। 3. to remove (money from the bank, बैंक से रुपया) निकालना, आहरण करना। 4. to depart from, अलग हो जाना। 5. to recall, वापस लेना। 6. to detach (oneself, अपने को) अलग कर लेना।

withdrawal (विद्-ड्राः´-अॅल्) *n.* 1. the act of withdrawing, वापस लेना, वापसी; withdrawal of motion, प्रस्ताव वापस लेना, प्रस्ताव की वापसी। 2. the act of withdrawing (money, रुपए की) निकासी, आहरण।

withdrawn (विद्-ड्राःन्´) *adj.* 1. reserved or shy, गैर-मिलनसार या शर्मीला, गुमसुम। 2. secluded or unresponsive, अलग-थलग या चुप्पा।

wither (विद्´-अॅः) *v.* (withered, withering) 1. to fade or droop, कुम्हला या मुरझा जाना। 2. to disintegrate or decay, विघटित या नष्ट

हो जाना। 3. to lose vitality, निस्तेज या शिथिल हो जाना। 4. to abash, पानी-पानी हो जाना।

withering (विद्´-अँर्-इंग्) *adj.* intended to make someone silly or ashmed, (किसी को) मूर्ख सिद्ध करने या लजा देनेवाला।

withers (विद्´-अँःज़्) *n.* (plu.) the highest part of the back of a horse, डिल्ला।

withhold (विद्-होल्ड्´) *v.* (withheld, withholding) 1. to keep back, रोक रखना। 2. to restrain, नियंत्रित करना। 3. to refrain (from, से) बाज़ आना।

within (विद्-इन्´) *prep.* 1. inside or indoors, के अंदर, के भीतर, में। 2. inside the limits of, के अंदर, से कम; within an hour, एक घंटे के अंदर। *adv.* 1. inside, inwardly, अंदर, भीतर। 2. inside the mind, मन में। *n.* inner place, अंदर।

without (विद्-ऑउट्´) *prep.* 1. not having, के बिना। 2. not accompanied by, के बिना। 3. not making use of, के बिना। 4. on the outside, के बाहर। *adv.* outside, बाहर।

withstand (विद्-स्टैन्ड्´) *v.* (withstood, withstanding) 1. to endure successfully, सफलतापूर्वक सहन करना, बर्दाश्त कर लेना, झेल लेना। 2. to remain firm (in opposition, विरोध के समय) दृढ़ रहना, डटे रहना।

witless (विट्´-लिस्) *adj.* foolish, मूर्ख।

witness (विट्´-निस्) *n.* 1. a person who saw or heard and can give a firsthand account of something, गवाह, साक्षी। 2. one who testifies, सत्यापित करनेवाला, गवाह, साक्षी। 3. something that serves as evidence, गवाही। □ **bear witness,** गवाही देना। *v.* (witnessed, witnessing) 1. to he the witness of, गवाह होना। 2. to give as witness, गवाही देना। 3. to attest, प्रमाणित करना।

witness box *n.* an enclosure in the court in which witnesses stand and give evidence, कठघरा।

witness stand *n.* a witness box, कठघरा।

witted (विट्´-इड्) *adj.* having wits, विनोदी; quick-witted, हाज़िरजवाब।

witticism (विट्´-इ-सिज़्-अँम्) *n.* a witty or clever remark, ठिठोली, व्यंग्योक्ति, फबती।

witting (विट्´-इंग्) *adj.* 1. intentional, जान-बूझकर किया जानेवाला। 2. aware, सचेत, जागरूक।

wittingly (-ली) *adv.* intentionally, जान-बूझकर।

witty (विट्´-ई) *adj.* 1. full of wits, व्यंग्यपूर्ण, मज़ेदार, विनोदपूर्ण। 2. intelligent, बुद्धिमान। 3. quick-witted, हाज़िरजवाब।

wive (वाइव्) *v.* (wived, wiving) 1. to marry, विवाह करना। 2. to take a wife, पत्नी बनाना।

wizard (विज़्´-अँःड्) *n.* 1. a sorcerer, टोनहाया, ओझा। 2. a magician, जादूगर। 3. a very clever person, अत्यंत चतुर व्यक्ति, चमत्कारी पुरुष।

wizardry (विज़्´-अँःड्-री) *n.* 1. the art or skills of a sorcerer, जादू-टोना, जादूगरी, अभिचार। 2. extraordinary shill, असाधारण कौशल।

wizened (विज़्´-अँन्ड्) *adj.* 1. full of wrinkles, झुर्रियों से भरा। 2. dried up, सूखा या मुरझाया हुआ।

wobble (वॉब्´-अँल्) *v.* (wobbled, wobbling) 1. to move unsteadily, लड़खड़ाना, डगमगाना। 2. to tremble or quiver, काँपना। 3. to waver in one's opinion, अस्थिरचित्त होना, किसी बात पर दृढ़ न रहना, ढुलमुल होना। *n.* 1. a wobbling movement, लड़खड़ाहट। 2. a wobbling sound, कंपित स्वर।

wobbly (वाब्´-ली) *adj.* shaky, काँपता हुआ, डाँवाँडोल, ढुलमुल।

woe (वो) *n.* 1. intense grief, घोर कष्ट, दुख, विषाद, शोक। 2. trouble causing this, विपत्ति। 3. misfortune, दुर्भाग्य। *interj.* exclamation of grief, ओफ़!

woebegone (वो´-बि-गाःन्) *adj.* 1. sad, उदास, गमगीन। 2. sorrowful, दुखी, संतप्त, शोकाकुल।

woeful (वो´-फुल्) *adj.* 1. full of woe, दुखमय। 2. causing sorrow, दुखद। 3. pitiful, शोचनीय, दयनीय।

woefully (वो´-फु-ली) *adv.* miserably, दयनीय रूप से।

woefulness (वो´-फ़ुल्-निस्) *n.* the state of

being woeful, दुखद या शोचनीय अवस्था।

wog (वॉग्) *n.* a foreigner, काली चमड़ीवाला विदेशी।

wok (वॉक्) *n.* a cooking pot with wooden handle, लकड़ी की मूठवाला भगोना।

woke (वोक्) *v.* p.t. of wake.

woken (वो´-कॅन्) *v.* p.p. of wake.

wold (वोल्ड्) *n.* a treeless area, वनस्पतिविहीन क्षेत्र, बंजर भूमि।

wolf (वुल्फ्) *n.* 1. a wild animal of dog family, भेड़िया। 2. a greedy person, लोभी व्यक्ति। 3. a person who seduces women, स्त्रियों को फुसला लेनेवाला व्यक्ति, अय्याश व्यक्ति। □ **cry wolf,** भेड़िया आया भेड़िया आया की झूठी गुहार लगाना, झूठा डर पैदा करना; **keep the wolf from the door,** जीविका चला पाने में सफल होना, भूख या दरिद्रता को दूर भगाना; **wolf in sheep's clothing,** आस्तीन का साँप, भेड़ की खाल में भेड़िया। *v.* (wolfed, wolfing) to eat greedily, भकोसना।

wolf hound (वुल्फ्´-हॉउन्ड्) *n.* a hound for hunting wolves, भेड़ियों का शिकार करनेवाला कुत्ता।

wolf whistle *n.* a whistle made by a man to express admiration of a woman's appearance just passing in the street, पुरुष द्वारा सीटी बजाकर गली में से गुज़रती हुई किसी स्त्री के रूप की की जानेवाली प्रशंसा।

wolverine (वुल्-वॅ-रीन्´) *n.* an animal of the weasel family, एक तरह का नेवला।

woman (वुम्´-ॲन्) *n.* 1. an adult female human being, औरत, स्त्री, नारी। 2. a woman in general, स्त्री जाति। 3. a wife or sweetheart, पत्नी या प्रेयसी। 4. a female servant, नौकरानी। □ **single woman,** अविवाहित स्त्री; **woman of the streets** वेश्या; **woman of the world,** सयानी स्त्री। *adj.* female, मादा, महिला, जनाना; woman scientist, महिला वैज्ञानिक।

womanhood (वु´-मॅन्-हुड्) *n.* 1. the state of being a woman, औरतपन, स्त्रीत्व, नारीत्व। 2. womanly qualities, स्त्रियोचित गुण, स्त्रीसुलभ गुण। 3. womankind; स्त्री जाति।

womanish (वुम्´-ॲ-निश्) *adj.* 1. womanlike, स्त्री-सदृश। 2. considered appropriate in a woman but regarded as unsuitable to a man, औरतों का-सा व्यवहार करनेवाला (पुरुष), जनाना, स्त्रैण।

womanize (वुम्´-ॲ-नाइज़्) *v.* (womanized, womanizing) 1. to make effeminate, जनाना या स्त्रैण बनाना। 2. to seek the company of women, औरतों से यारी गाँठना।

womankind (वु´-मॅन्-काइन्ड्) *n.* female human beings collectively, स्त्री जाति, नारी जाति।

womanly (वु´-मॅन्-ली) *adj.* (womanlier, womanliest) of or typical of a woman, स्त्रीसुलभ, स्त्रियोचित।

womb (वूम्) *n.* 1. the uterus, गर्भाशय, कोख, बच्चेदानी। 2. a place or part that generates and develops something, जन्मस्थान, उत्पत्ति-स्थान, मूल।

wombat (वॉम्´-बैट्) *n.* an animal resembling a small bear, रीछ की जाति का एक छोटा पशु।

women (विम्´-इन्) *n.* plu. of woman.

womenfolk (विम्´-इन्-फ़ोक्) *n.*(plu.) 1. women, स्त्री जाति। 2. the women of one family, एक परिवार की स्त्रियाँ।

won (वन्) *v.* p.t & p.p. of win.

wonder (वन्´-डॅः) *n.* 1. a feeling of astonishment and admiration, अचंभा, आश्चर्य, ताज्जुब। 2. a person, thing or act that arouses such a feeling, चमत्कारिक व्यक्ति, वस्तु या कार्य, चमत्कार। □ **nine day wonder,** चार दिन की चाँदनी; **no wonder,** आश्चर्य की बात नहीं; **works wonder,** कमाल करना, गुल खिलाना। *v.* (wondered, wondering) 1. to be amazed, आश्चर्यचकित होना, आश्चर्य होना। 2. to have curiosity about, कुतूहल होना, जिज्ञासा होना, I was just wondering if..... मैं केवल जानना चाहता था कि.....।

wonderful (वन्´-डॅः-फुल्) *adj.* 1. amazing, अद्भुत, आश्चर्यजनक, चमत्कारपूर्ण, चमत्कारिक। 2. excellent, fine, उत्कृष्ट।

wonderfully (वन्´-डॅः-फु-ली) *adv.* amaz-

ingly, आश्चर्यजनक रूप से।

wonderfulness (वन्´-डः-फुल्-निस्) *n.* the quality or state of being wonderful, आश्चर्य, चमत्कार।

wonderland (वन्´-डः-लैन्ड्) *n.* a wonderful imaginary realm, स्वप्नजगत, कल्पनालोक।

wonderment (वन्´-डः-मॅन्ट्) *n.* astonishment, आश्चर्य, विस्मय।

wonderstruck (वन्´-डः-स्ट्रक्) *adj.* amazed, चकित, भौचक्का।

wondrous (वन्´-ड्रॅस्) *adj.* wonderful, आश्चर्यजनक, विस्मयकारी।

wont (वोन्ट्) *adj.* accustomed, आदी, अभ्यस्त।

won't (वोन्ट्) *v.* = will not.

wonted (वोन्´-टिड्) *adj.* usual, customary, सामान्य, रिवाजी।

woo (वू) *v.* (wooed, wooing) 1. to seek the love (of a woman in order to marry, विवाह के उद्देश्य से किसी स्त्री को) राज़ी करना या फुसलाना। 2.to seek to achieve, कुछ प्राप्त करने के लिए सचेष्ट होना। 3. to make entreaty, चिरौरी करना।

wood (वुड्) *n.* 1. the hard fibrous substance of a tree, लकड़ी, काष्ठ, काठ। 2. this substance often cut and dried for use as a fuel or timber, जलाने या इमारत की लकड़ी। □ **fromthewood,** लकड़ी के पात्र में से; **out of the wood,** विपदाओं से उभरा हुआ, संकटमुक्त।

woodblock (वुड्´-ब्लॉक्) *n.* a woodcut, लकड़ी का ठप्पा।

woodcarver (वुड्´-काः-वॅः) *n.* a person who carves wood, लकड़ी पर नक़्क़ाशी का काम करने वाला व्यक्ति, काष्ठतक्षक।

woodcarving (वुड्´-काः-विंग्) *n.* the art of carving wood, लकड़ी पर नक़्क़ाशी करने की कला, काष्ठतक्षण, काष्ठकला।

woodchopper (वुड्´-चॉप्-अः) *n.* one who chops wood, लकड़ी काटनेवाला, लकड़हारा।

woodcock (वुड्´-कॉक्) *n.* a bird of snipe family, चाहे की जाति का एक पक्षी।

woodcraft (वुड्´-क्राफ़्ट्/क्रैफ़्ट्) *n.* 1. the art or skill of working with wood, काष्ठशिल्प। 2. skill and experience of matters relating to the life of woods, वन्य-जीवन संबंधी अनुभव।

woodcut (वुड्´-कट्) *n.* 1. an engraved block of wood, लकड़ी का ठप्पा। 2. the print of this, उक्त ठप्पे की छाप।

woodcutter (वुड्´-कट्-अः) *n.* 1. a person who cuts wood, लकड़हारा। 2. one who makes woodcuts, ठप्पे बनानेवाला।

wooded (वुड्´-इड्) *adj.* 1. covered with trees, वृक्षों से ढका हुआ। 2. full of trees, पेड़ों से भरा।

wooden (वुड्-अॅन्) *adj.* 1. made of wood, लकड़ी का बना, लकड़ी का; wooden furniture, लकड़ी का फर्नीचर। 2. stiff, कड़ा, कठोर। 3. lifeless, निर्जीव। 4. awkward, भोंडा, बेडौल, बेतुका।

woodenheaded (वुड्´-अॅन्-हॅड्-इड्) *adj.* foolish, मूर्ख।

woodland (वुड्´-लैन्ड्) *n.* a land covered with woods, वनस्थली।

woodpecker (वुड्´-पॅक्-अः) *n.* a bird who taps trees with its bill for insects, कठफोड़वा।

woodpile (वुड्´-पाइल्) *n.* a pile of firewood, जलाने की लकड़ी का टाल।

woods (वुड्स्) *n.* (plu.) an area of land smaller than a forest, छोटा जंगल।

woodsman (वुड्स्´-मॅन्) *n.* 1. a forester, वनपाल, वनरक्षक। 2. one who cuts wood, लकड़हारा।

woodwork (वुड्´-वःक्) *n.* 1. the art or craft of making things in wood, लकड़ी का काम, काष्ठकर्म। 2. an object made of wood, लकड़ी की बनी वस्तु।

woodworm (वुड्´-वःम्) *n.* an insect that bores into wooden objects, घुन।

woody (वुड्´-ई) *adj.* (woodier, woodiest) 1. made of wood, लकड़ी का बना। 2. full of trees, पेड़ों से भरा। 3. of forest, जंगली।

woof (वूफ़्) *n.* weft, बाना, भरनी।

woofer (वूफ़्-अः) *n.* a loudspeaker, लाउडस्पीकर।

wool (.वुल्) *n.* 1. the soft hair of sheep, goat etc. used to make yarn, ऊन। 2. yarn, cloth or clothing made of wool, ऊनी धागा या कपड़ा। □ **put the wool over someone's eyes** दूसरों को अंधा बनाना, धोखा देना।

wool-gathering (.वुल्´-गैद्-अँ:-इंग्) *n.* 1. the act of gathering wool, ऊन इकट्ठा करना। 2. idle daydreaming, हवाई क़िले बनाना।

woollen (.वुल्´-अँन्) *adj.* made of wool, ऊनी।

woollens (.वुल्-अँन्ज़्) *v.* (plu.) woollen cloth or clothing, ऊनी कपड़े।

woolly (.वुल्´-ई) *adj.* (woollier, wooliest) 1. consisting of wool, ऊनी। 2. resembling wool, ऊनी-जैसा। 3. vague, अस्पष्ट। 4. disturbed (area), उपद्रवग्रस्त या अशांत (क्षेत्र)। 5. (plu.) garments made of wool, ऊनी वस्त्र।

woozy (.वू´-ज़ी) *adj.* (woozier, wooziest) 1. experiencing dizziness, जिसे चक्कर आ रहे हों। 2. confused, भ्रमित, भ्रम में पड़ा हुआ।

word (व़:ड्) *n.* 1. a speech sound or series of speech sounds having meaning, शब्द, लफ़्ज़। 2. this represented by letters, शब्द। 3. an utterance, remark or comment, उक्ति, टिप्पणी। 4. a promise, वचन। 5. an order, आदेश। 6. information, सूचना। 7. news, समाचार। □ **as good as one 's word, बात का धनी, बात का पक्का; by word of mouth,** जबानी, मौखिक रूप से; **eat one's word,** अपनी बात वापस लेना; **have a word,** संक्षिप्त वार्तालाप करना; **have words,** झगड़ा करना; **in a word,** संक्षेप में; **in other words,** अर्थात्; **in so many, words,** स्पष्ट रूप से; **man of word,** बात का धनी; **take someone at his words,** यह मान लेना कि अगला जो कह रहा है वही करेगा; **word for word,** शब्दशः; **word of honour,** वचन, प्रतिज्ञा। *v.* (worded, wording) to express in words, शब्दों में व्यक्त करना; Word your letter tactfully. पत्र को होशियारी से लिखो।

wordage (व़:´-डिज्) *n.* 1. number of words used, प्रयुक्त शब्द-संख्या। 2. the way something is worded, शब्दविन्यास।

worded (व़:´-डिड्) *adj.* expressed in words, शब्दों में व्यक्त, शब्दों में वर्णित।

wordiness (व़:´-डि-निस्) *n.* verbosity, शब्दाडंबर, शब्दबहुलतता।

wording (व़:´-डिंग्) *n.* the way in which words are used, शब्दविन्यास।

wordplay (व़:ड्´-प्ले) *n.* a witty use of words, चुटकुला, मज़ाक।

wordy (व़:´-डी) *adj.* (wordier, wordiest) verbose, शब्दाडंबरपूर्ण, शब्दबहुल।

wore (व़ो:) *v.* p.t. of wear.

work (व़:क्) *n.* 1. physical or mental effort directed in doing something, काम, कार्य। 2. employment, काम, नौकरी। 3. something made or done, काम। 4. any literary or musical composition, काम, रचना, कृति। 5. a task or duty, काम, कर्तव्य। 6. the place or office where a person is employed, काम करने का स्थान। 7. (plu.) a workshop, कर्मशाला, कार्यशाला। 8. (plu.) construction work, निर्माण-कार्य। 9. (plu.) mechanism, कल-पुर्ज़े। □ **at work** (i) कार्यरत, व्यस्त; (ii) काम पर; **make short work of,** जल्दी से समाप्त करना; **out of work** बेकार, बेरोज़गार। *v.* (worked/wrought, working) 1. to do, make or perform, करना, काम करना। 2. to labour, परिश्रम करना। 3. to be employed, काम पर लगे होना, नौकरी करना। 4. to operate or be in operation, चलाना या चलना, चालू करना या चालू होना। 5. to accomplish, पूरा करना, प्राप्त करना। 6. to make to work, काम करना। 7. to arrange, व्यवस्था करना। 8. to provoke, उकसाना, भड़काना। 9. to give a form, रूपायित करना। 10. to make (a way, रास्ता) निकालना या बनाना, आगे बढ़ना। 11. to ferment, खमीरा हो जाना। 12. to solve by calculation, हल करना। 13. to become loose, ढीला हो जाना। □ **work at** में लगा रहना; **work on** को प्रभावित करना; **work out** हल करना, उत्तर निकालना; **work up** (i) उन्नत करना, (ii) उन्नति करना, (iii) निरंतर उकसाना।

workable (व़:´-कॅ-बॅल्) *adj.* 1. practicable,

व्यवहार्य। 2. feasible, साध्य। 3. able to be worked, जिस पर काम किया जा सके।

workaday (व:´-कॅ-डे) *adj.* 1. ordinary, साधारण। 2. practical, व्यवहार्य।

workaholic (व:-कॅ-हॉ´-लिक्) *adj.* a person obsessed with work, जिसे काम की धुन सवार हो, काम के प्रति मोहग्रस्त।

wokaholism (व:´-कॅ-हॉ-लिज़्- ॲम्) *n.* obsession with work, काम के प्रति मोह।

workbag (व:क्´-बैग) *n.* a bag holding implements for work, कर्मी का झोला, औज़ार रखने का थैला।

workbook (व:क्´-बुक्) *n.* a manual or instruction book, कार्य-पुस्तक।

workbox (व:क्´-बॉक्स्) *n.* a box for holding implements for work, औज़ार रखने की पेटी।

workday (व:क्´-डे्) *n.* a day on which work is regularly done, कार्यदिवस, कार्यदिन।

worker (व:´-कॅ:) *n.* 1. a person who works for wages, मज़दूर, श्रमिक, कर्मी, कामगार। 2. an employee, कर्मचारी। 3. a member of the working class, मज़दूर, श्रमिक। 4. social worker, सामाजिक कार्यकर्ता। 5. a sterile female bee, ant or wasp that performs specialized work, कर्मी मक्खी, चींटी या ततैया।

workforce (व:क्´-फ़ो:स्) *n.* the number of persons engaged in an operation, श्रमिक दल।

workhorse (व:क्´-हॉ:स्) *n.* a person who works extremely hard, अत्यधिक परिश्रमी मज़दूर।

workhouse (व:क्´-हॉउस्) *n.* a house where poor jobless workers work in return for food and shelter, काम-घर।

working (व:´-किंग्) *adj.* 1. engaged in work, काम में लगा हुआ, कार्यरत, कार्यकारी। 2. busy, व्यस्त। 3. of or for work, काम का, काम में आनेवाला। 4. adequate or satisfactory, उपयुक्त या संतोषजनक, काम-चलाऊ। 5. working knowledge, संतोषजनक या व्यावहारिक ज्ञान। *n.* 1. the act of one who works, कार्य-संचालन। 2. the way a thing works, काम करने का ढंग, कार्यप्रणाली, कार्यविधि।

working class *n.* people who earn wages, मज़दूर वर्ग, श्रमिक वर्ग।

working committee *n.* the committee of an institution which manages it, प्रबंध-समिति।

working day *n.* a workday, कार्यदिवस, कार्यदिन।

working hours *n.* (plu.) the hours spent in a working day, कार्य-घंटे।

working order *n.* a condition in which a machine works adequately, चालू हालत।

workingman (व:´-किंग्-मॅन्) *n.* a labourer, मज़दूर, श्रमिक।

workload (व:क्´-लोड्) *n.* the amount of work a workman has to do in working hours, काम का भार, कार्यभार।

workman (व:क्´-मॅन्) *n.* a person who performs labour for wages, कामगार, कारीगर।

workmanlike (व:क्´-मॅन्-लाइक्) *adj.* appropriate to a good workman, कारीगरी-भरा, कौशलपूर्ण।

workmanship (व:क्´-मॅन्-शिप्) *n.* the skill of a workman, कर्म-कौशल, कारीगरी।

workout (व:क्´-ऑउट्) *n.* a period of practice, अभ्यास की अवधि, अभ्यासकाल।

work out *v.* (worked out, working out) 1. to achieve by effort, परिश्रम से प्राप्त करना। 2. to solve, हल करना। 3. to formulate, रूपायित करना। 4. to happen, घटित होना।

workroom (व:क्´-रूम्) *n.* a room where work is done, काम का कमरा, कार्यकक्ष।

workshop (व:क्´-शॉप्) *n.* 1. a workroom, कार्यकक्ष। 2. a meeting of group of persons for exchange of ideas and mutual benefit, कार्यशाला।

worktable (व:क्´-टे-बॅल्) *n.* a table for work, काम करने की मेज़।

workweek (व:क्´-वीक्) *n.* total of working days in a week, कार्यसप्ताह।

world (व:ल्ड्) *n.* 1. everything in existence, universe, सृष्टि, ब्रह्मांड। 2. the earth as a complete environment, संसार, लोक, जगत, दुनिया। 3. all the inhabitants of this world, संसार के लोग, मानवजाति। 4. any star or

planet, कोई नक्षत्र या ग्रह। 5. any particular region, कोई विशिष्ट भूभाग। 6. any particular sphere, कोई विशिष्ट क्षेत्र। 7. worldly life, सांसारिक या लौकिक जीवन। 8. the state of existence, लोक, दुनिया, संसार; the next world, परलोक, the old world, पुरानी दुनिया। 9. material things and occupations, सांसारिक प्रपंच। □ **bring into the world,** जन्म देना या दिलाना; **come into the world,** जन्म लेना; **dead to the world,** दुनिया से बेख़बर; **how or why in the world,** कैसे, क्यों; **man of the world,** जिसने संसार को देखा हो, दुनियादार, अनुभवी व्यक्ति; **not for (all) the world,** किसी भी क़ीमत पर नहीं; **set the world on fire,** विलक्षण सफलता पाना; **think the world of,** संसार की चीज़ों से लगाव रखना; **world of one's own,** अपनी दुनिया, दूसरों से अलग-थलग रहने का भाव; **world without end,** सदा के लिए।

World Bank *n.* the international bank that gives loans to the countries, विश्व बैंक।

world beater (व़ल्ड्´-बीट्-अ:) *n.* a person or thing that is better than all others, सबसे अच्छा व्यक्ति या वस्तु।

world champion *n.* one who holds first place in an international contest, विश्व-विजेता।

world famous (व़:ल्ड्´-फ़े´-मॅस्) *adj.* famous in the entire world, विश्वभर में मशहूर, विश्वप्रसिद्ध।

world forum *n.* a forum in which international problems are discussed, विश्व मंच।

worldliness (व़:ड्´-लि-निस्) *n.* the quality or state of being worldly, सांसारिकता।

worldly (व़:ड्´-ली) *adj.* (worldlier, worldliest) 1. of this world, लौकिक, सांसारिक; worldly wisdom, दुनियादारी। 2. not spiritual, material, भौतिक; worldly goods, धन-संपत्ति।

worldlywise (व़:ल्ड्´-लि-व़ाइज़´) *adj.* versed in the ways of the world, दुनियादार, सयाना।

world power *n.* a nation powerful enough to influence world politics, विश्व-शक्ति।

World War *n.* a war in which principal nations took part, महायुद्ध।

worldweary (व़:ल्ड्´-विअॅ-री) *adj.* tired of living, bored with human affairs, जो दुनिया से तंग आ चुका हो, दुनिया के प्रपंचों से ऊबा हुआ।

worldwide (व़:ल्ड्´-व़ाइड्´) *adj.* universal, विश्वव्यापक, विश्वव्यापी।

worm (व़:म्) *n.* 1. a long slender creeping insect, क्रीड़ा, कृमि; earthworm, केंचुआ, glowworm, जुगनूँ। 2. a snake, साँप। 3. a wretched person, नीच या अधम व्यक्ति। 4. a screw thread that resembles a worm, स्क्रूथ्रेड, पेच की चूड़ी। *v.* (wormed, worming) 1. to move like a worm, रेंगना। 2. to extract (secret information, गुप्त जानकारी) ऐंठना या प्राप्त करना। 3. to free from parasitic worms, कीड़े निकालना।

worm-eaten (व़:म्´-ई-टॅन्) *adj.* 1. eaten into by worms, कीड़ों द्वारा खाया हुआ, घुन-लगा, घुना हुआ। 2. rotten, decayed, सड़ा हुआ, सड़ा-गला। 3. antiquated, पुरातन।

wormwood (व़:म्´-वुड्) *n.* a kind of bitter plant, नागदौन।

wormy (व़:´-मी) *ad.* (wormier, wormiest) 1. full of worms, कीड़ों से भरा। 2. wormeaten, घुना हुआ।

worn (व़ो:न्) *v.* p.t. & p.p. of wear. *adj.* 1. damaged by long wear or use, फटा-पुराना, घिसा-फटा, जीर्ण-शीर्ण। 2. exhausted, थका-हारा, थका-माँदा।

worn-out (व़ो:न्´-आॅउट्) *adj.* 1. used until no longer usable, घिसा-फटा, फटा-पुराना, बेकार। 2. exhausted, थका-हारा, थका-माँदा।

worried (वर्´-ईड्) *adj.* feeling worry, चिंतित, परेशान।

worrisome (वर्´-इ-सॅम्) *adj.* 1. causing worry, चिंताकारक, चिंतनीय। 2. tending to worry, परेशान रहनेवाला, चिंतित।

worry (वर्´-ई) *v.* (worried, worrying) 1. to be anxious or uneasy, चिंतित होना, बेचैन होना। 2. to cause to be anxious or worry, चिंतित करना, व्याकुल करना। 3. to trouble or poke, तंग करना, परेशान करना। 4. to bite or

tear with the teeth, दाँतों से काटना या फाड़ना। *n.* 1. anxiety, चिंता, परेशानी। 2. something that causes worry, चिंता की बात, परेशान करने-वाली चीज़। 3. troubled state of mind, विकलता, बेचैनी।

worrywart (वर्´-इ-वॉ:ट्) *adj.* one who habitually worries needlessly, जो स्वभाववश चिंतित ही रहता हो, सदा चिंतित रहनेवाला।

worrying (वर्´-इ-इंग्) *adj.* anxious, चिंतित।

worse (व:स्) *adj.* (the comparative of bad) 1. very bad, बहुत बुरा, बदतर। (the comparative form of ill) 2. in bad health, दयनीय अवस्थावाला, दुर्दशाग्रस्त। *adv.* (comparative of badly and ill) in a worse way, बुरी तरह। □ **go from bad to worse** और अधिक बिगड़ जाना, बदतर हो जाना। *n.* something that is worse, और बुरी बात।

worsen (व:´-सॅन्) *v.* (worsened, worsening) 1. to become worse, बदतर हो जाना, और बुरा हो जाना। 2. to make worse, बदतर कर देना, और बुरा कर देना।

worship (व:´-शिप्) *n.* 1. devotion and respect paid to a god or deity, भक्ति, श्रद्धा। 2. ceremonies or prayers displayed, पूजा, उपासना; place of worship, देवालय, पूजा स्थल। *v.* (worshipped, worshipping) 1. to pay worship to, पूजा करना, उपासना करना। 2. to love devotedly, to rever, श्रद्धा निवेदित करना, भक्ति करना।

worshipful (व:´-शिप्-फुल्) *adj.* worthy of worship, श्रद्धेय, आदरणीय।

worshipper (व:´-शिप्-अॅ:) *n.* one who worships a god or deity, पुजारी, उपासक।

worst (व:स्ट्) *adj.* the superlative of bad, most bad, सबसे बुरा, बदतरीन। *adv.* in the most bad manner, बहुत ही बुरी तरह से। □ **at worst,** अधिक से अधिक बुरा यही होगा कि। *n.* the worst part, state or thing, सबसे बुरी बात या अवस्था; If the worst comes to the worst...चाहे सब कुछ बिगड़ जाए। I am preparted for the worst, मौत या विनाश ही सही। □ **get the worst of,** हार मान लेना; **in the worst way** अत्यधिक।

worsted (व:´-स्टिड्) *n.* 1. a closely twisted thread made from long-staple fibres, ख़ूब बटा हुआ बढ़िया धागा। 2. fabric from worsted, उक्त धागे का कपड़ा।

wort (व:ट्) *n.* a herb or plant, जड़ी-बूटी या पौधा।

worth (व:थ्) *n.* 1. value, price, मूल्य, क़ीमत। 2. importance, महत्त्व। 3. high quality, उच्च गुणवत्ता। 4. wealth, धन। *prep.* & *adj.* 1. having a value of, के मूल्य का; worth rupees four hundred, चार सौ रुपए मूल्य का। 2. deserving, के योग्य। 3. possessing wealth, का मालिक। □ **for all one is worth,** यथाशक्ति, भरसक।

worth considering *adj.* fit for consideration, fit to be considered, विचार करने योग्य, विचार-योग्य।

worthily (व:´-दि-ली) *adv.* suitably, उचित रीति से।

worthiness (व:´-दि-निस्) *n.* the quality or state of being worthy, मूल्यवत्ता, योग्यता।

worthless (व:थ्´-लिस्) *adj.* 1. having no worth, valueless, किसी काम का नहीं, व्यर्थ, बेकार; 2. of no use, निकम्मा (व्यक्ति)। 3. without importance, महत्त्वहीन।

worthwhile (व:थ्-वाइल्´) *adj.* 1. sufficiently important, काफ़ी महत्त्वपूर्ण। 2. sufficiently valuable, काफ़ी क़ीमती। 3. doable, करने-योग्य।

worthy (व:´-दी) *adj.* (worthier, worthiest) 1. having sufficient worth, मूल्यवान। 2. deserving, योग्य, पात्र, अधिकारी; worthy of praise, प्रशंसा का पात्र, worthy son of a worthy father, योग्य पिता का योग्य पुत्र। 3. honourable, आदरणीय, श्रद्धेय।

would (वुड्) *v.* p.t. of will, (i) to form the past tense of will; We said we would to it. हमने कहा कि हम कर देंगे। (ii) with you, to indicate desire or willingness in a polite way; Would you please come here. कृपया यहाँ पधारने का कष्ट करें। (iii) expressing something to be expected; The machine would go wrong, मशीन बिगड़ सकती

है।

would-be (व़ःड्´-बी) *adj.* 1. desiring or professing to be, इच्छुक या तथाकथित। 2. pertaining to future, भावी।

wouldn't (ˌवुड्´-अॅन्ट्) = would not.

wound[1] (ˌवून्ड्) *n.* 1. an injury to the body in which the skin is cut, torn or pierced, घाव, ज़ख़्म, क्षत। 2. an injury to person's feeling or reputation, चोट, ठेस। *v.* (wounded, wounding) to inflict a wound on, चोट मारना, घायल करना, ज़ख़्मी करना।

wound[2] *v.* p.t & p.p of wind.

wounded (ˌवून्ड्´-इड्) *adj.* having a wound or wounds, ज़ख़्मी, घायल।

wounding (ˌवून्ड्´-इंग्) *n.* the act of a person who wounds, घायल करने की क्रिया या भाव।

wove (व़ोव्) *v.* pt. of weave. *adj.* having smooth surface, चिकना (कागज़)।

woven (व़ो´-वन्) *v.* p.p. of weave.

wow (व़ॉव्) *interj.* an exclamation of wonder, enthusiasm etc., वाह! *n.* anyone or anything amazingly successful or attractive, अत्यंत सफल व्यक्ति या आकर्षक वस्तु। *v.* (wowed, wowing) 1. to arouse enthusiasm in, (किसी में) उत्साह जगाना। 2. to have a strong impact on, तीव्र छाप छोड़ना।

wrack[1] (रैक्) *n.* destruction, विनाश।

wrack[2] *n.* seaweed growing on the shore, समुद्री शैवाल।

wrangle (रैंग्´-गॅल्) *v.* (wrangled, wrangling) 1. to quarrel angrily, झगड़ा करना, नोंक-झोंक करना। 2. to win by argument, दलील से जीतना। 3. to herd, (घोड़ों, गायों आदि को) चराना। *n.* 1. noisy quarrel, झगड़ा, नोक-झोंक। 2. dispute, बहस, वाद-विवाद।

wrap (रैप्) *v.* (wrapped, wrapping) 1. to wind paper, cloth etc. around (a thing) so as to cover it, लपेटना। 2. to put around, ओढ़ना या ओढ़ाना, लपेटना। 3. to cover, ढकना, आच्छादित करना, आवरण डालना। □ **wrap up** (i) ख़त्म करना (ii) गरम कपड़ों से अपने को ढकना। *n.* 1. a covering, आवरण। 2. a shawl, scarf or blanket, शाल, गुलूबंद या कंबल। 3. a coat, कोट।

wrapper (रैप्´-अॅः) *n.* 1. a cover, आवरण। 2. a loose gown, ढीला-ढाला गाउन।

wrapping (रैप्´-इंग्) *n.* the material used to wrap something, लपेटने का कागज़, वेष्ठन, बेठन।

wrap-up (रैप्´-अॅप्) *n.* a brief summary, सार, सारांश।

wrasse (रैस्) *n.* brightly-coloured sea-fish, चमकीली समुद्री मछली।

wrath (रॉथ्, रैथ्) *n.* 1. violent anger, रोष, क्रोध। 2. divine vengance, कोप।

wrathful (रॉथ्´-फ़ुल्) *adj.* full of anger, रोषपूर्ण, क्रुद्ध।

wreak (रीक्) *v.* (wreaked, wreaking) 1. to inflict (vengeance, गुस्सा) उतारना। 2. to take vengeance for, बदला लेना।

wreath (रीद्) *n.* 1. a ring made of flowers or leaves, पत्तियों या फूलों का चक्र, हार या माला, फूलचक्र, फूलमाला। 2. a ring of smoke or mist, धुएँ या धुंध का छल्ला।

weathe (रीद्) *v.* (wreathed, wreathing) 1. to form a wreath, पत्तियों, फूलों आदि का चक्र या हार बनाना, माला या हार गूँथना। 2. to take the form of a wreath, चक्र, छल्ले या माला का रूप प्राप्त करना। 3. to coil or wind round, लपेट लेना, The snake wreathed itself round the tree. साँप ने वृक्ष को लपेट लिया। 4. to move in a curving line, टेढ़-मेढ़े चलना; The smoke wreathed upward. धुआँ छल्ले के आकार में ऊपर उठा।

wreathy (री´-थी) *adj.* adorned with a wreath or wreaths, फूल-चक्र या चक्रों से सजा हुआ, फूलमाला या फूलमालाओं से सज्जित।

wreck (रेंक्) *v.* (wrecked, wrecking) 1. to destroy or damage badly, विनिष्ट या नष्ट-भ्रष्ट कर देना, ध्वस्त कर देना। 2. to suffer destruction, विनष्ट या नष्ट-भ्रष्ट होना। 3. to dismantle, ढा या गिरा देना, ध्वस्त कर देना। 4. to ruin, बर्बाद कर देना। *n.* 1. accidental destruction of a ship by storms, तूफ़ान से होनेवाला जलयान का विनाश। 2. the ship so wrecked, तूफ़ान से ध्वस्त या विनिष्ट जलयान।

3. the remains of a wrecked ship cast ashore by the sea, समुद्र द्वारा किनारे पर फेंके हुए तूफ़ान से विनष्ट जलयान के अवशेष। 4. the remaing of anything destroyed or ruined, विनष्ट या बर्बाद वस्तु के अवशेष, मलबा, खंडहर।

wreckage (रॅक्´-इज्) *n.* 1. the act of wrecking or the state of being wrecked, विनाश। 2. the remains of something wrecked, विनष्ट वस्तु के अवशेष, मलबा।

wrecker (रॅक्´-अॅ:) *n.* 1. one who wrecks, विनष्ट करनेवाला तोड़-फोड़ डालनेवाला, तबाह या बर्बाद करनेवाला। 2. an employee in demolition work, वह कर्मचारी जो इमारत गिराने का काम करता हो। 3. a ship employed to remove wreck, ध्वस्त जलयान के अवशेषों को हटानेवाला जलयान।

wren (रॅन्) *n.* a small songbird, एक छोटी गानेवाली चिड़िया।

wrench (रॅन्च्) *v.* (wrenched, wrenching) 1. to pull with a jerk, झटका देना, झटके से हटा देना। 2. to twist or turn (so as to sprain a limb, अंग को) ऐंठना, मरोड़ना। 3. to give pain to, दर्द करना, दुखना। *n.* 1. a tool for turning, (nuts, bolts etc., नट, बोल्ट को) घुमाने का उपकरण, रैंच। 2. a violent jerk or pull, तेज़ झटका।

wrest (रॅस्ट्) *v.* (wrested, wresting) 1. to take by force, झटक लेना, छीन लेना। 2. to distort the true meaning, सही अर्थ को विकृत कर देना। 3. to obtain with a great effort, अत्यधिक परिश्रम से प्राप्त करना। *n.* the act of wresting, झटक लेने की क्रिया या भाव।

wrestle (रॅस्´-अॅल्) *v.* (wrestled, wrestling) 1. to grapple with (another wrestler, किसी पहलवान से) कुश्ती लड़ना। 2. to grapple each other like wrestlers, कुश्ती करना, आपस में जूझना, भिड़ना। 3. to struggle hard, कड़ा संघर्ष करना, जूझना या भिड़ना। *n.* 1. a wrestling match, कुश्ती। 2. a struggle or tussle, संघर्ष।

wrestler (रॅस्´-लॅ:) *n.* one who is skilled in wrestling, पहलवान।

wrestling (रॅस्´-लिंग्) *n.* 1. a sport in which two wrestlers wrestle, कुश्ती, मल्लयुद्ध। 2. a fight or struggle, लड़ाई या संघर्ष।

wretch (रॅच्) *n.* 1. a despicable person, हेय व्यक्ति। 2. an unfortunate person, अभागा व्यक्ति।

wretched (रॅच्´-इड्) *adj.* 1. pitiable, दयनीय। 2. despicable, हेय, तुच्छ, नीच। 3. unfortunate, अभागा, बदक़िस्मत। 4. poor in quality, घटिया।

wretchedly (रॅच्´-इड्-ली) *adv.* in a wretched manner, दयनीय ढंग से, दीनतापूर्वक, दीन-हीन होकर।

wretchedness (रॅच्´-इड्-निस्) *n.* extreme misery, अत्यंत दीन-हीन अवस्था।

wrick (रिक्) *n.* a sprain, ऐंठन या मोच।

wriggle (रिग्´-अॅल्) *v.* (wriggled, wriggling) 1. to move with a twisting movement, टेढ़े-मेढ़े चलना। 2. to progress in this way, टेढ़े-मेढ़े चलते हुए आगे बढ़ना। 3. to manoeuvre, तिकड़म करना या रचना, धोखा देना। *n.* wriggling movement, टेढ़ी-मेढ़ी चाल।

wring (रिंग्) *v.* (wrung, wringing) 1. to twist and compress to squeeze, निचोड़ने के लिए मरोड़ना या दबाना। 2. to remove liquid in this way, निचोड़ना, रस निकालना। 3. to twist, मरोड़ना। 4. to grip one's hand, (अभिवादन करते समय) कसकर हाथ पकड़ना। 5. to cause distress, पीड़ित करना, सताना। 6. to extort a confession, उगलवाना। *n.* an act of wringing, मरोड़ने, ऐंठने, दबाने, निचोड़ने आदि की क्रिया।

wringer (रिंग्´-अॅ:) *n.* a machine for squeezing washed clothes, धुले कपड़े निचोड़ने का उपकरण।

wrinkle[1] (रिं´-कॅल्) *n.* 1. a slight ridge or crease on a normally smooth surface, सिलवट, शिकन, झुर्री। 2. a slight problem, छोटी-मोटी समस्या। *v.* (wrinkled, wrinkling) 1. to make or form wrinkles, सिलवटें डालना, झुर्रियाँ बनाना या डालना। 2. to become wrinkled, सिलवटें पड़ना, झुर्रियाँ पड़ना।

wrinkle[2] *n.* 1. a trick, चाल। 2. a hint, संकेत।

wrist (रिस्ट्) *n.* the joint between the hand and forearm, कलाई, गट्टा, पहुँचा, मणिबंध।

wristband (रिस्ट्´-बैंड्) *n.* the cuff of a shirt, कमीज़ की बाँह का कफ़।

wristwatch (रिस्ट्´-वॉच्) *n.* a watch to be fastened around the wrist, कलाई घड़ी।

writ (रिट्) *n.* a formal court order directing a person to do or refrain from doing some specified act, रिट, आदेश; writ of habeas corpus, बंदी-प्रत्यक्षीकरण आदेश।

write (राइट्) *v.* (wrote, written, writing) 1. to form letters or symbols on a surface with a pen, pencil etc, लिखना। 2. to inscribe or paint letters or symbols with an implement, किसी उपकरण से लिखना, कुरेदना या अंकित करना। 3. to form words or message, लिखना। 4. to produce by writing, to compose, रचना करना; कहानी, लेख या पुस्तक लिखना। 5. to relate or communicate by writing, वर्णन करना, सूचित करना। ☐ **write down,** कलमबंद करना; **write in,** प्रपत्र भरना, बीच में लिखना, सम्मिलित कर लेना; **write off,** रद्द कर देना, बट्टे खाते डाल देना; **write out,** विस्तार से लिखना; **write up,** लिखकर अद्यतन बनाना।

write-off (राइड्´-ऑफ्) *n.* the act of cancelling bad debt, डूबी रक़म को बट्टे खाते में डालने की क्रिया।

writer (राइ´-ट:) *n.* 1. a person who writes books, articles, documents etc. लेखक। 2. a clerk, मुंशी, क्लर्क।

writer's cramp *n.* a cramp affecting the muscles of the hand, अधिक देर तक लिखने के फलस्वरूप हाथ में होनेवाली ऐंठन।

write-up (राइट्´-अप्) *n.* a review, समीक्षा।

writhe (राइद्) *v.* (writhed, writhing) 1. to contort the body (as in pain, पीड़ा के कारण) शरीर का ऐंठना, छटपटाहट होना। 2. to move in a wriggling motion, टेढ़े-मेढ़े चलना। 3. to suffer acutely from great shame, घड़ों पानी पड़ जना, शर्म से पानी-पानी हो जाना।

writing (राई-टिंग्) *n.* 1. the act or profession of one who writes, लेखन। 2. hand-writing, हस्तलिपि, लिखावट। 3. a literary work, कृति, रचना। 4. literary style, साहित्यिक शैली। ☐ **writing on the wall,** a sign or event of approaching disaster, अपशकुन। *adj.* related to or used in writing, लिखने का; writing ink, लिखने की स्याही।

writing desk *n.* a desk for writing, लिखने का डेस्क।

writing material *n.* material used in writing, लेखन-सामग्री।

writing paper *n.* paper used for writing, लिखने का कागज़।

written (रिट्´-अॅन्) *v.* p.p. of write.

wrong (रा:ङ्ग्) *adj.* 1. not right, or true, ग़लत, मिथ्या। 2. morally bad, बुरा, अनैतिक। 3. unfair or unjust, अनुचित या अन्यायपूर्ण। 4. not wanted or required, अनिच्छित या अनपेक्षित, on the wrong side of sixty, साठ से ऊपर का। 5. not working properly, जो सही काम न कर रहा हो। 6. out of order, बिगड़ा हुआ। 7. illegal, गैरकानूनी, अवैध। ☐ **get on the wrong side of,** किसी के रोष का भाजन होना; **go wrong,** ग़लती करना। *adv.* in a wrong manner, ग़लत ढंग से। *n.* 1. a sinful act, पाप, अधर्म। 2. injustice or harm, अन्याय या अहित। 3. something that is wrong, ग़लत बात। ☐ **do wrong,** पाप करना; **in the wrong,** दोषी। *v.* (wronged, wronging) 1. to do wrong to, किसी के प्रति अन्याय करना, किसी का अहित करना। 2. to treat unjustly, दुर्व्यवहार करना। 3. to malign, बदनाम करना।

wrongdoer (रा:ङ्ग्´-डु-अॅ:) *n.* one who does wrong, ग़लत काम करनेवाला व्यक्ति, अन्यायी, अपकारी।

wrongdoing (रा:ङ्ग्´-डु-इंग्) *n.* 1. a wrong act, अनैतिक कार्य, पाप। 2. an illegal act, अनुचित या गैरकानूनी कार्य, अवैध कार्य।

wronged (रा:ङ्ग्ड्) *adj.* harmed, अपकृत; wronged party, अपकृत पक्ष।

wrongful (रा:ङ्ग्´-फुल्) *adj.* 1. unjust or improper, अन्यायपूर्ण, अनुचित। 2. unlaw-

ful, अवैध। 3. defective, दोषपूर्ण, सदोष।
wrongfully (रा:ङ्म्´-फ़ु-ली) ***adv.*** unjustly, अन्यायपूर्वक।
wrongheaded (रा:ङ्ग्´-हेंड्-इड्) ***adj.*** 1. always wrong in judgment, हमेशा ग़लत निर्णय करनेवाला। 2. very obstinate, बहुत अधिक जिद्दी।
wrongly (रा:ङ्ग्´-ली) ***adv.*** 1. unfairly, अनुचित रीति से, ग़लत ढंग से। 2. by mistake, ग़लती से।
wrote (रोट्) ***v.*** p.t. of write.
wroth (रा:थ्) ***adj.*** angry, अप्रसन्न, रुष्ट, नाराज़।
wrought (राट्) ***v.*** p.t. and p.p of work. ***adj.*** 1. shaped by beating or hammering, पीट कर बनाया हुआ। 2. made, बनाया हुआ; well-wrought, अच्छी तरह बनाया हुआ।
wrought-up (रा:ट्´-अप्) ***adj.*** 1. very excited, अत्यधिक उत्तेजित। 2. perturbed, विक्षुब्ध, परेशान।
wrung (रंग्) ***v.*** p.t. & p.p. of wring.
wry (राइ) ***adj.*** (wrier/wryer, wriest/wryest) 1. bent or crooked, टेढ़ा, टेढ़ा-मेढ़ा, वक्र, मोड़ा या मुड़ा हुआ; wry face, बिचका चेहरा। 2. ironical, व्यंग्यपूर्ण। 3. perverse, perverted, विकृत, भ्रष्ट। 4. full of scorn, कटु, कटुतापूर्ण।
wryly (राइ´-ली) ***adv.*** in a wry manner, टेढ़े-मेढ़े ढंग से, वक्रतापूर्वक।
wryneck (राई´-नेंक्) ***adj.*** having a bent neck, टेढ़ी गरदनवाला, वक्रग्रीव।
wye (व़ाइ) ***n.*** a crutch, बैसाखी।
wynd (वे़न्ड्) ***n.*** a a narrow lane, तंग गली।

X

X,x (ऍक्स्) *n.* the twenty-fourth letter of the English alphet, अंग्रेज़ी वर्णमाला का चौबीसवाँ वर्ण। 2. the Roman numerical for 10, दस का सूचक रोमन चिह्न। 3. symbol denoting error, ग़लती या त्रुटि का सूचक चिह्न। 4. a symbol for denoting any unknown thing or amount, अज्ञात राशि या वस्तु का सूचक चिह्न। 5. a symbol for multiplication, गुणा का सूचक चिह्न।

xenophobe (ज़ॅन्-अॅ-फ़ोब्) *n.* one contemptuous of foreigners, विदेशियों से घृणा करने-वाला व्यक्ति।

xenophobia (ज़ॅन्-अॅ-फ़ो´-बि-अॅ) *n.* 1. strong dislike of foreigners or strangers, विदेशियों या अज्ञात व्यक्तियों के प्रति होनेवाली घोर घृणा। 2. hatred toward foreign things or culture, विदेशी वस्तुओं या संस्कृति के प्रति होनेवाली घृणा।

xenophobic (ज़ॅन्-अॅ-फ़ो´-बिक्) *adj.* of or pertaining to exnophobia, घृणा-संबंधी, घिनौना।

xero (ज़ाइ´-रो) *prefix* denoting dryness, शुष्कता का सूचक उपसर्ग।

xerography (ज़ि-रॉग´-रॅ-फ़ी) *n.* a dry photocopying process, जीरोग्राफ़ी, शुष्कलेखन।

xerophyte (ज़िअॅर्-अॅ-फ़ाइट्) *n.* a plant able to grow in a desert or in very dry conditions, मरु प्रदेश में होनेवाला पौधा।

xerox (ज़ि´-अॅ-रॉक्स्) *n.* a copying machine, प्रतिलिपि तैयार करनेवाली मशीन।

Xmax (क्रिस्´-मॅस्) *n.* short form of Christmas.

x-rated (ऍक्स्´-रे-टिड्) *adj.* (of films) not be seen by persons under seventeen years old, (ऐसी फिल्में) जिन्हें सत्रह बरस से कम उमर के लोग न देख सकते हों।

x-ray (ऍक्स्´-रे) *n.* 1. a non-luminous ray, एक प्रकार की किरण, एक्स-रे। 2. a photograph made by x-rays, एक्स-रे।

xylem (ज़ाइ´-लॅम्) *n.* the tissue of a plant, woody tissue काष्ठ-ऊतक।

xylography (ज़ाइ´-लॅ-ग्रॅ-फ़ी) *n.* the art of graving on wood, लकड़ी पर की जानेवाली नक़्क़ाशी; काष्ठ-उत्कीर्णन।

xylophone (ज़ाइ´-लॅ-फ़ोन्) *n.* a musical instrument with wooden bars which produce different notes when struck with a small hammer, काष्ठतरंग।

Y

Y,y (वाइ) *n.* the twenty-fifth letter of the English alphabet, अंग्रेज़ी वर्णमाला का पचीसवाँ वर्ण।

yabber (यैब्´-अॅ:) *v.* (yabbered, yabbering) to jabber, बकवाद करना।

yacht (याट्) *n.* a small sailing motor driven vessel used for racing or pleasure trip, याट, केलिपोत। *v.* (yachted, yachting) to sail or cruise, याट पर समुद्र में दौड़ लगाना या विहार करना।

yachting (या´-टिंग्) *n.* racing or cruising in a yacht, याट में दौड़ लगाना या विहार करना।

yachtsman (याट्स्´-मॅन्) *n.* a person who sails a yacht, याटनाविक।

yack (यैक्) *v.* & *n.* = yak.

yah (या) *interj.* 1. yes, हाँ। 2. an exclamation of disgust, छिः, धत।

yahoo (यॅा´-हू) *n.* a cruel person, क्रूर व्यक्ति, नरपशु।

Yahweh (या´-वी) *n.* The Hebrew name for god, Jehovah, ईश्वर का एक नाम।

yak[1] (यैक्) *n.* an ox of Tibbet, तिब्बती साँड, याक, सुरागाय, चमर।

yak[2] (यैक्/याक्) *v.* (yakked, yakking) to talk persistently, बोलते चलना या बोलते ही जाना, बकवाद करना। *n.* a persistent talk, बकवाद।

yam (यैम्) *n.* 1. a plant and its tuber, रतालू। 2. Indian yam, अरबी, अरुई, घुइयाँ।

yammer (यैम्´-अॅ:) *v.* (yammered, yammering) 1. to wail, विलाप करना। 2. to grumble, शिकायत करना, भुनभुनाना, झीखना।

yank (यैंक्) *v.* (yanked, yanking) to pull with a jerk, झटका देना, झटके से खींचना। *n.* a sudden sharp pull or jerk, झटका।

Yankee (यैङ्´-की) *n.* a native of the U.S., अमरीकावासी, अमरीकी। *adj.* of yankees, अमरीकियों का, अमरीकी; Yankee imperialism, अमरीकी साम्राज्यवाद। (उपेक्षासूचक)

yap (यैप्/याप्) *v.* (yapped, yapping) 1. to yelp, (कुत्ते का) भौंकना या चीखना। 2. to jabber, बकवाद करना। *n.* 1. jabber, बकबक। 2. a bark, भौं-भौं। 3. the mouth, मुँह।

yard[1] (या:ड्) *n.* 1. a measure of length equal to three feet or 0.9144 meters, गज़।

yard[2] *n.* 1. a piece of enclosed ground around a building, आहाता, प्रांगण। 2. an enclosed area for livestock, बाड़ा। 3. an area with so many railway tracks near the station, यार्ड, रेल-प्रांगण। 4. a place where ships rest, पोत-प्रांगण।

yardage (या:´-डिज्) *n.* a length or area measured in yards, किसी चीज़ का गज़ों में लंबाई या क्षेत्रफल।

yardarm (या:ड्´-आ:म्) *n.* either end of a wooden pole of a sail, पाल के डंडे का कोई सिरा।

yardbird (या:ड्´-ब:ड्) *n.* a prisoner, क़ैदी।

yardstick (या:ड्´-स्टिक्) *n.* 1. a measuring stick one yard in length, गज़। 2. a standard of comparison or judgment, मानदंड।

yarn (या:न्) *n.* 1. a continuous long twisted thread of cotton, wool etc. prepared for weaving, knitting etc., धागा, सूत। 2. a long invented or exaggerated tale, कल्पित या बढ़ा-चढ़ाकर कही हुई लंबी कहानी, किस्सा। □ **spin a yarn** किस्सा गढ़ना। *v.* (yarned, yarning) to tell a yarn, किस्सा सुनाना।

yashmak, yashmac (यैश्´-मैक्, याश्´-माक्) *n.* the face veil worn by muslim women, बुर्का।

yaw (या:) *v.* (yawed, yawing) 1. to turn abruptly from side to side, (जलयान का)

सहसा सीधे मार्ग से हटने-बढ़ने लगना, पथभ्रष्ट होना। *n.* a yawing movement, हट-बढ़, पथभ्रष्टता।

yawl (या:ल्) *n.* a two-masted sailing boat, दो मस्तुलोंवाली नाव।

yawn (या:न्) *v.* (yawned, yawning) to open mouth wide and taking in the air involuntarily as when sleeping or feeling bored, जँभाई लेना। 2. to open the mouth wide, (निगल जाने के उद्देश्य से) मुँह खोलना या फैलाना। *n.* the act or instance of yawning, जँभाई।

yawning (या:न्´-इंग्) *n.* the act of one who yawns, जँभाई; yawning gap, चौड़ी दरार।

yaws (या:स्) *n.* a skin disease, एक चर्मरोग (जिसमें फुंसियाँ आदि निकल आती हैं)।

yea (ये) *adv.* yes, हाँ।

year (यिअॅ:, इअॅ:) *n.* 1. the period of about 365 days, बरस, साल, वर्ष; leap year अधिवर्ष; lunar year, चांद्र वर्ष, solar year, सौर वर्ष। 2. the period from first January to 31st December, बरस, साल, वर्ष। 3. (plu.) time, समय; in years to come, आनेवाले समय में। 4. (plu.) age in years, उम्र; He looks younger than his years. वह अपनी उम्र से कम लगता है। ☐ **all the year round,** वर्ष भर, सारे साल; **for years,** कई बरसों तक, बरसों; **year by year,** साल दर साल; **year in year out,** लगातार बहुत बरसों तक, सालों साल; **year to year,** सालों साल, वर्षानुवर्ष।

yearbook (यिअॅ:´-बुक्) *n.* an annual book containing the information and events of the previous year, वार्षिकी, अब्दकोश।

yearend (यिअॅ:-ऍन्ड्´) *n.* the end of the year, वर्ष का अंतिम अंश, वर्षांत। *adj.* occurring at the end of a year, वर्षांत में होनेवाला, वर्षांतिक।

yearling (यिअॅ:´-लिंग्) *adj.* being a year old, एक वर्ष का, एक वर्षीय। *n.* the young of an animal between one and two years old, एक और दो बरस के बीच का पशुशावक।

yearlong (यिअॅ:´-ला:ङ्ग्) *adj.* lasting for a year or all through a year, वर्ष भर तक होनेवाला, वर्ष भर तक चलनेवाला।

yearly (यिअॅ:´-ली) *adj.* occurring, appearing, done or payable once in a year, प्रतिवर्ष होनेवाला, वार्षिक, सालाना।

yearn (य:न्) *v.* (yearned, yearning) to have a long strong desire, साध होना, लालसा होना।

yearning (य:न्´-निंग्) *n.* an act of a person who yearns, साध, लालसा।

yearningly (– ली) *adv.* longingly, बड़ी साध से।

yeast (यीस्ट्) *n.* 1. a leavening agent, ख़मीर। 2. foam on beer, यविरा की झाग। *v.* (yeasted, yeasting) to foam, झाग देना।

yeasty (यीस्´-टी) *adj.* (yeastier, yeastiest) 1. containing yeast, ख़मीर-युक्त, ख़मीरा। 2. causing fermentation, ख़मीर उठानेवाला, ख़मीरा बनानेवाला। 3. containing foam, झागवाला, झागयुक्त। 4. very joyful, jubilant, अत्यंत प्रसन्न, प्रफुल्ल। 5. agitated, restless, बेचैन, विक्षुब्ध।

yell (यॅल्) *v.* (yelled, yelling) to cry with a loud sound, चिल्लाना, चीखना। *n.* a cry (of pain, excitement or fear, पीड़ा, आवेश या भय जन्य) चिल्लाहट, चीख, चीत्कार।

yellow (यॅल्´-ओ) *adj.* 1. of the colour of a lemon, पीला, पीत। 2. having yellowish skin, पीतवर्ण। 3. cowardly, डरपोक। *n.* yellow colour, पीला रंग। 2. yellow of an egg, अंडे की ज़र्दी। *v.* (yellowed, yellowing) to make or become yellow, पीला बना देना या हो जाना।

yellowbellied (यॅल्-ओ-बॅल्´-ईड्) *adj.* cowardly, डरपोक।

yellow card *n.* a card of yellowish colour shown as a warning to a player by the referee, पीला कार्ड, जिसे रेफ़री खिलाड़ी को चेतावनी देने के लिए दिखाता है।

yellow fever *n.* a fever characterized by jaundice, पीत ज्वर।

yellowish (यॅल्´-ओ-इश्) *adj.* rather yellow, कुछ-कुछ पीला, पीला-सा।

yelp (यॅल्प्) *v.* (yelped, yelping) 1. to cry,

चीखना। 2. to bark, भौंकना। *n.* 1. a scream, चीख, चिल्लाहट। 2. a bark, भौं-भौं।

yen (येंन्) *n.* a standard unit of Japanese money, जापानी मुद्रा।

yeoman (यो´-मॅन्) *n.* a farmer who owns land, वह किसान जो अपनी भूमि खुद जोतता-बोतता हो।

yeomanry (यो´-मॅन्-री) *n.* a body of yeomen, किसानों का निकाय।

yeoman service *n.* long and useful service, दीर्घकालीन उपयोगी सेवा।

yes (येंस्) *interj.* used to express (i) agreement or affirmation, हाँ, ठीक है; (ii) consent to enter a room, आइए; (iii) emphasize a statement, हाँ, सचमुच। *n.* an affirmative reply, हाँ।

yeshiva (यें-शी´-वॅ) *n.* a Jewish elementary school, यहूदियों का प्राथमिक विद्यालय।

yesman *n.* (येंस्´-मॅन्) a person who always says yes to his superior's order, जीहजूरिया, चमचा।

yesterday (येंस्(-टॅ:-डे) *n.* the day before the present day, आज से पहले का दिन, बीता हुआ दिन, कल। *adv.* 1. in the day before today, कल। 2. a short while ago, कुछ समय पहले।

yesteryear (येंस्-टॅ:-इअँ:) *n.* last year, गत वर्ष, पिछला बरस। *adv.* during last year, पिछले वर्ष, गत वर्ष।

yet (येंट्) *adv.* 1. up to this time, or by this time, इस समय तक, अब तक, अभी तक। 2. even still, अभी भी। 3. in addition, इसके अतिरिक्त। 4. even, भी। 5. neverthless, फिर भी, तिस पर भी। ☐ **as yet** अभी तक या अभी भी। *conj.* nevertheless, तो भी, फिर भी।

yeti (येंट्´-ई) *n.* a snowman, हिममानव।

yew (यू) *n.* a tree with needle-like leaves, सुई के आकार के पत्तोंवाला वृक्ष, यू, सूचीवृक्ष।

Yiddish (यिड्´-इश्) *n.* a language used by Jews, यहूदियों की एक प्राचीन भाषा, येदिश।

yield (यील्ड्) *v.* (yielded, yielding) 1. to give forth, देना। 2. to produce, उत्पन्न करना, पैदा करना। 3. to give in return, लौटाना, प्रतिफल देना। 4. to grant or concede, दे देना, छोड़ देना। 5. to surrender, झुक जाना, अर्पित करना, समर्पित करना। 6. to give way, रास्ता देना, पीछे हट जाना। *n.* 1. a crop, फ़सल, पैदावार। 2. the profit or return, लाभ, प्रतिफल।

yielding (यील्ड्´-इंग्) *adv.* submissive, झुकनेवाला, अनुकूल।

yin and yang (यिन्´-अन्-यैंग्) *n.* female and male forces of the universe, प्रकृति और पुरुष। (चीनी दर्शन)

yip (यिप्) *v.* (yipped, yipping) to yelp, चीखना, चिल्लाना।

yipee (यिप्´-ई) *interj.* used to express joy, हर्ष, आनंद आदि का सूचक अव्यय, विस्मयादिक।

yodel (यो´-डॅल्) *v.* (yodelled, yodelling) to sing with rapid changing voice, आलाप करना, आलापना। *n.* the act of yodelling, आलाप।

yoga (यो´-गॅ) *n.* 1. the system to be one with the god, योग। 2. physical exercises to gain control over body and mind, योग।

yogi (यो´-गी) *n.* one who practices yoga, योगी।

yoghurt, yogurt (यो´-ग:ट्) *n.* milk curdled by bacteria, दही।

yoke (योक्) *n.* 1. a wooden frame used for joining two draught animals pulling a plough, cart etc, जुआ। 2. a pair of animals joined in a yoke, (बैलों आदि की) जोड़ी। 3. a frame fitting over a person's shoulders with baskets or buckets suspended from each end, बहँगी। 4. an oppressive force or burden, भार, बोझ। *v.* (yoked, yoking) 1. to harness by means of a yoke, जोतना। 2. to unite, जोड़ना या जुड़ना। 3. to marry, विवाह करना।

yokel (यो´-कॅल्) *n.* a simple country fellow, देहाती।

yolk (योक्) *n.* the yellow part of an egg, अंडे की ज़र्दी।

yon (यॉन्) *adj.* that, वह। *adv.* = yonder.

yonder (यॉन्´-डॅ:) *adj.* being at that place, that, वह। *adv.* over there, वहाँ।

yore (यो:) *n.* time long past, बहुत पहले का

समय, प्रचीन काल, पुराना ज़माना। □ **of yore,** पुराने ज़माने का। *adv.* long ago, बहुत पहले, पुराने ज़माने में।

yorker (यॉ:-कॅ:´) *n.* a ball bowled and pitched just under the bat, ज़मीन पर रखे बल्ले की जड़ से टकरानेवाला गेंद, यारकर।

you (यू) *pron.* 1. the person or persons addressed, तुम; You boys should repent. तुम लड़कों को पश्चाताप करना चाहिए।2. people in general, सामान्य लोग।

you-all (यू-आ:ल्´) *pron.* you persons, तुम सब, तुम सभी लोग।

young (यंग्) *adj.* (younger, youngest) 1. in an early stage of life, छोटा, नन्हा, बच्चा, अल्पवयस्क।2. fresh, ताज़ा।3. of or relating to youth, youthful, युवा, जवान। *n.* the offspring of animals, बच्चे। □**with young** गाभिन (मादा पशु)।

young blood *n.* young people, युवा लोग, युवा व्यक्ति, युवावर्ग

youngish (यंग्´-इश्) *adj.* somewhat young, बच्चा-सा या युवा-सा।

young lady *n.* a man's sweetheart, प्रेमिका, प्रेयसी

youngling (यंग्´-लिंग्) *n.* 1. a child, बच्चा। 2. a young animal or plant, छोटा बच्चा या पौधा।

young man *n.* a girl's boy friend, प्रेमी, यार।

youngster (यंग्´-स्टॅ:) *n.* a child, बच्चा।

your (यू:) *pron & adj.* of or belonging to you, तुम्हारा, आपका।

you're (यू:) *phrase* = you are.

yours (यू:ज़्) *pron.* 1. belonging to you, तुम्हारा।2. (plu.) used at the end of a letter, भवदीय, आपका।

yours truly (यू:ज़्´-ट्रू-ली) *adj.* yours faithfully, भवदीय, आपका।

yourself (यू:-सेल्फ़्) *pron.* the reflexive form of you, तुम स्वयं, तुम ख़ुद। □**come to yourself**, सामान्य स्थिति में हो जाओ; **by yourself,** अकेले।

youth (यूथ्) *n.* 1. the quality or state of being young, जवानी, यौवन, तरुणाई, युवावस्था।2. a young man, जवान आदमी, युवा व्यक्ति; youth movement, युवा आंदोलन 3. the period of early development, बचपन, आरंभिक काल। 4. young people collectively, नवयुवक समूह।

youthful (यूथ्´-फुल्) *adj.* 1. possessing youth, युवा, जवान।2. active or vigorous, सक्रिय या स्फूर्त।3. in an early stage of development, आरंभिक अवस्था में होनेवाला।

youth hostel *n.* a hostel providing cheap accommodation to young travellers, युवक-आवासगृह।

you've (यूव्) *phrase* = you have.

yowl (यॉउल्) *v.* (yowled, yowling) to howl or shout, हुआँना या चिल्लाना। *n.* a loud cry, हुआँ-हुआँ।

yowling (यॉउल्-इंग्) *n.* the act of one who yowls, हुआँने या चिल्लाने की क्रिया या भाव।

yuan (यु-आन्´) *n.* the monetary unit of China, चीनी युआन मुद्रा।

yucca (यक्´-अॅ) *n.* a plant of lily family, कुमुदिनी की जाति का पौधा और उसका फूल।

Yugoslavian (यु-गो-स्ला´-वि-अॅन्) *adj.* of Yugoslavia, युगोस्लाविया-संबंधी। *n.* a native of Yugoslavia, युगोस्लावियावासी।

yule (यूल्) *n.* the Christmas festival, बड़े दिन का त्योहार।

yummy (युम्´-ई) *interj.* an exclamation of delight or pleasure, आनंद या हर्ष का सूचक विस्मयादिक, होहो। *adj.* (yummier, yummiest) 1. delightful or delicious, स्वादिष्ट। 2. attractive, आकर्षक।

yuppie (य´-पी) *n.* a young person earning a lot of money, ख़ूब धन कमानेवाला युवा व्यक्ति।

Z

Z, z (ज़ेड्, ज़ी) the twenty-sixth letter of the English alphabet, अंग्रेज़ी वर्णमाला का छब्बीसवाँ वर्ण।

zaniness (ज़े´-नि-निस्) *n.* the quality or state of being zany, मसख़रापन।

zany (ज़े´-नी) *n.* 1. a clown, मसख़रा, विदूषक, भाँड़। 2. a foolish person, मूर्ख व्यक्ति। *adj.* (zannier, zanniest) comical, (बात) हास्यपूर्ण या हास्यजनक, (व्यक्ति) विनोदशील या मज़ाकिया।

zap (ज़ैप्) *v.* (zapped, zapping) 1. to hit or attack, प्रहार करना, मारना। 2. to kill, जान से मारना, मार डालना। *n.* energy, ऊर्जा, शक्ति।

zeal (ज़ील्) *n.* enthusiasm, जोश, उत्साह, उमंग।

zealot (ज़ेल्´-अॅट्) *n.* a fanatically zealous person, कट्टर या उन्मादी व्यक्ति।

zealous (ज़ेल्´-अॅस्) *adj.* enthusiastic, उत्साही, जोशीला।

zealously (-ली) *adv.* in a zealous manner, उत्साहपूर्वक, उमंग से।

zealousness (ज़ेल्´-अॅस्-निस्) *n.* the quality or state of being zealous, जोशीलापन, उत्साहीपन।

zebra (ज़ी´-ब्रॅ) *n.* (plu. zebra, zebras) a horselike African animal with black and white stripes, ज़ेबरा।

zebra crossing *n.* the place marked with white and black stripes reserved for pedestrians to cross the road, ज़ेबरा-पट्टी।

zebu (ज़ी´-ब्यू) *n.* an ox used as a draught animal, लद्दू बैल।

zee (ज़ी) the American spoken form of the letter Z. ज़ेड, ज़ी।

zeitgeist (त्साइत्-गाइस्त्) *n.* the general trend of a thought of a period in history, विचार-प्रवाह, वैचारिक प्रवृत्ति। (जर्मन)

Zen (ज़ेन्) *n.* the Japanese form of the Buddhist religion, बौद्धधर्म का जापानी रूप, जापानी बौद्धधर्म, ज़ैन।

zenana (ज़ि-ना´-नॅ) *n.* the part of a house reserved for the women of a household, जनानख़ाना।

zenith (ज़ेन्´-इथ्) *n.* 1. the point of the sky that is directly above an observer, खमध्य, शिरोबिंदु। 2. the highest point or limit, चरम बिंदु या चरम सीमा, पराकाष्ठा।

zenithal (ज़ी´-नि-थॅल्) *adj.* of or pertaining to zenith, खमध्य संबंधी, शिरोबिंदु-संबंधी।

zeolite (ज़ी´-अॅ-लाइट्) *n.* a mineral used to soften water, जल को स्वच्छ बनानेवाला एक खनिज।

zephyer (ज़ेफ़्´-अॅ:) *n.* a gentle breeze, समीर।

zero (ज़ीर्´-ओ) *n.* (plu. zeros, zeroes) *n.* 1. the symbol0, शून्य, सिफ़र, सुन्ना। 2. nothing, कुछ नहीं, शून्य, अंडा। 3. a person or thing of no significance, महत्त्वहीन व्यक्ति या वस्तु। 4. the point between + and - on the scale, शून्य। *adj.* nothing at all, कुछ भी नहीं, ज़रा भी नहीं। *v.* (zeroed, zeroing) to adjust (an instrument) at zero, शून्य पर समायोजित करना।

zero hour *n.* 1. the hour or time at which some action is to begin, शून्यकाल, आरंभ काल। 2. the time fixed to start an expedition or attack; अभियान या आक्रमण आरंभ करने का निश्चित समय, अभियान-वेला, आक्रमण-वेला। 3. a critical time (at the commencement of an action, किसी कार्य के आरंभ होने की) संकट की घड़ी।

zest (ज़ेस्ट्) *n.* 1. something that gives relish or flavour, सुस्वादु या ज़ायकेदार चीज़। 2. exciting flavour or relish, स्वाद, मज़ा। 3. keen enjoyment, मज़ा। 4. enthusiasm, उमंग,

जोश।

zestful (ज़ेस्ट्´-फ़ुल्) *adj.* full of zest, (i) मज़ेदार, (ii) उमंग-भरा।

zestfully (ज़ेस्ट्´-फ़ु-ली) *adj.* in a zestful manner, उत्साहपूर्वक, उमंग से भरकर, जोश से।

Zeus (ज़ूस्) *n.* the supreme deity, the father of the other gods, सर्वोच्च देवता, देवताओं के पिता।

zigzag (ज़िग्´-ज़ेग्) *adj.* having curved short turns, टेढ़ा-मेढ़ा, सर्पिल, चक्करदार। *n.* 1. a zigzag line, टेढ़ी-मेढ़ी रेखा। 2. a zigzag course, टेढ़ा-मेढ़ा रास्ता। *adv.* in a zigzag manner, टेढ़े-मेढ़े। *v.* (zigzagged, zigzagging) 1. to move in a zigzag course, टेढ़े-मेढ़े रास्ते पर चलना। 2. to form into a zigzag, टेढ़ी-मेढ़ी रेखाएँ खींचना या टेढ़ा-मेढ़ा आकार-प्रकार बनाना।

zillion (ज़िल्´-यॅन्) *n.* a large indefinite number, बहुत बड़ी राशि, लाखों-करोड़ों।

zinc (ज़िंक्) *n.* a bluish white metallic element, जस्ता, ज़िंक। *v.* (zincked, zincking) to coat with zinc, जस्ता चढ़ाना।

zing (ज़िंग) *n.* 1. a high-pitched humming or buzzing sound, शूँशूँ, सनसनाहट। 2. vitality, ओज, शक्ति, स्फूर्ति। *v.* (zinged, zinging) to move with a high pitched humming or buzzing sound, शूँ करके निकलना।

zinnia (ज़िन्´-इ-ॲ) *n.* a garden plant with brightly coloured flowers, एक पौधा और उसके चमकीले फूल।

Zion (ज़ाइ´-ॲन्) *n.* 1. the kingdom of heaven, स्वर्ग। 2. the hill on which the city of Jerusalem stands, एक पहाड़ी का नाम जिसपर येरुसलम नगर बसा है। 3. the Jewish homeland, यहूदियों की जन्मभूमि।

Zionism (ज़ाइ´-ॲ-निज़्-ॲम्) *n.* the movement for the establishment of homeland for Jews, यहूदियों द्वारा इज़रायल को अपना देश बनाने का आंदोलन, यहूदीवाद।

zip (ज़िप्) *n.* 1 a fastening device, ज़िप। 2. a humming sound as of a bullet going through the air, (गोली की) सनसन ध्वनि, सनसनाहट। *v.* (zipped, zipping) 1. to open or close with a zip, ज़िप खोलना या बंद करना। 2. to move with the sound of zip, सनसनाते हुए आगे बढ़ना। 3. to rush, तेज़ी से बढ़ना।

zipper (ज़िप्´-ॲः) *n.* a zip, ज़िप।

zippy (ज़िप्´-ई) *adj.* (zippier, zippiest) 1. lively, जीवंत। 2. full of energy, ओजस्वी, उत्साही, फुरतीला।

zircon (ज़ः´-कॅन्) *n.* a hard mineral used as a gem, तुरसावा, ज़रकान।

zirconium (ज़िः-को´-नि-ॲम्) *n.* a metallic element, एक धात्विक तत्त्व।

zither (ज़िद्´-ॲः) *n.* a stringed instrument, सितार की तरह का एक बाजा।

zodiac (ज़ो´-डि-ऐक्) *n.* 1. an imaginary area divided into 12 equal parts, in the heavens along which the heavenly bodies appear to travel, राशिचक्र; sign of a zodiac, राशि। 2. Its diagram, राशिचक्र।

zombie (ज़ॉम्-बी) *n.* 1. a corpse brought to life by witchcraft, वह शव जो जादू-टोने या तंत्रमंत्र से जीवंत बना दिया गया हो, जीवित शव, जिन। 2. a person who has such power, मुरदे को जीवित करनेवाला तांत्रिक।

zonal (ज़ो´-नॅल्) *adj.* of or pertaining to a zone, क्षेत्रीय, मंडलीय, आंचलिक।

zone (ज़ोन्) *n.* 1. a particular area or region, क्षेत्र, मंडल, अंचल। 2. any of the five regions of the surface of the earth, कटिबंध। 3. a belt, मेखला। *v.* (zoned, zoning) to divide into zones, क्षेत्रों या अंचलों में विभाजित करना।

zoning (ज़ोन्-इंग्) *n.* the act of one who makes zones, क्षेत्रों में विभाजित करना, क्षेत्रण।

zoo (ज़ू) *n.* a place where live animals are kept, bred and exhibited, चिड़िया-घर।

zoological (ज़ो-ॲ-लॉज्´-इ-कॅल्) *adj.* of or pertaining to zoology, प्राणि-विज्ञान संबंधी।

zoological garden *n.* a zoo, चिड़िया-घर।

zoologist (ज़ो-ऑल्´-जिस्ट्) *n.* an expert in zoology, प्राणि-विज्ञानी।

zoology (ज़ोः-ऑल्´-ॲ-जी) *n.* 1. the scientific study of animals, प्राणि-विज्ञान। 2. the animal life of a particular area, प्राणि-

जगत।

zoom (ज़ूम्) *v.* (zoomed, zooming) 1. to make a continuous buzzing sound, सनसन करना, सनसनाना। 2. to move with buzzing sound, सनसनाते हुए आगे बढ़ना। 3. (of prices) to rize quickly, (क़ीमतों का) तेज़ी से बढ़ना, उछलना। *n.* the act or sound of zooming, सनसनाहट।

zoophyte (ज़ू´-फ़ाइट्) *n.* any of the plantlike sea creatures, उद्‌भिज्ज प्राणी।

zymurgy (ज़ाइ´-म:-जी) *n.* the science dealing with fermentation process in brewing, आसव बनाने का रसायन, किण्व-विज्ञान।

अंग्रेज़ी-हिंदी पर्यायवाची कोश

A

Abandon/Desert/Forsake/Quit/Relinquish

abandon : (अधिकार, वस्तु या व्यक्ति को) पूर्णतया या सदा के लिए छोड़ देना; त्याग देना।

desert : उत्तरदायित्व, कर्तव्य आदि से बचने के लिए भाग खड़े होना; छोड़ भागना।

forsake : किसी प्रिय व्यक्ति या चीज़ से संबंध-विच्छेद करना; परित्याग करना।

quit : स्थान या निवास छोड़कर चल देना या हट जाना; ख़ाली करना।

relinquish : आवश्यकता या विवशता के कारण कोई इष्ट या प्रिय चीज़ छोड़ देना; उत्सर्ग करना।

Abate/Ebb/Subside/Wane

abate : उग्रता, प्रबलता आदि में कमी होना; मंद पड़ना।

ebb : दुर्बल या क्षीण होना।

subside : शांत या उपशमित होना।

wane : छीजना, ह्रास होना।

Abdicate/Abnegate/Renounce/Resign

abdicate : 1. आदर, उत्कर्ष आदि का सूचक अधिकार, अभ्यर्थन, पद आदि छोड़ देना। 2. राजा का औपचारिक रूप से तथा नियमानुसार राजगद्दी से हटना; गद्दी छोड़ना।

abnegate : अधिकार, क़ब्ज़ा छोड़ देना या उससे इनकार कर जाना।

renounce : 1. किसी बहुत बड़े उद्देश्य की सिद्धि के लिए कोई अभिप्रेत सुख, सुभीता, अधिकार, पद आदि छोड़ देना। 2. उदासीन होकर पद, संबंध आदि छोड़ देना; संन्यास लेना।

resign : जान-बूझकर, औपचारिक रूप से तथा सूचना देकर पद त्याग करना; इस्तीफ़ा देना।

Abduction/Kidnapping

abduction : किसी लड़की को ज़बरदस्ती अथवा उसकी मर्ज़ी से उसका विवाह कराने या उसे दूषित करने के उद्देश्य से भगा ले जाना; अपहरण।

kidnapping : बलात् या धोखे से किसीको भगा ले जाना और उसे उसकी अथवा अल्पवयस्क होने पर उसके अभिभावक की इच्छा के विरुद्ध रोके या अपने क़ब्ज़े में रखे रखना; हरण।

Able/Capable/Competent/Qualified

able : जिसमें कोई काम करने की योग्यता या शक्ति हो; योग्य।

capable : जो कार्यकुशल, उद्योगी तथा बहुमुखी हो; समर्थ।

competent : अच्छी तरह किसी विशिष्ट काम का संपादन कर सकनेवाला; सक्षम।

qualified : जिसने विशेष स्तर तक शिक्षा या प्रशिक्षण प्राप्त किया हो; अर्हता-प्राप्त।

[Ability योग्यता; Capability समर्थता; Competence सक्षमता; Qualification अर्हता।]

Abolish/Abrogate/Cancel/Annul/Repeal/Revoke

abolish : प्रथा, स्थिति, संस्था आदि का सदा के लिए अंत करना; उन्मूलन करना।

abrogate : शासक या शासकीय निकाय द्वारा रद्द किया जाना; निराकरण करना।

cancel : यह कहना कि पहले से निश्चित बात अब अमल में नहीं लाई जाएगी; काट देना, रद्द करना।

annul : अवैध घोषित करते हुए रद्द करना।

repeal : संसद् या विधानमंडल द्वारा पहले से बने हुए किसी क़ानून या उसकी धारा को रद्द किया जाना; निरसन करना।

revoke : किसीको दिया हुआ विशेषाधिकार वापस लेना या रद्द करना; प्रतिसंहरण करना।

[Abolition उन्मूलन; Abrogation निराकरण; Cancellation निरसन; Abolished उन्मूलित; Abrogated निराकृत; Cancelled रद्द; Repealed निरस्त; Revoked प्रतिसंहत।]

Abortion/Miscarriage

abortion : चार महीने से कम के गर्भ के गिरने, विशेषत: जान-बूझकर कृत्रिम उपायों से गिरा दिए जाने की अवस्था, क्रिया या भाव; गर्भपात।

miscarriage : चार महीने से अधिक के गर्भ का गिर जाना; गर्भस्राव।

About/Around/Round

about : चारों ओर; विशेषत: किसी बिंदु या केंद्र के चारों ओर।

around : चारों ओर; विशेषत: मंडलाकार मार्ग में अथवा प्रत्येक दिशा में।

round : चारों ओर; विशेषत: परिक्रमा लगाते हुए अथवा पूरे क्षेत्र में।

Abridgement/Abstract/Brief/Digest/Summary/Synopsis

abridgement : पुस्तक, लेख आदि का ऐसा संक्षिप्त रूप जिसमें से उसके कम महत्त्वपूर्ण अंश निकाल दिए गए हों; संक्षेप।

abstract : प्रबंध, पुस्तक आदि का ऐसा संक्षिप्त रूप जिसमें उसके आवश्यक प्रसंगों का उल्लेख हो; सार।

brief : किसी विचारार्थ विषय के मुख्य स्थलों का संक्षिप्त वर्णन; खुलासा।

digest : आवश्यक तथा ज्ञातव्य बातों का क्रमबद्ध किंतु संक्षिप्त वक्तव्य; सार-संग्रह।

summary : अध्याय, पुस्तक, लेख आदि की संक्षेप में दी जानेवाली मुख्य और आवश्यक बातें; सारांश।

synopsis : ऐसा संक्षिप्त कथानक जिससे किसी पुस्तक आदि की पूरी विषय-वस्तु का भान हो जाए; कथा-सार।

Absence/Lack/Want

absence : बिलकुल न होना या नहीं के बराबर होना; अभाव।

lack : जितना होना चाहिए उससे कम होने की अवस्था; कमी।

want : अपेक्षित गुण-तत्त्व आदि का न होना; राहित्य।

Absentminded/Distraught/Distrait/Inattentive

absentminded : जिसका मन प्रस्तुत विषय या बात से हटकर इधर-उधर भटक रहा हो;

खोया-खोया।

distraught : दुःख, शोक आदि के कारण जिसका मन उद्विग्न हो; उन्मन।

distrait : जिसका ध्यान किसी चीज़ में न लगता हो; अस्थिर-चित्त।

inattentive : अनुशासन आदि के अभाव के कारण जो सावधानी न बरतता हो; अनवधान, लापरवाह।

Absorbed/Abstracted

absorbed : जिसका ध्यान किसी एक या विशेष बात में पूर्ण रूप से लगा हो; लीन, मग्न।

abstracted : जिसका मन किसी वर्तमान बात से हटकर किसी अन्य, विशेषत: पुरानी बात में खोया या लगा हुआ हो; अन्यमनस्क।

Absorption/Assimilation/Imbibition

absorption : 1. सोख लेना; अवशोषण। 2. अपने में मिला लेना; समावेशन।

assimilation : पचा लेना; अंतर्लयन।

imbibition : आत्मसात् कर लेना; आत्मसातीकरण।

Absurd/Foolish/Ludicrous/Preposterous/Ridiculous/Silly

absurd : असंगत, अतर्कपूर्ण तथा हास्यास्पद; बेतुका।

foolish : औरों की बुद्धि में जो बुद्धिमत्तापूर्ण या विवेकपूर्ण न हो; मूर्खतापूर्ण।

ludicrous : अप्रासंगिक तथा कुरुचिपूर्ण होने के कारण हास्यास्पद; भद्दा।

preposterous : जिसके भद्देपन पर सब लोग खुलेआम हँसते हों; भोंडा।

ridiculous : अयुक्तियुक्त तथा मूर्खतापूर्ण; हास्यास्पद।

silly : नासमझी भरा।

Abuse/Misuse

abuse : (किसी चीज़ का) उद्दिष्ट रीति या रूप से भिन्न रीति या रूप से प्रयोग करना; दुरुपयोग करना।

misuse : (किसी चीज़ को) अनुचित काम में लाना या (उसका) ग़लत प्रयोग करना; कुप्रयोग करना।

Accepted/Assented/Concurred/Consented/Granted/Permitted/Recognised/Sanctioned

accepted : स्वीकृत।

assented : अनुमत।

concurred : सहमत।

consented : सम्मत।

granted : अनुदत्त।

permitted : अनुज्ञात।

recognised : मान्यता प्राप्त।

sanctioned : सम्मोदित।

Accident/Casualty/Mishap

accident : ऐसी आकस्मिक घटना जिसमें थोड़ी या अधिक चोट लगी हो या नुक़सान हुआ हो; दुर्घटना।

casualty : ऐसी घटना जिसमें किसी व्यक्ति की मृत्यु हो अथवा उसे बहुत बड़ी चोट लगी हो; अनिष्टपात।

mishap : दुर्भाग्य की सूचक घटना, विपत्ति।

Accidental/Casual/Fortuitous

accidental : बीच में यों ही, आप-से-आप हो जानेवाला; सांयोगिक, आकस्मिक।

casual : अप्रत्याशित और अकल्पित रूप से होनेवाला; विशेषत: जिससे कोई अड़चन या बाधा खड़ी होती हो; आकस्मिक।

fortuitous : दैवकृत।

Accompany/Attend/Chaperon/Convoy/Escort

accompany : किसीका साथ देना अथवा उसके साथ-साथ चलना।

attend : सेवा के लिए किसीके साथ रहना या चलना।

chaperon : कन्या या स्त्री के साथ उसके अभिभावक के रूप में साथ जाना।

convoy : (जल में) रक्षार्थ किसीके साथ जाना।

escort : (आकाश या स्थल में) रक्षार्थ किसीके साथ जाना।

Accumulate/Amass/Hoard

accumulate : जोड़ते चलना, संचय करना, ढेर लगाना।

amass : (मूल्यवान पदार्थों को) जमा करते चलना।

hoard : अवैध रूप से या दूसरों से छिपाकर जमा करते चलना; अपसंचय करना, जमाखोरी करना।

Accuse/Arraign/Charge/Impeach/Indict

accuse : किसीपर व्यक्तिश: दोषारोप करना।

arraign : अभियुक्त को न्यायालय में बुलाकर उसपर लगाए हुए आरोप उसे सुनाना।

charge : आधिकारिक रूप से किसीपर लगाए हुए आरोप उसे बताना या सुनाना; अभियोग लगाना।

impeach : किसी सार्वजनिक कार्यकर्ता पर अनाचार संबंधी आरोप लगाना; महाभियोग लगाना।

indict : साक्ष्य के आधार पर ज्यूरी का आरोप लगाना; अभ्यारोप करना।

Achievement/Accomplishment/Attainment

Achievement : उपलब्धि।

accomplishment : निष्पत्ति।

attainment : सिद्धि।

Acknowledge/Admit/Avow/Confess/Own

acknowldedge : यह कहना या मान लेना कि अमुक विषय की जानकारी हमें है अथवा प्राप्त हो गई है ; अभिस्वीकार करना, अभिस्वीकृति देना।

admit : ऐसी बात मान लेना जो छिपाई गई हो।

avow : खुलेआम स्वीकार कर लेना।

confess : औपचारिक रूप से अपराध या दोष स्वीकार कर लेना; इक़बाल करना।

own : अपने ऊपर कोई बात ओढ़ लेना या ले लेना।

Acquit/Absolve/Exculpate/Exonerate/Vindicate

acquit : निर्दोष ठहराना।

absolve : (उत्तरदायित्व या दायित्व से) मुक्त करना।

exculpate : (छोटी-मोटी बातों से) छुट्टी या छुटकारा देना।

exonerate : भारमुक्त करना।

vindicate : दोषमुक्त करना; प्रमाण, साक्ष्य आदि के अभाव के कारण निर्दोष सिद्ध करना।

Act/Action/Deed

act, action और deed तीनों के लिए हिंदी में 'कार्य' का प्रयोग होता है। action में कार्य की प्रक्रिया की विवक्षा मुख्य है जबकि act और deed में कार्य के फल की विवक्षा प्रधान है। act की अपेक्षा deed में महत्त्व तथा गुरुता का भाव अधिक प्रबल है। इनके लिए अलग-अलग जो तदर्थी उपयुक्त प्रतीत होते हैं वे हैं—

act : क्रिया; कार्य।

action : कार्यवाही; कार्रवाई।

deed : करनी।

Act/Behave/Function/Operate/React/Work

act : करना; विशेषतः क्रिया, प्रक्रिया, अनुकरण, संपादन आदि करना।

behave : व्यवहार या बरताव करना (विशेषतः औचित्य-अनौचित्य के विचार से)।

function : पद आदि के नाते उद्दिष्ट तथा आवश्यक कर्तव्य का पालन करना; कर्तव्य-पालन करना।

operate : कुशलतापूर्वक चलाना; परिचालित करना।

react : अनुक्रिया या प्रतिक्रया करना; विशेषतः जवाब में।

work : कार्य करना; किसी प्रकार की कोई शारीरिक या मानसिक क्रिया करना।

Active/Brisk/Energetic/Strenuous

active : जो क्रिया कर रहा हो या क्रिया करने में समर्थ हो; क्रियाशील, सक्रिय।

brisk : जिसमें स्फूर्ति तथा सजीवता हो; स्फूर्तियुक्त।

energetic : दत्तचित्त होकर प्रयास या परिश्रम करनेवाला; ऊर्जस्वी, ऊर्जापूर्ण।

strenuous : जिसमें स्वाभाविक रूप से कठोर परिश्रम करने की प्रवृत्ति या शक्ति हो; कर्मठ, कर्मण्य।

Acute/Critical/Crucial/Decisive

acute : उग्रता में चरम अवस्था की ओर पहुँचता हुआ; विकट, उग्र।

critical : जो हेस-नेस की स्थिति पर आ पहुँचा हो; नाजुक, क्रांतिक।

crucial : जो उग्रता में निर्णायक स्थिति की ओर बढ़ रहा हो या बढ़ आया हो।

decisive : जिसका निश्चित परिणाम या फल प्रत्यक्ष हो; निर्णायक।

Adapt/Accommodate/Adjust/Conform

adapt : नई परिस्थिति के अनुकूल अपने को बना लेना; अनुकूल बनाना।

accommodate : थोड़ी-बहुत गुंजाइश करके निर्वाह कर लेना; समायोजन करना।

adjust : सुधार, परिवर्तन करते हुए अनुकूल बनाना; समंजन करना।

conform : किसी आदर्श, सिद्धांत के अनुरूप अपने को ढालना; अनुरूप करना या बनाना।

[adaptation अनुकूलन; accommodation समायोजन; adjustment समंजन; conformity अनुरूपता।]

Adjacent/Adjoining/Contiguous/Neighbouring

adjacent : जिनमें उसी तरह की और कोई चीज़ बीच में न हो; निकटस्थ, निकटवर्ती।

adjoining : साथ लगा या छूता हुआ; संलग्न।

contiguous : जिसकी सीमा दूसरे की सीमा से मिलती हो; सटा हुआ।

neighbouring : पड़ोस का; पड़ोसी।

Adjourn/Dissolve/Postpone/Prorogue/Suspend

adjourn : कार्यवाही आदि किसी और दिन के लिए उठाना; स्थगित करना।

dissolve : विघटित या भंग करना।

postpone : स्वेच्छा से कुछ समय के लिए टालना; मुल्तवी करना।

prorogue : सत्र का अवसान करना; सत्रावसान करना।

suspend : अनिश्चित काल के लिए सेवा-कार्य से हटा देना; निलंबित करना।

[adjournment स्थगन; dissolution विघटन; postponement मुल्तवी; prorogue सत्रावसान; suspension निलंबन; adjourned स्थगित; dissolved विघटित; suspended निलंबित।]

Admission/Access/Entry/Inlet

admission : प्रवेश।

access : पहुँच।

entry : प्रविष्टि।

inlet : अंतर्गम।

Adorn/Beautify/Bedeck/Decorate/Embellish/Ornament

adorn : एक चीज़ का अपने सौंदर्य से किसी दूसरी चीज़ का सौंदर्य बढ़ाना; सजाना।

beautify : सौंदर्य बढ़ाना; विशेषत: सादगी या भद्दापन ढकते हुए।

bedeck : दिखौआ चीज़ों से सजाना।

decorate : अन्य चीज़ों के योग से अधिक सुंदर बनाना; सजाना।

embellish : सजा-सँवारकर दर्शनीय या मनोरम बनाना।

ornament : किसीके सौंदर्यवर्धन में सहायक होना; अलंकृत करना।

Advance/Forward/Further/Promote

advance : उद्देश्य की सिद्धि के लिए अग्रसर होना।

forward : वेगपूर्वक आगे बढ़ना।

further : आगे बढ़ाने में सहायक होना।

promote : आगे बढ़ना, विशेषत: सफलता प्राप्त करना; तरक़्क़ी करना।

[advancement अग्रसरण; promotion तरक़्क़ी]

Adventure/Enterprise

adventure : साहसिक कार्य; साहस।

enterprise : ऐसा साहसिक कार्य जिसमें बहुत बड़ी हानि भी हो सकती हो और बहुत बड़ा फ़ायदा भी; जोखिम।

Adventurous/Daring/Rash

adventurous : जिसमें साहसिक कार्य करने की प्रवृत्ति हो; साहसी।

daring : निर्भीकतापूर्वक बड़े तथा कष्टसाध्य काम करनेवाला; दिलेर।

rash : बिना परिणाम पर विचार किए उतावला होकर काम करनेवाला; दुस्साहसी।

Advise/Admonish/Caution/Counsel/Warn

advise : अपने अनुभव या जानकारी के आधार पर किसी विषय के संबंध में किसीको राय देना; मंत्रणा देना।

admonish : भूलों से सावधान या सजग रखने के लिए डाँटना।

caution : ख़तरे, विफलता आदि से सावधान करना।

counsel : सोच-विचारकर परामर्श देना।

warn : दंड, ख़तरे आदि से बचने के लिए किसीको आगाह करना; चेतावनी देना।

Aesthete/Connoisseur/Dilettante/Virtuoso

aesthete : जो यह सिद्धांत मानता हो कि कला कला के लिए है; सौंदर्योपासक।

connoisseur : कलाकृतियों के सूक्ष्म अंतरों का अन्वेषक तथा समीक्षक; कला-पारखी।

dilettante : कला या कलाकृतियों की प्रशंसा करनेवाला; कला-प्रशंसक।

virtuoso : कलाकृतियों का अनुरागी तथा संग्राहक; कला-प्रेमी; कलानुरागी।

Affair/Business/Concern/Matter/Thing

affair : मामला; विशेषतः किसी क्रिया, व्यापार, उपक्रम आदि का सूचक।

business : व्यापार; विशेषतः पद या कार्यालय से संबंधित।

concern : कार्य-व्यापार; विशेषतः महत्त्वपूर्ण, आवश्यक और व्यक्तिगत।

matter : विषय; विशेषतः उद्देश्य से संबद्ध।

thing : चीज़ या बात; विशेषतः अनिश्चित।

Affect/Impress/Influence/Move/Touch/Sway

affect : इस प्रकार प्रभावित करना जिससे कोई प्रतिक्रिया हो।

impress : अमिट या गहरी छाप छोड़ना।

influence : क्रिया, विचार, स्वभाव आदि में परिवर्तन लाना; प्रभावित करना।

move : द्रवित करना।

touch : छूना; विशेषतः मन के किसी कोमल भाव को जगाना।

sway : इस प्रकार दोलायित करना कि कोई अपना क्रम या ढर्रा छोड़कर दूसरा क्रम या ढर्रा अपना ले; बहा ले जाना।

Affirmative/Positive

affirmative : स्वीकारात्मक; विशेषतः सम्मोदन सूचक।

positive : सकारात्मक, सहिक; विशेषतः वास्तविक और तथ्य विषयक।

Affliction/Misfortune/Trial/Tribulation

affliction : दुर्भाग्य, हानि, बीमारी आदि के कारण होनेवाली कष्टपूर्ण या दुःखद स्थिति; विपदा।

misfortune : दुर्भाग्य की सूचक घटना।

trial : धैर्य की परीक्षा लेनेवाला कष्ट या विपत्ति।

tribulation : दीर्घकाल तक सताता रहनेवाला कष्ट या दुःख।

Afraid/Fearful/Frightened/Terrified/Timorous

afraid : जिसके मन में किसीके प्रति डर बैठा हुआ हो; डरा हुआ।

fearful : जिसके मन में भय संबंधी आशंका बनी रहती हो; सशंकित।

frightened : थोड़ी देर के लिए परंतु अत्यधिक मात्रा में डरा तथा घबराया हुआ; भयभीत।

terrified : भयावह स्थिति के कारण जिसके होश-हवास उड़ गए हों; त्रस्त।

timorous : भयभीत तथा चिंतित रहने की प्रवृत्तिवाला; भयातुर।

After/Behind

after : बाद में; विशेषतः गति, परिणाम आदि के क्रम के विचार से।

behind : पीछे; विशेषतः पीठ की ओर या पृष्ठ भाग में।

Aged/Elderly/Old

aged : बुढ़ापे के चिह्नों, गुणों आदि से युक्त; वृद्ध, वयोवृद्ध।

elderly : जिसका यौवन गत हो चुका हो; प्रौढ़ या वृद्धप्राय।

old : अधिक उम्रवाला (स्वस्थ अथवा अस्वस्थ; कमज़ोर अथवा ताक़तवर)।

Aggressive/Assertive/Militant/Pushing

aggressive : दृढ़ता किंतु निष्ठुरतापूर्वक अपने उद्देश्य की सिद्धि चाहनेवाला; अग्रघर्षी।

assertive : अपना अधिकार, मत या सिद्धांत आग्रहपूर्वक या हठपूर्वक प्रतिपादित करनेवाला; स्वाग्रही।

militant : लड़ने या युद्ध करने की इच्छा रखनेवाला; युयुत्सु।

pushing : ज़बरदस्ती आगे बढ़कर अपनी कार्यसिद्धि का प्रयत्न करनेवाला।

Agile/Nimble/Quick

agile : हाथों के काम में फुर्तीला; क्षिप्रहस्त।

nimble : हाथ से कोई विशेष काम करने में दक्ष; सिद्धहस्त।

quick : तेज़ी और मुस्तैदी से काम करनेवाला; चुस्त।

Agreement/Accord/Compromise/Settlement

agreement : संधि, समझौता; विशेषतः विवादग्रस्त बातों, शर्तों आदि के संबंध में प्रयुक्त।

accord : मतैक्य; विशेषतः विभिन्न सरकारों में होनेवाला मुख्य-मुख्य बातों का समझौता।

compromise : कुछ ले-देकर किया जानेवाला समझौता; निपटारा।

settlement : बंदोबस्त; विशेषतः झगड़े की अनिश्चित स्थिति दूर करने के विचार से होनेवाला समझौता।

Agricultural/Agrarian

agricultural : कृषि-संबंधी; विशेषतः खेती-बारी या उपज से संबद्ध।

agrarian : भूसंपदा-संबंधी; विशेषतः खेत के आर्थिक या क़ानूनी पहलुओं से संबंधित।

Alien/Emigre/Foreigner/Immigrant/Stranger

alien : ऐसा विदेशी जिसकी राज्यनिष्ठा किसी दूसरे राज्य के प्रति हो।

emigre : जो अपना राज्य छोड़कर दूसरे राज्य में शरण लेने के लिए गया हो; शरणागत।

foreigner : विदेश से काम-धंधे के सिलसिले में अथवा भ्रमण आदि के विचार से आया हुआ; विदेशी।

immigrant : जो दूसरे राज्य से बसने के लिए आया हो; आप्रवासी।

stranger : स्थानीय आचार-विचार से अपरिचित व्यक्ति; अजनबी।

Allegiance/Fidelity/Homage/Loyalty

allegiance : शासन, राष्ट्र आदि के प्रति होनेवाली निष्ठा; राज्यनिष्ठा।

fidelity : उत्तरदायित्व, विश्वास या वचन के प्रति कर्तव्यनिष्ठ होने का भाव; कर्तव्यपरायणता।

homage : किसी बड़े का महत्त्व स्वीकार करते हुए प्रकट की जानेवाली श्रद्धा; श्रद्धांजलि।

loyalty : वफ़ादार होने का भाव; वफ़ादारी।

Alliance/Coalition/Confederacy/Confederation/Federation/League/Union

alliance : ऐसा संघटन या समुदाय जिसकी स्थापना पारस्परिक लाभ के उद्देश्य से की गई हो; संश्रय।

coalition : विरोधी पक्षों में होनेवाला अस्थायी गठबंधन; सहमिलन।

confederacy / confederation } राज्यों का ऐसा आंशिक संघटन जिसे कुछ विशेष अधिकार प्राप्त हों; राज्यमंडल।

federation : राज्यों का स्थायी संघटन; राज्यसंघ।

league : किसी निश्चित उद्देश्य की पूर्ति के लिए बनाया हुआ संघ; लीग।

union : कोई स्थायी संघटन; संघ।

Allot/Allocate/Apportion/Assign

allot : बिना किसी सामान्य वितरण प्रणाली के किसीको किसी चीज़ का कोई हिस्सा देना; बाँटना, विभाजन करना।

allocate : किसी चीज़ का कोई हिस्सा विशिष्ट प्रयोजन के लिए नियत करना या अलग रखना; विनियतन करना।

apportion : अनुपात या योजना के अनुसार हिस्से लगाना और बाँटना; अनुभाजन करना।

assign : आधिकारिक रूप से निर्धारित या हस्तांतरित करना; समनुदेशित करना।

[Allotment बाँट, विभाजन; Allocation विनियतन; Apportionment अनुभाजन; Assignment सम्नुदेशन।]

Almost/Approximately/Nearly

almost : प्रायः; विशेषतः जब अंतर या दूरी ख़त्म न होने का भाव जतलाना हो।

approximately : क़रीब-क़रीब, विशेषतः जब अंतर या दूरी नगण्य रह गई हो।

nearly : लगभग; सीमा तक पहुँचता हुआ।

Alone/Lone/Lonely/Lonesome/Solitary

alone : जिसके आगे-पीछे, अगल-बगल या संग-साथ और कोई न हो; अकेला।

lone / lonely } जो अपने को अकेला महसूस करता हो और मैत्री के लिए इच्छुक हो; एकाकी।

lonesome : अकेले होने के कारण जो उदास हो।

solitary : जो दूर और एकांत में हो; एकांतवासी, निस्संग।

Also/Besides/Likewise/Moreover/Too

also : साथ ही।

besides : (i) इसके अतिरिक्त। (ii) छोड़कर।

likewise : उसी तरह।
moreover : इसके अतिरिक्त।
too : (i) भी, इसके अतिरिक्त। (ii) अत्यधिक।

Always/Ever/Evermore/Forever

always : सदा, हमेशा।
ever : (i) सदा। (ii) निरंतर।
evermore : सदा-सर्वदा।
forever : (i) सदा ही। (ii) सदा के लिए।

Ambitious/Aspiring/Emulous/Enterprising

ambitious : जो कोई महत्त्वपूर्ण पद, वस्तु आदि प्राप्त करने के लिए इच्छुक तथा प्रयत्नशील हो; आकांक्षी, महत्त्वाकांक्षी।
aspiring : सामान्यत: पहुँच से बाहर समझी जानेवाली वस्तु के लिए कामना तथा प्रयत्न करनेवाला; उच्चाकांक्षी।
emulous : दूसरों से आगे बढ़ने की स्पर्धापूर्ण इच्छावाला; यशाकांक्षी।
enterprising : जोख़िम के कामों के लिए सदा उद्यत रहनेवाला; जोख़िम उठानेवाला, साहसी।

Amiable/Affable/Good-natured/Cordial/Genial/Obliging

amiable : मिलनसार तथा सुशील।
affable : जिस तक पहुँच सहज में हो सकती हो; सहज प्राप्य।
good-natured : जिसके स्वभाव से सब संतुष्ट तथा प्रसन्न रहते हों; अच्छे स्वभाववाला।
cordial : हार्दिक तथा कृपापूर्ण; सुहृद।
genial : प्रसन्नचित्त तथा समाजशील।
obliging : स्वभावत: ख़ुशी-ख़ुशी दूसरों के काम में सहायक होनेवाला; उपकर्ता।

Amicable/Friendly

amicable : सौहार्द्रपूर्ण; विशेषत: सौजन्यता का सूचक।
friendly : मैत्रीपूर्ण; विशेषत: आत्मीयता का परिचायक।

Amuse/Beguile/Divert/Entertain

amuse : मन बहलानेवाली बात या काम में ध्यान लगाना; मन बहलाव करना, जी बहलाना।
beguile : ऊब, थकावट आदि दूर करने के लिए कोई विनोदपूर्ण क्रिया करना; गंभीर या चिंतनीय विषय से ध्यान हटाकर किसी खेल, विनोद आदि में प्रवृत्त होना; अपर्वतन करना।
entertain : किसी सुनियोजित कार्यक्रम द्वारा किसीका मनोविनोद करना; मनोरंजन करना।

Anger/Fury/Indignation/Ire/Rage/Resentment/Wrath

anger : असंतोष के कारण होनेवाला आवेशपूर्ण क्षोभ; ग़ुस्सा, क्रोध।
fury : ऐसा उग्र क्रोध जिससे लगता हो कि आदमी पागल हो जाएगा; क्रोधोन्मत्तता।
indignation : किसी अनुचित, हेय आदि बात पर होनेवाला (उचित) क्रोध।
ire : कार्य, नज़र, शब्दों आदि से टपकता हुआ क्रोध; आक्रोश।
rage : ऐसा क्रोध जिसमें व्यक्ति आत्मसंयम खो बैठा हो; क्रोधांधता।
resentment : अपमान, हानि, उपेक्षा आदि होने पर उत्पन्न होनेवाला क्रोध; रोष।

wrath : ऐसा क्रोध जिसमें कोई किसीको पीटने या उससे बदला लेने के लिए उतारू हो जाए; प्रतिधा।

Animate/Exhilarate/Invigorate/Quicken/Stimulate/Vitalize

animate : सजीव तथा क्रियाशील बनाना; कर्मठ बनाना।

exhilarate : आत्मबल से युक्त करना; अनुप्राणित करना, प्राणवंत बनाना।

invigorate : शारीरिक दृष्टि से सशक्त बनाना; सबल बनाना, पुष्ट करना, बल देना।

quicken : अक्रिय, निर्जीव आदि को सक्रिय या सजीव बनाना; जान डालना।

stimulate : क्रियाशील बनाना; बढ़ावा देना।

vitalize : (अशारीरिक वस्तुओं के संबंध में) जानदार तथा आकर्षक बनाना।

Annoy/Bother/Irk/Plague/Tease/Vex

annoy : धैर्य नष्ट होने पर मन का कुछ समय के लिए क्षुब्ध होमा।

bother : छोटी-मोटी या साधारण-सी बात के लिए चिंतित और क्षुब्ध होना।

irk : धैर्य छूट जाने पर झुँझला उठना।

plague : मानसिक दृष्टि से संतप्त होना।

tease : छेड़-छाड़ से चिढ़ना या चिढ़ाना।

vex : खीझना या खीझकर दूसरे को तंग करना।

Answer/Rejoin/Reply/Respond/Retort

Answer : औपचारिक रूप से पद के नाते अथवा परिस्थितियों के कारण किसीके पत्र, प्रश्न आदि के संबंध में कुछ कहना; उत्तर या जवाब देना।

rejoin : आपत्ति का उत्तर देना।

reply : संतोषार्थ पूरा-पूरा और सही-सही हाल लिखना या उत्तर देना।

respond : प्रतिक्रिया दिखाना।

retort : कड़ा और मुँहतोड़ उत्तर देना।

Appeal/Petition/Plead/Sue/Supplicate

appeal : किसी अधिकारी या न्यायाधीश से कोई गंभीर तथा अत्यावश्यक प्रार्थना करना।

petition : लिखित याचिका देना।

plead : पक्ष-निवेदन या पक्ष-समर्थन करना।

sue : औपचारिक रूप से प्रार्थना या निवेदन करना।

supplicate : नम्रतापूर्वक झुककर प्रार्थना करना।

Appearance/Aspect/Guise/Look/Semblance

appearance : बाहरी रूप या दिखाव-बनाव।

aspect : मुख्य विशेषताओं से युक्त रूप; पक्ष।

guise : ऐसा रूप जो छलपूर्ण या भ्रामक हो।

look : बाहरी, मुख्यत: भौतिक रूप-रंग।

semblance : ऐसा बाहरी रूप जो वास्तविक रूप से भिन्न हो; मिथ्या रूप।

Applicant/Aspirant/Candidate/Nominee

applicant : आवेदक।

aspirant : अभीप्सक।

candidate : प्रत्याशी, उम्मीदवार।

nominee : नामांकिती।

Appreciate/Cherish/Esteem/Prize/Treasure/Value

appreciate : सोच-विचारकर मूल्यांकन करना।

cherish : स्नेहपूर्वक महत्त्व आँकना।

esteem : आदरपूर्वक महत्त्व देना।

prize : अधिक महत्त्व देकर संतोष अनुभूत करना।

treasure : अधिक मूल्यवान समझकर रक्षा या देखभाल करना।

value : अत्यधिक महत्त्व देना या मूल्य आँकना।

Apprehension/Misgiving/Presentiment

apprehension : ऐसा भय जो मस्तिष्क पर छाया और चिंतित बनाए रखता हो; आशंका।

misgiving : अविश्वास के कारण होनेवाली आशंका, अंदेशा, संशय।

presentiment : भावी घटना का होनेवाला अनुमान; पूर्वाभास।

Approve/Certify/Endorse/Ratify/Sanction

approve : अच्छा और संतोषजनक समझकर स्वीकृति देना।

certify : आवश्यक गुणों से युक्त होने की हामी भरना; तस्दीक़ करना।

endorse : स्वीकार तथा समर्थन करना।

ratify : प्रतिनिधि के कार्य को आधिकारिक स्वीकृति देना।

sanction : अधिकारपूर्वक मंज़ूरी देना, अनुमोदन करना।

Argument/Controversy/Dispute

argument : ऐसा झगड़ा जिसमें अपना पक्ष समर्थन करने तथा दूसरे की बात काटने के उद्देश्य से तर्क प्रस्तुत किए जाते हों; बहस।

controversy : ऐसा झगड़ा जो किसी महत्त्वपूर्ण विषय से संबद्ध हो और दीर्घकाल तक चलता हो; प्रतिवाद।

dispute : ऐसा झगड़ा जिसमें क्रोधपूर्वक उत्तर-प्रत्युत्तर दिया जाता हो; विवाद।

Aristocrat/Well-born

aristocrat : उच्च तथा संपन्न कुल के गुण-दोषों, रुचियों-अरुचियों से युक्त; अभिजात।

well-born : उच्च तथा प्रतिष्ठित कुल में उत्पन्न; कुलीन।

Art/Artifice/Craft/Skill

art : किसी कार्य को भलीभाँति संपादित करने का ढंग या कौशल; कला।

artifice : ऐसा कौशल जो यांत्रिक-प्राय अर्थात् एकरस हो।

craft : कौशल; विशेषतः साधारण या सामान्य।

skill : ऐसा व्यावहारिक कौशल जो अभ्यास या प्रशिक्षण से प्राप्त किया गया हो; हुनर।

Artificial/Counterfeit/Ersatz/Spurious/Synthetic

artificial : जो मनुष्य-निर्मित किंतु किसी प्राकृतिक वस्तु की नक़ल-भर हो; कृत्रिम।

counterfeit : मूल के अनुकरण पर कौशल से बनाया हुआ; जाली।

ersatz : नक़ली; विशेषतः हलकी या ख़राब क़िस्म का।

spurious : जान-बूझकर तथा दूसरों को धोखा देने के उद्देश्य से मूल के अनुरूप बनाया

हुआ।

synthetic : जो मूल वस्तु का स्थानापन्न हो।

Ascribe/Assign/Attach/Attribute/Credit/Impute

ascribe : किसीमें ऐसे गुण का आरोप करना जो ऊपर से लक्षित न हो, पर जिसका अनुमान हो सकता हो।

assign : विशेष रूप से ठहराना या निश्चित करना।

attach : उपयुक्त समझकर लगाना।

attribute : इस प्रकार आरोपित करना कि कोई चीज़ निर्धारित हो जाए।

credit : विशेष रूप से मान्यता देना।

impute : गले मढ़ना; थोपना।

Ashamed/Chagrined/Humiliated/Mortified

ashamed : अपनी या अपने से संबंधित किसी व्यक्ति की भूल पर लज्जित होनेवाला।

chagrined : अपनी भूल पर लज्जित होने तथा पश्चात्ताप करनेवाला।

humiliated : नीचा देखने तथा मान मर्दित होने के कारण लज्जित तथा खिन्न होनेवाला।

mortified : स्वाभिमान नष्ट किए जाने पर लज्जित होनेवाला।

Ask/Catechize/Inquire/Interrogate/Quiz/Query/Question

ask : जानकारी प्राप्त करने के लिए पूछना।

catechize : धार्मिक या आध्यात्मिक तथ्यों के संबंध में जिज्ञासा प्रकट करना।

inquire : पता लगाना; विशेषतः ग़लत प्रतीत होती हुई बात के बारे में पूछना।

interrogate : अधिकारपूर्वक पूछताछ करना।

Quiz : गंभीरतापूर्वक या व्यवस्थित ढंग से पूछताछ करना।

query : संशय होने पर प्रश्न करना।

question : कई प्रश्न एक साथ या एक-पर-एक करना, विशेषतः परीक्षण के निमित्त।

Associate/Accomplice/Ally/Colleague/Companion/Comrade/Confederate

associate : ऐसा साथी जिसके साथ प्रायः मिल-जुलकर काम किया जाए।

accomplice : ऐसा साथी जो अपराध-कार्य में साथ देता हो; सहअपराधी।

ally : ऐसी सरकार जो अभियान, युद्ध आदि में दूसरी सरकार का साथ देती हो; संश्रित शक्ति।

colleague : ऐसा साथी जो साथ-साथ और एक ही जगह काम करता हो।

comrade : घनिष्ट, विशेषतः सुख-दुःख का साथी।

confederate : किसी अवैध प्रयोजन में किसीका साथ देनेवाला।

Assume/Affect/Feign/Pretend/Simulate

assume : ऐसा स्वाँग भरना जो दूसरों के लिए हानिकारक न हो।

affect : अनुभवी होने का दिखावा या बहाना करना।

feign : कलापूर्ण और आकर्षक स्वाँग भरना।

pretend : झूठा या मिथ्या रूप धारण करना।

simulate : किसी दूसरे का रूप धारण करना।

Assume/Premise/Presume/Presuppose/Postulate

assume : मान लेना, विशेषत: कल्पना करना या धारणा बनाना।

premise : आधार रूप में कोई बात मान लेना।

presume : सत्य समझकर मान लेना।

presuppose : अतर्कसंगत या अनभीष्ट बात की कल्पना कर लेना।

postulate : मान लेना, विशेषत: किसी प्रमाणहीन तथ्य को मान लेना।

Atheist/Agnostic/Deist/Freethinker/Infidel/Unbeliever

atheist : ईश्वर तथा धार्मिक विश्वासों में विश्वास न करनेवाला; नास्तिक।

agnostic : भौतिक प्रमाणों के अभाव में ईश्वर या उसकी लीला को अमान्य ठहरानेवाला; अज्ञेयवादी।

deist : ईश्वर को शक्ति के रूप में माननेवाला, परंतु उसे दैवीय सत्ता के रूप में स्वीकार न करनेवाला।

freethinker : वह जो धार्मिक परंपराओं, पद्धतियों को अतर्कसंगत होने के कारण न मानता हो; बुद्धिवादी।

infidel : किसी विशिष्ट धर्म में विश्वास न रखनेवाला।

unbeliever : धार्मिक मतों में विश्वास न रखनेवाला।

Attached/Annexed

attached : संलग्न, साथ लगा हुआ।

annexed : अनुबद्ध, साथ में गुँथा या बँधा हुआ।

Attack/Assail/Assault/Beset/Bombard/Storm

attack : विजय की प्राप्ति के उद्देश्य से किसीपर प्रहार करना; आक्रमण करना।

Assail : बार-बार आघात या प्रहार करना।

assault : ज़ोरदार या बर्बरतापूर्ण प्रहार या आक्रमण करना; टूट पड़ना।

beset : चारों तरफ़ से आक्रमण करना या घेर लेना।

bombard : बमबारी करना।

storm : तूफ़ान की तरह आगे बढ़ते तथा आक्रमण करते हुए तहस-नहस करना; धावा बोलना।

Attract/Allure/Captivate/Charm/Enchant/Fascinate

attract : रूप, गुण आदि से आकृष्ट करना; आकृष्ट करना।

allure : प्रलोभन दिखाकर आकृष्ट करना; लुब्ध करना।

captivate : कुछ समय के लिए किसीका ध्यान बलात् अपनी ओर खींच लेना।

charm : अपने किसी रमणीय गुण से मुग्ध तथा अभिभूत कर लेना।

enchant : अपनी मायावी शक्ति से दूसरे में श्रद्धापूर्ण भाव जगाकर अपनी ओर खींच लेना।

fascinate : इस प्रकार अभिभूत करना कि कोई आपसे-आप खिंचा चला आए; सम्मोहन करना।

Authentic/Bonafide/Genuine/Veritable

authentic : वास्तविकता तथा तथ्यों आदि के विचार से विश्वस्त; प्रामाणिक।

bonafide : विश्वास के विचार से प्रामाणिक; सदाशयी।

genuine : जो वस्तुतः मौलिक हो तथा जिसमें मेल या खोट न हो; विशुद्ध।

veritable : सत्य तथा विश्वासपूर्ण।

Authorize/Accredit/Commission/License

authorize : किसीको कोई काम अपनी बुद्धि से करने का क़ानूनी अधिकार देना; प्राधिकार देना।

accredit : किसीको प्रमाण, प्रत्यय-पत्र आदि देकर प्रतिनिधि के रूप में कहीं भेजना।

commission : आवश्यक निर्देशों के अनुसार काम करने का अधिकार देना।

license : औपचारिक रूप से कोई काम करने की क़ानूनी अनुमति देना।

Avenge/Revenge

avenge : द्वेष या शत्रुता से रहित होकर अथवा न्याय-भाव से अपकार करनेवाले से बदला लेना; प्रतिकार करना।

revenge : शत्रुता या द्वेष-भाव से अपने प्रति अपकार करनेवाले को दंडित करना; बदला चुकाना, प्रतिशोध लेना।

Average/Mean/Median/Norm

average : वह भागफल जो कई संख्याओं के जोड़ की संख्यक इकाइयों से भाग देने पर प्राप्त होता है; औसत।

mean : दो छोरों के ठीक बीच की स्थिति; मध्यमान।

median : एक क्रम से लिखी हुई संख्याओं के बीचवाली संख्या; माध्यिका।

norm : वह जो मान्य स्तर के अनुरूप हो; सामान्य, प्रसम।

Aversion/Antipathy

aversion : ऐसी अरुचि जो भेंट या संबंध न होने देती हो; विरुचि।

antipathy : ऐसी अरुचि जो घृणा या द्वेष उत्पन्न करती हो; द्वेष-भाव।

Aware/Conscious/Cognizant/Sensible

aware : सतर्क रहने के फलस्वरूप जिसे जानकारी प्राप्त हुई हो; सचेत।

conscious : जो तथ्यों, परिस्थितियों आदि से भिज्ञ हो; सचेत।

cognizant : जिसने निरीक्षण या सूचनाओं से आवश्यक जानकारी पाई हो।

sensible : जो ऐसी बातों से भिज्ञ हो जो व्यक्त या स्पष्ट न की गई हों।

Awe/Dread/Reverence/Veneration

awe : कुछ-कुछ आश्चर्य तथा भय-मिश्रित आदरपूर्ण भावना।

dread : आतंक से परिपूर्ण आदरपूर्ण भावना।

reverence : पवित्र तथा पूज्य बुद्धि से किसीके प्रति होनेवाला आदर भाव; श्रद्धा।

veneration : धार्मिक विश्वासजन्य श्रद्धापूर्ण भावना।

Awkward/Clumsy/Inept/Maladroit

awkward : भद्दा; विशेषतः अनुपयुक्त और असुविधाजनक।

clumsy : भोंडा; विशेषतः भारी और कष्टसाध्य।

inept : भद्दा; विशेषतः अप्रासंगिक तथा अनुपयुक्त।

maladroit : भद्दा; विशेषतः फूहड़। □

B

Bad/Evil/Ill/Naughty/Wicked

bad : जो अच्छा, शुद्ध, शुभ या संतोषजनक न हो; बुरा, ख़राब।

evil : बुरा; विशेषत: अपकारी और दुर्भावनापूर्ण।

ill : बुरा; विशेषत: अनौचित्यपूर्ण या अनैतिक।

naughty : शरारत भरा अथवा अविनयपूर्ण; नटखट, शरीर।

wicked : दुष्ट या दुष्टतापूर्ण।

Bait/Badger/Hector/Hound/Torment/Ride

bait : लगती-चुभती बातें कहकर किसीको सताना या जलाना।

badger : बिज्जू की तरह किसीके पीछे पड़े रहना और उसे सताते रहना।

hector : किसीको झुकाने या दबाने के उद्देश्य से उसके पीछे पड़ना।

torment : असह्य कष्ट देना।

ride : आलोचना या कटाक्ष-व्यंग्य द्वारा किसीको परेशान करना।

Banish/Deport/Exile/Expatriate/Transport/Ostracize

banish : देशवासी या विदेशी को देश से बाहर निकालना; देश-निकाला देना।

deport : किसी दूसरे देश के नागरिक को अपने देश से निकाल बाहर करना; निर्वासित करना।

exile : राजकीय, सामाजिक या निजी कारणों से विवश होकर अपना देश छोड़कर बाहर चले जाना।

expatriate : नागरिक अधिकारों से वंचित कर देश से बाहर निकालना; निष्कासित करना।

transport : अपराधी को सज़ा भुगतने के लिए समुद्र पार के या दूर के स्थान में भेजना; काले पानी की सज़ा देना।

ostracize : जाति से बहिष्कृत करना; टाट बाहर करना।

Barbarian/Barbaric/Barbarous/Savage/Wild

barbarian : सभ्यता के आरंभिक युग से संबद्ध; असभ्य।

barbaric : पुरानी सभ्यता से संबद्ध, विशेषत: (संयमहीनता का सूचक) बर्बर।

barbarous : जिसमें पुरानी सभ्यता के लोगों जैसी क्रूरता हो; नृशंस।

savage : जो उग्रता और क्रूरता की दृष्टि से असह्य तथा भयानक हो; वहशी।

wild : जंगली।

Bare/Naked/Nude

bare : उपयुक्त या रस्मी आवरण से रहित; नंगा, नग्न।

naked : जिसने किसी अंग-विशेष या शरीर से वस्त्र आदि हटा दिया हो; नंगा, नग्न, दिगंबर।

nude : नग्न (कलाक्षेत्र में प्रयुक्त)।

Base/Abject/Degrading/Ignoble/Low/Mean/Sordid/Vile

base : अधम; विशेषतः स्वार्थपरता से युक्त।

abject : आत्मसम्मान की भावना से रहित और गिरा हुआ; टुच्चा।

degrading : चारित्रिक दृष्टि से नीचे गिरानेवाला; अधःपतनकारक।

ignoble : नैतिक या बौद्धिक गुणों से हीन; हेय।

low : गिरा हुआ तथा कुत्सित विचारोंवाला; तुच्छ, अधम।

mean : घृणित तथा तुच्छतापूर्ण आचरण के कारण हेय; कमीना।

sordid : गंदा और घृणित; जघन्य।

vile : दुर्दशाग्रस्त तथा सम्मानहीन; ज़लील।

Base/Basis/Foundation/Ground

base : ऐसा आधार जिसपर कोई ढाँचा खड़ा हो।

basis : आधार; विशेषतः मूर्त चीज़ों के लिए प्रयुक्त।

foundation : नींव; विशेषतः स्थायी तथा दृढ़ आधार।

ground : ऐसा आरंभिक कार्य जिसे आधार मानकर आगे काम किया जाए; ज़मीन।

Battle/Campaign/Combat/Encounter/Engagement/Skirmish

battle : विपक्षी सैनिकों में किसी विशेष क्षेत्र में होनेवाली लड़ाई; युद्ध।

campaign : अभियान; विशेषतः ऐसा सैनिक अभियान जिसमें कई-एक छोटी-मोटी लड़ाइयाँ लड़ी जाएँ।

combat : ऐसी लड़ाई जिसमें अस्त्र-शस्त्र प्रयुक्त हों।

encounter : विपक्षी सैनिकों के अचानक आमने-सामने होने पर होनेवाली मुठभेड़; सामना।

engagement : मुठभेड़; कुछ समय के लिए चलती रहनेवाली लड़ाई।

skirmish : सैनिक टुकड़ियों में होनेवाली हलकी मुठभेड़।

Bear/Endure/Stand/Suffer/Tolerate

bear : दुःख, कष्ट आदि सहना; बरदाश्त करना।

endure : हिम्मत बाँधे रखना तथा धैर्यपूर्वक सहते चलना; सहना।

stand : सफलतापूर्वक सहन या बरदाश्त कर लेना या कर जाना; झेलना।

suffer : चुपचाप सहन करना।

tolerate : बिना किसी प्रकार का विरोध प्रकट किए घोर कष्ट सहना।

Bearing/Carriage/Demeanour/Deportment/Manner

bearing : ऐसा बरताव या व्यवहार जिससे व्यक्ति के सौजन्य तथा शिष्टाचार का परिचय मिलता हो; अख़लाक़।

carriage : वे क्रियाएँ या चेष्टाएँ जो दूसरों से बरताव करते समय और विशेषतः खड़े-खड़े या चलते-फिरते की जाती हैं।

demeanour : दूसरों की उपस्थिति में किसीसे किया जानेवाला व्यवहार; सलूक।

deportment : ऐसा आचरण जो शिक्षा आदि से प्रभावित हो।

manner : वे चेष्टाएँ जो दूसरों से बरताव करते समय स्वभावत: की जाती हैं; ढंग।

Beat/Flog/Maul/Pommel/Pound/Thrash/Whip

beat : हाथ से या किसी चीज़ से मारना; पीटना।

flog : कोड़े लगाना; कशाघात करना।

maul : किसी भारी चीज़ से पीटना; ठोंकना।

pommel : हथियार की मूँठ से मारना; ठोंकना।

pound : किसी चीज़ से, विशेषत: ज़ोर से मारना-पीटना।

thrash : छड़ी से पीटना।

whip : चाबुक मारना।

Beautiful/Beauteous/Comely/Fair/Good-looking/Handsome/Pretty

beautiful : (निजी) सौंदर्यमान के अनुरूप तथा देखने-सुनने में सुखद; सुंदर।

beauteous : सौंदर्य में बढ़ा-चढ़ा; सुष्ठु।

comely : जिसकी सूरत-शक्ल तथा लक्षण कुछ आकर्षक हों; मनोरम।

fair : (1) गौरवर्ण, (2) संतोषजनक; भला।

good-looking : प्रियदर्शी।

handsome : जिसके अवयवों में सामंजस्यपूर्ण अनुपात तथा निखार हो (पुरुषों के लिए प्रयुक्त)।

pretty : जिसमें कोमलतापूर्ण सौंदर्य हो (स्त्रियों के लिए प्रयुक्त)।

Beg/Beseech/Entreat/Implore/Importune/Solicit

Beg : नम्रतापूर्वक माँगना।

beseech : उत्साहपूर्वक या कुछ-कुछ चिंतित भाव से माँगना।

entreat : चिरौरी करना, मिन्नत करना।

implore : बहुत अधिक चिंतित होकर माँगना।

importune : हठपूर्वक माँगना।

solicit : शिष्टाचारपूर्वक या शिष्टतापूर्वक माँगना।

Begin/Commence/Inaugurate/Initiate/Start

begin : क्रिया या व्यापार आरंभ या शुरू करना।

commence : औपचारिक रूप से कोई क्रिया या कार्रवाई शुरू करना; प्रारंभ करना।

inaugurate : विशेष रूप से आयोजित किसी समारोह में किसी नए काम का औपचारिक रूप से प्रारंभ करना; शुभारंभ करना; उद्घाटन करना।

initiate : किसी महत्त्वपूर्ण कार्य के पहले चरण का कार्य आरंभ करना; पहल करना।

start : किसी कार्य को शुरू करना और आगे बढ़ाना; सूत्रपात करना।

Behave/Acquit/Comport/Conduct/Demean/Deport

behave : मर्यादा के अनुकूल आचरण करना; व्यवहार करना।

acquit : अपने पद या उत्तरदायित्व के अनुकूल आचरण करना; कर्तव्य निभाना।

comport : निर्दिष्ट ढंग से आचरण करना।

conduct : आचरण करना; विशेषत: निर्देशित या संचालित करना।

demean : व्यक्तित्व के अनुरूप आचरण करना।

deport : समाज की परंपरा के अनुकूल आचरण करना।

Belief/Confidence/Faith/Reliance/Trust

belief : यह धारणा कि अमुक बात सच है; विश्वास।

confidence : ऐसा विश्वस जो तर्क पर आधारित हो; प्रत्यय, यक़ीन।

faith : ऐसा पूर्ण विश्वास जो प्रय: तर्क पर आधारित नहीं होता; निष्ठा।

reliance : किसीके कुछ कर सकने या समर्थ हो सकने के संबंध में होनेवाला विश्वास; भरोसा।

trust : ऐसा विश्वास जो अंतरप्रेरणीय हो और जिसके फलस्वरूप दूसरे की बात सही मान ली जाती हो; न्यास।

Between/Among

between : (प्राय: दो) के बीच।

among : (सदा दो से अधिक) के बीच।

Blossomed/Buded/Flowered

blossomed : मंजरित।

buded : अर्ध पुष्पित, मुकुलित।

flowered : पुष्पित।

Boast/Brag/Crow/Swagger

boast : आत्मस्तुति से भरी उक्ति; डींग।

brag : आत्मस्तुति से भरी अतिशयोक्तिपूर्ण उक्ति; आत्मश्लाघा।

crow : किलकारी भरते हुए हाँकी जानेवाली डींग।

swagger : प्रगल्भतापूर्वक दूसरों पर व्यक्त की जानेवाली अपनी श्रेष्ठता; हेकड़ी।

Bodily/Corporeal/Physical

bodily : शरीर से संबद्ध; शारीरिक।

corporeal : शरीर के मांसल ढाँचे से संबद्ध; शारीरिक।

physical : शारीरिक; विशेषत: शरीर-शास्त्र की दृष्टि से।

Body/Carcass/Corpse

body : जीवित या मृत प्राणी का मांसल ढाँचा; काया, शरीर।

carcass : मृत पशु का शरीर; लाश।

corpse : मृत व्यक्ति का शरीर; शव।

Bombastic/Euphuistic/Flowery/Turgid

bombastic : बड़े-बड़े शब्दों से युक्त।

euphuistic : कृत्रिम शैलीवाला।

flowery : अलंकृत तथा लच्छेदार।

turgid : पांडित्यपूर्ण तथा क्लिष्ट, पंडिताऊ।

Border/Brim/Brink/Edge/Margin/Rim

border : सीमा या किनारे से लगा हुआ हिस्सा; सीमांत, किनारा, बॉर्डर।

brim : किसी गोल चीज़ का भीतरी किनारा।

brink : ढालू भूमि का किनारा।

edge : तेज़ या तीखा किनारा।

margin : ऐसा किनारा जो शेष हिस्से से स्पष्ट रूप से अलग हो; हाशिया।

rim : किसी गोल या तिरछी चीज़ का किनारा; रिम।

Boundary/Ambit/Circumference/Periphery

boundary : चौहद्दी।

ambit : घेरा।

circumference : परिधि।

periphery : परिरेखा (वृत्ताकार चौहद्दी)।

Brave/Audacious/Bold/Chivalrous/Courageous/Gallant/Intrepid/Plucky/Valiant

brave : निडर होकर ख़तरे का सामना करनेवाला; बहादुर।

audacious : जिसमें ख़तरे से भिड़ने की उतावली हो; पराक्रमी।

bold : बिना हिचक और असमंजस के काम करनेवाला; दिलेर।

chivalrous : जो बिना किसी स्वार्थ के किसी कमज़ोर या ग़रीब का पक्ष ग्रहण करता हो और किसी शक्तिसंपन्न का मुक़ाबला करता हो।

courageous : साहस तथा प्रसन्नतापूर्वक ख़तरे का मुक़ाबला करनेवाला; साहसी।

gallant : जो उत्साहपूर्वक अपनी वीरता का प्रदर्शन करता हो; वीर।

intrepid : वीरतापूर्वक अज्ञात या नए-नए ख़तरों का सामना करनेवाला; शूर।

plucky : असुविधाजनक स्थिति में पड़ने के कारण छिपकर वार करनेवाला।

valiant : जवाँमर्द, योद्धा।

Break/Crack/Crash/Crush/Fracture/Shatter/Smash

break : आघात, दबाव आदि से टुकड़े-टुकड़े होना; टूटना।

crack : दरार से युक्त होना; चटकना।

crash : सहसा आघात लगने से नष्ट-भ्रष्ट हो जाना; ध्वस्त होना।

crush : चूर-चूर होना।

fracture : किसी कड़े पदार्थ, विशेषतः हड्डी का टूटना; अस्थि-भंग होना।

shatter : टूटकर तथा टुकड़े-टुकड़े होकर बिखर जाना।

smash : घोर शब्द करते हुए चूर-चूर या ध्वस्त होना।

Bribe/Hush money

bribe : वह धन जो अवैध कार्य करने के लिए किसीको दिया जाए; रिश्वत।

hush money : वह धन जो इस उद्देश्य से किसीको दिया जाता है कि वह कोई वास्तविक तथ्य या बात औरों पर प्रकट न करे; मुँह-भराई।

Brief/Short

brief : जो विस्तृत न हो बल्कि संक्षिप्त और ठोस हो।

short : छोटा या संक्षिप्त, विशेषतः अपूर्ण या कटा हुआ।

Bright/Brilliant/Luminous/Lustrous/Radiant/Shining

bright : जिसमें से प्रकाश निकल रहा या परावर्तित हो रहा हो; चमकदार, चमकीला।

brilliant : तेज़ प्रकाशवाला; चमचमाता हुआ।

luminous : जगमगाता या जगमग करता हुआ; ज्योतिर्मय; दीप्त।

lustrous : जिसका चिकना तल प्रकाश में भड़कीला दिखाई पड़ रहा हो; प्रदीप्त।

radiant : जिसमें से प्रकाश की किरणें निकल रही हों; विकिरणक।

shining : जिसमें से निरंतर या स्थायी रूप से प्रकाश निकलता हो; प्रकाशमान; तेजोमय।

Broad/Wide

broad : पूर्ण विस्तार के विचार से चौड़ा; व्यापक।

wide : दो छोरों या सीमाओं के बीच के क्षेत्र के विचार से चौड़ा; विस्तृत।

Building/Edifice/Structure/Pile

building : मकान, कारख़ाने, स्कूल आदि के रूप में बनी हुई इमारत; भवन।

edifice : शाही इमारत; राजभवन।

structure : ठाट-बाटवाली विशाल इमारत; कोठी।

pile : बहुत बड़ी इमारत या इमारतों का समूह।

Busy/Assiduous/Diligent/Industrious/Sedulous

busy : काम में लगा हुआ; व्यस्त या कार्यरत।

assiduous : ऐसे काम में लगा हुआ जिसमें कठोर परिश्रम करना पड़ रहा हो; श्रमशील।

diligent : अपने काम में दत्तचित्त होकर लगने तथा उसमें रस लेनेवाला; अध्यवसायी।

industrious : परिश्रमपूर्वक कोई कार्य या हर कार्य करने की प्रवृत्तिवाला; परिश्रमी।

sedulous : निरंतर काम में लगा रहनेवाला; उद्योगी।

□

C

Calculate/Compute/Estimate/Reckon

calculate : उच्च गणितीय प्रक्रियाओं से मान, मात्रा आदि का पता लगाना; परिकलन करना।

compute : सामान्य गणितीय प्रक्रियाओं से निश्चित फल निकालना; अभिकलन करना।

estimate : विचार, तर्क आदि से क़रीब-क़रीब ठीक मान, मात्रा आदि आँकना; प्राक्कलन करना।

reckon : (ज़बानी) गिनती करना; अनुगणन करना।

[Calculation परिकलन; Computation अभिकलन; Estimation अनुमान, प्राक्कलन; Reckoning अनुगणन।]

Call/Convene/Convoke/Invite/Summon

call : किसीसे किसी स्थान पर आने के लिए कहना; बुलाना।

convene : किसी दल, समाज, समिति आदि के सदस्यों को विचार-विमर्श करने के लिए बुलाना; संयोजन करना।

convoke : आधिकारिक रूप से बुलाना।

invite : नम्रतापूर्वक या सादर किसीको अतिथि या सहयोगी के रूप में बुलाना; निमंत्रित करना।

summon : विधिक क्षेत्र में आधिकारिक तथा औपचारिक रूप से बुलाना; सम्मन भेजना।

Calm/Peaceful/Placid/Serene/Tranquil

calm : जिसमें किसी प्रकार की अशांति या क्षोभ न हो; शांत।

peaceful : अव्यवस्था से रहित; शांतिपूर्ण।

placid : स्वभाव से शांत रहने तथा आवेश या उमंग में न आनेवाला; शांतात्मा।

serene : शांत तथा प्रसन्न रहनेवाला।

tranquil : स्थायी शांति से युक्त; प्रशांत

Can/May

can : कर सकना; विशेषत: शारीरिक या मानसिक शक्ति के द्वारा।

may : कर सकना; संभवतया अथवा अनुमति मिलने पर।

Caprice/Crotchet/Vagary/Whim

caprice : मन में सहसा उठनेवाली तरंग; मौज।

crotchet : ऐसी तरंग जिसमें किसी नगण्य बात के लिए बहुत बड़ा परिवर्तन चाहा जाए; सनक।

vagary : ऐसी तरंग जिसके कारण काफ़ी ख़र्च करना पड़े; झक।

whim : ऐसी तरंग जो निकम्मी और विचित्र हो; ख़ब्त।

Care/Anxiety/Concern/Solicitude/Worry

care : आशंका होने पर किसीकी सुरक्षा-भावना के संबंध में होनेवाली सोच; ध्यान, फ़िक्र।

anxiety : ऐसी सोच जिसमें भय आदि से मस्तिष्क क्षुब्ध हो रहा हो; चिंता।

concern : किसीकी रक्षा के निमित्त मन में होनेवाली बेचैनी; उद्विग्नता।

solicitude : किसीके सुख-सुभीते का रखा जानेवाला ध्यान; ख़याल, ध्यान।

worry : ऐसी चिंता जिसमें घोर मानसिक कष्ट हो; दुश्चिंता।

Careful/Cautious/Circumspect/Discreet/Meticulous/Prudent/Scrupulous/Wary

careful : जो बड़े ध्यान से कोई काम करता हो; सावधान।

cautious : जो भावी ख़तरे से बचने-बचाने के लिए सतर्क हो; चौकस।

circumspect : हर प्रकार की परिस्थितियों में सावधान रहनेवाला; चौकन्ना।

discreet : बुद्धिमान, विवेकशील।

meticulous : ब्योरे की हर बात के प्रति सचेत रहनेवाला; अत्यधिक सतर्क।

prudent : व्यावहारिक दृष्टि से सावधान; सयाना।

scrupulous : हर बात की शुद्धता, सत्यता आदि का पूरा ध्यान रखनेवाला; अतिसावधान।

wary : जो सशंकित होने के कारण सावधान हो; सजग।

Caress/Cuddle/Dandle/Fondle/Neck/Pet

caress : गले लगा, थपथपा, चूमते या हाथ फेरते हुए प्यार प्रदर्शित करना।

cuddle : (छोटे बच्चों को) गोद में लेकर प्यार करना।

dandle : (छोटे बच्चों को) उछालते हुए प्यार प्रदर्शित करना।

fondle : गोद में या छाती से लगाकर चूमते हुए प्यार प्रदर्शित करना।

neck : (नवदंपती के संबंध में) गले लगाकर प्रेम प्रदर्शित करना।

pet : इस प्रकार दुलार करना कि कोई प्रेम-भाजन बन जाए।

Caricature/Burlesque/Lampoon/Parody/Satire

caricature : ऐसा चित्र जो अतिशयोक्तिपूर्ण तथा हास्यास्पद हो; व्यंग्य-चित्र।

burlesque : साधारण विषय को गंभीर या गंभीर विषय को साधारण मानकर किया जानेवाला उसका हास्यास्पद तथा अपमानपूर्ण चित्रण या अंकन; व्यंग्य-चित्र।

lampoon : ऐसी साहित्यिक रचना जिसमें किसीकी भूलों-दोषों आदि का ख़ूब मज़ाक़ उड़ाया गया हो; निंदा-लेख।

parody : किसी शैली की की जानेवाली व्यंग्यपूर्ण काव्यानुकृति; पैरोडी।

satire : ऐसी रचना जिसमें ज़िंदगी की भूलों का मज़ाक़ उड़ाया गया हो; व्यंग्य-लेख, व्यंग्य-काव्य।

Carry/Bear/Convey/Transmit/Transport

carry : उठा या लादकर अथवा किसी साधन द्वारा कोई चीज़ एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना।

bear : किसी महत्त्वपूर्ण या भारी वस्तु को ले जाना।

convey : किसी साधन द्वारा ले जाना या पहुँचाना।

transmit : किसी निमित्त-मात्र कारण द्वारा भेजना; संप्रेषण करना।

transport : किसी दूर के स्थान पर व्यक्तियों या वस्तुओं को ले ज़ाना; परिवहन करना।

Catch/Capture/Nab

catch : पकड़ना; विशेषतः होशियारी से या पीछा करके पकड़ना।

capture : बलात् पकड़ना; गिरफ़्तार करना।

nab : सहसा हिरासत में ले लेना।

Cause/Antecedent/Determinant/Motive/Reason

cause : ऐसी घटना, बात या व्यक्ति जिसने कोई परिणाम उत्पन्न किया हो; कारण।

antecedent : ऐसी पूर्ववर्ती कोई घटना जो बादवाली घटना का कारण बनी हो।

determinant : किसी परिणाम का प्रबल या निर्णायक कारण।

motive : किसी कार्य को करनेवाली कारण-रूप इच्छा।

reason : तर्कपूर्ण कारण; हेतु।

Celebrate/Commemorate/Keep/Observe/Solemnize

celebrate : किसी अवसर या घटना की ख़ुशी में उत्सव या समारोह करना; मनाना।

commemorate : किसी व्यक्ति या घटना की स्मृति में कोई समारोह करना।

keep : औपचारिक रूप से कोई उत्सव करना।

observe : आदरपूर्वक तथा यथोचित ढंग से कोई उत्सव मनाना।

solemnize : धार्मिक दृष्टि से किसी अवसर पर अनुष्ठान करना।

Ceremony/Formality/Rite/Ritual

ceremony : ऐसा कृत्य जो प्रायः किसी अवसर विशेष पर औपचारिक रूप से किया जाता हो; समारोह, संस्कार।

formality : समाज में प्रचलित कोई परंपरागत किंतु निरर्थक कृत्य; चलन, औपचारिकता।

rite : धर्म-कर्म, कर्मकांड।

ritual : वे कृत्य जो सामूहिक रूप से तथा धार्मिक दृष्टिकोण से किए जाते हैं।

Certainty/Assurance/Certitude/Conviction

certainty : किसीका सत्य आदि में होनेवाला विश्वास; निश्चय।

assurance : ऐसा विश्वासपूर्ण निश्चय या आश्वासन कि अमुक व्यक्ति अमुक प्रकार का काम करेगा या नहीं करेगा।

certitude : दृढ़ निश्चय।

conviction : ऐसा निश्चय जो संशय दूर हो जाने पर हुआ हो; आत्म-प्रत्यय।

Change/Alter/Convert/Modify/Transform/Vary

change : बड़ा परिवर्तन करना, विशेषतः स्थानापन्न द्वारा; बदल देना, परिवर्तन करना।

alter : किसी चीज़ में इस प्रकार आंशिक परिवर्तन करना जिससे उसका मूल स्वरूप न बदले; आपरिवर्तन करना।

convert : किसी अन्य उपयोग के लिए बदलना; प्रतिरूपांतरण या फेर-बदल करना।

modify : छोटा-मोटा परिवर्तन करना।

transform : रूप बदलना; रूपांतरण करना।

vary : बीच में या मनमाने ढंग से बदलना; स्वरूप बदलना।

Characteristic/Distinctive/Individual

characteristic : जो किसी विशिष्ट गुण या लक्षण का स्पष्ट रूप से सूचक या परिचायक हो; भेदक, चारित्रिक।

distinctive : जो किसी बात की ओर विशेष रूप से संकेत करता और उसका अधिक महत्त्व सिद्ध करता हो; विशेषक, प्रभेदक।

individual : किसी ऐसे गुण या तत्त्व का धारक जिसके फलस्वरूप वह अपने वर्ग के अन्य सदस्यों से अलग दिखाई पड़ता हो; वैयक्तिक।

Chaste/Decent/Modest/Pure/Virtuous

chaste : (नैतिक दृष्टि से) सदाचारी; विशेषतः जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के अतिरिक्त किसी और से यौन संबंध स्थापित न किया हो।

decent : सभ्य, सलज्ज तथा सदाचारी; शालीन।

modest : शीलवान और संकोची; सुशील।

pure : जिसका कौमार्य प्रायः अबोधता के कारण खंडित न हुआ हो; अक्षतयोनि।

virtuous : अक्षतयोनि या पतिव्रता; साध्वी।

Cheap/Inexpensive

cheap : जिसकी क़ीमत या लागत कम हो तथा जो घटिया दर्जे का हो; सस्ता।

inexpensive : उपयोगिता या महत्त्व के विचार से जिसकी क़ीमत कम हो; अल्पमूल्य।

Cheat/Defraud/Dupe/Hoax/Swindle/Trick

cheat : बेईमानी या धोखा देकर दूसरों को ठगना।

defraud : धोखे से या जाल रचकर दूसरे की संपत्ति, अधिकार आदि का नाजायज़ फ़ायदा उठाना।

dupe : किसी भोले-भाले व्यक्ति को उल्लू बनाकर उसका धन ऐंठना।

hoax : मज़ाक़-मज़ाक़ में किसीका धन ऐंठ लेना।

swindle : किसीमें विश्वास उपजाकर उसका धन ऐंठना।

trick : चालाकी से दूसरे की चीज़ या धन ले लेना।

Chief/Foremost/Leading/Main/Prime/Principal

chief : पद, महत्त्व आदि के विचार से सबसे बढ़कर; मुख्य।

foremost : जो सबसे आगे बढ़ गया हो और इसलिए जिसने सबसे अधिक महत्त्व प्राप्त कर लिया हो; सर्वप्रथम।

leading : जिसमें आगे ले चलने, चलाने या बढ़ाने की क्षमता हो; प्रमुख।

main : अन्य अंगों, अवयवों आदि की तुलना में अधिक महत्त्वपूर्ण; प्रमुख।

prime : समय, शक्ति, पद, महत्त्व आदि के विचार से प्रथम; प्रधान।

principal : तर्क या न्याय के विचार से औरों से बढ़कर तथा अन्यों पर नियंत्रण रखनेवाला; प्रधान।

Childlike/Childish

childlike : बालोचित; विशेषतः बच्चों के अच्छे गुणों का सूचक, बालसुलभ।

childish : बचकाना; विशेषतः उनके अवगुणों का सूचक।

Choice/Alternative/Election/Option/Preference/Selection

choice : अपने विवेक से पसंद करने या चुनने की क्रिया या भाव; चयन।

alternative : दो चीज़ों या संभावनाओं में से किसी एक को चुनने की क्रिया; विकल्प।

election : आधिकारिक किंतु औपचारिक चुनाव; निर्वाचन।

option : चुनने की पूर्ण स्वतंत्रता।

preference : प्रवृत्ति या शौक़ से किसीको अधिक महत्त्व देने तथा पसंद करने की क्रिया या भाव; वरीयता, तरज़ीह।

selection : बहुत सी चीज़ों में से सावधानी से छाँट-चुनकर किया जानेवाला चुनाव; वरण।

Choose/Elect/Pick/Prefer/Select

choose : प्रस्तुत में से विवेकपूर्वक चुनना।

elect : आधिकारिक किंतु औपचारिक रूप से चुनना; निर्वाचित करना।

pick : अधिक मात्रा में उपलब्ध वस्तुओं में से विचारपूर्वक या यों ही कोई चीज़ उठा या चुन लेना।

prefer : अपनी प्रवृत्ति या शौक़ के अनुसार पसंद करना; वरीयता देना।

select : गुण, योग्यता आदि के आधार पर चयन या वरण करना।

Civil/Courteous/Polite

civil : सभ्य तथा विनयशील; नागर।

courteous : जिसमें सौजन्य तथा शिष्टता हो; भद्र, संभ्रांत।

polite : सामाजिक व्यवहार की दृष्टि से नम्र; विनम्र, विनीत।

Clever/Cunning/Ingenious/Shrewd

clever : तेज़ बुद्धिवाला तथा कार्यकुशल; चतुर, चालाक।

cunning : जे समझ-बूझकर कुटिलतापूर्ण चाल चलता हो; धूर्त्त।

ingenious : जो नई बात या ढंग खोज निकालने में कुशल हो; विचक्षण।

shrewd : व्यवहार-कुशल; सयाना।

Cloister/Convent/Monastery/Nunnery

cloister : ऐसा एकांत स्थान जहाँ धार्मिक दृष्टि से आदमी संसार से विरक्त होकर रहता हो; विहार।

convent : ईसाइयों का मठ; ख्रीस्ताश्रम।

monastery : ईसाई विरागियों का मठ।

nunnery : ईसाई विरागिनियों का मठ।

Close/Conclude/End/Finish/Terminate

close : (खुले हुए को) बंद करना।

conclude : निश्चय के अनुसार औपचारिक रूप से बंद करना।

end : किसी चलते हुए व्यापार को (चाहे वह पूर्ण हुआ हो अथवा न हुआ हो) बंद करना।

finish : इच्छित उद्देश्य की सिद्धि होने पर बंद या समाप्त करना; सम्पन्न करना।

terminate : सीमा पर पहुँच जाने पर बंद करना।

Collision/Clash/Encounter

collision : टक्कर।

clash : भिड़ंत।

encounter : मुठभेड़।

Comfort/Console/Relieve/Solace/Soothe

comfort : किसीको ख़ुश करके या उसे आशा बँधाकर उसका दुःख-दर्द कम करना।

console : दुःख-दर्द की अनुभूति कम करने तथा संयत बनाने के लिए सांत्वना देना।

relieve : कुछ समय के लिए दुःख-दर्द की असह्य उग्रता घटा देना (विशेषतः सह्य बना देना); राहत पहुँचाना।

solace : किसी उपाय से किसीका ध्यान दूसरी ओर आकृष्ट करके उसे उसका दुःख-दर्द भुला देना।

soothe : दुःख-दर्द का उपशमन या निराकरण करना।

Comfortable/Cozy/Snug

comfortable : (स्थान) जो सुखकर तथा संतोषजनक हो और क्षोभ, कष्ट असुविधा आदि से रहित हो; आरामदेह।

cozy : (स्थान) जो मौसम की ख़राबियों के समय सुविधा देनेवाला हो; सुविधापूर्ण।

snug : (स्थान) जो आकार-प्रकार में छोटा होने पर भी सुविधाजनक और सुरक्षित हो।

Command/Bidding/Dictate/Injunction/Mandate/Order

command : किसी परम सत्ताधारी द्वारा दिया हुआ आदेश; समादेश।

bidding : ऐसा आदेश जो माता-पिता या स्वामी द्वारा दिया गया हो और जिसका पालन करना कर्तव्य हो; आदेश।

dictate : (क) आधिकारिक, विशेषतः अधिनायक का आदेश; अधिदेश। (ख) अंतरात्मा का आदेश।

injunction : न्यायालय द्वारा कोई काम न करने के लिए दिया हुआ आदेश; व्यादेश।

mandate : ऐसा आदेश जिसका पालन अनिवार्य और अवश्यंभावी हो; समादेश।

order : अधीनस्थ को दी हुई आज्ञा जिसका पालन अन्य आज्ञाओं की अपेक्षा सबसे पहले करना पड़ता है; आदेश।

Commit/Confide/Consign/Entrust

commit : सँभालने या रखने के लिए दूसरे को कोई चीज़ देना; सुपुर्द करना।

confide : कोई चीज़ किसी आत्मीय के पास रख छोड़ना; सहेजना।

consign : औपचारिक प्रक्रिया द्वारा कोई चीज़ किसीको देना; सौंपना।

entrust : किसी ऐसे आदमी को कोई महत्त्वपूर्ण चीज़ सौंपना जिसपर पूर्ण विश्वास हो।

Common/Familiar/General/Ordinary/Popular/Vulgar

common : जो सबमें हो या जिसमें सबका हिस्सा हो अथवा जो हर जगह उपलब्ध हो; सामान्य।

familiar : जिसे विस्तृत क्षेत्र में जाना तथा आसानी से पहचाना भी जा सकता हो; जाना-बूझा।

general : जिसका संबंध वर्ग के हर सदस्य से हो; सामान्य, आम।

ordinary : ऐसी विशेषताहीन चीज़ जो सर्वत्र उपलब्ध हो; मामूली, साधारण।

popular : जिसने लोक या जन-साधारण में प्रचलन पा लिया हो; लोकप्रिय।

vulgar : साधारण लोक-विषयक; चलता हुआ।

Compare/Collate/Contrast

compare : यह देखना कि कौन-कौन बातें एक-जैसी हैं; तुलना करना, मिलान करना।

collate : विस्तृत रूप से तथा आलोचनात्मक दृष्टि से मिलान करना; परितोलन करना।

contrast : यह देखना कि परस्पर क्या-क्या या कौन-कौन सी विभिन्नताएँ हैं; भेद दिखलाना।

[Comparison तुलना, मिलान; Collation परितोलन; Contrast व्यतिरेक।]

Competition/Emulation/Rivalry

competition : किसी एक ही पद, पुरस्कार, उद्देश्य आदि की प्राप्ति के लिए अनेक लोगों द्वारा किया जानेवाला प्रयत्न; होड़, प्रतियोगिता, प्रतिस्पर्धा।

emulation : किसी प्रशंसित व्यक्ति की बराबरी तक पहुँचने या उससे आगे निकल जाने के लिए किया जानेवाला प्रयत्न या होनेवाली भावना; स्पर्धा।

rivalry : योग्यता आदि में एक से या बराबरी के विरोधियों में होनेवाली दुर्भावनापूर्ण प्रतियोगिता; प्रतिद्वंद्विता।

Complain/Chafe/Fret/Grumble/Grouse/Repine

complain : शिकायत करना।

chafe : खीजना (अधीरता के कारण)।

fret : झुँझलाना (स्वभाव-दोष के कारण)।

grumble : झींखना (बुरे ढंग से शिकायत करना)।

grouse : भुनभुनाना (दु:खी होकर बड़बड़ाना)।

repine : बड़बड़ाना (विशेषत: असंतोष व्यक्त करना)।

Complete/Entire/Full/Intact/Total/Whole

complete : पूर्ण इकाई के रूप में होनेवाला; संपूर्ण।

entire : जिसमें कुछ कम किया या निकाला न गया हो; समूचा।

full : जो ऐसी सब बातों से युक्त हो जो आवश्यक हों; परिपूर्ण।

intact : जो खंडित या विभाजित न हुआ हो; साबूत, अखंड।

total : सब चीज़ों का ऐसा जोड़ जिसमें से कोई चीज़ छूटी न हो; कुल, सब।

whole : आरंभ से अंत तक या एक सिरे से दूसरे सिरे तक जितना हो उतना सब; सारा।

Complex/Complicated/Intricate/Involved

complex : जिसके अंग-प्रत्यंग इस प्रकार एक-दूसरे से मिले हों कि उन्हें जानने या संचालित करने के लिए विशेष अध्ययन, प्रशिक्षण आदि की आवश्यकता हो; जटिल।

complicated : इस प्रकार उलझा हुआ कि उसे समझने में कठिनाई होती हो; उलझाव भरा।

intricate : जो इतना अधिक उलझा हुआ हो कि उसे सुलझाना कठिन हो; पेचीला।

involved : इस प्रकार उलझा हुआ कि अस्पष्ट और अव्यवस्थित जान पड़े; गहन और पेचीला; अंतर्ग्रस्त।

Concise/Laconic/Pithy/Succint/Terse

concise : सुगठित, सार भरा तथा थोड़े से शब्दों में होनेवाला; संक्षिप्त।

laconic : इतना संक्षिप्त कि अपूर्ण या द्व्यार्थक प्रतीत हो।

pithy : संक्षिप्त, ज़ोरदार।

succint : अति संक्षिप्त; विशेषत: स्पष्ट और सुगठित।

terse : अत्यंत स्पष्ट; विशेषतः व्यवस्थित तथा संक्षिप्त।

Conduct/Control/Direct/Manage

conduct : अपनी देख-रेख में, विशेषतः ज्ञान, बुद्धि और कुशलता का उपयोग करते हुए कोई काम या प्रक्रिया करना; संचालित करना।

control : दृढ़ निर्देशनों के अनुसार व्यवस्था करना; नियंत्रण करना।

direct : प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष देख-रेख में आज्ञाओं तथा निर्देशों से काम कराना; निदेशन करना।

manage : अपनी देख-रेख में ब्योरे की हर मद का ध्यान रखते हुए व्यवस्था करना/कराना।

Confidence/Assurance/Self-confidence

confidence : किसीकी योग्यता या क्षमता पर होनेवाला विश्वास; भरोसा, यक़ीन।

assurance : किसीको दिलाया जानेवाला विश्वास; आश्वासन; आत्मविश्वास।

self-confidence : अपनी क्षमता या योग्यता पर होनेवाला विश्वास; आत्मविश्वास।

Confirmation/Authentication/Corroboration/Validation/Verification

confirmation : अनिश्चित या संदिग्ध कथन की पुष्टि; पुष्टिकरण।

authentication : प्राधिकारी या विशेषज्ञ द्वारा प्रमाणित किया जाना; प्रमाणीकरण।

corroboration : एक कथन की पुष्टि दूसरे कथन से करना; परिपुष्टि।

validation : आधिकारिक रूप से दी हुई मान्यता या की हुई पुष्टि; अभिपुष्टि।

verification : जाँच-पड़ताल, मिलान आदि के द्वारा किसी बात की सत्यता सिद्ध करना; सत्यापन।

Conflict/Contention/Contest/Fight/Struggle

conflict : परस्पर विरोधी विचारों, स्वार्थों आदि में चलनेवाला संघर्ष।

contention : मौखिक संघर्ष; कहा-सुनी।

contest : ऐसा संघर्ष जिसमें दूसरों पर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करनी होती है; प्रतियोगिता।

fight : ऐसा संघर्ष जिसमें हाथापाई या लड़ाई होती हो।

struggle : ऐसा संघर्ष जिसमें घोर प्रयत्न करना पड़े।

Confusion/Chaos/Disarry/Disorder/Jumble/Muddle

confusion : चीज़ों या बातों की ऐसी गड़बड़ी जिसमें उन्हें अलग-अलग करना या पहचानना कठिन हो; घपला।

chaos : संघटन तथा प्रशासन के नष्ट होने पर मचनेवाली गड़बड़ी; अशांति।

disarry : व्यवस्था या क्रमबद्धता का अभाव; विशृंखला।

disorder : व्यवस्था का नष्ट या अस्त-व्यस्त होना; अव्यवस्था।

jumble : भिन्न-भिन्न आकार-प्रकार या रूप-रंग की वस्तुओं का एक ही में होनेवाला सम्मिश्रण; गड्डमड्ड।

muddle : कुव्यवस्था के कारण होनेवाली गड़बड़ी।

Conquer/Defeat/Overcome/Overthrow/Rout/Subdue/Subjugate/Vanquish

conquer : अपनी शारीरिक, मानसिक या नैतिक शक्ति से दूसरे पर विजय पाना।

defeat : हराना, परास्त करना।

overcome : विरोधी या विपत्ति पर छा जाना अथवा उसे पराभूत करना।

overthrow : वर्तमान सत्ताधारियों को शक्तिपूर्वक हटाकर विजय पाना; तख़्ता उलटना।
rout : इस प्रकार बुरी तरह हराना कि विपक्षी छिन्न-भिन्न हो जाएँ; खदेड़ देना।
subdue : इस प्रकार हराना कि विरोधी का धैर्य टूट जाए और फलतः साहस नष्ट हो जाए; पस्त कर देना।
subjugate : विरोधी या विपक्षी को हराकर अपने पूर्ण नियंत्रण में ले आना।
vanquish : युद्ध या अन्य किसी प्रकार के संघर्ष में पूरी तरह से पराजित करना; रौंद डालना।

Consent/Accede/Assent/Concur/Quiesce

consent : (सद्भावनापूर्वक) स्वीकृति देना।
accede : अपना पक्ष छोड़कर दूसरे की बात मान लेना।
assent : किसीका सुझाव मान लेना; सहमति देना।
concur : विषय-विशेष को कार्य रूप देने की पद्धति में एकमत होना।
quiesce : मौन स्वीकृति देना।

Consider/Contemplate/Reflect/Study/Weigh

consider : किसी चीज़ को समझने या उसपर निर्णय करने के लिए विचार करना।
contemplate : गहरा तथा निरंतर सोच-विचार करना; मंथन करना।
reflect : बीती हुई बात की अच्छाई-बुराई के संबंध में विचार करना; मनन करना।
study : एकाग्रचित्त होकर ब्योरे की हर चीज़ पर विचार करना; अध्ययन करना।
weigh : विभिन्न या विरोधी मतों के आधार पर किसी निष्कर्ष पर पहुँचने के उद्देश्य से विचार करना।

Contain/Accommodate/Hold

contain : अपने में रखना या भरना, विशेषतः अंतर्धारण करना; समाहित करना।
accommodate : गुंजाइश करना; स्थान देना, समायोजन करना।
hold : (क्षमतापूर्वक) धारण करना।

Contaminate/Defile/Pollute/Taint

contaminate : मलिन या भ्रष्ट करना।
defile : अपवित्र करना।
pollute : कलुषित या भ्रष्ट करना।
taint : दूषित करना।

Contemporary/Contemporaneous/Simultaneous

contemporary : (व्यक्ति अथवा उनकी कृतियाँ) जो एक ही समय की हों; समकालीन।
contemporaneous : (घटनाएँ) जो एक ही समय में हुई हों; सामयिक।
simultaneous : जिनके होने में बहुत थोड़े समय का अंतर हो; समसामयिक।

Context/Reference

context : पूर्वापर किया जानेवाला संकेत; प्रसंग।
reference : मूल स्रोत की ओर किया जानेवाला संकेत; संदर्भ।

Continual/Constant/Continuous/Eternal/Incessant/Perpetual

continual : अविच्छिन्न रूप से या पुनः-पुनः दीर्घकाल तक चलते रहनेवाला; सतत।
constant : जिसके होते रहने में कोई विशेष क्रम या अनुरूपता रहती हो; एक-तार।

continuous : अविच्छिन्न रूप से बना रहने या चलते रहनेवाला; लगातार, निरंतर।

eternal : इस प्रकार चलनेवाला कि उसका कहीं अंत न हो; जो अंतहीन हो, अनंत।

incessant : जो बिना रुके चलता रहता हो; अविराम।

perpetual : सदा बना रहनेवाला; नित्य।

Contract/Compress/Condense/Deflate/Shrink

contract : आकार या विस्तार में खिंचाव के कारण कम होना; संकुचन होना।

compress : चाप, दबाव आदि के कारण ठोस बनना।

condense : ठोस या घनीभूत होना।

deflate : वायु आदि निकलने के कारण कम या हलका होना; पिचकना।

shrink : कपड़े का अपेक्षित या सामान्य आकार-प्रकार में कम होना; सिकुड़ना।

Cool/Composed/Collected/Nonchalant/Unruffled

cool : जिसमें उत्तेजना या उग्रता न हो; शांत।

composed : धैर्यपूर्वक विकट परिस्थितियों का सामना करनेवाला; गंभीर।

collected : विषम परिस्थितियों में भी अपने मनोभावों पर कठोर अनुशासन रखनेवाला; प्रकृतिस्थ।

nonchalant : जो बाहरी परिस्थितियों के प्रति उदासीन रहता हो; अनुत्तेजित।

unruffled : क्षोभकारी परिस्थितियों में जिसकी मुद्रा स्थिर रहे; अविचलित।

Copy/Duplicate/Facsimile/Replica/Reproduction

copy : मूल के निकट होनेवाली नक़ल; प्रति।

duplicate : ऐसी प्रतियों में से हरेक जो एक-साथ तैयार हुई या बनी हों; प्रतिलिपि।

facsimile : हूबहू नक़ल; प्रतिलिपि।

replica : ऐसा चित्र जो मूल चित्रकार ने अपने किसी चित्र के अनुकरण पर बनाया हो; प्रतिकृति।

reproduction : किसी चीज़ का अनुकरण करते हुए बनाई जानेवाली प्रति; पुनरुत्पादन।

Correct/Accurate/Exact/Precise

correct : जिसमें कोई भूल न हो; शुद्ध, ठीक।

accurate : जो आँकड़ों, तथ्यों आदि के अनुकूल हो; सही।

exact : जिसमें ब्योरे की सभी बारीकियों पर ध्यान रखा गया हो; यथातथ्य।

precise : जो शुद्ध, यथार्थ तथा परिष्कृत हो; परिशुद्ध।

Costly/Dear/Expensive/Invaluable/Valuable

costly : जो अमीराना, भव्य या दुर्लभ हो; क़ीमती।

dear : जिसकी क़ीमत उचित दर से बहुत अधिक या बढ़ी-चढ़ी हो; महँगा।

expensive : जिसकी क़ीमत उसके अर्घ से अधिक हो; महँगा।

invaluable : जिसका अर्घ इतना अधिक हो कि रुपए-पैसे में न आँका जा सके; अमूल्य।

valuable : जिसकी क़ीमत उसके अर्घ या महत्त्व के कारण अधिक हो; मूल्यवान।

Coward/Cowardly/Timid

coward : ख़तरे से भाग जानेवाला; कायर।

cowardly : जिसमें नाम को भी हिम्मत न हो; डरपोक।

timid : बहुत जल्दी घबरा, डर या संकुचित हो जानेवाला; भीरु।

Creep/Crawl

creep : खिसक-खिसककर आगे बढ़ना; सरकना।

crawl : पेट के बल चलना; रेंगना।

Criticize/Blame/Censure/Condemn/Denounce/Reprehend

criticize : त्रुटियाँ या दोष दिखलाना; आलोचना करना।

blame : दोष की जवाबदेही किसीपर रखना; दोषारोपण करना।

censure : अधिकारपूर्वक निंदा या तिरस्कार करना।

Condemn : यह निर्णय सुनाना कि अमुक व्यक्ति अपराधी है; दोषी ठहराना।

denounce : सार्वजनिक रूप से या खुलेआम निंदा करना।

reprehend : उग्रतापूर्वक तिरस्कार करना; भर्त्सना करना।

[Criticism आलोचना; Blame दोषारोपण; Censure तिरस्कार, निंदा; Reprehension भर्त्सना।]

Crowd/Horde/Host/Multitude/Mob/Swarm/Throng

crowd : बिना किसी क्रम से तथा सघन रूप से वस्तुओं या व्यक्तियों का होनेवाला जमाव; भीड़।

horde : उपद्रवियों या लुटेरों का गिरोह; पशुओं का दल; गल्ला।

host : संबद्ध व्यक्तियों का अच्छा-ख़ासा समूह; जमघट।

multitude : बहुसंख्यक व्यक्तियों या वस्तुओं का समूह; समुच्चय।

mob : उच्छृंखल तथा कोलाहल करता हुआ जनसमूह।

swarm : ऐसा झुंड जो बराबर आगे बढ़ता चलता हो; झुंड।

throng : चलते हुए व्यक्तियों का समूह; रेला।

Cruel/Brutal/Inhuman/Pitiless/Ruthless

cruel : दूसरों को सताने या उनके दुःखों से उदासीन रहनेवाला; क्रूर।

brutal : जंगली व्यक्तियों या जानवरों की तरह क्रूर; नृशंस।

inhuman : जिसमें मनुष्यता न हो; अमानुषिक।

pitiless : जो (सताए हुए लोगों पर भी) दया न करता हो; निर्दय, निर्मम।

ruthless : जो अपने स्वार्थ से अभिभूत होने के कारण दूसरों के सुख-सुभीते का ध्यान ही न रखता हो; निष्ठुर।

Cry/Blubber/Moan/Sob/Wail/Weep/Whimper

cry : दुःख-दर्द से चीखना-चिल्लाना या कराहना।

blubber : झूठ-मूठ या मुँह बनाकर रोना-बिलखना।

moan : आहें भरना।

sob : सिसकियाँ भरना; सिसकना।

wail : रोते हुए शोक प्रकट करना; विलाप करना।

weep : आँसू बहाना; रोना।

whimper : फुसफुसाते हुए रोना; फुसफुसाना।

Curious/Inquisitive/Meddlesome/Prying

curious : जिसमें जानकारी प्राप्त करने की विशेष इच्छा हो; जिज्ञासु।

inquisitive : असंबंधित या पराई बातों को जानने-पूछने की जिसकी आदत हो।

meddlesome : जो कुछ जानने के लिए दूसरों के काम में बाधा पहुँचाता हो या हस्तक्षेप करता हो; दख़लअंदाज़।

prying : जो टोह लेना या लगाना चाहता हो; टोह लगानेवाला या ताक-झाँक करनेवाला।

Curse/Anathematize/Damn/Exerate/Imprecate

curse : किसीके अहित की कामना करना; कोसना।

anathematize : दैवीय शक्ति का शाप देना।

damn : लानत भेजना।

exerate : चिढ़कर या क्रुद्ध होकर कोसना; बुरा-भला कहना।

imprecate : बदला लेने की भावना से कोसना।

Curve/Bend/Turn/Twist

curve : मोड़कर चाप का रूप देना।

bend : किसी ऐसी चीज़ को दबाकर चाप का रूप देना जो साधारणतया सीधी रहती हो।

turn : मोड़ना; विशेषत: जिससे कोई चीज़ घूम या पलट जाए।

twist : भाँजना; मोड़कर सामान्य से भिन्न स्थिति में लाना।

□

D

Dainty/Fastidious/Nice/Particular/Squeamish

dainty : जो अपनी सुरुचि के विचार से अरुचिपूर्ण तत्त्व अमान्य कर देता हो; नाज़ुक-मिज़ाज।

fastidious : जो हलके से दोष से युक्त किसी चीज़ को ऊँचे स्तर से देखकर अमान्य कर देता हो; तुनक-मिज़ाज।

nice : जो अपनी सूक्ष्म निरीक्षण शक्ति से हर चीज़ में कोई-न-कोई अंतर या भेद ढूँढ़ निकालता हो; नख़रेबाज़।

particular : जो किसी चीज़ को अपने स्तर के उपयुक्त न समझकर अमान्य कर देता हो; नख़रेबाज़।

squeamish : जिसे कोई बात पसंद ही न आती हो; नकचढ़ा।

Danger/Hazard/Jeopardy/Peril

danger : भय उत्पन्न करनेवाली बात; ख़तरा।

hazard : दिखाई पड़ता हुआ और आता हुआ ख़तरा; विपत्ति।

jeopardy : उपस्थिति ख़तरा; संकट।

peril : भारी ख़तरा; घोर संकट।

Dark/Dim/Dusky/Gloomy/Murky

dark : काला और अंधकारपूर्ण।

dim : धुँधला और अस्पष्ट; धूमिल।

dusky : धूल से युक्त; मटमैले रंग का।

gloomy : अंधकारपूर्ण (विशेषत: उदासी या निराशा का सूचक)।

murky : धुएँ, कोहरे आदि से भरा; धूमिल।

Dead/Deceased/Defunct/Departed/Ex/Extinct/Inanimate/Late/Lifeless

dead : ज़िसकी जीवनी शक्ति नष्ट हो गई हो; मृत।

deceased : (विधिक क्षेत्र में तथा आदरसूचक प्रसंगों में) दिवंगत।

defunct : जिसका अस्तित्व मिट चुका हो; नेस्त।

departed : जो सदा के लिए चला गया हो; गत।

ex : भूतपूर्व।

extinct : (जातियाँ) जिनके सदस्य अब न बचे हों; मृतप्राय, लुप्त।

inanimate : जिसमें कभी जीवन न रहा हो; जड़।

late : स्वर्गीय; भूतपूर्व।

lifeless : निष्प्राण, निर्जीव।

Debase/Corrupt/Debauch/Deprave/Pervert

debase : मान, महत्त्व आदि गिराना; पतित करना।

corrupt : मान्य स्तर से नीचे गिराना; भ्रष्ट करना।

debauch : व्यसन आदि के कारण भ्रष्ट करना; बिगाड़ना।

deprave : नैतिक दृष्टि से भ्रष्ट करना; दुश्चरित्र बनाना।

pervert : स्वाभाविक पथ से हटाना; विपथगामी करना।

Decay/Moulder/Putrefy/Rot/Spoil

decay : शनैः-शनैः और स्वाभाविक रूप से ढहना; क्षय होना।

moulder : ढहते-ढहते नष्टप्राय हो जाना।

putrefy : इस प्रकार गल-सड़ जाना कि बदबू निकलने लगे।

rot : सड़ना।

spoil : ख़राब होना।

Deceive/Beguile/Betray/Delude/Mislead

deceive : अपने उद्देश्य की सिद्धि के लिए दूसरों के सामने ग़लत तथ्य उपस्थित करना; धोखा देना।

beguile : फुसलाकर धोखा देना; बहकाना।

betray : विश्वासघात करना।

delude : किसीको बेवक़ूफ़ बनाकर अपना उल्लू सीधा करना।

mislead : ग़लत रास्ते पर अनजाने में या जान-बूझकर ले चलना; पथभ्रष्ट करना।

Decide/Conclude/Determine/Resolve/Settle

decide : निश्चय करना।

conclude : अच्छी तरह सोच-विचारकर तथा जाँच-पड़ताल कर निश्चय करना।

determine : निर्धारित या नियत करना।

resolve : निश्चयपूर्वक दृढ़ धारणा बनाना।

settle : तय करना।

Declare/Announce/Proclaim/Publish

declare : घोषणा करना।

announce : औपचारिक रूप से सार्वजनिक घोषणा करना; प्रसारण करना।

proclaim : आधिकारिक रूप से कोई महत्त्वपूर्ण विधिक घोषणा करना।

publish : प्रकाशित करना।

Decline/Refuse/Reject/Repudiate/Spurn

decline : शिष्टतापूर्वक किसीका निमंत्रण, प्रस्ताव आदि अस्वीकार करना।

refuse : स्पष्ट रूप से या साफ़-साफ़ इनकार करना।

reject : अपने विशेषाधिकार से अस्वीकृत करना।

repudiate : अमान्य करार देना; अग्राह्य ठहराना।

spurn : तिरस्कारपूर्वक अस्वीकृत करना।

Decorum/Decency/Dignity/Etiquette/Propriety

decorum : ऐसी व्यवहारशीलता जो परिस्थितयों के अनुकूल हो तथा जिसके अनुकूल कड़ाई से आचरण करना चाहिए; मर्यादा।

decency : ऐसी व्यवहारशीलता जो अच्छे स्वभाव की परिचायक हो; सौजन्य, सुशीलता।

dignity : अपने पद, मान आदि के अनुकूल होनेवाली व्यवहारशीलता; आन-बान।

etiquette : सभ्य समाज के लिए स्थिर या नियत आचरण; शिष्टाचार।

propriety : आचरणगत औचित्य; नीतिमत्ता।

Decrease/Diminish/Dwindle/Lessen/Reduce

decrease : मान, संख्या आदि में क्रमशः घटना।

diminish : बाहरी प्रभावों के फलस्वरूप घटना; ह्रास होना।

dwindle : घटकर नष्टप्राय होना; छीजना।

lessen : अपेक्षया कम होना।

reduce : घटकर कमज़ोर या दुर्बल होना; सूखना।

Defection/Desertion/Apostasy

defection : किसी दल, संप्रदाय आदि के प्रति निष्ठा न रह जाने के कारण उससे अलग हो जाना; दल-बदल।

desertion : कर्तव्य से विमुख होकर भाग खड़े होना; पलायन।

apostasy : स्वधर्म त्याग।

Defend/Guard/Preserve/Protect/Shield

defend : आक्रमण का प्रतिरोध करते हुए रक्षा करना।

guard : रक्षा के उद्देश्य से चौकसी करना।

preserve : लूट-खसोट, क्षय, नाश आदि से सुरक्षित रखना; बचाए रखना।

protect : सुरक्षित रखना; विशेषतः किसी प्रकार का आवरण, आड़ या ओट करके।

shield : प्रस्तुत आक्रमण, आघात या आक्षेप से रक्षा करना, बचाना।

Degrade/Abase/Debase/Humble/Humiliate

degrade : अनैतिक या अनुचित कार्य के फलस्वरूप प्रतिष्ठा कम होना।

abase : अप्रतिष्ठित होना; बेक़द्री होना।

debase : मान, महत्त्व, मूल्य आदि में कमी होना; अवमानित होना।

humble : किसीका अभिमान चकनाचूर करना; धूल चटाना।

humiliate : खुलेआम अपमानित या लज्जित करना; नीचा दिखाना।

Delusion/Hallucination/Illusion/Mirage

delusion : ऐसा भ्रम जो भूल, उन्माद आदि के कारण हो; विभ्रम।

hallucination : बुद्धि विकृत होने पर होनेवाला भ्रम; मतिभ्रम।

Illusion : दृष्टि-दोष या ग़लत अर्थ की प्रतीति के फलस्वरूप होनेवाला भ्रम; भ्रांति।

mirage : ऐसी चीज़ प्राप्त करने की सामर्थ्य आदि का भ्रम जो वस्तुतः प्राप्त न हो सकती हो; मरीचिका।

Demand/Claim/Require

demand : कोई चीज़ आवश्यक होने पर अधिकारपूर्वक माँग करना; माँगना।

claim : दूसरे के अधिकार में होनेवाली चीज़ अपनी बतलाते हुए माँगना; अध्यर्थना करना; दावा (पेश) करना।

require : अभीष्ट होने के कारण कोई चीज़ चाहना; अपेक्षित होना।

Deny/Contradict/Gainsay/Impugn

deny : ग़लत घोषित करना।

contradict : खंडन करना।

gainsay : किसीके कथन को चुनौती देना।

impugn : लगाए हुए आरोप का ज़ोरदार शब्दों में खंडन करना।

Despise/Contemn/Disdain/Scorn

despise : तुच्छ या उपेक्ष्य समझना।

contemn : तीखे स्वर में उपेक्षा करना।

disdain : अभिमानपूर्वक अवहेलना करना।

scorn : तिरस्कारपूर्वक देखना; हेय समझना।

Devote/Dedicate

devote : दृढ़प्रतिज्ञ होकर लगना; अर्पित करना।

dedicate : किसी शुभ या पवित्र उद्देश्य से देना या लगना; समर्पित करना।

Different/Dissimilar/Distinct/Divergent/Diverse

different : और तथा अलग प्रकार का; भिन्न, विभिन्न।

dissimilar : जो मिलता-जुलता न हो, असदृश हो; जो किसीसे मेल न खाता हो, असमरूप।

distinct : किसी विशिष्ट गुण से युक्त होने के कारण जो औरों से भिन्न हो; प्रभेदक, प्रभेदी।

divergent : भिन्न, विशेषत: परस्पर विरुद्ध; अपसारी।

diverse : जिसमें प्रत्यक्ष विभिन्नता हो; असमान तथा असदृश।

Dim/Faint

dim : जो स्पष्ट न दिखाई पड़ता हो; धूमिल, धुँधला।

faint : इंद्रियों के द्वारा जिसका ठीक, पूरा या स्पष्ट ज्ञान न रहा हो; बहुत ही कम, घटा हुआ या हलका।

Director/Guide

director : अपने निर्देशन या नियंत्रण में काम करवानेवाला; निदेशक।

guide : मार्गदर्शन करनेवाला; मार्गदर्शक, पथप्रदर्शक।

Dirty/Filthy/Foul/Grimy/Soiled/Unclean

dirty : गंदगी भरा; गंदा।

filthy : गंदा और घिनौना।

foul : गंदा और दुर्गंधित।

grimy : धूल-धूसरित।

soiled : मैल भरा; मैला।

unclean : अस्वच्छ।

Discern/Distinguish/Notice/Observe/Perceive

discern : प्रत्यक्ष रूप से या मानसिक रूप से जान या पहचान लेना।

distinguish : भेद देखना या जानना; अंतर प्रतिष्ठित करना।

notice : (कोई नई, विशेष या अप्रत्याशित बात) ध्यानपूर्वक देखना।

observe : कुछ जानने के लिए ध्यानपूर्वक देखना; निरीक्षण करना।

perceive : विचार या दूरदर्शिता से समझ या जान लेना।

Discord/Contention/Dissension/Strife

discord : अनैक्य या फूट के कारण होनेवाला झगड़ा या कलह; अनैक्य, फूट।

contention : मौखिक झगड़ा; कहा-सुनी।

dissension : दो गुटों में मतभेद के फलस्वरूप होनेवाला झगड़ा; मतभेद।

strife : प्रतिद्वंद्वितापूर्ण संघर्ष; संघर्ष, द्वंद्व।

Discuss/Argue/Debate/Dispute

discuss : कोई विवाद सुलझाने अथवा कोई कार्य-पद्धति निश्चित करने के लिए सौजन्यपूर्ण वातावरण में विचार करना; विचार-विमर्श करना।

argue : तर्कपूर्वक किसी कथन, मत आदि का खंडन या मंडन करना; बहस करना।

debate : औपचारिक रूप से, विशेषतः किसी प्रतियोगिता में सम्मिलित होकर, किसी विषय के पक्ष या विपक्ष में तर्क-वितर्क करना; वाद-विवाद करना।

dispute : क्रोध प्रदर्शित करते हुए विरोधी कथन या मत का प्रतिकार करना।

Disease/Ailment/Affection/Malady

disease : रोग, बीमारी।

ailment : पुरानी बीमारी, पुराना रोग।

affection : शरीर के किसी अंग विशेष पर होनेवाला रोग का आक्रमण; अंग-रोग।

malady : कोई पुरानी, विर्शेषतः घातक बीमारी; मर्ज़।

Disgrace/Dishonour/Infamy/Ignomy/Shame

disgrace : अपने आचरण या दूसरे के व्यवहार के फलस्वरूप होनेवाला अपमान।

dishonour : अपने ही आचरण से होनेवाला अपमान; अप्रतिष्ठा।

infamy : अत्यधिक अपमान से होनेवाली बदनामी।

ignomy : घृणित आचरण के फलस्वरूप होनेवाली लोकनिंदा या लगनेवाला कलंक।

shame : लानत, धिक्कार।

Dishonest/Deceitful/Lying/Untruthful

dishonest : जो ईमानदार न हो; बेईमान।

deceitful : छल करने या धोखा देनेवाला; धोखेबाज़।

lying : झूठ बोलनेवाला; झूठा।

untruthful : जो सत्यतापूर्ण न हो; असत्य।

Disintegrated/Decompose

disintegrated : (इकाई या एकता खंडित, नष्ट करने के उद्देश्य से) एक को अनेक में करना या बाँटना; विच्छिन्न या वियोजित करना।

decompose : पूर्ण इकाई को अवयवों में बाँटना, इकाई का प्रत्येक अंग अलग-अलग करना; विघटित करना।

[Disintegration विच्छेदन, वियोजन; Decomposition विघटन।]

Disposition/Character/Personality/Temper/Temperament

disposition : चरित्र का मूल और स्वाभाविक अंग या पक्ष; शील।

character : व्यक्ति के नैतिक स्वाभाविक गुणों का समाहार; चरित्र।

personality : व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और भावात्मक गुणों का समाहार; व्यक्तित्व।

temper : शील की अनुभूतियों का भावावेग से संबद्ध पक्ष; स्वभाव।

temperament : चरित्र का वह अंग जो सामान्य आचार-व्यवहार में प्रदर्शित होता है; प्रकृति, तबीयत।

Disprove/Confute/Controvert/Refute

disprove : (भूलों से युक्त या मिथ्या प्रतीत होने पर) अस्वीकार करना या अमान्य ठहराना।

confute : प्रमाणों के आधार पर अमान्य ठहराना; असिद्ध करना।

controvert : आपत्तिपूर्ण होने के कारण अस्वीकार करना या अमान्य ठहराना।

refute : अच्छी तरह जाँच-पड़ताल करके तथा निश्चयपूर्वक अमान्य ठहराना।

Distinction/Difference

Distinction : वह विशेषता जो किसीको औरों से पृथक् करके दिखलाती हो; प्रभेद।

difference : अंतर; पार्थक्य, अलगाव।

Distinguish/Differentiate/Discriminate

distinguish : विशेषताओं के आधार पर चुनकर अलग करना; विशिष्टता दिखाना; प्रभेद करना।

differentiate : विशिष्ट भेदों के आधार पर अलग-अलग करना; भेद करना।

discriminate : सूक्ष्म अंतरों के आधार पर अनुरूप वस्तुओं को अलग-अलग करना; सूक्ष्म भेद दिखाना।

Distress/Agony/Anguish/Suffering

distresss : (दुःख-दर्द, चिंता आदि के परिणामस्वरूप होनेवाला) कष्ट।

agony : घोर शारीरिक तथा मानसिक कष्ट; वेदना।

anguish : गहरी व्यथा, मनोव्यथा।

suffering : ऐसा कष्ट जो भोगा जा रहा हो; दुःख-भोग, भोग।

Disturb/Agitate/Perturb

disturb : अशांत या क्षुब्ध करना; विशेषतः मानसिक शांति भंग करना।

agitate : सामाजिक, राजनीतिक या आर्थिक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से आंदोलन करना; उद्विग्न करना।

perturb : अशांत तथा चिंतित बना देना; विक्षुब्ध करना।

[Disturbance क्षोभ; Agitation उद्वेग, आंदोलन; Perturbance विक्षोभ।]

Do/Accomplish/Achieve/Effect/Execute/Fulfil/Perform

do : (कोई कार्य) करना या पूरा करना।

accomplish : लगकर कोई उद्देश्य या प्रयोजन सिद्ध करना।

achieve : (महत्त्वपूर्ण चीज़) कठिनाइयों पर साहसपूर्वक विजय पाते हुए प्राप्त या उपार्जित करना; उपलब्ध करना।

effect : कठिनाइयों पर विजय पाते हुए महत्त्वूपर्ण फलसिद्धि तक पहुँचना।

execute : (आदेश, नियम, निश्चय, योजना आदि को) कार्यान्वित करना।

fulfil : (कोई निर्दिष्ट या प्रत्याशित कार्य) संपन्न करना; अपना वचन या किसीकी कामना पूरी करना।

perform : किसीके आदेश, अपने दिए हुए वचन, कर्तव्य आदि का पालन करना।

Doctrine/Dogma/Precept/Tenet

doctrine : सिद्धांतों पर आधारित वाद या मत।

dogma : ऐसी मनमानी धारणा या विश्वास जिसे सत्ता या शासन लोगों को मानने के लिए बाध्य करता हो; मताग्रह।

precept : ऐसी धारणा या विश्वास जो अपने आचरण या व्यवहार का आधार हो; आदेशिका।

tenet : ऐसी सैद्धांतिक धारणा या विचार जो अपने मन में दृढ़ रूप से मान्य या स्थापित कर लिया गया हो।

Domain/Jurisdiction/Territory

domain : ऐसा क्षेत्र जो किसीके पूर्ण नियंत्रण में हो; प्रक्षेत्र।

jurisdiction : आधिकारिक या विधिक दृष्टि से किसी विशिष्ट क्रियाकलाप के लिए किसीको सौंपा हुआ क्षेत्र; अधिक्षेत्र।

territory : ऐसा क्षेत्र या भू-भाग जो किसी शासक या शासन के अधीन हो; राज्यक्षेत्र।

Dominant/Paramount/Predominant

dominant : सबपर अपना प्रभाव दिखानेवाला; प्रभावशील।

paramount : शक्ति और महत्त्व की दृष्टि से औरों से बढ़कर; सर्वोपरि, सर्वोच्च।

predominant : शक्ति और प्रभाव में औरों पर छाया हुआ; हावी।

Doubtful/Dubious/Questionable

doubtful : संशयपूर्ण या संदिग्ध।

doubious : अनिश्चित और अस्पष्ट; भ्रामक।

questionable : प्रश्नास्पद।

Drunk/Drunken/Intoxicated

drunk : शराब पीनेवाला या शराब पीने का आदी; शराबी।

drunken : अधिक मात्रा में शराब पीने का आदी; पियक्कड़, नशेबाज़।

intoxicated : जिसपर शराब का हलका नशा सवार हो; मदहोश।

Dull/Blunt/Obtuse

dull : जिसकी धार तेज़ न हो; अतीक्ष्ण।

blunt : जिसकी धार मोटी होने के कारण तेज़ न हो; भुथरा, गुट्ठल।

obtuse : जिसकी धार न हो; नकटा, धार-रहित, कुंठित।

Dwarf/Midget/Pygmy

dwarf : बहुत छोटा, विशेषतः अनुपातहीन अंग-प्रत्यंगोंवाला; बौना।

midget : अपेक्षया छोटे क़दवाला; नाटा।

pygmy : अत्यंत छोटे क़दवाला; ठिगना।

□

E

Eager/Anxious/Avid/Keen

eager : जो इच्छित चीज़ को शीघ्रतापूर्वक प्राप्त कर लेना चाहता हो; उत्सुक।

anxious : उत्सुक और चिंतित; व्यग्र।

avid : जिसकी उत्सुकता लोभजन्य हो; लालायित।

keen : जिसकी उत्सुकता रुचि और लगन की सूचक हो; चाव से भरा, उत्कंठित।

Easy/Effortless/Facile/Simple/Smooth

easy : जिसे करने में कठिनाई न होती हो अथवा परिश्रम न करना पड़ता हो; सरल, आसान।

effortless : बिना परिश्रम के, पर विशेष ज्ञान के बल पर होनेवाला; सहज।

facile : जिसे सरलता से प्राप्त किया जा सके; सहज प्राप्त, सहज साध्य।

simple : जिसमें जटिलता या पेचीलापन न हो; सरल, सादा।

smooth : सीधा, सरल और एकरस।

Effective/Effectual/Efficacious/Efficient

effective : निश्चित रूप से प्रभाव डालने या असर करनेवाला; अचूक।

effectual : अपने प्रभाव से फल उत्पन्न करनेवाला; फलप्रद।

efficacious : जो वांछित प्रभाव उत्पन्न करने में समर्थ हो; प्रभावोत्पादक।

efficient : (व्यक्ति) जो अपनी क्रियाशीलता, प्रभाव आदि कुशलतापूर्वक दिखाता हो; कार्यकुशल।

Ego/Egoism/Egotism

ego : अहं; व्यक्ति की अपने प्रति होनेवाली उच्च धारणा।

egoism : हमी, हमेव; अपना ही हित सबसे पहले चाहने और करने की भावना।

egotism : अपनी ही श्रेष्ठता की चर्चा करते रहने की वृत्ति; अहंमन्यता।

Eject/Dismiss/Evict/Expel/Oust

eject : अंदर से बाहर फेंकना; निकालना।

dismiss : सेवा से हटाना; सेवानिवृत्त करना।

evict : क़ानूनी ढंग से बाहर करना; बेदख़ल करना।

expel : बलात् बाहर करना; निष्कासित करना।

oust : अवांछनीय व्यक्तियों को पद आदि से हटाना; पदच्युत करना।

Elastic/Flexible/Resilient/Supple

elastic : जिसे इच्छानुसार कोई रूप दिया जा सकता हो; रूपद।

flexible : जिसे आसानी से मोड़ा या बदला जा सके; लचीला, नम्य।

resilient : जिसमें लोच हो; लोच भरा।

supple : जो दबाने, मोड़ने आदि पर टूटता न हो; सुनम्य।

Element/Component/Constituent/Ingredient/Factor

element : किसी मूर्त या अमूर्त पदार्थ का वह छोटा अंश जिसे और छोटा न किया जा सके; तत्त्व।

component : किसी इकाई का कोई एक अंश; अंग, अवयव।

constituent : किसी जटिल या पेचीली चीज़ या विचार का कोई महत्त्वपूर्ण अंग; घटक।

ingredient : उन चीज़ों में से हर-एक जिनसे मिश्रण तैयार होता है; संघटक।

factor : ऐसी बात या चीज़ जो अंगरूप हो और निर्णायक प्रभाव उत्पन्न करती हो; कारक।

Embarrass/Discomfit/Disconcert

embarrass : परेशान करके किंकर्तव्यविमूढ़ बना देना।

discomfit : किसीकी आशाएँ नष्ट करते हुए उसे पूर्णतया विचलित कर देना; छक्के छुड़ा देना।

disconcert : छेड़-छाड़ से क्षुब्ध कर देना।

Emergency/Contingency/Crisis/Exigency/Strait

emergency : ऐसी स्थिति जो सहसा और अप्रत्याशित रूप से आ उपस्थित हुई हो और जिसका मुक़ाबला तुरंत करना पड़े; आपात।

contingency : भावी आपात, विशेषतः जिसकी आशंका बनी हो।

crisis : ऐसी स्थिति जिसमें राजनीतिक या आर्थिक व्यवस्था लड़खड़ा रही हो; संकट।

exigency : आपतकाल; विपत्ति का समय, आपतकालीन आवश्यकता, अत्यावश्यकता।

strait : ऐसी विकट स्थिति जो दुर्दशा की सूचक हो; विस्थिति (विकट + स्थिति)।

Empty/Vacant/Vacuous/Void

empty : जिसमें कुछ भरा न हो अथवा जो भरा न हो; ख़ाली।

vacant : (स्थान, पद आदि) जिसकी पूर्ति अभी न हुई हो अथवा होने को हो; रिक्त।

vacuous : जिसमें हवा का प्रवेश न हो; निर्वात।

void : जो पूरा या बहुत-कुछ ख़ाली हो; रहित, हीन, शून्य।

Enmity/Animosity/Antagonism/Hostility

enmity : प्रकट या गुप्त द्वेष भाव; शत्रुता।

animosity : उग्र तथा प्रकट शत्रुता; वैर।

antagonism : शक्ति या अधिकार प्राप्ति के लिए होनेवाला स्वार्थपरक सक्रिय विरोध; दुश्मनी।

hostility : आक्षेप, आक्रमण आदि के रूप में प्रकट होनेवाली शत्रुता; मारधाड़।

Enormous/Colossal/Gigantic/Huge/Immense/Mammoth/Tremendous

enormous : मान, मात्रा में बड़ा और विशेषतः अपसामान्य आकार-प्रकार का; दीर्घाकार।

colossal : जिसका आकार-प्रकार इतना विशाल हो कि अविश्वसनीय-सा प्रतीत होता हो; भीमकाय।

gigantic : सामान्य मानवीय सीमाओं (आकार-प्रकार या शक्ति) से बढ़ा हुआ; दैत्याकार।

huge : बहुत बड़ा तथा विस्तृत; विराट्।

immense : सामान्य स्तर या नाप-जोख के विचार से बड़ा या अधिक अपरिमित; अतिविशाल।

mammoth : (राशि या समूह) बहुत बड़ा; विशाल।

tremendous : बहुत बड़ा और विशेषतः मन में भय उपजानेवाला; प्रचंड।

Envy/Begrudge/Covet

envy : दूसरे का लाभ या सुख देखकर दुःखी होना; ईर्ष्या करना।

begrudge : यह चाहना कि दूसरे को अपेक्षित या आवश्यक चीज़ न मिले; डाह करना।

covet : ऐसी चीज़ को ग़लत ढंग से प्राप्त करने की चेष्टा करना जो दूसरे की हो; लालच करना।

Error/Blunder/Mistake/Slip

error : निंद्य या दंडनीय त्रुटि; ग़लती।

blunder : अज्ञान के कारण होनेवाली ऐसी बहुत बड़ी भूल जो मूर्खता की परिचायक हो; महाभूल।

mistake : प्रायः असावधानी, भ्रम या ग़लत धारणा के कारण होनेवाली त्रुटि; भूल।

slip : प्रायः असावधानी के कारण रह या छूट जानेवाली छोटी-मोटी भूल; चूक।

Essential/Compulsory/Indispensable/Necessary/Requisite

essential : जिसके बिना काम न चले; अत्यावश्यक, सारभूत।

compulsory : बाध्यता के रूप में होनेवाला; बाध्यकर, अनिवार्य।

indispensable : जिसे छोड़ा अथवा जिससे पीछा न छुड़ाया जा सके; अपरिहार्य।

necessary : जिससे आवश्यकता की पूर्ति होती हो; आवश्यक।

requisite : (परिस्थितियों के विचार से) जिसकी अपेक्षा हो; अपेक्षित।

Event/Circumstance/Episode/Occurrence

event : कोई अपेक्षाकृत अधिक महत्त्वपूर्ण घटना; वाक़िया।

circumstance : ऐसी घटना जो किसी दूसरी घटना का कारण बने; परिस्थिति।

episode : किसी एक घटना का पूरा-पूरा हाल या विवरण; वृत्तांत।

occurrence : घटित होनेवाली बात; घटना।

Every/Each

every : हरेक, हर कोई।

each : एक-एक, प्रत्येक।

[every : वर्ग की 'हरेक' इकाई को अनिश्चित रूप से सूचित करता है जबकि each 'हरेक' इकाई को निश्चित रूप से सूचित करता है।]

Evident/Apparent/Clear/Manifest/Obvious/Palpable

evident : जिसका अनुमान या ज्ञान सरलतापूर्वक हो सके; स्पष्ट।

apparent : जो भासित हो रहा हो; व्यक्त।

clear : उलझन, दुविधा, गूढ़ता आदि से रहित; निर्मल, स्पष्ट, साफ़।

manifest : जो बुद्धि या समझ में तुरंत आने के योग्य हो; अभिव्यक्त।

obvious : जो हरेक की समझ में आता हो; प्रत्यक्ष।

palpable : इंद्रियों द्वारा अनुभूत होनेवाला; प्रतीयमान।

Excessive/Exorbitant/Extravagant/Immoderate/Inordinate

excessive : मान, मात्रा, विस्तार आदि में इतना अधिक कि उचित सीमा का उल्लंघन करता हो; अत्यधिक।

exorbitant : सामान्य स्तर या रूढ़ि से बहुत ऊँचा या बहुत आगे बढ़ा हुआ; बे-ठिकाने।

extravagant : औचित्य, विवेक, संयम आदि के अभाव का सूचक।

immoderate : जो औसत दर्जे का न हो अथवा जो मनोभावों की अभिव्यक्ति में संयम न बरतता हो; अमर्यादित।

inordinate : निर्धारित या न्यायपरक सीमा से अधिक आगे बढ़ा हुआ; अतिमात्र।

Expect/Anticipate/Await/Hope

expect : आशा और धैर्यपूर्वक आसरे रहना; प्रतीक्षा करना।

anticipate : किसी अनुमानित भावी परिस्थिति की प्रतीक्षा करना; प्रत्याशा करना।

await : उत्सुकता तथा आशापूर्वक किसीकी प्रतीक्षा में होना; आसरा देखना।

hope : इच्छित बात या स्थिति की किंचित् विश्वासपूर्वक प्रतीक्षा करना; आशा करना।

Explain/Construe/Elucidate/Explicate/Expound/Interpret

explain : किसी अज्ञात या अविदित घटना, प्रक्रिया आदि को ब्योरे के साथ समझाना; व्याख्या करना।

construe : अर्थ लगाना।

elucidate : प्रकाशित तथा स्पष्ट करना; विवेचन करना।

explicate : विद्वत्तापूर्वक व्याख्या करना; मीमांसा करना।

expound : व्यवस्थित तथा विशद रूप से व्याख्या करना; प्रतिपादित करना।

interpret : जो सहसा स्पष्ट न प्रतीत हो उसे स्पष्ट कर देना; निर्वचन करना।

Explicit/Definite/Express/Specific

explicit : जिससे किसी प्रकार का भ्रम उत्पन्न न होता हो; सुस्पष्ट।

definite : निश्चित और निर्दिष्ट।

express : स्पष्ट तथा प्रत्यक्ष।

specific : जो स्पष्ट तथा ब्योरे की बातों से युक्त हो।

Extra/Additional/Spare/Superfluous/Surplus

extra : अतिरिक्त, विशेषतः सामान्य रूप से जितना आवश्यक हो उससे अधिक।

additional : अतिरिक्त, विशेषतः जो साथ में जोड़ या लगा दिया गया हो।

spare : अतिरिक्त, विशेषतः जो भावी आवश्यकता के लिए रख छोड़ा गया हो।

superfluous : फालतू; आवश्यकता से अधिक।

surplus : अतिरेक; आधिक्य, विशेषतः बचत के रूप में होनेवाला।

Extrinsic/Extraneous/Foreign

extrinsic : (जो प्राकृतिक या स्वाभाविक न हो) बाहरी।

extraneous : (जो असंबद्ध या असंगत हो) बाहरी।

foreign : (जो मेल न खाता हो) बाहरी।

F

Face/Countenance

face : मुख, चेहरा (विशेषतः आकार-प्रकार के विचार से)।

countenance : मुखड़ा (सौंदर्य के विचार से)।

Faithful/Constant/Loyal/Staunch

faithful : कर्तव्य, प्रतिज्ञा आदि के विचार से विश्वस्त; वफ़ादार।

constant : जिसकी निष्ठा किसी एक के प्रति हो; एकनिष्ठ।

loyal : (नैतिक दृष्टि से) स्वामिभक्त।

staunch : दृढ़ निष्ठावाला; दृढ़निष्ठ, कट्टर।

Fall/Decline/Lapse

fall : ऊँचाई से निचाई की ओर आना; गिरना, पतन होना।

decline : घटती पर होना; गिरावट होना।

lapse : सन्मार्ग से च्युत होना; अधःपतन होना।

False/Bogus/Counterfeit/Fake

false : जो असली न हो बल्कि असली के अनुकरण से बना हुआ हो; झूठा, नक़ली।

bogus : मूल के अनुकरण पर अत्यंत सावधानी से दूसरों को धोखा देने के लिए बनाया हुआ; बोगस, जाली।

counterfeit : नक़ली और ख़राब; खोटा।

fake : नक़ली और अवैध; जाली।

Familiar/Close/Confidential/Intimate

familiar : जिससे जान-पहचान हो; जानी-पहचानी।

close : जिससे आपसदारी का पक्का संबंध हो; गहरा, घनिष्ठ।

confidential : ऐसी जानी-पहचानी जिसपर विश्वास किया जाए; विश्वस्त।

intimate : जिससे हार्दिक संबंध हो; जिगरी।

Famous/Celebrated/Distinguished/Eminent/Noted/Notorious/Renowned

famous : विशेष रूप से चर्चित; प्रसिद्ध।

celebrated : जो प्रसिद्ध भी हो और सम्मानित भी; प्रख्यात।

distinguished : किसी वर्ग में श्रेष्ठ तथा सम्मानित; प्रतिष्ठित।

eminent : जो किसी विषय का पंडित होने के नाते प्रसिद्ध हो; नामी, विख्यात।

noted : अपने किसी गुण के आधार पर जन-साधारण में प्रसिद्ध; नामी, ख्यात।

notorious : बदनाम; कुख्यात।

renowned : देश-विदेश में अपने गुणों, कृतियों आदि के लिए प्रसिद्ध; कीर्तिवान, कीर्तिशाली।

Fantastic/Bizarre/Grotesque

fantastic : बिना सिर-पैर का; ऊट-पटाँग।

bizarre : अस्त-व्यस्त और ख़राब; गड़बड़।

grotesque : अत्यंत विकृत; दूषित।

Far/Distant/Remote

far : समय, संबंध, स्थान आदि के विचार से दूर का; दूरस्थ, दूरवर्ती।

distant : बहुत दूर का।

remote : संबद्ध व्यक्ति, स्थान आदि के विचार से दूर का; सुदूर।

Fast/Quick/Rapid/Speedy/Swift

fast : (गति के विचार से) तेज़।

quick : झटपट काम कर लेनेवाला; फुर्तीला।

rapid : (क्रिया के विचार से) तेज़, शीघ्रकारी।

speedy : अत्यंत तेज़; वेगवान, द्रुतगामी।

swift : (स्वभाव के विचार से) तेज़, सत्वर।

Fate/Destiny/Lot/Portion

fate : पूर्व निश्चित घटनाक्रम; भवितव्यता, भावी, नियति।

destiny : (अनुकूल तथा फलप्रद) पूर्व निश्चित घटनाक्रम; भावी, भाग्य।

lot : भाग्य; विशेषतः भाग्य से प्राप्त (अनियमित) हिस्सा।

portion : भाग्य; विशेषतः भाग्य से प्राप्त (न्यायसंगत) हिस्सा।

Fault/Defect/Failing/Foible/Vice/Weakness

fault : कोई ऐसी बात जिसके कारण कोई चीज़ या व्यक्ति ख़राब समझा जाए; दोष।

defect : ऐसी बात जिसके कारण कोई चीज़ ठीक प्रकार से उपयोगी न सिद्ध होती हो; विकार, ख़राबी।

failing : अपूर्णता या अभाव का सूचक तत्त्व या बात; त्रुटि।

foible : चारित्रिक दुर्बलता का सूचक तत्त्व; अवगुण।

vice : दुराचार, दुर्व्यसन आदि का सूचक अवगुण; ऐब।

weakness : किसी प्रकार की शारीरिक या मानसिक असमर्थता; कमज़ोरी।

Favourable/Auspicious/Propitious

favourable : उद्देश्य की सिद्धि में सहायक और हितकर; अनुकूल।

auspicious : मांगलिक और कल्याणकारी; शुभ।

propitious : कल्याण करनेवाला; कल्याणकारी।

Fear/Alarm/Dismay/Dread/Fright/Panic/Terror

fear : ख़तरा उपस्थित होने पर होनेवाला भय।

alarm : ऐसा भय जो किसी आती हुई विपत्ति का सहसा भान होने पर होता है; भीति।

dismay : मुसीबत या ख़तरे के फलस्वरूप होनेवाला हतोत्साह।

dread : किसीको डरावना या भयावह मान लेने पर उससे लगनेवाला भय; त्रास।

fright : ऐसा भय जो अल्पकालिक हो और जिसका भान सहसा होता हो।

panic : भय की आशंका होने पर मचनेवाली भाग-दौड़; खलबली।

terror : ऐसा भय जो जड़ बना दे; आतंक।

Feeling/Emotion/Passion/Sentiment

feeling : अनुभव, स्मरण आदि से जन्य भावना; अनुभूति।

emotion : मानसिक आवेग की सूचक भावना; मनोवेग।

passion : तीव्र या प्रबल हार्दिक आवेग; भावावेग।

sentiment : बौद्धिक भावना; भाव, मनोभाव।

Female/Feminine/Ladylike/Womanish/Womanly

female : स्त्री (जाति या लिंग) संबंधी; ज़नाना, मादा।

feminine : स्त्रियोचित।

ladylike : भले घर की स्त्रियों के योग्य; महिलावत्।

womanish : (पुरुष) जो औरतों का-सा व्यवहार करें।

womanly : स्त्रियों के सद्‌गुणों से संबद्ध; नारी-सुलभ।

Financial/Monetary/Pecuniary

financial : अर्थ या राजस्व संबंधी; आर्थिक, वित्तीय।

monetary : मुद्रा संबंधी; मौद्रिक।

pecuniary : धन, विशेषतः निजी धन से संबंध रखनेवाला; धन संबंधी।

Firm/Hard/Solid/Stiff

firm : जो दबाव से दबे नहीं; दृढ़, मज़बूत।

hard : जो इतना दृढ़ हो कि उसे सहज में काटा, तोड़ा या भेदा न जा सके; कठोर, कड़ा।

solid : कठोर और भारी; ठोस।

stiff : जिसे मोड़ा या फैलाया न जा सके; न मुड़ने या न फैलनेवाला।

Fit/Appropriate/Apt/Proper/Suitable

fit : आवश्यकता, स्थिति आदि की दृष्टि से संगत या ठीक बैठनेवाला।

appropriate : जो विशेष रूप से किसी चीज़ या बात के लिए ठीक या उपयुक्त हो; समुचित।

apt : प्रासंगिक तथा फबनेवाला; माक़ूल।

proper : विचार या न्याय की दृष्टि से ठीक; उचित।

suitable : अवसर विशेष की दृष्टि से ठीक; उपयुक्त।

Fly/Flit/Flutter/Hover/Soar

fly : हवा में पंखों आदि के सहारे एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना; उड़ना।

flit : उड़-उड़कर कूदना; फुदकना।

flutter : पंख फड़फड़ाते हुए उड़ना; फड़फड़ाना।

hover : उड़ते हुए चक्कर लगाना; मँडराना।

soar : लंबी उड़ान भरना।

Follow/Ensue/Succeed

follow : किसीके पीछे-पीछे जाना; अनुगमन करना।

ensue : परिणाम के रूप में घटित होना; बाद में उत्पन्न होना, प्रतिफलित होना।

succeed : पूर्ववर्ती का स्थान ग्रहण करना।

Follower/Adherent/Supporter

follower : जो किसीके सिद्धांतों को मानता हो और उनके अनुसार चलता हो; अनुगामी।

adherent : (पक्का) अनुयायी।

supporter : प्रमाणित करनेवाला; समर्थक।

Force/Coerce/Compel/Constrain

force : विवश या मजबूर करना।

coerce : धमकी आदि देकर किसीको कुछ करने के लिए मजबूर करना।

compel : कुछ करने के लिए किसीको लाचार कर देना।

constrain : अनुचित दबाव डालकर किसीको कुछ करने के लिए बाध्य करना।

Foretell/Forecast/Predict/Prophesy

foretell : पूर्व सूचना देना।

forecast : भावी परिस्थितियों या वातावरण संबंधी पूर्व सूचना देना।

predict : जोड़-हिसाब आदि लगाकर पूर्व सूचना देना।

prophesy : भविष्यवाणी करना।

Form/Figure/Shape

form : अवयवों का ऐसा गठन या विन्यास जिससे कोई अलग आकार-प्रकार प्राप्त होता हो; रूप।

figure : ऐसा भौतिक रूप जो रेखाओं आदि से बना या घिरा हो; आकृति।

shape : डील-डौल या बाहरी आकार-प्रकार; बाह्याकृति।

Fortitude/Backbone/Grit/Guts/Pluck

fortitude : सहन करने की शक्ति; सहन-शक्ति।

backbone : चरित्र की परिचायक शक्ति; चरित्र-बल।

grit : अडिग रहने की हठमिश्रित सहन-शक्ति; स्थैर्य।

guts : सामना करने का साहस; हिम्मत।

pluck : ख़तरे से भिड़ने के लिए सँजोई या बाँधी हुई हिम्मत; बल-बूता।

Fragile/Brittle/Crisp/Frangible/Friable

fragile : शीघ्र टूटनेवाला।

brittle : बेलोच होने के कारण हलके आघात या दबाव से टूटनेवाला।

Crisp : टूटते हुए कुर-कुर करनेवाला; कुरकुरा (खाद्य-पदार्थों के संबंध में प्रयुक्त)।

frangible : सहज ही टूटनेवाला; क्षयी।

friable : जिसका चूर्ण आसानी से बनाया जा सके; भुरभुरा।

Free/Discharge/Emancipate/Liberate/Release

free : भार, बंधन आदि से मुक्त करना; मुक्त करना, छोड़ना।

discharge : बंधन आदि उठाकर किसीको जाने की अनुमति देना; उन्मुक्त करना।

emancipate : दासता से मुक्त करना; स्वाधीन करना, विमुक्त करना, उद्धार करना।

liberate : राजनीतिक या शासकीय स्वतंत्रता देना; स्वतंत्र करना।

release : कारा आदि से छोड़ना; रिहा करना।

Free/Autonomous/Independent/Self-dependent

free : मुक्त; स्वतंत्र।

autonomous : स्वायत्त।

independent : स्वाधीन।

self-dependent : आत्मनिर्भर।

Freedom/Independence/Liberty/Emancipation

freedom : भार, बंधन आदि से मुक्त होने का भाव; मुक्ति, छुटकारा।

independence : किसीकी अधीनता से निकलकर स्वाधीन होने का भाव; स्वाधीनता।

liberty : किसीके तंत्र या शासन से छुटकारा पाकर अपने तंत्र में होने का भाव; स्वतंत्रता।

emancipation : जीव का जन्म-मरण के बंधन से छूट जाना; मोक्ष।

Funny/Amusing/Comic/Comical/Droll/Farcical/Laughable

funny : हँसी उत्पन्न करनेवाला; हास्यकर।

amusing : हँसी और आनंद उत्पन्न करनेवाला; विनोदपूर्ण।

comic : सहृदयतापूर्वक हँसनेवाला; हास्यपूर्ण।

comical : ज़ोर-ज़ोर से हँसानेवाला; हँसोड़।

droll : अपनी विचित्रताओं से हँसानेवाला; कौतुक भरा।

farcical : अपनी असंगति या बेहूदगी से हँसानेवाला।

laughable : दूषित होने के कारण जिसपर हँसा जाए; हास्यास्पद।

Futile/Abortive/Fruitless/Useless/Vain

futile : जिससे कोई अर्थ या प्रयोजन सिद्ध न हुआ हो; निरर्थक।

abortive : (प्रयास) योजना के कार्यान्वयन से पहले जो विफल कर दिया गया हो; निष्फल।

fruitless : जो सफलतादायक सिद्ध न होता हो अथवा जिससे कोई फल न निकलता हो; निष्फल।

useless : जो किसी काम न आता हो; बेकार।

vain : जिससे अभिप्रेत परिणाम न प्राप्त हुआ हो; निष्फल।

□

G

Gain/Achieve/Attain

gain : परिश्रमपूर्वक उद्देश्य की सिद्धि करना; अर्जित करना।

achieve : सफलतापूर्वक अपने उद्देश्य की सिद्धि करना; उपार्जित करना।

attain : असाध्य-सी प्रतीत होनेवाली बात या चीज़ को प्राप्त करना; उपलब्ध करना।

Gather/Assemble/Collect

gather : अलग-अलग या बिखरी हुई चीज़ों या व्यक्तियों को इकट्ठा करना।

assemble : किसी विशेष प्रयोजन से इकट्ठा करना; जुटाना।

collect : संग्रह करना; संगृहीत करना।

Gaudy/Garish/Pompous/Showy/Tawdry

gaudy : चमक-दमकवाला; भड़कीला।

garish : चम-चम करता हुआ; चमचमाता हुआ, जगमगाता हुआ।

pompous : ठाट-बाट या शान-शौकतवाला।

showy : भड़कीला, विशेषत: आडंबरपूर्ण; दिखावा भरा; प्रदर्शनपूर्ण।

towdry : इतना भड़कीला कि ओछा जान पड़े; फूहड़।

Get/Acquire/Gain/Obtain/Procure/Secure

get : यों ही या प्रयत्न द्वारा प्राप्त करना; पाना।

acquire : लंबी या अनेक प्रक्रियाओं के बाद प्राप्त करना।

gain : प्रयत्नपूर्वक कोई लाभप्रद चीज़ प्राप्त करना।

obtain : प्रयत्न तथा परिश्रमपूर्वक प्राप्त करना।

procure : प्रयत्न, विशेषत: उपाय से प्राप्त करना।

secure : कठिनाई से प्राप्त करना।

Give/Bestow/Confer/Donate/Grant/Present

give : दूसरे को कोई वस्तु, अधिकार आदि देना।

bestow : उपहार के रूप में उदारतापूर्वक देना।

confer : सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदान करना।

donate : दान के रूप में देना; दान देना।

grant : माँगने पर सहायता के रूप में धन देना; अनुदान देना।

present : प्रेम, स्नेह या आदरपूर्वक देना अथवा औपचारिक रूप से किसीकी सेवा में उपस्थित करना; भेंट करना, उपहार देना।

Go/Depart/Leave/Quit

go : एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर जाना।

depart : प्रस्थान करना (आदरार्थक)।

leave : विदा होना; रुख़सत लेना।

quit : छोड़कर चले जाना; ख़ाली कर देना।

Good/Right

good : अच्छा, विशेषतः प्रशंसनीय और स्तुत्य।

right : ठीक, विशेषतः उचित और उपयुक्त।

Govern/Administer/Reign/Rule

govern : राज्य में व्यवस्था स्थापित करना; शासन करना।

administer : सरकारी नियमों के अनुसार किसी क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन की व्यवस्था करना; प्रशासन करना।

reign : (राजा या रानी का) राज्य करना।

rule : किसी एक व्यक्ति का मनमाने ढंग से स्वेच्छापूर्वक शासन करना।

Grand/August/Imposing/Magnificent/Majestic/Stately

grand : मान, रूप, महत्त्व आदि के विचार से विशाल और दर्शनीय; भव्य।

august : धार्मिक दृष्टि से या पवित्रता के विचार से महान् और सम्मान्य; प्रतापी या प्रतापपूर्ण।

imposing : जिसका दर्शन-मात्र प्रभाव डालता हो; प्रभावोत्पादक।

magnificent : आकर्षक तथा शोभायुक्त; शोभापूर्ण।

majestic : राजसी और भव्य; महत्।

stately : राजा या राज्य से संबद्ध; राजसी।

Greedy/Acquisitive/Avaricious/Covetous

greedy : आवश्यकता या औचित्य से अत्यधिक मात्रा चाहनेवाला; लोभी।

acquisitive : जो प्राप्ति के लिए अत्यंत उत्सुक हो और प्राप्त की हुई वस्तु की रक्षा करने में भी समर्थ हो।

avaricious : धन-संपत्ति का लोभी; धन-लोलुप।

covetous : जो किसी ऐसी चीज़ पर अधिकार जमाना चाहता हो जिसपर उससे कहीं अधिक योग्य या समर्थ व्यक्ति का अधिकार हो; लालची, पद-लोलुप।

Group/Bevy/Covey/Drove/Flight/Flock/Herd/Pack/School/Swarm

group : व्यक्तियों, वस्तुओं या पशुओं का समूह; ग्रुप।

bevy : बटेरों का झुंड।

covey : बत्तखों का झुंड।

drove : गाय-बैलों, भेड़-बकरियों या सूअरों का झुंड।

flight : उड़नेवाले पशु-पक्षियों या जहाज़ों का समूह।

flock: पशुओं या पक्षियों का झुंड।

herd : दल बनाकर साथ-साथ घूमने तथा चरनेवाले पशुओं का झुंड।

pack : शिकारी कुत्तों या भेड़ियों का झुंड; लहेड़ा।

school : मछलियों का झुंड।

swarm : कीड़ों का झुंड; टोल।

Guarantee/Bail/Bond/Security

guarantee : किसी चीज़ में किसी प्रकार की निर्माण-संबंधी त्रुटि या ख़राबी होने पर उसकी क्षतिपूर्ति का दिया जानेवाला आश्वासन; गारंटी।

bail : अभियुक्त को समय पर अदालत में उपस्थित होने या करने के संबंध में दिया हुआ आश्वासन; ज़मानत।

bond : ऐसा लिखित आश्वासन जिसे पूरा न करना क़ानूनन जुर्म हो; ज़मानतनामा।

security : धन जो आश्वासन पूरा न करने पर ज़ब्त किया जा सकता हो; प्रतिभूति।

Guess/Conjecture/Hypothesis/Surmise

guess : संयोगवशात् होनेवाला प्रायः ठीक अनुमान; अटकल।

conjecture : कुछ-कुछ आभास मिलने पर किया जानेवाला अनुमान।

hypothesis : परिकल्पना, विशेषतः सुझाव, विचार-विमर्श के लिए अथवा स्पष्टीकरण के रूप में कही हुई बात।

surmise : ऐसा अनुमान जो कल्पित किंतु अंतःप्रेरणीय हो।

□

H

Habit/Custom/Practice/Usage

habit : कोई क्रिया बार-बार करते रहने से उस क्रिया को करते चलने का होनेवाला स्वभावगत अभ्यास; आदत।

custom : अभ्यास या परंपरागत रीति; रिवाज।

practice : कोई काम किसी रूप-विशेष या अवस्था-विशेष में करने का अभ्यास; अभ्यास।

usage : प्रतिष्ठित तथा प्रयोगसिद्ध अभ्यास; बँधान।

Happen/Chance/Occur

happen : किसी प्रत्यक्ष कारण के द्वारा अस्तित्व में आना; घटित होना।

chance : किसी प्रत्यक्ष कारण के बिना घटित होना।

occur : किसी विशेष अवसर पर किसी विशेष घटना का घटित होना।

Happy/Cheerful/Glad/Joyful/Joyous

happy : प्रसन्नता भरा; प्रसन्न, ख़ुश।

cheerful : प्रसन्न तथा हँसता रहनेवाला; हँसमुख, प्रफुल्ल।

glad : अत्यधिक या विशेष रूप से प्रसन्न।

joyful : आनंदित या आनंद भरा।

joyous : आनंदित रहने की जिसकी प्रकृति हो; आनंद-स्वरूप, आनंदी।

Hard/Arduous/Difficult/Laborious/Tedious

hard : जिसे करने में अधिक श्रम की अपेक्षा होती हो; कड़ा, कठोर।

arduous : जिसका साधन अत्यंत कठिनाई से होता हो; विकट।

difficult : जिसे करने में अधिक बुद्धिबल, कुशलता आदि की आवश्यकता हो; कठिन।

laborious : जिसे साधने में विशेष या निरंतर श्रम करना पड़ता हो; श्रमसाध्य।

tedious : जो इतना अधिक कठिन और श्रमसाध्य हो कि उसका संपादन करते-करते जी उकता जाता हो; क्लांतिकर उबाऊ।

Haste/Hurry

haste : उत्सुकतावश या परिस्थितियों के कारण जल्दी मचाना; हड़बड़ी मचाना।

hurry : घबराहट के कारण जल्दी मचाना; जल्दबाज़ी करना।

Hate/Abhor/Despise/Detest

hate : द्वेष के कारण घृणा करना।

abhor : अरुचि के कारण घृणित समझना।

despise : घृणित समझकर तिरस्कृत करना।

detest : स्वभाव या प्रकृति के कारण किसी बात या चीज़ से चिढ़ होना।

Hatred/Detestation/Dislike/Repugnance

hatred : घृणा।

detestation : तीव्र घृणा; गर्हणा।

dislike : नापसंदी।

repugnance : घोर नापसंदी; जुगुप्सा।

Head/Chairman/Convener/President/Speaker

head : प्रधान।

chairman : सभापति।

convener : संयोजक।

president : अध्यक्ष।

speaker : प्रमुख।

Healthy/Hale/Robust/Sound

healthy : उत्तम स्वास्थ्यवाला; स्वस्थ, तंदुरुस्त।

hale : जो वृद्धावस्था में भी जरा से पीड़ित न हो; तगड़ा।

robust : हट्टा-कट्टा, हृष्ट-पुष्ट।

sound : जो निरोग तथा विकारहीन हो; अक्षत।

Heavy/Cumbersome/Ponderous/Weighty

heavy : जिसका भार अधिक हो; भारी।

cumbersome : बोझिल, विशेषतः क्लेशप्रद।

ponderous : बहुत भारी, विशेषतः दुर्वह।

weighty : अपेक्षया बहुत भारी और महत्त्वपूर्ण; वज़नदार।

Height/Altitude/Elevation/Stature

height : तल से ऊपरी सिरे तक की माप; ऊँचाई।

altitude : समुद्र-तल से ऊपर की ऊँचाई; उन्नतांश।

elevation : किसी निर्दिष्ट तल से ऊपर की ऊँचाई; उत्सेध।

stature : व्यक्ति की ऊँचाई; क़द।

Heighten/Enhance

heighten : सामान्य स्तर से उठाकर उन्नत और सशक्त बनाना; बढ़ाना।

enhance : आकर्षण, प्रतिष्ठा आदि बढ़ाकर (किसीकी नज़र में) प्रिय या प्रतिष्ठित बनाना; बढ़ाना।

Help/Aid/Assist/Succour

help : किसी प्रयोजन की सिद्धि या कष्ट के निवारणार्थ सहायता करना।

aid : अशक्त या असहाय व्यक्ति की सहायता करना।

assist : सहायक के रूप में रहकर सहायता करना।

succour : ठीक समय पर सहायता करना।

Hesitation/Shyness

hesitation : (अनिश्चय या अनिच्छासूचक) हिचक।

shyness : दूसरों की उपस्थिति से घबराने की वृत्ति; झिझक।

Hide/Conceal

hide : इस प्रकार किसी चीज़ को छिपाना कि उसपर किसीकी सहसा नज़र न पड़े।

conceal : जान-बूझकर विशेषत: दूसरों को गुमराह करने या धोखा देने के उद्देश्य से छिपाना।

High/Lofty/Tall/Towering

high : सामान्य स्तर से ऊपर उठा हुआ; ऊँचा।

lofty : उच्च और भव्य।

tall : बहुत ऊँचा या लंबा।

towering : अति उच्च और अति भव्य; गगनचुंबी।

Hinder/Block/Impede/Obstruct

hinder : रोकना या रुकावट डालना, विशेषत: कोई नया काम आरंभ करते समय।

block : अवरुद्ध या बंद करना; रोकना।

impede : बाधा उपस्थित करके प्रगति का वेग कम करना; बाधक होना।

obstruct : प्रगतिपथ अवरुद्ध करना।

Hire/Lease/Rent

hire : भाड़े या किराए पर लेना।

lease : पट्टे पर लेना।

rent : किराए पर लेना (विशेषत: कोई ऐसी चीज़ जिसके भोग के बदले नियत काल पर नियत धन देना पड़ता हो)।

Hit/Knock/Punch/Slap/Smite/Strike

hit : ज़ोर से ठोकर मारना या आघात करना।

knock : इस प्रकार या बार-बार आघात करना कि कोई चीज़ अपने स्थान से हट जाए; खटखटाना।

punch : मुक्का या घूँसा मारना।

slap : चपत लगाना।

smite : (घातक) वार या प्रहार करना।

strike : हलका या तीव्र आघात करना।

Holiday/Leave/Recess/Vacation

holiday : (सार्वजनिक अथवा राजपत्रित) छुट्टी।

leave : विशेष आवश्यकता या अवसर के लिए ली हुई छुट्टी; अवकाश।

recess : अल्पावकाश; मध्यावकाश।

vacation : लंबी छुट्टी।

Honesty/Honour/Integrity

honesty : ईमानदार होने की अवस्था या भाव; ईमानदारी, धर्मपरायणता।

honour : न्यायपूर्वक काम करने की क्षमता; न्यायपरता।

integrity : सदाचारी तथा विश्वासभाजन होने की अवस्था या भाव; सदाचारिता, सच्चरित्रता।

Hooligan/Hoodlum/Rogue/Ruffian/Scoundrel

hooligan : सार्वजनिक स्थलों पर उपद्रव करनेवाला; उपद्रवी।

hoodlum : गलियों में उत्पात करनेवाला; गुंडा।

rogue : शरारती या धोखेबाज़; शठ।

ruffian : अन्यायी तथा अत्याचारी; आततायी

scoundrel : दुष्ट; बदमाश।

Hopeless/Despairing/Desperate/Desponding

hopeless : जिसकी आशा मिट चुकी हो; निराश।

despairing : जिसका उत्साह नष्ट हो चुका हो; हतोत्साह।

desperate : निराशा से उन्मत्त; निराशोन्मत्त।

desponding : विषाद भरा; विषादपूर्ण।

Humble/Meek/Modest

humble : जिसमें अभिमान तथा हठवादिता न हो, विनम्र; दीन, विशेषत: आत्मसम्मानहीन।

meek : धैर्यवान् तथा सहनशील; सौम्य; दीन, विशेषत: निर्बल चरित्रवाला।

modest : जो नम्र, निरभिमान तथा संकोची हो; सुशील।

Hungry/Ravenous/Starved

hungry : जिसे भूख लगी हो; भूखा।

ravenous : जिसकी भूख न मिटती हो; खाऊ, भुक्खड़।

starved : भूख के कारण जो मर रहा हो; भुखमरा।

□

I

Idea/Concept/Conception/Impresssion/Notion/Thought

idea : विचार या भाव (कल्पित अथवा अनुभूत)।

concept : किसी सामान्य वर्ग के संबंध में तथ्यों के आधार पर बना हुआ विचार; धारणा, संकल्पना।

conception : ऐसी धारणा जो तर्कपूर्वक या कल्पना के आधार पर स्थिर की गई हो।

impression : ऐसा अनिश्चित विचार जो बाह्य परिस्थितियों के आधार पर उत्पन्न हुआ या बना हो; छाप।

notion : कोई अनिश्चित-सी भावना।

thought : चिंतन-मनन के द्वारा स्थिर किया हुआ मत; विचार।

Ignorant/Illiterate/Uneducated

ignorant : जिसे जानकारी या ज्ञान न हो; अनभिज्ञ।

illiterate : जो लिख-पढ़ न सकता हो; निरक्षर।

uneducated : जिसने शिक्षा प्राप्त न की हो; अशिक्षित।

Ill/Ailing/Indisposed/Sick

ill : जिसे कोई रोग हो; बीमार, रुग्ण।

ailing : किसी लंबी या पुरानी बीमारी से ग्रस्त; व्याधिग्रस्त, मरीज़।

indisposed : जिसे कुछ-कुछ अस्वस्थता का बोध हो रहा हो; नासाज़।

sick : बीमार (औपचारिक प्रसंगों में प्रयुक्त)।

Impartial/Neutral

impartial : जो तर्क-वितर्क, न्याय या निर्णय करने में किसीका पक्ष न ग्रहण करता हो; निष्पक्ष।

neutral : जो युद्ध, झगड़े आदि में किसी पक्ष की सहायता न करता हो; तटस्थ।

Impassive/Apathetic/Stoic/Stolid

impassive : उमंग या उत्साह से रहित; निरावेग।

apathetic : उदासीन तथा पराङ्मुख।

stoic : अनासक्त या निर्लिप्त।

stolid : अभावुक और निष्क्रिय।

Impatient/Perturbed/Restless/Uneasy

impatient : जिसे विलंब या विरोध असह्य हो; अधीर, व्यग्र।

perturbed : चिंता, क्षोभ आदि के कारण जो विकल हो; उद्विग्न।

restless : कष्ट, पीड़ा आदि के कारण जो तड़प रहा हो; बेचैन।

uneasy : असुरक्षा, चिंता, अनिश्चय आदि के कारण जिसे राहत न मिल रही हो; अशांत, विकल।

Impertinent/Impudent/Insolent

impertinent : अक्खड़, विशेषत: हठी।

impudent : अक्खड़, विशेषत: हठी और निर्लज्ज।

insolent : अक्खड़, विशेषत: बदतमीज़।

Implement/Appliance/Instrument/Tool

implement : किसी कार्य की सिद्धि में सहायक होनेवाली चीज़ें; उपकरण।

appliance : हाथ से चलाई जानेवाली कोई घरेलू मशीन या उपकरण।

instrument : वैज्ञानिक, विशेषत: सूक्ष्म काम करने के उपकरण; उपस्कर।

tool : (दस्तकारी से संबंधित) औज़ार।

Importance/Consequence/Significance/Weight

importance : महत्त्व, विशेषत: अर्घ, अर्थ, प्रभाव आदि के विचार से।

consequence : महत्त्व, विशेषत: किसी प्रकार के फल या परिणाम के विचार से।

significance : सार्थकता, विशेषत: अर्थ, आशय के विचार से।

weight : आपेक्षिक महत्त्व।

Improper/Indecent/Indecorous/Indelicate/Unbecoming/Unseemly

improper : जो मान्य स्तर के विचार से उचित न हो; अनुचित।

indecent : नैतिक या चारित्रिक दृष्टि से आक्षेपपूर्ण; अनुचित तथा अशोभनीय।

indecorous : जो शिष्टसम्मत न हो; अशिष्टतापूर्ण।

indelicate : अविनयपूर्ण और ओछा।

unbecoming : जो व्यक्ति-विशेष के लिए उचित न हो।

unseemly : जो परिस्थिति-विशेष की दृष्टि से उचित न हो।

Improve/Ameliorate/Better

improve : मरम्मत या तब्दीली करके ठीक करना; सुधारना (विशेषत: पहले की अपेक्षा अधिक अच्छा बनाना)।

ameliorate : असह्य, हीन या दयनीय स्थिति से उभारना या सुधारकर ठीक करना।

better : सुधारकर संतोषजनक रूप देना।

Inactive/Idle/Inert/Lazy/Lethargic/Passive

inactive : जिसमें क्रियाशीलता न हो; निष्क्रिय।

idle : जिसे काम न हो या जो काम न करता हो; निकम्मा।

inert : पूर्ण रूप से निश्चेष्ट; जड़।

lazy : सुस्त; विशेषत: जिसमें कोई काम करने की इच्छा न हो या बहुत थोड़ा काम करता हो।

lethargic : मट्ठर; जिसमें स्फूर्ति ही न हो, अत्यंत मंद गति से काम करनेवाला।

passive : उदासीन और अप्रतिरोधी; अकर्मण्य।

Incidental/Adventitious

incidental : जो अनावश्यक या गौण प्रकृति का होने पर भी किसीके साथ लगा हुआ हो; आनुषंगिक।

adventitious : स्वाभाविक अंग या संबंध न होने पर भी जो किसीके साथ आकस्मिक रूप से लग जाए; बाहरी।

Incite/Arouse/Foment/Instigate

incite : अच्छे या बुरे काम के लिए प्रेरणा देना; उकसाना, प्रेरित करना, उत्तेजित करना।

arouse : उद्दीप्त या जाग्रत करना।

foment : निरंतर उत्तेजित करते रहना।

instigate : दूषित उद्देश्य से उभाड़ना या भड़काना।

Inclination/Bent/Leaning/Proclivity/Propensity

inclination : हलका या गहरा स्वभावगत झुकाव।

bent : गहरा स्वभावगत झुकाव; रुझान, शौक़।

leaning : किसी प्रकार के आकर्षण के फलस्वरूप होनेवाला झुकाव; खिंचाव।

proclivity : व्यसन के फलस्वरूप होनेवाला रुझान; लत।

propensity : ऐसा रुझान जो अमर्यादित या अनियंत्रित हो; लत्।

Include/Comprehend/Embrace/Involve

include : अंग के रूप में सम्मिलित करना; अंतर्गत करना।

comprehend : अपने क्षेत्र में लाना; अंतर्व्याप्त करना।

embrace : विभिन्न प्रकार की वस्तुओं को मिलाना; समाविष्ट करना; भिन्न जातियों के लोगों को अपनाना; गले लगाना।

involve : संबंधित चीज़ों को मिलाना; संबद्ध करना।

Inconstant/Capricious/Fickle/Instable/Unsteady

inconstant : जिसमें दृढ़ता का अभाव हो; परिवर्तनशील।

capricious : ढुलमुल, विशेषतः सनकी।

fickle : जो जल्दी-जल्दी अपना निश्चय बदलता रहता हो; चल-चित्त।

instable : जिसका अपने मनोवेगों पर निग्रह न हो; चंचल।

unsteady : जो स्थिर न रह सकता हो; अस्थिर।

Increase/Augment/Enlarge/Multiply

increase : मान, मात्रा आदि में बढ़ाना; वृद्धि करना।

augment : जोड़-बटोरकर बढ़ाना।

enlarge : विस्तृत बनाना; विस्तार करना।

multiply : प्रजनन द्वारा संख्या बढ़ाना।

Indifferent/Detached/Disinterested

indifferent : जिसका चित्त दुःखी होकर किसी बात से हट गया हो; विरक्त, उदासीन।

detached : अलग तथा तटस्थ रहनेवाला; निरपेक्ष।

disinterested : जिसकी किसी बात विशेष में रुचि या स्वार्थ न हो; निःस्वार्थ, निस्पृह, पक्षपात-रहित।

Infer/Conclude/Deduce/Gather/Judge

infer : तथ्यों या साक्ष्य के आधार पर किसी निर्णय पर पहुँचना; अनुमित करना।

conclude : तर्क के बल पर अंतिम निष्कर्ष पर पहुँचना; उपसंहार करना।

gather : तथ्य और तर्क के आधार पर निर्णय पर पहुँचना।

judge : निरीक्षण-परीक्षण द्वारा निर्णय पर पहुँचना।

Infertile/Barren/Impotent/Sterile/Unfruitful

infertile : जो उर्वर न हो; अनुर्वर।

barren : जिसमें उपज न होती हो; ऊसर। जो बच्चे न देती हो; बाँझ।

impotent : (पुरुष) जिसमें स्त्री-संभोग की शक्ति न हो; नपुंसक, हिजड़ा।

sterile : (स्त्री) बाँझ।

unfruitful : न फलनेवाला; फलहीन, अनुत्पादक।

Information/Knowledge/Learning/Wisdom

information : वह उपलब्धि जो पढ़ने, निरीक्षण करने या सूचनाओं के आधार पर होती है; जानकारी।

knowledge : अनुभव, विचार-विमर्श तथा निरीक्षण-परीक्षण द्वारा प्राप्त की जानेवाली जानकारी; ज्ञान।

learning : अध्ययन से, विशेषतः साहित्य, कला, दर्शन आदि के अध्ययन से प्राप्त होनेवाला ज्ञान; विद्या।

wisdom : व्यावहारिक ज्ञान; अक्ल, बुद्धि।

Injure/Damage/Harm/Hurt/Impair/Spoil

injure : आघात करना, विशेषतः रूप-रंग या स्वास्थ्य विकृत या नष्ट करना।

damage : नुक़सान या हानि पहुँचाना; क्षति करना।

harm : कष्ट या दुःख देना; अपकार करना।

hurt : ठेस लगाना या चोट करना।

impair : विकार उत्पन्न करके क्षीण या कमज़ोर बना देना; विकृत करना।

spoil : ख़राब या नष्ट-भ्रष्ट करना; बिगाड़ना।

Innate/Congenital/Hereditary/Inborn/Inbread

innate : स्वभाव तथा शारीरिक गठन के विचार से जो अंग रूप हो; अंतर्जात।

congenital : जन्म के साथ-साथ उत्पन्न होनेवाला; जन्मजात।

hereditary : जन्म से, विशेषतः रक्त संबंध से प्राप्त होनेवाला; पैतृक।

inborn : जिसके संबंध में यह लगता हो कि यह जन्म से ही हो रहा है; स्वाभाविक, सहज।

inbread : गर्भ से ही होनेवाला, विशेषतः नस्ल या जाति के प्रभाव से युक्त; वंशगत।

Inspect/Examine/Scrutinize/Test

inspect : चूक, दोष आदि निकालने के लिए देखना-भालना; निरीक्षण करना।

examine : गुण, वैधता, स्थिति आदि की जाँच करना; परीक्षण करना।

scrutinize : ब्योरे की हर छोटी-मोटी बात को समझने के लिए ग़ौर से देखना; संवीक्षण करना।

test : यह देखना कि उपयोग, प्रयोग; व्यवहार आदि में कोई चीज़ कहाँ तक खरी उतरती या

लाभप्रद सिद्ध हो सकती है; जाँचना।

Instance/Case/Example/Illustration

instance : सामान्य कथन को प्रमाणित या पुष्ट करनेवाली कोई दूसरी बात; दृष्टांत।

case : कोई ऐसी घटना या स्थिति जो किसी सामान्य सत्ता की सूचक हो; प्रघटन, केस।

example : सामान्य नियम का परिचायक प्रयोगात्मक रूप; उदाहरण।

illustration : ऐसा उदाहरण या दृष्टांत जो स्पष्टीकारक हो; नज़ीर, निदर्शन।

Intelligent/Alert/Brilliant/Clever/Intellectual

intelligent : जिसमें नई बात शीघ्रतापूर्वक सीख लेने की बुद्धि और योग्यता हो; कुशाग्रबुद्धि।

alert : स्थिति को भाँप लेने की जिसमें क्षमता हो; चौकस।

brilliant : अत्यंत कुशाग्रबुद्धि; तेज़।

clever : चतुर और व्यवहार-निपुण; सयाना।

intellectual : जिसकी ज्ञान-विज्ञान के उन्नत क्षेत्रों में रुचि और पैठ हो; बौद्धिक, बुद्धिशील।

Intensify/Aggravate

intensify : तीव्र करना या तेज़ी लाना (विशेषत: ओज, शक्ति, मनोवेग में)।

aggravate : तीव्र करना, विशेषत: असह्य बनाना।

Intention/Aim/End/Intent/Goal/Object/Objective/Purpose

intention : मन में होनेवाली कोई आकांक्षा; इरादा।

aim : ऐसी आकांक्षा जिसकी सिद्धि के लिए व्यक्ति अपनी सारी शक्ति लगाता हो; लक्ष्य।

end : ध्येय।

intent : ख़ूब सोच-विचारकर मन में ठानी हुई बात; संकल्प।

goal : ऐसा चरम उद्देश्य जिसकी प्राप्ति श्रमसाध्य हो; ध्येय।

object : जिसे प्राप्त करना अभिप्रेत और आवश्यक हो; उद्देश्य।

objective : ऐसा उद्देश्य जिसकी प्राप्ति व्यक्ति-विशेष की सामर्थ्य में हो।

purpose : ऐसा उद्देश्य जो दृढ़ संकल्प के रूप में हो; प्रयोजन।

Interest/Aptitude/Bent/Taste

interest : जिज्ञासा या हित रक्षा की भावना उत्पन्न करनेवाली वृत्ति; रुचि।

aptitude : कुशलता या ज्ञान प्राप्त करने की सहज योग्यता; अभिरुचि।

bent : गहरा स्वभावगत झुकाव; रुझान।

taste : मज़ा लेने तथा सराहने की वृत्ति; स्वाद।

Intermittent/Alternate/Periodic/Recurrent

intermittent : एक-एक करके होनेवाला; सविराम।

alternate : (दो वस्तुओं के संबंध में) बारी-बारी से या आपसे-आप होनेवाला; वैकल्पिक; पारी का।

periodic : लगभग नियत सी अवधि के बाद होनेवाला; आवधिक।

recurrent : जिसकी आवृत्ति पुनः-पुनः होती हो; आवर्तक।

Interpose/Intercede/Interfere/Intervene/Mediate

interpose : किसी होते या चलते हुए काम में दख़ल देना; बीच में पड़ना।

intercede : किसी एक के पक्ष का समर्थन करना; हस्तक्षेप करना।

interfere : किसी काम में या उसके परिणाम में बाधा पहुँचाने के उद्देश्य से हस्तक्षेप करना; दख़लअंदाज़ी करना।

intervene : उग्रता, मतभेद कम करने के लिए हस्तक्षेप करना; बीच-बचाव करना।

mediate : सुलह-समझौता करने के लिए बीच में पड़ना; मध्यस्थता करना।

Introduction/Foreword/Preface

introduction : किसी पुस्तक का वह आरंभिक अंश जो उसकी विषय-वस्तु पर प्रकाश डालता हो; भूमिका।

foreword : संक्षिप्त प्रस्तावना; प्राक्कथन।

preface : पुस्तक के आरंभ में होनेवाला वह मंतव्य जो पुस्तक के उद्देश्य, रचना, क्रम आदि पर प्रकाश डालता हो; प्रस्तावना।

Investigation/Inquisition/Probe/Research

investigation : सत्य उद्घाटित करने के लिए तथ्यों की खोज तथा जाँच-पड़ताल; अन्वेषण।

inquest : न्यायिक अधिकारी द्वारा किसीकी संदिग्ध मृत्यु के संबंध में होनेवाली छान-बीन; तहक़ीकात।

inquisition : किसी धर्माधिकारी द्वारा किसीपर लगाए हुए आरोप, विशेषतः धर्मद्रोह के संबंध में की जानेवाली छान-बीन।

probe : किसी समिति द्वारा किसीपर लगाए हुए आरोपों की की जानेवाली जाँच-पड़ताल; तहक़ीकात।

research : अध्ययन, अनुशीलन द्वारा छान-बीनकर नए तथ्यों को उद्घाटित करने का काम; शोध, गवेषणा।

Irregular/Abnormal/Anomalous

irregular : रूढ़ि के अनुसार न होनेवाला; अनियमित।

abnormal : जो सामान्य प्रकार, स्थिति आदि से हटा-बढ़ा हो; अपसामान्य; असामान्य।

anomalous : अपसामान्य तथा विलक्षण।

Irrepressible/Irresistible

irrepressible : जिसका दमन न हो सके; अदम्य।

irresistible : जिसका प्रतिरोध न किया जा सके; अप्रतिरोध्य।

☐

J

Join/Associate/Combine/Connect/Consolidate/Link/Unite

join : सीधा संपर्क स्थापित करना; मिलाना।

associate : मित्रों, सहयोगियों, साझेदारों आदि के रूप में मिलना।

combine : दो या अधिक चीज़ों को मिलाकर एक करना; एक करना।

connect : संबंधित चीज़ों को मिलाना।

consolidate : एकत्र या एकत्रीकरण करना।

link : दृढ़तापूर्वक संबद्ध करना।

unite : एकता लाना; संयुक्त करना।

Joint/Collective/Mixed/United

joint : दो या अधिक व्यक्तियों द्वारा एक-साथ किया जानेवाला; संयुक्त।

collective : समूह भावना से किया जानेवाला; सामूहिक।

mixed : मिश्रित; मिला-जुला।

united : एकजुट होकर किया जानेवाला; संघटित।

K

Keep/Withhold/Retain

keep : अपने अधिकार में रखना।

withhold : अपने पास या बंधन में रखना और मुक्त न करना; रखे या रोके रहना।

retain : अपने अधिकार से बाहर न जाने देना; सँभाले रखना।

Kill/Assassinate/Dispatch/Execute/Murder/Slay

kill : जान ले लेना; मार डालना।

assassinate : योजना बनाकर मार डालना; हत्या करना।

dispatch : एकाएक और फुर्ती से मार डालना।

execute : फाँसी पर लटका देना।

murder : दुर्भावनावश मार डालना; वध करना।

slay : संहार करना; उग्रतापूर्वक हिंसा करना।

Kind/Benign

kind : सद्भावपूर्वक दूसरों की सहायता करने और उनके सुख-सुभीते का ध्यान रखनेवाला; कृपालु।

benign : उदारतापूर्वक कष्ट या कठिनाई से दूसरों को उबारने अथवा उन्हें क्षमा प्रदान करनेवाला; दयालु।

Kinship/Affinity/Agnation/Cognation/Enation

kinship : रक्त या विवाह के फलस्वरूप होनेवाला संबंध; रिश्ता, नाता।

affinity : विवाह के द्वारा स्थिर होनेवाला संबंध; नाता।

agnation : पितृपक्ष के विचार से स्थिर होनेवाला संबंध।

cognation : रक्त के फलस्वरूप स्थिर होनेवाला संबंध; रिश्ता।

enation : मातृपक्ष के विचार से स्थिर होनेवाला संबंध।

□

L

Large/Big/Great

large : आकार या परिणाम के विचार से अधिक; बड़ा।

big : राशि, महत्त्व या विस्तार के विचार से अधिक; बड़ा।

great : आकार-प्रकार या विस्तार में भव्य और विस्मयकारक; बड़ा, महान्।

Last/Eventual/Final/Latest/Terminal/Ultimate

last : क्रम के विचार से सबसे अंत में होनेवाला; आख़िरी, अंतिम।

eventual : परिस्थितियों के परिणामस्वरूप घटित होनेवाला; अंतिम, संभाव्य।

final : अंतिम उद्देश्य से संबद्ध और मुख्यतः निर्णायक रूप में होनेवाला; अंतिम, आख़िरी।

latest : ताज़ा; अंत तक।

terminal : अवधि, सत्र आदि के अंत का सूचक; आवधिक, सत्रिक।

ultimate : जिसके परे और कुछ न हो; अंततोगत, परम।

Latent/Dormant/Hidden/Potential

latent : जो अस्तित्व में तो हो, पर अभी तक छिपा हुआ या अलक्षित हो; अंतर्हित, प्रच्छन्न।

dormant : अक्रियाशीलता के फलस्वरूप जो सोया हुआ-सा प्रतीत हो; प्रसुप्त।

hidden : जो प्रकाश रूप में न आया हो; छिपा हुआ, गुप्त।

potential : जो अभी अविकसित हो और इसलिए प्रकट न हो; गर्भित।

Laugh/Chuckle/Giggle/Guffaw/Snicker/Titter

laugh : प्रसन्नता या आनंद के समय मुँह से ध्वनियाँ निकालना और निःश्वास छोड़ना; हँसना।

chuckle : धीरे-धीरे हँसना; मुरग़ियों की तरह किट-किट करना; किटकिटाना।

giggle : खी-खी करना; फूहड़पन से हँसना।

guffaw : ख़ूब ज़ोर से हँसना; ठहाका लगाना।

snicker : दूसरों की कमज़ोरी या कष्टों पर हँसना; घोड़ों की तरह हिनहिनाना, ही-ही करना।

titter : मुँह ढक या छिपाकर हँसना; मुँह बंद करके हँसना।

Law/Canon/Ordinance/Regulation/Rule/Statute

law : क़ानून, विशेषतः सत्ता-द्वारा बनाया या लागू किया हुआ।

canon : धर्म-विधि।

ordinance : राज्य के सर्वोच्च शासक द्वारा बनाई हुई विशेष विधि; अध्यादेश।

regulation : किसी संघ या संस्था द्वारा बनाया हुआ नियम; विनियम।

rule : आचरण या कार्य-व्यापार मर्यादित करनेवाली कोई प्रथा या विधि; नियम।

statute : संसद् या विधान सभा द्वारा पास किया हुआ क़ानून; विधि।

Lean/Gaunt/Lanky/Scrawny/Skinny

lean : पतला-दुबला, विशेषत: स्वस्थ।

gaunt : हड्डियों का ढाँचा; मरकटहा।

lanky : पतला-दुबला और लंबा; लंबू।

scrawny : दुबला-पतला, विशेषत: अशक्त और अनाकर्षक, सींक-सलाई।

skinny : दुबला-पतला और अशक्त; मरियल।

Legal/Lawful/Legitimate/Licit

legal : क़ानून-संबंधी या क़ानून के रूप में होनेवाला; क़ानूनी, विधिक।

Lawful : जो क़ानून या विधि के विपरीत न हो; वैध।

legitimate : विधिसम्मत; क़ानूनी।

licit : विधि के अनुरूप; वैधानिक।

Let/Allow/Permit

let : (मजबूरन या असावधानी के कारण) होने या करने देना।

allow : (बंधन, नियम ढीलते हुए) अनुमति देना।

permit : औपचारिक तथा आधिकारिक रूप से स्वीकृति देना।

Lethargy/Languor/Lassitude/Stupor/Torpor

lethargy : अतिभोजन, बीमारी आदि के कारण होनेवाली सुस्ती; मट्ठरपन।

languor : निठल्लेपन आदि के कारण होनेवाली सुस्ती; आलस्य।

lassitude : कष्ट, दु:ख या अधिक काम करने से होनेवाली शिथिलता; अवसाद।

stupor : विस्मय के कारण होनेवाली असहाय अवस्था; जाड्य, जड़ता।

torpor : क्षणिक जड़ता; अवसन्नता।

Level/Even/Plane/Smooth

level : जिसका तल क्षितिज के समानांतर हो; सम।

even : जो ज़्यादा ऊबड़-खाबड़ न हो; चपटी।

plane : जिसका हर बिंदु एक सीध में हो; चौरस।

smooth : जो खुरदरा न हो; चिकना।

Lie/Equivocate/Fabricate/File/Prevaricate

lie : (जान-बूझकर) झूठ बोलना।

equivocate : (किसीको बहकाने या धोखा देने के उद्‌देश्य से) गोल-मोल बात करना।

fabricate : (दूसरे को भरमाने के लिए) मनगढ़ंत बातें करना।

file : गप्प हाँकना।

prevaricate : (असलियत को छिपाने के लिए) बात को तोड़ना-मरोड़ना।

Lift/Boost/Elevate/Hoist/Raise/Rear

lift : ऊँचा करना; ऊँचाई पर लाना।

boost : धक्का देकर ऊपर उठाना।

elevate : उत्सेध करना, विशेषत: नीचे से ऊपर उठाना।

hoist : किसी साधन से कोई भारी चीज़ ऊपर उठाना।

raise : एक सिरे के बल ऊँचा (विशेषतः सीधा खड़ा) करना।

rear : ऊँचा उठाना (साहित्यिक क्षेत्र में)।

Likeness/Analogy/Resemblance/Similarity

likeness : सादृश्य साम्य, विशेषतः आकार-प्रकार, प्रकृति या गुणों के विचार से।

analogy : दो विभिन्न चीज़ों में होनेवाले गुण, परिस्थिति आदि की समानता; एकरूपता।

resemblance : अनुहार, विशेषतः रूप-रंग तथा आकार-प्रकार में होनेवाली समानता।

similarity : समानता, विशेषतः आंशिक तद्रूपता।

liquid/Fluid

liquid : द्रव-पदार्थ, विशेषतः जो पात्र के अनुरूप अपना रूप बना लें।

fluid : तरल पदार्थ, विशेषतः जो गतिमान हों।

Living/Animate/Animated/Lively and Alive

living : जिसमें जीवन हो; जीवित।

animate : चेतन, विशेषतः जड़ से भिन्न।

animated : जिसमें जीवनी शक्ति लाई गई हो।

lively and alive : जिसमें पूर्ण जीवनी शक्ति हो; सजीव।

Look/Gape/Gaze/Peek/Peer/Stare

look : देखना; दृष्टिपात करना।

gape : मुँह बाकर विस्मयपूर्वक देखना।

gaze : एकटक देखना; टकटकी लगाना।

peek/Peep : झाँकना, विशेषतः उचककर या चोरी-छिपे देखना।

peer : ताकना, विशेषतः ग़ौर से देखना।

stare : घूरना, विशेषतः आँखें फाड़कर देखना।

Love/Affection/Amour/Attachment/Infatuation

love : अनुराग, वासना या आदरपूर्ण अनुभूति या गहरी चाह; प्रेम, मुहब्बत।

affection : मर्यादित प्रेम; स्नेह।

amour : गुप्त, विशेषतः अवैध प्रेम-संबंध।

attachment : हेल-मेल, संग-साथ के कारण होनेवाला स्थायी तथा दृढ़ अनुराग; आसक्ति।

infatuation : आयुक्तिशील तथा मूर्खतापूर्ण प्रेम; मोह।

Lucky/Fortunate/Providential

lucky : शुभ, विशेषतः अप्रत्याशित रूप से तथा संयोगवशात् होनेवाला।

fortunate : शुभ, विशेषतः महत्त्वपूर्ण विषय से संबंध रखनेवाला।

providential : शुभ, विशेषतः दैवकृत।

□

M

Magic/Sorcery/Witchcraft/Wizardry

magic : हाथ की सफ़ाई का खेल; जादू।

sorcery : जंतर-मंतर; टोना।

witchcraft : डाकिनीवृत्ति।

wizardry : भूतसिद्धि।

Make/Construct/Fabricate/Fashion/Form/Manufacture

make : भौतिक या मानसिक रूप में कोई चीज़ निर्मित करना; बनानां।

construct : विभिन्न अवयवों को जोड़ते हुए निर्माण करना; बनाना।

fabricate : रेशों, तंतुओं आदि के द्वारा रचना तैयार करना।

fashion : सुंदर ढंग से तथा कलापूर्ण रूप से बनाना।

form : कोई निश्चित रेखाचित्र, नक़्शा, ढाँचा आदि बनाना; विरचना।

manufacture : मशीन द्वारा कच्चे माल से नई चीज़ों का उत्पादन करना।

Male/Mannish/Manly/Masculine/Virile

male : पुरुष जाति का; नर।

mannish : मर्दों का-सा (औरतों के लिए प्रयुक्त)।

manly : मनुष्य जाति के उत्तम गुणों से संबद्ध; मनुष्योचित।

masculine : पुरुषों की शक्ति से संबद्ध; पौरुषेय।

virile : सतेज, तगड़ा, वीर्यवान्।

Malice/Grudge/Illwill/Malevolence/Malignity/Rancour/Spite

malice : द्वेष, विशेषतः जिसमें दूसरों को दुःख देने में अथवा उन्हें दुःखी देखने में मज़ा आता हो।

grudge : ऐसा दुर्भाव जो कष्ट तथा आक्रोशजन्य हो; डाह।

illwill : दूसरे का बुरा चाहने की कामना; दुर्भाव।

malevolence : विद्वेष; जिसमें दूसरों का अपकार करने की नीयत हो।

malignity : ऐसा दुर्भाव जो निर्मम और घातक सिद्ध हो सकता हो; वैर।

rancour : ऐसा उग्र दुर्भाव जो दूसरे का अहित करने के लिए बेचैन बना देता हो; मत्सर।

spite : ऐसा दुर्भाव जिसके फलस्वरूप छोटे-छोटे कार्यों में दूसरे को परेशान और क्रुद्ध किया जाए; वैमनस्य।

Many/Innumerable/Manifold/Multifarious/Numerous

many : संख्या में अपेक्षाकृत अधिक; अनेक, नाना।

innumerable : अगणित; असंख्य।

manifold : अनेक प्रकार का; बहुविध, बहुमुखी।

multifarious : तरह-तरह का; रंग-बिरंगा, विविध।

numerous : भीड़ के रूप में होनेवाला; बहुसंख्यक।

Marriage/Matrimony/Wedding/Wedlock

marriage : वह अवसर या स्थिति जिसमें पुरुष और स्त्री पति-पत्नी का संबंध स्वीकार करते हैं; विवाह।

matrimony : धार्मिक संस्कार के रूप में होनेवाला विवाह; पाणिग्रहण।

wedding : विवाह, विशेषत: विवाहोत्सव।

wedlock : ऐसा विवाह जो वैध संबंध के आधार पर हो।

Martial/Military/Warlike

martial : युद्ध या सेना के अनुशासन, ठाट-बाट आदि से संबद्ध; सामरिक, सैनिक।

military : सैनिकों का या सैनिकों से संबंध रखनेवाला; सैनिक।

warlike : युद्ध के अनुरूप या युद्ध की आवश्यकता के अनुरूप; जंगी।

Marvellous/Miraculous/Spectular

marvellous : चमत्कारिक, विशेषत: आश्चर्यजनक और सुखद।

miraculous : चमत्कारिक, विशेषत: ऐसी आश्चर्यजनक बात आदि के संबंध में प्रयुक्त जो प्राकृतिक नियमों के अधिक्षेत्र से बाहर हो।

spectular : असाधारण और उल्लेखनीय (बात, काम आदि); शानदार।

Matchless/Incomparable/Unequalled/Unprecedented

matchless : जिसके जोड़ का कोई और न हो; बेजोड़।

incomparable : जिसकी किसीसे तुलना न की जा सके; अतुल्य।

unequalled : जिसकी बराबरी न की जा सके; अप्रतिम।

unprecedented : जैसा पहले हुआ ही न हो; अपूर्व।

Material/Corporeal/Physical/Sensible

material : भूत या पदार्थ से बना हुआ; भौतिक।

corporeal : शरीर या शरीरधारियों से संबद्ध; दैहिक, शारीरिक।

physical : (ऐसी चीज़) जिसे इंद्रियों द्वारा देखा जा सके या (ऐसी शक्ति) जिसे वैज्ञानिक प्रक्रिया से नापा जा सके; भौतिक।

sensible : जिसका ज्ञान इंद्रियों से हो सके (फलत: बौद्धिक से भिन्न); इंद्रियग्राह्य।

Meager/Scant/Scanty/Sparse

meager : बल, शक्ति, संपन्नता आदि से रहित; तुच्छ।

scant : नहीं के बराबर; बराए नाम।

scanty : बहुत ही थोड़ा; स्वल्प।

sparse : जो विस्तृत क्षेत्र में कहीं-कहीं या यहाँ-वहाँ छिटका हो; विरल।

Meaning/Import/Purport/Sense/Significance/Signification

meaning : जो अभिव्यक्त किया जाए; अर्थ।

import : जो-कुछ कहा अथवा समझा गया हो; अभिप्राय।

purport : सामान्य निष्कर्ष; तात्पर्य।

sense : किसी शब्द द्वारा प्रकट किए जानेवाले अर्थों में से कोई एक या हर एक; भाव।

significance : सूक्ष्म विवक्षा के रूप में होनेवाला अप्रकट किंतु महत्त्वपूर्ण अर्थ; अर्थ-वैशिष्ट्य।

signification : परंपरागत अर्थ; रूढ़ार्थ।

Melt/Dissolve/Thaw

melt : ताप से ठोस पदार्थ का द्रव रूप प्राप्त करना; पिघलना।

dissolve : तरल पदार्थ में किसी चीज़ का मिलकर एकाकार होना; घुलना।

thaw : जमी हुई चीज़ का द्रव रूप धारण करना; गलना।

Mercy/Clemency/Lenity

mercy : कष्ट में पड़े हुए जीव के साथ की जानेवाली सहानुभूति या रियायत; दया।

clemency : दंडाधिकारी द्वारा अभियुक्त या अपराधी के प्रति बरती जानेवाली नरमी; राजदया।

lenity : अपराधी के प्रति आवश्यक कठोरता न बरतकर किया जानेवाला कोमलतापूर्ण व्यवहार; रियायत।

Method/Fashion/Manner/Mode/System/Technique/Way

method : कोई काम करने का नियमित, व्यवस्थित तथा युक्तियुक्त ढंग; पद्धति।

fashion : काम करने का कोई अपना निजी ढंग; रीति, फैशन।

mode : काम करने का परंपरा से चला आता हुआ ढंग; रूढ़ि।

system : उन्नत किंतु अपेक्षाकृत जटिल पद्धति; प्रणाली।

technique : निपुणतापूर्वक कार्य करने की कोई विशेष पद्धति; प्रविधि, तकनीक।

way : काम करने का कोई (नया या पुराना अथवा अच्छा या बुरा) तरीक़ा; ढंग।

Middle/Centre

middle : समय, स्थान आदि के विचार से बीच का हिस्सा; मध्य।

centre : स्थान के विचार से बीच का हिस्सा; केंद्र।

Migrate/Emigrate/Immigrate

migrate : स्थायी या अस्थायी रूप से एक देश या प्रदेश छोड़कर दूसरी जगह जाना (व्यक्तियों, पशु-पक्षियों आदि के संबंध में प्रयुक्त)।

emigrate : (व्यक्तियों का) देश छोड़कर दूसरे देश में बसने के लिए जाना।

immigrate : बसने के उद्देश्य से नए देश में पहुँचना।

Mirth/Glee/Hilarity/Jollity/Merriment

mirth : हँसी द्वारा व्यक्त होनेवाली प्रसन्नता, आनंद आदि; उल्लास, हँसी-ख़ुशी।

glee : अपनी विजय या विरोधी की पराजय पर होनेवाली प्रसन्नता; हर्ष।

hilarity : ऐसा हर्ष जिसमें लोग कोलाहल मचाने लगें; प्रहर्ष।

jollity : चुहल, ठट्ठा, रास-रंग आदि से होनेवाला आनंद; आह्लाद।

merriment : रंगरेलियों से होनेवाला आनंद; आमोद-प्रमोद।

Mix/Blend/Fuse/Merge/Mingle

mix : दो या अधिक चीज़ों का मिला मिश्रण बनाना; मिश्रित करना, मिलाना।

blend : विभिन्न जातियों की चीज़ों के योग से मिश्रित गुणोंवाली नई चीज़ बनाना।

fuse : इस प्रकार म्लिाना कि मिलनेवाली चीज़ें फिर अलग-अलग न हो सकें।

merge : इस प्रकार मिलाना कि एक चीज़ अपनी स्वतंत्र सत्ता खोकर दूसरी में अंतर्युक्त हो जाए; विलय करना।

mingle : इस प्रकार मिलाना कि विभिन्न अवयवों या घटकों की सत्ता अलग-अलग दिखाई पड़े।

Model/Example/Pattern/Prototype

model : आकर्षक गुणोंवाली ऐसी चीज़ जिसका अनुसरण-अनुकरण किया जाए; प्रतिमान, मॉडल।

example : उच्च कोटि का या श्रेष्ठ गुणोंवाला ऐसा कार्य, बात या पदार्थ जिसका अनुसरण-अनुकरण उपयोगी या शुभ समझा जाता हो; आदर्श।

pattern : ऐसा प्रतिमान, रेखाचित्र या नक़्शा जिसका अनुसरण ठीक-ठीक किया जाना चाहिए; निदर्श।

prototype : प्रथम या मूल उदाहरण, जिसे देखकर उस तरह की और चीज़ें बनाई जाती हों; प्रतिरूप।

Moderate/Temperate

moderate : जो उदार या उदारतापूर्ण हो; मृदु।

temperate : जो आत्म-संयमी और धीर हो; सम।

Mood/Humour/Temper

mood : अस्थायी और तात्कालिक मनःस्थिति; भावदशा।

humour : ऐसी मनःस्थिति जो चंचल और सनक भरी हो; मिज़ाज।

temper : आवेशपूर्ण मनःस्थिति।

Moral/Ethical/Righteous/Virtuous

moral : अच्छे या शुभ आचरणवाला; सदाचारी।

ethical : नीतिशास्त्र के अनुकूल होनेवाला; नैतिक।

righteous : जिसपर चारित्रिक दृष्टि से दोषारोप न किया जा सके; औचित्यपूर्ण।

virtuous : सुंदर तथा प्रशंसनीय चरित्रवाला; सद्गुणी।

Move/Remove/Shift/Transfer

move : एक स्थान से उठाकर दूसरे स्थान पर ले जाना; हटाना।

remove : मूल या प्राथमिक स्थान से हटा देना।

shift : जगह बदलना।

transfer : स्थानांतरण या हस्तांतरण करना; अंतरण करना।

Moving/Effecting/Pathetic/Poignant/Touching

moving : दुःख भरा और करुणापूर्ण; हृदयस्पर्शी।

effecting : जिससे मन का बाँध टूट जाए और आँसू निकल आए; मर्मभेदी।

pathetic : करुणाजनक और शोचनीय; कारुणिक।

poignant : अत्यंत करुणापूर्ण और पीड़ाकारक; हृदयविदारक।

touching : मन में दया-भाव उत्पन्न करनेवाला; छूता हुआ, मर्मस्पर्शी।

Mutual/Common/Reciprocal

mutual : परस्पर विचार-भावना से या अदला-बदली के रूप में होनेवाला; पारस्परिक।

common : जिसमें सबका अंश हो; सामान्य।

reciprocal : ऐसा व्यवहार जो दोनों पक्षों द्वारा निभाया जाता हो; दो-तरफ़ा।

□

N

Naive/Artless/Ingenuous/Unsophisticated

naive : सादगी, सीधेपन और सांसारिक अव्यावहारिकता का परिचायक; भोला-भाला।

artless : जिसमें छल-बल या बनावट न हो; अकृत्रिम।

ingenuous : जिसमें बच्चों की-सी अबोधता या अनुभवशून्यता हो; अबोध।

unsophisticated : सीधा-सादा और अनुभवहीन।

Native/Aboriginal/Endemic/Indigenous

native : (व्यक्ति या वस्तु) जो किसी विशिष्ट प्रदेश में उत्पन्न होती, रहनेवाली हो; देशीय।

aboriginal : आरंभिक युग से किसी स्थान में होने या रहनेवाला; मूल, आदिम।

endemic : (बीमारियाँ, पौधे आदि) जो किसी स्थान-विशेष को घर बनाए हुए हों; स्थानीय।

indigenous : (जातियों और पदार्थों के संबंध में) देशीय।

Neat/Tidy/Trim

neat : स्वच्छ और व्यवस्थित।

tidy : साफ़-सुथरा और अच्छी आदतोंवाला।

trim : स्वच्छ और बनाव-श्रृंगार किया हुआ; बना-ठना।

Need/Exigency/Necessity/Requirement/Requisite

need : ऐसी चीज़ जिसकी पूर्ति अभिप्रेत या वांछनीय हो; अपेक्षा।

exigency : संकटकालिक आवश्यकता; अत्यावश्यकता।

necessity : ऐसी चीज़ या बात जिसके बिना काम न चल सकता हो; आवश्यकता।

requirement : शर्त आदि के रूप में होनेवाली आवश्यकता; अपेक्षा।

requisite : ऐसी चीज़ की आवश्यकता जो उद्देश्य-विशेष की सिद्धि के लिए सहायक हो।

Neglect/Disregard/Ignore/Omit/Overlook/Slight

neglect : जान-बूझकर या असावधानी के कारण कोई प्रत्याशित या निर्दिष्ट काम न करना; उपेक्षा करना।

disregard : लापरवाही करना; अनादर करना।

ignore : जान-बूझकर या हठात् उपेक्षा करना; अवहेलना करना।

omit : अपनी धुन में खोए रहने या दृष्टि-दोष के कारण उपेक्षा करना।

overlook : देखी-अनदेखी करना।

slight : तुच्छ समझकर उपेक्षा करना; तिरस्कार करना।

New/Fresh/Modern/Novel/Original

new : जो पहले कभी अस्तित्व, अधिकार या चलन में न आया हो; नया, नवीन।

fresh : जिसका मूल रूप-रंग, गुण-शक्ति प्रयोग या समय के कारण नष्ट न हुई हो अर्थात् जो बासी न हो; ताज़ा।

modern : वर्तमान काल से संबंधित तथा अद्यतन; आधुनिक।

novel : जो नया होने के साथ-साथ अनोखा भी हो; अभिनव।

original : जो नया होने के साथ-साथ अपनी तरह का पहला हो; नूतन।

Noise/Clamour/Din/Hubbub/Racket/Uproar

noise : अप्रिय तथा ऊँची ध्वनियाँ; शोर।

clamour : उत्तेजनापूर्ण वातावरण का सूचक शोर; हंगामा।

din : कर्णकटु और दुःखद शोर; चीत्कार, मशीनों की कठोर ध्वनि।

hubbub : बहुत सी आवाज़ों का मिश्रित रूप; शोरगुल।

racket : क्षोभकर ऊँची ध्वनियाँ; हुल्लड़।

uproar : चीख़-पुकार भरा शोर; हो-हल्ला।

Normal/Average/Natural/Regular/Typical/Usual

normal : सामान्य या मान्य स्तर का; सामान्य, प्रसम।

average : औसत दर्जे का।

natural : सामान्य स्वभाव या पैदाइशी लक्षणों के अनुकूल होनेवाला; स्वाभाविक।

regular : निर्धारित नियमों या मान्य प्रतिमान के अनुसार होनेवाला; नियमित।

typical : जिसमें किसी प्रकार या वर्ग की प्रतिनिधि विशेषताएँ हों; प्रकारात्मक, प्ररूपी।

usual : सामान्य घटनाक्रम या व्यवहार में होता रहने या होनेवाला; नित्य का।

Noticeable/Conspicuous/Outstanding/Prominent/Remarkable/Striking

noticeable : जिसे देखना अथवा जिसपर ध्यान देना ज़रूरी हो; दर्शनीय।

conspicuous : इतना स्पष्ट कि तुरंत दृष्टि में आ जाए।

outstanding : अपने वर्ग में सबसे आगे बढ़ा हुआ; बढ़ा-चढ़ा।

prominent : विशेष रूप से लोगों का ध्यान आकृष्ट करनेवाला; उत्कृष्ट।

remarkable : अपने अनोखे रूप-रंग के कारण विशेष रूप से ध्यान आकृष्ट करनेवाला; प्रकृष्ट।

striking : तीव्र छाप या प्रभाव छोड़नेवाला।

O

Obedient/Amenable/Docile

obedient : बड़ों की आज्ञा का पालन करनेवाला; आज्ञाकारी।

amenable : जिसमें शीघ्रता से कोई बात मान लेने का सौजन्य हो; विनम्र।

docile : जो बिना विरोध किए दूसरों की आज्ञा, नियंत्रण आदि स्वीकार कर ले; दब्बू।

Obscure/Ambiguous/Cryptic/Enigmatic/Equivocal/Vague

obscure : धुँधला और दुरूह; अस्पष्ट।

ambiguous : जो दो या अधिक अर्थोंवाला होने के कारण अनिश्चित-सा हो; गोल-मोल, संदिग्धार्थक।

cryptic : प्रच्छन्न और रहस्यपूर्ण; गुप्त और भेद भरा।

enigmatic : अस्पष्ट और उलझा देनेवाला; पेचीला।

equivocal : जो अस्पष्ट होने के सिवा संदेह भरा या चिंत्य भी हो; संदिग्ध।

vague : अस्पष्ट और अनिश्चयात्मक।

Obstacle/Hindrance/Hurdle/Impediment/Obstruction

obstacle : ऐसा तत्त्व या बात जो प्रगति में बाधक हो; अड़चन।

hindrance : ऐसी बाधा जिसे बिना दूर किए प्रगति निष्फल-सी प्रतीत होती हो; बाधा।

hurdle : ऐसी बाधा जिसे पार करना आवश्यक हो; रुकावट।

impediment : जिससे प्रगति रुक या शिथिल हो जाए; विघ्न, अड़ंगा।

obstruction : जो रास्ता अवरुद्ध कर दे; अवरोध।

Offend/Affront/Insult/Outrage

offend : ठेस पहुँचाना।

affront : जान-बूझकर किसीका औरों के बीच में अपमान करना; मान-हानि करना।

insult : अपमानित करना; बेइज़्ज़त करना।

outrage : निर्दयतापूर्वक या निंद्य रूप से किसीके विश्वास को आघात पहुँचाना।

Offer/Tender/Present

offer : (स्वीकृति या अस्वीकृति के लिए) प्रस्तुत करना।

tender : नम्रतापूर्वक प्रस्तुत करना; उपस्थित या पेश करना।

present : औपचारिक रूप से प्रस्तुत करना; पेश करना; ठाट-बाट से देना; प्रदान करना।

Old/Ancient/Antiquated/Antique/Archaic/Obsolete

old : अपेक्षाकृत अधिक दिनों से काम में आने या अस्तित्व में होनेवाला; पुराना।

ancient : पहले के या पुराने समय का; प्राचीन।

antiquated : अनद्यतन और पुरानी तरह का; पूर्वकालिक।

antique : प्राचीन होने के कारण महत्त्वपूर्ण; पुराकालीन।

archaic : आरंभिक युग का; आर्ष।

obsolete : प्रचलन से उठा हुआ; गत-प्रयोग, अप्रचलित।

Ominous/Foreboding/Portentous

ominous : अपशकुन के रूप में होनेवाला; अपशकुनी।

foreboding : अनिष्ट की सूचना देनेवाला; अनिष्टसूचक।

portentous : विपत्ति या संकट का सूचक; विपत्ति-सूचक।

Onerous/Burdensome/Exacting/Oppressive

onerous : भार रूप और खिझा देनेवाला; दूभर।

burdensome : थकाने और शिथिल करनेवाला; बोझिल।

exacting : धैर्य की परीक्षा लेनेवाला; कठिन।

oppressive : भारी, विशेषत: असह्य और क्लेशप्रद।

Opponent/Adversary/Antagonist/Enemy/Foe

opponent : जो किसीका अथवा उसके पक्ष का विरोध करता हो; विपक्षी, विरोधी।

adversary : ऐसा विरोधी जो संघर्षरत हो; प्रतिपक्षी।

antagonist : अधिकार छीनने या शक्ति हथियाने के लिए सक्रिय विरोध करनेवाला; प्रतिरोधी।

enemy : ऐसा विरोधी जो हानि पहुँचाना चाहता हो; दुश्मन, शत्रु।

foe : पक्का या गहरा शत्रु; वैरी।

Oppose/Resist/Withstand

oppose : (चुनौती देने या हस्तक्षेप करनेवाले) का सामना करना; विरोध करना।

resist : बचाव या रक्षा के लिए मुक़ाबला करना; प्रतिरोध करना।

withstand : सफलतापूर्वक मुक़ाबला करना।

Opposite/Antithetic/Antithetical/Contrary/Reverse

opposite : स्थिति, दिशा आदि के विचार से ठीक उलटे क्रमवाला; विरुद्ध।

antithetic, antithetical : विरोधपूर्ण और भिन्न, विपरीत।

contrary : जिसमें इतनी अधिक विभिन्नता हो कि मेल या समझौते की गुंजाइश ही न हो; प्रतिकूल।

reverse : जिसका ऊपरी या सामनेवाला पक्ष नीचे या पीछे हो; उलटा।

Oral/Verbal

oral : (लिखने से भिन्न) मौखिक।

verbal : (शब्दों में होनेवाला) मौखिक।

Orderly/Methodical/Systematic

orderly : क्रमबद्ध और व्यवस्थित।

methodical : पद्धति के अनुसार चलने या होनेवाला; पद्धति-संगत।

systematic : नियमित और व्यवस्थित।

Origin/Beginning/Inception/Root/Source

origin : वह स्थान जहाँ से कोई चीज़ निकली हो या अस्तित्व में आई हो; उद्‌गम।

beginning : बढ़ने या अग्रसर होने का बिंदु या स्थान; आरंभ, शुरुआत।

inception : किसी व्यापार, उपक्रम या विचार का होनेवाला आरंभ; प्रारंभ।

root : मूल, जड़।

source : वह बिंदु या स्थान जिससे कोई चीज़ निकलती या विकसित होती हो; स्रोत।

Outrageous/Atrocious/Flagrant/Heinous/Monstrous

outrageous : (असह्य और अनौचित्यपूर्ण) घोर।

atrocious : (सीमा से बढ़ा हुआ) अत्याचारपूर्ण।

flagrant : जिसमें कोमल भाव नाम को भी न हो; नृशंस।

heinous : धृष्टतापूर्ण और घृणास्पद।

monstrous : राक्षसी और बर्बर।

□

P

Pardon/Forgive

pardon : अपराधी को मिले हुए भोग से मुक्त करना; क्षमा करना।

forgive : किसीको दंडित करने की भावना सदा के लिए मन से निकाल देना।

Part/Division/Fraction/Fragment/Piece/Portion/Segment

part : उन अवयवों में से हर-एक जिनसे मिलकर कोई इकाई बनती है; भाग, हिस्सा।

division : किसी संस्था का कोई विशेष तथा बहुत-कुछ स्वतंत्र अंग; विभाग।

fraction : नगण्य हिस्सा।

fragment : किसी भारी चीज़ से टूटकर अलग हुआ कोई छोटा टुकड़ा; विखंड।

piece : किसी इकाई से अलग किया हुआ हिस्सा; टुकड़ा, फाँक।

portion : वह हिस्सा जो किसीके लिए नियत किया या अलग रखा गया हो; हिस्सा, खंड।

segment : ऐसा हिस्सा जो विभाजन की प्राकृतिक रेखा के आधार पर हुआ हो; खंड।

Party/Batch/Block/Group/Team

party : किसी विशेष उद्देश्य की सिद्धि के लिए समान दृष्टिकोणवाले लोगों का संघटित समूह; दल।

batch : एक-साथ मिलकर कोई काम करनेवाले लोगों, प्रशिक्षार्थियों, यात्रियों आदि का समूह; जत्था।

block : दल के अंतर्गत असंतुष्ट सदस्यों का गठजोड़; गुट्।

group : ग्रुप; एक स्थान पर एकत्र लोगों या वस्तुओं का समूह।

team : खिलाड़ियों का वह दल जो साथ मिलकर विपक्षी दल के विरुद्ध खेलता है; टोली, टीम।

Passion/Enthusiasm/Fervour/Zeal

passion : ऐसा आवेग जो अत्यंत प्रभावपूर्ण हो; भावावेश।

enthusiasm : शुभ और प्रशंसापूर्ण भावावेग; उमंग, समुत्साह।

fervour : निरंतर बना रहनेवाला उग्र भावावेग; जोश, भावातिरेक।

zeal : ऐसा भावावेग जो ध्येय की प्राप्ति के लिए क्रियाशील बनाए रखता हो; उत्साह।

Patience/Endurance/Forbearance/Fortitude

patience : शांति तथा संयमपूर्वक प्रतीक्षा या बरदाश्त करने का भाव; धैर्य।

endurance : कष्ट तथा दु:ख सहने की वृत्ति या क्षमता; सहनशीलता।

forbearance : छेड़-छाड़ या उत्तेजना के होते हुए भी शांत रहने या बरदाश्त करने का भाव;

सहिष्णुता।

fortitude : सहन करने की स्वभावजन्य तथा उत्साहपूर्ण मनोवृत्ति; सहनशीलता।

Penitence/Compunction/Regret/Remorse/Repentance

penitence : किए हुए पाप या ग़लती के लिए होनेवाला दु:ख; अफ़सोस।

compunction : अपनी भूल पर होनेवाली ऐसी व्यथा जो रह-रहकर सालती हो; मनोव्यथा।

regret : किसी आपत्तिपूर्ण कार्य पर होनेवाला दु:ख; खेद।

remorse : किए हुए पाप के भान से होनेवाली अत्यंत क्लेशपूर्ण तथा विरक्तिपूर्ण भावना; ग्लानि।

repentance : इस बात का दु:ख कि मैंने ऐसा क्यों किया; पश्चात्ताप।

Pensive/Contemplative/Meditative/Reflective

pensive : विचारमग्न (विशेषत: उदास और दु:खी)।

contemplative : चिंतन करने का जिसका अभ्यास बन गया हो; चिंतनशील।

meditative : जिसने किसी बात में ध्यान लगाया हुआ हो; ध्यानमग्न।

reflective : ठीक तथ्य तक सोच-विचार द्वारा पहुँचनेवाला; विचारशील।

Perceptible/Appreciable/Palpable/Sensible/Tangible

perceptible : जिसकी अनुभूति या अनुभव हो रहा हो; अनुभाव्य।

appreciable : जो ठीक प्रकार से अनुभूत होता या दिखाई पड़ता हो।

palpable : जिसका स्पर्श से ज्ञान होता हो; स्पर्शग्राह्य।

sensible : इंद्रियग्राह्य।

tangible : जिसे समझा जा सके; बोधगम्य, मूर्त।

Period/Aeon/Eon/Era/Epoch

period : काल का कोई खंड; अवधि।

aeon, eon : अनिश्चित और बहुत लंबी अवधि।

era : अविध से दोनों छोरों के बीच का समस्त काल-मान; युग।

epoch : सुधारवादी परिवर्तन के आरंभ होनेवाला युग; युगारंभ।

Pernicious/Baneful/Deleterious/Detrimental/Noxious

pernicious : बहुत बड़ी हानि पहुँचाने या कमज़ोरी लानेवाला; विनाशी।

baneful : विष भरा; विषाक्त।

deleterious : धीरे-धीरे क्षति करता चलनेवाला; अपकारक।

detrimental : कोई विशिष्ट या निर्दिष्ट हानि करनेवाला; क्षतिकारक।

noxious : अनिष्टकारक।

Perseverance/Persistence/Pertinacity/Tenacity

perseverance : कठिनाइयों, विघ्नों आदि के बावजूद काम में लगे रहने का भाव; अध्यवसाय।

persistence : निश्चय व्रत होकर अथवा हठपूर्वक उद्योग में लगे रहने का भाव; आग्रह।

pertinacity : अविवेकपूर्वक किसी काम में लगे रहने और उसे न छोड़ने का भाव; हठ।

tenacity : शुभ भाव से तथा विवेकपूर्वक किसी काम में लगे रहने का भाव; संलग्नशीलता।

Persuade/Induce

persuade : (कोई बात मनवाने के उद्देश्य से किसीको) राज़ी करना।

induce : प्रवृत्ति उत्पन्न करना; अंत:प्रेरित करना।

Petty/Trifling/Trivial

petty : अपेक्षाकृत अधिक छोटा और कम महत्त्वपूर्ण; नगण्य।

trifling : नगण्य और उपेक्ष्य; क्षुद्र।

trivial : साधारण और नगण्य; तुच्छ।

Phase/Angle/Aspect/Facet

phase : किसी चीज़ की विभिन्न अवस्थाओं या पक्षों में से कोई एक; पक्ष, अवस्था।

angle : ऐसा पक्ष जो सूक्ष्म दृष्टि से देखने पर दिखाई पड़ता हो; कोण।

aspect : किसी विशेष बिंदु से दिखाई पड़नेवाली चीज़ का स्वरूप; पहलू।

facet : अनेक पक्षोंवाली चीज़ का कोई एक पक्ष; रुख़।

Philanthropic/Altruistic/Charitable/Humanitarian

philanthropic : लोकोपकारक; जन-हितैषी।

altruistic : नि:स्वार्थ सेवक; परमार्थवादी।

charitable : दीनों या अभावग्रस्तों को दान देनेवाला; दानी, दाता।

humanitarian : मनुष्य जाति का कष्ट निवारण करनेवाला; मानववादी।

Pitiful/Piteous/Pitiable

pitiful : दयनीय और करुणाजनक।

piteous : दया का पात्र; दीन।

pitiable : करुण तथा घृणास्पद; शोचनीय।

Pity/Commiseration/Compassion/Condolence/Sympathy

pity : दूसरे के दु:ख या दुर्भाग्य से पसीजने का भाव; दया।

commiseration : दया का प्रकटीकरण; तरस, रहम।

compassion : दूसरे के दु:ख में सहायक होने की भावना; अनुकंपा।

condolence : शोक।

sympathy : दूसरे के दु:ख की होनेवाली पूरी-पूरी अनुभूति; संवेदना, सहानुभूति।

Plan/Design/Project/Scheme

plan : बनाई हुई वह विस्तृत पद्धति जिसके अनुसार कोई काम किया या कोई चीज़ बनाई जाए; योजना।

design : सतर्कता और कुशलतापूर्वक बनाई हुई अंतिम योजना; परिरूप।

project : निर्माण संबंधी योजना; परियोजना।

scheme : व्यवस्थित योजना; स्कीम, सुयोजना।

Plausible/Credible/Specious

plausible : जो ऊपर से देखने में ठीक जँचता हो।

credible : तर्क और युक्तियुक्त; प्रतीतिपूर्ण।

specious : दिखौआ किंतु कपटपूर्ण; सत्याभास।

Play/Floric/Gambol/Pastime/Sport

play : मनबहलाव या ध्यान-परिवर्तन के लिए की जानेवाली कोई मानसिक या शारीरिक क्रिया; खेल।

floric : रास-रंग; क्रीड़ा-कौतुक।
gambol : उछल-कूद।
pastime : ख़ाली समय बिताने के लिए की जानेवाली क्रीड़ा।
sport : मैदान में खेले जानेवाले खेल।

Pleasing/Agreeable/Enjoyable/Entertaining/Gratifying/Interesting/Likeable/Pleasant

pleasing : रमणीय और रुचिपूर्ण; प्रसन्नताकारक, सुखद।
agreeable : प्रकृति या रुचि के अनुकूल; सुहाता।
enjoyable : आनंददायक।
entertaining : मनोरंजक।
gratifying : रोचक।
likeable : रुचिकर।
pleasant : सुखद और उत्फुल्ल; सुहावना, प्रसन्नता भरा।

Pleasure/Delight/Enjoyment/Joy

pleasure : प्रसन्नता (मात्र संतोष से लेकर पूर्ण आनंद तक की स्थिति की परिचायक)।
delight : गहरी प्रसन्नता जो उत्साहपूर्वक प्रकट की जाए; हर्ष।
enjoyment : हार्दिक संतोष से होनेवाली प्रसन्नता; मज़ा।
Joy : सुख तथा ओज की प्रदर्शक प्रसन्नता; उल्लास।

Plentiful/Abundant/Ample/Copious/Profuse

plentiful : जिसकी पूर्ति माँग के अनुरूप हो; प्रचुर।
abundant : जिसकी पूर्ति अत्यधिक हो; अतिशय।
ample : जिससे सब आवश्यकताओं की पूर्ति हो जाए; पर्याप्त।
copious : अत्यधिक मात्रा में उत्पन्न या निर्मित होनेवाला; विपुल।
profuse : औचित्य से अधिक; अत्यधिक।

Pliable/Ductile/Malleable/Plastic

pliable : जो आसानी से मोड़ा जा सके; मृदु।
ductile : जिसे खींच या तानकर फैलाया जा सके; लचीला।
malleable : जिसे कूट-पीटकर विभिन्न रूप दिए जा सकें; वर्द्धनीय।
plastic : जिसे मनचाहे रूप में ढालकर रखा जा सके; रूपद।

Plot/Conspiracy/Intrigue

plot : दूसरों को हानि पहुँचाने के लिए बनाई गई गुप्त और सुनियोजित योजना; षड्यंत्र।
conspiracy : कुछ लोगों द्वारा मिलकर बनाई हुई कोई अवैध योजना; कपट-संधि।
intrigue : दूसरों को ठगने या धोखा देने के उद्देश्य से बनाई हुई पेचीली योजना; कुचक्र।

Ponder/Meditate/Muse/Ruminate

ponder : विषय के सब अंगों पर विचार करना; अनुशीलन करना।
meditate : कुछ जानने या निश्चित करने के उद्देश्य से ध्यान लगाना; चिंतन करना।
muse : चिंतन में खो जाना; मनन करना।
ruminate : बार-बार किसी एक ही बात पर विचार करना; मंथन करना।

Poor/Destitute/Impecunious/Impoverished/Indigent

poor : जिसके पास निर्वाह के साधनों की कमी हो; ग़रीब।

destitute : जो अपनी अनिवार्य आवश्यकताओं की भी पूर्ति न कर सकता हो; अकिंचन।

impecunious : स्वभावतः ग़रीब बना रहनेवाला; दरिद्र।

impoverished : जो अपनी धन-संपत्ति गँवा या लुटा चुका हो; कंगाल।

indigent : जो कठिनाई से निर्वाह कर रहा हो; दीन, दीन-हीन।

Possible/Feasible/Practicable/Probable

possible : जो हो सकता हो या जो किया जा सकता हो; संभव, मुमकिन।

feasible : जिसका सफलतापूर्वक साधन किया जा सके; सुसाध्य।

practicable : जिसे सरलता से कार्यरूप में परिणित किया जा सके; व्यवहार्य।

probable : जिसके हो सकने की बहुत-कुछ आशा या संभावना हो; शक्य, संभाव्य।

Post/Position/Rank/Status

post : पद।

position : स्थिति।

rank : पदवी।

status : हैसियत।

Posture/Attitude/Pose

posture : शरीर की कोई स्वाभाविक या कृत्रिम मुद्रा।

attitude : विशेष रूप से कोई भाव-विशेष सूचित करने के लिए बनाई हुई मुद्रा; ठवन।

pose : कलापूर्ण या मोहक मुद्रा।

Power/Authority/Command/Control/Dominion/Jurisdiction/Sway

power : (मान्य तथा नैसर्गिक) अधिकार।

authority : पद से प्राप्त अधिकार; पदाधिकारी।

command : ऐसा अधिकार जिसे कार्यरूप में परिणत किया जा सके तथा उसका पालन कराया जा सकता हो; आधिपत्य।

control : नियमित तथा नियंत्रित करने का अधिकार; नियंत्रण।

dominion : पूर्ण तथा अंतिम अधिकार; प्रभुत्व।

jurisdiction : निर्दिष्ट सीमाओं के अंतर्गत न्याय करने का अधिकार; न्यायाधिकार, क्षेत्राधिकार।

sway : जिधर चाहे उधर मोड़ लेने या ले चलने की शक्ति; दबदबा।

Practice/Drill/Exercise

practice : योग्यता प्राप्त करने के उद्देश्य से बार-बार काम करने की क्रिया; अभ्यास, मश्क़।

drill : कठोर अनुशासन का परिचायक अभ्यास; क़वायद, ड्रिल।

exercise : शारीरिक, मानसिक या आध्यात्मिक क्रिया या साधना; अभ्यास।

Praise/Acclaim/Eulogy/Extol/Laud

praise : दूसरे के कार्य, गुण आदि पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए उसके उत्साहवर्धन के लिए कही जानेवाली बात; प्रशंसा।

acclaim : प्रशंसा की परिचायक ध्वनि; हर्षध्वनि।

eulogy : किसी अवसर-विशेष पर किसीकी की जानेवाली प्रशंसा; गुणानुवाद।

extol : किसीका महत्त्व स्वीकार करते हुए उसकी नम्रतापूर्वक की जानेवाली प्रशंसा; स्तुति।

laud : अतिरेकपूर्ण प्रशंसा; श्लाघा।

Prayer/Appeal/Application/Beseech/Insistence/Petition/Request/Solicitation

prayer : प्रार्थना।

appeal : अपील; पुनरावेदन।

application : आवेदन।

beseech : याचना।

insistence : आग्रह।

petition : याचिका।

request : निवेदन।

solicitation : अभ्यर्थना।

Predicament/Dilemma/Fix/Plight/Quandary

predicament : ऐसी विषम स्थिति जिससे अलगाव न किया जा सके; धर्मसंकट।

dilemma : दोनों ओर संकट की सूचक स्थिति; उभयसंकट।

fix : चिंताजनक विकट स्थिति; असमंजस।

plight : दुर्गति की सूचक स्थिति; दुर्दशा।

quandary : अनिश्चय और बेचैनी की स्थिति; उलझन।

Preferable/Preferential

preferable : वरीय; बेहतर।

preferential : अधिमान्य; वरीयता प्राप्त।

Prejudice/Bias/Partiality/Predilection

prejudice : भय, घृणा, शंका आदि के कारण बनी हुई किसीके विपरीत धारणा; विधारणा।

bias : किसीके पक्ष या विपक्ष में पहले से बनी हुई पूर्व-धारणा; पूर्वग्रह।

partiality : आसक्ति, झुकाव, संबंध आदि के कारण किसीके अनुकूल होनेवाली धारणा; पक्षपात।

predilection : पहले से होनेवाली किसीके प्रति स्नेहपूर्ण भावना; पूर्वासक्ति।

Present/Gift/Donation/Gratuity

present : आत्मीयता, मित्रता या आदर भाव से दी जानेवाली वस्तु; भेंट।

gift : औपचारिक रूप से दी जानेवाली भेंट; उपहार।

donation : धर्मार्थ या सहायता-भाव से दिया जानेवाला धन; दान।

gratuity : सेवावृत्ति के लिए दी जानेवाली धन की सहायता; परिदान।

Prevailing/Current/Prevalent

prevailing : प्रचलन में औरों से बढ़कर; सर्वोपरि, हावी।

current : साधारणतः जिसे सब लोग जानते-मानते हों; प्रचलित।

prevalent : जो चलन में हो या जो चल रहा हो; चलनसार।

Prevent/Avert/Forestall/Preclude

prevent : घटित होने, आगे बढ़ने या फैलने न देना; रोकना।

avert : दूर करना, हटाना या अनावश्यक बनाना; निवारण करना।

forestall : घटित होने से पहले ही निष्क्रिय बना देना; रोक-थाम करना।

preclude : घटित होने ही न देना।

Previous/Antecedent/Foregoing/Former/Preceding/Prior

previous : क्रम, समय आदि के विचार से पहले आने या होनेवाला; पहलेवाला।

antecedent : संबंधसूचक और परिणामकारी; पूर्ववर्ती।

foregoing : पूर्वोल्लिखित या पूर्वोक्त।

former : (समय की तुलना के विचार से) पहले का; भूतपूर्व।

preceding : किसीसे ठीक पहलेवाला; अग्रवर्ती।

prior : (महत्त्व आदि के विचार से) पहलेवाला।

Pride/Conceit/Self-esteem/Vainglory/Vanity

pride : औचित्यपूर्ण या औचित्य से अधिक होनेवाली अपनी योग्यता, समृद्धि आदि संबंधी आत्मविश्वास; गर्व, अभिमान।

conceit : अत्यधिक तथा अनौचित्यपूर्ण अभिमान; अहंकार, घमंड।

self-esteem : जितना गुणी दूसरे समझते हों उससे अपने को अधिक गुणी समझने की भावना; आत्मश्लाघा।

vainglory : झूठ-मूठ किया जानेवाला अभिमान तथा ठाट-बाट; मिथ्याभिमान।

vanity : अपने गुणों की अत्यधिक प्रशंसा कराने की भावना; दंभ।

Primary/Elementary/Preliminary

primary : किसी क्रम में सर्वप्रथम होने या किया जानेवाला; प्राथमिक।

elementary : विकास के आरंभ काल की स्थितियों से संबद्ध; प्रारंभिक।

preliminary : उपक्रम या प्रस्तावना के रूप में होनेवाला; आरंभिक, उपक्रमस्वरूप।

Profuse/Extravagant/Lavish/Luxuriant/Prodigal

profuse : स्वेच्छा से तथा दिल खोलकर देनेवाला; मुक्तहस्त।

extravagant : बहुत अधिक व्यय करनेवाला; अपव्ययी।

lavish : उदारतापूर्वक देनेवाला; उदार।

luxuriant : सुसमृद्ध तथा व्ययशील; विलासी।

prodigal : जो इस प्रकार ख़र्च कर या दे रहा हो कि जल्दी ही कंगाल हो जाने को हो; लुटाऊ।

Progressive/Advanced

progressive : जो क्रमशः आगे बढ़ता चलता हो; प्रगतिशील।

advanced : समय, स्थिति आदि के विचार से आगे बढ़ा हुआ; उन्नत।

Proof/Evidence/Testimony

proof : तथ्य आदि जो किसी बात की तर्कपूर्वक सत्यता सिद्ध करता हो; प्रमाण।

evidence : गवाह का कथन; गवाही, साक्ष्य।

testimony : मौखिक साक्ष्य।

Proportional/Proportionate

proportional : दो चीज़ों के आपसी अनुपात से संबंद्ध; समानुपातिक।

proportionate : एक ही तरह की या संबंधित चीज़ों के अनुपात से संबद्ध; आनुपातिक।

Proposal/Proposition

proposal : स्वीकृति-अस्वीकृति के लिए उपस्थित की हुई बात या योजना; प्रस्ताव।

proposition : तर्क, प्रमाण आदि के रूप में रखा हुआ प्रस्ताव; प्रमेय, साध्य।

Proud/Arrogant/Disdainful/Haughty/Insolent/Overbearing/Supercilious

proud : उचित या अनुचित गर्व से युक्त; गर्वीला, अभिमानी।

arrogant : अनावश्यक रूप से अपनी महत्ता या शान दिखानेवाला; हेकड़, हेकड़ीबाज़।

disdainful : अभिमान में इतना चूर कि दूसरों का तिरस्कार करे; अवमानी।

haughty : अपने को बड़ा और दूसरों को छोटा या अधीनस्थ समझकर उनकी उपेक्षा करनेवाला; दंभी।

insolent : अपने अभिमानपूर्ण व्यवहार से दूसरे के सम्मान या मर्यादा पर आघात करनेवाला; धृष्ट।

overbearing : अत्यंत धृष्ट।

supercilious : जिसे दूसरों की कोई बात सम्मानपूर्ण न जँचती हो; नकचढ़ा।

Provoke/Excite/Pique/Quicken/Stimulate

provoke : मन में कोई सुप्त भाव जगाना; उभाड़ना।

excite : उत्तेजित तथा स्फूर्तियुक्त करना; उकसाना।

pique : छेड़-छाड़कर क्रोधाभिभूत करना; चिढ़ाना।

quicken : स्पंदित करना।

stimulate : उत्साहित करके क्रियाशील बनाना; बढ़ावा देना, उद्दीपन करना।

Pull/Drag/Draw/Haul/Push/Tow/Tug

pull : शक्ति लगाकर आगे या किसी ओर ले जाना; खींचना।

drag : घसीटना।

draw : आगे से खींचना।

haul : यंत्रों की सहायता से खींचना।

push : धकेलकर आगे बढ़ाना; धकेलना।

tow : तार या रस्से के द्वारा खींचना।

tug : अत्यंत भारी चीज़ को खूब ज़ोर लगाकर खींचना।

Pupil/Disciple/Scholar/Student

pupil : गुरु या शिक्षक की देख-रेख में अध्ययन करनेवाला; चेला, शिष्य।

disciple : (किसी गुरु या मत का) अनुयायी।

scholar : किसी विशिष्ट विद्या या विषय का जानकार होने पर भी और अधिक विद्योपार्जन करनेवाला; विद्याव्यसनी, पंडित, विद्वान्।

student : विद्यालय में पढ़नेवाला अथवा किसी विषय-विशेष का अध्ययन करनेवाला; विद्यार्थी, छात्र।

Push/Jerk/Jolt/Kick

push : धक्का।

jerk : झटका।

jolt : हिचकोला।

kick : ठोकर।

Puzzled/Bewildered/Confounded/Confused/Dumbfound/Perplexed

puzzled : विभ्रम में पड़ा हुआ; विभ्रांत।

bewildered : जो यह निश्चय न कर पा रहा हो कि अब क्या करना चाहिए; किंकर्तव्यविमूढ़।

confounded : चकित और चिंतित; हैरान।

confused : चक्कर में पड़ा हुआ; चकराया हुआ।

dumbfound : जो आश्चर्य के मारे होश-हवास खो बैठा हो; हक्का-बक्का।

perplexed : जिसकी समझ में कुछ न आ रहा हो; सकपकाया हुआ।

□

Q

Quality/Attribute/Merit/Property/Trait

quality : (स्वाभाविक भौतिक या अभौतिक) गुण।

attribute : किसी चीज़ में अन्वेषित, नियत या निर्धारित किया हुआ गुण; विशेषता।

merit : ऐसा तत्त्व जिसके कारण कोई चीज़ या व्यक्ति औरों की अपेक्षा अच्छा माना जाए; ख़ूबी, अच्छाई।

property : किसी चीज़ का तात्त्विक गुण जो उसका धर्म माना जाता हो; गुण-धर्म।

trait : चरित्र की सर्वप्रमुख विशेषता।

Quarrel/Altercation/Squabble/Wrangle

quarrel : ऐसा उग्र वार्त्तालाप जिसमें दो पक्ष एक-दूसरे को कठोर वचन कहें; झगड़ा।

altercation : ऐसा उग्र मौखिक झगड़ा जिसमें हाथापाई की भी नौबत आ जाती हो।

squabble : किसी तुच्छ बात पर होनेवाला बच्चों-जैसा झगड़ा।

wrangle : ऐसा झगड़ा जिसमें हर पक्ष अपनी ही बात पर अड़ा रहे और उग्रतापूर्वक दूसरे की बात का खंडन करे; वितंडा।

Quick/Prompt/Ready

quick : जिसमें तुरंत तथा फुर्ती से काम करने का स्वाभाविक गुण हो; क्षिप्र।

prompt : जो अभ्यास, अनुशासन आदि के कारण तुरंत अनुक्रिया या प्रतिक्रिया करने के लिए उद्यत होता हो; तत्पर।

ready : जो तैयारी किए हुए हो और कुशलता से कोई काम करने में समर्थ हो; उद्यत, तैयार।

□

R

Random/Casual/Chance/Desultory/Haphazard

random : अविचारित रूप से होनेवाला; अटकलपच्चू।

casual : बिना किसी प्रयोजन के संयोगवशात् होनेवाला; आकस्मिक।

chance : संयोग से या संयोग के रूप में होनेवाला; संयोगी।

desultory : अनियमित और क्रमरहित; असंबद्ध।

haphazard : यों ही और अव्यवस्थित रूप से होनेवाला; ऊलजलूल।

Range/Reach/Scope

range : वह पूरा क्षेत्र जिसमें कोई चीज़ दृश्य या कार्यकारी हो; परिसर।

reach : वह दूरगत सीमा जहाँ तक प्रभाव पहुँच सकता हो; पहुँच।

scope : निर्धारित सीमाओं के अंतर्गत होनेवाला विस्तृत क्षेत्र; कार्यक्षेत्र, विषयक्षेत्र।

Rare/Infrequent/Scarce/Uncommon/Unusual

rare : ऐसी महत्त्वूपर्ण चीज़ जो बहुत कम मिलती हो; दुर्लभ।

infrequent : जो कभी-कभी सुलभ होता हो; अप्रायिक।

scarce : समय-विशेष पर जिसकी पूर्ति यथेष्ट मात्रा में न हो; दुष्प्राप्य।

uncommon : अपवाद रूप में होनेवाला; असामान्य।

unusual : जो साधारण न हो, फलतः दर्शनीय और प्रशंसनीय; असाधारण।

Rational/Reasonable/Sensible

rational : जो भावुक या आवेश में आनेवाला न हो बल्कि तर्कशील हो; विवेकशील।

reasonable : जो व्यावहारिक दृष्टि से तर्कपूर्ण हो; युक्तियुक्त, युक्तिशील, युक्तिसंगत।

sensible : सामान्य ज्ञान के विचार से ठीक; विचारशील, विचारपूर्ण।

Rebellion/Insurrection/Mutiny/Revolt/Revolution/Uprising

rebellion : शासन को उलटने के लिए किया जानेवाला विफल सशस्त्र प्रयास; विद्रोह।

insurrection : आरंभिक या छोटा-मोटा विद्रोह; उपद्रव।

mutiny : सैनिक विद्रोह; ग़दर।

revolt : स्थापित सत्ता को मानने से इनकार करना; बग़ावत।

revolution : सफल सशस्त्र विद्रोह; क्रांति।

uprising : ऐसा आरंभिक उपद्रव जो भावी विद्रोह का सूचक हो; उपद्रव।

Receive/Accept/Take

receive : औपचारिक रूप से अथवा बदले में कुछ देकर लेना; प्राप्त करना।

accept : इच्छा या अनिच्छापूर्वक अथवा उदारता या अनुदारतापूर्वक ग्रहण करना; स्वीकार करना, अंगीकार करना।

take : प्रस्तुत की हुई अथवा भेंट के रूप में दी हुई चीज़ ग्रहण करना या क़ब्ज़े में कर लेना; ले लेना।

Record/Document/Muniment

record : अभिलेख; किसी कार्य, घटना आदि का ऐसा लिखित विवरण जो सही माना जाता और साक्ष्य का काम करता हो।

document : प्रलेख; विशेषत: ऐसी लिखित, छपी हुई, उत्कीर्णित आदि चीज़ जिसके साक्ष्य का महत्त्व हो।

muniment : अधिकार-पत्र, अधिलेख; विशेषत: ऐसा प्रलेख जिसमें जायदाद के स्वामित्व के अंतरण का विवरण हो, और साक्ष्य के रूप में मान्य हो।

Reform/Amend/Correct/Rectify

reform : सुधार करना; विशेषत: आमूल परिवर्तन अथवा नई नीतियों या प्रणालियों द्वारा।

amend : सुधारना; विशेषत: संशोधन द्वारा त्रुटियाँ या दोष दूर करते हुए।

correct : सही करना, शुद्ध करना; विशेषत: भूलों आदि को दूर करते हुए।

rectify : भूलें सुधारकर व्यवस्थित करना तथा सशक्त बनाना।

Refrain/Abstain/Forbear

refrain : (उकसाए जाने पर भी) विरत रहना।

abstain : जान-बूझकर तथा स्वेच्छापूर्वक कहीं से हटना या किसी चीज़ से बचना; बाज़ आना।

forbear : धैर्यपूर्वक संयम बनाए रखना; बरदाश्त करना।

Regain/Retain

regain : हारी या खोई हुई चीज़ को पुनः प्राप्त कर लेना।

retain : अधिकार में बनाए रखना।

Related/Affiliated/Allied/Cognate/Kindred

related : जिनमें परस्पर नातेदारी हो।

affiliated : छोटे या कमज़ोर का बड़े या ताक़तवर के साथ लगे होना; संबद्ध।

allied : प्रकृति या गुणों की समानता के कारण संबद्ध; संश्रित।

cognate : समान स्रोत से उत्पन्न; समस्रोतीय।

kindred : रक्त-संबंधी; सजातीय।

Relevant/Applicable/Apposite/Apropos/Germane/Pertinent

relevant : विषय के अनुकूल तथा संबद्ध; विषयानुकूल।

applicable : जो किसी विशेष बात, काम या समस्या के लिए उपयुक्त हो; लागू।

apposite : उपयुक्त तथा प्रसंगानुकूल; यथायोग्य।

apropos : प्रसंग के विचार से संगत तथा शुभ; प्रसंगोचित।

germane : स्वभावत: तथा घनिष्ठतापूर्वक संबद्ध; सुसंबद्ध।

pertinent : जिसका किसी विषय से प्रत्यक्ष और निकट का संबंध हो; विषयानुकूल।

Reliable/Dependable/Trustworthy/Trustee

reliable : आशानुकूल काम करनेवाला; विश्वसनीय।

dependable : आवश्यकता, संकट आदि के समय जिससे सहायता प्राप्त होती हो; भरोसे का।

trustworthy : जिसकी विश्वासपात्रता पर पूर्ण विश्वास हो; विश्वस्त।

trustee : जिसने सदा विश्वासपात्रता का सबूत दिया हो; न्यासी।

Relieve/Allay/Alleviate

relieve : उग्र पीड़ा को सह्य बनाना।

allay : उग्र पीड़ा में तात्कालिक किंतु यथेष्ट और स्पष्ट कमी लाना।

alleviate : मूल कारण का बिना शमन हुए पीड़ा का अस्थायी रूप से कम होना।

Reluctant/Averse/Disinclined/Hesitant/Loath

reluctant : रुचि, संकल्प आदि के अभाव के कारण जिसमें कोई कार्य-विशेष करने की इच्छा न हो; अनिच्छुक।

averse : जिसमें किसीके प्रति विरक्ति हो; विरक्त।

disinclined : उदासीन तथा अप्रवृत्त।

hesitant : अनिश्चय, भय आदि के कारण जो कोई क्रिया न कर रहा हो; हिचकिचानेवाला।

loath : घृणा, विद्वेष आदि के कारण विमुख; पराङ्मुख।

Remark/Comment

remark : ऐसी सामयिक उक्ति जो दूसरे का ध्यान आकृष्ट कर ले; टिप्पणी।

comment : व्याख्या, समीक्षा, निर्वचन आदि के रूप में होनेवाली टिप्पणी; टीका।

Remember/Recall/Recollect/Remind/Reminisce

remember : स्मृति में ताज़ा रखना; याद रखना।

recall : कोई पुरानी बात याद में लाना।

recollect : स्मरण शक्ति पर ज़ोर डालकर याद करना; अनुस्मरण करना।

remind : स्मरण शक्ति को पुनरुद्दीप्त करना।

reminisce : संस्मरण सुनाना।

Remiss/Lax/Neglectful/Negligent/Slack

remiss : जिसे उसकी चूक या असावधानी के लिए दंडित किया जा सके; लापरवाह।

lax : असावधान और उदासीन; शिथिल।

neglectful : जान-बूझकर उपेक्षा करनेवाला; उपेक्षक।

negligent : स्वभाव से बेख़बर रहनेवाला; गफ़लती।

slack : असावधान, सुस्त और अनिपुण; मंद, मंथर।

Replace/Displace/Supersede/Supplant

replace : पुनर्स्थापित करना या बदले में रखना।

displace : स्थान से च्युत करना; विस्थापित करना।

supersede : किसी महत्त्वपूर्ण चीज़ से बदलना; अधिक्रांत करना।

supplant : बल-छल या धोखे से निकाल बाहर करना।

Resource/Expedient/Resort

resource : जिससे आवश्यकता पड़ने पर सहायता उपलब्ध हो सके; साधन-स्रोत।

expedient : ऐसा उपाय जो अभीष्ट रूप से कार्यसाधक हो; अभ्युपाय।

resort : ऐसा साधन जिसपर भरोसा किया जा सके; अवलंब।

Respect/Admiration/Esteem/Regard

respect : बड़े के प्रति, विशेषत: उसके महत्त्व के कारण होनेवाला पूज्य भाव; आदर।

admiration : प्रशंसापूर्ण आदर-भावना; सराहना।

esteem : समाज, परिवार आदि में होनेवाला किसीके आदर का मान्यत्व; प्रतिष्ठा।

regard : किसी व्यक्ति या बात का आदरपूर्वक रखा जानेवाला ध्यान; सम्मान।

Responsible/Accountable/Answerable

responsible : (अपनी कर्तव्यच्युति या अधिकार के उल्लंघन के विचार से) उत्तरदायी।

accountable : (किसी हानि या क्षति के विचार से) देनदार।

answerable : (नैतिक या विधिक दृष्टि से) जवाबदेह।

Restrain/Bridle/Check/Curb

restrain : (शक्तिपूर्वक) निग्रह करना।

bridle : रोक रखना; लगाम लगाना।

check : बढ़ने-फैलने आदि से रोकना; रोक-थाम करना।

curb : उग्रतापूर्वक रोकना; मोड़ना या वशीभूत करना।

Restriction/Banning/Binding/Control/Forbiddance/Prevention/Prohibition/Restraint

restriction : प्रतिबंध।

banning : वारण।

binding : पाबंदी।

control : (i) निरोध, (ii) नियंत्रण।

forbiddance : निषेध।

prevention : निवारण।

prohibition : प्रतिषेध।

restraint : निग्रह।

Result/Consequence/Outcome

result : किसी प्रकार की क्रियाशीलता या प्रयत्न से उत्पन्न प्रभाव; फल।

consequence : तर्कसंगत फल; परिणाम।

outcome : घटनाचक्र या परिस्थितियों का अंततोगत प्रभाव; फलन, अनुवर्तन।

Return/Recur/Revert

return : पहलेवाली स्थिति, स्थान आदि पर आना; लौटना।

recur : (बार-बार पहलेवाली स्थिति पर) लौट-लौट आना।

revert : मूल या पुरानी स्थिति पर लौट आना; फिरना।

Reveal/Betray/Disclose/Divulge/Tell

reveal : छिपी हुई या गुप्त रखी हुई बात प्रकट करना; उद्घाटन करना।

betray : विश्वासघात करना; भेद खोलना।

disclose : ऐसी बात, जिसकी पूर्व घोषणा अभी न हुई हो, प्रकट करना।

divulge : ऐसी बात को उद्घाटित करना जिसे गुप्त रखना वांछनीय हो; भंडा फोड़ना।

tell : किसी ऐसे व्यक्ति को भेद की बात कहना जिसने जानने की इच्छा प्रकट की हो; बतलाना।

Reverence/Adoration/Veneration/Worship

reverence : किसी गुणी पात्र के प्रति होनेवाला पूज्य भाव; श्रद्धा।

adoration : व्यक्तिगत रूप से ईश्वर की की जानेवाली पूजा; आराधना।

veneration : पवित्र या पुण्यशील व्यक्ति अथवा उससे संबंधित चीज़ों के प्रति होनेवाला पूज्य भाव; भक्ति-भाव।

worship : ईश्वर या देवी-देवता को प्रसन्न करने के लिए किया जानेवाला धार्मिक कृत्य; पूजा।

Reverse/Invert/Transpose

reverse : विपरीत क्रम, दिशा, स्थिति आदि में ले जाना; पलटना।

invert : भीतरी भाग बाहर या बाहरी भाग भीतर करना; उलटना।

transpose : क्रम में आगे-पीछे करना; विपर्यय करना।

Reward/Prize

reward : पुरस्कार; विशेषतः उत्कृष्ट कार्य, सेवा, गुण आदि के लिए दिया जानेवाला धन आदि।

prize : पारितोषिक; विशेषतः प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करनेवाले को दिया जानेवाला धन आदि।

Rich/Affluent/Opulent/Wealthy/Well-to-do

rich : जिसके पास सामान्य आवश्यकताओं से अधिक धन हो; धनी, अमीर।

affluent : जिसकी धन-संपत्ति बराबर बढ़ती चलती हो; समृद्धिशील।

opulent : अति समृद्ध तथा वैभवशाली।

wealthy : बहुत बड़ा धनी; धनाढ्य।

well-to-do : सुखपूर्वक निर्वाह के लिए जिसके पास यथेष्ट धन हो; ख़ुशहाल।

Ridicule/Derision/Mockery/Taunt

ridicule : किसीकी कमज़ोरी, भूल, भद्देपन की उड़ाई जानेवाली हँसी; मज़ाक़।

derision : दुर्भावना या द्वेष से किसीको नीचा दिखाने के लिए उसकी उड़ाई जानेवाली हँसी; उपहास।

mockery : किसीकी विलक्षणताओं की तिरस्कारपूर्वक उड़ाई जानेवाली हँसी; खिल्ली।

taunt : किसीको अपमानित या लज्जित करने के लिए उसके किसी ओछे कार्य पर किया जानेवाला व्यंग्य; ताना।

Right/Prerogative/Privilege

right : (जन्म, शक्ति, योग्यता, ज्ञान या विधि से प्राप्त होनेवाला) अधिकार।

prerogative : पद, स्थिति आदि के फलस्वरूप मिलनेवाला तथा सत्तासूचक अधिकार; प्राधिकार।

privilege : सुविधा के रूप में होनेवाला मानसूचक अधिकार; विशेषाधिकार।

Ripe/Adult/Mature/Mellow

ripe : पका, पक्व।

adult : शारीरिक दृष्टि से परिपक्व; वयस्क।

mature : जो पूर्ण रूप से विकसित हो; प्रौढ़।

mellow : जो समय पाकर परिपक्व हुआ हो; परिपक्व।

Rise/Arise/Emanate/Derive/Flow/Issue/Originate/Spring/Stem

rise : (ऊपर की ओर) उठना।

arise : हेतुवशात् उठना; उदित होना।

emanate : (अमूर्त या अस्पृश्य चीज़ों के संबंध में) निस्सृत होना।

derive : किसी दूसरी चीज़ से बनना या निकलना; व्युत्पन्न होना।

flow : धारा के रूप में बहना; प्रवाहित होना।

issue : (मार्ग, द्वार आदि के द्वारा) निर्गत होना।

originate : किसी निश्चित स्रोत से निकलना; उद्भूत होना।

spring : सहसा और वेगपूर्वक निकलना; फूटना।

stem : अंकुर के रूप में निकलना; अँकुरना।

Roam/Ramble/Rove/Stray

roam : आनंद के लिए घूमना-फिरना; सैर करना।

ramble : निठल्लेपन के कारण घूमना; मटरगश्ती करना।

rove : किसी विशेष उद्देश्य से या जानकारी प्राप्त करने के लिए घूमना; भ्रमण करना।

stray : ठीक पथ से हटकर इधर-उधर घूमना; भटकना।

Rough/Harsh/Jagged/Rugged/Uneven

rough : जो मुलायम, चिकना तथा समतल न हो; खुरदरा, ऊँचा-नीचा।

harsh : रूखा और कड़ा।

jagged : विषम और दाँतेदार।

rugged : ऊबड़-खाबड़।

uneven : असमतल; विषम।

Round/Annular/Circular/Globular/Spherical

round : जिसके किनारे या परिधि आदि का हर बिंदु केंद्र से बराबर दूरी पर हो; गोल।

annular : गोल, विशेषतः अंदर से खोखला; वलयाकार।

circular : वृत्त की रेखा के सदृश; वर्तुल।

globular : गेंद के आकार का (फलतः जो पूरा-पूरा गोल न हो); गोलिकाकार।

spherical : (ठोस पदार्थ) जो देखने में प्रायः गोल होता है; गोलाकार।

Rude/Discourteous/Ill-mannered/Impolite/Uncivil

rude : जो जान-बूझकर दूसरों की अनुभूतियों के अनुकूल आचरण न करता हो; रूखा।

discourteous : मर्यादा के अनुकूल व्यवहार न करनेवाला; अभद्र।

ill-mannered : जिसे व्यवहारगत सामाजिक सुविधाएँ भी दूसरों को देने का ज्ञान न हो; उजड्ड।

impolite : सभ्य समाज की परंपराओं के विपरीत आचरण करनेवाला; अशिष्ट।

uncivil : सामान्य समझे जानेवाले व्यवहारों की भी उपेक्षा करनेवाला; असभ्य। □

S

Sad/Dejected/Depressed/Doleful/Melancholy/Sorrowful

sad : वियोग, शोक, दुःख आदि से दुःखी और निराश; उदास।

dejected : विफलता से दुःखी; निराश।

depressed : थका-हारा, हताश; दलित, अवपीड़ित।

doleful : दुःखी और विकल; आर्त्त, शोकाकुल।

melancholy : चिंतित और म्लान; विषादमय।

sorrowful : शोक में डूबा हुआ; शोकमग्न।

Same/Equal/Equivalent/Identical/Very

same : कोई और या दूसरा नहीं; वही।

equal : जिनमें गुण, मात्रा, रंग, रूप आदि संबंधी कोई अंतर न हो; समान।

equivalent : अर्थ, शक्ति, परिमाण आदि के विचार से एक-जैसा; तुल्य, तदर्थी।

identical : ब्योरे की दृष्टि से सर्व-सम; समरूप।

very : बिलकुल वही।

Sample/Specimen

sample : बानगीं; विशेषतः किसी चीज़ का कुछ अंश जो गुण-रूप में कुल का परिचायक हो।

specimen : नमूना; विशेषतः किसी वर्ग की इकाई।

Satire/Irony

satire : ऐसा विनोद जिसमें किसी कृति की भूलों-त्रुटियों को दर्शाते हुए उसे तुच्छ ठहराया गया हो; विद्रूप, उपहास।

irony : ऐसी विनोदपूर्ण बात जिसके शब्दार्थ और अभिप्रेत अर्थ में परस्पर-विरुद्ध संबंध हो; व्यंग्य।

Save/Deliver/Redeem/Rescue/Ransom

save : सुरक्षित रखना या सुरक्षित स्थिति में ले आना; बचाना।

deliver : छुटकारा दिलाना या बंधन आदि से छुड़ाना; मुक्ति दिलाना।

redeem : दुःख, पाप आदि से बचाना; निस्तार करना।

rescue : सामयिक सहायता देकर विपत्ति, संकट आदि से उबार लेना; उद्धार करना।

ransom : मुक्त्यर्थ धन देना, फिरौती देकर छुड़ाना।

Saying/Maxim/Motto/Proverb

saying : अर्थपूर्ण और सारगर्भित वाक्य; उक्ति।

maxim : नियम के रूप में होनेवाला कोई प्राचीन नीतिवचन; सूक्ति।

motto : आदर्श उक्ति; आदर्शोक्ति।

proverb : व्यावहारिक उक्ति; कहावत।

Scold/Berate/Revile/Upbraid/Vituperate

scold : चिढ़ या क्रुद्ध होकर किसीको उसके दोष दिखलाते हुए उसे बुरा-भला कहना; बिगड़ना, डाँटना-डपटना।

berate : बहुत अधिक डाँटना या बुरा-भला कहना; फटकारना।

revile : तिरस्कारपूर्वक गालियाँ देना; अपशब्द कहना।

upbraid : उग्र शब्दों में बुरा-भला कहना; कोसना।

vituperate : घोर निंदा करना और गालियाँ देना; भर्त्सना करना।

Search/Explore/Investigate/Research

search : खोज करना; खोजना, ढूँढ़ना।

explore : छान-बीन तथा जाँच-पड़ताल करके पता लगाना; अन्वेषण करना।

investigate : कारणों का पता लगाना; अनुसंधान करना।

research : तथ्यों तथा नियमों को ढूँढ़ना; गवेषणा करना, शोध करना।

See/Behold/Descry/View

see : जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से देखना; दृष्टिपात करना।

behold : ध्यानपूर्वक देखना; अवलोकन करना।

descry : दूरस्थ या छिपी हुई चीज़ या बात को देख, जान या समझ लेना; भाँपना।

view : परखने के विचार से सामने रखी हुई चीज़ देखना; पर्यवेक्षण करना, निरखना।

Sensuous/Sensual/Voluptuous

sensuous : (क) ऐंद्रिय; (ख) इंद्रियलोलुप।

sensual : (क) विषय-भोग संबंधी, विषयी; (ख) कामुक, कामी।

voluptuous : (क) भोग-विषयक, विलास-संबंधी; (ख) ऐय्याश।

Sentimental/Romantic

sentimental : जिसमें कोमल भावों की प्रबलता हो अथवा जिसपर कोमल भावों का जल्दी प्रभाव पड़ता हो; भावुक।

romantic : कल्पित आदर्शों से प्रभावित होनेवाला; रोमानी।

Separate/Divide/Sever

separate : जुड़ी या जोड़ी हुई वस्तुओं को अलग करना, पृथक् करना।

divide : काट या बाँटकर खंड-खंड करना; विभक्त करना।

sever : ज़बरदस्ती और पूर्णतया अलग करना; काट देना, विच्छिन्न करना।

Series/Chain/Sequence/Succession

series : एक ही प्रकार की चीज़ों का एक के बाद एक-एक करके चलनेवाला क्रम; माला।

chain : पूर्वापर संबंध के विचार से चलनेवाला घटनाओं आदि का क्रम; लड़ी, शृंखला।

sequence : संबंधित बातों, घटनाओं आदि का चलनेवाला क्रम; अनुक्रम, सिलसिला।

succession : असंबद्ध घटनाओं का होनेवाला क्रमिक अनुगमन; ताँता।

Severe/Ascetic/Austere/Stern

severe : कड़ा, विशेषतः अनुशासनप्रिय।

ascetic : जो संयम द्वारा शरीर को कष्ट देता हो; संयमी।

austere : अत्यंत संयम तथा सादे ढंग से रहनेवाला; अतिसंयमी।

stern : दृढ़प्रतिज्ञ तथा कठोर।

Shake/Quake/Quiver/Shiver/Shudder/Tremble

shake : आगे-पीछे या ऊपर-नीचे जल्दी-जल्दी होते रहना; गतियुक्त होना, हिलना।

quake : थर्रा उठना, विशेषतः क्षुब्ध होने पर।

quiver : ठेस, धक्के आदि से सहम उठना; लरजना।

shiver : क्षणिक रूप से कंपित या चलायमान होना (विशेष रूप से ठंड के कारण); ठिठुरना।

shudder : (आतंक, ठंड आदि के कारण) आंदोलित होना; कँपकँपी छूटना।

tremble : थकावट, भय आदि के कारण अथवा नियंत्रण या संतुलन बिगड़ने पर हिलना; काँप उठना।

Share/Partake/Participate

share : हिस्सा लेना।

partake : साझीदार बनना।

participate : सम्मिलित होना; शामिल होना।

Sharp/Acute/Keen

sharp : तीक्ष्ण, तेज़, विशेषतः अप्रिय, कटु या क्रूर।

acute : उग्र, विशेषतः अत्यंत अप्रिय तथा क्लेशप्रद।

keen : प्रखर; जिसकी तेज़ी प्रिय तथा उत्साहवर्धक हो।

Shelter/Asylum/Refuge/Retreat/Sanctuary

shelter : आश्रय; विशेषतः बचाव की जगह।

asylum : जहाँ पहुँचकर कोई प्रतिरक्षित रहे; शरण, शरण-स्थान।

refuge : ऐसी जगह जहाँ कोई जान बचाने के उद्‌देश्य से भागकर जाता हो; शरण।

retreat : एकांत या गुप्त आश्रय।

sanctuary : अभय-स्थल, शरण-स्थल।

Shock/Paralyze/Startle/Stun

shock : आकस्मिक रूप से मानसिक आघात लगना; सदमा लगना।

paralyze : लकवा मारना; विशेषतः अवसन्न या पंगु हो जाना।

startle : विस्मय या भय से चकरा जाना; भौंचक होना।

stun : सुन्न और हतबुद्धि हो जाना; स्तब्ध हो जाना।

Shore/Bank/Beach/Coast

shore : नदी, समुद्र आदि के ठीक किनारे का भू-भाग; तीर।

bank : नदी का ढलवाँ या उठा हुआ किनारा; तट।

beach : बालू-तट; विशेषतः समुद्र का वह किनारा जो ज्वार आने पर जलमग्न हो जाता हो।

coast : समुद्र-तट।

Show/Display/Exhibit/Expose/Flaunt

show : देखने के लिए उपस्थित या प्रस्तुत करना; दिखाना।

display : अमूल्य या नई चीज़ फैला तथा सजा-सँवारकर दिखाना।

exhibit : प्रदर्शित करना; विशेषतः जनता का ध्यान आकृष्ट करने के लिए।

expose : खोलकर सामने लाना, अनावृत्त करना, उघाड़ना।

flaunt : शान या तड़क-भड़क से दिखाना; दिखावा करना।

Shrewd/Astute/Perspicacious/Sagacious

shrewd : कुशाग्रबुद्धि; विशेषतः व्यावहारिक विषयों या रीति-नीति में निपुण।

astute : जो कुशाग्रबुद्धि भी हो और धूर्त भी; घाघ।

perspicacious : पहले से सोच-समझ या निश्चय कर लेने में कुशल; दूरदर्शी।

sagacious : जो तुरंत सोच-विचार करके किसी निश्चय पर पहुँच जाता हो; व्युत्पन्नमति।

Shy/Bashful/Demur/Diffident/Modest

shy : जो स्वाभावतः या अनुभवहीनता के कारण दूसरे के सामने जाने या उस तक पहुँचने में झिझकता हो; लजीला, शरमीला।

bashful : लज्जालु या झेंपू; विशेषतः जिसकी असामाजिकता और भीरुपन खटकता हो।

demur : लज्जावान्; विशेषतः अपनी योग्यता का नम्रतापूर्वक प्रदर्शन करनेवाला।

diffident : लज्जाशील; विशेषतः आत्मविश्वासहीन।

modest : अपनी योग्यता, अधिकार आदि का दृढ़तापूर्वक प्रतिस्थापन न करनेवाला; संकोची।

Sign/Indication/Mark/Symbol/Symptom/Token

sign : ऐसा कार्य, बात या घटना जो किसी तथ्य का सूचक या किसी भाव का ज्ञापक हो; चिह्न।

indication : संकेतात्मक चिह्न; संकेत-चिह्न।

mark : ऐसा चिह्न जो किसीपर बना या छपा हो अथवा किसी वस्तु के आंतरिक गुणों का परिचायक हो; छाप।

symbol : किसी गुण, वस्तु आदि का प्रतिनिधित्व करनेवाला चिह्न; प्रतीक।

symptom : भीतरी अव्यवस्था, विकृति, रोग आदि का परिचायक कोई स्पष्ट बाहरी चिह्न; लक्षण।

token : अनुभूति, गुण, महत्त्व आदि की सूचक कोई चीज़; निशानी, प्रतीक।

Silly/Asinine/Fatuous/Stupid

silly : जिसमें सामान्य बुद्धि का भी अभाव हो; मूर्ख, नासमझ।

asinine : बुद्धिहीन, बुद्धू, गधा।

fatuous : वज्रमूर्ख।

stupid : जो कुशाग्रबुद्धि न हो या जिसमें समझने की शक्ति कम हो; मूढ़।

Sincere/Heartfelt/Hearty/Unaffected/Unfeigned

sincere : सत्यशील; विशेषतः सच्चाई भरा, निश्छल और निष्कपट।

heartfelt : अनुभूति की सच्चाई से भरा; आंतरिक।

hearty : हार्दिक; विशेषतः ओज, उल्लास आदि का परिचायक।

unaffected : अकृत्रिम; विशेषतः सादगी से भरा और आडंबररहित।

unfeigned : सच्चा; विशेषत: सहज और सही।

Single/Individual/Particular/Sole/Solitary/Unique

single : जिसके साथ अथवा जिससे संलग्न और कुछ न हो; अकेला।

individual : समूह आदि की किसी एक इकाई से संबंधित; वैयक्तिक।

particular : विशिष्ट; विशेषत: उद्दिष्ट और भिन्न।

sole : जो किसी विशेष परिस्थिति में अपनी तरह का एक ही हो; एकमात्र।

solitary : अलग तथा एकांतवासी; एकाकी।

unique : जिसकी तरह का और कोई अस्तित्व में न हो; अनन्य।

Sinister/Baleful/Malign

sinister : मनहूस; विशेषत: अमंगल, अपशकुन या ख़तरे का द्योतक।

baleful : नाशकारी, नाशक; विशेष रूप से दुर्दशा करने या घातक सिद्ध होनेवाला।

malign : जिसकी प्रवृत्ति दूसरों का अनिष्ट करने की हो; अनिष्टकारी।

Sleep/Doze/Hybernation/Nap/Slumber/Stupor

sleep : नींद।

doze : ऊँघ, ऊँघाई।

hybernation : परिसुप्ति।

nap : झपकी।

slumber : ख़ुमारी।

stupor : तंद्रा।

Slide/Glide/Skid/Slip

slide : ढाल पर से फिसलना; ढरकना।

glide : सहज भाव से सरकना; फिसलना या थिरकना।

skid : नियंत्रण खोकर लड़खड़ाना या लड़खड़ाकर गिरना; रपटना।

slip : गीली चिकनी सतह पर पैर का सहसा आगे बढ़ जाना; फिसलना।

Sly/Crafty/Cunning/Foxy/Tricky

sly : अपने ल़क्ष्य की सिद्धि के विचार से दुरंगी नीति चलनेवाला; फ़रेबी।

crafty : छल-बल या दाँव-पेच से अपना उद्देश्य सिद्ध कर लेनेवाला; चालबाज़।

cunning : जो चालाकी से धोखा देता हो; धूर्त।

foxy : लोमड़ी की तरह दूसरे को फुसलाकर धोखा देनेवाला; मक्कार, ठग।

tricky : दाँव से ठगनेवाला; काइयाँ।

Small/Diminutive/Little/Minute/Petite/Tiny

small : (मूर्त वस्तुओं के संबंध में) छोटा या थोड़ा।

diminutive : क्षुद्राकार; विशेषत: नाज़ुक।

little : (अमूर्त वस्तुओं के संबंध में अथवा कोमलता, दयालुता आदि गुणों का परिचायक) छोटा।

minute : अत्यंत सावधानी से देखने पर दिखाई देनेवाला; सूक्ष्म।

petite : बनी-ठनी और छोटी सी (लड़की)।

tiny : ज़रा सा, पिद्दी-सा।

Smell/Aroma/Flavour/Fragrance/Odour/Perfume/Scent

smell : महक, गंध।

aroma : सुरभि।

flavour : सुवास।

fragrance : सौरभ।

odour : बास; विशेषतः तीव्र और अप्रिय गंध।

perfume : परिमल।

scent : सुगंध; प्रिय और रुचिकर गंध।

Smile/Grin/Simper

smile : इस प्रकार हँसना कि मुँह से आवाज़ न निकले; मुसकराना।

grin : इस प्रकार मुसकराना कि बाछें खिल जाएँ।

simper : मुँह पर झूठी या कृत्रिम मुसकराहट लाना।

Soft/Bland/Gentle/Mild

soft : कोमल, नरम; विशेषतः जिसमें कठोरता, उग्रता, खुरदरापन आदि न हो।

bland : अतीक्ष्ण, अप्रखर; विशेषतः जो चरपरा या उत्तेजक न हो।

gentle : सुखद और शांतिदायक; सुहावना।

mild : मृदु; विशेषतः जो अपेक्षाकृत कम उग्र या खुरदरा हो।

Solitude/Aloofness/Loneliness/Privacy

solitude : एकांत; वह स्थान जहाँ अपने सिवा और कोई न हो।

aloofness : विलगाव; औरों से दूर रहने की प्रवृत्ति या स्थिति।

loneliness : अकेलापन; ऐसा एकांत जो खलता हो।

privacy : एकांतता; ऐसा वांछित एकांत जहाँ दूसरे विघ्न न डालते हों।

Sorrow/Grief/Sadness/Woe

sorrow : दीर्घकाल तक बना रहनेवाला क्षतिजन्य या निराशाजन्य दुःख; विषाद, ग़म।

grief : गहरा, पर अल्पकालिक दुःख जो दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति उत्पन्न होने पर होता है; शोक, संताप।

sadness : हतोत्साह, वियोग आदि के फलस्वरूप होनेवाली दुःखजन्य शिथिलता; उदासी।

woe : ऐसा उग्र दुःख जिसका शमन न हो; क्लेश।

Sound/Noise/Tone

sound : ध्वनि, जों सुनाई पड़े।

noise : शोर; विशेषतः कर्कश ध्वनि।

tone : सुर; विशेषतः मधुर ध्वनि।

Sour/Acide/Tart

sour : खटास भरा; खट्टा।

acid : अम्लीय या तुर्श।

tart : खटास भरा; विशेषतः प्रिय या स्वादिष्ट।

Speak/Say/Talk/Tell

speak : बोलना।

say : कहना।

talk : बतियाना, कहना।

tell : बताना, बतलाना।

Special/Especial/Particular/Specific

special : अपने वर्ग की अन्य वस्तुओं से गुण आदि में श्रेष्ठ; विशेष।

especial : जो विशेष होने के साथ-साथ उत्कृष्ट और महनीय भी हो; ख़ास।

particular : जिसका संबंध किसी व्यक्तिगत विशेषता से हो; विशिष्ट।

specific : विशिष्ट; विशेषतः उद्दिष्ट और स्पष्ट।

Speech/Address/Lecture/Oration/Sermon/Talk

speech : भाषण (तैयार किया हुआ)।

address : अभिभाषण; विशेष रूप से तथा विशेष अवसर के लिए तैयार किया हुआ भाषण।

lecture : किसी विषय की जानकारी कराने के लिए दिया जानेवाला विद्वत्तापूर्ण भाषण; व्याख्यान।

oration : शब्दाडंबरयुक्त या अतिशयोक्तिपूर्ण भाषा में होनेवाला; वक्तृता, संभाषण।

sermon : धार्मिक या नैतिक शिक्षा से युक्त भाषण; उपदेश।

talk : वार्त्ता, विशेषतः ऐसा भाषण जिसमें वक्ता सरल शब्दों में कोई महत्त्वपूर्ण या रुचिकर बात कहता हो।

Splendid/Glorious/Gorgeous/Sublime/Superb

splendid : अपने तेज, उज्ज्वलता, प्रतिभा आदि से प्रभावित करनेवाला; शानदार, भव्य।

glorious : अति सुंदर; विशेषतः यशस्कर।

gorgeous : अलंकृत; विशेषतः भड़कीला।

sublime : उदात्त; विशेषतः अलौकिक या दिव्य।

superb : ऊँचे दर्जे का; मनोरम और चमत्कारपूर्ण।

Stage/Amphitheatre/Auditorium/Pavilion/Theatre

stage : ज़मीन से कुछ या अधिक ऊपर बनाया हुआ वह स्थान जिसपर अभिनेता अभिनय करते अथवा नेता आदि भाषण करते हैं; मंच।

amphitheatre : वृत्ताकार या अंडाकार वह खुली इमारत जिसमें चारों ओर खेल-तमाशा देखनेवालों के बैठने के लिए सीढ़ियाँ बनी रहती है; चक्रमंडप।

auditorioum : वह भवन जिसमें भाषण, संगीत आदि सुनने या नाटक आदि देखने के लिए लोग बैठते हों; श्रोतालय, प्रेक्षागृह।

pavilion : खेल के मैदान का वह भाग जहाँ दर्शक, खिलाड़ी आदि बैठते हैं; मंडप।

theatre : रंगशाला, नाट्यशाला।

Stagger/Falter

stagger : (कमज़ोरी, नशे, बोझ आदि के कारण) लड़खड़ाना।

falter : (चलने, आगे बढ़ने या कोई काम करने में असमर्थता के कारण) डगमगाना।

Standard/Criterion/Touchstone/Yardstick

standard : किसी चीज़ के गुण आदि स्थिर रखने तथा उसके अच्छे-बुरे होने का निर्णय करने के लिए बनाया हुआ आधिकारिक मान; मानक।

criterion : आलोचक की दृष्टि में वह नियम जिससे वह किसीकी उपयुक्तता, उत्कृष्टता, शुद्धता आदि की परख करता हो; मापदंड।

touchstone : कसौटी; विशेषतः जिससे जाना जा सके कि अमुक चीज़ में कितना खरापन है।

yardstick : मान या महत्त्व नापने की इकाई; गज़, मानदंड।

State/Condition/Situation/Status

state : दया; विशेषतः परिस्थितियों का ऐसा सामूहिक रूप जो किसी व्यक्ति या वस्तु के चारों ओर हो और उसके चरित्र को प्रभावित करता हो।

condition : अवस्था; विशेषतः परस्पर संबद्ध परिस्थितियों का योग।

situation : प्रस्तुत अवस्था; स्थिति।

status : हैसियत; विशेषतः उम्र, शिक्षा, लिंग, पद आदि के विचार से होनेवाली विशेष अवस्था।

Stay/Abide/Linger/Remain/Tarry/Wait

stay : किसी निर्दिष्ट स्थान पर रुके, ठहरे या बने रहना; ठहरना।

abide : वास करना।

linger : जान-बूझकर देर करने के उद्देश्य से कहीं ठहरे या रुके रहना।

remian : टिकना; विशेषतः दूसरों के चले जाने पर भी कहीं ठहरे रहना।

tarry : निर्दिष्ट, नियत या आवश्यक समय से अधिक कहीं पर ठहरना; जमे रहना।

wait : प्रतीक्षा करना; विशेषतः कहीं रुक या ठहरकर।

Steady/Even/Regular/Uniform

steady : नियमित रूप तथा गति से होनेवाला; एकरूप, सुस्थिर।

even : एकरूप; विशेषतः ज़िसमें अनियमितता तथा असमता का अभाव हो।

regular : नियमित; विशेषतः निश्चित क्रम तथा नियम के अनुरूप होनेवाला।

uniform : एकविध; विशेषतः किसी नियत मानक के अनुरूप।

Steal/Filch/Lift/Pilfer

steal : दूसरे की चीज़ चुपके से या बेईमानी से ले लेना; चुराना।

filch : कोई चीज़ किसीकी आँख बचाकर उड़ा लेना; मूसना।

lift : चुपके से या बलात् उठा ले जाना।

pilfer : छोटी-मोटी चीज़ चुराना।

Stick/Adhere/Cling/Cohere

stick : चिपकना; विशेषतः आसानी से अलग न होना।

adhere : जुड़ना; विशेषतः जम या डट जाना।

cling : लिपटना; विशेषतः प्रेमपूर्वक।

cohere : जुड़ या चिपककर एक इकाई का रूप धारण करना; सटना।

Stiff/inelastic/Inflexible/Rigid

stiff : कड़ा; विशेषतः जो दबाए जाने पर मुड़ता या लचकता न हो।

inelastic : जिसे इच्छानुसार रूप न दिया जा सके; चीमड़।

inflexible : जो नम्य न हो; अनम्य।

rigid : जिसे शिथिल या परिवर्तित न किया जा सकता हो; कठोर, परिदृढ़।

Still/Hushed/Noiseless/Quiet/Silent

still : जो शब्द करता हुआ या हिलता-डुलता न हो; निःशब्द, गतिहीन।

hushed : (स्थान) जहाँ शोर आदि दबा या दबाया गया हो; निस्तब्ध।

noiseless : शोर से रहित; शांत, नीरव।

quiet : शांत; विशेषतः उद्वेग और क्षोभरहित।

silent : जो बोल न रहा हो या जो शायद ही बोलता हो; ख़ामोश; मौन।

Stir/Arouse/Awaken/Rouse/Waken

stir : झकझोरना; विशेषतः क्रियाशील या सचेष्ट बनाना।

arouse : चौकन्ना करना, सचेत बनाना।

awaken : किसीकी सुप्त शक्तियों को अनुप्राणित करना; उद्‌बुद्ध करना।

rouse : जगाना; सचेत करना।

waken : क्रियाशील बनाना, जाग्रत करना।

Stop/Cease/Desist/Discontinue

stop : रुकना; विशेषतः गति, प्रगति आदि अवरुद्ध होने के कारण।

cease : रुकना; विशेषतः किसी स्थिति या दशा का अंत या बंद होना।

desist : रुकना; विशेषतः किसी हानिकर या निरर्थक काम या बात से बाज़ आना।

discontinue : रुकना; विशेषतः अभ्यास के रूप में किए ज़ानेवाले कार्य आदि का बंद होना, बीच में बंद होना।

Story/Anecdote/Fable/Narrative/Tale

story : सूचना या मनोरंजन प्रधान, कल्पित या वास्तविक घटनाओं की शृंखला; कहानी।

anecdote : जीवन-चरित्र संबंधी कोई साहसिक तथा मनोरंजक कथा।

fable : उपदेश प्रधान कहानी; कथा।

narrative : वास्तविक या सच्चा घटनाक्रम; वृत्तांत।

tale : सरल शब्दों में शिथिलतापूर्वक कही हुई मनोरंजन प्रधान कल्पित कहानी; क़िस्सा।

Strange/Odd/Quaint/Queer/Peculiar

strange : अज्ञात या असामान्य होने के कारण अपरिचित; अजनबी, विलक्षण।

odd : विचित्र; विशेषतः जो सामान्य से भिन्न प्रतीत होने के कारण बेमेल-सा लग रहा हो।

quaint : पुराने रंग-ढंग का, विशेषतः असंगत; दकियानूसी।

queer : विचित्र; विशेषतः अपसामान्य, संदेह भरा या सनक भरा।

peculiar : अद्‌भुत; विशेषतः जिसमें अपूर्व या अद्वितीय गुण हों।

Strength/Energy/Force/Might/Potency/Power

strength : वह सहज सामर्थ्य जिससे दूसरे को वश में किया जाता है; बल; ताक़त।

energy : ऊर्जा; विशेषतः अंतर्निहित या गुप्त शक्ति।

force : बल; विशेषतः गति उत्पन्न करने या विरोध को जीतने के लिए प्रयुक्त होनेवाला बल।

might : अत्यधिक तथा दुर्दम्य बल या शक्ति, पराक्रम।

potency : (i) शक्तिमत्ता ; (ii) पुंसत्व।

power : शक्ति; विशेषतः ऐसी योग्यता जो क्रियात्मक रूप में अपना प्रभाव दिखाती हो।

Strict/Rigid/Rigorous/Stringent

strict : नियम, मान्यता आदि के ठीक अनुरूप होने या आचरण करनेवाला; पाबंद, नियमनिष्ठ।

rigid : अत्यंत कठोर तथा अपरिवर्तनशील; कठोर, परिदृढ़।

rigorous : कठोर और कठिनाइयों भरा; सख़्त।

stringent : कठोर और बंधन लगानेवाला; आबद्धकारी।

Strip/Bare/Denude/Divest

strip : वस्त्र खींचकर या फाड़कर नंगा कर देना; निर्वस्त्र करना।

bare : आवरण से रहित करना, विशेषतः जिससे कोई चीज़ ढकी न रहे।

denude : नंगा करके खुला छोड़ देना।

divest : धारण की हुई चीज़ से वियुक्त करना।

Strong/Stout/Sturdy/Tough

strong : बलवान्, ताक़तवर; विशेषतः वशीभूत, पराजित या नष्ट न होनेवाला।

stout : तगड़ा; विशेषतः निर्भीक और दृढ़ निश्चयी।

sturdy : हट्टा-कट्टा; विशेषतः पूर्ण रूप से विकसित और मज़बूत।

tough : जिसे जल्दी झुकाया-दबाया न जा सके; कठिन।

Stubborn/Dogged/Obstinate/Pertinacious

stubborn : जो किसी भी प्रकार के परिवर्तन, स्वार्थ-साधन आदि का विरोध करता हो; अडिग।

dogged : दृढ़निश्चयी और धुन का पक्का।

obstinate : अपनी अतर्कपूर्ण बात पर अड़ा रहने और तर्क आदि को न माननेवाला; ज़िद्दी।

pertinacious : जिसके आग्रह को लोग बुरा समझते हों; दुराग्रही।

Stupid/Dull/Retarded/Slow

stupid : ज्ञान की बात सुनकर जो भौंचक रह जाता हो, या जिसकी समझ में कुछ आता ही न हो; मूढ़, मंदबुद्धि।

dull : अनुद्योगी और तंद्रालु; स्फूर्तिहीन।

retarded : (बालक) जिसका विकास औरों की अपेक्षा कम हो; अपविकसित।

slow : जिसकी गति शिथिल या धीमी हो; मंद।

Suave/Diplomatic/Politic/Urbane

suave : दूसरों से कुशलतापूर्वक व्यवहार करनेवाला; व्यवहारशील।

diplomatic : चातुर्यपूर्वक व्यवहार करने और अपना उद्देश्य सिद्ध करनेवाला; कूटनीतिक, राजनयिक।

politic : नगर-निवासियों का-सा और सुरुचिपूर्ण व्यवहार करनेवाला; भद्र, सभ्य।

urbane : सभ्य और अनुभवी; नागर।

Subject/Text/Theme

Subject : वह सामग्री जिसके संबंध में विचार या विवेचन किया जाए; विषय।

text : किसी मूल ग्रंथ का अवतरण; पाठ।

theme : साहित्यिक या कला की दृष्टि से विकसित किया हुआ विषय या तत्त्व; विषय-वस्तु।

Subjective/Objective

subjective : (क) आत्मगत; (ख) व्यक्तिनिष्ठ।

objective : (क) परगत; (ख) वस्तुनिष्ठ।

Substance/Conclusion/Epilogue/Summary

substance : सार, तत्त्व।

conclusion : निष्कर्ष, निचोड़।

epilogue : उपसंहार; किसी साहित्यिक रचना का अंतिम अंश।

summary : सारांश; विशेषतः संक्षेप में उल्लिखित मुख्य और आवश्यक बातें।

Succeed/Flourish/Prosper/Thrive

succeed : किसी कार्य या उद्देश्य में सफलता प्राप्त करना; सफल होना।

flourish : पूर्ण शक्ति से विकसित होना; समृद्ध होना।

prosper : फलना-फूलना, पनपना।

thrive : बराबर समृद्ध होते चलना; समृद्धिशील होना।

Sudden/Abrupt/Impetuous/Precipitate

sudden : बहुत तेज़ी से तथा अप्रत्याशित रूप से होनेवाला; आकस्मिक।

abrupt : सहसा तथा बिना पूर्व सूचना के होनेवाला; एकाएक।

impetuous : जल्दबाज़ और व्यग्र; प्रचंड।

precipitate : उतावली भरा और अयुक्तिशील; अंधाधुंध।

Sufficient/Adequate/Enough

sufficient : आवश्यकतानुरूप मात्रा में होनेवाला; पर्याप्त।

adequate : अवसर, आवश्यकता के उपयुक्त या योग्य; समुचित।

enough : जिससे आवश्यकता की पूर्ति सहज में हो जाए; यथेष्ट, काफ़ी।

Suggest/Hint/Imply/Insinuate/Intimate

suggest : दूसरे के ध्यान में जान-बूझकर कोई बात लाना या प्रस्ताव-रूप में रखना; सुझाना।

hint : किसी संकेत द्वारा किंतु अप्रत्यक्ष रूप से किसी बात की ओर किसीका ध्यान लाना; इंगित करना।

imply : स्पष्ट रूप से न कहकर विवक्षा या ध्वनि के रूप में सूचित करना; ध्वनित करना, विवक्षित करना।

insinuate : वक्रोक्ति द्वारा सूचित करना।

intimate : औपचारिक रूप से या अत्यंत हलके संकेत से सूचित करना।

Sullen/Glum/Morose/Sulky/Surly

sullen : उदास और व्यग्र; खिन्नचित्त।

glum : निराश और हतोत्साह; उदास।

morose : असामाजिक और अमिलनसार; उदासवृत्ति।

sulky : अप्रसन्न तथा असंतुष्ट रहनेवाला; खिचखिचा।

surly : रुखाई भरा या अक्खड़।

Sum/Aggregate/Amount/Total

sum : संख्याओं या इकाइयों को जोड़ने से प्राप्त होनेवाला फल; योग, जोड़।

aggregate : किसी समूह या संकलन के तथ्यों, विषयों आदि का सामूहिक परिणाम; समष्टि।

amount : संबंधित मात्राओं, मानों आदि का सामूहिक रूप; कुल रक़म या राशि।

total : जितना कुल या पूरा हो; मीज़ान, कुल जोड़।

Summit/Acme/Climax/Peak/Pinnacle

summit : किसी चीज़ का सबसे ऊँचा बिंदु या स्तर; चोटी, शिखर।

acme : वह बिंदु जो किसी चीज़ की पूर्णता या चरमोत्कर्ष का सूचक हो (साहित्य में प्रयुक्त)।

climax : शक्ति, आवेश अथवा किसी महत्त्वपूर्ण तथ्य का अंतिम बिंदु, पराकाष्ठा।

peak : आसपास की चोटियों या बिंदुओं में से सबसे ऊँची चोटी या बिंदु; शृंग।

pinnacle : ऐसी चोटी जिसका रास्ता अनियमित या घुमावदार हो।

Superficial/Shallow

superficial : जिसमें गंभीरता, महत्त्व आदि न हो; थोथा, सतही।

shallow : जिसमें चारित्रिक या ज्ञान संबंधी गंभीरता न हो; छिछला।

Sure/Certain/Confident/Positive

sure : संशयरहित; असंशय।

certain : जिसने अपनी धारणा किसी विशिष्ट आधार या साक्ष्य पर बनाई हो; निश्चित।

confident : जिसे अपने ऊपर या अपने निश्चय पर पूर्ण विश्वास हो; दृढ़विश्वासी, दृढ़निश्चयी, विश्वस्त।

positive : दृढ़विश्वासी और कट्टर; सुनिश्चित।

Surprise/Amaze/Astonish/Astound

surprise : किसी अप्रत्याशित या असाधारण बात से चकित होना; आश्चर्यचकित होना।

amaze : इस प्रकार चकित होना कि दिमाग़ चक्कर खाने लगे; चकराना।

astonish : किसी बात पर इतना अधिक चकित होना कि उसपर विश्वास ही न होता हो; विस्मित होना।

astound : इस प्रकार चकित होना कि कोई चीज़ स्वयं अपने को असाध्य प्रतीत होने लगे; भौंचक्का होना।

Surrender/Relinquish/Yield

surrender : अधिकार छोड़ देना, हथियार डाल देना; विशेषतः अपनी हार या दूसरे की अधीनता स्वीकार कर लेना।

relinquish : अधिकार में होनेवाली या आई हुई चीज़ को छोड़ देना; त्याग देना।

yield : दबाव या प्रभाव में आकर छोड़ देना; झुकना।

Symmetry/Balance/Harmony/Proportion

symmetry : किसी चीज़ के अंगों में होनेवाली पूर्ण संगति; सममिति।

balance : दोनों पक्षों या पलड़ों का तुल्य होना; संतुलन।

harmony : अंगों, अवयवों आदि में होनेवाला ऐसा अनुपात जो सुखदायक हो; समरसता।

proportion : विभिन्न अवयवों के आकार-प्रकार, रूप-रंग में होनेवाला ऐसा आनुपातिक संबंध जो सौंदर्यसर्जक हो; समानुपात, तालमेल।

□

T

Take/Clutch/Grasp/Seize/Snatch

take : हाथ में लेना; ग्रहण करना।

clutch : दबोचना या जकड़ लेना।

grasp : जान और समझ लेना।

seize : सहसा और बलात् ले लेना; अधिकृत करना, पकड़ लेना।

snatch : बलात् छीन लेना; झपट्टा मारना।

Talent/Aptitude/Faculty/Genius/Knack

talent : ऐसी नैसर्गिक योग्यता जिससे कोई विशेष प्रयोजन सिद्ध न होता हो; गुणवत्ता, प्रतिभा।

aptitude : कुशलता या ज्ञान प्राप्त करने का रुझान; अभिरुचि, अभिवृत्ति।

faculty : ऐसी अर्जित या नैसर्गिक मानसिक शक्ति जिससे काम सरलतापूर्वक होते हैं; मन:शक्ति।

genius : (रचनात्मक और जन्मजात) प्रतिभा।

knack : ऐसी अर्जित मानसिक शक्ति जिससे कोई काम कुशलतापूर्वक किया जाता हो; ढब।

Talkative/Garrulous/Loquacious

talkative : जो रुचिपूर्वक बातें करने में लगा रहता हो; बातूनी।

garrulous : जिसकी बातें ख़त्म ही न होती हों; बकवादी।

loquacious : गप्पें हाँकने में मस्त; गप्पी, गप्पोड़, गपोड़िया।

Tardy/Late/Overdue

tardy : नियत या अभिदिष्ट समय पर न आने या न होनेवाला; विलंबित।

late : उचित या उपयुक्त समय पर न आने या न होनेवाला; लेट, समयोत्तर।

overdue : जिसके होने का समय निकल या बीत चुका हो; कालातीत।

Teach/Educate/Instruct/Train

teach : पढ़ाना और बतलाना; सिखलाना।

educate : शिक्षा द्वारा मानसिक शक्तियों का विकास करना; शिक्षित करना।

instruct : किसी पद्धति-विशेष से किसी विषय को पढ़ाना या सिखलाना; सुशिक्षित करना, अनुदेशन करना।

train : अभ्यास कराते हुए शिक्षित करना; प्रशिक्षित करना।

Tear/Rend/Rip

tear : बीच से खींचते हुए चीरकर दो भागों में विभक्त करना; फाड़ना।

rend : एक सीध में फाड़ना; चीरना।

rip : नोचना, नोच डालना, तार-तार करना।

Tell/Narrate/Recount/Relate/Report

tell : घटना, तथ्य आदि का उल्लेख करना; बतलाना।

narrate : सुनियोजित ढंग से किसी घटना, कहानी आदि को सुनाते हुए चरमोत्कर्ष की ओर ले जाना; वर्णन करना।

recount : विस्तारपूर्वक रामकहानी या आपबीती कहना।

relate : एक सिलसिले से अनुभूत या देखी हुई घटना या बात बतलाना।

report : विवरण या संवाद सुनाना।

Temporary/Acting/Ad-interim/Provisional

temporary : जो कुछ समय के लिए किसी पद पर काम कर रहा हो और बाद में हटा दिया जाने को हो; अस्थायी।

acting : किसी स्थायी या निर्वाचित अधिकारी की अनुपस्थिति या अविद्यमानता में उसके पद पर अस्थायी रूप से काम करनेवाला; कार्यकारी।

ad-interim : (ऐसी नियुक्ति) जो किसी के मरने पर और उसका उत्तराधिकारी नियुक्त होने तक के समय के लिए हो; अंतःकालीन।

provisional : जो स्थायी व्यवस्था होने तक के समय के लिए स्थापित किया गया हो; अनंतिम।

Tendency/Current/Drift/Trend

tendency : आदत के कारण कोई काम किसी विशेष ढंग से करने की इच्छाशक्ति; प्रवृत्ति।

current : ऐसी प्रवृत्ति जो निश्चित उद्देश्यपूर्ण होती है, पर समय पर बदल भी जाती है; धारा।

drift : ऐसी प्रवृत्ति जिसमें सभी लोग बहते चले जाएँ; प्रवाह।

trend : ऐसी प्रवृत्ति जो निश्चित उद्देश्य से हीन होती है और धीरे-धीरे बदलती या परिवर्तित होती चलती है; चाल, चलन।

Tender/Compassionate/Sympathetic/Warm

tender : जो दूसरों पर दया करता और उनके लिए चिंतित रहता हो; दयार्द्र।

compassionate : जो सहज में द्रवित हो जाता हो; दयालु।

sympathetic : दूसरों का दुःख बाँट लेनेवाला; सहानुभूतिशील, सहानुभूतिपूर्ण।

warm : स्नेह तथा उदारतापूर्ण; हार्दिक।

Thin/Lean/Slender/Slight/Slim

thin : पतला या महीन।

lean : जो स्थूल न हो; दुबला-पतला।

slender : ख़ूबसूरत और नाजुक-बदन; छरहरा।

slight : आकार या स्थूलता के विचार से क्षुद्र या नाजुक; सींक-सलाई।

slim : दुबला-पतला और आकर्षणपूर्ण।

Think/Cogitate/Deliberate/Reason/Reflect/Speculate

think : कोई विचार या निष्कर्ष मन में लाना; सोचना।

cogitate : सोच में पड़ना।

deliberate : सावधानी के साथ चिंतन तथा विचार-विमर्श करके किसी निश्चय पर पहुँचना।

reason : तर्कपूर्वक संबद्ध विचार के आधार पर किसी निष्कर्ष पर पहुँचने के लिए सोचना; सोच-विचार करना।

reflect : किसी विषय पर जमकर और लगातार विचार करना; चिंतन करना।

speculate : साक्ष्य की कमी होने पर अधिक संभव कारण की खोज में लगना।

Thoughtful/Attentive/Considerate

thoughtful : दूसरे के सुख-सुभीते का ध्यान रखनेवाला; विचारवान्।

attentive : जो सौजन्यपूर्वक दूसरों का पूरा-पूरा ध्यान रखता हो; सावधान।

considerate : दूसरों के विचारों, अनुभूतियों आदि का आदर करनेवाला; विचारशील।

Threaten/Menace

threaten : भय प्रदर्शित करते हुए भयभीत करना; डराना।

menace : उग्रतापूर्वक भय प्रदर्शित करना; धमकाना।

Thrifty/Economical/Frugal/Provident/Sparing

thrifty : कुशल व्यवस्था से बचत करनेवाला; मितव्ययी।

economical : जो अपव्यय न होने दे; कम ख़र्चीला।

frugal : जो केवल आवश्यक कामों पर ही ख़र्च करता हो; अल्पव्ययी।

provident : भावी आवश्यकताओं के लिए धन बचाकर रखनेवाला; अग्र-सोची।

sparing : जो नाममात्र के व्यय से और कष्ट सहते हुए गुज़ारा कर रहा हो; सूम।

Thrill/Horripilation/Titillation

thrill : (उत्तेजना या उद्दीपन के कारण होनेवाली) सिहरन, पुलक।

horripilation : (भय, रोग, शीत आदि के कारण होनेवाला) रोमांच।

titillation : (उत्सुकता या प्रसन्नता की परिचायक) गुदगुदी।

Tie/Attach/Bind/Fasten

tie : एक चीज़ को दूसरी चीज़ के साथ रस्सी आदि से खींचकर बाँधना; कसना।

attach : दो चीज़ों को संयुक्त रखने के लिए साथ-साथ रखना या लगाना; जोड़ना।

bind : दो या अधिक चीज़ों को एक-साथ कसना; बाँधना।

fasten : दृढ़तापूर्वक एक चीज़ को दूसरी चीज़ के साथ जोड़ना; जड़ना।

Timely/Opportune/Seasonable

timely : उपयुक्त समय पर होनेवाला; सामयिक।

opportune : किसी अवसर के उपयुक्त; अवसरोचित।

seasonable : अपने मौसम में होनेवाला; मौसमी।

Tired/Exhausted/Fagged/Fatigued/Weary

tired : थका हुआ।

exhausted : जो इतना अधिक थक गया हो कि उसका दम फूलने लगा हो; बेदम।

fagged : घोर परिश्रम के कारण जो शिथिलप्राय हो गया हो; मुरदा-सा।

fatigued : जो दिन-रात परिश्रम करता रहा हो तथा नींद, खाने-पीने की परवाह न करने के कारण शिथिल हो गया हो; थका-हारा।

weary : थका हुआ और काम से उकताया हुआ।

Torment/Rack/Torture

torment : बार-बार कष्ट देना; सताना।

rack : शिकंजे में फँसाना; ग्रसना।

torture : अत्यंत तथा असह्य कष्ट देना; यंत्रणा देना।

Toss/Throw

toss : ऊपर की ओर कुछ ज़ोर से फेंकना; उछालना।

throw : झोंके या झटके से दूर हटाना या डालना; फेंकना।

Trace/Track/Vestige

trace : किसीके पैर का निशान; पदचिह्न।

track : किसीके चलने से बने हुए क्रमिक चिह्न; चरण-पथ।

vestige : बचे-खुचे चिह्न; शेष चिह्न।

Transient/Ephemeral/Momentary/Transitory

transient : छोटे जीवनवाला; अल्पकालिक।

ephemeral : एक दिन के जीवनवाला; एकदिवसीय।

momentary : क्षण भर के जीवनवाला; क्षणिक।

transitory : जो प्रकृतिशः नश्वर हो; अनित्य।

Translation/Paraphrase/Transliteration/Version

translation : एक भाषा से दूसरी भाषा में होनेवाला उल्था; अनुवाद।

paraphrase : कोई स्वतंत्र अनुवाद; रूपांतर।

transliteration : लिप्यंतर करने की क्रिया; लिप्यंतरण।

version : किसी विशिष्ट व्यक्ति का किया हुआ अनुवाद।

Trespass/Encroach/Infringe/Intrude/Invade

trespass : किसीके अधिक्षेत्र में अनधिकार प्रवेश करना; अतिचार करना।

encroach : प्रायः चोरी-छिपे और अवैध रूप से आगे बढ़कर दूसरे के अधिक्षेत्र पर अधिकार करना; अतिक्रमण करना।

infringe : क़ानून या संविदा का उल्लंघन करते हुए किसी अधिकार का अतिक्रमण करना; अतिलंघन करना।

intrude : अनाहूत और अवांछनीय रूप से किसीके अधिक्षेत्र में प्रवेश करना, घुसपैठ करना।

invade : प्रतिरोध की उपेक्षा करते हुए अनधिकार प्रवेश करना; चढ़ाई करना।

Trial/Experiment/Test

trial : किसी व्यक्ति की कार्यक्षमता; योग्यता आदि अथवा किसी वस्तु के गुण, महत्त्व आदि का ठीक और पूरा परिचय प्राप्त करने के लिए की जानेवाली क्रिया; परख, परीक्षण।

experiment : परिणाम या फल जानने तथा नए तथ्यों की जानकारी प्राप्त करने के लिए कोई क्रिया करना; प्रयोग।

test : गुण, महत्त्व, मान, योग्यता, रचना आदि का पता लगाने के लिए की जानेवाली

आज़माइश या परीक्षा; जाँच।

Trick/Artifice/Manoeuvre/Ruse/Stratagem/Wile

trick : ऐसा कार्य जो कुशलता या धूर्ततापूर्वक दूसरे से चुहल करने या धोखा देने के लिए किया जाए; चालाकी।

artifice : कुशलतापूर्वक सोची हुई कोई नई कारगर बात; तरकीब।

manoeuvre : अपना उद्देश्य सिद्ध करने तथा परिस्थितियों से लाभ उठाने के लिए की जानेवाली बात; चाल, कपट प्रयोग।

ruse : बहाने के रूप में तथा अपनी मंशा छिपाए रखने के उद्देश्य से सोची हुई बात; चालबाज़ी।

stratagem : विपक्षी को फँसाने या बुद्धि-कौशल से पराजित करने के लिए चली हुई चाल; कूट चाल।

wile : फँसाने या बहकानेवाली सुंदर बात; फ़रेब।

Trip/Expedition/Journey/Pilgrimage/Tour/Voyage

trip : आमोद-प्रमोद के लिए की जानेवाली यात्रा; सैर।

expedition : किसी विशेष उद्देश्य से कुछ लोगों द्वारा संघटित होकर की जानेवाली साहसपूर्ण यात्रा; अभियान।

journey : दूरवर्ती स्थान तक जाने की क्रिया; यात्रा, सफ़र।

pilgrimage : तीर्थयात्रा।

tour : जानकारी प्राप्त करने या जाँच-पड़ताल के उद्देश्य से अनेक स्थानों पर बारी-बारी से जाने का क्रम; दौरा।

voyage : समुद्र-यात्रा।

True/Actual/Real

true : आदर्श या मानक के अनुरूप; सत्य, प्रामाणिक।

actual : जो अस्तित्व में हो या जिसकी सत्ता हो; वास्तविक।

real : जो जैसा प्रतीत होता हो वस्तुतः वैसा हो भी; यथार्थ।

Truth/Veracity/Verisimilitude/Verity

truth : सत्य होने की अवस्था या भाव; सत्यता।

veracity : सच्चाई; सत्यशीलता।

verisimilitude : सत्य प्रतीत होने का आभास या संभावना; सत्याभास।

verity : वस्तुओं का तथ्यों या वास्तविकता के अनुरूप होना; यथार्थता।

Try/Attempt/Endeavour/Essay/Strive/Struggle

try : किसी काम में अपनी शक्ति लगाना; चेष्टा करना, कोशिश करना।

attempt : प्रयास करना (विशेषतः ऐसा प्रयत्न जो सफल न होने को हो)।

endeavour : कष्टों को झेलते हुए तथा परिश्रमपूर्वक काम करते चलना; उद्योग करना।

essay : कोई कार्य आरंभ करना; हाथ डालना।

strive : जी तोड़कर मेहनत या परिश्रम करना।

struggle : सुविधा या मुक्ति पाने के लिए उग्रता तथा हिंसापूर्वक प्रयत्न करना; संघर्ष करना।

□

U

Urge/Exhort/Importune/Press

urge : इस प्रकार अनुरोध करना जिससे कोई कुछ करने के लिए उत्साहित हो; प्रेरित करना।

exhort : नसीहत करना; सीख देना।

importune : चिरौरी या मिन्नत करना।

press : दबाव डालना या बाध्य करना।

Use/Employ/Utilize

use : काम में लाना; प्रयुक्त या इस्तेमाल करना, प्रयोग करना।

employ : जो ख़ाली हो उसे काम पर लगाना; नियोजित करना।,

utilize : लाभार्थ व्यवहार में लाना; उपयोग करना।

Usual/Accustomed/Customary/Habitual

usual : जैसाकि पहले बराबर या प्राय: होता रहा या सहज ही हो; प्रायिक।

accustomed : उपयोग या व्यवहार के कारण जो सहज हो गया हो; अभ्यासगत।

customary : सामान्य रीति के अनुसार होनेवाला; रीतिक, रीतिगत।

habitual : स्वभाव के अनुसार होनेवाला; स्वभावजन्य।

Utter/Broach/Enunciate/Express/Voice

utter : कहना, कथन करना, उच्चारित करना।

broach : (विषय, विवाद) आरंभ करना, छेड़ना।

enunciate : प्रस्तुत या प्रतिपादित करना।

express : प्रकट या स्पष्ट करना; व्यक्त करना।

voice : आपत्ति या विरोध प्रदर्शित करना; आवाज़ उठाना।

□

V

Vagrant/Tramp/Vagabond

vagrant : बिना उद्देश्य घूमने तथा जन-साधारण के लिए कंटक बननेवाला; आवारागर्द।

tramp : (क) मारा-मारा फिरनेवाला, दर-दर की ठोकरें खानेवाला।

(ख) कभी यहाँ और कभी वहाँ रहनेवाला; ख़ानाबदोश।

vagabond : स्वेच्छापूर्वक घूमता रहनेवाला; घुमंता।

Vain/Empty/Hollow/Idle

vain : जिसका कुछ अर्थ, मान या महत्त्व न हो; निरर्थक।

empty : जो केवल ऊपर-ऊपर से ही सारवान प्रतीत हो; (वस्तुतः) सारहीन।

hollow : जिसके अंदर कुछ न हो; खोखला।

idle : बे-सिर-पैर का; निकम्मा, वाहियात।

Valid/Cogent/Convincing/Sound/Telling

valid : जो काट्य न हो बल्कि तर्क, प्रमाण, तथ्य आदि के अनुकूल हो; मान्य।

cogent : पूर्ण रूप से मान्य; निश्चायक।

convincing : विरोध, संदेह आदि का शमन करनेवाला; विश्वासोत्पादक, प्रत्ययकारी।

sound : जो तर्कसंगत तथा प्रमाणपूर्ण हो और जिसमें भूलें या त्रुटियाँ न हों; सही, ठोस, पक्का।

telling : अभीष्ट प्रभाव उत्पन्न करनेवाला; ज़ोरदार, कारगर।

Vanish/Disappear/Fade

vanish : पूर्ण रूप से सहसा विलीन या नष्ट होना; लोप होना।

disappear : दृष्टि या दृष्टिपथ से सहसा या धीरे-धीरे ओझल होना; तिरोधान या ग़ायब होना।

fade : धीरे-धीरे फीका और मंद पड़ना; मुरझाना।

Vertical/Perpendicular/Plumb

vertical : सीधी खड़ी रेखा के रूप में होनेवाला; ऊर्ध्व।

perpendicular : जो लंब के रूप में हो; लंब-रूप।

plumb : साहुल द्वारा जाँचा हुआ; सीधा।

Vicious/Iniquitous/Nefarious

vicious : भ्रष्ट, दूषित या पाप भरा; अनैतिक।

iniquitous : अनैतिक तथा अधार्मिक; दुराचारपूर्ण।

nefarious : जघन्य और निंद्य; भ्रष्ट।

Victory/Conquest/Success/Triumph

victory : प्रतिरोध, संघर्ष आदि में होनेवाली सफलता; जीत।

conquest : ऐसी जीत जिसमें दूसरे को अपनी अधीनता में लाया गया हो; विजय।

success : प्रयत्न में सफल होने का भाव; सफलता।

triumph : ऐसी जीत या सफलता जो आनंदविभोर करनेवाली हो; जय।

View/Prospect/Scene/Scenery

view : वह घटना, स्थल या पदार्थ जो दृष्टिक्षेत्र के अंतर्गत हो; दृश्य।

prospect : किसी विशेष कोण या बिंदु से दिखाई पड़नेवाला दृश्य; परिदृश्य।

scene : दृश्य; विशेषतः रंगमंचीय दृश्य।

scenery : कोई प्राकृतिक या अंकित दृश्य या दृश्यावली; सीनरी, दृश्यबंध।

Vindictive/Revengeful/Spiteful/Vengeful

vindictive : बदले की भावना से युक्त; प्रतिशोधी।

revengeful : जिसमें बदला लेने की उग्र भावना सदा जागरूक रहती हो; हिंसा-परायण, प्रतिशोध-परायण।

spiteful : प्रतिशोध तथा द्वेष की भावना से भरा हुआ; विद्वेषी।

vengeful : प्रतिहिंसा-परायण; प्रतिशोधी।

Virgin/Lass/Maiden

virgin : पुरुष प्रसंग से रहित कन्या; अक्षतयोनि।

lass : युवा कन्या; किशोरी।

maiden : अविवाहित कन्या; कुमारी।

Visitor/Caller/Guest

visitor : जो यों ही या किसी काम से किसीके यहाँ उससे मिलने के लिए आया हो; आगंतुक, अभ्यागत।

caller : औपचारिक रूप से या किसी कारोबार के सिलसिले में मिलने के लिए आनेवाला व्यक्ति; मुलाक़ाती, मिलनेवाला।

guest : अतिथि; विशेषतः जो किसीके यहाँ आकर टिका हो और जिसका सत्कार होता हो।

Voluntary/Deliberate/Intentional/Wilful

voluntary : मात्र अपनी इच्छा से, विशेषतः बिना किसी दबाव के किया जानेवाला; ऐच्छिक।

deliberate : सोच-विचार या जान-बूझकर किया जानेवाला; सुविचारित।

intentional : किसी निश्चित उद्देश्य से किया जानेवाला; साभिप्राय, अभिप्रेत।

wilful : मनमाना; अपनी इच्छा से, विशेषतः दूसरों की सलाह के बिना या विपरीत किया जानेवाला।

□

W

Wages/Fee/Pay/Salary/Stipend

wages : शारीरिक श्रम के लिए प्रतिदिन या प्रतिदिन के विचार से दिया जानेवाला पुरस्कार; मज़दूरी।

fee : किसी प्रकार की व्यावसायिक सेवा के लिए दिया जानेवाला धन; फ़ीस, शुल्क।

pay : मज़दूरी या वेतन।

salary : निश्चित पुरस्कार जो निश्चित अवधि पर सेवा-कार्य के निमित्त दिया जाता है; वेतन।

stipend : नियमित रूप से मिलनेवाले वेतन, भत्ते, पेंशन आदि का सूचक आदरपूर्ण शब्द; वज़ीफा, वृत्तिका।

Waste/Badlands/Desert/Wilderness

waste : परती भूमि; ऊसर।

badlands : पहाड़ी ऊसर प्रदेश।

desert : मरुभूमि, रेगिस्तान।

wilderness : ऐसा निर्जन प्रदेश जहाँ कोई रास्ता भी न सूझता हो; वीरान।

Watchful/Vigilant/Wide-awake

watchful : जो देख-रेख कर रहा हो; चौकस।

vigilant : जो अपने कर्तव्य के निर्वाह के लिए सक्रिय और सचेत हो; जागरूक।

wide-awake : जो बाहरी परिस्थितियों के प्रति सावधान हो; सजग।

Wave/Breaker/Ripple/Roller

wave : लहर, तरंग।

breaker : भीषण समुद्री लहर।

ripple : अत्यंत छोटी लहर; लहरी।

roller : उत्ताल तरंग; हिलोर।

Wet/Damp/Dank/Humid/Moist

wet : गीला; विशेषत: जो सूखा न हो।

damp : सील भरा; सीला।

dank : गीला या भीगा हुआ; विशेषत: सर्द।

humid : आर्द्र; विशेषत: हवा में होनेवाली नमी की व्याप्ति का सूचक।

moist : नम; कुछ-कुछ गीला।

Wind/Blast/Breeze/Gale/Gust/Zephyr

wind : वायु का वह अंश जिसका ज्ञान त्वगिंद्रिय से होता है; पवन।

blast : हवा का तेज़ झोंका।

breeze : धीरे-धीरे (सात से अड़तीस मील प्रति घंटे) चलनेवाली हवा; समीर।

gale : तेज़ (अड़तीस से पचहत्तर मील प्रति घंटे) चलनेवाली हवा; वात्या।

gust : हवा का हलका झोंका।

zephyr : मधुर, मंद समीर।

Wise/Judicious/Prudent/Sage

wise : ऐसा अनुभवी व्यक्ति जो अपने अनुभव-ज्ञान से दूसरे से योग्यतापूर्वक व्यवहार करता तथा उन्हें परख लेता हो; बुद्धिमान।

judicious : न्यायपूर्वक निर्णय करनेवाला; न्यायी, समझदार।

prudent : व्यवहारकुशल और दूरदर्शी; दुनियादार।

sage : दार्शनिक विचारों के मनन-अनुशीलन से जिसकी बुद्धि परिपक्व हो गई हो; ज्ञानी।

Wish/Ambition/Aspiration/Craving/Desire/Eagerness/Hankering/Longing/Yearning

wish : इच्छा; विशेषतः अप्राप्य की प्राप्ति की इच्छा।

ambition : आकांक्षा; किसी महत्त्वपूर्ण पद, वस्तु आदि को प्राप्त करने की इच्छा; महत्त्वाकांक्षा।

aspiration : उच्चाकांक्षा; विशेषतः पहुँच से बाहर चीज़ की प्राप्ति की होनेवाली इच्छा।

craving : लालसा; विशेषतः ऐसी इच्छा जो तृप्त न हुई हो।

desire : चाह; विशेषतः किसी चीज़ की प्राप्ति की उत्साहपूर्ण इच्छा।

eagerness : उत्सुकता; शीघ्रतापूर्वक प्राप्त करने की इच्छा।

hankering : ललक; तीव्र और गहरी इच्छा।

longing : कामना; सुखद इच्छा।

yearning : साध; चिरकालीन कामना।

Wit/Humour/Repartee

wit : किसी बेमेल बात का क्षिप्रतापूर्वक और कटाक्ष भरा उत्तर देने की वृत्ति; परिहासशीलता।

humour : हँसाकर आनंदित करने की वृत्ति; विनोदशीलता।

repartee : किसीके व्यंग्य का तुरंत तथा मार्मिक उत्तर देने की वृत्ति; हाज़िरजवाबी।

Wither/Shrivel/Wizen

wither : कांति या हरापन जाता रहना; कुम्हलाना।

shrivel : अधिक गरमी के कारण सूखना; मुरझाना।

wizen : बुढ़ापे के कारण झुर्रियों से युक्त होना; झुराना।

Witty/Humorous/Jocose/Jocular

witty : चुटीली बातों से हँसानेवाला; परिहासशील।

humorous : विनोदपूर्ण स्वभाववाला; विनोदी।

jocose : व्यंग्यपूर्ण परिहास करनेवाला; मज़ाक़ियां, मसखरा।

jocular : हँसने-हँसाने की प्रवृत्तिवाला; हँसोड़।

Woman/Female/Lady

woman : स्त्री, औरत; विशेषतः वयस्क स्त्री।

female : तिरिया (स्त्री के लिए प्रयुक्त उपेक्षासूचक शब्द)।

lady : महिला (स्त्री के लिए प्रयुक्त आदरसूचक शब्द)।

Work/Labour

work : कार्य की सिद्धि के लिए होनेवाली क्रिया या प्रयत्न; काम, कार्य।

labour : ऐसा काम जिसे करते-करते शरीर में शिथिलता या थकावट आने लगे; श्रम।

□

Y

Yield/Capitulate/Relent/Succumb

yield : दबाव के कारण झुकना या मान जाना; नत होना।

capitulate : बिना किसी प्रकार का विरोध किए आत्मसमर्पण कर देना।

relent : दूसरे के क्रोध, हठ आदि के आगे झुकना; नरम पड़ना।

succumb : अपनी कमज़ोरी के कारण झुकना; दबना।

□□□